UNIVERSAL
LIBRARY
OU_186377
UNIVERSAL
LIBRARY

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No. H491.433 Accession No. 9698

Author Hi 66-

Title हिंदी साहित्य संसार . V. 3 .

This book should be returned on or before the date last marked below.

हिंदी-शब्दसागर

अर्थात्

हिंदी भाषा का एक बृहत् कोश

[तीसरा खंड]

संपादक

श्यामसुंदरदास बी० ए०

सहायक संपादक

रामचंद्र शुक्ल जगन्मोहन वर्म्मा

अमीरसिंह भगवानदीन

रामचंद्र वर्म्मा ।

प्रकाशक

काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा ।

इंडियन प्रेस, प्रयाग, में मुद्रित ।

१९१९

मूल्य ६) डाकव्यय अतिरिक्त ।

संकेताक्षरों का विवरण।

अं० = अंगरेज़ी भाषा
अ० = अरबी भाषा
अनु० = अनुकरण शब्द
अने० = अनेकार्थनाममाला
अप० = अपभ्रंश
अयोध्या = अयोध्यासिंह उपाध्याय
अर्द्धमा० = अर्द्धमागधी
अल्प० = अल्पार्थक प्रयोग
अव्य० = अव्यय
आनंदघन = कवि आनंदघन
इब० = इबरानी भाषा
उ० = उदाहरण
उत्तरचरित = उत्तररामचरित
उप० = उपसर्ग
उभ० = उभयलिंग
कठ० उप० = कठवल्ली उपनिषद्
कबीर = कबीरदास
केशव = केशवदास
कोंक = कोंकण देश की भाषा
क्रि० = क्रिया
क्रि०अ० = क्रिया अकर्मक
क्रि०प्र० = क्रियाप्रयोग
क्रि०वि० = क्रियाविशेषण
क्रि०स० = क्रिया सकर्मक
क्व० = क्वचित् अर्थात् इसका प्रयोग बहुत कम देखने में आया है।
खानखाना = अब्दुर्रहीम खानखाना
गि०दा० वा गि०दास = गिरिधरदास (बा० गोपालचंद्र)
गिरिधर = गिरिधरराय (कुंडलियावाले)
गुज० = गुजराती भाषा
गुमान = गुमानमिश्र
गोपाल = गिरिधरदास (बा० गोपालचंद्र)
चरण = चरणचंद्रिका
चिंतामणि = कवि चिंतामणि त्रिपाठी
छीत = छीतस्वामी
जायसी = मलिक मुहम्मद जायसी
जावा० = जावा द्वीप की भाषा
ज्यो० = ज्योतिष
डिं० = डिंगल भाषा
तु० = तुरकी भाषा
तुलसी = तुलसीदास
तोष = कवि तोष
दादू = दादूदयाल
दीनदयालु = कवि दीनदयालु गिरि
दूलह = कवि दूलह
दे० = देखो
देव = देव कवि (मैनपुरीवाले)
देश० = देशज
द्विवेदी = महावीरप्रसाद द्विवेदी
नागरी = नागरीदास
नाभा = नाभादास
निश्चल = निश्चलदास
पं० = पंजाबी भाषा
पद्माकर = पद्माकर भट्ट
पर्या० = पर्याय
पा० = पाली भाषा
पुं० = पुंल्लिंग
पु० हिं० = पुरानी हिंदी
पुर्त्त० = पुर्त्तगाली भाषा
पू० हिं० = पूर्वी हिंदी
प्रताप = प्रतापनारायण मिश्र
प्रत्य० = प्रत्यय
प्रा० = प्राकृत भाषा
प्रिया = प्रियादास
प्रे० = प्रेरणार्थक
प्रे० सा० = प्रेमसागर
फ़० = फ़रासीसी भाषा
फ़ा० = फ़ारसी भाषा
बंग० = बँगला भाषा
बरमी० = बरमी भाषा
बहु० = बहुवचन
बिहारी = कवि बिहारीलाल
बुं० खं० = बुंदेलखंडी बोली
बेनी = कवि बेनी प्रवीन
भाव० = भाववाचक
भूषण = कवि भूषण त्रिपाठी
मतिराम = कवि मतिराम त्रिपाठी
मला० = मलायलम भाषा
मलूक = मलूकदास
मि० = मिलाओ
मुहा० = मुहाविरे
यू० = यूनानी भाषा
यौ० = यौगिक तथा दो वा अधिक शब्दों के पद
रघु० दा० = रघुनाथदास
रघुनाथ = रघुनाथ बंदीजन
रघुराज = महाराज रघुराजसिंह रीवानरेश
रसखान = सैयद इब्राहीम
रसनिधि = राजा पृथ्वीसिंह
रहीम = अब्दुर्रहीम खानखाना
लक्ष्मणसिंह = राजा लक्ष्मणसिंह
लल्लू = लल्लू लाल
लश० = लश्करी भाषा अर्थात् हिंदुस्तानी जहाजियों की बोली
लाल = लाल कवि (छत्रप्रकाश वाले)
लै० = लैटिन भाषा
वि० = विशेषण
विश्राम = विश्रामसागर
व्यंग्यार्थ = व्यंग्यार्थकौमुदी
व्या० = व्याकरण
व्यास = अंबिकादत्त व्यास
शं० दि० = शंकर दिग्विजय
शृं० सत० = शृंगार सतसई
सं० = संस्कृत
संयो० = संयोजक अव्यय
संयो० क्रि० = संयोज्य क्रिया
स० = सकर्मक
सबल = सबलसिंह चौहान
सभा० वि० = सभाविलास
सर्व० = सर्वनाम
सुधाकर = सुधाकर द्विवेदी
सूदन = सूदनकवि (भरतपुरवाले)
सूर = सूरदास
स्त्रि० = स्त्रियों द्वारा प्रयुक्त
स्त्री० = स्त्रीलिंग
स्पे० = स्पेनी भाषा
हिं० = हिंदी भाषा
हनुमान = हनुमन्नाटक
हरिदास = स्वामी हरिदास
हरिश्चंद्र = भारतेंदु हरिश्चंद्र

---

* यह चिह्न इस बात को सूचित करता है कि यह शब्द केवल पद्य में प्रयुक्त है।
† यह चिह्न इस बात को सूचित करता है कि इस शब्द का प्रयोग प्रांतिक है
‡ यह चिह्न इस बात को सूचित करता है कि शब्द का यह रूप ग्राम्य है।

सूचना ।

इस कोश में स्थान स्थान पर जाति संबंधी शब्द आए हैं। उनका जो वर्णन दिया गया है उसके संबंध में कई लोगों ने अनेक अवसरों पर आपत्ति उपस्थित की है। हमारा उद्देश्य किसी जाति को ऊँचा या नीचा बनाना नहीं है और न यह कोश इस संबंध में कोई व्यवस्था ही दे सकता है। अतएव जहाँ कहीं "नीच" या "उच्च" शब्द किसी जाति के साथ में आए हों, वहाँ "जाति विशेष" बना लेना चाहिए।

सम्पादक, हिंदी-शब्दसागर।

लगाने तथा खेती के सामान बनाने के काम में आती है। इसका पका फल खाया जाता है। फलों के रस का सिरका भी बनता है जो तिल्ली की दवा है। गोआ में इससे एक प्रकार की शराब भी बनती है। इसकी गुठली बहुमूत्र के रोगी के लिये अत्यंत उपकारी है। बौद्ध लोग जामुन के पेड़ को पवित्र मानते हैं। वैद्यक में जामुन का फल ग्राही, रूखा, तथा कफ पित्त और दाह को दूर करनेवाला माना जाता है।

पर्य्या०—जंबू। सुरभिप्रभा। नीलफला। श्यामला। महास्कंधा। राजार्हा। राजफला। शुकप्रिया। मोदमादिनी। जंबुल।

जामुनी—वि० [हिं० जामुन] जामुन के रंग का। जामुन की तरह बैंगनी या काला। जैसे, जामुनी रंग।

जामेय—संज्ञा पुं० [स०] भागिनेय। भांजा। बहिन का लड़का।

जामेवार—संज्ञा पुं० [देश०] (१) एक प्रकार का दुशाला जिसकी सारी जमीन पर बेल बूटे रहते हैं। (२) एक प्रकार की छींट जिसकी बूटी दुशाले की चाल की होती है।

जाय*†—अव्य० [फ़ा० जा = ठीक] वृथा। निष्फल। व्यर्थ। उ०—(क) जाय जीव बिनु देह सुहाई। बादि मोर सब बिनु रघुराई।—तुलसी। (ख) तात जाय जिन करहु गलानी। ईस अधीन जीवगति जानी।—तुलसी। (ग) जेहि देह सनेह न रावरे सों ऐसी देह धराइ जो जाय जिये।—तुलसी।

जायक—संज्ञा पुं० [सं०] पीला चंदन।

ज़ायक़ा—संज्ञा पुं० [अ०] खाने पीने की चीजों का मज़ा। स्वाद। लज़्ज़त।

क्रि० प्र०—लेना।

ज़ायक़ेदार—वि० [अ० ज़ायक़ा + फ़ा० दार] स्वादिष्ट। मज़ेदार। जो खाने या पीने में अच्छा जान पड़े।

ज़ायचा—संज्ञा पुं० [फ़ा०] जन्मकुंडली। जन्मपत्री

जायज़—वि० [अ०] यथार्थ। उचित। मुनासिब। ठीक। वाज़िब।

क्रि० प्र०—रखना।

जायज़ा—संज्ञा पुं० [अ०] (१) जाँच। पड़ताल।

मुहा०—जायज़ा देना = हिसाब समझाना। जायज़ा लेना = पड़ताल करना। जाँचना।

(२) हाजिरी। गिनती।

जायज़रूर—संज्ञा पुं० [फ़ा० जा + अ० ज़रूर] टट्टी। पाखाना।

ज़ायद—वि० [फ़ा०] ज्यादा। अधिक। फालतू।

जायदाद—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] भूमि, धन वा सामान आदि जिसपर किसी का अधिकार हो। संपत्ति।

विशेष—कानून के अनुसार जायदाद दो प्रकार की है, मनकूला और गैरमनकूला। मनकूला जायदाद उसे कहते हैं जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर हटाई जा सके। जैसे, बरतन, कपड़ा, असबाब आदि। जायदाद गैरमनकूला उसे कहते हैं जो स्थानांतरित न की जा सके। जैसे, मकान, बाग, खेत, कुआँ आदि।

जायदाद गैरमनकूला—संज्ञा स्त्री० दे० "जायदाद"।

जायदाद ज़ौजियत—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] वह संपत्ति जिस पर स्त्री का अधिकार हो। स्त्री-धन।

जायदाद मक़फूला—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० + अ०] वह संपत्ति जो किसी प्रकार रेहन या बंधक हो।

जायदाद मनकूला—संज्ञा स्त्री० दे० "जायदाद"।

जायदाद मुतनाज़िआ—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] विवाद-ग्रस्त संपत्ति। वह संपत्ति जिसके अधिकार आदि के विषय में कोई झगड़ा हो।

जायदाद शौहरी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] वह संपत्ति जो स्त्री को उसके पति से मिले।

जायनमाज़—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] वह छोटी दरी, कालीन या इसी प्रकार का और कोई बिछौना जिसपर बैठ कर मुसलमान नमाज़ पढ़ते हैं। बहुधा इसपर बुना या छपा हुआ मसजिद का चित्र होता है। मुसल्ला।

जायपत्री—संज्ञा स्त्री० दे० "जावित्री"।

जायफर*†—संज्ञा पुं० दे० "जायफल"।

जायफल—संज्ञा पुं० [सं० जातीफल] अखरोट की तरह का पर उससे छोटा (प्रायः जामुन के बराबर) एक प्रकार का सुगंधित फल जिसका व्यवहार औषध और मसाले आदि में होता है। इसके छोटे छोटे टुकड़े पान के साथ भी खाए जाते हैं। वैद्यक में इसे कड़ुआ, तीक्ष्ण, गरम, रेचक, हलका, चरपरा, अग्निदीपक, मल-रोधक, बल-वर्द्धक, तथा त्रिदोष, मुख की विरसता, खाँसी, वमन, पीनस और हृद्रोग आदि को दूर करनेवाला माना है।

पर्य्या०—कोषक। सुमनफल। कोश। जातिशस्य। शालूक। मालतीफल। मज्जसार। जातिसार। पुट।

विशेष—जायफल का पेड़ प्रायः ३०—३५ हाथ ऊँचा और सदा-बहार होता है, तथा मलाका, जावा और बटेविया आदि द्वीपों में पाया जाता है। दक्षिण भारत के नीलगिरि पर्वत के कुछ भागों में भी इसके पेड़ उत्पन्न किए जाते हैं। ताजे बीज बोकर इसके पेड़ उत्पन्न किए जाते हैं। इसके छोटे पौधों की तेज धूप आदि से रक्षा की जाती है और गरमी के दिनों में उन्हें नित्य सींचने की आवश्यकता होती है। जब पौधे डेढ़ दो हाथ ऊँचे हो जाते हैं तब उन्हें १५—२० हाथ की दूरी पर अलग अलग रोप देते हैं। यदि उनकी जड़ों के पास पानी ठहरने दिया जाय अथवा व्यर्थ घास पात उगने दिया जाय तो ये पौधे बहुत जल्दी नष्ट हो जाते हैं। इसके नर और मादा पेड़ अलग अलग होते हैं। जब पेड़ फलने लगते हैं तब दोनों जातियों के पेड़ों को अलग अलग कर देते हैं और प्रति आठ

इस मादा पेड़ों के पास उस ओर एक नर पेड़ लगा देते हैं जिधर से हवा अधिक आती है। इस प्रकार नर पौधों का पुं पराग उड़ कर मादा पेड़ों के स्त्री रज तक पहुँचता है और पेड़ फलने लगते हैं। प्रायः सातवें वर्ष पेड़ फलने लगते हैं और पंद्रहवें वर्ष तक उनका फलना बराबर बढ़ता जाता है। एक अच्छे पेड़ में प्रति वर्ष प्रायः डेढ़ दो हजार फल लगते हैं। फल बहुधा रात के समय स्वयं पेड़ों से गिर पड़ते हैं और सबेरे चुन लिए जाते हैं। फल के ऊपर एक प्रकार का छिलका होता है जो उतार कर अलग सुखा लिया जाता है। इसी सूखे हुए ऊपरी छिलके को जावित्री कहते हैं। छिलका उतारने के बाद उसके अंदर एक और बहुत कड़ा छिलका निकलता है। छिलके को तोड़ने पर अंदर से जायफल निकलता है जो छाँह में सुखा लिया जाता है। सूखने पर फल उस रूप में हो जाते हैं जिसमें वे बाजार में बिकने जाते हैं। जायफल में से एक प्रकार का सुगंधित तेल और अरक भी निकाला जाता है जिसका व्यवहार दूसरी चीजों की सुगंधि बढ़ाने के अथवा औषधों में मिलाने के लिये होता है। भारतवर्ष में जायफल और जावित्री का व्यवहार बहुत प्राचीन काल से होता आया है।

जायल–वि० [फ़ा०] विनष्ट। जिसका नाश हो गया हो।

जायस–संज्ञा पुं० रायबरेली जिले का एक प्रसिद्ध प्राचीन और ऐतिहासिक नगर जहाँ बहुत दिनों से सूफी फकीरों की गद्दी है। यहाँ मुसलमान विद्वान बहुत दिनों से होते आए हैं। बहुत सी जातियाँ अपना आदि स्थान इसी नगर को बताती हैं। पद्मावती के रचयिता प्रसिद्ध कवि मलिक मुहम्मद यहीं के निवासी थे।

जाया–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) विवाहिता स्त्री। पत्नी। जोरू। विशेषतः वह स्त्री जो किसी बालक को जन्म दे चुकी हो। उ०—जरा मरन ते रहित अमाया। मात पिता सुत बंधु न जाया।—सूर। (२) उपजाति वृत्त का सातवाँ भेद जिसके पहले तीन चरणों में (ज त ज ग ग) ।ऽ। ऽऽ। ।ऽ। ऽऽ और चौथे चरण में (त त ज ग ग) ऽऽ। ऽऽ। ।ऽ। ऽऽ होता है। (३) जन्म-कुंडली में लग्न से सातवाँ स्थान जहाँ से पत्नी के संबंध की गणना की जाती है।

ज़ाया–वि० [फ़ा०] खराब। नष्ट। व्यर्थ। खोया हुआ।

क्रि० प्र०—करना।—जाना।—होना।

जायाघ्न–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ज्योतिष में ग्रहों का एक योग। यह योग उस समय होता है जब जन्म-कुंडली में लग्न से सातवें स्थान पर मंगल या राहु ग्रह रहता है। जिस मनुष्य की कुंडली में यह योग पड़ता है फलित ज्योतिष के अनुसार उस मनुष्य की स्त्री नहीं जीती। (२) वह मनुष्य जिसकी कुंडली में यह योग हो। (३) शरीर में का तिल।

जायाजीव–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बगला पक्षी। (२) अपनी जाया (स्त्री) के द्वारा जीविका उपार्जित करनेवाला नट। वेश्या-पति।

जायानुजीवी–संज्ञा पुं० दे० "जायाजीव"।

जायी–संज्ञा पुं० [सं० जयिन्] संगीत में ध्रुपद की जाति का एक प्रकार का ताल।

जायु–संज्ञा पुं० [सं०] औषध। दवा।
वि० जीतनेवाला। जेता।

जार–संज्ञा पुं० [सं०] वह पुरुष जिसके साथ किसी दूसरे की विवाहिता स्त्री का प्रेम वा अनुचित संबंध हो। उपपति। पराई स्त्री से प्रेम करनेवाला पुरुष। यार। आशना।
वि० मारनेवाला। नाश करनेवाला।

ज़ार–संज्ञा पुं० [लै० सीज़र] रूस के सम्राट् की उपाधि।

जारकर्म्म–संज्ञा पुं० [सं०] व्यभिचार। छिनाला।

जारज–संज्ञा पुं० [सं०] किसी स्त्री की वह संतान जो उसके जार या उपपति से उत्पन्न हुई हो।

विशेष—धर्म्मशास्त्रों में जारज दो प्रकार के माने गए हैं। जो संतान स्त्री के विवाहित पति के जीवन काल में उसके उपपति से उत्पन्न हो वह "कुंड" और जो विवाहित पति के मर जाने पर उत्पन्न हो वह "गोलक" कहलाती है। जारज पुत्र किसी प्रकार के धर्म-कार्य्य या पिंडदान आदि का आधिकारी नहीं होता।

जारज योग–संज्ञा पुं० [सं०] फलित ज्योतिष में किसी बालक के जन्मकाल में पड़नेवाला एक प्रकार का योग जिससे यह सिद्धांत निकाला जाता है कि वह बालक अपने असली पिता के वीर्य्य से नहीं उत्पन्न हुआ है बल्कि अपनी माता के जार या उपपति के वीर्य्य से उत्पन्न है। उ०—चित पितु घातक जोग लखि भयो भये सुत सोग। फिर हुलस्यो जिय जोतसी समझ्यो जारज जोग।—बिहारी।

विशेष—बालक की जन्म-कुंडली में यदि लग्न या चंद्रमा पर बृहस्पति की दृष्टि न हो अथवा सूर्य्य के साथ चंद्रमा युक्त न हो और पापयुक्त चंद्रमा के साथ सूर्य्य युक्त हो तो यह योग माना जाता है। द्वितीया, सप्तमी, और द्वादशी तिथि में रवि शनि या मंगलवार के दिन यदि कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा और पूर्वा भाद्रपद में से कोई एक नक्षत्र हो तो भी जारज योग होता है। इसके अतिरिक्त इन अवस्थाओं में कुछ अपवाद भी है जिनकी उपस्थिति में जारज योग होने पर भी वह बालक जारज नहीं माना जाता।

जारजात–संज्ञा पुं० [सं०] जारज।

जारण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) पारे का ग्यारहवाँ संस्कार। (२) जलाना। भस्म करना।

विशेष—वैद्यक में सोना, चाँदी, ताँबा, लोहा, पारा आदि धातुओं को औषध के काम के लिये कई बार कुछ विशेष क्रियाओं से फूँक कर भस्म करने को जारण कहते हैं।

जारणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] बड़ा जीरा। सफेद जीरा।

जारद्रवी–संज्ञा स्त्री० [सं०] ज्योतिष में मध्य मार्ग की एक वीथी का नाम जिसमें वराहमिहिर के अनुसार श्रवण, धनिष्ठा, और शतभिषा तथा विष्णुपुराण के अनुसार विशाखा, अनुराधा और ज्येष्ठा नक्षत्र हैं।

जारना†–संज्ञा पुं० [हिं० जलाना] (१) जलाने की लकड़ी। ईंधन। (२) जलाने की क्रिया या भाव।

जारना†–क्रि० स० दे० "जलाना"।

जारा–संज्ञा पुं० [हिं० जलाना] सोनार आदि की भट्ठी का वह भाग जिसमें आग रहती है और जिसमें रखकर कोई चीज गलाई या तपाई जाती है। इसके नीचे एक छोटा छेद होता है जिसमें से होकर भाथी की हवा आती है।

संज्ञा पुं० दे० "जाला"।

जारिणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जिसका किसी दूसरे पुरुष के साथ अनुचित संबंध हो। दुश्चरित्रा स्त्री।

जारी–वि० [अ०] (१) बहता हुआ। प्रवाहित। जैसे, खून जारी होना। (२) चलता हुआ। प्रचलित। जैसे, वह अखबार जारी है या बंद हो गया ?

क्रि० प्र०—करना।—रखना।—होना।

संज्ञा पुं० [देश०] (१) झरबेरी का पौधा। (२) एक प्रकार का गीत जिसे मुहर्रम में ताजियों के सामने स्त्रियाँ गाती हैं।

संज्ञा स्त्री० [सं० जार + ई (प्रत्य०)] पर-स्त्री-गमन। जार की क्रिया या भाव।

जारुधि–संज्ञा पुं० [सं०] भागवत के अनुसार एक पर्वत का नाम जो सुमेरु पर्वत के छत्ते का केसर माना जाता है।

जारुधी–संज्ञा स्त्री० [सं०] हरिवंश के अनुसार एक प्राचीन नगरी का नाम।

जारुथ–संज्ञा पुं० दे० "जारुथ्य"।

जारुथ्य–संज्ञा पुं० [सं०] वह अश्वमेध यज्ञ जिसमें तिगुनी दक्षिणा दी जाय।

जारोब–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] झाड़ू। बोहारी। कूँचा।

जारोबकश–संज्ञा पुं० [फ़ा०] झाड़ू देनेवाला। चमार।

जार्य्यक–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का मृग।

जालंधर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक ऋषि का नाम। (२) जलंधर नाम का दैत्य।

जालंधरी विद्या–संज्ञा स्त्री० [सं० जालंधर = दैत्य] मायिक विद्या। माया। इंद्रजाल।

जाल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) किसी प्रकार के तार या सूत आदि का बहुत दूर दूर पर बुना हुआ पट जिसका व्यवहार मछलियों और चिड़ियों आदि को पकड़ने के लिये होता है।

विशेष—जाल में बहुत से सूतों, रस्सियों या तारों आदि को खड़े और आड़े फैला कर इस प्रकार बुनते हैं कि बीच में बहुत से बड़े बड़े छेद छूट जाते हैं।

क्रि० प्र०—बनाना।—बुनना।

मुहा०—जाल डालना या फेंकना = मछलियाँ आदि पकड़ने, कोई वस्तु निकालने अथवा इसी प्रकार के किसी और काम के लिये जल में जाल छोड़ना। जाल फैलाना या बिछाना = चिड़ियों आदि को फँसाने के लिये जाल लगाना।

(२) एक में ओतप्रोत बुने या गुथे हुए बहुत से तारों अथवा रेशों का समूह। (३) वह युक्ति जो किसी को फँसाने या वश में करने के लिये की जाय। जैसे, तुम उनके जाल से नहीं बच सकते।

मुहा०—जाल फैलाना या बिछाना = किसी को फँसाने के लिये युक्ति करना।

(४) मकड़ी का जाला। (५) समूह। जैसे, पद्म-जाल। (६) इंद्रजाल (७) गवाक्ष। झरोखा। (८) अहंकार। अभिमान। (९) वनस्पति आदि को जलाकर उसकी राख से तैयार किया हुआ नमक। क्षार। खार। (१०) कदम का पेड़। (११) एक प्रकार की तोप। उ०—जाल जंजाल हयनाल गयनाल हूँ बान नीसान फहरान लागे। —सूदन। (१२) फूल की कली। (१३) दे० "जाली"।

संज्ञा पुं० [अ० ज़ुअल। मि० सं० जाल] वह उपाय या कृत्य जो किसी को धोखा देने या ठगने आदि के अभिप्राय से हो। फरेब। धोखा। झूठी कार्रवाई।

क्रि० प्र०—करना।—बनाना।—रचना।

जालक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) जाल। (२) कली। (३) समूह। (४) गवाक्ष। झरोखा। (५) मोतियों का बना हुआ एक प्रकार का आभूषण। (६) केला। (७) चिड़ियों का घोंसला। (८) गर्व। अभिमान।

जालकारक–संज्ञा पुं० [सं०] मकड़ा।

जालकि–संज्ञा पुं० [सं०] शस्त्रों से अपनी जीविका निर्वाह करनेवाला मनुष्य।

जालकिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] भेड़ी।

जालकिरच–संज्ञा स्त्री० [हिं० जाल + किरच] परतला मिली हुई वह पेटी जिसके साथ तलवार भी लगी हो।

जालकीट–संज्ञा पुं० [सं०] (१) मकड़ा। (२) वह कीड़ा जो मकड़ी के जाले में फँसा हो।

जालगर्दभ–संज्ञा० पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का क्षुद्र रोग जिसमें किसी स्थान पर कुछ सूजन हो जाती है

और बिना पके ही जिसमें जलन उत्पन्न होती है। इस रोग में रोगी को ज्वर भी हो जाता है।

जालजीवी–संज्ञा पुं० [सं०] धीवर। मछुआ।

जालदार–वि० [सं० जाल + हिं० दार] जिसमें जाल की तरह पास पास बहुत से छेद हों।

जालपाद–संज्ञा पुं० [सं०] (१) हंस। (२) जाबालि ऋषि के एक शिष्य का नाम। (३) एक प्राचीन देश का नाम।

वि० बहु पशु या पक्षी जिसके पैर की उँगलियाँ जालदार झिल्ली से ढँकी हों।

जालप्राया–संज्ञा स्त्री० [सं०] कवच। जिरह बकतर। सँजोया।

जालबंद–संज्ञा पुं० [हिं० जाल + फा० बंद] एक प्रकार का गलीचा जिसमें जाल की तरह की बेलें बनी होती हैं।

जाल-बब्बुरक–संज्ञा पुं० [सं०] बबूल की जाति का एक प्रकार का बेड़ जिसमें छोटी छोटी डालियाँ होती हैं।

जालभ–संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक दैत्य का नाम जो बलवल का पुत्र था और जिसका बलदेव जी ने बध किया था।

जालसाज़–संज्ञा पुं० [अ० जअल + फ़ा० साज] वह जो दूसरों को धोखा देने के लिये किसी प्रकार झूठी कार्रवाई करे।

जालसाज़ी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] फरेब या जाल करने का काम। दगाबाजी।

जाला–संज्ञा पुं० [सं० जाल] (१) मकड़ी का बुना हुआ बहुत पतले पतले तारों का वह जाल जिसमें वह अपने खाने के लिये मक्खियों और दूसरे कीड़े मकोड़ों आदि को फँसाती है। इस प्रकार के जाले बहुधा गंदे मकानों की दीवारों और छतों आदि पर लगे रहते हैं। विशेष—दे० "मकड़ी"। (२) आँख का एक रोग जिसमें पुतली के ऊपर एक सफेद परदा या झिल्ली सी पड़ जाती है और जिसके कारण दिखाई कम पड़ता है। यह रोग प्रायः कुछ विशेष प्रकार की मैल आदि के जमने के कारण होता है और ज्यों ज्यों झिल्ली मोटी होती जाती है त्यों त्यों रोगी की दृष्टि नष्ट होती जाती है। झिल्ली अधिक मोटी होने के कारण जब यह रोग बढ़ जाता है तब उसे माड़ा कहते हैं। (३) सूत या सन आदि का बना हुआ वह जाल जिसमें घास भूसा आदि पदार्थ बाँधे जाते हैं। (४) एक प्रकार का सरपत जिससे चीनी साफ की जाती है। (५) पानी रखने का एक प्रकार का मिट्टी का बड़ा बरतन। (६) दे० "जाल"।

जालाक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] झरोखा। गवाक्ष।

जालिक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) कैवर्त्त। जाल बुननेवाला। (२) जाल से मृगादि जंतुओं को फँसानेवाला। कर्कटक। (३) इंद्रजालिक। मदारी। बाजीगर। (४) मकड़ी। (डिं०)

जालिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) पाश। फंदा। (२) जाली। (३) विधवा स्त्री। (४) कवच। जिरहबकतर। सँजोया। (५) मकड़ी। (६) लोहा।

जालिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तरोई। घिया। (२) वह स्थान जहाँ चित्र बनते हों। चित्रशाला। (३) परवल की लता। (४) पिड़िका रोग का एक भेद जिसमें रोगी के शरीर के मांसल स्थानों में दाह-युक्त फुंसियाँ हो जाती हैं। यह केवल प्रमेह के रोगियों को होता है।

जालिनी फल–संज्ञा पुं० [स०] तरोई। घिया।

ज़ालिम–वि० [अ०] जुल्म करनेवाला। जो बहुत ही अन्यायपूर्ण या निर्दयता का व्यवहार करता हो। अत्याचारी।

जालिया–वि० [हिं० जाल = फरेब + इया (प्रत्य०)] जालसाज़। फरेब करने या धोखा देनेवाला।

† संज्ञा पुं० [हिं० जाल + इया (प्रत्य०)] जाल की सहायता से मछली पकड़नेवाला। धीमर।

जाली–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तरोई। (२) परवल।

संज्ञा स्त्री० [हिं० जाल] (१) किसी चीज़ विशेषतः लकड़ी, पत्थर या धातु की चादर आदि में बना हुआ बहुत से छोटे छोटे छेदों का समूह।

क्रि० प्र०—काटना।—बनाना।

(२) कसीदे का एक प्रकार का काम जिसमें किसी फूल या पत्ती आदि के बीच में बहुत छोटे छोटे छेद बनाए जाते हैं।

क्रि० प्र०—काढ़ना।—निकालना।—डालना।—भरना।—बनाना।

(३) एक प्रकार का कपड़ा जिसमें केवल बहुत से छोटे छोटे छेद ही होते हैं। इसे जालीलेट भी कहते हैं। (४) वह लकड़ी जो चारा काटने के गँड़ासे के दस्ते पर लगी रहती है। (५) कच्चे आम के अंदर गुठली के ऊपर का वह तंतु-समूह जो पकने से कुछ पहले उत्पन्न होता और पीछे से कड़ा हो जाता है। इसके उत्पन्न होने के उपरांत आम के फल का पकना आरंभ हो जाता है।

क्रि० प्र०—पड़ना।

(६) दे० "जाला (३)"

संज्ञा स्त्री० [अं०] एक प्रकार की छोटी नाव।

वि० [अ० जअल] नकली। बनावटी। झूठा। जैसे, जाली सिक्का। जाली दस्तावेज।

जालीदार–वि० [देश०] जिसमें जाली बनी या पड़ी हो।

जालीलेट–संज्ञा पुं० [हिं० जाली] एक प्रकार का कपड़ा जिसकी सारी बुनावट में बहुत से छोटे छोटे छेद होते हैं।

जालीलेट–संज्ञा पुं० दे० "जालीलेट"।

जाल्म–वि० [सं०] (१) पामर। नीच। (२) मूर्ख। बेवकूफ।

जाल्मक–संज्ञा पुं० [सं०] वह जो अपने मित्र, गुरु या ब्राह्मण के साथ द्वेष करे।

जाल्य–संज्ञा पुं० [सं०] शिव । महादेव ।

जावक*†–संज्ञा पुं० [सं० यावक] लाह से बना हुआ पैरों में लगाने का लाल रंग । अलता । महावर ।

जावत–अव्य० दे० "यावत्" ।

जावन*†–संज्ञा पुं० [हिं०] दे० "जामन" । उ०—(क) नई दोहनी पोंछि पखारी धरि निर्धूम खीर परतायो । तामें मिलि मिश्रित मिश्री करिह्वै कपूर पुट जावन नायो ।—सूर । (ख) तोष मरुत तब छमा जुड़ावह । धृति सम जावन देइ जमावह ।—तुलसी ।

जावित्री–संज्ञा स्त्री० [सं० जातिपत्री] जायफल के ऊपर का छिलका जो बहुत सुगंधित होता है और औषध के काम में आता है । वैद्यक में इसे हलका, चरपरा, स्वादिष्ट, गरम, रुचिकारक और कफ, खाँसी, वमन, श्वास, तृषा, कृमि तथा विष का नाशक माना है । दे० "जायफल" ।

जावक–संज्ञा पुं० [सं०] पीला चंदन ।

जावनी*†–दे० "यवनिका" । उ०—राधो करी जावनी पूजा । चहे सुभाव दिखावै दूजा ।—जायसी ।

जासु†*–वि० [हिं० जो] जिसका ।

जासू–संज्ञा पुं० [देश०] वे पान जो उस अफीम में मिलाने के लिये काटे जाते हैं जिससे मदक बनता है ।
वि० दे० "जासु" ।

जासूस–संज्ञा पुं० [अ०] गुप्त रूप से किसी बात विशेषतः अपराध आदि का पता लगानेवाला । भेदिया । मुखबिर ।

जासूसी–संज्ञा स्त्री० [हिं०] गुप्त रूप से किसी बात का पता लगाने की क्रिया । जासूस का काम ।

जास्पति– संज्ञा पुं० [सं०] जामाता । जँवाई । दामाद ।

जाहक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) गिरगिट । (२) जोंक । (३) बिछौना । बिस्तर । (४) घोंघा ।

जाहर‡–वि० दे० "ज़ाहिर" ।

ज़ाहिर–वि० [अ०] (१) जो छिपा न हो । जो सबके सामने हो । प्रकट । प्रकाशित । खुला हुआ । (२) विदित । जाना हुआ ।
यौ०—ज़ाहिर ज़हूर = ज़ाहिर ।

ज़ाहिरदारी–संज्ञा स्त्री० [अ०] वह बात या काम जो केवल दिखावे के लिये हो । वह काम या बात जिसमें केवल ऊपरी बनावट हो ।

ज़ाहिरा–क्रि० वि० [अ०] देखने में । प्रकट रूप में । प्रत्यक्ष में । जैसे, जाहिरा तो यह बात नहीं मालूम होती आगे ईश्वर जाने ।

जाहिल–वि० [अ०] (१) मूर्ख । अनाड़ी । अज्ञान । ना समझ । (२) अनपढ़ । विद्याहीन । जो कुछ पढ़ा लिखा न हो ।

जाही–संज्ञा स्त्री० [सं० जाती] (१) चमेली की जाति का एक प्रकार का सुगंधित फूल । (२) एक प्रकार की आतिशबाजी ।

जाह्नवी–संज्ञा स्त्री० [सं०] जह्नु ऋषि से उत्पन्न, गंगा ।

जिंक–संज्ञा स्त्री० [अं०] जस्ते का खार । यह खार देखने में सफ़ेद रंग का होता है और रंग रोगन और दवा के काम में आता है । यह क्लोराइड आफ जिंक, वा सलफेट आफ जिंक को सोडियम, बेरियम वा कलसियम सलफाइड में घोलने वा हल करने से बनता है । सलफाइड के नीचे तलछट बैठ जाती है जिसे निकाल कर सुखाने के बाद लाल आँच में तपा कर ठंढे पानी में बुझा लेते हैं । इसके बाद वह खरल में पीसी जाती है और बाजारों में बिकती है । इसे सफ़ेदा भी कहते हैं । गुलाब जल वा पानी में घोल कर इसे आँखों में डालते हैं जिससे आँख की जलन और दर्द दूर हो जाती है ।

जिंगनी, जिंगिनी–संज्ञा स्त्री० [स०] जिगिन का पेड़ ।

जिंद–संज्ञा पुं० [अ०] भूत प्रेत । मुसलमान भूत । दे० "जिन" ।
संज्ञा पुं० दे० "जंद" ।

जिंदगानी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] जीवन । जिंदगी ।

जिंदगी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) जीवन ।
मुहा०—जिंदगी से हाथ धोना = जीने से निराश होना ।
(२) जीवन काल । आयु ।
मुहा०—जिंदगी का दिन पूरा करना वा भरना = (१) दिन काटना । जीवन बिताना । (२) मरने को होना । आसन्न-मृत्यु होना ।

जिंदा–वि० [फ़ा०] जीवित । जीता हुआ ।
यौ०—जिंदा दिल ।

जिंदा दिल–वि० [फ़ा०] [संज्ञा जिंदा दिली] खुश मिजाज । हँसोड़ । दिल्लगीबाज । विनोदप्रिय ।

जिँवाना†–क्रि० स० दे० "जिमाना" ।

जिंस–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) प्रकार । किस्म । भाँति । (२) वस्तु । द्रव्य । (३) सामग्री । सामान । (४) अनाज । गल्ला । रसद ।
यौ०—जिंसवार ।

जिंसवार–संज्ञा पुं० [फ़ा०] पटवारियों का एक काग़ज जिसमें वे अपने हलके के प्रत्येक खेत में बोए हुए अन्न का नाम परताल करते समय लिखते हैं ।

जिआना†*–क्रि० स० दे० "जिलाना" । उ०—तासों बैर कबहुँ नहिं कीजै । मारे मरिय जिआए जीजै ।—तुलसी ।

जिउ†–संज्ञा पुं० दे० "जीव" ।

जिउका†–संज्ञा स्त्री० दे० "जीविका" ।

जिउकिया–संज्ञा पुं० [हिं० जीविका वा जिउका] (१) जीविका करनेवाला । रोजगारी । (२) पहाड़ी लोग जो दुर्गम जंगलों और पर्वतों से अनेक प्रकार की व्यापार की वस्तुएँ, जैसे चँवर, कस्तूरी, शिलाजीत, शेर के बच्चे, तथा जड़ी बूटी आदि ले आकर नगरों में बेंचते हैं ।

जिउतिया–संज्ञा स्त्री० [सं० जिता वा जीमूत] एक व्रत जो आश्विन कृष्णाष्टमी के दिन होता है। इस व्रत को वे स्त्रियाँ जिनके पुत्र होते हैं करती हैं। इसमें गले में एक धागा बाँधा जाता है जिसमें अनंत की तरह गाँठें होती हैं। कहीं कहीं यह व्रत आश्विन शुक्लाष्टमी के दिन किया जाता है। दे० "जिताष्टमी"।

जिउलेवा†–वि० दे० "जिवलेवा"।

जिकिर‡–संज्ञा पुं० दे० "ज़िक्र"।

ज़िक्र–संज्ञा पुं० [अ०] चर्चा। बातचीत। प्रसंग।

क्रि० प्र०—आना।—करना।—चलना।—चलाना।—छिड़ना।—छेड़ना।

यौ०—ज़िक्र मज़कूर = बातचीत। चर्चा।

जिगन–संज्ञा स्त्री० दे० "जिगिन"।

जिगर–संज्ञा पुं० [फ़ा० मि० सं० यकृत्] [वि० जिगरी] (१) कलेजा। (२) चित्त। मन। जीव। (३) साहस। हिम्मत। (४) गूदा। सत्त। सार। (५) मध्य। सार भाग। जैसे, लकड़ी का जिगर। (६) पुत्र। लड़का। (प्यार से)

जिगरकीड़ा–संज्ञा पुं० [फ़ा० जिगर + हिं० कीड़ा] भेंड़ों का एक रोग जिसमें उनके कलेजे में कीड़े पड़ जाते हैं।

जिगरा–संज्ञा पु० [हिं० जिगर] साहस। हिम्मत। जीवट।

जिगरी–वि० [फ़ा०] (१) दिली। भीतरी। (२) अत्यंत घनिष्ट। अभिन्न-हृदय। जैसे, जिगरी दोस्त।

जिगिन–संज्ञा स्त्री० [सं० जिंगिनी] एक ऊँचा जंगली पेड़। इसके पत्ते महुए वा तुन के पत्तों के समान होते हैं और टहनी में जोड़ के रूप में इधर उधर लगते हैं। यह पहाड़ों और तराई के जंगलों में होता है। इसके फूल सफेद और फल बेर के बराबर होते हैं। वैद्यक में इसका स्वाद चरपरा और कसैला लिखा है। इसकी प्रकृति गरम बतलाई गई है और वात व्रण अतीसार और हृदय के रोगों में इसका प्रयोग लाभकारी कहा गया है। इसकी दतवन अच्छी होती है और मुख की दुर्गंध को दूर करती है।

पर्य्या०—जिंगिनी। झिंगिनी। झिंगी। सुनिर्य्यासा। प्रमोदिनी। पार्वती। कृष्णशाल्मली।

जिगीषा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) जय की इच्छा। विजय प्राप्त करने की कामना। (२) उद्योग। उद्यम।

जिगुरन–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का चोटीदार चकोर जो हिमालय में गढ़वाल से हजारा तक मिलता है। इसे जधी, सिंग मोनाल, और जेवर भी कहते हैं। इसकी मादा बोदल कहलाती है।

ज़िच, ज़िच्च–संज्ञा स्त्री० [?] (१) बेबसी। तंगी। मजबूरी। (२) शतरंज में शाह की वह अवस्था जब उसे चलने का कोई घर न हो और न अर्दब देने को मोहरा हो। (३) शतरंज में खेल की वह अवस्था जिसमें किसी एक पक्ष को कोई मोहरा चलने की जगह न हो।

वि० [?] विवश। मजबूर। तंग।

जिजिया‡–संज्ञा स्त्री० [हिं० जीजी] बहिन।

संज्ञा पुं० [फ़ा० जज़िय:] (१) कर। महसूल। (२) वह कर या महसूल जो मुसलमानी अमलदारी में उन लोगों पर लगता था जो मुसलमान नहीं होते थे।

जिज्ञासा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) जानने की इच्छा। ज्ञान प्राप्त करने की कामना। (२) पूछ ताँछ। प्रश्न। परिप्रश्न। तहकीकात।

क्रि० प्र०—करना।

जिज्ञासु–वि० [सं०] जानने की इच्छा रखनेवाला। ज्ञान प्राप्ति के लिये इच्छुक। खोजी।

जिज्ञासू–वि० दे० "जिज्ञासु"।

जिज्ञास्य–वि० [सं०] जिसकी जिज्ञासा की जाय। जिसे जानना हो। जिसके संबंध में पूछ ताँछ की जाय।

जिठाई†–संज्ञा स्त्री० दे० "जेठाई"।

जिठानी–संज्ञा स्त्री० दे० "जेठानी"।

जित्–वि० [सं०] जीतनेवाला। जेता।

विशेष—इस अर्थ में यह शब्द समासांत में आता है। जैसे, इंद्रजित्, शत्रुजित्, विश्वजित् इत्यादि।

जित–वि० [सं०] जीता हुआ। पराजित। जिसे दूसरे ने जीता हो।

संज्ञा पुं० [सं०] जीत। विजय।

*†क्रि० वि० [सं० यत्र] जिधर। जिस ओर। उ०—जात है जित बाजि केशौ जात हैं तित लोग।—केशव।

जितना–वि० [हिं० जिस + तना (प्रत्य०)] [स्त्री० जितनी] जिस मात्रा का। जिस परिमाण का। जैसे, उसके पास जितने आम थे सब सड़ गए।

क्रि० वि० जिस मात्रा में। जिस परिमाण में। जैसे, जितना मैं दौड़ता हूं उतना तुम नहीं दौड़ सकते।

विशेष—संख्या सूचित करने के लिये बहुवचन रूप 'जितने' का प्रयोग होता है। 'जितना' के पीछे 'उतना' का प्रयोग संबंध पूरा करने के लिये किया जाता है। जैसे, जितना मीठा वह आम था उतना यह नहीं है।

जितरा†–संज्ञा पुं० [हिं० जिता] वह हलवाहा जिसे वेतन वा मजदूरी नहीं दी जाती बल्कि खेत जोतने के लिये हल बैल दिए जाते हैं।

जितलोक–वि० [सं०] जिसने पुण्य कर्म से स्वर्गादि लोक प्राप्त किया हो।

जितवना*†–क्रि० स० [सं० ज्ञात] जताना। प्रकट करना। उ०—चितवत जितवत हित हिए किए तिरीछे नैन। भीजे तन दोऊ कँपैं क्यों हू जप निबरै न।—बिहारी।

जितवाना–क्रि० स० [हिं० जीतना का प्रे०] जीतने देना। जीतने में समर्थ वा उद्यत करना।

जितवार†–वि० [हिं० जीतना] जीतनेवाला । विजयी । उ०—जँह हो ब्रजेस कुमार । रनभूमि को जितवार । सूदन ।

जितवैया†–वि० [हिं० जीतना + वैया (पू० प्रत्य०)] जीतनेवाला ।

जिता†–संज्ञा पुं० [हिं० जोतना वा जोतना] वह सहायता जो किसान लोग खेत की जोताई बोआई में एक दूसरे को देते हैं । हूँड़ ।

जितात्मा–वि० [सं० जितात्मन्] जितेंद्रिय ।

संज्ञा पुं० एक देवता जिसे श्राद्ध में भाग दिया जाता है ।

जिताना–क्रि० स० [हिं० 'जीतना' का प्रे०] जीतने में समर्थ वा उद्यत करना । उ०—ताही समै छैल छल कीन्हों है छबीली संग, देव विपरीत बसि बूझत पहेली बात । पूछैं जो पियारी ताहि जानत अजान पिय, आपु पूछी प्यारी को जताइ कै जिताइ जात ।—देव ।

जितार†–वि० [सं० जित्वर] (१) जीतनेवाला । विजयी । (२) बली । जो जीत सके । (३) अधिक । भारी । वजनी । (प्रायः पलड़े पर रखी हुई वस्तु के संबंध में बोलते हैं) ।

जितारि–वि० [स०] (१) शत्रुजित् । (२) कामादि शत्रुओं को जीतनेवाला ।

संज्ञा पुं० बुद्धदेव का नाम ।

जिताष्टमी–संज्ञा स्त्री० [सं०] हिंदुओं का एक व्रत जिसे पुत्रवती स्त्रियाँ करती हैं । यह व्रत आश्विन कृष्णाष्टमी के दिन पड़ता है । इस दिन स्त्रियाँ सायंकाल के समय जलाशय में स्नान कर जीमूत-वाहन की पूजा करती हैं और भोजन नहीं करतीं । इस व्रत के लिये उदया तिथि ली जाती है । इस को जिउतिया भी कहते हैं ।

जिति–संज्ञा स्त्री० [स०] जीत । विजय ।

जितुम–संज्ञा पुं० [यू० डिडुमाई] मिथुन राशि ।

जितेंद्रिय–वि० [स०] (१) जिसने अपनी इंद्रियों को जीत लिया हो । जिसकी इंद्रियाँ उस के वश में हों । जो इंद्रियासक्त न हो । मनुस्मृति में ऐसे पुरुष को जितेंद्रिय माना है जिसे सुनने, छूने, देखने, खाने और सूँघने से हर्ष वा विषाद न हो । (२) शांत । सम वृत्तिवाला ।

जितै*–वि० [हिं० जिस—तै] जितने (संख्या-सूचक) । उ०—कंत विदेस रहे हो जिते दिन देहु तिते मकुतानि की माला । —पद्माकर ।

जितै*–क्रि० वि० [सं० यत्र, प्रा० यत्त] जिधर । जिस ओर । उ०—लाल जितै चितवै तिय पै, तिय त्यों त्यों चितौति सखीन की ओरी ।—देव ।

जितो*†–वि० [हिं० जिस] जितना (परिमाण-सूचक) । उ०—(क) बैठि सदा सतसंग ही में विषमानि विषय रस कीर्त्ति सदाहीं । त्यों पद्माकर झूठ जितो जग जानि सुज्ञानहि के अवगाहीं ।—पद्माकर । (ख) नख सिख सुंदरता अवलोकत, कह्यो न परत सुख होत जितो री ।—तुलसी ।

विशेष—संख्या सूचित करने के लिये बहु वचन रूप 'जिते' का प्रयोग होता है ।

क्रि० वि० जिस मात्रा से । जितना ।

जित्तम–संज्ञा पुं० [यू० डिडुमाइ] मिथुन राशि ।

जित्य–संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० जित्या] बड़ा हल ।

जित्या–संज्ञा स्त्री० [स०] हींग ।

जित्वर–वि० [सं०] जेता । जीतनेवाला । विजयी ।

ज़िद–संज्ञा स्त्री० [अ०] [वि० ज़िद्दी] (१) उलटी बात या वस्तु । विरुद्ध वस्तु वा बात

† (२) वैर । शत्रुता ।

क्रि० प्र०—करना ।—बाँधना ।—रखना ।

(३) हठ । अड़ । दुराग्रह ।

क्रि० प्र०—आना । —करना ।—बाँधना ।—रखना ।

मुहा०—ज़िद पर आना = हठ करना । अड़ना । ज़िद चढ़ना = हठ धरना । ज़िद पकड़ना = हठ करना ।

जिदियाना†–क्रि० अ० [हिं० ज़िद] ज़िद बाँधना । हठ करना ।

जिद्द†–संज्ञा स्त्री० दे० "ज़िद" ।

ज़िद्दी–वि० [फ़ा०] (१) ज़िद करनेवाला । हठी । अड़नेवाला । जैसे, ज़िद्दी लड़का । (२) दुराग्रही । दूसरे की बात न माननेवाला ।

जिधर–क्रि० वि० [हिं० जिस् + धर (प्रत्य०)] जिस ओर । जहाँ ।

मुहा०—जिधर तिधर = (१) जहाँ तहाँ । इधर उधर । (अब इसका कम प्रयोग है) । (२) बेठिकाने । बिना ठौर ठिकाने ।

विशेष—समन्वय में इसके साथ 'उधर' का प्रयोग होता है जैसे, जिधर देखता हूँ उधर तू ही तू है ।

जिन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) विष्णु । (२) सूर्य्य । (३) बुद्ध । (४) जैनों के तीर्थंकर ।

वि० [सं० यानि] 'जिस' का बहु वचन ।

सर्व० 'जिस' का बहु वचन ।

संज्ञा पुं० [अ०] मुसलमान भूत ।

ज़िना–संज्ञा पुं० [अ०] व्यभिचार । छिनाला ।

क्रि० प्र०—करना ।

यौ०—ज़िनाकार । ज़िना बिलजब्र ।

ज़िनाकार–वि० [फ़ा०] [संज्ञा ज़िनाकारी] व्यभिचारी ।

ज़िनाकारी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] पर-स्त्री-गमन । व्यभिचार ।

ज़िना बिलजब्र–संज्ञा पुं० [अ०] किसी स्त्री के साथ उसकी इच्छा और सम्मति के विरुद्ध बलात् संभोग करना ।

जिनिस–संज्ञा स्त्री० दे० "जिंस" ।

जिनिसवार–संज्ञा पुं० दे० "जिंसवार" ।

जिन्ह†*–सर्व० दे० "जिन" ।

जिभ†*–संज्ञा स्त्री० दे० "जिह्वा" ।

जिभला†—वि० [हिं० जीभ + ला (प्रत्य०)] चटोरा । चटकू ।

जिभ्या*†—संज्ञा स्त्री० दे० "जिह्वा" ।

जिमनास्टिक—संज्ञा पुं० [अ०] एक प्रकार की कसरत जो काठ के दोहरे बल्लों वा छड़ों आदि के ऊपर की जाती है । अंगरेजी कसरत ।

जिमाना—क्रि० स० [हिं० जामना] खाना खिलाना । भोजन कराना ।

जिमि*—क्रि० वि० [हिं० जिस + इमि] जिस प्रकार से । जैसे । यथा । ज्यों । उ०—(क) कामिहि नारि पियारि जिमि, लोभिहि प्रिय जिमि दाम ।—तुलसी । (ख) जिमि जिमि तापस कथै उदासा । तिमि तिमि नृपहिं उपज विश्वासा ।—तुलसी ।

विशेष—समन्वय सूचित करने के लिये इस शब्द के आगे 'तिमि' का प्रयोग होता है ।

जिमींदार—संज्ञा पुं० दे० "जमींदार" ।

जिम्मा—संज्ञा पुं० [अ०] (१) इस बात का भार ग्रहण कि कोई बात या कोई काम अवश्य होगा और यदि न होगा तो उसका दोष भार ग्रहण करनेवाले के ऊपर होगा । किसी ऐसी बात के होने वा न होने का दोष अपने ऊपर लेने की प्रतिज्ञा जिसका संबंध अपने से या दूसरे से हो । उत्तर-दायित्व पूर्ण प्रतिज्ञा । जवाब-दिही । जैसे, (क) मैं इस बात का जिम्मा लेता हूँ कि कल आपको चीज मिल जायगी । (ख) इस बात का जिम्मा मेरा है कि ये एक महीने के भीतर आपका रुपया चुका देंगे । (ग) क्या रोज रोज खिलाने का मैंने जिम्मा लिया है ?

क्रि० प्र०—करना ।—लेना ।

मुहा०—कोई काम किसी के जिम्मे करना = किसी काम को करने का भार किसी के ऊपर होना । किसी के जिम्मे रुपया आना, निकलना या होना = किसी के ऊपर रुपया ऋण स्वरूप होना । देना ठहरना । जैसे, हिसाब करने पर ५) तुम्हारे जिम्मे निकलते हैं । किसी के जिम्मे रुपया डालना = किसी के ऊपर ऋण वा देना ठहराना ।

विशेष—जिम्मा और वादा में यह अंतर है कि वादा अपने ही विषय में किया जाता है पर जिम्मा दूसरे के विषय में भी होता है ।

(२) सुपुर्दगी । देख रेख । संरक्षा । जैसे, ये सब चीजें मैं तुम्हारे ज़िम्मे छोड़ जाता हूँ, कहीं इधर उधर न होने पावें ।

जिम्मादार—संज्ञा पुं० दे० "जिम्मावार" ।

जिम्मादारी—संज्ञा स्त्री० दे० "जिम्मावारी" ।

जिम्मावार—संज्ञा पुं० [फ़ा०] जवाबदेह । उत्तरदाता । वह जो किसी बात के लिये प्रतिज्ञा-बद्ध हो ।

जिम्मावारी—संज्ञा पुं० [हिं० जिम्मावार] (१) उत्तरदायित्व । जवाबदिही । किसी बात के करने वा किए जाने का भार । (२) सुपुर्दगी । संरक्षा । उ०—हम इन चीजों को तुम्हारी जिम्मावारी पर छोड़ जाते हैं ।

जिम्मेदार—संज्ञा पुं० दे० "जिम्मावार" ।

जिम्मेदारी—संज्ञा स्त्री० दे० "जिम्मावारी" ।

जिम्मेवार—संज्ञा पुं० दे० "जिम्मावार" ।

जिम्मेवारी—संज्ञा स्त्री० दे० "जिम्मावारी" ।

जिय†—संज्ञा पुं० [सं० जीव] मन । चित्त । जी । उ०—अस जिय जानि सुनहु सिख भाई । करहु मातु पितु पद सेवकाई ।—तुलसी ।

जियन*—संज्ञा पुं० [हिं० जीवन] जीवन । जिंदगी ।

जियरा*†—संज्ञा पुं० [हिं० जीव] जीव । उ०—मेरो स्वभाव चितैबे कों माई री लाल निहारि कै बंसी बजाई । वा दिन तें मोहि लागी ठगोरी सी लोग कहैं कोउ बावरी आई । यों रसखानि घिरयो सिगरो ब्रज जानत वे कि मेरो जियरा ई । जो कोउ चाहै भलो अपनो तो सनेह न काहू सों कीजिए माई ।—रसखान ।

जिया जंतु†—संज्ञा पुं० दे० "जीव जंतु"

जियादती—संज्ञा स्त्री० दे० "ज्यादती" ।

जियादा—वि० दे० "ज्यादा" ।

जियान—संज्ञा पुं० [अ०] घाटा । टोटा । नुकसान । हानि । क्षति ।

क्रि० प्र०—करना ।—उठाना ।

जियाना*†—क्रि० स० [हिं० जीना] (१) जिलाना । उ०—अबहूँ करि माया जिव केरी । मोहिं जियाव देहु पिय मोरी ।—जायसी । (२) पालना । पोसना । उ०—बाघ बछानि को गाय जियावत, बाघिनि पै सुरभी सुत चोपै ।—गुमान ।

जिया पोता—संज्ञा पुं० [हिं० जिलाना + पूत] पुत्रजीवा का पेड़ । पतजिव ।

ज़ियाफ़त—संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) आतिथ्य । मेहमानदारी । (२) भोज । दावत ।

मुहा०—ज़ियाफ़त करना = (१) आदर सत्कार करना । (२) खाना खिलाना । भोज देना ।

ज़ियारत—संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) दर्शन । (२) तीर्थ दर्शन ।

मुहा०—ज़ियारत लगना = मेला लगना । दर्शन के लिये दर्शकों की भीड़ होना ।

ज़ियारतगाह—संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) पवित्र स्थान । तीर्थ । (२) दरबार । दरगाह (३) दर्शकों की भीड़ या जमघट ।

ज़ियारती—वि० [फ़ा०] (१) दर्शक । (२) तीर्थयात्री ।

जियारी†*—संज्ञा स्त्री० [?] (१) जीवन । जिंदगी उ०—उनको लै मान कियो याही में अमान भयो दयो जो पै जाइ तौही तौ जियारी है ।—प्रिया । (२) जीविका ।

उ०—राकापति बाँका तिया बसैं पुर पंदुर में उर में न चाह नेकु रीति कछु न्यारियै। खकरीन बीनि करि जीविका नवीन करैं, धरै हरि रूप हिये, ताही सेा जियारि यै।—प्रिया।

(३) जीवट। जिगरा। हृदय की दृढ़ता। साहस।

जिरगा—संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) झुंड। गरोह। (२) मंडली।

जिरह—संज्ञा पुं० [अ० जुरह] (१) हुज्जत। खुचुर (२) फेर फार के प्रश्न जिनसे उत्तरदाता घबड़ा जावे और सच्ची बात को छिपा न सके। ऐसी पूछ ताछ जो किसी से उसकी कही हुई बातों की सत्यता की जाँच के लिये की जाय।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—जिरह काढ़ना वा निकालना = खोद विनोद करना। बहुत अधिक पूछ ताछ करना। बात में बात निकालना। खुचुर निकालना।

(३) वह सूत की डोरी जो बैसर में ऊपर नीचे वय के गाँछने के लिये लगी रहती है। (जुलाहे)।

जिरह—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] लोहे की कड़ियों से बना हुआ कवच। वर्म। बकतर।

यौ०—जिरह पोश = जो बकतर पहने हो। कवची।

जिरही—वि० [हिं० जिरह] जो जिरह पहने हो। कवचधारी।

जिराअत—संज्ञा स्त्री० [अ०] खेती। कृषि कर्म्म।

क्रि० प्र०—करना।

यौ०—जिराअत पेशा—खेतिहर। किसान। कृषक।

जिरायत—संज्ञा स्त्री० दे० "जिराअत"।

जिराफा—संज्ञा पुं० [अ० ज़राफ] मरु भूमि का एक वन्य पशु। यह अफ्रीका की मरु भूमि में झुंडों में फिरा करता है। इसके पैरों में खुर होते हैं और इसका अगला धड़ पिछले से भारी होता है। गरदन इसकी ऊँट की सी लंबी होती है। यह अठारह फुट ऊँचा होता है। इसके सिर पर दो छोटे छोटे सींग होते हैं जो रोएँदार चमड़े से ढके रहते हैं। इसकी आँखें सुंदर और उभड़ी होती हैं जिनसे यह बिना सिर मोड़े पीछे देख सकता है। इसकी नाक की बनावट ऐसी होती है कि यह जब चाहे उसे बंद कर सकता है। जीभ इसकी इतनी लंबी होती है कि यह उसे मुँह से सत्रह इंच बाहर निकाल सकता है। इसके शरीर पर हिरन के से रोएँ और बड़ी बड़ी चित्तियाँ होती हैं। यह ताड़ों और खजूरों की पत्तियाँ खाता है।

जिरिया—संज्ञा पुं० [हिं० जीरा] एक प्रकार का धान जो जीरे की तरह पतला और लंबा होता है।

जिला—संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) चमक दमक। ओप। पानी।

मुहा०—जिला करना वा देना = किसी वस्तु को माँज कर तथा रोगन आदि चढ़ा कर चमकाना। सिकली करना। जैसे, हथियारों पर जिला देना, तलवार पर जिला देना।

यौ०—जिलाकार = सिकलीगर।

(२) माँज कर तथा रोगन आदि चढ़ा कर चमकाने का कार्य्य। झलकाने की क्रिया। ओप देने का कार्य्य।

ज़िला—संज्ञा पुं० [अ०] (१) प्रांत। प्रदेश। (२) भारतवर्ष में किसी प्रांत का वह भाग जो एक कलक्टर वा डिप्टी कमिश्नर के प्रबंध में हो। (३) किसी इलाके का छोटा विभाग वा अंश।

यौ०—ज़िलादार।

(४) किसी जमींदार के इलाके के बीच बना हुआ वह मकान जिसमें वह या उसके आदमी तहसील वसूल आदि के लिये ठहरते हों।

जिलाट—संज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल का एक बाजा जिस पर चमड़ा मढ़ा होता था और जो थाप से बजाया जाता था।

ज़िलादार—संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) सरबराहकार। सजावल। (२) वह अफसर जिसे जमींदार अपने इलाके के किसी भाग में लगान वसूल करने के लिये नियत करता है। (३) वह छोटा अफसर जो नहर, अफीम आदि संबंधी किसी हलके में काम करने के लिये नियत हो।

ज़िलादारी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] ज़िलेदार का काम।

जिलाना—क्रि० स० [हिं० जीना का स०] (१) जीवन देना। जी डालना। जिंदा करना। जीवित करना। जैसे, मुर्दा जिलाना।

†(२) पालना। पोसना। जैसे, तोता जिलाना, कुत्ता जिलाना।

(इस क्रिया का प्रयोग प्रायः ऐसे ही पशुओं वा जीवों के लिये होता है जिनसे मनुष्य कोई काम नहीं लेता, केवल मनोरंजन के लिये पालता है। जैसे कुत्ता, बिल्ली, तोता, शेर, आदि। घोड़े, हाथी, ऊँट, गाय, बैल, आदि के लिये इसका प्रयोग नहीं होता)।(३) मरने से बचाना। मरने न देना। प्राण रक्षा करना। जैसे, सरकार ने अकाल में लाखों आदमियों को जिला लिया। (४) धातु के भस्म को फिर धातु के रूप में लाना। मूर्छित धातु को पुनः जीवित करना।

जिलासाज—संज्ञा पुं० [फ़ा०] सिकलीगर। हथियारों पर ओप चढ़ानेवाला।

जिलाह*—संज्ञा पुं० [अ० जल्लाद ?] अत्याचारी। उ०—ज्वाला की जलन सी, जलाक जंग जालन की, जोर की जमा है जोम जुलुम जिलाहे की।—पद्माकर।

ज़िलेदार—संज्ञा पुं० दे० "ज़िलादार"।

जिलेबी†—संज्ञा स्त्री० दे० "जलेबी"।

जिल्द—संज्ञा स्त्री० [अ०] [वि० जिल्दी] (१) खाल। चमड़ा। खलड़ी। (२) ऊपर का चमड़ा। त्वचा। जैसे, जिल्द की बीमारी। (३) वह पट्ठा या दफ्ती जो किसी किताब की सिलाई जुजबंदी आदि करके उसके ऊपर उसकी रक्षा के लिये लगाई जाती है।

क्रि० प्र०—बनाना।—बाँधना।

यौ०—जिल्दबंद । जिल्दसाज़ ।

(४) पुस्तक की एक प्रति ।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग उस समय होता है जब पुस्तकों का ग्रहण संख्या के अनुसार होता है। जैसे, दस जिल्द पद्मावत, एक जिल्द रामायण ।

(५) किसी पुस्तक का वह भाग जो पृथक् सिला हो। भाग। जैसे, दादूदयाल की बानी दो जिल्दों में छपी है ।

जिल्दगर—संज्ञा पुं० [फ़ा०] जिल्दबंद ।

जिल्दबंद—संज्ञा पुं० [फ़ा०] वह जो किताबों की जिल्द बाँधता हो। जिल्द बाँधनेवाला ।

जिल्दबंदी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] पुस्तकों की जिल्द बाँधने का काम। जिल्दबँधाई ।

जिल्दसाज़—संज्ञा पुं० [फ़ा०] [संज्ञा जिल्दसाज़ी] जिल्दबंद

जिल्दसाज़ी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] जिल्दबंदी । किताबों पर जिल्द बाँधने का काम ।

जिल्दी—वि० [अ०] त्वक संबंधी। त्वचा वा चमड़े से संबंध रखनेवाला। जैसे, जिल्दी बीमारी ।

ज़िल्लत—संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) अनादर । अपमान । तिरस्कार । बेइज्जती ।

मुहा०—ज़िल्लत उठाना = (१) अपमानित होना । (२) तुच्छ होना । हेठा ठहरना । ज़िल्लत देना = (१) अपमानित करना । (२) लज्जित करना । झतक करना । हेठा ठहराना । ज़िल्लत पाना = अपमानित होना ।

(२) दुर्गति । दुर्दशा । हीन दशा । जैसे, ज़िल्लत में पड़ना वा फँसना ।

जिल्ली—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बाँस जो आसाम में होता है और घर की छाजन आदि में लगता है ।

जिलहेर—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का धान जो अगहन में काटा जाता है ।

जिवा—संज्ञा पुं० दे० 'जीव' ।

जिवाजिव—संज्ञा पुं० [सं०] चकोर पक्षी ।

जिष्णु—वि० [सं०] जीतनेवाला । विजय प्राप्त करनेवाला । जयी ।

संज्ञा पुं० [सं०] (१) विष्णु । (२) इंद्र । (३) अर्जुन । (४) सूर्य्य । (५) वसु ।

जिस—वि० [सं० यः, यस्] 'जो' का वह रूप जो उसे विभक्ति-युक्त विशेष्य के साथ आने से प्राप्त होता है । जैसे, जिस पुरुष ने, जिस लड़के को, जिस छड़ी से, जिस घोड़े पर, जिस घर में, इत्यादि ।

सर्व० 'जो' का वह रूप जो उसे विभक्ति लगने के पहले प्राप्त होता है । जैसे, जिसने, जिसको, जिससे, जिसका, जिस पर, जिसमें ।

विशेष—संबंध पूरा करने के लिये 'जिस' के पीछे 'उस' का प्रयोग होता है। जैसे, जिसको देंगे उससे लेंगे । पहले 'उस' के स्थान पर 'तिस' का प्रयोग होता था ।

जिसिम—संज्ञा पुं० दे० "जिस्म" ।

जिस्ता—संज्ञा पुं० (१) दे० "जस्ता" । ‡ (२) दे० "दस्ता" ।

जिस्म—संज्ञा पुं० [फ़ा०] शरीर । देह ।

जिह—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० ज़द, स० ज्या] चिल्ला । रोदा । ज्या । (धनुष) । उ०—तिय कित कमनैती पढ़ी बिन जिह भौंह कमान । चित चल बेझे चुकति नहिं बंक बिलोकनि बान ।—बिहारी ।

ज़िह्न—संज्ञा पुं० [अ०] समझ । बुद्धि । धारणा

मुहा०—ज़िह्न खुलना = बुद्धि का विकाश होना । ज़िह्न लड़ना = बुद्धि का काम करना । बुद्धि पहुँचना । ज़िह्न लड़ाना = सोचना । बुद्धि दौड़ाना । ऊहापोह करना ।

जिहाद—संज्ञा पुं० [अ०] (१) धर्म्म के लिये युद्ध । मज़हबी लड़ाई । धार्मिक युद्ध । (२) वह लड़ाई जो मुसलमान लोग अन्य धर्मावलंबियों से अपने धर्म्म के प्रचार आदि के लिये करते थे ।

मुहा०—जिहाद का झंडा = वह पताका जो मुसलमान लोग भिन्न धर्मवालों से युद्ध करने के लिये लेकर चलते थे । जिहाद का झंडा करना = मज़हब के नाम पर लड़ाई छेड़ना ।

जिहालत—संज्ञा स्त्री० [अ० जहालत] मूर्खता । अज्ञानता ।

जिहासा—संज्ञा स्त्री० [सं०] त्याग करने की इच्छा ।

जिहासु—वि० [सं०] त्याग करने की इच्छा करनेवाला ।

जिहीर्षा—संज्ञा स्त्री० [सं०] हरने की इच्छा । लेने की इच्छा । हरण करने की कामना ।

जिहीर्षु—वि० [सं०] हरण करने की इच्छा रखनेवाला ।

जिह्म—वि० [सं०] (१) वक्र । टेढ़ा । (२) दुष्ट । क्रूर प्रकृतिवाला । कुटिल । कपटी । (३) अप्रसन्न । खिन्न । (४) मंद ।

संज्ञा पुं० (१) तगर का फूल । (२) अधर्म ।

जिह्मग—वि० [सं०] (१) कुटिल गतिवाला । टेढ़ी चाल चलनेवाला । (२) मंदगति । धीमा । (३) कुटिल । कपटी । चालबाज़ ।

संज्ञा पुं० साँप ।

जिह्मगति—संज्ञा पुं० [सं०] साँप ।

जिह्मगामी—वि० [सं० जिह्मगामिन्] [स्त्री० जिह्मगामिनी] (१) टेढ़ा चलनेवाला । (२) कुटिल । कपटी । चालबाज़ । (३) मंदगामी । सुस्त । धीमा ।

जिह्मता—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) टेढ़ापन । वक्रता । (२) मंदता । धीमापन । (३) कुटिलता । कपट । चालबाज़ी ।

जिह्ममेहन—संज्ञा पुं० [सं०] मेढ़क ।

जिह्मशल्य—संज्ञा पुं० [सं०] खैर । खदिर । कत्था ।

जिह्मित–वि० [सं०] घूमा हुआ । फिरा हुआ । चकित । विस्मित ।

जिह्मीकृत–वि० [सं०] झुकाया हुआ । टेढ़ा किया हुआ ।

जिह्मक–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का सन्निपात जिसमें जीभ में काँटे पड़ जाते हैं, रोगी से स्पष्ट बोला नहीं जाता, जीभ खड़खड़ाती है । इसकी अवधि सोलह दिन की है । इसमें श्वास कास आदि भी हो जाते हैं । इस रोग में रोगी प्रायः गूँगे वा बहरे हो जाते हैं ।

जिह्वल–वि० [सं०] जिभला । चटोरू । चटोरा ।

जिह्वा–संज्ञा स्त्री० [सं०] जीभ ।

जिह्वाग्र–संज्ञा पुं० [सं०] जीभ की नोक । टूँड़ ।

मुहा०—जिह्वाग्र करना = कंठस्थ करना । ज़बानी याद करना । किसी विषय को इस प्रकार रटना या घोखना कि उसे जब चाहे तब कह डाले । जिह्वाग्र होना = ज़बानी याद होना ।

जिह्वाजप–संज्ञा पुं० [सं०] तंत्रानुसार एक प्रकार का जप जिसमें केवल जिह्वा ही हिलने का विधान है ।

जिह्वाप–संज्ञा पुं० [सं०] वे पशु जो जीभ से पानी पिया करते हैं । जैसे कुत्ते, बिल्ली, सिंह, आदि ।

जिह्वामूल–संज्ञा पुं० [सं०] [वि० जिह्वामूलीय] जीभ की जड़ वा पिछला स्थान ।

जिह्वामूलीय–वि० [सं०] जो जिह्वा के मूल से संबंध रखता हो । संज्ञा पुं० वह वर्ण जिसका उच्चारण जिह्वामूल से हो । शिक्षा के अनुसार ऐसे वर्ण अयोगवाह होते हैं और वे संख्या में दो हैं ⌢ क और ⌢ ख । क और ख के पहले विसर्ग आने से वे जिह्वामूलीय हो जाते हैं । कोई कोई वैयाकरण कवर्ग मात्र को जिह्वामूलीय मानते हैं ।

जिह्वारद–संज्ञा पुं० [सं०] पक्षी ।

जिह्वारोग–संज्ञा पुं० [सं०] जीभ का रोग । सुश्रुत के मत से यह पाँच प्रकार का होता है । तीन प्रकार के कंटक जो वात पित्त और कफ के प्रकोप से जीभ पर पड़ जाते हैं, चौथा अलास जिसमें जीभ के नीचे सूजन हो जाती है और पाँचवाँ उपजिह्विका जिसमें जिह्वा के मूल में सूजन हो आती है और लार टपकती है । इन पाँचों में अलास असाध्य है । इसमें जीभ के तले की सूजन बढ़ कर पक जाती है ।

जिह्वालिह्–संज्ञा पुं० [सं०] कुत्ता ।

जिह्वाशल्य–संज्ञा पुं० [सं०] खदिर । खैर । कत्था ।

जिह्विका–संज्ञा स्त्री० [सं०] जीभी ।

जींगन†–संज्ञा पुं० [सं० जुगण] खद्योत । जुगनू । उ०—दसहू दिसि जोति जगामगी होति अनुपम जींगन जालन की ।—गंग । (ख) बिरह जरी लखि जींगननि कही सुवह कै बार । अरी आउ उठि भीतरै बरसत आज अँगार ।—बिहारी ।

जी–संज्ञा पुं० [सं० जीव] (१) मन । दिल । तबीयत । चित्त । उ०—(क) कहत नसाइ होइ हिय नीकी । रीझत राम जानि जन जी की ।—तुलसी । (२) हिम्मत । दम । जीवट । (३) संकल्प । विचार । इच्छा । चाह ।

मुहा०—जी अच्छा होना = चित्त स्वस्थ होना । रोग आदि की पीड़ा या बेचैनी न रहना । नीरोग होना । उ०—दो तीन दिन तक बुखार रहा, आज जी अच्छा है । किसी पर जी आना = किसी से प्रेम होना । हृदय का किसी के प्रेम में अनुरक्त होना । जी उकताना = चित्त का उचाट होना । चित्त न लगना । एक ही अवस्था में बहुत काल तक रहते रहते परिवर्त्तन के लिये चित्त व्यग्र होना । तबीयत घबड़ाना । जैसे, तुम्हारी बातें सुनते सुनते तो जी उकता गया । जी उचटना = चित्त न लगना । चित्त का प्रवृत्त न होना । मन हटना । किसी कार्य्य, वस्तु वा स्थान आदि से विरक्ति होना । उ०—अब तो इस काम से मेरा जी उचट गया । जी उठना = दे० "जी उचटना" । जी उठाना = चित्त हटाना । मन फेर लेना । विरक्त होना । अनुरक्त न रहना । जी उड़ जाना = भय आशंका आदि से चित्त सहसा व्यग्र हो जाना । चित्त चंचल हो जाना । धैर्य्य जाता रहना । जी में घबराहट होना । उ०—उसकी बीमारी का हाल सुनते ही मेरा तो जी उड़ गया । जी उदास होना = चित्त खिन्न होना । जी उलट जाना = (१) मन का वश में न रहना । चित्त चंचल और अव्यवस्थित हो जाना । चित्त विक्षिप्त हो जाना । होश हवास जाता रहना । (२) मन फिर जाना । चित्त विरक्त होना । जी करना = (१) हिम्मत करना । हौसला करना । साहस करना । (२) जी चाहना । इच्छा होना । जैसे, अब तो जी करता है कि यहाँ से चल दें । जी काँपना = भय आशंका आदि से कलेजा धक धक करना । हृदय थर्राना । डर लगना । जैसे, वहाँ जाने का नाम सुनते ही जी काँपता है । जी का बुखार निकालना = हृदय का उद्वेग बाहर करना । क्रोध, शोक दुःख आदि के वेग को रो कलप कर या बक झक कर शांत करना । ऐसे क्रोध वा दुःख को शब्दों द्वारा प्रकट करना जो बहुत दिनों से चित्त को संतप्त करता रहा हो । जी का बोझ हलका होना = ऐसी बात का दूर होना जिसकी चिंता चित्त में बराबर रहती आई हो । खटका मिटना । चिंता दूर होना । जी की अमान माँगना = प्राण रक्षा की प्रतिज्ञा की प्रार्थना करना । किसी काम के करने या किसी बात के कहने के पहले उस मनुष्य से प्राण रक्षा करने वा अपराध क्षमा करने की प्रार्थना करना जिसके विषय में यह निश्चय हो कि उसे उस काम के होने या उस बात के सुनने से अवश्य दुःख पहुँचेगा । जैसे, यदि किसी राजा से कोई अप्रिय बात करनी हुई तो लोग पहले यह कह लेते हैं कि "जी की अमान पाऊँ तो कहूँ" । जी की आ लगना = प्राणों पर आ

बनना। प्राण बचना कठिन हो जाना। ऐसे भारी झंझट वा संकट में फँस जाना कि पीछा छुड़ाना कठिन हो जाय। **जी की निकालना**=(१) मन की उमंग पूरी करना। दिल की हवस निकालना। मनोरथ पूरा करना। (२) हृदय का उद्गार निकालना। क्रोध, दुःख द्वेष आदि उद्वेग को बक झक कर शांत करना। बदला लेने की इच्छा पूरी करना। **जी की जी में रहना**=मनोरथों का पूरा न होना। मन में ठानी सोची या चाही हुई बातों का न होना। **जी की पड़ना**=प्राण बचाने की चिंता होना। प्राण बचाना कठिन हो जाना। ऐसे भारी झंझट वा संकट में फँस जाना कि पीछा छुड़ाना कठिन हो जाय। उ०—**सब असबाब दाढ़ो मैन काढो तैन काढो जिय की परी सभारै सहन भँडार को।**—तुलसी। **जी का**=जीयटवाला। जिगरेवाला। साहसी। हिम्मतवर। दमदार। उ०—**धनी धरनी के नीके आपुनी अनी के संग आवैं जुरि जीके मो नजी के गरजी के सों।**—गोपाल। (किसी के) **जी को जी समझना**=किसी के विषय में यह समझना कि वह भी जीव है, उसे भी कष्ट होगा। दूसरे के कष्ट को समझना। दूसरे को क्लेश न पहुँचाना। दूसरे पर दया करना। **जी को मारना**=(१) मन की इच्छाओं को रोकना। चित्त के उत्साहों को न पूरा करना। (२) संतोष धारण करना। **जी को न लगना**=(१) चित्त में अनुभव होना। हृदय में वेदना होना। सहानुभूति होना। जैसे, **दूसरों की पीड़ा आदि किसी के जी को नहीं लगती।** (२) प्रिय लगना। भाना। अच्छा लगना। **जी खटकना**=(१) चित्त में खटका वा संदेह उत्पन्न होना। (२) हानि आदि की आशंका से (किसी काम के करने से) जी हिचकना। (**किसी से या किसी की ओर से**) **जी खट्टा करना**=मन फेर देना। चित्त में घृणा वा विरक्ति उत्पन्न कर देना। चित्त विरक्त करना। हृदय में दुर्भाव उत्पन्न करना। उ०—**तुम्हीं ने मेरी ओर से उनका जी खट्टा कर दिया है।** (किसी से या किसी की ओर से) **जी खट्टा होना**=चित्त हट जाना। मन फिर जाना वा विरक्त होना। अनुराग न रहना। घृणा होना। जैसे, **उस एक बात से उनकी ओर से मेरा जी खट्टा हो गया।** **जी खपाना**=(१) चित्त तन्मय करना। (किसी काम में) जी लगाना। नितांत दत्तचित्त होना। जी तोड़ कर किसी काम में लगना। (२) प्राण देना। अत्यंत कष्ट उठाना। **जी खुलना**=संकोच छूट जाना। धड़क खुल जाना। किसी काम के करने में हिचक न रह जाना। **जी खोल कर**=(१) बेधड़क। बिना किसी संकोच के। बिना किसी प्रकार के भय वा लज्जा के। बिना हिचके। जैसे, **जो कुछ तुम्हें कहना हो जी खोल कर कहो।** (२) जितना जी चाहे। बिना अपनी ओर से कोई कमी किए। मन माना। यथेष्ट। उ०—**तुम हमें जी खोल कर गालियाँ दो, कोई चिंता नहीं।** **जी गँवाना**=प्राण देना। जान खोना। **जी गिरा जाना**=जी बैठा जाना। तबीयत सुस्त होती जाना। शिथिलता आती जाना। **जी घबराना**=(१) चित्त व्याकुल होना। मन व्यग्र होना। (२) मन न लगना। जी ऊबना। **जी चलना**=(१) जी चाहना। इच्छा होना। (२) जी आना। चित्त मोहित होना। **जी चला**=(१) वीर। दिलेर। बहादुर। शूर। शूरमा। (२) दानवीर। दाता। दानी। उदार। दानशूर। (३) रसिक। सहृदय। **जी चलाना**=(१) इच्छा करना। मन दौड़ाना। चाह करना। (२) हिम्मत बाँधना। साहस करना। हौसला बढ़ाना। **जी चाहना**=मनोभिलाष होना। मन चलना। इच्छा होना। **जी चाहे**=(१) यदि इच्छा हो। यदि मन में आवे। **जी चुराना**=किसी काम या बात से बचने के लिये हीला हवाली करना या युक्ति रचना। किसी काम से भागना। जैसे, **यह नौकर काम से जी चुराता है।** **जी छुपाना**=दे० "जी चुराना"। **जी छूटना**=(१) हृदय की दृढ़ता न रहना। साहस दूर होना। निराशा होना। नाउम्मेदी होना। उत्साह जाता रहना। (२) थकावट आना। शिथिलता आना। **जी छोटा करना**=(१) हृदय का उत्साह कम करना। मन उदास करना। (२) हृदय संकुचित करना। दान देने का साहस कम करना। उदारता छोड़ना। कंजूसी करना। **जी छोड़ना**=(१) प्राण त्याग करना। मरना। (२) हृदय की दृढ़ता खोना। साहस गँवाना। हिम्मत हारना। **जी छोड़ कर भागना**=हिम्मत हार कर बड़े वेग से भागना। एकदम भागना। ऐसा भागना कि दम लेने के लिये भी न ठहरना। **जी जलना**=(१) चित्त संतप्त होना। हृदय में संताप होना। चित्त में कुढ़ना और दुःख होना। क्रोध आना। गुस्सा लगना। (२) ईर्ष्या होना। डाह होना। **जी जलाना**=(१) चित्त संतप्त करना। हृदय में क्रोध उत्पन्न करना। कुढ़ाना। चिढ़ाना। (२) हृदय में दुःख उत्पन्न करना। रंज पहुँचाना। दुखी करना। चित्त व्यथित करना। सताना। (३) ईर्ष्या वा डाह उत्पन्न करना। **जी जानता है**=हृदय ही अनुभव करता है, कहा नहीं जा सकता। सही हुई कठिनाई, दुःख पीड़ा आदि वर्णन के बाहर है। जैसे, (क) **मार्ग में जो जो कष्ट हुए जी ही जानता है।** (ख) **उसने इतनी मार खाई है कि जी ही जानता होगा।** ('जी जानता होगा' भी बोला जाता है)। **जी जान लड़ाना**=मन लगाना। दत्तचित्त होना। **जी जान से लगना**=हृदय से प्रवृत्त होना। सारा ध्यान लगा देना। एकाग्र चित्त होकर तत्पर होना। उ०—**वह जी जान से इस काम में लगा है।** **किसी को जी जान से लगी है**=कोई हृदय से तत्पर है। किसी की घोर इच्छा और प्रयत्न है। कोई सारा ध्यान लगा कर उद्यत है। कोई बराबर इसी चिंता और उद्योग में है। उ०—**उसे जी जान से लगी है कि मकान बन**

जाय। जी टूट जाना = उत्साह भंग हो जाना। उमंग या हौसला न रह जाना। नैराश्य होना। उदासीनता होना। उ०—उनकी बातों से हमारा जी टूट गया, अब कुछ न करेंगे। जी टँगा रहना, होना = चित्त में ध्यान या चिंता रहना। जी में खटका बना रहना। चित्त चिंतित रहना। उ०—(क) जब तक तुम लौट कर नहीं आओगे मेरा जी टँगा रहेगा। (ख) उसका कोई पत्र नहीं आया, जी टंगा है। जी ठंढा होना = (१) चित्त शांत और संतुष्ट होना। अभिलाषा पूरी होने से हृदय प्रफुल्लित होना। चित्त में संतोष और प्रसन्नता होना। उ०—वह यहाँ से निकाल दिया गया, अब तो तुम्हारा जी ठंढा हुआ? जी ठुकना = (१) मन को संतोष होना। चित्त स्थिर होना। (२) चित्त में दृढ़ता होना। साहस होना। हिम्मत बँधना। दे० "छाती ठुकना"। जी डालना = (१) शरीर में प्राण डालना। जीवित करना। (२) प्राणरक्षा करना। मरने से बचाना। (३) हृदय मिलाना। प्रेम करना। जी डूबना = (१) बेहोशी होना। मूर्छा आना। चित्त विह्वल होना। (२) चित्त स्थिर न रहना। घबराहट और बेचैनी होना। चित्त व्याकुल होना। जी ढहा जाना = दे० "जी बैठा जाना"। जी तपना = जी जलना। चित्त क्रोध से संतप्त होना। क्रोध चढ़ना। उ०—सुनि गज जूह अधिक जिउ तपा। सिंह जात कहुँ रह नहिं छपा।—जायसी। जी तरसना = किसी वस्तु वा बात के अभाव से चित्त व्याकुल होना। किसी वस्तु की प्राप्ति के लिये चित्त अधीर वा दुखी होना। किसी बात की इच्छा पूरी न होने का कष्ट होना। जैसे—(क) तुम्हारे दर्शन के लिये जी तरसता था। (ख) जब तक बंगाल में थे रोटी के लिये जी तरस गया। जी दहलना = भय वा आशंका से चित्त डाँवाडोल होना। डर से हृदय काँपना। डर के मारे जी ठिकाने न रहना। अत्यंत भय लगना। जी-दान = प्राणदान। प्राण-रक्षा। जीदार = जीयटवाला। दृढ़ हृदय का। साहसी। हिम्मत-वर। बहादुर। बड़े दिल का। जी दुखना = चित्त को कष्ट पहुँचना। हृदय में दुःख होना। उ०—ऐसी बात क्यों बोलते हो जिससे किसी का जी दुखे। जी दुखाना = चित्त व्यथित करना। हृदय को कष्ट पहुँचाना। दुःख देना। सताना। उ०—व्यर्थ किसी का जी दुखाने से क्या लाभ? जी देना = (१) प्राण खोना। मरना। (२) दूसरे की प्रसन्नता या रक्षा के लिये प्राण देने के लिये प्रस्तुत रहना। प्राण से बढ़ कर प्रिय समझना। अत्यंत प्रेम करना। उ०—वह तुम पर जी देता है और तुम उससे भागे फिरते हो। जी दौड़ना = मन चलना। इच्छा होना। लालसा होना। जी धँसा जाना = दे० "जी बैठा जाना"। जी धड़कना = (१) भय वा आशंका से चित्त स्थिर न रहना। कलेजा धक धक करना। डर के मारे हृदय में घबराहट होना। डर लगना। (२) चित्त में दृढ़ता न होना। साहस न पड़ना। हिम्मत न पड़ना। उ०—चार पैसे पास से निकालते जी धड़कता है। जी धक धक करना = कलेजे का भय आदि के आवेग से ज़ोर ज़ोर उछलना। जी धड़कना। डर लगना। जी धक धक होना = दे० "जी धक धक करना"। जी निकलना = (१) प्राण छूटना। प्राण निकलना। मृत्यु होना। (२) भय से चित्त व्याकुल होना। डर लगना। प्राण सूखना। उ०—अब तो उधर जाते इसका जी निकलता है। (३) प्राणांत कष्ट होना। कष्ट बोध होना। उ०—तुम्हारा रुपया तो नहीं जाता है, तुम्हारा क्यों जी निकलता है? जी निठाल होना = चित्त का स्थिर न रहना। चित्त ठिकाने न रहना। चित्त विह्वल होना। हृदय व्याकुल होना। जी पक जाना = किसी अप्रिय बात को नित्य देखते देखते या सुनते सुनते चित्त दुखी हो जाना। किसी बार बार होनेवाली बात का चित्त को असह्य हो जाना। और अधिक सहने की सामर्थ्य चित्त में न रहना। उ०—नित्य तुम्हारी जली कटी बातें सुनते सुनते जी पक गया। जी पड़ना = (१) शरीर में प्राण का संचार होना। जैसे, गर्भ के बालक को जी पड़ना। (२) मृतक के शरीर में प्राण का संचार होना। मरे हुए में जान आना। जी पकड़ लेना = कलेजा थामना। किसी असह्य दुःख के वेग को दबाने के लिये हृदय वा छाती पर हाथ रख लेना। जी पकड़ा जाना = मन में संदेह पड़ जाना। माथा ठनकना। कोई भारी खटका पैदा हो जाना। कोई भारी आशंका चित्त में उठना। (स्त्रि०) उ०—तार आते ही मेरा तो जी पकड़ा गया। जी पर आ बनना = प्राणों पर आ बनना। प्राण बचाना कठिन हो जाना ऐसे भारी संकट वा झंझट में फँस जाना कि पीछा छुड़ाना कठिन हो जाय। जी पर खेलना = प्राण को संकट में डालना। जान को आफत में डालना। जान पर जोखों उठाना। ऐसा काम करना जिसमें प्राण जाने का भय हो। जी पानी करना = (१) लहू पानी एक करना। प्राण देने और लेने की नौबत लाना। भारी आपत्ति खड़ी करना। (२) चित्त कोमल वा दयार्द्र करना। जी पानी होना = चित्त कोमल वा दयार्द्र होना। जी पिघलना = (१) दया से हृदय द्रवित होना। चित्त का दयार्द्र होना। (२) हृदय का प्रेमार्द्र होना। चित्त में स्नेह का संचार होना। जी पीछे पड़ना = दिल बहलना। चित्त बँटना। मन का किसी ओर लग जाना जिसमें दुःख की बात कुछ भूल जाय। (स्त्रि०)। जी फट जाना = हृदय मिला न रहना। चित्त में पहले का सा सद्भाव या प्रेमभाव न रह जाना। प्रीति भंग होना। प्रेम में अंतर पड़ जाना। चित्त विरक्त होना। किसी की ओर से चित्त खिन्न हो जाना। जी फिर जाना = मन हट जाना। चित्त विरक्त हो जाना। चित्त अनुरक्त न रहना। हृदय में घृणा वा अरुचि उत्पन्न हो जाना। उ०—जब किसी से जी फिर जाता है तब फिर वह बात चीत नहीं रह जाती। जी

फिसलना=चित्त का (किसी की ओर) आकर्षित होना। मन खिँचना। हृदय अनुरक्त होना। मन मोहित होना। मन लुभाना। **जी फीका होना**=दे० "जी खट्टा होना"। **जी बँटना**=(१) जी बहलाना। चित्त का किसी ओर इस प्रकार लग जाना कि कोई दुःख वा चिंता की बात भूल जाय। (२) चित्त का एकाग्र न रहना। चित्त का एक विषय में पूर्ण रूप से न लगा रहना, दूसरी बातो की ओर भी चला जाना। ध्यान स्थिर न रहना। ध्यान भंग होना। मन उचटना। **जैसे, काम करते समय यदि कोई कुछ बोलने लगता है तो जी बँट जाता है।** (३) एकात प्रेम न रहना। एक व्यक्ति के अतिरिक्त दूसरे व्यक्ति से भी प्रेम हो जाना। अनन्य प्रेम न रहना। **जी बंद होना**=दे० "जी फिरना"। **जी बढ़ना**=(१) चित्त प्रसन्न वा उत्साहित होना। हौसला बढ़ना। (२) साहस बढ़ना। हिम्मत आना। **जी बढ़ाना**=(१) उत्साह बढ़ाना। किसी विषय में प्रवृत्त करने के लिये उत्तेजित करना। प्रशंसा पुरस्कार आदि द्वारा किसी काम में अधिक रुचि उत्पन्न करना। हौसला बढ़ाना। **जैसे, लड़कों का जी बढ़ाने के लिये इनाम दिया जाता है।** (२) किसी कार्य्य की सफलता की आशा बँधा कर अधिक उत्साह उत्पन्न करना। किसी कार्य्य में होनेवाली बाधा या कठिनाई के दूर होने का निश्चय दिला कर उसकी ओर अधिक प्रवृत्ति उत्पन्न करना। साहस दिलाना। हिम्मत बँधाना। **जी बहलना**=(१) चित्त का किसी विषय में लग कर आनंद अनुभव करना। चित्त का आनंदपूर्वक लीन होना। मनोरंजन होना। **जैसे, थोड़ी देर खेल लेने से जी बहल जाता है।** (२) चित्त के किसी विषय में लग जाने से दुःख या चिंता की बात भूल जाना। **जैसे, मित्रों के यहाँ आ जाने से कुछ जी बहल जाता है, नहीं तो दिन रात उस बात का दुःख बना रहता है।** **जी बहलाना**=(१) रुचि के अनुकूल किसी विषय में लग कर चित्त प्रसन्न करना। ध्यान को किसी ओर लगा कर आनंद अनुभव करना। मनोरंजन करना। **उ०—कभी कभी जी बहलाने के लिये ताश भी खेल लेते हैं।** (२) चित्त को किसी ओर लगा कर दुःख या चिंता की बात भूल जाना। **जी बिखरना**=(१) चित्त ठिकाने न रहना। मन विह्वल होना। (२) मूर्च्छा होना। बेहोशी होना। **जी बिगड़ना**=(१) जी मचलाना। मतली छूटना। कै करने की इच्छा होना। (२) भिटकना। घृणा करना। घिन मालूम होना। **जी बुरा करना**=कै करना। उलटी करना। वमन करना। **(किसी की ओर से) जी बुरा करना**=किसी के प्रति अच्छा भाव न रखना। किसी के प्रति बुरी धारणा रखना। किसी के प्रति घृणा वा क्रोध करना। **(किसी की ओर से दूसरे का) जी बुरा करना**=दूसरे का ख्याल खराब करना। बुरी धारणा उत्पन्न करना। क्रोध घृणा वा दुर्भाव उत्पन्न करना। **जी बुरा होना**=(१) कै होना। उलटी होना। (२) ख्याल खराब होना। चित्त में दुर्भाव वा घृणा उत्पन्न होना। **जी बैठा जाना**=(१) चित्त विह्वल होता जाना। चित्त ठिकाने न रहना। चैतन्य न रहना। मूर्च्छा सी आना। **उ०—आज न जाने क्यों बड़ी कमजोरी जान पड़ती है और जी बैठा जाता है।** (२) मन मरना। उदासी होना। **जी भिटकना**=चित्त में घृणा होना। घिन मालूम होना। **जी भरना (क्रि० अ०)**=(१) चित्त संतुष्ट होना। तुष्टि होना। तृप्ति होना। मन अघाना। और अधिक की इच्छा न रह जाना। **जैसे, (क) अब जी भर गया और न खाँएगे। (ख) तुम्हारी बातों ही से जी भर गया, अब जाते हैं। (व्यंग्य)।** (२) मन की अभिलाषा पूरी होने से आनंद और संतोष होना। **जैसे, लो मैं आज यहाँ से चला जाता हूँ, अब तो तुम्हारा जी भरा।** (३) रुचि के अनुकूल होना। मन मानना। मन में घृणा न होना। **उ०—ऐसे गंदे बरतन में पानी पीते हो, न जाने कैसे तुम्हारा जी भरता है।** **जी भर कर**=जितना और जहाँ तक जी चाहे। मन माना। यथेष्ट। **उ०—तुम हमें जी भर कर गालियाँ दो, कोई परवाह नहीं।** **जी भरना (क्रि० स०)**=चित्त विश्वासपूर्ण करना। चित्त का संदेह दूर करना। चित्त से किसी बात की बुराई या धोखा आदि खाने की आशंका दूर करना। खटका मिटाना। इतमीनान करना। दिल जमई करना। **उ०—यों तो घोड़े में कोई ऐब नहीं है पर आप दस आदमियों से पूछ कर अपना जी भर लीजिए।** **जी भर आना**=हृदय का करुणा वा शोक के आवेग से पूर्ण होना। चित्त में दुःख वा करुणा का उद्रेक होना। दुःख वा दया उमडना। हृदय में इतने दुःख वा दया का वेग उठना कि आँखों में आँसू आ जाँय। हृदय का करुणा से विह्वल होना। **जी भरभरा उठना**=रोमाच होना। हृदय के किसी आकस्मिक आवेग से चित्त विह्वल हो जाना। **(अपना) जी भारी करना**=चित्त खिन्न वा दुखी करना। **जी भारी होना**=तबीयत अच्छी न होना। किसी रोग वा पीड़ा आदि के कारण सुस्ती जान पड़ना। शरीर अच्छा न रहना। **जी भुरभुराना**=किसी की ओर चित्त आकर्षित होना। मन लुभाना। मन मोहित होना। **जी मचलाना**=दे० "जी मतलाना"। **जी मतलाना**=चित्त में उलटी वा कै करने की इच्छा होना। वमन करने को जी चाहना। **जी मर जाना**=मन में उमंग न रह जाना। हृदय का उत्साह नष्ट होना। मन उदास हो जाना। **जी मलमलाना**=चित्त में दुःख वा पछतावा होना। अफसोस होना। **जैसे, गाँठ के चार पैसे निकालते जी मलमलाता है।** **जी मारना**=(१) चित्त की उमंग को रोकना। हृदय का उत्साह नष्ट करना। (२) संतोष धारण करना। सब्र करना। **(किसी से) जी मिलना**=चित्त के भाव का परस्पर समान होना। हृदय का भाव एक होना। समान प्रवृत्ति

होना। एक मनुष्य के भावों का दूसरे मनुष्य के भावों के अनुकूल होना। चित्त पटना। **जी में आना**=(१) मन में भाव उठना। चित्त में विचार उत्पन्न होना। (२) मन में इच्छा होना। जी चाहना। इरादा होना। संकल्प होना। उ०—**तुम्हारे जो जी में आवे करो। जी में घर करना**=मन में स्थान करना। हृदय में किसी का ध्यान जम जाना। हृदय में बराबर किसी का ध्यान बना रहना। **जी में गड़ना या खुभना**=(१) चित्त में जम जाना। हृदय पर गहरा प्रभाव करना। मर्म भेदना। (२) हृदय में अंकित हो जाना। चित्त में बराबर ध्यान बना रहना। उ०—**माधव मूरति जिय में खुभी।—सूर। जी में जलना**=(१) हृदय में क्रोध के कारण संताप होना। मन में कुढ़ना। (२) मन ही मन ईर्ष्या करना। डाह करना। **जी में जी आना**=चित्त ठिकाने होना। चित्त की घबराहट दूर होना। चित्त शांत और स्थिर होना। चित्त की चिंता या व्यग्रता दूर होना। किसी बात की आशंका या भय मिट जाना। उ०—**जब वह उस स्थान से सकुशल लौट आया तब मेरे जी में जी आया। जी में जी डालना**=(१) चित्त संतुष्ट और स्थिर करना। चित्त का खटका दूर करना। चिंता मिटाना। (२) विश्वास दिलाना। इतमीनान कराना। दिलजमई करना। **जी में डालना**=मन में विचार लाना। सोचना। **जैसे, मैं तुम्हारे साथ कोई बुराई करूँगा ऐसी बात कभी जी में न डालना। जी में धरना**=(१) मन में लाना। चित्त में किसी बात का इसलिये ध्यान बनाए रहना जिसमें आगे चल कर उसके अनुसार कोई कार्य्य करें। ख्याल करना। (२) मन में बुरा मानना। नाराज होना। बैर रखना। उ०—**माधव जू जो जन तें बिगरै। तउ कृपालु करुणा-मय केशव प्रभु नहिं जीय धरै।—सूर। जी में पैठना**=(१) चित्त में जम जाना। हृदय पर गहरा प्रभाव करना। मर्म भेदना। (२) ध्यान में अंकित होना। बराबर ध्यान में बना रहना। चित्त से न हटना या भूलना। **जी में बैठना**=(१) मन में स्थिर होना। चित्त में निश्चय होना। चित्त में निश्चित धारणा होना। मन में सत्य प्रतीत होना। उ०—**उन्होंने जो बातें कहीं वे मेरे जी में बैठ गईं।** (२) हृदय पर गहरा प्रभाव करना। (३) हृदय पर अंकित हो जाना। ध्यान में बराबर बना रहना। **जी में रखना**=(१) चित्त में विचार धारण करना। ख्याल बनाए रखना। चित्त में इसलिये किसी बात का ध्यान बनाए रहना जिसमें आगे चल कर उसके अनुसार कोई कार्य्य करें। (२) मन में बुरा मानना। बैर रखना। द्वेष रखना। कीना रखना। उ०—**उसे चाहे जो कहो वह कोई बात जी में नहीं रखता।** (३) हृदय में गुप्त रखना। हृदय के भाव को बाहर न प्रकट करना। मन में लिए रहना। उ०—**इस बात को जी में रक्खो, किसी से कहो मत।** (**किसी का**) **जी रखना**=(**किसी का**) मन रखना। मन की बात होने देना। मन की अभिलाषा पूरी करना। इच्छा पूरी करना। उत्साह भंग न करना। प्रसन्न करना। संतुष्ट करना। उ०—**जब वह बारबार इसके लिये कहता है तब उसका भी जी रख दो। जी रुकना**=(१) जी घबराना। (२) जी हिचकना। चित्त प्रवृत्त न होना। **जी लगना**=चित्त तत्पर होना। मन का किसी विषय में योग देना। चित्त प्रवृत्त होना। उ०—**पढ़ने में उसका जी नहीं लगता।** (**किसी से**) **जी लगना**=चित्त का प्रेमासक्त होना। किसी से प्रेम होना। **जी लगाना**=(१) तत्पर होना। दत्तचित्त होना। **जी लगा रहना, होना**=चित्त में ध्यान बना रहना। जी में खटका लगा रहना। चित्त चिंतित रहना या होना। उ०—**बहुत दिनों से कोई पत्र नहीं आया जी लगा है। किसी से जी लगाना**=किसी से प्रेम करना। **जी लड़ाना**=(१) प्राण जाने की भी परवाह न करके किसी विषय में तत्पर होना। (२) मन का पूर्ण रूप से योग देना। पूरा ध्यान देना। सारा ध्यान लगा देना। **जी लरजना**=दे० "जी काँपना"। **जी ललचना**=(१) जी में लालच होना। चित्त में किसी बात के लिये प्रबल इच्छा होना। किसी वस्तु की प्राप्ति आदि की गहरी लालसा होना। किसी चीज के पाने के लिये जी तरसना। उ०—**वहाँ की सुंदर सुंदर वस्तुओं को देख कर जी ललच गया।** (२) चित्त आकर्षित होना। मन लुभाना। मन मोहित होना। **जी ललचाना**=(१) (क्रि० अ०) दे० "जी ललचना"। (२) (क्रि० स०) दूसरे के चित्त में लालच उत्पन्न करना। किसी बात के लिये प्रबल इच्छा उत्पन्न करना। किसी वस्तु के लिये जी तरसाना। उ०—**दूर से दिखा कर क्यों उसका जी ललचाते हो, देना हो तो दे दो।** (३) मन लुभाना। मन मोहित करना। **जी लुटना**=मन मोहित होना। मन मुग्ध होना। हृदय प्रेमासक्त होना। **जी लुभाना**=(१) (क्रि० स०) चित्त आकर्षित करना। मन मोहित करना। हृदय में प्रीति उपजाना। सौंदर्य्य आदि गुणों के द्वारा मन खींचना। (२) (क्रि० अ०) चित्त आकर्षित होना। मन मोहित होना। उ०—**उसे देखते ही जी लुभा जाता है। जी लूटना**=मन मोहित करना। चित्त आकर्षित करना। **जी लेना**=जी चाहना। जी करना। चित्त का इच्छुक होना। उ०—**वहाँ जाने को हमारा जी नहीं लेता।** (**दूसरे का**) **जी लेना**=प्राण हरण करना। मार डालना। **जी लोटना**=जी छटपटाना। किसी वस्तु की प्राप्ति या और किसी बात के लिये चित्त व्याकुल होना। चित्त का अत्यंत इच्छुक होना। ऐसी इच्छा होना कि रहा न जाय। **जी सन होना**=भय आशंका आदि से चित्त स्तब्ध हो जाना। जी घबरा जाना। डर के मारे चित्त ठिकाने न रहना। होश उड़ जाना। **जैसे, उसे सामने देखते ही जी सन हो गया। जी सनसनाना**=(१) चित्त

स्तब्ध होना। भय, आशंका, क्षीणता, आदि से अंगों की गति शिथिल हो जाना। चित्त विह्वल होना। जी साँय साँय करना = दे० "जी सनसनाना"। जी से = जी लगा कर। ध्यान देकर। पूर्ण रूप से दत्तचित्त होकर। उ०—जी से जो काम किया जायगा वह क्यों न अच्छा होगा। (किसी वस्तु वा व्यक्ति का) जी से उतर जाना = दृष्टि से गिर जाना। (किसी वस्तु वा व्यक्ति की) इच्छा वा चाह न रह जाना। किसी व्यक्ति पर स्नेह वा श्रद्धा न रह जाना। (किसी वस्तु वा व्यक्ति के प्रति) चित्त में विरक्ति हो जाना। भला न जँचना। हेय वा तुच्छ हो जाना। बेकदर हो जाना। जी से जाना = प्राण विहीन होना। मरना। जान खो बैठना। उ०—बकरी अपने जी से गई, खानेवाले को स्वाद ही न मिला। जी से जी मिलना = (१) हृदय के भाव परस्पर एक होना। एक के चित्त का दूसरे के चित्त के अनुकूल होना। मैत्री का व्यवहार होना। (२) चित्त में एक दूसरे से प्रेम होना। परस्पर प्रीति होना। (किसी व्यक्ति वा वस्तु से) जी हट जाना = चित्त विरक्त हो जाना। चित्त प्रवृत्त वा अनुरक्त न रह जाना। इच्छा वा चाह न रह जाना। उ०—(क) ऐसे कामों से अब हमारा जी हट गया। (ख) इससे मेरा जी एक दम हट गया। जी हवा होना = प्राण निकल जाना। मृत्यु होना। जी हवा हो जाना = किसी भय वा आशंका की बात से चित्त ठिकाने न रह जाना। किसी भय दुःख वा शोक के सहसा उपस्थित होने पर चित्त स्तब्ध हो जाना। चित्त विह्वल हो जाना। जी घबरा जाना। चित्त व्याकुल हो जाना। (किसी का) जी हाथ में रखना = (१) किसी का भाव अपने प्रति अच्छा रखना। किसी को प्रसन्न रखना। राजी रखना। मन मैला न होने देना। (२) जी में किसी प्रकार का खटका न पैदा होने देना। दिलासा दिए रहना। जी हाथ में लेना = दे० "जी हाथ में रखना"। जी हारना = (१) किसी काम से घबरा या ऊब जाना। हैरान होना। पस्त होना। (२) हिम्मत हारना। साहस छोड़ना। जी हिलना = (१) भय से हृदय काँपना। जी दहलना। (२) करुणा से हृदय क्षुब्ध होना। दया से चित्त उद्विग्न होना।

अव्य० [सं० जित, प्रा० जिव = विजयी वा सं० (श्री) युत, प्रा० जुक, हिं० जू] एक सम्मानसूचक शब्द जो किसी के नाम वा अंग के आगे लगाया जाता है अथवा किसी बड़े के कथन प्रश्न या संबोधन के उत्तर रूप में जो संक्षिप्त प्रति-संबोधन होता है उसमें प्रयुक्त होता है। उ०—(क) श्री रामचन्द्र जी, पंडित जी, त्रिपाठी जी, लाला जी, इत्यादि। (ख) कथन—ये आम कैसे मीठे हैं। उत्तर—जी हाँ, बेशक। (ग) प्रश्न—तुम वहाँ गए थे या नहीं? उत्तर—जी नहीं। (घ) किसी ने पुकारा—रामदास! उत्तर—जी हाँ! (या केवल) जी!

विशेष—प्रश्न वा केवल संबोधन में 'जी' का प्रयोग बड़ों के लिये नहीं होता, जैसे किसी बड़े के प्रति यह नहीं कहा जाता कि (क) क्यों जी! तुम कहाँ थे? अथवा (ख) देखो जी! यह जाने न पावे। स्वीकार करने या हामी भरने के अर्थ में 'जी हाँ' के स्थान में कभी कभी केवल 'जी' बोलते हैं; जैसे प्रश्न—तुम वहाँ गए थे? उत्तर—जी! (अर्थात् हाँ)।

जीअ*—संज्ञा पुं० दे० "जी" "जीव"।

जीअन*†—संज्ञा पुं० दे० "जीवन"।

जीउ—संज्ञा पुं० दे० "जीव"।

जोग़ा—संज्ञा पुं० [तु०] तुर्रा। सिरपेच। कलगी।

जोजा—संज्ञा पुं० [हिं० जीजी] बड़ी बहिन का पति। बड़ा बहनोई।

जीजी—संज्ञा स्त्री० [सं० देवी, हिं० देई, दीदी] बड़ी बहिन। उ०—कीजै कहा जीजी जू! सुमित्रा परि पायँ कहैं तुलसी सहावै विधि सोई सहियतु है।—तुलसी।

जोजूराना—संज्ञा पुं० [देश०] एक चिड़िया का नाम।

जीत—संज्ञा स्त्री० [सं० जिति, वैदिक० जीति] (१) युद्ध वा लड़ाई में विपक्षी के विरुद्ध सफलता। जय। विजय। फ़तह।

क्रि० प्र०—होना।

(२) किसी ऐसे कार्य्य में सफलता जिसमें दो या अधिक विरुद्ध पक्ष हों। जैसे, मुकदमें में जीत, खेल में जीत, बाजी में जीत। (३) लाभ। फायदा। उ०—तुम्हारी तो हर तरह से जीत है, इधर से भी लो उधर से भी।

संज्ञा स्त्री० [?] जहाज़ में पाल का बुताम (लश०)।

संज्ञा० स्त्री० दे० "जीति"।

जीतना—क्रि० स० [हिं० जीत + ना (प्रत्य०)] (१) युद्ध वा लड़ाई में विपक्षी के विरुद्ध सफलता प्राप्त करना। शत्रु को हराना। विजय प्राप्त करना। जैसे, लड़ाई जीतना, शत्रु को जीतना। उ०—रिपु रन जीति सुजस सुर गावत। सीता अनुज सहित प्रभु आवत।—तुलसी। (२) किसी ऐसे कार्य्य में सफलता प्राप्त करना जिसमें दो या अधिक परस्पर विरुद्ध पक्ष हों। जैसे. मुकदमा जीतना, खेल में जीतना, बाजी जीतना, जुए में रुपया जीतना।

जीता—वि० [हिं० जीना] (१) जीवित। जो मरा न हो। (२) तौल वा नाप में ठीक से कुछ बढ़ा हुआ। जैसे, ज़रा जीता तौलो।

जीतालू—संज्ञा पुं० [सं० आलु] अरारोट।

जीता लोहा—संज्ञा पुं० [हिं० जीना + लोहा] चुंबक। मेकनातीस।

जीति—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक लता का नाम। यह जमुना के किनारे से नैपाल तक तथा अवध बिहार और छोटा नागपुर में होती है। इसके रेशे बहुत मज़बूत होते हैं और रस्सी बनाने के काम में आते हैं। इन रेशों को टोगुस कहते हैं। इन रेशों से धनुष की डोरी बनती है।

जीन–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) घोड़े की पीठ पर रखने की गद्दी। चारजामा। काठी।

यौ०—जीनपोश।

(२) पलान। कजावा। (३) एक प्रकार का बहुत मोटा सूती कपड़ा।

*वि० [सं० जीर्ण] (१) पुराना। जर्जर। कटा फटा। (२) वृद्ध।

जीनत–संज्ञा स्त्री [फ़ा०] (१) शोभा। छवि। खूबसूरती। (२) सजावट। शृंगार।

जीनपोश–संज्ञा पुं० [फ़ा०] जीन के ऊपर ढकने का कपड़ा। काठी का ढँकना।

जीनसवारी–संज्ञा स्त्री० [देश०] घोड़े पर जीन रख कर चढ़ने का कार्य्य। उ०—जैसे यह घोड़ा जीनसवारी में रहता है।

जीना–क्रि० स० [सं० जीवन] (१) जीवित रहना। सजीव रहना। जिंदा रहना। न मरना। जैसे, (क) यह कुत्ता अभी मरा नहीं है जीता है। (ख) वह अभी बहुत दिन जीएगा। उ०—अरबिंद सो आनन रूप मरंद अनंदित लोचन भृंग पिये। मन मों न बस्यो ऐसो बालक जो तुलसी जग में फल कौन जिये ?—तुलसी।

संयो० क्रि०—उठना।—जाना।

(२) जीवन के दिन बिताना। जिंदगी काटना। जैसे, ऐसे जीने से तो मरना अच्छा।

मुहा०—जीता जागता=जीवित और सचेत। भला चंगा। जीता लहू=देह से ताजा निकला हुआ खून। जीती मक्खी निगलना=(१) जान बूझ कर कोई अन्याय वा अनुचित कर्म करना। सरासर बेईमानी करना। उ०—उससे रुपया पाकर मैं कैसे इनकार करूँ ? इस तरह जीती मक्खी तो नहीं निगली जाती। (२) जान बूझ कर बुराई में फँसना। जान बूझ कर आपत्ति वा संकट में पड़ना। जीते जी=(१) जीवित अवस्था में। जिंदगी रहते हुए। उपस्थिति में। बने रहते। आछत। उ०—(क) मेरे जीते जी तो ऐसा कभी न होने पावेगा। (ख) उसके जीते जी कोई एक पैसा नहीं पा सकता। (२) जब तक जीवन है। जिंदगी भर। उ०—मैं जीते जी आप का उपकार कभी नहीं भूल सकता। जीते जी मर जाना=जीवन में ही मृत्यु से बढ़ कर कष्ट भोगना। किसी भारी विपत्ति वा मानसिक आघात से जीवन भारी होना। जीवन का सारा सुख और आनंद जाता रहना। जीवन नष्ट होना। उ०—(क) पोते के मरने से तो हम जीते जी मर गए। (ख) इस चोरी से जीते जी मर गए। जीते रहो=एक आशीर्वाद जो बड़ों की ओर से प्रणाम आदि के उत्तर में छोटों को दिया जाता है। जब तक जीना तब तक सीना=जिंदगी भर किसी काम में लगे रहना। उ०—पेट के बेट बेगारहि में जब लौं जियना तब लौं सियना है।—पद्माकर। जीना भारी हो जाना=जीवन कष्टमय हो जाना। जीवन का सुख और आनंद जाता रहना।

(३) प्रसन्न होना। प्रफुल्लित होना। जैसे, उसके नाम पर तो वह जी उठता है।

संयो० क्रि०—उठना।

मुहा०—अपनी खुशी जीना=अपने ही सुख से आनंदित होना।

जीभ–संज्ञा स्त्री० [सं० जिह्व, प्रा० जिब्भ] (१) मुँह के भीतर रहनेवाली लंबे चिपटे माँस पिंड के आकार की वह इंद्रिय जिससे कटु, अम्ल, तिक्त इत्यादि रसों का अनुभव और शब्दों का उच्चारण होता है। ज़बान। जिह्वा। रसना।

विशेष—जीभ मांस पेशियों और स्नायुओं से निर्मित है। पीछे की ओर यह नाल के आकार की एक नरम हड्डी से जुड़ी है जिसे जिह्वास्थि कहते हैं। नीचे की ओर यह दाढ़ के मांस से संयुक्त है और ऊपर के भाग की अपेक्षा अधिक पतली झिल्ली से ढकी है जिसमें से बराबर लार छूटती रहती है। नीचे के भाग की अपेक्षा ऊपर का भाग अधिक छिद्रयुक्त या कोशमय होता है और उसी पर वे उभार होते हैं जो काँटे कहलाते हैं। ये उभार या काँटे कई आकार के होते हैं, कोई अर्द्ध चंद्राकार, कोई चिपटे और कोई नोक वा शिखा के रूप के होते हैं। जिन मांस पेशियों और स्नायुओं के द्वारा यह दाढ़ के मांस तथा शरीर के और भागों से जुड़ी है उन्हीं के बल से यह इधर उधर हिल डोल सकती है। स्नायुओं में जो महीन महीन शाखा-स्नायु होती हैं उनके द्वारा स्पर्श तथा शीत उष्ण आदि का अनुभव होता है। इस प्रकार के सूक्ष्म स्नायुओं का जाल जिह्वा के अग्र भाग पर अधिक है इसी से वहाँ स्पर्श वा रस आदि का अनुभव अधिक तीव्र होता है। इन स्नायुओं के उत्तेजित होने से ही स्वाद का बोध होता है। इसी से कोई अधिक मीठी वा सुस्वाद वस्तु मुँह में लेकर कभी लोग जीभ चटकारते या दबाते हैं। द्रव्यों के संयोग से उत्पन्न एक प्रकार की रासायनिक क्रिया से इन स्नायुओं में उत्तेजना उत्पन्न होती है। १२८ अंश गरम जल में एक मिनट तक जीभ डुबो कर यदि उस पर कोई वस्तु रक्खी जाय तो खट्टे मीठे आदि का कुछ भी ज्ञान नहीं होता। कई वृक्ष ऐसे हैं जिनकी पत्तियाँ चबा लेने से भी यह ज्ञान थोड़ी देर के लिये नष्ट हो जाता है। वस्तुओं का कुछ अंश काँटों में लग कर और घुल कर छिद्रों के मार्ग से जब सूक्ष्म स्नायुओं में पहुँचता है तभी स्वाद का बोध होता है। अतः यदि कोई वस्तु अत्यंत सूखी, कड़ी है तो उसका स्वाद हमें जल्दी नहीं जान पड़ेगा। दूसरी बात ध्यान देने की यह है कि घ्राण का रसना के स्वाद से विशेष संबंध है। कोई वस्तु खाते समय हम उसकी गंध का भी अनुभव करते हैं।

जिस स्थान पर जीभ क्षार-युक्त मांस और झिल्ली द्वारा दूसरे स्थान के मांस आदि से जुड़ी रहती है वहाँ कई सूत्र वा बंधन होते हैं जो जीभ की गति नियत वा स्थिर रखते हैं। इन्हीं बंधनों के कारण जीभ की नोक पीछे की ओर बहुत दूर तक नहीं पहुँच सकती। बहुत से बच्चों की जीभ में यह बंधन आगे तक बढ़ा रहता है जिससे वे बोल नहीं सकते। बंधनों को हटा देने से बच्चे बोलने लगते हैं। रसास्वादन के अतिरिक्त मनुष्य की जीभ का बड़ा भारी कार्य कंठ से निकले हुए स्वर में अनेक प्रकार के भेद डालना है। इन्हीं विभेदों से वर्णों की उत्पत्ति होती है, जिनसे भाषा का विकाश होता है। इसी से जीभ को वाणी भी कहते हैं।

पर्य्या०—जिह्वा। रसना। रसज्ञा। रसाल। रसिका। साधुस्रवा। रसला। रसांका। ललना।

मुहा०—जीभ करना = बहुत बढ़ कर बोलना। ढिठाई से उत्तर देना। जीभ खोलना = मुँह से कुछ बोलना। शब्द निकालना। उ०— अब जहाँ जीभ खोली कि पिटे। जीभ चलना = भिन्न भिन्न वस्तुओं का स्वाद लेने के लिये जीभ का हिलना डोलना। स्वाद के अनुभव के लिये जिह्वा चंचल होना। चटोरेपन की इच्छा होना। उ०—जीभ चलै बल ना चलै, वहै जीभ जरि जाय। जीभ थोड़ी करना = कम बोलना। बकवाद कम करना। अधिक न बोलना। उ०—मेरो गोपाल तनक सो कहा करि जानै दधि की चोरी। हाथ नचावति आवति ग्वालिनि जीभ न करही थोरी।—सूर। जीभ निकालना = (१) जीभ बाहर करना। (२) जीभ खींचना। जीभ उखाड़ लेना। जीभ पकड़ना = बोलने न देना। बोलने से रोकना। जीभ बढ़ाना = चटोरपन की आदत होना। जीभ बंद करना = बोलना बंद करना। जबान न खोलना। चुप रहना। जीभ हिलाना = मुँह से कुछ बोलना। छोटी जीभ = गलशुंडी। किसी की जीभ के नीचे जीभ होना = किसी का अपनी कही हुई बात को बदल जाना। एक बार कही हुई बात पर स्थिर न रहना।

(२) जीभ के आकार की कोई वस्तु, जैसे निब।

मुहा०—कलम की जीभ = कलम का वह भाग जो छील कर नुकीला किया रहता है।

जीभा—संज्ञा पुं० [हिं० जीभ] (१) जीभ के आकार की कोई वस्तु जैसे, कोल्हू का पचर। (२) चौपायों की एक बीमारी जिसमें उनकी जीभ के काँटे सूज वा बढ़ जाते हैं और उनसे खाते नहीं बनता। बेदखी। अवार। (३) बैलों की आँख की एक बीमारी जिसमें आँख का मांस बढ़ कर लटक आता है।

जीभी—संज्ञा स्त्री० [हिं० जीभ] (१) धातु की बनी एक पतली लचीली और धनुषाकार वस्तु जिससे जीभ छील कर साफ करते हैं। (२) मैल साफ करने के लिये जीभ छीलने की क्रिया।

क्रि० प्र०—करना।

(३) निब। (४) छोटी जीभ। गलशुंडी। (५) चौपायों का एक रोग। दे० "जीभा"। (६) लगाम का एक भाग।

जीभीचाभा—संज्ञा पुं० [हिं० जीभ + चाभना] चौपायों का एक रोग। दे० "जीभा"।

जीमट—संज्ञा पुं० [सं० जीमूत = पोषण करनेवाला] पेड़ों और पौधों के धड़, शाखा, और टहनी आदि के भीतर का गूदा।

जीमना—क्रि० स० [सं० जेमन] भोजन करना। आहार करना। खाना। उ०—काबा फिर काशी भया राम जो भया रहीम। मोटा चुन मैदा भया बैठि कबीरा जीम।—कबीर।

जीमूत—संज्ञा पुं० [सं०] (१) पर्वत। (२) मेघ। बादल। (३) मुस्ता। मोथा। नागर मोथा। (४) देवताड़ वृक्ष। (५) इंद्र। (६) पोषण करनेवाला। रोजी या जीविका देनेवाला। (७) घोषा लता। (८) सूर्य्य। (९) एक ऋषि का नाम जिनका उल्लेख महाभारत में है। (१०) एक मल्ल का नाम जो विराट की सभा में रहता था और भीम के द्वारा मारा गया था। (११) हरिवंश के अनुसार दशार्ह के पौत्र का नाम। (१२) ब्रह्मांड पुराण में शाल्मली द्वीप के एक राजा जो वपुष्मत् के पुत्र थे। (१३) शाल्मली द्वीप के एक वर्ष का नाम। (१४) एक प्रकार का दंडक वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में दो नगण और ग्यारह रगण होते हैं। यह प्रचित के अंतर्गत है।

जीमूतमुक्ता—संज्ञा स्त्री० [सं०] मेघ से उत्पन्न मोती।

विशेष—रत्नपरीक्षा विषयक प्राचीन ग्रंथों में इस प्रकार के मोती का वर्णन है। बृहत्संहिता, अग्निपुराण, गरुड़पुराण, युक्तिकल्पतरु आदि ग्रंथों में भी इस मुक्ता का विवरण मिलता है, पर ऐसा मोती आज तक देखा नहीं गया। बृहत्संहिता में लिखा है कि मेघ से जिस प्रकार ओले उत्पन्न होते हैं उसी प्रकार यह मोती भी उत्पन्न होता है। जिस प्रकार ओले बादल से गिरते हैं उसी प्रकार यह मोती भी गिरता है पर देवता लोग इसे बीच ही में उड़ा लेते हैं। सारांश यह कि यह मुक्ता मनुष्यों को अलभ्य है। न देखने पर भी प्राचीन आचार्य इसका लक्षण बतलाने से नहीं चूके हैं और उन्होंने इसे मुरगी के अंडे की तरह गोल, ठोस और वजनी बतलाया है। इसकी कांति सूर्य्य की किरन के समान कही गई है। इसे यदि तुच्छ से तुच्छ मनुष्य कभी पा जाय तो सारी पृथ्वी का राजा हो जाय।

जीमूतवाहन—संज्ञा पुं० [सं०] (१) इंद्र। (२) शालिवाहन राजा का पुत्र। आश्विन कृष्ण ८ को पुत्र कामनावाली स्त्रियाँ इनका पूजन करती हैं। (३) जीमूतकेतु राजा का पुत्र जो प्रसिद्ध नाटक नागानंद का नायक है। (४) धर्मरत्न नामक स्मृति-संग्रहकार।

जीमूतवाही—संज्ञा पुं० [सं० जीमूतवाहिन्] धूम । धुवाँ ।

जीय†*—संज्ञा पुं० दे० "जीव" । "जी" ।

जीयट—संज्ञा पुं० दे० "जीवट" ।

जीयति†*—संज्ञा स्त्री० [हिं० जीना] जीवन । जिंदगी । उ०—तोहि सोंहि लगि आँखिनि सों आँखें मिली रहें जीयति को यहै लहा ।—हरिदास ।

जीयदान—संज्ञा पुं० [सं० जीवदान] प्राणदान । जीवनदान । प्राणरक्षा । उ०—बालक काज धर्म जनि छाँड़ो राय न ऐसी कीजै हो । तुम मानी वसुदेव देवकी जीयदान इन दीजै हो ।—सूर ।

जीर—संज्ञा पुं० [सं०] (१) जीरा । (२) फूल का जीरा । केसर । उ०—रघुराज पंकज को जीर नहिं बेधै हीर धरौं किमि धीर पावै पीर मन मोर है ।—रघुराज । (३) खड्ग । तलवार । (४) अणु ।

वि० क्षिप्र । तेज । जल्दी चलनेवाला ।

*संज्ञा पुं० [फ़ा० जिरह] जिरह । कवच । उ०—कुंडन के ऊपर कड़ाके उठैं ठौर ठौर, जीरन के ऊपर खड़ाके खड़गान के ।—भूषण ।

*वि० [सं० जीर्ण] जीर्ण । पुराना । जर्जर । उ०—मनहु मरी इक वर्ष की भयो तासु तन जीर । करषत कर महि पर गिरी गयो सुखाय शरीर ।—रघुराज ।

जीरा—संज्ञा पुं० [सं० जीरक, फ़ा० ज़ीरः] (१) डेढ़ दो हाथ ऊँचा एक पौधा जिसमें सौंफ की तरह फूलों के गुच्छे लंबी सींकों में लगते हैं । पत्तियाँ बहुत बारीक और दूब की तरह लंबी होती हैं । बंगाल और आसाम को छोड़ भारत में यह सर्वत्र अधिकता से बोया जाता है । लोगों का अनुमान है कि यह पश्चिम के देशों से लाया गया है । मिस्र देश तथा भूमध्य सागर के माल्टा आदि टापुओं में यह जंगली पाया जाता है । माल्टा का जीरा बहुत अच्छा और सुगंधित होता है । जीरा कई प्रकार का होता है पर इसके दो मुख्य भेद माने जाते हैं—सफेद और स्याह अथवा श्वेत और कृष्ण जीरक । सफेद वा साधारण जीरा भारत में प्रायः सर्वत्र होता है, पर स्याह जीरा जो अधिक महीन और सुगंधित होता है काश्मीर, लद्दाख़, अफ़गानिस्तान, बलूचिस्तान तथा गढ़वाल और कुमाऊँ से आता है । काश्मीर और अफ़गानिस्तान में तो यह खेतों में और तृणों के साथ उगता है । माल्टा आदि पश्चिम के देशों से जो एक प्रकार का सफेद जीरा आता है वह स्याह जीरे की जाति का है और उसी की तरह छोटा छोटा और तीव्र गंध का होता है । वैद्यक में यह कटु, उष्ण, दीपक तथा अतीसार, गृहणी, कृमि और कफ-वात को दूर करनेवाला माना जाता है ।

पर्य्या०—जरण । अजाजी । कणा । जीर्ण । जीर । दीप्य । जीरण । अजाजिका । वह्निशिख । मागध । दीपक ।

(२) जीरे के आकार के छोटे छोटे महीन और लंबे बीज ।

(३) फूलों का केसर । फूलों के बीज का महीन सूत ।

जीरक—संज्ञा पुं० [सं०] जीरा ।

जीरण—संज्ञा पुं० [सं०] जीरा ।

*वि० दे० "जीर्ण" ।

जीरिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] वंशपत्री नाम की घास ।

जीरी—संज्ञा पुं० [हिं० जीरा] एक प्रकार का धान जो अगहन में तैयार होता है । इसका चावल बहुत दिनों तक रह सकता है । यह पंजाब के करनाल जिले में अधिक होता है । इसके दो भेद हैं—एक रमाली, दूसरा रामजमानी ।

जीरीपटन—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का फूल ।

जीर्ण—वि० [सं०] (१) बहुत बुड्ढा । बुढ़ापे से जर्जर । (२) पुराना । बहुत दिनों का । जैसे, जीर्ण ज्वर । (३) जो पुराना होने के कारण टूट फूट गया हो या कमजोर हो गया हो । फटा पुराना । उ०—(क) जीरण पट कुपीन तनु धारी ।—सूर । (ख) का छति लाभ जीर्ण धनु तोरे ।—तुलसी ।

यौ०—जीर्ण शीर्ण = फटा पुराना । टूटा फूटा ।

(४) पेट में अच्छी तरह पचा हुआ । जठराग्नि में जिसका परिपाक हुआ हो । परिपक्व । जैसे जीर्ण अन्न, अजीर्ण ।

संज्ञा पुं० जीरा ।

जीर्णज्वर—संज्ञा पुं० [सं०] पुराना बुखार । वह ज्वर जिसे रहते बारह दिन से अधिक हो गए हों ।

विशेष—किसी किसी के मत से प्रत्येक ज्वर अपने आरंभ के दिन से ७ दिनों तक तरुण, १४ दिनों तक मध्यम और २१ दिनों के पीछे, जब रोगी का शरीर दुर्बल और रूखा हो जाय तथा उसे क्षुधा न लगे और उसका पेट सदा भारी रहे 'जीर्ण' कहलाता है ।

जीर्णता—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बुढ़ापा । बुढ़ाई । (२) पुरानापन ।

जीर्णदारु—संज्ञा पुं० [सं०] वृद्धदारक वृक्ष । विधारा ।

जीर्णपत्र—संज्ञा पुं० [सं०] पट्टिका लोध्र । पठानी लोध ।

जीर्णपर्ण—संज्ञा पुं० [सं०] कदंब का पेड़ ।

जीर्णवज्र—संज्ञा पुं० [सं०] वैक्रांत मणि ।

जीर्णा—वि० [सं०] वृद्धा । बुढ़िया ।

संज्ञा स्त्री० काली जीरी ।

जीर्णास्थि-मृत्तिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] हड्डी को गला सड़ा कर बनाई हुई मिट्टी ।

विशेष—ऐसी मिट्टी बनाने की विधि शब्दार्थचिंतामणि नामक ग्रंथ में इस प्रकार लिखी है । जहां शिलाजीत निकलता हो वहां एक गहरा गड्ढा खोदे और उसे जानवरों और मनुष्यों की हड्डियों से भर दे । ऊपर से सज्जीखार, नमक, गंधक और

गरम जल ६ महीने तक डालता जाय । इसके पीछे फिर पत्थर की मिट्टी दे । तीन वर्ष में ये सब वस्तुएँ एक सिल्ल के रूप में जम जाँयगी । उस सिल्ल को लेकर बुकनी कर डाले और उसका पात्र बनावे । ऐसे पात्र में भोजन करना बहुत अच्छा है । भोजन यदि विष आदि द्वारा दूषित होगा तो ऐसे पात्र में पता चल जायगा । यदि महाविष होगा तो यह पात्र टूट जायगा और यदि साधारण होगा तो उसमें छींटे आदि पड़ जाँयगे ।

जीर्णोद्धार—संज्ञा पुं० [सं०] फटी पुरानी टूटी फूटी वस्तुओं का फिर से सुधार । पुनः संस्कार । मरम्मत ।

विशेष—पूर्व स्थापित शिवलिंग या मंदिर आदि के जीर्णोद्धार की विधि आदि अग्निपुराण में विस्तार से दी हुई है ।

जील—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० ज़ीर] (१) धीमा शब्द । मध्यम स्वर । नीचा सुर । (२) तबले या ढोल का बाँया । उ०—जात कहूँ ते कहूँ को चल्यो सुर टीप न लागत तान धरे की । आखर सो समुझे न परे मिलि ग्राम रहे जति जील परे की । —रघुनाथ ।

जीला†*—वि० [[सं० झिल्ली] [स्त्री० झीली] (१) झीना । पतला । (२) महीन । उ०—झिल्ली तें रसीली जीली रांटेहूँ की रटलीली स्यारि तें सवाई भूत भावनी ते आगरी ।—केशव ।

जीलानी—संज्ञा पुं० [अ०] एक प्रकार का लाल रंग । यह बबूल, झरबेरी, मजीठ, पतंग और लाह को बराबर लेकर और पानी में उबाल कर बनाया जाता है ।

जीवंजीव—संज्ञा पुं० [सं०] (१) चकोर पक्षी । (२) एक वृक्ष का नाम ।

जीवंत—संज्ञा पुं० [सं०] (१) प्राण । (२) ओषधि । (३) जीवशाक ।
वि० जीता जागता ।

जीवंतिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) एक प्रकार की वनस्पति वा पौधा जो दूसरे पेड़ के ऊपर उत्पन्न होता और उसी के आहार से बढ़ता है । बाँदा । (२) गुरुच । गुडूची । (३) जीव शाक । (४) जीवंती लता । (५) एक प्रकार की हड़ जो पीले रंग की होती है । (६) शमी ।

जीवंती—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) एक लता जिसकी पत्तियाँ औषध के काम में आती हैं । इसकी टहनियों में से दूध निकलता है । फल गुच्छों में लगते हैं । यह तीन प्रकार की होती है—बृहज्जीवंती, पीली जीवंती और तिक्त जीवंती । तिक्त जीवंती को डोड़ी कहते हैं । (२) एक लता जिसके फूलों में मीठा मधु या मकरंद होता है । (३) एक प्रकार की हड़ जो पीली होती है और गुजरात काठियावाड़ की ओर से आती है । इसका गुण बहुत उत्तम माना जाता है (४) बाँदा । (५) गुडूची । (६) शमी ।

जीव—संज्ञा पुं० [सं०] (१) प्राणियों का चेतन तत्त्व । जीवात्मा । आत्मा । (२) प्राण । जीवनतत्त्व । जान । जैसे, इस हिरन में अब जीव नहीं है । (३) प्राणी । जीवधारी । इंद्रिय विशिष्ट शरीरी । जानदार । जैसे, मनुष्य, पशु, पक्षी, कीट पतंग आदि । उ०—(क) जे जड़ चेतन जीव जहाना ।—तुलसी । (ख) किसी जीव को सताना अच्छा नहीं ।

यौ०—जीवजंतु = (१) जानवर । प्राणी । (२) कीड़ा मकोड़ा । (४) जीवन । (५) विष्णु । (६) बृहस्पति । (७) अश्लेषा नक्षत्र । (८) बकायन का पेड़ ।

जीवक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) प्राण धारण करनेवाला । (२) चपणक । (३) सँपेरा (४) सेवक । (५) ब्याज लेकर जीविका करनेवाला । सूदखोर । (६) पीतसाल वृक्ष । (७) एक जड़ी वा पौधा । भाव प्रकाश के अनुसार यह पौधा हिमालय के शिखरों पर होता है । इसका कंद लहसुन के कंद के समान और इसकी पत्तियाँ महीन और सारहीन होती हैं । इसकी टहनियों में बारीक काँटे होते हैं और दूध निकलता है । यह अष्ट वर्ग औषध के अंतर्गत है और इसका कंद मधुर बलकारक और कामोद्दीपक होता है । ऋषभ और जीवक दोनों एक ही जाति के गुल्म हैं, भेद केवल इतना ही है कि ऋषभ की आकृति बैल के सींग की तरह होती है और जीवक की झाड़ू की सी ।

पर्य्या०—कूर्चशीर्ष । मधुरक । शृंग । हस्वांग । जीवन । दीर्घायु । प्राणद । भृंगाह्व । प्रिय । चिरंजीवी । मँगला । आयुष्मान् । बलद ।

जीवजीव—संज्ञा पुं० [सं०] चकोरपक्षी ।

जीवट—संज्ञा स्त्री० [सं० जीवथ] हृदय की दृढ़ता । जिगरा । साहस । हिम्मत । मरदानगी ।

जीवत्पुत्रका—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जिसकी संतति जीती हो । जीवत्पुत्रिका ।

जीवत्पति—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जिसका पति जीवित हो । सधवा स्त्री । सौभाग्यवती स्त्री ।

जीवत्पितृक—संज्ञा पुं० [सं०] वह जिसका पिता जीवित हो ।

विशेष—ऐसे मनुष्य के लिये अमास्नान, गयाश्राद्ध, दक्षिणमुख भोजन, तथा मूछें मुड़ाने आदि का निषेध है । ऐसा मनुष्य यदि निरग्नि ब्राह्मण है तो उसे वृद्धि छोड़ और कोई श्राद्ध करने का अधिकार नहीं है । साग्निक जीवत्पितृक सब श्राद्ध कर सकता है ।

जीवथ—संज्ञा पुं० [सं०] (१) प्राण । (२) कूर्म । (३) मयूर । (४) मेघ ।
वि० (१) धार्मिक । (२) दीर्घायु । चिरजीवी ।

जीवद—संज्ञा पुं० [सं०] (१) जीवनदाता । (२) वैद्य । (३) जीवक पौधा । (४) जीवंती । (५) शत्रु ।

जीवदान–संज्ञा पुं० [सं०] अपने वश में आए हुए शत्रु या अपराधी को न मारने, या छोड़ देने का कार्य। प्राणदान। प्राण-रक्षा। उ०—लक्ष्म लै ताहि भगवान मारन चले रुक्मिणी जोरि कर विनय कीयो। दोष इन कियो मोहि क्षमा प्रभु कीजिए भद्र करि शीश जिवदान दीयो।—सूर।

जीवधन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह संपत्ति जो जीवों या पशुओं के रूप में हो। जैसे गाय, भैंस, भेड़, बकरी, ऊँट आदि। (२) जीवन धन। प्राणप्रिय। प्यारा।

जीवधानी–संज्ञा स्त्री० [सं०] सब जीवों की आधार स्वरूपा, पृथ्वी।

जीवधारी–संज्ञा पुं० [सं०] प्राणी। जानवर। चेतन जंतु।

जीवन–संज्ञा पुं० [सं०] [वि० जीवित] (१) जीवित रहने की अवस्था। जन्म और मृत्यु के बीच का काल। वह दशा जिस में प्राणी अपनी इंद्रियों द्वारा चेतन व्यापार करते हैं। जिंदगी। उ०—अपने जीवन में ऐसी घटन मैंने कभी नहीं देखी थी।

यौ०—जीवनचरित। जीवनचर्य्या।

मुहा०—जीवन भरना = जीवन व्यतीत करना। जिंदगी के दिन काटना।

(२) जीवित रहने का भाव। जीने का व्यापार वा भाव। प्राणधारण। जैसे, अन्न ही से तो मनुष्य का जीवन है।

यौ०—जीवनदाता। जीवनधन। जीवनमूरि।

(३) जीवित रखनेवाली वस्तु। जिसके कारण कोई जीता रहे। प्राण का अवलंब। जैसे, जल ही मनुष्य का जीवन है। (४) प्राणाधार। परमप्रिय। प्यारा। (५) वृत्ति। जीविका। (६) जल। पानी। (७) मज्जा। (८) वात। वायु। (९) ताजा घी या मक्खन। (१०) जीवक नामक औषध। (११) पुत्र। (१२) परमेश्वर। (१३) गंगा।

जीवनचरित–संज्ञा पुं० [सं०] (१) जीवन का वृत्तांत। जीवन में किए हुए कार्य्यों आदि का वर्णन। जिंदगी का हाल। (२) वह पुस्तक जिसमें किसी के जीवन भर का वृत्तांत हो।

जीवनचरित्र–संज्ञा पुं० दे० "जीवनचरित"।

जीवनधन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) जीवन का सर्वस्व। जीवन में सबसे प्रिय वस्तु वा व्यक्ति। (२) प्राणाधार। प्यारा। प्राण-प्रिय। उ०—सुकवि सरद-नभ मन उडुगन से। रामभगत जन जीवनधन से।—तुलसी।

जीवनबूटी–संज्ञा स्त्री० [सं० जीवन + हिं० बूटी] एक पौधा वा बूटी जिसके विषय में प्रसिद्ध है कि यह मरे हुए आदमी को भी जिला सकती है। संजीवनी।

जीवनमूरि–संज्ञा स्त्री० [सं० जीवन + मूल] (१) संजीवनी नाम की जड़ी। (२) अत्यंत प्रिय वस्तु वा व्यक्ति। प्यारी। प्राणप्रिया।

जीवनवृत्त–संज्ञा पुं० [सं०] जीवनचरित। जीवनवृत्तांत। जीवनी।

जीवनवृत्तांत–संज्ञा पुं० [सं०] जीवनचरित। जिंदगी भर का हाल। जीवनी।

जीवनवृत्ति–संज्ञा स्त्री० [सं०] जीविका। जीवनोपाय। प्राण-रक्षा के लिये उद्यम। रोज़ी।

जीवनहेतु–संज्ञा पुं० [सं०] जीवन रक्षा का साधन। जीविका। रोज़ी।

विशेष—गरुड़ पुराण में दस प्रकार की जीविका बतलाई गई है—विद्या, शिल्प, भृति, सेवा, गोरक्षा, विपणि, कृषि, वृत्ति, भिक्षा और कुशीद।

जीवना–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) महौषध। (२) जीवंती लता।

*† क्रि० अ० दे० "जीना"।

जीवनावास–वि० [स०] जल में रहनेवाला।

संज्ञा पुं० (१) वरुण। (२) देह। शरीर।

जीवनि–संज्ञा स्त्री० [सं० जीवनी] (१) संजीवनी बूटी (२) जिलानेवाली वस्तु। प्राणाधार। (३) अत्यंत प्रिय वस्तु। उ०— गहली गरब न कीजिए समय सुहागहि पाय। जिय की जीवनि जेठ सो माह न छाँह सुहाय।—बिहारी।

जीवनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) काकोली। (२) तिक्त जीवंती। डोड़ी। (३) मेद (४)। महामेद (५) लूही।

संज्ञा स्त्री० [स० जीवन + ई० (प्रत्य०)] जीवन भर का वृत्तांत। जीवनचरित। जिंदगी का हाल।

जीवनीय–वि० [सं०] (१) जीवनप्रद। (२) जीविका करने योग्य। बरतने योग्य।

संज्ञा पुं० (१) जल। (२) जयंती वृक्ष। (३) दूध। (डिं०)

जीवनीय गण–संज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक में बलकारक औषधों का एक वर्ग जिसके अंतर्गत अष्टवर्ग पर्णिनी, जीवंती, मधूक और जीवन हैं। वाग्भट्ट के मत से जीवनीय गण ये हैं—जीवंती, काकोली, मेद, मुद्गपर्णी' मापपर्णी, ऋषभक, जीवक और मधूक।

जीवनीया–संज्ञा स्त्री० [सं०] जीवंती लता।

जीवनेत्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] सैंहली वृक्ष।

जीवनोपाय–संज्ञा पुं० [सं०] जीवनरक्षा का उपाय। जीविका। वृत्ति। रोज़ी।

जीवनौषध–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह औषध जिससे मरता हुआ भी जी जाय।

जीवन्मुक्त–वि० [सं०] जो जीवित दशा में ही आत्मज्ञान द्वारा सांसारिक मायाबंधन से छूट गया हो।

विशेष—वेदांतसार में लिखा है कि जिसने अखंड चैतन्य स्वरूप ब्रह्म के ज्ञान-द्वारा अज्ञान का नाश करके आत्मरूप अखंड ब्रह्म का साक्षात्कार किया हो और जो अज्ञान तथा अज्ञान के कार्य्य पाप पुण्य एवं संशय भ्रम आदि के बंधन से निवृत्त हो गया हो वही जीवन्मुक्त है। सांख्य और योग

के मत से पुरुष और प्रकृति के बीच विवेक ज्ञान होने से जीवन्मुक्ति प्राप्त होती है, अर्थात् जब मनुष्य को यह ज्ञान हो जाता है कि यह प्रकृति जड़, परिणामिनी और त्रिगुणमयी है और मैं नित्य और चैतन्य स्वरूप हूँ तब वह जीवन्मुक्त हो जाता है।

जीवन्मृत–वि० [सं०] जो जीते ही मरे के तुल्य हो। जिसका जीना और मरना दोनों बराबर हो। जिसका जीवन सार्थक या सुखमय न हो।

विशेष—जो अपने कर्त्तव्य से विमुख और अकर्मण्य हो, जो सदा कष्ट ही भोगता रहे, जो बड़ी कठिनता से अपना पोषण कर सकता हो, जो अतिथि आदि का सत्कार न करता हो ऐसा मनुष्य धर्मशास्त्र में जीवन्मृत कहलाता है।

जीवन्यास–संज्ञा पुं० [सं०] मूर्त्तियों की प्राणप्रतिष्ठा का मंत्र।

जीवपति–संज्ञा पुं० [सं०] धर्म्मराज।

संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जिसका पति जीवित हो। सधवा स्त्री। सौभाग्यवती स्त्री। सुहागिनी स्त्री।

जीवपत्नी–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जिसका पति जीवित हो। सधवा स्त्री।

जीवपत्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] जीवंती।

जीवपुत्रक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) पुत्रजीव वृक्ष। जियापोता का पेड़। (२) इंगुदी का वृक्ष।

जीवपुत्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जिसका पुत्र जीवित हो।

जीवपुष्पा–संज्ञा स्त्री० [सं०] वृहज्जीवंती। बड़ी जीवंती।

जीवप्रिया–संज्ञा स्त्री० [सं०] हरीतकी। हड़।

जीवबंधु–संज्ञा पुं० [सं०] गुल दुपहरिया। बंधुजीव। बंधूक।

जीवभद्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] जीवंती लता।

जीवमातृका–संज्ञा स्त्री० [सं०] कुमारी, धनदा, नंदा, विमला, मंगला, भद्रा और पद्मा नाम की सात देवियां जो माता के समान जीवों का पालन और कल्याण करती हैं। (विधान-पारिजात)

जीवयाज–संज्ञा पुं० [सं०] पशुओं से किया जानेवाला यज्ञ।

जीवयोनि–संज्ञा स्त्री० [सं०] सजीव सृष्टि। जीव जंतु। जानवर।

जीव-रक्त–संज्ञा पुं० [सं०] स्त्रियों का रज जो गर्भ धारण के उपयुक्त हुआ हो। (सुश्रुत के अनुसार यह पंचभौतिक होता है अर्थात् जिन पंच भूतों से जीवों की उत्पत्ति होती है वे इसमें होते हैं)

जीवरा*†–संज्ञा पुं० [हिं०] जीव। प्राण। उ०—साईं सेती चोरिया चोरा सेती जुझ्झ। तब जानेगा जीवरा मार परैगी तुझ्झ।—कबीर।

जीवरि†–संज्ञा स्त्री० [सं० जीव या जीवन] जीवन। प्राण धारण की शक्ति। उ०—बीज मन माखी मदन चुर आखवाल बयो। प्रेम पय सींच्यो पहिल ही सुभग जीवरि दयो।—सूर।

जीवला–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) सैंहली। (२) सिंहपिप्पली।

जीवलोक–संज्ञा पुं० [सं०] भूलोक। पृथ्वीतल। मर्त्यलोक।

जीववल्ली–संज्ञा स्त्री० [सं०] क्षीरकाकोली।

जीववृत्ति–संज्ञा स्त्री० [सं] (१) जीव का गुण वा व्यापार। (२) पशु पालने का व्यवसाय।

जीवशाक–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का शाक जो मालवा देश में अधिक होता है। सुसना।

जीवशुक्ला–संज्ञा स्त्री० [सं०] क्षीरकाकोली।

जीवसंक्रमण–संज्ञा पुं० [सं०] जीव का एक शरीर से दूसरे शरीर में गमन।

जीवसाधन–संज्ञा पुं० [सं०] धान्य। धान।

जीवसुता–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जिसका पुत्र जीता हो।

जीवसू–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जिसकी संतति जीती हो। जीवत्तोका।

जीवस्थान–संज्ञा पुं० [सं०] शरीर में वह स्थान जहाँ जीव रहता है। मर्मस्थान। हृदय।

जीवहत्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) प्राणियों का वध। (२) प्राणियों के वध का दोष।

जीवहिंसा–संज्ञा स्त्री० [सं०] प्राणियों की हत्या। जीवों का वध।

जीवांतक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) जीवों का वध करनेवाला। (२) व्याध। बहेलिया।

जीवा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) वह सीधी रेखा जो किसी चाप के एक सिरे से दूसरे सिरे तक हो। ज्या। (२) धनुष की डोरी। (३) जीवंती। (४) बालवच। वचा। (५) भूमि। (६) जीवन। (७) जीवनोपाय। जीविका।

जीवाजून†–संज्ञा पुं० [सं० जीवयोनि] जीव जंतु। प्राणी मात्र। पशु, पक्षी, कीट, पतंग आदि। उ०—पौ फाटी पगरा हुआ जागे जीवाजून। सब काहू को देत है चोंच समाना चून।—कबीर।

जीवातुमत्–संज्ञा पुं० [सं०] आयुष्काम यज्ञ का एक देवता जिससे आयु की प्रार्थना की जाती है। (आश्व० श्रौतसूत्र)

जीवात्मा–संज्ञा पुं० [सं०] प्राणियों की चेतन वृत्ति का कारण स्वरूप पदार्थ। जीव। आत्मा। प्रत्यगात्मा।

विशेष—शरीर से भिन्न एक जीवात्मा है। इसके अनेक प्रमाण शास्त्रों में दिए गए हैं। सांख्य दर्शन में आत्मा को 'पुरुष' कहा है और उसे नित्य, त्रिगुण-शून्य, चेतन-स्वरूप, साक्षी, कूटस्थ, द्रष्टा, विवेकी, सुख-दुःख-शून्य, मध्यस्थ और उदासीन माना है। आत्मा या पुरुष अकर्त्ता है, कोई कार्य नहीं करता, सब कार्य प्रकृति करती है। प्रकृति के कार्य को हम

अपना (आत्मा का) कार्य समझते हैं। यह भ्रम है। न आत्मा कुछ काम करता है न सुख दुःखादि फल भोगता है। सुख दुःख आदि भोग करना बुद्धि का धर्म्म है। आत्मा न बद्ध होती है न मुक्त होती है। कठोपनिषद में आत्मा का परिमाण अंगुष्ठ मात्र लिखा है। इस पर सांख्य के भाष्यकार विज्ञानभिक्षु ने बतलाया है कि अंगुष्ठ मात्र से अभिप्राय अत्यंत सूक्ष्म से है। योग और वेदांत दर्शन भी आत्मा को सुख दुःख आदि का भोक्ता नहीं मानते। न्याय, वैशेषिक और मीमांसा दर्शन आत्मा को कर्मों का कर्त्ता और फलों का भोक्ता मानते हैं। वेदांत दर्शन में जीवात्मा और परमात्मा एक ही माना गया है। उपाधियुक्त होने से ही जीवात्मा अपने को पृथक समझता है, पूर्ण ज्ञान प्राप्त होने पर यह भ्रम मिट जाता है और जीवात्मा ब्रह्म स्वरूप हो जाता है। सांख्य वेदांत योग आदि सभी जीवात्मा को नित्य मानते हैं। बौद्ध दर्शन के अनुसार जैसे सब पदार्थ क्षणिक हैं उसी प्रकार आत्मा भी। जीवात्मा एक क्षण में उत्पन्न होता है और दूसरे क्षण में नष्ट हो जाता है। अतः क्षणिक ज्ञान का नाम ही आत्मा है। इस क्षणिक ज्ञान के अतिरिक्त कोई नित्य वा स्थिर आत्मा नहीं। माध्यमिक शाखा के बौद्ध तो इस क्षणिक विज्ञान रूप आत्मा को भी नहीं स्वीकार करते; सब कुछ शून्य मानते हैं। वे कहते हैं कि यदि कोई वस्तु सत्य होती तो सब अवस्थाओं में बनी रहती। योगाचार शाखा के बौद्ध आत्मा को क्षणिक विज्ञान स्वरूप मानते हैं और इस विज्ञान को दो प्रकार का कहते हैं—एक प्रवृत्ति विज्ञान और दूसरा आलय विज्ञान। जाग्रत और सुप्त अवस्था में जो ज्ञान होता है उसे प्रवृत्ति विज्ञान कहते हैं और सुषुप्ति अवस्था में जो ज्ञान होता है उसे आलय विज्ञान कहते हैं। यह ज्ञान आत्मा ही को होता है। जैन दर्शन भी आत्मा को चिरस्थायी और प्रत्येक प्राणी में पृथक् पृथक् मानता है। उपनिषदों में जीवात्मा का स्थान हृदय माना गया है पर आधुनिक परीक्षाओं से यह बात अच्छी तरह प्रकट हो चुकी है कि समस्त चेतन व्यापारों का स्थान मस्तिष्क है। मस्तिष्क को ब्रह्मांड भी कहते हैं। दे० "आत्मा"।

पर्य्या०—पुनर्भवी। जीव। असुमान्। सत्त्व। देहभृत्। चेतन।

जीवाधार—संज्ञा पुं० [सं०] आत्मा का आश्रय स्थान। हृदय। (उपनिषदों में जीव का स्थान हृदय माना गया है)

जीवानुज—संज्ञा पुं० [सं०] गर्गाचार्य मुनि जो बृहस्पति के वंश में हुए हैं। किसी के मत से ये बृहस्पति के छोटे भाई भी कहे जाते हैं। उ०—भाषत हम जीवानुज बानी। जा मँह होइ सकल दुख हानी।—गोपाल।

जीवास्तिकाय—संज्ञा पुं० [सं०] जैन दर्शन के अनुसार कर्म का करनेवाला, कर्म के फल को भोगनेवाला, किए हुए कर्म के अनुसार शुभाशुभ गति में जानेवाला और सम्यक् ज्ञानादि के वश से कर्म समूह का नाश करनेवाला जीव। यह तीन प्रकार का माना गया है, अनादिसिद्ध, मुक्त और बद्ध। अनादिसिद्ध अर्हंत् हैं जो सब अवस्थाओं में अविद्या आदि के दुःख और बंधन से मुक्त तथा अणिमादि सिद्धियों से संपन्न रहते हैं।

जीविका—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह वस्तु या व्यापार जिससे जीवन का निर्वाह हो। भरण पोषण का साधन। जीवनोपाय। वृत्ति। उ०—जीविका विहीन लोग सिद्धमान, सोच बस कहैं एक एकनि सों कहाँ जाइ का करी।—तुलसी।

क्रि० प्र०—करना।

मुहा०—जीविका लगना = भरण पोषण का उपाय होना। रोज़ी का ठिकाना होना। जीविका लगाना = भरण पोषण का उपाय करना। जीवननिर्वाह का उपाय करना। रोज़ी का ठिकाना करना।

जीवित—वि० [सं०] जीता हुआ। जिंदा।

संज्ञा पुं० जीवन। प्राणधारण।

यौ०—जीवितेश।

जीवितेश—संज्ञा पुं० [सं०] (१) प्राणनाथ। प्यारा व्यक्ति। प्राणों से बढ़ कर प्रिय व्यक्ति। (२) यम। (३) इंद्र। (४) सूर्य्य। (५) देह में स्थित इड़ा और पिंगला नाड़ी।

जीवी—वि० [सं० जीविन्] (१) जीनेवाला। प्राणधार। (२) जीविका करनेवाला। जैसे, श्रमजीवी।

जीवेश—संज्ञा पुं० [सं०] परमात्मा। ईश्वर।

जीवोपाधि—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वप्न सुषुप्ति और जाग्रत इन तीनों अवस्थाओं को जीव की उपाधि कहते हैं।

जीह*—संज्ञा स्त्री० [हिं० जीभ, सं० जिह्वा] जीभ। जबान। उ०—(क) जन मन मंजु कंज मधुकर से। जीह जसोमति हरि हलधर से।—तुलसी। (ख) राम नाम मनि दीप धरु जीह देहरी द्वार। तुलसी भीतर बाहरौ जो चाहसि उजियार।—तुलसी। (ग) नाम जीह जपि जागहिं जोगी।—तुलसी।

जीहि*—संज्ञा स्त्री० दे० "जीह"।

जुँई—संज्ञा स्त्री० दे० "जुई"।

जुंग—संज्ञा पुं० [सं०] वृक्षदारक वृक्ष। विधारा।

जुंडी—संज्ञा स्त्री० दे० "जुन्हरी"। "ज्वार"।

जुंदर—संज्ञा पुं० [?] बंदर का बच्चा। (कलंदरों की बोली)।

जुंबली—संज्ञा स्त्री० [हिं० दुंबा] एक प्रकार की पहाड़ी भेड़।

जुंबिश—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] चाल। गति। हरकत। हिलना डोलना।

मुहा०—जुंबिश खाना = हिलना डोलना।

जु*—वि० दे० "जो"।

क्रि० वि० दे० "जो"।
संज्ञा दे० "जू"।

जुआँ–संज्ञा पुं० [सं० यूका, प्रा० जूआ] [स्त्री० अल्प० जुई] एक छोटा कीड़ा जो मैलेपन के कारण सिर के बालों में पड़ जाता है। जूँ। ढील।

जुआँरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० जुआँ] जुआँ। छोटी जुआँ।
† संज्ञा स्त्री० दे० "ज्वार"।

जुआ–संज्ञा पुं० [सं० द्यूत, पा० जूत] वह खेल जिसमें जीतनेवाले को हारनेवाले से कुछ धन मिलता है। रुपए पैसे की बाजी लगा कर खेला जानेवाला खेल। किसी घटना की संभावना पर हार जीत का खेल। द्यूत।

विशेष—जुआ कौड़ी पासे ताश आदि कई वस्तुओं से खेला जाता है, पर भारत में कौड़ियों से खेलने का प्रचार आज कल विशेष है। इसमें चित्ती कौड़ियों को लेकर फेंकते हैं और चित पड़ी हुई कौड़ियों की संख्या के अनुसार दावों की हार जीत मानते हैं। सोलह चित्ती कौड़ियों से जो जुआ खेला जाता है उसे सोलही कहते हैं। उ०—आछो जनम अकारथ गारयो। करी न प्रीति कमललोचन सों जन्म जुआ ज्यों हारयो।—सूर।

क्रि० प्र०—खेलना।—जीतना।—हारना।—होना।

संज्ञा पुं० [सं० युज = जोड़ना] (१) गाड़ी छकड़े हल आदि की वह लकड़ी जो बैलों के कंधों पर रहती है। (२) जाँते या चक्की की मूँठ।

जुआचोर–संज्ञा पुं० [हिं० जुआ + चोर] (१) वह जुआरी जो अपना दाँव जीत कर खिसक जाय। (२) धोखेबाज। धोखा देकर दूसरों का माल उड़ा लेनेवाला। ठग। वंचक।

जुआचोरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० जुआ + चोरी] ठगी। धोखेबाजी। वंचकता।

क्रि० प्र०—करना।

जुआठा–संज्ञा पुं० [हिं० जुआ + काठ] हल में लगनेवाला वह लकड़ी का ढाँचा जो बैलों के कंधों पर रहता है।

जुआनी†–संज्ञा स्त्री० दे० "जवानी"।

जुआर–संज्ञा स्त्री० दे० "ज्वार"।

जुआरदासी–संज्ञा स्त्री० [?] एक प्रकार का पौधा जो फूलों के लिये लगाया जाता है।

जुआर भाटा–संज्ञा पुं० दे० "ज्वार भाटा"।

जुआरा–संज्ञा पुं० [हिं० जोतार] उतनी धरती जितनी एक जोड़ी बैल एक दिन में जोत सकें।

जुआरी–संज्ञा पुं० [हिं० जुआ] जुआ खेलनेवाला।

जुइना † संज्ञा पुं० [सं० यूनि = बंधन या जोड़] घास या फूस की ऐंठ कर बनाई हुई रस्सी जो बोझ बाँधने के काम में आती है।

जुई–संज्ञा स्त्री० [हिं० जूँ] (१) छोटी जुआँ। (२) एक छोटा कीड़ा जो मटर, सेम इत्यादि की फलियों में लग कर उन्हें नष्ट कर देता है।

जुई–संज्ञा स्त्री० [?] बरछी के आकार का काठ का बना वह पात्र जिससे हवन में घी छोड़ा जाता है। श्रुवा।

जुकाम–संज्ञा पुं० [हिं० जूड़ + घाम ?] अस्वस्थता या बीमारी जो सरदी लगने से होती है और जिसमें शरीर में कफ उत्पन्न हो जाने के कारण नाक और मुँह से कफ निकलता है, ज्वरांश रहता है, सिर भारी रहता है और दर्द करता है। सरदी।

क्रि० प्र०—होना।

मुहा०—मेढकी को जुकाम होना = किसी मनुष्य में कोई ऐसी बात होना जिसकी उसमें कोई संभावना न हो। किसी मनुष्य का कोई ऐसा काम करना जो उसने कभी न किया हो या जो उसके स्वभाव वा अवस्था के विरुद्ध हो।

जुग–संज्ञा पुं० [सं० युग] (१) युग।

मुहा०—जुग जुग = चिर काल तक। बहुत दिनों तक। जैसे, जुग जुग जीओ।

(२) जोड़ा। जत्था। गुट्ट। दल। गोल।

मुहा०—जुग टूटना = (१) किसी समुदाय के मनुष्यों का परस्पर मिला न रहना। अलग अलग हो जाना। दल टूटना। मंडली तितर बितर होना। उ०—सामने शत्रु सेना के दल खड़े थे, पर आक्रमण होते ही वे इधर उधर भागने लगे और उनके जुग टूट गए। (२) किसी दल वा मंडली में एकता वा मेल न रहना। जुग फूटना = जोड़ा खंडित होना। साथ रहनेवाले दो मनुष्यों में से किसी एक का न रहना।

(३) चौसर के खेल में दो गोटियों का एक ही कोठे में इकट्ठा होना। जैसे, जुग टूटा कि गोटी मरी। (४) वह डोरा जिसे जुलाहे तारों को अलग अलग रखने के लिये ताने में डाल देते हैं। (५) पुश्त। पीढ़ी।

जुगजुगाना–क्रि० अ० [हिं० जगना = प्रज्वलित होना] (१) मंद मंद और रह रह कर प्रकाश करना। मंद ज्योति से चमकना। टिमटिमाना। जैसे, तारों का जुगजुगाना। उ०—कोठरी के कोने में एक दीया जुगजुगा रहा था। (२) अवनत वा हीन दशा से क्रमशः कुछ उन्नत दशा को प्राप्त होना। कुछ कुछ उभरना। कुछ कीर्ति वा समृद्धि प्राप्त करना। कुछ बढ़ना या नाम करना। जैसे, वे इधर कुछ जुगजुगा रहे थे कि बीच ही में चल बसे।

जुगजुगी–संज्ञा स्त्री० [हिं० जुगजुगाना] एक चिड़िया जिसे शकरखोरा भी कहते हैं।

जुगत–संज्ञा स्त्री० [सं० युक्ति] (१) युक्ति। उपाय। तदबीर। ढंग।

क्रि० प्र०—करना।

मुहा०—जुगत लगाना = जोड़ तोड़ बैठाना। ढंग रचना। उपाय करना। तदबीर करना।

(२) व्यवहार-कुशलता। चतुराई। हथकंडा। (३) चमत्कार-पूर्ण उक्ति। चुटकुला।

जुगनी—संज्ञा स्त्री० (१) दे० "जुगनू"। (२) एक प्रकार का गाना जो पंजाब में गाया जाता है।

जुगनू—संज्ञा पुं० [हिं० जुगजुगाना] (१) गुबरैले की जाति का एक कीड़ा जिसका पिछला भाग आग की चिनगारी की तरह चमकता है। यह कीड़ा बरसात में बहुत दिखाई पड़ता है। खद्योत। पटवीजना।

विशेष—तितली, गुबरैले, रेशम के कीड़े आदि की तरह यह कीड़ा भी पहले ढोले के रूप में उत्पन्न होता है। ढोले की अवस्था में यह मिट्टी के घर में रहता है और उसमें से दस दिन के उपरांत रूपांतरित होकर गुबरैले के रूप में निकलता है। इसके पिछले भाग से फ़ासफ़र का प्रकाश निकलता है। सब से चमकीले जुगनू दक्षिणी अमेरिका में होते हैं जिनसे कहीं कहीं लोग घर में दीपक का काम लेते हैं। इन्हें सामने रख कर लोग महीन से महीन अक्षरों की पुस्तकें पढ़ सकते हैं

(२) स्त्रियों का एक गहना जो पान के आकार का होता है। और गले में पहना जाता है। रामनामी।

जुगल—वि० दे० "युगल"।

जुगलिया—संज्ञा पुं० [?] जैन कथाओं के अनुसार वह मनुष्य जिसके ४०९६ बाल मिल कर आज कल के मनुष्यों के एक बाल के बराबर हों।

जुगवना—क्रि० स० [सं० योग + अवना (प्रत्य०)] (१) संचित रखना। एकत्र करना। जोड़ जोड़ कर रखना कि समय पर काम आवें। (२) हिफाजत से रखना। सुरक्षित रखना। यत्न और रक्षा पूर्वक रखना।

जुगादरी—वि० [सं० युगांतरीय] बहुत पुराना। बहुत दिनों का।

जुगाना†—क्रि० स० दे० "जुगवना"।

जुगालना—क्रि० अ० [सं० उद्गिलन = उगलना] सींगवाले चौपायों का निगले हुए चारे को थोड़ा थोड़ा करके गले से निकाल मुँह में लेकर फिर से धीरे धीरे चबाना। पागुर करना।

जुगाली—संज्ञा स्त्री० [हिं० जुगालना] सींगवाले चौपायों की निगले हुए चारे को गले से थोड़ा थोड़ा निकाल निकाल फिर से चबाने की क्रिया। पागुर। रोमंथ।

क्रि० प्र०—करना।

जुगुत—संज्ञा स्त्री० दे० "जुगत"।

जुगुप्सक—वि० [सं०] व्यर्थ दूसरे की निंदा करनेवाला।

जुगुप्सन—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० जुगुप्स, जुगुप्सित] निंदा करना। दूसरे की बुराई करना।

जुगुप्सा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) निंदा। गर्हणा। बुराई। (२) अश्रद्धा। घृणा।

विशेष—साहित्य में यह वीभत्स रस का स्थायी भाव है और शांत रस का व्यभिचारी। पतंजल के अनुसार शौच वा शुद्धि लाभ कर लेने पर अपने अंगों तक से जो घृणा हो जाती है और जिसके कारण सांसारिक प्राणियों का संसर्ग अच्छा नहीं लगता उसका नाम 'जुगुप्सा' है।

जुगुप्सित—वि० [सं०] निंदित। घृणित।

जुगुप्सु—वि० [सं०] निंदक। बुराई करनेवाला।

जुज़—संज्ञा पुं० [फ़ा० मि० सं० युज्] कागज के ८ पृष्ठों वा १६ पृष्ठों का समूह। एक फारम।

यौ०—जुज़बंदी।

जुज़बंदी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] किताब की सिलाई जिसमें आठ आठ पन्ने एक साथ सिए जाते हैं।

क्रि० प्र०—करना।

जुज़वी—वि० [फ़ा०] (१) बहुतों में से कोई एक। बहुत कम। कुछ थोड़े से। (२) बहुत छोटे अंश का। जैसे, जुज़वी हिस्सेदार।

जुजीठल*—संज्ञा पुं० [सं० युधिष्ठिर] राजा युधिष्ठिर। (डिं०)।

जुज्झ*†—संज्ञा स्त्री० [सं० युद्ध, प्रा० जुज्झ] युद्ध। लड़ाई।

जुझवाना†*—क्रि० स० [हिं० जूझना] (१) लड़ने के लिये प्रोत्साहित करना। लड़ा देना। (२) लड़ा कर मरवा डालना।

जुझाऊ—वि० [हिं० जुज्झ, जूझ + आऊ (प्रत्य०)] (१) युद्ध का। युद्ध संबंधी। जिसका व्यवहार रणक्षेत्र में हो। लड़ाई में काम आनेवाला। (२) युद्ध के लिये उत्साहित करनेवाला। जैसे, जुझाऊ बाजा। जुझाऊ राग। उ०—बाजहिं ढोल निसान जुझाऊ। सुनि सुनि होय भटन मन चाऊ।—तुलसी।

जुझार†*—वि० [हिं० जुज्झ + आर (प्रत्य०)] लड़ाका। सूरमा। वीर। बाँकुरा। बहादुर। उ०— सकल सुरासुर जरहिं जुझारा। रामहिं समर को जीतनहारा।—तुलसी।

जुट—संज्ञा स्त्री० [सं० युक्त, प्रा० जुत्त] (१) दो परस्पर मिली हुई वस्तुएँ। एक साथ के दो आदमी या वस्तु। जोड़ी। जुग। (२) एक साथ बँधी या लगी हुई वस्तुओं का समूह। लाट। थोक। (३) गुट। मंडली। जत्था। दल। (४) ऐसे दो मनुष्य जिन में खूब मेल हो। जैसे, उन दोनों की एक जुट है। (५) जोड़ का आदमी या वस्तु।

जुटना—क्रि० अ० [सं० युक्त, प्रा० जुत्त + ना (प्रत्य०) वा सं० जुड = बाँधना] (१) दो या अधिक वस्तुओं का परस्पर इस प्रकार मिलना कि एक का कोई पार्श्व या अंग दूसरे के किसी पार्श्व या अंग के साथ दृढ़तापूर्वक लगा रहे। एक वस्तु का

दूसरी वस्तु के साथ इस प्रकार सटना कि बिना प्रयास या आघात के वे अलग न हो सकें। दो वस्तुओं का बँधने चिपकने सिलने वा जड़ने के कारण परस्पर मिलकर एक होना। संबद्ध होना। संश्लिष्ट होना। जुड़ना। जैसे, इस खिलौने का टूटा सिर गोंद से नहीं जुटता, गिर गिर पड़ता है।

संयो० क्रि०— जाना।

विशेष—मिल कर एक रूप हो जानेवाले द्रव या चूर्ण पदार्थों के संबंध में इस क्रिया का प्रयोग नहीं होता।

(२) एक वस्तु का दूसरी वस्तु के इतने पास होना कि दोनों के बीच अवकाश न रहे। दो वस्तुओं का परस्पर इतने निकट होना कि एक का कोई पार्श्व दूसरे के किसी पार्श्व से छू जाय। भिड़ना। सटना। लगा रहना। जैसे, मेज इस प्रकार रखो कि चारपाई से जुटी न रहे। (३) लिपटना। चिमटना। गुथना। जैसे, दोनों एक दूसरे से जुटे हुए खूब लात घूँसे चला रहे हैं। (४) संभोग करना। प्रसंग करना। (५) एक ही स्थान पर कई वस्तुओं या व्यक्तियों का आना या होना। एकत्र होना। इकट्ठा होना। जमा होना। जैसे, भीड़ जुटना, आदमियों का जुटना, सामान जुटना। (६) किसी कार्य में योग देने के लिये उपस्थित होना। जैसे, आप निश्चिंत रहें हम मौके पर जुट जायंगे। (७) किसी कार्य में जी जान से लगना। प्रवृत्त होना। तत्पर होना। जैसे, ये जिस काम के पीछे जुटते हैं उसे कर ही के छोड़ते हैं। (८) एकमत होना। अभिसंधि करना। जैसे, दोनों ने जुट कर यह सब उपद्रव खड़ा किया है।

जुटली—वि० [सं० जूट] जूड़ेवाला। जिसे लंबे लंबे बालों की लट हो। उ०—सखी री नंदनंदन देखु। धूरि धूसर जटा जुटली हरि किए हर भेषु।—सूर।

जुटाना—क्रि० स० [हिं० जुटना] (१) दो या अधिक वस्तुओं को परस्पर इस प्रकार मिलाना कि एक का कोई पार्श्व या अंग दूसरे के किसी पार्श्व या अंग के साथ दृढ़तापूर्वक लगा रहे। जोड़ना।

संयो० क्रि०—देना।

(२) एक वस्तु को दूसरी वस्तु के इतने पास करना कि एक का कोई भाग दूसरे के किसी भाग से छू जाय। भिड़ाना। सटाना। (३) इकट्ठा करना। एकत्र करना। जमा करना।

जुटिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) शिखा। चुंदी। चुटैया। (२) गुच्छा। लट। जूड़ी। जुट्टी। (३) एक प्रकार का कपूर।

जुट्टी—संज्ञा स्त्री० [हिं० जुटना] (१) घास, पत्तियों या टहनियों का एक में बँधा हुआ छोटा पूला। अँटिया। जूरी। जैसे, तंबाकू की जुट्टी, पुदीने की जुट्टी। (२) सूरन आदि के नए कल्ले जो बँधे हुए निकलते हैं। (३) तले ऊपर रखी हुई एक ही प्रकार की कई चिपटी (पत्तर वा परत के आकार की) वस्तुओं का समूह। गड्डी। जैसे, रोटियों की जुट्टी, रुपयों की जुट्टी, पैसों की जुट्टी। †(४) एक पकवान जो शाक या पत्तों को बेसन, पीठी आदि में लपेट कर तलने से बनता है।

वि० जुटी वा मिली हुई। जैसे, जुट्टी भौं।

जुठारना—क्रि० स० [हिं० जूठा] (१) किसी खाने पीने की वस्तु को कुछ खाकर छोड़ देना। किसी खानेपीने की वस्तु में मुँह लगा कर उसे अपवित्र वा दूसरे के व्यवहार के अयोग्य करना। उच्छिष्ट करना। (हिंदू आचार के अनुसार जूठी वस्तु का खाना निषिद्ध समझा जाता है)

संयो० क्रि०—डालना।—देना।

(२) किसी वस्तु को भोग करके उसे दूसरे के व्यवहार के अयोग्य कर देना।

जुठिहारा—संज्ञा पुं० [हिं० जूठा + हारा] [स्त्री० जुठिहारी] जूठा खानेवाला। उ०—सूर दास प्रभु नँद नंदन कहँ हम ग्वालन जुठिहारे।—सूर।

जुड़ना—क्रि० अ० [हिं० जुटना वा सं० जुड = बाँधना] (१) दो या अधिक वस्तुओं का परस्पर इस प्रकार मिलना कि एक का कोई पार्श्व या अंग दूसरे के किसी पार्श्व या अंग के साथ दृढ़तापूर्वक लगा रहे। दो वस्तुओं का बँधने, चिपकने सिलने वा जड़े जाने के कारण परस्पर मिल कर एक होना। संबद्ध होना। संश्लिष्ट होना। संयुक्त होना। उ०—दृग अरुझत टूटत कुटुम जुरत चतुर सँग प्रीति। परति गाँठि दुर्जन हिये दई नई यह रीति।—बिहारी।

क्रि० प्र०—जाना।

(२) संयोग करना। संभोग करना। प्रसंग करना। † (३) इकट्ठा होना। एकत्र होना। (४) किसी कार्य में योग देने के लिये उपस्थित होना। (५) उपलब्ध होना। प्राप्त होना। मिलना। मयस्सर होना। जैसे, कपड़े लत्ते जुड़ना। उ०—उसे तो चने भी नहीं जुड़ते। (६) गाड़ी आदि में बैल लगना। जुतना।

जुड़पित्ती—संज्ञा स्त्री० [हिं० जूड + पित्त] शीत और पित्त से उत्पन्न एक रोग जिसमें शरीर में खुजली उठती है और बड़े बड़े चकत्ते पड़ जाते हैं।

जुड़वाँ—वि० [हिं० जुड़ना] जुड़े हुए। यमल। गर्भ काल से ही एक में सटे हुए। जैसे, जुड़वाँ बच्चे। (इस शब्द का प्रयोग गर्भजात बच्चों के लिये ही होता है)।

संज्ञा पुं० एक ही साथ उत्पन्न दो या अधिक बच्चे।

जुड़वाई—संज्ञा स्त्री० दे० "जोड़वाई"।

जुड़वाना†—क्रि० स० [हिं० जूड] (१) ठंढा करना। शीतल करना। (२) शांत करना। सुखी करना। जैसे, छाती जुड़वाना।

क्रि० स० दे० "जोड़वाना"।

जुड़ाई–संज्ञा स्त्री० दे० "जोड़ाई"।

जुड़ाना†–क्रि० अ० [हिं० जूड़] (१) ठंढा होना। शीतल होना। (२) शांत होना। तृप्त होना। प्रसन्न होना। संतुष्ट होना।

संयो० क्रि०—जाना।

क्रि० स० (१) ठंढा करना। शीतल करना। (२) शांत और संतुष्ट करना। तृप्त करना। प्रसन्न करना। उ०—खोजत रहेउँ तोहि सुतघाती। आजु निपाति जुड़ावहुँ छाती।—तुलसी।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

जुड़ावना†–क्रि० स० दे० "जुड़ाना"।

जुड़ीवाँ–वि० संज्ञा पुं० दे० "जुड़वाँ"।

जुडीशल–वि० [अं०] दीवानी वा फौजदारी संबंधी। न्याय-संबंधी।

जुतना–क्रि० अ० [सं० युक्त, प्रा० जुत्त] (१) बैल, घोड़े आदि का गाड़ी, हल आदि में लगना। नधना। (२) किसी काम में परिश्रमपूर्वक लगना। किसी परिश्रम के कार्य में तत्पर वा संलग्न होना। जैसे, वह दिन भर काम में जुता रहता है। (३) लड़ाई में लगना। गुथना। जुटना। (४) जोता जाना। हल चलने के कारण जमीन का खुदकर भुरभुरी हो जाना। जैसे, यह खेत दिन भर में जुत जायगा।

जुतवाना–क्रि० स० [हिं० जोतना] (१) दूसरे से जोतने का काम कराना। दूसरे से हल चलवाना। जैसे, जमीन जुतवाना, खेत जुतवाना।

संयो० क्रि०—देना।

(२) बैल घोड़े आदि को गाड़ी हल आदि में खींचने के लिये लगवाना। नधवाना। (इस क्रिया का प्रयोग जो पशु जोते जाते हैं तथा जिस वस्तु में जोते जाते हैं दोनों के लिये होता है। जैसे घोड़े जुतवाना, गाड़ी जुतवाना।)

संयो० क्रि०—देना।

जुताई–संज्ञा स्त्री० दे० "जोताई"।

जुताना–क्रि० स० दे० "जोताना"।

जुतियाना–क्रि० स० [हिं० जूता + इयाना (प्रत्य०)] (१) जूता मारना। जूतों से मारना। जूते लगाना। (२) अत्यंत निरादर करना। अपमानित करना।

जुतियौअल–संज्ञा स्त्री० [हिं० जूता] परस्पर जूतों की मार।

क्रि० प्र०—होना।

जुत्थ*–संज्ञा पुं० दे० "यूथ"।

जुथौली–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक छोटी चिड़िया जिसकी छाती और गरदन का कुछ अंश सफेद और बाकी भूरा होता है।

जुदा–वि० [फ़ा०] [स्त्री० जुदी] (१) पृथक। अलग।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—जुदा करना = नौकरी से छुड़ाना। काम से अलग करना। (२) भिन्न। निराला।

जुदाई–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] विछोह। वियोग। दो व्यक्तियों के एक दूसरे से अलग होने का भाव।

क्रि० प्र०—होना।

जुदी–वि० स्त्री० दे० "जुदा"।

जुद्ध*–संज्ञा पुं० दे० "युद्ध"।

जुनियर–संज्ञा पुं० [अं०] एक प्रकार का अंगरेजी फूल जो कई रंगों का होता है।

जुनून–संज्ञा पुं० [फ़ा०] पागलपन। सनक।

जुन्हरी–संज्ञा स्त्री० [सं० यवनाल] ज्वार नाम का अन्न।

जुन्हाई–संज्ञा स्त्री [सं० ज्योत्स्ना, प्रा० जोन्हा] (१) चाँदनी। चंद्रिका। (२) चंद्रमा।

जुन्हार†–संज्ञा स्त्री० [सं० यवनाल] ज्वार नाम का अन्न।

जुन्हैया‡–संज्ञा स्त्री० [सं० ज्योत्स्ना, प्रा० जोन्हा, हिं० जोन्ही + ऐया] (१) चाँदनी। चंद्रिका। चंद्रमा का उजाला। (२) चंद्रमा। उ०—अहित अनैसो ऐसो कौन उपहास यातें सोचन खरी मैं परी जोवति जुन्हैया को।—पद्माकर।

जुबराज*–संज्ञा पुं० दे० "युवराज"।

जुबली–संज्ञा स्त्री० [अं० वा इबरानी योबल] किसी महत्वपूर्ण घटना का स्मारक महोत्सव। जश्न। बड़ा जलसा।

जुबान–संज्ञा स्त्री० दे० "ज़बान"।

जुबानी–वि० दे० "ज़बानी"।

जुमना–संज्ञा पुं० [देश०] खेत में पाँस वा खाद देने का एक ढंग जिसके अनुसार कटी हुई झाड़ियों और पेड़ पौधों को खेत में बिछा कर जला देते हैं और बची हुई राख को मिट्टी में मिला देते हैं।

जुमला–वि० [फ़ा०] सब। कुल। सबके सब।

संज्ञा पुं० वह पूरा वाक्य जिससे पूरा अर्थ निकलता हो।

जुमा–संज्ञा पुं० [अ०] शुक्रवार।

यौ०—जुमामसजिद।

जुमामसजिद–संज्ञा स्त्री० [अ०] वह मसजिद जिसमें जमा होकर मुसलमान लोग शुक्रवार के दिन दोपहर की नमाज पढ़ते हैं।

जुमिल–संज्ञा पुं० [?] एक प्रकार का घोड़ा। उ०—गुर्रा गुंठ जुमिल दरियाई।—रघुनाथ।

जुमिल्ला–संज्ञा पुं० [?] वह खूँटा जो खपेटन की बाईं ओर गड़ा रहता है और जिसमें खपेटन लगी रहती है। (जुलाहों की बोली)।

जुमुकना†–क्रि० अ० [सं० यमक] (१) निकट आ जाना। पास आ जाना। (२) जुड़ना। इकट्ठा होना।

जुमेरात–संज्ञा स्त्री० [अ०] बृहस्पति । गुरुवार । बीफै ।

जुम्मा–संज्ञा पुं० दे० "जुमा" ।

संज्ञा पुं० दे० "ज़िम्मा" ।

जुयांग–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की जंगली जाति । इस जाति के लोग सिंहभूम के दक्षिण उड़ीसा में पाए जाते हैं और कोलों से मिलते जुलते होते हैं ।

जुरअत–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] साहस । हिम्मत । हियाव । जबहा ।

जुरजुरी†–संज्ञा स्त्री० [स० ज्वर वा जूर्सि + हिं० झरझराना] (१) हलकी गरमी जो ज्वर के आदि में जान पड़ती है । ज्वरांश । हरारत । (२) ज्वर के आदि की कँपकँपी । शीतकंप ।

जुरना*†–क्रि० स० दे० "जुड़ना" ।

जुरबाना‡–संज्ञा पुं० दे० "जुरमाना" ।

जुरमाना–संज्ञा पुं० [फ़ा०] अर्थ दंड । धन दंड । वह दंड जिसके अनुसार अपराधी को कुछ धन देना पड़े ।

क्रि० प्र०—करना ।—देना ।—लेना ।—लगना ।—होना ।

जुराफा–संज्ञा पुं० [अ० ज़ुर्राफा] अफरीका का एक जंगली पशु । इसके खुर बैल के से, टांगें और गर्दन ऊँट की सी लंबी, सिर हिरन का सा, पर सींग बहुत छोटे, पूँछ गाय की सी, चमड़े का रंग नारंगी का सा जिस पर बड़े बड़े काले धब्बे से होते हैं । संसार भर में सबसे ऊँचा पशु यही है । १५ या १६ फुट की उँचाई तक के तो सबही होते हैं पर कोई कोई १८ फुट तक की उँचाई के भी होते हैं । इसकी आंखें ऐसी बड़ी और उभरी हुई होती हैं कि बिना सिर फेरे हुए ही यह अपने चारों ओर देख सकता है । इसी से इसका पकड़ना वा शिकार करना बहुत कठिन है । इसके नथुनों की बनावट ऐसी विलक्षण होती है कि जब यह चाहे उन्हें बंद कर ले सकता है । इसकी जीभ १७ इंच तक लंबी होती है । यह प्रायः वृक्षों की पत्तियाँ खाता है और मैदानों में झुंड बाँध कर रहता है । चरते समय झुंड के चारों ओर चार जुराफे पहरे पर रहते हैं जो शत्रु के आने की सूचना तुरंत झुंड को दे देते हैं । शिकारी लोग घोड़ों पर सवार होकर इसका शिकार करते हैं परंतु बहुत निकट नहीं जाते, क्योंकि इस के लात की चोट बड़ी कड़ी होती है । इसका चमड़ा इतना सख्त होता है कि उस पर गोली असर नहीं करती । इसका मांस खाया जाता है ।

विशेष—यह पशु झुंड बांध कर परिवारिक रीति से रहता है, इसी से हिंदी कवियों ने इसके जोड़े में अत्यंत प्रेम मान कर इसका काव्य में उल्लेख किया है । परंतु समझने में कुछ भ्रम हुआ है और इसको पशु की जगह पक्षी समझा है । उ०—(क) मिलि बिहरत बिछुरत मरत दंपति अति रस लीन । नूतन बिधि हेमंत की जगत जुराफा कीन ।—बिहारी । (ख) जगह जुराफा ह्वै जियत तज्यो तेज निज भानु । रूस रहे तुम पूस में यह धौं कौन सयानु ।—पद्माकर ।

जुरी–संज्ञा स्त्री० [सं० र्सि = ज्वर] धीमा ज्वर । हरारत ।

जुर्म–संज्ञा पुं० [अ०] अपराध । वह कार्य जिसके दंड का विधान राजनियम के अनुसार हो ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

जुर्रा–संज्ञा पुं० [फ़ा०] नर बाज़ ।

जुर्राब–संज्ञा स्त्री० [तु०] मोज़ा । पायताबा ।

जुल–संज्ञा पुं० [सं० छल ?] धोखा । दम । झाँसा । पट्टी । छलछंद ।

क्रि० प्र०—देना ।—में आना ।

यौ०—जुलबाज़ । जुलबाज़ी ।

जुलना–क्रि० स० [हिं० जुड़ना] (१) मिलना । सम्मिलित होना । (२) मिलना । भेट करना ।

विशेष—यह क्रिया अब अकेली नहीं बोली जाती है । जैसे, (क) मिल जुल कर रहो । (ख) जिससे मिलना हो मिल जुल आओ ।

जुलबाज़–वि० [हिं० जुल + फ़ा० बाज़] धोखेबाज़ । छली । धूर्त । चालाक ।

जुलबाज़ी–संज्ञा स्त्री० [हिं० जुलबाज़] धोखेबाज़ी । छल । धूर्तता । चालाकी ।

जुलम†–संज्ञा पुं० दे० "जुल्म" ।

जुलाई–संज्ञा स्त्री० [अ०] एक अंगरेजी महीना जो जेठ वा असाढ़ में पड़ता है । यह अंगरेजी का ७ वां महीना है और ३१ दिन का होता है । इस मास की १३ वीं वा १४ वीं तारीख को कर्क की संक्रांति पड़ती है ।

जुलाब–संज्ञा पुं० [फ़ा० गुलाब, अ० जुलाब] (१) रेचन । दस्त ।

क्रि० प्र०—लगना ।

(२) रेचक औषध । दस्त लानेवाली दवा ।

क्रि० प्र०—देना ।—लेना ।

मुहा०—जुलाब पचना = किसी दस्त लानेवाली दवा का दस्त न लाना वरं पच जाना जिससे अनेक दोष उत्पन्न होते हैं ।

विशेष—विद्वानों का मत है कि यह शब्द वास्तव में फ़ा० गुलाब से अरबी साँचे में ढाल कर बना लिया गया है । गुलाब दस्तावर दवाओं में से है ।

जुलाहा–संज्ञा पुं० [फ़ा० जौलाह] (१) कपड़ा बुननेवाला । तंतुवाय । तंतुकार ।

विशेष—भारतवर्ष में जुलाहे कहलानेवाले मुसलमान हैं । हिंदू कपड़ा बुननेवाले कोली आदि भिन्न भिन्न नामों से पुकारे जाते हैं ।

(२) पानी पर तैरनेवाला एक कीड़ा । (३) एक बरसाती कीड़ा जिसका शरीर गावदुम और मुँह मटर की तरह गोल होता है ।

जुलुफ़†—संज्ञा स्त्री० दे० "जुल्फ़"।

जुलुम†—संज्ञा पुं० दे० "जुल्म"।

जुल्फ़—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] सिर के वे लंबे बाल जो पीछे की ओर लटकते हैं। पट्टा। कुल्ले।

जुल्फ़ी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० जल्फ़] जुल्फ़। पट्टा।

जुल्म—संज्ञा पुं० [अ०] अत्याचार। अन्याय। अनीति।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—जुल्म टूटना = आफत आ पड़ना। जुल्म ढाना = (१) अत्याचार करना। (२) कोई अद्भुत काम करना।

जुल्लूस—संज्ञा पुं० [अ०] (१) सिंहासनारोहण। (२) किसी उत्सव का समारोह। (३) उत्सव और समारोह की यात्रा। धूम धाम की सवारी।

क्रि० प्र०—निकलना।

जुल्लाब—संज्ञा पुं० [अ०] (१) रेचन। दस्त।

क्रि० प्र०—लगना।

(२) रेचक औषध।

क्रि० प्र०—देना।—लेना।

विशेष—दे० "जुलाब"।

जुवा—संज्ञा पुं० दे० "जुआ"।

जुवान†—संज्ञा पुं० दे० "जवान"।

जुवानी†—संज्ञा पुं० दे० "जवानी"।

जुवार†—संज्ञा स्त्री० दे० "ज्वार"।

जुवारी—संज्ञा पुं० दे० "जुआरी"।

जुस्तजू—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] तलाश। खोज।

जुहाना†—क्रि० स० [सं० यूथ, प्रा० जूह + आना (प्रत्य०)] (१) एकत्र करना। (२) संचित करना। जोड़ जोड़ कर एक जगह रखना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

जुहार—संज्ञा स्त्री० [सं० अवहार = युद्ध का रुकना वा बंद होना ?] राजपूतों या क्षत्रियों में प्रचलित एक प्रकार का प्रणाम। अभिवंदन। सलाम। बंदगी।

जुहारना—क्रि० स० [सं० अवहार = पुकार वा बुलावा] किसी से कुछ सहायता माँगना। किसी का एहसान लेना।

जुहावना†—क्रि० स० दे० "जुहाना"।

जुही—संज्ञा स्त्री० [सं० यूथी] एक छोटा झाड़ या पौधा जो बहुत घना होता है और जिसकी पत्तियाँ छोटी तथा ऊपर नीचे नुकीली होती हैं। यह अपने सफेद सुगंधित फूलों के लिये बगीचों में लगाया जाता है। ये फूल बरसात में लगते हैं। उनकी सुगंध चमेली से मिलती जुलती बहुत हलकी और मीठी होती है।

विशेष—दे० "जूही"।

जुह्व—संज्ञा पुं० [सं०] (१) पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक अर्द्ध चंद्राकार यज्ञपात्र। (२) पूर्व दिशा।

जुहोता—संज्ञा पुं० [सं० जुहुवत्] यज्ञ में आहुति देनेवाला।

जूँ—संज्ञा स्त्री० [सं० यूका] एक छोटा स्वेदज कीड़ा जो दूसरे जीवों के शरीर के आश्रय से रहता है। ये कीड़े बालों में पड़ जाते हैं और काले रंग के होते हैं। आगे की ओर इनके छ पैर होते हैं और इनका पिछला भाग कई गंडों में विभक्त होता है। इनके मुँह में एक सूँड़ी होती है जो नोक पर झुकी होती है। ये कीड़े इसी सूँड़ी को जानवरों के शरीर में चुभो कर उनके शरीर से रक्त चूस कर अपना जीवन निर्वाह करते हैं। चीलर भी इसी की जाति का कीड़ा है पर वह सफेद रंग का होता है और कपड़ों में पड़ता है। जूँ बहुत अंडे देती हैं। ये अंडे बालों में चिपके रहते हैं और दो ही तीन दिन में पक जाते हैं और छोटे छोटे कीड़े निकल पड़ते हैं। ये कीड़े बहुत सूक्ष्म होते हैं और थोड़े ही दिनों में रक्त चूस कर बड़े हो जाते हैं। भिन्न भिन्न प्राणियों के शरीर पर की जूँ भिन्न भिन्न आकृति और रंग की होती हैं। लोगों का कथन है कि कोढ़ियों के शरीर पर जूँ नहीं पड़ती।

क्रि० प्र०—पड़ना।

यौ०—जूँमुहाँ।

मुहा०—कानों पर जूँ रेंगना = चेत होना। स्थिति का ज्ञान होना। सतर्कता होना। होश होना। जूँ की चाल = बहुत धीमी चाल। बहुत सुस्त चाल।

जूँठ—वि०, संज्ञा पुं० दे० "जूठा"।

जूँठन—संज्ञा स्त्री० दे० "जूठन"।

जूँड़िहा—संज्ञा पुं० [हिं० झुंड] वह बैल जो बैलों के झुंड के आगे चलता है।

जूँदन—संज्ञा पुं० [देश०] [स्त्री० जूँदनी] बंदर। (मदारी)।

जुँमुहाँ—वि० [हिं० जूँ + मुँह] वह जो देखने में सीधा सादा पर वास्तव में बड़ा धूर्त्त हो।

जू—अव्य० [सं० (श्री) युक्त] (१) एक आदरसूचक शब्द जो ब्रज बुंदेलखंड राजपूताना आदि में बड़े लोगों के नाम के साथ लगाया जाता है। जी। जैसे, कन्हैया जू। (२) संबोधन का शब्द। दे० "जी"।

अव्य० [देश०] एक निरर्थक शब्द जो बैलों या भैंसों को खड़ा करने के लिये बोला जाता है।

संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) सरस्वती। (२) वायुमंडल। वायु। (३) बैल वा घोड़े के मस्तक पर का टीका।

जूआ—संज्ञा पुं० [सं० युग] (१) रथ वा गाड़ी के आगे हरस में बाँधी वा जड़ी हुई वह लकड़ी जो बैलों के कंधे पर रहती है।

क्रि० प्र०—बाँधना।

(२)†जुआठा । (३) चक्की में लगी हुई वह लकड़ी जिसे पकड़ कर वह फिराई जाती है ।

संज्ञा पुं० [सं० द्यूत, प्रा० जूअ] वह खेल जिससे जीतनेवाले को हारनेवाले से कुछ धन मिलता है । किसी घटना की संभावना पर हार जीत का खेल । द्यूत ।

क्रि० प्र०—खेलना ।—जीतना ।—हारना ।—होना ।

विशेष—दे० "जुआ" ।

जूक–संज्ञा पुं० [यूना० ज्यूकस] तुला राशि ।

जूजू–संज्ञा पुं० [अनु०] एक कल्पित भयंकर जीव जिसका नाम लोग लड़कों के डराने के लिये लेते हैं । हाऊ ।

जूझ*–संज्ञा स्त्री० [स० युद्ध, प्रा० जुज्झ] युद्ध । लड़ाई । झगड़ा । उ०—(क) पाई नाहिं जूझ हठ कीन्हे । जे पावा ते आपुहि चीन्हे ।—जायसी । (ख) कोने परा न छूटिहै सुन रे जीव अबूझ । कबिर माँड़ मैदान में करि इंद्रिन सों जूझ ।—कबीर ।

जूझना†*–क्रि० अ० [स० युद्ध वा हिं० जूझ] (१) लड़ना । (२) लड़ कर मर जाना । युद्ध में प्राण त्याग करना । उ०—जूझे सकल सुभट करि करनी । बंधु समेत परयो नृप धरनी ।—तुलसी ।

जूट–संज्ञा पुं० [सं०] (१) जटा की गाँठ । जूड़ा । (२) लट । जटा । (३) शिव की जटा । (४) पटसन । (५) पटसन का बना कपड़ा ।

जूठ†–वि० (१) दे० "जूठन" । (२) दे० "जूठा" ।

जूठन–संज्ञा स्त्री० [हिं० जूठ] (१) वह खाने पीने की वस्तु जिसे किसी ने खाकर छोड़ दिया हो । वह भोजन जिसमें से कुछ अंश किसी ने मुँह लगा कर खाया हो । किसी के आगे का बचा हुआ भोजन । उच्छिष्ट भोजन ।

क्रि० प्र०—खाना ।

(२) वह पदार्थ जिसका व्यवहार किसी ने एक दो बार कर लिया हो । भुक्त पदार्थ । दे० "जूठा" ।

जूठा–वि० [सं० जुष्ट, प्रा० जुट्ठ] [स्त्री० जूठी । क्रि० जुठारना] (१) (भोजन) जिसे किसी ने खाया हो । जिसमें किसी ने खाने के लिये मुँह लगाया हो । किसी के खाने से बचा हुआ । उच्छिष्ट । जैसे, जूठा अन्न, जूठा भात, जूठी पत्तल । उ०—विनती राय प्रवीन की सुनिए साह सुजान । जूठी पातरि भखत हैं बारी, बायस स्वान ।

विशेष—हिंदू आचार के अनुसार जूठा भोजन खाना निषिद्ध है ।

(२) जिसका स्पर्श मुँह अथवा किसी जूठे पदार्थ से हुआ हो । जैसे, जूठा हाथ, जूठा बरतन ।

मुहा०—जूठे हाथ से कुत्ता न मारना = बहुत अधिक कंजूस होना ।

(३) जिसे किसी ने व्यवहार करके दूसरे के व्यवहार के अयोग्य कर दिया हो । जिसे किसी ने भोग करके अपवित्र कर दिया हो । भुक्त । जैसे, जूठी स्त्री ।

संज्ञा पुं० वह खाने पीने की वस्तु जिसे किसी ने खाकर छोड़ दिया हो । वह भोजन जिसमें से कुछ किसी ने मुँह लगा कर खाया हो । किसी के आगे का बचा हुआ भोजन । जूठन । उच्छिष्ट भोजन ।

क्रि० प्र०—खाना ।—चाटना ।

जूठी–वि० स्त्री० दे० "जूठा" ।

जूड़†–वि० [सं० जड़] [क्रि० जुड़ाना, जुड़वाना] ठंढा । शीतल ।

संज्ञा पुं० दे० "जूड़ा" ।

जूड़ा–संज्ञा पुं० [स० जूट] (१) सिर के बालों की वह गाँठ जिसे स्त्रियाँ बालों को एक साथ लपेट कर अपने सिर के ऊपर बाँधती हैं । जटाधारी साधु लोग भी जिन्हें अपने बालों की सजावट का विशेष ध्यान नहीं रहता अपने सिर पर इस प्रकार बालों को लपेट कर गाँठ बनाते हैं ।

क्रि० प्र०—बाँधना ।—खोलना ।

(२) चोटी । कलगी । जैसे, कबूतर वा बुलबुल का जूड़ा । (३) पगड़ी का पिछला भाग । (४) मूँज आदि का पूला । मुँजारी । (५) पानी के घड़े के नीचे रखने की घास आदि की लपेट कर बनाई हुई गड़ुरी ।

संज्ञा पुं० [हिं० जूड़] [स्त्री० जूड़ी] बच्चों का एक रोग जिसमें सरदी के कारण साँस जल्दी जल्दी चलने लगती है और कोख में साँस लेते समय गड्ढा पड़ जाता है । कभी कभी पेट में पीड़ा भी होती है और बच्चा सुस्त पड़ा रहता है ।

जूड़ी–संज्ञा स्त्री० [हिं० जूड़] एक प्रकार का ज्वर जिसमें ज्वर आने के पहले रोगी को जाड़ा मालूम होने लगता है और उसका शरीर घंटों काँपा करता है । यह ज्वर कई प्रकार का होता है । कोई नित्य आता है, कोई दूसरे दिन, कोई तीसरे दिन और कोई चौथे दिन आता है । नित्य के इस प्रकार के ज्वर को जूड़ी, दूसरे दिनवाले को अंतरा, तीसरे दिनवाले को तिजरा और चौथे दिनवाले को चौथिया कहते हैं । यह रोग प्रायः मलेरिया से उत्पन्न होता है । उ०—जो काहू की सुनहिँ बड़ाई । स्वास लेहिँ जनु जूड़ी आई ।—तुलसी ।

क्रि० प्र०—आना ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० जुड़ना] जुड़ी ।

जूत–संज्ञा पुं० [हिं० जूता] (१) जूता । (२) बड़ा जूता ।

जूता–संज्ञा पुं० [सं० युक्त, प्रा० जुत्त] चमड़े आदि का बना हुआ थैली के आकार का वह ढाँचा जिसे दोनों पैरों में लोग काँटे आदि से बचने के लिये पहनते हैं । जोड़ा । पनही । पादत्राण । उपानह ।

विशेष—जूता दो या दो से अधिक चमड़े के टुकड़ों को

एक में सीकर बनाया जाता है। वह भाग जो तलवे के नीचे रहता है तला कहलाता है। ऊपर के भाग को उपल्ला कहते हैं। तले का पिछला भाग एँड़ी वा एँड़ और अगला भाग नोक या ठोकर कहलाता है। उपल्ले के वे अंश जो पैर के दोनों ओर खड़े उठे रहते हैं दीवार कहलाते हैं। वह चमड़े की पट्टी जो एँड़ी के ऊपर दोनों दीवारों के जोड़ पर लगी रहती है लँगोट कहलाती है। देशी जूते कई प्रकार के होते हैं। जैसे, पंजाबी, दिल्लीवाल, सलीमशाही, गुरगाबी, घेतला, चट्टी इत्यादि। अंगरेजी जूतों के भी कई भेद हैं जैसे, बूट, स्लिपर, पंप इत्यादि।

महाभारत के अनुशासन पर्व में छाते और जूते के आविष्कार के संबंध में एक उपाख्यान है। युधिष्ठिर ने भीष्म से पूछा कि श्राद्ध आदि कर्मों में छाता और जूता दान करने का जो विधान है उसे किसने निकाला। भीष्मजी ने कहा कि एक बार जमदग्नि ऋषि क्रीड़ा वश धनुष पर बाण चढ़ा चढ़ा कर छोड़ते थे और उनकी पत्नी रेणुका फेंके हुए बाणों को ला ला कर उन्हें देती थी। धीरे धीरे दोपहर हो गई और कड़ी धूप पड़ने लगी। ऋषि उसी प्रकार बाण छोड़ते गए। पतिव्रता रेणुका जब बाण लाने गई तब धूप से उसका सिर चकराने लगा और पैर जलने लगे। वह शिथिल हो कर कुछ देर तक एक वृक्ष की छाया के नीचे बैठ गई। इसके उपरांत वह बाणों को एकत्र करके ऋषि के पास लाई। ऋषि क्रुद्ध हो कर बार बार देर होने का कारण पूछने लगे। रेणुका ने सब व्यवस्था ठीक ठीक कह सुनाई। तब तो जमदग्नि जी सूर्य्य पर अत्यंत क्रुद्ध हुए और धनुष पर बाण चढ़ा कर सूर्य्य को मार गिराने पर तैयार हुए। इसपर सूर्य्य ब्राह्मण के वेश में ऋषि के पास आए और कहने लगे—"सूर्य्य ने आपका क्या बिगाड़ा है जो आप उन्हें मार गिराने को प्रस्तुत हुए हैं। सूर्य्य से लोक का कितना उपकार होता है।" जब इसपर भी ऋषि का क्रोध शांत न हुआ तब ब्राह्मण वेषधारी सूर्य्य ने कहा कि "सूर्य्य तो सदा वेग के साथ चलते रहते हैं। आपका लक्ष्य ठीक कैसे बैठेगा" ऋषि ने कहा कि "जब मध्यान्ह में कुछ क्षण विश्राम के लिये वे ठहर जाते हैं तब मैं मारूँगा"। इसपर सूर्य्य ऋषि की शरण में आए। तब ऋषि ने कहा कि "अच्छा! अब कोई ऐसा उपाय बतलाओ जिसमें हमारी पत्नी को मार्ग में धूप का कष्ट न हो" इस पर सूर्य्य ने एक जोड़ा जूता और एक छाता देकर कहा कि मेरे ताप से सिर और पैर की रक्षा के लिये ये दोनों पदार्थ हैं, इन्हें आप ग्रहण करें।" तब से छाते और जूते का दान बड़ा फलदायक माना जाने लगा।

यौ०—जूताख़ोर।

मुहा०—**जूता उठाना** = मारने के लिये जूता हाथ में लेना। जूता मारने के लिये तैयार होना। (**किसी का**) **जूता उठाना** = (१) किसी का दासत्व करना। किसी की हीन से हीन सेवा करना। (२) खुशामद करना। चापलूसी करना। **जूता उछलना या चलना** = (१) जूतों से मार पीट होना। (२) लड़ाई दंगा होना। झगड़ा होना। **जूता खाना** = (१) जूतों की मार खाना। जूतों का प्रहार सहना। (२) बुरा भला सुनना। ऊँचा नीचा सुनना। तिरस्कृत होना। **जूता गाँठना** = (१) फटा हुआ जूता सीना। (२) चमार का काम करना। नीच काम करना। **जूता चाटना** = अपनी प्रतिष्ठा का ध्यान न रख कर दूसरे की शुश्रूषा करना। खुशामद करना। चापलूसी करना। **जूता जड़ना** = जूता मारना। **जूता देना** = जूता मारना। **जूता पड़ना** = (१) जूतों की मार पड़ना। उपानह प्रहार होना। (२) मुँह तोड़ जवाब मिलना। किसी अनुचित बात का कड़ा और मर्मभेदी उत्तर मिलना। ऐसा उत्तर मिलना कि फिर कुछ कहते सुनते न बने। (३) घाटा होना। नुकसान होना। हानि होना। **जैसे, बैठे बैठाए १०) रुपया का जूता पड़ गया। जूता पहनना** = (१) जूता पैर में डालना। (२) जूता मोल लेना। **जूता पहनाना** = (१) दूसरे के पैर में जूता डालना। (२) जूता मोल ले देना। जूता खरीद देना। **जूता बरसना** = दे० "जूता पड़ना (१)"। **जूता बैठना** = जूते की मार पड़ना। दे० "जूता पड़ना"। **जूता मारना** = (१) जूते से मारना। (२) मुँह तोड़ जवाब देना। किसी अनुचित बात का ऐसा कड़ा उत्तर देना कि दूसरे से फिर कुछ कहते सुनते न बने। **जूता लगना** = (१) जूते की मार पड़ना। (२) मुँह तोड़ जवाब मिलना। (३) किसी अनुचित कार्य्य का बुरा फल प्राप्त होना। जैसा बुरा काम किया हो तत्काल वैसा ही बुरा फल मिलना। किसी अनुचित कार्य्य का तुरंत ऐसा परिणाम होना जिससे उसके करनेवाले को लज्जित होना पड़े। **जूता लगाना** = जूते से मारना। **जूते का आदमी** = ऐसा आदमी जो बिना जूता खाए ठीक काम न करे। बिना कठोर दंड वा शासन के उचित व्यवहार न करनेवाला मनुष्य। **जूते से खबर लेना** = जूते से मारना। **जूतों दाल बँटना** = आपस में लड़ाई झगड़ा होना। परस्पर वैर विरोध होना। अनबन होना। **जूतों से आना** = जूते से मारना। जूते लगाना। जूते से मारने के लिये तैयार होना। **जूतों से बात करना** = जूते से मारना। जूता लगाना।

जूताख़ोर—वि० [हिं० जूता + फ़ा० खोर] (१) जो जूता खाया करे। (२) जो निर्लज्जता के कारण मार या गाली की कुछ परवाह न करे। निर्लज्ज। बेहया।

जूति—संज्ञा पुं० [सं०] वेग। तेज़ी।

जूती—संज्ञा स्त्री० [हिं० जूता] (१) स्त्रियों का जूता। (२) जूता।

यौ०—जूतीकारी। जूतीखोर। जूतीछुवाई। जूती पैजार।

मुहा०—**जूतियाँ उठाना** = नीच सेवा करना। दासत्व करना।

जूती की नोक पर मारना = कुछ न समझना। तुच्छ समझना। कुछ परवाह न करना। जैसे, ऐसा रुपया मैं जूती की नोक पर मारता हूँ। जूती की नोक से = बला से। कुछ परवाह नहीं। (स्त्रि०)। उ०—वह यहाँ नहीं आती है तो मेरी जूती की नोक से। जूती के बराबर = अत्यंत तुच्छ। बहुत नाचीज। (किसी की) जूती के बराबर न होना = किसी की अपेक्षा अत्यंत तुच्छ होना। किसी के सामने बहुत नाचीज़ होना। (खुशामद वा नम्रता से भी कभी कभी लोग इस वाक्य का प्रयोग करते हैं। जैसे, मैं तो आप की जूती के बराबर भी नहीं हूँ)। जूतियाँ खाना = (१) जूतियों से पिटना। (२) ऊँचा नीचा सुनना। भला बुरा सुनना। कड़ी बातें सहना। (३) अपमान सहना। जूतियाँ गाँठना = (१) फटी हुई जूतियों को सीना। (२) चमार का काम करना। अत्यंत तुच्छ काम करना। निकृष्ट व्यवसाय करना। जूतियाँ चटकाते फिरना = (१) दीनता वश इधर उधर मारा मारा फिरना। दुर्दशाग्रस्त होकर घूमना। (फटे पुराने जूते को घसीटने से चट चट शब्द होता है)। (२) व्यर्थ इधर उधर घूमना। जूती चाटना = खुशामद करना। चापलूसी करना। जूतियों दाल बँटना = आपस में लड़ाई झगड़ा होना। वैर विरोध होना। फूट होना। जूती देना = जूती से मारना। जूतियाँ पड़ना = जूतियों की मार पड़ना। जूती पर जूती चढ़ना = यात्रा का आगम दिखाई पड़ना। (जब जूती पर जूती चढ़ जाती है तब लोग यह शकुन समझते हैं कि जिसकी जूती है उसे कहीं यात्रा करनी होगी)। जूती पर मारना = दे० "जूती की नोक पर मारना"। जूती पर रख कर रोटी देना = अपमान के साथ खाने पीने को देना। निरादर के साथ रखना या पालना। जूती पहनना = (१) जूती में पैर डालना। (२) नया जूता मोल लेना। जूती पहनाना = (१) दूसरे के पैर में जूती डालना। (२) नया जूता मोल ले देना। जूतियाँ बगल में दबाना = जूतियाँ उतार कर भागना जिसमें पैर की आहट न सुनाई दे। चुपचाप भागना। धीरे से चलता बनना। खिसकना। जूतियाँ मारना = (१) जूतियों से मारना। (२) कड़ी बातें कहना। अपमानित करना। तिरस्कृत करना। (३) कड़ा उत्तर देना। मुँह तोड़ जवाब देना। जूतियाँ लगाना = जूतियों से मारना। जूतियाँ सीधी करना = अत्यंत नीच सेवा करना। दासत्व करना। जूती से = दे० "जूती की नोक से"।

जूतीकारी—संज्ञा स्त्री० [हिं० जूती + कार] जूतों की मार।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

जूतीखोर—वि० [हिं० जूती + फ़ा० खोर] (१) जो जूतों की मार खाया करे। (२) जो निर्लज्जता से मार और गाली की परवाह न करे। निर्लज्ज। बेहया।

जूतीछुपाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० जूती + छुपाना] (१) विवाह में एक रसम। स्त्रियाँ कोहबर से वर के चलते समय वर का जूता छिपा देती हैं और तब तक नहीं देतीं जब तक वह जूते के लिये कुछ नेग न दे। यह काम प्रायः वे स्त्रियाँ करती हैं जो नाते में बधू की बहिन होती हैं। (२) वह नेग जो स्त्रियों को वर जूते छुपाई में देता है।

जूती पैजार—संज्ञा स्त्री० [हिं० जूती + फ़ा० पैजार] (१) जूतों की मार पीट। धौल धप्पड़। (२) लड़ाई दंगा। कलह। झगड़ा।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

जूथ*—संज्ञा पुं० दे० "यूथ"।

जून†—संज्ञा पुं० [सं० द्युवन् = सूर्य्य] समय। काल। बेला।

संज्ञा पुं० [सं० जूर्ण = एक तृण] तृण। घास। तिनका। उ०—का छति लाभ जून धनु तोरे। देखा राम नये के भोरे।—तुलसी।

संज्ञा पुं० [अं०] अंगरेजी वर्ष का छठां महीना जो जेठ के लगभग पड़ता है।

संज्ञा पुं० [सं० यवन ?] एक जाति जो सिंधु और सतलज के बीच के प्रदेशों में रहती है और गाय, बैल, ऊँट आदि पालती है।

जूना—संज्ञा पुं० [सं० जूर्ण = एक तृण] (१) घास वा फूस की बट कर बनाई हुई रस्सी जो बोझ आदि बाँधने के काम में आती है। (२) घास फूस का लच्छा या पूला जिससे बरतन माँजते या मलते है। उसकन। उबसन।

जूनियर—वि० [अं०] काल क्रम से पिछला। जो पीछे का हो। छोटा।

जूप—संज्ञा पुं० [सं० द्यूत, प्रा० जूअ वा जूव] (१) जूआ। द्युत। उ०—जैसे, अंध रूप, बिनु गाँठ धन जूप की, ज्यों हीन गुण आश है न कूप जल पान की।—हनुमान। (२) विवाह में एक रीति जिसमें वर और बधू परस्पर जूआ खेलते हैं। पासा। उ०—कर कँपै कंगन नहि छूटै। खेलत जूप युगल जुवतिन में हारे रघुपति जीति जनक की।—सूर।

संज्ञा पुं० दे० "यूप"।

जूमना*†—क्रि० अ० [अ० जमा] इकट्ठा होना। जुटना। एकत्र होना। उ०—(क) लागो हुतो हाट एक मदन धनी को जहाँ गोपिन को वृंद रह्यो जूमि चहुँ घाई में।—देव। (ख) गिरधर दास भूमि जूमि आसु वदि, बाज लौं दराज लेहिं परन दबाय के।—गोपाल।

जूर*—संज्ञा पुं० [हिं० जुरना] जोड़। संचय। उ०—दान आहि सब दरब क जूरू। दान लाभ होइ बाँचै मूरू।—जायसी।

जूरना*—क्रि० स० [हिं० जोड़ना] जोड़ना। उ०—अवध में संतन

रहु दूरि.....बंधु सखा गुरु कहत राम को नाते बहुतेक जूरि।—देव स्वामी।

जूरा—संज्ञा पुं० दे० 'जूड़ा'।

जूरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० जुरना] (१) घास पत्तों या टहनियों का एक में बँधा हुआ छोटा पूला। जुट्टी। जैसे, तमाकू की जूरी। (२) सूरन आदि के नए कल्ले जो बँधे निकलते हैं। (३) एक पकवान जो पौधों के नए बँधे हुए कल्लों को गीले बेसन में लपेट कर घी में तलने से बनता है। (४) एक प्रकार का पौधा या झाड़ जिससे क्षार बनता है। यह पौधा गुजरात करांची आदि के खारे दलदलों में होता है।

संज्ञा पुं० [अं०] एक प्रकार के पंच जो अदालत में जज के साथ बैठ कर मुकदमों के फैसले में सहायता देते हैं।

जूरु—संज्ञा पुं० दे० "जूर"।

जूर्ण—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का तृण।

पर्य्या०—उलूक। उलप।

जूर्णाह्वय—संज्ञा पुं० [सं०] देवधान्य।

जूर्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) वेग। (२) आदित्य। (३) देह। (४) ब्रह्मा। (५) क्रोध। (६) स्त्रियों का एक रोग।

वि० (१) वेगयुक्त। वेगवान। तेज़। (२) द्रवित। गला हुआ। (३) ताप देनेवाला। (४) स्तुति करने में कुशल।

जूर्त्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] ज्वर।

जूष—संज्ञा पुं० [सं०] (१) किसी उबाली वा पकाई हुई वस्तु का पानी। झोल। रसा। (२) उबाली या पकाई हुई दाल का पानी।

जूषण—संज्ञा पुं० ० [सं०] धाय नामक पेड़ जो फूलों के लिये लगाया जाता है।

जूस—संज्ञा पुं० [सं० जूष] (१) मूँग अरहर आदि की पकी हुई दाल का पानी जो प्रायः रोगियों को पथ्य रूप में दिया जाता है।

मुहा०—जूस देना = उबली हुई दाल का पानी पिलाना। जूस लेना = (१) उबली हुई दाल का पानी पीना। (२) रोगी का कुछ सशक्त होकर खाने पीने लायक होना।

(२) उबाली हुई चीज का रस। रसा।

क्रि० प्र०—काढ़ना।—निकालना।

संज्ञा पुं० [फ़ा० जुफ्त, सं० युक्त] युग्म संख्या। सम संख्या। ताक का उलटा। जैसे, २, ४, ६, ८।

यौ०—जूस ताक।

जूस ताक—संज्ञा पुं० [हिं० जूस + फ़ा० ताक] एक प्रकार का जूआ जिसे लड़के खेलते हैं।

विशेष—एक लड़का अपनी मुट्ठी में छिपा कर कुछ कौड़ियां ले लेता है और दूसरे से पूछता है कि "जूस कि ताक?" अर्थात् कौड़ियों की संख्या सम है वा विषम। यदि दूसरा लड़का ठीक ठीक बूझ लेता है तो जीत जाता है और यदि नहीं बूझता तो उसे हार कर उतनी ही कौड़ियाँ बुझानेवाले को देनी पड़ती हैं जितनी उसकी मुट्ठी में होती हैं।

जूसी—संज्ञा स्त्री० [हिं० जूस] वह गाढ़ा लसीला रस जो ईख के पकते रस को गुड़ के रूप में ठोस होने के पहले उतार कर रख देने से उसमें से छूटता है। खाँड़ का पसेव। चोटा।

जूह*—संज्ञा पुं० [स० यूथ, प्रा० जूह] झुंड। समूह।

जूहर—संज्ञा पुं० [हिं० जीव + हर ?] राजपूतों की एक प्रथा जिसके अनुसार दुर्ग में शत्रु का प्रवेश निश्चित जान स्त्रियां चिता पर बैठ कर जल जाती थीं और पुरुष दुर्ग के बाहर लड़ने के लिये निकल पड़ते थे।

विशेष—दे० "जौहर"।

जूही—संज्ञा स्त्री० [स० यूथी] (१) एक फैलनेवाला झाड़ या पौधा जो बहुत घना होता है और जिसकी पत्तियाँ छोटी तथा ऊपर नीचे नुकीली होती हैं। यह हिमालय के अंचल में आप से आप उगता है। यह पौधा फूलों के लिये बगीचों में लगाया जाता है। इसके फूल सफेद चमेली से मिलते जुलते पर बहुत छोटे होते हैं। सुगंध इसकी चमेली ही की तरह हलकी मीठी और मनभावनी होती है। ये फूल बरसात में लगते हैं। जूही को कहीं कहीं पहाड़ी चमेली भी कहते हैं। पर जूही का पौधा देखने में चमेली से नहीं मिलता, कुंद से मिलता है। चमेली की पत्तियाँ सीकों के दोनों ओर पंक्तियों में लगती हैं पर इसकी नहीं। जूही के फूल का अतर बनता है। (२) एक प्रकार की आतशबाजी जिसके छूटने पर छोटे छोटे फूल से झड़ते दिखाई पड़ते हैं।

संज्ञा स्त्री० [सं० यूक] एक प्रकार का कीड़ा जो सेम, मटर आदि की फलियों में लगता है। जूई।

जृंभ—संज्ञा पु० [स०] [स्त्री० जृंभा। वि० जृंभक] (१) जँभाई। जमुहाई। (२) आलस्य।

जृंभक—वि० [स०] जँभाई लेनेवाला।

संज्ञा पु० (१) रुद्र गणों में एक। (२) एक अस्त्र जिसके चलाने से शत्रु निद्राग्रस्त होकर लड़ना छोड़ जभाई लेने लगते, सो जाते या शिथिल पड़ जाते थे।

विशेष—जब राम ने ताड़का आदि को मारा था तब विश्वामित्र ने प्रसन्न होकर मंत्र सहित यह अस्त्र उन्हें दिया था। विश्वामित्र को यह अस्त्र घोर तपस्या के उपरांत अग्नि से प्राप्त हुआ था।

जृंभण—संज्ञा पुं० [सं०] जँभाई लेना।

जृंभमान—वि० [स०] (१) जँभाई लेता हुआ या जँभाई लेनेवाला। (२) प्रकाशमान।

जृंभा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) जँभाई। (२) आलस्य वा प्रमाद से उत्पन्न जड़ता। (३) एक शक्ति का नाम।

जृंभिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) आलस्य। (२) जृंभा। जँभाई। (३) एक रोग जिससे मनुष्य शिथिल पड़ जाता है और बार बार जँभाई लिया करता है। यह रोग निद्रा के अवरोध करने से उत्पन्न होता है।

जृंभिनी—संज्ञा स्त्री० [स०] एलापर्णी लता।

जृंभित—वि० [सं०] (१) चेष्टित। (२) प्रवृद्ध। (३) स्फुटित।

संज्ञा पुं० [सं०] रंभा। (२) स्फोटन। (३) स्त्रियों की ईहा वा इच्छा।

जेंगरा†—संज्ञा पुं० [देश०] उर्द, मूँग, मोथी, ज्वार, बाजरे आदि के डंठल जो दाना निकाल लेने के बाद शेष रह जाते हैं। जँगरा।

जेंताक—संज्ञा पुं० [सं०] रोगी के शरीर में पसीना लाकर दूषित अंश और विकार आदि निकालने की एक क्रिया। भफारा।

जेंवना—क्रि० स० [स० जेमन] भोजन करना। खाना। भक्षण करना।

†संज्ञा पुं० भोजन। खाने का पदार्थ। वह जो कुछ खाया जाय।

जेंवनार—संज्ञा स्त्री० दे० "जेवनार"।

जेंवाना†—क्रि० स० [हिं० जेवना] भोजन कराना। खिलाना। जिमाना।

जे*†—सर्व० [सं० ये] 'जो' का बहुवचन। दे० 'जो'।

जेइ*†—सर्व० दे० 'जो'।

जेउ, जेऊ*†—सर्व० दे० 'जो'।

जेट—संज्ञा स्त्री० [सं० यूथ] (१) समूह। यूथ। ढेर। (२) रोटियों की तही। (३) मिट्टी के बर्तनों का वह समूह जिसमें वे एक दूसरे के ऊपर रखे हों। (४) गोद। कोरा।

जेटी—संज्ञा स्त्री० [अ०] नदी या समुद्र के किनारे पर बना हुआ वह बड़ा चबूतरा जिस पर से जहाजों का माल चढ़ाया और उतारा जाता है।

जेठ—संज्ञा पुं० [स० ज्येष्ठ] (१) एक चांद्र मास जो बैसाख और असाढ़ के बीच में पड़ता है। जिस दिन इस मास की पूर्णिमा होती है, उस दिन चद्रमा ज्येष्ठा नक्षत्र में रहता है, इसी से इसे ज्येष्ठ या जेठ कहते हैं। यह ग्रीष्म ऋतु का पहला और संवत् का तीसरा मास है। सौर मास के हिसाब से जेठ वृष संक्रांति से आरंभ होकर मिथुन संक्रांति तक रहता है। ज्येष्ठ। (२) [स्त्री० जेठानी] पति का बड़ा भाई। भसुर।

वि० अग्रज। बड़ा। उ०—जेठ स्वामि सेवक लघु गाई। यह दिनकर कुल रीति सुहाई।—तुलसी।

जेठरा‡—वि० दे० "जेठ" (वि०)।

जेठरैयत‡—संज्ञा पुं० [हिं० जेठ + अ० रैयत] गाँव का मुखिया, जिसकी सम्मति के अनुसार गाँव के सब लोग कार्य करते हों।

जेठवा—संज्ञा पु० [हिं० जेठ] एक प्रकार की कपास जो जेठ में तैयार होती है। इसे झुलवा भी कहते हैं।

विशेष—दे० 'झुलवा'।

जेठा—वि० [सं० ज्येष्ठ] [स्त्री० जेठी] (१) अग्रज। बड़ा। (२) सब से उत्तम। सब से अच्छा।

मुहा०—जेठा रंग = वह रंग जो कई बार की रँगाई में सब से अंतिम बार रँगा जाय।

जेठाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० जेठा] जेठे होने का भाव या दशा। बड़ाई। जेठापन।

जेठानी—संज्ञा स्त्री० [हिं० जेठ] जेठ की स्त्री। पति के बड़े भाई की स्त्री।

जेठी—वि० [हिं० जेठ + ई (प्रत्य०)] जेठ संबंधी। जेठ का। जैसे, जेठी धान, जेठी कपास।

संज्ञा स्त्री० एक प्रकार की कपास जो जेठ में पकती और फूटती है। इसे बरार में टिकड़ी या जूडी और काठियावाड़ में गँगरी कहते हैं।

संज्ञा पुं० बोरो नाम का धान जो चैत में नदियों के किनारे बोया और जेठ में काटा जाता है।

जेठीमधु—संज्ञा स्त्री० [सं० यष्टिमधु] मुलेठी।

जेठुआ†—वि० दे० "जेठी"।

जेठौत, जेठौता—संज्ञा पुं० [सं० ज्येष्ठ + पुत्र] [स्त्री० जेठौती] जेठ का लड़का। पति के बड़े भाई का पुत्र। जेठानी का पुत्र।

जेतवारु†—संज्ञा पुं० दे० "जैतवार"।

जेतव्य—वि० [सं०] जो जीता जा सके। जेय।

जेता—संज्ञा पुं० [सं० जेतृ] (१) जीतनेवाला। विजय करनेवाला। विजयी। (२) विष्णु।

जेतार†—संज्ञा पुं० दे० "जेता"।

जेतिक*†—क्रि० वि० [हिं० जितना] जितना। जिस कदर। जिस मात्रा में।

जेते†—वि० [सं० यः, यस्] जितने। जिस कदर।

जेतो*†—क्रि० वि० [स० यः, यस्] जितना। जिस कदर।

जेना—क्रि० स० दे० 'जीमना'।

जेन्यावसु—संज्ञा पुं० [सं०] (१) इंद्र। (२) अग्नि।

जेप्लिन—संज्ञा पुं० [जर्म्मन०] एक विशेष प्रकार का बहुत बड़ा हवाई जहाज जिस का आविष्कार जर्म्मनी के काउँट जेप्लिन नामक एक साहब ने किया था। इसका ऊपरी भाग सिगार के आकार का लंबोतरा होता है जिसके खानों में गैस से भरी हुई बहुत बड़ी बड़ी थैलियाँ होती हैं। बड़े लंबोतरे चौखटे में नीचे की ओर एक या दो संदूक लटकते हुए लगे रहते हैं जिनमें आदमी बैठते हैं और तोपें रखी जाती हैं। सब प्रकार के आकाशयानों से इसका आकार बहुत बड़ा होता है।

जेब—संज्ञा पु० [फ़ा०] पहनने के कपड़ों (कोट, कुरते, कमीज, अंगे आदि) में बगल में या सामने की ओर लगी हुई वह छोटी

थैली या चकती जिसमें रूमाल, कागज आदि चीज़ें रखते हैं। खीसा। खरीता। पाकेट।

क्रि० प्र०—कतरना।—काटना।

यौ०—जेबकट। जेबखर्च। जेबघड़ी।

संज्ञा स्त्री० [फ़ा० ज़ेब] शोभा। सौंदर्य्य। फबन

मुहा०—ज़ेब देना = शोभित होना।

यौ०—ज़ेबदार = तर्जदार। अच्छा। सुंदर।

जेबकट—संज्ञा पुं० [फ़ा० जेब + हिं० काटना] वह मनुष्य जो चोरी से दूसरों के जेब से रुपया पैसा लेने के लिये जेब काटता हो। जेबकतरा। गिरहकट।

जेबकतरा—संज्ञा पुं० दे० "जेबकट"।

जेबखर्च—संज्ञा पुं० [फ़ा०] वह धन जो किसी को निज के खर्च के लिये मिलता हो और जिसका हिसाब लेने का किसी को अधिकार न हो। भोजन वस्त्र आदि के व्यय से भिन्न, निज का और ऊपरी खर्च।

जेबघड़ी—संज्ञा स्त्री० [फा० जेब + घड़ी] वह छोटी घड़ी जो जेब में रखी जाती है। जेबी घड़ी। वाच।

जेबदार—वि० [फा०] सुंदर। शोभायुक्त।

ज़बरा—संज्ञा पुं० [अ०] जबरा नाम का जंगली जानवर। दे० "जबरा"।

जेबी—वि० [फा०] (१) जेब में रखने योग्य। जो जेब में रखा जा सके। जैसे, जेबी घड़ी। (२) बहुत छोटा।

जेमन—संज्ञा पुं० [सं०] भोजन करना। जीमना।

जेय—वि० [सं०] जीतने योग्य। जो जीता जा सके।

जेर—संज्ञा स्त्री० [देश०] आँवल। वह झिल्ली जिसमें गर्भगत बालक रहता और पुष्ट होता है।

वि० [फ़ा० ज़ेर] [संज्ञा जेरबारी] (१) परास्त। पराजित। (२) जो बहुत दिक किया जाय। जो बहुत तंग किया जाय।

संज्ञा पुं० [देश०] एक पेड़ जो सुंदरबन में अधिकता से होता है। इसके हीर की लकड़ी लाली लिए सफेद होती है और मजबूत होने के कारण इसकी लकड़ी से मेज, कुरसी, अलमारी इत्यादि बनती हैं।

जेरपाई—संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) स्त्रियों के पहनने की जूती। स्लीपर। (२) साधारण जूता।

जेरबंद—संज्ञा पुं० [फ़ा०] घोड़े की मोहरी में लगा हुआ वह कपड़ा या चमड़े का तस्मा जो तंग में फँसाया जाता है।

जेरबार—वि० [फ़ा०] (१) जो किसी विशेष आपत्ति के कारण बहुत तंग और दुखी हो। आपत्ति या दुःख के बोझ से बहुत दबा हुआ। (२) क्षति-ग्रस्त। जिसकी बहुत हानि हुई हो।

जेरबारी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) आपत्ति या क्षति के कारण बहुत दुखी होने की क्रिया। तंगी। (२) हैरानी। परेशानी।

क्रि० प्र०—उठाना।—सहना।

जेरिया—संज्ञा स्त्री० दे० "जेरी (२) और (३)"

जेरी—संज्ञा स्त्री० [?] (१) दे० "जेर"। (२) वह लाठी जो चरवाहे कँटीली झाड़ियाँ इत्यादि हटाने वा दबाने के लिये सदा अपने पास रखते हैं। उ०—उतहि सखा कर जेरी लीन्हे गारी देहिं सकुच तोरी की। इतहि सखी कर बाँस लिये बिच मारु मची झोरा झोरी की।—सूर। (३) खेती का एक औजार जो फरुई के आकार का काठ का होता है। इसका व्यवहार अन्न दाँवने के समय पुआल हटाने में होता है। सिंचाई के लिये दौरी चलाने में भी वह काम में आता है।

जेल—संज्ञा पुं० [अ०] वह स्थान जहाँ राज्य द्वारा दंडित अपराधी आदि कुछ निश्चित समय के लिये रखे जाते हैं। कारागार। बंदीगृह

मुहा०—जेल काटना या भोगना = जेल में रह कर दंड भोगना।

संज्ञा पुं० [फ़ा० ज़ेर] जंजाल। हैरानी या परेशानी का काम। उ०—खेलत खेल सहेलिन में पर खेल नवेली को जेल सो लागै।—मतिराम।

जेलखाना—संज्ञा पुं० [फा०] कारागार।

विशेष—दे० "जेल"।

जेलर—संज्ञा पुं० [अ०] जेलखाने का अध्यक्ष। जेल का अफसर।

जेलाटीन—संज्ञा स्त्री० [अ०] जानवरों विशेषतः कई प्रकार की मछलियों के मांस हड्डी खाल आदि को उबाल कर तैयार की हुई एक प्रकार की बहुत साफ और बढ़िया सरेस जिसका व्यवहार फोटोग्राफी और चिट्ठियों आदि की नकल करने के लिये पैड बनाने में होता है। यह पशुओं को खिलाई भी जाती है, पर इसमें पोषक द्रव्य बहुत ही थोड़े होते हैं। खूब साफ की हुई जेलाटीन से औषधों की गोलियाँ भी बनाई जाती हैं।

जेली—संज्ञा स्त्री० [हिं० जेरी] घास वा भूसा इकट्ठा करने का औजार। पाँचा।

जेवड़ी—संज्ञा स्त्री० दे० "जेवरी"।

जेवना—क्रि० स० दे० "जीमना"।

जेवनार—संज्ञा स्त्री० [हिं० जेवना] (१) बहुत से मनुष्यों का एक साथ बैठ कर भोजन करना। भोज। (२) रसोई। भोजन।

ज़ेवर—संज्ञा पुं० [फ़ा०] धातु या रत्नों आदि की बनी हुई वह वस्तु जो शोभा के लिये अंगों में पहनी जाती है। गहना। आभूषण। अलंकार। आभरण।

जेवर–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का महोखपक्षी जिसे जघी वा सिंघमोनाल भी कहते हैं। यह शिमले में बहुत पाया जाता है।

संज्ञा स्त्री० दे० "जेवरी"।

जेवरा–संज्ञा पुं० दे० "ज्योरा"।

जेवरी†–संज्ञा स्त्री० [स० जीवा] रस्सी।

जेठ–संज्ञा पुं० [सं० ज्येष्ठ] (१) जेठ मास। (२) जेठ। पति का बड़ा भाई।

वि० [स० ज्येष्ठ] अग्रज। जेठा। बड़ा।

जेठा–संज्ञा स्त्री० [स० ज्येष्ठा] दे० "ज्येष्ठा"।

जेह–संज्ञा स्त्री० [फ़ा० ज़िह = चिल्ला। मि० सं० ज्या] (१) कमान की डोरी में वह स्थान जो आँख के पास लगाया जाता है और जिसकी सीध में निशान रहता है। चिल्ला। उ०—तिय कत कमनैती पढ़ी, बिन जेह भौंह कमान। चित चल बेधे चुकति नहि, बंक बिलोकनि बान।—बिहारी। (२) दीवार में नीचे की ओर दो तीन हाथ की उँचाई तक पलस्तर या मिट्टी आदि का वह लेप जो दीवार के शेष भाग के पलस्तर या लेप से कुछ अधिक मोटा और उसके तल से अधिक उभड़ा हुआ होता है। उ०— गदा, पदम औ चक्र संख असि, पंचतत्त्व सूचक समुझनि अरु, इन पांचन की गति हरि के बस यही जगत की जेह। भस्म गंग लोचन अहि डमरू पंच-तत्त्व अरु भैरू, हर के बस पाँचइ यह पँवरू जिनसे पिंड डरेह।—देवस्वामी।

क्रि० प्र०—उतारना।—निकालना।

जेहड़–संज्ञा स्त्री० [हिं० जेट + घट] एक पर एक रखे हुए पानी से भरे हुए बहुत से घड़े।

ज़ेहन–संज्ञा पुं० [अ०] [वि० ज़हीन] बुद्धि। धारणाशक्ति।

जेहर†–संज्ञा स्त्री० [?] पैर में पहनने का घुँघरू-दार पाजेब नाम का जेवर। उ०—(क) पग जेहरि बिछियन की झमकनि चलत परस्पर बाजत।—सूर। (ख) पग जेहरि जंजीरनि जकरयो यह उपमा कछु पावै।—सूर। (ग) अमिल सुमिल सीढ़ी मदन सदन की कि जगमगैं पग युग जेहरि जराय की।—केशव।

जेहरि*†–संज्ञा स्त्री० दे० "जेहर"।

जेहल†–संज्ञा स्त्री० [फ़ा० जहल] [वि० जेहली] हठ। जिद।

संज्ञा पु० दे० "जेल"।

जेहलखाना‡–संज्ञा पुं० दे० "जेलखाना" वा "जेल"।

जेहली†–वि० [फ़ा० जेहल] जो समझाने से भी किसी बात की भलाई बुराई न समझे और अपनी हठ न छोड़े। हठी। जिही।

जेहि*–सर्व० [सं० यस्] जिसको। उ०—जेहि सुमिरत सिधि होय, गणनायक करिवर वदन।—तुलसी।

जेंता†–संज्ञा पुं० [सं० जयंती] जैत का पेड़।

जै–संज्ञा स्त्री० दे० "जय"।

†वि० [स० यावत, प्रा० जाव] जितने। जिस संख्या में।

जैकरी–संज्ञा पुं० दे० "जयकरी"।

जैकार–संज्ञा स्त्री० दे० "जयकार"।

जैगीषव्य–संज्ञा पुं० [सं०] योग शास्त्र के वेत्ता एक मुनि का नाम।

विशेष—महाभारत में इनकी कथा विस्तार से लिखी है। असित देवल नामक एक ऋषि आदित्य तीर्थ में निवास करते थे। एक दिन उनके यहाँ जैगीषव्य नामक एक ऋषि आए और उन्हीं के आश्रम में निवास करने लगे। थोड़े ही दिनों में जैगीषव्य योग साधन द्वारा परम सिद्ध हो गए और असित देवल सिद्धि लाभ न कर सके। एक दिन जैगीषव्य कहीं से घूमते फिरते भिक्षुक के रूप में देवल के पास आकर बैठे। देवल यथाविधि उनकी पूजा करने लगे। जब बहुत दिन पूजा करते हो गए और जैगीषव्य अटल भाव से बैठे रहे कुछ बोले चाले नहीं तब देवल ऊब कर आकाश पथ से स्नान करने चले गए। समुद्र के किनारे उन्होंने जाकर देखा तो जैगीषव्य को स्नान करते पाया। आश्चर्य से चकित होकर देवल जल्दी से आश्रम को लौट गए। वहाँ पर उन्होंने जैगीषव्य को उसी प्रकार अटल भाव से बैठे पाया। इस पर देवल आकाश मार्ग में जाकर उनकी गति का निरीक्षण करने लगे। उन्होंने देखा कि आकाशचारी अनेक सिद्ध जैगीषव्य की पूजा कर रहे हैं, फिर देखा कि वे नाना लोकों में स्वेच्छापूर्वक भ्रमण कर रहे हैं। ब्रह्मलोक, गोलोक, पतिव्रतलोक इत्यादि तक तो देवल पीछे पीछे गए पर इसके आगे वे न देख सके कि जैगीषव्य कहाँ गए। सिद्धों से पूछने पर मालूम हुआ कि वे सारस्वत ब्रह्मलोक में गए हैं जहाँ कोई नहीं जा सकता। इस पर देवल घर लौट आए। वहाँ जैगीषव्य को ज्यों का त्यों बैठे देख उनके आश्चर्य का ठिकाना न रहा। इसके उपरांत देवल जैगीषव्य के शिष्य हुए और उनसे योग शास्त्र की शिक्षा ग्रहण करके सिद्ध हुए।

जैजैकार–संज्ञा स्त्री० दे० "जयजयकार"।

जैजैवंती–संज्ञा स्त्री० [सं० जयजयवंती] भैरव राग की एक रागिनी जो सबेरे गाई जाती है।

जैढक–संज्ञा पुं० [सं० जय + ढक्का] एक प्रकार का बड़ा ढोल। विजय ढोल। जंगी ढोल।

जैत†*–संज्ञा स्त्री० [सं० जयति] विजय। जीत। फतह।

संज्ञा पुं० [अ०] (१) जैतून वृक्ष । (२) जैतून की लकड़ी ।
संज्ञा पुं० [सं० जयंती] अगस्त की तरह का एक पेड़ जिसमें पीले फूल और लंबी लंबी फलियाँ लगती हैं । इन फलियों की तरकारी होती है । पत्तियाँ और बीज दवा के काम में आते हैं ।

जैतपत्र*—संज्ञा पुं० [सं० जयति + पत्र] जयपत्र । जीत की सनद ।

जैतवार*†—संज्ञा पुं० [हिं० जैत + वार] जीतनेवाला । विजयी । विजेता ।

जैतश्री—संज्ञा स्त्री० [सं० जयतिश्री] एक रागिनी ।

जैती—संज्ञा स्त्री० [सं० जयतिका] एक प्रकार की घास जो रबी की फसल में खेतों में आप से आप उगती है ।

जैतून—संज्ञा पुं० [अ०] एक सदा बहार पेड़ जो अरब शाम आदि से लेकर युरोप के दक्षिणी भागों तक सर्वत्र होता है । इसकी उँचाई अधिक से अधिक ४० फुट तक होती है । इसका आकार ऊपर गोलाई लिए होता है । पत्तियाँ इसकी नरकट की पत्तियों से मिलती जुलती पर उनसे छोटी होती हैं । ये ऊपर की ओर हरी और नीचे की ओर कुछ सफेदी लिए होती हैं । फूल छोटे छोटे होते हैं और गुच्छों में लगते हैं । फल कचरी के से होते हैं । पश्चिम की प्राचीन जातियाँ इसे पवित्र मानती थीं । रोमन और यूनानी विजेता इसकी पत्तियों की माला सिर में धारण करते थे । अरबवाले भी इसे पवित्र मानते थे जिससे मुसलमान लोग अब तक इसकी लकड़ी की तसबीह (माला) बनाते हैं । इस पेड़ के फल और बीज दोनों काम में आते हैं । फल पकने पर नीलापन लिए काले होते हैं । कच्चे फलों का मुरब्बा और अचार पड़ता है । बीजों से तेल निकलता है । लकड़ी भी सजावट के समान बनाने के काम में आती है । इसकी लकड़ी धूप से चिटकती नहीं ।

जैत्र—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० जैत्री] (१) विजेता । विजयी ।
यौ०—जैत्ररथ ।
(२) पारा । (३) औषध ।

जैत्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] जयंती वृक्ष । जैत का पेड़ ।

जैन—संज्ञा पुं० [स०] (१) जिन का प्रवर्त्तित धर्म्म । भारत का एक धर्म्म संप्रदाय जिसमें अहिंसा परम धर्म्म माना जाता है और कोई ईश्वर या सृष्टिकर्त्ता नहीं माना जाता ।

विशेष—जैन धर्म कितना प्राचीन है ठीक ठीक नहीं कहा जा सकता । जैन ग्रंथों के अनुसार अंतिम तीर्थंकर महावीर वा वर्द्धमान ने ईसा से ५२७ वर्ष पूर्व निर्वाण प्राप्त किया था । इसी समय से पीछे कुछ लोग विशेष कर युरोपियन विद्वान् जैन धर्म्म का प्रचलित होना मानते हैं । उनके अनुसार यह धर्म्म बौद्ध के पीछे उसी के कुछ तत्वों को लेकर और उनमें कुछ ब्राह्मण धर्म की शैली मिलाकर खड़ा किया गया । जिस प्रकार बौद्धों में २४ बुद्ध हैं उसी प्रकार जैनों में भी २४ तीर्थंकर हैं । हिंदू धर्म्म के अनुसार जैनों में भी अपने ग्रंथों को आगम और पुराण आदि में विभक्त किया है । पर प्रो० जेकोबी आदि के आधुनिक अन्वेषणों के अनुसार यह स्थिर किया गया है कि जैन धर्म्म, बौद्ध धर्म्म से पहले का है । उदय गिरि, जूनागढ़ आदि के शिलालेखों से भी जैन मत की प्राचीनता पाई जाती है । ऐसा जान पड़ता है कि यज्ञों की हिंसा आदि देख जो विरोध का सूत्रपात बहुत पहले से होता आ रहा था उसी ने आगे चलकर जैन धर्म्म का रूप प्राप्त किया । भारतीय ज्योतिष में यूनानियों की शैली का प्रचार विक्रमीय संवत से तीन सौ वर्ष पीछे हुआ । पर जैनों के मूल ग्रंथ अंगों में यवन ज्योतिष का कुछ भी आभास नहीं है । जिस प्रकार ब्राह्मणों की वेद संहिता में पंचवर्षात्मक युग है और कृत्तिका से नक्षत्रों की गणना है उसी प्रकार जैनों के अंग ग्रंथों में भी है । इससे उनकी प्राचीनता सिद्ध होती है ।

जैन लोग सृष्टिकर्त्ता ईश्वर को नहीं मानते, जिन वा अर्हन् ही को ईश्वर मानते हैं, उन्हीं की प्रार्थना करते हैं और उन्हीं के निमित्त मंदिर आदि बनवाते हैं । जिन २४ हुए हैं जिनके नाम ये हैं—ऋषभदेव, अजितनाथ, संभवनाथ, अभिनंदन, सुमतिनाथ, पद्मप्रभ, सुपार्श्व, चंद्रप्रभ, सुविधिनाथ, शीतलनाथ, श्रेयांसनाथ, वासुपूज्य स्वामी, विमलनाथ, अनंतनाथ, धर्मनाथ, शांतिनाथ, कुंथुनाथ, अरनाथ, मल्लिनाथ, मुनिसुव्रत स्वामी, नमिनाथ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ, महावीर स्वामी । इनमें से केवल महावीर स्वामी ऐतिहासिक पुरुष हैं जिनका ईसा से ५२७ वर्ष पहले होना ग्रंथों से पाया जाता है । शेष के विषय में अनेक प्रकार की अलौकिक और प्रकृतिविरुद्ध कथाएँ हैं । ऋषभ देव की कथा भागवत आदि पुराणों में भी आई है और उनकी गणना हिंदुओं के २४ अवतारों में है । जिस प्रकार हिंदुओं में काल मन्वंतर कल्प आदि में विभक्त है उसी प्रकार जैन लोगों में काल दो प्रकार का है—उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी । प्रत्येक उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी में चौबीस चौबीस जिन वा तीर्थंकर होते हैं । ऊपर जो २४ तीर्थंकर गिनाए गए हैं वे वर्त्तमान अवसर्पिणी के हैं । जो एक बार तीर्थंकर हो जाते हैं वे फिर दूसरी उत्सर्पिणी वा अवसर्पिणी में जन्म नहीं लेते । प्रत्येक उत्सर्पिणी या अवसर्पिणी में नए नए जीव तीर्थंकर हुआ करते हैं । इन्हीं तीर्थंकरों के उपदेशों को लेकर गणधर लोग द्वादश अंगों की रचना करते हैं । ये ही द्वादशांग जैन धर्म्म के मूल ग्रंथ माने जाते हैं । इनके नाम ये हैं—आचारांग, सूत्रकृतांग, स्थानांग, समवायांग, भगवती,

सूत्र, ज्ञाताधर्म कथा, उपासक दशांग, अंतकृत् दशांग, अनुत्तरोपपातिक दशांग, प्रश्नव्याकरण, विपाकश्रुत, दृष्टिवाद। इनमें से ग्यारह अंग तो मिलते हैं पर बारहवाँ दृष्टिवाद नहीं मिलता। ये सब अंग अर्द्धमागधी प्राकृत में हैं और अधिक से अधिक बीस बाईस सौ वर्ष पुराने हैं। इन आगमों वा अंगों को श्वेतांबर जैन मानते हैं पर दिगंबर पूरा पूरा नहीं मानते। उनके ग्रंथ संस्कृत में अलग हैं जिनमें इन तीर्थंकरों की कथाएँ हैं और जो २४ पुराण के नाम से प्रसिद्ध हैं। यथार्थ में जैन धर्म के तत्त्वों को संग्रह करके प्रकट करनेवाले महावीर स्वामी ही हुए हैं। उनके प्रधान शिष्य इंद्रभूति वा गौतम थे जिन्हें कुछ युरोपियन विद्वानों ने भ्रम वश शाक्य मुनि गौतम बुद्ध समझा था। जैन धर्म में दो संप्रदाय हैं—श्वेतांबर और दिगंबर। श्वेतांबर ग्यारह अंगों को मुख्य धर्म्म मानते हैं और दिगंबर अपने २४ पुराणों को। इसके अतिरिक्त श्वेतांबर लोग तीर्थंकरों की मूर्त्तियों को कच्छु वा लँगोट पहनाते हैं और दिगंबर लोग नंगी रखते हैं। इन बातों के अतिरिक्त तत्त्व या सिद्धांतों में कोई भेद नहीं है। अर्हन् देव ने संसार को द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा से अनादि बताया है। जगत् का न तो कोई कर्त्ता हर्त्ता है और न जीवों को कोई सुख दुःख देनेवाला है। अपने अपने कर्मों के अनुसार जीव सुख दुःख पाते हैं। जीव या आत्मा का मूल स्वभाव शुद्ध, बुद्ध, सच्चिदानंदमय है, केवल पुद्गल वा कर्म के आवरण से उसका मूल स्वरूप आच्छादित हो जाता है। जिस समय यह पौद्गलिक भार हट जाता है उस समय आत्मा परमात्मा की उच्च दशा को प्राप्त होता है। जैन मत स्याद्वाद के नाम से भी प्रसिद्ध है। स्याद्वाद का अर्थ है अनेकांतवाद अर्थात् एक ही पदार्थ में नित्यत्व और अनित्यत्व, सादृश्य और विरूपत्व, सत्त्व और असत्व, अभिलाप्यत्व और अनभिलाप्यत्व आदि परस्पर भिन्न धर्म्मों का सापेक्ष स्वीकार। इस मत के अनुसार आकाश से लेकर दीपक पर्यंत समस्त पदार्थ नित्यत्व और अनित्यत्व आदि उभय धर्म युक्त हैं।

(२) जैन धर्म्म का अनुयायी। जैनी।

जैनी—संज्ञा पुं० [हिं० जैन] जैन मतावलंबी।

जैनु†*—संज्ञा पु० [हिं० जेवना] भोजन। आहार। उ०—इहाँ रहौ जँह जूठनि पावै ब्रजवासी के जैनु।—सूर।

जैपत्र*—संज्ञा पु० दे० "जयपत्र"।

जैबो†—क्रि० अ० दे० "जाना"।

जैमंगल—संज्ञा पुं० [सं० जयमंगल] (१) एक वृक्ष जिसकी लकड़ी मजबूत होती है। इसकी लकड़ी से मेज कुरसी इत्यादि सजावट की चीजें बनाई जाती हैं। (२) खास राजा की सवारी का हाथी।

जैमाल, जैमाला*—संज्ञा स्त्री० दे० "जयमाल"।

जैमिनि—संज्ञा पुं० [सं०] पूर्व मीमांसा के प्रवर्त्तक एक ऋषि जो व्यासजी के ४ मुख्य शिष्यों में से एक थे। कहते हैं कि इनकी रची एक भारतसंहिता भी थी जिसका कि अब केवल अश्वमेध पर्व मिलता है। यह अश्वमेध पर्व व्यास के अश्वमेध पर्व से बड़ा है पर कई नई बातों के समावेश के कारण इसकी प्रामाणिकता में संदेह है।

जैयट—संज्ञा पुं० महाभाष्य के तिलककार कैयट के पिता।

जैयद—वि० [अ० जद्द = दादा] (१) बड़ा भारी। घोर। बहुत बड़ा। जैसे, जैयद बेवकूफ़। (२) बहुत धनी। भारी माल-दार। जैसे, जैयद असामी।

जैल—संज्ञा पुं० [अ०] (१) दामन। (२) नीचे का स्थान। निम्न भाग। (३) पंक्ति। सफ़। समूह। (४) इलाका। हलक़ा।

यौ०—जैलदार।

जैलदार—संज्ञा पुं० [अ० ज़ैल + फ़ा० दार] वह सरकारी ओहदे-दार जिसके अधिकार में कई गावों का प्रबंध हो।

जैव—वि० [सं०] (१) जीव संबंधी। (२) बृहस्पति संबंधी।

संज्ञा पुं० (१) बृहस्पति के क्षेत्र में धनु राशि और मीन राशि। (२) पुष्य नक्षत्र।

जैवातृक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) कपूर। (२) चंद्रमा। (३) औषध।

वि० दीर्घायु।

जैसवार—संज्ञा पुं० [हिं० जायस + वाला] कुरमियों और कलवारों का एक भेद।

जैसा—वि० [सं० यादृश, प्रा० जारिस, पैशाची० जइस्सो][स्त्री० जैसी] (१) जिस प्रकार का। जिस रूप रंग आकृति वा गुण का। जैसे, (क) जैसा देवता वैसी पूजा। (ख) जैसा राजा वैसी प्रजा। (ग) जैसा कपड़ा है वैसी ही सिलाई भी होनी चाहिए।

मुहा०—जैसे का तैसा = ज्यों का त्यों। जिसमें किसी प्रकार की घटती बढ़ती या फेर फार आदि न हुआ हो। जैसा पहले था वैसा ही। उ०—(क) दरजी के यहाँ अभी कपड़ा जैसे का तैसा रक्खा है हाथ भी नहीं लगा है। (ख) खाना जैसे का तैसा पड़ा है किसी ने नहीं खाया। (ग) वह साठ वर्ष का हुआ पर जैसे का तैसा बना हुआ है। जैसे को तैसा = (१) जो जैसा हो उसके साथ वैसा ही व्यवहार करनेवाला। जो जैसा व्यवहार करे उसके साथ वैसा ही व्यवहार करनेवाला। (२) जो जैसा हो उसी की प्रकृति का। एक ही स्वभाव और प्रकृति का। उ०—जैसे को तैसा मिलै, मिलै नीच को नीच। पानी में पानी मिलै, मिलै कीच में कीच। जैसा चाहिए = उपयुक्त। ठीक। जैसा उचित हो।

(२) जितना। जिस परिणाम वा मात्रा का। जिस कदर।

(इस अर्थ में केवल विशेषण के साथ प्रयुक्त होता है।)
उ०—जैसा अच्छा यह कपड़ा है वैसा वह नहीं है।

विशेष—संबंध पूरा करने के लिये जो दूसरा वाक्य आता है वह 'वैसा' शब्द के साथ आता है।

†(३) समान। सदृश। तुल्य। बराबर। उ०—उस जैसा आदमी ढूँढ़े न मिलेगा।

क्रि० वि० जितना। जिस परिमाण वा मात्रा में। जैसे, जैसा इस लड़के को याद है वैसा उस लड़के को नहीं।

जैसी—वि० "जैसा" का स्त्री०।

जैसे—क्रि० वि० [हिं० जैसा] जिस प्रकार से। जिस ढंग से। जिस तरीके पर।

मुहा०—जैसे जैसे = जिस क्रम से। ज्यों ज्यों। उ०—जैसे जैसे रोग कम होता जायगा वैसे ही वैसे शरीर में शक्ति भी आती जायगी। जैसे तैसे = किसी प्रकार। बहुत यत्न करके। बड़ी कठिनता से। उ०—खैर जैसे तैसे उनको यहाँ ले आना। जैसे बने, जैसे हो = जिस प्रकार संभव हो। जिस तरह हो सके। उ०—जैसे बने वैसे कल शाम तक चले आओ।

जैसो †—वि० दे० "जैसा"।

क्रि० वि० दे० "जैसा"।

जों †*—क्रि० वि० [हिं० ज्यों] ज्यों। जैसे। जिस प्रकार से। जिस तरह से। जिस भाँति।

विशेष—दे० "ज्यों"।

जोंक—संज्ञा स्त्री० [सं० जलौका] (१) पानी में रहनेवाला एक प्रसिद्ध कीड़ा जो बिलकुल थैली के आकार का होता है और जो जीवों के शरीर में चिपक कर उनका रक्त चूसता है। इसकी छोटी बड़ी अनेक जातियाँ हैं जिनमें से अधिकांश तालाबों और छोटी नदियों आदि में, कुछ तर घासों में और बहुत थोड़ी जातियाँ समुद्र में होती हैं। साधारण जोंक डेढ़ दो इंच लंबी होती है; पर किसी किसी जाति की समुद्री जोंक ढाई फुट तक लंबी होती है। साधारणतः जोंक का शरीर कुछ चिपटा और कालापन मिले हरे रंग का या भूरा होता है जिन पर या तो धारियाँ या बुंदकियाँ होती हैं। आँखें इसे बहुत सी होती हैं। इसके शरीर के दोनों सिरों पर पकड़ने की शक्ति होती है, पर काटने और लहू चूसने की शक्ति केवल आगे, मुँह की ओर ही होती है। आकार के विचार से साधारण जोंकें तीन प्रकार की मानी जाती हैं—कागजी, मझोली और भैंसिया। सुश्रुत ने बारह प्रकार की जोंकें गिनाई हैं—कृष्णा, अलगर्दा, इंद्रायुधा, गोचंदना, कर्बुरा और सामुद्रिक—ये छ प्रकार की जोंके जहरीली और कपिला, पिंगला, शंकुमुखी, मूषिका, पुंडरीकमुखी और सावरिका ये छ प्रकार की जोंके बिना जहर की बतलाई हैं। जोंक शरीर के किसी स्थान में चिपक कर खून चूसने लगती है और पेट में खून भर जाने के कारण खूब फूल उठती है। शरीर में किसी स्थान पर फोड़ा फुंसी या गिलटी आदि हो जाने पर वहाँ का दूषित रक्त निकाल देने के लिये लोग इसे चिपका देते हैं और जब वह खूब खून पी लेती है तब उसे उँगलियों से खूब कस कर दुह लेते हैं जिससे सारा खून उसकी गुदा के मार्ग से निकल जाता है। भारत में बहुत प्राचीन काल से इस कार्य के लिये इसका उपयोग होता आया है। कभी कभी पशुओं के जल पीने के समय जल के साथ जोंक भी उनके पेट में चली जाती है।

पर्य्या०—रक्तपा। जलूका। जलोरगी। तीक्ष्णा। बमनी। वेधनी। जलसर्पिणी। जलसूची। जलाटनी। जलाका। पटालुका। वेणीवेधनी। जलात्मिका।

क्रि० प्र०—लगाना।—लगवाना।

(२) वह मनुष्य जो अपना काम निकालने के लिये बेरतह पीछे पड़ जाय। वह जो बिना अपना काम निकाले पिंड न छोड़े। (३) सेवार का बनाया हुआ एक प्रकार का छनना जिससे चीनी साफ की जाती है।

जोंकी—संज्ञा स्त्री० [हिं० जोंक] (१) वह जलन जो पशुओं के पेट में पानी के साथ जोंक उतर जाने के कारण होती है। (२) लोहे का एक प्रकार का काँटा जो दो तख्तों को मजबूती के साथ जोड़ने के काम में आता है। (३) एक प्रकार का लाल रंग का कीड़ा जो पानी में होता है। (४) दे० "जोंक"।

जोंग, ज़ोंगक—संज्ञा पुं० [सं०] अगर। अगुरु।

जों जों—क्रि० वि० दे० "ज्यों ज्यों"।

जोंताला—संज्ञा स्त्री० [सं०] देवधान्य। पुनेरा।

जों तों—क्रि० वि० दे० "ज्यों त्यों"।

मुहा०—जों तों करके = बड़ी कठिनाई से। उ०—गरज जों तों करके दिन तो काटा।—लल्लू।

जोंदरा—संज्ञा पु० दे० "जोंधरी"।

जोंदरी—संज्ञा पु० दे० "जोंधरी"।

जोंधरा †—संज्ञा पु० [सं० जूर्ण] बड़े दानों की ज्वार।

जोंधरी †—संज्ञा स्त्री० [सं० जूर्ण] (१) छोटी ज्वार। छोटे दानों की ज्वार। (२) बाजरा। (क्वचित्)

जोंधैया—संज्ञा स्त्री० [सं० ज्योत्स्ना] चाँदनी। चंद्रिका।

जो—सर्व० [सं० यः] एक संबंधवाचक सर्वनाम जिसके द्वारा कही हुई संज्ञा या सर्वनाम के वर्णन में कुछ और वर्णन की योजना की जाती है। जैसे, (क) जो घोड़ा आपने भेजा था वह मर गया। (ख) जो लोग कल यहाँ आए थे वे गए।

विशेष—पुरानी हिंदी में इसके साथ 'सो' का व्यवहार होता था। अब भी लोग प्रायः इसके साथ 'सो' बोलते हैं पर अब

इसका व्यवहार कम होता जाता है। जैसे, जो बोवेगा सो काटेगा। आज कल बहुधा इसके साथ 'वह' या 'वे' का व्यवहार होता है।

अव्य० [स० यद्] यदि। अगर। (पुं० हिं०) उ०—(क) जो करनी समुझै प्रभु मोरी। नहि निस्तार कल्प शत कोरी। —तुलसी। (ख) जो बालक कछु अनुचित करहीं। गुरु पितु मातु मोद मन भरहीं।—तुलसी।

विशेष—इस अर्थ में इसके साथ 'तो' का व्यवहार होता है। जैसे, जो इसमें पानी देना हो तो अभी दे दो।

जोअना*†—क्रि० स० दे० "जोवना"।

जोइ*†—संज्ञा स्त्री० [सं० जाया] जोरू। पत्नी। भार्या। स्त्री। उ०—विरध अरु विभाग हू को पतित जो पति होइ। जऊ मूरख होइ रोगी तऊ नाहीं जोइ।—सूर।

†सर्व० दे० "जो"।

जोउ—सर्व० दे० "जो"।

जोक—संज्ञा स्त्री० दे० "जोंक"।

जोख†—संज्ञा स्त्री० [हिं०] जोखने का कार्य या भाव। तौल।

जोखता‡—संज्ञा स्त्री० [स० योषिता] स्त्री। लुगाई।

जोखना—क्रि स० [सं० जुष = जाँचना] तौलना। वजन करना।

जोखम—संज्ञा स्त्री० दे० "जोखिम"।

जोखा—संज्ञा पुं० [हिं० जोखना] लेखा। हिसाब।

विशेष—इस अर्थ में इसका व्यवहार बहुधा यौगिक में ही होता है। जैसे, लेखा जोखा।

‡ [स० योषा] स्त्री। लुगाई।

जोखाई †—संज्ञा स्त्री० [हिं० जोखना] (१) जोखने का काम। तौलाई। (२) जोखने या तौलने का भाव। (३) तौलने की मजदूरी।

जोखिम—संज्ञा स्त्री० [हिं० झाक, झाँको, जोखो] (१) भारी अनिष्ट या विपत्ति की आशंका अथवा संभावना। झाँकी। जैसे इस काम में बहुत जोखिम है।

मुहा०—जोखिम उठाना या सहना = ऐसा काम करना जिसमे भारी अनिष्ट की आशंका हो। जोखिम में पड़ना = जोखिम उठाना। जान जोखिम होना = प्राण जाने का भय होना। (२) वह पदार्थ जिसके कारण भारी विपत्ति आने की संभावना हो, सेजै, रुपया, पैसा, जेवर आदि। जैसे, तुम्हारी यह जोखिम हम नहीं रख सकते।

जोखुआ †—संज्ञा पु० [हिं जोखना + उआ (प्रत्य०)] तौलनेवाला। बया।

जोखुवा †—संज्ञा पुं० दे० "जोखुआ"।

जोखों—संज्ञा स्त्री० दे० "जोखिम"।

जोगंधर—संज्ञा पुं० [सं० योगंधर] एक युक्ति जिसके द्वारा शत्रु के चलाए हुए अस्त्र से अपना बचाव किया जाता है। यह युक्ति श्रीरामचंद्रजी को विश्वामित्र ने सिखलाई थी। उ०—पद्मनाभ अरु महानाभ दोउ द्वंदहु नाभ सुनाभा। ज्योति निकृंत निराश विमल युग जोगंधर बड़ आभा।—रघुराज।

जोग—संज्ञा पुं० दे० "योग"।

वि० दे० "योग्य"।

अव्य० [स० योग्य] को। के निकट। (पुरा—हिं०)

विशेष—इस शब्द का प्रयोग बहुधा पुरानी परिपाटी की चिट्ठियों के आरंभिक वाक्यों में होता है। जैसे,—"स्वस्तिश्री भाई परमानंदजी जोग लिखा काशी से सीताराम का राम राम बाँचना।" बहुधा यह द्वितीया और चतुर्थी विभक्ति के स्थान पर काम में आता है। जैसे, "इनमें से एक साड़ी भाई कृष्णचंद्रजी जोग देना।"

जोगड़ा—संज्ञा पुं० [हिं० जोगी + डा (प्रत्य०)] बना हुआ योगी। पाखंडी। जैसे, घर का जोगी जोगड़ा बाहर का जोगी सिद्ध। (कहा०)

जोगता *‡—संज्ञा स्त्री० दे० "योग्यता"।

जोगन‡—संज्ञा स्त्री० दे० "जोगिन"।

जोगनिया‡—संज्ञा पुं० दे० "जोगिनिया"।

संज्ञा स्त्री० दे० "जोगिनिया"।

जोगमाया—संज्ञा स्त्री० दे० "योगमाया"।

जोगवना—क्रि० स० [सं० योग + अवना (प्रत्य०)] (१) किसी वस्तु को यत्न से रखना जिसमें वह नष्ट भ्रष्ट न होने पावे। रक्षित रखना। उ०—जिवनमूरि जिमि जोगवत रहऊँ। दीप बाति नहिं टारन कहऊँ।—तुलसी। (२) संचित करना। एकत्र करना। बटोरना। (३) लिहाज़ रखना। आदर करना। उ०—ताकुमातु को मन जोगवत ज्यों निज तन-मर्म कुभाउ।—तुलसी। (४) दर गुजर करना। जाने देना। कुछ खयाल न करना। उ०—खेलत संग अनुज बालक नित जोगवत अनट अपाउ।—तुलसी। (५) पूरा करना। पूर्ण करना। उ०—काय न कलेस लेस लेत मानि मन की। सुमिरे सकुचि रुचि जोगवत जन की।—तुलसी।

जोगसाधन *—संज्ञा पुं० [स० योगसाधन] तपस्या।

जोगा—संज्ञा पुं० [देश०] अफीम का खूदड़। वह मैल जो अफीम को छानने से बच रहती है।

जोगानल—संज्ञा स्त्री० [स० योगानल] योग से उत्पन्न आग। उ०—सिय वेष सती जो कीन्ह तेहि अपराध शंकर परिहरी। हर बिरह जाइ बहोरि पितु के जग्य जोगानल जरी।—तुलसी।

जोगिंद*†—संज्ञा पुं० [स० योगींद्र] (१) योगिराज। योगिश्रेष्ठ। (२) महादेव। (डिं०)

जोगिन—संज्ञा स्त्री० [सं० योगिनी] (१) जोगी की स्त्री। (२)

विरक्त स्त्री। साधुनी। (३) पिशाचिनी। (४) एक प्रकार की रण देवी जो रण में कटे मरे मनुष्यों के रुंड मुंडों को देखकर आनंदित होती है और मुंडों को गेंद बनाकर खेलती है। (५) एक प्रकार का झाड़ीदार पौधा जिसमें नीले रंग के फूल लगते हैं। (६) दे० "योगिनी"।

जोगिनिया–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) लाल रंग की एक प्रकार की ज्वार। (२) एक प्रकार का आम। (३) एक प्रकार का धान जो अगहन में तैयार होता है और जिसका चावल वर्षों ठहर सकता है।

जोगिनी–संज्ञा स्त्री० (१) दे० "योगिनी"। (२) दे० "जोगिन"। उ०—भूमि अति जगमगी जोगिनी सुनि जगी सहस फन शेष सो सीस काँधो।—सूर।

जोगिया–वि० [हिं० जोगी + इया (प्रत्य०)] (१) जोगी संबंधी। जोगी का। जैसे, जोगिया भेस। (२) गेरू के रंग में रँगा हुआ। गेरू घुले हुए पानी में रँगा हुआ। गैरिक। (३) गेरू के रंग का। मटमैलापन लिए लाल रंग का।

संज्ञा पुं० (१) दे० "जोगीड़ा"। (२) "जोगी"।

जोगींद्र*†–संज्ञा पुं० [सं० योगींद्र] (१) योगिराज। बड़ा योगी। योगिश्रेष्ठ। (२) शिव। महादेव।

जोगी–संज्ञा पुं० [सं० योगी] (१) वह जो योग करता हो। योगी। (२) एक प्रकार के भिक्षुक जो सारंगी लेकर भर्तृहरि के गीत गाते और भीख माँगते हैं। इनके कपड़े गेरुए रंग के होते हैं।

जोगीड़ा–संज्ञा पुं० [हिं० योगी + ड़ा (प्रत्य०)] एक प्रकार का रंगीन या चलता गाना जो प्रायः वसंत ऋतु में ढोलक पर गाया जाता है। (२) गाने बजानेवालों का एक समाज जिसमें एक गानेवाला लड़का, एक ढोलक बजानेवाला और दो सारंगी बजानेवाले रहते हैं। इनमें गानेवाले लड़के का भेस प्रायः योगियों का सा होता है और वह कुछ अलंकार आदि भी पहने रहता है। इस का गाना बहुधा देहातों में सुना जाता है। (३) इस समाज का कोई आदमी।

जोगीश्वर–संज्ञा पुं० दे० "योगीश्वर"।

जोगेश्वर–संज्ञा पुं० [सं० योगेश्वर] (१) श्रीकृष्ण। (२) शिव। (३) देवहोत्र के पुत्र का नाम। (४) योग का अधिकारी। योग का ज्ञाता। सिद्ध योगी।

जोगोटा*‡–वि० [हिं० जोगी] जोगी।

जोग्य–वि० दे० "योग्य"।

जोजन–संज्ञा पुं० दे० "योजन"।

जोजनगंधा–संज्ञा स्त्री० दे० "योजनगंधा"।

जोट*‡–संज्ञा पुं० [सं० योटक] (१) जोड़ा। जोड़ी। (२) साथी। संघाती।

वि० समान। बराबरी का। मेल का।

जोटा*†–संज्ञा पुं० [सं० योटक] (१) जोड़ा। युग। उ०—(क) ए दोऊ दसरथ के ढोटा। बाल मरालनि के कल जोटा।—तुलसी। (ख) सखा समेत मनोहर जोटा। लखेउ न लखन सघन बन ओटा।—तुलसी। (२) टाट का बना एक बड़ा दोहरा थैला जिसमें अनाज भर कर बैलों पर लादा जाता है। गौन। खुरजी।

जोटिंग–संज्ञा पुं० [सं०] महादेव। शिव।

जोटी*†–संज्ञा स्त्री० [हिं० जोट] (१) जोड़ी। युग्मक। उ०—काँचो दूध पिवावत पचि पचि देत न माखन रोटी। सूरदास चिरजीवहु दोऊ हरि हलधर की जोटी।—सूर। (२) बराबरी का। जोड़ का। समान। (३) जो गुण आदि में किसी दूसरे के समान हो। जिसका मेल दूसरे के साथ बैठ जाता हो।

जोड़–संज्ञा पुं० [सं० योग] (१) गणित में कई संख्याओं का योग। जोड़ने की क्रिया। (२) गणित में कई संख्याओं का योग-फल। वह संख्या जो कई संख्याओं को जोड़ने से निकले। मीजान। ठीक। टोटल।

क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

(३) वह स्थान जहाँ दो वा अधिक पदार्थ या टुकड़े जुड़े अथवा मिले हों। जैसे, कपड़े में सिलाई के कारण पड़नेवाला जोड़, लोटे या थाली आदि का जोड़।

मुहा०—जोड़ उखड़ना = जोड़ का ढीला पड़ जाना। संधि स्थान में कोई ऐसा विकार उत्पन्न होना जिसके कारण जुड़े हुए पदार्थ अलग हो जायँ।

(४) वह टुकड़ा जो किसी चीज में जोड़ा जाय। जैसे, यह चाँदनी कुछ छोटी है, इसमें जोड़ लगा दो। (५) वह चिह्न जो दो चीजों के एक में मिलने के कारण संधि स्थान पर पड़ता है। (६) शरीर के दो अवयवों का संधि स्थान। गाँठ। जैसे, कंधा, घुटना, कलाई, पोर आदि।

मुहा०—जोड़ उखड़ना = किसी अवयव के मूल का अपने स्थान से हट जाना। जोड़ बैठना = अपने स्थान से हटे हुए अवयव के मूल का अपने स्थान पर आ जाना।

(७) मेल। मिलान। (८) बराबरी। समानता। जैसे, तुम्हारा और उनका कौन जोड़ है?

विशेष—प्रायः इस अर्थ में इस शब्द का रूप "जोड़ का" भी होता है। जैसे, (क) यह गमला उसके जोड़ का है। (ख) इसके जोड़ का एक लंप ले आओ।

(९) एक ही तरह की अथवा साथ साथ काम में आनेवाली दो चीजें। जोड़ा। जैसे, पहलवानों का जोड़, कपड़ों (धोती और दुपट्टे) का जोड़।

मुहा०—जोड़ बाँधना = (१) कुश्ती के लिये बराबरी के दो

पहलवानों को चुनना। (२) किसी काम पर अलग अलग दो दो आदमियों को नियत करना। (३) चौपड़ में दो गोटियों को एक ही घर में रखना।

(१०) वह जो बराबरी का हो। समान धर्म या गुण आदि वाला। जोड़ा। (११) पहनने के सब कपड़े। पूरी पोशाक। जैसे, उनके पास चार जोड़ कपड़े हैं। (१२) किसी वस्तु या कार्य्य में प्रयुक्त होनेवाली सब आवश्यक सामग्री। जैसे, पहनने के सब कपड़ों या अंग-प्रत्यंग के आभूषणों का जोड़। (१३) जोड़ने की क्रिया या भाव। (१४) छल। दाँव।

यौ०—जोड़ तोड़ = (१) दाँव पेंच। छल कपट। (२) किसी कार्य्य के लिये विशेष युक्ति। ढंग। (बहुधा इस अर्थ में इसके साथ "लगाना" "भिड़ना" "लड़ाना" क्रियाओं का व्यवहार होता है)।

(१५) दे० "जोड़ा"।

जोड़ती†–संज्ञा स्त्री० [हिं० जोड़ + ती (प्रत्य०)] गणित में कई संख्याओं का योग। जोड़।

जोड़न–संज्ञा स्त्री० [हिं० जोड़] वह पदार्थ जो दही जमाने के लिये दूध में डाला जाता है। जावन। जामन।

जोड़ना–क्रि० स० [सं० जुड़ = बाँधना या सं० युक्त, प्रा० जुत्त] (१) दो वस्तुओं को सी कर, मिला कर, चिपका कर अथवा इसी प्रकार के किसी और उपाय से एक करना। दो चीज़ों को मजबूती से एक करना। जैसे, लंबाई बढ़ाने के लिये कागज या कपड़ा जोड़ना। (२) किसी टूटी हुई चीज के टुकड़ों को मिलाकर एक करना। उ०—जो अति प्रिय तो करिय उपाई। जोरिय कोउ बड़ गुनी बुलाई।—तुलसी। (३) द्रव्य या सामग्री को क्रम से रखना, लगाना, या स्थापित करना। जैसे, अक्षर जोड़ना, ईंट या पत्थर जोड़ना। (४) एकत्र करना। इकट्ठा करना। संग्रह करना। जैसे, रुपए जोड़ना, कुनबा जोड़ना, सामग्री जोड़ना। (५) कई संख्याओं का योग-फल निकालना। मीजान लगाना। (६) वाक्यों या पदों आदि की योजना करना। वर्णन प्रस्तुत करना। जैसे, कहानी जोड़ना, कविता जोड़ना, बात जोड़ना, तूमार या तूफान जोड़ना (= झूठा दोषारोपण करना)। (७) प्रज्वलित करना। जलाना। जैसे, आग जोड़ना, दीआ जोड़ना। (८) संबंध स्थापित करना। (९) सबद्ध करना। संबंध उत्पन्न करना। जैसे, दोस्ती जोड़ना। (१०) † जोतना।

संयो० क्रि०—देना।

जोड़ला†–वि० [हिं० जोड़ा + ला (प्रत्य०)] एक ही गर्भ से एक ही समय में जन्मे हुए दो बच्चे। यमज।

जोड़वाँ–वि० [हिं० जोड़ा + वाँ (प्रत्य०)] वे दो बच्चे जो एक ही समय में और एक ही गर्भ से उत्पन्न हुए हों। यमज।

जोड़वाई–संज्ञा पुं० [हिं० जोड़वाना] (१) जोड़वाने की क्रिया। (२) जोड़वाने का भाव। (३) जोड़वाने की मजदूरी।

जोड़वाना–क्रि० स० [हिं० जोड़ना का प्रे०] दूसरे को जोड़ने में प्रवृत्त करना। जोड़ने का काम दूसरे से कराना।

जोड़ा–संज्ञा पुं० [हिं० जोड़ना] [स्त्री० जोड़ी] (१) दो समान पदार्थ। एक ही सी दो चीज़ें। जैसे, धोतियों का जोड़ा, तसवीरों का जोड़ा, गुलदानों का जोड़ा।

क्रि० प्र०—मिलाना।—लगाना।

विशेष—जोड़े में का प्रत्येक पदार्थ भी परस्पर एक दूसरे का जोड़ा कहलाता है। जैसे, किसी एक गुलदान को उसी तरह के दूसरे गुलदान का जोड़ा कहेंगे।

(२) दोनों पैरों में पहनने के जूते। उपानह। (३) एक साथ या एक मेल में पहने जानेवाले दो कपड़े। जैसे, अंगे और पैजामे का जोड़ा, कोट और पतलून का जोड़ा, लहँगे और ओढ़नी का जोड़ा, धोती और दुपट्टे का जोड़ा। (४) पहनने के सब कपड़े। पूरी पोशाक। जैसे, (क) उनके पास चार जोड़े कपड़े हैं। (ख) हम तो घोड़े जोड़े से तैयार हैं, तुम्हारी ही देर थी।

यौ०—जोड़ा जामा = (१) वे सब कपड़े जो विवाह में वर पहनता है। (२) पहनने के सब कपड़े। पूरी पोशाक।

क्रि० प्र०—पहनना।—बढ़ाना।

(५) स्त्री और पुरुष। जैसे, वर कन्या का जोड़ा। (६) नर और मादा। (केवल पशुओं और पक्षियों आदि के लिये)। जैसे, सारस का जोड़ा, कबूतर का जोड़ा, कुत्तों का जोड़ा।

विशेष—नं० ५ और ६ के अर्थों में स्त्री और पुरुष अथवा नर और मादा में से प्रत्येक को भी एक दूसरे का जोड़ा कहते हैं।

क्रि० प्र०—मिलाना।—लगाना।

मुहा०—जोड़ा खाना = संभोग करना। मैथुन करना। जोड़ा खिलाना = संभोग में प्रवृत्त करना। मैथुन कराना। जोड़ा लगाना = नर और मादा को मैथुन में प्रवृत्त करना।

(७) वह जो बराबरी का हो। जोड़। (८) दे० "जोड़"।

जोड़ाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० जोड़ना + आई (प्रत्य०)] (१) दो या अधिक वस्तुओं को जोड़ने की क्रिया या भाव। (२) जोड़ने की मज़दूरी। (३) दीवार आदि बनाने के लिये ईंटों या पत्थरों के टुकड़ों को एक दूसरे पर रख कर उन्हें मसाले से जोड़ने की क्रिया।

जोड़ासंदेस–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की बंगला मिठाई जो छेने से बनती है।

जोड़ी–संज्ञा स्त्री० [हिं० जोड़ा (१ दो समान पदार्थ। एक ही सी दो चीज़ें। जोड़ा। जैसे, शाल की जोड़ी, तसवीरों की जोड़ी, किवाड़ों की जोड़ी, घोड़ों या बैलों की जोड़ी।

क्रि० प्र०—मिलाना ।—लगाना ।

यो०—जोड़ीदार = जोड़वाला । जो किसी के साथ में हो । (किसी काम पर एक साथ नियुक्त होनेवाले दो आदमी परस्पर एक दूसरे को अपना जोड़ीदार कहते हैं ।)

विशेष—जोड़ी में से प्रत्येक पदार्थ को भी परस्पर एक दूसरे की जोड़ी कहते हैं । जैसे किसी एक तसवीर को उसी तरह की दूसरी तसवीर की "जोड़ी" कहेंगे ।

(२) एक साथ पहनने के सब कपड़े । पूरी पोशाक । जैसे, उनके पास चार जोड़ी कपड़े हैं । (३) स्त्री और पुरुष । जैसे, वर वधू की जोड़ी । (४) नर और मादा । (केवल पशुओं और पक्षियों के लिये) । जैसे, घोड़ों की जोड़ी, सारस की जोड़ी, मोर की जोड़ी ।

विशेष—नं० ३ और ४ के अर्थ में स्त्री और पुरुष अथवा नर और मादा में से प्रत्येक को भी एक दूसरे की जोड़ी कहते हैं ।

(५) दो घोड़ों या दो बैलों की गाड़ी । वह गाड़ी जिसे दो घोड़े या दो बैल खींचते हों । जैसे, जब से आपको ससुराल का माल मिला है तब से आप जोड़ी पर निकलते हैं । (६) दोनों मुगदर जिनसे कसरत करते हैं ।

क्रि० प्र०—फेरना ।—भाँजना ।—हिलाना ।

(७) मँजीरा । ताल ।

यौ०—जोड़ीवाल = जो गाने बजानेवालों के साथ जोड़ी या मँजीरा बजाता हो ।

(८) वह जो बराबरी का हो । समान धर्म या गुण आदि वाला । जोड़ ।

जोड़ी की बैठक—संज्ञा स्त्री० [हिं० जोड़ी = मुगदर + बैठक = कसरत] वह बैठकी (कसरत) जो मुगदरों की जोड़ी पर हाथ टेक कर की जाती है । मुगदरों के अभाव में इसमें दो लकड़ियों से भी काम लिया जाता है ।

जोड़ुआ†—संज्ञा पुं० [हिं० जोड़ा + उआ (प्रत्य०)] पैर में पहनने का चाँदी का एक प्रकार का गहना जिसमें एक सिकरी में छोटे बड़े दो छल्ले लगे रहते हैं । बड़ा छल्ला अँगूठे में और छोटा सबसे छोटी उँगली में पहना जाता है । सिकरी बीच की उँगलियों के ऊपर रहती है ।

जोड़ू—संज्ञा स्त्री० दे० "जोरू" ।

जोत—संज्ञा स्त्री० [हिं० जोतना] (१) वह चमड़े का तस्मा या रस्सी जिसका एक सिरा घोड़े बैल आदि जोते जानेवाले जानवरों के गले में और दूसरा सिरा उस चीज़ में बँधा रहता है जिसमें जानवर जोते जाते हैं । जैसे, एक्के की जोत, गाड़ी, की जोत, मोट या चरसे की जोत ।

क्रि० प्र०—बाँधना ।—लगाना ।

(२) वह रस्सी जिसमें तराजू की डंडी से बँधे हुए उसके पल्ले लटकते रहते हैं । (३) उतनी भूमि जितनी एक असामी को जोतने बोने आदि के लिये मिली हो ।

† संज्ञा स्त्री० (१) दे० "ज्योति" । (२) दे० "जोति" ।

जोतदार—संज्ञा पुं० [हिं० जोत + दार] वह असामी जिसे जोतने बोने के लिये कुछ जमीन (जोत) मिली हो ।

जोतना—क्रि० स० [सं० योजन या युक्त, प्रा० जुत्त + ना] (१) रथ, गाड़ी, कोल्हू, चरसे आदि को चलाने के लिये उसके आगे बैल घोड़े आदि पशु बाँधना । जैसे, घोड़ा जोतना । (२) गाड़ी या रथ आदि को उनमें घोड़े बैल आदि जोत कर चलने के लिये तैयार करना । जैसे गाड़ी जोतना । (३) किसी को जबरदस्ती किसी काम में लगाना । (४) हल चलाकर खेती के लिये जमीन की मिट्टी खोदना । हल चलाना । जैसे, खेत जोतना ।

जोतनी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० जोत या जोतना] वह छोटी रस्सी जो जुए में जुते हुए जानवर के गले के नीचे दोनों ओर बँधी होती है ।

जोतसी†—संज्ञा पुं० दे० "ज्योतिषी" ।

जोताँत—संज्ञा स्त्री० [हिं० जोतना] खेत की मिट्टी की ऊपरी तह । (कुम्हार) ।

जोता—संज्ञा पुं० [हिं० जोतना] (१) जुआठे में बँधी हुई वह पतली रस्सी जिसमें बैलों की गरदन फँसाई जाती है । (२) जुलाहों की परिभाषा में वह दोनों डोरियाँ जो करघे पर फैलाए हुए ताने के अंतिम सिरे पर उसके सूतों को ठीक रखनेवाली कमाँची या भँजनी के दोनों सिरों पर बँधी हुई होती हैं । इन दोनों डोरियों के दूसरे सिरे आपस में भी एक दूसरे से बंधे और पीछे की ओर तने होते हैं । (३) करघे में सूत की वह डोरी जो बरौंछी में बँधी रहती है । (४) वह बहुत बड़ी धरन या शहतीर जो एक ही पंक्ति में लगे हुई कई खंभों पर रखी जाती है और जिसके ऊपर दीवार उठाई जाती है । (५) वह जो हल जोतता हो । खेती करनेवाला

जोताई—संज्ञा स्त्री० [हिं० जोतना + आई (प्रत्य०)] (१) जोतने का काम । (२) जोतने का भाव । (३) जोतने की मजदूरी ।

जोतात—संज्ञा स्त्री० दे० "जोताँत" ।

जोति—संज्ञा स्त्री० [सं० ज्योति] (१) घी का वह दीआ जो किसी देवी या देवता आदि के आगे अथवा उसके उद्देश्य से जलाया जाता है ।

क्रि० प्र०—जलाना ।—बालना ।

यौ०—जोति-भोग = किसी देवता के सामने जोति जलाने और भोग लगाने आदि की क्रिया ।

(२) दे० "ज्योति" ।

* † संज्ञा स्त्री० [हिं० जोतना] जोतने बोने योग्य भूमि । उ०—एपै तजि देवो क्रिया देखि जग बुरो होत जोति बहु दई दाम राम मति सानिये ।—प्रिया० ।

जोतिखी‡–संज्ञा पुं० दे० "ज्योतिषी"।
जोतिलिंग–संज्ञा पुं० दे० "ज्योतिर्लिंग"।
जोतिष्‡–संज्ञा पुं० दे० "ज्योतिष"।
जोतिष्टोम–संज्ञा पुं० दे० "ज्योतिष्टोम"।
जोतिषी‡–संज्ञा पुं० दे० "ज्योतिषी"।
जोतिस*‡–संज्ञा पुं० दे० "ज्योतिष"।
जोतिहा†–संज्ञा पुं० [हिं० जोतना] जोतनेवाला किसान। जोता।
जोती–संज्ञा स्त्री० दे० (१) "ज्योति" और (२) "जोति"। संज्ञा स्त्री० (१) तराजू के पल्लों की डोरी जो डांडी से बँधी रहती है। जोत। (२) घोड़े की रास। लगाम।
जोत्स्ना–संज्ञा स्त्री० दे० "ज्योत्स्ना"।
जोधन–संज्ञा स्त्री० [सं० योग + धन] वह रस्सी जिससे बैल के जुए की ऊपर नीचे की लकड़ियाँ बँधी रहती हैं।
जोधा*†–संज्ञा पुं० दे० "योद्धा"। उ०—(क) प्रगट कपाट बड़े दीने है बहु जोधा रखवारे।—सूर। (ख) सूर प्रभु सिंह ध्वनि करत जोधा सकल जहाँ तहँ करन लागे लराई।—सूर। संज्ञा पुं० जोता नाम की रस्सी जो जुआठे में बँधी रहती है और जिसमें बैलों के सिर फँसाए जाते हैं।
जोधार‡–संज्ञा पुं० [सं० योद्धा] योद्धा। शूर। (डिं०)।
जोन*†–संज्ञा स्त्री० दे० "योनि"।
जोनराज–संज्ञा पु० राजतरंगिणी के द्वितीय लेखक जिन्होंने सं० १२०० के बाद का हाल लिखा है। इनका लिखा हुआ पृथ्वीराजविजय नामक एक ग्रंथ और किरातार्जुनीय की एक टीका भी है।
जोनरी†–संज्ञा स्त्री० [?] ज्वार नामक अन्न।
जोनि–संज्ञा स्त्री० दे० "योनि"
जोन्ह*†–संज्ञा स्त्री० [सं० ज्योत्स्ना] (१) जुन्हाई। चंद्रिका। चाँदनी। ज्योत्स्ना। (२) चंद्रमा।
जोन्हरी†–संज्ञा स्त्री० [?] ज्वार नामक अन्न।
जोन्हाई*†–संज्ञा स्त्री० [सं० ज्योत्स्ना] (१) चंद्रिका। चाँदनी। चंद्रज्योति। (२) चंद्रमा।
जोन्हार†–संज्ञा पुं० [?] ज्वार नामक अन्न।
जोप–संज्ञा पुं० दे० "यूप"।
जोपै*–अव्य० [हिं० जो + पर] (१) यदि। अगर। (२) यद्यपि। अगरचे।
ज़ोफ़–संज्ञा पुं० [अ०] (१) बुढ़ापा। वृद्धावस्था। (२) सुस्ती। निर्बलता। कमजोरी। नातावती। जैसे, ज़ोफ़ जिगर, ज़ोफ़ दिमाग़।
जोबन–संज्ञा० पुं० [सं० यौवन] (१) युवा होने का भाव। यौवन। उ०—धन जोबन अभिमान अल्प जल कहैं कूर आपुनी बोरी।—सूर।

मुहा०—जोबन लूटना = (किसी स्त्री की) युवावस्था का आनंद लेना।

(२) सुंदरता, विशेषतः युवावस्था अथवा मध्य काल की सुंदरता। रूप। खूबसूरती।

क्रि० प्र०——छाना।—पर आना।

मुहा०—**जोबन उतरना** = युवावस्था समाप्त होना। **जोबन चढ़ना** = युवावस्था का सौंदर्य्य आना। **जोबन ढलना** = दे० "जोबन उतरना"।

(३) रौनक। बहार। (४) कुच। स्तन। छाती। उ०—जूध दुहूं जोबन सों लागा।—जायसी।

क्रि० प्र०—उठना।—उभरना।—ढलना।

(५) एक प्रकार का फूल।

जोबना*†–क्रि० स० दे० "जोबना"।
ज़ोम–संज्ञा पुं० [अ०] (१) उमंग। उत्साह। (२) जोश। उद्वेग। आवेश। (३) अहंकार। अभिमान। घमंड।

क्रि० प्र०—दिखाना।

जोय *†–संज्ञा स्त्री० [सं० जाया] जोरू। स्त्री। पत्नी।

सर्व पुं० जो। जिस।

जोयना*†–क्रि० स० [?] (१) बालना। जलाना। उ०—चौसठ दीवा जोय कै चौदह चंदा माहि। तिहि घर किसका चाँदना जिहि घर सतगुर नाहि।—कबीर। (२) दे० "जोवना"।
जोयसी * †–संज्ञा पुं० दे० "ज्योतिषी"।
ज़ोर–संज्ञा पु० [फ़ा०] (१) बल। शक्ति। ताकत।

क्रि० प्र०—आजमाना।—देखना।—दिखाना।—लगना।—लगाना।

मुहा०—**ज़ोर करना** = (१) बल का प्रयोग करना। ताकत लगाना। (२) प्रयत्न करना। कोशिश करना। **ज़ोर टूटना** = बल घटना या नष्ट होना। प्रभाव कम होना। शक्ति घटना। **ज़ोर डालना** = बोझ डालना। दे० "ज़ोर देना"। **ज़ोर देना** = (१) बल का प्रयोग करना। ताकत लगाना। (२) (शरीर आदि का) बोझ डालना। भार देना। जैसे, इस जँगले पर बहुत ज़ोर मत दो नहीं तो वह टूट जायगा। **किसी बात पर ज़ोर देना** = किसी बात को बहुत ही आवश्यक या महत्त्वपूर्ण बतलाना। किसी बात को बहुत जरूरी बतलाना। जैसे, उन्होंने इस बात पर बहुत ज़ोर दिया कि सब लोग साथ चलें। **किसी बात के लिये ज़ोर देना** = किसी बात के लिये आग्रह करना। किसी बात के लिये हठ करना। **ज़ोर देकर कहना** = किसी बात को बहुत अधिक दृढ़ता या आग्रह से कहना। जैसे, मैं ज़ोर देकर कह सकता हूँ कि इस काम में आप को बहुत फायदा होगा। **ज़ोर मारना या लगाना** = (१) बल का प्रयोग

करना। ताकत लगाना। (२) बहुत प्रयत्न करना। खूब कोशिश करना। जैसे, उन्होंने बहुतेरा ज़ोर मारा पर कुछ भी न हुआ।

यौ०—ज़ोर जुल्म = अत्याचार। ज्यादती।

(२) प्रबलता। तेजी। बढ़ती। जैसे, भाँग का ज़ोर, बुखार का ज़ोर।

विशेष—कभी कभी लोग इस अर्थ में 'ज़ोर' शब्द का प्रयोग 'से' विभक्ति उड़ा कर विशेषण की तरह और कभी कभी 'का' विभक्ति उड़ा कर क्रिया विशेषण की तरह करते हैं।

मुहा०—ज़ोर पकड़ना या बाँधना = (१) प्रबल होना। तेज होना। जैसे, (क) अभी से इलाज करो नहीं तो यह बीमारी ज़ोर पकड़ेगी। (ख) इस फोड़े ने बहुत ज़ोर बाँधा है। (२) दे० "ज़ोर में आना"। ज़ोर करना या मारना = प्रबलता दिखलाना। जैसे, (क) रोग का ज़ोर करना, काम का ज़ोर करना। (ख) आज आपकी मुहब्बत ने ज़ोर मारा, तभी आप यहाँ आए हैं। ज़ोर में आना = ऐसी स्थिति में पहुँचना जहाँ अनायास ही उन्नति या वृद्धि हो जाय। ज़ोरों पर होना = (१) पूरे बल पर होना। बहुत तेज होना। जैसे, (क) आज कल शहर में चेचक बहुत ज़ोरों पर है। (ख) इस समय उन्हें बुखार ज़ोरों पर है। (२) खूब उन्नत दशा में होना।

(३) वश। अधिकार। इखतियार। काबू। जैसे, हम क्या करें, हमारा उन पर कोई ज़ोर नहीं है।

क्रि० प्र०—चलना।—चलाना।—जताना।—होना।

मुहा०—ज़ोर डालना = किसी काम के लिये कुछ अधिकार जतलाते हुए विशेष आग्रह करना। दबाव डालना।

(४) वेग। आवेश। झोंक।

मुहा०—ज़ोरों पर = बड़े वेग से। बड़ी तेजी से। जैसे, गाड़ी का ज़ोरों पर जाना, नदी का ज़ोरों पर बहना।

(५) भरोसा। आसरा। सहारा। जैसे, आप किसके ज़ोर पर कूदते हैं?

मुहा०—शतरंज में किसी मोहरे पर ज़ोर देना या पहुँचाना = किसी मोहरे की सहायता के लिये उसके पास कोई ऐसा मोहरा ला रखना जिसमें उस पहले मोहरे के मारे जाने की संभावना न रह जाय अथवा यदि उस पहले मोहरे को विपक्षी अपने किसी मोहरे से मारना चाहे तो उसका वह मोहरा भी तुरंत उस मोहरे से मार लिया जा सके जिससे पहले मोहरे पर ज़ोर पहुँचाया गया है। शतरंज के मोहरे का ज़ोर पर होना = मोहरे का ऐसी स्थिति में होना जिसमें यदि उसे विपक्षी का कोई मोहरा मारना चाहे तो वह मारनेवाला मोहरा स्वयं भी तुरंत मारा जा सके। किसी के ज़ोर पर कूदना = किसी को अपनी सहायता पर देख कर अपना बल दिखाना। बेज़ोर = जिसकी सहायता पर कोई न हो।

(६) परिश्रम। मेहनत। जैसे, अँधेरे में पढ़ने से आँखों पर ज़ोर पड़ता है।

क्रि० प्र०—पड़ना।

(७) व्यायाम। कसरत।

ज़ोर शोर—संज्ञा पुं० [फ़ा०] बहुत अधिक ज़ोर। बहुत अधिक प्रबलता या प्रचंडता। जैसे, कल शाम को ज़ोर शोर से आँधी आई थी।

ज़ोरदार—वि० [फ़ा०] जिसमें बहुत ज़ोर हो। ज़ोरवाला।

जोरई—संज्ञा स्त्री० [हिं० जोड़ ?] (१) एक ही में बँधे हुए लंबे लंबे और मजबूत दो बाँस जिनके सिरों पर मोटी रस्सी का एक फंदा लगा रहता है और जिनका उपयोग कोल्हू धोने के समय जाट को रोकने और उसे कोल्हू में से निकाल कर अलग करने में होता है। जाट का ऊपरी भाग इसके फंदे में फँसा दिया जाता है और तब जाठ का निचला भाग दोनों बाँसों की सहायता से उठा कर कोल्हू के ऊपरी भाग पर रख दिया जाता है। (२) एक प्रकार का हरे रंग का कीड़ा जो फसल की डालियाँ और पत्तियाँ खा जाता है। चने की फसल को यह अधिक हानि पहुँचाता है।

जोरन—संज्ञा पुं० दे० "जोड़न"।

जोरना†—क्रि० स० (१) दे० "जोड़ना"। उ०—रति रण जानि अनंग नृपति आप नृपति राजति बल जोरति।—सूर।

† (२) जोतना। जानवर को जुए में बाँधना।

जोरा†—संज्ञा पुं० दे० "जोड़ा"।

जोरा जोरी†*—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० ज़ोर] जबरदस्ती। धींगा धींगी।

क्रि० वि० जबरदस्ती से। बलपूर्वक।

ज़ोरावर—वि० [फ़ा०] बलवान। ताकतवर। जबरदस्त।

ज़ोरावरी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) ज़ोरावर होने का भाव। (२) जबरदस्ती। धींगा धींगी।

जोरिल्ला†—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का गंध बिलाव।

जोरी†*—संज्ञा स्त्री० दे० "जोड़ी"। उ०—(क) स्वर्ग सूर ससि करैं अजोरी। तेहि ते अधिक देउ केहि जोरी।—जायसी। (ख) पूछत है रुकिमणी इनमें को वृषभानु किशोरी। बारेक हमें दिखओ अपने बाल पने की जोरी।—सूर।

संज्ञा स्त्री० [फ़ा० ज़ोर] ज़ोरावरी। जबरदस्ती। उ०—जोरी मारि भजत उतही को जात यमुन के तीर। इक धावत पीछे उन ही के पावत नहीं अधीर।—सूर।

जोरू—संज्ञा स्त्री० [हिं० जोड़ा] स्त्री। पत्नी। भार्य्या। घरवाली।

यौ०—जोरू जाँता = गृहस्थी। परिवार। घर बार।

जोलहा†—संज्ञा पुं० दे० "जुलाहा"।

जोलाहल † *—संज्ञा स्त्री० [सं० ज्वाला] ज्वाला। अग्नि। आग। उ०—रोम रोम पावक शिखा जगी जोलाहल जोर।—रघुराज।

जोलाहा—संज्ञा पुं० दे० "जुलाहा"।

जोली † *—संज्ञा स्त्री० [हिं० जोड़ी] वह जो बराबरी का हो। जोड़। जोड़ी।

यौ०—हमजोली।

संज्ञा स्त्री० [हिं० झोली] (१) जाली या किरमिच आदि का बना हुआ एक प्रकार का लटकौआँ बिस्तर जिसके दोनों सिरों पर अदवान की तरह कई रस्सियाँ होती हैं। दोनों ओर की ये रस्सियाँ दो कड़ियों में बँधी होती हैं और दोनों कड़ियाँ दो तरफ खूटियों आदि में लटका दी जाती हैं। बीच का विस्तरवाला हिस्सा लटकता रहता है जिस पर आदमी सोते हैं। इसका व्यवहार प्रायः जहाजी लोग जहाजों में करते हैं। (लश०)। (२) वह रस्सी जो तूफान के समय जहाजों के पाल चढ़ाने या उतारने के काम में आती हैं। (लश०)। (३) एक प्रकार की गाँठ जो रस्से के सिरे पर उसकी लड़ों से बनाई जाती है।

जोवना *—क्रि० स० [स० जुषण = सेवन] (१) जोहना। देखना। ताकना। (२) ढूँढ़ना। तलाश करना। (३) आसरा देखना। रास्ता देखना।

जोवारी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मैना जिसका रंग बहुत चमकीला होता है। यह बहुत अच्छी तरह कई प्रकार की बोलियाँ बोल सकती है, इसी लिये लोग इसे पालते और बोलना सिखाते हैं। यह ऋतुपरिवर्तन के अनुसार भिन्न भिन्न देशों में घूमा करती है। फूलों और अनाजों को यह बहुत हानि पहुँचाती है और टिड्डियों का खूब नाश करती है। इसके अंडे बिना चित्ती के और नीले रंग के होते हैं। इसका मांस खाने में बहुत स्वादिष्ट होता है।

जोश—संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) किसी तरल पदार्थ का आँच या गरमी के कारण उबलना। उफान। उबाल।

मुहा०—जोश खाना = उबलना। उफनना। खौलना। जोश देना = पानी के साथ उबालना। जैसे, इस दवा को जोश देकर पीओ।

यौ०—जोशाँदा = क्वाथ। काढ़ा।

(२) चित्त की तीव्र वृत्ति। मनोवेग। आवेश। जैसे, उन्होंने जोश में आकर बहुत ही उलटी सीधी बातें कह डालीं।

मुहा०—जोश में आना = उत्तेजित हो उठना। आवेश में आना। खून का जोश = प्रेम का वह वेग जो अपने वंश या कुल के किसी मनुष्य के लिये उत्पन्न हो। जैसे, खून के जोश ने उन्हें रहने न दिया, वे अपने भाई की मदद के लिये उठ दौड़े।

यौ०—जोश ख़रोश = अधिक आवेश।

जोशन—संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) भुजाओं पर पहनने का चाँदी या सोने का एक प्रकार का गहना जिसमें छः पहल या आठ पहलवाले लंबोतरे पोले दानों की पाँच, छः या सात जोड़ियाँ लंबाई में रेशम या सूत आदि के डोरे में पिरोई रहती दोनों बाहों पर दो जोशन पहने जाते हैं। (२) जिरह बकतर। कवच। चार आईना।

जोशाँदा—संज्ञा पुं० [फ़ा०] दवा के काम के लिये पानी में उबाली हुई जड़ या पत्तियाँ आदि। क्वाथ। काढ़ा।

जोशी—संज्ञा पुं० दे० "जोषी"।

जोशीला—वि० [फ़ा० जोश + ईला (प्रत्य०)] जोश से भरा हुआ। जिसमें खूब जोश हो। आवेगपूर्ण। जैसे, उन्होंने कल बड़ी जोशीली वक्तृता दी थी।

जोष—[सं०] (१) प्रीति। प्रेम। (२) सुख। आराम। (३) सेवा।

संज्ञा स्त्री० [सं० योषा] स्त्री। नारी।

संज्ञा स्त्री० दे० "जोख"। उ०—चढ़ न चातिक चित कबहुँ प्रिय पयोद के दोष। तुलसी प्रेम पयोधि की तातें माप न जोष।—तुलसी।

जोषक—संज्ञा पुं० [सं०] सेवक।

जोषण—संज्ञा पुं० [सं०] (१) प्रीति। प्रेम। (२) सेवा।

जोषा—संज्ञा स्त्री० [सं०] नारी। स्त्री।

जोषिता—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्त्री। नारी। औरत।

जोषी—संज्ञा पुं० [सं० ज्योतिषी] (१) गुजराती ब्राह्मणों की एक जाति। (२) महाराष्ट्र ब्राह्मणों की एक जाति। (३) पहाड़ी ब्राह्मणों की एक जाति। (४) ज्योतिषी। गणक। (क्व०)

जोस †—संज्ञा पुं० दे० "जोश"।

जोह †—*संज्ञा स्त्री० [हिं० जोहना] (१) खोज। तलाश।

क्रि० प्र०—लगाना।

(२) इंतजार। प्रतीक्षा। (३) नजर। दृष्टि, विशेषतः कृपायुक्त दृष्टि।

क्रि० प्र०—रखना।

जोहड़—संज्ञा पुं० [देश०] कच्चा तालाब।

जोहन † *—संज्ञा स्त्री० [हिं० जोहना] (१) देखने या जोहने की क्रिया। उ०—सघन कला तरु तर मनमोहन। दक्षिण चरन चरन पर दीन्हें तनु त्रिभंग मृदु जोहन।—सूर। (२) तलाश। खोज। ढूँढ। (३) प्रतीक्षा। इंतजार।

जोहना†—क्रि० स० [सं० जुषण = सेवन] (१) देखना। अवलोकन करना। ताकना। निहारना। उ०—(क) दर्पन शाह भीत तहँ लावा। देखों जोहि झरोखे आवा।—जायसी। (ख) जो सब ठौर खंभ हू होहि। कहयो प्रह्लाद आहि तूँ जोहि।—सूर। (२) खोजना। ढूँढना। पता लगाना। उ०—शकद्वीप तेहि आगे सोहा। बत्तिस लख योजन कर जोहा।—विश्राम। (३) राह देखना। इंतजार देखना। प्रतीक्षा करना। आसरा देखना। उ०—फूलन सेजरिया कोठरिया बिछौले बलबिरवा जोहला तोरी बाट।—बलबीर।

जोहर †–संज्ञा स्त्री० [देश०] बावली । छोटा तालाब ।

जोहार–संज्ञा स्त्री० [सं० जुषण = सेवन] अभिवादन । वंदन । प्रणाम । नमस्कार । उ०—इक इक बाण भेज्यो सकल नृपति पै मानौ सब साथ कीन्हे जोहारी ।—सूर ।
संज्ञा पुं० दे० "जौहर" ।

जोहारना†–क्रि० अ० [हिं०] प्रणाम या नमस्कार आदि करना । अभिवादन करना ।

जौं†–अव्य० [सं० यदि] यदि । जो ।
क्रि० वि० दे० "ज्यों" ।

जौंकना–क्रि० स० [अनु० झाँव झाँव] डाँटना । डपटना । क्रुद्ध होकर ऊँचे स्वर से कुछ कहना ।

जौंची–संज्ञा स्त्री० [देश०] गेहूँ वा जौ की फसल का एक रोग जिससे बाल काली हो जाती है और उसमें दाने नहीं पड़ते ।

जौड़ा†–संज्ञा पुं० दे० "जौरा" ।

जौंरा भौंरा–संज्ञा पुं० [हिं० भुइँधर, भुइँहरा] किले वा महलों के भीतर का वह गहरा तहखाना जिसमें गुप्त खज़ाना आदि रहता है ।
संज्ञा पुं० [हिं० जोड़ा + भौंरा] दो बालकों का जोड़ा । दो बच्चों का जोड़ा । (प्यार का शब्द)

जौंरे*†–क्रि० वि० [फा० जवार] निकट । समीप । आसपास ।

जौ–संज्ञा पुं० [सं० यव] (१) चार पाँच महीने रहनेवाला एक पौधा जिसके बीज वा दाने की गिनती अनाजों में हैं । यह पौधा पृथ्वी के प्रायः समस्त उष्ण तथा समप्रकृतिस्थ स्थानों में होता है । भारतवर्ष में यह मैदानों के अतिरिक्त पहाड़ों पर भी १४००० फुट की उँचाई तक होता है । इसकी बोआई कार्तिक अगहन में होती है और कटाई फागुन चैत में होती है । इसका पौधा बिलकुल गेहूँ का सा होता है । अंतर इतना होता है कि इसमें जड़ के पास से बहुत से डंठल निकलते हैं जिन्हें कभी कभी छाँट कर अलग करना पड़ता है । इसमें टूँड़दार बाल लगती है जिसमें कोश के साथ बिलकुल चिपके हुए दाने पंक्तियों में गुछे रहते हैं । दानों के ऊपर का कोश कठिनाई से अलग होता है, इसी से यह अनाज कोश सहित बिकता है, पर काश्मीर में एक प्रकार का जौ भ्रिम नाम का होता है जिसके दाने गेहूँ की तरह कोश से अलग रहते हैं । गेहूँ के समान इसके भी आटे का व्यवहार होता है । सूखे हुए पौधे का भूसा होता है जो चौपायों के खाने के काम में आता है । युरोप में और अब भारतवर्ष के भी कई स्थानों में जौ से एक प्रकार की शराब बनाई जाती है । जौ कई प्रकार के होते हैं । इस अन्न को मनुष्य जाति अत्यंत प्राचीन काल से जानती है । वेदों में इसका उल्लेख बराबर है । अब भी हवन आदि में इस अन्न का व्यवहार होता है । ईसा से २७०० वर्ष पहले चीन के बादशाह शिनंग ने जिन पाँच अन्नों को बोआया था उनमें एक जौ भी था । ईसा से १०१५ वर्ष पहले सुलेमान बादशाह के समय में भी जौ का प्रचार खूब था । मध्य एशिया के करडँग नामक स्थान के खँड़हर के नीचे दबे हुए जौ स्टीन साहब को मिले थे । इस खँड़हर के स्थान पर सातवीं शताब्दी में एक अच्छा नगर था जो बालू में दब गया । वैद्यक में जौ तीन प्रकार के माने गए हैं, शूक, निःशूक और हरित वर्ण । शूक को यव, निःशूक को अतियव और हरे रंग के जौ को स्लोक्य कहते हैं । जौ शीतल, रूखा, वीर्यवर्द्धक, मलरोधक तथा पित्त और कफ को दूर करनेवाला माना जाता है । यव से अतियव और अतियव से स्लोक्य हीन गुणवाला माना जाता है ।

पर्य्या०—यव । मेध्य । सितशूक । दिव्य । अक्षत । कंचुकि । धान्यराज । तीक्ष्णशूक । तुरगप्रिय । शक्तु । हयेष्ट । पवित्र धान्य ।

(२) एक पौधा जिसकी लचीली टहनियों से पंजाब में टोकरे झाड़ू आदि बनते हैं । मध्य एशिया के प्राचीन खँड़हरों में मकान के परदों के रूप में इसकी टट्टियाँ पाई गई हैं । (३) एक तौल जो ६ राई (खरदल) के बराबर मानी जाती है ।

†अव्य० [सं० यदि] यदि । अगर । उ०—जौ लरिका कछु अनुचित करहीं । गुरु पितु मातु मोद मन भरहीं ।—तुलसी ।
क्रि० वि० जब ।

यौ०—जौ लौं, जौ लगि, जौ लहि = जब तक ।

जौकेराई–संज्ञा स्त्री० [हिं० जौ + केराव] मटर मिला हुआ जौ ।

जौख–संज्ञा पुं० [तु० जूक] झुंड । जत्था । फौज । सेना । समूह । भीड़ । पक्षियों की श्रेणी । आदमियों की गोल । उ०—बनी गौरव वे जौख की मौख सोहै । पताकानुकेकी पिकी ही अरोहै ।—सूदन ।

जौगढ़िया–संज्ञा पुं० [जौगढ़ = कोई स्थान] एक प्रकार का धान जो अगहन के महीने में तैयार होता है । इसका चावल सैकड़ों वर्ष तक रह सकता है ।

जौचनी–संज्ञा स्त्री० [हिं०] चना मिला हुआ जौ ।

जौजा–संज्ञा स्त्री० [अ० ज़ौज़:] जोरू । भार्य्या । पत्नी ।

जौतुक–संज्ञा पुं० दे० "यौतुक" ।

जौधिक–संज्ञा पु० [सं०] तलवार वा खड्ग के ३२ हाथों में से एक । उ०—पृष्ठत प्रथित जौधिक प्रथित ये हाथ जानौ बत्तिसै ।—रघुराज ।

जौन†*–सर्व [स० यः] जो ।
वि० जो । उ०—जौन ठौर मोहिं आज्ञा होई । ताहि ठौर रैहौं मैं जोई ।—सूर
संज्ञा पुं० दे० "यवन" ।

जौनाल–संज्ञा स्त्री० [सं० यव + नाल] वह जमीन जिस पर जौ आदि रबी की फसल बोई जाय। रबी का खेत।

जौन्ह*†–संज्ञा स्त्री० दे० "जोन्ह"।

जौपै*†–अव्य० [हिं० जौ + पै] अगर। यदि।

जौबन*–संज्ञा पुं० दे० "यौवन"।

जौम–संज्ञा पुं० दे० "जोम"।

जौरा–संज्ञा पुं० [हिं० जूरा] वह अनाज जो गावों में नाऊ बारी आदि पौनियों को उनके काम के बदले में दिया जाता है।

संज्ञा पुं० [स० ज्या + वर] बड़ा रस्सा।

जौलाई–संज्ञा स्त्री० दे० "जुलाई"।

जौलाऊ–संज्ञा पुं० [हिं० जौलाय = बारह] प्रति रुपया बारह पैसे। फी रुपया तीन आना। (दलाली)।

जौलाय–वि० [?] बारह। (दलाल)।

जौशन–संज्ञा पुं० [फ़ा०] बाहु पर पहनने का एक आभूषण। दे० "जोशन"।

जौहर–संज्ञा पुं० [फ़ा० गौहर का अरबी रूप] (१) रत्न। बहुमूल्य पत्थर। (२) सार वस्तु। सरांश। तत्त्व।

क्रि० प्र०—निकालना।

(३) तलवार या और किसी लोहे के धारदार हथियार पर वे सूक्ष्म चिह्न वा धारियाँ जिनसे लोहे की उत्तमता प्रकट होती है। हथियार की आब। (४) गुण। विशेषता। उत्तमता। खूबी। तारीफ की बात। उत्कर्ष। जैसे, (क) धुलने पर इस कपड़े का जौहर देखिएगा। (ख) मैदान में ये अपना जौहर दिखावेंगे।

क्रि० प्र०—दिखाना।

मुहा०—जौहर खुलना = (१) गुण का विकाश होना। गुण प्रकट होना। खूबी जाहिर होना। (२) करतब प्रकट होना। भेद खुलना। गुप्त कार्रवाई जाहिर होना। जौहर खोलना = गुण प्रकट करना। उत्कर्ष दिखाना। खूबी जाहिर करना। करतब दिखाना।

संज्ञा पुं० [हिं० जीव + हर] (१) राजपूतों में युद्ध समय की एक प्रथा जिसके अनुसार नगर वा गढ़ में शत्रु-प्रवेश का निश्चय होने पर उनकी स्त्रियाँ और बच्चे दहकती हुई चिता में जल जाते थे।

विशेष—राजपूत लोग जब देखते थे कि वे गढ़ की रक्षा न कर सकेंगे और शत्रुओं का अवश्य अधिकार होगा तब वे अपनी स्त्रियों और बच्चों से विदा लेकर और उन्हें दहकती चिता में भस्म होने का आदेश देकर आप युद्ध के लिये सुसज्जित होकर निकल पड़ते थे। स्त्रियाँ भी शृंगार करके बड़े भारी दहकते कुंड में कूद कर प्राण विसर्जन करती थीं। प्रसिद्ध है कि जब अलाउद्दीन ने चित्तौरगढ़ को घेरा था तब महारानी पद्मिनी सोलह हजार स्त्रियों को लेकर भस्म हुई थीं। इसी प्रकार जब जैसलमेर का दुर्ग घिरा था तब नगर की समस्त स्त्रियाँ और बच्चे अर्थात् २४००० प्राणियों के लगभग एक भर में जल मरे थे।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—जौहर होना = चिता पर जल मरना। उ०—जौहर भँइ सब स्त्री पुरुष भए संग्राम।—जायसी।

(२) आत्महत्या। प्राणत्याग।

क्रि० प्र०—करना।

(३) वह चिता जो दुर्ग में स्त्रियों के जलने के लिये बनाई जाती है। उ०—(क) जौहर कर साजा रनिवासू। जेहि सत हिये कहाँ तेहि आँसू।—जायसी। (ख) अबहूँ जौहर साजि के कीन्ह चहौ उजियार। होरी खेलउ रन कठिन कोउ न समेटै छार।—जायसी।

क्रि० प्र०—साजना।

जोहरी–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) हीरा लाल आदि बहुमूल्य पत्थर बेंचनेवाला। रत्नविक्रेता। (२) रत्न परखनेवाला। रत्नों की परीक्षा जाननेवाला। जवाहिरात की पहचान रखनेवाला। पारखी। परखैया। जँचवैया। (३) किसी वस्तु के गुण दोष की पहचान रखनेवाला। (४) गुण का आदर करनेवाला। गुणग्राहक। क़दरदान।

ज्ञ–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ज्ञान। बोध। (२) ज्ञानी। जाननेवाला। जैसे, शास्त्रज्ञ। (३) ब्रह्मा। (४) बुध ग्रह। (५) सांख्य के अनुसार निष्क्रिय निर्विकार पुरुष जिसको ज्ञान लेने से बंधन कट जाते हैं। (६) मंगल ग्रह। (७) ज और ञ के संयोग से बना हुआ संयुक्त अक्षर।

ज्ञपित–वि० [सं०] (१) जाना हुआ। (२) मारा हुआ। (३) तुष्ट किया हुआ। (४) तेज किया हुआ। चोखा किया हुआ। (५) जिसकी स्तुति वा प्रशंसा की गई हो।

ज्ञप्त–वि० [सं०] जाना हुआ।

ज्ञप्ति–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) जानकारी। (२) बुद्धि। (३) मारण। (४) तोषण। तुष्टि। (५) स्तुति। (६) जलाने की क्रिया।

ज्ञवार–संज्ञा पुं० [सं०] बुधवार। बुध का दिन।

ज्ञा–संज्ञा स्त्री० [सं०] जानकारी।

ज्ञात–वि० [सं०] विदित। जाना हुआ। अवगत। मालूम।

संज्ञा पुं० ज्ञान।

ज्ञातनंदन–संज्ञा पुं० [सं०] जैनों के तीर्थंकर महावीर स्वामी का एक नाम।

ज्ञात यौवना–संज्ञा स्त्री० [सं०] मुग्धा नायिका का एक भेद। वह मुग्धा नायिका जिसे अपने यौवन का ज्ञान हो। इसके दो भेद हैं—नवोढ़ा और विश्रब्ध नवोढ़ा।

ज्ञातव्य–वि० [सं०] जो जाना जा सके। जिसे जानना हो अथवा जिसको जानना उचित हो। ज्ञेय। वेद्य। बोधगम्य।

विशेष—श्रुति उपनिषद् आदि में आत्मा ही को एक मात्र ज्ञातव्य माना है। उसे जान लेने से फिर कुछ जानना बाकी नहीं रह जाता।

ज्ञाता—वि० [स० ज्ञातृ, ज्ञाता] [स्त्री० ज्ञात्री] जाननेवाला। ज्ञान रखनेवाला। जानकार।

ज्ञाति—संज्ञा पुं० [सं०] एक ही गोत्र वा वंश का मनुष्य। गोती। भाई बंधु। बांधव। सपिंड समानोदक आदि। जैसे, चचा, चचेरा भाई आदि। उ०—(क) ते मोहि मिले ज्ञात घर अपने मैं बूझी तब जात। हँसि हँसि दौरी मिले अंकम भरि हम तुम एकै ज्ञाति।—सूर। (ख) अहिर जाति ओछी मति कीन्ही। अपनी ज्ञाति प्रकट करि दीन्ही।—सूर।

ज्ञातिपुत्र—संज्ञा पुं० [सं०] (१) गोत्रज का पुत्र। (२) जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी का नाम।

ज्ञातृत्व—संज्ञा पुं० [सं०] जानकारी। अभिज्ञाता।

ज्ञान—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वस्तुओं और विषयों की वह भावना जो मन वा आत्मा को हो। बोध। जानकारी। प्रतीति।

क्रि० प्र०—होना।

विशेष—न्याय आदि दर्शनों के अनुसार जब विषयों का इंद्रियों के साथ, इंद्रियों का मन के साथ और मन का आत्मा के साथ संबंध होता है तभी ज्ञान उत्पन्न होता है। मान लीजिए कि कहीं पर एक घड़ा रक्खा है। इंद्रियों ने उस घड़े का साक्षात्कार किया, फिर उस साक्षात्कार की सूचना मन को दी। फिर मन ने आत्मा को सूचित किया और आत्मा ने निश्चित किया कि यह घड़ा है। ये सब व्यापार इतने शीघ्र होते हैं कि इनका अनुमान नहीं हो सकता। एक ही साथ दो विषयों का ज्ञान नहीं हो सकता, ज्ञान सदा अयुगपद् होता है। जैसे यदि मन एक ओर है और हमारी आँख किसी दूसरी वस्तु की ओर है तो इस दूसरी वस्तु का ज्ञान नहीं होगा। न्याय में जो प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द, चार प्रमाण माने गए हैं उन्हीं के द्वारा सब प्रकार का ज्ञान होता है। चक्षु, श्रवण आदि इंद्रियों द्वारा जो ज्ञान होता है वह प्रत्यक्ष कहलाता है। व्याप्य पदार्थ को देख व्यापक पदार्थ का जो ज्ञान होता है उसे अनुमान कहते हैं। कभी कभी एक वस्तु (व्याप्य) के होने से दूसरी वस्तु (व्यापक) का अभाव नहीं हो सकता ऐसे अवसर पर अनुमान से काम लिया जाता है, जैसे धुएँ को देख कर अग्नि होने का ज्ञान। अनुमान तीन प्रकार का होता है—पूर्ववत्, शेषवत् और सामान्यतोदृष्ट। कारण को देख कार्य्य के अनुमान को पूर्ववत् (व्याकारणलिंगक) अनुमान कहते हैं; जैसे बादलों का उमड़ना देख होनेवाली वृष्टि का ज्ञान। कार्य्य को देख कारण के अनुमान को शेषवत् (या कार्य्यलिंगक) अनुमान कहते हैं। जैसे, नदी का जल बढ़ता हुआ देख वृष्टि का ज्ञान। व्याप्य को देख व्यापक के ज्ञान को सामान्यतोदृष्ट अनुमान कहते हैं। जैसे, धुएँ को देख अग्नि का ज्ञान, पूर्ण चंद्रमा को देख शुक्ल पक्ष का ज्ञान इत्यादि। प्रसिद्ध वा ज्ञात वस्तु के साधर्म्य द्वारा जो दूसरी वस्तु का ज्ञान कराया जाता है उसे उपमान कहते हैं। जैसे, गाय ही के ऐसी नील गाय होती है। दूसरों के कथन या शब्द के द्वारा जो ज्ञान होता है उसे शाब्द कहते हैं। जैसे, गुरु का उपदेश आदि। सांख्य प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द—ये तीन ही प्रमाण मानता है, उपमान को इनके अंतर्भूत मानता है। ज्ञान दो प्रकार का होता है—प्रमा अर्थात् यथार्थ ज्ञान और अप्रमा अयथार्थ ज्ञान। वेदांत में ब्रह्म को ही ज्ञान स्वरूप माना है अतः उसके अनुसार प्रत्येक का ज्ञान पृथक् पृथक् नहीं हो सकता। एक वस्तु से दूसरी वस्तु में वा एक के ज्ञान से दूसरे के ज्ञान में जो विभिन्नता दिखाई देती है वह विषय रूप उपाधि के कारण है। वास्तविक ज्ञान एक ही है जिसके अनुसार सब विभिन्न दिखाई पड़नेवाले पदार्थों के बीच में केवल एक चित् स्वरूप सत्ता वा ब्रह्म का ही बोध होता है।

पाश्चात्य दर्शन में भी विषयों के साथ इंद्रियों के संयोग रूप प्रत्यक्ष ज्ञान को ही ज्ञान का मूल वा प्रथम रूप माना है। किसी एक वस्तु के ज्ञान के लिये भी यह भावना आवश्यक है कि वह वस्तु कुछ वस्तुओं के समान और कुछ वस्तुओं से भिन्न है, अर्थात् बिना साधर्म्य और वैधर्म्य की भावना के किसी प्रकार का ज्ञान होना असंभव है। इस साक्षात्करण रूप ज्ञान से आगे चलकर सिद्धांत रूप ज्ञान के लिये संयोग, सहकालत्व आदि की भावना भी आवश्यक है। जैसे, 'वह पेड़ नदी के किनारे है' इस बात का ज्ञान केवल 'पेड़' 'नदी' और 'किनारा' का साक्षात्कार मात्र नहीं है बल्कि इन तीन पृथग् भावों का समाहार है।

प्राणि विज्ञान के अनुसार खोपड़ी के भीतर जो मज्जा-तंतु जाल (नाड़ियां) और कोश हैं, चेतन व्यापार उन्हीं की क्रिया से संबंध रखते हैं। इनमें क्रिया को ग्रहण करने और उत्पन्न करने दोनों की शक्ति है। इंद्रियों के साथ विषयों के संयोग द्वारा संचालन नाड़ियों के द्वारा भीतर की ओर जाता है और कोशों को प्रोत्साहित करके परमाणुओं में उत्तेजना उत्पन्न करता है। भूतवादियों के अनुसार इन्हीं नाड़ियों और कोशों की क्रिया का नाम ही चेतना है, पर अधिकांश लोग चेतना को एक स्वतंत्र शक्ति मानते हैं।

क्रि० प्र०—होना।

मुहा०—ज्ञान छाँटना = अपनी विद्या वा जानकारी प्रकट करने के लिये लंबी चौड़ी बातें करना।

(२) यथार्थज्ञान । सम्यक्ज्ञान । तत्वज्ञान । आत्मज्ञान । प्रमा । केवलज्ञान ।

विशेष—मीमांसा को छोड़ प्रायः सब दर्शनों ने ज्ञान से मोक्ष माना है । न्याय में ज्ञान द्वारा मिथ्या ज्ञान का नाश, मिथ्या ज्ञान के नाश से दोष का नाश, दोष न रहने पर प्रवृत्ति से निवृत्ति, प्रवृत्ति के नाश से जन्म से निवृत्ति और जन्म की निवृत्ति से दुःख का नाश और दुःख के नाश से मोक्ष माना है । सांख्य ने पुरुष और प्रकृति के बीच विवेक ज्ञान प्राप्त होने से जब प्रकृति हट जाती है तब मोक्ष का होना बतलाया है । वेदांत का मोक्ष ऊपर लिखा जा चुका है ।

ज्ञानकांड–संज्ञा पुं० [सं०] वेद के तीन कांडों वा विभागों में से एक जिसमें ब्रह्म आदि सूक्ष्म विषयों का विचार है । जैसे, उपनिषद् ।

ज्ञानकृत–वि० [सं०] जो (पाप) जान बूझ कर किया गया हो, भूल से न हुआ हो ।

विशेष—ज्ञानकृत पापों का प्रायश्चित्त दूना लिखा गया है ।

ज्ञानगम्य–संज्ञा पुं० [सं०] ज्ञान की पहुँच के भीतर । जो जाना जा सके ।

ज्ञानगोचर–वि० [सं०] ज्ञानेंद्रियों से जानने योग्य । ज्ञानगम्य ।

ज्ञानतः–क्रि० वि० [सं०] जान बूझ कर । जानकारी में । समझ बूझ कर ।

ज्ञानदग्धदेह–संज्ञा पुं० [सं०] वह जो चतुर्थ आश्रम में हो । संन्यासी ।

विशेष—स्मृतियों में लिखा है कि संन्यासी जीवित अवस्था ही में देह अर्थात् सुख दुःख आदि को ज्ञान द्वारा दग्ध कर डालता है, अतः मृत्यु होने पर उसके दाह कर्म्म की आवश्यकता नहीं । उसके शरीर को एक गड्ढा खोद कर प्रणव मंत्र के उच्चारण के साथ गाड़ देना चाहिए ।

ज्ञानदाता–संज्ञा पुं० [सं० ज्ञानदातृ] ज्ञान देनेवाला मनुष्य । गुरु ।

ज्ञानप्रभ–संज्ञा पुं० [सं०] एक तथागत का नाम ।

ज्ञानमद–संज्ञा पुं० [सं०] ज्ञान का अभिमान । ज्ञानी वा जानकार होने का घमंड ।

ज्ञानमुद्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] तंत्रसार के अनुसार राम की पूजा की एक मुद्रा जिसमें दाहिने हाथ की तर्जनी को अंगूठे से मिलाकर हृदय में रखते हैं और बाएँ हाथ की उँगलियों को कमल संपुट के आकार की करके इनसे सिर से लेकर बाएँ जंघे तक रखा करते हैं ।

ज्ञानयज्ञ–संज्ञा पुं० [सं०] ज्ञान द्वारा अपनी आत्मा का परमात्मा में हवन अर्थात् आत्मा और परमात्मा का संयोग वा अभेदज्ञान । ब्रह्मज्ञान ।

ज्ञानयोग–संज्ञा पुं० [सं०] ज्ञान की प्राप्ति द्वारा मोक्ष का साधन । उ०—एक ज्ञानयोग विस्तरै । ब्रह्म जानि सबसों हित करै ।—सूर ।

ज्ञानलक्षण–संज्ञा स्त्री० [सं०] न्याय में अलौकिक प्रत्यक्ष का एक भेद ।

विशेष—नैयायिकों ने प्रत्यक्ष के दो भेद माने हैं, लौकिक और अलौकिक । अलौकिक प्रत्यक्ष के तीन भेद हैं, सामान्य लक्षण, ज्ञानलक्षण, और योगज । ज्ञानलक्षण वह है जिसमें विशेषण के ज्ञात होने पर विशेष्य का ज्ञान होता है । जैसे घटत्व का ज्ञान होने पर घट शब्द से घड़े का ज्ञान ।

ज्ञानवान्–वि० [सं०] जिसे ज्ञान हो । ज्ञानी ।

ज्ञानवृद्ध–वि० [सं०] ज्ञान में बड़ा । जिसकी जानकारी अधिक हो ।

ज्ञानसाधन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) इंद्रिय । (२) ज्ञानप्राप्ति का प्रयत्न ।

ज्ञानाकर–संज्ञा पुं० [सं०] बुद्ध ।

ज्ञानावरण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ज्ञान का परदा । ज्ञान का बाधक । (२) वह पाप कर्म्म जिससे ज्ञान का यथार्थ लाभ जीव को नहीं होता । यह पाँच प्रकार का है, १—मति-ज्ञानावरण । २—श्रुत-ज्ञानावरण । ३—अवधि-ज्ञानावरण । ४—मनः-पर्य्याय-ज्ञानावरण । ५—केवल-ज्ञानावरण । (जैन) ।

ज्ञानावरणीय कर्म्म–संज्ञा पुं० दे० "ज्ञानावरण" ।

ज्ञानासन–संज्ञा पुं० [सं०] रुद्रयामल के अनुसार योग का एक आसन जिससे योगाभ्यास में शीघ्र सिद्धि होती है । इसमें दहिनी जाँघ पर बाएँ पैर के तलवे को और बाईं जाँघ पर दहिने पैर के तलवे को रखना पड़ता है । इससे पैर की नसें ढीली हो जाती हैं ।

ज्ञानी–वि० [सं० ज्ञानिन्] (१) जिसे ज्ञान हो । ज्ञानवान् । जानकार । (२) आत्मज्ञानी । ब्रह्मज्ञानी ।

ज्ञानेंद्रिय–संज्ञा स्त्री० [सं०] वे इंद्रियाँ जिनसे जीवों को विषयों का बोध होता है । ज्ञानेंद्रियाँ ५ हैं—दर्शनेंद्रिय, श्रवणेंद्रिय, घ्राणेंद्रिय, रसना और स्पर्शेंद्रिय । इन इंद्रियों के गोलक वा आधार क्रमशः आँख, कान, नाक, जीभ और त्वक् हैं । इन पाँचों के अतिरिक्त कोई कोई छठी इंद्रिय मन वा अंतःकरण मानते हैं पर मन केवल ज्ञानेंद्रिय नहीं है कर्मेंद्रिय भी है, अतः उसे दार्शनिकों ने उभयात्मक माना है ।

ज्ञापक–वि० [सं०] (१) जतानेवाला । जिससे किसी बात का बोध हो या पता चले । सूचक । व्यंजक । (वस्तु) । (२) बतानेवाला । सूचित करनेवाला । (व्यक्ति)

ज्ञापन–संज्ञा पुं० [सं०] [वि० ज्ञापित, ज्ञाप्य] जताने या बताने का कार्य्य ।

ज्ञापित–[सं०] जताया हुआ। बताया हुआ। सूचित।

ज्ञेय–[सं०] (१) जिसका जानना योग्य वा कर्त्तव्य हो। जानने योग्य।

विशेष—ब्रह्मज्ञानी लोग एक मात्र ब्रह्म ही को ज्ञेय मानते हैं, जिसको जाने बिना मोक्ष नहीं हो सकता।

(२) जो जाना जा सके। जिसका जानना संभव हो।

ज्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) धनुष की डोरी। (२) वह रेखा जो किसी चाप के एक सिरे से दूसरे सिरे तक हो।

(३) वह रेखा जो किसी चाप के एक सिरे से उस व्यास पर लंब रूप से गिरी हो जो चाप के दूसरे सिरे से होकर गया हो।



(४) त्रिकोणमिति में केंद्र पर के कोण के विचार से ऊपर बतलाई हुई रेखा (क ग) और त्रिज्या (क घ) की निष्पत्ति। (५) पृथ्वी। (६) माता।

ज़्यादती–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] अधिकता। बहुतायत। अधिकाई।

ज़्यादा–क्रि०वि० [फ़ा०] अधिक। बहुत।

ज्यान–संज्ञा पुं० [फ़ा० जियान] नुक़सान। हानि। घाटा।

ज़्याफत–संज्ञा स्त्री० [अ० ज़ियाफत] (१) दावत। भोज। (२) मेहमानी। आतिथ्य।

क्रि० प्र०—खाना।—देना।

ज्यामिति–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह गणित विद्या जिससे भूमि के परिमाण, भिन्न भिन्न क्षेत्रों के अंगों आदि के परस्पर संबंध तथा रेखा, कोण, तल आदि का विचार किया जाता है। क्षेत्रगणित। रेखागणित।

विशेष—इस विद्या में प्राचीन यूनानियों (यवनों) ने बहुत उन्नति की थी। यूनान देश के प्राचीन इतिहासवेत्ता हेरोडोटस के अनुसार ईसा से १३५७ वर्ष पूर्व सिसोस्ट्रिस के समय में मिस्र देश में इस विद्या का आविर्भाव हुआ। राजकर निर्धारित करने के लिये जब भूमि को नापने की आवश्यकता हुई तब इस विद्या का सूत्रपात हुआ। कुछ लोग कहते हैं कि नील नद के चढ़ाव उतार के कारण लोगों की जमीन की हद मिट जाया करती थी इसीसे यह विद्या निकाली गई। इउक्लिड के टीकाकार प्रोक्लस ने भी लिखा है कि थेल्स ने मिस्र में जाकर यह विद्या सीखी थी और यूनान में प्रचलित की थी। धीरे धीरे यूनानियों ने इस विद्या में बड़ी उन्नति की। पेथागोरस ने सबसे पहले इसके संबंध में सिद्धांत स्थिर किए और कई प्रतिज्ञाएँ निकालीं। फिर तो प्लेटो आदि अनेक विद्वान् इस विद्या के अनुशीलन में लगे। प्लेटो के अनेक शिष्यों ने इस विद्या का विस्तार बढ़ाया, जिनमें मुख्य अरस्तू (अरिस्टाटल) और इउडोक्सस थे। पर इस विद्या का प्रधान आचार्य्य इउक्लिड (उकलैदस) हुआ जिसका नाम रेखागणित का पर्य्याय स्वरूप होगया। यह ईसा से २८४ वर्ष पूर्व जीवित था और इसकंदरिया (अलेग्ज़ेंड्रिया जो मिस्र में है) के विद्यालय में गणित की शिक्षा देता था। वास्तव में इउक्लिड ही यूरप में ज्यामिति विद्या का प्रतिष्ठापक हुआ है और इसकंदरिया ही इस विद्या का केंद्र वा पीठ रहा है। जब अरबवालों ने इस नगर पर अधिकार किया तब भी वहां इस विद्या का बड़ा प्रचार था।

प्राचीन हिंदू भी इस विद्या में बहुत पहले अग्रसर हुए थे। वैदिक काल में आर्य्यों को यज्ञ की वेदियों के परिमाण आकृति आदि निर्धारित करने के लिये इस विद्या का प्रयोजन पड़ा था। ज्यामिति का आभास शुल्वसूत्र, कात्यायन श्रौत सूत्र, शतपथ ब्राह्मण आदि में वेदियों के निर्माण के प्रकरण में पाया जाता है। इस प्रकार यद्यपि इस विद्या का सूत्रपात भारत में ईसा से कई हजार वर्ष पहले हुआ पर इसमें यहाँ कुछ उन्नति नहीं की गई। यूनानियों के संसर्ग के पीछे ब्रह्मगुप्त और भास्कराचार्य के ग्रंथों में ही ज्यामिति विद्या का विशेष विवरण देखा जाता है। इस प्रकार जब हिंदुओं का ध्यान यवनों के संसर्ग से फिर इस विद्या की ओर हुआ तब उन्होंने उसमें बहुत से नए निरूपण किए। परिधि और व्यास का सूक्ष्म अनुपात (३° १४१६ : १) भास्कराचार्य को विदित था। इस अनुपात को अरबवालों ने हिंदुओं से सीखा, पीछे इसका प्रचार यूरप में (१२ वीं शताब्दी के पीछे) हुआ।

ज्यारना†*–क्रि० अ० दे० "जियाना", "जिलाना"। उ०—आयो फिरि विप्र नेह खोजहूं न पायो कहूं सरसायो वातैं लै दिखायो स्याम ज्यारियै।—प्रिया०।

ज्यावना†*–क्रि० स० दे० "जिलाना"।

ज्यूँ†–अव्य० दे० "ज्यों"।

ज्येष्ठ–वि० [सं०] (१) बड़ा। जेठा। जैसे, ज्येष्ठ भ्राता। (२) वृद्ध। बड़ा बूढ़ा।

संज्ञा पुं० (१) जेठ का महीना। वह महीना जिसमें ज्येष्ठा नक्षत्र में पूर्णिमा का चंद्रमा उदय हो। यह वर्ष का तीसरा और ग्रीष्म ऋतु का पहला महीना है। (२) वह वर्ष जिसमें बृहस्पति का उदय ज्येष्ठा नक्षत्र में हो। यह वर्ष कँगनी और सावाँ को छोड़ और अन्नों के लिये हानिकारक माना जाता

है। इसमें राजा धर्मज्ञ होता है और श्रेष्ठता जाति, कुल और धन से होती है (बृहत्संहिता), (३) सामगान का एक भेद। (४) परमेश्वर। (५) प्राण।

ज्येष्ठता—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) ज्येष्ठ होने का भाव। बड़ाई। (२) श्रेष्ठता।

ज्येष्ठवला—संज्ञा स्त्री० [सं०] सहदेई नाम की जड़ी जो औषध के काम में आती है।

ज्येष्ठसामग—संज्ञा पुं० [सं०] अरण्यक साम का पढ़नेवाला।

ज्येष्ठसामा—संज्ञा पुं० [सं०] ज्येष्ठ साम वेद का पढ़नेवाला।

ज्येष्ठांबु—संज्ञा पुं० [सं०] चावलों का धोवन।

ज्येष्ठा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) २७ नक्षत्रों में से अठारहवाँ नक्षत्र जो तीन तारों से मिलकर कुंडल के आकार का है। इसके देवता चंद्रमा हैं। (२) वह स्त्री जो औरों की अपेक्षा अपने पति को अधिक प्यारी हो। (३) छिपकली। (४) मध्यमा उँगली। (५) गंगा। (६) पद्म पुराण के अनुसार अलक्ष्मी-देवी जो समुद्र मथने पर लक्ष्मी के पहले निकली थीं। जब इन्होंने देवताओं से पूछा कि हम कहाँ निवास करें तब उन्होंने बतलाया कि जिसके घर में सदा कलह हो, जो नित्य गंदी या बुरी बातें बके, जो अशुचि रहे इत्यादि उसके यहाँ रहो। लिंगपुराण में लिखा है कि जब देवताओं में से किसी ने इन को ग्रहण नहीं किया तब दुःसह नामक तेजस्वी ब्राह्मण ने इन्हें पत्नी रूप से ग्रहण किया।

वि० स्त्री० बड़ी।

ज्येष्ठाश्रम—संज्ञा पुं० [सं०] उत्तमाश्रम। गृहस्थाश्रम।

ज्येष्ठाश्रमी—संज्ञा पुं० [सं० ज्येष्ठाश्रमिन्] गृहस्थ। गृही।

ज्येष्ठी—संज्ञा स्त्री० [सं०] गृहगोधा। पल्ली। छिपकली।

ज्यों—क्रि० वि० [सं० यः + इव] (१) जिस प्रकार। जैसे। जिस ढँग से। जिस रूप से। (अब गद्य में इस शब्द का प्रयोग अकेले नहीं होता केवल कविता में सादृश्य दिखाने के लिये होता है) उ०—(क) तुलसिदास जगदघ-जवास ज्यों अनघ आगि लागे डाढ़न।—तुलसी। (ख) करी न प्रीति श्यामसुंदर सों जन्म जुआ ज्यों हारयो।—सूर।

मुहा०—ज्यों त्यों = (१) किसी न किसी प्रकार। किसी ढंग से। झंझट और बखेड़े के साथ। (२) अरुचि के साथ। अच्छी तरह नहीं। ज्यों त्यों कर के = (१) किसी न किसी प्रकार। किसी ढब से। किसी उपाय से। जिस प्रकार हो सके उस प्रकार। जैसे, ज्यों त्यों कर के उसे हमारे पास लाओ। (२) झंझट और बखेड़े के साथ। दिक्कत के साथ। कठिनाई के साथ। उ०—रास्ते में बड़ी गहरी आंधी आई ज्यों त्यों कर के घर पहुँचे। ज्यों का त्यों = (१) जैसे का तैसा। उसी रूप रंग का। तद्रूप। सदृश। (२) जैसा पहले था वैसा ही। जिसमें कुछ फेर फार वा घटती बढ़ती न हुई हो। जिसके साथ कुछ क्रिया न की गई हो। जैसे, सब काम ज्यों का त्यों पड़ा है कुछ भी नहीं हुआ है।

विशेष—वाक्य का संबंध पूरा करने के लिये इस शब्द के साथ "त्यों" का प्रयोग होता है पर गद्य में नहीं।

(२) जिस क्षण। जैसे ही। जैसे, (क) ज्यों मैं आया कि पानी बरसने लगा है। (ख) ज्यों ही मैं पहुँचा वह उठ कर चला गया।

विशेष—इस अर्थ में इस शब्द का प्रयोग 'ही' के साथ अधिक होता है।

मुहा०—ज्यों ज्यों = जिस क्रम से। जिस मात्रा से। जितना। उ०—जमुना ज्यों ज्यों लागी बाढ़न। त्यों त्यों सुकृत सुभट कलि भूपहि निदरि लगे वहि काढ़न।—तुलसी।

ज्योतिःशास्त्र—संज्ञा पुं० [सं०] ज्योतिष।

ज्योतिःशिखा—संज्ञा स्त्री० [सं०] लघु गुरु वर्णों की गणना के अनुसार विषम वर्णवृत्तों का एक भेद जिसके पहले दल में ३२ लघु और दूसरे दल में १६ गुरु होते हैं।

ज्योति—संज्ञा स्त्री० [सं० ज्योतिस्] (१) प्रकाश। उजाला। द्युति। (२) अग्निशिखा। लपट। लौ।

मुहा०—ज्योति जगना = (१) प्रकाश फैलना। (२) किसी देवता के सामने दीपक जलना।

(३) अग्नि। (४) सूर्य्य। (५) नक्षत्र। (६) मेथी। (७) संगीत में अष्टताल का एक भेद। (८) आँख की पुतली के मध्य का वह बिंदु या स्थान जो दर्शन का प्रधान साधन है। (९) दृष्टि। (१०) अग्निष्टोम यज्ञ की एक संस्था का नाम। (११) विष्णु। (१२) वेदांत में परमात्मा का एक नाम।

ज्योतिक—संज्ञा पुं० दे० "ज्योतिषी"। उ०—बार बार ज्योतिक सो घरी बूझि आवै। एक जाइ पहुँचे नहिं और एक पठावै।—सूर।

ज्योतिरिंग—संज्ञा पुं० [सं०] जुगनू।

ज्योतिरिंगण—संज्ञा पुं० [सं०] जुगनू।

ज्योतिर्मय—वि० [सं०] प्रकाशमय। द्युतिपूर्ण। जगमगाता हुआ।

ज्योतिर्लिंग—संज्ञा पुं० [सं०] (१) महादेव। शिव।

विशेष—शिव पुराण में लिखा है कि जब विष्णु की नाभि से ब्रह्मा उत्पन्न हुए तब वे घबरा कर कमलनाल पर इधर से उधर घूमने लगे। विष्णु ने कहा कि तुम सृष्टि बनाने के लिये उत्पन्न किए गए हो। इस पर ब्रह्मा बहुत क्रुद्ध हुए और कहने लगे कि तुम कौन हो? तुम्हारा भी तो कोई कर्त्ता है। जब दोनों में घोर युद्ध होने लगा तब झगड़ा निपटाने के लिये एक कालाग्नि सदृश ज्योतिर्लिंग उत्पन्न हुआ जिसके चारों ओर भयंकर ज्वाला फैल रही थी। यह ज्योतिर्लिंग आदि मध्य और अंत रहित था। इस कथा का अभि-

प्राय ब्रह्मा विष्णु से शिव को श्रेष्ठ सिद्ध करना ही प्रतीत होता है।

(२) भारतवर्ष में प्रतिष्ठित शिव के प्रधान लिंग जो बारह हैं। वैद्यनाथ माहात्म्य में इन बारह लिंगों के नाम इस प्रकार हैं—सोमनाथ सौराष्ट्र में, मल्लिकार्जुन श्रीशैल में, महाकाल उज्जयिनी में, ओंकार नर्मदा तट पर (अमरेश्वर में), केदार हिमालय में, भीमशंकर डाकिनी में, विशेश्वर काशी में, त्र्यंबक गोमती किनारे, वैद्यनाथ चिताभूमि में, नागेश्वर द्वारका में, रामेश्वर सेतुबंध में, घृष्णेश्वर शिवालय में।

ज्योतिर्लोक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) कालचक्र प्रवर्त्तक ध्रुव लोक।

(२) उस लोक के अधिपति परमेश्वर या विष्णु।

विशेष—भागवत में इस लोक को सप्तर्षि मंडल से १३ लाख योजन और दूर लिखा है। यहीं पर उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव स्थित हैं जिनकी परिक्रमा इंद्र कश्यप प्रजापति तथा ग्रह नक्षत्र आदि बराबर करते रहते हैं।

ज्योतिर्विद्—संज्ञा पुं० [सं०] ज्योतिष जाननेवाला। ज्योतिषी।

ज्योतिर्विद्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] ज्योतिष विद्या।

ज्योतिर्हस्ता—संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा।

ज्योतिश्चक्र—संज्ञा पुं० [सं०] नक्षत्र और राशियों का मंडल।

ज्योतिष—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह विद्या जिससे अंतरिक्ष में स्थित ग्रहों, नक्षत्रों आदि की परस्पर दूरी, गति, परिमाण आदि का निश्चय किया जाता है।

विशेष—भारतीय आर्य्यों में ज्योतिष विद्या का ज्ञान अत्यंत प्राचीन काल से था। यज्ञों की तिथि आदि निश्चित करने में इस विद्या का प्रयोजन पड़ता था। अयन चलन के क्रम का पता बराबर वैदिक ग्रंथों में मिलता है। जैसे—पुनर्वसु से मृगशिरा (ऋग्वेद), मृगशिरा से रोहिणी (ऐतरेय ब्रा०), रोहिणी से कृत्तिका (तैत्ति० सं०), कृत्तिका से भरणी (वेदांग ज्योतिष)। तैत्तरीय संहिता से पता चलता है कि प्राचीन काल में वासंत विषुवद्दिन कृत्तिका नक्षत्र में पड़ता था। इसी वासंत विषुवद्दिन से वैदिक वर्ष का आरंभ माना जाता था, पर अयन की गणना माघ मास से होती थी। इसके पीछे वर्ष की गणना शारद विषुवद्दिन से आरंभ हुई। ये दोनों प्रकार की गणनाएँ वैदिक ग्रंथों में पाई जाती हैं। वैदिक काल में कभी वासंत विषुवद्दिन मृगशिरा नक्षत्र में भी पड़ता था। इसे पंडित बाल गंगाधर तिलक ने ऋग्वेद से अनेक प्रमाण देकर सिद्ध किया है। कुछ लोगों ने निश्चित किया है कि वासंत विषुवद्दिन की यह स्थिति ईसा से ४००० वर्ष पहले थी। अतः इसमें कोई संदेह नहीं कि ईसा से पाँच छ हजार वर्ष पहले हिंदुओं को नक्षत्र अयन आदि का ज्ञान था और वे यज्ञों के लिये पत्रा बनाते थे। शारद वर्ष के प्रथम मास का नाम अग्रहायण था जिसकी पूर्णिमा मृगशिरा नक्षत्र में पड़ती थी। इसीसे कृष्ण ने कहा है कि 'महीनों में मैं मार्गशीर्ष हूँ'। प्राचीन हिंदुओं ने ध्रुव का पता भी अत्यंत प्राचीन काल में लगाया था। अयन चलन का सिद्धांत भारतीय ज्योतिषियों ने किसी दूसरे देश से नहीं लिया क्योंकि जब कि इसके संबंध में युरोप में विवाद था उसके सात आठ सौ वर्ष पहले ही भारतवासियों ने इसकी गति आदि का निरूपण किया था।

वराहमिहिर के समय में ज्योतिष के संबंध में पाँच प्रकार के सिद्धांत इस देश में प्रचलित थे—सौर, पैतामह, वासिष्ठ, पौलिश और रोमक। सौर सिद्धांत संबंधी सूर्य्य सिद्धांत नामक ग्रंथ किसी और प्राचीन ग्रंथ के आधार पर प्रणीत जान पड़ता है। वराहमिहिर और ब्रह्मगुप्त दोनों ने इस ग्रंथ से सहायता ली है। इन सिद्धांत ग्रंथों में ग्रहों के भुजांश, स्थान, युति, उदय, अस्त आदि जानने की क्रियाएँ सविस्तर दी गई हैं। अक्षांश और देशांतर का भी विचार है। पूर्व काल में देशांतर लंका वा उज्जयिनी से लिया जाता था। भारतीय ज्योतिषी गणना के लिये पृथ्वी ही को केंद्र मान कर चलते थे और ग्रहों की स्पष्ट स्थिति वा गति लेते थे। इससे ग्रहों की कक्षा आदि के संबंध में उनकी और आज कल की गणना में कुछ अंतर पड़ता है।

क्रांति वृत्त पहले २८ नक्षत्रों में ही विभक्ति किया गया था। राशियों का विभाग पीछे से हुआ है। वैदिक ग्रंथों में राशियों के नाम नहीं पाए जाते। इन राशियों का यज्ञों से भी कोई संबंध नहीं है। बहुत से विद्वानों का मत है कि राशियों और दिनों के नाम यवन (यूनानियों के) संपर्क से पीछे के हैं। अनेक परिभाषिक शब्द भी यूनानियों से लिए हुए हैं, जैसे होरा, द्रेक्काण केंद्र, इत्यादि।

ज्योतिष के आजकल दो विभाग माने जाते हैं—एक सिद्धांत वा गणित ज्योतिष, दूसरा फलित ज्योतिष। फलित में ग्रहों के शुभ अशुभ फल का निरूपण किया जाता है।

(२) अस्त्रों का एक संहार या रोक जिससे चलाया हुआ अस्त्र निष्फल जाता है। इसका उल्लेख वाल्मीकि रामायण में है।

ज्योतिषिक—संज्ञा पुं० [सं०] ज्योतिष शास्त्र का अध्ययन करनेवाला।

वि० ज्योतिष संबंधी।

ज्योतिषी—संज्ञा पुं० [सं० ज्योतिषिन्] ज्योतिष शास्त्र का जाननेवाला मनुष्य। ज्योतिर्विद्। दैवज्ञ। गणक।

संज्ञा स्त्री० [सं०] तारा।

ज्योतिष्क—संज्ञा पुं० [सं०] (१) ग्रह, तारा, नक्षत्र आदि का समूह। (२) मेथी। (३) चित्रक वृक्ष। चीता (४) गनियारी का पेड़। (५) मेरु पर्वत के एक शृंग का नाम। (६) जैन

मतानुसार देवताओं का एक भेद जिसके अंतर्गत चंद्र, तारा, ग्रह, नक्षत्र और अर्क हैं।

ज्योतिष्का–संज्ञा स्त्री० [सं०] मालकँगनी।

ज्योतिष्टोम–संज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का यज्ञ जिसमें १६ ऋत्विक् होते थे। इस यज्ञ के समापनांत में १२०० गोदान का विधान था।

ज्योतिष्पथ–संज्ञा पुं० [सं०] आकाश।

ज्योतिष्पुंज–संज्ञा पुं० [सं०] नक्षत्र-समूह।

ज्योतिष्मती–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) मालकँगनी। (२) रात्रि। (३) एक नदी का नाम। (४) एक प्रकार का वैदिक छंद। (५) सारंगी की तरह का एक प्राचीन बाजा।

ज्योतिष्मान्–वि० [सं०] प्रकाशयुक्त।

संज्ञा पुं० (१) सूर्य्य। (२) प्लक्ष द्वीप के एक पर्वत का नाम।

ज्योतीरथ–संज्ञा पुं० [सं०] ध्रुव (जिसके आश्रित ज्योतिश्चक्र है)।

ज्योतीरस–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का रत्न जिसका उल्लेख वाल्मीकीय रामायण और बृहत्संहिता में है।

ज्योत्स्ना–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) चंद्रमा का प्रकाश। चाँदनी। (२) चाँदनी रात। (३) सफेद फूल की तोरई। (४) सौंफ।

ज्योत्स्नाकाली–संज्ञा स्त्री० [सं०] सोम की कन्या जो वरुण के पुत्र पुष्कर की पत्नी थी। (महाभारत)

ज्योत्स्नाप्रिय–संज्ञा पुं० [सं०] चकोर।

ज्योत्स्नावृक्ष–संज्ञा पु० [सं०] दीपाधार। दीवट। फतीलसोज़।

ज्योत्स्निका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) चाँदनी रात। (२) सफेद फूल की तोरई।

ज्योत्स्नी–संज्ञा स्त्री० दे० "ज्योत्स्निका"।

ज्योनार–संज्ञा स्त्री० [सं० जेमन = खाना] (१) पका हुआ भोजन। रसोई।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

(२) भोज। दावत। ज्याफ़त।

क्रि० प्र०—करना।—देना।—होना।

मुहा०—ज्योनार बैठना = अतिथियो का भोजन करने बैठना। ज्योनार लगाना = अतिथियो के सामने रखने के लिये व्यंजनों को क्रम से लगाकर रखना।

ज्योरा–संज्ञा पुं० [सं० जीव = जीविका] वह अनाज जो फसल तैयार होने पर गावों में नाइयों चमारों आदि को उनके कामों के बदले में दिया जाता है।

ज्योरी†–संज्ञा स्त्री० [सं० जीवा] रस्सी। रज्जु। डोरी।

ज्योहत†*–संज्ञा पुं० [सं० जीव + हत] आत्महत्या। जौहर। उ०—केश गहि करखि जमुना धार डारिहै, सुन्यो नृप नारि पति कृष्ण मारयो। भईं व्याकुल सबै हेतु रोवन लगीं मरन को तुरत ज्योहत विचारयो।—सूर।

ज्योहर†–संज्ञा पुं० [सं० जीव + हर] राजपूतों की एक प्रथा जिसके अनुसार उन की स्त्रियाँ गढ़ के शत्रुओं से घिर जाने पर चिता में जल कर भस्म हो जाती थीं। दे० "जौहर"।

ज्यौं–क्रि० वि० दे० "ज्यों"।

ज्यौ–अव्य० [सं० यदि] जो। यदि। उ०—जोन जुगुति पिय मिलन की धूर मुकुति मोहि दीन। ज्यौ लहियै सँग सजन तौ धरक नरक हू कीन।—बिहारी।

ज्योतिष–वि० [सं०] ज्योतिष-संबंधी।

ज्यौतिषिक–संज्ञा पुं० [सं०] ज्योतिषी।

ज्यौनार–संज्ञा पुं० दे० "ज्यो '"।

ज्यौरा–संज्ञा पुं० दे० "ज्योरा"।

ज्वर–संज्ञा पुं० [सं०] शरीर की वह गरमी वा ताप जो स्वाभाविक से अधिक हो और शरीर की अस्वस्थता प्रकट करे। ताप। बुखार।

विशेष—सुश्रुत, चरक आदि ग्रंथों में ज्वर सब रोगों का राजा और आठ प्रकार का माना गया है—वातज, पित्तज, कफज, वातपित्तज, वातकफज, पित्तकफज, सान्निपातिक और आगंतुज। आगंतुज ज्वर वह है जो चोट लगने, विष खाने आदि के कारण हो जाता है। इन सब ज्वरों के लक्षण और उपचार भिन्न भिन्न हैं। ज्वर से उठे हुए, कृश वा मिथ्या आहार विहार करनेवाले मनुष्य का शेष या रहा सहा दोष जब वायु के द्वारा वृद्धि को प्राप्त होकर आमाशय, हृदय, कंठ, सिर और संधि इन पाँच कफ स्थानों का आश्रय लेता है तब उससे अँतरा, तिजरा और चौथिया आदि विषम ज्वर उत्पन्न होते हैं। प्रलेपक ज्वर से शरीरस्थ धातु सूख जाती है। जब कई एक दोष कफ स्थान का आश्रय लेते हैं तब विपर्य्यय नाम का विषम ज्वर उत्पन्न होता है। विपर्य्यय ज्वर वह है जो एक दिन न आकर दो दिन बराबर आवे। इसी प्रकार आगंतुक ज्वर के भी कारणों के अनुसार कई भेद किए गए हैं जैसे, कामज्वर, क्रोधज्वर, शोकज्वर, भयज्वर इत्यादि।

ज्वर अपने आरंभ दिन से ७ दिनों तक तरुण, १४ दिनों तक मध्यम, २१ दिनों तक प्राचीन और २१ दिनों के उपरांत जीर्णज्वर कहलाता है। जिस ज्वर का वेग अत्यंत अधिक हो, जिससे शरीर की कांति बिगड़ जाय, शरीर शिथिल हो जाय, नाड़ी जल्दी न मिले उसे कालज्वर कहते हैं। वैद्यक में गुडूच चिरायता पिप्पली नीम आदि कटु वस्तुएँ ज्वर को दूर करने के लिये दी जाती हैं।

पाश्चात्य मत के अनुसार मनुष्य के शरीर में स्वाभाविक गरमी ९८° और ९९° के बीच में होती है। शरीर में गरमी उत्पन्न होते रहने और निकलते रहने का ऐसा हिसाब है कि इस मात्रा की उष्णता शरीर में बराबर बनी रहती है। ज्वर की अवस्था में शरीर में इतनी गरमी उत्पन्न होती है

जितनी निकलने नहीं पाती। यदि गरमी बहुत तेजी से बढ़ने लगती है तो रक्त त्वचा से हटने लगता है जिसके कारण जाड़ा लगता है और शरीर में कँपकँपी होती है। ज्वर में यद्यपि स्वस्थ दशा की अपेक्षा अधिक गरमी उत्पन्न होती है पर उतनी ही गरमी यदि स्वस्थ शरीर में उत्पन्न हो तो वह बिना किसी प्रकार का अधिक ताप उत्पन्न किए उसे निकाल सकता है। अस्वस्थ शरीर में गरमी निकालने की शक्ति उतनी नहीं रह जाती, क्योंकि शरीर की धातुओं का जो क्षय होता है वह पूर्त्ति की अपेक्षा अधिक होता है। ज्वर में शरीर क्षीण होने लगता है, पेशाब अधिक आता है, नाड़ी और श्वास जल्दी जल्दी चलने लगती है, प्रायः कोष्ठ-बद्ध भी हो जाता है, प्यास अधिक लगती है, भूख कम हो जाती है, सिर में दर्द तथा अंगों में विलक्षण पीड़ा होती है। विषैले कीटाणुओं के शरीर में प्रवेश और वृद्धि, अंगों की सूजन, धूप आदि के ताप तथा कभी कभी नाड़ियों या स्नायुओं की अव्यवस्था से भी ज्वर उत्पन्न होता है।

ज्वर के संबंध में हरिवंश में एक कथा लिखी है। जब कृष्ण के पौत्र अनिरुद्ध बाणासुर के यहाँ बंदी हो गए तब कृष्ण और बाणासुर में घोर संग्राम हुआ था। उसी अवसर पर बाणासुर की सहायता के लिये शिव ने ज्वर उत्पन्न किया। जब ज्वर ने बलराम आदि को गिरा दिया और कृष्ण के शरीर में भी प्रवेश किया तब कृष्ण ने भी एक वैष्णव ज्वर उत्पन्न किया जिसने माहेश्वर ज्वर को निकाल कर बाहर किया। माहेश्वर ज्वर के बहुत प्रार्थना करने पर कृष्ण ने वैष्णव ज्वर समेट लिया और माहेश्वर ज्वर को ही पृथ्वी पर रहने दिया। दूसरी कथा यह है कि दक्ष प्रजापति के अपमान से क्रुद्ध होकर महादेवजी ने अपने श्वास से ज्वर को उत्पन्न किया।

क्रि० प्र०—आना।—होना।

मुहा०—**ज्वर उतरना** = ज्वर का जाता रहना। बुखार दूर होना। (किसी को) **ज्वर चढ़ना** = ज्वर आना। ज्वर का प्रकोप होना।

ज्वरकुटुंब—संज्ञा पुं० [सं०] ज्वर के साथ होनेवाले उपद्रव जैसे, प्यास, श्वास, अरुचि, हिचकी इत्यादि।

ज्वरघ्न—संज्ञा पुं० [सं०] (१) गुडुच। (२) बथुआ।

ज्वरराज—संज्ञा पुं० [सं०] ज्वर की एक औषध जो पारे, माक्षिक, मैनसिल, हरताल, गंधक तथा भिलावें के योग से बनती है।

ज्वरहंत्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] मजीठ।

ज्वरांकुश—संज्ञा पुं० [सं०] (१) ज्वर की एक औषध जो पारे, गंधक, प्रत्येक विष और धतूरे के बीजों के योग से बनती है। (२) कुश की तरह की एक सुगंधित घास जो उत्तरीय भारत में कमाऊँ गढ़वाल से लेकर पेशावर तक होती है। इसकी जड़ में से नीबू की सी सुगंध आती है। यह घास चारे के काम की उतनी नहीं होती। इसकी जड़ और डंठलों से एक प्रकार का सुगंधित तेल निकाला जाता है जो शरबत आदि में डाला जाता है।

ज्वरांगी—संज्ञा स्त्री० [सं०] भद्रदंती नाम का पौधा।

ज्वरांतक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) चिरायता। (२) अमलतास।

ज्वरा—संज्ञा पुं० [?] मृत्यु। मौत। उ०—लिए सब आधिन व्याधिन संग जरा जब आवै ज्वरा की सहेली।—केशव।

ज्वरापह—संज्ञा स्त्री० [सं०] बेलपत्री।

ज्वरार्त्त—वि० [सं०] ज्वरपीड़ित।

ज्वरित—वि० [सं०] ज्वरयुक्त। जिसे ज्वर चढ़ा हो।

ज्वरी—वि० [सं० ज्वरिन्] जिसे ज्वर हो।

ज्वर्रा†—संज्ञा पुं० दे० "जुर्रा"। उ०—ज्वर्रा बाज बाँसे कुही बहरी लगर लेाने, टेाने जरकटी ल्यौं शचान सानवारे हैं।—रघुराज।

ज्वलंत—वि० [सं०] (१) जलता हुआ। प्रकाशमान्। दीप्त। देदीप्यमान्। (२) प्रकाशित। अत्यंत स्पष्ट। जैसे, ज्वलंत दृष्टांत ज्वलंत प्रमाण।

ज्वल—संज्ञा पुं० [सं०] (१) ज्वाला। अग्नि। (२) दीप्ति। प्रकाश।

ज्वलका—संज्ञा स्त्री० [सं०] अग्निशिखा। आग की लपट। लौर।

ज्वलन—संज्ञा पुं० [सं०] (१) जलने का कार्य्य या भाव। जलन। दाह। उ०—(क) अधर रसन पर लाली मिसी मलूम। मदन ज्वलन पर सोहति, मानहु धूम। (ख) सुदसा ज्वलन सनेहवा, कारन तोर। अंजन सोह उर प्रगटत लगि दृग कोर।—रहीम। (२) अग्नि। आग। (३) लपट। ज्वाला। (४) चित्रक वृक्ष। चीता।

ज्वलनांत—संज्ञा पुं० [सं०] बौद्ध ग्रंथों के अनुसार दस हजार देवपुत्रों का नायक जिसने बौद्ध मठ में प्रवेश करते ही बोधि-ज्ञान प्राप्त कर लिया था।

ज्वलित—वि० [सं०] (१) जला हुआ। दग्ध। (२) उज्वल। दीप्तियुक्त। चमकता या झलकता हुआ।

ज्वलिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] मूर्वा लता। मुर्रा। मरोड़फली।

ज्वान†—वि० दे० "जवान"।

ज्वानी†—संज्ञा स्त्री० दे० "जवानी"।

ज्वाब†—संज्ञा पुं० दे० "जवाब"।

ज्वार—संज्ञा स्त्री० [सं० यवनाल, यवाकार वा जूर्ण] (१) एक प्रकार की घास जिसकी बाल के दाने मोटे अनाजों में गिने जाते हैं। यह अनाज संसार के बहुत से भागों में होता है। भारत, चीन, अरब, अफ्रीका, अमेरिका आदि में इसकी खेती होती है। ज्वार सूखे स्थानों में अधिक होती है, सींड़ लिए हुए स्थानों में उतनी नहीं हो सकती। भारत में राजपूताना, पंजाब,

आदि में इसका व्यवहार बहुत अधिक होता है। बंगाल, मद्रास, बरमा आदि में ज्वार बहुत कम बोई जाती है और बोई भी जाती है तो उसमें दाने अच्छे नहीं पड़ते। इसका पौधा नरकट की तरह एक डंठल के रूप में सीधा ५–६ हाथ ऊँचा जाता है। डंठल में सात सात आठ आठ अंगुल पर गाँठे होती हैं जिनसे हाथ डेढ़ हाथ लंबे तलवार के आकार के पत्ते दोनों ओर निकलते हैं। इसके सिरे पर फूल के जीरे और सफेद दानों के गुच्छे लगते हैं। ये दाने छोटे छोटे होते हैं और गेहूँ की तरह खाने के काम में आते हैं। ज्वार कई प्रकार की होती है जिनके पौधों में विशेष भेद नहीं दिखाई पड़ता। ज्वार की फसल दो प्रकार की होती है, एक रबी दूसरी ख़रीफ़। मक्का भी इसी का एक भेद है। इसी से कहीं कहीं 'मक्का' भी ज्वार ही कहलाता है। ज्वार को जोन्हरी, जुंडी आदि भी कहते हैं। इसके डंठल और पौधे को चारे के काम में लाते हैं और चरी कहते हैं। इस अन्न के उत्पत्ति स्थान के संबंध में मतभेद है। कोई कोई इसे अरब आदि पश्चिम देशों से आया हुआ मानते हैं और 'ज्वार' शब्द को अरबी 'दूरा' से बना हुआ समझते हैं, पर यह मत ठीक नहीं जान पड़ता। ज्वार की खेती भारत में बहुत प्राचीन काल से होती आई है। पर यह चारे के लिये बोई जाती थी अन्न के लिये नहीं। (२) समुद्र के जल की तरंग का चढ़ाव। लहर की उठान। भाटा का उलटा।

विशेष—दे० "ज्वारभाटा"।

ज्वारभाटा—संज्ञा पुं० [हिं० ज्वार + भाँटा] समुद्र के जल का चढ़ाव उतार। लहर का बढ़ना और घटना।

विशेष—समुद्र का जल प्रति दिन दो बार चढ़ता और दो बार उतरता है। इस चढ़ाव उतार का कारण चंद्रमा और सूर्य्य का आकर्षण है। चंद्रमा के आकर्षण में दूरत्व के वर्ग के हिसाब से कमी होती है। पृथ्वी तल के उस भाग के अणु जो चंद्रमा से निकट होगा उस भाग के अणुओं की अपेक्षा जो दूर होगा अधिक आकर्षित होंगे। चंद्रमा की अपेक्षा पृथ्वी से सूर्य्य की दूरी बहुत अधिक है पर उसका पिंड चंद्रमा से बहुत ही बड़ा है। अतः सूर्य्य की ज्वार उत्पन्न करनेवाली शक्ति चंद्रमा से बहुत कम नहीं है, ५/९ के लगभग है। सूर्य्य की यह शक्ति कभी कभी चंद्रमा की शक्ति के प्रतिकूल होती है पर अमावास्या और पूर्णिमा के दिन दोनों की शक्तियाँ परस्पर अनुकूल कार्य्य करती हैं अर्थात् जिस अंश में एक ज्वार उत्पन्न करेगी उसी अंश में दूसरी भी ज्वार उत्पन्न करेगी, इसी प्रकार जिस अंश में एक भाटा उत्पन्न करेगी दूसरी भी उसी में भाटा उत्पन्न करेगी। यही कारण है अमावास्या और पूर्णिमा को और दिनों की अपेक्षा ज्वार अधिक ऊँचा उठता है। सप्तमी और अष्टमी के दिन चंद्रमा और सूर्य्य की आकर्षण शक्तियाँ प्रतिकूल रूप से कार्य्य करती हैं अतः इन दोनों तिथियों को ज्वार सबसे कम उठता है।

ज्वारी†—संज्ञा पुं० दे० "जुआरी"।

ज्वाल—संज्ञा पुं० [सं०] अग्निशिखा। लौ। लपट। आँच। उ०—चिंता ज्वाल शरीर बन दावा लगि लगि जाय। —गिरिधर।

ज्वालमाली—संज्ञा पुं० [सं० ज्वालमालिन्] सूर्य्य।

ज्वाला—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) अग्निशिखा। लपट। (२) विष आदि की गरमी का ताप। (३) गरमी। ताप। जलन।

मुहा०—ज्वाला फूकना = गरमी उत्पन्न करना। शरीर में दाह उत्पन्न करना।

(४) दरधाज। (५) तक्षक की पुत्री ज्वाला जिससे ऋक्ष ने विवाह किया था (महाभारत)।

ज्वालाजिह्व—संज्ञा पुं० [सं०] (१) अग्नि। आग। (२) एक प्रकार का चित्रक वृक्ष।

ज्वालादेवी—संज्ञा स्त्री० [सं०] शारदा पीठ में स्थित एक देवी।

विशेष—इनका स्थान काँगड़े जिले के अंतर्गत देरा तहसील में है। तंत्र के अनुसार जब सती के शव को लेकर शिवजी घूम रहे थे तब यहाँ पर सती की जिह्वा गिरी थी। यहाँ की देवी 'अंबिका' नाम की और भैरव 'उन्मत्त' नामक हैं। यहाँ पर्वत के एक दरार से भूगर्भस्थ अग्नि के कारण एक प्रकार की जलनेवाली भाप निकला करती है जो दीपक दिखलाने से जलने लगती है। इसी को देवी का ज्वलंत मुख कहते हैं।

ज्वालामालिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] तंत्र के अनुसार एक देवी का नाम।

ज्वालामुखी पर्वत—संज्ञा पुं० [सं०] वह पर्वत जिसकी चोटी के पास बड़ा गहरा गड्ढा या मुँह होता है जिसमें से धूआँ, राख, तथा पिघले या जले हुए पदार्थ बराबर अथवा समय समय पर निकला करते हैं।

विशेष—ये वेग से बाहर निकलनेवाले पदार्थ भूगर्भ में स्थित प्रचंड अग्नि के द्वारा जलते या पिघलते हैं और संचित भाप के वेग से ऊपर निकलते हैं। ज्वालामुखी पर्वतों से राख, ठोस और पिघली हुई चट्टानें, कीचड़, पानी, धूआँ आदि पदार्थ निकलते हैं। पर्वत के मुँह के चारों ओर इन वस्तुओं के जमने के कारण कँगूरेदार ऊँचा किनारा सा बन जाता है। कहीं कहीं प्रधान मुख के अतिरिक्त बहुत से छोटे छोटे मुख भी इधर उधर दूर तक फैले हुए होते हैं। ज्वालामुखी पर्वत प्रायः समुद्रों के निकट होते हैं। प्रशांत महासागर (पैसिफ़िक समुद्र) में जापान से लेकर पूर्वीय द्वीप समूह तक अनेक छोटे बड़े ज्वालामुखी पर्वत हैं। अकेले

जावा ऐसे छोटे द्वीप में ४१ टीले ज्वालामुखी के हैं। सन् १८८३ में क्रकटोआ टापू में जैसा ज्वालामुखी का भयंकर स्फोट हुआ था वैसा कभी नहीं देखा गया था। टापू के आस पास प्रायः चालीस हजार आदमी समुद्र की घोर हलचल से डूब कर मर गए थे।

ज्वाला हलदी–संज्ञा स्त्री० [हिं०] रँगने की एक हलदी।

—०—

झ

झ–हिंदी व्यंजन वर्णमाला का नवाँ और चवर्ग का चौथा वर्ण जिसका उच्चारण-स्थान तालू है। यह स्पर्श वर्ण है और इस के उच्चारण में संवार, नाद और घोष प्रयत्न होते हैं। च, छ, ज और ञ इसके सवर्ण हैं।

झं–संज्ञा पुं० [अनु०] (१) वह शब्द जो धातु-खडों के परस्पर टकराने से निकलता है। (२) हथियारों का शब्द।

झंकना–क्रि० अ० दे० "झींखना"।

झंकाड़–संज्ञा पुं० दे० "झंखाड़"।

झंकार–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) झंझनाहट का शब्द जो किसी धातुखंड से निकला हो। झनझन शब्द। झनकार। जैसे, पाजेब की झंकार, झाँझ की झंकार। (२) झींगुर आदि छोटे छोटे जानवरों के बोलने का शब्द जो प्रायः 'झन् झन्' होता है। झनकार। जैसे, झिल्लियों की झंकार। (३) झनझन शब्द होने का भाव।

झंकारना–क्रि० स० [सं० झंकार] धातु-खंड आदि में से "झन-झन" शब्द उत्पन्न करना। जैसे, झाँझ झंकारना।

क्रि० अ० "झनझन" शब्द होना। जैसे, झिल्लियों का झंकारना।

झँकिया†–संज्ञा स्त्री० [हिं० झाँकना] (१) छोटी खिड़की। झरोखा। (२) झँझरी। जाली।

झँकोर†–संज्ञा पुं० दे० "झकोरा"।

झँकोरना†–क्रि० अ० दे० "झकोरना"।

झँकोलना†–क्रि० अ० दे० "झकोरना"।

झँकोला†–संज्ञा पुं० दे० "झकोरा"।

झंखना–क्रि० अ० [हिं० खीजना] बहुत अधिक दुखी होकर पछताना और कुढ़ना। झींखना। उ०—(क) बरस दिवस धन रोय के हार परी चित झंख।—जायसी। (ख) पाँच तत्त्व का बना पींजरा तामें मुनियाँ रहती। उड़ि मुनियाँ डारी पर बैठै झंखन लागे सारी दुनिया।—कबीर। (ग) सूरज प्रभु आवत हैं हलधर को नहि लखत झँखति कहति तो होते संग दोऊ।—सूर।

झंखाट†–वि० दे० "झंखाड़"।

झंखाड़–संज्ञा पुं० [हिं० झाड़ का अनु०] (१) घनी और काँटेदार झाड़ी या पौधा। (२) ऐसे काँटेदार पौधों या झाड़ियों का घना समूह जिसके कारण भूमि या कोई स्थान ढँक जाय। (३) वह वृक्ष जिसके पत्ते झड़ गए हों। (४) व्यर्थ की और रद्दी, विशेषतः काठ की, चीजों का समूह।

झँगरा†–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बाँस का जालदार गोल झाँपा जिसे बोरा भी कहते हैं।

झँगा–संज्ञा पुं० दे० "झगा"। उ०—(क) नव नील कलेवर पीप झँगा झलकै पुलकैं नृप गोद लिए।—तुलसी। (ख) आव लाल ऐसे मदु पीजै तेरी झँगा मेरी अँगिया धीर।—हरिदास।

झँगिया†–संज्ञा स्त्री० दे० "झँगुली"।

झँगुआ–संज्ञा पुं० [देश०] मठिया नामक गहने में की, कुहनी की ओर से तीसरी चूड़ी। दे० "मठिया"।

झँगुला†–संज्ञा पुं० दे० "झगा"।

झँगुलिया, झँगुली†*–संज्ञा स्त्री० [हिं० झगा का अल्प०] छोटे बालकों के पहनने का झगा या ढीला कुरता। उ०—(क) घुटुरन चलत कनक आँगन में कौशल्या छवि देखत। नील नलिन तनु पीत झँगुलिया घन दामिनि द्युति पेखत।—सूर। (ख) उठि कह्यो भोर भयो झँगुली दै मुदित महरि लखि आतुरताई।—तुलसी। (ग) कोउ झँगुली कोउ मृदुल बढ़निया कोउ लावै रचि ताजा।—रघुराज।

झँगूली†*–संज्ञा स्त्री० दे० "झँगुली"। उ०—कुलही चित्र विचित्र झँगूली। निरखहि मातु मुदित प्रीति फूली।—तुलसी।

झंझ†–संज्ञा पुं० दे० "झाँझ"। उ०—कोउ वीणा मुरली पटह चंग मृदंग उपंग। झालरि झंझ बजाइ कै गावहि तिनके संग।—गोपाल।

झंझट–संज्ञा स्त्री० [अनु०] व्यर्थ का झगड़ा। टंटा। बखेड़ा। प्रपंच।

क्रि० प्र०—उठाना।—में पड़ना या फँसना।

झँझनाना–क्रि० अ० [अनु०] झन झन शब्द होना। झनक झनक शब्द होना। झंकारना। उ०—नेकु रहौ मति बोलो अबै मनि पायनि पैजनिया झँझनैंगी।

क्रि० स० झन झन शब्द उत्पन्न करना।

झंझर–संज्ञा पुं० दे० "झज्झर"।

संज्ञा स्त्री० दे० "झँझरी"।

झँझरा–संज्ञा पुं० [हिं०] मिट्टी का जालीदार ढँकना जो खौले हुए दूध के बर्तन पर रखा जाता है।

वि० [स्त्री० झँझरी] जिसमें बहुत से छोटे छोटे छेद हों। झीना।

झँझरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० झरझर से अनु०] (१) किसी चीज़ में बहुत से छोटे छोटे छेदों का समूह। जाली। (२) दीवारों आदि में बनी हुई छोटी जालीदार खिड़की। (३) लोहे का वह गोल जालीदार या छेददार टुकड़ा जो दम चूल्हे आदि में रहता है और जिसके ऊपर सुलगते हुए कोयले रहते हैं। जले हुए कोयले की राख इसी के छेदों में से नीचे गिरती है। दमचूल्हे की जाली या झरना। (४) लोहे आदि की कोई जालीदार चादर जो प्रायः खिड़कियों या बरामदों में लगाई जाती हैं। (५ आटा छानने की छलनी। (६) आग आदि उठाने का झरना। (६) दुपट्टे या धोती आदि के आँचल में उसके बाने के सूतों का, सुंदरता या शोभा के लिये बनाया हुआ छोटा जाल जो कई प्रकार का होता है। वि० स्त्री० दे० "झँझरा"।

झँझरीदार–वि० [हिं० झँझरी + फ़ा० दार] जालीदार। सूराख-दार। जिसमें झँझरी या जाली हो।

झंझा–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह तेज आँधी जिसके साथ वर्षा भी हो। उ०—मन को मसूसि मनभावन सों रूसि सखी दामिनि को दूषि रही रंभा झुकि झंझा सी।—देव। (२) तेज आँधी। अंधड़। (३) छोटी छोटी बूँदों की वर्षा। (४) झाँझ।

वि० प्रचंड। तेज। तीव्र।

झंझानिल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) प्रचंड वायु। आँधी। (२) वह आँधी जिसके साथ वर्षा भी हो।

झंझार–संज्ञा पुं० [स० झझा] आग की वह लपट जिसमें से कुछ अव्यक्त शब्द के साथ धुआँ और चिनगारियाँ निकलें।

झंझावात–संज्ञा पु० [सं०] (१) प्रचंड वायु। आँधी। (२) वह आँधी जिसके साथ पानी भी बरसे।

झंझी–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) फूटी कौड़ी। (२) दलाली का धन। झज्झी। (दलालों की बोली)

झँझोड़ना–क्रि० स० [स० झर्झन] (१) किसी चीज़ को बहुत वेग और झटके के साथ हिलाना जिसमें वह टूट फूट जाय या नष्ट हो जाय। झकझोरना। जैसे, वे सोए हुए थे, इन्होंने जाते ही उन्हें खूब झँझोड़ा। (२) किसी जानवर का अपने से छोटे जानवर को मार डालने के लिये दाँतों से पकड़ कर खूब झटका देना। झकझोरना। जैसे, कुत्ते या बिल्ली का चूहे को झँझोड़ना।

झँझोटी, झँझौटी–संज्ञा स्त्री० दे० "झिंझौटी"।

झंड†–संज्ञा पुं० [सं० जट] (१) छोटे बालकों के मुंडन के पहले के केश। (२) करील।

झंडा–संज्ञा पुं० [सं० जयन्त] (१) तिकोने या चौकोर कपड़े का टुकड़ा जिसका एक सिरा लकड़ी आदि के डंडे में लगा रहता है और जिसका व्यवहार चिह्न प्रकट, संकेत करने, उत्सव आदि सूचित करने अथवा इसी प्रकार के अन्य कामों के लिये होता है। यह कपड़ा कई रंगों का होता है और इसपर कई तरह की रेखाएँ, चिह्न या चित्र आदि अंकित होते हैं। प्राचीन काल में भारत में झंडे का कपड़ा केवल तिकोना ही होता था; पर आज कल युरोप अमेरिका आदि के झंडों के कपड़े चौकोर होते है। प्रत्येक दल या राज्य आदि का चिह्न प्रकट करने के लिये अलग अलग प्रकार के झंडे होते हैं। किसी एक राज्य की सेना या एक देश की जाति के चिह्न-स्वरूप भी अलग अलग झंडे होते हैं। लंबाई और चौड़ाई में झंडे कई फुट तक के होते हैं। सेनाओं, किलों, सरकारी इमारतों और जहाजों आदि पर प्रायः राजकीय या जातीय झंडे लगे रहते हैं जिनसे उनकी पहचान होती है। संकेत के काम के लिये जो झंडे होते हैं वे अपेक्षाकृत छोटे होते हैं। पताका। निशान। फरहरा। ध्वजा।

मुहा०—झंडा खड़ा करना = (१) सैनिक आदि एकत्र करने के लिये झंडा स्थापित करके संकेत करना। (२) आडंबर करना। (३) दे० "झंडा गाड़ना"। झंडा गाड़ना = (१) किसी स्थान विशेषतः नगर या किले आदि पर अपना अधिकार करके उसके चिह्न स्वरूप झंडा स्थापित करना। (२) पूर्ण रूप से अपना अधिकार जमाना। झंडा फहराना = झंडा गाड़ना। झंडे तले आना = युद्ध आदि के उद्देश्य से, किसी के बुलाने पर योद्धाओं का निश्चित स्थान पर एकत्र होना। झंडे तले की दोस्ती = बहुत ही साधारण या राह चलते की जान पहचान। झंडे पर चढ़ना = बदनाम होना। अपने सिर बहुत बदनामी लेना। झंडे पर चढ़ाना = बहुत बदनाम करना।

(२) ज्वार बाजरे आदि पौधों के ऊपर का नर-फूल। ज़ीरा।

झंडी संज्ञा स्त्री० [हिं० 'झंडा' का स्त्री० अल्प०] छोटा झंडा जिसका व्यवहार प्रायः संकेत आदि करने के लिये होता है।

मुहा०—झंडी दिखाना = झंडी से संकेत करना।

झंडीदार–वि० [हिं० झंडी + फ़ा० दार] जिसमें झंडी लगी हो। झंडीवाला।

झँडूलना†–संज्ञा पुं० दे० "झँडूला"।

झँडूला–वि० [हिं० झंड + ऊला (प्रत्य०)] (१) जिसके सिर पर गर्भ के बाल हों। जिसका मुंडन संस्कार न हुआ हो। गर्भ के बालोंवाला (बालक)। (२) मुंडन संस्कार से पहले का। गर्भ का (बाल)। उ०—उर बघनहाँ कंठ कंठुला झँडूले वार बेनी लटकन मसि बिंदु मुनि मनहर।—सूर।

विशेष—इस अर्थ में यह शब्द प्रायः बहुवचन रूप में बोला जाता है।

(३) घनी पत्तियोंवाला। सघन

संज्ञा पु० (१) वह बालक जिसके सिर पर गर्भ के बाल हों। वह लड़का जिसके गर्भ के बाल अभी तक मुँडे न

हों। (२) मुंडन संस्कार से पहले का बाल। गर्भ का बाल जो अभी तक मूंडा न गया हो। (३) घनी पत्तियों-वाला वृक्ष। सघन वृक्ष।

झंप–संज्ञा पुं० [सं०] उछाल। फलांग। कुदान।

मुहा०—झंप देना = कूदना। उ०—करि अपनो कुल नास बनहि सो अगिन झँप दै आई।—सूर।

संज्ञा पुं० [देश०] घोड़ों के गले का एक भूषण। उ०—तैसे चँवर बनाए औ घाले गल झंप।—जायसी।

झँपकना–क्रि० अ० दे० "झपकना"।

झँपकी–संज्ञा स्त्री० दे० "झपकी"।

झँपताल–संज्ञा पुं० दे० "झपताल"।

झँपाक–संज्ञा पु० [सं०] बंदर।

झँपना–क्रि० अ० [सं० झंप] (१) ढँकना। छिपना। आड़ में होना। (२) उछलना। कूदना। लपकना। झपकना। उ०—(क) छकि रसाल सौरभ सने मधुर माधुरी गंध। ठौर ठौर झौरत झंपत झौंर झौंर मधु अंध।—बिहारी। (ख) जबहि झँपति तबहि कँपति विहँसि लगति उरोज।—सूर। (३) टूट पड़ना। एक दम से आ पड़ना। उ०—जागत काल सोवत काल काल झँपै आई। काल चलत काल फिरत कबहूँ लै जाई।—दादू। (४) झेंपना। लज्जित होना।

झँपरिया, झँपरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० झाँपना = ढकना] पालकी को ढाँकने की खोली। गिलाफ़। ओहार। उ०—आठ कोठ-रिया नौ दरवाजा दसयें लागि केंवरिया। खिड़की खोलि पिया हम देखल ऊपर झांप झँपरिया।—कबीर।

झँपान–संज्ञा पुं० [सं० झप] सवारी के लिये एक प्रकार की खटोली जिसमें दोनों ओर दो लंबे बांस बँधे होते हैं। इन बांसों के दोनों ओर बीच में रस्सियां बँधी होती हैं जिनमें छोटे छोटे दो और बाँस पिरोए रहते हैं। इन्हीं बाँसों को चार आदमी अपने कंधे पर रख कर सवारी ले चलते हैं। यह सवारी बहुधा पहाड़ की चढ़ाई में काम आती है। झप्पान।

झंपित*–वि० [स० झप] ढँका हुआ। छिपा हुआ। आच्छादित। छाया हुआ।

झँपोला–संज्ञा पुं० [हिं० झाँपा + ओला (प्रत्य०)] [स्त्री० अल्प० झँपोली या झँपोलिया] छोटा झाँपा या झाबा। छाबड़ा।

झँवराना–क्रि० अ० [हिं० झाँवर] (१) कुछ काला पड़ना। (२) कुम्हलाना। सूखना। फीका पड़ना।

झँवा–संज्ञा पुं० दे० "झाँवाँ"।

झँवाना–क्रि० अ० [हिं० झाँवाँ] (१) झाँवे के रंग का हो जाना। कुछ काला पड़ जाना। जैसे, धूप में रहने के कारण चेहरा झँवा जाना। (२) अग्नि का मंद हो जाना। आग का कुछ ठंढा हो जाना। (३) किसी चीज का कम हो जाना। घट जाना। (४) कुम्हलाना। मुरझाना। (५) झाँवे से रगड़ा जाना।

संयो० क्रि०—जाना।

क्रि० स० (१) झाँवे के रंग का कर देना। कुछ काला कर देना। जैसे, धूप ने उनका चेहरा झँवा दिया। (२) अग्नि को मंद करना। आग ठंढी करना। (३) किसी चीज को कम करना। घटाना। उ०—ज्ञान को अभिमान किए मोको हरि पठयो। मेरोई भजन थापि माया सुख झँपयो।—सूर। (४) कुम्हला देना। मुरझा देना। (५) झाँवे से रगड़ना। (६) झाँवे से रगड़वाना। उ०—झझकत हिये गुलाब के झँवा झँवावति पाँय।—बिहारी।

झ–संज्ञा पुं० [स०] (१) झंझावात। वर्षा मिली हुई तेज आँधी। (२) सुरगुरु। बृहस्पति। (३) दैत्यराज। (४) ध्वनि। गुंजार शब्द। (५) तीव्र वायु। तेज़ हवा।

झइँ*†–संज्ञा स्त्री० दे० "झाईं"। उ०—भरतहि देखि मातु उठि धाई। मुरछित अवनि परी झइँ आई।—तुलसी।

झईं*†–संज्ञा स्त्री० दे० "झाईं"। उ०—को जानै काहू के जिय की छिन छिन होत नई। सूरदास स्वामी के बिछुरे लागे प्रेम झई।—सूर।

झउआ, झउवा‡–संज्ञा पुं० [हिं० झाबा] खाँचा। टोकरा। झाबा।

झक–संज्ञा स्त्री० [अनु०] धुन। सनक। लहर। मौज।

संज्ञा स्त्री० [अनु०] कोई काम करने की ऐसी धुन जिसमें आगा पीछा या भला बुरा न सूझे। सनक।

क्रि० प्र०—चढ़ना।—लगना।—समाना।—सवार होना।

संज्ञा स्त्री० दे० "झख"।

वि० चमकीला। साफ। ओपदार। जैसे, सफ़ेद झक।

झककेतु*–संज्ञा पु० दे० "झषकेतु"।

झकझक–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) व्यर्थ की हुज्जत। फजूल झगड़ा या तकरार। किचकिच। (२) व्यर्थ की बकवाद। निरर्थक वाद विवाद। बकबक।

यौ०—बकबक झकझक।

झकझका–वि० [अनु०] चमकीला। ओपदार। चमकदार।

झकझकाहट–संज्ञा स्त्री० [अनु०] ओप। चमक। जगमगाहट।

झकझलना–क्रि० स० दे० "झकझोरना"।

झकझोर–संज्ञा पुं० [अनु०] झोंका। झटका। उ०—तन जस पियर वात भा मोरा। तेहि पर विरह देह झकझोरा।—जायसी।

वि० झोंकेदार। तेज़। जिसमें खूब झोंका हो। उ०—काम क्रोध समेत तृष्णा पवन अति झकझोर। नाहिं चितवन देति तिय सुत नाम नौका ओर।—सूर।

झकझोरना–क्रि० स० [अनु०] किसी चीज को पकड़ कर खूब हिलाना। झोंका देना। झटका देना। उ०—(क) सूरदास तिनको व्रज युवती झकझोरति उर अंक भरे।—सूर। (ख) अधिकाय सुगंधनि सेव चारु मलिंदन को झकझोरति है।—

सेवक। (ग) बातन ते डरपै ये कहा झकझोरत हूँ न अरी अरसात है।

झकझोरा–संज्ञा पुं० [अनु०] झटका। धक्का। झोंका। उ०—मंद विलंद अभेरा दलकनि पाइब दुख झकझोका रे।—तुलसी।

झकझोलना–क्रि० स० दे० "झकझोरना"।

झकड़–संज्ञा पुं० दे० "झक्कड़"।

झकड़ी†–संज्ञा स्त्री० [देश०] दोहनी। दूध दुहने का बरतन।

झकना†–क्रि० अ० [अनु०] (१) बकवाद करना। व्यर्थ की बातें करना। (२) क्रोध में आकर अनुचित वचन कहना।

झकर†–संज्ञा पुं० दे० "झक्कड़"।

झका*†–वि० दे० "झक"।

झकाझक–वि० [अनु०] चमकीला। जो खूब साफ़ और चमकता हुआ हो। झलाझल। उज्वल। जैसे, सफेदी होने से यह कमरा झकाझक हो गया। उ०—झाँकि कै प्रीति सों झीने झरोखनि झारि के झाका झकाझक झाँकी।—रघुराज।

झकोर*†–संज्ञा पुं० [अनु०] (१) हवा का झोंका। पवन की हिलोर। हिलकोरा। उ०—(क) चारु लोचन हँसि विलोकनि देखि कै चितभोर। मोहनी मोहन लगावत लटकि मुकुट झकोर।—सूर। (ख) पवि पाहन दामिनि गरज झरि झकोर खरि खीझि। रोष न प्रीतम दोष लखि तुलसी रागहि रीझि।—तुलसी। (ग) चारिहुँ ओर तें पौन झकोर झकोरन घोर घटा घहरानी।—पद्माकर। (२) झटका। झोंका। धक्का

झकोरना–क्रि० अ० [अनु०] हवा का झोंका मारना। उ०—(क) चहुँ दिसि पवन झकोरत घोरत मेघ घटा गंभीर।—सूर। (ख) झँझरी के झरोखनि ह्वै कै झकोरति राबटी हूँ मैं न जात सही।—देव।

झकोरा–संज्ञा पुं० [अनु०] हवा का झोंका। वायु का वेग।

झकोल*†–संज्ञा पुं० दे० "झकोर" या "झकोरा"। उ०—मृदु पदनास मंद मलया निल विगलत शीश निचोल। नील पीत सित अरुन ध्वजा चल सीर समीर झकोल।—सूर।

झक्क–वि० [अ०] खूब साफ और चमकता हुआ। झकाझक। ओपदार।

संज्ञा स्त्री० दे० "झक"।

झक्कड़–संज्ञा पुं० [अनु०] तेज आँधी। तूफान। तीव्र वायु। अंधड़।

क्रि० प्र०—आना।—उठना।—चलना।

वि० दे० "झक्की"।

झक्का–संज्ञा पुं०[अनु०] (१) हवा का तेज झोंका। (२) झक्कड़। आँधी। (लश०)

झक्की–वि० [अनु०] (१) व्यर्थ की बकवाद करनेवाला। बहुत बकबक करनेवाला। (२) जिसे झक सवार हो। जो अपनी धुन के सामने किसी की न सुने। सनकी।

झखखना * †–क्रि० अ० दे० "झीखना"। उ०—कह गिरिधर कविराय मातु झखवै वहि ठाहीं।—गिरिधर।

झख–संज्ञा स्त्री० [हिं० झीखना] झीखने का भाव या क्रिया।

मुहा०—झख मारना = (१) व्यर्थ समय नष्ट करना। वक्त खराब करना। जैसे, आप सबेरे से यहाँ बैठे हुए झख मार रहे हैं। (२) अपनी मिट्टी खराब करना। (३) विवश होकर बुरी तरह झीखना। लाचार होकर खूब कुढ़ना। जैसे, (क) तुम्हें झख मार कर यह काम करना होगा। (ख) झख मारो और वहीं जाओ।

झखकेतु–संज्ञा पुं० दे० "झषकेतु"।

झखना * †–क्रि० अ० दे० "झीखना"। उ०—(क) बाबा नंद झखत केहि कारन यह कहि मया मोह अरुझाय। सूरदास प्रभु मात पिता को तुरतहि दुख डारयो बिसराय।—सूर। (ख) ऊधो कुलिश भई यह छाती। मेरो मन रसिक लग्यो नँदलालहि झकत रहत दिन राती।—सूर। (ग) पुनि धाइ धरी हरिजू की भुजान तैं छूटिबे को बहु भाँति झखी री।—केशव। (घ) कवि हरिजन मेरे उर वनमाल तेरे बिन गुन माल रेख सेख देखि झखियाँ।—हरिजन।

झखनिकेत–संज्ञा पुं० दे० "झषनिकेत"।

झखराज–संज्ञा पुं० दे० "झषराज"।

झखलगन *–संज्ञा पुं० दे० "झषलग्न"।

झखी * †–संज्ञा स्त्री०[स० झष] मीन। मछली। मत्स्य। उ०—(क) आवत बन ते साँझ देखो मैं गायन माँझ काहू को ढोटारी एक शीष मोर पखियाँ। अतसी कुसुम जैसे चंचल दीरघ नैन मानौ रस भरी जोंरत जुगल झखियाँ।—सूर। (ख) गोकुल माह मैं मान करैं ते भईं तिय बारि बिना झखियाँ हैं।

झगड़ना–क्रि० अ० [हिं० झकझक से अनु०] दो आदमियों का आवेश में आकर परस्पर विवाद करना। झगड़ा करना। हुज्जत तकरार करना। लड़ना।

संयो० क्रि०—जाना।—पड़ना।

झगड़ा–संज्ञा पुं० [हिं० झकझक से अनु०] दो मनुष्यों का परस्पर आवेशपूर्ण विवाद। लड़ाई। टंटा। बखेड़ा। कलह। हुज्जत। तकरार।

क्रि० प्र०—करना।—उठाना।—समेटना।—डालना।—फैलाना।—तोड़ना।—खड़ा करना।—मचाना।—लगाना।

यौ०—झगड़ा बखेड़ा।

झगड़ालू–वि० [हिं० झगड़ा + आलू (प्रत्य०)] लड़ाई करनेवाला। कलहप्रिय। झगड़ा बखेड़ा करनेवाला। जो बात बात में झगड़ा करता हो।

झगड़ी*—संज्ञा स्त्री० [हिं० झगड़ा] अपने नेग के लिये झगड़ा करनेवाली। उ०—यशोमति लटकति पाँय परै। तेरो भलो मनाइहौं झगरी तूँ मति मनहि डरै।—सूर।

झगर—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की चिड़िया। उ०—तूती लाल कर करे सारस झगर तोते तीतर तुरमती बटेर गहियत है।—रघुनाथ।

झगरना—क्रि० अ० दे० "झगड़ना"।

झगरा * †—संज्ञा पुं० दे० "झगड़ा"।

झगराऊ * †—वि० दे० "झगड़ालू"। उ०—याहि कहा मैया मुँह लावति गनति कि एक लँगरि झगराऊ।—तुलसी।

झगरी * †—संज्ञा स्त्री० दे० "झगड़ी"। उ०—यशोमति लटकति पाँय परै। तेरो भलो मनाइहौं झगरी तूँ मति मनहि डरै।—सूर।

झगला * †—संज्ञा पुं० दे० "झगा"।

झगा—संज्ञा पुं० [?] छोटे बच्चों के पहनने का कुछ ढीला कुरता। उ०—झगा पगा अरु पाग पिछौरी ढाढ़िन को पहिरायो। हरि दरियाई कंठ लगाई परदा सात उठायो।—सूर।

झगुलिया * †—संज्ञा स्त्री० [हिं० झगा का अल्प०] झगा। उ०—के लिये दे० "झँगुलिया"।

झगुली * †—संज्ञा स्त्री० दे० "झगुलिया"।

झउझर—संज्ञा पुं० [सं० अलिंजर] कुछ चौड़े मुँह का पानी रखने का मिट्टी का एक प्रकार का बरतन जिसकी ऊपरी तह पर पानी को ठंढा करने के लिये थोड़ा सा बालू लगा दिया जाता है। इसकी ऊपरी सतह पर सुंदरता के लिये तरह तरह की नकाशियाँ भी की जाती है। इसका व्यवहार प्रायः गरमी के दिनों में जल को अधिक ठंढा करने के लिये होता है।

झउझी—संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) फूटी कौड़ी। (२) दलाली का धन। (दलालों की भाषा)

झझक—संज्ञा स्त्री० [हिं० झझकना] (१) झझकने की क्रिया या भाव। किसी प्रकार के भय की आशंका से रुकने की क्रिया। चमक। भड़क। जैसे, अभी इनकी झझक नहीं गई है, इसीसे खुलकर नहीं बोलते।

क्रि० प्र०—जाना।—मिटना।—होना।

मुहा०—झझक निकलना = झझक दूर होना। भय का नष्ट होना। झझक निकालना = झझक या भय दूर करना। जैसे, हम चार दिन में इनकी झझक निकाल देंगे।

(२) कुछ क्रोध से बोलने की क्रिया या भाव। झुँझलाहट।

(३) किसी पदार्थ में से रह रह कर निकलनेवाली विशेषतः अप्रिय गंध।

क्रि० प्र०—आना।—निकलना।

(४) रह रह कर होनेवाला पागलपन का हलका दौरा। कभी कभी होनेवाली सनक।

क्रि० प्र०—आना।—चढ़ना।—सवार होना।

झझकन * †—संज्ञा स्त्री० [हिं० झझकना] झझकने या भड़कने का भाव। डर कर हटने या रुकने का भाव। भड़क। उ०—वह रस की झझकनि, वह महिमा, वह मुसुकनि वैसो सँजोग।—सूर।

झझकना—क्रि० अ० [अनु०] (१) किसी प्रकार के भय की आशंका से अकस्मात् किसी काम से रुक जाना। अचानक डरकर ठिठकना। विदकना। चमकना। भड़कना। उ०—(क) कबहुँ चुंबन देत आकर्षि जिय लेति करति बिन चेत सब हेत अपने। मिलति भुज कंठ दै रहति अंग लटकि कै जात दुख दूर ह्वै झझकि सपने।—सूर। (ख) छाले परिबे के डरन सकै न हाथ छुवाइ। झझकति हियहिं गुलाब के झँवा झँवावति पाइ।—बिहारी।

सेयो० क्रि०—उठना।—जाना।—पड़ना।

(२) झुंझलाना। खिजलाना। (३) चौंक पड़ना।

झझकाना—क्रि० स० [हिं० झझकना का प्रे०] (१) अचानक किसी प्रकार के भय की आशंका कराके किसी काम से रोक देना। चमकाना। भड़काना उ०—जु ज्यों उझकि झाँपति बदन झुकति विहँसि सत राइ। तुत्यों गुलाल मुठी झुठी झझकावत पिय जाइ।—बिहारी। (२) चौंका देना।

झझकार—संज्ञा स्त्री० [हिं० झझकारना] झझकारने की क्रिया या भाव।

झझकारना—क्रि० स० [अनु०] (१) डपटना। डाँटना। (२) दुरदुराना। (३) अपने सामने कुछ न गिनना। किसी को अपने आगे मंद बना देना। उ०—नख मानो चंद्रबाण साजि कै झझकारत उर आग्यो। सूरदास मानिनि रण जीत्यो समर संग डरि रण भाग्यो।—सूर।

झट—क्रि० वि० [सं० झटिति] तुरंत। उसी समय। तत्क्षण। फौरन। जैसे, हमारे पहुँचते ही वे झट उठ कर चले गए।

मुहा०—झट से = जल्दी से। शीघ्रतापूर्वक।

यो०—झट पट।

झटकना—क्रि० स० [हिं० झट] (१) किसी चीज को इस प्रकार एकबारगी झोंके से हिलाना कि उस पर पड़ी हुई दूसरी चीज गिर पड़े या अलग हो जाय। झटके से हलका धक्का देना। झटका देना। उ०—नासिका लक्षित बेसरि बना अधर तट सुभग तारक छवि कहि न आई। धरनि पट पटकि कर झटकि भौंहनि भटकि अटकि तहाँ रीझे कन्हाई।—सूर।

विशेष—इस अर्थ में इस शब्द का प्रयोग उस चीज के लिये भी होता है जो किसी दूसरी चीज पर चढ़ती या पड़ती है और उस चीज के लिये भी होता है जिस पर कोई दूसरी चीज

चढ़ती या पड़ती है। जैसे, यदि धोती पर कनखजूरा चढ़ने लगे तो कहेंगे कि 'धोती झटक दो,' और यदि राम ने कृष्ण का हाथ पकड़ा और कृष्ण ने झटका देकर राम का हाथ अपने हाथ से अलग कर दिया तो कहेंगे कि "कृष्ण ने राम का हाथ झटक दिया"।

संयो० क्रि०—देना।

(२) किसी चीज को जोर से हिलाना। झोंका देना। झटका देना।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।

मुहा०—झटक कर = झोंके से। झटके से। तेजी से। उ०—झटकि चढ़ति उतरति अटा नेक न थाकति देह। भई रहति नट कौ बटा अटकी नागरि नेह।—बिहारी।

(३) दबाव डालकर चालाकी से या जबरदस्ती किसी की चीज लेना। ऐंठना। जैसे, (क) आज एक बदमाश ने रास्ते में दस रुपए उनसे झटक लिए। (ख) पंडित जी आज उनसे एक धोती झटक लाए।

संयो० क्रि०—लेना।

मुहा०—झटके का माल = जबरदस्ती छीना या चुराया हुआ माल। क्रि० अ० रोग या दुःख आदि के कारण बहुत दुर्बल या क्षीण हो जाना। जैसे, चार ही दिन के बुखार में वे तो बिलकुल झटक गए।

संयो० क्रि०—जाना।

झटका—संज्ञा पुं० [अनु०] (१) झटकने की क्रिया। झोंके से दिया हुआ हलका धक्का। झोंका।

क्रि० प्र०—खाना।—देना।—मारना।—लगना।—लगाना।

(२) झटकने का भाव। (३) पशु वध का वह प्रकार जिसमें पशु हथियार के एक ही आघात से काट डाला जाता है।

यौ०—झटके का मांस = उक्त प्रकार से मारे हुए पशु का मांस।

(४) आपत्ति, रोग या शोक आदि का आघात।

क्रि० प्र०—उठाना।—खाना।—लगना।

(५) कुश्ती का एक पेंच जिसमें विपक्षी की गरदन उस समय जोर से दोनों हाथों से दबा दी जाती है जब वह भीतरी दाँव करने के इरादे से पेट में घुस आता है।

झटकारना—क्रि० स० [अनु०] किसी चीज को इस प्रकार हिलाना जिसमें उस पर पड़ी हुई दूसरी चीज़ गिर पड़े या अलग हो जाय। झटकना। जैसे, ऊपर पड़ी हुई गर्द साफ करने के लिये चादर झटकारना या किसी का हाथ झटकारना। दे० "झटकना"।

झटपट—अव्य० [हिं० झट + अनु० पट] अति शीघ्र। तुरंत ही। तत्क्षण। फौरन। बहुत जल्दी। जैसे, तुम झटपट जाकर बाजार से सौदा ले आओ।

झटा—संज्ञा स्त्री० [सं०] भू आँवला।

झटाका—क्रि० वि० दे० "झड़ाका"।

झटास†—संज्ञा स्त्री० [हिं० झड़ी] बौछार।

झटिका—संज्ञा स्त्री० दे० "झाटा"।

झटिति†*—क्रि० वि० [स०] (१) झट। चटपट। फौरन। तत्काल। तुरंत। उ०—कटत झटिति पुनि नूतन भये। प्रभु बहु बार बाहु सिर हये।—तुलसी। (२) बेविचारे। बिना समझे बूझे।

झट्ट†—क्रि० वि० दे० "झट"।

झड़—संज्ञा स्त्री० [हिं० झड़ना] (१) दे० "झड़ी"। (२) ताले के भीतर का खटका जो चाभी के आघात से हटता बढ़ता है।

झड़कना—क्रि० स० दे० "झिड़कना"।

झड़का†—संज्ञा पुं० दे० "झड़ाका"।

झड़झड़ाना—क्रि० स० (१) दे० "झिड़कना"। (२) दे० "झँझोड़ना"।

झड़न—संज्ञा स्त्री० [हिं० झड़ना] (१) जो कुछ झड़ के गिरे। झड़ी हुई चीज। (२) झड़ने की क्रिया या भाव। (३) लगाए हुए धन का मुनाफा या सूद। (क्व०)

झड़ना—क्रि० अ० [सं० शरण] (१) किसी चीज़ से उसके छोटे छोटे अंगों या अंशों का टूट टूट कर गिरना। कण या बूँद के रूप में गिरना। जैसे, आकाश से तारे झड़ना, बदन की धूल झड़ना, पेड़ में से पत्तियाँ झड़ना।

मुहा०—फूल झड़ना = दे० "फूल" के मुहावरे।

(२) अधिक मात्रा या संख्या में गिरना।

संयो० क्रि०—जाना।—पड़ना।

(३) वीर्य का पतन होना। (बाजारू)।

संयो० क्रि०—जाना।

(४) झाड़ा जाना। साफ किया जाना।

झड़प—संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) दो जीवों की परस्पर मुठभेड़। लड़ाई। (२) क्रोध। गुस्सा। (३) आवेश। जोश। (४) आग की लौ। लपट। (५) दे० "झड़ाका"।

झड़पना—क्रि० अ० [अनु०] (१) आक्रमण करना। हमला करना। वेग से किसी पर गिरना। (२) छोप लेना। (३) लड़ना। झगड़ना। उलझ पड़ना।

संयो० क्रि०—जाना।—पड़ना।

(४) जबरदस्ती किसी से कुछ छीन लेना। झटकना।

संयो० क्रि०—लेना।

झड़पा झड़पी—संज्ञा स्त्री० [अनु०] हाथापाई। गुत्थमगुत्था।

झड़पाना–क्रि० स० [अनु०] दो जीवों विशेषतः पक्षियों को लड़ाना। (क्व०)

झड़बेरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० झाड़ + बेर] (१) जंगली बेर। (२) जंगली बेर का पौधा।

मुहा०—झड़बेरी का काँटा = लड़ने या उलझनेवाला मनुष्य। व्यर्थ झगड़ा करनेवाला मनुष्य।

झड़बेरी–संज्ञा स्त्री० दे० "झड़बेरी"।

झड़वाना–क्रि० स० [हिं० झाड़ना का प्रे०] झाड़ने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को झाड़ने में प्रवृत्त करना।

झड़ाक–क्रि० वि० दे० "झड़ाका"।

झड़ाका–संज्ञा पुं० [अनु०] झड़प। दो जावों की परस्पर मुठभेड़।

क्रि० वि० जल्दी से। शीघ्रतापूर्वक। चटपट।

झड़ाझड़–क्रि० वि० [अनु०] (१) लगातार। बिना रुके। बराबर। एक के बाद एक। (२) जल्दी जल्दी।

झड़ी–संज्ञा स्त्री० [हि० झड़ना] (१) लगातार झड़ने की क्रिया। बूँद या कण के रूप में बराबर गिरने का कार्य्य या भाव। (२) छोटे बूँदों की वर्षा। (३) लगातार वर्षा। झड़ी। बराबर पानी बरसना। (४) बिना रुके हुए लगातार बहुत सी बातें कहते जाना या चीजें रखते, देते अथवा निकालते जाना। जैसे, उन्होंने बातों (या गालियों) की झड़ी लगा दी।

क्रि० प्र०—बँधना।—बाँधना।—लगना।—लगाना।

(५) ताले के भीतर का खटका जो चाभी के आघात से हटता बढ़ता है।

झन–संज्ञा स्त्री० [अनु०] वह शब्द जो किसी धातु-खंड आदि पर आघात लगने से होता है। धातु के टुकड़े के बजने की ध्वनि।

यौ०—झनझन।

झनक–संज्ञा स्त्री० [अनु०] झनकार का शब्द। झनझन का शब्द जो बहुधा धातु आदि के परस्पर टकराने से होता है। जैसे, हथियारों की झनक, पाजेब की झनक, चूड़ियों की झनक।

झनकना–क्रि० अ० [अनु०] (१) झनकार का शब्द करना। (२) क्रोध आदि में हाथ पैर पटकना। (३) चिड़चिड़ाना। क्रोध में आकर जोर से बोल उठना। (४) दे० "झीखना"।

झनक मनक–संज्ञा स्त्री० [अनु०] मंद मंद झनकार जो बहुधा आभूषणों आदि से उत्पन्न होती है।

झनकवात–संज्ञा स्त्री० [अनु० झनक + सं० वातु] घोड़ों का एक रोग जिसमें वे अपने पैर को कुछ झटका देकर रखते हैं।

झनकार–संज्ञा स्त्री० दे० "झंकार"। उ०—घर घर गोपी दही बिलोवहि करकंकन झनकार।—सूर।

झनकारना–क्रि० स० और अ० दे० "झंकारना"।

झनझन–संज्ञा स्त्री० [अनु०] झनझन शब्द। झनकार। झनझनाहट।

झनझना–संज्ञा पुं० [देश०] एक कीड़ा जो तमाखू की नसों में छेद कर देता है। इसे 'चनचना' भी कहते हैं।

वि० [अनु०] जिसमें से झनझन शब्द उत्पन्न हो।

झनझनाना–क्रि० अ० [अनु०] झनझन शब्द होना।

क्रि० स० झनझन शब्द उत्पन्न करना।

झनझनाहट–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) झनझन शब्द होने की क्रिया या भाव। झंकार। (२) झुनझुनी।

झनझोरा–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पेड़।

झननन–संज्ञा पुं० [अनु०] झनझन शब्द। झंकार।

झननाना–क्रि० अ० और स० दे० "झंकारना"।

झनवाँ–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का धान।

झनस–संज्ञा पुं० [?] प्राचीन काल का एक प्रकार का बाजा जिस पर चमड़ा मढ़ा हुआ होता था।

झनाझन–संज्ञा स्त्री० [अनु०] झंकार। झनझन शब्द।

क्रि० वि० झनझन शब्द सहित। इस प्रकार जिसमें झनझन शब्द हो। जैसे, झनाझन खाँड़े बजने लगे, झनाझन रुपए बरसने लगे।

झनिया–वि० दे० "झीना"। उ०—कनक रतन मनि जटित कटि किंकिन कलित पीत पट झनिया।—सूर।

झन्नाहट–संज्ञा स्त्री० [अनु०] झनकार का शब्द। झनझनाहट। उ०—टुटे सार सन्नाह झन्नाहटे सौं। परे छुटि कै भूमि खन्नाहटे सौं।—सूदन।

झप–क्रि० वि० [सं० झंप = जल्दी से गिरना, कूदना] जल्दी से। तुरंत। झट। उ०—खेलत खेलत जाइ कदम चढ़ि झप यमुना जल लीनो। सोवत काली जाइ जगायो फिरि भारत हरि कीनो।—सूर।

यौ०—झपझप। झपाझप।

मुहा०—झप खाना = पतंग का जल्दी से पेंदी के बल गिर पड़ना।

झपक–संज्ञा स्त्री० [हिं० झपकना] (१) उतना समय जितना पलक गिरने में लगता है। बहुत थोड़ा समय। (२) पलकों का परस्पर मिलना। पलक का गिरना। (३) हलकी नींद। झपकी। (४) लज्जा। शर्म। हया। झेंप।

झपकना–क्रि० अ० [सं० झंप = जोर से पड़ना, कूदना] (१) पलक गिराना। पलकों का परस्पर मिलना। (२) झपकी लेना। ऊँघना। (क्व०) (३) तेजी से आगे बढ़ना। झपटना। (४) ढकेलना। (५) झेंपना। शरमिंदा होना। (६) डरना। सहम जाना।

झपका–संज्ञा पुं० [अनु०] हवा का झोंका। (लश०)

झपकाना–क्रि० स० [अनु०] पलकों को बार बार बंद करना।

झपकी–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) हलकी नींद। थोड़ी निद्रा। उँघाई। ऊँघ। जैसे, जरा झपकी ले लें तो चलें।

क्रि० प्र०—आना।—लगना।—लेना।

(२) आँख झपकने की क्रिया। (३) बँवरा। वह कपड़ा जिससे अनाज ओसाने वा बरसाने में हवा देते हैं। (४) धोखा। चकमा। बहकाना। उ०—कहुँ देत झपकी झपकि झपकहु देत खाली दाउँ। बढ़ि जात कहुँ द्रुत बगल ह्वै बलगात दक्षिण पाउँ।—रघुराज।

झपकौहाँ*†–वि० [हिं० झपना] [स्त्री० झपकौहीं] (१) नींद से भरा हुआ (नेत्र)। जिसमें झपकी आ रही हो (वह आँख)। झपकता हुआ। उ०—(क) झपकौहैं पलनि पिया के पीक लीक लखि झुकि झहराहहूँ न नेकु अनुरागै त्यों।—पद्माकर। (ख) झुकि झुकि झपकौहैं पलन फिरि फिरि जुरि जमुहाय। जानि पियागम नींद मिस ही सब सखी उठाय।—बिहारी। (२) मस्त। नशे में चूर। नशे से भरा। उ०—ससि अंश लटूरी चहुँघा पूरी जोति समूरी भाल लसैं। दृग दुति झपकौंही भौंह बढ़ौंही नाक चढ़ौंही अधर हँसैं।—सूदन।

झपट–संज्ञा स्त्री० [सं० झंप = कूदना] झपटने की क्रिया या भाव। उ०—(क) लपट झपट झहराने हहराने बात भहराने भट परथो प्रबल परावनो।—तुलसी। (ख) देखि महीप सकल सकुचाने। बाज झपट जनु लवा लुकाने।—तुलसी। (ग) मन पंछी जब लग उड़े विषय वासना माहिं। ज्ञान बाज की झपट में तब लगि आया नाहिं।—कबीर।

यौ०—लपट झपट = लपटने और झपटने की क्रिया या भाव।

मुहा०—झपट लेना = बहुत तेजी से बढ़कर छीनना।

झपटना–क्रि० अ० [सं० झंप = कूदना] (१) किसी (वस्तु या व्यक्ति) की ओर झोंक के साथ बढ़ना। वेग से किसी की ओर चलना। (२) पकड़ने या आक्रमण करने के लिये वेग से बढ़ना। टूटना। धावा करना।

मुहा०—किसी पर झपटना = किसी पर आक्रमण करना। जैसे, बिल्ली का चूहे पर झपटना।

क्रि० स० बहुत तेजी से बढ़ कर कोई चीज ले लेना। झपट कर कोई चीज पकड़ या छीन लेना। जैसे, तोते को बिल्ली झपट ले गई।

संयो० क्रि०—लेना।

झपटाना–क्रि० स० [हिं० झपटना का प्रे०] धावा कराना। आक्रमण कराना। हमला कराना। इस्तियालक देना। वार कराना। लड़ने को उभारना। उसकाना। बढ़ावा देना। किसी को झपटने में प्रवृत्त करना।

झपट†–संज्ञा स्त्री० दे० "झपट"।

झपट्टा†–संज्ञा पुं० दे० "झपट"।

झपताल–संज्ञा पुं० [देश०] संगीत में एक ताल जो पाँच मात्राओं का होता है और जिसमें चार पूर्ण और दो अर्द्ध होती हैं। इसमें ३ आघात और एक खाली रहता है। इसका मृदंग

× १ ० २ ० ×

का बोल यह है—धागू, धागेने, तटे, धागे, ने, धा,। इस

× ०

का तबले का बोल यह है—धिन धा, धिन धिन धा, देत

+

ता तिन तिन ता। धा।

झपना–क्रि० अ० [अनु०] (१) (पलकों का) गिरना। (पलकों का) बंद होना। (२) आँखें झपकना या बंद होना। (२) झुकना। (३) लज्जित होना। झेंपना। झिपना।

झपनी†–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) ढकना। वह जिससे कोई चीज ढकी जाय। (२) पिटारी।

झपलैया†–संज्ञा स्त्री० दे० "झँपोला"। उ०—अस कहि झपलैया दिखरायो। शिलपिल्ले को दरस करायो।—रघुराज।

झपवाना–क्रि० स० [अनु०] झपाना का प्रेरणार्थक रूप। किसी को झपाने में प्रवृत्त करना।

झपस–संज्ञा स्त्री० [हिं० झपसना] (१) गुंजान होने की क्रिया या भाव। (२) कहारों की परिभाषा में पेड़ की झुकी हुई डाल। (इस का व्यवहार पिछले कहार को आगे पेड़ की डाल होने की सूचना देने के लिये पहला कहार करता है)

झपसना–क्रि० अ० [हिं० झँपना = ढँकना] लता या पेड़ की डालियों का खूब घना होकर फैलना। पेड़ या लता आदि का गुंजान होना। जैसे, यह लता खूब झपसी हुई है।

झपाका–संज्ञा पुं० [हिं० झप] शीघ्रता। जल्दी।

क्रि० वि० जल्दी से। शीघ्रतापूर्वक।

झपाट†–क्रि० वि० [हिं० झप] झटपट। तुरंत। शीघ्र ही।

झपाटा–संज्ञा पुं० [हिं० झपट] चपेट। आक्रमण। दे० "झपट"।

झपाना–क्रि० स० [हिं० झपना] (१) झपना का सकर्मक रूप। मूँदना। बंद करना। (विशेषतः आँखों या पलकों का) (२) झुकाना। (३) दे० "झिपाना"।

झपाव–संज्ञा पुं० [देश०] घास काटने का एक प्रकार का औजार।

झपित–वि० [हिं० झपना] (१) झपा हुआ। मुँदा हुआ। (२) जिसमें नींद भरी हो। झपकौंहा। उनींदा। (नेत्र)। (३) लज्जित। लज्जायुक्त। लजालू। उ०—कवि पद्माकर छकित झपित झपि रहत दृगंचल।—पद्माकर।

झपिया–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) गले में पहनने का एक प्रकार का गहना जो हँसुली की तरह का बना होता है और जिसके सोने वा चाँदी के बीच में एक अकीक जड़ा रहता है। यह गहना प्रायः डोम जाति की स्त्रियाँ पहनती हैं। (२) पेटारी। पच्छी।

झपेट–संज्ञा स्त्री० दे० "झपट"।

झपेटना–क्रि० स० [अनु०] आक्रमण करके दबा लेना । चपेटना । दबोचना । छोप लेना । उ०—सहमि सुखात बातजात की सुरति करि लवा ज्यों लुकात तुलसी झपेटे बाज के। —तुलसी ।

झपेटा†–संज्ञा पुं० [अनु०] (१) चपेट । झपट । आक्रमण। (२) भूत-प्रेतादि कृत बाधा या आक्रमण। (३) हवा का झोंका । झकोरा । (लश०)

झपेला–संज्ञा पुं० दे० "झंपेला"।

झपेली–संज्ञा स्त्री० दे० "झँपेला" के अंतर्गत "झँपेली"।

झप्पड़, झप्पर †–संज्ञा पुं० [अनु०] झापड़ । थप्पड़ ।

झप्पान–संज्ञा पुं० [हिं० झँपान] झँपान नाम की एक प्रकार की पहाड़ी सवारी जिसे चार आदमी उठा कर ले चलते हैं ।

झप्पानी–संज्ञा पुं० [हिं० झँपान] झप्पान उठानेवाला कहार या मजदूर ।

झबझबी–संज्ञा स्त्री० [देश०] कान में पहनने का एक प्रकार का तिकोना पत्ता । (गहना)

झबड़ा–वि० दे० "झबरा" ।

झबधरी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की घास जो गेहूँ को हानि पहुँचाती है ।

झबरा–वि० [अनु०] [स्त्री० झबरी] चारों तरफ बिखरे और घूमे हुए बड़े बड़े बालोंवाला । जिसके बहुत लंबे लंबे बिखरे हुए बाल हों । जैसे, झबरा कुत्ता ।
संज्ञा पुं० कलंदरों की भाषा में नर-भालू ।

झबरीला–वि० [हिं० झबरा + ईला (प्रत्य०)] [स्त्री० झबरीली] कुछ बड़ा, चारों तरफ बिखरा और घूमा हुआ (बाल) ।

झबरैरा † *–वि० दे० "झबरीला" । उ०—कुंतल कुटिल छवि राजत झबरैरी। लोचन चपल तारे रुचिर भँवरैरी ।—सूर ।

झबा–संज्ञा पुं० दे० "झब्बा" । उ०—(क) सीस फूल धरि पाटी पोंछत फूँदनि झबा निहारत । वदन विंद जराइ की बेंदी तापर बनै सुधारत ।—सूर । (ख) छहरै सिर पै छवि मोर पखा उनकी नथ के मुकता थहरैं । पहरै पियरो पट बेनी इतै उनकी चुनरी के झबा झहरैं ।—बेनी कवि ।

झबार, झबारि–†संज्ञा स्त्री० [अनु०] टंटा । बखेड़ा । झगड़ा। उ०—(क) बहुत अचगरी जिन करौ अजहूँ तजौ झबारि। पकरि कंस लै जाइगो कालिहि सूर खबारि ।—सूर । (ख) बड़े घर की बहू बेटी करति वृथा झबारि । सूर अपनो अंश पावै जाहि घर झख मारि ।—सूर । (ग) भरि नयन लखहु रघुकुल कुमार । तजि देहु और जग की झबार ।—रघुराज । (घ) यह झगरो बगरो जग रोधत हरिपद अति अनुरागा । तातें सज्जन रसिक-शिरोमणि यह झबारि सब त्यागा—रघुराज ।

झबिया †–संज्ञा स्त्री० [हिं० झब्बा का स्त्री० अल्प०] (१) छोटा झब्बा । छोटा फुँदना । (२) सोने या चाँदी आदि की बनी हुई बहुत ही छोटी कटोरी जो बाजूबंद, जोशन, हुमेल आदि गहनों में सूत या रेशम में पिरो कर गूथी जाती है जिससे एक झब्बा सा बन जाता है । उ०—मदानातुर ती तिनऊ पर स्याम हुमेलन की झमकै झबिया ।—लाल कवि ।

झबुआ †–वि० दे० "झबरा" ।

झबूकना†–क्रि० अ० [अनु०] चमकना । झमकना । उ०—भभूकैं उड़ैं यों झबूकैं फुलँगा । मनो अग्नि बेताल नच्चैं खुलँगा ।—सूदन ।

झब्बा–संज्ञा पुं० [अनु०] (१) एक ही में बंधे हुए रेशम या सूत आदि के बहुत से तारों का गुच्छा जो कपड़ों या गहनों आदि में शोभा बढ़ाने के लिये लटकाया जाता है । जैसे, पगड़ी का झब्बा, बाजूबंद का झब्बा, इजारबंद का झब्बा । (२) एक में लगी गँथी या बँधी हुई छोटी छोटी चीजों का समूह । गुच्छा । जैसे, तालियों का झब्बा, घुँघरुओं का झब्बा ।

झमक–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) चमक का अनुकरण । (२) प्रकाश । उजेला । (३) झमझम शब्द । उ०—पग जेहरि बिछियन की झमकनि चलत परस्पर बाजत । सूर स्याम स्यामा सुख जोरी मणि कंचन छबि लाजत ।—सूर । (४) ठसक या नखरे की चाल ।

झमकड़ा–संज्ञा पुं० दे० "झमक"।

झमकना–क्रि० अ० [हिं० झमक] (१) प्रकाश की किरनें फेंकना । रह रह कर चमकना । दमकना । प्रकाश करना । प्रज्वलित होना । (२) झपकना । छाना । उ०—आलस सों कर कौर उठावत नैननि नींद झमकि रहि भारी । देउ माता निरखत आलस सों छबि पर तन मन डारत वारी ।—सूर । (३) झमझम शब्द होना । झनकार की ध्वनि होना । (४) झम झम करते हुए उछलना कूदना । गहनों की झनकार के साथ हिलना डोलना । उ०—(क) कबहुँक निकट देखि वर्षा ऋतु झूलत सुरँग हिँडोरे । रमकत झमकत जनकसुता सँग हाव भाव चित चोरे ।—सूर । (ख) ज्यों ज्यों आवै निकट निसि त्यों त्यों खरी उताल । झमकि झमकि टहलैं करैं लगी रहचटे बाल ।—बिहारी । (५) गहनों की झनकार करते हुए नाचना । (६) लड़ाई में हथियारों का चमकना और खनकना । उ०—भल्ल लगे चमकन खग्ग लगे झमकन सूल लगे दमकन तेग लगे छहरान ।—गोराल । (७) अकड़ दिखलाना । तेजी दिखाना । झोंक दिखाना । (८) झमझम शब्द करना । बजने का सा शब्द करना । उ०—तैसिये नन्हीं बूँदनि बरसतु झमकि झमकि झकोर ।—सूर ।

झमकाना–क्रि० स० [हिं० झमकना का स० रूप] (१) चमकाना। बार बार हिला कर चमक पैदा करना। (२) चलने में आभूषण आदि बजाना और चमकाना। उ०—सहज सिँगार उठत यौवन तन विधि सों हाथ बनाई। सूर स्याम आए ढिग आपुन घट भरि चलि झमकाई।—सूर। (३) युद्ध में हथियारों आदि को चमकाना और खनखनाना।

झमकारा–वि० [हिं० झमझम] झमाझम बरसनेवाला (बादल)। उ०—सोखे सिंधु सिंधुर से बंधुर ज्यों विंध्य गंधमादन के बंधु गरज गुरवानि के। झमकारे झूमत गगन घने घूमत पुकारे मुख चूमत पपीहा मोरवान के।—देव।

झमझम–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) झमझम शब्द जो बहुधा घुँघुरुओं आदि के बजने से उत्पन्न होता है। छमछम। (२) पानी बरसने का शब्द। (३) चमक दमक।

वि० जिसमें से खूब चमक या आभा निकले। चमकता हुआ।

क्रि० वि० (१) झमझम शब्द के साथ। जैसे, घुँघुरुओं का झमझम बोलना, पानी का झमझम बरसना। (२) चमक दमक के साथ। झमाझम।

झमझमाना–क्रि० अ० [अनु०] (१) झमझम शब्द होना। (२) चमचमाना। चमकना।

क्रि० स० (१) झमझम शब्द उत्पन्न करना। (२) चमकाना।

झमझमाहट–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) झमझम शब्द होने की क्रिया या भाव। (२) चमकने की क्रिया या भाव।

झमना–क्रि० अ० [अनु०] नम्र होना। झुकना। दबना। उ०—मुरली स्याम के कर अधर बिंब रमी। लेति सरबसु युवतिजन को वदन तें विंदु अमी। पिवति न्यारे गर्व मारे नेकु नाहीं नमी। बोलि शब्द सु सप्त सुर मिल नाग मुनि गति दमी। महा कठिन कठोर आली बांस वंश जु जमी। सूर पूरन परसि श्रीमुख नैक नाही झमी।—सूर।

झमाका–संज्ञा पुं० [अनु०] (१) झमझम शब्द। पानी बरसने या गहनों के बजने आदि का शब्द। (२) ठसक। मटक। नखरा।

झमाझम–क्रि० वि० [अनु०] (१) उज्वल कांति के सहित। दमक के साथ। जैसे, सलमे सितारे टँके हुए कपड़ों का झमाझम चमकना। (२) झमझम शब्द सहित। जैसे, पाजेब का झमाझम बोलना, पानी का झमाझम बरसना।

झमाट–संज्ञा पुं० [अनु०] झुरमुट। उ०—पर्वत के सिर पर क्या देखाता है कि बहुत से सूखे झाड़ों के झमाट से बड़ा घटाटोप धूम निकल रहा है।—व्यास।

झमाना–क्रि० अ० [अनु०] झपकना। छाना। घेरना। उ०—(क) खेलत तुम निसि अधिक गई सुत नैननि नींद झमाई। वदन जँभात अंग ऐंड़ावत जननि पलोटत पाई।—सूर। (ख) त्यौं पदमाकर झोरि झमाई सुदौरीं सबै हरि पै इकदाऊ।—पद्माकर।

क्रि० अ० दे० "झँवाना"।

क्रि० स० इकट्ठा करना। एकत्र करना।

झमूरा–संज्ञा पुं० [?] (१) घने बालोंवाला पशु। जैसे, रीछ, झबरा कुत्ता आदि। (२) वह लड़का जो बाजीगर के साथ रहता है और बहुत से खेलों में बाजीगर को सहायता देता है। (३) वह बच्चा जो ढीले ढाले कपड़े पहने हो। (४) कोई प्यारा बच्चा।

झमेल–संज्ञा स्त्री० दे० "झमेला"।

झमेला–संज्ञा पु० [अनु० झाँव झाँव] (१) बखेड़ा। झंझट। झगड़ा टंटा। (२) लोगों का झुंड। भीड़ भाड़। उ०—शत्रुन के झमेला वीर पाय शस्त्र ठेला प्रान त्यागि अलबेला तन लहै काम चेला सो।—गोपाल।

झमेलिया–संज्ञा पुं० [हिं० झमेला + या (प्रत्य०)] झमेला करनेवाला। झगड़ालू।

झर–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) पानी गिरने का स्थान। निर्झर। (२) झरना। सोता। चश्मा। पर्वत से निकलता हुआ जलप्रवाह। (३) समूह। (४) तेजी। वेग। उ०—प्रात गई नीके उठि ते घर। मैं बरजी कहाँ जाति री प्यारी तव खीझी रिस झर ते।—सूर। (५) झड़ी। लगातार वृष्टि। (६) किसी वस्तु की लगातार वर्षा। उ०—(क) वर्षत अस्त्र कवच धर फूटे। मघा मेघ मानो झर जूटे।—लाल। (ख) पावक झर ते मेह झर दाहक दुसह बिसेखि। दहै देह वाके परस पाहि दृगन की देखि।—बिहारी। (ग) सूरदास तब ही तम नासै ज्ञान अगिन झर फूटै।—सूर (७) आंच। ताप। लपट। ज्वाला। झाल। उ०—(क) स्याम अंकम भरि लीन्हीं बिरह अगिन झर तुरत बुझानी।—सूर। (ख) श्याम गुणराशि मानिनि मनाई। रहयो रस परस्पर मिट्यो तनु बिरह झर भरी आनंद त्रिय उर न माई।—सूर। (ग) सटपटाति सी ससिमुखी मुख घूँघट पट ढांकि। पावक झर सी झमकि कै गई झरोखे झांकि।—बिहारी। (घ) नेकु न झुरसी बिरह झर नेह लता कुँभिलाति। नित नित होत हरी हरी खरी झलरति जाति।—बिहारी। (८) ताले का खटका। ताले के भीतर की कल। ताले का कुत्ता।

झरक * †–संज्ञा स्त्री० दे० "झलक"।

झरकना–क्रि० अ० (१) "झलकना"। उ०—सरल विसाल विराजही विद्रुम खंभ सुजोर। चारु पाटियनि पुरट की झरकत मरकत भोर।—तुलसी। (२) दे० "झिड़कना"। उ०—रोवत देखि जननि अकुलानी लियो तुरत नौवा को झरकी।—सूर।

झरझर–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) जल के बहने, बरसने या हवा के चलने आदि का शब्द। (२) किसी प्रकार से उत्पन्न झरझर शब्द।

झरझराना–क्रि० स० [अनु०] किसी बर्तन में से किसी वस्तु को इस प्रकार झाड़ कर गिरा देना कि उस वस्तु के गिरने से झरझर शब्द हो।

झरन–संज्ञा स्त्री० [हिं० झरना] (१) झरने की क्रिया। (२) वह जो कुछ झर कर निकला हो। वह जो झरा हो। (३) दे० "झड़न"

झरना*†–क्रि० अ० [स० क्षरण] (१) झड़ना। (२) किसी ऊँचे स्थान से जल की धारा का गिरना। ऊँची जगह से सोते का गिरना। जैसे, पहाड़ों में झरने झर रहे थे। उ०—नंदनंदन के बिछुरे अँखियाँ उपमा जोग नहीं।.....झरना लों ये झरत रैन दिन उपमा सकल बहीं। सूरदास आसा मिलिबे की अब घट सांस रहीं।—सूर। (३) वीर्य का पतन होना। वीर्य स्खलित होना। (बाजारू)

विशेष—दे० "झड़ना"।

विशेष—इन अर्थों में इस शब्द का प्रयोग उस पदार्थ के लिये भी होता है जिस में से कोई चीज झरती है।

संज्ञा पुं० [सं० झर] ऊँचे स्थान से गिरनेवाला जल-प्रवाह। पानी का वह स्रोत जो ऊपर से गिरता हो। सोता। चश्मा। जैसे, उस पहाड़ पर कई झरने हैं।

संज्ञा पु० [स० क्षरण] [स्त्री० अल्प० झरनी] (१) लोहे या पीतल आदि की बनी हुई एक प्रकार की छलनी जिसमें लंबे लंबे छेद होते हैं और जिसमें रख कर समूचा अनाज छाना जाता है। (२) लंबी डांड़ी की वह करछी या चम्मच जिसका अगला भाग छोटे तवे का सा होता है और जिस में बहुत से छोटे छोटे छेद होते हैं। इससे खुले घी या तेल आदि में तली जानेवाली चीजों को उलटते, पलटते, बाहर निकालते अथवा इसी प्रकार का कोई और काम लेते हैं। झरने पर जो चीज ले ली जाती है उस पर का फालतू घी या तेल उसके छेदों से नीचे गिर जाता है और तब वह चीज निकाल ली जाती है। पौना। (३) पशुओं के खाने की एक प्रकार की घास जो कई वर्षों तक रखी जा सकती है।

वि० [स्त्री० झरनी] (१) झरनेवाला। जो झरता हो। (२) जिसमें से कोई पदार्थ झरता हो। उ०—दे० "झरनी"।

झरनि * †–संज्ञा स्त्री० दे० "झरन"। उ०— नूपुर बजत मानि मृग से अधीन होत मीन होत चरणामृत झरनि को।—चरण।

झरनी†–वि० दे० "झरना"। उ०—झरनी सुरस बिंदु धरनी मुकुंद जू की धरनी सुफल रूप जेत कर्म काल की। नरनी सुघरनी उधरनी वर बानी चारु पात तम तरनी भगति नंद लाल की।—गोपाल।

झरप * †–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) झोंका। झकोर। उ०—बंधु कीये मधुप मदंध कीये पुरजन सुमोहयो मन गंधी की सुगंध झरपन सौं।—देव। (२) वेग। तेजी। उ०—घेरि घेरि घहरि घन आए घोर तापैं महा मारुत झकोरत झरप सों।—कमलापति। (३) चाँड़। टेक। किसी चीज को गिरने से बचाने के लिये लगाया हुआ सहारा। (४) चिक। चिलमन। चिलवन। परदा। उ०—(क) तासन की गिलमैं गलीचा मखतूलन के झरपैं झुमाऊ रहीं झूमि रंग द्वारी में।—पद्माकर। (ख) झाकैं झुकी युवती ते झरोखन झुंडनि ते झरपैं कर टारी।—रघुराज। (५) दे० "झड़प"।

झरपना * †–क्रि० अ० [अनु०] (१) झोंका देना। बौछार मारना। उ०—वर्षत गिरि झरपत व्रज ऊपर। सो जल जहँ तहँ पूरन भूपर।—सूर। (२) दे० "झड़पना (१)"। (३) दे० "झड़पना (३)"। उ०—एते पर कबहूँ जब आवत झरपत जरत घनेरो।—सूर।

झरपेटा†–संज्ञा पु० दे० "झपट"।

झरबेर†–संज्ञा पु० दे० "झड़बेरी"।

झरबैरी†–संज्ञा स्त्री० दे० "झड़बेरी"।

झरवाना†–क्रि० स० [हिं० झारना का प्रे०] (१) झारने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को झारने में प्रवृत्त करना। (२) दे० "झड़वाना"।

झरसना * † क्रि० अ० [अनु०] (१) दे० "झुलसना"। (२) सूखना। मुरझाना। कुम्हलाना।

क्रि० स० (१) दे० "झुलसाना"। (२) सुखाना। मुरझा देना।

झरहरना †–क्रि० अ० [अनु०] झरझर शब्द करना। उ०—अजहूँ चेत मूढ़ चहुँ दिसि ते काल अग्नि उपजत झुकि झरहरि। सूर काल बलि व्याल ग्रसत है श्रीपति सरन परत क्यों न कर हरि।—सूर।

झरहरा†–वि० दे० "झँझरा"। उ०—झुकि झुकि झूमि झूमि झिल झिल झेल झेल झरहरी झाँपन में झमकि झमकि उठै।—पद्माकर।

झरहराना–क्रि० अ० [अनु०] पत्तों का वायु वा वर्षा के कारण शब्द करना या शब्द करते हुए गिरना। हवा के झोंक से पत्तों का शब्द करना अथवा शब्द सहित गिरना। उ०—झरहरात बन पात गिरत तरु धरनि तड़ाक तड़ाक सुनाई। जल बरषत गिरिवर तर बाचे अब कैसे गिरि होतु सहाई?—सूर।

क्रि० स० (१) झरझर शब्द सहित किसी चीज को, विशेषतः पेड़ों के पत्तों को गिराना। पेड़ की डाल हिलाना। (२) झटकना। झाड़ना।

झरहिल–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की चिड़िया।

झरा–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का धान जो पानी भरे हुए खेतों में उत्पन्न होता है।

झराझर–क्रि० वि० [अनु०] (१) झरझर शब्द सहित। (२) लगातार। बराबर। (३) वेग सहित। उ०—श्री हरिदास के स्वामी स्यामा कुंजविहारी दोउ मिलि लरत झराझरि।—हरिदास।

झरावेार–संज्ञा पुं०, वि० दे० "झलाबोर"।

झरि–संज्ञा स्त्री० दे० "झड़ी"।

झरिफ * †–सज्ञा पुं० [हिं० झरप] चिक। चिलमन। परदा।

झरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० झरना] (१) पानी का झरना। स्रोत। चश्मा। (२) वह धन जो किसी हाट, बाजार या सट्टी आदि में जा कर सौदा बेचनेवाले छोटे छोटे दूकानदारों विशेषतः खोनचेवालों और कुँजड़ों आदि से प्रति दिन किराए के रूप में वहाँ के ज़मींदार या ठीकेदार आदि को मिलता है। (३) दे० "झड़ी"। उ०—(क) कुंकुम अगर अरगजा छिरकहि भरहिं गुलाल अबीर। नभ प्रसून झरि पुरी कोलाहल भइ मनभावति भीर।—तुलसी। (ख) दस दिसि रहे बान नभ छाई। मानहु मघा मेघ झरि लाई।—तुलसी।

झरुआ–सज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार की घास।

झरोखा–सज्ञा पु० [अनु० झरझर = वायु बहने का शब्द + गौख] दीवारों आदि में बनी हुई झंझरीदार छोटी खिड़की या मोखा जिसे हवा और रोशनी आदि आने के लिये बनाते हैं। गवाक्ष। गौखा।

झर्झर–संज्ञा पुं० [स०] (१) हुडुक नाम का लकड़ी का बाजा जिस पर चमड़ा मढ़ा होता है। (२) कलियुग। (३) एक नद का नाम। (४) हिरण्याक्ष के एक पुत्र का नाम। (५) लोहे आदि का बना हुआ झरना जिससे कड़ाही में पकनेवाली चीज़ चलाते हैं। (६) झाँझ। (७) पैर में पहनने का झाँझ या झाँझर नाम का गहना।

झर्झरक–संज्ञा पुं० [स०] कलियुग।

झर्झरा–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) तारा देवी का एक नाम। (२) वेश्या। रंडी।

झर्झराघती–संज्ञा स्त्री [सं०] (१) गंगा। (२) कटसरैया।

झर्झरिका–सज्ञा स्त्री० [सं०] तारा देवी।

झर्झरी–सज्ञा पुं० [सं० झर्झरिन्] शिव।

संज्ञा स्त्री० [सं०] झाँझ नामक बाजा।

झर्झरीक–सज्ञा पुं० [सं०] (१) देश। (२) शरीर। (३) चित्र।

झर्रा–संज्ञा पुं० [देश०] (१) बया पक्षी। (२) एक प्रकार की छोटी चिड़िया।

झर्रैया–संज्ञा पुं० [देश०] बया नाम की चिड़िया।

झल–संज्ञा पु० [हिं० झार, सं० झल = ताप] (१) दाह। जलन। आँच। (२) उग्र कामना। किसी विषय की उत्कट इच्छा। उ०—(क) जीव बिलंबा जीव सों अलख लख्यो नहि जाय। साहब मिलै न झल बुझै रही बुझाय बुझाय।—कबीर। (ख) झल बायें झल दाहिने झल ही में व्यवहार। आगे पांछे झल जलै राखै सिरजनहार।—कबीर। (३) काम की इच्छा। विषय या संभोग की कामना। (४) क्रोध। गुस्सा। रिस। (५) समूह। उ०—पुनि आए सरजू सरित तीर।... ...कछु आपु न अघ अघ गति चलंति। झल पतितन को जरध फलंति।—केशव।

झलक–सज्ञा स्त्री० [स० झलिका = चमक] (१) चमक। दमक। प्रकाश। प्रभा। द्युति। आभा। उ०—मनि खंभन प्रतिबिंब झलक छवि छलकि रहै भरि आँगनै।—तुलसी। (२) आकृति का आभास। प्रतिबिंब। जैसे, वे खाली एक झलक दिखला कर चले गए। उ०—मकराकृत कुंडल की झलकैं इतहूँ भुजमूल में छाप परी री।—पद्माकर।

झलकदार–वि० [हिं० झलक + फ़ा० दार] चमकीला। चमकनेवाला।

झलकना–क्रि० अ० [सं० झलिका = चमक] (१) चमकना। दमकना। उ०—झलका झलकत पायन्ह कैसे। पंकज कोस ओसकन जैसे।—तुलसी। (२) कुछ कुछ प्रकट होना। आभास होना। जैसे, उनकी आज की बातों से झलकता था कि वे कुछ नाराज हैं।

झलकनि*–संज्ञा स्त्री० दे० "झलक"। उ०—(क) श्रवन कुंडल मकर मानो नैन मीन विसाल। सलिल झलकनि रूप आभा देख री नँदलाल।—सूर। (ख) मदन मोर के चंद की झलकनि निदरति तन जोति। नील कमल मनि जलद की उपमा कहें लघु मति होति।—तुलसी।

झलका–संज्ञा पुं० [ज्वल = जलना] चलने या रगड़ लगने आदि के कारण शरीर में पड़ा हुआ छाला। उ०—झलका झलकत पायन्ह कैसे। पंकज कोस ओसकन जैसे।—तुलसी।

झलकाना–क्रि० स० [हिं० झलकना का स० रूप] (१) चमकाना। दमकाना। लसकाना। (२) दरसाना। दिखलाना। कुछ आभास देना।

झलकी–सज्ञा स्त्री० दे० "झलक"।

झलझल–संज्ञा स्त्री० [हिं० झलकना] चमक। दमक।

क्रि० वि० रह रह कर निकलनेवाली आभा के साथ। जैसे, झलझल चमकना।

झलझलाना–क्रि० अ० [अनु०] चमकना। चमचमाना। उ०—झलझलात रिस ज्वाल वदनसुत चहुँ दिसि चाहिय।—सूदन।

क्रि० स० चमकाना। चमचमाना।

झलझलाहट–संज्ञा स्त्री० [अनु०] चमक। दमक।

झलना–क्रि० स० [हिं० झलझल (हिलना) से अनु०] (१) किसी चीज को हिला कर किसी दूसरी चीज पर हवा लगाना या

पहुँचाना। जैसे, (क) जरा उन्हें पंखा झल दो। (ख) वे मक्खियाँ झल रहे हैं। (२) हवा करने के लिये कोई चीज हिलाना। जैसे, पंखा झलना।

संयो० क्रि०—देना।

† (३) ढकेलना। ठेलना। धक्का देकर आगे बढ़ाना।

क्रि० अ० (१) किसी चीज के अगले भाग का इधर उधर हिलना। उ०—फूलि रहे, झूलि रहे, फैलि रहे, फबि रहे, झपि रहे, झलि रहे, झुकि रहे, झूमि रहे।—पद्माकर। † (२) शेखी बघारना। डींग हाँकना। (३) "झालना" का अकर्मक रूप। दे० "झालना"। (४) दे० "झेलना"।

झलमल—संज्ञा पुं० [सं० ज्वल = दीप्ति] (१) अँधेरे के बीच थोड़ा थोड़ा उजाला। हलका प्रकाश। (२) अँधेरा। (कहारों की परि०) (३) चमक दमक।

क्रि० वि० दे० "झलझल"।

झलमला—वि० [हिं० झलमलाना] चमकीला। चमकता हुआ। उ०—मोर मकुट अति सोहई श्रवणनि वर कुंडल। ललित कपोलनि झलमले सुंदर अति निर्मल।—सूर।

झलमलाना—क्रि० अ० [हिं० झलमल] (१) रह रह कर चमकना। रह रह कर मंद और तीव्र प्रकाश होना। चमचमाना। (२) ज्योति का अस्थिर होना। अस्थिर ज्योति निकलना। ठहर कर बराबर एक तरह न जलना या चमकना। निकलते हुए प्रकाश का हिलना डोलना। जैसे, हवा के झोंके से दीये का झलमलाना। उ०—(क) लेहौं री मा चंदा चहौंगो। कह करौं जलपुट भीतर को बाहर ओक गहौंगो। यह तो झलमलात झकझोरत कैसे कै जु लहौंगो।—सूर। (ख) श्याम अलक बिच मोती मंगा। मानहु झलमलति सीस गगा।—सूर। (ग) बाल केलि बात बस झलकि झलमलत शोभा की सी दीयटि मानो रूप दीप दियो है।—तुलसी।

क्रि० स० किसी स्थिर ज्योत या लौ को हिलाना डुलाना। हवा के झोंके आदि से प्रकाश को अस्थिर या बुझने के निकट करना।

झलराना*†—क्रि० अ० [हिं० झालर] फैल कर छाना। बढ़ना। उ०—दे० "झालरना"।

झलरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) डुडुक नाम का बाजा। (२) बजाने की झाँझ।

झलवाना—क्रि० स० [हिं० झलना] (१) झलना का प्रेरणार्थक रूप। झलने का काम दूसरे से कराना। (२) "झालना" का प्रेरणार्थक रूप। झालने का काम दूसरे से कराना।

झलहाया—संज्ञा पुं० [हिं० झल] [स्त्री० झलहाई] वह जो डाह करता हो। हसद करनेवाला आदमी।

झला*†—संज्ञा पुं० [हिं० झड़] (१) हलकी वर्षा। (२) झालर, तोरण या बंदनवार आदि। (३) पंखा। बीजना। बेना। (४) समूह। उ०—झलकत आवैं झुंड झिलिम झलानि झप्यो, तमकत आवैं तेगवाही औ सिलाही हैं।—पद्माकर।

संज्ञा स्त्री० [सं०] आतप। धूप।

झलाझल—वि० [अनु०] खूब झलझलाता या चमचमाता हुआ। चमाचम। उ०—(क) छोटी छोटी झँगुली झलाझल झलकदार छोटी सी छुरी को लिए छोटे राजढोटे हैं।—रघुराज। (ख) कंचन के कलस झराए भूरि पन्नन के ताने तुंग तोरन तहाँई झलाझल के।—पद्माकर।

झलाझली—वि० [अनु०] चमकीला। चमकदार। झलाझल। उ०—जिन्हैं लखे झलाझली हलाहली हिये लजे।—गोपाल।

संज्ञा स्त्री० झलाझल होने की क्रिया या भाव।

झलाना†—क्रि० स० दे० "झलवाना"।

झलाबोर—संज्ञा पुं० [झलझल = चमक] (१) कलाबतून का बुना हुआ साड़ी आदि का चौड़ा अंचल। (२) कारचोबी। उ०—झलाबोर का घाँघरा घूम घुमाला तिस पर सच्चे मोती टके हुए।—लल्लू। (३) एक प्रकार की आतिशबाजी। † (४) काँटा। झाड़ी। (५) चमक। दमक।

वि० [झलझल = चमक] चमकीला। ओपदार।

झलामल†—संज्ञा स्त्री० [झलझल = चमक] चमक। दमक। उ०—चहुँ दिस लगी है बजार झलामल हो रही, झूमर होत अपार अधर डोरी लगी।—कबीर।

वि० चमकीला। चमक दमकवाला।

झल्ल—संज्ञा पुं० [सं०] (१) व्रात्य (=संस्कारहीन) क्षत्री और सवर्ण स्त्री से उत्पन्न वर्णसंकर जाति। (२) भाँड़ या विदूषक। (३) पटह या डुडुक नामक बाजा। (४) लपट। ज्वाला।

संज्ञा स्त्री० [अनु०] झल्ला होने का भाव।

झल्लकंठ—संज्ञा पुं० [सं०] परेवा।

झल्लक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) काँसे का बना करताल। झाँझ। (२) मँजीरा। जोड़ी।

झल्लना†—क्रि० अ० [अनु०] बहुत झूठी झूठी बातें करना। बहुत डींग हाँकना या गप्प उड़ाना।

झल्लरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) डुडुक नामक बाजा। (२) झाँझ। (३) पसीना। स्वेद। (४) पसेव।

झल्ला—संज्ञा पुं० [देश०] (१) खाँचा। बड़ा टोकरा। (२) वर्षा। वृष्टि। (३) बौछार। (४) वे दाने जो पके हुए तमाखू के पत्तों पर पड़ जाते हैं।

वि० [हिं० जल ?] बहुत तरल या पतला। जिसमें अधिक पानी मिला हो। जो गाढ़ा न हो। जैसे, झल्ला रस, झल्ली भाँग।

[हिं० झलाना] † (१) पागल । (२) बहुत बड़ा बेवकूफ़ ।

झल्लाना–क्रि० अ० [हिं० झल] बहुत चिढ़ना । खिजलाना । किट-किटाना ।

क्रि० स० ऐसा काम करना जिससे कोई बहुत चिढ़े ।

झल्लिका–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) बदन पोंछने का कपड़ा । अँगोछा । (२) शरीर की वह मैल जो किसी चीज से मलने या पोंछने से निकले । (३) दीप्ति । प्रकाश । (४) सूर्य्य की किरणों का तेज ।

झल्ली†–वि० [हिं० झलना] बातूनिया । गप्पी । बकवादी ।

संज्ञा स्त्री० [सं०] डुडुक की तरह का एक बाजा जिस पर चमड़ा मढ़ा होता था ।

झल्लीषक–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का नृत्य ।

झवर†–संज्ञा पु० [हिं० झगड़ा] झगड़ा ।

झष†–संज्ञा पुं० [स०] (१) मत्स्य । मीन । मछली । उ०—संकुल मकर उरग झष जाती । अति अगाध दुस्तर सब भाँती ।—तुलसी । (२) मकर । मगर । (३) ताप । गरमी । (४) वन । (५) मीन राशि । मीन लग्न । (६) दे० "झख" ।

झषकेतु–संज्ञा पुं० [स० झषकेतन] कंदर्प । कामदेव ।

झषनिकेत–संज्ञा पु० [स०] (१) जलाशय । (२) समुद्र ।

झषराज–संज्ञा पुं० [स०] मगर । मकर ।

झषलग्न–संज्ञा पु० [स०] मीनलग्न ।

झषांक–संज्ञा पुं० [स०] कामदेव ।

झषा–संज्ञा स्त्री० [सं०] नागबला । गुलसकरी ।

झषाशन–संज्ञा पु० [स०] शिशुमार नामक जलजंतु । सूँस ।

झषोदरी–संज्ञा स्त्री० [स०] व्यास की माता । मत्स्यगंधा ।

झहनना*–क्रि० अ० [अनु०] (१) झन्नाना । झन्नाटे या सन्नाटे में आना । (२) (रोएँ का) खड़ा होना । उ०—गहन गहन लागीं गावन मयूरमाला झहन झहन लागे रोम रोम छन में ।—श्रीपति । (३) झनझन शब्द करना ।

क्रि० स० दे० "झहनाना" ।

झहनाना–क्रि० स० [अनु०] (१) झहनना का सकर्मक रूप । (२) झनकार शब्द करना । झनकारना । उ०—गति गयंद कुच कुंभ किंकिनी मनहु घंट झहनावै ।—सूर ।

झहरना*†–क्रि० अ० [अनु०] (१) झरझर शब्द करना । झड़ने का सा शब्द करना । उ०—झहरि झहरि झुकि झीनी झर लाये देव छहरि छहरि छोटी बूँदनि छहरिया ।—देव । (२) (शरीर आदि का) बहुत शिथिल पड़ना । ढीला हो जाना । उ०—झहरि झहरि परै पाँसुरी लखाय देह विरह बसाय हाय कैसे दूबरे भये ।—रघुनाथ ।

क्रि० स० झिड़कना । झल्लाना । उ०—सुनि सजनी मैं रही अकेली बिरह बहेली इत गुरु जन झहरैं ।—सूर ।

झहराना–क्रि० अ० [अनु०] (१) शिथिल हो कर झरझर शब्द के साथ या लड़खड़ा कर गिरना । उ०—(क) असुर लै तरु सों पछारयो गिरयो तरु झहराई । ताल सों तरु ताल लाग्यो उठ्यो बन घहराई ।—सूर । (ख) आपु गए यमलार्जुन तरु तर परसत पात उठे झहराई ।—सूर । (ग) लपट झपट झहराने बात फहराने भट परयो प्रबल परावनो ।—तुलसी । (२) झल्लाना । किटकिटाना । खिजलाना । उ०—(क) एक अभिमान हृदय करि बैठी एते पर झहरानी ।—सूर । (ख) नागरि हँसति हँसी उर छाया तापर अति झहरानी । अधर कंप रिस भौंह मरोरी मन ही मन गहरानी ।—सूर । (३) हिलाना । उ०—बालधी फिरावै बार बार झहरावै झरै बुँदियाँ सी लंक पघिलाइ पागि पागिहै ।—तुलसी ।

झाँई–संज्ञा स्त्री० [सं० छाया] (१) परछाईं । प्रतिबिंब । छाया । आभा । झलक । उ०—(क) झाँई न मिटन पाई आए हरि आतुर ह्वै जब जान्यो गज ग्राह लये जात जल में ।—सूर । (ख) बेसरि के मुकुता में झाँई बरन विराजत चारि । मानो सुरगुर शुक्र भौम शनि चमकत चंद्र भझारि ।—सूर । (ग) कह सुग्रीव सुनहु रघुराई । ससि मँह प्रकट भूमि की झाँई ।—तुलसी (घ) मेरी भवबाधा हरौ राधा नागरि सोइ । जा तन की झाँई परे स्याम हरित दुति होइ ।—बिहारी । (२) अँधकार । अँधेरा । उ०—रेशमी सतत शाल लाल पट लपिटे महल भीतरे न शीत रैनि की न झाँई है ।—देव । (३) धोखा । छल ।

मुहा०—झाँई बताना = छल करना । धोखा देना ।

यौ०—झाँई झप्पा = धोखा धड़ी ।

(४) प्रतिशब्द । प्रतिध्वनि । उ०—कुहकि उठे बन मोर कंदरा गरजति झाँई । चित चकृत मृग वृंद विथा मनमथ सरसाई ।—नागरीदास । (५) एक प्रकार के हलके काले धब्बे जो रक्त-विकार से मनुष्यों के शरीर विशेषतः मुँह पर पड़ जाते हैं ।

झाँई माँई–संज्ञा स्त्री० [अनु०] बच्चों का एक खेल जिसमें वे "झाँई माँई कौवों की बरात आई" कहते जाते और घूमते जाते हैं ।

मुहा०—झाँई माँई होना = नजरों से गायब हो जाना । अदृश्य हो जाना ।

झाँक–संज्ञा स्त्री० [हिं० झाँकना] झाँकने की क्रिया या भाव ।

यौ०—ताक झाँक = दे० "ताक झाँक" ।

संज्ञा पुं० दे० "झाँख"।

झाँकना–क्रि० अ० [सं० अध्यक्ष, प्रा० अज्झक्ख = आँख के सामने] (१) ओट के बगल में से देखना। आड़ में से मुँह निकाल कर देखना। उ०—(क) जँह तँह उझकि झरोखा झाँकत जनक नगर की नारि।—सूर। (ख) तुलसी मुदित मन जनक नगर जन झाँकति झरोखे लागीं सोभा रानी पावतीं।—तुलसी। (२) इधर उधर झुक कर देखना।

झाँकनी*†–संज्ञा स्त्री० [हिं० झाँकना] (१) झाँकी। दर्शन। उ०—झाँकनी दै कर काँकनी की सुनै कानन बैन अनाकनी कीने।—देव (२) कुआँ। (कहारों की परि०)

झाँकर–संज्ञा पुं० दे० "झंखाड़"।

झाँका–संज्ञा पुं० [हिं० झाँकना] (१) रटे का खांचा। जालीदार खांचा। (२) झरेखा। उ०—सभा माँझ द्रुपदी राखी पति पानिप गुण है जाको। बसन ओट करि कोट विश्वंभर परन न पायो झांको।

झाँकी–संज्ञा स्त्री० [हिं० झाँकना] (१) दर्शन। अवलोकन। झांकने या देखने की क्रिया अथवा भाव।

क्रि० प्र०—करना।—देना।—मिलना।—लेना।—होना।

(२) दृश्य। वह जो कुछ देखा जाय।

क्रि० प्र०—देखना।

(३) वह जिसमें से झांका जाय। झरोखा।

झाँख–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बड़ा जंगली हिरन। उ०—टाढ़े ढिग बाघ बिग चीते चितवत झाँख मृग शाखामृग सब रीझि रीझि रहे हैं।—देव।

झाँखना*†–क्रि० अ० दे० "झाँखना"। उ०—(क) इंद्री वश न्यारी परी सुख लूटति आंखि। सूरदास संग रहैं तेऊ भरैं झांखि।—सूर। (ख) एहि त्रिधि राउ मनहि मन झांखा। देखि कुभांति कुमति मनु मांखा।—तुलसी।

झाँखर–संज्ञा पुं० [हिं० झखाड] (१) झंखाड़। उ०—झाँखर जहाँ सुखाड़हु पंथा। हिलगि मकोय न फारहु कंथा।—जायसी (२) अरहर की वे खूँटियाँ जो फ़सल काटने के बाद खेत में रह जाती हैं।

झाँगला–वि० [देश०] ढीला ढाला (कपड़ा)। उ०—पहिर झांगले पटा पाग सिर टेढ़ी बाँधे। घर में तेल न लोन प्रीत चेरी सों साधे।—गिरधर।

झाँगा*†–संज्ञा पुं० दे० "झगा"। उ०—पीत वसन पहिरे सुठि झांगा। चलु चपल अलकै जनु नागा।—विश्राम।

झाँजन–संज्ञा स्त्री० दे० "झांझन"।

झाँझ–संज्ञा स्त्री० [स० झल्लक या झनझन से अनु०] (१) मजीरे की तरह के पर उससे बहुत बड़े कांसे के ढले हुए तश्तरी के आकार के दो ऐसे गोलाकार टुकड़ों का जोड़ा जिनके बीच में कुछ उभार होता है। इसी उभार में एक छेद होता है जिसमें डोरी पिरोई रहती है। इसका व्यवहार एक टुकड़े से दूसरे टुकड़े पर आघात करके पूजन आदि के समय घड़ियालों और शंखों के साथ यों ही बजाने अथवा ताशे और ढोल आदि के साथ ताल देने में होता है। झाल। उ०—झिली झांक झरना डफ पनव मृदंग निसान।—तुलसी।

क्रि० प्र०—पीटना।—बजाना।

(२) क्रोध। गुस्सा।

क्रि० प्र०—उतारना।—चढ़ाना।—निकालना।

(३) पाजीपन। शरारत। उ०—रुक्यो सांकरे कुंज मग करत झाँझ झकरात। मंद मंद मारुत तुरंग खूँदन आवत जात।—बिहारी। (४) किसी दुष्ट मनोविकार का आवेग। (५) सूखा हुआ कुआँ या तालाब। (६) भोग की इच्छा। विषय की कामना। (७) दे० "झाँझन"।

झाँझड़ी*†–संज्ञा स्त्री० (१) दे० "झाँझ"। (२) दे० "झाँझन"

झाँझन–संज्ञा स्त्री० [अनु०] कड़े की तरह का पैर में पहनने का एक प्रकार का गहना जो प्रायः चांदी का बनता है और जिसमें नकाशी और जाली बनी होती है। यह भीतर से पोला होता है और इसके अंदर छर्रे पड़े होते हैं जिनके कारण पैरों के उठाने और रखने में "झन् झन्" शब्द होता है। कभी कभी लोग घोड़ों और बैलों आदि को भी शोभा और झनझन् शब्द होने के लिये पीतल या तांबे की झांझन पहनाते हैं। पैंजनी। पायल।

झाँझर*†–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) झांझन। पैंजनी। (२) छलनी।

वि० (१) पुराना। जर्जर। छिन्न भिन्न। फटा टूटा। (२) छेदवाला। छिद्रयुक्त उ०—कबिरा नाव त झांझरी कूटा खेवनहार। हलका हलका तरि गया बूड़े जिन सिर भार।—कबीर।

झाँझरि*†–संज्ञा स्त्री० दे० "झांझर"।

झाँझरी†–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) झांझ नामक बाजा। झाल। उ०—बजै झांझरी शंख नगारे। गए प्रेत सब देव अगारे।—रघुराज। (२) झांझन नामक पैर का गहना। उ०—झांझरियां झनकंगी खरी तरकंगी तनी तन कंचन तन तोरे।—देव।

झाँझा–संज्ञा पु० [हिं० झँझरा] (१) एक प्रकार का कीड़ा जो बढ़ी हुई फसल के पत्तों को बीच बीच में से खा कर बिलकुल झँझरा कर देता है। यह छोटा बड़ा कई आकार और प्रकार का होता है और बहुधा तमाकू या मूकली के पत्तों पर पाया जाता है। (२) घी और चीनी के साथ भूनी हुई भांग की फंकी। † (३) सेव छानने का पौना।

संज्ञा पुं० दे० (१) "झाँझ"। (२) झंझट। बखेड़ा।

झाँझिया–संज्ञा पुं० [हिं० झाँझ + इया (प्रत्य०)] झाँझ बजानेवाला मनुष्य । बाजेवालों में से वह जो झाँझ बजाता हो ।

झाँट–संज्ञा स्त्री० [स० जट, हिं० झड = बाल] (१) पुरुष या स्त्री की मूत्रेंद्रिय पर के बाल । उपस्थ पर के बाल । पशम । शष्प ।

मुहा०—झाँट उखाड़ना = (१) बिलकुल व्यर्थ समय नष्ट करना । कुछ भी काम न करना । (२) कुछ भी हानि या कष्ट न पहुँचा सकना । इतनी हानि भी न पहुँचा सकना जितनी एक झाँट उखड़ जाने से हो सकती है । झाँट जल जाना या जल कर राख हो जाना = किसी को अभिमान आदि की बातें करते देख कर बहुत बुरा मालूम होना । (इसका व्यवहार अभिमान करनेवाले के प्रति बहुत अधिक उपेक्षा दिखलाने के लिये किया जाता है ।)

(२) बहुत तुच्छ वस्तु । बहुत छोटी या निकम्मी चीज़ ।

मुहा०—झाँट बराबर = (१) बहुत छोटा । (२) अत्यंत तुच्छ । झाँट की फुँदुली = अत्यंत तुच्छ (पदार्थ या मनुष्य) ।

झाँटा†–संज्ञा पुं० [देश०] झंझट ।

झाँटि*†–संज्ञा स्त्री० दे० "झाँट" । उ०—एकोहं आपुहिं भयो द्वितिया दीन्हों काटि । एकोहं कासो कहै महा पुरुष की झाँटि ।—कबीर ।

झाँप–संज्ञा स्त्री० [हिं० झाँपना] (१) वह जिससे कोई चीज ढाँकी जाय । (२) पड़ी हुई चीज़ें निकालने की लोहे की एक प्रकार की कल । (३) नींद । झपकी । (४) पर्दा । चिक । उ०—झुकि झुकि झूमि झूमि झिल झिल झेल झेल झरहरी झाँपन में झमकि झमकि उठै ।—पद्माकर । (५) निकासा । मस्तूल का झुकाव । (लश०)

संज्ञा पु० [स० झँप] उछल कूद ।

क्रि० प्र०—देना । उ०—दे० "झँप" के अंतर्गत ।

झाँपना–क्रि० स० [सं० उत्थापन, हिं० ढाँपना] (१) ढाँकना । आवरण डालना । ओट में करना । आड़ में करना । उ०—जथा गगन घन पटल निहारी । झाँपेउ भानु कहहिं कुविचारी ।—तुलसी । (२) झेंपना । लजाना । शरमाना ।

झाँपो†–संज्ञा स्त्री० [हिं० झाँपना] (१) ढाँकने की टोकरी । (२) मूँज की बनी हुई पिटारी जिसमें कभी कभी चमड़ा भी मढ़ा होता है । (३) झपकी । नींद । ऊँघ ।

झाँपो–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) धोबिन चिड़िया । खंजन पक्षी । (२) छिनाल स्त्री । पुंश्चली ।

झाँवना–क्रि० स० [हिं० झाँवा] झाँवे से रगड़ कर (हाथ पैर आदि) धोना । उ०—हौं गई भेंट भई न सहेट मैं तातें रुखाहट मो मन छायगो । कालिंदी के तट झांवत पांय हौं आयो तहाँ लखि रूखे सुभायगो ।—प्रतापसिंह सवाई ।

झाँवर–संज्ञा स्त्री० [हिं० डाबर] वह नीची भूमि जिसमें वर्षा काल में जल भर जाता है और जिसमें मोटा अन्न जमता है । डाबर । (ऐसी भूमि धान के लिये बहुत उपयुक्त होती है) ।

† वि० [स० श्यामल] (१) झाँवें के रंग का । कुछ काला । (२) मलिन । उ०—सांची कहों रावरे सों झांवरे लगैं तमाल । (३) मुरझाया हुआ । कुम्हलाया हुआ । (४) शिथिल । मंद । सुस्त । उ०—निसि न नींद आवै दिवस न भोजन भावै चितवत मग भई दृष्टि झाँवरी ।—सूर ।

झाँवली–संज्ञा स्त्री० [हिं० झाँव = छाया] (१) झलक । (२) आँख की कनखी ।

यौ०—झांवलीबाज़ ।

मुहा०—झांवली देना = आंख से इशारा करना ।

झाँवाँ–संज्ञा पु० [स० झामक] जली हुई ईंट । वह ईंट जो जल कर काली हो गई हो । इससे रगड़ कर चीज़ों की, विशेषतः पैरों की मैल छुड़ाते हैं ।

झाँसना–क्रि० स० [हिं० झाँसा] (१) ठगना । धोखा देना । झांसा देना । (२) किसी स्त्री को व्यभिचार में प्रवृत्त करना । स्त्री को फँसाना ।

झाँसा–संज्ञा पुं० [सं० अध्यास = मिथ्या ज्ञान, प्रा० अज्झास] अपना काम साधने के लिये किसी को बहकाने की क्रिया । धोखा धड़ी । दम बुत्ता । छल ।

क्रि० प्र०—देना ।—बताना ।

यौ०—झांसा पट्टी = धोखा धड़ी ।

मुहा०—झांसे में आना = धोखे में आना ।

झाँसिया–संज्ञा पु० [हिं० झाँसा + इया (प्रत्य०)] झांसा देनेवाला । धोखेबाज़ ।

झाँसी–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का गुबरैला जो दाल और तमाखू की फसल को हानि पहुँचाता है ।

झाँसू–संज्ञा पु० [हिं० झाँसा] झांसा देनेवाला । धोखेबाज़ ।

झा–संज्ञा पु० [सं० उपाध्याय प्रा० उज्झाओ, हिं० ओझा] मैथिल ब्राह्मणों की एक उपाधि ।

झाई–संज्ञा स्त्री० दे० "झाँई" ।

झाऊ–संज्ञा पुं० [सं० झावुक] एक प्रकार का छोटा झाड़ जो दक्षिणी एशिया में नदियों के किनारे रेतीले तथा मैदानों में अधिकता से होता है और बहुत जल्दी जल्दी और खूब फैलता है । इसकी पत्तियां सरो की पत्तियों से मिलती जुलती होती हैं और गरमी के अंत में इसमें बहुत अधिकता से छोटे छोटे हलके गुलाबी फूल लगते हैं । बहुत कड़ी सरदी में यह झाड़ नहीं रह सकता । कुछ देशों में इससे एक प्रकार का रंग निकाला जाता है और इसकी पत्तियाँ आदि का व्यवहार औषधों में किया जाता है । इसमें से एक प्रकार का क्षार भी निकलता है । इसकी टहनियों से टोकरियाँ और

रस्सियाँ आदि बनती हैं और सूखी लकड़ी जलाने के काम में आती है। कहीं कहीं रेगिस्तानों में यह झाड़ बहुत बढ़ कर पेड़ का रूप भी धारण कर लेता है। पिचुल। अफल। बहुग्रंथि।

झाग–संज्ञा पुं० [हिं० गज] पानी आदि का फेन। गाज। फेन।

क्रि० प्र०—उठना।—छूटना।—छोड़ना।—निकालना।—फेंकना।

झागड़ * †–संज्ञा पुं० दे० "झगड़ा"।

झागना †–क्रि० अ० [हिं० झाग] झाग उत्पन्न होना। फेन निकलना।

क्रि० स० झाग उत्पन्न करना। फेन निकालना।

झाझ †–संज्ञा स्त्री० दे० "झाँझ"।

झाटकपट–संज्ञा पुं० [?] एक प्रकार की ताजीम जो राजपूताने के राज-दरबारों में अधिक प्रतिष्ठित सरदारों को मिला करती है।

झाटल–संज्ञा पु० [सं०] मोखा नामक वृक्ष जो सफेद और काला होने के कारण दो प्रकार का होता है। आक की भाँति इसमें से भी दूध निकलता है। इसके पत्ते बड़े बड़े होते हैं और फल घंटियों की भाँति लटकते हैं।

झाटा †–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) जूही। (२) भुइँ आँवला।

झाटिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] भुइँ आँवला।

झाड़–संज्ञा पुं० [सं० झाट] (१) वह छोटा पेड़ या कुछ बड़ा पौधा जिसमें पेड़ी न हो और जिसकी डालियाँ जड़ या जमीन के बहुत पास से निकल चारों ओर खूब छितराई हुई हों। पौधे से इसमें अंतर यह है कि यह कठीला होता है। (२) झाड़ के आकार का एक प्रकार का रोशनी करने का सामान जो छत में लटकाया या जमीन पर बैठकी की तरह रखा जाता है। इनमें कई ऊपर नीचे वृत्तों में बहुत से शीशे के गिलास लगे हुए होते हैं जिनमें मोमबत्ती, गैस या बिजली आदि का प्रकाश होता है। नीचे से ऊपर की ओर के गिलासों के वृत्त बराबर छोटे होते जाते हैं।

यौ०—झाड़ फानूस = शीशे के झाड़ हाड़ियाँ और गिलास आदि जिनका व्यवहार रोशनी और सजावट आदि के लिये होता है। (३) एक प्रकार की आतिशबाज़ी जो छूटने पर झाड़ या बड़े पौधे के आकार की जान पड़ती है। (४) छीपियों का एक प्रकार का छापा जो प्रायः दस अंगुल चौड़ा और बीस अंगुल लंबा होता है और जिसमें छोटे पेड़ या झाड़ की आकृति बनी रहती है। (५) समुद्र में उत्पन्न होनेवाली एक प्रकार की घास जिसे जरस या जार भी कहते हैं। (लश०)। (६) गुच्छा। लच्छा।

संज्ञा स्त्री० [हिं० झाड़ना] (१) झाड़ने की क्रिया। झटक कर या झाड़ू आदि दे कर साफ़ करने की क्रिया। (२) बहुत डांट या फटकार कर कही हुई बात। फटकार। डाँट डपट।

यौ०—झाड़ पोंछ = झाड और पोंछ कर साफ़ करने की क्रिया।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग यौगिक शब्दों ही में विशेषतः होता है।

क्रि० प्र०—देना।—बताना।—सुनना।—सुनाना।

(३) मंत्र से झाड़ने की क्रिया।

यौ०—झाड़ फूँक = मंत्रोपचार।

संज्ञा पुं० [हिं० झाड़ना] झटका। (कुश्ती)

झाड़खंड–संज्ञा पु० [हिं० झाड़ + खंड] जंगल। वन। ऐसा वन-विभाग जिसमें अधिकतर झरबेरी आदि के कँटीले झाड़ हों।

झाड़ झंखाड़–संज्ञा पुं० [हिं० झाड़ + झखाड़] (१) काँटेदार झाड़ियों का समूह। (२) व्यर्थ की निकम्मी चीजों का समूह।

झाड़दार–वि० [हिं० झाड़ + फा० दार] (१) सघन। घना। (२) कँटीला। काँटेदार। (३) जिस पर झाड़ या बेल बूटे आदि बने हों।

संज्ञा पु० (१) एक प्रकार कसीदा जिसमें बड़े बड़े बेल बूटे बने होते हैं। (२) एक प्रकार का गलीचा जिस पर बड़े बड़े बेल बूटे बने होते हैं।

झाड़न–संज्ञा स्त्री० [हिं० झाड़ना] (१) वह जो कुछ झाड़ने पर निकले। (२) वह कपड़ा आदि जिससे कोई चीज़ गर्द आदि दूर करने के लिये झाड़ी जाय।

झाड़ना–क्रि० स० [सं० क्षारण] (१) किसी चीज पर पड़ी हुई गर्द आदि साफ करने या और कोई चीज हटाने के लिये उस चीज को उठा कर झटका देना। झटकारना। फटकारना। जैसे, जरा दरी और चांदनी झाड़ दो। (२) झटका देकर किसी एक चीज़ पर पड़ी हुई किसी दूसरी चीज को गिराना। जैसे, इस अँगोछे पर बहुत से बीज चिपक गए हैं, जरा उन्हें झाड़ दो। (३) झाड़ू या कपड़े आदि की रगड़ या झटके से किसी चीज पर पड़ी या लगी हुई दूसरी चीज गिराना या हटाना। जैसे, इन किताबों पर की गर्द झाड़ दो। (४) झाड़ू या कपड़े आदि के द्वारा अथवा और किसी प्रकार गर्द, मैल या और कोई चीज हटा कर कोई दूसरी चीज़ साफ करना। जैसे, (क) सवेरे उठते ही उन्हें सारा घर झाड़ना पड़ता है, (ख) इस मेज को झाड़ दो।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

(५) बल या युक्तिपूर्वक किसी से धन ऐंठना। झटकना। (क०)

संयो० क्रि०—लेना।

(६) रोग या प्रेत-बाधा आदि दूर करने के लिये किसी को मंत्र आदि से फूँकना। मंत्रोच्चार करना।

संयो० क्रि०—देना।

(७) बिगड़ कर कड़ी कड़ी बातें कहना। फटकारना। डाँटना।

संयो० क्रि०—देना।

झाड़ फूँक—संज्ञा स्त्री० [हिं० झाड़ना फूँकना] मंत्र आदि से झाड़ने या फूँकने की वह क्रिया जो भूत प्रेत आदि की बाधाओं अथवा रोगों आदि को दूर करने के लिये की जाती है। मंत्र आदि पढ़ कर झाड़ना या फूँकना।

झाड़ बुहार—संज्ञा स्त्री० [हिं० झाड़ना बुहारना] झाड़ने और बुहारने की क्रिया। सफाई।

झाड़ा—संज्ञा पुं० [हिं० झाड़ना] (१) झाड़ फूँक। (२) तलाशी। (३) सितार के सब तारों को एक साथ बजाना। (४) मल। गुह। मैला।

मुहा०—झाड़ा फिरना = मलोत्सर्ग करना। हगना। झाड़ा फिराना = हगाना।

(५) मलोत्सर्ग का स्थान। पाखाना। टट्टी।

क्रि० प्र०—जाना।

झाड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० झाड़] (१) छोटा झाड़। पौधा। (२) बहुत से छोटे छोटे पेड़ों का समूह या झुरमुट। (३) सूअर के बालों की कूँची। बलौंछी।

झाड़ीदार—वि० [हिं० झाड़ी + फ़ा० दार] (१) झाड़ी की तरह का। छोटे झाड़ का सा। (२) कँटीला। काँटेदार।

झाड़ू—संज्ञा स्त्री० [हिं० झाड़ना] (१) बहुत ही लंबी सींकों आदि का समूह जिससे ज़मीन, फर्श आदि झाड़ते हैं। कूँचा। बोहारी। सोहनी। बढ़नी।

मुहा०—झाड़ू देना = झाड़ू की सहायता से कूड़ा करकट साफ करना। झाड़ू फिरना = सफाया हो जाना। कुछ न रहना। झाड़ू फेरना = बिलकुल नष्ट कर देना। झाड़ू मारना = (१) घृणा करना। (२) निरादर करना।

(२) पुच्छल तारा। केतु। दुमदार सितारा।

झाड़ूदुमा—संज्ञा पुं० [हिं० झाड़ू + दुम] वह हाथी जिसकी दुम झाड़ू की तरह फैली हो। ऐसा हाथी ऐबी गिना जाता है।

झाड़ूबरदार—संज्ञा पुं० [हिं० झाड़ू + फ़ा० बरदार] (१) वह जो झाड़ू देता हो। (२) चमार। भंगी। मेहतर।

झाड़ूवाला—संज्ञा पुं० [हिं० झाड़ू + वाला] (१) वह जो झाड़ू देता हो। झाड़ूबरदार। (२) भंगी, मेहतर या चमार।

झापड़—संज्ञा पुं० [सं० चपट] थप्पड़। पड़ाका। लप्पड़। तमाचा।

क्रि० प्र०—मारना।—लगाना।

मुहा०—झापड़ कसना, देना = थप्पड़ मारना।

झाबर—संज्ञा पुं० [?] दलदली भूमि।

संज्ञा पुं० दे० "झाबा"। उ०—पुनि झाबर पै झाबर आई। घिरित खाँड़ का कहौं मिठाई।—जायसी।

झाबा—संज्ञा पुं० [हिं० झाँपना = ढाँकना] (१) टोकरा। खाँचा। रट्ठे का बड़ा दौरा। (२) घी तेल आदि तरल पदार्थों के रखने का चमड़े का टोंटीदार बरतन। (३) चमड़े का बना हुआ गोल थाल जिसमें पंजाब में लोग आटा छानते हैं। इसे सफरा कहते हैं। (४) रोशनी का झाड़ जो लटकाया जाता है। (५) दे० "झब्बा"।

झाबी—संज्ञा स्त्री० [हिं० झाबा] छोटा झाबा। टोकरी।

झाम†※—संज्ञा पुं० [देश०] (१) झब्बा। गुच्छा। उ०—सुंदर दसन चिबुक अति सुंदर सुंदर हृदय विराजत दाम। सुंदर भुजा पीतपट सुंदर सुंदर कनक मेखला झाम।—सूर। (२) एक प्रकार की बड़ी कुदाल जिससे कुएँ की मिट्टी निकालते हैं। (३) घुड़की। डाँट। डपट। (४) धोखा। छल। कपट।

झामक—संज्ञा पुं० [सं०] जली हुई ईंट। झाँवाँ।

झामर—संज्ञा पुं० [स०] (१) टेकुआ रगड़ने की सान। तर्कशाण। सिल्ली। (२) स्त्रियों का पैर में पहनने का एक गहना जो पैजन की तरह का होता है।

झामी†—संज्ञा पुं० [हिं० झाम] धोखेबाज। चालाक। धूर्त्त। उ०—(क) सूधे भए जे हैं नर गंगा के अन्हाइवे को काम बदनामी झामी कैयक करोर हैं।—पद्माकर। (ख) जिनके मंत्र न कोऊ झामी। झूठि न वादि न परतिय गामी।—पद्माकर।

झाँय झाँय—संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) झनकार। झन् झन् शब्द। (२) सन्नाटे में हवा का शब्द। वह शब्द जो किसी सुनसान स्थान में हवा के चलने, तथा गूँज आदि के कारण सुनाई पड़ता है। जैसे, इतना बड़ा सूना घर झाँय झाँय करता है।

झाँव झाँव—संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) बकवाद। बकबक। (२) हुज्जत। तकरार।

क्रि० प्र०—करना।—मचाना।

झार†—वि० [स० सर्व, प्रा० सारो, हिं० सारा] (१) एक मात्र। निपट। केवल। उ०—दीयो दधि दान को सुकैसे ताहि भावत है जाहि मन भायो झार झगरो गोपाल को।—पद्माकर। (२) संपूर्ण। कुल। सब। समस्त। उ०—कै न खेत सिख लौं पदमाकर जाहिरै झार सिंगार भयो है।—पद्माकर।

(३) समूह। झुंड।

संज्ञा स्त्री० [सं० झाला = ताप] (१) दाह। डाह। जलन। ईर्ष्या। (२) ज्वाला। लपट। आँच। उ०—(क) जनहुँ छाँह मैंह धूप दिखाई। तैसे झार लाग जो आई।—जायसी।

(ख) नाम लै चिल्लात बिलखात अकुलात अति तात तात तौसियत मौंसियत झार ही।—तुलसी। (ग) गरज किलक आघात उठत मनु दामिनि पावक झार।—सूर। (घ) छाँछ छबीली धरी धुँगारी। झरहै उठत झार की न्यारी।—सूर। (३) झाल। चरपरायन।

संज्ञा पुं० [हिं० झड़ना] (१) झरना। पौना। (२) एक पेड़ का नाम।

झारखंड—संज्ञा पुं० [हिं० झाड़ + खंड] (१) एक पहाड़ जो वैद्यनाथ होता हुआ जगन्नाथपुरी तक चला गया है।

विशेष—मुसलमानों ने अपने इतिहास ग्रंथों में छत्तीसगढ़ और गोंडवाने के उत्तरी भाग को झारखंड के नाम से लिखा है।

(२) दे० झाड़खंड।

झारन—क्रि० स० [हिं० झाड़ना] दे० "झाड़न"।

झारना—क्रि० स० [सं० झर] (१) बाल साफ करने के लिये कंघी करना। (२) छाँटना। अलग करना। जुदा करना। (३) दे० "झाड़ना"।

झार फूँक†—संज्ञा स्त्री० दे० "झाड़ फूँक"।

झारा—संज्ञा पुं० [हिं० झारना] (१) पतली छनी हुई भांग। (२) वह सूप जिससे अन्न को फटक कर सरसों इत्यादि से पृथक् करते हैं। झरना।

झारि*†—संज्ञा स्त्री० दे० "झार"। उ०—कहहु सुमंत विचारि केहि बालक घोटक गहयो। बसैं हहाँ ऋषि झारि छत्रिन कर न निवास इत।

झारी—संज्ञा स्त्री० [हिं० झरना] लुटिया की तरह का एक प्रकार का लंबोतरा पात्र जिसमें जल गिराने के लिये एक ओर एक टोंटी लगी होती है। इस टोंटी में से धार बँध कर जल निकलता है। इसका व्यवहार देवताओं पर जल चढ़ाने अथवा हाथ पैर आदि धुलाने में होता है। उ०—(क) आसन दे चौकी आगे धरि। जमुना जल राख्यो झारी भरि।—सूर। (ख) आपुन झारी माँगि विप्र के चरन पखारे। इती दूर श्रम कियो राज द्विज भए दुखारे।—सूर।

संज्ञा स्त्री० [सं० झारि] वह पानी जिसमें अमचूर, जीरा, नमक आदि घुला हुआ हो। इस का व्यवहार पश्चिम में अधिक होता है।

संज्ञा स्त्री० दे० "झाड़ी"।

क्रि० वि० दे० "झार"।

झारू—संज्ञा पुं० दे० "झाड़ू"।

झारेवाला†—वि० [?] पटा खेलनेवाला। पटा, बनेठी या लकड़ी चलानेवाला।

झाल—संज्ञा पुं० [सं० झल्लक] झाँझ। काँसे का बना हुआ ताल देने का बाजा।

संज्ञा पुं० [देश०] (१) रट्ठे का बड़ा खाँचा। (२) झालने की क्रिया या भाव।

संज्ञा स्त्री० [सं० झाला] (१) चरपराहट। तीतापन। तीक्ष्णता। जैसे, राई की झाल, मिरचे की झाल। (२) तरंग। मौज। लहर। (३) कामेच्छा। सुख। प्रसंग करने की कामना। झल।

संज्ञा स्त्री० [हिं० झड़] दो तीन दिन की लगातार पानी की झड़ी जो प्रायः जाड़े में होती है। उ०—जिन जिन संबल ना किया असपुर पाटन पाय। झाल परे दिन आथये संबल किया न जाय।—कबीर।

क्रि० प्र०—करना।

वि०, और संज्ञा स्त्री० दे० "झार"।

झालड़—संज्ञा स्त्री० [सं० झल्लरी] (१) घड़ियाल जो पूजा आदि के समय बजाया जाता है। (२) दे० "झालर"।

झालना—क्रि० स० [?] (१) धातु की बनी हुई वस्तुओं में टाँका दे कर जोड़ लगाना। (२) पीने की चीजों को बोतल आदि में भर कर ठंढा करने के लिये बरफ या शोरे में रखना।

संयो० क्रि०—देना।

झालर—संज्ञा स्त्री० [सं० झल्लरी] (१) किसी चीज के किनारे पर शोभा के लिये बनाया, लगाया या टाँका हुआ वह हाशिया जो लटकता रहता है। झालर की चौड़ाई प्रायः हुआ करती है और उसमें सुंदरता के लिये कुछ बेल बूटे आदि बने रहते हैं। मुख्यतः झालर कपड़े में ही होती है; पर दूसरी चीजों में भी शोभा के लिये झालर के आकार की कोई चीज़ बना या लगा देते हैं। जैसे, गद्दी या तकिए की झालर, पंखे की झालर, सायबान की झालर, चबूतरे आदि में पत्थर की झालर। (२) झालर के आकार की या किनारे की तरह पर लटकती हुई कोई चीज। (३) किनारा। छोर। (क्व०) (४) झाँझ। झाल। (५) घड़ियाल जो पूजा आदि के समय बजाया जाता है।

झालरदार—वि० [हिं० झालर + फ० दार] जिसमें झालर लगी हो।

झालरना—क्रि० अ० दे० "झलराना"। उ०—नेक न झुरसी बिरह झर नेहलता कुँभिलाति। निनि निति होति हरी हरी खरी झालरति जाति।—बिहारी।

झालरा†—संज्ञा पुं० [हिं० झालर] एक प्रकार का रुपहला हार। हुमेल।

संज्ञा पुं० [हिं० ताल] चौड़ा कुआँ। बावली। कुंड।

झाला—संज्ञा पुं० [देश०] राजपूतों की एक जाति जो गुजरात और मारवाड़ में पाई जाती है।

झालि†–संज्ञा स्त्री० [हिं० झड] पानी की झड़ी । झाल । उ०—झालि परे दिन अथए अंतर परि गइ साँझ । बहुत रसिक के लागते वेश्या रहिगै बाँझ ।—कबीर ।

क्रि० प्र०—छाना ।—पड़ना ।

संज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की काँजी जो कच्चे आम को पीस कर उसमें राई नमक और भूनी हींग मिला कर बनाई जाती है । झारी ।

झावर–संज्ञा पुं० दे० "झाबर" ।

झाषुक–संज्ञा पुं० [सं०] झाऊ ।

झिंग†–संज्ञा स्त्री० [सं० झिंगाक] तरोई । तोरी । तुरई ।

झिंगन–संज्ञा पुं० [देश०] (१) एक प्रकार का पेड़ जिसकी पत्ती से लाल रंग बनता है । (२) सारस्वत ब्राह्मणों की एक जाति ।

झिँगवा–संज्ञा स्त्री० [सं० चिंगट] एक प्रकार की छोटी मछली जिसके मुँह और पूँछ के पास दोनों तरफ बाल होते हैं ।

झिंगाक–संज्ञा पुं० [स०] तोरई । तरोई ।

झिंगिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का जंगली वृक्ष जो बहुत ऊँचा होता है । इसके पत्ते महुए के समान और शाखाओं में दोनों ओर लगते हैं । फूल सफेद और फल बेर के समान होते हैं ।

पर्य्या०—झिंगी । झिंगिनी । प्रमोदिनी । सुनिर्यासा ।

झिंगी–संज्ञा स्त्री० दे० "झिंगिनी" ।

झिँगुली*†–संज्ञा स्त्री० [हिं० झगा] छोटे बच्चों के पहनने का कुरता । झगा । उ०—पीत झीन झिंगुली तन सोही । किलकनि चितवनि भावति मोही ।—तुलसी ।

झिंझिया–संज्ञा स्त्री० [अनु०] छोटे छोटे छेदोंवाला वह घड़ा जिसमें दीआ बाल कर कुआर के महीने में लड़कियाँ घुमाती हैं । उ०—जाल रंध्र मग ह्वै कढै तिय तन दीपति पुंज । झिंझिया कैसो घट भयो दिन ही में बनकुंज ।—मतिराम ।

झिंझिरिष्टा–संज्ञा स्त्री० [सं०] झिंझिरीटा नामक क्षुप ।

झिंझिरीटा–संज्ञा स्त्री० [सं० झिंझिरिष्टा] एक प्रकार का क्षुप ।

झिंझी–संज्ञा स्त्री० [सं०] झिल्ली । झींगुर ।

झिंझोटी–संज्ञा स्त्री० [देश०] संपूर्ण जाति की एक रागिनी जिसमें सब शुद्ध स्वर लगते हैं । यह दिन के चौथे पहर में गाई जाती है ।

झिंटी–संज्ञा स्त्री० [सं०] कटसरैया । पियाबासा ।

झिगड़ा†–संज्ञा पुं० दे० "झगड़ा" ।

झिझक–संज्ञा स्त्री० दे० "झझक" ।

झिझकना–क्रि० अ० दे० "झझकना" । उ०—(क) बरुनीन ह्वै नैन झिकै झिझिकै मनो खंजन मीन पै जाले परे ।—ठाकुर । (ख) तहाँ साँचे चलैं तजि आपुन पौ झिझकै कपटी गो निसाँक नहीं ।—घनानंद ।

झिझकार–संज्ञा स्त्री० दे० "झझकार" ।

झिझकारना–क्रि० स० (१) दे० "झझकारना" । उ०—वोही ठँग तुम रहे कन्हाई सबै उठीं झिझकारि । लेहु असीस सबन के मुख तें कतहि दिवावत गारि ।—सूर । (२) दे० "झटकना" उ०—रसना मति इत नैना निज गुन लीन । कर तें पिय झिझकारे अजगुति कीन ।

झिटकारना†–क्रि० स० दे० "झटकारना" या "झटकना" ।

झिड़क†–संज्ञा स्त्री० दे० "झिड़की" ।

झिड़कना–क्रि० स० [अनु०] (१) अवज्ञा या तिरस्कारपूर्वक बिगड़ कर कोई बात कहना । उ०—(क) याते तुमको ढीठ कही । श्यामहि तुम भई झिरकनहारी एते पर पुनि हारि नहीं ।—सूर । (ख) भोर जगि प्यारी अध ऊरध इतै की ओर भाषी खिझि झिरकि उघारि अध पलकैं ।—पद्माकर । (२) अलग फेंक देना । झटकना । (क्व०) उ०—मुकुट शिर श्री-खंड सोहै निरखि रही व्रजनारि । कोटि सुर को दंड आभा झिरकि डारैं वारि ।—सूर ।

झिड़की–संज्ञा स्त्री० [हिं० झिड़कना] (१) वह बात जो झिड़क कर कही जाय । डाँट । फटकार ।

क्रि० प्र०—देना ।—मिलना ।—सुनना ।

(२) झिड़कने की क्रिया या भाव ।

झिड़झिड़ाना–क्रि० अ० [अनु०] भला बुरा कहना । कटु बचन कहना । चिड़चिड़ाना ।

झिड़झिड़ाहट–संज्ञा स्त्री० [हिं० झिड़झिड़ाना] झिड़झिड़ाने का भाव या क्रिया । (क्व०)

झिनवा–संज्ञा पुं० [देश०] महीन चावल का धान । उ०—रायभोग औ काजररानी । झिनवा रूद औ दाउद खानी ।—जायसी ।

वि० दे० "झीना" ।

झिपना–क्रि० अ० दे० "झँपना" ।

झिपाना–क्रि० स० [हिं० झँपना का स० रूप] लज्जित करना । शरमिंदा करना ।

झिमकना†–क्रि० अ० दे० "झमकना" ।

झिर–संज्ञा स्त्री० दे० "झिरी" ।

झिरकना–क्रि० स० दे० "झिड़कना" ।

झिर झिर–क्रि० वि० [अनु०] (१) मंद मंद । धीरे धीरे । (२) झिर झिर शब्द के साथ ।

झिरझिरा–वि० [हिं० झरना] बहुत पतला या बारीक (कपड़ा आदि) । झँझरा । झीना ।

झिरझिराना–क्रि० अ० दे० "झिड़झिड़ाना"।

झिरना–क्रि० अ० दे० "झरना"।

संज्ञा पुं० (१) छेद। छिद्र। सूराख। (२) दे० "झरना"।

झिरा†–संज्ञा स्त्री० [हिं० झरना = रस कर निकलना] आमदनी। आय।

झिरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० झरना] (१) छोटा छेद जिससे कोई द्रव पदार्थ धीरे धीरे बह जाय। दरज। शिगाफ। (२) वह गड्ढा जिसमें पानी झिर झिर कर इकट्ठा हो। (३) कुएँ के बगल में से निकला हुआ छोटा सोता। (४) तुषार। पाला। (५) वह फसल जिसे पाला मार गया हो।

झिर्री†–संज्ञा स्त्री० [हिं० झरना या झिरी] वह छोटा गड्ढा जो नाली आदि में पानी रोकने के लिये खोदा जाय। घेरुआ।

झिलँगा–संज्ञा पुं० [हिं० ढीला + अंग] (१) टूटी हुई खाट का बाध। (२) ऐसी खाट जिसकी बुनावट ढीली पड़ गई हो।

संज्ञा पुं० दे० "झींगा"।

झिलना–क्रि० अ० [?] (१) बलपूर्वक प्रवेश करना। धँसना। घुसना। उ०—झिली फौज प्रतिभट गिरे खाइ घाव पर घाव। कुँवर दौरि परबत चढ़्यो बढ़्यो युद्ध को चाव।—लाल। (२) तृप्त होना। अघा जाना। उ०—(क) मिले राम कृष्ण, झिले पाइकै मनोरथ की, हिले दृग रूप किये चूरि चूरि चूरि को—प्रिया। (ख) झुकि झुकि झूमि झूमि झिलि झिलि झेलि झेलि झरहरी झाँपन में झमकि झमकि उठै।—पद्माकर। (३) मग्न होना। तल्लीन होना। उ०—कटयों कर चले हरि रंग माँझ झिजे मानी जानी कछु चूक मेरी यहै उर धारिये।—प्रिया। (४) (कष्ट, आपत्ति, आदि) झेला जाना। सहा जाना। सहन होना। उठाया जाना।

संज्ञा पुं० [सं० झिल्ली] झींगुर।

झिलम–संज्ञा स्त्री० [हिं० झिलमिला] लोहे का बना हुआ एक प्रकार का झँझरीदार पहरावा जो लड़ाई के समय सिर और मुँह पर पहना जाता था। एक प्रकार का लोहे का टोप या खोद। उ०—(क) झलकत आवै झुंड झिलम झलानि झप्यो तमकत आवैं तेगवाही औ सिलाही के।—पद्माकर। (ख) गुरु जन डर सों चतुरई बरुनी झिल मैं डार। निधरक प्रीतम वदन तन अखियाँ रहीं निहार।—रस-निधि।

झिलमटोप–संज्ञा पुं० दे० "झिलम"

झिलमा–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का धान जो संयुक्त प्रांत में होता है।

झिलमिल–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) काँपती हुई रोशनी। हिलता हुआ प्रकाश। झलमलाता हुआ उजाला। (२) ज्योति की अस्थिरता। रह रह कर प्रकाश के घटने बढ़ने की क्रिया। उ०—(क) हेरि हेरि बिल में न लीन्हों हिल मिल में रही हौं हाय मिल में प्रभा की झिलमिल में।—पद्माकर। (ख) घूँघुट कै घूमि के सु झूमके जवाहिर के झिलमिल झालर की भूमि लौं झुलत जात।—पद्माकर। (३) बढ़िया मलमल या तनजेब की तरह का एक प्रकार का बारीक और मुलायम कपड़ा। उ०—(क) चँदनोता जो खर दुख भारी। बाँस पूर झिलमिल की सारी।—जायसी। (ख) राम आरती होन लगी है, जगमग जगमग जोति जगी है। कंचन भवन रतन सिंहासन। दासन डासे झिलमिल डासन। तापर राजत जगत प्रकासन। देखत छवि मति प्रेम पगी है।—मन्नालाल।

वि० रह रह कर चमकता हुआ। झलझलाता हुआ। उ०—नदी किनारे मैं खड़ी पानी झिलमिल होय। मैं मैली पिय ऊजरे मिलना किस बिधि होय।

झिलमिला–वि० [अनु०] (१) जो गफ वा गाढ़ा न हो। (२) जिसमें बहुत से छोटे छोटे छेद हों। झँझरा। झीना। (३) जिसमें से रह रह कर हिलता हुआ प्रकाश निकले। (४) झलझलाता हुआ। चमकता हुआ। (५) जो बहुत स्पष्ट न हो।

झिलमिलाना–क्रि० अ० [अनु०] (१) रह रह कर चमकना। जुगजुगाना। (२) प्रकाश का हिलना। ज्योति का अस्थिर होना।

क्रि० स० (१) किसी चीज को इस प्रकार हिलाना कि जिसमें वह रह रह कर चमके। (२) हिलाना। कँपाना।

झिलमिलाहट–संज्ञा स्त्री० [अनु०] झिलमिलाने की क्रिया या भाव।

झिलमिली–संज्ञा स्त्री० [हिं० झिलमिल] (१) एक दूसरे पर तिरछी लगी हुई बहुत सी आड़ी पटरियों का ढाँचा जो किवाड़ों और खिड़कियों आदि में जड़ा रहता है। ये सब पटरियाँ पीछे की ओर पतली लंबी लकड़ी या छड़ में जड़ी होती हैं, जिसकी सहायता से झिलमिली खोली या बंद की जाती है। इसका व्यवहार बाहर से आनेवाला प्रकाश और गर्द आदि रोकने के लिये अथवा इस लिये होता है कि जिसमें बाहर से भीतर का दृश्य दिखलाई न पड़े। झिलमिली के पीछे लगी हुई लकड़ी या छड़ को जरा सा नीचे की ओर खींचने से एक दूसरे पर पड़ी हुई पटरियाँ अलग अलग खड़ी हो जाती हैं और उन सब के बीच में इतना अवकाश निकल आता है जिसमें से प्रकाश या वायु आदि अच्छी तरह आ सके। खड़खड़िया।

क्रि० प्र०—उठाना।—खोलना।—गिराना।—चढ़ाना।

(२) चिक। चिलमन। (३) कान में पहनने का एक प्रकार का गहना।

झिल्ल–संज्ञा पुं० [सं०] नील की जाति का एक प्रकार का पौधा। इसकी छाल और फूल लाल होते हैं और पत्ते और फल बहुत छोटे होते हैं।

झिल्लड़–वि० [हिं० झिल्ली] (वह कपड़ा) जिसकी बुनावट दूर दूर पर हो। पतला और झँझरा (कपड़ा)। गफ का उलटा।

झिल्लन–संज्ञा स्त्री० [देश०] दरी बुनने के करघे की वह कड़ी लकड़ी जिसमें बै का बाँस लगा रहता है। गुरिया।

झिल्ला†–वि० [अनु०] [स्त्री० झिल्ली] (१) पतला। बारीक। (२) झँझरा। जिसमें बहुत से छोटे छोटे छेद हों।

झिल्लिका–संज्ञा स्त्री [स०] झींगुर। झिल्ली।

झिल्ली–संज्ञा पुं० [स०] झींगुर।

संज्ञा स्त्री० [स० चैल] (१) किसी चीज़ की ऐसी पतली तह जिसके ऊपर की चीज दिखाई पड़े। जैसे, चमड़े की झिल्ली। (२) बहुत बारीक छिलका। (३) आँख का जाला।

वि० स्त्री० बहुत पतला। बहुत बारीक।

झिल्लीक–संज्ञा पुं० [स०] झींगुर।

झिल्लीदार–वि० [हिं० झिल्ली + फा० दार] जिसके ऊपर किसी चीज़ की बहुत पतली तह लगी हो। जिस पर झिल्ली हो।

झींक–संज्ञा पुं० दे० "झींका"। उ०—चोखे चलु जँतवा झमकि लेहु झिँकवा, देवस भुखल भैया, पाहुन रे की।—कबीर।

झींकना–क्रि० अ० दे० "झींखना"।

† क्रि० स० [देश०] फेंकना। पटकना।

झींका–संज्ञा पु० [देश०] उतना अन्न जितना एक बार पीसने के लिये चक्की में डाला जाता है।

झींखना–क्रि० अ० [हि० खीजना] (१) किसी अनिवार्य्य अनिष्ट के कारण दुखी होकर बहुत पछताना और कुढ़ना। खीजना। (२) दुखड़ा रोना। अपनी विपत्ति का हाल सुनाना।

संज्ञा पुं० (१) झींखने की क्रिया या भाव। (२) दुःख का वर्णन। दुखड़ा।

झींगट–संज्ञा पुं० [देश०] पतवार थामनेवाला। मल्लाह। कर्णधार। (लश०)

झींगा–संज्ञा पु० [स० चिंगट] (१) एक प्रकार की मछली जो प्रायः सारे भारत की नदियों और जलाशयों आदि में पाई जाती है। इसके अगले भाग में छाती के नीचे बहुत पतले पतले और लंबे आठ पैर होते हैं; इसी लिये प्राणि-शास्त्रज्ञ इसे केकड़े आदि के अंतर्गत मानते हैं। आठ पैरों के अतिरिक्त इसके दो बहुत लंबे धारदार डंक भी होते हैं। इसकी छोटी बड़ी अनेक जातियाँ होती हैं और यह लंबाई में चार अंगुल से प्रायः एक हाथ तक होती है। इसका सिर और मुँह मोटा होता है और दुम की तरफ इसकी मोटाई बराबर कम होती जाती है। यह अपना शरीर इस प्रकार झुका सकती है कि सिर के साथ इसकी दुम लग जाती है। इसके सिर पर उँगलियों के आकार के दो छोटे छोटे अंग होते हैं जिनके सिरों पर आँखें होती हैं। इन आँखों से वह बिना मुड़े चारों ओर देख सकती है। यह अपने अंडे सदा अपने पेट के अगले भाग में छाती पर ही रखती है। इसके शरीर के पिछले आधे भाग पर बहुत कड़े छिलके होते हैं जो समय समय पर आपसे आप साँप की केंचुली की तरह उतर जाते हैं। छिलके उतर जाने पर कुछ समय तक इसका शरीर बहुत कोमल रहता है पर फिर ज्यों का त्यों हो जाता है। इसका मांस खाने में बहुत स्वादिष्ट होता है। बहुधा मांस के लिये यह सुखा कर भी रखी जाती है। (२) एक प्रकार का धान, जो अगहन में तैयार होता है। इसका चावल बहुत दिनों तक रह सकता है। (३) एक प्रकार का कीड़ा जो कपास की फसल को हानि पहुँचाता है।

झींगुर–संज्ञा पुं० अनु० झीं + कर] एक प्रसिद्ध छोटा कीड़ा जिसकी छोटी बड़ी अनेक जातियाँ होती हैं। यह सफेद, काला और भूरा कई रंगों का होता है। इसकी छः टाँगें और दो बहुत बड़ी मूँछें होती हैं। यह प्रायः अँधेरे घरों में भी पाया जाता है। तथा खेतों और मैदानों में भी होता है। खेतों में यह कोमल पत्तों आदि को काट डालता है। इसकी आवाज़ बहुत तेज झीं झीं होती है और प्रायः बरसात में अधिकता से सुनाई देती है। नीच जाति के लोग इसका मांस भी खाते हैं। घुरघुरा। जंजीरा। झिल्ली।

झींझना †–क्रि० अ० [अनु०] झुँझलाना। खिजलाना।

झींझो–संज्ञा पुं० [देश०] (१) एक रस्म जिसमें आश्विन शुक्ल चतुर्दशी को मिट्टी की एक कच्ची हाँड़ी में बहुत से छेद कर के उसके बीच में एक दीआ बाल कर रखते हैं। इसे कुमारी कन्याएँ हाथ में लेकर अपने संबंधियों के घर जाती हैं और उस दीपक का तेल उनके सिर में लगाती हैं और वे लोग उन्हें कुछ देते हैं। उसी द्रव्य से वे सामग्री मँगा कर पूर्णिमा के दिन पूजन करती और आपस में प्रसाद बाँटती हैं। लोगों का यह भी विश्वास है कि इसका तेल लगाने से सेंहुआ रोग नहीं होता अथवा अच्छा हो जाता है। (२) मिट्टी की वह कच्ची हाँड़ी जिसमें छेद करके इस काम के लिये दीआ रखते हैं।

झींटना †–क्रि० अ० दे० "झींकना"।

झींपना†–क्रि० अ० (१) दे० "झेंपना"। (२) "ढँपना"।

झींसा‡–संज्ञा पुं० दे० "झींसी"।

झींसी–संज्ञा स्त्री० [अनु० या हिं० झीना = बहुत महीन] फुहार। छोटी छोटी बूँदों की वर्षा। वर्षा की बहुत महीन महीन बूँदें।

क्रि० प्र०—पड़ना।

झींखना–क्रि० अ० दे० "झींखना"। उ०—भोर जगि प्यारी अध ऊरध इतै की ओर भाखी झिखि झिरकि उघारि अध पलकैं।—पद्माकर।

झीत–संज्ञा पुं० [लश०] जहाज के पाल का बटन।

झीन †–वि० दे० "झीना"।

झीना–वि० [सं० क्षीण] (१) बहुत महीन। बारीक। पतला। उ०—प्रफुल्लित ह्वै के आनि दीन है जसोदा रानि झीनियै झँगुली तामें कंचन को तगा।—सूर। (२) जिसमें बहुत से छेद हों। झँझरा। (३) दुबला। दुर्बल। (४) मंद। धीमा।

झीमर–संज्ञा पुं० दे० "झीवर"।

झील–संज्ञा स्त्री० [सं० क्षीर = जल] (१) वह बहुत बड़ा प्राकृतिक जलाशय जो चारों ओर ज़मीन से घिरा हो।

विशेष—झीलें बहुत बड़े मैदानों में होती हैं और प्रायः इनकी लंबाई और चौड़ाई सैकड़ों मील तक पहुँच जाती है। बहुत सी झीलें ऐसी होती हैं जिनका सोता उन्हीं के तल में होता है और जिनमें न तो कहीं बाहर से पानी आता है और न किसी ओर से निकलता है। ऐसी झीलों के पानी का निकास बहुधा भाप के रूप में ही होता है। कुछ झीलें ऐसी भी होती हैं जिनमें नदियाँ आकर गिरती हैं और कुछ झीलों में से नदियाँ निकलती भी हैं। कभी कभी झील का संबंध नदी आदि के द्वारा समुद्र से भी होता है। अमेरिका के संयुक्त राज्यों में लगातार कई ऐसी झीलें हैं जो आपस में नदियों द्वारा सब एक दूसरे से संबद्ध हैं। झीलें खारे पानी की भी होती हैं और मीठे पानी की भी।

(२) तालाबों आदि से बड़ा कोई प्राकृतिक या बनावटी जलाशय। बहुत बड़ा तालाब। ताल। सर।

झोलम–संज्ञा स्त्री० दे० "झिल्म"।

झोली †–संज्ञा स्त्री० [हिं० झिल्ली] (१) मलाई।

(२) दे० "झिल्ली"।

झीवर–संज्ञा पुं० [सं० धीवर] माँझी। मल्लाह। मछुआ।

विशेष—दे० "धीवर"।

झुँकवाई–संज्ञा स्त्री० दे० "झोंकवाई"।

झुँकवाना–क्रि० स० दे० "झोंकवाना"।

झुँकाई–संज्ञा स्त्री० दे० "झोंकाई"।

झुँगरा–संज्ञा पुं० [देश०] साँवाँ नामक अन्न।

झुँझलाना–क्रि० अ० [अनु०] खिझलाना। किटकिटाना। बहुत दुःखी और क्रुद्ध होकर कोई बात करना। चिड़चिड़ाना।

झुंड–संज्ञा पुं० [सं० यूथ] बहुत से मनुष्यों, पशुओं या पक्षियों आदि का समूह। प्राणियों का समुदाय। वृंद। गरोह। जैसे, भेड़ियों का झुंड, कबूतरों का झुंड।

मुहा०—झुंड के झुंड = संख्या में बहुत अधिक (प्राणी)। झुंड में रहना = अपने ही वर्ग के दूसरे बहुत से जीवों में रहना।

झुंडी–संज्ञा स्त्री० [?] (१) वह खूँटी जो पौधों को काट लेने के बाद खेतों में खड़ी रह जाती है। (२) चिलमन या परदा लटकाने का कुलाबा जो प्रायः कुंदे में लगा रहता है।

झुकझोरना–क्रि० स० दे० "झकझोरना"।

झुकना–क्रि० अ० [सं० युज्, युक्, हिं० जुक] (१) किसी खड़ी चीज के ऊपर के भाग का नीचे की ओर टेढ़ा हो कर लटक आना। ऊपरी भाग का नीचे की ओर लटकना। निहुरना। नवना। जैसे, आदमी का सिर या कमर झुकना।

मुहा०—झुक झुक पड़ना = नशे या नींद आदि के कारण किसी मनुष्य का सीधा या अच्छी तरह खड़ा या बैठा न रह सकना। उ०—अमिय हलाहल मद भरे सेत स्याम रतनार। जियत मरत झुकि झुकि परत जेहि चितवत एक बार।

(२) किसी पदार्थ के एक या दोनों सिरों का किसी ओर प्रवृत्त होना। जैसे, छड़ी का झुकना। (३) किसी खड़े या सीधे पदार्थ का किसी ओर प्रवृत्त होना। जैसे, खंभे या तख्ते का झुकना। (४) प्रवृत्त होना। दत्त-चित्त होना। रुजू होना। मुखातिब होना। (५) किसी चीज को लेने के लिये आगे बढ़ना। (६) नम्र होना। विनीत होना। अवसर पड़ने पर अभिमान या उग्रता न दिखलाना।

संयो० क्रि०—जाना।—पड़ना।

(७) क्रुद्ध होना। रिसाना। उ०—(क) सुनि प्रिय वचन मलिन मनु जानी। झुकी रानि अबरहु अरगानी।—तुलसी। (ख) अब झूठो अभिमान करति सिय झुकति हमारे तांई। सुख ही रहसि मिली रावण को अपने सहज सुभाई।—सूर। (ग) अनत बसे निसि की रिसनि उर बर रह्यो बिसेखि। तऊ लाज आई झुकत खरे लजौहैं देखि॥—बिहारी।

झुकमुख†–संज्ञा पुं० [हिं० झाँकना + मुख] प्रातः काल वा संध्या का वह समय जब कि कोई व्यक्ति स्पष्ट नहीं पहचाना जाता। ऐसा अँधेरा समय जब कि किसी व्यक्ति या पदार्थ को पहचानने में कठिनता हो। झुटपुटा।

झुकरना†–क्रि० अ० [अनु०] झुँझलाना। खिजलाना।

झुकराना–क्रि० अ० [हिं० झोंका] झोंका खाना। उ०—क्यो साँकरे कुंजमग करतु झाँझ झुकरात। मंद मंद मारुत तुरँग खूँदन आवत जात।—बिहारी।

झुकवाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० झुकवाना] (१) झुकवाने की क्रिया या भाव। (२) झुकवाने की मजदूरी।

झुकवाना–क्रि० स० [हिं० झुकना] झुकाने का काम दूसरे से कराना। किसी को झुकाने में प्रवृत्त करना।

झुकाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० झुकना] (१) झुकाने की क्रिया या भाव। (२) झुकाने की मजदूरी।

झुकाना–क्रि० स० [हिं० झुकना] (१) किसी खड़ी चीज के ऊपरी भाग को टेढ़ा करके नीचे की ओर लाना। निहुराना। नवाना। जैसे, पेड़ की डाल झुकाना। (२) किसी पदार्थ के एक या दोनों सिरों को किसी ओर प्रवृत्त करना। जैसे, बेंत झुकाना, छड़ झुकाना। (३) किसी खड़े या सीधे पदार्थ को किसी ओर प्रवृत्त करना। (४) प्रवृत्त करना। रुजू करना। (५) नम्र करना। विनीत बनाना।

झुकामुखी–संज्ञा स्त्री० दे० "झुकमुख" उ०—जानि झुकामुखी भेष छपाय कै गागरी लै घर तें निकरी ती।—ठाकुर।

झुकार†–संज्ञा पु० [हिं० झकोरा] हवा का झोंका। झकोरा।

झुकाव–संज्ञा पुं० [हिं० झुकना] (१) किसी ओर लटकने, प्रवृत्त होने या झुकने की क्रिया। (२) झुकने का भाव। (३) ढाल। उतार। (४) प्रवृत्ति। मन का किसी ओर लगना।

झुकावट–संज्ञा स्त्री० [हिं० झुकना + आवट (प्रत्य०)] (१) झुकने या नम्र होने की क्रिया या भाव। (२) प्रवृत्ति। चाह। झुकाव।

झुटपुटा–संज्ञा पुं० [अनु०] कुछ अँधेरा और कुछ उँजेला समय। ऐसा समय जब कि कुछ अंधकार और कुछ प्रकाश हो। झुकमुख।

झुटुंग–वि० [हिं० झोंटा] जिसके खड़े खड़े और बिखरे हुए बाल हों। झोंटेवाला। जटावाला। दे० "झोटंग"। उ०—योगिनी झुटुंग झुंड झुंड बनी तापस से तीर तीर बैठी हैं समरसरि खोरि कै।—तुलसी।

झुठा†–वि० दे० "झूठा"।

झुठकाना–क्रि० स० [हिं० झूठ] (१) झूठी बात कह कर अथवा और किसी प्रकार (विशेषतः बच्चों आदि को) धोखा देना। (२) दे० "झुठलाना"।

झुठलाना–क्रि० स० [हिं० झूठ + लाना (प्रत्य०)] (१) झूठा ठहराना। झूठा प्रमाणित करना। झूठा बनाना। (२) झूठ कह कर धोखा देना। झुठकाना।

झुठाई†–संज्ञा स्त्री० [हिं० झूठ + आई (प्रत्य०)] झूठापन। असत्यता। झूठ का भाव। उ०—(क) जानि परत नहिं साँच झुठाई धेन चरावत रहे झुरैया।—सूर। (ख) आधि मगन मन व्याधि विकल तन वचन मलीन झुठाई।—तुलसी।

झुठाना–क्रि० स० [हिं० झूठ + आना (प्रत्य०)] झूठा ठहराना। झूठा साबित करना। झुठलाना।

झूठामूठी–क्रि० वि० दे० "झूठमूठ"।

झुठालना–क्रि० स० दे० "झुठलाना"।

झुन–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) एक प्रकार की चिड़िया। (२) दे० "झुनझुनी"।

झुनक–संज्ञा पुं० [अनु०] नूपुर का शब्द।

झुनकना–क्रि० अ० [अनु०] झुनझुन शब्द करना। झुनझुन बोलना या बजना।

संज्ञा पुं० दे० "झुनझुना"।

झुनका†–संज्ञा पुं० [?] धोखा। छल।

झुनकार‡–वि० [हिं० झीना] [स्त्री० झुनकारी] झिंझरा। पतला। झीना। महीन। बारीक। उ०—अँगिया झुनकारी खरी सितजारी की सेदकनी कुच-दू पर लौं।

झुनझुन–संज्ञा पुं० [अनु०] झुन झुन शब्द जो नूपुर आदि के बजने से होता है। उ०—अरुन तरनि नख ज्योति जगमगित झुनझुन करत पाय पैजनियाँ।—सूर।

झुनझुना–संज्ञा पुं० [हिं० झुनझुन से अनु०] बच्चों के खेलने का एक प्रकार का खेलौना जो धातु, काठ, ताड़ के पत्तों या कागज आदि से बनाया जाता है। यह कई आकार और प्रकार का होता है; पर साधारणतः इसमें पकड़ने के लिये एक डंडी होती है जिसके एक या दोनों सिरों पर पोला गोल लट्टू होता है। इसी लट्टू में कंकड़ या किसी चीज के छोटे छोटे दाने भरे होते हैं जिनके कारण उसे हिलाने या बजाने से झुनझुन शब्द होता है। घुनघुना।

झुनझुनाना–क्रि० अ० [अनु०] झुन झुन शब्द होना। घुँघुरू के जैसा बोलना।

क्रि० स० झुनझुन शब्द उत्पन्न करना। झुनझुन शब्द निकालना।

झुनझुनियाँ–संज्ञा स्त्री० [अनु०] सनई का पौधा।

संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) पैर में पहनने का कोई आभूषण जो झुनझुन शब्द करे। (२) बेड़ी। निगड़।

क्रि० प्र०—पहनना।—पहनाना।

झुनझुनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० झुनझुनाना] हाथ या पैर के बहुत देर तक एक स्थिति में मुड़े रहने के कारण उसमें उत्पन्न एक प्रकार की सनसनाहट या क्षोभ।

क्रि० प्र०—चढ़ना।

झुनी†–संज्ञा स्त्री० [देश०] जलाने की पतली लकड़ी।

झुपझुपी–संज्ञा स्त्री० दे० "झुबझुबी"।

झुपरी†–संज्ञा स्त्री० दे० 'झोंपड़ी"। उ०—साधुन की झुपरी भली नासाकट को गाँव। चंदन की कुटकी भली ना बबूल बनराव।—कबीर।

झुप्पा–संज्ञा पुं० (१) दे० "झब्बा"। (२) दे० "झुंड"।

झुबझुबी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का गहना जो देहाती स्त्रियाँ कान में पहनती हैं।

झुमका–संज्ञा पुं० [हिं० झूमना] (१) कान में पहनने का एक प्रकार का गहना जो छोटी गोल कटोरी के आकार का होता है। इस कटोरी का मुँह नीचे की ओर होता है और इसकी पेंदी में एक कुंदा लगा रहता है जिसके सहारे यह कान में नीचे की ओर लटकती रहती है। इसके किनारे पर सोने के तार में गुथे हुए मोतियों आदि की झालर लगी होती है। यह सोने चाँदी या पत्थर आदि का और सादा तथा जड़ाऊ भी होता है। यह अकेला भी कान में पहना जाता है और करणफूल के नीचे लटका कर भी। (२) एक प्रकार का पौधा जिसमें झुमके के आकार के फूल लगते हैं। (३) इस पौधे का फूल।

झुमना†–वि० [हिं० झूमना] झूमनेवाला। हिलनेवाला।

संज्ञा पुं० [देश०] वह बैल जो अपने खूँटे पर बँधा हुआ अपने पिछले पैर उठा उठा कर झूमा करे। यह एक कुलक्षण है।

झुमरा–संज्ञा पु० [देश०] लुहारों का एक प्रकार का घन या बहुत भारी हथौड़ा जिसका व्यवहार खान में से लोहा निकालने में होता है।

झुमरी–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) काठ की मुँगरी। (२) गच पीटने का औजार। पिटना।

झुमाऊ–वि० [हिं० झूमना] झूमनेवाला। जो झूमता है।

झुमाना–क्रि० स० [हिं० झूमना का स० रूप] किसी को झूमने में प्रवृत्त करना। किसी चीज़ के ऊपरी भाग को चारों ओर धीरे धीरे हिलाना।

झुरकुट–वि० [अनु०] (१) मुरझाया हुआ। सूखा हुआ। (२) दुबला। कृश।

झुरकुटिया–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पक्का लोहा जिसे खेड़ी कहते हैं।

विशेष—दे० "खेड़ी"।

वि० [अनु०] दुबला पतला। कृश।

झुरकुन†–संज्ञा पुं० [हिं० झड़ + कण] किसी चीज़ के बहुत छोटे छोटे टुकड़े। चूर।

झुरझुरी–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) कँपकँपी जो जूड़ी के पहले आती है। (२) कँपकँपी।

झुरना–क्रि० अ० [हिं० धूल, वा चूर] (१) सूखना। खुश्क होना। दे० "झुराना"। उ०—हाड़ भई झुरि किंगड़ी नसें भईं सब तांति। रोंव रोंव तन धुन उडै कहौं बिथा केहि भाँति।—जायसी। (२) बहुत अधिक दुखी होना या शोक करना। उ०—(क) साँझ भई झुरि झुरि पँथ हेरी। कौन धौं घरी करी पिय फेरी।—जायसी। (ख) वैसोइ रथ बैसोई कोउ आवत उतही ते। झुरि झुरि सब मरति विरह गोपीजन फीते।—सूर। (ग) इनका बोझ आपके सिर है, आप इनकी खबर न लेंगे तो संसार में इनका कहीं पता न लगेगा। वे बेचारे यों ही झुर झुर कर मर जाँयगे।—श्रीनिवासदास। (३) बहुत अधिक चिंता, रोग या परिश्रम आदि के कारण दुर्बल होना। घुलना। उ०—(क) ए दोऊ मेरे गाइचरैया। मोल बिसाहि लये तुम को तब दोउ रहै नन्हैया।.....जानि परत नहिं साँच झुठाई धेनु चरावत रहे झुरैया। सूरदास प्रभु कहति यशोदा मैं चेरी कहि लेत बलैया।—सूर। (ख) सूनौ कै परम पद, ऊनो कै अनंत मद नूनौ कै नदीस नद इंदिरा झुरै परी।—देव। (ग) सिद्धिन की सिद्धि दिगपालन की रिद्धि वृद्धि वेधा की समृद्धि सुरसदन झुरै परी।—रघुराज।

संयो० क्रि०—जाना।—पड़ना। (क्व०)

झुरमुट–संज्ञा पुं० [सं० झुट = झाड़ी] (१) कई झाड़ों या पत्तों आदि का ऐसा समूह जिससे कोई स्थान ढक जाय। एक ही में मिले हुए या पास पास कई झाड़ या चुप। डाल पत्तियों की आड़ (२) बहुत से लोगों का समूह। गरोह। उ०—खन इक मँह झुरमुट होइ बीता। दर मँह चढ़े रहै सो जीता।—जायसी। (३) चादर या ओढ़ने आदि से शरीर को चारों ओर से छिपा या ढक लेने की क्रिया।

मुहा०—झुरमुट मारना = चादर या ओढ़ने आदि से सारा शरीर इस प्रकार ढक लेना कि जिसमें जल्दी कोई पहचान न सके।

झुरवन–†संज्ञा स्त्री० [हिं० झुरना + वन (प्रत्य०)] वह अंश जो किसी चीज के सूखने के कारण उसमें से निकल जाता है।

झुरवाना–क्रि० स० [हिं० झुरना] (१) सुखाने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को सुखाने में प्रवृत्त करना। † (२) झुराना। सुखाना।

झुरसना–क्रि० अ० । स० दे० "झुलसना"।

झुरसाना–क्रि० स० दे० "झुलसाना"।

झुरझुरी–संज्ञा स्त्री० दे० "झुरझुरी"।

झुराना†–क्रि० स० [हिं० झुरना] सुखाना। खुश्क करना।

क्रि० अ० (१) सूखना। (२) दुःख या भय से घबरा जाना। दुःख से स्तब्ध होना। उ०—यह बानी सुनि ग्वारि झुरानी। मीन भए मानो बिन पानी।—सूर। (३) दुबला होना। क्षीण होना।

संयो० क्रि०—जाना।

विशेष—दे० "झुरना"।

झुरावन–संज्ञा स्त्री० [हिं० झुरना + वन (प्रत्य०)] वह अंश जो किसी चीज़ को सुखाने के कारण उसमें से निकल जाता है।

झुर्री—संज्ञा स्त्री० [हिं० झुरना] किसी चीज़ की सतह पर लंबी रेखा के रूप में उभरा या धँसा हुआ चिह्न जो उस चीज के सूखने मुड़ने या पुरानी हो जाने आदि के कारण पड़ जाता है। सिकुड़न। सिलवट। शिकन। जैसे, आम पर की झुर्री, चेहरे पर की झुर्री।

क्रि० प्र०—पड़ना।

विशेष—बहुधा इसका प्रयोग बहु वचन में ही होता है। जैसे, अब वे बहुत बुड्ढे हो गए, उनके सारे शरीर में झुर्रियाँ पड़ गई हैं।

झुलका—संज्ञा पुं० दे० "झुनझुना"।

झुलना†—संज्ञा पुं० [हिं० झूलना] स्त्रियों के पहनने का एक प्रकार का ढीला ढाला कुरता। झूला।

वि० [हिं० झूलना] झूलनेवाला। जो झूलता हो।

संज्ञा पुं० दे० "झूला"।

झुलनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० झूलना] (१) सोने आदि के तार में गुथा हुआ छोटे छोटे मोतियों का गुच्छा जिसे स्त्रियाँ शोभा के लिये नाक की नथ में लटका लेती हैं। (२) दे० "झूमर"।

झुलनीबेर—संज्ञा पुं० [देश०] धान का बाल। (कहारों की परि०)

झुलमुला†—वि० दे० "झिलमिला"। उ०—(क) झीने पट में झुलमुली झलकति ओप अपार। सुरतरु की मनु सिंधु मैं लसति सपल्लव डार।—बिहारी। (ख) काननि कनिक पत्र चक्र चमकत चारु ध्वजा झुलमुल झलकति अति सुखदाइ।—केशव।

झुलवा—संज्ञा पुं० [देश०] (१) एक प्रकार की कपास जो बहराइच, बलिया, गाजीपुर और गोंडे आदि में उत्पन्न होती है। यह अच्छी जाति की है पर कम निकलती है। यह जेठ में तैयार होती है, इस लिये इसे जेठवा भी कहते हैं। † (२) दे० "झूला"।

झुलवाना—क्रि० स० [हिं० झूलना] झुलाने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को झुलाने में प्रवृत्त करना।

झुलसना—क्रि० अ० [सं० ज्वल + अप] (१) किसी पदार्थ के ऊपरी भाग या तल का इस प्रकार अंशतः जल जाना कि उसका रंग काला पड़ जाय। किसी पदार्थ के ऊपरी भाग का अधजला होना। झौंसना। जैसे, यह लड़का अंगीठी पर गिर पड़ा था इसीसे इसका सारा हाथ झुलस गया। (२) बहुत अधिक गरमी पड़ने के कारण किसी चीज के ऊपरी भाग का सूख कर कुछ काला पड़ जाना। जैसे, गरमी के दिनों में कोमल पौधों की पत्तियाँ झुलस जाती हैं।

संयो० क्रि०—जाना।

क्रि० स० (१) किसी पदार्थ के ऊपरी भाग या तल को इस प्रकार अंशतः जलाना कि उस का रंग काला पड़ जाय और तल खराब हो जाय। झौंसना। जैसे, उन्हों ने जान बूझ कर अपना हाथ झुलस लिया। (२) अधिक गरमी से किसी पदार्थ के ऊपरी भाग को सुखा कर अधजला कर देना। जैसे, आज दोपहर की धूप ने सारा शरीर झुलस दिया।

संयो० क्रि०—डलना।—देना।

मुहा०—मुँह झुलसना = देखो "मुँह" के मुहावरे।

झुलसवाना—क्रि० स० [हिं० झुलसना का प्रे०] झुलसने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को झुलसने में प्रवृत्त करना।

झुलसाना—क्रि० स० (१) दे० "झुलसना"। (२) दे० "झुलसवाना"।

झुलाना—क्रि० स० [हिं० झूलना] (१) हिंडोले या झूले में बैठा कर हिलाना। किसी को झूलने में प्रवृत्त करना। उ०—रहो रहो नाहीं नाहीं अब ना झुलाओ लाल बाबा की सौं मेरो ये जुगल जंघ थहरात।—तोष। (२) अधर में लटका या टाँग कर इधर उधर हिलाना। बार बार झोंका देकर हिलाना। (३) कोई चीज़ देने या कोई काम करने के लिये बहुत अधिक समय तक आसरे में रखना। अनिश्चित या अनिर्णीत अवस्था में रखना। कुछ निष्पत्ति या निपटेरा न करना। जैसे, इस कारीगर को कोई चीज मत दो, यह महीनों झुलाता है।

झुलावना *†—क्रि० स० दे० "झुलाना"। उ०—लेहु उछंग कबहुँक हलरावह। कबहुँ पालने घालि झुलावह।—तुलसी।

झुलावनि *†—संज्ञा स्त्री० [हिं० झुलाना] झुलाने का भाव या क्रिया।

झुलुआ ‡—संज्ञा पु० दे० "झूला"।

झुलैवा *†—संज्ञा पुं० [हिं० झूला = कुरता] जनाना कुरता।

वि० [हिं० झूलना] जो झूलता या झुलाया जा सकता हो। झूलने या झूल सकनेवाला।

झुल्ला ‡—संज्ञा पुं० दे० "झूला"।

झुहिरना †—क्रि० अ० [?] लदना। लादा जाना। उ०—रतन पदारथ नग जो बखाने। घीरन मँह देखे झुहिराने।—जायसी।

झुहिराना†—क्रि० स० [?] लादना। बोझ रखना।

झूँक*†—संज्ञा पुं० दे० "झोंका"। उ०—(क) मुहमद गुरु जो बिधि लिखी का कोई तेहि फूँक। जेहि के भार जग थिर रहा उड़ें न पवन के झूँक।—जायसी। (ख) यौं पदमाकर पौन के झूँकन क्वैलिया कूकन को सहि लैहैं।—पदमाकर।

संज्ञा स्त्री० दे० "झोंक"। उ०—किंकिनी की झमकानि झुलावनि झूँकनि सों झुकि जान कटी की।—देव।

झूँकना†—क्रि० स० (१) दे० "झोंकना"। (२) दे० "झुकना"।

झूँखना†—क्रि० अ० दे० "झींखना"। उ०—अवधि गनत इकटक मग जोवत तब इतनी नहिं झूँखी।—सूर।

झूँझल—संज्ञा स्त्री० दे० "झुँझलाहट"।

झूँटा—संज्ञा पुं० [हिं० झोंका] पेंग। उ०—दे० "झोंटा"।
वि० दे० "झूठा"।

झूँठ†—वि०, संज्ञा पुं० दे० "झूठ"।

झूँठी—संज्ञा स्त्री० [हिं० जुट्टा] वह डंठल जो नील को सड़ाने पर बच रहता है।

झूँपड़ा†—संज्ञा पुं० "झोंपड़ा"।

झूँसना†—क्रि० अ० और स० दे० "झुलसना"।

झूँसा—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की घास।

झूकटी—संज्ञा स्त्री० [हिं० जूट + काँटा] छोटी झाड़ी। उ०—(क) वह झूकटी तिरस्कृत प्रकृती को अनुसरती है।—श्रीधर पाठक। (ख) जिमि वसंत नव फूल झूकटी तले लखाई।—श्रीधर पाठक।

झूझना—क्रि० अ० दे० "जूझना" उ०—साहब को भावइ नहीं सेा बाट न बूझी रे।। साईं सेां सनमुख रहे इस मन से झूझी रे।—दादू।

झूट—संज्ञा पुं० दे० "झूठ"।

झूठ—संज्ञा पुं० [सं० अयुक्त, प्रा० अजुत्त] वह कथन जो वास्तविक स्थिति के विपरीत हेा। वह बात जो यथार्थ न हेा। सच का उलटा।

क्रि० प्र०—कहना।—बोलना।

मुहा०—झूठ सच कहना या लगाना = निंदा करना। शिकायत करना।

यौ०—झूठ मूठ।
वि० दे० "झूठा"। (क्व०)
†संज्ञा स्त्री० दे० "जूठन"।

झूठन—संज्ञा स्त्री० दे० "जूठन"।

झूठमूठ—क्रि० वि० [हिं० झूठ + मूठ (अनु०)] बिना किसी वास्तविक आधार के। झूठे ही। यों ही। व्यर्थ। जैसे, उन्होंने झूठ मूठ एक बात बना कर कह दी।

झूठा—वि० [हिं० झूठ] (१) जो वास्तविक स्थिति के विपरीत हेा। जो झूठ हेा। जो सत्य न हेा। मिथ्या। असत्य। जैसे, झूठी बात, झूठा अभियेाग। (२) जो झूठ बेालता हेा। झूठ बेालनेवाला। मिथ्यावादी। जैसे, ऐसे झूठे आदमियेां का क्या विश्वास।

क्रि० प्र०—ठहरना।—निकलना।—बनना।

(३) जो सच्चा या असली न हेा। जो केवल रूप और रंग आदि में असली चीज़ के समान हेा पर गुण आदि में नहीं। जो केवल दिखौआ और बनावटी हेा या किसी असली चीज़ के स्थान पर यों ही काम देने, सुभीता उत्पन्न करने अथवा किसी को धेाखे में डालने के लिये बनाया गया हेा। नकली। जैसे, झूठे जवाहिरात, झूठा गोटा पट्टा, झूठी घड़ी, झूठा मसाला या काम (जरदोज़ी का काम), झूठा दस्तावेज़, झूठा कागज।

विशेष—इस अर्थ में "झूठा" शब्द का प्रयेाग कुछ विशिष्ट शब्दों के साथ ही हेाता है जिनमें से कुछ ऊपर उदाहरण में दिए गए हैं।

(४) जो (पुरजे या अंग आदि) बिगड़ जाने के कारण ठीक ठीक काम न दे सकें। जैसे, ताले या खटके आदि का झूठा पड़ जाना, हाथ या पैर का झूठा पड़ना।

क्रि० प्र०—पड़ना।
वि० दे० "जूठा"।

झूठों—क्रि० वि० [हिं० झूठा] (१) झूठ मूठ। यों ही। (२) नाम मात्र के लिये। कहने भर को। जैसे, वे झूठों भी हमें बुलाने के लिये न आए। उ०—झूठों हि दोष लगावे मोहें राजा।—गीत।

झूणि—संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक प्रकार की सुपारी। (२) एक प्रकार का अशकुन।

झूना†—वि० दे० "झीना"। उ०—(क) तब लेा दया बनेा दुसह दुख दारिद को साथरी को सेाइबो ओढ़िबो झूने खेस को।—तुलसी। (ख) तेहि वश उड़े झूने सुसीकर परम शीतल तृण परै।—रघुराज।

झूम—संज्ञा स्त्री० [हिं० झूमना] (१) झूमने की क्रिया या भाव। (२) ऊँच। उँघाई। झपकी। (क०)

झूमक—संज्ञा पुं० [हिं० झूमना] (१) एक प्रकार का गीत जिसे होली के दिनेां में देहात की स्त्रियाँ झूम झूम कर एक घेरे में नाचती हुई गाती हैं। झूमर। झूमकरा उ०—लिए छरी बेंत सैंधे विभाग। चाचरि झूमक कहै सरस राग।—तुलसी। (२) इस गीत के साथ होनेवाला नृत्य। (३) एक प्रकार का पूरबी गीत जो विशेषतः विवाह आदि मंगल अवसरों पर गाया जाता है। झूमर। उ०—कहूँ मनेारा झूमक होई। फर और फूल लिए सब कोई।—जायसी। (४) गुच्छा। (५) चाँदी सोने आदि के छोटे छोटे झुमकों या मोतियों आदि के गुच्छों की वह कतार जो साड़ी या ओढ़नी आदि के उस भाग में लगी रहती है जो माथे के ठीक ऊपर पड़ता है। इसका व्यवहार पूरब में अधिक होता है। (६) दे० "झुमका"।

झूमक साड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० झूमक + साड़ी] वह साड़ी जिसके सिर पर रहनेवाले भाग में झुमके या सोने मोती आदि के

गुच्छे टँके हों। वह लँहगे पर की ओढ़नी जिसमें सिर के पल्ले पर सोने के पत्ते वा मोती के गुच्छे टँके हों। उ०—लाख टका अरु झूमक सारी देहु दाहु को नेग।—सूर।

झूमका—संज्ञा पुं० (१) दे० "झुमका"। उ०—मरुवा मयारि विरोज लाल लटकत सुंदर सुढर ढरावनो। मोतिन झालरि झूमका राजत बिच नीलमणि बहु भावनो।—सूर। (२) दे० "झूमक"। उ०—पग पटकत लटकत लटवाहू। मटकत भौंहन हस्त उछाहू। अंचल चंचल झूमका।—सूर।

झूमड़—संज्ञा पुं० दे० "झूमर"।

झूमड़ा—संज्ञा पुं० दे० "झूमरा"।

झूमड़ झामड़—संज्ञा पु० [हिं० झूमड] ढकोसला। झूठा प्रपंच। निरर्थक विषय। उ०—अपने हाथे करैं थापना अजया का सिरु काटी। सो पूजा घर लैगो माली मूरति कुत्तन चाटी। दुनियाँ झूमड़ि झामड़ि अटकी।—कबीर।

झूमना—क्रि० अ० [सं० झंप = कूदना] (१) आधार पर स्थित किसी पदार्थ के ऊपरी भाग या सिरे का बार बार आगे पीछे नीचे ऊपर या इधर उधर हिलना। बार बार आगे पीछे नीचे ऊपर या इधर उधर हिलना। बार बार झोंके खाना। जैसे, हवा के कारण पेड़ों की डालों का झूमना।

मुहा०—बादल झूमना = बादलों का एकत्र होकर झुकना। (२) किसी खड़े या बैठे हुए जीव का अपने सिर और धड़ को बार बार आगे पीछे और इधर उधर हिलाना। लहराना। जैसे, हाथी या रीछ का झूमना, नशे या नींद में झूमना। उ०—आई सुधि प्यारे की विचारै मति टारै तब धारै पग मग भूमि द्वारावति आए हैं।—प्रिया।

विशेष—यह क्रिया प्रायः मस्ती, बहुत अधिक प्रसन्नता, नींद या नशे आदि के कारण होती है।

मुहा०—दरवाजे पर हाथी झूमना = इतना अमीर होना कि दरवाजे पर हाथी बँधा हो। इतना सम्पन्न होना कि हाथी पाल सके। उ०—झूमत द्वार अनेक मतंग जंजीर जड़े मद अंबु चुचाते।—तुलसी। झूम झूम कर = सिर और धड़ को आगे पीछे या इधर उधर खूब हिला हिला कर। लहरा लहरा कर। जैसे, झूम झूम कर पढ़ना, नाचना या (भूत प्रेत आदि बाधाओं के कारण) खेलना।

संज्ञा पुं० बैलों का एक ऐब जिसमें वे खूँटे पर बँधे बँधे इधर उधर सिर हिलाया करते हैं।

झूमर—संज्ञा पुं० [हिं० झूमना या सं० युग्म, प्रा० जुम्म + र (प्रत्य०)] (१) सिर में पहनने का एक प्रकार का गहना जिसमें प्रायः एक या डेढ़ अंगुल चौड़ी चार पाँच अंगुल लंबी और भीतर से पोली सीधी अथवा धनुषाकार एक पटरी होती है। यह गहना प्रायः सोने का ही होता है और इसमें छोटी जंजीरों से बँधे हुए घुँघरू या झब्बे लटकते रहते हैं। किसी किसी झूमर में जंजीरों से लटकती हुई एक के बाद एक इस प्रकार दो पटरियाँ भी होती हैं। इसके पिछले भाग के कुंडे में चाँप के आकार के एक गोल टुकड़े में दूसरी जंजीर या डोरी लगी होती है जिसके दूसरे सिरे का कुंडा सिर की चोटी या माँग के पास के बालों में अटका दिया जाता है। यह गहना सिर के अगले बालों या माथे के ऊपरी भाग पर लटकता रहता है और इसके आगे के लच्छे बराबर हिलते रहते हैं। संयुक्त प्रदेश में केवल एक ही झूमर पहना जाता है जो सिर पर दाहिनी ओर रहता है, और यहाँ इसका व्यवहार वेश्याएँ करती हैं, पर पंजाब में इसका व्यवहार गृहस्थ स्त्रियाँ भी करती हैं और वहाँ झूमरों की जोड़ी पहनी जाती है जो माथे पर आगे दोनों ओर लटकती रहती है। (२) कान में पहनने का झुमका नामक गहना। (३) झूमक नाम का गीत जो होली में गाया जाता है। (४) इस गीत के साथ होनेवाला नाच। (५) एक प्रकार का गीत जो बिहार प्रांत में सब ऋतुओं में गाया जाता है। (६) एक ही तरह की बहुत सी चीज़ों का एक स्थान पर इस प्रकार एकत्र होना कि उनके कारण एक गोल घेरा सा बन जाय। जमघटा। जैसे, नावों का झूमर।

क्रि० प्र०—डालना।—पड़ना।

(७) बहुत सी स्त्रियों या पुरुषों का एक साथ मिल कर इस प्रकार घूम घूम कर नाचना कि उनके कारण एक गोल घेरा सा बन जाय। (८) भालू का खड़ा करने पर रस्सी लेकर भागना। (कलंदरों की भाषा) (९) गाड़ीवानों की मोंगरी। (१०) झूमरा नामक ताल। दे० "झूमरा"। (११) एक प्रकार का काठ का खिलौना जिसमें एक गोल टुकड़े में चारों ओर छोटी छोटी गोलियाँ लटकती रहती हैं।

झूमरा—संज्ञा पु० [हिं० झूमर] एक प्रकार का ताल जो चौदह मात्राओं का होता है। इसमें तीन आघात और एक विराम

× ०

होता है। धिं धिं तिरकिट, धिं धिं धा धा, तित्ता तिरकिट, धिं धिं धाधा।

झूमरि—संज्ञा स्त्री० दे० "झूमर"।

झूमरी—संज्ञा स्त्री० [देश०] शालक राग के पाँच भेदों में से एक।

झूर—वि० [हिं० धूर या चूर] सूखा। खुश्क। शुष्क।

वि० [हिं० झूठ] (१) खाली। रीता। (२) व्यर्थ।

वि० [सं० जुष्ट] जूठा। उच्छिष्ट।

संज्ञा स्त्री० (१) जलन। दाह। (२) परिताप। दुःख। उ०—अजहुँ कहै सुनाइ कोई करें कुबिजा दूरि। सूर दाहनि मरत गोपी कूबरी के झूरि।—सूर।

झूरना†–क्रि० स० [हिं० झूर] दे० "झुराना"।

झूरा†–वि० [हिं० झूर] (१) सूखा। शुष्क। खुश्क। (२) खाली।
उ०—किंगरी गहै बजाये झूरी। भोंर साझ सिंगी नित पूरी। -जायसी। दे० "झूर"।
संज्ञा पुं० (१) सूखा स्थान। वह स्थान जो पानी से भींगा न हो। (२) जलवृष्टि का अभाव। अवर्षण। सूखा।
क्रि० प्र०—पड़ना।
(३) न्यूनता। कमी। उ०—करी कराह साज सब पूरा। काहु पूरी परी न झूरा।—रघुराज।

झूरि–संज्ञा स्त्री० दे० "झूर"।

झूरै–क्रि०वि० [हिं० झूर] व्यर्थ। निष्प्रयोजन।
वि० दे० "झूर"। उ०—बाँधि पची डोरी नहिं पूरै। बार बार खीजत रिस झूरै।—सूर।

झूल–संज्ञा स्त्री० [हिं० झूलना] (१) वह चौकोर कपड़ा जो प्रायः शोभा के लिये चौपायों की पीठ पर डाला जाता है। उ०—शेर के समान जब लीन्हें सावधान श्वान झूलन ढपान जिन वेग बेप्रमान हैं।—रघुराज।
विशेष—इस देश में हाथियों और घोड़ों आदि पर जो झूल डाली जाती है वह प्रायः मखमल की और अधिक दामों की होती है और उस पर कारचोबी आदि का काम किया होता है। बड़े बड़े राजाओं के हाथियों की झूलों में मोतियों की झालरें तक टँकी होती हैं। ऊँटों तथा रथों के बैलों पर भी इसी प्रकार की झूलें डाली जाती हैं। आज कल कुत्तों तक पर झूल डाली जाने लगी है।
मुहा०—गधे पर झूल पड़ना = बहुत ही अयोग्य या कुरूप मनुष्य के शरीर पर बहुमूल्य और बढ़िया वस्त्र होना। (व्यंग्य)
(२) वह कपड़ा जो पहना जाने पर भद्दा और बेहंगम जान पड़े। (व्यंग्य) (३) * दे० "झूला"। उ०—मखतूल के झूल झुलावत केशव भानु मनो शनि अंक लिए।—केशव।

झूलडंड–संज्ञा पुं० दे० "झूलदंड"।

झूलदंड–संज्ञा पुं० [हिं० झूलना + स० दंड] एक प्रकार की कसरत जिसमें बारी बारी से बैठक और तब झूलते हुए दंड करते हैं।

झूलन–संज्ञा पुं० [हिं० झूलना] (१) एक उत्सव जिसमें श्रीकृष्ण या रामचंद्र आदि की मूर्त्तियों को झूले पर बैठा कर झुलाते और उनके सामने नृत्य गीत आदि करते हैं। यह साधारणतः वर्षा ऋतु में और विशेषतः श्रावण शुक्ला एकादशी से पूर्णिमा तक होता है। हिँडोल। (२) एक प्रकार का रंगीन या चलता गाना।
† संज्ञा स्त्री० झूलने की क्रिया या भाव।

झूलना–क्रि० अ० [स० दोलन] (१) किसी लटकी हुई वस्तु पर स्थित होकर अथवा किसी आधार के सहारे नीचे की ओर लटक कर बार बार आगे पीछे या इधर उधर हटते बढ़ते रहना। लटक कर बार बार इधर उधर हिलना। जैसे, पंखे की रस्सी झूलना, झूले पर बैठ कर झूलना। (२) झूले पर बैठ कर पेंग लेना। उ०—(क) प्रेम रंग बोरी भोरी नवल किसोरी गोरी झूलति हिंडोरे यों सोहाई सखियान मैं। काम झूलै उर में, उरोजन में दाम झूलै, स्याम झूलै प्यारी की अन्यारी अँखियान मैं।—पद्माकर। (ख) फूली फूली बेली सी नबेली अलबेली बधू झूलति अकेली कामकेली सी बढ़ति है।—पद्माकर। (३) किसी कार्य के होने की आशा में अधिक समय तक पड़े रहना। आसरे में अथवा अनिर्णीत अवस्था में रहना। जैसे, जो लोग बरसों से झूल रहे हैं उनका काम होता ही नहीं, और आप अभी से जल्दी मचाने लगे।
वि० झूलनेवाला। जो झूलता हो। जैसे, झूलना पुल।
संज्ञा पु० (१) एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में ७,७,७ और ५ के विराम से २६ मात्राएँ और अंत में गुरु लघु होते हैं। उ०—हरि राम विभु, पावन परम, गोकुल बसत मन-मान। (२) इसी छंद का दूसरा भेद जिसके प्रत्येक चरण में १०, १०, १० और ७ के विराम से ३७ मात्राएँ और अंत में यगण होता है। उ०—जैति हिम बालिका असुर कुल घालिका कालिका मालिका सुरस हेतू। (३) हिँडोला। झूला। (क०)। उ०—अँबवा की डाली तले आली झूलना डला दे।—गीत।

झूलनी बगली–संज्ञा स्त्री० [हिं० झूलना + बगली] मुगदर की एक प्रकार की कसरत जो बगली की तरह की होती है। बगली की अपेक्षा इसमें यह विशेषता है कि पीठ पर से बगल में मुगदर छोड़ते समय पंजे को इस प्रकार उलटना पड़ता है कि मुगदर बराबर झूलता हुआ आता है। इससे कलाई में बहुत जोर आता है।

झूलनी बैठक–संज्ञा स्त्री० [हिं० झूलना + बैठक = कसरत] एक प्रकार की बैठक (कसरत) जिसमें बैठक करके एक पैर को हाथी के सूँड़ की तरह झुला कर और तब उसे समेट कर बैठना और फिर उठ कर दूसरे पैर को उसी प्रकार झुलाना पड़ता है। इसमें शरीर को तौलने की विशेष साधना होती है।

झूलरि–संज्ञा स्त्री० [हिं० झूलना] झूलता हुआ छोटा गुच्छा या झुमका। उ०—वर वितान बहु तने तनावन। मनि झालरि झूलरि लटकावन।—गोपाल।

झूला–संज्ञा पुं० [सं० दोला] (१) पेड़ की डाल, छत या किसी और ऊँचे स्थान में बांध कर लटकाई हुई दोहरी या चौहरी रस्सी, जंजीर आदि से बँधी पटरी जिस पर बैठ कर झूलते हैं। हिँडोला।

विशेष—झूला कई प्रकार का होता है। इस प्रांत में लोग साधारणतः वर्षा ऋतु में घरों या पेड़ों की डालों में झूलते हुए रस्से बांध कर उनके निचले भाग में तख्ता या पटरी आदि रख कर उस पर झूलते हैं। दक्षिण भारत में झूले का रवाज बहुत है। वहाँ प्रायः सभी घरों में छतों में चार रस्सियाँ या ज़ंजीरें लटका दी जाती हैं और किसी बड़े तख्ते या चौकी के चारों कोने से उन रस्सियों को बाँध या जंजीरों को जड़ देते हैं। झूले का निचला भाग जमीन से कुछ ऊँचा होना चाहिए जिसमें वह सरलता से बराबर झूल सके। झूले के आगे और पीछे जाने और आने को पेंग कहते हैं। झूले पर बैठ कर पेंग देने के लिये या तो जमीन पर पैर को तिरछा करके आघात करते हैं या उसके एक सिरे पर खड़े हो कर झोंके से नीचे कीओर झुकते हैं।

क्रि० प्र०—झूलना।—डोलना।—पड़ना।

(२) बड़े बड़े रस्सों जंजीरों या तारों आदि का बना हुआ पुल जिसके दोनों सिरे नदी या नाले आदि के दोनों किनारों पर किसी बड़े खंभे, चट्टान या बुर्ज आदि में बँधे होते हैं और जिसके बीच का भाग अधर में लटकता और झूलता रहता है। झूलता हुआ पुल। जैसे, लछमन झूला।

विशेष—प्राचीन काल में भारतवर्ष में पहाड़ी नदियों आदि पर इसी प्रकार के पुल होते थे। आज कल भी उत्तरी भारत तथा दक्षिणी अमेरिका की छोटी छोटी पहाड़ी नदियों और बड़ी बड़ी खाड़ियों पर कहीं कहीं जंगली जातियों के बनाए हुए इस प्रकार के पुल पाए जाते हैं। पुरानी चाल के पुल दो तरह के होते हैं। (१) एक बहुत मोटे और मजबूत रस्से के दोनों सिरे नदी या खाई आदि के दोनों किनारों पर की दो बड़ी चट्टानों आदि में बाँध दिए जाते हैं और उनमें बहुत बड़ा दौरा या चौखटा आदि लटका दिया जाता है जो दूसरे किनारे पर से खींच लिया जाता है, ऊपर-वाले रस्से को पकड़कर यात्री इसे कभी कभी स्वयं सरकाता चलता है। (२) मोटी मोटी मजबूत रस्सियों का जाल बुन कर अथवा छोटे छोटे डंडे बाँध कर नदी की चौड़ाई के बराबर लंबी और डेढ़ हाथ चौड़ी एक पटरी सी बना लेते हैं और उसे रस्सों में लटका कर दोनों ओर रस्सियों से इस प्रकार बांध देते हैं कि नदी के ऊपर उन्हीं रस्सों और रस्सियों की लटकती हुई एक गली सी बन जाती है। इसी में से हो कर आदमी चलते हैं। इसके दोनों सिरे भी नदी के किनारे पर चट्टानों से बँधे होते हैं। आज कल युरोप अमेरिका आदि की बड़ी बड़ी नदियों पर भी मोटे मोटे तारों और जंजीरों से इसी प्रकार के बहुत बड़े, बढ़िया और मजबूत पुल बनाए जाते हैं।

(३) वह बिस्तर जिसके दोनों सिरे रस्सियों में बाँध कर दोनों और दो ऊँची खूँटियों या खंभों आदि में बाँध दिए गए हों।

विशेष—इस देश में साधारणतः देहाती लोग इस प्रकार के टाट के बिस्तर पेड़ों में बाँध देते और उन पर सोते हैं। जहाजों में खलासी लोग भी इस प्रकार के कनवास के बिस्तरों का व्यवहार करते हैं।

(४) पशुओं की पीठ पर डालने की झूल। (५) देहाती स्त्रियों के पहनने का ढीला ढीला कुरता। (६) झोंका। झटका। (क०)। (७) † तरबूज।

झूलि—संज्ञा पुं० दे० "झूली"।

झूली—संज्ञा स्त्री० [हिं० झूलना] (१) वह कपड़ा जिससे हवा करके अन्न ओसाया जाता है। परती। (२) खलासियों आदि का जहाजी बिस्तर जिसके दोनों सिरे रस्सियों से बाँध कर दोनों ओर ऊँची खूँटियों या खंभों आदि में बाँध दिए जाते हैं। दे० "झूला (३)"।

झेंपना, झेपना—क्रि० अ० [हिं० झिपना] शरमाना। लजाना। लज्जित होना।

संयो० क्रि०—जाना।

झेर * †—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० देर] (१) विलंब। देर। उ०—(क) चलहु तुरत जिनि झेर लगावहु अबही आइ करौ विश्राम। —सूर। (ख) काहे को तुम झेर लगावति। दान देहु घर जाहु बेचि दधि तुम ही को यह भावति।—सूर। (२) बखेड़ा। झगड़ा। उ०—(क) सूरदास प्रभु रासबिहारी श्रीबनवारी वृथा करत काहे झेरें।—सूर। (ख) मधुकर समना ऐसा बैरन।.....नंदकुमार छाँड़ि कां लैहैं योग दुखन की टेरन। जहाँ न परम उदार नंदसुत मुक्त परो किन झेरन।—सूर।

झेरना * †—क्रि० स० [हिं० झेलना] झेलना। सहना। उ०—कह नृप पद अब ते गहौ गहे रानि सुख झेरि। मन में भयो न मैल कछु लागे सेवन फेरि।—विश्राम।

क्रि० स० [हिं० छेड़ना] छेड़ना। शुरू करना। आरंभ करना। उ०—भेरी बड़ेरी जाहि झेरी मुरली बहुतेरी बनी। —गोपाल।

झेरा—संज्ञा पुं० [?] झंझट। बखेड़ा। दे० "झेर"। उ०—(क) जीव का जनम का जनम का जीव का आप ही आप ले भानि झेरा।—दादू। (ख) दीपक मैं धरयो बारि देखत भुज भए चारि हारी हौ धरति करत दिन दिन को झेरो।—सूर।

झेल—संज्ञा स्त्री० [हिं० झेलना] (१) पानी में तैरने आदि में हाथ पैर से पानी हटाने की क्रिया। (२) हलका धक्का या हिलोरा। उ०—सुरत समुद्र मगन दंपति रस झेलत अति सुख झेल। —सूर। (३) झेलने की क्रिया या भाव।

संज्ञा स्त्री० विलंब। देर। दे० "झेर"। उ०—(क) सब कहँ देखि भूप मणि बोले सुनहु सकल मम बैना। भए कुमार विवाहन लायक उचित झेल कछु है ना।—रघुराज। (ख) झाँकति है का झरोखा लगी लग लागिबे को इहाँ झेल नहीं फिर।—पद्माकर।

झेलना—क्रि० स० [सं० क्वेल=हिलाना डुलाना ?] (१) ऊपर लेना। सहारना। सहना। बरदाश्त करना। जैसे, दुःख झेलना, कष्ट झेलना, मुसीबत झेलना, उ०—टूटे परत अकास को कौन सकत है झेलि।—कबीर। (२) पानी में तैरने या चलने में हाथ पैर से पानी हटाना। पानी को हाथ पैर से हिलाना। उ०—(क) कर पग गहि अँगुठा मुख मेलत। प्रभु पौढ़े पालने अकेले हरखि हरखि अपने रँग खेलत। शिव सोचत विधि बुद्धि विचारत वट बाढ़्यो सागर जल झेलत।—सूर। (ख) बाल केलि को विशद परम सुख सुख समुद्र नृप झेलत।—सूर। (३) पानी में हिलना। हेलना। जैसे, कमर तक पानी झेल कर नदी पार करना। (४) ठेलना। ढकेलना। आगे बढ़ाना। आगे चलाना। उ०—दुहुन की सहज विसात दुहूँ मिलि सतरंज खेलत। उर, रुख, नैन चपल अश्व चतुर बराबर झेलत।—हरिदास।

† (५) पचाना। हज़म करना।

झेलनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० झेलना] एक प्रकार की जंजीर जो कान के आभूषण का भार सँभालने के लिये बालों में अटकाई जाती है।

झेली—संज्ञा स्त्री० [हिं० झेलना] बच्चा जनते समय स्त्री को विशेष प्रकार से हिलाने डुलाने की क्रिया।

क्रि० प्र०—देना।

झोंक—संज्ञा स्त्री० [सं० युक्त, हिं० झुकना] (१) झुकाव। प्रवृत्ति। (२) तराजू के किसी पलड़े का किसी ओर अधिक नीचा होना।

मुहा०—झोंक मारना=डाँड़ी मारना। कम तौलना।

(३) बोझ। भार। जैसे, इसकी झोंक सब उसी पर पड़ती है। (४) वेग। झटका। तेजी। प्रचंड गति। रव। जैसे, (क) गाड़ी बड़ी झोंक से आ रही थी। (ख) साँड़ आ रहा है कहीं झोंक में पड़ जाओगे तो बड़ी चोट आवेगी। (ग) नशे की झोंक, क्रोध की झोंक, लिखने की झोंक, नींद की झोंक। (५) किसी काम का धूम धाम से उठान। कार्य्य की गति। जैसे, पहली झोंक में उसने इतना काम कर डाला। (६) ठाट। सजावट। चाल। अंदाज। उ०—पहिरे राती चूनरी सिर स्वेत उपरना सोहै। कटि लँहगा लीलो बन्यो झोंको जो देखि मन मोहै।—सूर।

यौ०—नोक झोंक=ठाट बाट। धूम धाम।

(७) पानी का हिलोरा। (८) दे० "झोंका"। (९) दो लटठे जो बैल गाड़ी की मजबूती के लिये दोनों ओर लगे रहते हैं।

झोंकना—क्रि० स० [हिं० झोंक] (१) झटके के साथ एक बारगी किसी वस्तु को आगे की ओर फेंकना। वेग से सामने की ओर डालना। फेंक कर छोड़ना। जैसे, भाड़ में पत्ते झोंकना। इंजन में कोयला झोंकना, आँख में धूल झोंकना।

संयो० क्रि०—देना।

मुहा०—भाड़ झोंकना=(१) भाड़ में सूखे पत्ते आदि फेंकना। (२) तुच्छ व्यवसाय करना। जैसे, इतने दिन दिल्ली में रहे, भाड़ झोंकते रहे।

(२) ढकेलना। ठेलना। जबरदस्ती आगे की ओर बढ़ाना या करना। जैसे, उसने मुझे एकबारगी आगे की ओर झोंक दिया। (३) अँधाधुंध खर्च करना। बहुत अधिक व्यय करना। बहुत अधिक किसी काम में लगाना। जैसे, ब्याह शादी में रुपया झोंकना।

संयो० क्रि०—देना।

(४) किसी आपत्ति या दुःख के स्थान में डालना। भय या कष्ट के स्थान में कर देना। बुरी जगह ठेलना। जैसे, (क) तुमने हमें कहाँ लाकर झोंक दिया, दिन रात आफत में जान पड़ी रहती है। (ख) उसने अपनी लड़की को बुरे घर झोंक दिया। (५) कार्य का बहुत अधिक भार देना। बहुत ज्यादा काम ऊपर डालना। बिना सोचे समझे काम लादना। जैसे, तुम जो काम होता है हमारे ही ऊपर झोंक देते हो। (६) बिना विचारे आरोपित करना। दोष आदि मढ़ना। (दोष) लगाना। जैसे, सारा कसूर उसी पर झोंकते हो ?

झोंकवा—संज्ञा पुं० [देश०] भट्ठे या भाड़ में खड़ पतार्ई झोंकने-वाला मनुष्य।

झोंकवाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० झोंकना] (१) झोंकने की क्रिया या भाव। (२) झोंकवाने की क्रिया या भाव।

झोंकवाना—क्रि० स० [हिं० झोंकना का प्रे०] (१) झोंकने का काम कराना। (२) किसी को आगे की ओर जोर से डालना।

झोंका—संज्ञा पु० [हिं० झोंक] (१) वेग से जानेवाली किसी वस्तु के स्पर्श का आघात। तेजी से चलनेवाली किसी चीज़ के छू जाने से उत्पन्न झटका। धक्का। रेला। झपट्टा। (२) वेग से चलनेवाली वायु का आघात। हवा का झटका या धक्का। (३) वायु का प्रवाह। हवा का बहाव। झकोरा। जैसे, ठंढी हवा का झोंका आया। (४) पानी का हिलोरा। (५) बगल से लगनेवाला ऐसा धक्का जिसके कारण कोई वस्तु गिर पड़े या अपने स्थान से हट जाय। रेला। (६) इधर से उधर झुकने या हिलने डोलने की क्रिया।

मुहा०—झोंके आना=नींद के कारण झुक झुक पड़ना। ऊँघ लगना। झोंका खाना=किसी आघात या वेग आदि के कारण किसी ओर झुकना। जैसे, झोका खा कर गिरना, नींद से झोके खाना।

(७) ठाट। सजावट। चाल। अंदाज। उ०—पहिरे राती चूनरी सिर उपरना सोहै। कटि लहँगा लीलो बन्यो झोंको जो देखि मन मोहै।—सूर। (८) कुश्ती का एक पेंच जो उस समय किया जाता है जब दोनों पहलवानों के हाथ एक दूसरे की कमर पर होते हैं। इसमें एक हाथ विपक्षी के हाथ के बाहर निकाल कर मोढ़े पर चढ़ाते और दूसरा बगल से मोढ़े पर ले जाते, फिर झोंका दे कर गिराते हैं।

झोंकाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० झोंकना] (१) झोंकने की क्रिया या भाव। (२) झोंकने की मजदूरी।

झोंकिया—संज्ञा पु० [हिं० झोंकना] भाड़ में पताई आदि झोंकनेवाला। झोंकवा।

झोंकी—संज्ञा स्त्री० [हिं० झोंक] (१) भार। बोझ। जवाबदेही। जैसे, सब झोंकी मेरे ही सिर ? (२) भारी अनिष्ट वा हानि की आशंका। जोखों। जोखिम। जैसे, दूसरे का माल रख कर झोंकी कौन सहे।

क्रि० प्र०—सहना।

झोंझ†—संज्ञा पुं० [देश०] (१) खोंता। घोंसला। (२) कुछ पक्षियों (जैसे, ढेक, गीध) के गले की थैली या लटकता हुआ मांस। (३) खुजली। सुरसुराहट। चुल।

मुहा०—झोंझ मारना = खुजली होना। चुल होना।

झोंझल—संज्ञा पुं० [हिं० झुँझलाना] झुँझलाहट। क्रोध। कुढ़न। गुस्सा।

क्रि० प्र०—आना।

झोंट—संज्ञा पु० [सं० झुट = झाड़ी] (१) झाड़ी। (२) झाड़। झुरमुट। (३) समूह। जूरी। जुट्टी। (४) दे० "झोंटा"।

झोंटा—संज्ञा पु० [सं० जूट] (१) बड़े बड़े बालों का समूह। इधर उधर बिखरे बड़े बड़े बालों का जुट्टा।

मुहा०—झोंटे पकड़ कर मारना, निकालना, घसीटना या इसी प्रकार का और कुव्यवहार करना = सिर के बाल खींच कर ये सब व्यवहार करना। (स्त्रियों के लिये यह अपमान की बात है) झोंटे खसोटना = सिर के बाल खींचना।

यौ०—झोंटा झोंटी = ऐसा लड़ाई झगड़ा या मार पीट जिसमें झोंटा पकड़ने की नौबत आवे।

(२) जुट्टा। पतली लंबी वस्तुओं का इतना बड़ा समूह जो एक बार हाथ में आ सके।

संज्ञा पुं० [हिं० झोंका] वह धक्का जो झूले को इधर उधर हिलाने के लिये दिया जाता है। झोंका। पेंग। उ०—(क) ललिता विशाखा देहि झोंटा रीझि अंग न समाति।—सूर। (ख) एक समय एकांत वन में डोल झूलत कुंजविहारी। झोंटा देत परस्पर अबीर उड़ावत डारी।—हरिदास।

मुहा० झोंटा देना = झूले को बढ़ाने के लिये धक्का देना। पेंग मारना। झोंटा मारना = दे० "झोंटा देना"।

संज्ञा पुं० [हिं० ढोंटा] (१) भैंस का बच्चा। पड़वा। (२) भैंसा। महिष।

झोंटी*†—संज्ञा स्त्री० [हिं० झोंटा] झोंटा। उ०—सुनि रिपुहन लखि नख सिख खोटी। लगे घसीटन धरि धरि झोंटी।—तुलसी।

यौ०—झोंटी झोंटा = लड़ाई झगड़ा। दे० "झोंटा झोंटी"। संज्ञा स्त्री० दे० "झोंका"।

झोंपड़ा—संज्ञा पुं० [हिं० छोपना = छाना] [स्त्री० अल्प० झोंपड़ी] वह बहुत छोटा सा घर या मनुष्यों के रहने का स्थान जो विशेषतः गाँवों या जंगलों आदि में कच्ची मिट्टी की छोटी छोटी दीवारें उठा कर और घास फूस से छाकर बना लेते हैं। कुटी। पर्णशाला।

मुहा०—अंधा झोंपड़ा = पेट। उदर। (फ़कीर)। अंधे झोंपड़े में आग लगना = भूख लगना। (फ़कीर)।

झोंपड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० झोंपड़ा का स्त्री० अल्प०] छोटा झोंपड़ा। कुटिया। पर्णशाला। मढ़ी। उ०—कंत बीस लोचन बिलोकिए कुमंत फल ख्याल लंका लाई कपि रांड़ की सी झोंपड़ी।—तुलसी।

झोंपा—संज्ञा पु० [हिं० झब्बा] झब्बा। गुच्छा। उ०—झूलहिं रतन पाट के झोंपा। साज मदन नेहि का कँह कोपा।—जायसी।

झोझर, झोझा—संज्ञा पुं० दे० "झोझर"।

झोटिंग—वि० [हिं० झोंटा] झोंटेवाला। जिसके सिर पर बहुत बड़े बड़े और खड़े बाल हों। उ०—मज्जहि भूत पिशाच बैताला। प्रमथ महा झोटिंग कराला।—तुलसी।

संज्ञा पु० बहुत बड़े बड़े और खड़े बालोंवाला। भूत प्रेत या पिशाच आदि।

झोड़—संज्ञा पु० [स०] सुपारी का वृक्ष।

झोपड़ा—संज्ञा पुं० दे० "झोंपड़ा"।

झोपड़ी—संज्ञा स्त्री० दे० "झोंपड़ी"।

झोर†—संज्ञा पुं० दे० "झोल"।

झोरई†—वि० [हिं० झोल] जिसमें झोल हो। रसेदार। उ०—सूर करतरि सरस तोरई। सेमि सींगरी छमकि झोरई।—सूर।

संज्ञा स्त्री० [हिं० झोल] रसेदार तरकारी।

झोरना†—क्रि० स० [सं० दोलन] (१) झटका देकर हिलाना या कँपाना। उ०—कह्यो कहारनि हमैं न खोरि। नयो कहार चलत पग झोरि।—सूर। (२) किसी चीज को इस प्रकार झटका देकर बार बार हिलाना जिसमें उसके साथ लगी हुई दूसरी चीजें गिर पड़ें। जैसे, पेड़ की डाल झोरना, आम झोरना, इमली झोरना। उ०—झोरि से कौन लए बन बाग ये कौन जु आमन को हरियाई।—रसकुसुमाकर।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।

(३) इकट्ठा करना। एकत्र करना। (क०)।

झोरा†—संज्ञा पुं० [?] गुच्छा। झब्बा।

झोरि*†—संज्ञा स्त्री० दे० "झोली"।

झोरी*†—संज्ञा स्त्री० [हिं० झोली] (१) झोली। उ०—(क) भाय करी मन की पदमाकर ऊपर नाय अबीर की झोरी।—पद्माकर। (ख) हमारे कौन वेद विधि साधै। बटुआ झोरी दंड अधारी इतनेन को अराधै।—सूर। (२) पेट। झोझर। झोझर। उ०—जो आवै अनगनत करोरी। डारैं खाई भरै नहिं झोरी।—विश्राम। (३) एक प्रकार की रोटी। उ०—रोटी बाटी पोरी झोरी। एक कोरी एक घीव चभोरी।—सूर।

झोल—संज्ञा पुं० [हिं० झालि = आम का पना] (१) तरकारी आदि का गाढ़ा रसा। शोरबा। (२) किसी अन्न के आटे में मसाले दे कर कढ़ी आदि की तरह पकाई हुई कोई पतली लेई। (३) माँड़। पीच। (४) मुलम्मा या गिलट जो धातुओं पर चढ़ाया जाता है।

क्रि० प्र०—करना।—चढ़ाना।—फेरना।

यौ०—झोलदार।

संज्ञा पुं० [हिं० झूलना] (१) पहने या ताने हुए कपड़ों आदि में वह अंश जो ढीला होने के कारण झूल या लटक कर झोले की तरह हो जाता है। जैसे, कुरते या कोट में का झोल, छत की चाँदनी में का झोल। (२) कपड़े आदि के ढीले होने के कारण उसके झूलने या लटकने का भाव या क्रिया। तनाव या कसाव का उलटा।

क्रि० प्र०—डालना।—निकलना।—निकालना।—पड़ना।

(३) पल्ला। आँचल। उ०—फूली फिरत जसोदा घर घर उबटि कान्ह अन्हवाय अमोल। तनक बदन दोउ तनक तनक कर तनक चरन पोंछत पट झोल।—सूर। (४) परदा। ओट। आड़। उ०—ऊधो सुनत तिहारे बोल। ल्याए हरि कुसलात धन्य तुम घर घर पारयो गोल। कहन देहु कहा करै हमारो बस उठि जैहे झोल। आवत ही याको पहिचान्यो निपटहि ओछो तोल।—सूर। (५) हाथी की चाल का एक ऐब जिसके कारण वह बिलकुल सीधा न चल कर बराबर झूलता हुआ चलता है।

वि० (१) ढीला। जो कसा या तना न हो।

यौ०—झोल झाल = ढीला ढाला।

(२) निकम्मा। खराब। बुरा।

संज्ञा पुं० भूल। गलती। जैसे, गदहे की गोन में नौ मन का झोल। (कहा०)।

संज्ञा पुं० [हिं० झिल्ली या झोली] (१) वह झिल्ली या थैली जिसमें गर्भ से निकले हुए बच्चे या अंडे रहते हैं। जैसे, कुतिया का झोल, मुरगी का झोल, मछली का झोल।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग केवल पशुओं और पक्षियों आदि के संबंध में ही होता है, मनुष्यों के संबंध में नहीं।

क्रि० प्र०—निकलना।—निकालना।

मुहा०—झोल बैठाना = मुरगी के नीचे सेने के लिये अंडे रखना।

(२) गर्भ। उ०—भक्ति बीज बिनसै नहीं आय परै जो झोल। जो कंचन बिष्ठा परै घटै न ताको मोल।—कबीर।

संज्ञा पुं० [स० ज्वाल, हिं० झाल] (१) राख। भस्म। खाक। उ०—(क) तुम बिन कंता धन हरदै तृन तृन बरमा डोल। तेहि पर बिरह जराइ के चहै उड़ावा झोल।—जायसी। (ख) आगि जो लगी समुद्र में टुटि टुटि खसै जो झोल। रोवै कबिरा डिंभिया मोरा हीरा जरै अमोल।—कबीर। (२) दाह। जलन।

झोलदार—वि० [हिं० झोल + फा० दार] (१) जिसमें रसा हो। रसेदार। (२) जिस पर गिलट या मुलम्मा किया हो। (३) झोल संबंधी। (४) जिसमें झोल पड़ता हो। ढीला ढाला।

झोलना—क्रि० स० [स० ज्वलन] जलाना। उ० हमको तुम बिन सबै सतावत।.....पूछ पूछ सरदार सखन के इहि विधि दई बड़ाई। तिन अति बोल झोलि तनु डारयो अनल भँवर की नाईं।—सूर।

झोला—संज्ञा पुं० [हिं० झलना वा सं० चोल] [स्त्री० अल्प० झोली] (१) कपड़े की बड़ी झोली या थैली। (२) ढीला ढाला गिलाफ। खोली। जैसे, बंदूक का झोला। (३) साधुओं का ढीला कुरता। चोला (४) वात का एक रोग जिसमें कोई अंग (जैसे हाथ पैर आदि) ढीला पड़ कर बेकाम हो जाता है। एक प्रकार का लकवा या पक्षाघात।

मुहा०—किसी को झोला मारना = (१) वात रोग से किसी अँग का बेकाम हो जाना। पक्षाघात होना। (२) सुस्त पड़ जाना। बेकाम हो जाना।

(५) पेड़ों के पाला लू आदि के कारण एक बारगी कुम्हला जाने वा सूख जाने का रोग।

क्रि० प्र०—मारना।

(६) झटका। आघात। धक्का। झोंका। बाधा। आपत्ति। उ०—पाकी खेती देखि के गरबै कहा किसान। अजहूँ झोला बहुत है घर आवै तब जान।—कबीर। (७) हाथ का संकेत। इशारा। (८) पाल की गोन या रस्सी को झटका देने या ढीलने की क्रिया।

झोलिहारा—संज्ञा पुं० [हिं० झोली + हारा (प्रत्य०)] (१) झोली लटकानेवाला। (२) कहार। (सोनारों की बोली)

झोली–संज्ञा स्त्री० [हिं० झूलना] (१) इस प्रकार मोड़ कर हाथ में लिया या लटकाया हुआ कपड़ा कि उसके नीचे का भाग एक गोल बरतन के आकार का हो जाय और उसमें कोई वस्तु रखी जा सके। कपड़े को मोड़ कर बनाई हुई थैली। धोकरी जैसे, गुलाल की झोली, साधुओं की झोली।

विशेष—यह किसी चौखूँटे कपड़े के चारों कोनों को लेकर इकट्ठा बाँधने से बन जाती है। कभी कभी इसके नीचे के खुले हुए चारों कोनों को कुछ दूर तक सी भी देते हैं।

मुहा०—झोली छोड़ना = बुढ़ापे के कारण शरीर के चमड़े का झूल जाना। झोली डालना = भिक्षा माँगने के लिये झोली उठाना। साधु या भिक्षुक हो जाना। झोली भरना = साधु को भरपूर भिक्षा देना।

(२) घास बाँधने का जाल। (३) मोट। चरसा। पुर। (४) वह कपड़ा जिससे खलिहान में अनाज में मिला हुआ भूसा उड़ा कर अलग किया जाता है। (५) बौरा। कुश्ती का एक पेच जो उस समय किया जाता है जब विपक्षी किसी प्रकार अपनी पीठ पर आ जाता है। इसमें एक हाथ उलट कर उस की कमर पर देते हैं और दूसरे से उसकी टाँगों की संधि पकड़ कर उठाते हैं। (६) सफरी बिस्तर जो चारो कोनों पर लगी हुई रस्सियों के द्वारा खंभे पेड़ आदि में बाँध कर फैलाया जाता है। (७) रस्सियों का एक प्रकार का फंदा जिसके द्वारा भारी चीज़ों को ऊपर उठाते हैं।

संज्ञा स्त्री० [स० ज्वाल या झाला] राख। भस्म।

मुहा०—झोली बुझाना = सब काम हो चुकने पर पीछे उसे करने चलना। कोई बात हो जाने पर व्यर्थ उसके संबंध में कुछ करना। जैसे, पंचायत तो हो चुकी अब क्या झोली बुझाने आए हो।

विशेष—यह मुहा० घर जलने की घटना से लिया गया है अर्थात् जब घर जल कर राख हो गया तब पानी लेकर बुझाने के लिये पहुँचे।

झोंझट–संज्ञा पुं० दे० "झंझट"।

झोंद–संज्ञा पुं० [हिं० झोंझ] पेट। उदर। उ०—कोई कर्न बिहीन या नासा बिन कोई। झोंद फुटे कोइ पड़े स्वासा बिनु होई। —सूदन।

झोंर*–संज्ञा पुं० [स० युग्म, प्रा० जुम्म, हिं० झूमर] (१) झुंड। समूह। उ०—छकि रसाल सौरभ सने मधुर माधुरी गंध। ठौर ठौर झौंरत झपत झौंर झौंर मधु अंध।—बिहारी। (२) फूलों, पत्तियों या छोटे छोटे फलों का गुच्छा। उ०—दाख कैसी झौंर झलकति जोति जोवन की चाटि जाते भौंर जो न होती रंग चंपा की। (३) एक प्रकार का गहना जिसमें मोतियों या चाँदी सोने के दानों के गुच्छे लटकते रहते हैं। झब्बा। उ०—कलगी तुर्रा झौंर जग सिरपेच सुकुंडल।—सूर। (४) पेड़ों या झाड़ियों का घना समूह। झाड़। कुंज। उ०—बंस झौंर गंभीर भीतिकर नहिं सूझत दस आसा। —रघुराज। दे० "झाँवर"।

झोंरना–क्रि० अ० [अनु०] (१) गूँजना। गुँजारना। उ०—छकि रसाल सौरभ सने मधुर माधुरी गंध। ठौर ठौर झौंरत झपत झौंर झौंर मधु अंध।—बिहारी। (२) दे० "झौरना"।

झोंरा–संज्ञा पुं० दे० "झौंर"।

झोंराना–क्रि० अ० [हिं० झाँवाँ या झाँवरा] (१) झाँवरे रंग का हो जाना। बदरंग हो जाना। काला पड़ जाना। (२) मुरझाना। कुम्हलाना।

झोंसना–क्रि० स० दे० "झुलसना"। उ०—नाम लै चिल्लात बिलखात अकुलात अति तात तात तौसियत झौंसियत झारहीं। —तुलसी।

झोनी†–संज्ञा स्त्री० [देश०] टोकरी। दौरी।

झोर–संज्ञा पुं० [अनु० झाँव, झावँ] (१) झंझट। बखेड़ा। हुज्जत। तकरार। झोरा। विवाद। उ०—(क) नहीं ठौर नैनन ते और। कितनों मैं बरजति समझावति उलटि करत हैं झोर।—सूर। (ख) महरि तुम ब्रज चाहति कछु और। बात एक मैं कही कि नाहीं आप लगावति झोर।—सूर। (२) डाँट फटकार। कहा सुनी। ऊँचा नीचा। उ०—और को केतउ झोर सहै पै न बावरी रावरी आस भुलैहै।—द्विजदेव।

झोरना–क्रि० स० [हिं० झपटना] छीन लेना। दबा लेना। झपट कर पकड़ना। उ०—इती भाषि कै दुग्ग त्यों बीर दौरयौ। मृगाधीश ज्यों मृग्ग के जूह झौरयौ।—सूदन।

झोरा–संज्ञा पु० [अनु० झाव झावँ] झंझट। बखेड़ा। हुज्जत। तकरार। झोरा। विवाद।

क्रि० प्र०—करना।—मचाना।

यौ०—झोरा झोरा।

झोरे–क्रि० वि० [हिं० धोरे] (१) समीप। पास। निकट। (२) साथ। संग। उ०—सौरे अंग सूझत न पौरे खोलि दौरे राति आधिक लौ राधिका के झौरे ई लगे रहैं।—देव।

झोरा†–संज्ञा पुं० [हिं० झाबा] रहठे की बनी हुई वह छोटी दौरी जिसमें मजदूर लोग खोदी हुई मिट्टी भर कर फेंकने के लिये ले जाते हैं। खँचिया।

झोहाना–क्रि० अ० [अनु०] (१) गुर्राना। (२) ज़ोर से चिड़चिड़ाना।

ञ

ञ–हिंदी वर्णमाला का पचवाँ व्यंजन जो चवर्ग का पांचवाँ वर्ण है। इसका उच्चारण स्थान तालू और नासिका है। उसका प्रयत्न स्पर्श, घोष अल्पप्राण है।

ट

ट–संस्कृत वा हिंदी वर्णमाला में ग्यारहवाँ व्यंजन जो टवर्ग का पहला वर्ण है। इसका उच्चारण स्थान मूर्द्धा है। इसके उच्चारण करने में तालू से जीभ लगानी पड़ती है।

टंक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक तौल जो चार माशे की होती है। कोई कोई इसे तीन माशे या २४ रत्ती की भी मानते हैं। (२) वह नियत मान वा बाट जिससे तौल तौल कर धातु टकसाल में सिक्के बनाने के लिये दी जाती है। (३) सिक्का। (४) मोती की तौल जो २१½ रत्ती की मानी जाती है। (५) पत्थर काटने या गढ़ने का औजार। टाँकी। छेनी। (६) कुल्हाड़ी। परशु। फरसा। (७) कुदाल। (८) खड्ग। तलवार। (९) पत्थर का कटा हुआ टुकड़ा। (१०) टांग। (११) नील कपित्थ। नीला कैथ। खटाई (१२) कोप। क्रोध। (१३) दर्प। अभिमान। (१४) पर्वत का खड्ड। (१५) सुहागा। (१६) कोष। खज़ाना। (१७) संपूर्ण जाति का एक राग जो श्री, भैरव और कान्हड़ा के योग से बना है। इसके गाने का समय रात १६ दंड से २० दंड तक है। इसमें कोमल ऋषभ लगता है और इसका सरगम इस प्रकार है—सा रे ग म प ध नि। हनुमत् के मत से इसका स्वर ग्राम है—स ग म प ध नि सा सा। (१८) म्यान। (१९) एक काँटेदार पेड़ जिसमें बेल वा कैथ के बराबर फल लगते हैं।

टंकक–संज्ञा पुं० [सं०] चाँदी का सिक्का या रुपया।

टंकक-शाला–संज्ञा स्त्री० [स०] टकसाल घर।

टंकटीक–संज्ञा पुं० [सं०] शिव।

टंकण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सुहागा। (२) धातु की चीज़ में टाँका मार कर जोड़ लगाने का कार्य्य। टाँका लगाने का काम। (३) घोड़े की एक जाति। (४) एक देश जिसका नाम बृहत्संहिता में कोंकण आदि के साथ आया है।

टँकना–क्रि० अ० [स० टंकण] (१) टाँका जाना। कील आदि जड़ कर जोड़ा जाना। जैसे, एक छोटी सी चिप्पी टँक जायगी तो यह गगरा काम देने लायक हो जायगा।

संयो० क्रि०—जाना।

(२) सिलाई के द्वारा जुड़ना। सिलना। सिया जाना। जैसे, फटा जूता टँकना, चकती टँकना, गोटा टँकना।

संयो० क्रि०—जाना।

(३) सी कर बैठकाया जाना। सिलाई के द्वारा ऊपर से लगाया जाना। जैसे, झालर में मोती टँके हैं।

संयो० क्रि०—जाना।

(४) रेती वा सोहन के दाँतों का नुकीला होना। रेती का तेज होना।

संयो० क्रि०—जाना।

(५) अंकित होना। लिखा जाना। दर्ज किया जाना। जैसे, यह रुपया बही पर टँका है या नहीं?

संयो० क्रि०—जाना।

विशेष—इस अर्थ में इस क्रिया का प्रयोग ऐसी वस्तु, रक़म या नाम के लिये होता है जिसका लेखा रखना होता है।

(६) सिल, चक्की आदि का टाँकी से गड्ढे कर के खुरदुरा किया जाना। छिनना। रेहा जाना। कुटना।

टंकपति–संज्ञा पुं० [सं०] टकसाल का अधिपति।

टंकवान्–संज्ञा पुं० [सं०] एक पहाड़ जिसका नाम वाल्मीकीय रामायण में आया है।

टँकवाना–क्रि० स० दे० "टँकाना"।

टंकशाला–संज्ञा स्त्री० [सं०] टकसाल।

टंका–संज्ञा पुं० [स० टंक] (१) पुराने समय में चाँदी की एक तौल जो एक तोले के बराबर होती थी। (२) ताँबे का एक पुराना सिक्का। टका।

संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का गल्ला वा ईख।

संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) जंघा। (२) तारा देवी। (३) संपूर्ण जाति की एक रागिनी जो ऋषभज और आदि मूर्च्छना युक्त होती है। हनुमत् के अनुसार इसका स्वरग्राम इस प्रकार है—स रे ग म प ध नि स।

टँकाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० टाँकना] (१) टाँकने की क्रिया वा भाव। (२) टाँकने की मजदूरी।

टंकानक–संज्ञा पुं० [सं०] बबूलदारु। शहतूत।

टँकाना–क्रि० स० [हिं० टाँकना का प्रे०] (१) टाँकों से जोड़वाना या सिलवाना। जैसे जूता टँकाना। (२) सिला कर लगवाना। जैसे, बटन टँकाना। (३) (सिल, जाँता, चक्की आदि को) खुरदुरा कराना। कुटाना।

टंकाना–क्रि० स० [स० टंक = सिक्का] सिक्कों का परखवाना। सिक्कों की जाँच कराना।

टंकार–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) ठन ठन शब्द जो किसी कसे हुए तार आदि पर उँगली मारने से होता है। (२) वह शब्द जो धनुष की कसी हुई डोरी पर बाण रख कर खींचने से होता है। धनुष की कसी हुई पतंचिका खींच वा तान कर छोड़ने का शब्द। (३) धातुखंड पर आघात लगने का शब्द। ठनाका। झनकार। (४) विस्मय। (५) कीर्त्ति। नाम। प्रसिद्धि।

टंकारना–क्रि० स० [सं० टंकार] धनुष की डोरी खींच कर शब्द करना। पतंचिका तान कर ध्वनि उत्पन्न करना। चिल्ला खींच कर बजाना। उ०—सुफलक बढ़ि निज धनुष टँकारयो। बीस बाण बाहीकहि मारयो।—गोपाल।

टंकारी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक पेड़ जिसकी पत्तियाँ लंबोतरी होती हैं। फूल के भेद से इसकी कई जातियाँ हैं। किसी में लाल फूल लगते हैं, किसी में गुलाबी और किसी में सफ़ेद। फूल गुच्छों में लगते हैं जिनके झड़ने पर छोटे छोटे फलों के गुच्छे लगते हैं। यह चुप जंगलों में बहुत होता है। वैद्यक में इसका स्वाद कटु और गुण वात-कफ का नाशक और अग्निदीपक लिखा है। टंकारी उदर रोग और विसर्प रोग में भी दी जाती है।

टंकिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] पत्थर काटने का औजार। टाँकी। छेनी। उ०—सुतरु सुजन बन ऊख सम खल टंकिका रुखान। पर हित अनहित लागि सब साँसति सहत समान। —तुलसी।

टंकी—संज्ञा स्त्री० [?] श्री राग की एक रागिनी।

संज्ञा स्त्री० [सं० टंक = खड्ड वा गड्ढा] (१) दीवार उठा कर बनाया हुआ पानी भरने का छोटा सा कुंड। चौबच्चा। टाँका। (२) पानी भरने का बड़ा बरतन। टब।

टंकोर—संज्ञा पुं० दे० "टंकार"। उ०—प्रभु कीन्ह धनुष टँकोर प्रथम कठोर घोर भयावहा।—तुलसी।

टंकोरना—क्रि० [स० अनु०] (१) टंकारना। धनुष की रस्सी को खींच कर उससे शब्द उत्पन्न करना। (२) ठोकर लगाना। ठोकर मार कर शब्द उत्पन्न करना। (३) तर्जनी वा मध्यमा उँगली को कुंडली बना कर उसकी नोक को अँगूठे से दबा कर बलपूर्वक छोड़ना जिससे किसी वस्तु में जोर से टक्कर लगे।

टँकोरी—संज्ञा स्त्री० [सं० टंक] छोटा काँटा। सोना चाँदी आदि तौलने का छोटा तराजू। काँटा।

टंग—संज्ञा पुं० [स०] (१) टाँग। टँगड़ी। (२) कुल्हाड़ी। (३) कुदाल। परशु। फरसा। (४) सुहागा। (५) चार माशे की एक तौल।

टँगड़ी—संज्ञा स्त्री० [सं० टंग] टाँग। घुटने से ले कर एँड़ी तक का भाग।

मुहा०—टँगड़ी पर उड़ाना = लंग मार कर गिराना। कुश्ती में पैर से पैर फँसा कर गिराना। अड़ंगा मारना।

टंगण—संज्ञा पुं० [सं०] टंकण। सोहागा।

टँगना—क्रि० अ० [सं० टंकण वा टगण = जड़ा जाना] (१) किसी वस्तु का किसी ऊँचे आधार पर बहुत थोड़ा सा इस प्रकार अटकना या ठहरा रहना कि उसका प्रायः सब भाग उस आधार से नीचे की ओर गया हो। किसी वस्तु का दूसरी वस्तु से इस प्रकार बँधना या फँसना अथवा उस पर इस प्रकार टिकना या अटकना कि उसका (प्रथम वस्तु का) बहुत सा भाग नीचे की ओर लटकता रहे। लटकना। जैसे, (खूँटी पर) कपड़े टँगना, परदा टँगना, तसवीर टँगना।

विशेष—यदि किसी वस्तु का बहुत सा अंश आधार पर हो और थोड़ा सा अंश आधार के नीचे लटका हो तो उस वस्तु को टँगी हुई नहीं कहेंगे। 'टँगना' और 'लटकना' में यह अंतर है कि 'टँगना' क्रिया में वस्तु के फँसने, टिकने या अटकने का भाव प्रधान है और 'लटकना' में उसके बहुत से अंश का नीचे की ओर अधर में दूर तक जाने का भाव।

संयो० क्रि०—उठना।—जाना।

(२) फाँसी पर चढ़ना। फाँसी लटकना।

संयो० क्रि०—जाना।

संज्ञा पुं० (१) वह आड़ी बँधी हुई रस्सी जिस पर कपड़े आदि टाँगे या रखे जाते हैं। अलगनी। बिलगनी। (२) जुलाहों की वह रस्सी जिसमें उठौनी टाँगी जाती है।

टँगरी†संज्ञा स्त्री० दे० "टँगड़ी"।

टँगा—संज्ञा पुं० [देश०] मूँज।

टँगारी†—संज्ञा स्त्री० [स० टंग] कुल्हाड़ी। कुठार।

टंगिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] पाठा।

टंच ‡—वि० [सं० चड, हिं० चठ] (१) सूमड़ा। कंजूस। कृपण। (२) कठोर हृदय। निष्ठुर।

वि० [हिं० टिचन] तैयार। मुस्तैद।

टंट घंट—संज्ञा पुं० [अनु० टन टन + घंटा] पूजा पाठ का भारी आडंबर। घड़ी घंटा आदि बजा कर पूजा करने का भारी प्रपंच। मिथ्या आडंबर।

क्रि० प्र०—करना।—फैलना।

टंटा—संज्ञा पुं० [अनु० टन टन] (१) आडंबर। प्रपंच। बखेड़ा। खटराग। लंबी चौड़ी प्रक्रिया। उ०—इस दवा के बनाने में तो बड़ा टंटा है। (२) उपद्रव। हलचल। दंगा फसाद।

क्रि० प्र०—मचाना।

मुहा०—टंटा खड़ा करना = उपद्रव उठाना।

(३) झगड़ा। तकरार। लड़ाई। कलह।

यो०—झगड़ा टंटा।

टंडर—संज्ञा पुं० [अ० टेंडर] (१) वह काग़ज जिसके द्वारा कोई मनुष्य किसी दूसरे से कुछ काम करने या कोई माल किसी नियत दर पर बेचने या ख़रीदने का इक़रार करता है। (२) अदालत का वह आज्ञापत्र जिसके द्वारा कोई मनुष्य किसी के प्रति अपना देना अदालत में दाखिल करे।

टंडल—संज्ञा पुं० [अ० जनरल, हिं० जडैल] मजदूरों का मेट वा जमादार।

संज्ञा पुं० दे० "टंडर"।

टँड़िया—संज्ञा स्त्री० [सं० ताड़] बाँह में पहनने का एक गहना जो अनंत के आकार का, पर उससे भारी और बिना घुंडी का होता है। टाँड़। बहूँटा।

टँडुलिया–संज्ञा स्त्री० [देश०] बन-चौलाई जो कुछ काँटेदार होती है। यह साग और दवा दोनों के काम में आती है।

टंडैल–संज्ञा पुं० दे० "टंडल"।

टंसरी–संज्ञा स्त्री० [?] एक वीणा।

टँसहा†–संज्ञा पुं० [हिं० टाँस + हा] वह बैल जो नसों के सिकुड़ जाने से लँगड़ा हो गया हो।

ट–संज्ञा पुं० [सं०] (१) नारियल का खोपड़ा। (२) वामन। (३) चौथाई भाग। (४) शब्द।

टई*–संज्ञा स्त्री० दे० "टही"।

टक–संज्ञा स्त्री० [स० टक = बाँधना वा सं० त्राटक] (१) स्थिर दृष्टि। ऐसा ताकना जिसमें बड़ी देर तक पलक न गिरे। किसी ओर लगी या बँधी हुई दृष्टि। गड़ी हुई नजर।

क्रि० प्र०—लगना।—लगाना।

मुहा०—टक बाँधना = स्थिर दृष्टि होना। टक बँधना = किसी ओर स्थिर दृष्टि से देखना। टक टक देखना = बिना पलक गिराए लगातार कुछ काल तक देखते रहना। टक लगाना = आसरा देखते रहना। प्रतीक्षा में रहना।

(२) लकड़ी आदि भारी बोझों को तौलनेवाले बड़े तराजू का चौखूँटा पलड़ा।

टकटका *†–संज्ञा पुं० [हिं० टक वा सं० त्राटक] [स्त्री० टकटकी] स्थिर दृष्टि। टकटकी। उ०—सुनि सो बात राजा मन जागा। पलक न मार टकटका लागा।—जायसी।

वि० स्थिर वा बँधी हुई (दृष्टि)। उ०—रूगासक्त चकोर कवक करि पावक को खात कन। रामचंद्र को रूप निहारत साधि टकटका तकन।—देव स्वामी।

टकटकाना†–क्रि० स० [हिं० टक] (१) एकटक ताकना। स्थिर दृष्टि से देखना। उ०—टकटकै मुख झुकी नैनहीं नागरी, उरहनो देत रुचि अधिक बाढ़ी।—सूर। (२) टकटक शब्द उत्पन्न करना।

टकटकी–संज्ञा स्त्री० [हिं० टक वा स० त्राटकी] स्थिर दृष्टि। ऐसी तकाई जिसमें बड़ी देर तक पलक न गिरे। अनिमेष दृष्टि। गड़ी हुई नजर।

क्रि० प्र०—लगना।—लगाना।

मुहा०—टकटकी बँधना = स्थिर दृष्टि होना। टकटकी बाँधना = स्थिर दृष्टि से देखना। ऐसा ताकना जिसमें कुछ काल तक पलक न गिरे।

टकटोना–क्रि० स० दे० "टकटोलना"। उ०—पुनि पीवत ही कच टकटोवै झूठे जननि रहै।—सूर।

टकटोरना†–क्रि० स० [सं० त्वक् = चमड़ा + तोलन = अंदाज करना] (१) टटोलना। हाथ से छू कर पता लगाना या जाँचना। स्पर्श द्वारा अनुसंधान या परीक्षा करना। उ०—(क) सूर एकहूँ अंगन काँची मैं देखी टकटोरि।—सूर। (ख) नहिं सगुन पायेउ एक मिसु करि एक धनु देखन गए। टकटोरि कपि ज्यों नारियरु सिर नाइ सब बैठत भए।—तुलसी। (२) तलाश करना। ढूँढ़ना। खोजना। उ०—मोहि न पत्याहु तो टकटोरि देखा पन दै।—स्वामी हरिदास

टकटोलना–क्रि० स० [सं० त्वक् = चमड़ा + तोलन = अंदाज करना] टटोलना। हाथ से छू कर पता लगाना या जाँचना।

टकटोहन–संज्ञा पुं० [हिं० टकटोना] टटोल कर देखने की क्रिया। स्पर्श। उ०—श्याम श्यामा मन रिझवत पीन कुचन टक-टोहन।—सूर।

टकटोहना*–क्रि० स० दे० "टकटोलना"। उ०—या बानक उपमा दीबे को सुकवि कहा टकटोहै। देखन अंग थके मन में शशि कोटि मदन छवि मोहै।—सूर।

टकतंत्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] सितार के ढंग का एक प्राचीन बाजा।

टकना†–संज्ञा पुं० [स० टक = टाँग] घुटना।

क्रि० अ० दे० "टँकना"।

टकबीड़ा–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की भेंट जो किसानों की ओर से विवाहादि के अवसर पर ज़मीदारों को दी जाती है। मधवच। शादिया।

टकराना–क्रि० अ० [हिं० टक्कर] (१) एक वस्तु का दूसरी वस्तु से इस प्रकार वेग के साथ सहसा मिलना वा छू जाना कि दोनों पर गहरा आघात पहुँचे। ज़ोर से भिड़ना। धक्का या ठोकर लेना। जैसे (क) चट्टान से टकरा कर नाव चूर चूर हो गई। (ख) अँधेरे में उसका सिर दीवार से टकरा गया।

संयो० क्रि०—जाना।

(२) इधर से उधर मारा मारा फिरना। डाँवाडोल घूमना। कार्य्यसिद्धि की आशा से कई स्थानों पर कई बार आना जाना। घूमना। जैसे, उसका घर मालूम नहीं, मैं कहाँ टक-राता फिरूँगा? उ०—जँह तँह फिरत स्वान की नाईं द्वार द्वार टकरात।—सूर।

मुहा०—टकराते फिरना = मारे मारे फिरना। हैरान घूमना।

क्रि० स० एक वस्तु को दूसरी वस्तु पर जोर से मारना। जोर से भिड़ाना। पटकना।

मुहा०—माथा टकराना = (१) दूसरे के पैर के पास सिर पटक कर विनती करना। अत्यंत अनुनय विनय करना। (२) घोर प्रयत्न करना। सिर मारना। हैरान होना।

टकरी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक पेड़ का नाम।

टकसरा–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बाँस जो आसाम, चटगाँव और बर्मा में होता है। इससे अनेक प्रकार के सजावट के सामान बनते हैं।

टकसार†–संज्ञा स्त्री० दे० "टकसाल"।

टकसाल—संज्ञा स्त्री० [सं० टंकशाला] (१) वह स्थान जहाँ सिक्के बनाए या ढाले जाते हैं। रुपए, पैसे आदि बनने का कार्य्यालय। उ०—पारस रूपी जीव है लोह रूप संसार। पारस ते पारस भया परख भया टकसार।—कबीर।

मुहा०—टकसाल का खोटा = नीच। दुष्ट। कमीना। कम-असल। अशिष्ट। **टकसाल चढ़ना** = (१) टकसाल में परखा जाना। सिक्के या धातु-खंड की परीक्षा होना। (२) किसी विद्या या कला-कौशल में दक्ष माना जाना। पारंगत माना जाना। (३) चुगाई में अभ्यस्त होना। कुकर्म या दुष्टता में परिपक्व होना। बदमाशी में पक्का होना। निर्लज्ज होना। **टकसाल बाहर** = (१) (सिक्का) जो राज्य की टकसाल का न होने के कारण प्रामाणिक न माना जाय। जो प्रचार में न हो। जिसका चलन न हो। (२) (वाक्य या शब्द) जो प्रामाणिक न माना जाय। जिसका प्रयोग शिष्ट न माना जाय। (२) जाँची या प्रामाणिक वस्तु। असल चीज़। निर्दोष वस्तु। उ०—नष्ट को यह राज है न फरक बरतै द्वैक। सार शब्द टकसार है हिरदय माहि विवेक।—कबीर।

टकसाली—वि० [हिं० टकसाल] (१) टकसाल का। टकसाल संबंधी। (२) जो टकसाल का बना हो। खरा। चोखा। जैसे, टकसाली रुपया। (३) सर्व-सम्मत। अधिकारियों या विज्ञों द्वारा अनुमोदित। माना हुआ। जैसे, टकसाली भाषा। (४) जाँचा हुआ। पक्का। प्रामाणिक। परीक्षित। जैसे, टकसाली बात।

मुहा०—टकसाली बात = जाँची तुली बात। पक्की बात। ठीक बात। ऐसी बात जो अन्यथा न हो। **टकसाली बोली** = सर्वसम्मत भाषा। विज्ञों द्वारा अनुमोदित भाषा। शिष्ट भाषा। ऐसी भाषा जिसमें ग्राम्य आदि दोष न हों।

संज्ञा पुं० टकसाल का अधिकारी। टकसाल का अध्यक्ष।

टकहाई—वि० स्त्री० [हिं० टका] जो टके टके पर व्यभिचार कराती हो। जो वेश्याओं में नीच हो। जैसे, टकहाई रंडी।

टका—संज्ञा पुं० [सं० टंक] (१) चाँदी का एक पुराना सिक्का। रुपया। उ०—(क) रतन सेन हीरा मन चीन्हा। लाख टका बाम्हन कँह दीन्हा।—जायसी। (ख) लाख टका अरु झूमक सारी दे दाई को नेग।—सूर। (२) ताँबे का एक सिक्का जो दो पैसों के बराबर होता हैं। अधला। दो पैसे। जैसे, अंधेर नगरी चौपट राजा। टके सेर भाजी, टके सेर खाजा।

मुहा०—टका पास न होना = निर्धन होना। दरिद्र होना। **टका सा जवाब देना** = (१) खट से जवाब देना। तुरंत अस्वीकार करना। किसी की प्रार्थना, याचना, अनुरोध, या आज्ञा को तुरंत अस्वीकार करना। साफ इनकार करना। कोरा जवाब देना। जैसे, मैंने दो दिन के लिये इनसे घोड़ा माँगा, इन्होंने टका सा जवाब दे दिया। (२) साफ जवाब देना कि मैंने यह काम नहीं किया है या मैं इस बात को नहीं जानता। साफ निकल जाना। कानों पर हाथ रखना। **टका सा मुँह ले कर रह जाना** = छोटा सा मुँह ले कर रह जाना। लज्जित हो जाना। खिसिया जाना। **टका सी जान** = अकेला दम। एकाकी जीव। (स्त्रि०)। **टके गज की चाल** = मोटी चाल। किफायत से निर्वाह। थोड़े खर्च में निर्वाह। † **टके गिनना** = हुक्के का गुड़गुड़ बोलना। (३) धन। द्रव्य। रुपया पैसा। जैसे, जब टका पास में रहेगा तब सब सुनेंगे। (४) तीन तोले की तौल। दो बालाशाही पैसे भर की तौल। आधी छटाँक का मान। (वैद्यक)

मुहा०—टका भर = (१) तीन तोले का परिमाण। (२) थोड़ा सा। जरा सा।

(५) गढ़वाल की एक तौल जो सवा सेर के बराबर होती है।

टकाई—वि० स्त्री० दे० "टकाही" "टकहाई"।

संज्ञा स्त्री० दे० "टकासी"।

टका टकी†—संज्ञा स्त्री० दे० "टकटकी"।

टका तोप—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की तोप जो जहाजों पर रहती है। (लश०)।

टकाना—क्रि० स० दे० "टँकाना"।

टकानी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० टँकना] बैल गाड़ी का जूआ।

टकासी—संज्ञा स्त्री० [हिं०] (१) टके रुपए का ब्याज। दो पैसे रुपए का सूद। (२) वह कर या चंदा जो प्रति मनुष्य से एक एक टके के हिसाब से लिया जाय।

टकाही—वि० स्त्री० [हिं० टका] दे० "टकहाई"।

संज्ञा स्त्री० दे० "टकासी"।

टकी†—संज्ञा स्त्री० दे० "टकटकी"।

टकुआ—संज्ञा पुं० [सं० तर्कुक, प्रा० तक्कुअ] (१) एक प्रकार का सूआ जो चरखे में लगा रहता है और जिस पर सूत काता और लपेटा जाता है। तकला। (२) बिनौला निकालने की चरखी में लोहे का एक पुरजा। (३) छोटे तराजू या काँटे के पलड़ों में बँधा हुआ तागा।

टकुली—संज्ञा स्त्री० [देश०] चपोट सिरीस। पत्ती झाड़नेवाला एक पेड़ जो हिमालय की तराई में होता है।

संज्ञा स्त्री० [सं० टंक] (१) टाँकी। पत्थर काटने का औजार। (२) पेचकश की तरह का लोहे का एक औजार जो नक्काशी बनाने के काम में आता है।

टकूचना—क्रि० स० [?] खाना। (दलाल)

टकैट—वि० दे० "टकैत"।

टकैत वि० [हिं० टका + ऐत (प्रत्य०)] टकेवाला। रुपए पैसेवाला। धनी।

टकोर–संज्ञा स्त्री० [सं० टंकार] (१) हलकी चोट। प्रहार। आघात। ठेस। थपेड़।

क्रि० प्र०—देना।

(२) डंके की चोट। नगाड़े पर का आघात। (३) डंके का शब्द। नगाड़े की आवाज़। (४) धनुष की डोरी खींचने का शब्द। टंकार। (५) दवा भरी हुई गरम पोटली को किसी अंग पर रह रह कर छुलाने की क्रिया। सेंक। (६) दाँतों की वह टीस जो किसी खट्टी वस्तु के खाने से होती है। चमक। दाँतों के गुठले होने का भाव।

क्रि० प्र०—लगना।

(७) झाल। परपराहट। उ०—कबहूँ कौर खात मिरचन की लागी दसन टकोर।—सूर।

क्रि० प्र०—लगना।

टकोरना–क्रि० स० [हिं० टकोर] (१) ठोकर लगाना। हलका आघात पहुँचाना। ठेस वा थपेड़ मारना। (२) डंके आदि पर चोट लगाना। बजाना। (३) दवा भरी हुई गरम पोटली को किसी अंग पर रह रह कर छुलाना। सेंकना। सेंक करना।

टकोरा–संज्ञा पु० [स० टंकार] डंके की चोट। नौबत की आवाज़।

टकौना†–संज्ञा पु० दे० "टका"।

टकौरी–संज्ञा स्त्री० [सं० टंक] (१) सोना आदि तौलने का छोटा तराजू। छोटा काँटा। (२) दे० "टकासी"।

टक्क देश–संज्ञा पुं० [सं०] चनाब और व्यास के बीच के प्रदेश का प्राचीन नाम।

विशेष—राजतरंगिणी में टक्क देश को गुर्जर (गुजरात) राज्य के अंतर्गत लिखा है। टक्क जाति किसी समय में अत्यंत प्रतापशालिनी थी और सारे पंजाब में राज्य करती थी। चीनी यात्री हुएन्सांग ने टक्क राज्य तथा उसके अधिपति मिहिरकुल का उल्लेख किया है। मिहिरकुल का हूण होना इतिहासों में प्रसिद्ध है। ये हूण पंजाब और राजपूताने में बस गए थे। यशोधर्म्मन् द्वारा मिहिरकुल के पराजित होने (५२८ ईसवी) के ७८ वर्ष पीछे हर्षवर्द्धन राजसिंहासन पर बैठे थे जिनके राजत्व काल में हुएन्सांग आया था। टक्क शायद हूण जाति की ही कोई शाखा रही हो।

टक्कदेशीय–वि० [सं०] टक्क देश का। टक्क देश में उत्पन्न।
संज्ञा पु० बथुआ नाम का साग।

टक्कर–संज्ञा स्त्री० [अनु० ठक] (१) वह आघात जो दो वस्तुओं के वेग के साथ एक दूसरे से मिलने वा छू जाने से लगता है। दो वस्तुओं के भिड़ने का धक्का। ठोकर।

क्रि० प्र०—लगना।

मुहा०—टक्कर खाना = (१) किसी कड़ी वस्तु के साथ इतने वेग से भिड़ना या छू जाना कि गहरा आघात पहुँचे। जैसे, चट्टान से टक्कर खा कर नाव चूर चूर हो गई। (२) मारा मारा फिरना। कार्य साधन के लिये इधर से उधर फिरना। जैसे, नौकरी छूट जाने से वह इधर उधर टक्करें खाता फिरता है। (२) मुक़ाबिला। मुठभेड़। भिड़ंत। लड़ाई। जैसे, दिन भर में दोनों की एक टक्कर हो जाती है।

मुहा०—टक्कर का = जोड़ का। मुकाबिले का। बराबरी का। समान। तुल्य। जैसे, उनकी टक्कर का विद्वान् यहाँ कोई नहीं है। टक्कर खाना = (१) मुकाबिला करना। सम्मुख होना। लड़ना। भिड़ना। (२) मुकाबिले का होना। समान होना। तुल्य होना। उ०—इस टोपी का काम सच्चे काम से टक्कर खाता है। टक्कर लेना = वार सहना। चोट सहारना। मुकाबिला करना। लड़ना। भिड़ना। पहाड़ से टक्कर लेना = बड़े भारी शत्रु से भिड़ना। अपने से अधिक सामर्थ्यवाले शत्रु से लड़ना। (३) जोर से सिर मारने का धक्का। किसी कड़ी वस्तु पर माथा मारने या पटकने का आघात।

क्रि० प्र०—लगाना।

मुहा०—टक्कर मारना = (१) आघात पहुँचाने के लिये जोर से सिर मारना या पटकना। सिर से धक्का लगाना। (२) माथा मारना। हैरान होना। घोर परिश्रम और उद्योग करना। ऐसा प्रयत्न करना जिसका फल शीघ्र दिखाई न दे। उ०—लाख टक्कर मारो अब वह तुम्हारे हाथ नहीं आता। टक्कर लड़ना = दूसरे के सिर पर सिर मार कर लड़ना। माथे से माथा भिड़ाना। जैसे, दोनों मेढ़े खूब टक्कर लड़ रहे हैं। टक्कर लड़ाना = सिर से धक्का मारना।

(४) घाटा। हानि। नुकसान। धक्का। जैसे, १०) की टक्कर बैठे बैठाए लग गई।

क्रि० प्र०—लगना।

मुहा०—टक्कर झेलना = (१) हानि उठाना। नुकसान सहना। (२) संकट या आपत्ति सहना।

टखना–संज्ञा पु० [सं० टंक = टाँग] एड़ी के ऊपर निकली हुई हड्डी की गाँठ। गुल्फ। पादग्रंथि। पैर का गट्टा।

टगटगाना†–क्रि० स० दे० "टकटकाना"।

टगण–संज्ञा पु० [स०] मात्रिक गणों में से एक। यह छः मात्राओं का होता है और इसके १३ उपभेद हैं जैसे, ऽऽऽ, ।ऽऽ, इत्यादि।

टगर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) टंकण। सोहागा। (२) विलास। क्रीड़ा। (३) तगर का पेड़।

टगरगोड़ा–संज्ञा पुं० [?] लड़कों का एक खेल जिसमें कुछ कौड़ियाँ चित्त करके जमा देते हैं फिर एक कौड़ी से उन्हें मारते हैं।

टगरा†–वि० [सं० टंक] ऐंचा ताना। भेंगा।

टघरना†–क्रि० अ० [स० तप = गरम करना + गरण = पिघलाना] (१) पिघलना। घी, चरबी, मोम आदि का आँच खाकर द्रव होना।

संयो० क्रि०—जाना।

(२) हृदय का द्रवीभूत होना। चित्त में दया आदि उत्पन्न होना। हृदय पर किसी की प्रार्थना या कष्ट आदि का प्रभाव पड़ना।

संयो० क्रि०—जाना।

टघराना–क्रि० स० [हिं० टघरना] पिघलाना। घी, मोम, चरबी आदि को आँच पर रख कर द्रव करना।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

टचटच–क्रि० वि० [हिं० टचना = जलना] धाँय धाँय। धक धक (आग की लपट का शब्द)। उ०—टच टच तुम बिनु आगि मोहिं लागी। पाँचों दाध विरह मोहिं जागी।—जायसी।

टचनी–संज्ञा स्त्री० [स० टंक] लोहे का एक औजार जिससे कसेरे बरतनों पर नक्काशी करते हैं।

टटका†–वि० [स० तत्काल] [स्त्री० टटकी] (१) तत्काल का। तुरंत का प्रस्तुत या उपस्थित। ताज़ा। जिसको वर्त्तमान रूप में आए बहुत देर न हुई हो। हाल का। उ०—(क) मेटे क्यों हू न मिटति छाप परी टटकी।—सूर। (ख) मनिहार गरे सुकुमार घरे नट भेस अरे पिय को टटको।—रसखान।

(२) नया। कोरा।

टटड़ी†–संज्ञा स्त्री० [पंजाबी] (१) खोपड़ी। (२) दे० "ठठरी"। (३) दे० "टट्टी"।

टटरी†–संज्ञा स्त्री० दे० "टट्टी"।

टटाना†–क्रि० अ० [हिं० ठाँठ] सूख जाना।

टटलष टलाँ†–वि० [अनु०] अटसट। अंडबंड। ऊटपटाँग। उ०—टटल बटल बोल पाटल कपोल देव दीपति पटल मैं अटल ह्वै कै अटकी।—देव।

टटाघली–संज्ञा स्त्री० [सं० टिट्टिभावलि] टिटिहरी नाम की चिड़िया। कुररी।

टटिया–संज्ञा स्त्री० दे० "टट्टी"।

टटियाना–क्रि० अ० [हिं० ठाँठ] सूख जाना। सूख कर अकड़ जाना।

टटीहा–संज्ञा पुं० [अनु०] घिरनी। चक्कर। उ०—खैंचूँ तो आवै नहीं जो छोड़ूँ तो जाय। कबीर मन पूछ रे प्रान टटीहा खाय।—कबीर।

क्रि० प्र०—खाना।

टटीरी–संज्ञा स्त्री० दे० "टिटिहरी"।

टटुआ–संज्ञा पुं० दे० "टट्टू"।

टटुई–संज्ञा स्त्री० [हिं० टट्टू] मादा टट्टू।

टटोना†–क्रि० स० दे० "टटोलना"।

टटोरना†–क्रि० स० दे० "टटोलना"। उ०—कबहूँ कमला चपला पाइ के टेढ़े टेढ़े जात। कबहुँक मग मग धूरि टटोरत भोजन को बिलखात।—सूर।

टटोल–संज्ञा स्त्री० [हिं० टटोलना] टटोलने का भाव। उँगलियों से छू या दबा कर मालूम करने का भाव या क्रिया। गूढ़ स्पर्श।

टटोलना–क्रि० स० [स० त्वक् + तोलन = अंदाज़ करना] (१) मालूम करने के लिये उँगलियों से छूना या दबाना। किसी वस्तु के तल की अवस्था अथवा उसकी कड़ाई आदि जानने के लिये उस पर उँगलियाँ फेरना या गड़ाना। गूढ़ स्पर्श करना। जैसे, ये आम पके हैं, टटोल कर देख लो।

संयो० क्रि०—लेना।—डालना।

(२) किसी वस्तु को पाने के लिये इधर उधर हाथ फेरना। ढूँढ़ने या पता लगाने के लिये इधर उधर हाथ रखना। जैसे, (क) अँधेरे में क्या टटोलते हो? रुपया गिरा होगा तो सबेरे मिल जायगा। (ख) वह अंधा टटोलता हुआ अपने घर तक पहुँच जायगा। (ग) घर के सब कोने टटोल डाले कहीं पुस्तक का पता न लगा।

संयो० क्रि०—डालना।

(३) किसी से कुछ बात चीत करके उसके विचार वा आशय का इस प्रकार पता लगाना कि उसे मालूम न हो। बातों ही बातों में किसी के हृदय के भाव का अंदाज़ लेना। थाह लेना। थहाना। जैसे, तुम भी उसे टटोलो कि वह कहाँ तक देने के लिये तैयार है।

मुहा०—मन टटोलना = हृदय के भाव का पता लगाना।

(४) जाँच या परीक्षा करना। परखना। आज़माना। जैसे, (क) हम उसे खूब टटोल चुके हैं, उसमें कुछ विशेष विद्या नहीं है। (ख) मैंने तो सिर्फ़ तुम्हें टटोलने के लिये रुपए माँगे थे, रुपए मेरे पास हैं।

टट्ठ†–संज्ञा पुं० दे० "टक्कर"।

टट्ठनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] छिपकली।

टट्टर–संज्ञा पुं० [सं० तट = ऊँचा किनारा वा स० स्थाता = जो खड़ा हो] बाँस की फट्टियों, सरकंडों आदि को परस्पर जोड़ कर बनाया हुआ ढाँचा जो ओट, रोक या रक्षा के लिये दरवाजे, बरामदे अथवा और किसी खुले स्थान में लगाया जाता है। बाँस की फट्टियों आदि का बना हुआ पल्ला जो परदे, किवाड़, छाजन आदि का काम दे। जैसे, कुत्ता टट्टर खोल कर झोंपड़े में घुस गया। उ०—टट्टर खोलो निखट्टू आए। (कहावत)

मुहा०—टट्टर देना या लगाना = टट्टर बंद करना।

टट्टरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) ढोल का शब्द। नगाड़े आदि का शब्द। (२) लंबी चौड़ी बात। (३) चुहलबाजी। ठट्ठा।

टट्टा—संज्ञा पुं० [सं० तट = ऊँचा किनारा वा सं० स्थाता = जो खड़ा हो] [स्त्री० टट्टी] (१) टट्टर। बड़ी टट्टी। बाँस की फट्टियों का परदा या पल्ला। (२) लकड़ी का पल्ला। बिना पुश्तवान का तख्ता। † (३) अंडकोश। (पंजाबी)

टट्टी—संज्ञा स्त्री० [सं० तटी = ऊँचा किनारा वा सं० स्थात्री = जो खड़ी हो] (१) बाँस की फट्टियों, सरकंडों आदि को परस्पर जोड़ कर बनाया हुआ ढाँचा जो आड़, रोक या रक्षा के लिये दरवाजे, बरामदे अथवा और किसी खुले स्थान में लगाया जाता है। बाँस की फट्टियों आदि का बना पल्ला जो परदे, किवाड़ या छाजन आदि का काम दे। जैसे, खस की टट्टी।

क्रि० प्र०—लगाना।

मुहा०—टट्टी की आड़ (या ओट) से शिकार खेलना = (१) किसी के विरुद्ध छिप कर कोई चाल चलना। किसी के विरुद्ध गुप्त रूप से कोई कार्रवाई करना। (२) छिपा कर बुरा काम करना। लोगों की दृष्टि बचा कर कोई अनुचित कार्य करना। टट्टी का शीशा = पतले दल का शीशा। टट्टी में छेद करना = बुराई करने में किसी प्रकार का परदा न रखना। प्रकट रूप से कुकर्म करना। खुल खेलना। निर्लज्ज हो जाना। लोक लज्जा छोड़ देना। टट्टी लगाना = (१) आड़ करना। परदा खड़ा करना। (२) किसी के सामने भीड़ लगाना। किसी के आगे इस प्रकार पंक्ति में खड़ा होना कि उसका सामना रुक जाय। जैसे, यहाँ क्या टट्टी लगा रक्खी है, क्या कोई तमाशा हो रहा है? धोखे की टट्टी = (१) वह टट्टी जिसकी आड़ में शिकारी शिकार पर वार करते हैं। (२) ऐसी वस्तु जिसे ऊपर से देखने से उसमें होनेवाली बुराई का पता न चले। ऐसी वस्तु या बात जिसके कारण लोग धोखा खा कर हानि उठावें। जैसे, उसकी दूकान वगैरः सब धोखे की टट्टी है, उसे भूल कर भी रुपया न देना। (३) ऐसी वस्तु जो ऊपर से देखने में सुंदर जान पड़े पर काम देनेवाली न हो। चटपट टूट या बिगड़ जानेवाली वस्तु। काजू भोजू चीज।

(२) चिक। चिलमन। (३) पतली दीवार जो परदे के लिये खड़ी की जाती है। (४) पाखाना।

क्रि० प्र०—जाना।

(५) फुलवारी का तख्ता जो बारातों में निकलता है। (६) बाँस की फट्टियों आदि की बनी वह दीवार और छाजन जिस पर अंगूर आदि की बेलें चढ़ाई जाती हैं।

टट्टर—संज्ञा पुं० [सं०] भेरी का शब्द।

टट्टू—संज्ञा पुं० [अनु०] [वि० टटुआनी, टट्टुई] (१) छोटे कद का घोड़ा। टाँगन।

मुहा०—टट्टू पार होना = बेड़ा पार होना। काम निकल जाना। प्रयोजन सिद्ध हो जाना। भाड़े का टट्टू = रुपया ले कर दूसरे की ओर से कोई काम करनेवाला।

(२) लिंगेंद्रिय। (बाजारू)

मुहा०—टट्टू भड़कना = कामोद्दीपन होना।

टठिया—संज्ञा स्त्री० दे० "ठाठी"।

संज्ञा स्त्री० एक प्रकार की भाँग।

टड़िया—संज्ञा स्त्री० [सं० तड़] बाँह में पहनने का एक गहना जो अनंत के आकार का पर उससे मोटा और बिना घुंडी का होता है। टांड़।

टण—संज्ञा पुं० दे० "टना"।

टन—संज्ञा स्त्री० [अनु०] घंटा बजने का शब्द। किसी धातु-खंड पर आघात पड़ने से उत्पन्न ध्वनि। टनकार। झनकार। जैसे, टन से घंटा बोला।

विशेष—'खट' 'पट' आदि शब्दों के समान इस शब्द का प्रयोग भी अधिकतर 'से' विभक्ति के साथ क्रि० वि० वत् ही होता है अतः इसका लिंग उतना निश्चित नहीं है।

मुहा०—टन हो जाना = चटपट मर जाना।

संज्ञा पुं० [अं०] एक अंगरेजी तौल जो अट्ठाईस मन के लगभग होती है।

टनकना—क्रि० अ० [अनु० टन] (१) टन टन बजना। (२) धूप या गरमी लगने के कारण सिर में दर्द होना। रह रह कर आघात पड़ने की सी पीड़ा देना। जैसे, माथा टन कना।

टनटन—संज्ञा स्त्री० [अनु०] घंटा बजने का शब्द।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

टनटनाना—क्रि० स० [हिं० टनटन] घंटा बजाना। किसी धातु-खंड पर आघात कर के उस में से 'टन टन' शब्द निकालना।

क्रि० अ० टनटन बजना।

टनमन—संज्ञा पुं० [स० तंत्र मंत्र] तंत्र मंत्र। टोना। जादू।

वि० दे० "टनमना"।

टनमना—वि० [स० तन्मनस्] जो सुस्त न हो। जिसकी चेष्टा मंद न हो। जिसकी तबीयत हरी हो। जो शिथिल न हो। स्वस्थ। चंगा। 'अनमना' का उलटा।

टना—संज्ञा पुं० [स० तुंड] [स्त्री० अल्प० टनी] (१) स्त्रियों की योनि में वह निकला हुआ मांस का टुकड़ा जो दोनों किनारों के बीच में होता है। (२) योनि। भग।

टनाका †—संज्ञा पुं० [अनु० टन] घंटा बजने का शब्द।

वि० बहुत कड़ा (घाम)। माथा टनकनेवाला (घाम)।

टनाटन—संज्ञा स्त्री० [अनु०] लगातार घंटा बजने का शब्द।

टनी—संज्ञा स्त्री० दे० "टना"।

टनेल—संज्ञा स्त्री० [अं०] सुरंग खोद कर बनाया हुआ मार्ग। ऐसा रास्ता जो जमीन या किसी पहाड़ आदि के नीचे हो कर गया हो।

टप—संज्ञा स्त्री० [हिं० टोप, तोप = आच्छादन, जैसे, घटाटोप] (१) जोड़ी, फिटन, टमटम या इसी प्रकार की और खुली गाड़ियों का ओहार या सायबान जो इच्छानुसार चढ़ाया या गिराया जा सकता है। कलंदरा। (२) लटकानेवाले लंप के ऊपर की छतरी।

संज्ञा पु० [अं० टब] नाँद के आकार का पानी रखने का खुला बरतन। टाँका।

संज्ञा पुं० [अं० ट्यूब] जहाज़ों की गति का पता लगाने का एक औजार। (लश०)

संज्ञा पुं० [हिं० ठप्पा] एक औजार जिससे डिबरी का पेच घुमावदार बनाया जाता है।

संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) बूँद बूँद टपकने का शब्द। उ०—(क) परत श्रम बूँद टप टपकि आनन बाल भई बेहाल रति मोह भारी।—सूर। (ख) प्यारी बिनु कटत न कारी रैन। टप टप टपकत दुख भरे नैन।—हरिश्चंद्र।

यौ०—टप टप।

(२) किसी वस्तु के एक बारगी ऊपर से गिर पड़ने का शब्द। जैसे, आम टप से टपक पड़ा।

यौ०—टप टप।

मुहा०—टप से = चट से। झट से। बड़ी जल्दी। जैसे, (क) बिल्ली ने टप से जूहे को पकड़ लिया। (ख) टप से आओ।

विशेष—खट, पट आदि और अनुकरण शब्दों के समान इसका प्रयोग भी अधिकतर 'से' विभक्ति के साथ क्रि० वि० वत् ही होता है अतः इसका लिंग उतना निश्चित नहीं है।

टपक—संज्ञा स्त्री [हिं० टपकना] (१) टपकने का भाव। (२) बूँद बूँद गिरने का शब्द। (३) रुक रुक कर होनेवाला दर्द। ठहर ठहर कर उठनेवाली पीड़ा। जैसे, फोड़े की टपक।

टपकना—क्रि० अ० [अनु० टप टप] (१) बूँद बूँद गिरना। किसी द्रव पदार्थ का बिंदु के रूप में ऊपर से थोड़ा थोड़ा पड़ना। चूना। रसना। जैसे, घड़े से पानी टपकना, छत टपकना। (इस क्रिया का प्रयोग जो वस्तु गिरती है तथा जिस वस्तु में से कोई वस्तु गिरती है दोनों के लिये होता है)। जैसे, उ०—टप टप टपकत दुख भरे नैन।—हरिश्चंद्र।)

संयो० क्रि०—जाना।—पड़ना।

(२) फल का पक कर आपसे आप पेड़ से गिरना। जैसे, आम टपकना, महुआ टपकना।

संयो० क्रि०—पड़ना।

(३) किसी वस्तु का ऊपर से एक बारगी सीध में गिरना। ऊपर से सहसा पतित होना। टूट पड़ना।

संयो० क्रि०—पड़ना।

मुहा०—टपक पड़ना = एक बारगी आ पहुँचना। अकस्मात् आ कर उपस्थित होना। जैसे, हैं, तुम बीच में कहाँ से टपक पड़े। आ टपकना = दे० "टपक पड़ना"।

(४) किसी भाव का बहुत अधिक आभास पाया जाना। अधिकता से कोई भाव प्रकट होना। लक्षण, शब्द चेष्टा वा रूप रंग से कोई भाव व्यंजित होना। जाहिर होना। झलकना। जैसे, (क) उसके चेहरे से उदासी टपक रही थी। (ख) महल्ले में चारों ओर उदासी टपकती है। (ग) उसकी बातों से बदमाशी टपकती है।

संयो० क्रि०—पड़ना। जैसे, उसके अंग अंग से यौवन, टपका पड़ता है।

(५) (चित्त का) तुरंत प्रवृत्त होना। (हृदय का) झट आकर्षित होना। ढल पड़ना। फिसलना। लुभा जाना। मोहित हो जाना।

संयो० क्रि०—पड़ना।

(६) स्त्री का संभोग की ओर प्रवृत्त होना। ढल पड़ना। (बाजारू)

संयो० क्रि०—पड़ना।

(७) घाव, फोड़े आदि का मवाद आने के कारण रह रह कर दर्द करना। चिलकना। टीस मारना। टीसना। (८) फोड़े का पक कर बहना।

संयो० क्रि०—पड़ना।

(९) लड़ाई में घायल हो कर गिरना।

संयो० क्रि०—पड़ना।

टपका—संज्ञा पुं० [हिं० टपकना] (१) बूँद बूँद गिरने का भाव।

यौ०—टपका टपकी।

(२) वह जो बूँद बूँद कर के गिरा हो। टपकी हुई वस्तु। रसाव। (३) पक कर आपसे आप गिरा हुआ फल। (४) रह रह कर उठनेवाला दर्द। टीस। (५) चौपायों के खुर का एक रोग। खुरपका।

टपका टपकी—संज्ञा स्त्री० [हिं० टपकना] (१) बूँदा बूँदी। (मेह की) हलकी झड़ी। फुहार। फुही। (२) फलों का लगातार एक एक कर के गिरना। (३) किसी वस्तु को लेने के लिये आदमियों का एक पर एक टूटना। (४) एक के पीछे दूसरे की मृत्यु। एक एक कर के बहुत से आदमियों की मृत्यु। (जैसे हैजे आदि में होती है)

क्रि० प्र०—लगना।

वि० इक्का दुक्की। भूला भटका। एक आध। बहुत कम। कोई कोई।

टपकाना—क्रि० स० [हिं०] (१) बूँद बूँद गिराना। चुआना। (२) अरक उतारना। भबके से अर्क खींचना। चुआना। जैसे, शराब टपकाना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

टपकाव–संज्ञा पुं० [हिं० टपकना] टपकाने का भाव ।

टपना–क्रि० अ० [हिं० तपना] (१) बिना कुछ खाए पिए पड़ा रहना । बिना दाना पानी के समय काटना । जैसे, सवेरे से पड़े टप रहे हैं, कोई पानी पीने को भी नहीं पूछता । (२) बिना किसी कार्य्यसिद्धि के बैठा रहना । व्यर्थ आसरे में बैठा रहना । (दलाल)

विशेष—दे० "टापना" ।

†क्रि० अ० [हिं० टाप] (१) कूदना । उछलना । उचकना । फाँदना । (२) जोड़ा खाना । प्रसंग करना ।

क्रि० स० [हिं० तोपना] ढाकना । आच्छादित करना ।

टपनामा–संज्ञा पुं० [हिं० टिप्पन] जहाज पर का वह रजिस्टर जिसमें समुद्र-यात्रा के समय तूफान गर्मी आदि का लेखा रहता है । (लश०) ।

टपमाल–संज्ञा पुं० [अं० टापमाल] एक बड़ा भारी लोहे का घन जो जहाजों पर काम आता है ।

टपरा†–संज्ञा पुं० [हिं० तोपना] [स्त्री० टपरी, टपरिया] (१) छप्पर । छाजन । (२) झोपड़ा ।

संज्ञा पुं० [हिं० टप्पा] छोटे छोटे खेतों का विभाग ।

टपाटप–क्रि० वि० [अनु० टप टप] (१) लगातार टप टप शब्द के साथ (गिरना) । बराबर बूँद बूँद कर के (गिरना) । उ०—छाते पर से टपाटप पानी गिर रहा है । (२) झट झट । जल्दी जल्दी । एक एक कर के शीघ्रता से । उ०—बिल्ली चूहों को टपाटप ले रही है ।

टपाना–क्रि० स० [हिं० तपाना] (१) बिना दाना पानी के रखना । बिना खिलाए पिलाए पड़ा रहने देना । (२) व्यर्थ आसरे में रखना । निष्प्रयोजन बैठाए रखना । व्यर्थ हैरान करना ।

क्रि० स० [हिं० टाप] कुदाना । फँदाना ।

टप्पर†–संज्ञा पुं० [हिं० तोपना] छप्पर । छाजन ।

मुहा०—टप्पर उलटना = दे० "टाट उलटना" ।

टप्पा–संज्ञा पुं० [स० स्थापन, हिं० थाप, टाप] (१) किसी सामने फेंकी हुई वस्तु का जाते हुए बीच बीच में भूमि का स्पर्श । उछल उछल कर जाती हुई वस्तु का बीच बीच में टिकान । जैसे, गेंद कई टप्पे खाता हुआ गया है ।

मुहा०—टप्पा खाना = किसी फेंकी हुई वस्तु का बीच में गिर कर जमीन से छू जाना और फिर उछल कर आगे बढ़ना ।

(२) उतनी दूरी जितनी दूरी पर कोई फेंकी हुई वस्तु जा कर पड़े । किसी फेंकी हुई चीज की पहुँच का फासला । जैसे, गोली का टप्पा । (३) उछाल । कूद । फाँद । फलाँग ।

मुहा०—टप्पा देना = लंबे लंबे डग बढ़ाना । कूदना ।

(४) नियत दूरी । मुकर्रर फासला । (५) दो स्थानों के बीच में पड़नेवाला मैदान । जैसे, इन दोनों गावों के बीच में बड़ा भारी बालू का टप्पा पड़ता है । (६) छोटा भूविभाग । जमीन का छोटा हिस्सा । परगने का हिस्सा । (७) अंतर । बीच । फर्क । उ०—पीपर सूना फूल बिन फल बिन सूना राय । एका एकी मानुषा टप्पा दीया आय ।—कबीर ।

मुहा०—टप्पा देना = अंतर डालना । फर्क डालना ।

(८) दूर दूर की भद्दी सिलाई । मोटी सीवन । (स्त्रि०)

मुहा०—टप्पे डालना, भरना, मारना = दूर दूर बखिया करना । मोटी और भद्दी सिलाई करना । लंगर डालना ।

(९) पालकी ले जानेवाले कहारों की ठिकान जहाँ कहार बदले जाते हैं । पालकीवालों की चौकी या डाक । † (१०) डाकखाना । पोष्ट आफिस । (११) पाल के जोर से चलनेवाला बेड़ा । (१२) एक प्रकार का चलता गाना जो पंजाब से चला है । † (१३) एक प्रकार का ठेका जो तिलवाड़ा ताल पर बजाया जाता है । (१४) एक प्रकार का हुक या काँटा ।

टब–संज्ञा पुं० [अं०] पानी रखने के लिये नाँद के आकार का एक खुला बरतन ।

संज्ञा पुं० [हिं० टप] जलाने का एक प्रकार का लंप जो घृत या किसी दूसरे ऊँचे स्थान में लटकाया जाता है ।

टब्बर†–संज्ञा पुं० [स० कुटुंब] कुटुंब । परिवार । (पंजाब)

टमकी–संज्ञा स्त्री० [सं० टंकार] छोटा नगाड़ा जिसे बजा कर किसी प्रकार की घोषणा की जाती है । डुगडुगिया ।

टमटम–संज्ञा स्त्री० [अं० टैंडेम] दो ऊँचे ऊँचे पहियों की एक खुली हलकी गाड़ी जिसमें एक घोड़ा लगता है और जिसे सवारी करनेवाला अपने हाथ से हाँकता है ।

टमटी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का बरतन । उ०—अष्टा अरु आधार भर्त्त के बहुत खिलौना । परिया टमटी अतरदान रूपे कै सौना ।—सूदन ।

टमस–संज्ञा स्त्री० [सं० तमसा] टौंस नदी । तमसा ।

टमाटर–संज्ञा पुं० [अं० टमेटो] एक प्रकार का बैंगन जिसका फल गोलाई लिए हुए चिपटा, इधर उधर उभरा हुआ तथा स्वाद में खट्टा होता है । बिलायती भंटा ।

टमुकी–संज्ञा स्त्री० "टमकी" ।

टर–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) कर्कश शब्द । कर्कश वाक्य । कर्णकटु वाक्य । अप्रिय शब्द । कड़ुई बोली ।

यौ०—टर टर ।

मुहा०—टर टर करना = (१) ढिठाई से बोलते जाना । प्रतिवाद में बार बार कुछ कुछ कहते जाना । जबानदराजी करना । जैसे, टर टर करता जायगा न मानेगा । (२) बकवाद करना । व्यर्थ बक बक करना । टर टर लगाना = व्यर्थ बकवाद करना । झूठ मूठ बक बक करना । इतना और इस प्रकार बोलना जो अच्छा न लगे ।

(२) मेढ़क की बोली ।

यौ०—टर टर।

(३) ऐंठ। अकड़। घमंड से भरी बात। अविनीत वचन और चेष्टा। जैसे, शेखों की शेखी, पठानों की टर। (४) हठ। जिद। अड़। (५) तुच्छ बात। पोच बात। बेमेल बात। (६) ईद के बाद का एक मेला। (मुसलमान)। उ०—ईद पीछे टर, बरात पीछे धौंसा।

टरकना क्रि० अ० [हिं० टरना] (१) चला जाना। हट जाना। खिसक जाना। टल जाना।

संयो० क्रि०—जाना।

मुहा०—टरक देना = धीरे से चला जाना। चुप चाप हट जाना। जैसे, जब काम का वक्त आता है तब वह कहीं टरक देता है। *† (२) टर टर करना। कर्कश स्वर से बोलना। उ०—टर्र टर्र टरकन लगे दसहु दिसा मंडूक।—गोपाल।

टरकनी†—संज्ञा स्त्री० [देश०] ईख या गन्ने की दूसरी बार की सिँचाई।

टरकाना—क्रि० स० [हिं० टरकना] (१) एक स्थान से दूसरे स्थान पर कर देना। हटाना। खिसकाना। जैसे, (क) देखते रहो, ये चीज़ें इधर उधर न टरकाने पावें। (ख) जब कोई ढूँढ़न आवे तब इस लड़के को कहीं टरका दो। (२) किसी काम से आए हुए मनुष्य को बिना उसका काम पूरा किए कोई बहाना करके लौटा देना। टाल देना। चलता करना। धता बताना। जैसे, जब हम अपना रुपया माँगने आते हैं तब तुम यों ही टरका देते हो।

टरकी—संज्ञा पुं० [तुरकी] एक प्रकार का मुर्गा जिसकी चोंच के नीचे गले में मांस की लाल झालर रहती है और जिसके काले परों पर छोटी छोटी सुफ़ेद बुँदकियाँ होती हैं। इस का मांस बहुत स्वादिष्ट माना जाता है। इसे पेरू भी कहते हैं।

टरगी—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की घास जो चारे के काम में आती है। इसे भैंसें बड़े चाव से खाती हैं। यह सुखा कर १२-१३ बरस तक रक्खी जा सकती है और घोड़ों के लिये अत्यंत पुष्ट और लाभदायक होती है। हिंदुस्तान में यह घास हिसार मांटगोमरी (पंजाब) आदि स्थानों में होती है पर बिलायती के ऐसी सुगधित नहीं होती। इसे पलवा या पलवन भी कहते हैं।

टरटराना—क्रि० स० [हिं० टर] (१) बक बक करना। (२) ढिठाई से बोलना। टर टर करना।

टरना†—क्रि० स० दे० "टलना"। उ०—(क) तृण ते कुलिस कुलिस तृण करई। तासु दूत पग कहु किमि टरई।—तुलसी। (ख) अस विचारि सोचहि मति माता। सो न टरइ जो रचइ बिधाता।—तुलसी।

संज्ञा पुं० [देश०] तेली के कोल्हू में ढेंका और कतरी से बँधी हुई रस्सी।

टरनि†—संज्ञा स्त्री० [हिं० टरना] टरने का भाव।

टर्रा—वि० [अनु० टर टर] (१) टर्राने वाला। ऐंठ कर बातें करनेवाला। अविनीत और कठोर स्वर से उत्तर देनेवाला। घमंड के साथ चिढ़ चिढ़ कर बोलनेवाला। सीधे न बोलनेवाला। (२) धृष्ट। कटुवादी।

टर्राना—क्रि० अ० [अनु० टर] ऐंठ कर बातें करना। अविनीत और कठोर स्वर से उत्तर देना। घमंड के साथ चिढ़ चिढ़ कर बोलना। सीधे से न बोलना। घमंड लिए हुए कटु वचन कहना।

टर्रापन—संज्ञा पुं० [हिं० टर्रा] बात चीत में अविनीत भाव। कटुवादिता।

टर्रू—संज्ञा पुं० [हिं० टर टर] (१) टर्रा आदमी। (२) मेढ़क। (३) चमड़े की झिल्ली मढ़ा हुआ एक खिलौना जो घोड़े की पूँछ के बाल से एक लकड़ी में बँधा होता है। इसे घुमाने से मेढ़क की तरह टर्र टर्र आवाज़ निकलती है। मेढ़क। भौंरा। कौवा।

टलना—क्रि० अ० [सं टलन = विचलित होना] (१) अपने स्थान से अलग होना। हटना। खिसकना। सरकना। जैसे, यह पत्थर तुमसे नहीं टलेगा। उ०—तृण ते कुलिस, कुलिस तृण करई। तासु दूत पग कहु किमि टरई।—तुलसी।

मुहा०—अपनी बात से टलना = प्रतिज्ञा न पूरी करना। मुकरना। (२) एक स्थान से दूसरे स्थान पर चला जाना। अनुपस्थित होना। किसी स्थान पर न रहना। जैसे, (क) काम के समय तुम सदा टल जाते हो। (ख) जब इसके आने का समय हो तब तुम कहीं टल जाना।

संयो० क्रि०—जाना।

(३) दूर होना। मिटना। न रह जाना। जैसे, आपत्ति टलना, संकट टलना, बला टलना।

संयो० क्रि०—जाना।

(४) (किसी कार्य्य के लिये) निश्चित समय से और आगे का समय स्थिर होना। (किसी काम के लिये) मुकर्रर वक्त से और आगे का वक्त ठहराया जाना। मुल्तवी होना।

विशेष—इस क्रिया का प्रयोग समय और कार्य्य दोनों के लिये होता है, जैसे, तिथि टलना, तारीख टलना, विवाह की सायत टलना, दिन टलना, लग्न टलना, विवाह टलना, इम्तहान टलना।

संयो० क्रि०—जाना।

(५) (किसी बात का) अन्यथा होना। और का और होना।

ठीक न ठहरना। खंडित होना। जैसे. हमारी कही हुई बात कभी नहीं टल सकती। (६) (किसी आदेश या अनुरोध का) न माना जाना। उल्लंघित होना। पूरा न किया जाना। जैसे, बादशाह का हुक्म कहीं टल सकता है? (७) समय व्यतीत होना। बीतना।

टलहा†–वि० [देश०] [स्त्री० टलही] खोटा। खराब। दूषित। जैसे, टलहा रुपया, टलही चाँदी।

टलाटली†–संज्ञा स्त्री० दे० "टालटूल"।

टल्ला†–संज्ञा पुं० [अनु०] धक्का। आघात। ठोकर।

मुहा०—टल्ले मारना = ठोकर खाते फिरना। मारा मारा फिरना। इधर से उधर निष्फल घूमना।

टल्ली–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बाँस। दे० "टोली"।

टल्लेनवीसी–संज्ञा स्त्री० दे० "टिल्लेनवीसी"।

टवर्ग–संज्ञा पुं० [सं०] ट ठ ड ढ ण–इन पाँच वर्णों का समूह।

टवाई–संज्ञा स्त्री० [सं० अटन = घूमना] व्यर्थ घूमना। आवारगी। उ०—फेर रह्यो पुर करत टवाई। मान्यो नहिं जो जननि सिखाई।—रघुराज।

टस–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) किसी भारी चीज़ के खिसकने का शब्द। टसकने का शब्द।

मुहा०—टस से मस न होना = (१) किसी भारी चीज़ का जरा सा भी न जगह छोड़ना। कुछ भी न खिसकना। (२) किसी कड़ी वस्तु का (पकाने वा गलाने आदि से) जरा सा भी न गलना। (३) कहने सुनने का कुछ भी प्रभाव अनुभव न करना। किसी के अनुकूल कुछ भी प्रवृत्त न होना।

(२) कपड़े आदि के फटने का शब्द। मसकने का शब्द।

टसक–संज्ञा स्त्री० [हिं० टसकना] रह रह कर उठनेवाली पीड़ा। कसक। टीस। चसक।

टसकना–क्रि० अ० [सं० तस = ढकेलना + करण] (१) किसी भारी चीज़ का जगह से हटना। खिसकना। जगह से हिलना। जैसे, यह पत्थर जरा सा भी इधर उधर नहीं टसकता। (२) रह रह कर दर्द करना। टीस मारना। कसकना (३) प्रभावित होना। हृदय में प्रार्थना या कहने सुनने का प्रभाव अनुभव करना। किसी के अनुकूल कुछ प्रवृत्त होना। किसी की बात मानने को कुछ तैयार होना। जैसे, उससे इतना कहा सुना पर वह ऐसा कठोर हृदय है कि जरा भी न टसका। † (४) पक कर गदराना। गुदारा होना। † (५) रोना धोना। आँसू बहाना।

टसकाना–क्रि० स० [हिं० टसकना] किसी भारी चीज़ को जगह से हटाना। खिसकाना। सरकाना।

टसना†–क्रि० अ० [अनु० टस] कपड़े आदि का फटना। मसक जाना। दरकना।

संयो० क्रि०—जाना।

टसर–संज्ञा पुं० [स० त्रसर] एक प्रकार का कड़ा और मोटा रेशम जो बंगाल के जंगलों में होता है।

विशेष—छोटा नागपुर, मोरभंज, बालेश्वर, बीरभूम, मेदिनीपुर आदि के जंगलों में साखू, बहेड़ा, पियार, कुसुम, बेर इत्यादि वृक्षों पर टसर के कीड़े पलते हैं। रेशम के कीड़ों की तरह इन कीड़ों की रक्षा के लिये अधिक यत्न नहीं करना पड़ता। पालनेवालों को जंगल में आपसे आप होनेवाले कीड़ों को केवल चींटियों और चिड़ियों आदि से बचाना भर पड़ता है। पालनेवाले इनकी वृद्धि के लिये कोश से निकले हुए उड़नेवाले कीड़ों को जंगल में छोड़ आते हैं, जहाँ अपने जोड़े ढूँढ़ कर वे अपनी वृद्धि करते हैं। मादा कीड़े पेड़ की पत्तियों पर सरसों के ऐसे पर चिपटे चिपटे अंडे देते हैं जो पत्तियों में चिपक जाते हैं। एक कीड़ा तीन चार दिन के भीतर दो ढाई सौ तक अंडे देता है। अंडे दे कर ये कीड़े मर जाते हैं। दस बारह दिनों में इन अंडों से सूँड़ी वा ढोल के आकार के छोटे छोटे कीड़े निकल आते हैं और पत्तियाँ चाट चाट कर बहुत जल्दी बढ़ जाते हैं। इस बीच में ये तीन चार बार कलेवर या खोली बदलते हैं। अधिक से अधिक पंद्रह दिन में ये कीड़े अपनी पूरी बाढ़ को पहुँच जाते हैं। उस समय इनका आकार ८–१० अंगुल तक होता है। ये मटमैले, भूरे, नीले, पीले, कई रंगों के होते हैं। पूरी बाढ़ को पहुँचने पर ये कीड़े कोश बनाने में लग जाते हैं और अपने मुँह से एक प्रकार की लार निकालते हैं जो सूख कर सूत के रूप में हो जाती है। सूत निकालते हुए घूम घूम कर ये अपने लिये एक कोश तैयार कर लेते हैं और उसी में बंद हो जाते हैं। ये कोश अंडाकार होते हैं। बड़ा कोश ६—६½ अंगुल तक लंबा होता है। कोश के भीतर तीन चार दिनों तक सूत निकाल कर ये कीड़े मुरदे की तरह चुप चाप पड़ जाते हैं। पालनेवाले कोशों के पकने पर उन्हें इकट्ठा कर लेते हैं, क्योंकि उन्हें भय रहता है कि पर निकलने पर कीड़े सूत को कुतर कुतर कर निकल जायँगे अतः उड़ने के पहले ही इन कोशों को खार के साथ गरम पानी में उबाल कर वे कीड़ों को मार डालते हैं। जिन कोशों को उबालना नहीं पड़ता उनका टसर सब से अच्छा होता है। जो कोश पकने के पहले ही उबाले जाते हैं उनका सूत कच्चा और निकम्मा होता है।

टसुआ†–संज्ञा पुं० [सं० अश्रु, हिं० आँसू, अँसुआ] आँसू। अश्रु। (पंजाबी)।

क्रि० प्र०—बहाना।

मुहा०—टसुए बहाना = झूठ मूठ आँसू गिराना।

टहक†–संज्ञा स्त्री० [हिं० टसक] शरीर के जोड़ों की पीड़ा। रह रह कर उठनेवाली पीड़ा। चसक।

टहकना†—क्रि० अ० [हिं० टसकना] (१) रह रह कर दर्द करना। चसकना। टीस मारना। (२) (घी, मोम चरबी आदि का) आँच खा कर तरल होना या बहना। पिघलना।

टहकाना†—क्रि० स० [हिं० टहकना] आँच से पिघलाना।

टहटहा†—वि० [हिं० टटका] टटका। ताजा।

टहना—संज्ञा पुं० [सं० तनुः = पतला वा शरीर] [स्त्री० टहनी] वृक्ष की पतली शाखा। पतली डाल।

टहनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० टहना] वृक्ष की बहुत पतली शाखा। पेड़ की डाल के छोर पर की कोमल, पतली और लचीली उपशाखा जिसमें पत्तियाँ लगती हैं। जैसे, नीम की टहनी।

टहरकट्ठा—संज्ञा पु० [हिं० ठहर + काठ] काठ का टुकड़ा जिस पर टकू या तकले से उतारा हुआ सूत लपेटा जाता है।

टहरना†—क्रि० अ० दे० "टहलना"।

टहल—संज्ञा स्त्री० [हिं० टहलना] (१) सेवा। शुश्रूषा। खिदमत।

क्रि० प्र०—करना।

यौ०—टहल टई = सेवा शुश्रूषा। उ०—कलि करनी बरनिए कहाँ लौं करत फिरत नित टहल टई हैं।—तुलसी। टहल टकोर = सेवा शुश्रूषा।

मुहा०—टहल बजाना = सेवा करना।

(२) नौकरी चाकरी। काम धंधा।

टहलना—क्रि० अ० [सं० तत् + गलन = चलना] (१) धीरे धीरे चलना। मंद गति से भ्रमण करना। धीरे धीरे कदम रखते हुए फिरना।

मुहा०—टहल जाना = धीरे से खिसक जाना। चुप चाप अन्यत्र चला जाना। हट जाना। जान बूझ कर उपस्थित न रहना।

(२) केवल जी बहलाने के लिये धीरे धीरे चलना या घूमना। सैर करना। हवा खाना। उ०—संध्या को नित्य टहलने जाते हैं।

(३) परलोक गमन करना। मर जाना।

संयो० क्रि०—जाना।

टहलनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० टहल] (१) टहल करनेवाली। सेवा करनेवाली। दासी। मजदूरनी। लौंड़ी। चाकरानी। (२) वह लकड़ी जो बत्ती उकसाने के लिये चिराग में पड़ी रहती है।

टहलाना—क्रि० स० [हिं० टहलना] (१) धीरे धीरे चलाना। घुमाना। फिराना। (२) सैर कराना। हवा खिलाना। (३) हटा देना। दूर करना।

संयो० क्रि०—देना।

टहलुआ—संज्ञा पु० [हिं० टहल] [स्त्री० टहलुई, टहलनी] टहल करनेवाला। सेवक। नौकर। चाकर। खिदमतगार।

टहलुई—संज्ञा स्त्री० [हिं० टहल] (१) दासी। किंकरी। लौंड़ी। चाकरानी। मजदूरनी। नौकरानी। (२) वह लकड़ी जो बत्ती उकसाने के लिये चिराग में पड़ी रहती है।

टहलुवा—संज्ञा पुं० दे० "टहलुआ"।

टहलू—संज्ञा पुं० [हिं० टहल] नौकर। चाकर। सेवक।

टही†—संज्ञा स्त्री० [हिं० घात, घात] युक्ति। जोड़ तोड़। मतलब निकालने का घात। प्रयोजन-सिद्धि का ढंग। ताक।

मुहा०—टही लगाना = जोड़ तोड़ लगाना। टही में रहना = काम निकालने की ताक में रहना।

टहुआटारी†—संज्ञा स्त्री० [देश०] इधर की उधर लगाना। चुगलखोरी।

टहूका—संज्ञा पुं० [हिं० ठक या ठहाका] (१) पहेली। (२) चुटकुला। चमत्कार-पूर्ण उक्ति।

टहोका—संज्ञा पुं० [हिं० ठोकर] हाथ या पैर से दिया हुआ धक्का। झटका।

मुहा०—टहोका देना = हाथ या पैर से धक्का देना। झटकना। ढकेलना। ठेलना। टहोका खाना = धक्का खाना। ठोकर सहना। उ०—मैंने इनकी ठंडी साँस की फाँस का टहोका खा कर झुझला कर कहा।—इंशा अल्ला खाँ।

टाँक—संज्ञा स्त्री० [सं० टंक] (१) एक प्रकार की तौल जो चार माशे की (किसी किसी के मत से तीन माशे की) होती है। इसका प्रचार जौहरियों में है। (२) धनुष की शक्ति की परीक्षा के लिये एक तौल जो पचीस सेर की होती थी।

विशेष—इस तौल के बटखरे को धनुष की डोरी में बाँध कर लटका देते थे। जितने बटखरे बाँधने से धनुष की डोरी अपने पूरे संधान या खिंचाव पर पहुँच जाती थी उतनी टाँक का वह धनुष समझा जाता था। जैसे, कोई धनुष सवा टाँक का, कोई डेढ़ टाँक का, यहाँ तक कि कोई कोई दो या तीन टाँक तक का होता था जिसे अत्यंत बलवान पुरुष ही चढ़ा सकते थे।

(३) जाँच। कूत। अंदाज़। आँक। (४) हिस्सेदारों का हिस्सा। बखरा।

संज्ञा स्त्री० [हिं० टाँकना] (१) लिखावट। लिखने का अंक या चिह्न। लिखन। उ०—छुतौ नेह कागद हिये भई लखाय न टाँक। बिरह तचे उघरयो सु अब सेंहुड़ को सो आँक।—बिहारी। (२) कलम की नोक। लेखनी का डंक। उ०—हरि जाय चेत चित, सूखि स्याही झरि जाय, बरि जाय कागद कलम टाँक जरि जाय।—रघुनाथ।

टाँकना—क्रि० स० [स० टंकन] (१) एक वस्तु के साथ दूसरी वस्तु को कील आदि जड़ कर जोड़ना। कील काँटे ठोंक कर एक वस्तु (धातु की चद्दर आदि) को दूसरी वस्तु से मिलाना या एक वस्तु पर दूसरी वस्तु बैठाना। जैसे, फूटे हुए बरतन पर चिप्पी टाँकना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

(२) सुई के सहारे एकही तागे को दो वस्तुओं के नीचे ऊपर

ले जा कर उन्हें एक दूसरे से मिलाना। सिलाई के द्वारा जोड़ना। सीना। जैसे चकती टाँकना, गोटा टाँकना, फटा जूता टाँकना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

(३) सी कर अँटकाना। सुई तागे से एक वस्तु पर दूसरी वस्तु इस प्रकार लगाना या ठहराना कि वह उसपर से न हटे या गिरे। जैसे, बटन टाँकना, मोती टाँकना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

(४) सिल, चक्की आदि को टाँकी से गड्ढे कर के खुरदुरा करना। कूटना। रेहना। छीनना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

(५) रेती या सोहन के दाँतों को नुकीला करना। रेती तेज करना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

(६) किसी कागज बही या पुस्तक पर स्मरण रखने के लिये लिखना। दर्ज करना। चढ़ाना। जैसे, ये १०) भी बही पर टाँक लो।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

मुहा०—मन में टाँक रखना = स्मरण रखना। याद रखना।

† (७) लिख कर पेश करना। दाखिल करना। जैसे, अरजी टाँकना। (८) खाना। चट कर जाना। उड़ा जाना। (बाजारू)। जैसे, देखते देखते वह सब मिठाई टाँक गया।

संयो० क्रि०—जाना।

(९) अनुचित रूप से रुपया पैसा आदि ले लेना। मार लेना। उड़ा लेना। (दलाल)

टाँकली—संज्ञा स्त्री० [?] पाल लपेटने की घिरनी या गराड़ी। (लश०)

संज्ञा स्त्री० [स० ढक्का] एक पुराना बाजा जिस पर चमड़ा मढ़ा होता था।

टाँका—संज्ञा पुं० [हिं० टाँकना] (१) वह जड़ी हुई कील जिससे दो वस्तुएँ (विशेषतः धातु की चद्दरें) एक दूसरे से जुड़ी रहती हैं। जोड़ मिलानेवाली कील या काँटा।

क्रि० प्र०—उखड़ना।—निकालना।—लगना।—लगाना।

(२) सीवन का उतना अंश जितना सुई को एक बार ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर ले जाने में तैयार होता है। सिलाई का पृथक् पृथक् अंश। डोभ। जैसे, दो टाँके लगा दो, ज्यादा काम नहीं है।

क्रि० प्र०—उधड़ना।—खुलना।—टूटना।—लगना।—लगाना।

मुहा०—टाँका चलाना = सीने के लिये कपड़े आदि में आर पार सुई डालना। टाँका भरना = सुई से छेद कर तागा फँसाना या अँटकाना। सीना। सिलाई करना। टाँका मारना = दे० "टाँका भरना"।

(३) सिलाई। सीवन। (४) टँकी हुई चकती। थिगली। चिप्पी। (५) शरीर पर के घाव या कटे हुए स्थान की सिलाई जो घाव के पूजने के लिये की जाती है। जोड़।

क्रि० प्र०—उखड़ना।—खुलना।—टूटना।—लगना।—लगाना।

(६) धातुओं को जोड़ने का मसाला जो उनको गला कर बनाया जाता है।

क्रि० प्र०—भरना।

संज्ञा पुं० [स० टङ्क] [स्त्री० अल्प० टाँकी] लोहे की कील जो नीचे की ओर चौड़ी और धारदार होती है और पत्थर छीलने या काटने के काम में आती है। पत्थर काटने की चौड़ी छेनी।

संज्ञा पुं० [सं० टंक = खड्ड या गड्ढा] (१) दीवार उठा कर बनाया हुआ पानी इकट्ठा रखने का छोटा सा कुंड। हौज़। चहबच्चा। (२) पानी रखने का बड़ा बरतन। कंडाल।

टाँका टूक—वि० [हिं० टाँक + तौल] तौल में ठीक ठीक। वजन में पूरा पूरा। ठीक तुला हुआ। (दुकानदार)

टाँकी—संज्ञा स्त्री० [स० टङ्क] (१) पत्थर गढ़ने का औज़ार। वह लोहे की कील जिससे पत्थर तोड़ते काटते या छीलते हैं। छेनी। उ०—यह तेलिया पखान हठी, कठिनाई याकी। टूटीं याके सीस बीस बहु बाँकी टाँकी।—दीनदयाल।

क्रि० प्र०—चलना।—चलाना।—बैठना।—मारना—लगना।—लगाना।

मुहा०—टाँकी बजना = (१) पत्थर पर टाँकी का आघात पड़ना। (२) पत्थर की गढ़ाई होना। इमारत का काम लगना।

(२) तरबूज या खरबूजे के ऊपर छोटा सा चौखूँटा कटाव या छेद जिससे उसके भीतर का (कच्चे, पक्के, सड़े आदि होने का) हाल मालूम होता है। (फल बेचनेवाले प्रायः इस प्रकार थोड़ा सा काट कर तरबूज रखते हैं)। (३) काट कर बनाया हुआ छेद। (४) एक प्रकार का फोड़ा। डुंबल। (५) गरमी या सूजाक का घाव। (६) आरी का दाँत। दाँता। दंदाना।

संज्ञा स्त्री० [स० टंक = खड्ड या गड्ढा] (१) पानी इकट्ठा रखने का छोटा हौज। छोटा टांका। छोटा चहबच्चा। (२) पानी रखने का बड़ा बरतन। कंडाल।

टाँकीबंद—वि० [हिं० टाँकी + फा० बंद] (इमारत, दीवार या जोड़ाई) जिसमें लगे हुए पत्थर पहुओं या दोनों ओर गड़नेवाली कीलों के द्वारा एक दूसरे से खूब जुड़े हों। जैसे, टांकीबंद जोड़ाई, टाँकीबंद इमारत।

विशेष—दो पत्थरों के जोड़ के दोनों ओर आमने सामने दो छेद किए जाते हैं। इन्हीं छेदों में दो ओर मुकी हुई कीलों

को ठोंक कर छेदों में गला हुआ सीसा भर देते हैं जिससे पत्थर के दोनों टुकड़े एक दूसरे से जकड़ कर मिल जाते हैं। किले की दीवारों, पुल के खंभों आदि में इस प्रकार की जोड़ाई प्रायः होती है।

टाँग—संज्ञा स्त्री० [सं० टंग] (१) शरीर का वह निचला भाग जिस पर धड़ ठहरा रहता है और जिससे प्राणी चलते या दौड़ते हैं। साधारणतः जंघे की जड़ से ले कर एड़ी तक का अंग जो पतले खंभे वा डंडे के रूप में होता है, विशेषतः घुटने से ले कर एड़ी तक का अंग। जीवों के चलने फिरने का अवयव (जिसकी संख्या भिन्न भिन्न प्रकार के जीवों में भिन्न भिन्न होती है।)

मुहा०—**टाँग अड़ाना** = (१) बिना अधिकार के किसी काम में योग देना। किसी का ऐसे काम में हाथ डालना जिसमें उसकी आवश्यकता न हो। फ़ज़ूल दखल देना। (२) अड़ंगा लगाना। विघ्न डालना। बाधा उपस्थित करना। (३) ऐसे विषय पर कुछ कहना जिसकी कुछ जानकारी न हो। ऐसे विषय में कुछ विचार या मत प्रकट करना जिसका कुछ ज्ञान न हो। अनधिकार चर्चा करना। जैसे, जिस बात को तुम नहीं जानते उसमें क्यों टाँग अड़ाते हो? **टाँग उठाना** = (१) स्त्री संभोग करना। स्त्री के साथ संभोग करने के लिये प्रस्तुत होना। आसन लेना। (२) जल्दी जल्दी पैर बढ़ाना। जल्दी जल्दी चलना। **टाँग उठा कर मूतना** = कुत्तों की तरह मूतना। **टाँग तले से (वा नीचे से) निकलना** = हार मानना। ध्वस्त होना। नीचा देखना। अधीन होना। **टाँग तले (वा नीचे) से निकालना** = हराना। ध्वस्त करना। नीचा दिखाना। अधीनता वा हीनता स्वीकार कराना। **टाँग तोड़ना** = (१) अंग भंग करना। (२) बेकाम करना। निकम्मा करना। किसी काम का न रखना। (३) किसी भाषा को थोड़ा सा सीख कर उसके टूटे फूटे या अशुद्ध वाक्य बोलना। जैसे, क्या अँगरेजी की टाँग तोड़ते हो? **(अपनी) टाँग तोड़ना** = चलते चलते पैर थकाना। घूमते घूमते हैरान होना। **टाँग पसार कर सोना** = (१) निर्द्वंद्व हो कर सोना। सुख की नींद लेना। निश्चिंत सोना। (२) बिना किसी प्रकार के खटके के चैन से दिन बिताना। **टाँगें रह जाना** = (१) चलते चलते पैर दर्द करने लगना। चलते चलते पैरों का शिथिल हो जाना। (२) लकवा या गठिया से पैर का बेकाम हो जाना। **टाँग लेना** = (१) टाँग पकड़ना। (२) (कुत्ते आदि का) पैर पकड कर काट खाना। (३) कुत्ते की तरह काटना। (४) पीछे पड़ जाना। सिर होना। पिंड न छोड़ना। **टाँग बराबर** = छोटा सा। जैसे, टाँग बराबर लड़का ऐसी ऐसी बातें कहता है। **(किसी की) टाँग से टाँग बाँध कर बैठना** = किसी के पास से न हटना। सदा किसी के पास बना रहना। एक घड़ी के लिये भी न छोड़ना। **टाँग से टाँग बाँध कर बैठाना** = अपने पास से हटने न देना। सदा अपने पास बैठाए रहना। एक घड़ी के लिये भी कहीं जाने आने न देना।

(२) कुश्ती का एक पेंच जिसमें विपक्षी की टाँग में टाँग मार कर या अड़ा कर उसे चित करते हैं। यह कई प्रकार का होता है। जैसे, (क) पिछली टाँग = जब विपक्षी पीछे वा पीठ की ओर हो तब पीछे से उसके घुटने के पास टाँग मारने को पिछली टांग कहते हैं। (ख) बाहरी टाँग = जब दोनों पहलवान आमने सामने छाती से छाती मिला कर भिड़े हों तब विपक्षी के घुटने के पिछले भाग में जोर से टाँग मारने को बाहरी टाँग कहते हैं। (ग) बगली टाँग = विपक्षी को बगल में पा कर बगल से उसके पैर में टाँग मारने को बगली टाँग कहते हैं। (घ) भीतरी टाँग = जब विपक्षी पीठ पर हो तब मौका पा कर भीतर ही से उसके पैर में पैर फँसा कर झटका देने को भीतरी टाँग कहते हैं। (च) अड़ानी टाँग = विपक्षी को दोनों टाँगों के बीच में टाँग फँसा कर मारने को अड़ानी टांग कहते हैं। (३) चतुर्थांश। चौथाई भाग। चहारुम। (दलाल)

टाँगन—संज्ञा पुं० [सं० तुरंगम वा हिं० ठेंगना] छोटी जाति का घोड़ा। वह घोड़ा जो बहुत कम ऊँचा हो। पहाड़ी टट्टू।

विशेष—नैपाल और बरमा के टांगन बहुत मजबूत और तेज होते हैं।

टाँगना—क्रि० स० [हिं० टँगना] (१) किसी वस्तु को किसी ऊँचे आधार से बहुत थोड़ा सा लगा कर इस प्रकार अटकाना या ठहराना कि उसका प्रायः सब भाग उस आधार से नीचे की ओर हो। किसी वस्तु को दूसरी वस्तु से इस प्रकार बाँधना या फँसाना अथवा उस पर इस प्रकार टिकाना या ठहराना कि उसका (प्रथम वस्तु का) सब (या बहुत सा) भाग नीचे की ओर लटकता रहे। किसी वस्तु को इस प्रकार ऊँचे पर ठहराना कि उसका आश्रय ऊपर की ओर हो। लटकाना। जैसे, (खूँटी पर) कपड़ा टाँगना, परदा टाँगना, झाड़ टाँगना, तसवीर टाँगना।

विशेष—यदि किसी वस्तु का बहुत सा अंश आधार पर हो और थोड़ा सा अंश आधार के नीचे लटकता हो तो उसे 'टांगना' नहीं कहेंगे। 'टांगना' और 'लटकाना' में यह अंतर है कि टांगना क्रिया में वस्तु के फँसाने, टिकाने या ठहराने का भाव प्रधान है और 'लटकाना' में उसके बहुत से अंश को नीचे की ओर अधर में दूर तक पहुँचाने का भाव है। जैसे, 'कुएँ में रस्सी लटकाना' कहेंगे 'रस्सी टांगना' नहीं कहेंगे। पर टाँगना के अर्थ में लटकाना का प्रयोग होता है।

संयो० क्रि०—देना।

(२) फाँसी चढ़ाना। फाँसी लटकाना।

टाँगा—संज्ञा० पुं० [सं० टग] बड़ी कुल्हाड़ी।

संज्ञा पुं० [हिं० टँगना] एक प्रकार की गाड़ी जिसका ढाँचा इतना ढीला होता है कि वह पीछे की ओर कुछ झुका या लटका रहता है। इसमें सवारी प्रायः पीछे की ओर ही मुँह कर के बैठती है और जमीन से इतने पास रहती है कि घोड़े के भड़कने आदि पर झट से जमीन पर उतर सकती है। इस गाड़ी के इधर उधर उलटने का भय भी बहुत कम रहता है। यह प्रायः पहाड़ी रास्तों के लिये बहुत उपयुक्त होती है। इसमें घोड़े या बैल दोनों जोते जाते हैं।

टाँगानोचन—संज्ञा स्त्री० [हिं० टाँग + नोचना] खींच खसोट। खींचा खींची। खींचा तानी।

टाँगी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० टाँगा] कुल्हाड़ी।

टाँगुन—संज्ञा स्त्री० [देश०] बाजरे या कँगनी की तरह का एक अनाज जिसकी फसल सावन भादों में पक कर तैयार हो जाती है। इसके दाने महीन पीले रंग के होते हैं। गरीब लोग इस का भात बना कर खाते हैं।

टाँघन†—संज्ञा पुं० दे० "टाँगन"।

टाँच—संज्ञा स्त्री० [हिं० टाँकी] ऐसा वचन जिससे किसी का चित्त फिर जाय और वह जो कुछ दूसरे का काम करनेवाला हो उसे न करे। दूसरे का काम बिगाड़नेवाली बात या वचन। भांजी।

क्रि० प्र०—मारना।

संज्ञा स्त्री० [हिं० टाँका] (१) टाँका। सिलाई। डोभ। (२) टँकी हुई चकती। थिगली। उ०—देह जीव जोग के सखा मृषा टाँच न टाँचो।—तुलसी।

टाँचना—क्रि० स० [हिं० टाँच] (१) टाँकना। डोभ लगाना। सीना। उ०—देह जीव जोग के सखा मृषा टाँच न टाँचो। —तुलसी। (२) काटना। तराशना। छीलना। छाँटना।

क्रि० अ० फूला फूला फिरना। गुलछर्रे उड़ाते घूमना।

टाँची—संज्ञा स्त्री० [सं० टंक = रुपया] रुपया भरने की लंबी थैली जिसमें रुपए भर कर कमर में बाँध लेते हैं। न्यौजी। न्यौली। मियानी। बसनी।

संज्ञा स्त्री० [हिं० टाँकी] भाँजी।

क्रि० प्र०—मारना।

टाँचु†—संज्ञा स्त्री० दे० "टाँच"।

टाँट†—संज्ञा पुं० [हिं० टट्टी] खोपड़ी। कपाल।

मुहा०—टाँट के बाल उड़ना = (१) सिर के बाल झड़ना। (२) सर्वस्व निकल जाना। पास में कुछ न रह जाना। (३) खूब मार पड़ना। भुरकुस निकलना। टाँट के बाल उड़ाना = सिर पर खूब जूते लगाना। मारते मारते सिर पर बाल न रहने देना। टाँट खुजाना = मार खाने को जी चाहना। कोई ऐसा काम करना जिससे मार खाने की नौबत आवे। दंड पाने का काम करना। टाँट गंजी कर देना = (१) मारते मारते सिर गंजा करना। (२) खूब खर्च करवाना। खूब रुपए गलवाना। खर्च के मारे हैरान कर देना। पास का धन निकलवा देना। टाँट गंजी होना = (१) मार खाते खाते सिर गंजा होना। खूब मार पड़ना। (२) खर्च के मारे धुरें निकलना। खर्च करते करते पास में धन न रह जाना।

टाँटर†—संज्ञा पुं० [हिं० टट्टर] खोपड़ी। कपाल।

टाँठ†—वि० [अनु० ठन ठन या सं० स्थाणु] (१) जो सूख कर कड़ा हो गया हो। करारा। कड़ा। कठोर। उ०— राम सों साम किये नित है हित कोमल काज न कीजिए टाँठे।—तुलसी। (२) दृढ़। बली। तगड़ा। मुस्टंडा।

टाँठा—वि० [हिं० टाँठ] [स्त्री० टाँठी] (१) करारा। कड़ा। कठोर। (२) दृढ़। हृष्ट पुष्ट। तगड़ा।

टाँड़—संज्ञा स्त्री० [सं० स्थाणु] (१) लकड़ी के खंभों पर या दो दीवारों के बीच लकड़ी की पटरियां या बाँस के लट्ठे ठहरा कर बनाई हुई पाटन जिस पर चीज़ असबाब रखते हैं। परछत्ती। (२) मचान जिस पर बैठ कर खेत की रखवाली करते हैं। (३) गुल्ली-डंडे के खेल में गुल्ली पर डंडे का आघात। टोला।

क्रि० प्र०—मारना।—लगाना।

संज्ञा स्त्री० [सं० ताड़] बाहु पर पहनने का स्त्रियों का एक गहना। टँड़िया।

संज्ञा पुं० [सं० अट्टाल, हिं० अटाला, टाल] (१) ढेर। अटाला। टाल। राशि। (२) समूह। पंक्ति। (३) घरों की पंक्ति। (४) दे० "टाँड़ा"।

संज्ञा स्त्री० [देश०] कंकड़ मिली मिट्टी। कँकरीली मिट्टी।

टाँड़ा—संज्ञा पुं० [हिं० टाँड़ = समूह] (१) अन्न आदि व्यापार की वस्तुओं से लदे हुए बैलों या पशुओं का झुंड जिसे व्यापारी ले कर चलते हैं। बरदी। बनजारों के बैलों आदि का झुंड। उ०—बनजारे के बैल ज्यों टाँड़ो उतरयो आय।—कबीर। (२) व्यापारियों के माल की चलान। बिक्री के माल का खेप। व्यापारी का माल जो लाद कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाय। उ०—अति खीन मृनाल के तारहु ते तेहि ऊपर पाँव दै आवनो है। सुई बेह लौं बेह सकी न तहाँ पर-तीति को टाँड़ो लदावनो है।—बोधा।

मुहा०—टाँड़ा लदना = (१) बिक्री का माल लदना। (२) कूच की तैयारी होना। (३) मरने की तैयारी होना।

(३) व्यापारियों का चलता समूह। बनजारों का झुंड जो एक स्थान से दूसरे स्थान को जाता हो। (४) नाव पर चढ़ कर इस पार से उस पार जानेवाले पथिकों और व्यापारियों का समूह। उ०—लीजै बेगि निबेरि सूर प्रभु यह पतितन को टाँड़ो।—सूर। (५) कुटुंब। परिवार।

संज्ञा पुं० [सं० तुंड, हिं० टूँड] एक प्रकार का हरा कीड़ा जो

गन्ने आदि की जड़ों में लग कर फसल को हानि पहुँचाता है।

क्रि० प्र०—लगना।

टाँड़ी†—संज्ञा स्त्री० [सं० तव + डीन = उड़ान] टिड्डी। उ०—उमड़ि रारि तुरकन स्यों माँड़ी। छूटे तीर उड़ति ज्यों टाँड़ी।—लाल।

टाँय टाँय—संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) कर्कश शब्द। अप्रिय शब्द। कड़ुई बोली। टें टें (२) बक बक। बकवाद। प्रलाप।

मुहा०—टाँय टाँय फिस = (१) बकवाद बहुत पर फल कुछ नहीं। किसी कार्य के संबंध में बात चीत तो बहुत बढ़ चढ़ कर पर परिणाम कुछ नहीं। (२) किसी कार्य के आरंभ में तो बड़ी भारी तत्परता पर अंत में सिद्धि कुछ भी नहीं। कार्य्य का आरंभ तो बड़ी धूम धाम के साथ पर अंत में होना जाना कुछ नहीं।

टाँस—संज्ञा स्त्री० [हिं० तानना = खींचना] हाथ या पैर के बहुत देर तक मुड़े रहने के कारण नसों की सिकुड़न या तनाव जिससे फटने की सी असहय पीड़ा होने लगती है। यह पीड़ा प्रायः वृद्धिक होती है

क्रि० प्र०—चढ़ना।

टाँसना†—क्रि० स० दे० "टाँचना", "टाँकना"।

टाइटिल पेज—संज्ञा पुं० [अं०] किसी पुस्तक के सब से ऊपर का पृष्ठ जिस पर पुस्तक और ग्रंथकार का नाम आदि कुछ बड़े अक्षरों में रहता है।

टाइप—संज्ञा पुं० [अं०] सीसे के ढले हुए अक्षर जिनको मिला कर पुस्तकें छापी जाती हैं। कांटे का अक्षर।

टाइप कास्टिंग मशीन—संज्ञा स्त्री० [अं०] कांटे के अक्षर ढालने की कल।

टाइप मोल्ड—संज्ञा पुं० [अं०] कांटे के अक्षर ढालने का सांचा।

टाइप-राइटर—संज्ञा पुं० [अं०] एक कल जिसमें कागज रख कर टाइप के से अक्षर छाप सकते हैं। यह दफ़्तरों और कार्य्यालयों में चिट्ठी पत्री आदि छापने के काम में आता है।

टाइफायड ज्वर—संज्ञा पुं० [अं०] एक प्रकार का विषैला और प्रायः घातक ज्वर।

टाइफून—संज्ञा पुं० [अं०] एक प्रकार का तूफान जो चीन के समुद्र में और उसके आस पास बरसात के चार महीनों में आया करता है।

टाइम—संज्ञा पुं० [अं०] समय। वक्त।

यौ०—टाइम-टेबुल। टाइमपीस।

टाइम-टेबुल—संज्ञा पु० [अं०] (१) वह विवरणपत्र या सारिणी जिसमें भिन्न भिन्न कार्य्यों के लिये निश्चित समय लिखा रहता है। जैसे, स्कूल का टाइम-टेबुल, दफ़्तर का टाइम-टेबुल। (२) वह पुस्तक या कागज जिसमें रेल गाड़ी के पहुँचने और छूटने का समय लिखा रहता है।

टाइमपीस—संज्ञा स्त्री० [अं०] कमरे में रहनेवाली वह छोटी घड़ी जो केवल सूइयों के द्वारा समय बताती है, बजती नहीं।

टाई—संज्ञा स्त्री० [अं०] (१) कपड़े की एक पट्टी जो अंगरेजी पहनावे में कालर के ऊपर गाँठ दे कर बाँधी जाती है। (२) जहाज के ऊपर के पाल की वह रस्सी जिसकी मुद्धी मस्तूल के छेदों में लगाई जाती है।

टाउन—संज्ञा पुं० [अं०] शहर। कसबा।

टाउन-ड्यूटी—संज्ञा स्त्री० [अं०] चुंगी। पैंठूटी।

टाउन हाल—संज्ञा पुं० [अं०] किसी नगर में वह सार्वजनिक भवन जिसमें नगर की सफाई रोशनी आदि के प्रबंधकर्त्ताओं की तथा दूसरी सर्वसाधारण संबंधी सभाएँ होती हैं।

टाकू—संज्ञा पुं० [सं० तर्कु] टकुआ। तकला। टेकुरी।

टाट—संज्ञा पुं० [सं० तटु] (१) सन या पटुए की रस्सियों का बुना हुआ मोटा खुरदुरा कपड़ा जो बिछाने, परदा डालने आदि के काम में आता है।

मुहा०—टाट में मूँज का बखिया = जैसी भद्दी चीज वैसी ही उसमें लगी हुई सामग्री या साज। टाट में पाट का बखिया = चीज तो भद्दी और सस्ती पर उसमें लगी हुई सामग्री बढ़िया और बहुमूल्य। बेमेल का साज।

(२) बिरादरी। कुल। (बनिए)। जैसे, वे दूसरे टाट के हैं।

मुहा०—एक ही टाट के = (१) एक ही बिरादरी के। (२) एक साथ उठने बैठनेवाले। एक ही मंडली के। एक ही दल के। एक ही विचार के।

(३) साहूकार के बैठने का बिछावन। महाजन की गद्दी।

मुहा०—टाट उलटना = दिवाला निकालना। दिवालिया होने की सूचना देना। (पहले यह रीति थी कि जब कोई महाजन दिवाला बोलता था तब वह अपनी कोठी या दूकान पर का टाट और गद्दी उलट कर रख देता था जिससे व्यवहार करनेवाले लौट जाते थे।)

वि० [अं० टाइट] कसा हुआ। (लश०)

मुहा०—टाट करना = मस्तूल खड़ा करना।

टाटक†—वि० दे० "टटका"।

टाटबाफी जूता—संज्ञा पुं० [फ़ा० तारबाफ़ी] कामदार जूता। वह जूता जिस पर कलाबत्तू का काम हो।

टाटर—संज्ञा पुं० [सं० स्थातृ = जो खड़ा हो] (१) टट्टर। टट्टी। (२) खोपड़ी। कपाल। सिर की हड्डी या परदा। उ०—टाटर टूट, टूट सिर तासू।—जायसी।

टाटरिक ऐसिड—संज्ञा पुं० [अं०] इमली का सत। इमली का चुक।

टाटिका*–संज्ञा स्त्री० [हिं० टाटी] टट्टी । उ०—विरचि हरि भक्त को वेष वर टाटिका, कपट दल हरित पल्लवनि छावों ।—तुलसी ।

टाटी†–संज्ञा स्त्री० [सं० स्थात्री वा तटी] टट्टी । छोटा टट्टर । उ०—(क) आँधी आई ज्ञान की ढही भरम की भीति । माया टाटी उड़ि गई लगी नाम सों प्रीति ।—कबीर । (ख) सूरदास प्रभु कहा निहारौं मानत रंक त्रास टाटी को ।—सूर ।

टाठी†–संज्ञा स्त्री० [सं० स्थाली = अटलोई, प्रा० ठाली, ठाडी] थाली ।

टाड़–संज्ञा स्त्री० [सं० ताड़] भुजा पर पहनने का एक गहना । टाँड़ । टँड़िया । बहूँटा । उ०—बाहु टाड़ कर कंकन बाजूबंद पुते पर हो तौकी ।—सूर ।

टाडर–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक चिड़िया का नाम ।

टान–संज्ञा स्त्री० [सं० तान = फैलाव, खिंचाव] (१) तनाव । खिँचाव । फैलाव । (२) खींचने की क्रिया । खींच । (३) सितार के परदे पर उँगली रख कर इस प्रकार खींचने की क्रिया जिससे बीच के सब स्वर निकल आवें । (४) साँप के दाँत लगने का एक प्रकार जिसमें दाँत धँसता नहीं केवल छीलता या खरोंच डालता हुआ निकल जाता है ।

संज्ञा पुं० [सं० स्थाणु = थून या लकड़ी का खंभा] टाँड़ । मचान ।

टानना–क्रि० स० [हिं० टान + ना (प्रत्य०)] तानना । खींचना ।

टाप–संज्ञा स्त्री० [सं० स्थापन, हिं० थापन, थाप] (१) घोड़े के पैर का वह सब से निचला भाग जो जमीन पर पड़ता है और जिसमें नाखून लगा रहता है । घोड़ों का अर्द्धचंद्रकार पादतल । सुम । उ०—जे जल चलहिं थलहि की नाईं । टाप न बूड़, वेग अधिकाई ।—तुलसी । (२) घोड़े के पैरों के जमीन पर पड़ने का शब्द । जैसे, दूर पर घोड़ों की टाप सुनाई पड़ी । (३) पलंग के पाए का तल भाग जो पृथ्वी से लगा रहता है और जिसका घेरा उभरा रहता है । (४) बेंत या और किसी पेड़ की लचीली टहनियों का बना हुआ मछली पकड़ने का झाबा जिसकी पेंदी में एक छेद होता है । मछली पकड़ने का खाँचा । (५) मुरगियों के बंद करने का झाबा ।

टापड़–संज्ञा पुं० [हिं० टप्पा] ऊसर मैदान ।

टापदार–वि० [हिं० टाप + फ़ा० दार] जिसके सिरे या छोर पर के कुछ भाग का घेरा उभरा हुआ हो । जिसके ऊपर या नीचे का छोर कुछ फैला हुआ हो । जैसे, टापदार पाया ।

टापना–क्रि० अ० [हिं० टाप + ना (प्रत्य०)] (१) घोड़ों का पैर पटकना । (प्रायः जब दाना पाने का समय हो जाता है तब घोड़े टाप पटक कर अपनी भूख की सूचना देते हैं । इससे 'टापने' का अर्थ कभी कभी 'दाना माँगना' भी होते हैं) । (२) टक्कर मारना । किसी वस्तु के लिये इधर उधर हैरान फिरना । (३) व्यर्थ इधर उधर फिरना । (४) उछलना । कूदना ।

क्रि० स० कूदना । फाँदना । उछल कर लाँघना । जैसे, दीवार टापना ।

क्रि० अ० [सं० तप] (१) बिना कुछ खाए पिए पड़ा रहना । बिना दाना पानी के समय बिताना । जैसे, सवेरे से बैठे टाप रहे हैं, कोई पानी पीने को भी नहीं पूछता । (२) ऐसी बात के आसरे में रहना जो होती हुई न दिखाई दे । व्यर्थ प्रतीक्षा करना । आशा में पड़े पड़े उद्विग्न और व्यग्र होना । जैसे, घंटों से बैठे टाप रहे हैं कोई आता जाता नहीं दिखाई देता । (३) किसी बात से निराश और दुखी होना । हाथ मलना । पछताना । उ०—वह चला गया मैं टापता रह गया ।

टापर†–संज्ञा पु० [देश०] चद्दर । ओढ़ने का मोटा कपड़ा ।

संज्ञा पु० [हिं० टाप] छोटी मोटी सवारी । टट्टू आदि की सवारी ।

टापा–संज्ञा पुं० [सं० स्थापन, हिं० थापा] (१) टप्पा । मैदान । (२) उजाड़ मैदान । ऊसर मैदान । (३) उछाल । कूद । छलांग । फाँद ।

मुहा०—टापा देना = लंबे डग भरना । फलाँग मारना । उ०—कबिरा यह संसार में घने मनुष मतिहीन । राम नाम जाना नहीं आए टापा दीन ।—कबीर ।

(४) झाबा । किसी वस्तु को ढकने या बंद करने का टोकरा ।

टापू–संज्ञा पुं० [हिं० टापा या टप्पा] (१) स्थल का वह भाग जिसके चारों ओर जल हो । वह भूखंड जो चारों ओर जल से घिरा हो । द्वीप । † (२) टप्पा । टापा ।

टाबर–संज्ञा पुं० [पंजाबी टब्बर] बालक । लड़का ।

टाबू–संज्ञा पुं० [देश०] रस्सी की बुनी हुई कटोरे के आकार की जाली जिसे बैलों के मुँह पर इस लिये चढ़ा देते हैं जिसमें वे काम करते समय इधर उधर चर न सकें । जाबा ।

टामक†–संज्ञा पु० [अनु०] टिमटिमी । डिमडिमी । उ०—दुंदुभि पटह मृदंग ढोलकी डफला टामक । मंदरा तबला सुमरु खँजरी तबला धामक ।—सूदन ।

टामन–संज्ञा पुं० [सं० तंत्र] तंत्रविधि । टोटका । उ०—जानत हौं जु दई मुँदरी पढ़ि राम कछू जन टामन कीन्हो ।—हनुमान ।

टार–संज्ञा पुं० [सं०] (१) घोड़ा । (२) गाँडू । लौंडा । लंग । (३) स्त्री-पुरुष का संयोग करानेवाला व्यक्ति । कुटना । दलाल । भँड़ुआ ।

संज्ञा पु० [सं० अट्टाल, हिं० टाल] ढेर । राशि । दे० 'टाल' । संज्ञा स्त्री० [हिं० टारना] टाल टूल । दे० "टाल" ।

टारन—संज्ञा पु० [हिं० टारना] (१) टालने या सरकाने की वस्तु । (२) कोल्हू में पड़ा हुआ वह लकड़ी का डंडा जिससे गड़ेरियां चलाई या हिलाई जाती हैं ।

टारना—क्रि० स० दे० "टालना" ।

टारपीडो—संज्ञा पु० [अं०] एक प्रकार का जंगी जहाज़ जो पानी के भीतर भीतर चल कर शत्रु के जहाजों का नाश करता है ।

टाल—संज्ञा स्त्री० [सं० अट्टाल, हिं० अटाला] (१) नीचे ऊपर रक्खी हुई वस्तुओं का ढेर जो दूर तक ऊँचा उठा हो । ऊँचा ढेर । भारी राशि । अटाला । गंज । जैसे, लकड़ी की टाल, भुस की टाल, पयाल की टाल, घास की टाल । (२) लकड़ी, भुस, पयाल आदि की बड़ी दूकान । (३) बैल-गाड़ी के पहिये का किनारा ।

मुहा०—टाल मारना = पहिये के किनारे का छीलना ।

संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का घंटा जो गाय, बैल, हाथी आदि के गले में बांधा जाता है ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० टालना] (१) टालने का भाव । (२) किसी बात के लिये आज कल का झूठा वादा । ऐसा बहाना जिस से किसी समय किसी काम को करने से कोई बच जाय ।

यौ०—टालटूल । टालबटाल । टालमटूल ।

संज्ञा पु० [सं० टार] व्यभिचार के लिये स्त्री पुरुष का समागम करानेवाला । कुटना । भँड़ुआ ।

टालटूल—संज्ञा स्त्री० दे० "टालमटूल" ।

टालना—क्रि० स० [हिं० टलना] (१) अपने स्थान से अलग करना । हटाना । खिसकाना । सरकाना । उ०—(क) भूप सहस दस एकइ बारा । लगे उठावन टरै न टारा ।—तुलसी । (ख) जियन मूरि जिमि जोगवत रहेऊँ । दीप बाति नहिं टारन कहेऊँ ।—तुलसी ।

संयो० क्रि०—देना ।

(२) दूसरे स्थान पर भेज देना । अनुपस्थित कर देना । दूर करना । भगा देना । जैसे, जब काम का समय होता है तब तुम उसे कहीं टाल देते हो ।

संयो० क्रि०—देना ।

(३) दूर करना । मिटाना । न रहने देना । निवारण करना । जैसे, आपत्ति टालना, संकट टालना, बला टालना । उ०—मुनि प्रसाद बलि तात तुम्हारी । ईस अनेक करवरैं टारी । —तुलसी ।

संयो० क्रि०—देना ।

(४) किसी कार्य को निश्चित समय पर न करके उसके लिये दूसरा समय स्थिर करना । नियत समय से और आगे का समय ठहराना । मुलतवी करना ।

विशेष—इस क्रिया का प्रयोग समय और कार्य्य दोनों के लिये होता है । जैसे, तिथि टालना, दिन टालना, विवाह की साइत या लग्न टालना, विवाह टालना, इम्तहान टालना ।

संयो० क्रि०—देना ।

(५) समय व्यतीत करना । बिताना । उ०—अतिहि अधिक दरसन की आरति । राम बियोग असोक बिटप तर सीय निमेष कल्प सम टारति ।—तुलसी । (६) (किसी आदेश या अनुरोध को) न मानना । न पालन करना । उल्लंघन करना । जैसे, (क) हमारी बात वे कभी नहीं टालेंगे । (ख) राजा की आज्ञा कौन टाल सकता है ? (७) किसी काम को तत्काल न कर के दूसरे समय पर छोड़ना । मुलतवी करना । जैसे, जो काम आवे उसे तुरंत कर डालो, कल पर मत टालो । (८) बहाना कर के किसी काम से पीछा छुड़ाना । हीला-हवाली कर के किसी काम से बचना । किसी कार्य के संबंध में इस प्रकार की बातें कहना जिसमें वह न करना पड़े ।

संयो० क्रि०—देना ।

मुहा०—किसी पर टालना = स्वयं न करके किसी दूसरे के करने के लिये छोड़ देना । किसी के सिर मढ़ना । जैसे, जो काम उस के पास जाता है वह दूसरों पर टाल देता है ।

(९) किसी बात के लिये आज कल का झूठा वादा करना । किसी काम को और आगे चल कर पूरा करने की मिथ्या आशा देना वा प्रतिज्ञा करना । जैसे, तुम इसी तरह महीनों से टालते आए हो, आज हम रुपया जरूर लेंगे । (१०) किसी प्रयोजन से आए हुए मनुष्य को निष्फल लौटाना । किसी मनुष्य का कोई काम पूरा न करके उसे इधर उधर की बातें कह कर फेर देना । धता बताना । टरकाना । जैसे, इस समय इसे कुछ कह सुन कर टाल दो, फिर मांगने आवेगा तब देखा जायगा । (११) पलटना । फेरना । और का और करना । उ०—आई सुधि प्यारे की, विचारै मति टारे तब धारे पग मग भूमि द्वारावति आए हैं ।—प्रिया । (१२) बचा जाना । तरह दे जाना । कोई अनुचित या अपने विरुद्ध बात देख सुन कर न बोलना ।

संयो० क्रि०—जाना ।

टाल-मटाल—संज्ञा स्त्री० दे० "टालमटूल" ।

टालम-टाल—क्रि० वि० [दलाली, टाली = अठन्नी] आधे आध । निस्फा-निस्फ ।

टालमटूल—संज्ञा पुं० [हिं० टालना] बहाना ।

टाला—वि० [स्त्री० टाली] आधा । अर्द्ध । (दलाल)

टाली—संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) गाय बैल आदि के गले में बाँधने की घंटी । (२) जवान गाय या बछिया जो तीन वर्ष से कम की हो और बहुत चंचल हो । उ०—पाई पाई है भैया कुंज

वृंद में टाली। अब के अपनी हटकि चरावहु जैहै हटकी घाली।—सूर। (३) एक प्रकार का बाजा। (४) अठन्नी। आधा रुपया। धेली। (दलाल)

टाल्ही—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का शीशम जिसके पेड़ पंजाब में बहुत होते हैं। इसके हीर की लकड़ी भूरी और बहुत मजबूत होती है। यह इमारतों में लगती है तथा गाड़ी, खेती के सामान आदि बनाने के काम में आती है।

टाहली—संज्ञा पुं० [हिं० टहल] टहल करनेवाला। टहलुवा। दास। सेवक। खिदमतगार। उ०—कादर को आदर काहू के नाहिं देखियत सबनि सोहात है सेवा सुजान टाहली।—तुलसी।

टिंचर—संज्ञा पु० [अं० टिंक्चर] किसी औषध का सार जो स्पिरिट के योग से तरल रूप में बनाया जाता है।

टिंचर आयोडीन—संज्ञा पुं० [अं०] सूजन पर लगाने के लिये लोहे के सार का अर्क।

टिंचर अफीम—संज्ञा पुं० [अं०] अफीम का अर्क।

टिंचर कार्डिमम—संज्ञा पुं० [अं०] इलायची का अर्क।

टिंचर स्टील—संज्ञा पु० [अं०] फौलाद के सार का अर्क।

टिंटिनिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) जल-सिरीस का पेड़। अंबु-शिरीषिका। दाढ़ौन। (२) जोंक।

टिंड—संज्ञा पु० [सं० टिंडिश] (१) ककड़ी की जाति की एक बेल जिसमें गोल गोल फल लगते हैं। इन फलों की तरकारी बनती है। ढेड़सी। डेंड़सी। (२) रहट में लगा हुआ बरतन जिसमें पानी भर कर बाहर आता है। डब्बू।

टिंडा—संज्ञा पुं० [सं० टिंडिश] ककड़ी की जाति की एक बेल जिस में छोटे खरबूजे के बराबर गोल गोल फल लगते हैं। इन फलों की तरकारी बनती है। डेंड़सी। ढेंड़सी।

टिंडर—संज्ञा पुं० [सं० टिंड = डेड़सी] रहट में लगी हुई हँड़िया।

टिंडसी—संज्ञा स्त्री० [सं० टिंडिश] टिंड नाम की तरकारी। डेंड़सी।

टिंडिश—संज्ञा पुं० [सं०] टिंडा। डेंड़सी। ढेंडसी।

टिंडी—संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) हल को पकड़ कर दबानेवाली मुठिया। (२) जाँता घुमाने का खूँटा।

टिक—संज्ञा पुं० [?] टिक्कर। लिट्ट। ठोंकना। पूआ।

टिकई—संज्ञा स्त्री० [देश०] टीकेवाली गाय। वह गाय जिसके माथे में सुफ़ेद टीका हो।

टिकट—संज्ञा पुं० [अं०] (१) वह काग़ज का टुकड़ा जो किसी प्रकार का महसूल, भाड़ा, कर या फीस चुकानेवाले को प्रमाण-पत्र के रूप दिया जाय और जिसके द्वारा वह कहीं आ जा सके या कोई काम कर सके। जैसे, रेल का टिकट, डाक का टिकट, थिएटर का टिकट, दंगल का टिकट। (२) कहीं आने जाने या कोई काम करने के लिये अधिकारपत्र। (३) वह कर, फीस या महसूल जो किसी काम के करनेवालों पर लगाया जाय। जैसे, स्नान का टिकट, मेले का टिकट।

मुहा०—टिकट लगाना = महसूल लगाना। कर नियत करना।

टिकटिक—संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) घोड़ों को हाँकने के लिये मुँह से किया हुआ शब्द। (२) घड़ी के बोलने का शब्द।

टिकटिकी—संज्ञा स्त्री० [हिं० टिकठी] (१) तीन तिरछी खड़ी की हुई लकड़ियों का एक ढाँचा जिससे अपराधियों के हाथ पैर बाँध कर उनके शरीर पर बेंत या कोड़े लगाए जाते हैं। ऊँची तिपाई जिस पर अपराधियों को खड़ा करके उनके गले में फांसी लगाते हैं। टिकठी। (२) ऊँची तिपाई। टिकठी।

मुहा०—टिकटिकी पर खड़ा करना = लड़ाई में न हटनेवाले चोट खा कर मरे हुए मुरगे को तीन लकड़ियों पर खड़ा करना। (मुरगों की लड़ाई में जब कोई बहादुर मुरगा लड़ते ही लड़ते चोट खाकर मर जाता है और मरते दम तक नहीं हटता है तब उसके शरीर को तीन लकड़ियों पर खड़ा कर देते हैं। यदि दूसरा मुरगा लात मार कर उसे लकड़ी के नीचे गिरा देता है तो उसकी जीत समझी जाती है और यदि वह किसी और तरफ चला जाता है तो मरे हुए मुरगे की जीत समझी जाती है।)

संज्ञा स्त्री० [देश०] आठ नौ अंगुल लंबी एक चिड़िया जिसका रंग भूरा और पैर कुछ लाली लिए होते हैं। जाड़े में यह सारे भारतवर्ष में देखी जाती है और प्रायः जलाशयों के किनारे की झाड़ियों में घोंसला लगाती है। यह एक बार में चार अंडे देती है।

संज्ञा स्त्री० दे० "टकटकी"।

टिकठी—संज्ञा स्त्री० [सं० त्रिकाष्ठ वा हिं० तीन + काठ] (१) तीन तिरछी खड़ी की हुई लकड़ियों का एक ढाँचा जिससे अपराधियों के हाथ पैर बाँध कर उनके शरीर पर बेंत या कोड़े लगाए जाते हैं। टिकटिकी। (२) ऊँची तिपाई जिस पर अपराधियों को खड़ा कर के उनके गले में फाँसी का फंदा लगाया जाता है। (३) काठ का आसन जिसमें तीन ऊँचे पाए लगे हों। तिपाई। (४) बुना हुआ कपड़ा फैलाने के लिये दो लकड़ियों का बना हुआ एक ढाँचा। यह कपड़े की चौड़ाई के बराबर फैल सकता है। (जुलाहे)

टिकड़ा—संज्ञा पुं० [हिं० टिकिया] [स्त्री० अल्प० टिकड़ी] (१) चिपटा गोल टुकड़ा। धातु, पत्थर, खपड़े या और किसी कड़ी वस्तु का चक्राकार खंड। (२) आंच पर सेंकी हुई छोटी मोटी रोटी। बाटी। अंगाकड़ी।

मुहा०—टिकड़ा लगाना = आग पर बाटी सेंकना या पकाना।

(३) जड़ाऊ या ठप्पे के गहनों में कई नगों को जड़ कर बनाया हुआ एक एक विभाग या अंश।

टिकड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० टिकड़ा] छोटा टिकड़ा।

टिकना–क्रि० अ० [स० स्थित + कृ । वा अ = नहीं + टिक = चलना] (१) कुछ काल तक के लिये रहना । ठहरना । डेरा करना । मुकाम करना । उ०—टिकि लीजियो रात में काहू अटा जहां सोवत होंय परेवा परे ।—लक्ष्मण ।

संयो० क्रि०—जाना ।—रहना ।—लेना ।

(२) किसी घुली हुई वस्तु का नीचे बैठना । तल में जमना । तलछट के रूप में नीचे पेंदे में इकट्ठा होना । (३) स्थायी रहना । कुछ दिनों तक चलना या बना रहना । कुछ दिनों तक काम देना । जैसे, यह जूता तुम्हारे पैर में कितने दिन टिकेगा ? (४) स्थित रहना । अड़ा रहना । इधर उधर न गिरना । ठहरना । सहारे पर रहना । जमना या बैठना । जैसे, (क) यह गोला डंडे की नोक पर टिका हुआ है । (ख) इस पर तो पैर ही नहीं टिकता, कैसे खड़े हों ।

संयो० क्रि०—जाना ।

टिकरी †–संज्ञा स्त्री० [हिं० टिकिया] (१) एक नमकीन पकवान जो बेसन और मैदे की दो मोयनदार लोइयों को एक में बेल कर और घी में तल कर बनाया जाता है । (२) टिकिया ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० टीका] सिर पर पहनने का एक गहना ।

टिकली–संज्ञा स्त्री० [हिं० टिकिया वा टीका] (१) छोटी टिकिया । (२) पन्नी या कांच की बहुत छोटी बिंदी के आकार की टिकिया जिसे स्त्रियाँ शृंगार के लिये अपने माथे पर चिपकाती हैं । सितारा । चमकी । (३) छोटा टीका । माथे पर पहनने की छोटी बेंदी ।

संज्ञा स्त्री० [स० तर्क, हिं० टकला] सूत बटने की फिरकी । सूत कातने का एक औज़ार ।

विशेष—यह बाँस या लोहे की सलाई के सिरे पर लगी हुई काठ की गोल टिकिया होती है जिसे नचाने या फिराने से उसमें लपेटा हुआ सूत ऐंठ कर कड़ा होता जाता है ।

टिकस–संज्ञा पुं० [अं० टैक्स] महसूल । कर । जैसे, पानी का टिकस, इनकम टिकस ।

मुहा०—टिकस लगना = महसूल या कर नियत होना ।

टिकाई †–संज्ञा पुं० [हिं० टीका] राजा का वह पुत्र जो राजा के पीछे राजतिलक का अधिकारी हो । युवराज । उत्तराधिकारी राजकुमार ।

टिकाऊ–वि० [हिं० टिकना] टिकनेवाला । कुछ दिनों तक काम देनेवाला । चलनेवाला । पायदार ।

टिकान–संज्ञा स्त्री० [हिं० टिकना] (१) टिकने या ठहरने का भाव । (२) टिकने या ठहरने का स्थान । पड़ाव । चट्टी ।

टिकाना–क्रि० स० [हिं० टिकना] (१) ठहराना । रहने के लिये जगह देना । निवास-स्थान देना । कुछ काल तक किसी के रहने के लिये स्थान ठीक करना । जैसे, इन्हें तुम अपने यहाँ टिका लो ।

संयो० क्रि०—देना ।—लेना ।

(२) अड़ाना । ठहराना । स्थित करना । सहारे पर खड़ा करना या रोकना । जमाना । जैसे, (क) एक पैर जमीन पर अच्छी तरह टिका लो तब दूसरा पैर उठाओ । (ख) इसे दीवार से टिका कर खड़ा कर दो । (ग) इस बोझ को चबूतरे पर टिका कर थोड़ा दम ले लो ।

संयो० क्रि०—देना ।—लेना ।

† (३) किसी उठाए जाते हुए बोझ में सहारे के लिये हाथ लगाना । बोझ उठाने वा ले जाने में सहायता देना । सहारा देना । जैसे, (क) अकेले उससे चारपाई न जायगी तुम भी टिका लो । (ख) चार आदमी जब उसे टिकाते हैं तब वह उठता है ।

संयो० क्रि०—देना ।—लेना ।

टिकानी–संज्ञा स्त्री० [हिं० टिकाना] छकड़ा गाड़ी की वे दोनों लकड़ियाँ जिनमें पैंजनी डाल कर रस्सी से बाँधते हैं ।

टिकाव–संज्ञा पु० [हिं० टिकना] (१) स्थिति । ठहराव । (२) स्थिरता । स्थायित्व । (३) वह स्थान जहाँ यात्री आदि ठहरते हों । पड़ाव ।

टिकिया–संज्ञा स्त्री० [स० वटिका] (१) गोल और चिपटा छोटा टुकड़ा । गोल और चिपटे आकार की छोटी वस्तु । चक्राकार छोटी मोटी वस्तु । जैसे, दवा की टिकिया, कुनैन की टिकिया ।

विशेष—चकती और टिकिया में अंतर यह है कि 'टिकिया' का प्रयोग प्रायः ठोस और उभरे हुए मोटे दल की वस्तुओं के लिये होता है पर चकती का प्रयोग कपड़े चमड़े आदि महीन परत की वस्तुओं के लिये होता है । जैसे, 'कपड़े या चमड़े की चकती', 'मैदे की टिकिया' ।

(२) कोयले की बुकनी को किसी लसीली चीज़ में सान कर बनाया हुआ चिपटा गोल टुकड़ा जिससे चिलम पर आग सुलगाते हैं । (३) एक प्रकार की चिपटी गोल मिठाई जो मोयनदार मैदे की छोटी लोई को घी में तलने और चाशनी में डुबाने से बनती है । (४) बरतन के साँचे का ऊपरी भाग जिसका सिरा बाहर निकला रहता है । (५) छोटी मोटी रोटी । बाटी । लिट्टी ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० टीका] (१) माथा । ललाट । (२) माथे पर लगी हुई बिंदी । (३) उँगली में चूना, रंग या और कोई वस्तु पोत कर बनाई हुई खड़ी रेखा या चिह्न ।

विशेष—अनपढ़ लोग नित्य प्रति के लेन देन की वस्तु का लेखा रखने के लिये इस प्रकार के चिह्न प्रायः दीवार पर बनाते हैं ।

टिकुरा†–संज्ञा पुं० [देश०] टीला । भीटा ।

टिकुरी–संज्ञा स्त्री० [सं० तर्कु, हिं० टकुवा] सूत बटने या कातने की फिरकी । टिकली ।

संज्ञा पुं० [देश०] निसोथ । तुबुंद ।

टिकुला–संज्ञा पुं० दे० "टिकोरा" ।

टिकुली–संज्ञा स्त्री० दे० "टिकली" ।

टिकुवा†–संज्ञा पुं० दे० "टकुआ", "टेकुआ" ।

टिकैत–संज्ञा पुं० [हिं० टीका + ऐत (प्रत्य०)] (१) राजा का वह पुत्र जो राजा के पीछे राजतिलक का अधिकारी हो । राजा का उत्तराधिकारी कुमार । युवराज । (२) अधिष्ठाता । सरदार ।

टिकोर–संज्ञा स्त्री० दे० "टकोर" ।

टिकोरा†–संज्ञा पुं० [सं० वटिका, हिं० टिकिया] आम का छोटा और कच्चा फल । आम की बतिया । आम का वह फल जिसमें जाली न पड़ी हो ।

टिकोला†–संज्ञा पुं० दे० "टिकोरा"

टिक्कड़–संज्ञा पु० [हिं० टिकिया] (१) बड़ी टिकिया । (२) हाथ की बनी छोटी मोटी रोटी जो सेंकी गई हो । बाटी । लिट्टी । अंगाकड़ी । (३) मालपूवा । (साधु) ।

टिक्का–संज्ञा पुं० [देश०] मूँगफली के पौधे का एक रोग ।

†संज्ञा स्त्री० [हिं० टीका] [स्त्री० टिक्की] (१) टीका । तिलक । बिंदी । (२) उँगली में रंग आदि लगा कर बनाया हुआ खड़ा चिह्न ।

विशेष—दे० "टिक्की" ।

(३) सुध । स्मरण । याद ।

टिक्की–संज्ञा स्त्री० [हिं० टिकिया] (१) टिकिया । गोल और चिपटा छोटा टुकड़ा ।

मुहा०—टिक्की जमना, बैठना, लगना = प्रयोजन सिद्धि का उपाय होना । युक्ति लड़ना । प्राप्ति आदि का डौल होना । गोटी जमना ।

(२) अंगाकड़ी । बाटी ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० टीका] (१) उँगली में रंग या और कोई गीली वस्तु पोत कर बनाया हुआ गोल चिह्न । बिंदी । (२) माथे पर की बिंदी । गोल टीका । (३) उँगली में गीला चूना या रंग आदि पोत कर दीवार पर बनाई हुई खड़ी रेखा या चिह्न ।

विशेष—अनपढ़ लोग नित्य प्रति के लेन देन की वस्तु का लेखा रखने के लिये इस प्रकार के चिह्न प्राय दीवार पर बनाते हैं । (४) ताश की बूटी । ताश में बना हुआ पान आदि का चिह्न ।

टिक्कटिक्क–संज्ञा स्त्री० दे० "टिकटिक" ।

टिघलना–क्रि० अ० [सं० तप + गलन] पिघलना । आंच से द्रवीभूत होना ।

विशेष—दे० "पिघलना" ।

टिघलाना–क्रि० स० [हिं० टिघलना] पिघलाना ।

टिचन–वि० [अं० अटेंशन] (१) तैयार । ठीक । दुरुस्त ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

(२) उद्यत । मुस्तैद ।

क्रि० प्र०—होना ।

टिटकारना–क्रि० स० [अनु०] [संज्ञा टिटकारी] टिक टिक शब्द कर के किसी पशु को चलने के लिये उभारना । 'टिक टिक' कर के हाँकना । जैसे, घोड़े को टिटकारना ।

मुहा०—टिटकारी पर लगना = (पशु का) इशारा पा कर काम करना । संकेत पा कर या बोली पहचान कर पास चला आना ।

टिटिह, टिटिहा–संज्ञा पु० [सं० टिट्टिभ] टिटिहरी चिड़िया का नर । उ०—(क) देखा टिटिह टिटिहरी आई । चोंचैं भरि भरि पानी लाई । (ख) टिटिहा कही जाउँ लै कहाँ । यहि ते नीक और है जहां ।—नारायणदास ।

टिटिहरी–संज्ञा स्त्री० [सं० टिट्टिभ, हिं० टिटिह] पानी के किनारे रहनेवाली एक छोटी चिड़िया जिसका सिर लाल, गरदन सफेद, पर चितकबरे, पीठ खैरे रंग की, दुम मिले जुले रंगों की और चोंच काली होती है । इसकी बोली कड़ुई होती है और सुनने में 'टीं टीं' की ध्वनि के समान जान पड़ती है । स्मृतियों में द्विजातियों के लिये इसके मांस-भक्षण का निषेध है । इस चिड़िया के संबंध में ऐसा प्रवाद है कि यह रात को इस भय से कि कहीं आकाश न टूट पड़े उसे रोकने के लिये दोनों पैर ऊपर करके चित सोती है । कुररी ।

टिटिहा रोर–संज्ञा पुं० [हिं० टिटिहा + रोर] (१) चिल्लाहट । शोर गुल । (२) रोना पीटना । क्रंदन ।

टिट्टिभ–संज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० टिट्टिभी] (१) टिटिहरी । कुररी । दे० "टिटिहरी" । उ०—उमा रावनहिं अस अभिमाना । जिमि टिट्टिभ खग सूत उताना ।—तुलसी । (२) टिड्डी ।

टिट्टिभा–संज्ञा स्त्री० [सं०] टिट्टिभ की मादा ।

टिटिभी–संज्ञा स्त्री० [सं० टिट्टिभ] टिट्टिभ की मादा ।

टिड्डा–संज्ञा पुं० [सं० टिट्टिभ] एक प्रकार का परदार कीड़ा जो खेतों में तथा छोटे पेड़ों या पौधों पर दिखाई पड़ता है । यह चार पांच अंगुल लंबा और कई तरह का होता है, जैसे, हरा, भूरा, चित्तीदार । यह नरम पत्ते खा कर रहता है । गुबरैले, तितली, रेशम के कीड़े आदि की तरह इसके जीवन में आकृति-परिवर्त्तन की भिन्न भिन्न अवस्थाएँ नहीं होतीं । मक्खियों की तरह इसके मुँह में भी धँसाने के लिये टूँड़ होते हैं ।

टिड्डी–संज्ञा स्त्री० [सं० टिट्टिभ वा सं० तत् + डीन = उड़ना] एक जाति का टिड्डा या उड़नेवाला कीड़ा जो बड़ा भारी दल या समूह बाँध कर चलता है और मार्ग के पेड़ पौधों और फसल को बड़ी हानि पहुँचाता है । इसका आकार साधारण टिड्डे ही के समान, पैर और पेट का रंग लाल या नारंगी तथा शरीर भूरापन लिए और चित्तीदार होता है । जिस समय

इसका दल लाल बादल की घटा के समान उमड़ कर चलता है उस समय आकाश में अंधकार सा हो जाता है और मार्ग के पेड़, पौधों और खेतों में पत्तियां नहीं रह जातीं। टिड्डियाँ हजार डेढ़ हजार कोस तक की लंबी यात्रा करती हैं और जिन जिन प्रदेशों से हो कर जाती हैं उनकी फसल को नष्ट करती जाती हैं। ये पर्वत की कंदराओं और रेगिस्तानों में रहती हैं और बालू में अपने अंडे देती हैं। अफ्रिका के उत्तरीय तथा एशिया के दक्षिणी भागों में इनका आक्रमण विशेष होता है।

मुहा०—टिड्डी दल = बहुत बड़ा झुंड। बहुत बड़ा समूह। बड़ी भारी भीड़ या सेना।

टिढ़बिंगा—वि० [हिं० टेढ़ा + सं० बंक] टेढ़ामेढ़ा। जो सीधा या सुडौल न हो।

टिप—संज्ञा स्त्री० [हिं० टीपना] साँप काटने का एक प्रकार। साँप का ऐसा दंश जिसमें दाँत चुभ गए हों और विष रक्त में मिल गया हो।

टिपकना†—क्रि० अ० दे० "टपकना"।

टिपका*†—संज्ञा पु० [हिं० टिपकना] बूँद। कतरा। बिंदु। उ०—नव मन दूध बटोरिया टिपका किया बिनास। दूध फाटि कांजी भया भया घीव का नास।—कबीर।

टिप टिप—संज्ञा स्त्री० [अनु०] बूँद बूँद गिरने का शब्द। टपकने का शब्द। वह शब्द जो किसी वस्तु पर बूँद के गिरने से होता है।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—टिप टिप करना = बूँद बूँद गिरना या बरसना।

टिपवाना—क्रि० स० [हिं० टीपना] (१) दबवाना। चँपवाना। मिसवाना। जैसे, पैर टिपवाना। (२) पिटवाना। धीरे धीरे प्रहार करवाना।

टिपारा—संज्ञा पुं० [हिं० तीन + फा० पारः = टुकड़ा] मुकुट के आकार की एक टोपी जिसमें कलगी की तरह तीन शाखाएँ निकली होती हैं, एक सिरे पर, दो बगल में। उ०—भोर फूल बीनिबे को गए फुलवाई हैं। सीसनि टिपारो, उपवीत पीत पट कटि, दोना वाम करनि सलोने भेसवाई हैं।—तुलसी।

टिपुर—संज्ञा पुं० [देश०] (१) गुमान। अभिमान। गुरूर। (२) बहुत अधिक आचार-विचार। पाखंड। आडंबर।

टिप्पणी—संज्ञा स्त्री० दे० "टिप्पनी"।

टिप्पन—संज्ञा पुं० [सं०] (१) टीका। व्याख्या। (२) जन्म-कुंडली। जन्मपत्री।

मुहा०—टिप्पन का मिलान = विवाह-संबंध स्थिर करने के लिये वरकन्या की जन्मपत्रियों का मिलान।

टिप्पनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] टीका। व्याख्या। किसी वाक्य या प्रसंग का अर्थ सूचित करनेवाला विवरण।

टिप्पस †—संज्ञा स्त्री० [देश०] युक्ति। अभिप्राय साधन का ढंग।

क्रि० प्र०—जमना।—जमाना।—लगाना।

विशेष—दे० "टिक्की"।

टिप्पी—संज्ञा स्त्री० [हिं० टीका] (१) उँगली में रंग आदि पोत कर बनाया हुआ चिह्न। (२) ताश की बूटी।

विशेष—दे० "टिक्की"।

टिफन—संज्ञा स्त्री० [अं०] अँगरेजों का दोपहर के बाद का जलपान।

टिबरी†—संज्ञा स्त्री० [देश०] पहाड़ों की छोटी चोटी।

टिमकी†—संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) छोटा मोटा बरतन। (२) बच्चों का पेट।

टिमटिमाना—क्रि० अ० [सं० तिम = ठंढा होना] (१) (दीपक का) मंद मंद जलना। क्षीण प्रकाश देना। जैसे, कोठरी में एक दीया टिमटिमा रहा था। (२) समान बँधी हुई लौ के साथ न जलना। बुझने पर हो हो कर जलना। झिलमिलाना। जैसे, दीया टिमटिमा रहा है, बुझा चाहता है।

मुहा०—आँख टिमटिमाना = आँख को थोड़ा थोड़ा खोल कर फिर बंद कर लेना।

(२) मरने के निकट होना। कुछ ही घड़ी के लिये और जीना।

टिमाक—संज्ञा स्त्री० [देश०] बनाव। सिंगार। ठसक। (स्त्रि०)

टिमिला†—संज्ञा पुं० [देश०] [स्त्री० टिमिली] लड़का। छोकरा।

टिमिली†—संज्ञा स्त्री० [देश०] लड़की। छोकरी।

टिम्मा†—वि० [देश०] ठेंगना। बौना। छोटे डील डौल का। नाटा।

टिर—संज्ञा स्त्री० दे० "टर"।

टिरफिस—संज्ञा स्त्री० [हिं० टिर + फिस] चीं चपड़। प्रतिवाद। विरोध। बात न मानने की ढिठाई। जैसे, सीधे से जो कहते हैं करो, जरा भी टिरफिस करोगे तो मार बैठेंगे।

क्रि० प्र०—करना।

टिर्रा†—वि० दे० "टर्रा"।

टिर्राना†—क्रि० अ० दे० "टर्राना"।

टिलटिलाना†—क्रि० अ० [अनु०] पतला दस्त फिरना। दस्त आना।

टिलटिली†—संज्ञा स्त्री० [अनु०] पतला दस्त फिरने की क्रिया वा भाव।

क्रि० प्र०—आना।—छूटना।

टिलवा—संज्ञा पुं० [देश०] (१) लकड़ी का वह टुकड़ा जो छोटा गँठीला और टेढ़ा हो। गठीला और टेढ़ा मेढ़ा कुंदा। (२) नाटा या ठेंगना आदमी। (३) चापलूस आदमी।

टिलिया †—संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) छोटी मुर्गी। (२) मुर्गी का बच्चा।

टिली-लिली—संज्ञा स्त्री० [अनु०] बीच की उँगली हिला कर चिढ़ाने का शब्द। (लड़के)

विशेष—जब एक लड़का कोई वस्तु नहीं पाता या किसी बात में अकृतकार्य होता है, तब दूसरे लड़के उसके सामने हथेली सीधी कर के और बीच की उँगली हिला कर 'टिली-लिली' कह कर चिढ़ाते हैं।

टिलेहु—संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का नेवला जिसके शरीर से दुर्गंध निकलती है। इस का सिर सूअर के ऐसा और दुम बहुत छोटी होती है। यह तलवों के बल चलता है और अपने थूथन से जमीन की मिट्टी खोदता है। सुमात्रा, जावा आदि टापुओं में यह नेवला पाया जाता है।

टिलोरिया †—संज्ञा स्त्री० [देश०] मुरगी का बच्चा।

टिल्ला—संज्ञा पु० [हिं० ठेलना] धक्का। टकोर। चोट। (बाजारू)

यौ०—टिल्लेनवीसी।

टिल्लेनवीसी—संज्ञा स्त्री० [हिं० टिल्ला + फ़ा० नवीसी] (१) निकृष्ट सेवा। नीच सेवा। (२) व्यर्थ का काम। ऐसा काम जिससे कोई लाभ न हो। निठल्लापन। (३) हीला हवाली। टालमटूल। बहाना।

क्रि० प्र०—करना।

टिसुआ †—संज्ञा पुं० [सं० अश्रु] आँसू। (पंजाबी)

टिहुकना †—क्रि० अ० [देश०] (१) ठिठकना। (२) चौंकना।

टिहुनी †—संज्ञा स्त्री० [सं० घुंट, हि० घुटना] (१) घुटना। (२) कोहनी।

टिहूक †—संज्ञा स्त्री [देश०] चौंकने की क्रिया या भाव। चौंक। झकझक। उ०—एक तागा बनवल, दूसर गैल टूटी। चिलरे काटल, उठलि टिहूकी।—कबीर।

टिहूकना †—क्रि० अ० दे० "टिहुकना"।

टींड—संज्ञा पुं० [सं० टिंडिश = डेंढसी] रहट में बाँधने की हँड़िया।

टींडसी—संज्ञा स्त्री० [सं० टिंडिश] ककड़ी की जाति की एक बेल जिसमें गोल गोल फल लगते हैं। इन फलों की तरकारी होती है।

टींड़ा—संज्ञा पुं० [देश०] जाँता घुमाने का खूँटा।

टींड़ी †—संज्ञा स्त्री० दे० "टिड्डी"। उ०—जिमि टीड़ी दल गुहा समाई।—तुलसी।

टीक—संज्ञा स्त्री० [सं० तिलक] (१) गले में पहनने का सोने का एक गहना जो ठप्पेदार या जड़ाऊ बनता है। (२) माथे में पहनने का सोने का एक गहना।

टीकट †—संज्ञा पुं० [हिं० टिकना] रीढ़ की हड्डी।

टीकन—संज्ञा पुं० [हिं० टेकना] थूनी। चाँड़। वह खंभा या लकड़ी जो किसी भार को सँभाले रहने या किसी वस्तु को एक स्थिति में रखने के लिये लगाई जाती है।

मुहा०—टीकन देना = बढ़ते हुए पौधे को सीधा और सुडौल रखने के लिये थूनी लगाना।

टीकना †—क्रि० स० [हिं० टीका] (१) टीका लगाना। तिलक देना। (२) उँगली में रंग आदि पोत कर चिह्न या रेखा बनाना।

टीका—संज्ञा पु० [सं० तिलक] (१) वह चिह्न जो उँगली में गीला चंदन, रोली, केसर, मिट्टी आदि पोत कर मस्तक बाहु आदि अंगों पर शृंगार वा साम्प्रदायिक संकेत के लिये लगाया जाता है। तिलक।

क्रि० प्र०—लगाना।

मुहा०—टीका देना = टीका लगाना। माथे पर घिसे हुए चंदन आदि से चिह्न बनाना। (टीका पूजन के समय तथा अनेक शुभ अवसरों पर लगाया जाता है। यात्रा के समय भी जानेवाले के शुभ के लिये उसके माथे में टीका लगाते हैं।)

(२) विवाह स्थिर होने की एक रीति जिसमें कन्यापक्ष के लोग वर के माथे में तिलक लगाते हैं और कुछ द्रव्य वरपक्ष के लोगों को देते हैं। इस रीति के हो चुकने पर विवाह का होना निश्चित समझा जाता है। तिलक।

क्रि० प्र०—चढ़ना।—चढ़ाना।—भेजना।

(३) दोनों भौं के बीच माथे का मध्य भाग (जहाँ टीका लगाते हैं)। (४) (किसी समुदाय का) शिरोमणि। (किसी कुल, मंडली या जन-समूह में) श्रेष्ठ पुरुष। उ०—समाधान करि सो सब ही का। गयउ जहाँ दिनकर-कुल-टीका।—तुलसी। (५) राजतिलक। राजसिंहासन या गद्दी पर बैठने का कृत्य।

क्रि० प्र०—देना।—होना।

(६) वह राजकुमार जो राजा के पीछे राज्य का उत्तराधिकारी होनेवाला हो। युवराज। जैसे, टीका साहब। (७) आधिपत्य का चिह्न। प्रधानता की छाप। जैसे, क्या तुम्हारे ही माथे पर टीका है और किसी को इसका अधिकार नहीं है?

मुहा०—टीके का = विशेषता रखनेवाला। अनोखा। जैसे, क्या वही एक टीके का है जो सब कुछ रख लेगा? (स्त्रि०)

(८) वह भेंट जो राजा या ज़मींदार को रैयत या असामी देते हैं। (९) सोने का एक गहना जिसे स्त्रियाँ माथे पर पहनती हैं। (१०) घोड़ों की दोनों आँखों के बीच माथे का मध्य भाग जहाँ भँवरी होती है। (११) धब्बा। दाग। चिह्न। (१२) किसी रोग से बचाने के लिये उस रोग के चेप या रस को ले कर किसी के शरीर में सूइयों से चुभा कर प्रविष्ट करने की क्रिया। जैसे, शीतला का टीका, प्लेग का टीका।

विशेष—टीके का व्यवहार विशेषतः शीतला रोग से बचाने के लिये ही इस देश में होता है। पहले इस देश में माली लोग किसी रोगी की शीतला का नीर ले कर रखते थे और स्वस्थ मनुष्यों के शरीर में सूई से गोद कर उसका संचार करते थे। संथाल लोग आग से शरीर में फफोले डाल कर उनके फूटने पर शीतला का नीर प्रविष्ट करते हैं। इस प्रकार मनुष्य को शीतला के नीर द्वारा जो टीका लगाया जाता है उसमें ज्वर वेग से आता है, कभी कभी सारे शरीर में शीतला निकल आती है और डर भी रहता है। सन् १७९८ में डाक्टर जेनर नामक एक अंगरेज ने गोथन में उत्पन्न शीतला के दानों के नीर से टीका लगाने की युक्ति निकाली जिसमें ज्वर आदि का उतना प्रकोप नहीं होता और न किसी प्रकार का भय रहता है। इंगलैंड में इस प्रकार के टीके से बड़ी सफलता हुई और धीरे धीरे इस टीके का व्यवहार सारे देशों में फैल गया। भारतवर्ष में इस टीके का प्रचार अंगरेजी शासन काल में हुआ है। कुछ लोगों का मत है कि गोथन-शीतला के द्वारा टीका लगाने की युक्ति प्राचीन भारत-वासियों को ज्ञात थी। इस बात के प्रमाण में वे धवंन्तरि के नाम से प्रसिद्ध एक शाक्त ग्रंथ का यह श्लोक देते हैं—

धेनुस्तन्यमसूरिका नराणां च मसूरिका।
तज्जलं बाहुमूलाच्च शस्त्रांतेन गृहीतवान्॥
बाहुमूले च शस्त्राणि रक्तोत्पत्तिकराणि च।
तज्जलं रक्तमिलित स्फोटकज्वरसंभवम्॥

संज्ञा स्त्री० [सं०] किसी वाक्य, पद या ग्रंथ का अर्थ स्पष्ट करनेवाला वाक्य या ग्रंथ। व्याख्या। अर्थ का विवरण। विवृति। जैसे, रामायण की टीका, सतसई की टीका।

टीकाकार—संज्ञा पुं० [सं०] व्याख्याकार। किसी ग्रंथ का अर्थ लिखनेवाला। वृत्तिकार।

टीकी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० टीका] (१) टिकुली। (२) टिकिया। टिक्की।

टीकुर†—संज्ञा पुं० [देश०] (१) ऊँची पृथ्वी। नदी से बाहर की ऊँची और रेतीली भूमि। (२) जंगल। बन।

टीटा—संज्ञा पुं० [देश०] स्त्रियों की योनि में वह मांस जो कुछ बाहर निकला रहता है। टना।

टीड़ी†—संज्ञा स्त्री० दे० "टिड्डी"।

टीन—संज्ञा पुं० [अं० टिन] (१) राँगा। (२) राँगे की कलई की हुई लोहे की पतली चद्दर। (३) इस प्रकार की चद्दर का बना बरतन या डिब्बा।

टीप—संज्ञा स्त्री० [हिं० टीपना] (१) हाथ से दबाने की क्रिया या भाव। दबाव। दाब। (२) हलका प्रहार। धीरे धीरे ठोंकने की क्रिया या भाव। (३) गच कूटने का काम। गच की पिटाई। (४) बिना पलस्तर की दीवार में ईंटों के जोड़ों में मसाला दे कर नहले से बनाई हुई लकीर। (५) टंकार। ध्वनि। घोर शब्द। (६) गाने में ऊँचा स्वर। ज़ोर की तान।

क्रि० प्र०—लगना।—लगाना।

(७) हाथी के शरीर पर लेप करने की औषध। (८) दूध और पानी का शीरा जिसमें चीनी की मैल छँटती है। (९) स्मरण के लिये किसी बात को झटपट लिख लेने की क्रिया। टाँक लेने की क्रिया। टाँक लेने का काम। नोट। (१०) वह कागज जिस पर महाजन को मूल और ब्याज के बदले में फसल के समय अनाज आदि देने का इकरार लिखा रहता है। (११) दस्तावेज। (१२) हुंडी। चेक। (१३) सेना का एक भाग। कंपनी। (१४) गंजीफे के खेल में विपक्षी के एक पत्ते को दो पत्तों से मारने की क्रिया। (१५) लड़की या लड़के की जन्मपत्री। कुंडली। टिप्पन।

वि० चोटी का। सब से अच्छा। चुनिंदा। बढ़िया। (स्त्री०)

टीपटाप—संज्ञा स्त्री० [देश०] ठाठ बाट। सजावट। तड़क भड़क। दिखावट।

टीपन—संज्ञा स्त्री० [हिं० टीपना] शरीर में वह स्थान जहाँ काँटा या कंकड़ चुभने से मांस ऊँचा हो कर कड़ा हो जाता है। गाँठ। टांका। घट्टा।

टीपना—क्रि० स० [सं० टेपन = फेंकना] (१) हाथ या उँगली से दबाना। चापना। मसकना। जैसे, पैर टीपना। (२) धीरे धीरे ठोकना। हलका प्रहार करना। (३) ऊँचे स्वर से गाना। (४) गंजीफे के खेल में दो पत्तों से एक पत्ता जीतना।

क्रि० स० [स० टिप्पनं] लिख लेना। टांक लेना। अंकित कर लेना। दर्ज कर लेना।

टीबा—संज्ञा पुं० [हिं० टीला] टीला। ढूह। भीटा।

टीम—संज्ञा स्त्री० [अं०] खेलनेवालों का दल। जैसे, क्रिकेट की टीम।

टीमटाम—संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) बनाव सिंगार। सजावट। (२) ठाठ बाट। तड़क भड़क।

टीला—संज्ञा पुं० [स० अधिष्ठाला = उभार] (१) पृथ्वी का वह उभरा हुआ भाग जो आस पास के तल से ऊँचा हो। ढूह। भीटा। (२) मिट्टी या बालू का ऊँचा ढेर। धुस। (३) छोटी पहाड़ी।

टीस—संज्ञा स्त्री० [देश०] चुभती हुई पीड़ा। रह रह कर उठनेवाला दर्द। कसक। चसक। हूल।

क्रि० प्र०—होना।

मुहा०—टीस उठना = दर्द शुरू होना। रह रह कर पीड़ा होना।

(घाव आदि का) टीस मारना = रह रह कर दर्द करना।
संज्ञा स्त्री० [अं० स्टिच] किताब की सिलाई। जुज़बंदी।

टीसना–क्रि० अ० [हिं० टीस] (१) चुभती पीड़ा होना। रह रह कर दर्द उठना। कसक होना। (२) घाव फोड़े आदि का दर्द करना।

टुँगना–क्रि० स० [हिं० टुनगा] (१) (चौपायों का) टहनी के सिरे की पत्तियों को दाँत से काटना। कुतरना। (२) कुतर कर चबाना। थोड़ा सा काट कर खाना।
संयो० क्रि०—जाना।—लेना।

टुंच–वि० [सं० तुच्छ] क्षुद्र। तुच्छ। टुच्चा।
मुहा०—टुंच भिड़ाना = थोड़ी पूँजी से काम करना। टुंच लड़ाना = (१) थोड़ी सी पूँजी से काम प्रारंभ करना। (२) थोड़ी सी पूँजी से जुआ खेलना। धीरे धीरे जीतना।

टुंटा–वि० [सं० रुंड वा हिं० टूटा] जिसका हाथ कटा हो। बिना हाथ का। लूला।

टुंडुक–संज्ञा पु० [सं०] (१) श्योनाक। सोना पाठा। आलू। टेंटु। (२) काला खैर।

टुंडुका–संज्ञा स्त्री० [सं०] पाठा।

टुंड–संज्ञा पुं० [सं० रुंड = बिना सिर का धड़, वा स्थाणु = छिन्न वृक्ष] (१) वह पेड़ जिसकी डाल टहनी आदि कट गई हों। छिन्न वृक्ष। ठूँठ। (२) वह पेड़ जिसमें पत्तियाँ न हों। (३) कटा हुआ हाथ। (४) एक प्रकार का प्रेत जिसके विषय में प्रसिद्ध है कि वह घोड़े पर सवार हो कर और अपना कटा हुआ सिर आगे रख कर रात को निकलता है।

टुंडा–वि० [हिं० टुंड] [स्त्री० टुंडी] (१) जिसकी डाल टहनी आदि कट गई हों। ठूँठा। (२) जिसका हाथ कट गया हो। बिना हाथ का। लूला। लुंजा। (३) (बैल) जिसका एक सींग टूटा हो। एक सींग का बैल। डूँडा।
संज्ञा पु० (१) हाथ कटा आदमी। लूला मनुष्य। (२) एक सींग का बैल।

टुंडी†–संज्ञा स्त्री० [सं० तुंडि] नाभि। ढोंढी।
संज्ञा स्त्री० [सं० दंड] बाहुदंड। भुजा। मुश्क।
मुहा०—टुंडियाँ बांधना वा कसना = मुश्कें बाँधना। टुंडियाँ खिँचना = मुश्कें बँधना। हथकड़ी पड़ना।
वि० स्त्री० जिसे हाथ न हो। कटे हाथ की। लूली।

टुइयाँ–संज्ञा स्त्री० [देश०] छोटी जाति का सूआ या तोता। सुग्गी। इसकी चोंच पीली और गरदन बैंगनी रंग की होती है।
वि० ठेंगना। नाटा। बौना।

टुइल–संज्ञा स्त्री० [अं० ट्विल] एक प्रकार का मोटा मुलायम सूती कपड़ा।

टुक–वि० [सं० स्तोक = थोड़ा] थोड़ा। ज़रा। किंचित्। तनिक।
मुहा०—टुक सा = ज़रा सा। थोड़ा सा।
क्रि० वि० थोड़ा। ज़रा। तनिक। जैसे, टुक इधर देखो।
विशेष—इस शब्द का प्रयोग क्रि० वि० वत् ही अधिक होता है। कभी कभी यह यों ही कुछ बेपरवाई या अल्प तत्परता सूचित करने के लिये किसी क्रिया के साथ बोला जाता है। जैसे, टुक जा कर देखो तो।

टुकड़गदा–संज्ञा पुं० [हिं० टुकड़ा + फ़ा० गदा] वह भिखमंगा जो घर घर रोटी का टुकड़ा माँग कर खाता हो। भिखारी। मँगता।
वि० (१) तुच्छ। (२) अत्यंत निर्धन। दरिद्र। कंगाल।

टुकड़गदाई–संज्ञा पुं० दे० "टुकड़गदा"।
संज्ञा स्त्री० टुकड़ा माँगने का काम।

टुकड़तोड़–संज्ञा पुं० [हिं० टुकड़ा + तोड़ना] दूसरे का दिया हुआ टुकड़ा खा कर रहनेवाला आदमी। दूसरे का आश्रित मनुष्य।

टुकड़ा–संज्ञा पुं० [सं० स्तोक (= थोड़ा), हिं० टुक, टूक + ड़ा (प्रत्य०)] [स्त्री० अल्प० टुकड़ी] (१) किसी वस्तु का वह भाग जो उससे टूट फूट या कट छँट कर अलग हो गया हो। खंड। छिन्न अंश। रेज़ा। जैसे, रोटी का टुकड़ा, कागज या कपड़े का टुकड़ा, पत्थर या ईंट का टुकड़ा।
मुहा०—टुकड़े उड़ाना = काट कर कई भाग करना। टुकड़े करना = काट या तोड़ कर कई भाग करना। खंड करना। टुकड़े टुकड़े उड़ाना = काट कर खंड खंड करना। (किसी वस्तु को) टुकड़े टुकड़े करना = इस प्रकार तोड़ना कि कई खंड हो जायँ। चूर चूर करना। खंडित करना।
(२) चिह्न आदि के द्वारा विभक्त अंश। भाग। जैसे, खेत का टुकड़ा। (३) रोटी का टुकड़ा। रोटी का तोड़ा हुआ अंश। ग्रास। कौर।
मुहा०—(दूसरे का) टुकड़ा तोड़ना = दूसरे की दी हुई रोटी खाना। दूसरे के दिए हुए भोजन पर निर्वाह करना। जैसे, वह सुसराल का टुकड़ा तोड़ता है। टुकड़ा तोड़ कर जवाब देना = दे० 'टुकड़ा सा जवाब देना'। टुकड़ा देना = भिखमंगे को रोटी या खाना देना। (दूसरे के) टुकड़ों पर पड़ना = दूसरे की दी हुई रोटी खा कर रहना। दूसरे के यहाँ के भोजन पर निर्वाह करना। पराई कमाई पर गुजर करना। जैसे, वह सुसराल के टुकड़ों पर पड़ा है। टुकड़ा माँगना = भीख माँगना। टुकड़ा सा जवाब देना = झट और स्पष्ट शब्दों में अस्वीकार करना। संकोच नहीं करना। साफ इनकार करना। लगी लिपटी न रखना। कोरा जवाब देना। टुकड़ा सा तोड़ कर हाथ में देना = दे० "टुकड़ा सा जवाब देना"।

टुकड़ी–संज्ञा स्त्री [हिं० टुकड़ा] (१) छोटा टुकड़ा। खंड। जैसे, एक टुकड़ी नमक, काँच की टुकड़ी। (२) थान। कपड़े का टुकड़ा। (३) समुदाय। मंडली। दल। जैसे, यारों की

टुकड़ी। (४) पशु-पक्षियों का दल। झुंड। गोल। जत्था। जैसे, कबूतरों की टुकड़ी। (५) सेना का एक अंश। हिस्सा। कंपनी † (६) स्त्रियों का लहँगा। † (७) कार्त्तिक के स्नान का मेला।

टुकनी–संज्ञा स्त्री० दे० "टोकनी"।

टुकरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० टुकड़ी] (१) सलूम की तरह का एक कपड़ा। (२) टुकड़ी।

टुघलाना–क्रि० अ० [देश०] (१) चुभलाना। मुँह में रख कर धीरे धीरे कूँचना। (२) जुगाली करना।

टुच्चा–वि० [सं० तुच्छ] तुच्छ। ओछा। नीच। नीचाशय। छिछोरा। क्षुद्र प्रकृति का। कमीना। शोहदा। जैसे, टुच्चा आदमी।

टुटका–संज्ञा पुं० दे० "टोटका"।

टुटनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० टोंटी] झारी या गड़ुवे की पतली नली। छोटी टोंटी।

टुटपुँजिया–वि० [हिं० टूटी + पूँजी] थोड़ी पूँजी का। जिसके पास किसी काम में लगाने के लिये बहुत थोड़ा धन हो।

टुटरूँ–संज्ञा पुं० [अनु०] छोटी पंडुकी। छोटी फाख्ता।

मुहा०—टुटरूँ सा = अकेला। एकाकी।

टुटरूँ टूँ–संज्ञा स्त्री० [अनु०] पंडुकी के बोलने का शब्द। पेंडुकी या फ़ाख्ता की बोली।

वि० (१) अकेला। एकाकी। जैसे, सब लोग अपने अपने घर गए हैं, मैं ही टुटरूँ टूँ रह गया हूँ। (२) दुबला पतला। कमजोर। जैसे, बेचारे टुँटरूँ टूँ आदमी कहाँ तक करें।

टुटुका–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक बाजा जिस पर चमड़ा मढ़ा होता है।

टुटुहा†–संज्ञा पुं० [देश०] एक चिड़िया का नाम।

टुटेला†–वि० [हिं० टूटना] टूटा हुआ। (लश०)

टुड़ी–संज्ञा स्त्री० [सं० तुंडि] (१) नाभि। ठोढ़ी।

संज्ञा स्त्री० [हिं० टुकड़ी] टुकड़ी। डली।

टुनका†–संज्ञा पुं० [देश०] बार बार मूत्रस्राव होने और उसके साथ धातु गिरने का रोग।

टुनकी†–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक परदार कीड़ा जो धान को हानि पहुँचाता है।

टुनगा†–संज्ञा पुं० [सं० तनु = पतला + अग्र = अगला—तन्वग्र] [स्त्री० टुनगी] डाल या टहनी के सिरे का भाग जिसकी पत्तियाँ छोटी और कोमल होती हैं। टहनी का अगला भाग।

टुनगी–संज्ञा स्त्री० [हिं० टुनगा] डाल या टहनी के सिरे पर का भाग जिसकी पत्तियाँ छोटी और कोमल होती हैं। टहनी का अगला भाग।

टुनटुना†–संज्ञा पुं० [देश०] मैदे का बना हुआ एक नमकीन पकवान। यह मैदे की चिपटी लंबी बत्तियों को घी में तल कर बनाया जाता है।

टुनहाया–संज्ञा पुं० दे० "टोनहाया"।

टुनाका–संज्ञा स्त्री० [सं०] तालमूली। मुसली।

टुनियाँ†–संज्ञा स्त्री० [सं० तुंड] मिट्टी का टोंटीदार बरतन।

टुनिहाई†–संज्ञा स्त्री० दे० "टोनहाई"।

टुन्ना–संज्ञा पुं० [सं० तुंड] वह नाल जिसमें फल लगते हैं और लटकते हैं, जैसे, कद्दू का टुन्ना।

टुपकना†–क्रि० अ० [अनु०] (१) धीरे से काटना या डंक मारना। (२) किसी के विरुद्ध धीरे से कुछ कह देना। चुगली खाना।

संयो० क्रि०—देना।

टुबी†–संज्ञा स्त्री० [हिं० डूबना] गोता। डुबकी।

टुम्मा–संज्ञा पुं० [देश०] रुपए पाने की एक गैरमामूली रसीद।

टुर्री–संज्ञा पुं० [?] (१) टुकड़ा। डली। दाना। खंड। कण। (२) मोटे अनाज का दाना। ज्वार, बाजरे आदि का दाना।

टुलकना†–क्रि० अ० दे० "दुलकना"।

टुलड़ा–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बाँस जो पूरबी बंगाल और आसाम में होता है।

टुसकना–क्रि० अ० दे० "टसकना"।

टूँ–संज्ञा स्त्री० [अनु०] पादने का शब्द।

टूँक‡–संज्ञा पुं० दे० "टूक"।

टूँगना–क्रि० स० [हिं० टुनगा] (१) (चौपायों का) टहनी के सिरे की कोमल पत्तियों को दाँत से काटना। कुतरना। (२) थोड़ा सा काट कर खाना। कुतर कर चबाना।

संयो० क्रि०—जाना।—लेना।

टूँड़–संज्ञा पुं० [सं० तुंड] [स्त्री० अल्प० टूँडी] मच्छड़ मक्खी, टिड्डे आदि कीड़ों के मुँह के आगे निकली हुई बाल की तरह की दो पतली नलियाँ जिन्हें धँसा कर वे रक्त आदि चूसते हैं। (२) जौ, गेंहूँ आदि की बाल में दाने के कोश के सिरे पर निकला हुआ बाल की तरह का पतला नुकीला अवयव। सींग। सींगुर।

टूँड़ी–संज्ञा स्त्री० [सं० तुंड] (१) जौ, गेंहूँ, धान आदि की बाल में दानों के खोलों के ऊपर निकली हुई बाल की तरह पतली नोक। सींगा। (२) ठोंठी। नाभि। (३) गाजर, मूली आदि की नोक। (४) किसी वस्तु की दूर तक निकली हुई नोक।

टूक†–संज्ञा पुं० [सं० स्तोक] टुकड़ा । खंड ।

टूकर†–संज्ञा पुं० दे० "टुकड़ा" ।

टूका†–संज्ञा पुं० [हिं० टूक] (१) टुकड़ा । खंड । (२) रोटी का टुकड़ा । (३) रोटी का चौथाई भाग । (४) भिक्षा । भीख ।

क्रि० प्र०—माँगना ।

टूकी†–संज्ञा स्त्री० [हिं० टूक] (१) टूक । खंड । टुकड़ा । (२) अँगिया के मुलकट के ऊपर की चकती ।

टूक्या*–संज्ञा पुं० [?] भालू । (डिं०)

टूट†–संज्ञा स्त्री० [हिं० टूटना, सं० त्रुटि] (१) वह अंश जो टूट कर अलग हो गया हो । खंड । टूटन ।

यौ०—टूट फूट ।

(२) टूटने का भाव । (३) किसी लिखावट में वह भूल से छूटा हुआ शब्द या वाक्य जो पीछे से किनारे पर लिख दिया जाता है ।

† संज्ञा पुं० टोटा । घाटा । कमी ।

टूटना–क्रि० अ० [सं० त्रुट] (१) किसी वस्तु का आघात, दबाव या झटके के द्वारा दो या कई भागों में एक बारगी विभक्त होना । टुकड़े टुकड़े होना । खंडित होना । भग्न होना । जैसे, छड़ी टूटना, रस्सी टूटना ।

संयो० क्रि०—जाना ।

यौ०—टूटना फूटना ।

विशेष—'टूटना' और 'फूटना' क्रिया में यह अंतर है कि 'फूटना' खरी वस्तुओं के लिये बोला जाता है विशेषतः ऐसी जिनके भीतर अवकाश या खाली जगह रहती है, जैसे, घड़ा फूटना, बरतन फूटना, खपड़े फूटना, सिर फूटना । लकड़ी आदि चीमड़ वस्तुओं के लिये 'फूटना' का प्रयोग नहीं होता । पर 'फूटना' के स्थान पर पश्चिमी हिंदी में 'टूटना' का प्रयोग होता है, जैसे, घड़ा टूटना ।

(२) किसी अंग के जोड़ का उखड़ जाना । किसी अंग का चोट खा कर ढीला और बेकाम हो जाना । जैसे, हाथ टूटना, पैर टूटना । (३) किसी लगातार चलनेवाली वस्तु का रुक जाना । चलते हुए क्रम का भंग होना । सिलसिला बंद होना । जारी न रहना । उ०—पानी इस प्रकार गिराओ कि धार न टूटे । (४) किसी ओर एकबारगी वेग से जाना । किसी वस्तु पर झपटना । झुकना । जैसे, चील का मांस पर टूटना, बच्चे का खिलौने पर टूटना ।

संयो० क्रि०—पड़ना ।

(५) अधिक समूह में आना । एक बारगी बहुत सा आ पड़ना । पिल पड़ना । जैसे, दूकान पर ग्राहकों का टूटना, विपत्ति या आपत्ति टूटना ।

संयो० क्रि०—पड़ना ।

मुहा०— टूट टूट कर बरसना = बहुत अधिक पानी बरसना । मूसलाधार बरसना ।

(६) दल बाँध कर सहसा आक्रमण करना । एकबारगी धावा करना । जैसे, फौज का दुश्मन पर टूटना ।

संयो० क्रि०—पड़ना ।

(७) अनायास कहीं से आ जाना । अकस्मात् प्राप्त होना । जैसे, दो ही महीने में इतनी सम्पत्ति कहाँ से टूट पड़ी ? उ०—आयो हमारे मया करि मोहन मोको तेा मानेा महानिधि टूटी ।—देव । (८) पृथक् होना । अलग होना । च्युत होना । मेल में न रहना । जैसे, पंक्ति से टूटना, गवाह का टूट जाना ।

संयो० क्रि०—जाना ।

(९) संबंध छूटना । लगाव न रह जाना । जैसे, नाता टूटना, मित्रता टूटना ।

संयो क्रि०—जाना ।

(१०) दुर्बल होना । कृश होना । दुबला पड़ना । क्षीण होना । कम होना । उ०—(क) वह खाने बिना टूट गया है । (ख) उसका सारा बल टूट गया ।

संयो० क्रि०—जाना ।

मुहा०—(कुएँ का) पानी टूटना = पानी कम होना ।

(११) धनहीन होना । कंगाल होना । बिगड़ जाना । जैसे, इस रोजगार में बहुत से महाजन टूट गए ।

संयो० क्रि०—जाना ।

(१२) चलता न रहना । बंद हो जाना । किसी संस्था, कार्यालय आदि का न रह जाना । जैसे, स्कूल टूटना, बाजार टूटना, कोठी टूटना, मुकदमा टूटना ।

संयो० क्रि०—जाना ।

(१३) किसी स्थान, जैसे गढ़ आदि का शत्रु के अधिकार में जाना । युद्ध में किले का ले लिया जाना । जैसे, किला टूटना । उ०—मेघनाद तहँ करह लराई । टूट न द्वार परम कठिनाई ।—तुलसी ।

संयो० क्रि०—जाना ।

(१४) रुपए का बाकी पड़ना । वसूल न होना । जैसे, अभी हिसाब साफ नहीं हुआ, हमारे १०) टूटते हैं । (१५) टोटा होना । घाटा होना । हानि होना । (१६) शरीर में ऐंठन या तनाव लिए हुए पीड़ा होना । जैसे, बुखार चढ़ने पर जोड़ जोड़ टूटता है ।

मुहा०—बदन या अंग टूटना = अंगड़ाई आना ।

(१७) पेड़ों से फल तोड़ा जाना । फलों का इकट्ठा किया जाना । फल उतरना । जैसे, आम टूटना ।

टूटा–वि० [हिं० टूटना] [स्त्री० टूटी] (१) टुकड़े किया हुआ । भग्न । खंडित ।

यौ०—टूटा फूटा = जीर्ण। निकम्मा।

मुहा०—टूटी फूटी बात या बोली = (१) असंबद्ध वाक्य। ऐसे वाक्य जो व्याकरण से शुद्ध और संबद्ध न हों। जैसे, टूटी फूटी अँगरेजी। (२) अस्पष्ट वाक्य। उ०—प्रीत, पित्त कफ कंठ निरोधे रसना टूटी फूटी बात।—सूर। टूटी बाँह गले पड़ना = अपाहिज के निर्वाह का भार अपने ऊपर पड़ना। किसी संबंधी का खर्च अपने जिम्मे होना।

(२) दुबला। कमजोर। क्षीण। शिथिल। (३) निर्धन। दरिद्र। दीन।

संज्ञा पुं० दे० "टोटा"।

टूठना*—क्रि० अ० [सं० तुष्ट, प्रा०तुट्ठ] तुष्ट होना। प्रसन्न होना। उ०—हम सों मिले पर्व द्वादश दिन चारिक तुम सों टूठे। सूर आपने प्रानन खेलैं ऊधव खेलैं रूठे।—सूर।

टूठनि*—संज्ञा स्त्री० [हिं० टूठना] संतोष। तुष्टि। प्रसन्नता। उ०—ठुमुकु ठुमुकु पग धरनि नटनि लरखरनि सुहाई। भजनि मिलनि रूठनि टूठनि किलकनि अवलोकनि बोलनि बरनि न जाई।—तुलसी।

टूनरोटी—संज्ञा स्त्री० [अं० टाउन-ड्यूटी] चुंगी।

टूना†—संज्ञा पुं० दे० "टोना"।

टूम—संज्ञा स्त्री० [अनु० टुन टुन] (१) गहना पाता। आभूषण।

मुहा०—टूमटाम = (१) गहना पाता। वस्त्राभूषण। (२) बनाव सिंगार। टूम छल्ला = छोटा मोटा गहना। साधारण गहना। (२) सुंदर स्त्री। (३) धनी स्त्री। मालदार स्त्री। (४) नौची (बाजारू)। (५) चालाक और चतुर आदमी। (६) उकसाने वा खोदने की क्रिया। झटका। धक्का।

मुहा०—टूम देना = कबूतर को छतरी पर से उड़ाना।

(७) ताना। व्यंग्य।

टूमना†—क्रि० स० [अनु०] (१) धक्का देना। झटका देना। खोदना। (२) ताना मारना। व्यंग्य बोलना।

मुहा०—टूम झारना = ताना मारना।

टूरनामेंट—संज्ञा पुं० [अं०] खेल जिनमें जीतनेवालों को इनाम मिलता है।

टूसा†—संज्ञा पुं० [सं० तुष = भूसी ?] (१) मंदार का फल। डोडा। (२) रेशा। फुचड़ा। सूत। (३) पकड़ का फूल। पाकर का फूल।

संज्ञा पुं० [देश०] टुकड़ा। खंड।

टूसी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० टूसा] कली। बिना खिला हुआ फूल।

टें—संज्ञा स्त्री० [अनु०] तोते की बोली। सुए की बोली।

यौ०—टें टें।

मुहा०—टें टें = व्यर्थ की बकवाद। हुज्जत। टें होना या बोलना = उसी तरह चटपट मर जाना जिस प्रकार बिल्ली के पकड़ने पर तोता एकबार टें शब्द निकाल कर मर जाता है। झट प्राण छोड़ देना। मर जाना। न बचना।

टेंकिका—संज्ञा स्त्री० [सं० टेकिका] ताल के साठ मुख्य भेदों में से एक।

टेंकी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) शुद्ध राग का एक भेद। (२) एक प्रकार का नृत्य।

टेंगड़ा—संज्ञा पुं० दे० "टेंगरा"।

टेंगना—संज्ञा स्त्री० [सं० तुंड] टेंगरा मछली। उ०—संध सुगंध धरै जल बाढ़े। टेंगन मुवे टोय सब काढ़े।—जायसी।

टेंगर—संज्ञा स्त्री० [सं० तुंड = एक मछली] एक प्रकार की मछली जो टेंगरा ही के तरह की पर उससे बहुत बड़ी अर्थात् दो ढाई हाथ तक लंबी होती है। टेंगरा की तरह इसे भी काँटे होते हैं।

टेंगरा—संज्ञा स्त्री० [सं० तुंड = एक प्रकार की मछली] एक प्रकार की मछली जो भारत के अनेक भागों में विशेष कर अवध बिहार और बंगाल के उत्तर के जलाशयों में पाई जाती है। यह डेढ़ बालिश्त लंबी तथा सफेद या कुछ कालापन लिए बादामी होती है। इसके शरीर में सेहरा नहीं होता और इस के मुँह के किनारे लंबी मूँछें होती हैं। इसके शरीर में तीन काँटे होते हैं, दो अगल बगल और एक पीठ में। क्रुद्ध होने पर यह इन काँटों से मारती है। सब से बड़ी विलक्षणता इस मछली में यह है कि यह मुँह से गुनगुनाहट के ऐसा एक प्रकार का शब्द निकालती है।

टेंघुना†—संज्ञा पुं० [हिं० अघीवान्] [स्त्री० टेंघुनी] घुटना।

टेंघुनी—संज्ञा स्त्री० दे० "टेंघुना"।

टेंचन†—संज्ञा पुं० [हिं० टेक] खंभा। टेक। चाँड़।

टेंट—संज्ञा स्त्री० [हिं० तट + ऐंठ] धोती की वह मंडलाकार ऐंठन जो कमर पर पड़ती है और जिसमें लोग कभी कभी रुपया पैसा भी रखते हैं। मुरी।

मुहा०—टेंट में कुछ होना = पास में कुछ रुपया पैसा होना।

संज्ञा स्त्री० [सं० तुंड, हिं० टोंट] (१) कपास की ढोंढ़। कपास का डोडा जिसमें से रुई निकलती है। (२) करील का फल। (३) करील। (४) पशुओं के शरीर पर का ऐसा घाव जो ऊपर से देखने में सूखा जान पड़े पर जिसमें से समय समय पर रक्त बहा करे। (५) दे० "टेंटर"।

टेंटड़—संज्ञा पुं० दे० "टेंटर"।

टेंटर—संज्ञा पुं० [स० तुंड] रोग या चोट के कारण आँख के ढेले पर का उभरा हुआ मांस। ढेंढर।

क्रि० प्र०—निकलना।

टेंटा—संज्ञा पुं० [देश०] एक बड़ा पक्षी जिसकी चोंच बालिश्त

भर की और पैर डेढ़ हाथ तक ऊँचे होते हैं। इसका बदन चितकबरा पर चोंच काली होती है।

टेंटार—संज्ञा पुं० दे० "टेंटा"।

टेंटी—संज्ञा स्त्री० [हिं० टेंट] (१) करील। उ०—सूर कहौ कैसे रुचि मानै टेंटी के फल खारे।—सूर। (२) करील का फल। कचड़ा।

टेंटु—संज्ञा पुं० [सं० टुंटक] श्योनाक। सोनापाठा।

टेंटुवा—संज्ञा पुं० [देश०] (१) गला। घेंटु। घीची। (२) अँगूठा।

टेंटें—संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) तोते की बोली। (२) व्यर्थ की बकवाद। हुज्जत। धृष्टतापूर्ण बात। जैसे, कहाँ राम राम, कहाँ टेंटें।

क्रि० प्र०—करना।—मचाना।—होना।

टेंड—संज्ञा स्त्री० दे० "टिंड"।

टेंडसी—संज्ञा स्त्री० दे० "टिंडसी"।

टेउ†—संज्ञा स्त्री० "टेव"।

टेउकन—संज्ञा पुं० दे० "टेकन"।

टेउकी—संज्ञा स्त्री० [हिं० टेक] (१) किसी वस्तु को लुढ़कने या गिरने से बचाने के लिये उसके नीचे लगाई वस्तु। (२) जुलाहों की वह लकड़ी जो ताने की डाँड़ी में इसलिये लगाई जाती है जिसमें ताना जमीन पर न गिरे, ऊपर उठा रहे।

टेक—संज्ञा स्त्री० [हिं० टिकना] (१) वह लकड़ी या खंभा जो किसी भारी वस्तु को अड़ाए वा टिकाए रखने के लिये नीचे या बगल से भिड़ा कर लगाया जाता है। चाँड़। थूनी। थम।

क्रि० प्र०—लगाना।

(२) टिकने या भार देने की वस्तु। ओठँगने की चीज़। ढासना। सहारा। (३) आश्रय। अवलंब। उ०—दै मुद्रिका टेक तेहि अवसर सुचि समीरसुत पैर गहे री।—तुलसी। (४) बैठने के लिये बना हुआ ऊँचा चबूतरा या बेदी। बैठने का स्थान। जैसे, रामटेक। (५) ऊँचा टीला। छोटी पहाड़ी। (६) चित्त में टिका या बैठा हुआ संकल्प। मन में ठानी हुई बात। दृढ़ संकल्प। अड़। हठ। जिद। उ०—सोइ गोसाइँ जो बिधि गति छेंकी। सकइ को टारि टेक जो टेकी।—तुलसी।

क्रि० प्र०—करना।

मुहा०—टेक निभना = (१) जिस बात के लिये आग्रह या हठ हो उसका पूरा होना। (२) प्रतिज्ञा पूरी होना। **टेक रहना** = दे० "टेक निभना"। **टेक पकड़ना या गहना** = हठ करना। जिद करना।

(७) वह बात जो अभ्यास पड़ जाने के कारण कोई मनुष्य अवश्य करे। बान। आदत। संस्कार।

क्रि० प्र०—पड़ना।

(८) गीत का वह पद या टुकड़ा जो बार बार गाया जाय। स्थायी। (९) पृथ्वी की नोक जो पानी में कुछ दूर तक चली गई हो। (लश०)

टेकड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० टेक] (१) टीला। ऊँचा धुस्स। (२) छोटी पहाड़ी।

टेकन—संज्ञा पुं० [हिं० टेकना] [स्त्री० टेकनी] वह वस्तु जो भारी या लुढ़कनेवाली वस्तु को टिकाए रखने के लिये उसके नीचे या बगल में लगाई जाय। अड़ुकन। रोक। जैसे, घड़े के नीचे टेकन लगा दो।

क्रि० प्र०—लगाना।

टेकना—क्रि० स० [हिं० टेक] (१) खड़े खड़े या बैठे बैठे श्रम से बचने के लिये शरीर के बोझ को किसी वस्तु पर थोड़ा बहुत डालना। सहारे के लिये किसी वस्तु को शरीर के साथ भिड़ाना। सहारा लेना। ढासना लेना। आश्रय बनाना। जैसे, दीवार या खंभा टेक कर खड़ा होना।

संयो० क्रि०—लेना।

(२) किसी अंग को सहारे आदि के लिये कहीं टिकाना। ठहराना या रखना।

मुहा०—माथा टेकना = प्रणाम करना। दंडवत करना।

(३) चलने, चढ़ने,, उठने बैठने आदि में शरीर का कुछ भार देने के लिये किसी वस्तु पर हाथ रखना या उसको हाथ से पकड़ना। सहारे के लिये थामना। जैसे, चारपाई टेक कर उठना बैठना, लाठी टेक कर चलना। उ०—(क) सूर प्रभु कर सेज टेकत कबहुँ टेकत डहरि।—सूर। (ख) नाचत गावत गुन की खानि। समित भए टेकत पिय पानि।—सूर। (४) चलने में गिरने पड़ने से बचने के लिये किसी का हाथ पकड़ना। हाथ का सहारा लेना। उ०—गृह गृह गृह द्वार फिरयो तुम को प्रभु छाँड़े। अंध अंध टेकि चलै क्यों न परै गाड़े?—सूर। † * (५) टेक करना। हठ करना। ठानना। उ०—सोइ गोसाइँ जेइ बिधि गति छेंकी। सकइ को टारि टेक जो टेकी।—तुलसी।

संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का जंगली धान। चनाव।

टेकनी—संज्ञा स्त्री दे० "टेकन"।

टेकर, टेकरा—संज्ञा पुं० [हिं० टेक] [स्त्री० टेकरी] (१) टीला। उठी हुई भूमि। (२) छोटी पहाड़ी।

टेकरी—संज्ञा स्त्री० दे० "टेकरा"।

टेकला † *—संज्ञा स्त्री० [हिं० टेक] धुन। रट। उ०—बन बन पुकारूँ एकला, डारूँ गले बिच मेंखला, एक नाम की है टेकला, सोहबत की ताईं मैं क्या करूँ।—कबीर।

टेकली–संज्ञा स्त्री० [हिं० टेक] किसी चीज को उठाने वा गिराने का औजार। (लश०)

टेकान–संज्ञा पुं० [हिं० टेकाना] (१) टेक। वह लकड़ी जो किसी गिरनेवाली धरन छत आदि को सँभालने के लिये उसके नीचे खड़ी कर दी जाती है। चाँड़। (२) वह ऊँचा चबूतरा वा खंभा जिस पर बोझा ढोनेवाले अपना बोझा अड़ कर थोड़ी देर सुस्ता लेते हैं। धरम ढीहा।

टेकाना †–क्रि० स० [हिं० टेकना] (१) किसी वस्तु को कहीं ले जाने में सहायता देने के लिये पकड़ना। उठा कर ले जाने में सहारा देने के लिये थामना। जैसे, चारपाई को टेका लो, भीतर कर दें।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

(२) उठने बैठने या चलने फिरने में सहायता देने के लिये पकड़ना। सहारा देने के लिये थामना। जैसे, ये इतने कमजोर हो गए हैं कि दो आदमी टेका कर उन्हें भीतर बाहर ले जाते हैं।

टेकानी †–संज्ञा स्त्री० [हिं० टेकना] पहिये को रोकने की कील। किली।

टेकी–संज्ञा पुं० [हिं० टेक] (१) कही हुई बात पर जमा रहनेवाला। प्रतिज्ञा पर दृढ़ रहनेवाला। (२) अड़नेवाला। हठी। दुराग्रही। जिही।

टेकुआ †–संज्ञा पुं० [सं० तर्कु, प्रा० टक्कुअ] चरखे का तकला जिस पर सूत कात कर लपेटा जाता है।

संज्ञा पु० [हिं० टेक] (१) टिकाने या अड़ाने की वस्तु। अड़ुकना। (२) सहारे की वह लकड़ी जो एक पहिया निकाल लेने पर गाड़ी को ऊपर ठहराए रखने के लिये लगाई जाती है।

टेकुरा ‡–संज्ञा पुं० [देश०] पान।

टेकुरी–संज्ञा स्त्री० [सं० तर्कु, हिं० टेकुआ] (१) फिरकी लगा हुआ सूआ जिसके घूमने से फँसी हुई रुई का सूत कत कर लिपटता जाता है। सूत कातने का तकला। (२) बाँस की डाँड़ी के एक छोर पर लाह लगा कर बनाई हुई जोलाहों की फिरकी जिसकी नोक में रेशम फँसाया रहता है। (३) रस्सी बटने का तकला या औजार। (४) चमारों का सूआ जिससे वे तागा खींचते और निकालते हैं। (५) गोप नाम का गहना बनाने के लिये सोनारों की सलाई जिससे तार खींच कर फंदा दिया जाता है। (६) मूर्त्ति बनानेवालों का चिपटी धार का एक औजार जिससे वे मूर्त्ति का तल साफ और चिकना करते हैं।

टेघरना †–क्रि० अ० दे० "टिघलना"।

टेचिन–संज्ञा पुं० [अं० स्टिचिंग] एक प्रकार का काँटा जिसके एक ओर माथा होता है और दूसरी ओर पेच और डिबरी होती है। यह किसी चीज को अड़ाने या थामने के काम में आता है। (लश०)।

टेटका†–संज्ञा पुं० [सं० तार्टक] कान में पहनने का एक गहना।

टेढ़–संज्ञा स्त्री० [हिं० टेढ़ा] (१) टेढ़ापन। वक्रता। (२) अकड़। ऐंठ। उजड्डपन। नटखटी। शरारत।

मुहा०—टेढ़ की लेना = नटखटी करना। शरारत करना। उजड्डपन करना।

† वि० दे० "टेढ़ा"।

टेढ़बिडंगा–वि० [हिं० टेढ़ा + बेढंगा] टेढ़ा मेढ़ा। टेढ़ा और बेढंगा। बेडौल।

टेढ़ा–वि० [सं० तिरस् = टेढ़ा] [स्त्री० टेढ़ी] (१) जो लगातार एक ही दिशा को न गया हो, इधर उधर झुका या घूमा हो। फेर खा कर गया हुआ। जो सीधा न हो। वक्र। कुटिल। जैसे, टेढ़ी लकीर, टेढ़ी छड़ी, टेढ़ा रास्ता।

यौ०—टेढ़ा मेढ़ा = जो सीधा और सुडौल न हो। टेढ़ा बाँका = नोक झोंक का। बना ठना। छैल चिकनिया।

मुहा०—टेढ़ी चितवन = तिरछी चितवन। भावभरी दृष्टि।

(२) जो अपने आधार पर समकोण बनाता हुआ न गया हो। जो समानांतर न गया हो। तिरछा। (३) जो सुगम न हो। जो सहज न हो। कठिन। बेढ़ा। फेरफार का। मुश्किल। पेचीला। जैसे, टेढ़ा काम, टेढ़ा प्रश्न, टेढ़ा मामला।

मुहा०—टेढ़ी खीर = मुश्किल काम। कठिन कार्य्य। दुष्कर कार्य्य। (इस मुहा० के संबंध में लोग एक कथा कहते हैं। एक आदमी ने एक अंधे से पूछा "खीर खाओगे?"। अंधे ने पूछा "खीर कैसी होती है?" उस आदमी ने कहा "सफेद"। फिर अंधे ने पूछा "सफेद कैसा?" उसने उत्तर दिया "जैसा बगला होता है"। अंधे ने पूछा "बगला कैसा होता है?" इस पर उस आदमी ने हाथ टेढ़ा करके दिखाया। अंधे ने टटोल कर कहा—"यह तो टेढ़ी खीर है न खाई जायगी")।

(४) जो शिष्ट या नम्र न हो। उद्धत। उग्र। उजड्ड। दुःशील। कोपवान्। जैसे, टेढ़ा आदमी, टेढ़ी बात। उ०—टेढ़े आदमी से कोई नहीं बोलता।

मुहा०—टेढ़ा पड़ना या होना = (१) उग्र रूप धारण करना। बिगड़ना। कुपित होना। कठोर व्यवहार करना। जैसे, कुछ टेढ़े पड़ोगे तभी रुपया निकलेगा, सीधे से माँगने से नहीं। (२) अकड़ना। ऐंठना। टर्राना। जैसे, वह जरा सी बात में टेढ़ा हो जाता है। टेढ़ी आँख से देखना = क्रूर दृष्टि करना। शत्रुता की दृष्टि से देखना। अनिष्ट करने का विचार करना। बुरा व्यवहार करने का विचार करना। टेढ़ी आँखें करना = कुपित दृष्टि करना। क्रोध की आकृति बनाना। बिगड़ना।

टेढ़ी सीधी सुनाना=ऊँची नीची सुनाना। खरी खोटी सुनाना। भला बुरा कहना। **टेढ़ी सुनाना**=दे० "टेढ़ी सीधी सुनाना"।

टेढ़ाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० टेढ़ा] टेढ़ा होने का भाव। टेढ़ापन।

टेढ़ापन–संज्ञा पुं० [हिं० टेढ़ा + पन (प्रत्य०)] टेढ़ा होने का भाव।

टेढ़े–क्रि० वि० [हिं० टेढ़ा] सीधे नहीं। घुमाव फिराव के साथ। जैसे, वह टेढ़े जा रहा है।

मुहा०—टेढ़े टेढ़े जाना=इतराना। घमंड करना। उ०—(क) कबहूँ कमला चपला पाय के टेढ़े टेढ़े जात। कबहुँक मग मग धूरि टटोरत, भोजन को बिललात।—सूर। (ख) जो रहीम ओछो बढ़ै तौ अति ही इतरात। प्यादा से फरजी भयो टेढ़े टेढ़े जात।—रहीम।

टेना–क्रि० स० [हिं० टेव + ना (प्रत्य०)] (१) किसी हथियार की धार को तेज करने के लिये उसे पत्थर आदि पर रगड़ना। तेज करने के लिये रगड़ना। उ०—कुबरी करी कुबलि कैकेई। कपट छुरी उर-पाहन टेई।—तुलसी। (२) मूछ के बालों को खड़ा करने के लिये ऐंठना। जैसे, मूँछ टेना।

टेनिस–संज्ञा पुं० [अ०] गेंद का एक प्रकार का अंगरेजी खेल।

टेनी†–संज्ञा स्त्री० [देश०] छोटी उँगली।

मुहा०—टेनी मारना=सौदा तौलने में उँगली को इस तरह घुमाना फिराना कि चीज़ कम चढ़े। (सौदा) कम तौलना।

टेपारा–संज्ञा पुं० दे० "टिपारा"।

टेबुल–संज्ञा पुं० [अ०] मेज़।

टेम–संज्ञा स्त्री० [हिं० टिमटमाना] दीपशिखा। दिए की लौ। दीपक की ज्योति। लाट।

संज्ञा पुं० [अ० टाइम] समय। वक्त।

टेमन–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का साँप।

टेमा–संज्ञा पुं० [देश०] कटे हुए चारे की छोटी अँटिया।

टेर–संज्ञा स्त्री० [स० तार = संगीत में ऊँचा स्वर] (१) गाने में ऊँचा स्वर। तान। टीप।

क्रि० प्र०—लगाना।

(२) बुलाने का ऊँचा शब्द। पुकारने की आवाज़। बुलाहट। पुकार। हाँक। उ०—(क) टेर लखन सुनि बिकल जानकी अति आतुर उठि धाई।—सूर। (ख) कुश की टेर सुनी जबै फूलि फिरे शत्रुघ्न।—केशव।

संज्ञा स्त्री० [स० तार = तै करना] निर्वाह। गुज़र।

मुहा०—टेर करना=गुज़ारना। बिताना। काटना। जैसे, जिंदगी टेर करना।

टेरना–क्रि० स० [हिं० टेर + ना (प्रत्य०)] (१) ऊँचे स्वर से गाना। तान लगाना। (२) बुलाना। पुकारना। हाँक लगाना।

उ०—(क) भई साँझ जननी टेरत है कहाँ गए चारो भाई।—सूर। (ख) फिरि फिरि राम सीय तन हेरत। तृषित जानि जल लेन लखन गए, भुज उठाय ऊँचे चढ़ि टेरत।—तुलसी।

क्रि० स० [सं० तीरण = तै करना] (१) तै करना। चलता करना। निबाहना। पूरा करना। जैसे, थोड़ा सा काम और रह गया है किसी प्रकार टेर ले चलो। (२) बिताना। गुज़ारना। काटना। जैसे, वह इसी प्रकार जिंदगी टेर ले जायगा।

संयो० क्रि०—ले चलना।—ले जाना।

टेरवा–संज्ञा पुं० [देश०] हुक्के की वह नली जिस पर चिलम रखी जाती है।

टेरा–संज्ञा पुं० [?] (१) ढेरा। अंकोल का पेड़। (२) पेड़ों का धड़। तना। वृक्षस्तंभ। जैसे, केले का टेरा। (३) शाखा।

वि० [सं० टेर] ऐंचाताना। टेपरा। भेंगा।

टेराकोटा–संज्ञा पुं० [अ०] (१) पकी हुई मिट्टी जिससे मूर्त्तियाँ, इमारतों में लगाने के लिये बेलबूटे आदि बनते हैं। (२) पकीहुई मिट्टी का सा रंग। इँटकोहिया रंग।

टेरी–संज्ञा स्त्री० [देश०] टहनी। पतली शाखा। जैसे, नीम की टेरी।

संज्ञा स्त्री० [हिं० टेकुरी] दरी बुनने का सूजा।

संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) एक पौधा जिसकी कलियाँ रँगने और चमड़ा सिझाने में काम आती हैं। इसे 'बघेरी' और 'कुंती' भी कहते हैं। (२) बकम की फली।

टेरो–संज्ञा स्त्री० [देश०] सरसों का एक भेद। उलटी।

टेलिग्राफ़–संज्ञा पुं० [अ०] तार जिसके द्वारा खबरें भेजी जाती हैं। दे० "तार"।

टेलिग्राम–संज्ञा पुं० [अं०] तार से भेजी हुई खबर।

टेलिफोन–संज्ञा पुं० [अ०] वह तार जिसके द्वारा एक स्थान पर कहा हुआ शब्द कितने ही कोस दूर के दूसरे स्थान पर सुनाई पड़ता है।

विशेष—इसकी साधारण युक्ति यह है कि दो चोंगे लो जिनका मुँह एक ओर कागज चमड़े आदि से मढ़ा हो और दूसरी ओर खुला हो। मढ़े हुए चमड़े के बीचो बीच से लोहे का एक लंबा तार ले जा कर दोनों चोंगों के बीच लगा दो। यदि एक चोंगे में कोई बात कही जायगी और दूसरे चोंगे में (जो दूर पर होगा) किसी का कान लगा होगा तो वह बात सुनाई पड़ेगी। पर यह युक्ति थोड़ी ही दूर के लिये काम दे सकती है। अधिक दूर के लिये बिजली के प्रवाह का सहारा लिया जाता है। चुंबक की एक छड़, जिसमें रेशम (या और कोई ऐसा पदार्थ जिससे हो कर बिजली का प्रवाह न जा सके) से लिपटा हुआ तांबे का तार कमानी

की तरह घुमा कर जड़ा रहता है, एक नली के भीतर बैठाई रहती है। चुंबक के एक छोर के पास लोहे का एक पत्तर बँधा रहता है। यह पत्तर काठ की खोली में रहता है जिसका मुँह एक ओर चोंगे की तरह खुला रहता है। इस प्रकार दो चोंगों की आवश्यकता टेलिफोन में होती है एक बोलने के लिये, दूसरा सुनने के लिये। इन दोनों चोंगों के बीच तार लगा रहता है। शब्द वायु में उत्पन्न तरंग वा कंप मात्र है। मुँह से निकला हुआ शब्द चोंगे के भीतर की वायु को कंपित करता है जिसके कारण बँधे हुए लोहे के पत्तर में भी कंप होता है अर्थात् वह आगे पीछे जल्दी जल्दी हिलता है। इस हिलने से चुंबक की शक्ति एक बार घटती और एक बार बढ़ती रहती है। इस प्रकार तार की मंडलाकार कमानी के एक बार एक ओर और दूसरी बार दूसरी ओर बिजली उत्पन्न होती रहती है। इसी बिजली के प्रवाह द्वारा बहुत दूर के स्थानों पर भी शब्द पहुँचाया जाता है। टेलिफोन के द्वारा स्थल पर सौ सौ कोस दूर तक की और समुद्र में ३०—४० कोस तक की कही बातें सुनाई पड़ती हैं।

टेली—संज्ञा पुं० [देश०] मझले आकार का एक पेड़ जिसकी लकड़ी लाल और मजबूत होती है तथा चारपाई, औजारों के दस्ते आदि बनाने के काम में आती है। यह पेड़ आसाम, कछार, सिलहट और चटगांव में बहुत होता है।

टेव—संज्ञा स्त्री० [हिं० टेक] अभ्यास। आदत। बान। स्वभाव। प्रकृति। उ०—(क) सुनु मैया याकी टेव लरन की, सकुच बेचि सी खाई।—तुलसी। (ख) तुम तो टेव जानतिहि ह्वैहौ तऊ मोहि कहि आवै। प्रात उठत मेरे लाल लड़ैतहिं माखन रोटी भावै।—सूर।

क्रि० प्र०—पड़ना।

टेवकी—संज्ञा स्त्री० [हिं० टेवकन, टेकन] (१) दोनों छोरों पर कुछ दूर तक बांस की एक चिरी लकड़ी जो जुलाहों की डांड़ी में इसलिये लगी रहती है जिसमें तागा गिरने न पावे। (२) नाव के पालों में से सब से ऊपर का छोटा पाल।

टेवना†—क्रि० स० दे० "टेना"।

टेवा—संज्ञा पुं० [सं० टिप्पन] (१) जन्मपत्री। जन्मकुंडली। (२) लग्नपत्र जिसमें विवाह की मिति, दिन, घड़ी आदि लिखी रहती है और जिसे लड़की के यहाँ से शकुन के साथ नाई ले जा कर लड़के के पिता को विवाह से १० या १२ दिन पहले देता है।

टेवैया†—संज्ञा पुं० [हिं० टेवना] टेनेवाला। सिल्ली पर धार तेज करनेवाला। चोखा करनेवाला। उ०—जहां जमजातन घोर नदी भट कोटि जलचर दंत टेवैया।—तुलसी।

टेसुआ†—संज्ञा पुं० दे० "टेसू"।

टेसू—संज्ञा पुं० [सं० किंशुक] (१) पलाश का फूल। ढाक का फूल।

विशेष—इसे उबालने से इसमें से एक बहुत अच्छा पीला रंग निकलता है जिससे पहले कपड़े बहुत रँगे जाते थे। दे० "पलाश"।

(२) पलाश का पेड़। (३) लड़कों का एक उत्सव जिसमें विजयादशमी के दिन बहुत से लड़के इकट्ठे हो कर घास का एक पुतला सा ले कर निकलते हैं और कुछ गाते हुए घर घर घूमते हैं। प्रत्येक घर से उन्हें कुछ अन्न या पैसा मिलता है। इसी प्रकार पांच दिन तक अर्थात् शरदपूनो तक करते और जो कुछ भिक्षा मिलती उसे इकट्ठा करते जाते हैं। पूनों की रात को मिले हुए द्रव्य से लावा मिठाई आदि ले कर वे बोए हुए खेतों पर जाते हैं जहाँ बहुत से लोग इकटठे होते हैं और बलाबल की परीक्षा संबंधी बहुत सी कसरतें और खेल होते हैं। सब के अंत में लावा मिठाई लड़कों में बँटती है। टेसू के गीत इस प्रकार के होते हैं। इमली की जड़ से निकली पतंग। नौ सौ मोती नौ सौ रंग। रंग रंग की बनी कमान। टेसू आया घर के द्वार। खोलो रानी चंदन किवार। उ०—जे कच कनक कचोरा भरि भरि मेलत तेल फुलेल। तिन केसन को भस्म चढ़ावत टेसू के से खेल।—सूर।

टेहला†—संज्ञा पुं० [देश०] विवाह के व्यवहार। ब्याह की रीति रस्म।

टैयाँ—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की छोटी कौड़ी जिसकी पीठ साधारण कौड़ी से कुछ चिपटी होती है और उसपर दो चार उभरे हुए बड़े दाने से होते हैं। इसका रंग नीलापन लिए नहीं होता। कुछ पीलापन लिए या बिलकुल सफेद होता है। फेंकने से यह चित अधिक पड़ती है इसीसे इसका व्यवहार जुए में होता है। इसे चित्ती भी कहते हैं।

टैक्स—संज्ञा पुं० [अं०] कर वा महसूल जो राज्य की ओर से किसी वस्तु पर लगाया जाय। जैसे, इनकम-टैक्स।

टैन—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की घास जो चमड़ा सिझाने के काम में आती है।

टैना†—संज्ञा पुं० [देश०] घास का पुतला या डंडे पर रखी हुई काली हांड़ी आदि जिन्हें खेतों में पक्षियों को डराने के लिये रखते हैं।

टैनी†—संज्ञा स्त्री० [देश०] भेड़ों का झुंड। (गड़ेरिये)

टैरा†—संज्ञा पुं० दे० "टेरा"।

टैरी—संज्ञा स्त्री० दे० "टेरी"।

टोंक†—संज्ञा पुं० दे० "टोंका"।

संज्ञा स्त्री० दे० "टोक"।

टोंका‡—संज्ञा पुं० [सं० स्तोक = थोड़ा] (१) छोर। सिरा। किनारा।

(२) नोक। कोना। (३) जमीन जो नदी में कुछ दूर तक चली गई हो। (मल्लाह)

टोंगा–संज्ञा पुं० दे० "टाँगा"।

टोंगू–संज्ञा पुं० [देश०] फैलनेवाली एक झाड़ी जिसकी छाल के रेशों से रस्सी बनाई जाती है। जिती। जक।

टोंचना–क्रि० स० [सं० टंकन] चुभाना। गड़ाना। धँसाना।

टोंट–संज्ञा स्त्री० [सं० तुंड] ठोर। चोंच।

टोंटरी†–संज्ञा स्त्री० दे० "टोंटी"।

टोंटा–संज्ञा पुं० [सं० तुंड] (१) चिड़िया की चोंच के आकार की निकली हुई कोई वस्तु। (२) चोंच के आकार के गड़े हुए काठ के डेढ़ दो हाथ लंबे टुकड़े जो घर की दीवार के बाहर की ओर पंक्ति में बढ़ी हुई छाजन को सहारा देने के लिये लगाए जाते हैं। घोड़िया। (३) पानी आदि ढालने के लिये बरतन में लगी हुई नली।

टोंटी–संज्ञा स्त्री० [सं० तुंड] (१) पानी आदि ढालने के लिये झारी लोटे आदि में लगी हुई नली जो दूर तक निकली रहती है। तुलतुली। (२) पशुओं का थूथन। जैसे, सूअर की टोंटी।

टोंस–संज्ञा स्त्री० दे० "टौंस"।

टोआ–संज्ञा पुं० [सं० तोय = पानी ?] गड्ढा। (पंजाब)

टोइयाँ–संज्ञा स्त्री० [देश०] छोटी जाति का सूआ जिसकी चोंच पीली होती है और कंठ से ले कर चोंच तक सारा भाग बैंगनी होता है। तोती।

टोई†–संज्ञा स्त्री० [देश०] पोर। एक गाँठ से दूसरी गाँठ तक का भाग।

टोक†–संज्ञा पुं० [स० स्तोक] एक बार में मुँह से निकला हुआ शब्द। किसी पद या शब्द का टुकड़ा। उच्चारण किया हुआ अक्षर। जैसे, एक टोक मुँह से न निकला।

संज्ञा स्त्री० (१) छोटा सा वाक्य जो किसी को कोई काम करते देख उसे टोकने या पूछ ताछ करने के लिये कहा जाय। जैसे, "क्या करते हो ?", "कहाँ जाते हो ?" इत्यादि। पूछ ताछ। प्रश्न आदि द्वारा किसी कार्य में बाधा।

यौ०—टोक टाक = पूछ ताछ। प्रश्न आदि द्वारा बाधा। जैसे, बड़े जरूरी काम से जा रहे हैं, टोक टाक न करो। रोक टोक = मनाही। मुमानिअत। निषेध।

(२) नजर। बुरी दृष्टि का प्रभाव। (स्त्रि०)।

मुहा०—टोक में आना = नजर लगानेवाले आदमी के सामने पड़ जाना। जैसे, बच्चा टोक में आ गया।

टोकना–क्रि० स० [हिं० टोक] (१) किसी को कोई काम करते हुए देख कर उसे कुछ कह कर रोकना या पूछ ताछ करना। जैसे, 'क्या करते हो ?' 'कहाँ जाते हो ?' इत्यादि। बीच में बोल उठना। प्रश्न आदि कर के किसी कार्य्य में बाधा डालना। उ०—गोपिन के यह ध्यान कन्हाई। नेकु न अंतर होय कन्हाई। घाट बाट जमुना तट रोकै। मारग चलत जहाँ तँह टोकै।—सूर।

विशेष—यात्रा के समय यदि कोई रोक कर कुछ पूछता है तो यात्री अपने कार्य्य की सिद्धि के लिये बुरा शकुन समझता है।

(२) नजर लगाना। बुरी दृष्टि डालना। हूँसना। (३) एक पहलवान का दूसरे पहलवान से लड़ने के लिये कहना।

संज्ञा पुं० [?] [स्त्री० टोकनी] (१) टोकरा। डला। (२) पानी रखने का धातु का बड़ा बरतन। एक प्रकार का हंडा।

टोकनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० टोकना] (१) टोकरी। डलिया। (२) पानी रखने का छोटा हंडा। (३) बटलोई। देगची।

टोकरा–संज्ञा पु० [?] [स्त्री० टोकरी] बाँस की चिरी हुई फट्टियों, अरहर, झाऊ की पतली टहनियों आदि को गाँछ कर बनाया हुआ गोल और गहरा बरतन जिसमें घास, तरकारी, फल आदि रखते हैं। छाबड़ा। डला। झाबा। खाँचा।

मुहा०—टोकरे पर हाथ रहना = इज्जत बनी रहना। परदा न खुलना। भरम बना रहना।

टोकरिया‡–संज्ञा स्त्री० दे० "टोकरी"।

टोकरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० टोकरा] (१) छोटा टोकरा। छोटा डला या छाबड़ा। झाँपी। झपोली। (२) देगची। बटलोई।

टोकवा†–संज्ञा पु० [देश०] उत्पाती लड़का। नटखट लड़का।

टोकसी†–संज्ञा स्त्री० [देश०] नरियरी। नारियल की आधी खोपड़ी।

टोका–संज्ञा पुं० [देश०] एक कीड़ा जो उर्द की फसल को हानि पहुँचाता है।

संज्ञा पुं० दे० "टोंका"।

टोकारा†–संज्ञा पु० [हिं० टोक] वह संकेत का शब्द जो किसी को कोई बात चेताने या स्मरण दिलाने के लिये कहा जाय। इशारे के लिये मुँह से निकाला हुआ शब्द।

टोट–संज्ञा पुं० दे० "टोटा"।

टोटका–संज्ञा पु० [स० त्रोटक] (१) किसी बाधा को दूर करने या किसी मनोरथ को सिद्ध करने के लिये कोई ऐसा प्रयोग जो किसी अलौकिक या दैवी शक्ति पर विश्वास करके किया जाय। टोना। यंत्र मंत्र। तांत्रिक प्रयोग। लटका।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—टोटका करने आना = आकर कुछ भी न ठहरना। थोड़ी देर भी न बैठना। तुरंत चला जाना। जैसे, थोड़ा बैठो, क्या टोटका करने आई थी। (स्त्रि०)। टोटका होना = किसी बात का चटपट हो जाना। किसी बात का ऐसी जल्दी होना कि देख कर आश्चर्य हो।

(२) काली हांड़ी जिसे खेतों में फसल को नजर से बचाने के लिये रखते हैं।

टोटकेहाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० टोटका] टोटका करनेवाली। टोना या जादू करनेवाली।

टोटल—संज्ञा पु० [अं०] जोड़। ठीक। मीजान।

मुहा०—टोटल मिलाना=जोड़ ठीक करना।

टोटा—संज्ञा पु० [सं० तुंड] (१) बांस आदि का कटा हुआ टुकड़ा। (२) मोमबत्ती का जलने से बचा हुआ टुकड़ा। (३) कारतूस। (४) एक प्रकार की आतशबाजी।

संज्ञा पु० [हिं० टूटना, टूटा] (१) घाटा। हानि।

क्रि० प्र०—उठाना।—सहना।

मुहा०—टोटा देना या भरना=नुकसान पूरा करना। घाटा पूरा करना। हरजाना देना।

(२) कमी। अभाव। जैसे, यहाँ कागज का क्या टोटा है।

क्रि० प्र०—पड़ना।

टोड़ा—संज्ञा पु० [सं० तुंड] चोंच के आकार का गढ़ा हुआ काठ का डेढ़ दो हाथ लंबा टुकड़ा जो घर की दीवार के बाहर की ओर पंक्ति में बढ़ी हुई छाजन को सहारा देने के लिये लगाया जाता है। टोंटा।

टोड़ी—संज्ञा स्त्री० [सं० त्रोटकी] (१) एक रागिनी जिसके गाने का समय १० दंड से १६ दंड पर्यंत है। इसका स्वरग्राम इस प्रकार है—स रे ग म प ध नि स स नि ध प म ग ग ग रे ग। रे सा नि स नि ध ध नि स रे ग रे स नि स नि ध। प ग ग म ग रे ग रे स रे नि स नि ध स रे ग म प ध ध प। म ग म ग रे स नि स रे रे स नि ध ध ध नि स। हनुमत मत से इसका स्वरग्राम यह है—म प ध नि स रे ग म अथवा स रे ग म प ध नि स। यह संपूर्ण जाति की रागिनी है। इसमें शुद्ध मध्यम और तीव्र मध्यम के अतिरिक्त बाकी सब स्वर कोमल होते हैं। यह भैरव राग की स्त्री मानी जाती है और इसका स्वरूप इस प्रकार कहा गया है- हाथ में वीणा लिए हुए, प्रिय के विरह में गाती हुई, श्वेतवस्त्र धारण किए और सुंदर नेत्रोंवाली। (२) चार मात्राओं का एक ताल जिसमें २ आघात और २ खाली रहते हैं। इसका तबले का

\+ ० ३ ० +

बोल यह है—धिन् धा, गेदिन, जिनता, गेदिन। धा।

\+ ० ० ० +

अथवा धेड्डां केटे, नेड्डा केटे। धा।

टोनहा†—वि० [हिं० टोना] [स्त्री० टोनही] टोना करनेवाला। जादू मारनेवाला।

टोनहाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० टोना + हाई (प्रत्य०)] (१) टोना करनेवाली। जादू मारनेवाली। नजर लगानेवाली। (२) मंत्र और झाड़ फूँक करनेवाली।

टोनहाया—संज्ञा पुं० [हिं० टोना] टोना करनेवाला मनुष्य। जादू करनेवाला मनुष्य।

टोना—संज्ञा पुं० [सं० तंत्र] (१) मंत्र तंत्र का प्रयोग। जादू।

क्रि० प्र०—करना।—चलाना।—मारना।

(२) एक प्रकार का गीत जो विवाह में गाया जाता है और जिसमें 'टोना' शब्द कई बार आता है।

संज्ञा पु० [देश०] एक शिकारी चिड़िया। उ०—जुर्रा बाज बाँसे, कुही, बहरी, लगर लैन टोने जरकटी त्यों सचान मानवारे हैं।—रघुराज।

† क्रि० स० [सं० त्वक्=स्पर्शेंद्रिय+ना (प्रत्य०)] हाथ से टटोलना। छूना। छू कर मालूम करना।

टोनाहाई—संज्ञा स्त्री० दे० "टोनहाई"।

टोप—संज्ञा पुं० [हिं० तोपना=ढाँकना] (१) बड़ी टोपी। सिर का बड़ा पहरावा।

यौ०—कनटोप।

(२) सिर की रक्षा के लिये लड़ाई में पहनने की लोहे की टोपी। सिरत्राण। खोद। कूँड़। (३) खोल। गिलाफ। (४) अंगुश्ताना।

† संज्ञा पु० [अनु० टप टप वा सं० स्तोक] बूँद। कतरा।

टोपन—संज्ञा पुं० [देश०] टोकरा।

टोपरा †—संज्ञा पु० दे० "टोकरा"।

टोपरी †—संज्ञा स्त्री० दे० "टोकरी"।

टोपही †—संज्ञा स्त्री० [हिं० टोप] बरतन के साँचे का सब से ऊपरी भाग जो कटोरे के आकार का होता है।

टोपा—संज्ञा पु० [हिं० टोप] बड़ी टोपी।

† संज्ञा पु० [हिं० तोपना] टोकरा।

† संज्ञा पु० [सं० टकन, हिं० तोपना, तुरपना] टाँका। डोभ। सीवन।

मुहा०—टोपा भरना=तागा भरना। सीना।

टोपी—संज्ञा स्त्री० [हिं० तोपना=ढाकना] (१) सिर पर का पहरावा। सिर ढाकने के लिये बना हुआ आच्छादन।

क्रि० प्र०—पहनना।—लगाना।

मुहा०—टोपी उछलना=निरादर होना। बेइज्जती होना। **टोपी उछालना**=निरादर करना। बेइज्जती करना। **टोपी देना**=टोपी पहनना। **टोपी बदलना**=भाई भाई का संबंध जोड़ना। भाईचारा करना। **टोपी बदल भाई**=वह जिससे टोपी बदल कर भाई का संबंध जोड़ा गया हो।

विशेष—लड़के खेल में जब किसी से मित्रता करते हैं तब अपनी टोपी उसे पहनाते और उसकी टोपी आप पहनते हैं।

(२) राजमुकुट। ताज।

मुहा०—टोपी बदलना = राज्य बदलना। दूसरे राजा का राज्य होना।

(३) टोपी के आकार की कोई गोल और गहरी वस्तु। कटोरी। (४) टोपी के आकार का धातु का गहरा ढक्कन जिसे बंदूक की निपुल पर चढ़ा कर घोड़ा गिराने से आग लगती है। बंदूक का पड़ाका। (५) वह थैली जो शिकारी जानवर के मुँह पर चढ़ाई रहती है। (६) लिंग का अग्र भाग। सुपारा। (७) मस्तूल का सिरा। (लश०)

टोपीदार—वि० [हिं० टोपी + दार] जिस पर टोपी लगी हो। जो टोपी लगने पर काम दे। जैसे, टोपीदार बंदूक, टोपीदार तमंचा।

टोपीवाला—संज्ञा पुं० [हिं० टोपी] (१) वह आदमी जो टोपी पहने हो। (२) अहमदशाह और नादिरशाह की सेना के सिपाही जो लाल टोपियां पहन कर आए थे, टोपीवाले कहलाते थे। (३) अंगरेज या यूरोपियन जो हैट पहनते हैं।

टोभ †—संज्ञा पुं० [हिं० डोभ] टाँका। तोपा। उ०—बैरिनि जीभहि टोभ दै री मन बैरी को भूँजि के भौन धरौंगी।—देव।

टोया †—संज्ञा पुं० [सं० तोय] गड्ढा। (पंजाबी)

टोर †—संज्ञा स्त्री० [देश०] कटारी। कटार। उ०—तुम सों न जोर चोर भूपन के भोर रूप कांकरी को चोर काऊ मारो है न टोर कै।—हनुमान।

संज्ञा स्त्री० [देश०] शोरे की मिट्टी का वह पानी जो साधारण नमक की कलमों को छान कर निकाल लेने पर बच रहता है और जिसे फिर उबाल और छान कर शोरा निकाला जाता है।

टोरना †—क्रि० स० [सं० त्रुट] तोड़ना। उ०—(क) रिझकवार दृग देखि कै मन मोहन की ओर। भौंहन मारत रीझि जनु डारत है तन टोर।—रसनिधि। (ख) कोउ कँह टोरन देत न माली। मांगेहु पर मुरके हम खाली।—रघुराज।

मुहा०—आँख टोरना = लज्जा आदि से दृष्टि हटाना या अलग करना। आंख मोड़ना। दृष्टि छिपाना। उ०—सूर प्रभु के चरित सखियन कहत लोचन टोरि।—सूर।

टोरा—संज्ञा पुं० [देश०] जुलाहों का सूत तौलने का तराजू।

संज्ञा पु० दे० "टोड़ा"।

† संज्ञा पुं० [सं० तोक] [स्त्री० टोरी] लड़का। छोकड़ा।

टोरी †—संज्ञा स्त्री० दे० "टोड़ी"।

टोर्रा—संज्ञा पुं० [सं० तुवर] अरहर का वह छिलके सहित खड़ा दाना जो बनाई हुई दाल में रह जाय।

टोल—संज्ञा स्त्री० [सं० तोलिका = गढ के चारो ओर का घेरा, बाड़ा] (१) मंडली। समूह। जत्था। झुंड। उ०—(क) अपने अपने टोल कहत ब्रजवासी आई। भाव भक्ति लै चलौ सुदंपति आसी आई।—सूर। (ख) दुनिहाई सब टोल में रही जु सौति कहाय। सुतौ ऐंचि पिय आप त्यों करी अदोखिल आय।—बिहारी। (२) चटसार। पाठशाला।

संज्ञा पुं० संपूर्ण जाति का एक राग जिसमें सब शुद्ध स्वर लगते हैं। इसके गाने का समय २५ दंड से २८ दंड तक है।

संज्ञा पु० [अ० टाल] सड़क का महसूल। मार्ग का कर। चुंगी।

यौ०—टोल कलक्टर = कर लेनेवाला। महसूल वसूल करनेवाला।

टोला—संज्ञा पुं० [सं० तोलिका = किसी स्तंभ या गढ के चारो ओर का घेरा, बाड़ा] आदमियों की बड़ी बस्ती का एक भाग। महल्ला।

संज्ञा पुं० [देश०] बड़ी कौड़ी। कौड़ा। टग्घा।

संज्ञा पुं० [देश०] (१) गुल्ली पर डंडे की चोट।

क्रि० प्र०—लगाना।

(२) उँगली को मोड़ कर पीछे निकली हुई हड्डी से मारने की क्रिया। ठूँग। (३) पत्थर या ईंट का टुकड़ा। रोड़ा। (४) बेंत आदि के आघात का पड़ा हुआ चिह्न जो कभी लाल और कभी कुछ नीलापन लिए होता है। सांट। नील।

क्रि० प्र०—पड़ना।

टोलिया—संज्ञा स्त्री० [सं० टोलिका = घेरा, हाता] टोली। छोटा महल्ला।

टोली—संज्ञा स्त्री० [सं० टोलिका = हाता, बाड़ा] (१) छोटा महल्ला। बस्ती का छोटा भाग। उ०—नैन बचाय चवाइन के नहिं रैन में ह्वै निकसो यह टोली।—सेवक। (२) समूह। झुंड। जत्था। मंडली। (३) पत्थर की चौकोर पटिया। सिल। (४) एक जाति का बांस जो पूर्वीय हिमालय, सिक्किम और आसाम की ओर होता है। इसकी आकृति कुछ कुछ पेड़ों की होती है और इसमें ऊपर जा कर टहनियां निकलती हैं यह बांस बहुत सीधा और सुडौल होता है। टोकरे बनाने के लिये यह बांस सबसे अच्छा समझा जाता है। यह छप्परों में लगता है और चटाइयां बनाने के काम में भी आता है इसे 'नाल' और 'पकोक' भी कहते हैं।

टोली-धनधा—संज्ञा पुं० [हिं० टोली + धान] धान की तरह की एक घास जिसके नरम पत्ते घोड़े और चौपाए बड़े चाव से खाते हैं। इसके दानों को भी कहीं कहीं गरीब लोग खाते हैं।

टोवना†—क्रि० स० दे० "टोना"।

टोवा—संज्ञा पुं० [देश०] गलही पर बैठनेवाला वह माझी जो पानी की गहराई जांचता है।

टोह—संज्ञा स्त्री० [हिं० टोना] (१) टटोल। खोज। ढूँढ़। तलाश पता।

मुहा०—टोह मिलना = पता लगना। टोह में रहना = तलाश में

रहना। ढूँढ़ते रहना। टोह लगाना, लेना = पता लगाना। सुराग लगाना।

(२) खबर। देखभाल।

मुहा०—टोह रखना = खबर रखना। देखभाल रखना।

टोहना–क्रि० स० [हिं० टोह] (१) ढूँढ़ना। खोजना। (२) हाथ लगाना। छूना। टटोलना।

टोहाटोही–संज्ञा स्त्री० [हिं० टोह] (१) छान बीन। ढूँढ़। तलाश। (२) देखभाल।

टोहिया–वि० [हिं० टोह] (१) टोह लगानेवाला। ढूँढ़नेवाला। (२) जासूस।

टोहियाना–क्रि० स० दे० "टोहना"।

टोही–वि० [हिं० टोह] तलाश करनेवाला। पता लगानेवाला।

टौंस–संज्ञा स्त्री० [स० तमसा] (१) एक छोटी नदी जो अयोध्या के पश्चिम से निकल कर बलिया के पास गंगा में मिलती है। रामायण में लिखी हुई तमसा यही है जहाँ वन को जाते हुए रामचन्द्रजी ने अपना डेरा किया था और जिससे आगे चल कर गोमती और गंगा पड़ी थीं। बालकांड के आदि में तमसा के तट पर वाल्मीकि के आश्रम का होना लिखा है। अयोध्याकांड में प्रयाग से चित्रकूट जाते हुए भी रामचंद्र को वाल्मीकि का आश्रम मिला था पर वहाँ तमसा का कोई उल्लेख नहीं है। इससे संभव है कि वाल्मीकिजी दो स्थानों पर रहे हों। (२) एक नदी जो मैहर के पास कैमोर पहाड़ से निकल कर रीवाँ होती हुई मिर्जापुर और इलाहाबाद के बीच गंगा में मिलती है। इस नदी के तट पर वाल्मीकि का एक आश्रम बतलाया जाता है जो सम्भवतः उस आश्रम को सूचित करता हो जिसका उल्लेख अयोध्याकांड में है। (३) एक नदी जो जमुनोत्री पहाड़ से निकल कर टेहरी और देहरादून होती हुई जमुना में जा मिली है।

टौनहाल–संज्ञा पु० दे० "टाउनहाल"।

ट्रंक–संज्ञा पु० [अ०] लोहे का सफ़री संदूक।

ट्रंप–संज्ञा पु० [अ०] (१) ताश के खेल में वह रंग जो और रंगों के बड़े से बड़े पत्ते को काटने के लिये नियत कर लिया जाता है। हुक्म का रंग। (२) ट्रंप का खेल।

ट्राम–संज्ञा स्त्री० [अ०] बड़े बड़े नगरों में एक प्रकार की लंबी गाड़ी जो लोहे की बिछी हुई पटरी पर चलती है। इसमें पहले घोड़े लगते थे पर अब यह बिजली के जोर से चलाई जाती है।

ट्रेड-मार्क–संज्ञा पुं० [अं०] वह चिह्न जो व्यापारी लोग पहचानने के लिये अपने यहाँ के बने या भेजे हुए माल पर लगाते हैं। छाप।

ट्रेडिल मशीन–संज्ञा स्त्री० [अं०] एक प्रकार की छापने की छोटी कल जिसे एक ही आदमी पैर से चलाता और हाथ से उसमें कागज रखता जाता है। स्याही इसमें आपसे आप लग जाती है। इसमें (हाफटोन ब्लाक) फोटो की तस्वीरें बहुत साफ और उत्तम छपती हैं और कार्य बहुत शीघ्रता से होता है।

ट्रेन–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) रेलगाड़ी में लगी हुई गाड़ियों की पंक्ति। (२) रेलगाड़ी।

मुहा०—ट्रेन छूटना = रेलगाड़ी का स्टेशन पर से चल देना।

ठ

ठ–व्यंजनों में ग्यारहवाँ व्यंजन जिसके उच्चारण का स्थान मूर्धा है। इसके उच्चारण करने में जीभ का मध्य भाग तालू में लगाना पड़ता है।

ठंठ–वि० [सं० स्थाणु] जिस की डाल और पत्तियाँ सूख कर या कट कर गिर गई हों। ठूँठा। सूखा (पेड़)।

ठंठनाना–क्रि० अ०, क्रि० स० दे० "ठनठनाना"।

ठंठस–संज्ञा स्त्री० [सं० डिंडिश] ढेंढस। ढेंढ़सी।

ठंठार–वि० [हिं० ठंठ] खाली। रीता। छूँछा। उ०—जस कछु दीजे धरन कहँ आपन लेहु सँभार। तस सिंगार सब लीन्हेसि कीन्हेसि मोहि ठँठार।—जायसी।

ठंठी–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठठ] वह अन्न जो दाना पीटने के बाद बाल में लगा रहता है। (ज्वार मूँग आदि के लिये)

वि० स्त्री० (बूढ़ी गाय या भैंस) जिसके बच्चा और दूध देने की संभावना न हो। जैसे, ठंठी गाय।

ठंड–संज्ञा स्त्री० दे० "ठंढ"।

ठंडक–संज्ञा स्त्री० दे० "ठंढक"।

ठंडा–वि० दे० "ठंढा"।

ठंडाई–संज्ञा स्त्री० दे० "ठंढाई"।

ठंढ–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठढा] शीत। सरदी। जाड़ा।

मुहा०—ठंढ पड़ना = शीत का संचार होना। सरदी फैलना। ठंढ लगना = शीत का अनुभव होना।

ठंढई–संज्ञा स्त्री० दे० "ठंढाई"।

ठंढक–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठढा] (१) शीत। सरदी। उष्णता या गरमी का ऐसा अभाव जिसका विशेष रूप से अनुभव हो।

मुहा०—ठंढक पड़ना = शीत का संचार होना। सरदी फैलना। **ठंढक लगना** = शीत का अनुभव होना। शीत का प्रभाव पड़ना।

(२) ताप वा जलन की कमी। ताप की शांति। तरी।

क्रि० प्र०—आना।

(३) प्रिय वस्तु की प्राप्ति या इच्छा की पूर्त्ति से उत्पन्न संतोष। तृप्ति। प्रसन्नता। तसल्ली।

क्रि० प्र०—पड़ना।

(४) किसी उपद्रव या फैले हुए रोग आदि की शांति। किसी हलचल या फैली हुई बीमारी आदि की कमी या अभाव। जैसे, इधर शहर में हैजे का बड़ा जोर था पर अब ठंढक पड़ गई है।

क्रि० प्र०—पड़ना।

ठंढा—वि० [स० स्तब्ध, प्रा० तद्ध, टड्ढ] [स्त्री० ठंढी] (१) जिसमें उष्णता या गरमी का इतना अभाव हो कि उसका अनुभव शरीर को विशेष रूप से हो। सर्द। शीतल।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—ठंढे ठंढे = ठंढे वक्त में। धूप निकलने के पहले। तड़के। सवेरे। उ०—रात भर सोओ सवेरे उठ कर ठंढे ठंढे चले जाना। **ठंढी आग** = (१) हिम। बरफ। (२) पाला। तुषार। **ठंढी कढ़ाई** = हलवाइयों और बनियों में सब पकवान बना चुकने के पीछे हलुआ बना कर बाँटने की रीति। **ठंडी मार** = भीतरी मार। ऐसी मार जिसमें ऊपर देखने में कोई अंग टूटा फूटा न हो पर भीतर बहुत चोट आई हो। गुप्ती मार (जैसे, लात घूँसों आदि की)। **ठंढी मिट्टी** = (१) ऐसा शरीर जो जल्दी न बढ़े। ऐसी देह जिसमें जवानी के चिह्न जल्दी न मालूम हों। (२) ऐसा शरीर जिसमें कामोद्दीपन न हो। **ठंढी साँस** = ऐसी साँस जो दुःख या शोक के आवेग के कारण बहुत खींच कर ली जाती है। दुःख से भरी साँस। शोकोच्छ्वास। आह। **ठंढी साँस लेना या भरना** = दुःख की साँस लेना।

(२) जो जलता हुआ या दहकता हुआ न हो। बुझा हुआ। बुता हुआ। जैसे, दीया ठंढा करना।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

(३) जो उद्दीप्त न हो। जो उद्विग्न न हो। जो भड़का न हो। उद्गाररहित। जिसका या जिसमें आवेश न हो। शांत। जैसे, क्रोध ठंढा होना, जोश ठंढा होना। (इस अर्थ में इस शब्द का प्रयोग आवेश और आवेश धारण करनेवाले व्यक्ति दोनों के लिये होता है, जैसे, क्रोध ठंढा पड़ना, उत्साह ठंढा पड़ना, क्रुद्ध मनुष्य का ठंढा पड़ना, उत्साह में आए हुए मनुष्य का ठंढा पड़ना)।

क्रि० प्र०—करना।—पड़ना।—होना।

मुहा०—ठंढा करना=(१) क्रोध शांत करना। (२) ढाढ़स दे कर शोक कम करना। ढाढस बँधना। तसल्ली देना। **माता या शीतला ठंढी करना** = शीतला या चेचक के अच्छे होने पर शीतला की अंतिम पूजा करना।

(४) जिसे कामोद्दीपन न होता हो। नामर्द। नपुंसक। (५) जो उद्वेगशील या चंचल न हो। जिसे जल्दी क्रोध आदि न आता हो। धीर। शांत। गंभीर। (६) जिसमें उत्साह या उमंग न हो। जिसमें तेजी या फुरती न हो। बिना जोश का। धीमा। सुस्त। मंद। उदासीन।

मुहा०—ठंढी गरमी = ऊपर की प्रीति। बनावटी स्नेह का आवेश।

(७) जो हाथ पैर न हिलाए। जो अपनी इच्छा के प्रतिकूल कोई बात होते देख कर कुछ न बोले। चुपचाप रहनेवाला। विरोध न करनेवाला। जैसे, वे बहुत इधर उधर करते थे पर जब खरी खरी सुनाई तब ठंढे पड़ गए।

क्रि० प्र०—पड़ना।—रहना।

मुहा०—ठंढे ठंढे = चुप चाप। बिना चूँ किए। बिना विरोध या प्रतिवाद किए।

(८) जो प्रिय वस्तु की प्राप्ति वा इच्छा की पूर्त्ति से संतुष्ट हो। तृप्त। प्रसन्न। खुश। जैसे, लो आज वह चला जायगा, अब तो ठंढे हुए।

क्रि० प्र०—होना।

मुहा०—ठंढे ठंढे = हँसी खुशी से। कुशल आनंद से। **ठंढे ठंढे घर आना** = बहुत तृप्त हो कर लौटना (अर्थात् असंतुष्ट होकर या निराश हो कर लौटना) (व्यंग्य)। **ठंढे पेटों** = हँसी खुशी से। प्रसन्नता से। बिना मन मोटाव या लड़ाई झगड़े के। सीधे से। **ठंढा रखना** = आराम चैन से रखना। किसी बात की तकलीफ न होने देना। संतुष्ट रखना। (स्त्रि०)। **ठंढे रहो** = प्रसन्न रहो। खुश रहो। (आशीर्वाद)।

(९) निश्चेष्ट। जड़। मृत। मरा हुआ।

मुहा०—ठंढा होना = मर जाना। **ताजिया ठंढा करना** = ताजिया दफन करना। (मूर्त्ति या पूजा की सामग्री आदि को) **ठंढा करना** = जल में विसर्जन करना। डुबाना। (किसी पवित्र या प्रिय वस्तु को) **ठंढा करना** = फेंकना या तोड़ना फोड़ना। जैसे, चूड़ियाँ ठंढी करना।

(१०) जिसमें चहल पहल न हो। जो गुलजार न हो। बेरौनक।

मुहा०—बाजार ठंढा होना = बाजार का चलता न होना। बाजार में लेन देन खूब न होना।

ठंढाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठंढा] (१) वह दवा या मसाला जिससे शरीर की गरमी शांत होती है और ठंढक आती है।

विशेष—सौंफ, इलायची, ककड़ी, खरबूजे आदि के बीज, गुलाब

की पकड़ी, गोल मिर्च आदि को एक में पीस कर प्रायः ठंढाई बनाई जाती है।

(२) भाँग (जिसमें ऊपर लिखे मसाले डाले जाते हैं)।

क्रि० प्र०—पीना।—लेना।

ठंढा मुलम्मा—संज्ञा पु० [हिं० ठंढा + अ० मुलम्मा] बिना आँच के सोना चाँदी चढ़ाने की रीति। सोने चाँदी का पानी जो बैटरी के द्वारा या तेजाब की लाग से चढ़ाया जाता है।

ठंढी—वि० स्त्री० दे० "ठंढा"।

संज्ञा स्त्री० शीतला। चेचक। (स्त्रि०)

मुहा०—ठंढी ढलना = शीतला के दानों का मुरझाना। चेचक का जोर कम होना। ठंढी निकलना = शीतला के दाने शरीर पर होना। शीतला या चेचक का रोग होना।

ठ—संज्ञा पु० [सं०] (१) शिव। (२) महाध्वनि। (३) चंद्रमंडल। (४) मंडल। (५) शून्य। (६) गोचर। इंद्रियग्राह्य वस्तु।

ठउर†—संज्ञा पुं० दे० "ठौर"।

ठक—संज्ञा स्त्री० [अनु०] एक वस्तु पर दूसरी वस्तु को जोर से मारने का शब्द। ठोंकने का शब्द।

वि० स्तब्ध। भौचक्का। आश्चर्य या घबराहट से निश्चेष्ट। सन्नाटे में आया हुआ।

क्रि० प्र०—रह जाना।—हो जाना।

संज्ञा पु० चंडूबाजों की सलाई या सूजा जिसमें अफीम का किवाम लगा कर सेंकते हैं।

ठक ठक—संज्ञा स्त्री० [अनु०] झगड़ा। बखेड़ा। टंटा। झंझट। उ०—उठि ठक ठक एती कहा पावस के अभिसार। जानि परैगी देखि यों दामिनि घन अँधियार।—बिहारी।

ठकठकाना—क्रि० स० [अनु०] (१) एक वस्तु पर दूसरी वस्तु पटक कर शब्द करना। खटखटाना। (२) ठोंकना पीटना।

ठकठकिया—वि० [अनु० ठक ठक] (१) हुज्जती। थोड़ी सी बात के लिये बहुत दलील करनेवाला। तकरार करनेवाला। बखेड़िया।

ठकठौआ—संज्ञा पु० [अनु०] (१) एक प्रकार की करताल। (२) करताल बजा कर भीख माँगनेवाला। (३) एक प्रकार की छोटी नाव।

ठकार—संज्ञा पु० 'ठ' अक्षर।

ठकुरई†—संज्ञा स्त्री० दे० "ठकुराई"।

ठकुरसुहाती—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठाकुर = मालिक + सुहाना] ऐसी बात जो केवल दूसरे को प्रसन्न करने के लिये कही जाय। खलोचप्पो। खुशामद। तोषामोद। उ०—हमहु कहब अब ठकुर सुहाती।—तुलसी।

ठकुराइत—संज्ञा स्त्री० दे० "ठकुरायत"।

ठकुराइन†—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठाकुर] (१) ठाकुर की स्त्री। स्वामिनी। मालकिन। उ०—नहिं दासी ठकुराइन कोई। जहँ देखो तँह ब्रह्म है सोई।—सूर। (२) क्षत्री की स्त्री। क्षत्राणी। (३) नाइन। नाउन। नाई की स्त्री। उ०—देव स्वरूप की रासि निहारति पाँय ते सीस लौं सीस ते पाइन। ह्वै रही ठौर ही ठाढ़ी ठगी सी हँसे कर टोढ़ी दिए ठकुराइन।—देव।

ठकुराइस†—संज्ञा स्त्री० दे० "ठकुरायत"।

ठकुराई—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठाकुर] (१) आधिपत्य। प्रभुत्व। सरदारी। प्रधानता। उ०—अब तुलसी गिरिधर बिनु गोकुल को करिहै ठकुराई?—तुलसी। (२) ठाकुर का अधिकार। स्वामी होने के अधिकार का उपयोग। जैसे, खेल में कैसी ठकुराई? उ०—न्याव न किय कीनी ठकुराई। बिना किए लिखि दीनि बुराई।—जायसी। (३) वह प्रदेश जो किसी ठाकुर या सरदार के अधिकार में हो। राज्य। रियासत। (४) उच्चता। बड़प्पन। महत्त्व। बड़ाई। उ०—हरि के जन की अति ठकुराई। महाराज ऋषिराज राजहूँ देखत रहे लजाई।—सूर।

ठकुरानी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठाकुर] (१) ठाकुर या सरदार की स्त्री। जमींदार की स्त्री। (२) रानी। उ०—निज मंदिर लै गई रुक्मिणी पहुनाई विधि ठानी। सूरदास प्रभु तँह पग धारे जँह दोऊ ठकुरानी।—सूर। (३) मालकिन। स्वामिनी। अधीश्वरी। (४) क्षत्रिय की स्त्री। क्षत्राणी।

ठकुराय—संज्ञा पुं० [हिं० ठाकुर] क्षत्रियों का एक भेद। उ०—गहरवार परहार सकूरे। कलहंस और ठकुराय जूरे।—जायसी।

ठकुरायत—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठाकुर] (१) आधिपत्य। प्रभुत्व। उ०—ठकुरायत गिरिधरजू की साँची। कौरव जीति युधिष्ठिर राजा कीरति तीनि लोक मँह माँची।—सूर। (२) वह प्रदेश जो किसी ठाकुर या सरदार के अधिकार में हो। रियासत।

ठकोरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० टेकना, ठेकना + औरी (प्रत्य०)] (१) सहारा लेने की लकड़ी। उ०—(क) भक्त। भरोसे राम के निधरक ऊँची दीठ। तिनको करम न लागई राम ठकोरी पीठ।—कबीर। (ख) देखा देखी पकरिया गई छिनक में छूटि। कोइ बिरला जन ठाहरै जासु ठकोरी पूठि।—कबीर।

विशेष—यह लकड़ी अड्डे के आकार की होती है। पहाड़ी लोग जब बोझ ले कर चलते चलते थक जाते हैं तब इस लकड़ी को पीठ या कमर से भिड़ा कर उसी के बल पर थोड़ी

देर खड़े हो जाते हैं। साधु लोग भी इस प्रकार की लकड़ी सहारा लेने के लिये रखते हैं और कभी कभी इसी के सहारे बैठते हैं। इसे वे वैरागिन या जोगिनी भी कहते हैं।

ठक्कर–संज्ञा स्त्री० दे० "टक्कर"।

ठक्कुर–संज्ञा पुं० [सं०] देवता। ठाकुर। पूज्य प्रतिमा।

ठग–संज्ञा पुं० [सं० स्थग] [स्त्री० ठगनी, ठगिन] (१) धोखा दे कर लोगों का धन हरण करनेवाला। वह लुटेरा जो छल और धूर्त्तता से माल लूटता है। भुलावा देकर लोगों का माल छीननेवाला।

विशेष—डाकू और ठग में यह अंतर है कि डाकू प्रायः जबरदस्ती बल दिखा कर माल छीनते हैं पर ठग अनेक प्रकार की धूर्त्तता करते हैं। भारत में इनका एक अलग संप्रदाय सा हो गया था। उ०—जग हटवारा, स्वाद ठग, माया वेश्या लाय। राम नाम गाढ़ा गहो जनि कहुँ जाहु ठगाय।—कबीर।

मुहा०—ठग लगना = ठगों का आक्रमण करना या पीछे पड़ना। जैसे, उस रास्ते में बहुत ठग लगते हैं। ठग के लाडू = दे० 'ठगलाडू'।

यौ०—ठगमूरी। ठगमोदक। ठगलाडू। ठगविद्या।

(२) छली। धूर्त्त। धोखेबाज। वंचक। प्रतारक।

ठगई†–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठग + ई (प्रत्य०)] (१) ठगपना। ठग का काम (२) धोखा। छल।

ठगण–संज्ञा पुं० [सं०] मात्रिक छंदों के गणों में से एक। यह ५ मात्राओं का होता है और इसके ८ उपभेद हैं।

ठगना–क्रि० स० [हिं० ठग] (१) धोखा दे कर माल लूटना। छल और धूर्त्तता से धन हरण करना। (२) धोखा देना। छल करना। धूर्त्तता करना। भुलावे में डालना।

मुहा०—ठगा सा = धोखा खाया हुआ। भूला हुआ। चकित। भौचक्का। आश्चर्य से स्तब्ध। दंग। उ०—(क) यह कहि उठे नंदकुमार। कहा ठगी सी रही बाला परयो कौन बिचार?—सूर। (ख) करत कछु नाहीं आजु बनी। हरि आए हौं रही ठगी सी जैसे चित्र धनी।—सूर। (ग) चित्र में काढ़ी सी ठाढ़ी ठगी सी रही कछु देख्यो सुन्यो न सुहात है।—सुंदरीसर्वस्व।

(३) उचित से अधिक मूल्य लेना। वाजिब से बहुत ज्यादा दाम लेना। सौदा बेचने में बेईमानी करना। जैसे, यह दूकानदार लोगों को बहुत ठगता है।

संयो० क्रि०—लेना।

†क्रि० अ० (१) ठगा जाना। धोखा खा कर लुटना। (२) धोखे में आना। धोखा खाना। प्रतारित होना। (३) चक्कर में आना। चकित होना। आश्चर्य से स्तब्ध होना। ठक रह जाना। दंग रहना। उ०—(क) तेउ यह चरित देखि ठगि रहहीं।—तुलसी। (ख) मैं चकृत ठगि रही कछु कहत न आवै।—सूर। (ग) बिनु देखे बिन ही सुने ठगत न कोऊ बाँच्यो।—सूर।

ठगनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठग] (१) ठग की स्त्री। (२) ठगने-वाली स्त्री। (३) धूर्त्त स्त्री। छलनेवाली स्त्री। (४) कुटनी।

ठगपना–संज्ञा पुं० [हिं० ठग + पन] (१) ठगने का भाव या काम। (२) धूर्त्तता। छल। चालाकी।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

ठगमूरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठग + मूरि] वह नशीली जड़ी बूटी जिसे ठग पथिकों को बेहोश करके उनका धन लूटने के लिये खिलाते थे।

मुहा०—ठगमूरी खाना = मतवाला होना। होश हवास में न रहना। उ०—काहू तोहि ठगोरी लाई। बूझति सखी सुनति नहिं नेकहु तुही किधौं ठगमूरी खाई।—सूर।

ठगमोदक–संज्ञा पुं० [हिं० ठग + सं० मोदक] ठगलाडू। उ०—चलत चितै मुसकाय कै मृदु वचन सुनाए। तेही ठगमोदक भए, मन धीर न, हरि तन छूछो छिटकाए।—सूर।

ठगलाडू–संज्ञा पुं० [हिं० ठग + लाडू (लड्डू)] ठगों का लड्डू जिसमें नशीली या बेहोशी करनेवाली चीज मिली रहती थी।

विशेष—ऐसा प्रसिद्ध है कि ठग लोग पथिकों से रास्ते में मिल कर उन्हें किसी बहाने से अपना लड्डू खिला देते थे जिस में विष या कोई नशीली चीज मिली रहती थी। जब लड्डू खा कर पथिक मूर्छित या बेहोश हो जाते थे तब वे उनके पास जो कुछ होता था सब ले लेते थे।

मुहा०—ठगलाडू खाना = मतवाला होना। होश हवास में न रहना। बेसुध होना। उ०—(क) मनहु दीन ठगलाडू देख आय तस मीच।—जायसी। (ख) सूर कहा ठगलाडू खायो इत उत फिरत मोह को मातो कबहुँ न सुधि करि हरि चित लायो।—सूर।

ठगवाना–क्रि० स० [हिं० ठगना का प्रे०] दूसरे से धोखा दिल-वाना।

ठगविद्या–संज्ञा स्त्री० [सं० ठग + विद्या] धूर्त्तता। धोखेबाजी। छल। वंचकता।

ठगहाई†–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठग] ठगपना।

ठगहारी†–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठग + हारी (प्रत्य०)] ठगपना।

ठगाई†–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठग + आई (प्रत्य०)] ठगपना।

ठगाठगी–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठग] धोखेबाजी। वंचकता। धोखा धड़ी।

ठगाना†—क्रि० अ० [हिं० ठगना] (१) ठगा जाना। धोखे में आ कर हानि सहना। (२) किसी वस्तु का अधिक मूल्य दे देना। दूकानदार की बातों में आ कर ज्यादा दाम दे देना। जैसे, इस सौदे में तुम ठगा गए।

संयो० क्रि०—जाना।

ठगाही†—संज्ञा स्त्री० दे० "ठगाई", "ठगहाई"। उ०—नाहक नर शूली धरि दीन्हों। जिन बन माँहि ठगाही कीन्हो।—विश्राम।

ठगिन—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठग] (१) धोखा दे कर लूटनेवाली स्त्री। लुटेरिन। (२) ठग की स्त्री। (३) धूर्त्त स्त्री। चालबाज स्त्री।

ठगिनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठग] (१) लुटेरिन। धोखा दे कर लूटनेवाली स्त्री। उ०—ठगति फिरति ठगिनी तुम नारी। जोइ आवति सोइ सोइ कहि डारति जाति जनावति दै दै गारी।—सूर। (२) ठग की स्त्री। (३) धूर्त्त स्त्री। चालबाज स्त्री।

ठगिया—संज्ञा पुं० दे० "ठग"।

ठगी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठग] (१) ठग का काम। धोखा दे कर माल लूटने का काम। (२) ठगने का भाव। (३) धूर्त्तता। धोखेबाजी। चालबाजी।

ठगोरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठग + बौरी] ठगों की सी माया। मोहित करने का प्रयोग। मोहिनी। सुधबुध भुलानेवाली शक्ति। टोना। जादू। उ०—(क) जानहु लाई काहु ठगोरी। खन पुकार खन बाँधै बौरी।—जायसी। (ख) दसन चमक अधरन अरुनाई देखत परी ठगोरी।—सूर। (ग) राजिव नैन, विधु वदन, टिपारे सिर, नख सिख अंगन ठगोरी ठौर ठौर है।—तुलसी।

क्रि० प्र०—डालना।—पड़ना।—लगना।—लगाना।

ठट—संज्ञा पुं० [सं० स्थाता = जो खड़ा हो] (१) एक स्थान पर स्थित बहुत सी वस्तुओं का समूह। एक स्थान पर खड़े बहुत से लोगों की पंक्ति। उ०—देखि न जाइ कपिन के ठट्टा। अति विसाल-तनु भालु सुभट्टा।—तुलसी।

मुहा०—ठट के ठट = झुंड के झुंड। बहुत से। ठट लगना = (१) भीड़ जमना। भीड़ खडी होना। (२) ढेर लगना। राशि इकट्ठी होना।

(२) समूह। झुंड। पंक्ति। उ०—अंबर अमर हरखत बरखत फूल सनेह सिथिल गोप गाइन के ठट है।—तुलसी। (३) बनाव। रचना। सजावट। उ०—परखत प्रीति प्रतीति पैज पन रहे काज ठट ठानि हैं—तुलसी।

ठटकीला—वि० [हिं० ठाट] सजा हुआ। ठाटदार। सजीला। तड़क भड़कवाला। उ०—आछी चरननि कंचन लकुट ठटकीली बनमाल कर टेके द्रुमडार टेढ़े ठाढ़े नँदलाल छबि छाई घट घट।—सूर।

ठटना—क्रि० स० [सं० स्थाता = जो खड़ा या ठहरा हो। हिं० ठाट, ठाढ़] (१) ठहराना। निश्चित करना। स्थिर करना। उ०—होत सु जो रघुनाथ ठटी। पचि पचि रहे सिद्ध, साधक, मुनि तऊ बढ़ी न घटी।—सूर। (२) सजाना। सुसज्जित करना। तैयार करना। उ०—नृप बन्यो विकट रन ठाट ठटि मारु मारु धरु मारु रटि।—गोपाल।

मुहा०—ठट कर बातें करना = बना बना कर बातें करना। एक एक शब्द पर ज़ोर देते हुए बातें करना।

(३) छेड़ना। आरंभ करना। (राग)। उ०—नव निकुंज गृह नवल आगे नवल बीना मधि राग गौरी ठटी।—हरिदास।

क्रि० अ० (१) खड़ा रहना। अड़ना। डटना। उ०—खैंचत स्वाद स्वान पातर ज्यों चातक रटत ठटो।—सूर। (२) सजना। सुसज्जित होना। तैयार होना। उ०—जबहीं आइ चढ़ै दल ठटा। देखत जैस गगन-घन-घटा।—जायसी।

ठटनि—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठटना] बनाव। रचना। सजावट। उ०—नाभि भँवर त्रिवली तरंग गति पुलिन तुलिन ठटनी।—सूर।

ठट्टया—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का जंगली जानवर।

ठटरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठाट] (१) हड्डियों का ढाँचा। अस्थि-पंजर।

मुहा०—ठटरी होना = दुबला होना। कृशाग होना।

(२) घास भूसा आदि बाँधने का जाल। खरिया। खड़िया। (३) किसी वस्तु का ढाँचा। (४) मुरदा उठाने की रथी। अरथी।

ठट्ठ†—संज्ञा पुं० [हिं० ठाट] बनाव। रचना। सजावट। उ०—परिखत प्रीति प्रतीति पयज पनु रहे काज ठटु ठानि है।—तुलसी।

ठट्ठ—संज्ञा पुं० [स० तट, हिं० टट्टी वा सं० स्थाता] (१) एक स्थान पर स्थित बहुत सी वस्तुओं का समूह। एक स्थान पर खड़े बहुत से लोगों की पंक्ति। (२) समूह। झुंड। समुदाय। पंक्ति। उ०—(क) देखि न जाय कपिन के ठट्टा। अति-विसाल-तनु भालु सुभट्टा।—तुलसी। (ख) पियत भट्ट के ठट्ट अरु गुजरातिन के वृंद।—हरिश्चंद्र।

ठट्ठी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठाट] ठटरी। पंजर। हड्डी का ढाँचा। —उ०—उर अंतर धुँधुआइ जरै जस काँच की भट्टी। रक्त मास जरि जाय रहै पाँजर की ठट्टी।—गिरिधर।

ठट्ठई—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठट्ठा] ठट्ठा। दिल्लगी। हँसी।

ठट्ठा–संज्ञा पुं० [सं० अट्टहास वा टट्टरी] हँसी । उपहास । दिल्लगी । मसखरापन । खिल्ली ।

क्रि० प्र०—करना ।

यौ०—ठट्ठेबाज = दिल्लगीबाज । ठट्ठेबाजी = दिल्लगी ।

मुहा०—ठट्ठा उड़ाना = उपहास करना । दिल्लगी करना । ठट्ठा मारना = खिलखिलाना । अट्टहास करना । ठट्ठा लगाना = खिलखिला कर हँसना । ठठा कर हँसना । अट्टहास करना ।

ठठ–संज्ञा पुं० दे० "ठट" ।

ठठई–*संज्ञा स्त्री० [हिं० ठट्ठा] हँसी । ठट्ठा । मसखरापन । उ०—हुतो न साँचो सनेह मिठ्यो मन को संदेह हरि परे उघरि सँदेसहु ठठई ।—तुलसी ।

ठठकना†*–क्रि० अ० [सं० स्थेष्ट + करण] (१) एक बारगी रुक या ठहर जाना । ठिठकना । उ०—(क) ठठकति चलै मटकि मुँह मोरै बंकट भौंह चलावै ।—सूर । (ख) डग कुडगति सी चलि ठठकि चितई चली निहारि । लिये जाति चित चोरटी वहै गोरटी नारि ।—बिहारी । (२) स्तंभित हो जाना । क्रियाशून्य हो जाना । ठक रह जाना । उ०—मन में कछु कहन चहै देखत ही ठठकि रहै सूर श्याम निरखत दुरी तन सुधि बिसराय ।—सूर ।

ठठकान†–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठठकना] ठठकने का भाव ।

ठठना†–क्रि० स०, क्रि० अ० दे० "ठटना" ।

ठठरी†–संज्ञा स्त्री० दे० "ठटरी" ।

ठठवा†–संज्ञा पुं० [हिं० टाट] एक प्रकार का मोटा कपड़ा । इकतारा । लमगजा ।

ठठा†–संज्ञा पुं० दे० "ठट्ठा" ।

ठठाना–क्रि० स० [अनु० ठक ठक] ठोंकना । आघात लगाना । पीटना । जोर जोर से मारना । उ०—(क) फलैं फूलैं फैलैं खल, सीदैं साधु पल पल, बाती दीपमालिका ठठाइयत सूप हैं ।—तुलसी । (ख) दंत ठठाइ ठोठरे कीने । रहे पठान सकल भय भीने ।—लाल ।

क्रि० अ० [सं० अट्टहास] खिलखिलाना । अट्टहास करना । कहकहा लगाना । जोर से हँसना । उ०—दुइ कि होंइ इक संग भुआलू । हँसब ठठाइ फुलाउब गालू ।—तुलसी ।

ठठियार†–संज्ञा पुं० [देश०] जंगली चौपायों को चरानेवाला । चरवाहा । (नैपाल-तराई) ।

ठठिरिन†–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठठेरा] ठठेरिन । ठठेरे की स्त्री । उ०—ठठिरिन बहुतइ ठाठर कीन्ही । चली अहीरिन काजर दीन्ही ।—जायसी ।

ठठुकना†–क्रि० अ० दे० "ठठकना", "ठिठकना" ।

ठठेर-मंजारिका–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठठेरा + स० मार्जारिका] ठठेरे की बिल्ली । उ०—अहे बजंत्री हरिन भ्रम कहा बजावै बीन । या ठठेर-मंजारिका सुर सुनि मोहै गी न ।—दीनदयाल ।

विशेष—ठठेरों की बिल्ली के सामने रात दिन बरतन पीटे जाने से न तो वह थोड़ी खड़खड़ाहट से डरती है और न किसी अच्छे शब्द पर मोहित होती है ।

ठठेरा–संज्ञा पुं० [अनु० ठन ठन । वा हिं० टाठी + एरा (प्रत्य०)] [स्त्री० ठठेरिन, ठठेरी] धातु पीट पीट कर बरतन बनानेवाला । बरतन बनानेवाला । कसेरा ।

मुहा०—ठठेरे ठठेरे बदलाई = जैसे का तैसा व्यवहार । एक ही प्रकार के दो मनुष्यों का परस्पर व्यवहार । ऐसे दो आदमियों के बीच व्यवहार जो चालाकी, धूर्त्तता, बल आदि में एक दूसरे से कम न हो । ठठेरे की बिल्ली = ऐसा मनुष्य जो कोई अरुचिकर काम देखते देखते या सुनते सुनते अभ्यस्त हो गया हो । ऐसा मनुष्य जो कोई खटके की बात देख कर न चौंके या घबराय । (ठठेरे की बिल्ली दिन रात बरतन का पीटना सुना करती है इससे वह किसी प्रकार की आहट या खटका सुन कर नहीं डरती ।)

संज्ञा पुं० [हिं० ठेंठ] ज्वार बाजरे का डंठल ।

ठठेरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठठेरा] (१) ठठेरा की स्त्री । ठठेरा जाति की स्त्री । (२) ठठेरे का काम । बरतन बनाने का काम ।

यौ०—ठठेरी बाजार ।

ठठोल–संज्ञा पुं० [हिं० ठट्ठा] [स्त्री० ठठोलिन] (१) ठट्ठेबाज । विनोदप्रिय । दिल्लगीबाज । मसखरा । † (२) ठठोली । हँसी । दिल्लगी ।

ठठोली–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठट्ठा] हँसी । दिल्लगी । मसखरापन । मज़ाक । वह बात जो केवल विनोद के लिये की जाय ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

ठड़कना†–क्रि० अ० दे० "ठठकना", "ठिठकना" ।

ठड़ा†–वि० [सं० स्थातृ] खड़ा । दंडायमान ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

ठड़िया–संज्ञा पु० [हिं० ठाड़] वह नैचा जिसकी निगाली बिलकुल खड़ी होती है । (ऐसा नैचा लखनऊ में बनता है और मिट्टी की फरशी में लगाया जाता है । मुसलमान इसका व्यवहार अधिक करते हैं ।)

ठड्ढा–संज्ञा पुं० [हिं० ठड्ढा] (१) पीठ की खड़ी हड्डी । रीढ़ ।

यौ०—ठड्ढाटूटी = जिसकी कमर झुकी हो । कुबड़ी । (स्त्री०)

(२) पतंग में लगी हुई खड़ी कमानी । काँप का उलटा ।

ठढ़ा†–वि० [सं० स्थातृ] खड़ा । दंडायमान ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

ठढ़िया–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठाढ़ = खड़ा] काठ की वह ऊँची ओखली जिसमें पड़े हुए धान को स्त्रियाँ खड़ी हो कर कूटती हैं।

ठढ़ियाना†–क्रि० स० [हिं० ठढ़ा = खड़ा] खड़ा करना।

ठदु.ई†–संज्ञा स्त्री० दे० "ठढ़िया"।

ठन–संज्ञा स्त्री० [अनु०] धातुखंड पर आघात पड़ने का शब्द। धातु के बजने का शब्द।

मुहा०—ठन ठन = चमड़े से मढ़े हुए बाजे का शब्द।

ठनक–संज्ञा स्त्री० [अनु० ठन ठन] (१) मृदंगादि की ध्वनि। चमड़े से मढ़े बाजे पर आघात पड़ने का शब्द। उ०– खनक चुरीन की त्यों ठनक मृदंगन की रुनुक झुनुक सुर नूपुर के जाल को।—पद्माकर। (२) रह रह कर आघात पड़ने की सी पीड़ा। टीस। चसक।

ठनकना–क्रि० अ० [अनु० ठन ठन] (१) ठन ठन शब्द करना। धातुखंड अथवा चमड़े से मढ़े बाजे आदि का आघात पा कर बजना। जैसे, तबला ठनकना। (२) रह रह कर आघात पड़ने की सी पीड़ा होना। जैसे, माथा ठनकना।

मुहा०—माथा ठनकना = किसी बुरे लक्षण को देख कर चित्त में घोर आशंका उत्पन्न होना। गहरा खटका पैदा होना। जैसे, तार पाते ही माथा ठनका।

ठनका–संज्ञा पु० [हिं० ठनक] (१) धातुखंड आदि पर आघात पड़ने का शब्द। (२) आघात। ठोकर। (३) रह रह कर आघात पड़ने की सी पीड़ा।

ठनकाना–क्रि० स० [हिं० ठनकना] किसी धातुखंड या चमड़े से मढ़े बाजे पर आघात कर के शब्द निकालना। बजाना। जैसे, तबला ठनकाना, रुपया ठनकाना।

मुहा०—रुपया ठनका लेना = रुपया बजा कर ले लेना। रुपया वसूल कर लेना। उ०—जैसे, तुमने रुपए तो ठनका लिए मेरा काम हो या न हो।

ठनकार–संज्ञा पुं० [अनु० ठन ठन] धातुखंड के बजने का शब्द।

ठनगन–संज्ञा पु० [हिं० ठनना] विवाह आदि मंगल अवसरों पर नेगियों या पुरस्कार पानेवालों का अधिक पाने के लिये हठ या अड़।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

ठनठन–क्रि० वि० [अनु०] धातुखंड के बजने का शब्द।

ठनठन गोपाल–संज्ञा पुं० [अनु० ठनठन + गोपाल = कोई व्यक्ति] (१) छूँछी और निःसार वस्तु। वह वस्तु जिसके भीतर कुछ भी न हो। (२) खुक्ख आदमी। निर्धन मनुष्य। वह व्यक्ति जिसके पास कुछ भी न हो।

ठनठनाना–क्रि० स० [अनु०] किसी धातुखंड या चमड़े से मढ़े बाजे पर आघात करके शब्द निकालना। बजाना।

क्रि० अ० ठन ठन बजना।

ठनना–क्रि० अ० [हिं० ठानना] (१) (किसी कार्य का) तत्परता के साथ आरंभ होना। दृढ़ संकल्पपूर्वक आरंभ किया जाना। अनुष्ठित होना। समारंभ होना। छिड़ना। जैसे, काम ठनना, झगड़ा ठनना, बैर ठनना, युद्ध ठनना, लड़ाई ठनना। (२) (मन में) स्थिर होना। ठहरना। निश्चित होना। पक्का होना। दृढ़ होना। चित्त में दृढ़ता-पूर्वक धारण किया जाना। दृढ़ संकल्प होना। जैसे, मन में कोई बात ठनना, हठ ठनना। उ०—हरिचंद जू बात ठनी तो ठनी नित की कलकानि ते छूटनो है।—हरिश्चंद्र। (३) ठहरना। लगना। जमना। धारण किया जाना। प्रयुक्त होना। उ०—दुलरी कल कोकिल कैठ बनी मृग खंजन अंजन भाँति ठनी।—केशव। (४) उद्यत होना। मुस्तैद होना। सन्नद्ध होना। उ०—रन जीतन काजै भटन निवाजैं आनंद छाजैं युद्ध ठने।—गोपाल।

मुहा०—किसी बात पर ठनना = किसी बात या काम को करने के लिये उद्यत होना।

ठनमनना–क्रि० अ० दे० "ठनमनना"।

ठनाका–संज्ञा पुं० [अनु० 'ठन'] ठन ठन शब्द। ठनकार।

ठनाठन–क्रि० वि० [अनु० ठन ठन] ठन ठन शब्द के साथ। झनकार के साथ। जैसे, ठनाठन बजना।

ठपका†–संज्ञा पुं० [देश०] धक्का। ठोकर। ठेस। उ०—यह तन काचा कुंभ है लिया फिरै था साथ। ठपका लाग्या फूटिग्या कछू न आया हाथ।—कबीर।

ठयना–क्रि० स० [सं० अनुष्ठान] (१) ठानना। दृढ़ संकल्प के साथ आरंभ करना। छेड़ना। उ०—(क) दासी सहस प्रगट तँह भई। इंद्रलोक रचना ऋषि ठई।—सूर। (ख) जब नैननि प्रीति ठई ठग स्याम सों, स्यानी सखी हठि हैं बरजी।—तुलसी। (२) कर चुकना। पूरी तरह से करना। (इसका प्रयोग संयो० क्रि० के रूप में हुआ है)। उ०—देवता निहोरे महामारिन सों कर जोरे भोरानाथ भोरे आपनी सी कहि ठई है।—तुलसी। (३) मन में ठहराना। निश्चित करना। उ०—तुलसिदास कौन आस मिलन की ? कहि गए सो तो एकौ चित न ठई।—तुलसी।

क्रि० अ० (१) ठनना। दृढ़ संकल्प के साथ आरंभ होना। (२) मन में दृढ़ होना।

क्रि० स० [सं० स्थापन, प्रा० ठावन] (१) स्थापित करना। बैठाना। ठहराना। (२) लगाना। प्रयुक्त करना। नियोजित करना। उ०—विधिना अतिही पोच कियो री।.....रोम रोम लोचन इकटक करि युवतिन प्रति काहे न ठयो री।—सूर।

क्रि० अ० (१) ठहरना। स्थित होना। बैठना। जमना।

उ०—राज रुख लखि गुरु भूसुर सुआसनन्हि समय समाज की ठवनि भली ठई है ।—तुलसी । (२) प्रयुक्त होना । लगना। नियोजित होना ।

ठप्पा—संज्ञा पुं० [सं० स्थापन, हिं० थापन, थाप] (१) लकड़ी धातु मिट्टी आदि का खंड जिस पर किसी प्रकार की आकृति, बेल बूटे या अक्षर आदि इस प्रकार खुदे हों कि उसे किसी दूसरी वस्तु पर रख कर दबाने या दूसरी वस्तु को उस पर रख कर दबाने से उस दूसरी वस्तु पर वे आकृतियाँ बेल बूटे या अक्षर उभर आवें या बन जाँय । साँचा ।

क्रि० प्र०—लगाना ।

(२) लकड़ी का टुकड़ा जिस पर उभरे हुए बेल बूटे बने रहते हैं और जिस पर रंग स्याही आदि पोत कर उन बेल बूटों को कपड़े आदि पर छापते हैं । छापा । (३) गोटे पट्टे पर बेल बूटे उभारने का साँचा । (४) साँचे के द्वारा बनाया हुआ चिह्न, बेलबूटा आदि । छाप । नक़्श । (५) एक प्रकार का चौड़ा नक्काशीदार गोटा ।

ठभोली †—संज्ञा स्त्री० दे० "ठठोली" ।

ठमक—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठमकना] (१) चलते चलते ठहर जाने का भाव । रुकावट । (२) चलने की ठसक । चलने में हाव भाव । लचक ।

ठमकना—क्रि० अ० [सं० स्तभ, हिं० थम + करना] (१) चलते चलते ठहर जाना । ठिठकना । रुकना । जैसे, (क) तुम चलते चलते ठमक क्यों जाते हो । (ख) ठमक ठमक कर चलना । (२) ठसक के साथ रुक रुक कर चलना । हाव भाव दिखाते हुए चलना । अंग मरोड़ते या मटकाते हुए चलना । लचक के साथ चलना ।

ठमकाना—क्रि० स० [हिं० ठमकना] ठहराना । चलते चलते रोकना ।

ठमकारना—क्रि० स० दे० "ठमकाना" ।

ठरना—क्रि० अ० [सं० स्तब्ध, ठड्ढ + ना (प्रत्य०)] (१) अत्यंत शीत से ठिठुरना । सरदी से अकड़ना या सुन्न होना । जैसे, हाथ पाँव ठरना ।

संयो० क्रि०—जाना ।

(२) अत्यंत सरदी पड़ना । बहुत अधिक ठंड पड़ना ।

ठरमरुआ†—वि० [हिं० ठार + मारना] जिसे पाला मार गया हो । (फसल)

ठरुआ†—वि० [हिं० ठार] जिसे पाला मार गया हो । (फसल)

ठर्रा—संज्ञा पुं० [हिं० ठड़ा = खड़ा] (१) इतना कड़ा बटा हुआ मोटा सूत जो हाथ में लेने से कुछ तना रहे । मोटा सूत । (२) बड़ी अधपकी ईंट । (३) महुवे की निकृष्ट शराब । फूल का उलटा । (४) अँगिया का बंद । तनी । (५) एक प्रकार का भद्दा जूता । (६) भद्दा और बेडौल मोती ।

ठर्री—संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) बिना अंकुर उठा हुआ धान का बीज जो छितरा कर बोया जाता है । (२) बिना अंकुर उठे हुए धान की बोआई ।

ठवना—क्रि० स० दे० "ठयना" ।

ठवनि—संज्ञा स्त्री० [स० स्थापन, हिं० ठवना = बैठना वा स० स्थान] (१) बैठक । स्थिति । उ०—राज रुख लखि गुरु भूसुर सुआसनन्हि समय समाज की ठवनि भली ठई है ।—तुलसी । (२) बैठने या खड़े होने का ढंग । आसन । मुद्रा । अंग की स्थिति या संचालन का ढब । अंदाज । उ०—(क) कुंजर मनि कंठा कलित उर तुलसी की माल । बृषभ कंध केहरि ठवनि बलनिधि बाहु बिसाल ।—तुलसी । (ख) ठाढ़ भए उठि सहज सुभाए । ठवनि जुवा मृगराज लजाए ।—तुलसी ।

ठवर†—संज्ञा पुं० दे० "ठौर" ।

ठस—वि० [स० स्थास्न = दृढ़ता से जमा हुआ, दृढ़] (१) जिसके कण परस्पर इतने मिले हों कि उसमें उँगली आदि न धँस सके । जिसके बीच में कहीं रंध्र वा अवकाश न हो । जो भुरभुरा, गीला या मुलायम न हो । ठोस । कड़ा । जैसे, बरफी का सूख कर ठस होना, गीले आटे का ठस होना । (२) जो भीतर से पोला या खाली न हो । भीतर से भरा हुआ । (३) जिसके सूत परस्पर खूब मिले हों । जिसकी बुनावट घनी हो । गफ । जैसे, ठस बुनावट, ठस कपड़ा । उ०—इस टोपी का काम खूब ठस है । (४) दृढ़ । मजबूत । (५) भारी । वजनी । गुरु । (६) जो अपने स्थान से जल्दी न टसके । जो हिले डोले नहीं । निष्क्रिय । सुस्त । मट्ठर । आलसी । (७) (रुपया) जिसकी झनकार ठीक न हो । जो खरे सिक्के के ऐसा न बजे । जो कुछ खोटा होने के कारण ठीक आवाज न दे । जैसे, ठस रुपया । (८) भरा पूरा । संपन्न । धनाढ्य । जैसे, ठस असामी । (९) कृपण । कंजूस । (१०) हठी । जिद्दी । अड़ करनेवाला ।

ठसक—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठस] (१) अभिमानपूर्ण हाव भाव । गर्वीली चेष्टा । नखरा । उ०—जैसे, वह बड़ी ठसक से चलती है । (२) अभिमान । दर्प । शान । उ०—कढ़ि गई रैयत के जिय की कसक सब मिटि गई ठसक तमाम तुरकाने की ।—भूषण ।

ठसकदार—वि० [हिं० ठसक + फा० दार] (१) घमंडी । अभिमानी । (२) शानदार । तड़क भड़कवाला । उ०—ठौर ठकुराई को जु ठाकुर ठसकदार नंद के कन्हाई सो सु नंद को कन्हाई है ।—पद्माकर ।

ठसका—संज्ञा पुं० [अनु०] (१) वह खाँसी जिसमें कफ न निकले

और गले से ठन ठन शब्द निकले। सूखी खाँसी। (२) ठोकर। धक्का।

क्रि० प्र०—खाना।—मारना।—लगना।

ठसाठस—क्रि० वि० [हिं० ठस] ऐसा दबा कर भरा हुआ कि और भरने की जगह न रहे। ठूँस कर भरा हुआ। खूब कस कर भरा हुआ। खचाखच। जैसे, (क) यह संदूक कपड़ों से ठसाठस भरा हुआ है। (ख) इस कुप्पे में ठसाठस चीनी भरी हुई है।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग केवल चूर्ण या ठोस वस्तुओं के लिये ही होता है, पानी आदि तरल पदार्थों के लिये नहीं। जो वस्तु भरी जाती है और जिस वस्तु में भरी जाती है दोनों के संबंध में इस शब्द का व्यवहार होता है। जैसे, संदूक ठसाठस भरा है, कपड़े ठसाठस भरे हैं।

ठस्सा—संज्ञा पुं० [देश०] (१) नक्काशी बनाने की एक छोटी रुखानी। (२) गर्वपूर्ण चेष्टा। अभिमानपूर्ण हाव भाव। ठसक। (३) घमंड। अहंकार। (४) ठाट बाट। शान। (५) ठवनि। मुद्रा। अंदाज।

ठहक—संज्ञा स्त्री० [अनु०] नगारे का शब्द।

ठहना—क्रि० अ० [अनु०] (१) हिनहिनाना। घोड़ों का बोलना। उ०—गज अरूढ़ कुरुपति छबि छाई। चहुँ दिसि तुरग रहे ठहनाई।—सबल। (२) घनघनाना। ठनठनाना। घंटे का बजना। उ०—द्वंद्व घंट ध्वनि अति ठहनाई। मारू राग सहित सहनाई।—सबल।

† क्रि० अ० [सं० स्था, प्रा० ठा] किसी काम को करते हुए सोच विचार करने या बनाने सँवारने के लिये बीच बीच में ठहरना। धीरे धीरे धैर्य के साथ करना। बनाना। सँवारना। किसी काम को करने में खूब जमना।

मुहा०—ठह ठह कर बोलना = हाव भाव के साथ रुक रुक कर बोलना। एक एक शब्द पर जोर दे दे कर बोलना। मठार मठार कर बोलना। ठह कर = अच्छी तरह जम कर।

ठहर†—संज्ञा पुं० [स० स्थल] (१) स्थान। जगह। उ०—ठाकुर महेस ठकुराइनि उमा सी जहाँ लोक वेद हूं विदित महिमा ठहर की।—तुलसी। (२) रसोई के लिये मिट्टी से लीपा हुआ स्थान। चौका। (३) रसोईघर आदि में मिट्टी की लिपाई। पोताई। चौका।

क्रि० प्र०—लगाना।

मुहा०—ठहर देना = चौका लगाना।

ठहरना—क्रि० अ० [स० स्थैर्य + ना (प्रत्य०)] (१) चलना बंद करना। गति में न होना। रुकना। थमना। जैसे, (क) थोड़ा ठहर जाओ पीछे के लोगों को भी आ लेने दो। (ख) रास्ते में कहीं न ठहरना।

संयो० क्रि०—जाना।

(२) विश्राम करना। डेरा डालना। टिकना। कुछ काल तक के लिये रहना। जैसे, आप काशी में किस के यहाँ ठहरेंगे?

संयो० क्रि०—जाना।

(३) स्थित रहना। एक स्थान पर बना रहना। इधर उधर न होना। स्थिर रहना। जैसे, यह नौकर चार दिन भी किसी के यहाँ नहीं ठहरता।

संयो० क्रि०—जाना।

मुहा०—मन ठहरना = चित्त स्थिर और शांत होना। चित्त की आकुलता दूर होना। उ०—जबै आऊँ साधु संगति कछुक मन ठहराइ।—सूर।

(४) नीचे न फिसलना या गिरना। अड़ा रहना। टिका रहना। बहने या गिरने से रुकना। स्थित रहना। जैसे, (क) यह गोला डंडे की नोक पर ठहरा हुआ है। (ख) यह घड़ा फूटा हुआ है इसमें पानी नहीं ठहरेगा। (ग) बहुत से योगी देर तक अधर में ठहरे रहते हैं।

संयो० क्रि०—जाना।

(५) दूर न होना। बना रहना। न मिटना या न नष्ट होना। जैसे, यह रंग ठहरेगा नहीं, उड़ जायगा। (६) जल्दी न टूटना फूटना। नियत समय के पहले नष्ट न होना। कुछ दिन काम देने लायक रहना। चलना। जैसे, यह जूता तुम्हारे पैर में दो महीने भी नहीं ठहरेगा। (७) किसी घुली हुई वस्तु के नीचे बैठ जाने पर पानी या अर्क का स्थिर और साफ हो कर ऊपर रहना। थिराना। (८) प्रतीक्षा करना। धैर्य्य धारण करना। धीरज रखना। स्थिर भाव से रहना। चंचल या आकुल न होना। जैसे, ठहर जाओ, देते हैं, आफत क्यों मचाए हो। (९) कार्य आरंभ करने में देर करना। प्रतीक्षा करना। आसरा देखना। जैसे, अब ठहरने का वक्त नहीं है झटपट काम में हाथ लगा दो। (१०) किसी लगातार होनेवाली क्रिया का बंद होना। लगातार होनेवाली बात या काम का रुकना। थमना। जैसे, मेह ठहरना, पानी ठहरना।

संयो० क्रि०—जाना।

(११) निश्चित होना। पक्का होना। स्थिर होना। तै पाना। करार होना। जैसे, दाम या कीमत ठहरना, भाव ठहरना, बात ठहरना, ब्याह ठहरना।

मुहा०—किसी बात का ठहरना = किसी बात का सकल्प होना। विचार स्थिर होना। ठनना। जैसे, (क) क्या अब चलने ही की ठहरी? (ख) गप बहुत हुई, अब खाने की ठहरे। ठहरा = है। जैसे, (क) वह तुम्हारा भाई ही ठहरा कहाँ तक खबर न

लेगा ? (ख) तुम घर के आदमी ठहरे तुमसे क्या छिपाना । (ग) अपने संबंधी ठहरे उन्हें क्या कहें । (इस मुहा० का प्रयोग ऐसे स्थलों पर ही होता है जहाँ किसी व्यक्ति या वस्तु के अन्यथा होने पर विरुद्ध घटना या व्यवहार की संभावना होती है) ।

ठहराई–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठहराना] (१) ठहराने की क्रिया । (२) ठहराने की मजदूरी । (३) कब्जा । अधिकार ।

ठहराउ†–संज्ञा पुं० दे० "ठहराव" ।

ठहराऊ–वि० [हिं० ठहरना] (१) ठहरनेवाला । कुछ दिन बना रहनेवाला । जल्दी नष्ट न होनेवाला । (२) टिकाऊ । चलनेवाला । दृढ़ । मजबूत ।

ठहराना–क्रि० स० [हिं० ठहरना] (१) चलने से रोकना । गति बंद करना । स्थिति कराना । जैसे, (क) वह चला जा रहा है, उसे ठहराओ । (ख) यह चलता हुआ पहिया ठहरा दो ।

संयो० क्रि०—देना ।—लेना ।

(२) टिकाना । विश्राम कराना । डेरा देना । कुछ काल तक के लिये निवास देना । जैसे, इन्हें अपने यहाँ ठहराओ । (३) इस प्रकार रखना कि नीचे न खिसके या गिरे । अड़ाना । टिकाना । स्थित रखना । जैसे, डंडे की नोक पर गोला ठहराना ।

संयो० क्रि०—देना ।

(४) स्थिर रखना । इधर उधर न जाने देना । एक स्थान पर बनाए रखना । (५) किसी लगातार होनेवाली क्रिया को बंद करना । किसी होते हुए काम को रोकना ।

संयो० क्रि०—देना ।

(६) निश्चित करना । पक्का करना । स्थिर करना । तै करना । जैसे, बात ठहराना, भाव ठहराना, कीमत ठहराना, ब्याह ठहराना ।

ठहराव–संज्ञा पुं० [हिं० ठहरना] (१) ठहरने का भाव । स्थिरता । (२) निश्चय । निर्धारण । नियति । मुकर्ररी ।

ठहरु †–संज्ञा पुं० दे० "ठहर" ।

ठहरौनी–संज्ञा स्त्री० [हि० ठहराना] विवाह में लेन देन का क़रार ।

ठहाका †–संज्ञा पु० [अनु०] अट्टहास । जोर की हँसी । कहकहा ।

क्रि० प्र०—मारना ।—लगाना ।

†वि० चटपट । तुरंत । तड़ से ।

ठहियाँ‡–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठाँव] ठाँव । जगह । ठिकाना । स्थान ।

ठाँ–संज्ञा स्त्री० पुं० दे० "ठाँव" ।

संज्ञा पुं० [अनु०] बंदूक की आवाज़ ।

ठाँई†–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठावँ] (१) स्थान । जगह । (२) तईं । प्रति । उ०—पान भखे मुख नैन रची रुचि आरसी देखि कहैं हम ठाँई ।—केशव । (३) समीप । पास । निकट ।

ठाँउँ†–संज्ञा स्त्री० [सं० स्थान] (१) ठौर । ठाँव । स्थान । जगह । ठिकाना । (२) पास । समीप । उ०—चार मीत जो मुहमद ठाऊँ । जिन्हहिं दीन्हि जग निरमल नाऊँ ।—जायसी ।

ठाँठ–वि० [स० स्थाणु = ठूँठा पेड़ वा अनु० ठन ठन] (१) जो सूख कर बिना रस का हो गया हो । नीरस । (२) (गाय या भैंस) जो दूध न देती हो । दूध न देनेवाला (चौपाया) । जैसे, ठाँठ गाय ।

ठाँय–संज्ञा पुं० स्त्री० [स० स्थान, प्रा० ठान] (१) स्थान । जगह । ठिकाना ।

विशेष—दे० "ठाँव" ।

(२) समीप । निकट । पास । उ०—जिन लगि निज परलोक बिगारयो ते लजात होत ठाढ़े ठाँयँ ।—तुलसी ।

संज्ञा पु० [अनु०] बंदूक छूटने का शब्द । जैसे, ठाँयँ से गोली मार दी ।

ठाँयँ ठाँयँ–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) बंदूक छूटने का शब्द । † (२) रगड़ा झगड़ा ।

ठाँव–संज्ञा स्त्री० पु० [सं० स्थान, प्रा० ठान] स्थान । जगह । ठिकाना । उ०—(क) निडर, नीच, निर्गुन निर्धन कहँ जग दूसरो न ठाकुर ठाँव ।—तुलसी । (ख) नाहिन मेरे और कोउ बलि, चरन कमल बिनु ठाँव ।—सूर ।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग प्रायः सब कवियों ने पुं० किया है और अधिक स्थानों में पुं० ही बोला भी जाता है पर दिल्ली मेरठ आदि पच्छिमी जिलों में इसे स्त्री० बोलते हैं ।

ठाँसना–क्रि० स० [स० स्थासनु = दृढ़ता से बैठाना हुआ] (१) जोर से घुसाना । कस कर घुसेड़ना । दबा कर प्रविष्ट करना । (२) कस कर भरना । दबा दबा कर भरना । † (३) रोकना । अवरोध करना । मना करना ।

क्रि० अ० ठन ठन शब्द के साथ खाँसना । बिना कफ निकाले हुए खाँसना ।

ठाँहीं†–संज्ञा स्त्री० दे० "ठाँई" ।

ठाकुर–संज्ञा पुं० [सं० ठक्कुर] [स्त्री० ठकुराइन, ठकुरानी] (१) देवता, विशेष कर विष्णु या विष्णु के अवतारों की प्रतिमा । देव-मूर्त्ति ।

यौ०—ठाकुरद्वारा । ठाकुरबाड़ी ।

(२) ईश्वर । परमेश्वर । भगवान । (३) पूज्य व्यक्ति । (४) किसी प्रदेश का अधिपति । नायक । सरदार । अधिष्ठाता । उ०—सब कुँवरन फिर खैंचा हाथू । ठाकुर जेंव तो जेंवै साथू ।—जायसी । (५) जमींदार । गाँव का मालिक । (६) क्षत्रियों की उपाधि । (७) मालिक । स्वामी । उ०—(क)

ठाकुर अंत चहै जेहि मारा। तेहि सेवक कर कहाँ उबारा? —जायसी। (ख) निडर, नीच, निर्गुन निर्धन कहँ जग दूसरो न ठाकुर ठाँव।—तुलसी। (८) भाइयों की उपाधि। नापित।

ठाकुरद्वारा—संज्ञा पुं० [हिं० ठाकुर + द्वार] (१) किसी देवता विशेषतः विष्णु का मंदिर। देवालय। देवस्थान। (२) जगन्नाथ का मंदिर जो पुरी में है। पुरुषोत्तमधाम। (३) मुरादाबाद जिले में हिंदुओं का एक तीर्थस्थान।

ठाकुरप्रसाद—संज्ञा पुं० [हिं०] (१) देवता की निवेदित वस्तु। नैवेद्य। (२) एक प्रकार का धान जो भादों महीने के अंत और क्वार के आरंभ में हो जाया करता है।

ठाकुरबाड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठाकुर + बाड़ा या बाड़ी = घर] देवालय। मंदिर।

ठाकुरसेवा—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठाकुर + सेवा] (१) देवता का पूजन। (२) वह संपत्ति जो किसी मंदिर के नाम उत्सर्ग की गई हो।

ठाकुरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठाकुर] ठकुराई। स्वामित्व। आधिपत्य। शासन। उ०—जम के जसूस विनय जम सों हमेशा करैं तेरी ठाकुरी को ठीक नेकु न निहारो है।—पद्माकर।

ठाट—संज्ञा पुं० [सं० स्थातृ = खड़ा होनेवाला] (१) फूस और बाँस की फट्टियों को एक में बाँध कर बनाया हुआ ढाँचा जो आड़ करने या छाने के काम में आता है। लकड़ी या बाँस की फट्टियों का बना हुआ परदा। जैसे, इस खपरैल का ठाट उजड़ गया है।

क्रि० प्र०—ठाठबंदी। नवठट।

(२) ढाँचा। ढड्ढा। पंजर। किसी वस्तु के मूल अंगों की योजना जिनके आधार पर शेष रचना की जाती है।

मुहा०—ठाट खड़ा करना = ढांचा तैयार करना। ठाट खड़ा होना = ढांचा तैयार होना।

(३) रचना। बनावट। सजावट। वेश-विन्यास। शृंगार। उ०—(क) ब्रज नरनारि ग्वाल बालक कहैं कौनै ठाट रच्यो।—सूर। (ख) पहिरि पितंबर, करि आडंबर बहु तन ठाट सिँगारयो।—सूर।

क्रि० प्र०—करना।—ठटना।—बनाना।

मुहा०—ठाट बदलना = (१) वेश बदलना। नया रूप रंग दिखाना। (२) और का और भाव प्रकट करना। प्रयोजन निकालने या श्रेष्ठता प्रकट करने के लिये झूठे लक्षण दिखाना। (३) श्रेष्ठता प्रकट करना। झूठ मूठ अधिकार या बड़प्पन जताना। रंग बाँधना। ठाट माँजना = दे० "ठाट बदलना (१), (३)"। (४) आडंबर। तड़क। भड़क। तैयारी। शान शौकत। दिखावट। धूम धाम। जैसे, राजा की सवारी बड़े ठाट से निकली।

यौ०—ठाट बाट।

(५) चैन चान। मज़ा। आराम।

मुहा०—ठाट मारना = मौज़ उड़ाना। मज़े उड़ाना। चैन करना। ठाट से कटना = चैन से दिन बीतना।

(६) ढंग। शैली। प्रकार। ढब। तर्ज़। अंदाज़। जैसे, (क) उसके चलने का ठाट ही निराला है। (ख) यह घोड़ा बड़े ठाट से चलता है। (७) आयोजन। सामान। तैयारी। अनुष्ठान। समारंभ। प्रबंध। बंदोबस्त। उ०—(क) रघुबर कहयो लखन! भल घाटू। करहु कतहुँ अब ठाहर ठाटू।—तुलसी। (ख) पालव बैठि पेड़ एह काटा। सुख महँ सोक ठाट धरि ठाटा।—तुलसी। (ग) कासों कहौं, कहो, कैसी करौं अब क्यों निबहै यह ठाट जो ठायो।—सुंदरीसर्वस्व।

क्रि० प्र०—करना।

(८) सामान। माल असबाब। सामग्री। उ०—सब ठाट पड़ा रह जावेगा जब लाद चलेगा बनजारा।—नज़ीर। (९) युक्ति। ढब। ढंग। उपाय। डौल। जैसे, (क) किसी ठाट से अपना रुपया वहाँ से निकालो। (ख) वह ऐसे ठाट से माँगता है कि कुछ न कुछ देना ही पड़ता है। उ०—राज करत बिनु काज ही ठटहिं जे कूर कुठाट। तुलसी ते कुरुराज ज्यों जैहैं बारह बाट।—तुलसी। (१०) कुश्ती या पटेबाज़ी में खड़े होने या वार करने का ढंग। पैंतरा।

मुहा०—ठाट बदलना = दूसरी मुद्रा से खड़ा होना। पैंतरा बदलना। ठाट बाँधना = वार करने की मुद्रा से खड़ा होना।

(११) कबूतर या मुरगे का प्रसन्नता से पर फड़फड़ाने या झाड़ने का ढंग।

मुहा०—ठाट मारना = पर झड़झड़ाना।

(१२) सितार का तार।

संज्ञा पुं० [हिं० ठाट] [स्त्री० ठाटी] (१) समूह। झुंड। उ०—(क) गज के ठाट पचास हजारा। लख सहस्र रहैं असवारा।—रघुराज। (ख) निसरि पराहिं भालु कपि ठाटा।—तुलसी। † (२) बहुतायत। अधिकता। प्रचुरता। (३) बैल या साँड़ की गरदन के ऊपर का डिल्ला। कूबड़।

ठाटना—क्रि० स० [हिं० ठाट] (१) रचना। बनाना। निर्मित करना। संयोजित करना। उ०—बालक को तन ठाटिया निकट सरोवर तीर। सुर नर मुनि सब देखहिं साहेब धरेउ सरीर।—कबीर। (२) अनुष्ठान करना। ठानना। करना। आयोजन करना। उ०—(क) महतारी को कहयो न मानत कपट चतुरई ठाटी।—सूर। (ख) पालव बैठि पेड़ एह काटा। सुख महँ सोक ठाट धरि ठाटा।—तुलसी। (३) सुसज्जित करना। सजाना। सँवारना।

ठाटबंदी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठाट + फ़ा० बंदी] (१) छाजन वा परदे

आदि के लिये फूस और बाँस की फट्टियों आदि को परस्पर जोड़ कर ढाँचा बनाने का काम। (२) इस प्रकार का ढाँचा। ठाट। टट्टर।

ठाट बाट—संज्ञा पुं० [हिं० ठाट] (१) सजावट। बनावट। सजधज। (२) तड़क भड़क। आडंबर। शान शौकत। जैसे, आज बड़े ठाट बाट से राजा की सवारी निकली।

ठाटर—संज्ञा पुं० [हिं० ठाट] (१) बाँस की फट्टियों और फूस आदि को जोड़ कर बनाया हुआ ढाँचा जो छाजन या परदे के काम में आता है। ठाट। टट्टर। टट्टी। (२) ठठरी। पंजर। (३) ढाँचा। (४) कबूतर आदि के बैठने की छतरी जो टट्टर के रूप में होती है। (५) ठाट बाट। बनाव। सिंगार। सजावट। उ०—ठठिरिन बहुतइ ठाटर कीन्हीं। चली अहीरिन काजर दीन्हीं।—जायसी।

ठाटी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठाट] ठट। समूह। श्रेणी। उ०—जस रथ रेंगि चलइ गज ठाटी। बोहित चले समुद गे पाटी।—जायसी।

ठाटु†—संज्ञा पुं० दे० "ठाट"।

ठाठ†—संज्ञा पुं० दे० "ठाट"।

ठाठना†—क्रि० स० दे० "ठाटना"।

ठाठर—संज्ञा पुं० दे० "ठाटर"।

संज्ञा पुं० [देश०] नदी में वह स्थान जहाँ अधिक गहराई के कारण बाँस या लग्गी न लगे। (मल्लाह)

ठाड़ा—संज्ञा पुं० [हिं० ठाढ़] खेत की वह जोताई जिसमें एक बल जोत कर फिर दूसरे बल जोतते हैं।

वि० दे० "ठाढ़ा"।

ठाढ़†—वि० दे० "ठाढ़ा"।

ठाढ़ा†*—वि० [सं० स्थातृ = जो खड़ा हो] (१) खड़ा। दंडायमान।

क्रि० प्र०—करना।—होना।—रहना।

(२) जो पिसा या कुटा न हो। समूचा। साबित। उ०—भूँजि समोसा घिउ मँह काढ़े। लौंग मिर्च तेहि भीतर ठाढ़े।—जायसी। (३) उपस्थित। उत्पन्न। पैदा। उ०—कीन चहत लीला हरि जबहीं। ठाढ़ करत हैं कारन तबहीं।—विश्राम।

मुहा०—ठाढ़ा देना = स्थिर रखना। ठहराना। रखना। टिकाना। उ०—बारह वर्ष दयो हम ठाढ़ो यह प्रताप बिनु जाने। अब प्रगटे वसुदेव सुवन तुम गर्ग वचन परिमाने।—सूर।

वि० हट्टा कट्टा। हृष्ट पुष्ट। बली। दृढांग। मजबूत।

ठाढ़ेश्वरी—संज्ञा पुं० [हिं० ठाढ़ + सं० ईश्वर] एक प्रकार के साधु जो दिन रात खड़े रहते हैं। वे खड़े ही खड़े खाते पीते तथा दीवार आदि का सहारा लेकर सोते हैं।

ठादर†—संज्ञा पुं० [देश०] रार। झगड़ा। मुठभेड़। उ०—देव आपनो नहीं सँभारत करत इंद्र सों ठादर।—सूर।

ठान—संज्ञा स्त्री० [सं० अनुष्ठान] (१) अनुष्ठान। कार्य्य का आयोजन। समारंभ। काम का छिड़ना। (२) छेड़ा हुआ काम। कार्य्य। उ०—जानती इतेक तो न ठानती अठान ठान भूलि पथ प्रेम के न एक पग डारती।—हनुमान। (३) दृढ़ निश्चय। दृढ़ संकल्प। पक्का इरादा। (४) चेष्टा। मुद्रा। अंग स्थिति या संचालन का ढब। अंदाज। उ०—पाछे बंक चितै मधुरै हँसि घात किए उलटे सुठान सों।—सूर।

ठानना†—क्रि० स० [सं० अनुष्ठान, हिं० ठान] (१) (किसी कार्य्य को) तत्परता के साथ आरंभ करना। दृढ़ संकल्प के साथ प्रारंभ करना। अनुष्ठित करना। छेड़ना। जैसे, काम ठानना, झगड़ा ठानना, बैर ठानना, युद्ध ठानना, यज्ञ ठानना। उ०—तिन सों कह्यो पुत्र हित हय मख हम दीनो है ठानी।—रघुराज। (२) (मन में) स्थिर करना। (मन में) ठहराना। निश्चित या ठीक करना। पक्का करना। चित्त में दृढ़तापूर्वक धारण करना। दृढ़ संकल्प करना। जैसे, मन में कोई बात ठानना, हठ ठानना। उ०—सदा राम एहि प्रान समाना। कारन कौन कुटिल पन ठाना।—तुलसी।

ठाना†*—क्रि० स० [सं० अनुष्ठान] (१) ठानना। दृढ़ संकल्प के साथ आरंभ करना। छेड़ना। करना। उ०—काहे को सोहैं हजार करो तुम तो कबहूँ अपराध न ठायो।—मतिराम। (२) मन में ठहराना। निश्चित करना। दृढ़तापूर्वक चित्त में धारण करना। पक्का विचार करना। उ०—विश्वामित्र दुखी ह्वै तँह पुनि करन महा तप ठायो।—रघुराज।

विशेष—दे० "ठयना"।

(३) स्थापित करना। रखना। धरना। उ०—मुरली तऊ गोपालहि भावति। अति आधीन सुजान कनौठे गिरिधर नार नवावति। आपुन पौढ़ि अधर सज्या पर कर-पल्लव पद-पल्लव ठावति।—सूर।

† संज्ञा पुं० दे० "थाना"।

ठाम†*—संज्ञा पुं० स्त्री० [सं० स्थान] (१) स्थान। जगह।

विशेष—दे० "ठाँवँ"।

(२) अंगस्थिति या संचालन का ढंग। ठवनि। मुद्रा। अंदाज। (३) अँगेट। अँगलेट।

ठायँ—संज्ञा पुं० स्त्री० दे० "ठाँव" "ठाँयँ"।

ठार—संज्ञा पुं० [सं० स्तब्ध, प्रा० ठड्ढ, ठड्ढ] (१) गहरा जाड़ा। अत्यंत शीत। गहरी सरदी। (२) पाला। हिम।

क्रि० प्र०—पड़ना।

ठाल†—संज्ञा स्त्री० [हिं० निठल्ला] (१) व्यवसाय या कामधंधे का अभाव। जीविका का अभाव। बेकारी। बेरोजगारी। (२) खाली वक्त। फुरसत। अवकाश।

वि० जिसे कुछ कामधंधा न हो। खाली। निठल्ला।

ठाला–संज्ञा पुं० [हिं० निठला] (१) व्यवसाय या कामधंधे का अभाव। बेकारी। रोजगार का न रहना। (२) रोजी या जीविका का अभाव। आमदनी का न होना। वह दशा जिसमें कुछ प्राप्ति न हो। रुपए पैसे की कमी। जैसे, आज कल बड़ा ठाला है कुछ नहीं दे सकते।

मुहा०–ठाला बताना = बिना कुछ दिए चलता करना। धता बताना। (दलाल)। बैठे ठाले = खाली बैठे हुए। कुछ काम-धंधा न रहते हुए। जैसे, बैठे ठाले, यहीं किया करो, अच्छा है।

ठाली–वि० [हिं० निठल्ला] (१) खाली। जिसे कुछ काम धंधा न हो। निठल्ला। बेकाम। उ०—(क) ऐसी को ठाली बैठी है तोसों मूड़ चरावै। झूठी बात तुसी सी बिनु कन फटकत हाथ न आवै।—सूर। (ख) ठाली ग्वालि जानि पठये अलि कह्यो पछोरन छूछो।—तुलसी।

ठावँ–संज्ञा स्त्री० पुं० दे० "ठाँव"।

ठावना–क्रि० स० दे० "ठाना"।

ठासा–संज्ञा पुं० [हिं० ठाँसना] लोहारों का एक औजार जिससे तंग जगह में लोहे की कोर निकालते और उभारते हैं।

यौ०—गोल ठासा = गोल सिरे का ठासा जिससे लोहे की चद्दर को गढ़ कर गोला बनाते हैं।

ठाहर†–संज्ञा पुं० [स० स्थल, हिं० ठहर] (१) स्थान। जगह। उ०—शुक्र-सुता जब आई बाहर। पाए बसन परे तेहि ठाहर।—सूर। (२) निवास-स्थान। रहने या टिकने का स्थान। डेरा। उ०—रघुबर कह्यो लखन भल घाटू। करहु कतहुँ अब ठाहर ठाटू।—तुलसी।

ठाहरा†–संज्ञा पुं० दे० "ठाहर"।

ठाहरूपक–संज्ञा पुं० [स० स्था + रूपक] मृदंग का एक ताल जो सात मात्राओं का होता है। इसमें और आड़ा चौताल में बहुत थोड़ा भेद है।

ठाहीं†–संज्ञा स्त्री० दे० "ठाँहीं"।

ठिँगना–वि० [हिं० हेठ + अंग] [स्त्री० ठिंगनी] जो उँचाई में कम हो। छोटे कद का। छोटे डील का। नाटा। (जीव-धारियों विशेषतः मनुष्य के लिये)

ठिक–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठिकिया] धातु की चद्दर का कटा हुआ छोटा टुकड़ा जो जोड़ लगाने के काम में आवे। थिगली। चकती।

ठिकठैन†*–संज्ञा पु० [हिं० ठीक + ठयना] ठीक ठाक। प्रबंध। आयोजन। उ०—आज कछू औरै भए ठए नए ठिकठैन। चित के हित के चुगल ये नित के होंय न नैन।—बिहारी।

ठिकड़ा†–संज्ञा पुं० दे० "ठीकरा"।

ठिकना†–क्रि० अ० [सं० स्थित + क] ठिठकना। ठहरना। रुकना। अड़ना। उ०—रस भिजए दोऊ दुहुनि तउ ठिकि रहैं टरैं न। छवि सों छिरकत प्रेम रँग भरि पिचकारी नैन।—बिहारी।

संयो० क्रि०—जाना।—रहना।

ठिकरा†–संज्ञा पुं० दे० "ठीकरा"।

ठिकरी†–संज्ञा स्त्री० दे० "ठीकरी"।

ठिकरौर–संज्ञा स्त्री० [देश०] वह भूमि जहाँ खपड़े ठीकरे आदि बहुत से पड़े हों।

ठिकाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठीक] पालकी के जम कर ठीक ठीक बैठने का भाव। (लश०)

ठिकान†–संज्ञा पुं० दे० "ठिकाना"।

ठिकाना–संज्ञा पुं० [हिं० टिकान] (१) स्थान। जगह। ठौर। (२) रहने की जगह। निवास-स्थान। ठहरने की जगह।

यौ०—पता ठिकाना।

(३) आश्रय स्थान। निर्वाह करने का स्थान। जीविका का अवलंब।

मुहा०—ठिकाना करना = (१) जगह करना। स्थान निश्चित करना। स्थान नियत करना। जैसे, अपने लिये कहीं बैठने का ठिकाना करो। (२) टिकना। डेरा करना। ठहरना। (३) आश्रय ढूँढ़ना। जीविका लगाना। नौकरी या काम धंधा ठीक करना। जैसे, इनके लिये भी कहीं ठिकाना करो, खाली बैठे हैं। (४) ब्याह के लिये घर ढूँढ़ना। ब्याह ठीक करना। जैसे, इनका भी कहीं ठिकाना करो, घर बसे। ठिकाना ढूँढ़ना = (१) स्थान ढूँढ़ना। जगह तलाश करना। (२) रहने या ठहरने के लिये स्थान ढूँढ़ना। निवास स्थान ठहराना। (३) नौकरी या काम धंधा ढूँढ़ना। जीविका खोजना। आश्रय ढूँढ़ना। (४) कन्या के ब्याह के लिये घर ढूँढ़ना। बर खोजना। (किसी का) ठिकाना लगना = (१) आश्रय-स्थान मिलना। ठहरने या रहने की जगह मिलना। उ०—सिपाही जो भागे तो बीच में कहीं ठिकाना न लगा। (२) जीविका का प्रबंध होना। नौकरी या काम धंधा मिलना। निर्वाह का प्रबंध होना। उ०—इस चाल से तुम्हारा कहीं ठिकाना न लगेगा। ठिकाना लगाना = (१) पता चलाना। ढूँढ़ना। (२) आश्रय देना। नौकरी या काम धंधा ठीक करना। जीविका का प्रबंध करना। ठिकाने आना = (१) अपने स्थान पर पहुँचना। नियत वा वांछित स्थान पर वास होना। उ०—चलत पंथ कोउ थाको होई। कहै दूरि डरि मरिहै सोई। जो कोउ ताको निकट बतावै। धीरज धरि सो ठिकाने आवै।—सूर। (२) ठीक विचार पर पहुँचना। बहुत सोच विचार या बातचीत के उपरांत यथार्थ बात करना या समझना। जैसे, बुद्धि ठिकाने आना। उ०—हाँ, इतनी देर

के बाद अब ठिकाने आए। (३) मूल तत्त्व तक पहुँचना। असली बात छेड़ना या कहना। प्रयोजन की बात पर आना। मतलब की बात उठाना। **ठिकाने की बात**=(१) ठीक बात। सच्ची बात। यथार्थ बात। प्रामाणिक बात। असली बात। (२) समझदारी की बात। युक्तियुक्त बात। (३) पते की बात। ऐसी बात जिससे कोई भेद खुले। ऐसी बात जिससे किसी विषय में जानकारी हो जाय। **ठिकाने न रहना**=चंचल हो जाना। जैसे, बुद्धि ठिकाने न रहना, होश ठिकाने न रहना। **ठिकाने पहुँचाना**=(१) यथास्थान पहुँचाना। ठीक जगह पहुँचाना। (२) किसी वस्तु को लुप्त वा नष्ट कर देना। किसी वस्तु को न रहने देना। (३) मार डालाना। **ठिकाने लगना**=(१) ठीक स्थान पर पहुँचना। वांछित स्थान पर पहुँचना। (२) काम में आना। उपयोग में आना। अच्छी जगह खर्च होना। उ०—चलो अच्छा हुआ, बहुत दिनों से यह चीज़ पड़ी थी ठिकाने लग गई। (३) सफल होना। फलीभूत होना। जैसे, मिहनत ठिकाने लगना। (४) परमधाम सिधारना। मर जाना। मारा जाना। **ठिकाने लगाना**=(१) ठीक जगह पहुँचाना। उपयुक्त या वांछित स्थान पर ले जाना। (२) काम में लाना। उपयोग मे लाना। अच्छी जगह खर्च करना। (३) सार्थक करना। सफल करना। निष्फल न जाने देना। जैसे, मिहनत ठिकाने लगाना। (४) इधर उधर कर देना। खो देना। लुप्त कर देना। गायब कर देना। नष्ट कर देना। न रहने देना। (५) खर्च कर डालना। (६) आश्रय देना। जीविका का प्रबंध करना। काम धंधे में लगाना। (७) कार्य को समाप्ति तक पहुँचाना। पूरा करना। (८) काम तमाम करना। मार डालना।

(४) (क) निश्चित अस्तित्व। यथार्थता की संभावना। ठीक। प्रमाण। जैसे, उसकी बात का क्या क्या ठिकाना? कभी कुछ कहता है कभी कुछ। (ख) दृढ़ स्थिति। स्थायित्व। स्थिरता। ठहराव। जैसे, इस टूटी मेज़ का क्या ठिकाना दूसरी बनवाओ।

विशेष—इन अर्थों में इस शब्द का प्रयोग प्रायः निषेधात्मक या संदेहात्मक वाक्यों ही में होता है। जैसे, रुपया तो हम तब लगावें जब कि उनकी बात का कुछ ठिकाना हो।

(५) प्रबंध। आयोजन। बंदोबस्त। डौल। प्राप्ति का द्वार या ढंग। जैसे, (क) पहले खाने पीने का ठिकाना करो, और बातें पीछे करेंगे। (ख) उसे तो खाने का ठिकाना नहीं है। उ०—दो करोड़ रुपए साल की आमदनी का ठिकाना हुआ।—शिवप्रसाद।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—**ठिकाना लगना**=प्रबंध होना। आयोजन होना। प्राप्ति का डौल होना। **ठिकाना लगाना**=प्रबंध करना। डौल लगाना।

(६) पारावार। अंत। हद। जैसे, (क) वह इतना झूठ बोलता है जिसका ठिकाना नहीं। (ख) उसकी दौलत का कहीं ठिकाना है?

विशेष—इस अर्थ में इस शब्द का प्रयोग प्रायः निषेधार्थक वाक्यों ही में होता है।

† क्रि० स० [हिं० ठिकना] ठहराना। अड़ाना। स्थित करना।

ठिठकना—क्रि० अ० [स० स्थित + करण] (१) चलते चलते एकबारगी रुक जाना। एकदम ठहर जाना। (२) अंगों की गति बंद करना। स्तंभित होना। न हिलना न डोलना। ठक रह जाना।

ठिठरना—क्रि० अ० [सं० स्थित] अधिक शीत से संकुचित होना। सरदी से ऐंठना या सिकुड़ना। जाड़े से अकड़ना। बहुत अधिक ठंढ खाना। जैसे, हाथ पाँव ठिठरना।

ठठुरना †—क्रि० अ० दे० "ठिठरना"।

ठिनकना—क्रि० अ० [अनु०] (१) बच्चों का रह रह कर रोने का सा शब्द निकालना। (२) ठसक से रोना। रोने का नखरा करना। (स्त्रि०)

ठिया†—संज्ञा पुं० [स० स्थित] (१) गाँव की सीमा का चिह्न। हद का पत्थर या लट्ठा। (२) चाँड़। थूनी। (३) दे० "ठीहा"।

ठिर—संज्ञा स्त्री० [सं० स्थिर वा स्तब्ध] गहरी सरदी। कठिन शीत। गहरी ठंढ। पाला।

क्रि० प्र०—पड़ना।

ठिरना—क्रि० स० [हिं० ठिर] सरदी से ठिठुरना। जाड़े से अकड़ना।

क्रि० अ० गहरा जाड़ा पड़ना। अत्यंत ठंढ पड़ना।

ठिलना—क्रि० अ० [हिं० ठेलना] (१) ठेला जाना। ढकेला जाना। बलपूर्वक किसी ओर खिसकाया या बढ़ाया जाना। (२) बलपूर्वक बढ़ना। वेग से किसी ओर झुक पड़ना। घुसना। धँसना। उ०—दक्खिन तें उमड़े दोउ भाई। ठिले दीह दल पुहुमि हिलाई।—लाल। † (३) बैठना। जमना।

ठिलाठिल †—क्रि० वि० [हिं० ठिलना] एक पर एक गिरते हुए। धक्कमधक्का करते हुए। घने समूह और बड़े वेग के साथ। उ०—झिलमिल फौज ठिलाठिल धावै। चहुँ दिस छोर छुवन नहिं पावै।—लाल।

ठिलिया—संज्ञा स्त्री० [सं० स्थाली, प्रा० ठाली = हँड़िया] छोटा घड़ा। पानी भरने का मिट्टी का छोटा बरतन। गगरी।

ठिलुआ—वि० [हिं० निठल्ला] निठल्ला। निकम्मा। बेकाम। जिसे कुछ काम धंधा न हो। उ०—बहुत से ठिलुए अपना मन बहलाने के लिये औरों की पंचायत ले बैठते हैं।—श्रीनिवास दास।

ठिल्ला†—संज्ञा पुं० [हिं० ठिलिया] [स्त्री० ठिलिया, ठिल्ली] घड़ा । पानी भरने या रखने का मिट्टी का बरतन । गगरी ।

ठिल्ली—संज्ञा स्त्री० दे० "ठिलिया" ।

ठिल्ही†—संज्ञा स्त्री० दे० "ठिल्ली" ।

ठिहार†—वि० [सं० स्थिर] विश्वास करने योग्य । एतबार के लायक ।

ठिहारी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठहरना] ठहराव । निश्चय । इक़रार । उ०—जैसी हुती हमतें तुमतें अब होयगी वैसियै प्रीति ठिहारी । चाहत जौ चित में हित तो जनि बोलिय कुंजन कुंजविहारी ।—सुंदरीसर्वस्व ।

ठीक—वि० [हिं० ठिकाना] (१) जैसा हो वैसा । यथार्थ । सच । प्रामाणिक । जैसे, तुम्हारी बात ठीक निकली । (२) जैसा होना चाहिए वैसा । उपयुक्त । अच्छा । भला । उचित । मुनासिब । योग्य । जैसे, (क) उनका वर्त्ताव ठीक नहीं होता । (ख) तुम्हारे लिये ऐसा कहना ठीक नहीं है ।

मुहा०—ठीक लगना = भला जान पड़ना ।

(३) जिसमें भूल या अशुद्धि न हो । शुद्ध । सही । जैसे, आठ में से तुम्हारे कितने सवाल ठीक हैं ? (४) जो बिगड़ा न हो । जो अच्छी दशा में हो । जिसमें कुछ त्रुटि या कसर न हो । दुरुस्त । अच्छा । जैसे, (क) यह घड़ी ठीक करने के लिये भेज दो । (ख) हमारी तबियत ठीक नहीं है ।

यौ०—ठीक ठाक ।

(५) जो किसी स्थान पर अच्छी तरह बैठे या जमे । जो ढीला या कसा न हो । जैसे, यह जूता पैर में ठीक नहीं होता ।

मुहा०—ठीक आना = ढीला या कसा न होना ।

(६) जो प्रतिकूल आचरण न करे । सीधा । सुष्ट । नम्र । जैसे, (क) वह बिना मार खाए ठीक न होगा । (ख) हम अभी तुम्हें आ कर ठीक करते हैं ।

मुहा०—ठीक बनाना = (१) दंड देकर सीधा करना । राह पर लाना । दुरुस्त करना । (२) तंग करना । दुर्गति करना । दुर्दशा करना ।

(७) जो कुछ आगे पीछे इधर उधर या घटा बढ़ा न हो । जिसकी आकृति, स्थिति या मात्रा आदि में कुछ अंतर न हो । किसी निर्दिष्ट आकार, परिमाण या स्थिति का । जिसमें कुछ फ़र्क न पड़े । निर्दिष्ट । जैसे, (क) हम ठीक ग्यारह बजे आवेंगे । (ख) चिड़िया ठीक तुम्हारे सिर के ऊपर है । (ग) यह चीज ठीक वैसी ही है ।

मुहा०—ठीक उतरना = जितना चाहिए उतना ही ठहरना । जांच करने पर न घटना न बढ़ना । जैसे, अनाज तौलने पर ठीक उतरा ।

(८) ठहराया हुआ । नियत । निश्चित । स्थिर । पक्का । तै । जैसे, काम करने के लिये आदमी ठीक करना, गाड़ी ठीक करना, भाड़ा ठीक करना, विवाह ठीक करना ।

क्रि० प्र०— करना ।— होना ।

यौ०—ठीक ठाक ।

क्रि० वि० जैसे चाहिए वैसे । उपयुक्त प्रणाली से । उचित रीति से । अच्छे ढंग से । जैसे, ठीक चलना, ठीक दौड़ना । उ०—(क) यह घोड़ा ठीक नहीं चलता । (ख) यह बनिया ठीक नहीं तौलता ।

संज्ञा पुं० (१) निश्चय । ठिकाना । स्थिर और असंदिग्ध बात । पक्की बात । दृढ़ बात । जैसे, उनके आने का कुछ ठीक नहीं, आवें या न आवें ।

यौ०—ठीक ठिकाना ।

मुहा०—ठीक देना = मन में पक्का करना । दृढ़ निश्चय करना । उ०—(क) नीके ठीक दई तुलसी अवलंब बड़ी उर आखर दू की ।—तुलसी । (ख) कर विचार मन दीन्ही ठीका । राम रजायसु आपन नीका ।—तुलसी । (इस मुहा० में 'ठीक' शब्द के आगे 'बात' शब्द लुप्त मान कर उसका प्रयोग स्त्री० में होता है)

(२) नियति । ठहराव । स्थिर प्रबंध । पक्का आयोजन । बंदोबस्त । जैसे, खाने पीने का ठीक कर लो, तब कहीं जाओ ।

यौ०—ठीक ठाक ।

(३) जोड़ । मीजान । योग । टोटल ।

मुहा०—ठीक देना, लगाना = जोड़ निकालना । योगफल निश्चित करना ।

ठीक ठाक—संज्ञा पु० [हिं० ठीक] (१) निश्चित प्रबंध । बंदोबस्त । आयेजन । जैसे, इनके रहने का कहीं ठीक ठाक करो ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

(२) जीविका का प्रबंध । काम धंधे का बंदोबस्त । आश्रय । ठौर ठिकाना । जैसे, इनका भी कहीं ठीक ठाक लगाओ ।

क्रि० प्र०—करना ।—लगाना ।

(३) निश्चय । ठहराव । पक्की बात । जैसे, विवाह का ठीक ठाक हो गया ?

वि० अच्छी तरह दुरुस्त । बन कर तैयार । प्रस्तुत । काम देने योग्य ।

ठीकड़ा—संज्ञा पु० दे० "ठीकरा" ।

ठीकरा—संज्ञा पु० [हिं० टुकड़ा] [स्त्री० अल्प० ठीकरी] (१) मिट्टी के बरतन का फूटा टुकड़ा । खपरैल आदि का टुकड़ा । सिटकी ।

मुहा०—ठीकरा फोड़ना = दोष लगाना । कलंक लगाना । (किसी वस्तु या रुपए पैसे आदि को) ठीकरा समझना = कुछ न

समझना। कुछ भी मूल्यवान् न समझना। अपने किसी काम का न समझना। जैसे, पराए माल को ठीकरा समझना चाहिए।

मुहा०—(किसी वस्तु का) ठीकरा होना = अंधा-धुंध खर्च होना। पानी की तरह बहाया जाना।

(२) बहुत पुराना बरतन। टूटा फूटा बरतन। (३) भीख माँगने का बरतन। भिक्षापात्र।

ठीकरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठीकरा] (१) मिट्टी के बरतन का छोटा फूटा टुकड़ा। (२) तुच्छ वस्तु। निकम्मी चीज़। (३) मिट्टी का तवा जो चिलम पर रखते हैं। (४) उपस्थ। स्त्रियों की योनि का उभरा हुआ तल।

ठीका—संज्ञा पुं० [हिं० ठीक] (१) कुछ धन आदि के बदले में किसी के किसी काम को पूरा करने का जिम्मा। जैसे, मकान बनवाने का ठीका, सड़क तैयार करने का ठीका। (२) समय समय पर आमदनी देनेवाली वस्तु को कुछ काल तक के लिये इस शर्त पर दूसरे को सुपुर्द करना कि वह आमदनी वसूल कर के और कुछ अपना मुनाफा काट कर बराबर मालिक को देता जायगा। इजारा।

क्रि० प्र०—देना।—लेना।—पर लेना।

ठीकेदार—संज्ञा पुं० [हिं०] ठीका देनेवाला।

ठीठा—संज्ञा पुं० दे० "ठेंठा"।

ठीठी—संज्ञा स्त्री० [अनु०] हँसी का शब्द।

यौ०—हाहा ठीठी।

ठीलना†—क्रि० स० दे० "ठेलना"। उ०—मैं तो भूलि ज्ञान को आयो गयउ तुम्हारे ठीले।—सूर।

ठीवन*—संज्ञा पु० [सं० ष्ठीवन] थूक। खखार। कफ। श्लेष्मा। उ०—आमिष अस्थि न चाम को आनन ठीवन तामे भरो अधिकाई।—रघुराज।

ठीहँ—संज्ञा स्त्री० [अनु०] घोड़ों की हींस। हिनहिनाहट का शब्द। उ०—दुहुँ दल ठीहँ तुरंगनि दीनी। दुहुँ दल बुद्धि जुद्ध रस भीनी।—लाल।

ठीहा—संज्ञा पुं० [सं० स्था] (१) जमीन में गड़ा हुआ लकड़ी का कुंदा जिसका थोड़ा सा भाग जमीन के ऊपर रहता है। इस पर वस्तुओं को रख कर लोहार बढ़ई आदि उन्हें पीटते, छीलते या गढ़ते हैं। लोहार सोनार कसेरे आदि धातु का काम करनेवाले इसी ठीहे में अपनी निहाई गाड़ते हैं। पशुओं को खिलाने का चारा भी ठीहे पर रख कर काटा जाता है। (२) बढ़ैयों का लकड़ी गढ़ने का कुंदा जिसमें एक मोटी लकड़ी में ढालुआँ गड्ढा बना रहता है। (३) बढ़ैयों का लकड़ी चीरने का कुंदा जिसमें लकड़ी को कस कर खड़ा कर देते और चीरते हैं। (४) बैठने के लिये कुछ ऊँचा किया हुआ स्थान। बेदी। गद्दी। दूकानदार के बैठने की जगह। (५) हद। सीमा।

ठुंठ—संज्ञा पुं० [हिं० टूटना वा सं० स्थाणु] (१) सूखा हुआ पेड़। ऐसे पेड़ की खड़ी लकड़ी जिसकी डाल पत्तियाँ आदि कट या गिर गई हों। (२) कटा हुआ हाथ। वह मनुष्य जिसका हाथ कटा हो। लूला।

ठुंड—संज्ञा पुं० दे० "ठुंठ"।

ठुकना—क्रि० अ० [अनु०] (१) ताड़ित होना। ठोंका जाना। पिटना। आघात सहना। (२) आघात पा कर धँसना। गड़ना। जैसे, खूँटा ठुकना।

संयो० क्रि०—जाना।

(३) मार खाना। मारा जाना। जैसे, घर पर खूब ठुकोगे। (४) कुश्ती आदि में हारना। ध्वस्त होना। पस्त होना। (५) हानि होना। नुकसान होना। चपत बैठना। जैसे, घर से निकलते ही २०) की ठुकी। (६) काठ में ठोंका जाना। कैद होना। पैर में बेड़ी पहनना। (७) दाखिल होना। जैसे, नालिश ठुकना।

ठुकराना—क्रि० स० [हिं० ठोकर] (१) ठोकर मारना। ठोकर लगाना। लात मारना। (२) पैर से मार कर किनारे करना। तुच्छ समझ कर पैर से हटाना।

ठुकवाना—क्रि० स० [हिं० ठोकना का प्रे०] (१) ठोकने का काम कराना। पिटवाना। (२) गड़वाना। धँसवाना। (३) संभोग कराना। (अशिष्ट)

ठुड्डी—संज्ञा स्त्री० [सं० तुंड] चेहरे में होठ के नीचे का भाग। चिबुक। ठोढ़ी। ठुड्डी।

संज्ञा स्त्री० [हिं० ठड़ा = खड़ा] वह भूना हुआ दाना जो फूट कर खिला न हो। ठेर्री। जैसे, मक्के की ठुड्डी।

ठुनकना—क्रि० अ० दे० "ठिनकना"।

†क्रि० स० [हिं० ठोकना] धीरे से उँगली से ठोंक या मार देना।

ठुनकाना†—क्रि० स० [हिं० ठोकना] धीरे से ठोंकना। उँगली से हलकी चोट पहुँचाना।

ठुन ठुन—संज्ञा पुं० [अनु०] (१) धातु के टुकड़ों या बरतनों के बजने का शब्द। (२) बच्चों के रुक रुक कर रोने का शब्द।

मुहा०—ठुन ठुन लगाए रहना = बराबर रोया करना।

ठुमक—वि० [अनु०] (१) (चाल) जिसमें उमंग के कारण जल्दी जल्दी थोड़ी थोड़ी दूर पर पैर पटकते हुए चलते हैं। बच्चों की तरह कुछ कुछ उछल कूद या ठिठक लिए हुए (चाल)। (२) ठसक भरी (चाल)। जैसे, ठुमक चाल।

ठुमक ठुमक—क्रि० वि० [अनु०] जल्दी जल्दी थोड़ी थोड़ी दूर पर पैर पटकते हुए (बच्चों का चलना)। फुदकते या रह रह

कर कूदते हुए (चलना)। जैसे, बच्चों का ठुमक ठुमक चलना। उ०—(क) चलत देखि जसुमति सुख पावै। ठुमुकु ठुमुकु धरनी पर रेंगत जननी देखि दिखावै।—सूर। (ख) कौशल्या जब बोलन जाई। ठुमुकि ठुमकि प्रभु चलहिं पराई।—तुलसी। (ग) छगन मगन अँगना खेलिहैं मिलि ठुमुकु ठुमुकु कब धैहैं।—तुलसी।

ठुमकना—क्रि० अ० [अनु०] (१) बच्चों का उमंग में जल्दी जल्दी थोड़ी थोड़ी दूर पर पैर पटकते हुए चलना। कूदते या फुदकते हुए चलना। उ०—ठुमुकि चलत रामचंद्र बाजत पैजनियाँ।—तुलसी। (२) नाचने में पैर पटक कर चलना जिसमें घुँघरू बजें।

ठुमका†—वि० [देश०] [स्त्री० ठुमकी] छोटे डील का। नाटा। ठेंगना। उ०—जाति चली व्रज ठाकुर पै ठुमका ठुमकी ठुमकी ठकुराइन।—पद्माकर।

संज्ञा पुं० [अनु०] झटका। थपका। (पतंग)

ठुमकारना—क्रि० स० [देश०] उँगली से डोरी खींच कर झटका देना। थपका देना। (पतंग)

ठुमकी—संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) हाथ या उँगली से खींच कर दिया हुआ झटका। थपका। (पतंग)।

क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

(२) ठिठक। रुकावट। (३) छोटी खरी पूरी।

वि० स्त्री० नाटी। छोटे डील की। छोटी काठी की। उ०—जाति चली व्रज ठाकुर पै ठुमका ठुमकी ठुमकी ठकुराइन।—पद्माकर।

ठुमरी—संज्ञा स्त्री० [हिं०] (१) छोटा सा गीत। दो बोलों का गीत। वह गीत जो केवल एक स्थान और एक ही अंतरे में समाप्त हो।

यौ०—सिर परदा ठुमरी = एक प्रकार की ठुमरी जो 'अद्धा' ताल पर बजाई जाती है।

(२) उड़ती खबर। गप। अफ़वाह।

क्रि० प्र०—उड़ना।

ठुरियाना—क्रि० अ० [हिं०] ठिठुर जाना। सिकुड़ जाना। शीत से अकड़ जाना।

ठुर्री—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठड़ा = खड़ा] वह भूना हुआ दाना जो भूनने पर न खिले।

ठुसकना—क्रि० अ० दे० (१) "ठिनकना"। (२) ठुस शब्द करके पादना। ठुसकी मारना।

ठुसकी—संज्ञा स्त्री० [अनु०] धीरे से पादने की क्रिया।

ठुसना—क्रि० अ० [हि० ठूसना] (१) कस कर भरा जाना। इस प्रकार समाना या अँटना कि कहीं खाली जगह न रह जाय। जैसे, इस संदूक में कपड़े ठुसे हुए हैं। (२) कठिनता से घुसना।

ठुसवाना—क्रि० स० [हिं० ठूसना का प्रे०] (१) कस कर भरवाना। (२) जोर से घुसवाना।

ठुसाना—क्रि० स० [हिं० ठूसना] (१) कस कर भरवाना। (२) जोर से घुसवाना। (३) खूब पेट भर खिलाना। (अशिष्ट)

ठूँग—संज्ञा स्त्री० [सं० तुंड] (१) चोंच। ठोर। (२) चोंच से मारने की क्रिया। चोंच का प्रहार। (३) उँगली को मोड़ कर पीछे निकली हुई हड्डी की नोक से मारने की क्रिया। टोला।

क्रि० प्र०—लगाना।—मारना।

ठूँगा—संज्ञा पुं० दे० "ठूँग"।

ठूँठ—संज्ञा पुं० [हिं० टूटना वा सं० स्थाणु] (१) ऐसे पेड़ की खड़ी लकड़ी जिसकी डाल पत्तियाँ आदि कट गई हों। पेड़ का धड़ जिसमें डाल पत्ते आदि न हों। सूखा पेड़। (२) कटा हुआ हाथ। ठुंड। उ०—विद्या विद्या हरण हित पढ़त होत खल ठूँठ। कह्यो निकारो मीन को घुसि आयो गृह ऊँट।—विश्राम। (३) एक प्रकार का कीड़ा जो ज्वार, बाजरे, ईख आदि की फसल में लगता है।

ठूँठा—वि० [हिं० ठूँठ वा सं० स्थाणु] [स्त्री० ठूँठी] (१) बिना पत्तियों और टहनियों का (पेड़)। सूखा (पेड़)। जैसे, ठूँठा पेड़। (२) बिना हाथ का। जिसका हाथ कटा हो। लूला।

ठूँठिया†—वि० [हिं० ठूँठ] (१) लूला लँगड़ा। (२) हिजड़ा। नपुंसक।

ठूँठी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठूँठ] ज्वार, बाजरे, अरहर आदि का जड़ के पास का डंठल जो खेत कटने पर पड़ा रह जाता है। खूँटी।

ठूँसना—क्रि० स० दे० "ठूसना"।

ठूँसा—संज्ञा पुं० दे० "ठोसा"।

ठूनू—संज्ञा पुं० [देश०] पटवों की वह टेढ़ी कील जिस पर वे गहने अँटका कर उन्हें गूँथते हैं।

विशेष—यह कील पत्थर में बैठाए हुए खूँटे के सिरे पर लगी होती है।

ठूसना—क्रि० स० [हिं० ठस] (१) कस कर भरना। इतना अधिक भरना कि इधर उधर जगह न रहे। (२) घुसेड़ना। जोर से घुसाना। (३) खूब पेट भर कर खाना। कस कर खाना।

ठेंगना—वि० [हिं० हेठ + अंग] [स्त्री० ठेंगनी] छोटे डील का। जो उँचाई में पूरा न हो। नाटा। (जीवधारियों विशेषतः मनुष्य के लिये)

ठेंगा–संज्ञा पुं० [हिं० हेठ + अंग वा अँगूठा] (१) अँगूठा । ठोसा ।

मुहा०—ठेंगा दिखाना = (१) अँगूठा दिखाना । ठोसा दिखाना । धृष्टता के साथ अस्वीकार करना । बुरी तरह से नहीं करना । (२) चिढ़ाना । ठेंगे से = बला से । कुछ परवाह नहीं । (जब कोई किसी से किसी बात की धमकी या कुछ करने या होने की सूचना देता है तब दूसरा अपनी बेपरवाही या निर्भीकता प्रकट करने लिये ऐसा कहता है ।)

(२) लिंगेंद्रिय । (अशिष्ट) । (३) सोंटा । डंडा । गदका । उ०—जबरदस्त का ठेंगा सिर पर ।

मुहा०—ठेंगा बजना = (१) मार पीट होना । लड़ाई दंगा होना । (२) व्यर्थ की खटखट होना । प्रयत्न निष्फल होना । कुछ काम न निकलना । उ०—जिसका काम उसी को साजे । और करे तो ठेंगा बाजे ।

(४) वह कर जो विक्रे के माल पर लिया जाता है । चुंगी का महसूल ।

ठेंगुर–संज्ञा पुं० [हिं० ठेंगा = सोंटा] काठ का लंबा कुंदा जो नटखट चौपायों के गले में इसलिये बाँध दिया जाता है जिसमें वे बहुत दौड़ और उछल कूद न सकें ।

ठेंघा–संज्ञा पु० दे० "ठेघा" ।

ठेँठ–संज्ञा स्त्री० दे० "ठेंठी" ।

वि० दे० "ठेठ" ।

ठेंठी–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) कान की मैल का लच्छा । कान की मैल । (२) कान के छेद में लगाई हुई रुई, कपड़े आदि की डाट । कान का छेद मूँदने की वस्तु ।

मुहा०—कान में ठेंठी लगाना = न सुनना ।

(३) शीशी बोतल आदि का मुँह बंद करने की वस्तु । डाट । काग ।

ठेंपी–संज्ञा स्त्री० दे० "ठेंठी" ।

ठेक–संज्ञा स्त्री० [हिं० टिकना] (१) सहारा । बल दे कर टिकाने की वस्तु । ओंठगने की चीज़ । (२) वह वस्तु जो किसी भारी चीज़ को ऊपर ठहराए रखने के लिये नीचे से लगाई जाय । टेक । चाँड़ । (३) वह वस्तु जिसे बीच में देने वा ठोंकने से कोई ढीली वस्तु कस जाय, इधर उधर न हिले । पच्चड़ । (४) किसी वस्तु के नीचे का भाग जो जमीन पर टिका रहे । पेंदा । तला । (५) टट्टियों आदि से घिरा हुआ वह स्थान जिसमें अनाज भर कर रखा जाता है । (६) घोड़ों की एक चाल । (७) छड़ी या लाठी की सामी । (८) धातु के बरतन में लगी हुई चकती । (९) एक प्रकार की मोटी महताबी ।

ठेकना–क्रि० स० [हिं० टिकना, टेक] (१) सहारा लेना । आश्रय लेना । चलने वा उठने बैठने में अपना बल किसी वस्तु पर देना । टेकना । (२) आश्रय लेना । टिकना । ठहरना । रहना । उ०—नौ, तेरह, चौबिस औ एका । पूरब दखिन कोन तेइ ठेका ।—जायसी ।

विशेष—दे० "टेकना" ।

ठेकवा बाँस–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बाँस जो बंगाल और आसाम में होता है और छाजन तथा चटाई आदि के काम में आता है । इसे देव बाँस भी कहते हैं ।

ठेका–संज्ञा पुं० [हिं० टिकना, टेक] (१) ठेक । सहारे की वस्तु । (२) ठहरने या रुकने की जगह । बैठक । अड्डा । (३) तबला या ढोल बजाने की वह क्रिया जिसमें पूरे बोल न निकाले जायँ, केवल ताल दिया जाय । यह बाएँ पर बजाया जाता है ।

क्रि० प्र०—बजाना ।—देना ।

मुहा०—ठेका भरना = घोड़े का उछल कूद करना ।

(४) तबले में बाँयाँ । (५) कौवाली ताल । (६) ठोकर । धक्का । थपेड़ा । उ०—तरल तरंग गंग की राजहि उछलत छज लगि ठेका ।—रघुराज ।

संज्ञा पुं० [हिं० ठीक] (१) कुछ धन आदि के बदले में किसी के किसी काम को पूरा करने का जिम्मा । जैसे, मकान बनवाने का ठेका, सड़क तैयार करने का ठेका । (२) समय समय पर आमदनी देनेवाली वस्तु को कुछ काल तक के लिये इस शर्त्त पर दूसरे को सुपुर्द करना कि वह आमदनी वसूल करके और कुछ अपना मुनाफा काट कर, बराबर मालिक को देता जायगा । इजारा । पट्टा ।

क्रि० प्र०—देना ।—लेना ।—पर लेना ।

यौ०—ठेका पट्टा ।

मुहा०—ठेका भेंट = वह नजर जो किसी वस्तु को ठेके पर लेनेवाला मालिक को देता है ।

ठेकाई–संज्ञा स्त्री० [देश०] कपड़ों की छपाई में काले हाशिये की छपाई ।

ठेकी–संज्ञा स्त्री० [हिं० टेक] (१) टेक । सहारा । (२) विश्राम करने के लिये ऊपर लिए हुए बोझ को कुछ देर कहीं ठिकाने या ठहराने की क्रिया ।

क्रि० प्र०—लगाना ।—लेना ।

ठेगड़ी*–संज्ञा पुं० [देश०] कुत्ता । (डिं०)

ठेगना*–क्रि० स० [हिं० टेकना] (१) टेकना । सहारा लेना । उ०—पाणि टेगि मंजूषा काहीं । रघुनायक चितयो गुरु पाहीं । —रघुराज । (२) रोकना । बरजना । मना करना । उ०—भँवर भुजंग कहा सो पीया । हम ठेगा तुम कान न कीया । —जायसी ।

ठेगनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठेगना] टेकने की लकड़ी ।

ठेघना–क्रि० स० दे० "ठेगना" ।

ठेघनी†–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठेघना] टेकने की लकड़ी ।

ठेघा–†संज्ञा पुं० [हिं० टेक] टेक । चाँड़ । वह खंभा या लकड़ी जो सहारे के लिये लगाई जाय । उ०—(क) बरनहिं बरन गगन जस मेघा । उठहिं गगन बैठे जनु ठेघा ।—जायसी । (ख) बिरह बजागि बीज की ठेघा । धूम सो उठी श्याम भए मेघा ।—जायसी । (ग) गाजे गगन चढ़ा जस मेघा । बरसहि बज्र सलिल की ठेघा ।—जायसी ।

ठेघुना†–संज्ञा पु० दे० "ठेहुना" ।

ठेठ–वि० [देश०] (१) निपट । निरा । बिल्कुल । जैसे, ठेठ गँवार । (२) खालिस । जिसमें कुछ मेल जोल न हो । जैसे, ठेठ बोली, ठेठ हिंदी । (३) शुद्ध । निर्मल । निर्लिप्त । उ०—मैं उपकारी ठेठ का सत गुरु दिया सोहाग । दिल दरपन दिखलाय के दूर किया सब ताग । कबीर । (४) आरंभ । शुरू । उ०—मैं ठेठ से देखता आता हूँ कि आप मुझको देख कर जलते हैं ।—श्रीनिवासदास ।

संज्ञा स्त्री० सीधी सादी बोली । वह बोली जिसमें साहित्य अर्थात् लिखने पढ़ने की भाषा के शब्दों का मेल न हो ।

ठेप–संज्ञा स्त्री० [देश०] सोने चाँदी का इतना बड़ा टुकड़ा जो अँटी में आ सके । (सुनार)

विशेष—सुनार सोना या चाँदी गायब करने के लिये उसे इस प्रकार अँटी में लेते हैं ।

क्रि० प्र०—चढ़ाना ।—लगाना ।

† संज्ञा पुं० [स० दीप] दीपक । चिराग ।

ठेपी–संज्ञा स्त्री० [देश०] डाट । काग, जिससे बोतल वा किसी बरतन का मुँह बंद किया जाता है ।

ठेलना–क्रि० स० [हिं० टलना] ढकेलना । धक्का दे कर आगे बढ़ाना । रेलना ।

संयो० क्रि०—देना ।

यौ०—ठेलमठेल = एक पर एक आगे बढ़ते हुए । ठेला ठेली = धक्कम धक्का ।

ठेला–संज्ञा पुं० [हिं० ठेलना] (१) बगल से लगा हुआ धक्का जिसके कारण कोई वस्तु खिसक कर आगे बढ़े । पार्श्व का आघात । टक्कर । (२) एक प्रकार की गाड़ी जिसे आदमी ठेल या ढकेल कर चलाते हैं । (३) छिछली नदियों में चलनेवाली नाव जो लग्गी के सहारे चलाई जाती है । (४) बहुत से आदमियों का एक के ऊपर एक गिरना पड़ना । धक्कम धक्का । ऐसी भीड़ जिसमें देह से देह रगड़ खाय ।

ठेलाठेल–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठेलना] बहुत से आदमियों का एक के ऊपर एक गिरना पड़ना । रेला पेल । धक्कम धक्का । उ०—ठानि ब्रज ठाकुर ठगोरिन की ठेलाठेल मेला के मझार हित हेला कै भलो गयो ।—पद्माकर ।

ठेवका†–संज्ञा पुं० [सं० स्थापक] वह स्थान जहाँ खेत सींचने के लिये पानी गिराया जाता है ।

ठेवकी†–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठेवका] किसी लुढ़कनेवाली वस्तु को अड़ाने या टिकाने की वस्तु ।

ठेस–संज्ञा स्त्री० [देश०] आघात । चोट । धक्का । ठोकर ।

क्रि० प्र०—देना ।—लगना ।—लगाना ।

ठेसना–क्रि० स० दे० "ठूसना" ।

ठेसमठेस–क्रि० वि० [हिं० ठेस] सब पालों को एक बारगी खोले हुए (जहाज़ का चलना) । (लश०)

ठेहरी–संज्ञा स्त्री० [देश०] वह छोटी सी लकड़ी जो दरवाजों के पल्लों की चूल के नीचे गड़ी रहती है और जिस पर चूल घूमती है ।

ठेही–संज्ञा स्त्री० [देश०] मारी हुई ईख ।

ठेहुका†–संज्ञा पुं० [हिं० ठेक] वह जानवर जिसके पिछले घुटने चलते समय आपस में रगड़ खाते हों ।

ठेहुना†–संज्ञा पुं० [सं० अष्ठीवान्] घुटना ।

ठैकर–संज्ञा पुं० [देश०] नीबू का सा एक खट्टा फल जिसे हलदी के साथ उबाल कर हलका पीला रंग बनाते हैं ।

ठैन*†–संज्ञा स्त्री० [सं० स्थान, हिं० ठाँय] जगह । स्थान । बैठने का ठाँव । उ०—क्रीड़त सघन कुंज वृंदावन बंसीवट जमुना की ठैन ।—सूर ।

ठैयाँ‡–संज्ञा स्त्री० दे० "ठाईं" ।

ठैरना‡–क्रि० अ० दे० "ठहरना" ।

ठैराई–संज्ञा स्त्री० दे० "ठहराई" ।

ठैराना–क्रि० स० दे० "ठहराना" ।

ठोंक–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठोंकना] (१) ठोंकने की क्रिया या भाव । प्रहार । आघात । (२) वह लकड़ी जिससे दरी बुननेवाले सूत ठोंक कर ठस करते हैं ।

ठोंकना–क्रि० स० [अनु० ठक ठक] (१) जोर से चोट मारना । आघात पहुँचाना । प्रहार करना । पीटना । जैसे, इसे हथौड़े से ठोंको ।

संयो० क्रि०—देना ।

(२) मारना पीटना । लात, घूँसे, डंडे आदि से मारना । जैसे, घर पर जाओ, खूब ठोंके जाओगे ।

संयो० क्रि०—देना ।

(३) ऊपर से चोट लगा कर धँसाना। गाड़ना। जैसे, कील ठोंकना, पत्थर ठोंकना। (४) (नालिश अरजी आदि) दाखिल करना। दायर करना। जैसे, नालिश ठोंकना, दावा ठोंकना।

संयो० क्रि०—देना।

(५) काठ में डालना। बेड़ियों से जकड़ना। (६) धीरे धीरे हथेली पटक कर आघात पहुँचाना। हाथ मारना। थपेड़ा देना। थपथपाना। जैसे, पीठ ठोंकना, ताल ठोंकना, बच्चे को ठोंक कर सुलाना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

मुहा०—ठोंक ठोंक कर लड़ना = ताल ठोक कर लड़ना। डट कर लड़ना। जबरदस्ती झगड़ा करना। उ०—दिन दिन देन उरहनो आवैं दुँकि दुँकि करत लरैया।—सूर। ठोकना बजाना = हाथ से टटोल कर परीक्षा करना। जाँचना। परखना। जैसे, लोग दमड़ी की हाँड़ी भी ठोंक बजा कर लेते हैं। उ०—(क) ठोंकि बजाय लखे गजराज, कहाँ लौं कहौं केहि सों रद काढ़े।—तुलसी। (ख) नंद ब्रज लीजै ठोंकि बजाय। देहु बिदा मिलि जाँहि मधुपुरी जहँ गोकुल के राय।—सूर। पीठ ठोंकना = दे० "पीठ"। रोटी या बाटी ठोंकना = आटे की लोई को हाथ से बढ़ा कर रोटी बनाना।

(७) हाथ से मार कर बजाना। जैसे, तबला ठोंकना। (८) कस कर अँटकाना। लगाना। जड़ना। जैसे, ताला ठोंकना। (९) हाथ या लकड़ी से मार कर 'खट खट' शब्द करना। खटखटाना।

ठोंकवा †—संज्ञा पुं० [हिं० ठोकना] मीठा मिले हुए आटे की मोटी पूरी। गूना।

ठोंग—संज्ञा स्त्री० [सं० तुंड] (१) चोंच। (२) चोंच की मार। (३) उँगली झुका कर पीछे की ओर निकली हुई नोक से मारने की क्रिया। उँगली की ठोकर। खुदका।

ठोंगना—क्रि० स० [हिं० ठोंग] (१) चोंच मारना। (२) उँगली से ठोकर मारना।

ठोंचना †—क्रि० स० दे० "ठोंगना"।

ठोंठा—संज्ञा पुं० [देश०] एक कीड़ा जो ज्वार बाजरा और ईख को हानि पहुँचाता है।

ठोंठी †—संज्ञा स्त्री० [स० तुंड] (१) चने के दाने का कोश। (२) पोस्ते की ढोंढी।

ठो †—अव्य० [हिं० ठौर] एक शब्द जो पूरबी हिंदी में संख्या वाचक शब्दों के आगे लगाया जाता है। संख्या। अदद। जैसे, एक ठो, दो ठो।

ठोकचा—संज्ञा पुं० [देश०] आम की गुठली के ऊपर का कड़ा छिलका या आवरण।

ठोकना—क्रि० स० दे० "ठोंकना"।

ठोकर—संज्ञा स्त्री० [हिं० ठोकना] (१) वह चोट जो किसी अंग विशेषतः पैर में किसी कड़ी वस्तु के जोर से टकराने से लगे। आघात जो चलने में कंकड़ पत्थर आदि के धक्के से पैर में लगे। ठेस।

क्रि० प्र०—लगना।

मुहा०—ठोकर उठाना = आघात या दुःख सहना। हानि उठाना। ठोकर या ठोकरें खाना = (१) चलने में रास्ते में पड़े हुए कंकड़ पत्थर की चोट सहना। चलने में एकबारगी किसी पड़ी हुई वस्तु की रुकावट के कारण पैर का चोट खाना और लड़खड़ाना। अड़ुकना। अड़ुक कर गिरना। जैसे, जो सँभल कर नहीं चलेगा वह ठोकर खा कर गिरेगा। (२) किसी भूल के कारण दुःख या हानि सहना। असावधानी या चूक के कारण कष्ट या क्षति उठाना। जैसे, ठोकर खावे, बुद्धि पावे। (३) धोखे में आना। भूल चूक करना। चूक जाना। (४) प्रयोजन-सिद्धि या जीविका आदि के लिये चारो ओर घूमना। हीन दशा में भटकना। इधर उधर मारा मारा फिरना। दुर्दशाग्रस्त हो कर घूमना। दुर्गति सहना। कष्ट सहना। जैसे, यदि वह कुछ काम धंधा नहीं सीखेगा तो आप ही ठोकर खायगा। ठोकर खाता फिरना = इधर उधर मारा मारा फिरना। ठोकर लगना = किसी भूल या चूक के कारण दुःख या हानि पहुँचना। ठोकर लेना = ठोकर खाना। अड़ुकना। चलने में पैर का कंकड़ पत्थर आदि किसी कड़ी वस्तु से जोर से टकराना। ठेस खाना। जैसे, घोड़े का ठोकर लेना।

(२) रास्ते में पड़ा हुआ उभरा पत्थर वा कंकड़ जिसमें पैर रुक कर चोट खाता है।

मुहा०—ठोकर उड़ाऊ कदम में = ठोकर बचाते हुए। रास्ते का ककड़ पत्थर बचाते हुए। (पालकी के कहार)। ठोकर पहाड़िया कदम में = धँसा हुआ पत्थर या ककड़ बचाते हुए। (पालकी के कहार)

(३) वह कड़ा आघात जो पैर या जूते के पंजे से किया जाय। जोर का धक्का जो पैर के अगले भाग से मारा जाय। जैसे, एक ठोकर देंगे होश ठीक हो जायगे।

क्रि० प्र०—मारना।—लगाना।

मुहा०—ठोकर देना या जड़ना = ठोकर मारना। ठोकर खाना = पैर का आघात सहना। लात सहना। पैर के आघात से इधर उधर लुढ़कना। ठोकरों पर पड़ा रहना = किसी की सेवा करके और मार गाली खाकर निर्वाह करना। अपमानित होकर रहना। (४) कड़ा आघात। धक्का। (५) जूते का अगला भाग। (६) कुश्ती का एक पेच जो उस समय किया जाता है जब विपक्षी (जोड़) खड़े खड़े भीतर घुसता है। इसमें विपक्षी का हाथ

बगल में दबा कर दूसरे हाथ की तरफ से उसकी गरदन पर थपेड़ा देते हैं और जिधर का हाथ बगल में दबाया रहता है उधर ही की टाँग से धक्का देते हैं।

ठोकरी–संज्ञा स्त्री० [देश०] वह गाय जिसे बच्चा दिए कई महीने हो चुके हों। इसका दूध गाढ़ा और मीठा होता है।

ठोकवा–संज्ञा पु० दे० "ठोंकवा"।

ठोका†–संज्ञा पुं० [देश०] स्त्रियों के हाथ का एक गहना जो चूड़ियों के साथ पहना जाता है। एक प्रकार की पछेली।

ठोट–वि० [हिं० ठूँठ] जिसमें कुछ तत्त्व न हो। जड़। मूर्ख। गावदी।

ठोठरा†–वि० [हिं० ठूँठ] [स्त्री० ठोठरी] किसी जमी या लगी हुई वस्तु के निकल जाने से खाली पड़ा हुआ। खाली। पोपला। उ०—सात सौस एहि विधि लरे बान बाँधि बलवंत। रातिहु दिनहु ठठाइ कै करे ठोठरे दंत।—लाल।

ठोड़ी–संज्ञा स्त्री० [सं० तुंड] चेहरे में होठ के नीचे का भाग जो कुछ गोलाई लिए उभरा होता है। ठुड्डी। चिबुक। दाढ़ी।

मुहा०—ठोड़ी पर हाथ धर कर बैठना = चिंता में मग्न हो कर बैठना। ठोड़ी पकड़ना, ठोड़ी में हाथ देना = (१) प्यार करना। (२) किसी चिढ़े हुए आदमी को स्नेह का भाव दिखा कर मनाना। मीठी बातों से क्रोध शांत करना। ठोड़ी तारा = सुंदरी स्त्री की ठुड्डी पर का तिल या गोदना।

ठोढ़ो†–संज्ञा स्त्री० दे० "ठोड़ी"।

ठोप†–संज्ञा पुं० [अनु० टप टप] बूँद। बिंदु।

ठोर–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की मिठाई या पकवान जो मैदे की मोयनदार बढ़ाई हुई लोई को घी में तलने और चाशनी में पकाने से बनता है। वल्लभ संप्रदाय के मंदिरों में इसका भोग प्रायः लगता है।

† संज्ञा पुं० [स० तुंड] चोंच। चंचु।

ठोला–संज्ञा पुं० [देश०] रेशम फेरनेवालों का एक औजार जो लकड़ी की चौकोर छोटी पटरी (एक बित्ता लंबी, एक बित्ता चौड़ी) के रूप में होता है। इसमें लकड़ी का एक खूँटा लगा रहता है जिसमें सूआ डालने के लिये दो छेद होते हैं।

संज्ञा पुं० [देश०] [स्त्री० ठोली] मनुष्य। आदमी। (सपरदाई)।

ठोस–वि० [हिं० ठस] (१) जिसके भीतर खाली स्थान न हो। जो भीतर से खाली न हो। जो पोला या खोखला न हो। जो भीतर से भरा पूरा हो। जैसे, ठोस कड़ा। उ०—यह मूर्त्ति ठोस सोने की है।

विशेष—'ठस' और 'ठोस' में अंतर यह है कि ठस का प्रयोग या तो चद्दर के रूप की बिना मोटाई की वस्तुओं का घनत्व सूचित करने के लिये अथवा गीले या 'मुलायम' के विरुद्ध कड़ेपन का भाव प्रकट करने के लिये होता है। जैसे, ठस बुनावट, ठस कपड़ा, गीली मिट्टी का सूख कर ठस होना। 'ठोस' शब्द का प्रयोग 'पोले' या 'खोखले' के विरुद्ध भाव प्रकट करने के लिये अतः लंबाई चौड़ाई मोटाई वाली (घनात्मक) वस्तुओं के संबंध में होता है।

(२) दृढ़। मजबूत।

संज्ञा पुं० [देश०] धसक। कुढ़न। डाह। उ०—इक हरि के दरसन बिनु मरियत अरु कुबजा के ठोसनि।—सूर।

ठोसा–संज्ञा पुं० [देश०] अँगूठा। (हाथ का) ठेंगा।

मुहा०—ठोसा दिखाना = अँगूठा दिखाना। इनकार करना। ठोसे से = बला से। ठेंगे से। कुछ परवाह नहीं।

ठोहना*†–क्रि० स० [हिं० ढूँढना] ठिकाना ढूँढ़ना। पता लगाना। खोजना। उ०—आयो कहाँ अब हौं कहि को हौं। ज्यों अपनो पद पाऊँ सो ठौहौं।—केशव।

ठोहर†–संज्ञा पुं० [हिं० निठोहर] अकाल। गिरानी। मँहगी।

ठौका–संज्ञा पुं० [स० स्थानक, हिं० ठावँ + क] वह स्थान जहाँ सिंचाई के लिये तालाब गड्ढे आदि का पानी दौरी से ऊपर उलीच कर गिराते हैं।

ठौनि*–संज्ञा स्त्री० दे० "ठवनि"।

ठौर–संज्ञा पुं० [सं० स्थान, प्रा० ठान, हिं० ठाँव + र] (१) जगह। स्थान। ठिकाना।

यौ०—ठौर ठिकाना = (१) रहने का स्थान। (२) पता ठिकाना।

मुहा०—ठौर कुठौर = (१) अच्छी जगह, बुरी जगह। बुरे ठिकाने। अनुपयुक्त स्थान पर। जैसे, (क) इस प्रकार ठौर कुठौर की चीज न उठा लिया करो। (ख) तुम पत्थर फेंकते हो किसी को ठौर कुठौर लग जाय तो ? (२) बेमौका। बिना अवसर। ठौर न आना = समीप न आना। पास न फटकना। उ०—हरि को भजै सो हरि पद पावै। जन्म मरन तेहि ठौर न आवै।—सूर। ठौर रखना = उसी जगह मार कर गिरा देना। मार डालना। ठौर रहना = (१) जहाँ का तहाँ रह जाना। पड़ रहना। (२) मर जाना। किसी के ठौर = किसी के स्थानापन्न। किसी के तुल्य। उ०—किबला के ठौर बाप बादसाह साहजहाँ ताको कैद कियो मानो मक्के आगि लाई है।—भूषण।

(२) मौका। घात। अवसर। उ०—ठौर पाय पवनपुत्र डारि मुद्रिका दई।—केशव।

ठ्यापा†–वि० [देश०] उपद्रवी। शरारती। उतपाती।

ड

ड—व्यंजनों में तेरहवाँ व्यंजन और टवर्ग का तीसरा वर्ण। इसका उच्चारण आभ्यंतर प्रयत्न द्वारा तथा जिह्वामध्य को मूर्द्धा में स्पर्श कराने से होता है।

डंक—संज्ञा पुं० [सं० दंश] (१) भिड़, बिच्छू, मधु-मक्खी आदि कीड़ों के पीछे का जहरीला काँटा जिसे वे क्रोध में वा अपने बचाव के लिये जीवों के शरीर में धँसाते हैं।

विशेष—भिड़, मधु-मक्खी आदि उड़नेवाले कीड़ों के पीछे जो काँटा होता है वह एक नली के रूप में होता है जिससे होकर जहर की गाँठ से जहर निकल कर चुभे हुए स्थान में प्रवेश करती है। यह काँटा केवल मादा कीड़ों को होता है।

क्रि० प्र०—मारना।

(२) कलम की जीभ। निब। (३) डंक मारा हुआ स्थान। डंक का घाव।

डंकदार—वि० [हिं० डंक + फा० दार] डंकवाला। काँटेदार।

डंकना†—क्रि० अ० [अनु०] शब्द करना। गरजना। भयानक शब्द करना। उ०—हथनाल हंकिय तोप डंकिय धुनि धमंकिय चंड।—सूदन।

डंका—संज्ञा पुं० [स० ढक्का = दुंदुभि का शब्द] एक प्रकार का बाजा जो नाँद के आकार के ताँबे या लोहे के बरतनों पर चमड़ा मढ़ कर बनाया जाता है। पहले लड़ाई में डंके का जोड़ा ऊँटों और हाथियों पर चलता था और उसके साथ झंडा भी रहता था।

क्रि० प्र०—बजना।—बजाना।—पिटना।—पीटना।

मुहा०—डंके की चोट कहना = खुल्लमखुल्ला कहना। सब को सुना कर कहना। बेधड़क कहना। डंका डालना = (१) मुरगे से मुरगे को लड़ाना। (२) मुरगे का चोंच मारना। डंका देना या पीटना = दे० (१) "डंका बजाना"। (२) मुनादी करना। डुग्गी फेरना। डौंड़ा फेरना। डंका बजाना = हल्ला करके सब को सुनाना। सब पर प्रकट करना। प्रसिद्ध करना। घोषित करना। किसी का डंका बजना = किसी का शासन या अधिकार होना। किसी की चलती होना।

संज्ञा पुं० [अं० डाक] जहाजों के ठहरने का पक्का घाट।

डंकिनी—संज्ञा स्त्री० दे० "डाकिनी"।

डँकियाना†—क्रि० स० [हिं० डंक + आना (प्रत्य०)] डंक मारना।

डंकी—संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) कुश्ती का एक पेंच। (२) मलखंभ की एक कसरत।

† वि० [हिं० डंक] डंकवाला।

डँकीला†—वि० [हिं० डंक + ईला (प्रत्य०)] डंकवाला।

डंकुर—संज्ञा पुं० [हिं० डंका] एक पुराना बाजा जिससे ताल दिया जाता था।

डँकौरी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० डंक + औरी (प्रत्य०)] भिड़। बर्रे। ततैया। हड्डा।

डंग—संज्ञा पुं० [देश०] अधपका छुहारा।

डंगम—संज्ञा पुं० [देश०] वृक्ष विशेष। यह पेड़ बहुत बड़ा होता है। हर साल जाड़े के दिनों में इसके पत्ते झड़ जाते हैं। इसकी लकड़ी भीतर से भूरी, बहुत कड़ी और मजबूत निकलती है। दारजिलिंग के आस पास तथा खसिया की पहाड़ियों में यह अधिक मिलता है।

डंगर—संज्ञा पुं० [देश०] चौपाया (जैसे, गाय, भैंस)।

डँगरा†—संज्ञा पुं० [सं० दर्शागुल] खरबूजा।

डँगरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० डँगरा] लंबी ककड़ी। डांगरी।

संज्ञा स्त्री० [हिं० डाँगर = दुबला] एक प्रकार की चुड़ैल। डाइन। उ०—डाइन डँगरी नरन चबावत। गजन घुमाइ अकास पठावत।—गोपाल।

संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का मोटा बेंत जो पूर्वीय हिमालय, सिकिम, भूटान से लेकर चटगाँव तक होता है। यह बेंत सब से मजबूत होता है और इसमें से बहुत अच्छी छड़ियाँ और डंडे निकलते हैं। टोकरे बनाने के काम में भी यह आता है।

डँगवारा—संज्ञा पु० [हिं० डगर = बैल, चौपाया] हल बैल आदि की वह सहायता जिसे किसान एक दूसरे को देते हैं। जिता।

डंगू ज्वर—संज्ञा पु० [अं०] एक प्रकार का ज्वर जिसमें शरीर जकड़ उठता है और उस पर चकत्ते पड़ जाते हैं।

डँगोरी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक पेड़ जिसकी लकड़ी मजबूत और चमकदार होती है। इसके सजावट के सामान बहुत अच्छे बनते हैं। यह पेड़ आसाम और कछार में बहुतायत से होता है।

डँटैया†*—संज्ञा पु० [हिं० डाँटना] डाँटनेवाला। डाँट बतानेवाला। घुड़कनेवाला। धमकानेवाला। उ०—साँसति घोर पुकारत आरत कौन सुनै चहुँ ओर डटैया।—तुलसी।

डँठरी†—संज्ञा स्त्री० दे० "डंठल"।

डंठल—संज्ञा पु० [स० दंड] छोटे पौधों की पेड़ी और शाखा। नरम छाल के झाड़ों और पौधों का धड़ और टहनी। जैसे, ज्वार का डंठल, मूली का डंठल।

डंठी†—संज्ञा स्त्री० [स० दंड] डंठल।

डंड—संज्ञा पु० [स० दंड] (१) डंडा। सोंटा। (२) बाहुदंड। बाहँ। (३) एक प्रकार का व्यायाम जो हाथ पैर के पंजों के

बल पृथ्वी पर पट और सीधा पड़ कर किया जाता है। हाथ पैर के पंजों के बल पट पड़ कर की जानेवाली कसरत।

क्रि० प्र०—करना।

यौ०—डंडपेल।

मुहा०—डंड पेलना = खूब डंड करना।

(४) दंड। सज़ा।

(५) अर्थदंड। जुरमाना। वह रुपया जो किसी अपराध या हानि के बदले में दिया जाय।

क्रि० प्र०—देना।—लगना।—लगाना।

मुहा०—डंड डालना = अर्थदंड नियत करना। जुरमाना करना। डंड भरना = हानि के बदले में धन देना। जुरमाना या हरजाना देना।

(६) घाटा। हानि। नुकसान।

मुहा०—डंड पड़ना = नुकसान होना। व्यर्थ व्यय होना। जैसे, कुछ काम भी नहीं हुआ इतना रुपया डंड पड़ा।

(७) घड़ी। दंड। दे० "दंड"।

डँड़—संज्ञा पुं० दे० "डंड (३)"।

डंडक*†—संज्ञा पु० दे० "दंडक"।

डँड़का†—संज्ञा पु० [हिं० डंडा] सीढ़ी का डंडा।

डंडपेल—संज्ञा पुं० [हिं० डंड + पेलना] (१) खूब डंड करनेवाला। कसरती। पहलवान। (२) बलवान या तगड़ा आदमी।

डंडल—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली जो बंगाल और बरमा में पाई जाती है। यह मछली पानी के ऊपर अपनी आँखें निकाल कर तैरती है। इसकी लंबाई १८ इंच होती है।

डंडवत्†*—संज्ञा पुं० दे० "दंडवत्"।

डँड़वारा—संज्ञा पुं० [हिं० डाँड + वार = किनारा] [स्त्री० अल्प० डँडवारी] वह कम ऊँची दीवार जो रोक के लिये या किसी स्थान को घेरने के लिये उठाई जाय। दूर तक गई हुई खुली दीवार।

क्रि० प्र०—उठाना।

मुहा०—डँड़वारा खींचना = डँडवारा उठाना

संज्ञा पुं० [हिं० दखिन + वारा (प्रत्य०)] दक्षिण की वायु। दखनहरा। दखिनैया।

क्रि० प्र०—चलना।

डँड़वारी—संज्ञा स्त्री० [हिं० डाँड़ + वार = किनारा] कम ऊँची दीवार जो रोक के लिये या किसी स्थान को घेरने के लिये उठाई जाती है।

क्रि० प्र०—उठाना।

मुहा०—डँड़वारी खींचना = डँड़वारी या चारदीवारी उठाना।

डँड़वी†*—संज्ञा पुं० [देश०] दंड या राजकर देनेवाला। करद।

उ०—डँडवी डाँड़ दीन्ह जँह ताईं। आप डंडवत कीन्ह सबाईं।—जायसी।

डँड़हरा—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली जो बंगाल मध्य भारत और बरमा में भी पाई जाती है। यह ३ इंच लंबी होती है।

डँड़हरी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक छोटी मछली जो आसाम, बंगाल, उड़ीसा और दक्षिण भारत की नदियों में पाई जाती है।

डँड़हिया—संज्ञा पुं० [हिं० डंडा] वह डंडा जिसमें बैलों की पीठ पर लदे हुए दो बोरे फँसाए रहते हैं।

डंडा—संज्ञा पुं० [सं० दंड] (१) लकड़ी या बाँस का सीधा लंबा टुकड़ा। (२) लंबी सीधी लकड़ी या बाँस जिसे हाथ में ले सकें। सोंटा। मोटी छड़ी। लाठी।

मुहा०—डंडा खाना = डंडे की मार सहना। डंडा चलाना = डंडे से प्रहार करना। डंडे खेलना = डंडों की लड़ाई का खेल खेलना। भादों बदी चौथ को पाठशालाओं के लड़के यह खेल खेलते निकलते हैं। डंडा चलाना = डंडे से प्रहार करना। डंडे देना = विवाह संबंध होने के पीछे भादों बदी चौथ को बेटीवाले का बेटेवाले के कहाँ चाँदी के पत्तर चढ़े हुए कलम दवात आदि भेजने की रीति करना। डंडा बजाते फिरना = मारा मारा फिरना।

(३) डाँड़। डँड़वारा। वह कम ऊँची दीवार जो किसी स्थान को घेरने के लिये उठाई जाय। चारदीवारी।

क्रि० प्र०—उठाना।

मुहा०—डंडा खींचना = चार दीवारी उठाना।

डंडाकरन*—संज्ञा पुं० [सं० दण्डकारण्य] दंडक वन। उ०—परेउ आइ सब बन खंड माहा। डंडाकरन बीझ बन जाहाँ। —जायसी।

डंडाडोली—संज्ञा स्त्री० [हिं० डंडा + डोली] लड़कों का एक खेल जिसमें वे किसी लड़के को दो आड़े डंडों पर बैठा कर इधर उधर फिराते हैं।

क्रि० प्र०—करना।—खेलना।

डंडाल—संज्ञा पुं० [हिं० डंडा] नगारा। दुंदुभी।

डँड़िया—संज्ञा स्त्री० [हिं० डाँड़ी = रेखा] (१) छड़ीदार साड़ी। वह साड़ी जिसके बीच में लंबाई के बल गोटे टाँक कर लकीरें बनी हों। उ०—(क) लाल चोली नील डँड़िया संग युवतिन भीर। सूर प्रभु छवि निरखि रीझे मगन भौ मन कीर।—सूर। (ख) नख सिख सजि सिँगार बृज युवती तन डँड़िया कुसुमे बोरी की।—सूर।

विशेष—इसे प्रायः कुमारी लड़कियाँ पहनती हैं। कभी कभी यह रंग बिरंगे कई पाट जोड़ कर बनाई जाती है।

(२) गेहूँ के पौधे में वह लंबी सींक जिसमें बाल लगी रहती है।

संज्ञा पुं० [हिं० डाँड = अर्थदंड] महसूल वसूल करनेवाला। कर उगाहनेवाला।

डँड़ियाना–क्रि० स० [हिं० डाँड़ी] किसी कपड़े के दो या अधिक पाटों को सी कर जोड़ना। दो कपड़ों की लंबाई के किनारों को एक में सीना।

डँड़ियारा गोला–संज्ञा पुं० [हिं० डंडा + गोला] दोहरे सिरे का लंबा (तोप का) गोला। लठिया। (लश०)

डंडी–संज्ञा स्त्री० [हिं० डंडा] (१) छोटी लंबी पतली लकड़ी। (२) हाथ में लेकर व्यवहार की जानेवाली वस्तु का वह लंबा पतला भाग जो मुट्ठी में लिया या पकड़ा जाता है। दस्ता। हत्था। मुठिया। जैसे, छाते की डंडी। (३) तराजू की वह सीधी लकड़ी जिसमें रस्सियाँ लटका कर पलड़े बाँधे जाते हैं। डाँड़ी।

मुहा०—डंडी मारना = सौदा देने में तराजू इस प्रकार झुका देना कि चीज कम चढ़े। सौदा देने में चालाकी से कम तौलना। (४) वह लंबा डंठल जिसमें पत्ता फूल या फल लगा होता है। नाल। जैसे, कमल की डंडी, पान की डंडी। (५) फूल के नीचे का लंबा पतला भाग। जैसे, हरसिंगार की डंडी। (६) हरसिंगार का फूल। (७) आरसी नाम के गहने का वह छल्ला जो उँगली में पड़ा रहता है। (८) डंडे में बँधी हुई झोली के आकार की एक सवारी जो ऊँचे पहाड़ों पर चलती है। झप्पान। (९) लिंगेंद्रिय। (१०) दंड धारण करनेवाला संन्यासी।

वि० [सं० दंड] झगड़ा लगानेवाला। चुगलखोर।

डँड़ोर–संज्ञा स्त्री० [हिं० डाँड़ी] सीधी लकीर।

डँड़ोरना–क्रि० स० [अनु०] ढूँढ़ना। हिलोर कर ढूँढ़ना। उलट पलट कर खोजना। उ०—अबकै जब हम दरस पावैं देहिं लाख करोर। हरि सो हीरा खोइ कै हम रहि समुद डँडोर।—सूर।

डंडौत–संज्ञा पुं० दे० "दंडवत्"।

डंबर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) आयोजन। आडंबर। तकोसला। धूमधाम। (२) विस्तार। (३) विलास। (४) एक प्रकार का चँदोवा। चदरछत।

यौ०—मेघडंबर = बड़ा शामियाना। दलबादल। अंबर डंबर = वह लाली जो संध्या के समय आकाश में दिखाई पड़ती है। उ०—बिनसत बार न लागई ओछे जन की प्रीति। अंबर डंबर साँझ के ज्यों बारू की भीति।

डंबेल–संज्ञा पु० [अ०] (१) हाथ में लेकर कसरत करने की लोहे या लकड़ी की गुल्लीं जिसके दोनों सिरे लट्टू की तरह गोल होते हैं। इसे हाथ में लेकर तानते हैं। यह आवश्यकतानुसार भारी और हलकी होती है। (२) वह कसरत जो इस प्रकार के लट्टू से की जाती है।

क्रि० प्र०—करना।

डँवरुआ–संज्ञा पुं० [स० डमरु] वात का एक रोग जिसमें शरीर के जोड़ जकड़ जाते हैं और उनमें दर्द होता है। गठिया। उ०—अहंकार अति दुखद डँवरुआ। दंभ कपट मद मान नहरुआ।—तुलसी।

डँवरुआ साल–संज्ञा पुं० [सं० डमरु + हिं० सालना] धातु या लकड़ी के दो टुकड़ों को मिलाने के लिये एक प्रकार का जोड़। इसमें एक टुकड़े को एक ओर से चौड़ा और दूसरी ओर से पतला काटते हैं और दूसरे टुकड़े में उसी काट की नाप से गड्ढा करते हैं और उस कटे हुए अंश को उसी गड्ढे में बैठा देते हैं। यह जोड़ बहुत दृढ़ होता है और खींचने से नहीं उखड़ता।

डवाँडोल–वि० [हिं० डावाँ डावाँ + डोलना] चंचल। विचलित। घबराया हुआ। जैसे, चित्त डवाँडोल होना। उ०—पावक पवन पानी भानु हिम वात जम काल लोकपाल मेरे डर डवाँडोल हैं।—तुलसी।

क्रि० प्र०—होना।

डंस–संज्ञा पुं० [स० दंश] (१) एक प्रकार का बड़ा मच्छर जो बहुत काटता है। वनमशक। जंगली मच्छर। डाँस। (इसका आकार बड़ी मक्खी से मिलता जुलता होता है।) उ०—देव विषय सुख लालसा डँस मसकादि खलु झिल्ली रूपादि सब सर्प स्वामी।—तुलसी। (२) वह स्थान जहाँ डंक चुभा हो या साँप आदि विषैले कीड़ों का दाँत चुभा हो।

डँसना–क्रि० स० दे० "डसना"।

डक–संज्ञा पुं० [अ० डाक] (१) एक प्रकार का पतला सफेद टाट (कनवस) जिससे छोटे दल के जहाजों के पाल बनाते हैं। (२) एक प्रकार का मोटा कपड़ा।

डकइत–संज्ञा पुं० दे० "डकैत"।

डकई–संज्ञा पुं० [डाका] केले की एक जाति।

डकरा–संज्ञा पुं० [देश०] काली मिट्टी जो ताल की चँदिया में पानी सूख जाने पर निकलती है और जिसमें दरार फटे होते हैं।

डकराना–क्रि० अ० [अनु०] बैल या भैंसे का बोलना।

डकवाहा–संज्ञा पुं० [हिं० डाक] डाक का चपरासी। डाकिया।

डकार–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) पेट की वायु का एकबारगी ऊपर की ओर छूट कर कंठ से शब्द के साथ निकल पड़ने का शारीरिक व्यापार। मुँह से निकला हुआ वायु का उद्गार।

क्रि० प्र०—आना।—लेना।

विशेष—योग आदि के अनुसार डकार नाग वायु की प्रेरणा से आती है।

मुहा०—डकार न लेना = (१) किसी का धन या कोई वस्तु उड़ा कर पता न देना। चुप चाप हजम कर जाना। (२) कोई काम करके उसका पता न देना।

(२) बाघ सिंह आदि की गरज। दहाड़। गुर्राहट।

क्रि० प्र०— लेना।

डकारना–क्रि० अ० [हिं० डकार + ना (प्रत्य०)] (१) पेट की वायु को मुँह से निकालना। डकार लेना। (२) किसी का माल उड़ा कर ले लेना। किसी की वस्तु चुपचाप मार लेना। हजम करना। पचा जाना। जैसे, यह सब माल डकार जायगा।

संयो० क्रि०—जाना।

(३) बाघ सिंह आदि का गरजना। दहाड़ना।

डकैत–संज्ञा पु० [हिं० डाका + ऐत (प्रत्य०)] डाका मारनेवाला। जबरदस्ती माल छीननेवाला। लुटेरा।

डकैती–संज्ञा स्त्री० [हिं० डकैत] डकैत का काम। डाका मारने का काम। जबरदस्ती माल छीनने का काम। लूट मार। छापा।

डकौत–संज्ञा पुं० [देश०] भड्डर। भड्डरी। सामुद्रिक, ज्योतिष आदि का ढोंग रचनेवाला।

विशेष—इनकी एक पृथक् जाति है जो अपने को ब्राह्मण कहती है पर नीच समझी जाती है।

डग–संज्ञा पुं० [हिं० डाँकना वा सं० दक्ष = चलना] (१) चलने में एक स्थान से पैर उठा कर दूसरे स्थान पर रखने की क्रिया की समाप्ति। फाल। कदम। उ०—मुरि मुरि चितवति नंदगली। डग न परत बृजनाथ साथ बिनु विरह व्यथा मचली।—सूर।

क्रि० प्र०—पड़ना।

मुहा०—डग देना = चलने मे आगे की ओर पैर रखना। उ०—पुर तें निकसी रघुबीर बधू धरि धीर दिये मग ज्यों डग द्वै।—तुलसी। **डग भरना** = चलने में आगे पैर रखना। कदम बढ़ाना। **डग मारना** = कदम रखना। लंबे पैर बढ़ाना। उ०—भारि डगै जब फिरि चली सुदर बनि दुरै सब अंग। मनहुँ चद के बदन सुधा को उड़ि उड़ि लगत भुअँग।—सूर।

(२) चलने में जहाँ से पैर उठाया जाय और जहां रखा जाय दोनों स्थानों के बीच की दूरी। उतनी दूरी जितनी पर एक जगह से दूसरी जगह कदम पड़े। पैंड़।

डगडगाना–क्रि० अ० [अनु०] हिलना। इधर से उधर हिलना।

मुहा०—डगडगा कर पानी पीना = एक दम मे बहुत सा पानी पीना।

डगडोलना†–क्रि० अ० [हिं० डग + डोलना] डगमगाना। हिलना। काँपना। उ०—भीषम द्रोण करण सुनै कोउ मुखहू न बोलै। ए पांडव क्यों काढ़िये धरना डगडोलै।—सूर।

डगडौर–वि० [हिं० डग + डोलना] डांवाडोल। हिलनेवाला। चलायमान। उ०—श्याम को एक तुही जान्यो दुराचरनी और। जैसे घट पूरन न ढोलै अधभरो डगडौर।—सूर।

डगण–संज्ञा पुं० [सं०] पिंगल में चार मात्राओं का एक गण।

डगना†*–क्रि० अ० [सं० दक्ष = चलना, हिं० डग] (१) हिलना। टसकना। खसकना। जगह छोड़ना। उ०—डगइ न संभु सरासन कैसे। कामी वचन सती मन जैसे।—तुलसी। (२) चूकना। भूल करना। उ०—तुरंग नचावहिं कुँवर बर अकनि मृदंग निसान। नागर नट चितवहिं चकित डगहिं न ताल बँधान।—तुलसी। दे० "डिगना"।

डगमगाना–क्रि० अ० [हिं० डग + मग] (१) इधर उधर हिलना डोलना। कभी इस बल, कभी उस बल झुकना। स्थिर न रहना। थरथराना। लड़खड़ाना। जैसे, पैर डगमगाना, नाव डगमगाना। (२) विचलित होना। किसी बात पर दृढ़ न रहना।

डगर–संज्ञा स्त्री० [हिं० डग] मार्ग। रास्ता। पथ। पैंड़ा।

मुहा०—डगर बताना = (१) रास्ता बताना। (२) उपाय बताना। उपदेश देना।

डगरना†*–क्रि० अ० [हिं० डगर] चलना। रास्ता लेना। धीरे धीरे चलना। उ०—तातैं इतें डगरी द्विजदेव न जानती कान्ह अजौं मग सूटैं।—द्विजदेव।

डगरा–संज्ञा पु० [हिं० डगर] रास्ता। मार्ग। उ०—गुरु कहयो राम नाम नीको मोहिं लागत राम-राज डगरो सो।—तुलसी।

संज्ञा पु० [देश०] बांस की पतली फट्टियों का बना हुआ छिछला बरतन। छिछला डला। डलरा। छाबड़ा।

डगराना†–क्रि० स० [हिं० डगरना] (१) रास्ते पर ले जाना। ले चलना। चलाना। (२) हांकना।

डगरिया†–संज्ञा स्त्री० दे० "डगर"।

डगरी†–संज्ञा स्त्री० दे० "डगर"।

डगा†–संज्ञा पु० [हिं० डागा] डागा। डुग्गी बजाने की लकड़ी। नगारा बजाने की लकड़ी। चोब। उ०—हउँ सब कवितन्ह कर पछलगा। किछु कहि चला तबल देइ डगा।—जायसी।

डगाना–क्रि० स० दे० "डिगाना"।

डगर–संज्ञा पु० [सं० तर्क्षु] (१) कुत्ते या भेड़िये की तरह का एक मांसाहारी पशु जो रात को शिकार की खोज में निकलता है और कभी कभी बस्ती से कुत्तों, बकरी के बच्चों आदि को उठा ले जाता है। यह कई प्रकार का होता है पर मुख्य भेद दो हैं—चित्तीवाला और धारीवाला। यह एशिया और अफ्रिका के बहुत से भागों मे पाया जाता है। यह देखने में बड़ा डरावना जान पड़ता है। इसका पिछला धड़ छोटा और अगला भारी होता है। गरदन लंबी और मोटी होती है, कंधे पर खड़े खड़े बाल होते हैं। इसके दांत बहुत पैने और तेज होते हैं। यह जानवर डरपोक भी बड़ा होता है।

यह मुरदे खाकर भी रहता है। इसका कब्र में गड़े मुरदे ले जाना प्रसिद्ध है। (२) लंबी टाँगों का दुबला घोड़ा।

डग्गा–संज्ञा पुं० [हिं० डग] लंबी टाँगों का दुबला घोड़ा।

डट–संज्ञा पुं० [देश०] निशाना।

डटना–क्रि० अ० [स० स्थातु, हिं० ठाट या ठढ़] (१) जम कर खड़ा होना। अड़ना। ठहरा रहना। उ०—वे सबेरे से मेले में डटे हुए हैं।

संयो० क्रि०—जाना।—जा डटना।

मुहा०—डटा रहना = सामना करने या कठिनाई झेलने के लिये खड़ा रहना। न हटना। मुँह न मोड़ना। डट कर खाना = खूब पेट भर खाना।

(२) भिड़ना। लग जाना। छू जाना।

*† क्रि० स० [सं० दृष्टि, हिं० डीठ] ताकना। देखना। उ०—(क) उर मानिक की उरबसी डटत घटत दग दाग। झलकत बाहर कढ़ि मनौ पिय हिय को अनुराग। (ख) लटकि लटकि लटकत चलत डटत मुकुट की छाहँ। चटक भरयो नट मिलि गयो अटक भटक बन मांह।—बिहारी।

डटाना–क्रि० स० [हिं० डटना] (१) एक वस्तु को दूसरी वस्तु से लगाना। सटाना। भिड़ाना। (२) एक वस्तु को दूसरी वस्तु से लगा कर आगे की ओर ठेलना। जोर से भिड़ाना। (३) जमाना। खड़ा करना।

डटाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० डटाना] (१) डटाने का काम। (२) डटाने की मजदूरी।

डट्टा–संज्ञा पुं० [हिं० डाटना] (१) हुक्के का नेचा। टेरुआ। (२) डाट। काग। गट्टा। (३) बड़ी मेख। (४) छींट छापने का ठप्पा। सांचा।

डड़ही–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली।

डड्ढार*†–वि० [हिं० डाढ़ी] बड़ी डाढ़ी रखनेवाला। उ०—डिढ न रहे डड्ढार बाघ बनचर बन दुलिय। —सूदन।

विशेष—बड़ी डाढ़ी रखना बीरों का वेश समझा जाता है।

वि० [सं० दृढ, हिं० डिढ़] दृढ़ हृदय का। साहसी।

डढ़न*–संज्ञा स्त्री० [सं० दग्ध, प्रा० डड्ढ] जलन। ताप। उ०—भक्ति लता फैलन लगी दिन दिन होत पाप को डढ़न।—देवस्वामी।

डढ़ना*–क्रि० अ० [सं० दग्ध, प्रा० डड्ढ + ना (प्रत्य०)] जलना। सुलगना। बलना। उ०—डढै मनु रूप लसैं इह रूप, गढ़े जिमि कैयक हैं महिभूप।—सूदन।

डढ़ार†–वि० [हिं० डाढ़] (१) डाढ़वाला। जिसे डाढ़ हो। (२) डाढ़ीवाला।

डढ़ारा–वि० [हिं० डाढ़] (१) डाढ़वाला। वह जिसके डाढ़ें हों। दांतवाला। (२) वह जिसे डाढ़ी हो।

डढ़ियल–वि० [हिं० डाढ़ी] डाढ़ीवाला। जिसके बड़ी डाढ़ी हो।

डढुआ†–संज्ञा पुं० [सं० दृढ] बर्रे, गेहूँ, चने का तेल जो मोट में मजबूती के लिये लगाया जाता है।

डढ्ढना–क्रि० स० [स० दग्ध, प्रा० डड्ढ + ना (प्रत्य०)] जलाना।

डढोरा*–वि० [हिं० डाढ़ी] डाढ़ीवाला। उ०—सित असित डढ्योरे दीह तन सजि सनेह रोसन सने।—सूदन।

डपट–संज्ञा स्त्री० [सं० दर्प] डाँट। झिड़की। घुड़की।

संज्ञा स्त्री० [हिं० रपट] तेज दौड़। घोड़े की तेज चाल। सरपट चाल।

डपटना–क्रि० स० [हिं० डपट] डाँटना। क्रोध में जोर से बोलना। कड़े स्वर से बोलना।

क्रि० स० [हि० रपटना] तेज दौड़ना। वेग से जाना।

डपोरसंख–संज्ञा पुं० [अनु० डपोर = बड़ा + संख] (१) जो कहे बहुत, पर कर कुछ न सके। डींग मारनेवाला।

विशेष—इस शब्द के संबंध में एक कहानी प्रचलित है। एक ब्राह्मण ने दरिद्रता से दुखी हो समुद्र की आराधना की। समुद्र ने प्रसन्न हो कर उसे एक बहुत छोटा सा संख दिया और कहा कि यह ५००) रोज तुम्हें दिया करेगा। जब उस ब्राह्मण ने उस संख से बहुत सा धन इकट्ठा कर लिया तब एक दिन अपने गुरुजी को बुलाया और बड़ी धूम धाम से उनका सत्कार किया। गुरु जी ने उस संख का हाल जान लिया और वे धीरे से उसे उड़ा ले गए। ब्राह्मण फिर दरिद्र हो गया और समुद्र के पास गया। समुद्र ने सब हाल सुन कर एक बहुत बड़ा सा संख दिया और कहा कि "इससे भी गुरु जी के सामने रुपया मांगना, यह खूब बढ़ बढ़ कर बातें करेगा पर देगा कुछ नहीं। जब गुरु जी इसे मांगें तो दे देना और पहलेवाला छोटा संख मांग लेना"। ब्राह्मण ने ऐसा ही किया। जब ब्राह्मण ने गुरुजी के सामने उस संख से ५००) रु० मांगा तब उसने कहा–"५००) क्या मांगते हो दस बीस पचास हजार मांगो।" गुरु जी को यह सुन कर लालच हुई और उन्होंने वह संख ले कर छोटा संख ब्राह्मण को लौटा दिया। गुरु जी एक दिन उस बड़े संख से मांगने बैठे। पर वह उसी प्रकार और मांगने के लिये कहता जाता पर देता कुछ नहीं था। जब गुरु जी बहुत व्यग्र हुए तब उस बड़े संख ने कहा—"गता सा शंखिनी, विप्र! या ते कामान् प्रपूरयेत्। अहं डपोर शंखाख्यो वदामि न ददामि ते।"

(२) बड़े डील डौल का पर मूर्ख। देखने में सयाना पर बच्चों की सी समझवाला।

डप्पू–वि० [देश०] बहुत बड़ा। बहुत मोटा।

डफ–संज्ञा पुं० [अ० दफ़] (१) चमड़ा मढ़ा हुआ एक प्रकार का बड़ा बाजा जो लकड़ी से बजाया जाता है। डफला। (यह लकड़ी के गोल बड़े मेंदरे पर चमड़ा मढ़ कर बनाया जाता

है। होली में इसे बजाते हुए निकलते हैं,) उ०—(क) दिन डफ ताल मृदंग बजावत गात भरत परस्पर छिन छिन होरी।—स्वामी हरिदास। (ख) कहै पद्माकर ग्वालन के डफ बाजि उठे गल गाजत गाढ़े।—पद्माकर। (२) लावनी-बाजों का बाजा। चंग।

डफर—संज्ञा पुं० [अं० ड्रापर] जहाज़ का एक तरफ का पाल।

डफला—संज्ञा पुं० [अ० दफ़] डफ नाम का बाजा।

डफली—संज्ञा स्त्री० [अ० दफ़] छोटा डफ। खँजरी।

मुहा०—अपनी अपनी डफली अपना अपना राग = जितने लोग उतनी राय।

डफार†—संज्ञा स्त्री० [अनु०] चिग्घाड़, जोर से रोने या चिल्ला उठने का शब्द। उ०—ततखन रतनसेन अति घबरा। छाँड़ि डफार पांय लै परा।—जायसी।

डफारना†—क्रि० अ० [अनु०] चिल्लाना। दहाड़ मारना। जोर से रोना या चिल्लाना। उ०—जाय विहंगम समुद्र डफारा। जरे मच्छ, पानी भा खारा।—जायसी

डफालची—संज्ञा पुं० दे० "डफाली"।

डफाली—संज्ञा पुं० [हिं० डफला] डफला बजानेवाला। एक मुसलमान जाति जो डफला बजाती तथा डफ, ताशे, ढोल आदि चमड़े के बाजों की मरम्मत करती है।

विशेष—अवध में डफाली डफला बजा कर गाज़ियों के गीत गाते और भीख माँगते फिरते हैं।

डफोरना†—क्रि० अ० [अनु०] हाँक देना। चिल्लाना। ललकारना। गरजना। उ०—वचन विनीत कहि सीता को प्रबोध करि तुलसी त्रिकूट चढ़ि कहत डफोरि कै।—तुलसी।

डब—संज्ञा पुं० [हिं० डब्बा] (१) जेब। थैला।

मुहा०—डब पकड़ कर कुछ कराना = गरदन पकड़ कर कुछ काम कराना। गला दबा कर काम कराना। जैसे, रुपया देगा कैसे नहीं, डब पकड़ कर लूँगा। डब में आना = वश मे होना। काबू में आना।

(१) कुप्पा बनाने का चमड़ा।

डबकना—क्रि० स० [हिं० डब] किसी धातु की चद्दर को कटोरी के आकार का गहरा करना।

क्रि० अ० [अनु०] (१) पीड़ा करना। टपकना। दर्द देना। टीस मारना। (२) लँगड़ा कर चलना।

डबकौंहाँ—वि० [अनु०] [स्त्री० डबकौंहीं] आँसू भरा हुआ। डबडबाया हुआ। गीला। उ०—बिलखी डबकौंहैं चखन तिय लखि गमन बराय। पिय गहबर आयो गरौ राखी गरैं लगाय।—बिहारी।

डबडबाना—क्रि० अ० [अनु०] आँसू से आँखें भर आना। आँसू से (आँखों का) गीला होना। अश्रुपूर्ण होना। जैसे, आँखें डबडबाना। उ०—जब जब सुरति करत तब तब डबडबाइ दोउ लोचन उमगि भरत।—सूर।

संयो० क्रि०—आना।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग "आँख" के साथ तो होता ही है 'आंसू' के साथ भी होता है।

डबरा—संज्ञा पुं० [सं० दभ्र = समुद्र या झील] [स्त्री० अल्प० डबरी] (१) छिछला लंबा गड्ढा जिसमें पानी जमा रहे। कुंड। हौज। (२) वह नीची भूमि का टुकड़ा जिसमें पानी लगता हो और जिसमें जड़हन के कई खेत हों। (४) खेत का कोना जो जोतने में छूट जाता है।

डबरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० डबरा] छोटा गड्ढा या ताल।

डबल—वि० [अं०] दोहरा।

संज्ञा पुं० पैसा। अंगरेज़ी राज्य का पैसा।

डबल रोटी—संज्ञा स्त्री० [अ० डबल + हिं० रोटी] पावरोटी।

डबल विक—वि० [अं०] दोहरी बत्ती।

डबला—संज्ञा पुं० [देश०] मिट्टी का पुरवा। कुल्हड़। चुक्कड़।

डबा†—सज्ञा पुं० दे० "डब्बा", "डिब्बा"।

डबिया†—संज्ञा स्त्री० [हिं० डब्बा] छोटा डिब्बा।

डबिरना†—क्रि० स० [देश०] खेत में से भेड़ों को निकाल लाना। (गड़रियों की बोली)

डबी†*—संज्ञा स्त्री० दे० "डब्बी", "डिब्बी"। उ०—कंचन की झख रूप डबीन मैं खल धरी मनौ नील नगी हैं।—सुंदरी-सर्वस्व।

डबुलिया†—संज्ञा स्त्री० [देश०] कुल्हिया। छोटा पुरवा।

डबोना—क्रि० स० [अनु० डब डब] (१) डुबाना। गोता देना। बोरना। मग्न करना। (२) बिगाड़ना। नष्ट करना। चौपट करना।

मुहा०—नाम डबोना = नाम में धब्बा लगाना। ख्याति नष्ट करना। वंश डबोना = वंश की मर्य्यादा नष्ट करना। कुल मे कलंक लगाना। लुटिया डबोना = महत्त्व नष्ट करना। प्रतिष्ठा खोना।

डब्बल‡—संज्ञा पुं० दे० "डबल"।

डब्बा—संज्ञा पुं० [तैलंग। वा स० डिंब = गोला] (१) ढक्कनदार छोटा गहरा बरतन जिसमें घी या भुरभुरी चीजें रखी जाती हैं। संपुट। (२) रेलगाड़ी की एक गाड़ी जो अलग हो सकती है।

डब्बू—संज्ञा पुं० [हिं० डब्बा] डाँड़ी लगा हुआ एक प्रकार का कटोरा जिससे परोसने का काम लिया जाता है।

डभकना†—क्रि० अ० [अनु० डभडभ] पानी में डूबना। उतराना। चुभकी लेना।

डभका—संज्ञा पु० [हिं० डभकना] कुएँ से ताज़ा निकाला हुआ (पानी)। ताजा।

† संज्ञा पुं० [देश०] भूना हुआ मटर या चना जो फूटा न हो। कोंहरा।

डभकौरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० डभकना] उरद की पीठी की बरी जो

बिना तले हुए कढ़ी में डाल दी जाती है। डुभकी। उ०—पानीरा राहता पकौरी। डभकौरी मुँगछी सुठि सौंरी।—सूर।

डभकौहाँ—वि० दे० "डभकौंहाँ"

डम—संज्ञा पुं० [स०] एक नीच या वर्णसंकर जाति जिसे ब्रह्मवैवर्त्त पुराण ने लेट और चांडाली से उत्पन्न माना है। डोम।

डमर—संज्ञा पुं० [सं०] (१) भय से पलायन। भगेड़। (२) हलचल। उपद्रव।

डमरुआ—संज्ञा पुं० [सं० डमरु] वात का एक रोग जिससे जोड़ों में दर्द होता है। गठिया।

यौ०—डमरुआ साल = दे० "डँवरुआ साल"।

डमरू—संज्ञा पुं० [स० डमरु] (१) एक बाजा जिसका आकार बीच में पतला और दोनों सिरों की ओर बराबर चौड़ा होता जाता है। दोनों सिरों पर चमड़ा मढ़ा होता है। इसके बीच में दो तरफ बराबर बढ़ी हुई डोरी बँधी होती है जिसके दोनों छोरों पर एक एक कौड़ी या गोली बँधी होती है। बीच में पकड़ कर जब बाजा हिलाया जाता है तब दोनों कौड़ियां चमड़े पर पड़ती हैं और शब्द होता है। यह बाजा शिवजी को बहुत प्रिय है। बंदर नचानेवाले भी इस प्रकार का एक बाजा अपने साथ रखते हैं। (२) डमरू के आकार की कोई वस्तु। ऐसी वस्तु जो बीच में पतली हो और दोनों ओर बराबर चौड़ी (उलटी गावदुम) होती गई हो।



यौ०—डमरूमध्य।

(३) एक प्रकार का दंडक वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में ३२ लघु वर्ण होते हैं। उ०—रहत रजत नग नगर न गज तट गज खल कलगर गरल तरल धर। भिखारीदास ने इसी का नाम जलहरण लिखा है।

डमरूमध्य—संज्ञा पुं० [स० डमरु + मध्य] धरती का वह तंग पतला भाग जो दो बड़े बड़े खंडों को मिलाता हो।

यौ०—जल-डमरूमध्य = जल का वह तंग पतला भाग जो जल के दो बड़े बड़े भागों को मिलाता हो।

डमरूयंत्र—संज्ञा पुं० [सं० डमरु + यंत्र] एक प्रकार का यंत्र या पात्र जिसमें अर्क खींचे जाते तथा सिंगरफ का पारा, कपूर, नौसादर आदि उड़ाए जाते हैं।

विशेष—यह दो घड़ों का मुँह मिला कर और कपड़मिट्टी से जोड़ कर बनाया जाता है। जिस वस्तु का अर्क खींचना होता है उसे घड़ों का मुँह जोड़ने के पहले पानी के साथ एक घड़े में रख देते हैं और फिर सारे यंत्र को (अर्थात् दोनों जुड़े हुए घड़ों को) इस प्रकार आड़ा रखते हैं कि एक घड़ा आँच पर रहता है और दूसरा ठंढी जगह पर। आंच लगने से वस्तु मिले हुए पानी की भाप उड़ कर दूसरे घड़े में जा कर टपकती है। यही टपका हुआ जल उस वस्तु का अर्क होता है। सिंगरफ से पारा उड़ाने के लिये घड़ों को खड़े बल नीचे ऊपर रखते हैं। नीचे के घड़े के पेंदे में आँच लगती है और ऊपर के घड़े के पेंदे को गीला कपड़ा आदि रख कर ठंढा रखते हैं। आंच लगने पर सिँगरफ से पारा उड़ कर ऊपरवाले घड़े के पेंदे में जम जाता है।

डयन—संज्ञा पुं० [स०] उड़ान। उड़ने की क्रिया।

डर—संज्ञा पुं० [सं० दर] (१) एक दुःखपूर्ण मनोवेग जो किसी अनिष्ट वा हानि की आशंका से उत्पन्न होता और उस (अनिष्ट वा हानि) से बचने के लिये आकुलता उत्पन्न करता है। भय। भीति खौफ़। त्रास

क्रि० प्र०—लगना।

मुहा०—डर के मारे = भय के कारण।

(२) अनिष्ट की संभावना का अनुमान। आशंका। जैसे, हमें डर है कि वह कहीं भटक न जाय।

डरना—क्रि० अ० [हिं० डर + ना (प्रत्य०)] (१) किसी अनिष्ट वा हानि की आशंका से आकुल होना। भयभीत होना। खौफ करना। सशंक होना।

संयो० क्रि०—उठना।—जाना।

(२) आशंका करना। अंदेशा करना।

डरपना†—क्रि० अ० [हिं० डर] डरना। भयभीत होना। उ०—(क) इंद्रहु को कछु दूषन नाहीं। राजहेतु डरपत मन माहीं।—सूर। (ख) एकहि डर डरपत मन मोरा। प्रभु मोहि देव साप अति घोरा।—तुलसी।

डरपाना†—क्रि० स० [हिं० डरपना] डराना। भयभीत करना।

डरपोक—वि० [हिं० डरना + पोंकना] बहुत डरनेवाला। भीरु। कायर।

डरपोकना†—वि० दे० "डरपोक"।

डरवाना—क्रि० स० दे० "डराना"।

†क्रि० स० दे० "डलवाना"।

डराहरी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० डर] डर। भय। आशंका। उ०—जब आनि घेरत कटक काम को तब जीय होत डराहरि।—स्वामी हरिदास।

डराना—क्रि० स० [हिं० डरना] डर दिखाना। भयभीत करना। खौफ़ दिलाना।

संयो० क्रि०—देना।

डरावना—वि० [हिं० डर] [स्त्री० डरावनी] जिससे डर लगे। जिससे भय उत्पन्न हो। भयानक। भयंकर।

डरावा—संज्ञा पुं० [हिं० डराना] वह लकड़ी जो फलदार पेड़ों में चिड़ियां उड़ाने के लिये बँधी रहती है। इसमें एक लंबी रस्सी बँधी होती है जिसे खींचने से खट खट शब्द होता है। खटखटा। धड़का।

डराडुक†–वि० [हिं० डरना] डरपोक ।

डरिया†–संज्ञा स्त्री० दे० "डार", "डाल" । उ०—अब के राखि लेहु भगवान । हम अनाथ बैठे द्रुम डरिया पारधि साधे बान ।—सूर ।

डरी–संज्ञा स्त्री० दे० "डली" ।

डरीला†–वि० [हिं० डार] डारवाला । शाखायुक्त । टहनीदार । उ०—हौदन दचीले तरु टूटत डरीले शैल होत हैं फटीले शेष फन चमकीले हैं ।—रघुराज ।

डरेला†–वि० [हिं० डर] डरावना । भयानक । खौफनाक । उ०—बिटरन अंडा धरत नाद उचरत डरैलो ।—श्रीधर पाठक ।

डल–संज्ञा पुं० [हिं० डला = टुकड़ा] टुकड़ा । खंड ।

मुहा०—डल का डल = ढेर का ढेर । बहुत सा ।

संज्ञा स्त्री० [स० तल्ल] (१) झील । (२) काश्मीर की एक झील ।

डलई–संज्ञा स्त्री० दे० "डलिया" ।

डलना–क्रि० अ० [हिं० डालना] डाला जाना । पड़ना । जैसे, झूला डलना ।

डलवा–संज्ञा पुं० दे० "डला" ।

डलवाना–क्रि० स० [हिं० 'डालना' का प्रे०] डालने का काम कराना । डालने देना ।

डला–संज्ञा पुं० [स० दल] [स्त्री० अल्प० डली] टुकड़ा । ढोंका । खंड ।

विशेष—इसका प्रयोग नमक, मिस्री आदि के लिये अधिक होता है ।

संज्ञा पुं० [स० डलक] [स्त्री० अल्प० डलिया] बाँस, बेंत आदि की पतली फट्टियों या कमचियों को गाँछ कर बनाया हुआ बरतन । टोकरा । दौरा ।

यौ०—डला खुलवाई = बनियों के यहाँ विवाह की एक रीति जिसमें दूल्हा दुलहिन के यहाँ एक टोकरा भेजता है ।

डलिया–संज्ञा स्त्री० [हिं० डला] छोटा डला । छोटा टोकरा । दौरी ।

डली–संज्ञा स्त्री० [हिं० डला] (१) छोटा टुकड़ा । छोटा ढेला । खंड । जैसे, मिस्री की डली, नमक की डली । (२) सुपारी ।

संज्ञा स्त्री० दे० "डलिया" ।

डलुक–संज्ञा पुं० [स०] डला । दौरा ।

डवँरू–संज्ञा पुं० दे० "डमरू" ।

डवरुआ–संज्ञा पुं० दे० "डवरुवा" ।

डवित्थ–संज्ञा पु० [सं०] काठ का बना हुआ मृग ।

डस–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) एक प्रकार की शराब । रम । (२) तराजू की डोरी जिसमें पलड़े बँधे रहते हैं । जोती । (३) कपड़े के थान का छोर जिसमें ताने और बाने के पूरे तागे नहीं बुने रहते । छीर ।

डसन–संज्ञा स्त्री० [सं० दंशन] (१) डसने की क्रिया या भाव । (२) डसने या काटने का ढंग । उ०—यह अपराध बड़ो डन कीनो । तक्षक डसन साप मैं दीनो ।—सूर ।

डसना–क्रि० स० [स० दंशन] (१) किसी ऐसे कीड़े का दाँत से काटना जिसके दाँत में विष हो । साँप आदि जहरीले कीड़ों का काटना । (२) डंक मारना ।

संयो० क्रि०—लेना ।

संज्ञा पुं० दे० "डासन", "दसना" ।

डसवाना–क्रि० स० दे० "डसाना" ।

डसा†–संज्ञा पुं० [स० दंश] डाढ़ । चौभड़ ।

डसाना†–क्रि० सं० [हिं० डसना का प्रे०] दाँत से कटवाना । जैसे, साँप से डसाना ।

डसी†–संज्ञा स्त्री० दे० "दसी" ।

संज्ञा स्त्री० पहचान या परिचय की वस्तु । पहचान के लिये दिया हुआ चिह्न । चिन्हानी । निशानी । सहदानी ।

डहक–वि० [?] संख्या में छः । ६ । (दलाली)

डहकना–क्रि० स० [हिं० डाका] (१) छल करना । धोखा देना । ठगना । जटना । उ०—डहकि डहकि परचेहु सब काहू । अति असंक मन सदा उछाहू ।—तुलसी । (२) किसी वस्तु को देने के लिये दिखा कर न देना । ललचा कर न देना । उ०—खेलत खात परस्पर डहकत छीनत कहत करत रुग-दैया ।—तुलसी ।

क्रि० अ० [हिं० दहाड़, धाड] (१) रोने में रह रह कर शब्द निकालना । बिलखना । विलाप करना । उ०—काल वदनते राखि लीनो इंद्र गर्व जे खोइ गोपिनी सब ऊधो आगे डहकि दीनो रोइ ।—सूर । (२) हुँकारना । डकार लेना । दहाड़ मारना । गरजना । उ०—इक दिन कंस असुर इक प्रेरा । आवा घटि वपु विरषभ केरा । डहकत फिरत उड़ावत छारा । पकरि सींग तुरतै प्रभु मारा ।—विश्राम ।

क्रि० अ० [देश०] छितराना । छिटकना । फैलना । उ०—चंदन कपूर जल धौत कलधौत धाम उज्जल जुन्हाई डहडही डहकत है ।—देव ।

डहकलाय–वि० [?] सोलह । १६ । (दलाली)

डहकाना–क्रि० स० [सं० दस = खोना, हिं० डाका] खोना । गँवाना । नष्ट करना । उ०—वाद विवाद यज्ञ व्रत साधै कतहूँ जाय जन्म डहकावै ।—सूर ।

क्रि० अ० किसी के धोखे में आ कर अपने पास का कुछ खोना । किसी के छल के कारण हानि सहना । धोखे में आना । वंचित या प्रतारित होना । ठगा

जाना। जैसे, इस सौदे में तुम डहका गए। उ०—(क) इनके कहे कौन डहकावै, ऐसी कौन अजानी ?—सूर। (ख) डहके ते डहकाइबो भलो जो करिय विचार।—तुलसी।

संयो० क्रि०—जाना।

क्रि० स० (१) ठगना। धोखे से किसी की कोई वस्तु ले लेना। धोखा देना। झटना। (२) किसी को कोई वस्तु देने के लिये दिखा कर न देना। ललचा कर न देना।

डहडहा—वि० [अनु०] [स्त्री० डहडही] (१) हरा भरा। ताजा। लहलहाता हुआ। जो सूखा या मुरझाया न हो। (पेड़, पौधे, फूल पत्ते आदि के लिये)। उ०—जो काटै तो डहडही, सींचै तो कुम्हिलाय। यहि गुनवंती बेल का कुछ गुन कहा न जाय।—कबीर। (२) प्रफुल्लित। प्रसन्न। आनंदित। उ०—(क) तुम सौतिन देखत दई अपने हिय ते लाज। फिरति सबनि में डहडही वहै मरगजी बाल।—बिहारी। (ख) सेवती चरन चारु सेवती हमारे जान ह्वै रही डहडही लहि अनंदकंद को।—देव। (३) तुरंत का। ताजा। उ०—लहलही इंदीवर श्यामता शरीर सोही डहडही चंदन की रेखा राजै भाल में।—रघुराज।

डहडहाट † *—संज्ञा स्त्री० [हिं० डहडहा] हरापन। ताजगी। प्रफुल्लता। उ०—प्यारी जू के मुख अंबुज की डहडहाट ऐसी लागति मनो अमृत की सींच।—स्वामी हरिदास।

डहडहाना—क्रि० अ० [हिं० डहडहा] (१) हरा भरा होना। ताज़ा होना। (पेड़, पौधे. पत्ते आदि का)। उ०—दूर दमकत श्रवन शोभा जलज युग डहडहत।—सूर। (२) प्रफुल्लित होना। आनंदित होना।

डहडहाव—संज्ञा पुं० [हिं० डहडहा] हराभरा होने का भाव। ताजगी। प्रफुल्लता।

डहन—संज्ञा पुं० [स० डयन = उड़ना] डैना। पर। पंख। उ०—विषदाना कित देइ अँगूरा। जिहि भा मरन डहन धरि पूरा।—जायसी।

संज्ञा स्त्री० [स० दहन] जलन। दाह।

डहना—संज्ञा पुं० दे० "डैना"।

क्रि० अ० [स० दहन] (१) जलना। भस्म होना। (२) कुढ़ना। चिढ़ना। द्वेष करना। बुरा मानना।

क्रि० स० (१) जलाना। भस्म करना। उ०—रावन लंका हौं डही देह मोहिं डाढ़न आइ।—जायसी। (२) संतप्त करना। दुःख पहुँचाना। उ०—डहइ चंद अउचंदन चीरू। दगध करइ तन विरह गभीरू।—जायसी।

डहर †—संज्ञा स्त्री० [हिं० डगर] (१) रास्ता। मार्ग। पथ। उ०—जिहि डहरत डहर करत कहरो। चित चख चोरत चेटक चेहरो।—रघुराज। (२) आकाशगंगा।

डहरना—क्रि० अ० [हिं० डहर] चलना। फिरना। टहलना। उ०—जिहि डहरत डहर करत कहरो। चित चख चोरत चेटक चेहरो।—रघुराज।

डहराना †—क्रि० स० [हिं० डहरना] चलाना। दौड़ाना। फिराना। उ०—कोऊ निरखि रही भाल चंदन एक चित लाई। कोऊ निरखि विथुरी भृकुटि पर नैन डहराई।—सूर।

डहु, डहू—संज्ञा पुं० [स०] (१) वृक्षविशेष। लकुच। (२) बड़हर।

डा—संज्ञा स्त्री० [सं०] डाकिनी। डाइन।

डाँक—संज्ञा स्त्री० [हिं० दमक, दर्वक] ताँबे या चाँदी का बहुत पतला कागज की तरह का पत्तर।

विशेष—देशी डाँक चाँदी की होती है जिसे घोंट कर नगीनों के नीचे बैठाते हैं। अब ताँबे के पत्तर की विदेशी डाँक भी बहुत आती है जिसके गोल और चमकीले टुकड़े काट कर स्त्रियों की टिकली, कपड़ों पर टाँकने की चमकी आदि बनती हैं। डाँक घोंटने की सान ८-९ अंगुल लंबी और ३-४ अंगुल चौड़ी पटरी होती है जिस पर डाँक रख कर चमकाने के लिये घोटते हैं।

† संज्ञा स्त्री० [हिं० डाँकना] कै। वमन। उलटी।

क्रि० प्र०—होना।

डाँकना †—क्रि० स० [सं० तक = चलना] (१) कूद कर पार करना। लाँघना। फाँदना। (२) वमन करना। उलटी करना।

डाँग †—संज्ञा पुं० [सं० टंक = पहाड़ का किनारा और चोटी] (१) पहाड़ी। जंगल। वन। (२) पहाड़ की ऊँची चोटी।

संज्ञा पुं० [सं० दंड, हिं० डाँगा] मोटे बाँस का डंडा। लट्ठ।

† संज्ञा पुं० [हिं० डाँकना] कूद। फलाँग।

डाँगर—वि० [देश०] (१) चौपाया। ढोर। गाय, भैंस आदि पशु। † (२) मरा हुआ चौपाया। (गाय बैल आदि) चौपाए की लाश (पूरब)।

मुहा०—डाँगर घसीटना = चमारों की तरह मरा हुआ चौपाया खींच कर ले जाना। अशुचि कर्म करना।

(३) एक नीच जाति का नाम।

वि० (१) दुबला पतला। जिसकी हड्डी हड्डी निकली हो। (२) मूर्ख। जड़। गावदी।

डाँगा—संज्ञा पुं० [स० दडक] (१) जहाज के मस्तूल में रस्सियों को फैलाने के लिये आड़ी लगी हुई धरन। (२) लंगड़ के बीच का मोटा डंडा। (लश०)

डाँट—संज्ञा स्त्री० [सं० दान्ति = दमन, वश] शासन। (१) वश। दाब। दबाव। जैसे, (क) इस लड़के को डाँट में रक्खो। (ख) इस लड़के पर किसी की डाँट नहीं है।

क्रि० प्र०—मानना।—रखना।

मुहा०—डाँट में रखना = शासन में रखना। वश में रखना। किसी पर डाँट रखना = किसी पर शासन या दबाव रखना। डाँट पर = पालकी के कहारों की एक बोली। (जब तंग और ऊँचा नीचा रास्ता आगे होता है तब अगला कहार कुछ बच कर चलने के लिये कहता है "डाँट पर")

(२) डराने के लिये क्रोध-पूर्वक कर्कश स्वर से कहा हुआ शब्द। घुड़की। डपट।

क्रि० प्र०—बताना।

डाँटना—क्रि० स० [हिं० डाँट + ना (प्रत्य०)] डराने के लिये क्रोध-पूर्वक कड़े स्वर से बोलना। घुड़कना। डपटना। उ०—(क) जैसे मीन किलकिला दरसत ऐसे रहा प्रभु डाँटत।—सूर। (ख) जानै ब्रह्म सो विप्रवर आँखि दिखावहि डाँटि।—तुलसी।

संयो० क्रि०—देना।

डाँठ †—संज्ञा पुं० [सं० दंड] डंठल।

डाँड़—संज्ञा पुं० [सं० दंड] (१) सीधी लकड़ी। डंडा। (२) गदका।

यौ०—डाँड़ पटा। = (१) फरी गतका। (२) गतके का खेल।

(३) नाव खेने का लंबा बल्ला या डंडा। चप्पू।

क्रि० प्र०—खेना।—चलाना।—मारना।—भरना। (लश०)

(४) अंकुश का हत्था। (५) जुलाहों की वह पोली लकड़ी जिसमें ऊरी फँसाई रहती है। † (६) सीधी लकीर। (७) रीढ़ की हड्डी। (८) ऊँची उठी हुई तंग जमीन जो दूर तक लकीर की तरह चली गई हो। ऊँची मेंड़।

मुहा०—डाँड़ मारना = मेड़ उठाना।

(९) रोक, आड़ आदि के लिये उठाई हुई कम ऊँची दीवार। (१०) ऊँचा स्थान। छोटा भीटा या टीला। उ०—सो कर लै पंडा छिति गाड़े। उपजे द्रुत द्रुम इक तेहि डाँड़े।—रघुराज। (११) दो खेतों के बीच की सीमा पर की कुछ ऊँची जमीन जो कुछ दूर तक लकीर की तरह गई हो और जिस पर से लोग आते जाते हों। मेंड़। (१२) समुद्र का ढालुआँ रेतीला किनारा। (१३) सीमा। हद। (१४) वह मैदान जिसमें का जंगल कट गया हो। (१५) अर्थदंड। किसी अपराध के कारण अपराधी से लिया जानेवाला धन। जुरमाना।

क्रि० प्र०—लगाना।

(१६) वह वस्तु या धन जिसे कोई मनुष्य दूसरे से अपनी किसी वस्तु के नष्ट हो जाने या खो जाने पर ले। नुकसान का बदला। हरजाना।

क्रि० प्र०—देना।—लेना।

(१७) लंबाई नापने का मान। कट्ठा। बाँस।

डाँड़ना—क्रि० प्र० [हिं० डाँड] अर्थ दंड देना। जुरमाना करना। उ०—(क) उदधि अपार उतरतहूँ न लगी बार केसरी कुमार सो अदंड ऐसो डाँड़िगो।—तुलसी। (ख) पड़ा जो डाँड जगत सब डाँड़ा। का निचिंत माटी के भाँड़ा!—जायसी।

डाँड़र—संज्ञा पुं० [हिं० डाँठ] बाजरे के डंठल का गड़ा हुआ भाग जो फसल कट जाने पर भी खेतों में पड़ा रह जाता है। बाजरे की खूँटी।

डाँड़ा—संज्ञा पुं० [हिं० डाँड] (१) छड़। डंडा। (२) गतका। उ०—ब्रह्म की सींग ब्रह्म का डाँड़ा। उठी आगि तस बाजै खाँड़ा।—जायसी। (३) नाव खेने का डाँड़। (४) समुद्र का ढालुवाँ रेतीला किनारा। (लश०)। (५) हद। सीमा। मेंड़।

यौ०—डाँड़ा मेंड़ा। डाँड़ा मेंड़ी।

मुहा०—होली का डाँड़ा = लकड़ी, घास फूस आदि का ढेर जो वसंतपंचमी के दिन से होली जलाने के लिये इकट्ठा किया जाने लगता है।

डाँड़ा मेंड़ा—संज्ञा पुं० [हिं० डाँड + मेड़] (१) एक ही डाँड़ या सीमा का अंतर। परस्पर अत्यंत सामीप्य। लगाव। (२) अनबन। झगड़ा।

क्रि० प्र०—रहना।

डाँड़ा मेंड़ी—संज्ञा स्त्री० दे० "डाँड़ा मेंड़ा"।

डाँड़ाशाहेल—संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का साँप जो बंगाल में होता है।

डाँड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० डाँड़] (१) लंबी पतली लकड़ी। (२) हाथ में ले कर व्यवहार की जानेवाली वस्तु का वह लंबा पतला भाग जो हाथ में लिया या पकड़ा जाता है। लंबा हत्था या दस्ता। जैसे, करछी की डाँड़ी। उ०—हरि जू की आरती बनी। अति विचित्र रचना रचि राखी परति न गिरा गनी। कच्छप अध आसन अनूप अति, डाँड़ी शेष फनी।—सूर। (३) तराजू की वह सीधी लकड़ी जिसमें रस्सियाँ लटका कर पलड़े बाँधे जाते हैं। डंडी। उ०—साईं मेरा बानिया सहज करै व्यवहार। बिन डाँड़ी बिन पालड़े तौले सब संसार।—कबीर।

मुहा०—डाँड़ी मारना = सौदा देने में कम तौलना।

(४) टहनी। पतली शाखा। (५) वह लंबा डंठल जिसमें फूल या फल लगा होता है। नाल। उ०—तेहि डाँड़ी सह कमलहि तोरी। एक कमल की दूनौ जोरी।—जायसी। (६) हिंडोले में लगी हुई वे चार सीधी लकड़ियाँ या डोरी की लड़ें जिनसे लगी हुई बैठने की पटरी लटकती रहती है। उ०—पटुलो लगे नग नाग बहु रँग बनी डाँड़ी चारि।

भौंरा भँवै भजि केलि भूले नवल नागर नारि।—सूर। (७) जुलाहों की वह लकड़ी जो चरखी की थवनी में डाली जाती है। (८) शहनाई की लकड़ी जिसके नीचे पीतल का घेरा होता है। (९) अनवट नामक गहने का वह भाग जो दूसरी और तीसरी उँगली के नीचे इसलिये निकला रहता है जिसमें अनवट घूम न सके। (१०) डांड़ खेनेवाला आदमी। (लश०)। (११) मट्ठर या सुस्त आदमी। (लश०)। † (१२) सीधी लकीर। लकीर। रेखा।

क्रि० प्र०—खींचना।

(१३) लीक। मर्यादा। (१४) चिड़ियों के बैठने का अड्डा। (१५) फूल के नीचे का लंबा पतला भाग। (१६) पालकी के दोनों ओर निकले हुए लंबे डंडे जिन्हें कहार कंधे पर रखते हैं। (१७) पालकी। (१८) डंडे में बंधी हुई झोली के आकार की एक सवारी जो ऊँचे पहाड़ों पर चलती है। झप्पान।

डाँड़री †—संज्ञा स्त्री० [सं० दग्ध, हिं० डाढ़ा] भूनी हुई मटर की फली।

डाँबू—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का नरकट जो दलदल में उत्पन्न होता है।

डाँवरा—संज्ञा स्त्री० [सं० डिंब ?] [स्त्री० डाँवरी] लड़का। बेटा। पुत्र। उ०—(क) कंचन मनि रतन जड़ित रामचंद्र पाँवरी। दाहिन सो राम वाम जनक राय डाँवरी।—देवस्वामी। (ख) बाहिर पैरि न दीजिए पाँवरी बाउरी होय सो डाँवरी डोलै।—देव। दे० "डाबरी"।

डाँवरी †—संज्ञा स्त्री० [हिं० डाँवरा] लड़की। बेटी।

डाँवरू †—संज्ञा पु० [सं० डिंब] बाघ का बच्चा।

डाँवाडोल—वि० [हिं० डोलना] इधर उधर हिलता डोलता हुआ। एक स्थिति पर न रहनेवाला। चंचल। विचलित। अस्थिर। जैसे, चित्त डाँवाडोल होना।

डाँशपाहिड़—संज्ञा पुं० [देश०] संगीत में रुद्रताल के ग्यारह भेदों में से एक जिसमें ५ आघात के पश्चात् १ शून्य (खाली) होता है।

डाँस—संज्ञा पुं० [सं० दंश] (१) बड़ा मच्छड़। दंश। (२) एक प्रकार की मक्खी जो पशुओं को बहुत दुःख देती है। (३) कुकरौंछी।

डाँसर †—संज्ञा पुं० [देश०] इमली का बीज। चिआं।

डा—संज्ञा पुं० [अनु०] सितार की गति का एक बोल। उ०—डा डिड़ डा ड़ा डा डा ड़ा।

डाइन—संज्ञा स्त्री० [सं० डाकिनी] (१) भूतनी। चुड़ैल। राक्षसी। (२) टोनहाई। वह स्त्री जिसकी दृष्टि आदि के प्रभाव से बच्चे मर जाते हैं। (३) कुरूप और डरावनी स्त्री।

डाइरेक्टर—संज्ञा पुं० [अं०] (१) प्रबंध चलानेवाला। कार्य-संचालक। मुंतजिम। इंतजाम करनेवाला। (२) मशीन में वह पुरजा जिसकी क्रिया से गति उत्पन्न होती है।

डाइरेक्टरी—संज्ञा स्त्री० [अं०] वह पुस्तक जिसमें किसी नगर या देश के मुख्य निवासियों या व्यापारियों आदि की सूची अक्षर क्रम से हो।

डाई—संज्ञा पुं० [अ०] (१) पासा। (२) ठप्पा। साँचा। (३) रंग।

डाईप्रेस—संज्ञा स्त्री० [अं०] ठप्पा उठाने की कल। उभरे हुए अक्षर उठाने की कल जिससे मोनोग्राम आदि छपते हैं।

डाक—संज्ञा पु० [हिं० उडाँक या उलाँक। वा डाँकना = फाँदना] (१) सवारी का ऐसा प्रबंध जिसमें एक एक ठिकान पर बराबर जानवर आदि बदले जाते हों। घोड़े गाड़ी आदि का जगह जगह इंतजाम।

मुहा०—डाक बैठाना = शीघ्र यात्रा के लिये स्थान स्थान पर सवारी बदलने की चौकी नियत करना। डाक लगना = शीघ्र संवाद पहुचाने या यात्रा करने के लिये मार्ग में स्थान स्थान पर आदमियों या सवारियों का प्रबंध रहना। डाक लगाना = दे० "डाक बैठाना"।

यौ०—डाक चौकी = मार्ग में वह स्थान जहाँ यात्रा के घोड़े बदले जायँ या एक हरकारा दूसरे हरकारे को चिट्ठियों का थैला दे।

(२) राज्य की ओर से चिट्ठियों के आने जाने की व्यवस्था। वह सरकारी इंतजाम जिसके मुताबिक खत एक जगह से दूसरी जगह बराबर आते जाते हैं। जैसे, डाक का मुहकमा। उ०—यह चिट्ठी डाक में भेजेंगे नौकर के हाथ नहीं।

यौ०—डाकखाना। डाकगाड़ी।

(३) चिट्ठी पत्री। कागज पत्र आदि जो डाक से आवे। डाक से आने जानेवाली वस्तु। जैसे, तुम्हारी डाक रखी है, ले लेना।

संज्ञा स्त्री० [अनु०] वमन। उलटी। कै।

क्रि० प्र०—होना।

संज्ञा पुं० [अ०] समुद्र के किनारे जहाज ठहरने का वह स्थान जहाँ मुसाफिर या माल चढ़ाने उतारने के लिये बाँध या चबूतरे आदि बने होते हैं।

संज्ञा पु० [बंग० डाकना = चिल्लाना] नीलाम की बोली। नीलाम की वस्तु लेनेवालों की पुकार जिसके द्वारा वे दाम लगाते हैं।

डाकखाना—संज्ञा पु० [हिं० डाक + फ़ा० खाना] वह स्थान या सरकारी दफ्तर जहाँ लोग भिन्न भिन्न स्थानों पर भेजने के लिये चिट्ठी पत्री आदि छोड़ते हैं और जहाँ से आई हुई चिट्ठियाँ लोगों को बाँटी जाती हैं।

डाकगाड़ी–संज्ञा स्त्री० [हिं० डाक + गाड़ी] वह रेलगाड़ी जिस पर चिट्ठी पत्री आदि भेजने का सरकार की तरफ से इंतजाम हो। डाक ले जानेवाली रेलगाड़ी जो और गाड़ियों से तेज चलती है।

डाकघर–संज्ञा पु० दे० "डाकखाना"।

डाकना–क्रि० अ० [हिं० डाक] कै करना। वमन करना।

क्रि० स० [हिं० उड़ाँक, डाँक + ना (प्रत्य०)] फाँदना। लाँघना। कूद कर पार करना।

संयो० क्रि०—जाना।

डाक बँगला [हिं० डाक + बँगला] वह बँगला या मकान जो सरकार की ओर से परदेसियों के ठहरने के लिये बना हो।

विशेष—ईस्ट इंडिया कंपनी के समय में इस प्रकार के बँगले स्थान स्थान पर बने थे। पहले जब रेल नहीं थी तब इन्हीं स्थानों पर डाक ली जाती और बदली जाती थी। अतः सवारियों का भी यहीं अड्डा रहता था जिससे मुसाफिरों को ठहरने आदि का सुभीता रहता था।

डाक-महसूल–संज्ञा पु० [हिं० डाक + अ० महसूल] वह खर्च जो चीज को डाक द्वारा भेजने वा मँगाने में लगे।

डाकमुंशी–संज्ञा पुं० [हिं० डाक + फा० मुंशी] डाकघर का अफसर, पोस्टमास्टर।

डाकर–संज्ञा पुं० [देश०] तालों की वह मिट्टी जो पानी सूख जाने पर चिटख कर कड़ी हो जाती है।

डाकव्यय–संज्ञा स्त्री० [हिं० डाक + सं० व्यय] डाक का खर्च। डाक-महसूल।

डाका–संज्ञा पु० [हिं० डाकना = कूदना वा सं० दस्यु] वह आक्रमण जो धन हरण करने के लिये सहसा किया जाता है। माल असबाब जबरदस्ती छीनने के लिये कई आदमियों का दल बाँध कर धावा। बटमारी।

मुहा०—डाका डालना = लूटने के लिये धावा करना। जबरदस्ती माल छीनने के लिये चढ़ दौड़ना। डाका पड़ना = लूट के लिये आक्रमण होना। जैसे, उस गाँव पर आज डाका पड़ा। डाका मारना = जबरदस्ती माल लूटना। बलपूर्वक धन हरण करना।

डाकाज़नी–संज्ञा स्त्री० [हिं० डाका + फ़ा० ज़नी] डाका मारने का काम। बटमारी।

डाकिन–संज्ञा स्त्री० दे० "डाकिनी"।

डाकिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) एक पिशाची या देवी जो काली के गणों में समझी जाती है। (२) डाइन। चुड़ैल।

डाकी–संज्ञा स्त्री० [हिं० डाक] वमन। कै।

संज्ञा पुं० बहुत खानेवाला। पेटू।

वि० सबल। प्रचंड। (डिं०)

डाकू–संज्ञा पुं० [हिं० डाकना, वा सं० दस्यु] (१) डाका डालने-वाला। जबरदस्ती लोगों का माल लूटनेवाला। लुटेरा। बटमार। (२) अधिक खानेवाला। पेटू

डाकेट–संज्ञा पुं० [अं०] किसी बड़ी चिट्ठी या आज्ञापत्र आदि का सारांश। चिट्ठी का खुलासा।

डाकोर–संज्ञा पुं० [स० ठक्कुर, हिं० ठाकुर] ठाकुर। विष्णुभगवान्। (गुजरात)

डाक्टर–संज्ञा पुं० [अं०] (१) आचार्य। अध्यापक। विद्वान्। (२) वैद्य। चिकित्सक। हकीम।

डाक्टरी–संज्ञा स्त्री० [अ० डक्टर + ई (प्रत्य०)] (१) चिकित्सा-शास्त्र। (२) योरप का चिकित्साशास्त्र। पारश्चात्य आयुर्वेद।

डाक्टर–संज्ञा पुं० दे० "डाक्टर"।

डाख†–संज्ञा पुं० [हिं० डाक] ढाक। पलाश। उ०—तरवर झरहिं झरहिं बन डाखा। भई उपत फूज कर साखा।—जायसी।

डाखिनी†*–संज्ञा पुं० [?] भूखा सिंह। (डिं०)

डागरि–संज्ञा स्त्री० दे० "डगर"।

डागा–संज्ञा पुं० [सं० दडक] नगारा बजाने का डंडा। चोब। उ०—हौं पंडितन केर पछलागा। रुखु कहि चला तबल दै डागा।—जायसी।

डागुर–संज्ञा पुं० [देश०] जाटों की एक जाति। उ०—डागुर पछाँदरे धरि मरोर। बहु जट्ठ ठट्ठ बहे सजोर।—सूदन।

डाट–संज्ञा स्त्री० [स० दान्ति] (१) वह वस्तु जो किसी बोझ को ठहराए रखने या किसी वस्तु को खड़ी रखने के लिये लगाई जाती है। टेक। चाँड़।

क्रि० प्र०—लगाना।

(२) वह कील या खूँटा जिसे ठोंक कर कोई छेद बंद किया जाय। छेद रोकने या बंद करने की वस्तु।

क्रि० प्र०—लगाना।

(३) बोतल शीशी आदि का मुँह बंद करने की वस्तु। ठेंठी। काग। गट्टा।

क्रि० प्र०—कसना।—लगाना।

(४) मेहराब को रोके रखने के लिये ईंटों आदि की भरती। खदाव की रोक। खदाव का ढोला।

संज्ञा पुं० दे० "डाँट"।

डाटना–क्रि० स० [हिं० डाट] (१) किसी वस्तु को किसी वस्तु पर रख कर जोर से ढकेलना। एक वस्तु को दूसरी वस्तु पर कस कर दबाना। भिड़ा कर ठेलना। जैसे, (क) इसे इस डंडे से डाटो तब पीछे खिसकेगा। (ख) इस डंडे को डाटे रहो तब पत्थर इधर न लुढ़केगा।

संयो० क्रि०—देना।

(२) किसी खंभे डंडे आदि को किसी बोझ या भारी वस्तु

को ठहराए रखने के लिये उससे भिड़ा कर लगाना। टेकना। चाँड़ लगाना (३) छेद या मुँह बंद करना। मुँह कसना। मुँह बंद करना। ठेंठो लगाना। (४) कस कर भरना। ठूस कर भरना। कस कर घुसेड़ना। (५) खूब पेट भर खाना। कस कर खाना। उ०—अगनित तरु फल सुगध मधुर मिष्ट खाटे। मनसा करि प्रभुहि अर्पि भोजन को डाटे।—सूर। (६) ठाट से कपड़ा गहना आदि पहनना। जैसे, कोट डाटना, अँगरखा डाटना। (७) डटाना। भिड़ाना। मिलाना। उ०—रंच न साध सुधै सुख की बिन राधिकै आधिक लोचन डाटे।—केशव।

डाढ़ना—क्रि० अ० दे० "ढाढ़ना" "धाढ़ना"।
क्रि० स० दे० "ढाढ़ना"।

डाढ़—संज्ञा स्त्री० [सं० दंष्ट्रा, प्रा० डड्ढ] (१) चबाने के चौड़े दाँत। चौभड़। दाढ़। (२) बट आदि वृक्षों की शाखाओं से नीचे की ओर लटकी हुई जटाएँ। बरोह।

डाढ़वा*—क्रि० स० [सं० दग्ध, प्रा० डड्ढ + ना (प्रत्य०)] जलाना। भस्म करना। उ०—तुलसिदास जगदघ जवास ज्यों अनघ आगि लागे डाढ़न।—तुलसी।

डाढ़ा—संज्ञा स्त्री० [स० दग्ध, प्रा० डड्ढ] (१) दावानल। वन की आग। (२) आग। उ०—रामकृपा कपि दल बल बाढ़ा। जिमि तृन पाइ लागि अति डाढ़ा।—तुलसी।
क्रि० प्र०—लगना।
(३) ताप। दाह। जलन।
क्रि० प्र०—फूँकना।

डाढ़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० डाढ़] (१) चेहरे पर ओठ के नीचे का गोल उभरा हुआ भाग। ठोढ़ी। ठुड्डी। चिबुक। (२) ठुड्डी और कनपटी पर के बाल। चिबुक और गडस्थल पर के लोम। दाढ़ी। उ०—डाढ़ी के रखैयन की डाढ़ी सी रहति छाती बाढ़ी मरजाद जस हद्द हिदुवाने की।—भूषण।
मुहा०—डाढ़ी छोड़ना = डाढ़ी न मुँड़वाना। डाढ़ी बढ़ाना। डाढ़ी का एक एक बाल करना = डाढ़ी उखाड़ लेना। अपमानित करना। दुर्दशा करना। डाढ़ी को कलंक लगाना = बूढ़े आदमी को कलंक लगाना। श्रेष्ठ और वृद्ध को दोष लगाना। पेट में डाढ़ी होना = छोटी ही अवस्था में बड़ों की सी जानकारी प्रकट करना या बातें करना। पेशाब से डाढ़ी मुँड़वाना = अत्यंत अपमान करना। अप्रतिष्ठा करना। दुर्गति करना। डाढ़ी फटकारना = (१) हाथ से डाढ़ी के बालों को झटकना। (२) संतोष और उत्साह प्रकट करना। डाढ़ी रखना = डाढ़ी के बाल न मुँड़वाना। डाढ़ी बढ़ने देना।

डाब—संज्ञा स्त्री० [स० दर्भ] (१) डाभ नाम की घास। (२) कच्चा नारियल। (३) परतला।

डाबक—वि० दे० "डाभक"।

डाबर—संज्ञा पुं० [सं० दभ्र = समुद्र या झील] (१) नीची जमीन। गहिरी भूमि जहाँ पानी ठहरा रहे। (२) गड्ढा। पोखरी। तलैया। गड्ढा जिसमें बरसाती पानी जमा रहता है। उ०—(क) सुरसर सुभग बनज बनचारी। डाबर जोग कि हंसकुमारी।—तुलसी। (ख) सो मैं बरनि कहौं बिधि केहीं। डाबर कमठ कि मंदर लेहीं।—तुलसी। (३) हाथ धोने का पात्र। चिलमची। (४) मैला पानी।
वि० मटमैला। गदला। कीचड़ मिला। उ०—भूमि परत भा डाबर पानी।—तुलसी।

डाबा—संज्ञा पुं० दे० "डब्बा"। उ०—संघ सहित धूमन के डाबा। अमल अरघ भाजन छबि छाबा।—पद्माकर।

डाभी—संज्ञा स्त्री० [सं० दर्भ] कटी हुई घास वा फसल का पूला।

डाभ—संज्ञा पुं० [सं० दर्भ] (१) कुश की जाति की एक घास जो प्रायः रेह मिली हुई ऊसर जमीन में अधिक होती है। एक प्रकार का कुश। (२) कुश। उ०—अलक डाभ, तिल गाल यों अँसुवन को परवाह। नोंदहिं देत तिलांजली नैना तुम बिनु नाह।—मुबारक। (३) आम का मौर। आम की मंजरी। उ०—जउ लहि आमहि डाभ न होई। तउ लहि सुगँध बसाय न सोई।—जायसी। (४) कच्चा नारियल।

डाभक—वि० [अनु० डभक डभक] कुएँ से तुरंत का निकाला हुआ। ताजा। (पानी)। जैसे, डाभक पानी।

डामचा—संज्ञा पुं० [देश०] खेत में खड़ा किया हुआ वह मचान जिस पर से खेत की रखवाली करते हैं। मैढ़ा। माचा।

डामर—संज्ञा पुं० [स०] (१) शिव कथित माना जानेवाला एक तंत्र जिसके छः भेद किए गए हैं—योगडामर, शिवडामर, दुर्गाडामर, सारस्वतडामर, ब्रह्मडामर, और गंधर्वडामर। (२) हलचल। धूम। (३) आडंबर। ठाटबाट। (४) चमत्कार। (५) दुर्ग के शुभाशुभ जानने के लिये बनाए जानेवाले चक्रों में से एक। (६) ४९ क्षेत्रपाल भैरवों में से एक।
संज्ञा पुं० [देश०] (१) साल वृक्ष का गोंद। राल। (२) एक प्रकार का गोंद या कहरुवा जो दक्षिण में पश्चिमी घाट के पहाड़ों पर होनेवाले एक पेड़ से निकलता है और सफेद डामर कहलाता है। दे० "कहरुवा"। (३) कहरुवा की तरह का एक प्रकार का लसीला राल या गोंद जो छोटी मधु मक्खियों के छत्ते से निकलता है। (४) वह छोटी मधुमक्खी जो इस प्रकार का राल बनाती है।

डामल—संज्ञा स्त्री० [अ० दायमुल्हब्स] (१) जनमकैद। उम्र भर के लिये कैद। (२) 'देशनिकाला' का दंड।
विशेष—भारतवर्ष में अँगरेजी सरकार भारी भारी अपराधियों को अंडमन टापू में भेजा करती है। उसी को डामल कहते हैं।

डामाडोल–वि० दे० 'डावाँडोल'

डामिल†–संज्ञा पुं० दे० "डामल"।

डायँ डायँ–क्रि० वि० [अनु०] व्यर्थ इधर से उधर (घूमना)। व्यर्थ धूल छानते हुए। जैसे, वह यों ही दिन भर डायँ डायँ फिरा करता है।

डायन–संज्ञा स्त्री० [सं० डाकिनी] (१) डाकिनी। पिशाचिनी। चुड़ैल। भूतिन। (२) कुरूपा स्त्री।

डायनामो–संज्ञा पुं० [अं०] एक प्रकार का छोटा एंजिन जिससे बिजली पैदा की जाती है।

डायरी–संज्ञा स्त्री० [अं०] वह पुस्तक जिसमें दिन भर के किए हुए कार्य संक्षेपतः लिखे जाय। दिनचर्य्या। रोजनामचा।

डायल–संज्ञा पुं० [अं०] घड़ी के सामने का वह गोल भाग जिस के ऊपर अंक बने होते हैं और सूइयाँ घूमती हैं। घड़ी का चेहरा।

डायस–संज्ञा पुं० [अं०] वह ऊँचा स्थान वा चबूतरा जिस पर किसी सभा के सभापति का आसन रक्खा जाता है।

डायमंड-कट–संज्ञा पुं० [अं०] गहनों की धातु को इस प्रकार छीलना जिसमें हीरे की सी चमक पैदा हो जाय। हीरे की सी काट। डामल काट।

डार†–संज्ञा स्त्री० [सं० दारु = लकड़ी] (१) डाल। शाखा। उ०—(क) रत्नजटित कंकन बाजूबंद गगन मुद्रिका सोहै। डार डार मनु मदन विटप तरु विकच देखि मन मोहै।—सूर। (ख) जिन दिन देखे वे कुसुम गई सु बीत बहार। अब अलि रही गुलाब में अपत कटीली डार।—बिहारी। (२) फानूस जलाने के लिये दीवार में लगाने की एक तरह की खूँटी। संज्ञा स्त्री० [सं० डलक] डलिया। चंगेर। डाली उ०—चली पाउन सब गोहनै फूल डार लेइ हाथ। बिस्नुनाथ कइ पूजा पदुमावति के साथ।—जायसी।

डारना† *–क्रि० स० दे० "डालना"।

डारियास–संज्ञा पुं० [देश०] बाबून बंदर की एक जाति।

डारी†–संज्ञा स्त्री० दे० "डार" "डाल"।

डाल–संज्ञा स्त्री० [सं० दारु = लकड़ी, हिं० डार] (१) पेड़ के धड़ से इधर उधर निकली हुई वह लंबी लकड़ी जिसमें पत्तियाँ और कल्ले होते हैं। शाखा। शाख।

मुहा०—डाल का टूटा = (१) डाल से पक कर गिरा हुआ ताजा (फल)। (२) बढ़िया। अनोखा। चोखा। जैसे, तुम्हीं एक डाल के टूटे हो जो सब कुछ तुम्हीं को दिया जाय। (३) नया आया हुआ। नवागंतुक। डाल का पका = पेड़ ही में पका हुआ। डालवाला = बंदर। शाखामृग।

(२) फानूस जलाने के लिये दीवार में लगी हुई एक प्रकार की खूँटी। (३) तलवार का फल। तलवार के मूठ के ऊपर का मुख्य भाग। (४) एक प्रकार का गहना जो मध्य भारत और मारवाड़ में पहना जाता है।

संज्ञा स्त्री० [सं० डलक, हिं० डला] (१) डलिया। चँगेरी। (२) फूल फल या खाने पीने की वस्तु जो डलिया में सजा कर किसी के यहाँ भेजी जाय। (३) कपड़ा और गहना जो एक डलिया में रख कर विवाह के समय वर की ओर से वधू को दिया जाता है।

डालना–क्रि० स० [सं० तलन = (नीचे) रखना] (१) पकड़ी या ठहरी हुई वस्तु को इस प्रकार छोड़ देना कि वह नीचे गिर पड़े। नीचे गिराना। छोड़ना। फेंकना। गेरना। जैसे, ऐसी चीज क्यों हाथ में लिए हो? उधर डाल दो।

संयो० क्रि०—देना।

मुहा०—डाल रखना = (१) किसी वस्तु को रख छोड़ना। (२) किसी काम को लेकर उसमें हाथ न लगाना। रोक रखना। देर लगाना। झुलाना।

(२) एक वस्तु को दूसरी वस्तु पर कुछ दूर से गिराना। छोड़ना। जैसे, हाथ पर पानी डालना, थूक पर राख डालना।

संयो० क्रि०—देना।

(३) किसी वस्तु को दूसरी वस्तु में रखने, ठहराने या मिलाने के लिये उसमें गिराना। किसी वस्तु को दूसरी वस्तु में इस प्रकार छोड़ना जिसमें वह उसमें ठहर या मिल जाय। स्थित या मिश्रित करना। रखना या मिलाना। जैसे, घड़े में पानी डालना, दूध में चीनी डालना, दाल में घी डालना, चूर्ण में नमक डालना।

संयो० क्रि०—देना।

(४) घुसाना। घुसेड़ना। प्रविष्ट करना। भीतर कर देना या ले जाना। जैसे, पानी में हाथ डालना, कुएँ में डोल डालना, जेलखाने में डालना, हजारबंद डालना, सुई में डोरा डालना, बिल या मुँह में हाथ डालना।

संयो० क्रि०—देना।

(५) परित्याग करना। छोड़ना। खोज खबर न लेना। भुला देना। उ०—केहि अघ औगुन आपनो करि डारि दिया रे।—तुलसी। (६) अंकित करना। लगाना। चिह्नित करना। जैसे, लकीर डालना, चिह्न डालना।

संयो० क्रि०—देना।

(७) एक वस्तु के ऊपर दूसरी वस्तु इस प्रकार फैलाना जिस में वह कुछ ढक जाय। फैला कर रखना। जैसे, मुँह पर चादर डालना, मेज़ पर कपड़ा डालना, सूखने के लिये गीली धोती डालना।

संयो० क्रि०—लेना।

(८) शरीर पर धारण करना। पहनना। जैसे, अँगरखा डालना।

संयो० क्रि०—लेना ।

(९) किसी के मत्थे छोड़ना । जिम्मे करना । भार देना । जैसे, (क) तुम सब काम मेरे ही ऊपर डाल देते हो । (ख) उसका सारा खर्च मेरे ऊपर डाल दिया गया है ।

संयो० क्रि०—देना ।

(१०) गर्भपात करना । पेट गिराना । (चौपायों के लिये) ।

संयो० क्रि०—देना ।

(११) कै करना । उलटी करना । वमन द्वारा निकाल देना ।

संयो० क्रि०—देना ।

(१२) (स्त्री को) रख लेना । पत्नी की तरह रखना ।

संयो० क्रि०—लेना ।

(१३) लगाना । उपयोग करना । जैसे, किसी व्यापार में रुपया डालना ।

विशेष—इस क्रिया का प्रयोग संयो० क्रि० के रूप में भी समाप्ति की ध्वनि व्यंजित करने के लिये सकर्मक क्रियाओं के साथ होता है, जैसे, मार डालना, कर डालना, काट डालना, जला डालना, दे डालना ।

डालफिन—संज्ञा स्त्री० [अं०] ह्वेल मछली का एक भेद ।

डालर—संज्ञा पुं० [अ०] अमेरिका का एक सिक्का । यह १०० सेंट या टके का होता है जो यहाँ के रुपये से तीन रुपये दो आने के बराबर हुआ ।

डाला†—संज्ञा पुं० दे० "डला" ।

डाली—संज्ञा स्त्री० [हिं० डला] (१) डलिया । चंगेरी । (२) फल फूल मेवे तथा और खाने पीने की वस्तुएँ जो डलिया में सजा कर किसी के पास सम्मानार्थ भेजी जाती हैं । जैसे, बड़े दिन में साहब लोगों के पास बहुत सी डालियाँ आती हैं ।

क्रि० प्र०—भेजना ।

मुहा०—डाली लगाना = डलिया में मेवे आदि सजा कर भेजना ।

संज्ञा स्त्री० दे० "डाल" ।

डावड़ा—संज्ञा पुं० [देश०] पिठवन ।

संज्ञा पुं० दे० "डावरा" ।

डावड़ो†*—संज्ञा स्त्री० दे० "डावरी" ।

डावरा—संज्ञा पु० [स० डिंब ?] [स्त्री० डावरी] लड़का । बेटा । उ०—दशरथ को डावरो सांवरो ब्याहे जनक कुमारी ।—रघुराज ।

डावरी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० डावरा] लड़की । बेटी । कन्या । उ०—(क) ठाढ़े भए रघुवंशमणि तिमि जनक भूपति डावरी ।—रघुराज । (ख) जिन पानि गह्यो हुतो मेरो तबै सब गाय उठीं ब्रज डावरियाँ ।—सुंदरीसर्वस्व ।

डास—संज्ञा पुं० [देश०] चमारों का एक औजार जिससे चमड़े के भीतर का रुख साफ करते हैं ।

डासन—संज्ञा पुं० [स० दर्भ, हिं० डाभ + आसन] बिछाने की चटाई, वस्त्र आदि । बिछावन । बिछौना । बिस्तर । उ०—लोभइ ओढ़न लोभइ डासन । सिस्नोदर-पर जमपुर-त्रासन । —तुलसी ।

डासना—क्रि० स० [हिं० डासन] बिछाना । डालना । फैलाना । उ०—(क) निज कर डासि नागरिपु छाला । बैठे सहजहि संभु कृपाला ।—तुलसी । (ख) डासत ही गइ बीति निसा सब कबहुँ न नाथ नींद भरि सोयो ।—तुलसी ।

* † क्रि० स० [हिं० डसना] डसना । काटना । उ०—डासी वा विसासी विष मेषु विषधर उठै आठहू पहर विषै विष की लहर सी ।—देव ।

डासनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० डासन] खाट । पलंग । चारपाई ।

डाह—संज्ञा स्त्री [सं० दाह] जलन । ईर्ष्या । द्वेष । द्रोह ।

क्रि० प्र०—करना ।—रखना ।

डाहना—क्रि० स० [सं० दाहन] जलाना । सताना । दिक करना । तंग करना । उ०—काहे को मोहि डाहन आए रैनि देत सुख वाको ?—सूर ।

डाहुक—संज्ञा पुं० [देश०] एक पक्षी जो टिटिहरी के आकार का होता है और जलाशयों के निकट रहता है ।

डिंगर—संज्ञा पुं० [सं०] (१) मोटा आदमी । मोटासा । (२) दुष्ट । बदमाश । ठग । (३) दास । गुलाम । नीच मनुष्य ।

संज्ञा पुं० [देश०] वह काठ जो नटखट चौपायों के गले में बाँध दिया जाता है । ठिंगुरा । उ०—कबिरा माला काठ की पहिरी मुगद डुलाय । सुमिरन की सुध है नहीं ज्यों डिंगर बाँधी गाय ।—कबीर ।

डिंगल—वि० [सं० डिंगर] नीच । दूषित ।

संज्ञा स्त्री० राजपुताने की वह भाषा जिसमें भाट और चारण काव्य और वंशावली आदि लिखते चले आते हैं ।

डिँगसा—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का चीड़ जिसके पेड़ खासिया पर्वत तथा चटगाँव और बरमा की पहाड़ियों में बहुत होते हैं । इससे बहुत बढ़िया गोंद या राल निकलती है । तारपीन का तेल भी इससे निकलता है ।

डिँड़स—संज्ञा पुं० [सं० टिंडिश] डिंड या टिंडसी नाम की तरकारी ।

डिड़सी—संज्ञा स्त्री० [सं० टिंडिश] टिंड या टिंडसी नाम की तरकारी ।

डिंडिम—संज्ञा पुं० [सं०] (१) प्राचीन काल का एक बाजा जिस पर चमड़ा मढ़ा होता था । डिमडिमी । डुगडुगिया । (२) करौंदा । कृष्णपाक फल ।

डिंडिमी–संज्ञा स्त्री० दे० "डिंडिम"।

डिंडिर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) समुद्रफेन। (२) पानी का झाग।

डिंडिरमोदक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) गृंजन। गाजर। (२) लहसुन।

डिंडिश–संज्ञा पुं० [सं०] टिंड या टिंडसी नाम की तरकारी। डेंड़सी।

डिंब–संज्ञा पुं० [सं०] (१) हलचल। पुकार। वावैला। भयध्वनि। (२) दंगा। लड़ाई। (३) अंडा। (४) फेफड़ा। फुप्फुस। (५) प्लीहा। पिलही। (६) कीड़े का छोटा बच्चा।

डिंबाहव–संज्ञा पुं० [सं०] सामान्य युद्ध। ऐसी लड़ाई जिसमें राजा आदि सम्मिलित न हों।

डिंबिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) मदमाती स्त्री। (२) सोनापाठा। श्योनाक।

डिंभ–संज्ञा पु० [सं०] (१) बच्चा। छोटा बच्चा। उ०—अंब तू, हौं डिंभ, सो न बूझिए बिलंब अब अवलंब नाहीं आन राखन हों तेरिये।—तुलसी। (२) मूर्ख वा जड़ मनुष्य।

† संज्ञा पुं० [सं० दम्भ] (१) आडंबर। पाखंड। (२) अभिमान। घमंड।

डिंभक–संज्ञा पुं० [सं०] बच्चा। छोटा बच्चा।

डिंभिया–वि० [सं० दंभ, हिं० डिंभ] (१) आडंबर रचनेवाला। पाखंडी। (२) अभिमानी। घमंडी।

डिकामाली–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक पेड़ जो मध्य भारत तथा दक्षिण में होता है। इसमें से एक प्रकार की गोंद या राल निकलती है जो हींग की तरह मृगी रोग में दी जाती है। इसके लगाने से घाव जल्दी सूखता है और उस पर मक्खियां नहीं बैठतीं।

डिक्की–संज्ञा स्त्री० [हिं० धक्का] (१) सींगों का धक्का (जैसा मेढे देते हैं)। (२) झपट। वार। आक्रमण।

डिक्टेशन–संज्ञा पुं० [अं०] वह वाक्य जो लिखने के लिये बोला जाय। इमला।

डिक्री–संज्ञा स्त्री० [अं०] (१) आज्ञा। हुक्म। फरमान। (२) न्यायालय की वह आज्ञा जिसके द्वारा लड़नेवाले पक्षों में से किसी पक्ष को किसी संपत्ति का अधिकार दिया जाय।

विशेष—दे० "डिगरी"।

डिक्शनरी–संज्ञा स्त्री० [अ०] शब्दकोश।

डिगना–क्रि० अ० [सं० टिक = हिलना डोलना] (१) हिलना। टलना। खसकना। हटना। सरकना। जगह छोड़ना। जैसे, उस भारी पत्थर को कई आदमी उठाने गए पर वह जरा भी न डिगा।

संयो० क्रि०—जाना।

(२) किसी बात पर स्थिर न रहना। प्रतिज्ञा छोड़ना। संकल्प वा सिद्धांत पर दृढ़ न रहना। बात पर जमा न रहना। विचलित होना।

संयो० क्रि०—जाना।

डिगरी–संज्ञा स्त्री० [अं०] (१) विश्वविद्यालय की परीक्षा में उत्तीर्ण होने की पदवी।

क्रि० प्र०—मिलना।—लेना।

(२) अंश। कला। समकोण का $\frac{1}{90}$ भाग।

संज्ञा स्त्री० [अं० डिक्री] अदालत का वह फैसला जिसके जरिये से किसी फरीक को कोई हक मिलता है। न्यायालय की वह आज्ञा जिसके द्वारा लड़नेवाले पक्षों में से किसी को कोई स्वत्व या अधिकार प्राप्त होता है। जैसे, उस मुकदमे में उसकी डिगरी होगई।

यौ०—डिगरीदार।

मुहा०—डिगरी जारी कराना = फैसले के मुताबिक किसी जायदाद पर कब्जा वगैरह करने की कार्रवाई कराना। न्यायालय के निर्णय के अनुसार किसी संपत्ति पर अधिकार करने का उपाय कराना। डिगरी देना = अभियोग में किसी के पक्ष में निर्णय करना। फैसले के जरिए से हक कायम करना। डिगरी पाना = अपने पक्ष में न्यायालय की आज्ञा प्राप्त करना। ज़र डिगरी = वह रुपया जो अदालत एक फरीक से दूसरे फरीक को दिलावे।

डिगरीदार–संज्ञा पुं० [अं० डिक्री + फा० दार] वह जिसके पक्ष में अदालत की डिगरी हुई हो।

डिगवा–संज्ञा पुं० [देश०] एक चिड़िया का नाम।

डिगाना–क्रि० स० [हिं० डिगना] (१) हटाना। खसकाना। जगह से टालना। सरकाना। हिलाना।

संयो० क्रि०—देना।

(२) बात पर जमा न रहना। किसी संकल्प या सिद्धांत पर स्थिर न रखना। विचलित करना।

संयो० क्रि०—देना।

डिग्गी–संज्ञा स्त्री० [सं० दीर्घिका, बँग० दीघी = बावली या तालाब] तालाब। पोखरा। बावली, जैसे, लालडिग्गी।

† संज्ञा स्त्री० [देश०] हिम्मत। साहस। जिगरा।

डिटेक्टिव–संज्ञा पुं० [अं०] जासूस। मुखबिर। गुप्तचर। भेदिया।

यौ०—डिटेक्टिव पुलिस = वह पुलिस जो छिप कर मामलों का पता लगावे। खुफिया पुलिस।

डिठार†–वि० [हिं० डीठ = नज़र] आँखवाला। देखनेवाला। जिसे सुझाई दे।

डिठियारा†–वि० [हिं० डीठि + आरा (प्रत्य०)] [स्त्री० डिठियारी] दृष्टिवाला। देखनेवाला। आँखवाला। जिसकी आँख से सूझे।

उ०—तुलसी स्वारथ सामुहो परमारथ तन पीठि। अंध कहे दुख पाइहै डिठियारो केहि डीठि।—तुलसी।

डिठोहरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० डीठि + हरना] एक जंगली पेड़ के फल का बीज जिसे तागे में पिरो कर बच्चों के गले में उन्हें नजर से बचाने के लिये पहनाते हैं।

विशेष—दे० "बजरबट्टू" या "नजरबट्टू"।

डिठौना—संज्ञा पुं० [हिं० डीठ] काजल का टीका जिसे लड़कों के मस्तक पर नजर से बचाने को स्त्रियाँ लगा देती हैं। उ०—(क) पहिरायो पुनि बसन रँगीला। दीन्हों भाल डिठौना नीला।—रघुराज। (ख) सखि कंजन को परम सलोना भाल डिठौना देहीं। मनु पंकज कोना पर बैठो अलि छौना मधु लेहीं।—रघुराज।

डिडका—संज्ञा स्त्री० [सं०] मुर्हासा।

डिड़ई—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का धान जो अगहन में तैयार होता है।

डिड़वा—संज्ञा पुं० [देश०] डिड़ई नाम का धान जो अगहन में तैयार होता है।

डिढ़†—वि० [सं० दृढ़] पक्का। मजबूत।

डिढ़ाना†*—क्रि० स० [हिं० डिढ] (१) पक्का करना। मजबूत करना। (२) ठानना। निश्चित करना। मन में दृढ़ विचार करना।

डिल्या†—संज्ञा स्त्री० [देश०] अत्यंत लालच। लालसा। कामना। तृष्णा। उ०—संग्रह करने की लालसा प्रबल हुई तो जोरी सै, चोरी सै, छल सै खुशामद सै कमाने की डिल्या पड़ेगी और खाने खर्चने के नाम सै जान निकल जायगी।—श्रीनिवासदास।

डिल्थ—संज्ञा पुं० [सं०] (१) काठ का बना हाथी। (२) विशेष लक्षणोंवाला पुरुष।

विशेष—साँवले, सुंदर, युवा और सर्वशास्त्रवेत्ता विद्वान् पुरुष को डिल्थ कहते हैं।

डिपटी—संज्ञा पुं० [अं० डिपुटी] नायब। सहायक। सहकारी। जैसे, डिपटी कलक्टर, डिपटी पोस्टमास्टर, डिपटी इंसपेक्टर।

डिपाजिट—संज्ञा पुं० [अं०] धरोहर। अमानत। तहवील।

डिपार्टमेंट—संज्ञा पुं० [अं०] मुहकमा। सरिश्ता। विभाग।

डिपो—संज्ञा स्त्री० [अं०] गुदाम। अमानतखाना। जखीरा। भांडार। जैसे, बुक डिपो।

डिप्लोमा—संज्ञा पुं० [अं०] विद्यासंबंधिनी योग्यता का प्रमाणपत्र। सनद।

डिबिया—संज्ञा स्त्री० [हिं० डिब्बा] वह छोटा ढक्कनदार बरतन जिसके ऊपर ढक्कन अच्छी तरह जम कर बैठ जाय और जिसमें रखी हुई चीज हिलाने डुलाने से न गिरे। छोटा डिब्बा। छोटा संपुट। जैसे, सुरती की डिबिया।

डिबिया टँगड़ी—संज्ञा स्त्री० कुश्ती का एक पेच जो उस समय किया जाता है जब जोड़ (विपक्षी) कमर पर होता है और उसका दहना हाथ कमर में लिपटा होता है। इसमें विपक्षी को दहने हाथ से जोड़ का बायाँ हाथ कमर के पास से दहने जाँघ तक खींचते हुए और बाएँ हाथ से लँगोट पकड़ते हुए बाएँ पैर से भीतरी टाँग मार कर गिराते हैं।

डिबेंचर—संज्ञा पुं० [अं०] (१) वह कागज या दस्तावेज जिसमें कोई अफसर किसी कंपनी या म्युनिसिपैलिटी आदि के लिए हुए ऋण को स्वीकार करता है। ऋण स्वीकार पत्र। (२) माल की रफ्तनी के महसूल का रवन्ना। परमट का वसीका। बहती।

डिब्बा—संज्ञा पुं० [तैलंग वा सं० डिंब = गोला] (१) वह छोटा ढक्कनदार बरतन जिसके ऊपर ढक्कन अच्छी तरह जम कर बैठ जाय और जिसमें रखी हुई चीज़ हिलाने डुलाने से न गिरे। संपुट। (२) रेलगाड़ी की एक गाड़ी। (३) पसली के दर्द की बीमारी जो प्रायः बच्चों को हुआ करती है। पलई चलने की बीमारी।

डिभगना*—क्रि० स० [देश०] मोहित करना। मोहना। छलना। डहकना। उ०—दुरजोधन अभिमानहिं गयऊ। पंडव केर मरम नहिं भयऊ। माया के डिभगे सब राजा। उत्तम मध्यम बाजन बाजा।—कबीर।

डिम—संज्ञा पु० [सं०] नाटक वा दृश्य काव्य का एक भेद जिसमें माया इंद्रजाल, लड़ाई और क्रोध आदि का समावेश विशेष रूप से होता है। यह रौद्र-रस-प्रधान होता है और इसमें चार अंक होते हैं। इसके नायक देवता गंधर्व यक्ष आदि होते हैं। भूतों और पिशाचों की लीला इसमें दिखाई जाती है। इसमें शांत, शृंगार और हास्य ये तीनों रस न आने चाहिएँ।

डिमडिमी—संज्ञा स्त्री० [सं० डिंडिम] चमड़ा मढ़ा हुआ एक बाजा जो लकड़ी से बजाया जाता है। डुगडुगिया। डुग्गी। उ०—डिमडिमी पटह ढोल डफ बीणा मृदंग उपंग चँगतार।—सूर।

डिमरेज—संज्ञा पुं० [अं०] (१) बंदरगाह में जहाज के ज्यादा ठहरने का हर्जा। (२) स्टेशन पर आए हुए माल के अधिक दिन पड़े रहने का हर्जा जो पानेवाले को देना पड़ता है।

क्रि० प्र०—लगना।

डिमाई—संज्ञा स्त्री० [अं०] कागज वा छापने की कल की एक नाप जो १८ × १२ इंच होती है।

डिला—संज्ञा० पुं० [देश०] एक प्रकार की घास जो गीली भूमि में उत्पन्न होती है। मोथा।

संज्ञा पुं० [सं० दल] ऊन का लच्छा ।

डिलिवरी–संज्ञा स्त्री० [अ०] डाकखानों में आई हुई चिट्ठियों, पारसलों मनीआर्डरों की बँटाई जो नियत समय पर होती है ।

डिल्ला–संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में १६ मात्राएँ और अंत में भगण होता है । उ०—राम नाम निसि बासर गावहु । जन्म लेन कर फल जग पावहु ॥ सीख हमारी जो हिय लावहु । जन्म मरण के फंद नसावहु । (२) एक वर्णवृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में दो सगण (।।ऽ) होते हैं । इसके अन्य नाम तिलका, निल्ला और तिल्लाना भी हैं । उ०—सखि बाल खरो । शिव भाल धरो ॥ अमरा हरषे । तिलका निरखे ।

संज्ञा पुं० [हिं० टीला] बैलों के कंधे पर उठा हुआ कूबड़ । कुब्बा । ककुत्थ ।

डिस्ट्रिब्यूट करना–क्रि० स० [अं०] छापेखाने में कंपोज किए हुए टाइपों (अक्षरों) को केसों (खानों) में अपने अपने स्थान पर रखना ।

डिसमिस–वि० [अ०] (१) बरखास्त । (२) खारिज । जैसे, अपील डिसमिस करना ।

डिहरी–संज्ञा स्त्री० [देश०] ६००० गाँठों का एक मान जिसके अनुसार कालीनों (गलीचों) का दाम लगाया जाता है ।

संज्ञा स्त्री० [स० दीर्घ, हिं० दीह, डीह] कच्ची मिट्टी का ऊँचा बरतन जिसमें अनाज भरा जाता है ।

डींग–संज्ञा स्त्री० [सं० डींड = उड़ान] लंबी चौड़ी बात । खूब बढ़ बढ़ कर कही हुई बात । अपनी बड़ाई की झूठी बात । अभिमान की बात । शेखी । सिट्ट ।

क्रि० प्र०—उड़ाना ।—मारना ।—हाँकना ।

मुहा०—डींग की लेना = शेखी बघारना ।

डीक–संज्ञा स्त्री० [देश०] झिल्ली या फाँफी जो आँख पर पड़ जाती है । जाला । मोतियाबिंद ।

डोकरी†*–संज्ञा स्त्री० [सं० डिंडक] बेटी । कन्या । (डिं०)

डीठ–संज्ञा स्त्री० [सं० दृष्टि०, प्रा० दिट्ठि, डिट्ठि] (१) दृष्टि । नजर । निगाह ।

क्रि० प्र०—डालना ।—पसारना ।

मुहा०—डीठ चुराना = नजर छिपाना । सामने न ताकना । डीठ छिपाना = दे० "डीठ चुराना" । डीठ जोड़ना । = चार आँख करना । सामने ताकना । डीठ बाँधना = नजरबंद करना । ऐसी माया या जादू करना जिसमें सामने की वस्तु ठीक ठीक न सूझे । डीठ मारना = नजर डालना । चितवन से चित्त मोहित करना । डीठ रखना = नजर रखना । देख रेख रखना । निरीक्षण रखना । डीठ लगाना = नजर लगाना । किसी अच्छी वस्तु पर अपनी दृष्टि का बुरा प्रभाव डालना ।

यौ०—डीठबंध ।

(२) देखने की शक्ति । (३) ज्ञान । सूझ । उ०—दई पीठि बिनु डीठि हैं, तू विश्व-विलोचन ।—तुलसी ।

डीठना†*–क्रि० अ० [हिं० डीठ + ना (प्रत्य०)] दिखाई देना । दृष्टि में आना ।

डीठबंध–संज्ञा पुं० [सं० दृष्टिबंध] (१) ऐसी माया या जादू जिससे सामने की वस्तु ठीक ठीक न सुझाई दे । नजरबंदी । इंद्रजाल । (२) कुछ का कुछ कर दिखानेवाला । इंद्रजाल करनेवाला । जादूगर ।

डीठि†–संज्ञा स्त्री० दे० "डीठ" ।

डीठिमूठि†*–संज्ञा स्त्री० [हिं० डीठि + मूठ] नजर । टोना । जादू । उ०—रोवनि धोवनि अनखनि अनरनि डिठिमूठि निठुर नसाहैं ।—तुलसी ।

डीन–संज्ञा स्त्री० [स०] उड़ान । पक्षियों की गति ।

विशेष—ऊपर नीचे आदि इसके २६ भेद किए गए हैं ।

डीबुआ†–संज्ञा पुं० [देश०] पैसा । उ०—बबुआ न आवा मोर भैयन न पावा याक तुपक को न लावा गाँठि डीबुआ न यावा है ।—सूदन ।

डीमडाम–संज्ञा पुं० [सं० डिंब = धूम धाम] (१) ठाट । ऐंठ । तपाक । ठसक । अहंकार । उ०—पाग पेंच खैंच दें लपेट फट फेंट बाँध एंडे एंडे आव पैनै टूटे डीमडाम के ।—हृदयराम । (२) धूम धाम । ठाठ बाट । आडंबर । उ०—दुंदुभी बजाई ढोल ताल करनाई बड़ो ऊधम मचाइ छल कीने डीमडाम को ।—हृदयराम ।

डील–संज्ञा पुं० [हिं० टीला] (१) प्राणियों के शरीर की उँचाई । शरीर का विस्तार । कद । उठान । जैसे, वह छोटे डील का आदमी है ।

यौ०—डील डौल = (१) देह की लंबाई चौड़ाई । शरीर-विस्तार । (२) शरीर का ढाँचा । आकार । आकृति । काठी । (२) शरीर । जिस्म । देह । जैसे, (क) अपने डील से उसने इतने रुपए पैदा किए । (ख) उनके डील से किसी की बुराई नहीं हो सकती । (३) व्यक्ति । प्राणी । मनुष्य । जैसे, सौ डील के लिये भोजन चाहिए । उ०—जेते डील तेते हाथी, तेतेई खवास साथी, कंचन के कुंडल किरीट पुंज छायो है ।—हृदयराम ।

डीला–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का नरकट जो प्रायः पश्चिमोत्तर भारत में पाया जाता है ।

डीह–संज्ञा पुं० [फ़ा० देह] (१) गाँव । आबादी । बस्ती । (२) उजड़े हुए गाँव का टीला । (३) ग्राम-देवता ।

डीहदारी–संज्ञा स्त्री० [हिं० डीह + फ़ा० दारी] एक तरह का हक जो उन जमींदारों को मिलता है जो अपनी जमीन बेच डालते हैं । खरीदार उनको गाँव का कोई अंश देता है जिससे उन का निर्वाह हो ।

डुंग†–संज्ञा पुं० [सं० तुंग=ऊँचा] (१) ढेर। अटाला। उ०—धर्ती स्वर्ग असूझ भा तबहुँ न आग बुझाय। उठहिं बज्र जरि डुंग वे धूम रहो जग छाय।—जायसी। (२) टीला। भीटा। पहाड़ी।

डुंड†–संज्ञा पुं० [सं० दंड] ठूँठ। पेड़ों की सूखी डाल जिसमें पत्ते आदि न हों। उ०—देव जू अनंग अंग होमि कै भसम संग अंग अंग उमह्यो अखैबर ज्यौं डुंड मैं।—देव।

डुंडु–संज्ञा पुं० दे० "डुंडुभ"।

डुंडुभ–संज्ञा पुं० [सं०] पानी में रहनेवाला साँप जिसमें बहुत कम विष होता है। डेढ़हा साँप। डयोढ़ा साँप।

डुंडुल–संज्ञा पुं० [सं०] छोटा उल्लू।

डुक–संज्ञा पुं० [अनु०] घूँसा। मुक्का।

डुकिया–संज्ञा स्त्री० दे० "डोकिया"।

डुकियाना–क्रि० स० [हिं० डुक] घूँसों से मारना। घूँसा लगाना।

डुगडुगाना–क्रि० स० [अनु०] किसी चमड़ा-मढ़े बाजे को लकड़ी से बजाना।

डुगडुगी–संज्ञा स्त्री० [अनु०] चमड़ा मढ़ा हुआ एक छोटा बाजा। डौंगी। डुग्गी।

क्रि० प्र०—बजाना।

मुहा०—डुगडुगी पीटना – डौंड़ी बजा कर घोषित करना। मुनादी करना। चारो ओर प्रकट करना।

डुग्गी–संज्ञा स्त्री० दे० "डुगडुगी"।

डुड़†–संज्ञा पुं० [सं० दादुर] मेंढक।

डुड़का–संज्ञा पुं० [देश०] धान के पौधों का एक रोग।

डु.डुहा†–संज्ञा पुं० [हिं० डाँड़] खेत में दो नालियों (बिरहों) के बीच की मेंड़।

डुपटना†–क्रि० स० [हिं० दो + पट] चुनना। चुनियाना। उ०—अम्हवाइ तन पहिराइ भूषन बसन सुंदर डुपटि के।—विश्राम।

डुपट्टा†–संज्ञा पुं० "दुपट्टा"।

डुबकी–संज्ञा स्त्री० [हिं० डूबना] (१) पानी में डूबने की क्रिया। डुब्बी। गोता। बुड़की।

क्रि० प्र०—खाना।—देना।—मारना।—लगाना।—लेना।

मुहा०—डुबकी मारना या लगाना = गायब हो जाना। (२) पीठी की बनी हुई बिना तली बरी जो पीठी ही की कढ़ी में डुबा कर रखी जाती है। (३) एक प्रकार का बटेर।

डुबवाना–क्रि० स० [हिं० डुबाना का प्र०] डुबाने का काम कराना।

डुबाना–क्रि० स० [हिं० डूबना] (१) पानी या और किसी द्रव पदार्थ के भीतर डालना। मग्न करना। गोता देना। बोरना। (२) चौपट करना नष्ट करना। सत्यानाश करना। बरबाद करना।

मुहा०—नाम डुबाना = नाम को कलंकित करना। यश को बिगाड़ना। किसी कर्म या त्रुटि के द्वारा प्रतिष्ठा नष्ट करना। मर्यादा खोना। लुटिया डुबाना—महत्त्व खोना। बड़ाई न रखना। प्रतिष्ठा नष्ट करना। वंश डुबाना = वंश की मर्यादा नष्ट करना। कुल की प्रतिष्ठा खोना।

डुबाव–संज्ञा पुं० [हिं० डूबना] पानी की इतनी गहराई जितनी में एक मनुष्य डूब जाय। डूबने भर की गहराई। जैसे, यहाँ हाथी का डुबाव है।

डुबोना†–क्रि० स० दे० "डबोना"।

डुब्बी–संज्ञा स्त्री० दे० "डुबकी"।

डुभकौरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० डूबना, डुबकी + बरी] पीठी की बिना तली बरी जो पीठी ही के झोल में पकाई और डुबा कर रखी जाती है। उ०—चौराई तोराइ तोराई मुरइ मुरब्बा भारी जी। डुबकौरी मुँगछौरी रिकवछ इँड़हर छीर छँछौरी जी।—रघुनाथ।

डुमई–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का चावल जो कछार में होता है।

डुलना*†–क्रि० अ० दे० "डोलना"। उ०—मंद मंद मैगल मतंग छौं चलेई भले भुजन समेत भुजभूषन डुलत जात।—पद्माकर।

डुलाना–क्रि० स० [हिं० डोलना] (१) हिलाना। चलाना। गति में लाना। चलायमान करना। जैसे, पंखा डुलाना। (२) हटाना। भगाना। उ०—कारे भए करि कृष्ण को ध्यान डुलाएँ ते काहू के डोलत ना।—सुंदरीसर्वस्व। (३) चलाना। फिराना। घुमाना। टहलाना।

डुलि–संज्ञा स्त्री० [सं०] कमठी। कछुई। कच्छपी।

डुल्ली–संज्ञा स्त्री० [स०] चिल्ली साग। लालपत्ती का बथुआ।

डूँगर–संज्ञा पुं० [स० तुंग = पहाड़ी] (१) टीला। भीटा। ढूह। उ०—सूरदास प्रभु रसिक शिरोमणि कैसे दुरत दुराय कहौ धौं डुँगरन की ओट सुमेर।—सूर। (२) छोटी पहाड़ी। उ०—छिनही में ब्रज धोइ बहावैं। डूँगर को कहुँ नावँ न पावै।—सूर।

डूँगरफल–संज्ञा पुं० [हिं० डूँगर + फल] बंदाल का फल। देवदाली का फल जो बहुत कड़ुआ होता है और खुदी में घोड़ों को खिलाया जाता है।

डूँगरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० डूँगर] छोटी पहाड़ी।

डूँगा–संज्ञा पुं० [सं० द्रोण] (१) चम्मच। चमचा। (२) एक लकड़ी की नाँव। डोंगा। (लश०)। (३) रस्से का गोल लपेटा हुआ लच्छा। (लश०)

संज्ञा पुं० [देश०] संगीत की २४ शोभाओं में से एक।

डूँज†–संज्ञा स्त्री० [देश०] आँधी। तेज हवा। (डिं०)

डूँड़ा–वि० [सं० त्रुटि, हिं० टूटना] एक सींग का (बैल)। (बैल) जिसका एक सींग टूट गया हो।

डूक–संज्ञा स्त्री० [देश०] पशुओं के फेफड़ों की एक बीमारी।

डूकना†–क्रि० स० [सं० त्रुटि + करण] चूकना। त्रुटि करना।

डूबना–क्रि० अ० [अनु० डुब डुब] (१) पानी या और किसी द्रव पदार्थ के भीतर समाना। एक बारगी पानी के भीतर चला जाना। मग्न होना। गोता खाना। बूड़ना। जैसे, नाव डूबना, आदमी डूबना।

संयो० क्रि०—जाना।

मुहा०—डूब मरना = लज्जा के मारे मर जाना। शरम के मारे मुँह न दिखाना। (इस मुहा० का प्रयोग विधि और आदेश के रूप में ही प्रायः होता है। जैसे, तू डूब मर, तुम डूब क्यों नहीं मरते ?) चुल्लू भर पानी में डूब मरना = दे० "डूब मरना"। डूबते को तिनके का सहारा होना = निराश्रय व्यक्ति के लिये थोड़ा सा आश्रय भी बहुत होना। संकट में पड़े हुए निस्सहाय मनुष्य के लिये थोड़ी सी सहायता भी बहुत होना। डूबा नाम उछालना = (१) फिर से प्रतिष्ठा प्राप्त करना। गई हुई मर्यादा को फिर से स्थापित करना। (२) अप्रसिद्धि से प्रसिद्धि प्राप्त करना। डूबना उतराना = (१) चिंता में मग्न होना। सोच में पड़ जाना। (२) चिंताकुल होना। घबराना। जी डूबना = (१) चित्त बिल्कुल होना। चित्त व्याकुल होना। जी घबराना। (२) बेहोशी होना। मूर्च्छा आना। (पद्माकर ने 'प्राण' शब्द के साथ भी इस मुहा० का प्रयोग किया है, जैसे, ऊबत हौं, डूबत हौं, डोलत हौं बोलत न काहे प्रीति रीतिन रितै चले।.....एरे मेरे प्रान ! कान्ह प्यारे की चलाचल में तब तो चले न, अब चाहत कितै चले।)

(२) सूर्य्य, ग्रह नक्षत्र आदि का अस्त होना। सूर्य्य या किसी तारे का अदृश्य होना। जैसे, सूर्य्य डूबना, शुक्र डूबना।

संयो० क्रि०—जाना।

(३) चौपट होना। सत्यानाश जाना। बरबाद होना। बिगड़ना। नष्ट होना। जैसे, वंश डूबना। उ०—डूबा वंश कबीर का उपजे पूत कमाल।

संयो० क्रि०—जाना।

मुहा०—नाम डूबना = मर्यादा बिगड़ना। प्रतिष्ठा नष्ट होना। कुख्याति होना।

(४) किसी व्यवसाय में लगाया हुआ धन नष्ट होना या किसी को दिया हुआ रुपया न वसूल होना। मारा जाना। जैसे, (क) उसने जितना रुपया इधर उधर कर्ज दिया था सब डूब गया। (ख) जिसने जिसने हिस्सा खरीदा सब का रुपया डूब गया।

संयो० क्रि०—जाना।

(५) बेटी का बुरे घर ब्याहा जाना। कन्या का ऐसे घर पड़ना जहाँ बहुत कष्ट हो।

संयो० क्रि०—जाना।

(६) चिंतन में मग्न होना। विचार में लीन होना। अच्छी तरह ध्यान हटाना। जैसे, डूब कर सोचना। (७) लीन होना। तन्मय होना। लिप्त होना। अच्छी तरह लगना। जैसे, विषय-वासना में डूबना, ध्यान में डूबना।

डूमा–संज्ञा पुं० [रूसी] रूस की पार्लमेंट या राजसभा का नाम।

डेँड़सी–संज्ञा स्त्री० [स० टिंडिश] ककड़ी की तरह की एक तरकारी जिसके फल कुंहड़े की तरह गोल पर छोटे होते हैं।

डेउढ़ा†–वि०, संज्ञा पु० दे० "डेवढ़ा"। "ड्योढ़ा"।

डेउढ़ी†–संज्ञा स्त्री० दे० "ड्योढ़ी"।

डेग–संज्ञा पुं० दे० "देग"।

डेगची–संज्ञा स्त्री० दे० "देगची"।

डेड़हा†–संज्ञा पुं० [सं० डुंडुभ] पानी का साँप जिसमें बहुत कम विष होता है।

डेढ़–वि० [स० अध्यर्द्ध, प्रा० डिपड्ढ] एक और आधा। साढ़ेंक। जो गिनती में १½ हो। जैसे, डेढ़ रुपया, डेढ़ पाव, डेढ़ सेर, डेढ़ बजे।

मुहा०—डेढ़ ईंट की जुदा मसजिद बनाना = खरेपन या अक्खड़पन के कारण सबसे अलग काम करना। मिल कर काम न करना। डेढ़ गाँठ = एक पूरी और उसके ऊपर दूसरी आधी गाँठ। रस्सी तागे आदि की वह गाँठ जिसमें एक पूरी गाँठ लगा कर दूसरी गाँठ इस प्रकार लगाते हैं कि तागे का एक छोर दूसरे छोर की दूसरी ओर बाहर नहीं खींचते, तागे को थोड़ी दूर ले जाकर बीच ही से कस देते हैं। मुद्धी। (इसमें दोनों छोर एक ही ओर रहते हैं और दूसरे छोर को खींचने से गाँठ चट खुल जाती है)। डेढ़ चावल की खिचड़ी पकाना = अपनी राय सब से अलग रखना। बहुमत से भिन्न मत प्रकट करना। डेढ़ चुल्लू = थोड़ा सा। डेढ़ चुल्लू लहू पीना = मार डालना। खूब दंड देना। (क्रोध का वाक्य-स्रि०)

विशेष—जब किसी निर्दिष्ट संख्या के पहले इस शब्द का प्रयोग होता है तब उस संख्या को एकाई मान कर उसके आधे को जोड़ने का अभिप्राय होता है। जैसे, डेढ़ सौ = सौ और उसका आधा पचास—१५०, डेढ़ हजार = हजार और उसका आधा पाँच सौ अर्थात् १५००। पर इस शब्द का प्रयोग दहाई के आगे के स्थानों को निर्दिष्ट करनेवाली संख्याओं के साथ ही होता है। जैसे, सौ, हजार, लाख, करोड़, अरब इत्यादि। पर अनपढ़ और गँवार जो पूरी गिनती नहीं जानते और संख्याओं के साथ भी इस शब्द का प्रयोग कर देते हैं, जैसे डेढ़ बीस अर्थात् तीस।

डेढ़खम्मन—संज्ञा स्त्री० [हिं० डेढ़ + फ़ा० ख़म] एक प्रकार का बिरका या गोल रुखानी।

डेढ़खम्मा—संज्ञा पुं० [हिं० डेढ़ + फ़ा० ख़म = टेढ़ा] तंबाकू पीने का वह सस्ता नैचा जिसमें कुलफी नहीं होती। इसके घुमाव पर केवल एक लोहे की टेढ़ी सलाई रख कर उसे पयाल और चिथड़े आदि से लपेट देते हैं।

डेढ़गोशी—संज्ञा पुं० [हिं० डेढ़ + फ़ा० गोशा = कोना] एक बहुत छोटा और मजबूत बना हुआ जहाज़।

डेढ़ा—वि० [हिं० डेढ़] डेढ़ गुना। किसी वस्तु से उसका आधा और अधिक। डेवढ़ा।

संज्ञा पुं० एक प्रकार का पहाड़ा जिसमें प्रत्येक संख्या की डेढ़गुनी संख्या बतलाई जाती है।

डेढ़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० डेढ़] किसानों को बोआई के समय इस शर्त्त पर अनाज उधार देने की रीति कि वे फसल कटने पर लिए हुए अनाज का डयोढ़ा देंगे।

डेढ़िया—संज्ञा पुं० [देश०] एक बहुत ऊँचा पेड़ जो दारजिलिंग, सिकिम और भूटान आदि में पाया जाता है। इसके पत्तों से एक प्रकार की सुगंध निकलती है। इसकी लकड़ी मकानों में लगाने तथा चाय के संदूक और खेती के सामान (हल, पाटा आदि) बनाने के काम में आती है। यह पेड़ पुआले की जाति का है।

डेपूटेशन—संज्ञा पुं० [अं०] चुने हुए प्रधान प्रधान लोगों की वह मंडली जो जन साधारण या किसी सभा संस्था की ओर से सरकार, राजा महाराजा अथवा किसी अधिकारी या शासक के पास किसी विषय में प्रार्थना करने के लिये भेजी जाय।

डेबरा†—वि० [देश०] बैंहत्था। बाएँ हाथ से काम करनेवाला।

डेबरी†—संज्ञा स्त्री० [देश०] खेत का वह कोना जो जोतने में छूट जाता है। कोंतर।

संज्ञा स्त्री० [हिं० डिब्बी] डिब्बी के आकार का टीन शीशे आदि का बरतन जिसमें तेल भर कर रोशनी के लिये बत्ती जलाते हैं। डिब्बी।

डेर†—संज्ञा पुं० दे० "डर"।

डेरा—संज्ञा पुं० [हिं० ठैरना, ठैराव] (१) टिकान। ठहराव। थोड़े काल के लिये निवास। थोड़े दिन के लिये रहना। पड़ाव। जैसे, आज रात को यहीं डेरा करो सबेरे उठ कर चलेंगे।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

(२) टिकने का आयोजन। टिकान का सामान। ठहरने वा रहने के लिये फैलाया हुआ सामान, जैसे, बिस्तर, बरतन भाँड़ा, छप्पर, तंबू इत्यादि। छावनी। उ०—यहाँ से चटपट अपना डेरा उठाओ।

यौ०—डेरा डंडा = टिकने का सामान। बोरिया बँधना।

मुहा०—डेरा डालना = सामान फैला कर टिकना। ठहरना। रहना। डेरा पड़ना = टिकान होना। छावनी पड़ना। उ०—भरि चौरासी कोस परे गोपन के डेरा।—सूर। डेरा डंडा उखाड़ना = टिकने का सामान हटा कर चला जाना।

(३) टिकने के लिये साफ किया हुआ और छाया बनाया हुआ स्थान। ठहरने का स्थान। छावनी। कैंप। उ०—नौबत झरहि बहु नृपति डेरन दुंदुभी धुनि ह्वै रही।—रघुराज। (४) खेमा। तंबू। छोलदारी। शामियाना।

क्रि० प्र०—खड़ा करना।

(५) नाचने गानेवालों का दल। मंडली। गोल।

(६) मकान। घर। निवास-स्थान। जैसे, तुम्हारा डेरा कितनी दूर है?

*†वि० [सं० डहर = छोटा ?] [स्त्री० डेरी] बायाँ। सव्य। जैसे, डेरा हाथ। उ०—(क) फहमैं आगे फहमैं पाछे, फहमैं दहिने डेरे।—कबीर। (ख) सूर स्याम सम्मुख रति मानत गए मग बिसरि दाहिने डेरे।—सूर।

संज्ञा पुं० [देश०] एक छोटा जंगली पेड़ जिसकी सफेद और मजबूत लकड़ी सजावट के सामान बनाने के काम में आती है। इसकी छाल और जड़ साँप काटने पर पिलाई जाती है। यह पेड़ पंजाब, अवध, बंगाल तथा मध्यप्रदेश और मदरास में भी होता है। इसे 'धरोली' भी कहते हैं।

डेराना—†क्रि० अ० दे० "डरना"।

डेल—संज्ञा स्त्री० [देश०] वह भूमि जो रबी की फसल के लिये जोत कर छोड़ दी जाय। परेल।

संज्ञा पुं० [देश०] कटहल की तरह का एक बड़ा और ऊँचा पेड़ जो लंका में होता है। इसके हीर की लकड़ी चमकदार और मजबूत होती है, इस लिये वह मेज़ कुरसी तथा और सजावट के सामान बनाने के काम में आती है। नावें भी इसकी अच्छी बनती हैं। इस पेड़ में कटहल के बराबर बड़े फल लगते हैं जो खाए जाते हैं। बीज भी खाने के काम में आते हैं। इन बीजों में से तेल निकलता है जो दवा और जलाने के काम में आता है।

संज्ञा पुं० [सं० डुंडुल] उल्लू पक्षी। उ०—धनमद, जोवन राजमद ज्यों पंछिन महँ डेल।—स्वामी हरिदास।

संज्ञा पुं० [सं० दल, हिं० डला] ढेला। पत्थर मिट्टी या ईंट का टुकड़ा। रोड़ा। उ०—नाहिंन रास रसिक रस चाख्यो तातें डेल सो डारो।—सूर।

डेलटा—संज्ञा पुं० [यू०, अं०] नदियों के मुहाने वा संगम-स्थान पर उनके द्वारा लाए हुए कीचड़ और बालू के जमने से बनी

हुई वह भूमि जो धारा के कई शाखाओं में विभक्त होने के कारण तिकोनी होती है।

डेला–संज्ञा पुं० [सं० दल] ढेला। रोड़ा। आँख का सफेद उभरा हुआ भाग जिसमें पुतली होती है। आँख का कोया।
संज्ञा पुं० [हिं० ठेलना] वह काठ जो नटखट चौपायों के गले में बाँध दिया जाता है। ठेंगुर।

डेलिगेट–संज्ञा पुं० [अं०] वह प्रतिनिधि जो किसी सभा में किसी स्थान के निवासियों की ओर से मत देने के लिये भेजा जाय।

डेलिया–संज्ञा पुं० [देश०] एक पौधा जो फूलों के लिये लगाया जाता है। इसका फूल लाल या पीला होता है।

डेली†–संज्ञा स्त्री० [हिं० डला] डलिया। बाँस की झाँपी। उ०—बँधिगा सुआ करत सुख केली। चूरि पाँख मेलेसि धरि डेली।—जायसी।

डेवढ़†–वि० [हिं० डेवढा] डेढ़गुना। डेवढ़ा। उ०—सुर सेनप उर बहुत उछाहू। विधि ते डेवढ़ सुलोचन लाहू।—तुलसी।
† संज्ञा स्त्री० तार। सिलसिला। क्रम।
क्रि० प्र०—लगना।

डेवढ़ना–क्रि० अ० [हिं० डेवढ़ा] (१) आँच पर रखी हुई रोटी का फूलना। (२) कपड़े को मोड़ना। कपड़े की तह लगाना।

डेवढ़ा–वि० [हिं० डेढ़] आधा और अधिक। किसी पदार्थ से उसका आधा और ज्यादा। डेढ़गुना।
संज्ञा पुं० (१) ऐसा तंग रास्ता जिसके एक किनारे ढाल या गड्ढा हो। (पालकी के कहार)। (२) गाने में वह स्वर जो साधारण से कुछ अधिक ऊँचा हो। (३) एक प्रकार का पहाड़ा जिसमें क्रम से अंकों की डेढ़गुनी संख्या बतलाई जाती है।

डेवढ़ी–संज्ञा स्त्री० दे० "ड्योढ़ी"।

डेवलप करना–क्रि० अ० [अं० डेवलप + हिं० करना] फ़ोटोग्राफ़ी में प्लेट को मसाले मिले हुए जल से धोना जिसमें अंकित चित्र का आकार स्पष्ट हो जाय।

डेस्क–संज्ञा पु० [अ०] लिखने के लिये छोटा ढालुआं मेज़।

डेहरी–संज्ञा स्त्री० [सं० देहली] दरवाज़े के नीचे की उठी हुई जमीन जिस पर चौखट के नीचे की लकड़ी रहती है। दहलीज़। ललमर्दा।
† संज्ञा स्त्री० [हिं० दह] अन्न रखने के लिये कच्ची मिट्टी का ऊँचा बरतन।

डेहल–संज्ञा पुं० [सं० देहली] देहली। दहलीज़।

डैगना–संज्ञा पुं० [हिं० डग] काठ का लंबा टुकड़ा जो नटखट चौपायों के गले में इसलिये बाँध दिया जाता है जिसमें वे अधिक भाग न सकें। ठेंगुर। लंगर।

डैना–संज्ञा पुं० [सं० डयन = उड़ना] चिड़ियों का वह फैलने और सिमटनेवाला अंग जिससे वे हवा में उड़ती हैं। पंख। पक्ष। पर। बाज़ू।

डैम–संज्ञा पुं० [अं०] एक अंगरेजी गाली। अभागा। नारकी। सत्यानाशी।

डैश–संज्ञा पुं० [अं०] एक प्रकार का अंगरेजी विराम-चिह्न जिसका प्रयोग कई उद्देश्यों से किया जाता है। यदि किसी वाक्य के बीच डैश देकर कोई वाक्य लिखा जाता है तो उस वाक्य का व्याकरण संबंध मुख्य वाक्य से नहीं होता। जैसे, जो शब्द बोलचाल में आते हैं—चाहे वे फारसी के हों, चाहे अरबी के, चाहे अंगरेजी के—उनका प्रयोग बुरा नहीं कहा जा सकता। डैश का चिह्न इस प्रकार—का होता है।

डोंगर–संज्ञा पुं० [सं० तुंग = पहाड़ी] [स्त्री० अल्प० डोंगरी] पहाड़ी। टीला। भीटा। उ०—(क) एक फूक विष ज्वाल के जलडोंगर जरि जाहि।—सूर। (ख) डोंगर को बल उनहिं बताऊँ। ता पाछे ब्रज खोदि बहाऊँ।—सूर। (ग) चित्र विचित्र विविध मृग डोलत डोंगर डाँग। जनु पुर बीथिनि विहरत छैल सँवारे स्वाँग।—तुलसी।

डोंगा–संज्ञा पुं० [सं० द्रोण] [स्त्री० अल्प० डोंगी] (१) बिना पाल की नाँव। (२) नाँव।

डोंगी–संज्ञा स्त्री० [हिं० डोंगा] (१) बिना पाल की छोटी नाँव। (२) छोटी नाँव। (३) वह बरतन जिसमें लोहार लोहा लाल करके बुझाते हैं।

डोंडा–संज्ञा पुं० [सं० तुंड] (१) बड़ी इलायची। (२) टोंटा। कारतूस। उ०—चंद्रबाण सत्रुएँ विराजे। शत्रु हने सोइ बचे जु भागे॥ भरि बंदूक अठारह छोड़े। इतने उदिय होय तव डोंडे।—हनुमान।

डोंडी–संज्ञा स्त्री० [सं० तुंड] (१) पोस्ते का फल जिसमें से अफीम निकलती है। (२) उभरा मुँह। टोंटी।
संज्ञा स्त्री० [सं० द्रोणी] डोंगी। छोटी नाँव।
संज्ञा स्त्री० दे० "डोंडी"।

डोई–संज्ञा स्त्री० [हिं० डोका] काठ की डाँड़ी की बड़ी करछी जिससे कड़ाह में दूध, घी, चाशनी आदि चलाते हैं। (यह वास्तव में लोहे या पीतल का एक कटोरा होता है जिसमें काठ की लंबी डाँड़ी खड़े बल लगी रहती है)।

डोक–संज्ञा पुं० [देश०] छुहारा जो पक कर पीला हो जाय। पकी हुई खजूर।

डोकर–संज्ञा पुं० दे० "डोकरा"।

डोकरड़ो†–संज्ञा पुं० दे० "डोकरा"।

डोकरा–संज्ञा पुं० [सं० दुष्कर, प्रा० डुक्कर ?] [स्त्री० डोकरी] (१) बूढ़ा आदमी। अशक्त और वृद्ध मनुष्य। † (२) पिता। बाप।

डोकरिया†—संज्ञा स्त्री० दे० "डोकरी"।

डोकरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० डोकरा] बुड्ढी स्त्री।

डोकरो†—संज्ञा पु० दे० "डोकरा"।

डोका—संज्ञा पु० [स० द्रोणक] काठ का छोटा बरतन या कटोरा जिसमें तेल, बटना आदि रखते हैं।

डोकिया—संज्ञा स्त्री० [हिं० डोका] काठ का छोटा कटोरा या बरतन जिसमें तेल, बटना आदि रखते हैं।

डोकी—संज्ञा स्त्री० [हिं० डोका] काठ का छोटा बरतन या कटोरा जिसमें तेल, बटना आदि रखते हैं।

डोगर—संज्ञा पुं० दे० "डोंगर"।

डोज़—संज्ञा स्त्री० [अं०] मात्रा। खुराक। मोताद।

डोड़हथी—संज्ञा स्त्री० [हि० डाँडा + हाथ] तलवार। (डिं०)

डोड़हा—संज्ञा पुं० [सं० डुंडुभ] पानी में रहनेवाला साँप।

डोड़ी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक लता जो औषध के काम में आती है। वैद्यक के अनुसार यह मधुर, शीतल, नेत्रों को हितकारी, त्रिदोषनाशक और वीर्य्यवर्द्धक मानी जाती है। इसे जीवंती भी कहते हैं।

डोडो—संज्ञा पुं० [अं०] एक चिड़िया जो अब नहीं मिलती। यह मारिशस (मिरिच के) टापू में जूलाई १६८१ तक देखी गई थी। इसके चित्र यूरप के भिन्न भिन्न स्थानों में रखे मिलते हैं। सन् १८६६ में इसकी बहुत सी हड्डियाँ पाई गई थीं। डोडो भारी और बेढंगे शरीर की चिड़िया थी। डील डौल में बत्तख के बराबर होती थी, न अधिक उड़ सकती थी, न और किसी प्रकार अपना बचाव कर सकती थी। यूरोपियनों के बसने पर इस दीन पक्षी का समूल नाश हो गया।

डोब—संज्ञा पुं० [हिं० डूबना] डुबाने का भाव। गोता। डुबकी।

मुहा०—डोब देना = गोता देना। डुबाना। जैसे, कपड़े को रंग में दो तीन डोब देना, कलम को स्याही में डोब देना।

डोबा—संज्ञा पु० [हिं० डुबाना] गोता। डुबकी।

मुहा०—डोबा देना या भरना = डुबाना। गोता देना। जैसे, कपड़े को रंग में डोबा देना, कलम को स्याही में डोबा देना।

डोभरी†—संज्ञा स्त्री० [देश०] ताजा महुआ।

डोम—संज्ञा पुं० [सं० डम] [स्त्री० डोमिनी, डोमनी] (१) एक अस्पृश्य नीच जाति जो पंजाब से लेकर बंगाल तक सारे उत्तरीय भारत में पाई जाती है। स्मृतियों में इस जाति का उल्लेख नहीं मिलता। केवल मत्स्यसूक्ततंत्र में डोमों को अस्पृश्य लिखा है। कुछ लोगों का मत है कि ये डोम बौद्ध हो गए थे और इस धर्म का संस्कार इनमें अब तक बाकी है। इसमें कोई संदेह नहीं कि किसी समय यह जाति प्रबल हो गई थी, और कई स्थान डोमों के अधिकार में आ गए थे। गोरखपुर के पास डोमनगढ़ का किला डोम राजाओं का बनवाया हुआ था। पर अब यह जाति प्रायः निकृष्ट कर्मों ही के द्वारा अपना निर्वाह करती है। श्मशान पर शव जलाने के लिये आग देना, ऊपर का कफन लेना, सूप डले आदि बेचना आज कल डोमों का काम है। पंजाब के डोम कुछ इनसे भिन्न होते हैं और जंगलों से फल और जड़ी बूटी लाकर बेचते हैं। (२) एक नीच जाति जो मंगल के अवसरों पर लोगों के यहाँ गाती बजाती है। ढाढ़ी। मीरासी।

डोम कौआ—संज्ञा पुं० [हिं० डोम + कौआ] बड़ी जाति का कौआ जिसका सारा शरीर काला होता है।

डोमड़ा—संज्ञा पुं० दे० "डोम"।

डोमतमौटा—संज्ञा पु० [देश०] एक पहाड़ी जाति जो पीतल ताँबे आदि का काम करती है।

डोमनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० डोम] (१) डोम जाति की स्त्री। (२) डोम की स्त्री। (३) उस नीच जाति की स्त्री जो उत्सवों पर गाने बजाने का काम करती है। ये स्त्रियाँ गाने बजाने के अतिरिक्त कहीं कहीं वेश्यावृत्ति भी करती हैं।

डोमा—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का साँप।

डोमिन—संज्ञा स्त्री० [हिं० डोम] (१) डोम जाति की स्त्री। (२) मीरासियों की स्त्री। दे० "डोमनी"। उ०—नटिनी डोमिन ढाढ़िनी सहनायन परकार। निरतत नाद विनोद सों विहँसत खेलत नार।—जायसी।

डोर—संज्ञा स्त्री० [सं०] डोरा। तागा। धागा। रस्सी। सूत। उ०—डीठि डोर, नैना दही छिरकि रूप रस तोय। मथि मो घट प्रीतम लियो मन नवनीत बिलोय।—रसनिधि।

मुहा०—डोर पर लगाना = रास्ते पर लाना। प्रयोजन सिद्धि के अनुकूल करना। ढब पर लाना। प्रवृत्त करना। परचाना। डोर भरना = कपड़े के किनारे को कुछ मोड़ कर उसके भीतर तागा भर कर सीना। फलीता लगाना। डोर मजबूत होना = जीवन का सूत्र दृढ़ होना। जिंदगी बाकी रहना। डोर होना = मुग्ध होना। मोहित होना। लट्टू होना।

विशेष—दे० "डोरी"।

डोरक—संज्ञा पुं० [स०] डोरा। तागा। सूत्र। धागा।

डोरही—संज्ञा स्त्री० [देश०] बड़ी कटाई। बड़ी भटकटैया।

डोरा—संज्ञा पुं० [सं० डोरक] (१) रुई, सन, रेशम आदि को बट कर बनाया हुआ ऐसा खंड जो चौड़ा या मोटा न हो पर लंबाई में लकीर के समान दूर तक चला गया हो। सूत्र। सूत। तागा। धागा। जैसे, कपड़ा सीने का डोरा, माला गूँथने का डोरा। (२) धारी। लकीर। जैसे, कपड़ा हरा है बीच बीच में लाल डोरे हैं।

क्रि० प्र०—पड़ना।—होना।

(३) आंखों की बहुत महीन लाल नसें जो साधारण मनुष्यों की आँख में उस समय दिखाई पड़ती हैं जब वे नशे की उमंग में होते हैं या सो कर उठते हैं। जैसे, आँखों में लाल डोरे कानों में बालियाँ। (४) तलवार की धार। (५) तपे घी की धार, जो दाल आदि में ऊपर से डालते समय, बँध जाती है।

मुहा०—डोरा देना = तपा हुआ घी ऊपर से डालना।

(६) एक प्रकार की करछी जिसकी डाँड़ी खड़े बल लगी होती है और जिससे घी निकालते हैं या दूध आदि कड़ाह में चलाते हैं। परी। (७) स्नेहसूत्र। प्रेम का बंधन। लगन।

मुहा०—डोरा डालना = प्रेमसूत्र में बद्ध करना। प्रेम में फँसाना। अपनी ओर प्रवृत्त करना। परचाना। डोरा लगना = स्नेह का बंधन होना। प्रीति-संबंध होना।

(८) वह वस्तु जिसका अनुसरण करने से किसी वस्तु का पता लगे। अनुसंधानसूत्र। सुराग। उ०—जुवति जोन्ह में मिलि गई नेकु न देति लखाय। सौंधे के डोरे लगीं अली चली सँग जाय।—बिहारी। (९) काजल या सुरमे की रेखा। (१०) नृत्य में कंठ की गति। नाचने में गरदन हिलाने का भाव।

संज्ञा पुं० [हिं० ढोंड़] पोस्ते आदि का ढोंड़। डोडा।

डोरिया—संज्ञा पुं० [हिं० डोरा] (१) एक प्रकार का सूती कपड़ा जिसमें कुछ मोटे सूत की लंबी धारियाँ बनी हों। (२) एक प्रकार का बगला जिसके पैर हरे होते हैं। यह ऋतु के अनुसार रंग बदलता है। (३) जुलाहों के यहाँ ताना उठाने-वाला लड़का। (४) एक नीच जाति जो राजाओं के यहाँ शिकारी कुत्तों की रक्षा पर नियुक्त रहती थी। ये लोग कुत्तों को शिकार पर सधाते थे।

डोरियाना †—क्रि० स० [हिं० डोरी + आना (प्रत्य०)] पशुओं को रस्सी से बाँध कर ले चलना। बागडोर लगा कर घोड़ों को ले जाना। उ०—गवने भरत पयादेहि पाये। कोतल संग जाहि डोरियाये।—तुलसी।

डोरिहार—संज्ञा पुं० [हिं० डोरी + हारा] [स्त्री० डोरिहारिन] पटवा।

डोरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० डोरा] (१) कई डोरों या तागों को बट कर बनाया हुआ खंड जो लंबाई में दूर तक लकीर के रूप में चला गया हो। रस्सी। रज्जु। जैसे, पानी भरने की डोरी, पंखा खींचने की डोरी।

मुहा०—डोरी खींचना = सुध करके अपने पास दूर से बुलाना। पास बुलाने के लिये स्मरण करना। जैसे, जब भगवती डोरी खींचेगी तब जाओगी। (स्त्रि०)। डोरी लगना = किसी के पास पहुँचने या उसे उपस्थित करने के लिये लगातार ध्यान बना रहना। जैसे, अब तो घर की डोरी लगी हुई है।

(२) वह तागा जिसे कपड़े के किनारे को कुछ मोड़ कर उसके भीतर डाल कर सीते हैं।

क्रि० प्र०—भरना।

(३) वह रस्सी जिसे राजा महाराजाओं या बादशाहों की सवारी के आगे आगे दोनों ओर हद बाँधने के लिये सिपाही लेकर चलते हैं। (यह रास्ता साफ रखने के लिये होता है जिसमें डोरी की हद के भीतर कोई जा न सके)।

क्रि० प्र०—आना।—चलना।

(४) बाँधने की डोरी। पाश। बंधन। उ०—मैं मेरी करि जन्म गँवावत जब लगि परत न जम की डोरी।—सूर।

मुहा०—डोरी ढीली छोड़ना = देख रेख कम करना। चौकसी कम करना। जैसे, जहाँ डोरी ढीली छोड़ी कि बच्चा बिगड़ा। (५) डाँड़ीदार कटोरा जिससे कड़ाह में दूध चाशनी आदि चलाते हैं।

डोरे *—क्रि० वि० [हिं० डोर] साथ पकड़े हुए। साथ साथ। संग संग। उ०—(क) अमृत निचोरे कल बोलत निहोरे नैक सखिन के डोरे देव डोलै जित तित कों।—देव। (ख) बानर फिरत डोरे डोरे अंध तापसनि शिव को समाज कैधों ऋषि को सदन है।—केशव।

डोल—संज्ञा पुं० [सं० दोल = झूलना, लटकाना] (१) लोहे का एक गोल बरतन जिसे कुएँ में लटका कर पानी खींचते हैं। (२) हिंडोला। झूला। पालना। उ०—(क) सघन कुंज में डोल बनायो झूलत है पिय प्यारी।—सूर। (ख) प्रभुहिं चितै पुनि चितै महि राजत लोचन लोल। खेलत मनसिज मीन जुग जनु विधि मंडल डोल।—तुलसी। (३) डोली। पालकी। शिविका। उ०—महा डोल तुलहिन के चारी। देहु बताय होहु उपकारी।—रघुराज। (४) जहाज का मस्तूल। (लश०)

क्रि० प्र०—खड़ा करना।

संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की काली मिट्टी जो बहुत उपजाऊ होती है।

डोलक—संज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल का ताल देने का एक बाजा।

डोलची—संज्ञा स्त्री० [हिं० डोल + ची (प्रत्य०)] छोटा डोल।

डोलडाल—संज्ञा पुं० [देश०] (१) चलना फिरना। (२) दिसा के लिये जाना। पाखाने जाना।

क्रि० प्र०—करना।

डोलना—क्रि० स० [सं० दोलन = लटकना, हिलना] (१) हिलना। चलायमान होना। गति में होना। (२) चलना। फिरना। टहलना। जैसे, चौपाए चारों ओर डोल रहे हैं।

यौ०—डोलना फिरना = चलना । घूमना ।

(३) चला जाना । हटना । दूर होना । जैसे, वह ऐसा अकड़ कर माँगता है कि झुलाने से नहीं डोलता । (४) (चित्त) विचलित होना । (चित्त का) दृढ़ न रह जाना । (चित्त का किसी बात पर) जमा न रहना । डिगना । उ०—(क) मर्म वचन जब सीता बोला । हरि प्रेरित लछिमन मन डोला । —तुलसी । (ख) बटुकरि कोटि कुतर्क जथारुचि बोलइ । अचलसुता मनु अचल बयारि कि डोलइ ?—तुलसी ।

संज्ञा पुं० दे० "डोला" ।

डोलरी †—संज्ञा स्त्री० [हिं० डोल] पलंग । खाट । झोली ।

डोला—संज्ञा पुं० [सं० दोल] [स्त्री० अल्प० डोली] (१) स्त्रियों के बैठने वह बंद सवारी जिसे कहार कंधों पर ले कर चलते हैं । पालकी । मियाना । शिविका ।

मुहा०—(किसी का) डोला (किसी के) सिर पर या चौंड़े पर उछलना = किसी दूसरी स्त्री का संबंध या प्रेम किसी स्त्री के पति के साथ होना । डोला देना = (१) किसी राजा या सरदार को भेंट की तरह पर अपनी बेटी देना । (२) अपनी बेटी को वर के घर पर ले जाकर ब्याहना । (यह प्रथा शूद्रों और नीच जातियों में है) । डोला निकालना = दुलहिन को विदा करना । डोला लेना = भेंट में कन्या लेना ।

(२) वह झोंका जो झूले में दिया जाता है । पेंग ।

डोलाना—क्रि० स० [हिं० डोलना] (१) हिलाना । चलाना । गति में करना । जैसे, पंखा डोलाना ।

संयो० क्रि०—देना ।

(२) हटाना । दूर करना । भगाना ।

डोलायंत्र—संज्ञा० पुं० दे० "दोलायंत्र" ।

डोली—संज्ञा स्त्री० [हिं० डोला] स्त्रियों के बैठने की एक सवारी जिसे कहार कंधो पर उठा कर ले चलते हैं ।

डोली करना—क्रि० स० [हिं० डोलना] धता बताना । हटाना । टालना ।

डोलू—संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) हिंदी रेवंद चीनी ।

विशेष—इसका पेड़ हिमालय के कांगड़ा, नैपाल, सिकिम आदि प्रदेशों में जंगली होता है । वहाँ से इसकी जड़, जो पीली पीली होती है, नीचे की ओर भेजी जाती है और बाजारों में बिकती है । पर गुण में यह चीन की रेवंद (रेवंद चीनी), खुतन की रेवंद (रेवंद ख़ताई) या विलायती रेवंद के समान नहीं होती । इसे पदमचल और चुकरी भी कहते हैं ।

(२) एक प्रकार का बाँस जो पूर्वीय बंगाल आसाम, और भूटान से लेकर बरमा तक होता है । इसकी दो जातियाँ होती हैं—एक छोटी, दूसरी बड़ी । यह चोंगे और छाते बनाने के काम में अधिकतर आती है । टोकरे और पान रखने के डब्बे भी इससे बनते हैं ।

डोहरा†—संज्ञा पुं० [देश०] काठ का एक बरतन जिससे कोल्हू से गिरा हुआ रस निकाला जाता है ।

डोही—संज्ञा स्त्री० दे० "डोई" । उ०—चलनी चलनी डोहि और करछी बहु करछा ।—सूदन ।

डौंडाना†—क्रि० अ० [हिं० डाँवाडोल] डाँवाडोल रहना । विचलित होना । घबराना ।

डौंड़ी—संज्ञा स्त्री० [स० डिंडिम] (१) एक प्रकार का ढोल जिसे बजा कर किसी बात की घोषणा की जाती है । डिंडोरा । डुगडुगिया ।

क्रि० प्र०—पीटना । बजना ।—बजाना ।

मुहा०—डौंड़ी देना = (१) ढोल बजा कर सर्व साधारण को सूचित करना । मुनादी करना । (२) सब किसी से कहते फिरना । डौंड़ी बजना = (१) घोषणा होना । (२) दुहाई फिरना । जयजयकार होना । चलती होना । उ०—लौंड़ी के घर डौंड़ी बाजी ओछो निपट अजानो ।—सूर ।

(२) वह सूचना जो सर्व साधारण को ढोल बजा कर दी जाय । घोषणा । मुनादी ।

क्रि० प्र०—फिरना ।—फेरना ।

डौंरा—संज्ञा पुं० [देश०] एक घास जो खेतों में पैदा हो जाती है । इसमें सावाँ की तरह दाने पड़ते हैं जो खाने में कड़ुए होते हैं ।

डौंरू—संज्ञा पुं० दे० "डमरू" । उ०—नील पाट परोइ मणिगण फणिग धोखे जाइ । खुनखुना करि हँसत मोहन नचत डौंरु बजाइ ।—सूर ।

डौआ—संज्ञा पुं० [देश०] काठ का चमचा । काठ की डाँड़ी की बड़ी करछी । उ०—लकड़ी डौआ करछुली सरस काजु अनुहारि । सुप्रभु संग्रहहि परिहरहि सेवक सखा विचारि ।—तुलसी ।

डौल—संज्ञा पुं० [हिं० डील ?] (१) किसी रचना का प्रारंभिक रूप । ढाँचा । डौल । ढड्ढा । ठाट । ठट्टर ।

क्रि० प्र०—खड़ा करना ।

मुहा०—डौल डालना = ढाँचा खड़ा करना । रचना का प्रारंभ करना । बनाने में हाथ लगाना । लग्गा लगाना । डौल पर लाना = काट छाँट कर सुडौल करना । दुरुस्त करना ।

(२) बनावट का ढंग । रचना प्रकार । ढब । जैसे, इसी डौल का एक गिलास मेरे लिये भी बना दो ।

मुहा०—डौल से लगाना = ठीक क्रम से रखना । इस प्रकार रखना जिसमें देखने में अच्छा लगे ।

(३) तरह । प्रकार । भाँति । किस्म । तौर । तरीक़ा । (४) अभिप्राय के साधन की युक्ति । उपाय । तदबीर । ब्योंत । आयोजन । सामान ।

यो०—डौल डाल।

मुहा०—डौल पर लाना = अभिप्राय-साधन के अनुकूल करना। ऐसा करना जिससे कोई मतलब निकल सके। इस प्रकार प्रवृत्त करना जिससे कुछ प्रयोजन सिद्ध हो सके। डौल बाँधना = दे० "डौल लगाना"। डौल लगाना = उपाय करना। युक्ति बैठाना। जैसे, कहीं से १००) का डौल लगाओ।

(५) रंग ढंग। लक्षण। आयोजन। सामान। जैसे, पानी बरसने का कुछ डौल नहीं दिखाई देता। (६) बंदोबस्त में जमा का तकदमा। तख़मीना।

संज्ञा स्त्री० खेतों की मेंड़। डाँड़।

डौलडाल—संज्ञा पु० [हिं० डौल] उपाय। प्रयत्न। युक्ति। व्योंत।

डौलदार—वि० [हिं० डौल + फ़ा० दार (प्रत्य०)] सुडौल। सुंदर। खूबसूरत।

डौलना†—क्रि० स० [हिं० डौल] गढ़ना। किसी वस्तु को काट छाँट वा पीट पाट कर किसी ढाँचे पर लाना। दुरुस्त करना।

डौलियाना†—क्रि० स० [हिं० डौल] (१) ढंग पर लाना। कह सुन कर अपनी प्रयोजनसिद्धि के अनुकूल करना। (२) काट छाँट कर किसी ठीक आकार का बनाना। गढ़ कर दुरुस्त करना।

डौवर—संज्ञा पुं० [देश०] एक चिड़िया जिसके पर, छाती और पीठ सुफ़ेद, दुम काली, और चोंच लाल होती है।

डौवा—संज्ञा पु० दे० "डौआ"।

ड्याढ़ा—वि० [हिं० डेढ़] [स्त्री० ड्योढ़ी] आधा और अधिक। किसी पदार्थ से उसका आधा और ज्यादा। डेढ़गुना।

संज्ञा पु० (१) ऐसा तंग रास्ता जिसके एक किनारे ढाल या गड्ढा हो (पालकी के कहार)। (२) गाने में वह स्वर जो साधारण से कुछ ऊँचा हो। (३) एक प्रकार का पहाड़ा जिसमें क्रम से अंकों की डेढ़गुनी संख्या बतलाई जाती है।

ड्योढ़ी—संज्ञा स्त्री० [स० देहली] (१) द्वार के पास की भूमि। वह स्थान जहाँ से होकर किसी घर के भीतर प्रवेश करते हैं। चौखट। दरवाजा। फाटक। (२) वह स्थान जो पटे हुए फाटक के नीचे पड़ता है या वह बाहरी कोठरी जो किसी बड़े मकान में घुसने के पहले ही पड़ती है। दरवाजे में घुसते ही पड़नेवाला बाहरी कमरा। पौरी।

यो०—ड्योढ़ीदार। ड्योढ़ीवान।

मुहा०—(किसी की) ड्योढ़ी खुलना = दरबार में आने की इजाज़त मिलना। आने जाने की आज्ञा मिलना। (किसी की) ड्योढ़ी बंद होना = किसी राजा या रईस के यहाँ आने जाने की मनाही होना। आने जाने का निषेध होना। ड्योढ़ी लगना = द्वार पर द्वारपाल बैठना जो बिना आज्ञा पाए लोगों को भीतर नहीं जाने देता।

ड्योढ़ीदार—संज्ञा पुं० दे० "ड्योढ़ीवान"।

ड्योढ़ीवान—संज्ञा पुं० [हिं० ड्योढ़ी] ड्योढ़ी पर रहनेवाला सिपाही या पहरेदार। द्वारपाल। दरबान। उ०—जहाँ न ड्योढ़ीवान पायजामा तन धारे।—श्रीधर पाठक।

ड्राइंग—संज्ञा स्त्री० [अं०] रेखाओं के द्वारा अनेक प्रकार की आकृति बनाने की कला। लकीरों से चित्र या आकृति बनाने की विद्या।

ड्राइवर—संज्ञा पुं० [अं०] गाड़ी हाँकने या चलानेवाला। सवारी चलानेवाला। जैसे, रेल का ड्राइवर।

ड्राई-प्रिंटिंग—संज्ञा स्त्री० [अं०] सूखी छपाई। छापेखाने में वह छपाई जो बिना भिगोए हुए सूखे कागज पर की जाती है।

विशेष—इस प्रकार की छपाई से कागज की चमक नहीं जाती है और छपाई साफ़ होती है।

ड्राफ्ट्समैन—संज्ञा पुं० [अं०] नकशा बनानेवाला। स्थूल मानचित्र प्रस्तुत करनेवाला। जैसे, ड्राफ्टमैन ने मकान का नकशा इंजिनियर के पास भेजा।

ड्राम—संज्ञा पुं० [अं०] पानी आदि द्रव पदार्थों को नापने का एक अंगरेजी मान जो तीन माशे के बराबर होता है।

ड्रिल—संज्ञा स्त्री० [अ०] बहुत से सिपाहियों या लड़कों को कई प्रकार के क्रम से खड़े होने, चलने, अंग हिलाने आदि की नियमित शिक्षा। कवायद। जैसे, स्कूल में ड्रिल नहीं होती।

यौ०—ड्रिल मास्टर = कवायद सिखानेवाला।

ड्रेस करना—क्रि० स० [अं० ड्रेस + हिं० करना] (१) घाव में दवा आदि भर कर बाँधना। मरहम पट्टी करना। (२) पत्थर आदि को चिकना और सुडौल करना।

ड्रैगून—संज्ञा पुं० [अ०] सवार सिपाही।

विशेष—पहले ड्रैगून पैदल और सवार दोनों का काम देते थे पर अब वे सवार ही होते हैं।

ढ

ढ--हिंदी वर्णमाला का चौदहवाँ व्यंजन वर्ण और टवर्ग का चौथा अक्षर। इसका उच्चारण-स्थान मूर्द्धा है।

ढँकन–संज्ञा पुं० दे० "ढकना", "ढक्कन"।

ढँकना–क्रि० स० दे० "ढकना"।

संज्ञा पुं० दे० "ढकना"।

ढँकुली†–संज्ञा स्त्री० दे० "ढेंकली"।

ढंख*–†संज्ञा पुं० [हिं० ढाक] पलाश। ढाक। उ०—बरुनि बान अस अनी बेधी रन बन ढंख। सउजहि तन सब रोवाँ पंखिहि तन सब पंख।—जायसी।

ढंग–संज्ञा पुं० [सं० तग (तगन)=चाल, गति ?] (१) क्रिया प्रणाली। शैली। पद्धति। ढब। रीति। तौर। तरीका। जैसे, (क) बोलने चालने का ढंग, बैठने उठने का ढंग। (ख) जिस ढंग से तुम काम करते हो वह बहुत अच्छा है। (२) प्रकार। भाँति। तरह। क़िस्म। (३) रचना। प्रकार। बनावट। गढ़न। । ढाँचा। जैसे, वह गिलास और ही ढंग का है। (४) अभिप्राय-साधन का मार्ग। युक्ति। उपाय। तदबीर। डौल। जैसे, कोई ढंग ऐसा निकालो जिसमें रुपया मिल जाय। उ०—वाही के जैए बलाय लौं, बालम! हैं तुम्हैं नीको बतावति हौं ढँग।—देव।

क्रि० प्र०—करना।—निकालना।

मुहा०—ढंग पर चढ़ना = अभिप्राय-साधन के अनुकूल होना। किसी का इस प्रकार प्रवृत्त होना जिससे (दूसरे का) कुछ अर्थ सिद्ध हो। जैसे, उससे भी कुछ रुपया लेना चाहता हूँ, पर वह ढंग पर नहीं चढ़ता है। ढंग पर लाना = अभिप्राय साधन के अनुकूल करना। किसी को इस प्रकार प्रवृत्त करना जिससे कुछ मतलब निकले। ढंग का = कार्यकुशल। व्यवहार-दक्ष। चतुर। जैसे, वह बड़े ढंग का आदमी है।

(५) चाल ढाल। आचरण। व्यवहार। बर्त्ताव। जैसे, यह मार खाने का ढंग है।

मुहा०—ढंग बर्त्तना = शिष्टाचार दिखाना। दिखाऊ व्यवहार करना।

(६) धोखा देने की युक्ति। बहाना। हीला। पाखंड। जैसे, यह सब तुम्हारा ढंग है।

क्रि० प्र०—रचना।

(७) ऐसी बात जिससे किसी होनेवाली बात का अनुमान हो। लक्षण। आभास। आसार।

यौ०—रंग ढंग = ऐसा आयोजन जिससे किसी घटना का आभास मिले। लक्षण। आसार। जैसे, रंग ढंग अच्छा नहीं दिखाई देता।

(८) दशा। अवस्था। स्थिति। उ०—नैनन को ढंग सों अनंग पिचकारिन ते, गातन को रंग पीरे पातन तें जानबो।—पद्माकर।

ढंगउजाड़–संज्ञा पुं० [हिं० ढंग + उजाड़] घोड़ों की दुम के नीचे की एक भौंरी जो ऐबों में समझी जाती है।

ढँगलाना†–क्रि० स० [हिं० ढाल] लुढ़काना।

ढँगिया‡–वि० दे० "ढंगी"।

ढंगी–वि० [हिं० ढंग] चालबाज़। चतुर। चालाक।

ढँढरच†–संज्ञा पुं० [हिं० ढंग + रचना] धोखा देने का आयोजन। पाखंड। बहाना। हीला।

ढंढस–संज्ञा पुं० दे० "ढँढरच"।

ढंढार–वि० [देश०] बड़ा ढड्ढा। बहुत बड़ा और बेढंगा।

ढँढोर–संज्ञा पुं० [अनु० धायँ धायँ] (१) आग की लपट। ज्वाला। लौ। उ०—क) रहै प्रेम मन उरझा लटा। बिरह ढँढोर परहिं सिर जटा।—जायसी। (ख) कंथा जरे अगिनि जनु लाए। बिरह ढँढोर जरत न जराए।—जायसी। (२) काले मुँह का बंदर। लंगूर।

ढँढोरची–संज्ञा पुं० [हिं० ढँढोर + फ़ा० ची (प्रत्य०)] ढँढोरा फेरनेवाला। मुनादी फेरनेवाला।

ढँढोरना†–क्रि० स० [हिं० ढूँढना] टटोल कर ढूँढ़ना। हाथ डाल कर इधर उधर खोजना। उ०—तेरे लाल मेरो माखन खायो। दुपहर दिवस जानि घर सूनो ढूँढ़ि ढँढोरि आपही आयो।—सूर।

ढँढोरा–संज्ञा पुं० [अनु० ढम + ढोल] (१) घोषणा करने का ढोल। डुगडुगी। डौंड़ी।

मुहा०—ढँढोरा पीटना = ढोल बजा कर चारों ओर जताना। मुनादी करना।

(२) वह घोषणा जो ढोल बजा कर की जाय। मुनादी।

मुहा०—ढँढोरा फेरना = दे० "ढँढोरा पीटना"।

ढँढोरिया–संज्ञा पुं० [हिं० ढँढोरा] ढँढोरा पीटनेवाला। डुगडुगी बजा कर घोषणा करनेवाला। मुनादी करनेवाला।

ढँपना–क्रि० अ० [हिं० ढँकना] किसी वस्तु के नीचे पड़ कर दिखाई न देना। किसी वस्तु के ऊपर से छेक लेने के कारण उसकी ओट में छिप जाना।

संयो० क्रि०—जाना।

संज्ञा पुं० ढाकने की वस्तु। ढक्कन।

ढ–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बड़ा ढोल। (२) कुत्ता। (३) कुत्ते की पूँछ। (४) ध्वनि। नाद। (५) साँप।

ढई देना–क्रि० अ० [हिं० धरना ?] किसी के यहाँ किसी काम से

पहुंचना और जब तक काम न हो जाय तब तक न हटना। भरना देना।

ढकाई–वि० [हिं० ढाका] ढाके का।

संज्ञा पुं० एक प्रकार का केला जो ढाके की ओर होता है।

ढकना–संज्ञा पुं० [सं० ढक = छिपाना] [स्त्री० अल्प० ढकनी] वह वस्तु जिसे ऊपर डाल देने वा बैठा देने से नीचे की वस्तु छिप जाय या बंद हो जाय। ढक्कन। चपनी।

क्रि० अ० किसी वस्तु के नीचे पड़ कर दिखाई न देना। छिपना। उ०—मिठाई कपड़े से ढकी है।

संयो० क्रि०—जाना।

क्रि० स० दे० "ढाँकना"।

ढकनिया‡–संज्ञा स्त्री० दे० "ढकनी"। उ०—सुभग ढकनिया ढाँपि पट जतन राखि छीके समदायो।—सूर

ढकनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढकना] (१) ढाँकने की वस्तु। ढक्कन। (२) फूल के आकार का एक प्रकार का गोदना जो हथेली के पीछे की ओर गोदा जाता है।

ढकपेड़ु–संज्ञा पु० [देश०] एक चिड़िया का नाम।

ढका–संज्ञा पुं० [स० आढक] तीन सेर की एक तौल या बाट।

संज्ञा पुं० [अं० डाक] घाट। जहाज़ ठहरने का स्थान। (लश०)

†*संज्ञा पुं० [स० ढक्का] बड़ा ढोल। उ०—नदत दुंदुभि ढका, बदन मारु हंका, चलत लागत धका कहत आगे।—सूदन।

*संज्ञा पुं० [अनु०] धक्का। टक्कर। उ०—(क) ढकनि ढकेलि पेलि सचिव चले सै ठेलि नाथ न चलैगो बल अनल भयावनी।—तुलसी। (ख) चढ़ि गढ़ मढ़ दृढ़ कोट के कँगूरे कोपि नेकु ढका दैहैं दैहैं ढेलन की ढेरी सी।—तुलसी।

ढकिल†*–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढकेलना] एक दूसरे को ढकेलते हुए वेग के साथ धावा। चढ़ाई। आक्रमण। उ०—ढकिल करी सब ते अधिकाई। ओढ़ी गुरु लोगन की घाई।—लाल कवि।

ढकेलना–क्रि० स० [हिं० धक्का] (१) धक्के से गिराना। ठेल कर आगे की ओर गिराना।

संयो० क्रि०—देना।

(२) धक्के से हटाना। ठेल कर सरकाना। जैसे, भीड़ को पीछे ढकेलो।

ढकेला ढकेली–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढकेलना] ठेलमठेला। आपस में धक्का।

क्रि० प्र०—करना।

ढकोसना–क्रि० स० [अनु० ढक ढक] एक बारगी पीना। बहुत सा पीना। जैसे, इतना दूध मत ढकोस लो कि कै हो जाय।

संयो० क्रि०—जाना।—लेना।

ढकोसला–संज्ञा पुं० [हिं० ढंग + सं० कौशल] ऐसा आयोजन जिससे लोगों को धोखा हो। धोखा देने या मतलब साधने का ढंग। आडंबर। पाखंड। मिथ्या जाल। कपट व्यवहार।

क्रि० प्र०—करना।—फैलाना।

ढक्क–संज्ञा पु० [स०] एक देश का नाम। कदाचित् "ढाका"।

ढक्कन–संज्ञा पु० [सं०] ढाकने की वस्तु। वह वस्तु जिसे ऊपर से डाल या बैठा देने से कोई वस्तु छिप जाय या बंद हो जाय। जैसे, डिबिया का ढक्कन, बरतन का ढक्कन।

ढक्का–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बड़ा ढोल। (२) नगारा। डंका।

ढक्की–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढाल] पहाड़ की ढाल जिससे होकर लोग चढ़ते उतरते हैं। (पंजाब)

ढगण–संज्ञा पुं० [सं०] पिंगल में एक मात्रिक गण जो तीन मात्राओं का होता है। इसके तीन भेद हो सकते हैं, यथा ।ऽ, ऽ ।, ।।।, इनमें से पहले की संज्ञा रसवास और ध्वजा, दूसरे की पवन, नंद, ग्वाल, ताल और तीसरे की बलय है।

ढचर–संज्ञा पु० [हिं० ढाँचा] (१) किसी वस्तु को बनाने या ठीक करने का सामान या ढाँचा। आयोजन और सामान।

क्रि० प्र०—फैलाना।—बाँधना।

(२) टंटा। बखेड़ा। जंजाल। धंधा। कारबार। (३) आडंबर। झूठा आयेजन। ढकोसला।

क्रि० प्र०—फैलाना।

(४) बहुत दुबला पतला और बूढ़ा।

ढटींगड़–संज्ञा पुं० [सं० डिंगर = मोटा आदमी] (१) बड़े डील डौल का। ढींग। जैसे, इतने बड़े ढटींगड़ हुए पर कुछ शऊर न हुआ। (२) हृष्ट पुष्ट। मुस्टंडा। मोटा ताजा।

ढटींगड़ा–संज्ञा पुं० दे० "ढटींगड़"।

ढटींगर–संज्ञा पुं० दे० "ढटींगड़"।

ढट्ठा–संज्ञा पुं० [हिं० डाढ] वह भारी साफा या मुरेठा जो सिर के अतिरिक्त डाढ़ी और कानों को भी ढांके हो।

†संज्ञा पु० [हिं० डाट] कस कर छेद या मुँह बंद करने की वस्तु। डाट। ठेंपी।

ढट्ठो–संज्ञा स्त्री० [हिं० डाढ़] डाढ़ी बाँधने की पट्टी।

संज्ञा स्त्री० [हिं० डाट] किसी छेद को बंद करने की वस्तु। डाट। ठेंपी।

ढड्ढा–वि० [देश०] बहुत बड़ा। आवश्यकता से अधिक बड़ा। बड़ा और बेढंगा।

संज्ञा पुं० [हिं० ठाट] (१) ढाँचा। अंगों की वह स्थूल योजना जो किसी वस्तु की रचना के प्रारंभ में की जाती है।

क्रि० प्र०—खड़ा करना।

(२) आडंबर। दिखावट का सामान। झूठा ठाट बाट।

क्रि० प्र०—खड़ा करना ।

ढड्ढो—संज्ञा स्त्री० [हिं० ढड्ढा] (१) बुड्ढी स्त्री । बूढ़ी स्त्री जिसके शरीर में हड्डी का ढाँचा ही रह गया हो । (२) बकवादिन स्त्री । (३) मटमैले रंग की एक चिड़िया जिसकी चोंच पीली होती है । यह बहुत लड़ती और चिल्लाती है । चरखी ।

मुहा०—ढड्ढो का, ढड्ढोवाला = मूर्ख । बेवकूफ ।

ढनमनाना †—क्रि० अ० [अनु०] लुढ़कना । ढुलकना । उ०—मुठिका एक महाकपि हनी । रुधिर वमत धरनी ढनमनी ।—तुलसी ।

ढप‡—संज्ञा पुं० दे० "डफ" ।

ढपना—संज्ञा पुं० [हिं० ढाँपना] ढाकने की वस्तु । ढक्कन ।

ढपरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ढाँपना] चूड़ीवालों की अंगीठी का ढकना ।

ढपला ‡—संज्ञा पुं० दे० "डफला" ।

ढपली ‡—संज्ञा स्त्री० दे० "डफली" ।

ढप्पू—वि० [देश०] बहुत बड़ा । ढड्ढा ।

ढफ ‡—संज्ञा पुं० दे० "डफ" । उ०—रुंज मुरज ढफ ताल बाँसुरी झालर की झंकार ।—सूर ।

ढब—संज्ञा पुं० [सं० धव = चलना, गति] (१) क्रियाप्रणाली । ढंग । रीति । तौर । तरीका । जैसे, काम करने का ढब । (२) प्रकार । भाँति । तरह । किस्म । जैसे, वह न जाने किस ढब का आदमी है । (३) रचना-प्रकार । बनावट । गढ़न । ढाँचा । जैसे, वह गिलास और ही ढब का है । (४) अभिप्राय-साधन का मार्ग । युक्ति । उपाय । तदबीर । जैसे, किसी ढब से रुपया निकालना चाहिए ।

मुहा०—ढब पर चढ़ना = अभिप्राय-साधन के अनुकूल होना । किसी का इस प्रकार प्रवृत्त होना जिससे (दूसरे का) कुछ अर्थ सिद्ध हो । किसी का ऐसी अवस्था में होना जिससे कुछ मतलब निकले । जैसे, कहीं वह ढब पर चढ़ गया तो बहुत काम होगा । ढब पर लगाना या लाना = अभिप्राय-साधन के अनुकूल करना । किसी को इस प्रकार प्रवृत्त करना कि उससे कुछ अर्थ सिद्ध हो । अपने मतलब का बनाना ।

(५) गुण और स्वभाव । प्रकृति । आदत । बान ।

मुहा०—ढब डालना = (१) आदत डालना । अभ्यस्त करना । (२) अच्छी आदत डालना । आचार व्यवहार की शिक्षा देना । शऊर सिखाना ।

ढबरा †—वि० दे० "ढाबर" ।

ढबीला †—वि० [हिं० ढब] ढब का । ढबवाला । चालाक । चतुर ।

ढबुआ †—संज्ञा पुं० [देश०] खेतों के मचान के ऊपर का छप्पर । संज्ञा पुं० [देश०] पैसा ।

ढबैला—वि० [हिं० ढाबर] मिट्टी और कीचड़ मिला हुआ (पानी) । मटमैला । गदला ।

ढमढम—संज्ञा पुं० [अनु०] ढोल का वा नगारे का शब्द ।

ढमलाना †—क्रि० स० [देश०] लुढ़काना ।

ढयना—क्रि० अ० [स० ध्वंसन्] किसी दीवार, मकान, आदि का गिरना । ध्वस्त होना ।

संयो० क्रि०—जाना ।—पड़ना ।

मुहा०—ढय पड़ना = उतर पड़ना । सहसा आकर टिक जाना । एकबारगी आकर डेरा डाल देना । (व्यंग्य)

ढरकना †—क्रि० अ० [हिं० ढार या ढाल] (१) पानी या और किसी द्रव पदार्थ का आधार से नीचे गिर पड़ना । ढलना । गिर कर बह जाना ।

संयो० क्रि०—जाना ।—पड़ना ।

(२) नीचे की ओर जाना । उ०—(क) सकल सनेह सिथिल रघुबर के । गए कोस दुइ दिनकर ढरके । —तुलसी । (ख) परसत भोजन प्रातहिं ते सब । रवि माथे ते ढरकि गयो अब ।—सूर ।

मुहा०—दिन ढरकना = सूर्यास्त होना । दिन डूबना ।

ढरका—संज्ञा पुं० [हिं० ढरकना] (१) आँख का एक रोग जिसमें आँख से आँसू बहा करता है ।

क्रि० प्र०—लगना ।

(२) सिरे पर कलम की तरह छीली हुई बाँस की नली जिससे चौपायों के गले में दवा उतारते हैं । (३) बाँस की नली से चौपायों के गले में दवा उतारने की क्रिया ।

क्रि० प्र०—देना ।

ढरकाना †—क्रि० स० [हिं० ढरकना] पानी या और किसी द्रव पदार्थ को आधार से नीचे गिराना । गिरा कर बहाना । जैसे, पानी ढरकाना ।

संयो० क्रि०—देना ।

ढरकी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ढरकना] जुलाहों का एक औजार जिससे वे लोग बाने का सूत फेंकते हैं । ढरकी की आकृति करताल की सी होती है और यह भीतर से पोली रहती है । खाली स्थान में एक काँटे पर लपेटा हुआ सूत रक्खा रहता है जब ढरकी को इधर से उधर फेंकते हैं तब उसमें से सूत खुलकर बाने में भरता जाता है । इसे 'भरनी' भी कहते हैं ।

ढरना † *—क्रि० अ० दे० "ढलना" ।

ढरनि—संज्ञा स्त्री० [हिं० ढरना] (१) गिरने वा पड़ने की क्रिया । पतन । उ०—सखि बचन सुन कौसिला लखि सुढर पासे ढरनि ।—तुलसी । (२) हिलने डोलने की क्रिया । गति । स्पंदन । उ०—कंठसिरी दुलरी हीरन की नासा मुक्ता ढरनि ।—स्वामी हरिदास । (३) चित्त की प्रवृत्ति । झुकाव । उ०—रिस अरु रुचि हौं समुझि देखिहौं वाके मन की ढरनि, बाकी भावती बात चलायहौं ।—सूर । (४) किसी की दशा पर हृदय द्रवीभूत होने की क्रिया । दीन दशा दूर करने की स्वाभाविक प्रवृत्ति । स्वाभाविक करुणा । दयाशीलता । सहज कृपालुता । उ०—(क) राम नाम सों

प्रतीत प्रीति राखे कबहुँक तुलसी ढरैंगे राम आपनी ढरनि।—तुलसी। (ख) कृपासिंधु कोसल धनी सरनागत पालक ढरनि आपनी ढरिए।—तुलसी।

ढरहरना * †—क्रि० अ० [हिं० ढरना] खसकना। सरकना। ढलना। झुकना। उ०—दीनदयाल गोपाल गोपपति गाव गुण आवत ढिग ढरहरि।—सूर।

ढरहरा—वि० [हिं० ढार + हार (प्रत्य०)] [स्त्री० ढरहरी] ढालुवाँ। ढालू।

ढरहरी†—संज्ञा स्त्री० [देश०] पकौड़ी। उ०—रायभोग लियो भात पसाई। मूँग ढरहरी हींग लगाई।—सूर।

वि० स्त्री० [हिं० ढरहरा] ढालू। ढालुवाँ।

ढराई†—संज्ञा स्त्री० दे० "ढलाई"।

ढराना†—क्रि० स० (१) दे० "ढलाना"। उ०—खैंचि खराद चढाए नहीं न सुढार के ढारनि मध्य ढराए।—सरदार। (२) दे० "ढरकाना"।

ढरारा—वि० [हिं० ढार] [स्त्री० ढरारी] (१) ढलनेवाला। ढरकनेवाला। गिर कर बह जानेवाला। (२) लुढकनेवाला। थोड़े आघात से पृथ्वी पर आपसे आप सरकनेवाला। (जैसे, गोली)

यौ०—ढरारा रवा = गहना बनाने में सोने चाँदी का वह गोल दाना जो जमीन पर रखने से लुढ़क जाय।

(३) शीघ्र प्रवृत्त होनेवाला। झुक पड़नेवाला। आकर्षित होनेवाला। चलायमान होनेवाला। उ०—जोबन रँग रंगीली, सोने से गात, ढरारे नैना, कंठपोत मखतूली।—स्वामी हरिदास।

ढरैया†—संज्ञा पुं० [हिं० ढारना] ढालनेवाला।

ढर्रा—संज्ञा पुं० [हिं० धरना] (१) मार्ग। रास्ता। पथ। (२) किसी कार्य के निर्वाह की प्रणाली। शैली। ढंग। तरीका। (३) युक्ति। उपाय। तदबीर। जैसे, कोई ढर्रा ऐसा निकालो जिसमें इन्हें भी कुछ लाभ हो जाय।

क्रि० प्र०—निकालना।

(४) आचरण पद्धति। चाल चलन। जैसे, यह लड़का बिगड़ रहा है, इसे अच्छे ढर्रे पर लगाओ।

ढलकना—क्रि० अ० [हिं० ढाल] (१) पानी या और किसी द्रव पदार्थ का आधार से नीचे गिर पड़ना। ढलना।

संयो० क्रि०—जाना।

(२) लुढकना। नीचे ऊपर चक्कर खाते हुए सरकना।

ढलका—संज्ञा पुं० [हिं० ढलकना] आँख का एक रोग जिसमें आँख से बराबर पानी बहा करता है।

ढलकाना—क्रि० स० [हिं० ढलकना] (१) पानी या और किसी द्रव पदार्थ को आधार से नीचे गिराना। (२) लुढ़काना।

संयो० क्रि०—देना।

ढलकी—संज्ञा स्त्री० दे० "ढरकी"।

ढलना—क्रि० अ० [हिं० ढाल] (१) पानी या और किसी द्रव पदार्थ का नीचे की ओर सरक जाना। ढरकना। गिर कर बहना। जैसे, पत्ते पर की बूँद का ढलना। उ०—अधरन चुवाइ लेउँ सिगरो रस तनिकौ न जान देउँ इत उत ढरि।—स्वामी हरिदास।

संयो० क्रि०—जाना।

मुहा०—जवानी ढलना = युवावस्था का जाता रहना। छाती ढलना = स्तनों का लटक जाना। जोबन ढलना = युवावस्था के चिह्नों का जाता रहना। जवानी का उतार होना। दिन ढलना = सूर्यास्त होना। संध्या होना। दिन ढले = संध्या को। शाम को। सूरज या चाँद ढलना = सूर्य या चंद्रमा का अस्त होना।

(२) बीतना। गुजरना। निकल जाना। उ०—काहे न प्रगट करौ जदुपति सों दुसह दोष की अवधि गई ढरि।—सूर। (३) पानी या और किसी द्रव पदार्थ का आधार से गिरना। पानी, रस आदि का एक बरतन से दूसरे बरतन में डाला जाना। उँड़ेला जाना।

मुहा०—बोतल ढलना = खूब शराब पीया जाना। मद्य पिया जाना। शराब ढलना = मद्य पिया जाना।

(४) लुढ़कना। (५) किसी सूत या डोरी के रूप की वस्तु का इधर से उधर हिलना। लहर खाकर इधर उधर डोलना। लहराना। जैसे, चँवर ढलना। (६) किसी ओर आकर्षित होना। प्रवृत्त होना।

संयो० क्रि०—पड़ना।

(७) अनुकूल होना। प्रसन्न होना। रीझना। उ०—देत न अघात, रीझि जात पात आक ही के, भोलानाथ जोगी जब औढर ढरत है।—तुलसी।

संयो० क्रि०—जाना।

(८) पिघली या गली हुई सामग्री से साँचे के द्वारा बनना। साँचे में ढाल कर बनाया जाना। ढाला जाना। जैसे, खिलौने ढलना, बरतन ढलना।

मुहा०—साँचे में ढला हुआ = बहुत सुंदर और सुडौल।

ढलवाँ—वि० [हिं० ढालना] जो पिघली हुई धातु आदि को साँचे में डाल कर बनाया गया हो। जैसे, ढलवाँ बरतन।

ढलवाना—क्रि० स० [हिं० ढालना का प्रे०] ढालने का काम कराना।

ढलाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० ढालना] (१) साँचे में ढाल कर बरतन आदि बनाने का काम। ढालने का काम। (२) ढालने की मजदूरी।

ढलाना–क्रि० स० दे० "ढलवाना"।

ढलुवाँ–वि० दे० "ढलवाँ"।

ढलैत–संज्ञा पुं० [हिं० ढाल] ढाल बाँधनेवाला। सिपाही।

ढवरी†*–संज्ञा स्त्री० [देश०] धुन। ढोरी। लौ। लगन। रट। उ०—सूरदास गोपी बड़ भागी। हरि दरशन की ढवरी लागी।—सूर। दे० "ढौरी"

ढहना–क्रि० अ० [सं० ध्वंसन] (१) दीवार, मकान आदि का गिर पड़ना। ध्वस्त होना।

संयो० क्रि०—जाना।

(२) नष्ट होना। मिट जाना। उ०—तुलसी रसातल को निकसि सलिल आयो, कोल कलमल्यो ढहि कमठ को बल गो।—तुलसी।

ढहराना†–क्रि० स० [हिं० ढार] (१) लुढ़काना। (२) सूप के अन्न में से गोल दाने की कंकड़ी मिट्टी आदि को लुढ़का कर अलग करना।

ढहरी†–संज्ञा स्त्री० [सं० देहली] डेहरी। देहली। दहलीज। उ०—सूर प्रभु कर सेज टेकट कबहूँ टेकत ढहरि।—सूर।

संज्ञा स्त्री० [सं०] मिट्टी का बरतन। मटका। उ०—ढगर न देत काहुहिं फोरि डारत ढहरि।—सूर।

ढहवाना–क्रि० स० [हिं० ढहाना का प्रे०] ढहाने का काम कराना। गिरवाना।

ढहाना–क्रि० स० [सं० ध्वंसन] दीवार मकान आदि गिराना। ध्वस्त करना। उ०—एक ही बान को पाषान को कोट सब ढुतो चहुँ ओर सो दियो ढहाई।—सूर।

ढाँक–संज्ञा पुं० [देश०] कुश्ती के एक पेच का नाम।

ढाँकना–क्रि० स० [सं० ढक=छिपाना (१) किसी वस्तु को दूसरी वस्तु के इस प्रकार नीचे करना जिसमें वह दिखाई न दे या उस पर गर्द आदि न पड़े। ऊपर से कोई वस्तु फैला या डाल कर (किसी वस्तु को) ओट में करना। कोई वस्तु ऊपर से डाल कर छिपाना। जैसे, (क) पानी का बरतन खुला मत छोड़ो ढाँक दो। (ख) मिठाई को कपड़े से ढाँक दो।

संयो० क्रि०—देना।

(२) इस प्रकार ऊपर डालना या फैलाना जिसमें नीचे कोई वस्तु छिप जाय। जैसे, इस पर कपड़ा ढाँक दो।

संयो० क्रि०—देना।

ढाँखा†–संज्ञा पुं० दे० "ढाक"।

ढाँग†–वि० [देश०] दे० "ढालुवाँ"।

ढाँच–संज्ञा पुं० दे० "ढाँचा"।

ढाँचा–संज्ञा पुं० [सं० स्थाता, हिं० ठाट] (१) किसी वस्तु की रचना की प्रारंभिक अवस्था में स्थूल रूप से संयोजित अंगों की समष्टि। किसी चीज को बनाने के पहले परस्पर जोड़ जाड़ कर बैठाए हुए उसके भिन्न भिन्न भाग जिनसे उस वस्तु का कुछ आकार खड़ा हो जाता है। ठाट। ठट्टर। डौल। जैसे, अभी तो इस पालकी का ढाँचा खड़ा हुआ है, तख्ते आदि नहीं जड़े गए हैं।

क्रि० प्र०—खड़ा करना।—बनाना।

(२) भिन्न भिन्न रूपों से परस्पर इस प्रकार जोड़े हुए लकड़ी आदि के बल्ले या छड़ कि उनमें बीच में कोई वस्तु जमाई या जड़ी जा सके। जैसे, चौखटा, बिना बुनी चारपाई, कुरसी आदि। (३) पंजर। ठटरी। (४) चार लकड़ियों का बना हुआ वह खड़ा चौखटा जिसमें जुलाहे नचनी लटकाते हैं। (५) रचना-प्रकार। गढ़न। बनावट। जैसे, इस गिलास का ढाँचा बहुत अच्छा है। (६) प्रकार। भाँति। तरह। जैसे, वह न जाने किस ढाँचे का आदमी है।

ढाँपना–क्रि० स० दे० "ढाँकना"।

ढाँस–संज्ञा स्त्री० [अनु०] वह 'ठन ठन' शब्द जो सूखी खाँसी आने पर गले से निकलता है। ठसक।

ढाँसना–क्रि० अ० [हिं० ढाँस] सूखी खाँसी खाँसना।

ढाई–वि० [सं० अर्द्धद्वितीय, प्रा० अड्ढाइय, हिं० अढाई] दो और आधा। जो गिनती में दो से आधा अधिक हो।

मुहा०—ढाई घड़ी की आना=चटपट मौत आना। (क्रि० का कोसना) जैसे, तुझे ढाई घड़ी की आवे। ढाई चुल्लू लहू पीना=मार डालना। कठिन दंड देना (क्रोध वाक्य)। जैसे, तेरा ढाई चुल्लू लहू पीऊँ तब मुझे कल होगी। ढाई दिन की बादशाहत करना=(१) थोड़े दिनों के लिये खूब ऐश्वर्य भोगना। (२) दूल्हा बनना।

संज्ञा स्त्री० [हिं० ढाना] (१) लड़कों का एक खेल जिसे वे कौड़ियों से खेलते हैं। इस में कौड़ियों का समूह एक घेरे में रख कर उसे गोलियों से मारते हैं। (२) वह कौड़ी जो इस खेल में रखी जाती है।

ढाक–संज्ञा पुं० [सं० आषाढक=पलाश] पलाश का पेड़। छिउला। छीउल।

मुहा०—ढाक के तीन पात=सदा एक सा निर्धन। कभी भरा पूरा नहीं। (निर्धन मनुष्य के संबंध में बोलते हैं)। ढाक तले की फूहड़ महुए तले की सुघड़=जिसके पास धन नहीं रहता वह निर्गुणी और धनवाला सर्वगुण सम्पन्न समझा जाता है।

संज्ञा पुं० [सं० ढक्का] लड़ाई का बड़ा ढोल। उ०—गोमुख, ढाक, ढोल, पणवानक। बाजत रव अति होत भयानक।—सबल।

ढाकन†—संज्ञा पुं० दे० "ढक्कन"।

ढाका—संज्ञा पुं० [सं० ढक्क] पूर्वीय बंगाल का एक नगर जो पुराने समय में महीन सूती कपड़ों के लिये प्रसिद्ध था जैसे, ढाके की चद्दर, ढाके की मलमल।

ढाकापाटन—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का फूलदार महीन कपड़ा।

ढाकेवाल पटेल—संज्ञा पुं० [हिं० ढाक + पटेल (पट्टी नाव)] एक प्रकार की पूरबी नाव जिसके ऊपर बराबर छप्पर छाया रहता है। छप्पर के नीचे बैठ कर माझी नाव खेते हैं।

ढाटा—संज्ञा पुं० [हिं० ढाढ़] (१) कपड़े की वह पट्टी जिससे ढाढ़ी बाँधी जाती है।

क्रि० प्र०—बाँधना।

(२) वह बड़ा साफा जिसका एक फेंट ढाढ़ी, और गाल से होता हुआ जाता है। (३) वह कपड़ा जिससे मुरदे का मुँह इसलिये बाँध देते हैं जिसमें कफन सरकने से मुँह खुल न जाय।

ढाड़—संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) चिग्घाड़। चीख। गरज (बाघ सिंह आदि की)। दे० "दहाड़"। (२) चिल्लाहट।

मुहा०—ढाड़ मारना = चिल्ला कर रोना।

विशेष—दे० "धाड़"।

ढाढ़ना†—क्रि० स० दे० "डाढ़ना"। उ०—एक परे गाढ़े एक ढाढ़त ही काढ़े एक देखत हैं ठाढ़े कहैं पावक भयावनो।—तुलसी।

ढाढ़स—संज्ञा पुं० [सं० दृढ, प्रा० डिढ] (१) संकट कठिनाई या विपत्ति के समय चित्त की स्थिरता। धैर्य। धीरज। शांति। आश्वासन। सांत्वना। तसल्ली।

क्रि० प्र०—होना।

मुहा०—ढाढ़स देना या बँधाना = वचनों से दुखी चित्त को शांत करना। तसल्ली देना।

(२) दृढ़ता। साहस। हिम्मत।

क्रि० प्र०—होना।

मुहा०—ढाढ़स बँधाना = साहस उत्पन्न करना। उत्साहित करना।

ढाढ़िन—संज्ञा स्त्री० [हिं० ढाढ़ी] ढाढ़ी की स्त्री।

ढाढ़ी—संज्ञा पुं० [देश०] [स्त्री० ढाढ़िन] एक प्रकार के नीच गवैये जो जन्मोत्सव के अवसर पर लोगों के यहाँ जाकर बधाई आदि के गीत गाते हैं। उ०—ढाढ़ी और ढाढ़िनि गावैं हरि के ठाढ़े बजावैं हरषि असीस देत मस्तक नवाइ कै।—सूर।

ढाढ़ौन—संज्ञा पुं० [सं० ढिंढिणी] जल सिरिस का पेड़।

विशेष—यह पेड़ पानी के किनारे होता है और जंगली सिरिस से कुछ छोटा होता है। वैद्यक के अनुसार यह त्रिदोष, कफ, कुष्ठ और बवासीर को दूर करता है।

ढाना—क्रि० स० [सं० ध्वसन, हिं० ढाहना] (१) दीवार मकान आदि को गिराना। ऊँची उठी हुई वस्तु को तोड़ फोड़ कर गिराना। ध्वस्त करना।

संयो० क्रि०—देना।

(२) गिराना। गिरा कर जमीन पर डालना। जैसे, किसी को मार कर ढाना।

संयो० क्रि०—देना।

ढापना—क्रि० स० दे० "ढाँपना"।

ढाबर†—वि० [हिं० डाबर = गड्ढा] मिट्टी और कीचड़ मिला हुआ (पानी)। मटमैला। गदला। उ० भूमि परत भा ढाबर पानी। जनु जीवहि माया लपटानी।—तुलसी।

ढाबा—संज्ञा पुं० [देश०] (१) ओखली। (२) जाल। (३) परछत्ती। (४) रोटी की दूकान। वह दूकान जहाँ लोग दाम देकर भोजन करते हैं।

ढामक—संज्ञा पुं० [अनु०] ढोल नगारे आदि का शब्द। उ०—ढमकंत ढोल ढमाक डफला तबल ढामक जोर।—सूदन।

ढामना—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का साँप।

ढार—संज्ञा पुं० [सं० धार] (१) वह स्थान जो बराबर क्रमशः नीचा होता गया हो और जिस पर से होकर कोई वस्तु नीचे फिसल या बह सके। उतार। उ०—सकुच सुरत आरंभ ही बिछुरी लाज लजाय। ढरकि ढार ढुरि ढिग भई ढीठ ढिठाई आय।—बिहारी। (२) पथ। मार्ग। प्रणाली। उ०—ढेर ढार तेही ढरत दूजे ढार ढरै न। क्यों हूँ आनन आन सौं नैना लागत नैन।—बिहारी। (३) प्रकार। ढाँचा। ढंग। रचना। बनावट। उ०—(क) दृग थरकौंहैं अधखुले देह थकौंहैं ढार। सुरत सुखी सी देखियत दुखित सरभ के भार।—बिहारी। (ख) तिय कौ मुख सुंदर बन्यो बिधि फेरयो परगार। तिलन बीच कौ बिंदु है गाल गोल इक ढार।—मुबारक।

संज्ञा स्त्री० (१) ढाल के आकार का कान में पहनने का एक गहना। बिरिया। (२) पछेली नामक गहना।

ढारना†—क्रि० स० [सं० धार, हिं० ढार + ना (प्रत्य०)] (१) पानी या और किसी द्रव पदार्थ को आधार से नीचे गिराना। गिरा कर बहाना। उ०—(क) उत्तर देइ नहिँ, लेइ उसासू। नारि चरित करि ढारइ आँसू।—तुलसी। (ख) उरग नारि आगे ढारी नैनन ढारति नीर।—सूर। (२) गिराना। ऊपर से छोड़ना। डालना। जैसे, पासा ढारना।

विशेष—दे० "ढालना"।

ढारस—संज्ञा पुं० दे० "ढाढ़स"।

ढाल—संज्ञा स्त्री० [स०] तलवार, भाले आदि का वार रोकने का अस्त्र जो चमड़े धातु आदि का बना हुआ थाली के आकार का गोल होता है। फरी। चर्म। आड़। फलक।

विशेष—ढाल गैंडे के पुट्ठे, कछुए की खोपड़ी, धातु आदि कई चीजों की बनती है। जिस ओर इसे हाथ से पकड़ते हैं उधर यह गहरी और आगे की ओर उभरी हुई होती है। आगे की ओर इसमें ४—५ काँटे या मोटी फुलिया जड़ी होती हैं।

मुहा०—ढाल बाँधना = ढाल हाथ में लेना।

संज्ञा स्त्री० [सं० धार] (१) वह स्थान जो आगे की ओर क्रमशः इस प्रकार बराबर नीचा होता गया हो कि उसपर पड़ी हुई वस्तु नीचे की ओर खिसक या लुढ़क या बह सके। उतार। जैसे, (क) पानी ढाल की ओर बहेगा। (ख) वह पहाड़ की ढाल पर से फिसल गया। (२) ढंग। प्रकार। तौर। तरीका। उ०—सदा मति ज्ञान में कि वेद कि पुरान में, कि ध्यान, दान मान में सुऐसो एक ढाल है।—हनुमान। † (३) उगाही। चंदा। बेहरी। (पंजाब)

ढालना—क्रि० स० [स० धार] (१) पानी या और किसी द्रव पदार्थ को गिराना। उँड़ेलना। जैसे, (क) हाथ पर पानी ढाल दो। (ख) घड़े का पानी इस बरतन में ढाल दो। बोतल की शराब गिलास में ढाल दो।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

मुहा०—बोतल ढालना = शराब पीना। मद्यपान करना।

(२) शराब पीना। मद्यपान करना। जैसे, आजकल तो खूब ढालते हो। (३) बेचना। बिक्री करना। (दलाल)। (४) थोड़े दाम पर माल निकालना। सस्ता बेंचना। लुटाना। (५) ताना छोड़ना। व्यंग्य बोलना। † (६) चंदा उतारना। उगाही करना। (पंजाब)। (७) पिघली हुई धातु आदि को साँचे में ढाल कर बनाना। पिघली हुई सामग्री से साँचे के द्वारा निर्मित करना। जैसे, लोटा ढालना, खिलौने ढालना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

ढालवाँ—वि० [हिं० ढाल] [स्त्री० ढालवीं] जो आगे की ओर क्रमशः इस प्रकार बराबर नीचा होता गया हो कि उसपर पड़ी हुई वस्तु जल्दी से लुढ़क, फिसल या बह सके। जिसमें ढाल हो। ढालदार। ढालू। जैसे, यह रास्ता ढालवाँ है। सँभल कर चलना।

ढालिया—संज्ञा पुं० [हिं० ढालना] फूल, पीतल, ताँबा, जस्ता, इत्यादि पिघली धातुओं को साँचे में ढाल कर बरतन गहने आदि बनानेवाला। भरिया। खुलवा। साँचिया।

ढालुआँ—वि० दे० "ढालवाँ"।

ढालू—वि० दे० "ढालवाँ"।

ढावना†—क्रि० स० [देश०] गिराना।

ढास†—संज्ञा पुं० [सं० दस्यु] ठग। लुटेरा। डाँकू। उ०—बासर ढासनि के ढका रचनी चहुँ दिसि चोर। शंकर निजपुर राखिये चितै सुलोचन कोर।—तुलसी।

ढासना—संज्ञा पुं० [सं० धा = धारण करना + आसन] (१) वह ऊँची वस्तु जिस पर बैठने में पीठ या शरीर का ऊपरी भाग टिक सके। सहारा। टेक। उठँगन। (२) तकिया।

ढाहना†—क्रि० स० [सं० ध्वंसन] दीवार, मकान आदि को गिराना। ध्वस्त करना। ढाना। उ०—(क) ढाहत भूप रूप तरु मूला। चली विपति वारिधि अनुकूला।—तुलसी। (ख) वृक्ष बन काटि महलात ढाहन लग्यो नगर के द्वार दीनो गिराई।—सूर।

विशेष—दे० "ढाना"।

ढाहा†—संज्ञा पुं० [हिं० ढाहना] नदी का ऊँचा करारा।

ढिंढोरना—क्रि० स० [अनु०] (१) मथन करना। मथना। बिलोड़ना। हाथ डाल कर ढूँढ़ना। खोजना। तलाश करना। उ०—(क) क्यों बचिए भजिहूँ घन आनँद बैठी रहैं घर पैठि ढिंढोरत।—घनानंद। (ख) भूलि गई माखन की चोरी। खात रहे घर सकल ढिंढोरी।—विश्राम।

ढिंढोरा—संज्ञा पुं० [अनु० ढम + ढोल] (१) वह ढोल जिसे बजा कर सर्वसाधारण को किसी बात की सूचना दी जाती है। घोषणा करने की भेरी। डुगडुगिया।

मुहा०—ढिंढोरा पीटना या बजाना = ढोल बजा कर किसी बात की सूचना सर्वसाधारण को देना। चारो ओर घोषित करना। मुनादी करना।

(२) वह सूचना जो ढोल बजा कर सर्वसाधारण को दी जाय। घोषणा। मुनादी। उ०—जो मैं ऐसा जानती प्रीति किए दुख होय। नगर ढिंढोरा फेरती, प्रीति करो जनि कोय। (प्रचलित)।

क्रि० प्र०—फेरना।

ढिकचन—संज्ञा पुं० [देश०] गन्ने का एक भेद।

ढिकुली—संज्ञा स्त्री० दे० "ढेकुली"

ढिग—क्रि० वि० [सं० दिक् = ओर] पास। समीप। निकट। नजदीक। उ०—मुरली धुनि सुनि सबै ग्वालिनी हरि के ढिग चलि आईं।—सूर।

विशेष—यद्यपि यह संज्ञा शब्द है पर इसका प्रयोग सप्तमी विभक्ति का लोप करके प्रायः क्रि० वि० वत् ही होता है।

संज्ञा स्त्री० (१) पास। सामीप्य। (२) तट। किनारा। छोर। उ०—सेतुबंध ढिग चढ़ि रघुराई। चितव कृपालु सिंधु बहुताई।—तुलसी।—(३) कपड़े का किनारा। पाड़। कोर। हाशिया। उ०—(क) लाल ढिगन की सारी ताको पीत ओढ़निया कीनी।—सूर। (ख) पट की ढिग कत

ढाँपियत सोभित सुभग सुवेस । हृद रदछद छवि देखियत सद रदछद की रेख ।—बिहारी ।

ढिठाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढीठ + आई (प्रत्य०)] (१) गुरु जनों के समक्ष व्यवहार की अनुचित स्वच्छंदता । संकोच का अनुचित अभाव । धृष्टता । चपलता । गुस्ताखी । उ०—छमिहहिं सज्जन मोरि ढिठाई ।—तुलसी । (२) लोक लज्जा का अभाव । निर्लज्जता । (३) अनुचित साहस ।

ढिपुनी †–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) फल या पत्ते के साथ लगा हुआ टहनी का पतला नरम भाग । (२) किसी वस्तु के सिरे पर दाने की तरह उभरा हुआ भाग । ठोंठी । (३) कुच का अग्र भाग । बोंड़ी ।

ढिबरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० डिब्बा] (१) टीन, शीशे, या पकी मिट्टी की डिबिया जिसके मुँह पर बत्ती लगा कर मिट्टी का तेल जलाते हैं । मिट्टी का तेल जलाने की छुच्छीदार डिबिया । (२) बरतन के साँचे के पल्ले के तीन भागों में से सब से नीचे का भाग । साँचे की पेंदी का भाग ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० ढपना] (१) किसी कसे जानेवाले पेच के सिरे पर लगा हुआ लोहे का चौड़ा टुकड़ा जिससे पेच बाहर नहीं निकलता । (२) चमड़े या मूँज की वह चकती जो चरखे में इस लिये लगाई जाती है जिसमें तकला न घिसे ।

ढिमका–सर्व० [हिं० अमका का अनु०] [स्त्री० ढिमकी] अमुक । अमका । फलाँ । फलाना ।

यौ०—फलाना ढिमका = अमुक अमुक मनुष्य । ऐसा ऐसा आदमी ।

ढिलढिला–वि० [हिं० ढीला] (१) ढीला ढाला । (२) (रस आदि) जो गाढ़ा न हो । पानी की तरह पतला ।

ढिलाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढीला] (१) ढीला होने का भाव । कसा न रहने का भाव । (२) शिथिलता । सुस्ती । आलस्य । किसी कार्य के करने में अनुचित बिलंब । जैसे, तुम्हारी ही ढिलाई से यह काम पिछड़ा है ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० ढीलना] ढीलने की क्रिया या भाव । ढीला करने का काम ।

ढिलाना–क्रि० स० [हिं० ढीलना का प्रे०] (१) ढीलने का काम कराना । (२) ढीला कराना ।

†*क्रि० स० (१) ढीला करना । (२) कसी या बँधी हुई वस्तु को खोलना । उ०—जसु स्वामी जब उठे प्रभाता । बैलन बँधे लखे सुखदाता ॥ खेती हित लै गए ढिलाई । भेद न जान्यो गए चोराई ।—रघुराज ।

ढिलुड़–वि० [हिं० ढीला] ढील करनेवाला । मट्टर । सुस्त ।

ढिसरना* †–क्रि० अ० [स० ध्वंसन] (१) फिसल पड़ना । सरक पड़ना । (२) प्रवृत्त होना । झुकना । उ०—उक्ति युक्ति सब तबहीं बिसरै । जब पंडित पढ़ि तिय पै ढिसरै ।—निश्चल । (३) फलों का कुछ कुछ पकना ।

ढींगर†–संज्ञा पुं० [स० ढिंगर] (१) बड़े ढील डौल का आदमी । मोटा मुस्टंडा आदमी । (२) पति या उपपति । उ०—कह कबीर ये हरि के काज । जोइया के ढींगर कौन है लाज ।—कबीर ।

ढींढ़–संज्ञा पुं० दे० "ढींढ़ा"

ढींढ़स–संज्ञा पुं० [सं० टिंडिश] डिंढ़सी नाम की तरकारी ।

ढींढ़ा†–संज्ञा पुं० [सं० ढुंढि = लंबोदर, गणेश] (१) बड़ा पेट । निकला हुआ पेट ।

मुहा०—ढींढ़ा फूलना = पेट में बच्चा होने के कारण पेट निकलना ।

(२) गर्भ । हमल ।

मुहा०—ढींढ़ा गिराना = गर्भपात करना ।

ढींगे * †–क्रि० वि० दे० "ढिग" ।

ढीट–संज्ञा स्त्री० [देश०] रेखा । लकीर । डँडीर । उ०—रेख छाँड़ि जाऊँ तो डराऊँ लछिमनजी तें, भीख बिनु दिए भीख मीच हौं न पावती । कोऊ मंदभागी यह राम के न आगे आयो दासन पावन हौं देत संकावती । ढीट मेट देउँ फिर ढीट ही मिलाय लेउँ, ह्वैहै बात सोई भगवंत जू को भावती ।—हनुमान ।

ढीठ–वि० [सं० धृष्ट] (१) वह जो गुरु जनों के सामने ऐसा काम करे जो उनके सामने अनुचित हो । बड़ों का संकोच या डर न रखनेवाला । बड़ों के सामने अनुचित स्वच्छंदता प्रकट करनेवाला । धृष्ट । बेअदब । शोख । उ०—बिनु पूछे कछु कहउँ गोसाईं । सेवक समय, न ढीठ ढिठाई ।—तुलसी । (२) किसी काम को करने में उसके परिणाम का भय न करनेवाला । ऐसे कामों में आगा पीछा न करनेवाला जिनसे लोगों को विरोध हो । अनुचित साहस करनेवाला । बिना डर का । उ०—ऐसे भए हैं कान्ह दधि गिराय मटकी सब फोरी ।—सूर । (३) साहसी । हिम्मतवर । हियाव-वाला । किसी बात से जल्दी न डर जानेवाला ।

ढीठता*–संज्ञा स्त्री० [स० धृष्टता] ढिठाई ।

ढीठा†–वि० दे० "ढीठ" ।

संज्ञा पुं० ढिठाई । धृष्टता ।

ढीठ्यो–संज्ञा पुं० दे० "ढीठा" ।

ढीम†–संज्ञा पुं० [देश०] (१) पत्थर का बड़ा टुकड़ा । पत्थर का ढोका । उ०—सिला ढीम ढाहै इलावीर बाहैं धड़ा धड़ सहैं भड़ा भड़ ह्वैहैं ।—सूदन । (२) मिट्टी की पिंडी ।

ढीमड़ो*†–संज्ञा पुं० [देश०] कूप । कुँआ । (सिंगल)

ढीमा–संज्ञा पुं० [देश०] ढेला। ईंट पत्थर आदि का टुकड़ा। ढोंका।

ढील–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढीला] (१) कार्य्य में उत्साह का अभाव। शिथिलता। अतत्परता। नामुस्तैदी। सुस्ती। अनुचित विलंब। जैसे, इस काम में ढील करोगे तो ठीक न होगा।

क्रि० प्र०—करना।

मुहा०—ढील देना = ध्यान न देना। दत्तचित्त न होना। बेपरवाही करना।

(२) बंधन को ढीला करने का भाव। डोरी को कड़ा वा तना न रखने का भाव।

मुहा०—ढील देना = (१) पतंग की डोर बढ़ाना जिससे वह आगे बढ़ सके। (२) स्वच्छंदता देना। मनमाना करने का अवसर देना। वश में न रखना।

† वि० दे० "ढीला"।

† संज्ञा पुं० बालों का कीड़ा। जूँ।

ढीलना–क्रि० स० [हिं० ढीला] (१) ढीला करना। कसा या तना हुआ न रखना। बंधन आदि की लंबाई बढ़ाना जिससे बँधी हुई वस्तु और आगे या इधर उधर बढ़ सके। जैसे, पतंग की डोरी ढीलना, रास ढीलना।

संयो० क्रि०—देना।

(२) बंधन मुक्त करना। छोड़ देना। उ०—तापै सूर बछरुवन ढीलत बन बन फिरत बहे।—सूर। (३) (पकड़ी हुई रस्सी आदि को) इस प्रकार छोड़ना जिसमें वह आगे या नीचे की ओर बढ़ती जाय। डोरी आदि को बढ़ाना या डालना। जैसे, कुएँ में रस्सी ढीलना। (४) किसी गाढ़ी वस्तु को पतला करने के लिये उसमें पानी आदि डालना।

ढीला–वि० [सं० शिथिल, प्रा० सिढिल] (१) जो कसा या तना हुआ न हो। जो सब ओर से खूब खिंचा न हो। (डोरी, रस्सी, तागा आदि) जिसके ठहरे या बँधे हुए छोरों के बीच झोल हो। जैसे, लगाम ढीली करना, डोरी ढीली करना, चारपाई (की बुनावट) ढीली होना।

मुहा०—ढीली छोड़ना या देना = बंधन ढीला करना। अंकुश न रखना। मनमाना इधर उधर करने के लिये स्वच्छंद करना।

(२) जो खूब कस कर पकड़ा हुआ न हो। जो अच्छी तरह जमा या बैठा न हो। जो दृढ़ता से बँधा या लगा हुआ न हो। जैसे, पेंच ढीला होना, जँगले की छड़ ढीली होना।

(३) जो खूब कस कर पकड़े हुए न हो। जैसे, मुट्ठी ढीली करना, गाँठ ढीली होना। बंधन ढीला होना। (४) जिसमें किसी वस्तु को डालने से बहुत सा स्थान इधर उधर छूटा हो। जो किसी समानेवाली चीज़ के हिसाब से बड़ा या चौड़ा हो। फर्राख। कुशादा। जैसे, ढीला जूता, ढीला अंगा, ढीला पायजामा। (५) जो कड़ा न हो। बहुत गीला। जिसमें जल का भाग अधिक हो गया हो। पनीला। जैसे, रसा ढीली करना, चाशनी ढीली करना। (६) जो अपने हठ पर अड़ा न रहे। प्रयत्न या संकल्प में शिथिल। जैसे, ढीले मत पड़ना, बराबर अपने रुपए का तकाज़ा करते रहना।

क्रि० प्र०—पड़ना।

(७) जिसके क्रोध आदि का वेग मंद पड़ गया हो। धीमा। शांत। नरम। जैसे, ज़रा भी ढीले पड़े कि वह सिर पर चढ़ जायगा।

क्रि० प्र०—पड़ना।

(८) मंद। सुस्त। धीमा। शिथिल। जैसे, उत्साह ढीला पड़ना।

मुहा०—ढीली आँख = मद मद दृष्टि। अधखुली आँख। रस या मद भरी चितवन। उ०—देह लग्यो ढिग गेहपति तऊ नेह निरबाहि। ढीली अँखियन ही इतै गई कनखियन चाहि।—बिहारी।

(९) मट्ठर। सुस्त। आलसी। काहिल। (१०) जिसमें काम का वेग कम हो। नपुंसक।

ढीलापन–संज्ञा पुं० [हिं० ढीला + पन (प्रत्य०)] ढीला होने का भाव। शिथिलता।

ढीह–संज्ञा पुं० [सं० दीर्घ, हिं० दीह] ऊँचा टीला। ढूह।

ढुंढा–संज्ञा पुं० [हिं० ढूढ़ना] चाई। उचक्का। ठग। लुटेरा। उ०—चोर ढुंढ वटपार अन्याई अपमारगी कहावैं जे।—सूर।

ढुंढपाणि*–संज्ञा पु० [सं० दंडपाणि] (१) शिव के एक गण। (२) दंडपाणि भैरव। उ०—पुनि काल भैरव ढंढपाणिहि और सिगरे देव को।—कबीर।

ढुँढ़वाना–क्रि० स० [हिं० ढूँढ़ना का प्रे०] ढूढ़ने का काम कराना। खोजवाना। तलाश कराना। पता लगवाना।

ढुंढा–संज्ञा स्त्री० [सं०] पुराण के अनुसार एक राक्षसी का नाम जो हिरण्यकशिपु की बहिन थी। इसको शिव से यह वर प्राप्त था कि अग्नि में न जलेगी। जब प्रह्लाद को मारने के अनेक उपाय हिरण्यकशिपु कर के हार गया तब उसने ढुंढा को बुलाया। वह प्रह्लाद को लेकर आग में बैठी। विष्णु भगवान की कृपा से प्रह्लाद तो न जले, ढुंढा जल कर भस्म हो गई।

ढुंढि–संज्ञा पुं० [सं०] गणेश का एक नाम। ये ३६ विनायकों में से है।

विशेष—काशीखंड में लिखा है कि सारे विघ्न इनके ढूँढ़े हुए या अन्वेषित हैं इसी से इनका नाम ढुंढि या ढुंढिराज है।

ढुंढी–संज्ञा स्त्री० [देश०] बाँह। बाहु। मुसुक।

मुहा०—दुंढिया चढ़ाना = मुसकें बाँधना। उ०—उसने झट उसकी पगड़ी उतार दुंढियाँ चढ़ाय मूछ डाढी और सिर मूँड़ रथ के पीछे बाँध लिया।—लल्लू।

सज्ञा स्त्री० दे० "ढोंढी"।

दुकना—क्रि० अ० [देश०] (१) घुसना। प्रवेश करना।

संयो० क्रि०—जाना।

(२) झुक पड़ना। टूट पड़ना। पिल पड़ना। एकबारगी किसी ओर धावा करना।

संयो० क्रि०—पड़ना।

(३) किसी बात को सुनने या देखने के लिये आड़ में छिपना। लुकना। घात में छिपना। जैसे, दुक कर कोई बात सुनना, किसी को पकड़ने के लिये दुकना। उ०—(क) दुकी रहीं जहँ तहँ सब गोरी। (ख) जउ न होत चारा कइ आसा। कित चिरिहार दुकत लेइ लासा ?।—जायसी।

दुकास †—संज्ञा स्त्री० [अनु० दुक दुक] पानी पीने की बहुत अधिक इच्छा। अधिक प्यास।

क्रि० प्र०—लगना।

दुक्का—सज्ञा पु० दे० "दूका"।

दुच्च †—सज्ञा पुं० [देश०] घूँसा। मुक्का।

दुटौना—संज्ञा पुं० दे० "ढोटा"।

दुनमुनिया †—संज्ञा स्त्री० [हिं० दनमनाना] (१) लुढ़कने की क्रिया या भाव। (२) सावन में कजली गाने का एक ढंग जिसमें स्त्रियाँ एक मंडल में घूमती हुई गोल बांध कर गाती हैं और बीच बीच में झुकती और खड़ी होती हैं।

दुरकना † *—क्रि० अ० [हिं० ढार] (१) लुढ़कना। फिसल कर सरकना या गिरना। उ०—लोभ चढ़ी अति मोहन की मति मोह महा गिरि तें दुरकी।—देव। (२) झुकना। उ०—संग में सईस ते रईस तें नफीस बेस सीस उसनीस बना बाम ओर दुरकी।—गोपाल।

दुरना—क्रि० अ० [हिं० ढार] (१) गिरकर बहना। ढरकना। ढलना। टपकना। उ०—नैनन दुरहिं मोति औ मूँगा। जस गुड़ खाय रहा है गूँगा।—जायसी।

संयो० क्रि०—पड़ना।

(२) कभी इधर कभी उधर होना। इधर उधर डोलना। डगमगाना। (३) सूत या रस्सी के रूप की वस्तु का इधर उधर हिलना। लहर खाकर डोलना। लहराना। जैसे, चँवर दुरना। उ०—जोबन मदमाती इतराती बेनी दुरत कटि पै छबि बाढ़ी।—सूर। (४) लुढ़कना। फिसल पड़ना। (५) प्रवृत्त होना। झुकना।

संयो० क्रि०—पड़ना।

(६) अनुकूल होना। प्रसन्न होना। कृपालु होना। उ०—बिन करनी मोपै दुरौ कान्ह गरीब निवाज।—रसनिधि।

दुरदुरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० दुरना] (१) लुढ़कने की क्रिया या भाव। नीचे ऊपर होते हुए फिसलने या बढ़ने की क्रिया। उ०—लूटि सी करति कलहंस जुग देव कहै टूटि मोतिसिरी छिति छूटि दुरदुरी लेति।—देव।

क्रि० प्र०—लेना।

(२) पगडंडी। पतला रास्ता। (३) नथ में लगी हुई सोने के गोल दानों की पंक्ति।

दुराना—क्रि० स० [हिं० दुरना] (१) गिरा कर बहाना। ढरकाना। ढुलकाना। टपकाना। उ०—पलक न लावति रहत ध्यान धरि बारंबार दुरावति पानी।—सूर। (२) इधर उधर हिलाना। लहराना। उ०—धुजा फहराइ छत्र चौंर सो दुराइ बागे बीरन बनाय यों चलाइ दाम चाम के।—हनुमान। (३) लुढ़काना। फिसल कर गिराना।

दुरुआ—सज्ञा पु० [हिं० दुरना] गोल मटर। केराव मटर।

दुर्री—सज्ञा स्त्री० [हिं० दुरना] वह पतला रास्ता जो लोगों के चलते चलते बन जाय। पगडंडी।

दुलकना—क्रि० अ० [हिं० ढाल + करना (प्रत्य०) वा सं० लुंठन, हिं० लुढ़कना] नीचे ऊपर होते हुए फिसलना या सरकना। ऊपर नीचे चक्कर खाते हुए बढ़ना या चल पड़ना। लुढ़कना। ढँग लाना।

संयो० क्रि०—जाना।

दुलकाना—क्रि० स० [हिं० दुलकना] लुढ़काना ढँगलाना।

दुलना—क्रि० अ० [हिं० ढाल] (१) गिरकर बहना। ढरकना।

संयो० क्रि०—जाना।

(२) लुढ़कना। फिसल पड़ना।

संयो० क्रि०—जाना।

(३) प्रवृत्त होना। झुकना।

संयो० क्रि०—आना।—पड़ना।

(४) अनुकूल होना। प्रसन्न होना। कृपालु होना।

संयो० क्रि०—जाना।—पड़ना।

(५) कभी इधर कभी उधर होना। इधर उधर डोलना। इधर से उधर हिलना। उ०—दुलति ग्रीव, लटकति नक बेसरि, मंद मंद गति आवै।—सूर। (६) सूत या रस्सी के रूप की वस्तु का इधर उधर हिलना। लहर खाकर डोलना। लहराना। जैसे, चँवर दुलना।

दुलवाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० ढोना] (१) ढोने का काम। (२) ढोने की मजदूरी।

सज्ञा स्त्री० [हिं० दुलना] (१) दुलाने की क्रिया। (२) दुलाने की मजदूरी।

दुलवाना—क्रि० स० [हिं० ढोना का प्रे०] ढोने का काम कराना। बोझ लेकर जाने का काम कराना।

क्रि० स० [हिं० 'दुलाना' का प्रे०] दुलाने का काम कराना।

दुलाना–क्रि० स० [हिं० ढाल] (१) गिरा कर बहाना। ढरकाना। ढालना।

संयो० क्रि०—देना।

(२) नीचे ढालना। ठहरा न रहने देना। गिराना। उ०—स्यंदन खंडि, महारथ खंडैं कपिध्वज सहित दुलाऊँ।—सूर।

(३) लुढ़काना। ढँगलाना।

संयो० क्रि०—देना।

(४) प्रवृत्त करना। झुकाना।

संयो० क्रि०—देना। लेना।

(५) अनुकूल करना। प्रसन्न करना। कृपालु करना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

(६) कभी इधर, कभी उधर करना। इधर उधर डुलाना। इधर से उधर हिलाना। जैसे, चँवर डुलाना। (७) चलाना। फिराना। उ०—सूर स्याम श्यामावश कीनो ज्यों सँग छाँह डुलावै हो।—सूर। † (८) फेरना। पोतना। उ०—ऊँचा महल चिनाइया चूना कली डुलाय।—कबीर।

क्रि० स० [हिं० ढोना] ढोने का काम कराना।

दुलुआ–संज्ञा स्त्री० [देश०] खजूर की बनी हुई चीनी।

दुवारा†–संज्ञा पु० [देश०] घुन नाम का कीड़ा।

दूँकना–क्रि० अ० दे० "ढुकना"।

दूँका–संज्ञा पु० [हिं० ढुँकना] किसी बात या वस्तु को गुप्त रूप से देखने के लिये आड़ में छिपने का कार्य्य। बिना अपनी आहट दिए कुछ देखने को घात में छिपने का काम।

क्रि० प्र०—लगना।

दूँढ़–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढूँढ़ना] खोज। तलाश। अन्वेषण।

मुहा०—दूँढ़ ढाँढ़ = खोज। तलाश।

दूँढ़ना–क्रि० स० [स० ढुंढन] खोजना। तलाश करना। अन्वेषण करना। पता लगाना।

संयो० क्रि०—देना (दूसरे के लिये)।—लेना (अपने लिये)।—डालना।

यौ०—दूँढ़ना ढाँढ़ना = खोजना। तलाश करना।

दूँढला–संज्ञा स्त्री० [स० ढुंढा] ढुंढा नाम की राक्षसी।

दूका–संज्ञा पुं० [देश०] डंठल, घास आदि के बोझ का एक मान जो दस पूले का होता है।

संज्ञा पुं० दे० "दूँका"।

दूढ़िया–संज्ञा पुं० [देश०] श्वेतांबर जैनों का एक भेद। इस संप्रदाय के लोग मूर्त्ति नहीं पूजते और भोजन स्नान के समय को छोड़ सदा मुँह पर पट्टी बाँधे रहते हैं।

दूसर–संज्ञा पुं० [देश०] बनियों की एक जाति।

दूसा–संज्ञा पुं० [देश०] कुश्ती का एक पेच जिसमें ऊपर आया हुआ पहलवान नीचेवाले की गरदन पर हाथ मार कर उसे चित करता है।

दूह†–संज्ञा पु० [स० स्तूप] (१) ढेर। अटाला। (२) टीला। भीटा। (३) मिट्टी का छोटा दूह जो सीमा या हद सूचित करने के लिये खड़ा किया जाता है।

दूहा†–संज्ञा पु० दे० "दूह"।

ढेंक–संज्ञा स्त्री० [स० ढेक] पानी के किनारे रहनेवाली एक चिड़िया जिसकी चोंच और गरदन लंबी होती है। उ०—(क) केवा सोन ढेंक बक लेदी। रहे अपूरि मीन जल भेदी।—जायसी। (ख) कूजत पिक मानहुँ गजमाते। ढेंक महोख ऊँट बिसराते।—तुलसी।

ढेंकली–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढेंक = चिड़िया, जिसकी गरदन लंबी होती है] (१) सिंचाई के लिये कुएँ से पानी निकालने का एक यंत्र जिसमें एक ऊँची खड़ी लकड़ी के ऊपर एक आड़ी लकड़ी बीचों बीच से इस प्रकार ठहराई रहती है कि उसके दोनों छोर बारी बारी से नीचे ऊपर हो सकते हैं। इसके एक छोर में, मिट्टी छोपी या पत्थर बँधा रहता है और दूसरे छोर में जो कुएँ के मुँह की ओर होता है, डोल की रस्सी बँधी होती है। मिट्टी या पत्थर के बोझ से डोल कुएँ में से ऊपर आती है।

क्रि० प्र०—चलाना।

(२) एक प्रकार की सिलाई जो जोड़ की लकीर के समानांतर नहीं होती, आड़ी होती है। आड़े डोभ की सिलाई।

क्रि० प्र०—मारना।

(३) धान कूटने का लकड़ी का यंत्र जिसका आकार सींचने की ढेंकली ही से मिलता जुलता पर उससे बहुत छोटा और ज़मीन से लगा हुआ होता है। धन-कुट्टी। ढेंकी। (४) भबके से अर्क उतारने का यंत्र। वकतुंडयंत्र। (५) सिर नीचे और पैर ऊपर करके उलट जाने की क्रिया। कलाबाज़ी। कलैया।

क्रि० प्र०—खाना।

ढेंका–संज्ञा पुं० [हिं० ढेंक = पक्षी] (१) कोल्हू में वह बाँस जो जाट के सिरे से कतरी तक लगा रहता है। (२) बड़ी ढेंकी।

ढेंकिका–संज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार का नृत्य।

ढे किया–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढेंकी] ढेढ़पटी चद्दर बनाने में कपड़े की एक प्रकार की काट और सिलाई जिससे कपड़े की लंबाई एक तिहाई घट जाती है और चौड़ाई एक तिहाई बढ़ जाती है। इस काट की विशेषता यह है कि इसमें आड़ा जोड़ किनारे तक नहीं आता, बीच ही तक रह जाता है।

विशेष—इसमें कपड़े की लंबाई के तीन बराबर भागों में तह करके आड़े निशान डाल देते हैं। फिर एक आड़ी लकीर पर आधी दूर तक एक किनारे की ओर से फाड़ते हैं। इसी प्रकार दूसरे किनारे की ओर दूसरी आड़ी लकीर पर भी

आधी दूर तक फाड़ते हैं। इसके उपरांत बीच में पड़नेवाले भाग को खड़े बल आधे आध काट देते हैं। इस तरह जो दो टुकड़े निकलते हैं उन्हें खाली स्थान को पूरा करते हुए जोड़ देते हैं।



ढेंकी–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढेंक = एक पक्षी] अनाज कूटने का लकड़ी का एक यंत्र। ढेंकली।

ढेंकुर†–संज्ञा स्त्री० दे० "ढेंकली"।

ढेंकुली–संज्ञा स्त्री० दे० "ढेंकली"।

ढेंढ़†–संज्ञा पुं० [देश०] (१) कौवा। (२) एक नीच जाति जो मरे जानवरों का मांस खाती है। (३) एक नीच जाति। उ०—मांस खाँय ते ढेंढ़ सब मद पीवै सो नीच।—कबीर। (४) मूर्ख। मूढ़। जड़।

संज्ञा पुं० [सं० तुंड, हिं० ढोंढ़] कपास आदि का डोडा। ढोंढ। उ०—सेमर सुवना सेइए दुइ ढेंढे की आस।—कबीर

ढेंढर–संज्ञा पुं० [हिं० ढेंड] आँख के ढेले का निकला हुआ विकृत मांस। टेंटर।

ढेंढवा–संज्ञा पुं० [देश०] काले मुँह का बंदर। लंगूर।

ढेंढा–संज्ञा पुं० [सं० तुंड] दे० "ढेंढ़"।

ढेंढ़ो–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढेंढ़] (१) कपास का डोडा। (२) पोस्ते का डोडा। (३) कान का एक गहना। तरकी।

ढेंप–संज्ञा स्त्री० [देश०] फल वा पत्ते के छोर पर का वह भाग जो टहनी से लगा रहता है। (२) कुचाग्र। बोंड़ी।

ढेंपी–संज्ञा स्त्री० दे० "ढेंप"।

ढेउआ†–संज्ञा पुं० [देश०] पैसा।

ढेऊ †–संज्ञा पुं० [देश०] पानी की लहर। तरंग। हिलोरा।

ढेड़स–संज्ञा स्त्री० दे० "ढेंड़सी"।

ढेपुनी†–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढेंप] (१) पत्ते वा फल का वह भाग जो टहनी से लगा रहता है। ढेंप। (२) किसी वस्तु की दाने की तरह उभरी हुई नोक। ठोंठ। (३) कुचाग्र।

ढेबरी–संज्ञा स्त्री० दे० "ढिबरी"।

ढेबुक†–संज्ञा पुं० [देश०] ढेबुआ। पैसा। उ०—यथा ढेबुक मुद्रा जग माहीं। हैं सब एक पदिक सम नाहीं।—विश्राम।

ढेबुवा†–संज्ञा पुं० [देश०] पैसा। ढेउआ। ताम्रमुद्रा।

ढेममौज–संज्ञा स्त्री० [देश० ढेऊ + फ़ा० मौज] बड़ी लहर। समुद्र की ऊँची लहर। (लश०)

ढेर–संज्ञा पुं० [हिं० ढेरना ?] नीचे ऊपर रखी हुई बहुत सी वस्तुओं का समूह जो कुछ ऊपर उठा हुआ हो। राशि। अटाला। अंबार। गंज। टाल।

क्रि० प्र०—करना।—लगाना।

मुहा०—ढेर करना = मार कर गिरा देना। मार डालना। ढेर रखना = मार कर रख देना। जीता न छोड़ना। ढेर रहना = (१) गिर कर मर जाना। (२) थक कर चूर हो जाना। अत्यंत शिथिल हो जाना। ढेर हो जाना = (१) गिर कर मर जाना। मर जाना। (२) ध्वस्त होना। गिर पड़ जाना। जैसे, मकान का ढेर होना।

† वि० बहुत। अधिक। ज्यादा।

ढेरना–संज्ञा पु० [देश०] सूत या रस्सी बटने की फिरकी।

ढेरा–संज्ञा पुं० [देश०] (१) सुतली बटने की फिरकी जो परस्पर काटती हुई दो आड़ी लकड़ियों के बीच में एक खड़ा डंडा जड़ कर बनाई जाती है। (२) मोट के मुँह पर का लकड़ी वा लोहे का घेरा जो मोट का मुँह खुला रखने के लिये लगा रहता है। (३) अंकोल का पेड़। (वैद्यक)

ढेराढोंक–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली। दे० "ढोंक"।

ढेरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढेर] ढेर। समूह। अटाला। राशि।

ढेल–संज्ञा पुं० दे० "ढेला"।

ढेलवाँस–संज्ञ स्त्री० [हिं० ढेला + सं० पाश] रस्सी का एक फंदा जिससे ढेला फेंकते हैं। गोफना।

ढेला–संज्ञा पु० [सं० दल, हिं० डला] (१) ईंट, मिट्टी, कंकड़, पत्थर आदि का टुकड़ा। चक्का। जैसे, ढेला फेंक कर मारना।

यौ०—ढेला चौथ।

(२) टुकड़ा। खंड। जैसे, नमक का ढेला। (३) एक प्रकार का धान। उ०—कपूर काट कजरी रतनारी। मधुकर ढेला जीरा सारी।—जायसी।

ढेला चौथ–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढेला + चौथ] भादों सुदी चौथ।

विशेष—ऐसा प्रवाद है कि इस दिन चंद्रमा देखने से कलंक लगता है। यदि कोई चंद्रमा देख ले तो उसे लोगों की कुछ गालियाँ सुन लेनी चाहिए। गालियाँ सुनने की सीधी युक्ति दूसरों के घरों पर ढेला फेंकना है। अतः लोग इस दिन ढेला फेंकते हैं। यह प्रायः एक प्रकार का विनोद या खेलवाड़ सा हो गया है।

ढेंकली–संज्ञा स्त्री० दे० "ढेंकली"।

ढैंचा–संज्ञा पुं० [देश०] चकवँड़ की तरह का एक पेड़ जिसकी छाल से रस्सियाँ बनाई जाती हैं। जयंती। (२) पान के भीटे पर की छाजन के लिये सन या पटवे का डंठल।

ढैया–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढई] (१) ढाई सेर की बाट। ढाई सेर तौलने का बटखरा। (२) ढाई गुने का पहाड़ा। (३) शनैश्चर के एक राशि पर स्थिर रहने का ढाई वर्ष का काल।

ढोंकना–क्रि० स० [अनु०] पीना। पी जाना। (अशिष्ट या विनोद)

ढोंका–संज्ञा पुं० [देश०] (१) पत्थर या और किसी कड़ी वस्तु का बड़ा अनगढ़ टुकड़ा। (२) वह बाँस जो कोल्हू में जाट के सिरे से लेकर कोल्हू तक बँधा रहता है। (३) दो ढोली पान। चार सौ पान। (तमोली)

ढोंग–संज्ञा पुं० [हिं० ढंग] ढकोसला। पाखंड। झूठा आडंबर।

क्रि० प्र०—करना।—रचना।

ढोंगधतूर–†संज्ञा पुं० [हिं० ढोंग + धूर्त] धूर्तविद्या। धूर्तता। पाखंड।

ढोंगबाजी–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढोंग + फ़ा० बाजी] पाखंड। आडंबर।

ढोंगी–वि० [हिं० ढोंग] पाखंडी। ढकोसलेबाज। झूठा आडंबर करनेवाला।

ढोंटा–संज्ञा पुं० दे० "ढोटा"।

ढोंढ़–संज्ञा पुं० [सं० तुंड] (१) कपास, पोस्ते आदि का जोड़ा। (२) कली।

ढोंढो†–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढोंढ़] नाभि। धुन्नी।

ढोक–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली जो १२ इंच लंबी होती है। ढेरी। ढोंक।

ढोका–संज्ञा पुं० दे० "ढोंका"।

ढोटा–संज्ञा पुं० [सं० दुहितृ = लड़की, हिं० ढोटी] [स्त्री० ढोटी] (१) पुत्र। बेटा। उ०—देखत छोट खोट नृपढोटा।—तुलसी। (२) लड़का। बालक। उ०—गोकुल के ग्वैंड एक साँवरो सो ढोटा माई अँखियैंन के पैंड़ पैठि जी के पैंड़े परयो लै।—सूर।

ढोटी–संज्ञा स्त्री० [सं० दुहितृ] लड़की।

ढोटौना†–संज्ञा पुं० दे० "ढोटा"। उ०—श्याम बरन एक मिल्यो ढोटौना तेहि मोकों मोहनी लगाई।—सूर।

ढोड़†–संज्ञा पुं० [देश०] ऊँट। (डिं०)

ढोना–क्रि० स० [सं० वोढ = वहन करना, ले जाना, आर्थात विपर्यय—ढोव] (१) बोझ लाद कर ले जाना। भार ले चलना। भारी वस्तु को ऊपर लेकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाना।

संयो० क्रि०—देना।—ले जाना

(२) उठा ले जाना। जैसे, चोर सारा माल ढो ले गए।

ढोर–संज्ञा पुं० [हिं० ढुरना] गाय, बैल, भैंस आदि पशु। चौपाया। मवेशी। उ०—जब हरि मधुवन को जु सिधारे धीरज धरत न ढोर।—सूर।

ढोरा–संज्ञा पुं० दे० "ढोर"।

ढोरना*†–क्रि० स० [हिं० ढारना] (१) पानी या और कोई द्रव पदार्थ गिराकर बहाना। ढरकाना। ढालना। उ०—(क) रीते भरै भरे पुनि ढोरै चाहै फेरि भरै। कबहुँक तृण बूड़ै पानी मैं कबहूँ शिला तरै।—सूर। (ख) जननी अति रिस जानि बँधायो चितै वदन लोचन जल ढोरै।—सूर। (ग) वै अक्रूर क्रूर कृत जिनके रीते भरे भरे गहि ढोरे।—सूर। (२) लुढ़काना।

ढोरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढोरना] (१) ढालने का भाव। ढरकाने की क्रिया या भाव। उ०—कनक कलस केसरि भरि ल्याई डारि दियो हरि पर ढोरी की। अति आनंद भरी ब्रज युवती गावति गीत सबै होरी की।—सूर। (२) रट। धुन। बान। लौ। लगन। उ०—(क) सूरदास गोपी बड़ भागी। हरि दरसन की ढोरी लागी। (ख) ढोरी लाई सुनन की कहि गोरी मुसकात। थोरी थोरी संकुच सों भोरी भोरी बात।—बिहारी।

क्रि० प्र०—लगना।

ढोल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक प्रकार का बाजा जिसके दोनों ओर चमड़ा मढ़ा होता है।

विशेष—लकड़ी के गोल कटे हुए लंबोतरे कुंदे को भीतर से खोखला करते हैं और दोनों ओर मुँह पर चमड़ा मढ़ते हैं। छोटा ढोल हाथ से और बड़ा ढोल लकड़ी से बजाया जाता है। दोनों ओर के चमड़ों पर दो भिन्न भिन्न प्रकार का शब्द होता है। एक ओर तो 'ढब ढब' की तरह गंभीर ध्वनि निकलती है और दूसरी ओर टनकार का सा शब्द होता है।

यौ०—ढोलढमक्का = बाजा गाजा। धूमधाम।

मुहा०—ढोल पीटना या बजाना = घोषणा करना। प्रसिद्ध करना। प्रकट करना। प्रकाशित करना। चारों ओर कहते या जताते फिरना।

(२) कान का परदा। कान की वह झिल्ली जिस पर वायु का आघात पड़ने से शब्द का ज्ञान होता है।

ढोलक–संज्ञा स्त्री० [सं० ढोल] छोटा ढोल। ढोलकी।

ढोलकिया–संज्ञा पुं० [हिं० ढोलक] ढोल बजानेवाला।

ढोलकी–संज्ञा स्त्री० दे० "ढोलक"।

ढोलन–संज्ञा पुं० दे० "ढोलना"।

ढोलना–संज्ञा पुं० [हिं० ढोल] (१) ढोलक के आकार का छोटा जंतर जो तागे में पिरो कर गले में पहना जाता है। उ०—आने गढ़ि सोना ढोलना पहिराए चतुर सुनार।—सूर। (२) ढोल के आकार का बड़ा बेलन जिसे पहिए की तरह लुढ़का कर सड़क का कंकड़ पीटते या खेत के ढेले फोड़ कर जमीन चौरस करते हैं।

संज्ञा पुं० [सं० दोलन] बच्चों का छोटा झूला । पालना ।

† क्रि० स० [सं० दोलन] (१) ढरकाना । ढालना । (२) इधर उधर हिलाना । डुलाना । जैसे, चँवर ढोलना ।

ढोलनी–संज्ञा स्त्री० [सं० दोलन] बच्चों का झूला । पालना ।

विशेष—यह झूला रस्सी से लटका हुआ एक छोटा खटोला सा होता है । उ०—अगर चंदन को पालनो गढ़ई गुर ढार सुढार । लै आयो गढ़ि ढोलनी बिसकर्मा सो सुत धार ।—सूर ।

ढेलइ†–संज्ञा स्त्री० दे० "ढुलवाई" ।

ढेला–संज्ञा पु० [हिं० ढेल] (१) बिना पैर का रेंगनेवाला एक प्रकार का छोटा सुफेद कीड़ा जो आध अंगुल से दो अंगुल तक लंबा होता है और सड़ी हुई वस्तुओं (फल आदि) तथा पौधों के हरे डंठलों में पड़ जाता है । (२) वह ढूह या छोटा चबूतरा जो गाँवों की सीमा सूचित करने के लिये बना रहता है । हद का निशान ।

यौ०—ढेलाबंदी ।

(३) गोल मेहराब बनाने का डाट । लदाव । (४) पिंड । शरीर । देह । उ०—जौ लगि ढेला तौ लगि बोला तौ लगि धनव्यवहार ।—कबीर । (५) पति । प्यारा प्रियतम । (६) एक प्रकार का गीत । (७) मूर्ख मनुष्य । जड़ ।

ढोलिनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढोलिया] ढोल बजानेवाली । डफालिन । उ०—नटिनि ढोमिनि ढोलिनी सहनाइनि भेरिकारि । निर्तत तंत विनोद सउँ विहँसत खेलत नारि ।—जायसी ।

ढोलिया–संज्ञा पुं० [हिं० ढोल] [स्त्री० ढोलिनी] ढोल बजानेवाला । उ०—मीर बड़े बड़े जात बहे तहाँ ढोलियै पार लगावत को है ।—ठाकुर ।

ढोली–संज्ञा स्त्री० [हिं० ढोल] २०० पानों की गड्डी । उ०—ढोलिन ढोलिन पान बिकाना भीटन के मैदाना ।—कबीर ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० ठठोली, ठेली] हँसी । दिल्लगी । ठठोली । ठट्ठा । उ०—सूर प्रभु की नारि राधिका नागरी चरचि लीनो मोहि करति ढोली ।—सूर ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

ढोव–संज्ञा पुं० [हिं० ढोवना] वह पदार्थ जो किसी मंगल के अवसर पर लोग सरदार या राजा को भेंट ले जाते हैं । डाली । नजर । उ०—लै लै ढोव प्रजा प्रमुदित चले भांति भांति भरि भार ।—तुलसी ।

ढोवना†–क्रि० स० दे० "ढोना" ।

ढौंचा–संज्ञा पुं० [सं० अर्द्ध, प्रा० अड्ढ + हिं० चार] वह पहाड़ा जिसमें क्रम से एक एक अंक का साढ़े चार गुना अंक बतलाया जाता है । साढ़े चार का पहाड़ा ।

ढौंसना–क्रि० अ० [अनु०, हिं० धौंस] आनंद ध्वनि करना । उ०—तियनि को तल्ला पिय तियन पियल्ला त्यागे ढौंसत प्रबल्ला मल्ला धाए राजद्वार को ।—रघुराज ।

ढौकन–संज्ञा पुं० [सं०] घूस । रिशवत ।

ढौकना–क्रि० स० [देश०] पीना । (अशिष्ट)

ढौरी†*–संज्ञा स्त्री० [हिं०] रट । धुन । लौ । लगन । उ०—(क) रसिक सिरमौर ढौरि लगावत गावत राधा राधा नाम । —सूर । (ख) रूखिये खात नहीं अनखात भखैं दिन राति रही परि ढौरी ।—देव ।

संज्ञा स्त्री० दे० "डौरी" ।

ण

ण–हिंदी या संस्कृत वर्णमाला का पंद्रहवाँ व्यंजन । इसका उच्चारण-स्थान मूर्द्धा है । इसके उच्चारण में आभ्यंतर प्रयत्न स्पष्ट और सानुनासिक है । बाह्यप्रयत्न संवार, नाद, घोष और अल्पप्राण है । इसका संयोग मूर्द्धन्य वर्ण, अंतस्थ तथा म और ह के साथ होता है ।

ण–संज्ञा पुं० (१) विंदुदेव । एक बुद्ध का नाम । (२) आभूषण । (३) निर्णय । (४) ज्ञान । (५) शिव का एक नाम । (६) पानी का घर । (७) दान । (८) पिंगल में एक गण का नाम ।

वि० गुणरहित । गुणशून्य ।

णगण–दो मात्राओं का एक मात्रिक गण । इसके दो रूप हो सकते हैं जैसे, 'श्री (ऽ) और हरि (।।)' ।

त

त–संस्कृत या हिंदी वर्णमाला का बत्तीसवाँ, व्यंजन वर्ण का १६ वाँ और तवर्ग का पहला अक्षर जिसका उच्चारण-स्थान दंत है। इसके उच्चारण में विवार, श्वास और अघोष प्रयत्न लगते हैं। इसके उच्चारण में आधी मात्रा का समय लगता है।

तं–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) नाव। नौका। (२) पुण्य। पवित्र।

तँई–प्रत्य० दे० 'तईं"।

तंक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) भय। डर। (२) वह दुःख जो किसी प्रिय के वियोग से हो। (३) पत्थर काटने की टाँकी। (४) पहनने का कपड़ा।

तँकारी–संज्ञा स्त्री० दे० "टंकारी"।

तंग–संज्ञा पुं० [फ़ा०] घोड़ों की जीन कसने का तस्मा। घोड़ों की पेटी। कसन।

वि० (१) कसा। दृढ़। (२) आजिज़। दुखी। दिक़। विकल। हैरान। (३) सकरा। संकुचित। पतला। चुस्त। संकीर्ण। ओछा। छोटा। सिकुड़ा हुआ। सकेत।

मुहा०—तंग आना, होना = घबरा जाना। थक जाना। तंग करना = सताना। दुःख देना। हाथ तंग होना = पल्ले पैसा न होना। धनहीन होना।

तंगदस्त–वि० [फ़ा०] (१) कृपण। कंजूस। (२) दरिद्री। धनहीन। गरीब।

तंगदस्ती–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) कृपणता। कंजूसी। (२) दरिद्रता। धनहीनता। गरीबी।

तंगहाल–वि० [फ़ा०] (१) निर्धन। गरीब। (२) विपद्ग्रस्त। कष्ट में पड़ा हुआ। (३) बीमार। रोगग्रस्त। मरणासन्न।

तंगा–संज्ञा पुं० [दे०] (१) एक प्रकार का पेड़। (२) अधन्ना। डबल पैसा।

तंगी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) तंग या सँकरे होने का भाव। संकीर्णता। संकोच। (२ दुःख। तकलीफ। क्लेश। (३) निर्धनता। गरीबी। (४ कमी।

तंज़ेब–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] एक प्रकार की महीन और बढ़िया मलमल।

तंड–संज्ञा पुं० [सं० तण्डव] नृत्य। नाच। उ०—बहत गुलाब के सुगंध के समीर सने परत कुही है जल जंत्रन के तंड की। —रसकुसुमाकर।

संज्ञा पुं० [स०] एक ऋषि का नाम।

तंडक–संज्ञा पुं० [स०] (१) खंजन पक्षी। (२) फेन। (३) पेड़ का तना। (४) वह वाक्य जिसमें बहुत से समास हों। (५) बहुरूपिया।

तंडव–संज्ञा पुं० [सं० तंडव] नृत्य विशेष। एक प्रकार का नाच। उ०—दोऊ रति पंडित अखंडित करत काम तंडव सेा मंडित कला कहूँ पूरन की।—देव।

तंडि–संज्ञा पुं० [सं०] एक बहुत प्राचीन ऋषि का नाम जिनका वर्णन महाभारत में आया है। इनके पुत्र के बनाए हुए मंत्र यजुर्वेद में हैं।

तंडु–संज्ञा पुं० [सं०] महादेव जी के नंदिकेश्वर।

तंडुरण–स० पु० [स०] (१) चावल का पानी। (२) कीड़ा मकोड़ा।

तंडुल–संज्ञा पुं० [स०] (१) चावल। (२) बायबिडंग। (३) तंडुली शाक। चौलाई का साग। (४) प्राचीन काल की हीरे की एक तौल जो ८ सरसों के बराबर होती थी।

तंडुल-जल–संज्ञा पुं० [स०] चावल का पानी जो वैद्यक में बहुत हितकर बतलाया गया है। यह दो प्रकार से तैयार किया जाता है—(क) चावल को कूट कर अठगुने पानी में पका कर छान लेते हैं, यह उत्तम तंडुल-जल है। (ख) चावल को थोड़ी देर तक भिगो कर छान लेते हैं, यह तंडुल-जल साधारण है।

तंडुलांबु–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तंडुल-जल। (२) माँड़। पीच।

तंडुला–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) बायबिडंग। (२) ककही का पौधा।

तंडुलिया–संज्ञा स्त्री० [स० तंडुल] चौलाई। चौराई।

तंडुली–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) एक प्रकार की ककड़ी। (२) चौलाई का साग। (३) यवतिक्ता नाम की लता।

तंडुलीक–संज्ञा पुं० [स०] चौलाई का साग।

तंडुलीय–संज्ञा पु० [स०] चौलाई का साग।

तंडुलीयक–संज्ञा पुं० [स०] (१) बायबिडंग। (२) चौलाई का साग।

तंडुलीयिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] बायबिडंग।

तंडुलू–संज्ञा स्त्री० [स० तंडुलु] बायबिडंग। बिडंग।

तंडुलेर, तंडुलेरक–संज्ञा पु० [स०] चौलाई का साग।

तंडुलोदक–संज्ञा पुं० [स०] चावल का पानी। दे० "तंडुल-जल"।

तंडुलोदक–संज्ञा पु० [सं०] चावल का पानी। दे० "तंडुल-जल"।

तंडुलौघ–संज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का बाँस।

तत*–संज्ञा पु० दे० "तंतु"। उ०—किंकरी हाथ गहे बैरागी। पांच तंत धुनि यह एक लागी।—जायसी।

संज्ञा स्त्री० [हिं० तुरत] किसी बात के लिये जल्दी। आतुरता। उतावली। उ०—ध्यान की मूरति आँखि ते आगे जानि परत रघुनाथ ऐसे कहति है तंत सों।—रघुनाथ।

क्रि० प्र०—लगना।

संज्ञा पु० दे० 'तत्त्व'। उ०—जोगिहि कोह न चाही तत्त न मोहिं रिस लाग। योग तंत ज्यों पानी काहि करै तेहि आग।—जायसी।

संज्ञा पुं० [स० तंत्र] (१) वह बाजा जिसमें बजाने के लिये तार लगे हों। जैसे, सितार, बीन, सारंगी। उ०—नटिन डोमिनि ढोलिनी सहनाइनि भेरिकार। निरतत तंत विनोद सउँ विहँसत खेलत नारि।—जायसी। (२) क्रिया। उ०—जनु उन योग तंत अब खेला।—जायसी। (३) तंत्र-शास्त्र। उ०—कई जिउ तंत मंत सउँ हेरा। गएउ हेराय जो वह

भा मेरा।—जायसी। (४) इच्छा। प्रबल कामना। उ०—(क) दिसि परजंत अनंत ख्यात जस विजय तंत जिय।—गोपाल। (ख) बुद्धिमंत दुतिमंत तंत जाय मय निरधारत।—गोपाल। (५) वश। अधीनता। उ०—त्यों पदमाकर आइगो कंत इकंत जबैं निज तंत मैं जानी।—पद्माकर।

विशेष—दे० "तंत्र"।

वि० जो तौल में ठीक हो। जो वजन में बराबर हो।

तंत मंत—संज्ञा पुं० दे० "तंत्र मंत्र"। उ०—कह जिउ तंत मंत सो हेरा। गएउ हिराय जो वह भा मेरा।—जायसी।

तंतरी*†—संज्ञा पुं० [सं० तन्त्री] वह जो तारवाले बाजे बजाता हो। उ०—आयो दुसह बसंत री कंत न आए बीर। जन मन बेधत तंतरी मदन सुमन के तीर।—शृं० सत०।

तंति—संज्ञा स्त्री० [सं०] गौ। गाय।

तंतिपाल—संज्ञा पुं० [सं०] (१) सहदेव का वह नाम जिससे वह अज्ञातवास के समय विराट के यहाँ प्रसिद्ध थे। (२) वह जो गो की रक्षा या पालन करता हो।

तंतु—संज्ञा पुं० [सं० तन्तु] (१) सूत। डोरा। तागा।

यौ०—तंतुकीट।

(२) प्राह। (३) संतति। संतान। बाल बच्चे। (४) विस्तार। फैलाव। (५) यज्ञ की परंपरा। (६) वंशपरंपरा। (७) तांत। (८) मकड़ी का जाला।

तंतुक—संज्ञा पुं० [सं०] सरसों।

संज्ञा स्त्री० [सं०] नाड़ी।

तंतुकाष्ठ—संज्ञा पुं० [सं०] जुलाहों की एक लकड़ी जिसे तूली कहते हैं।

तंतुकी—संज्ञा पुं० [सं०] नाड़ी।

तंतुकीट—संज्ञा पुं० [सं०] (१) मकड़ी। (२) रेशम का कीड़ा।

तंतुजाल—संज्ञा पुं० [सं०] नसों का समूह। (वैद्यक)।

तंतुनाग—संज्ञा पुं० [सं०] मगर।

तंतुनाभ—संज्ञा पुं० [सं०] मकड़ी।

तंतुनिर्यास—संज्ञा पुं० [सं०] ताड़ का पेड़।

तंतुपर्व—संज्ञा पुं० [सं० तंतुपर्व्वस्] श्रावण की पूर्णिमा जिस दिन राखी बाँधी जाती है। रक्षाबंधन।

तंतुभ—संज्ञा पुं० [सं०] (१) सरसों। (२) बछड़ा।

तंतुमत्—संज्ञा पुं० [सं०] आग।

तंतुर—संज्ञा पुं० [सं०] मृणाल। भसींड़। मुरार। कमल की जड़।

तंतुल—संज्ञा स्त्री० [सं०] मृणाल। कमलनाल।

तंतुवादक—संज्ञा पुं० [सं०] तंत्री। बीन आदि तार के बाजे बजानेवाला। उ०—बहुरि तंतुवादक रघुराई। गान करन में निपुन बनाई।—रामाश्वमेध।

तंतुवाप—संज्ञा पुं० [सं०] (१) तांत। (२) तांती। दे० "तंतुवाय"।

तंतुवाय—संज्ञा पुं० [सं०] (१) कपड़े बुननेवाला। तांती। भिन्न स्मृतियों में इन की उत्पत्ति भिन्न भिन्न प्रकार से बतलाई गई है। किसी में इन्हें मणिबंध पुरुष और मणिकार स्त्री से और किसी में वैश्य पिता और क्षत्रियाणी माता के गर्भ से उत्पन्न बतलाया गया है। इन की उत्पत्ति के संबंध में अनेक प्रकार की कथाएँ भी हैं। (२) मकड़ी।

तंतुविग्रह—संज्ञा पुं० [सं०] केले का पेड़।

तंतुसार—संज्ञा पुं० [सं०] सुपारी का पेड़।

तंत्र—संज्ञा पुं० [सं०] (१) ततु। तांत। (२) सूत। (३) जुलाहा। (४) कपड़ा बुनने की सामग्री। (५) कपड़ा। वस्त्र। (६) कुटुंब के भरण और पोषण आदि का कार्य। (७) निश्चित सिद्धांत। (८) प्रमाण। (९) औषध। दवा। (१०) झाड़ने फूँकने का मंत्र। (११) कार्य्य। (१२) कारण। (१३) उपाय। (१४) राजकर्मचारी। (१५) राज्य। (१६) राज्य का प्रबंध। (१७) सेना। फौज। (१८) अधिकार। (१९) पद। कार्य्य करने का स्थान। (२०) समूह। (२१) प्रसन्नता। आनंद। (२२) घर। मकान। (२३) धन। सम्पत्ति। (२४) अधीनता। परवश्यता। (२५) श्रेणी। वर्ग। कोटि। (२६) दल। (२७) उद्देश्य। (२८) कुल। खानदान। (२९) शपथ। कसम। (३०) हिंदुओं का उपासना संबंधी एक शास्त्र।

विशेष—लोगों का विश्वास है कि यह शास्त्र शिव प्रणीत है। यह शास्त्र तीन भागों में विभक्त है—आगम, यामल और मुख्य-तंत्र। वाराही-तंत्र के अनुसार जिसमें सृष्टि, प्रलय, देवताओं की पूजा, सब कार्यों के साधन, पुरश्चरण, षट्कर्म्म-साधन और चार प्रकार के ध्यान योग का वर्णन हो उसे आगम और जिसमें सृष्टि-तत्त्व, ज्योतिष, नित्य-कृत्य, क्रम, सूत्र, वर्णभेद और युगधर्म्म का वर्णन हो उसे यामल कहते हैं और जिसमें सृष्टि, लय, मंत्रनिर्णय, देवताओं के संस्थान, यंत्र-निर्णय, तीर्थ आश्रमधर्म, कल्प, ज्योतिष-संस्थान, व्रत-कथा, शौच और अशौच स्त्री-पुरुष लक्षण, राज-धर्म्म, दान-धर्म्म, युग-धर्म्म, व्यवहार तथा आध्यात्मिक विषयों का वर्णन हो, वह तंत्र कहलाता है। इस शास्त्र का सिद्धांत है कि कलियुग में वैदिक मंत्रों जपों और यज्ञों आदि का कोई फल नहीं होता; इस युग में सब प्रकार के कार्यों की सिद्धि के लिये तंत्र-शास्त्र में वर्णित मंत्रों और उपायों आदि से ही सहायता मिलती है। इस शास्त्र के सिद्धांत बहुत गुप्त रखे जाते हैं और इसकी शिक्षा लेने के लिये मनुष्य को पहले दीक्षित होना पड़ता है। आज कल प्रायः मारण, उच्चाटन, वशीकरण आदि के लिये तथा अनेक प्रकार की सिद्धियों आदि के साधन के लिये ही तंत्रोक्त मंत्रों और क्रियाओं का प्रयोग किया जाता है। यह शास्त्र प्रधानतः शाक्तों का ही है और इस के मंत्र

प्रायः अर्थहीन और एकाक्षरी हुआ करते हैं। जैसे, ह्रीं, क्लीं, श्रीं, स्त्रीं, शूं, क्रूं आदि। तांत्रिकों का पंच मकार—मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा और मैथुन—और चक्रपूजा प्रसिद्ध है। तांत्रिक सब देवताओं का पूजन करते हैं पर उनकी पूजा का विधान सब से भिन्न और स्वतंत्र होता है। चक्र-पूजा तथा अन्य अनेक पूजाओं में तांत्रिक लोग मद्य, मांस और मत्स्य का बहुत अधिकता से व्यवहार करते हैं और भैरवि, तेलिन आदि स्त्रियों को नंगी करके उनका पूजन करते हैं। यद्यपि अथर्ववेद संहिता में मारण, मोहन, उच्चाटन और वशीकरण आदि का वर्णन और विधान है तथापि आधुनिक तंत्र का उसके साथ कोई संबंध नहीं है। कुछ लोगों का विश्वास है कि कनिष्क के समय में और उसके उपरांत भारत में आधुनिक तंत्र का प्रचार हुआ है। चीनी यात्री फ़ाहियान और हुएनसांग ने अपने लेखों में इस शास्त्र का कोई उल्लेख नहीं किया है। यद्यपि निश्चित रूप से यह नहीं कहा जा सकता कि तंत्र का प्रचार कब से हुआ पर तौ भी इसमें संदेह नहीं कि यह ईसवी चौथी या पाँचवीं शताब्दी से अधिक पुराना नहीं है। हिंदुओं की देखा देखी बौद्धों में भी तंत्र का प्रचार हुआ और तत्संबंधी अनेक ग्रंथ बने। हिंदू तांत्रिक उन्हें उपतंत्र कहते हैं और उनका प्रचार तिब्बत तथा चीन में है। वाराहीतंत्र में यह भी लिखा है कि जैमिनि, कपिल, नारद, गर्ग, पुलस्त्य, भृगु, शुक्र, बृहस्पति आदि ऋषियों ने भी कई उपतंत्रों की रचना की है।

तंत्रक–संज्ञा पुं० [सं०] नया कपड़ा।

तंत्रण–संज्ञा पुं० [सं०] शासन या प्रबंध आदि करने का काम।

तंत्रता–संज्ञा स्त्री० [सं०] कई कार्यों के उद्देश्य से कोई एक कार्य करना। कोई ऐसा कार्य करना जिससे अनेक उद्देश्य सिद्ध हों। जैसे, यदि किसी ने अनेक प्रकार के पाप किए हों तो उनमें से प्रत्येक पाप के लिये प्रायश्चित्त न करके एक ऐसा प्रायश्चित्त करना जिससे सब पाप नष्ट हो जांय, अथवा बार बार अस्पृश्य होने की दशा में प्रत्येक बार स्नान न करके सब के अंत में एक ही बार स्नान कर लेना। (धर्म्मशास्त्र)

तंत्रधारक–संज्ञा पुं० [सं०] यज्ञ आदि कार्यों में वह मनुष्य जो कर्म कांड आदि की पुस्तक लेकर याज्ञिक आदि के साथ बैठता हो। स्मृतियों के अनुसार यज्ञ आदि में ऐसे मनुष्य का होना आवश्यक है।

तंत्रयुक्ति–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह युक्ति जिसकी सहायता से किसी वाक्य का अर्थ आदि निकालने या समझने में सहायता ली जाय।

विशेष—सुश्रुत संहिता में तंत्रयुक्तियाँ इस प्रकार की बताई गई हैं—अधिकरण, योग, पदार्थ, हेत्वर्थ, प्रदेश, अतिदेश, अपवर्ग, वाक्यशेष, अर्थापत्ति, विपर्य्यय, प्रसंग, एकांत, अनेकांत, पूर्वपक्ष, निर्णय, अनुमत, विधान, अनागतावेक्षण, अतिक्रांतावेक्षण, संशय, व्याख्यान, स्वसंज्ञा, निर्वचन, निर्दर्शन, नियोग, विकल्प, समुच्चय और ऊह्य।

तंत्रवाप–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तंतुवाय। तांती। (२) मकड़ी।

तंत्रवाय–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तंतुवाय। तांती। (२) मकड़ी। (३) तांत।

तंत्रसंस्था–संज्ञा पुं० [सं०] वह संस्था जो राज्य का शासन या प्रबंध करे। गवर्मेंट।

तंत्रसंस्थिति–संज्ञा स्त्री० [सं०] राज्य के शासन की प्रणाली।

तंत्रस्कंद–संज्ञा पुं० [सं०] ज्योतिष शास्त्र का वह अंग जिसमें गणित के द्वारा ग्रहों की गति आदि का निरूपण होता है। गणित ज्योतिष।

तंत्रहोम–संज्ञा पुं० [सं०] वह होम जो तंत्र-शास्त्र के मत से हो।

तंत्रा–संज्ञा स्त्री० दे० "तंद्रा"।

तंत्रि–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तंत्री। (२) तंद्रा।

तंत्रिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) गुडूची। गुरुच। (२) तांत।

तंत्रिपाल–संज्ञा पुं० दे० "ततिपाल"।

तंत्रिपालक–संज्ञा पुं० [सं०] जयद्रथ का एक नाम।

तंत्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बीन सितार आदि बाजों में लगा हुआ तार। (२) गुडूची। गुरुच। (३) शरीर की नस। (४) एक नदी का नाम। (५) रज्जु। रस्सी। (६) वह बाजा जिसमें बजाने के लिये तार लगे हों। तंत्र। जैसे सितार, बीन, सारंगी आदि। (७) वीणा।

संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह जो बाजा बजाता हो। (२) वह जो गाता हो। गवैया। उ०—तंत्री काम क्रोध निज दोऊ अपनी अपनी रीति। दुविधा दुंदुभि है निसिबासर उपजावति विपरीति।—सूर।

वि० [सं०] (१) आलसी। (२) अधीन।

तंत्रीमुख–संज्ञा पुं० [सं०] हाथ की एक मुद्रा या अवस्थान।

तंदरा*†–संज्ञा स्त्री० दे० "तंद्रा"। उ०—तारकेश तारिणि जुम्हाई ज्यों तरुण तम तरुणी तपी ज्यों तरुण ज्वर तंदरा।—देव।

तंदान–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बढ़िया अंगूर जो क्वेटा के आस पास होता है और जिसको सुखाकर किशमिश बनाते हैं।

तंदिही–संज्ञा स्त्री० दे० "तंदेही"।

तंदुआ–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की बारहमासी घास जो ऊसर जमीन में ही जमती है और चारे के काम में आती है। यह ऊसर जमीन में खाद का भी काम देती है।

तंदुरुस्त–वि० [फ़ा०] जिसका स्वास्थ्य अच्छा हो। जिसे कोई रोग या बीमारी न हो। नीरोग। स्वस्थ।

तंदुरुस्ती–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) शरीर की आरोग्यता। नीरोग होनेकी अवस्था या भाव। (२) स्वास्थ्य।

तंदुल*†—संज्ञा पुं० (१) दे० "तंदुल (१)"। उ०—तंदुल माँगि दीं चिलाई सो दोन्हों उपहार। फाटे बसन बाँधि कै द्विजवर अति दुर्बल तनहार।—सूर। (२) दे० "तंदुल (४)"। उ०—आठ श्वेत सरसों को तंदुल जानिये। दश तंदुल परिमाण सुगुंजा मानिये।—रत्नपरीक्षा।

तंदुलीयक—संज्ञा पुं० [सं०] चौलाई का शाक। चौराई का साग।

तंदूर—संज्ञा पुं० [फा० तनूर] अँगीठी, चूल्हे या भट्ठी आदि की तरह का बना हुआ एक प्रकार का मिट्टी का बहुत बड़ा, गोल और ऊँचा पात्र जिसके नीचे का भाग कुछ अधिक चौड़ा होता है। इस में पहले लकड़ी आदि की खूब तेज आँच सुलगा देते हैं और जब वह खूब तप जाता है तब उसकी दीवारों पर भीतर की ओर मोटी मोटी रोटियाँ चिपका देते हैं जो थोड़ी देर में सिक कर लाल हो जाती हैं। कभी कभी जमीन में गड्ढा खोद कर भी तंदूर बनाया जाता है।

क्रि० प्र०—लगाना।

मुहा०—तंदूर झोंकना = भाड़ झोंकना। निकृष्ट काम करना।

तंदूरी—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का रेशम जो मालदह से आता है। इसका रंग पीला होता है और यह अत्यंत बारीक और मुलायम होता है। यह किरची से कुछ घटिया होता है।

वि० [हिं० तंदूर + ई० (प्रत्य०)] तंदूर संबंधी। जैसे, तंदूरी रोटी।

तंदेही—संज्ञा स्त्री० [फा० तनदिहा] (१) परिश्रम। मेहनत। (२) प्रयत्न। कोशिश। (३) ताकीद। किसी काम को करने के लिये बार बार चेतावनी।

क्रि० प्र०—करना।—रखना।

तंद्रवाप, तंद्रवाय—संज्ञा पुं० दे० "तंतुवाय"।

तंद्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) वह अवस्था जिसमें बहुत अधिक नींद मालूम पड़ने के कारण मनुष्य कुछ कुछ सो जाय। उँघाई। ऊँघ। (२) वह हलकी बेहोशी जो चिंता, भय, शोक या दुर्बलता आदि के कारण हो। वैद्यक के अनुसार इसमें मनुष्य को व्याकुलता बहुत होती है, इंद्रियों का ज्ञान नहीं रह जाता, जँभाई आती है, उसका शरीर भारी जान पड़ता है, उससे बोला नहीं जाता तथा इसी प्रकार की दूसरी बातें होती हैं। तंद्रा और कटु तिक्त या कफनाशक वस्तु खाने और व्यायाम आदि करने से दूर होती है।

क्रि० प्र०—आना।

तंद्रालु—वि० [सं०] जिसे तंद्रा आती हो।

तंद्रि—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० "तंद्रा"।

तंद्रिकसन्निपात—संज्ञा पुं० [सं०] ऐसा सन्निपात ज्वर जिसमें उँघाई विशेष आवे, ज्वर वेग से चढ़े, प्यास विशेष लगे, जीभ काली हो कर खुर खुरी हो जाय, दम फूले, दस्त विशेष हों, जलन न हो और कान में दर्द रहे। इसकी अवधि २१ दिन है।

तंद्रिका—संज्ञा स्त्री० दे० "तंद्रा"।

तंद्रिता—संज्ञा स्त्री० [सं०] तंद्रा में होने का भाव।

तंद्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तंद्रा। (२) भृकुटी। भौंह। भ्रू।

तंपा—संज्ञा स्त्री० [सं० तम्पा] गौ। गाय।

तंबा—संज्ञा स्त्री० [सं० तम्बा] गौ। गाय।

संज्ञा पुं० [फा० तबन] बहुत चौड़ी मोहरी का एक प्रकार का पायजामा। उ०—तंबा सूथन सरो जाँघिया तनियाँ धवला। पगरी चीरा ताजगोस बंदा सिर अगला।—सूदन।

तंबाकू—संज्ञा पुं० दे० "तमाकू"।

तंबाकूगर—संज्ञा पुं० [हिं० तंबाकू + फ़ा० गर] तमाकू बनानेवाला।

तंबिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] गौ। गाय।

तंबिया—संज्ञा पुं० [हिं० ताँबा + इया (प्रत्य०)] (१) ताँबे का बना हुआ छोटा तसला या इसी प्रकार का और कोई गोल बरतन। (२) किसी प्रकार का तसला।

तँबियाना—क्रि० अ० [हिं० ताँबा] (१) ताँबे के रंग का होना। (२) ताँबे के बरतन में रहने के कारण किसी पदार्थ में ताँबे का स्वाद या गंध आ जाना।

तंबीर—संज्ञा पुं० [स०] ज्योतिष का एक योग।

तंबीह—संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) ऐसी सूचना या क्रिया आदि जिसके कारण कोई मनुष्य आगे के लिये सावधान रहे। नसीहत। शिक्षा। (२) दंड। सजा। (लश०)

तंबू—संज्ञा पुं० [हिं० तनना] (१) कपड़े, टाट, कनवस आदि का बना हुआ वह बड़ा घर जो खंभों पर तना रहता है और जिसे एक स्थान से उठा कर दूसरे स्थान तक ले जा सकते हैं। खेमा। डेरा। शिविर। शामियाना।

विशेष—साधारणतः तंबू का व्यवहार जंगलों में शिकार आदि के समय रहने अथवा नगरों में सार्वजनिक सभाएँ, खेल, तमाशे और नाच आदि करने के लिये होता है।

क्रि० प्र०—खड़ा करना।—तानना।

(२) एक प्रकार की मछली जो बाँब की तरह की होती है।

तंबूर—संज्ञा पुं० [फ़ा०] एक प्रकार का छोटा ढोल।

संज्ञा पुं० दे० "तंबूरा"।

तंबूरची—संज्ञा पुं० [फ़ा० तंबूर + ची (प्रत्य०)] तंबूर बजानेवाला।

तंबूरा—संज्ञा पुं० [हिं० तानपूरा । तुम्बुरु (गंधर्व)] बीन या सितार की तरह का एक बहुत पुराना बाजा जो आलापचारी में केवल सुर का सहारा देने के लिये बजाया जाता है। इससे राग के बोल नहीं निकाले जाते। इसमें बीच में लोहे के दो तार होते हैं जिनके दोनों ओर दो और तार पीतल के

होते हैं। तानपूरा। कुछ लोग कहते हैं कि इसे तुंबुरु गंधर्व ने बनाया था इसीसे इसका नाम तंबूरा पड़ा है। इसकी जवारी पर तारों के नीचे सूत रख देते हैं जिसके कारण उनसे निकलनेवाले स्वर में कुछ भनभनाहट आजाती है।

तंबूरा तोप–संज्ञा स्त्री० [हिं० तंबूरा + तोप] एक प्रकार की बड़ी तोप।

तंबूल*†–संज्ञा पुं० [सं० ताम्बूल] पान। तांबूल।

तंबेरण–संज्ञा पुं० [हिं०] हाथी।

तंबोरा–संज्ञा पुं० दे० "तमोरा"

तंबोल–संज्ञा पुं० [सं० ताम्बूल] (१) दे० "तांबूल" और "तमोल"। (२) एक प्रकार का पेड़ जिसके पत्ते लिसोड़े के पत्तों से मिलते जुलते होते हैं। (३) वह टीका जो बरात के समय वर को दिया जाता है। (पंजाब)। (४) वह धन जो विवाह या बरात के न्योते के साथ मार्ग-व्यय के लिये भेजा जाता है। (बुंदेलखंड)। (५) वह खून जो लगाम की रगड़ के कारण घोड़े के मुँह से निकलता है। (साईस)

क्रि० प्र०—आना।

तँबोलिन†–संज्ञा स्त्री० [हिं० तँबोली की स्त्री] पान बेचनेवाली स्त्री। बरइन।

तँबोलिया–संज्ञा स्त्री० [तंबूल + इया (प्रत्य०)] पान के आकार की एक प्रकार की मछली जो प्रायः गंगा और जमुना में पाई जाती है।

तँबोली–संज्ञा पुं० [हिं० तंबोल + ई (प्रत्य०)] वह जो पान बेचता हो। पान बेचनेवाला। बरई।

तंभ*–संज्ञा पुं० [सं० स्तंभ] शृंगार रस के १० सात्विक भावों में से एक। स्तंभ। उ० - मोहति मुरति आँसु स्वेद तंभ पुलक विवर्न कंप सुरभंग मूरछि परति है।—देव।

तंभन–संज्ञा पुं० [सं० स्तंभन] शृंगार रस के १० सात्विक भावों में से एक। स्तंभन। उ०—आरंभन तंभन सदंभ परिरंभन कचगृह संरंभन चुंबन घनेरे ई।—देव।

तंभावती–संज्ञा स्त्री० [सं०] संपूर्ण जाति की एक रागिनी जो रात के दूसरे पहर में गाई जाती है।

तँवार–संज्ञा स्त्री [[हिं० तव] (१) सिर में आनेवाला चक्कर। घुमटा। घुमेर। (२) हरारत। ज्वरांश।

क्रि० प्र०—आना।—खाना।

तँवारी–संज्ञा स्त्री० दे० "तँवार"।

त–संज्ञा पुं० [सं०] (१) नौका। नाव। (२) पुण्य। (३) चोर। (४) झूठ। (५) पूँछ। दुम। (६) गोद। (७) म्लेच्छ। (८) गर्भ। (९) शठ। (१०) रत्न। (११) बुद्ध। (१२) अमृत।

*†–क्रि० वि० [सं० तद्, हिं० तो] तो। उ०—(क) अउ पापुहैं मानुस कइ भाखा। नाहिं त पंखि मुठि भर पाँखा।—जायसी। (ख) हमहुँ कहब अब ठकुरसोहाती। नाहिं त मौन रहब दिन राती।—तुलसी। (ग) करतेहु राज त तुमहिं न दोषू। रामहि होत सुनत संतोषू।—तुलसी।

तअउजुब–संज्ञा पुं० [अ०] आश्चर्य्य। विस्मय। अचंभा।

क्रि० प्र०—करना।—में आना।—होना।

तअम्मुल–संज्ञा पुं० [अ०] (१) सोच। फिक्र। विचार (२) देर। अरसा। (३) सब्र। धैर्य्य।

तअल्लुक–संज्ञा पुं० [अ०] इलाका। संबंध। लगाव।

तअल्लुकः–संज्ञा पुं० [अ०] बहुत से मौजों की जमींदारी। बड़ा इलाका।

यौ०—तअल्लुकःदार।

तअल्लुकःदार–संज्ञा पुं० [अ०] इलाकेदार। तअल्लुके का मालिक। तअल्लुकःदारी।

संज्ञा स्त्री० तअल्लुकःदार का पद।

तअल्लुका–संज्ञा पुं० दे० "तअल्लुकः"।

तअल्लुकादार, तअल्लुकेदार–संज्ञा पुं० दे० "तअल्लुकःदार"।

तअल्लुकेदारी–संज्ञा स्त्री० दे० "तअल्लुकःदारी" का पद।

तअस्सुब–संज्ञा पुं० [अ०] पक्षपात, विशेषतः धर्म या जाति संबंधी पक्षपात।

तइक–संज्ञा पुं० [देश०] चमार। (सोनारों की बोली)

तइनात–संज्ञा पुं० दे० "तैनात"।

तइसा†–वि० दे० "तैसा" या "वैसा"। उ०—जस हींछा मन जेहि कह सो तइसइ फल पाउ।—जायसी।

तइँ*–प्रत्य० [हिं० तें*] से। उ०—कीन्हेसि कोइ निभरोसी कीन्हेसि कोइ बरियार। छारहिं तइँ सब कीन्हेसि पुनि कीन्हेसि सब छार।—जायसी।

प्रत्य० [प्रा० हुंतो] प्रति। को। से। (क्व०)। जैसे, मैंने आपके तइँ कह रखा था। उ०—कोऊ कहै हरि रीति सब तई। और मित्रन का सब सुख दई।—सूर।

अव्य० [सं० तावत्] लिये। वास्ते।

तई–संज्ञा स्त्री० [हिं० तवा या तया का स्त्री०] एक प्रकार की छिछली कड़ाही। इसका आकार थाली का सा होता है और इसमें कड़े लगे होते हैं। इसमें प्रायः जलेबी या मालपुआ ही बनाया जाता है।

तउ *†–अव्य० (१) दे० "तब"। (२) दे० "त्यों"। उ०—भा परलउ नियराना जउहीं। मरइ सो ता कह पालउ तउहीं।—जायसी।

तऊ *†–अव्य० [हिं० तब + ऊ (प्रत्य०)] तौ भी। तिस पर भी। तब भी। तथापि।

तक–अव्य० [सं० अंत + क] एक विभक्ति जो किसी वस्तु या व्यापार की सीमा अथवा अवधि सूचित करती है। पर्य्यंत। जैसे, वे दिल्ली तक गए हैं, परसों तक ठहरो, दस रुपए तक दे देंगे। उ०—जो पञ्छ तकिया छोड़ि दृग सकै न तुव तक आइ। दरस भीख उन कौं कहा दीजत नहिं पहुँचाइ।—रसनिधि।

संज्ञा स्त्री० [पं० तकड़ी] (१) तराजू। (२) तराजू का पल्ला।

संज्ञा स्त्री० दे० "टक"। उ०—अति बल जल बरसत दोउ लोचन दिन अरु रहन न हत एकहि तक।—तुलसी।

तकड़–वि० दे० "तगड़ा"।

तकड़ी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की घास जो रेतीली जमीन में बारह महीने खूब पैदा होती है। इसे घोड़े बहुत चाव से खाते हैं। इसकी फसल साल में ६ या ७ बार हुआ करती है। चरमरा। हैन।

†संज्ञा स्त्री० तराजू। (पंजाब)

तकदमा–संज्ञा पुं० [अ० तखमीना] किसी चीज की तैयारी का वह हिसाब जो पहले से तैयार किया जाय। तखमीना।

तक़दीर–संज्ञा स्त्री० [अ०] अंदाजा। मेकदार। भाग्य। प्रारब्ध। किस्मत। नसीब।

यौ०—तकदीरवर।

विशेष—"तकदीर" के मुहाविरों के लिये देखो "किस्मत" के मुहाविरे।

तकदीरवर–वि० [अ० तकदीर + फ़ा० वर] जिसका भाग्य बहुत अच्छा हो। भाग्यवान्।

तकन–संज्ञा स्त्री० [हिं० ताकना] ताकने की क्रिया या भाव। देखना। दृष्टि।

तकना * †–क्रि० अ० [हिं० ताकना] (१) देखना। निहारना। अवलोकन करना। उ०—(क) देखि लागि मधु कुटिल किराती। जिमि गँव तकइ लेउँ केहि भांती।—तुलसी। (ख) कहि हरिदास जानि ठाकुर विहारी तकत न भोर पाट।—स्वामी हरिदास। (ग) तेरे लिये तजि ताकि रहे तकि हेत किये बलबीर विहारी।—सुंदरीसर्वस्व। (२) शरण लेना। पनाह लेना। आश्रय लेना। उ०—देवन तके मेरु गिरि खोहा।—तुलसी।

तकमा †–संज्ञा पुं० (१) दे० "तमगा"। (२) दे० "तुकमा"।

तकमील–संज्ञा स्त्री० [अ०] पूरा होने की क्रिया या भाव। पूर्णता।

तकरमलही–संज्ञा स्त्री० [देश०] भेड़ों के ऊपर से ऊन काटने का हँसिया। (गढ़वाल)

तकरार–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) किसी बात को बार बार कहना। हुज्जत। विवाद। (२) झगड़ा। टंटा। लड़ाई। (३) कविता में किसी वर्णन को दोहराना। (४) चावल का वह खेत जो फसल काटने के बाद फिर खाद दे के जोता गया हो। (५) वह खेत जिसमें जौ चना गेहूँ इत्यादि एक साथ बोए गया हो।

तकरीर–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) बातचीत। गुफ़्तगू। (२) वक्तृता लेकचर। भाषण।

तक़रीब–संज्ञा स्त्री० [अ०] वह शुभ कार्य जिसमें कुछ लो सम्मिलित हों। उत्सव। जलसा।

तकर्ररी–संज्ञा स्त्री० [अ०] मुकर्रर होने की क्रिया या भाव नियुक्ति।

तकला–संज्ञा पुं० [सं० तर्कु] (१) लोहे की वह सलाई जो सू कातने के चरखे में लगी होती है और जिस पर सूत लिपटत जाता है। टेकुआ। (२) विदैयों की टेकुरी की सलाई जि पर कलाबत्तू बट कर चढ़ाते जाते हैं। (३) सुनारों क सिकरी बनाने की सलाई। (४) रस्सा या रस्सी बनाने क टिकुरी।

मुहा०—किसी के तकले से बल निकालना = सारी शेखी पार्जापन दूर करना। अच्छी तरह दुरुस्त या ठीक करना।

तकली–संज्ञा स्त्री० [हिं० तकला] छोटा तकला या टेकुरी।

तकलीफ–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) कष्ट। क्लेश। दुःख। जैसे (क) आज कल वह बड़ी तकलीफ से अपने दिन बिताते हैं (ख) इस तोते को पिंजड़े में बड़ी तकलीफ है। (२) विपत्ति मुसीबत।

क्रि० प्र०—उठाना।—करना।—देना।—पाना।—भोगना —मिलना।—सहना।

तकल्लुफ–संज्ञा पुं० [अ०] शिष्टाचार। दिखाने आदि के लि कष्ट उठा कर कोई काम करना।

मुहा०—तकल्लुफ़ का = बहुत अच्छा। बढ़िया या सजा हुआ।

तकवाना–क्रि० स० [हिं० तकना का प्रे०] ताकने का काम दूस से कराना। दूसरे को ताकने में प्रवृत्त करना।

तकवाही†–संज्ञा स्त्री० दे० "तकाई"।

तकसी†–संज्ञा स्त्री० [?] नाश। दुर्दशा।

तकसीम–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) बाँटने की क्रिया या भाव बँटाई। (२) गणित में वह क्रिया जिससे कोई संख्या क भागों में बाँटी जाय। भाग।

क्रि० प्र०—देना।

तकसीर–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) अपराध। दोष। कसूर। (२ भूल। चूक।

तकाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० ताकना + ई० (प्रत्य०)] (१) ताकने की क्रि या भाव। (२) वह धन जो ताकने के बदले में दिया जाय।

तक़ाज़ा–संज्ञा पुं० [अ०] (१) ऐसी चीज़ माँगना जिसके पाने क अधिकार हो। तगादा। जैसे, जाओ, उनसे रुपयों का तकाज करो। (२) कोई ऐसा काम करने के लिये कहना जिस लिये वचन मिल चुका हो। जैसे, बहुत दिनों से उनक

तकाज़ा है, चलो आज उनके यहाँ हो आएँ। (३) किसी प्रकार की उत्तेजना या प्रेरणा। जैसे, उत्र या वक्त का तकाज़ा।

तकान–संज्ञा स्त्री० दे० "थकान" या "थकावट"।

तकाना–क्रि० स० [हिं० ताकना का प्रे०] ताकने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को ताकने में प्रवृत्त करना। दिखाना।

क्रि० अ० किसी ओर को रुख करना। किसी ओर को भागना या जाना। जैसे, उसने जंगल का रास्ता तकाया।

तकावी–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) वह धन जो जमींदार, राजा या सरकार की ओर से गरीब खेतिहरों को खेती के औजार बनवाने, बीज खरीदने या कुआँ आदि बनवाने के लिये ऋण स्वरूप दिया जाय।

क्रि० प्र०—बाँटना।—देना।

(२) इस प्रकार का ऋण देने की क्रिया।

तकिया–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) कपड़े का बना हुआ वह लंबोतरा, गोल या चौकोर थैला जिसमें रूई, पर आदि भरते हैं और जिसे सोने लेटने आदि के समय सिर के नीचे रखते हैं। बालिश। (२) पत्थर की वह पटिया आदि जो छज्जे, रोक या सहारे के लिये लगाई जाती है। मुतक्का। (३) विश्राम करने या आश्रय लेने का स्थान। (४) आश्रय। सहारा। आसरा।

उ०—तँह तुलसी के काल को काको तकिया रे।—तुलसी।

यौ०—तकिया-कलाम।

(५) वह स्थान विशेषतः शहर के बाहर या कब्रिस्तान के पास का स्थान जहाँ कोई मुसलमान फकीर रहता हो। (६) चारजामाँ। (लश०)

तकिया-कलाम–संज्ञा पुं० दे० "सखुनतकिया"।

तकियादार–संज्ञा पुं० [फा०] मज़ार पर रहनेवाला मुसलमान फकीर।

तकिल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धूर्त्त। (२) औषध।

तकिला–संज्ञा स्त्री० [सं०] औषध। दवा।

तकुआ–संज्ञा पुं० दे० "तकला"।

संज्ञा पुं० [हिं० ताकना + उआ (प्रत्य०)] ताकनेवाला। देखनेवाला।

तकैया–संज्ञा पुं० [हिं० ताकना + ऐया (प्रत्य०)] ताकने वा देखनेवाला।

तक्कोल–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का पेड़।

तक्मा–संज्ञा स्त्री० [सं० तक्मन्] (१) वसंत नामक चर्म्म रोग। (२) शीतला देवी।

तक्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) मट्ठा। छाछ। मठा।

उ०—छलकत तक्र उफनि अँग आवत नहिं जानति तेहि कालहि सों।—सूर।

(२) शहतूत के पेड़ का एक रोग।

तक्रकूर्चिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] फटा हुआ दूध। छेना।

तक्रपिंड–संज्ञा पुं० [सं०] फटा हुआ दूध। छेना।

तक्रभिदु–संज्ञा पुं० [स०] कैथ। कपित्थ।

तक्रप्रमेह–संज्ञा पुं० [सं०] पुरुषों का एक रोग जिसमें छाछ का सा श्वेत मूत्र होता है; और मट्ठे की सी गंध आती है।

तक्रमांस–संज्ञा पुं० [सं०] मांस का रसा। अखनी।

तक्रवामन–संज्ञा पुं० [स०] नागरंग।

तक्रसंधान–संज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक के अनुसार एक प्रकार की कांजी जिसे सौ टके भर छाछ में एक एक टके भर सांभर नमक, राई और हल्दी का चूर्ण डाल कर बनाते हैं। यह कांजी पहले पंद्रह दिन तक पड़ी रहने दी जाती है तब तैयार होती है। ऐसा कहते हैं कि यदि २१ दिनों तक यह नित्य दो दो टंक पीई जाय तो तापतिल्ली अच्छी हो जाती है।

तक्रसार–संज्ञा पुं० [सं०] मक्खन।

तक्राट–संज्ञा पुं० [सं०] मथानी।

तक्रार–संज्ञा स्त्री० दे० "तकरार"।

तक्रारिष्ट–संज्ञा पुं० [स०] वैद्यक में एक प्रकार का अरिष्ट जो मट्ठे में हड़ और आँवले आदि का चूर्ण मिला कर बनाया जाता है। यह संग्रहणी रोग का नाशक और अग्निदीपक माना जाता है।

तक्राह्वा–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का तृण।

तक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) रामचंद्र के भाई भरत का बड़ा पुत्र। (२) वृक के पुत्र का नाम। (३) पतला करने की क्रिया।

तक्षक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) पाताल के आठ नागों में से एक नाग जो कश्यप का पुत्र था और कद्रु के गर्भ से उत्पन्न हुआ था। शृंगी ऋषि का शाप पूरा करने के लिये राजा परीक्षित को इसी ने काटा था। इसी कारण राजा जनमेजय इससे बहुत बिगड़े और उन्होंने संसार भर के सांपों का नाश करने के लिये सर्पयज्ञ आरंभ किया। तक्षक इससे डर कर इंद्र की शरण में चला गया। इस पर जनमेजय ने अपने ऋत्विकों को आज्ञा दी कि इंद्र यदि तक्षक को न छोड़े तो उसे भी तक्षक के साथ खींच मँगाओ और भस्म कर दो। ऋत्विकों के मंत्र पढ़ने पर तक्षक के साथ इंद्र भी खिँचने लगे। तब इंद्र ने डर कर तक्षक को छोड़ दिया। जब तक्षक खिँच कर अग्निकुंड के समीप पहुँचा तब आस्तीक ने आकर जनमेजय से प्रार्थना की और तक्षक के प्राण बच गए।

विशेष—आज कल के विद्वानों का विश्वास है कि प्राचीन काल में भारत में तक्षक नाम की एक जाति ही निवास करती थी। नाग जाति के लोग अपने आप को तक्षक की संतान ही बतलाते हैं। प्राचीन काल में ये लोग सर्प का पूजन करते थे। कुछ पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि

प्राचीन काल में कुछ विशिष्ट अनार्य्यों को हिंदू लोग तक्षक या नाग कहा करते थे और ये लोग सम्भवतः शक थे। तिब्बत, मंगोलिया और चीन के निवासी अब तक अपने आप को तक्षक या नाग के वंशधर बतलाते हैं। महाभारत के युद्ध के उपरांत धीरे धीरे तक्षकों का अधिकार बढ़ने लगा और उत्तर-पश्चिम भारत में तक्षक लोगों का बहुत दिनों तक, यहाँ तक कि सिकंदर के भारत आने के समय तक, राज्य रहा। इनका जातीय चिह्न सर्प था। ऊपर परीक्षित और जनमेजय की जो कथा दी गई है उसके संबंध में कुछ पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि तक्षकों के साथ एक बार पांडवों का बड़ा भारी युद्ध हुआ था जिस में तक्षको की जीत हुई थी और राजा परीक्षित मारे गए थे और अंत में जनमेजय ने फिर तक्षशिला में युद्ध करके तक्षकों का नाश किया था और यही घटना जनमेजय के सर्प-यज्ञ के नाम से प्रसिद्ध हुई।

(२) साँप। सर्प। (३) विश्वकर्म्मा। (४) सूत्रधार। (५) दस वायुओं में से एक। नागवायु। उ०—प्रान, अपान, व्यान, उदान और कहियत प्राण समान। तक्षक, धनजय पुनि देवदत्त और पैंड्रक शंख द्युमान।—सूर। (६) एक प्रकार का पेड़। (७) प्रसेनजित् के पुत्र का नाम जिस का वर्णन भागवत में आया है। (८) एक संकर जाति जिसकी उत्पत्ति सूचिक पिता और ब्राह्मणी माता से मानी गई है।

वि० छेदनेवाला। छेदक।

तक्षण—संज्ञा पुं० [सं०] (१) लकड़ी को साफ़ करने का काम। रंदा करने का काम। (२) बढ़ई। (३) लकड़ी पत्थर आदि में खोद कर मूर्त्तियाँ और बेल-बूटे बनाने का काम। लकड़ी पत्थर आदि गढ़ कर मूर्त्तियां बनाना।

तक्षणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] बढ़इयों का वह औजार जिससे वे लकड़ी छील कर साफ करते हैं। रंदा।

तक्षशिला—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक बहुत प्राचीन नगरी का नाम जो भारत के पुत्र तक्ष की राजधानी थी। विद्वानों का मत है कि प्राचीन काल में इसके आस पास के प्रदेश में तक्षक लोगों का राज्य था, इसीलिए इस नगरी का नाम भी तक्षशिला पड़ा था। महाभारत में लिखा है कि यह स्थान गांधार में है। अभी हाल में यह नगर रावलपिंडी के पास जमीन खोद कर निकाला गया है। वहाँ बहुत से बौद्ध-मंदिर और स्तूप भी पाए गए हैं। महाभारत में लिखा है कि जनमेजय ने यहीं सर्प-यज्ञ किया था। सिकंदर जिस समय भारत में आया था उस समय यहाँ के राजा ने उसे अपने यहाँ ठहराया था और उसका बहुत आदर सत्कार किया था। कुछ समय तक इसके आस पास का प्रदेश अशोक के शासन में था। अनेक यूनानी तथा चीनी यात्रियों ने तक्षशिला के वैभव और विस्तार आदि का बहुत अच्छा वर्णन किया है। बहुत दिनों तक यह नगरी पश्चिम भारत का प्रधान विद्यापीठ थी। दूर दूर से यहाँ विद्यार्थी आते थे। चाणक्य यहीं का था।

तक्षा—संज्ञा पुं० [सं० तक्षन्] बढ़ई।

तक़्फ़ीफ़—संज्ञा स्त्री० [अ०] कमी। न्यूनता।

तख़मीनन्—क्रि० वि० [अ०] अंदाज से। अटकल से। अनुमान से।

तख़मीना—संज्ञा पुं० [अ०] अंदाज़। अनुमान। अटकल।

क्रि० प्र०—करना।—लगाना।

तख़री—संज्ञा स्त्री० दे० "तकड़ी"।

तख़लिया—संज्ञा पुं० [अ०] एकांत स्थान। निर्जन स्थान।

तखान†—संज्ञा पुं० [सं० तक्षण] बढ़ई।

तखिहा†—वि० [अ० ताक़] वह बैल जिसकी दोनों आँखें दो रंग की हों।

तख़ीत—संज्ञा स्त्री० [अ० तहकीक़] (१) तलाशी। (२) तहकीकात। (लश०)

तख़्त—संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) राजा के बैठने का आसन। सिंहासन। (२) तख़्तों की बनी हुई बड़ी चौकी।

यौ०—तख़्त की रात = सोहाग रात। (मुसल०)

तख़्तरवाँ—संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) वह तख्त जिस पर बादशाह सवार होकर निकलता हो। हवादार। (२) वह तख्त या बड़ी चौकी जिस पर शादियों में बारात के आगे रंडियाँ, नाचनेवाले या लौंडे नाचते हुए चलते हैं। (३) उड़नखटोला।

तख़्त ताऊस—संज्ञा पुं० [फ़ा० + अ०] एक प्रसिद्ध राजसिंहासन जिसे शाहजहाँ ने ६ करोड़ रुपए लगा कर बनवाया था। इसके ऊपर एक जड़ाऊ मोर पंख फैलाए हुए खड़ा था। इस तख्त को सन् १७३९ ई० में नादिरशाह लूट कर ले गया।

तख़्तनशीन—वि० [फ़ा०] सिंहासनारूढ़। जो राजसिंहासन पर बैठा हो।

तख़्तपोश—संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) तख्त या चौकी पर बिछाने की चादर। (२) चौकी। तख़्त।

तख़्तबंदी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) तख्तों की बनी हुई दीवार। (२) तख्तों की दीवार बनाने की क्रिया।

तख़्ता—संज्ञा पुं० [फ़ा० तख्तः] (१) लकड़ी का वह चीरा हुआ लंबा चौड़ा और चौकोर टुकड़ा जिसकी मोटाई अधिक न हो। बड़ा पटरा। पल्ला।

मुहा०—तख़्ता उलटना = (१) किसी प्रबंध का नष्ट भ्रष्ट हो जाना। किसी बने बनाए काम का बिगड़ जाना। (२) किसी प्रबंध को नष्ट भ्रष्ट करना। बना बनाया काम बिगाड़ना। तख़्ता हो जाना = ऐंठ या अकड़ जाना। तख़्ते की तरह जड़ हो जाना।

(२) लकड़ी की बड़ी चौकी। तख़्त। (३) अरथी। टिखटी। (४) कागज का ताव। (५) खेतों या बागों में जमीन का वह अलग टुकड़ा जिसमें बीज बोए या पौधे लगाए जाते हैं। कियारी।

तख़्तापुल–संज्ञा पुं० [फ़ा० तख़्ता + पुल] पटरों का पुल जो किले की खंदक पर बनाया जाता है। यह पुल इच्छानुसार हटा भी लिया जा सकता है।

तख़्ती–संज्ञा स्त्री० [फ़ा० तख़्तः] (१) छोटा तख़्ता। (२) काठ की वह पटरी जिस पर लड़के अक्षर लिखने का अभ्यास करते हैं। पटिया। (३) किसी चीज की छोटी पटरी।

तगड़ा–वि० [हिं० तन + कड़ा] [स्त्री० तगड़ी] (१) जिसमें ताकत ज्यादः हो। सबल। बलवान्। मजबूत। (२) अच्छा और बड़ा।

तगड़ी†–संज्ञा स्त्री० दे० "तागड़ी"।

तगण–संज्ञा पुं० [सं०] छंदः शास्त्र में तीन वर्णों का वह समूह जिसमें पहले दो गुरु और तब एक लघु (ऽऽ।) वर्ण होता है।

तगदमा, तगदम्मा–संज्ञा पुं० [अ० तक़्दुम] (१) व्यय आदि का किया हुआ अनुमान। तखमीना। (२) दे० "तकदमा"।

तगना–क्रि० अ० [हिं० तागना] तागा जाना।

तगपहनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तागा + पहनना] जुलाहों का एक औजार जो टूटा हुआ सूत जोड़ने में काम आता है।

तगमा–संज्ञा पुं० दे० "तमग़ा"।

तगर–संज्ञा पु० [सं०] (१) एक प्रकार का पेड़ जो अफगानिस्तान, काश्मीर, भूटान और कोंकण देश में नदियों के किनारे पाया जाता है। भारत के बाहर यह मडगास्कार और जंजीबार में भी होता है। इसकी लकड़ी बहुत सुगंधित होती है और उसमें से बहुत अधिक मात्रा में एक प्रकार का तेल निकलता है। यह लकड़ी अगर की लकड़ी के स्थान पर तथा औषध के काम में आती है। लकड़ी काले रंग की और सुगंधित होती है और उसका बुरादा जलाने के काम में आता है। भावप्रकाश के अनुसार तगर दो प्रकार का होता है, एक में सफेद रंग के और दूसरे में नीले रंग के फूल लगते हैं। इसकी पत्तियों के रस से आँख के अनेक रोग दूर होते हैं। वैद्यक में इसे उष्ण, वीर्य्य-वर्द्धक, शीतल, मधुर, स्निग्ध, लघु और विष, अपस्मार, शूल, दृष्टि-दोष, विष-दोष, भूतोन्माद और त्रिदोष आदि का नाशक माना है।

पर्य्या०—वक्र। कुटिल। शठ। महोरग। नत। दीपन। विनम्र। कुंचित। घंट। नहुष। पार्थिव। राजहर्षण। छत्र। दीन। काखानुशारिवा। काखानुसारक।

(२) इस वृक्ष की जड़ जिसकी गिनती गंध-द्रव्यों में होती है। इसके चबाने से दाँतों का दरद अच्छा हो जाता है। (३) मदनवृक्ष। मैनफल।

संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की शहद की मक्खी।

तगला–संज्ञा पुं० [हिं० तकला] (१) तकला। (२) दो हाथ लंबा सरकंडे का एक छड़ जिससे जोलाहे साँथी मिलाते हैं।

तगसा–संज्ञा पुं० [देश०] वह लकड़ी जिससे पहाड़ी प्रांतों में ऊन को कातने से पहले साफ करने के लिये पीटते हैं।

तगा*†–संज्ञा पुं० दे० "तागा"। उ०—प्रफुलित ह्वै कै आन दीन है यशोदा रानी झीनी ए झगुली तामें कंचन को तगा।—सूर।

संज्ञा पुं० एक जाति जो रुहेलखंड में बसती है। इस जाति के लोग जनेऊ पहनते और अपने आपको ब्राह्मण मानते हैं।

तगाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० तागना] (१) तागने का काम। (२) तागने का भाव। (३) तागने की मज़दूरी।

तगाड़ा–संज्ञा पुं० [हिं० गारा] [स्त्री० तगाड़ी] वह तसला या लोहे का छिछला बरतन जिसमें मसाला या चूना गारा रख कर जोड़ाई करनेवालों के पास ले जाते हैं।

तगादा–संज्ञा पु० दे० "तकाजा"।

तगाना–क्रि० स० [हिं० तागना का प्रे०] तागने का काम कराना। दूसरे को तागने में प्रवृत्त करना।

तगार, तगारी–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) उखली गाड़ने का गड्ढा। (२) हलवाइयों का मिठाई बनाने का मिट्टी का बड़ा बरतन या नाँद। (३) चूना। गारा इत्यादि ढोने का तसला।

तगियाना–क्रि० स० दे० "तागना"।

तगीर*–संज्ञा पु० [अ० तग़य्युर = परिवर्त्तन] बदलने की क्रिया या भाव। परिवर्त्तन। उ०—(क) अहदी गह रोग अनंता। जागीर तगीर करंता।—विश्राम। (ख) जोबन आमिल आइ कै भूसन कर ततबीर। घट बढ़ रकम बनाइ कै सिसुता करी तगीर।—रसनिधि।

तगीरी–संज्ञा स्त्री० [अ० तग़य्युर, हिं० तगीर] बदली। परिवर्त्तन। उ०—गैरहाजिरी लिखि है कोई। मन सब घटै तगीरी होई।—लाल कवि।

तघार, तघारी–संज्ञा स्त्री० दे० "तगार"।

तचना†–क्रि० अ० [हिं० तपना] तपना। तप्त होना। उ०—(क) तापन सों तचती विरमैं बिन काज वृथा मन मांहि विदूषतीं।—प्रताप। (ख) मानों विधि अब उलटि रची री। जानत नहीं सखी काहे ते वही न तेज तची री।—सूर।

तचा†–संज्ञा स्त्री० [स० त्वचा] चमड़ा। खाल। त्वचा। उ०—तुम बिन नाह रहै पै तचा। अब नहि विरह गरुड़ पै बचा। जायसी।

तचाना–क्रि० स० [हिं० तपाना] तपाना। जलाना। तप्त करना। संतप्त करना। उ०—अनल उचाट रूप लाट मैं तचाई भारी कारीगर काम ने सुधारी अभिराम सान।—दीनदयालु।

तच्छ–संज्ञा पु० दे० "तक्ष"।

तच्छक–संज्ञा पुं० दे० "तक्षक"।

तच्छिन*–क्रि० वि० [स० तत्क्षण] उसी समय। तत्काल।

तज–संज्ञा पुं० [सं० त्वच्] (१) तमाल और दारचीनी की जाति का मझोले कद का एक सदाबहार पेड़ जो कोचीन, मलाबार, पूर्व बंगाल, खासिया की पहाड़ियों और बरमा में अधिकता से होता है। भारत के अतिरिक्त यह चीन, सुमात्रा और जावा आदि स्थानों में भी होता है। खासिया और जयंतिया की पहाड़ियों में यह पेड़ अधिकता से लगाया जाता है। जिन स्थानों पर समय समय पर गहरी वर्षा के उपरांत कड़ी धूप पड़ती है वहाँ यह बहुत जलदी बढ़ता है। इसके पेड़ प्रायः पांच पांच हाथ की दूरी पर बीज से लगाए जाते हैं और जब पेड़ पांच वर्ष के हो जाते हैं तब वहाँ से हटा कर दूसरे स्थान पर रोपे जाते हैं। छोटे पौधे प्रायः बड़े पेड़ों या झाड़ियों आदि की छाया में ही रखे जाते हैं। बाजारों में मिलनेवाला तेज पत्ता। दे० "तेजपत्ता" = इस पेड़ का पत्ता और तज (लकड़ी) इसकी छाल है। कुछ लोग इसे और दारचीनी के पेड़ को एक ही मानते हैं, पर वास्तव में यह उससे भिन्न है। इस वृक्ष में डालियों की फुनगियों पर सफेद फूल लगते हैं जिनमें गुलाब की सी सुगंध होती है। इसके फल करौंदे के से होते हैं जिनमें से तेल निकाला जाता है और इत्र तथा अर्क बनाया जाता है। यह वृक्ष प्रायः दो वर्ष तक रहता है। तमाल। (२) इस पेड़ की छाल जो बहुत सुगंधित होती है और औषध के काम में आती है। वैद्यक में इसे चरपरा, शीतल, हलका, स्वादिष्ट; कफ, खाँसी, आम, कंडु, अरुचि, कृमि, पीनस आदि को दूर करनेवाला, पित्त तथा धातुवर्द्धक और बलकारक माना है।

पर्य्या०—भृंग। वरांग। रामेष्ट। बिज्जुल। त्वच। उत्कट। चोल। सुरभिबल्कल। सूतकट। मुखशोधन। सिंहल। सुरस। कामवल्लभ। बहुगंध। बनप्रिय। लटपर्ण। गंधबल्कल। वर। शीत। रामबल्लभ।

तजकिरा–संज्ञा पु० [अ०] चर्चा। ज़िक्र।

क्रि० प्र०—करना।—चलना।—छिड़ना।—होना।

तजगरी–संज्ञा स्त्री० [फा० तेजगरी] सिकलीगरों की दो अंगुल चौड़ी और अनुमान डेढ़ बालिश्त लंबी लोहे की पटरी जिस पर तेल गिरा कर रंदा तेज करते हैं।

तजन*†–संज्ञा पुं० [स० त्यजन] तजने की क्रिया या भाव। त्याग। परित्याग।

संज्ञा पुं० [स० तर्जन] कोड़ा या चाबुक।

तजना–क्रि० स० [स० त्यजन] त्यागना। छोड़ना। उ०—(क) सब तज, हर भज। (ख) तजहु आस निज निज गृह जाहू।—तुलसी।

तजरबा–संज्ञा पुं० [अ०] (१) वह ज्ञान जो परीक्षा द्वारा प्राप्त किया जाय। अनुभव। जैसे, मैंने सब बातें अपने तजरबे से कही हैं।

या०—**तजरबेकार** = जिसने परीक्षा द्वारा अनुभव प्राप्त किया हो। अनुभवी।

(२) वह परीक्षा जो ज्ञान प्राप्त करने के लिये की जाय। जैसे, आप पहले तजरबा कर लीजिए तब लीजिए।

तजरबाकार–संज्ञा पुं० [अ० तजरबा + फा० कार] जिसने तजरबा किया हो।

तजरबाकारी–संज्ञा स्त्री० [अ० तजरबा + फा० कारी] अनुभव।

तजरुबा–संज्ञा पुं० दे० "तजरबा"।

तजरुबाकार–संज्ञा पुं० दे० "तजरबाकार"।

तजरुबाकारी–संज्ञा स्त्री० दे० "तजरबाकारी"।

तजवीज़–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) सम्मति। राय। (२) फैसला। निर्णय। (३) बंदोबस्त। इंतिजाम। प्रबंध।

तजवीज़सानी–संज्ञा स्त्री० [अ०] किसी अदालत में उसी अदालत के किए हुए किसी फैसले पर फिर से होनेवाला विचार। एक ही हाकिम के सामने होनेवाला पुनर्विचार।

तजिया †–संज्ञा स्त्री० [हिं० तकड़ी] बहुत छोटा तराजू। काँटा।

तज्जी–संज्ञा स्त्री० [स०] हिंगुपत्री।

तज्ञ–वि० [सं०] (१) तत्वज्ञ। तत्व का जाननेवाला। उ०—देव तज्ञ सर्वज्ञ जज्ञेश अच्युत विभो विस्व भवदंशसंभव पुरारी।—तुलसी। (२) ज्ञानी।

तटंक–संज्ञा पुं० [सं० तार्टक] कर्णफूल। कनफूल नामक कान का आभूषण। उ०—चलि चलि आवत श्रवण निकट अति सकुचि तटंक फँदा ते।—सूर।

तट–संज्ञा पुं० [सं०] (१) क्षेत्र। खेत। (२) प्रदेश। (३) तीर। किनारा। कूल। (४) शिव। महादेव।

क्रि० वि० समीप। पास। नजदीक। निकट।

तटका–वि० दे० "टटका"। उ०—निसि के उनींदे नैना तैसे रहे टरि टरि। किधौं कहूँ प्यारी को तटकी लागी नजरि।—सूर।

तटग–संज्ञा पुं० [सं०] तड़ाग।

तटनी*–संज्ञा स्त्री० [सं० तटिनी] (तटवाली) नदी। सरिता। दरिया। उ०—(क) मंदाकिनि तटनि तीर मंजु मृग बिहंग भीर धीर मुनि गिरा गँभीर साम गान की।—तुलसी। (ख) कदम विटप के निकट तटनी के आय अटा आय अटा चढ़ि चाहि पीतपट फहरानि री।—रसखान।

तटस्थ–वि० [स०] (१) तीर पर रहनेवाला। किनारे पर रहनेवाला। (२) समीप रहनेवाला। निकट रहनेवाला। (३) किनारे रहनेवाला। अलग रहनेवाला। (४) जो किसी का पक्ष ग्रहण न करे। उदासीन। निरपेक्ष।

संज्ञा पुं० किसी वस्तु का वह लक्षण जो उसके स्वरूप को लेकर नहीं बल्कि उसके गुण और धर्म्म आदि को लेकर बतलाया जाय। दे० "लक्षण"।

तटाक–संज्ञा पुं० [सं०] तड़ाग। तालाब।

तटाघात–संज्ञा पुं० [सं०] पशुओं का अपने सींगों या दाँतों से जमीन खोदना।

तटिनी–संज्ञा स्त्री [सं०] नदी। सरिता। दरिया।

तटी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तीर। कूल। किनारा। तट। (२) नदी। सरिता। उ०—ताही समै पर नाभि तटी को गयो उड़ि सेवक पौन प्रसंग मैं।—सेवक। (३) तराई। घाटी।

तड़–संज्ञा पुं० [सं० तट] (१) समाज में हो जानेवाला विभाग। पक्ष।

यो०—तड़बंदी।

(२) स्थल। खुश्की। जमीन। (लश०)

संज्ञा पुं० [अनु०] (१) थप्पड़ आदि मारने या कोई चीज पटकने से उत्पन्न होनेवाला शब्द।

यौ०—तड़ातड़।

(२) थप्पड़। (दलाल)

क्रि० प्र०—जमाना।—देना।—लगाना।

(३) लाभ का आयोजन। आमदनी की सूरत। (दलाल)

क्रि० प्र०—जमाना।—बैठाना।

तड़क–संज्ञा स्त्री० [हिं० तड़कना] (१) तड़कने की क्रिया या भाव। (२) तड़कने के कारण किसी चीज पर पड़ा हुआ चिह्न। (३) भोजन के साथ खाए जानेवाले अचार चटनी आदि चटपटे पदार्थ। चाट।

संज्ञा स्त्री० [स तंडक = धरन] वह बड़ी लकड़ी जो दीवार से बँड़ेर तक लगाई जाती है और जिस पर बाँसे रख कर छप्पर छाया जाता है।

तड़कना–क्रि० अ०[अनु० तड़] (१) 'तड़' शब्द के साथ फटना, फूटना या टूटना। कुछ आवाज के साथ टूटना। चटकना। कड़कना। जैसे, शीशा तड़कना, लकड़ी तड़कना। (२) किसी चीज़ का सूखने आदि के कारण फट जाना। जैसे, छिलका तड़कना, जखम तड़कना। (३) जोर का शब्द करना। उ०—कहि योगिनि निशि हित अति तड़की। विंध्याचल के ऊपर खड़की।—गोपाल। (४) क्रोध से बिगड़ना। झुंझलाना। बिगड़ना। (५) जोर से उछलना या कूदना। तड़पना। उ०—तरकि पवनसुत कर गहेउ आनि धरे प्रभु पास।—तुलसी।

संयो० क्रि०—जाना।

† क्रि० स० तड़का देना। छौंकना। बघारना।

तड़का–संज्ञा पुं० [हिं० तड़कना] (१) सवेरा। सुबह। प्रातःकाल। प्रभात। (२) छौंक। बघार।

क्रि० प्र०—देना।

तड़काना–क्रि० स० [हिं० तड़कना का स० रूप] (१) किसी वस्तु को इस तरह से तोड़ना जिससे 'तड़' शब्द हो। (२) किसी पदार्थ को सुखाकर या और किसी प्रकार बीच में से फाड़ना। (३) जोर का शब्द उत्पन्न करना। (४) किसी को क्रोध दिलाना या खिजाना।

तड़कीला†–वि० [हिं० तड़कना + ईला (प्रत्य०)] (१) चमकीला। भड़कीला। (२) तड़कनेवाला। फट जानेवाला।

तड़का†–क्रि० वि० दे० "तड़ाका"। उ०—चेतहु काहे न सवेर यमन सो रारिहै। काल के हाथ कमान तड़का मारिहै।—कबीर

तड़तड़ाना–क्रि० अ० [अनु०] तड़ तड़ शब्द होना।

क्रि० स० तड़तड़ शब्द उत्पन्न करना।

तड़तड़ाहट–संज्ञा स्त्री० [अनु०] तड़तड़ाने की क्रिया या भाव।

तड़ता*–संज्ञा स्त्री० [स० तड़ित] बिजली। विद्युत्। (डिं०)

तड़प–संज्ञा स्त्री० [हिं० तड़पना] (१) तड़पने की क्रिया या भाव। (२) चमक। भड़क।

तड़पदार–वि० [हिं० तड़प + फ़ा० दार] चमकीला। भड़कदार। भड़कीला।

तड़पना–क्रि० अ० [अनु०] (१) बहुत अधिक शारीरिक या मानसिक वेदना के कारण व्याकुल होना। छटपटाना। तड़फड़ाना। तलमलाना।

संयो० क्रि०—जाना।

(२) घोर शब्द करना। गरजना। जैसे, किसी से तड़प कर बोलना, शेर का तड़प कर झाड़ी में से निकलना।

तड़पवाना–क्रि० स० [हिं० तड़पाना का प्रे०] किसी को तड़पाने में प्रवृत्त करना। तड़पाने का काम दूसरे से कराना।

तड़पाना–क्रि० स० [हिं० तड़पना का स० रूप] (१) शारीरिक या मानसिक वेदना पहुँचा कर व्याकुल करना। (२) किसी को गरजने के लिये बाध्य करना।

संयो० क्रि०—देना।

तड़फड़ाना–क्रि० अ० दे० "तड़पना (१)"।

क्रि० स० दे० "तड़पाना (१,)"।

तड़फना–क्रि० अ० दे० "तड़पना"।

तड़बंदी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तड़ + फ़ा० बंदी] समाज, बिरादरी या गोल में अलग अलग तड़ बनना।

तड़ाक–संज्ञा पुं० [स०] तड़ाग। तालाब। सरोवर।

संज्ञा स्त्री० [अनु०] तड़ाके का शब्द। किसी चीज़ के टूटने का शब्द।

क्रि० वि० (१) 'तड़' या 'तड़ाक' शब्द के सहित। (२) जल्दी से। चपपट। तुरंत।

यौ०—तड़ाक पड़ाक = चटपट। तुरंत।

तड़ाका–संज्ञा पुं० [अनु०] (१) "तड़" शब्द । जैसे, न जाने कहाँ कल रात को बड़े जोर का एक तड़ाका हुआ । (२) कमख्वाब बुननेवालों का एक डंडा जो प्रायः सवा गज लंबा होता और लफे में बँधा रहता है । इसके नीचे तीन और डंडे बँधे होते हैं । (३) पेड़ । वृक्ष । (कहारों की परि०)

क्रि० वि० चटपट । जल्दी से । तुरंत । जैसे, तड़ाका जाकर बाजार से सौदा ले आओ । (बोल चाल)

तड़ाग–संज्ञा पुं० [सं०] तालाब । सरोवर । ताल । पुष्कर । पोखरा । पद्मादियुक्त सर । प्राचीनों के अनुसार तड़ाग जो पाँच सौ धनुष लंबा चौड़ा और खूब गहरा होना चाहिए और उसमें कमल आदि होने चाहिएँ । उ०—(क) भरत हंस रवि बंस तड़ागा । जनमि कीन्ह गुन दोष विभागा ।—तुलसी । (ख) अनुराग तड़ाग में भानु उदै बिकसी मनो मंजुल कंजकली ।—तुलसी ।

तड़ातड़–क्रि० वि० [अनु०] तड़तड़ शब्द के साथ । इस प्रकार जिसमें तड़तड़ शब्द हो । जैसे, तड़ातड़ चपत जमाना । उ०—आगे रघुबीर के समीर के तनय के संग तारी दे तड़ाक तड़ातड़ के तमंका में ।—पद्माकर ।

तड़ाना–क्रि० स० [हिं० ताड़ना का प्रे०] किसी दूसरे को ताड़ने में प्रवृत्त करना । भँपाना ।

तड़ावा–संज्ञा स्त्री० [हिं० तड़ाना = दिखाना] (१) ऊपरी तड़क भड़क । वह चमक दमक जो केवल दिखाने के लिये हो । (२) धोखा । छल । (क्व०)

क्रि० प्र०—देना ।

तड़ित–संज्ञा स्त्री० [स० तड़ित्] बिजली । विद्युत् । उ०—(क) उपमा एक अभूत भई तब जब जननी पट पीत उढ़ाए । नील जलद पर उडुगन निरखत तजि सुभानु मनो तड़ित छिपाए ।—तुलसी । (ख) तड़ित विनिंदक पीतपट उदर रेख वर तीनि ।—तुलसी ।

तड़ित्कुमार–संज्ञा पुं० [स०] जैनों के एक देवता जो भुवनपति देवगण में से हैं ।

तड़ित्पति–संज्ञा पुं० [स०] बादल । मेघ ।

तड़ित्प्रभा–संज्ञा स्त्री० [स०] कार्त्तिकेय की एक मातृका का नाम ।

तड़ित्वान्–संज्ञा पुं० [सं०] (१) नागरमोथा । (२) बादल ।

तड़िता–संज्ञा स्त्री० दे० "तड़ित्" ।

तड़िद्गर्भ–संज्ञा पु० [स०] बादल ।

तड़िया–संज्ञा स्त्री० [देश०] समुद्र के किनारे की हवा । (लश०)

तड़ी–संज्ञा स्त्री० [तड़ से अनु०] (१) चपत । धौल ।

क्रि० प्र०—जड़ना ।—जमाना ।—देना ।—लगाना ।

(२) धोखा । छल । (दलाली) । (३) बहाना । हीला ।

क्रि० प्र०—देना ।—बताना ।

तड़ीमीट–संज्ञा पुं० [हिं०] मुसलमान ।

तत्–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ब्रह्म या परमात्मा का एक नाम । उ०—ओं तत् सत् । (२) वायु । हवा ।

सर्व० उस ।

विशेष—इसका प्रयोग केवल संस्कृत के समस्त शब्दों के साथ उनके आरंभ में होता है । जैसे, तत्काल, तत्क्षण, तत्पुरुष, तत्पश्चात्, तदनंतर, तदाकार, तद्द्वारा ।

तत–संज्ञा पु० [सं०] (१) वायु । (२) विस्तार । (३) पिता । (४) पुत्र । (५) वह बाजा जिसमें बजाने के लिये तार लगे हों, जैसे, सारंगी, सितार, बीना, एकतारा, बेहला आदि ।

विशेष—तत बाजे दो प्रकार के होते हैं—एक तो वे जो खाली उँगली या मिजराब आदि से बजाए जाते हैं, जैसे, सितार, बीन, एकतारा आदि । ऐसे बाजों को अंगुलित्रयंत्र कहते हैं । जो कमानी की सहायता से बजाए जाते हैं सारंगी बेला आदि ये धनुःयंत्र कहलाते हैं ।

* † वि० [सं० तप्त] तपा हुआ । गरम । उ०—नखत अकासहिं चढ़इ दिपाई । तत तत लूका परहि बुझाई ।—जायसी ।

* † संज्ञा पु० दे० "तत्त्व" ।

ततताथेई–संज्ञा स्त्री० [अनु०] नृत्य का शब्द । नाच के बोल ।

ततपर–वि० दे० "तत्पर" ।

ततपत्री–संज्ञा पुं० [सं०] केले का वृक्ष ।

ततबाउ * †–संज्ञा पुं० दे० "तंतुवाय" ।

ततबीर * †–संज्ञा स्त्री० दे० "तदबीर" । उ०—कोउ गई जल पैठि तरुनी और ठाढ़ी तीर । तिनहि लई बोलाइ राधा करति सुख ततबीर ।—सूर ।

ततरी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का फलदार पेड़ ।

ततसार * †–संज्ञा स्त्री० [स० तप्तशाला] तपाने का स्थान । आँच देने वा तपाने की जगह । उ०—सतगुर तो ऐसा मिला ताते लोह लुहार । कसनी दे कंचन किया ताय लिया ततसार ।—कबीर ।

ततहड़ा–संज्ञा पु० [स० तप्त + हिं० हाँड़ी] [स्त्री० अल्प० ततहड़ी] वह बरतन विशेषतः मिट्टी का बरतन जिसमें देहातवाले नहाने का पानी गरम करते हैं ।

ताई * †–संज्ञा स्त्री० [हिं० तत्ता] गरमी । तप्त होने की क्रिया या भाव ।

तताभह–संज्ञा पु० [सं०] पितामह । दादा ।

ततारना–क्रि० स० [हिं० तत्ता = गरम] (१) गरम जल से धोना । (२) तरेरा देकर धोना । धार देकर धोना । उ०—मनहु विरह के सद्य घाय हिये लखि तकि तकि धरि धीर ततारति ।—तुलसी ।

तति–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) श्रेणी । पंक्ति । तांता । (२) समूह । (३) विस्तार ।

तनुबाऊ*†–संज्ञा पुं० दे० "तंतुवाय" ।

ततुरि–वि० [सं०] (१) हिंसा करनेवाला । (२) तारनेवाला ।

ततैया–संज्ञा स्त्री० [सं० तिक्त] (१) बर्रे । भिड़ । हड्डा । (२) जवा मिर्च जो बहुत कड़ुई होती है ।

वि० [हिं० तीता अथवा तत्ता] (१) तेज । फुरतीला । (२) चालाक । बुद्धिमान ।

तत्काल–क्रि० वि० [सं०] तुरंत । फौरन । उसी समय । उसी वक्त ।

तत्कालीन–क्रि० वि० [सं०] उसी समय का ।

तत्क्षण–क्रि० वि० [सं०] उसी समय । तत्काल । फौरन । उसी दम ।

तत्त *†–संज्ञा पुं० दे० "तत्त्व" ।

तत्ता *–वि० [सं० तप्त] गरम । उष्ण । जलता या तपता हुआ ।

मुहा०—तत्ता तवा = जो बात बात पर लड़ें । लड़ाका । झगड़ालू ।

तत्तोथंबो–संज्ञा पुं० [हिं० तत्ता = गरम + थामना] (१) दम दिलासा । बहलावा । (२) बीच बचाव । दो लड़ते हुए आदमियों को समझा बुझा कर शांत करना ।

तत्त्व–संज्ञा पु० [सं०] (१) वास्तविक स्थिति । यथार्थता । वास्तविकता । असलियत । (२) जगत् का मूल कारण ।

विशेष—सांख्य में २५ तत्त्व माने गए हैं—पुरुष, प्रकृति, महत्तत्त्व (बुद्धि), अहंकार, चक्षु, कर्ण, नासिका, जिह्वा, त्वक्, वाक्, पाणि, पायु, पाद, उपस्थ, मन, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध, पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश । मूल प्रकृति से शेष तत्त्वों की उत्पत्ति का क्रम इस प्रकार है—प्रकृति से महत्तत्त्व (बुद्धि), महत्तत्त्व से अहंकार, अहंकार से ग्यारह इंद्रियाँ (पाँच ज्ञानेंद्रियाँ, पाँच कर्मेंद्रियाँ और मन) और पाँच तन्मात्र, पाँच तन्मात्रों से पाँच महाभूत (पृथ्वी, जल, आदि) । प्रलयकाल में ये सब तत्त्व फिर प्रकृति में क्रमशः विलीन हो जाते हैं । योग में ईश्वर को और मिला कर कुल २६ तत्त्व माने गए हैं । सांख्य के पुरुष से योग के ईश्वर में विशेषता यह है कि योग का ईश्वर क्लेश, कर्म, विपाक आदि से पृथक् माना गया है । वेदांतियों के मत से ब्रह्म ही एकमात्र परमार्थ तत्त्व है । शून्यवादी बौद्धों के मत से शून्य या अभाव ही परम तत्त्व है, क्योंकि जो वस्तु है वह पहले नहीं थी और आगे भी न रहेगी । कुछ जैन तो जीव और अजीव ये ही दो तत्त्व मानते हैं और कुछ पाँच तत्त्व मानते हैं—जीव, आकाश, धर्म, अधर्म, पुद्गल और आस्तिकाय । चार्वाक के मत में पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु ये ही तत्त्व माने गए हैं और इन्हीं से जगत् की उत्पत्ति कही गई है ।

(३) पंचभूत (पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश) । (४) परमात्मा । ब्रह्म । (५) सारवस्तु । सारांश । जैसे, इनके लेख में कुछ तत्त्व नहीं है ।

तत्त्वज्ञ–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह जो ईश्वर या ब्रह्म को जानता हो । तत्त्वज्ञानी । ब्रह्मज्ञानी । (२) दार्शनिक । दर्शन-शास्त्र का ज्ञाता ।

तत्त्वज्ञान–संज्ञा पुं० [सं] ब्रह्म, आत्मा और सृष्टि आदि के संबंध का यथार्थ ज्ञान । ऐसा ज्ञान जिससे मनुष्य का मोक्ष हो जाय । ब्रह्मज्ञान ।

विशेष—सांख्य और पातंजल के मत से प्रकृति और पुरुष का भेद जानना और वेदांत के मत से अविद्या का नाश और वस्तु का वास्तविक स्वरूप पहचानना ही तत्त्वज्ञान है ।

तत्त्वज्ञानी–संज्ञा पु० [सं०] (१) जिसे ब्रह्म, सृष्टि और आत्मा आदि के संबंध का यथार्थ ज्ञान हो । तत्त्वज्ञ । (२) दार्शनिक ।

तत्त्वता–संज्ञा स्त्री० [स] (१) तत्त्व होने का भाव या गुण । (२) यथार्थता । वास्तविकता ।

तत्त्वदर्श–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तत्त्वज्ञानी । (२) सावर्णि मन्वंतर के एक ऋषि का नाम ।

तत्त्वदर्शी–संज्ञा पुं० [स० तत्त्वदर्शिन्] (१) जो तत्त्व जानता हो । तत्त्वज्ञानी । (२) रैवत मनु के एक पुत्र का नाम ।

तत्त्वदृष्टि–संज्ञा स्त्री० [स०] वह दृष्टि जो तत्त्व का ज्ञान प्राप्त करने में सहायक हो । ज्ञानचक्षु । दिव्य दृष्टि ।

तत्त्वन्यास–संज्ञा पुं० [स०] तंत्र के अनुसार विष्णु-पूजा में एक अंगन्यास जो सिद्धि प्राप्त करने के लिये किया जाता है ।

तत्त्वभाव–संज्ञा पुं० [सं०] प्रकृति । स्वभाव ।

तत्त्वभाषी–संज्ञा पुं० [सं०] जो स्पष्ट रूप से यथार्थ बात कहता हो ।

तत्त्वरश्मि–संज्ञा पु० [स०] तंत्र के अनुसार स्त्री-देवता का बीज । वधूबीज ।

तत्त्ववाद–संज्ञा पुं० [सं०] दर्शनशास्त्र संबंधी विचार ।

तत्त्ववादी–संज्ञा पुं० [स०] (१) जो तत्त्ववाद का ज्ञाता और समर्थक हो । (२) जो यथार्थ और स्पष्ट बात कहता हो ।

तत्त्ववित्–संज्ञा पुं० [स०] (१) तत्त्ववेत्ता । (२) परमेश्वर ।

तत्त्वविद्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] दर्शनशास्त्र ।

तत्त्ववेत्ता–संज्ञा पु० [स०] (१) जिसे तत्त्व का ज्ञान हो । तत्त्वज्ञ । (२) दर्शनशास्त्र का ज्ञाता । फिलासफर । दार्शनिक ।

तत्त्वशास्त्र–संज्ञा पु० [स०] दर्शनशास्त्र ।

तत्त्वावधान–संज्ञा पुं० [स०] निरीक्षण । जाँच पड़ताल । देख रेख ।

तत्त्वावधानक–संज्ञा पु० [स०] देख रेख करनेवाला । निरीक्षक ।

तत्थ†–वि० [स० तत्त्व] मुख्य । प्रधान ।

संज्ञा पुं० शक्ति । बल । ताकत ।

तत्पत्री–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) केले का पेड़ । (२) वंशपत्री नाम की घास ।

तत्पद–संज्ञा पुं० [सं०] परम पद । निर्वाण ।

तत्पदार्थ–संज्ञा पुं० [सं०] सृष्टिकर्त्ता । परमात्मा ।

तत्पर–वि० [सं०] [संज्ञा तत्परता] (१) जो कोई काम करने के लिये तैयार हो । उद्यत । मुस्तैद । सन्नद्ध । (२) दक्ष । निपुण । (३) चतुर । होशियार ।

संज्ञा पुं० समय का एक बहुत छोटा मान । एक निमेष का तीसवाँ भाग ।

तत्परता–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तत्पर होने की क्रिया या भाव । सन्नद्धता । मुस्तैदी । (२) दक्षता । निपुणता । (३) होशियारी ।

तत्पुरुष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ईश्वर । परमेश्वर । (२) एक रुद्र का नाम । (३) मत्स्य पुराण के अनुसार एक कल्प (कालविभाग) का नाम । (४) व्याकरण में एक प्रकार का समास जिसमें पहले पद में कर्त्ता कारक की विभक्ति को छोड़ कर कर्म आदि दूसरे कारकों की विभक्ति लुप्त हो और जिसमें पिछले पद का अर्थ प्रधान हो । इसका लिंग और वचन आदि पिछले या उत्तर पद के अनुसार का होता है । जैसे, जलचर नरेश, हिमालय, यज्ञशाला ।

तत्प्रतिरूपक व्यवहार–संज्ञा पुं० [सं०] जैनियों के मत से एक अतिचार जो बेचने के खरे पदार्थों में खोटे पदार्थ की मिलावट करने से होता है ।

तत्फल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) कूट नामक ओषधि । (२) बेर का फल । (३) कुवलय । नील कमल । (४) चोर नामक गंध द्रव्य ।

तत्र–क्रि० वि० [सं०] वहाँ । उस स्थान पर । उस जगह ।

तत्रक–संज्ञा पुं० [देश०] एक पेड़ जो योरप, अरब, फारस से लेकर पूर्व में अफगानिस्तान तक होता है । यह अनार के पेड़ के इतना बड़ा या उससे कुछ बड़ा होता है । इसकी पत्तियाँ नीम की पत्ती की तरह कटावदार और कुछ लंबाई लिए होती हैं । इसमें फलियाँ लगती हैं जिसमें मसूर के से बीज पड़ते हैं । ये बीज बाजार में अत्तारों के यहाँ समाक के नाम से बिकते हैं और हकीमी दवा में काम आते हैं । बीज के छिलके का स्वाद कुछ खट्टा और रुचिकर होता है । इसकी पत्तियों से एक प्रकार का रंग निकलता है । डंठल और पत्तियों से चमड़ा बहुत अच्छा सिझाया जाता है । हिंदुस्तान में चमड़े के बड़े बड़े कारखानों में ये पत्तियाँ सिसली से मँगाई जाती हैं ।

तत्रभवान्–संज्ञा पुं० [सं०] माननीय । पूज्य । श्रेष्ठ ।

विशेष—अत्रभवान् की तरह इस शब्द का प्रयोग भी प्रायः संस्कृत नाटकों में अधिकता से होता है ।

तत्रापि–अव्य० [सं०] तथापि । तौ भी ।

तत्सम–संज्ञा पुं० [सं०] भाषा में व्यवहृत होनेवाला संस्कृत का वह शब्द जो अपने शुद्ध रूप में हो । संस्कृत का वह शब्द जिसका व्यवहार भाषा में उसके शुद्ध रूप में हो जैसे, दया प्रत्यक्ष, स्वरूप, सृष्टि आदि ।

तथा–अव्य [सं०] (१) और । व । (२) इसी तरह । ऐसे ही । जैसे, यथा नाम तथा गुण ।

यौ० —तथास्तु = ऐसा ही हो । इसी प्रकार हो । एवमस्तु ।

विशेष—इस पद का प्रयोग किसी प्रार्थना को स्वीकार करने अथवा माँगा हुआ वर देने के समय होता है ।

संज्ञा पु० (१) सत्य । (२) सीमा । हद । (३) निश्चय । (४) समानता ।

संज्ञा स्त्री० दे० तथ ।

तथागत–संज्ञा पुं० [सं०] बुद्ध का एक नाम ।

तथापि–अव्य० [सं०] तौ भी । तिस पर भी । तब भी ।

विशेष—इसका प्रयोग यद्यपि के साथ होता है । जैसे,यद्यपि हम वहाँ नहीं गए तथापि उनका काम हो गया ।

तथागत–संज्ञा पुं० [सं०] गौतमबुद्ध ।

तथैव–अव्य० [सं०] वैसा ही । उसी प्रकार ।

तथ्य–वि० [सं०] सत्य । सचाई । यथार्थता ।

तथ्यभाषी–वि० [सं० तथ्यभाषिन्] साफ और सच्ची बात कहनेवाला ।

तथ्यवादी–वि० दे० "तथ्यभाषी" ।

तद्–वि० [सं०] वह ।

विशेष—इसका प्रयोग यौगिक शब्दों के आरंभ में होता है । जैसे, तदनंतर, तदनुसार ।

† क्रि० वि० [सं० तदा] तब । उस समय ।

तदंतर–क्रि० वि० [सं०] इसके बाद । इसके उपरांत ।

तदनंतर–क्रि० वि० [सं०] उसके पीछे । उसके बाद । उसके उपरांत ।

तदनन्यत्व–संज्ञा पु० [सं०] कार्य्य और कारण में अभेद । कार्य्य और कारण की एकता । (वेदांत)

तदनु–क्रि० वि० [सं०] (१) उसके पीछे । तदनंतर । उसके अनुसार । (२) उसी तरह । उसी प्रकार ।

तदनुरूप–वि० [सं०] उसी के जैसा । उसी के रूप का । उसी के समान ।

तदनुसार–वि० [सं०] उसके मुताबिक । उसके अनुकूल ।

तदन्यबाधितार्थ–संज्ञा पुं० [सं०] नव्य न्याय में, तर्क के पाँच प्रकारों में से एक ।

तदपि–अव्य० [सं०] तौ भी । तिस पर भी । तथापि ।

तदबीर–संज्ञा स्त्री० [अ०] अभीष्ट सिद्धि करने का साधन । उपाय । युक्ति । तरकीब । यत्न ।

तदा–क्रि० वि० [सं०] उस समय । तब । तिस समय ।

तदाकार–वि० [सं०] (१) वैसा ही । उसी आकार का । उसी आकृतिवाला । तद्रूप । (२) तन्मय ।

तदारुक–संज्ञा पुं० [अ०] (१) खोई हुई चीज या भागे हुए अपराधी आदि की खोज या किसी दुर्घटना आदि के संबंध में जाँच । (२) किसी दुर्घटना को रोकने के लिये पहले से किया हुआ प्रबंध । पेशबंदी । बंदोबस्त । (३) सजा । दंड ।

तदीय–सर्व० [सं०] उसका । उससे संबंध रखनेवाला ।

तदुपरांत–क्रि० वि० [स०] उसके पीछे । उसके बाद ।

तद्गत–वि० [स०] (१) उससे संबंध रखनेवाला । उसके संबंध का । (२) उसके अंतर्गत । उसमें व्याप्त ।

तद्गुण–संज्ञा पुं० [सं०] एक अर्थालंकार जिसमें किसी एक वस्तु का अपना गुण त्याग करके समीपवर्त्ती किसी दूसरे उत्तम पदार्थ का गुण ग्रहण कर लेना वर्णित होता है । जैसे, (क) अधर धरत हरि के परत ओंठ डीठ पट जोति । हरित बाँस की बाँसुरी इंद्र धनुष सी होति ।—बिहारी । इसमें बाँस की बाँसुरी का अपना गुण छोड़ कर इंद्रधनुष का गुण ग्रहण करना वर्णित है । (ख) जाहिरै जागत सी जमुना जब बूड़े बहै उमहै वह बेनी । त्यों पदमाकर हीर के हारन गंग तरंगन को सुख देनी । पायन के रँग सों रँगि जात सुभाँतिहि भाँति सरस्वति सेनी । पैरे जहाँ ही जहाँ वह बाल तहाँ तहँ ताल में होत त्रिबेनी ।—पद्माकर । यहाँ ताल के जल का बालों, हीरे, मोती के हारों और तलवों के संसर्ग के कारण त्रिवेणी का रूप धारण करना कहा गया है ।

तद्धन–संज्ञा पुं० [सं०] कृपण । कंजूस ।

तद्धित–संज्ञा पुं० [स०] (१) व्याकरण में एक प्रकार का प्रत्यय जिसे संज्ञा के अंत में लगा कर शब्द बनाते हैं ।

विशेष—यह प्रत्यय पाँच प्रकार के शब्द बनाने के काम में आता है । (१) अपत्यवाचक, जिससे अपत्यता या अनुयायित्व आदि का बोध होता है । इसमें या तो संज्ञा के पहले स्वर की वृद्धि कर दी जाती है अथवा उसके अंत में 'ई' प्रत्यय जोड़ दिया जाता है । जैसे, शिव से शैव, विष्णु से वैष्णव रामानंद से रामानंदी आदि । (२) कर्तृवाचक जिससे किसी क्रिया के कर्त्ता होने का बोध होता है । इसमें 'वाला' या 'हारा' अथवा इन्हीं का समानार्थक और कोई प्रत्यय लगाया जाता है । जैसे, कपड़ा से कपड़ेवाला, गाड़ी से गाड़ीवाला, लकड़ी से लकड़हारा । (३) भाववाचक, जिससे भाव का बोध होता है । इसमें 'आई,' 'ई,' 'त्व,' 'ता,' 'पन,' 'पा,' 'वट,' 'हट,' आदि प्रत्यय लगते हैं । जैसे, ढीठ से ढिठाई, ऊँचा से ऊँचाई, तर से तरी, मनुष्य से मनुष्यत्व, मित्र से मित्रता, लड़का से लड़कपन, बूढ़ा से बुढ़ापा, मिलान से मिलावट, चिकना से चिकनाहट, आदि । (४) ऊनवाचक, जिसमें किसी प्रकार की न्यूनता या लघुता आदि का बोध होता है । इसमें संज्ञा के अंत में 'क' 'इया' आदि लगा देते हैं और 'आ' को 'ई' से बदल देते हैं । जैसे, वृक्ष से वृक्षक, फोड़ा से फोड़िया, डोला से डोली । (५) गुणवाचक, जिससे गुण का बोध होता है । इसमें संज्ञा के अंत में 'आ' 'इक' 'इत' 'ई' 'ईला' 'एला' 'लू' 'वंत' 'वान' 'दायक' 'कारक' आदि प्रत्यय लगाए जाते हैं । जैसे, ठंढ से ठंढा, मैल से मैला, शरीर से शारीरिक, आनंद से आनंदित, गुण से गुणी, रंग से रँगीला, घर से घरेलू, दया से दयावान्, सुख से सुखदायक, गुण से गुणकारक आदि ।

(२) वह शब्द जो इस प्रकार प्रत्यय लगाकर बनाया जाय ।

तद्बल–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का बाण ।

तद्भव–संज्ञा पुं० [सं०] भाषा में प्रयुक्त होनेवाला संस्कृत का वह शब्द जिसका रूप कुछ विकृत या परिवर्त्तित हो गया हो । संस्कृत के शब्द का अपभ्रंश रूप । जैसे, हस्त का हाथ, अश्रु का आँसू, अर्द्ध का आधा, काष्ठ का काठ, कर्पूर का कपूर, घृत से घी ।

तद्यपि–अव्य० [स०] तथापि । तौ भी ।

तद्रूप–वि० [स०] समान । सदृश । वैसा ही । उसी प्रकार का ।

तद्रूपता–संज्ञा स्त्री० [स०] सादृश्य । समानता । उ०—जानि जुग जूप मैं भूप तद्रूपता बहुरि करिहै कलुप भूमि भारी ।—सूर ।

तद्वत्–वि० [स०] उसी के जैसा । उसके समान । ज्यों का त्यों ।

तधी †–क्रि० वि० [स० तदा] तभी । (क्व०)

तन–संज्ञा पुं० [स० तनु । मि० फा० तन] (१) शरीर । देह । गात । जिस्म ।

यौ०—तनताप = (१) शारीरिक कष्ट । (२) भूख । क्षुधा ।

मुहा०—तन को लगाना = (१) हृदय पर प्रभाव पड़ना । जी में बैठना । जैसे, चाहे कोई काम हो, जब तक तन को न लगे तब तक वह पूरा नहीं होता । (२) (खाद्य पदार्थ का) शरीर को पुष्ट करना । जैसे, जब चिंता छूटे तब खाना पीना भी तन को लगे । तन तोड़ना = अँगड़ाई लेना । तन देना = ध्यान देना । मन लगाना । जैसे, तन देकर काम किया करो । तन मन मारना = इंद्रियों को वश में रखना । इच्छाओं पर अधिकार रखना ।

(२) स्त्री की मूत्रेंद्रिय । भग ।

मुहा०—तन दिखाना = (स्त्री का) संभोग कराना । प्रसंग कराना । क्रि० वि० तरफ ओर । उ०—(क) बिहँसे करुना ऐन चितै जानकी लखन तन ।—तुलसी । (ख) कृपासिंधु अवलोकि बंधु तन प्रान कृपान बीर सी छोरे ।—तुलसी । (ग) गो गो सुतनि सों मृगी मृग सुतनि सों ओर तन नेक न जोहनी ।—हरिदास ।

तनक–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक रागिनी का नाम जिसे कोई कोई मेघ राग की रागिनी मानते हैं ।

वि० दे० "तनिक" उ०—अबहीं देखे नवल किशोर। घर आवत ही तनक भये हैं ऐसे तन के चोर।—सूर।

तनक़ीह—संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) जाँच। खोज। तहकीकात। (२) न्यायालय में किसी उपस्थित अभियोग के संबंध में विचारणीय और विवादास्पद विषयों को ढूँढ़ निकालना। अदालत का किसी मुकदमे की उन बातों का पता लगाना जिनके लिये वह मुकदमा चलाया गया हो और जिनका फैसला होना जरूरी हो।

विशेष—भारत में दीवानी अदालतों में जब कोई मुकदमा दायर होता है तब पहले उस में अदालत की ओर से एक तारीख पड़ती है। उस तारीख को दोनों पक्षों के वकील बहस करते हैं जिससे हाकिम को विवादास्पद और विचारणीय बातों के जानने में सहायता मिलती है। उस समय हाकिम ऐसी सब बातों की एक सूची बना लेता है। उन्हीं बातों को ढूँढ निकालना और उनकी सूची बनाना तनकीह कहलाता है।

तनख़ाह—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० तनख़्वाह] वह धन जो प्रति सप्ताह प्रति मास या प्रति वर्ष किसी को नौकरी करने के उपलक्ष में मिलता है। वेतन। तलब।

तनख़ाहदार—संज्ञा पुं० [फ़ा०] वह जो तनखाह पर काम करता हो। तनखाह पानेवाला नौकर। वेतनभोगी।

तनख्वाह—संज्ञा स्त्री० दे० "तनखाह"

तनख़्वाहदार—संज्ञा पु० दे० "तनखाहदार"।

तनगना†*—क्रि० अ० दे० "तिनकना"। उ०—अनतहि बसत अनत ही डोलत आवत किरिन प्रकास। सुनहु सूर पुनि तो कहि आवे तनगि गए ता पास।—सूर।

तनज़ेब—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] एक प्रकार का बहुत ही महीन और बढ़िया सूती कपड़ा। महीन चिकनी मलमल।

तनज़्ज़ुल—संज्ञा पुं० [अ०] तरक्की का उलटा। अवनति। उतार। घटाव।

तनज़्ज़ुली—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] अवनति। उतार। तरक्की का उलटा।

तनतना—संज्ञा पुं० [हिं० तनतनाना या अ० तन्तनः] (१) रोबदाब। दबदबा। (२) क्रोध। गुस्सा। (क्व०)

क्रि० प्र०—दिखाना।

तनतनाना—क्रि० अ० [अनु० या अ० तन्तनः] (१) दबदबा दिखलाना। शान दिखाना। (२) क्रोध करना। गुस्सा दिखलाना।

तनत्राण*—संज्ञा पुं० [सं० तनुत्राण] (१) वह चीज जिससे शरीर की रक्षा हो। (२) कवच। बखतर।

तनदिही—संज्ञा स्त्री० दे० "तंदेही"।

तनधर—संज्ञा पुं० दे० "तनुधारी"।

तनना—क्रि० अ० [सं० तन या तनु] (१) किसी पदार्थ के एक या दोनों सिरों का इस प्रकार आगे की ओर बढ़ना जिसमें उसके मध्य भाग का झोल निकल जाय और उसका विस्तार कुछ बढ़ जाय। झटके, खिंचाव या खुश्की आदि के कारण किसी पदार्थ का विस्तार बढ़ना। जैसे, चादर या चाँदनी तनना, घाव पर की पपड़ी तनना। (२) किसी चीज का जोर से किसी ओर खिँचना। आकर्षित या प्रवृत्त होना। (३) किसी चीज का अकड़ कर सीधा खड़ा होना। जैसे, (ख) यह पेड़ कल झुक गया था पर आज पानी पाते ही फिर तन गया। (४) कुछ अभिमानपूर्वक रुष्ट या उदासीन होना। ऐंठना। जैसे, इधर कई दिनों से वे हमसे कुछ तने रहते हैं।

संयो० क्रि०—जाना।

तनपात—संज्ञा पुं० दे० "तनुपात"।

तनपोषक—वि० [हिं० तन + स० पोषक] जो केवल अपने ही शरीर या लाभ का ध्यान रखे। स्वार्थी।

तनबाल—संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक प्राचीन देश जिसका नाम महाभारत में आया है। (२) उस देश के निवासी।

तनमय—वि० दे० "तन्मय"। उ०—अपनो अपनो भाग सखी री तुम तनमय मैं कहूँ न नेरे।—सूर।

तनमात्रा*—संज्ञा स्त्री० दे० "तन्मात्रा"।

तनमानसा—संज्ञा स्त्री० [सं०] ज्ञान की सात भूमिकाओं मे तीसरी भूमिका।

तनय—संज्ञा पुं० [सं०] (१) पुत्र। बेटा। लड़का। (२) जन्म लग्न से पाँचवाँ स्थान जिससे पुत्र-भाव देखा जाता है।

तनया—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) लड़की। बेटी। पुत्री। (२) पिठवन लता।

तनराम—संज्ञा पुं० दे० "तनुराग"।

तनरुह*†—संज्ञा पुं० दे० "तनूरुह"। उ०—हरषवंत चर अचर भूमिसुर तनरुह पुलकि जनाई।—तुलसी।

तनवाल—संज्ञा पुं० [देश०] वैश्यों की एक जाति विशेष।

तनसल—संज्ञा पुं० [देश०] स्फटिक। बिल्लौर।

तनवाना—क्रि० स० [हिं० तानना का प्रे०] तानने का काम दूसरों से कराना। दूसरे को तानने में प्रवृत्त करना। तनाना।

तनसीख़—संज्ञा स्त्री० [अ०] रद्द करना। बातिल करना। नाजायज़ करना। मंसूखी।

तनसुख—संज्ञा पुं० [हिं० तन + सुख] तंजेब या अद्धी की तरह का एक प्रकार का बढ़िया फूलदार कपड़ा। उ०—(क)

तनसुख सारी लही अँगिया अतलस अतरौटा छवि चारि चारि चूरी पहुँचीनि पहुँची छमकि बनी नकफूल जेब मुख बीरा चौका कौधै संभ्रम भूली।—हरिदास। (ख) कोमलता पर रसाल तनसुख की सेज लाल मनहुँ सोम सूरज पर सुधा-बिंदु बरषै।—केशव।

तनहा—वि० [फ़ा०] जिसके संग कोई न हो। बिना साथी का। अकेला। एकाकी।

क्रि० वि० बिना किसी संगी या साथी के। अकेले।

तनहाई—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) तनहा होने की दशा या भाव। (२) वह स्थान जहाँ और कोई न हो। एकांत।

तना—संज्ञा पुं० [फ़ा०] वृक्ष का जमीन से ऊपर निकला हुआ वहाँ तक का भाग जहाँ तक डालियाँ न निकली हों। मंदल। पेड़ का धड़।

क्रि० वि० [हिं० तन] ओर। तरफ़। दे० "तन"। उ०—नील पट झपटि लपेटि छिगुनी पै धरि टेरि टेरि कहै हँसि हेरि हरिजू तना।—देव।

तनाई—संज्ञा स्त्री० दे० "तनाव"।

तनाऊ*†—संज्ञा पुं० दे० "तनाव"।

तनाकु*†—क्रि० वि० दे० "तनिक"। उ०—तब पिय सहचरि तन चितय मुसकी कुँअरि तनाकु।—नंददास।

तनाजा—संज्ञा पुं० [अ०] (१) बखेड़ा। झगड़ा। टंटा। दंगा। फसाद। (२) अदावत। शत्रुता। वैर। वैमनस्य।

तनाना—क्रि० स० [हिं० तानना का प्रे०] तानने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को तानने में प्रवृत्त करना। उ०—कलस चवर तोरन ध्वजा सुवितान तनाए।—तुलसी।

तनाव†—संज्ञा स्त्री० [अ० तिनाब] (१) खेमे की रस्सी। (२) बाजीगरों का रस्सा जिस पर वे चलते तथा दूसरे खेल करते हैं।

तनाव—संज्ञा पुं० [हिं० तनना] (१) तनने का भाव या क्रिया। (२) वह रस्सी जिस पर धोबी कपड़े सुखाते हैं। (३) रस्सी। डोरी। जेवरी। रज्जु।

तनि†—क्रि० वि० दे० "तनिक"। उ०—तनि सुख तौ चहियत हतौ हर विध विधिहि मनाय। भली भई जो सखि भयौ मोहन मथुरै जाय।—रसनिधि।

तनिक—वि० [सं० तनु = अल्प] (१) थोड़ा। कम। (२) छोटा। उ०—इहाँ हुती मेरी तनिक मइया को नृप आइ छरयौ।—सूर।

क्रि० वि० जरा। टुक।

तनिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह रस्सी जिससे कोई चीज़ बाँधी जाय।

तनिया†—संज्ञा स्त्री० [हिं० तनी] (१) लँगोट। लँगोटी। कौपीन। (२) कछनी। जाँघिया। उ०—तनिया लखित कटि विचित्र टिपारो सीस मुनि मन हरत वचन कहै तोतरात।—तुलसी। (३) चोली। उ०—तनियाँ न तिलक सुथनियाँ पगनियाँ न घामै घुमरात छोड़ि सेजियाँ सुखन की।—भूषन।

तनिष्ठ—वि० [सं०] जो बहुत ही दुबला पतला छोटा या कमज़ोर हो।

तनी—संज्ञा स्त्री० [सं० तनिका, हिं० तानना] (१) डोरी की तरह बटा या लपेटा हुआ वह कपड़ा जो अंगरखे, चोली आदि में उनका पल्ला तान कर बाँधने के लिये लगाया जाता है। बंद। बंधन। उ०—कंचुकि ते कुचकलस प्रगट ह्वै टूटि न तरक तनी।—सूर। (२) दे० "तनिया"।

†क्रि० वि० दे० "तनिक"।

†वि० दे० तनिक।

तनु—वि० [सं०] (१) कृश। दुबला पतला। (२) अल्प। थोड़ा। कम। (३) कोमल। नाजुक। (४) सुंदर। बढ़िया।

संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) शरीर। देह। बदन। (२) चमड़ा। खाल। त्वक्। (३) स्त्री। औरत। (४) कंचुली। (५) ज्योतिष में लग्न-स्थान। जन्मकुंडली में पहला स्थान। (६) योग में अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश इन चारों क्लेशों का एक भेद जिसमें चित्त में क्लेश की अवस्थिति तो होती है, पर साधन या सामग्री आदि के कारण उस क्लेश की सिद्धि नहीं होती।

तनुक*†—वि० दे० "तनिक"।

क्रि० वि० दे० "तनिक"।

संज्ञा पुं० दे० "तनु"

तनुक्षीर—संज्ञा पुं० [सं०] आमड़े का पेड़।

तनुच्छद—संज्ञा पुं० [सं०] कवच। बखतर।

तनुच्छाय—संज्ञा पुं० [सं०] जाल बबूल का पेड़।

तनुज—संज्ञा पुं० [सं०] (१) पुत्र। बेटा। लड़का। (२) जन्म-कुंडली में लग्न से पाँचवा स्थान जहाँ से पुत्रभाव देखा जाता है।

तनुजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] कन्या। लड़की। पुत्री। बेटी।

तनुता—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) लघुता। छोटाई। (२) दुर्बलता दुबलापन।

तनुत्र—संज्ञा पुं० दे० "तनुत्राण"।

तनुत्राण—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह चीज़ जिससे शरीर की रक्षा हो। (२) कवच। बखतर।

तनुत्रान—संज्ञा पुं० दे० "तनुत्राण"।

तनुत्वचा—संज्ञा स्त्री० [सं०] छोटी अरणी।

संज्ञा स्त्री० जिसकी छाल पतली हो।

तनुधारी—वि० [सं०] शरीरधारी। देहधारी। शरीर धारण करनेवाला।

तनुपत्र–संज्ञा पुं० [सं०] गोंदनी या गोंदी का पेड़ । इँगुवा वृक्ष ।

तनुपात–संज्ञा पुं० [सं०] शरीर से प्राण निकलना । मृत्यु । मौत ।

तनुबीज–संज्ञा पुं० [सं०] राजबेर ।
वि० जिसके बीज छोटे हों ।

तनुभव–संज्ञा पुं० [सं०] पुत्र । बेटा । लड़का ।

तनुभूमि–संज्ञा स्त्री० [सं०] बौद्ध श्रावकों के जीवन की एक अवस्था ।

तनुमध्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक वर्णवृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में एक तगण और एक यगण (ऽऽ।–।ऽऽ) होता है । इसको चौरस भी कहते हैं । उ०— तू यों किमि आली, घूमै मतवाली ।

तनुरस–संज्ञा पुं० [सं०] पसीना । स्वेद ।

तनुराग–संज्ञा पुं० [सं०] (१) केसर, कस्तूरी, चंदन, कपूर, अगर आदि को मिला कर बनाया हुआ सुगंधित उबटन । बटना । (२) वे सुगंधित द्रव्य जिनसे उक्त उबटन बनाया जाता है ।

तनुरुह–संज्ञा पुं० [सं०] रोआँ । रोम ।

तनुवात–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह स्थान जहां हवा बहुत ही कम हो । (२) एक नरक का नाम ।

तनुवार–संज्ञा पुं० [सं०] कवच । बखतर ।

तनुवीज–संज्ञा पुं० [सं०] राजबेर ।
वि० जिसके बीज छोटे हों ।

तनुव्रण–संज्ञा पुं० [सं०] बल्मीक रोग ।

तनुसर–संज्ञा पुं० [सं०] पसीना । स्वेद ।

तनू–संज्ञा पुं० [सं०] (१) पुत्र । बेटा । लड़का । (२) शरीर । (३) प्रजापति । (४) गौ । गाय ।

तनूज*–संज्ञा पुं० [सं०] दे० "तनुज" ।

तनूजा*–संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० "तनुजा" ।

तनूनप–संज्ञा पुं० [सं०] घृत । घी

तनूपा–संज्ञा पुं० [सं०] वह अग्नि जिससे खाया हुआ अन्न पचता है । जठराग्नि ।

तनूपान–संज्ञा पुं० [सं०] अंगरक्षक । वह जो शरीर की रक्षा करता है ।

तनूनपात्, तनूनपाद्–संज्ञा पुं० [सं०] (१) चीते का वृक्ष । चीता । चितावर । चित्रक । (२) अग्नि । आग (३) प्रजापति के पोते का नाम । (४) घी । घृत । (५) मक्खन ।

तनूपृष्ठ–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का सोमयाग ।

तनूर–संज्ञा पुं० [सं०] दे० "तंदूर" ।

तनूरुह–संज्ञा पुं० [सं०] (१) रोम । लोम । रोआँ । (२) पक्षियों का पर । पंख । (३) पुत्र । लड़का । बेटा ।

तनेना–वि० [हिं० तनना + एना (प्रत्य०)] [स्त्री० तनेनी] (१) खिँचा हुआ । टेढ़ा । तिरछा । उ०—बात के बूझत ही मतिराम कहा करती अब भौंह तनेनी ।—मतिराम । (२) क्रुद्ध । जो नाराज हो । उ०—आली हौं गई ही आजु भूलि बरसाने कहू तापै तू परै है पदमाकर तनेनी क्यों ।—पद्माकर ।

तनै*–संज्ञा पुं० दे० "तनय" ।

तनैना–संज्ञा पुं० दे० "तनेना" ।

तनैया†*–संज्ञा स्त्री० [सं० तनया] पुत्री । बेटी । कन्या । लड़की ।

तनैला–संज्ञा पुं० [देश०] एक किस्म का छोटा पेड़ जिसके फूल खुशबूदार और सुफेद होते हैं ।

तनोज*–संज्ञा पुं० [सं० तनूज] (१) रोम । लोम । रोआँ । उ०—अंग थरहरे क्यों भरे खरे तनोज पसेव ।—श्रृं० सत । (२) लड़का । बेटा ।

तनोरुह*–संज्ञा पुं० दे० "तनूरुह" ।

तन्ना–संज्ञा पुं० [हिं० तानना] (१) बुनाई में ताने का सूत जो लंबाई में ताना जाता है । (२) वह जिस पर कोई चीज़ तानी जाय ।

तन्नाना†–क्रि० अ० [हिं० तनना] अकड़ना । ऐंठना । अकड़ दिखाना । बिगड़ना । क्रुद्ध होना ।

तन्नि–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) पिठवन । (२) काश्मीर की चंद्रतुल्या नदी का नाम ।

तन्नी–संज्ञा स्त्री० [सं० तनिका, हिं० तानना या तनी] (१) तराजू में जोती की रस्सी । वह रस्सी जिसमें तराजू के पल्ले लटकते हैं । जोती । (२) एक प्रकार की अँकुसी जिससे लोहे की मैल खुरचते हैं । (३) जहाज के मस्तूल की जड़ में बँधा हुआ एक प्रकार का रस्सा जिसकी सहायता से पाल आदि चढ़ाते हैं । (लश०)

संज्ञा पुं० [हिं० तन्नी] किसी व्यापारी जहाज का वह अफसर जो यात्राकाल में उसके व्यापार संबंधी कार्यों का प्रबंध करता हो ।

संज्ञा पुं० दे० "तरनी"

तन्मय–वि० [सं०] जो किसी काम में बहुत ही मग्न हो । लवलीन । लीन । लगा हुआ । दत्तचित्त । उ०—कबहूँ कहति कौन हरि को मैं यों तनमय ह्वै जाहीं ।—सूर

तन्मयता–संज्ञा स्त्री० [सं०] लिप्तता । एकाग्रता । लीनता । तदाकारता । लगन ।

तन्मयासक्ति–संज्ञा स्त्री० [सं०] भगवान में तन्मय हो जाना । भक्ति में अपने आपको भूल जाना और अपने को भगवान ही समझना ।

तन्मात्र—संज्ञा पुं० [सं०] सांख्य के अनुसार पंचभूतों का अविशेष मूल । पंचभूतों का आदि अमिश्र और सूक्ष्म रूप । ये संख्या में पांच हैं, शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंध ।

विशेष—सांख्य में सृष्टि की उत्पत्ति का जो क्रम दिया है उसके अनुसार पहले प्रकृति से महतत्त्व की उत्पत्ति होती है । महतत्त्व से अहंकार और अहंकार से सोलह पदार्थों की उत्पत्ति होती है । ये सोलह पदार्थ, पाँच ज्ञानेंद्रिय, पाँच कर्मेंद्रियाँ, एक मन और पाँच तन्मात्र हैं । इसमें भी पाँच तन्मात्रों से पाँच महाभूत उत्पन्न होते हैं । अर्थात् शब्द तन्मात्र से आकाश उत्पन्न होता है और आकाश का गुण शब्द है । शब्द और स्पर्श दो तन्मात्रओं से वायु उत्पन्न होता है और शब्द तथा स्पर्श दोनों ही उसके गुण हैं । शब्द, स्पर्श और रूप तीन तन्मात्राओं से तेज उत्पन्न होता है और शब्द, स्पर्श तथा रूप तीनों उसके गुण हैं । शब्द, स्पर्श रूप और रस तन्मात्र के संयोग से जल उत्पन्न होता है जिसमें ये चारों गुण होते हैं । शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंध इन पांचों तन्मात्रों के संयोग से पृथ्वी की उत्पत्ति होती है जिसमें ये पांचों गुण रहते हैं ।

तन्मात्रा—संज्ञा स्त्री० दे० "तन्मात्र" ।

तन्यतु—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वायु । हवा । (२) रात्रि । रात । (३) गर्जन । गरजना । (४) प्राचीन काल का एक प्रकार का बाजा ।

तन्वि—संज्ञा स्त्री० [सं०] काश्मीर की चंद्रकुल्या नदी का एक नाम ।

तन्विनी—संज्ञा स्त्री० दे० "तन्वी" ।

तन्वी—संज्ञा स्त्री० [स०] एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में क्रम से भगण, तगण, नगण, सगण, भगण यगण, नगण और यगण (ऽ।।—ऽऽ।—।।।—।।ऽ—ऽ।।—ऽ।।—।।।—।ऽऽ) होते हैं । इसमें ५ वें, १२ वें और २४ वें अक्षर पर यति होती है ।

वि० दुबले पतले और कोमल अंगोंवाली । जिसके अंग कृश और कोमल हों ।

तपःकर—संज्ञा पुं० [सं०] (१) तपस्वी । (२) तपसी मछली ।

तपःकृश—वि० [सं०] तप से क्षीण ।

तप—संज्ञा पुं० [सं० तपस्] (१) शरीर को कष्ट देनेवाले वे व्रत और नियम आदि जो चित्त को शुद्ध और विषयों से निवृत्त करने के लिये किए जाँय । तपस्या ।

क्रि० प्र०—करना ।—साधना ।

विशेष—प्राचीन काल में हिंदुओं, बौद्धों यहूदियों और ईसाइयों आदि में बहुत से लोग ऐसे हुआ करते थे जो अपनी इंद्रियों को वश में रखने तथा दुष्कर्मों से बचने के लिये अपने धार्मिक विश्वास के अनुसार बस्ती छोड़ कर जंगलों और पहाड़ों में जा रहते थे । वहाँ वे अपने रहने के लिये घास फूस की छोटी मोटी कुटी बना लेते थे और कंद मूल आदि खाकर और तरह तरह के कठिन व्रत आदि करके रहते थे । कभी वे लोग मौन रहते, गरमी सरदी सहते और उपवास करते थे । उनके इन्हीं सब आचरणों को तप कहते हैं । पुराणों आदि में इस प्रकार के तपों और तपस्वियों आदि की अनेक कथाएँ हैं । कभी कभी किसी अभीष्ट की सिद्धि या किसी देवता से वर की प्राप्ति आदि के लिये भी तप किया जाता था । जैसे, गंगा को लाने के लिये भगीरथ का तप, शिवजी से विवाह करने के लिये पार्वती का तप । पातंजल दर्शन में इसी तप को क्रिया-योग कहा है । गीता के अनुसार तप तीन प्रकार का होता है—शारीरिक, वाचिक और मानसिक । देवताओं का पूजन, बड़ों का आदर सत्कार, ब्रह्मचर्य, अहिंसा आदि शारीरिक तप के अंतर्गत हैं; सत्य और प्रिय बोलना, वेद शास्त्र पढ़ना आदि वाचिक तप हैं और मौनावलंबन, आत्म-निग्रह आदि की गणना मानसिक तप में है ।

(२) शरीर वा इंद्रिय को वश में रखने का धर्म्म । (३) नियम । (४) माघ का महीना । (५) ज्योतिष में लग्न से नवाँ स्थान । (६) अग्नि । (७) एक कल्प का नाम । (८) एक लोक का नाम । दे० "तपोलोक" ।

संज्ञा पुं० [सं०] (१) ताप । गरमी । (२) ग्रीष्म ऋतु । (३) बुखार । ज्वर ।

तपकना—*क्रि० अ० [हिं० टपकना या तमकना] (१) धड़कना उछलना । उ०—रतिया अँधेरी धीर न तिया धरति मुख बतिया कढति उठै छतिया तपकि तपकि ।—देव । (२) दे० "टपकना" ।

तपचाक—संज्ञा पुं० [देश०] एक तरह का तुर्की घोड़ा ।

तपड़ी—संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) ढूह । छोटा टीला । (२) एक प्रकार का फल जो पकने पर पीलापन लिए लाल रंग का हो जाता है । यह जाड़े के अंत में बाजारों में मिलता है ।

तपती—संज्ञा स्त्री० [सं०] महाभारत के अनुसार सूर्य की कन्या का नाम जो छाया के गर्भ से उत्पन्न हुई थी । सूर्य ने कुरुवंशी सम्वरण की सेवा आदि से प्रसन्न होकर तपती का विवाह उन्हीं के साथ कर दिया था ।

तपन—संज्ञा पु० [सं०] (१) तपने की क्रिया या भाव । ताप । जलन । आँच । दाह । (२) सूर्य । आदित्य । रवि । (३) सूर्यकांत मणि । सूरजमुखी । (४) ग्रीष्म । गरमी । (५) एक प्रकार की अग्नि । (६) पुराणानुसार एक नरक जिसमें जाते ही शरीर जलता है । (७) धूप । (८) भिलावें का पेड़ । (९) मदार । आक । (१०) अरनी का पेड़ । (११) वह क्रिया या हाव भाव आदि जो नायक के वियोग में नायिका करे या दिखलावे । इसकी गणना अलंकार में की जाती है ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० तपना] तपने की क्रिया या भाव । ताप । जलन । गरमी ।

मुहा०—तपन का महीना = वह महीना जिसमें गरमी खूब पड़ती हो । गरमी ।

तपनकर—संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य्य की किरण । रश्मि ।

तपनच्छद—संज्ञा पुं० [सं०] मदार का पेड़ ।

तपनतनय—संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य्य के पुत्र यम, कर्ण, शनि, सुग्रीव आदि ।

तपनतनया—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) शमीवृक्ष । (२) यमुना नदी ।

तपनमणि—संज्ञा पुं० [सं०] सूर्यकांत मणि ।

तपनांशु—संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य की किरण । रश्मि ।

तपना—क्रि० अ० [सं० तपन] (१) बहुत अधिक गर्मी आंच या धूप आदि के कारण खूब गरम होना । तप्त होना । उ०—निज अघ समुझि न कछु कहि जाई । तपइ अवाँ इव उर अधिकाई ।—तुलसी ।

संयो० क्रि०—जाना ।

मुहा०—रसोई तपना = दे० "रसोई" के मुहाविरे ।

(२) संतप्त होना । कष्ट सहना । मुसीबत झेलना । जैसे, हम घंटों से यहाँ आप के आसरे तप रहे हैं । उ०—सीप सेवाति कँह तपइ समुद मँझ नीर ।—जायसी । (३) तेज या ताप धारण करना । गरमी या ताप फैलाना । उ०—जइस भानु जग ऊपर तपा ।—जायसी । (४) प्रबलता, प्रभुत्व या प्रताप दिखलाना । आतंक फैलाना । जैसे, आजकल यहाँ के कोतवाल खूब तप रहे हैं । उ०—(क) सेरसाहि देहली सुलतानू । चारिउ खंड तपइ जस भानू ।—जायसी । (ख) कर्म, काल, गुन सुभाउ सब के सीस तपत ।—तुलसी । *(५) तपस्या करना । तप करना ।

तपनि*†—संज्ञा स्त्री० दे० "तपन" ।

तपनी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० तपना] (१) वह स्थान जहाँ बैठ कर लोग आग तापते हों । कौड़ा । अलाव ।

क्रि० प्र०—तापना ।

(२) तपस्या । तप ।

संज्ञा स्त्री० [सं०] गोदावरी नदी ।

तपनीय—संज्ञा पुं० [सं०] सोना ।

तपनीयक—संज्ञा पुं० दे० "तपनीय" ।

तपनेष्ट—संज्ञा पुं० [सं०] ताँबा ।

तपनोपल—संज्ञा पुं० [सं०] सूर्यकांत मणि ।

तपभूमि—संज्ञा स्त्री० दे० "तपोभूमि" ।

तपराशि—संज्ञा पुं० दे० "तपोराशि" ।

तपलोक—संज्ञा पुं० दे० "तपोलोक" ।

तपवाना—क्रि० स० [हिं० तपाना का प्रे०] (१) गरम करवाना । तपाने का काम दूसरे से कराना । (२) किसी से व्यर्थ व्यय कराना । अनावश्यक व्यय कराना ।

तपवृद्ध—वि० दे० "तपोवृद्ध" ।

तपश्चरण—संज्ञा पुं० [स०] तप । तपस्या ।

तपश्चर्य्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] तपस्या । तपश्चरण ।

तपस—संज्ञा पुं० [सं०] (१) चंद्रमा । (२) सूर्य्य । (३) पक्षी ।

तपसा—संज्ञा स्त्री० [सं० तपस्या] (१) तपस्या । तप । (२) तापती नदी का दूसरा नाम जो बैतूल के पहाड़ से निकल कर खंभात की खाड़ी में गिरती है ।

तपसाली—संज्ञा पुं० [सं० तपःशालिन्] तपस्वी । वह जिस ने बहुत तपस्या की हो । उ०—आए मुनिवर निकर तब कौशिकादि तपसालि ।—तुलसी ।

तपसी—संज्ञा पुं० [सं० तपस्वी] तपस्या करनेवाला । तपस्वी । उ०—तपसी तुमको तप करि पावैं । सुनि भागवत गृही गुन गावै । —सूर ।

तपसी मछली—संज्ञा स्त्री० [सं० तपस्या मत्स्य] एक बालिश्त लंबी एक प्रकार की मछली जो बंगाल की खाड़ी में होती है । वैसाख या जेठ के महीने में अंडे देने के लिये यह नदियों में चली जाती है ।

तपसोमूर्त्ति—संज्ञा पुं० [स०] हरिवंश के अनुसार बारहवें मन्वंतर के चौथे सावर्णि के सप्तर्षियों में से एक ।

तपस्तक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र ।

तपस्पति—संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु ।

तपस्य—संज्ञा पुं० [सं०] (१) कुंद पुष्प । (२) तपस्या । तप । (३) हरिवंश के अनुसार तामस मनु के दस पुत्रों में से एक पुत्र का नाम । (४) फागुन का महीना । (५) अर्जुन । (अर्जुन का एक नाम फाल्गुन भी था इसीलिये तपस्य भी अर्जुन का एक नाम हो गया) ।

तपस्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तप । व्रतचर्या । (२) फागुन मास । (३) दे० "तपसी मछली" ।

तपस्वत्—संज्ञा पुं० [सं०] तपस्वी ।

तपस्विता—संज्ञा स्त्री० [सं०] तपस्वी होने की अवस्था या भाव ।

तपस्विनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तपस्या करनेवाली स्त्री । (२) तपस्वी की स्त्री । (३) पतिव्रता या सती स्त्री । (४) जटामासी । (५) वह स्त्री जो अपने पति के मरने पर केवल अपनी संतान के पालन करने के लिये सती न हो और कष्टपूर्वक अपना जीवन बितावे । (६) दीन और दुखिया स्त्री । (७) बड़ी गोरखमुंडी । (८) कुटकी । कटुरोहिणी ।

तपस्वि-पत्र—संज्ञा पुं० [सं०] दमनक वृक्ष । दौने का पेड़ ।

तपस्वी—संज्ञा पुं० [सं० तपस्विन्] [स्त्री० तपस्विनी] (१) वह जो तप करता हो। तपस्या करनेवाला। (२) दीन। (३) दया करने योग्य। (४) घीकुआर। (५) तपसी मछली। (६) तपसोमूर्त्ति का एक नाम।

तपा†—संज्ञा पुं० [हिं० तप] तपस्वी। उ०—मठ मंडप चहुँपास सँवारे। तपा जपा सब आसन मारे।—जायसी।

वि० तप में मग्न। जो तपस्या में लीन हो। उ०—फेरइ भेस रहइ भा तपा। धूरि लपेटा मानिक छपा।—जायसी।

तपाक—संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) आवेश। जोश। जैसे, आते ही वह बड़े तपाक से बोला।

मुहा०—तपाक बदलना = नाराज होना। बिगड़ जाना। तेवर बदलना।

(२) वेग। तेजी।

तपात्यय—संज्ञा पु० [स०] वर्षाकाल। बरसात।

तपानल—संज्ञा पुं० [सं०] तप से उत्पन्न तेज। वह तेज जो तप करने के कारण उत्पन्न हो।

तपाना—क्रि० स० [हिं० तपना] (१) बहुत अधिक गर्मी, आग, धूप आदि की सहायता से गरम करना। तप्त करना। (२) संतप्त करना। दुःख देना। क्लेश देना।

तपावंत—संज्ञा पुं० [हिं० तप + वंत (प्रत्य०)] तपस्वी। तपसी। वह जो तपस्या करता हो। उ०—तपावंत छाला लिखि दीन्हा। वेग चलाव चहूँ सिधि कीन्हा।—जायसी।

तपाव—संज्ञा पु० [हिं० तपना + आव (प्रत्य०)] तपने की क्रिया या भाव। गरमाहट। ताप।

तपित*†—वि० [सं०] तपा हुआ। गरम। तप्त।

तपिया—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का वृक्ष जो मध्य भारत, बंगाल तथा आसाम में होता है। इस की छाल तथा पत्तियाँ औषध के काम में आती हैं। इसे बिरमी भी कहते हैं।

तपिश—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] गरमी। तपन। आँच। ताव।

तपी—संज्ञा पुं० [हिं० तप + ई (प्रत्य०)] (१) तप करनेवाला। तपस्वी। तापस। ऋषि। उ०—धनवंत कुलीन मलीन अपी। द्विज चिह्न जनेउ उघार तपी।—तुलसी। (२) सूर्य। (डिं०)

तपु—संज्ञा पुं० [सं० तपुस्] (१) अग्नि। आग। (२) सूर्य। रवि। (३) शत्रु।

वि० (१) तप्त। उष्ण। गरम। (२) तपाने या गरम करनेवाला।

तपेदिक़—संज्ञा पुं० [फ़ा० तप + अ० दिक़्] राजयक्ष्मा। क्षयीरोग।

तपोज—वि० [सं०] (१) जो तपस्या से उत्पन्न हुआ हो। (२) जो अग्नि से उत्पन्न हुआ हो।

तपोजा—संज्ञा स्त्री० [सं०] जल। पानी।

विशेष—प्राचीन आर्यों का विश्वास था कि यज्ञ आदि की अग्नि की सहायता से ही मेघ बनता है, इसीलिये जल का नाम "तपोज" पड़ा।

तपोड़ी—संज्ञा स्त्री० [देश०] काठ का एक प्रकार का बरतन। (लश०)

तपोदान—संज्ञा पुं० [स०] एक प्राचीन पुण्य-तीर्थ जिस का वर्णन महाभारत में आया है

तपोधन—संज्ञा पु० [स०] तपस्वी। वह जो तपस्या के अतिरिक्त और कुछ भी न करता हो। उ०—सिद्ध तपोधन जोगि जन सुर किन्नर मुनि बृंद।—तुलसी। (२) दौने का पेड़।

तपोधना—संज्ञा स्त्री० [स०] गोरखमुंडी।

तपोधर्म—संज्ञा पुं० [सं०] तपस्वी।

तपोधृति—संज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार बारहवें मन्वंतर चौथे सावर्णि के सप्तर्षियों में से एक ऋषि।

तपोनिधि—संज्ञा पुं० [सं०] तपोनिष्ठ। तपस्वी।

तपोनिष्ठ—संज्ञा पुं० [सं०] तपस्वी।

तपोबन*—संज्ञा पुं० दे० "तपोवन"।

तपोभूमि—संज्ञा स्त्री० [सं०] तप करने का स्थान। तपोवन।

तपोमय—संज्ञा पु० [सं०] परमेश्वर।

तपोमूर्त्ति—संज्ञा पुं० [सं०] (१) परमेश्वर। (२) तपस्वी। (३) पुराणानुसार बारहवें मन्वंतर के चौथे सावर्णि के सप्तर्षियों में से एक।

तपोमूल—संज्ञा पु० [स०] तामस मनु के एक पुत्र का नाम।

तपोरति—संज्ञा पु० [स०] (१) तपस्वी। (२) तामस मनु के एक पुत्र का नाम।

तपोरवि—संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार बारहवें मन्वंतर के चौथे सावर्णि के समय के सप्तर्षियों में से एक ऋषि का नाम।

तपोराशि—संज्ञा पु० [स०] बहुत बड़ा तपस्वी।

तपोलोक—संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार चौदह लोकों में से ऊपर के सात लोकों में से छठाँ लोक जो जनलोक और सत्यलोक के बीच में है। पद्मपुराण में लिखा है कि यह लोक तेजोमय है और जो लोग अनेक प्रकार की कठिन तपस्याएँ करके श्रीकृष्ण भगवान को संतुष्ट करते हैं इस लोक में भेजे जाते हैं।

तपोवट—संज्ञा पुं० [सं०] ब्रह्मावर्त्त देश।

तपोवन—संज्ञा पुं० [सं०] वह एकांत स्थान या वन जहाँ तप बहुत अच्छी तरह हो सकता हो। तपस्वियों के रहने या तपस्या करने के योग्य वन।

तपोबल—संज्ञा पुं० [सं०] तप का प्रभाव या शक्ति।

तपोवृद्ध—वि० [स०] जो तपस्या द्वारा श्रेष्ठ हो।

तपोहरान—संज्ञा पुं० [सं०] (१) तामस मनु के पुत्र तपस्य का एक नाम। (२) तपसोमूर्त्ति का एक नाम।

तपौनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तपाना] (१) ठगों की एक रसम जो मुसाफिरों के गरोह को लूट मार चुकने और उनका माल ले लेने पर होती है। इसमें सब ठग मिल कर देवी की पूजा करते हैं और गुड़ चढ़ा कर उसी का प्रसाद आपस में बाँटते हैं।

मुहा०—तपौनी का गुड़ = (१) तपौनी की पूजा के प्रसाद का गुड़ जो किसी नए आदमी को पहले पहल अपनी मंडली में मिलाने के समय ठग लोग खिलाते हैं। (२) किसी नए आदमी को अपनी मंडली में मिलाने के समय किया जानेवाला काम या दिया जानेवाला पदार्थ।

(२) दे० "तपनी"।

तप्त–वि० [स०] (१) तपाया या तपा हुआ। जलता हुआ। तापित। गरम। उष्ण। (२) दुःखित। क्लेशित। पीड़ित।

तप्तकुंड–संज्ञा पुं० [स०] वह प्राकृतिक जल-धारा जिसका पानी गरम हो। गरम पानी का सोता या कुंड।

विशेष—पहाड़ों तथा मैदानों आदि में कहीं कहीं ऐसे सोते मिलते हैं जिनका पानी गरम होता है। भिन्न भिन्न स्थानों में ऐसे सोतों का पानी साधारण गरम से लेकर खौलता हुआ तक होता है। पानी के गरम होने का मुख्य कारण यह है कि यह पानी या तो बहुत अधिक गहराई से, या भूगर्भ के अंदर की अग्नि से तपी हुई चट्टानों पर से होता हुआ आता है। ऐसे सोतों के जल में बहुधा अनेक प्रकार के खनिज द्रव्य (जैसे, गंधक, लोहा, अनेक प्रकार के क्षार) भी मिले होते हैं जिनके कारण उन जलों में बहुत से रोगों को दूर करने का गुण आ जाता है। भारतवर्ष में तो ऐसे सोते कम हैं पर युरोप और अमेरिका में ऐसे सोते बहुत पाए जाते हैं जिन्हें देखने तथा जिनका जल पीने के लिये बहुत दूर दूर से लोग जाते हैं। बहुत से लोग अनेक प्रकार के रोगों से मुक्त होने के लिये महीनों उनके किनारे रहते भी हैं। प्रायः जल जितना अधिक गरम होता है उसमें गुण भी उतना ही अधिक होता है। ऐसे सोतों के जल में दस्त लाने, बल बढ़ाने या रक्त-विकार आदि दूर करनेवाले खनिज द्रव्य मिले हुए होते हैं।

तप्तकुंभ–संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक बहुत भयानक नरक जिसके विषय में यह माना जाता है कि वहाँ खौलते हुए तेल के कड़ाहे रहते हैं। उन्हीं कड़ाहों में दुराचारियों को यम के दूत फेंक दिया करते हैं।

तप्तकृच्छ्र–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का व्रत जो बारह दिनों में समाप्त होता और प्रायश्चित्त स्वरूप किया जाता है। इसमें व्रत करनेवाले को पहले तीन दिन तक प्रति दिन तीन पल गरम दूध, तब तीन दिन तक नित्य एक पल घी, फिर तीन दिन तक रोज ६ पल गरम जल और अंत में तीन दिन तक गरम वायु का सेवन करना होता है। गरम वायु से तात्पर्य गरम दूध से निकलनेवाली भाप का है। यह व्रत करने से द्विजों के सब प्रकार के पाप नष्ट हो जाते हैं। किसी किसी के मत से यह व्रत केवल चार दिनों में किया जा सकता है। इसमें पहले दिन तीन पल गरम दूध, दूसरे दिन एक पल गरम घी और तीसरे दिन ६ पल गरम जल पीना चाहिए और चौथे दिन उपवास करना चाहिए।

तप्तपाषाण–संज्ञा पुं० [सं०] एक नरक का नाम।

तप्तबालुक–संज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार एक नरक का नाम।

तप्तमाष–संज्ञा पुं० [स०] प्राचीन काल की एक प्रकार की परीक्षा जिसमें व्यवहार या अपराध आदि के संबंध में किसी मनुष्य के कथन की सत्यता जानी जाती थी। इसमें लोहे या ताँबे के बरतन में घी या तेल खौलाया जाता था और परीक्षार्थी उस खौलते हुए तेल या घी में अपनी उँगली डालता था। यदि उसकी उँगली में छाले आदि न पड़ते तो वह सच्चा समझा जाता था।

तप्तमुद्रा–संज्ञा पुं० [स०] द्वारका के शंख चक्रादि के छापे जो तपा कर वैष्णव लोग अपनी भुजा तथा दूसरे अंगों पर दाग लेते हैं। यह धार्मिक चिह्न होता है और वैष्णव लोग इसे मुक्तिदायक मानते हैं। दे० "चक्रमुद्रा"।

तप्तरूपक–संज्ञा पुं० [स०] तपाई हुई और साफ चाँदी।

तप्तशूर्मी–संज्ञा पुं० [[स०] पुराणानुसार एक नरक का नाम जिसमें अगम्या स्त्री के साथ संभोग करनेवाले पुरुष और अगम्य पुरुषों के साथ संभोग करनेवाली स्त्रियाँ भेजी जाती हैं। इसमें उन पुरुषों और स्त्रियों को जलते हुए लोहे के खंभे आलिंगन करने पड़ते हैं।

तप्तसुराकुंड–संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक नरक का नाम।

तप्तायनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह भूमि जो दीन दुखियों को बहुत सता कर प्राप्त की जाय।

तप्प*†–संज्ञा पुं० दे० "तप"। उ०—साधन सिद्ध न पाई जौ लो साधिन तप्प। सो पै जानहि बापुरो सीस जो करै कलप्प। —जायसी।

तप्य–संज्ञा पुं० [स०] शिव।

वि० [सं०] जो तपने या तपाने योग्य हो।

तफ़रीक़–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) जुदाई। भिन्नता। अलहदगी। (२) घटाना। बाकी निकालना। (गणित)

क्रि० प्र०—निकालना।

(३) फरक। अंतर। (४) बँटवारा। बाँट। बँटाई। (कानून)

तफ़रीह–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) खुशी। प्रसन्नता। फरहत। (२) दिलबहलाव। दिल्लगी। हँसी। ठट्ठा। (३) हवाखोरी। सैर। (४) ताजापन। ताजगी।

तफ़सील–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) विस्तृत वर्णन। (२) ब्योरा। तशरीह। (३) सूची। फेहरिस्त। फर्द। (४) कैफियत। ब्योरा। विवरण।

तफ़ावत–संज्ञा पुं० [अ०] (१) अंतर । फ़र्क़ । (२) दूरी । फ़ासिला ।

तब–अव्य० [सं० तदा] (१) उस समय । उस वक्त ।

विशेष—इस क्रि० वि० का प्रयोग प्रायः 'जब' के साथ होता है । जैसे, जब तुम आओगे तब मैं चलूँगा ।

(२) इस कारण । इस वजह से । जैसे, मेरा उधर काम था तब मैं गया, नहीं क्यों जाता ?

तबक़–संज्ञा पुं० [अ०] (१) आकाश के वे कल्पित खंड जो पृथ्वी के ऊपर और नीचे माने जाते हैं । लोक । तल । (२) परत । तह । (३) चाँदी, सोने आदि धातुओं के पत्तरों को पीट कर कागज की तरह बनाया हुआ पतला वरक जो बहुधा मिठाइयों आदि पर चपकाया और दवाओं में डाला जाता है । (४) चौड़ी और छिछली थाली । (५) वह पूजा या उपचार जो मुसलमान स्त्रियाँ परियों की बाधा से बचने के लिये करती हैं । परियों की नमाज़ ।

क्रि० प्र०—छोड़ना ।

(६) घोड़ों का एक रोग जिसमें उनके शरीर पर सूजन हो जाती है । (७) रक्तविकार के कारण शरीर पर पड़ा हुआ दाग । चकत्ता ।

तबकगर–संज्ञा पुं० [अ० तबक़ + फ़ा० गर] वह जो सोने चाँदी आदि के तबक़ या पत्तर बनाता हो । तबकिया ।

तबकड़ी–संज्ञा स्त्री० [अ० तबक + ड़ी (प्रत्य०)] छोटी रिकाबी ।

तबक़फ़ाड़–संज्ञा पुं० [अ० तबक + हिं० फाड़] कुश्ती का एक पेंच । जब शत्रु पेट में घुस आता है तब पहलवान अपनी दाहिनी टाँग से उसके बाएँ पाँव को भीतर से बाँधते हैं और दोनों हाथों से उसकी दाहिनी टाँग को जाँघ की जगह पकड़ कर उसके दोनों पाँव फाड़ते हैं और मौका पा कर उसे चित कर देते हैं ।

तबक़ा–संज्ञा पुं० [अ० तबक़ः] (१) खंड । विभाग । (२) तह । परत । (३) लोक । तल । (४) आदमियों का गरोह । (५) पद । रुतबा ।

तबकिया–संज्ञा पुं० [अ० तबक + इया (प्रत्य०)] वह जो सोने, चाँदी आदि के तबक या पत्तर बनाता हो । तबकगर ।

वि० तबक-संबंधी । जिसमें तबक या परत हों । जैसे, तबकिया हरताल ।

तबकिया हरताल–संज्ञा पुं० [हिं० तबकिया + सं० हरताल] एक प्रकार की हरताल जिसके टुकड़ों में तबक या परत होते हैं । इसके टुकड़े में से अलग अलग पपड़ियाँ सी उतरती हैं ।

तबदील–वि० [अ०] जो बदला गया हो । परिवर्त्तित ।

तबदीली–संज्ञा स्त्री० [अ०] बदले जाने या परिवर्त्तित होने की क्रिया । बदली ।

तबद्दुल–संज्ञा पुं० दे० "तबदीली" ।

तबर–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) कुल्हाड़ी । टाँगी । (२) कुल्हाड़ी की तरह का लड़ाई का एक हथियार ।

संज्ञा पुं० [देश०] मस्तूल के सब से ऊपरी भाग में लगाई जानेवाली पाल जिसका व्यवहार बहुत हलकी हवा चलने के समय होता है ।

तबरदार–संज्ञा पुं० [फ़ा०] कुल्हाड़ी या तबर चलानेवाला ।

तबरदारी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] तबर, कुल्हाड़ी या फरसा चलाने का काम ।

तबल–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) बड़ा ढोल । (२) नगारा । डंका ।

तबलची–संज्ञा पुं० [अ० तबलः + ची (प्रत्य०)] वह जो तबला बजाता हो । तबलिया ।

तबला–संज्ञा पुं० [अ० तबलः] ताल देने का एक प्रसिद्ध बाजा जिसमें काठ के लंबोतरे और खोखले कूँड़ पर गोल चमड़ा मढ़ा रहता है । यह चमड़ा "पूरी" कहलाता है और इस पर लोहचून, भावें, लोई, सरेस, मँगरैले और तेल को मिलाकर बनाई हुई स्याही की गोल टिकिया अच्छी तरह जमाकर चिकने पत्थर से घोंटी हुई होती है । इसी स्याही पर आघात पड़ने से तबले में से आवाज़ निकलती है । कूँड़ पर रख कर यह पूरी चारों ओर चमड़े के फीते से जिसे 'बद्धी' कहते हैं, कस कर बाँध दी जाती है । इस बद्धी और कूँड़ के बीच में काठ की गुल्लियाँ भी रख दी जाती हैं जिनकी सहायता से तबले का स्वर आवश्यकतानुसार चढ़ाते या उतारते हैं । वातावरण अधिक ठंढा हो जाने के कारण भी तबला आप से आप उतर जाता और अधिक गरमी के कारण आप से आप चढ़ जाता है । यह बाजा अकेला नहीं बजाया जाता, इसी तरह के और दूसरे बाजे के साथ बजाया जाता है जिसे "बायाँ" "ठेका" या "डुग्गी" भी कहते हैं ।

विशेष—साधारणतः बोलचाल में लोग तबले और बायाँ को एक साथ मिला कर भी केवल तबला ही कहते हैं । तबला दाहिने हाथ से और बायाँ बाएँ हाथ से बजाया जाता है ।

क्रि० प्र०—बजना ।—बजाना ।

मुहा०—तबला उतरना = तबले की बद्धी का ढीला पड़ जाना जिसके कारण तबले में से धीमा या मंद स्वर निकलने लगे । तबला उतारना = तबले की बद्धी को ढीला करके या और किसी प्रकार पूरी पर का तनाव कम कर देना जिससे तबले में से धीमा या मंद स्वर निकलने लगे । तबला खनकना = दे० "तबला ठनकना" । तबला चढ़ना = तबले की बद्धी का कस जाना जिससे पूरी पर तनाव अधिक पड़ता और स्वर ऊँचा निकलने लगता है । तबला चढ़ाना = तबले की बद्धी को कस कर पूरी पर का तनाव अधिक करना जिसमें तबले में से ऊँचा स्वर निकलने लगे । तबला ठनकना = (१) तबला बजना । (२) नाच रंग होना । तबला मिलाना = गुल्लियों को ऊपर नीचे हटा बढ़ा कर

ऐसी स्थिति में लाना जिसमें पूरी पर चारों ओर से समान तनाव पड़े और तबले में से चारों ओर से कोई एक ही विशिष्ट स्वर निकले।

तबलिया—संज्ञा पुं० [अ० तबलः + इया (प्रत्य०)] वह जो तबला बजाता हो। तबलची।

तबाक़—संज्ञा पुं० [अ०] बड़ा थाल। परात।

यौ०—**तबाक़ी कुत्ता** = केवल खाने पीने का साथी। वह जो केवल अच्छी दशा में साथ दे और आपत्ति के समय अलग हो जाय।

तबाबत—संज्ञा स्त्री० [अ०] चिकित्सा। वैद्यक।

तबाशीर—संज्ञा पुं० [सं० तवक्षीर] बंसलोचन।

तबाह—वि० [फ़ा०] जो नष्ट भ्रष्ट या बिलकुल खराब हो गया हो। नष्ट। बरबाद। चौपट।

तबाही—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] नाश। बरबादी। अधःपतन।

क्रि० प्र०—आना।

मुहा०—**तबाही खाना** = जहाज़ का टूट फूट कर रद्दी होना। (लश०)। **तबाही पड़ना** = जहाज का काम के लिये मुहताज रहना। जहाज़ को काम न मिलना। (लश०)

तबियत—संज्ञा स्त्री० दे० "तबीअत"।

तबीअत—संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) चित्त। मन। जी।

मुहा०—**(किसी पर) तबीअत आना** = (किसी पर) प्रेम होना। आशिक होना। **(किसी चीज पर) तबीअत आना** = (किसी चीज को) लेने की इच्छा होना। **तबीअत उलझना** = जी घबराना। **तबीअत खराब होना** = (१) बीमारी होना। स्वास्थ्य बिगड़ना। (२) जी मिचलाना। **तबीअत फड़क उठना** = चित्त का उत्साहपूर्ण और प्रसन्न हो जाना। उमंग के कारण बहुत प्रसन्न होना। **तबीअत फड़क जाना** = दे० "तबीअत फड़क उठना"। **तबीअत फिरना** = जी हटना। अनुराग न रहना। **तबीअत बिगड़ना** = दे० "तबीअत खराब होना"। **तबीअत भरना** = (१) संतोष होना। तसल्ली होना। (२) संतोष करना। तसल्ली करना। जैसे, हमने अच्छी तरह उन की तबीअत भर दी तब उन्होंने रुपए लिए। (३) मन भरना। अनुराग या इच्छा न रहना। जैसे, अब इन कामों से हमारी तबीअत भर गई। **तबीअत लगना** = (१) मन में अनुराग उत्पन्न होना। (२) ख्याल लगा रहना। ध्यान लगा रहना। जैसे, इधर कई दिनों से उनकी चिट्ठी नहीं आई, इससे तबीअत लगी हुई है। **तबीअत लगाना** = (१) चित्त को किसी काम में प्रवृत्त करना। जैसे, तबीअत लगा कर काम किया करो। (२) प्रेम करना। मुहब्बत में फँसना। **तबीअत होना** = अनुराग या प्रवृत्ति होना। जी चाहना।

(२) बुद्धि। समझ। भाव।

मुहा०—**तबीअत पर जोर डालना** = विशेष ध्यान देना। तवज्जह करना। जैसे, जरा तबीअत पर जोर डाला करो, अच्छी कविता करने लगोगे। **तबीअत लड़ाना** = दे० "तबीअत पर जोर डालना"।

यौ०—**तबीअतदार। तबीअतदारी।**

तबीअतदार—वि० [अ० तबीअत + फ़ा० दार] (१) जो भावों को शट ग्रहण करता हो। समझदार। (२) भावुक। रसिक। रसज्ञ।

तबीअतदारी—संज्ञा स्त्री० [अ० तबीअत + फ़ा० दारी] (१) होशियारी। समझदारी। (२) भावुकता। रसज्ञता।

तबीब—संज्ञा पुं० [अ०] वैद्य। चिकित्सक। हकीम।

तभी—अव्य० [हिं० तब + ही] (१) उसी समय। उसी वक्त। उसी घड़ी। जैसे, जब तुम नहीं आए तभी मैंने समझ लिया कि दाल में कुछ काला है। (२) इसी कारण। इसी वजह से। जैसे, तुम्हारा उधर काम था तभी तुम गए।

तमंचा—संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) छोटी बंदूक। पिस्तौल।

क्रि० प्र०—चलाना।—दागना।—मारना।—छोड़ना।

यौ०—**तमंचे की टाँग** = कुश्ती का एक पेंच जिसमें शत्रु के पेट में घुस आने पर बाएँ हाथ से कमर पर से उसका लँगोट पकड़ लेते हैं और उसकी दाहिनी बगल से अपना बायाँ पाँव चढ़ाकर पीठ पर से उसकी बाईं जाँघ फँसाते और उसे चित कर देते हैं।

(२) एक लंबा पत्थर जो दरवाजों की मजबूती के लिये बगल में लगाया जाता है।

तम—संज्ञा पुं० [सं० तम, तमस्] (१) अंधकार। अँधेरा। (२) पैर का अगला भाग। (३) तमाल वृक्ष। (४) राहु। (५) वराह। सुअर। (६) पाप। (७) क्रोध। (८) अज्ञान। (९) कालिख। कालिमा। श्यामता। (१०) नरक। (११) मोह। (१२) सांख्य के अनुसार अविद्या। (१३) सांख्य के अनुसार प्रकृति का तीसरा गुण जो भारी और रोकनेवाला माना गया है। जब मनुष्य में इस गुण की अधिकता होती है तब उसकी प्रवृत्ति काम क्रोध हिंसा आदि नीच और बुरी बातों की ओर होने लगती है।

तमअ—संज्ञा स्त्री [अ०] (१) लालच। लोभ। हिर्स। (२) चाह। इच्छा। ख्वाहिश।

तमक—संज्ञा पुं० [हिं० तमकना] (१) जोश। उद्वेग। (२) तेजी। तीव्रता। (३) क्रोध। गुस्सा।

संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार श्वास रोग का एक भेद जिसमें दम फूलने के साथ साथ बहुत प्यास लगती है, पसीना आता है, जी मिचलाता है और गले में घरघराहट होती है। जिस समय आकाश में बादल छाए हों, उस समय इसका प्रकोप अधिक होता है।

तमकना–क्रि० अ० [अनु०] (१) क्रोध का आवेश दिखलाना। क्रोध के कारण उछल पड़ना। उ०—अंजन त्रास तजत तमकत तकि तानत दरशन डीठि। हारेहू नहिं हटत अमित बल बदन पयोधि पईठ।—सूर। (२) दे० "तमतमाना"।

तमकश्वास–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का दमा जिसमें कंठ रुक जाता है और घरघराहट होती है। प्रायः इसके उत्पन्न होने से रोगी के मर जाने का भी भय होता है।

तमगा–संज्ञा पुं० [तु०] पदक। तगमा। मेडल।

तमगुन–संज्ञा पुं० दे० "तमोगुण"

तमचर–संज्ञा पुं० [सं० तमश्चर] (१) राक्षस। निशाचर। (२) उलूक। उल्लू।

तमचुर * †–संज्ञा पुं० [सं० ताम्रचूड] मुरगा। कुक्कुट। उ०—(क) बिख राखे नहि होत अँगूरू। सबद न देइ बिरह तम चूरू।—जायसी। (क) सुनि तमचुर को सोर घोष की बागरी। नवसत साजि सिँगार चलीं ब्रज नागरी।—सूर। (ग) ससि कर हीन छीन दुति तारे। तमचुर मुखर सुनहु मेरे प्यारे।—तुलसी।

तमचोर *† –संज्ञा पुं० दे० "तमचुर"।

तमतमाना–क्रि० अ० [सं० ताम्र] (१) धूप या क्रोध आदि के कारण चेहरा लाल हो जाना। (२) चमकना। दमकना। (क्व०)

तमतमाहट–संज्ञा स्त्री० [हिं० तमतमाना] तमतमाने का भाव।

तमता–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तम का भाव। (२) अँधेरा। अंधकार।

तमप्रभ–संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक नरक का नाम।

तमरंग–संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का नीबू जिसे 'तुरंज' कहते हैं।

विशेष—दे० "तुरंज"।

तमर–संज्ञा पुं० [सं०] बंग।

संज्ञा पुं० [सं० तम] अंधकार। अँधेरा।

तमराज–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की खाँड़ जो वैद्यक में ज्वर, दाह तथा पित्तनाशक मानी गई है।

तमलूक–संज्ञा पुं० दे० "तामलूक"।

तमलेट–संज्ञा पुं० [अं० टम्ब्लर] (१) लुक फेरा हुआ टीन या लोहे का बरतन। (२) फौजी सिपाहियों का लोटा।

तमस्–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अंधकार। (२) अज्ञान का अंधकार। (३) प्रकृति का एक गुण। दे० 'गुण'। तमोगुण।

तमस–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अंधकार। (२) अज्ञान का अंधकार। (३) पाप। (४) नगर। (५) कूप। कुआँ। (६) तमसा नदी। टौंस। उ०—आयो तमस नदी के तीरा। तब लाडिल परिहार सुबीरा।—रघुराज।

तमसा–संज्ञा स्त्री० [सं०] टौंस नाम की नदी। (इस नाम की तीन नदियाँ हैं)। दे० 'टौंस'।

तमस्वती–संज्ञा स्त्री० दे० "तमस्विनी"।

तमस्विनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) रात्रि। रात। रजनी। (२) हल्दी।

तमस्सुक–संज्ञा पुं० [अ०] वह कागज जो ऋण लेनेवाला ऋण के प्रमाण-स्वरूप लिख कर महाजन को देता है। दस्तावेज। ऋणपत्र। लेख।

तमहँड़ी–संज्ञा स्त्री० [हिं ताँबा + हाँड़ी] हाँड़ी के आकार का ताँबे का एक प्रकार का छोटा बरतन।

तमहर–संज्ञा पुं० दे० "तमोहर"।

तमहीद–संज्ञा स्त्री० [अ०] वह जो कुछ किसी विषय को आरंभ करने से पहले कहा जाय। भूमिका। दीबाचा।

क्रि० प्र०—बाँधना।

तमाँचा–संज्ञा पुं० दे० "तमाचा"।

तमा–संज्ञा पुं० [सं० तमाः तमस्] राहु।

संज्ञा स्त्री० (१) रात। रात्रि। रजनी।

* संज्ञा स्त्री० दे० "तमअ"। उ०—(क) लोक परलोक बिसोक सो तिलोक ताहि तुलसी तमाइ कहा काहू बीर बान की।—तुलसी। (ख) आप कीन तप खप कियो न तमाइ जोग जाग न बिराग त्याग तीरथ न तन को।—तुलसी।

तमाई–संज्ञा स्त्री० [देश०] खेत जोतने के पूर्व उसमें की घास आदि साफ करना।

तमाकू–संज्ञा० पुं० [पुर्त्त० टबैको] (१) तीन से छः फुट तक ऊँचा एक प्रसिद्ध पौधा जो एशिया, अमेरिका तथा उत्तर यूरोप में अधिकता से होता है। इसकी अनेक जातियाँ हैं पर खाने या पीने के काम में केवल ५—६ तरह के पत्ते ही आते हैं। इसके पत्ते २—३ फुट तक लंबे, विषाक्त और नशीले होते हैं। भारत के भिन्न भिन्न प्रांतों में इसके बोने का समय एक दूसरे से अलग है, पर बहुधा यह कुआर कातिक से लेकर पूस तक बोया जाता है। इसके लिये वह जमीन उपयुक्त होती है जिसमें खार अधिक हो। इसमें खाद की बहुत अधिक आवश्यकता होती है। जिस जमीन में यह बोया जाता है उसमें साल में बहुधा केवल इसी की एक फसल होती है। पहले इसका बीज बोया जाता है और जब इसके अंकुर ५—६ इंच के ऊँचे हो जाते हैं तब इसे दूसरी जमीन में जो पहले से कई बार बहुत अच्छी तरह जोती हुई होती है, तीन तीन फुट की दूरी पर रोपते हैं। आरंभ में इसमें सिँचाई की भी बहुत अधिक आवश्यकता होती है। इसके फूलने से पहले ही इसकी कलियाँ और नीचे के पत्ते छाँट दिए जाते हैं। जब पत्ते कुछ पीले रंग के हो जाते हैं और उस पर चित्तियाँ पड़ जाती हैं तब या तो

वे पत्ते काट लिए जाते हैं या पूरे पौधे ही काट लिए जाते हैं। इसके बाद वे पत्ते धूप में सुखाए जाते हैं और अनेक रूपों में काम में लाए जाते हैं। इसके पत्तों में अनेक प्रकार के कीड़े लगते और रोग होते हैं। तंबाकू।

विशेष—सोलहवीं शताब्दी से पहले तमाकू का व्यवहार केवल अमेरिका के कुछ प्रांतों के आदिम निवासियों में ही होता था। सन् १४९२ में जब कोलंबस पहले पहल अमेरिका पहुँचा तब उसने वहाँ के लोगों को इसके पत्ते चबाते और इसका धुआँ पीते हुए देखा था। सन् १५३९ में स्पेनवाले इसे पहले पहल युरोप ले गए थे। भारत में इसे पहले पहल पुर्त्तगाली पादरी लाए थे। सन् १६०५ में इसे असदबेग ने बीजापुर (दक्षिण भारत) में देखा था और वहाँ से वह अपने साथ दिल्ली ले गया था। वहाँ उसने हुक्के और चिलम पर रख कर इसे अकबर को पिलाना चाहा था, पर हकीमों ने मना कर दिया। पर आगे चल कर धीरे धीरे इसका प्रचार बहुत बढ़ गया। आरंभ में इंगलैंड, फ्रांस तथा भारत आदि सभी देशों में राज्य की ओर से इसका प्रचार रोकने के अनेक प्रयत्न किए गए थे, धर्माधिकारियों और चिकित्सकों ने भी इसका प्रचार रोकने के अनेक उद्योग किए थे पर वे सब निष्फल हुए। अब समस्त संसार में इसका इतना अधिक प्रचार हो गया है कि स्त्रियाँ, पुरुष, बच्चे और बुड्ढे प्रायः सभी किसी न किसी रूप में इसका व्यवहार करते हैं। भारत की गलियों में छोटे छोटे बच्चे तक इसे खाते या पीते हुए देखे जाते हैं।

(२) इस पेड़ का पत्ता जिसका व्यवहार लोग अनेक प्रकार से करते हैं। चूर करके खाते हैं, सूँघते हैं, धूआँ खींचने के लिये नली में या चिलम पर जलाते हैं। इसमें नशा होता है। भारत में धूआँ पीने के लिये एक विशेष प्रकार से तमाकू तैयार किया जाता है। (दे० नं० (३))। इसका बहुत महीन चूर्ण सूँघनी कहलाता है जिसे लोग सूँघते हैं। भारत में लोग इसके पत्तों को सुखा कर पान के साथ अथवा यों ही खाने के लिये कई तरह का चूरा बनाते हैं, जैसे, सुरती, जरदा आदि। पान के साथ खाने के लिये इसकी गीली गोली बनाई जाती है और एक प्रकार का अवलेह भी बनाया जाता है जिसे "किवाम" कहते हैं। इस देश में लोग इसके सूखे पत्तों को चूने के साथ मल कर मुँह में रखते हैं। चूना मिलाने से यह बहुत तेज हो जाता है। इस रूप में इसे "खैनी" या 'सुरती' कहते हैं। युरोप अमेरिका आदि देशों में इसके चूरे को कागज या पत्तों आदि में लपेट कर सिगार या सिगरेट बनाते हैं। इसका व्यवहार नशे के लिये किया जाता है और इससे खाद्य और विशेषतः आँखों को बहुत हानि पहुँचती है। वैद्यक में इसे तीक्ष्ण, गरम, कड़ुआ, मद और वमनकारक तथा दृष्टि को हानि पहुँचानेवाला माना जाता है। सुरती। (३) इन पत्तों से तैयार की हुई एक प्रकार की गीली पिंडी जिससे चिलम पर जला कर मुँह से धुआँ खींचते हैं। पत्तियों के साथ रेह मिला कर जो तमाकू तैयार होता है वह कड़ुआ कहलाता है, गुड़ मिला कर बनाया हुआ "मीठा" कहलाता है और कटहल बेर आदि का खमीर मिला कर बनाया हुआ "खमीरा" कहलाता है। इसे चिलम पर रख कर उसके ऊपर कोयले की आग या सुलगती हुई टिकिया रखते हैं और खाली हाथ, गौरिए अथवा हुक्के पर रख कर नली से उसका धुआँ खींचते हैं।

मुहा०—तमाकू चढ़ाना = तमाकू को चिलम पर रख कर और उस पर आग या टिकिया रख कर उसे पीने के लिये तैयार करना। तमाकू पीना = तमाकू का धुआँ खींचना। तमाकू भरना = दे० "तमाकू चढ़ाना"।

तमाखू †—संज्ञा पुं० दे० 'तमाकू'।

तमाचा—संज्ञा पुं० [फ़ा० तमान्चः या तमनचः] हथेली और उँगलियों से गाल पर किया हुआ प्रहार। थप्पड़। झापड़।

क्रि० प्र०—जड़ना।—देना।—मारना।—लगाना।

तमाचारी—संज्ञा पुं० [सं०] राक्षस। दैत्य। निशिचर।

तमादी—संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) अवधि बीत जाना। मुद्दत या मियाद गुज़र जाना। (२) उस अवधि का बीत जाना जिसके अंदर लेन देन संबंधी कोई कानूनी कार्रवाई हो सकती हो। उस मुद्दत का गुजर जाना जिसके अंदर अदालत में किसी दावे की सुनवाई हो सकती हो।

क्रि० प्र०—होना।

तमाम—वि० [अ०] (१) पूरा। संपूर्ण। कुल। सारा। बिल्कुल। जैसे, (क) दो ही बरस में तमाम रुपए फूँक दिए। (ख) तमाम शहर में बीमारी फैली है। (२) समाप्त। ख़तम।

मुहा०—तमाम होना = (१) पूरा होना। समाप्त होना। (२) मर जाना।

तमामी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] एक प्रकार का देशी रेशमी कपड़ा जिस पर कलाबत्तू की धारियाँ होती हैं। यह प्रायः गोट लगाने के काम में आता है।

तमारि—संज्ञा पुं० [हिं० तम + अरि] सूर्य। दिनकर। रवि। उ०—संत उदय संतत सुखकारी। बिस्व सुखद जिमि इंदु तमारी।—तुलसी।

संज्ञा स्त्री० दे० "सँवार"। उ०—पल मैं पल रूप बीतिया लोगन लगी तमारि।—कबीर।

तमाल—संज्ञा पुं० [सं०] (१) बीस पचीस फुट ऊँचा एक बहुत

सुंदर सदाबहार वृक्ष जो पहाड़ों पर अधिकता से और जमुना के किनारे भी कहीं कहीं होता है। यह दो प्रकार का होता है, एक साधारण और दूसरा श्याम तमाल। श्याम तमाल कम मिलता है। उसके फूल लाल रंग के और उसकी लकड़ी आबनूस की तरह काली होती है। तमाल के पत्ते गहरे हरे रंग के होते है और शरीफे के पत्ते से मिलते जुलते होते हैं। बैसाख के महीने में इसमें सफेद रंग के बड़े फूल लगते हैं। इसमें एक प्रकार के छोटे फल भी लगते हैं जो बहुत अधिक खट्टे होने पर भी कुछ स्वादिष्ट होते हैं। ये फल सावन भादों में पकते हैं और इन्हें गीदड़ बड़े चाव से खाते हैं। श्याम तमाल को वैद्यक में कसैला, मधुर, बल-वीर्य-वर्द्धक, भारी, शीतल, श्रम शोथ और दाह को दूर करनेवाला तथा कफ और पित्तनाशक माना है।

पर्य्या०—कालस्कंध। तापिच्छ। अमितद्रुम। लोकस्कंध। नील-ध्वज। नीलताल। तापिंज। तम। तया। कालताल। महाबल।

(२) तेजपत्ता। (३) काले खैर का वृक्ष। (४) बाँस की छाल। (५) वरुण वृक्ष। (६) एक प्रकार की तलवार। (७) तिलक का पेड़। (८) हिमालय तथा दक्षिण भारत में होनेवाला एक प्रकार का सदाबहार पेड़ जिसमें से एक प्रकार का गोंद निकलता है जो घटिया रेवंद चीनी की तरह का होता है। इसकी छाल से एक प्रकार का बढ़िया पीला रंग निकलता है। पूस माघ में इसमें फल लगता है जिसे लोग यों ही खाते अथवा इमली की तरह दाल तरकारियों में डालते हैं। इसका व्यवहार औषध में भी होता है। लोग इसे सुखा कर रखते और इसका सिरका भी बनाते हैं। इसे मन्होला और उमवेल भी कहते हैं।

तमालक—संज्ञा पुं० [स०] (१) तेजपात। (२) तमाल वृक्ष। (३) बाँस की छाल। (४) चौपतिया साग। सुसना साग।

तमालिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) भुइँ आमला। भूम्यामलकी। (२) ताम्रवल्ली नाम की लता।

तमालिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) ताम्रलिप्त देश का एक नाम। (२) भूम्यामलकी। भुइँ आँवला।

तमाली—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) वरुण वृक्ष। (२) ताम्रवल्ली नाम की लता जो चित्रकूट में बहुत होती है।

तमाशगीर †—संज्ञा पुं० दे० "तमाशबीन"।

तमाशबीन—संज्ञा पुं० [अ० तमाशा + फ़ा० बीन] (१) तमाशा देखनेवाला। सैलानी। (२) रंडीबाज। वेश्यागामी। ऐयाश।

तमाशबीनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० तमाशबीन + ई (प्रत्य०)] रंडीबाजी। ऐयाशी। बदकारी।

तमाशा—संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) वह दृश्य जिसके देखने से मनोरंजन हो। चित्त को प्रसन्न करनेवाला दृश्य। जैसे, मेला, थिएटर, नाच, आतिशबाजी आदि। उ०—मद मोलक जब खुलत हैं तेरे दृग गजराज। आइ तमासे जुरत हैं नेही नैन समाज।—रसनिधि।

क्रि० प्र०—करना। -कराना।—देखना।—दिखाना।—होना।

(२) अद्भुत व्यापार। विलक्षण व्यापार। अनोखी बात।

मुहा०—तमाशे की बात = आश्चर्य भरी और अनोखी बात।

तमाशाई—संज्ञा पुं० [अ०] तमाशा देखनेवाला। वह जो तमाशा देखता हो।

तमि—संज्ञा पुं० [सं०] (१) रात। (२) मोह।

तमिनाथ—संज्ञा पुं० [सं०] चंद्रमा।

तमिस्र—संज्ञा पुं० [सं०] (१) अंधकार। अँधेरा। (२) क्रोध गुस्सा। (३) पुराणानुसार एक नरक का नाम।

तमिस्र पक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] किसी मास का कृष्ण पक्ष अँधेरा पक्ष।

तमिस्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] अँधेरी रात।

तमी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) रात। रात्रि। निशा। (२) हरिद्रा। हलदी।

तमीचर—संज्ञा पुं० [स०] निशाचर। राक्षस। दैत्य। दनुज।

तमीज़—संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) भले और बुरे को पहचानने की शक्ति। विवेक। (२) पहचान। (३) ज्ञान। बुद्धि। (४) अदब। कायदा।

यौ०—तमीज़दार = (१) बुद्धिमान। समझदार। (२) शिष्ट। सभ्य।

तमीपति—संज्ञा पुं० [स०] चंद्रमा। निशाकर। शशधर।

तमीश—संज्ञा पुं० [सं० तमी + ईश] चंद्रमा। शशधर।

उ०—तौ लौं तम राजै तमी जौलौं नहिं रजनीश। केशव जगे तरणि के तमु न तमी न तमीश।—केशव।

तमु*†—संज्ञा पुं० दे० "तम"।

तमूरा†—संज्ञा पुं० दे० "तंबूरा"।

तमूल†—संज्ञा पुं० दे० "तांबूल"।

तमोंत्य—वि० [सं०] सूर्य और चंद्रग्रहण के दश प्रकार के ग्रासों में से एक जिसमें चंद्रमंडल की पिछली सीमा में राहु की छाया बहुत अधिक और बीच के भाग में थोड़ी सी जान पड़ती है। फलित ज्योतिष के अनुसार ऐसे ग्रहण फसल को हानि पहुँचती है और चोरों का भय होता है।

तमोंध—वि० [सं०] (१) अज्ञानी। (२) क्रोधी।

तमोगुण—संज्ञा पुं० दे० "तमस् (३)"।

तमोगुणी—वि० [सं०] जिसकी वृत्ति में तमोगुण हो। अधम वृत्तिवाला। उ०—तमोगुणी चाहै या भाई। मम बैरी क्योंही मर जाई।—सूर।

तमोघ्न–संज्ञा पुं० [स०] (१) अग्नि । (२) चंद्रमा । (३) सूर्य । (४) बुद्ध । (५) बौद्ध मत के नियम आदि । (६) विष्णु । (७) शिव । (८) ज्ञान । (९) दीपक । दीआ । चिराग ।

वि० जिससे अँधेरा दूर हो ।

तमोदर्शन–संज्ञा पु० [सं०] वह ज्वर जो पित्त के प्रकोप से उत्पन्न हो ।

तमोनुद–संज्ञा पुं० [स०] (१) ईश्वर । (२) चंद्रमा । (३) अग्नि । आग ।

तमोभिद–संज्ञा पुं० [सं०] जुगनू ।

वि० अंधकार दूर करनेवाला ।

तमोमणि–संज्ञा पुं० [सं०] (१) जुगनू । (२) गोमेदक मणि ।

तमोमय–वि० [सं०] (१) तमोगुणयुक्त । (२) अज्ञानी । (३) क्रोधी ।

संज्ञा पुं० [सं०] राहु ।

तमोर*†–संज्ञा पुं० [सं० ताम्बूल] तांबूल । पान । उ०—(क) थार तमोर दूध दधि रोचन हरषि यशोदा लाई ।—सूर । (ख) सुरँग अधर औ लीन तमोरा । सोहै पान फूल कर जोरा ।—जायसी ।

तमोरि–संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य्य ।

तमोरी*†–संज्ञा पुं० दे० "तँबोली" ।

तमोल*†–संज्ञा पुं० [स० ताम्बूल] (१) पान का बीड़ा । उ०—बेंदी भाल तमोल मुख सीस सिलसिले बार । दृग आँजे राजे खरी ये ही सहज सिँगार ।—बिहारी । (२) दे० "तंबोल" ।

तमोलिन–संज्ञा स्त्री० दे० "तँबोलिन" ।

तमोलिप्री–संज्ञा स्त्री० दे० "ताम्रलिप्र" ।

तमोली–संज्ञा पुं० दे० "तँबोली" ।

तमोविकार–संज्ञा पुं० [स०] तमोगुण के कारण उत्पन्न होनेवाला विकार । जैसे, नींद आलस्य आदि ।

तमोहंत–संज्ञा पुं० [सं०] दस प्रकार के ग्रहणों में से एक ।

विशेष—दे० "तमोत्य" ।

तमोहपह–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य्य । (२) चंद्रमा । (३) अग्नि । (४) दीपक । दीआ ।

वि० (१) मोह-नाशक । (२) अंधकार दूर करनेवाला ।

तमोहर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) चंद्रमा । (२) सूर्य । (३) अग्नि । आग । (४) ज्ञान ।

वि० [सं०] (१) अंधकार दूर करनेवाला । (२) अज्ञान दूर करनेवाला ।

तमोहरि–संज्ञा पुं० दे० "तमोहर" ।

तय–वि [अ०] (१) समाप्त । पूरा किया हुआ । निबटाया हुआ । जैसे, रास्ता तय करना, काम तय करना । (२) निश्चित । स्थिर । ठहराया हुआ । मुकर्रर । उ०—सोमवार को चलना तय हुआ है ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

मुहा०—तय पाना = निश्चित होना । ठहरना ।

(३) निर्णीत । फैसल । निबटाया हुआ । जैसे, मामला या झगड़ा तय करना ।

तयना*†–क्रि० अ० [सं० तपन] (१) तपना । बहुत गरम होना । उ०—निसि बासर तया तिहूँ ताय ।—तुलसी । (२) संतप्त होना । दुखी होना । पीड़ित होना ।

विशेष—दे० "तपना" ।

तया†–संज्ञा पुं० दे० 'तवा' ।

तयार‡*–वि० दे० "तैयार" ।

तयारी‡*–संज्ञा स्त्री० दे० "तैयारी" ।

तरंग–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) पानी की वह उछाल जो हवा लगने के कारण होती है । लहर । हिलोर । मौज ।

क्रि० प्र०—उठना ।

पर्य्या०—भंग । ऊर्मि । उर्मी । वीचि । विची । हली । लहरी । भृंगि । उत्कलिका । जललता ।

(२) संगीत में स्वरों का चढ़ाव उतार । स्वरलहरी । उ०—बहु भाँति तान तरंग सुनि गंधर्व किन्नर लाजहीं ।—तुलसी । (३) चित्त की उमंग । मन की मौज । उत्साह या आनंद की अवस्था में सहसा उठनेवाला विचार । जैसे, (क) भंग की तरंग में ऐसी ही बातें सूझती हैं । (ख) आज मेरे चित्त में यही तरंग उठी कि नदी के किनारे चलना चाहिए । (४) वस्त्र । कपड़ा । (५) घोड़े आदि की फलाँग या उछाल । (६) हाथ में पहनने की एक प्रकार की चूड़ी जो सोने के तार उमेठ कर बनाई जाती है ।

तरंगक–संज्ञा पुं० [स०] [स्त्री० तरंगिका] (१) पानी की लहर । हिलोर । (२) स्वरलहरी । उ०—स्वर मंद बाजत बाँसुरी गति मिलत उठत तरंगिका ।—राधाकृष्णदास ।

तरंगभीरु–संज्ञा पुं० [सं०] चौदहवें मनु के एक पुत्र का नाम ।

तरंगवती–संज्ञा स्त्री० [सं०] नदी । तरंगिणी ।

तरंगालि–संज्ञा स्त्री० [सं०] नदी ।

तरंगिणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] नदी । सरिता ।

वि० तरंगवाली ।

तरंगित–वि० [सं०] हिलोर मारता हुआ । लहराता हुआ । नीचे ऊपर उठता हुआ ।

तरंगी–वि० [सं० तरंगिन्] [स्त्री० तरंगिणी] (१) तरंगयुक्त । जिसमें लहर हो । (२) जैसा मन में आवे वैसा करनेवाला । मनमौजी । आनंदी । लहरी । बेपरवाह । उ०—नाचहिं गावहिं गीत परम तरंगी भूत सब ।—तुलसी ।

तरंड–संज्ञा पुं० [सं०] (१) नाव । नौका । (२) मछली मारने की डोरी में बँधी हुई छोटी सी लकड़ी जो पानी के ऊपर तैरती रहती है । (३) नाव खेने का डाँड़ा ।

तरंत–संज्ञा पुं० [सं०] (१) समुद्र । (२) मेढक । (३) राक्षस ।

तरंती–संज्ञा स्त्री० [सं०] नाव । किश्ती ।

तरंतुक–संज्ञा पुं० [सं०] कुरुक्षेत्र के अंतर्गत एक स्थान का नाम ।

तरंबुज–संज्ञा पुं० [सं०] तरबूज़ ।

तर–वि० [फ़ा०] (१) भीगा हुआ । आर्द्र । गीला । जैसे, पानी से तर करना, तेल से तर करना । (२) शीतल । ठंढा । जैसे, तर पानी, तर माल । उ०—तरबूज़ खा लो, तबीयत तर हो जाय । (३) जो सूखा न हो । हरा । (४) भरा पूरा । मालदार । जैसे, तर असामी ।

संज्ञा पुं० [सं०] (१) पार करने की क्रिया । (२) अग्नि । (३) वृक्ष । (४) पथ । (५) गति । (६) नाव की उतराई ।

† क्रि० वि० [सं० तल] तले । नीचे । उ०—कौने बिरिछ तर भीजत होइहैं राम लषन दूनो भाई ।—गीत ।

प्रत्य० [सं०] एक प्रत्यय जो गुणवाचक शब्दों में लगा कर दूसरे की अपेक्षा आधिक्य (गुण में) सूचित करता है । जैसे, गुरुतर, अधिकतर, श्रेष्ठतर ।

तरई †–संज्ञा स्त्री० [सं० तारा] नक्षत्र ।

तरक–संज्ञा स्त्री० [सं० तंडक] दे० "तड़क" ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० तड़कना] दे० "तड़क" ।

संज्ञा० पुं० [सं० तर्क] (१) विचार । सोच विचार । उधेड़-बुन । ऊहापोह । उ०—होइहि सोइ जो राम रचि राखा । को करि तरक बढ़ावइ साखा ।—तुलसी ।

क्रि० प्र०—करना ।

(२) उक्ति । तर्क । चतुराई का वचन । चोज की बात । उ०—(क) सुनत हँसि चले हरि सकुचि भारी । यह कहयो आज हम आइहैं गेह तुव तरक जिनि कहौ हम समुझि डारी—सूर । (ख) प्यारी को मुख धोइ कै पट पोंछि सँवारयो । तरक बात बहुतइ कही कछु सुधि न सँभारयो—सूर ।

संज्ञा स्त्री० [सं० तर = पथ ?] वह अक्षर वा शब्द जो पृष्ठ या पत्रा समाप्त होने पर उसके नीचे किनारे की ओर आगे के पृष्ठ के आरंभ का अक्षर वा शब्द सूचित करने के लिये लिखा जाता है । (हाथ की लिखी पुरानी पोथियों में इस प्रकार अक्षर वा शब्द लिख देने की प्रथा थी जिससे पत्रे लगाए जा सकें । पृष्ठों पर अंक देने की प्रथा नहीं थी) ।

† संज्ञा पुं० [सं० तर्क = सोच विचार] (१) अड़चन । बाधा । (२) व्यतिक्रम । भूल चूक ।

क्रि० प्र०—पड़ना ।

तरकना † *–क्रि० अ० दे० "तड़कना" ।

क्रि० अ० [सं० तर्क] तर्क करना । सोच विचार करना । अनुमान करना । उ०—तरकि न सकहि बुद्धि मन बानी ।—तुलसी ।

क्रि० अ० [अनु०] उछलना । कूदना । झपटना । उ०—बार बार रघुबीर सँभारी । तरकेउ पवन तनय बल भारी ।—तुलसी ।

तरकश–संज्ञा पुं० [फ़ा०] तीर रखने का चोंगा । भाथा । तूणीर ।

तरकस–संज्ञा पुं० दे० "तरकश" ।

तरकसी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा० तर्कश] छोटा तरकश । छोटा तूणीर । उ०—धरे धनु सर कर कसे कटि तरकसी पीरे पट ओढ़े चलैं चारु चालु । अंग अंग भूषन जराय के जगमगत हरत जन के जी को तिमिर जालु ।—तुलसी ।

तरका–संज्ञा पुं० दे० "तड़का" ।

संज्ञा पुं० [अ०] मरे हुए मनुष्य की जायदाद । वह जायदाद जो किसी मरे हुए आदमी के वारिस को मिले ।

तरकारी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा० तरः = सब्ज़ी, शाक + कारी] (१) वह पौधा जिसकी पत्ती जड़ डंठल फल फूल आदि पका कर खाने के काम में आते हैं । जैसे, पालक, गोभी, आलू, तुरई, कुम्हड़ा इत्यादि । शाक । सागपात । भाजी । सब्ज़ी । (२) खाने के लिये पकाया हुआ फल फूल कंद मूल पत्ता आदि । शाक । भाजी । (३) खाने योग्य मांस । (पं०) ।

क्रि० प्र०—बनाना ।

तरकी–संज्ञा स्त्री० [सं० ताटंकी] कान में पहनने का फूल के आकार का एक गहना ।

विशेष—इस गहने का वह भाग जो कान के भीतर रहता है ताड़ के पत्ते को गोल लपेट कर बनाया जाता है । इससे यह शब्द 'ताड़' से निकला हुआ जान पड़ता है । सं० शब्द 'ताडंक' से भी यही सूचित होता है । इसके अतिरिक्त इस गहने को तालपत्र भी कहते हैं । इसे आज कल छोटी जाति की स्त्रियाँ अधिक पहनती हैं । पर सोने के कर्णफूल आदि के लिये भी इस शब्द का प्रयोग होता है ।

तरकीब–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) संयोग । मिलान । मेल । (२) बनावट । रचना । (३) युक्ति । उपाय । ढंग । ढब । जैसे, इन्हें यहाँ लाने की कोई तरकीब सोचो । (४) रचना-प्रणाली । शैली । तौर । तरीका । जैसे, इसके बनाने की तरकीब मैं जानता हूँ ।

तरकुल †–संज्ञा पु० [सं० ताल + कुल] ताड़ का पेड़ ।

तरकुला–संज्ञा पुं० [हिं० तरकुल] तरकी । कान में पहिनने का एक गहना ।

तरकुली–संज्ञा स्त्री० [हिं० तरकुल] कान का एक गहना । तरकी । उ०—लछिमन संग बूझै कमल कदंब कहूँ देखी सिय कामिनी तरकुली कनक की ।—हनुमान ।

तरक्की–संज्ञा स्त्री० [अ०] वृद्धि । बढ़ती । उन्नति ।

क्रि० प्र०—करना ।—देना ।—पाना ।—होना ।

तरक्षु–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का बाघ । लकड़बग्घा । चरग

तरजा †–संज्ञा स्त्री० [सं० तरंग] जल का तेज बहाव । तीव्र प्रवाह ।

तरजान–संज्ञा पुं० [सं० तक्षण] बढ़ई । लकड़ी का काम करनेवाला ।

तरगुलिया–संज्ञा स्त्री० [देश०] अक्षत रखने का एक छिछला बरतन ।

तरजबीं–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक पौधे का नाम जो सजावट के लिये बगीचों में लगाया जाता है ।

तरछट–संज्ञा स्त्री० दे० "तलछट" ।

तरछन†–संज्ञा स्त्री० दे० "तलछट" ।

तरछा–संज्ञा पुं० [हिं० तर = नीचे] वह स्थान जहाँ तेली गोबर इकट्ठा करते हैं ।

तरछाना*†–क्रि० अ० [हिं० तिरछा] तिरछी आँख से इशारा करना । इंगित करना । उ०—अरध जाम जामिनि गए सखिन सकुचि तरछाय । देति बिदा तिय इतहि पिय चितवत चित ललचाय ।—देव ।

तरज–संज्ञा पुं० "तर्ज" ।

तरजना–क्रि० अ० [सं० तर्जन] (१) ताड़न करना । डाँटना । डपटना । उ०—गरजति कहा तरजनिन्ह तरजत बरजत सयन नयन के कोए ।—तुलसी । (२) भला बुरा कहना । बिगड़ना ।

तरजनी–संज्ञा स्त्री० [सं० तर्जनी] अँगूठे के पास की उँगली । उ०—(क) इहाँ कुम्हड़ बतिया कोउ नाहीं । जे तरजनी देखि मरि जाहीं ।—तुलसी । (ख) सरुख बरजि तर्जिय तरजनी कुम्हिलैहै कुम्हड़े की जई है ।—तुलसी ।

संज्ञा स्त्री० [सं० तर्जन] भय । डर । उ०—अहो रे ! विहंगम बनवासी । तेरे बोल तरजनी बाढ़ति श्रवन सुनत नींदऊ नासी ।—सूर ।

तरजुई†–संज्ञा स्त्री० [फ़ा० तराजू] छोटी तराजू ।

तरजुमा–संज्ञा पुं० [अ०] अनुवाद । भाषांतर । उल्था ।

तरण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) नदी आदि को पार करने का काम । पार करना । (२) पानी पर तैरनेवाला तख़्ता । बेड़ा । (३) निस्तार । उद्धार । (४) स्वर्ग ।

तरणि–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य । (२) मदार । (३) किरन ।

संज्ञा स्त्री० दे० "तरणी" ।

तरणिकुमार–संज्ञा पुं० दे० "तरणिसुत" ।

तरणिजा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) सूर्य की कन्या, यमुना । (२) एक वर्णवृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में एक नगण और एक गुरु होता है । इसका दूसरा नाम "सती" है । उ०—नगपती । बर सती ।

तरणितनय–संज्ञा पुं० दे० "तरणिसुत" ।

तरणितनूजा–संज्ञा स्त्री० [सं०] सूर्य की पुत्री, यमुना ।

तरणिसुत–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य का पुत्र । (२) यम । (३) शनि । कर्ण ।

तरणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) नौका । नाव । (२) घीकुआर । (३) स्थल कमलिनी ।

तरतराना*–क्रि० अ० [अनु०] तड़तड़ाना । तड़तड़ शब्द करना । तोड़ने का सा शब्द करना । उ०—घहरात तरतरात गररात हहरात पररात झहरात माथ नाये ।—सूर ।

तरतीब–संज्ञा स्त्री० [अ०] वस्तुओं की अपने ठीक ठीक स्थानों पर स्थिति । यथास्थान रखा या लगाया जाना । क्रम । सिलसिला । जैसे, किताबें तरतीब से लगा दो ।

क्रि० प्र०—करना ।—लगाना ।

मुहा०—तरतीब देना = क्रम से रखना या लगाना । सजाना ।

तरत्समंदीय–संज्ञा स्त्री० [सं०] वेद के पावमान सूक्त के अंतर्गत एक सूक्त ।

विशेष—मनु ने लिखा है कि अप्रतिग्राह्य धन ग्रहण करने या निषिद्ध अन्न भक्षण करने पर इस सूक्त का जप करने से दोष मिट जाता है ।

तरदी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का कटीला पेड़ ।

तरदीद–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) काटने या रद्द करने की क्रिया । मंसूखी । (२) खंडन । प्रत्युत्तर ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

तरद्दुद–संज्ञा पुं० [अ०] सोच । फिक्र । अंदेशा । चिंता । खटका ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

मुहा०—तरद्दुद में पड़ना = चिंता में पड़ना ।

तरद्दुती–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का पकवान जो घी और दही के साथ माड़े हुए आटे की गोलियों को पकाने से बनता है ।

तरन*–संज्ञा पुं० दे० 'तरण' ।

संज्ञा पुं० दे० "तरौना" ।

तरनतार–संज्ञा पुं० [सं० तरण] निस्तार । मोक्ष । मुक्ति ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

तरनतारन–संज्ञा पुं० [सं० तरण, हिं० तरना] (१) उद्धार । निस्तार । मोक्ष । (२) उद्धार करनेवाला । भवसागर से पार करनेवाला ।

तरना–क्रि० स० [सं० तरण] पार करना ।

क्रि० अ० भवसागर के पार होना । मुक्त होना । सद्गति प्राप्त करना । जैसे, तुम्हारे पुरखे तर जायँगे ।

क्रि० स० दे० "तलना" ।

संज्ञा पुं० [?] व्यापारी जहाज़ का वह अफ़सर जो यात्रा में व्यापार संबंधी कार्यों का निरीक्षण करता है ।

तरनाग–संज्ञा पुं० [देश०] एक चिड़िया का नाम ।

तरनाल–संज्ञा पुं० [?] वह रस्सा जिसकी सहायता से पाल को लोहे की धरन में बाँधते हैं । (लश०)

तरनि–संज्ञा स्त्री० दे० "तरणि" ।

तरनिजा–संज्ञा स्त्री० दे० "तरणिजा" ।

तरनी–संज्ञा स्त्री० [सं० तरणी] (१) नाव । नौका । उ०—तरनिउँ मुनि घरनी होइ जाई ।—तुलसी । (२) वह छोटा मोढ़ा जिस पर मिठाई का थाल या खोंचा रखते हैं । दे० "तश्ती" ।

तरप†–संज्ञा स्त्री० दे० "तड़प" ।

तरपत–संज्ञा पुं० [सं० तृप्ति] (१) सुपास । सुबीता । (२) आराम । चैन । उ०—बूँदी सम सर तजत खंडमंडत पर तरपत ।—गोपाल ।

तरपन–संज्ञा पुं० दे० "तर्पण" । उ०— तरपन होम करहिं विधि नाना ।—तुलसी ।

तरपना–क्रि० अ० दे० "तड़पना" । उ०—तरपै जिमि विज्जुल सी पिय पै झरपै झननाय सबै घर मैं ।—सुंदरीसर्वस्व ।

तरपर–क्रि० वि० [हिं० तर + पर] (१) नीचे ऊपर । (२) एक के पीछे दूसरा ।

तरपू–संज्ञा पुं० [देश०] एक बड़ा पेड़ जिसकी लकड़ी मजबूत और भूरे रंग की होती है और मकानों में लगती है । यह पेड़ मलाबार और पच्छिमी घाट के पहाड़ों में पाया जाता है ।

तरफ़–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) ओर । दिशा । अलँग । जैसे, पूरब तरफ़, पच्छिम तरफ़ । (२) किनारा । पार्श्व । बगल । जैसे, दहनी तरफ़, बाईं तरफ़ । (३) पक्ष । पासदारी । जैसे, (क) लड़ाई में तुम किसकी तरफ़ रहोगे । (ख) हम तुम्हारी तरफ़ से बहुत कुछ कहेंगे ।

यौ०—तरफ़दार ।

तरफ़दार–वि० [अ० तरफ़ + फ़ा० दार] पक्ष में रहनेवाला । साथ वा सहायता देनेवाला । पक्षपाती । हिमायती । समर्थक ।

तरफ़दारी–संज्ञा स्त्री० [अ० तरफ़ + फ़ा० दारी] पक्षपात ।

क्रि० प्र०—करना ।

तरफ़राना †–क्रि० अ० दे० "तड़फड़ाना" ।

तरब–संज्ञा पुं० [हिं० तरपना, तड़पना] सारंगी में वे तार जो तांत के नीचे एक विशेष क्रम से लगे रहते हैं और सब स्वरों के साथ गूँजते हैं ।

तर-बतर–वि० [फ़ा०] भींगा हुआ । आर्द्र । सराबोर ।

तरबहना–संज्ञा पुं० [हिं० तर + बहना] थाली के आकार का ताँबे वा पीतल का एक बर्तन जो प्रायः ठाकुरजी को स्नान कराने के काम में लाया जाता है ।

तरबूज़–संज्ञा पुं० [फ़ा० तर्बुज़] एक प्रकार की बेल जो ज़मीन पर फैलती है और जिसमें बहुत बड़े बड़े गोल फल लगते हैं । ये फल खाने के काम में आते हैं । पके फलों को काटने पर इस के भीतर झिल्लीदार लाल या सफेद गूदा तथा मीठा रस निकलता है । बीजों का रंग लाल या काला होता है । गरमी के दिनों में तरबूज तरावट के लिये बहुत खाया जाता है । पकने पर भी तरबूज के छिलके का रंग गहरा हरा होता है । तरबूज के पत्ते कटावदार और फूल पीले रंग के होते हैं । यह बलुए खेतों में विशेषतः नदी के किनारे के रेतीले मैदानों में जाड़े के अंत में बोया जाता है । संसार के प्रायः सब गरम देशों में तरबूज़ होता है । यह दो तरह का होता है एक फसली या वार्षिक, दूसरा स्थायी । स्थायी पौधे केवल अमेरिका के मेक्सिको प्रदेश में होते हैं जो कई साल तक फूलते फलते रहते हैं ।

तरबूज़िया–वि० [हिं० तरबूज़] तरबूज़ के छिलके के रंग का । गहरा हरा । काही ।

तरभानो–संज्ञा स्त्री० दे० "तरबाँची" ।

तरमानी–संज्ञा स्त्री० [देश०] वह तरी जो जोती हुई भूमि में आती है ।

क्रि० प्र०—आना ।

तरमीम–संज्ञा स्त्री० [अ०] संशोधन । दुरुस्ती ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

तररना †–क्रि० अ० [अनु०] पैंठना । पैंड़ाना ।

तरल–वि० [सं०] (१) हिलता डोलता । चलायमान । चंचल । चल । उ०—लखत सेत सारी ढक्यो तरल तरौना कान । —बिहारी । (२) अस्थिर । क्षणभंगुर । (३) (पानी की तरह) बहनेवाला । द्रव । (४) चमकीला । भास्वर । कांतिवान् । (५) खोखला । पोला ।

संज्ञा पुं० (१) हार के बीच का मणि । (२) हार । (३) हीरा । (४) लोहा । (५) एक देश तथा वहाँ के निवासियों का नाम । (महाभारत) । (६) तल । पेंदा । (७) घोड़ा ।

तरलता–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) चंचलता । (२) द्रवत्व ।

तरलनयन–संज्ञा पुं० [सं०] एक वर्णवृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में चार नगण होते हैं । उ०—नचत सुघर सखिन सहित । थिरकि थिरकि फिरत मुदित ।

तरलभाव–संज्ञा पुं० [सं०] (१) पतलापन । (२) चंचलता । चपलता ।

तरला–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) यवागू । जौ का माँड़ । (२) मदिरा । (३) मधुमक्षिका । शहद की मक्खी ।

संज्ञा पुं० [हिं० तर] छाजन के नीचे का बाँस ।

तरलाई–संज्ञा स्त्री० [सं० तरल + आई (प्रत्य०)] (१) चंचलता । चपलता । (२) द्रवत्व ।

तरवँछ †–संज्ञा स्त्री० [हिं० तर] तरबाँची । जुए के नीचे की लकड़ी जो बैलों के गले के नीचे रहती है ।

तरवड़ी–संज्ञा स्त्री० [सं० तुला + ड़ी (प्रत्य०)] छोटी तराजू का पलड़ा ।

तरवन–संज्ञा पुं० [हिं० ताड़ + बनना] (१) कान में पहनने का एक गहना । तरकी । (२) कर्णफूल ।

तरवर–संज्ञा पुं० [सं० तरुवर] बड़ा पेड़ । पेड़ ।

संज्ञा पुं० [सं० तरवट] एक लंबा पेड़ जिसकी छाल से चमड़ा सिझाया जाता है । यह मध्य भारत और दक्षिण में बहुत पाया जाता है । इसे तरोता भी कहते हैं ।

तरवरा †–संज्ञा पुं० दे० "तिरमिला" ।

तरवरिया †–संज्ञा पुं० [हिं० तरवार] तलवार चलानेवाला ।

तरवरिहा †–संज्ञा पुं० दे० "तरवरिया" ।

तरवाँची–संज्ञा स्त्री० [हि० तर + माचा] जुए के नीचे की लकड़ी । मचेरी ।

तरवाँसी †–संज्ञा स्त्री० दे० "तरवाँची" ।

तरवा †–संज्ञा पुं० दे० "तलवा" ।

तरवाई सिरवाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० तर + सिर] ऊँची जमीन और नीची जमीन । पहाड़ और घाटी ।

तरवाना–क्रि० अ० [?] (१) बैलों के तलवों का चलते चलते घिस जाना जिससे वे लँगड़ाते हैं । (२) बैलों का लँगड़ाना ।

क्रि० स० [हिं० तारना का प्रे०] तारने की प्रेरणा करना ।

तरवार †–संज्ञा पुं० दे० "तलवार" ।

संज्ञा पुं० दे० "तरवर" ।

तरवारि–संज्ञा पुं० [सं०] तलवार । खड्ग का एक भेद । उ०—रोष न रसना जनि खोलिये वरु खोलियै तरवारि ।—तुलसी ।

तरवारी †–संज्ञा पुं० [हिं० तरवार] तलवार चलानेवाला ।

तरस्–संज्ञा पुं० [स०] (१) बल । (२) वेग । (३) वानर । (४) रोग । (५) तीर । तट ।

तरस–संज्ञा पुं० [सं० त्रस = डरना] दया । करुणा । रहम ।

क्रि० प्र०—आना ।

मुहा०—(किसी पर) तरस खाना = दयार्द्र होना । दया करना । रहम करना ।

विशेष—इस शब्द का यह अर्थ विपर्य्यय द्वारा आया हुआ जान पड़ता है । जो मनुष्य भय प्रकाशित करता है उस पर दया प्रायः की जाती है ।

तरसना–क्रि० अ० [सं० तर्षण = अभिलाषा] किसी वस्तु के अभाव में उसके लिये इच्छुक और आकुल रहना । अभाव का दुःख सहना । (किसी वस्तु को) न पाकर बेचैन रहना । जैसे, (क) वहाँ लोग दाने दाने को तरस रहे हैं । (ख) कुछ दिनों में तुम उन्हें देखने के लिये तरसोगे । उ०—दरसन बिनु अँखियाँ तरसि रहीं । (गीत)

संयो० क्रि०—जाना ।

तरसाना–क्रि० स० [हिं० तरसना] (१) अभाव का दुःख देना । किसी वस्तु को न देकर वा न प्राप्त करा कर उसके लिये बेचैन करना । (२) किसी वस्तु की इच्छा और आशा उत्पन्न करके उससे वंचित रखना । व्यर्थ ललचाना ।

क्रि० प्र०—डालना ।—मारना ।

तरह–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) प्रकार । भाँति । किस्म । जैसे, यहाँ तरह तरह की चीजें मिलती हैं ।

मुहा०—किसी की तरह = किसी के सदृश । किसी के समान । जैसे, उसकी तरह काम करनेवाला यहाँ कोई नहीं । (२) रचनाप्रकार । ढाँचा । डौल । बनावट । रूप रंग । जैसे, इस छींट की तरह अच्छी नहीं है । (३) ढब । तर्ज । प्रणाली । रीति । ढंग । जैसे, वह बहुत बुरी तरह से पढ़ता है ।

मुहा०—तरह उड़ाना = ढंग की नकल करना ।

(४) युक्ति । ढंग । उपाय । जैसे, किसी तरह से उनसे रुपया निकालो ।

मुहा०—तरह देना = (१) ख्याल न करना । बचा जाना । विरोध या प्रतिकार न करना । क्षमा करना । जाने देना । उ०—इन तेरह तें तरह दिए बनि आवै साईं ।—गिरिधर । (२) टालटूल करना । ध्यान न देना ।

(५) हाल । दशा । अवस्था । जैसे, आज कल उनकी क्या तरह है ।

मुहा०—तरह देना = पूर्त्ति के लिये समस्या देना ।

तरहटी–संज्ञा स्त्री० [हि० तर = नीचे + हेट (प्रत्य०)] (१) नीची भूमि । (२) पहाड़ की तराई ।

तरहदार–वि० [फ़ा०] (१) सुंदर बनावट का । अच्छी चाल या ढाँचे का । जिसकी रचना मनोहर हो । जैसे, तरहदार छींट । (२) सजधजवाला । शौकीन । वज़ादार । जैसे, तरहदार आदमी ।

तरहदारी–संज्ञा स्त्री० [उ०] वज़ादारी । सजधज का ढंग ।

तरहर †–क्रि० वि० [हिं० तर + हर (प्रत्य०)] तरे । नीचे । उ०—जम करि मुँह तरहर परयो इहिं धर हरि चित लाइ । विषय त्रिषा परिहरि अजौं नर हरि के गुन गाइ ।—बिहारी ।

वि० नीचा । तले का । नीचे का । निकृष्ट ।

तरहा–संज्ञा पुं० [हिं० तर] (१) कुआँ खोदने में एक माप जो प्रायः एक हाथ की होती है । (२) वह कपड़ा जिसपर मिट्टी फैला कर कड़ा ढालने का साँचा बनाते हैं ।

तरहेल †–वि० [हिं० तर + हर, हल (प्रत्य०)] (१) अधीन । निम्नस्थ । (२) वश में आया हुआ । पराजित । उ०—तौ चौपड़ खेलौं करि हीया । जो तरहेल होय सो तीया ।—जायसी ।

तरा †–संज्ञा पुं० [देश०] पटुआ । पटसन ।

संज्ञा पुं० दे० "तला" । "तलवा" ।

तराई–संज्ञा स्त्री० [हिं० तर = नीचे] (१) पहाड़ के नीचे की भूमि । पहाड़ के नीचे का वह मैदान जहाँ सीड़ या तरी रहती है । जैसे, नैपाल की तराई । (२) पहाड़ की घाटी । (३) मूँज के मुट्ठे जो छाजन में खपड़ों के नीचे दिए जाते हैं ।

† संज्ञा स्त्री० [सं० तारा] तारा । नक्षत्र ।

तराजू–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] रस्सियों के द्वारा एक सीधी डाँड़ी के छोरों से बँधे हुए दो पलड़ों का एक यंत्र जिससे वस्तुओं की तौल मालूम करते हैं । तौलने का यंत्र । तुला । तकड़ी ।

मुहा०—तराजू हो जाना = (१) तीर को निशाने के इस प्रकार आर पार घुसना कि उसका आधा भाग एक ओर, और आधा दूसरी ओर निकला रहे । (२) दो सैनिक दलों का इस प्रकार ठीक ठीक बराबर होना कि एक दूसरे को परास्त न कर सके ।

तराना–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) एक प्रकार का चलता गाना जिसका बोल इस प्रकार का होता है—दिर दिर ता दि आ ना रे ते दी म् ता दी म् ता ना ना दे रे ता दा रे दा नि ता ना ना दे रे ना ता ना ना दे रे ना ता ना ना ता ना तोम् देर ता रे दा नी ।

विशेष—तराना हर एक राग का हो सकता है । इसमें कभी कभी सरगम और तबले के बोल भी मिला दिए जाते हैं । (२) कोई अच्छा गाना । बढ़िया गीत । (क्व०)

तराप * †–संज्ञा स्त्री० [अनु०] तड़ाक शब्द । बंदूक, तोप आदि का शब्द । उ०—सैन अफमान सैन सगर सुतन लागी कपिल सराप लौं दराप तोपखाने की ।—भूषण ।

तरापा †–संज्ञा पुं० [अनु०] हाहाकार । कुहराम । त्राहि त्राहि । उ०—परी धर्मसुत शिविर तरापा । गजपुर सकल शोकबस काँपा ।—सबलसिंह ।

संज्ञा पुं० [हिं० तरना] पानी में तैरती हुई शहतीर । बेड़ा । (लश०)

तराबोर–वि० [फ़ा० तर + हिं० बोरना] खूब भींगा हुआ । खूब डूबा हुआ । सराबोर ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

तरामल–संज्ञा पुं० [हिं० तर = नीचे] (१) मूँज के वे मुट्ठे जो छाजन में खपरैल के नीचे दिए जाते हैं । (२) जुवे के नीचे की लकड़ी ।

तरामीरा–संज्ञा पुं० [देश० सरसों की तरह का एक पौधा जिसके बीजों से तेल निकलता है । उत्तरीय भारत में जाड़े की फसल के साथ इसके बीज बोए जाते हैं । रबी की फसल के साथ इसके दाने भी पक जाते हैं । पत्तियाँ चारे के काम में आती हैं । तेल निकाले हुए बीजों की खली भी चौपायों को खिलाई जाती है । इसे तुआँ भी कहते हैं ।

तरारा–संज्ञा पुं० [?] (१) उछाल । छलांग । कुलाँच ।

क्रि० प्र०—भरना ।—मारना ।

मुहा०—तरारा भरना = जल्दी जल्दी काम करना । फरटि के साथ काम करना । तरारा मारना = डींग हाँकना । बढ़ बढ़ कर बातें करना ।

(२) पानी की धार जो बराबर किसी वस्तु पर गिरे ।

तरावट–संज्ञा स्त्री० [फ़ा० तर + आवट (प्रत्य०)] (१) गीलापन । नमी । (२) ठंढक । शीतलता । जैसे, सिर पर पानी पड़ने से तरावट आ गई ।

क्रि० प्र०—आना ।

(३) क्लांत चित्त को स्वस्थ करनेवाला शीतल पदार्थ । शरीर की गरमी शांत करनेवाला आहार । (४) स्निग्ध भोजन । जैसे, घी, दूध, आदि ।

तराश–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) काटने का ढंग । काट । (२) काट छाँट । बनावट । रचना प्रकार ।

यौ०—तराश खराश ।

(३) ढंग । तर्ज़ । (४) ताश या गंजीफे का वह पत्ता जो काटने के बाद हाथ में आवे ।

तराश खराश–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] काट छाँट । कतर ब्योंत । बनावट ।

तराशना–क्रि० स० [फ़ा०] काटना । कतरना । कलम करना ।

तरास‡–संज्ञा पुं० दे० "त्रास" ।

तराहि ‡–अव्य० दे० "त्राहि" ।

तराहीं‡–क्रि० वि० दे० "तरे" ।

तरिंदा–संज्ञा पुं० [हिं० तरना + इंदा (प्रत्य०)] वह पीपा जो समुद्र में किसी स्थान पर लंगर के द्वारा बाँध दिया जाता है और लहरों के ऊपर उतराया रहता है । (लश०)

विशेष—ये पीपे चट्टान आदि की सूचना के लिये बाँधे जाते हैं और कई आकार प्रकार के होते हैं । इनमें से किसी किसी में घंटा सीटी आदि लगी रहती है ।

तरि–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) नौका । नाव । (२) कपड़ों का पेटारा । (३) कपड़े का छोर । दामन ।

तरिक–संज्ञा पु० [स०] (१) जल में तैरनेवाली लकड़ी । बेड़ा । (२) नाव का महसूल लेनेवाला । उतराई लेनेवाला । (३) मल्लाह । केवट । माँझी ।

तरिका–संज्ञा स्त्री० [स०] नाव । नौका ।

तरिको†–संज्ञा पुं० [स० ताटंक] कान का एक गहना । तरकी । तरौना । उ०—तैं कत तोरयो हार नौ सरि को मोती बगरि रहे सब बन में गयो कान को तरिको ।—सूर ।

तरिता–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तर्जनी उँगली । (२) भाँग । गाँजा ।

* संज्ञा स्त्री० [सं० तड़ित्] बिजली । उ०—झरपै झपै कौंधै कढ़ै तरिता तरपै पुनि जाल छटा में घिरी ।—पजनेस ।

तरिया†—संज्ञा पुं० [हिं० तरना] तैरनेवाला ।

तरियाना†—क्रि० स० [हिं० तरे = नीचे] (१) नीचे कर देना । नीचे डाल देना । तह में बैठा देना । (२) ढाँकना । छिपाना । (३) बटुए के पेंदे में मिट्टी राख आदि पोतना जिससे आँच पर चढ़ाने में उसमें कालिख न जमे । लेवा लगाना ।

क्रि० अ० तले बैठ जाना । तह में जमाना ।

तरिवन—संज्ञा पुं० [हिं० ताड़] (१) कान का एक गहना जो फूल के आकार का होता है । तरकी । (इसका वह भाग जो कान के छेद में रहता है ताड़ के पत्ते को लपेट कर बनाया जाता है) । (२) कर्णफूल ।

तरिवर*—संज्ञा पुं० दे० "तरुवर" ।

तरिहँत†—क्रि वि० [हिं० तर + अंत, हँत (प्रत्य०)] नीचे । तले । उ०—बुधि जो गई दै हिय बौराई । गर्व गयो तरिहँत सिर नाई ।—जायसी ।

तरी—संज्ञा स्त्री० [स०] (१) नाव । नौका । (२) गदा । (३) कपड़ा रखने का पिटारा । पेटी । (४) धुआँ । धूम । (५) कपड़े का छोर । दामन ।

संज्ञा स्त्री० [फ़ा० तर] (१) गीलापन । आर्द्रता । (२) ठंढक । शीतलता । (३) वह नीची भूमि जहाँ बरसात का पानी बहुत दिनों तक इकट्ठा रहता हो । कछार । (४) तराई । तरहटी ।

† संज्ञा स्त्री० [हिं० तर = नीचे] (१) जूते का तला । (२) तलछट । तलौंछ ।

* संज्ञा स्त्री० [हिं० ताड़] कान का एक गहना । तरिवन । कर्णफूल । उ०—काने कनक तरी वर बेसरि सोहहि ।—तुलसी ।

तरीक़ा—संज्ञा पुं० [अ०] (१) ढंग । विधि । रीति । प्रकार । ढब । (२) चाल । व्यवहार । (३) युक्ति । उपाय । तदबीर ।

तरीष—संज्ञा पुं० [स०] (१) सूखा गोबर । (२) नौका । नाव । (३) पानी में बहनेवाला तख्ता । बेड़ा । (४) समुद्र । (५) व्यवसाय । (६) स्वर्ग ।

तरीषी—संज्ञा स्त्री० [सं०] इंद्र की कन्या ।

तरु—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वृक्ष । पेड़ । (२) एक प्रकार का चीड़ जिसके पेड़ खसिया की पहाड़ी, चटगाँव और बरमा में होते हैं । इसमें जो विरोजा या गोंद निकलता है वह सब से अच्छा होता है । तारपीन का तेल भी इससे बहुत अच्छा निकलता है ।

तरुआ—संज्ञा पुं० [देश०] उबाले हुए धान का चावल । भुँजिया चावल ।

तरुण—वि० [सं०] [स्त्री० तरुणी] (१) युवा । जवान । (२) नया । नूतन ।

संज्ञा पुं० (१) बड़ा जीरा । स्थूल जीरक । (२) एरंड । रेंड़ । (३) कूजा का फूल । मोतिया ।

तरुण ज्वर—संज्ञा पुं० [सं०] वह ज्वर जो सात दिन का हो गया हो ।

तरुण तरणि—संज्ञा पुं० दे० "तरुण सूर्य्य" ।

तरुणदधि—संज्ञा पुं० [सं०] पाँच दिन का दही । (वैद्यक के अनुसार ऐसा दही खाना हानिकारक है) ।

तरुणपीतिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] मैनसिल ।

तरुण सूर्य्य—संज्ञा पुं० [सं०] मध्याह्न का सूर्य्य ।

तरुणाई*—संज्ञा स्त्री० [सं० तरुण + आई (प्रत्य०)] युवावस्था । जवानी ।

तरुनाना—क्रि० अ० [स० तरुण + आना (प्रत्य०)] जवानी पर आना । युवावस्था में प्रवेश करना ।

तरुणास्थि—संज्ञा स्त्री० [सं०] पतली लचीली हड्डी ।

तरुणी—वि० स्त्री० [स०] युवती । जवान (स्त्री) ।

संज्ञा स्त्री० (१) युवती । जवान स्त्री ।

विशेष—भावप्रकाश के अनुसार १६ वर्ष से लेकर ३२ वर्ष तक की स्त्री को तरुणी कहना चाहिए ।

(२) घीकुवार । ग्वारपाठा । (३) दंती । जमालगोटा । (४) चीड़ा नामक गंध द्रव्य । (५) कूजा का फूल । मोतिया । (६) मेघराग की एक रागिनी ।

तरुणी-कटाक्षमाल—संज्ञा स्त्री० [सं०] तिलक वृक्ष ।

तरुतूलिका—संज्ञा स्त्री० [स०] चमगादर ।

तरुन*†—संज्ञा पुं० दे० "तरुण" ।

तरुनई‡*—संज्ञा स्त्री० दे० "तरुनाई" ।

तरुनाई*—संज्ञा स्त्री० [स० तरुण + आई (प्रत्य०)] तरुणावस्था । जवानी ।

तरुनापा—संज्ञा पुं० [सं० तरुण + पा (प्रत्य०)] युवावस्था । जवानी । उ०—बालापन में खेलत खोयो तरुनापै गरबानो—सूर ।

तरुबाँही*—संज्ञा स्त्री० [सं० तरु + हिं० बाँह] पेड़ की भुजा । शाखा । डाल । उ०—इक संशय फल है तरु माहीं । पाँच कोटि दल हैं तरुबाँही ।—सदलमिश्र ।

तरुभुक्—संज्ञा पुं० [सं०] बंदाक । बाँदा ।

तरुभुज—संज्ञा पुं० दे० "तरुभुक" ।

तरुराग—संज्ञा पुं० [सं०] नया कोमल पत्ता । किशलय ।

तरुराज—संज्ञा पुं० [स०] (१) कल्पवृक्ष । (२) ताड़ का वृक्ष ।

तरुरुहा—संज्ञा स्त्री० [स०] बाँदा ।

तरुरोहिणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] बाँदा ।

तरुवल्ली—संज्ञा स्त्री० [सं०] जमीकंद लता । पानड़ी ।

तरुसार—संज्ञा पुं० [सं०] कपूर ।

तरुस्वा—संज्ञा स्त्री० [सं०] बाँदा ।

तरूट—संज्ञा पुं० [सं०] भसींड़ । मुरार । कमल की जड़ ।

तरेंदा—संज्ञा पुं० [सं० तरंड] (१) पानी में तैरता हुआ काठ । बेड़ा । (२) वह तैरनेवाली वस्तु जिसका सहारा लेकर पार हो सकें । उ०—सिंह तरेंदा जेइ गहा पार भयो तिहि साथ । ते पय बूड़े वारि ही भेंड़ पूँछ जिन हाथ ।—जायसी ।

तरे†—क्रि० वि० [सं० तल] नीचे । तले ।

मुहा०—(किसी के) तरे बैठना = (किसी को) पति बनाना ।

तरेटी—संज्ञा स्त्री० [हिं० तर] तराई । तरहटी । तलहटी । घाटी । पर्वत के नीचे की भूमि ।

तरेड़ा—संज्ञा पुं० दे० "तरेरा", "तरारा" ।

तरेरना—क्रि० स० [सं० तज = डाटना + हिं० हेरना = देखना] आँखों को इस प्रकार करना जिससे क्रोध या अप्रसन्नता प्रकट हो । दृष्टि कुपित करना । आँख के इशारे से डाट बताना । दृष्टि से असम्मति या असंतोष प्रकट करना । उ०—(क) सुनि लछिमन बिँहसे बहुरि नयन तरेरे राम । तुलसी । (ख) भौंहनि फेरि तरेरि सुनैन सखी तन हेरि हिये सुख पायो ।—प्रताप ।

विशेष—कर्म के रूप में इस शब्द के साथ आँख या उसके पर्य्या० शब्द आते हैं ।

तरैनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० तर = नीचे] वह पत्थर जो हरिस और हल को मिलाने के लिये दिया जाता है ।

तरैली—संज्ञा स्त्री दे० "तरैनी" ।

तरैया‡—संज्ञा स्त्री० दे० "तरई" ।

तरैला—संज्ञा पुं० [हिं० तले] किसी स्त्री के दूसरे पति का पुत्र ।

तरोंच—संज्ञा स्त्री० [हिं० तर = नीचे] (१) कंघी के नीचे की लकड़ी । (२) दे० "तरौंछ" ।

तरोंचा†—संज्ञा पुं० [हिं० तर = नीचे [स्त्री० तरोंची] जुए के नीचे की लकड़ी ।

तरोंडा—संज्ञा पुं० [देश०] फसल का उतना अनाज जितना हलवाहे आदि मजदूरों को देने के लिये निकाल दिया जाता है ।

तरोई—संज्ञा स्त्री० दे० "तुरई" ।

तरोता—संज्ञा पुं० [सं० तरवट] एक लंबा पेड़ जो मध्य भारत और दक्षिण भारत में पाया जाता है । इसकी छाल चमड़ा सिझाने के काम में आती है । इसे 'तरवर' भी कहते हैं ।

तरोवर*—संज्ञा पुं० दे० "तरुवर" ।

तरौंछी—संज्ञा स्त्री० [हिं० तर + औंछी (प्रत्य०)] (१) वह लकड़ी जो हत्थे में नीचे की तरफ लगी रहती है । (जुलाहे) । (२) बैलगाड़ी में लगी हुई वह लकड़ी जो सुजावा के नीचे रहती है ।

तरौंटा—संज्ञा पुं० [हिं० तर + पाट] आटा पीसने की चक्की का नीचेवाला पाट । जाँते के नीचे का पत्थर ।

तरौंना—संज्ञा पुं० [हिं० तर + औंना (प्रत्य०)] छाजन में वे लकड़ियाँ जो ठाट के नीचे दी जाती हैं ।

तरौंस†*—संज्ञा पुं० [हिं० तट + औंस (प्रत्य०)] तट । तीर । किनारा । उ०—स्याम सुरति करि राधिका तकति तरनिजा तीर । अँसुवनि करति तरौंस कौ छिनक खरौंहौ नीर ।—बिहारी ।

तरौना—संज्ञा पु० [हिं० ताड़ + बनना] (१) कान में पहनने का एक गहना जो फूल के आकार का गोल होता है । तरकी । (इसका वह अंश जो कान के छेद में रहता है ताड़ के पत्ते को गोल लपेट कर बनाया जाता है)

विशेष—दे० "तरकी", "ताड़ंक" ।

(२) कर्णफूल नाम का आभूषण । उ०—लसत सेत सारी ढक्यो तरल तरौना कान ।—बिहारी ।

संज्ञा पुं० [हिं० तर = नीचे] वह मोढ़ा जिस पर मिठाई का खोंचा रखा जाता है ।

तर्क—संज्ञा पुं० [सं०] (१) किसी वस्तु के विषय में अज्ञात तत्व को कारणोपपत्ति द्वारा निश्चित करनेवाली उक्ति या विचार । विवेचना । हेतुपूर्ण युक्ति । दलील ।

विशेष—तर्क न्याय के सोलह पदार्थों (विषयों) में से एक है । जब किसी वस्तु के संबध में वास्तविक तत्व ज्ञात नहीं होता तब उस तत्व के ज्ञानार्थ (किसी निगमन के पक्ष में) कुछ हेतुपूर्ण युक्ति दी जाती है जिसमें विरुद्ध निगमन की अनुपपत्ति भी दिखाई जाती है । ऐसी युक्ति को तर्क कहते हैं । तर्क में शंका का होना भी आवश्यक है क्योंकि जब यह शंका होगी कि बात ऐसी है या वैसी तभी वह हेतुपूर्ण युक्ति दी जायगी जिसमें यह निरूपित किया जायगा कि बात का ऐसा होना ही ठीक है वैसा नहीं । जैसे, शंका यह है कि आत्मा नित्य है या अनित्य । यहाँ आत्मा का यथार्थ रूप ज्ञात नहीं है । उसका यथार्थ रूप निश्चित करने के लिये हम इस प्रकार विवेचना करते हैं—

यदि आत्मा अनित्य होती तो अपने कर्म का फल न प्राप्त कर सकती और उसका आवागमन या मोक्ष न हो सकता । पर इन सब बातों का होना प्रसिद्ध ही है । अतः आत्मा नित्य है ऐसा मानना ही पड़ता है ।

(२) चमत्कारपूर्ण उक्ति । चुहल की बात । चोज़ की बात । चतुराई से भरी बात । उ०—प्यारी को मुख धोइकै पट पोंछि सँवारयो । तरक बात बहुतै कही कुछ सुधि न सँभारयो । —सूर । (३) व्यंग्य । ताना । उ०—ते सब तर्क बोलिहैं मोको तासों बहुत डराऊँ ।—सूर ।

संज्ञा पुं० [सं०] त्याग । छोड़ना ।

क्रि० प्र०—करना ।

तर्कक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तर्क करनेवाला। (२) याचक। मँगता।

तर्कण–संज्ञा पुं० [सं०] [वि० तर्कणीय, तर्क्य] तर्क करने की क्रिया। बहस करने का काम।

तर्कणा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) विचार। विवेचना। ऊहा। (२) युक्ति। दलील।

तर्कना–संज्ञा स्त्री० दे० "तर्कणा"।

क्रि० अ० [सं० तर्क] तर्क करना।

तर्कमुद्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] तंत्र की एक मुद्रा।

तर्क वितर्क–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ऊहापोह। विवेचना। सोच विचार। (२) वाद विवाद। बहस।

क्रि० प्र०—करना।

तर्कश–संज्ञा पुं० [फ़ा०] भाथा। तूणीर। तीर रखने का चोंगा।

तर्क शास्त्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह शास्त्र जिसमें ठीक तर्क वा विवेचना करने के नियम आदि निरूपित हों। सिद्धांतों के खंडन मंडन की शैली बतलानेवाली विद्या। (२) न्यायशास्त्र।

तर्कसी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा० तरकश] छोटा तरकश।

तर्काभास–संज्ञा पु० [सं०] ऐसा तर्क जो ठीक न हो। कुतर्क।

तर्कारी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) अँगेथू का वृक्ष। अरणी वृक्ष। (२) जैंत का पेड़।

संज्ञा स्त्री० दे० "तरकारी"।

तर्किण–संज्ञा पुं० [सं०] चकवँड़। पँवार।

तर्किल–संज्ञा पुं० [सं०] चकवड़। पँवार।

तर्की–संज्ञा पुं० [सं० तार्किन्] [स्त्री० तर्किनी] तर्क करनेवाला।

तर्कीब–संज्ञा स्त्री० दे० "तरकीब"।

तर्कु–संज्ञा पुं० [सं०] तकला। टेकुआ।

तर्कुटी–संज्ञा स्त्री० [सं०] तकला। टेकुआ।

तर्कुपिंड–संज्ञा पुं० [सं०] तकले की फिरकी।

तर्कुल–संज्ञा पुं० [सं० ताड़ + कुल] (१) ताड़ का पेड़। (२) ताड़ का फल।

तर्क्य–वि० [सं०] विचार्य। चिंत्य। जिस पर कुछ सोच विचार करना आवश्यक हो।

तर्क्षु–संज्ञा पुं० [सं०] तेंदुआ या चीता।

तर्क्ष्य–संज्ञा पुं० [सं०] जवाखार नमक।

तर्ज़–संज्ञा पुं० स्त्री० [अ०] (१) प्रकार। किस्म। तरह। (२) रीति। शैली। ढंग। ढब। जैसे, बात चीत करने का तर्ज़। (३) रचना प्रकार। बनावट। जैसे, इस छींट का तर्ज़ अच्छा नहीं है।

तर्जन–संज्ञा पुं० [सं० तर्ज्जन] [वि० तर्जित] (१) धमकाने का कार्य्य। भय-प्रदर्शन। (२) क्रोध। (३) तिरस्कार। फटकार। डाँट डपट।

यौ०—तर्जन-गर्जन = डाँट फटकार। क्रोध-प्रदर्शन।

तर्जना–क्रि० अ० [सं० तर्जन] डाटना। धमकाना। डपटना।

तर्जनी–संज्ञा स्त्री० [सं० तर्जनी] अँगूठे के पास की उँगली। अँगूठे और मध्यमा के बीच की उँगली। प्रदेशिनी। उ०—इहाँ कुम्हड़ बतिया कोउ नाहीं। जे तर्जनी देखि मरि जाहीं।—तुलसी।

विशेष—इसी उँगली से किसी वस्तु की ओर दिखाते या इशारा करते हैं।

तर्जनीमुद्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] तंत्र की एक मुद्रा जिसमें बाएँ हाथ की मुट्ठी बाँध तर्जनी और मध्यमा को फैलाते हैं।

तर्जिक–संज्ञा पुं० [सं०] एक देश का प्राचीन नाम। ताजिक देश।

तर्जुमा–संज्ञा पुं० [अ०] भाषांतर। उल्था। अनुवाद।

तर्ण–संज्ञा पुं० [सं०] गाय का बछड़ा। बछवा।

तर्णक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तुरत का जन्मा गाय का बछड़ा। (२) शिशु। बच्चा।

तर्णि–संज्ञा पुं० दे० "तरणि"।

तर्त्तरीक–संज्ञा पुं० [सं०] नाव।

वि० पार जानेवाला।

तर्पण–संज्ञा पु० [सं०] [वि० तर्पणीय, तर्पित, तर्पी] (१) तृप्त करने की क्रिया। संतुष्ट करने का कार्य। (२) कर्मकांड की एक क्रिया जिसमें देव, ऋषि और पितरों को तुष्ट करने के लिये हाथ (या अरघे) से पानी देते हैं।

विशेष—मध्याह्न-स्नान के पीछे तर्पण करने का विधान है।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

तर्पणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) खिरनी का वृक्ष। (२) गंगा नदी।

वि० तृप्ति देनेवाली।

तर्पणीय–वि० [सं०] तृप्ति के योग्य।

तर्पिणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] पद्मचारिणी लता। स्थल-कमलिनी। स्थलपद्म।

तर्पित–वि० [सं०] तृप्त किया हुआ। संतुष्ट किया हुआ।

तर्पी–वि० [सं० तर्पिन्] [स्त्री० तार्पणी] (१) तृप्त करनेवाला। संतुष्ट करनेवाला। (२) तर्पण करनेवाला।

तर्बट–संज्ञा पुं० [सं०] (१) चकवँड़। पँवार। (२) चांद्र वत्सर। वर्ष।

तर्बूज–संज्ञा पुं० दे० "तरबूज"।

तर्यौना*†–संज्ञा पुं० दे० "तरौना"।

तर्रा–संज्ञा पुं० [देश०] चाबुक का फीता या डोरी जो छड़ी में बँधी रहती है।

तर्राना–संज्ञा पुं० [फ़ा० तराना] एक प्रकार का गाना । दे० "तराना" ।

† क्रि० अ० दे० "चर्राना" ।

तर्री–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की घास जिसे भैंसें बड़े प्रेम से खाती हैं । यह प्रत्येक ऋतु में मिलती है ।

तर्ष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अभिलाषा । (२) तृष्णा । असंतोष । उ०—देव शोक संदेह भय हर्ष तम तर्ष गन साधु सद्युक्ति विच्छेद कारी ।—तुलसी । (३) बेड़ा । (४) समुद्र । (५) सूर्य्य ।

तर्षण–संज्ञा पुं० [सं०] [वि० तर्षित] (१) पिपासा । प्यास । (२) अभिलाषा । इच्छा ।

तर्षित–वि० [सं०] (१) प्यासा । (२) इच्छुक । जो लालसा किए हो ।

तल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) नीचे का भाग । (२) पेंदा । तला । (३) जल के नीचे की भूमि । (४) वह स्थान जो किसी वस्तु के नीचे पड़ता हो । जैसे, तरुतल ।

मुहा०—तल करना = नीचे दबा लेना । छिपा लेना । (जुआरी)

(५) पैर का तलवा । (६) हथेली । (७) चपत । थप्पड़ । (८) किसी वस्तु का बाहरी फैलाव । बाहर-विस्तार । पृष्ठदेश । सतह । जैसे, भूतल, धरातल, समतल । (९) स्वरूप । स्वभाव । (१०) कानन । जंगल । (११) गड्ढा । गढ़हा । (१२) चमड़े का बल्ला जो धनुष की डोरी की रगड़ से बचने के लिये बाईं बाँह में पहना जाता है । (१३) घर की छत । पाटन । जैसे, चार तला मकान । (१४) ताड़ का पेड़ । (१५) मुठिया । मूठ । दस्ता । (१६) बाएँ हाथ से बीणा बजाने की क्रिया । (१७) गोधा । गोह । (१८) कलाई । पहुँचा । (१९) बालिश्त । बित्ता । (२०) आधार । सहारा । (२१) महादेव । (२२) सप्त पातालों में से पहला । (२३) एक नरक का नाम ।

तलक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ताल । पोखरा । (२) एक फल का नाम ।

‡अव्य० [हिं० तक] तक । पर्य्यंत ।

तलकर–संज्ञा पुं० [सं०] वह कर वा लगान जो जमींदार ताल की वस्तुओं (जैसे, सिंघाड़ा, मछली आदि) पर लगाता है ।

तलकी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक पेड़ जो पंजाब, अवध, बंगाल, मध्यदेश तथा मद्रास में होता है । उसकी लकड़ी लंबाई लिए भूरी होती है और खेती के सामान बनाने तथा मकानों में लगाने के काम में आती है ।

तलगू–संज्ञा स्त्री० [सं० तैलंग] तैलंग देश की भाषा ।

तलघर–संज्ञा पुं० [सं० तल + हिं० घर] तहखाना ।

तलछट–संज्ञा स्त्री० [हिं० तल + छँटना] पानी या और किसी द्रव पदार्थ के नीचे बैठी हुई मैल । तलौंछ । गाद ।

तलना–क्रि० स० [सं० तरण = तिराना] कड़कड़ाते हुए घी या तेल में डाल कर पकाना । जैसे, पापड़ तलना, घुघनी तलना ।

संयो० क्रि०—देना ।—लेना ।

विशेष–भावप्रकाश में 'घी में भुना हुआ' के अर्थ में 'तलित' शब्द आया है, पर वह संस्कृत नहीं जान पड़ता ।

तलप*–संज्ञा पुं० दे० "तल्प" ।

तलपट–वि [देश०] नाश । बरबाद । चौपट ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

तलफ़–वि० [अ०] नष्ट । बर्बाद ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

यौ०—मुहर्रिर तलफ़ ।

तलफना–क्रि० अ० [अनु०] (१) कष्ट या पीड़ा से अंग पटकना । छटपटाना । (२) व्याकुल होना । बेचैन होना । विकल होना ।

तलफ़ी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) ख़राबी । बरबादी । नाश । (२) हानि ।

यौ०—हक़ तलफ़ी = स्वत्व का मारा जाना ।

तलब–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) खोज । तलाश । (२) चाह । पाने की इच्छा । (३) आवश्यकता । माँग ।

मुहा०—तलब करना = माँगना । मँगाना ।

(४) बुलावा । बुलाहट ।

मुहा०—तलब करना = बुला भेजना । पास बुलाना ।

(५) तनख़ाह । वेतन ।

क्रि० प्र०—खाना ।—चुकाना ।—देना ।—पाना ।—मिलना ।

तलबगार–वि० [फ़ा०] चाहनेवाला । माँगनेवाला ।

तलबाना–संज्ञा पु० [फ़ा०] (१) वह ख़रचा जो गवाहों को तलब करने के लिये टिकट के रूप में अदालत में दाखिल किया जाता है । (२) वह ख़रचा जो मालगुजारी समय पर न जमा करने पर जमींदार से दंड के रूप में लिया जाता है ।

विशेष—चपरासियों को खाने पीने आदि के लिये जो भेंट या ख़रचा जमींदार देते हैं उसको भी तलबाना कहते हैं ।

तलबी–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) बुलाहट । (२) माँग ।

क्रि० प्र०—होना ।

तलबेली–संज्ञा स्त्री० [हिं० तलफना] किसी वस्तु के लिये आतुरता या बेचैनी । छटपटी । घोर उत्कंठा । उ०—कान्ह उठे अति प्रात ही तलबेली लागी । प्रिया प्रेम के रस भरे रति अंतर खागी ।—सूर ।

तलमल–संज्ञा पुं० [सं०] तलछट । तलौंछ । गाद ।

तलमलाना–क्रि० अ० [देश०] तड़फड़ाना । तलफना । बेचैन होना ।

क्रि० अ० दे० "तिलमिलाना" ।

तलमलाहट–संज्ञा स्त्री० [देश०] व्याकुलता । तलफने का भाव । बेचैनी ।

संज्ञा स्त्री० दे० "तिलमिलाहट" ।

तलव–संज्ञा पुं० [सं०] गानेवाला ।

तलवकार–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सामवेद की एक शाखा । (२) एक उपनिषद् का नाम ।

तलवा–संज्ञा पुं० [सं० तल] पैर के नीचे का भाग जो चलने या खड़े होने में जमीन पर पड़ता है । पैर के नीचे की ओर का वह भाग जो एड़ी और पंजों के बीच में होता है । पादतल ।

मुहा०—**तलवा खुजलाना** = तलवे में खुजली होना जिससे यात्रा का शकुन समझा जाता है । **तलवे चाटना** = बहुत खुशामद करना । अत्यंत सेवा शुश्रूषा में लगा रहना । **तलवे छलनी होना** = चलते चलते पैर घिस जाना । चलते चलते शिथिल हो जाना । बहुत दौड़ धूप की नौबत आना । **तलवे तले आँखें मलना** = दे० "तलवे से आँखें मलना" । **तलवों तले मेटना** = कुचल कर नष्ट करना । रौंद डालना । (स्त्रि०) । **तलवे धो धो कर पीना** = अत्यंत सेवा शुश्रूषा करना । अत्यंत श्रद्धा-भक्ति प्रकट करना । अत्यंत प्रेम प्रकट करना । **तलवा न टिकना** = पैर न टिकना । जमकर बैठा न रहा जाना । आसन न जमाना । एक जगह कुछ देर बैठे न रहा जाना । **तलवा न भरना** = दे० "तलवा न टिकना" । (स्त्रि०) । **तलवों से आँखें मलना** = (१) अत्यंत दीनता प्रकट करना । बहुत अधिक अधीनता दिखाना । (२) अत्यंत प्रेम प्रकट करना । (३) दे० "तलवे तले मेटना" । **तलवों से आग लगना** = क्रोध से शरीर भस्म होना । अत्यंत क्रोध चढ़ना । **तलवों से मलना** = पैर से कुचलना । रौंदना । कुचल कर नष्ट करना । **तलवों से लगना** = (१) क्रोध चढ़ना । (२) बुरा लगना । अत्यंत अप्रिय लगना । कुढन होना । चिढ़ होना । **तलवों से लगना, सिर में जाकर बुझना** = सिर से पैर तक क्रोध चढ़ना । क्रोध से शरीर भस्म होना । **तलवे सहलाना** = (१) अत्यंत सेवा-शुश्रूषा करना । (२) बहुत खुशामद करना ।

तलवार–संज्ञा स्त्री० [सं० तरवारि] लोहे का एक लंबा धारदार हथियार जिसके आघात से वस्तुएँ कट जाती हैं । खड्ग । असि । कृपाण ।

पर्या०—असि । विशसन । खड्ग । तीक्ष्णधर्म्मा । दुरासद । श्रीगर्भ । विजय । धर्मपाल । धर्ममाल । निस्त्रिंश । चंद्रहास । रिष्टि । करवाल । कौक्षेयक । कृपाण ।

क्रि० प्र०—चलना ।—चलाना ।—मारना ।—लगना ।—लगाना ।

मुहा०—**तलवार करना** = तलवार चलाना । तलवार का वार करना । **तलवार कसाना** = तलवार झुकाना । **तलवार का खेत** = लड़ाई का मैदान । युद्धक्षेत्र । **तलवार का घाट** = तलवार में वह स्थान जहाँ से उसका टेढ़ापन आरंभ होता है । **तलवार का छाला** = तलवार के फल में उभरा हुआ दाग । **तलवार का डोरा** = तलवार की धार जो पतले सूत की तरह दिखाई देती है । बाढ़ । **तलवार का पट्टा** = तलवार की चौड़ी धार । **तलवार का पानी** = तलवार की आभा या दमक । **तलवार का फल** = मूठ के अतिरिक्त तलवार का सारा भाग । **तलवार का बल** = तलवार का टेढ़ापन । **तलवार का मुँह** = तलवार की धार । **तलवार का हाथ** = (१) तलवार चलाने का ढंग । (२) तलवार का वार । खड्ग का आघात । **तलवार की आँच** = तलवार की चोट का सामना । **तलवार की मार** = तलवार का वह जोड़ जो दुधारे से कुछ दूर पर होता है । **तलवारों की छाँह में** = ऐसे स्थान में जहाँ अपने ऊपर चारो ओर तलवार ही तलवार दिखाई देती हो । रणक्षेत्र में । **तलवार खींचना** = म्यान से तलवार बाहर करना । **तलवार जड़ना** = तलवार मारना । तलवार से आघात करना । **तलवार तौलना** = तलवार को हाथ में लेकर अंदाजना जिसमें वार भरपूर बैठे । तलवार सँभालना । **तलवार पर हाथ रखना** = (१) तलवार निकालने के लिये तैयार होना । (२) तलवार की शपथ खाना । **तलवार बाँधना** = तलवार को कमर में लटकाना । तलवार साथ में रखना । **तलवार सौंतना** = तलवार म्यान से निकालना । वार करने के लिये तलवार खींचना ।

विशेष—तलवार का व्यवहार सब देशों में अत्यंत प्राचीन काल से होता आया है । धनुर्वेद आदि ग्रंथों को देखने से जाना जाता है कि भारतवर्ष में पहले बहुत अच्छी तलवारें बनती थीं जिनसे पत्थर तक कट सकता था । प्राचीन काल में खड्ग देश, अंग, वंग, मध्यग्राम, सहग्राम, कालंजर इत्यादि स्थान खड्ग के लिये प्रसिद्ध थे । ग्रंथों में लोहे की उपयुक्तता, खड्गों के विविध परिणाम तथा उनके बनाने का विधान भी दिया हुआ है । पानी देने के लिये लिखा है कि धार पर नमक या क्षार मिली गीली मिट्टी का लेप करके तलवार को आग में तपावे और फिर पानी में बुझा दे । उशना और शुक्राचार्य्य ने पानी के अतिरिक्त रक्त, घृत, ऊँट के दूध आदि में बुझाने का भी विधान बतलाया है । तलवार की झनकार (ध्वनि) तथा फल पर आपसे आप पड़े हुए चिह्नों के अनुसार तलवार के शुभ, अशुभ या अच्छे बुरे होने का निर्णय किया गया है । ऐसे निर्णय के लिये जो परीक्षा की जाती है उसे अष्टांग परीक्षा कहते हैं । तलवार चलाने के हाथ ३२ गिनाए

गए हैं जिनके नाम ये हैं—भ्रांत, उद्भ्रांत, आविद्ध, आप्लुत, विप्लुत, सृत, संभ्रांत, समुदीर्ण, निग्रह, प्रग्रह, पदावकर्षण, संधान, मस्तक-भ्रामण, भुज-भ्रामण, पाश, पाद, विबंध, भूमि, उद्भ्रमण, गति, प्रत्यागति, आक्षेप, पातन, उत्थानक-प्लुति, लघुता, सौष्टव, शोभा, स्थैर्य्य, दृढ़मुष्टिता, तिर्य्यक्-प्रचार और ऊर्द्ध्वप्रचार। इसी प्रकार पट्टिक, मौष्टिक, महिपाल आदि तलवार के १७ भेद भी बतलाए गए हैं। आज कल भी तलवारों के कई भेद होते हैं जैसे खाँड़ा, जो सीधा और छोर पर चौड़ा होता है; सैफ़ जो लंबी पतली और सीधी होती है, दुधारा, जिसके दोनों ओर धार होती है। इसके अतिरिक्त स्थानभेद से भी तलवारों के कई नाम हैं—जैसे, सिरोही, बँदरी, जुनूबी इत्यादि। एक प्रकार की बहुत पतली और लचीली तलवार ऊना कहलाती है जिसे राजा तकिये में रख सकते या कमर में लपेट सकते हैं। तलवार दुर्गा का प्रधान अस्त्र है इसीसे कभी कभी तलवार को दुर्गा भी कहते हैं।

तलहटी—संज्ञा स्त्री [सं० तल + घट्ट] पहाड़ के नीचे की भूमि। पहाड़ की तराई।

तलहा†—वि० [हिं० ताल] ताल संबंधी। ताल का या ताल में होनेवाला।

तला—संज्ञा पुं० [सं० तल] (१) किसी वस्तु के नीचे की सतह। पेंदा। (२) जूते के नीचे का चमड़ा जो जमीन पर रहता है।

तलाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० ताल] छोटा ताल। तलैया। बावली।

तलाउ†—संज्ञा पुं० दे० "तलाव"।

तलाक़—संज्ञा पुं० [अ०] पति पत्नी का विधानपूर्वक संबंध-त्याग।

क्रि० प्र०—देना।

तलाची—संज्ञा स्त्री० [सं०] चटाई।

तलातल—संज्ञा पुं० [सं०] सात पातालों में से एक पाताल का नाम।

तलाबेली—संज्ञा स्त्री० दे० "तलबेली"।

तलाव†—संज्ञा पुं० [सं० तल] ताल। वह लंबा चौड़ा गड्ढा जिसमें बरसात का पानी जमा रहता है। तालाब। पोखरा। उ०—सिमिटि सिमिटि जल भरइ तलावा। जिमि सद्गुण सज्जन पहँ आवा।—तुलसी।

† मुहा०—तलाव जाना = शौच जाना। पाखाने जाना।

तलाश—संज्ञा स्त्री० [तु०] (१) खोज। ढूँढ ढाँढ। अन्वेषण। अनुसंधान।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

(२) आवश्यकता। चाह।

क्रि० प्र०—होना।

तलाशना‡—क्रि० स० [फ़ा० तलाश] ढूँढ़ना। खोजना।

तलाशा—संज्ञा स्त्री० [स०] एक वृक्ष का नाम।

तलाशी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] गुम की हुई या छिपाई हुई वस्तु को पाने के लिये घर बार, चीज वस्तु आदि की देख भाल। जैसे, पुलिस ने जब घर की तलाशी ली तब बहुत सी चोरी की चीज़ें निकलीं।

मुहा०—तलाशी देना = गुम या छिपाई हुई वस्तु को निकालने के लिये संदेह करनेवाले को अपना घर बार, कपड़ा लत्ता आदि ढूँढ़ने देना। तलाशी लेना = गुम या छिपाई हुई वस्तु को निकालने के लिये ऐसे मनुष्य के घर बार आदि की देख-भाल करना जिस पर उस वस्तु को छिपाने या गुम करने का संदेह हो।

तलित—वि० [स० ?] तला हुआ। घी या चिकने के साथ भुना हुआ।

विशेष—यह शब्द संस्कृत नहीं जान पड़ता, केवल भावप्रकाश में भुने हुए मांस के लिये आया है।

तलिन—वि० [स०] (१) दुबला। क्षीण। दुर्बल। (२) विरला। छितराया हुआ। अलग अलग। (३) थोड़ा। कम। (४) साफ़। स्वच्छ। शुद्ध।

संज्ञा स्त्री० [सं०] शय्या। सेज। पलंग।

तलिम—संज्ञा पुं० [सं०] (१) छत। पाटन। (२) शय्या। पलंग। (३) खड्ग। (४) चँदवा।

तलिया—संज्ञा स्त्री० [सं० तल] समुद्र की थाह। (डिं०)

तली—संज्ञा स्त्री० [स० तल] (१) किसी वस्तु के नीचे की सतह। पेंदी। (२) तलछट। तलौंछ। † (३) पैर की एड़ी। † (४) विवाह में वरवधू के आसन के नीचे रखा हुआ रुपया पैसा।

तलुआ‡—संज्ञा पुं० दे० "तलवा"।

संज्ञा पुं० दे० "तालू"।

तलुन—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वायु। (२) युवा पुरुष।

तले—क्रि० वि० [सं० तल] नीचे। ऊपर का उलटा। जैसे, पेड़ के तले।

मुहा०—तले ऊपर = (१) एक के ऊपर दूसरा। जैसे, किताबों को तले ऊपर रख दो। (२) नीचे की वस्तु ऊपर और ऊपर की वस्तु नीचे। उलट पलट किया हुआ। गड्ड मड्ड। जैसे, सब कागज लगा कर रखे हुए थे तुमने तले ऊपर कर दिए। तले ऊपर के = आगे पीछे के। ऐसे दो जिनमें से एक दूसरे के उपरांत हुआ हो। जैसे, ये तले ऊपर के लड़के हैं इसी से लड़ा करते हैं। (स्त्रियों का विश्वास है कि ऐसे लड़कों में नहीं बनती)। तले ऊपर होना = (१) उलट पलट हो जाना। (२) संयोग में प्रवृत्त होना। जी तले ऊपर होना = (१) जी मचलाना। (२) जी ऊबना। चित्त घबराना। तले की साँस तले और ऊपर की साँस ऊपर रह जाना = (१) ठक

रह जाना। स्तब्ध रह जाना। कुछ कहते सुनते या करते धरते न बन पड़ना। (२) भौचक रह जाना। हक्का बक्का रह जाना। चकित रह जाना। **तले की दुनिया ऊपर होना** = (१) भारी उलट फेर हो जाना। (२) जो चाहे सो हो जाना। असंभव से असंभव बात हो जाना। जैसे, चाहे तले की दुनिया ऊपर हो जाय हम अब वहाँ न जायँगे। (मादा चौपाए के) **तले बच्चा होना** = साथ में थोड़े दिनों का बच्चा होना। जैसे, इस गाय के तले एक बछड़ा है।

तलेक्षण–संज्ञा पुं० [सं०] शूकर। सूअर।

तलेटी–संज्ञा स्त्री० [सं० तल] (१) पेंदी। (२) पहाड़ के नीचे की भूमि। तलहटी।

तलैचा–संज्ञा पुं० [हिं० तले] इमारत में मेहराब से ऊपर का और छत से नीचे का भाग।

तलैया–संज्ञा स्त्री० [हिं० ताल] छोटा ताल।

तलोदरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] स्त्री। भार्य्या।

तलोदा–संज्ञा स्त्री० [सं०] दरिया।

तलौंछ–संज्ञा स्त्री० [सं० तल = नीचे] तलछट। नीचे जमी हुई मैल आदि।

तल्क–संज्ञा पुं० [सं०] वन।

तल्ख–वि० [फ़ा०] (१) कड़ुवा। कटु। (२) बदमज़ा। बुरे स्वाद का।

तल्खी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] कड़ुवाहट। कड़ुवापन।

तल्प–संज्ञा पुं० [सं०] (१) शय्या। पलंग। सेज। (२) अट्टालिका। अटारी।

तल्पकीट–संज्ञा पुं० [सं०] मत्कुण। खटमल।

तल्पज–संज्ञा पुं० [सं०] क्षेत्रज पुत्र।

तल्ल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बिल। गड्ढा। (२) ताल। पोखरा।

तल्लड–संज्ञा पुं० [सं०] कुत्ता।

तल्ला–संज्ञा पुं० [सं० तल] (१) तले की परत। अस्तर। भितल्ला। (२) ढिग। पास। सामीप्य। उ०—तियन को तल्ला पिय, तियन पियल्ला त्यागे ढौंसत प्रबल्ला भल्ला धाए राजद्वार को।—रघुराज।

तल्लिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] ताली। कुंजी।

तल्ली–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) जूते का तला। (२) नीचे की तलछट जो नाँद में बैठ जाती है।

संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तरुणी। युवती। (२) नौका। नाव। (३) वरुण की पत्नी।

तल्लुआ–संज्ञा पुं० [देश०] गाढ़े के ऐसा एक कपड़ा। महमूदी। तुकरी। सलूम।

तल्लो†–संज्ञा पुं० [सं० तल] जाँते के नीचे का पाट।

तल्वकार–संज्ञा पुं० दे० "तलवकार"।

तव–सर्व० [सं०] तुम्हारा।

तवक्षीर–संज्ञा पुं० [सं० फ़ा० तबाशीर] तबाखीर। तीखुर।

तवक्षीरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] कनकचूर जिसकी जड़ से एक प्रकार का तीखुर बनता है। अबीर इसी तीखुर का बनता है।

तवज्जह–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) ध्यान। रुख।

क्रि० प्र०—करना।—देना।

(२) कृपादृष्टि।

तवना†*–क्रि० अ० [स० तपन] (१) तपना। गरम होना। (२) ताप से पीड़ित होना। दुःख से पीड़ित होना। उ०—(क) काल के प्रताप कासी तिहूँ ताप तई है। (ख) जबते न्हान गई तई ताप भई बेहाल। भली करी या नारि की नारी देखी लाल।—भू० सत०। (३) प्रताप फैलाना। तेज पसारना। उ०—छतर गगन लग ताकर सूर तवइ जस आप।—जायसी। (४) क्रोध से जलना। गुस्से से लाल होना। कुढ़ जाना। उ०—(क) भरत प्रसंग ज्यों कालिका लडू देखि तन में तई।—नाभादास। (ख) महादेव बैठे रहि गए। दच्छ देखि कै तेहि दुख तए।—सूर।

तवनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तवा] हलका तवा। छोटा तवा।

तवरक–संज्ञा पुं० [सं० तुवर] एक पेड़ जो समुद्र और नदियों के तट पर होता है। इसमें इमली के ऐसे फल लगते हैं जिन्हें खाने से चौपायों का दूध बढ़ता है।

तवराज–संज्ञा पुं० [स०] तुरंजबीन। यवास शर्करा।

तवा–संज्ञा पुं० [हिं० तपना = जलना] (१) लोहे का एक छिछला गोल बरतन जिस पर रोटी सेंकते हैं।

क्रि० प्र०—चढ़ाना।

मुहा०—**तवा सा मुँह** = कालिख लगे हुए तवे की तरह काला मुँह। **तवा सिर से बाँधना** = सिर पर प्रहार सहने के लिये तैयार होना। अपने को खूब दृढ़ और सुरक्षित करना। **तवे का हँसना** = तवे के नीचे जमे हुए कालिख का बहुत जलते जलते लाल हो जाना जिससे घर में विवाद होने का कुशकुन समझा जाता है। **तवे की बूँद** = (१) क्षणस्थायी। देर तक न टिकनेवाला। नश्वर। (२) जो कुछ भी न मालूम हो। जिससे कुछ भी तृप्ति न हो। जैसे, इतने से उसका क्या होता है, इसे तवे की बूँद समझो।

(२) मिट्टी या खपड़े का गोल टीकरा जिसे चिलम पर रख कर तमाखू पीते हैं। (३) एक प्रकार की लाल मिट्टी जो हींग में मेल देने के काम में आती है।

तवाखीर–संज्ञा पुं० [स० त्वक्क्षीर] बंशरोचन। बंसलोचन।

तवाज़ा–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) आदर। मान। आवभगत। (२) मेहमानदारी। दावत। ज़्याफ़त।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

तवाना–वि० [फ़ा०] बली। मोटा ताजा। मुस्टंडा।

क्रि० स० [हिं० ताना] (१) तप्त कराना । गरम कराना । †क्रि० स० [हिं० ताना] ढक्कन को चिपका कर बरतन का मुँह बंद कराना ।

तवायफ़–संज्ञा स्त्री० [अ०] वेश्या । रंडी । (यद्यपि यह शब्द बहु० है पर हिंदी में एक वचन बोला जाता है)

तवारा–संज्ञा पुं० [सं० ताप, हिं० ताव] जलन । दाह । ताप । उ०—तबते इन सबहिन सचु पायो । जबतें हरि संदेश तुम्हारो सुनत तवारो आयो ।—सूर ।

तवारीख़–संज्ञा स्त्री० [अ०] इतिहास ।

विशेष—यह 'तारीख़' शब्द का बहुवचन है ।

तवालत–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) लंबाई । दीर्घत्व । (२) आधिक्य । अधिकता । अधिकाई । ज्यादती । (३) बखेड़ा । तूल तवील । झंझट ।

तविष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) स्वर्ग । (२) समुद्र । (३) व्यवसाय । (४) शक्ति । (५) स्वर्ग ।

वि० (१) वृद्ध । महत् । (२) बलवान ।

तशख़ीस–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) ठहराव । निश्चय । (२) मर्ज की पहिचान । रोग का निदान ।

तशरीफ़–संज्ञा स्त्री० [अ०] बुजुर्गी । इ़ज्जत । महत्त्व । बड़प्पन ।

मुहा०—तशरीफ़ रखना = विराजना । बैठना । (आदर) । तशरीफ़ लाना = पदार्पण करना । पधारना । आना । (आदर) । तशरीफ़ ले जाना = प्रस्थान करना । चला जाना ।

तश्त–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) थाली के आकार का हलका छिछला बरतन । (२) परात । लगन । (३) तांबे का वह बड़ा बरतन जो पाखानों में रखा जाता है । गमला ।

तश्तरी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] थाली के आकार का बहुत छिछला हलका बरतन । रिकाबी ।

तष्ट–वि० [सं०] (१) छीला हुआ । (२) कुटा हुआ । दला हुआ । पीस कर दो दलों में किया हुआ । (३) पीटा हुआ ।

तष्टा–संज्ञा पुं० [सं०] (१) छीलनेवाला । (२) छील छाल कर गढ़नेवाला । (३) विश्वकर्मा । (४) एक आदित्य का नाम ।

संज्ञा पुं० [फ़ा० तश्त] तांबे की एक प्रकार की छोटी तश्तरी जिसका व्यवहार ठाकुर पूजन के समय मूर्त्तियों को नहलाने के लिये होता है ।

तस–वि० [सं० तादृश, प्रा० तारिस, पु० हिं० तइस] तैसा । वैसा । क्रि० वि० तैसा । वैसा । उ०—तस मति फिरी रही जस भावी ।—तुलसी ।

तसकीन–संज्ञा स्त्री० [अ०] तसल्ली । ढाढ़स । दिलासा ।

तसगर–संज्ञा पुं० [देश०] जुलाहों के ताने में नौलक्खी के पास की दो लकड़ियों में से एक ।

तसदीक़–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) सचाई । (२) सचाई की परीक्षा या निश्चय । समर्थन । प्रमाणों के द्वारा पुष्टि । (३) साक्ष्य । गवाही ।

क्रि० प्र०—करना । —होना ।

तसदीह*†–संज्ञा स्त्री० [अ० तस्दीअ] (१) दर्द सर । (२) तकलीफ़ । दुःख । क्लेश । उ०—नहिं चून घीव सबील ही तसदीह सब ही की सही ।—सूदन ।

तसद्दुक़–संज्ञा पु० [अ०] (१) निछावर । सदक़ा । (२) बलि-प्रदान । कुरबानी ।

तसनीफ़–संज्ञा स्त्री० [अ०] ग्रंथ की रचना ।

तसबीह–संज्ञा स्त्री० [अ०] सुमिरनी । माला । जपमाला । (मुसल०) । उ०—मन मनि के तँह तसबी फेरह । तब साहब के वह मन भेवह ।—दादू ।

मुहा०—तसबीह फेरना = ईश्वर का नाम स्मरण या उच्चारण करते हुए माला फेरना ।

तसमा–संज्ञा पुं० [फ़ा०] चमड़े की कुछ चौड़ी डोरी के आकार की लंबी धज्जी जो किसी वस्तु को बांधने या कसने के काम में आवे । चमड़े का चौड़ा फ़ीता ।

मुहा०—तसमा खींचना = एक विशेष रूप से गले में फंदा डाल कर मारना । गला घोटना । तसमा लगा न रखना = गरदन साफ़ उड़ा देना । साफ़ दो टुकड़े करना ।

तसर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) जुलाहों की ढरकी । (२) एक प्रकार का घटिया रेशम । दे० "टसर" ।

तसला–संज्ञा पु० [फ़ा० तश्त + ला (प्रत्य०)] कटोरे के आकार का पर उससे बड़ा गहरा बरतन जो लोहे, पीतल, तांबे आदि का बनता है ।

तसली–संज्ञा स्त्री० [हिं० तसला] छोटा तसला ।

तसलीम–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) सलाम । प्रणाम । (२) किसी बात को स्वीकृति । हामी । जैसे, ग़लती तसलीम करना ।

क्रि० प्र०—करना ।

तसल्ली–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) ढाढ़स । सांत्वना । आश्वासन । (२) व्यग्रता की निवृत्ति । व्याकुलता की शांति । धैर्य्य । धीरज ।

क्रि० प्र०—करना ।—देना ।—पाना ।—होना ।

मुहा०—तसल्ली दिलाना = तसल्ली देना । धैर्य्य धारण कराना ।

तसवीर–संज्ञा स्त्री० [अ०] चित्र । वस्तुओं की आकृति जो रंग आदि के द्वारा कागज पटरी आदि पर बनी हो ।

क्रि० प्र०—खींचना ।—बनाना ।—लिखना ।

मुहा०—तसवीर उतारना = चित्र बनाना । † तसवीर निकालना = चित्र बनाना ।

वि० चित्र सा सुंदर । मनोहर ।

तसी†–संज्ञा स्त्री० [देश०] तीन बार जोता हुआ खेत ।

तसू–संज्ञा पुं० [स० त्रि + शूक = जौ की तरह का एक कदान्न] लंबाई की एक माप। इमारती गज का २४ वाँ अंश जो १½ इंच के लगभग होता है।

तस्कर–संज्ञा पुं० [स०] (१) चोर। (२) श्रवण। कान। (३) मैनफल। मदन वृक्ष। (४) एक प्रकार के केतु जो लंबे और सफेद होते हैं। ये २१ हैं और बुध के पुत्र माने जाते हैं। (बृहत्संहिता)। (५) चोर नामक गंधद्रव्य।

तस्करता–संज्ञा स्त्री० [स०] चोरी। चोर का काम।

तस्करस्नायु–संज्ञा पु० [स०] काकनासा लता। कौंचाठोंठी।

तस्करी–संज्ञा स्त्री० [सं० तस्कर] (१) चोरी। चोर का काम। (२) चोर की स्त्री। (३) वह स्त्री जो चोर हो।

तस्थु–वि० [सं०] स्थावर। एक ही स्थान पर रहनेवाला। अचल।

तस्मात्–अव्य० [स०] इसलिये।

तस्य–सर्व [सं०] उसका।

तस्सू–संज्ञा पु० दे० 'तसू'।

तहँ–क्रि० वि० दे० "तहाँ"।

तहँवाँ†–क्रि० वि० दे० "तहाँ"।

तह–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) किसी वस्तु की मोटाई का फैलाव जो किसी दूसरी वस्तु के ऊपर हो। परत। जैसे, कपड़े की तह, मलाई की तह, मिट्टी की तह, चट्टान की तह। उ०—(क) इस पर अभी मिट्टी की कई तहें चढ़ेंगी। (ख) इस कपड़े को चार पाँच तहों में लपेट कर रख दो।

क्रि० प्र०—चढ़ना।—चढ़ाना।—जमना।—जमाना।—लगाना।

यौ०—तहदार = जिसमें कई परत हो।

मुहा०—तह करना = किसी फैली हुई (चद्दर आदि के आकार की) वस्तु के भागों को कई ओर से मोड़ और एक दूसरे के ऊपर फैला कर उस वस्तु को समेटना। चौपरत करना। तह कर रखो = लिए रहो। मत निकालो या दो। रहने दो। नहीं चाहिए। तह जमाना या बैठाना = (१) परत के ऊपर परत दबाना। (२) भोजन पर भोजन किए जाना। तह तोड़ना = (१) झगड़ा निबटाना। समाप्ति को पहुँचाना। कुछ बाकी न रखना। निबटाना। (२) कुएँ का सब पानी निकाल देना जिससे जमीन दिखाई देने लगे। (किसी चीज की) तह देना = (१) हलकी परत चढ़ाना। थोड़ी मोटाई में फैलाना या बिछाना। (२) हलका रंग चढ़ाना (३) अतर बनाने में जमीन देना। आधार देना। जैसे, चंदन की तह देना। तह मिलाना = जोड़ा लगाना। नर और मादा एक साथ करना। तह लगाना = चौपरत करके समेटना।

(२) किसी वस्तु के नीचे का विस्तार। तल। पेंदा। जैसे, इस शिकास में घुली हुई दवा तह में जाकर जम गई है।

मुहा०—तह का सच्चा = वह कबूतर जो बराबर अपने छत्ते पर चला आवे, अपना स्थान न भूले। तह की बात = छिपी हुई बात। गुप्त रहस्य। गहरी बात। (किसी बात की) तह को पहुँचना = दे० "तह तक पहुँचना"। (किसी बात की) तह तक पहुँचना = किसी बात के गुप्त अभिप्राय का पता पाना। यथार्थ रहस्य जान लेना। असली बात समझ जाना। (३) पानी के नीचे की जमीन। तल। थाह। (४) महीन-पटल। वरक। झिल्ली।

क्रि० प्र०—उचड़ना।

तहक़ीक–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) सत्य। यथार्थता। (२) सचाई की जाँच। यथार्थ बात का अन्वेषण। खोज। अनुसंधान। (२) जिज्ञासा। पूछ ताछ।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

तहक़ीकात–संज्ञा स्त्री० [अ० बहु० व०] किसी विषय या घटना की ठीक ठीक बातों की खोज। अनुसंधान। अन्वेषण। जाँच। जैसे, किसी मामले की तहक़ीकात, किसी इल्म की तहक़ीकात।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—तहक़ीकात आना = किसी घटना या मामले के संबंध में पुलिस के अफ़सर का पता लगाने के लिये आना।

तहखाना–संज्ञा पु० [फ़ा०] वह कोठरी या घर जो जमीन के नीचे बना हो। भुइँहरा। तलगृह।

विशेष—ऐसे घरों या कोठरियों में लोग धूप की गरमी से बचने के लिये जा रहते या धन रखते हैं।

तहज़ीब–संज्ञा स्त्री० [अ०] शिष्ट व्यवहार। शिष्टता। सभ्यता।

तहदरज़–वि० [फ़ा०] (कपड़ा आदि) जिसकी तह तक न खोली गई हो। बिलकुल नया। ज्यों का त्यों नया रखा हुआ।

तहनिशाँ–संज्ञा पुं० [फ़ा०] लोहे पर सोने चाँदी की पच्चीकारी।

तहपेच–संज्ञा पु० [फ़ा०] पगड़ी के नीचे का कपड़ा।

तहबाज़ारी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] भूरी। वह महसूल जो सट्टी में सौदा बेचनेवालों से ज़मींदार लेता है।

तहमत–संज्ञा पु० [फ़ा० तहबद या तहमद] लुंगी। अँचला। कमर में लपेटा हुआ कपड़ा या अँगोछा।

क्रि० प्र०—बाँधना।—लगाना।

तहरा†–संज्ञा पुं० दे० "ततहँड़ा"।

तहरी–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) पेठे की बरी और चावल की खिचड़ी। (२) मटर की खिचड़ी। (३) कालीन बुननेवालों की ठरकी।

तहरीर–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) लिखावट। लेख। (२) लेख-शैली। जैसे, उनकी तहरीर बड़ी जबरदस्त होती है। (३) लिखी हुई बात। लिखा हुआ मज़मून। (४) लिखा हुआ

प्रमाणपत्र। लेख-बद्ध प्रमाण। (५) लिखने की उजरत। लिखाई। लिखने का मिहनताना। जैसे, इसमें १) तहरीर लगेगी। (६) गेरू की कच्ची छपाई जो कपड़ों पर होती है। कट्टर की डटाई। (छीपी)

तहरीरी–वि० [फ़ा०] लिखा हुआ। लिखित। लेखबद्ध। जैसे, तहरीरी सबूत।

तहलका–संज्ञा पुं० [अ०] (१) मौत। मृत्यु। (२) बरबादी। नाश। (३) खलबली। धूम। हलचल। विप्लव।

क्रि० प्र०—पड़ना।—मचना।

तहवील–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) सपुर्दगी। (२) अमानत। धरोहर। (३) खजाना। जमा। किसी मद की आमदनी का रुपया जो किसी के पास जमा हो।

तहवीलदार–संज्ञा पुं० [अ० तहवील + फ़ा० दार] ख़ज़ानची। वह आदमी जिसके पास किसी मद की आमदनी का रुपया जमा होता हो।

तहस नहस–वि० [देश०] विनष्ट। बरबाद। नष्ट भ्रष्ट। ध्वस्त।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

तहसील–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) बहुत से आदमियों से रुपया पैसा वसूल करके इकट्ठा करने की क्रिया। वसूली। उगाही। जैसे, पोत तहसील करना।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

(२) वह आमदनी जो लगान वसूल करने से इकट्ठी हो। जमीन की सालाना आमदनी। जैसे, इनकी पचास हजार की तहसील है। (३) वह दफ्तर या कचहरी जहाँ जमींदार सरकारी मालगुजारी जमा करते हैं। तहसीलदार की कचहरी। माल की छोटी कचहरी।

तहसीलदार–संज्ञा पु० [अ० तहसील + फ़ा० दार] (१) कर वसूल करनेवाला। (२) वह अफसर जो जमींदारों से सरकारी मालगुजारी वसूल करता है और माल के छोटे मुकदमों का फैसला करता है।

तहसीलदारी–संज्ञा पुं० [अ० तहसील + फ़ा० दार + ई] (१) कर या महसूल वसूल करने का काम। मालगुजारी वसूल करने का काम। तहसीलदार का काम। (२) तहसीलदार का पद।

क्रि० प्र०—करना।

तहसीलना–क्रि० स० [अ० तहसील] उगाहना। वसूल करना (कर, लगान, मालगुजारी, चंदा आदि)।

तहाँ–क्रि० वि० [सं० तत + सं० स्थान, प्रा० थाण, थान,] वहाँ। उस स्थान पर। उ०—तहाँ जाइ देखी बन सोभा। —तुलसी।

विशेष—लेख में अब इसका प्रयोग उठ गया है केवल "जहाँ का तहाँ" ऐसे दो एक वाक्यों में रह गया है।

तहाना–क्रि० स० [हिं० तह] तह करना। धरी करना। लपेटना।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।

तहियाँ †–क्रि० –वि० [सं० तदाहि] तब। उस समय। उ०—कह कबीर कछु अछिजो न जहियाँ। हरि बिरवा प्रतिपालेसि तहियाँ।—कबीर।

तहियाना †–क्रि० स० [फ़ा० तह] तह लगा कर लपेटना।

तहीं †–क्रि० वि० [हिं० तहाँ] वहीं। उसी जगह। उसी स्थान पर।

तहोबाला–वि० [फ़ा०] नीचे ऊपर। ऊपर का नीचे, नीचे का ऊपर। उलट पलट। क्रम-भंग।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

ता–प्रत्य० [सं०] एक भाववाचक प्रत्य० जो विशेषण और संज्ञा शब्दों के आगे लगता है जैसे, उत्तम, उत्तमता; शत्रु, शत्रुता। मनुष्य, मनुष्यता।

अव्य० [फ़ा०] तक। पर्य्यंत। उ०—केस मेघावरि सिर ता पाई। चमकहिं दसन बीजु की नाईं।—जायसी।

* † सर्व [सं० तद्] उस।

विशेष—इस रूप में यह शब्द विभक्ति के साथ ही आता है। जैसे, ताकों, तासों, तापै इत्यादि।

* †–वि० उस। उ०—तब शिव उमा गए ता ठौर।—सूर।

विशेष—इसका प्रयोग विभक्ति युक्त विशेष्य के साथ ही होता है।

ताईं–क्रि० वि० दे० "ताईं"।

ताँगा–संज्ञा पुं० दे० "टाँगा"।

तांडव–संज्ञा पुं० [सं०] (१) पुरुषों का नृत्य।

विशेष—पुरुषों के नृत्य को तांडव और स्त्रियों के नृत्य को लास्य कहते हैं। तांडव नृत्य शिव को अत्यंत प्रिय है। इसी से कोई कोई तंडु अर्थात् नंदी को इस नृत्य का प्रवर्त्तक मानते हैं। किसी किसी के अनुसार तांडव नामक ऋषि ने पहले पहल इसकी शिक्षा दी इसी से इसका नाम तांडव हुआ। (२) उद्धत नृत्य। वह नाच जिसमें बहुत उछल कूद हो। (३) शिव का नृत्य। (४) एक तृण का नाम।

तांडवी–संज्ञा पुं० [सं०] संगीत के चौदह तालों में से एक।

तांडि–संज्ञा पुं० [सं०] (तंडि मुनि का निकाला हुआ) नृत्य-शास्त्र।

तांडी–संज्ञा पुं० [सं० तांडिन्] (१) सामवेद की तांड्य शाखा का अध्ययन करनेवाला। (२) यजुर्वेद का एक कल्पसूत्रकार।

तांड्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तंडि मुनि के वंशज। (२) सामवेद के एक ब्राह्मण का नाम।

तांत–वि० [सं०] (१) श्रांत। थका हुआ। (२) जिसके अंत में तू हो।

तांत–संज्ञा स्त्री० [सं० तंतु] (१) भेड़ बकरी की अँतड़ी, या चौपायों के पट्ठों को बट कर बनाया हुआ सूत। चमड़े या नसों की

बनी हुई डोरी। (इससे धनुष की डोरी, सारंगी आदि के तार बनाए जाते हैं।

मुहा०—तांत सा = बहुत दुबला पतला।

(२) धनुष की डोरी। कमान की डोरी। (३) डोरी। सूत। (४) सारंगी आदि का तार। जैसे, तांत बाजी राग बूझा। उ०—(क) सो मैं कुमति कहउँ केहि भाँती। बाज सुराग कि गाँडर तांती।—तुलसी। (ख) सेइ साधु गुरु मुनि पुरान श्रुति बूझ्यो राग बाजी तांति।—तुलसी। (५) जुलाहों का राछ।

तांतड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० तांत का अल्प०] तांत।

मुहा०—तांतड़ी सा = तांत की तरह दुबला पतला।

तांतव—वि० [सं०] जिसमें तंतु या तार हो। जिस में से तार निकल सके।

तांतघा—संज्ञा पुं० [हिं० आँत] आँत उतरने का रोग।

तांता—संज्ञा पुं० [सं० तति = श्रेणी] श्रेणी। पंक्ति। क़तार।

मुहा०—तांता बाँधना = पंक्ति में खड़ा होना। तांता लगना = तार न टूटना। एक पर एक बराबर चला चलना।

तांति—सज्ञा स्त्री० दे "तांत"।

तांतिया—वि० [हिं० तांत] तांत की तरह दुबला पतला।

तांती—संज्ञा स्त्री० [हिं० तांता] (१) पंक्ति। क़तार। (२) बाल बच्चे। औलाद।

सज्ञा पुं० जुलाहा। कपड़ा बुननेवाला।

तांत्रिक—वि० [स०] [स्त्री० तांत्रिकी] तंत्र संबंधी।

सज्ञा पुं० (१) तंत्र शास्त्र का जाननेवाला। यंत्र मंत्र आदि करनेवाला। मारण, मोहन, उच्चाटन आदि के प्रयोग करनेवाला। (२) एक प्रकार का सन्निपात।

तांबा—सज्ञा पुं० [स० ताम्र] लाल रंग की एक धातु जो खानों में गंधक, लोहे, तथा और द्रव्यों के साथ मिली हुई मिलती है। यह पीटने से बढ़ सकती है और इसका तार भी खींचा जा सकता है। ताप और विद्युत् के प्रवाह का संचार तांबे पर बहुत अधिक होता है इससे उसके तारों का व्यवहार टेलिग्राफ़ आदि में होता है। तांबे में और दूसरी धातुओं को निर्दिष्ट मात्रा में मिलाने से कई प्रकार की मिश्रित धातुएँ बनती हैं, जैसे, रांगा मिलाने से कांसा, जिस्ता मिलाने से पीतल। कई प्रकार के विलायती सोने भी तांबे से बनते हैं। खूब ठंढी जगह में तांबा और जस्ता बराबर बराबर लेकर गला डाले। फिर गली हुई धातु को खूब घोंटे और थोड़ा सा जस्ता और मिला दे। घोंटते घोंटते कुछ देर में उस धातु का रंग सफेद निकलेगा फिर थोड़ी देर में सोने की तरह पीला हो जायगा। तांबे की खानें संसार में बहुत स्थानों में हैं जिनमें भिन्न भिन्न यौगिक द्रव्यों के अनुसार भिन्न भिन्न प्रकार का तांबा निकलता है। कहीं धूमले रंग का, कहीं बैंगनी रंग का, कहीं पीले रंग का। भारतवर्ष में सिंहभूमि, हजारीबाग, जयपुर, अजमेर, कच्छ, नागपुर, नेल्लोर इत्यादि अनेक स्थानों में तांबा निकलता है। जापान से बहुत अच्छे तांबे के पत्तर बाहर जाते हैं।

हिंदुओं के यहाँ तांबा एक बहुत पवित्र धातु माना जाता है, अतः उसके अरघे, पंचपात्र, कलश, झारी आदि पूजा के बरतन बहुत बनते हैं। डाक्टरी, हकीमी और वैद्यक तीनों मत की चिकित्साओं में तांबे का व्यवहार अनेक रूपों में होता है। आयुर्वेद में तांबा शोधने की विधि इस प्रकार है। तांबे का बहुत पतला पत्तर कर के आग में तपा कर लाल कर डाले फिर उसे क्रमशः तेल, मट्ठे, काँजी, गोमूत्र और कुलथी की पीठी में तीन तीन बार बुझावे। बिना शोधा हुआ तांबा विष से अधिक हानिकारक होता है।

पर्य्या०—ताम्रक। शुल्व। म्लेच्छमुख। द्वयष्ट। वरिष्ट। उदुंबर। द्विष्ट। अंबक। तपनेष्ट। अरविंद। रविलौह। रविप्रिय। रक्त। नैपालिक। मुनिपित्तल। अर्क। लोहितायस।

संज्ञा पुं० [अ० तअमः] मांस का वह टुकड़ा जो बाज़ आदि शिकारी पक्षियों के आगे खाने के लिये डाला जाता है।

तांबिया—संज्ञा स्त्री० दे० "तांबी"।

तांबी—संज्ञा स्त्री० [हिं० तांबा] (१) चौड़े मुँह का तांबे का एक छोटा बरतन। (२) तांबे की करछी।

तांबूल—संज्ञा पुं० [स०] (१) पान। नागवल्ली दल। (२) पान का बीड़ा। (३) किसी प्रकार का सुगंधित द्रव्य जो भोजनोत्तर खाया जाय। (जैन)। (४) सुपारी।

तांबूलकरंक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) पान रखने का बरतन। बट्टा। बिलहरा। (२) पान के बीड़े रखने का डिब्बा। पनडिब्बा।

तांबूलनियम—सज्ञा पु० [स०] पान, सुपारी, लवंग इलायची आदि खाने का नियम। (जैन)

तांबूलपत्र—सज्ञा पु० [स०] (१) पान का पत्ता। (२) पिंडालू। अरुआ नाम की लता जिसके पत्ते पान के ऐसे होते हैं।

तांबूलबीटिका—संज्ञा स्त्री० [स०] पान का बीड़ा। बीड़ी।

तांबूलराग—संज्ञा पुं० [सं०] (१) पान की पीक। (२) मसूर।

तांबूलवल्ली—संज्ञा स्त्री० [सं०] पान की बेल। नागवल्ली।

तांबूलवाहक—संज्ञा पु० [स०] पान खिलानेवाला सेवक। पान का बीड़ा लेकर साथ चलनेवाला नौकर।

तांबूलिक—संज्ञा पुं० [सं०] पान बेचनेवाला। तमोली।

तांबूली—संज्ञा पुं० [स० तांबूलिन्] पान बेचनेवाला। तमोली।

ताँबेकारी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का लाल रंग।

तांबेल—संज्ञा पु० [?] कछुवा। कच्छप।

तांवर—सज्ञा स्त्री० [सं० ताप, हिं० ताव] (१) ताप। ज्वर। हरारत। (२) जूड़ी। (३) मूर्च्छा। पछाड़। घुमटा।

क्रि० प्र०—आना।

तांवरी–संज्ञा स्त्री० दे० "तांवर"।

तांवरो†–संज्ञा पुं० [सं० ताप, हिं० ताव] (१) ताप। ज्वर। हरारत। (२) जूड़ी। जाड़ा देकर आनेवाला बुखार। (३) मूर्च्छा। पछाड़। घुमटा। चक्कर।

क्रि० प्र०—आना।

तांसना†–क्रि० स० [सं० त्रास] (१) डाँटना। त्रास देना। धमकाना। आँख दिखाना। (२) कुव्यवहार करना। सताना। जैसे, सास का बहू को तांसना।

तईं–अव्य० [सं० तावत् या फ़ा० ता] (१) तक। पर्य्यंत। (२) पास। तक। समीप। निकट। (३) (किसी के) प्रति। समक्ष। लक्ष्य करके। जैसे, किसी के तईं कुछ कहना। उ०—कह गिरिधर कविराय बात चतुरन के तईं। इन तेरह तें तरह दिए बनि आवै साईं।—गिरिधर। (४) विषय में। संबंध में। लिये। वास्ते। निमित्त। उ०—दीन्ह रूप औ जोति गोसाईं। कीन्ह खंभ दुहुँ जग के ताईं। —जायसी।

मुहा०—अपने तईं = अपने को।

विशेष—दे० "तईं"।

ताई–संज्ञा स्त्री० [सं० ताप, हिं० ताव + ई (प्रत्य०)] (१) ताप। हरारत। हलका ज्वर। (२) जूड़ी। जाड़ा देकर आनेवाला बुखार।

क्रि० प्र०—आना।

(३) एक प्रकार की छिछली कड़ाही जिसमें मालपूआ, जलेबी आदि बनाते हैं।

संज्ञा स्त्री० [हिं० ताऊ] जेठी चाची। बाप के बड़े भाई की स्त्री।

ताईत ‡–संज्ञा पुं० [फ़ा० तावीज] तावीज़। जंतर। यंत्र।

ताईद–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) पक्षपात। तरफदारी। (२) अनुमोदन। समर्थन। पुष्टि।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

† संज्ञा पुं० (१) सहायक कर्मचारी। नायब। (२) किसी कर्मचारी के साथ काम सीखने के लिये उम्मेदवार की तरह पर काम करनेवाला व्यक्ति।

ताउ ‡–संज्ञा पुं० दे० "ताव"।

ताऊ–संज्ञा पुं० [सं० तात] बाप का बड़ा भाई। बड़ा चाचा। ताया।

मुहा०—बछिया के ताऊ = बैल। मूर्ख। जड़।

ताऊन–संज्ञा पुं० [अ०] एक संक्रामक रोग जिसमें गिलटी निकलती और बुखार आता है।

ताऊस–संज्ञा पुं० [अ०] (१) मोर। मयूर।

यौ०—तख़्त ताऊस = शाहजहाँ के बहुमूल्य रत्नजटित राजसिंहासन का नाम जो कई करोड़ की लागत में मोर के आकार का बनाया गया था।

(२) सारंगी और सितार से मिलता जुलता एक बाजा जिस पर मोर का आकार बना होता है। इसमें सितार के से तरब और परदे होते हैं और यह सारंगी की कमानी से रेत कर बजाया जाता है।

ताऊसी–वि० [अ०] (१) मोर का सा। मोर के रंग का। (२) गहरा ऊदा। गहरा बैंगनी।

ताक–संज्ञा स्त्री० [हिं० ताकना] (१) ताकने की क्रिया। अवलोकन।

यौ०—ताक झांक।

मुहा०—ताक रखना = निगाह रखना। निरीक्षण करते रहना। (२) स्थिर दृष्टि। टकटकी।

मुहा०—ताक बाँधना = दृष्टि स्थिर करना। टकटकी लगाना। (३) किसी अवसर की प्रतीक्षा। मौका देखते रहने का काम। घात। जैसे, बंदर आम लेने की ताक में बैठा है।

मुहा०—ताक में रहना = उपयुक्त अवसर की प्रतीक्षा करते रहना। मौका देखते रहना। ताक रखना = घात में रहना। मौका देखते रहना। ताक लगाना = घात लगाना। मौका देखते रहना।

(४) खोज। तलाश। फ़िराक़। जैसे, (क) किस ताक में बैठे हो? (ख) उसी की ताक में जाते हैं।

ताक़–संज्ञा पुं० [अ०] दीवार में बना हुआ गड्ढा या खाली स्थान जो चीज़ वस्तु रखने के लिये होता है। आला। ताखा।

मुहा०—ताक पर धरना या रखना = पड़ा रहने देना। काम में न लाना। उपयोग न करना। जैसे, (क) किताब ताक पर रख दी और खेलने के लिये निकल गया। (ख) तुम अपनी किताब ताक पर रखो, मुझे उसकी जरूरत नहीं। ताक पर रहना या होना = पड़ा रहना। काम में न आना। अलग पड़ा रहना। व्यर्थ जाना। जैसे, यह दस्तावेज़ ताक पर रह जायगी और उसकी डिगरी हो जायगी। ताक भरना = किसी देवस्थान पर मनौती की पूजा चढ़ाना। (मुसल०)

वि० (१) जो संख्या में सम न हो। विषम। जो बिना खंडित हुए दो बराबर भागों में न बँट सके। जैसे, एक, तीन, पाँच, सात, नौ, ग्यारह इत्यादि।

यौ०—जुफ़्तताक या जूत ताक।

(२) अद्वितीय। जिसके जोड़ का दूसरा न हो। एकता। अनुपम। जैसे, किसी फ़न में ताक होना।

ताकजुफ़–संज्ञा पुं० [फ़ा०] एक प्रकार का जूआ जिसमें मुट्ठी के भीतर कुछ कौड़ियाँ या और वस्तुएँ लेकर बुझाते हैं

कि वस्तुओं की संख्या सम है या विषम। यदि बूझनेवाला ठीक बतला देता है तो वह जीत जाता है।

ताक झाँक—संज्ञा स्त्री० [हिं० ताकना + झाँकना] (१) रह रह कर बारबार देखने की क्रिया। कुछ प्रयत्न-पूर्वक दृष्टिपात। जैसे, क्या ताक झाँक लगाए हो, अभी वे यहाँ नहीं आए हैं। (२) छिपकर देखने की क्रिया। (३) निरीक्षण। देखभाल। निगरानी। (४) अन्वेषण। खोज।

ताक़त—संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) जोर। बल। शक्ति। (२) सामर्थ्य। जैसे, किसी की क्या ताकत जो तुम्हारे सामने आवे।

ताक़तवर—वि० [फा०] (१) बलवान। बलिष्ट। (२) शक्तिमान्। सामर्थ्यवान्।

ताकना—क्रि० स० [सं० तर्कण = विचारना] (१) सोचना। विचारना। चाहना। उ०—जो राउर अति अनभल ताका। सो पाइहि यह फल परिपाका।—तुलसी। (२) अवलोकन करना। दृष्टि जमा कर देखना। टकटकी लगाना। (३) ताड़ना। समझ जाना। लखना। (४) पहले से देख रखना। (किसी वस्तु को किसी कार्य्य के लिये) देख कर स्थिर करना। तजवीज करना। जैसे, (क) यह जगह मैंने पहले से तुम्हारे लिये ताक रखी है, यहीं बैठो। (ख) कोई अच्छा आदमी ताक कर यहाँ लाओ। (५) दृष्टि रखना। रखवाली करना। जैसे, मैं अपना असबाब यहीं छोड़े जाता हूँ, जरा ताकते रहना।

ताकरी—संज्ञा स्त्री० [सं० टक्क = एक देश या एक जाति] एक लिपि का नाम जो नागरी से मिलती जुलती होती है। अटक के उस पार से लेकर सतलज और जमुना नदी के किनारे तक यह लिपि प्रचलित है। काश्मीर और कांगड़े के ब्राह्मणों में इसका प्रचार अब तक है। इसके अक्षरों को लुंडे या मुंडे भी कहते हैं।

ताकि—अव्य० [फा०] जिसमें। इसलिये कि। जिससे। जैसे, मैं यहाँ से हट जाता हूँ ताकि वह मुझे देखने न पावे।

ताकीद—संज्ञा स्त्री० [अ०] जोर के साथ किसी बात की आज्ञा या अनुरोध। किसी को सावधान करके दी हुई आज्ञा। खूब चेता कर कही हुई बात। ऐसा अनुरोध या आदेश जिसके पालन के लिये बारबार कहा गया हो। जैसे, मुहर्रिरों से ताकीद कर दो कि कल ठीक समय पर आवें।

क्रि० प्र०—करना।

ताकोली—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक पौधे का नाम।

ताक्ष †—संज्ञा पुं० दे० "ताक"।

ताखड़ा †—वि० दे० "तगड़ा"।

ताखड़ी †—संज्ञा स्त्री० [सं० त्रि + हिं० कड़ी] तराजू। काँटा।

ताखी—वि० [अ० ताक्] जिसकी दोनों आँखें एक तरह की न हों। जिसकी एक आँख एक रंग या ढंग की हो और दूसरी आँख दूसरे रंग या ढंग की हो। (घोड़ों, बैलों आदि के लिये। ऐसे जानवर ऐबी समझे जाते हैं)।

विशेष—यह शब्द 'ताक' से बना है जिसका अर्थ है एक या बिना जोड़े का।

ताग—संज्ञा पुं० दे० "तागा"।

तागड़—संज्ञा स्त्री० [देश०] जहाज़ों पर चढ़ने की तख्तों की बनी हुई एक प्रकार की सीढ़ी जो पानी से लेकर जहाज के ऊपर तक चली जाती है।

तागड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ताग + कड़ी] (१) तागे में पिरोए हुए सोने चाँदी के घुँघुरुओं का बना हुआ कमर में पहनने का एक गहना। करधनी। कांची। किंकिणी। क्षुद्रघंटिका। (तागड़ी सीकड़ या जंजीर के आकार की भी बनती है)। (२) कमर में पहनने का रंगीन डोरा। कटिसूत्र। करगता।

तागना—क्रि० स० [हिं० तागा + ना (प्रत्य०)] सुई से तागा डाल कर फँसाना। स्थान स्थान पर डोभ या लंगर डालना। दूर दूर की मोटी सिलाई करना। जैसे, दुलाई या रजाई तागना।

तागपहनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० तागा + पहनाना] एक पतली लकड़ी जिसका एक सिरा नोकदार और दूसरा चिपटा होता है। चिपटा सिरा बीच से फटा रहता है जिसमें तागा रख कर बय में पहनाया जाता है। (जुलाहे)

ताग पाट—संज्ञा पुं० [हिं० तागा + पाट = रेशम] एक गहना जो रेशम के तागे में सोने के तीन ठासे या जंतर डाल कर बनाया जाता है। यह विवाह में काम आता है।

मुहा०—ताग पाट डालना = विवाह की रीति के अनुसार गणेश पूजन आदि के पीछे वर के बड़े भाई (दुलहिन के जेठ) का वधू को ताग पाट पहनाना।

तागा—संज्ञा पुं० [सं० तार्कव, प्रा० ताग्गो, हिं० तागो] (१) रुई, रेशम आदि का वह अंश जो तकले आदि पर बटने से लंबी रेखा के रूप में निकलता है। सूत। डोरा। धागा।

क्रि० प्र०—डालना।—पिरोना।

मुहा०—तागा डालना = तागना। सिलाई के द्वारा तागा फँसाना। दूर दूर पर सिलाई करना।

(२) वह कर या महसूल जो प्रति मनुष्य के हिसाब से लगे। (मनुष्य करधनी, जनेऊ आदि पहनते हैं इसी से यह अर्थ लिया गया है)

ताज—संज्ञा पुं० [अ०] (१) बादशाह की टोपी। राजमुकुट।

यौ०—ताजपोशी।

(२) कलगी। तुर्रा। (३) मोर, मुर्गे आदि पक्षियों के सिर पर की चोटी। शिखा। (४) दीवार की कँगनी या छज्जा। (५) वह बुर्जी जिसे मकान के सिरे पर शोभा के लिये बना

देते हैं। (६) गंजीफ़े के एक रंग का नाम। (७) आगरे का ताजमहल।

ताजक—संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) एक ईरानी जाति जो तुर्किस्तान के बुख़ारा प्रदेश से लेकर बदख़शाँ, काबुल, बिलूचिस्तान, फ़ारस आदि तक पाई जाती है। बुख़ारा में यह जाति सर्त, अफगानिस्तान में देहान और बिलूचिस्तान में देहवार कहलाती है। फ़ारस में ताजक एक साधारण शब्द प्रामीण के लिये हो गया है। (२) ज्योतिष का एक ग्रंथ जो यवनाचार्य्य कृत प्रसिद्ध है। यह पहले अरबी और फ़ारसी में था, राजा समरसिंह, नीलकंठ आदि ने इसे संस्कृत में किया। इसमें बारह राशियों के अनेक विभाग करके फलाफल निश्चित करने की रीतियाँ बतलाई गई हैं। जैसे, मेष, सिंह और धनु का पित्त स्वभाव और क्षत्रिय वर्ण; मकर, वृष और कन्या का वायु स्वभाव और वैश्य वर्ण; मिथुन, तुला और कुंभ का सम स्वभाव और शूद्र वर्ण, कर्कट, वृश्चिक और मीन का कफ स्वाभाव और ब्राह्मण वर्ण। इस ग्रंथ में जो संज्ञाएँ आई हैं वे अधिकांश अरबी और फ़ारसी की हैं जैसे, इक्बाल योग, इंतिहा योग, इत्थशाल योग, इशराक योग, गैरकबूल योग इत्यादि।

ताज़गी—संज्ञा स्त्री० [फ़०] (१) हरापन। शुष्कता या कुम्हलाहट का अभाव। ताज़ापन। (२) प्रफुल्लता। स्वस्थता। शिथिलता या श्रांति का अभाव। (३) सद्यः प्रस्तुत होने का भाव। नयापन।

ताजदार—वि० [फ़ा०] ताज के ढंग का।

संज्ञा पुं० ताज पहननेवाला बादशाह।

ताजन—संज्ञा पुं० [फ़ा० ताजियाना] कोड़ा। चाबुक।

ताजना—संज्ञा पुं० दे० "ताजन"।

ताजपोशी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] राजमुकुट धारण करने या राजसिंहासन पर बैठने की रीति या उत्सव।

ताजबीबी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० ताज + बीबी] शाहजहाँ की अत्यंत प्रिय और प्रसिद्ध बेगम मुमताज़ महल जिसके लिये आगरे में ताजमहल नाम का मक़बरा बनाया गया।

ताजमहल—संज्ञा पुं० [अ०] आगरे का प्रसिद्ध मक़बरा जिसे शाहजहाँ बादशाह ने अपनी प्रिय बेगम मुमताज़ महल के लिये बनवाया था। ऐसा कहा जाता है कि बेगम ने एक रात को स्वप्न देखा कि उसका गर्भस्थ शिशु इस प्रकार रो रहा है जैसा कभी सुना नहीं गया था। बेगम ने बादशाह से कहा—"मेरा अंतिम काल निकट आन पड़ता है। आपसे मेरी प्रार्थना है कि आप मेरे मरने पर किसी दूसरी बेगम के साथ निकाह न करें, मेरे लड़के को ही राजसिंहासन का अधिकारी बनावें और मेरा मक़बरा ऐसा बनवावें जैसा कहीं भूमंडल पर न हो"। प्रसव के थोड़े दिन पीछे ही बेगम का शरीर छूट गया। बादशाह ने बेगम की अंतिम प्रार्थना के अनुसार जमुना के किनारे यह विशाल और अनुपम भवन निर्मित कराया जिसके जोड़ की इमारत संसार में कहीं नहीं है। यह मक़बरा बिल्कुल संगमर्मर का है जिसमें नाना प्रकार के बहुमूल्य रंगीन पत्थरों के टुकड़े जड़ कर बेल बूटों का ऐसा सुंदर काम बना है कि चित्र का धोखा होता है। रंग बिरंग के फूल पत्ते पच्चीकारी के द्वारा खचित हैं। पत्तियों की नसें तक दिखाई गई हैं। इस मक़बरे को बनाने में ३० वर्ष तक हजारों मज़दूर और देशी विदेशी कारीगर लगे रहे। मसाला, मजदूरी आदि आजकल की अपेक्षा कई गुनी सस्ती होने पर भी इस इमारत में उस समय ३१७३८०२४ रुपए लगे। टवर्नियर नामक यूरोपियन यात्री उस समय भारतवर्ष ही में था जब कि यह इमारत बन रही थी। इस अनुपम भवन को देखते ही मनुष्य मुग्ध हो जाता है। ठगों को दमन करनेवाले प्रसिद्ध कर्नल स्लीमन जब ताजमहल को देखने सलीक गए तब उनकी स्त्री के मुँह से यही निकला कि "यदि मेरे ऊपर भी ऐसा ही मक़बरा बने तो मैं आज मरने के लिये तैयार हूँ"।

ताज़ा—वि० [फ़ा०] [स्त्री० ताज़ी] (१) जो सूखा या कुम्हलाया न हो। हरा भरा। जैसे, ताज़ा फूल, ताज़ी पत्ती, ताज़ी गोभी। (२) (फल आदि) जो डाल से टूट कर तुरंत आया हो। जिसे पेड़ से अलग हुए बहुत देर न हुई हो। जैसे, ताज़े आम, ताज़े अमरूद, ताज़ी फलियाँ। (३) जो श्रांत या शिथिल न हो। जो थका माँदा न हो। जिसमें फुरती और उत्साह बना हो। स्वस्थ। प्रफुल्लित। जैसे, (क) थोड़ा जलपान कर लो तो ताज़े हो जाओ। (ख) शरबत पी लेने से तबीयत ताज़ी हो गई।

यौ०—मोटा ताज़ा = हृष्ट पुष्ट।

(४) तुरंत का बना। सद्यः प्रस्तुत। जैसे, ताज़ी पूरी, ताज़ी जलेबी, ताज़ी दवा, ताज़ा खाना।

मुहा०—हुक्का ताज़ा करना = हुक्के का पानी बदलना।

(५) जो व्यवहार के लिये अभी निकाला गया हो। जैसे, ताज़ा पानी, ताज़ा दूध। (६) जो बहुत दिनों का न हो। नया। जैसे, ताज़ा माल।

मुहा०—(किसी बात को) ताज़ा करना = (१) नए सिर से उठाना। फिर छेड़ना या चलाना। फिर से उपस्थित करना। जैसे, दबा दबाया झगड़ा क्यों ताज़ा करते हो? (२) स्मरण दिलाना। याद दिलाना। फिर चित्त में लाना। जैसे, ग़म ताज़ा करना। (किसी बात का) ताज़ा होना = (१) नए सिर से उठाना। फिर छिड़ना या चलना। फिर

उपस्थित होना। जैसे, उनके आने से मामला फिर ताज़ा हो गया। (२) स्मरण आना। फिर चित्त में उपस्थित होना। जैसे, ग़म ताज़ा होना।

ताज़िया—संज्ञा पुं० [अ०] बाँस की कमचियों पर रंग बिरंगे कागज, पन्नी आदि चिपका कर बनाया हुआ मक़बरे के आकार का मंडप जिसमें इमाम हुसेन की क़ब्र बनी होती है। मुहर्रम के दिनों में शीया मुसलमान इसकी आराधना करते और अंतिम दिन इमाम के मरने का शोक मनाते हुए इसे सड़क पर निकालते और एक निश्चित स्थान पर ले जाकर दफ़न करते हैं।

मुहा०—ताज़िया ठंढा होना = (१) ताजिया दफ़न होना। (२) किसी बड़े आदमी का मर जाना।

विशेष—ताज़िया निकालने की प्रथा केवल हिंदुस्तान के शीया मुसलमानों में है। ऐसा प्रसिद्ध है कि तैमूर कुछ जातियों का नाश करके जब करबला गया था तब वहाँ से कुछ चिह्न लाया था जिसे वह अपनी सेना के आगे आगे लेकर चलता था। तभी से यह प्रथा चल पड़ी।

ताज़ी—वि० [फ़ा०] अरबी। अरब का। अरब संबंधी।

संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) अरब का घोड़ा। (२) शिकारी कुत्ता।

संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] अरब की भाषा। अरबी भाषा।

वि० ताजा का स्त्री०।

ताज़ीम—संज्ञा स्त्री० [अ०] सम्मान प्रदर्शन। किसी बड़े के सामने उसके आदर के लिये उठ कर खड़ा हो जाना, झुक कर सलाम करना इत्यादि।

क्रि० प्र०—करना।—देना।

ताज़ीमी सरदार—संज्ञा पुं० [फा० ताज़ीम + अ० सरदार] वह सरदार जिसके आने पर राजा या बादशाह उठ कर खड़े हो जाँय या जिसे कुछ आगे बढ़ कर लें। ऐसा सरदार जिसकी दरबार में विशेष प्रतिष्ठा हो।

ताटक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) कान में पहनने का एक गहना। करनफूल। तरकी। (२) छप्पय के २४ वें भेद का नाम। (३) एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में १६ और १४ के विराम से ३० मात्राएँ होती हैं और अंत में मगण होता है। किसी किसी ने अंत में एक गुरु का ही नियम रखा है। लावनी प्रायः इसी छंद में होती है।

ताड़ंक—संज्ञा पुं० [सं०] कान का एक गहना। तरकी। करनफूल।

विशेष—पहले यह गहना ताड़ के पत्तों ही का बनता था। अब भी तरकी ताड़ के पत्ते ही की बनती है।

ताड़—संज्ञा पुं० [सं०] (१) शाखा-रहित एक बड़ा पेड़ जो खंभे के रूप में ऊपर की ओर बढ़ता चला जाता है और केवल सिरे पर पत्ते धारण करता है। ये पत्ते चिपटे मजबूत डंठलों में, जो चारों ओर निकले रहते हैं, फैले हुए पर की तरह लगे रहते हैं और बहुत ही कच्चे होते हैं। इसकी लकड़ी की भीतरी बनावट सूत के ठोस लच्छों के रूप की होती है। ऊपर गिरे हुए पत्तों के डंठलों के मूल रह जाते हैं जिससे छाल खुरदुरी दिखाई पड़ती है। चैत के महीने में इसमें फूल लगते हैं और वैशाख में फल, जो भादों में खूब पक जाते हैं। फलों के भीतर एक प्रकार की गिरी और रेशेदार गूदा होता है जो खाने के योग्य होता है। फूलों के कच्चे अंकुरों को पोंछने से बहुत सा नशीला रस निकलता है जिसे ताड़ी कहते हैं। ताड़ी का व्यवहार नीच श्रेणी के लोग मद्य के स्थान पर करते हैं। ताड़ प्रायः सब गरम देशों में होता है। भारतवर्ष, बरमा, सिंहल, सुमात्रा जावा आदि द्वीप-पुंज, तथा फ़ारस की खाड़ी के तटस्थ प्रदेश में ताड़ के पेड़ बहुत पाए जाते हैं। ताड़ की अनेक जातियाँ होती हैं। तामिल-भाषा में ताल-विलास नामक एक ग्रंथ है जिसमें ७०१ प्रकार के ताड़ गिनाए गए हैं और प्रत्येक का अलग अलग गुण बतलाया गया है। दक्षिण में ताड़ के पेड़ बहुत अधिक होते हैं। गोदावरी आदि नदियों के किनारे कहीं कहीं तालवनों की विलक्षण शोभा है। इस वृक्ष का प्रत्येक भाग किसी न किसी काम में आता है। पत्तों से पंखे बनते हैं और छप्पर छाए जाते हैं। ताड़ की खड़ी लकड़ी मकानों में लगती है। लकड़ी खोखली करके एक प्रकार की छोटी सी नाव भी बनाते हैं। डंठल के रेशे चटाई और जाल बनाने के काम में आते हैं। कई प्रकार के ताड़ होते हैं जिनकी लकड़ी बहुत मज़बूत होती है। सिंहल के जफ़ना नामक नगर से ताड़ की लकड़ी दूर दूर भेजी जाती थी। प्राचीन काल में दक्षिण के देशों में ताल-पत्र पर ग्रंथ लिखे जाते थे। ताड़ का रस औषध के काम में भी आता है। ताड़ी का पुलटिस फोड़े या घाव के लिये अत्यंत उपकारी है। ताड़ी का सिरका भी पड़ता है। वैद्यक में ताड़ का रस कफ, पित्त, दाह और शोथ को दूर करनेवाला और कफ, वात, कृमि, कुष्ठ और रक्तपित्त-नाशक माना जाता है। ताड़ ऊँचाई के लिये प्रसिद्ध है। कोई कोई पेड़ तीस, चालीस हाथ तक ऊँचे होते हैं, पर घेरा किसी का ६—७ बित्ते से अधिक नहीं होता।

पर्य्या०—तालद्रुम। पत्री। दीर्घस्कंध। ध्वजद्रुम। तृणराज। मधुरस। मदाढ्य। दीर्घपादप। चिरायु। तरुराज। दीर्घपत्र। गुच्छपत्र। आसवद्रु। लेख्यपत्र। महोन्नत।

(२) ताड़न। प्रहार। (३) शब्द। ध्वनि। धमाका। (४) घास, अनाज के डंठल आदि की अँटिया जो मुट्ठी में आजाय। जुट्टी। (५) हाथ का एक गहना। (६) मूर्त्ति-निर्माण-विद्या में मूर्त्ति के ऊपरी भाग का नाम।

ताड़का—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक राक्षसी जिसे विश्वामित्र की आज्ञा से श्रीरामचंद्र ने मारा था।

विशेष—इसकी उत्पत्ति के संबंध में कथा है कि यह सुकेतु नामक एक वीर यक्ष की कन्या थी। सुकेतु ने अपनी तपस्या से ब्रह्मा को प्रसन्न करके इस बलवती कन्या को पाया था जिसे हजार हाथियों का बल था। यह सुंद को ब्याही थी। जब अगस्त्य ऋषि ने किसी बात पर क्रुद्ध होकर सुंद को मार डाला तब यह अपने पुत्र मारीच को लेकर अगस्त्य ऋषि को खाने दौड़ी। ऋषि के शाप से माता और पुत्र दोनों घोर राक्षस हो गए। इसी समय से ये अगस्त्य जी के तपोवन का नाश करने लगे और उसे उन्होंने प्राणियों से शून्य कर दिया। यह सब व्यवस्था दशरथ से कह कर विश्वामित्र रामचंद्र जी को लाए और उनके हाथ से ताड़का का बध कराया।

ताड़काफल—संज्ञा पु० [सं०] बड़ी इलायची।

ताड़कायन—संज्ञा पुं० [सं०] विश्वामित्र के एक पुत्र का नाम।

ताड़कारि—संज्ञा पुं० [सं०] (ताड़का के शत्रु) श्रीरामचंद्र।

ताड़केय—संज्ञा पुं० [सं०] (ताड़का का पुत्र) मारीच।

ताड़घ—संज्ञा पुं० [सं०] (१) बेत या कोड़ा मारनेवाला। जल्लाद।

ताड़घात—संज्ञा पुं० [सं०] हथौड़े आदि से पीट कर काम करनेवाला।

ताड़न—संज्ञा पुं० [सं०] (१) मार। प्रहार। आघात। (२) डाँट डपट। घुड़की। (३) शासन। दंड। (४) मंत्रों के वर्णों को चंदन से लिख कर प्रत्येक मंत्र को जल से वायु बीज पढ़ कर मारने का विधान। (५) गुणन।

ताड़ना—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) प्रहार। मार। (२) डाँट डपट। शासन। दंड। धमकी।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

(३) उत्पीड़न। कष्ट।

क्रि० स० (१) मारना पीटना। दंड देना। (२) डाँटना डपटना। शासित करना।

क्रि० स० [सं० तर्कण = सोचना] (१) किसी ऐसी बात को जान लेना जो जान बूझ कर प्रकट न की गई हो या छिपाई गई हो। लक्षण से समझ लेना। भाँपना। लख लेना। अंदाज से मालूम कर लेना। जैसे, मैं पहले ही ताड़ गया कि तुम इसी लिये आए हो।

संयो० क्रि०—जाना।—लेना।

(२) मार पीट कर भगाना। हाँकना। हटा देना।

संयो० क्रि०—देना।

ताड़नीय—वि० [सं०] दंडनीय। दंड देने योग्य।

ताड़पत्र—संज्ञा पुं० [स०] ताडंक। ताटंक।

ताड़बाज़—वि० [हिं० ताड़ना + फ़ा० बाज़] ताड़नेवाला। भाँपनेवाला। समझ जानेवाला।

ताड़ित—वि० [स०] (१) मारा हुआ। जिस पर प्रहार पड़ा हो। (२) जो डाँटा गया हो। जिसने घुड़की खाई हो। (३) दंडित। शासित। (४) मार कर भगाया हुआ। निकाला हुआ। हाँका हुआ।

ताड़ी—संज्ञा स्त्री० [स०] (१) एक प्रकार का छोटा ताड़। (२) एक आभूषण।

संज्ञा स्त्री० [हिं० ताड़ + ई (प्रत्य०)] ताड़ के फूलते हुए डंठलों से निकाला हुआ नशीला रस जिसका व्यवहार मद्य के रूप में होता है।

विशेष—ताड़ के सिरे पर फूलते हुए डंठलों या अंकुरों को छुरी आदि से काट देते हैं और पास ही मिट्टी का बरतन बाँध देते हैं। दूसरे दिन सबेरे जब बरतन रस से भर जाता है तब उसे खाली करके रस ले लेते हैं।

ताड्य—वि० [सं०] (१) ताड़ने के योग्य। (२) डाँटने डपटने लायक। (३) दंड्य।

ताड्यमान—वि० [स०] (१) जो पीटा जाता हो। जिस पर प्रहार पड़ता हो। (२) जो डाँटा जाता हो।

संज्ञा पुं० ढोल। डंका।

तात—संज्ञा पु० [सं०] (१) पिता। बाप। (२) पूज्य व्यक्ति। गुरु। (३) प्यार का एक शब्द या संबोधन जो भाई, बंधु, इष्ट मित्र, विशेषतः अपने से छोटे के लिये व्यवहृत होता है, जैसे, तात जनक-तनया यह सोई। धनुष-यज्ञ जेहि कारन होई।—तुलसी।

† वि० [सं० तप्त, प्रा० तत्त] तपा हुआ। गरम।

तातगु—संज्ञा पुं० [सं०] चाचा।

तातन—संज्ञा पुं० [सं०] खंजन पक्षी। खिड़रिच।

तातरी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक पेड़ का नाम।

तातल—संज्ञा पुं० [सं०] (१) पितृ-तुल्य संबंधी। (२) रोग। (३) लोहे का काँटा। (४) पाक। पक्वता।

वि० तप्त। गरम।

ताता †—वि० [सं० तप्त, प्रा० तत्त] [स्त्री० ताती] तपा हुआ। गरम। उष्ण।

तातायेई—संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) नृत्य में एक प्रकार का बोल। (२) नाचने में पैर के गिरने आदि का अनुकरण-शब्द। जैसे, तातायेई तातायेई नाचना।

तातार—संज्ञा पु० [फ़ा०] मध्य एशिया का एक देश। हिंदुस्तान और फ़ारस के उत्तर कैस्पियन सागर से लेकर चीन के उत्तर प्रांत तक तातार देश कहलाता है। हिमालय के उत्तर लद्दाख, यारकंद, खुतन, बोखारा, तिब्बत आदि के निवासी तातारी कहलाते हैं। साधारणतः समस्त तुर्क या मोगल तातारी कहलाते हैं।

तातारी—वि० [फ़ा०] तातार देश संबंधी। तातार देश का।

संज्ञा पुं० तातार देश का निवासी।

ताति–संज्ञा पुं० [सं०] पुत्र। लड़का।

तातील–संज्ञा स्त्री० [अ०] वह दिन जिसमें काम काज बंद रहे। छुट्टी का दिन। छुट्टी।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—तातील मनाना = छुट्टी के दिन विश्राम लेना या आमोद प्रमोद करना।

तात्कालिक–वि० [सं०] तत्काल का। तुरंत का। उसी समय का।

तात्पर्य्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अभिप्राय। अर्थ। आशय। मतलब। वह भाव जो किसी वाक्य को कह कर कहनेवाला प्रकट करना चाहता हो।

विशेष—कभी कभी शब्दार्थ से तात्पर्य्य भिन्न होता है। जैसे, 'काशी गंगा पर बसी है' वाक्य का शब्दार्थ यह होगा कि काशी गंगा के जल के ऊपर बसी है, पर कहनेवाले का तात्पर्य्य यह है कि गंगा के किनारे बसी है।

(२) तत्परता।

तात्त्विक–वि० [सं०] (१) तत्त्व संबंधी। (२) तत्त्व-ज्ञान-युक्त। जैसे, तात्त्विक दृष्टि। (३) यथार्थ।

तात्स्थ्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) किसी के बीच में रहने का भाव। एक वस्तु के बीच दूसरी वस्तु की स्थिति। (२) एक व्यंजनात्मक उपाधि जिसमें जिस वस्तु का कथन होता है उस वस्तु में रहनेवाली वस्तु का ग्रहण होता है, जैसे, "सारा घर गया है" से अभिप्राय है कि घर के सब लोग गए हैं।

ताथेई–संज्ञा स्त्री० दे० "तातायेई"।

तादात्म्य–संज्ञा पुं० [सं०] एक वस्तु का मिल कर दूसरी वस्तु के रूप में हो जाना। तत्स्वरूपता। अभेद संबंध।

तादाद–संज्ञा स्त्री० [अ० तअदाद] संख्या। गिनती। शुमार।

तादृश–वि० [सं०] [स्त्री० तादृशी] उसके समान। वैसा।

ताधा–संज्ञा स्त्री० दे० "तातायेई"। उ०—भृकुटी धनुष नैन सर साधे वदन विकास अगाधा। चंचल चपल चारु अवलोकनि काम नचावति ताधा।—सूर।

तान–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तानने का भाव या क्रिया। खींच। फैलाव। विस्तार। जैसे, भौंओं की तान।

यौ०—खींच तान।

(२) गाने का एक अंग। अनुलोम विलोम गति से गमन। मूर्च्छना आदि द्वारा राग या स्वर का विस्तार। अनेक विभाग करके सुर का खींचना। आलाप। लय का विस्तार।

विशेष—संगीतदामोदर के मत से स्वरों से उत्पन्न तान ४९ हैं। इन ४९ तानों से भी ८३०० कूट तान निकले हैं। किसी किसी के मत से कूट तानों की संख्या ५०४० भी मानी गई है।

मुहा०—तान उड़ाना = गीत गाना। आलापना। तान तोड़ना = लय को खींच कर झटके के साथ समय पर विराम देना। किसी पर तान तोड़ना = किसी को लक्ष्य करके खेद वा क्रोध सूचक बात कहना। आक्षेप करना। बौछार छोड़ना। तान भरना, मारना, लेना = गाने में लय के साथ सुरों को खींचना। आलापना। तान की जान = साराश। खुलासा। सौ बात की एक बात।

(३) ज्ञान का विषय। ऐसा पदार्थ जिसका बोध इंद्रियों आदि को हो। (४) कंबल का ताना। (गड़ेरिए)। (५) भाटे का हलकड़ा। लहर। तरंग। (लश०)। (६) लोहे की छड़ जिसे पलंग या हौदे में मजबूती के लिये लगाते हैं। (७) एक पेड़ का नाम।

तानतरंग–संज्ञा स्त्री० [सं०] आलापचारी। लय की लहर।

तानना–क्रि० स० [सं० तान = विस्तार] (१) किसी वस्तु को उसकी पूरी लंबाई या चौड़ाई तक बढ़ा कर ले जाना। फैलाने के लिये ज़ोर से खींचना। किसी वस्तु को जहाँ की तहाँ रख कर उसके किसी छोर कोने या अंश को जहाँ तक हो सके बलपूर्वक आगे बढ़ाना। जैसे, रस्सी तानना।

विशेष—'तानना' और खींचना' में यह अंतर है कि तानने में वस्तु का स्थान नहीं बदलता जैसे, खूँटे में बँधी हुई रस्सी तानना। पर 'खींचना' किसी वस्तु को इस प्रकार बढ़ाने को भी कहते हैं जिसमें वह अपना स्थान बदलती है। जैसे, गाड़ी खींचना, पंखा खींचना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

मुहा०—तान कर = बलपूर्वक। जोर से। जैसे, तान कर तमाचा मारना।

(२) किसी सिमटी या लिपटी हुई वस्तु को खींच कर फैलाना। बलपूर्वक विस्तीर्ण करना। जोर से बढ़ा कर पसारना। जैसे, पाल तानना, छाता तानना, चद्दर तान कर सोना, कपड़े को तान कर झोल मिटाना।

विशेष—'तानना' और 'फैलाना' में यह अंतर है कि 'तानना' क्रिया में कुछ बल लगाने या ज़ोर से खींचने का भाव है।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

मुहा०—तान कर सोना = खूब हाथ पैर फैला कर निश्चिंत सोना। आराम से सोना।

(३) किसी परदे की सी वस्तु को ऊपर फैला कर बाँधना या ठहराना। छाजन की तरह ऊपर किसी प्रकार का परदा लगाना। जैसे, चँदोवा तानना, चाँदनी तानना, तंबू तानना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

(४) डोरी, रस्सी आदि को एक आधार से दूसरे आधार तक इस प्रकार खींच कर बाँधना कि वह ऊपर अधर में एक सीधी लकीर के रूप में ठहरी रहे। एक ऊँचे स्थान से दूसरे

ऊँचे स्थान तक ले जा कर बाँधना। जैसे, (क) यहाँ से वहाँ तक एक डोरी तान दो तो कपड़ा फैलाने का सुबीता हो जाय। (ख) जुलाहे का सूत तानना।

संयो० क्रि०—देना।

(५) मारने के लिये हाथ या कोई हथियार उठाना। प्रहार के लिये अस्त्र उठाना। जैसे, तमाचा तानना, डंडा तानना। (६) किसी को हानि पहुँचाने या दंड देने के अभिप्राय से कोई बात उपस्थित कर देना। किसी के खिलाफ़ कोई चिट्ठी पत्री या दरखास्त आदि भेजना। जैसे, एक दरखास्त तान देंगे रह जाओगे।

संयो० क्रि०—देना।

(७) क़ैदखाने भेजना। जैसे, हाकिम ने उसे दो बरस को तान दिया।

संयो० क्रि०—देना।

तानपूरा—संज्ञा पुं० [सं० तान + हिं० पूरा] सितार के आकार का एक बाजा जिसे गवैये कान के पास लगा कर गाने के समय छेड़ते जाते हैं। यह गवैयों को सुर बाँधने में बड़ा सहारा देता है अर्थात् सुर में जहाँ विराम पड़ता है वहाँ यह उसे पूरा करता है। इसमें चार तार होते हैं दो लोहे के और दो पीतल के।

तानबान†*—संज्ञा पु० दे० "तानाबाना। उ०—जोलहा तान बान नहि जानै फाट बिनै दस ठाईं हो।—कबीर।

तानसेन—संज्ञा पुं० अकबर बादशाह के समय का एक प्रसिद्ध गवैया जिसके जोड़ का आज तक कोई नहीं हुआ। अब्बुल फजल ने लिखा है कि हजार हजार वर्षों के बीच ऐसा गायक भारतवर्ष में नहीं हुआ। यह जाति का ब्राह्मण था। कहते हैं पहले इसका नाम त्रिलोचन मिश्र था। इसे संगीत से बहुत प्रेम था पर गाना इसे नहीं आता था। जब वृंदावन के प्रसिद्ध स्वामी हरिदास के यहाँ गया और उनका शिष्य हुआ तब यह संगीत में कुशल हुआ। इसकी ख्याति धीरे धीरे बढ़ने लगी। पहले यह भाट के राजा रामचंद्र बघेला के दरबार में नौकर हुआ। कहा जाता है कि वहाँ इसे करोड़ों रुपए मिले। इब्राहीम लोदी ने इसे अपने यहाँ बहुत बुलाना चाहा पर यह नहीं गया, अंत में अकबर ने राजसिंहासन पर बैठने के दस वर्ष पीछे इसे अपने दरबार में सम्मानपूर्वक बुलाया। जिस दिन पहले पहल इसने अपना गाना बादशाह को सुनाया बादशाह ने इसे दो लाख रुपए दिए। बादशाह के दरबार में आने के कुछ दिन पीछे यह ग्वालियर जाकर और मुहम्मद ग़ौस नामक एक मुसलमान फकीर से कलमा पढ़ कर मुसलमान हो गया। तब से यह मियाँ तानसेन के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इसके मुसलमान होने के संबंध में एक जनश्रुति है। कहते हैं कि पहले बादशाह के सामने यह गाता ही नहीं था। एक दिन बादशाह ने अपनी कन्या को इसके सामने खड़ा कर दिया। उसके सौंदर्य्य पर मुग्ध होने के कारण इसकी प्रतिभा विकसित हो गई और इसने ऐसा अपूर्व गाना सुनाया कि बादशाहजादी भी मोहित हो गई। अकबर ने दोनों का विवाह कर दिया।

तानसेन की मृत्यु के संबंध में भी एक अलौकिक घटना प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि इसकी अद्वितीय शक्ति को देख कर दरबार के और गवैये इससे जला करते थे और इसे मार डालने के यत्न में रहा करते थे। एक दिन सबने मिलकर यह सोचा कि यदि तानसेन दीपक राग गावे तो आप से आप भस्म हो जायगा। इस परामर्श के अनुसार एक दिन सब गवैयों ने दरबार में दीपक राग की बात छेड़ी। बादशाह को अत्यंत उत्कंठा हुई और उसने दीपक राग गाने के लिये कहा। सब गवैयों ने एक स्वर से कहा कि तानसेन के सिवा दीपक राग और कोई नहीं गा सकता। तब बादशाह ने तानसेन को आज्ञा दी। तानसेन ने बहुत कहा कि यदि आप मुझे चाहते हों तो दीपक राग न गवावें। जब बादशाह ने न माना तब उसने अपनी लड़की को मलार राग गाने के लिये पास ही बिठा दिया जिसमें दीपक राग से प्रज्वलित अग्नि का मलार राग द्वारा शमन हो जाय। दीपक राग गाते ही दरबार के सब बुझे हुए दीपक जल उठे और तानसेन भी जलने लगा। तब उसकी लड़की ने मलार राग छेड़ा। पर अपने पिता की दुर्दशा देख उसका सुर बिगड़ गया और तानसेन जल कर भस्म हो गया। उसका शव ग्वालियर में ले जाकर दफन किया गया। उसकी कब्र के पास एक इमली का पेड़ है। आज दिन भी गवैये इस कब्र पर जाते हैं और इमली के पत्तों को चबाते हैं। उनका विश्वास है कि इससे कंठरस उत्पन्न होता है। गवैयों में तानसेन का यहाँ तक सम्मान है कि उसका नाम सुनते ही वे अपने कान पकड़ते हैं। तानसेत का बनाया हुआ एक ग्रंथ भी मिला है।

ताना—संज्ञा पुं० [हिं० तानना] (१) कपड़े की बुनावट में वह सूत जो लंबाई के बल होता है। वह तार या सूत जिसे जुलाहे कपड़े की लंबाई के अनुसार फैलाते हैं। उ०—अस जोलहा कर मरम न जाना। जिन जग आइ पसारल ताना।—कबीर।

यौ०—ताना बाना।

क्रि० प्र०—तानना।—फैलाना।

(२) दरी, कालीन बुनने का करघा।

क्रि० स० [हिं० ताव + ना (प्रत्य०)] (१) ताव देना। तपाना। गरम करना। उ०—(क) कर कपोल अंतर नहिं पावत अति उसास तन ताइए। (ख) देव दिखावति कंचन सो तन औरन को मन तावै अगौनी।—देव। (२) पिघलाना। जैसे, घी ताना। (३) तपा कर परीक्षा करना। (सोना

आदि धातु)। (४) परीक्षा करना। जाँचना। अजमाना।

† क्रि० स० [हिं० तावा, तवा] गीली मिट्टी, आटे आदि से ढक्कन चिपका कर किसी बरतन का मुँह बंद करना। मूँदना। उ०—तिन श्रवनन पर-दोष निरंतर सुनि सुनि भरि भरि तावों।—तुलसी।

संज्ञा पुं० [अ०] वह लगती हुई बात जिसका अर्थ कुछ छिपा हो। व्यंग्य। आक्षेप वाक्य। बोली ठोली।

क्रि० प्र०—देना।—मारना।

ताना बाना—संज्ञा पुं० [हिं० ताना + बाना] कपड़ा बुनने में लंबाई और चौड़ाई के बल फैलाए हुए सूत।

मुहा०—ताना बाना करना = व्यर्थ इधर से उधर आना जाना। हेरा फेरी करना।

तानारीरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० तान + अनु० रीरी] साधारण गाना। राग। अलाप।

तानाशाह—संज्ञा पुं० [फ़ा०] अब्बुलहसन बादशाह का दूसरा नाम।

तानी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० ताना] कपड़े की बुनावट में वह सूत जो लंबाई के बल हो।

तानूर—संज्ञा पुं० [सं०] (१) पानी का भँवर। (२) वायु का भँवर।

तानो†—संज्ञा पुं० [देश०] जमीन का टुकड़ा जिसमें कई खेत हों। चक।

तान्व—संज्ञा पुं० [सं०] (१) तनुज। पुत्र। (२) एक ऋषि का नाम जो तनु के पुत्र थे।

ताप—संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक प्राकृतिक शक्ति जिसका प्रभाव पदार्थों के पिघलने, भाप बनने आदि व्यापारों में देखा जाता है और जिसका अनुभव अग्नि, सूर्य्य की किरण आदि के रूप में इंद्रियों को होता है। यह अग्नि का सामान्य गुण है जिसकी अधिकता से पदार्थ जलते या पिघलते हैं। उष्णता। गरमी। तेज।

विशेष—ताप एक गुण मात्र है, कोई द्रव्य नहीं है। किसी वस्तु को तपाने से उसकी तौल में कुछ भी फर्क नहीं पड़ता। विज्ञानानुसार ताप गति-शक्ति का ही एक भेद है। द्रव्य के अणुओं में जो एक प्रकार की हलचल या क्षोभ उत्पन्न होता है उसी का अनुभव ताप के रूप में होता है। ताप सब पदार्थों में थोड़ा बहुत निहित रहता है। जब विशेष अवस्था में वह व्यक्त होता है तब उसका प्रत्यक्ष ज्ञान होता है। जब शक्ति के संचार में रुकावट होती है तब वह ताप का रूप धारण करती है। दो वस्तुएँ जब एक दूसरे से रगड़ खाती हैं तब जिस शक्ति का रगड़ में व्यय होता है वह उष्णता के रूप में फिर प्रकट होती है। ताप की उत्पत्ति कई प्रकार से होती है। ताप का सब से बड़ा भांडार सूर्य्य है जिससे पृथ्वी पर धूप की गरमी फैलती है। सूर्य्य के अतिरिक्त ताप संघर्षण (रगड़), ताड़न तथा रासायनिक योग से भी उत्पन्न होता है। दो लकड़ियों को रगड़ने से और चकमक पत्थर आदि पर हथौड़ा मारने से आग निकलते बहुतों ने देखा होगा। इसी प्रकार रासायनिक योग से अर्थात् एक विशेष द्रव्य के साथ दूसरे विशेष द्रव्य के मिलने से भी आग या गरमी पैदा हो जाती है। चूने की डली में पानी डालने से, पानी में तेज़ाब या पोटाश डालने से गरमी या लपट उठती है।

ताप का एक प्रधान गुण यह है कि उससे पदार्थों का विस्तार कुछ बढ़ जाता है अर्थात् वे कुछ फैल जाते हैं। यदि लोहे की किसी ऐसी छड़ को लें जो किसी छेद में कस कर बैठ जाती हो और उसे तपावें तो वह उस छेद में नहीं घुसेगी। गरमी में किसी तेज़ चलती हुई गाड़ी के पहिये की हाल जब ढीली मालूम होने लगती है तब उस पर पानी डालते हैं जिसमें उसका फैलाव घट जाय। रेल की लाइनों के जोड़ पर जो थोड़ी सी जगह छोड़ दी जाती है वह इसी लिये जिसमें गरमी में लाइन के लोहे फैल कर उठ न जायँ। जीवों को जो ताप का अनुभव होता है वह उनके शरीर की अवस्था के अनुसार होता है, अतः स्पर्शेंद्रिय द्वारा ताप का ठीक ठीक अंदाज़ा सदा नहीं हो सकता। इसी से ताप की माप के लिये एक यंत्र बनाया गया है जिसके भीतर पारा रहता है। पारा अधिक गरमी पाने से ऊपर चढ़ता है और गरमी कम होने से नीचे गिरता है।

(२) आँच। लपट। (३) ज्वर। बुखार।

क्रि० प्र०—चढ़ना।

यौ०—तापतिल्ली।

(४) कष्ट। दुःख। पीड़ा।

विशेष—ताप तीन प्रकार का माना गया है—आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक। दे० दुःख"। उ०—दैहिक, दैविक, भौतिक तापा। रामराज काहुहि नहिं व्यापा।—तुलसी।

(५) मानसिक कष्ट। हृदय का दुःख (जैसे, शोक, पछतावा आदि)।

तापक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) ताप उत्पन्न करनेवाला। (२) रजोगुण।

विशेष—रजोगुण ही ताप या दुःख का प्रतिकारण माना जाता है।

(३) ज्वर। बुखार।

तापतिल्ली—संज्ञा स्त्री० [हिं० ताप + तिल्ली] ज्वर-युक्त प्लीहा रोग। पिलही बढ़ने का रोग।

तापती–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) सूर्य्य की कन्या तापी । (२) एक नदी का नाम जो सतपुरा पहाड़ से निकल पश्चिम ओर को बहती हुई खंभात की खाड़ी में गिरती है ।

विशेष—स्कंदपुराण के तापी खंड में तापती के विषय में यह कथा लिखी है । अगस्त्य मुनि के शाप से वरुणसंवरण नामक सोमवंशी राजा हुए । उन्होंने घोर तप करके सूर्य्य की कन्या तापी से विवाह किया जो अत्यंत रूपवती और पापनाशिनी थी । वही तापी के नाम से प्रवाहित हुई । जो लोग उसमें स्नान करते हैं उनके सब पातक छूट जाते हैं । आषाढ़ मास में इसमें स्नान करने का विशेष माहात्म्य है । तापीखंड में तापती के तट पर गजतीर्थ, अक्षमाला तीर्थ, आदि अनेक तीर्थों का होना लिखा है । इन तीर्थों के अतिरिक्त १०८ महालिंग भी इस पुनीत नदी के तट पर भिन्न भिन्न स्थानों में स्थित बतलाए गए हैं ।

तापत्रय–संज्ञा पुं० [सं०] तीन प्रकार के ताप—आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक ।

तापदुःख–संज्ञा पु० [सं०] पातंजल दर्शन के अनुसार दुःख का एक भेद ।

विशेष—पातंजल दर्शन में तीन प्रकार के दुःख माने गए हैं, तापदुःख, संस्कारदुःख और परिणामदुःख । दे० "दुःख" ।

तापन–संज्ञा पु० [सं०] (१) ताप देनेवाला । (२) सूर्य्य । (३) कामदेव के पाँच बाणों में से एक । (४) सूर्य्यकांत मणि । (५) अर्कवृक्ष । मदार । (६) ढोल नाम का बाजा । (७) एक नरक का नाम । (८) तंत्र में एक प्रकार का प्रयोग जिससे शत्रु को पीड़ा होती है ।

तापना–क्रि० अ० [सं० तापन] आग की आँच से अपने को गरम करना । अपने को आग के सामने गरमाना । (कहीं कहीं धूप लेने के अर्थ में भी बोलते हैं) जैसे, वह ताप रहा है ।

विशेष—'आग तापना' आदि प्रयोगों को देख अधिकांश लोगों ने इस क्रिया को सकर्मक माना है । पर आग इस क्रिया का कर्म नहीं है क्योंकि आग नहीं गरम की जाती है गरम किया जाता है शरीर । 'शरीर तापते हैं' 'हाथ पैर तापते हैं' ऐसा नहीं बोला जाता । दूसरी बात ध्यान देने की यह है कि इस क्रिया का फल कर्त्ता से अन्यत्र कहीं नहीं देखा जाता, जैसे कि 'तपाना' में देखा जाता है । 'आग तापना' एक संयुक्त क्रिया है जिसमें आग तृतीयांत पद (करण) है ।

क्रि० स० (१) शरीर गरम करने के लिये जलाना । फूँकना ।

संयो० क्रि०—डालना ।

(२) उड़ाना । नष्ट करना । बरबाद करना । जैसे, वे सारा धन फूँक ताप कर किनारे हो गए ।

यो०—फूँकना तापना ।

*क्रि० स० तपाना । गरम करना ।

तापमान यंत्र–संज्ञा पुं० [सं०] उष्णता की मात्रा मापने का एक यंत्र । गरमी मापने का एक औज़ार ।

विशेष—यह यंत्र शीशे की एक पतली नली में कुछ दूर तक पारा भर कर बनाया जाता है । अधिक गरमी पाकर यह पारा लकीर के रूप में ऊपर की ओर बढ़ता है और कम गरमी पाकर नीचे की ओर घटता है । गली हुई बरफ़ या बरफ़ के पानी में नली को रखने से पारे की लकीर जिस स्थान तक नीचे आती है एक चिह्न वहाँ लगा देते हैं और खौलते हुए पानी में रखने से जिस स्थान तक ऊपर चढ़ती है, दूसरा चिह्न वहाँ लगा देते हैं । इन दोनों के बीच की दूरी को १०० अथवा १८० बराबर भागों में चिह्नों के द्वारा बाँट देते हैं । ये चिह्न अंश या डिग्री कहलाते हैं । यंत्र को किसी वस्तु पर रखने से पारे की लकीर जितने अंशों तक पहुँची रहती है उतने अंशों की गरमी उस वस्तु में कही जाती है ।

तापल†–संज्ञा पुं० [सं० ताप] क्रोध । (डिं०)

तापश्चित–संज्ञा पुं० [सं०] एक यज्ञ का नाम ।

तापस–संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० तापसी] (१) तप करनेवाला । तपस्वी । (२) तमाल । तेजपत्ता । (३) दमनक । दौना नामक पौधा । (४) एक प्रकार की ईख । (५) बक । बगला ।

तापसक–संज्ञा पुं० [सं०] सामान्य या छोटा तपस्वी । वह तपस्वी जिसकी तपस्या थोड़ी हो ।

तापसज–संज्ञा पु० [सं०] तेजपत्ता ।

तापसतरु–संज्ञा पुं० [सं०] हिंगोट वृक्ष । इंगुआ का पेड़ । इंगुदी वृक्ष ।

विशेष—तपस्वी लोग वन में इंगुदी का ही तेल काम में लाते थे, इसी से इसका ऐसा नाम पड़ा ।

तापसद्रुम–संज्ञा पुं० [सं०] इंगुदी वृक्ष ।

तापसप्रिय–वि० [सं०] (१) जो तपस्वियों को प्रिय हो । (२) जिसे तपस्वी प्रिय हों ।

संज्ञा पुं० (१) इंगुदी वृक्ष । (२) चिरौंजी का पेड़ ।

तापसप्रिया–संज्ञा स्त्री० [सं०] दाख । अंगूर या मुनक्का ।

तापसवृक्ष–संज्ञा पुं० दे० "तापसतरु" ।

तापसी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तपस्या करनेवाली स्त्री । (२) तपस्वी की स्त्री ।

तापसेक्षु–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की ईख ।

तापस्वेद–संज्ञा पुं० [सं०] (१) किसी प्रकार की उष्णता पहुँचा कर उत्पन्न किया हुआ पसीना । (२) गरम बालू, नमक,

वस्त्र, हाथ, आग की आँच आदि से सेंक कर पसीना निकालने की क्रिया।

तापहरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक व्यंजन का नाम। एक पकवान। (भावप्रकाश)

विशेष—उरद की बरी मिले हुए घोए चावल को हलदी के साथ घी में तले या पकावे। तल जाने पर उसमें थोड़ा जल डाल दे। जब रसा तैयार हो जाय तब उसे अदरख और हींग से बघार कर उतार ले।

तापा–संज्ञा पुं० [हिं० तोपना ?] (१) मछली मारने का तख्ता। (लश०)। (२) मुरगी का दरबा।

तापायन–संज्ञा पुं० [सं०] वाजसनेयी शाखा का एक भेद।

तापिंछ–संज्ञा पुं० दे० "तापिंज"।

तापिंज–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सोनामक्खी। (२) श्याम तमाल।

तापिच्छ–संज्ञा पुं० [सं०] तमाल वृक्ष।

तापित–वि० [सं०] (१) तापयुक्त। जो तपाया गया हो। (२) दुःखित। पीड़ित।

तापी–वि० [सं० तापिन्] (१) ताप देनेवाला। (२) जिसमें ताप हो।

संज्ञा पुं० बुद्धदेव।

संज्ञा स्त्री० (१) सूर्य्य की एक कन्या। (२) तापती नदी। (३) जमुना नदी।

तापीज–संज्ञा पुं० [सं०] सोनामक्खी। माक्षिक धातु।

तापेंद्र–संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य्य। उ०—नमो पातु तापेंद्र देव प्रतीचं। नमो मे रवि रक्ष रक्षेंदु दीचं।—विश्राम।

ताप्ती–संज्ञा स्त्री० दे० "तापती"

संज्ञा स्त्री० दे० "ताफ्ता"।

ताप्य–संज्ञा पुं० [सं०] सोना मक्खी।

ताफ़्ता–संज्ञा पुं० [फ़ा०] एक प्रकार का चमकदार रेशमी कपड़ा। धूप छाँ रेशमी कपड़ा। उ०—छुटी न सिसुता की झलक झलक्यो जोबन अंग। दीप देह दुहूनि मिलि दिपति ताफता रंग।—बिहारी।

ताब–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) ताप। गरमी। (२) चमक। आभा। दीप्ति। (३) शक्ति। सामर्थ्य। हिम्मत। मजाल। जैसे, उनकी क्या ताब कि आपके सामने कुछ बोलें? (४) सहन करने की शक्ति। मन को वश में रखने की सामर्थ्य। धैर्य। जैसे, अब इतनी ताब नहीं है कि दो घड़ी ठहर जाओ।

तावड़तोड़–क्रि० वि० [अनु०] एक के उपरांत तुरंत दूसरा इस क्रम से। लगातार। बराबर। अखंडित क्रम से।

ताबा–वि० दे० "ताबे"।

ताबूत–संज्ञा पुं० [अ०] मुरदे का संदूक। वह संदूक जिसमें मुरदे की लाश रखकर गाड़ने को ले जाते हैं।

ताबे–वि० [अ० ताबअ] (१) वशीभूत। अधीन। मातहत। जैसे, जो तुम्हारे ताबे हो उसे आँख दिखाओ। (२) आज्ञानुवर्ती। हुक्म का पाबंद।

यौ०—ताबेदार।

ताबेदार–वि० [अ० ताबअ + फ़ा० दार] आज्ञाकारी। हुक्म का पाबंद।

संज्ञा पुं० नौकर। सेवक। अनुचर।

ताबेदारी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) सेवकाई। नौकरी। (२) सेवा। टहल।

क्रि० प्र०—करना।—बजाना।

ताम–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दोष। विकार। (२) मनोविकार। चित्त का उद्वेग। व्याकुलता। बेचैनी। उ०—(क) मिट्यो काम तनु ताम तुरत ही रिझई मदनगोपाल।—सूर। (ख) तरु तमाल तर तरुन कन्हाई दूरि करन युवतिन तनु ताम।—सूर। (३) दुःख। क्लेश। व्यथा। कष्ट। उ०—देखत पय पीवत बलराम। तातो जगत डारि तुम दीनो, दावानल पीवत नहिं ताम।—सूर।

(४) ग्लानि।

वि० (१) भीषण। डरावना। भयंकर। (२) दुखी। व्याकुल। हैरान। उ०—अति सुकुमार मनोहर मूरति ताहि करति तुम ताम।—सूर।

संज्ञा पुं० [सं० तामस] (१) क्रोध। रोष। गुस्सा। उ०—(क) सूरदास प्रभु मिलहु कृपा करि दूरि करहु मन तामहि।—सूर। (ख) सूर प्रभु जेहि सदन जात न सोइ करति तनु ताम।—सूर। (२) अंधकार। अँधेरा। उ०—जननि कहति उठहु श्याम, बिगत जानि रजनि ताम, सूरदास प्रभु कृपालु तुमको कछु खैबे।—सूर।

तामजान–संज्ञा पुं० [हिं० थामना + सं० यान = सवारी] एक प्रकार की छोटी खुली पालकी। एक हलकी सवारी जो काठ की लंबी कुरसी के आकार की होती है और जिसे कहार उठाकर ले चलते हैं।

तामड़ा–वि० [सं० ताम्र, हिं० ताँबा + ड़ा (प्रत्य०)] ताँबे के रंग का, ललाई लिए हुए भूरा। जैसे, तामड़ा रंग, तामड़ा कबूतर।

संज्ञा पुं० (१) ऊदे रंग का एक प्रकार का पत्थर या नगीना। (२) एक तरह का कागज़। (३) खल्वाट मस्तक। गंजे की खोपड़ी। † (४) स्वच्छ आकाश।

तामना †–क्रि० स० [देश०] खेत जोतने के पूर्व खेत की घास उखाड़ना।

तामर—संज्ञा पुं० [सं०] (१) पानी। (२) घी।

विशेष—यह शब्द 'तामरस' शब्द को संस्कृत सिद्ध करने के लिये गढ़ा हुआ जान पड़ता है।

तामरस—संज्ञा पुं० [सं०] (१) कमल। उ०—सियरे बदन सूखि गए कैसे। परसत तुहिन तामरस जैसे।—तुलसी।

विशेष—यद्यपि यह शब्द वेदों में आया है पर आर्यभाषा का नहीं है। 'पिक' आदि के समान यह अनार्य-भाषा से आया हुआ माना गया है। शबर भाष्य में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है।

(२) सोना। (३) तांबा। (४) धतूरा। (५) सारस। (६) एक वर्णवृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में एक नगण, दो जगण और एक यगण (।।।,।ऽ।,।ऽ।,।ऽऽ) होता है। उ०—निज जय हेतु करौं रघुबीरा। तव नुति मोरि हरौ भव पीरा।

तामलकी—संज्ञा स्त्री० [सं०] भूम्यामलकी। भूआँवला।

तामलूक—संज्ञा पुं० [सं० ताम्रलिप्त] बंगदेश के अंतर्गत एक भूभाग जो मेदिनीपुर जिले में है। यह परगना गंगा के मुहाने के पास पड़ता है। इस प्रदेश का प्राचीन नाम ताम्रलिप्त है। ईसा की चौथी शताब्दी से लेकर बारहवीं शताब्दी तक यह वाणिज्य का एक प्रधान स्थल था। दे० "ताम्रलिप्त"।

तामलेट—संज्ञा पुं० [अं० टंबलर] टीन का गिलास जिस पर चमकदार रोगन या लुक फेरा रहता है।

तामलोट—संज्ञा पुं० दे० "तामलेट"।

तामस—वि० [सं०] [स्त्री० तामसी] तमोगुण युक्त। जिसमें प्रकृति के उस गुण की प्रधानता हो जिसके अनुसार जीव क्रोध आदि नीच वृत्तियों के वशीभूत होकर आचरण करता है। उ०—(क) होइ भजन नहिं तामस देहा।—तुलसी। (ख) विप्र साप तें दूनउँ भाई। तामस असुर देह तिन पाई। —तुलसी।

विशेष—पद्मपुराण में कुछ शास्त्र तामस बतलाए गए हैं। कणाद का वैशेषिक, गौतम का न्याय, कपिल का सांख्य, जैमिनि की मीमांसा, इन सब की गणना उक्त पुराण के अनुसार तामस शास्त्रों में की गई है। इसी प्रकार बृहस्पति का चार्वाक दर्शन, शाक्य मुनि का बौद्ध शास्त्र, शंकर का वेदांत इत्यादि तत्त्वज्ञान संबंधी ग्रंथ भी सांप्रदायिक दृष्टि से तामस माने जाते हैं। पुराणों में मत्स्य, कूर्म, लिंग, शिव, अग्नि और स्कंद ये छ तामस पुराण कहे गए हैं। सामुद्र, शंख, यम, औशनस आदि कुछ स्मृतियों, तथा जैमिनि, कणाद, बृहस्पति, जमदग्नि, शुक्राचार्य्य आदि कुछ मुनियों को भी तामस कह डाला है। इसी प्रकार प्रकृति के तीनों गुणों के अनुसार अनेक वस्तुओं और व्यापारों के विभाग किए गए हैं। निद्रा, आलस्य, प्रमाद आदि से उत्पन्न सुख को तामस सुख, पुरोहिताई, असत्प्रतिग्रह, पशुहिंसा, लोभ, मोह, अहंकार आदि को तामस कर्म कहा है। विष्णु सत्वगुणमय, ब्रह्मा रजोगुणमय और शिव तमोगुणमय माने जाते हैं। उ०—ब्रह्मा राजस गुण अधिकारी शिव तामस अधिकारी। —सूर।

संज्ञा पुं० (१) सर्प। साँप। (२) खल। (३) उल्लू। (४) क्रोध। गुस्सा। उ०—कहु तोकों कैसे आवत है शिशु पै तामस एत?—सूर। (५) अंधकार। अँधेरा। उ०—तू मरु कूप छलीक सून हिय तामस वासा।—दीनदयाल। (६) अज्ञान। मोह। (७) चौथे मनु का नाम। (८) एक अस्त्र का नाम (वाल्मीकि रामायण) (९) तैंतीस प्रकार के केतु जो सूर्य्य और चंद्रमा के भीतर दृष्टिगोचर होते हैं। (बृहत्संहिता)। दे० "तामसकीलक"।

तामसकीलक—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार के केतु जो राहु के पुत्र माने जाते हैं और संख्या में ३३ हैं। सूर्य्य मंडल में इनके वर्ण, आकार और स्थान को देख कर फल का निर्णय किया जाता है। ये यदि सूर्य्यमंडल में दिखाई पड़ते हैं तो इनका फल अशुभ और चंद्रमंडल में दिखाई पड़ते हैं तो शुभ माना जाता है।

तामस मद्य—संज्ञा पुं० [सं०] कई बार की खींची शराब।

तामस बाण—संज्ञा पुं० [सं०] एक शस्त्र का नाम।

तामसी—वि० स्त्री० [सं०] तमोगुणवाली। जैसे, तामसी प्रकृति।

संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) अँधेरी रात। (२) महाकाली।—(३) जटामासी। बालछड़। (४) एक प्रकार की माया विद्या जिसे शिव ने निकुंभिला यज्ञ से प्रसन्न होकर मेघनाद को दिया था।

तामा—संज्ञा पुं० [सं०] देखो "ताँबा"।

तामिल—संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) भारत के दूरस्थ दक्षिण प्रांत की एक जाति जो आधुनिक मदरास प्रांत के अधिकांश भाग में निवास करती है। यह द्रविड़ जाति की ही एक शाखा है।

विशेष—बहुत से विद्वानों की राय है कि तामिल शब्द संस्कृत 'द्राविड़' से निकला है। मनुसंहिता, महाभारत आदि प्राचीन ग्रंथों में द्रविड़ देश और द्राविड़ जाति का उल्लेख है। मागधी प्राकृत या पाली में इसी 'द्राविड़' शब्द का रूप "दामिलो" हो गया। तामिल वर्णमाला में त, थ, द आदि के एक ही उच्चारण के कारण 'दामिलो' का 'तामिलो' या 'तामिल' हो गया। शंकराचार्य के शारीरिक भाष्य में 'द्रमिल' शब्द आया है। हुएनसांग नामक चीनी यात्री ने भी द्रविड़ देश को चि-मो-लो करके लिखा है। तामिल व्याकरण के अनुसार द्रमिल शब्द का रूप 'तिरमिड़' होता है। आजकल कुछ विद्वानों की राय हो रही है कि

यह 'तिरमिड़' शब्द ही प्राचीन है जिससे संस्कृतवालों ने 'द्रविड़' शब्द बना लिया। जैनों के 'शत्रुंजय माहात्म्य' नामक एक ग्रंथ में 'द्रविड़' शब्द पर एक विलक्षण कल्पना की गई है। उक्त पुस्तक के मत से आदि तीर्थंकर ऋषभदेव को 'द्रविड़' नामक एक पुत्र जिस भूभाग में हुआ उसका नाम 'द्रविड़' पड़ गया। पर भारत मनुसंहिता आदि प्राचीन ग्रंथों से विदित होता है कि द्रविड जाति के निवास के ही कारण देश का नाम द्रविड़ पड़ा। (दे० द्राविड़)।

तामिल जाति अत्यंत प्राचीन है। पुरातत्त्वविदों का मत है कि यह जाति अनार्य्य है और आर्य्यों के आगमन से पूर्व ही भारत के अनेक भागों में निवास करती थी। रामचंद्र ने दक्षिण में जाकर जिन लोगों की सहायता से लंका पर चढ़ाई की थी और जिन्हें वाल्मीकि ने बंदर लिखा है, वे इसी जाति के थे। उनके काले वर्ण भिन्न आकृति तथा विकट भाषा आदि के कारण ही आर्य्यों ने उन्हें बंदर कहा होगा। पुरातत्त्ववेत्ताओं का अनुमान है कि तामिल जाति आर्यों के संसर्ग के पूर्व ही बहुत कुछ सभ्यता प्राप्त कर चुकी थी। तामिल लोगों के राजा होते थे जो किले बनाकर रहते थे। वे हजार तक गिन लेते थे। वे नाव, छोटे मोटे जहाज़, धनुष, बाण, तलवार इत्यादि बना लेते थे और एक प्रकार का कपड़ा बुनना भी जानते थे। रांगे, सीसे और जस्ते को छोड़ और सब धातुओं का ज्ञान भी उन्हें था। आर्यों के संसर्ग के उपरांत उन्होंने आर्यों की सभ्यता पूर्ण रूप से ग्रहण की। दक्षिण देश में ऐसी जनश्रुति है कि अगस्त्य ऋषि ने दक्षिण में जाकर वहाँ के निवासियों को बहुत सी विद्याएँ सिखाईं। बारह तेरह सौ वर्ष पहले दक्षिण में जैनधर्म का बड़ा प्रचार था। चीनी यात्री हुएनसांग जिस समय दक्षिण में गया था उसने वहाँ दिगंबर जैनों की प्रधानता देखी थी।

(२) द्रविड़ भाषा। तामिल लोगों की भाषा।

विशेष—तामिल भाषा का साहित्य भी अत्यंत प्राचीन है। दो हजार वर्ष पूर्व तक के काव्य तामिल भाषा में विद्यमान हैं। पर वर्णमाला अपूर्ण है। अनुनासिक पंचम वर्ण को छोड़ व्यंजन के एक एक वर्ग का उच्चारण एक ही सा है। क, ख, ग, घ चारों का उच्चारण एक ही है। व्यंजनों के इस अभाव के कारण जो संस्कृत शब्द प्रयुक्त होते हैं वे विकृत हो जाते हैं, जैसे 'कृष्ण' शब्द तामिल में 'किट्टिनन' हो जाता है। तामिल भाषा का प्रधान ग्रंथ कवि तिरुवल्लुवर रचित कुरल काव्य है।

तामिस्र—संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक नरक का नाम जिसमें सदा घोर अंधकार बना रहता है। (२) क्रोध। (३) द्वेष। (४) एक अविद्या का नाम। भोग की इच्छापूर्ति में बाधा पड़ने से जो क्रोध उत्पन्न होता है उसे तामिस्र कहते हैं। (भागवत)

तामी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ताँबा] (१) ताँबे का तसला। (२) द्रव पदार्थों को नापने का एक बरतन।

तामील—संज्ञा स्त्री० [अ०] (आज्ञा का) पालन। जैसे, हुक्म की तामील होना।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

तामेश्वरी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का तामड़ा रंग जो गेरू के योग से बनता है।

ताम्र—संज्ञा पुं० [स०] (१) ताँबा। (२) एक प्रकार का कोढ़।

ताम्रक—संज्ञा पुं० [सं०] ताँबा।

ताम्रकर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] तमेरा। ताँबे के बरतन बनानेवाला।

ताम्रकार—संज्ञा स्त्री [सं०] अंजना। पश्चिम के दिग्गज की पत्नी।

ताम्रकूट—संज्ञा पुं० [सं०] तमाकू का पेड़।

विशेष—यह शब्द गढ़ा हुआ है और कुलार्णव तंत्र में आया है।

ताम्रकृमि—संज्ञा पुं० [सं०] बीर बहूटी नाम का कीड़ा।

ताम्रगर्भ—संज्ञा पुं० [स०] तुत्थ। तूतिया।

ताम्रचूड—संज्ञा पु० [स०] (१) कुकरौंधा नाम का पौधा। (२) मुरगा।

ताम्रदुग्धा—संज्ञा स्त्री० [सं०] गोरखदुद्धी। छोटी दुद्धी। अमर संजीवनी।

ताम्रपट्ट—संज्ञा पुं० [सं०] ताम्रपत्र।

ताम्रपत्र—संज्ञा पुं० [सं०] (१) ताँबे की चद्दर का एक टुकड़ा जिस पर प्राचीन काल में अक्षर खुदवा कर दानपत्र आदि लिखते थे। (२) ताँबे की चद्दर। ताँबे का पत्तर।

ताम्रपर्णी—संज्ञा स्त्री० [स०] (१) बावली। तालाब। (२) दक्षिण देश की एक छोटी नदी जो मदरास प्रांत के तिनवल्ली जिले से होकर बहती है। इसकी लंबाई ७० मील के लगभग है। रामायण महाभारत तथा मुख्य मुख्य पुराणों में इस नदी का नाम आया है। अशोक के एक शिलालेख में भी इस नदी का उल्लेख है। टालमी आदि विदेशी लेखकों ने भी इसकी चर्चा की है।

ताम्रपल्लव—संज्ञा पु० [स०] अशोक वृक्ष।

ताम्रपाकी—संज्ञा पु० [सं० ताम्रपाकिन्] पाकर का पेड़।

ताम्रपादी—संज्ञा स्त्री० [सं०] हंसपदी। लाल रंग का लताल्लालु।

ताम्रपुष्प—संज्ञा पुं० [स०] लाल फूल का कचनार।

ताम्रपुष्पिका—संज्ञा स्त्री० [स०] लाल फूल का निसोत।

ताम्रपुष्पी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) धातकी। धव का पेड़। (२) पाटल। पाढ़र का पेड़।

ताम्रफल—संज्ञा पुं० [सं०] अंकोल वृक्ष। टेरा। ढेरा।

ताम्रमूला–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) जवासा । धमासा । (२) लज्जालु । छुईमुई । (३) किवाँच । कौंच । कपिकच्छु ।

ताम्रलिप्त–संज्ञा पुं० [सं०] मेदिनीपुर (बंगाल) ज़िले के तामलूक या तमलूक नामक स्थान का प्राचीन नाम । पूर्व काल में यह व्यापार का एक प्रधान स्थल था । बृहत्कथा को देखने से विदित होता है कि यहाँ से सिंहल, सुमात्रा, जावा, चीन इत्यादि देशों की ओर बराबर व्यापारियों के जहाज़ रवाना होते रहते थे । महाभारत में ताम्रलिप्त को कलिंग से लगा हुआ समुद्र तटस्थ एक देश लिखा है । पाली ग्रंथ महावंश से पता लगता है कि ईसा से ३०० वर्ष पूर्व ताम्रलिप्त नगर भारतवर्ष के प्रसिद्ध बंदरगाहों में से था । यहीं जहाज़ पर चढ़ सिंहल के राजा ने प्रसिद्ध बोधिद्रुम को लेकर स्वदेश की ओर प्रस्थान किया था और महाराज अशोक ने समुद्र तट पर खड़े होकर उसके लिये आँसू बहाए थे। ईसा की पाँचवीं शताब्दी में चीनी यात्री फ़ाहियान बौद्ध ग्रंथों की नक़ल आदि लेकर ताम्रलिप्त ही से जहाज़ पर बैठ सिंहल गया था ।

रामायण में ताम्रलिप्त का कोई उल्लेख नहीं है, पर महाभारत में कई स्थानों पर है । वहाँ के निवासी ताम्रलिप्तक भारतयुद्ध में दुर्योधन की ओर से लड़े थे । पर उनकी गिनती म्लेच्छ जातियों के साथ हुई है । यथा–शकाः किराता दरदा बर्बरा ताम्रलिप्तकाः । अन्ये च बहवो म्लेच्छा विविधायुधपाणयः । (द्रोणपर्व)

ताम्रवर्ण–वि० [सं०] (१) तामड़ा रंग का । (२) लाल ।

संज्ञा पुं० (१) वैद्यक के अनुसार मनुष्य के शरीर पर की चौथी त्वचा का नाम । (२) पुराण के अनुसार भारतवर्ष के अंतर्गत एक द्वीप । सिंहल द्वीप । सीलोन ।

विशेष—प्राचीन काल में सिंहलद्वीप इसी नाम से प्रसिद्ध था । मेगास्थनीज़ ने इस द्वीप का नाम तप्रोबेन लिखा है ।

विशेष—दे० "सिंहल" ।

ताम्रवर्णा–संज्ञा स्त्री० [स०] अड़हुल । गुड़हर का पेड़ । ओड्रपुष्प ।

ताम्रवल्ली–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) मजीठ । (२ एक लता जो चित्रकूट प्रदेश में होती है ।

ताम्रबीज–संज्ञा पुं० [सं०] कुलथी ।

ताम्रवृंत–संज्ञा पुं० [स०] कुलथी ।

ताम्रवृंता–संज्ञा पुं० [सं०] कुलथी ।

ताम्रवृक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) कुलथी । (२) लाल चंदन का पेड़ ।

ताम्रशिखी–संज्ञा पुं०[सं० ताम्रशिखिन्] कुक्कुट । मुरगा ।

ताम्रसार–संज्ञा पुं० [सं०] लाल चंदन का वृक्ष ।

ताम्रसारक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) लालचंदन का पेड़ । (२) लाल खैर ।

ताम्रा–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) सिंहली पीपल । (२) दक्ष प्रजापति की कन्या जो कश्यप ऋषि की पत्नी थी । इससे ये ५ कन्याएँ उत्पन्न हुई थीं । (१) क्रौंची । (२) भासी । (३) सेनी । (४) धृतराष्ट्री । (५) शुकी । (रामायण)

ताम्राभ–संज्ञा पुं० [सं०] लाल चंदन ।

ताम्रार्द्ध–संज्ञा पुं० [स०] काँसा ।

ताम्रिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] गुंजा । घुँघची ।

ताम्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का बाजा ।

ताम्रेश्वर–संज्ञा पुं० [सं०] ताम्रभस्म । ताँबे की राख ।

ताय†*–संज्ञा पुं० [सं० ताप, हिं० ताव] (१) ताप । गरमी । (२) जलन । (३) धूप ।

सर्व० दे० "ताहि" ।

तायदाद‡–संज्ञा पु० "तादाद" ।

तायफ़ा–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) नाचने गानेवाली वेश्याओं और समाजियों की मंडली । (२) वेश्या । रंडी ।

तायना–क्रि० स० [हिं० ताव] तपाना । गरम करना । उ०—पायन बजति उतायल तायल कीन । पुनि करि कायल घायल हायल कीन ।—सेवक ।

ताया–संज्ञा पुं० [स० तात] [स्त्री० ताई] बाप का बड़ा भाई । बड़ा चाचा ।

तार–संज्ञा पु० [सं०] (१) रूपा । चाँदी । (२) (सोना, चाँदी, ताँबा, लोहा इत्यादि) धातुओं का सूत । तपी धातु को पीट और खींच कर बनाया हुआ तागा । रस्सी या तागे के रूप में परिणत धातु । धातु-तंतु ।

विशेष—धातु को पहले पीट कर गोल बत्ती के रूप में करते हैं । फिर उसे तपा कर जंती के बड़े छेद में डालते और सँड़सी से दूसरी ओर पकड़ कर जोर से खींचते हैं । खींचने से धातु लकीर के रूप में बढ़ जाती है । फिर उस छेद में से सूत या बत्ती को निकाल कर उससे और छोटे छेद में डाल कर खींचते हैं । फिर उससे भी छोटे छेद में डाल कर खींचते हैं । इसी प्रकार उत्तरोत्तर अधिक छोटे छेदों में डाल डाल कर खींचते जाते हैं जिससे वह बराबर महीन होता और बढ़ता जाता है । खींचने में धातु बहुत गरम हो जाती है । सोने, चाँदी, आदि धातुओं का तार गोटे, पट्ठे, कारचोबी आदि बनाने में काम आता है । सीसे और राँगे को छोड़ और प्रायः सब धातुओं का तार खींचा जा सकता है । ज़री, कारचोबी आदि में चाँदी ही का तार काम में लाया जाता है । तार को सुनहरी बनाने के लिये उसमें रत्ती दो रत्ती सोना मिला देते हैं ।

क्रि० प्र०—खींचना।

यौ०—तारकश।

मुहा०—तार दबकना = गोटे के लिये तार को पीट कर चिपटा और चौड़ा करना।

(३) धातु का वह तार या डोरी जिसके द्वारा बिजली की सहायता से एक स्थान से दूसरे स्थान पर समाचार भेजा जाता है। टेफिग्राफ़। जैसे, उन दोनों स्टेशनों के बीच तार लगा है।

क्रि० प्र०—लगना।—लगाना।

यौ०—तारघर।

विशेष—तार द्वारा समाचार भेजने में बिजली और चुंबक की शक्ति काम में लाई जाती है। इसके लिये चार वस्तुएँ आवश्यक होती हैं—बिजली उत्पन्न करनेवाला यंत्र या घर, बिजली के प्रवाह का संचार करनेवाला तार, संवाद को प्रवाह द्वारा भेजनेवाला यंत्र और संवाद को ग्रहण करनेवाला यंत्र। यह एक नियम है कि यदि किसी तार के घेरे में से बिजली का प्रवाह हो रहा हो और उसके भीतर एक चुंबक हो तो उस चुंबक को हिलाने से बिजली के बल में कुछ परिवर्त्तन हो जाता है। चुंबक के रहने से जिस दशा को बिजली का प्रवाह होगा उसे निकाल लेने पर प्रवाह उलट कर दूसरी दिशा की ओर हो जायगा। प्रवाह के इस दिशा-परिवर्त्तन का ज्ञान कंपास की तरह के एक यंत्र द्वारा होता है जिसमें एक सुई लगी रहती है। यह सुई एक ऐसे तार की कुंडली के भीतर रहती है जिसमें बाहर से भेजा हुआ विद्युत्प्रवाह संचरित होता है। सुई के इधर उधर होने से प्रवाह के दिक् परिवर्त्तन का पता लगता है। आज कल चुंबक की आवश्यकता नहीं पड़ती। जिस तार में से बिजली का प्रवाह जाता है उसके बगल में दूसरा तार लगा होता है जिसे विद्युद्घट से मिला देने से थोड़ी देर के लिये प्रवाह की दिशा बदल जाती है। अब समाचार किस प्रकार एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाता है स्थूल रूप से देखना चाहिए। भेजनेवाले तार घर में जो विद्युद्घटमाला होती है उसके एक ओर का तार तो पृथ्वी के भीतर गड़ा रहता है और दूसरी ओर का पानेवाले स्थान की ओर गया रहता है। उसमें एक कुंजी ऐसी होती है जिसके द्वारा जब चाहें तब तारों को जोड़ दें और जब चाहें तब अलग कर दें। इसी के साथ उस तार का भी संबंध रहता है जिसके द्वारा बिजली के प्रवाह की दिशा पलट जाती है। इस प्रकार बिजली के प्रवाह की दिशा को कभी इधर कभी उधर फेरने की युक्ति भेजनेवाले के हाथ में रहती है जिससे संवाद ग्रहण करनेवाले स्थान की सुई को वह जब जिधर चाहे घटन वा कुंजी दबा कर कर सकता है। एक बार में सुई जिस क्रम से दहिने या बाएँ होगी उसी के अनुसार अक्षर का संकेत समझा जायगा। सुई के दहिने घूमने को डाट (बिंदु) और बाएँ घूमने को डैश (रेखा) कहते हैं। इन्हीं बिंदुओं और रेखाओं के योग से मार्स नामक एक व्यक्ति ने अँगरेज़ी वर्णमाला के सब अक्षरों के संकेत पूरे कर लिए हैं। जैसे,

A के लिये ·—

B के लिये —···

C के लिये —·—· इत्यादि।

तार के संवाद ग्रहण करने की दो प्रणालियाँ हैं एक दर्शन प्रणाली, दूसरी श्रवण प्रणाली। ऊपर लिखी रीति पहली प्रणाली के अंतर्गत है। पर अब अधिकतर एक खटके (Sounder) का प्रयोग होता है जिसमें सुई लोहे के टुकड़ों पर मारती है जिस से भिन्न भिन्न प्रकार के खट खट शब्द होते हैं। अभ्यास हो जाने पर इन खट खट शब्दों से ही सब अक्षर समझ लिए जाते हैं।

(४) तार से आई हुई खबर। टेलिग्राफ़ के द्वारा आया हुआ समाचार।

क्रि० प्र०—आना।

(५) सूत। तागा। तंतु। सूत्र।

यौ०—तार तोड़।

मुहा०—तार तार करना = किसी बुनी या बटी हुई वस्तु की धज्जियाँ अलग अलग करना। नोच कर सूत सूत अलग करना। उ०—तार तार कीन्ही फारि सारी जरतारी की।—दिनेस। तार तार होना = ऐसा फटना कि धज्जियाँ अलग अलग हो जाँय। बहुत ही फट जाना।

(६) सुतड़ी। (लश०)। (७) बराबर चलता हुआ क्रम। अखंड परंपरा। सिलसिला। जैसे, दोपहर तक लोगों के आने जाने का तार लगा रहा।

मुहा०—तार टूटना = चलता हुआ क्रम बंद हो जाना। परंपरा खंडित हो जाना। लगातार होते हुए काम का बंद हो जाना। तार बँधना = किसी क्रम का बराबर चला चलना। किसी बात का बराबर होते जाना। सिलसिला जारी होना। जैसे, सबेरे से जो उनके रोने का तार बँधा वह अब तक न टूटा। तार बाँधना = (किसी बात को) बराबर करते जाना। सिलसिला जारी करना। तार लगाना = दे० "तार बाँधना"। तार व तार = छिन्न भिन्न। अस्त व्यस्त। बे सिलसिला।

(८) व्योंत। सुबीता। व्यवस्था। जैसे, जहाँ चार पैसे का तार होगा वहाँ जायँगे, यहाँ क्यों आवेंगे।

मुहा०—तार बैठना या बँधना = व्योंत होना। कार्यसिद्धि का सुबीता होना। तार लगना = दे० "तार बैठना"। तार जमना = दे० "तार बैठना"।

† (९) ठीक माप। जैसे, (क) अपने तार का एक जूता ले लेना। (ख) यह कुरता तुम्हारे तार का नहीं है।

(१०) कर्य्यसिद्धि का योग। युक्ति। ढब। जैसे, कोई ऐसा तार लगाओ कि हम भी तुम्हारे साथ आ जायं।

यौ०—तारघाट।

(११) प्रणव। ओंकार। (१२) राम की सेना का एक बंदर जो तारा का पिता था और बृहस्पति के अंश से उत्पन्न था। (१३) शुद्ध मोती। (१४) नक्षत्र। तारा। (१५) सांख्य के अनुसार गौण सिद्धि का एक भेद। गुरु से विधिपूर्वक वेदाध्ययन द्वारा प्राप्त सिद्धि। (१६) शिव। (१७) विष्णु। (१८) संगीत में एक सप्तक (सात स्वरों का समूह) जिसके स्वरों का उच्चारण कंठ से उठ कर कपाल के आभ्यंतर स्थानों तक होता है। इसे उच्च भी कहते हैं। (१९) आँख की पुतली। (२०) अठारह अक्षरों का एक वर्णवृत्त। उ०—तहँ प्रान के नाथ प्रसन्न विलोकी।

* संज्ञा पुं० [सं० ताल] (१) ताल। मजीरा। उ०—काहू के हाथ अधोरी, काहू के वीन, काहू के मृदंग, कोऊ गहे तार।—हरिदास। (२) करताल नामक बाजा।

संज्ञा पुं० [सं०] तल] तल। सतह। जैसे, करतार। उ०—सो कर माँगन को बलि पै करतारहु ने करतार पसारयो।—केशव।

यौ०—करतार = हथेली।

* संज्ञा पुं० [हिं० ताड़] कान का एक गहना। ताटंक। तरौना। उ०—श्रवनन पहिरे उलटे तार।—सूर।

वि० [सं०] (१) जिस में से किरने फूटी हों। (२) निर्मल। स्वच्छ।

तारक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) नक्षत्र। तारा। (२) आँख। (३) आँख की पुतली। (४) इंद्र का शत्रु एक असुर। इसने जब इंद्र को बहुत सताया तब नारायण ने नपुंसक रूप धारण करके इसका नाश किया। (गरुड़पुराण)। (५) एक असुर जिसे कार्त्तिकेय ने मारा था। दे० "तारकासुर"। (६) राम का षडक्षर मंत्र जिसे गुरु शिष्य के कान में कहता है और जिससे मनुष्य तर जाता है। 'ओं रामाय नमः' यह मंत्र। (७) भिलावाँ। भेलक। (८) वह जो पार उतारे। (९) कर्णधार। मल्लाह। (१०) भवसागर से पार करनेवाला। उद्धार करनेवाला। तारनेवाला। (११) एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में चार सगण और एक गुरु होता है (।।ऽ ।।ऽ ।।ऽ ।।ऽ ऽ)।

तारकजित्—संज्ञा पुं० [सं०] कार्त्तिकेय।

तारक टोड़ी—संज्ञा स्त्री० [सं० तारक + हिं० टोड़ी] एक राग जिसमें ऋषभ और कोमल स्वर लगते हैं और पंचम वर्जित होता है। (संगीतरत्नाकर)

तारक तीर्थ—संज्ञा पुं० [सं०] गया तीर्थ (जहाँ पिंडदान करने से पुरखे तर जाते हैं)।

तारक ब्रह्म—संज्ञा पुं० [सं०] राम षडक्षर मंत्र। रामतारक मंत्र। "ओं रामाय नमः" यह मंत्र।

तार-कमानी—संज्ञा स्त्री० [हिं० तार + कमानी] धनुष के आकार का एक औज़ार जिसमें डोरी के स्थान पर लोहे का तार लगा रहता है। इससे नगीने काटे जाते हैं।

तारकश—संज्ञा पुं० [हिं० तार + फ़ा० कश = (खींचनेवाला)] धातु का तार खींचनेवाला।

तारकशी—संज्ञा स्त्री० [हिं० तारकश] तार खींचने का काम।

तारका—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) नक्षत्र। तारा। (२) कनीनिका। आँख की पुतली। (३) इंद्रवारुणी। (४) माराच नामक छंद का नाम। (५) बालि की स्त्री तारा। उ०—सुग्रीव को तारका मिलाई बध्यो वालि भयमंत।—सूर।

* संज्ञा स्त्री० दे० "ताड़का"।

तारकाक्ष—संज्ञा पु० [सं०] तारकासुर का बड़ा लड़का। यह उन तीन भाइयों में से एक था जो ब्रह्मा के वर से तीन पुर (त्रिपुर) बसा कर रहते थे।

विशेष—दे० "त्रिपुर"।

तारकामय—संज्ञा पुं० [सं०] शिव। महादेव।

तारकायण—संज्ञा पुं० [सं०] विश्वामित्र के एक पुत्र का नाम।

तारकासुर—संज्ञा पुं० [सं०] एक असुर का नाम जिसका पूरा वृत्तांत शिवपुराण में दिया हुआ है।

विशेष—यह असुर तार का पुत्र था। इसने जब एक हज़ार वर्ष तक घोर तप किया और कुछ फल न हुआ तब इसके मस्तक से एक बहुत प्रचंड तेज निकला जिससे देवता लोग व्याकुल होने लगे, यहाँ तक कि इंद्र सिंहासन पर से खिँचने लगे। देवताओं की प्रार्थना पर ब्रह्मा तारक के समीप वर देने के लिये उपस्थित हुए। तारकासुर ने ब्रह्मा से दो वर माँगे। पहला तो यह कि "मेरे समान संसार में कोई बलवान् न हो', दूसरा यह कि "यदि मैं मारा जाऊँ तो उसी के हाथ से जो शिव से उत्पन्न हो" ये दोनों वर पाकर तारकासुर घोर अन्याय करने लगा। इस पर सब देवता मिल कर ब्रह्मा के पास गए। ब्रह्मा ने कहा "शिव के पुत्र के अतिरिक्त तारक को और कोई नहीं मार सकता। इस समय हिमालय पर पार्वती शिव के लिये तप कर रही हैं। जाकर ऐसा उपाय रचो कि उनका संयोग शिव के साथ हो जाय"। देवताओं की प्रेरणा से कामदेव ने जाकर शिव के चित्त को चंचल किया। अंत में शिव के साथ पार्वती का विवाह हो गया। जब बहुत दिनों तक शिव को पार्वती से कोई पुत्र नहीं हुआ तब देवताओं ने घबरा कर अग्नि को शिव के पास भेजा।

कपोत के वेश में अग्नि को देख शिव ने कहा "तुम्हीं हमारे वीर्य को धारण करो" और वीर्य को अग्नि के ऊपर डाल दिया। उसी वीर्य से कार्त्तिकेय उत्पन्न हुए जिन्हें देवताओं ने अपना सेनापति बनाया। घोर युद्ध के उपरांत कार्त्तिकेय के बाण से तारकासुर मारा गया।

तारकिणी–वि० स्त्री० [सं०] तारों से भरी।
संज्ञा स्त्री० रात्रि। रात।

तारकित–वि० [सं०] तारायुक्त। तारों से भरा हुआ। जैसे, तारकित गगन।

तारकी–वि० [स० तारकिन्] [स्त्री० तारकिणी] तारकित।

तारकूट–संज्ञा पुं० [स० तार = चाँदी + कूट = नकली] चाँदी और पीतल के योग से बनी एक धातु।

तारकेश्वर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) शिव। (२) एक शिवलिंग जो कलकत्ते के पास है। (३) एक रसौषध।

विशेष—पारा, गंधक, लोहा, वंग, अभ्रक, जवासा, जवाखार, गोखरू के बीज, और हड़ इन सब को बराबर बराबर लेकर घिसते हैं और फिर पेठे के पानी, पंचमूल के काढ़े और गोखरू के रस की भावना देकर प्रस्तुत औषध की दो दो रत्ती की गोलियाँ बना लेते हैं। इन गोलियों को शहद में फेंट कर खाते हैं। इस औषध के सेवन से बहुमूत्र रोग दूर होता है।

तारक्षिति–संज्ञा पुं० [सं०] पश्चिम दिशा में एक देश जहाँ म्लेच्छों का निवास है। (बृहत्संहिता)

तारक्ष*–संज्ञा पुं० [सं० तार्क्ष्य] गरुड़। (डिं०)

तारक्षी*–संज्ञा पुं० [सं० तार्क्ष्य] घोड़ा। (डिं०)

तारघर–संज्ञा पुं० [देश०] वह स्थान जहाँ से तार की खबर भेजी जाय।

तारघाट–संज्ञा पुं० [हिं० तार + घाट] कार्य्यसिद्धि का योग। मतलब निकलने का सुबीता। व्यवस्था। आयोजन। जैसे, वहाँ कुछ मिलने का तारघाट होगा, तभी वह गया है।

तारचरबी–संज्ञा पुं० [देश०] मोमचीना का पेड़।

विशेष—यह पेड़ छोटा होता है और चीन, जापान आदि देशों में बहुत लगाया जाता है। इसके फल में तीन बीजकोश होते हैं जो एक प्रकार के चिकने पदार्थ से भरे रहते हैं जिसे चरबी कहते हैं। चीन और जापान में इसी पेड़ की चरबी से मोमबत्तियाँ बनती हैं। चरबी के अतिरिक्त बीजों से भी एक प्रकार का पीला तेल निकलता है जो दवा और रोगन (वारनिश) के काम में आता है।

तारण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) (दूसरे को) पार करने का काम। पार उतारने की क्रिया। (२) उद्धार। निस्तार। (३) उद्धार करनेवाला। तारनेवाला। उ०—जग कारन, तारन भव, भंजन धरनी भार।—तुलसी। (४) विष्णु। (५) साठ संवत्सरों में से एक।

तारणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] कश्यप की एक पत्नी जो बाज और उपबाज की माता कही जाती है।

तारतंदुल–संज्ञा पुं० [सं०] सफेद उशीर।

तारतम्य–संज्ञा पुं० [सं०] [वि० तारतम्यिक] (१) न्यूनाधिक्य। परस्पर न्यूनाधिक्य का क्रम या संबंध। एक दूसरे से कमी बेशी का हिसाब। (२) उत्तरोत्तर न्यूनाधिक्य के अनुसार व्यवस्था। कमी बेशी के हिसाब से तरतीब। (३) दो या कई वस्तुओं में परस्पर न्यूनाधिक्य आदि संबंध का विचार। गुण, परिमाण आदि का परस्पर मिलान।

तारतम्यबोध–संज्ञा पुं० [स०] कई वस्तुओं में एक का दूसरे से घट कर या बढ़ कर होने से घट कर या बढ़ कर होने का विचार। कई वस्तुओं में भले बुरे आदि की पहचान। सापेक्ष संबंध ज्ञान।

तार तार–वि० [हिं० तार] जिसकी धज्जियाँ अलग अलग हो गई हों। टुकड़ा टुकड़ा। फटा कटा। उधड़ा हुआ।

क्रि० प्र०—करना।

संज्ञा पुं० [स०] सांख्य के अनुसार एक गौण सिद्धि। पठित आगम शास्त्र आदि की तर्क द्वारा युक्तियुक्त परीक्षा द्वारा प्राप्त सिद्धि।

तारतोड़–संज्ञा पुं० [हिं० तार + तोड़ना] एक प्रकार का सुई का काम जो कपड़े पर होता है। कारचोबी। उ०—दिखावै कोई गोखरू मोढ़ मोढ़। कहीं सूत बूटे कहीं तारतोड़।—मीरहसन।

तारदी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का काँटेदार पेड़। तरदी वृक्ष।

पर्य्या०—खर्बुरा। तीव्रा। रक्तबीजका।

तारन–संज्ञा पुं० दे० "तारण"।

संज्ञा पुं० [हिं० तर = नीचे ?] (१) छत की ढाल। छाजन की ढाल। (२) छप्पर का वह बाँस जो काड़ियों के नीचे रहता है।

तारना–क्रि० स० [सं० तारण] (१) पार लगाना। पार करना। (२) संसार के क्लेश आदि से छुड़ाना। भवबाधा दूर करना। उद्धार करना। निस्तार करना। सद्गति देना। मुक्त करना। उ०—काहू ने न तारे तिन्हैं गंगा तुम तारे और जेते तुम तारे तेते नभ में न तारे हैं।—पद्माकर।

तारपीन–संज्ञा पुं० [अं० टरपेंटाइन] चीड़ के पेड़ से निकला हुआ तेल।

विशेष—चीड़ के पेड़ में जमीन से कोई दो हाथ ऊपर एक खोखला गड्ढा काट कर बना देते हैं और उसे नीचे की ओर

कुछ गहरा कर देते हैं। इसी गहरे किए हुए स्थान में चीड़ का पसेव निकल कर गोंद के रूप में इकट्ठा होता है जिसे गंदा-बिरोजा कहते हैं। इस गोंद से भबके द्वारा जो तेल निकाल लिया जाता है उसे तारपीन का तेल कहते हैं। यह औषध के काम मे आता है और दर्द के लिये उपकारी है।

तारपुष्प–संज्ञा पुं० [सं०] कुंद का पेड़।

तारबर्क़ी–संज्ञा पुं० [उ०] बिजली की शक्ति द्वारा समाचार पहुँचानेवाला तार।

तारमाक्षिक–संज्ञा पुं० [सं०] रूपामक्खी नाम की उपधातु।

तारयिता–संज्ञा पुं० [सं० तारयितृ] [स्त्री० तारयित्री] तारनेवाला। उद्धार करनेवाला।

तारल्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) जल, तेल आदि के समान प्रवाहशील होने का धर्म। द्रवत्व। (२) चंचलता। चपलता।

तारविमला–संज्ञा स्त्री० [स०] रूपामक्खी नाम की उपधातु।

तारसार–संज्ञा पुं० [सं०] एक उपनिषद् का नाम।

तारा–संज्ञा पुं० [सं०] (१) नक्षत्र। सितारा।

यौ०—तारा मंडल।

मुहा०—तारे गिनना = चिंता या आसरे में बेचैनी से रात काटना। दुःख से किसी प्रकार रात बिताना। तारे खिलना = तारों का चमकते हुए निकलना। तारों का दिखाई देना। तारे छिटकना = तारों का दिखाई पड़ना। आकाश स्वच्छ होना और तारों का दिखाई पड़ना। तारा टूटना = चमकते हुए पिंड का आकाश मे वेग से एक ओर से दूसरी ओर को जाते हुए या पृथ्वी पर गिरते हुए दिखाई पड़ना। उल्कापात होना। तारा डूबना = (१) किसी नक्षत्र का अस्त होना। (२) शुक्र का अस्त होना (शुक्रास्त में हिंदुओं के यहाँ मंगल कार्य नहीं किए जाते)। तारे तोड़ लाना = (१) कोई बहुत ही कठिन काम कर दिखाना। (२) बड़ा चालाकी का काम करना। तारे दिखाना = प्रसूता स्त्री को छठी के दिन बाहर लाकर आकाश की ओर इसलिये तकाना जिसमें जिन भूत आदि का डर न रह जाय। (मुसलमान स्त्रियों में यह रीति है)। तारे दिखाई दे जाना = कमजोरी या दुर्बलता के कारण आँखों के सामने तिरमिराहट दिखाई पड़ना। तारा सी आँखें हो जाना = झलाई, सूजन, कीचड़ आदि दूर होने के कारण आँख का स्वच्छ हो जाना। तारों की छाँह = बड़े सवेरे। तड़के, जब कि तारों का धुँधला प्रकाश रहे। जैसे, तारों की छाँह यहाँ से चल देंगे। तारा हो जाना = (१) बहुत ऊँचे पर हो जाना। इतनी ऊँचाई पर पहुँच जाना कि तारे की तरह छोटा दिखाई दे। (२) इतनी दूर हो जाना कि छोटा दिखाई पड़े। बहुत फासले पर हो जाना।

(२) बृहस्पति की स्त्री का नाम जिसे चंद्रमा ने उसके इच्छानुसार रख लिया था। बृहस्पति ने जब अपनी स्त्री को चंद्रमा से माँगा तब चंद्रमा ने देना अस्वीकार किया। इस पर बृहस्पति अत्यंत क्रुद्ध हुए और घोर युद्ध आरंभ हुआ। अंत में ब्रह्मा ने उपस्थित होकर युद्ध शांत किया और तारा को ले कर बृहस्पति को दे दिया। तारा को गर्भवती देख बृहस्पति ने गर्भस्थ शिशु पर अपना अधिकार प्रकट किया। तारा ने तुरंत शिशु का प्रसव किया। देवताओं ने तारा से पूछा "ठीक ठीक बताओ यह किसका पुत्र है?" तारा ने बड़ी देर के पीछे बताया कि "यह दस्युहंतम नामक पुत्र चंद्रमा का है।" चंद्रमा ने अपने पुत्र को ग्रहण किया और उसका नाम बुध रखा। (३) आँख की पुतली। उ०—मेरे नैनों का तारा है मेरा गोविंद प्यारा है।—हरिश्चंद्र। (४) सितारा। भाग्य। किसमत। उ०—ग्रीखम के भानु सो खुमान को प्रताप देखि तारे सम तारे गए मूँदि तुरकन के।—भूषण।

संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तंत्र के अनुसार दस महाविद्याओं में से एक। (२) जैनों की एक शक्ति। (३) बालि नामक बंदर की स्त्री और सुसेन की कन्या जिसने बालि के मारे जाने पर उसके भाई सुग्रीव के साथ रामचंद्र के आदेशानुसार विवाह कर लिया था। तारा पंचकन्याओं में मानी जाती है और प्रातःकाल उसके नाम लेने का बड़ा माहात्म्य समझा जाता है। श्लोक—अहल्या द्रौपदी तारा कुंती मंदोदरी तथा। पंच कन्या स्मरेन्नित्यं महापातकनाशनम्॥ (४) सिर में बाँधने का चीरा।

*संज्ञा पु० दे० "तारा"।

ताराकूट–संज्ञा पुं० [स०] फलित ज्योतिष में वर कन्या के शुभाशुभ फल को सूचित करनेवाला एक कूट जिसका विचार विवाह स्थिर करने के पहले किया जाता है।

ताराक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] तारकाक्ष दैत्य।

तारामह–संज्ञा पुं० [सं०] मंगल, बुध, गुरु, शुक्र और शनि इन पाँच ग्रहों का समूह। (बृहत्संहिता)।

ताराज–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) लूट पाट। (लश०)। (२) नाश। ध्वंस। बरबादी।।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

तारात्मक नक्षत्र–संज्ञा पुं० [सं०] आकाश में क्रांति वृत्त के उत्तर और दक्षिण ओर के तारों का समूह जिन में अश्विनी भरणी आदि हैं।

ताराधिप–संज्ञा पुं० [सं०] (१) चंद्रमा। (२) शिव। (३) बृहस्पति। (४) बालि और सुग्रीव।

ताराधीश–संज्ञा पुं० दे० "ताराधिप"।

तारानाथ–संज्ञा पुं० [सं०] (१) चंद्रमा। (२) बृहस्पति। (३) बालि। (४) सुग्रीव।

तारापति–संज्ञा पुं० दे० "तारानाथ"।

तारापथ–संज्ञा पुं० [सं०] आकाश।

तारापीड़–संज्ञा पुं० [सं०] (१) चंद्रमा। (२) मत्स्यपुराण के अनुसार अयोध्या के एक राजा का नाम। (३) काश्मीर के एक प्राचीन राजा का नाम।

तारामृ–संज्ञा पुं० [सं०] नारद।

तारामूषा–संज्ञा स्त्री० [सं०] रात्रि। रात।

तारारुह–संज्ञा पुं० [सं०] कपूर।

तारामंडल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) नक्षत्रों का समूह या घेरा। (२) एक प्रकार की आतशबाज़ी।

तारामंडूर–संज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक में एक विशेष प्रकार का मंडूर जो अनेक द्रव्यों के योग से बनता है।

तारामृग–संज्ञा पुं० [सं०] मृगशिरा नक्षत्र।

तारायण–संज्ञा पुं० [सं०] आकाश।

तारारि–संज्ञा पुं० [सं०] विटमाक्षिक नाम की उपधातु।

तारिक–संज्ञा पुं० [सं०] नदी आदि पार उतारने का भाड़ा या महसूल। उतराई।

तारिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] ताड़ी नामक मद्य।

* संज्ञा स्त्री० दे० "तारका"। उ०—तारिका दुरानी, तमचुर बोले, श्रवन भनक परी ललिता के तान की।—सूर।

तारिणी–वि० स्त्री० [सं०] तारनेवाली। उद्धार करनेवाली।

संज्ञा स्त्री० तारा देवी। दे० "तारा"।

तारी–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) एक प्रकार की चिड़िया। (२) निद्रा। समाधि। ध्यान।

*† संज्ञा स्त्री० दे० "ताली"।

*† संज्ञा स्त्री० दे० "ताड़ी"।

तारीक–वि० [फ़ा०] (१) स्याह। काला। (२) धुँधला। अँधेरा।

तारीकी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) स्याही। (२) अंधकार।

तारीख़–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) महीने का हर एक दिन (२४ घंटों का)। तिथि।

मुहा०—तारीख डालना = तिथि वार आदि लिखना।

(२) वह तिथि जिसमें पूर्व काल के किसी वर्ष में कोई विशेष घटना हुई हो, विशेषतः ऐसी जिस का उत्सव या शोक मनाया जाता हो अथवा जिसके लिये कुछ रीति व्यवहार प्रति वर्ष करना पड़ता हो। (३) नियत तिथि। किसी काम के लिये ठहराया हुआ दिन। जैसे, कल मुक़दमे की तारीख है।

मुहा०—तारीख डालना = तारीख मुकर्रर करना। दिन नियत करना। तारीख टलना = किसी काम के लिये पहले से नियत दिन के और आगे कोई दिन नियत होना। जैसे, उनके मुक़दमे की तारीख टल गई। तारीख़ पड़ना = किसी काम के लिये दिन मुकर्रर होना। तिथि नियत होना।

(४) तवारीख। इतिहास।

तारीफ़–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) लक्षण। परिभाषा। (२) वर्णन। विवरण। (३) बखान। प्रशंसा। श्लाघा।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

(४) प्रशंसा की बात। विशेषता। गुण। सिफ़त। जैसे, यही तो इस दवा में तारीफ़ है कि ज़रा भी नहीं लगती।

तारुण्य–संज्ञा पुं० [सं०] यौवन। जवानी।

तारू†–संज्ञा पु० दे० "तालू"।

तारेय–संज्ञा पु० [सं०] (१) तारा या बालि का पुत्र अंगद। (२) बृहस्पति की स्त्री तारा का पुत्र बुध।

तार्किक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तर्कशास्त्र का जाननेवाला। (२) तत्त्ववेत्ता। दार्शनिक।

तार्क्ष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) कश्यप। (२) कश्यप के पुत्र गरुड़।

तार्क्षज–संज्ञा पुं० [सं०] रसांजन।

तार्क्षी–संज्ञा स्त्री० [सं०] पाताल गरुड़ी लता। छिरेंटी। छिरिहटा।

तार्क्ष्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तृण मुनि के गोत्रज। (२) गरुड़। (३) गरुड़ के बड़े भाई अरुण। (४) घोड़ा। (५) रसांजन। (६) सर्प। (७) अश्वकर्ण वृक्ष। एक प्रकार का शालवृक्ष। (८) एक पर्वत का नाम। (९) महादेव। (१०) सोना। स्वर्ण। (११) रथ।

तार्क्ष्यज–संज्ञा पुं० [सं०] रसोत। रसांजन।

तार्क्ष्यप्रसव–संज्ञा पुं० [सं०] अश्वकर्ण वृक्ष।

तार्क्ष्यशैल–संज्ञा पु० [सं०] रसांजन। रसोत।

तार्क्ष्यी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक बनलता का नाम।

तार्ण्य–संज्ञा पु० [सं०] तृणा नामक लता से बनाया हुआ वस्त्र जिसका व्यवहार वैदिक काल में होता था।

ताल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) हाथ का तल। करतल। हथेली। (२) वह शब्द जो दोनों हथेलियों को एक दूसरे पर मारने से उत्पन्न होता है। करतलध्वनि। ताली। (३) नाचने या गाने में उसके काल और क्रिया का परिमाण, जिसे बीच बीच में हाथ पर हाथ मार कर सूचित करते जाते हैं।

विशेष—संगीत के संस्कृत ग्रंथों में ताल दो प्रकार के माने गए हैं—मार्ग और देशी। भरतमुनि के मत से मार्ग ६० हैं—चच्चत्पुट, चाचपुट, षट्पितापुत्रक, उद्घट्टक, सन्निपात, कंकण, कोकिलारव, राजकोलाहल, रंगविद्याधर, शचीप्रिय, पार्वतीलोचन, राजचूड़ामणि, जयश्री, वादकाकुल, कंदर्प, नलकूबर, दर्पण, रतिलीन, मोक्षपति, श्रीरंग, सिंहविक्रम, दीपक, मल्लिकामोद, गजलील, चर्चरी, कुहक, विजयानंद, वीरविक्रम, टैंगिक, रंगाभरण, श्रीकीर्त्ति, वनमाली, चतुर्मुख, सिंहनंदन, नंदीश, चंद्रबिंब, द्वितीयक, जयमंगल, गंधर्व, मकरंद, त्रिभंगी, रतितालक, वसंत, जगझंप, गारुड़ि, कविशेखर, घोष, हरवल्लभ, भैरव, गतप्रत्यागत, मल्लताली, भैरवमस्तक, सरस्वतीकंठाभरण, क्रीड़ा, निःसारु, मुक्तावली, रंगराज, भरतानंद, आदितालक, संपर्केष्टक। इसी प्रकार १२० देशी ताल गिनाए गए हैं। इन तालों के नामों में भिन्न भिन्न ग्रंथों में विभिन्नता देखी जाती है। इन नामों में से आज कल बहुत ही थोड़े प्रचलित हैं। संगीत में ताल देने के लिये तबले, मृदंग, ढोल और मँजीरे आदि का व्यवहार किया जाता है।

क्रि० प्र०—देना।—बजाना।

यौ०—तालमेल।

मुहा०—ताल बेताल = (१) जिसका ताल ठिकाने से न हो। (२) अवसर या बिना अवसर के। मौके बेमौके। ताल से बेताल होना = ताल के नियम से बाहर हो जाना। उखड़ जाना (गाने बजाने में)।

(४) अपने जंघे या बाहु पर जोर से हथेली मार कर उत्पन्न किया हुआ शब्द। कुश्ती आदि लड़ने के लिये जब किसी को ललकारते हैं तब इस प्रकार हाथ मारते हैं।

मुहा०—ताल ठोंकना = लड़ने के लिये ललकारना।

(५) मजीरा या झाँझ नाम का बाजा। (६) चश्मे के पत्थर या काँच का एक पल्ला। (७) हरताल। (८) तालीशपत्र। (९) ताड़ का पेड़ या फल। (१०) बेल। बिल्वफल। (अनेकार्थ)। (११) हाथियों के कान फटफटाने का शब्द। (१२) लंबाई की एक माप। बित्ता। (१३) ताला। (१४) तलवार की मूठ। (१५) एक नरक। (१६) महादेव। (१७) दुर्गा के सिंहासन का नाम। (१८) पिंगल में गण के दूसरे भेद का नाम जो एक गुरु और एक लघु का होता है—ऽ।

संज्ञा पुं० [सं० तल] वह नीची भूमि या लंबा चौड़ा गड्ढा जिसमें बरसात का पानी जमा रहता है। जलाशय। पोखरा। तालाब।

तालकंद—संज्ञा पुं० [स०] तालमूली। मुसली।

तालक*‡—संज्ञा पुं० दे० "तमस्लुक"। उ०—हौं तो एक बालक न मोहिं कछू तालक पै देखो तात तुमहूँ को कैसी लघुताई है।—हनुमान।

संज्ञा पुं० [सं०] (१) हरताल। (२) ताला। (३) गोपीचंदन।

तालकट—संज्ञा पुं० [स०] बृहत्संहिता के अनुसार दक्षिण का एक देश जो कदाचित् बीजापुर के पास का तालीकोट हो।

तालकी—संज्ञा स्त्री० [स०] ताड़ी। ताड़रस।

तालकूटा—संज्ञा पुं० [हिं० ताल + कूटना] झाँझ बजा कर भजन आदि गानेवाला।

तालकेतु—संज्ञा पुं० [स०] (१) वह जिसकी पताका पर ताड़ के पेड़ का चिह्न हो। (२) भीष्म। (३) बलराम।

तालकेश्वर—संज्ञा पुं० [सं०] एक औषध जो कुष्ट, फोड़ा फुंसी आदि में दी जाती है।

विशेष—दो माशे हरताल में पेठे के रस, घीकुआर के रस और तिल के तेल की भावना देते हैं। फिर दो माशे गंधक और एक माशे पारे को मिला कर कज्जली करते और उसमें भावना दी हुई हरताल मिला कर फिर सब में क्रम से बकरी के दूध, नीबू के रस और घीकुआर के रस की तीन दिन भावना देते हैं। अंत में सब का गोल कतरा बना कर उसे हाँड़ी में क्षार के भीतर रख बारह पहर तक पकाते हैं और फिर ठंढा होने पर उतार लेते हैं।

तालक्कोशा—संज्ञा पु० [सं०] एक पेड़ का नाम।

तालक्षीर—संज्ञा पु० [सं०] खजूर या ताड़ की चीनी।

तालचर—संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक देश का नाम। (२) उस देश का निवासी।

तालजंघ—संज्ञा पु० [सं०] (१) एक देश का नाम। (२) उस देश का निवासी। (३) एक यदुवंशी राजा जिसके पुत्रों ने राजा सगर के पिता असित को राजच्युत किया था।

तालरंग—संज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का बाजा जिससे ताल दिया जाता है।

तालध्वज—संज्ञा पुं० [स०] (१) वह जिसकी ध्वजा पर ताड़ के पेड़ का चिह्न हो। (२) भीष्म। (३) बलराम। (४) एक पर्वत का नाम।

तालनवमी—संज्ञा स्त्री० [स०] भाद्र शुक्ला नवमी।

विशेष—इस दिन स्त्रियाँ व्रत और तालपत्र आदि से गौरी का पूजन करती हैं।

तालपत्रिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] तालमूली। मुसली।

तालपत्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] मूसाकर्णी। मूषकपर्णी। मूसाकानी बूटी।

तालपर्ण—संज्ञा पुं० [सं०] कपूर कचरी।

तालपर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) सौंफ। (२) कपूर कचरी

(३) तालमूली । मुसली । (४) सोआ । सोया नाम का साग ।

तालपुष्पक—संज्ञा पुं० [सं०] पुंडरिया । प्रपौंडरीक ।

तालबंद—संज्ञा पुं० [सं० ताल, तालिका + बंध] वह लेखा जिसमें आमदनी की हर एक मद दिखलाई गई हो ।

तालबेन—संज्ञा स्त्री० [सं० तालवेणु] एक बाजा ।

तालबैताल—संज्ञा पुं० [सं० ताल + बैताल] दो देवता या यक्ष । ऐसा प्रसिद्ध है कि राजा विक्रमादित्य ने इन्हें सिद्ध किया था और ये बराबर उनकी सेवा में रहते थे ।

ताल-मखाना—संज्ञा पुं० [हिं० ताल + मखाना] (१) एक पौधा जो गीली या सीड़ जमीन में होता है, विशेषतः पानी या दलदलों के निकट । इसकी पत्तियाँ ५ या ६ अंगुल लंबी और अंगुल सवा अंगुल चौड़ी होती हैं । इसकी जड़ से चारों ओर बहुत सी टहनियाँ निकलती हैं जिनमें थोड़ी थोड़ी दूर पर गूमें के पौधे की गाँठों के ऐसी गाँठें होती हैं । इन गाँठों पर काँटे होते हैं । इन्हीं गाँठों पर फूल या बीजों के कोशों के अंकुर होते हैं । फूल छोटे छोटे और सफेद रंग के होते हैं । फूलों के झड़ जाने पर गाँठ के कोशों में जीरे के ऐसे बीज पड़ते हैं, जो दवा के काम में आते हैं । वैद्यक में ये बीज मधुर, शीतल, बलकारक वीर्य्यवर्द्धक तथा पथरी, वातरक्त, प्रमेह आदि को दूर करनेवाले माने जाते हैं । वात और गठिया में भी तालमखाने के बीज उपकारी होते हैं । डाक्टरों ने भी परीक्षा करके इन्हें मूत्रकारक, बलकारक, और जननेंद्रिय संबंधी रोगों के लिये उपकारक बताया है । तालमखाने का पौधा दो प्रकार का होता है—एक लाल फूल का, दूसरा सफेद फूल का । सफेद फूल का ही अधिक मिलता है । इसकी पत्तियों का साग भी कहीं कहीं खाया जाता है ।

पर्य्या०—कोकिलाक्ष । काकेक्षु । इक्षुर । क्षुरक । भिक्षु । कांडेक्षु । इक्षुगंधा, शृगाली । शृंखलि । शूरक । शृगालघटी । वज्रास्थि । शृंखला । वनकंटक । वज्र । त्रिक्षुर । शुक्लपुष्प (सफेद तालमखाना) । छत्रक और अतिच्छत्र (तालमखाना) । (२) दे० "मखाना" ।

तालमूलिका—संज्ञा स्त्री० दे० "तालमूली" ।

तालमूली—संज्ञा स्त्री० [स०] मुसली ।

तालमेल—संज्ञा पुं० [हिं० ताल + मेल] (१) ताल सुर का मिलान । (२) मिलान । मेलजोल । उपयुक्त योजना । ठीक ठीक संयोग ।

मुहा०—तालमेल खाना = ठीक ठीक संयोग होना । प्रकृति आदि का मेल होना । विधि मिलना । मेल पटना । तालमेल बैठना = दे० "ताजमेल खाना" ।

(३) उपयुक्त अवसर । अनुकूल संयोग । जैसे, तालमेल देख कर काम करना चाहिए ।

तालरस—संज्ञा पुं० [सं०] ताड़ी । ताड़ के पेड़ का मद्य । उ०—तालरस बलराम चाख्यो मन भयो आनंद । गोपसुत सब टेरि लीन्हे सुधि भई नँदनंद ।—सूर ।

ताललक्षण—संज्ञा पुं० [सं०] तालध्वजा । बलराम ।

तालवन—संज्ञा पुं० [सं०] (१) ताड़ के पेड़ों का जंगल । (२) ब्रज मंडल के अंतर्गत एक वन जो गोवर्द्धन के उत्तर जमुना के किनारे पर है । कहते हैं यहीं पर बलराम ने धेनुकवध किया था । उ०—सखा कहन लागे हरि सों तब । चलौ तालवन कौं जैये अब ।—सूर ।

तालवाद्य—वि० [स०] वह बाजा जिससे ताल दिया जाय । जैसे, मँजीरा, झाँझ आदि ।

तालवृंत—संज्ञा पुं० [सं०] (१) ताड़ के पत्ते का पंखा । (२) एक प्रकार का सोम । (सुश्रुत)

तालव्य—वि० [सं०] (१) तालू संबंधी । (२) तालु से उच्चारण किया जानेवाला वर्ण ।

विशेष—इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ, य, श—ये वर्ण तालव्य कहलाते हैं ।

तालसाँस—संज्ञा पुं० [स० ताल + बं० साँस = गूदा] ताड़ के फल के भीतर का गूदा जो खाने के काम में आता है ।

तालस्कंध—संज्ञा पु० [स०] एक अस्त्र जिसका नाम वाल्मीकि रामायण में आया है ।

तालांक—संज्ञा पु० [सं०] (१) वह जिसका चिह्न ताड़ हो । (२) बलराम । (३) एक प्रकार का साग । (४) आरा । (५) शुभलक्षणवान् मनुष्य । (६) पुस्तक । (७) महादेव ।

तालांकुर—संज्ञा पु० [सं०] मैनसिल ।

ताला—संज्ञा पुं० [सं तलक] लोहे पीतल आदि की वह कल जिसे बंद किवाड़ संदूक आदि की कुंडी में फँसा देने से किवाड़ या संदूक बिना कुंजी के नहीं खुल सकता । कपाट अवरुद्ध रखने का यंत्र । जंदरा । कुलफ ।

क्रि० प्र०—खुलना ।—खोलना ।—बंद होना, करना ।—लगना ।—लगाना ।

यौ०—ताला कुंजी ।

मुहा०—ताला जकड़ना = ताला लगाकर बंद करना । ताला तोड़ना = किसी दूसरे की वस्तु को चुराने या लूटने के लिये उसके घर संदूक आदि में लगे हुए ताले को तोड़ना । ताला भिड़ना = ताला बंद होना । ताला भेड़ना = ताला लगाना ।

ताला कुंजी—संज्ञा स्त्री० [हिं० ताला + कुंजी] (१) किवाड़ संदूक आदि बंद करने का यंत्र ।

क्रि० प्र०—लगाना ।

(२) लड़कों का एक खेल ।

तालाक्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] कपूर कचरी ।

तालाब–संज्ञा पुं० [हिं० ताल + फ़ा० आब] जलाशय । सरोवर । पोखरा ।

तालिक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) फैली हुई हथेली । (२) चपत । तमाचा । (३) नत्थी या तागा जिससे भिन्न भिन्न विषयों के तालपत्र या कागज बँधे हों । (४) तालपत्र या कागज का पुलिंदा ।

तालिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) ताली । कुंजी । (२) नत्थी या तागा जिससे भिन्न भिन्न विषयों के तालपत्र या कागज अलग अलग बँधे हों । तालपत्र या कागज का पुलिंदा । (३) नीचे ऊपर लिखी हुई वस्तुओं का क्रम । नीचे ऊपर लिखे हुए नाम जिसमें अलग अलग चीजें गिनाई गई हों । सूची । फिहरिस्त । (४) चपत । तमाचा । (५) तालमूली । मुसली । (६) मजीठ ।

तालिब–संज्ञा पुं० [अ०] ढूँढ़नेवाला । तलाश करनेवाला । चाहनेवाला ।

तालिबइल्म–संज्ञा पुं० [अ०] विद्यार्थी ।

तालिम * †–संज्ञा स्त्री० [सं० तल्प] शय्या । बिस्तर । (डिं०)

तालियामार–संज्ञा पुं० [हिं० ताली + मारना] गलही । जहाज़ या नाव का अगला भाग जो पानी काटता है । (लश०)

ताली–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) कुंजी । चाबी । लोहे की वह कील जिससे ताला खोला और बंद किया जाता है । (२) ताड़ी । ताड़ का मद्य । (३) तालमूली । मुसली । (४) भूआँवला । भूम्यामलकी । (५) अरहर । (६) ताम्रवल्ली लता । (७) एक प्रकार का छोटा ताड़ जो बंगाल और बरमा में होता है । बजरबट्टू । बट्टू । (८) एक वर्णवृत्त । (९) मेहराब के बीचो बीच का पत्थर या ईंट ।

संज्ञा स्त्री० [सं० ताल] (१) दोनों फैली हुई हथेलियों को एक दूसरे पर मारने की क्रिया । करतलों का परस्पर आघात । थपेड़ी ।

क्रि० प्र०—पीटना ।—बजाना ।

मुहा०—ताली पीटना या बजाना = हँसी उड़ाना । उपहास करना । ताली बज जाना = उपहास होना । निरादर होना । एक हाथ से ताली नहीं बजती = बैर या प्रीति एक ओर से नहीं होती । दोनों के करने से लड़ाई झगड़ा या प्रेम का व्यवहार होता है ।

(२) दोनों हथेलियों को फैला कर एक दूसरे पर मारने से उत्पन्न शब्द । करतल-ध्वनि ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० ताल = जलाशय] छोटा ताल । तलैया । गड़ही । उ०—फरइ कि कोदव बालि सु साली । मुकता प्रसव कि संबुक ताली ।—तुलसी ।

संज्ञा स्त्री० [देश०] पैर की बिचली उँगली का पोर या ऊपरी भाग ।

तालीका–संज्ञा पु० [अ० तश्रलीका] (१) माल असबाब की ज़ब्ती । मकान की कुर्क़ी । (२) कुर्क़ किए हुए असबाब की फिहरिस्त ।

तालीपत्र–संज्ञा पु० [सं०] तालीश पत्र ।

तालीम–संज्ञा स्त्री० [अ०] शिक्षा । अभ्यासार्थ उपदेश जैसे, उसकी तालीम अच्छी नहीं हुई है ।

क्रि० प्र०—देना ।—पाना ।—लेना ।

तालीशपत्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तमाल या तेजपत्ते की जाति का एक पेड़ जो हिमालय पर सिंध से सतलज तक थोड़ा बहुत और उससे पूर्व सिकिम तक बहुत अधिक होता है । आसाम में खसिया की पहाड़ियों से लेकर बरमा तक इसके पेड़ पाए जाते हैं । इसके पत्ते एक लंबे डंठल के दोनों ओर लगते हैं और तेजपत्ते से लंबे होते हैं । डंठल में खजूर की तरह चौकोर खाने से होते हैं । इसकी लकड़ी बहुत खरी होती है । पत्ते बाजारों में तालीशपत्र के नाम से बिकते हैं और दवा के काम में आते हैं । वैद्यक में तालीशपत्र मधुर, गरम, कफवातनाशक तथा गुल्म, क्षय रोग और खाँसी को दूर करनेवाला माना जाता है ।

पर्य्या०—धात्रीपत्र । शुकोदर । ग्रंथिकापत्र । तुलसीछद । अर्कबंध । पत्राख्य । करिपत्र । करिच्छद । नील । नीलांबर । तालीपत्र । तमाह्वय ।

(२) दो ढाई हाथ ऊँचा एक पौधा जो उत्तरीय भारत, बंगाल तथा समुद्र के किनारे के देशों में होता है । यह भूआँवला की जाति का है । इसकी सूखी पत्तियाँ भी दवा के काम में आती हैं । इसे पनिया आमला भी कहते हैं । इसका पौधा भूआँवले से बड़ा और चिलबिल से मिलता जुलता होता है ।

तालीशपत्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] तालीशपत्र ।

तालु–संज्ञा पुं० [स०] [वि० तालव्य] तालू ।

तालुकंटक–संज्ञा पुं० [सं०] एक रोग जो बच्चों के तालू में होता है । इसमें तालू में काँटे से पड़ जाते हैं और तालू धँस जाता है । इसके कारण बच्चा स्तन बड़ी कठिनाई से पीता है । जब यह रोग होता है तब बच्चे को पतले दस्त भी आते हैं ।

तालुका–संज्ञा स्त्री० [सं०] तालू की नाड़ी ।

संज्ञा पुं० [सं०] दे० "तमल्लुका" ।

तालुजिह्व–संज्ञा पुं० [सं०] घड़ियाल ।

तालुपाक–संज्ञा पु० [स०] एक रोग जिसमें गरमी से तालू पक जाता है और उसमें घाव सा हो जाता है ।

तालुपुप्पुट–संज्ञा पु० [स०] तालुपाक रोग ।

तालुशोष–संज्ञा पुं० [स०] एक रोग जिसमें तालू सूख जाता है और उसमें फट कर घाव से हो जाते हैं ।

तालू–संज्ञा पुं० [सं० तालु] (१) मुँह के भीतर की ऊपरी छत जो ऊपरवाले दाँतों की पंक्ति से लेकर छोटी जीभ या फोवे तक होती है।

विशेष—इस का ढाँचा कुछ दूर तक तो कड़ी हड्डियों का होता है, उसके पीछे फिर मुलायम मांस की तहों के कारण कोमल होता है, जो नाक के पीछेवाले कोश और मुखविवर के बीच एक परदा सा जान पड़ता है।

मुहा०—**तालू उठाना** = तुरंत के जनमे हुए बच्चे के तालू को दवा कर ठीक करना। (दाइयाँ या चमारिनें यह काम करती हैं)। **तालू में दाँत जमना** = अदृष्ट आना। बुरे दिन आना। (प्रायः क्रोध में दूसरे के प्रति लोग इस वाक्य का व्यवहार करते हैं। बच्चों को तालू में काँटा या अंकुर सा निकल आता है जिसे तालू में दाँत निकलना कहते हैं। इसमें बच्चों को बड़ा कष्ट होता है)। **तालू लटकना** = तालू का रोग के कारण नीचे लटक आना। **तालू से जीभ न लगना** = चुपचाप न रहा जाना। बके जाना।

(२) खोपड़ी के नीचे का भाग। दिमाग़।

मुहा०—**तालू चटकना** = (१) सिर में बहुत अधिक गरमी जान पड़ना। (२) प्यास से मुँह सूखना। जैसे, प्यास से तालू चटकना।

(३) घोड़ों का एक ऐब।

तालूफाड़–संज्ञा पुं० [हिं० तालू + फाड़ना] हाथियों का एक रोग जिसमें हाथी के तालू में घाव हो जाता है।

तालेबर–वि० [अ० ताला = भाग्य + फ़ा० बर (प्रत्य०)] धनाढ्य। धनी।

तालुक़–संज्ञा पुं० दे० "तअल्लुक"।

तालुबुंद–संज्ञा पुं० [सं०] एक रोग जिसमें तालू में एक कमल के आकार का बड़ा सा अंकुर या काँटा सा निकल आता है जिसमें बहुत पीड़ा होती है।

ताव–संज्ञा पुं० [स० ताप, प्रा० ताव] (१) वह गरमी जो किसी वस्तु को तपाने या पकाने के लिये पहुँचाई जाय।

क्रि० प्र०—लगना।

यौ०—तावबंद। ताव भाव।

मुहा०—(किसी वस्तु में) **ताव आना** = (किसी वस्तु का) जितना चाहिए उतना गरम हो जाना। जैसे, अभी ताव नहीं आया है पूरियाँ कड़ाह में मत डालो। **ताव खाना** = आँच में गरम होना। **ताव खा जाना** = (१) तेज़ आँच के कारण बहुत अधिक गरम हो जाना या जल जाना। (२) आँच पर चढ़े हुए कड़ाह के घी, चाशनी, पाग इत्यादि का आवश्यकता से अधिक गरम हो जाना। किसी पाग, या पकवान आदि का कड़ाह में जल जाना। जैसे, चासनी का ताव खा जाना, पाग का ताव खा जाना। (३) किसी खौलाई तपाई या पिघलाई हुई वस्तु का आवश्यकता से अधिक ठंढा होना। **ताव देखना** = आँच का अंदाज़ देखना। **ताव देना** = (१) आँच पर रखना। गरम करना। (२) आग में लाल करना। तपाना। (धातु)। **ताव बिगड़ना** = पकाने में आँच का कम या अधिक हो जाना (जिससे कोई वस्तु बिगड़ जाय)। **मूछों पर ताव देना** = सफलता आदि के अभिमान में मूछें ऐंठना। पराक्रम, बल आदि के घमंड में मूछों पर हाथ फेरना।

(२) अधिकार मिले हुए क्रोध का आवेश। घमंड लिए हुए गुस्से की झोंक।

मुहा०—**ताव दिखाना** = अभिमान मिला हुआ क्रोध प्रकट करना। बड़प्पन दिखाते हुए बिगड़ना। आँख दिखाना। **ताव में आना** = अभिमान मिले हुए क्रोध के आवेग में होना। अहंकार मिश्रित क्रोध के वश में होना। जैसे, ताव में आकर कहीं मेरी चीज़ें भी न फेंक देना।

(३) अहंकार का वह आवेश जो किसी के बढ़ावा देने ललकारने आदि से उत्पन्न होता है। शेखी की झोंक। जैसे, ताव में आकर इतना चंदा लिख तो दिया, दोगे कहाँ से? (४) किसी वस्तु के तत्काल होने की घोर इच्छा या उत्कंठा। ऐसी इच्छा जिसमें उतावलापन हो। चटपट होने की चाह या आवश्यकता।

मुहा०—**ताव चढ़ना** = (१) प्रबल इच्छा होना। ऐसी इच्छा होना कि कोई बात चटपट हो जाय। (२) कामोद्दीपन होना। **ताव पर** = जब इच्छा या आवश्यकता हो उसी समय। ज़रूरत के मौके पर। जैसे, तुम्हारे ताव पर तो रुपया नहीं मिल सकता।

संज्ञा पुं० [फ़ा० ता = संख्या] कागज का एक तख़्ता। जैसे, चार ताव कागज।

तावत्–क्रि० वि० [सं०] (१) उतने काल तक। उतनी देर तक। तब तक। (२) उतनी दूर तक। वहाँ तक। (३) उतने परिमाण तक। उतने तक।

विशेष—यह "यावत्" का संबंधपूरक शब्द है।

तावना*†–क्रि० स० [सं० तापन] (१) तपाना। गरम करना। (२) जलाना। (३) डाहना। संताप पहुँचाना। दुःख पहुँचाना।

तावबंद–संज्ञा पुं० [हिं० ताव + फ़ा० बंद] वह औषध जिसके प्रयोग से चाँदी का खोटापन तपाने पर भी प्रकट न हो।

ताव भाव–संज्ञा पुं० [हिं० ताव + भाव] उपयुक्त अवसर। मौका। परिस्थिति।

वि० थोड़ा सा। ज़रा सा। हलका सा।

तावर*†–संज्ञा स्त्री० दे० "तावरी"।

तावरी–संज्ञा स्त्री० [सं० ताप, हिं० ताव + री (प्रत्य०)] (१)

ताप। दाह। जलन। (२) धूप। घाम। (३) बुखार। ज्वर। हरारत। (४) गरमी से आया हुआ चक्कर। मूर्च्छा।

क्रि० प्र०—आना।

तावरो*†—संज्ञा पुं० [हिं० ताव + रा (प्रत्य०)] (१) ताप। दाह। जलन। (२) धूप। घाम। सूर्य्य की गरमी। आतप। उ०—मैं जमुना जल भरि घर आवति मो को लागो तावरो।—सूर। (३) गरमी से आया हुआ चक्कर। घुमेर। मूर्च्छा।

क्रि० प्र०—आना।

तावल†—संज्ञा स्त्री० [हिं० ताव] जल्दी। उतावलापन। हड़बड़ी।

तावा†—संज्ञा पुं० [हिं० ताव] (१) दे० "तवा"। (२) वह कच्चा खपड़ा या थपुआ जिसके किनारे अभी मोड़े न गए हों।

तावान—संज्ञा पुं० [फ़ा०] दंड। डाँड़। हानि का पलटा। वह चीज़ जो नुकसान भरने के लिये दी या ली जाय।

क्रि० प्र०—देना।—लेना।

ताविष—संज्ञा पुं० दे० "तावीष"।

ताविषी—संज्ञा स्त्री० [स०] (१) देवकन्या। (२) नदी। (३) पृथिवी।

तावीज़—सज्ञा पुं० [अ० तअवीज़] (१) यंत्र, मंत्र या कवच जो किसी संपुट के भीतर रख कर गले में या बाँह पर पहना जाय। (२) सोने, चाँदी, ताँबे आदि का चौकोर या अठपहला, गोल या चिपटा संपुट जिसे तागे में लगा कर गले या बाँह पर पहनते हैं। ये संपुट यों ही गहने की तरह भी पहने जाते हैं और इनके भीतर यंत्र भी रहता है।

मुहा०—तावीज़ बाँधना = रक्षा के लिये देवता का मंत्र आदि लिख कर बाँधना। कवच बाँधना।

तावीष—संज्ञा पुं० [सं०] (१) सोना। स्वर्ण। (२) स्वर्ग। (३) समुद्र।

ताधुरि—संज्ञा पुं० [यूना० टारस] वृष राशि।

ताश—संज्ञा पुं० [अ० तास = तश्त या चौड़ा बरतन] (१) एक प्रकार का ज़रदोज़ी कपड़ा जिसका ताना रेशम का और बाना बादले का होता है। ज़रबफ़्त। (२) खेलने के लिये मोटे कागज का चौखूँटा टुकड़ा जिस पर रंगों की बूटियाँ या तसवीरें बनी रहती हैं। खेलने का पत्ता। (३) ताश का खेल।

विशेष—ताश के खेल में चार रंग होते हैं—हुकम, चिड़ी, पान और ईंट। एक एक रंग के तेरह तेरह पत्ते होते हैं। एक से दस तक तो बूटियाँ होती हैं जिन्हें क्रमशः एक्का, दुक्की (या दुड़ी), तिक्की, चौकी, पंजी, छक्का, सत्ता, अट्ठा, नहला और दहला कहते हैं। इनके अतिरिक्त तीन पत्तों में क्रमशः गुलाम, बीबी और बादशाह की तसवीरें होती हैं। इस प्रकार प्रत्येक रंग के तेरह पत्ते और सब मिलाकर बावन पत्ते होते हैं। खेलने के समय खेलनेवालों में ये पत्ते उलट कर बराबर बराबर बाँट दिए जाते हैं। साधारण खेल (रंगमार) में किसी रंग की अधिक बूटियोंवाला पत्ता उसी रंग की कम बूटियोंवाले पत्ते को मार सकता है। इसी प्रकार दहले को गुलाम मार सकता है और गुलाम को बीबी, बीबी को बादशाह और बादशाह को एक्का। एक्का सब पत्तों को मार सकता है। ताश के खेल कई प्रकार के होते हैं जैसे, ट्रंप, गन, गुलामचोर इत्यादि।

ताश का खेल पहले पहल किस देश में निकला इसका ठीक पता नहीं है। कोई मिस्र देश को, कोई बाबुल को, कोई अरब को और कोई भारतवर्ष को इसका आदि स्थान बतलाता है। फ़ारस और अरब में गंजीफ़े का खेल बहुत दिनों से प्रचलित है जिसके पत्ते रुपए के आकार के गोल गोल होते हैं। इसी से उन्हें ताश कहते हैं। अकबर के समय हिंदुस्तान में जो ताश प्रचलित थे उनके रंगों के नाम और थे। जैसे, अश्वपति, गजपति, नरपति, गढ़पति, दलपति इत्यादि। इनमें घोड़े, हाथी आदि पर सवार तसवीरें बनी होती थीं। पर आज कल जो ताश खेले जाते हैं वे यूरप से ही आते हैं।

क्रि० प्र०—खेलना।

(४) कड़े कागज़ या दफ़्ती की चकती जिस पर सीने का तागा लपेटा रहता है।

ताशा—संज्ञा पु० [अ० तास] चमड़ा मढ़ा हुआ एक बाजा जो गले में लटका कर दो पतली लकड़ियों से बजाया जाता है। यह धूमधाम सूचित करने के लिये ही बजाया जाता है।

तासला—सज्ञा पु० [देश०] वह रस्सी जिसे भालुओं को नचाने के समय कलंदर उनके गले में डाले रहते हैं।

तासा—संज्ञा पुं० दे० "ताशा"।

सज्ञा स्त्री० [सं० त्रय = तिहरा] तीन बार की जोती हुई भूमि।

तासीर—सज्ञा स्त्री० [अ०] असर। प्रभाव। गुण। जैसे, दवा की तासीर, सोहबत की तासीर।

तासु†*—सर्व० [हिं० ता + सु (प्रत्य०)] उसका।

तासू†—सर्व० दे० "तासों"।

तासों*†—सर्व० [हिं० ता + सों (प्रत्य०)] उससे।

ताहम—अव्य० [फ़ा०] तौ भी। तिस पर भी। फिर भी।

ताहि*†—सर्व० [हिं० ता + हि० (प्रत्य०)] उसको। उसे।

ताहीं†—अव्य० दे० "ताई", "तईं"।

तिंतिड़—सज्ञा पु० [स०] इमली।

तिंतिड़िका—सज्ञा स्त्री० [स०] इमली।

तिंतिड़ी—संज्ञा स्त्री० [स०] इमली।

तिंतिड़ीक—संज्ञा पुं० [स०] इमली।

तिंतिड़ीका—सज्ञा स्त्री० [सं०] इमली।

तिंतिरांग–संज्ञा पुं० [सं०] इसपात । वज्रलोह ।
तिंतिलिका–संज्ञा स्त्री० दे० "तिंतिड़िका" ।
तिंतिली–संज्ञा स्त्री० दे० "तिंतिड़ी" ।
तिंदिश–संज्ञा पुं० [सं०] टिंडसी नाम की तरकारी । डेंडसी ।
तिंदु–संज्ञा पुं० [सं०] तेंदू का पेड़ ।
तिंदुक–संज्ञा पु० [सं०] (१) तेंदू का पेड़ । (२) कर्षप्रमाण । दो तोला ।
तिंदुकतीर्थ–संज्ञा पु० [सं०] व्रजमंडल के अंतर्गत एक तीर्थ ।
तिंदुकी–संज्ञा स्त्री० [सं०] तेंदू का पेड़ ।
तिंदुकिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] आवर्त्तकी । भगवत बल्ली ।
तिंदुल–संज्ञा पुं० [सं०] तेंदू का पेड़ ।
तिआ–संज्ञा स्त्री० दे० "तिया" ।
तिआह †–संज्ञा पुं० [सं० त्रिविवाह] (१) तीसरा विवाह । (२) वह पुरुष जिसका तीसरा ब्याह हो रहा हो ।
तिउरा †–संज्ञा पुं० [देश०] खेसारी नाम का कदन्न । केसारी ।
तिउरी †–संज्ञा स्त्री० [देश०] केसारी । खेसारी ।
तिकड़ी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तीन + कड़ा] (१) जिसमें तीन कड़ियां हों । (२) चारपाई आदि की वह बुनावट जिसमें तीन तीन रस्सियाँ एक साथ हों ।
तिकानी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तीन + कान] वह तिकोनी लकड़ी जो पहिये के बाहर धुरी के पास पहिये की रोक के लिये लगी रहती है ।
तिकार †–संज्ञा पुं० [सं० त्रि + कार] खेत की तीसरी जोताई ।
तिकुरा–संज्ञा पुं० [हिं० तीन + कूरा] फ़सल की उपज की तीन बराबर बराबर राशि जिनमें से एक जमींदार लेता है ।
तिकोन*–वि० दे० "तिकोना" । उ०—बाँस पुरान साज सब अटपट सरल तिकोन खटोला रे ।—तुलसी ।
संज्ञा पुं० दे० "त्रिकोण" ।
तिकोना–वि० [सं० त्रिकोण] [स्त्री० तिकोनी] जिसमें तीन कोने हों । तीन कोनों का । जैसे, तिकोना टुकड़ा ।
संज्ञा पु० (१) एक नमकीन पकवान । समोसा । तिकोनी नक्काशीबनाने की छेनी ।
संज्ञा स्त्री दे० "त्योरी" ।
तिकोनिया–वि० दे० "तिकोना" ।
तिक्का †–संज्ञा पुं० [फ़ा० तिक्कः] मांस की बोटी । खोय ।
मुहा०—तिक्का बोटी करना = टुकड़े टुकड़े करना । धज्जी धज्जी अलग करना ।
तिक्की–संज्ञा स्त्री० [सं० तृ] (१) ताश का वह पत्ता जिसपर तीन बूटियाँ बनी हों । (२) गंजीफ़े का वह पत्ता जिस पर तीन बूटियाँ हों ।
तिक्ख*–वि० [स० तीक्ष्ण, प्रा० तिक्ख] (१) तीखा । चोखा । तेज़ । (२) तीव्रबुद्धि । तेज़ । चालाक ।
तिक्त–वि० [सं०] तीता । कड़ुआ । जिसका स्वाद नीम, गुरुच, चिरायते आदि के समान हो ।
विशेष—तिक्त छ रसों में से एक है । तिक्त और कटु में भेद यह है कि तिक्त स्वाद अरुचिकर होता है, जैसे, नीम, चिरायते आदि का; पर कटु स्वाद चरपरा और रुचिकर होता है । जैसे, सोंठ, मिर्च आदि का । वैद्यक के अनुसार तिक्त रस छेदक, रुचिकारक, दीपक, शोधक, तथा मूत्र, मेद, रक्त वसा आदि का शोषण करनेवाला है । ज्वर, खुजली, कोढ़, मूर्च्छा आदि में यह विशेष उपकारी है । अमिलतास, गुरुच, मजीठ, कनेर, हल्दी, इंद्रजव, भटकटैया, अशोक, कुटकी, बरियारा, ब्राह्मी, गदहपुरना (पुनर्नवा), इत्यादि तिक्त वर्ग के अंतर्गत हैं ।
संज्ञा पुं० (१) पित्तपापड़ा । (२) सुगंध । (३) कुटज । (४) वरुण वृक्ष ।
तिक्तकंदिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] बनशट । गंधपत्रा । बनकचूर ।
तिक्तक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) पटोल । परवल । (२) चिरतिक्त । चिरायता । (३) काला खैर । (४) इंगुदी । (५) नीम । (६) कुटज । कुरैया ।
तिक्तकांड–संज्ञा पुं० [स०] चिरायता ।
तिक्तका–संज्ञा स्त्री० [सं०] कटुतुंबी । कड़ुआ कद्दू ।
तिक्तगंधा–संज्ञा स्त्री० [स०] वराहक्रांता । वराही कंद ।
तिक्तगंधिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] वराहक्रांता । वराही कंद ।
तिक्तगुंजा–संज्ञा स्त्री० [सं०] कंजा । करंज । करंजुआ ।
तिक्तघृत–संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार कई तिक्त ओषधियों के योग से बना हुआ एक घृत जो कुष्ठ, विषमज्वर, गुल्म, अर्श, ग्रहणी आदि में दिया जाता है ।
तिक्ततंडुला–संज्ञा स्त्री० [सं०] पिप्पली । पीपर ।
तिक्तता–संज्ञा स्त्री० [सं०] तिताई । कड़ुआपन ।
तिक्ततुंडी–संज्ञा स्त्री० [सं०] कड़ुई तुरई ।
तिक्ततुंबी–संज्ञा स्त्री० [सं०] कड़ुआ कद्दू । तितलौकी ।
तिक्तदुग्धा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) खिरनी । (२) मेढ़ासिंघी ।
तिक्तधातु–संज्ञा स्त्री० [स०] (शरीर के भीतर की कड़ुई धातु, अर्थात्) पित्त ।
तिक्तपत्र–संज्ञा पुं० [स०] ककोड़ा । खेखसा ।
तिक्तपर्णी–संज्ञा स्त्री० [स०] कचरी । पेहँटा ।
तिक्तपर्वा–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दूब । (२) हुलहुल । हुरहुर । (३) गिलोय । गुर्च । (४) मुलेठी । जेठी मधु ।
तिक्तपुष्पा–संज्ञा स्त्री० [सं०] पाठा ।
तिक्तफल–संज्ञा पुं० [स०] रीठा । निर्मल फल ।
तिक्तफला–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) भटकटैया । (२) कचरी । (३) खरबूजा ।
तिक्तभद्रक–संज्ञा पुं० [सं०] परवल । पटोल ।

तिक्तयवा–संज्ञा स्त्री० [सं०] शंखिनी ।

तिक्तरोहिणिका–संज्ञा स्त्री० दे० "तिक्तरोहिणी" ।

तिक्तरोहिणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] कुटकी ।

तिक्तवल्ली–संज्ञा स्त्री० [सं०] मूर्वा लता । मुर्रा । मरोरफली । चुरनहार ।

तिक्तबीजा–संज्ञा स्त्री० [स०] कड़ुआ कद्दू । तितलौकी ।

तिक्तशाक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) खैर का पेड़ । (२) वरुणवृक्ष । (३) पत्रसुंदर शाक ।

तिक्तसार–संज्ञा पुं० [सं०] (१) रोहिस नाम की घास । (२) खैर का पेड़ ।

तिक्तांगा–संज्ञा स्त्री० [सं०] पातालगारुड़ी लता । छिरेंटा ।

तिक्ता–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) कुटकी । कटुका । (२) पाठा । (३) यवतिक्ता लता । (४) खरबूजा । (५) छिकनी नाम का पौधा । नकछिकनी ।

तिक्ताख्या–संज्ञा स्त्री० [स०] कड़ुआ कद्दू । तितलौकी ।

तिक्तिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तितलौकी । (२) काकमाची । (३) कुटकी ।

तिक्तिरी–संज्ञा स्त्री० [स०] तूमड़ी या महुअर नाम का बाजा जिसे प्रायः सँपेरे बजाते हैं ।

तिक्ष*†–वि० [सं० तीक्ष्ण] (१) तीक्ष्ण । तेज़ । (२) चोखा । पैना । उ०—धनु बान तिक्ष कुठार केशव मेखला मृगचर्म सों । रघुबीर को यह देखिये रसबीर सात्विक धर्म सों ।—केशव ।

तिक्षता*–संज्ञा स्त्री० [सं० तीक्ष्णता] तेज़ी । उ०—शूर बाजिन की खुरी अति तिक्षता तिन की हई ।—केशव ।

तिख–वि० [स० त्रि] तीन बार का जोता हुआ । तिबहा (खेत) ।

तिखटी*†–संज्ञा स्त्री० दे० "टिकठी" ।

तिखरा–वि० दे० "तिख" ।

तिखाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० तीखा] तीखापन । तीक्ष्णता । तेज़ी ।

तिखारना†–क्रि० अ० [स० त्रि + हिं० आखर] किसी बात को दृढ़ या निश्चित करने के लिये तीन बार पूछना । पक्का करने के लिये कई बार कहलाना ।

विशेष—तीन बार कह कर जो प्रतिज्ञा की जाती है वह बहुत पक्की समझी जाती है ।

तिखूँटा–वि० [हिं० तीन + खूँट] तीन कोने का । जिस में तीन कोने हों । तिकोना ।

तिगना–क्रि० स० [देश०] देखना । नज़र डालना । भाँपना । (दलाली)

तिगुना–वि० [सं० त्रिगुण] [स्त्री० तिगुनी] तीन बार अधिक । तीन गुना ।

तिगूचना–क्रि० स० दे० "तिगना" ।

तिग्म–वि० [सं०] तीक्ष्ण । खरा । तेज़ ।

यौ०—तिग्मकर । तिग्मदीधिति । तिग्ममन्यु । तिग्मरश्मि । तिग्मांशु ।

संज्ञा पुं० (१) वज्र । (२) पिप्पली (अनेकार्थ) । (३) पुरुवंशीय एक क्षत्रिय । (मत्स्य पु०)

तिग्मकर–संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य्य ।

तिग्मकेतु–संज्ञा पुं० [सं०] ध्रुववंशीय एक राजा जो वत्सर और सुवीथी के पुत्र थे । (भागवत)

तिग्मता–संज्ञा स्त्री० [सं०] तीक्ष्णता ।

तिग्मदीधिति–संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य्य ।

तिग्ममन्यु–संज्ञा पुं० [सं०] महादेव । शिव ।

तिग्मरश्मि–संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य्य ।

तिग्मांशु–संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य्य ।

तिघरा†–संज्ञा पुं० [स० त्रिघट] मिट्टी का चौड़े मुँह का बरतन जिसमें दूध दही रखा जाता है । मटकी ।

तिचिया–संज्ञा पुं० [?] जहाज पर के वे आदमी जो आकाश में नक्षत्रों को देखते हैं । (लश०)

तिच्छ*–वि० दे० "तीक्ष्ण" ।

तिच्छन*–वि० दे० "तीक्ष्ण" ।

तिजरा–संज्ञा पु० [सं० त्रि + ज्वर] तीसरे दिन आनेवाला ज्वर । तिजारी ।

तिजवाँसा–संज्ञा पुं० [हिं० तीजा = तीसरा + मास = महीना] वह उत्सव जो किसी स्त्री को तीन महीने का गर्भ होने पर उसके कुटुंब के लोग करते हैं ।

तिजहरिया†–संज्ञा पुं० [हिं० तीजा = तीसरा + पहर] तीसरा पहर । अपराह्न ।

तिजार†–संज्ञा पुं० [सं० त्रि + ज्वर] तीसरे दिन आनेवाला ज्वर ।

तिजारत–संज्ञा स्त्री० [अ०] वाणिज्य । बनिज । व्यापार । रोजगार । सौदागरी ।

तिजारी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तिजार] तीसरे दिन जाड़ा देकर आनेवाला ज्वर ।

तिजिया†–संज्ञा पुं० [हिं० तीजा = तीसरा] वह मनुष्य जिसका तीसरा विवाह हो ।

तिड़ी–संज्ञा स्त्री० [स० त्रि = तीन] ताश का वह पत्ता जिसमें तीन बूटियाँ हों ।

तिड़ी बिड़ी†–वि० [देश०] तितर बितर । छितराया हुआ ।

तित*–क्रि० वि० [सं० तत्र] (१) तहाँ । वहाँ । (२) उधर । उस ओर । उ०—जित देखौं तित स्याममयी है ।—सूर ।

तितना†–क्रि० वि० [सं० तति, ततीनि] उतना । उसके बराबर ।

विशेष—'जितना' के साथ आए हुए वाक्य का संबंध पूरा करने के लिये इस शब्द का प्रयोग होता है । पर अब गद्य में इसका प्रचार नहीं है ।

तितर बितर–वि० [हिं० तितर + अनु०] जो इधर उधर हो गया हो। छितराया हुआ। बिखरा हुआ। जो एकत्र न हो। जैसे, तोप की आवाज सुनते ही सब सिपाही तितर बितर हो गए। (२) जो क्रम से लगा न हो। अव्यवस्थित। अस्त व्यस्त। जैसे, तुमने सब पुस्तकें तितर बितर कर दीं।

तितरोखी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तीतर] एक छोटी चिड़िया।

तितली–संज्ञा स्त्री० [हिं० तीतर, पु० हिं० तितिम (चित्रित डैना के कारण)] (१) एक उड़नेवाला सुंदर कीड़ा या फतिंगा जो प्रायः बगीचों में फूलों पर बैठता हुआ दिखाई करता है और फूलों के पराग और रस आदि पर निर्वाह करता है।

विशेष—तितली के छ पैर होते हैं और मुँह से बाल के ऐसी दो सूँड़ियाँ निकली होती हैं जिनसे यह फूलों का रस चूसती है। दोनों ओर दो दो के हिसाब से चार बड़े पंख होते हैं। भिन्न भिन्न तितलियों के पंख भिन्न भिन्न रंग के होते हैं और किसी किसी में बहुत सुंदर बूटियाँ रहती हैं। पंख के अतिरिक्त इसका और शरीर इतना सूक्ष्म या पतला होता है कि दूर से दिखाई नहीं देता। गुबरैले, रेशम के कीड़े आदि फतिंगों के समान तितली के शरीर का भी रूपांतर होता है। अंडे से निकलने के उपरांत यह कुछ दिनों तक गाँठदार ढोले या सूँड़े के रूप में रहती है। ऐसे ढोले प्रायः पौधों की पत्तियों पर चिपके हुए मिलते हैं। इन ढोलों का मुँह कुतरने योग्य होता है और ये पौधों को कभी कभी बड़ी हानि पहुँचाते हैं। छ असली पैरों के अतिरिक्त इन्हें कई पैर और होते हैं। ये ही ढोले रूपांतरित होते होते तितली के रूप में हो जाते हैं और उड़ने लगते हैं।

(२) एक घास जो गेहूँ आदि के खेतों में उगती है। इसका पौधा हाथ सवा हाथ तक होता है। पत्तियाँ पतली पतली होती हैं। इसकी पत्तियाँ और बीज दवा के काम में आते हैं।

तितलौआ–संज्ञा पुं० [हिं० तीत + लौआ] कड़ुवा कद्दू।

तितलौकी†–संज्ञा स्त्री० [देश०] कटु तुंबी। कड़ुवा कद्दू।

तितारा–संज्ञा पुं० [सं० त्रि + हिं० तार] (१) सितार की तरह का एक बाजा जिसमें तीन तार लगे रहते हैं। उ०—बाजैं डफ, नगारा, बीन, बाँसुरी सितारा चारितारा ल्यों तितारा मुख लावती निसंक हैं।—रघुराज। (२) फसल की तीसरी बार की सिंचाई।

वि० तीन तारवाला। जिसमें तीन तार हों।

तितिंभा–संज्ञा पुं० [अ० तितिम्मा] (१) टकोसला। (२) शेष। (३) पुस्तक वा लेख का वह भाग जो अंत में उसी पुस्तक के संबंध में लगा देते हैं। परिशिष्ट। उपसंहार।

तितिक्ष–वि० [सं०] सहनशील। क्षमाशील।

संज्ञा पुं० एक ऋषि का नाम।

तितिक्षा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) सरदी गरमी आदि सहने की सामर्थ्य। सहिष्णुता। (२) क्षमा। शांति।

तितिक्षु–वि० [स०] क्षमाशील। शांत। सहिष्णु।

संज्ञा पुं० पुरुवंशीय एक राजा जो महामना का पुत्र था।

तितिम्मा–संज्ञा पुं० [अ०] (१) बचा हुआ भाग। अवशिष्ट अंश। (२) किसी ग्रंथ के अंत में लगाया हुआ प्रकरण। परिशिष्ट।

तितिल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ज्योतिष में सात करणों में से एक। दे० "तैतिल"। (२) नाँद नाम का मिट्टी का बरतन।

तितीर्षा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तैरने की इच्छा। (२) तर जाने की इच्छा।

तितीर्षु–वि० [सं०] (१) तैरने की इच्छा करनेवाला। (२) तरने का अभिलाषी।

तितुला†–संज्ञा पुं० [देश०] गाड़ी के पहिये का आरा।

तिते*†–वि० [सं० तति] उतने। (संख्यावाचक)

तितेक*†–वि० [हिं० तितो + एक] उतना।

तितै†*–क्रि० वि० [हिं० तित + ई (प्रत्य०)] (१) वहाँ ही। वहीं। (२) वहाँ। (३) उधर।

तितो*†–वि० [स० तति] उतना। उस मात्रा या परिमाण का।

क्रि० वि० उतना।

तित्तिर–संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० तित्तिरी] (१) तीतर नाम का पक्षी। (२) तितली नाम की घास।

तित्तिरि–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तीतर पक्षी। (२) यजुर्वेद की एक शाखा का नाम। दे० "तैत्तिरीय"। (३) यास्क मुनि के एक शिष्य जिन्होंने तैत्तिरीय शाखा चलाई। (आत्रेय अनुक्रमणिका)

विशेष— भागवत आदि पुराणों के अनुसार वैशंपायन के शिष्य मुनियों ने तीतर पक्षी बन कर याज्ञवल्क्य के उगले हुए यजुर्वेद को चुगा था।

तिथ–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अग्नि। आग। (२) कामदेव। (३) काल। (४) वर्षाकाल।

तिथि–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) चंद्रमा की कला के घटने या बढ़ने के क्रम के अनुसार गिने जानेवाले महीने के दिन। चांद्रमास के अलग अलग दिन जिन के नाम संख्या के अनुसार होते हैं। मिति। तारीख।

यौ०—तिथिक्षय। तिथिवृद्धि।

विशेष—पक्षों के अनुसार तिथियाँ भी दो प्रकार की होती हैं कृष्णा और शुक्ला। प्रत्येक पक्ष में १५ तिथियाँ होती हैं जिनके नाम ये हैं—प्रतिपदा (परिवा), द्वितीया (दूज), तृतीया (तीज), चतुर्थी (चौथ), पंचमी, षष्ठी (छठ), सप्तमी, अष्टमी, नवमी, दशमी, एकादशी (ग्यारस), द्वादशी (बुआस),

त्रयोदशी (तेरस), चतुर्दशी (चौदस), पूर्णिमा या अमावास्या। कृष्णपक्ष की अंतिम तिथि अमावास्या और शुक्लपक्ष की पूर्णिमा कहलाती है। इन तिथियों के पाँच वर्ग किए गए हैं—प्रतिपदा, षष्ठी और एकादशी का नाम नंदा; द्वितीया, सप्तमी और द्वादशी का नाम भद्रा; तृतीया अष्टमी और त्रयोदशी का नाम जया; चतुर्थी, नवमी और चतुर्दशी का नाम रिक्ता और पंचमी, दशमी, और पूर्णिमा या अमावास्या का नाम पूर्णा है। तिथियों का मान नियत होता है अर्थात् सब तिथियाँ बराबर दंडों की नहीं होतीं।

(२) पंद्रह की संख्या।

तिथिक्षय—संज्ञा पु० [स०] तिथि की हानि। किसी तिथि का गिनती में न आना।

विशेष—ऐसा तब होता है जब एक ही दिन में अर्थात् दो सूर्य्योदयों के बीच तीन तिथियाँ पड़ जाती हैं। ऐसी अवस्था में जो तिथि सूर्य्य के उदयकाल में नहीं पड़ती बीच में पड़ती है उसका क्षय माना जाता है।

तिथिपति—संज्ञा पुं० [सं०] तिथियों के स्वामी देवता।

विशेष—भिन्न भिन्न ग्रंथों के अनुसार ये अधिपति भिन्न भिन्न हैं। जिस तिथि का जो देवता है उसका उक्त तिथि को पूजन होता है।

तिथि	देवता	
	बृहत्संहिता	वसिष्ठ
१	ब्रह्मा	अग्नि
२	विधाता	विधाता
३	हरि	गौरी
४	यम	गणेश
५	चंद्रमा	सर्प
६	षड़ानन	षड़ानन
७	शक्र	सूर्य्य
८	वसु	महेश
९	सर्प	दुर्गा
१०	धर्म	यम
११	ईश	विश्वेदेवा
१२	सविता	हरि
१३	काम	काम
१४	कलि	शर्व
पूर्णिमा	विश्वेदेवा	चंद्रमा
अमावास्या	पितर	पितर

तिथिपत्र—संज्ञा पुं० [स०] पत्रा। पंचांग। जंत्री।

तिथिप्रणी—संज्ञा पुं० [सं०] चंद्रमा।

तिथ्यर्ध—संज्ञा पुं० [स०] करण।

तिदरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० तीन + फा० दर] वह कोठरी जिसमें तीन दरवाज़े या खिड़कियाँ हों।

तिदारी—संज्ञा स्त्री० [देश०] जल के किनारे रहनेवाली बत्तख की तरह की एक चिड़िया जो बहुत तेज़ उड़ती है और ज़मीन पर सूखी घास का घोंसला बनाती है। इसका लोग शिकार करते हैं।

तिद्वारी—संज्ञा स्त्री० [स० त्रिद्वार] वह कोठरी जिसमें तीन दरवाज़े या खिड़कियाँ हों।

तिधर†—क्रि० वि० [स० तत्र] उधर। उस ओर।

तिधारा—संज्ञा पु० [स० त्रिधार] एक प्रकार का थूहर (सेंहुड़) जिसमें पत्ते नहीं होते। इसमें उँगलियों की तरह शाखाएँ ऊपर को निकलती हैं। इसे बगीचों आदि की बाड़ या टट्टी के लिये लगाते हैं। इसे बज्री या नरसेज भी कहते हैं।

तिधारीकांडवेल—संज्ञा स्त्री० [स०] हड़जोड़।

तिन†—सर्व० [स० तत् = उनसे] 'तिस' शब्द का बहुवचन। जैसे, तिनने, तिनको, तिनसे इत्यादिक। उ०—तिन कवि केशवदास सों कीनो अति सनेह।—केशव।

विशेष—अब गद्य में इस शब्द का व्यवहार नहीं होता।

संज्ञा पु० [स० तृण] तिनका। तृण। घासफूस। उ०—ह्वै कपूर मनिमय रही मिलति न दुति मुकुतालि। छिन छिन खरी विचच्छनौ लखहि छाय तिन आलि।—बिहारी।

तिनकना—क्रि० अ० [हिं० चिनगारी, चिनगी, वा अनु०] चिड़चिड़ाना। चिढ़ना। झल्लाना। बिगड़ना। नाराज़ होना।

तिनका—संज्ञा पु० [स० तृण] तृण। तृण का टुकड़ा। सूखी घास या डाँठी का टुकड़ा।

मुहा०—तिनका दाँतों में पकड़ना वा लेना = विनती करना। क्षमा वा कृपा के लिये दीनतापूर्वक विनय करना। गिड़गिड़ाना। हा हा खाना। **तिनका तोड़ना** = (१) संबंध तोड़ना। (२) बलाय लेना। बलैया लेना। (बच्चे को नज़र न लगे, इस लिये माता कभी कभी तिनका तोड़ती है)। **तिनके चुनना** = बेसुध हो जाना। अचेत होना। पागल वा बावला हो जाना। (पागल प्रायः व्यर्थ के काम किया करते हैं)। **तिनके चुनवाना** = (१) पागल बना देना। (२) मोहित करना। **तिनके का सहारा** = (१) थोड़ा सा सहारा। (२) ऐसी बात जिससे कुछ थोड़ा बहुत ढाढस बँधे। **तिनके को पहाड़ करना** = छोटी बात को बड़ी कर डालना। **तिनके को पहाड़ कर दिखाना** = थोड़ी सी बात को बहुत बढ़ा कर कहना।

तिनके की ओट पहाड़ = छोटी सी बात में किसी बड़ी बात का छिपा रहना। सिर से तिनका उतारना = (१) थोड़ा सा इहसान करना। (२) किसी प्रकार थोड़ा बहुत काम करके उपकार का नाम करना।

तिनगना–क्रि० अ० दे० "तिनकना"।

तिनगरी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक पकवान। उ०—पेटा पाक जलेबी पेरा। गोंद-पाग तिनगरी गिँदौरा।—सूर।

तिनतिरिया–संज्ञा पुं० [देश०] मनुवा कपास।

तिनधरा–संज्ञा स्त्री० [देश०] तीन धार की रेती जिससे आरी के दाँते चोखे किए जाते हैं।

तिनपहल–वि० दे० "तिनपहला"।

तिनपहला–वि० [हिं० तीन + पहल] [स्त्री० तिनपहली] जिसमें तीन पहल हों। जिसके तीन पार्श्व हों।

तिनमिना–संज्ञा पुं० [हिं० तीन + मनिया] माला जिसके बीच में सोने का या जड़ाऊ जुगनू हो।

तिनवा–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बाँस जो बरमा में बहुत होता है। आसाम और छोटा नागपुर में भी यह पाया जाता है। यह इमारतों में लगता है और चटाइयाँ बनाने के काम में आता है। इसके चोंगों में बरमा, मनीपुर आदि के लोग भात भी पकाते हैं।

तिनस–संज्ञा पुं० दे० "तिनिश"।

तिनसुना–संज्ञा पुं० [सं०] तिनिश का पेड़।

तिनाशक–संज्ञा पुं० [स०] तिनिश वृक्ष।

तिनास–संज्ञा पुं० दे० "तिनिश"।

तिनिश–संज्ञा पुं० [सं०] सीसम की जाति का एक पेड़ जिसकी पत्तियाँ शमी या खैर की सी होती हैं। इसकी लकड़ी मजबूत होती है और किवाड़, गाड़ी आदि बनाने के काम में आती है। इसे तिनास या तिनसुना भी कहते हैं। वैद्यक में यह कसैला और गरम माना जाता है। रक्तातिसार, कोढ़, दाह, रक्तविकार आदि में इसकी छाल, पत्तियाँ आदि दी जाती हैं।

पर्य्या०—स्यंदन। नेमी। रथद्रु। अतिमुक्तक। चित्रकृत। चक्री। शतांग। शकट। रथिक। भस्मगर्भ। मेषी। जलधर। अक्षक। तिनाशक।

तिनुका–संज्ञा पुं० दे० "तिनका"।

तिनूका*†–संज्ञा पुं० दे० "तिनका"। उ०—होय तिनूका वज्र वज्र तिनका ह्वै टूटै।—गिरिधर।

तिन्ना–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सती नामक वर्णवृत्त। (२) रोटी के साथ खाने की रसेदार वस्तु। (३) तिन्नी के धान का पौधा।

तिन्नी–संज्ञा स्त्री० [सं० तृण, हिं० तिन] एक प्रकार का जंगली धान जो तालों में आप से आप होता है। इसकी पत्तियाँ जड़हन की पत्तियों की सी ही होती हैं। पौधा तीन चार हाथ तक ऊँचा होता है। कातिक में इसकी बाल फूटती है जिसमें बहुत लंबे लंबे टूँड़ होते हैं। बाल के दाने तैयार होने पर गिरने लगते हैं, इसीसे इकट्ठा करनेवाले या तो हटके में दानों को झाड़ लेते हैं अथवा बहुत से पौधों के सिरों को एक में बाँध देते हैं। तिन्नी का धान लंबा और पतला होता है। चावल खाने में नीरस और रूखा लगता है और घृत आदि में खाया जाता है।

संज्ञा स्त्री० [देश०] नीवी। फुफुंदी।

तिन्ह †–सर्व० दे० "तिन"।

तिपड़ा–संज्ञा पुं० [हिं० तीन + पट] कमखाब बुननेवालों के करघे की वह लकड़ी जिसमें तागा लपेटा रहता है और जो दोनों बैसरों के बीच में होती है।

तिपति * ‡–संज्ञा स्त्री० दे० "तृप्ति"।

तिपल्ला–वि० [हिं० तीन + पल्ला] (१) तीन पल्लों का। जिसमें तीन पर्त्त या पार्श्व हों। (२) तीन तागे का। जिसमें तीन तागे हों।

तिपाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० तीन + पाय] (१) तीन पायों की बैठने की छोटी ऊँची चौकी। स्टूल। (२) पानी के घड़े रखने की ऊँची चौकी। टिकटी। तिगोड़िया। (३) लकड़ी का एक चौखटा जिसे रँगरेज काम में लाते हैं।

तिपाड़–संज्ञा पुं० [हिं० तीन + पाड़] (१) जो तीन पाट जोड़कर बना हो। उ०—दच्छिण चीर तिपाड़ को लहँगा। पहिरि विविध पट मोलन महँगा।—सूर। (२) जिसमें तीन पल्ले हों। (३) जिसमें तीन किनारे हों।

तिपारी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का छोटा झाड़ या पौधा जो बरसात में आप से आप इधर उधर जमता है। इसकी पत्तियाँ छोटी और सिरे पर नुकीली होती हैं। इसमें सफेद फूल गुच्छों में लगते हैं। फल संपुट के आकार के एक झिल्लीदार कोश में रहते हैं जिसमें नसों के द्वारा कई पहल बने रहते हैं। मकोय। परपोटा। छोटी रसभरी।

तिपैरा–संज्ञा पु० [हिं० तीन + पुर] वह बड़ा कुआँ जिसमें तीन चरसे एक साथ चल सकें।

तिबद्धी–वि० स्त्री० [हिं० तीन + बाध] (चारपाई की बुनावट) जिसमें तीन बाध या रस्सियाँ एक साथ एक एक बार खींची जाँय।

तिबाई †–संज्ञा स्त्री० [देश०] आटा माड़ने का छिछला बड़ा बरतन।

तिबारा–वि० [हिं० तीन + बार] तीसरी बार।

संज्ञा पुं० तीन बार उतारा हुआ मद्य।

संज्ञा पुं० [हिं० तीन + बार = दरवाजा] [स्त्री० तिबारी] वह घर या कोठरी जिसमें तीन द्वार हों।

तिबासी–वि० [हिं० तीन + बासी] तीन दिन का बासी (खाद्य पदार्थ)।

तिबी–संज्ञा स्त्री० [देश०] खेसारी।

तिब्बत– संज्ञा पुं० [सं० त्रि + भोट] एक देश जो हिमालय पर्वत के उत्तर पड़ता है।

विशेष—इस देश को हिंदुस्तान में भोट कहते हैं। इसके तीन विभाग माने जाते हैं। छोटा तिब्बत, बड़ा तिब्बत और ख़ास तिब्बत। तिब्बत बहुत ठंढा देश है इससे वहाँ पेड़ पौधे बहुत कम उगते हैं। यहाँ के निवासी तातारियों से मिलते जुलते होते हैं और अधिकतर ऊन के कंबल, कपड़े आदि बुन कर अपना निर्वाह करते हैं। यह देश कस्तूरी और चँवर के लिये प्रसिद्ध है। सुरागाय और कस्तूरी मृग यहाँ बहुत पाए जाते हैं। तिब्बत के रहनेवाले सब महायान शाखा के बौद्ध हैं। यहाँ बौद्धों के अनेक मठ और महंत हैं। कैलास पर्वत और मानसरोवर झील तिब्बत ही में हैं। ये हिंदू और बौद्ध दोनों के तीर्थस्थान हैं। कुछ लोग "तिब्बत" को त्रिविष्टप का अपभ्रंश बतलाते हैं।

तिब्बती–वि० [तिब्बत] तिब्बत संबंधी। तिब्बत का। तिब्बत में उत्पन्न। जैसे, तिब्बती आदमी, तिब्बती भाषा।

संज्ञा स्त्री० तिब्बत की भाषा।

संज्ञा पुं० तिब्बत देश का रहनेवाला।

तिमंज़िला–वि० [हिं० तीन + अ० मंजिल] [स्त्री० तिमंजिली] तीन खंडों का। तीन मंजिल का। जैसे, तिमंजिला मकान।

तिम–संज्ञा पुं० [हिं० डिंडिम] नगारा। डंका। दुंदुभी। (डिं०)

तिमाना†–क्रि० स० [देश०] भिगोना। तर करना।

तिमाशी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तीन + माशा] (१) तीन माशे की एक तौल। (२) ४० जौ की एक तौल जो पहाड़ी देशों में प्रचलित है।

तिमिंगिल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) समुद्र में रहनेवाला मत्स्य के आकार का एक बड़ा भारी जंतु जो तिमि नामक बड़े मत्स्य को भी निगल सकता है। बड़ी भारी ह्वेल। (२) एक द्वीप का नाम। (३) उस द्वीप का निवासी।

तिमिंगिलाशन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दक्षिण का एक देश-विभाग जिसके अंतर्गत लंका आदि हैं और जहाँ के निवासी तिमिंगिल मत्स्य का मांस खाते हैं। (बृहत्संहिता)। (२) उक्त देश का निवासी।

तिमि–संज्ञा पुं० [सं०] (१) समुद्र में रहनेवाला मछली के आकार का एक बड़ा भारी जंतु।

विशेष—लोगों का अनुमान है कि यह जंतु ह्वेल है।

(२) समुद्र। (३) आँख का एक रोग जिसमें रात को सुझाई नहीं पड़ता। रतौंधी।

* अव्य० [सं० तद् + =इमि] उस प्रकार। वैसे।

विशेष—इसका व्यवहार "जिमि" के साथ होता है।

तिमिकोश–संज्ञा पुं० [सं०] समुद्र।

तिमिंज–संज्ञा पुं० [सं०] तिमि नामक मत्स्य से निकलनेवाला मोती। (बृहत्संहिता)

तिमित–वि० [सं०] (१) निश्चल। अचल। स्थिर। (२) स्निग्ध। भींगा। आर्द्र।

तिमिध्वज–संज्ञा पुं० [सं०] शंबर नामक दैत्य जिसे मार कर रामचंद्र ने ब्रह्मा से दिव्यास्त्र प्राप्त किया था।

तिमिर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अंधकार। अँधेरा। (२) आँख का एक रोग जिसके अनेक भेद सुश्रुत ने बतलाए हैं। आँखों से धुँधला दिखाई पड़ना, चीजें रंग विरंग की दिखाई पड़ना, रात को न दिखाई पड़ना आदि सब दोष इसी के अंतर्गत माने गए हैं। (३) एक पेड़। (वाल्मीकि०)

तिमिरघ्नु–वि० [सं०] अंधकार का नाश करनेवाला।

संज्ञा पुं० सूर्य्य।

तिमिरभिद्–वि० [सं०] अंधकार को भेदने या नाश करनेवाला।

संज्ञा पुं० सूर्य्य।

तिमिररिपु–संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य्य। भास्कर।

तिमिरहर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य्य। (२) दीपक।

तिमिरारि–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अंधकार का शत्रु। (२) सूर्य्य।

तिमिरारी*–संज्ञा स्त्री० [सं० तिमिराली] अंधकार का समूह। अँधेरा। उ०—मधुप से नैन वर बंधुदल ऐस होठ श्रीफल से कुच कच बेलि तिमिरारी सी।—देव।

तिमिरावलि–संज्ञा स्त्री० [सं०] अंधकार का समूह। उ०—तिमिरावलि साँवरे दंतन के हित मैन धरे मनो दीपक ह्वै।—सुंदरीसर्वस्व।

तिमिष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ककड़ी। फूट। (२) पेठा। सफेद कुम्हड़ा। (३) तरबूज़।

तिमी–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तिमि मत्स्य। (२) दक्ष की एक कन्या जो कश्यप की स्त्री और तिमिंगलों की माता थी।

तिमीर–संज्ञा पुं० [सं०] एक पेड़ का नाम।

तिमुहानी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तीन + फ़ा० मुहाना] (१) वह स्थान जहाँ तीन ओर जाने को तीन फाटक या मार्ग हों। तिरमुहानी। (२) वह स्थान जहाँ तीन ओर से नदियाँ आकर मिली हों।

तिय*–संज्ञा स्त्री० [सं० स्त्री] (१) स्त्री। औरत। (२) पत्नी। भार्य्या। जोरू।

तियतरा†–वि० [सं० त्रि + अंतर] [स्त्री० तियतरी] वह बेटा जो तीन बेटियों के बाद पैदा हो।

तियला—संज्ञा पु० [हिं० तिय + ला (प्रत्य०)] स्त्रियों का पहिरावा। उ०—ब्राह्मणियों को इच्छा भोजन करवाय सुथरे तियले पहराय...दक्षिणा दी।—लल्लू।

तिया—संज्ञा पु० [सं० त्रि] (१) गंजीफे या ताश का वह पत्ता जिस पर तीन बूटियाँ होती हैं। (२) नक्कीपूर के खेल में वह दाँव जो पूरे पूरे गंडों के गिनने के बाद तीन कौड़ियाँ बचने पर होता है।

* संज्ञा स्त्री० दे० "तिय"।

तिरकट—संज्ञा पु० [?] आगे का पाल। अगला पाल। (लश०)

तिरकट गावासवाई—संज्ञा पुं० [?] आगे का और सब से ऊपर सिरे पर का पाल। (लश०)

तिरकट गावी—संज्ञा पु० [?] सिरे पर का पाल। (लश०)

तिरकट डोल—संज्ञा पु० [?] आगे का मस्तूल। (लश०)

तिरकट तवर—संज्ञा पु० [?] वह छोटा चौकोर आगे का पाल जो सब से बड़े मस्तूल के ऊपर आगे की ओर लगाया जाता है। इसका व्यवहार बहुत धीमी हवा चलने के समय होता है। (लश०)

तिरकट सवर—संज्ञा पु० [?] सब से ऊपर का पाल। (लश०)

तिरकट सवाई—संज्ञा पु० [?] आगे का वह पाल जो उस रस्से में बँधा रहता है जो मस्तूल के सहारे के लिये लगाया जाता है। (लश०)

तिरकना†—क्रि० अ० [अनु०] तड़कना। चटखना। फट जाना।

तिरकस†—वि० [सं० तिरस्] टेढ़ा।

तिरकाना—क्रि० स० [?] (१) ढीला छोड़ना। (लश०। (२) रस्सा ढीली करना। लहासी छोड़ना। (लश०)

तिरकुटा—संज्ञा पुं० [सं० त्रिकटु] सोंठ, मिर्च, पीपल इन तीन कड़ुई औषधों का समूह।

तिरखा*‡—संज्ञा स्त्री० दे० "तृषा"।

तिरखित*—वि० दे० "तृषित"।

तिरखूँता—वि० [सं० त्रि + हिं० खूँट] [स्त्री० तिरखूँटी] जिसमें तीन खूँट या कोने हों। तिकोना।

तिरच्छ—संज्ञा पु० [सं०] तिनिश वृक्ष।

तिरछई†—संज्ञा स्त्री० [हिं० तिरछा] तिरछापन।

तिरछउड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० तिरछा + उड़ना] मालखंभ की एक कसरत जिसमें खेलाड़ी के शरीर का कोई भाग जमीन पर नहीं लगता, एक कंधा झुका कर और एक पाँव उठा कर वह शरीर को चक्कर देता है। इसे छलांग भी कहते हैं।

तिरछा—वि० [सं० तिर्यक् वा तिरस्] [स्त्री० तिरछी] (१) जो अपने आधार पर समकोण बनाता हुआ न गया हो। जो न बिलकुल खड़ा हो और न बिलकुल आड़ा हो जो न ठीक ऊपर की ओर गया हो और न ठीक बगल की ओर। जो ठीक सामने की ओर न जाकर इधर उधर हट कर गया हो। जैसे, तिरछी लकीर।

विशेष—'टेढ़ा' और 'तिरछा' में अंतर है। टेढ़ा वह है जो अपने लक्ष्य पर सीधा न गया हो, इधर उधर मुड़ता या घूमता हुआ गया हो। पर तिरछा वह है जो सीधा तो गया हो पर जिसका लक्ष्य ही ठीक सामने, ठीक ऊपर या ठीक बगल में न हो। (टेढ़ी रेखा ~~~। तिरछी रेखा ／)

यौ०—बाँका तिरछा = छबीला। जैसे, बाँका तिरछा जवान।

मुहा०—तिरछी टोपी = बगल में कुछ झुका कर सिर पर रखी हुई टोपी। तिरछी चितवन = बिना सिर फेरे हुए बगल की ओर दृष्टि। (जब लोगों की दृष्टि बचा कर किसी ओर ताकना होता है तब लोग, विशेषतः प्रेमी लोग, इस प्रकार की दृष्टि से देखते हैं)। तिरछी नजर = दे० "तिरछी चितवन"। तिरछी बात या तिरछा वचन = कटु वाक्य। अप्रिय शब्द। उ०—हरि उदास सुनि वचन तिरीछे।—सबल।

(२) एक प्रकार का रेशमी कपड़ा जो प्रायः अस्तर के काम में आता है।

तिरछाई†—संज्ञा स्त्री० [हिं० तिरछा + ई (प्रत्य०)] तिरछापन।

तिरछाना—क्रि० अ० [हिं० तिरछा] तिरछा होना।

तिरछापन—संज्ञा पुं० [हिं० तिरछा + पन (प्रत्य०)] तिरछा होने का भाव।

तिरछी—वि० स्त्री० दे० "तिरछा"।

तिरछी बैठक—संज्ञा स्त्री० [हिं० तिरछी + बैठक] मालखंभ की एक कसरत जिसमें दोनों पैर रस्सी की ऐंठन की तरह परस्पर गुथ कर ऊपर उड़ते हैं।

तिरछौहाँ—वि० [हिं० तिरछा + औहाँ (प्रत्य०)] [स्त्री० तिरछौहीं] कुछ तिरछा। जो कुछ तिरछापन लिए हो। जैसे, तिरछौहीं डीठ।

तिरछौहें—क्रि० वि० [हिं० तिरछौहाँ] तिरछापन लिए हुए। तिरछेपन के साथ। वक्रता से। जैसे, तिरछौहें ताकना।

तिरतालीस†—वि० दे० "तैंतालीस"।

तिरतिराना†—क्रि० अ० [अनु०] बूँद बूँद करके टपकना।

तिरना—क्रि० अ० [सं० तरण] (१) पानी के ऊपर आना या ठहरना। पानी में न डूब कर सतह के ऊपर रहना। उतराना। (२) तैरना। पैरना। (३) पार होना। (४) तरना। मुक्त होना।

संयो० क्रि०—जाना।

तिरनी—संज्ञा स्त्री० [?] (१) वह डोरी जिससे घाघरा या धोती नाभि के पास बँधी रहती है। नीवी। तिग्गी।

फुफती। (२) स्त्रियों के घाघरे या धोती का वह भाग जो नाभि के नीचे पड़ता है। उ०—बेनी सुभग नितंबनि डोलत मंदगामिनी नारी। सूथन जघन बांधि नाराबँद तिरनी पर छबि भारी।—सूर।

तिरप—संज्ञा स्त्री० [सं० त्रि] नृत्य में एक प्रकार का ताल जिसे त्रिसम या तिहाई कहते हैं। उ०—तिरप लेति चपला सी चमकति झमकति भूषण अंग। या छबि पर उपमा कहुँ नाहीं निरपत विवस अनंग।—सूर।

क्रि० प्र०—लेना।

तिरपट†—वि० [देश०] (१) तिरछा। टेढ़ा। टिढ़-बिड़ंगा। (२) मुश्किल। कठिन। विकट।

तिरपटा—वि० [देश०] तिरछा ताकनेवाला। भेंगा। ऐंचाताना।

तिरपन—वि० [स० त्रिपंचाशत्, प्रा० तिपण्णा] जो गिनती में पचास से तीन और अधिक हो। पचास से तीन ऊपर।

संज्ञा पु० (१) पचास से तीन अधिक की संख्या। (२) उक्त संख्या सूचक अंक जो इस प्रकार लिखा जाता है—५३।

तिरपाई—संज्ञा स्त्री० [सं० त्रिपाद] तीन पायों की ऊँची चौकी। स्टूल।

तिरपाल—संज्ञा पु० [सं० तृण + हि० पालना = बिछाना] फूस या सरकंडों के लंबे पूले जो छाजन में खपड़ों के नीचे दिए जाते हैं। मुट्ठा।

संज्ञा पु० [अं० टारपालिन] रोगन चढ़ा हुआ कनवस। राल चढ़ाया हुआ टाट।

तिरपित*‡—वि० दे० "तृप्त"।

तिरपौलिया—संज्ञा पुं० [स० त्रि + हि० पौल = फाटक] वह स्थान जहाँ बराबर से ऐसे तीन बड़े फाटक हों जिनसे होकर हाथी, घोड़े, ऊँट इत्यादि सवारियाँ अच्छी तरह निकल सकें। (ऐसे फाटक किलों या महलों के सामने या बड़े बाजारों के बीच होते हैं)

तिरफला—संज्ञा पु० दे० "त्रिफला"।

तिरबेनी—संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिवेणी"।

तिरबेा—संज्ञा स्त्री० [हिं० तिरना] सिंध देश में एक प्रकार की नाव का नाम।

तिरमिरा—संज्ञा पुं० [स० तिमिर] (१) दुर्बलता के कारण दृष्टि का एक दोष जिसमें आँखें प्रकाश के सामने नहीं ठहरतीं और ताकने में कभी अँधेरा, कभी अनेक प्रकार के रंग, और कभी छिटकती हुई चिनगारियाँ या तारे से दिखाई पड़ते हैं। (२) कमजोरी से ताकने में जो तारे से छिटकते दिखाई पड़ते हैं उन्हें भी तिरमिरे कहते हैं। (३) तीक्ष्ण प्रकाश या गहरी चमक के सामने दृष्टि की अस्थिरता। तेज़ रोशनी में नजर का न ठहरना। चकाचौंध।

क्रि० प्र०—लगना।

संज्ञा पुं० [हिं० तेल + मिलना] घी, तेल या चिकनाई के छींटे जो पानी, दूध या और किसी द्रव पदार्थ (जैसे, दाल, रसा आदि) के ऊपर तैरते दिखाई देते हैं।

तिरमिराना—क्रि० अ० [हि० तिरमिरा] (दृष्टि का) प्रकाश के सामने न ठहरना। तेज रोशनी या चमक के सामने (आँखों का) झपना। चौंधना। चौंधियाना।

तिरलोक‡—संज्ञा पुं० दे० "त्रिलोक"।

तिरलोकी‡—संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिलोकी"।

तिरवट—संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का राग जो तराने वा तिल्लाने का एक भेद है।

तिरवराना†—क्रि० अ० दे० "तिरमिराना"।

तिरवा—संज्ञा पु० [फा०] इतनी दूरी जहाँ तक एक तीर जा सके।

तिरवाह†—संज्ञा पु० [स० तीर + वाह] नदी के तीर की भूमि।

क्रि० वि० किनारे किनारे। तट से।

तिरश्चीन—वि० [स०] (१) तिरछा। (२) टेढ़ा। कुटिल।

तिरश्चीन गति—संज्ञा पुं० [सं०] मल्लयुद्ध की एक गति। कुश्ती का एक पैंतरा।

तिरसठ—वि० [सं० त्रिषष्टि, प्रा० तिसट्ठि] जो गिनती में साठ से तीन अधिक हो। साठ से तीन ऊपर।

संज्ञा पुं० (१) वह संख्या जो साठ से तीन अधिक हो। (२) उक्त संख्या को सूचित करनेवाला अंक जो इस प्रकार लिखा जाता है—६३।

तिरसा—संज्ञा पु० [?] वह पाल जिसका एक सिरा चौड़ा और एक सँकरा होता है। (लश०)

तिरसूल‡—संज्ञा पुं० दे० "त्रिशूल"।

तिरस्कर—संज्ञा पुं० [सं०] आच्छादक। परदा करनेवाला। ढाँकनेवाला।

तिरस्करिणी—संज्ञा स्त्री० [स०] (१) ओट। आड़। (२) परदा। कनात। चिक। (३) वह विद्या जिसके द्वारा मनुष्य अदृश्य हो सकता है।

तिरस्करी—संज्ञा पु० [स० तिरस्करिन्] [स्त्री० तिरस्करिणी] आच्छादक। परदा।

तिरस्कार—संज्ञा पु० [सं०] [वि० तिरस्कृत] (१) अनादर। अपमान। (२) भर्त्सना। फटकार। (३) अनादरपूर्वक त्याग।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

तिरस्कृत—वि० [सं०] (१) जिसका तिरस्कार किया गया हो। अनादृत। (२) अनादरपूर्वक त्याग किया हुआ। (३) आच्छादित। परदे में छिपा हुआ। (४) तंत्र के अनुसार

(वह मंत्र) जिसके मध्य में दकार हो और मस्तक पर दो कवच और अस्त्र हों।

तिरस्क्रिया–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तिरस्कार। अनादर। (२) आच्छादन। (३) वस्त्र। पहरावा।

तिरहा†–संज्ञा पुं० [देश०] एक फतिंगा जो धान के फूल को नष्ट कर देता है।

तिरहुत–संज्ञा पुं० [सं० तीरभुक्ति] [वि० तिरहुतिया] मिथिला प्रदेश जिसके अंतर्गत आजकल विहार के दो जिले हैं—मुजफ्फरपुर और दरभंगा।

तिरहुतिया–वि० [हिं० तिरहुत] तिरहुत का। तिरहुत संबंधी।
संज्ञा पुं० तिरहुत का रहनेवाला।
संज्ञा स्त्री० तिरहुत की बोली।

तिरा–संज्ञा पुं० [देश०] एक पौधा जिसके बीजों से तेल निकलता है। एक तेलहन।

तिराटी–संज्ञा स्त्री० [सं०] निसोत।

तिरानबे–वि० [सं० त्रिनवति, प्रा० तिण्णवइ] जो गिनती में नब्बे से तीन अधिक हो। तीन ऊपर नब्बे।
संज्ञा पुं० (१) नब्बे से तीन अधिक की संख्या। (२) उक्त संख्यासूचक अंक जो इस प्रकार लिखा जाता है—९३।

तिराना–क्रि० स० [हिं० तिरना] (१) पानी के ऊपर ठहराना। (२) पानी के ऊपर चलाना। तैराना। (३) पार करना। (४) उबारना। तारना। निस्तार करना।

तिरास‡–संज्ञा पुं० दे० "त्रास"।

तिरासना‡–क्रि० स० [सं० त्रासन] त्रास दिखाना। डराना। भयभीत करना।

तिरासी–वि० [सं० त्र्यशीति, प्रा० तियासीति] जो गिनती में अस्सी से तीन अधिक हो। तीन ऊपर अस्सी।
संज्ञा पुं० (१) अस्सी से तीन अधिक की संख्या। (२) उक्त संख्या सूचक अंक जो इस प्रकार लिखा जाता है —८३।

तिराहा–संज्ञा पुं० [हिं० तीन + फ़ा० राह] वह स्थान जहाँ से तीन रास्ते तीन ओर को गए हों। तिरमुहानी।

तिराही–संज्ञा स्त्री० [हिं० तिराह] तिराह नामक स्थान की बनी कटारी वा तलवार।

तिरिजिह्वक–संज्ञा पुं० [सं०] एक पेड़ का नाम।

तिरिन‡*–संज्ञा पुं० दे० "तृण"।

तिरिम–संज्ञा पुं० [सं०] शालि भेद। एक प्रकार का धान।

तिरिया–संज्ञा स्त्री० [सं० स्त्री०] स्त्री। औरत। उ०—तुम तिरिया मति हीन तुम्हारी।—जायसी।

यौ०—तिरिया चरित्तर = स्त्रियों का रहस्य।
संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बाँस जो नैपाल में होता है। इसे ओलो भी कहते हैं।

तिरीछा†*–वि० दे० "तिरछा"।

तिरीट–संज्ञा पुं० [सं०] (१) लोध्र। लोध। (२) किरीट।

तिरीफल–संज्ञा पुं० [सं० स्त्रीफल] दंतीवृक्ष।

तिरीबिरी–वि० दे० "तिड़ीबिड़ी"।

तिरेंदा–संज्ञा पुं० [सं० तरंड] (१) समुद्र में तैरता हुआ पीपा जो संकेत के लिये किसी ऐसे स्थान पर रखा जाता है जहाँ पानी छिछला होता है, चट्टानें होती हैं, या इसी प्रकार की और कोई बाधा होती है। (ये पीपे कई आकार प्रकार के होते हैं। किसी किसी के ऊपर घंटा या सीटी भी लगी रहती है)। (२) मछली मारने की बंसी में कटिया से हाथ डेढ़ हाथ ऊपर बँधी हुई पाँच छ अंगुल की लकड़ी जो पानी पर तैरती रहती है और जिसके डूबने से मछली के फँसने का पता लगता है। (३) "तरेंदा"।

तिरै–संज्ञा पुं० [अनु०] फीलवानों का एक शब्द जिसे वे नहाते हुए हाथियों को लौटाने के लिये बोलते हैं।

तिरोधान–संज्ञा पुं० [सं०] अंतर्धान। अदर्शन। गोपन।

तिरोधायक–संज्ञा पुं० [स०] आड़ करनेवाला। छिपानेवाला। गुप्त करनेवाला।

तिरोभाव–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अंतर्धान। अदर्शन। (२) गोपन। छिपाव।

तिरोभूत–वि० [सं०] गुप्त। छिपा हुआ। अदृष्ट। अंतर्हित। गायब।

तिरोहित–वि० [सं०] (१) छिपा हुआ। अंतर्हित। अदृष्ट। (२) आच्छादित। ढका हुआ।

तिरौंछा†*–वि० दे० "तिरछा"। उ०—कठिन वचन सुनि श्रवन जानकी सकी न बचन सहार। तृण अंतर दै दृष्टि तिरौंछी दई नैन जलधार।—सूर।

तिरौंदा–संज्ञा पुं० दे० "तिरेंदा"।

तिर्यंचानुपूर्वी–संज्ञा स्त्री० [सं०] जैन शास्त्रानुसार जीव की वह गति जिसमें उसे तिर्यग्योनि में जाते हुए कुछ काल तक रहना पड़ता है।

तिर्यंची–संज्ञा स्त्री० [सं०] पशु पक्षियों की मादा।

तिर्यक्–वि० [सं०] तिरछा। आड़ा। टेढ़ा।

विशेष—मनुष्य को छोड़ पशु पक्षी आदि जीव तिर्य्यक् कहलाते हैं क्योंकि खड़े होने में उनके शरीर का विस्तार ऊपर की ओर नहीं रहता, आड़ा होता है। इन का खाया हुआ अन्न सीधे ऊपर से नीचे की ओर नहीं जाता बल्कि आड़ा होकर पेट में जाता है।

तिर्यक्ता–संज्ञा स्त्री० [सं०] तिरछापन। आड़ापन।

तिर्यक्त्व–संज्ञा पुं० [सं०] तिरछापन आड़ापन।

तिर्यक्पाती–वि० [स० तिर्य्यक्पातिन्] [स्त्री० तिर्य्यक्पातिनी] आड़ा फैलाया या रखा हुआ। बेंड़ा रखा हुआ।

तिर्यक्भेद—संज्ञा पुं० [सं०] दो सहारों पर टिकी हुई वस्तु का बीच में दबाव पड़ने से टूटना ।

तिर्यक्स्रोतस्—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह जिसका फैलाव आड़ा हो । (२) वह जीव जिसके पेट में खाया हुआ आहार आड़ा होकर जाता हो । वह जीव जिसका आहार निगलने का नल खड़ा न हो, आड़ा हो । पशु, पक्षी ।

विशेष—पुराणों में जीव सृष्टि के ऊर्द्धस्रोतस्, तिर्य्यक्स्रोतस् आदि कई वर्ग किए गए हैं । भागवत में तिर्य्यक्स्रोतस् २८ प्रकार के माने गए हैं । (१) द्विखुर (दो खुरवाले)—गाय, बकरी, भैंस, कृष्णसार मृग, सूअर, नीलगाय, रुरु नामक मृग । (२) एकखुर—गदहा, घोड़ा, खच्चर, गौरमृग, शरभ, सुरागाय, । (३) पंचनख—कुत्ता, गीदड़, भेड़िया, बाघ, बिल्ली, खरहा, सिंह, बंदर, हाथी, कछुवा, मेढक, इत्यादि । (४) जलचर—मछली । (५) खचर—गीध, बगला, मोर, हंस, कौवा आदि पक्षी । ये सब जीव ज्ञान-शून्य और तमोगुण-विशिष्ट कहे गए हैं । इनके अंतःकरण में किसी प्रकार का ज्ञान नहीं बतलाया गया है ।

तिर्यग्गति—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तिरछी या टेढ़ी चाल । (२) कर्मवश-पशु-योनि-प्राप्ति ।

तिर्यग्दिश्—संज्ञा स्त्री० [सं०] उत्तर दिशा ।

तिर्यग्यान—संज्ञा पुं० [सं०] केकड़ा ।

तिर्यग्योनि—संज्ञा स्त्री० [सं०] पशु पक्षी आदि जीव । दे० "तिर्य्यक्स्रोतस्" ।

तिर्यच्—संज्ञा पुं० दे० "तिर्य्यक्" ।

तिलंगनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० तिल + अंगिनी] एक प्रकार की मिठाई जो चीनी में तिल पाग कर बनती है ।

तिलंगसा—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बलूत जो हिमालय पर नैपाल से लेकर पंजाब तक होता है । अफ़गानिस्तान में भी यह पेड़ पाया जाता है । इसकी लकड़ी मजबूत होती है, इमारतों में लगती है तथा हल, झप्पान का डंडा आदि बनाने के काम में आती है । शिमले के आस पास के जंगलों में इसकी लकड़ी का कोयला फूँका जाता है ।

तिलंगा—संज्ञा पुं० [हिं० तिलंगाना, सं० तैलंग] अंगरेजी फौज का देशी सिपाही ।

विशेष—पहिले पहल ईस्ट-इंडिया कंपनी ने मदरास में किला बना कर वहाँ के तिलंगियों को अपनी सेना में भरती किया था । इससे अंगरेजी फौज के देशी सिपाही मात्र तिलंगे कहे जाने लगे ।

संज्ञा पुं० हिं० [तीन + लंग] एक प्रकार का कनकौवा ।

तिलंगाना—संज्ञा पुं० [सं० तैलंग] तैलंग देश ।

तिलंगी—वि० [सं० तैलंग] तिलंगाने का निवासी । तैलंग ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० तीन + लग] एक प्रकार की पतंग ।

तिल—संज्ञा पुं० [सं०] (१) प्रति वर्ष बोया जानेवाला हाथ डेढ़ हाथ ऊँचा एक पौधा जिसकी खेती संसार के प्रायः सब गरम देशों में तेल के लिये होती है । इसकी पत्तियाँ आठ दस अंगुल तक लंबी और तीन चार अंगुल चौड़ी होती हैं । ये नीचे की ओर तो ठीक आमने सामने मिली हुई लगती हैं पर थोड़ा ऊपर चल कर कुछ अंतर पर होती हैं । पत्तियों के किनारे सीधे नहीं होते, टेढ़े मेढ़े होते हैं । फूल गिलास के आकार के ऊपर चार दलों में विभक्त होते हैं । ये फूल सफेद रंग के होते हैं केवल मुँह पर भीतर की ओर बैंगनी धब्बे दिखाई देते हैं । बीजकोश लंबोतरे होते हैं जिनमें तिल के बीज भरे रहते हैं । ये बीज चिपटे और लंबोतरे होते हैं । हिंदुस्तान में तिल दो प्रकार का होता है—सफेद और काला । तिल की दो फ़सलें होती हैं—कुँवारी और चैती । कुँवारी फसल बरसात में ज्वार, बाजरे, धान आदि के साथ अधिकतर बोई जाती है । चैती फसल यदि कातिक में बोई जाय तो पूस माघ तक तैयार हो जाती है ।

उद्भिद् शास्त्रवेत्ताओं का अनुमान है कि तिल का आदि स्थान अफ्रिका महाद्वीप है । वहाँ आठ नौ जाति के तिल जंगली पाए जाते हैं । पर तिल शब्द का व्यवहार संस्कृत में प्राचीन है, यहाँ तक कि जब और किसी बीज से तेल नहीं निकाला गया था तब तिल से निकाला गया । इसी कारण उसका नाम ही तैल (तिल से निकला हुआ) पड़ गया । अथर्ववेद तक में तिल और धान द्वारा तर्पण का उल्लेख है। आजकल भी पितरों के तर्पण में तिल का व्यवहार होता है । वैद्यक में तिल भारी, स्निग्ध, गरम, कफपित्तकारक, बल-वर्द्धक, केशों को हितकारी, स्तनों में दूध उत्पन्न करनेवाला, मलरोधक और वातनाशक माना जाता है । तिल का तेल यदि कुछ अधिक पिया जाय तो रेचक होता है ।

पर्य्या०—होमधान्य । पवित्र । पितृतर्पण । पापघ्न । पूतधान्य । जटिल । वनोद्भव । स्नेहफल । तैलफल ।

यौ०—तिलकुट । तिलचट्टा । तिलभुग्गा । तिलशकरी ।

मुहा०—तिल की ओझल पहाड़ = किसी छोटी बात के भीतर बड़ी भारी बात । तिल का ताड़ करना = किसी छोटी बात को बहुत बढ़ा देना । छोटे से मामले को बहुत बड़ा करना या दिखाना । तिलचावले बाल = कुछ सफेद और कुछ काले बाल । खिचड़ी बाल । तिल चाटना = मुसलमानों के यहाँ विवाह में विदाई के समय दूल्हे का दुलहिन के हाथ पर रखे हुए काले तिलों को चाटना । (यह टोटका इसलिये होता है जिसमें दूल्हा सदा अपनी स्त्री के वश में रहे) । तिल तिल = थोड़ा थोड़ा । तिल धरने की जगह न होना = जरा सी भी

जगह खाली न रहना। पूरा स्थान लिका रहना। **तिल बँधना** = सूर्य्यकांत शीशे से होकर आए हुए सूर्य के प्रकाश का केंद्रीभूत होकर बिंदु के रूप में पड़ना। **तिल भर** = (१) जरा सा। थोड़ा सा। उ०—रहा चढ़ाउब तोरब भाई। तिल भर भूमि न सकेउ छुड़ाई।—तुलसी। † (२) क्षण भर। थोड़ा देर। **(किसी के) तिलों से तेल निकालना** = किसी से किसी प्रकार रुपया लेकर वहीं उसके काम में लगाना।

(२) काले रंग का छोटा दाग जो शरीर पर होता है। उ०—चिबुक कूप रसरी अलक तिल सु चरस दृग बैल। बारी बयस गुलाब की सींचत मन्मथ छैल।—रसलीन।

विशेष—सामुद्रिक तिलों के स्थान से अनेक प्रकार के शुभाशुभ फल बतलाए जाते हैं। पुरुष के शरीर में दाहिनी ओर और स्त्री के शरीर में बाईं ओर का तिल अच्छा माना जाता है। हथेली का तिल सौभाग्य-सूचक समझा जाता है।

(३) काली बिंदी के आकार का गोदना जिसे स्त्रियाँ शोभा के लिये गाल, ठुड्डी आदि गोदाती हैं।

क्रि० प्र०—बनाना।—लगाना।

(४) आँख की पुतली के बीचो बीच की गोल बिंदी जिस में सामने पड़ी हुई वस्तु का छोटा सा प्रतिबिंब दिखाई पड़ता है।

तिलकंठी—संज्ञा स्त्री० [स०] विष्णु-कांची। काली कौवाठोंठी।

तिलक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह चिह्न जिसे गीले चंदन, केसर आदि से मस्तक बाहु आदि अंगों पर सांप्रदायिक संकेत वा शोभा के लिये लगाते हैं। टीका।

विशेष—भिन्न भिन्न संप्रदायों के तिलक भिन्न भिन्न आकार के होते हैं। वैष्णव खड़ा तिलक या ऊर्ध्व पुंड्र लगाते हैं जिस के संप्रदायानुसार अनेक आकृति भेद होते हैं। शैव आड़ा तिलक या त्रिपुंड्र लगाते हैं। शाक्त लोग रक्त चंदन का आड़ा टीका लगाते हैं। वैष्णवों में तिलक का माहात्म्य बहुत अधिक है। ब्रह्म पुराण में ऊर्द्ध पुंड्रतिलक की बड़ी महिमा गाई गई है। वैष्णव लोग तिलक लगाने के लिये द्वादश अंग मानते हैं—मस्तक, पेट, छाती, कंठ, (दोनों पार्श्व) दोनों कोख, दोनों बाँह, कंधा, पीठ और कटि। तिलक प्राचीन काल में शृंगार के लिये लगाया जाता था, पीछे से उपासना का चिह्न समझा जाने लगा।

क्रि० प्र०—धारण करना।—धारना।—लगाना।—सारना।

(२) राजसिंहासन पर प्रतिष्ठा। राज्याभिषेक। गद्दी।

यौ०—राजतिलक।

(३) विवाह-संबंध स्थिर करने की एक रीति जिस में कन्या-पक्ष के लोग वर के माथे में दही अक्षत आदि का टीका लगाते और कुछ द्रव्य उसके साथ देते हैं। टीका।

क्रि० प्र०—चढ़ना।—चढ़ाना।

मुहा०—**तिलक देना** = तिलक के साथ (धन) देना। जैसे, उसने कितना तिलक दिया। **तिलक भेजना** = तिलक की सामग्री के के साथ वर के घर तिलक चढ़ाने लोगों को भेजना।

(४) माथे पर पहनने का स्त्रियों का एक गहना। टीका। (५) शिरोमणि। श्रेष्ठ व्यक्ति। किसी समुदाय के बीच श्रेष्ठ वा उत्तम पुरुष। जैसे, रघुकुलतिलक। (६) पुन्नाग की जाति का एक पेड़ जिसमें छत्ते के आकार के फूल वसंत ऋतु में लगते हैं। यह पेड़ शोभा के लिये बगीचों में लगाया जाता है। इसकी लकड़ी और छाल दवा के काम आती है। (७) मूँज का फूल या घूआ। (८) लोध्र वृक्ष। लोध का पेड़। (९) मरुवक। मरुवा। (१०) एक प्रकार का अश्वत्थ। (११) एक जाति का घोड़ा। घोड़े का एक भेद। (१२) क्लोम। तिल्ली जो पेट के भीतर होती है। (१३) सौवर्चल लवण। सोंचर नमक। (१४) संगीत में ध्रुवक का एक भेद जिसमें एक एक चरण पचीस पचीस अक्षरों के होते हैं। (१५) किसी ग्रंथ की अर्थसूचक व्याख्या। टीका।

संज्ञा पुं० [तु० तिरलीक का संक्षिप्त रूप] (१) एक प्रकार का ढीला डाला जनाना कुरता जिसे प्रायः मुसलमान स्त्रियाँ सूथन के ऊपर पहनती हैं। उ०—तनिया न तिलक, सुथनिया पगनिया न घामैं घुमराती छाँड़ि सेजिया सुखन की।—भूषण। (२) खिलअत।

तिलक कामोद—संज्ञा पुं० [सं०] एक रागिनी जो कामोद और विचित्र अथवा कान्हड़ा कामोद और षड् योग से मिल कर बनी है।

तिलकट—संज्ञा पुं० [सं०] तिल का चूर्ण।

तिलकना—क्रि० अ० [हिं० तड़कना] गीली मिट्टी का सूख कर स्थान स्थान पर दरकना या फटना। ताल आदि की मिट्टी का सूख कर दरार के साथ फटना।

तिलक मुद्रा—संज्ञा पुं० [स०] चंदन आदि का टीका और शंख चक्र आदि का छापा जिसे भक्त लोग लगाते हैं।

तिलकलक—संज्ञा पुं० [स०] तिल का चूर्ण। तिलकुट।

तिलकहरू—संज्ञा पुं० दे० "तिलकहार"।

तिलकहार—संज्ञा पुं० [हिं० तिलक + हार (प्रत्य०)] वह मनुष्य जो कन्या के पिता के यहाँ से वर को तिलक चढ़ाने के लिये भेजा जाता है।

तिलका—संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में दो सगण (।।ऽ) होते हैं। इसे 'तिल्ला' 'तिल्लाना' और 'डिल्ला' भी कहते हैं। (२) कंठ में पहनने का एक आभूषण।

तिलकालक—संज्ञा पुं० [स०] (१) देह पर का तिल के आकार का काला चिह्न। तिल। (२) सुश्रुत के अनुसार एक व्याधि

जिसमें पुरुष की इंद्रिय पक जाती है और उस पर काले काले दाग से पड़ जाते हैं।

तिलकिट्ट–संज्ञा पुं० [सं०] तिल की खली। पीना।

तिलकुट–संज्ञा पुं० [सं० तिलकट] कूटे हुए तिल जो खाँड़ की चाशनी में पगे हों।

तिलखा–संज्ञा पुं० [देश०] एक चिड़िया का नाम।

तिलचटा–संज्ञा पुं० [हिं० तिल + चाटना] एक प्रकार का झींगुर। चपड़ा।

तिलचावली–संज्ञा स्त्री० [हिं० तिल + चावल] तिल और चावल की खिचड़ी।

वि० स्त्री० जिसका कुछ अंश सफ़ेद और कुछ काला हो। जैसे, तिल चावली दाढ़ी।

तिलचित्र पत्रक–संज्ञा पुं० [सं०] तैलकंद।

तिलचूर्ण–संज्ञा पुं० [सं०] तिलकल्क। तिलकुट।

तिलछना–क्रि० अ० [अनु०] विकल रहना। छटपटाना। बेचैन रहना।

तिलड़ा–वि० [हिं० तीन + लड़] जिसमें तीन लड़ें हों। तीन लड़ों का।

संज्ञा पुं० [देश०] पत्थर गढ़नेवालों की एक छेनी जिससे टेढ़ी लकीर या लहरदार नक्काशी बनाई जाती है।

तिलड़ी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तीन + लड़] तीन लड़ों की माला जिसके बीच में एक जुगनी लटकती है।

तिलदानी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तिल्ला + स० आधान] कपड़े की वह थैली जिसमें दरजी, सूई, तागा, अंगुश्ताना आदि औज़ार रखते हैं।

तिलधेनु–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का दान जिसमें तिलों की गाय बनाकर दान करते हैं।

तिलपट्टी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तिल + पट्टी] खाँड़ या गुड़ में पगे हुए तिलों का कतरा।

तिलपपड़ी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तिल + पपड़ी] तिलपट्टी।

तिलपर्णी–संज्ञा पुं० [सं०] (१) चंदन। (२) सरल का गोंद।

तिलपर्णिका–संज्ञा स्त्री० दे० "तिलपर्णी"।

तिलपर्णी–संज्ञा स्त्री० [स०] रक्त चंदन।

तिलपिंज–संज्ञा पुं० [स०] वह तिल का पौधा जिसमें फूल फल नहीं लगते। बंझा तिल वृक्ष।

तिलपिष्ट–संज्ञा पुं० [स०] तिलों की पीठी। तिलकुटा।

तिलपीड़–संज्ञा पुं० [सं०] (तिल को पेरनेवाला) तेली।

तिलपुष्प–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तिल का फूल। (२) व्याघ्रनख। बघनखी।

तिलपुष्पक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बहेड़ा। (२) नाक (क्योंकि इसकी उपमा तिल के फूल से दी जाती है)।

तिलबढ़ा–संज्ञा पुं० [देश०] चौपायों का एक रोग जिसमें गले के भीतर के मांस के बढ़ जाने से वे कुछ खा पी नहीं सकते।

तिलबर–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पक्षी।

तिलभार–संज्ञा पुं० [सं०] एक देश। (महाभारत)

तिलभुग्गा–संज्ञा पुं० [हिं० तिल + सं० भुक्त] खाँड़ मिले हुए भुने तिल जो खाए जाते हैं। तिलकुट।

तिलभृष्ट–वि० [सं०] तिल के साथ भूना या पकाया हुआ।

विशेष—महाभारत में तिल के साथ भुनी हुई वस्तु के खाने का निषेध है। स्मृतियों में तिल मिला हुआ पदार्थ बिना देवार्पित किए खाना वर्जित है।

तिलभेद–संज्ञा पुं० [सं०] पोस्ते का दाना।

तिलमयूर–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का पक्षी जिसके देह पर तिल के समान काले चिह्न होते हैं।

तिलमापड़ी–संज्ञा स्त्री [देश०] दक्षिण में बिलारी और करनूल में होनेवाली एक कपास।

तिलमिल–संज्ञा स्त्री० [हिं० तिरमिर] चकाचौंध। तिरमिराहट।

तिलमिलाना–क्रि० अ० दे० "तिरमिराना"।

तिलरा–संज्ञा पुं० [देश०] टेढ़ी लकीर बनाने की छेनी जिसे कसेरे काम में लाते हैं।

† वि० संज्ञा पुं० दे० "तिलड़ा"।

तिलरी†–संज्ञा स्त्री० दे० "तिलड़ा"।

तिलवट–संज्ञा पुं० [हिं० तिल] तिलपट्टी। तिलपपड़ी।

तिलवन–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक पौधा जो जंगलों और बगीचों में होता है। यह दो प्रकार का होता है—एक सफेद फूल का, दूसरा नीलापन लिए पीले फूल का। इसमें लंबी लंबी फलियाँ लगती हैं। इसके बीज फूल आदि दवा के काम में आते हैं। वैद्यक में तिलवन गरम और वात, गुल्म, आदि को दूर करनेवाली मानी जाती है। पीली तिलवन अंजनों में पड़ती है।

पर्य्या०—अजगंधा। खरपुष्पा। सुगंधिका। काबरी। तुंगी।

तिलवा–संज्ञा पुं० [हिं० तिल] तिलों का लड्डू।

तिलशकरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तिल + शकर] तिल और चीनी की बनाई हुई मिठाई। तिलपपड़ी।

तिलस्म–संज्ञा पुं० [यू० टेलिस्मा] (१) जादू। इंद्रजाल। (२) करामात। चमत्कार। अद्भुत या अलौकिक व्यापार।

मुहा०—तिलस्म तोड़ना = किसी ऐसे स्थान के रहस्य का पता लगा देना जहाँ जादू के कारण किसी की गति न हो।

तिलहन–संज्ञा पुं० [हिं० तेल + धान्य] फसल के रूप में बोए जानेवाले पौधे जिनके बीजों से तेल निकलता है, जैसे, तिल, सरसों, तीसी इत्यादि।

तिलांकित दल–संज्ञा पुं० [सं०] तैलकंद।

तिलांजली–संज्ञा स्त्री० [सं०] मृतक संस्कार का एक अंग। हिंदुओं में मृतक-संस्कार की एक क्रिया जो मुरदे के जल चुकने पर स्नान करके की जाती है। इसमें हाथ की अँजुली में जल भर कर और उसमें तिल डाल कर उसे मृतक के नाम से छोड़ते हैं।

मुहा०—तिलांजली देना = बिलकुल त्याग देना। ज़रा भी संबंध न रखना।

तिलांबु–संज्ञा पु० [सं०] तिलांजली।

तिला–संज्ञा पुं० [हिं० तेल] (१) वह तेल जो लिंगेंद्रिय पर उसकी शिथिलता दूर करने के लिये लगाया जाय। लिंग-लेप। (२) दे० "तिल्ला"।

तिलाक़–संज्ञा स्त्री० [अ० तलाक़] पति पत्नी का भंग। स्त्री पुरुष के नाते का टूटना।

क्रि० प्र०—देना।—लेना।

विशेष—ईसाइयों, मुसलमानों आदि में यह नियम है कि वे आवश्यकता पड़ने पर अपनी विवाहिता स्त्री से एक विशेष नियम के अनुसार संबंध तोड़ देते हैं। उस दशा में स्त्री और पुरुष दोनों को अलग अलग विवाह करने का अधिकार हो जाता है।

यौ०—तिलाक़नामा।

तिलादानी–संज्ञा स्त्री० दे० "तिलदानी"।

तिलान्न–संज्ञा पु० [सं०] तिल की खिचड़ी।

तिलापत्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] काला जीरा।

तिलाघा–संज्ञा पुं० [हिं० तीन + लाँघना, लाना ?] वह बड़ा कुआँ जिस पर एक साथ तीन पुरवट चल सकें।

संज्ञा पुं० [अ० तलाअः] रात के समय कोतवाल आदि का शहर में गश्त लगाना। शैंद।

तिलिंगा–संज्ञा पुं० दे० "तिलंगा"।

तिलित्सा–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का साँप जिसे गोनस भी कहते हैं।

तिलिया–संज्ञा पुं० [देश०] (१) सरपत। (२) दे० "तेलिया" (विष)।

तिलस्मी–वि० [अ० तिलस्म + ई० (प्रत्य०)] तिलस्म-संबंधी। जादू का।

तिली †–संज्ञा स्त्री० (१) दे० "तिल"। (२) दे० "तिल्ली"।

तिलेती–संज्ञा स्त्री० [हिं० तेलहन + एती (प्रत्य०)] तेलहन की खूँटी जो फसिल काटने पर खेत में बच जाती है

तिलेदानी–संज्ञा स्त्री० दे० "तिलदानी"।

तिलेगू–संज्ञा स्त्री० दे० "तेलगू"।

तिलोक–संज्ञा पुं० दे० "त्रिलोक"।

तिलोकपति–संज्ञा पुं० [सं० त्रिलोकपति] विष्णु। उ० तुलसी बिसोक ह्वै तिलोकपति गयो नाम को प्रताप बात विदित है जग में।—तुलसी।

तिलोकी–संज्ञा पुं० [सं० त्रिलोकी] इक्कीस मात्राओं का एक उपजाति छंद जो प्लवंगम और चांद्रायण के मेल से बनता है। इसके प्रत्येक चरण के अंत में लघु-गुरु होता है।

तिलोचन–संज्ञा पुं० दे० "त्रिलोचन"।

तिलोत्तमा–संज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार एक परम रूपवती अप्सरा जिसके विषय में यह कहा जाता है कि ब्रह्मा ने संसार भर के सब उत्तम पदार्थों में से एक एक तिल अंश लेकर इसे बनाया था।

इसकी उत्पत्ति हिरण्याक्ष के सुंद और उपसुंद नामक दोनों पुत्रों के नाश के लिये हुई थी जिन्होंने बहुत तपस्या करके यह वर प्राप्त कर लिया था कि हम लोग किसी दूसरे के मारने से न मरें; और यदि मरें भी तो आपस में ही लड़कर मरें। इन दोनों भाइयों में बहुत स्नेह था और इन्होंने देवताओं तथा इंद्र को बहुत तंग कर रखा था। इन्हीं दोनों में विरोध कराने के लिये ब्रह्मा ने तिलोत्तमा की सृष्टि की और उसे सुंद और उपसुंद के निवासस्थान विंध्याचल पर भेज दिया। इसे पाने के लिये दोनों भाई आपस में लड़ मरे थे।

तिलोदक–संज्ञा पुं० [सं०] वह तिल मिला अँजुली भर जल जो मृतक के उद्देश्य से दिया जाता है। तिलांजली।

तिलोरी–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) एक प्रकार की मैना जिसे तेलिया मैना भी कहते हैं। उ०—पेडु तिलोरी औ जल हंसा। हिरदय बैठ विरह जग निसा।—जायसी। (२) दे० "तिलौरी"।

तिलोहरा †–संज्ञा पुं० [देश०] पटसन का रेशा।

तिलौंछना–क्रि० स० [हिं० तेल + औंछना (प्रत्य०)] थोड़ा तेल लगाकर चिकना करना।

तिलौंछा–वि० [हिं० तेल + औंछा (प्रत्य०)] जिसमें तेल का सा स्वाद या रंग हो। जैसे, तिलौंछा फल।

तिलौरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तिल + बरी] उर्द या मूँग की वह बरी जिसमें कुछ तिल भी मिला हो। इसमें नमक भी पड़ा रहता है और यह घी में तलकर खाई जाती है।

तिल्लना–संज्ञा पुं० [ ] तिलका नाम का वर्ण वृत्त।

तिल्लर–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की सोहन चिड़िया जिसे होबर भी कहते हैं।

तिल्ला–संज्ञा पुं० [अ० तिला] (१) कलाबत्तू या बादले आदि का काम।

यौ०—तिल्लेदार।

(२) पगड़ी, दुपट्टे या साड़ी आदि का वह अंचल जिसमें कलाबत्तू या बादले आदि का काम किया हो। (३) वह

सुंदर पदार्थ जो किसी वस्तु की शोभा बढ़ाने के लिये उस में जोड़ दिया जाय। (क्व०)

संज्ञा पुं० दे० "तिलका" (वर्णवृत्त)।

तिल्लाना–संज्ञा पुं० दे० "तराना (१)"।

तिल्ली–संज्ञा स्त्री० [सं० तिलक] पेट के भीतर का एक छोटा अवयव जो मांस की पोली गुठली के आकार का होता है और पसलियों के नीचे पेट की बाईं ओर होता है। इसका संबंध पाकाशय से होता है। इस में खाए हुए पदार्थ का विशेष रस कुछ काल तक रहता है। जब तक यह रस रहता है तब तक तिल्ली फैल कर कुछ बढ़ी हुई रहती है फिर जब इस रस को रक्त सोख लेता है तब वह फिर ज्यों की त्यों हो जाती है। तिल्ली में पहुँच कर रक्तकणिकाओं का रंग बैंगनी हो जाता है।

ज्वर के कुछ काल तक रहने से तिल्ली बढ़ जाती है, उसमें रक्त अधिक आ जाता है और कभी कभी छूने से पीड़ा भी होती है। ऐसी अवस्था में उसे छेदने से उसमें से लाल रक्त निकलता है। ज्वर आदि के कारण बार बार अधिक रक्त आते रहने से ही तिल्ली बढ़ती है। इस रोग में मनुष्य दिन दिन दुबला होता है, उसका मुँह सूखा रहता है और पेट निकल आता है। वैद्यक के अनुसार दाहकारक तथा कफकारक पदार्थों के विशेष सेवन से रुधिर कुपित होकर कफ द्वारा प्लीहा को बढ़ाता है तब तिल्ली बढ़ आती है और मंदाग्नि, जीर्णज्वर आदि रोग साथ लग जाते हैं। जवाखार, पलास का क्षार, शंख की भस्म आदि प्लीहा की आयुर्वेदोक्त औषध हैं। डाक्टरी में कुनैन तथा आर्सेनिक (संखिया) और लोहा मिली हुई दवाएँ तिल्ली बढ़ने पर दी जाती हैं।

पर्य्या०—प्लीहा। पिलही।

संज्ञा स्त्री० [सं० तिल] तिल नाम का अन्न या तेलहन।

संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का बांस जो आसाम और बरमा में ऊँची पहाड़ियों पर होता है। ये बाँस पचास साठ फुट तक ऊँचे होते हैं और इनमें गाँठ दूर दूर पर होती हैं इस से ये चोंगे बनाने के काम में अधिक आते हैं।

संज्ञा स्त्री० दे० "नीली"।

तिल्व–संज्ञा पुं० [सं०] लोध्र। लोध।

तिल्वक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) लोध। (२) तिनिश।

तिवाड़ी ‡–संज्ञा पुं० दे० "तिवारी"।

तिवारी–संज्ञा पुं० [सं० त्रिपाठी] [स्त्री० तिवराइन] त्रिपाठी। दे० "त्रिपाठी"।

तिवास†–संज्ञा० पुं० [सं० त्रिवासर] तीन दिन। उ०—मन फाटै बायक बरै मिटै सगाई साक। जैसे दूध तिवास को उलटि हुआ जो आक।—कबीर।

तिवासी–वि० दे० "तिवासी"।

तिवी–संज्ञा स्त्री० [देश०] खेसारी।

तिशना–संज्ञा पुं० [फ़ा० तशनीय] ताना। मेहना।

क्रि० प्र०—देना।—मारना।

तिष्ठद्गु–संज्ञा पुं० [सं०] वह काल जिसमें गायें अपने खूँटे पर चर कर आ जाती हैं। संध्या। सायंकाल। गोधूली।

तिष्ठना*–क्रि० अ० [सं० तिष्ठ] ठहरना। उ०—चौदह भुवन एक पति होई। भूत द्रोह तिष्ठइ नहिँ कोई।—तुलसी।

तिष्ठा–संज्ञा स्त्री० [सं०] तिस्ता नाम की नदी जो हिमालय के पास से निकल कर नवाबगंज के पास गंगा से मिली है।

तिष्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) पुष्य नक्षत्र। (२) पौष मास। (३) कलियुग। (४) मांगल्य। कल्याणकारी।

तिष्यक–संज्ञा पुं० [सं०] पौष मास।

तिष्यपुष्पा–संज्ञा स्त्री० [सं०] आमलकी।

तिष्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] आमलकी।

तिष्यन*–वि० दे० "तीक्ष्ण"। उ०—लच्छ में पच्छर तिष्यन तेज जे सूर समाज में गाज गने हैं।—तुलसी।

तिस†–सर्व० [सं० तस्मिन्, पा० तिस्सं] 'ता' का एक रूप जो उसे विभक्ति लगने के पूर्व प्राप्त होता है। जैसे, तिसने, तिसको, तिससे इत्यादि।

विशेष—अब इस शब्द का व्यवहार गद्य में नहीं होता। केवल 'तिस पर' का प्रयोग होता है।

मुहा०—तिस पर = (१) उसके पीछे। उसके उपरांत। (२) इतना होने पर। ऐसी अवस्था में भी। जैसे, (क) हमारी चीज़ भी ले गए, तिस पर हमीं को बातें भी सुनाते हो। (ख) इतना मना किया तिस पर भी वह चला गया।

तिसखुट†–संज्ञा स्त्री० [हिं० तीसी + खूँटी] तीसी के पौधों के छोटे छोटे डंठल जो फसल कटने पर जमीन में गड़े रह जाते हैं। तीसी की खूँटी।

तिसखुर–संज्ञा स्त्री० दे० "तिसखुट"।

तिसना*–संज्ञा स्त्री० दे० "तृष्णा"।

तिसरा†–वि० दे० "तीसरा"।

तिसरायां†–क्रि० वि० [हिं० तिसरा] तीसरी बार।

तिसरायत–संज्ञा स्त्री० [हिं० तीसरा] तीसरा होने का भाव। गैर होने का भाव।

तिसरैत–संज्ञा पुं० [हिं० तिसरा] (१) दो आदमियों के झगड़े से अलग एक तीसरा मनुष्य। तटस्थ। मध्यस्थ। (२) तीसरे हिस्से का मालिक।

तिसाना*–क्रि० अ० [सं० तृषा] प्यासा होना। तृषित होना। उ०—देखि कै विभूति सुख उपज्यो अभूत कोऊ चख्यो मुख माधुरी के लोचन तिसाये हैं।—प्रिया।

तिसूत–संज्ञा पुं० [?] एक दवा का नाम ।

तिस्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] शंखपुष्पी ।

तिस्स–संज्ञा पु० [सं० तिष्य] अशोक राजा के सगे भाई का नाम ।

तिहत्तर–वि० [सं० त्रिसप्तति, पा० तिसत्तति, प्रा० तिहत्तरि] जो गिनती में सत्तर से तीन अधिक हो । तीन ऊपर सत्तर ।

संज्ञा पुं० (१) सत्तर से तीन अधिक की संख्या । (२) उक्त संख्या सूचक अंक जो इस प्रकार लिखा जाता है—७३ ।

तिहद्दा–संज्ञा पुं० [देश०] वह स्थान जहाँ तीन हदें मिलती हों ।

तिहरा–वि० दे० "तेहरा" ।

संज्ञा स्त्री० [देश०] [स्त्री० अल्प० तिहरी] दही जमाने या दूध दुहने का मिट्टी का बरतन ।

तिहराना–क्रि० [हिं०] (किसी बात या काम को) तीसरी बार करना । दो बार करके एक बार फिर और करना ।

तिहरी–वि० स्त्री० दे० "तेहरी" ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० तीन + हार] (१) तीन लड़ों की माला ।

संज्ञा स्त्री० [तीन + हंडी] दूध दुहने या दही जमाने का मिट्टी का छोटा बरतन ।

तिहवार–संज्ञा पुं० [सं० तिथिवार] त्योहार । पर्व या उत्सव का दिन ।

विशेष—दे० "त्योहार" ।

तिहवारी–संज्ञा स्त्री० दे० "त्योहारी" ।

तिहाई–संज्ञा पुं० [सं० त्रि + भाग] (१) तृतीयांश । तीसरा भाग । तीसरा हिस्सा ।

संज्ञा स्त्री० फसिल । खेत की उपज । (पहले खेत की उपज का तृतीयांश काश्तकार लेता था इसी से यह नाम पड़ा ।)

मुहा०—तिहाई मारी जाना = फसल का न उपजना ।

तिहाउ†–संज्ञा पुं० दे० "तिहाव" ।

तिहानी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक बालिश्त लंबी और तीन अंगुल चौड़ी लकड़ी जिसका काम चूड़ियाँ बनाने में पड़ता है ।

तिहायत–संज्ञा पुं० [हिं० तिहाई = तीसरा] दो आदमियों के झगड़े से अलग एक तीसरा आदमी । तिसरैत । तटस्थ । मध्यस्थ ।

तिहारा†–सर्व० दे० "तुम्हारा" ।

तिहारो†–सर्व० दे० "तुम्हारा" ।

तिहाली–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की कपास की बौंड़ी ।

तिहाव†–संज्ञा पुं० [हिं० तेह = गुस्सा, ताव] (१) क्रोध । कोप । (२) बिगाड़ । उ०—हित सों हित रति राम सों रिपु सों बैर तिहाउ । उदासीन सब सों सरल तुलसी सहज सुभाउ । —तुलसी ।

तिहि–सर्व० दे० "तेहि" ।

तिहुँ†–वि० [हिं० तीन + हूँ (प्रत्य०)] तीनों । जैसे, तिहुँ लोक ।

तिहैया–संज्ञा पुं० [हिं० तिहाई] (१) तीसरा भाग । तृतीयांश । (२) तबले, मृदंग आदि की वे तीन थापें जिनमें से प्रत्येक थाप अंतिम या समवाले ताल को तीन भागों में बाँट कर प्रत्येक भाग पर दी जाती है और जिसकी अंतिम थाप ठीक सम पर पड़ती है ।

ती*–संज्ञा स्त्री० [सं० स्त्री] (१) स्त्री । औरत । (२) जोरू । पत्नी । (३) मनोहरण छंद का एक नाम । भ्रमरावली । नलिनी ।

तीअन†–संज्ञा स्त्री० [सं० तृणान्न] शाक । भाजी । तरकारी ।

तीकरा†–संज्ञा पुं० [देश०] बीज से फूट कर निकला हुआ अंकुर । अँखुआ ।

तीकुर–संज्ञा पुं० [हिं० तीन + कूरा = अंश] फसल की वह बँटाई जिसमें एक तिहाई अंश जमींदार और दो तिहाई काश्तकार लेता है । तिहाई ।

तीक्षण *–वि० दे० "तीक्ष्ण" ।

तीक्षन* –वि० दे० "तीक्ष्ण" ।

तीक्ष्ण–वि० [सं०] (१) तेज नोक या धारवाला । जिसकी धार या नोक इतनी चोखी हो जिससे कोई चीज कट सके । जैसे, तीक्ष्ण बाण । (२) तेज । प्रखर । तीव्र । जैसे, तीक्ष्ण औषध, तीक्ष्ण बुद्धि । (३) उग्र । प्रचंड । तीखा । जैसे, तीक्ष्ण स्वभाव । (४) जिसका स्वाद बहुत चरपरा हो । तेज या तीखे स्वादवाला । (५) जो (वाक्य या बात) सुनने में अप्रिय हो । कर्ण-कटु । जैसे, तीक्ष्ण वाक्य, तीक्ष्ण स्वर । (६) आत्मत्यागी । (७) निरालस्य । जिसे आलस्य न हो । (८) असह्य । जो सहन न हो सके ।

संज्ञा पु० [सं०] (१) उत्ताप । गरमी । (२) विष । जहर । (३) इस्पात लोहा । (४) युद्ध । लड़ाई । (५) मरण । मृत्यु । (६) शस्त्र । (७) समुद्री नमक । करकच । (८) सुरक्क । मोखा । (९) वत्सनाभ । बछनाग (१०) चव्य । चाव । (११) महामारी । मरी । (१२) यवक्षार । जवाखार । (१३) सफेद कुशा । (१४) कुंदुर गोंद । (१५) योगी । (१६) ज्योतिष में मूल, आर्द्रा, ज्येष्ठा और अश्लेषा नक्षत्र । (१७) पूर्वा और उत्तरा भाद्रपदा, ज्येष्ठा, अश्विनी और रेवती नक्षत्रों में बुध की गति ।

तीक्ष्णकंटक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धतूरे का पेड़ । (२) बबूल का पेड़ । (३) इंगुदी का पेड़ । (४) करील का पेड़ ।

तीक्ष्णकंटा–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का वृक्ष जिसे कंकारी कहते हैं ।

तीक्ष्णकंद–संज्ञा पुं० [सं०] पलांडु । प्याज ।

तीक्ष्णक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) मोखा वृक्ष । (२) सफेद सरसों ।

तीक्ष्णकलक–संज्ञा पुं० [सं०] तुंबरू वृक्ष ।

तीक्ष्णकांता–संज्ञा स्त्री० [सं०] कालिकापुराण के अनुसार तारा-

देवी का एक नाम जिसका ध्यान कृष्णवर्णा, लंबोदरी और एक जटाधारिणी है। इसके पूजन से अभीष्ट का सिद्ध होना माना जाता है।

तीक्ष्णक्षीरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] बंसलोचन।

तीक्ष्णगंध–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सँहजन का पेड़। (२) लाल तुलसी। (३) लोबान। (४) छोटी इलायची। (५) सफेद तुलसी। (६) कुंदुरू नामक गंधद्रव्य।

तीक्ष्णगंधक–संज्ञा पु० [सं०] सँहजन।

तीक्ष्णगंधा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) श्वेत वच। सफेद वच। (२) कंधारी का वृक्ष। (३) राई। (४) जीवंती। (५) छोटी इलायची।

तीक्ष्णतंडुला–संज्ञा स्त्री० [सं०] पिप्पली। पीपल।

तीक्ष्णता–संज्ञा स्त्री० [सं०] तीक्ष्ण होने का भाव। तीव्रता। तेजी।

तीक्ष्णताप–संज्ञा पुं० [सं०] महादेव। शिव।

तीक्ष्णतैल-संज्ञा पुं० दे० "तीक्ष्णतैल"।

तीक्ष्णतैल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) राल। (२) सेहुँड़ का दूध। (३) मदिरा। शराब। (४) सरसों का तेल।

तीक्ष्णदंष्ट्र–संज्ञा पुं० [सं०] बाघ।
वि० तेज दाँतोंवाला। जिसके दाँत तेज हों।

तीक्ष्णदंत–संज्ञा पुं० [सं०] वह जानवर जिसके दांत बहुत तेज या नुकीले हों।

तीक्ष्णदृष्टि–वि० [सं०] जिसकी दृष्टि सूक्ष्म से सूक्ष्म बात पर पड़ती हो। सूक्ष्मदृष्टि।

तीक्ष्णधार–संज्ञा पुं० [सं०] खड्ग।
वि० जिसकी धार बहुत तेज हो।

तीक्ष्णपत्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तुंबुरू। धनिया। (२) एक प्रकार का गन्ना।
वि० [सं०] जिसके पत्तों में तेज धार हो।

तीक्ष्णपुष्प–संज्ञा पुं० [सं०] लवंग। लौंग।

तीक्ष्णपुष्पा–संज्ञा स्त्री० [सं०] केतकी।

तीक्ष्णप्रिय–संज्ञा पुं० [सं०] जौ।

तीक्ष्णफल–संज्ञा पुं० [सं०] तुँबुरू। धनिया।

तीक्ष्णफला–संज्ञा स्त्री० [सं०] राई।

तीक्ष्णबुद्धि–वि० [सं०] जिसकी बुद्धि बहुत तेज हो। कुशाग्र बुद्धिवाला। बुद्धिमान्।

तीक्ष्णमंजरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] पान का पौधा।

तीक्ष्णमूल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) कुलंजन। (२) सहँजन।
वि० जिसकी जड़ में बहुत तेज गंध हो।

तीक्ष्णरश्मि–संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य्य।
वि० जिसकी किरणें बहुत तेज हों।

तीक्ष्णरस–संज्ञा पुं० [सं०] (१) यवक्षार। जवाखार। (२) शोरा।

तीक्ष्णलौह–संज्ञा पु० [सं०] इस्पात।

तीक्ष्णशूक–संज्ञा पु० [सं०] यव। जौ।

तीक्ष्णसारा–संज्ञा स्त्री० [सं०] शीशम का पेड़।

तीक्ष्णांशु–संज्ञा पु० [सं०] सूर्य्य।

तीक्ष्णा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) वच। (२) केवांच। (३) सर्पकंकाली वृक्ष। (४) बड़ी मालकंगनी। (५) अल्पमूषपर्णी लता। (६) मिर्च। (७) जोंक। (८) तारादेवी का एक नाम।

तीक्ष्णाग्नि–संज्ञा पु० [सं०] (१) प्रबल जठराग्नि। (२) अजीर्ण रोग।

तीक्ष्णाग्र–वि० [सं०] पैनी नोकवाला। जिसका अगला भाग तेज या नुकीला हो।

तीक्ष्णायस–संज्ञा पुं० [सं०] इस्पात लोहा।

तीख * †–वि० दे० "तीखा"।

तीखन * †–वि० दे० "तीक्ष्ण"।

तीखर–संज्ञा पुं० दे० "तीखुर"।

तीखल–संज्ञा पुं० दे० "तीखुर"।

तीखा–वि० [सं० तीक्ष्ण] [स्त्री० तीखी] (१) जिसकी धार या नोक बहुत तेज हो। तीक्ष्ण। (२) तेज। तीव्र। प्रखर। (३) उग्र। प्रचंड। जैसे, तीखा स्वभाव। (४) जिसका स्वभाव बहुत उग्र हो जैसे, (क) तुम तो बड़े तीखे दिखलाई पड़ते हो। (ख) यह लड़का बहुत तीखा होगा। (५) जिसका स्वाद बहुत तेज या चरपरा हो। (६) जो वाक्य या बात सुनने में अप्रिय हो। (७) चोखा। बढ़िया। अच्छा। जैसे, यह कपड़ा उससे तीखा पड़ता है।
संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की चिड़िया।

तीखी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तीखा] रेशम फेरनेवालों का काठ का एक औज़ार जिसके बीच में गज़ डाल कर उस पर रेशम फेरते हैं।

तीखुर–संज्ञा पुं० [स० तवक्षीर] हलदी की जाति का एक प्रकार का पौधा जो पूर्व, मध्य तथा दक्षिण भारत में अधिकता से होता है। अच्छी तरह जोती हुई ज़मीन में जाड़े के आरंभ में इसके कंद गाड़े जाते हैं और बीच बीच में बराबर सिँचाई की जाती है। पूस माघ में इसके पत्ते झड़ने लगते हैं और तब यह पका समझा जाता है। उस समय इसकी जड़ खोदकर पानी में खूब धोकर कूटते हैं और इसका सत्त निकालते हैं जो बढ़िया मैदे की तरह होता है। यही सत्त बाजारों में तीखुर के नाम से बिकता है और इसका व्यवहार कई तरह की मिठाइयाँ, लड्डू, सेव, जलेबी आदि बनाने में होता है। हिंदू लोग इसकी गणना "फलाहार" में करते हैं। इसे पानी में घोलकर दूध में छोड़ने से दूध बहुत गाढ़ा हो जाता है, इसलिये लोग इसकी खीर भी बनाते हैं। अब

एक प्रकार का तीखुर विलायत से भी आता है जिसे अरारूट कहते हैं। दे० "अरारूट"।

तीखुल–संज्ञा पुं० दे० "तीखुर"।

तीछन * †–वि० दे० "तीक्ष्ण"।

तीछनता *–संज्ञा स्त्री० दे० "तीक्ष्णता"।

तीज–संज्ञा स्त्री० [सं० तृतीया] (१) प्रत्येक पक्ष की तीसरी तिथि। (२) हरतालिका तृतीया। भादों सुदी तीज।

वि० दे० "हरतालिका"।

तीजा–संज्ञा पुं० [हिं० तीज] मुसलमानों में किसी के मरने के दिन से तीसरा दिन। इस दिन मृतक के संबधी गरीबों को रोटियाँ बाँटते और कुछ पाठ करते हैं।

वि० [स्त्री० तीजी] तीसरा। तृतीय।

तीत * ‡–वि० दे० "तीता"।

तीतर–संज्ञा पुं० [सं० तित्तिर] एक प्रसिद्ध पक्षी जो समस्त एशिया और युरोप में पाया जाता है और जिसकी एक जाति अमेरिका में भी होती है। यह दो प्रकार का होता है, चितकबरा और काला। इसका पेट कुछ भारी, दुम छोटी और पैर में चार उँगलियाँ होती हैं। यह बहुत चंचल होता है और केवल सोने के समय को छोड़कर बराबर इधर उधर चलता रहता है। यह बहुत तेज दौड़ता है और भारत में प्रायः कपास, गेहूँ या चावल के खेतों में जाल में फँसाकर पकड़ा जाता है। इसका घोंसला जमीन पर ही होता है और इसके अंडे चिकने और धब्बेदार होते हैं। लोग इसे लड़ाने के लिये पालते, इसका शिकार करते और मांस खाते हैं। वैद्यक में इसके मांस को रुचिकारक, लघु, वीर्य्य-बलवर्द्धक, कषाय, मधुर, ठंढा और श्वास कास ज्वर तथा त्रिदोषनाशक माना है। भावप्रकाश के अनुसार काले तीतर के मांस की अपेक्षा चितकबरे तीतर का मांस अधिक उत्तम होता है।

तीता–वि० [स० तिक्त] (१) जिसका स्वाद तीखा और चरपरा हो। तिक्त। जैसे, मिर्च।

विशेष–यद्यपि प्राचीनों ने तिक्त और कटु में भेद माना है पर आज कल साधारण बोलचाल में "तीता" और "कड़ुआ" दोनों शब्दों का एक ही अर्थ में व्यवहार होता है। कुछ प्रांतों में केवल "तीता" शब्द का व्यवहार होता है और कुछ प्रांतों में केवल "कड़ुआ" शब्द का; और उनसे तात्पर्य्य भी बहुधा एक ही रस का होता है। जिन प्रांतों में "तीता" और "कड़ुआ" दोनों शब्दों का व्यवहार होता है वहाँ भी इन दोनों में कोई विशेष भेद नहीं माना जाता। (२) कड़ुआ। कटु।

वि० गीला। भीगा हुआ। नम।

संज्ञा पुं० [देश०] (१) जोतने बोने की जमीन का गीलापन। (२) ऊसर भूमि। (३) बेंकी या रहट का अगला भाग। (४) ममीरे के झाड़ का एक नाम।

तीतुरी * †–संज्ञा स्त्री० दे० "तितली"।

तीतुल*–संज्ञा पुं० दे० "तीतर"।

तीन–वि० [स० त्रीणि] जो दो और एक हो। जो गिनती में चार से एक कम हो।

संज्ञा पुं० (१) दो और चार के बीच की संख्या। दो और एक का जोड़। (२) उक्त संख्या सूचक अंक जो इस प्रकार लिखा जाता है—३।

मुहा०—**तीन पाँच करना** = इधर उधर करना। घुमाव फिराव या हुज्जत की बात करना।

संज्ञा पुं० **सरजूपारी ब्राह्मणों में तीन गोत्रों का एक वर्ग।**

विशेष—सरजूपारी ब्राह्मणों में सोलह गोत्र होते हैं जिनमें से तीन गोत्रवालों का उत्तम वर्ग है और तेरह गोत्रवालों का दूसरा वर्ग है।

मुहा०—**तीन तेरह करना** = तितर बितर करना। इधर उधर छितराना या अलग अलग करना। उ०—कियो तीन तेरह सबै चौका चौका लाय।—हरिश्चंद्र। **न तीन में न तेरह में** = जो किसी गिनती में न हो। जिसे कोई पूछता न हो। उ०—कुंभ कान नाम कहाँ पैये मोतें जानराय एजू तुम मारे हैं न तेरह न तीन में।—हनुमान।

संज्ञा स्त्री० [हिं० तिन्नी] तिन्नी का चावल।

तीनपान–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बहुत मोटा रस्सा जिसकी मोटाई कम से कम एक फुट होती है। (लश०)

तीनपाम–संज्ञा पुं० दे० "तीनपान"।

तीनलड़ी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तीन + लड़ी] गले में पहनने की एक प्रकार की माला जिसमें तीन लड़ियाँ होती हैं। तिलड़ी।

तीनि * †–संज्ञा पुं० और वि० दे० "तीन"।

तीनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तिन्नी] तिन्नी का चावल।

तीपड़ा–संज्ञा पुं० [देश०] रेशमी कपड़ा बुननेवालों का एक औजार जिसके नीचे ऊपर दो लकड़ियाँ लगी रहती हैं जिन्हें बेसर कहते हैं।

तीमारदारी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] रोगियों की सेवा-शुश्रूषा का काम।

तीय–संज्ञा स्त्री० [स० स्त्री] स्त्री। औरत। नारी।

तीया *–संज्ञा स्त्री० दे० "तीय"।

संज्ञा पुं० दे० "तिल्ली" या "तिड़ी"।

तीरंदाज–संज्ञा पुं० [फ़ा०] तीर चलानेवाला। वह जो तीर चलाता हो।

तीरंदाजी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] तीर चलाने की विद्या या क्रिया।

तीर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) नदी का किनारा। कूल। तट। (२) पास। निकट। समीप।

विशेष—इस अर्थ में इसका उपयोग विभक्ति का लोप करके क्रिया विशेषण की तरह होता है।

(३) सीसा नामक धातु। (४) राँगा।

संज्ञा पुं० [फ़०] बाण। शर।

विशेष—यद्यपि पंचदशी आदि कुछ आधुनिक ग्रंथों में तीर शब्द बाण के अर्थ में आया है, पर यह शब्द वास्तव में है फ़ारसी का।

क्रि० प्र०—चलाना।—छोड़ना।—फेंकना।—लगना।

मुहा०—तीर चलाना = युक्ति भिड़ना। रंग ढंग लगाना। जैसे, तीर तो गहरा चलाया था, पर ख़ाली गया। तीर फेंकना = दे० "सीर चलाना"।

संज्ञा पुं० [?] जहाज़ का मस्तूल।

तीरगर—संज्ञा पुं० [फ़ा०] वह जो तीर बनाता हो। तीर बनाने वाला कारीगर।

तीरण—संज्ञा पुं० [सं०] करंज।

तीरथ—संज्ञा पु० दे० "तीर्थ"। "तीरथ" के यौगिक शब्दों के लिये दे० "तीर्थ" के यौगिक शब्द।

तीरभुक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] गंगा, गंडकी और कौशिकी इन तीन नदियों से घिरा हुआ तिरहुत देश।

तीरवर्त्ती—वि० [सं०] (१) तट पर रहनेवाला। (२) किनारे पर रहनेवाला। समीप रहनेवाला। पास रहनेवाला। पड़ोसी।

तीरस्थ—संज्ञा पु० [स०] नदी के तीर पर पहुँचाया हुआ मरणासन्न व्यक्ति।

विशेष—अनेक जातियों में यह प्रथा है कि रोगी जब मरने को होता है तब उसके संबंधी पहले ही से उसे नदी के तीर पर ले जाते हैं, क्योंकि धार्मिक दृष्टि से नदी के तीर पर मरना अधिक उत्तम समझा जाता है।

तीरा*†—संज्ञा पु० दे० "तीर"।

तीराट—संज्ञा पुं० [सं०] क्रोध।

तीरु—संज्ञा पुं० [सं०] (१) शिव। महादेव। (२) शिव की स्तुति।

तीर्ण—वि० [सं०] (१) जो पार हो गया हो। उत्तीर्ण। (२) जो सीमा का उल्लंघन कर चुका हो। (३) जो भीगा हुआ हो। तरबतर।

तीर्णपदा—संज्ञा स्त्री० [स०] तालमूल। मूसली।

तीर्णपदी—संज्ञा स्त्री० दे० "तीर्णपदा"।

तीर्ण—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक नगण और एक गुरु (।।ऽ) होता है। इसको "सती", "तिक्षा" और "तरणिजा" भी कहते हैं। जैसे, नगपती। बसती। शिव कहौ। सुख लहौ।

तीर्थंकर—संज्ञा पुं० [सं०] जैनियों के उपास्य देव जो देवताओं से भी श्रेष्ठ और सब प्रकार के दोषों से रहित, मुक्त और मुक्तदाता माने जाते हैं। इनकी मूर्त्तियाँ दिगंबर बनाई जाती हैं और इनकी आकृति प्रायः बिलकुल एक ही होती है। केवल उनका वर्ण और उनके सिंहासन का आकार ही एक दूसरे से भिन्न होता है।

विशेष—गत उत्सर्पिणी में चौबीस तीर्थंकर हुए थे जिनके नाम ये हैं—(१) केवलज्ञानी। (२) निर्वाणी। (३) सागर। (४) महाशय। (५) विमलनाथ। (६) सर्वानुभूति। (७) श्रीधर। (८) दत्त। (९) दामोदर। (१०) सुतेज। (११) स्वामी। (१२) मुनिसुव्रत। (१३) सुमति। (१४) शिवगति। (१५) अस्ताग। (१६) नेमीश्वर। (१७) अनल। (१८) यशोधर। (१९) कृतार्थ। (२०) जिनेश्वर। (२१) शुद्धमति। (२२) शिवकर। (२३) स्यंदन और (२४) संप्रति। वर्त्तमान् अवसर्पिणी के आरंभ में जो चौबीस तीर्थंकर हो गए हैं उनके नाम ये हैं—

(१) ऋषभदेव। (२) अजितनाथ। (३) संभवनाथ। (४) अभिनंदन। (५) सुमतिनाथ। (६) पद्मप्रभ। (७) सुपार्श्वनाथ। (८) चंद्रप्रभ। (९) सुबुधिनाथ। (१०) शीतलनाथ। (११) श्रेयांसनाथ। (१२) वासुपूज्य स्वामी। (१३) विमलनाथ। (१४) अनंतनाथ। (१५) धर्मनाथ। (१६) शांतिनाथ। (१७) कुंतुनाथ। (१८) अमरनाथ। (१९) मल्लिनाथ। (२०) मुनि सुव्रत। (२१) नमिनाथ। (२२) नेमिनाथ। (२३) पार्श्वनाथ। (२४) महावीर स्वामी। इनमें से ऋषभ, वासुपूज्य और नेमिनाथ की मूर्त्तियाँ योगाभ्यास में बैठी हुई और बाकी सब की मूर्त्तियाँ खड़ी बनाई जाती हैं।

तीर्थंकृत्—संज्ञा पुं० [स०] (१) जैनियों के देवता। जिन। (२) शास्त्रकार।

तीर्थ—संज्ञा पुं० [स०] (१) वह पवित्र या पुण्य स्थान जहाँ धर्म-भाव से लोग यात्रा, पूजा या स्नान आदि के लिये जाते हों। जैसे, हिंदुओं के लिये काशी, प्रयाग, जगन्नाथ, गया, द्वारका आदि; अथवा मुसलमानों के लिये मक्का और मदीना।

विशेष—हिंदुओं के शास्त्रों में तीर्थ तीन प्रकार के माने गए हैं—(१) जंगम, जैसे, ब्राह्मण और साधु आदि, (२) मानस, जैसे, सत्य, क्षमा, दया, दान, संतोष, ब्रह्मचर्य, ज्ञान, धैर्य्य, मधुरभाषण आदि, और (३) स्थावर, जैसे, काशी, प्रयाग, गया आदि। इस शब्द के अंत में 'राज' 'पति' अथवा इसी प्रकार का और शब्द लगाने से 'प्रयाग' अर्थ निकलता है। जैसे, तीर्थराज या तीर्थपति = प्रयाग। तीर्थ जाने अथवा वहाँ से लौट आने के समय हिंदुओं के शास्त्रों में सिर मुँड़ा कर श्राद्ध करने और ब्राह्मणों को भोजन कराने का भी विधान है।

(२) कोई पवित्र स्थान। (३) हाथ में के कुछ विशिष्ट स्थान।

विशेष—दहिने हाथ के अँगूठे का ऊपरी भाग ब्रह्मतीर्थ, अँगूठे और तर्जनी का मध्य भाग पितृतीर्थ, कनिष्ठा उँगली के नीचे का भाग प्राजापत्य तीर्थ और उँगलियों का अगला भाग देवतीर्थ माना जाता है। इन तीर्थों से क्रमशः आचमन, पिंडदान, पितृकार्य और देवकार्य्य किया जाता है। (४) शास्त्र। (५) यज्ञ। (६) स्थान। स्थल। (७) उपाय। (८) अवसर। (९) नारीरज। रजस्वला का रक्त। (१०) अवतार। (११) चरणामृत। देव स्नान-जल। (१२) उपाध्याय। गुरु। (१३) मंत्री। (१४) योनि। (१५) दर्शन। (१६) घाट। (१७) ब्राह्मण। विप्र। (१८) निदान। कारण। (१९) अग्नि। (२०) पुण्यकाल। (२१) संन्यासियों की एक उपाधि। (२२) वह जो तार दे। तारनेवाला। (२३) वैर भाव को त्याग कर परस्पर उचित व्यवहार। (२४) ईश्वर। (२५) माता पिता। (२६) अतिथि। मेहमान। (२७) राष्ट्र की अठारह सम्पत्तियाँ जिन के नाम ये हैं,—(१) मंत्री, (२) पुरोहित, (३) युवराज, (४) भूपति, (५) द्वारपाल, (६) अंतर्वंशिक, (७) कारागाराध्यक्ष, (८) द्रव्य-संचय-कारक। (९) कृत्याकृत्य अर्थ का विनियोजक, (१०) प्रदेष्टा, (११) नगराध्यक्ष, (१२) कार्य-निर्माण-कारक, (१३) धर्माध्यक्ष, (१४) सभाध्यक्ष, (१५) दंडपाल, (१६) दुर्गपाल, (१७) राष्ट्रांतपाल और (१८) अटवीपाल।

तीर्थक—वि० [सं०] (१) ब्राह्मण। (२) तीर्थंकर। (३) वह जो तीर्थों की यात्रा करता हो।

तीर्थंकर—संज्ञा पुं० [सं०] (१) विष्णु। (२) जिन।

तीर्थदेव—संज्ञा पुं० [स०] शिव। महादेव।

तीर्थपति—संज्ञा पुं० दे० "तीर्थराज"।

तीर्थपाद—संज्ञा पुं० [स०] विष्णु।

तीर्थपादीय—संज्ञा पु० [सं०] वैष्णव।

तीर्थयात्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] तीर्थाटन। पवित्र स्थानों में दर्शन स्नानादि के लिये जाना।

तीर्थराज—संज्ञा पुं० [सं०] प्रयाग।

तीर्थराजी—संज्ञा स्त्री० [सं०] काशी।

विशेष—काशी में सब तीर्थ हैं इसीसे यह नाम पड़ा।

तीर्थसेनि—संज्ञा स्त्री० [सं०] कार्त्तिकेय की एक मातृका का नाम।

तीर्थाटन—संज्ञा पुं० [स०] तीर्थयात्रा।

तीर्थिक—संज्ञा पुं० [स०] (१) तीर्थ का ब्राह्मण, पंडा। (२) बौद्धों के अनुसार बौद्ध-धर्म्म का विद्वेषी ब्राह्मण। (३) तीर्थंकर।

तीर्थिया—संज्ञा पुं० [सं० तीर्थ + इया (प्रत्य०)] तीर्थंकरों को माननेवाला, जैनी।

तीर्थ्य—संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक रुद्र का नाम। (२) सहपाठी।

तीर्न—संज्ञा पुं० दे० "तीर्ण"।

तीलखा—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की चिड़िया।

तीली—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० तीर = बाण] (१) बड़ा तिनका। सींक। (२) धातु आदि का पतला पर कड़ा तार। (३) करघे में ढरकी की वह सींक जिसमें नरी पहनाई जाती है। (४) तीलियों की वह कूँची जिससे जुलाहे सूत साफ़ करते हैं। (५) पटवों का वह औजार जिससे वे रेशम लपेटते हैं। इस में लोहे का एक तार होता है जिसके एक सिरे पर लकड़ी का एक गोल टुकड़ा लगा रहता है।

तीवन †—संज्ञा पुं० [सं० तेमन = व्यंजन] (१) पकवान। (२) रसेदार तरकारी।

तीवर—संज्ञा पुं० [सं०] (१) समुद्र। (२) व्याधा। शिकारी। (३) मलुआ। (४) एक वर्ण-संकर अंत्यज जाति जो ब्रह्मवैवर्त्त पुराण के अनुसार राजपूत माता और क्षत्रिय पिता के गर्भ से तथा पराशर के मत से राजपूत माता और चूर्णक पिता के गर्भ से उत्पन्न है। कुछ लोग तीवर और धीवर को एक ही मानते हैं। स्मृति के अनुसार तीवर को स्पर्श करने पर स्नान करने की आवश्यकता होती है।

तीव्र—वि० [सं०] (१) अतिशय। अत्यंत। (२) तीक्ष्ण। तेज़। (३) बहुत गरम। (४) नितांत। बेहद। (५) कटु। कड़ुवा। (६) दुःसह। असह्य। न सहने योग्य। (७) प्रचंड। (८) तीखा। (९) वेगयुक्त। तेज। (१०) कुछ ऊँचा और अपने स्थान से बढ़ा हुआ (स्वर)। संगीत में ९ स्वरों के तीव्र रूप होते हैं—ऋषभ, गांधार, मध्यम, धैवत और निषाद। दे० "कोमल"।

संज्ञा पुं० [सं०] (१) लोहा। (२) इस्पात। (३) नदी का किनारा। (४) शिव। महादेव।

तीव्रकंठ—संज्ञा पुं० [सं०] सूरन। जमींकंद। ओल।

तीव्रगंधा—संज्ञा स्त्री० [सं०] अजवायन। यवानी।

तीव्रगंधिका—संज्ञा स्त्री० दे० "तीव्रगंधा"।

तीव्रगति—संज्ञा स्त्री०, पुं० [सं०] वायु। हवा।

तीव्रज्वाला—संज्ञा स्त्री० [सं०] धव का फूल जिस के छूने से, लोग कहते हैं, शरीर में घाव हो जाता है।

तीव्रता—संज्ञा स्त्री० [सं०] तीव्र का भाव। तीक्ष्णता। तेजी। तीखापन। प्रखरता।

तीव्रसव—संज्ञा० पुं० [सं०] एक दिन में होनेवाला एक प्रकार का यज्ञ।

तीव्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) षड्ज स्वर की चार श्रुतियों में से पहली श्रुति। (२) मदकारिणी। खुरासानी अजवायन। (३) राई। (४) गाँडर दूब। (५) तुलसी। (६) बड़ी मालकंगनी। (७) कुटकी। (८) तरवी वृक्ष।

तीव्रानुराग–संज्ञा पुं० [सं०] जैनियों के अनुसार एक प्रकार का अतिचार । पर-स्त्री या पर-पुरुष से अत्यंत अनुराग करना अथवा काम की वृद्धि के लिये अफीम, कस्तूरी आदि खाना ।

तीस–वि० [सं० त्रिंशति, पा० तीसा] जो गिनती में उंतीस के बाद और इकतीस के पहले हो । जो दस का तिगुना हो । बीस और दस ।

यौ०—तीसो दिन या तीस दिन = सदा । हमेशः । तीस मारखाँ = बहुत वीर । बड़ा बहादुर । (व्यंग्य)

संज्ञा पुं० दस की तिगुनी संख्या जो अंकों में इस प्रकार लिखी जाती है—३० ।

तीसर†–वि० दे० "तीसरा" ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० तीसरा] खेत की तीसरी जुताई ।

तीसरा–वि० [हिं० तीन + सरा (प्रत्य०)] (१) क्रम में तीन के स्थान पर पड़नेवाला । जो दो के उपरांत हो । जिस के पहले दो और हों । (२) जिस का प्रस्तुत विषय से कोई संबंध न हो । संबंध रखनेवालों से भिन्न, कोई और । जैसे, न हमारी बात, न तुम्हारी बात; तीसरा जो कुछ कहे, वही हो ।

यौ०—तीसरा पहर = दोपहर के बाद का समय । दिन का तीसरा पहर । अपराह्न ।

तीसवाँ–संज्ञा पुं० [हिं० तीस + वाँ (प्रत्य०)] क्रम में तीस के स्थान पर पड़नेवाला । जो उंतीस के उपरांत हो । जिसके पहले उंतीस और हों ।

तीसी–संज्ञा स्त्री० [सं० अतसी] अलसी नामक तेलहन । दे० "अलसी" ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० तीस + ई (प्रत्य०)] (१) फल आदि गिनने का एक मान जो तीस गाहियों अर्थात् एक सौ पचास का होता है । (२) एक प्रकार की छेनी जिस से लोहे की थालियों आदि पर नकाशी करते हैं ।

तीहा†–संज्ञा पुं० [सं० तृष्टि ?] तसल्ली । आश्वासन ।

संज्ञा पुं० [हिं० तिहाई] तिहाई । जैसे, आधा तीहा । इस का प्रयोग समास ही में होता है ।

तुंग–वि० [सं०] (१) उन्नत । ऊँचा । (२) उग्र । प्रचंड । (३) प्रधान । मुख्य ।

संज्ञा पुं० (१) पुन्नाग वृक्ष । (२) पर्वत । पहाड़ । (३) नारियल । (४) किंजल्क । कमल का केसर । (५) शिव । (६) बुध ग्रह । (७) ग्रहों की उच्च राशि । दे० "उच्च" । (८) एक वर्णवृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में दो नगण और दो गुरु होते हैं । उ०—न नग गहु बिहारी । कहत अहि पियारी । (९) एक छोटा झाड़ या पेड़ जो सुलैमान पहाड़ तथा पच्छिमी हिमालय पर कुमाऊँ तक होता है । इस की लकड़ी, छाल और पत्ती रँगने और चमड़ा सिझाने के के काम में आती है । इस की लकड़ी से युरोप में तसवीरों के नक्काशीदार चौखटे आदि भी बनते हैं । हिमालय पर पहाड़ी लोग इस की टहनियों के टोकरे भी बनाते हैं । यह पेड़ तन्नक या समाक की जाति का है । इसे आमी, दरेंगड़ी और एरंडी भी कहते हैं ।

तुंगक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) पुन्नाग वृक्ष । नागकेसर । (२) महाभारत के अनुसार एक तीर्थ। पहले यहीं सारस्वत मुनि ऋषियों को वेद पढ़ाया करते थे । एक बार जब वेद नष्ट हो गए तब अंगिरा के पुत्र ने एक 'ओइम्' शब्द का उच्चारण किया । इस शब्द के उच्चारण के साथ ही भूला हुआ सब वेद उपस्थित हो गया । इस घटना के उपलक्ष्य में इस स्थान पर ऋषियों और देवताओं ने बड़ा भारी यज्ञ किया ।

तुंगता–संज्ञा स्त्री० [सं०] उँचाई ।

तुंगनाथ–संज्ञा पुं० [सं०] हिमालय पर एक शिवलिंग और तीर्थस्थान ।

तुंगनाम–संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक कीड़ा जो विषैले जंतुओं में गिनाया गया है । इस के काटने से जलन और पीड़ा होती है ।

तुंगभद्र–संज्ञा पुं० [सं०] मतवाला हाथी ।

तुंगभद्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] दक्षिण की एक नदी जो सह्याद्रि पर्वत से निकल कर कृष्णा नदी में जा मिलती है ।

तुंगबाहु–संज्ञा पु० [सं०] तलवार के ३२ हाथों में से एक ।

तुंगवेणा–संज्ञा स्त्री० [स०] महाभारत के अनुसार एक नदी जिस का नाम महानदी, वेणा (वेण गंगा) आदि के साथ आया है । कदाचित् यह तुंगभद्रा का दूसरा नाम हो ।

तुंगा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) वंशलोचन । (२) शमी वृक्ष । (३) 'तुंग' नामक वर्णवृत्त ।

तुंगारण्य–संज्ञा पुं० [सं०] झाँसी से ६ कोस ओड़छा के पास का एक जंगल । इस स्थान पर एक मंदिर है और मेला लगता है । यह बेतवा नदी के तट पर है । उ०—नदी बेतवै तीर जहँ तीरथ तुंगारन्य । नगर ओड़छो तहँ बसै धरनीतल में धन्य ।—केशव ।

तुंगारण्य*†–संज्ञा पुं० दे० "तुंगारण्य" ।

तुंगारि–संज्ञा पुं० [सं०] सफेद कनेर का पेड़ ।

तुंगिनी– संज्ञा स्त्री० [सं०] महाशतावरी । बड़ी सतावर ।

तुंगी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) हलदी । (२) रात्रि । (३) बन। तुलसी । बबई । ममरी ।

तुंगीनास–संज्ञा पुं० [सं०] दे० "तुंगनाभ" ।

तुंगीपति–संज्ञा पुं० [सं०] चंद्रमा ।

तुंगीश–संज्ञा पुं० [सं०] (१) शिव। (२) कृष्ण। (३) सूर्य्य। (४) चंद्रमा।

तुंज–संज्ञा पुं० [सं०] वज्र।

तुंजाल–संज्ञा पुं० [सं० तुरंग + जाल] एक प्रकार का जाल जो घोड़ों के ऊपर मक्खियों आदि से बचाने के लिये डाला जाता है। इसके नीचे फुँदने भी लगते हैं।

तुंजीन–संज्ञा पु० [सं०] काश्मीर देश के कई प्राचीन राजाओं का नाम जिनका वर्णन राजतरंगिणी में है।

तुंड–संज्ञा पुं० [सं०] (१) मुख। मुँह। (२) चंचु। चोंच। (३) थूथन। निकला हुआ मुँह। (४) तलवार का अगला हिस्सा। खड्ग का अग्रभाग। उ०—फुट्टंत कपाल कहूँ गज मुंड। तुट्टंत कहूँ तरवारिन तुंड।—सूदन। (५) शिव। महादेव। (६) एक राक्षस का नाम।

तुंडकेरिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] कपास वृक्ष।

तुंडकेरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) कपास। (२) कुँदरू। बिंबाफल।

तुंडकेशरी–संज्ञा पुं० [सं०] मुख का एक रोग जिसमें तालू की जड़ में सूजन होती और दाह पीड़ा आदि उत्पन्न होती है।

तुंडि–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) मुँह। (२) चोंच। (३) बिंबाफल। (४) नाभि।

तुंडिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) डोंटी। (२) चोंच। (३) बिंबाफल। कुँदरू।

तुंडिकेशी–संज्ञा स्त्री० [सं०] कुँदरू।

तुंडिल–वि० [सं०] (१) तोंदवाला। निकले हुए पेटवाला। (२) जिसकी नाभि निकली हुई हो। निकली हुई ढोंढवाला। ढोंडू। (३) बकवादी। मुँहजोर।

तुंडी–वि० [सं० तुंडिन्] (१) मुँहवाला। (२) चोंचवाला। (३) थूथनवाला। सूँड़वाला।

संज्ञा पुं० गणेश। उ०—हरिहर विधि रवि शक्ति समेता। तुंडी ते उपजत सब तेता।—निश्चल।

संज्ञा स्त्री० नाभि। ढोंढी।

तुंडीगुदपाक–संज्ञा पुं० [सं०] एक रोग जिसमें बच्चों की गुदा पक जाती और नाभि में पीड़ा होती है।

तुंडीरमंडल–संज्ञा पुं० [सं०] दक्षिण के एक देश का नाम। उ०—पुनि तुंडीर मँडल इक देसा। तँह विलमंगल ग्राम सुवेसा।—रघुराज।

तुंद–संज्ञा पुं० [सं०] पेट। उदर।

वि० [फ़ा०] तेज़। प्रचंड। घोर। जैसे, हवा का तुंद झोंका।

तुंदि–संज्ञा पुं० [सं०] (१) नाभि। (२) एक गंधर्व का नाम।

तुंदिक–वि० [सं०] तोंदवाला। बड़े पेटवाला।

तुंदिकफला–संज्ञा स्त्री० [सं०] खीरे की बेल।

तुंदिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] नाभि।

तुंदिल–वि० [सं०] तोंदवाला। बड़े पेटवाला।

तुंदी–संज्ञा स्त्री० [सं०] नाभि।

तुँदैल–वि० दे० "तुँदैला"।

तुँदैला–वि० [सं० तुंदिल] तोंदवाला। बड़े पेटवाला। लंबोदर।

तुंब–संज्ञा पु० [सं०] (१) लौकी। लौवा। घीया। (२) लौवे का सूखा फल। तूँबा।

तुँबड़ी–संज्ञा स्त्री० दे० "तूँबड़ी"।

संज्ञा स्त्री० [देश०] एक छोटा पेड़ जिसकी लकड़ी अंदर से सफ़ेद, नर्म और चिकनी निकलती है। यह लकड़ी मकानों में लगती है। उसकी पत्तियाँ चारे के काम में आती हैं।

तुंबर*–संज्ञा पु० दे० "तुंबुरु"।

तुंबवन–संज्ञा पुं० [सं०] बृहत्संहिता के अनुसार एक देश जो दक्षिण दिशा में है।

तुंबा–संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० अल्प० तुंबी] (१) कड़ुआ कद्दू। गोल कड़ुआ घीया। (२) कड़ुए कद्दू की खोपड़ी का पात्र। (३) एक प्रकार का जंगली धान जो नदियों या तालों के किनारे आप से आप होता है।

तुंबिका–संज्ञा स्त्री० दे० "तुंबी"।

तुंबी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) छोटा कड़ुवा कद्दू। छोटा कड़ुवा घीया। तितिलौकी। (२) गोल कद्दू का खोपड़ा। गोल घीये का बना हुआ पात्र।

तुंबुक–संज्ञा पुं० [सं०] कद्दू का फल। घीया।

तुंबुरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) धनिया। (२) कुतिया।

तुंबुरु–संज्ञा पु० [सं०] (१) धनिया। (२) एक प्रकार के पौधे का बीज जो धनिया के आकार का पर कुछ कुछ फटा हुआ होता है। इसमें बड़ी झाल होती है। मुँह में रखने से एक प्रकार की चुनचुनाहट होती है और लार गिरती है। दाँत के दर्द में इस बीज को लोग दाँत के नीचे दबाते हैं। वैद्यक में यह गरम, कड़ुवा, चरपरा अग्निदीपक तथा कफ, वात, शूल आदि को दूर करनेवाला माना जाता है। इसे बंगाल में नैपाली धनिया कहते हैं। (३) एक गंधर्व जो चैत के महीने में सूर्य के रथ पर रहते हैं। ये विष्णु के एक प्रिय पार्श्वचर और संगीत विद्या में अति निपुण हैं। (४) एक जिन उपासक का नाम।

तुअ*†–सर्व० दे० "तुव", "तव"।

तुअना†*–क्रि० अ० [हिं० चूना, चुवना] (१) चूना। टपकना। (२) गिर पड़ना। खड़ा न रह सकना। ठहरा न रहना। उ०—निकरै सी निकाई निहारे नई रति रूप लुभाई तुई सी परै।—सुंदरीसर्वस्व। (३) गर्भपात होना। बच्चा गिर पड़ना।

संयो० क्रि०—पड़ना।

तुअर–संज्ञा पुं० [सं० तुवरी] अरहर। आढकी।

तुइ†–सर्व० दे० "तू"।

तुई–संज्ञा स्त्री० [?] कपड़े पर बुनी हुई एक प्रकार की बेल जिसे स्त्रियाँ दुपट्टों पर लगाती हैं।

सर्व० दे० "तू"।

तुक–संज्ञा स्त्री० [हिं० टूक = टुकड़ा] (१) किसी पद्य वा गीत का कोई खंड। कड़ी। (२) पद्य के चरण का अंतिम अक्षर। (३) पद्य के दोनों चरणों के अंतिम अक्षरों का परस्पर मेल। अक्षरमैत्री। अंत्यानुप्रास। काफिया।

यौ०—तुकबंदी।

मुहा०—तुक जोड़ना = (१) वाक्यों को जोड़ कर और चरणों के अंतिम अक्षरों का मेल मिलाकर पद्य खड़ा करना। (२) भद्दा पद्य बनाना। भद्दी कविता करना।

तुकना–क्रि० स० [अनु०] एक अनुकरण शब्द जो 'तकना' शब्द के साथ बोल चाल में आता है। उ०—तकि कै तुकि कै उर पापनि को। लखि कै द्विज देवन शापनि को।—रघुराज।

तुकबंदी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तुक + फ़ा० बंदी] (१) तुक जोड़ने का काम। भद्दी कविता करने की क्रिया। (२) भद्दा पद्य। भद्दी कविता। ऐसा पद्य जिसमें काव्य के गुण न हों।

तुकमा–संज्ञा पु० [फ़ा०] घुंडी फसाने का फंदा। मुद्दी।

तुकांत–संज्ञा स्त्री [हिं० तुक + सं० अंत] अंत्यानुप्रास। पद्य के दो चरणों के अंतिम अक्षरों का मेल। काफिया।

तुका–संज्ञा पुं० [फ़ा०] वह तीर जिसमें गाँसी न हो। वह तीर जिसमें गाँसी के स्थान पर घुंडी सी बनी हो। उ०—काम के तुका से फूल डोलि डोलि डारैं मन औरै किये डारैं ये कदंबन की की डारै री।—कविंद।

तुकार–संज्ञा स्त्री० [हिं० तू + सं० कार] अशिष्ट संबोधन। मध्यम पुरुष वाचक अशिष्ट सर्व० का प्रयोग। 'तू' का प्रयोग जो अपमान-जनक समझा जाता है।

मुहा०—तू तुकार करना = अशिष्ट शब्द से संबोधन करना। 'तू' आदि अपमान-जनक शब्दों का प्रयोग करना।

तुकारना–क्रि० स० [हिं० तुकार] तू तू करके संबोधन करना। अशिष्ट संबोधन करना। उ०—वारौं हौं कर जिन हरि को वदन लुवारी। वारौं वह रसना जिन बोल्यो तुकारी।—सूर।

तुकड़–संज्ञा पुं० [हिं० तुक + अकड़ (प्रत्य०)] तुक जोड़नेवाला। तुकबंदी करनेवाला। भद्दी कविता बनानेवाला।

तुक्कल–संज्ञा स्त्री० [फ़ा० तुक्का] एक प्रकार की बड़ी पतंग जो मोटी डोर पर उड़ाई जाती है।

तुक्का–संज्ञा पुं० [फ़ा० तुक्का] (१) वह तीर जिसमें गाँसी के स्थान पर घुंडी सी बनी होती है। (२) टीला। छोटी पहाड़ी। टेकरी। (३) सीधी खड़ी वस्तु।

मुहा०—तुक्का सा = सीधा उठा हुआ। ऊपर उठा हुआ। जैसे, जब देखो रास्ते में तुक्का सी बैठी रहती है।

तुख–संज्ञा पुं० [सं० तुष] (१) भूसी। छिलका। उ०—भटकत पट अद्वैतता अटकत ज्ञान गुमान। सटकत वितरन तें बिहरि फटकत तुख अभिमान।—तुलसी। (२) अंडे के ऊपर का छिलका। उ० अंड फोरि किय चेंटुआ तुख पर नीर निहारि। गहि चंगुल चातक चतुर डारेउ बाहर बारि।—तुलसी।

तुखार–संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक देश का प्राचीन नाम जिसका उल्लेख अथर्ववेद परिशिष्ट, रामायण, महाभारत इत्यादि में है। अधिकांश ग्रंथों के मत से इसकी स्थिति हिमालय के उत्तर पश्चिम होनी चाहिए। यहाँ के घोड़े प्राचीन काल में बहुत अच्छे माने जाते थे। (२) तुखार देश का निवासी।

विशेष–हरिवंश के अनुसार जब महर्षियों ने वेणु का मंथन किया था तब इस अधर्मरत असभ्य जाति की उत्पत्ति हुई थी, पर उक्त ग्रंथ में इस जाति का निवासस्थान विंध्य पर्वत लिखा है जो और ग्रंथों के विरुद्ध पड़ता है।

(३) तुखार देश का घोड़ा।

संज्ञा पुं० दे० "तुषार"।

तुख्म–संज्ञा पुं० [अ०] बीज।

तुगा–संज्ञा स्त्री० [सं०] वंशलोचन।

तुगाक्षीरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] वंशलोचन।

तुग्र–संज्ञा पुं० [सं०] वैदिक काल के एक राजर्षि का नाम जो अश्विनीकुमारों के उपासक थे। इन्होंने द्वीपांतरों के शत्रुओं को परास्त करने के लिये अपने पुत्र भुज्यु को जहाज़ पर चढ़ाकर समुद्रपथ से भेजा था। मार्ग में जब एक बड़ा तूफान आया और वायु नौका को उलटने लगी तब भुज्यु ने अश्विनीकुमारों की स्तुति की। अश्विनीकुमारों ने संतुष्ट होकर भुज्यु को सेना सहित अपनी नौका पर लेकर तीन दिनों में उसके पिता के पास पहुँचा दिया।

तुग्र्य–संज्ञा पुं० [स०] (१) तुग्र के वंश का पुरुष। तुग्र वंशज। (२) तुग्र का पुत्र भुज्यु।

तुच†–संज्ञा पुं० [स० त्वच्] चमड़ा। छाल।

तुचा‡–संज्ञा स्त्री० दे० "त्वचा"।

तुच्छ–वि० [स०] (१) भीतर से खाली। खोखला। निःसार। शून्य। (२) हीन। क्षुद्र। नाचीज़। (३) ओछा। खोटा। नीच। (४) अल्प। थोड़ा।

संज्ञा पुं० (१) भूसी। सारहीन छिलका। (२) तूतिया। (३) नील का पौधा।

तुच्छक–संज्ञा पुं० [सं०] काले और हरे रंग का मरकत या पन्ना जो शूद्र या निम्न कोटि का माना जाता है।

तुच्छता–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) हीनता। नीचता। (२) ओछापन। क्षुद्रता। (३) अल्पता।

तुच्छत्व–संज्ञा पुं० [सं०] (१) हीनता। क्षुद्रता। (२) ओछापन।

तुच्छद्रु–संज्ञा पुं० [स०] रेंड़ का पेड़ ।

तुच्छधान्यक–संज्ञा पुं० [स०] भूसी । तुस ।

तुच्छा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) नील का पौधा । (२) तूतिया । (३) गुजराती इलायची । छोटी इलायची ।

तुच्छातितुच्छ–वि० [स०] छोटे से छोटा । अत्यंत हीन । अत्यंत क्षुद्र ।

तुजीह–संज्ञा स्त्री० [डिं०] धनुष । कमान ।

तुझ–सर्व० [स० तुभ्यम्, पा० तुटं, प्रा० तुज्झं] 'तू' शब्द का वह रूप जो उसे प्रथमा और षष्ठी के अतिरिक्त और विभक्तियाँ लगने के पहले प्राप्त होता है । जैसे, तुझको, तुझसे, तुझपर, तुझमें ।

तुझे–सर्व० [हिं० तुझ] 'तू' का कर्म और संप्रदान रूप । तुझको ।

तुट *–वि० [स० त्रुट = टूटना] टुकड़ा । लेशमात्र । ज़रा सा ।

तुटितुट–संज्ञा पु० [सं०] शिव ।

तुट्ठना *क्रि० स० [स० तुष्ट, प्रा० तुट्ठ] तुष्ट करना । प्रसन्न करना । राजी करना ।
क्रि० अ० तुष्ट होना । प्रसन्न होना । राज़ी होना ।

तुड़वाना–क्रि० स० [हिं० 'तोड़ना' का प्रे०] तोड़ने का काम कराना । तोड़ने में प्रवृत्त करना । तोड़ने देना ।

तुड़ाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० तुड़ाना] (१) तुड़ाने की क्रिया या भाव । (२) तोड़ने की क्रिया या भाव । (३) तोड़ने की मज़दूरी ।

तुड़ाना–क्रि० स० [हिं० तोड़ना का प्रे०] (१) तोड़ने का काम कराना । तुड़वाना । (२) बँधी हुई रस्सी आदि को तोड़ना । बंधन छुड़ाना । जैसे, घोड़ा रस्सी तुड़ाकर भागा । (३) अलग करना । संबंध तोड़ना । जैसे, बच्चे को माँ से तुड़ाना । (४) एक बड़े सिक्के को बराबर मूल्य के कई छोटे छोटे सिक्कों से बदलना । भुनाना । जैसे, रुपया तुड़ाना । (५) दाम कम कराना । मूल्य घटवाना ।

तुडुम–संज्ञा पुं० [स० तुरम्] तुरही । बिगुल ।

तुणि–संज्ञा पुं० [स०] तुन का पेड़ ।

तुतरा † *–वि० [हिं० तोतला] [स्त्री० तुतरी] दे० "तोतला" । उ०—मनमोहन की तुतरी बोलन मुनिमन हरत सुहँसि मुसकनियाँ ।—सूर ।

तुतराना † *–क्रि० अ० दे० "तुतलाना" । उ०—श्रवणन नहिं उपकंठ रहत है अरु बोलत तुतरात री ।—सूर ।

तुतरौहाँ † *–वि० दे० "तोतला" ।

तुतलाना–क्रि० अ० [सं० त्रुट = टूटना वा अनु०] शब्दों और वर्णों का अस्पष्ट उच्चारण करना । रुक रुक कर टूटे फूटे शब्द बोलना । साफ़ न बोलना । शब्द बोलने में वर्ण ठीक ठीक मुँह से न निकालना । जैसे, बच्चों का तुतलाना बहुत प्यारा लगता है ।

तुतली–वि० स्त्री० दे० "तोतली" ।

तुतुई †–संज्ञा स्त्री० दे० "तुतुही" ।

तुतुही †–संज्ञा स्त्री० [स० तुंड] टोंटीदार छोटी घंटी । छोटी सी झारी जिसमें टोंटी लगी हो ।

तुत्थ–संज्ञा पुं० [स०] तूतिया । नीला थोथा ।

तुत्थक–संज्ञा पुं० दे० "तुत्थ" ।

तुत्थांजन–संज्ञा पु० [स०] तूतिया । नीला थोथा ।

तुत्था–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) नील का पौधा । (२) छोटी इलायची ।

तुदन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) व्यथा देने की क्रिया । पीड़न । (२) व्यथा । पीड़ा । उ०—कृपादृष्टि करि तुदन मिटावा । सुमन माल पहिराय पठावा ।—विश्राम । (३) घुभाने या गड़ाने की क्रिया ।

तुन–संज्ञा पुं० [स० तुन्न] एक बहुत बड़ा पेड़ जो साधारणतः सारे उत्तरीय भारत में सिंध नदी से लेकर सिकिम और भूटान तक होता है । इसकी ऊँचाई चालीस से लेकर पचास साठ हाथ तक और लपेट दस बारह हाथ तक होती है । पत्तियाँ इसकी नीम की तरह लंबी लंबी पर बिना कटाव की होती हैं । शिशिर में यह पेड़ पत्तियाँ झाड़ता है । वसंत के आरंभ में ही इसमें नीम के फूल की तरह के छोटे छोटे फूल गुच्छों में लगते हैं जिनकी पखड़ियाँ सफ़ेद पर बीच की घुंडियाँ कुछ बड़ी और पीले रंग की होती हैं । इन फूलों से एक प्रकार का पीला बसंती रंग निकलता है । झड़े हुए फूलों को लोग इकट्ठा करके सुखा लेते हैं । सूखने पर केवल कड़ी कड़ी घुंडियाँ सरसों के दाने के आकार की रह जाती हैं जिन्हें साफ करके कूट डालते या उबाल डालते हैं । तुन की लकड़ी लाल रंग की और बहुत मज़बूत होती है । इसमें दीमक और घुन नहीं लगते । मेज़ कुरसी आदि सजावट के सामान बनाने के लिये इस लकड़ी की बड़ी माँग रहती है । आसाम में चाय के बकस भी इसके बनते हैं ।

तुनकामौज–संज्ञा पुं० [?] छोटा समुद्र । (लश०)

तुनकी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] एक तरह की खस्ता रोटी ।

तुनतुनी–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) वह बाजा जिसमें तुनतुन शब्द निकले । (२) सारंगी ।

तुनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तुन] तुन का पेड़ ।

तुनीर–संज्ञा पुं० दे० "तूणीर" ।

तुन्न–संज्ञा पु० [स०] (१) तुन का पेड़ । (२) फटे हुए कपड़े का टुकड़ा ।
वि० छिन्न । कटा या फटा हुआ ।

तुन्नवाय–संज्ञा पु० [स०] दरज़ी । कपड़ा सीनेवाला ।

तुपक–संज्ञा स्त्री० [तु० तोप] (१) छोटी तोप । (२) बंदूक । कड़ाबीन ।

क्रि० प्र०—चलना।—छूटना।

तुफंग–संज्ञा स्त्री० [तु० तोप, हिं० तुपक] (१) हवाई बंदूक। (२) वह लंबी नली जिसमें मिट्टी या आटे की गोलियाँ, छोटे तीर आदि डाल कर फूँक के जोर से चलाए जाते हैं।

तुफान‡–संज्ञा पुं० दे० "तूफ़ान"।

तुभना–क्रि० अ० [स० स्तुभ, स्तोभन = स्तब्ध रहना, ठक रहना] स्तब्ध रहना। ठक रह जाना। अचल रह जाना। उ०—टरति न टारे यह छवि मन में चुभी। स्याम सघन पीतांबर दामिनि, अँखियाँ चातक ह्वै जाय तुभी।—सूर।

तुम–सर्व० [सं० त्वम्] 'तू' शब्द का बहुवचन। वह सर्वनाम जिसका व्यवहार उस पुरुष के लिये होता है जिससे कुछ कहा जाता है। जैसे, तुम यहाँ से चले जाओ।

विशेष—संबंध कारक को छोड़ शेष सब कारकों की विभक्तियों के साथ इस शब्द का यही रूप बना रहता है, जैसे, तुमने, तुमको, तुमसे, तुममें, तुमपर। संबंध कारक में 'तुम्हारा' होता है। शिष्टता के विचार से एक वचन के लिये भी बहु० 'तुम' का ही व्यवहार होता है। 'तू' का प्रयोग बहुत छोटों या बच्चों के लिये ही होता है।

तुमड़ी–संज्ञा स्त्री० [सं० तुंबिनी] (१) कड़ुए गोल कद्दू का सूखा फल। गोल घीये का सूखा फल। (२) सूखे गोल कद्दू को खोखला करके बनाया हुआ पात्र जिसमें प्रायः साधु पानी पीते हैं। (३) सूखे कद्दू का बना हुआ एक बाजा जो मुँह से फूँक कर बजाया जाता है। महुवर।

विशेष—यह बाजा कद्दू के खोखले पेट में दो नरकट की नलियाँ घुसा कर बनाया जाता है। सँपेरे इसे प्रायः बजाते हैं।

तुमतड़ाक–संज्ञा स्त्री० दे० "तूमतड़ाक"।

तुमल*–संज्ञा पुं०, वि० दे० "तुमुल"।

तुमरा–सर्व० दे० "तुम्हारा"।

तुमरी†–संज्ञा स्त्री० दे० "तुमड़ी"।

तुमरू–संज्ञा पुं० दे० "तुंबुरु"।

तुमाना–क्रि० स० [हिं० 'तूमना' का प्रे०] तूमने का काम कराना। दही या जम कर बैठी हुई रुई को पुलपुली करके फैलाने के लिये नोचवाना।

तुमुरी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की चिड़िया।

तुमुर–संज्ञा पुं० दे० "तुमुल"।

संज्ञा पुं० क्षत्रियों की एक जाति जिसका उल्लेख मत्स्य-पुराण में है।

तुमुल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सेना का कोलाहल। सेना की धूम। लड़ाई की हलचल। (२) सेना की भिड़ंत। गहरी मुठभेड़। (३) बहेड़े का पेड़।

तुम्ह‡–सर्व० दे० "तुम"।

तुम्हारा–सर्व० [हिं० तुम] [स्त्री० तुम्हारी] 'तुम' का संबंध कारक का रूप। उसका जिससे बोलनेवाला बोलता है। जैसे, तुम्हारी पुस्तक कहाँ है?

मुहा०—तुम्हारा सिर = दे० "सिर"।

तुम्हें–सर्व० [हिं० तुम] 'तुम' का वह विभक्तियुक्त रूप जो इसे कर्म और संप्रदान में प्राप्त होता है। तुमको।

तुरंग–वि० [सं०] जल्दी चलनेवाला।

संज्ञा पुं० [सं०] (१) घोड़ा। (२) चित्त। (३) सात की संख्या।

तुरंगक–संज्ञा पुं० [स०] बड़ी तोरई।

तुरंग गौड़–संज्ञा पुं० [सं०] गौड़ राग का एक भेद। यह वीर या रौद्र रस का राग है।

तुरंगद्वेषिणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] भैंस। महिषी।

तुरंगप्रिय–संज्ञा पुं० [सं०] जौ। यव।

तुरंगम–वि० [सं०] जल्दी चलनेवाला।

संज्ञा पुं० [सं०] (१) घोड़ा। (२) चित्त। (३) एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में दो नगण और दो गुरु होते हैं। इसे तुंग और तुंगा भी कहते हैं। उ०—न नग गहु बिहारी। कहत अहि पियारी।

तुरंगवक्त्र–संज्ञा पुं० [सं०] (घोड़े का सा मुँहवाला) किन्नर।

तुरंगवदन–संज्ञा पुं० [सं०] (घोड़े का सा मुँहवाला) किन्नर।

तुरंगशाला–संज्ञा स्त्री० [सं०] घोड़सार। अस्तबल।

तुरंगारि–संज्ञा पुं० [स०] कनेर। करवीर।

तुरंगिका–संज्ञा स्त्री० [स०] देवदाली। घघरबेल। बंदाल।

तुरंगी–संज्ञा स्त्री० [सं०] अश्वगंधा। असगंध।

तुरंज–संज्ञा पुं० [फा० । अ० तुर्ज] (१) चकोतरा नीबू। (२) बिजौरा नीबू। खट्टी। (३) सुई से काढ़ कर बनाया हुआ पान या कलगी के आकार का वह बूटा जो अँगरखों के मोढ़ों और पीठ पर तथा दुशाले के कोनों पर बनाया जाता है।

तुरंजबीन–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) एक प्रकार की चीनी जो प्रायः ऊँटकटारे के पौधों पर ओस के साथ खुरासान देश में जमती है। (२) नींबू के रस का शर्बत।

तुरंत–क्रि० वि० [स० तुर = वेग, जल्दी] जल्दी से। अत्यंत शीघ्र। तत्क्षण। झटपट। फौरन। बिना विलंब के।

तुरंता–संज्ञा पुं० [हिं० तुरंत] गाँजा (जिसका नशा तुरंत पीते ही चढ़ता है)।

तुर–क्रि० वि० [सं०] शीघ्र। जल्द।

वि० वेगवान्। शीघ्रगामी।

संज्ञा पुं० [स० तुर्क] (१) वह लकड़ी जिस पर जुलाहे कपड़ा बुन कर लपेटते जाते हैं। (२) वह बेलन जिस पर गोटा बुन कर लपेटते जाते हैं।

तुरई–संज्ञा स्त्री० [सं० तूर = तुरही बाजा] एक बेल जिसके लंबे फलों की तरकारी बनाई जाती है।

विशेष—इसकी पत्तियाँ गोल कटावदार कद्दू की पत्तियों से मिलती जुलती होती हैं। यह पौधा बहुत दिनों तक नहीं रहता। इसे पानी की विशेष आवश्यकता होती है, इससे यह बरसात ही में विशेषकर बोया जाता है और बरसात ही तक रहता है। बरसाती तुरई छप्पर या टट्टियों पर फैलाई जाती है, क्योंकि भूमि में फैलाने से पत्तियों और फलों के सड़ जाने का डर रहता है। गरमी में भी लोग क्यारियों में इसे बोते हैं और पानी से तर रखते हैं। गरमी से बचाने पर यह बेल जमीन ही में फैलती और फलती है। तुरई के फूल पीले रंग के होते हैं और संध्या के समय खिलते हैं। फल लंबे लंबे होते हैं जिन पर लंबाई के बल उभरी हुई नसों की सीधी लकीरें समान अंतर पर होती हैं।

मुहा० तुरई का फूल सा = हलकी या छोटी मोटी चीज़ की तरह जल्दी खतम या ख़र्च हो जानेवाला। इस प्रकार चटपट चुक जाने या ख़र्च हो जानेवाला कि मालूम न हो। जैसे, तुरई के फूल से ये सौ रुपए देखते देखते उठ गए।

संज्ञा स्त्री० दे० "तुरही"।

तुरक–संज्ञा पुं० दे० "तुर्क"।

तुरकटा–संज्ञा पुं० [फ़ा० तुर्क + हिं० टा—(प्रत्य०)] मुसलमान। (घृणासूचक शब्द)

तुरकान†–संज्ञा पुं० [फ़ा० तुर्क] तुर्कों या मुसलमानों की बस्ती।

तुरकाना–संज्ञा पुं० [फ़ा० तुर्क] [स्त्री० तुरकानी] (१) तुर्कों का सा। तुर्कों के ऐसा। (२) तुर्कों का देश या बस्ती।

तुरकानी–वि० स्त्री० [फ़ा० तुर्क + आनी (प्रत्य०)] तुर्कों की सी।

संज्ञा स्त्री० तुर्क की स्त्री।

तुरकिन–संज्ञा स्त्री० [फ़ा० तुर्क + हिं० इन—(प्रत्य०)] (१) तुर्क की स्त्री। (२) तुर्क जाति की स्त्री। † (३) मुसलमानिन। मुसलमान स्त्री।

तुरकिस्तान–संज्ञा पुं० दे० "तुर्किस्तान"।

तुरकी–वि० [फ़ा०] (१) तुर्क देश का। जैसे, तुरकी घोड़ा, तुरकी सिपाही। (२) तुर्क देश संबंधी।

संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] तुर्कों की भाषा। तुर्किस्तान की भाषा।

तुरग–वि० [सं०] तेज चलनेवाला।

संज्ञा पुं० [स्त्री० तुरगी] (१) घोड़ा। (२) चित्त।

तुरगगंधा–संज्ञा स्त्री० [सं०] अश्वगंधा। असगंध।

तुरगदानव–संज्ञा पु० [सं०] केशी नामक दैत्य जो कंस की आज्ञा से कृष्ण को मारने के लिये घोड़े का रूप धारण करके गया था।

तुरगब्रह्मचर्य्य–संज्ञा पुं० [सं०] वह ब्रह्मचर्य जो केवल स्त्री के न मिलने के कारण ही हो।

तुरगलीलक–संज्ञा पुं० [सं०] संगीतदामोदर के अनुसार एक ताल का नाम।

तुरगी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) घोड़ी। (२) अश्वगंधा।

संज्ञा पुं० [सं० तुरगिन] अश्वारोही। घुड़सवार।

तुरगुला–संज्ञा पुं० [देश०] लटकन जो कर्णफूल नामक कान के गहने में लटकाया जाता है। झुमका। लोलक।

तुरत–अव्य० [सं० तुर] शीघ्र। चटपट। तत्क्षण।

यो०—तुरत फुरत = चटपट।

तुरतुरा†–वि० [सं० त्वरा] [स्त्री० तुरतुरी] (१) तेज। जल्दबाज़। (२) बहुत जल्दी जल्दी बोलनेवाला। जल्दी जल्दी बात करनेवाला।

तुरतुरिया–वि० दे० "तुरतुरा"।

तुरपई–संज्ञा स्त्री० [हिं० तुरपना] तुरपन। एक प्रकार की सिलाई।

तुरपन–संज्ञा स्त्री० [हिं० तुरपना] एक प्रकार की सिलाई जिस में जोड़ों को पहले लंबाई के बल टाँके डाल कर मिला लेते हैं फिर निकले हुए छोर को मोड़ कर तिरछे टाँकों से जमा देते हैं। लुढ़ियावन। बखिया का उलटा।

तुरपना–क्रि० स० [हिं० तर = नीचे + पर = ऊपर + ना (प्रत्य०)] तुरपन की सिलाई करना। लुढ़ियाना।

तुरपवाना–क्रि० स० दे० "तुरपाना"।

तुरम–संज्ञा पु० [सं० तूरम] तुरही।

तुरमती–संज्ञा स्त्री० [तु० तुरमता] एक चिड़िया जो बाज की तरह शिकार करती है। यह बाज से छोटी होती है।

तुरमनी–संज्ञा स्त्री० [देश०] नारियल रेतने की रेती।

तुरय*–संज्ञा पुं० [सं० तुरग] [स्त्री० तुरी] घोड़ा। उ०—सायक चाप तुरय बनि जति हौ लिए सबै तुम जाहू।—सूर।

तुरही–संज्ञा स्त्री० [सं० तूर] फूँक कर बजाने का एक बाजा जो मुँह की ओर पतला और पीछे की ओर चौड़ा होता है।

विशेष—यह बाजा पीतल आदि का बनता है और टेढ़ा सीधा कई प्रकार का होता है। पहले यह लड़ाई में नगारे आदि के साथ बजता था।

तुरा*–संज्ञा स्त्री० दे० "त्वरा"।

संज्ञा पुं० [सं० तुरग] घोड़ा।

तुराई†*–संज्ञा स्त्री० [सं० तूल = रूई। तूलिका = गद्दा] रुई भरा हुआ गुदगुदा बिछावन। गद्दा। तोशक। उ०—(क) नींद बहुत प्रिय सेज तुराई। लखहु न भूप कपट चतुराई।—तुलसी। (ख) विविध वसन, उपधान, तुराई। छीर-फेन मृदु विसद सुहाई।—तुलसी। (ग) कुस किसलय साथरी सुहाई। प्रभु सँग मंजु मनोज तुराई।—तुलसी।

तुराट*–संज्ञा पुं० [सं० तुरग] घोड़ा। (डिं०)

तुराना*–क्रि० अ० [सं० तुर] जल्दी करना। घबराना। आतुर होना।

क्रि० स० दे० "तुड़ाना"।

तुरायण–संज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का यज्ञ जो चैत्र शुक्ला † ५ और वैसाख शुक्ला ५ को होता है।

तुरावत्–वि० [सं० त्वरावत्] [स्त्री० तुरावती] वेगवाला। वेगयुक्त।

तुरावती वि० स्त्री० [सं० त्वरावती] वेगवाली। झोंक के साथ बहनेवाली। उ०—(क) विषम विषाद तुरावति धारा। भय भ्रम भँवर अवर्त अपारा।—तुलसी। (ख) अमृत सरोवर सरित अपारा। ढाहैं कूल तुरावति धारा।—शं० दि०।

तुरावान्–वि० दे० "तुरावत्"।

तुराषाट्–संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र।

तुराषाह–संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र।

तुरिया–संज्ञा स्त्री० दे० "तुरीय"।

संज्ञा स्त्री० दे० "तोरिया"।

तुरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) जुलाहों का तोरिया या तोड़िया नाम का औजार। (२) जुलाहों की कूची। हत्थी।

वि० वेगवाली।

संज्ञा स्त्री० [अ० तुरय = घोड़ा] (१) घोड़ी। (२) लगाम। बाग।

संज्ञा पु० सवार। अश्वारोही।

संज्ञा स्त्री० [अ० तुर्रा] (१) फूलों का गुच्छा। (२) मोती की लड़ों का झब्बा जो पगड़ी में कान के पास लटकाया जाता है।

संज्ञा स्त्री० दे० "तुरही"।

संज्ञा स्त्री० दे० "तुरही"।

तुरीय–वि० [सं०] चतुर्थ। चौथा।

विशेष—वेद में वाणी या वाक् के चार भेद किए गए हैं—परा, पश्यंती, मध्यमा और वैखरी। इसी वैखरी वाणी को तुरीय भी कहते हैं। सायण के अनुसार जो नादात्मक वाणी मूलाधार से उठती है और जिसका निरूपण नहीं हो सकता है उस का नाम परा है। जिसे केवल योगी लोग ही जान सकते हैं वह पश्यंती है। फिर जब वाणी बुद्धिगत होकर बोलने की इच्छा उत्पन्न करती है तब उसे मध्यमा कहते हैं। अंत में जब वाणी मुँह में आकर उच्चारित होती है तब उसे वैखरी या तुरीय कहते हैं।

वेदांतियों ने प्राणियों की चार अवस्थाएँ मानी हैं—जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय। यह चौथी या तुरीयावस्था मोक्ष है जिस में समस्त भेद-ज्ञान का नाश हो जाता है और आत्मा अनुपहित चैतन्य वा ब्रह्मचैतन्य हो जाती है।

तुरी यंत्र–संज्ञा पुं० [सं०] वह यंत्र जिस से सूर्य की गति जानी जाती है।

तुरीय वर्ण–संज्ञा पुं० [स०] चौथे वर्ण का पुरुष। शूद्र।

तुरुक–संज्ञा पुं० दे० "तुर्क"।

तुरुप–संज्ञा पुं० [अं० ट्रंप] ताश का एक खेल जिसमें कोई एक रंग प्रधान मान लिया जाता है। इस रंग का छोटे से छोटा पत्ता दूसरे रंग के बड़े से बड़े पत्ते को मार सकता है।

संज्ञा पुं० [अं० ट्रूप = सेना] (१) सवारों का रिसाला। (२) रिसाला। सेना का एक खंड।

तुरुपना–क्रि० स० दे० "तुरपना"।

तुरुष्क–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तुर्क जाति। तुर्किस्तान का रहनेवाला मनुष्य।

विशेष—भागवत, विष्णुपुराण आदि में तुरुष्क जाति का नाम आया है जिससे अभिप्राय हिमालय के उत्तर-पश्चिम के निवासियों ही से जान पड़ता है। उक्त पुराणों में तुरुष्क राजगण के पृथ्वी भोग करने का उल्लेख है। कथासरित्सागर और राजतरंगिणी में भी इस बात का उल्लेख है।

(२) वह देश जहाँ तुरुष्क जाति रहती हो। तुर्किस्तान। (३) एक गंध द्रव्य। लोबान। (४) तुर्किस्तान का घोड़ा।

तुरुष्कगौड़–संज्ञा पुं० दे० "तुरंगगौड"।

तुरुही–संज्ञा स्त्री० दे० "तुरही"।

तुरैया–संज्ञा स्त्री० दे० "तुरई"।

तुर्क–संज्ञा पुं० [स० तुरुष्क] (१) तुर्किस्तान का निवासी। (२) रूम का निवासी। टर्की का रहनेवाला।

तुर्कमान–संज्ञा पुं० [फ़ा० तुर्क] (१) तुर्क जाति का मनुष्य। (२) तुर्की घोड़ा जो बहुत बलिष्ठ और साहसी होता है।

तुर्कसवार–संज्ञा पुं० [फ़ा० तुर्क + सवार] एक विशेष प्रकार का सवार।

विशेष—ऐसे सवारों को सिर से पैर तक तुर्की पहरावा पहनाया जाता था।

तुर्किन–संज्ञा स्त्री० [फ़ा० तुर्क] (१) तुर्क जाति की स्त्री। (२) तुर्क की स्त्री।

तुर्किनी–संज्ञा स्त्री० दे० "तुर्किन"।

तुर्की–वि० [फ़ा० तुर्क] तुर्किस्तान का। तुर्किस्तान में होनेवाला। जैसे, तुर्की घोड़ा।

संज्ञा स्त्री० (१) तुर्किस्तान की भाषा। (२) तुर्किस्तान का घोड़ा। (३) तुर्कों की सी ऐंठ। अकड़। गर्व।

मुहा०—तुर्की तमाम होना = घमंड जाता रहना। शेखी निकल जाना।

तुर्फरी–संज्ञा पुं० [स०] अंकुश का मारनेवाला भाग जो सामने सीधी नोक की ओर होता है। हंता।

यौ०—जर्फरी तुर्फरी = बात का बतकड़। प्रलाप।

तुर्य–वि० [सं०] चौथा। चतुर्थ।

तुर्य्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह ज्ञान जिससे मुक्ति हो जाती है। तुरीय ज्ञान।

तुर्याश्रम—संज्ञा पुं० [सं०] चतुर्थाश्रम । संन्यासाश्रम ।

तुर्रा–संज्ञा पु० [अ०] (१) ककुल । घुँघराले बालों की लट जो माथे पर हो ।

यौ०—तुर्रा तरार = सुंदर बालों की लट ।

(२) कलगी । गोशवारा । पर, या फूँदना जो पगड़ी में लगाया या खोंसा जाता है । (३) बादले का गुच्छा जो पगड़ी के ऊपर लगाया जाता है ।

मुहा०—तुर्रा यह कि = उस पर भी इतना और । सब के उपरांत इतना यह भी । जैसे, वे घोड़ा तो ले ही गए । तुर्रा यह कि खर्च भी हम दें । किसी बात पर तुर्रा होना = (१) किसी बात में कोई और दूसरी बात मिलाई जाना । (२) यथार्थ बात के अतिरिक्त और दूसरी बात भी मिलाई जाना । हाशिया चढ़ना ।

(४) फूलों की लड़ियों का गुच्छा जो दूल्हे के कान के पास लटकता रहता है । (५) टोपी आदि में लगा हुआ फूँदना । (६) पक्षियों के सिर पर निकले हुए परों का गुच्छा । चोटी । शिखा । (७) हाशिया । किनारा । (८ मकान का छज्जा । (९) मुँहासे का वह पल्ला जो उसके ऊपर निकला होता है । (१०) गुलतुर्रा । मुर्गकेश नाम का फूल । जटाधारी । (११) कोड़ा । चाबुक ।

मुहा०—तुर्रा करना = (१) कोड़ा मारना । (२) कोड़ा मार कर घोड़े को बढ़ाना ।

(१२) एक प्रकार की बुलबुल जो ८ या ९ अंगुल लंबी होती है । यह जाड़े भर भारतवर्ष के पूर्वीय भागों में रहती है पर गरमी में चीन और साइबेरिया की ओर चली जाती है । एक प्रकार का बटेर । दुबकी ।

संज्ञा पुं० [अनु० तुल तुल = पानी ढालने का शब्द] भाँग आदि का घूँट । चुसकी ।

क्रि० प्र०—देना ।—लेना ।

मुहा०—तुर्रा चढ़ाना या जमाना = भाँग पीना ।

वि० [फ़ा०] अनोखा । अद्भुत ।

तुर्वसु–संज्ञा पुं० [सं०] राजा ययाति के एक पुत्र का नाम जो देवयानी के गर्भ से उत्पन्न हुआ था । राजा ययाति ने विषय-भोग से तृप्त न होकर जब इससे इसका यौवन माँगा था तब इसने देने से साफ इनकार कर दिया था । इसपर राजा ययाति ने इसे शाप दिया था कि तू अधर्मियों, प्रतिलोमाचारियों आदि का राजा होकर अनेक प्रकार के कष्ट भोगेगा । विष्णुपुराण के अनुसार तुर्वसु का पुत्र हुआ बाहु, बाहु का गोभानु, गोभानु का त्रैशांब, त्रैशांब का करंधम और करंधम का मरुत्त । मरुत्त को कोई संतति न थी इससे उसने पुरु-वंशीय दुष्मंत को पुत्ररूप से ग्रहण किया ।

तुर्श–वि० [फ़ा०] खट्टा ।

तुशरू–वि० [फ़ा०] तीखे मिज़ाजवाला । बदमिज़ाज ।

तुर्शाई‡–संज्ञा स्त्री० दे० "तुर्शी" ।

तुर्शाना–क्रि० अ० [फ़ा० तुर्श] खट्टा हो जाना ।

तुर्शी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] खटाई । अम्लता ।

तुर्शीदंदाँ–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] घोड़े के दाँतों में कीट या मैल जमने का रोग ।

तुल–वि० दे० "तुल्य" ।

तुलना–क्रि० अ० [सं० तुल] (१) तौला जाना । तराजू पर अंदाजा जाना । मान का कूता जाना ।

संयो० क्रि०—जाना ।

(२) तौल या मान में बराबर उतरना । तुल्य होना । उ०—सात सर्ग अपवर्ग सुख धरिय तुला इक अंग । तुलै न ताहि सकल मिलि जो सुख लव सतसंग ।—तुलसी । (३) किसी आधार पर इस प्रकार ठहरना कि आधार के बाहर निकला हुआ कोई भाग अधिक बोझ के कारण किसी ओर को झुका न हो । ठीक अंदाज़ के साथ टिकना । जैसे, किसी कील पर छड़ी आदि का तुल कर टिकना । बाइसिकिल पर तुल कर बैठना । (४) सधना । किसी अस्त्र आदि का इस प्रकार हिसाब से चलाया जाना कि वह ठीक लक्ष्य पर पहुँचे और उतना ही आघात पहुँचावे जितना इष्ट हो । जैसे, तुल कर तलवार का हाथ मारना । (५) नियमित होना । बँधना । अंदाज होना । बँधे हुए मान का अभ्यास होना । उ०—जैसे, दूकानदारों के हाथ तुले हुए होते हैं, जितना उठाकर दे देते हैं वह प्रायः ठीक होता है । (६) भरना । पूरित होना । (७) गाड़ी के पहिये का औंगा जाना । (८) उद्यत होना । उतारू होना । किसी काम या बात के लिये बिलकुल तैयार होना । उ०—वे इस बात पर तुले हुए हैं, कभी न मानेंगे ।

मुहा०—किसी काम या बात पर तुलना = कोई काम करने के लिये उद्यत होना ।

संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दो या अधिक वस्तुओं के गुण, मान आदि के एक दूसरे से घट बढ़ होने का विचार । मिलान । तारतम्य ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

(२) सादृश्य । समता । बराबरी । जैसे, इसकी तुलना उसके साथ नहीं हो सकती । (३) उपमा । † (४) तौल । वज़न । † (५) गणना । गिनती ।

तुलनी–संज्ञा स्त्री० [स० तुला] तराजू वा काँटे की डाँड़ी में सुई के दोनों तरफ़ का लोहा ।

तुलबुली–संज्ञा स्त्री० [देश०] जल्दबाजी ।

तुलवाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० तौलना, तुलना] (१) तौलने की मज़दूरी । (२) पहिये को औंघने की मज़दूरी ।

तुलवाना—क्रि० स० [हिं० तौलना] [संज्ञा तुलवाई] (१) तौल कराना। वज़न कराना। (२) गाड़ी के पहिये की धुरी में घी, तेल आदि दिलाना। औंगवाना।

तुलसी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक छोटा झाड़ या पौधा जिसकी पत्तियों से एक प्रकार की तीक्ष्ण गंध निकलती है। पत्तियाँ एक अंगुल से दो अंगुल तक लंबी और लंबाई लिए हुए गोल काट की होती हैं। फूल मंजरी के रूप में पतली सींकों में लगते हैं। अंकुर के रूप में बीज से प्रथम दो दल फूटते हैं। उद्भिद्-शास्त्रवेत्ता तुलसी को पुदीने की जाति में गिनते हैं। तुलसी अनेक प्रकार की होती है। गरम देशों में यह बहुत अधिक पाई जाती है। अफ्रिका, दक्षिण अमेरिका में इसके अनेक भेद मिलते हैं। अमेरिका में एक प्रकार की तुलसी होती है जिसे ज्वर-जड़ी कहते हैं। फसली बुखार में इसकी पत्ती का काढ़ा पिलाया जाता है। भारतवर्ष में भी तुलसी कई प्रकार की पाई जाती है, जैसे, गंध-तुलसी, श्वेत तुलसी या रामा, कृष्ण तुलसी या कृष्णा, वर्वरी तुलसी या ममरी। तुलसी की पत्ती मिर्च आदि के साथ ज्वर में दी जाती है। वैद्यक में यह गरम, कड़ुई, दाहकारक, दीपन तथा कफ वात और कुष्ट आदि को दूर करनेवाली मानी जाती है।

तुलसी को वैष्णव अत्यंत पवित्र मानते हैं। शालग्राम ठाकुर की पूजा बिना तुलसी-पत्र के नहीं होती। चरणामृत आदि में भी तुलसीदल डाला जाता है। तुलसी की उत्पत्ति के संबंध में ब्रह्मवैवर्त्त पुराण में यह कथा है। तुलसी नाम की एक गोपिका गोलोक में राधा की सखी थी। एक दिन राधा ने उसे कृष्ण के साथ विहार करते देख शाप दिया कि तू मनुष्य शरीर धारण कर। शाप के अनुसार तुलसी धर्मध्वज राजा की कन्या हुई। उसके रूप की तुलना किसी से नहीं हो सकती थी इससे उसका नाम 'तुलसी' पड़ा। तुलसी ने वन में जाकर घोर तप किया और ब्रह्मा से इस प्रकार वर माँगा "मैं कृष्ण की रति से कभी तृप्त नहीं हुई हूँ। मैं उन्हीं को पति रूप से पाना चाहती हूँ"। ब्रह्मा के कथनानुसार तुलसी ने शंखचूड़ नामक राक्षस से विवाह किया। शंखचूड़ को वर मिला था कि बिना उसकी स्त्री का सतीत्व भंग हुए उसकी मृत्यु न होगी। जब शंखचूड़ ने संपूर्ण देवताओं को परास्त कर दिया तब सब लोग विष्णु के पास गए। विष्णु ने शंखचूड़ का रूप धारण करके तुलसी का सतीत्व नष्ट किया। इस पर तुलसी ने नारायण को शाप दिया कि "तुम पत्थर हो जाओ"। जब तुलसी नारायण के पैर पर गिर कर बहुत रोने लगी तब विष्णु ने कहा "तुम यह शरीर छोड़ कर लक्ष्मी के समान मेरी प्रिया होगी। तुम्हारे शरीर से गंडकी नदी और केश से तुलसी वृक्ष होगा"। तब से बराबर शालग्राम ठाकुर की पूजा होने लगी और तुलसीदल उनके मस्तक पर चढ़ने लगा। वैष्णव तुलसी की लकड़ी की माला और कंठी धारण करते हैं। बहुत से लोग तुलसी-शालग्राम का विवाह बड़ी धूम धाम से करते हैं। कार्त्तिक मास में तुलसी की पूजा घर घर होती है क्योंकि कार्त्तिक की अमावास्या तुलसी के उत्पन्न होने की तिथि मानी जाती है।

तुलसीदल—संज्ञा पुं० [सं०] तुलसीपत्र। तुलसी के पौधे का पत्ता।

विशेष—वैष्णव इसे अत्यंत पवित्र मानते हैं और ठाकुर पर चढ़ा कर प्रसाद के रूप में भक्तों में बाँटते हैं।

तुलसीदाना—संज्ञा पुं० [हिं० तुलसी + फ़ा० दाना] एक गहना।

तुलसीदास—संज्ञा पुं० उत्तरीय भारत के सर्वप्रधान भक्त कवि जिन के 'रामचरितमानस' का प्रचार हिंदुस्तान में घर घर है। ये जाति के सरयूपारीण ब्राह्मण थे। ऐसा अनुमान किया जाता है कि ये पतिऔजा के दूबे थे। पर तुलसीचरित नामक एक ग्रंथ में, जो गोस्वामी जी के किसी शिष्य का लिखा माना जाता है और अब तक छपा नहीं है, इन्हें गाना का मिश्र लिखा है। वेणीमाधवदास कृत गोसाईं चरित्र नामक एक ग्रंथ भी है जो अब नहीं मिलता। इस का उल्लेख शिवसिंह ने अपने शिवसिंह-सरोज में किया है। कहते हैं कि वेणीमाधवदास कवि गोसाईं जी के साथ प्रायः रहा करते थे।

नाभा जी के भक्तमाल में तुलसीदास जी की प्रशंसा आई है, जैसे, कलि कुटिल जीव निस्तार हित बालमीकि तुलसी भयो।... रामचरित-रस-मत्त रहत अहनिसि व्रतधारी॥ भक्त माल की टीका में प्रियादास ने गोस्वामी जी का कुछ वृत्तांत लिखा है वही लोक में प्रसिद्ध है। तुलसीदास जी के जन्म संवत् का ठीक पता नहीं लगता। पं० रामगुलाम द्विवेदी मिरजापुर में एक प्रसिद्ध रामभक्त हुए हैं। उन्होंने जन्म काल संवत् १५८९ बतलाया है। शिवसिंह ने १५८३ लिखा है। इनके जन्मस्थान के संबंध में भी मतभेद है, पर अधिकांश प्रमाणों से इनका जन्मस्थान चित्रकूट के पास राजापुर नामक ग्राम ही ठहरता है जहाँ अब तक इनके हाथ की लिखी रामायण का कुछ अंश रक्षित है। तुलसीदास के मातापिता के संबंध में भी कहीं कुछ लेख नहीं मिलता। ऐसा प्रसिद्ध है कि इनके पिता का नाम आत्माराम दुबे और माता का हुलसी था। प्रियादास ने अपनी टीका में इन के संबंध में कई बातें लिखी हैं जो अधिकतर इनके माहात्म्य और चमत्कार को प्रकट करती हैं। उन्होंने लिखा है कि गोस्वामी जी युवावस्था में अपनी स्त्री पर अत्यंत आसक्त थे। एक दिन स्त्री बिना पूछे बाप के घर चली गई। ये स्नेह से व्याकुल होकर रात को उसके पास पहुँचे। उसने इन्हें धिक्कारा कि "यदि तुम

इतना प्रेम राम से करते तो न जाने क्या हो जाते"। स्त्री की बात इन्हें लग गई और ये चट विरक्त होकर काशी चले आए। वहाँ एक प्रेत मिला। उसने हनुमान जी का पता बताया जो नित्य एक स्थान पर ब्राह्मण के वेश में कथा सुनने जाया करते थे। हनुमान् जी से साक्षात्कार होने पर गोस्वामी जी ने रामचंद्र के दर्शन की अभिलाषा प्रकट की। हनुमान् जी ने इन्हें चित्रकूट जाने की आज्ञा दी जहाँ इन्हें दो राजकुमारों के रूप में राम और लक्ष्मण जाते हुए दिखाई पड़े। इसी प्रकार की और कई कथाएँ प्रियादास ने लिखी हैं, जैसे, दिल्ली के बादशाह का इन्हें बुलाना और कैद करना, बंदरों का उत्पात करना और बादशाह का तंग आकर छोड़ना इत्यादि।

तुलसीदास जी ने चैत्र शुक्ल ९ (रामनवमी) संवत् १६३१ को रामचरित-मानस लिखना आरंभ किया। संवत १६८० में काशी में असीघाट पर इन का शरीरांत हुआ जैसा कि इस दोहे से प्रकट है—संवत सोलह सौ असी असी गंग के तीर। श्रावण शुक्ला सप्तमी तुलसी तज्यो शरीर॥ रामचरितमानस के अतिरिक्त गोस्वामी जी की लिखी और पुस्तकें ये हैं—दोहावली, गीतावली, कवित्त रामायण, विनयपत्रिका, रामाज्ञा, रामलला नहछू, बरवै रामायण, जानकीमंगल, पार्वतीमंगल, वैराग्यसंदीपिनी, कृष्णगीतावली। इनके अतिरिक्त हनुमान-बाहुक आदि कुछ स्तोत्र भी गोस्वामी जी के नाम से प्रसिद्ध हैं।

तुलसी-द्वेषा–संज्ञा स्त्री० [सं०] बबई। बन-तुलसी। बर्बरी। ममरी।

तुलसीपत्र–संज्ञा पुं० [सं०] तुलसी की पत्ती।

तुलसीबास–संज्ञा पुं० [हिं० तुलसी + बास = महक] एक प्रकार का महीन धान जो अगहन में तैयार होता है। इस का चावल बहुत सुगंधित होता है और कई साल तक रह सकता है।

तुलसीवन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तुलसी के वृक्षों का समूह। तुलसी का जंगल। (२) वृंदावन।

तुला–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) सादृश्य। तुलना। मिलान। (२) गुरुत्व नापने का यंत्र। तराजू। काँटा।

यौ०—तुलादंड।

(३) मान। तौल। (४) भांड। अनाज आदि नापने का बरतन। (५) प्राचीन काल की एक तौल जो १०० पल या पाँच सेर के लगभग होती थी। (६) ज्योतिष की बारह राशियों में से सातवीं राशि।

विशेष—मोटे हिसाब से दो नक्षत्रों और एक नक्षत्र के चतुर्थांश अर्थात् सवा दो नक्षत्रों की एक राशि होती है। तुला राशि में चित्रा नक्षत्र के शेष ३० दंड तथा स्वाती और विशाखा के आद्य ४५—४५ दंड होते हैं। इस राशि का आकार तराजू लिए हुए मनुष्य का सा माना जाता है।

(७) सत्यासत्यनिर्णय की एक परीक्षा जो प्राचीन काल में प्रचलित थी। वादी प्रतिवादी आदि की एक दिव्य परीक्षा। दे० "तुलापरीक्षा"। (८) वास्तु विद्या में स्तंभ (खंभे) के विभागों में से चौथा विभाग।

तुलाई–संज्ञा स्त्री० [स० तूल = रूई] वह दोहरा कपड़ा जिसके भीतर रुई भरी हो। रूई से भरा दोहरा कपड़ा जो ओढने के काम में आता है। दुलाई। उ०—तपन तेज तपता तपन तूल तुलाई माह। सिसिर सीत क्योंहुँ न घटै बिन लपटे तियनाह।—बिहारी।

संज्ञा स्त्री० [हिं० तुलना] (१) तौलने का काम या भाव। (२) तौलने की मज़दूरी।

तुलाकूट–संज्ञा पुं० [स०] (१) तौल में कसर। (२) तौल में कसर करनेवाला। डाँड़ी मारनेवाला मनुष्य।

तुलाकोटि–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तराजू की डंडी के दोनों छोर जिनमें पलड़े की रस्सी बँधी रहती है। (२) एक तौल का नाम। (३) अर्बुद संख्या। (४) नूपुर।

तुलाकोश–संज्ञा स्त्री० [स०] तुलापरीक्षा।

तुलादान–संज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का दान जिसमें किसी मनुष्य की तौल के बराबर द्रव्य या पदार्थ का दान होता है। यह सोलह महादानों में से है। तीर्थों में इस प्रकार का दान प्रायः राजा महाराजा करते हैं।

तुलाधार–संज्ञा पुं० [स०] (१) तुलाराशि। (२) तराजू की रस्सी जिससे पलड़े बँधे रहते हैं। (३) बनिया। वणिक्। (४) काशी का रहनेवाला एक वणिक् जिसने महर्षि जाजलि को उपदेश दिया था। (महाभारत)। (५) काशीनिवासी एक व्याध जो सदा माता पिता की सेवा में तत्पर रहता था। कृतबोध नामक एक व्यक्ति जब इसके सामने आया तब इसने उसका समस्त पूर्व-वृत्तांत कह सुनाया। इस पर उस व्यक्ति ने भी माता पिता की सेवा का व्रत ले लिया। (वृहद्धर्मपुराण)।

वि० तुला को धारण करनेवाला।

तुलाना*–क्रि० अ० [हिं० तुलना = तौल में बराबर आना] (१) आ पहुँचना। समीप आना। निकट आना। उ०—(क) समुद लोक धन चढी विवाना। जो दिन डरै सो आय तुलाना। —जायसी। (ख) अपनो काल आपु ही बोल्यो इनकी मीचु तुलानी।—सूर। (२) बराबर होना। पूरा उतरना।

क्रि० स० [हिं० तुलना] गाड़ी के पहियों को औंगाना। गाड़ी के पहियों की धुरी में चिकना दिलाना।

तुलापरीक्षा–संज्ञा स्त्री० [स०] अभियुक्तों की एक परीक्षा जो अग्नि-परीक्षा, विष-परीक्षा आदि के समान प्राचीन काल में प्रचलित थी। दोषी या निर्दोष होने की दिव्य परीक्षा।

विशेष—स्मृतियों में तुलापरीक्षा का बहुत ही विस्तृत विधान दिया हुआ है। एक खुले स्थान में यज्ञकाष्ठ की एक बड़ी सी तुला (तराजू) खड़ी की जाती थी और चारों ओर तोरण आदि बाँधे जाते थे। फिर मंत्र-पाठ-पूर्वक देवताओं का पूजन होता था और अभियुक्त को एक बार तराजू के पलड़े पर बिठाकर मिट्टी आदि से तौल लेते थे। फिर उसे उतार कर दूसरी बार तौलते थे। यदि पलड़ा कुछ झुक जाता था तो अभियुक्त को दोषी समझते थे।

तुलापुरुषकृच्छ्र—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का व्रत जिसमें पिण्याक (तिल की खली), भात, मट्ठा, जल और सत्तू इनमें से प्रत्येक को क्रमशः तीन तीन दिन तक खाकर पंद्रह दिनों तक रहना पड़ता है। यम ने इसे २१ दिनों का तप्त लिखा है। इसका पूरा विधान याज्ञवल्क्य, हारीत आदि स्मृतियों में मिलता है।

तुलापुरुषदान—संज्ञा पुं० दे० "तुलादान"।

तुलाबीज—संज्ञा पुं० [सं०] गुंजाबीज। घुँघची के बीज जो तौल के काम में आते हैं।

तुलाभवानी—संज्ञा स्त्री० [स०] शंकरदिग्विजय के अनुसार एक नदी और नगरी का नाम।

तुलामान—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह अंदाज या मान जो तौलकर किया जाय। (२) बाट। बटखरा।

तुलायंत्र—संज्ञा स्त्री० [स०] तराजू।

तुलावा—संज्ञा पुं० [हिं० तुलना] वह लकड़ी जिसके बल गाड़ी खड़ी करके धुरी में तेल दिया जाता है और पहिया निकाला जाता है। वह लकड़ी जिसके सहारे औंगते समय गाड़ी खड़ी की जाती है।

तुलि—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) जुलाहों की कूँची। (२) चित्र बनाने की कूँची।

तुलिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] खंजन की तरह की एक छोटी चिड़िया।

तुलित—वि० [सं०] (१) तुला हुआ। (२) बराबर। समान।

तुलिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] शाल्मली वृक्ष। सेमर का पेड़।

तुलिफला—संज्ञा स्त्री० [सं०] सेमर का वृक्ष।

तुली—संज्ञा स्त्री० दे० "तुलि"।

संज्ञा स्त्री० [सं० तुला] छोटी तराजू। काँटा।

† संज्ञा स्त्री० [?] तंबाकू। सुरती।

तुलुष—संज्ञा पुं० [स०] दक्षिण के एक प्रदेश का प्राचीन नाम जो सह्याद्रि और समुद्र के बीच में माना जाता था। आजकल इस प्रदेश को उत्तर कनाड़ा कहते हैं।

तुलूली—संज्ञा स्त्री० [अनु० तुलतुल] बँधी हुई धार जो कुछ दूर पर जाकर पड़े (जैसे, पेशाब की)।

क्रि० प्र०—बँधना।

तुल्य—वि० [सं०] (१) समान। बराबर। (२) सदृश।

तुल्यता—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बराबरी। समता। (२) सादृश्य।

तुल्यपान—संज्ञा पुं० [सं०] स्वजाति के लोगों के साथ मिल जुल कर खाना पीना।

तुल्यप्रधानव्यंग्य—संज्ञा पु० [सं०] वह व्यंग्य जिसमें वाच्यार्थ और व्यंग्यार्थ बराबर हो।

तुल्ययोगिता—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक अलंकार जिसमें कई प्रस्तुतों या अप्रस्तुतों का अर्थात् बहुत से उपमेयों या उपमानों का एक ही धर्म बतलाया जाय। उ०—(क) अपने अँग के जानि कै जोबन नृपति प्रवीन। स्तन, मन, नैन, नितंब को बड़ो इज़ाफ़ा कीन।—बिहारी। यहाँ स्तन, मन, नयन, नितंब इन प्रसिद्ध उपमेयों का 'इजाफा होना' एक ही धर्म कहा गया है। (ख) लखि तेरी सुकुमारता एरी! या जग माहिं। कमल, गुलाब कठोर से किहि को भासत नाहिं॥ यहाँ कमल और गुलाब इन दोनों उपमानों का एक ही धर्म कठोरता कहा गया है।

तुल्ययोगी—वि० [सं०] समान संबंध रखनेवाला।

तुल्वल—संज्ञा पु० [सं०] एक ऋषि का नाम।

तुव—सर्व० दे० "तव"।

तुवर—वि० [स०] (१) कसैला। (२) बिना दाढ़ी मोछ का। श्मश्रुहीन।

संज्ञा पुं० [स०] (१) कसैला रस। कषाय रस। (२) अरहर। (३) एक पौधा जो नदियों और समुद्र के तट पर होता है। इसके फल इमली के समान होते हैं जिनके खाने से पशुओं का दूध बढ़ता है।

तुवरयावनाल—संज्ञा पुं० [सं०] लाल ज्वार। लाल जुँहरी।

तुवरिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) गोपीचंदन। (२) आढ़की। अरहर।

तुवरी—संज्ञा स्त्री० दे० "तुवरिका"।

तुवरीशिंब—संज्ञा पुं० [सं०] चकँवड़ का पेड़। पँवार।

तुवि—संज्ञा स्त्री० [सं०] तूँबी।

तुशियार—संज्ञा पुं० [देश०] एक झाड़ जो पश्चिम हिमालय में होता है। इसकी छाल से रस्सियाँ बनाई जाती हैं। पुरुनी।

तुष—संज्ञा पुं० [स०] (१) अन्न के ऊपर का छिलका। भूसी। (२) अंडे के ऊपर का छिलका। (३) बहेड़े का पेड़।

तुषाग्नि—संज्ञा पुं० [स०] अग्नि।

तुषांबु—संज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार की काँजी जो भूसी सहित कूटे हुए जौ को सड़ा कर बनती है। वैद्यक में यह काँजी, अग्निदीपक, पाचक, हृदयग्राही और तीक्ष्ण मानी गई है।

तुषानल—संज्ञा पुं० [सं०] (१) भूसी की आग। घास फूस की आग। करसी की आँच। (२) भूसी या घास फूस की आग

में भस्म होने की क्रिया जो प्रायश्चित्त के लिये की जाती है। (कुमारिल भट्ट तुषाग्नि ही में भस्म होकर मरे थे)।

तुषार–संज्ञा पुं० [सं०] (१) हवा में मिली भाप जो सरदी से जम कर और सूक्ष्म जलकण के रूप में हवा से अलग हो कर गिरती और पदार्थों पर जमती दिखाई देती है। पाला। (२) हिम। बरफ। (३) एक प्रकार का कपूर। चीनिया कपूर। (४) हिमालय के उत्तर का एक देश जहाँ के घोड़े प्रसिद्ध थे। (५) तुषार देश में बसनेवाली जाति जो शक जाति की एक शाखा थी।

वि० छूने में बरफ़ की तरह ठंढा।

तुषारकर–संज्ञा पु० [स०] हिमकर। चंद्रमा।

तुषारगौर–संज्ञा पु० [स०] कपूर।

तुषारमूर्त्ति–संज्ञा पु० [सं०] चंद्रमा।

तुषाररश्मि–संज्ञा पुं० [सं०] चंद्रमा।

तुषारपाषाण–संज्ञा पुं० [स०] (१) ओला। (२) बरफ़।

तुषारांशु–संज्ञा पुं० [स०] चंद्रमा।

तुषाराद्रि–संज्ञा पुं० [स०] हिमालय पर्वत।

तुषित–संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक प्रकार के गणदेवता जो संख्या में १२ हैं। मन्वंतरों के अनुसार इनके नाम बदला करते हैं। (२) विष्णु। (३) एक स्वर्ग का नाम। (बौद्ध)

तुषोत्थ–संज्ञा पु० दे० "तुषोदक"।

तुषोदक–संज्ञा पुं० [स०] (१) छिलके समेत कूटे हुए जौ को पानी में सड़ा कर बनाई हुई काँजी। (२) भूसी को सड़ा कर खट्टा किया हुआ जल।

तुष्ट–वि० [सं०] (१) तोषप्राप्त। तृप्त। (२) राज़ी। प्रसन्न। खुश।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

तुष्टता–संज्ञा स्त्री० [सं०] संतोष। प्रसन्नता।

तुष्टना*–क्रि० अ० [स० तुष्ट] प्रसन्न होना। उ०—(क) अपरकर्म तुष्टत चिरकाला। प्रेम ते प्रगट होत ततकाला।—विश्राम। (ख) नाम लेइ जेहि युवति को नहिं सुहाइ सुनि तासु। राम जानकी के कहे तुष्टत तेहि पर आसु।—विश्राम।

तुष्टि–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) संतोष। तृप्ति। (२) प्रसन्नता।

विशेष—सांख्य में नौ प्रकार की तुष्टियाँ मानी गई हैं, चार आध्यात्मिक और पाँच बाह्य। आध्यात्मिक तुष्टियाँ ये हैं—(१) प्रकृति—आत्मा को प्रकृति से भिन्न मान सब कार्यों का प्रकृति द्वारा होना मानने से जो तुष्टि होती है उसे प्रकृति या अंभ तुष्टि कहते हैं। (२) उपादान—संन्यास से विवेक होता है ऐसा समझ संन्यास से जो तुष्टि होती है उसे उपादान या सलिल तुष्टि कहते हैं। (३) काल पाकर आपही विवेक या मोक्ष प्राप्त हो जायगा इस प्रकार की तुष्टि को काल तुष्टि या ओघ तुष्टि कहते हैं। (४) भाग्य में होगा तो मोक्ष हो ही जायगा ऐसी तुष्टि को भाग्य तुष्टि या वृष्टि तुष्टि कहते हैं।

इसी प्रकार इंद्रियों के विषयों से विरक्ति द्वारा जो तुष्टि होती है वह पाँच प्रकार से होती है. जैसे, यह समझने से कि (१) अर्जन करने में बहुत कष्ट होता है, (२) रक्षा करना और कठिन है, (३) विषयों का नाश हो ही जाता है, (४) ज्यों ज्यों भोग करते हैं त्यों त्यों इच्छा बढ़ती जाती है और (५) बिना दूसरे को कष्ट दिए सुख नहीं मिल सकता। इन पाँचों के नाम क्रमशः पार, सुपार, पारापार, अनुत्तमांभ और उत्तमांभ हैं।

इन नौ प्रकार की तुष्टियों के विपर्य्यय से बुद्धि की अशक्ति उत्पन्न होती है। दे० "अशक्ति"।

(३) कंस के आठ भाइयों में से एक।

तुस–संज्ञा पु० दे० "तुष"।

तुसार–संज्ञा पुं० दे० "तुषार"।

तुसी–संज्ञा स्त्री० [स० तुस] भूसी। अन्न के ऊपर का छिलका। उ०—ऐसी को ठाली बैठी है तोसो मूँड़ पिरावै। झूठी बात तुसी सी बिनु कन फटकत हाथ न आवै।—सूर।

तुरत–संज्ञा स्त्री० [स०] धूल। गर्द।

तुहफ़ा–संज्ञा पुं० दे० "तोहफ़ा"।

तुहमत–संज्ञा स्त्री० दे० "तोहमत"।

तुहार†–सर्व० दे० "तुम्हारा"।

तुहिँ–सर्व० [हिं० तू + हि (प्रत्य०)] तुझको।

तुहिन–संज्ञा पु० [सं०] (१) पाला। कुहरा। तुषार। (२) हिम। बरफ़। (३) चंद्रतेज। चाँदनी। (४) शीतलता। ठंढक।

तुहिनगिरि–संज्ञा पु० [स०] हिमालय पर्वत।

तुहिनांशु–संज्ञा पुं० [सं०] (१) चंद्रमा। (२) कपूर।

तुहें†–सर्व० दे० "तुम्हें"।

तूँ–सर्व० दे० "तू"।

तूँगी†–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) पृथ्वी। भूमि। (२) नाव। नौका।

तूँबड़ा–संज्ञा पु० दे० "तूँबा"।

तूँबना–क्रि० स० दे० "तूमना"।

तूँबा–संज्ञा पुं० [सं० तुम्बक] (१) कद्दू। कद्दू का गोल फल। कद्दू का गोल घीया। तितलौकी।

विशेष—इस कद्दू को खोखला करके कई काम में लाते हैं, बरतन बनाते हैं सितार आदि बाजों में ध्वनिकोश बनाने के लिये लगाते हैं।

(२) कद्दू को खोखला करके बनाया हुआ बरतन जिसे प्रायः साधु अपने साथ रखते हैं। कमंडल।

तूँबी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तूँबा] (१) कड़ुआ गोल कद्दू। (२) कद्दू को खोखला करके बनाया हुआ बरतन।

मुहा०—तूँबी लगाना = वात से पीड़ित या सूजे हुए स्थान पर रक्त या वायु को खींचने के लिये तूँबी का व्यवहार करना। (तूँबी के भीतर एक बत्ती जलाकर रख दी जाती है जिससे भीतर की वायु हलकी पड़ जाती है। फिर जिस अंग पर उसे लगाना होता है उस पर आटे की एक पतली लोई रख कर उसके ऊपर तूँबी उलट कर रख देते हैं जिससे उस अंग के भीतर की वायु तूँबी में खिँच आती है। यदि कुछ रक्त भी निकालना होता है तो उस स्थान को जिस पर तूँबी लगानी होती है नश्तर से पाँछ देते हैं)।

तू–सर्व० [सं० त्वम्] एक सर्वनाम जो उस पुरुष के लिये आता है जिसे संबोधन करके कुछ कहा जाता है। मध्यमपुरुष एक वचन सर्वनाम। जैसे, तू यहाँ से चला जा।

विशेष—यह शब्द अशिष्ट समझा जाता है अतः, इसका व्यवहार बड़ों और बराबरवालों के लिये नहीं होता, छोटों वा नीचों के लिये होता है।

मुहा०—तू तड़ाक, तू तुकार, या तू तू मैं मैं करना = कहा सुनी करना। अशिष्ट शब्दों में विवाद करना। गाली गलौज करना। कुवाक्य कहना।

संज्ञा स्त्री० [अनु०] कुत्तों को बुलाने का शब्द, जैसे, "आव तू...तू..."।

तूख †–संज्ञा पुं० [सं० तुष = तिनका] तिनके का वह टुकड़ा जिसे गोद कर दोना बनाते हैं। सींक। खरका। उ०—छवावति न छाँह, छुए नाहक ही 'नाहीं' कहि, नाह गल माहँ बाहँ मेलै सुररूख सी।.....तीखी दीठि तूख सी, पतूख सी, अरुरि अंग, ऊख सी मरूरि मुख लागति महूख सी।—देव।

तूटना–क्रि० अ० दे० "टूटना"।

तूठना*–क्रि० अ० [सं० तुष्ट, प्रा० तुट्ठ] (१) तुष्ट होना। संतुष्ट होना। तृप्त होना। अघाना। (२) प्रसन्न होना। राजी होना।

तूण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तीर रखने का चोंगा। तरकश। (२) चामर नामक वृक्ष का नाम।

तूणक्वेड़–संज्ञा पुं० [सं०] बाण। तीर।

तूणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तरकश। निषंग। (२) नील का पौधा। (३) एक वात रोग जिसमें मूत्राशय के पास से दर्द उठता है और गुदा और पेडू तक फैलता है।

वि० [सं० तूणिन्] तूणधारी। जो तरकश लिए हो।

संज्ञा पुं० [?] तुन का पेड़।

तूणीक–संज्ञा पुं० [सं०] तुन का पेड़।

तूणीर–संज्ञा पुं० [सं०] तूण। निषंग। तरकश।

तून–संज्ञा पुं० [फ़ा०] एक पेड़ जिसके फल खाए जाते हैं। यह पेड़ मझोले आकार का होता है। इसके पत्ते फालसे के पत्तों से मिलते जुलते, पर कुछ लंबोतरे और मोटे दल के होते हैं। किसी किसी के सिरे पर फाँकें भी कटी होती हैं। फूल मंजरी के रूप में लगते हैं जिनसे आगे चलकर कीड़ों की तरह लंबे लंबे फल होते हैं। इन फलों के ऊपर महीन महीन दाने होते हैं जिन पर रोइयाँ सी होती हैं। इनके कारण फलों की आकृति और भी कीड़ों की सी जान पड़ती है। फलों के भेद से तूत कई प्रकार के होते हैं किसी के फल छोटे और गोल, किसी के लंबे, किसी के हरे, किसी के लाल या काले होते हैं। मीठी जाति के बड़े तूत को शहतूत कहते हैं। तूत युरोप और एशिया के अनेक भागों में होता है। भारतवर्ष में भी तूत के पेड़ प्रायः सर्वत्र—काश्मीर से सिकिम तक—पाए जाते हैं। अनेक स्थानों में, विशेषतः पंजाब और काश्मीर में, तूत के पेड़ों की पत्तियों पर रेशम के कीड़े पाले जाते हैं। रेशम के कीड़े उनकी पत्तियों को खाते हैं। तूत की लकड़ी भी वज़नी और मज़बूत होती है और खेती और सजावट के सामान, नाव आदि बनाने के काम में आती है। तूत शिशिर ऋतु में पत्ते झाड़ता है और चैत तक फूलता है। इसके फल असाढ़ में पक जाते हैं।

तूती–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) छोटी जाति का शुक या तोता जिसकी चोंच पीली, गरदन बैंगनी और पर हरे होते हैं। (२) कनेरी नाम की छोटी सुंदर चिड़िया जो कनारी द्वीप से आती है और बहुत अच्छा बोलती है। इसे लोग पिंजरों में पालते हैं। (३) मटमैले रंग की एक छोटी चिड़िया जो बहुत सुंदर बोलती है। इसे लोग पिंजरों में पालते हैं। जाड़े में यह सारे भारत में पाई जाती है पर गरमी में उत्तर काश्मीर, तुर्किस्तान आदि की ओर चली जाती है। यह घास फूस से कटोरे के आकार का घोंसला बना कर रहती है।

मुहा०—तूती का पढ़ना = तूती का मीठे सुर में बोलना। किसी की तूती बोलना = किसी की खूब चलती होना। किसी का खूब प्रभाव जमना। नक्कारखाने में तूती की आवाज़ कौन सुनता है = (१) बहुत भीड़ भाड़ या शोरगुल में कही हुई बात नहीं सुनाई पड़ती। (२) बड़े बड़े लोगों के सामने छोटों की बात कोई नहीं सुनता।

(४) मुँह से बजाने का एक प्रकार का बाजा या खिलौना। (५) मिट्टी की छोटी टोंटीदार घरिया जिसे लड़के खेलते हैं।

तूद–संज्ञा पु० दे० "तूत"।

तूदा–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) ढेर। ढेरी। राशि। (२) सीमा का चिह्न। हदबंदी। (३) मिट्टी का वह टीला जिसपर तीर, बंदूक आदि से निशाना लगाना सीखा जाता है।

तून–संज्ञा पुं० [स० तुन्नक] (१) तुन का पेड़। दे० "तुन"। (२) तूल नाम का लाल कपड़ा।

*संज्ञा पुं० दे० "तृण"।

तूना–क्रि० अ० [हिं० चूना] (१) चूना। टपकना। (२) खड़ा न रह सकना। गिरना। (३) गर्भपात होना। गर्भ गिरना।

विशेष—दे० "तुअना"।

तूनीर–संज्ञा पुं० दे० "तूणीर"।

तूफ़ान–संज्ञा पुं० [अ०] (१) डुबानेवाली बाढ़। (२) वायु के वेग का उपद्रव। आँधी। ऐसा अंधड़ जिसमें खूब धूल उठे, पानी बरसे, बादल गरजें तथा इसी प्रकार के और उत्पात हों।

क्रि० प्र०—आना।—उठना।

(३) आपत्ति। ईति। प्रलय। आफ़त। (४) हल्लागुल्ला। वावैला। (५) झगड़ा। बखेड़ा। उपद्रव। दंगा फ़साद। हलचल। जैसे, थोड़ी सी बात के लिये इतना तूफ़ान खड़ा करने की क्या ज़रूरत?

क्रि० प्र०—उठाना।—खड़ा करना।

(६) ऐसा कलंक या दोषारोपण जिससे कोई भारी उपद्रव खड़ा हो। झूठा दोषारोपण। तोहमत।

क्रि० प्र०—उठना।—उठाना।

मुहा०—तूफ़ान जोड़ना या बाँधना=झूठा कलंक लगाना। झूठ मूठ दोषारोपण करना। तूफ़ान बनाना=दे० "तूफ़ान जोड़ना"।

तूफ़ानी–वि० [फ़ा०] (१) तूफ़ान खड़ा करनेवाला। ऊधमी। उपद्रवी। बखेड़ा करनेवाला। फ़सादी। (२) झूठा कलंक लगानेवाला। तोहमत जोड़नेवाला। (३) उग्र। प्रचंड।

तूमड़ी–संज्ञा स्त्री० [दे० तूँबा+डी (प्रत्य०)] (१) तूँबी। (२) तूँबी का बना हुआ एक प्रकार का बाजा जिसे सँपेरे बजाया करते हैं।

विशेष—तूँबी का पतला सिरा थोड़ी दूर से काट देते हैं और नीचे की ओर एक छेद करके उसमें दो जीभियाँ दो पतली नलियों में लगा कर डाल देते हैं और छेद को मोम से बंद कर देते हैं। नलियों का कुछ भाग बाहर निकला रहता है। एक नली में स्वर निकालने के सात छेद बनाते हैं जिन पर बजाते वक्त उँगलियाँ रखते जाते हैं।

तूमतड़ाक–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) तड़क भड़क। शान शौकत। आन बान। (२) ठसक। बनावट।

तूमना–क्रि० स० [सं० स्तोम=ढेर+ना (प्रत्य०)] (१) रूई आदि के जमे हुए लच्छों को नोच नोच कर छुड़ाना। उँगली से रूई इस प्रकार खींचना कि उसके रेशे अलग अलग हो जायँ। रुई के गाले के सटे हुए रेशों को कुछ अलग अलग करना। ऊधेड़ना। बिथूरना। (२) धज्जी धज्जी करना। (३) मलना दलना। हाथ से मसलना। (४) बात को उधेड़ना। रहस्य खोलना। सब भेद प्रकट करना।

तूमरी†*–संज्ञा स्त्री० दे० "तूमड़ी"।

तूमार–संज्ञा पुं० [अ०] बात का व्यर्थ विस्तार। बात का बतंगड़।

क्रि० प्र०—बाँधना।

तूमारिया सूत–संज्ञा पुं० [हिं० तूमना+सूत] खूब महीन कता हुआ सूत। ऐसा सूत जो तूमी हुई रूई से काता गया हो।

तूया–संज्ञा स्त्री० [देश०] काली सरसों।

तूर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक प्रकार का बाजा। नगारा। उ०—तोरन तूरन तूर बजै बर भावत भाँटिन गावति ठाढ़ी।—केशव। (२) तुरही नाम का बाजा। सिंघा।

संज्ञा स्त्री० [फ़ा० तूल=लंबाई] (१) गज़ डेढ़ गज़ लंबी एक लकड़ी जो जुलाहों के करघे में लगी रहती है और जिसमें तानी लपेटी जाती है। इसके दोनों सिरों पर दो चूर और चार छेद होते हैं। लपेटनी। फनियाला। (२) वह रस्सी जिसे जनानी पालकी के चारों ओर इसलिये बाँधते हैं जिसमें परदा हवा से उड़ने न पावे। चौबंदी।

संज्ञा स्त्री० [सं० तुवरी] अरहर।

तूरज*–संज्ञा पुं० दे० "तूर्य"।

तूरण*–क्रि० वि० दे० "तूर्ण"।

तूरंत–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पक्षी।

तूरन*–संज्ञा पुं० दे० "तूर्ण"।

तूरना–संज्ञा पुं० [देश०] एक चिड़िया का नाम।

क्रि० स० दे० "तोड़ना"। उ०—संभु सतावत हैं जम कों हैं कठोर महा सबको मद तूरत।—शंभु।

*† संज्ञा पुं० [सं० तूर] तुरही। उ०—ताकत सराध कै विवाह कै उछाह कछू डोलि लोल बूझत सबद ढोल तूरना।—तुलसी।

तूरान–संज्ञा पुं० [फ़ा०] फ़ारस के उत्तर-पूर्व पड़नेवाला मध्य एशिया का सारा भूभाग जो तुर्क, तातारी, मोगल आदि जातियों का निवासस्थान है। हिमालय के उत्तर अल्टाई पर्वत तक का प्रदेश।

विशेष—फारस या ईरानवालों का तूरानियों के साथ बहुत प्राचीन काल से झगड़ा चला आता था। यह तूरानी जाति वही थी जिसे भारतवासी शक कहते थे। अफ़रासियाब नामक तूरानी बादशाह से ईरानियों का युद्ध होना प्रसिद्ध है। प्राचीन तूरानी अग्नि की उपासना करते थे और पशुओं का बलि चढ़ाते थे। ये आर्य्यों की अपेक्षा असभ्य थे। इन के उत्पातों से एक बार सारा युरोप और एशिया तंग था। चंगेज खाँ, तैमूर, उसमान आदि उसी तूरानी जाति के अंतर्गत थे।

तूरानी–वि० [फ़ा०] तूरान देश का । तूरान संबंधी ।
संज्ञा पुं० तूरान देश का निवासी ।

तूरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] धतूरे का पेड़ ।

तूर्ण–क्रि० वि० [सं०] शीघ्र । जल्दी । तुरंत ।

तूर्णक–संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का चावल जिसे त्वरितक भी कहते हैं ।

तूर्त–क्रि० वि० [सं०] तुरत । तत्काल । शीघ्र ।

तूर्य–संज्ञा पुं० [सं० तूर्य] तुरही । सिंघा ।

तूर्व–क्रि० वि० [सं०] तुरत । शीघ्र ।

तूल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) आकाश । (२) तूत का पेड़ । शहतूत । (३) कपास, मदार, सेमर, आदि के डोडे के भीतर का घूआ । रूई । उ०—(क) जेहि मारुतगिरि मेरु उड़ाहीं । कहहु तूल केहि लेखे माहीं ।—तुलसी । (ख) व्याकुल फिरत भवन वन जहँ तहँ तूल आक उधराह ।—सूर ।
संज्ञा पु० [हिं० तून = एक पेड़ जिसके फूलों से कपड़े रंगे जाते हैं] (१) सूती कपड़ा जो चटकीले लाल रंग का होता है । (२) गहरा लाल रंग ।
* वि० [सं० तुल्य] तुल्य । समान । उ०—तदपि सकोच समेत कवि कहहिँ सीय सम तूल ।—तुलसी ।

तूलत–संज्ञा स्त्री० [हिं० तुलना] जहाज की रेलिंग या कटहरे की छड़ में लगी हुई एक खूँटी जिसमें किसी उतारे जानेवाले भारी बोझ में बँधी रस्सी इसलिये अटका दी जाती है जिसमें बोझ धीरे धीरे नीचे जाय, एकदम से न गिर पड़े । (लश०)

तूलता–संज्ञा स्त्री० [सं० तुल्यता] समता । बराबरी ।

तूलना–क्रि० स० [हिं० तुलना (१) धुरी में तेल देने के लिये पहिये को निकाल कर गाड़ी को किसी लकड़ी के सहारे पर ठहराना । (२) पहिये की धुरी में तेल या चिकना देना ।

तूलवती–संज्ञा स्त्री० [सं०] नील ।

तूलवृक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] शाल्मली वृक्ष । सेमर का पेड़ ।

तूलशर्करा–संज्ञा स्त्री० [सं०] कपास का बीज । बिनौला ।

तूलसेचन–संज्ञा पु० [सं०] रूई से सूत कातने का काम ।

तूला–संज्ञा स्त्री० [सं०] कपास ।

तूलिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] चित्रकारों की कूँची जिससे वे रंग भरते हैं । तसवीर बनानेवालों की कलम ।

तूलिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) लक्ष्मणा कंद । (२) सेमर का पेड़ ।

तूलिफला–संज्ञा स्त्री० सं० [सं०] सेमर का पेड़ ।

तूली–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) नील का वृक्ष । (२) रंग भरने की कूँची । (३) लकड़ी का एक औज़ार जिसमें कूँची के रूप में खड़े खड़े रेशे जमाए रहते हैं और जिससे जुलाहे फैलाया हुआ सूत बैठाते हैं । जुलाहों की कूँची ।

तूवर–संज्ञा पुं० दे० "तूवरक" ।

तूवरक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ढूँढ़ा बैल । बिना सींग का बैल । (२) बे दाढ़ी मोछ का मनुष्य । (३) कषाय रस । कसैला रस । (४) अरहर ।

तूवरिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) अरहर । (२) गोपीचंदन ।

तूवरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) अरहर । (२) गोपीचंदन ।

तूष्णी–वि० [सं० तूष्णीम् (अव्य०)] मौन । चुप ।
* संज्ञा स्त्री० मौन । खामोशी । चुप्पी । उ०—वंचकता, अपमान, अमान, अलाभ भुजंग भयानक तूष्णी ।—केशव ।

तूष्णीक–वि० [सं०] मौनावलंबी । मौन साधनेवाला ।

तूस–संज्ञा पुं० [सं० तुष] भूसी । भूसा ।
संज्ञा पुं० [तिब्बती = योश] [वि० तूसी] (१) एक प्रकार का बहुत उत्तम ऊन जो हिमालय पर काश्मीर से लेकर नैपाल तक पाई जानेवाली एक पहाड़ी बकरी के शरीर पर होता है । पशम । पशमीना ।
विशेष—यह पहाड़ी बकरी हिमालय पर बहुत ऊँचाई तक, बर्फ के निकट तक, पाई जाती है । यह ठंढे से ठंढे स्थानों में रह सकती है और काश्मीर से लेकर मध्य एशिया में अलटाई पर्वत तक मिलती है । इसके शरीर पर घने घने मुलायम रोयों की बड़ी मोटी तह होती है जिसके भीतरी ऊन को काश्मीर में असली तूस या पशम कहते हैं । यह दुशालों में दिया जाता है । खालिस तूस की भी शाल बनती है जिसे तूसी कहते हैं । ऊपर के ऊन या रोएँ से या तो रस्सियाँ बटी जाती हैं या पट्टू नाम का कपड़ा बुना जाता है । तूसवाली बकरियाँ लद्दाख में जाड़े के दिनों में बहुत उतरती हैं और मारी जाती हैं ।
(२) तूस के ऊन का जमाया हुआ कंबल या नमदा ।

तूसदान–संज्ञा पु० [पुर्त्त० कारतूश + दान (प्रत्य०)] कारतूस ।

तूसना *–क्रि० स० [सं० तुष्ट] (१) संतुष्ट करना । तृप्त करना । (२) प्रसन्न करना ।
क्रि० अ० संतुष्ट होना ।

तूसा–संज्ञा पुं० [सं० तुष] चोकर । भूसी ।

तूसी–वि० [तूस] तूस के रंग का । स्लेट या करंज के रंग का । करंजई ।
संज्ञा पुं० एक रंग जो करंज या स्लेट के रंग की तरह का होता है ।
विशेष—यह हर्रा, माजूफल और कसीस से बनता है ।

तूस्त–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धूल । रेणु । रज । (२) अणु । कणिका । (३) जटा । (४) चाप । धनुष ।

तृक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] कश्यप ऋषि ।

तृक्षाक–संज्ञा पुं० [सं०] एक ऋषि का नाम ।

तृक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] जातीफल । जायफल ।

तृखा–संज्ञा स्त्री० दे० "तृषा" ।

तृजग *–वि० दे० "तिर्य्यक्"। उ०—तृजग जोनि गत गीध जनम भरि खाइ कुजंतु जियो हौं।—तुलसी।

तृण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह उद्भिद् जिसकी पेड़ी वा कांड में छिलके और हीर का भेद नहीं होता और जिसकी पत्तियों के भीतर केवल समानांतर (प्रायः लंबाई के बल) नसें होती हैं जाल की तरह बुनी हुई नहीं, जैसे, दूब, कुश, सरपत, मूँज, बाँस, ताड़ इत्यादि। घास। उ०—ऊसर बरसे तृण नहिं जामा।—तुलसी।

विशेष—तृण की पेड़ी या कांडों के तंतु इस प्रकार सीधे क्रम से नहीं बैठे रहते कि उनके द्वारा मंडलांतर्गत मंडल बनते जायँ, बल्कि वे बिना किसी क्रम के इधर उधर तिरछे होकर ऊपर की ओर गए रहते हैं। अधिकांश तृणों के कांडों में प्रायः गाँठे थोड़ी थोड़ी दूर पर होती हैं और इन गाँठों के बीच का स्थान कुछ पोला होता है। पत्तियाँ अपने मूल के पास डंठल को खोली की तरह लपेटे रहती हैं। पृथ्वी का अधिकांश तल छोटे तृणों द्वारा आच्छादित रहता है। अर्कप्रकाश नामक वैद्यक ग्रंथ में तृणगण के अंतर्गत तीन प्रकार के बाँस, कुश, काँस, तीन प्रकार की दूब, गाँडर, नरकट, गूँदी, मूँज, डाभ, मोथा इत्यादि माने गए हैं।

मुहा०—तृण गहना या पकड़ाना = हीनता प्रकट करना। गिड़गिड़ाना। तृण गहाना या पकड़ाना = नम्र करना। विनीत करना। वशीभूत करना। उ०—कहो तो ताको तृण गहाय कै जीवत पायन पारौं।—सूर। (किसी वस्तु पर) तृण टूटना = किसी वस्तु का इतना सुंदर होना कि उसे नजर से बचाने के लिये उपाय करना पड़े। (स्त्रियाँ बच्चे पर से नज़र का प्रभाव दूर करने के लिये टोटके की तरह पर तिनका तोड़ती हैं)। उ०—आजु की बानिक पै तृण टूटत है कही न जाय कछू स्याम तोहि रत।—स्वा० हरिदास। तृणवत् = तिनके बराबर। अत्यंत तुच्छ। कुछ भी नहीं। तृण बराबर या समान = दे० "तृणवत्"। उ०—अस कहि चला महा अभिमानी। तृण समान सुग्रीवहिं जानी।—तुलसी। तृण तोड़ना = किसी सुंदर वस्तु को देख उसे नज़र से बचाने के लिये उपाय करना। उ०—(क) गाँधे महामनि मौर मंजुल अंग सब चित चोरहीं। पुरनारि सुर सुंदरी बरहिं विलोकि सब तृण तोरहीं।—तुलसी। (ख) स्याम गौर सुंदर दोउ जोरी। निरखत छवि जननी तृन तोरी।—तुलसी। (किसी से) तृण तोड़ना = संबंध तोड़ना। नाता मिटाना। उ०—भुजा छुड़ाइ तोरि तृण ज्यों हित करि प्रभु निठुर हियो।—सूर।

तृणकर्ण–संज्ञा पुं० [सं०] एक ऋषि।

तृणकुंकुम–संज्ञा पुं० [सं०] एक सुगंधित घास। रोहिस घास।

तृणकूर्म–संज्ञा पुं० [सं०] गोल कछू।

तृणकेतकी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का तीखुर।

तृणकेतु–संज्ञा पुं० दे० "तृणकेतुक"।

तृणकेतुक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बाँस। (२) ताड़ का पेड़।

तृणग्रंथी–संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्णजीवंती।

तृणग्राही–संज्ञा पु० [सं० तृणग्राहिन्] एक रत्न का नाम। नीलमणि।

तृणचर–वि० [सं०] तृण चरनेवाला (पशु)।

संज्ञा पुं० गोमेदक मणि।

तृणजलायुका–संज्ञा पुं० दे० "तृणजलौका"।

तृणजलौका–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की जोंक।

तृणजलौकान्याय–संज्ञा पुं० [सं०] तृणजलौका के समान।

विशेष इस वाक्य का प्रयोग नैयायिक लोग उस समय करते हैं जब उन्हें आत्मा के एक शरीर छोड़ कर दूसरे शरीर में जाने का दृष्टांत देना होता है। तात्पर्य्य यह है कि जिस प्रकार जोंक जल में बहते हुए तिनके के अंत तक पहुँच जब दूसरा तिनका थाम लेती है तब पहले को छोड़ देती है इसी प्रकार आत्मा जब दूसरे शरीर में जाती है तब पहले को छोड़ देती है।

तृणज्योतिस्–संज्ञा पु० [सं०] ज्योतिष्मती लता।

तृणद्रुम–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ताड़ का पेड़। (२) सुपारी का पेड़। (३) खजूर का पेड़। (४) केतकी का पेड़। (५) नारियल का पेड़। (६) हिंताल।

तृणधान्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तिन्नी का चावल। मुन्यन्न। तिन्नी का धान। (२) सावाँ।

तृणध्वज–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बाँस। (२) ताड़ का पेड़।

तृणनिंब–संज्ञा पुं० [सं०] चिरायता।

तृणप–संज्ञा पुं० [सं०] एक गंधर्व का नाम।

तृणपत्रिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] इक्षुदर्भ नामक तृण।

तृणपीड़–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की लड़ाई।

तृणपुष्प–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तृणकेशर। (२) ग्रंथिपर्णी। गठिवन।

तृणपुष्पी–संज्ञा स्त्री० [सं०] सिंदूरपुष्पी नामक घास।

तृणमय–वि० [सं०] [स्त्री० तृणमयी] घास का बना हुआ।

तृणराज–संज्ञा पुं० [सं०] (१) खजूर। (२) ताड़। (३) नारियल।

तृणविंदु–संज्ञा पुं० [सं०] एक ऋषि जो महाभारत के काल में थे और जिनसे पांडवों से वनवास की अवस्था में भेंट हुई थी।

तृणशय्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] घास का बिछौना। चटाई। साथरी।

तृणशीत–संज्ञा पु० [सं०] (१) रोहिस घास जिसमें से नीबू की सी सुगंध आती है। (२) जलपिप्पली।

तृणशून्य–वि० [सं०] बिना तृण का। तृण से रहित।

संज्ञा पुं० (१) मल्लिका। (२) केतकी।

तृणशूली–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक लता का नाम।

तृणशोषक–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का साँप ।

तृणसारा–संज्ञा स्त्री० [सं०] कदली । केला ।

तृणस्पर्श परीषह–संज्ञा पुं० [सं०] दर्भादि कठोर तृणों को बिछा कर लेटने और उनके गड़ने की पीड़ा को सहने की क्रिया । (जैन) ।

तृणाम्ल–संज्ञा पुं० [सं०] लवण तृण । नोनिया । अमलोनी ।

तृणारणि न्याय–संज्ञा पु० [सं०] तृण और अरणी रूप स्वतंत्र कारणों के समान व्यवस्था ।

विशेष—अग्नि के उत्पन्न होने में तृण और अरणी दोनों कारण तो हैं पर परस्पर निरपेक्ष अर्थात् अलग अलग कारण हैं । अरणी से आग उत्पन्न होने का कारण दूसरा है और तृण में आग लगने का कारण दूसरा ।

तृणावर्त्त–संज्ञा पुं० [सं०] (१) चक्रवात । बवंडर । (२) एक दैत्य का नाम जिसे कंस ने मथुरा से श्रीकृष्ण को मारने के लिये गोकुल भेजा था । यह चक्रवात (बवंडर) का रूप धारण कर के आया था और बालक कृष्ण को कुछ ऊपर उड़ा ले गया था । कृष्ण ने ऊपर जाकर जब इसका गला दबाया तब यह गिर कर चूर चूर होगया ।

तृणेंद्र–संज्ञा पुं० [सं०] ताड़ का पेड़ ।

तृणेक्षु–संज्ञा पुं० [सं०] वल्वजा । सागे बागे ।

तृणोत्तम–संज्ञा पुं० [सं०] उखर्वल । ऊखल तृण ।

तृणोद्भव–संज्ञा पुं० [सं०] मुन्यन्न । तिनी धान । पसही ।

तृणोल्का–संज्ञा स्त्री० [सं०] घास फूस की मशाल ।

तृणौषध–संज्ञा पुं० [सं०] एलुवा ।

तृतीय–वि० [सं०] तीसरा ।

तृतीयक–संज्ञा पुं० [सं०] तीसरे दिन आनेवाला ज्वर । तिजार ।

तृतीय प्रकृति–संज्ञा स्त्री० [सं०] पुरुष और स्त्री के अतिरिक्त एक तीसरी प्रकृतिवाला । नपुंसक । क्लीव । हिजड़ा ।

तृतीय सवन–संज्ञा पु० [सं०] अग्निष्टोम आदि यज्ञों का तीसरा सवन जिसे सायं सवन भी कहते हैं । दे० "सवन" ।

तृतीयांश–संज्ञा पुं० [सं०] तीसरा भाग ।

तृतीया–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) प्रत्येक पक्ष का तीसरा दिन । तीज । (२) व्याकरण में करण कारक ।

तृतीयाश्रम–संज्ञा पुं० [सं०] तीसरा आश्रम । वानप्रस्थ ।

तृतीयी–वि० [सं० तृतीयिन्] तीसरे हिस्से का हकदार । जिसे किसी संपत्ति का तृतीयांश पाने का स्वत्व हो । (स्मृति)

तृन*–संज्ञा पुं० दे० "तृण" ।

तृपति‡*–संज्ञा स्त्री० दे० "तृप्ति" ।

तृपला–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) लता । (२) त्रिफला ।

तृपित‡*–वि० दे० "तृप्त" ।

तृप्त–वि० [सं०] (१) तुष्ट । अघाया हुआ । जिसकी इच्छा पूरी हो गई हो । (२) प्रसन्न । खुश ।

तृप्ति–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) इच्छा पूरी होने से प्राप्त शांति और आनंद । संतोष । उ०—फिरत वृथा भाजन अवलोकत सूने सदन अजान । तिहिं लालच कबहूँ कैसेहूँ तृप्ति न पावत प्रान ।—सूर । (२) प्रसन्नता । खुशी ।

तृप्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) घृत । घी । (२) पुरोडाश । (३) तर्पक । तृप्त करनेवाला ।

तृषा–संज्ञा स्त्री० [सं०] [वि० तृषित, तृष्य] (१) प्यास । (२) इच्छा । अभिलाषा । (३) लोभ । लालच । (४) कलिहारी । करियारी ।

तृषाभू–संज्ञा स्त्री० [सं०] पेट में जल रहने का स्थान । क्लोम ।

तृषालु–वि० [सं०] प्यासा । पिपासित । तृषित । तृषार्त्त ।

तृषावंत–वि० [सं० तृषावान् का बहु०] प्यासा । उ०—तृषावंत जिमि पाय पियूषा ।—तुलसी ।

तृषावान्–वि० [सं०] प्यासा ।

तृषास्थान–संज्ञा पुं० [सं०] क्लोम ।

तृषाहा–संज्ञा स्त्री० [सं०] सौंफ ।

तृषित–वि० [सं०] (१) प्यासा । उ०—तृषित वारि बिनु जो तनु त्यागा । मुए करै का सुधा तड़ागा ?—तुलसी । (२) अभिलाषी । इच्छुक ।

तृषितोत्तरा–संज्ञा स्त्री० [सं०] असनपर्णी । पटसन ।

तृष्णा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) प्राप्ति के लिये आकुल करनेवाली इच्छा । लोभ । लालच । (२) प्यास ।

तृष्णारि–संज्ञा पुं० [सं०] पित पापड़ा ।

तृष्णालु–वि० [सं०] (१) प्यासा । (२) लालची । लोभी ।

तें–*† प्रत्य० [सं० तस् (प्रत्य०)] (१) से । द्वारा । उ०—रज तें रजनी दिन भयो पूरि गयो असमान ।—गोपाल । (२) से (अधिक) । उ०—(क) को जग मंद मलिन मति मो तें ।—तुलसी । (ख) नैना तेरे जलज तें है खंजन तें अति नाचैं ।—सूर । (ग) चपला तें चमकत अति प्यारी कहा करौगी श्यामहिं ।—सूर ।

विशेष—कहीं कहीं "अधिक" "बढ़कर" आदि शब्दों का लोप करके भी "तें" से अपेक्षाकृत आधिक्य का अर्थ निकालते हैं । दे० "से" ।

(३) (किसी काल वा स्थान) से । उ०—औसक तें पिय चित चढ़ी कहै चढ़ौंहैं त्यौर ।—बिहारी ।

विशेष—दे० "से" ।

तेंतरा–संज्ञा पुं० [देश०] बैलगाड़ी में पहे के नीचे लगी हुई लकड़ी ।

तेंतालिस–संज्ञा पुं० दे० "तेंतालीस" ।

तेंतालिसवाँ–वि० दे० "तेंतालीसवाँ" ।

तेंतालीस–वि० [सं० त्रिचत्वारिंशत्, पा० तिचत्तालीसा] जो गिनती में बयालिस से एक अधिक और चौवालीस से एक कम हो। चालीस और तीन।

संज्ञा पुं० चालीस से तीन अधिक की संख्या जो अंकों में इस प्रकार लिखी जाती है—४३।

तेंतालीसवाँ–वि [हिं० तेंतालीस + वाँ] क्रम में तेंतालीस के स्थान पर पड़नेवाला। जिसके पहले बयालिस और हों।

तेंतिस–वि०, संज्ञा पुं० दे० "तेंतीस"।

तेंतिसवाँ–वि० दे० "तेंतीसवाँ"।

तेंतीस–वि० [सं० त्रयस्त्रिंशत्, पा० तिंतिंसति, प्रा० तित्तीसा] जो गिनती में तीस से तीन अधिक हो। तीस और तीन।

संज्ञा पुं० तीस से तीन अधिक की संख्या जो अंकों में इस प्रकार लिखी जाती है—३३।

तेंतीसवाँ–वि० [हिं० तेंतीस + वाँ (प्रत्य०)] जो क्रम में तेंतीस के स्थान पर पड़े। जिसके पहले बत्तीस और हों।

तेंदुआ–संज्ञा पुं० [देश०] बिल्ली या चीते की जाति का एक बड़ा हिंसक पशु जो अफ्रीका तथा एशिया के घने जंगलों में पाया जाता है। बल और भयंकरता आदि में शेर और चीते के उपरांत इसी का स्थान है। यह चीते से छोटा होता है और चीते की तरह इसकी गरदन पर भी अयाल नहीं होती। इसकी लंबाई प्रायः चार पाँच फुट होती है और इसके शरीर का रंग कुछ पीलापन लिए भूरा होता है। इसके सारे शरीर पर काले काले गोल धब्बे या चित्तियाँ होती हैं। इस जाति का कोई कोई जानवर काले रंग का भी होता है।

संज्ञा पुं० दे० "तेंदू"।

तेंदू–संज्ञा पुं० [सं० तिंदुक] (१) मझोले आकार का एक वृक्ष जो भारतवर्ष, लंका, बरमा और पूर्वी बंगाल के पहाड़ी जंगलों में पाया जाता है। यह पेड़ जब बहुत पुराना हो जाता है तब इसके हीर की लकड़ी बिलकुल काली हो जाती है। वही लकड़ी आबनूस के नाम से बिकती है। इसके पत्ते लंबोतरे, नोकदार, खुरदुरे और महुवे के पत्तों की तरह पर उसमे नुकीले होते हैं। इसकी छाल काली होती है जो जलाने से चिड़चिड़ाती है।

पर्य्या०—कालस्कंध। शितिशारथ। केंदु। तिंदु। तिंदुल। तिंदुकी। नीलसार। अतिमुक्तक। कालसार।

(२) इस पेड़ का फल जो नीबू की तरह का हरे रंग का होता है और पकने पर पीला हो जाता और खाया जाता है। वैद्यक में इसके कच्चे फल को स्निग्ध, कसैला, हलका, मलरोधक, शीतल, अरुचि और वात उत्पन्न करनेवाला और पक्के फल को भारी, मधुर, स्वादु, कफकारी और पित्त, रक्तरोग और वात का नाशक माना है। (३) सिंध और पंजाब में होनेवाला एक प्रकार का तरबूज जिसे "दिलपसंद" भी कहते हैं।

ते–अव्य० दे० "तैं"।

† सर्व० [सं० ते] वे। वे लोग। उ०—(क) पलक नयन फनिमनि जेहि भाँती। जोगवहिँ जननि सकल दिन राती॥ ते अब फिरत बिपिन पदचारी। कंद मूल फल फूल अहारी।—तुलसी। (ख) राम कथा के ते अधिकारी। जिनको सतसंगति अति प्यारी।—तुलसी।

तेइस–वि० दे० "तेईस"।

संज्ञा पुं० दे० "तेईस"।

तेइसवाँ–वि० दे० "तेईसवाँ"।

तेईस–वि० [सं० त्रिविंशति, पा० तेवीसति, प्रा० तेवीस] जो गिनती में बीस से तीन अधिक हो। बीस और तीन।

संज्ञा पुं० बीस से तीन अधिक की संख्या जो अंकों में इस प्रकार लिखी जाती है—२३।

तेईसवाँ–वि० [हिं० तेईस + वाँ (प्रत्य०)] क्रम में तेईस के स्थान पर पड़नेवाला। जिसके पहले बाईस और हों।

तेखना*†–क्रि० अ० [सं० तीक्ष्ण, हिं० तेहा] बिगड़ना। क्रुद्ध होना। नाराज़ होना। उ०—(क) सुंभ बोल्यो तबै भैम सों तेखि कै। लाल नैना धरे बक्रता देखि कै।—गोपाल। (ख) हनुमान या कौन बलाय बसी कछु पूछे ते ना तुम तेखियो री। हित मानि हमारो हमारे कहे भला मो मुख की छबि देखियो री।—हनुमान। (ग) मोही को झूँठी कहौ झगरो करि सौंह करौं तब और ऊ तेखौ। बैठे हैं दोऊ बगीचे में जाय कै पाइँ परों अब आइ कै देखौ।—रघुराज।

तेग–संज्ञा स्त्री० [अ०] तलवार। खड्ग। उ०—(क) जो रनसूर तेग तजि देवैं। तो हमहूँ तुम्हरो मत लेवैं।—विश्राम। (ख) बरनै दीनदयाल हरषि जो तेग चलैहौ। ह्वै हो जीते जसी, मरे सुरलोकहि पैहौ।—दीनदयालु।

तेगा–संज्ञा पुं० [अ० तेग़] (१) खाँडा। खड्ग। (अस्त्र)। उ०—तेगा ये दृग मीत के पानि पवार सुघाट। अंजन बाढ़ दिए बिना करत चौगुनी काट।—रसनिधि। (२) किसी मेहराब के नीचे के भाग या दरवाजे को ईंट पत्थर मिट्टी इत्यादि से बंद करने की क्रिया। (३) कुश्ती का एक दाँव या पेंच जिसे कमरतेगा भी कहते हैं।

तेज–संज्ञा पुं० [सं० तेजस्] (१) दीप्ति। कांति। चमक। दमक। आभा। उ०—जिमि बिनु तेज न रूप गोसाईं।—तुलसी। (२) पराक्रम। जोर। बल। (३) वीर्य। उ०—पतित तेज जो भयो हमारो कहो देव को धारी।—रघुराज। (४) किसी वस्तु का सार भाग। तत्त्व। (५) ताप। गर्मी। (६) पित्त। (७) सोना। (८) तेजी।

प्रचंडता। उ०—(क) तेज कृशानु रोष महि शेषा। अघ अवगुन धन धनी धनेसा।—तुलसी। (ख) थल सो अचल शील, अनिल से चलचित्त, जल सो अमल तेज कैसो गायो है।—केशव। (९) प्रताप। रोब दाब। (१०) मक्खन। नैनू। (११) सत्वगुण से उत्पन्न लिंग शरीर। (१२) मज्जा। (१३) पाँच महाभूतों में से तीसरा भूत जिसमें ताप और प्रकाश होता है। अग्नि।

विशेष—सांख्य में इसका गुण शब्द, स्पर्श और रूप माना गया है। न्याय वा वैशेषिक के अनुसार यह दो प्रकार का होता है—नित्य और अनित्य। परमाणु रूप में यह नित्य और कार्य रूप में अनित्य होता है। शरीर, इंद्रिय और विषय के भेद से अनित्य तेज तीन प्रकार का होता है। शरीर तेज वह तेज है जो सारे शरीर में व्याप्त हो। जैसा, आदित्यलोक में। इंद्रिय तेज वह है जिससे रूप आदि का ग्रहण हो। जैसा, नेत्र में। विषय तेज चार प्रकार का है—भौम, दिव्य, औदर्य और आकरज। भौम वह है जो लकड़ी आदि जलाने से हो; दिव्य वह है जो किसी दैवी शक्ति से अथवा आकाश में दिखाई दे, जैसे, बिजली; औदर्य्य वह है जो उदर में रहता है और जिससे भोजन आदि पचता है, और आकरज वह है जो खनिज पदार्थों में रहता है, जैसा, सोने में। शरीर में तेज रहने से साहस और बल होता है, खाद्य पदार्थ पचते हैं और शरीर सुंदर बना रहता है।

(१४) घोड़े का वेग या चलने की तेज़ी।

विशेष—यह तेज दो प्रकार का है—सततोत्थित और भयोत्थित। सततोत्थित तो स्वाभाविक है और भयोत्थित वह है जो चाबुक आदि मारने से उत्पन्न होता है।

तेज़—वि० [फ़ा०] (१) तीक्ष्ण धार का। जिस की धार पैनी हो। उ०—यह चाकू बड़ा तेज़ है। (२) चलने में शीघ्र गामी। उ०—यदपि तेज रौहाल वर लगी न पल को वार। तउ ग्वैंडो घर को भयो पैंडो कोस हज़ार।—बिहारी। (३) चटपट काम करनेवाला। फुरतीला। उ०—यह नौकर बड़ा तेज़ है। (४) तीक्ष्ण तीखा। झालदार। जैसे, तेज़ सिरका, (५) महँगा। गरां। बहुमूल्य। उ०—आज कल कपड़ा बहुत तेज़ है। (६) उग्र। प्रचंड।

क्रि० प्र०—पड़ना।

(७) चटपट अधिक प्रभाव करनेवाला। जिसमें भारी असर हो। जैसे, तेज़ ज़हर।

(८) जिस की बुद्धि बहुत तीक्ष्ण हो। जैसे, यह लड़का बहुत तेज़ है। (८) बहुत अधिक चंचल या चपल।

तेजधारी—वि० [स० तेजोधारिन्] तेजस्वी। जिस के चेहरे पर तेज हो। प्रतापी

तेजन—संज्ञा पुं० [सं०] (१) बाँस। (२) मूँज। (३) रामशर। सरपत। (४) दीप्त करने या तेज उत्पन्न करने की क्रिया या भाव।

तेजनक—संज्ञा पुं० [सं०] शर। सरपत।

तेजनाख्य—संज्ञा पुं० [सं०] मूँज।

तेजनी—संज्ञा पुं० [स०] (१) मूर्खा। (२) मालकँगनी। (३) चव्य। चाव। (४) तेजबल।

तेजपत्ता—संज्ञा पुं० [स० तेजपत्र] दारचीनी की जाति का एक पेड़ जो लंका, दारजिलिंग, कांगड़ा, जयंतिया और खासिया की पहाड़ियों में होता है और जिस की पत्तियाँ दाल तरकारी आदि में मसाले की तरह डाली जाती हैं। जिस स्थान पर कुछ समय तक अच्छी वर्षा होती हो और पीछे कड़ी धूप पड़ती हो वहाँ यह पेड़ अच्छी तरह बढ़ता है। जयंतिया और खासिया में इस की खेती होती है। पहले सात सात फुट की दूरी पर इस के बीज बोए जाते हैं और जब पौधा पाँच वर्ष का हो जाता है तब उसे दूसरे स्थान पर रोप देते हैं। उस समय तक छोटे पौधों की रक्षा की बहुत आवश्यकता होती है। उन्हें धूप आदि से बचाने के लिये झाड़ियों की छाया में रखते हैं। रोपने के पाँच वर्ष बाद इस में काम आने योग्य पत्तियाँ निकलने लगती हैं। प्रति वर्ष कुआँर से अगहन तक और कहीं कहीं फागुन तक इस की पत्तियाँ तोड़ी जाती हैं। साधारण वृक्षों से प्रति वर्ष और पुराने तथा दुर्बल वृक्षों से प्रति दूसरे वर्ष पत्तियाँ ली जाती हैं। प्रत्येक वृक्ष से प्रति वर्ष १० से २५ सेर तक पत्तियाँ निकलती हैं। वृक्ष से प्रायः छोटी छोटी डालियाँ काट ली जाती हैं और धूप में सुखाई जाती हैं। इसके बाद पत्तियाँ अलग कर ली जाती हैं और उसी रूप में बाजार में बिकती हैं। ये पत्तियाँ शरीफे की पत्तियों की तरह की पर उनसे कड़ी होती हैं और सुगंधित होने के कारण दाल तरकारी आदि में मसाले की तरह डाली जाती हैं। इन पत्तियों से एक प्रकार का सिरका तैयार होता है। इन्हें हर्रे के साथ मिलाकर इनसे रंग भी बनाया जाता है। तेजपत्ते के फूल और फल लौंग के फूलों और फलों की तरह होते हैं, लकड़ी लाली लिए हुए सफेद होती है और उससे मेज कुरसी आदि बनती हैं। कुछ लोग दारचीनी और तेजपत्ते के पेड़ को एक ही समझते हैं पर वास्तव में ये दोनों एकही जाति के पर अलग अलग पेड़ हैं। तेजपत्ते के किसी किसी पेड़ से भी पतली छाल निकलती है जो दारचीनी के साथ ही मिला दी जाती है। इसकी छाल से एक प्रकार का तेल भी निकलता है जिससे साबुन बनाया जाता है। पत्तियों और छाल का व्यवहार औषध में भी होता है। वैद्यक में इसे लघु, उष्ण, रूखा और कफ, वात, कंडू, आम तथा अरुचि का नाशक माना है।

पर्य्या०—गंधजात। पत्र। पत्रक। त्वक्पत्र। वरांग। भृंग। चोच। उत्कट। तमालपत्र।

तेजपत्र—संज्ञा पुं० [सं०] तेजपत्ता। एक जंगली वृक्ष का पत्ता जो

सुगंधित होता है और इसी लिये मसाले में पड़ता है। इस के वृक्ष सिलहट की पहाड़ियों पर बहुत होते हैं। इसे तेजपत्ता और तेजपात भी कहते हैं।

तेजपात–संज्ञा पुं० दे० "तेजपत्ता"।

तेजबल–संज्ञा पुं० [स० तेजोवती] एक काँटेदार जंगली वृक्ष जो प्रायः हरिद्वार और उस के आस पास के प्रांतों में अधिकता से होता है। इस की छाल लाल मिर्च की तरह बहुत चरपरी होती है और कहीं कहीं पहाड़ी लोग दाल मसाले आदि में इस की जड़ का मिर्च की तरह व्यवहार भी करते हैं। इस की छाल या जड़ चबाने से दाँत का दरद मिट जाता है। वैद्यक में इसे गरम, चरपरा, पाचक, कफ और वातनाशक, तथा श्वास, खाँसी हिचकी और बवासीर आदि को दूर करनेवाला माना है।

पर्य्या०—तेजवती। तेजस्विनी। तेजन्या। लघुवल्कला। पारिजाता। शीता। तिक्ता। तेजनी। विडालक्षी। सुतेजसी।

तेजल–संज्ञा पुं० [स०] चातक। पपीहा।

तेजवंत–वि० दे० "तेजवान्"। उ०—तेजवंत लघु गनिय न रानी।—तुलसी।

तेजवान्–वि० [स० तेजोवान्] [स्त्री० तेजवती] (१) जिसमें तेज हो। तेजस्वी। (२) वीर्यवान्। (३) बली। ताकतवाला। (४) कांतिमान्। चमकीला।

तेजस्–संज्ञा पुं० दे० "तेज"।

तेजसी*–वि० [हिं० तेजस्वी] तेजयुक्त। उ०—रिपु तेजसी अकेल अपि लघु करि गनिय न ताहु। अजहुँ देत दुख रवि शशिहि सिर अवशेषित राहु।—तुलसी।

तेजस्कर–संज्ञा पुं० [स०] तेज बढ़ानेवाला। जिससे तेज की वृद्धि हो।

तेजस्व–संज्ञा पुं० [सं०] महादेव। शिव।

तेजस्वत्–वि० [सं०] तेजस्वी। तेजयुक्त।

तेजस्विता–संज्ञा स्त्री० [सं०] तेजस्वी होने का भाव।

तेजस्विनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] मालकँगनी।

तेजस्वी–वि० [सं० तेजस्विन्] (१) [स्त्री० तेजस्विनी] कांतिमान्। तेजयुक्त। जिसमें तेज हो। (२) प्रतापी। प्रतापवाला। प्रभावशाली।

संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र के एक पुत्र का नाम।

तेजा–संज्ञा पुं० [फ़ा० तेज़] (१) चूने आदि से बना हुआ एक प्रकार का काला रंग जिससे रँगरेज लोग मोरपंखी रंग बनाते हैं। (२) † महँगी। तेज़ी।

तेज़ाब–संज्ञा पुं० [फ़ा०] [वि० तेज़ाबी] किसी क्षार पदार्थ का अम्ल-सार जो द्रावक होता है। जैसे, गंधक का तेज़ाब, शोरे का तेज़ाब, नमक का तेज़ाब, नीबू का तेज़ाब आदि।

विशेष—किसी चीज़ का तेज़ाब तरल रूप में होता है और किसी का रवे के रूप में, पर सब प्रकार के तेजाब पानी में घुल जाते हैं, स्वाद में थोड़े या बहुत खट्टे होते हैं और क्षारों का गुण नष्ट कर देते हैं। किसी धातु पर पड़ने से तेज़ाब उसे काटने लगता है। कोई कोई तेज़ाब बहुत तेज होता है और शरीर में जिस स्थान पर लग जाता है उसे बिलकुल जला देता है। तेज़ाब का व्यवहार बहुधा औषधों में होता है।

तेज़ाबी–वि० [फ़ा०] तेज़ाब संबंधी।

यौ०—तेज़ाबी सोना = दे० "सोना"।

तेजारत †–संज्ञा स्त्री० दे० "तिजारत"।

तेजारती †–वि० दे० "तिजारती"।

तेजिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] मालकँगनी।

तेजिनी–संज्ञा स्त्री० [स०] तेजबल।

तेजिष्ठ–वि० [सं०] तेजस्वी।

तेज़ी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) तेज़ होने का भाव। (२) तीव्रता। प्रबलता। (३) उग्रता। प्रचंडता। (४) शीघ्रता। जल्दी। (५) महँगी। गरानी। मंदी का उलटा।

तेजेयु–संज्ञा पुं० [सं०] रौद्राश्व राजा के एक पुत्र का नाम जिसका उल्लेख महाभारत में आया है।

तेजोमंडल–संज्ञा पु० [सं०] सूर्य्य, चंद्रमा आदि आकाशीय पिंडों के चारों ओर का मंडल। छटा-मंडल।

तेजोमंथ–संज्ञा पुं० [सं०] गनियारी का पेड़।

तेजोमय–वि० [सं०] (१) तेज से पूर्ण। जिसमें खूब तेज हो। जिसमें बहुत आभा, कांति या ज्योति हो।

तेजोरूप–संज्ञा पु० [सं०] ब्रह्म। (२) जो अग्नि या तेज रूप हो।

तेजोवती–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) गजपिप्पली। (२) चव्य। (३) मालकँगनी। (४) तेजबल।

तेजोवान्–वि० [सं० तेजोवत्] [स्त्री० तेजोवती] तेजवाला।

तेजोविंदु–संज्ञा पुं० [सं०] एक उपनिषद् का नाम।

तेजोबीज–संज्ञा पुं० [सं०] मज्जा।

तेजोवृक्ष–संज्ञा पु० [स०] छोटी अरणी का वृक्ष।

तेजोह्व–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तेजबल। (२) चव्य।

तेतना †–वि० दे० "तितना"।

तेता†–वि० पुं० [सं० तावत्] [स्त्री० तेती] उतना। उसी कदर। उसी प्रमाण का। उ०—(क) हरि हर विधि रवि शक्ति समेता। तुंडी ते उपजत सब तेता।—निश्चल। (ख) जेती संपति कृपन कै तेती तू मत जोर। बढ़त जात ज्यौं ज्यौं उरज त्यौं त्यौं होत कठोर।—बिहारी।

तेतालीस–वि० दे० "तेंतालीस"।

संज्ञा पुं० दे० "तेंतालीस"।

तेतिक * †–वि० [हिं० तेता] उतना।

तेतीस–वि० और संज्ञा पुं० दे० "तैंतीस"।

तेता *†–वि० दे० "तेता"।

तेमन–संज्ञा पुं० [सं०] व्यंजन। पका हुआ भोजन।

तेमरू–संज्ञा पुं० [देश०] तेंदू का वृक्ष। आबनूस का पेड़।

तेरज–संज्ञा पुं० [देश०] खतियौनी का गोशवारा।

तेरवाँ †–वि० दे० "तेरहवाँ"।

तेरस–संज्ञा स्त्री० [सं० त्रयोदश] किसी पक्ष की तेरहवीं तिथि। त्रयोदशी।

तेरह–वि० [सं० त्रयोदश, प्रा० तेद्दह, अर्द्धमा० तेरस] जो गिनती में दस से तीन अधिक हो। दस और तीन।

संज्ञा पुं० दस से तीन अधिक की संख्या और उस संख्या का सूचक अंक जो इस प्रकार लिखा जाता है—१३।

तेरहवाँ–वि० [हिं० तेरह + वाँ (प्रत्य०)] दस और तीन के स्थानवाला। क्रम में तेरह के स्थान पर पड़नेवाला। जिसके पहले बारह और हों।

तेरहीं–संज्ञा स्त्री० [हिं० तेरह + ई (प्रत्य०)] किसी के मरने के दिन से अथवा प्रेतकर्म की तेरहवीं तिथि, जिसमें पिंडदान और ब्राह्मण भोजन करके दाह करनेवाला और मृतक के घर के लोग शुद्ध होते हैं।

तेरा–सर्व० [सं० तव] [स्त्री० तेरी] मध्यम पुरुष एक वचन की षष्ठी का सूचक सर्वनाम शब्द। मध्यम पुरुष एक वचन संबंधकारक सर्वनाम। तू का संबंधकारक रूप।

मुहा०—तेरी सी = तेरे लाभ या मतलब की बात। तेरे अनुकूल बात। उ०—बकसीस ईस जी की खीस होत देखियत, रिस काहे लागति कहत तो हौं तेरी सी।—तुलसी।

विशेष—शिष्ट समाज में इसका प्रयोग बड़े या बराबरवाले के साथ नहीं होता बल्कि अपने से छोटे के लिये होता है।

तेरस*†–संज्ञा पुं० दे० "त्रयोदश"।

संज्ञा स्त्री० दे० "तेरस"।

तेरे†–अव्य० [हिं० ते] से। उ०—(क) तब प्रभु कह्यो पवनसुत तेरे। जनकसुतहिं लावहु ढिग मेरे।—विश्राम। (ख) यहि प्रकार सब वृत्तन तेरे। भेंटि भेंटि पूँछैं प्रभु हेरे।—विश्राम।

तेरो*–सर्व० दे० "तेरा"। उ०—तेरो मुख चंदा चकोर मेरे नैना।

तेल–संज्ञा पुं० [सं० तैल] (१) वह चिकना तरल पदार्थ जो बीजों वनस्पतियों आदि से किसी विशेष क्रिया द्वारा निकाला जाता है अथवा आप से आप निकलता है। यह सदा पानी से हलका होता है, उसमें घुल नहीं सकता, अलकोहल में घुल जाता है, अधिक सरदी पाकर प्रायः जम जाता है और अग्नि के संयोग से धूआँ देकर जल जाता है। इसमें कुछ न कुछ गंध भी होती है। चिकना। रोगन।

विशेष—तेल तीन प्रकार का होता है—मसृण, उड़ जानेवाला और खनिज। मसृण तेल वनस्पति और जंतु दोनों से निकलता है। वानस्पत्य मसृण वह है जो बीजों या दानों आदि को कोल्हू में पेर कर या दबा कर निकाला जाता है जैसे, तिल, सरसों, नीम, गरी, रेंड़ी, कुसुम आदि का तेल। इस प्रकार का तेल दीआ जलाने, साबुन और वार्निश बनाने, सुगंधित करके सिर या शरीर में लगाने, खाने की चीज़ें तलने, फलों आदि का अचार डालने और इसी प्रकार के और दूसरे कामों में आता है। मशीनों के पुरजों में उन्हें घिसने से बचाने के लिये भी यह डाला जाता है। सिर में लगाने के चमेली, बेले आदि के जो सुगंधित तेल होते हैं वे बहुधा तिल के तेल की जमीन देकर ही बनाए जाते हैं। भिन्न भिन्न तेलों के गुण आदि भी एक दूसरे से भिन्न होते हैं। इसके अतिरिक्त अनेक प्रकार के वृक्षों से भी आप से आप तेल निकलता है जो पीछे से साफ़ कर लिया जाता है, जैसे, ताड़पीन आदि। जंतुज तेल जानवरों की चरबी का तरल अंश है और इसका व्यवहार प्रायः औषध के रूप में ही होता है। जैसे, साँप का तेल, धनेस का तेल, मगर का तेल आदि। उड़ जानेवाला तेल वह है जो वनस्पति के भिन्न भिन्न अंशों से भभके द्वारा उतारा जाता है। जैसे, अजवायन का तेल, ताड़पीन का तेल, मोम का तेल, हींग का तेल आदि। ऐसे तेल हवा लगने से सूख या उड़ जाते हैं और इन्हें खौलाने के लिये बहुत अधिक गरमी की आवश्यकता होती है। इस प्रकार के तेल के शरीर में लगने से कभी कभी कुछ जलन भी होती है। ऐसे तेलों का व्यवहार विलायती औषधों और सुगंधों आदि में बहुत अधिकता से होता है। कभी कभी वार्निश या रंग आदि बनाने में भी यह काम आता है। खनिज तेल वह है जो केवल खानों या जमीन में खोदे हुए बड़े बड़े गड्ढों में से ही निकलता है। जैसे, मिट्टी का तेल (देखो "मिट्टी का तेल" और "पेट्रोलियम") आदि। आज कल सारे संसार में बहुधा रोशनी करने और मोटर (इंजिन) चलाने में इसी का व्यवहार होता है।

आयुर्वेद में सब प्रकार के तेलों को वायुनाशक माना है। वैद्यक के अनुसार शरीर में तेल मलने से कफ और वायु का नाश होता है, धातु पुष्ट होती है, तेज बढ़ता है, चमड़ा मुलायम रहता है, रंग खिलता है और चित्त प्रसन्न रहता है। पैर के तलवों में तेल मलने से अच्छी तरह नींद आती है और मस्तिष्क तथा नेत्र ठंढे रहते हैं। सिर में तेल लगाने से सिर का दर्द दूर होता है, मस्तिष्क ठंढा रहता है, और बाल काले तथा घने रहते हैं। इन सब कामों के लिये वैद्यक में सरसों या तिल के तेल को अधिक उत्तम और गुणकारी बतलाया है। वैद्यक के अनुसार तेल में तली हुई खाने की चीज़ें विदाही, गुरुपाक, गरम, पित्तकर, त्वचादोष उत्पन्न करनेवाली

और वायु तथा दृष्टि के लिये अहितकर मानी गई हैं। साधारण सरसो आदि के तेल में अनेक प्रकार के रोग दूर करने के लिये तरह तरह की ओषधियाँ भी पकाई जाती हैं।

क्रि० प्र०—जलना।—जलाना।—निकलना।—निकालना। पेरना।—मलना।—लगाना।

मुहा०—तेल में हाथ डालना = अपनी सत्यता प्रमाणित करने के लिये खौलते हुए तेल में हाथ डालना। (प्राचीन काल में सत्यता प्रमाणित करने के लिये खौलते हुए तेल में हाथ डलवाने की प्रथा थी)। (२) विकट शपथ खाना। आँख का तेल निकालना = दे० "आँख" के मुहावरे।

(२) विवाह की एक रस्म जो साधारणतः विवाह से दो दिन और कहीं कहीं चार पाँच दिन पहले भी होती है। इसमें वर को वधू का नाम लेकर और वधू को वर का नाम लेकर हल्दी मिला हुआ तेल लगाया जाता है। इस रस्म के उपरांत प्रायः विवाह संबंध नहीं छूट सकता। उ०—अभ्युदयिक करवाय श्राद्ध विधि सब विवाह के चारा। कृत्ति तेल मायन करवैहैं ब्याह विधान अपारा।—रघुराज।

मुहा०—तेल उठना या चढ़ना = तेल की रस्म पूरी होना। उ०—तिरिया तेल हमीर हठ चढ़ै न दूजी बार।—कोई कवि। तेल चढ़ाना = तेल की रस्म पूरी करना। उ०—प्रथम हरहि वंदन करि मंगल गावहिं। करि कुलरीति कलस थापि तेल चढ़ावहिं।—तुलसी।

तेलंग—संज्ञा पुं० दे० "तैलंग"।

तेलगू—संज्ञा स्त्री० [सं० तैलंग] तैलंग देश की भाषा।

तेलघाई—संज्ञा पुं० [हिं० तेल + घाई (प्रत्य०)] (१) तेल लगाना। तेल मलना। (२) विवाह की एक रस्म जिसमें वधू पक्षवाले जनवासे में वर पक्षवालों के लगाने के लिये तेल भेजते हैं।

तेलसुर—संज्ञा पुं० [?] एक जंगली वृक्ष जो बहुत ऊँचा होता है। इसके हीर की लकड़ी कड़ी और सफेदी लिए पीली होती है। यह वृक्ष चटगाँव और सिलहट के जिलों में बहुत होता है। इसकी लकड़ी से प्रायः नावें बनाई जाती हैं

तेलहँड़ा—संज्ञा पुं० [हिं० तेल + हंडा] [स्त्री० अल्प तेलहँड़ी] तेल रखने का मिट्टी का बड़ा बरतन।

तेलहँड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० तेल + हँड़ी] तेल रखने का मिट्टी का छोटा बरतन।

तेलहन—संज्ञा पुं० [हिं० तेल] वे बीज जिनसे तेल निकलता है। जैसे, सरसों, तिल, अलसी इत्यादि।

तेलहा—वि० पु० [हिं० तेल + हा (प्रत्य०)] [स्त्री० तेलही] (१) तेलयुक्त। जिसमें तेल हो। जिसमें से तेल निकल सकता हो। (२) तेलवाला। तेल संबंधी। (३) जिसमें चिकनाई हो।

तेला—संज्ञा पुं० [?] तीन दिन रात का उपवास। उ०—जिसे कतल का हुक्म हो तेला अर्थात् तीन उपवास करे जिसमें परलोक सुधरे।—शिवप्रसाद।

तेलिन—संज्ञा स्त्री० [हिं० तेली का स्त्री०] (१) तेली की स्त्री। तेली जाति की स्त्री। (२) एक बरसाती कीड़ा। यह कीड़ा जहाँ शरीर से छू जाता है वहाँ छाले पड़ जाते हैं।

तेलियर—संज्ञा पुं० [देश०] काले रंग का एक पक्षी जिसके सारे शरीर पर सफेद बुँदकियाँ या चित्तियाँ होती हैं।

तेलिया—वि० [हिं० तेल] तेल की तरह चिकना और चमकीला। चिकने और चमकीले रंगवाला। तेल के से रंगवाला। जैसे, तेलिया अमौवा।

संज्ञा पुं० [हिं० तेल + इया (प्रत्य०)] (१) काला, चिकना और चमकीला रंग। (२) इस रंग का घोड़ा। (३) एक प्रकार का बबूल। (४) एक प्रकार की छोटी मछली। (५) कोई पदार्थ, पशु वा पक्षी जिसका रंग तेलिया हो। (६) सींगिया नामक विष।

तेलियाकंद—संज्ञा पुं० [सं० तैलकंद] एक प्रकार का कंद। यह कंद जिस भूमि में होता है वह भूमि तेल से सींची हुई जान पड़ती है। वैद्यक में इसे लोहे को पतला करनेवाला चरपरा, गरम तथा वात, अपस्मार, विष और सूजन आदि को दूर करनेवाला, पारे को बाँधनेवाला और तत्काल देह को सिद्ध करनेवाला माना है।

तेलिया कत्था—संज्ञा पुं० [हिं० तेलिया + कत्था] एक प्रकार का कत्था जो भीतर से काले रंग का होता है।

तेलिया काकरेजी—संज्ञा पुं० [हिं० तेलिया + काकरेजी] कालापन लिए गहरा ऊदा रंग।

तेलिया कुमैत—संज्ञा पुं० [हिं० तेलिया + कुमैत] (१) घोड़े का एक रंग जो अधिक कालापन लिए लाल या कुमैत होता है। (२) वह घोड़ा जिसका रंग ऐसा हो।

तेलिया गर्जन—संज्ञा पुं० [सं०] दे० "गर्जन"

तेलिया पानी—संज्ञा पुं० [हिं० तेलिया + पानी] बहुत खारा और स्वाद में बुरा मालूम होनेवाला पानी, जैसा प्रायः पुराने कुओं से निकला करता है।

तेलिया सुरंग—संज्ञा पुं० दे० "तेलिया कुमैत"।

तेलिया सुहागा—संज्ञा पुं० [हिं० तेलिया + सुहागा] एक प्रकार का सुहागा जो देखने में बहुत चिकना होता है।

तेली—संज्ञा पुं० [हिं० तेल + ई (प्रत्य०) [स्त्री० तेलिन] हिंदुओं की एक जाति जिसकी गणना शूद्रों में होती है। ब्रह्मवैवर्त्त पुराण के अनुसार इस जाति की उत्पत्ति कोटक स्त्री और कुम्हार पुरुष से है। इस जाति के लोग प्रायः सारे भारत में फैले हुए हैं और सरसों तिल आदि पेर कर तेल निकालने का व्यवसाय करते हैं। साधारणतः द्विज लोग इस

जाति के लोगों का छुआ हुआ जल नहीं ग्रहण करते।

मुहा०—तेली का बैल = हर समय काम में लगा रहनेवाला व्यक्ति।

तेलौंची—संज्ञा स्त्री० [हिं० तेल + औंची (प्रत्य०)] पत्थर काँच या लकड़ी आदि की वह छोटी प्याली, जिसमें शरीर में लगाने के लिये तेल रखते है। मलिया।

तेवट—संज्ञा स्त्री० [देश०] सात दीर्घ अथवा १४ लघु मात्राओं का एक ताल जिसमें तीन आघात और एक खाली रहता

+ ३

है। इसके तबले के बोल ये हैं—धिन् धिन् धाकेटे, धिन्

० १ +

धिन् धा, तिन् तिन् ताकेटे धिन् धिन् धा। धा॥

तेवन†*—संज्ञा पुं० [सं० अन्तेवन] (१) नजरबाग। पाईंबाग। (२) वह स्थान विशेषतः वन आदि जहाँ आमोद प्रमोद और क्रीड़ा हो। (३) क्रीड़ा।

तेवर—संज्ञा पुं० [हिं० तेह = क्रोध] (१) कुपित दृष्टि। क्रोध भरी चितवन।

मुहा०—तेवर चढ़ना = दृष्टि का ऐसा हो जाना जिससे क्रोध प्रकट हो। तेवर बदलना या बिगड़ना = (१) बेमुरौवत हो जाना। (२) खफा हो जाना। (३) मृत्युचिह्न प्रकट होना। तेवर बुरे नजर आना या दिखाई देना = अनुराग में अंतर पड़ना। प्रेम-भाव में अंतर आ जाना। तेवर मैले होना = दृष्टि से खेद, क्रोध या उदासीनता प्रकट होना।

(२) भौंह। भ्रुकुटी।

तेवरसी—संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) ककड़ी। (२) खीरा (३) फूट।

तेवरा—संज्ञा पुं० [देश०] दून में बजाया हुआ रूपक ताल। (संगीत)

तेवराना†—क्रि० अ० [हिं० तेवर + आना (प्रत्य०)] (१) भ्रम में पड़ना। संदेह में पड़ना। सोच में पड़ना। (२) विस्मित होना। आश्चर्य्य करना। दे० "तेवाना"। (३) मूर्च्छित हो जाना। बेहोश हो जाना।

तेवरी—संज्ञा स्त्री० दे० "त्योरी"।

तेवहार—संज्ञा पुं० दे० "त्यौहार"।

तेवाना†*—क्रि० अ० [देश०] सोचना। चिंता करना। उ०—(क) सँवरि सेज धन मन भइ संका। ठाढ़ि तेवानि टेक कर लंका।—जायसी। (ख) हिये आय दुख बाजा जिउ जानौ गा छेंकि। मन तेवान कै रोइये हरि-भँडार कर टेकि।—जायसी। (ग) रहौं लजाय तो पिय चलै कहौं तो कहैं मोहि ढीठ। ठाढ़ि तेवानी का करौं भारी दोउ बसीठ।—जायसी।

तेह†*—संज्ञा पुं० [सं० तदप्य्, हिं० तेखना] (१) क्रोध। गुस्सा। उ०—हम हारी कै कै हहा पायन पारयो प्यौरु। लेहु कहा अजहूँ किये तेह तरेरे त्यौरु।—बिहारी। (२) अहंकार। घमंड। ताव। उ०—आवै तेह वश भूप करहिं हठ पुनि पाछे पछितैहैं। अवध किशोर समान और वर जन्म प्रयंत न पैहैं।—रघुराज। (३) तेजी। प्रचंडता। उ०—शेष भार खाइकै उतारै फन हू तें भूमि कमठ बराह छोड़ि भागैं छिति जेह को। भानु सितभानु तारा मंडल प्रतीचि उवैं सोखै सिंधु बाडव तरणि तजै तेह को।—रघुराज।

तेहर†—संज्ञा स्त्री० [सं० त्रि + हार] तीन लड़ की सिकरी, करधनी या जंजीर जिसे स्त्रियाँ कमर में पहनती हैं।

तेहरा—वि० पुं० [हिं० तीन + हरा] (१) तीन परत किया हुआ। तीन लपेट का। (२) जिसकी एक साथ तीन प्रतियाँ हों। जो एक साथ तीन तीन हो। उ०—दोहरे, तेहरे, चौहरे भूषण जाने जात।—बिहारी। (३) जो दो बार होकर फिर तीसरी बार किया गया हो। जैसे, तेहरी मेहनत।

विशेष—इस अर्थ में इस शब्द का व्यवहार ऐसे ही कामों के लिये होता है जो पहले दो बार करने पर भी उत्तम रीति से या पूर्ण न हुए हों।

(४) तिगुना। (क्व०)

तेहराना—क्रि० स० [हिं० तेहरा] (१) तीन लपेट या परत का करना। (२) किसी काम को उसकी त्रुटि आदि दूर करने अथवा उसे बिलकुल ठीक करने के लिये तीसरी बार करना।

तेहवार—संज्ञा पुं० दे० "त्योहार"

तेहा—संज्ञा पुं० [हिं० तेह] (१) क्रोध। गुस्सा। (२) अहंकार। शेखी। अभिमान। घमंड।

यौ०—तेहेदार। तेहेबाज़।

तेहि†*—सर्व० [सं० ते] उसको। उसे।

तेही—संज्ञा पुं० [हिं० तेह + ई (प्रत्य०)] (१) गुस्सा करने वाला। जिसमें क्रोध हो। क्रोधी। (२) अभिमानी। घमंडी।

तेहेदार†—संज्ञा पु० दे० "तेही"।

तेहेबाज†—संज्ञा पु० दे० "तेही"।

तैं†*—क्रि० वि० [हिं० तें] से। दे० "तें"। उ०—कुंज तैं कहूँ सुनि कंत को गमन, लखि आगमन तैसो मनहरन गोपाल को।—पद्माकर।

सर्व० [सं० त्वं] तू। उ०—त्रिय संग लरहि न भट रिपु अगनी। बक मम भ्राता तैं मम भगनी।—गोपाल।

तैंतालीस—वि० दे० "तेंतालीस"।

तैंतीस—वि० दे० "तेंतीस"।

तैं–क्रि० वि० [सं० तत्] इतना । उस कदर । उस मात्रा का । जैसे, अब जै नंबर के बाद कहिये तै नंबर के बाद आपका ताश निकले ।

संज्ञा पुं० [अ०] (१) निबटेरा । फैसला ।

यौ०—तै तमाम = अंत । समाप्ति ।

(२) पूर्त्ति । पूरा करना । (३) दे० "तह" ।

वि० (१) जिसका निबटेरा या फैसला हो चुका हो । (२) जो पूरा हो चुका हो । समाप्त । जैसे, झगड़ा तै करना । रास्ता तै करना ।

तैकायन–संज्ञा पुं० [सं०] तिक ऋषि के वंशज या शिष्य ।

तैक्त–संज्ञा पुं० [सं०] तिक्त का भाव । तीतापन । चरपराहट । तिताई । तिक्तत्व ।

तैक्ष्ण्य–संज्ञा पुं० [सं०] तीक्ष्णता । तीक्ष्ण का भाव ।

तैखाना–संज्ञा पुं० दे० "तहखाना" ।

तैजस–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धातु, मणि अथवा इसी प्रकार का और कोई चमकीला पदार्थ । (२) घी । (३) पराक्रम । (४) बहुत तेज चलनेवाला घोड़ा । (५) सुमति के एक पुत्र का नाम । (६) (जो स्वयं-प्रकाश और सूर्य्य आदि का प्रकाशक हो) भगवान् । (७) वह शारीरिक शक्ति जो आहार को रस तथा रस को धातु में परिणत करती है । (८) एक तीर्थ का नाम जिसका उल्लेख महाभारत में है । (९) राजस अवस्था में प्राप्त अहंकार जो एकादश इंद्रियों और पंच तन्मात्राओं की उत्पत्ति में सहायक होता है और जिसकी सहायता के बिना अहंकार कभी सात्विक या तामसी अवस्था प्राप्त नहीं कर सकता ।

विशेष—दे० "अहंकार" ।

वि० [सं०] तेज से उत्पन्न । तेज संबंधी । जैसे, तैजस पदार्थ ।

तैजसावर्त्तनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] चाँदी सोना गलाने की घरिया । मूषा ।

तैजसी–संज्ञा स्त्री० [सं०] गजपिप्पली ।

तैतिर–संज्ञा पुं० [सं०] तीतर ।

तैतिल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ग्यारह करणों में से चौथा करण । फलित ज्योतिष के अनुसार इस करण में जन्म लेनेवाला कलाकुशल, रूपवान, वक्ता, गुणी, सुशील और कामी होता है । (२) देवता । (३) गैंड़ा ।

तैत्तिरि–संज्ञा पुं० [सं०] कृष्ण यजुर्वेद के प्रवर्त्तक एक ऋषि का नाम ।

तैत्तिर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तीतरों का समूह । (२) तीतर । (३) गैंड़ा ।

तैत्तिरीय–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) कृष्ण यजुर्वेद की छियासी शाखाओं में से एक जो आत्रेय अनुक्रमणिका और पाणिनि के अनुसार तित्तिरि नामक ऋषि प्रोक्त है । पुराणों में इसके संबंध में लिखा है कि एक बार वैशंपायन ने ब्रह्महत्या की थी । उसके प्रायश्चित्त के लिये उन्होंने अपने शिष्यों को यज्ञ करने की आज्ञा दी । और सब शिष्य तो यज्ञ करने के लिये तैयार हो गए, पर याज्ञवल्क्य तैयार न हुए । इस पर वैशंपायन ने उनसे कहा कि तुम हमारी शिष्यता छोड़ दो । याज्ञवल्क्य ने जो कुछ उनसे पढ़ा था वह सब उगल दिया; और उस वमन को उनके दूसरे सहपाठियों ने तीतर बनकर चुग लिया । (२) इस शाखा का उपनिषद्, जो तीन भागों में विभक्त है । पहला भाग संहितोपनिषद् या शिक्षावल्ली कहलाता है; इसमें व्याकरण और अद्वैतवाद संबंधी बातें हैं; दूसरा भाग आनंदवल्ली और तीसरा भाग भृगुवल्ली कहलाता है । इन दोनों सम्मिलित भागों को वारुणी उपनिषद् भी कहते हैं । तैत्तिरीय उपनिषद् में ब्रह्मविद्या पर उत्तम विचारों के अतिरिक्त श्रुति, स्मृति और इतिहास संबंधी भी बहुत सी बातें हैं । इस उपनिषद् पर शंकराचार्य्य का बहुत अच्छा भाष्य है ।

तैत्तिरीयक–संज्ञा पुं० [सं०] तैत्तिरीय शाखा का अनुयायी या पढ़नेवाला ।

तैत्तिरीयारण्यक–संज्ञा पुं० [सं०] तैत्तिरीय शाखा का आरण्यक अंश जिसमें वानप्रस्थों के लिये उपदेश है ।

तैत्तिल–संज्ञा पुं० दे० "तैतिल" ।

तैनात–वि० [अ० तअय्युन] किसी काम पर लगाया या नियत किया हुआ । मुकर्रर । नियत । नियुक्त । जैसे, भीड़ भाड़ का इंतजाम करने के लिये दस सिपाही वहाँ तैनात किए गए थे ।

तैनाती–संज्ञा स्त्री० [हिं० तैनात + ई (प्रत्य०)] किसी काम पर लगने की क्रिया या भाव । नियुक्ति । मुकर्ररी ।

तैया–संज्ञा पुं० [देश०] मिट्टी का वह छोटा बरतन जिसमें छीपी कपड़ा छापने के लिये रंग रखते हैं । अहर ।

तैयार–वि० [अ०] (१) जो काम में आने के लिये बिलकुल उपयुक्त हो गया हो । सब तरह से दुरुस्त या ठीक । लैस । जैसे, कपड़ा (सिल कर) तैयार होना, मकान (बन कर) तैयार होना, फल (पक कर) तैयार होना, गाड़ी (जुत कर) तैयार होना आदि ।

मुहा०—गला तैयार होना = गले का बहुत सुरीला और रस-युक्त होना । ऐसा गला होना जिससे बहुत अच्छा गाना गाया जा सके । हाथ तैयार होना = कला आदि में हाथ का बहुत अभ्यस्त और कुशल होना । हाथ का बहुत मँज जाना ।

(२) उद्यत । तत्पर । मुस्तैद । जैसे, (क) हम तो सबेरे से चलने के लिये तैयार थे, आप ही नहीं आए । (ख) जब देखिए तब आप लड़ने के लिये तैयार रहते हैं ।

(३) प्रस्तुत। उपस्थित। मौजूद। जैसे, इस समय पचास रुपए तैयार हैं, बाकी कल ले लीजिएगा। (४) हृष्ट पुष्ट। मोटा ताजा। जिसका शरीर बहुत अच्छा और सुडौल हो। जैसे, यह घोड़ा बहुत तैयार है।

तैयारी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तैयार + ई (प्रत्य०)] (१) तैयार होने की क्रिया या भाव। दुरुस्ती। (२) तत्परता। मुस्तैदी। (३) शरीर की पुष्टता। मोटाई। (४) धूम धाम। विशेषतः प्रबंध आदि के संबंध की धूम धाम। जैसे, उनकी बरात में बड़ी तैयारी थी। (५) सजावट। जैसे, आज तो आप बड़ी तैयारी से निकले हैं।

तैयो†–क्रि० वि० दे० "तऊ"। उ०—सहस अठासी मुनि जौ जेंवें तबौ न घंटा बाजै। कहहिं कबीर सुपच के जेंए, घंट मगन ह्वै गाजै।—कबीर।

तैरणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का क्षुप जिसकी पत्तियों आदि को वैद्यक में तिक्त और व्रणनाशक माना है।

पर्य्या०—तैर। तैरणी। कुनीली। रागद।

तैरना–क्रि० अ० [स० तरण] (१) पानी के ऊपर ठहरना। उतराना। जैसे, लकड़ी या काग आदि का पानी पर तैरना। (२) किसी जीव का अपने अंग संचालित करके पानी पर चलना। हाथ पैर या और कोई अंग हिलाकर पानी पर चलना। पैरना। तरना।

विशेष—मछलियाँ आदि जलजंतु तो सदा जल में रहते और विचरते ही हैं; पर इनके अतिरिक्त मनुष्य को छोड़ कर बाकी अधिकांश जीव जल में स्वभावतः बिना किसी दूसरे की सहायता या शिक्षा के आपसे आप तैर सकते हैं। तैरना कई तरह से होता है और उसमें केवल हाथ, पैर, शरीर का कोई अंग अथवा शरीर के सब अंगों को हिलाना पड़ता है। मनुष्य को तैरना सीखना पड़ता है और तैरने में उसे हाथों और पैरों अथवा केवल पैरों को गति देनी पड़ती है, मनुष्य का साधारण तैरना प्रायः मेंढक के तैरने की तरह का होता है। बहुत से लोग पानी पर चुप चाप चित भी पड़ जाते हैं और बराबर तैरते रहते हैं। कुछ लोग तरह तरह के दूसरे आसनों से भी तैरते हैं। साधारण चौपायों को तैरने में अपने पैरों को प्रायः वैसी ही गति देनी पड़ती है जैसी स्थल पर चलने में, जैसे, घोड़ा, गऊ, हाथी, कुत्ता आदि। कुछ चौपाए ऐसे भी होते हैं जिन्हें तैरने में अपनी पूँछ भी हिलानी पड़ती है, जैसे, ऊदबिलाव, गंध बिलाव आदि। कुछ जानवर केवल अपनी पूँछ और शरीर के पिछले भाग को हिलाकर ही, बिलकुल मछलियों की तरह तैरते हैं, जैसे, ह्वेल। ऐसे जानवर पानी के ऊपर भी तैरते हैं और अंदर भी। जिन पक्षियों के पैरों में जालियाँ होती हैं, वे जल में अपने पैरों की सहायता से चलने की भाँति ही तैरते हैं, जैसे, बत्तक, राजहंस आदि। पर दूसरे पक्षी तैरने के लिये जल में उसी प्रकार अपने पर फटफटाते हैं जिस प्रकार उड़ने के लिये हवा में। साँप, अजगर आदि रेंगनेवाले जानवर जल में अपने शरीर को उसी प्रकार हिलाते हुए तैरते हैं जिस प्रकार वे स्थल में चलते हैं। कछुए आदि अपने चारों पैरों की सहायता से तैरते हैं। बहुत से छोटे छोटे कीड़े पानी की सतह पर दौड़ने अथवा चित पड़कर तैरते हैं।

तैराई–संज्ञा स्त्री० [हिं० तैरना + ई (प्रत्य०)] (१) तैरने की क्रिया या भाव। (२) वह धन जो तैरने के बदले में मिले।

तैराक–वि० [हिं० तैरना + आक (प्रत्य०)] तैरनेवाला। जो अच्छी तरह तैरना जानता हो।

तैराना–क्रि० स० [हिं० तैरना का प्रे०] (१) दूसरे को तैरने में प्रवृत्त करना। तैरने का काम दूसरे से कराना। (२) घुसाना। धँसाना। गोदना। जैसे, चोर ने उसके पेट में छुरी तैरा दी।

तैर्थ–संज्ञा पुं० [स०] वह कृत्य जो तीर्थ में किया जाय।

वि० तीर्थ-संबंधी।

तैर्थिक–संज्ञा पुं० [सं०] शास्त्रकार। जैसे, कपिल, कणाद आदि।

तैर्य्यगयनिक–संज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का यज्ञ।

तैलंग–संज्ञा पुं० [सं० त्रिकलिंग] दक्षिण भारत का एक प्राचीन देश जिसका विस्तार श्रीशैल से चोल राज्य के मध्य तक था। इसी देश की भाषा तेलगू कहलाती है।

विशेष—इस देश में कालेश्वर, श्रीशैल और भीमेश्वर नामक तीन पहाड़ हैं जिनपर तीन शिवलिंग हैं। कुछ लोगों का मत है कि इन्हीं तीनों शिवलिंगों के कारण इस देश का नाम त्रिलिंग पड़ा है; इसका नाम पहले त्रिकलिंग था। महाभारत में केवल कलिंग शब्द आया है। पीछे से कलिंग देश के तीन विभाग हो गए थे जिसके कारण इसका नाम त्रिकलिंग पड़ा। उड़ीसा के दक्षिण से ले कर मदरास के और आगे तक का समुद्र तटस्थ प्रदेश तैलंग या तिलंगाना कहलाता है।

तैलंगा–संज्ञा पु० दे० "तिलंगा"।

तैलंगी–संज्ञा पुं० [हिं० तैलंग + ई (प्रत्य०)] तैलंग देशवासी।

संज्ञा स्त्री० तैलंग देश की भाषा।

वि० तैलंग देश संबंधी। तैलंग देश का।

तैल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तिल, सरसों आदि को पेर कर निकाला हुआ तेल। (२) किसी प्रकार का तेल।

तैलकंद–संज्ञा पुं० [सं०] तेलियाकंद।

तैलकार–संज्ञा पुं० [सं०] तेली (जाति)। ब्रह्मवैवर्त्त पुराण के अनुसार इस जाति की उत्पत्ति कोटक जाति की स्त्री और कुम्हार पुरुष से बतलाई गई है।

तैलकिट्ट–संज्ञा पुं० [स०] खली ।

तैलकीट–संज्ञा पु० [स०] तेलिन नाम का कीड़ा ।

तैलत्व–संज्ञा पु० [सं०] तेल का भाव या गुण ।

तैलद्रोणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] काठ का एक प्रकार का बड़ा पात्र जो प्राचीन काल में बनाया जाता था और जिसकी लंबाई आदमी की लंबाई के बराबर हुआ करती थी । इसमें तेल भर कर चिकित्सा के लिये रोगी लेटाए जाते थे और सड़ने से बचाने के लिये मृत-शरीर रखे जाते थे । राजा दशरथ का शरीर कुछ समय तक तैलद्रोणी में ही रखा गया था ।

तैलधान्य–संज्ञा पुं० [सं०] धान्य का एक वर्ग जिसके अंतर्गत तीनों प्रकार की सरसों, दोनों प्रकार की राई, खस और कुसुम के बीज हैं ।

तैलपत्रक–संज्ञा पुं० [सं०] गठिवन ।

तैलपर्णिक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक प्रकार का चंदन । (२) लाल चंदन । (३) एक प्रकार का वृक्ष ।

तैलपर्णी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) सलई का गोंद । (२) चंदन । (३) शिलारस या तुरुष्क नाम का गंधद्रव्य ।

तैलपायी–संज्ञा पुं० [सं० तैलपायिन्] झींगुर । चपड़ा । (कीड़ा)

तैलपिपीलिका–संज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की चींटी ।

तैलपिष्टक–संज्ञा पुं० [सं०] खली ।

तैलफल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) इंगुदी । (२) बहेड़ा ।

तैलभाविनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] चमेली का पेड़ ।

तैलमाली–संज्ञा स्त्री० [स०] तेल की बत्ती । पलीता ।

तैलयंत्र–संज्ञा पुं० [सं०] कोल्हू ।

तैलवल्ली–संज्ञा स्त्री० [सं०] शतावरी । शतमूली ।

तैलसाधन–संज्ञा पुं० [सं०] शीतल चीनी । कबाब चीनी ।

तैलस्फटिक–संज्ञा पु० [स०] (१) अंबर नामक गंधद्रव्य । (२) तृणमणि । कहरुवा ।

तैलस्यंदा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) गोकर्णी नाम की लता । मुरहटी । (२) काकोली नाम की ओषधि ।

तैलाक्त–वि० [सं०] जिसमें तेल लगा हो । तैल-युक्त ।

तैलाख्य–संज्ञा पु० [सं०] शिलारस या तुरुष्क नाम का गंधद्रव्य ।

तैलागुरु–संज्ञा पु० [सं०] अगर की लकड़ी ।

तैलाटी–संज्ञा स्त्री० [सं०] बर्रे । भिड़ ।

तैलाभ्यंग–संज्ञा पुं० [सं०] शरीर में तेल मलने की क्रिया । तेल की मालिश ।

तैलिक–संज्ञा पुं० [सं०] तिलों से तेल निकालनेवाला । तेली । वि० तेल संबंधी ।

तैलिक यंत्र–संज्ञा पुं० [स०] कोल्हू । उ०—समर तैलिक यंत्र तिल तमीचर निकर पेरि डारे सुभट घालि घानी ।—तुलसी ।

तैलिनी–संज्ञा स्त्री० [स०] बत्ती ।

तैलिशाला–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्थान जहाँ तेल पेरने का कोल्हू चलता हो ।

तैली–संज्ञा पुं० [सं०] तेली ।

तैल्वक–वि० [सं०] लोध की लकड़ी से बना हुआ ।

संज्ञा पुं० [सं०] लोध ।

तैश–संज्ञा पुं० [फ़ा०] आवेश-युक्त क्रोध । गुस्सा ।

मुहा०—**तैश दिखाना** = ऐसा कार्य्य करना जिससे कोई क्रुद्ध हो । क्रोध चढ़ाना । **तैश में आना** = क्रुद्ध होना । बहुत कुपित होना ।

तैष–संज्ञा पुं० [सं०] चांद्र पौष मास । पौष मास की पूर्णिमा के दिन तिष्य (पुष्य) नक्षत्र होता है, इसी से इसका नाम तैष पड़ा है ।

तैषी–संज्ञा स्त्री० [सं०] पुष्य-नक्षत्र-युक्ता पौर्णमासी । पूस की पूर्णिमा ।

तैस ‡–वि० दे० "तैसा ।"

तैसा–वि० [सं० तादृश, प्रा० ताइस] उस प्रकार का । "वैसा" का पुराना रूप ।

तैसे–क्रि० वि० दे० "वैसे" ।

तौं * †–क्रि० वि० दे० "त्यों" ।

तौंअर *†–संज्ञा पुं० दे० "तोमर" ।

तौंद–संज्ञा स्त्री० [सं० तुंड] पेट के आगे का बढ़ा हुआ भाग । पेट का फुलाव । मर्यादा से अधिक फूला या आगे की ओर बढ़ा हुआ पेट ।

क्रि० प्र०—निकलना ।

मुहा०—**तोंद पचना** = मोटाई दूर होना । (२) शेखी निकल जाना ।

तौंदल–वि० [हिं० तोंद + ल (प्रत्य०)] तोंदवाला । जिसका पेट आगे की ओर बड़ा और खूब फूला हुआ हो ।

तौंदा–संज्ञा पुं० [देश०] तालाब से पानी निकलने का मार्ग ।

संज्ञा पुं० [फ़ा० तोदा] (१) वह टीला या मिट्टी की दीवार, जिस पर तीर या बंदूक चलाने का अभ्यास करने के लिये निशाना लगाते हैं । (२) ढेर । राशि । (कबा०) ।

तौंदी–संज्ञा स्त्री० [सं० तुंडी] नाभी । ढोंढी ।

तौंदीला–वि० दे० "तौंदल" ।

तौंदेल–वि० दे० "तौंदल" ।

तौंबा–संज्ञा पुं० दे० "तूँबा" ।

तौंबी–संज्ञा स्त्री० दे० "तूँबी" ।

तो–*सर्व० [सं० तव] तेरा ।

अव्य० [सं० तद्] तब । उस दशा में । जैसे, (क) यदि तुम कहो तो मैं उन्हें भी पत्र लिख दूँ । (ख) अगर वे मिलें तो इनसे भी कह देना । उ०—जो प्रभु अवसि पार गा चहहू । तो पद पदुम पखारन कहहू ।—तुलसी ।

विशेष—पुरानी हिंदी में इस शब्द का, इस अर्थ में प्रयोग प्रायः 'जो' के साथ होता था और आज कल 'यदि' या

'अगर' के साथ होता है। कविता में इसका प्रयोग अब भी 'जो' के साथ स्वतंत्रता से किया जाता है।

अव्य० [सं० तु] एक अव्यय जिसका व्यवहार किसी शब्द पर जोर देने के लिये अथवा कभी कभी यों ही किया जाता है। जैसे, (क) आप चलें तो सही, मैं सब प्रबंध कर लूँगा। (ख) जरा बैठो तो। (ग) हम गए तो थे, पर वेही नहीं मिले। (घ) देखो तो कैसी बहार है?

*सर्व० [सं० तव] तुझ। तू का वह रूप जो उसे विभक्ति लगने के समय प्राप्त होता है जैसे, तोको।

*क्रि० अ० [हिं० हतो = था] था। (क्व०)। उ०—काल करम दिगपाल सकल जग जाल जासु करतब तो।—तुलसी।

तोइ*†—संज्ञा पुं० [सं० तोय] पानी। जल। उ०—दीठ डोरने मोर दिय छिरक रूप रस तोइ। मथि मो घट प्रीतम लिए मन नवनीत बिलोइ।—रसनिधि।

तोई—संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) अंगे या कुरते आदि में कमर पर लगी हुई पट्टी या गोट। (२) चादर या दोहर आदि की गोट। (३) लँहगे का नेफ़ा।

तोक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) श्रीकृष्णचंद्र के सखाओं में से एक। (२) शिशु। अपत्य। लड़का वा लड़की। (३) श्रीकृष्णचंद्र के एक सखा का नाम।

तोकरा—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की लता जो अफ़ीम के पौधों पर लिपट कर उन्हें सुखा देती है।

तोकम—संज्ञा पुं० [सं०] (१) अंकुर। (२) जौ का नया अंकुर। (३) हरा और कच्चा जौ। (४) हरा रंग। (५) बादल। मेघ। (६) कान की मैल।

तोख—*†संज्ञा पुं० दे० "तोष" या "संतोष"।

तोखार—संज्ञा पुं० दे० "तुखार"।

तोटक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में चार सगण (।।ऽ ।।ऽ ।।ऽ ।।ऽ) होते हैं। उ०—ससि सों सखियाँ बिनती करतीं टुक मंद न हो पग तो परतीं। हरि के पद अंकनि ढूँढन दे। छिन तो टक लाय निहारन दे। (२) शंकराचार्य के चार प्रधान शिष्यों में से एक। इनका एक नाम नंदीश्वर भी था।

तोटका—संज्ञा पुं० दे० "टोटका"। उ०—औषध अनेक जंत्र मंत्र तोटकादि किये वादि भए देवता मनाए अधिकाति है।—तुलसी।

तोड़—संज्ञा पुं० [हिं० तोड़ना] (१) तोड़ने की क्रिया या भाव (क्व०)। (२) किले की दीवारों आदि का वह अंश जो गोले की मार से टूट फूट गया हो। (३) नदी आदि के जल का तेज बहाव। ऐसा बहाव जो सामने पड़नेवाली चीजों को तोड़ फोड़ दे। (४) कुश्ती का वह पेंच जिससे कोई दूसरा पेंच रद्द हो। किसी दाँव से बचने के लिये किया हुआ दाँव। (५) किसी प्रभाव आदि को नष्ट करनेवाला पदार्थ या कार्य्य। प्रतिकार। मारक। जैसे, अगर वह तुम्हारे साथ कोई पाजीपन करे तो उसका तोड़ हमसे पूछना।

यौ०—तोड़ जोड़।

(६) दही का पानी। (७) बार। दफा। झोंक। जैसे, पहुँचते ही वे उनके साथ एक तोड़ लड़ गए।

विशेष—इस अर्थ में इस शब्द का प्रयोग ऐसे ही कार्य्यों के लिये होता है जो बहुत आवेशपूर्वक या तत्परता के साथ किए जाते हैं।

तोड़ जोड़—संज्ञा पुं० [हिं० तोड़ + जोड़] (१) दाँव पेंच। चाल। युक्ति। (२) अपना मतलब साधने के लिये किसी को मिलाने और किसी को अलग करने का कार्य्य। चट्टे बट्टे लड़ाकर काम निकालना।

क्रि० प्र०—भिड़ाना—लगाना।

तोड़ना—क्रि० स० [हिं० टूटना] (१) आघात या झटके से किसी पदार्थ के दो या अधिक खंड करना। भग्न, विभक्त या खंडित करना। टुकड़े करना। जैसे, गन्ना तोड़ना, लकड़ी तोड़ना, रस्सी तोड़ना, दीवार तोड़ना, दावात तोड़ना, बरतन तोड़ना, बंधन तोड़ना।

विशेष—इस अर्थ में इस शब्द का व्यवहार प्रायः कड़े पदार्थों के लिये अथवा ऐसे मुलायम पदार्थों के लिये होता है जो सूत के रूप में लंबाई में कुछ दूर तक चले गए हों।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।

यौ०—तोड़ा मरोड़ी।

(२) किसी वस्तु के अंग को अथवा उसमें लगी हुई किसी दूसरी वस्तु को नोच या काट कर, अथवा और किसी प्रकार से अलग करना। जैसे, पत्ती फूल या फल तोड़ना, (कोट में लगा हुआ) बटन तोड़ना, जिल्द तोड़ना, दाँत तोड़ना।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

(३) किसी वस्तु का कोई अंग किसी प्रकार खंडित, भग्न या बेकाम करना। जैसे, मशीन का पुरजा तोड़ना, किसी का हाथ या पैर तोड़ना। (४) खेत में हल जोतना। (क्व०)। (५) सेंध लगाना। (६) किसी स्त्री के साथ प्रथम समागम करना। किसी का कुमारीत्व भंग करना। (७) बल, प्रभाव, महत्त्व, विस्तार आदि घटाना या नष्ट करना। क्षीण दुर्बल या अशक्त करना। जैसे, (क) बीमारी ने उन्हें बिलकुल तोड़ दिया। (ख) युद्ध ने उन दोनों देशों को तोड़ दिया। (ग) इस कुएँ का पानी तोड़ दो। (घ) खरीदने के लिये किसी चीज का दाम घटा कर निश्चित करना। जैसे, वह तो १५०) माँगता था पर मैंने तोड़ कर १००) पर ही ठीक कर लिया। (ङ) किसी संगठन व्यवस्था या कार्य्यक्षेत्र आदि को न रहने देना अथवा नष्ट कर देना। किसी चलते काम कार्य्यालय

आदि को सब दिन के लिये बंद करना। जैसे, महकमा तोड़ना, कंपनी तोड़ना, पद तोड़ना, स्कूल तोड़ना। (१०) किसी निश्चय या नियम आदि को स्थिर या प्रचलित न रखना। निश्चय के विरुद्ध आचरण करना अथवा नियम का उल्लंघन करना। बात पर स्थिर न रहना। जैसे, ठेका तोड़ना, प्रतिज्ञा तोड़ना। (११) दूर करना। अलग करना। मिटा देना। बना न रहने देना। जैसे, संबंध तोड़ना, गर्व तोड़ना, प्रेम तोड़ना, दोस्ती तोड़ना, सगाई तोड़ना। (१२) स्थिर या दृढ़ न रहने देना। कायम न रहने देना। जैसे, गवाह तोड़ना।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।

मुहा०—कलम तोड़ना = दे० "कलम" के मुहा०। कमर तोड़ना = दे० "कमर" के मुहा०। किला या गढ़ तोड़ना = दे० "गढ़" के मुहा०। तिनका तोड़ना = दे० "तिनका" के मुहा०। पैर तोड़ना = दे० "पैर" के मुहा०। मुँह तोड़ना = दे० "मुँह" के मुहा०। रोटियाँ तोड़ना = दे० "रोटी" के मुहा०। सिर तोड़ना = दे० "सिर" के मुहा०। हिम्मत तोड़ना = दे० "हिम्मत" के मुहा०।

तोड़वाना—क्रि० स० दे० "तुड़वाना"।

तोड़ा—संज्ञा पुं० [हिं० तोड़ना] (१) सोने चाँदी आदि की लच्छेदार और चौड़ी जंजीर या सिकरी जिसका व्यवहार आभूषण की तरह पहनने में होता है। आभूषण के रूप में बना हुआ तोड़ा कई आकार और प्रकार का होता है, और पैरों हाथों या गले में पहना जाता है। कभी कभी सिपाही लोग अपनी पगड़ी के ऊपर चारों ओर भी तोड़ा लपेट लेते हैं। (२) रुपए रखने की टाट आदि की थैली जिसमें १०००) रु० आते हैं। (बड़ी थैली जिसमें २०००) रु० आते हैं, 'तोड़ा' ही कहलाती है।)

मुहा०—(किसी के आगे) तोड़े उलटना या गिनना = (किसी को) सैकड़ों, हजारों रुपए देना। बहुत सा द्रव्य देना।

(३) नदी का किनारा। तट। (४) वह मैदान जो नदी के संगम आदि पर बालू मिट्टी जमा होने के कारण बन जाता है।

क्रि० प्र०—पड़ना।

(५) घाटा। घटी। कमी। टोटा।

क्रि० प्र०—आना।—पड़ना।

(६) रस्सी आदि का टुकड़ा। (७) उतना नाच जितना एक बार में नाचा जाय। नाच का एक टुकड़ा। (८) हल की वह लंबी लकड़ी जिसके आगे जूआ लगा होता है। हरिस। संज्ञा पुं० [सं० तुंड या टोटा] नारियल की जटा की वह रस्सी जिसके ऊपर सूत बुना रहता था और जिसकी सहायता से पुरानी चाल की तोड़दार बंदूक छोड़ी जाती थी। फलीता। पलीता।

यौ०—**तोड़ेदार बंदूक** = वह बंदूक जो तोड़ा या फलीता दागकर छोड़ी जाय। आज कल इस प्रकार की बंदूक का व्यवहार उठ गया है। दे० "बंदूक"।

संज्ञा पुं० [देश०] (१) मिस्री की तरह की बहुत साफ की हुई चीनी जिससे ओला बनाते हैं। कंद। (२) वह लोहा जिसे चकमक पर मारने से आग निकलती है। (३) वह भैंस जिसने अभी तक तीन से अधिक बार बच्चा न दिया हो। तीन बार तक ब्याई हुई भैंस।

तोड़ाई—संज्ञा स्त्री० दे० "तुड़ाई"।

तोड़ाना—क्रि० स० दे० "तुड़ाना"।

तोड़िया†—संज्ञा स्त्री० दे० "तोड़ी"।

तोड़ी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की सरसों।

तोण*†—संज्ञा पुं० [सं० तूण] निषंग। तरकस।

तोत†—संज्ञा पुं० [फा० तोदः = ढेर] (१) ढेर। समूह। उ०—घर घर उनही के जुरे बदनामी के तोत। भाजत जे हित खेत तैं नेक नाम कब होत। ‡ (२) खेल। (क्व०)

तोतई—वि० [हिं० तोता + ई (प्रत्य०)] सुग्गे के जैसा। तोते के रंग का सा। धानी।

संज्ञा पुं० वह रंग जो तोते के रंग का सा हो। धानी रंग।

तोतरंगी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की चिड़िया जो पित्त-पित्ता की सी होती है।

तोतर†—वि० दे० "तोतला"।

तोतरा—वि० दे० "तोतला"।

तोतराना—क्रि० अ० दे० "तुतलाना"। उ०—पूछत तोतरात बात मातहि जदुराई। अति सै सुख जाते तोहि मोहि कछु समुझाई।—तुलसी।

तोतला—वि० [हिं० तुतलाना] (१) वह जो तुतला कर बोलता हो। अस्पष्ट बोलनेवाला। जैसे, तोतला बालक। (२) जिसमें उच्चारण स्पष्ट न हो, जैसे, तोतली जबान।

तोतलाना—क्रि० अ० दे० "तुतलाना"।

तोता—संज्ञा पुं० [फा०] (१) एक प्रसिद्ध पक्षी जिसके शरीर का रंग हरा और चोंच का लाल होता है। इसकी दुम छोटी होती है और पैरों में दो आगे और दो पीछे इस प्रकार चार उँगलियाँ होती हैं। ये आदमियों की बोली की बहुत अच्छी तरह नकल करते हैं, इसलिये लोग इन्हें घर में पालते हैं और "राम राम" या छोटे मोटे पद सिखलाते हैं। ये फल या मुलायम अनाज खाते हैं। तोते की छोटी बड़ी सैकड़ों जातियाँ होती हैं जिनमें से अधिकांश फलाहारी और कुछ मांसाहारी भी होती हैं। तोते साधारण छोटी चिड़ियों से लेकर तीन फुट तक की लंबाई के होते हैं। कुछ जातियों के तोतों का स्वर तो बहुत मधुर और प्रिय होता है और कुछ का बहुत कटु तथा अप्रिय। इनमें

नर और मादा का रंग प्रायः एक सा ही होता है। अमेरिका में बहुत अधिक प्रकार के तोते पाए जाते हैं। हीरामन, कातिक, नूरी, काकातूआ आदि तोते की जाति के ही हैं। तीतर, मुरगे, मोर, कबूतर आदि पक्षी जिस स्थान पर बहुत दिनों तक पाले जाते हैं यदि कभी उड़ कर इधर उधर चले जाँय तो प्रायः फिर लौटकर उसी स्थान पर आ जाते हैं पर साधारण तोते छूट जाने पर फिर कभी अपने पालनेवाले के पास नहीं आते। इसलिये तोतों की बे-मुरौवती मशहूर है। कीर। सूआ।

मुहा०—हाथों के तोते उड़ जाना=बहुत घबरा जाना। सिट-पिटा जाना। **तोते की तरह आँखें फेरना या बदलना**=बहुत बे-मुरौवत होना। **तोते की तरह पढ़ना**=बिना समझे बूझे रटना। **तोता पालना**=किसी दोष, दुर्व्यसन या रोग को जान बूझ कर बढ़ाना। किसी बुराई या बीमारी से बचने का कोई प्रयत्न न करना।

यौ०—तोतेचश्म। तोताचश्मी।

(२) बंदूक का घोड़ा।

तोताचश्म—संज्ञा पुं० [फ़ा०] तोते की तरह आँखें फेर लेनेवाला। वह जो बहुत बे-मुरौवत हो।

तोताचश्मी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० तोताचश्म+ई० (प्रत्य०)] बे-मुरौवती। बेवफ़ाई।

तोती—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० तोता] (१) तोते की मादा। (२) रखी हुई स्त्री। उपपत्नी। रखनी। सुरैतिन। (वव०)

तोत्र—संज्ञा पुं० [सं०] वह छड़ी या चाबुक आदि जिसकी सहायता से जानवर हाँके जाते हैं।

तोत्रवेत्र—संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु के हाथ का दंड।

तोद—संज्ञा पुं० [सं०] पीड़ा। व्यथा।

वि० पीड़ा पहुँचानेवाला। कष्टदायक।

तोदन—संज्ञा पुं० [सं०] (१) तोत्र। चाबुक, कोड़ा, चमोटी आदि। (२) व्यथा। पीड़ा। (३) एक प्रकार का फलदार पेड़ जिसके फल को वैद्यक में कसैला, मीठा, रूखा तथा कफ और वायु-नाशक माना है।

तोदरी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] फ़ारस में होनेवाला एक प्रकार का बड़ा काँटीला पेड़ जिसमें पतले झिलकेवाले फूल लगते हैं। इसके बीज भटकटैया के बीजों की तरह चपटे पर उससे कुछ बड़े होते हैं और औषध के काम में आने के कारण भारत के बाजारों में आकर बिकते हैं। ये बीज तीन प्रकार के होते हैं— लाल, सफेद और पीले। तीनों प्रकार के बीज बहुत रक्तशोधक, पौष्टिक और बलवर्द्धक समझे जाते हैं। कहते हैं कि इनके सेवन से शरीर का रंग खूब निखरता है और चेहरे का रंग लाल हो जाता है।

तोदी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का ख्याल (संगीत)।

तोप—संज्ञा स्त्री० [तु०] एक प्रकार का बहुत बड़ा अस्त्र जो प्रायः दो या चार पहियों की गाड़ी पर रखा रहता है और जिसमें ऊपर की ओर बंदूक की नली की तरह, एक बहुत बड़ा नल लगा रहता है। इस नल में छोटी छोटी गोलियों या मेखों आदि से भरे हुए गोल या लंबे गोले रख कर युद्ध के समय शत्रुओं पर चलाए जाते हैं। गोले चलाने के लिये नल के पिछले भाग में बारूद रख कर पलीते आदि से उसमें आग लगा देते हैं।

विशेष—तोपें छोटी, बड़ी, मैदानी, पहाड़ी और जहाजी आदि अनेक प्रकार की होती हैं। प्राचीन काल में तोपें केवल मैदानी और छोटी हुआ करती थीं और उनके खींचने के लिये बैल या घोड़े जोते जाते थे। इसके अतिरिक्त घोड़ों, ऊँटों या हाथियों आदि पर रख कर चलाने योग्य तोपें अलग हुआ करती थीं जिनके नीचे पहिए नहीं होते थे। आज कल पाश्चात्य देशों में बहुत बड़ी बड़ी जहाजी, मैदानी और किले तोड़नेवाली तोपें बनती हैं जिनमें से किसी किसी तोप का गोला ७५—७५ मील तक जाता है। इसके अतिरिक्त वायुसिकिलों, मोटरों और हवाई जहाजों आदि पर से चलाने के लिये अलग प्रकार की तोपें होती हैं। जिनका मुँह ऊपर की ओर होता है, उनसे हवाई जहाजों पर गोले छोड़े जाते हैं। तोपों का प्रयोग शत्रु की सेना नष्ट करने और किले या मोरचेबंदी तोड़ने के लिये होता है। राजकुल में किसी के जन्म के समय अथवा इसी प्रकार की और किसी महत्त्वपूर्ण घटना के समय तोपों में खाली बारूद भर कर केवल शब्द करते हैं।

क्रि० प्र०—चलना।—चलाना।—छुटना।—छोड़ना।—दगना।—दागना।—भरना।—मारना।—सर करना।

यौ०—तोपची। तोपखाना।

मुहा०—तोप कीलना=तोप की नाली में लकड़ी का कुंदा खूब कस कर ठोंक देना जिसमें उसमें से गोला न चलाया जा सके। प्राचीन काल में मौका पाकर शत्रु की तोपें अथवा भागने के समय स्वयं अपनी ही तोपें इस प्रकार कील दी जाती थीं। **तोप की सलामी उतारना**=किसी प्रसिद्ध पुरुष के आगमन पर अथवा किसी महत्त्वपूर्ण घटना के समय बिना गोले के बारूद भर कर शब्द करना। **तोप के मुँह पर रख कर उड़ाना**=बहुत कठिन या प्राणदंड देना। **तोप दम करना**=दे० "तोप के मुँह पर रख कर उड़ाना"। **किसी पर या किसी के सामने तोप लगाना**=किसी वस्तु को उड़ाने के लिये तोप का मुँह उसकी ओर करना।

तोपखाना—संज्ञा पुं० [अ० तोप+फ़ा० खाना] (१) वह स्थान जहाँ तोपें और उनका कुछ सामान रहता हो। (२) गोलों

और सामान की गाड़ियों आदि के सहित युद्ध के लिये सुसज्जित चार से आठ तोपों तक का समूह।

तोपची–संज्ञा पुं० [अ० तोप + ची (प्रत्य०)] तोप चलानेवाला। वह जो तोप में गोला भर कर चलाता हो। गोलंदाज।

तोपचीनी–संज्ञा स्त्री० दे० "चोबचीनी"।

तोपड़ा–संज्ञा पुं० [देश०] (१) एक प्रकार का कबूतर। (२) एक प्रकार की मक्खी।

तोपना †–क्रि० स० [स० छोपन] नीचे दबाना। ढाँकना। छिपाना।

तोपवाना †–क्रि० स० [हिं० तोपना का प्रे०] तोपने का काम दूसरे से कराना। ढँकवाना। छिपवाना।

तोपा–संज्ञा पुं० [हिं० तुरपना] एक टाँके में की हुई सिलाई।

मुहा०—**तोपा भरना** = टाँके लगाना। सीना। सीधी सिलाई करना।

तोपाई†–संज्ञा स्त्री० [हिं० तोपना] (१) तोपने की क्रिया या भाव। (२) तोपने की मजदूरी।

तोपाना–क्रि० स० दे० "तोपवाना"।

तोपास–संज्ञा पुं० [देश०] झाड़ू देनेवाला। झाड़ूबरदार।

तोपी†–संज्ञा स्त्री० दे० "टोपी"।

तोफगी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा० तोहफ़ा] तोफा या उम्दः होने का भाव। खूबी। अच्छा-पन।

तोफा†–वि० [अ० तोहफ़ा] बढ़िया।

संज्ञा पुं० दे० "तोहफा"।

तोबड़ा–संज्ञा पुं० [फ़ा० तोबरा वा तुबरा] चमड़े या टाट आदि का वह थैला जिसमें दाना भर कर घोड़े के खाने के लिये उसके मुँह पर बाँध देते हैं।

क्रि० प्र०—चढ़ाना।

मुहा०—**तोबड़ा चढ़ाना** = बोलने से रोकना। मुँह बंद करना।

तोबा–संज्ञा स्त्री० [अ० तौबः] अपने किए पापों या दुष्कृत्यों आदि का स्मरण करके पश्चात्ताप करने और भविष्य में वैसा पाप या दुष्कृत्य न करने की दृढ़ प्रतिज्ञा। किसी कार्य्य को विशेषतः अनुचित कार्य्य को भविष्य में न करने की शपथ-पूर्वक दृढ़ प्रतिज्ञा। (इस शब्द का व्यवहार कभी कभी किसी व्यक्ति या पदार्थ के प्रति घृणा प्रकट करने के समय भी होता है।)

मुहा०—**तोबा तिल्ला करना या मचाना** = रोते, चिल्लाते या दीनता दिखलाते हुए तोबा करना। **तोबा तोड़ना** = प्रतिज्ञा भंग करना। जिस काम से तोबा कर चुके हो, उसे फिर करना। **तोबा करके (कोई बात) कहना** = अभिमान छोड़ कर अथवा ईश्वर से डर कर (कोई बात) कहना। **तोबा बुलवाना** = किसी को इतना तंग या विवश करना कि उसे तोबा करनी पड़े। पूर्ण रूप से परास्त करना। चीं बुलवाना।

तोम–संज्ञा पुं० [सं० स्तोम] समूह। ढेर। उ०—(क) जातुधान दावन परावन को दुर्ग भयो महामीन बास तिमि तोमनि को थल भो।—तुलसी। (ख) दिनकर के उदय तोम तिमिर फटत।—तुलसी। (ग) चहुँ घाँ तें महा तरपै बिजुरी तम तोम में आजु तमासे करै।—किशोर। (घ) लगे सोम कर तोम सर भई हिये बर घाइ। कूक काक पाली दई आली लाइ लगाई।—श्रृं० सत०।

तोमड़ी–संज्ञा स्त्री० दे० "तूँबड़ी"।

तोमर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) भाले की तरह का एक प्रकार का अस्त्र जिसका व्यवहार प्राचीन काल में होता था। इसमें लकड़ी के डंडे में आगे की ओर लोहे का बड़ा फल लगा रहता था। शर्पला। शापल। (२) बारह मात्राओं का एक छंद जिसके अंत में एक गुरु और एक लघु होता है। जैसे, तब चले बान कराल। फुंकरत जनु बहुत व्याल॥ कोप्यो समर श्रीराम। चल बिसिख निसिक निकाम॥ (३) एक देश का नाम जिसका उल्लेख कई पुराणों में है। (४) उस देश का निवासी। (५) राजपूत क्षत्रियों का एक प्राचीन राजवंश जिसका राज्य दिल्ली में आठवीं से बारहवीं शताब्दी तक था। प्रसिद्ध राजा अनंगपाल (पृथ्वीराज के नाना) इसी वंश के थे। पीछे से तोमरों ने कन्नौज को अपना राज-नगर बनाया था। कन्नौज में इस वंश के प्रसिद्ध राजा जयपाल हुए थे। आज कल इस वंश के बहुत ही कम क्षत्रिय पाए जाते हैं।

तोमरिका–संज्ञा स्त्री० दे० "तुवरिका"।

तोमरी*–संज्ञा स्त्री० दे० "तूँबड़ी"।

तोय–संज्ञा पुं० [स०] (१) जल। पानी। (२) पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र।

तोयकर्म्म–संज्ञा पुं० [सं०] तर्पण।

तोयकाम–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का बेंत जो जल के समीप उत्पन्न होता है। वानीर।

तोयकुंभ–संज्ञा पुं० [सं०] सेवार।

तोयकृच्छ्र–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का व्रत जिसमें जल के सिवा और कुछ आहार ग्रहण नहीं किया जाता। यह व्रत एक महीने तक करना होता है।

तोयडिंब–संज्ञा पुं० [स०] ओला। पत्थर। करका।

तोयद–संज्ञा पुं० [सं०] (१) मेघ। बादल। (२) नागरमोथा। (३) घी। (४) वह जो जल दान करता हो (जलदान का माहात्म्य बहुत अधिक माना जाता है।)

वि० जल देनेवाला।

तोयदागम–संज्ञा पुं० [सं०] वर्षा ऋतु। बरसात।

तोयधर–संज्ञा पुं० दे० "तोयधार"।

तोयधार–संज्ञा पुं० [सं०] (१) मेघ। (२) मोथा।

तोयधि–संज्ञा पुं० [सं०] समुद्र। सागर।

तोयधिप्रिय–संज्ञा पुं० [सं०] लौंग ।
तोयनिधि—संज्ञा पुं० [सं०] समुद्र । सागर ।
तोयनीवी–संज्ञा स्त्री० [सं०] पृथ्वी ।
तोयपर्णी–संज्ञा स्त्री० [सं०] करेला ।
तोयपिप्पली–संज्ञा स्त्री० [सं०] जलपिप्पली ।
तोयपुष्पी–संज्ञा स्त्री० [सं०] पाटला वृक्ष । पाँडर ।
तोयप्रसादन–संज्ञा पुं० दे० "तोयप्रसादन फल" ।
तोयप्रसादन फल–संज्ञा पुं० [सं०] निर्मली ।
तोयफला–संज्ञा स्त्री० [सं०] तरबूज या ककड़ी आदि की बेल ।
तोयमुच्–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बादल । (२) मोथा ।
तोयवल्ली–संज्ञा स्त्री० [सं०] करेले की बेल ।
तोयवृक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] सेवार ।
तोयसूचक–संज्ञा पुं० [सं०] ज्योतिष में वह योग जिससे वर्षा होने की सूचना मिले ।
तोयाधार–संज्ञा पुं० [सं०] पुष्करिणी । तालाब ।
तोयाधिवासिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] पाटला वृक्ष ।
तोयेश–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वरुण । (२) शतभिषा नक्षत्र । (३) पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र ।
तोर–संज्ञा पुं० [सं० तुवर] अरहर ।
*†संज्ञा पुं० दे० "तोड़" ।
*†वि० दे० "तेरा" ।
तोरई–संज्ञा स्त्री० दे० "तुरई" ।
तोरण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) किसी घर या नगर का बाहरी फाटक । बहिर्द्वार, विशेषतः वह द्वार जिसका ऊपरी भाग मंडपाकार तथा मालाओं और पताकाओं आदि से सजाया गया हो । (२) वे मालाएँ आदि जो सजावट के लिये खंभों और दीवारों आदि में बाँध कर लटकाई जाती हैं । बंदनवार । (३) ग्रीवा । गला । (४) महादेव ।
तोरणमाल–संज्ञा पुं० [सं०] अवंतिकापुरी ।
तोरणस्फटिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्योधन की उस सभा का नाम जो उसने पांडवों की मय-दानव-वाली सभा देख कर ईर्ष्या वश बनवाई थी ।
तोरन†*–संज्ञा पुं० दे० "तोरण" ।
तोरना†–क्रि० स० दे० "तोड़ना" ।
तोरश्रवा–संज्ञा पुं० [सं० तोरश्रवस्] अंगिरा ऋषि का एक नाम ।
तोरा*†–सर्व० दे० "तेरा" ।
तोराना*†–क्रि० स० दे० "तुड़ाना" ।
तोरावान्*†–वि० [सं० त्वरावत्] [स्त्री० तोरावती] वेगवान् । तेज । उ०—विषम विषाद तोरावति धारा । भय भ्रम भँवर अवर्त्त अपारा ।—तुलसी ।
तोरिया–संज्ञा स्त्री० [सं० तूरी] गोटा किनारी आदि बुननेवालों का लकड़ी का वह छोटा बेलन जिस पर बे-बुना हुआ गोटा पट्टा और किनारी आदि बराबर लपेटते जाते हैं ।
संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) वह गाय या भैंस जिसका बच्चा मर गया हो और जिसका दूध दूहने के लिये कोई युक्ति करनी पड़ती हो । (२) एक प्रकार की सरसों ।
तोरी–संज्ञा स्त्री० दे० "तुरई" ।
तोल–संज्ञा पुं० [सं०] तोला (तौल) ।
† संज्ञा स्त्री० दे० "तौल" ।
संज्ञा पुं० [देश०] नाव का डाँड़ा । (लश०)
तोलक–संज्ञा पु० [सं०] तोला (तौल) । बारह माशे का वजन ।
तोलन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तौलने की क्रिया । (२) उठाने की क्रिया ।
संज्ञा स्त्री० [सं० उत्तोलन] वह लकड़ी जो छत के नीचे सहारे के लिये लगाई जाती है । चाँड़ ।
तोलना–क्रि० सं० दे० "तौलना" । उ०—लोचन मृग सुभग जोर राग रूप भए भोर भौंह धनुष शर कटाच्छ सुरति व्याध तोलै री ।—सूर ।
तोलवाना–क्रि० स० दे० "तौलवाना" ।
तोला–संज्ञा पुं० [सं० तोलक] (१) एक तौल जो बारह माशे या छानबे रत्ती की होती है । (२) इस तौल का बाट ।
तोलाना–क्रि० स० दे० "तौलाना" ।
तोलिया–संज्ञा पुं० दे० "तौलिया" ।
तोश–संज्ञा पुं० [सं०] (१) हिंसा । (२) हिंसा करनेवाला । हिंसक ।
तोशक–संज्ञा स्त्री० [तु०] दोहरी चादर या खोल में रूई, नारियल की जटा आदि भर कर बनाया हुआ गुदगुदा बिछौना । हलका गद्दा ।
यौ०—तोशकखाना ।
तोशकखाना–संज्ञा पुं० दे० "तोशाखाना" ।
तोशदान–संज्ञा पुं० [फ़ा० तोशादान] (१) वह थैली आदि जिसमें मार्ग के लिये यात्री विशेषतः सैनिक अपना जलपान आदि या दूसरी आवश्यक चीज़ें रखते हैं । (२) चमड़े का वह छोटा बक्स या थैली जो सिपाहियों की पेटी में लगी रहती है और जिसमें कारतूस रहता है ।
तोशल–संज्ञा पुं० दे० "तोषल" ।
तोशा–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) वह खाद्य-पदार्थ जो यात्री मार्ग के लिये अपने साथ रख लेता है । (२) साधारण खाने पीने की चीज । जैसे, तोशा से भरोसा ।
संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का गहना जिसे गाँव की स्त्रियाँ बाँह पर पहनती हैं ।
तोशाखाना–संज्ञा पुं० [तु० तोषक + फ़ा० खाना] वह बड़ा कमरा या स्थान जहाँ राजाओं और अमीरों के पहनने के बढ़िया

कपड़े और गहने आदि रहते हों। वस्त्रों और आभूषणों आदि का भांडार।

तोष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अघाने या मन भरने का भाव। तुष्टि। संतोष। तृप्ति। (२) प्रसन्नता। आनंद। (३) भागवत के अनुसार स्वायंभुव मन्वंतर के एक देवता का नाम। (४) श्रीकृष्णचंद्र के एक सखा का नाम।
वि० अल्प। थोड़ा। (अनेकार्थ०)

तोषक–वि० [सं०] संतुष्ट करनेवाला। तोष देने या तृप्त करनेवाला।

तोषण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तृप्ति। संतोष। (२) संतुष्ट करने की क्रिया या भाव।

तोषना *–क्रि० अ० [स० तोष] (१) संतुष्ट करना। तृप्त करना। (२) संतुष्ट होना। तृप्त होना।

तोषल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) कंस के एक असुर मल्ल का नाम जिसे धनुर्यज्ञ में श्रीकृष्ण ने मार डाला था। (२) मूसल।

तोषित–वि० [सं०] जिसका तोष हो गया हो, अथवा जिसे तृप्त किया गया हो। तुष्ट। तृप्त।

तोस*–संज्ञा पु० दे० "तोष"।

तोसक †–संज्ञा पुं० दे० "तोशक"।

तोसल * †–संज्ञा पु० दे० "तोषल"।

तोसा * †–संज्ञा पु० दे० "तोशा"।

तोसाखाना–संज्ञा पुं० दे० "तोशाखाना"।

तोसागार * †–संज्ञा पुं० दे० "तोशाखाना"।

तोहफगी–संज्ञा स्त्री० [अ० तोहफ़ा + फा० गी (प्रत्य०)] भलाई। अच्छापन। उम्दगी।

तोहफा–संज्ञा पु० [अ०] सौगात। उपायन। भेंट। उपहार।
वि० अच्छा। उत्तम। बढ़िया।

तोहमत–संज्ञा स्त्री० [अ०] मिथ्या अभियोग। वृथा लगाया हुआ दोष। झूठा कलंक।
क्रि० प्र०—जोड़ना।—देना।—धरना।—लगाना।—लेना।
मुहा०—तोहमत का घर या हट्टी = वह कार्य या स्थान जिसमें वृथा कलंक लगने की संभावना हो।

तोहमती–वि० [अ० तोहमत + ई (प्रत्य०) झूठा अभियोग लगानेवाला। मिथ्या कलंक लगानेवाला।

तोहरा †–सर्व० दे० "तुम्हारा"।

तोहार ‡–सर्व० दे० "तुम्हारा"।

तोहि †–सर्व० [हिं० तू या तै] तुझको। तुझे।

तौंकना–क्रि० अ० दे० "तौंसना"।

तौंस †–संज्ञा स्त्री० [स० ताप, हिं० ताव + ऊष्म, हिं० ऊमस, औंस] वह प्यास जो धूप खा जाने के कारण लगे और किसी भाँति न बुझे।

तौंसना–क्रि० अ० [हिं० तौंस] गरमी से झुलस जाना। गरमी के कारण संतप्त होना।

तौंसा–संज्ञा पुं० [सं० ताप, हिं० ताव + सं० ऊष्म, हिं० ऊमस, औंस] अधिक ताप। कड़ी गरमी।

तौ†*–क्रि० वि० दे० "तो"।
क्रि० अ० [हिं० हतौ] था। उ०— वेऊ आए द्वारे हूँ हुती अगवारे और द्वारे अगवारे कोऊ तौ न तिहि काल मैं।—पद्माकर।

तौक–संज्ञा पुं० [अ०] (१) हँसुली के आकार का गले में पहनने का एक प्रकार का गहना। यह पटरी की तरह कुछ चौड़ा होता है और इसके नीचे घुँघरू आदि लगे होते हैं।
विशेष—प्रायः मुसलमान लोग अपने बच्चों को इसी प्रकार का चाँदी का घेरा या गंडा भी पहनाते हैं जिसमें तावीज आदि बँधी होती है। कभी कभी यह केवल मन्नत पूरी करने के लिये भी पहनाया जाता है।
(२) इसी आकार की पर तौल में बहुत भारी वृत्ताकार पटरी या मँडरा जिसे अपराधी या पागल के गले में इस लिये पहना देते जिसमें वह अपने स्थान से हिल न सके। (३) इसी आकार का वह प्राकृतिक चिह्न जो पक्षियों आदि के गले में होता है। हँसुली। (४) पट्टा। चपरास। (५) कोई गोल घेरा या पदार्थ।

तौक्षिक–संज्ञा पुं० [स०] धनुराशि।

तौचा–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का गहना जिसे कहीं कहीं देहाती स्त्रियाँ सिर पर पहनती हैं।

तौजा–संज्ञा पुं० [अ० तौज़ी] वह द्रव्य जो खेतिहरों को विवाहादि में खर्च करने के लिये पेशगी दिया जाता है। बियाही।
वि० हाथ-उधार। दस्तगर्दा।

तौतातित–संज्ञा पु० [सं०] (१) जैनियों का भेद। (२) कुमारिल भट्ट का एक नाम।

तौतिक–संज्ञा पु० [स०] (१) मुक्ता। मोती। (२) मोती का सीप। शुक्ति।

तौन–संज्ञा स्त्री० [देश०] वह रस्सी जिससे गैया दुहने के समय उसका बछवा उसके अगले पैर से बाँध दिया जाता है।

‡ सर्व० [स० तं] वह। सो।
विशेष—इस शब्द का प्रयोग दो वाक्यों का संबंध पूरा करने के लिये "जौन" के साथ होता है।

तौनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० तवा का स्त्री० अल्प० रूप] रोटी सेंकने का छोटा तवा। तई। तवी।
संज्ञा स्त्री० दे० "तौन"।
सर्व० दे० "तौन"।

तौबा–संज्ञा स्त्री० दे० "तोबा"।

तौर–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का यज्ञ ।

संज्ञा पुं० [अ०] (१) चालढाल । चालचलन ।

यो०—तौर तरीक या तौर तरीका = चालचलन ।

मुहा०—तौर बेतौर होना = रंग ढंग खराब होना । लक्षण बिगड़ना ।

(२) अवस्था । दशा । हालत ।

मुहा०—तौर बेतौर होना = अवस्था बिगड़ना । दशा खराब होना ।

विशेष—उक्त दोनों अर्थों में इस शब्द का व्यवहार प्रायः बहुवचन में होता है ।

(३) तरीका । तर्ज । ढंग । (४) प्रकार । भाँति । तरह ।

संज्ञा पुं० [देश०] मथानी मथने की रस्सी । नेत्री ।

तौरश्रवस–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का साम (गान) ।

तौरात–संज्ञा पुं० दे० "तौरेत" ।

तौरायणिक–संज्ञा पुं० [सं०] वह जो तौरायण यज्ञ करता हो ।

तौरि * †–संज्ञा स्त्री० [हिं० तौंरि] घुमेर । घुमरी । चक्कर ।

तौरीत–संज्ञा पुं० दे० "तौरेत" ।

तौरेत–संज्ञा पुं० [इब्रा०] यहूदियों का प्रधान धर्म्मग्रंथ जो हजरत मूसा पर प्रकट हुआ था । इसमें सृष्टि और आदम की उत्पत्ति आदि विषय हैं ।

तौर्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ढोल मँजीरा आदि बाजे । (२) ढोल मँजीरा आदि बजाना ।

तौर्यत्रिक–संज्ञा पुं० [सं०] नाचना, गाना और बाजे बजाना आदि काम ।

विशेष—मनु ने इसे कामज व्यसन कहा है और त्याज्य बतलाया है ।

तौल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तराजू । (२) तुला राशि ।

संज्ञा स्त्री० (१) किसी पदार्थ के गुरुत्व का परिमाण । भार का मान । वजन । (दे० गुरुत्व) ।

विशेष—भारत की प्रधान तौल ये हैं—

४ छटाँक = १ पाव
१६ छटाँक = १ सेर
५ सेर = १ पंसेरी
४० सेर = १ मन

इससे अन्न, तरकारी आदि भारी और अधिक मान में होनेवाली चीजें तौली जाती हैं । हलकी और थोड़ी चीजें तौलने के लिये इससे छोटी तौल यह है—

८ चावल = रत्ती
८ रत्ती = १ माशा
१२ माशा = १ तोला
५ तोला = १ छटाँक

इससे दवाएँ सोना, चाँदी और दूसरे बहुमूल्य पदार्थ तौले जाते हैं । अंगरेजी तौल ड्राम, आउंस और पाउंड आदि की होती है ।

(२) तौलने की क्रिया या भाव ।

तौलना–क्रि० स० [सं० तोलन] (१) किसी पदार्थ के गुरुत्व का परिमाण जानने के लिये उसे तराजू या काँटे आदि पर रखना । वजन करना । जोखना ।

संयो० क्रि०— डालना ।—देना ।

मुहा०—**किसी का तौलना** = किसी की खुशामद करना ।

(२) किसी अस्त्र आदि को चलाने के लिये हाथ को इस प्रकार ठीक करना कि वह अस्त्र अपने लक्ष्य पर पहुँच जाय । साधना । उ०—लोचन मृग सुभग जोर राग रूप भए भोर भौंह धनुष शर कटाछ सुरति व्याध तौले री ।—सूर । (३) दो या अधिक वस्तुओं के गुण मान आदि का, परस्पर तुलना करके, विचार करना । तारतम्य जानना । मिलान करना । (४) गाड़ी का पहिया औंगना । गाड़ी के पहिए में तेल देना ।

तौलवाई–संज्ञा स्त्री० दे० "तौलाई" ।

तौलवाना †–क्रि० स० [हिं० तौलना का प्रे०] तौलने का काम दूसरे से कराना । दूसरे को तौलने में प्रवृत्त करना । तौलाना ।

तौला–संज्ञा पुं० [हिं० तौलना] (१) दूध नापने का मिट्टी का बरतन । (२) अनाज तौलनेवाला मनुष्य । बया । (३) तँबिया । (४) मिट्टी का कमोरा । (५) महुए की शराब ।

तौलाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० तौल + आई (प्रत्य०)] (१) तौलने की क्रिया या भाव । (२) वह धन जो तौलने के बदले में दिया जाय । तौलने की मजदूरी ।

तौलाना–क्रि० स० [हिं० तौलना का प्रे०] तौलने का काम दूसरे से कराना । दूसरे को तौलने में प्रवृत्त करना ।

तौलिया–संज्ञा स्त्री० [अं० टावेल] एक विशेष प्रकार का मोटा अँगोछा जिससे स्नान आदि करने के उपरांत शरीर पोंछते हैं ।

तौली–संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) एक प्रकार की मिट्टी की छोटी प्याली । (२) मिट्टी का चौड़े मुँह का बड़ा बरतन जिसमें अनाज आदि, विशेषतः गुड़, रखते हैं ।

तौलैया †–संज्ञा पुं० [हिं० तौलना + ऐया (प्रत्य०)] अनाज तौलनेवाला मनुष्य । बया ।

तौषार–संज्ञा पुं० [सं०] तुषार का जल । पाले का पानी ।

तौसना †–क्रि० अ० [हिं० तौंस] गरमी से बहुत व्याकुल होना । उ०—नाम लै चिल्लात बिललात अकुलात अति तात तात तौसियत औसियत मारहीं ।—तुलसी ।

क्रि० स० गरमी पहुँचा कर व्याकुल करना ।

तौहीन–संज्ञा स्त्री० [अ०] अपमान । अप्रतिष्ठा । बेइज्जती ।

तौहीनी †–संज्ञा स्त्री० दे० "तौहीन" ।

त्यक्त–वि० [सं०] छोड़ा हुआ । त्यागा हुआ । जिसका त्याग कर दिया गया हो ।

त्यक्तव्य–वि० [सं०] जो छोड़ने योग्य हो । त्यागने योग्य ।

त्यक्ता–वि० [सं०] त्यागनेवाला । जिसने त्याग किया हो ।

त्यग्नायि–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का साम ।

त्यजन–संज्ञा पुं० [सं०] छोड़ने का काम । त्याग ।

त्यजनीय–वि० [सं०] जो त्यागने योग्य हो । त्याज्य ।

त्यज्यमान–वि० [सं०] जिसका त्याग कर दिया गया हो । जो छोड़ दिया गया हो ।

त्याग–संज्ञा पुं० [सं०] (१) किसी पदार्थ पर से अपना स्वत्व हटा लेने अथवा उसे अपने पास से अलग करने की क्रिया । उत्सर्ग ।

क्रि० प्र०—करना ।

यौ०—त्यागपत्र ।

(२) किसी बात को छोड़ने की क्रिया । जैसे असत्य का त्याग । (३) संबंध या लगाव न रखने की क्रिया । (४) विरक्ति आदि के कारण सांसारिक विषयों और पदार्थों आदि को छोड़ने की क्रिया ।

विशेष—हिंदुओं के धर्मग्रंथों में इस प्रकार के त्याग का बहुत कुछ माहात्म्य बतलाया गया है । त्याग करनेवाला मनुष्य निष्काम होकर परोपकार के तथा अन्यान्य शुभ कर्म्म करता रहता है और विषय-वासना या सुखोपभोग आदि से किसी प्रकार का संबंध नहीं रखता । ऐसा मनुष्य मुक्ति का अधिकारी समझा जाता है । गीता में त्याग को संन्यास की ही एक विशेष अवस्था माना है । उसके अनुसार काम्य-धर्म्म का परित्याग तो संन्यास है और कर्म्मों के फल की आशा न रखना त्याग है । मनु के अनुसार संसार की और सब चीज़ें तो त्याज्य हो सकती हैं, पर माता, पिता, स्त्री और पुत्र त्याज्य नहीं हैं ।

(५) दान । (६) कन्या-दान । (डिं०) ।

त्यागना–क्रि० स० [सं० त्याग] छोड़ना । तजना । पृथक् करना । त्याग करना ।

संयो० क्रि०—देना ।

त्यागपत्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह पत्र जिसमें किसी प्रकार के त्याग का उल्लेख हो । (२) इस्तीफा । (३) तिलाकनामा ।

त्यागवान्–वि० [सं०] जिसने त्याग किया हो अथवा जिसमें त्याग करने की शक्ति हो । त्यागी ।

त्यागी–वि० [सं० त्यागिन्] जिसने सब कुछ त्याग दिया हो । स्वार्थ या सांसारिक सुख को छोड़नेवाला । विरक्त ।

त्याज्य–वि० [सं०] त्यागने योग्य । जो छोड़ देने योग्य हो ।

त्यार†–वि० दे० "तैयार" । उ०—एक कटे एकै पड़े एक कटन को त्यार । अड़े रहैं केते सुमन मीता तेरे द्वार । —रसनिधि ।

त्यूँ†–क्रि० वि० दे० "त्यों" ।

त्यूरस†–संज्ञा पुं० दे० "त्योरुस" ।

त्यों–क्रि० वि० [सं० तत् + एवम्] (१) उस प्रकार । उस तरह । उस भाँति । उ०—ये अलि या बलि के अधरानि में आनि चढ़ी कछु माधुरई सी । ज्यों पद्माकर माधुरी त्यों कुच दोउन की चढ़नी उनई सी । ज्यों कुच त्यों ही नितंब चढ़े कुछ ज्यों ही नितंब त्यों चातुरई सी । जानी न ऐसी चढ़ाचढ़ि में किहि धौं कटि बीच ही लूटि लई सी ।—पद्माकर । (२) उसी समय । तत्काल । जैसे, ज्यों मैं वहाँ पहुँचा त्यों वह उठ कर चल दिया ।

विशेष—इसका व्यवहार "ज्यों" के साथ संबंध पूरा करने के लिये होता है ।

त्योरुस†–संज्ञा पुं० [हिं० ति (तीन) + बरस] (१) पिछला तीसरा वर्ष । वह वर्ष जिसे बीते दो बरस हो चुके हों । जैसे, हम त्योरुस वहाँ गए थे । (२) आगामी तीसरा वर्ष । वह वर्ष जो दो वर्षों के बाद आनेवाला हो ।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग कभी कभी विशेषण के रूप में भी होता है । जैसे, त्योरुस साल ।

त्योरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० त्रिकुटी, स० त्रिकूट (चक्र)] अवलोकन । चितवन । दृष्टि । निगाह ।

मुहा०—त्योरी चढ़ना या बदलना = दृष्टि का ऐसी अवस्था में हो जाना जिससे कुछ क्रोध झलके । आँखें चढ़ना । त्योरी में बल पड़ना = त्योरी चढ़ना । त्योरी चढ़ाना या बदलना = भौंहें चढ़ाना । आँखें चढ़ाना । दृष्टि या आकृति से क्रोध के चिह्न प्रकट करना । त्योरी में बल डालना = त्योरी चढ़ाना ।

त्योहार–संज्ञा पुं० [सं० तिथि + वार] वह दिन जिसमें कोई बड़ा धार्मिक या जातीय उत्सव मनाया जाय । पर्व-दिन । जैसे, हिंदुओं के त्योहार—दसहरा, दीवाली, होली आदि; मुसलमानों के त्योहार—ईद, शब-बरात आदि; ईसाइयों के त्योहार, बड़ा दिन, गुड-फ्राइडे आदि ।

मुहा०—त्योहार मनाना = पर्व या उत्सव के दिन आमोद प्रमोद करना ।

त्योहारी–संज्ञा स्त्री० [हिं० त्योहार + ई (प्रत्य०)] वह धन जो किसी त्योहार के उपलक्ष में छोटों, लड़कों या नौकरों आदि को दिया जाता है ।

त्यौं–क्रि० वि० दे० "त्यों" ।

त्यौनार–संज्ञा पुं० [हिं० तेवर ?] ढंग । तर्ज । उ०—(क) आये हैं मनुहारि हित धारि अपूर बहार । लखि जीके नीके सुखद ये पीके त्यौनार ।—श्रृं० सत० । (ख) रहौ गुही बेनी लखैं गुहिबे के त्यौनार । लागे नीर चुचावने नीठि सुखाये बार ।—बिहारी ।

त्यौर–संज्ञा पुं० दे० "त्योरी" उ०—(क) चौसक ते पिय चित चढ़ो कहैं चढ़ी है त्यौर।—बिहारी। (ख) तेह तरेरो त्यौर करि कत करियत दृग लोल। जीक नहीं यह पीक की खुति मणि झलक कपोल।—बिहारी।

त्योराना–क्रि० अ० [हिं० तेवर] माथा घूमना। सिर में चक्कर आना।

त्यौरी–संज्ञा स्त्री० दे० 'त्योरी"।

त्यौरुस–संज्ञा पुं० दे० "त्योरुस"।

त्यौहार–संज्ञा पुं० दे० "त्योहार"।

त्यौहारी–संज्ञा स्त्री० दे० "त्योहारी"।

त्रंग–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन नगर का नाम जो पहले राजा हरिश्चंद्र का राजनगर था।

त्रपा–संज्ञा स्त्री० [सं०] [वि० त्रपमान] (१) लज्जा। लाज। शर्म। हया। उ०—ही लज्जा व्रीडा त्रपा सकुच न करु बिनु काज। पिय प्यारे पै चलिय बलि औषध खात कि लाज।—नंददास। (२) छिनाल स्त्री। पुंश्चली।

यौ०—त्रपारंडा = (१) छिनाल स्त्री। (२) वेश्या। रंडी। (३) कीर्त्ति। यश।

वि० [सं०] लज्जित। शरमिंदा। उ०—भव धनु दलि जानकी विवाही भये विहाल नृपाल त्रपा हैं।—तुलसी।

त्रपित–वि० [सं०] लज्जित। शरमिंदा।

त्रपु–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सीसा। (२) रांगा।

त्रपुकर्कटी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) खीरा। (२) ककड़ी।

त्रपुरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] छोटी इलायची।

त्रपुल–संज्ञा पुं० [सं०] रांगा।

त्रपुष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) रांगा। (२) खीरा।

त्रपुषी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) ककड़ी। (२) खीरा।

त्रपुस–संज्ञा पुं० [सं०] (१) रांगा। (२) ककड़ी।

त्रपुसी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) ककड़ी। (२) खीरा। (३) बड़ा इंदायन।

त्रप्सा–संज्ञा स्त्री० [सं०] जमी हुई श्लेष्मा या कफ।

त्रय–वि० [सं०] (१) तीन। उ०—महाघोर त्रयताप न जरई।—तुलसी। (२) तीसरा।

त्रयी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तीन वस्तुओं का समूह। तिगुह। तीखट। जैसे, ब्रह्मा, विष्णु और महेश। उ०—(क) वेद त्रयी अरु राजसिरी परिपूरनता शुभ योगमई है।—केशव। (ख) किधौं सिंगार सुखमा सुप्रेम मिले चले जग चित बित लेन। अद्भुत त्रयी किधौं पठई है विधि मग लोगन सुख देन।—तुलसी। (२) सोमराजी लता। (३) दुर्गा।

त्रयीतन–संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य्य।

त्रयीधर्म्म–संज्ञा पुं० [सं०] वैदिक धर्म्म, जैसे ज्योतिष्टोम यज्ञ आदि।

त्रयीमय–संज्ञा पुं० (१) सूर्य्य। (२) परमेश्वर।

त्रयीमुख–संज्ञा पुं० [सं०] ब्राह्मण।

त्रयोदश–वि० [सं०] तेरह।

त्रयोदशी–संज्ञा स्त्री० [सं०] किसी पक्ष की तेरहवीं तिथि। तेरस।

विशेष—पुराणानुसार यह तिथि धार्मिक कार्य्य करने के लिये बहुत उपयुक्त है।

त्रय्यारुण–संज्ञा पुं० [सं०] पंद्रहवें द्वापर के एक व्यास का नाम।

त्रय्यारुणि–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन ऋषि का नाम जो भागवत के अनुसार लोमहर्षण ऋषि के शिष्य थे।

त्रष्टा–संज्ञा पुं० दे० "तष्टा" (तश्तरी)। उ०—त्रष्टा अरु आधार भर्त के बहुत खिलौना। परिया टमरी अतरदान रूपे के सौना।—सूदन।

त्रस–संज्ञा पुं० [सं०] (१) जैन मत के अनुसार एक प्रकार के जीव। इन जीवों के चार प्रकार हैं। (क) द्वींद्रिय अर्थात् दो इंद्रियोंवाले जीव। (ख) त्रींद्रिय अर्थात् तीन इंद्रियोंवाले जीव। (ग) चतुरिंद्रिय अर्थात् चार इंद्रियोंवाले जीव और (घ) पंचेंद्रिय अर्थात् पाँच इंद्रियोंवाले जीव। (२) वन। जंगल। (३) जंगम। (४) त्रसरेणु।

त्रसन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) भय। डर। (२) उद्वेग।

त्रसना*–क्रि० अ० [सं० त्रसन] भय से काँप उठना। डरना। खौफ खाना। उ०—(क) कछु राजत सूरज अरुन खरे। जनु लक्ष्मण के अनुराग भरे। चितवत चित्त कुमुदिनी त्रसै। चोर चकोर चिता सो लसै।—केशव। (ख) नवल अनंगा होय सो मुग्धा केशवदास। खेलै बोलै बाल बिधि हँसै त्रसै सविलास।—केशव।

त्रसर–संज्ञा पुं० [सं०] जोलाहों की ढरकी। तसर।

त्रसरेणु–संज्ञा पुं० [सं०] वह चमकता हुआ कण जो छेद में से आती हुई धूप में नाचता वा घूमता दिखाई देता है। सूक्ष्म कण।

विशेष—मनु के अनुसार एक त्रसरेणु तीन परमाणुओं से मिलकर और वैशेषिक के अनुसार तीस परमाणुओं से मिलकर बना होता है।

संज्ञा स्त्री० पुराणानुसार सूर्य्य की एक स्त्री का नाम।

त्रसाना*–क्रि० स० [हिं० त्रसना] डरवाना। धमकाना। भय दिखाना। उ०—(क) सूर श्याम बाँध ऊखल गहि माता डरत न अति हि त्रसायो।—सूर। (ख) जाको शिव ध्यावत निसि वासर सहसानन जेहि गावै हो। सो हरि राधा वदन चंद को नैन चकोर त्रसावै हो।—सूर।

त्रसित*–वि० [सं० त्रस्त] (१) भयभीत। डरा हुआ। उ०—सब प्रसंग महिसुरन सुनाई। त्रसित परयो अवनी अकुलाई।—तुलसी। (२) पीड़ित। सताया हुआ। उ०—सीत

त्रसित कहँ अग्नि समाना । रोग त्रसित कहँ औषधि जाना ।—गोपाल ।

त्रसुर–वि० [सं०] भीरु । डरपोक ।

त्रस्त–वि० [सं०] (१) भयभीत । डरा हुआ । (२) पीड़ित । दुःखित । जिसे कष्ट पहुँचा हो । (३) चकित । जिसे आश्चर्य हुआ हो ।

त्राटक–संज्ञा पुं० [सं०] योग के षट् कर्मों में से छठा कर्म वा साधन । इसमें अनिमेष रूप से किसी बिंदु पर दृष्टि रखते हैं ।

त्राण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) रक्षा । बचाव । हिफाजत । (२) रक्षा का साधन । कवच । इस अर्थ में इसका व्यवहार यौगिक शब्दों के अंत में होता है । जैसे, पादत्राण, अंगत्राण । (३) त्रायमाणलता ।

त्राणक–संज्ञा पुं० [सं०] रक्षक ।

त्राणा–संज्ञा स्त्री० [सं०] त्रायमाण लता ।

त्रातव्य–वि० [सं०] रक्षा करने के योग्य । बचाने के लायक ।

त्राता–संज्ञा पुं० [सं० त्रातृ] रक्षक । बचानेवाला । उ०—तप बल रचै प्रपंच विधाता । तप बल बिष्णु सकल जग-त्राता ।—तुलसी ।

त्रातार—संज्ञा पु० [सं०] रक्षक । उ०—मोक्षप्रदा अरु धर्ममय मथुरा मम त्रातार ।—गोपाल ।

विशेष—संस्कृत में यह त्रातृ (त्राता) शब्द का बहुवचन रूप है ।

त्रापुष–संज्ञा पुं० [सं०] रांगे का बना हुआ बरतन या और कोई पदार्थ ।

त्रायंती–संज्ञा स्त्री० [सं०] त्रायमाणा लता ।

त्रायमाण–संज्ञा पुं० [सं०] बनफशे की तरह की एक प्रकार की लता जो जमीन पर फैलती है । इसमें बीच बीच में छोटी छोटी डंडियाँ निकलती हैं जिनमें कसैले बीज होते हैं । इन बीजों का व्यवहार औषध में होता है । वैद्यक में इन बीजों को शीतल, दस्तावर और त्रिदोषनाशक माना है ।

पर्य्या०—अनुजा । अवनी । गिरिजा । देवबाला । बलभद्रा । पालिनी । भयनाशिनी । रक्षिणी ।

वि० रक्षक । रक्षा करनेवाला ।

त्रायमाणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] त्रायमाण लता ।

त्रायमाणिका–संज्ञा स्त्री० दे० "त्रायमाणा" ।

त्रायलुंन–संज्ञा पु० [सं०] गडीर या गुंडिरी नामक साग ।

त्रास–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) डर । भय । (२) कष्ट । तकलीफ । (३) मणि का एक दोष ।

त्रासक–संज्ञा पु० (१) डरानेवाला । भयभीत करनेवाला । (२) निवारक । दूर करनेवाला । उ०—त्रिविध ताप त्रासक तिमुहानी । राम सरूप सिंधु समुहानी ।—तुलसी ।

त्रासन–संज्ञा पुं० [सं०] [वि० त्रासनीय] (१) डराने का कार्य्य । (२) डरानेवाला । भय दिखानेवाला ।

त्रासना * †–क्रि० स० [सं० त्रासन] डराना । भय दिखाना । त्रास देना । उ०—काहे को कलह नाथ्यो दारुण दाँवरि बाँध्यो कठिन कुटुंब लै त्रास्यो मेरो भैया ?—सूर ।

त्रासित–वि० [सं०] (१) भयभीत । डराया हुआ । (२) जिसे कष्ट पहुँचाया गया हो । त्रस्त ।

त्राहि–अव्य० [सं०] बचाओ । रक्षा करो । त्राण दो । उ०—दारुण तप जब कियो राजसुत तब काँप्यो सुरलोक । त्राहि त्राहि हरि सों सब भाष्यो दूर करो सब शोक ।—सूर ।

मुहा०—त्राहि त्राहि करना = दया या अभयदान के लिये गिड़-गिड़ाना । दया या रक्षा के लिये प्रार्थना करना ।

त्रिंश–वि० [सं०] तीसवाँ ।

त्रिंशत्–वि० [सं०] तीस ।

त्रिंशत्पत्र–संज्ञा पुं० [सं०] कोई का फूल । कुमुदिनी ।

त्रिंशांश–संज्ञा पुं० [सं०] (१) किसी पदार्थ का तीसवाँ भाग । किसी चीज के तीस भागों में से एक भाग । (२) एक राशि का तीसवाँ भाग (या डिग्री) जिसका विचार फलित ज्योतिष में किसी बालक का जन्मफल निकालने के लिये होता है ।

विशेष—फलित ज्योतिष में मेष, मिथुन, सिंह, तुला, धन और कुंभ ये छ राशियाँ विषम और वृष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, मकर और मीन ये छः राशियाँ सम मानी जाती हैं । त्रिंशांश का विचार करने में प्रत्येक विषम राशि के ५, ५, ८, ७, और ५ त्रिंशांशों के क्रमशः मंगल, शनि, बृहस्पति, बुध और शुक्र अधिपति या स्वामी माने जाते हैं और सम ५, ७, ८, ५, और ५ त्रिंशांशों के स्वामी येही पाँचों ग्रह विपरीत क्रम से—अर्थात् शुक्र, बुध, बृहस्पति, शनि और मंगल माने जाते हैं । अर्थात्—प्रत्येक विषम राशि के

१	से	५	त्रिंशांश	तक के	अधिपति—	मंगल
६	,,	१०	,,	,,	,,	शनि
११	,,	१८	,,	,,	,,	बृहस्पति
१९	,,	२५	,,	,,	,,	बुध और
२६	,,	३०	,,	,,	,,	शुक्र

माने जाते हैं । पर सम राशियों में त्रिंशांशों और ग्रहों के क्रम उलट जाते हैं और प्रत्येक राशि के

१	से	५	त्रिंशांश	तक के	अधिपति—	शुक्र
६	,,	१२	,,	,,	,,	बुध
१३	,,	२०	,,	,,	,,	बृहस्पति
२१	,,	२५	,,	,,	,,	शनि और
२६	,,	३०	,,	,,	,,	मंगल

माने जाते हैं ।

प्रत्येक ग्रह के त्रिंशांश में जन्म का अलग अलग फल माना जाता है । जैसे—मंगल के त्रिंशांश में जन्म होने का फल स्त्रीविजयी, धनहीन, क्रोधी और अभिमानी आदि होना और बुध के त्रिंशांश में जन्म होने का फल बहुत धनवान् और सुखी होना माना जाता है ।

त्रि–वि० [सं०] तीन ।

विशेष—इसका व्यवहार यौगिक शब्दों में, आरंभ में, होता है । जैसे, त्रिकाल, त्रिकुट, त्रिफला आदि ।

त्रिकंट–संज्ञा पु० दे० "त्रिकंटक" ।

त्रिकंटक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) गोखरू । (२) त्रिशूल । (३) तिधारा थूहर । (४) जवासा । (५) टेंगरा मछली ।

वि० जिसमें तीन काँटे या नोकें हों ।

त्रिक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तीन का समूह । जैसे, त्रिकमय, त्रिफला, त्रिकुटा और त्रिभेद । (२) रीढ़ के नीचे का भाग जहाँ कूल्हे की हड्डियाँ मिलती हैं । (३) कमर । (४) त्रिफला । (५) लिकटु । (६) त्रिमद । (७) तिरमुहानी । (८) तीन रुपए सैकड़े का सूद या लाभ आदि । (मनु) ।

त्रिककुद्–संज्ञा पुं० [सं०] (१) त्रिकूट पर्वत । (२) विष्णु । (विष्णु ने एक बार वाराह का अवतार धारण किया था, इसीसे उनका यह नाम पड़ा) । (३) दस दिनों में होनेवाला एक प्रकार का यज्ञ ।

वि० जिसे तीन शृंग हों ।

त्रिककुभ्–संज्ञा पु०[सं०] (१) उदान वायु जिससे डकार और छींक आती है । (२) नौ दिनों में होनेवाला एक प्रकार का यज्ञ ।

त्रिकट–संज्ञा पु० दे० "त्रिकंट" ।

त्रिकटु–संज्ञा पुं०[सं०] सोंठ, मिर्च और पीपल ये तीन कटु वस्तुएँ । वैद्यक में इन तीनों के समूह को दीपन तथा खांसी, साँस, कफ, मेह, मेद, श्लीपद और पीनस आदि का नाशक माना है ।

त्रिकटुक–संज्ञा पुं० दे० "त्रिकटु" ।

त्रिकत्रय–संज्ञा पुं० [सं०] त्रिफला, त्रिकुटा और त्रिमेद । अर्थात् हड़, बहेड़ा और आँवला; सोंठ, मिर्च और पीपल तथा मोथा, चीता और बायबिडंग इन सब का समूह ।

त्रिकर्मा–वि० [सं०] वह जो पढ़े पढ़ाए, यज्ञ करे और दान दे । द्विज ।

त्रिकल–संज्ञा पु० [सं०] (१) तीन मात्राओं का शब्द । प्लुत । (२) दोहे का एक भेद जिसमें ९ गुरु और ३० लघु अक्षर होते हैं । जैसे, अति अपार जो सरितवर, जो नृप सेतु कराहिं । चढ़ि पिपीलिका परम लघु, बिन श्रम पारहि जाहिं ।—तुलसी ।

वि० जिसमें तीन कलाएँ हों ।

त्रिकलिंग–संज्ञा पुं० दे० "तैलंग" ।

त्रिकशूल–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का वात रोग जिसमें कमर की तीनों हड्डियों, पीठ की तीनों हड्डियों और रीढ़ में पीड़ा उत्पन्न हो जाती है ।

त्रिकांड–संज्ञा० पु० [सं०] (१) अमरकोष का दूसरा नाम । (अमरकोष में तीन कांड हैं, इसीसे उसका यह नाम पड़ा) । (२) निरुक्त का दूसरा नाम । (निरुक्त में भी तीन कांड हैं, इसीसे उसका यह नाम पड़ा) ।

वि० जिसमें तीन कांड हों ।

त्रिकांडी–वि० [सं० त्रिकांडिन्] जिसमें तीन कांड हों । तीन कांडोंवाला ।

संज्ञा स्त्री० जिस ग्रंथ में कर्म, उपासना और ज्ञान तीनों का वर्णन हो अर्थात् वेद ।

त्रिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] कुएँ पर का वह चौखटा जिसमें गराड़ी लगी होती है ।

त्रिकाम–संज्ञा पुं० [सं०] बुद्धदेव ।

त्रिकार्षिक–संज्ञा पुं० [सं०] सोंठ, अतीस और मोथा इन तीनों का समूह ।

त्रिकाल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तीनों समय—भूत, वर्त्तमान और भविष्य । (२) तीनों समय— प्रातः, मध्याह्न और सायं ।

त्रिकालज्ञ–संज्ञा पुं० [सं०] भूत, वर्त्तमान और भविष्य का जाननेवाला व्यक्ति । सर्वज्ञ ।

त्रिकालज्ञता–संज्ञा स्त्री० [सं०] तीनों कालों की बातें जानने की शक्ति या भाव ।

त्रिकालदर्शक–वि० [सं०] तीनों कालों की बातों को जाननेवाला । त्रिकालज्ञ ।

संज्ञा पु० ऋषि ।

त्रिकालदर्शिता–संज्ञा स्त्री० [सं०] तीनों कालों की बातों को जानने की शक्ति या भाव । त्रिकालज्ञता ।

त्रिकालदर्शी–संज्ञा पु० [सं० त्रिकालदर्शिन्] तीनों कालों की बातों को देखनेवाला या जाननेवाला व्यक्ति । त्रिकालज्ञ ।

त्रिकूट–संज्ञा पु० दे० "त्रिकूट" ।

त्रिकुटा–संज्ञा पु० [सं० त्रिकटु] सोंठ, मिर्च और पीपल इन तीनों वस्तुओं का समूह ।

त्रिकुटी–संज्ञा स्त्री० [सं० त्रिकूट] त्रिकूट-चक्र का स्थान । दोनों भौंहों के बीच के कुछ ऊपर का स्थान । उ०—पूरक कुंभक रेचक करहू । उलटि ध्यान त्रिकुटी को धरहू ।—विश्राम ।

त्रिकुल–संज्ञा पुं० [सं०] पितृकुल, मातृकुल और श्वसुरकुल ।

त्रिकूट–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तीन शृंगोंवाला पर्वत । वह पर्वत जिसकी तीन चोटियाँ हों । (२) वह पर्वत जिसपर लंका बसी हुई मानी जाती है । देवी भागवत के अनुसार यह एक

पीठस्थान है और यहाँ रूपसुंदरी के रूप में भगवती निवास करती हैं। उ०—गिरि त्रिकूट एक सिंधु मँझारी। विधि निर्मित दुर्गम अति भारी।—तुलसी। (३) मेंधा नमक। (४) एक कल्पित पर्वत जो सुमेरु पर्वत का पुत्र माना जाता है। वामन पुराण के अनुसार यह क्षीरोद समुद्र में है। यहाँ देवर्षि रहते हैं और विद्याधर किन्नर तथा गंधर्व आदि क्रीड़ा करने आते हैं। इसकी तीन चोटियाँ हैं। एक चोटी सोने की है जहाँ सूर्य्य आश्रय लेते हैं और दूसरी चोटी चाँदी की जिस पर चंद्रमा आश्रय लेते हैं। तीसरी चोटी बरफ से ढकी रहती है और वैदूर्य्य, इंद्रनील आदि मणियों की प्रभा से चमकती रहती है। यही इसकी सब से ऊँची चोटी है। नास्तिकों और पापियों को यह नहीं दिखलाई देता। (५) योग में मस्तक के छः कल्पित चक्रों में से पहला चक्र जो दोनों भौंहों के बीच ऊपर की ओर माना जाता है।

त्रिकूटा—संज्ञा स्त्री० [सं०] तांत्रिकों की एक भैरवी।

त्रिकूर्चक—संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार फोड़े आदि चीरने का एक शस्त्र जिसका व्यवहार बालक, वृद्ध, भीरु, राजा आदि की अस्त्र-चिकित्सा के लिये होना चाहिए।

त्रिकोण—संज्ञा पुं० [सं०] (१) तीन कोने का क्षेत्र। त्रिभुज क्षेत्र। जैसे, △ ▷ (२) तीन कोनेवाली कोई वस्तु। (३) तीन कोटियोंवाली कोई वस्तु। (४) योनि। भग। (५) कामरूप के अंतर्गत एक तीर्थ जो सिद्ध पीठ माना जाता है। (६) जन्म-कुंडली में लग्न-स्थान से पाँचवाँ और नवाँ स्थान।

त्रिकोणक—संज्ञा पुं० [सं०] तीन कोण का पिंड। तिकोना पिंड।

त्रिकोणघंटा—संज्ञा पुं० [सं०] लोहे की मोटी सुलाख का बना हुआ एक प्रकार का तिकोना बाजा जिसपर लोहे के एक दूसरे टुकड़े से आघात करके ताल देते हैं। इसका आकार ऐसा होता है—

त्रिकोणफल—संज्ञा पुं० [सं०] सिंघाड़ा। पानी-फल।

त्रिकोणभवन—संज्ञा पुं० [सं०] जन्मकुंडली में लग्न से पाँचवाँ और नवाँ स्थान। दे० "त्रिकोण (६)"।

त्रिकोणमिति—संज्ञा स्त्री० [सं०] गणित शास्त्र का वह विभाग जिसमें त्रिभुज के कोण, बाहु, वर्ग-विस्तार आदि का मान निकालने की रीति तथा उनसे संबंध रखनेवाले अन्य अनेक सिद्धांत स्थिर किए जाते हैं।

विशेष—आज कल इसके अंतर्गत त्रिभुज के अतिरिक्त चतुर्भुज और बहुभुज के कोण नापने की रीतियाँ तथा बीज-गणित संबंधी बहुत सी बातें भी आ गई हैं।

त्रिक्षार—संज्ञा पुं० [सं०] जवाखार, सज्जी और सुहागा इन तीनों खारों का समूह।

त्रिक्षुर—संज्ञा पुं० [सं०] तालमखाना।

त्रिक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] खीरा।

त्रिखा—संज्ञा स्त्री० दे० "तृषा"।

त्रिगंग—संज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक तीर्थ का नाम।

त्रिगंधक—संज्ञा पुं० दे० "त्रिजातक"।

त्रिगंभीर—संज्ञा पुं० [सं०] वह जिसका सत्व [आचरण], स्वर और नाभि गंभीर हो। लोगों का विश्वास है कि ऐसा पुरुष सदा सुखी रहता है।

त्रिगग—संज्ञा पुं० दे० "त्रिवर्ग"।

त्रिगर्त्त—संज्ञा पुं० [सं०] (१) उत्तर भारत के उस प्रांत का प्राचीन नाम जिसमें आज कल पंजाब के जालंधर और कांगड़ा आदि नगर हैं। (२) इस देश का निवासी।

त्रिगर्त्ता—संज्ञा स्त्री० [सं०] छिनाल स्त्री। पुंश्चली। वह स्त्री जिसे पुरुषप्रसंग की विशेष इच्छा हो।

त्रिगर्त्तिक—संज्ञा पुं० दे० "त्रिगर्त्त"।

त्रिगुण—संज्ञा पुं० [सं०] सत्व, रज और तम इन तीनों गुणों का समूह। तीन मुख्य प्रकृतियों का समूह। दे० "गुण"।

वि० [सं०] तीन गुना। तिगुना।

त्रिगुण—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दुर्गा। (२) माया। (३) तंत्र में एक प्रसिद्ध बीज।

त्रिगुणात्मक—वि० पुं० [सं०] [स्त्री० त्रिगुणात्मिका] तीनों गुण-युक्त। जिसमें तीनों गुण हों।

त्रिगुणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] बेल का पेड़। (बेल के पत्ते तीन तीन एक साथ होते हैं इसीसे इसका यह नाम पड़ा।)

त्रिगूढ़—संज्ञा पुं० [सं०] स्त्रियों के वेष में पुरुषों का नृत्य।

त्रिघंटा—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक कल्पित नगर जो हिमालय की चोटी पर अवस्थित माना जाता है। कहते हैं कि यहाँ विद्याधर आदि रहते हैं।

त्रिचक्र—संज्ञा पुं० [सं०] अश्विनीकुमारों का रथ।

त्रिचक्षु—संज्ञा पुं० [सं० त्रिचक्षुस्] महादेव।

त्रिचित—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की गार्हपत्याग्नि।

त्रिजग*—संज्ञा पुं० [सं० तिर्यक्] आड़ा चलनेवाले जंतु। पशु तथा कीड़े मकोड़े। तिर्यक्। उ०—(क) त्रिजग देव नर जो तनु धरऊँ। तहँ तहँ राम भजन अनुसरऊँ।—तुलसी। (ख) यहि विधि जीव चराचर जेते। त्रिजग देव नर असुर समेते। अखिल विश्व यह मम उपजाया। सब पर मोरि बराबर दाया।—तुलसी।

संज्ञा पुं० [सं० त्रिजगत्] तीनों लोक—स्वर्ग, पृथ्वी और पाताल। उ०—किहिं विधि त्रिपथगामिनि त्रिजग पावनि प्रसिद्ध भई भले।—पद्माकर।

त्रिजट—संज्ञा पुं० [सं०] (१) महादेव। शिव। (२) एक ब्राह्मण का नाम जिसको वनयात्रा के समय रामचंद्र ने बहुत सी गाएँ दान दी थीं।

त्रिजटा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) विभीषण की बहिन जो अशोक वाटिका में जानकी जी के पास रहा करती थी। (२) बेल का पेड़।

त्रिजटी–संज्ञा पुं० [सं० त्रिजटिन या त्रिजट] महादेव। शिव। संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिजटा"।

त्रिजड़–संज्ञा पुं० [हिं०] (१) कटारी। (२) तलवार।

त्रिजात–संज्ञा पुं० दे० "त्रिजातक"।

त्रिजातक–संज्ञा पुं० [सं०] इलायची (फल), दारचीनी (छाल) और तेजपत्ता (पत्ता) इन तीन प्रकार के पदार्थों का समूह जिसे त्रिसुगंधि भी कहते हैं। यदि इसमें नागकेसर भी मिला दिया जाय तो इसे चतुर्जातक कहेंगे। वैद्यक में इसे रेचक, रूखा, तीक्ष्ण, उष्ण-वीर्य्य, मुँह की दुर्गंध दूर करनेवाला, हलका, पित्तवर्द्धक, दीपक तथा वायु और विषनाशक माना है।

त्रिजामा*†–संज्ञा स्त्री० [सं० त्रियामा] रात्रि। रजनी। उ०—(क) युग चारि भये सब रैनि याम। अति दुसह बिथा तनु करी काम। यहि ते दयाइ मानौ विरंचि। सब रैनि त्रिजामा कीन्ह संचि।—गुमान। (ख) छनदा छपा तमस्विनी तमी· तमिश्रा होय। निशि श्री सदा विभावरी रात्रि त्रिजामा सोय।—नंददास।

त्रिजीया–संज्ञा स्त्री० [सं०] तीन राशियों अर्थात् ९० अंशों तक फैले हुए चाप की ज्या।

त्रिज्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] किसी वृत्त के केंद्र से परिधि तक खिँची हुई रेखा। व्यास की आधी रेखा।

त्रिण*–संज्ञा पुं० दे० "तृण"।

त्रिणता–संज्ञा स्त्री० [सं०] धनुष।

त्रिणव–संज्ञा पुं० [सं०] सामगान की एक प्रणाली जिसमें एक विशेष प्रकार से उसकी (३ × ९) सत्ताईस आवृत्तियाँ करते हैं।

त्रिणचिकेत–संज्ञा पुं० [सं०] (१) यजुर्वेद के एक विशेष भाग का नाम। (२) उस भाग के अनुयायी। (३) नारायण।

त्रितंत्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] कच्छपी वीणा की तरह की प्राचीन चाल की एक प्रकार की वीणा जिसमें तीन तार लगे होते थे।

त्रित–संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक ऋषि का नाम जो ब्रह्मा के मानस पुत्र माने जाते हैं। (२) गौतम मुनि के तीन पुत्रों में से एक जो अपने दोनों भाइयों से अधिक तेजस्वी और विद्वान् थे। एक बार ये अपने भाइयों के साथ पशुसंग्रह करने के लिये जंगल में गए थे। वहां दोनों भाइयों ने इनके संग्रह किए हुए पशु छीन कर और इन्हें अकेला छोड़ कर घर का रास्ता लिया। वहाँ एक भेड़िए को देख कर ये डर के मारे दौड़ने लगे और दौड़ते हुए एक गहरे अंधे कुएँ में जा गिरे। वहीं इन्होंने सोमयाग आरंभ किया जिसमें देवता लोग भी आ पहुँचे। उन्हीं देवताओं ने उस कुएँ से इन्हें निकाला। महाभारत में लिखा है कि सरस्वती नदी इसी कुएँ से निकली थी।

त्रितय–संज्ञा पुं० [सं०] धर्म्म, अर्थ और काम इन तीनों का समूह।

त्रिताप–संज्ञा पुं० दे० "ताप"।

त्रिदंड–संज्ञा पु० [सं०] संन्यास आश्रम का चिह्न, बांस का एक डंडा जिसके सिरे पर दो छोटी छोटी लकड़ियाँ बाँधी होती हैं।

त्रिदंडी–संज्ञा पुं० [सं०] (१) मन वचन और कर्म तीनों को दमन करने या वश में रखनेवाला, संन्यासी। (२) यज्ञोपवीत। जनेऊ।

त्रिदल–संज्ञा पु० [सं०] बेल का वृक्ष।

त्रिदला–संज्ञा स्त्री० [सं०] गोधापदी। हंसपदी।

त्रिदलिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का थूहर जिसे चर्मकशा या सातला कहते हैं।

त्रिदश–संज्ञा पु० [सं०] (१) देवता। उ०—(क) कंदर्प दर्प दुर्गम दवन उमा रवन गुन भवन हर। तुलसी त्रिलोचन त्रिगुन पर त्रिपुर मथन जय त्रिदशवर।—तुलसी। (ख) निरखत बरखत कुसुम त्रिदश जन सूर सुमति मन फूल।—सूर। (२) जीभ।

त्रिदशगुरु–संज्ञा पुं० [सं०] देवताओं के गुरु, बृहस्पति।

त्रिदशगोप–संज्ञा पु० [सं०] बीरबहूटी नाम का कीड़ा।

त्रिदशदीर्घिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्गंगा। आकाश-गंगा।

त्रिदशपति–संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र।

त्रिदशपुष्प–संज्ञा पुं० [सं०] लौंग।

त्रिदशमंजरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] तुलसी।

त्रिदशवधू–संज्ञा स्त्री० [सं०] अप्सरा।

त्रिदशसर्षप–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की सरसों। देवसर्षप।

त्रिदशांकुश–संज्ञा पुं० [सं०] वज्र।

त्रिदशाचार्य्य–संज्ञा पु० [सं०] बृहस्पति।

त्रिदशाधिप–संज्ञा पु० [सं०] इंद्र।

त्रिदशाध्यक्ष–संज्ञा पुं० दे० "त्रिदशायन"।

त्रिदशायन–संज्ञा पु० [सं०] विष्णु।

त्रिदशायुध–संज्ञा पु० [सं०] वज्र।

त्रिदशारि–संज्ञा पुं० [सं०] असुर।

त्रिदशालय–संज्ञा पुं० [सं०] (१) स्वर्ग। (२) सुमेरु पर्वत।

त्रिदशाहार–संज्ञा पुं० [सं०] अमृत।

त्रिदशेश्वर–संज्ञा पु० [सं०] इंद्र।

त्रिदशेश्वरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा।

त्रिदालिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] चामरकपा। सातला।

त्रिदिनस्पृश्–संज्ञा पुं० [सं०] वह तिथि जो तीन दिनों को स्पर्श करती हो। अर्थात जिसका थोड़ा बहुत अंश तीन दिनों में पड़ता हो। ऐसे दिन में स्नान और दानादि के अतिरिक्त और कोई शुभ कार्य्य नहीं करना चाहिए।

त्रिदिव–संज्ञा पुं० [सं०] (१) स्वर्ग। (२) आकाश। (३) सुख।

त्रिदिवाधीश–संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र।

त्रिदिवेश–संज्ञा पुं० [सं०] देवता।

त्रिदिवोद्भवा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बड़ी इलायची। (२) गंगा।

त्रिदृश्–संज्ञा पुं० [सं०] महादेव। शिव।

त्रिदेव–संज्ञा पुं० [सं०] ब्रह्मा, विष्णु और महेश–ये तीनों देवता।

त्रिदोष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वात, पित्त और कफ ये तीनों दोष। दे० "दोष"। उ०—गदशत्रु त्रिदोष ज्यों दूरि करे वर। त्रिशिरा सिर ज्यौं रघुनंदन के शर।—केशव। (२) वात, पित्त और कफ-जनित रोग, सन्निपात। उ० यौवन उबर युवती कुपथ करि भयो त्रिदोष भरि मदन बाय—तुलसी।

त्रिदोषज–वि० [सं०] तीनों दोषों अर्थात् वात पित्त और कफ से उत्पन्न।

संज्ञा पुं० [सं०] सन्निपात रोग।

त्रिदोषना*†–क्रि० अ० [सं० त्रिदोष] (१) तीनों दोषों के कोप में पड़ना। उ० —कुजहि लजावैं बाल बालिम बजावैं गाल कै धौं कैधौं क्रूर काल वश तमकि त्रिदोषे है।—तुलसी। (२) काम क्रोध और लोभ के फंदों में पड़ना। उ०—(क) काल्हि की बात बालि की सुधि करी समुझि हिताहित खोलि झरोखे। कह्यो कुरोधित को न मानिये बड़ी हानि जिय जानि त्रिदोषे।—तुलसी।

त्रिधनी–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की रागिनी।

त्रिधन्वा–संज्ञा पुं० [सं०] हरिवंश के अनुसार सुधन्वा राजा के एक पुत्र का नाम।

त्रिधर्मा–संज्ञा पु० [सं० त्रिधर्मन्] महादेव। शिव।

त्रिधा–क्रि० वि० [सं०] तीन तरह से। तीन प्रकार से।

वि० [सं०] तीन तरह का।

त्रिधातु–संज्ञा पु० [सं०] (१) गणेश। (२) सोना, चाँदी और ताँबा।

त्रिधाम–संज्ञा पुं० [सं० त्रिधामन्] (१) विष्णु। (२) शिव। (३) अग्नि। (४) मृत्यु। (५) स्वर्ग।

त्रिधामूर्त्ति–संज्ञा पुं० [सं०] परमेश्वर जिसके अंतर्गत ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों हैं।

त्रिधारक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बड़ा नागरमोथा। गुँदला। (२) कसेरू का पेड़।

त्रिधारा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तीन धारावाला सेंहुड़। (२) स्वर्ग, मर्त्य और पाताल तीनों लोकों में बहनेवाली, गंगा।

त्रिधाविशेष–संज्ञा पुं० [सं०] सांख्य के अनुसार सूक्ष्म, मातापितृज और महाभूत तीनों प्रकार के रूप धारण करनेवाला, शरीर।

त्रिधासर्ग–संज्ञा पुं० [सं०] देव, तिर्य्यग् और मानुष ये तीनों सर्ग जिसके अंतर्गत सारी सृष्टि आ जाती है।

विशेष—दे० "सर्ग"।

त्रिन*†–संज्ञा पुं० दे० "तृण"।

त्रिनयन–संज्ञा पुं० [सं०] महादेव। शिव।

वि० जिसकी तीन आँखें हों। तीन नेत्रोंवाला।

त्रिनयना–संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा।

त्रिनाभ–संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

त्रिनेत्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) महादेव। शिव। (२) सोना। स्वर्ण।

त्रिनेत्ररस–संज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक में एक प्रकार का रस जो शोधे हुए पारे, गंधक और फूँके हुए ताँबे को बराबर बराबर भागों में लेकर एक विशेष क्रिया से तैयार किया जाता है और जो सन्निपात रोग में दिया जाता है।

त्रिनेत्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] बाराहीकंद।

त्रिपटु–संज्ञा पु० [सं०] काँच। शीशा।

त्रिपताक–संज्ञा पुं० [सं०] वह माथा या ललाट जिसमें तीन बल पड़े हों।

त्रिपत्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बेल का पेड़ जिसके पत्ते एक साथ तीन तीन लगे होते हैं।

त्रिपत्रक–संज्ञा पु० [सं०] (१) पलाश का वृक्ष। ढाक का पेड़। (२) तुलसी, कुंद और बेल के पत्तों का समूह।

त्रिपत्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) अरहर का पेड़। (२) तिपतिया घास।

त्रिपथ–संज्ञा पुं० [सं०] कर्म, ज्ञान और उपासना इन तीनों मार्गों का समूह। उ०—कर्मठ कठमलिया कहैं ज्ञानी ज्ञान विहीन। तुलसी त्रिपथ विहायगो रामदुआरे दीन।—तुलसी।

त्रिपथगा–संज्ञा स्त्री० [सं०] गंगा।

विशेष—हिंदुओं का विश्वास है कि स्वर्ग, मर्त्य और पाताल इन तीनों लोकों में गंगा बहती हैं, इसी लिये इसे त्रिपथगा कहते हैं।

त्रिपथगामिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] गंगा। दे० "त्रिपथगा"।

त्रिपद–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तिपाई। (२) त्रिभुज। (३) वह जिसके तीन पद या चरण हों। (४) यज्ञों की वेदी नापने की प्राचीन काल की एक नाप जो प्रायः तीन हाथ से कुछ कम होती थी।

त्रिपदा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) गायत्री।

विशेष—गायत्री में केवल तीन ही पद होते हैं इसलिये इसका यह नाम पड़ा।

(२) हंसपदी। लाल रंग का लज्जालू।

त्रिपदिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तिपाई की तरह का पीतल आदि का वह चौखटा जिसपर देवपूजन के समय शख रखते हैं। (२) तिपाई। (३) संकीर्ण राग का एक भेद (संगीत)।

त्रिपदी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) हंसपदी। (२) त्रिपाई। (३) हाथी की पलान बाँधने का रस्सा। (४) गायत्री। (५) तिपाई के आकार का शंख रखने का धातु का चौखटा।

त्रिपद्म—संज्ञा पुं० [सं०] चंद्रमा के दस घोड़ों में से एक।

त्रिपरिक्रांत—संज्ञा पुं० [सं०] वह ब्राह्मण जो यज्ञ करे, पढ़े पढ़ावे और दान दे।

त्रिपर्ण—संज्ञा पुं० [सं०] पलास का पेड़।

त्रिपर्णा—संज्ञा स्त्री० [सं०] पलास का पेड़।

त्रिपर्णिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) शालपर्णी। (२) बन-कपास। (३) एक प्रकार की पिठवन लता।

त्रिपर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) एक प्रकार का तृण जिसका कंद औषध में काम आता है। (२) शालपर्णी। (३) बन-कपास।

त्रिपाठी—संज्ञा पुं० [स० त्रिपाठिन्] (१) तीन वेदों का जाननेवाला पुरुष। त्रिवेदी। (२) ब्राह्मणों की एक जाति। त्रिवेदी। तिवारी।

त्रिपाण—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह सूत जो तीन बार भिगोया गया हो (कर्मकांड)। (२) वल्कल। छाल।

त्रिपाद—संज्ञा पुं० [सं०] (१) उखर। बुखार। (२) परमेश्वर।

त्रिपादिका—संज्ञा स्त्री० [स०] (१) तिपाई। (२) हंसपदी लता। लाल रंग का लज्जालू।

त्रिपाप—संज्ञा पुं० [सं०] फलित ज्योतिष में एक प्रकार का चक्र जिसके अनुसार किसी मनुष्य के किसी वर्ष का शुभाशुभ फल जाना जाता है।

त्रिपिंड—संज्ञा पुं० [सं०] पार्वण श्राद्ध में पिता, पितामह और प्रपितामह के उद्देश्य से दिए हुए तीनों पिंड (कर्मकांड)।

त्रिपिटक—संज्ञा पुं० [सं०] भगवान बुद्ध के उपदेशों का बड़ा संग्रह जो उनकी मृत्यु के उपरांत उनके शिष्यों और अनुयायियों ने समय समय पर किया है और जिसे बौद्ध लोग अपना प्रधान धर्म-ग्रंथ मानते हैं। यह तीन भागों में, जिन्हें पिटक कहते हैं, विभक्त है। इनके नाम ये हैं—सूत्रपिटक, विनयपिटक और अभिधर्म्मपिटक। सूत्रपिटक में बुद्ध के साधारण छोटे और बड़े ऐसे उपदेशों का संग्रह है जो उन्होंने भिन्न भिन्न घटनाओं और अवसरों पर किए थे। विनयपिटक में भिक्षुओं और श्रावकों आदि के आचार के संबंध की बातें हैं। अभिधर्म्मपिटक में चित्त, चैतसिक धर्म्म और निर्वाण का वर्णन है। यही अभिधर्म्म बौद्ध दर्शन का मूल है। यद्यपि बौद्ध धर्म्म के महायान, हीनयान और मध्यमयान नाम के तीन यानों का पता चलता है और इन्हीं के अनुसार त्रिपिटक के भी तीन संस्करण होने चाहिएँ तथापि आज कल मध्यमयान का संस्करण नहीं मिलता। हीनयान का त्रिपिटक पाली भाषा में है और बरमा, स्याम तथा लंका के बौद्धों का यह प्रधान और माननीय ग्रंथ है। इस यान के संबंध का अभिधर्म्म से पृथक् कोई दर्शन-ग्रंथ नहीं है। महायान के त्रिपिटक का संस्करण संस्कृत में है और इसका प्रचार नेपाल, तिब्बत, भूटान, आसाम, चीन, जापान और साइबेरिया के बौद्धों में है। इस यान के संबंध के चार दार्शनिक संप्रदाय हैं जिन्हें सौत्रांतिक, माध्यमिक, योगाचार और वैभाषिक कहते हैं। इस यान के संबंध के मूल ग्रंथों के कुछ अंश नेपाल, चीन, तिब्बत और जापान में अब तक मिलते हैं। पहले पहल महात्मा बुद्ध के निर्वाण के उपरान्त उनके शिष्यों ने उनके उपदेशों का संग्रह राजगृह के समीप एक गुहा में किया था। फिर महाराज अशोक ने अपने समय में उसका दूसरा संस्करण बौद्धों के एक बड़े संघ में कराया था। हीनयानवाले अपना संस्करण इसी को बतलाते हैं। तीसरा संस्करण कनिष्क के समय में हुआ था जिसे महायानवाले अपना कहते हैं। हीनयान और महायान के संस्करण के कुछ वाक्यों के मिलान से अनुमान होता है कि ये दोनों किसी ग्रंथ की छाया हैं जो अब लुप्तप्राय है। त्रिपिटक में नारायण, जनार्दन, शिव, ब्रह्मा, वरुण और शंकर आदि देवताओं का भी उल्लेख है।

त्रिपिताना * —क्रि० अ० [स० तृप्ति + आना (प्रत्य०)] तृप्ति पाना। तृप्त होना। अघा जाना। उ०—(क) जैसे तृषावंत जल अँचवत वह तो पुनि ठहरात। यह आतुर छवि लै उर धारति नेकु नहीं त्रिपितात।—सूर। (ख) जे षटरस मुख भोग करत हैं ते कैसे खरि खात। सूर सुनो लोचन हरि रस तजि हम सों क्यों त्रिपितात।—सूर।

क्रि० स० तृप्त करना। संतुष्ट करना।

त्रिपिव—संज्ञा पुं० [सं०] वह खसी, पानी पीने के समय जिसके दोनों कान पानी से छू जाते हों। ऐसा बकरा मनु के अनुसार पितृकर्म्म के लिये बहुत उपयुक्त होता है।

त्रिपिष्टप—संज्ञा पुं० [सं०] (१) स्वर्ग। (२) आकाश।

त्रिपुंड—संज्ञा पुं० [सं० त्रिपुण्ड्र] भस्म की तीन आड़ी रेखाओं का तिलक जो शैव वा शाक्त लोग ललाट पर लगाते हैं। उ०—गौर शरीर भूति भलि भ्राजा। भाल विशाल त्रिपुंड विराजा।—तुलसी।

क्रि० प्र०—देना।—रमाना।—लगाना।

त्रिपुंड्र—संज्ञा पुं० [सं०] त्रिपुंड।

त्रिपुट–संज्ञा पुं० [स०] (१) गोखरू का पेड़। (२) मटर। (३) खेसारी। (४) तीर। (५) ताला।

त्रिपुटक–संज्ञा पु० [स०] (१) खेसारी। (२) फोड़े का एक आकार।

त्रिपुटा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बेल का पेड़। (२) छोटी इलायची। (३) बड़ी इलायची। (४) निसोथ। (५) कनफोड़ा बेल। (६) मोतिया। (७) तांत्रिकों की एक देवी जो अभीष्ट-दात्री मानी जाती है।

त्रिपुटी–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) निसोथ। (२) छोटी इलायची। (३) तीन वस्तुओं का समूह। जैसे, ज्ञाता, ज्ञेय और ज्ञान; ध्याता, ध्येय और ध्यान, द्रष्टा, दृश्य और दर्शन आदि। उ०—ज्ञाता, ज्ञेय अरु ज्ञान जो ध्याता, ध्येय अरु ध्यान। द्रष्टा, दृश्य अरु दरश जो त्रिपुटी शब्दाभान।—कबीर।

संज्ञा स्त्री० [स० त्रिपुटिन्] (१) रेंड़ का पेड़। (२) खेसारी।

त्रिपुर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बाणासुर का एक नाम। (२) तीनों लोक। (३) चंदेरी नगर। (डि०)। (४) महाभारत के अनुसार वे तीनों नगर जो तारकासुर के तारकाक्ष, कमलाक्ष और विद्युन्माली नाम के तीनों पुत्रों ने मय दानव से अपने लिये बनवाए थे। इनमें से एक नगर सोने का और स्वर्ग में था, दूसरा अंतरिक्ष में चांदी का था और तीसरा मर्त्यलोक में लोहे का था। जब उक्त तीनों असुरों का अत्याचार और उपद्रव बहुत बढ़ गया तब देवताओं के प्रार्थना करने पर शिवजी ने एक ही बाण से उन तीनों नगरों को नष्ट कर दिया और पीछे से उन तीनों राक्षसों को भी मार डाला।

त्रिपुरघ्न–संज्ञा पु० [सं०] महादेव।

त्रिपुरदहन–संज्ञा पु० [सं०] महादेव।

त्रिपुरभैरव–संज्ञा पु० [सं०] वैद्यक का एक रस जो सन्निपात रोग में दिया जाता है। इसके बनाने की विधि यह है—काली मिर्च ४ भर, सोंठ ४ भर, शुद्ध तेलिया सोहागा ३ भर, और शुद्ध सींगी मोहरा १ भर लेते हैं और इन सब चीज़ों को पीसकर पहले तीन दिन तक नीबू के रस में फिर पांच दिन तक अदरक के रस में और तब तीन दिन तक पान के रस में अच्छी तरह खरल करके एक एक रत्ती की गोलियां बना लेते हैं। यह गोली अदरक के रस के साथ दी जाती है।

त्रिपुरभैरवी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक देवी का नाम।

त्रिपुरमल्लिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की मल्लिका।

त्रिपुरांतक–संज्ञा पुं० [सं०] शिव। महादेव।

त्रिपुरा–संज्ञा स्त्री० [सं०] कामाख्या देवी की एक मूर्त्ति।

त्रिपुरारि–संज्ञा पु० [सं०] शिव। महादेव।

त्रिपुरारि रस–संज्ञा पुं० [स०] वैद्यक में एक प्रकार का रस जो पारे, तांबे, गंधक, लोहे, अभ्रक आदि के योग से बनाया जाता है। इसका व्यवहार पेट के रोगों को नष्ट करने के लिये होता है।

त्रिपुरासुर–संज्ञा पुं० दे० "त्रिपुर"।

त्रिपुरुष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) पिता, पितामह और प्रपितामह। (२) सम्पत्ति का वह भोग जो तीन पीढ़ियां अलग अलग करें। एक एक करके तीन पीढ़ियों का भोग।

त्रिपुष–संज्ञा पुं० [स०] (१) ककड़ी। (२) खीरा। (३) गेहूँ।

त्रिपुषा–संज्ञा स्त्री० [स०] काला निसोथ।

त्रिपुष्कर–संज्ञा पुं० [सं०] फलित ज्योतिष में एक योग जो पुनर्वसु, उत्तराषाढा, कृत्तिका, उत्तराफाल्गुणी, पूर्वभाद्रपद और विशाखा इन नक्षत्रों, रवि, मंगल और शनि इन वारों तथा द्वितीया, सप्तमी और द्वादशी इन तिथियों में से किसी एक नक्षत्र एक वार और एक तिथि के एक साथ पड़ने से होता है। इस योग में यदि कोई मरे तो उसके परिवार में दो आदमी और मरते हैं और उसके संबंधियों को अनेक प्रकार के कष्ट होते हैं। इसमें यदि कोई हानि हो तो वैसी ही हानि और दो बार होती है और यदि लाभ हो तो वैसा ही लाभ और दो बार होता है। बालक के जन्म के लिये यह योग जारज योग समझा जाता है।

त्रिपृष्ठ–संज्ञा पुं० [सं०] जैनियों के मत से पहले वासुदेव।

त्रिपौरुष–संज्ञा पुं० दे० "त्रिपुरुष"।

त्रिपौलिया–संज्ञा स्त्री० दे० "तिरपौलिया"।

त्रिप्रश्न–संज्ञा पु० [स०] फलित ज्योतिष में दिशा, देश और काल-संबंधी प्रश्न।

त्रिप्रस्रुत–संज्ञा पु० [सं०] वह हाथी जिसके मस्तक, कपोल और नेत्र इन तीनों स्थानों से मद झड़ता हो।

त्रिप्लक्ष–संज्ञा पु० [सं०] एक बहुत प्राचीन देश का नाम जिसका उल्लेख वैदिक ग्रंथों में आया है।

त्रिफला–संज्ञा पुं० [सं०] (१) आंवले, हड़ और बहेड़े का समूह जो आंखों के लिये हितकारक, अग्निदीपक, रुचिकारक, सारक तथा कफ, पित्त, मेह, कुष्ठ और विषमज्वर का नाशक माना जाता है। इससे वैद्यक में अनेक प्रकार के घृत आदि बनाए जाते हैं

पर्य्या०—त्रिफली। फलत्रय। फलत्रिक।

(२) वह चूर्ण जो इन तीनों फलों से बनाया जाता है। यह चूर्ण बनाते समय १ भाग हड़, २ भाग बहेड़ा और ३ भाग आंवला लिया जाता है।

त्रिबलि–संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिबली"।

त्रिबली–संज्ञा स्त्री० [स०] वे तीन बल जो पेट पर पड़ते हैं। इन बलों की गणना सौंदर्य्य में होती है।

त्रिबलीक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वायु। (२) मलद्वार। गुदा।

त्रिबाहु–संज्ञा पुं० [सं०] (१) रुद्र के एक अनुचर का नाम। (२) तलवार का एक हाथ।

त्रिबेनी–संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिवेणी"।

त्रिभंग–वि० [सं०] तीन जगह से टेढ़ा। जिसमें तीन जगह बल पड़ते हों। उ०—जैसे को तैसो मिलै तब ही जुरत सनेह। ज्यों त्रिभंग तनु श्याम को कुटिल कूबरी देह।—पद्माकर।

संज्ञा पुं० खड़े होने की एक मुद्रा जिसमें पेट कमर और गरदन में कुछ टेढ़ापन रहता है।

विशेष—प्रायः श्रीकृष्ण के ध्यान में इस प्रकार खड़े होकर बंसी बजाने की भावना की जाती है।

त्रिभंगी–वि० [स०] तीन जगह से टेढ़ा। तीन मोड़ का। त्रिभंग। उ०—करौ कुबत जग कुटिलता, तजौं न दीन दयाल। दुखी होहुगे सरल हिय बसत त्रिभंगी लाल।—बिहारी।

संज्ञा पु० [सं०] (१) ताल के साठ मुख्य भेदों में से एक भेद जिसमें एक गुरु, एक लघु और एक प्लुत मात्रा होती है। (२) शुद्ध राग का एक भेद। (३) एक मात्रिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में ३२ मात्राएँ होती हैं और १०, ८, ८, ६ मात्राओं पर यति होती है। जैसे, परसत पद पावन, शोक नसावन, प्रगट भई तप पुंज सही। (४) गणात्मक दंडक का एक भेद जिसके प्रत्येक चरण में ६ नगण, २ सगण, भगण मगण, सगण और अंत में एक गुरु होता है अर्थात् प्रत्येक चरण में ३४ अक्षर होते हैं। जैसे, सजल जलद तनु लसत विमल तनु श्रम कण त्यों झलको है उमगो है बुंद मनो है। भ्रुव युग मटकनि फिरि लटकनि अनिमिष नैनन जो है हरषो है ह्वै मन मोहै। (५) दे० "त्रिभंग"।

त्रिभंडी–संज्ञा स्त्री० [सं०] निसोथ।

त्रिभ–वि० [सं०] तीन नक्षत्रों से युक्त। जिसमें तीन नक्षत्र हों।

संज्ञा पु० [सं०] चंद्रमा के हिसाब से रेवती, अश्विनी और भरणी नक्षत्रयुक्त आश्विन, शतभिषा, पूर्वभाद्रपद और उत्तरभाद्रपद नक्षत्रयुक्त भाद्रमास; और पूर्वफाल्गुणी, उत्तर-फाल्गुणी और हस्ता नक्षत्रयुक्त फाल्गुण मास।

त्रिभजीया–संज्ञा स्त्री० [सं०] व्यास की आधी रेखा। त्रिज्या।

त्रिभज्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] त्रिभजीया। त्रिज्या।

त्रिभुक्ति–संज्ञा पुं० [सं०] तिरहुत या मिथिला देश।

त्रिभुज–संज्ञा पुं० [सं०] तीन भुजाओं का क्षेत्र। वह धरातल जो तीन भुजाओं वा रेखाओं से घिरा हो। जैसे, △ ▷

त्रिभुवन–संज्ञा पुं० [सं०] तीनों लोक अर्थात् स्वर्ग, पृथ्वी और पाताल।

त्रिभुवनसुंदरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दुर्गा। (२) पार्वती।

त्रिभूम–संज्ञा पुं० [सं०] तीन खंडोंवाला मकान। तिमहला घर।

त्रिभेलग्न–संज्ञा पुं० [सं०] क्षितिज वृत्त पर पड़नेवाले क्रांतिवृत्त का ऊपरी मध्य भाग।

त्रिमंडला–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की ज़हरीली मकड़ी।

त्रिमद–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) मोथा, चीता और बायविडंग इन तीनों चीजों का समूह। (२) परिवार, विद्या और धन इन तीनों कारणों से होनेवाला अभिमान।

त्रिमधु–संज्ञा पुं० [स०] (१) ऋग्वेद के एक अंश का नाम। (२) वह व्यक्ति जो विधिपूर्वक उक्त अंश पढ़े। (३) ऋग्वेद का एक यज्ञ। (४) घी, शहद और चीनी इन तीनों का समूह।

त्रिमधुर–संज्ञा पुं० [सं०] घी, शहद और चीनी इन तीनों का समूह।

त्रिमात–वि० दे० "त्रिमात्रिक"।

त्रिमात्रिक–वि० [स०] तीन मात्राओं का। तीन मात्राओंवाला। जिसमें तीन मात्राएँ हों। प्लुत।

त्रिमार्गगामिनी–संज्ञा स्त्री० [स०] गंगा।

त्रिमार्गी–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) गंगा। (२) तिरमुहानी।

त्रिमुंड–संज्ञा पु० [सं०] (१) त्रिशिरा राक्षस। (२) ज्वर। बुखार।

त्रिमुकुट–संज्ञा पुं० [सं०] वह पहाड़ जिसकी तीन चोटियाँ हों। त्रिकूट।

त्रिमुख–संज्ञा पुं० [सं०] (१) शाक्य मुनि। (२) गायत्री जपने की चौबीस मुद्राओं में से एक मुद्रा।

त्रिमुखा–संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिमुखी"।

त्रिमुखी–संज्ञा स्त्री० [स०] बुद्ध की माता, मायादेवी।

विशेष—महायान शाखा के बौद्ध देवीरूप से इनकी उपासना करते हैं।

त्रिमुनि–संज्ञा पु० [स०] पाणिनि, कात्यायन और पतंजलि ये तीनों मुनि।

त्रिमुहानी–संज्ञा स्त्री० दे० "तिरमुहानी"।

त्रिमूर्त्ति–संज्ञा पुं० [स०] (१) ब्रह्मा, विष्णु और शिव ये तीनों देवता। (२) सूर्य्य।

संज्ञा स्त्री० [स०] (१) ब्रह्म की एक शक्ति। (२) बौद्धों की एक देवी।

त्रिमृत–संज्ञा पु० [स०] निसोथ।

त्रिमृता–संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिमृत"।

त्रिय*–संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिया"।

त्रियव–संज्ञा पु० [सं०] एक परिमाण जो तीन जौ के बराबर या एक रत्ती के लगभग होता है।

त्रियष्टि–संज्ञा पुं० [सं०] पितपापड़ा। शाहतरा।

त्रिया ✻ †–संज्ञा स्त्री० [सं० स्त्री] औरत। स्त्री।

यौ०—त्रियाचरित्र = स्त्रियों का छल कपट जिसे पुरुष सहज में नहीं समझ सकते।

त्रियान—संज्ञा पुं० [सं०] बौद्धों के तीन प्रधान भेद या यान—महायान, हीनयान और मध्यमयान।

त्रियामक—संज्ञा पुं० [सं०] पाप।

त्रियामा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) रात्रि।

विशेष—रात के पहले चार दंडों और अंतिम चार दंडों की गिनती दिन में की जाती है, जिससे रात में केवल तीन ही पहर बच रहते हैं। इसीसे उसे त्रियामा कहते हैं।

(२) यमुना नदी। (३) हलदी। (४) नील का पेड़। (५) काला निसोथ।

त्रियुग—संज्ञा पुं० [सं०] (१) विष्णु। (२) वसंत, वर्षा और शरद् ये तीनों ऋतुएँ। (३) सत्ययुग, द्वापर और त्रेता ये तीनों युग।

त्रियूह—संज्ञा पुं० [सं०] सफेद रंग का घोड़ा।

त्ररत्न—संज्ञा पुं० [सं०] बुद्ध, धर्म्म और संघ का समूह। (बौद्ध)

त्ररश्मि—संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिकोण"।

त्ररसक—संज्ञा पुं० [सं०] वह मदिरा जिसमें तीन प्रकार के रस या स्वाद हों।

त्रिरात्रि—संज्ञा पुं० [सं०] (१) तीन रात्रियों (और दिनों) का समय। (२) एक प्रकार का व्रत जिसमें तीन दिनों तक उपवास करना पड़ता है। (३) गर्ग-त्रिरात्र नामक याग।

त्ररूप—संज्ञा पुं० [सं०] अश्वमेध यज्ञ के लिये एक विशेष प्रकार का घोड़ा।

त्ररेख—संज्ञा पुं० [सं०] शंख।

वि० तीन रेखाओंवाला। जिसमें तीन रेखाएँ हों।

त्रिल—संज्ञा पुं० [सं०] नगण, जिसमें तीनों लघु वर्ण होते हैं।

त्रिलघु—संज्ञा पुं० [सं०] (१) नगण जिसमें तीनों वर्ण लघु होते हैं। (२) वह पुरुष जिसकी गर्दन, जाँघ और मूत्रेंद्रिय छोटी हो। पुरुष के लिये ये लक्षण शुभ माने जाते हैं।

त्रिलवण—संज्ञा पुं० [सं०] सेंधा, सांभर और सोंचर (काला) नमक।

त्रिलिंग—संज्ञा० पुं० [हिं० तैलंग] तैलंग शब्द का बनावटी संस्कृत रूप।

त्रिलोक—संज्ञा पु० [सं०] स्वर्ग, मर्त्य और पाताल ये तीनों लोक।

यौ०—त्रिलोकनाथ। त्रिलोकपति।

त्रिलोकनाथ—संज्ञा पुं० [सं०] (१) तीनों लोक का मालिक वा रक्षक, ईश्वर। (२) राम। (३) कृष्ण। (४) विष्णु का कोई अवतार। (५) सूर्य।

त्रिलोकपति—संज्ञा पुं० दे० "त्रिलोकनाथ"।

त्रिलोकी—संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिलोक"।

त्रिलोकीनाथ—संज्ञा पुं० दे० "त्रिलोकनाथ"।

त्रिलोकेश—संज्ञा पुं० [सं०] (१) ईश्वर। (२) सूर्य्य।

त्रिलोचन—संज्ञा पुं० [सं०] शिव। महादेव।

त्रिलोचना—संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिलोचनी"।

त्रिलोचनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा।

त्रिलोह—संज्ञा पुं० [स०] सोना, चाँदी और ताँबा।

त्रिलौही—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्राचीन काल की एक प्रकार की मुद्रा जो सोने, चाँदी और ताँबे को मिलाकर बनाई जाती थी।

त्रिवट—संज्ञा पुं० दे० "त्रिवण"।

त्रिवण—संज्ञा पुं० [सं०] संपूर्ण जाति का एक राग जो दोपहर के समय गाया जाता है। इसे कुछ लोग हिंडोल राग का पुत्र मानते हैं।

त्रिवणी—संज्ञा स्त्री० [?] एक संकर रागिनी जो शंकराभरण, जयश्री और नरनारायण के मेल से बनती है।

त्रिवर्ग—संज्ञा पुं० [सं०] (१) अर्थ, धर्म और काम। (२) त्रिफला। (३) त्रिकुटा। (४) वृद्धि, स्थिति और क्षय। (५) सत्व, रज और तम ये तीनों गुण। (६) ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य ये तीनों प्रधान जातियाँ। (७) सुनीति। (८) गायत्री।

त्रिवर्णक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) गोखरू। (२) त्रिफला। (३) त्रिकुटा। (४) काला, लाल और पीला रंग। (५) ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य ये तीनों प्रधान जातियाँ।

त्रिवर्णी—संज्ञा स्त्री० [सं०] बन-कपास।

त्रिवर्त्त—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का मोती। कहते हैं कि जिस के पास यह मोती होता है उसको दरिद्र कर देता है।

त्रिवलि—संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिवली"।

त्रिवलिका—संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिवली"।

त्रिवली—संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिवली"।

त्रिवल्य—संज्ञा पुं० [सं०] बहुत प्राचीन काल का एक प्रकार का बाजा जिसपर चमड़ा मढ़ा होता था।

त्रिवार—संज्ञा पुं० [स०] गरुड़ के एक पुत्र का नाम।

त्रिवाहु—संज्ञा पुं० [सं०] तलवार के ३२ हाथों में से एक हाथ।

त्रिविक्रम—संज्ञा पुं० [स०] (१) वामन का अवतार। (२) विष्णु।

त्रिविद्—संज्ञा पुं० [सं०] वह जिसने तीनों वेद पढ़े हों।

त्रिविध—वि० [सं०] तीन तरह का। तीन प्रकार का। उ०—त्रिविध ताप त्रासक त्रिमुहानी। राम स्वरूप सिंधु समुहानी।—तुलसी।

क्रि० वि० [सं०] तीन प्रकार से।

त्रिविनत—संज्ञा पुं० [सं०] वह जिसमें देवता, ब्राह्मण और गुरु के प्रति बहुत श्रद्धा और भक्ति हो।

त्रिविष्टप—संज्ञा पुं० [सं०] (१) स्वर्ग। (२) तिब्बत देश।

त्रिविस्तीर्ण—संज्ञा पुं० [स०] वह पुरुष जिसका ललाट, कमर और छाती ये तीनों अंग चौड़े हों। ऐसा मनुष्य भाग्यवान् समझा जाता है।

त्रिबीज–संज्ञा पुं० [सं०] सौंफ ।

त्रिवृत–संज्ञा पुं० [सं त्रिवृत्] (१) एक प्रकार का यज्ञ । (२) निसोथ ।

त्रिवृता–संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिवृत" ।

त्रिवृत्करण–संज्ञा पुं० [सं०] अग्नि, जल और पृथ्वी इन तीनों तत्त्वों में से प्रत्येक में शेष दोनों तत्त्वों का समावेश करके प्रत्येक को अलग अलग तीन भागों में विभक्त करने की क्रिया ।

विशेष—इस विचार-पद्धति के अनुसार प्रत्येक तत्त्व में शेष तत्त्वों का भी समावेश माना जाता है । उदाहरण के लिये अग्नि को लीजिए । अग्नि में अग्नि, जल और पृथ्वी का समावेश माना जाता है; और इन तीनों तत्त्वों के अस्तित्व के प्रमाण स्वरूप अग्नि की ललाई, सफेदी और कालिमा उपस्थित की जाती है । अग्नि की ललाई उसमें अग्नि तेज के होने का, उसकी सफेदी उसमें जल के होने का और उसमें की कालिमा उसमें पृथ्वी तत्त्व होने का प्रमाण माना जाता है । छांदोग्योपनिषद् के छठे प्रपाठक के चौथे खंड में इसका पूरा विवरण दिया हुआ है । जान पड़ता है कि उस समय तक लोगों को केवल तीन ही तत्त्वों का ज्ञान हुआ था और पीछे से जब और दो तत्त्वों का ज्ञान हुआ तब तत्त्वों के पंचीकरणवाली पद्धति निकली ।

त्रिवृत्त–वि० [सं०] तिगुना ।

त्रिवृत्ता–संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिवृत्ति" ।

त्रिवृत्ति–संज्ञा स्त्री० [सं०] निसोथ ।

त्रिवृत्पर्णी–संज्ञा स्त्री० [सं०] हुरहुर । हिलमोचिका ।

त्रिवृद्भेद–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ऋक्, यजु और साम ये तीनों वेद । (२) प्रणव ।

त्रिवृष–संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार ग्यारहवें द्वापर के व्यास का नाम ।

त्रिवेणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तीन नदियों का संगम । (२) तीन नदियों की मिली हुई धारा । (३) गंगा यमुना और सरस्वती का संगम स्थान जो प्रयाग में है । यह तीर्थ स्थान माना जाता है और वारुणी तथा मकर संक्रांति आदि के अवसरों पर यहां स्नान करनेवालों की बहुत भीड़ होती है । (४) हठ योग के अनुसार इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना इन तीनों नाड़ियों का संगम-स्थान ।

त्रिवेणु–संज्ञा पुं० [सं०] रथ के अगले भाग के एक अंग का नाम ।

त्रिवेद–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ऋक्, यजु और साम ये तीनों वेद । (२) इन तीनों वेदों में बतलाए हुए कर्म्म । (३) वह जो इन तीनों का ज्ञाता हो ।

त्रिवेदी–संज्ञा पुं० [सं० त्रिवेदिन्] (१) ऋक्, यजु और साम इन तीनों वेद का जाननेवाला । (२) ब्राह्मणों का एक भेद ।

त्रिवेनी*–संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिवेणी" ।

त्रिवेला–संज्ञा स्त्री० [सं०] निसोथ ।

त्रिशंकु–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बिल्ली । (२) जुगुनू । (३) एक पहाड़ का नाम । (४) पपीहा । (५) एक प्रसिद्ध सूर्य्यवंशी राजा का नाम जिन्होंने सशरीर स्वर्ग जाने की कामना से यज्ञ किया था पर जो इंद्र तथा दूसरे देवताओं के विरोध करने के कारण स्वर्ग न पहुँच सके । रामायण में लिखा है कि सशरीर स्वर्ग पहुँचने की कामना से त्रिशंकु ने अपने गुरु वशिष्ट से यज्ञ कराने की प्रार्थना की पर वशिष्ट ने उनकी प्रार्थना स्वीकार न की । इसपर वह वशिष्ट के पुत्रों के पास गए ; पर उन लोगों ने भी उनकी बात न मानी, उलटे उन्हें शाप दिया कि तुम चांडाल हो जाओ । तदनुसार राजा चांडाल होकर विश्वामित्र की शरण में पहुँचे और हाथ जोड़ कर उनसे अपनी अभिलाषा प्रकट की । इसपर विश्वामित्र ने बहुत से ऋषियों को बुला कर उनसे यज्ञ करने के लिये कहा । ऋषियों ने विश्वामित्र के कोप से डरकर यज्ञ आरंभ किया जिसमें स्वयं विश्वामित्र अध्वर्यु बने । जब विश्वामित्र ने देवताओं को उनका हविर्भाग देना चाहा तब कोई देवता न आये । इसपर विश्वामित्र बहुत बिगड़े और केवल अपनी तपस्या के बल से ही त्रिशंकु को सशरीर स्वर्ग भेजने लगे । जब इंद्र ने त्रिशंकु को सशरीर स्वर्ग की ओर आते हुए देखा तब उन्होंने वहीं से उन्हें मर्त्यलोक की ओर लौटाया । त्रिशंकु जब उलटे होकर नीचे गिरने लगे तब बड़े जोर से चिल्लाए । विश्वामित्र ने उन्हें आकाश में ही रोक दिया और क्रुद्ध होकर दक्षिण की ओर दूसरे सप्तर्षियों और नक्षत्रों की रचना आरंभ की । सब देवता भयभीत होकर विश्वामित्र के पास पहुँचे । तब विश्वामित्र ने उनसे कहा कि मैंने त्रिशंकु को सशरीर स्वर्ग पहुँचाने की प्रतिज्ञा की है । अतः अब वह जहाँ के तहाँ रहेंगे और हमारे बनाए हुए सप्तर्षि और नक्षत्र इनके चारों ओर रहेंगे । देवताओं ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली । तब से त्रिशंकु वहीं आकाश में नीचे सिर किए हुए लटके हैं और नक्षत्र उनकी परिक्रमा करते हैं । लेकिन हरिवंश में लिखा है कि महाराज त्रय्यारुण के सत्यव्रत नामक एक पुत्र बहुत ही पराक्रमी राजा था । सत्यव्रत ने एक पराई स्त्री को घर में रख लिया था । इससे पिता ने उन्हें शाप दे दिया कि तुम चांडाल हो जाओ । तदनुसार सत्यव्रत चांडाल होकर चांडालों के साथ रहने लगे । जिस स्थान पर सत्यव्रत रहते थे उसके पास ही विश्वामित्र ऋषि भी बन में तपस्या करते थे । एक बार उस प्रांत में बारह वर्षों तक वृष्टि ही न हुई, इससे विश्वामित्र की स्त्री अपने बिचले लड़के को गले में बाँध कर सौ गाओं को बेचने निकली । सत्यव्रत ने उस लड़के को

ऋषि-पत्नी से लेकर उसे पालना आरंभ किया, तभी से उस लड़के का नाम गालव पड़ा। एक बार मांस के अभाव के कारण सत्यव्रत ने वशिष्ठ की कामधेनु गौ को मार कर उसका मांस विश्वामित्र के लड़कों को खिलाया था और स्वयं भी खाया था। इस पर वशिष्ठ ने उनसे कहा कि एक तो तुमने अपने पिता को असंतुष्ट किया, दूसरे अपने गुरु की गौ मार डाली और तीसरे उसका मांस स्वयं खाया तथा ऋषि-पुत्रों को खिलाया। अब किसी प्रकार तुम्हारी रक्षा नहीं हो सकती। सत्यव्रत ने ये तीन महापातक किए थे, इसीसे वे त्रिशंकु कहलाए। उन्होंने विश्वामित्र की स्त्री और पुत्रों की रक्षा की थी इसलिये ऋषि ने उनसे वर माँगने के लिये कहा। सत्यव्रत ने सशरीर स्वर्ग जाना चाहा। विश्वामित्र ने पहले तो उनकी यह बात मान ली, पर पीछे से उन्होंने सत्यव्रत को उनके पैतृक राज्य पर अभिषिक्त किया और स्वयं उसके पुरोहित बने। सत्यव्रत ने केकयवंश की सत्यरथा नामक कन्या से विवाह किया था जिसके गर्भ से प्रसिद्ध सत्यव्रती महाराज हरिश्चंद्र ने जन्म लिया था। तैत्तिरीय उपनिषद् के अनुसार त्रिशंकु अनेक वैदिक मंत्रों के ऋषि थे। (६) एक तारा जिसके विषय में प्रसिद्ध है कि यह वही त्रिशंकु हैं जो इंद्र के ढकेलने पर आकाश से गिर रहे थे और जिन्हें मार्ग में ही विश्वामित्र ने रोक दिया था।

त्रिशंकुज—संज्ञा पुं० [सं०] त्रिशंकु के पुत्र, राजा हरिश्चंद्र।

त्रिशंकुयाजी—संज्ञा पुं० [सं० त्रिशंकुयाजिन्] त्रिशंकु को यज्ञ करानेवाले, विश्वामित्र ऋषि।

त्रिशक्ति—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) इच्छा, ज्ञान और क्रिया रूपी तीनों ईश्वरीय शक्तियाँ। (२) महत्तत्त्व जो त्रिगुणात्मक है। बुद्धितत्त्व। (३) तांत्रिकों की काली, तारा और त्रिपुरा ये तीनों देवियाँ। (४) गायत्री।

यौ०—त्रिशक्तिधृत्।

त्रिशक्तिधृत्—संज्ञा पुं० [सं०] (१) परमेश्वर। (२) विजिगीषु राजा का एक नाम।

त्रिशरण—संज्ञा पुं० [सं०] (१) बुद्ध। (२) जैनियों के एक आचार्य्य का नाम।

त्रिशर्करा—संज्ञा स्त्री० [सं०] गुड़, चीनी और मिस्री इन तीनों का समूह।

त्रिशला—संज्ञा स्त्री० [सं०] वर्त्तमान अवसर्पिणी के चौबीस तीर्थंकरों में से अंतिम तीर्थंकर वर्द्धमान या महावीर स्वामी की माता का नाम।

त्रिशाख—वि० [सं०] जिसमें आगे की ओर तीन शाखाएँ निकली हों।

त्रिशाखपत्र—संज्ञा पुं० [सं०] बेल का पेड़।

त्रिशालक—संज्ञा पुं० [सं०] बृहत्संहिता के अनुसार वह इमारत जिसके उत्तर ओर और कोई इमारत न हो। ऐसी इमारत अच्छी समझी जाती है।

त्रिशिख—संज्ञा पुं० [सं०] (१) त्रिशूल। (२) किरीट। (३) रावण के एक पुत्र का नाम। (४) बेल का पेड़। (५) तामस नामक मन्वंतर के इंद्र का नाम।

वि० जिसकी तीन शिखाएँ हों। तीन चोटियोंवाला।

त्रिशिखर—संज्ञा पुं० [सं०] वह पहाड़ जिसकी तीन चोटियाँ हों। त्रिकूट पर्वत।

त्रिशिखदला—संज्ञा स्त्री० [सं०] मालाकंद नाम की लता, अथवा उसका कंद (मूल)।

त्रिशिखी—वि० दे० "त्रिशिख"।

त्रिशिर—संज्ञा पुं० [सं० त्रिशिरस्] (१) रावण का एक भाई जो खर दूषण के साथ दंडक बन में रहा करता था। (२) कुबेर। (३) एक राक्षस जिसका उल्लेख महाभारत में है। (४) त्वष्टा प्रजापति के पुत्र का नाम। (५) हरिवंश के अनुसार उग्र पुरुष जिसे दानवों के राजा बाण की सहायता के लिये महादेवजी ने उत्पन्न किया था और जिसके तीन सिर, तीन पैर, छ हाथ और नौ आँखें थीं।

वि० तीन सिरोंवाला। जिसके तीन सिर हों।

त्रिशिरा—संज्ञा पुं० दे० "त्रिशिर"।

त्रिशीर्ष—संज्ञा पुं० [सं०] (१) तीन चोटियोंवाला पहाड़। त्रिकूट। (२) त्वष्टा प्रजापति के पुत्र का नाम।

त्रिशीर्षक—संज्ञा पुं० [सं०] त्रिशूल।

त्रिशुच—संज्ञा पुं० [सं०] (१) धर्म्म, जिसका प्रकाश स्वर्ग, अंतरिक्ष और पृथिवी तीनों स्थानों में है। (२) वह जिसे दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों प्रकार के दुःख हों।

त्रिशूल—संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक प्रकार का अस्त्र जिसके सिरे पर तीन फल होते है। यह महादेवजी का अस्त्र माना जाता है।

यौ०—त्रिशूलधर = महादेव।

(२) दैहिक, दैविक और भौतिक दुःख। (३) तंत्र के अनुसार एक प्रकार की मुद्रा जिसमें अंगूठे को कनिष्ठा उँगली के साथ मिला कर बाकी तीनो उँगलियों को फैला देते हैं।

त्रिशूलघात—संज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक तीर्थ जहाँ स्नान और तर्पण करने से गाणपत्य देह प्राप्त होती है।

त्रिशूली—संज्ञा पुं० [सं० त्रिशूलिन्] त्रिशूल को धारण करनेवाले, महादेव।

संज्ञा स्त्री० दुर्गा।

त्रिशृंग—संज्ञा पुं० [सं०] (१) त्रिकूट पर्वत जिसपर लंका बसी थी। (२) त्रिकोण।

त्रिशृंगी—संज्ञा स्त्री० [सं०] टेंगना मछली जिसके सिर पर तीन काँटे होते हैं।

त्रिशोक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) जीव, जिसे आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक ये तीन प्रकार के शोक होते हैं। (२) कण्व ऋषि के एक पुत्र का नाम।

त्रिश्रुतिमध्यम–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का विकृत स्वर जो संदीपनी नाम की श्रुति से आरंभ होता है। इसमें चार श्रुतियाँ होती हैं।

त्रिषवण–सज्ञा पु० [सं०] प्रातः, मध्याह्न और सायं ये तीनों काल। त्रिकाल।

त्रिषष्ठ–वि० [स०] तिरसठवाँ। क्रम में तिरसठ के स्थान पर पड़नेवाला।

त्रिषष्टि–संज्ञा स्त्री० [सं०] साठ और तीन की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—६३।

त्रिषा–सज्ञा स्त्री० दे० "तृषा"।

त्रिषित*–वि० दे० "तृषित"।

त्रिषुपर्णी–सज्ञा पुं० दे० "त्रिसुपर्ण"।

त्रिष्टुप–संज्ञा पु० दे० "त्रिष्टुभ्"।

त्रिष्टुभ्–संज्ञा पुं० [सं०] एक वैदिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में ग्यारह अक्षर होते हैं। इसका गोत्र कौशिक, वर्ण लोहित, स्वर धैवत, देवता इंद्र और उत्पत्ति प्रजापति के मांस से मानी जाती है। इसके सुमुखी, इंद्रवज्रा, उपेंद्रवज्रा, कीर्त्ति, वारुणी, माला, शाला, हसी, माया, जाया, बाला, आर्द्रा, भद्रा, प्रेमा, रामा, रथोद्धता, दोधक, ऋद्धि और सिद्धि या बुद्धि आदि प्रधान भेद हैं।

त्रिष्टोम–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का यज्ञ जो क्षत्रधृति यज्ञ के पहले और पीछे किया जाता है।

त्रिष्ठ–सज्ञा पुं० [सं०] तीन पहियोंवाला रथ या गाड़ी।

त्रिसंगम–संज्ञा पु० [सं०] (१) तीन नदियों के मिलने का स्थान। त्रिवेणी। (२) किसी प्रकार की तीन चीज़ों का मेल।

त्रिसंधि–सज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का फूल जो लाल, सफेद और काला तीन रंगों का होता है। इसे फगुनियाँ भी कहते हैं। वैद्यक में इसे रुचिकारक और कफ, खाँसी तथा त्रिदोष का नाशक माना है।

पर्य्या०— सांध्यकुसुमा। संधिवल्ली। सदाफला। त्रिसंध्यकुसुमा। कांडा। सुकुमारा। संधिजा।

त्रिसंध्य–संज्ञा पु० [स०] प्रातः, मध्याह्न और सायं ये तीनों काल।

विशेष—जो तिथि त्रिसंध्य-व्यापिनी, अर्थात् सूर्योदय से लेकर सूर्य्यास्त तक रहती है वह सब कार्य्यों के लिये ठीक मानी जाती है।

त्रिसंध्यकुसुम–संज्ञा पुं० दे० "त्रिसंधि"।

त्रिसंध्यव्यापिनी–वि० स्त्री० [सं०] (वह तिथि) जो बराबर सूर्योदय से सूर्य्यास्त तक हो। ऐसी तिथि शुद्ध और सब कामों के लिये ठीक मानी जाती है।

त्रिसंध्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रातः मध्याह्न और सायं ये तीनों संध्याएँ।

त्रिसप्तति–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) सत्तर और तीन का जोड़। तिहत्तर। (२) तिहत्तर की संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—७३।

त्रिसप्ततितम–वि० [सं०] तिहत्तरवाँ। जो क्रम में तिहत्तर के स्थान पर हो।

त्रिसम–संज्ञा पुं० [सं०] सोंठ, गुड़ और हड़ इन तीनों का समूह।

त्रिसर–सज्ञा पुं० [स०] खसारी।

त्रिसर्ग–सज्ञा पुं० [सं०] सत्व, रज और तम तीनों गुणों का सर्ग। सृष्टि।

त्रिसामा–सज्ञा पुं० [सं० त्रिसामन्] परमेश्वर।

संज्ञा स्त्री० [स०] भागवत के अनुसार एक नदी जो महेंद्र पर्वत से निकलती है।

त्रिसिता–संज्ञा स्त्री० दे० "त्रिशर्करा"।

त्रिसुगंधि–संज्ञा स्त्री० [सं०] दालचीनी, इलायची और तेजपात इन तीनों सुगंधित मसालों का समूह।

त्रिसुपर्ण–संज्ञा पु० [स०] (१) ऋग्वेद के तीन विशिष्ट मंत्रों का नाम। (२) यजुर्वेद के तीन विशिष्ट मंत्रों का नाम।

त्रिसुपर्णिक–संज्ञा पुं० [स०] वह पुरुष जो त्रिसुपर्ण का ज्ञाता हो।

त्रिसौपर्ण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) त्रिसुपर्णिक। (२) परमेश्वर। परमात्मा।

त्रिस्कंध–सज्ञा पु० [स०] ज्योतिष शास्त्र जिसके संहिता, तंत्र और होरा ये तीन स्कंध हैं।

त्रिस्तनी–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) गायत्री। (२) महाभारत के अनुसार एक राक्षसी जिसके तीन स्तन थे।

त्रिस्तवन–सज्ञा पु० [सं०] तीन दिनों में होनेवाला एक प्रकार का यज्ञ।

त्रिस्तावा–संज्ञा स्त्री० [स०] अश्वमेध यज्ञ की वेदी जो साधारण वेदी से तिगुनी बड़ी होती थी।

त्रिस्थली–संज्ञा स्त्री० [स०] काशी, गया और प्रयाग ये तीन पुण्य-स्थान।

त्रिस्थान–संज्ञा पुं० [सं०] स्वर्ग, मर्त्य और पाताल तीनों स्थानों में रहनेवाला, परमेश्वर।

त्रिस्रोता–संज्ञा पुं० [सं० त्रिस्रोतस्] (१) गंगा। उ०—भस्म त्रिपुंड्रक शोभिजै वर्णत बुद्धि उदार। मनो त्रिस्रोता सोतथुति वंदत लगी लिलार।—केशव। (२) उत्तर बंगाल की एक बड़ी नदी जिसे तिस्ता कहते हैं।

त्रिस्पृशा–संज्ञा स्त्री०[सं०] एक प्रकार की एकादशी जो इस समय

होती है जब कि एक ही सायन दिन में उदय काल के समय थोड़ी सी एकादशी और रात के अंत में त्रयोदशी होती है। ऐसी एकादशी बहुत उत्तम और पुण्य कार्यों के लिये उपयुक्त मानी जाती है।

त्रिस्नान–संज्ञा पुं० [सं०] सवेरे, दोपहर और संध्या तीनों समय का स्नान जो वानप्रस्थ आश्रम में रहनेवाले के लिये आवश्यक है। कई प्रायश्चित्तों में भी त्रिस्नान करना पड़ता है।

त्रिहायणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] द्रौपदी।

त्रिहुत–संज्ञा पुं० दे० "तिरहुत"।

त्रिषु–संज्ञा पुं० [सं०] तीन बाणों तक की तूरी का स्थान।

त्रिषुक–संज्ञा पुं० [सं०] तीन बाणोंवाला धनुष।

त्रिष्टुक–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की वैदिक अग्नि।

त्रुटि–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) कमी। कसर। न्यूनता। (२) अभाव। (३) भूल। चूक। (४) वचन-भंग। (५) छोटी इलायची। एला। (६) संशय। संदेह (७) कार्त्तिकेय की एक मातृका का नाम। (८) समय का एक अत्यंत सूक्ष्म विभाग जो दो क्षण के बराबर और किसी के मत से प्रायः चार क्षण के बराबर होता है।

त्रुटित–वि० [सं०] (१) कटा या टूटा हुआ। (२) जिसपर आघात लगा हो। (३) आहत।

त्रुटिबीज–संज्ञा पुं० [सं०] अरुई। कचू। घुइँया।

त्रुटी–संज्ञा स्त्री० दे० "त्रुटि"।

त्रुता–संज्ञा पुं० [सं०] (१) चार युगों में से दूसरा युग जो १२९६००० वर्ष का होता है। पुराणानुसार इस युग का जन्म अथवा आरंभ कार्त्तिक शुक्ला नवमी को होता है। इस युग में पुण्य के तीन पाद और पाप का एक पाद होता है, और सब लोग धर्म्म-परायण होते हैं। पुराणानुसार इस युग में मनुष्यों की आयु दस हज़ार वर्ष तथा मनु के अनुसार तीन सौ वर्ष होती है। परशुराम और रघुवंशी राम के अवतार का इसी युग में होना माना जाता है।

मुहा०—त्रेता के बीजों में मिलना = सत्यानाश होना। नष्ट होना। (एक शाप)।

(२) दक्षिण, गार्हपत्य और और आहवनीय, ये तीनों प्रकार की अग्नियाँ। (३) जुए में तीन कौड़ियों का अथवा पासे के उस भाग का चित पड़ना जिसपर तीन बिंदियाँ हों।

त्रेताग्नि–संज्ञा पुं० [सं०] दक्षिण, गार्हपत्य और आहवनीय ये तीनों प्रकार की अग्नियाँ।

त्रेतायुग–संज्ञा पुं० दे० "त्रेता" (१)।

त्रेतायुगाद्य–संज्ञा पुं० [सं०] कार्त्तिक शुक्ला नवमी, जिस दिन त्रेता का जन्म या आरंभ होना माना जाता है। इसकी गणना पुण्य तिथियों में है।

त्रेतिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह क्रिया जो दक्षिण, गार्हपत्य और आहवनीय तीनों प्रकार की अग्नियों से हो।

त्रे–वि० [सं० त्रय] तीन। उ०—ज्यों अति प्यासो पावै मग में गंगाजल। प्यास न एक बुझाय बुझै त्रै ताप बल।—केशव।

यौ०—त्रैकालिक।

त्रैकंटक–संज्ञा पुं० दे० "त्रिकटक"।

त्रैककुद्–संज्ञा पुं० दे० "त्रिककुद्"।

त्रैककुभ–संज्ञा पुं० दे० "त्रिककुभ"।

त्रैकालज्ञ–संज्ञा पु० दे० "त्रिकालज्ञ"।

त्रैकालिक–संज्ञा पुं० [सं०] वह जो त्रिकाल में होता हो। तीनों कालों में, या सदा होनेवाला।

त्रैकूटक–संज्ञा पुं० [सं०] कलचूरि राजवंश के समय का एक प्राचीन राजवंश।

त्रैकोणिक–संज्ञा पु० [सं०] (१) वह जिसके तीन पार्श्व हों। तिपहला। (२) वह जिसके तीन कोण हों।

त्रैगर्त्त–संज्ञा पु० [सं०] (१) त्रिगर्त्त देश का रहनेवाला। (२) त्रिगर्त्त देश का राजा।

त्रैगुण्य–संज्ञा पु० [सं०] त्रिगुण का धर्म्म या भाव। सत्व, रज और तम इन तीनों गुणों का धर्म्म या भाव।

त्रैदशिक–संज्ञा पुं० [सं०] उँगली का अगला भाग, जो तीर्थ कहलाता है।

त्रैधातवी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का यज्ञ।

त्रैपुर–संज्ञा पुं० दे० "त्रिपुर"।

त्रैफल–संज्ञा पुं० [सं०] चक्रदत्त के अनुसार वैद्यक में एक प्रकार का घृत जो त्रिफला आदि के संयोग से बनाया जाता है और जिसका व्यवहार प्रदर आदि रोगों में होता है।

त्रैबलि–संज्ञा पुं० [सं०] एक ऋषि का नाम जिनका उल्लेख महाभारत में है।

त्रैमातुर–संज्ञा पुं० [सं०] लक्ष्मण।

विशेष—लक्ष्मण जी सुमित्रा के गर्भ से उत्पन्न हुए थे पर सुमित्रा ने चरु का जो अंश खाया था वह पहले कौशल्या और कैकयी को दिया गया था और उन्हीं दोनों से सुमित्रा को मिला था, इसीलिये लक्ष्मण का नाम त्रैमातुर पड़ा।

त्रैमासिक–वि० [सं०] हर तीसरे महीने होनेवाला। जो हर तीसरे महीने हो। जैसे, त्रैमासिक पत्र।

त्रैयंबक–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का होम।

वि० [सं०] त्र्यंबक-संबंधी। जैसे, त्रैयंबक बलि।

त्रैयंबिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] गायत्री।

त्रैराशिक–संज्ञा पुं० [सं०] गणित की एक क्रिया जिसमें तीन ज्ञात राशियों की सहायता से चौथी अज्ञात राशि का पता लगाया जाता है।

त्रैलोक–संज्ञा पुं० दे० "त्रैलोक्य"।

त्रैलोक्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) स्वर्ग, मर्त्य और पाताल ये तीनों लोक। (२) २१ मात्राओं का कोई छंद।

त्रैलोक्यचिंतामणि–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वैद्यक में एक प्रकार का रस जो सोने, चाँदी और अभ्रक के मेल से बनाया जाता है। इसका व्यवहार क्षय, खाँसी, प्रमेह, जीर्णज्वर और उन्माद आदि रोगों में किया जाता है। (२) वैद्यक में एक प्रकार का रस जो हीरे, सोने और मोती के संयोग से बनाया जाता है।

त्रैलोक्यविजया–संज्ञा स्त्री० [सं०] भंग।

त्रैलोक्यसुंदर–संज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक में एक प्रकार का रस जो पारे, अभ्रक, लोहे और त्रिफला आदि के संयोग से बनाया जाता है। इसका व्यवहार शोथ, पांडु, क्षय और ज्वरातिसार आदि रोगों में होता है।

त्रैवर्गिक–संज्ञा पुं० [सं०] वह कर्म्म जिससे धर्म्म, अर्थ और काम इन तीनों की साधना हो।

त्रैवर्णिक–संज्ञा पुं० [सं०] ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य इन तीनों जातियों का धर्म्म।

वि० [सं०] तीन वर्ण संबंधी।

त्रैवार्षिक–वि० [सं०] जो तीन वर्षों में अथवा हर तीसरे वर्ष हो। तीन वर्ष संबंधी।

त्रैविक्रम–संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

त्रैविद्य–संज्ञा पुं० [सं०] तीनों वेदों का जाननेवाला मनुष्य।

त्रैविष्टप–संज्ञा पु० [सं०] स्वर्ग में रहनेवाले देवता।

त्रैसाणु–संज्ञा पु० [सं०] हरिवंश के अनुसार तुर्व्वसु वंश के राजा गोभानु के पुत्र का नाम।

त्रैस्वर्य्य–संज्ञा पुं० [सं०] उदात्त अनुदात्त और स्वरित तीनों प्रकार के स्वर।

त्रोटक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) नाटक का एक भेद जिसमें ५, ७, ८ वा ९ अंक होते हैं और प्रत्येक अंक में विदूषक रहता है। यह नाटक शृंगार रस प्रधान होता है और इसका नायक कोई दिव्य मनुष्य होता है। (२) एक राग का नाम। (संगीत)

त्रोटकी–संज्ञा स्त्री० [स०] एक प्रकार की रागिनी। (संगीत)

त्रोटि–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) कायफल। (२) चोंच। (३) एक प्रकार की चिड़िया। (४) एक प्रकार की मछली।

त्रोटी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) टोंटी। टूँटी। (२) चिड़िया की चोंच।

त्रोण–संज्ञा पुं० [सं०] तरकश।

त्रोतल–वि० [सं०] तोतला। जो बोलने में तुतलाता हो।

त्रोत्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अस्त्र। (२) चाबुक। (३) एक प्रकार का रोग।

त्र्यंगट–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ईश्वर। (२) चंद्रमा। (३) छीका। सिकहर।

त्र्यंजन–संज्ञा पुं० [स०] कालांजन, रसांजन और पुष्पांजन ये तीनों अंजन, काला सुरमा, रसौत और वे फूल जो अंजनों में मिलाए जाते हैं जैसे चमेली, तिल, नीम, लौंग अगरुय इत्यादि।

त्र्यंबक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) शिव। महादेव। (२) ग्यारह रुद्रों में से एक रुद्र।

त्र्यंबकसख–संज्ञा पुं० [सं०] कुबेर।

त्र्यंबका–संज्ञा स्त्री० [स०] दुर्गा, जिसके सोम, सूर्य्य और अनल ये तीनों नेत्र माने जाते हैं।

त्र्यक्ष–संज्ञा पुं० [स०] (१) शिव। महादेव। (२) एक दैत्य जिसका उल्लेख भागवत में है।

वि० [स०] जिसकी तीन आँखें हों। तीन नेत्रोंवाला।

त्र्यक्षर–वि० दे० "त्र्यक्षरक"।

त्र्यक्षरक–वि० [सं०] तीन अक्षरों का। जिसमें तीन अक्षर हों।

संज्ञा पुं० [सं०] (१) प्रणव। (२) तंत्र में वह यंत्र जिसमें तीन अक्षर हों। (३) एक प्रकार का वैदिक छंद।

त्र्यक्षी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक राक्षसी का नाम।

त्र्यधिपति–संज्ञा पुं० [सं०] तीनों लोकों के स्वामी, विष्णु।

त्र्यध्वगा–संज्ञा स्त्री० [सं०] गंगा।

त्र्यमृतयोग–संज्ञा पुं० [सं०] फलित ज्योतिष में एक प्रकार का योग जो कुछ विशिष्ट तिथियों, नक्षत्रों और वारों के संयोग से होता है।

विशेष—यदि रवि या मंगलवार को प्रतिपदा, षष्ठी या एकादशी तिथि और स्वाती, शतभिषा, आर्द्रा, रेवती, चित्रा, अश्लेषा या मूल नक्षत्र हो, शुक्र अथवा सोमवार को द्वितीया सप्तमी या द्वादशी तिथि और भद्रा, पूर्वफाल्गुणी, पूर्वभाद्रपद या उत्तर भाद्रपद नक्षत्र हो, बुधवार को तृतीया, अष्टमी या त्रयोदशी तिथि और मृगशिरा, श्रवण, पुष्य, ज्येष्ठा, भरणी, अभिजित् या अश्विनी नक्षत्र हो, बृहस्पतिवार को चतुर्थी, नवमी या चतुर्दशी तिथि और उत्तराषाढ़ा, विशाखा, अनुराधा, मघा या पुनर्वसु नक्षत्र हो अथवा शनिवार को पंचमी, दशमी अमावास्या या पूर्णिमा तिथि और रोहिणी, हस्त या धनिष्ठा नक्षत्र हो तो त्र्यमृत योग होता है। यह योग यात्रा के लिये बहुत उत्तम समझा जाता है और इससे व्यतीपात आदि का दोष भी नष्ट हो जाता है।

त्र्यशीत–वि० [सं०] क्रम में तिरासी के स्थान पर पड़नेवाला। तिरासीवाँ।

त्र्यशीति–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) अस्सी और तीन का जोड़। तिरासी। (२) तिरासी की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—८३।

त्र्यस्त्र–संज्ञा पुं० [सं०] त्रिकोण ।

त्र्यहस्पर्श–संज्ञा पुं० [सं०] वह सावन दिन जिसे तीन तिथियाँ स्पर्श करती हों।

त्र्यहस्पृश–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह तिथि जो तीन सावन दिनों को स्पर्श करती हो । ऐसी तिथि विवाह या यात्रा आदि के लिये निषिद्ध पर स्नान-दान आदि के लिये अच्छी मानी जाती है ।

त्र्यहिकारि रस–संज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक में एक प्रकार का रस जिसमें प्रधानतः पारा, गंधक, तूतिया और शंख पड़ता है । इसका व्यवहार तिजारी ज्वर में होता है ।

त्र्यहीन–संज्ञा पुं० [सं०] तीन दिनों में होनेवाला एक प्रकार का यज्ञ ।

त्र्यहैहिक–संज्ञा पुं० [सं०] वह गृहस्थ जिसके यहाँ तीन दिन तक निर्वाह करने के लिये यथेष्ट सामग्री हो । मनु के अनुसार ऐसा गृहस्थ मध्यम समझा जाता है ।

त्र्यार्षेय–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह गोत्र जिसके तीन प्रवर हों । त्रिप्रवर गोत्र । (२) अंधा, बहरा और गूँगा । (इन तीनों को यज्ञ में जाने का अधिकार नहीं है)

त्र्याहण–संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार के पक्षी ।

त्र्याहिक–संज्ञा पुं० [सं०] हर तीसरे दिन आनेवाला ज्वर । तिजारी ।

वि० तीन दिनों में होनेवाला ।

त्र्यूषण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सोंठ, पीपल और मिर्च । त्रिकुटा । (२) चरक के अनुसार एक प्रकार का घृत जो इन औषधियों के मेल से बनाया जाता है ।

त्वक्–संज्ञा पुं० [सं०] (१) छिलका । छाल । (२) त्वचा । चमड़ा । खाल । (३) पाँच ज्ञानेंद्रियों में से एक जो सारे शरीर के ऊपरी भाग में व्याप्त है । इसके द्वारा स्पर्श होता है तथा कड़े और नरम, ठंढे और गरम आदि का ज्ञान प्राप्त किया जाता है । हमारे यहाँ प्राचीन ऋषियों ने इसे वायु के सत्वांश से उत्पन्न माना है और इसका देवता वायु बतलाया है । (४) दारचीनी ।

त्वक्क्षीरा–संज्ञा स्त्री० दे० "त्वक्क्षीरी" ।

त्वक्क्षीरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] बंसलोचन ।

त्वक्छद–संज्ञा पुं० [सं०] शीरीश वृक्ष । शीरकंचुकी ।

त्वक्पंचक–संज्ञा पुं० [सं०] बड़, गूलर, अश्वत्थ, सीरीस और पाकर ये पाँचों वृक्ष । वैद्यक में इन पाँचों की छाल का समूह शीतल, लघु, तिक्त तथा व्रण और शोथ आदि का नाशक माना जाता है ।

त्वक्पत्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तेजपत्ता । (२) दारचीनी ।

त्वक्पत्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) हिंगुपत्री । (२) केले का पेड़ ।

त्वक्पाक–संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का रोग जिसमें पित्त और रक्त के कुपित होने से शरीर में फुंसियाँ निकल आती हैं ।

त्वक्पुष्प–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सेहुआँ रोग । (२ रोमांच । रोएँ खड़े हो जाना ।

त्वक्पुष्पिका–संज्ञा स्त्री० दे० "त्वक्पुष्प" ।

त्वक्पुष्पी–संज्ञा स्त्री० दे० "त्वक्पुष्प" ।

त्वक्सार–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बाँस । (२) दारचीनी । (३) सन का वृक्ष ।

त्वक्सारमेदिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] छोटा चेंच ।

त्वक्सारा–संज्ञा स्त्री० [सं०] बंसलोचन ।

त्वक्सुगंधा–संज्ञा पुं० [सं०] (१) एलुवा । (२) छोटी इलायची ।

त्वगंकुर–संज्ञा पुं० [सं०] रोमांच ।

त्वगाक्षीरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] बंसलोचन ।

त्वग्गंध–संज्ञा पुं० [सं०] नरंगी का पेड़ ।

त्वग्ज–संज्ञा पुं० [सं०] (१) रोम । रोआँ । (२) रक्त । लहू ।

त्वग्दोष–संज्ञा पुं० [सं०] कोढ़ । कुष्ट ।

त्वग्दोषापहा–संज्ञा स्त्री० [सं०] बकुची । बाबची ।

त्वग्दोषारि–संज्ञा पुं० [सं०] हस्तिकंद ।

त्वग्दोषी–संज्ञा पुं० [सं० त्वग्दोषिन्] कोढ़ी । जिसे कुष्ट रोग हो ।

त्वच्–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) चमड़ा । (२) छाल । वल्कल । (३) दारचीनी । (४) साँप की केंचुली । (५) त्वक् इंद्रिय । दे० "त्वक्" ।

त्वच–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दारचीनी । (२) तेजपत्ता ।

त्वचा–संज्ञा स्त्री० [सं०] त्वक् । चर्म । चमड़ा ।

त्वचापत्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तेजपत्ता । (२) दारचीनी ।

त्वदीय–सर्व० [सं०] तुम्हारा ।

त्वचिसार–संज्ञा पुं० [सं०] बाँस ।

त्वचिसुगंधा–संज्ञा स्त्री० [सं०] छोटी इलायची ।

त्वरा–संज्ञा स्त्री० [सं०] शीघ्रता । जल्दी ।

त्वरावान्–वि० [सं० त्वरावत्] शीघ्रता करनेवाला । जल्दबाज ।

त्वरि–संज्ञा स्त्री० दे० "त्वरा" ।

त्वरित–वि० [सं०] तेज़ ।

क्रि० वि० शीघ्रता से ।

त्वरितक–संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का चावल जिसे तूर्णक भी कहते हैं ।

त्वरितगति–संज्ञा पुं० [सं०] एक वर्णवृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में नगण, जगण, नगण और एक गुरु होता है । इसका दूसरा नाम 'अमृतगति' भी है । उ०– निज नग खोजत हर जू । पयसित जहमि बरजू ।

त्वरिता–संज्ञा स्त्री० [सं०] तंत्र के अनुसार एक देवी जिसकी पूजा युद्ध में विजय प्राप्त करने के लिये की जाती है ।

त्वलग–संज्ञा पुं० [सं०] पानी का साँप ।

त्वष्टा–संज्ञा पुं० [सं० त्वष्टृ] (१) विश्वकर्म्मा। विष्णुपुराण के अनुसार ये सूर्य्य के सात सारथियों में से एक हैं। (२) महादेव। शिव। (३) एक प्रजापति का नाम। (४) बढ़ई। (५) वृत्रासुर के पिता का नाम। (६) बारह आदित्यों में से ग्यारहवें आदित्य जो आँख के अधिष्ठाता देवता माने जाते हैं। (७) एक वैदिक देवता जो पशुओं और मनुष्यों के गर्भ में वीर्य्य का विभाग करनेवाले माने जाते हैं। (८) सूत्रधार नाम की वर्णसंकर जाति। (९) चित्रा नक्षत्र के अधिष्ठाता देवता का नाम।

त्वष्टि–संज्ञा पुं० [सं०] मनु के अनुसार एक संकर जाति।

त्वाष्ट्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा।

त्वाष्ट्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) त्वष्टा (विश्वकर्मा) का बनाया हुआ हथियार, वज्र। (२) वृत्रासुर का एक नाम। (३) चित्रा नक्षत्र।

त्वाष्ट्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) विश्वकर्मा की कन्या संज्ञा का एक नाम जो सूर्य्य को ब्याही थी और जिसके गर्भ से अश्विनीकुमार का जन्म हुआ था। (२) चित्रा नक्षत्र।

त्विषा–संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रभा। दीप्ति।

त्विषामीश–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य्य। (२) आक का पेड़।

त्विषि–संज्ञा स्त्री० [सं०] किरण।

त्सरु–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तलवार की मूठ। (२) सर्प।

त्सारुक–संज्ञा पुं० [सं०] वह जो तलवार चलाने में निपुण हो।

थ

थ–हिंदी वर्णमाला का सत्रहवाँ व्यंजन वर्ण और तवर्ग का दूसरा अक्षर। इसका उच्चारण-स्थान दंत है।

थंका–संज्ञा पुं० [?] बिलमुकुता।

थंडिल*–संज्ञा पुं० [सं० स्थंडिल] यज्ञ की वेदी।

थंभ–संज्ञा पुं० [सं० स्तम्भ] (१) खंभा। (२) सहारा। (३) राजपूतों का एक भेद।

थंभी–संज्ञा स्त्री० [सं० स्तम्भी] (१) खड़ी लकड़ी। (२) चाँड़। सहारे की बल्ली। थूनी।

थंभ–संज्ञा पुं० [सं० स्तम्भ] खंभा। उ०—जंघन को कदली सम जानै। अथवा कनक थंभ सम मानै।—सूर।

थंभन–संज्ञा पुं० [सं० स्तम्भन] (१) रुकावट। ठहराव। (२) तंत्र के छ प्रयोगों में से एक। दे० "स्तंभन"। (३) वह औषध जो शरीर से निकलनेवाली वस्तु (जैसे, मल मूत्र, शुक्र इत्यादि) को रोके रहे।

यौ०—जलथंभन = वह मंत्रप्रयोग जिसके द्वारा जल का प्रवाह या बरसना आदि रोक दिया जाय।

थँभना‡–क्रि० अ० दे० "थमना"।

थँभवाना–क्रि० स० दे० "थमवाना"।

थँभाना†–क्रि० स० दे० "थमाना"।

थंभित*–वि० [सं० स्तम्भित] (१) रुका हुआ। ठहरा हुआ। अड़ा हुआ। (२) अचल। स्थिर। (३) भय या आश्चर्य से निश्चल। ठक।

थ–संज्ञा पुं० [सं०] (१) रक्षण। (२) मंगल। (३) भय। (४) पर्वत। (५) भयानक। (६) एक व्याधि। (७) भक्षण। आहार।

थइँ‡–संज्ञा स्त्री० [हिं० ठाँव, ठाईं] (१) ठाँव। जगह (२) ढेर। अटाला।

थइली†–संज्ञा स्त्री० दे० "थैली"।

थक–संज्ञा पुं० दे० "थाक"।

थकना–क्रि० अ० [सं० स्तभ् वा स्था + कृ, प्रा० थक्कन] (१) परिश्रम करते करते और परिश्रम के योग्य न रहना। मिहनत करते करते हार जाना। शिथिल होना। क्लांत होना। श्रांत होना। जैसे, चलते चलते या काम करते करते थक जाना।

संयो० क्रि०—जाना।

(२) अब जाना। हैरान हो जाना। जैसे, कहते कहते थक गए पर वह नहीं मानता।

संयो० क्रि०—जाना।

(३) बुढ़ापे से अशक्त होना। बुढ़ापे के कारण काम करने के योग्य न रहना। जैसे, अब वे बहुत थक गए घर ही पर रहते हैं।

संयो० क्रि०—जाना।

(४) मंदा पड़ जाना। चलता न रहना। धीमा पड़ जाना। ढीला होना या रुक जाना। जैसे, कारबार का थक जाना, रोजगार का थक जाना। (५) मोहित होकर अचल हो जाना। मुग्ध होना। लुभाना। उ०—(क) थके नयन रघुपति छबि देखी।—तुलसी। (ख) थके नारि नर प्रेम-पियासे।—तुलसी।

थकर†–संज्ञा स्त्री० [हिं० थकना] थकावट।

थकरी†–संज्ञा स्त्री० [देश०] स्त्रियों के बाल झाड़ने की खस की कूँची।

थकान–संज्ञा स्त्री० [हिं० थकना] थकने का भाव। थकावट। शिथिलता।

थकाना–क्रि० स० [हिं० थकना] श्रांत करना। शिथिल करना। परिश्रम कराते कराते अशक्त कराना। हराना।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।

थकामाँदा–वि० [हिं० थकना] परिश्रम करते करते अशक्त। श्रांत। श्रमित।

थकार–संज्ञा पुं० [सं०] 'थ' अक्षर या वर्ण।

थकाव†–संज्ञा पुं० [हिं० थकना] थकावट।

थकावट†–संज्ञा स्त्री० [हिं० थकना] थकने का भाव। शिथिलता।

क्रि० प्र०—आना।

थकाहट–संज्ञा स्त्री० दे० "थकावट"।

थकित–वि० [हिं० थकना] (१) थका हुआ। श्रांत। शिथिल। (२) मोहित। मुग्ध। उ०—थकित भईं गोपी लखि स्यामहिँ।—सूर।

थकिया–संज्ञा स्त्री० [हिं० थक्का] (१) किसी गाढ़ी चीज़ की जमी हुई मोटी तह। (२) गली हुई धातु का जमा हुआ लोंदा।

यौ०—थकिया की चाँदी = गलाकर साफ़ की हुई चाँदी।

थकैनी†–संज्ञा स्त्री० दे० "थकावट"।

थकौहाँ–वि० [हिं० थकना] [स्त्री० थकौहीं] कुछ थका हुआ। थकामाँदा। शिथिल। उ०—दृग थिरकौंहैं अधखुले देह थकौंहै ढार। सुरत सुखित सी देखियत दुखित गरभ के भार।—बिहारी।

थक्का–संज्ञा पुं० [सं० स्था + क, बँग० थाकना = ठहरना] [स्त्री० थक्की, थकिया] (१) किसी गाढ़ी चीज़ की जमी हुई मोटी तह। जमा हुआ कतरा। अंठी। जैसे, दही का थक्का, खून का थक्का। (२) गली हुई धातु का जमा हुआ कतरा। जैसे, चाँदी का थक्का।

थगित–वि० [हिं० थकित] (१) ठहरा हुआ। रुका हुआ। (२) शिथिल। ढीला। (३) मंद।

थड़ा–संज्ञा पुं० [सं० स्थल] (१) बैठने की जगह। बैठक। (२) दूकान की गद्दी।

थति †*–संज्ञा स्त्री० दे० "थाती"।

थतिहार†–संज्ञा पुं० [हिं० थाती + हार (प्रत्य०)] वह जिसके पास थाती रखी हो।

थत्ती–संज्ञा स्त्री० [हिं० थाती] ढेर। राशि। अटाला। जैसे, रुपयों की थत्ती।

थन–संज्ञा पुं० [सं० स्तन] गाय, भैंस, बकरी इत्यादि चौपायों का स्तन। चौपायों की चूची।

थनकुदी–संज्ञा पुं० [देश०] एक छोटी नीले रंग की चमकीली चिड़िया जो कीड़े मकोड़े खाती है। इसका रंग बहुत सुंदर होता है।

थनगन–संज्ञा पुं० [बरमी] एक बड़ा पेड़ जो बरमा, बरार और मलाबार में बहुत होता है। इसकी लकड़ी बहुत मज़बूत होती है और इमारत में लगती है।

थनटूट–संज्ञा स्त्री० [हिं० थन + टूटना] वह स्त्री जिसके स्तन में दूध आना बंद हो गया हो।

थनी–संज्ञा स्त्री० [सं० स्तन] (१) स्तन के आकार की दो थैलियाँ जो बकरियों के गले के नीचे लटकती हैं। गलथना। (२) हाथियों के कान के पास थन के आकार का निकला हुआ मांस का अंकुर जो एक ऐब समझा जाता है। (३) घोड़े की लिंगेंद्रिय में थन के आकार का लटकता हुआ मांस जो एक ऐब समझा जाता है।

थनु + संज्ञा पुं० दे० 'थन'।

थनेला–संज्ञा पुं० [हिं० थन + एला (प्रत्य०) (१) एक प्रकार का फोड़ा जो स्त्रियों के स्तन पर होता है। इसमें सूजन और पीड़ा होती है और घाव हो जाता है। (२) गुबरैले की जाति का कीड़ा जिसके विषय में प्रसिद्ध है कि वह गाय भैंस आदि के थन में डंक मार देता है जिससे दूध सूख जाता है।

थनैत–संज्ञा पुं० [हिं० थान] (१) गाँव का मुखिया। (२) वह आदमी जो जमीदार की ओर से गाँव का लगान वसूल करे।

थपकना–क्रि० स० [अनु० थप थप] (१) प्यार से या आराम पहुँचाने के लिये किसीके शरीर पर धीरे धीरे हाथ मारना। हाथ से धीरे धीरे ठोंकना। जैसे, सुलाने के लिये बच्चे को थपकना। (२) धीरे धीरे ठोंकना। जैसे, थापी से गच थपकना। (३) पुचकारना या दम दिलासा देना। (४) किसी का क्रोध ठंढा करना। शांत करना।

थपकी–संज्ञा स्त्री० [हिं० थपकना] (१) किसी के शरीर पर (प्यार से या आराम पहुँचाने के लिये) हथेली से धीरे धीरे पहुँचाया हुआ आघात। (२) हाथ से धीरे धीरे ठोंकने की क्रिया।

क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

(२) हाथ के झटके से पहुँचाया हुआ कड़ा आघात। (३) ज़मीन को पीट कर चौरस करने की मुँगरी। (४) थापी। (५) धोबियों का मुँगरा या डंडा जिससे वे धोते समय भारी कपड़ों को पीटते हैं।

थपड़ी–संज्ञा स्त्री० [अनु० थप थप] (१) दोनों हथेलियों को एक दूसरे से जोर से टकरा कर ध्वनि उत्पन्न करने की क्रिया। ताली।

क्रि० प्र०—पीटना।—बजाना।

मुहा०—थपड़ी पीटना या बजाना = ज़ोर ज़ोर से हँसी करना। उपहास करना। दिल्लगी उड़ाना।

(२) ताली बजने का शब्द। (३) बेसन की पूरी जिसमें हींग, जीरा और नमक पड़ा रहता है।

थपथपी–संज्ञा स्त्री० दे० "थपकी"।

थपन *—संज्ञा पुं० [सं० स्थापन] स्थापन । ठहराने या जमाने का काम । उ०—इथपे थपन थिर थपेउ थपन हार केसरी कुमार बल अपनो सँभारिये ।—तुलसी ।

थपना*—क्रि० स० [स० स्थापन] १) स्थापित करना । बैठाना । ठहराना । जमाना । (२) प्रतिष्ठित करना ।

क्रि० अ० (१) स्थापित होना । जमना । ठहरना । (२) प्रतिष्ठित होना ।

क्रि० स० [अनु० थप थप] धीरे धीरे पीटना या ठोंकना ।

संज्ञा पुं० (१) पत्थर, लकड़ी आदि का औजार या टुकड़ा जिससे किसी वस्तु को पीटें । पिटना । (२) थापी ।

थपरा †—संज्ञा पुं० दे० "थप्पड़" ।

थपाना*—क्रि० स० [हिं० थपना] स्थापित कराना ।

थपुआ—संज्ञा पुं० [हिं० थपना = पीटना] छाजन का वह खपड़ा जो चौड़ा, चौरस और चिपटा हो (अर्थात् नाली के आकार का न हो जैसी कि नरिया होती है) । खपरैल में प्रायः थपुआ और नरिया दोनों का मेल होता है । दो थपुओं के जोड़ के ऊपर नरिया औंधी करके रखी जाती है ।

थपेटा†—संज्ञा पुं० दे० "थपेड़ा" ।

थपेड़ा—संज्ञा पुं० [अनु० थप थप] (१) हथेली से पहुँचाया हुआ आघात । थप्पड़ । (२) एक वस्तु पर दूसरी वस्तु के बार बार वेग से पड़ने का आघात । धक्का । टक्कर । जैसे, नदी के पानी का थपेड़ा ।

क्रि० प्र०—लगना ।

थपोड़ी†—संज्ञा स्त्री० दे० "थपड़ी" ।

थप्पड़—संज्ञा० पुं० [अनु० थप थप] (१) हथेली से किया हुआ आघात । तमाचा । झापड़ । चपेट ।

क्रि० प्र०—मारना । —लगाना ।

मुहा०—थप्पड़ कसना, देना, लगाना = तमाचा मारना ।

(२) एक वस्तु पर दूसरी वस्तु के बार बार वेग से पड़ने का आघात । धक्का । जैसे, पानी के हिलोर का थप्पड़, हवा के झोंके का थप्पड़ । (३) दाद या फुंसियों का छत्ता । चकत्ता ।

थप्पा—संज्ञा० पुं [अ०] एक प्रकार का जहाज़ ।

थम—संज्ञा पुं० [सं० स्तम्भ, प्रा० थंभ] (१) खंभा । लाट । स्तंभ । थूनी । (२) केलों की पेड़ी । (३) छोटी छोटी पूरियाँ और हलुआ जिसे देवी को चढ़ाने के लिये स्त्रियाँ ले जाती हैं ।

थमकारी*—वि० [सं० स्तंभन] स्तंभन करनेवाला । रोकनेवाला । उ०—मन बुधि चित अहंकार दशें इंद्रिय प्रेरक थमकारी ।—सूर ।

थमना—क्रि० अ० [सं० स्तंभन = रुकना] (१) रुकना । ठहरना । चलता न रहना । जैसे, गाड़ी का थमना, कोल्हू का थमना । (२) जारी न रहना । बंद हो जाना । जैसे, मेह का थमना, आँसुओं का थमना । (३) धीरज धरना । सब्र करना । ठहरा रहना । उतावला न होना । जैसे, थोड़ा थम जाओ, चलते हैं ।

संयो० क्रि०—जाना ।

थमुआ†—संज्ञा पुं० [हिं० थामना] नाव के डाँड़ का हत्था ।

थर—संज्ञा स्त्री० [सं०स्तर] तह । परत ।

संज्ञा पुं० [सं० स्थल] (१) दे० "थल" । (२) बाघ की माँद ।

थरकना†*—क्रि० अ० [अनु० थर थर + करना] थर्राना । डर से काँपना । उ०—बंक दृग बदन मयंक वारै अंक भरि अंग में ससंक परयंक थरकत है ।—देव ।

थरकाना—क्रि० स० [हिं० थरकना] डर से कँपाना ।

थर थर—संज्ञा स्त्री० [अनु०] डर से काँपने की मुद्रा ।

मुहा०—थर थर करना = डर से काँपना ।

क्रि० वि० काँपने की पूरी मुद्रा के साथ । जैसे, वह डर के मारे थर थर काँपने लगा । उ०—थर थर काँपहिँ पुर नर नारी ।—तुलसी ।

थरथर-कँपनी—संज्ञा स्त्री [हिं० थर थर काँपना] एक छोटी चिड़िया जो बैठने पर काँपती हुई मालूम होती है ।

थरथराना—क्रि० अ० [अनु० थर थर] (१) डर के मारे काँपना । (२) काँपना । उ०—सारी जल बीच प्यारी पीतम के अंक लागी चंद्रमा के चारु प्रतिबिंब ऐसी थरथरात ।—शृंगार सुधाकर ।

थरथराहट—संज्ञा स्त्री० [हिं० थरथराना] कँपकँपी जो डर के कारण हो ।

थरथरी—संज्ञा स्त्री० [अनु० थर थर] कँपकँपी जो डर के कारण हो ।

क्रि० प्र०—छूटना ।—लगना ।

थरना—क्रि० स० [स० थुर्व, हिं० थुरना] हथौड़ी आदि से धातु पर चोट लगाना ।

संज्ञा पुं० सुनारों का एक औजार जिससे वे पत्ती की नक्काशी बनाते हैं ।

थरहराना—क्रि० अ० दे० "थरथराना" ।

थरहरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० थरथराना] कँपकँपी जो डर के कारण हो ।

थरहाई†—संज्ञा [देश०] एहसान । निहोरा ।

थरि—संज्ञा स्त्री० [सं० स्थल] बाघ आदि की माँद । चुर ।

थरिया—संज्ञा स्त्री० दे० "थाली" ।

थरु*†—संज्ञा पुं० दे० "थल" ।

थरुलिया†—संज्ञा स्त्री० [हिं० थारी] छोटी थाली ।

थरूहट—संज्ञा पुं० [देश० थारू] थारुओं की बस्ती ।

थर्मामीटर—संज्ञा पुं० [अं०] सरदी गरमी नापने का यंत्र । दे० "तापमान" ।

थर्राना–क्रि० अ० [अनु० थरथर] डर के मारे काँपना। दहलना। जैसे, वह शेर को देखते ही थर्रा उठा।

संयो० क्रि०—उठना।—जाना।

थल–संज्ञा पुं० [सं० स्थल] (१) स्थान। जगह। ठिकाना।

मुहा०—थल बैठना या थल से बैठना = (१) आराम से बैठना। (२) स्थिर होकर बैठना। शांत भाव से बैठना। जम कर बैठना। आसन जमा कर बैठना।

(२) सूखी धरती। वह जमीन जिस पर पानी न हो। जल का उलटा। जैसे, (क) नाव पर से उतर कर थल पर आना। (ख) दुर्योधन को जल का थल और थल का जल दिखाई पड़ा। (३) थल का मार्ग।

यौ०—थलचर। थलबेड़ा। जलथल।

(४) ऊँची धरती या टीला जिसपर बाढ़ का पानी न पहुँच सके। (५) वह स्थान जहाँ बहुतसी रेत पड़ गई हो। भूड़। थली। रेगिस्तान। जैसे, थर परखर। (६) बाघ की माँद। चुर। (७) बादले का एक प्रकार का गोल (चवन्नी के बराबर का) साज जिसे बच्चों की टोपी आदि पर जब चाहें तब टाँक सकते हैं। (८) फोड़े का लाल और सूजा हुआ घेरा। व्रणमंडल। जैसे, फोड़े का थल बाँधना।

क्रि० प्र०—बाँधना।

थलकना–क्रि० अ० [सं० स्थूल, हिं० थूला, थुलथुल] (१) कसा या तना न रहने के कारण झोल खाकर हिलना या फूलना पचकना। झोल पड़ने के कारण ऊपर नीचे हिलना। (२) मोटाई के कारण शरीर के मांस का हिलने डोलने में हिलना। थलथल करना।

थलचर–संज्ञा पुं० [सं० स्थलचर] पृथ्वी पर रहनेवाले जीव।

थलचारी–वि० [देश० स्थलचारी] भूमि पर चलनेवाले।

थलथल–वि० [स० स्थूल, हिं० थूला] मोटाई के कारण झूलता या हिलता हुआ।

मुहा०—थलथल करना = मोटाई के कारण किसी अंग का झूल झूल कर हिलना। जैसे, चलने में उसका पेट थलथल करता है।

थलथलाना–क्रि० [हिं० थूला] मोटाई के कारण शरीर के मांस का झूल कर हिलना।

थलबेड़ा–संज्ञा पुं० [हिं० थल + बेड़ा] नाव या जहाज़ ठहरने की जगह। नाव लगने का घाट।

मुहा०—थल बेड़ा लगना = ठिकाना लगना। आश्रय मिलना। थल बेड़ा लगाना = ठिकाना लगाना। आश्रय ढूँढ़ना। सहारा देना।

थलभारी–संज्ञा पुं० [हिं० थल + भारी] पालकी के कहारों की एक बोली जिससे वे पिछले कहारों को आगे रेतीले मैदान का होना सूचित करते हैं।

थलरुह–वि० [सं० स्थलरुह] धरती पर उत्पन्न होनेवाले जंतु वृक्ष आदि। उ०—जल थल रुह फल फूल सलिल सब करत पेम पहुनाई।—तुलसी।

थलिया–संज्ञा स्त्री० [सं० स्थली] थाली। टाठी।

थली–संज्ञा स्त्री० [स० स्थली] (१) स्थान। जगह। जैसे, पर्वतथली, वनथली। (२) जल के नीचे का तल। (३) ठहरने या बैठने की जगह। बैठक। (४) परती जमीन। (५) बालू का मैदान। रेतीली जमीन। (६) ऊँची जमीन या टीला।

थवई–संज्ञा पुं० [स० स्थपति, प्रा० थवइ] मकान बनानेवाला कारीगर। ईंट पत्थर की जोड़ाई करनेवाला शिल्पी। राज। मेमार।

थवन–संज्ञा पुं० [देश०] दुलहिन की तीसरी बार अपने पति के घर की यात्रा।

थवना–संज्ञा पुं० [सं० स्थापन, हिं० थपना] कच्ची मिट्टी का एक गोला जिसमें लगी हुई लकड़ी के छेद में चरखी की लकड़ी पड़ी रहती है। चरखी के घूमने से नारी भरी जाती है। (जुलाहे)

थहना–क्रि० स० [हिं० थाह] थाह लेना। पता लगाना। उ० यथा थाह थहो नहिं जाई। यह थीरे वह थीर रहाई।—कबीर।

थहराना–क्रि० अ० [अनु० थर थर] (१) दुर्बलता या भय से अंगों का काँपना। कमजोरी या डर से बदन का काँपना। (२) काँपना।

थहाना–क्रि० स० [हिं० थाह] (१) गहराई का पता लगाना। थाह लेना। उ०—(क) सूर कहै ऐसो को त्रिभुवन आवै सिंधु थहाई।—सूर। (ख) तुलसी तीरहि के चले समय पाइबी थाह। थाह न जाइ थहाइबी सर सरिता अवगाह।—तुलसी।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

(२) किसी की चित्त वृत्ति या भीतरी अभिप्राय आदि का पता लगाना।

थहारना–क्रि० स० [हिं० ठहराना] जहाज़ को ठहराना।

थाँग–संज्ञा स्त्री० [हिं० थान] (१) चोरों या डाकुओं का गुप्त स्थान। चोरों के रहने की जगह। (२) खोज। पता। सुराग (विशेषतः चोर या खोई हुई वस्तु आदि का)।

क्रि० प्र०—लगाना।

(३) भेद। गुप्त रूप से लगा हुआ किसी बात का पता। जैसे, बिना थाँग के चोरी नहीं होती।

थाँगी–संज्ञा पुं० [हिं० थाँग] (१) चोरी का माल मोल लेने वा अपने पास रखनेवाला आदमी। २) चोरों का भेदिया। चोरों को चोरी के लिये ठिकाने आदि का पता देनेवाला

मनुष्य। (३) चोरी के माल का पता लगानेवाला आदमी। जासूस। (४) चोरों का अड्डा रखनेवाला आदमी। चोरों के गोल का सरदार।

थाँगीदारी–संज्ञा स्त्री० [हिं० थाँग + फ़ा० दार] थाँगी का काम।

थाँभ†–संज्ञा पुं० [सं० स्तम्भ] (१) खंभा। (२) थूनी। चाँड़।

थाँभना†–क्रि० स० दे० "थामना"।

थाँवला–संज्ञा पुं० [सं० स्थल, हिं० थल] वह घेरा या गड्ढा जिसमें कोई पौधा लगा हो। थाला। आलबाल।

था–क्रि० अ० [सं० स्था] 'है' शब्द का भूतकाल। एक शब्द जिससे भूतकाल में होना सूचित होता है। रहा। जैसे, वह उस समय वहाँ नहीं था।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग भूतकाल के भेदों के रूप बनाने में भी संयुक्त रूप से होता है जैसे, आता था, आया था, आ रहा था इत्यादि।

थाई–वि० [सं० स्थायिन्, स्थायी] बना रहनेवाला। स्थिर रहनेवाला। न मिटने या जानेवाला। बहुत दिनों तक चलनेवाला।

संज्ञा पुं० (१) बैठने की जगह। बैठक। अथाई। (२) गीत का प्रथम पद जो गाने में बार बार कहा जाता है। ध्रुवपद। स्थायी।

थाक–संज्ञा पुं० [सं० स्था] (१) गाँव की सरहद। ग्रामसीमा। (२) थोंक। ढेर। समूह। अटाला। राशि।

† संज्ञा स्त्री० [हिं० थकना] थकावट।

क्रि० प्र०—लगना।

थाकना†–क्रि० अ० दे० "थकना"। उ०—थाकी गति अंगन की, मति परि गई मंद सूखि झाँझरी सी ह्वै के देह लागी पीयरान।—हरिश्चंद्र।

थाकु†–संज्ञा पुं० दे० "थाक"।

थाट†–संज्ञा पुं० दे० "ठाट"।

थात*–वि० [सं० स्थातृ, स्थाता] जो बैठा या ठहरा हो। स्थित। उ०—ह्वै पिक बिंब बतीस वज्रकन एक जलज पर थात।—सूर।

थाति–संज्ञा स्त्री० [हिं० थात] (१) स्थिरता। ठहराव। टिकान। रहन। उ०—सगुन ज्ञान विराग भक्ति सुसाधन की थाति। भाजि विकल विलोकि कलि अघ ऐगुनन की थाति।—तुलसी। (२) दे० "थाती"।

थाती–संज्ञा स्त्री० [हिं० थात] (१) समय पर काम आने के लिये रखी हुई वस्तु। (२) वह वस्तु जो किसीके पास इस विश्वास पर छोड़ दी गई हो कि वह माँगने पर दे देगा। धरोहर। उ०—दुइ बरदान भूप सन थाती। माँगहु आज जुड़ावहु छाती।—तुलसी। (३) संचित धन। इकट्ठा किया हुआ धन। रक्षित द्रव्य। जमा। पूँजी। गथ। (४) दूसरे का धन जो किसीके पास इस विचार से रखा हो कि वह माँगने पर दे देगा। धरोहर। अमानत। उ०—बारहि बार चलावत हाथ सेा का मेरी छाती में थाती धरी है।

थान–संज्ञा पुं० [सं० स्थान] (१) जगह। ठौर। ठिकाना। (२) रहने या ठहरने की जगह। डेरा। निवासस्थान। (३) किसी देवी देवता का स्थान। देवल। जैसे, माई का थान। (४) वह स्थान जहाँ घोड़े या चौपाये बाँधे जायँ।

मुहा०— थान का टर्रा = (१) वह घोड़ा जो खूँटे से बँधा बँधा नटखटी करे। घुड़साल में उपद्रव करनेवाला। (२) वह जो घर पर ही या पड़ोस में ही अपना जोर दिखाया करे बाहर कुछ न बोले। अपनी गली में ही शेर बननेवाला। थान का सच्चा = सीधा घोड़ा। वह घोड़ा जो कहीं से छूट कर फिर अपने खूँटे पर आ जाय। थान में आना = (घोड़े का) धूल में लोटना। अच्छे थान का घोड़ा = अच्छी जाति का घोड़ा। प्रसिद्ध स्थान का घोड़ा।

(५) वह घास जो घोड़े के नीचे बिछाई जाती है। (६) कपड़े गोटे आदि का पूरा टुकड़ा जिसकी लंबाई बँधी हुई होती है। जैसे, मारकीन का थान, गोटे का थान। (७) संख्या। अदद। जैसे, एक थान अशरफ़ी। चार थान गहने। एक थान कलेजी। (८) लिंगेंद्रिय। (बाजारू)

थानक–संज्ञा पुं० [सं० स्थानक] (१) स्थान। जगह। (२) नगर। (३) थावँला। थाला। आलबाल। (४) फेन। बबूला। झाग।

थाना–संज्ञा पुं० [सं० स्थान, हिं० थान] (१) अड्डा। टिकने या बैठने का स्थान। (२) वह स्थान जहाँ अपराधों की सूचना दी जाती है और कुछ सरकारी सिपाही रहते हैं। पुलिस की बड़ी चौकी।

मुहा०—थाने चढ़ना = थाने में किसी के विरुद्ध सूचना देना। थाने में इत्तला करना। थाना बिठाना = पहरा बिठाना। चौकी बिठाना।

(३) बाँसों का समूह। बाँस की कोठी।

थानापति–संज्ञा पुं० [सं० स्थानपति] ग्रामदेवता। स्थानरक्षक देवता।

थानी–संज्ञा पुं० [सं० स्थानिन्] (१) स्थान का स्वामी। जिसका स्थान हो। (२) दिक्पाल। लोकपाल।

वि० संपन्न। पूर्ण।

थानेत–संज्ञा पुं० दे० "थानैत"।

थानेदार–संज्ञा पु० [हिं० थाना + फ़ा० दार] थाने का वह अफ़सर या प्रधान जो किसी स्थान में शांति बनाए रखने और अपराधों की छान बीन करने के लिये नियुक्त रहता है।

थानेदारी–संज्ञा स्त्री० [हिं० थाना + फ़ा० दारी] थानेदार का पद या कार्य्य।

थानैत–संज्ञा पुं० हिं० [थान + ऐत (प्रत्य०)] (१) किसी स्थान का अधिपति। किसी चौकी या अड्डे का मालिक। (२) किसी स्थान का देवता। ग्रामदेवता।

थाप–संज्ञा स्त्री० [सं० स्थापन] (१) तबले, मृदंग आदि पर पूरे पंजे का आघात। थपकी। ठोंक।

क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

(२) थप्पड़। तमाचा। पूरे पंजे का आघात। जैसे, शेर की थाप, पहलवानों की थाप।

क्रि० प्र०—मारना।—लगाना।

(३) वह चिह्न जो किसी वस्तु के भरपूर बैठने से पड़े। एक वस्तु पर दूसरी वस्तु के दाब के साथ पड़ने से बना हुआ निशान। छाप। जैसे, दीवार पर गीले पंजे का थाप, बालू पर पैर की थाप।

क्रि० प्र०—देना।—पड़ना।—लगना।

(४) स्थिति। जमाव। (५) किसी की ऐसी स्थिति जिसमें लोग उसका कहना मानें, भय करें तथा उसपर श्रद्धा विश्वास रखें। महत्त्वस्थापन। प्रतिष्ठा। मर्य्यादा। धाक। साख। उ०—कहै पदमाकर सुमहिमा मही में भई महादेव देवन में बाढ़ी थिर थाप है।—पदमाकर।

क्रि० प्र०—जमना।—होना।

(५) मान। कदर। प्रमाण। उ०—उनकी बात की कोई थाप नहीं। (६) पंचायत। (७) शपथ। सौगंध। कसम।

मुहा०—किसी की थाप देना = किसी की कसम खाना। शपथ देना।

थापन–संज्ञा पुं० [सं० स्थापन] (१) स्थापित करने की क्रिया। जमाने या बैठाने की क्रिया। (२) किसी स्थान पर प्रतिष्ठित करने का कार्य्य। रखने का कार्य्य। उ०—कहेउ जनक कर जोरि कीन मोहि आपन। रघुकुलतिलक भुवाल सदा तुम उथपन थापन।—तुलसी।

थापना–क्रि० स० [सं० स्थापन] (१) स्थापित करना। जमाना। बैठाना। जमाकर रखना। (२) किसी गीली सामग्री (मिट्टी गोबर आदि) को हाथ या साँचे से पीट अथवा दबा कर कुछ बनाना। जैसे, उपले थापना, खपड़े थापना, ईंटें थापना।

संज्ञा स्त्री० [सं० स्थापना] (१) स्थापन। प्रतिष्ठा। रखने या बैठाने का कार्य्य। (२) मूर्त्ति की स्थापना या प्रतिष्ठा। जैसे, दुर्गा की थापना। (३) नवरात्र में दुर्गा-पूजा के लिये घट-स्थापना।

थापर–संज्ञा पुं० दे० "थप्पड़"।

थापरा–संज्ञा पुं० [देश०] छोटी नाव। डोंगी। (लश०)

थापा–संज्ञा पुं० [हिं० थाप] (१) हाथ के पंजे का वह चिह्न जो किसी गीली वस्तु (हलदी, मेहदी, रंग आदि) से पुती हुई हथेली को ज़ोर से दबाने या मारने से बन जाता है। पंजे का छापा।

क्रि० प्र०—देना।—मारना।—लगाना।

विशेष—पूजा या मंगल के अवसर पर स्त्रियाँ इस प्रकार के चिह्न दीवार आदि पर बनाती हैं।

(२) गाँव में देवी देवता की पूजा के लिये किया हुआ चंदा। पुजौरा। (३) खलियान में अनाज की राशि पर गीली मिट्टी या गोबर से डाला हुआ चिह्न (जो इसलिये डाला जाता है जिसमें यदि कोई चुरावे तो पता लग जाय, चाँकी। (४) वह साँचा जिसमें रंग आदि पोतकर कोई चिह्न अंकित किया जाय। छापा। (५) वह साँचा जिसमें कोई गीली सामग्री दबाकर या डाल कर कोई वस्तु बनाई जाय। जैसे, ईंट का थापा, सुनारों का थापा। (६) ढेर। राशि। उ०—सिद्धहिं दरब आगि कै थापा। कोई जरा, जार, कोइ तापा।—जायसी। (७) नैपालियों की एक जाति।

थापिया–संज्ञा स्त्री० दे० "थापी"।

थापी–संज्ञा स्त्री० [हिं० थापना] (१) काठ का चिपटे और चौड़े चौड़े सिरे का डंडा जिससे कुम्हार कच्चा घड़ा पीटते हैं। (२) वह चिपटी मुँगरी जिससे राज या कारीगर गच पीटते हैं।

थाम–संज्ञा पुं० [सं० स्तंभ, प्रा० थंभ] (१) खंभा। स्तंभ। (२) मस्तूल। (लश०)।

संज्ञा स्त्री० [हिं० थामना] थामने की क्रिया या ढंग। पकड़।

थामना–क्रि० स० [सं० स्तंभन, प्रा० थंभन = रोकना] (१) किसी चलती हुई वस्तु को रोकना। गति या वेग अवरुद्ध करना। जैसे, चलती गाड़ी को थामना, बरसते मेह को थामना।

संयो० क्रि०—देना।

(२) गिरने, पड़ने, लुढ़कने आदि न देना। गिरने पड़ने से बचाना। जैसे, गिरते हुए को थामना, डूबते हुए को थामना।

संयो० क्रि०—लेना।

(३) पकड़ना। ग्रहण करना। हाथ में लेना। जैसे, छड़ी थामना। उ०—इस किताब को थामो तो मैं दूसरी निकाल दूँ।

संयो० क्रि०—लेना।

(४) सहारा देना। सहायता देना। मदद देना। सँभालना। जैसे, पंजाब के गेहूँ ने थाम लिया, नहीं तो अन्न के बिना बड़ा कष्ट होता।

संयो० क्रि०—लेना।

(५) किसी कार्य्य का भार ग्रहण करना। अपने ऊपर कार्य्य का भार लेना। जैसे, जिस काम को तुम ने थामा है उसे

पूरा करो। (६) पहरे में करना। चौकसी में रखना। हिरासत में करना।

थाम्हना†–क्रि० स० दे० "थामना"।

थायी*–वि० दे० "स्थायी"।

थार†–संज्ञा पुं० दे० "थाल"।

थारा†–सर्व० [हिं० तिहारा] तुम्हारा।

थारी†–संज्ञा स्त्री० दे० "थाल"।

थारू–संज्ञा पुं० [देश०] एक जंगली जाति जो नैपाल की तराई में पाई जाती है।

थाल–संज्ञा पुं० [हिं० थाली] बड़ी थाली। काँसे या पीतल का बड़ा छिछला बरतन।

थाला–संज्ञा पुं० [सं० स्थल, हिं० थल] (१) वह घेरा या गड्ढा जिसके भीतर पौधा लगाया जाता है। थावँला। आलबाल। (२) कुंडी जिसमें ताला लगाया जाता है। (लश०)

थाली–संज्ञा स्त्री० [सं० स्थाली=बटलोई] (१) काँसे या पीतल का गोल छिछला बरतन जिसमें खाने के लिये भोजन रखा जाता है। बड़ी तश्तरी।

मुहा०—**थाली का बैंगन**=लाभ और हानि देख कभी इस पक्ष में कभी उस पक्ष में होनेवाला। अस्थिर सिद्धांत का। बिना पेंदी का लोटा। **थाली जोड़**=कटोरे के सहित थाली। थाली और कटोरे का जोड़ा। **थाली फिरना**=इतनी भीड़ होना कि यदि उसके बीच थाली फेंकी जाय तो वह ऊपर ही ऊपर फिरती रहे नीचे न गिरे। भारी भीड़ होना। **थाली बजना**=साँप का विष उतारने का मंत्र पढ़ा जाना जिसमें थाली बजाई जाती है। **थाली बजाना**=(१) साँप का विष उतारने के लिये थाली बजाकर मंत्र पढ़ना। (२) बच्चा होने पर उसका डर दूर करने के लिये थाली बजाने की रीति करना।

(२) नाच की एक गत जिसमें थोड़े से घेरे के बीच नाचना पड़ता है।

यौ०—**थाली कटोरा**=नाच की एक गत जिसमें थाली और पानबंद का मेल होता है।

थाव–संज्ञा स्त्री० दे० "थाह"।

थाह–संज्ञा स्त्री० [सं० स्था] (१) नदी, ताल, समुद्र इत्यादि के नीचे की जमीन। जलाशय का तल भाग। धरती का वह तल जिसपर पानी हो। गहराई का अंत। गहराई की हद। जैसे, जब थाह मिले तब तो लोटे का पता लगे।

क्रि० प्र०—पाना।—मिलना।

मुहा०—**थाह मिलना**=जल के नीचे की जमीन तक पहुँच हो जाना। पानी में पैर टिकने के लिये जमीन मिल जाना। **डूबते को थाह मिलना**=निराश्रय को आश्रय मिलना। संकट में पड़े हुए मनुष्य को सहारा मिलना।

(२) कम गहरा पानी। जैसे, जहाँ थाह है वहाँ तो हलकर पार कर सकते हैं। उ०—चरण छूते ही जमुना थाह हुई।—लल्लू। (३) गहराई का पता। गहराई का अंदाज।

क्रि० प्र०—पाना।—मिलना।

मुहा०—**थाह लगना**=गहराई का पता चलना। **थाह लेना**=गहराई का पता लगाना।

(४) अंत। पार। सीमा। हद। परिमिति। जैसे, उनके धन की थाह नहीं है। (५) संख्या, परिमाण आदि का अनुमान। कोई वस्तु कितनी या कहाँ तक है इसका पता। जैसे, उनकी बुद्धि की थाह इसी बात से मिल गई।

क्रि० प्र०—पाना।—मिलना।—लगना।

मुहा०—**थाह लेना**=कोई वस्तु कितनी या कहाँ तक है इसकी जाच करना।

(६) किसी बात का पता जो प्रायः गुप्त रीति से लगाया जाय। अप्रत्यक्ष प्रयत्न से प्राप्त अनुसंधान। भेद। जैसे, इस बात की थाह लो कि वह कहाँ तक देने को तैयार है।

क्रि० प्र०—लेना।

मुहा०—**मन की थाह**=अंतःकरण के गुप्त अभिप्राय की जानकारी। चित्त की बात का पता। संकल्प या विचार का पता। उ०—कुटिल जनन के मनन की मिलति न कबहूँ थाह।

थाहना–क्रि० स० [हिं० थाह] (१) थाह लेना। गहराई का पता चलाना। (२) अंदाज लेना। पता लगाना।

थाहरा†–वि० [हिं० थाह] छिछला। जो गहरा न हो। जिसमें जल गहरा न हो। उ०—खरखराइ जमुना गह्यो अति-थाहरो सुभाय। मानहु हरि निज पाँव ते दीनी ताहि दबाय।—सुकवि।

थिएटर–संज्ञा पुं० [अं०] (१) रंगभूमि। रंगशाला। (२) नाटक का अभिनय। नाटक का तमाशा।

थिगली–संज्ञा स्त्री० [हिं० टिकली] वह टुकड़ा जो किसी फटे हुए कपड़े या और किसी वस्तु का छेद बंद करने के लिये टाँका या लगाया जाय। चकती। पैवंद।

क्रि० प्र०—लगाना।

मुहा०—**थिगली लगाना**=ऐसी जगह पहुंच कर काम करना जहाँ पहुँचना बहुत कठिन हो। जोड़ तोड़ भिड़ाना। युक्ति लगाना। **बादल में थिगली लगाना**=(१) अत्यंत कठिन काम करना, (२) ऐसी बात कहना जिसका होना असंभव हो।

थित*–वि० [सं० स्थित] (१) ठहरा हुआ। (२) स्थापित। रखा हुआ।

थिति–संज्ञा स्त्री० [सं० स्थिति] (१) ठहराव। स्थायित्व। (२) विश्राम करने या ठहरने का स्थान। (३) रहाइस। रहन। (४) बने रहने का भाव। रक्षा। उ०—ईस रजाइ सीस

सब ही के। उतपति थिति, लय विषहु अमी के। —तुलसी। (५) अवस्था। दशा।

थितिभाव*—संज्ञा पुं० [सं० स्थितिभाव] दे० "स्थायी भाव"।

थिथाऊ—संज्ञा पुं० [देश०] दहने अंग का फड़कना आदि जिसे ठग लोग अपने लिये अशुभ समझते हैं। (ठग)

थिर—वि० [सं० स्थिर] (१) जो चलता या हिलता डोलता न हो। ठहरा हुआ। अचल। (२) जो चंचल न हो। शांत। धीर। (३) जो एक ही अवस्था में रहे। स्थायी। दृढ़। टिकाऊ।

थिरक—संज्ञा पुं० [हिं० थिरकना] नृत्य में चरणों की चंचल गति। नाचने में पैरों का हिलना डोलना या उठना और गिरना।

थिरकना—क्रि० अ० [सं० अस्थिर + करण] (१) नाचने में पैरों का क्षण क्षण पर उठाना और गिराना। नृत्य में अंग संचालन करना। जैसे, थिरक थिरक कर नाचना। (२) अंग मटका कर नाचना। ठमक ठमक कर नाचना।

थिरजीह*—संज्ञा पुं० [सं० स्थिरजिह्व] मछली।

थिरता*—संज्ञा स्त्री० [सं० स्थिरता] (१) ठहराव। अचलत्व। (२) स्थायित्व। (३) अचंचलता। शांति। धीरता।

थिरताई*—संज्ञा स्त्री० दे० "थिरता"।

थिरथिरा—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बुलबुल जो जाड़े के दिनों में सारे भारतवर्ष में दिखाई पड़ता है।

थिरना—क्रि० अ० [सं० स्थिर, हिं० थिर + ना (प्रत्य०)] (१) पानी या और किसी द्रव पदार्थ का हिलना, डोलना बंद होना। हिलते डोलते या लहराते हुए जल का ठहर जाना। जल का क्षुब्ध न रहना। (२) जल के स्थिर होने के कारण उसमें घुली हुई वस्तु का तल में बैठना। पानी का हिलना, घूमना आदि बंद होने के कारण उसमें मिली हुई चीज का पेंदे में जाकर जमना। (३) मैल आदि नीचे बैठ जाने के कारण जल का स्वच्छ हो जाना। (४) मैल धूल, रेत आदि के नीचे बैठ जाने के कारण साफ चीज का जल के ऊपर रह जाना। निथरना।

थिरा*—संज्ञा स्त्री० [सं० स्थिरा] पृथ्वी।

थिराना—क्रि० स० [हिं० थिरना] (१) पानी आदि का हिलना डोलना बंद करना। क्षुब्ध जल को स्थिर होने देना। (२) जल को स्थिर करके उसमें घुली हुई वस्तु को नीचे बैठने देना। (३) घुली हुई मैल आदि को नीचे बैठने देकर पानी को साफ करना। (४) किसी वस्तु को जल में घोल कर और उसमें मिली हुई मैल, धूल, रेत आदि को नीचे बैठा कर साफ करना। निथारना।

† क्रि० अ० दे० "थिरना"।

थी—क्रि० अ० 'है' के भूतकाल 'था' का स्त्री०

थीकरा—संज्ञा पुं० [सं० स्थित + कर] किसी आपत्ति के समय रक्षा या सहायता का भार जिसे गाँव का प्रत्येक समर्थ मनुष्य बारी बारी से अपने ऊपर लेता है।

थीता †—संज्ञा पुं० [सं० स्थित, हिं० थित] (१) स्थिरता। शांति। (२) कल। चैन। उ०—थीतो परै नहिं चीतो चवैयन देखत पीठि दै डीठि कै पैनी।—देव।

थुकवाना—क्रि० स० दे० "थुकाना"।

थुकहाई—वि० स्त्री० [हिं० थूक + हाई (प्रत्य०)] ऐसी स्त्री जिसे सब लोग थूकें। जिसकी सब निंदा करते हों।

थुकाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० थूकना] थूकने का काम।

थुकाना—क्रि० स० [हिं० थूकना का प्रे०] (१) थूकने की क्रिया दूसरे से कराना। दूसरे को थूकने की प्रेरणा करना।

संयो० क्रि०—देना।

(२) मुँह में ली हुई वस्तु को गिरवाना। उगलवाना। जैसे, बच्चा मुँह में मिट्टी लिए है जल्दी थुकाओ। (३) थुड़ी थुड़ी कराना। निंदा कराना। तिरस्कार कराना। जैसे, क्यों ऐसी चाल चलकर गली गली थुकाते फिरते हो?

थुकायल †—वि० [हिं० थूक + आयल (प्रत्य०)] जिसे सब लोग थूकें। जिसे सब लोग धिक्कारें। तिरस्कृत। निंद्य।

थुकेल †—वि० दे० "थुकायल"।

थुक्का फजीहत—संज्ञा स्त्री० [हिं० थूक + अ० फजीहत] निंदा और तिरस्कार। थुड़ी थुड़ी। धिक्कार।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

थुक्की—संज्ञा स्त्री० [[हिं० थूक] रेशम के तागे को थूक लगाकर सुलझाने की क्रिया। (जुलाहे)

थुड़ी—संज्ञा० स्त्री० [अनु० थूथू = थूकने का शब्द] घृणा और तिरस्कार-सूचक शब्द। धिक्कार। लानत। फिट। जैसे, थुड़ी है तुमको!

मुहा०—थुड़ी थुड़ी करना = धिक्कारना। निंदा और तिरस्कार करना।

थुथना—संज्ञा पुं० दे० "थूथन"।

थुथाना—क्रि० अ० [हिं० थूथन] थूथन फुलाना। मुँह फुलाना। नाराज होना।

थुनेर—संज्ञा पुं० [सं० स्थूण, हिं० थून] गठिवन का एक भेद।

थुन्नी—संज्ञा स्त्री० [सं० स्थूण] थूनी। खंभा। धाँड़। उ०—अति पूरब पूरे पुण्य रूपी कुल अटल थुनी।—सूर।

थुपरना—क्रि० [स० स्तूप, हिं० थूप] महुवे की बालों का ढेर लगाकर दबाना जिसमें उनमें कुछ गरमी आ जाय। दंदवाना। औसाना।

थुपरा—संज्ञा पुं० [सं० स्तूप] महुवे की बालों का ढेर जो औसने के लिये दबाकर रखा जाय।

थुरना—क्रि० स० [सं० घुर्वण = मारना] (१) कूटना (२) मारना। पीटना।

थुरहथा–वि० [हिं० थोड़ा + हाथ] [स्त्री० थुरहथी] (१) जिसके हाथ छोटे हों। जिसकी हथेली में कम चीज आवे। उ०—कन दैबो सौंप्यो ससुर बहू थुरहथी जानि। रूप रहचटे लगि लग्यो माँगन सब जग आनि।—बिहारी। (२) किसी को कुछ देते समय जिसके हाथ में थोड़ी वस्तु आवे। किफायत करनेवाला।

थुलना–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पहाड़ी ऊनी कपड़ा या कंबल।

थुली–संज्ञा स्त्री० [सं० स्थूल, हिं० थूला] किसी अन्न के मोटे कण जो दलने से होते हैं। दलिया।

थुवा–संज्ञा पुं० दे० "थूवा"।

थूँक–संज्ञा पुं० दे० "थूक"।

थूँकना–क्रि० अ० दे० "थूकना"।

थू–अव्य० [अनु०] (१) थूकने का शब्द। वह ध्वनि जो जोर से थूकने में मुँह से निकलती है। (२) घृणा और तिरस्कार सूचक शब्द। धिक्। छिः। जैसे, थू थू! कोई ऐसा काम करता है?

मुहा०–**थू थू करना** = घृणा प्रकट करना। छिः छिः करना। धिक्कारना। **थू थू होना** = चारो ओर से छिः छिः होना। निंदा होना। **थू थू थुड्डा** = लड़कों का एक वाक्य जिसे वे खेल में उस समय बोलते हैं जब समझते हैं कि वे बेईमानी होने के कारण हार रहे हों।

थूक–संज्ञा पुं० [अनु० थू थू] वह गाढ़ा और कुछ कुछ लसीला रस जो मुँह के भीतर जीभ तथा मांस की झिल्लियों से छूटता है। ष्ठीवन। खखार। लार।

विशेष—मनुष्य तथा और उन्नत स्तन्य जीवों में जीभ के अगले भाग तथा मुँह के भीतर की मांसल झिल्लियों में दाने की तरह उभरे हुए अत्यंत सूक्ष्म छेद होते हैं जिनमें एक प्रकार का गाढ़ा सा रस भरा रहता है। यह रस भिन्न भिन्न जंतुओं में भिन्न भिन्न प्रकार का होता है। मनुष्य आदि प्राणियों के थूक के झाग में ऐसे रासायनिक द्रव्यों का अंश होता है जो भोजन के साथ मिलकर पाचन में सहायता देते हैं।

मुहा०—**थूक उछालना** = व्यर्थ की बकवाद करना। **थूक बिलोना** = व्यर्थ बकना। अनुचित प्रलाप करना। **थूक लगाना** = हराना। नीचा दिखाना। चूना लगाना। हैरान और तंग करना। **थूक लगा कर छोड़ना** = नीचा दिखा कर छोड़ना। (विरोधी को) तंग और लज्जित करके छोड़ना। दंड देकर छोड़ना। **थूक लगा कर रखना** = बहुत सैत कर रखना। जोड़ जोड़ कर इकट्ठा करना। कंजूसी से जमा करना। कृपणता से संचित करना। **थूकों सत्तू सानना** = कंजूसी या किफायत के मारे थोड़े से सामान से बहुत बड़ा काम करने चलना। बहुत थोड़ी सामग्री लगाकर बड़ा कार्य्य पूरा करने चलना। **थूक है!** = धिक् है! लानत है!

थूकना–क्रि० अ० [हिं० थूक + ना (प्रत्य०)] (१) मुँह से थूक निकालना या फेंकना।

संयो० क्रि०—देना।

मुहा०—किसी (व्यक्ति या वस्तु) पर न थूकना = अत्यंत घृणा करना। जरा भी पसंद न करना। अत्यंत तुच्छ समझ कर ध्यान तक न देना। जैसे, हम तो ऐसी चीज़ पर थूकें भी नहीं। **थूक कर चाटना** = (१) कह कर मुकर जाना। वादा करके न करना। प्रतिज्ञा करके पूरा न करना। (२) किसी दी हुई वस्तु को लौटा लेना। एक बार देकर फिर ले लेना।

क्रि० स० (१) मुँह में ली हुई वस्तु को गिराना। उगलना। जैसे, पान थूक दो।

संयो० क्रि०—देना।

मुहा०—**थूक देना** = तिरस्कार कर देना। घृणापूर्वक त्याग देना। (२) बुरा कहना, धिक्कारना। निंदा करना। तिरस्कृत करना। उ०—इसी चाल पर लोग तुम्हें थूकते हैं।

थूथन–संज्ञा पुं० [देश०] लंबा निकला हुआ मुँह जैसे, सूअर, घोड़े, ऊँट बैल आदि का।

थूथनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० थूथन] (१) लंबा निकला हुआ मुँह जैसे, सूअर, घोड़े, बैल आदि का।

मुहा०—**थूथनी फैलाना** = नाक भौं चढ़ाना। मुँह फुलाना। नाराज होना।

(२) हाथी के मुँह का एक रोग जिसमें उसके तालू में घाव हो जाता है।

थूथरा–वि० [देश०] थूथन के ऐसा निकला हुआ मुँह। बुरा चेहरा। भद्दा चेहरा।

थूथुन†–संज्ञा पुं० दे० "थूथन"।

थून–संज्ञा स्त्री० [स० स्थूण] थूनी। चाँड़। खंभा। उ०—प्रेम प्रमोद परस्पर प्रगटत गोपहि। जनु हिरदय गुनग्राम थून थिर रोपहिं।—तुलसी।

संज्ञा पुं० एक प्रकार का मोटा पौंडा या गन्ना जो मदरास में होता है। मदरासी पौंडा।

थूना–संज्ञा पुं० [देश०] मिट्टी का लोंदा जिसमें परेता खोंस कर सूत या रेशम फेरते हैं।

थूनि†–संज्ञा स्त्री० दे० "थूनी"।

थूनी–संज्ञा स्त्री० [स्थूणा] (१) लकड़ी आदि का गड़ा हुआ खड़ा बल्ला। खंभा। स्तंभ। थम। (२) वह खंभा जो किसी बोझ को रोकने के लिये नीचे से लगाया जाय। चाँड़। सहारे का खंभा।

क्रि० प्र०—लगाना।

(१) वह गड़ी हुई लकड़ी जिसमें रस्सी का फंदा लगाकर मथानी का डंडा अटकाते हैं।

थूबी–संज्ञा स्त्री० [देश०] साँप का विष दूर करने के लिये गरम लोहे से काटे हुए स्थान को दागने की युक्ति।

थूरना†–क्रि० स० [स० थुर्वण = मारना] (१) कूटना। दलित करना। (२) मारना। पीटना। उ०—धूरत करि रिस जबहिं होति सतहर सम सूरत। थूरत पर बल भूरि हृदय महँ पूरि गरूरत।—गोपाल। (३) ठूंसना। कस कर भरना। (४) खूब कस कर खाना। ठूस ठूस कर खाना।

थूल*–वि० [सं० स्थूल] (१) मोटा। भारी। (२) भद्दा।

थूला–वि० [सं० स्थूल] [स्त्री० थूली] मोटा। मोटा ताजा। उ०—करतार करे यहि कामिनि के कर कोमलता कलता सुनि कै। लघु दीरघ पातरि थूलि तहीं सुसमाधि टरै सुनि कै मुनि कै।—तोष।

थूली–संज्ञा स्त्री० [हि० थूला = मोटा] (१) किसी अनाज का दला हुआ मोटा कण। दलिया। (२) सूजी। (३) पकाया हुआ दलिया जो गाय को बच्चा जनने पर दिया जाता है।

थूवा–संज्ञा पुं० [सं० स्तूप, प्रा० थूप, थूव [(१) मिट्टी आदि के ढेर का बन. आ टीला। ढूह। (२) गीली मिट्टी का पिंडा या ले. । ढीमा। भेली। धोंधा। (३) मिट्टी का ढूह जो सरहद के निशान के लिये उठाया जाता है। सीमासूचक तूप। (४) ढूह के आकार का काला रँगा हुआ पिंडा जिसे पीने का तंबाकू बेचनेवाले अपनी दूकानों पर चिह्न के लिये रखते हैं। (५) वह बोझ जो कपड़े में बँधी हुई राब के ऊपर जूसी निकाल कर बहाने के लिये रखा जाता है। (६) मिट्टी का लोंदा जो बोझ के लिये ढेंकली की आड़ी लकड़ी के छोर पर थोपा जाता है।

†संज्ञा स्त्री० [अनु० थू थू] थुड़ी। धिक्कार का शब्द।

थूहड़–संज्ञा पुं० दे० "थूहर"।

थूहर–संज्ञा पुं० [सं० स्थूण = थूनी] एक छोटा पेड़ जिसमें लचीली टहनियाँ नहीं होतीं, गाँठों पर से गुल्ली या डंडे के आकार के डंठल निकलते हैं। किसी जाति के थूहर में बहुत मोटे दल के लंबे पत्ते होते हैं और किसी जाति में पत्ते बिल्कुल नहीं होते। काँटे भी किसी में होते हैं किसी में नहीं। थूहर के डंठलों और पत्तों में एक प्रकार का कडुआ दूध भरा रहता है। निकले हुए डंठलों के सिरे पर पीले रंग के फूल लगते हैं जिनपर आवरणपत्र वा दिउली नहीं होती। पुं० और स्त्री पुष्प अलग अलग होते हैं। थूहर कई प्रकार के होते हैं—जैसे, काँटेवाला, थूहर, तिधारा थूहर, चौधारा थूहर, नागफनी, खुरासानी थूहर, विलायती थूहर इत्यादि। खुरासानी थूहर का दूध विषैला होता है। थूहर का दूध औषध के काम में आता है। थूहर के दूध में सानी हुई बाजरे के आटे की गोली देने से पेट का दर्द दूर होता है और पेट साफ़ हो जाता है। थूहर के दूध में भिगोई हुई चने की दाल (आठ या दस दाने) खाने से अच्छा जुलाब होता है और गरमी का रोग दूर होता है। थूहर की राख से निकाला हुआ खार भी दवा के काम में आता है। काँटेवाले थूहर के पत्तों का लोग अचार भी डालते हैं। थूहर का कोयला बारूद बनाने के काम में आता है। वैद्यक में थूहर रेचक, तीक्ष्ण, अग्निदीपक, कटु तथा शूल गुल्म, अष्ठीला, वायु, उन्माद, सूजन इत्यादि को दूर करनेवाला माना जाता है। थूहर को सेंहुड़ भी कहते हैं।

पर्य्या०—स्नुही। समंतदुग्धा। नागदु। महावृक्षा। सुधा। वज्रा। शीहुंडा। सिहुँड़। दंडवृक्षक। स्नुक्। स्नुषा। गुड। गुडा। कृष्णसार, निस्त्रिंशपत्रिका। नेत्रारि। कांडशाख। सिंहतुंड। कांडरोहक।

थूहा–संज्ञा पुं० [सं० स्तूप, थूव] (१) ढूह। अटाला। (२) टीला।

थूही–संज्ञा स्त्री० [हि० थूहा] (१) मिट्टी की ढेरी। ढूह। (२) मिट्टी के खंभे जिनपर गराड़ी या घिरनी की लकड़ी ठहराई जाती है।

थेंथर–वि० [देश०] थका हुआ। श्रांत। सुस्त। हैरान।

थेई थेई–वि० [अनु०] तालसूचक नृत्य का शब्द और मुद्रा। थिरक थिरक कर नाचने की मुद्रा और ताल। उ०—लाग मान थेइ थेइ करि उघटत घटत ताल मृदंग गँभीर। —सूर।

क्रि० प्र०—करना।

थेगली–संज्ञा स्त्री० दे० "थिगली"।

थेवा–संज्ञा पुं० [देश०] (१) अँगूठी का नगीना। (२) किसी धातु का वह पत्र जिसपर मुहर खोदी जाती है। (३) अँगूठी का वह घर जिसमें नगीना जड़ा जाता है।

थैंचा–संज्ञा पु० [देश०] खेत में मचान के ऊपर का छप्पर।

थैला–संज्ञा पुं० [सं० स्थल = कपड़े का घर] [स्त्री० अल्प० थैली] (१) कपड़े टाट आदि को सीकर बनाया हुआ पात्र जिसमें कोई वस्तु भरकर बंद कर सकें। बड़ा कोश। बड़ा बटुआ। बड़ा कीसा।

मुहा०—थैला करना = मारकर ढेर कर देना। मारते मारते ढीला कर देना।

(२) रुपयों से भरा हुआ थैला। तोड़ा। उ०—बोल्यो बनजारो दम खोलि थैला दीजिए जू लीजिए जू आय ग्राम चरन पठाए हैं।—प्रियादास। (३) पायजामे का वह भाग जो जंघे से घुटने तक होता है।

थैली–संज्ञा स्त्री० [हिं० थैला] (१) छोटा थैला । कोश । कीसा । बटुआ । (२) रुपयों से भरी हुई थैली । तोड़ा ।

मुहा०—थैली खोलना = थैली में से निकाल कर रुपया देना । उ०—तब आनिय ब्यौहरिया बोली । तुरत देउँ मैं थैली खोली ।—तुलसी

थैलीदार–संज्ञा पुं० [हिं० थैली + फा० दार] (१) वह आदमी जो खजाने में रुपए उठाता है । (२) तहवीलदार । रोकड़िया ।

थैलीबरदारी–संज्ञा स्त्री० [उ०] थैली उठाकर पहुँचाने का काम । थैलियों की ढोआई ।

थोक–संज्ञा पुं० [सं० स्तोमक, प्र० थोवक, हि० थोक] (१) ढेर । राशि । अटाला । (२) समूह । झुंड । जत्था ।

मुहा०—थोक करना = इकट्ठा करना । जमा करना । उ०—द्रुम चढि काहे न टेरौ कान्हा गैयाँ दूरि गईं ।.....विहरत फिरत सकल बन महियाँ एकइ एक भई । छाँड़ि खेल सब दूरि जात हैं बोलै जो सकै थोक कई ।—सूर ।

(३) बिक्री का इकट्ठा माल । इकट्ठा बेचने की चीज़ । खुदरा का उलटा । जैसे, हम थोक के खरीदार हैं । (४) जमीन का टुकड़ा जो किसी एक आदमी का हिस्सा हो । चक । (५) इकट्ठी वस्तु । कुल । (६) वह स्थान जहाँ कई गावों की सीमाएँ मिलती हों । वह जगह जहाँ कई सरहदें मिलें ।

थोकदार–संज्ञा पु० [हिं० थोक + फा० दार] इकट्ठा माल बेचनेवाला व्यापारी ।

थोड़ा–वि० [सं० स्तोक, पा० थोअ + ड़ा (प्रत्य०)] [स्त्री० थोड़ी] जो मात्रा या परिमाण में अधिक न हो । न्यून । अल्प । कम । तनिक । जरा सा । जैसे, (क) थोड़े दिनों से वह बीमार है । (ख) मेरे पास अब बहुत थोड़े रुपए रह गए हैं ।

यौ०—थोड़ा बहुत = कुछ । कुछ कुछ । किसी कदर । जैसे, थोड़ा बहुत रुपया उनके पास जरूर है ।

मुहा०—थोड़ा थोड़ा होना = लज्जित होना । संकुचित होना ।

क्रि० वि० अल्प परिमाण या मात्रा में । ज़रा । तनिक । उ०—थोड़ा चलकर देख लो ।

मुहा०—थोड़ा ही = नहीं । बिल्कुल नहीं । जैसे, हम थोड़ा ही जायँगे, जो जाय उससे कहो । (बोलचाल में इस मुहा० का प्रयोग ऐसी जगह होता है जहाँ उस बात का खंडन करना होता है जिसे समझ कर दूसरा कोई बात कहता है ।)

थोती–संज्ञा स्त्री० [देश०] चौपायों के मुँह का अगला भाग । थूथन ।

थोथ–संज्ञा स्त्री० [हिं० थोथा] (१) खोखलापन । निःसारता । (२) तोंद । पेटी ।

थोथरा–वि० [हिं० थोथा] (१) घुन वा कीड़ों का खाया हुआ । खोखला । खाली । (२) निःसार । जिसमें कुछ तत्त्व न हो । (३) निकम्मा । व्यर्थ का । जो किसी काम का न हो ।

थोथा–वि० [देश०] [स्त्री० थोथी] (१) जिसके भीतर कुछ सार न हो । खोखला । खाली । पोला । जैसे, थोथा चना, बाजे घना । (२) जिसकी धार तेज न हो । कुंठित । गुठला । जैसे, थोथा तीर । (३) (साँप) जिसकी पूँछ कट गई हो । बाँड़ा । बे दुम का । (४) भद्दा । बेढंगा । व्यर्थ का । निकम्मा ।

मुहा०—थोथी बात = भद्दी बात । व्यर्थ की बात । व्यर्थ का प्रलाप ।

संज्ञा पुं० बरतन ढालने का मिट्टी का साँचा ।

थोथी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की घास ।

थोपड़ी–संज्ञा स्त्री० [हिं० थोपना] चपत । धौल ।

यौ०—गनेस थोपड़ी = लड़कों का एक खेल जिसमें जो चोर होता है उसकी आँखें बंद करके उसके सिर पर सब लड़के बारी बारी चपत लगाते हैं । यदि चपत खानेवाला लड़का ठीक ठीक बतला देता है कि किसने पहले चपत लगाई तो वह पहले चपत लगानेवाला लड़का चोर हो जाता है ।

थोपना–क्रि० स० [सं० स्थापन, हि० थापन] (१) किसी गीली चीज़ (जैसे, मिट्टी, आटा आदि) की मोटी तह ऊपर से जमाना या रखना । किसी गीली वस्तु का लोंदा यों ही ऊपर डाल देना या जमा देना । पानी में सनी हुई वस्तु के लोंदे को किसी दूसरी वस्तु पर इस प्रकार फैला कर डालना कि वह उसपर चिपक जाय । छोपना । जैसे, घड़े के मुँह पर मिट्टी छोप दो ।

संयो० क्रि०– देना ।—लेना ।

(२) तवे पर रोटी बनाने के लिये योंही बिना गढ़े हुए गीला आटा फैला देना । (३) मोटा लेप चढ़ाना । लेव चढ़ाना । (४) आरोपित करना । मत्थे मढ़ना । लगाना । जैसे, किसी पर दोष थोपना । (५) आक्रमण आदि से रक्षा करना । बचाना । दे० " छोपना " ।

थोपी †–संज्ञा स्त्री० [हिं० थोपना] चपत । धौल । चपेट । थोपड़ी ।

थोबड़ा–संज्ञा पुं० [देश०] थूथन । जानवरों का निकला हुआ लंबा मुँह ।

थोब रखना– क्रि० स० [लश०] जहाज को धार पर चढ़ाना ।

थोर †–संज्ञा पुं० [देश०] (१) केले की पेड़ी के बीच का गाभा । (२) थूहर का पेड़ ।

वि० दे० "थोड़ा" ।

थोरा † *–वि० दे० " थोड़ा " ।

थोरिक †*–वि० [हिं० थोरा + एक] थोड़ा सा । तनिक सा ।

थोरी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक हीन अनार्य जाति ।

वि० स्त्री० दे० " थोरा " ।

थ्यावस†—संज्ञा पुं० [स्थैर्य] (१) स्थिरता। ठहराव। (२) धीरता धैर्य्य। उ०—(क) बिन पावस तो इन्हैं थ्यावस है न सु क्यों करिये अब सो परसैं। बदरा बरसैं ऋतु में घिरि के नित ही अँखियाँ उघरी बरसैं।—आनंदघन। (ख) ज्यों कहलाय मसूसनि उमस क्यों हूँ कहूँ सो धरै नहिं थ्यावस। —आनंदघन।

द

द—संस्कृत या हिंदी वर्णमाला में अठारहवाँ व्यंजन जो तवर्ग का तीसरा वर्ण है। इसका उच्चारण स्थान दंतमूल है; दंतमूल में जिह्वा के अगले भाग के स्पर्श से इसका उच्चारण होता है। यह अल्पप्राण है और इसमें संवार, नाद और घोष नामक बाह्य प्रयत्न होते हैं।

दंग—वि० [फ़ा०] विस्मित। चकित। आश्चर्यान्वित। स्तब्ध।

क्रि० प्र०—रह जाना। —होना।

संज्ञा पुं० (१) घबराहट। भय। डर। उ०—जब रथ साजि चढ़ो रण सम्मुख जीय न आनो दंग। राघव सेन समेत सँवारों करौं रुधिरमय अंग।—सूर। (२) दे० "दंगा"।

दंगई—वि० [हिं० दंगा] (१) दंगा करनेवाला। उपद्रवी। लड़ाका। झगड़ालू। (२) प्रचंड। उग्र। (३) दंगली। बहुत बड़ा। लंबा चौड़ा। भारी।

दंगल—संज्ञा पु० [फ़ा०] (१) मल्लों का युद्ध। पहलवानों की वह कुश्ती जो जोड़ बद कर हो और जिसमें जीतनेवाले को इनाम आदि मिले। (२) अखाड़ा। मल्ल युद्ध का स्थान।

मुहा०— दंगल में उतरना = कुश्ती लड़ने के लिये अखाड़े में आना।

(३) जमावड़ा। समूह। समाज। जमात। दल। उ०—सावन नित संतन के घर में, रति मति सियवर में। नित वसंत नित होरी मंगल, जैसी बस्ती तैसोइ जंगल, दल बादल से जिनके दंगल पगे रटे की झर में।—देवस्वामी।

क्रि० प्र०—जमाना।—बाँधना।

(४) बहुत मोटा गद्दा वा तोशक। उ०—(क) अहलकार हाथ धोकर सामने बैठ जाते थे, वह दंगल पर रहता था, खाना एक बड़ी सी कुरसी पर चुना जाता था।—शिव-प्रसाद। (ख) बावर्ची जब छुट्टी पाता तो.....किसी बड़े दंगल पर पाँव फैला कर लंबा पड़ जाता।—शिव-प्रसाद।

दंगवारा—संज्ञा पुं० [हिं० दंगल + बारा] वह सहायता जो किसी गाँव के किसान एक दूसरे को हल बैल आदि देकर देते हैं। जिता। हरसीत।

दंगा—संज्ञा पुं० [फ़ा० दंगल] (१) झगड़ा। बखेड़ा। उपद्रव। उ०—खेलन लाग बालकन संगा। जब तब करिय सखन ते दंगा।—विश्राम।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

यौ०—दंगा फसाद।

(२) गुल गपाड़ा। हुल्लड़। शोर गुल। उ०—शीश पर गंगा हँसै भुजन भुजंगा हँसै हाँस ही को दंगा भयो नंगा के विवाह में।—पद्माकर।

दंगैत—वि० [हिं० दंगा + ऐत (प्रत्य०)] (१) दंगा करनेवाला। उपद्रवी। (२) बागी। बलवाई।

दंड—संज्ञा पुं० [सं०] (१) डंडा। सोंटा। लाठी।

विशेष—स्मृतियों में आश्रम और वर्ण के अनुसार दंड धारण करने की व्यवस्था है। उपनयन संस्कार के समय मेखला आदि के साथ ब्रह्मचारी को दंड भी धारण कराया जाता है। प्रत्येक वर्ण के ब्रह्मचारी के लिये भिन्न भिन्न प्रकार के दंडों की व्यवस्था है। ब्राह्मण को बेल या पलाश का दंड केशांत तक ऊँचा, क्षत्रिय को बरगद या खैर का दंड ललाट तक और वैश्य को गूलर या पलाश का दंड नाक तक ऊँचा धारण करना चाहिए। गृहस्थों के लिये मनु ने बाँस का डंडा या छड़ी रखने का आदेश दिया है। संन्यासियों में कुटीचक और बहूदक को त्रिदंड [तीन दंड], हंस को एक वेणुदंड और परमहंस को भी एक दंड धारण करना चाहिए। (निर्णयसिंधु)। पर किसी किसी ग्रंथ में यह भी लिखा है। कि परमहंस परम ज्ञान को पहुँचा हुआ होता है अतः उसे दंड आदि धारण करने की कोई आवश्यकता नहीं। राजा लोग शासन और प्रताप-सूचक एक प्रकार का राजदंड धारण करते थे।

मुहा०—दंड ग्रहण करना = संन्यास लेना। विरक्त या संन्यासी हो जाना।

(२) डंडे के आकार की कोई वस्तु। जैसे, भुजदंड, शुंडादंड, वैतसदंड, मेरुदंड, इक्षुदंड इत्यादि। (३) एक प्रकार की कसरत जो हाथ पैर के पंजों के बल औंधे होकर की जाती है।

क्रि० प्र०—करना।—पेलना।—मारना।—लगाना।

यौ०—दंडपेल। चक्रदंड।

(४) भूमि पर औंधे लेट कर किया हुआ प्रणाम। दंडवत्।

यौ०—दंड प्रणाम।

(५) एक प्रकार का व्यूह। दे० "दंडव्यूह"। (६) किसी अपराध के प्रतिकार में अपराधी को पहुँचाई हुई पीड़ा या

हानि। कोई भूल चूक या बुरा काम करनेवाले के प्रति वह कठोर व्यवहार जो उसे ठीक करने या उसके द्वारा पहुँची हुई हानि को पूरा कराने के लिये किया जाय। शासन और परिशोध की व्यवस्था। सजा। तदारुक।

विशेष—राज्य चलाने के लिये साम, दान, भेद और दंड ये चार नीतियाँ हिंदू शास्त्रों में कही गई हैं। अपने देश में प्रजा के शासन के लिये जिस दंडनीति का राजा आश्रय लेता है उसका विस्तृत वर्णन स्मृतिग्रंथों में है। ऐसे दंड की तीन श्रेणियाँ मानी गई हैं—उत्तम साहस (भारी दंड, जैसे, वध, सर्वस्वहरण, देश निकाला, अंगच्छेद इत्यादि), माध्यम साहस और प्रथम साहस। अग्निपुराण तथा अर्थशास्त्र में अन्य देशों के प्रति काम में लाई जानेवाली दंडविधि का भी उल्लेख है, जैसे, लूटना, आग लगाना, आघात पहुँचाना, बस्ती उजाड़ना इत्यादि।

(७) अर्थदंड। वह धन जो अपराधी से किसी अपराध के कारण लिया जाय। जुरमाना। डाँड़।

क्रि० प्र०—लगाना।—देना।—लेना।

मुहा०—दंड डालना=(१) जुरमाना करना। अर्थदंड लगाना। (२) कर लगाना। महसूल लगाना। दंड पड़ना=हानि होना। नुकसान होना। घाटा होना। जैसे, बड़ी किसी काम की न निकली, उसका रुपया दंड पड़ा। दंड भरना=(१) जुरमाना देना। (२) दूसरे के नुकसान को पूरा करना। दंड भोगना या भुगताना=(१) सजा अपने ऊपर लेना। दंड सहना। (२) जान बूझ कर व्यर्थ कष्ट उठाना। दंड सहना=नुकसान उठाना। घाटा सहना।

विशेष—स्मृतियों में अर्थदंड की भी तीन श्रेणियाँ हैं—प्रथम साहस—ढाई सौ पण तक; मध्यम साहस—पाँच सौ पण तक और उत्तम साहस—एक हजार पण तक।

(८) दमन। शासन। वश। शमन।

विशेष—संन्यासियों के लिये तीन प्रकार के दंड रखे गए हैं—वाग्दंड—वाणी को वश में रखना। मनोदंड—मन को चंचल न होने देना, अधिकार में रखना। कायदंड—शरीर को कष्ट का अभ्यास कराना। संन्यासियों का त्रिदंड इन्हीं तीन दंडों का सूचक चिह्न है।

(९) ध्वजा या पताका का बाँस। (१०) तराजू की डंडी। डाँड़ी। (११) मथानी। (१२) किसी वस्तु (जैसे, करछी, चम्मच आदि) की डंडी। (१३) हल की लंबी लकड़ी। (१४) जहाज या नाव का मस्तूल। (१५) एक योग का नाम। (१६) लंबाई की एक माप जो चार हाथ की होती थी। (१७) इक्ष्वाकु राजा के सौ पुत्रों में से एक जिनके नाम के कारण दंडकारण्य नाम पड़ा। (हरिवंश) (१८) कुबेर के एक पुत्र का नाम। (१९) (दंड देनेवाले) यम। (२०) विष्णु। (२१) शिव। (२२) सेना। फौज। (२३) अश्व। घोड़ा। (२४) साठ पल का काल। घड़ी। २४ मिनट का समय। (२५) वह आँगन जिसके पूर्व और उत्तर कोठरियाँ हों।

दंडकंदक—संज्ञा पुं० [सं०] धरणीकंद। सेमर का मुसला।

दंडक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) डंडा। (२) दंड देनेवाला पुरुष। शासक। (३) छंदों का एक वर्ग। वह छंद जिसमें वर्णों की संख्या २६ से अधिक हो।

विशेष—दंडक दो प्रकार का होता है एक गणात्मक, दूसरा मुक्तक। गणात्मक वह है जिसमें गणों का बंधन होता है अर्थात् किस गण के उपरांत फिर कौन गण आना चाहिए इसका नियम होता है। जैसे, कुसुमस्तवक, त्रिभंगी, नीलचक्र इत्यादि। उ०—(नीलचक्र) जानि कै समै भवाल, रामराज साज साजि ता समै अकाज काज कैकई जु कीन। भूप तें हराय बैन राम सीय बंधु युक्त बोलि कै पठाय बेगि काननै सुदीन।

मुक्तक वह है जिसमें केवल अक्षरों की गिनती होती है अर्थात् जो गणों के बंधन से मुक्त होता है। किसी किसी में कहीं कहीं लघु गुरु का नियम होता है। हिंदी काव्य में जो कवित्त (मनहर) और घनाक्षरी छंद अधिक व्यवहृत हुए हैं वे इसी मुक्तक के अंतर्गत हैं। उ०—(मनहर कवित्त) आनँद के कंद जग ज्यावन जगतबंद दशरथनंद के निबाहेई निबहिए। कहैं पदमाकर पवित्रपन पालिवे कों चोर चक्रपाणि के चरित्रन कों चहिए।

(४) इक्ष्वाकु राजा के एक पुत्र का नाम।

विशेष—ये शुक्राचार्य्य के शिष्य थे। इन्होंने एक बार गुरु की कन्या का कौमार्य्य भंग किया। इस पर शुक्राचार्य्य ने शाप देकर इन्हें इनके पुर के सहित भस्म कर दिया। इनका देश जंगल होगया और दंडकारण्य कहलाने लगा।

(५) दंडकारण्य। (६) एक प्रकार का वात रोग जिसमें हाथ पैर पीठ कमर आदि अंग स्तब्ध होकर ऐंठ से जाते हैं। (७) शुद्ध राग का एक भेद।

दंडकला—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक छंद जिसमें १०, ८ और १४ के विराम से ३२ मात्राएँ होती हैं। इसमें जगण न आना चाहिए।—फल फूलनि ल्यावै, हरिहिं सुनावै, है या लायक भोगन की। अरु सब गुन पूरी, स्वादनि रूरी, हरनि अनेकन रोगन की।

दंडकारण्य—संज्ञा पुं० [सं०] वह प्राचीन वन जो विंध्य पर्वत से लेकर गोदावरी के किनारे तक फैला था। इस वन में श्रीरामचंद्र वनवास के काल में बहुत दिनों तक रहे थे। यहीं शूर्पणखा के नाक-कान कटे थे और सीताहरण हुआ था।

दंडकी–संज्ञा स्त्री० [सं०] ढोलक ।

दंडगौरी–संज्ञा स्त्री [सं०] एक अप्सरा का नाम ।

दंडघ्न–संज्ञा पुं० [सं०] (१) डंडे से मारनेवाला । दूसरे के शरीर पर आघात पहुँचानेवाला । (२) दंड को न माननेवाला । राजा जिस दंड की व्यवस्था करे उसका भंग करनेवाला ।

विशेष—मनुस्मृति में लिखा है कि चोर, पर-स्त्री-गामी, दुष्ट वचन बोलनेवाले, साहसिक, दंडघ्न इत्यादि जिस राजा के पुर में न हों वह इंद्रलोक को पाता है ।

दंडडक्का–संज्ञा पुं० [सं०] दमामा नगारा । धौंसा ।

दंडताली–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह जलतरंग बाजा जिसमें तांबे की कटोरियाँ काम में लाई जाती हैं ।

दंडदास–संज्ञा पुं० [सं०] वह जो दंड का रुपया न दे सकने के कारण दास हुआ हो । वह जो जुरमाने का रुपया नौकरी करके चुकाता हो ।

दंडधर–वि० [सं०] डंडा रखनेवाला ।

संज्ञा पुं० (१) यमराज । (२) शासनकर्त्ता । (३) संन्यासी ।

दंडधार–वि० [सं०] डंडा रखनेवाला ।

संज्ञा पुं० (१) यमराज । (२) राजा । (३) एक राजा का नाम जो महाभारत में दुर्योधन की ओर था और अर्जुन से लड़कर मारा गया था । (४) पांचालवंशीय एक योद्धा जो पांडवों की ओर से लड़ा था और कर्ण के हाथ से मारा गया था ।

दंडन–संज्ञा पुं० [सं०] [वि० दंडनीय, दंडित, दंड्य] दंड देने की क्रिया । शासन ।

दंडना–क्रि० स० [सं० दंडन] दंड देना । शासित करना । सजा देना । उ०—मुशल मुग्दर हनत त्रिविध कर्मनि गनत मोहि दंडत धर्मदूत हारे ।—सूर ।

दंडनायक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सेनापति । (२) दंड विधान करनेवाला राजा या हाकिम । (३) सूर्य्य के एक अनुचर का नाम ।

दंडनीति–संज्ञा स्त्री० [सं०] दंड देकर अर्थात् पीड़ित कर के शासन में रखने की राजाओं की नीति । सेना आदि के द्वारा बल-प्रयोग करने की विधि ।

दंडनीय–वि० [सं०] दंड देने योग्य ।

दंडपाणि–संज्ञा पुं० [सं०] (१) यमराज । (२) काशी में भैरव की एक मूर्त्ति ।

विशेष—काशीखंड में लिखा है कि पूर्णभद्र नामक एक यक्ष को हरिकेश नाम का एक पुत्र था जो महादेव का बड़ा भक्त था । एक बार जब इसने घोर तप किया तब महादेव पार्वती सहित इसके पास आए और बोले "तुम काशी के दंडधर हो । वहाँ के दुष्टों का शासन और साधुओं का पालन करो । संभ्रम और उद्भ्रम नाम के मेरे दो गण तुम्हारी सहायता के लिये सदा तुम्हारे पास रहेंगे । बिना तुम्हारी पूजा किए कोई काशी में मुक्ति नहीं पा सकेगा ।"

दंडपात–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का सन्निपात जिसमें रोगी को नींद नहीं आती, वह इधर उधर पागल की तरह घूमता है ।

दंडपारुष्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दूसरे के शरीर पर हाथ डंडे आदि से आघात करने, धूल मैला आदि फेंकने का दुष्ट कार्य्य । मार पीट । (स्मृति) । (२) राजाओं के सात व्यसनों में से एक ।

दंडपाल–संज्ञा पुं० दे० "दंडपालक" ।

दंडपालक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ड्योढ़ीदार । दरबान । द्वारपाल । (२) एक प्रकार की मछली । दाँड़िका मछली ।

दंडपाशक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दंड देनेवाला प्रधान कर्मचारी । (२) घातक । जल्लाद ।

दंडप्रणाम–संज्ञा पुं० [सं०] भूमि में डंडे के समान पड़ कर प्रणाम करने की मुद्रा । दंडवत् । सादर अभिवादन ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

दंडबालधि–संज्ञा पुं० [सं०] हाथी ।

दंडभृत्–वि० [सं०] डंडा रखनेवाला । डंडा चलाने या घुमानेवाला ।

संज्ञा पुं० कुम्हार । कुंभकार ।

दंडमत्स्य–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की मछली जो देखने में डंडे या साँप के आकार की होती है । बाम मछली ।

दंडमाथ–संज्ञा पुं० [सं०] सीधा रास्ता । प्रधान पथ ।

दंडमानव–संज्ञा पुं० [सं०] (वह जिसे दंड देने की अधिक आवश्यकता पड़ती हो) । बालक । लड़का ।

दंडमुद्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) तंत्र की एक मुद्रा जिसमें मुट्ठी बाँध कर बीच की उँगली ऊपर को खड़ी करते हैं । (२) साधुओं के दो चिह्न, दंड और मुद्रा ।

दंडयात्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) सेना की चढ़ाई । (२) दिग्विजय के लिये प्रस्थान । (३) वरयात्रा । बारात ।

दंडयाम–संज्ञा पुं० [सं०] (१) यम । (२) दिन । (३) अगस्त्य मुनि ।

दंडरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की ककड़ी । डँगरी फल ।

दंडवत्–संज्ञा पुं० । स्त्री० [सं०] साष्टांग प्रणाम । पृथ्वी पर लेटकर किया हुआ नमस्कार । उ०— मुनि कहँ राम दंडवत कीन्हा । आशिरबाद बिप्र बर दीन्हा ।—तुलसी ।

विशेष—पूरब में इस शब्द को पुल्लिंग बोलते हैं पर दिल्ली की ओर यह शब्द स्त्रीलिंग बोला जाता है ।

दंडवासी–संज्ञा पुं० [सं० दंडवासिन्] (१) द्वारपाल । दरबान । (२) गाँव का हाकिम या मुखिया ।

दंडविधि–संज्ञा स्त्री० [सं०] अपराधों के दंड से संबंध रखनेवाला नियम या व्यवस्था। जुर्म और सजा का कानून।

दंडवृक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] थूहर। सेंहुड़।

दंडव्यूह–संज्ञा पुं० [सं०] सेना की डंडे के आकार की स्थिति जिसमें आगे वक्षाध्यक्ष, बीच में राजा, पीछे सेनापति, दोनों ओर हाथी, हाथियों की बगल में घोड़े और घोड़ों की बगल में पैदल सिपाही रहते थे। मनुस्मृति में इस व्यूह का उल्लेख है। अग्निपुराण में इसके सर्वतोवृत्ति, तिर्य्यग्वृत्ति आदि अनेक भेद बतलाए गए हैं।

दंडस्थान–संज्ञा पुं० [सं०] वह स्थान जहाँ दंड पहुँचाया जा सकता है।

विशेष—मनु ने दंड के लिये दस स्थान बतलाए हैं—उपस्थ, उदर, जिह्वा, दोनों हाथ, दोनों पैर, आँख, नाक, कान, धन और देह। अपराध के अनुसार राजा नाक कान आदि काट सकता है या धन हरण कर सकता है।

दंडहस्त–संज्ञा पुं० [सं०] तगर का फूल।

दंडा–संज्ञा पुं० दे० "डंडा"।

दंडाक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] चंपा नदी के किनारे का एक तीर्थ। (महाभारत)।

दंडाजिन–संज्ञा पु० [सं०] (१) साधु संन्यासियों के धारण करने का दंड और मृगचर्म। (२) झूठमूठ का आडंबर। धोखेबाजी का ठकोसला। कपट वेश।

दंडादंडि–संज्ञा स्त्री० [सं०] डंडों की मारपीट। लट्ठबाजी।

दंडापतानक–संज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार की वात-व्याधि जिसमें कफ और वात के बिगड़ने से मनुष्य का शरीर सूखे काठ की तरह जड़ हो जाता है।

दंडापूपन्याय–संज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का न्याय वा दृष्टांत कथन जिसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि जब किसी के द्वारा कोई बहुत कठिन कार्य हो गया तब उसके साथ ही लगा हुआ सहज और सुखकर कार्य्य अवश्य ही हुआ होगा। जैसे यदि डंडे में बँधा हुआ मालपूआ कहीं रक्खा हो और पीछे मालूम हो कि डंडे को चूहे खा गए तो यह अवश्य ही समझ लेना चाहिए कि चूहे मालपूए को पहले ही खा गए होंगे।

दंडायमान–वि० [सं०] डंडे की तरह सीधा खड़ा। खड़ा।

क्रि० प्र०—होना।

दंडालय–संज्ञा पुं० [सं०] (१) न्यायालय जहाँ से दंड का विधान हो। (२) वह स्थान जहाँ दंड दिया जाय। जैसे, जेलखाना (३) एक छंद जिसे दंडकला भी कहते हैं। दे० "दंडकला"।

दंडाहत–वि० [सं०] डंडे से मारा हुआ।

संज्ञा पुं० छाछ। मट्ठा।

दंडिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] बीस अक्षरों की एक वर्णवृत्ति जिसके प्रत्येक चरण में एक रगण के उपरांत एक जगण इस प्रकार गणों का जोड़ा तीन बार आता है और अंत में गुरु लघु होता है। इसे वृत्त और गड़का भी कहते हैं। उ०—रोज रोज राजगैल तें लिए गुपाल ग्वाल तीन सात। वायु सेवनार्थ प्रात बाग जात आव लै सुफूल पात।

दंडित–वि० पुं० [सं०] दंड पाया हुआ। जिसे दंड मिला हो। सजायाफ्ता।

दंडिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] दंडोत्पला। एक प्रकार का साग।

दंडी–संज्ञा पु० [सं० दंडिन्] (१) दंड धारण करनेवाला व्यक्ति। (२) यमराज। (३) राजा। (४) द्वारपाल। (५) वह संन्यासी जो दंड और कमंडलु धारण करे।

विशेष—ब्राह्मण के अतिरिक्त और किसी को दंडी होने का अधिकार नहीं है। यद्यपि पिता, माता, स्त्री पुत्र आदि के रहते भी दंड लेने का निषेध है पर लोग ऐसा करते हैं। मंत्र देने के पहले गुरु शिष्य होनेवाले के सब संस्कार (अन्न-प्राशन आदि) फिर से करते हैं। उसकी शिखा मूँड़ दी जाती है और जनेऊ उतार कर भस्म कर दिया जाता है। पहला नाम भी बदल दिया जाता है। इसके उपरांत दशाक्षर मंत्र देकर गुरु गेरुवा वस्त्र और दंड कमंडलु देते हैं। इन सब को गुरु से प्राप्त कर शिष्य दंडी हो जाता है और जीवन पर्य्यंत कुछ नियमों का पालन करता है। दंडी लोग गेरुआ वस्त्र पहनते हैं, सिर मुड़ाए रहते हैं और कभी कभी भस्म और रुद्राक्ष भी धारण करते हैं। दंडी लोग अग्नि और धातु का स्पर्श नहीं करते इससे अपने हाथ से रसोई नहीं बना सकते। किसी ब्राह्मण के घर से पक्का भोजन माँग कर खा सकते हैं। दंडियों के लिये दो बार भोजन करने का निषेध है। इन सब नियमों का बारह वर्ष तक पालन करके अंत में दंड को जल में फेंक कर दंडी परमहंस आश्रम को प्राप्त करता है। दंडियों के लिये निर्गुण ब्रह्म की उपासना की व्यवस्था है। जिनसे यह उपासना न हो सके वे शिव आदि की उपासना कर सकते हैं। मरने पर दंडियों के शव का दाह नहीं होता, या तो शव मिट्टी में गाड़ दिया जाता है या नदी में फेंक दिया जाता है। काशी में बहुत से दंडी दिखाई पड़ते हैं।

(६) सूर्य्य के एक पार्श्वचर का नाम। (७) जिन देव। (८) धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम। (९) दमनक वृक्ष। दौने का पौधा। (१०) मंजुश्री। (११) शिव। महा-देव। (१२) संस्कृत के प्रसिद्ध कवि जिनके बनाए हुए दो ग्रंथ मिलते हैं 'दशकुमारचरित' और 'काव्यादर्श'। ऐसा प्रसिद्ध है कि दंडी ने तीन ग्रंथ लिखे थे, पर तीसरे का पता आज कल नहीं लगता। अनेक लोगों का मत है कि ईसा की

छठी शताब्दी में दंडी हुए थे। इतना तो निश्चय है कि ये कालिदास और शूद्रक आदि के पीछे के हैं। इनकी वाक्य-रचना आडंबरपूर्ण है।

दंडोत्पल–संज्ञा पु० [सं०] एक पौधे का नाम जिसे कुछ लोग गूमा, कुछ लोग कुकरौंधा और कुछ लोग बड़ी सहदेया समझते हैं।

दंडोत्पला–संज्ञा स्त्री० [सं०] दंडोत्पल।

दंड्य–वि० [सं०] दंड पाने योग्य। जिसे दंड देना उचित हो।

दंत–संज्ञा पुं० [स०] (१) दाँत।

यौ०—दंतकथा।

(२) ३२ की संख्या। (३) गाँव के हिस्सों में बहुत ही छोटा हिस्सा जो पाई से भी बहुत कम होता है। (कौड़ियों में दांत के चिह्न होते हैं इसी से यह संख्या बनी है)। (४) कुंज। (५) पहाड़ की चोटी।

दंतक–संज्ञा पु० [सं०] (१) दाँत। (२) पहाड़ की चोटी। (३) पहाड़ से निकलनेवाला एक प्रकार का पत्थर।

दंतकथा–संज्ञा स्त्री० [स०] ऐसी बात जिसे बहुत दिनों से लोग एक दूसरे से सुनते चले आए हों, और जिसका कोई और पुष्ट प्रमाण न हो। सुनी सुनाई बात। जनश्रुति। उ०—इति वेद वदंति न दंतकथा। रवि आतप भिन्न न भिन्न यथा।—तुलसी।

दंतकर्षण–संज्ञा पुं० [स०] जंभीरी नीबू।

दंतकाष्ठ–संज्ञा पु० [स०] दतुवन। दतून। मुखारी।

दंतकाष्ठक–संज्ञा पुं० [सं०] आहुल्य वृक्ष। तरवट का पेड़।

दंतकूर–संज्ञा पुं० [सं०] युद्ध। संग्राम।

दंतघर्ष–संज्ञा पु० [सं०] दाँत पर दाँत दबाकर घिसने की क्रिया। दाँत किरकिराना।

विशेष—निद्रा की अवस्था में बच्चे कभी कभी दाँत किरकिराते हैं जिसे लोग अशुभ समझते हैं। रोगी के पक्ष में यह और भी बुरा समझा जाता है।

दंतच्छद–संज्ञा पु० [स०] ओष्ठ। ओंठ।

दंतच्छदोपमा–संज्ञा स्त्री० [सं०] बिंबाफल। कुँदरू।

दंतजात–वि० [सं०] (१) (बच्चा) जिसे दाँत निकल आए हों। (२) दाँत निकलने के योग्य (काल)।

विशेष—गर्भोपनिषद् में लिखा है कि बच्चे को सातवें महीने में दाँत निकलना चाहिए। यदि उस समय दाँत न निकलें तो अशौच लगता है।

दंततालु–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का प्राचीन बाजा जिससे ताल दिया जाता है।

दंतदर्शन–संज्ञा पुं० [सं०] क्रोध या चिड़चिड़ाहट में दाँत निकालने की क्रिया।

विशेष–महाभारत में लिखा है कि युद्ध में पहले दाँत दिखाए जाते हैं फिर शब्द कर के वार किया जाता है। (वन प०)।

दंतधावन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दाँत धोने या साफ़ करने का काम। दातुन करने की क्रिया। (२) दतौन। दातुन। (३) खैर का पेड़। खदिरवृक्ष। (४) करंज का पेड़। (५) मौलसिरी।

दंतपत्र–संज्ञा पुं० [सं०] कान का एक गहना।

दंतपत्रक–संज्ञा पु० [सं०] कुंदपुष्प।

दंतपवन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दाँत शुद्ध करने की क्रिया। दंतधावन। (२) दतुवन। दातन।

दंतपार– संज्ञा स्त्री० [हिं० दंत + उपारना] दाँत की पीड़ा। दाँत का दर्द।

दंतपुप्पुट–संज्ञा पुं० [स०] मसूड़ों का एक रोग जिसमें वे सूज जाते हैं और दर्द करते हैं।

दंतपुर–संज्ञा पुं० [स०] प्राचीन कलिंग राज्य का एक नगर जहाँ पर राजा ब्रह्मदत्त ने बुद्धदेव का एक दंत स्थापित करके उसके ऊपर एक बड़ा मंदिर बनवाया था। यह दंतपुर कहाँ था इसके संबंध में मतभेद है। डाक्टर राजेंद्रलाल का मत है कि मेदिनीपुर जिले में जलेश्वर से ६ कोस दक्खिन जो दाँतन नामक स्थान है वही बौद्धों का प्राचीन दंतपुर है। सिंहली बौद्धों के दाठावंश नामक ग्रंथ में दंतपुर के संबंध में बहुत सा वृत्तांत दिया हुआ है।

दंतपुष्प–संज्ञा पुं० [सं०] (१) निर्मली। (२) कुंद का फूल।

दंतफल–संज्ञा पु० [सं०] (१) कनकफल। निर्मली। (२) कपित्थ। कैथ।

दंतफला–संज्ञा स्त्री० [स०] पिप्पली।

दंतमांस–संज्ञा पु० [सं०] मसूड़ा।

दंतमूल–संज्ञा पु० [सं०] (१) दाँत की जड़। (२) दाँत का एक रोग।

दंतमूलिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] दंतीवृक्ष। जमाल गोटे का पेड़।

दंतमूलीय–वि० [स०] दंतमूल से उच्चारण किया जानेवाला (वर्ण), जैसे तवर्ग।

दंतलेखन–संज्ञा पुं० [सं०] एक अस्त्र जिससे दाँत की जड़ के पास मसूड़े को चीर कर मवाद आदि निकालते हैं जिससे दाँत की पीड़ा दूर होती है। दंतशर्करा नामक रोग में इस अस्त्र का प्रयोजन होता है।

दंतवक्र–संज्ञा पु० [सं०] करुष देश का राजा जो वृद्धशर्म्मा का पुत्र था। यह शिशुपाल का भाई लगता था और श्रीकृष्ण के हाथ से मारा गया था।

दंतवल्क–संज्ञा पुं० [सं०] दाँत की जड़ के ऊपर का मांस। मसूड़ा।

दंतवल्क–संज्ञा पुं० [सं०] ओष्ठ। ओंठ।

दंतबीज–संज्ञा पुं० [सं०] अनार ।

दंतवैदर्भ–संज्ञा पुं० [सं०] दाँत का एक रोग ।

दंतशंकु–संज्ञा पुं० [सं०] चीड़ फाड़ का एक औजार जो जौ के पत्तों के आकार का होता था । (सुश्रुत)

दंतशठ–संज्ञा पुं० [सं०] वे वृक्ष जिनके फल खाने से खटाई के कारण दाँत गुठले हो जायँ । जैसे, कैथ, कमरख, जंभीरी नीबू इत्यादि ।

दंतशठा–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) खट्टी नोनिया । अमलोनी । (२) चुक । चूक ।

दंतशर्करा–संज्ञा स्त्री० [सं०] दाँतों का एक रोग जो मैल जम कर बैठ जाने के कारण होता है ।

दंतशाण–संज्ञा पुं० [सं०] मिस्सी । स्त्रियों के लगाने का रंगीन मंजन ।

दंतशूल–संज्ञा पुं० [सं०] दाँत की पीड़ा ।

दंतशोफ–संज्ञा पुं० [स०] दाँत के मसूड़ों में होनेवाला एक प्रकार का फोड़ा । दंतार्बुद ।

दंतहर्ष–संज्ञा पु० [सं०] दाँतों की वह टीस जो अधिक ठंढी या खट्टी वस्तु लगने से होती है । दाँतों का खट्टा होना ।

दंतहर्षक–संज्ञा पुं० [स०] जंभीरी नीबू ।

दंताघात–संज्ञा पुं० [स०] (१) दाँत का आघात । (२) (वह जिससे दाँत को आघात पहुँचे) नीबू ।

दंतादंति–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक दूसरे को दांत से काटने की क्रिया या लड़ाई ।

दंताज–संज्ञा पु० [स०] (१) दाँत की जड़ या संधि में पड़नेवाले कीड़े । (२) दाँत का रोग जो इन कीड़ों के कारण होता है ।

दंतायुध–संज्ञा पु० [सं०] सूअर । जंगली सूअर ।

दंतार–वि० [हिं० दाँत + आर (प्रत्य०)] बड़े दाँतोंवाला ।
संज्ञा पुं० हाथी ।

दंतार्बुद–संज्ञा पुं० [सं०] मसूड़ों में होनेवाला एक प्रकार का फोड़ा ।

दंताल–संज्ञा पुं० [हिं० दँतार] हाथी ।

दंतालिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] लगाम ।

दंताली–संज्ञा स्त्री० [सं०] लगाम ।

दंतावल–संज्ञा पुं० [सं०] हाथी ।

दंताहल *–संज्ञा पुं० [सं० दंतावल] हाथी । (डिं०)

दंतिका–संज्ञा स्त्री० [स०] दंती । जमालगोटा ।

दंतिबीज–संज्ञा पुं० [सं०] जमालगोटा ।

दंतियाँ–संज्ञा स्त्री० [हिं० दाँत + इया (प्रत्य०)] छोटे छोटे दाँत ।

दंती–संज्ञा स्त्री० [सं०] अंडी की जाति का एक पेड़ । दंती दो प्रकार की होती है—लघुदंती और बृहद्दंती । लघुदंती के पत्ते गूलर के पत्तों के ऐसे होते हैं और बृहद्दंती के एरंड या अंडी के से । इसके बीज दस्तावर होते हैं और जमालगोटे के स्थान पर औषध में काम आते हैं । वैद्यक में दंती कटु, उष्ण, तृषा शूल बवासीर, फोड़े आदि को दूर करनेवाली मानी जाती है । दंती के बीज अधिक मात्रा में देने से विष का काम करते हैं ।

पर्य्या०—शीघ्रा । निकुंभी । नागस्फोटा । दंतिनी । उपचित्ता । भद्रा । रुद्रा । रेचनी । अनुकूला । निःशल्या । विशल्या । मधुपुष्पा । एरंडफला । तरणी । एरंडपत्रिका । विशोधनी । कुंभी । उदुंबरदला । प्रत्यक्पर्णी ।

दंतुर–वि० [सं०] जिसके दाँत आगे निकले हों । दंतुला । दाँतू ।
संज्ञा पुं० (१) हाथी । (२) सूअर ।

दँतुरच्छद–संज्ञा पुं० [सं०] बिजौरा नीबू ।

दँतुरियाँ † संज्ञा स्त्री० [हिं० दाँत] बच्चों के छोटे छोटे दाँत ।

दँतुला–वि० [सं० दंतुर] [स्त्री० दँतुली] जिसके दाँत आगे निकले हों । बड़े बड़े दाँतोंवाला ।

दंतोलूखलिक–संज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार के संन्यासी जो ओखली आदि में कूटा हुआ अन्न नहीं खाते । ये या तो फल खाते हैं या छिलके सहित अनाज के दानों को दाँत के नीचे कुचलकर खाते हैं ।

दंतोष्ठ्य–वि० [सं०] (वर्ण) जिसका उच्चारण दांत और ओंठ से हो ।

विशेष—ऐसा वर्ण "व" है ।

दंत्य–वि० [सं०] (१) दंतसंबंधी । (२) (वर्ण) जिसका उच्चारण दांत की सहायता से हो । जैसे तवर्ग । (३) दाँतों का हितकारी (औषध) ।

दंद–संज्ञा स्त्री० [सं० दहन, दह्यमान्] किसी पदार्थ से निकलती हुई गरमी, जैसी कि तपी हुई भूमि पर मेहँ का पानी पड़ने से निकलती है या खानों के भीतर पाई जाती है ।

क्रि० प्र०—आना ।—निकलना ।

संज्ञा पु० [स० द्वंद्व] (१) लड़ाई झगड़ा । उपद्रव । हलचल । (२) हल्ला गुल्ला । शोर गुल ।

क्रि० प्र०—मचाना ।

दंदशूक–संज्ञा पु० [स०] (१) सर्प । (२) राक्षस विशेष ।

दंदह्यमान–वि० [सं०] दहकता हुआ ।

दंदा–संज्ञा पु० [देश०] ताल देने का एक प्रकार का पुराना बाजा ।

दंदाना–क्रि० अ० [हिं० दंद] (१) गरम लगना । गरमी पहुँचाता हुआ मालूम होना । जैसे, रुई का दंदाना, बंद कोठरी का दंदाना । (२) किसी गरम चीज़ के आस पास होने से गरम होना । जैसे, रजाई या कंबल के नीचे दंदाना ।

संज्ञा पुं० [फा०] [वि० दंदानेदार] दांत के आकार की

उभरी हुई वस्तुओं की पंक्ति। शंकु या कंगूरे के रूप में निकली हुई चीजों की कतार, जैसी कंघी या आरे आदि में होती है।

दंदानेदार–वि० [फ़ा०] जिसमें दंदाने हों। जिसमें दाँत की तरह निकले हुए कंगूरों की पंक्ति हो।

दंदारू–संज्ञा पुं० [हिं० दंद + आरू (प्रत्य०)] छाला। फफोला।

दंदी–वि० [हिं० दंद] झगड़ालू। उपद्रवी। बखेड़ा करनेवाला। हुज्जती।

दंपति–संज्ञा पु० दे० "दंपती"।

दंपती–संज्ञा पुं० [सं०] स्त्री पुरुष का जोड़ा। पति-पत्नी का जोड़ा।

दंपा*–संज्ञा स्त्री० [हिं० दमकना] बिजली। उ०—चोथने चकोर चहूँ ओर जानि चदमुखी जौ न होती डरनि हसन दुति दंपा की।—पूरवी।

दंभ–संज्ञा पुं० [सं०] [वि० दंभी] (१) महत्त्व दिखाने या प्रयोजन सिद्ध करने के लिये झूठा आडंबर। धोखे में डालने के लिये ऊपरी दिखावट। पाखंड। (२) झूठी ठसक। अभिमान। घमंड।

दंभक–संज्ञा पुं० [सं०] पाखंडी। ढकोसलेबाज़। प्रतारक।

दंभी–वि० [सं० दंभिन्] (१) पाखंडी। आडंबर रचनेवाला। ढकोसलेबाज़। (२) झूठी ठसकवाला। अभिमानी। घमंडी।

दंभोलि–संज्ञा पुं० [सं०] इंद्रास्त्र। वज्र। उ०—मत्त मातग बल अंग दंभोलि दल काछिनी लाल गजमाल सोहै।—सूर।

दंवरी–संज्ञा स्त्री० [सं० दमन, हिं० दाँवना] अनाज के सूखे डंठलों में से दाना झाड़ने के लिये उसे बैलों से रौंदवाने का काम।

क्रि० प्र०—नाधना।

दंश–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह घाव जो दांत काटने से हुआ हो। दंतक्षत। (२) दांत काटने की क्रिया। दंशन। (३) साँप या और किसी विषैले जंतु के काटने का घाव। जैसे, सर्पदंश। (४) आक्षेप-वचन। बौछार। व्यंग्य। कटूक्ति। (५) द्वेष। वैर।

क्रि० प्र०—रखना।

(६) दाँत। (७) विषैले जंतुओं का डंक। (८) एक प्रकार की मक्खी जिसके डंक विषैले होते हैं। डाँस। बगदर। उ०—मसक दंश बीते हिमि त्रासा।—तुलसी।

पर्य्या०—घनमक्षिका। गोमक्षिका। भंभरालिका। पांशुर। दुष्टमुख। क्रूर।

(९) वर्म। बकतर। (१०) एक असुर जिसकी कथा महाभारत में इस प्रकार लिखी है—सत्ययुग में दंश नामक एक बड़ा प्रतापी असुर रहता था। एक दिन वह भृगु मुनि की पत्नी को हर ले गया। इस पर भृगु ने उसे शाप दिया कि "तू मल-मूत्र का कीड़ा हो जा" शाप से डर कर जब असुर बहुत गिड़गिड़ाने लगा तब भृगु ने कहा—"मेरे वंश में जो राम (परशुराम) होंगे वे शाप से तुझे मुक्त करेंगे।" वह असुर शाप के अनुसार कीट हुआ। कर्ण जब परशुराम से अस्त्र-शिक्षा प्राप्त कर रहे थे तब एक दिन कर्ण के जंघे पर सिर रख कर परशुराम सो गए। ठीक उसी समय वह कीड़ा आकर कर्ण की जाँघ में काटने लगा। कर्ण ने गुरु की निद्रा भंग होने के डर से जाँघ नहीं हटाई। जब जाँघ में से रक्त की धारा निकली तब परशुराम की नींद टूटी और उन्होंने उस कीड़े की ओर ताका। उनके ताकते ही उस कीड़े ने उसी रक्त के बीच अपना कीट-शरीर छोड़ा और वह अपने पूर्व रूप में आ गया।

दंशक–संज्ञा पु० [सं०] (१) वह जो काट खाय। दाँत से काटनेवाला। (२) डाँस नाम की मक्खी जो बड़े जोर से काटती है।

दंशन–संज्ञा पु०[सं०] [वि० दंशित, दंशी] (१) दाँत से काटना। डसना। जैसे, सर्पदंशन।

क्रि० प्र०—करना।

(२) वर्म। बकतर।

दंशभीरु–संज्ञा पुं० [सं०] महिष। भैंसा। (भैंसों को मच्छड़ और डाँस बहुत लगते हैं)

दंशमूल–संज्ञा पु० [सं०] सहँजन का पेड़। शोभांजन।

दंशित–वि० [सं०] (१) दाँत से काटा हुआ। (२) वर्म से आच्छादित। बकतर से ढका हुआ।

दंशी–वि० [सं० दंशिन्] [स्त्री० दंशिनी] (१) दाँत से काटनेवाला। डसनेवाला। (२) आक्षेप वचन कहनेवाला। कटूक्ति कहनेवाला। (३) द्वेषी। वैर या कसर रखनेवाला।

संज्ञा स्त्री० [सं०] छोटा दंश। छोटा डाँस।

दंष्ट्र–संज्ञा पु० [सं०] दाँत।

दंष्ट्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) मोटे दाँत। स्थूल दाँत। दाढ़। चौभर। (२) वृश्चिकाली। बिछुआ नाम का पौधा जिसमें रोईंदार फल लगते हैं।

दंष्ट्रानखविष–संज्ञा पुं० [सं०] वह जंतु जिसके नख और दाँत में विष हो। जैसे, बिल्ली, कुत्ता, बंदर, मेढ़क, छिपकली इत्यादि।

दंष्ट्रायुध–संज्ञा पु० [सं०] (वह जिसका अस्त्र दाँत हो) शूकर। सूअर।

दंष्ट्राल–वि० [सं०] बड़े बड़े दाँतोंवाला।

संज्ञा पुं० एक राक्षस का नाम।

दंष्ट्री–वि० [सं० दंष्ट्रिन्] बड़े बड़े दाँतोंवाला।

संज्ञा पुं० (१) सूअर। (२) साँप।

दंस*–संज्ञा पु० दे० "दंश"।

द–संज्ञा पु० [सं०] (१) पर्वत, पहाड़। (२) दाँत। (३) दाता

विशेष—इस अर्थ में इसका व्यवहार स्वतंत्र रूप से नहीं होता;

बल्कि किसी शब्द के अंत में जोड़ने से होता है। जैसे, सुखद (सुखदेनेवाला), जलद (जल देनेवाला, बादल) आदि।

संज्ञा स्त्री० (१) भार्य्या। स्त्री। (२) रक्षा। (३) खंडन।

दइउ†–संज्ञा पुं० दे० "दैव"।

दइजा†–संज्ञा पुं० दे० "दायजा"।

दइमारा–वि० दे० "दईमारा"।

दई–संज्ञा पुं० [सं० दैव] (१) ईश्वर। विधाता। उ०—गई करि जादु दई के निहोरे।—दास।

यौ०—दईमारा।

मुहा०—दई का घाला = ईश्वर का मारा हुआ। अभागा। कमबख्त। उ०—जननी कहति, दई की घाली! काहे को इतराति।—सूर। दई का मारा = दे० "दईमारा"। दई दई = हे दैव, हे दैव! रक्षा के लिये ईश्वर की पुकार। उ०—(क) दई दई आलसी पुकारा।—तुलसी। (ख) दीरघ सांस न लेहि दुख सुख साईंहि न भूल। दई दई क्यों करत है दई दई सो कबूल।—बिहारी।

(२) दैव-संयोग। अदृष्ट। प्रारब्ध।

दईमारा–वि० [हिं० दई + मारना] [स्त्री० दईमारी] ईश्वर का मारा हुआ। जिसपर ईश्वर का कोप हो। अभागा। मंदभाग्य। कमबख्त। उ०—(क) दूध दही नहिं लेव, री! कहि कहि पचि हारी। कहति, सूर कोऊ घर नाहीं, कहँ गइ दहमारी?।—सूर। (ख) फीहा फीहा करौं या पपीहा दईमारे को।—श्रीपति।

दईमारो†*–वि० दे० "दईमारा"।

दउरना†–क्रि० अ० दे० "दौड़ना"।

दउरा†–संज्ञा पुं० दे० "दौरा"।

दक–संज्ञा पुं० [सं०] जल। पानी।

दकार–संज्ञा पुं० [सं०] तवर्ग का तीसरा अक्षर "द"।

दक़ीक़ा–संज्ञा पुं० [अ०] (१) कोई बारीक बात। (२) युक्ति। उपाय।

मुहा०—कोई दक़ीक़ा बाकी न रखना = कोई उपाय बाकी न रखना। सब उपाय कर चुकना। जैसे, मुझे नुकसान पहुँचाने में तुमने कोई दक़ीक़ा बाकी नहीं रखा।

(३) चाल। लहजा।

दक्खिन–संज्ञा पुं० [सं० दक्षिण] [वि० दक्खिनी] (१) वह दिशा जो सूर्य्य की ओर मुँह करके खड़े होने से दहने हाथ की ओर पड़ती है। उत्तर के सामने की दिशा। जैसे, जिधर तुम्हारा पैर है वह दक्खिन है।

विशेष—यद्यपि सं० 'दक्षिण' शब्द विशेषण है पर हिं० शब्द दक्खिन वि० के रूप में नहीं आता। दक्खिन ओर, दक्खिन दिशा आदि वाक्यों में भी दक्खिन वि० नहीं है।

(२) दक्षिण दिशा में पड़नेवाला प्रदेश। (३) भारतवर्ष का वह भाग जो दक्षिण की ओर है। विंध्य और नर्मदा के आगे का देश।

क्रि० वि० दक्खिन की ओर। दक्षिण दिशा में। जैसे, उनका गाँव यहाँ से दक्खिन पड़ता है।

दक्खिनी–वि० [हिं० दक्खिन] (१) दक्खिन का। जो दक्षिण दिशा में हो। जैसे, नदी का दक्खिनी किनारा। (२) जो दक्षिण के देश का हो। दक्षिण देश में उत्पन्न। दक्षिण देश-संबंधी। जैसे, दक्खिनी आदमी, दक्खिनी बोली, दक्खिनी सुपारी, दक्खिनी मिर्च।

संज्ञा पु० दक्षिण देश का निवासी।

संज्ञा स्त्री० दक्षिण देश की भाषा।

दक्ष–वि० [सं०] (१) जिसमें किसी काम को चट पट सुगमतापूर्वक करने की शक्ति हो। निपुण। कुशल। चतुर। होशियार। जैसे, वह सितार बजाने में बड़ा दक्ष है। (२) दक्षिण। दाहना। उ०—(क) दक्ष दिसि रुचिर बारीश कन्या।—तुलसी। (ख) दक्ष भाग अनुराग सहित इंदिरा अधिक ललिताई।—तुलसी।

संज्ञा पुं० (१) एक प्रजापति का नाम जिनसे देवता उत्पन्न हुए।

विशेष—ऋग्वेद में दक्ष प्रजापति का नाम आया है और कहीं कहीं ज्योतिष्कगण के पिता कह कर उनकी स्तुति की गई है। दक्ष अदिति के पिता थे इससे वे देवताओं के आदि पुरुष कहे जाते हैं। जहाँ ऋग्वेद में सृष्टि की उत्पत्ति का यह क्रम बतलाया गया है कि सब से पहले ब्रह्मणस्पति ने कर्मकार की तरह कार्य्य किया, असत् से सत् उत्पन्न हुआ उत्तानपद् से भू और भू से दिशाएँ हुईं वहीं यह भी लिखा है कि अदिति से दक्ष जन्मे और दक्ष से अदिति जन्मी"। इस विलक्षण वाक्य के संबंध में निरुक्त में लिखा है कि "या तो दोनों ने समान जन्म लाभ किया, अथवा देवधर्मानुसार दोनों की एक दूसरे से उत्पत्ति और प्रकृति हुई।" शतपथ ब्राह्मण में दक्ष को सृष्टि का पालक और पोषक कहा है। हरिवंश में दक्ष को विष्णु स्वरूप कहा गया है। महाभारत और पुराणों में जो दक्ष के यज्ञ की कथा है उसका वर्णन वैदिक ग्रंथों में नहीं मिलता, हाँ, रुद्र के प्रभाव के प्रसंग में कुछ उसका आभास सा मिलता है। मत्स्य-पुराण में लिखा है कि पहले मानस सृष्टि हुआ करती थी। दक्ष ने जब देखा कि मानस द्वारा प्रजावृद्धि नहीं होती है तब उन्होंने मैथुन द्वारा सृष्टि का विधान चलाया।

गरुड़ पुराण में दक्ष की कथा इस प्रकार है। ब्रह्मा ने सृष्टि की कामना से धर्म, रुद्र, मनु, भृगु तथा सनकादि को मानस पुत्र के रूप में उत्पन्न किया। फिर दहने अँगूठे से दक्ष को और बाएँ अँगूठे से दक्षपत्नी को उत्पन्न किया। इस पत्नी से

दक्ष को सोलह कन्याएँ उत्पन्न हुईं—श्रद्धा, मैत्री, दया, शांति, तुष्टि, पुष्टि, क्रिया, उन्नति, बुद्धि, मेधा, मूर्त्ति, तितिक्षा, ह्री, स्वाहा, स्वधा और सती। दक्ष ने इन्हें ब्रह्मा के मानस पुत्रों में बाँट दिया। रुद्र को दक्ष की सती नाम की कन्या प्राप्त हुई। एक बार दक्ष ने अश्वमेध यज्ञ किया जिसमें अपने सारे जामाताओं को बुलाया पर रुद्र को नहीं बुलाया। सती बिना बुलाए ही अपने पिता का यज्ञ देखने गईं। वहाँ पिता से अपमानित होने पर उन्होंने अपना शरीर त्याग दिया। इस पर महादेव ने क्रुद्ध होकर दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया और दक्ष को शाप दिया "तुम मनुष्य होकर ध्रुव के वंश में जन्म लोगे" ध्रुव के वंशज प्रचेतागण ने जब घोर तपस्या की तब उन्हें प्रजासृष्टि करने का वर मिला और उन्होंने कंडुकन्या मारिषा के गर्भ से दक्ष को उत्पन्न किया। दक्ष ने चतुर्विध मानस सृष्टि की। पर जब मानस सृष्टि से प्रजावृद्धि न हुई तब उन्होंने वीरण प्रजापति की कन्या असिक्नी को ग्रहण किया और उससे सहस्र पुत्र और बहुत सी कन्याएँ उत्पन्न कीं। इन्हीं कन्याओं से कश्यप आदि ने सृष्टि चलाई। और पुराणों में भी इसी प्रकार की कथा कुछ हेर फेर के साथ है।

(२) अग्नि ऋषि। (३) महेश्वर। (४) शिव का बैल। (५) ताम्रचूड़। मुरगा। (६) एक राजा जो उशीनर के पुत्र थे। (७) विष्णु। (८) बल। (९) वीर्य्य।

दक्षकन्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] सती। विशेष—दे० "दक्ष"।

दक्षक्रतुध्वंसी—संज्ञा पुं० [सं० दक्षक्रतुध्वंसिन्] (१) महादेव। (२) महादेव के अंश से उत्पन्न वीरभद्र (जिन्होंने दक्ष का यज्ञ विध्वंस किया था)।

दक्षता—संज्ञा स्त्री० [सं०] निपुणता। योग्यता। कमाल।

दक्षविहिता—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का गीत।

दक्षसावर्णि—संज्ञा पुं० [सं०] नवें मनु का नाम।

दक्षा—वि० स्त्री० [सं०] कुशला। निपुणा।

संज्ञा स्त्री० पृथ्वी।

दक्षिण—वि० [सं०] (१) बहना। दाहना। बायाँ का उलटा। अपसव्य। (२) इस प्रकार प्रवृत्त जिससे किसी का कार्य सिद्ध हो। अनुकूल। (३) उस ओर का जिधर सूर्य्य की ओर मुँह करके खड़े होने से दहिना हाथ पड़े। उत्तर का उलटा।

यौ०—दक्षिणापथ। दक्षिणायन।

(४) निपुण। दक्ष। चतुर।

संज्ञा पुं० (१) दक्षिण की दिशा। उत्तर के सामने की दिशा। (२) काव्य वा साहित्य में वह नायक जिसका अनुराग अपनी सब नायिकाओं पर समान हो। (३) प्रदक्षिण। (४) तंत्रोक्त एक आचार या मार्ग।

विशेष—कुलार्णव तंत्र में लिखा है कि सब से उत्तम तो वेदमार्ग है, वेद से अच्छा वैष्णव मार्ग है, वैष्णव से अच्छा शैव मार्ग है, शैव से अच्छा दक्षिण मार्ग है, दक्षिण से अच्छा वाम मार्ग है और वाम मार्ग से भी अच्छा सिद्धांत मार्ग है।

(५) विष्णु।

दक्षिणगोल—संज्ञा पुं० [सं०] विषुवत् रेखा से दक्षिण पड़नेवाली राशियाँ जो छः हैं—तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन।

दक्षिणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दक्षिण दिशा। (२) वह धन जो ब्राह्मणों या पुरोहितों को यज्ञादि कर्म कराने के पीछे दिया जाता है। वह दान जो किसी शुभ कार्य आदि के समय ब्राह्मणों को दिया जाय।

क्रि० प्र०—देना।—लेना।

विशेष—पुराणों में दक्षिणा को यज्ञ की पत्नी बतलाया है। ब्रह्मवैवर्त्त पुराण में लिखा है कि कार्त्तिकी पूर्णिमा की रात को जो एक बार रास महोत्सव हुआ था उसीमें श्रीकृष्ण के दक्षिणांश से दक्षिणा की उत्पत्ति हुई।

(३) पुरस्कार। भेंट। (४) वह नायिका जो नायक के अन्य स्त्रियों से संबंध करने पर भी उससे बराबर वैसी ही प्रीति रखती हो।

दक्षिणाग्नि—संज्ञा स्त्री० [सं०] यज्ञ में गार्हपत्याग्नि से दक्षिण ओर स्थापित अग्नि।

दक्षिणाचल—संज्ञा पु० [सं०] मलयगिरि पर्वत। मलयाचल।

दक्षिणाचार—संज्ञा पुं० [सं०] (१) सदाचार। शुद्ध और उत्तम आचरण। (२) तांत्रिकों में एक प्रकार का आचार जिसमें अपने आप को शिव मान कर पंच तत्त्व से शिवा की पूजा की जाती है। यह आचार वामाचार से श्रेष्ठ और प्रायः वैदिक माना जाता है।

दक्षिणाचारी—संज्ञा पुं० [सं०] विशुद्धाचारी। धर्म्मशील। सदाचारी।

दक्षिणापथ—संज्ञा पु० [सं०] विंध्यपर्वत के दक्षिण ओर का वह प्रदेश जहाँ से दक्षिण भारत के लिये रास्ते जाते हैं।

दक्षिणापरा—संज्ञा स्त्री० [सं०] नैर्ऋत कोण।

दक्षिणप्रवण—संज्ञा पुं० [सं०] वह स्थान जो उत्तर की अपेक्षा दक्षिण की ओर अधिक नीचा या ढालुआँ हो। मनु के अनुसार श्राद्ध आदि के लिये ऐसा ही स्थान उपयुक्त होता है।

दक्षिणामूर्त्ति—संज्ञा पु० [सं०] तंत्र के अनुसार शिव की एक मूर्त्ति।

दक्षिणायन—वि० [सं०] दक्षिण की ओर। भूमध्य रेखा से दक्षिण की ओर। जैसे, दक्षिणायन सूर्य।

संज्ञा पुं० (१) सूर्य की कर्क रेखा से दक्षिण मकर रेखा की ओर गति। (२) वह छः महीने का समय जिसमें सूर्य्य कर्क रेखा से चल कर बराबर दक्षिण की ओर बढ़ता रहता है।

विशेष—सूर्य्य २१ जून को कर्क रेखा अर्थात् उत्तरीय अयन-सीमा पर पहुँचता है और फिर वहाँ से दक्षिण की ओर बढ़ने लगता है और प्रायः २२ दिसंबर तक दक्षिणी अयन-सीमा मकर रेखा तक पहुँच जाता है। पुराणानुसार जिस समय सूर्य दक्षिणायन हों उस समय कुआँ, तालाब, मंदिर आदि न बनवाना चाहिए और न देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा करनी चाहिए। तौ भी भैरव, वराह, नृसिंह आदि की प्रतिष्ठा की जा सकती है।

दक्षिणावर्त्त—वि० [सं०] जिसका घुमाव दाहिनी ओर को हो। जो दाहिनी ओर घूमा हुआ हो।

संज्ञा पुं० एक प्रकार का शंख जिसका घुमाव दाहिनी ओर को होता है।

दक्षिणावर्त्तकी—संज्ञा स्त्री० दे० "दक्षिणावर्त्तवती"।

दक्षिणावर्त्तवती—संज्ञा स्त्री० [सं०] वृश्चिकाली नाम का पौधा।

दक्षिणावह—संज्ञा पुं० [सं०] दक्षिण से आनेवाली हवा।

दक्षिणाशा—संज्ञा स्त्री० [सं०] दक्षिण दिशा।

दक्षिणाशापति—संज्ञा पुं० [सं०] (१) यम। (२) मंगलग्रह।

दक्षिणी—संज्ञा स्त्री० [हिं० दक्षिण + ई (प्रत्य०)] दक्षिण देश की भाषा।

संज्ञा पुं० दक्षिण देश का निवासी।

वि० दक्षिण देश का। दक्षिण देश संबंधी।

दक्षिणीय—वि० [सं०] (१) दक्षिण का। दक्षिण संबंधी। दक्षिण देश का। (२) जो दक्षिणा का पात्र हो।

दक्षिन—संज्ञा पुं० दे० "दक्षिण"।

दक्षिनी—वि०, संज्ञा पुं० दे० "दक्षिणी"।

दखन—संज्ञा पुं० दे० "दक्षिण"।

दखमा—संज्ञा पुं० [?] वह स्थान जहाँ पारसी अपने मुरदे रखते हैं।

विशेष—पारसियों में यह प्रथा है कि वे शव को जलाते या गाड़ते नहीं हैं बल्कि उसे किसी विशिष्ट एकांत स्थान में रख देते हैं जहाँ चील कौए आदि उसका मांस खा जाते हैं। इस काम के लिये वे थोड़ा सा स्थान पचीस तीस फुट ऊँची दीवार से चारों ओर से घेर देते हैं जिसके ऊपरी भाग में जँगला सा लगा रहता है। इसी जँगले पर शव रख दिया जाता है। जब उसका मांस चील-कौए आदि खा लेते हैं तब हड्डियाँ जँगले में से नीचे गिर पड़ती हैं। नीचे एक मार्ग होता है जिससे ये हड्डियाँ निकाल ली जाती हैं।

दख़ल—संज्ञा पुं० [अ०] (१) अधिकार। क़बज़ा।

क्रि० प्र०—करना।—में आना।—में लाना।—होना।

यौ०—दख़लदिहानी। दख़लनामा। दख़ीलकार।

(२) हस्तक्षेप। हाथ डालना। उ०—मूरख दख़ल देहँ बिन जाने। गहैं चपलता गुरु अस्थाने।—विश्राम।

क्रि० प्र०—देना।

(३) पहुँच। प्रवेश। जैसे, आप अँगरेजी में भी कुछ दख़ल रखते हैं।

क्रि० प्र०—रखना।

दख़लदिहानी—संज्ञा स्त्री० [अ० दख़ल + फा० दिहानी] किसी वस्तु पर किसी को अधिकार दिला देना। क़बज़ा दिलवाना।

दख़लनामा—संज्ञा पु० [अ० दख़ल + फा० नामा] वह पत्र विशेषतः सरकारी आज्ञापत्र जिसमें किसी व्यक्ति के लिये किसी पदार्थ पर अधिकार कर लेने की आज्ञा हो।

दखिन—संज्ञा पु० दे० "दक्षिण"। उ०—देखि दखिन दिसि हय हिहिनाहीं।—तुलसी।

दखिनहरा†—संज्ञा पु० [हिं० दखिन + हारा] दक्षिण से आनेवाली हवा। दक्षिण की ओर से आती हुई हवा।

दखिनहा†—वि० [हिं० दखिन + हा (प्रत्य०)] दक्षिण का। दक्षिणी।

दखिना‡—संज्ञा पुं० [हिं० दखिन + आ (प्रत्य०)] दक्षिण से आनेवाली हवा।

दख़ील—वि० [अ०] अधिकार रखनेवाला। जिसका दख़ल या क़बज़ा हो।

दख़ीलकार—संज्ञा पु० [अ० दख़ील + फा० कार] वह असामी जिसने किसी जमींदार के खेत या जमीन पर कम से कम बारह वर्ष तक अपना दख़ल रक्खा हो।

दख़ीलकारी—संज्ञा स्त्री० [अ० दख़ील + फा० कार] (१) दख़ीलकार का पद वा अवस्था। (२) वह जमीन जिस पर दख़ीलकार का अधिकार हो।

दगइल‡—वि० दे० "दगैल"।

दगड़—संज्ञा पु० [?] लड़ाई में बजाया जानेवाला बड़ा ढोल। जंगी ढोल।

दगड़ना—क्रि० अ० [?] सच्ची बात का विश्वास न करना।

दगड़ा—संज्ञा पुं० दे० "दगड़"।

दगदगा—संज्ञा पु० [अ०] (१) डर। भय। (२) संदेह। शक। (३) एक प्रकार की कंडील।

दगदगाना—क्रि० अ० [हिं० दगना] दमदमाना। चमकना। उ०—ज्यों ज्यों अति कृशता बढ़ति त्यों त्यों दुति सरसात। दग-दगात त्यों ही कनक ज्यों ही दाहत जात—गुमान।

क्रि० स० चमकाना। चमक उत्पन्न करना।

दगदगाहट—संज्ञा स्त्री० [हिं० दगदगाना + हट (प्रत्य०)] चमक। दमक।

दगदगी—संज्ञा स्त्री० दे० "दगदगा"।

दगध †—संज्ञा पुं० दे० "दाह"।
वि० दे० "दग्ध"।

दगधना * †—क्रि० अ० [सं० दग्ध + ना (प्रत्य०)] जलना। उ०—बज्र अगिन विरहिन हिय जारा। सुलग सुलग दगधि भइ छारा।—जायसी।
क्रि० स० (१) जलाना। (२) बहुत दुःख देना। कष्ट पहुँचाना।

दगना—क्रि० अ० [सं० दग्ध + ना (प्रत्य०)] (१) (बंदूक या तोप आदि का) छूटना। चलना। जैसे, बंदूक आपही आप दग गई। (२) जलना। दग्ध होना। झुलस जाना। उ०—श्री हरिदास के स्वामी स्यामा कुंजविहारी की कटाछ कोटि काम दगे।—स्वामी हरिदास। (३) दागा जाना। दागना का अकर्मक रूप।
क्रि० स० दे० "दागना"। उ०—(क) विषधर स्वास सरिस लगै तन सीतल बन बात अनलहु सों सरसे दगै हिमकर-कर घन गात।—भूं० सत०। (ख) जे तब होत दिखा दिखी भई अमी इक आँक। दगै तिरीछी दीठ अब ह्वै बीछी कौ डाँक।—बिहारी।

दगर †—संज्ञा पु० दे० "दगरा"।

दगरा †—संज्ञा पुं० [?] (१) देर। विलंब। उ०—भोरहि ते कान्ह करत तोसों झगरो। × × × × सब कोइ जात मधुपुरी बेचन कौने दियो दिखावहु दगरो। अंचल ऐंचि ऐंचि राखत हौ जान देहु अब होत है दगरो।—सूर। (२) डगर। रास्ता। उ०—वह जो खंडित मेंड बनी डगरे के माहीं।—श्रीधर पाठक।

दगरी—संज्ञा स्त्री० [?] वह दही जिस पर मलाई या साढ़ी न हो।

दगलफसल—संज्ञा पुं० [अ० दगल + अनु० फसल या हिं० फँसाना] धोखा। फरेब।

दगला—संज्ञा पुं० [?] मोटे वस्त्र का बना हुआ या रुईदार अँगरखा। भारी जबादा।

दगवाना—क्रि० स० [हिं० दागना का प्रे०] दागने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को दागने में प्रवृत्त कराना। उ०—उठि भोरहि तोपन दगवायो। दीनन को बहु द्रव्य लुटायो।—रघुराज।

दगहा—वि० [हिं० दाग + हा (प्रत्य०)] (१) जिसके दाग लगा हो। दागवाला। (२) जिसके सफेद दाग हों।
वि० [हिं० दाग = प्रेतकर्म + हा (प्रत्य०)] जिसने प्रेत क्रिया की हो। प्रेत-कर्म-कर्त्ता।
वि० [हिं० दगना + हा (प्रत्य०)] जो दागा हुआ हो। जो दग्ध किया गया हो।

दगा—संज्ञा स्त्री० [अ०] छल। कपट। धोखा।
क्रि० प्र०—करना।—देना।—खाना।
यौ०—दगाबाज। दगादार।

दगादार—वि० [फा० दगा + दार] धोखेबाज़। छली। उ०—(क) एरे दगादार मेरे पातक अपार तोहिं गंगा के कछार में पछारि छार करिहैं।—पद्माकार। (ख) छबीले तेरे नैन बड़े हैं दगादार।—गीत।

दगाबाज़—वि० [फ़ा०] छली। कपटी। धोखा देनेवाला। उ०—(क) कोऊ कहै करत कुसाज दगाबाज बड़ो कोऊ कहै राम को गुलाम खरो खूब है।—तुलसी। (ख) नाम तुलसी पै भोंडे भाग ते भयो है दास। किए अंगीकार एते बड़े दगाबाज को।—तुलसी।
संज्ञा पुं० छली मनुष्य। धोखा देनेवाला आदमी।

दगाबाज़ी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] छल। कपट। धोखा। उ०—सुहृद समाज दगाबाजी ही को सौदा सूत जब जाको काज तब मिलै पाय परि सो।—तुलसी।

दगार्गल—संज्ञा पु० [सं०] बृहत्संहिता के अनुसार एक प्रकार की विद्या जिसके अनुसार किसी निर्जल स्थान के ऊपरी लक्षण आदि देख कर, भूमि के नीचे पानी होने अथवा न होने का ज्ञान होता है।

विशेष—बृहत्संहिता में लिखा है कि जिस प्रकार मनुष्य के शरीर में रक्त-वाहिनी शिराएँ होती हैं उसी प्रकार पृथ्वी में जल-वाहिनी शिराएँ होती हैं और इन शिराओं के किसी स्थान पर होने अथवा न होने का ज्ञान वृक्षों आदि को देखकर हो सकता है। जैसे, यदि किसी निर्जन स्थान में जामुन का पेड़ हो तो समझना चाहिए कि उससे तीन हाथ की दूरी पर उत्तर की ओर दो पुरसे नीचे पूर्व-वाहिनी शिरा है, यदि किसी निर्जन स्थान में गूलर का पेड़ हो तो उससे पश्चिम तीन हाथ की दूरी पर डेढ़ दो पुरसे नीचे अच्छे जल की शिरा होगी। इत्यादि।

दगैल—वि० [अ० दाग़ + ऐल (प्रत्य०)] (१) दागदार। जिसमें दाग हो। (२) जिसमें कुछ खोट वा दोष हो।
संज्ञा पुं० [अ० दग़ा] दगाबाज़। छली। उ०—सात कोस जौलौं चलि आये। भये दगैलन के मन भाये।—लाल।

दग्ध—वि० [सं०] (१) जला या जलाया हुआ। (२) दुःखित। जिसे कष्ट पहुँचा हो। जैसे, दग्ध हृदय।
संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की घास जिसे कतृण भी कहते हैं।

दग्धकाक—संज्ञा पुं० [सं०] डोम कौवा।

दग्धमंत्र—संज्ञा पुं० [सं०] तंत्र के अनुसार वह मंत्र जिसके मूर्द्धा प्रदेश में वह्नि और वायु-युक्त वर्ण हों।

दग्धरथ–संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र के सारथी चित्ररथ गंधर्व का एक नाम। (विशेष दे० "चित्ररथ")।

दग्धरुह–संज्ञा पुं० [सं०] तिलक वृक्ष।

दग्धरुहा–संज्ञा स्त्री० [सं०] कुरुह नामक वृक्ष।

दग्धवर्णक–संज्ञा पुं० [सं०] रोहिष नाम की घास।

दग्धा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) सूर्य्य के अस्त होने की दिशा। पश्चिम। (२) एक प्रकार का वृक्ष जिसे कुरु कहते हैं। (३) कुछ विशिष्ट राशियों से युक्त कुछ विशिष्ट तिथियाँ। जैसे—मीन और धन की अष्टमी। वृष और कुंभ की चौथ। मेष और कर्क की छठ। कन्या और मिथुन की नौमी। वृश्चिक और सिंह की दशमी। मकर और तुला की द्वादशी।

विशेष—दग्धा तिथियों में वेदारंभ, विवाह, स्त्री-प्रसंग, यात्रा या वाणिज्य आदि करना बहुत ही हानिकारक माना जाता है।

दग्धाक्षर–संज्ञा पुं० [सं०] पिंगल के अनुसार झ, ह, र, भ, और ष ये पाँचों अक्षर जिनका छंद के आरंभ में रखना वर्जित है। उ०—दीजो भूल न छंद के आदि झ ह र भ ष कोइ। दग्धाक्षर के दोष तें छंद दोषयुत होइ॥

दग्धाह्व–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का वृक्ष।

दग्धिका–संज्ञा स्त्री० दे० "दग्धा (२)"।

दचक–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) झटके या दबाव से लगी हुई चोट। (२) धक्का। ठोकर। (३) दबाव।

दचकन–क्रि० अ० [अनु०] (१) ठोकर या धक्का खाना। (२) दब जाना। (३) झटका खाना।

क्रि० स० (१) ठोकर या धक्का लगाना। (२) दबाना। (३) झटका देना।

दचना–क्रि० अ० [देश०] गिरना। पड़ना। उ०—गगन उड़ाइ गयो ले श्यामहि आइ धरनि पर आप दच्यो री।—सूर।

दच्छ–संज्ञा पुं० दे० "दक्ष"।

दच्छकुमारी*–संज्ञा स्त्री० [सं० दक्ष + कुमारी] दक्ष-प्रजापति की कन्या, सती। उ०—मुनि सन विदा माँगि त्रिपुरारी। चले भवन संग दच्छकुमारी।—तुलसी।

दच्छना–संज्ञा स्त्री० दे० "दक्षिणा"।

दच्छसुता*–संज्ञा स्त्री० [सं० दक्ष + सुता] दक्ष की कन्या, सती।

दच्छिन–वि० दे० "दक्षिण"। उ०—दच्छिन पिय हूँ वाम बस बिसराई तिय आन। एकै वासर के विरह लागे बरष बितान।—बिहारी।

दच्छिननायक*–संज्ञा पुं० दे० "दक्षिणनायक"।

दज्जाल–संज्ञा पुं० [अ०] झूठा। बेईमान। अत्याचारी।

दड़भल–संज्ञा पुं० [सं० दण्डोत्पल] सहदेई नाम का पौधा।

दड़ाकना–क्रि० अ० [अनु०] दहाड़ना। गरजना। बाघ, साँड़ आदि का बोलना।

दड़ियल–वि० [हिं० दाढ़ी + इयल (प्रत्य०)] दाढ़ीवाला। जो दाढ़ी रखे हो।

दणियर–संज्ञा पुं० [सं० दिनमणि] सूर्य। (डिं०)

दतना*–क्रि० अ० दे० "डटना"।

दतवन–संज्ञा स्त्री० दे० "दतुअन"।

दतारा–वि० [हिं० दाँत + आरा (प्रत्य०)] दाँतवाला। जिसमें दाँत हों। दाँतदार।

दतिया–संज्ञा स्त्री० [हिं० दाँत का अल्प० स्त्री०] दाँत का स्त्रीलिंग और अल्पार्थक रूप। छोटा दाँत।

संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पहाड़ी तीतर जो बहुत सुंदर होता है। इसकी खाल अच्छे दामों पर बिकती है। नीलमोर।

दतिसुत–संज्ञा पुं० [सं० दितिसुत] दैत्य। राक्षस। (डिं०)

दतुअन–संज्ञा स्त्री० दे० "दतुवन"।

दतुवन–संज्ञा स्त्री० [हिं० दाँत + अवन (प्रत्य०)] (१) नीम या बबूल आदि की काटी हुई छोटी टहनी जिसके एक सिरे को दाँतों से कुचल कर कूँची की तरह बनाते और उससे दाँत साफ करते हैं। दातुन।

क्रि० प्र०—करना।

(२) दाँत साफ करने और मुँह धोने की क्रिया।

क्रि० प्र०—करना।

यौ०—दतुअन कुल्ला = दाँत साफ करने और मुँह धोने की क्रिया।

दतून–संज्ञा स्त्री० दे० "दतुवन"।

दतौन–संज्ञा स्त्री० दे० "दतुवन"।

दत्त–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दत्तात्रेय। (२) जैनियों के नौ वासुदेवों में से एक। (३) एक प्रकार के बंगाली कायस्थों की उपाधि। (४) दान। (५) दत्तक।

यौ०—दत्तविधान = दत्तक पुत्र लेने की क्रिया।

वि० दिया हुआ।

दत्तक–संज्ञा पुं० [सं०] शास्त्रविधि से बनाया हुआ पुत्र। वह जो वास्तव में पुत्र न हो, पर पुत्र मान लिया गया हो। गोद लिया हुआ लड़का। सुतबन्ना।

विशेष—स्मृतियों में जो औरस और क्षेत्रज के अतिरिक्त दस प्रकार के पुत्र गिनाए गए हैं उनमें दत्तक पुत्र भी है। इसमें से कलियुग में केवल दत्तक ही को ग्रहण करने की व्यवस्था है पर मिथिला और उसके आस पास कृत्रिम पुत्र का भी ग्रहण अब तक होता है। पुत्र के बिना पितृऋण से उद्धार नहीं होता इससे शास्त्र पुत्र ग्रहण करने की आज्ञा देता है। पुत्र आदि होकर मर गया हो तो पितृऋण से तो उद्धार हो जाता है पर पिंडा पानी नहीं मिल सकता इससे उस

अवस्था में भी पिंडा पानी देने और नाम चलाने के लिये पुत्र ग्रहण करना आवश्यक है। किंतु यदि मृत पुत्र का कोई पुत्र या पौत्र हो तो दत्तक नहीं लिया जा सकता। दत्तक के लिये आवश्यक यह है कि दत्तक लेनेवाले को पुत्र, पौत्र, प्रपौत्र आदि न हो। दूसरी बात यह है कि आदान प्रदान की विधि पूरी हो अर्थात् लड़के का पिता यह कह कर अपने पुत्र को समर्पित करे कि मैं इसे देता हूँ और दत्तक लेनेवाला यह कह कर उसे ग्रहण करे "धर्माय त्वां परिगृह्णामि, सन्तत्यै त्वां परिगृह्णामि"। द्विजों के लिये हवन आदि भी आवश्यक है। वह पुत्र जिसपर उसका असली पिता भी अधिकार रखे और दत्तक लेनेवाला भी द्वामुष्यायण कहलाता है। ऐसा लड़का दोनों की संपत्ति का उत्तराधिकारी होता है और दोनों के कुल में विवाह नहीं कर सकता।

दत्तक लेने का अधिकार पुरुष ही को है अतः स्त्री यदि गोद ले सकती है तो पति की अनुमति से ही। विधवा यदि गोद लेना चाहे तो उसे पति की आज्ञा का प्रमाण देना होगा। वशिष्ट का वचन है कि "स्त्री पति की आज्ञा के बिना न पुत्र दे और न ले"। नंद पंडित ने तो दत्तक-मीमांसा में कहा है कि स्त्री को गोद लेने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि वह आप होम आदि नहीं कर सकती। पर दत्तकचंद्रिका के अनुसार विधवा को यदि पति आज्ञा दे गया हो तो वह गोद ले सकती है। बंग देश और काशी प्रदेश में स्त्री के लिये पति की अनुमति अनिवार्य्य है; और वह इस अनुमति के अनुसार पति के जीते जी या मरने पर गोद ले सकती है। महाराष्ट्र देश के पंडित वसिष्ठ के वचन का यह अभिप्राय निकालते हैं कि पति की अनुमति की आवश्यकता उस अवस्था में है जब दत्तक पति के सामने लिया जाय; पति के मरने पर विधवा पति के कुटुंबियों से अनुमति लेकर दत्तक ले सकती है।

कैसा लड़का दत्तक लिया जा सकता है? स्मृतियों में इस संबंध में कई नियम मिलते हैं—(१) शौनक, वशिष्ठ आदि ने एकलौते या जेठे लड़के को गोद लेने का निषेध किया है। पर कलकत्ते को छोड़ और दूसरे हाइकोर्टों ने ऐसे लड़के का गोद लिया जाना स्वीकार किया है।

(२) लड़का सजातीय हो, दूसरी जाति का न हो। यदि दूसरी जाति का होगा तो उसे केवल खाना कपड़ा मिलेगा।

(३) सबसे पहले तो भतीजे या किसी एक ही गोत्र के सपिंड को लेना चाहिए, उसके अभाव में भिन्न गोत्र सपिंड, उसके अभाव में एक ही गोत्र का कोई दूरस्थ संबंधी जो समानोदकों के अंतर्गत हो, उसके अभाव में कोई सगोत्र।

(४) द्विजातियों में लड़की का लड़का, बहिन का लड़का, भाई, चाचा, मामा, मामी का लड़का गोद नहीं लिया जा सकता। नियम यह है कि गोद लेने के लिये जो लड़का हो वह 'पुत्रेच्छायावह' हो अर्थात् ऐसा हो जिसकी माता के साथ दत्तक लेनेवाले का नियोग या समागम हो सके।

दत्तक विषय पर अनेक ग्रंथ संस्कृत में हैं जिनमें नंदा पंडित की दत्तकमीमांसा और देवानंद भट्ट तथा कुबेर कृत दत्तकचंद्रिका सबसे अधिक मान्य हैं।

मुहा०—**दत्तक लेना** = किसी दूसरे के पुत्र को गोद लेकर अपना पुत्र बनाना।

दत्तचित्त—वि० [सं०] जिसने किसी काम में खूब जी लगाया हो। जिसने खूब चित्त लगाया हो।

दत्ततीर्थकृत्—संज्ञा पुं० [सं०] गत उत्सर्पिणी के आठवें अर्हंत। (जैन)

दत्ता—संज्ञा पुं० दे० "दत्तात्रेय"।

दत्तात्मा—संज्ञा पुं० [सं० दत्तात्मन्] वह पुत्र जिसे उसके माता पिता ने त्याग दिया हो अथवा जिसके माता-पिता का देहांत हो चुका हो और जो स्वयं किसी के पास जाकर उसका दत्तक पुत्र बने। शास्त्रों में यह भी बारह प्रकार के पुत्रों में से एक माना गया है।

दत्तात्रेय—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रसिद्ध प्राचीन ऋषि जो पुराणानुसार विष्णु के चौबीस अवतारों में से एक माने जाते हैं। मार्कंडेय पुराण में इनकी उत्पत्ति के संबंध में जो कथा लिखी है वह इस प्रकार है—एक कोढ़ी ब्राह्मण की स्त्री बड़ी पतिव्रता और स्वामिभक्त थी। एक बार वह ब्राह्मण एक वेश्या पर आसक्त हो गया। उसके आज्ञानुसार उसकी पतिव्रता स्त्री उसे अपने कंधे पर बैठा कर अँधेरी रात में उस वेश्या के घर ले चली। रास्ते में मांडव्य ऋषि तपस्या कर रहे थे; अंधेरे में कोढ़ी ब्राह्मण का पैर उन्हें लग गया। उन्होंने शाप दिया कि जिसका पैर मुझे लगा है, सूर्य निकलते निकलते वह मर जायगा। सती स्त्री ने अपने पति की रक्षा करने और वैधव्य से बचने के लिये कहा कि आज सूर्य उदय ही न होगा। जब सूर्य का उदय न हुआ और पृथ्वी के नाश की संभावना हुई तो सब देवता मिल कर ब्रह्मा के पास गए। ब्रह्मा ने उन्हें अत्रि मुनि की स्त्री अनसूया के पास जाने की सम्मति दी। देवताओं के प्रार्थना करने पर अनसूया ने जाकर ब्राह्मण-पत्नी को समझाया और कहा कि तुम सूर्योदय होने दो तुम्हारे पति के मरते ही मैं उन्हें फिर सजीव कर दूँगी और उनका शरीर भी नीरोग हो जायगा। तब सूर्य उदय हुआ और मृत ब्राह्मण को अनसूया ने फिर जीवित कर दिया। देवताओं ने प्रसन्न होकर अनसूया से वर माँगने के लिये कहा। अन-

सूया ने कहा—ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों मेरे गर्भ से जन्म ग्रहण करें। ब्रह्मा ने इसे स्वीकार किया; और तदनुसार ब्रह्मा ने सोम बनकर, विष्णु ने दत्तात्रेय बनकर, और महेश्वर ने दुर्वासा बन कर अनसूया के घर जन्म लिया। हैहयराज ने जब अत्रि को बहुत कष्ट पहुँचाया था तब दत्तात्रेय क्रुद्ध होकर सातवें ही दिन गर्भ से निकल आए थे। ये बड़े भारी योगी थे और सदा ऋषि-कुमारों के साथ योग-साधन किया करते थे। एक बार ये अपने साथियों और संसार से छुटकारा पाने के लिये बहुत समय तक एक सरोवर में ही डूबे रहे पर तौ भी ऋषि-कुमारों ने इनका संग न छोड़ा, वे सरोवर के किनारे इनके आसरे बैठे रहे। अंत में दत्तात्रेय इन्हें छलने के लिये एक सुंदरी को साथ लेकर सरोवर से निकले और मद्यपान करने लगे। पर ऋषि-कुमारों ने यह समझ कर तब भी इनका संग न छोड़ा कि ये पूर्ण योगीश्वर हैं, इनकी आसक्ति किसी विषय में नहीं है। भागवत के अनुसार इन्होंने चौबीस पदार्थों से अनेक शिक्षाएँ ग्रहण की थीं और उन्हीं चौबीस पदार्थों को ये अपना गुरु मानते थे। वे चौबीस पदार्थ ये हैं—पृथ्वी, वायु आकाश, जल, अग्नि, चंद्रमा, सूर्य, कबूतर, अजगर, सागर, पतंग, मधुकर, (भौंरा और मधुमक्खी), हाथी, मधुहारी (मधुसंग्रह करनेवाली), हरिन, मछली, पिंगला वेश्या, गिद्ध, बालक, कुमारीकन्या, बाण बनानेवाला, साँप, मकड़ी और तितली।

दत्ताप्रदानिक—संज्ञा पुं० [सं०] व्यवहार में अट्ठारह प्रकार के विवाद पदों में से पाँचवाँ विवादपद। किसी दान किए हुए पदार्थ को अन्यायपूर्वक फिर से प्राप्त करने का प्रयत्न।

दत्ती—संज्ञा स्त्री० [सं०] सगाई का पक्का होना।

दत्तेय—संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र।

दत्तोपनिषद्—संज्ञा पुं० [सं०] एक उपनिषद् का नाम।

दत्तोलि—संज्ञा पुं० [सं०] पुलस्त्य मुनि का एक नाम।

दत्र—संज्ञा पुं० [सं०] (१) धन। (२) सोना।

दत्रिम—संज्ञा पु० [सं०] दत्तक पुत्र।

ददन—संज्ञा पुं० [सं०] दान। देने की क्रिया।

ददमर—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का पेड़।

ददरा—संज्ञा पुं० [देश०] छानने का कपड़ा। छन्ना। साफ़ी।

ददरी—संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) पके हुए तमाखू के पत्ते पर का दाग। (२) दे० "अरबन"।

ददा—संज्ञा पुं० दे० "दादा"। उ०—यह विनोद देखत धरनीधर मात पिता बलभद्र दादा रे।—सूर।

ददिऔर †—संज्ञा पुं० दे० "ददिहाल"।

ददियाल—संज्ञा पुं० दे० "ददिहाल"।

ददिया ससुर—संज्ञा पुं० [हिं० दादा + ससुर] श्वसुर का पिता। ससुर का बाप।

ददिया सास—संज्ञा स्त्री० [हिं० दादी + सास] सास की सास। ददिया-ससुर की स्त्री।

ददिहाल—संज्ञा पुं० [हिं० दादा + आलय] (१) दादा का कुल। (२) दाद का घर।

ददोड़ा—संज्ञा पुं० दे० "ददोरा"।

ददोरा—संज्ञा पुं० [हिं० दाद] मच्छर, बर्रे आदि के काटने या खुजलाने आदि के कारण चमड़े के ऊपर थोड़े से घेरे के बीच में पड़ी हुई थोड़ी सी सूजन जो चकती की तरह दिखाई देती है। चकत्ता। चटखर।

दद्रु—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दाद का रोग। (२) कछुआ।

दद्रुघ्न—संज्ञा पुं० [सं०] चक्रमर्दा। चकवँड़।

दद्रू—संज्ञा पुं० [सं०] दाद रोग।

दध*†—संज्ञा पुं० दे० "दधि"।

दधसार*—संज्ञा पुं० दे० "दधिसार"।

दधि—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दही। जमाया हुआ दूध। (२) वस्त्र। कपड़ा।

संज्ञा पुं० [सं० उदधि] समुद्र। सागर। (इस अर्थ में दधि शब्द का प्रयोग सूरदास ने बहुत किया है)

दधिकाँदो—संज्ञा पुं० [सं० दधि + हिं० काँदो = कीचड़] जन्माष्टमी के समय होनेवाला एक प्रकार का उत्सव जिसमें लोग हलदी मिला हुआ दही एक दूसरे पर फेंकते हैं। (कहते हैं कि श्रीकृष्ण जन्म के समय गोपों और गोपिकाओं ने आनंद में मग्न होकर हलदी मिला दही एक दूसरे पर इतना अधिक फेंका था कि गोकुल की गलियों में दही का कीचड़ सा हो गया था) उ०—यशुमति भाग सुहागिनी जिन जायो हरि सो पूत। करहु ललन की आरती री अरु दधिकाँदो सूत।—सूर।

दधिकूर्चिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] फटे हुए दूध का वह अंश जो पानी निकलने पर बच जाता है। छेना।

दधिक्रा—संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक वैदिक देवता जो घोड़े के आकार के माने जाते हैं। (२) घोड़ा।

दधिचार—संज्ञा पुं० [सं०] मथानी।

दधिज—संज्ञा पुं० दे० "दधिजात"।

दधिजात—संज्ञा पुं० [सं०] मक्खन। नवनीत।

संज्ञा पुं० [सं० उदधि-सुत] चंद्रमा। उ०—देखो मैं दधिसुत में दधिजात।—सूर।

दधित्थ—संज्ञा पुं० [सं०] कपित्थ। कैथ।

दधित्थाख्य—संज्ञा पुं० [सं०] लोबान।

दधिधेनु—संज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार दान के लिये कल्पित गौ जिसकी कल्पना दही के मटके में की जाती है।

दधिनामा–संज्ञा पुं० [स० दधिनामन्] कैथ का पेड़ ।

दधिपुष्पिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] सफेद अपराजिता ।

दधिपुष्पी–संज्ञा स्त्री० [सं०] सेम ।

दधिपूप–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का पकवान जो दही में फेंटे हुए शालि धान के चूर्ण को घी में तलने से बनता है ।

दधिफल–संज्ञा पु० [स०] कैथ । कपित्थ ।

दधिमंड–संज्ञा पु० [स०] दही का पानी ।

दधिमंडोद–संज्ञा पुं० [स०] पुराणानुसार दही का समुद्र ।

दधिमुख–संज्ञा पु० [सं०] रामचंद्र की सेना का एक बंदर जो सुग्रीव का मामा और मधुवन का रक्षक था ।

दधियार–संज्ञा पुं० [देश०] जीवंतिका की जाति की एक लता जिसके पत्ते लंबे और पान के आकार के होते हैं । इसकी डंठियों आदि में से दूध निकलता है और इसमें सूर्य्यमुखी की तरह के फूल लगते हैं । इसका व्यवहार औषध में होता है । अर्कपुष्पी । अंधाहुली ।

दधिसागर–संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार दही का समुद्र ।

दधिसार–संज्ञा पुं० [सं०] नवनीत । मक्खन ।

दधिसुत–संज्ञा पु० [स० उदधि-सुत] (१) कमल । उ०—देखो मैं दधिसुत में दधिजात ।—सूर । (२) मुक्ता । मोती । उ०—दधिसुत जामे नंद दुवार ।—सूर । (३) चंद्रमा । उ०—राधा दधिसुत क्यों न दुरावति । सूर ।

यौ० —दधिसुत-सुत = विद्वान् । पंडित । उ०—जिनके हरि वाहन नहीं दधिसुत-सुत जेहि नाहिं ।— तुलसी ।

(४) जालंधर दैत्य । उ०—विष्णु वचन चपला प्रतिहारा । तेहि ते आपुन दधिसुत मारा ।—विश्राम । (५) विष । जहर । उ०—नहिं विभूति दधिसुत न कंठ वह मृगमद चंदन चरचित तन ।—सूर ।

संज्ञा पुं० [स०] मक्खन । नवनीत ।

दधिसुता–संज्ञा स्त्री० [स० उदधिसुता] सीप । उ०—दधिसुता सुत अवलि ऊपर इंद्र आयुध जानि ।— सूर ।

दधिस्नेह–संज्ञा पु० [स०] दही की मलाई ।

दधिस्वेद–संज्ञा पुं० [सं०] तक्र । छाछ । मट्ठा ।

दधीच–संज्ञा पु० दे० "दधीचि" ।

दधीचि–संज्ञा पु० [सं०] एक वैदिक ऋषि जो यास्क के मत से अथर्व के पुत्र थे और इसी लिये दधीचि कहलाते थे । किसी पुराण के मत से ये कर्दम ऋषि की कन्या और अथर्व की पत्नी शांति के गर्भ से उत्पन्न हुए थे और किसी पुराण के मत से ये शुक्राचार्य के पुत्र थे । वेदों और पुराणों में इनके संबंध में अनेक कथाएँ हैं जिनमें से विशेष प्रसिद्ध यह है कि इंद्र ने इन्हें मधुविद्या सिखाई थी और कह दिया था कि यदि तुम यह विद्या बतलाओगे तो हम तुम्हें मार डालेंगे । इस पर अश्वि युगल ने दधीचि का सिर काट कर अलग रख दिया और उनके धड़ पर घोड़े का सिर लगा दिया और तब उनसे मधु विद्या सीखी । जब इंद्र को यह बात मालूम हुई तो उन्होंने आकर उनका घोड़ेवाला सिर काट डाला । इस पर अश्वि युगल ने उनके धड़ पर फिर वही मनुष्यवाला पहला सिर लगा दिया । एक बार वृत्रासुर के उपद्रव से बहुत दुखित होकर सब देवता इंद्र के पास गए । उस समय निश्चित हुआ कि दधीचि की हड्डियों के बने हुए अस्त्र के अतिरिक्त और किसी अस्त्र से वृत्रासुर मारा न जा सकेगा । इसलिये इंद्र ने दधीचि से उनकी हड्डियाँ माँगी । दधीचि ने अपने पुराने शत्रु और हत्याकारी इंद्र को भी विमुख लौटाना उचित न समझा और उनके लिये अपने प्राण त्याग दिए । तब उनकी हड्डियों से अस्त्र बना कर वृत्रासुर मारा गया । तभी से दधीचि का बड़ा भारी दानी होना प्रसिद्ध है । महाभारत में यह भी लिखा है कि जब दक्ष ने हरीद्वार में बिना शिवजी के यज्ञ किया था तब इन्होंने दक्ष को शिवजी के निमंत्रित करने के लिये बहुत समझाया था, पर उन्होंने नहीं माना, इसलिये ये यज्ञ छोड़कर चले गए थे । एक बार दधीचि बड़ी कठिन तपस्या करने लगे । उस समय इंद्र ने डरकर इन्हें तप से भ्रष्ट करने के लिये अलंबुषा नामक अप्सरा भेजी । एक बार जब ये सरस्वती तीर्थ में तर्पण कर रहे थे तब अलंबुषा उनके सामने पहुँची । उसे देखकर इनका वीर्य स्खलित होगया जिससे एक पुत्र हुआ । इसीसे उस पुत्र का नाम सारस्वत हुआ ।

दधीच्यस्थि–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वज्र । (२) हीरा । हीरक ।

दध्न–संज्ञा पुं० [सं०] चौदह यमों में से एक यम ।

दध्यानी–संज्ञा पु० [सं०] सुदर्शन वृक्ष । मदनमस्त ।

दध्युत्तर–संज्ञा० पु० [स०] दही की मलाई ।

दन–संज्ञा पुं० [सं० दिन] दिन । (डिं०)

दनकर–संज्ञा पुं० [स० दिनकर] सूर्य्य । (डिं०)

दनगा–संज्ञा पुं० [देश०] खेत का छोटा टुकड़ा ।

दनदनाना–क्रि० अ० [अनु०] (१) दनदन शब्द करना । (२) आनंद करना । खुशी मनाना ।

दनमणि–संज्ञा पुं० [सं० दिनमणि] सूर्य । (डिं०)

दनादन–क्रि० वि० [अनु०] दनदन शब्द के साथ । जैसे, दनादन तोपें छूटने लगीं ।

दनु–संज्ञा स्त्री० [सं०] दक्ष की एक कन्या जो कश्यप को ब्याही थी । इसके चालीस पुत्र हुए थे जो सब दानव कहलाते हैं । उनके नाम ये हैं—विप्रचित्ति, शंबर, नमुचि, पुलोमा, असिलोमा, केशी, दुर्जय, अयःशिरी, अश्वशिरा, अश्वशंकु, गगनमूर्द्धा, स्वर्भानु, अश्व, अश्वपति, वृषपर्वा, अजक, अश्वग्रीव, सूक्ष्म, तुहुंड, एकपद, एकचक्र, विरूपाक्ष, महोदर, निचंद्र, निकुंभ, कुजट, कपट, शरभ, शलभ, सूर्य्य, चंद्र,

एकाक्ष, अमृतप, प्रलंब, नरक, वातापी, शठ, गविष्ठ, वनायु और दीर्घजिह्व। (इनमें जो चंद्र, और सूर्य्य हैं, वे देवता चंद्र और सूर्य्य से भिन्न हैं)

संज्ञा पुं० एक दानव का नाम जो श्री दानव का लड़का था।

दनुज–संज्ञा पुं० [सं०] दनु से उत्पन्न, असुर। राक्षस।

दनुजदलनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा।

दनुजराय–संज्ञा पुं० [सं० दनुज + हिं० राय] दानवों का राजा हिरण्यकश्यप।

दनुजारि–संज्ञा पुं० [सं०] दानवों के शत्रु।

दनुजेंद्र–संज्ञा पुं० [सं०] दानवों का राजा, रावण।

दनुजेश–संज्ञा पुं० [सं०] (१) हिरण्यकश्यप। (२) रावण।

दनुसंभव–संज्ञा पुं० [सं०] दनु से उत्पन्न, दानव।

दनू–संज्ञा स्त्री० दे० "दनु"।

दन्न–संज्ञा पुं० [अनु०] "दन्न" शब्द जो तोप आदि के छूटने अथवा इसी प्रकार के और किसी कारण से होता है।

दपट–संज्ञा स्त्री० [हिं० डाँट के साथ अनु०] घुड़की। डपट। डपेट। डाँटने या डपटने की क्रिया।

दपटना–क्रि० [हिं० डाँटना के साथ अनु०] किसी को डराने के लिये बिगड़कर जोर से कोई बात कहना। डाँटना। घुड़कना।

दपु–संज्ञा पुं० [सं० दर्प] दर्प। अहंकार। अभिमान। शेखी। घमंड। उ०—सात दिवस गोवर्द्धन राख्यो इंद्र गयो दपु छोड़ि।—सूर

दपेट–संज्ञा स्त्री० दे० "दपट"।

दपेटना–क्रि० स० दे० "दपटना"।

दफतर–संज्ञा पुं० दे० "दफ्तर"।

दफतरी–संज्ञा पु० दे० "दफ्तरी"।

दफतरीखाना–संज्ञा पुं० दे० "दफ्तरीखाना"।

दफ़ती–संज्ञा स्त्री० [अ० दफ्तीन] कागज के कई तहों को एक में साट कर बनाया हुआ गत्ता जो प्रायः जिल्द बाँधने आदि के काम में आता है। गत्ता। कुट। वसली।

दफदर‡–संज्ञा पु० दे० "दफ्तर"।

दफन–संज्ञा पु० [अ०] (१) किसी चीज को जमीन में गाड़ने की क्रिया। (२) मुरदे को जमीन में गाड़ने की क्रिया।

दफनाना–क्रि० स० [अ० दफन + आना] जमीन में दबाना। गाड़ना।

दफरा–संज्ञा पुं० [देश०] काठ का वह टुकड़ा या इसी प्रकार का और कोई पदार्थ जो किसी नाव के दोनों ओर इस लिये लगा दिया जाता है कि जिसमें किसी दूसरी नाव की टक्कर से उसका कोई अंग टूट न जाय। हौंस। (लश०)

दफराना–क्रि० स० [देश०] (१) किसी नाव को किसी दूसरी नाव के साथ टक्कर खड़ने से बचाना। (२) (पाल) खड़ा करना। (लश०) (३) बचाना। रक्षा कराना।

दफा–संज्ञा स्त्री० [अ० दफ़अः] (१) बार। बेर। जैसे, (क) हम तुम्हारे यहाँ कल दो दफा गए थे। (ख) उसे कई दफा समझाया मगर उसने नहीं माना। (२) किसी कानूनी किताब का वह एक अंश जिसमें किसी एक अपराध के संबंध में व्यवस्था हो। धारा।

मुहा०— दफा लगाना = अभियुक्त पर किसी दफा के नियमों को घटाना। अपराध का लक्षण आरोपित कराना जैसे, फौजदारी में आज उस पर चोरी की दफा लग गई।

वि० [अ० दफः] दूर किया हुआ। हटाया हुआ। तिरस्कृत। जैसे, किसी तरह इसे यहाँ से दफा करो।

मुहा०— दफा दफान करना = तिरस्कृत करके दूर कराना या हटाना।

दफादार–संज्ञा पुं० अ० दफ़अः = समूह + फा० दार] फौज का वह कर्मचारी जिसकी अधीनता में कुछ सिपाही हों।

विशेष—सेना में दफादार का पद प्रायः पुलिस के जमादार के पद के बराबर होता है।

दफादारी–संज्ञा स्त्री० [हिं दफादार + ई (प्रत्य०)] (१) दफादार का पद। (२) दफादार का काम।

दफीना–संज्ञा पुं० [अ०] गड़ा हुआ धन या खजाना।

दफ़्तर–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) वह स्थान जहाँ किसी कारखाने आदि के संबंध की कुल लिखा पढ़ी और लेन देन आदि हो। आफिस। कार्यालय। (२) बड़ा भारी पत्र। लंबी चौड़ी चिट्ठी। (३) सविस्तर वृत्तांत। चिट्ठा।

मुहा०—दफ़्तर खोलना = सविस्तर वृत्तांत कह सुनाना।

दफ़्तरी–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) किसी दफ्तर का वह कर्मचारी जो वहाँ के कागज आदि दुरुस्त करता और रजिस्टरों आदि पर रूल खींचता अथवा इसी प्रकार के और काम करता हो। (२) किताबों की जिल्द बाँधनेवाला। जिल्दसाज। जिल्दबंद।

यौ० दफ्तरीखाना।

दफ्तरीखाना–संज्ञा पुं० [फ़ा०] वह स्थान जहाँ किताबों की जिल्द बँधती हो अथवा दफ़्तरी बैठ कर अपना काम करते हों।

दबंग–वि० [हिं० दबाव या दबाना] प्रभावशाली। दबाववाला। जिसका लोगों पर रोब दाब हो। जैसे, वे बड़े दबंग आदमी हैं, किसी से नहीं डरते।

दबक–संज्ञा स्त्री० [हिं० दबकना] (१) दबने या छिपने की क्रिया या भाव। (२) सिकुड़न। शिकन। (३) धातु आदि को लंबा करने के लिये पीटने की क्रिया।

यौ०—दबकगर।

दबकगर–संज्ञा पुं० [हिं दबक + गर (प्रत्य०)] दबका (तार) बनानेवाला ।

दबकना–क्रि० अ० [हिं० दबाना] (१) भय के कारण किसी सँकरे स्थान में छिपना । डर के मारे छिपना । जैसे, (क) कुत्ते को देखकर बिल्ली का बच्चा अलमारी के नीचे दबक रहा । (ख) सिपाही को देखकर चोर कोने में दबक रहा । (२) लुकना । छिपना । जैसे, शेर पहले से ही झाड़ी में दबका बैठा था, हिरन के आते ही उसपर झपट पड़ा ।

क्रि० प्र०—जाना ।—रहना ।

क्रि० स० किसी धातु को हथौड़ी से चोट लगा कर बढ़ाना या चौड़ा करना । पीटना ।

क्रि० स० [सं० दर्प ?] डाँटना । डपटना । घुड़कना । उ०—दबकि दबोरे एक वारिधि में बोरे एक मगन मही में एक गगन उड़ात है ।—तुलसी ।

दबकनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० दबना] भाती का वह हिस्सा जिसके द्वारा उसमें हवा घुसती है ।

दबकघाना–क्रि० स० [हिं० दबकाना का प्रे०] दबकाने का काम किसी दूसरे से कराना । दूसरे को दबकाने में प्रवृत्त करना ।

दबका–संज्ञा पु० [हिं० दबकना = तार आदि पीटना] कामदानी का सुनहला या रुपहला चिपटा तार ।

दबकाना–क्रि० स० [हिं० दबकना का स० रूप] (१) छिपाना । ढाँकना । आड़ में करना । (२) डाँटना । (स्व०)

दबकी–संज्ञा स्त्री० [देश०] सुराही की तरह का मिट्टी का एक बर्तन जिसमें पानी रखकर चरवाहे और खेतिहर खेत पर ले जाया करते हैं ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० दबकना] दबकने या छिपने की क्रिया या भाव ।

मुहा०—दबकी मारना = छिप जाना । अदृश्य हो जाना ।

दबके का सलमा–संज्ञा पु० [?] चमकीला सलमा । दबके का बना हुआ सलमा जो बहुत चमकीला होता है ।

दबकैया–संज्ञा पुं० [हिं० दबकना + ऐया (प्रत्य०)] सोने चाँदी के तारों को पीट कर बढ़ाने, चपटा और चौड़ा करनेवाला । दबकगर ।

दबगर–संज्ञा पुं० [देश०] (१) ढाल बनानेवाला । (२) चमड़े के कुप्पे बनानेवाला ।

दबड़ घुसड़–वि० [हिं० दबाना + घुसना] डरपोक । सब से दबने और डरनेवाला ।

दबदबा–संज्ञा पु० [अ०] रोबदाब । आतंक । प्रताप ।

दबना–क्रि० अ० [सं० दमन] (१) भार के नीचे आना । बोझ के नीचे पड़ना जैसे, आदमियों का मकान के नीचे दबना, लड़के का गाड़ी के नीचे दबना, चींटी का पैर के नीचे दबना । (२) ऐसी अवस्था में होना जिसमें किसी ओर से बहुत जोर पड़े । दाब में आना । (३) (किसी भारी शक्ति का सामना होने अथवा दुर्बलता आदि के कारण) अपने स्थान पर न ठहर सकना । पीछे हटना । (४) किसी के प्रभाव या आतंक में आकर कुछ कह न सकना अथवा अपने इच्छानुसार आचरण न कर सकना । दबाव में पड़कर किसी के इच्छानुसार काम करने के लिये विवश होना । जैसे, (क) कई कारणों से वे हमसे बहुत दबते हैं । (ख) आप तो उनसे कमजोर नहीं हैं, फिर क्यों दबते हैं । (५) अपने गुणों आदि की कमी के कारण किसी के मुकाबले में ठीक या अच्छा न जँचना । जैसे, यह माला इस कंठे के सामने दब जाती है । (६) किसी बात का अधिक बढ़ या फैल न सकना । किसी बात का जहाँ का तहाँ रह जाना । जैसे, खबर दबना, मामला दबना । उ०—नाम सुनत ही ह्वै गयो तन और मन और । दबै नहीं चित चढ़ि रह्यौ अबहुँ चढ़ाए त्यौर ।—बिहारी । (७) उभड़ न सकना । शांत रहना । जैसे, बलवा दबना, क्रोध दबना । (८) अपनी चीज़ का अनुचित रूप से किसी दूसरे के अधिकार में चला जाना । जैसे, हमारे सौ रुपए उनके यहाँ दबे हुए हैं । (९) ऐसी अवस्था में आ जाना जिसमें कुछ बस न चल सके । जैसे, वे आजकल रुपए की तंगी से दबे हुए हैं ।

संयो० क्रि०—जाना ।

(१०) धीमा पड़ना । मंद पड़ना ।

मुहा०—दबी आवाज = धीमी आवाज । वह आवाज जिसमें कुछ जोर न हो । दबी जबान से कहना = अस्पष्ट रूप से कहना । किसी प्रकार के भय आदि के कारण साफ साफ न कहना बल्कि इस प्रकार कहना जिससे केवल कुछ ध्वनि व्यक्त हो । दबे दबाए रहना = शांतिपूर्वक या चुपचाप रहना । उपद्रव या कार्रवाई न करना । दबे पाँव या पैर (चलना) = इस प्रकार (चलना) जिसमें पैरों से कुछ भी शब्द न हो । इस प्रकार (चलना) जिसमें किसी को कुछ आहट न लगे ।

(११) संकोच करना । झेंपना ।

दबमो–संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का बकरा जो हिमालय में होता है ।

दबवाना–क्रि० स० [हिं० दबना का प्रे०] दबाने का काम दूसरे से कराना । दूसरे को दबाने में प्रवृत्त कराना ।

दबस–संज्ञा पु० [?] जहाज पर की रसद तथा दूसरा सामान । जहाजी गोदाम में का माल ।

दबाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० दबाना] अनाज निकालने के लिये बालों वा डंठलों को बैलों के पैरों से रौंदवाने का काम ।

दबाऊ–वि० [हिं० दबाना] (१) दबानेवाला । (२) जिस (गाड़ी आदि) का अगला हिस्सा पिछले हिस्से की अपेक्षा अधिक बोझल हो । दब्बू ।

दबाना–क्रि० स० [सं० दमन] [संज्ञा, दाब, दबाव] (१) ऊपर से भार रखना। बोझ के नीचे लाना (जिसमें कोई चीज़ नीचे की ओर धँस जाय अथवा इधर उधर हट न सके)। जैसे, पत्थर के नीचे किताब या कपड़ा दबाना। (२) किसी पदार्थ पर किसी ओर से बहुत जोर पहुँचाना। जैसे, उँगली से काग दबाना, रस निकालने के लिये नीबू के टुकड़े को दबाना, हाथ या पैर दबाना। (३) पीछे हटाना। जैसे, राज्य की सेना शत्रुओं को बहुत दूर तक दबाती चली गई। (४) जमीन के नीचे गाड़ना। दफन करना।

संयो० क्रि०—देना।

(५) किसी मनुष्य पर इतना प्रभाव डालना या आतंक जमाना कि जिसमें वह कुछ कह न सके अथवा विपरीत आचरण न कर सके। अपनी इच्छा के अनुसार काम कराने के लिये दबाव डालना। जोर डालकर विवश करना। जैसे, (क) कल बातों बातों में उन्होंने तुम्हें इतना दबाया कि तुम कुछ बोल ही न सके। (ख) उन्होंने दोनों आदमियों को दबाकर आपस में मेल करा दिया। (६) अपने गुण या महत्त्व की अधिकता के कारण दूसरे को मंद या मात कर देना। दूसरे के गुणों या महत्त्व का प्रकाश न होने देना। जैसे, इस नई इमारत ने आपके मकान को दबा दिया।

संयो० क्रि०—देना।—रखना।

(७) किसी बात को उठने या फैलने न देना। जहाँ का तहाँ रहने देना। (८) उभड़ने से रोकना। दमन करना। शांत करना। जैसे, बलवा दबाना, क्रोध दबाना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

(९) किसी दूसरे की चीज पर अनुचित अधिकार करना। कोई काम निकालने के लिये अथवा बेईमानी से किसी की चीज अपने पास रखना। जैसे, (क) उन्होंने हमारे सौ रुपए दबा लिए। (ख) आपने उनकी किताब दबा ली।

संयो० क्रि०—बैठना।—रखना।—लेना।

(१०) झोंक के साथ बढ़कर किसी चीज को पकड़ लेना।

संयो० क्रि०—लेना।

(११) ऐसी अवस्था में ले आना जिसमें मनुष्य असहाय दीन या विवश हो जाय। जैसे, आजकल रुपए की तंगी ने उन्हें दबा दिया।

दबावा–संज्ञा पुं० [देश०] युद्ध की सामग्री में लकड़ी का एक प्रकार का बहुत बड़ा संदूक जिसमें कुछ आदमियों को बैठा कर गुप्त रूप से सुरंग खोदने अथवा इसी प्रकार का और कोई उपद्रव करने के लिये शत्रु के किले में उतार देते हैं।

दबाव–संज्ञा पुं० [हिं० दबाना] (१) दबाने की क्रिया। चाँप।

क्रि० प्र०—डालना।—में आना या पड़ना।

(२) दबाने का भाव। चाँप। (३) रोब।

क्रि० प्र०—डालना।—मानना।—में आना या पड़ना।

दबिला–संज्ञा पुं० [देश०] खुरपी या खुरचनी के आकार का लकड़ी का बना हुआ हलवाइयों का एक औजार जिससे वे बेसनते आदि भूनते, खोवा बनाते या चीनी की चाशनी आदि फेंटते हैं।

दबीज–वि० [फ़ा०] जिसका दल मोटा हो। गाढ़ा। संगीन।

दबीर–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) लिखनेवाला। मुंशी। (२) एक प्रकार के महाराष्ट्र ब्राह्मणों की उपाधि।

दबूसा–संज्ञा पुं० [देश०] (१) जहाज का पिछला भाग। पिच्छल। (२) बड़ी नाव का पिछला भाग जहाँ पतवार लगी रहती है। (३) जहाज का कमरा। (लश०)

दबेला–वि० [हिं० दबना + एला (प्रत्य०)] (१) दबा हुआ। जिसपर दबाव पड़ा हो। (२) जल्दी जल्दी होनेवाला (काम)। (लश०)

दबैल–वि० [हिं० दबना + एल (प्रत्य०)] (१) जिसपर किसी का प्रभाव या दबाव हो। दबाव में पड़ा हुआ। (२) जो बहुत दबता या डरता हो। किसी से दबनेवाला। दब्बू।

दबोचना–क्रि० स० [हिं० दबाना] (१) किसी को सहसा पकड़ कर दबा लेना। धर दबाना। जैसे, बिल्ली ने तोते को जा दबोचा। (२) छिपाना।

संयो० क्रि०—लेना।

दबोरना†*–क्रि० स० [हिं० दबाना] अपने सामने ठहरने न देना। दबाना। उ०—दबकि दबोरे एक बारिधि में बोरे एक मगन मही में एक गगन उड़ात है।—तुलसी।

दबोस–संज्ञा स्त्री० [देश०] चकमक पत्थर।

दबोसना†–क्रि० सं० [देश०] शराब पीना।

दबौता–संज्ञा पुं० [हिं० दबाना + औता (प्रत्य०)] लकड़ी का वह कुंदा जिसे पानी में भिगाए हुए नील के डंठलों आदि को दबाने के लिये ऊपर से रख देते हैं।

दबौनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० दबाना + औनी (प्रत्य०)] (१) कसेरों का लोहे का औजार जिससे वे बरतनों पर फूल पत्ते आदि उभारते हैं। (२) भँजनी के ऊपर की ओर लगी हुई लकड़ी। (जोलाहे)

दभ्र–वि० [सं०] अल्प। थोड़ा। कम।

दमंस†–संज्ञा पुं० [हिं० दाम + अंस] मोल ली हुई जायदाद।

दम–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दंड जो दमन करने के लिये दिया जाता है। सजा। (२) बाह्येंद्रियों का दमन। इंद्रियों को वश में रखना और चित्त को बुरे कामों में प्रवृत्त न होने देना। (३) कीचड़। (४) घर। (५) एक प्राचीन महर्षि जिनका उल्लेख महाभारत में है। (६) पुराणानुसार मरुत राजा के पौत्र जो बभ्रु की कन्या इंद्रसेना के गर्भ से उत्पन्न

हुए थे। कहते हैं कि ये नौ वर्ष तक माता के गर्भ में रहे थे। इनके पुरोहित ने समझा था कि जिसकी जननी को नौ वर्ष तक इस प्रकार इंद्रिय दमन करना पड़ा है वह बालक स्वयं भी बहुत ही दमनशील होगा। इसी लिये उसने इसका नाम दम रखा था। ये वेद वेदांगों के बहुत अच्छे ज्ञाता और धनुर्विद्या में बड़े प्रवीण थे। (७) बुद्ध का एक नाम। (८) भीम राजा के एक पुत्र और दमयंती के एक भाई का नाम। (९) विष्णु। (१०) दबाव।

संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) सांस। श्वास।

क्रि० प्र०—आना।—चलना।—जाना।—लेना।

मुहा०—**दम अटकना** = सांस रुकना, विशेषतः मरने के समय सांस रुकना। **दम उखड़ना** = दे० "दम अटकना"। **दम उलटना** = (१) व्याकुलता होना। घबराहट होना। जी घबराना। (२) दे० "दम घुटना"। **दम खाना** = दे० "दम लेना"। **दम खिंचना** = दे० "दम अटकना"। **दम खींचना** = (१) चुप रह जाना। न बोलना। (२) सांस खींचना। सांस ऊपर चढ़ाना। **दम घुटना** = हवा की कमी के कारण सांस रुकना। सांस न लिया जा सकना। **दम घोंटना** = (१) सांस न लेने देना। किसी को सांस लेने से रोकना। (२) बहुत कष्ट देना। **दम घोंट कर मारना** = (१) गला दबा कर मारना। (२) बहुत कष्ट देना। **दम चढ़ना** = दे० "दम फूलना"। **दम चुराना** = जान बूझ कर सांस रोकना। (यह क्रिया विशेषतः मक्कार जानवर करते हैं। बंदर मार खाने के समय इसलिये दम चुराता है कि जिसमें मारनेवाला उसे मुरदा समझ ले। लोमड़ी भी कभी कभी अपने आपको मरी हुई जतलाने के लिये दम चुराती है। साज चढ़ाने के समय मक्कार घोड़े भी सांस रोक कर पेट फुला लेते हैं जिसमें पेटी या बंद अच्छी तरह न कसा जा सके)। **दम टूटना** = (१) सांस बंद हो जना। प्राण निकलना। (२) दौड़ने या तैरने आदि के समय इतना अधिक हाँफने लगना कि जिसमें आगे दौड़ा या तैरा न जा सके। **दम तोड़ना** = मरते समय झटके से सांस लेना। अंतिम सांस लेना। **दम पचना** = निरंतर परिश्रम के कारण ऐसा अभ्यास होना जिसमें सांस न फूले। (कुश्तीबाज)। **दम फूलना** = (१) अधिक परिश्रम के कारण सांस का जल्दी जल्दी चलना, हाँफना। (२) दमे के रोग का दौरा होना। **दम बंद करना** = बलपूर्वक किसी को बोलने आदि से रोकना। **दम बंद होना** = भय या आतंक आदि के कारण बिलकुल चुप रह जाना। **दम भरना** = (१) किसी के प्रेम अथवा मित्रता आदि का पक्का भरोसा रखना और समय समय पर अभिमानपूर्वक उसका वर्णन करना। जैसे, (क) वे उनकी मुहब्बत का दम भरते हैं। (ख) हम आपकी दोस्ती का दम भरते हैं। (२) परिश्रम या दौड़ने आदि के कारण सांस फूलने लगना और थकावट आजाना। परिश्रम के कारण थक जाना। जैसे, इतनी सीढ़ियाँ चढ़ने में हमारा दम भर गया। (३) भाथे का हाथ या लकड़ी मुँह पर रख कर सांस खींचना। इस क्रिया से उसका क्रोध शांत होता अथवा भोजन पचता है। (कलंदर)। **दम भरना** = किसी को कुश्ती लड़ा कर थकाना (पहलवानों की परीक्षा)। **दम मारना** = (१) विश्राम करना। सुस्ताना। (२) बोलना। कुछ कहना। चूँ करना। जैसे, आपकी क्या मजाल जो इस बात में दम भी मार सकें। (३) हस्तक्षेप करना। दखल देना। जैसे, इस जगह कोई दम मारनेवाला भी नहीं है। **दम लेना** = विश्राम करना। ठहरना। सुस्ताना। **दम साधना** = (१) श्वास की गति को रोकना। सांस रोकने का अभ्यास करना। जैसे, प्राणायाम करनेवालों का दम साधना, गोता लगानेवालों का दम साधना। (२) चुप होना। मौन रहना। जैसे, (क) इस मामले में अब हम भी दम साधेंगे। (ख) रुपयों का नाम सुनते ही आप दम साध गए।

(२) नशे आदि के लिये सांस के साथ धूआँ खींचने की क्रिया।

क्रि० प्र०—खींचना।

मुहा०—**दम मारना** = गांजे या चरस आदि को चिलम पर रख कर उसका धूआँ खींचना। **दम लगना** = गांजे या चरस का धूँआ खींचना। **दम लगाना** = दे० "दम मारना"।

(३) सांस खींच कर जोर से बाहर फेंकने या फूँकने की क्रिया।

मुहा०—**दम मारना** = मंत्र आदि की सहायता से झाड़ फूँक करना। **दम फूँकना** = किसी चीज में मुँह से हवा भरना। **दम भरना** = कबूतर के पोटे में हवा भरना।

(४) उतना समय जितना एक बार सांस लेने में लगता है। लमहा। पल।

मुहा०—**दम के दम** = क्षण भर। थोड़ी देर। जैसे, वे यहाँ दम के दम बैठे, फिर चले गए। **दम पर दम** = बहुत थोड़ी थोड़ी देर पर। हर दम। बराबर। जैसे, दम पर दम इन्हें कै आ रही है। **दम बदम** = दे० "दम पर दम"।

(५) प्राण। जान। जी।

मुहा०—**दम उलझना** = जी घबराना। व्याकुलता होना। **दम खाना** = दिक करना। तंग करना। **दम खुश्क होना** = दे० "दम सूखना"। **दम चुराना** = जी चुराना। जान बचाना। बहाने से काम करने से अपने आपको बचाना। **दम नाक में या नाक में दम आना** = बहुत अधिक दुखी होना। बहुत तंग या परेशान होना। **दम नाक में या नाक में दम करना अथवा लाना** = बहुत कष्ट या दुःख देना। बहुत तंग या

परेशान करना। **दम निकलना** = मृत्यु होना। मरना। (किसी पर) **दम निकलना** = किसी पर इतना अधिक प्रेम होना कि उसके वियोग में प्राण निकलने का सा कष्ट हो। बहुत अधिक आसक्ति होना। जैसे, इसीको देखकर जीते हैं जिसपर दम निकलता है। **दम पर आ बनना**—(१) जान पर आ बनना। प्राण-भय होना। (२) आपत्ति आना। आफत आना। (३) हैरानी होना। व्यग्रता होना। **दम फड़क उठना या जाना** = किसी चीज की सुंदरता या गुण आदि देख कर चित्त का बहुत प्रसन्न होना। जैसे, उसकी कसरत देख कर दम फड़क गया। **दम फड़कना** = चित्त का व्याकुल होना। बेचैनी होना। **दम फूला होना** = दे० "दम सूखना"। जैसे, (क) देने के नाम तो उनका दम फूला होता है। (ख) उनकी सुरत देखते ही दम फूला हो जाता है। **दम में दम आना** = घबराहट या भय का दूर होना। चित्त स्थिर होना। **दम में दम रहना या होना** = प्राण रहना। जिंदगी रहना। **दम सूखना** = बहुत अधिक भय के कारण बिलकुल चुप होजाना। बहुत डर के कारण साँस तक न लेना। प्राण सूखना। भय के मारे स्तब्ध होना। जैसे, उन्हें देखते ही लड़के का दम सूख गया।

(६) वह शक्ति जिससे कोई पदार्थ अपना अस्तित्व बनाए रखता और काम देता है। जीवनीशक्ति। जैसे, (क) इस छाते में अब बिलकुल दम नहीं है। (ख) इस मकान में कुछ दम तो है ही नहीं, तुम इसे लेकर क्या करोगे।

यौ०—दमदार = (१) जिसमें जीवनी शक्ति यथेष्ट हो। (२) मजबूत। दृढ़।

(७) व्यक्तित्व। जैसे, आपके ही दम से ये सब बातें हैं।

मुहा०—(किसी का) दम गनीमत होना = (किसी के) जीवित रहने के कारण कुछ न कुछ अच्छी बातों का होता रहना। गई बीती दशा में भी किसी के कार्यों का ऐसा होना जिसमें उसका आदर हो सके। जैसे, इस शहर में अब तो और कोई अच्छा पंडित नहीं रहा, पर फिर भी आपका दम गनीमत है।

(८) किसी स्वर का देर तक उच्चारण। (संगीत)

मुहा०—दम भरना = किसी स्वर का देर तक उच्चारण करते रहना।

यौ०—दमसाज़ = वह आदमी जो किसी गवैए के गाने के समय उसकी सहायता के लिये स्वर भरता रहे।

(९) पकाने की वह क्रिया जिसमें किसी खाद्य पदार्थ को बरतन में चढ़ाकर और उसका मुँह बंद करके आग पर चढ़ा देते हैं। इस प्रकार बरतन के अंदर की भाफ बाहर नहीं निकलने पाती और उस पदार्थ के पकने में भाफ से बहुत सहायता मिलती है।

क्रि० प्र०—करना।—देना।

यौ०—दम-चूल्हा। दम-आलू। दम-पुख्त।

मुहा०—दम करना = किसी चीज को बरतन में रख कर और भाफ रोकने के लिये उसका मुँह बंद करके आग पर चढ़ा देना। **दम खाना** = किसी पदार्थ का बंद मुँह के बरतन में भीतरी भाफ की सहायता से पकाया जाना। **दम देना** = किसी अधपकी चीज को पूरी तरह से पकाने के लिये उसे हलकी आँच पर रख कर उसका मुँह बंद कर देना जिसमें वह अच्छी तरह से पक जाय। **दम पर आना** = किसी पदार्थ के पकने में केवल इतनी कसर रह जाना कि थोड़ा दम देने से वह अच्छी तरह पक जाय। पक कर तैयारी पर आना। थोड़ी देर भाफ बंद करके छोड़ देने की कसर रहना। **दम होना** = भाफ से पकना।

(१०) धोखा। छल। फरेब। जैसे, आप तो इसी तरह लोगों को दम देते हैं।

यौ०—दम झाँसा = छल कपट। **दम दिलासा** = वह बात जो केवल फुसलाने के लिये कही जाय। झूठी आशा। **दम पही** (१) धोखा। फरेब। (२) दे० "दम दिलासा"। **दमबाज** = (१) धोखा देनेवाला। (२) फुसलाने या बहकानेवाला।

मुहा०—दम देना = बहकाना। धोखा देना। फुसलाना। **दम में आना** = धोखे में पड़ना। फरेब में आना। जाल में फँसना। **दम खाना** = फरेब में आना। धोखे में पड़ना। **दम में लाना** = (१) बहकाना। फुसलाना। (२) धोखा देना। झाँसा देना।

(११) तलवार या छुरी आदि का बाढ़। धार।

यौ०—दमदार = चोखा। तेज। पैना। धारदार।

संज्ञा पु० [देश०] **दरी बुननेवालों की एक प्रकार की तिकोनी कमाची जिसमें सवा सवा गज की तीन लकड़ियाँ एक साथ बँधी रहती हैं। ये करघे में पड़ी रहती हैं और उसमें जोती बँधी रहती है जो पैर के अँगूठे में बाँध दी जाती है। बुनने के समय इसे पैर से नीचे दबाते हैं।**

दमक—संज्ञा स्त्री० [हिं० चमक का अनु०] **चमक। चमचमाहट। द्युति। आभा।**

संज्ञा पुं० [सं०] **दमनकर्त्ता। दबाने, रोकने या शांत करनेवाला।**

दमकना—क्रि० अ० [हिं० चमकना का अनु०] **चमकना। चमचमाना।**

दमकल—संज्ञा स्त्री० [हिं० दम + कल] (१) **वह यंत्र जिसमें एक वा अधिक ऐसे नल लगे हों, जिनके द्वारा कोई तरल पदार्थ हवा के दबाव से, ऊपर अथवा और किसी ओर झोंक से फेंका जा सके। ऐसे यंत्रों में एक खजाना होता है जिसमें जल अथवा और कोई तरल पदार्थ भरा रहता है; और इसमें एक ओर पिचकारी और दूसरी ओर साधा-**

रण नल लगा रहता है। जब पिचकारी चलाते हैं तब खजाने में का पदार्थ जोर से दूसरे नल के द्वारा बाहर निकलता है। पंप। (२) उक्त सिद्धांत पर बना हुआ वह यंत्र जिसकी सहायता से मकानों में लगी हुई आग बुझाई जाती है। पंप। (३) उक्त सिद्धांत पर बना हुआ वह यंत्र जिसकी सहायता से कुएँ से पानी निकालते हैं। पंप। दे० "दमकला"।

दमकला—संज्ञा पुं० [हिं० दम + कल] (१) दमकल के सिद्धांत पर बना हुआ वह बड़ा पात्र जिसमें लगी हुई पिचकारी के द्वारा बड़ी बड़ी महफिलों में लोगों पर गुलाबजल अथवा रंग आदि छिड़का जाता है। (२) जहाज में वह यंत्र जिसकी सहायता से पाल खड़ा करते हैं। (३) दे० "दमकल"।

दमखम—संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) दृढ़ता। मजबूती। (२) जीवनी-शक्ति। प्राण। (३) तलवार की धार और उसका झुकाव।

दमघोष—संज्ञा पुं० [सं०] चेदि देश के प्रसिद्ध राजा शिशुपाल के पिता का नाम जो दमयंती के भाई थे। इनका दूसरा नाम श्रुतश्रवा भी है।

दमचा—संज्ञा पुं० [देश०] खेत के कोने पर बनी हुई वह मचान जिसपर बैठ कर खेतिहर अपने खेत की रखवाली करता है।

दमचूल्हा—संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का लोहे का बना हुआ गोल चूल्हा जिसके बीच में एक जाली वा झरना होता है और जिसके नीचे एक और बड़ा छिद्र होता है। इसकी जाली पर कुछ कोयले रख कर उसकी दीवार पर पकाने का बरतन रखते हैं और नीचे के छिद्र से उसमें हवा की जाती है जिससे आग सुलगती रहती है और जाली में से उसकी राख नीचे गिरती रहती है।

दमजोड़ा—संज्ञा पुं० [?] तलवार। (डिं०)

दमड़ा—संज्ञा पुं० [हिं० दाम + डा (प्रत्य०)] रुपया। धन। दाम। (बाजारू)

क्रि० प्र०—खर्चना।

मुहा०—दमड़े करना = बेच कर दाम खड़ा करना।

दमड़ी—संज्ञा स्त्री० [स० द्रविण = धन] (१) पैसे का आठवाँ भाग।

विशेष—कहीं कहीं पैसे के चौथे भाग को भी दमड़ी कहते हैं।

मुहा०—दमड़ी के तीन होना = बहुत सस्ता होना। कौड़ियो के मोल होना।

(२) चिलचिल पक्षी।

दमदमा—संज्ञा पुं० [फ़ा०] वह किलेबंदी जो लड़ाई के समय थैलों या बोरों में धूल या बालू भर कर की जाती है। मोरचा। धुस।

क्रि० प्र०—बाँधना।

दमदार—वि० [फ़ा०] जिसमें जीवनी शक्ति यथेष्ट हो। (२) दृढ़। मजबूत। (३) जिसमें दम या साँस अधिक समय तक रह सके। जैसे, इस हारमोनियम की भाथी बहुत दमदार है। (४) जिसकी धार बहुत तेज हो। चोखा।

दमन—संज्ञा पुं० [स०] (१) दबाने या रोकने की क्रिया। (२) दंड जो किसी को दबाने के लिये दिया जाता है। (३) इंद्रियों की चंचलता रोकना। निग्रह। दम। (४) विष्णु। (५) महादेव। शिव। (६) एक ऋषि का नाम। दमयंती इन्हीं के यहाँ उत्पन्न हुई थी। उ०—पटरानी सों कै मता ले परिजन कछु साथ। आश्रम गयो नरेश तब जहाँ दमन मुनिनाथ।—गुमान। (७) एक राक्षस का नाम। उ०—दमन नाम निश्चर अति घेरा। गर्जत भाषत बचन कठोरा।—रामाश्वमेध। (८) दौना। (९) कुंद।

दमनक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक छंद का नाम जिसमें तीन नगण, एक लघु और एक गुरु होता है। (२) दौना।

वि० दमन करनेवाला। दमन-शील।

दमनशील—वि० [सं०] जिसकी प्रकृति दमन करने की हो। दमन करनेवाला।

दमनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का क्षुप जिसे अग्निदमनी कहते हैं।

संज्ञा स्त्री० [सं० दमन] संकोच। लज्जा। उ०—सील सनी सजनीन समीप गुलाब कछू दमनी दरसावै।—गुलाब।

दमनीय—वि० [सं०] (१) दमन होने के योग्य। जो दमन किया जा सके। (२) जो दबाया जा सके। उ०—कुँवरि मनोहर विजय बड़ि कीरति अति कमनीय। पावनहार विरंचि जनु रचेउ न धनु दमनीय।—तुलसी।

दमपुख्त—वि० [फ़ा०] (वह खाद्य पदार्थ) जो दम देकर पकाया गया हो।

दमबाज—वि० [फ़ा० दम + बाज] दम देनेवाला। फुसलानेवाला। बहाना करनेवाला।

दमबाजी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० दम + बाजी] बहानेबाजी। दम देने या फुसलाने का काम।

दमयंतिका—संज्ञा स्त्री० [स०] मदनवान वृक्ष।

दमयंती—संज्ञा स्त्री० [स०] (१) राजा नल की स्त्री जो विदर्भ देश के राजा भीमसेन की कन्या थी। दे० "नल"। (२) एक प्रकार का बेला। मदनवान।

दमरक—संज्ञा स्त्री० दे० "चमरख"।

दमरख—संज्ञा स्त्री० दे० "चमरख"।

दमरी—संज्ञा स्त्री० दे० "दमड़ी"।

दमसाज—संज्ञा पुं० [फ़ा०] वह आदमी जो किसी गवैये के गाने के समय उसकी सहायता के लिये केवल स्वर भरता है।

दमा—संज्ञा पुं० [फ़ा०] एक प्रसिद्ध रोग जिसमें श्वास-वाहिनी नाड़ी के अंतिम भाग में, जो फेफड़ों के पास होता है,

आकुंचन और ऐंठन के कारण साँस लेने में बहुत कष्ट होता है, खाँसी आती है और कफ रुक रुक कर बड़ी कठिनता से धीरे धीरे निकलता है। इस रोग के रोगी को प्रायः अत्यंत कष्ट होता है; और लोगों का विश्वास है कि यह रोग कभी अच्छा नहीं होता। इसीलिये इसके संबंध में एक कहावत बन गई है कि दमा दम के साथ जाता है। श्वास। साँस।

दमाद–संज्ञा पुं० [स० जामातृ] कन्या का पति। जवाई। जामाता।

दमादम–क्रि० वि० [अनु०] (१) दम दम शब्द के साथ। (२) लगातार। बराबर।

दमान–संज्ञा पुं० [देश०] दामन। पाल की चादर। (लश०)

दमानक–संज्ञा स्त्री० [देश०] तोपों की बाढ़। उ०—देव भूत पितर करम खल काल ग्रह मोहि पर दौरि दमानक सी दई है।—तुलसी।

दमामा–संज्ञा पुं० दे० "दमामा"।

दमामा–संज्ञा पुं० [फ़ा०] नगारा। नक्कारा। डंका। धौंसा।

दमारि*†–संज्ञा पुं० [सं० दावानल] जंगल की आग। बन की आग।

दमावति–संज्ञा स्त्री० दे० "दमयंती"। उ०—राजा नल कँह जैसे दमावति।—जायसी।

दमाह–सज्ञा पुं० [हिं० दमा] बैलों का एक रोग जिसमें वे हाँफने लगते हैं।

दमी–वि० [सं० दम] दमनशील।

संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] एक प्रकार का जेबी या सफरी नैचा। दम लगाने का नैचा।

वि० [फ़ा० दम] (१) दम लगानेवाला। कश खींचनेवाला। (२) गाँजा पीनेवाला। गँजेड़ी। जैसे, दमी यार किस के। दम लगा के खिसके। (कहा०)

वि० [हिं० दमा] जिसे दमे का रोग हो। दमे के रोगवाला।

दमुना†–संज्ञा पुं० [?] अग्नि। आग।

दमैया*†–वि० [हिं० दमन + ऐया (प्रत्य०)] दमन करनेवाला। उ०—तुलसी तेहि काल कृपाल बिना दूजो कौन है दारुन दुःख दमैया।—तुलसी।

दमोड़ा–संज्ञा पुं० [हिं० दाम + ओड़ा (प्रत्य०)] दाम। मूल्य। कीमत। (दलाली)

दमोदर–संज्ञा पुं० दे० "दामोदर"।

दम्य–वि० [सं०] (१) दमन करने के योग्य। जो दमन किया जा सके। (२) वह बैल जो बधिया करने योग्य हो।

दर्यंत‡–संज्ञा पुं० दे० "दैत्य"

दय–संज्ञा पुं० [सं०] दया। कृपा। करुणा।

दया–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) मन का वह दुःखपूर्ण वेग जो दूसरे के कष्ट को देखकर उत्पन्न होता है और उस कष्ट को दूर करने की प्रेरणा करता है। सहानुभूति का भाव। करुणा। रहम।

क्रि० प्र०—आना।—करना।

यौ०—दया-दृष्टि।

विशेष—जिसके प्रति दया की जाती है उसके वाचक शब्द के साथ 'पर' विभक्ति लगती है जैसे, किसी पर दया आना, किसी पर (या किसी के ऊपर) दया करना। शिष्टाचार के रूप में भी इस शब्द का व्यवहार बहुत होता है जैसे किसी ने पूछा "आप अच्छी तरह ?" उत्तर मिलता है—"आपकी दया से"।

(२) दक्ष प्रजापति की एक कन्या जो धर्म को ब्याही गई थी।

दयाकूर्च–संज्ञा पुं० [स०] बुद्धदेव।

दयादृष्टि–संज्ञा स्त्री० [स०] किसी के प्रति करुणा या अनुग्रह का भाव। रहम या मेहरबानी की नज़र।

दयानत–संज्ञा स्त्री० [अ०] सत्यनिष्ठा। ईमान।

दयानतदार–वि० [अ० दयानत + फ़ा० दार] ईमानदार। सच्चा।

दयानतदारी–संज्ञा स्त्री० [अ० दयानत + फ़ा० दारी] ईमानदारी। सचाई।

दयाना*–क्रि० अ० [हिं० दया + ना (प्रत्य०)] दयालु होना। कृपालु होना। उ०—आगम कारण भूप तब मुनि सों कह्यो सुनाई। मुनिवर दई उपासना परम दयालु दयाइ।—गुमान।

दयानिधान–संज्ञा पुं० [स०] दया का खजाना। वह जिसमें बहुत अधिक दया हो। बहुत दयालु पुरुष।

दयानिधि–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दया का खजाना। वह जिसके चित्त में बहुत दया हो। बहुत दयालु पुरुष। (२) ईश्वर का एक नाम। उ०—दयानिधि तेरी गति लखि न परै।—सूर।

दयापात्र–संज्ञा पुं० [सं०] वह जो दया के योग्य हो। वह जिसपर दया करना उचित हो।

दयामय–वि० [सं०] (१) दया से पूर्ण। दयालु। (२) ईश्वर का एक नाम।

दयार–संज्ञा पुं० [सं० देवदार] देवदार का पेड़।

संज्ञा पुं० [अ०] प्रांत। प्रदेश।

दयार्द्र–वि० [सं०] दया से भीगा हुआ। दया-पूर्ण। दयालु।

दयाल–वि० दे० "दयालु"।

संज्ञा पुं० [देश०] एक चिड़िया जो बहुत अच्छा बोलती है।

दयालु–वि० [सं०] जिसमें दया का भाव अधिक हो। बहुत दया करनेवाला। दयावान्।

दयालुता–संज्ञा स्त्री० [सं०] दयालु होने का भाव। दया करने की प्रवृत्ति।

दयावंत–वि० [स० दयावान् का बहुवचन] दयायुक्त। दयालु।

दयावती–वि० स्त्री० [सं०] दया करनेवाली।

संज्ञा स्त्री० [स०] ऋषभ स्वर की तीन श्रुतियों में से पहली श्रुति।

दयावना*–वि० पुं० [हिं० दया + आवना] [स्त्री० दयावनी] दयायोग्य। दयापात्र। दीन। उ०—देवी देव दानव दयावने ह्वै जोरैं हाथ, बापुरे बराक और राजा राना रांक को।—तुलसी।

दयावान्–वि० [स०] [स्त्री० दयावती] जिसके चित्त में दया हो। दयालु।

दयावीर–संज्ञा पुं० [सं०] वह जो दया करने में वीर हो। वह जो दूसरे का दुःख दूर करने के लिये प्राण तक दे सकता हो।

विशेष—साहित्य वा काव्य में वीर-रस के अंतर्गत युद्धवीर दानवीर आदि जो चार वीर गिनाए गए हैं उनमें दयावीर भी है।

दयाशील–वि० [स०] दयालु। कृपालु।

दयासागर–संज्ञा पु० [स०] जिसके चित्त में अगाध दया हो। अत्यंत दयालु मनुष्य।

दयित–वि० [स०] (१) प्यारा। प्रिय।

संज्ञा पुं० [सं०] पति।

दयिता–संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रियतमा। पत्नी। स्त्री।

दर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) शंख। (२) गड्ढा। दरार। (३) गुफा। कंदरा। (४) फाड़ने की क्रिया। विदारण। जैसे, पुरंदर। (५) डर। भय। खौफ। उ०—(क) भव-वारिधि-मंदर, पर-मंदर। वारय, तारय संसृति दुस्तर। —तुलसी। (ख) दर जु कहत कवि शंख को दर ईषत को नाम। दर डर ते राखो कुँवर मोहन गिरधर श्याम। —नंददास। (ग) साध्वस दर आतंक भय भीत भीर भी त्रास। डरत सहचरी सकुच तें गई कुँवरि के पास।—नंददास।

संज्ञा पु० [स० दल] सेना। समूह। दल। उ०—(क) पलटा जनु वर्षा ऋतुराजा। जनु असाढ़ आवै दर साजा।—जायसी। (ख) दूतन कहा आय जहँ राजा। चढ़ा तुर्क आवै दर साजा।—जायसी।

संज्ञा पु०] [फा०] द्वार। दरवाज़ा। उ०—माया नटिन लकुटि कर लीने कोटिक नाच नचावै। दर दर लोभ लागि लै डोलति नाना स्वांग करावै।—सूर।

मुहा०—दर दर मारा मारा फिरना = कार्य्यसिद्धि या पेट पालने के लिये एक घर से दूसरे घर फिरना। दुर्दशाग्रस्त होकर घूमना।

संज्ञा पुं० [सं० स्थल, हिं० थल, थर। वा फ़ा० दर] (१) जगह। स्थान। (२) वह स्थान जहाँ जुलाहे ताने की डंडियाँ गाड़ते हैं।

संज्ञा स्त्री० (१) भाव। निर्ख़। जैसे, कागज़ की दर आज कल बहुत बढ़ गई है। (२) प्रमाण। ठीक ठिकाना। जैसे, उसकी बात की कोई दर नहीं। (३) कदर। प्रतिष्ठा। महत्व। महिमा। उ०—सिर केतु सुहावन फरहरैं जेहि लखि पर दल थरहरे। सुरराज केतु की दर हरै जादव जोधा डर हरै।—गोपाल।

वि० [सं०] किंचित्। थोड़ा। जरा सा।

†संज्ञा स्त्री० [सं० दारु = लकड़ी] ईख। इक्षु। ऊख। उ०—कारन ते कारज है नीका। जथा कंद ते दर रस फीका।—विश्राम।

दरकंटिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] शतावरी। सतावर नामक ओषधि।

दरक–वि० [सं०] डरनेवाला। डरपोक। भीरु।

संज्ञा स्त्री० [हिं० दरकना] जोर या दाब पड़ने से पड़ा हुआ दरार। चीर।

दरकच–संज्ञा स्त्री० [हिं० दरा + अनु० कच) (१) वह चोट जो ज़ोर से रगड़ या ठोकर खाने से लगे। (२) वह चोट जो कुचल जाने से लगे।

क्रि० प्र०—लगना।

दरकचाना†–क्रि० स० [हिं० दर + कचरना] थोड़ा कुचलना। इतना कुचलना जिसमें कोई वस्तु कई खंड हो जाय पर चूर्ण न हो।

दरकटी–संज्ञा स्त्री० [हिं० दर = भाव + काटना] पहले से किसी वस्तु की दर या निर्ख काट देने की क्रिया। दर की मुकर्ररी। भाव का ठहराव।

दरकना–क्रि० अ० [स० दर = फाड़ना] दाब या ज़ोर पड़ने से फटना। चिरना। विदीर्ण होना। जैसे, कपड़ा दरकना, छाती दरकना। उ०—क्यों धौं दारयौं लौं हियो दरकत नहिं नँदलाल।—बिहारी।

दरका–संज्ञा पु० [हिं० दरकना] (१) शिगाफ। दरार। फटने का चिह्न। (२) वह चोट जिससे कोई वस्तु दरक या फट जाय। उ०—लखी वियोगिनि दाड़िमन, कंटक अंग निदान। फुलत नविन दरकी लगी शुकमुख किंशुकबान। —गुमान।

दरकाना–क्रि० स० [हिं० दरकना] फाड़ना। उ०—ढीठ लँगर कन्हाई मेरी अँगी दरकाई रे। (गीत)

क्रि० अ० फटना। उ०—पुलकित अँग अँगिया दरकानी उर आनँद अंचल फहरात।—सूर।

दरकार–वि० [फा०] आवश्यक । अपेक्षित । जरूरी ।

दरकिनार–क्रि० वि० [फ़ा०] अलग । अलहदा । एक ओर । दूर ।

मुहा०— .....तो दर किनार = ...कुछ चर्चा नहीं । दूर की बात है । बहुत बड़ी बात है । जैसे, इसे कुछ देना तो दर किनार मैं इससे बात भी नहीं करना चाहता ।

दरकूच–क्रि० वि० [फ़ा०] बराबर यात्रा करता हुआ । मंजिल दरमंजिल । उ०—(क) रामचंद्रजी की चमू राज्यश्री विभीषण की, रावण की मीचु दरकूच चलि आई है ।—केशव । (ख) दस सहस बाजे दराज साजे अरु अराबो संग लै । दरकूच आवत है चलो मन माहँ जंग उमंग लै ।—सूदन ।

दरख़त*†–संज्ञा पु० दे० "दरख्त" ।

दरख़ास्त–संज्ञा स्त्री० [फ़ा० दरख्वास्त] (१) निवेदन । किसी बात के लिये प्रार्थना ।

क्रि० प्र०—करना ।

(२) प्रार्थनापत्र । निवेदनपत्र । वह लेख जिसमें किसी बात के लिये विनती की गई हो ।

मुहा०—दरख़ास्त गुजरना = दे० "दरख़ास्त पड़ना" । दरख़ास्त देना = प्रार्थनापत्र उपस्थित करना । कोई ऐसा लेख भेजना या सामने रखना जिसमें किसी बात के लिये प्रार्थना की गई हो । दरख़ास्त पड़ना = प्रार्थनापत्र उपस्थित किया जाना । किसी के ऊपर दरख़ास्त पड़ना = किसी के विरुद्ध राजा या हाकिम के यहाँ आवेदनपत्र देना ।

दरख़्त–संज्ञा पुं० [फा०] पेड़ । वृक्ष ।

दरगाह–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) चौखट । देहरी । (२) दरबार । कचहरी । उ०—चढ़ी मदन दरगाह में तेरे नाम कमान ।—रसनिधि । (३) किसी सिद्ध पुरुष का समाधिस्थान । मकबरा । मजार । जैसे, पीर की दरगाह । (४) मठ । मंदिर । तीर्थस्थान ।

दरगुजर–वि० [फा०] (१) अलग । बाज़ । वंचित ।

क्रि० प्र०—होना ।

मुहा०—दरगुजर करना = टालना । हटाना ।

(२) मुआफ । क्षमा-प्राप्त ।

मुहा०—दरगुजर करना = जाने देना । छोड़ देना । दंड आदि न देना । मुआफ करना ।

दरगुजरना–क्रि० अ० [फा०] (१) छोड़ना । त्यागना । बाज आना । (२) जाने देना । दंड आदि न देना । क्षमा करना । मुआफ करना ।

दरज–संज्ञा स्त्री० [सं० दर = दरार] दरार । शिगाफ । दराज । वह खाली जगह जो फटने या दरकने से पड़ जाय ।

यौ०–दरजबंदी = दीवार की दरारों को चूना गारा भरकर बंद करने का काम ।

दरजन–संज्ञा पुं० दे० "दर्जन" ।

दरजा–संज्ञा पुं० दे० "दर्जा" ।

संज्ञा पुं० [हिं० दरजा] लोहा ढालने का एक औज़ार ।

दरजिन–संज्ञा स्त्री० दे० "दर्जिन" ।

दरजी–संज्ञा पुं० दे० "दर्जी" ।

दरण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दलने वा पीसने की क्रिया । (२) ध्वंस । विनाश ।

दरद–संज्ञा पुं० [फा० दर्द] (१) पीड़ा । व्यथा । कष्ट । उ०—दरद दवा दोनों रहै पीतम पास तयार ।—रसनिधि । (२) दया । करुणा । तर्स । सहानुभूति । उ०—माई नेकहु न दरद करति हिलकिन हरि रोवै ।—सूर ।

विशेष–दे० दर्द" ।

वि० [सं०] भयदायक । भयंकर ।

संज्ञा पुं० (१) काश्मीर और हिंदूकुश पर्वत के बीच के प्रदेश का प्राचीन नाम ।

विशेष—बृहत्संहिता में इस देश की स्थिति ईशान कोण में बतलाई गई है पर आज कल जो दारद नाम की पहाड़ी जाति है वह लद्दाख, गिलगित, चित्राल, नागर हुंजा आदि स्थानों में ही पाई जाती है । प्राचीन यूनानी और रोमन लेखकों के अनुसार भी इस जाति का निवास-स्थान हिंदूकुश पर्वत के आस पास ही निश्चित होता है ।

(२) एक म्लेच्छ जाति जिसका उल्लेख मनुस्मृति, हरिवंश आदि में है ।

विशेष—मनुस्मृति में लिखा है कि पौंड्रक, ओड्र, द्राविड़, कांबोज, यवन, शक, पारद पह्लव, चीन, किरात, दरद और खस पहले क्षत्रिय थे, पीछे संस्कार-विहीन हो जाने और ब्राह्मणों का दर्शन न पाने से शूद्रत्व को प्राप्त हो गए । आज कल जो दारद नाम की जाति है वह काश्मीर के आस पास लद्दाख से लेकर नागर-हुंजा और चित्राल तक पाई जाती है । इस जाति के लोग अधिकांश मुसलमान हो गए हैं । पर इनकी भाषा और रीति नीति की ओर ध्यान देने से प्रकट होता है कि ये आर्य्यकुलोत्पन्न हैं । यद्यपि ये लिखने पढ़ने में मुसलमान हो जाने के कारण फारसी अक्षरों का व्यवहार करते हैं पर इनकी भाषा काश्मीरी से बहुत मिलती जुलती है ।

(३) ईंगुर । सिंगरफ । हिंगुल ।

दर दर–क्रि० वि० [फा० दर दर] द्वार द्वार । दरवाज़े दरवाज़े । स्थान स्थान पर । जगह जगह । उ०—माया नटिन लकुटि कर लीन्हे कोटिक नाच नचावै । दर दर लोभ लागि लै डोलै नाना स्वांग करावै ।—सूर ।

† वि० दे० "दादरा" ।

दरदरा–वि० [सं० दरण = दलना] [स्त्री० दरदरी] जिसके कण

स्थूल हों। जिसके रवे महीन न हों, मोटे हों। जिसके कण टटोलने से मालूम हों। जो खूब बारीक न पिसा हो। जैसे, दरदरा आटा, दरदरा चूर्ण।

दरदराना—क्रि० स० [स० दरण] (१) किसी वस्तु को इस प्रकार हलके हाथ से पीसना या रगड़ना कि उसके मोटे मोटे रवे या टुकड़े हो जाय। बहुत महीन न पीसना। थोड़ा पीसना। जैसे, मिर्च थोड़ा दरदरा कर ले आओ, बहुत महीन पीसने का काम नहीं। † (२) जोर से दाँत काटना।

दरदरी—वि० स्त्री० [हिं० दरदरा] मोटे रवे की। जिसके रवे मोटे हों।

*संज्ञा स्त्री० [सं० धरित्री] पृथ्वी। जमीन। धरती। (डिं०)

दरदवंत—वि० [फ़ा० दर्द + वंत (प्रत्य०)] (१) कृपालु। दयालु। सहानुभूति रखनेवाला। उ०—सज्जन हो या बात को करि देखो जिय गौर। बोलनि चितवनि चलनि वह दरदवंत की और।—रसनिधि। (२) दुखी। जिसके पीड़ा हो। पीड़ित। उ०—खेउ न मजनू गोर दिग कोऊ लै लै नाम। दरदवंत को नेक तो देन देहु विश्राम।—रसनिधि।

दरदमंद*—वि० [फ़ा० दर्दमंद] (१) व्यथित। पीड़ित। जिसके दर्द हो। (२) दुखी। खिन्न।

दरदालान—संज्ञा पुं० [फ़ा०] दालान के बाहर का दालान।

दरद्—संज्ञा पु० दे० "दरद" वा "दर्द"।

दरना†—क्रि० स० [स० दरण] (१) दलना। चूर्ण करना। पीसना। (२) ध्वस्त करना। नष्ट करना।

दरप†—संज्ञा पुं० दे० "दर्प"।

दरपक*—संज्ञा पुं० दे० "दर्पक"।

दरपन—संज्ञा पु० [सं० दर्पण] [स्त्री० अल्प० दरपनी] मुँह देखने का शीशा। आइना। मुकुर। आरसी।

दरपना*—क्रि० अ० [सं० दर्पण] (१) ताव में आना। क्रोध करना। (२) गर्व वा अहंकार करना। घमंड करना।

दरपनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० दरपन] मुँह देखने का छोटा शीशा। छोटा आइना।

दरपरदा—क्रि० वि० [फ़ा०] चुपके चुपके। आड़ में। छिपाकर।

दरपेश—क्रि० वि० [फ़ा०] आगे। सामने।

मुहा०—दरपेश होना = उपस्थित होना। सामने आना। जैसे, मामला दरपेश होना।

दरब—संज्ञा पु० [सं० द्रव्य] (१) धन। दौलत। (२) धातु। (३) मोटी किनारदार चादर।

दरबर†—वि० [सं० दरण] (१) दरदरा (२) ऐसा रास्ता जिसमें ठोकरे पड़ें हों। (कहारों की बोली)

दरबराना†—क्रि० स० [हिं० दरबर] (१) दरदरा करना। थोड़ा पीसना। (२) किसी को इस प्रकार डरा देना कि वह किसी बात का खंडन न कर सके। धमरा देना। (३) दबाना। दबाव डालना।

दरबहरा—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का मद्य जो कुछ वनस्पतियों को सड़ा कर बनाया जाता है।

दरबा—संज्ञा पुं० [फ़ा० दर] (१) कबूतरों मुरगियों आदि के रखने के लिये काठ का खानेदार संदूक जिसके एक एक खाने में एक एक पक्षी रक्खा जाता है। (२) दीवार, पेड़ आदि में वह खोंड़रा या कोटर जिसमें कोई पक्षी या जीव रहता है।

दरबान—संज्ञा पुं० [फ़ा०, मि० सं० द्वारवान्] ड्योढ़ीदार। द्वारपाल।

दरबानी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] दरबान का काम। द्वारपाल का कार्य्य।

दरबार—संज्ञा पुं० [फ़ा०] [वि० दरबारी] (१) वह स्थान जहाँ राजा या सरदार मुसाहबों के साथ बैठते हैं। (२) राजसभा। कचहरी। उ०—करि मज्जन सरजू जल गए भूप दरबार।—तुलसी।

यौ०—दरबारदारी। दरबार आम। दरबार खास।

मुहा०—दरबार करना = राजसभा में बैठना। दरबार खुलना = दरबार में जाने की आज्ञा मिलना। दरबार बंद होना = दरबार में जाने की रोक होना। दरबार बाँधना = घूस बाँधना। रिशवत मुकर्रर करना। मुँह भरना। दरबार लगना = राजसभा के सभासदों का इकट्ठा होना।

(३) महाराज। राजा। (राजवाड़ों में)। (४) अमृतसर में सिक्खों का मंदिर जिसमें ग्रंथ साहब रखा हुआ है। (५) दरवाजा। द्वार। उ०—तब बोलि उठ्यो दरबार-विलासी। द्विजद्वार लसैं जमुनातटवासी।—केशव।

दरबारदारी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) दरबार में हाजरी। राजसभा में उपस्थिति। (२) किसी के यहाँ बार बार जाकर बैठने और खुशामद करने का काम।

क्रि० प्र०—करना।

दरबारविलासी*—संज्ञा पुं० [फ़ा० दरबार + सं० विलासी] द्वारपाल। दरबान। उ०—तब बोलि उठ्यो दरबार-विलासी। द्विजद्वार लसैं जमुनातटवासी।—केशव।

दरबारी—संज्ञा पुं० [फ़ा०] राजसभा का सभासद। दरबार में बैठनेवाला आदमी।

वि० दरबार का। दरबार के योग्य। दरबार से संबंध रखनेवाला। जैसे, दरबारी पोशाक।

दरबारी कान्हड़ा—संज्ञा पुं० [फ़ा० दरबारी + हिं० कान्हड़ा] एक राग जिसमें शुद्ध ऋषभ के अतिरिक्त बाकी सब कोमल स्वर लगते हैं।

दरभ—संज्ञा पुं० दे० "दर्भ"।

संज्ञा पु० [?] बंदर। उ०—कपि शाखामृग

बलीमुख कीश दरभ अंगूर। बानर मर्कट प्लवंग हरि तिन कहँ भलु मन-कूर।—नंददास।

दरमन–संज्ञा पुं० [फ़ा०] इलाज। औषध।

यौ० दवादरमन = उपचार।

दरमा–संज्ञा स्त्री० [देश०] बाँस की वह चटाई जो बंगाल में झोपड़ियों की दीवार बनाने में काम आती है।

† संज्ञा पुं० [सं० दाड़िम] अनार।

दरमाहा–संज्ञा पुं० [फ़ा०] मासिक वेतन।

दरमियान–संज्ञा पुं० [फ़ा०] मध्य। बीच।

क्रि० वि० बीच में। मध्य में।

दरमियानी–वि० [फ़ा०] बीच का। मध्य का।

संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) मध्यस्थ। बीच में पड़नेवाला व्यक्ति। दो आदमियों के बीच के झगड़े का निबटेरा करनेवाला मनुष्य। (२) दलाल।

दररना–क्रि० स० दे० "दरना"।

क्रि० स० दे० "दरेरना"।

दरवाजा–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) द्वार। मुहाना।

मुहा०—दरवाजे की मिट्टी खोद डालना वा ले डालना = बार बार दरवाजे पर आना। दरवाजे पर इतनी बार जाना आना कि उसकी मिट्टी खुद जाय।

(२) किवाड़। कपाट।

क्रि० प्र०—खटखटाना।—खोलना।—बंद करना।—भेड़ना।

दरवी–संज्ञा स्त्री० [सं० दर्वी] (१) साँप का फन।

यौ०—दरवीकर = साँप।

(२) करछुल। पौना। (३) सँड़सी। दस्तपनाह। दस्पना।

दरवेश–संज्ञा पु० [फ़ा०] [दरवेशी] फकीर। साधू।

दरश–संज्ञा पुं० दे० "दर्श"।

दरशन–संज्ञा पुं० दे० "दर्शन"।

दरशाना–क्रि० अ०, क्रि० स० दे० "दरसना"।

दरस–संज्ञा पुं० [स० दर्श] (१) देखा देखी। दर्शन। दीदार। उ०—दरस परस मज्जन अरु पाना।—तुलसी। (२) भेंट। मुलाकात। (३) रूप। छवि। सुंदरता।

दरसन–संज्ञा पुं० दे० "दर्शन"।

दरसना*–क्रि० अ० [सं० दर्शन] दिखाई पड़ना। देख पड़ना। देखने में आना। दृष्टिगोचर होना। उ०—श्रीनारद की दरसै मति सी। लोपै तमता अपकीरति सी।—केशव।

क्रि० स० [सं० दर्शन] देखना। लखना। उ०—(क) बन राम सिला दरसी जबहीं।—केशव। (ख) नर अंध भये दरसे तरु मोरे।—केशव।

दरसनी हुंडी–संज्ञा स्त्री० [स० दर्शन] (१) वह हुंडी जिसके भुगतान की मिति को दस दिन या उससे कम दिन बाकी हों। (इस प्रकार की हुंडी बाज़ार में दरसनी हुंडी के नाम से बिकती है)। (२) कोई ऐसी वस्तु जिसे दिखाते ही कोई वस्तु प्राप्त हो जाय।

दरसनीय*–वि० दे० दर्शनीय"।

दरसाना–क्रि० स० [स० दर्शन] (१) दिखलाना। दृष्टिगोचर कराना। उ०—चकित जानि जननी जिय रघुपति वपु विराट दरसायो।—रघुराज। (२) प्रकट करना। स्पष्ट करना। समझाना। उ०—रामायन भागवत सुनाई। दीन्हीं भक्ति राह दरसाई।—रघुराज।

*† क्रि० अ० दिखाई पड़ना। देखने में आना। दृष्टिगोचर होना। उ० - (क) डाढ़ी में अरु वदन में स्वेत बार दरसाहिं।—रघुराज। (ख) प्रमुदित करहिं परस्पर बाता। सखि तव अधर स्याम दरसाता।—रघुराज।

दरसाधना–क्रि० स० दे० "दरसाना"।

दरांती–संज्ञा स्त्री० [स० दात्र] (१) हँसिया। घास वा फसल काटने का औज़ार।

मुहा०– दरांती पड़ना = कटौना पड़ना। कटाई प्रारंभ होना।

(२) दे० "दरेंती"।

दराई†–संज्ञा स्त्री० [हिं०] (१) दलने की मज़दूरी। (२) दलने का काम।

दराज–वि० [फ़ा०] बड़ा। भारी। लंबा। दीर्घ।

क्रि० वि० [फ़ा०] बहुत। अधिक

संज्ञा स्त्री० [हिं० दरार] दरज। शिगाफ। दरार।

संज्ञा स्त्री० [अं० ड्रॉअर] मेज़ में लगा हुआ संदूकनुमा खाना जिसमें कुछ वस्तु रख कर ताला लगा सकते हैं।

दरार–संज्ञा स्त्री० [सं० दर] वह खाली जगह जो किसी चीज़ के फटने पर लकीर के रूप में पड़ जाती है। शिगाफ़। उ०—(क) अबहुँ अवनि विहरति दरार मिस सो अवसर सुधि कीन्हें।—तुलसी। (ख) सुमिर सनेह सुमित्रा सुत को दरकि दरार न आई।—तुलसी।

दरारना–क्रि० अ० [हिं० दरार + ना (प्रत्य०)] फटना। विदीर्ण होना। उ०—बाजहिं भेरि नफीर अपारा। सुनि कादर उर जाहिं दरारा।—तुलसी।

दरारा–संज्ञा पुं० [हिं० दरना] दरेरा। धक्का। रगड़ा। उ०—दल के दरारे हुते कमठ करारे कूटे केरा कैसे पात बिहराने फन सेस के।—भूषण।

दरिंदा–संज्ञा पुं० [फ़ा०] फाड़ खानेवाला जंतु। मांसभक्षक वन-जंतु। जैसे, शेर, कुत्ता, आदि।

दरिद‡–संज्ञा पुं० [सं० दारिद्र] (१) कंगाली। निर्धनता। गरीबी। (२) कंगाल। निर्धन।

दरिद्दर‡–वि०, संज्ञा पु० दे० "दरिद्र"।

दरिद्र–वि० [सं०] [स्त्री० दरिद्रा] जिसके पास निर्वाह के लिये यथेष्ट धन न हो। निर्धन। कंगाल।

संज्ञा पुं० निर्धन मनुष्य। कंगाल आदमी।

दरिद्रता–संज्ञा स्त्री० [सं०] कंगाली। निर्धनता।

दरिद्री‡–वि०, दे० "दरिद्र"।

दरिया–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) नदी। (२) समुद्र। सिंधु। उ०—तजि आस भो दास रघूपति को दसरथ के दानि दया दरिया।—तुलसी।

यौ०—**दरियादिल** = उदार।

संज्ञा पु० [हिं० दरना] दलिया।

दरियाई–वि० [फ़ा०] (१) नदी संबंधी। (२) नदी में रहनेवाला। जैसे, दरियाई घोड़ा। (३) नदी के निकट का। (४) समुद्र संबंधी।

संज्ञा स्त्री० पतंग को दूर ले जाकर हवा में छोड़ने की क्रिया। झोली। छुड़ैया।

क्रि० प्र०—देना।

संज्ञा स्त्री० [फ़ा० दराई] एक प्रकार की रेशमी पतली साटन। उ०—तुम्हारी कविता ऐसी है जैसे·····दरियाई की अंगिया में मूँज की बखिया।—हरिश्चंद्र।

दरियाई घोड़ा–संज्ञा पु० [फ़ा० दरियाई + हिं० घोड़ा] गेंडे की तरह का मोटी खाल का एक जानवर जो अफ्रिका में नदियों के किनारे की दलदलों और झाड़ियों में रहता है। इसके पैरों में खुर के आकार की चार चार उँगलियाँ होती हैं। मुँह के भीतर डाढ़ें और कटीले दाँत होते हैं। शरीर नाटा, मोटा, भारी और बेढंगा होता है। चमड़े पर बाल नहीं होते। नाक फूली और उभरी हुई तथा पूँछ और आँखें छोटी होती हैं। यह जानवर पौधों की जड़ों और फलों को खाकर रहता है। दिन भर तो यह झाड़ियों और दलदलों में छिपा रहता है, रात को खाने पीने की खोज में निकलता है और खेती आदि को हानि पहुँचाता है। पर यह नदी से बहुत दूर नहीं जाता और जरा सा खटका या भय होते ही नदी में जाकर गोता मार लेता है। पर देर तक पानी में नहीं रह सकता, साँस लेने के लिये सिर निकालता है और फिर डूबता है। यह निर्जन स्थानों में गोल बाँध कर रहता है।

कभी कभी लोग इसका शिकार गड्ढे खोद कर करते हैं। रात को जब यह जंतु गड्ढों में गिर कर फँस जाता है तब लोग इसे मार डालते हैं। इसके चमड़े से एक प्रकार का लचीला और मजबूत चाबुक बनता है जिसे करबस कहते हैं। मिस्र देश में इस चाबुक का प्रचार है। वहाँ की प्रजा इसकी मार से बहुत डरती है। पहले नील नदी के किनारे दरियाई घोड़े बहुत मिलते थे, पर अब शिकार होने के कारण कुछ कम हो चले हैं।

दरियाई नारियल–संज्ञा पुं० [फ़ा० दरियाई + हिं० नारियल] एक प्रकार का नारियल जो अफ्रीका, अमेरिका आदि में समुद्र के किनारे किनारे होता है। इसकी गिरी और छिलका सूखने पर पत्थर की तरह कड़ा हो जाता है। इसकी गिरी दवा के काम में आती है। खोपड़े का पात्र बनता है जिसे संन्यासी या फकीर अपने पास रखते हैं।

दरियादासी–संज्ञा पुं० निर्गुण उपासक साधुओं का एक संप्रदाय जिसे दरिया साहब नामक एक व्यक्ति ने चलाया था। कहते हैं कि इस संप्रदाय के लोग आधे हिंदू आधे मुसलमान होते हैं।

दरियादिल–वि० [फ़ा०] [स्त्री० दरियादिली] उदार। दानी। फ़ैयाज।

दरियादिली–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] उदारता।

दरियाफ़्त–वि० [फ़ा०] ज्ञात। मालूम। जिसका पता लगा हो।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

दरियाबरामद–संज्ञा पु० दे० "दरियाबरार"।

दरियाबरार–संज्ञा पुं० [फ़ा०] वह भूमि जो किसी नदी की धारा हट जाने से निकल आती है और जिसमें खेती होती है।

दरियाबुर्द–संज्ञा पु० [फ़ा०] वह भूमि जिसे कोई नदी काट कर खराब कर दे जिसमें कि वह खेती के योग्य न रहे।

दरियाव–संज्ञा पु० (१) दे० "दरिया"। उ०—तन समुद्र मन लहर है नैन कहर दरियाव। बेसर भुजा सिकंदरी कहत न आव, न आव॥ (प्रचलित)। (२) समुद्र। सिंधु। उ०—पक्का मतो करिकै मलिच्छ मनसब छोड़ि मक्का ही मिस उतरत दरियाव हैं।—भूषण।

दरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) गुफा। खोह। (२) पहाड़ के बीच वह खड्ड या नीचा स्थान जहाँ कोई नदी बहती या गिरती हो।

संज्ञा स्त्री० [सं० स्तर, स्तरी = फैलाने की वस्तु] मोटे सूतों का बुना हुआ मोटे दल का बिछौना। शतरंजी।

वि० [सं० दरिन्] (१) फाड़नेवाला। विदीर्ण करनेवाला। (२) डरनेवाला। डरपोक।

दरीखाना–संज्ञा पुं० [फ़ा० दर + खाना] वह घर जिसमें बहुत से द्वार हों। बारहदरी। उ०—दर दर देखो दरीखानन में दौरि दौरि दुरि दुरि दामिनी सी दमकि दमकि उठै।—पद्माकर।

दरीचा–संज्ञा पुं० [फ़ा०] [स्त्री० दरीची] (१) खिड़की। झरोखा। (२) छोटा द्वार। चोर दरवाजा। (३) खिड़की के पास बैठने की जगह।

दरीची–संज्ञा स्त्री० [फ़ा० दरीचा] (१) झरोखा। खिड़की। (२) खिड़की के पास बैठने की जगह। उ०—(क) मूँदि दरीचिन दै परदा सिदरीन झरोखन रोंकि छपावो।—

गुमान। (ख) तैसेई मरीचिका दरीचिन के देबे ही में कृपा की कृपीली कृपि कहरति ततकाल।—द्विजदेव।

दरीबा–संज्ञा पुं० [?] (१) पान का बाजार। पान की सट्टी। वह जगह जहाँ बहुत से तँबोली बेचने के लिये पान लेकर बैठते हैं। (२) बाज़ार।

दरीभृत–संज्ञा पुं० [सं०] पर्वत। पहाड़।

दरीमुख–संज्ञा पुं० [सं०] (१) गुफा का मुँह। (२) राम की सेना का एक बंदर।

दरेंती–संज्ञा स्त्री० [सं० दर + यंत्र] अनाज दलने का छोटा यंत्र। चक्की।

दरेक–संज्ञा पुं० [सं० द्रेक] बकाइन का वृक्ष।

दरेग–संज्ञा पुं० [अ० दरेग़] कमी। कसर। कोरकसर। उ०—हौं मैं इस काम के करने में दरेग न करूँगा।

दरेरना–क्रि० स० [सं० दरण] (१) रगड़ना। पीसना। (२) रगड़ते हुए धक्का देना।

दरेरा–संज्ञा पुं० [सं० दरण] (१) रगड़। धक्का। उ०—तापर सहि न जाय करुणानिधि मन को दुसह दरेरो। तुलसी। (२) मेंह का झाला। (३) बहाव का ज़ोर। तोड़।

दरेस–संज्ञा स्त्री० [अं० ड्रेस] एक प्रकार की छींट। फूलदार छपा हुआ एक महीन कपड़ा।

वि० [अं० ड्रेस] तैयार। बना बनाया। सजा सजाया।

दरेसी–संज्ञा स्त्री० [अं० ड्रेस] दुरुस्ती। तैयारी। मरम्मत।

दरैया–संज्ञा पुं० [सं० दरण] (१) दलनेवाला। जो दले। (२) घातक। विनाशक। उ०—दशरथ को नंदन दुःख दरैया।

दरोग़–संज्ञा पुं० [अ०] झूठ। असत्य।

यौ०—दरोग़हलफ़ी।

दरोग़हलफ़ी–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) सच बोलने की कसम खाकर भी झूठ बोलना। (२) झूठी गवाही देने का जुर्म।

दरोगा–संज्ञा पुं० दे० "दारोगा"।

दर्कार–क्रि० वि० दे० "दरकार"।

दर्गाह–संज्ञा पुं० दे० "दरगाह"।

दर्ज–संज्ञा स्त्री० दे० "दरज"।

वि० [फ़ा०] लिखा हुआ। कागज पर चढ़ा हुआ।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

दर्जन–संज्ञा पुं० [अं० डजन] बारह का समूह। इकट्ठी बारह वस्तुएँ।

दर्जा–संज्ञा पुं० [अ०] (१) ऊँचाई निचाई के क्रम के विचार से निश्चित स्थान। श्रेणी। कोटि। वर्ग। जैसे, वह अव्वल दर्जे का पाजी है। (२) पढ़ाई के क्रम में ऊँचा नीचा स्थान। जैसे, तुम किस दर्जे में पढ़ते हो।

मुहा०—दर्जा उतारना = ऊँचे दर्जे से नीचे दर्जे में कर देना। दर्जा चढ़ना = नीचे दर्जे से ऊँचे दर्जे में जाना। दर्जा चढ़ाना = नीचे दर्जे से ऊँचे दर्जे में करना।

(३) पद। ओहदा।

क्रि० प्र०—घटाना।—बढ़ाना।

(४) किसी वस्तु का विभाग जो ऊपर नीचे के क्रम से हो। खंड। जैसे, आलमारी के दर्जे। मकान के दर्जे।

क्रि० वि० गुणित। गुना। जैसे, यह चीज़ उससे हजार दर्जे अच्छी है।

दर्जिन–संज्ञा स्त्री० [फ़ा० दर्ज़ी + इन (प्रत्य०)] (१) दर्ज़ी जाति की स्त्री। (२) दर्ज़ी की स्त्री।

दर्ज़ी–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) कपड़ा सीनेवाला। वह जो कपड़े सीने का व्यवसाय करे। (२) कपड़ा सीनेवाली जाति का पुरुष।

मुहा०—दर्ज़ी की सुई = हर काम का आदमी। ऐसा आदमी जो कई प्रकार के काम कर सके, या कई बातों में योग दे सके।

दर्द–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) पीड़ा। व्यथा।

क्रि० प्र०—होना।

मुहा०—दर्द उठना = दर्द उत्पन्न होना। (किसी अंग का) दर्द करना = (किसी अंग का) पीड़ित या व्यथित होना। दर्द खाना = कष्ट सहना। पीड़ा सहना। जैसे, उसने क्या दर्द खा कर नहीं जना? दर्द लगना = पीड़ा आरंभ होना।

(२) दुःख। तकलीफ। जैसे, दूसरे का दर्द समझना।

मुहा०—दर्द आना = तकलीफ मालूम होना। जैसे, रुपया निकालते दर्द आता है।

(३) सहानुभूति। करुणा। दया। तर्स। रहम।

क्रि० प्र०—आना।—लगना।

मुहा०—दर्द खाना = तरस खाना। दया करना।

(४) हानि का दुःख। खो जाने या हाथ से निकल जाने का कष्ट। जैसे, उसे पैसे का दर्द नहीं।

दर्दमंद–वि० [फ़ा०] (१) जिसे दर्द हो। पीड़ित। दुखी। (२) जो दूसरे का दर्द समझे। जिसे सहानुभूति हो। दयावान्।

दर्दी–वि० [फ़ा० दर्द] (१) दुखी। पीड़ित। (२) जो दूसरे का दर्द समझे। दयावान्। जैसे, बेदर्दी।

दर्दुर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) मेंढक।

यौ०—दर्दुरोदरा = यमुना नदी।

(३) बादल। (४) अभ्रक। अबरक। (५) पश्चिमी घाट पर्वत का एक भाग। मलय पर्वत से लगा हुआ एक पर्वत। (६) उक्त पर्वत के निकट का देश। प्राचीन काल का एक बाजा जिसपर चमड़ा मढ़ा होता था।

दर्दुरच्छदा–संज्ञा स्त्री० [सं०] ब्राह्मी बूटी।

दद्रु–संज्ञा पुं० [सं०] दाद नामक रोग।

दर्प–संज्ञा पुं० [सं०] (१) घमंड। अहंकार। अभिमान। गर्व। ताव। उ०—कंदर्प दर्प दुर्गम दमन क्षमा-रमन गुन भवन-

हर।—तुलसी। (२) मान। अहंकार के लिए किसी के प्रति कोप। (३) उद्दंडता। अक्खड़पन। (४) दबाव। आतंक। रोब। (५) कस्तूरी।

दर्पक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दर्प करनेवाला व्यक्ति। (२) कामदेव। मनोज।

दर्पण—संज्ञा पुं० [सं०] (१) आइना। आरसी। मुँह देखने का शीशा। वह काँच जो प्रतिबिंब के द्वारा मुँह देखने के लिये सामने रखा जाता है। (२) ताल के साठ मुख्य भेदों में से एक भेद। (३) चक्षु। आँख। (४) संदीपन। उद्दीपन। उभारने का कार्य्य। उत्तेजना।

दर्पन—संज्ञा पुं० दे० "दर्पण"।

दर्पित—वि० [सं०] गर्वित। अहंकार से भरा हुआ।

दर्पी—वि० [सं० दर्पिन्] घमंडी। अहंकारी।

दर्ब*†—संज्ञा पुं० [सं० द्रव्य] (१) द्रव्य। धन। (२) धातु (सोना चाँदी इत्यादि।)

दर्बान—संज्ञा पुं० दे० "दरबान"।

दर्बार—संज्ञा पुं० दे० "दरबार"।

दर्बारी—संज्ञा पुं० दे० "दरबारी"।

दर्भ—संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक प्रकार का कुश। डाभ। डाभुस। (२) कुश। (३) कुशासन। उ०—अस कहि लवणसिंधु तट जाई। बैठे कपि सब दर्भ डसाई। —तुलसी।

दर्भकेतु—संज्ञा पुं० [सं०] कुशध्वज, राजा जनक के भाई।

दर्भट—संज्ञा पुं० [सं०] गुप्त गृह। भीतरी कोठरी।

दर्भपत्र—संज्ञा पु० [सं०] काँस।

दर्भपुष्प—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का साँप।

दर्भासन—संज्ञा पुं० [सं०] कुशासन। कुश का बना हुआ बिछावन।

दर्भाह्वय—संज्ञा पुं० [सं०] मूँज।

दर्भि—संज्ञा पुं० [सं०] एक ऋषि का नाम।

विशेष—महाभारत के अनुसार इन्होंने ऋषि ब्राह्मणों के उपहार के लिये अर्बुदीज नामक एक तीर्थ स्थापित किया था।

दर्मियान—संज्ञा पुं० दे० "दरमियान"।

दर्मियानी—वि०, संज्ञा पुं० दे० "दरमियानी"।

दर्रा—संज्ञा पुं० [फ़ा०] पहाड़ी रास्ता। वह सँकरा मार्ग जो पहाड़ों के बीच से होकर जाता हो। घाटी।

संज्ञा पुं० [सं० दरना] (१) मोटा आटा। (२) कँकरीली मिट्टी जो सड़कों या बगीचों की रविशों पर डाली जाती है। (३) दरार। शिगाफ। दरज।

दर्राज—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० दराज = लंबा] लकड़ी का एक औज़ार जिससे लकड़ी सीधी की जाती है।

दर्राना—क्रि० अ० [अनु० दड़ दड़, धड़ धड़] धड़धड़ाना। बेधड़क चला जाना। बिना रुकावट या डर के चला जाना।

विशेष—इस क्रिया के इन्हीं रूपों का प्रयोग होता है जिनसे क्रि० वि० का भाव प्रकट होता है, जैसे, दर्रा कर = धड़ धड़ाकर। बेधड़क। दर्राता हुआ = धड़धड़ाता हुआ। बेधड़क। उ०—वह दर्राता हुआ दरबार में जा पहुँचा। † दर्राना = धड़धड़ाया हुआ। बेधड़क। उ०—द्वारपालों की बात सुनी अनसुनी कर हरि सब समेत दर्शने वहाँ चले गये, जहाँ तीन ताड़ लंबा अति मोटा भारी महादेव का धनुष धरा था।—लल्लू।

दर्घ—संज्ञा पुं० [सं०] (१) हिंसा करनेवाला मनुष्य। (२) राक्षस। (३) एक जाति जिसका नाम दरद, किरात आदि के साथ महाभारत में आया है। इस जाति का निवासस्थान पंजाब के उत्तर का प्रदेश था। (४) वह देश जहाँ उक्त जाति बसती थी।

दर्घरीक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) इंद्र। (२) वायु। (३) एक प्रकार का बाजा।

दर्वा—संज्ञा स्त्री० [सं०] उशीनर की पत्नी का नाम।

दर्विका—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) आँख में लगाने का वह काजल जो घी से भरे दीये में बत्ती जलाकर जमाया या पारा जाता है। (२) बनगोभी। गोजिया।

दर्वी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) करछी। चमचा। डोवा। (२) साँप का फन।

यौ०—दर्वीकर।

दर्वीकर—संज्ञा पुं० [सं०] फनवाला साँप।

दर्श—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दर्शन। (२) सूर्य्य और चंद्रमा का संगम-काल। अमावास्या तिथि। (३) द्वितीया तिथि।

यौ०—दर्शपति।

(३) वह यज्ञ या कृत्य जो अमावास्या के दिन किया जाय।

यौ०—दर्शपौर्णमास।

दर्शक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) जो देखे। दर्शन करनेवाला। देखनेवाला। (२) दिखानेवाला। लखानेवाला। बतानेवाला। जैसे, मार्गदर्शक। (३) द्वारपाल (जो लोगों को राजा के पास ले जाकर उसके दर्शन कराता है)। (४) निरीक्षक। निगरानी रखनेवाला। प्रधान।

दर्शन—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह बोध जो दृष्टि के द्वारा हो। चाक्षुष ज्ञान। देखादेखी। साक्षात्कार। अवलोकन।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—दर्शन देना = देखने में आना। अपने को दिखाना। प्रत्यक्ष होना। दर्शन पाना = (किसी का) साक्षात्कार करना। देखना। दर्शन मिलना = साक्षात्कार होना।

विशेष—हिंदी काव्य में नायक नायिका का परस्पर दर्शन

चार प्रकार का माना गया है—प्रत्यक्ष, चित्र, स्वप्न और श्रवण।

(२) भेंट। मुलाकात। जैसे, चार महीने पीछे फिर आपके दर्शन करूँगा।

विशेष—प्रायः बड़ों के ही प्रति इस अर्थ में इस शब्द का प्रयोग होता है।

(३) वह शास्त्र जिससे तत्त्वज्ञान हो। वह विद्या जिससे तत्त्वज्ञान हो। वह विद्या जिससे पदार्थों के धर्म्म, कार्य्य, कारण, संबंध आदि का बोध हो।

विशेष—प्रकृति, आत्मा, परमात्मा, जगत् के नियामक धर्म, जीवन के अंतिम लक्ष्य इत्यादि का जिस शास्त्र में निरूपण हो उसे दर्शन कहते हैं। विशेष से सामान्य की ओर आंतरिक दृष्टि को बराबर बढ़ाते हुए सृष्टि के अनेकानेक व्यापारों का कुछ तत्त्वों या नियमों में अंतर्भाव करना ही दर्शन है। आरंभ में अनेक प्रकार के देवताओं आदि को सृष्टि के विविध व्यापारों का कारण मानकर मनुष्य जाति बहुत काल तक संतुष्ट रही। पीछे अधिक व्यापक दृष्टि प्राप्त हो जाने पर युक्ति और तर्क की सहायता से जब लोग संसार की उत्पत्ति, स्थिति आदि का विचार करने लगे तब दर्शन शास्त्र की उत्पत्ति हुई। संसार की प्रत्येक सभ्य जाति के बीच इसी क्रम से इस शास्त्र का प्रादुर्भाव हुआ। पहले प्राचीन आर्य अनेक प्रकार के यज्ञ और कर्मकांड द्वारा इंद्र, वरुण, सविता इत्यादि देवताओं को प्रसन्न करके स्वर्ग-प्राप्ति आदि के प्रयत्न में लगे रहे, फिर सृष्टि की उत्पत्ति आदि के संबंध में उनके मन में प्रश्न उठने लगे। इस प्रकार के संशयपूर्ण प्रश्न कई वेदमंत्रों में पाए जाते हैं। उपनिषदों के समय में ब्रह्म, सृष्टि, मोक्ष, आत्मा, इंद्रिय, आदि विषयों की चर्चा बहुत बढ़ी। गाथा और प्रश्नोत्तर के रूप में इन विषयों का प्रतिपादन विस्तार से हुआ। बड़े बड़े गूढ़ दार्शनिक सिद्धांतों का आभास उपनिषदों में पाया जाता है। "सर्वं खल्विदं ब्रह्म" "तत्त्वमसि" आदि वेदांत के महावाक्य उपनिषदों के ही हैं। छांदोग्योपनिषद् के छठे प्रपाठक में उद्दालक ने अपने पुत्र श्वेतकेतु को सृष्टि की उत्पत्ति समझा कर कहा है कि "हे श्वेतकेतो! तू ही ब्रह्म है"। बृहदारण्यकोपनिषद् में मूर्त्त और अमूर्त्त, मर्त्य और अमृत ब्रह्म के दोहरे रूप बतलाए गए हैं। उपनिषदों के पीछे सूत्र रूप में इन तत्त्वों का ऋषियों ने स्वतंत्रतापूर्वक निरूपण किया और छः दर्शनों का प्रादुर्भाव हुआ जिनके नाम ये हैं—सांख्य, योग, वैशेषिक, न्याय, मीमांसा (पूर्वमीमांसा), और वेदांत (उत्तरमीमांसा)। इनमें से सांख्य में सृष्टि की उत्पत्ति के क्रम का विस्तार के साथ जितना विवेचन है उतना और किसी में नहीं है। सांख्य आत्मा को पुरुष कहता है और उसे अकर्त्ता, साक्षी और प्रकृति से भिन्न मानता है; पर आत्मा एक नहीं अनेक हैं अतः सांख्य में किसी विशेष आत्मा अर्थात् परमात्मा या ईश्वर का प्रतिपादन नहीं है। जगत् के मूल में प्रकृति को मान कर उसके सत्त्व, रज और तम इन तीन गुणों के अनुसार ही संसार के सब व्यापार माने गए हैं। सृष्टि को प्रकृति की परिणाम-परंपरा मानने के कारण यह मत परिणामवाद कहलाता है। सृष्टि संबंधी सांख्य का यह मत इतिहास पुराण आदि में सर्वत्र गृहीत हुआ है। योग में क्लेश, कर्मविपाक और आशय से रहित एक पुरुष विशेष या ईश्वर माना गया है। सर्वसाधारण के बीच जिस प्रकार के ईश्वर की भावना है वह यही योग का ईश्वर है। योग में किसी मत पर विशेष तर्क वितर्क या आग्रह नहीं है; मोक्ष प्राप्ति के निमित्त यम, नियम, प्राणायाम, समाधि इत्यादि के अभ्यास द्वारा ध्यान की परमावस्था की प्राप्ति के साधनों का ही विस्तार के साथ वर्णन है। न्याय में युक्ति या तर्क करने की प्रणाली बड़े विस्तार के साथ स्थिर की गई है जिसका उपयोग पंडित लोग शास्त्रार्थ में बराबर करते हैं। खंडन मंडन के नियम इसी शास्त्र में मिलते हैं जिनका मुख्य विषय प्रमाण और प्रमेय ही है। न्याय में ईश्वर नित्य, इच्छा-ज्ञानादि गुण युक्त और कर्त्ता माना गया है। जीव कर्त्ता और भोक्ता दोनों माना गया है। वैशेषिक में द्रव्यों और उनके गुणों का विशेष रूप से निरूपण है। पृथ्वी जल आदि के अतिरिक्त दिक्, काल, आत्मा और मन भी द्रव्य माने गए हैं। न्याय के समान वैशेषिक ने भी जगत् की उत्पत्ति परमाणुओं से बतलाई है। न्याय से इसमें बहुत कम भेद है। इसीसे इसका मत भी न्याय का मत कहलाता है। ये दोनों सृष्टि का कर्त्ता मानते हैं इसीसे इनका मत आरंभवाद कहलाता है। पूर्वमीमांसा में वैदिक कर्मसंबंधी वाक्यों के अर्थ निश्चित करने तथा विरोधों का समाधान करने के नियम निरूपित हुए हैं। इसका मुख्य विषय वैदिक कर्मकांड की व्याख्या है। उत्तरमीमांसा या वेदांत अत्यंत उच्च कोटि की विचार-पद्धति द्वारा एक मात्र ब्रह्म को जगत् का अभिन्न निमित्तोपादानकारण बतलाता है अर्थात् जगत् और ब्रह्म की एकता प्रतिपादित करता है इसीसे इसका मत विवर्त्तवाद और अद्वैतवाद कहलाता है। भाष्यकारों ने इसी सिद्धांत को लेकर आत्मा और परमात्मा की एकता सिद्ध की है। जितना यह मत विद्वानों को ग्राह्य हुआ, जितनी इसकी चर्चा संसार में हुई, जितने अनुयायी संप्रदाय इसके खड़े हुए उतने और किसी दार्शनिक मत के नहीं हुए। अरब, फारस आदि देशों में यह सूफी मत के नाम से प्रकट हुआ। आजकल योरप और अमेरिका आदि में भी इसकी ओर विशेष प्रवृत्ति है।

भारतवर्ष के इन छः प्रधान दर्शनों के अतिरिक्त सर्वदर्शन संग्रह में चार्वाक, बौद्ध, आर्हत, नकुलीश पाशुपत, शैव, पूर्णप्रज्ञ, रामानुज, पाणिनि और प्रत्यभिज्ञा दर्शन का भी उल्लेख है।

योरप में यूनान या यवन देश ही इस शास्त्र के विवेचन में सब से पहले अग्रसर हुआ। ईसा से पाँच छः सौ वर्ष पहले से वहाँ दर्शन का पता लगता है। सुकरात, प्लेटो, अरस्तू इत्यादि बड़े बड़े दार्शनिक वहाँ हो गए हैं। आधुनिक काल में दर्शन की योरप में बड़ी उन्नति हुई है। प्रत्यक्ष ज्ञान का विशेष आश्रय लेकर दार्शनिक विचार की अत्यंत विशद प्रणाली वहाँ निकली है।

(४) नेत्र। आँख। (५) स्वप्न। (६) बुद्धि। (७) धर्म्म। (८) दर्पण। (९) वर्ण रंग।

दर्शन प्रतिभू—संज्ञा पुं० [सं०] वह प्रतिभू या ज़ामिन जो किसी को समय पर उपस्थित कर देने का भार अपने ऊपर ले। वह आदमी जो किसी को हाजिर कर देने का जिम्मा ले।

दर्शनी हुंडी—संज्ञा स्त्री० दे० "दरसनी हुंडी"।

दर्शनीय—वि० [सं०] (१) देखने योग्य। देखने लायक। (२) सुंदर। मनोहर।

दर्शाना—क्रि० स० दे० "दरसाना"।

दर्शित—वि० [सं०] दिखलाया हुआ।

दर्शी—वि० [सं० दर्शिन्] (१) देखनेवाला। (२) विचार करनेवाला।

दल—संज्ञा पुं० [सं०] (१) किसी वस्तु के उन दो समखंडों में से एक जो एक दूसरे से स्वभावतः जुड़े हुए हों पर ज़रा सा दबाव पड़ने से अलग हो जायँ। जैसे चने, अरहर, मूँग, उरद, मसूर, चिरें इत्यादि के दो दल जो चक्की में दलने से अलग हो जाते हैं। (२) पौधों का पत्ता। पत्र। जैसे, तुलसीदल। (३) तमालपत्र। (४) फूल की पखड़ी। उ०—जय जय अमल कमलदललोचन।—हरिश्चंद्र। (५) समूह। झुंड। गरोह। (६) मंडली। गुट्ट। चक्र। जैसे, वह दूसरे के दल में है। (७) सेना। फौज। जैसे, शत्रु दल। (८) पटरी के आकार की किसी वस्तु की मोटाई। परत की तरह फैली हुई चीज़ की मोटाई। जैसे, इस शीशे या पत्थर का दल मोटा है। (९) अस्त्र के ऊपर का आच्छादन। कोष। म्यान। (१०) धन। (११) जल में होनेवाला एक तृण।

दलक—संज्ञा स्त्री० [अ० दलक] गुदड़ी। उ०—बैठा है इस दलक बिच आपै आप छिपाय। साहब जा तन लख परे प्रगट सिफात दिखाय।—रसनिधि।

संज्ञा पुं० [हिं० दलकना] राजगीरों का एक औज़ार जिससे नक्काशी साफ की जाती है। यह छुरी के आकार का होता है परंतु सिरे पर चिपटा होता है।

संज्ञा स्त्री० [हिं० दलकना] (१) वह कंप जो किसी प्रकार के आघात से उत्पन्न हो और कुछ देर तक बना रहे। थरथराहट। धमक। जैसे, ढोलक की दलक। (२) रह रह कर उठनेवाला दर्द। टीस। चमक।

दलकना—क्रि० अ० [स० दलकना] (१) फट जाना। दरार खाना। चिर जाना। उ०—तुलसी कुलिस की कठोरता तेहि दिन दलकि दली।—तुलसी। (२) थर्राना। काँपना। उ०—महाबली बालि को दबतु दलकत भूमि तुलसी उछरि सिंधु मेरु मसकत है।—तुलसी। (३) चौंकना। उद्विग्न हो उठना। उ०—(क) दलकि उठेउ सुनि बचन कठोरू। जनु छुइ गयो पाक बर तोरू।—तुलसी। (ख) कैकेई अपने करमन को सुमिरत हिय में दलकि उठी।—देवस्वामी।

क्रि० स० [सं० दलन] डराना। भीत कर देना। भय से कँपा देना। उ०—सूरजदास सिंह बलि अपनी लीन्हीं दलकि शृगालहिं।—सूर।

दलकपाट—संज्ञा पुं० [सं०] हरी पँखड़ियों का वह कोश जिसके भीतर कली रहती है।

दलकोश—संज्ञा पुं० [स०] कुंद का पौधा।

दलगंजन—वि० [सं०] सेना को मारनेवाला। भारी वीर।

संज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का धान।

दलगंध—संज्ञा पु० [सं०] सप्तपर्ण वृक्ष। सतिवन।

दलघुसरा †—संज्ञा पुं० [हिं० दाल + घुसड़ना] एक प्रकार की रोटी जिसमें पिसी हुई दाल नमक मसाले के साथ भरी रहती है।

दलथंभन—संज्ञा पु० [हिं० दल + थामना] कमखाब बुननेवालों का एक औज़ार जो बाँस का होता है और जिसमें अँकुड़ा और नक़्शा बँधा रहता है।

दलदल—संज्ञा स्त्री० [स० दलाढ्य] (१) कीचड़। पाँक। चहला। (२) वह जमीन जो बहुत गहराई तक गीली हो और जिसमें पैर नीचे को धँसता हो।

विशेष—कहीं कहीं पूरब में यह शब्द पु० भी बोला जाता है।

मुहा०—दलदल में फँसना = (१) कीचड़ में फँसना। (२) ऐसी कठिनाई में फँस जाना जिससे निकलना दुस्तर हो। मुश्किल या दिक्कत में पड़ना। (३) जल्दी खतम या तै न होना। अनिर्णीत रहना। खटाई में पड़ना। उ०—दोनों दलों की दलादली में दलपति का चुनाव भी दलदल में फँसा रहा।—बदरीनारायण चौधरी।

(४) बुड्ढी स्त्री (पालकी के कहार)।

दलदला—वि० [हिं० दलदल] [स्त्री० दलदली] जिसमें दलदल हो। दलदलवाला। जैसे, दलदला मैदान, दलदली धरती।

दलदार—वि० [हिं० दल + फा० दार] जिसका दल मोटा हो। जिसकी तह या परत मोटी हो। जैसे, दलदार गूदा, दलदार आम।

दलन—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० दलित] पीस कर टुकड़े टुकड़े करने की क्रिया। चूर चूर करने का काम। २) विनाश। संहार।

दलना—क्रि० स० [सं० दलन] (१) रगड़ या पीस कर टुकड़े टुकड़े करना। मल कर चूर चूर करना। चूर्ण करना। खंड खंड करना। (२) रौंदना। कुचलना। मलना। खूब दबाना। मसलना। मीड़ना। उ०—पर अकाज लगि तनु परिहरहीं। जिमि हिम उपल कृषी दल गरहीं।—तुलसी।

संयो० क्रि०—डालना। मारना।

(३) चक्की में डाल कर अनाज आदि के दानों को दो दलों या कई टुकड़ों में करना। जैसे, दाल दलना। (४) नष्ट करना। ध्वस्त करना। जीतना। उ०—(क) भुजबल रिपुदल दलि मलि देखि दिवस कर अंत।—तुलसी। (ख) केतिक देश दल्यो भुज के बल।—भूषण।

यौ०—मलना दलना।

*(५) तोड़ना। झटके से खंडित करना। उ०—(क) दलि तृण प्राण निछावरि करि करि लैहैं मातु बलैया।—तुलसी। (ख) सोई हैं बूझत राजसभा धुनुकैं दल्यौ हैं दलि हौं बल ताको।—तुलसी।

दलनि†—संज्ञा स्त्री० [हिं० दलना] दलने की क्रिया या ढंग।

दलनिर्मोक—संज्ञा पुं० [सं०] भोजपत्र का पेड़।

दलप—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दलपति। मंडली या सेना का नायक। (२) सेना। स्वर्ण।

दलपति—संज्ञा पुं० [सं०] (१) किसी मंडली या समुदाय का प्रधान। मंडली का मुखिया। अगुवा। सरदार। (२) सेनापति।

दलपुष्पा—संज्ञा स्त्री० [सं०] केतकी जिसके फूल पत्ते के आकार के होते हैं।

विशेष—केतकी या केवड़े की मंजरी बहुत कोमल पत्तों के कोश के भीतर रहती है। सुगंध के लिये इन्हीं पत्तों का व्यवहार होता है।

दल बल—संज्ञा पु० [सं०] लाव लश्कर। फौज।

दलबा—संज्ञा पुं० [हिं० दलना] तीतरबाजों, बटेरबाजों आदि का वह निर्बल पक्षी जिसे वे दूसरे पक्षियों से लड़ा कर और मार खिलाकर उन पक्षियों का साहस बढ़ाते हैं।

दलबादल—संज्ञा पुं० [हिं० दल + बादल] (१) बादलों का समूह। बादलों का झुंड। (२) भारी सेना। (३) बहुत बड़ा शामियाना। बड़ा भारी खेमा।

मुहा०—दलबादल खड़ा होना = बड़ा भारी शामियाना या खेमा गड़ना।

दलमलना—क्रि० स० [हिं० दलना + मलना] (१) मसल डालना। मीड़ डालना। उ०—(क) भुजबल रिपुदल दलमलि।—तुलसी। (ख) यौं दलमलियत मिरदई दई कुसुम से गात। कर धर देखौ धरधरा अजौं न डर ते जात।—बिहारी। (२) रौंदना। कुचलना। (३) विनष्ट कर देना। मार डालना।

दलवाना—क्रि० स० [हिं० दलना का प्रे०] (१) दलने का काम करवाना। मोटा मोटा पिसवाना। जैसे, दाल दलवाना। (२) रौंदवाना। मलवाना। (३) नष्ट कराना।

दलवाल*†—संज्ञा पुं० [स० दलपाल] सेनापति। फौज का सरदार।

दलवैया †—संज्ञा पुं० [हिं० दलना] दलनेवाला।

दलसारिणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] केमुआ। बंडा। कच्चू।

दलसूचि—संज्ञा पु० [सं०] (१) वह पौधा जिसके पत्तों में कांटे हों। (२) पत्तों का काँटा। (३) काँटा।

दलसूसा†—संज्ञा स्त्री० [सं दलश्रसा] दलशिरा। पत्तों की नस।

दलहन—संज्ञा पुं० [हिं० दाल + अन्न] वह अन्न जिसकी दाल बनाई जाती है। जैसे, चना, अरहर, मूँग, उरद, मसूर इत्यादि।

दलहरा—संज्ञा पुं० [हिं० दाल + हारा] दाल बेचनेवाला। जो दाल बेचने का रोजगार करता हो।

दलहा†—संज्ञा पुं० [सं० थल, हिं० थालहा] थाला। आलवाल।

दलाइक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) जंगली तिल। (२) गेरू। (३) नागकेसर। (४) सिरिस। (५) कुंद। (६) गजकर्णी। एक प्रकार का पलाश।

दलान†—संज्ञा पु० दे० "दालान"।

दलाना—क्रि० स० दे० "दलवाना"।

दलामल—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दौने का पौधा। (२) मरुवे का पौधा। (३) मैनफल का पेड़।

दलामु—संज्ञा पुं० [सं०] लोनिया साग। अमलोनी।

दलारा—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का झूलनेवाला बिस्तर जिसका व्यवहार जहाज़ पर मल्लाह लोग करते हैं।

दलाल—संज्ञा पुं० [अ०] [संज्ञा दलाली] (१) वह व्यक्ति जो सौदा मोल लेने या बेचने में सहायता दे। बिचवई। मध्यस्थ। (२) स्त्री-पुरुष का अनुचित संयोग करानेवाला। कुटना। (३) जाटों की एक जाति।

दलाली—संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) दलाल का काम।

क्रि० प्र०—करना।

(२) वह द्रव्य जो दलाल को मिलता है। उ०—भक्ति हाट बैठि तू थिर ह्वै हरि नग निर्मल लेहि। काम क्रोध मद लोभ मोह तू सकल दलाली देहि।—सूर।

क्रि० प्र०—देना।—लेना।

दलाङ्क्य–संज्ञा पुं० [सं०] तेजपत्ता।

दलित–वि० [सं०] (१) मीड़ा हुआ। मसला हुआ। मर्दित। (२) रौंदा हुआ। कुचला हुआ। (३) खंडित। टुकड़े टुकड़े किया हुआ। (४) विनष्ट किया हुआ।

दलिद्र†–संज्ञा पुं० दे० "दरिद्र"।

दलिया–संज्ञा पुं० [हिं० दलना] दल कर कई टुकड़े किया हुआ अनाज। जैसे, गेहूँ का दलिया।

दली–वि० [सं० दलिन्] (१) जिसमें दल या मोटाई हो। (२) जिसमें पत्ता हो। पत्तेवाला।

दलीप†–संज्ञा पुं० दे० "दिलीप"।

दलील–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) तर्क। युक्ति। (२) बहस। वाद-विवाद।

क्रि० प्र०—करना।—लाना।

दलेगंधि–संज्ञा पुं० [सं०] सप्तपर्णी वृक्ष।

दलेपंज–संज्ञा पुं० [हिं० ढलना + पंजा] (१) वह घोड़ा जिसकी उमर ढल गई हो। वह घोड़ा जो जवान न रह गया हो। (२) ढलती हुई उमर का आदमी।

दलेल–संज्ञा स्त्री० [अं० डिल] सिपाहियों का वह दंड जिसमें हथियार और कपड़े आदि उनकी कमर में बाँध कर उन्हें टहलाते हैं। वह कवायद जो सजा की तरह पर ली जाय।

मुहा०—दलेल बोलना = सजा की तरह पर कवायद देने की आज्ञा देना।

दलै–मुँह बाओ। खाओ। (हाथीवानों की बोली)।
दलै छव दलै = पानी पीओ (हाथीवानों की बोली)।

दलैया†–संज्ञा पु० [हिं० दलना] (१) दलने या पीसनेवाला। (२) नाश करनेवाला। मारनेवाला।

दल्भ–संज्ञा पु० [सं०] (१) प्रतारण। धोखा। (२) पाप। (३) चक्र।

दल्लाल–संज्ञा पु० दे० "दलाल"।

दल्लाला–संज्ञा स्त्री० [अ०] कुटनी। दूती।

दल्लाली–संज्ञा स्त्री० दे० "दलाली"।

दवँरी–संज्ञा स्त्री० दे० "दँवरी"।

दव–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वन। जंगल। (२) दवाग्नि। वह आग जो वन में आप से आप लग जाती है। दवारि। दावा। उ०—गई सहमि सुनि बचन कठोरा। मृगी देखि जनु दव चहुँ ओरा।—तुलसी। (३) अग्नि। आग। उ०—(क) आजु अयोध्या जल नहिं अचवौं ना मुख देखौं माई। सूरदास राघव के बिछुरे मरौं भवन दव लाई।—सूर। (ख) राकापति षोड़श उगैं तारागण समुदाय। सकल गिरिन दव लाइए रवि बिनु राति न जाय।—तुलसी।

दवथु–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दाह। जलन। (२) परिताप। दुःख।

दवन*–संज्ञा पुं० [सं० दमन] नाश। उ०—प्राणनाथ सुंदर सुजानमनि दीनबंधु जन आरति दवन।—तुलसी।
संज्ञा पुं० [सं० दमनक] दौना नामक पौधा। उ०—गहब गुलाब, मंजु मोगरे, दवन फूले, बेले अलबेले खिले चंपक चमन में।—भुवनेश।

दवनपापड़ा–संज्ञा पुं० [सं० दमन पर्पट] पितपापड़ा।

दवना*–संज्ञा पुं० दे० "दौना"।
क्रि० स० [सं० दव] जलाना। उ०—ग्रीषम दवत दवरिया कुंज कुटीर। तिमि तिमि तकत तरुनिअहिं बाढ़ी पीर।—रहीम।

दवनी–संज्ञा स्त्री० [सं० दमन] फसल के सूखे डंठलों को बैलों से रौंदवा कर दाना झाड़ने का काम। दँवरी। मिसाई। मँड़ाई।

दवरिया†–संज्ञा स्त्री० दे० "दवारि"। उ०—ग्रीषम दवत दवरिया कुंज कुटीर। तिमि तिमि तकत तरुनिअहिं बाढ़ी पीर।—रहीम।

दवा–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) वह वस्तु जिससे कोई रोग या व्यथा दूर हो। औषध। ओखद। उ०—दरद दवा दोनों रहैं पीतम पास तयार।—रसनिधि।

यौ०—दवाखाना। दवा दारू। दवा दर्पन। दवा दरमन।

मुहा०—दवा को न मिलना = थोड़ा सा भी न मिलना। अप्राप्य होना। दुर्लभ होना। दवा देना = दवा पिलाना।

(२) रोग दूर करने का उपाय। उपचार। चिकित्सा। जैसे, अच्छे वैद्य की दवा करो।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

(३) दूर करने की युक्ति। मिटाने का उपाय। जैसे, शक की कोई दवा नहीं। (४) अवरोध या प्रतिकार का उपाय। ठीक रखने की युक्ति। दुरुस्त करने की तदबीर। जैसे, उसकी दवा यही है कि उसे दो चार खरी खोटी सुना दो।

†*संज्ञा स्त्री० [सं० दव] (१) वनाग्नि। वन में लगनेवाली आग। उ०—कानन भूधर वारि बयारि महा विष व्याधि दवा अरि घेरे।—तुलसी। (२) अग्नि। आग। उ०—(क) चल्यो तवा सो तप्त दवा द्रुति भूरिश्रवा भर।—गोपाल। (ख) तवा सो तपत धरामंडल अखंडल औ मारतंड मंडल दवा सो होत भोर तें।—बेनी।

दवाई†–संज्ञा स्त्री० दे० "दवा"।

दवाईखाना–संज्ञा पुं० दे० "दवाखाना"।

दवाखाना–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) वह जगह जहाँ दवा बिकती हो। औषधालय।

दवागि*–संज्ञा स्त्री० [सं० दवाग्नि] वनाग्नि। दावानल।

दवागिन*–संज्ञा स्त्री० दे० "दवाग्नि"।

दवाग्नि–संज्ञा स्त्री० [सं०] वन में लगनेवाली आग। दावानल।

दवात–संज्ञा स्त्री० [अ० दावात] लिखने की स्याही रखने का बरतन। मसिपात्र। मसिदानी।

दवानल–संज्ञा पुं० [सं०] दवाग्नि।

दवामी–वि० [अ०] जो चिरकाल तक के लिये हो। स्थायी। जो सदा बना रहे। जैसे, दवामी बंदोबस्त।

दवामी बंदोबस्त–संज्ञा पुं० [फ़ा०] जमीन का वह बंदोबस्त जिसमें सरकारी मालगुजारी सब दिन के लिये मुकर्रर कर दी जाय। भूमिकर का वह प्रबंध जिसमें कर सब दिन के लिये इस प्रकार नियत कर दिया जाय कि उसमें पीछे घटती बढ़ती न हो सके।

दवारि–संज्ञा स्त्री० [सं० दवाग्नि, हिं० दवागि] वनाग्नि। दावानल। उ०—हाय न कोऊ तलास करै ये पलासन कौने दवारि लगाई।—नरेश।

दश–वि० [सं०] दस।

दशकंठ–संज्ञा पुं० [सं०] रावण (जिसके दस कंठ वा सिर थे)।

दशकंठजहा–संज्ञा पुं० [सं०] रावणसंहारक, श्रीरामचंद्र। उ०—आजु विराजत राज है दशकंठजहा को।—तुलसी।

दशकंठारि–संज्ञा पुं० [सं०] (रावण के शत्रु) श्रीरामचंद्र।

दशकंध–संज्ञा पुं० [सं० दश + स्कंध, हिं० कंध] रावण।

दशकंधर–संज्ञा पुं० [सं०] रावण।

दशकर्म–संज्ञा पुं० [सं०] गर्भाधान से लेकर विवाह तक के दस संस्कार जिनके नाम ये हैं—गर्भाधान, पुंसवन, सीमंतोन्नयन, जातकरण, निष्क्रामण, नामकरण, अन्नप्राशन, चूड़ाकरण, उपनयन और विवाह।

दशकुलवृक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] तंत्र के अनुसार कुछ विशेष वृक्ष जिनके नाम ये हैं—लिसोड़ा, करंज, बेल, पीपल, कदंब, नीम, बरगद, गूलर, आँवला और इमली।

दशकोषी–संज्ञा स्त्री० [सं०] रुद्रताल के ग्यारह भेदों में से एक (संगीत)।

दशक्षीर–संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार इन दस जंतुओं का दूध—गाय, बकरी, ऊँटनी, भेंड़, भैंस, घोड़ी, स्त्री, हथनी, हिरनी और गदही।

दशगात्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) शरीर के दस प्रधान अंग। (२) मृतक संबंधी एक कर्म जो उसके मरने के पीछे दस दिनों तक होता रहता है।

विशेष—इसमें प्रतिदिन पिंडदान किया जाता है। पुराणों में लिखा है कि इसी पिंड के द्वारा क्रम क्रम से प्रेत जैसे, का शरीर बनता है और दसवें दिन पूरा हो जाता है पहले पिंड से सिर, दूसरे से आँख, कान, नाक इत्यादि।

दशग्रामपति–संज्ञा पुं० [सं०] जो राजा की ओर से दस ग्रामों का अधिपति या शासक बनाया गया हो।

विशेष—मनुस्मृति में लिखा है कि राजा पहले प्रत्येक ग्राम का एक मुखिया या शासक नियुक्त करे, फिर उससे अधिक प्रतिष्ठा और योग्यता के किसी मनुष्य को दस ग्रामों का अधिपति नियत करे, इसी प्रकार बीस, सहस्र आदि तक के ग्रामों के हाकिम नियुक्त करने का विधान लिखा है।

दशग्रीव–संज्ञा पुं० [सं०] रावण।

दशति–संज्ञा स्त्री० [सं०] सौ। शत।

दशधा–वि० [सं०] दस प्रकार का।

क्रि० वि० दस प्रकार।

दशद्वार–संज्ञा पुं० [सं०] शरीर के दस छिद्र—२ कान, २ आँख, २ नाक, १ मुख, १ गुदा, १ लिंग, १ ब्रह्मांड।

दशन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दाँत। (२) कवच। (३) शिखर।

दशनच्छद–संज्ञा पुं० [सं०] होंठ।

दशनबीज–संज्ञा पुं० [सं०] अनार।

दशनाख्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] लेनिया शाक।

दशनाम–संज्ञा पुं० [सं०] संन्यासियों के दस भेद जो ये हैं—१ तीर्थ, २ आश्रम, ३ वन, ४ अरण्य, ५ गिरि, ६ पर्वत, ७ सागर, ८ सरस्वती, ९ भारती, १० पुरी।

दशनामी–संज्ञा पुं० [हिं० दश + नाम] संन्यासियों का एक वर्ग जो अद्वैतवादी शंकराचार्य्य के शिष्यों से चला है।

विशेष—शंकराचार्य्य के चार प्रधान शिष्य थे—पद्मपाद, हस्तामलक, मंडन और तोटक। इनमें से पद्मपाद के दो शिष्य थे—तीर्थ और आश्रम; हस्तामलक के दो शिष्य—वन और अरण्य, मंडन के तीन शिष्य—गिरि, पर्वत और सागर, इसी प्रकार तोटक के तीन शिष्य—सरस्वती, भारती और पुरी। इन्हीं दस शिष्यों के नाम से संन्यासियों के दस भेद चले। शंकराचार्य्य ने चार मठ स्थापित किए थे जिनमें इन दस प्रशिष्यों की शिष्य-परंपरा चली जाती है। पुरी, भारती और सरस्वती की शिष्यपरंपरा शृंगेरी मठ के अंतर्गत है; तीर्थ और आश्रम शारदा मठ के अंतर्गत, वन और अरण्य गोवर्द्धनमठ के अंतर्गत तथा गिरि, पर्वत और सागर जोशी मठ के अंतर्गत हैं। प्रत्येक दशनामी संन्यासी इन्हीं चार मठों में से किसी न किसी के अंतर्गत होता है। यद्यपि दशनामी ब्रह्म या निर्गुण उपासक प्रसिद्ध हैं पर इनमें से बहुतेरे शैवमंत्र की दीक्षा लेते हैं।

दशप–संज्ञा पुं० दे० "दशग्रामपति"।

दशपारमिताधर–संज्ञा पुं० [सं०] बुद्धदेव।

दशपुर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) केवटी मोथा। (२) मालवे का

एक प्राचीन विभाग जिसके अंतर्गत दस नगर थे। इसका नाम मेघदूत में आया है।

दशपेय–संज्ञा पुं० [स०] एक प्रकार का यज्ञ। (आश्व० श्रौत०)

दशबल–संज्ञा पुं० [सं०] बुद्धदेव।

विशेष—बुद्ध को दस बल प्राप्त थे जिनके नाम ये हैं—दान, शील, क्षमा, वीर्य्य, ध्यान, प्रज्ञा, बल, उपाय, प्रणिधि और ज्ञान।

दशभूमिग–संज्ञा पुं० [सं०] (दान आदि दस भूमियों या बलों को प्राप्त करनेवाले) बुद्धदेव।

दशभूमीश–संज्ञा पुं० [सं०] बुद्धदेव।

दशम–वि० [सं०] दसवाँ।

दशम दशा–संज्ञा स्त्री० [सं०] साहित्य के रसनिरूपण में वियोगी की वह दशा जिसमें वह प्राण त्याग देता है।

दशम भाव–संज्ञा पुं० [सं०] फलित ज्योतिष में एक जन्म-लग्नांश। कुंडली में लग्न से दसवाँ घर।

विशेष—इस घर से पिता, कर्म्म, ऐश्वर्य्य आदि का विचार किया जाता है।

दशमलव–संज्ञा पुं० [सं०] वह भिन्न जिसके हर में दस या उसका कोई घात हो। (गणित)

दशमांश–संज्ञा पुं० [सं०] दसवाँ हिस्सा। दसवाँ भाग।

दशमाल–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन जनपद। एक प्रदेश का प्राचीन नाम।

दशमालिक–संज्ञा पुं० [सं०] दशमाल देश।

दशमिकभग्नांश–संज्ञा पुं० [सं०] अंकगणित की एक क्रिया जिसके द्वारा प्रत्येक भिन्न या भग्नांश इस रूप में लाया जाता है कि उसका हर दस का कोई गुणित अंक हो जाता है। दशमलव।

दशमी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) चांद्रमास के किसी पक्ष की दसवीं तिथि। (२) विमुक्तावस्था। (३) मरणावस्था।

दशमुख–संज्ञा पुं० [सं०] रावण।

दशमूत्रक–संज्ञा पुं० [सं०] इन दस जीवों का मूत्र जो वैद्यक में काम आता है—१ हाथी, २ भैंस, ३ ऊँट, ४ गाय, ५ बकरा, ६ मेढ़ा, ७ घोड़ा, ८ गदहा, ९ मनुष्य; और १० स्त्री।

दशमूल–संज्ञा पुं० [सं०] दस पेड़ों की छाल या जड़ जो दवा के काम में आता है।

विशेष—सरिवन (शालपर्णी), पिठवन (पृश्निपर्णी), छोटी कटाई, बड़ी कटाई, और गोखरू ये लघु-मूल और बेल, सोनापाठा (श्योनाक), गंभारी, गनियारी और पाठा बृहन्मूल कहलाते हैं। इन दोनों के योग को दश मूल कहते हैं। दशमूल काश, श्वास और सन्निपात ज्वर में उपकारी माना जाता है।

दशमौलि–संज्ञा पुं० [सं०] रावण।

दशयोगभंग–संज्ञा पुं० [स०] फलित ज्योतिष में एक नक्षत्रभेद जिसमें विवाह आदि शुभ कर्म्म नहीं किए जाते।

विशेष—जिस नक्षत्र में सूर्य्य हो और जिस नक्षत्र में कर्म होनेवाला हो दोनों नक्षत्रों के जो स्थान गणना-क्रम में हों उन्हें जोड़ डालो। यदि जोड़ पंद्रह, चार, ग्यारह, उन्नीस, सत्ताइस, अठारह या बीस आवे तो दशयोगभंग होगा।

दशरथ–संज्ञा पुं० [सं०] अयोध्या के इक्ष्वाकुवंशीय एक प्राचीन राजा जिनके पुत्र श्रीरामचंद्र थे। ये देवताओं की ओर से कई बार असुरों से लड़े थे और उन्हें परास्त किया था।

विशेष—इस शब्द के आगे पुत्र-वाचक शब्द लगने से 'राम' अर्थ होता है।

दशरथसुत–संज्ञा पुं० [सं०] श्रीरामचंद्र।

दशरात्र–संज्ञा पुं० [स०] (१) दस रातें। (२) एक यज्ञ जो दस रात्रियों में समाप्त होता था।

दशवाजी–संज्ञा पुं० [सं० दशवाजिन्] चंद्रमा।

दशवाहु–संज्ञा पुं० [सं०] महादेव।

दशवीर–संज्ञा पुं० [स०] एक सत्र या यज्ञ का नाम।

दशशिर–संज्ञा पुं० [सं० दश + शिरस्] रावण।

दशशीर्ष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) रावण। (२) चलाए हुए अस्त्रों को निष्फल करने का एक अस्त्र।

दशशीश *–संज्ञा पुं० दे० "दशशीर्ष"।

दशस्यंदन–*संज्ञा पुं० [सं०] दशरथ नामक राजा।

दशहरा–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ज्येष्ठ शुक्ला दशमी तिथि जिसे गंगा दशहरा भी कहते हैं।

विशेष—इस तिथि को गंगा का जन्म हुआ था अर्थात् गंगा स्वर्ग से मर्त्यलोक में आई थीं इसीसे यह अत्यंत पुण्य तिथि मानी जाती है। कहते हैं, इस तिथि को गंगा स्नान करने से दसो प्रकार के और जन्म-जन्मांतर के पाप दूर होते हैं। यदि इस तिथि में हस्तनक्षत्र का योग हो या यह तिथि मंगलवार को पड़े तो यह और भी अधिक पुण्यजनक मानी जाती है। दशहरे को लोग गंगा की प्रतिमा का पूजन करते हैं और सोने चाँदी के जल-जंतु बना कर भी गंगा में डालते हैं।

(२) विजयादशमी।

दशांग–संज्ञा पुं० [सं०] पूजन में सुगंध के निमित्त जलाने का एक धूप जो दस सुगंध द्रव्यों के मेल से बनता है।

विशेष—यह धूप कई प्रकार से भिन्न भिन्न द्रव्यों के मेल से बनता है। एक रीति के अनुसार दस द्रव्य ये हैं—शिलारस, गुग्गुल, चंदन, जटामासी, लोबान, राल, खस,, नख, भीमसेनी कपूर और कस्तूरी। दूसरी रीति के अनुसार—मधु, नागरमोथा, घी, चंदन, गुग्गुल, अगर, शिलाजतु, सलई का धूप, गुड़ और पीली सरसों। तीसरी रीति–गुग्गुल, गंधक

चंदन, जटामासी, सतावरि, सज्जी, खस, घी, कपूर और कस्तूरी।

दशांग क्वाथ—संज्ञा पुं० [सं०] दस ओषधियों का काढ़ा।

विशेष—१ अडूसा, २ गुर्च, ३ पितपापड़ा, ४ चिरायता, ५ नीम की छाल, ६ जवासा, ७ हड़, ८ बहेड़ा, ९ आँवला, १० कुलथी, इनके क्वाथ में मधु डाल कर पिलाने से अम्ल-पित्त नष्ट होता है।

दशांगुल—संज्ञा पुं० [सं०] खरबूजा। डँगरा।

दशांत—संज्ञा पुं० [सं०] बुढ़ापा।

दशा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) अवस्था। स्थिति का प्रकार। हालत। जैसे, (क) रोगी की दशा अच्छी नहीं है। (ख) पहले मैंने इस मकान को अच्छी दशा में देखा था। (२) मनुष्य के जीवन की अवस्था।

विशेष—मानव जीवन की दस दशाएँ मानी गई हैं—गर्भ-वास, जन्म, बाल्य, कौमार, पोगंड, यौवन, स्थाविर्य, जरा, प्राणरोध और नाश।

(३) साहित्य में रस के अंतर्गत विरही की अवस्था।

विशेष—ये अवस्थाएँ दस हैं—अभिलाष, चिंता, स्मरण, गुण-कथन, उद्वेग, प्रलाप, उन्माद, व्याधि, जड़ता और मरण। (४) फलित ज्योतिष के अनुसार मनुष्य के जीवन में प्रत्येक ग्रह का नियत भोगकाल।

विशेष—दशा निकालने में कोई मनुष्य की पूरी आयु १२० वर्ष की मानकर चलते हैं और कोई १०८ वर्ष की। पहली रीति के अनुसार निर्धारित दशा विंशोत्तरी और दूसरी के अनुसार निर्धारित अष्टोत्तरी कहलाती है। आयु के पूरे काल में प्रत्येक ग्रह के भोग के लिये वर्षों की अलग अलग संख्या नियत है—जैसे, अष्टोत्तरी रीति के अनुसार सूर्य्य की दशा ६ वर्ष, चंद्रमा की १५ वर्ष, मंगल की ८ वर्ष, बुध की १७ वर्ष, शनि की १० वर्ष, बृहस्पति की १९ वर्ष, राहु की १२ वर्ष और शुक्र की २१ वर्ष मानी गई है। दशा जन्म-काल के नक्षत्र के अनुसार मानी जाती है। जैसे, यदि जन्म कृत्तिका, रोहिणी वा मृगशिरा नक्षत्र में होगा तो सूर्य्य की दशा होगी; आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य वा अश्लेषा नक्षत्र में होगा तो चंद्रमा की दशा; मघा, पूर्वाफाल्गुनी या उत्तर-फाल्गुनी में होगा तो मंगल की दशा; हस्त, चित्रा, स्वाती या विशाखा में होगा तो बुध की दशा; अनुराधा, ज्येष्ठा वा मूल नक्षत्र में होगा तो शनि की दशा; पूर्वाषाढ़, उत्तराषाढ़, अभि-जित वा श्रवण नक्षत्र में होगा तो बृहस्पति की दशा; धनिष्ठा, शतभिषा वा पूर्व भाद्रपद में होगा तो राहु की दशा और उत्तर भाद्रपद, रेवती, अश्विनी या भरणी नक्षत्र में होगा तो शुक्र की दशा होगी। प्रत्येक ग्रह की दशा का फल अलग अलग निश्चित है—जैसे, सूर्य्य की दशा में चित्त को उद्वेग, धनहानि, क्लेश, विदेशगमन, बंधन, राजपीड़ा इत्यादि। चंद्रमा की दशा में ऐश्वर्य्य, राजसम्मान, रत्न वाहन की प्राप्ति इत्यादि।

प्रत्येक ग्रह के नियत भोगकाल वा दशा के अंतर्गत भी एक एक ग्रह का भोगकाल नियत है जिसे अंतर्दशा कहते हैं। रवि-दशा को लीजिए जो ६ वर्ष की है। अब इन ६ वर्षों के बीच सूर्य्य की अपनी दशा ४ महीने की, चंद्रमा की १० महीने की, मंगल की ५ महीने की, बुध की ११ महीने २० दिन की, शनि की ६ महीने २० दिन की, बृहस्पति की १ वर्ष २० दिन की, राहु की ८ महीने की, शुक्र की १ वर्ष २ महीने की। इन अंतर्दशाओं के फल भी अलग अलग निरूपित हैं—जैसे, सूर्य्य की दशा में सूर्य की अंतर्दशा का फल राजदंड, मनस्ताप, विदेश-गमन इत्यादि; सूर्य की दशा में चंद्र की अंतर्दशा का फल शत्रु-नाश, रोगशांति, वित्तलाभ इत्यादि।

ऊपर जो हिसाब बतलाया गया है वह नाक्षत्रिकी दशा का है। पर योगिनी, वार्षिकी, ब्राह्मिकी, मुकुंदा, पताकी, हरगौरी इत्यादि और भी दशाएँ हैं पर ऐसा लिखा है कि कलियुग में नाक्षत्रिकी दशा ही प्रधान है।

(५) दीप की बत्ती। (६) चित्त। (७) कपड़े का छोर। वस्त्रांत।

दशाकर्ष—संज्ञा पुं० [सं०] (१) कपड़े का छोर या अंचल। (२) दीपक। चिराग।

दशाधिपति—संज्ञा पुं० [सं०] (१) फलित ज्योतिष में दशाओं के अधिपति ग्रह। (२) दस सैनिकों या सिपाहियों का अफसर। जमादार। (महाभारत)

दशानन—संज्ञा पुं० [सं०] रावण।

दशानिक—संज्ञा पुं० [सं०] जमालगोटा।

दशापवित्र—संज्ञा पुं० [सं०] श्राद्ध आदि में दान दिए जाने-वाले वस्त्रखंड।

दशामय—संज्ञा पुं० [सं०] रुद्र।

दशारुहा—संज्ञा स्त्री० [सं०] कैवर्त्तिका नाम की लता जो मालवा में होती है और जिससे कपड़े रँगे जाते हैं।

दशार्ण—संज्ञा पुं० [सं०] (१) विंध्य पर्वत के पूर्व-दक्षिण की ओर स्थित उस प्रदेश का प्राचीन नाम जिससे होकर धसान नदी बहती है। मेघदूत से पता चलता है कि विदिशा (आधुनिक भिलसा) इसी प्रदेश की राजधानी थी। टालमी ने इस प्रदेश का नाम दोसारन (Dosaron) लिखा है। (२) उक्त देश का निवासी या राजा। (३) तंत्र का एक दशाक्षर मंत्र। (४) जैन पुराण के अनुसार एक राजा जिसने तीर्थंकर के दर्शन के निमित्त जाकर अभिमान किया था।

तीर्थंकर के प्रताप से उसे वहाँ १६७७७२१६००० इंद्र और १३६७०१७२८०००००००० इंद्राणियाँ दिखाई पड़ीं और उसका गर्व चूर्ण हो गया।

दशार्णा–संज्ञा स्त्री० [सं०] धसान नदी जो विंध्याचल से निकल कर बुंदेलखंड के कुछ भाग में बहती हुई कालपी के पास जमुना में मिल जाती है।

दशार्द्ध–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दस का आधा पाँच। (२) दशबलों से युक्त बुद्धदेव।

दशार्ह–संज्ञा० पुं० [सं०] (१) क्रोष्टुवंशीय धृष्ट राजा का पुत्र। (२) राजा वृष्णि का पौत्र। (३) वृष्णिवंशीय पुरुष। (४) वृष्णिवंशियों का अधिकृत देश।

दशाश्व–संज्ञा पुं० [सं०] चंद्रमा (जिसके रथ में दस घोड़े लगते हैं)।

दशाश्वमेध–संज्ञा पुं० [सं०] (१) काशी के अंतर्गत एक तीर्थ।

विशेष—काशीखंड में लिखा है कि राजर्षि दिवोदास की सहायता से ब्रह्मा ने इस स्थान पर दस अश्वमेध यज्ञ किए थे। पहले यह तीर्थ रुद्रसरोवर के नाम से प्रसिद्ध था। ब्रह्मा के यज्ञ के पीछे दशाश्वमेध कहा जाने लगा। ब्रह्मा ने इस स्थान पर दशाश्वमेधेश्वर नामक शिवलिंग स्थापित किया था। जो लोग इस तीर्थ में स्नान करके शिवलिंग का दर्शन करते हैं उनके सब पाप छूट जाते हैं।

(२) प्रयाग के अंतर्गत त्रिवेणी के पास वह घाट या तीर्थस्थान जहाँ यात्री जल भरते हैं। लोगों का विश्वास है कि इस स्थान का जल बिगड़ता नहीं।

दशास्य–संज्ञा पुं० [सं०] दशमुख। रावण।

दशाह–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दस दिन। (२) मृतक के कृत्य का दसवाँ दिन।

विशेष—गृह्यसूत्रों में मृतक कर्म तीन ही दिनों का माना गया है। पहले दिन श्मशानकृत्य और अस्थिसंचय, दूसरे दिन रुद्रयाग, क्षौर आदि और तीसरे दिन सपिंडीकरण। स्मृतियों ने पहले दिन के कृत्य का दस दिनों तक विस्तार किया है जिनमें प्रत्येक दिन एक एक पिंड एक एक अंग की पूर्ति के लिये दिया जाता है। पर ग्यारहवें दिन के कृत्य में अब भी द्वितीयाह्न संकल्प का पाठ होता है।

दस–वि० [सं० दश] (१) पाँच का दूना। जो गिनती में नौ से एक अधिक हो। (२) कई। बहुत से। जैसे, (क) दस आदमी जो कहें उसे मानना चाहिए। (ख) वहाँ दस तरह की चीज़ें देखने को मिलेंगी।

संज्ञा पुं० (१) पाँच की दूनी संख्या। (२) उक्त संख्या का सूचक अंक जो इस प्रकार लिखा जाता है—१०।

दसखत †–संज्ञा पुं० दे० "दस्तखत"।

दसठौन–संज्ञा पुं० [सं० दश + स्थान] बच्चा जनने के समय की एक रीति जिसके अनुसार प्रसूता स्त्री दसवें दिन नहा कर सौरी के घर से दूसरे घर में जाती है।

दसन*–संज्ञा पुं० दे० "दशन"।

दसना–क्रि० अ० [हिं० डासना] बिछना। बिछाया जाना। फैलना।

क्रि० स० बिछाना। विस्तर फैलाना। उ०—विवेक सों अनेकधा दसे अनूप आसने। अनर्घ अर्घ आदि दै विनय किये घने घने।—केशव।

संज्ञा पुं० बिछौना। बिस्तर।

क्रि० स० दे० "डसना"।

दसमरिया–संज्ञा स्त्री० [हिं० दस + मढ़ना] एक प्रकार की बरसाती बड़ी नाव जिसमें दस तख्ते लंबाई के बल लगे होते हैं।

दसमाथ*–संज्ञा पुं० [हिं० दस + माथ] रावण। उ०—सुनु दसमाथ! नाथ साथ के हमारे कपि हाथ लंका लाइ हैं तौ रहैगी हथेरी सी।—तुलसी।

दसमी–संज्ञा स्त्री० दे० "दशमी"।

दसरंग–संज्ञा पुं० [हिं० दस + रंग] मलखंभ की एक कसरत जिस में कमरपेटा करके जिधर का पैर मलखंभ को लपेटे रहता है उधर के हाथ को सीधी पकड़ से मलखंभ में लपेट कर और दूसरे हाथ को भी पीछे से फँसा कर सवारी बाँधते तथा और अनेक प्रकार की मुद्राएँ करते हुए नीचे ऊपर खसकते हैं।

दसरान–संज्ञा पुं० [हिं० दस + रान ?] कुश्ती का एक पेच।

दसवाँ–वि० [सं० दशम] जिसका स्थान नौ और वस्तुओं के उपरांत पड़ता हो। जो क्रम में नौ और वस्तुओं के पीछे हो। गिनती के क्रम में जिसका स्थान दस पर हो। जैसे, दसवाँ लड़का।

दसांग–संज्ञा पुं० दे० "दशांग"।

दसा–संज्ञा स्त्री० दे० "दशा"।

संज्ञा पुं० [हिं० दस] अगरवाल वैश्यों के दो प्रधान भेदों में से एक।

दसारन–संज्ञा पुं० दे० "दशार्ण"

दसारी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक चिड़िया जो पानी के किनारे रहती है।

दसी–संज्ञा स्त्री० [सं० दशा] (१) कपड़े के छोर पर का सूत। छीर। (२) कपड़े का पल्ला। थान का आँचल। उ०—जाता है जिस जान दे, तेरी दसी न जाय।—कबीर। (३) बैलगाड़ी की पटरी। (४) चमड़ा छीलने का औज़ार। रापी। † (५) पता। निशान। चिह्न।

दसेंदू–संज्ञा पुं० [देश०] केंदू। तेंदू का पेड़।

दसैं–संज्ञा स्त्री० [सं० दशमी, हिं० दसई] दशमी तिथि।

दसोतरा–वि० [सं० दशोत्तर] दस ऊपर। दस अधिक। जैसे, दसोतरा सौ अर्थात् एक सौ दस।

संज्ञा पुं० सौ में दस। सैकड़ा पीछे दस का भाग।

दसौंधी–संज्ञा पुं० [सं० दास = दानपात्र + बंदी = भाट] बंदियों या चारणों की एक जाति जो अपने को ब्राह्मण कहती है। ब्रह्मभट्ट। भाट। राजाओं की वंशावली और प्रशंसा करनेवाला पुरुष। उ०—(क) राजा रहा दृष्टि करि औंधी। रहि न सका तब भाट दसौंधी।—जायसी। (ख) देस देस तें ढाढ़ी आए मनवांछित फल पायो। को कहि सकै दसौंधी इनको भयो सबन मन भायो।—सूर।

दस्तंदाजी–संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] किसी काम में हाथ डालने की क्रिया। किसी होते हुए काम में छेड़ छाड़। हस्तक्षेप। दखल।

क्रि० प्र०–करना।—होना।

दस्त–संज्ञा पुं० [फा०] (१) पतला पायखाना। पानी ऐसा मल गिरने की क्रिया। विरेचन।

क्रि० प्र०—आना।—होना।

मुहा०—दस्त लगना = मल निकलने का वेग जान पड़ना। पायखाना लगना।

(२) हाथ।

यौ०—दस्तकार। दस्तखत। दस्तगीर। दस्तपनाह। दस्तबरदार।

दस्तक–संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) हाथ मार कर खटखट शब्द उत्पन्न करने की क्रिया। खटखटाने की क्रिया। (२) बुलाने के लिये दरवाजे की कुंडी खटखटाने की क्रिया। घर के भीतर के लोगों को बुलाने के लिये बाहर से किवाड़ पर हाथ मारने की क्रिया।

मुहा०—दस्तक देना = बुलाने के लिये किवाड़ खटखटाना।

(३) किसी से देना या मालगुजारी वसूल करने के लिये निकाला हुआ हुक्मनामा। वह आज्ञापत्र जिसे लेकर कोई सिपाही देना या मालगुजारी वसूल करने के लिये आवे। गिरफ्तारी या वसूली का परवाना।

क्रि० प्र०—आना।

यौ०—दस्तक सिपाही = वह सिपाही जो किसी से मालगुजारी आदि वसूल करने या किसी को पकड़ने के लिये तैनात हो।

(४) माल आदि ले जाने का परवाना। निकास की चिट्ठी। राहदारी का परवाना। (५) कर। महसूल। टैक्स। धौंस।

क्रि० प्र०—लगाना।

मुहा०—दस्तक बाँधना या लगाना—व्यर्थ का व्यय ऊपर डालना। नाहक का खर्च जिम्मे करना।

दस्तकार–संज्ञा पुं० [फा०] हाथ का कारीगर। हाथ से कारीगरी का काम करनेवाला आदमी।

दस्तकारी–संज्ञा स्त्री० [फा०] हाथ की कारीगरी। कला संबंधिनी वह सुंदर रचना जो हाथ से की जाय। जैसे, बेल-बूटे काढ़ना आदि।

दस्तखत–संज्ञा पुं० [फा०] अपने हाथ का लिखा हुआ नाम। हस्ताक्षर। जैसे, इस दस्तावेज पर तुम कभी दस्तखत न करना।

विशेष—जिस लेख के नीचे किसी का दस्तखत होता है वह उसी का लिखा हुआ समझा जाता है, अतः उस लेख में जो बातें होती हैं उन्हें स्वीकार या पूरी करने के लिये वह नियम के अनुसार बाध्य होता है।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—दस्तखत लेना = दस्तखत कराना। किसी का नाम उस के हाथ से लिखवा लेना।

दस्तखती–वि० [फा० दस्तखत] जिस पर दस्तखत हो। (लेख) जिसपर लिखने या लिखानेवाले का नाम उसीके हाथ का लिखा हो। जैसे, दस्तखती चिट्ठी।

दस्तगीर–संज्ञा पुं० [फा०] हाथ पकड़नेवाला। सहारा देनेवाला। सहायक। मददगार। उ०—दस्तगीर गाढ़े कर साथी।—जायसी।

दस्तपनाह–संज्ञा पुं० [फा०] चिमटा।

दस्तबरदार–वि० [फा०] जो किसी काम से हाथ हटा ले। जो किसी वस्तु पर से अपना हाथ या अधिकार उठा ले। जो कोई वस्तु छोड़ दे या किसी बात से बाज रहे।

मुहा०—दस्तबरदार होना = बाज आना। किसी वस्तु पर का अपना अधिकार छोड़ देना। छोड़ देना। त्याग देना। जैसे, अगर तुम मकान से दस्तबरदार हो जाओ तो हम १०००) और दें।

दस्तबरदारी–संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) त्याग। (२) त्यागपत्र।

दस्तयाब–वि० [फा०] हस्तगत। प्राप्त।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

दस्तरखान–संज्ञा पुं० [फा०] वह चादर जिसपर खाना रखा जाता है। चौकी पर की वह चादर जिसपर भोजन की थाली रखते हैं। (मुसलमान)

दस्ता–संज्ञा पुं० [फा० दस्त] (१) वह जो हाथ में आवे या रहे। (२) किसी औजार आदि का वह हिस्सा जो हाथ से पकड़ा जाता है। मूठ। बेंट। जैसे, छुरी का दस्ता। (३) फूलों का गुच्छा। गुलदस्ता। (४) एक प्रकार की घुंडी जो चोगे या कबा पर लगती है। (५) सिपाहियों का छोटा दल। गारद। (६) चपरास। सजाफ। (७) किसी वस्तु का उतना गड्डु या पूला जितना हाथ में आ सके। (८) कागज के चौबीस तावों की गड्डी। (९) सोंटा। डंडा। गदका।

संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बगला। हरगिला।

संज्ञा पुं० दे० "जस्ता"।

दस्ताना–संज्ञा पुं० [फा० दस्तानः] (१) पंजे और हथेली में पहनने का बुना हुआ कपड़ा। हाथ का मोज़ा। (२) वह लंबी किर्च या सीधी तलवार जिसकी मूठ के ऊपर कलाई तक पहुँचनेवाला लोहे का परदा लगा रहता है। (यह मुहर्रम में ताजिये के साथ प्रायः निकलता है)

दस्तावर–वि० [फा०] जिससे दस्त आवे। विरेचक। जैसे, दस्तावर दवा।

दस्तावेज़–संज्ञा स्त्री० [फा०] वह कागज जिसमें दो या कई आदमियों के बीच के व्यवहार की बात लिखी हो और जिसपर व्यवहार करनेवालों के दस्तखत हों। व्यवहार-संबंधी लेख। वह पत्र जिसे लिखकर किसी ने कोई प्रतिज्ञा की हो, किसी प्रकार का ऋण या देना स्वीकार किया हो अथवा द्रव्य संपत्ति आदि का लेन देन किया हो। जैसे, तमस्सुक, रेहननामा, किबाला इत्यादि।

क्रि० प्र०—लिखना।

दस्तावेज़ी–वि० [फा० दस्तावेज] दस्तावेज संबंधी। दस्तावेज का। जैसे, दस्तावेजी रुपया, दस्तावेजी कागज।

दस्ती–वि० [फ़ा० दस्त = हाथ] हाथ का।

संज्ञा स्त्री० (१) हाथ में लेकर चलने की बत्ती। मशाल। (२) छोटी मूठ। छोटा बेंट। (३) छोटा कलमदान। (४) वह सौगात जिसे विजयादशमी के दिन राजा लोग अपने हाथ से सरदारों और अफसरों को बांटते हैं। (५) कुश्ती का एक पेच जिसमें पहलवान अपने जोड़ का दहिना हाथ दहिने हाथ से अथवा बाँया हाथ बायें हाथ से पकड़ कर अपनी ओर खींचता है और झट पीछे जाकर झटके के द्वारा उसे पटक देता है।

दस्तूर–संज्ञा पुं० [फ़ा] (१) रीति। रस्म। रवाज। चाल। प्रथा। (२) नियम। क़ायदा। विधि। (३) पारसियों का पुरोहित जो उनके धर्म्म ग्रंथ के अनुसार कर्मकांड कराता है। (४) जहाज़ के वे छोटे पाल जो सबसे ऊपरवाले पाल के नीचे की पंक्ति में दोनों ओर होते हैं। (लश०)

दस्तूरी–संज्ञा स्त्री० [[फ़ा० दस्तूर] वह द्रव्य जो नौकर अपने मालिक का सौदा लेने में दूकानदारों से हक़ के तौर पर पाते हैं। (दस्तूरी का कुछ बँधा हिसाब होता है जैसे, एक रुपये के सौदे में दो पैसे।)

दस्पना–संज्ञा पुं० [फ़ा० दस्तपनाह] चिमटा।

दस्यु–संज्ञा पुं० [सं०] (१) डाकू। चोर। (२) असुर। अनार्य्य। म्लेच्छ। दास।

विशेष—दस्युओं का वर्णन वेदों में बहुत मिलता है। आर्यों के भारतवर्ष में चारों ओर फैलने के पहले ये छोटी छोटी बस्तियों में इधर उधर रहते थे और आर्यों को अनेक प्रकार के कष्ट पहुँचाते थे, उनके यज्ञों में विघ्न डालते थे, उनके चौपाए चुरा ले जाते थे तथा और भी अनेक प्रकार के उपद्रव करते थे। अनेक मंत्रों में इन यज्ञहीन, अमानुष दस्युओं का नाश करने की प्रार्थना इंद्र से की गई है। नमुचि, शंबर और वृत्र नामक दस्युपतियों के इंद्र के हाथ से मारे जाने का उल्लेख ऋग्वेद में कई स्थानों पर है। जैसे, "हे इंद्र! तुमने दस्यु शंबर की सौ से अधिक पुरियों को नष्ट किया।" "हे इंद्राग्नि! तुमने एक बार में ही दासों की नब्बे पुरियों को हिला डाला।" "हे इंद्र! तुमने कुलितर के पुत्र दास शंबर को ऊँचे पर्वत के ऊपर मुँह के बल गिरा कर मार डाला।" "तुमने मनुष्यों के सुख की इच्छा से दास नमुचि का सिर चूर्ण किया।" वेदों में दस्युओं के लिये "दास" और "असुर" शब्द भी आए हैं। इन दस्युओं के 'पणि' आदि कई भेद थे। पीछे जब कुछ दस्यु सेवा आदि के लिये मिला लिए गए तब उनकी उत्पत्ति के संबंध में कुछ कथाएँ कल्पित की गईं। ऐतरेय ब्राह्मण में वे विश्वामित्र द्वारा उत्पन्न और शाप द्वारा भ्रष्ट बतलाए गए हैं। मनुस्मृति में लिखा है कि "ब्राह्मणों, क्षत्रियों, वैश्यों और शूद्रों में जो क्रिया-लुप्त और जाति बाहर हो गए हैं वे सब चाहे म्लेच्छ भाषी हों चाहे आर्यभाषी, दस्यु कहलाते हैं"। महाभारत में लिखा है कि "अर्जुन ने दरदों के सहित कांबोज तथा उत्तर-पूर्व के जो दस्यु थे उन्हें भी परास्त किया।" द्रोणपर्व में दाढ़ीवाले दस्युओं का भी उल्लेख है। इन दस्युओं के बीच निवास करना ब्राह्मण आदि के लिये निषिद्ध था।

दस्युता–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) लुटेरापन। डकैती। (२) राक्षसपन। दुष्टता। क्रूर स्वभाव।

दस्युवृत्ति–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) डकैती। लुटेरापन। (२) चोरी।

दस्युहन्–संज्ञा पुं० [स०] (असुरों को मारनेवाले) इंद्र।

दस्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) शिशिर। (२) गदहा। (३) अश्विनीकुमार। (४) दो का समूह। जोड़ा।

वि० (१) दोहरा। (२) हिंसा करनेवाला।

दह–संज्ञा पु० [सं० ह्रद (आद्यंत विपर्यय)] (१) नदी में वह स्थान जहाँ पानी बहुत गहरा हो। नदी के भीतर का गड्ढा। पाल। उ०—जौ वसुदेव जँसे दह सामुहिं तिहूँ लोक उजियारे हो।—सूर।

यौ०—कालीदह।

(२) कुंड। हौज़। उ०—टोपन टूटि उडै असि सच्छी। दह में मनौ उच्छलै मच्छी।—लाल।

संज्ञा स्त्री० [सं० दहन] ज्वाला। लपट। लौ।

वि० [फा०] दस। उ०—(क) भादों घोर राति अँधियारी।

द्वारकपाट कोट भट रोके दह दिसि कंस भयभारी।—सूर। (ख) हाट बाट नहिं जाहिं निहारी। जनु पुर दह दिसि लागि दवारी।—तुलसी।

दहक–संज्ञा स्त्री० [सं० दहन] (१) आग दहकने की क्रिया। धधक। दाह। (२) ज्वाला। लपट। † (३) शर्म। हया। लज्जा।

दहकन–संज्ञा स्त्री० [हिं० दहकना] दहकने की क्रिया या भाव।

दहकना–क्रि० अ० [सं० दहन] (१) ऐसा जलना कि लपट ऊपर उठे। लौ के साथ बलना। धधकना। भड़कना। जैसे, आग दहकना, कोयला दहकना। उ०—अंग अंग आगि ऐसे केसर के नीर लागे, चीर लागे बरन, अबीर लागे दहकन।—सेवक।

संयो० क्रि०—उठना।—जाना।

(२) शरीर का गरम होना। तपना। धिकना।

संयो० क्रि०—आना।

दहकाना–क्रि० स० [हिं० दहकना] (१) धधकाना। ऐसा जलाना कि लौ ऊपर उठे।

संयो० क्रि०—देना।

(२) भड़काना। क्रोध दिलाना।

संयो० क्रि०—देना।

दहग्गी†–संज्ञा स्त्री० [हिं० दाह + आग] गरमी। ताप।

दहड़ दहड़–क्रि० वि० [सं० दहन वा अनु०] लपट फेंकते हुए। धायँ धायँ। जैसे, दहड़ दहड़ जलना। उ०—इस बीच देखते क्या हैं कि बन चारों ओर से दहड़ दहड़ जलता चला आता है।—लल्लू।

दहदल†–संज्ञा स्त्री० दे० "दलदल"।

दहन–संज्ञा पुं० [सं०] [वि० दहनीय, दह्यमान] (१) जलने की क्रिया या भाव। भस्म होने या करने की क्रिया। दाह। जैसे, लंकादहन।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

(२) अग्नि। आग। (३) कृत्तिका नक्षत्र। (४) तीन की संख्या। (५) भिलावाँ। भल्लातक। (६) चित्रक। चीता। (७) दुष्ट या क्रोधी मनुष्य। (८) कबूतर। कपोत। (९) एक रुद्र का नाम। (१०) ज्योतिष में एक योग जो पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद और रेवती इन तीन नक्षत्रों में शुक्र, के होने पर होता है। (११) ज्योतिष में एक वीथी जो पूर्वाषाढ और उत्तराषाढ नक्षत्रों में शुक्र के होने पर होती है।

दहनकेतन–संज्ञा पुं० [सं०] धूम। धूआँ।

दहनर्क्ष–संज्ञा पुं० [सं०] कृत्तिका नक्षत्र।

दहनशील–वि० [सं०] जलनेवाला।

दहना–क्रि० अ० [सं० दहन] (१) जलना। बलना। भस्म होना। उ०—जियरा उड्यो सो डोलै, हियरा धक्योई करै, छाई पियराई, तन सियराई सों दहै।—आनंदघन। (२) क्रोध से संतप्त होना। कुढ़ना।

क्रि० स० (१) जलाना। भस्म करना। उ०—उखटी गात परी दुर्बासा दहत सुदर्सन जाको।—सूर। (२) संतप्त करना। दुखी करना। कष्ट पहुँचाना। उ०—ये घरहाई लुगाई सबै निसि द्योस निवाज हमैं दहती हैं।—निवाज। (३) क्रोध दिलाना। कुढ़ाना।

क्रि० अ० [हिं० दह] धँसना। नीचे बैठना।

वि० दे० "दहिना"।

दहनि†–संज्ञा स्त्री० [हिं० दहना] जलने की क्रिया। जलन। उ०—अंतर उदेग दाह, आँखिन आँसू प्रवाह, देखी अटपटी चाह भीजनि दहनि है।—आनंद घन।

दहनीय–वि० [स०] जलने या जलाए जाने योग्य।

दहनोपल–संज्ञा पुं० [सं०] सूर्यकांत मणि। सूर्यमुखी। आतशी शीशा।

दहपट–वि० [फ़ा० दह = दस, दसो दिशा + पट = समतल, जैसे, चौपट] (१) गिरा कर जमीन के बराबर किया हुआ। ढाया हुआ। ध्वस्त। चौपट। नष्ट। उ०—सूरदास प्रभु रघुपति आए दहपट भइ लंका।—सूर। (२) रौंदा हुआ। कुचला हुआ। दलित।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

दहपटना–क्रि० स० [हिं० दहपट] (१) ढाना। ध्वस्त करना। चौपट करना। नष्ट करना। (२) रौंदना। कुचलना। दलित करना। उ०—बालिहू गर्व जिय माहिं ऐसो कियो, मारि दहपटि, दियो जम की घानी।—तुलसी।

दहबासी–संज्ञा पु० [फा० दह = दस + बासी (प्रत्य०)] दस सिपाहियों का सरदार।

दहर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) छोटा चूहा। चुहिया। (२) छछूँदर। (३) भ्राता। भाई। (४) बालक। (५) नरक। (६) वरुण।

वि० (१) स्वल्प। छोटा। (२) सूक्ष्म। (३) दुर्बोध।

संज्ञा पुं० [सं० ह्रद (आद्यंत विपर्य्यय)] (१) दह। नदी में गहरा स्थान। उ०—अति अचगरी करत मोहन फटकि गेंडुरी दहर।—सूर। (२) कुंड। हौज। गड्ढा। पाल।

दहर दहर–क्रि० वि० [अनु० वा दहन = जलना] लपट फेंकते हुए। धधकते हुए। धायँ धायँ। जैसे, दहर दहर जलना।

दहरना*–क्रि० अ० दे "दहलना"।

क्रि० स० दे० "दहलाना"। उ०—सूर प्रभु आय गोकुल प्रगट भए संतन दै हरख, दुष्ट जन मन दहर के।—सूर।

दहराकाश–संज्ञा पुं० [सं०] चिदाकाश। ईश्वर।

दहल–संज्ञा स्त्री० [हिं० दहलना] डर से एक बारगी काँप उठने की क्रिया।

दहलना–क्रि० अ० [सं० दर = डर + हिं० हलना = हिलना] डर से एकबारगी काँप उठना। डर के मारे जी धक से हो जाना। डर से चौंकना। भय से स्तंभित होना। उ०—वह राजा की चढ़ाई सुनते ही दहल उठा।

संयो० क्रि०—उठना।—जाना।

मुहा०—जी या कलेजा दहलना = डर से हृदय काँपना। डर के मारे छाती धक धक करना।

दहला–संज्ञा पुं० [फा० दह = दस + ला (प्रत्य०)] ताश या गंजीफे का वह पत्ता जिसमें दस बूटियाँ हों। दस चिह्नोंवाला ताश।

† संज्ञा पुं० [सं० थल] थाला। थावला। आलबाल। उ०—(क) कोऊ तुफंग मुहार कहँ दहला कलपद्रुम भाखत अंग को।—शंभु। (ख) रोमलता को अहै दहला यह नाभि को गाड़ कि संभु बखानै।—शंभु।

दहलाना–क्रि० स० [हिं० दहलना] डर से कँपाना। भय से चौंकाना। भयभीत करना।

संयो० क्रि०—देना।

दहलीज़–संज्ञा स्त्री० [फा०] द्वार के चौखट की नीचेवाली लकड़ी जो जमीन पर रहती है। देहली। डेहरी।

मुहा०—दहलीज का कुत्ता = पिछलग्गू। दहलीज न झाँकना = दरवाज़े पर न आना। दहलीज की मिट्टी ले डालना = फेरे पर फेरा करना। बार बार द्वार पर आना।

दहशत–संज्ञा० स्त्री० [फा०] डर। भय। खौफ़।

दहसनी–संज्ञा स्त्री० [फा० दह + सन] दस साल के खाते की बही।

दहा–संज्ञा० पु० [फा० दह] (१) मुहर्रम का महीना। (२) मुहर्रम की १ से १० तारीख का समय। (३) ताज़िया।

क्रि० प्र०—उठना।—निकलना।

दहाई–संज्ञा स्त्री० [फा० दह = दस] (१) दस का मान या भाव। (२) अंकों के स्थानों की गिनती में दूसरा स्थान जिस पर जो अंक लिखा होता है उससे उतने ही गुने दस का बोध होता है। जैसे ८० में दहाई के स्थान पर ८ है जिसका मतलब है कि आठ गुना दस। विशेष—दे० "एकाई"।

दहाड़–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) किसी भयंकर जंतु का घोर शब्द। गरज। जैसे, शेर की दहाड़। (२) रोने का घोर शब्द। आर्त्तनाद। चिल्ला कर रोने की ध्वनि।

मुहा०—दहाड़ मारना, या दहाड़ मारकर रोना = चिल्ला चिल्ला कर रोना।

दहाड़ना–क्रि० अ० [अनु०] (१) किसी भयंकर जंतु का घोर शब्द करना। गरजना। गुर्राना। जैसे, शेर का दहाड़ना। (२) जोर से चिल्लाना। (३) चिल्ला चिल्लाकर रोना।

दहाना–संज्ञा पुं० [फा०] (१) चौड़ा मुँह। द्वार। (२) मशक का मुँह।

मुहा०—दहाना खोलना = (१) मशक का मुँह खोलना। पानी छोड़ना। (२) पेशाब करना। (बाजारू)।

(३) वह स्थान जहाँ नदी दूसरी नदी या समुद्र में गिरती है। मुहाना। (४) मोरी। नाली। (५) लगाम जो घोड़े के मुँह में रहती है।

दहार–संज्ञा पुं० [अ० दयार = प्रदेश] (१) प्रांत। प्रदेश। (२) आस पास का प्रदेश। ग्वँड़।

दहिँगल–संज्ञा पुं० [देश०] कीड़े मकोड़े खानेवाली आठ अंगुल लंबी एक चिड़िया जिसके परों पर सफेद और काली लकीरें होती हैं। यह रह रह कर अपनी पूँछ ऊपर उठाया करती है।

दहिजार†–संज्ञा पुं० दे० "दाढ़ीजार"।

दहिना–वि० [स० दक्षिण] [स्त्री० दाहिनी] शरीर के दो पार्श्वों में से उस पार्श्व का नाम जिधर के अंगों या पेशियों में अधिक बल होता है। बायाँ का उलटा। अपसव्य। जैसे, दहिना हाथ, दहिना पैर, दहिनी आँख।

मुहा०—दहिना कमर पेंच = दहिनी ओर घूमना है। (पालकी के कहार)।

दहिनावर्त्त–वि० दे० "दक्षिणावर्त्त"।

दहिने–क्रि० वि० [हिं० दहिना] दहिनी ओर को। जैसे, वह मकान तुम्हारे दहिने पड़ेगा।

यौ०—दहिने होना = अनुकूल होना। प्रसन्न होना। दहिने बाएँ = इधर उधर। दोनों पार्श्व में। दोनों ओर।

दहियक–संज्ञा० पुं० [फा० दह = दस] दशमांश। दसवाँ हिस्सा।

दहियल–संज्ञा पुं० दे० "दहला"

दही–संज्ञा पुं० [स० दधि] खटाई के द्वारा जमाया हुआ दूध। वह दूध जो खटाई पड़ जाने के कारण जमकर थक्के के रूप में हो गया हो।

विशेष—मिट्टी के बरतन में रखे हुए गरम दूध में थोड़ा सा दही (या और कोई खट्टा पदार्थ) डाल देते हैं जिससे थोड़ी देर में वह थक्के के रूप में जम जाता है। दही दो प्रकार का होता है। एक सजाव या मीठा जिसका घी या मक्खन निकाला हुआ नहीं होता और जिसमें घी से युक्त मलाई की तह होती है। दूसरा छिनुवा या पनिया जो मक्खन निकाले हुए दूध को जमाने से बनता है और घटिया होता है। घी दही को मथ कर ही निकाला जाता है। हिंदुओं के यहाँ दही मंगल-द्रव्यों में से है।

वैद्यक में दही अग्नि-दीपक, स्निग्ध, गुरु, धारक, रक्त-पित्त कारक, बलकारक, शुक्रवर्द्धक, कफवर्द्धक, तथा मूत्रकृच्छ्र, अरुचि, अतीसार, विषमज्वर इत्यादि को दूर करनेवाला माना जाता है। यूरप के बड़े बड़े डाक्टरों ने हाल में परीक्षा द्वारा सिद्ध किया है कि दही से बढ़कर और कोई आयु-

बहुत पदार्थ मनुष्य के लिये नहीं है। इतरती अवस्था में इसका सेवन उन्होंने अत्यंत उपकारी बतलाया है। उनका कथन है कि दही से शरीर में ऐसे कीटाणु उत्पन्न हो जाते हैं जो रक्त क्षीण करनेवाले कीटाणुओं को खाते जाते हैं।

मुहा०—दही का तोड़ = दही का पानी जो कपड़े में रख कर दही को निचोड़ने से निकलता है। दही दही = दहिंगल नाम की चिड़िया की बोली। दही दही करना = किसी चीज को मोल लेने के लिये लोगों से कहते फिरना।

दहुँ*—अव्य० [सं० अथवा] (१) अथवा। या। किंवा। (२) स्यात्। कदाचित्।

दहेंगर—संज्ञा पुं० [हिं० दही + घड़ा] दही का घड़ा।

दहेंड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० दही + हंडी] दही रखने का मिट्टी का बरतन।

दहेज—संज्ञा पुं० [अ० जहेज] वह धन और सामान जो विवाह के समय कन्या-पक्ष की ओर से वर-पक्ष को दिया जाता है। दायजा। यौतुक।

दहेला—वि० [हिं० दहला + एला (प्रत्य०)] [स्त्री० दहेली] (१) जला हुआ। दग्ध। (२) संतप्त। दुखी। उ०—(क) सुनु सजनी मैं रही अकेली बिरह दहेली इत गुरुजन झहरै। (ख) कहाँ गए मनमोहन तजि कै काहे बिरह दहेली है।

वि० [हिं० दहलना] [स्त्री० दहेली] भीगा हुआ। ठिठुरा हुआ। उ०—गाहत सिंधु सयाननि के जिनकी मति की मति वेह दहेली।—केशव।

दहोतरसो—संज्ञा पुं० [सं० दशोत्तरशत] एक सौ दस।

दह्यो†—संज्ञा पुं० दे० "दही"।

दाँ—संज्ञा पुं० [सं० दाच् (प्रत्य०) जैसे, एकदा] दफा। बार। बारी। उ०—जोरि तुरँग रथ एकदाँ रवि न लेत विश्राम। तैसे ही नित पवन कों चलबे ही ते काम।—लक्ष्मणसिंह।

संज्ञा पुं० [फा०] ज्ञाता। जाननेवाला। जैसे, फारसीदाँ। उर्दूदाँ।

दाँई—वि० स्त्री० दे० "दाईं"।

संज्ञा स्त्री० दे० "दाईं"।

दाँक—संज्ञा स्त्री० [सं० द्राघ = चिल्लाना] दहाड़। गरज। किसी प्राणी का भीषण स्वर। उ०—लखन बचन की धाँक सों परयो समाज सनाँक। जिमि सिंधुर गण बाँक में परै सिंह की दाँक।—रघुराज।

दाँकना—क्रि० अ० [हिं० दाँक + ना (प्रत्य०)] गरजना। दहाड़ना। उ०—जैसे व्याल बेंग को ढूंकै पखीरी ताकै हो। जैसे सिंह जानु मुख निरखे परै कूप में दाँकै हो।—सूर।

दाँग—संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) छः रत्ती की तौल। (२) दिशा। तरफ़। ओर। (३) छठाँ भाग।

संज्ञा पुं० [हिं० डंका] नगाड़ा। डंका। उ०—दान दाँग बाजै दरबारा। कीरति गई समुंदर पारा।—जायसी।

संज्ञा पुं० [हिं० डूँगर] (१) टीला। छोटी पहाड़ी। (२) पहाड़ की चोटी।

दाँगर—संज्ञा पुं० दे० "डाँगर"।

दाँगी—संज्ञा स्त्री० [सं० दंडक = डंडा] वह लकड़ी जो जुलाहों की कंघी में लगी रहती है।

दाँज†—संज्ञा स्त्री० [सं० उदाहार्य्य] बराबरी। समता। जोड़। तुलना। उ०—(क) जाके रस को इंद्र हु तरसत सुधउ न पावत दाँज।—देवस्वामी। (ख) न इंदीवरै देह की दाँज पावै। गोराई लखे पीत कंजौ लजावै।—रघुराज।

दाँड़ना—क्रि० स० [सं० दंडन] (१) दंड देना। सज़ा देना। (२) जुरमाना करना।

दांडाजिनिक—संज्ञा पुं० [सं०] वह जो दंड और अजिन धारण करके अपना अर्थ साधन करता फिरे। साधु के वेष में लोगों को धोखा देनेवाला आदमी।

दाँड़ामेड़ा—संज्ञा पुं० दे० "डाँड़ामेड़ा"।

दांडिक—संज्ञा पुं० [सं०] वह जो दंड देने के लिये नियुक्त हो। जल्लाद।

दाँड़ी—संज्ञा पुं० दे० "डाँड़ी"।

संज्ञा स्त्री० दे० "डाँड़ी"।

दाँत—संज्ञा पुं० [सं० दंत] (१) अंकुर के रूप में निकली हुई हड्डी जो जीवों के मुँह, तालू, गले और पेट में होती है और आहार चबाने, तोड़ने तथा आक्रमण करने, जमीन खोदने इत्यादि के काम में आती है। दंत।

विशेष—मनुष्य तथा और दूध पिलानेवाले जीवों में दाँत दाढ़ और ऊपरी जबड़े के मांस में लगे रहते हैं। मछलियों और सरीसृपों में दाँत केवल जबड़ों ही में नहीं तालू में भी होते हैं। पक्षियों में दाँत का काम चोंच से निकलता है, उनके दाँत नहीं होते। असली दाँत मसूड़ों के गड्ढों में जमे रहते हैं। सरीसृप आदि में दाँत का जबड़े की हड्डी से अधिक घनिष्ट लगाव होता है। रीढ़वाले जंतुओं में मुँह को छोड़ स्रोत (भोजन भीतर ले जानेवाले नल) में और कहीं दाँत नहीं होते। बिना रीढ़वाले क्षुद्र जंतुओं में दाँतों की स्थिति और आकृति में परस्पर बहुत विभिन्नता होती है। किसी के मुँह में, किसी की अँतड़ी में अर्थात् स्रोत के किसी स्थान में दाँत हो सकते हैं। केकड़ा, झिंगवा आदि के पेट में महीन महीन दाँत या दंदानेदार हड्डियाँ सी होती हैं। जल के बहुत से कीड़ों में जिनका मुँह गोल या चक्राकार होता है किनारे पर चारों ओर असंख्य महीन दाँतों का मंडल सा होता है। मनुष्य और वनमानुस में दंतावलि पूर्ण होती है, अर्थात् उनमें प्रत्येक

प्रकार के दाँत होते हैं। दाँत तीन प्रकार के होते हैं—(१) चौका या राजदंत वर्ग (सामने के दो बड़े दाँत अर्थात् राजदंत और उनके दोनों पार्श्ववर्ती दाँत), (२) कुकुरदंत वा शूलदंत, जो लंबे और नुकीले होते हैं और राजदंत के बाद दो दो पड़ते हैं, (३) चौभड़ जिनका सिरा चौड़ा और चौकोर होता है और जिनसे पीसा या चबाया जाता है। २१ या २२ वर्ष की अवस्था में जब आखिरी चौभड़ या अकिलदाढ़ निकलती है तब ३२ दाँत पूरे हो जाते हैं। बहुत से दूध पिलानेवाले जीवों को दो बार दाँत निकलते हैं। पहले बचपन में जो दूध के दाँत निकलते हैं वे झड़ जाते हैं। पीछे स्थायी दाँत निकलते हैं। दूध के दाँतों और स्थायी दाँतों की संख्या और आकृति में भी भेद होता है। मनुष्य के बच्चे में दूध के दाँत बीस होते हैं। साँप आदि विषधर जंतुओं के दाँत के भीतर एक नली होती है जिसके द्वारा थैली से विष बाहर होता है।

पर्य्या०—रद। दशन। द्विज। खरु।

यौ०—**दाँत का चौका**=सामने के चार दाँतों की लड़ी।

मुहा०—**दाँत उखाड़ना**=(१) दाँत मसूड़े से अलग करना। (२) मुँह तोड़ना। कठिन दंड देना। **दाँतों उँगली काटना**=दे० "दाँत तले उँगली दबाना"। **दाँतकाटी रोटी**=अत्यंत घनिष्ठ मित्रता। गहरी दोस्ती। घना मेल। जैसे, **राम और श्याम की तो दाँतकाटी रोटी है**। †**दाँत काढ़ना**=दे० "दाँत निकालना"। **दाँत किटकिटाना, दाँत किचकिचाना**=(१) दाँत पीसना। (२) क्रोध से दाँत पीसना। अत्यंत क्रोध प्रकट करना। **दाँत किरकिराना**=(क्रि० अ०) नीचे कंकड़ी, रेत आदि पड़ने के कारण दाँतों का ठीक न चलना। **दाँत किरकिरे होना**=हार मानना। हार जाना। हैरान हो जाना। **दाँत कुरीदने को तिनका न रहना**=पास में कुछ न रह जाना। सर्वस्व चला जाना। **दाँत खट्टे करना**=(१) खूब हैरान करना। (२) किसी प्रकार की प्रतिद्वंद्विता या लड़ाई में परास्त करना। पस्त करना। जैसे, **मरहठों ने मुगलों के दाँत खट्टे कर दिए**। उ०—**नूतन नूतन यंत्र प्रस्तुत कर विलायती व्यापारियों के दाँत खट्टे करने के लिये शनशः प्रयत्न किए जा रहे हैं**।—निबंधमालादर्श। **दाँत खट्टे होना**=हार जाना। पस्त होना। हैरान होना। † **(किसी पर) दाँत गड़ना**=दे० "(किसी पर) दाँत लगना"। **किसी के दाँतों चढ़ना**=(१) किसी के आक्षेप आदि का लक्ष्य होना। किसी को खटकना। (२) बुरी नज़र का निशाना बनना। टोक में आना। हूँस में आना। (स्त्रि०) जैसे, **बच्चा लोगों के दाँतों चढ़ा रहता है इसीसे कुछ नहीं पाता**। **(किसी के) दाँतों चढ़ाना**=(१) किसी पर आक्षेप करते रहना। बुरी दृष्टि से देखना। पीछे पड़ा रहना। (२) नज़र लगाना (स्त्रि०)। **दाँत चबाना**=क्रोध से दाँत पीसना। कोप प्रकट करना। उ०—**दाँत चबात चले मधुपुर तें धाम हमारे को**।—सूर। **दाँत जमना**=दाँत निकलना। **दाँत झड़ना**=दाँत का टूट कर गिरना। **दाँत झाड़ देना**=दाँत तोड़ डालना। कठिन दंड देना। **दाँत टूटना**=(१) दाँत का गिरना। (२) बुढ़ापा आना। **दाँत तले उँगली दबाना**=(१) अचरज में आना। चकित होना। दंग रहना। (२) खेद प्रकट करना। अफसोस करना। (३) संकेत से किसी बात का निषेध करना। इशारे से मना करना। **(जब कोई कुछ अनुचित कार्य्य करने चलता है तब इष्ट मित्र या गुरुजन प्रकट रूप से वारण करने का अवसर न देख दाँतों के नीचे उँगली दबा कर निषेध करते हैं)**। **दाँत तोड़ना**=परास्त करना। पस्त करना। हैरान करना। कठिन दंड देना। उ०—**अलादीन के दाँत तोड़ि निज धर्म बचायो**।—राधाकृष्णदास। **दाँत दिखाना**=(१) हँसना। (२) डराना। घुड़कना। (३) अपना बड़प्पन दिखाना। **दाँत देखना**=घोड़े बैल आदि की उम्र का अंदाज करने के लिये उनके दाँत गिनना। **दाँतों धरती पकड़ कर**=अत्यंत दरिद्रता और कष्ट से। बड़ी किफायत और तकलीफ से। जैसे, **दाँतों धरती पकड़ कर किसी प्रकार दो महीने चलाए**। **दाँत न लगाना**=दाँतों से न कुचलना। जैसे, **दाँत न लगाना, दवा यों ही उतार जाना**। **दाँत निकलना**=बच्चों के दाँत प्रकट होना। दाँत जमना। **दाँत निकालना**=(१) दाँत उखाड़ना। (२) ओठों को कुछ हटा कर दाँत दिखाना। (३) व्यर्थ हँसना। जैसे, **क्यों दाँत निकालते हो सीधे बैठो**। (४) गिड़गिड़ाना। दीनता दिखाना। हा हा खाना। जैसे, **वह दाँत निकाल माँगने लगा, तब कैसे न देते?** (५) मुँह बा देना। दे बोल देना। डर या घबराहट से ठक रह जाना। **(किसी वस्तु का) दाँत निकालना**=फट जाना। दरार से युक्त होना। उधड़ना। जैसे, **जूती का दाँत निकालना, दीवार का दाँत निकालना**। † **दाँत निकोसना**=दे० "दाँत निकालना"। † **दाँत निपोरना**=दे० "दाँत निकालना"। **दाँत पर न रखा जाना**=खटाई के कारण दाँतों को सहन न होना। अत्यंत खट्टा लगना। **दाँत पर मैल न होना**=अत्यंत निर्धन होना। भुक्खड़ होना। उ०—**इसके तो दाँत पर मैल भी नहीं वह तुम्हें देगा क्या?** **दाँतों पर रखना**=चखना। मुँह में डालना। **दाँतों पसीना आना**=कठिन परिश्रम पड़ना। उ०—**इस काम में दाँतों पसीना आवेगा**। **(बच्चे का) दाँतों पर होना**=उस अवस्था को पहुँचना जिसमें दाँत निकलनेवाले हों। **दाँत पीसना**=दाँत पर दाँत रख कर घिसाना। दाँत किटकिटाना। **दाँत बँधवाना**=हिलते हुए दाँतों को तार से कसवाना। **दाँत बजना**=सरदी से दाढ़ के हिलने या काँपने के कारण दाँत पर

दांत पड़ना। दांत खट खट होना। **दांत बजाना** = दांत पर दांत मीसना। दांत किटकिटाना। **दांत बनवाना** = गिरे हुए दांतों के स्थान में हड्डी या सीप आदि के नकली दांत लगवाना। **दांत बैठ जाना** = मूर्च्छा लकवा आदि में पेशियों की स्तब्धता के कारण दांत की ऊपर नीचेवाली पंक्तियों का परस्पर इस प्रकार मिल जाना कि मुँह जल्दी न खुल सके। नीचे ऊपर के जबड़ों का सट जाना। **दांत मसमसाना, दांत मीसना** = दे० "दांत पीसना"। **(किसी का) दांतों में जीभ सा होना** = बैरियों के बीच रहना। शत्रुओं से प्रति क्षण घिरा रहना। **दांतों में तिनका लेना** = दया के लिये बहुत विनती करना। दंड आदि से छुटकारे के लिये बहुत गिड़गिड़ाना। बहुत अधीरता और विनय से क्षमा चाहना। हा हा खाना। **(किसी वस्तु पर) दांत रखना** = (१) लेने की गहरी चाह रखना। प्राप्ति के प्रयत्न में रहना। (२) दंश रखना। किसी के प्रति क्रोध या द्वेष का भाव रखना। बैर लेने का विचार रखना। **(किसी वस्तु पर) दांत लगना** = (१) दांत धँसना। दांत चुभने का घाव होना। (२) लेने की गहरी चाह होना। प्राप्ति की चिंता होना। जैसे, जब कि उस चीज़ पर उसका दांत लगा है तब वह कब तक रह सकती है। (शेर, बिल्ली आदि शिकारी जानवर जिस जंतु को एक बार मुँह से पकड़ लेते हैं फिर उसे जाने नहीं देते। इसीसे यह मुहा० बना है।) **(किसी वस्तु पर) दांत लगाना** = (१) दांत धँसाना। (२) लेने की गहरी चाह रखना। प्राप्ति के प्रयत्न में रहना। लेने की घात में रहना। **दांत से दांत बजाना** = सरदी के कारण दाढ़ के कँपने से दांत पर दांत पड़ना। **दांतों से उठाना** = बड़ी कंजूसी से उठाकर रखना। कृपणता से संचित करना। जैसे, एक दाना गिरे तो यह दांतों से उठावे। **किसी पर दांत होना** = (१) गहरी चाह होना। लेने या पाने की अत्यंत अधिक इच्छा होना। प्राप्ति की इच्छा होना। जैसे, जिस वस्तु पर तुम्हारा दांत है वह कब तक रह सकती है। (२) किसी के प्रति दंश होना। किसी के प्रति क्रोध या द्वेष का भाव होना। किसी से वैर लेने का संकल्प होना। जैसे, जब कि उस पर तुम्हारा दांत है तब वह कितने दिनों तक बच सकता है? **(किसी के) तालू में दांत जमना** = बुरे दिन आना। शामत आना। जैसे, किसके तालू में दांत जमे हैं जो ऐसी बात मुँह से निकाल सके?

(२) दांत के आकार की निकली हुई वस्तु। अंकुर की तरह निकली हुई नुकीली वस्तु जो बहुतों के साथ एक पंक्ति में हो। दंदाना। दांता। जैसे, आरी के दांत, कंघी के दांत।

दांत–वि० [सं०] (१) जिसका दमन किया गया हो। वशीभूत। दबाया हुआ। (२) जिसने इंद्रियों को वश में कर लिया हो। जिसका शरीर तप आदि का क्लेश सह सके। (३) जो दांत का बना हो। (४) दांत-संबंधी।

संज्ञा पुं० (१) मैनफल। (२) पहाड़ पर की बावली। (३) विदर्भ के राजा भीमसेन के दूसरे पुत्र जो दमयंती के भाई थे।

दाँतघुँघुनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० दाँत + घुँघुनी] पोस्ते के दाने की घुँघनी जो बच्चे का पहला दांत निकलने पर बाँटी जाती है।

दाँतना †–क्रि० अ० [हिं० दाँत] (१) दांतवाला होना। जवान होना। (पशुओं के लिये बोलते हैं)। (२) किसी हथियार की धार का इस प्रकार कुंठित होना कि वह कहीं उभर आवे और कहीं दब जाय। मुड़कर जगह जगह गुठला हो जाना। जैसे, कुल्हाड़ी का दाँतना।

दाँतली–संज्ञा स्त्री० [हिं० डाट] डाट। काग।

दाँता–संज्ञा पुं० [हिं० दांत] दांत के आकार का कँगूरा। रंवा। अंकुर की तरह निकली हुई नुकीली वस्तु जो बहुतों के साथ एक पंक्ति में हो। दंदाना।

मुहा०—**दांता पड़ना** = किसी हथियार की धार में गुठले होने के कारण उभार और गड्ढे हो जाना।

दांता–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक अप्सरा का नाम। (महाभारत)

दाँताकिटकिट–संज्ञा स्त्री० [हिं० दाँत + किटकिट (अनु०)] (१) कहा सुनी। झगड़ा। वाग्युद्ध। (२) गाली गलौज।

क्रि० प्र०—करना।—मचना।—होना।

दाँताकिलकिल–संज्ञा स्त्री० दे० "दांताकिटकिट"।

दांति–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) इंद्रियनिग्रह। इंद्रियों का दमन। क्लेश आदि सहने की शक्ति। (२) वश्यता। अधीनता। (३) विनय। नम्रता।

दांतिया–संज्ञा पुं० [?] रेह का नमक। रेहू वा सोडा जिसे पीने के तंबाकू में उसे तेज़ करने के लिये डालते हैं।

दाँती–संज्ञा स्त्री० [सं० दात्री] (१) हँसिया जिससे घास या फसल काटते हैं। (२) वह बड़ा खूँटा जो नाव के घाट पर गड़ा रहता है और जिससे नाव का रस्सा बाँध दिया जाता है। डंडा। (३) भिड़ (बर्रे) की जाति का एक कीड़ा जो बहुत काला होता है। काली भिड़।

संज्ञा स्त्री० [हिं० दाँत] (१) दाँतों की पंक्ति। दंतावलि। बत्तीसी।

मुहा०—**दाँती बैठना वा लगना** = जबड़ों का परस्पर सट जाना। ऊपर नीचे के दांतों का इस प्रकार मिल जाना कि मुँह जल्दी न खुल सके। कच्चा बैठना।

(२) दो पहाड़ों के बीच की सँकरी जगह। दर्रा।

दाँना–क्रि० स० [स० दमन] पकी फसल के डंठलों को बैलों से इसलिये रौंदवाना जिसमें डंठल से दाना अलग हो जाय।

दँवरी करना। उ०—इसलिये यदि यंत्र द्वारा अन्न दाँया जाय तो दो ही तीन दिन में सब दाना भी अलग हो जाय।—खेती की पहली पुस्तक।

दांपत्य–वि० [सं०] स्त्री-पुरुष संबंधी। स्त्री-पुरुष का सा। जैसे, दांपत्य प्रेम, दांपत्य भाव।

संज्ञा पुं० (१) दंपती से संबंध रखनेवाले अग्निहोत्र आदि कर्म। (२) स्त्रीपुरुष के बीच का प्रेम या व्यवहार।

दांभिक–वि० [सं०] (१) दंभयुक्त। वंचक। पाखंडी। आडंबर रचनेवाला। धोखेबाज। (२) अहंकारी। घमंडी।

संज्ञा पु० बगला। बक।

दाँय†–संज्ञा स्त्री० दे० "दँवरी"।

दाँयाँ–वि० दे० "दायाँ"।

दाँवँ–संज्ञा पुं० दे० "दावँ"।

दाँवनी–संज्ञा स्त्री० [स० दामिनी] दामिनी नाम का गहना।

दाँवरी–संज्ञा स्त्री० [सं० दाम] रस्सी। रज्जु। डोरी। उ०—दाँवरि लै बाँधन लगी जसुदा ह्वै बेपीर।—व्यास।

दा–संज्ञा पु० [अनु०] सितार का एक बोल। उ०—दा दिर दा ड़ा इत्यादि।

दाइ*संज्ञा पुं० दे० "दाय" और "दावँ"।

दाइज†–संज्ञा पुं० दे० "दायज"।

दाइजा†–संज्ञा पुं० दे० "दायजा"।

दाईं–वि० स्त्री० [हिं० दायाँ] दाहिनी। जैसे, दाईं आँख।

संज्ञा स्त्री० [सं० दाच् (प्रत्य०), हिं० दाँ (प्रत्य०)] बारी। दफा। बार। उ०—तब नहिं जानेहु पीर पराई। अब कस रोवहु आपनि दाईं।—विश्राम।

दाई–संज्ञा स्त्री० [सं० धात्री, फ़ा० दायः] (१) दूसरे के बच्चे को अपना दूध पिलानेवाली स्त्री। धाय।

यौ०—दाई पिलाई।

(२) वह दासी जो बच्चे की देख रेख रखने या उसे खेलाने के लिये रखी जाय।

यौ०—दाई खेलाई।

(३) वह स्त्री जो स्त्रियों को बच्चा जनने में सहायता देती हो। प्रसूता के उपचार के लिये नियुक्त स्त्री।

यौ०—दाई जनाई।

मुहा०—दाई से पेट छिपाना = जाननेवाले से कोई बात छिपाना। ऐसे मनुष्य से कोई बात गुप्त रखना जो सब रहस्य जानता हो।

संज्ञा स्त्री० [हिं० दादी] (१) पिता की माता। दादी। (२) बड़ी बूढ़ी स्त्री।

*वि० दे० "दायी"।

दाउँ†–संज्ञा पुं० दे० "दाँव"। उ०—सूझ जुआरिहि आपन दाऊँ।—तुलसी।

दाऊ–संज्ञा पुं० [सं० देव] (१) बड़ा भाई। (२) बलदेव। बलराम। कृष्ण के बड़े भाई।

दाऊदखानी–संज्ञा पुं० [फा०] (१) एक प्रकार का चावल। उ०—रायभोग औ काजर रानी। झिन बरूद औ दाउदखानी।—जायसी। (२) उत्तम प्रकार का सफेद गेहूँ। दाऊदी गेहूँ। गंगाजली गेहूँ।

दाऊदिया–संज्ञा पुं० [अ० दाऊद] (१) एक प्रकार का गेहूँ। दे० "दाऊदी" (२) गुलदाबदी फूल। (३) एक प्रकार की आतिशबाजी जो छूटने पर दाऊदी फूल की तरह दिखाई पड़ती है। (४) एक प्रकार का कवच।

दाऊदी–संज्ञा पुं० [अ० दाऊद] एक प्रकार का गेहूँ जिसका छिलका बहुत सफेद और नरम होता है। यह सबसे अच्छा समझा जाता है।

विशेष—कहते हैं कि दिल्ली के बादशाह शाहआलम के एक दरबारी, जिनका नाम दाऊदखाँ था, इस गेहूँ को मिस्र देश से लाए थे।

दाक्षायण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सोना। स्वर्ण। (२) आभूषण आदि सुनहरी चीजें। (३) स्वर्णमुद्रा। मोहर। अशरफी। (४) दक्ष द्वारा किया हुआ एक यज्ञ जिसकी कथा शतपथ ब्राह्मण में है।

वि० (१) दक्ष से उत्पन्न। (२) दक्ष के गोत्र का। (३) दक्ष का। दक्षसंबंधी। जैसे, दाक्षायण यज्ञ।

दाक्षायणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दक्ष की कन्या। (२) अश्विनी आदि नक्षत्र। (३) रोहिणी नक्षत्र। (४) दंती वृक्ष। (५) दुर्गा। (६) कश्यप की स्त्री, अदिति।

वि० [सं० दाक्षायणिन्] सोने का। सुवर्णयुक्त।

दाक्षायणीपति–संज्ञा पुं० [सं०] चंद्रमा।

दाक्षिकंथा–संज्ञा स्त्री० [सं०] वाह्लीक देश।

दाक्षिण–संज्ञा पुं० [स०] एक होम का नाम। (शतपथ ब्राह्मण)

वि० (१) दक्षिण संबंधी। (२) दक्षिणा संबंधी।

दाक्षिणात्य–वि० [सं०] दक्खिनी। दक्षिण देश का। जैसे, दाक्षिणात्य ब्राह्मण।

संज्ञा पुं० (१) दक्षिण देश। भारतवर्ष का वह भाग जो विंध्याचल के दक्षिण पड़ता है। दक्षिण खंड।

विशेष—इस खंड के अंतर्गत महाराष्ट्र, मलाबार, कोंकण, तैलंग, करनाटक, इत्यादि प्रदेश हैं। नर्मदा, ताप्ती, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी दक्षिण की प्रधान नदियाँ हैं। दे० 'तामिल', 'तैलंग', 'महाराष्ट्र'।

(२) दक्षिण देश का निवासी। (३) नारियल।

दाक्षिणिक–संज्ञा पुं० [सं०] वह बंधन जो दक्षिणा प्रधान इष्टापूर्त्त आदि कर्म्मों को कामना वश करने से होता है। (याज्ञवल्क्य)

दाक्षिण्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अनुकूलता। किसी के हित की ओर प्रवृत्त होने का भाव। प्रसन्नता। (२) उदारता। सरलता। सुशीलता। (३) दूसरे के चित्त को फेरने या प्रसन्न करने का भाव। (४) साहित्य में नाटक का एक अंग जिसमें वाक्य या चेष्टा द्वारा दूसरे के उदासीन या अप्रसन्न चित्त को फेर कर प्रसन्न करने का भाव दिखाया जाता है।

वि० (१) दक्षिण का। दक्षिण संबंधी। (२) दक्षिणा संबंधी।

दाक्षी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दक्ष की कन्या। (२) पाणिनि की माता का नाम।

यौ०—दाक्षीपुत्र = पाणिनि।

दाक्ष्य–संज्ञा पुं० [सं०] दक्षता। निपुणता। पटुता। कार्य्यकुशलता।

दाख–संज्ञा स्त्री० [सं० द्राक्षा] (१) अंगूर। (२) मुनक्का। (३) किशमिश।

दाखिल–वि० [फा०] (१) प्रविष्ट। घुसा हुआ। पैठा हुआ। उ०—बीच बगीचा के महल दाखिल भयो प्रशंस।—गुमान।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—दाखिल करना = देना। अदा करना। भर देना। जमा करना। उ०—उसने तुरंत जुरमाना दाखिल कर दिया। दाखिल होना = अदा कर देना। ला कर जमा करना।

(२) शरीक। मिला हुआ। जैसे, किसी गरोह में दाखिल होना। (३) पहुँचा हुआ।

यौ०—दाखिलखारिज। दाखिल-दफ्तर।

दाखिलखारिज–संज्ञा पुं० [फा०] किसी सरकारी काग़ज़ पर से किसी जायदाद के हक़दार का नाम काट कर उस पर उसके वारिस या किसी दूसरे हक़दार का नाम लिखने का काम।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

दाखिल-दफ्तर–वि० [फ़ा०] दफ्तर में इस प्रकार डाल रक्खा हुआ (काग़ज़) जिस पर कुछ विचार न किया जाय।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

दाखिला–संज्ञा पुं० [फ़ा०] (१) प्रवेश। पैठ। (२) किसी संस्था, कार्य्यालय आदि में सम्मिलित किए जाने का कार्य्य। (३) वह कागज जिसमें उस वस्तु का ब्योरा लिखा हो जो कहीं दाखिल या जमा की जाय। (४) वह कागज जिस पर किसी वस्तु के जमा होने, भेजे जाने या पाए जाने की मिति आदि टँकी हो।

दाखी–संज्ञा स्त्री० दे० "दाखी"।

दाग–संज्ञा पुं० [सं० दग्ध] (१) जलाने का काम। दाह। (२) मृतक का दाहकर्म्म। मुर्दा जलाने की क्रिया।

मुहा०—दाग देना = मृतक का दाहकर्म करना। मुरदे का क्रियाकर्म करना।

(३) जलन। डाह। उ०—उर मानिक की उरबसी डटत घटत दृग दाग। झलकत बाहर कढ़ि मनौ पिय हिय को अनुराग।—बिहारी। (४) जलने का चिह्न।

दाग़–संज्ञा पुं० [फ़ा०] [वि० दाग़ी] (१) किसी वस्तु के तल पर रंग का वह भेद जो थोड़े से स्थान पर अलग दिखाई पड़ता है। धब्बा। चित्ती। जैसे, (क) उस बिल्ली की पीठ पर कई रंग के दाग़ हैं। (ख) कपड़े पर का यह दाग़ धोबी से छूटेगा। उ०—तुलसी जो मृग मन मरै परै प्रेम पट दाग।—तुलसी।

क्रि० प्र०—पड़ना।—लगना।

विशेष—इस शब्द का अधिकतर प्रयोग ऐसे धब्बे के लिये होता है जो खटकता या बुरा लगता हो।

मुहा०—सफेद दाग़ = एक प्रकार का कोढ़ जिससे शरीर पर सफेद सफेद धब्बे पड़ जाते हैं। फूल।

(२) निशान। चिह्न। अंक। उ०—मृगनैनी सैनन भजै लखि बेनी के दाग।—बिहारी।

क्रि० प्र०—पड़ना।—लगना।

यौ०—दागबेल।

(३) फल आदि पर पड़ा हुआ सड़ने का चिह्न। (४) कलंक। ऐब। दोष। लांछन। उ०—पुत्र वही मरि जाय जो कुल में दाग लगावै।—गिरिधर।

क्रि० प्र०—लगना।—लगाना।

(५) जलने का चिह्न।

दागदार–वि० [फ़ा०] (१) जिसपर दाग लगा हो। (२) धब्बेदार।

दागना–क्रि० स० [हिं० दाग] (१) जलाना। दग्ध करना। उ०—(क) लोग वियोग विषम विष दागे।—तुलसी। (ख) करि कंद को मंद दुचंद भई फिर दाखन के उर दागति हैं।—पद्माकर। (२) तपे लोहे को छुला कर किसी के अंग को ऐसा जलाना कि चिह्न पड़ जाय। जैसे, साँड़ दागना, घोड़ा दागना।

संयो० क्रि०—देना।

(३) किसी धातु के तपे हुए सांचे को छुला कर अंग पर उसका चिह्न डालना। तप्तमुद्रा से अंकित करना। जैसे, शंख-चक्र दागना। (४) किसी फोड़े आदि पर ऐसी तेज़ दवा लगाना जिससे वह जल या सूख जाय। जैसे, कास्टिक या तेजाब से फुंसी दागना।

संयो० क्रि०—देना।

(५) भरी हुई बंदूक में बत्ती देना। रंजक में आग लगाना।

तोप, बंदूक आदि छोड़ना। जैसे, तोप दागना, बंदूक दागना।

क्रि० स० [फ़ा० दाग़] रंग आदि से चिह्न डालना। दाग लगाना। अंकित करना। उ०—कबहुँक बैठि अंश भुज धरि कै पीक कपोलनि दागे।—सूर।

दागबेल—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० दाग + हिं० बेल] भूमि पर फावड़े वा कुदाल से बनाए हुए चिह्न जो सड़क बनाने, नींव खोदने आदि के लिये एक सीध में डाले जाते हैं। उ०—सबके सब बराबर एक कतार में जैनडोरी डाल कर और दागबेल लगा कर बनाए गए हैं।—शिवप्रसाद।

दागी—वि० [फ़ा० दाग़] (१) जिस पर दाग लगा हो। जिस पर धब्बा हो। (२) जिस पर सड़ने का चिह्न हो। जैसे, दागी फल। (३) कलंकित। दोषयुक्त। लांछित। (४) दंडित जिसको सजा मिल चुकी हो।

दाघ—संज्ञा पुं० [सं०] गरमी। ताप। दाह। जलन। उ०—(क) कहलाने एकत रहत अहि मयूर मृग बाघ। जगत तपोबन सो कियो दीरघ दाघ निदाघ।—बिहारी। (ख) बादि ही चंदन चारु घिसै घनसार घनों घसि पंक बनावत। बादि उसीर समीर चहै दिन रैनि पुरैनि के पात बिछावत। आपुहि ताप मिटी द्विज देव सुदाघ निदाघ कि कौन कहावत। बावरि तू नहिं जानति आज मयंक लजावत मोहन आवत।—द्विजदेव।

दाज†—संज्ञा पुं० [?] (१) अँधेरी रात। (२) अँधेरा।

दाजन†*—संज्ञा स्त्री० दे० "दाझन"।

दाजना*—क्रि० अ० [सं० दग्ध वा दाहन] (१) जलना। (२) ईर्षा करना। डाह करना। उ०—दाजन दे दुर जीवन को अरु लाजन दे सजनी कुल बारे। साजन दे मन को नव नेम निवाजन दे मनमोहन प्यारे। गाजन दे ननदीन 'गुलाब' विराजन दे उर में गुन भारे। भाजन दे गुरु लोगन को डर बाजन दे अब नेह नगारे।—गुलाब।

क्रि० स० जलाना।

दाझन*—संज्ञा स्त्री० [स० दहन] जलन। उ०—पूरे सतगुरु के बिना पूरा शिष्य न होय। गुरु लोभी शिष लालची दूनी दाझन सोय।—कबीर।

दाझना*—क्रि० अ० [सं० दाहन] जलना। संतप्त होना। उ०—कै बिरहिनि कौं मीचु दे कै आपा दिखलाय। आठ पहर का दाझना मोपै सहा न जाय।—कबीर।

क्रि० स० जलाना।

दाटना†—क्रि० स० दे० "डाँटना"।

दाड़क—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दाढ़। डाढ़। (२) दाँत।

दाड़व—संज्ञा पुं० [?] भविष्य ब्रह्मखंड के अनुसार काशी से दो योजन पश्चिम एक ग्राम जिसमें कल्कि भगवान् अधर्मी म्लेच्छों का नाश करके शांति पूर्वक निवास करेंगे।

दाड़स—संज्ञा पुं० [हिं० दाढ़] एक प्रकार का साँप।

दाड़िम—संज्ञा पुं० [सं०] (१) अनार।

यौ०—दाड़िम-प्रिय = सुआ। तोता।

(२) इलायची।

दाड़िम पुष्पक—संज्ञा पुं० [सं०] रोहितक नामक वृक्ष। रोहेड़ा।

दाड़िम-प्रिय—संज्ञा पु० [सं०] शुक। सुआ। तोता।

दाड़िमाष्टक—संज्ञा स्त्री० [सं०] वैद्यक में एक चूर्ण जिसमें अनार का छिलका पड़ता है।

दाड़ी—संज्ञा स्त्री० दे० "दाड़िम"।

दाढ़—संज्ञा स्त्री० [सं० [दंष्ट्रा, प्रा० डड्ढा। मि० सं० दाडक, दाढा] जबड़े के भीतर के मोटे चौड़े दाँत। चौभर।

मुहा०—दाढ़ न लगाना = दाँत से न कुचलना। दाढ़ गरम होना = खाना खाने में आना।

संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) भीषण शब्द। गरज। दहाड़। जैसे, सिंह की दाढ़। (२) चिल्लाहट।

मुहा०—दाढ़ मार कर रोना = खूब चिल्ला चिल्ला कर रोना। उ०—रस्सी कटते ही मुर्दः नीचे गिर पड़ा और गिरते ही दाढ़ें मार मार रोने लगा।

दाढ़ना*—क्रि० स० [सं० दाहन] (१) जलना। आग में भस्म होना। उ०—(क) दाढ़ा राहु केतु गा दाधा। सूरज जरा चांद जर आधा।—जायसी। (ख) देखे लोग विरह दव दाढ़े।—तुलसी। (ग) वेई मजीक निचोल सजे सब देव वेई विरहानल दाढ़ी।—बेनीप्रवीन। (२) संतप्त करना। दुखी करना।

दाढ़ा†—संज्ञा पुं० दे० "दाढ़"।

संज्ञा पुं० [हिं० दाढ] (१) बन की आग। दावानल।

क्रि० प्र०—लगना।

(२) आग। अग्नि।

क्रि० प्र०—लगाना।

(३) दाह। जलन।

मुहा०—दाढ़ा फूँकना = दाह उत्पन्न करना।

दाढ़िका*—संज्ञा स्त्री० [सं०] दाढ़ी।

दाढ़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० दाढ़] (१) चिबुक। (२) ठुड्डी और दाढ़ पर के बाल। श्मश्रु।

विशेष—दे० "डाढ़ी"।

दाढ़ीजार—संज्ञा पुं० [हिं० दाढ़ी + जलना] वह जिसकी दाढ़ी जली हो। एक गाली, जिसे स्त्रियाँ कुपित होने पर पुरुषों को देती हैं। उ०—(क) खीझति मदोवै सविषाद मेघनाद देखि भयो लुनियत सब याही दाढ़ीजार को।—तुलसी।

(ख) अनेक बार मैं कहीं बुझावहू बिभीषणं। न मानि दाढ़िजार को कुठार बंश तीक्ष्णं।—विश्राम।

विशेष—कुछ लोग इस शब्द की व्युत्पत्ति 'दारी = दासी, लौंडी + जार = उपपति,' मानते हैं पर यह ठीक नहीं जान पड़ता।

दात*—संज्ञा पुं० [सं दातव्य] दान। उ०—तुम सब ही के गुरु मानी अति पुर पुर भूतल के सुर तुम्हैं दीजियत दात है। —हनुमान।

संज्ञा पुं० दे० "दाता"। उ०—सतगुरु समानै को सगा सोंध समानै दात।—कबीर।

दातव्य—वि० [स०] देने योग्य।

संज्ञा पुं० (१) देने का काम। दान। (२) दानशीलता। उदारता। उ०—बिन दातव्य द्रव्य नहिं आवै। देश विदेश चहौ फिर आवै।—विश्राम।

दाता—संज्ञा पुं० [स०] (१) वह जो दान दे। दानशील। (२) देनेवाला।

दातापन—संज्ञा पुं० [स० दाता + हिं० पन] दानशीलता।

दातार—संज्ञा पुं० [सं० दाता का बहु०] दाता। देनेवाला। उ०—राजन राउर नाम जसु सब अभिमत दातार। फल अनुगामी महिपमनि मन अभिलाष तुम्हार।—तुलसी।

दाती*—संज्ञा स्त्री० [सं० दात्री] देनेवाली। उ०—पलित केश कफ कंठ विरोध्यो कल न परै दिन राती। माया मोह न छांड़ै तृष्णा ए दोऊ दुखदाती।—सूर।

दातुन—संज्ञा स्त्री० दे० "दतुवन"।

दातून—संज्ञा स्त्री० [सं० दंती] (१) दती की जड़। (२) जमाल गोटे की जड़।

संज्ञा स्त्री० दे० "दतुवन"।

दातृता—संज्ञा स्त्री० [सं०] दानशीलता। देने की प्रवृत्ति।

दातृत्व—संज्ञा पुं० [सं०] दानशीलता। देने की प्रवृत्ति।

दातौन—संज्ञा स्त्री० दे० "दतुवन"।

दात्यूह—संज्ञा पुं० [सं०] (१) पपीहा। चातक। (२) मेघ। बादल।

दात्र—संज्ञा० पुं० [सं०] [स्त्री० अल्प० दात्री] दाँती। हँसिया।

दात्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] देनेवाली।

संज्ञा० स्त्री० [सं०] हँसिया। दाँती।

दाद—संज्ञा स्त्री० [सं० दद्रु] एक चर्मरोग जिसमें शरीर पर उभरे हुए ऐसे चकत्ते पड़ जाते हैं जिनमें बहुत खुजली होती है। दिनाई।

विशेष—दाद विशेषतः कमर के नीचे जंघे के जोड़ के आस पास होती है जहाँ पसीना होकर मरता है। वैद्यक में यह १८ प्रकार के कोढ़ों में गिनी जाती है। डाक्टरों की परीक्षा से पता लगा है कि दाद एक प्रकार की सूक्ष्म खुमी है जो जंतुओं के चमड़े पर छत्ता बाँधकर जम जाती है और उन्हीं के रक्त आदि से पलती है। दाद प्रायः बरसात में गंदे पानी के संसर्ग से होती है। दाद दो प्रकार की होती है एक कागजी, दूसरी भैंसिया। कागजी दाद का छत्ता पतला और छोटा होता है और अधिक नहीं फैलता। भैंसिया दाद भयंकर होती है, इसके छत्ते बड़े और मोटे होते हैं और कभी कभी शरीर भर में फैलते हैं।

यौ०—दादमर्दन।

संज्ञा स्त्री० [फ़ा० दाद] इंसाफ। न्याय। उ०—तिनसों चाहत दाद तैं मन पस कौन हिसाब। छुरी चलावत हैं गरे जे बेकसक कसाब।—रसनिधि।

मुहा०—दाद चाहना = किसी अत्याचार के प्रतीकार की प्रार्थना करना। दाद देना = (१) न्याय करना। उ०—देव तो दया-निकेत देत दादि दीन की पै मेरिये अभाग मेरी बार नाथ ढील की।—तुलसी। (२) सराहना। वाह वाह करना।

दादनी—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] (१) वह जो देना है। वह रकम जिसे चुकाना है। (२) वह रकम जो किसी काम के लिये पेशगी दी जाय। अगता।

दादमर्दन—संज्ञा पुं० [सं० दद्रुमर्दन] एक प्रकार का चकवँड़ जो हिंदुस्तान के बगीचों में प्रायः मिलता है। ऐसा कहा जाता है कि यह पेड़ अमेरिका के टापुओं से लाया गया है, इसीसे इसे विलायती चकवँड़ भी कहते हैं। इसकी पत्तियों को पीसकर लगाने से दाद दूर हो जाती है।

दादरा—संज्ञा पुं० [?] (१) एक प्रकार का चलता गाना। (२) दो अर्द्ध मात्राओं का ताल जिसमें केवल एक आघात होता है। इसमें केवल एक आघात
+ +
होता है। खाली इस में नहीं होता। धा धिन धा

दादस—संज्ञा स्त्री० [हिं० दादा + सास] ददिया सास। अजिया सास। सास की सास।

दादा—संज्ञा पुं० [सं० तात] [स्त्री० दादी] (१) पितामह। पिता का पिता। आजा। (२) बड़ा भाई। (३) बड़े बूढ़ों के लिये आदरसूचक शब्द।

दादि*†—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० दाद] न्याय। इंसाफ। उ०—(क) लागैगी पै लाज वा विराजमान बिरदाई महाराज आजु जो न देत दादि दीन की।—तुलसी। (ख) दई दीनहि दादि सो सुनि सुजन सदन बधाई।— तुलसी। (ग) कृपासिंधु जन दीन दुवारे दादि न पावत काहे।—तुलसी।

क्रि० प्र०—चाहना।—देना।—पाना।—माँगना।

दादी—संज्ञा स्त्री० [हिं० दादा] पिता की माता। दादा की स्त्री।

संज्ञा पुं० [फ़ा० दाद] दाद चाहनेवाला। फरियादी। न्याय का प्रार्थी।

यौ०—दादी फरियादी ।

दादु†*—संज्ञा स्त्री० [सं० दद्रु] दाद । दिनाई । उ०— ममता दादु कंडु इरषाई । हरष विषाद गरह बहुताई ।—तुलसी ।

दादुर*—संज्ञा पुं० [सं० दर्दुर] मेढ़क । मंडूक । उ०—दादुर धुनि चहुँ ओर सोहाई । वेद पढ़ैं जनु बटुसमुदाई ।—तुलसी ।

दादू† —संज्ञा पुं० [अनु० दादा] (१) दादा के लिये संबोधन या प्यार का शब्द । (२) 'भाई' आदि के समान एक साधारण संबोधन । (३) एक साधु का नाम जिनके नाम पर एक पंथ चला है । ऐसा प्रसिद्ध है कि दादू अहमदाबाद के एक धुनिया थे । १२ वर्ष की अवस्था ही में इन्होंने अपना नगर परित्याग किया और अजमेर, कल्याणपुर आदि स्थानों में कुछ दिनों रह कर अंत में ३७ वर्ष की अवस्था में जयपुर से बीस कोस पर नरैन नामक स्थान में निवास किया । कहते हैं कि यहाँ इन्हें आकाशवाणी हुई जिसके पीछे ये बहुत दिनों तक गुप्त रहे । कबीरपंथियों में प्रसिद्ध है कि दादू कबीरपंथी थे और गुरुपरंपरा में कबीर से छुटे थे । दादू ने भी कबीर के समान ही राम नाम के रूप में निर्गुण परब्रह्म की उपासना चलाई है । अकबर के समय में दादू अच्छे पहुँचे हुए साधुओं में गिने जाते थे ।

दादूदयाल—संज्ञा पुं० दे० "दादू" ।

दादूपंथी—संज्ञा पुं० [हिं० दादू + पंथी] दादू नामक साधु का अनुयायी ।

विशेष—दादूपंथी तीन प्रकार के होते हैं—विरक्त, नागा और विस्तरधारी । विरक्त केवल जलपात्र और कौपीन रखते हैं । नागे लोग लड़ाके होते हैं और राजाओं की सेना में भरती होते हैं । विस्तरधारी गृहस्थ होते हैं ।

दाध*—संज्ञा स्त्री० [सं० दाह] जलन । दाह । ताप । उ०—(क) सही न जाय विरह कर दाधा ।—जायसी । (ख) हाड़ चून भे बिरहै दही । जानै सोइ जो दाध हमि सही ।—जायसी । (ग) जहँ तहँ भूमि जरी भा रेहू । विरह की दाध भई जनु खेहू ।—जायसी । (घ) जेहि तन नेह दाध तेहि दूना ।—जायसी ।

विशेष—जायसी ने इस शब्द को कहीं स्त्रीलिंग माना है और कहीं पुल्लिंग ।

दाधना*—क्रि० स० [स० दग्ध] जलाना । भस्म करना । उ०—(क) दाढा राहु केतु गा दाधा । सूरज जरा चाँद जर आधा ।—जायसी । (ख) ते यह जिउ डाढे पर दाधा । आधा निकस, रहा घट आधा ।—जायसी ।

दाधीचि—संज्ञा पु० [सं० दधीचि] दधीचि के वंश का मनुष्य । दधीचि का गोत्रज ।

दान—संज्ञा पुं० [स०] (१) देने का कार्य । जैसे, ऋणदान । (२) लेनेवाले से बदले में कुछ न चाह कर या लेकर उदारता वश देने का कार्य्य । धर्म्म के भाव से देने की क्रिया । वह धर्मार्थ कर्म जिसमें श्रद्धा या दयापूर्वक दूसरे को धन आदि दिया जाता है । खैरात ।

क्रि० प्र०—करना ।—देना ।

यौ०—कन्यादान । गोदान । दानपुण्य । दान-दहेज ।

विशेष—स्मृतियों में दान के प्रकरण में अनेक बातों का विचार किया गया है । सब से अधिक जोर दान-ग्रहण करनेवाले की पात्रता पर किया गया है । दान के पात्र ब्राह्मण कहे गए हैं । ब्राह्मणों में वेदपाठी, वेदपाठियों में वेदोक्त-कर्म्म के कर्त्ता और उनमें भी शम दम आदि से युक्त आत्मज्ञानी श्रेष्ठ हैं । दानों का विशेष विधान यज्ञ, श्राद्ध आदि कर्मों के पीछे है । इस प्रकार का दान अंधे, लूले, लंगड़े, गूँगे आदि विकलांगों को देने का निषेध है । दान के लिये दाता में श्रद्धा होनी चाहिए और उसे लेनेवाले से कुछ प्रयोजन-सिद्धि की अपेक्षा न रखनी चाहिए । शुद्धितत्त्व में दान के छः अंग बतलाए गए हैं—दाता, प्रतिग्रहीता, श्रद्धा, धर्म्म, देश और काल । दान के उत्तम और निकृष्ट होने का विचार इन छः अंगों के अनुसार होता है—अर्थात् दाता के विचार से (जैसे, श्वपच, कुलटा आदि का दिया हुआ), प्रतिग्रहीता के विचार से (जैसे, पतित ब्राह्मण को दिया हुआ), श्रद्धा के विचार से (जैसे, तिरस्कारपूर्वक दिया हुआ), देश के विचार से (जैसे गंगा के तट पर दिया हुआ) और काल के विचार से (जैसे, ग्रहण के समय का) । इनके अतिरिक्त द्रव्य का भी विचार किया जाता है कि जो धन दान में दिया जाय वह कैसा होना चाहिए । देवल ने लिखा है कि जो धन दूसरे को पीड़ित करके न प्राप्त हुआ हो अपने परिश्रम से प्राप्त हुआ हो वही दान के योग्य है । जिस प्रकार दान का फल कहा गया है उसी प्रकार दान के त्याग का भी फल कहा गया है । याज्ञवल्क्य स्मृति में लिखा है कि "जो प्रतिग्रह में समर्थ अर्थात् दान लेने का पात्र होकर भी प्रतिग्रह नहीं लेता वह दानियों के जो स्वर्ग आदि लोक हैं उन सबको प्राप्त होता है" । इसीसे बहुत से स्थानों के ब्राह्मण प्रतिग्रह कभी नहीं लेते । वेदों और स्मृतियों में कहे हुए दानों के अतिरिक्त ग्रहों की शांति आदि के लिये भी कुछ दान किए जाते हैं जिनका लेना बुरा समझा जाता है, शनैश्चर का दान सबसे बुरा समझा जाता है जिसमें तेल, लोहा, काला तिल, काला कपड़ा दिया जाता है । दान के विषय में संस्कृत में अनेक आचार्यों के अनेक ग्रंथ हैं ।

(३) वह वस्तु जो दान में दी जाय । (४) कर । महसूल । चुंगी । टैंगा । उ०—तुम समरथ की बाम कहा काहू को करिहौ । चोरी जातीं बेंचि दान सब दिन को भरिहौ । —सूर । (५) राजनीति के चार उपायों में से एक । कुछ दे कर शत्रु के विरुद्ध कार्य्यसाधन की नीति । (६) हाथी का

मद। उ०—(क) रचित भृंग घंटावली झरत दान मधु-नीर। मंद मंद आवत चल्यो कुंजर कुंज-समीर।—बिहारी। (ख) सुरसरि में दिग्गज दान-मलिन जलही भर। कंचन कमलालय हुए तदीय सरोवर।—महाबीर-प्रसाद। (ग) दान देत यौं शोभियत दीन नरनि के हाथ। दान सहित ज्यौं राज ही मत्त गजन के साथ।—केशव। (७) छेदन। (८) शुद्धि। (९) एक प्रकार का मधु।

दानक—संज्ञा पुं० [सं०] कुत्सित दान। बुरा दान।

दानकुल्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] हाथी का मद।

दानधर्म्म—संज्ञा पुं० [सं०] दान देने का धर्म्म। दान पुण्य।

दानपति—संज्ञा पुं० [सं०] (१) सदा दान देनेवाला। (२) अक्रूर का एक नाम जो स्यमंतक मणि के प्रभाव से प्रति दिन दान दिया करता था। (३) एक दैत्य का नाम।

दानपत्र—संज्ञा पुं० [सं०] वह लेख या पत्र जिसके द्वारा कोई संपत्ति किसी को प्रदान की जाय।

विशेष—प्राचीन काल में दानपत्र ताम्रपत्र आदि पर खोदे जाते थे। अनेक राजाओं के ऐसे दानपत्र मिलते हैं जिनसे बहुत सी ऐतिहासिक बातों का पता लगता है।

दानपात्र—संज्ञा पुं० [सं०] वह व्यक्ति जो दान पाने के उपयुक्त हो। दान देने के लिये उपयुक्त व्यक्ति।

दानलीला—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) कृष्ण की वह लीला जिस में उन्होंने ग्वालिनों से गोरस बेचने का कर वसूल किया था। (२) कोई ग्रंथ जिसमें इस लीला का वर्णन किया गया हो।

दानव—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० दानवी] कश्यप के वे पुत्र जो 'दनु' नाम्नी पत्नी से उत्पन्न हुए। असुर। राक्षस।

विशेष—मायावी दानवों का उल्लेख ऋग्वेद में है। महाभारत के अनुसार दक्ष की कन्या दनु से शंबर, नमुचि, पुलोमा, असिलोमा, केशी, विप्रचित्ति, दुर्जय, अयःशिरा, विरूपाक्ष, महोदर, सूर्य्य, चंद्र इत्यादि चालीस पुत्र उत्पन्न हुए जिनमें विप्रचित्ति राजा हुआ। दानवों में जो सूर्य्य और चंद्र हुए उन्हें देवताओं से भिन्न समझना चाहिए। भागवत में दनु के ६१ पुत्र गिनाए गए हैं। मनुस्मृति में लिखा है कि दानव पितरों से उत्पन्न हुए। मरीचि आदि ऋषियों से पितर उत्पन्न हुए, पितृगणों से देव दानव और देवताओं से यह चराचर जगत् आनुपूर्विक क्रम से उत्पन्न हुआ।

दानवगुरु—संज्ञा पुं० [सं०] शुक्राचार्य्य।

दानवज्र—संज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक प्रकार के अश्व जो देवताओं और गंधर्वों की सवारी में रहते हैं, कभी बूढ़े नहीं होते और मन की तरह वेगवान् होते हैं।

दानवारि—संज्ञा पुं० [सं०] (१) विष्णु। (२) देवता। (३) इंद्र।

दानवारि—संज्ञा पुं० [सं०] हाथी का मद।

दानवी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक दानव की स्त्री। (२) दानव जाति की स्त्री। राक्षसी।

वि० [सं० दानवीय] दानवों की। दानव संबंधी। जैसे दानवी माया।

दानवीर—संज्ञा पुं० [सं०] दान देने में साहसी पुरुष। वह जो दान देने से न हटे। अत्यंत दानी।

विशेष—साहित्य में वीर रस के अंतर्गत चार प्रकार के जो वीर गिनाए गए हैं उनमें एक दानवीर भी है। दानवीरता में त्याग के विषय में उत्साह स्थायी भाव है; याचक आलंबन है; अध्यवसाय (तीर्थगमन आदि) और दान-समय ज्ञान आदि उद्दीपन विभाव है, सर्वस्व त्याग आदि अनुभाव तथा हर्ष और धृति आदि संचारी भाव हैं।

दानवेंद्र—संज्ञा पुं० [सं०] राजा बलि।

दानशील वि० [सं०] दानी। दान करनेवाला।

दानशीलता—संज्ञा स्त्री० [सं०] दान करने की प्रवृत्ति। उदारता।

दानसागर—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का महादान जिसका प्रचार बंगदेश में है और जिसमें भूमि, आसन, आदि सोलह पदार्थों का दान किया जाता है।

दानांतराय—संज्ञा पुं० [सं०] जैनशास्त्र के अनुसार वह अंतराय या पापकर्म्म जिसके उदय से दान के योग्य द्रव्य और पात्र पा कर भी मनुष्य को दान करने में विघ्न होते हैं और वह दान नहीं कर सकता।

दाना—संज्ञा पुं० [फा० दानः] (१) अनाज का एक बीज। अन्न का एक कण। कन।

यौ०—दाना दुनका = अन्न के दो चार कण। थोड़ा सा अन्न।

मुहा०—दाने दाने को तरसना = अन्न का कष्ट सहना। भोजन न पाना। दाने को मुहताज = अत्यंत दरिद्र। दाना बदलना = एक पक्षी का अपने मुँह का दाना दूसरे पक्षी के मुँह में डालना। चारा बाँटना। दाना भराना = चिड़ियों को अपने बच्चों के मुँह में चारा डालना।

(२) अनाज। अन्न। जैसे, तुम तो इतने दुबले हो कि जान पड़ता है कि कभी दाना नहीं पाते।

यौ०—दाना चारा। दाना पानी।

(३) सूखा भुना हुआ अन्न। चबेना। चर्वण।

क्रि० प्र०—चबाना या चाबना।—भुनाना।

(४) कोई छोटा बीज जो बाल, फली या गुच्छे में लगे। जैसे, राई का दाना, पोस्ते का दाना। (५) ऐसे फल के अनेक बीजों में से एक जिसके बीज कड़े गूदे के साथ बिलकुल मिले हुए अलग अलग निकलें। जैसे, अनार का दाना।

विशेष—आम, कटहल, लीची इत्यादि फलों के बीजों को दाना नहीं कहते।

(६) कोई छोटी गोल वस्तु जो प्रायः बहुत सी एक में गूँथ,

पिरो, या जोड़ कर काम में लाई जाती हो। जैसे, मोती का दाना। उ०—बरसैं सु बूदैं मुकतान ही के दाने सी :—पद्माकर।

(७) ऐसी बहुत सी छोटी वस्तुओं में (या अंगों) में से एक जिनके एक में गूँथने या जोड़ने से कोई बड़ी वस्तु बनी हो। जैसे, घुँघरू का दाना, बाजूबंद का दाना। (८) माला की गुरिया। मनका। उ०—गले में सोने के बड़े बड़े दाने पड़े हैं।—प्रताप। (९) गोल या पहलदार छोटी वस्तुओं के लिये संख्या के स्थान पर आनेवाला शब्द। अदद। जैसे, चार दाने मिर्च, चार दाने अंगूर। (१०) रवा। कण। कणिका। जैसे, दानेदार घी या शराब। (११) किसी सतह पर के छोटे छोटे उभार जो टटोलने से अलग अलग मालूम हों। जैसे, नारंगी के छिलके पर के दाने, दानेदार चमड़ा। (१२) शरीर के चमड़े पर महीन महीन उभार जो खुजलाने या रोग आदि के कारण हो जाते हैं। जैसे, अँभौरी या पित्ती के दाने, चेचक के दाने। (१३) बरतन की नक्काशी में गोल उभार। (कसेरे)

क्रि० प्र०—देना।

मुहा०—दाने का माल = वह बरतन जिसकी नक्काशी उभारी नहीं जाती।

वि० [फा० दाना] बुद्धिमान। अक्लमंद।

दानाई—संज्ञा स्त्री० [फ़ा०] अक़्लमंदी।

दानाकेश—संज्ञा पुं० [?] एक प्रकार का जरदोजी का कपड़ा जो चोगे के ऊपर पहिना जाता है।

दानाचारा—संज्ञा पुं० [फा० दाना + हिं० चारा] खाना पीना। भोजन। आहार।

क्रि० प्र०—करना।

दानाध्यक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] वह जिसके द्वारा दान किया हुआ द्रव्य ब्राह्मणों में बाँटा जाय। राजाओं के यहाँ दान का प्रबंध करनेवाला कर्म्मचारी।

दाना पानी—संज्ञा पुं० [फ़ा० दाना + हिं० पानी] (१) खान पान। अन्न जल।

क्रि० प्र०—करना।

मुहा०—दाना पानी छोड़ना = अन्न जल ग्रहण न करना। न कुछ खाना न पीना। उपवास करना। दाना पानी छूटना = रोग के कारण कुछ खाया पीया न जाना।

(२) भरण पोषण का आयोजन। जीविका।

मुहा०—दाना पानी उठना = जीविका न रहना।

(३) रहने का संयोग। जैसे, जहाँ का दाना पानी होगा वहाँ जायँगे।

दानाबंदी—संज्ञा स्त्री० [फा० दाना + बंदी] खड़ी फसल से उपज का अंदाज करने के लिये खेत को नापने का काम।

दानिनी—संज्ञा स्त्री० [स०] दान करनेवाली स्त्री।

दानिया—संज्ञा पुं० दे० "दानी"।

दानिस—संज्ञा स्त्री० [फ़ा० दानिस्त] (१) समझ। बुद्धि। (२) राय सम्मति।

दानी—वि० [स० दानिन्] [स्त्री० दानिनी] जो दान करे। उदार।

संज्ञा पुं० दान करनेवाला व्यक्ति। दाता।

संज्ञा पुं० [सं० दानीय] (१) कर संग्रह करनेवाला। महसूल उगाहनेवाला। दान लेनेवाला। उ०—(क) आय समुंद ठा भा होइ दानी के रूप।—जायसी। (ख) परुसत रवा ग्वार सब जेंवत मध्य कृष्ण सुखकारी। सूर श्याम दधि दानी कहि कहि आनँद घोष कुमारी।—सूर।

(२) पर्वतिया नैपालियों की एक जाति।

दानीय—वि० [सं०] दान करने योग्य।

दानेदार—वि० [फ़ा०] जिसमें दाने हों। रवादार। जैसे, दानेदार गुड़। दानेदार राब।

दानो‡*—संज्ञा पुं० दे० "दानव"।

दाप—संज्ञा पुं० [सं० दर्प, प्रा० दप्प] (१) अहंकार। घमंड। अभिमान। गर्व। (२) शक्ति। बल। जोर। उ०—राव बान छुआ नहिं चापा। हारे सकल भूप करि दापा।—तुलसी (३) उत्साह। उमंग। (४) रोब। दबदबा। आतंक। तेज। प्रताप। (५) क्रोध। उ०—सर संधान कीन्ह करि दापा।—तुलसी। (६) जलन। ताप। दुःख। उ०—दिए क्रोध करि शिवहि सराप। करौ कृपा जु मिटै यह दाप।—सूर

दापक—संज्ञा पुं० [सं० दर्पक] दबानेवाला। उ०—सो प्रभु जल थल सब व्यापक। जो है कंस दर्प को दापक।—सूर

दापना*—क्रि० स० [हिं० दाप] (१) दाबना। दबाना। (२) मन करना। रोकना। उ०—मानै न जाय गोपाल के गेह घरी घरी धाय कितेकऊ दापति।—गोकुल।

दाब—संज्ञा स्त्री० [सं० दर्प, हिं० दाप] (१) दबने या दबाने का भाव। एक वस्तु का दूसरी वस्तु पर उस ओर को जो जिस ओर वह दूसरी वस्तु हो। अपनी ओर को खींचनेवाला जोर का उलटा। चाँप।

क्रि० प्र०—पहुँचाना।—लगाना।

(२) किसी वस्तु का वह जोर जो नीचे की वस्तु पर पड़े। भार। बोझा। जैसे, इस पर पत्थर की दाब पड़ी है इसी से यह चिपटा हो गया है।

क्रि० प्र०—डालना।—पड़ना।

मुहा०—किसी की दाब तले होना = किसी के वश में या अधीन होना।

(३) आतंक। अधिकार। रोब। आधिपत्य। शासन। बड़े का प्रबल के प्रति छोटे या अधीन का संकोच या भय और छोटे या अधीन के प्रति बड़े या प्रबल का प्रभुत्व।

मुहा०—दाव दिखाना—अधिकार जताना। हुकूमत या डर दिखाना। प्रभुत्व प्रकट करना। दाव मानना=किसी बड़े से डरना या सहमना। प्रभुत्व स्वीकार करना। वश में रहना। उ०—वह लड़का किसी की दाव नहीं मानता। दाव में रखना—शासन में रखना। जैसे, लड़के को दाव में रखो, नहीं तो बिगड़ जायगा। दाव में लाना=शासन के अंतर्गत करना। वश में करना। दाव में होना=वश में होना। अधीन होना।

दावकस—संज्ञा पुं० [हिं० दाव+कसना] लोहारों के छेदने के औजारों (किरकिरा, बरदुआ आदि) का एक हिस्सा।

दावदार—वि० [हिं० दाव+फा० दार] रोबदार। आतंक रखनेवाला। प्रभावशाली। प्रतापी। उ०—दावदार निरखि रिसानेा दीह दलराय, जैसे गढ़दार अड़दार गजराज को।—भूषण।

दाबना—क्रि० स० दे० "दबाना"।

दाबा—संज्ञा पुं० [हिं० दाब] कलम लगाने के लिये पौधों की टहनी को मिट्टी में गाड़ने या दबाने का काम।

संज्ञा पुं० [देश०] आठ नौ अंगुल लंबी एक मछली जो सिंध, युक्त प्रदेश और बंगाल की नदियों में पाई जाती है।

दाबिल—संज्ञा पुं० [हिं० दाब] एक बड़ी सफेद चिड़िया जिसकी चोंच दस बारह अंगुल लंबी और छोर पर पैसे की तरह गोल और चिपटी होती है।

दाबी—संज्ञा स्त्री० [हिं०] कटी हुई फसिल के बराबर बराबर बँधे हुए पूले जो मजदूरी में दिए जाते हैं।

दाभ—संज्ञा पुं० [सं० दर्भ] एक प्रकार का कुश। डाभ।

दाभ्य—संज्ञा पु० [सं०] शासन के योग्य। जो शासन में आ सके।

दाम—संज्ञा पुं० [सं०] (१) रस्सी। रज्जु।

यौ०—दामोदर।

(२) माला। हार। लड़ी। उ०—(क) तेहि के रचि रचि बंध बनाए। बिच बिच मुकुता दाम सुहाए।—तुलसी। (ख) कहुँ क्रीड़त कहुँ दाम बनावत कहूँ करत शृंगार।—सूर। (३) समूह। राशि। (४) लोक। विश्व।

यौ०—दामोदर।

संज्ञा पुं० [फा०, मिलाओ सं०] जाल। फंदा। पाश। उ०—लोचन चोर बाँधे श्याम। जात ही उन तुरत पकरे कुटिल अलकनि दाम।—सूर।

संज्ञा पुं० [हिं० दमड़ी] (१) पैसे का चौबीसवाँ या पचीसवाँ भाग। एक दमड़ी का तीसरा भाग। उ०—कुटिल अलक छुटि परत मुख बढ़िगो इतो उदोत। बंक विकारी देत जिमि दाम रुपैया होत।—बिहारी।

मुहा०—दाम दाम भर देना=कौड़ी कौड़ी चुका देना। कुछ (ऋण) बाकी न रखना। दाम दाम भर लेना=कौड़ा कौड़ा ले लेना। कुछ बाकी न छोड़ना।

(२) वह धन जो किसी वस्तु के बदले में बेंचनेवाले को दिया जाय। मूल्य। कीमत। मोल। उ०—बिन दामन हित हाट में नेही सहज बिकात।—रसनिधि।

क्रि० प्र०—देना।—लेना।

मुहा०—दाम उठना=किसी वस्तु की कीमत वसूल हो जाना। बिक जाना। दाम करना=(किसी वस्तु का) मोल ठहराना। मूल्य निश्चित करना। कीमत तै करना। मोल भाव करना। दाम खड़ा करना=कीमत वसूल करना। दाम चुकाना=(१) मूल्य दे देना। (२) कीमत ठहराना। मोल भाव तै करना। दाम देने आना=मूल्य देने के लिये विवश होना। किसी वस्तु को नष्ट करने पर उसका मूल्य देना पड़ना। नुकसानी देना पड़ना। दाम भरना=किसी वस्तु को नष्ट करना पर दंड स्वरूप उसका मूल्य दे देना। नुकसानी देना। डाँड़ देना। दाम भर पाना=सारा मूल्य पा जाना।

(३) धन। रुपया पैसा। जैसे, दाम करे काम। उ०—कामिहिं नारि पियारि जिमि लोभिहि प्रिय जिमि दाम।—तुलसी। (४) सिक्का। रुपया। उ०—जो पै चेराई राम की करतो न लजातो। तो तू दाम कुदाम ज्यों कर कर न बिकातो।—तुलसी।

मुहा०—चाम के दाम चलाना=अधिकार या अवसर पा कर मनमाना अंधेर करना। दे० 'चाम'। उ०—दिन चारिक तू पिय प्यारे के प्यार सों चाम के दाम चलाय ले री।—परमेश।

(५) दाननीति। राजनीति की एक चाल जिसमें शत्रु को धन द्वारा वश में करते हैं। उ०—साम दाम अरु दंड विभेदा। नृप उर बसहि नाथ कह बेदा।—तुलसी।

वि० [सं०] देनेवाला। दाता।

दामकंठ—संज्ञा पुं० [सं०] एक गोत्र-प्रवर्त्तक ऋषि का नाम।

दामक—संज्ञा पु० [सं०] (१) गाड़ी के जुए की रस्सी। (२) लगाम। बागडोर।

दामग्रंथि—संज्ञा पुं० [सं०] राजा विराट का सेनापति। (महाभारत)

दामचंद्र—संज्ञा पुं० [सं०] द्रुपद राजा के एक पुत्र का नाम।

दामन्—संज्ञा पुं० [सं०] (१) रस्सी। (२) माला।

दामन—संज्ञा पु० [फा०] (१) अंगे, कोट, कुर्ते इत्यादि का निचला भाग। पल्ला।

यौ०—दामनगीर।

(२) पहाड़ों के नीचे की भूमि। पर्वत। (३) बादबान।

क्रि० प्र०—छोड़ना।

(४) नाव या जहाज के जिस ओर हवा का धक्का लगता हो उस के सामने की दिशा। (लश०)

दामनगीर—वि० [फा०] (१) पीछे पड़नेवाला। सिर होनेवाला। पीछे पड़नेवाला। चलनेवाला। उ०—अपनो पिंड पोषिबे

कारन कोटि सहस जिय मारे। इन पापन ते क्यौं उबरोगे दामनगीर तिहारे ?—सूर।

मुहा०—दामनगीर होना = पीछे लगना। ऊपर आ पड़ना। ग्रसना या घेरना। (कष्टदायक वस्तु के लिये) जैसे, बला दामनगीर होना।

(२) दावा करनेवाला। दावेदार। उ०—बापुरो आदिलसाह कहाँ कहँ दिल्ली को दामनगीर सिवाजी।—भूषण।

दामनपर्व—संज्ञा पुं० [सं० दामनपर्व्वन्] चैत्र शुक्ला चतुर्दशी का पर्व।

दामनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] रस्सी। रज्जु।

संज्ञा स्त्री० [फा०] वह चौड़ा कपड़ा जो घोड़ों की पीठ पर डाला जाता है।

दामर—संज्ञा स्त्री० [देश०] (१) राल जो दरार भरने के लिये नावों में लगाई जाती है। (२) दे० "डामर"।

संज्ञा स्त्री० [?] छोटे कान की भेड़। (गड़ेरिये)

दामरि—संज्ञा स्त्री० दे० "दामरी"।

दामरी—संज्ञा स्त्री० [सं० दाम] रस्सी। रज्जु। उ०—ज्ञान भक्ति दोऊ बिना हरि नहिं बाँधे जात। यहै कहत सी दामरी घटि गह हरि के गात।—व्यास।

दामलिप्त—संज्ञा पुं० दे० "ताम्रलिप्त"।

दामा*—संज्ञा स्त्री० [सं० दावा] दावानल। उ०—नंद के किशोर ऐसो आजु प्रभु को है कहौ पान करि लीन्हों ब्रज दीन देखि दामा को।—विश्राम।

दामाद—संज्ञा पुं० [फा०, मिलाओ सं० जामातृ] पुत्री का पति। जमाई। जामाता।

दामासाह—संज्ञा पुं० [हिं० दाम + साहु = बनिया] वह दिवालिया महाजन जिसकी जायदाद उसके लहनेदारों के बीच हिस्से के मुताबिक बँट जाय।

दामासाही—संज्ञा स्त्री० [हिं० दामासाह] किसी दिवालिये महाजन की जायदाद में से एक एक लहनेदार को मिलनेवाली रकम का निर्णय।

दामिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बिजली। विद्युत्। उ०—दामिनि दमकि रही घन माहीं।—तुलसी। (२) स्त्रियों का एक शिरोभूषण जिसे बेंदी वा बिंदिया भी कहते हैं। दाँवनी। उ०—दामिनी सी दामिनी सुभामिनी सँवारि सीस, कहती कुँवर होत कामिनी के क्यों लजात।—रघुराज।

दामी—संज्ञा स्त्री० [हिं० दाम] कर। मालगुजारी।

दामोद—संज्ञा पुं० [सं०] अथर्ववेद की एक शाखा का नाम।

दामोदर—संज्ञा पुं० [सं०] (१) श्रीकृष्ण। (२) विष्णु।

विशेष—इस नाम के तीन भिन्न भिन्न हेतु बतलाए गए हैं। हरिवंश में लिखा है कि यमलार्जुन के गिरने के समय यशोदा ने ताड़ना के लिये श्रीकृष्ण को पेट में रस्सी लगा कर बाँधा था इसीसे गोपियाँ उन्हें दामोदर कहने लगीं। यही हेतु सबसे प्रसिद्ध है। विष्णुसहस्र नाम के भाष्यकार ने भी यही व्युत्पत्ति लिखी है। कुछ लोग दाम शब्द से विश्व वा लोक का ग्रहण करते हैं—'जिसके उदर में सारा विश्व हो'। कुछ लोग 'दामाद्दामोदरं विदुः' महाभारत के इस वाक्य के अनुसार दम अर्थात् इंद्रिय-निग्रह में अत्यंत उदार या श्रेष्ठ अर्थ करते हैं।

(३) एक जैन तीर्थंकर का नाम। (४) बंगाल की एक नदी जो छोटा नागपुर के पहाड़ों से निकल कर भागीरथी में मिलती है।

दायँ*†—संज्ञा पु० दे० "दावँ"।

संज्ञा स्त्री० दे० "दाईं"।

संज्ञा स्त्री० [सं० दमन] दाना और भूसा अलग करने के लिये कटी हुई फसल के डंठलों को बैलों से रौंदवाने का काम। दवँरी।

क्रि० प्र०—चलाना।

संज्ञा स्त्री० [?] बराबरी। तुल्यता। दे० "दाँज"

दाय—संज्ञा पुं० [सं०] (१) देने योग्य धन। वह धन जो किसी को देने को हो। (२) दायजे, दान आदि में दिया जानेवाला धन। (३) वह पैतृक वा संबंधी का धन जिसका उत्तराधिकारियों में विभाग हो सके। वारिसों में बाँटा जानेवाला धन या मिलकियत। दे० "दायभाग"।

विशेष—वह धन जो स्वामी के संबंध निमित्त से ही दूसरे का हो सके दाय कहलाता है। मिताक्षरा के अनुसार दाय दो प्रकार का है एक अप्रतिबंध, दूसरा सप्रतिबंध। अप्रतिबंध दाय वह है जिसमें कोई बाधा न हो सके। जैसे, पुत्र पौत्रों का पिता पितामह के धन में स्वत्व। सप्रतिबंध वह है जिसका कोई प्रतिबंधक हो, जिसमें किसी के द्वारा बाधा पड़ सकती हो। जैसे भाई भतीजों का स्वत्व जो पुत्र के अभाव में होता है अर्थात् पुत्र का होना जिसका प्रतिबंधक होता है।

(४) दान।

*संज्ञा पुं० दे० "दाव"। उ०—सिर धुनि धुनि पछितात मीजि कर, कोउ न मीत हित दुसह दाय।—तुलसी।

दायक—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० दायिका] देनेवाला। दाता।

दायज—संज्ञा पुं० दे० "दायजा"।

दायजा—संज्ञा पुं० [सं० दाय] वह धन जो विवाह में वर पक्ष को दिया जाय। यौतुक। दहेज। उ०—कहुँ सुत ब्याह कहूँ कन्या को देत दायजो राई।—सूर।

दायभाग—संज्ञा पुं० [सं०] (१) पैतृक धन का विभाग। (२) बाप दादे या संबंधी की संपत्ति के पुत्रों, पौत्रों वा संबंधियों में

बाँटे जाने की व्यवस्था। बपौती या वरासत की मिल्कियत को वारिसों या हकदारों में बाँटने का कायदा कानून।

विशेष—यह हिंदूधर्मशास्त्र के प्रधान विषयों में से है। मनु, याज्ञवल्क्य आदि स्मृतियों में इसके संबंध में विस्तृत व्यवस्था है। ग्रंथकारों और टीकाकारों के मतभेद से पैतृक धन-विभाग के संबंध में भिन्न भिन्न स्थानों में भिन्न भिन्न व्यवस्थाएँ प्रचलित हैं। प्रधान पक्ष दो हैं—मिताक्षरा और दायभाग। मिताक्षरा याज्ञवल्क्यस्मृति पर विज्ञानेश्वर की टीका है जिसके अनुकूल व्यवस्था पंजाब, काशी, मिथिला आदि से लेकर दक्षिण कन्याकुमारी तक प्रचलित है। 'दायभाग' जीमूतवाहन का एक ग्रंथ है जिसका प्रचार बंग देश में है।

सब से पहली बात विचार करने की यह है कि कुटुंब-संपत्ति में किसी प्राणी का पृथक् स्वत्व विभाग करने के पीछे होता है अथवा पहले से रहता है। मिताक्षरा के अनुसार विभाग होने पर ही पृथक् या एकदेशीय स्वत्व होता है, विभाग के पहले सारी कुटुंब-संपत्ति पर प्रत्येक सम्मिलित प्राणी का सामान्य स्वत्व रहता है। दायभाग विभाग के पहले भी अव्यक्त रूप में पृथक् स्वत्व मानता है जो विभाग होने पर व्यंजित होता है। मिताक्षरा पूर्वजों की संपत्ति में पिता और पुत्र का समानाधिकार मानती है अतः पुत्र पिता के जीते हुए भी जब चाहे तब पैतृक संपत्ति में हिस्सा बँटा सकते हैं और पिता पुत्रों की सम्मति के बिना पैतृक संपति के किसी अंश का दान, विक्रय आदि नहीं कर सकता। पिता के मरने पर पुत्र जो पैतृक संपत्ति का अधिकारी होता है वह हिस्सेदार के रूप में, होता है, उत्तराधिकारी के रूप में नहीं। मिताक्षरा पुत्र का उत्तराधिकार केवल पिता की निज की पैदा की हुई संपत्ति में मानती है। दायभाग पूर्वस्वामी के स्वत्व-विनाश (मृत, पतित वा संन्यासी होने के कारण) के उपरांत उत्तराधिकारियों के स्वत्व की उत्पत्ति मानता है। उसके अनुसार जब तक पिता जीवित है तब तक पैतृक संपत्ति पर उसका पूरा अधिकार है वह उसे जो चाहे सो कर सकता है। पुत्रों के स्वत्व की उत्पत्ति पिता के मरने आदि पर ही होती है।

यद्यपि याज्ञवल्क्य के इस श्लोक में "भूर्या पिता-महोपात्ता निबंधी द्रव्यमेव वा। तत्र स्यात् सदृशं स्वाम्यं पितुः पुत्रस्य चोभयोः" पिता पुत्र का समान अधिकार स्पष्ट कहा गया है पर जीमूतवाहन ने इस श्लोक से खींच तान कर यह भाव निकाला है कि पुत्रों के स्वत्व की उत्पत्ति उनके जन्मकाल से नहीं, बल्कि पिता के मृत्युकाल से होती है।

मिताक्षरा और दायभाग के अनुसार जिस क्रम से उत्तराधिकारी होते हैं वह नीचे दिया जाता है—

	मिताक्षरा	दायभाग
१	पुत्र	पुत्र
२	पौत्र	पौत्र
३	प्रपौत्र	प्रपौत्र
४	विधवा	विधवा
५	अविवाहिता कन्या	अविवाहिता कन्या
६	विवाहिता अपुत्रवती निर्धन कन्या	विवाहिता पुत्रवती कन्या
७	विवाहिता पुत्रवती संपन्न कन्या	नाती (कन्या का पुत्र)
८	नाती (कन्या का पुत्र)	पिता
९	माता	माता
१०	पिता	भाई
११	भाई	भतीजा
१२	भतीजा	भतीजे का लड़का
१३	दादी	बहिन का लड़का
१४	दादा	दादा
१५	चचा	दादी
१६	चचेरा भाई	चचा
१७	परदादी	चचेरा भाई
१८	परदादा	चचेरे भाई का लड़का
१९	दादा का भाई	दादा की लड़की का लड़का
२०	दादा के भाई का लड़का	परदादा
२१	परदादा के ऊपर तीन पीढ़ी के और पूर्वज	परदादी
२२	और सपिंड	दादा का भाई
२३	समानोदक	दादा के भाई का लड़का
२४	बंधु	दादा के भाई का पोता
२५	आचार्य्य	परदादा की लड़की का लड़का
२६	शिष्य	नाना
२७	सहपाठी या गुरुभाई	मामा
२८	राजा (यदि संपत्ति ब्राह्मण की न हो। ब्राह्मण की हो तो उसकी जाति में जाय	मामा का लड़का
२९		मामा का पोता
३०		मासी का लड़का
३१		सकुल्य
३२		समानोदक
३३		और बंधु
३४		आचार्य्य इत्यादि इत्यादि

ऊपर जो क्रम दिया गया है उसे देखने से पता लगेगा कि मिताक्षरा माता का स्वत्व पहले करती है और दायभाग पिता का। याज्ञवल्क्य का श्लोक है—पत्नी दुहितरश्चैव पितरौ

भ्रातरस्तथा । तत्सुता गोत्रजा बंधुः शिष्यः सब्रह्मचारिणः ॥ इस श्लोक के 'पितरौ' शब्द को लेकर मिताक्षरा कहती है कि 'माता पिता' इस समास में माता शब्द पहले आता है और माता का संबंध भी अधिक घनिष्ट है इससे माता का स्वत्व पहले है । जीमूतवाहन कहता है कि 'पितरौ' शब्द ही पिता की प्रधानता का बोधक है इससे पहले पिता का स्वत्व है । मिथिला, काशी और बंबई प्रांत में माता का स्वत्व पहले और बंगाल, मदरास, तथा गुजरात में पिता का स्वत्व पहले माना जाता है । मिताक्षरा दायाधिकार में केवल संबंध निमित्त मानती है और दायभाग पिंडोदक क्रिया । मिताक्षरा 'पिंड' शब्द का अर्थ शरीर करके सपिंड से सात पीढियों के भीतर एक ही कुल का प्राणी ग्रहण करती है पर दायभाग इसका एक ही पिंड से संबद्ध अर्थ करके नाती, नाना, मामा इत्यादि को भी ले लेता है ।

मिताक्षरा और दायभाग के बीच मुख्य मुख्य बातों का भेद नीचे दिखाया जाता है—

(१) मिताक्षरा के अनुसार पैतृक (पूर्वजों के) धन पर पुत्रादि का सामान्य स्वत्व उनके जन्म ही के साथ उत्पन्न हो जाता है, पर दायभाग पूर्वस्वामी के स्वत्वविनाश के उपरांत उत्तराधिकारियों के स्वत्व की उत्पत्ति मानता है ।

(२) मिताक्षरा के अनुसार विभाग (बाँट) के पहले प्रत्येक सम्मिलित प्राणी (पिता, पुत्र, भ्राता इत्यादि) का सामान्य स्वत्व सारी संपत्ति पर होता है चाहे वह अंश बाँट न होने के कारण अव्यक्त या अनिश्चित हो ।

(३) मिताक्षरा के अनुसार कोई हिस्सेदार कुटुंबसंपत्ति को अपने निज के काम के लिये बै या रेहन नहीं कर सकता पर दायभाग के अनुसार वह अपने अनिश्चित अंश को बटवारे के पहले भी बेच सकता है ।

(४) मिताक्षरा के अनुसार जो धन कई प्राणियों का सामान्य धन हो उसके किसी देश या अंश में किसी एक स्वामी के पृथक् स्वत्व का स्थापन विभाग (बटवारा) है । दायभाग के अनुसार विभाग पृथक् स्वत्व का व्यंजन मात्र है ।

(५) मिताक्षरा के अनुसार पुत्र पिता से पैतृक संपत्ति को बाँट देने के लिये कह सकता है, पर दायभाग के अनुसार पुत्र को ऐसा अधिकार नहीं है ।

(६) मिताक्षरा के अनुसार स्त्री अपने मृतपति की उत्तराधिकारिणी तभी हो सकती है जब कि उसका पति भाई आदि कुटुम्बियों से अलग हो । पर दायभाग में चाहे पति अलग हो या शामिल स्त्री उत्तराधिकारिणी होती है ।

(७) दायभाग के अनुसार कन्या यदि विधवा, बंध्या या अपुत्रवती हो तो वह उत्तराधिकारिणी नहीं हो सकती । मिताक्षरा में ऐसा प्रतिबंध नहीं है ।

याज्ञवल्क्य, नारद आदि के अनुसार पैतृक धन का विभाग इन अवसरों पर होना चाहिए—पिता जब चाहे तब, माता की रजोनिवृत्ति और पिता की विषय-निवृत्ति होने पर, पिता के मृत, पतित या संन्यासी होने पर ।

दायमुलहब्स—संज्ञा पुं० [अ०] जीवन भर के लिये क़ैद । काले पानी की सज़ा । डामिल ।

दायर—वि० [फा०] (१) फिरता हुआ । चलता हुआ । (२) चलता । जारी ।

मुहा०—दायर करना = मामले मुकदमे वगैरह को चलाने के लिये पेश करना । (व्यवहार या अभियोग) उपस्थित करना । जैसे, मुकदमा दायर करना, नालिश या अपील दायर करना । दायर होना = पेश होना । उपस्थित किया जाना । जैसे, मुकदमा दायर होना ।

दायरा—संज्ञा पुं० [अ०] (१) गोल घेरा । कुंडल । मंडल । (२) वृत्त । (३) कक्षा । (४) मंडली । (५) खँजड़ी । डफली ।

दायाँ—वि० [हिं० दाहिना का संक्षिप्त रूप बायां के अनुकरण पर] दाहिना ।

मुहा०—दायाँ बोलना = तीतर का दाहिने हाथ की ओर बोलना जो चोरों के लिये अच्छा शकुन समझा जाता है

दाया*† संज्ञा स्त्री० दे० "दया" । उ०—कामरूप जानहि सब माया । सपनेहु जिनके धर्म न दाया ।—तुलसी ।

संज्ञा स्त्री० [फा०] दे० "दाई" ।

यौ०—दायागरी ।

दायागत—वि० [स०] बाँट बखरे में आया हुआ । मौरूसी हिस्से में पड़ा हुआ ।

संज्ञा पुं० [स०] पंद्रह प्रकार के दासों में से एक । वह दास जो दाय के रूप में प्राप्त हुआ हो । वह गुलाम जो वरासत में और चीजों के साथ मिला हो । दे० "दास" ।

दायागरी—संज्ञा स्त्री० [फा०] दाई का पेशा या काम ।

दायाद—वि० [सं०] [स्त्री० दायादा] जिसे दाय मिले । जो दाय का अधिकारी हो । जिसे संबंध के कारण किसी की जायदाद में हिस्सा मिले ।

संज्ञा पुं० (१) दाय पाने का अधिकारी मनुष्य । वह जिसका संबंध के कारण किसी की जायदाद में हिस्सा हो । हिस्सेदार । (२) पुत्र । बेटा । (३) सपिंड कुटुंबी ।

दायादा—संज्ञा स्त्री० [सं०] कन्या ।

दायादी—संज्ञा स्त्री० [सं०] कन्या ।

दायापवर्तन—संज्ञा पुं० [स०] किसी जायदाद में मिलनेवाले हिस्से की जब्ती ।

दायित—वि० [स०] दिया हुआ । दान किया हुआ ।

दायित्व—संज्ञा पुं० [सं०] (१) देनदार होने का भाव । (२) जिम्मेदारी । अदावदेही ।

दायिनी–वि० स्त्री० [सं०] देनेवाली ।

दायी–वि० [सं० दायिन] [स्त्री० दायिन्] देनेवाला ।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग अलग कम होता है, समास में उपपद के रूप में होता है । शांतिदायी, सुखदायी, कष्टदायी, वरदायी ।

दायें–क्रि० वि० [हिं० दायां] दाहिनी ओर को ।

मुहा०—दायें होना = अनुकूल या प्रसन्न होना ।

दार–संज्ञा स्त्री० [सं०] स्त्री । पत्नी । भार्य्या ।

यौ०—दारकर्म । दारग्रहण । दारपरिग्रह ।

विशेष—संस्कृत में यद्यपि यह शब्द पुं० है पर हिंदी में स्त्री० ही होता है ।

*संज्ञा पुं० दे० "दारु" ।

दारक–संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० दारिका] (१) लौंडा । लड़का । उ०—इक कुमार पुनि मुनिन सँग रहियहि रस की बात । सिख्यो कहाँ ऋषि तियन पहँ की दारक ढिग तात ।—विश्राम । (२) पुत्र । बेटा ।

वि० [सं०] विदीर्ण करनेवाला । फाड़नेवाला ।

दारकर्म–संज्ञा पुं० [सं०] भार्य्या-ग्रहण । विवाह ।

दारचीनी–संज्ञा स्त्री० [सं० दारु + चीन] (१) एक प्रकार का तज जो दक्षिण भारत, सिंहल और टेनासरिम में होता है । सिंहल में ये पेड़ सुगंधित छाल के लिये बहुत लगाए जाते हैं । भारतवर्ष में यह जंगलों ही में मिलता है, और लगाया भी जाता है तो बगीचों में शोभा के लिये । कोंकण से लेकर बराबर दक्षिण की ओर इसके पेड़ मिलते हैं । जंगलों में तो इसके पेड़ बड़े बड़े मिलते हैं पर लगाए हुए पेड़ झाड़ के रूप में होते हैं । पत्ते इसके तेजपत्ते ही की तरह के पर उससे चौड़े होते हैं और उनमें बीचवाली खड़ी नस के समानांतर कई खड़ी नसें होती हैं । इसके फूल छोटे छोटे होते हैं और गुच्छों में लगते हैं । फूल के नीचे की दिवली छ फाँकों की होती है । सिंहल में जो दारचीनी के पेड़ लगाए जाते हैं उनके लगाने और दारचीनी निकालने की रीति यह है । कुछ कुछ रेतीली करैल मिट्टी में ४—५ हाथ के अंतर पर इसके बीज बोए जाते या कलम लगाए जाते हैं । बोए हुए बीजों या लगाए हुए कलमों को धूप से बचाने के लिये पेड़ की डालियाँ आस पास गाड़ दी जाती हैं । ६ वर्ष में जब पेड़ ४ या ५ हाथ ऊँचा हो जाता है तब उसकी डालियाँ छिलका उतारने के लिये काटी जाती हैं । डालियों में छुरी से हलका चीरा लगा दिया जाता है जिसमें छाल जल्दी उचट आवे । कभी कभी डालियों को छुरी के बेंट आदि से थोड़ा रगड़ भी देते हैं । इस प्रकार अलग किए हुए छाल के टुकड़ों को इकट्ठा करके दबा दबा कर छोटे छोटे पूलों में बाँध कर रख देते हैं । ये पूले दो या एक दिन यों ही पड़े रहते हैं; फिर छालों में एक प्रकार का हलका खमीर सा उठता है जिसकी सहायता से छाल के ऊपर की झिल्ली और नीचे लगा हुआ गूदा टेढ़ी छुरी से हटा दिया जाता है । अंत में छाल को दो दिन छाया में सुखा कर फिर धूप दिखा कर रख देते हैं ।

दारचीनी दो प्रकार की होती है दारचीनी जीलानी और दारचीनी कपूरी । ऊपर जिस पेड़ का विवरण दिया गया है वह दारचीनी जीलानी है । दारचीनी कपूरी की छाल में बहुत अधिक सुगंध होती है और उससे बहुत अच्छा कपूर निकलता है । इसके पेड़ चीन, जापान, कोचीन और फारमोसा द्वीप में होते हैं और हिंदुस्तान में भी देहरादून, नीलगिरि आदि स्थानों में लगाए गए हैं । भारतवर्ष अरब आदि देशों में पहले इसी पेड़ की सुगंधित छाल चीन से आती थी इसीसे उसे दारु + चीनी कहने लगे । हिंदुस्तान में कई पेड़ों की छाल दारचीनी के नाम से बिकती है । अमिलतास की जाति का एक पेड़ होता है जिसकी छाल भी व्यापारी दारचीनी के नाम से बेचते हैं । पर वह असली दारचीनी नहीं है । असली दारचीनी आज कल अधिकतर सिंहल से ही आती है । दक्षिण में दारचीनी के पेड़ को भी लवंग कहते हैं यद्यपि लवंग का पेड़ भिन्न है और जामुन की जाति का है । तज और दारचीनी के वृक्ष यद्यपि भिन्न होते हैं पर एक ही जाति के हैं । दारचीनी से एक प्रकार का तेल भी निकलता है जो दवा के लिये बाहर बहुत जाता है । (२) ऊपर लिखे पेड़ की सुगंधित छाल जो दवा और मसाले के काम में आती है ।

दारण–संज्ञा पुं० [सं०] [वि० दारित] (१) चीरने या फाड़ने का काम । चीर फाड़ । विदीर्ण करने की क्रिया । (२) चीरने फाड़ने का अस्त्र या औजार । (३) फोड़ा आदि चीरने का काम । (४) वह औषधि जिसके लगाने से फोड़ा आपसे आप फूट जाय ।

विशेष—सुश्रुत में चिलबिल, दंती, चित्रक, कबूतर, गीध आदि की बीट तथा क्षार को दारण औषध कहा है ।

(५) निर्मली का पौधा ।

दारद–संज्ञा पु० [सं०] (१) एक प्रकार का विष जो दरद देश में होता है । (२) पारा । (३) हींगुर ।

दारना*–क्रि० स० [सं० दारण] (१) फाड़ना । विदीर्ण करना । (२) नष्ट करना । ध्वस्त करना ।

दारपरिग्रह–संज्ञा पुं० [सं०] स्त्री का ग्रहण । पाणिग्रहण । विवाह ।

दारमदार–संज्ञा पुं० [फा०] (१) आश्रय । ठहराव । (२) कार्य्य का भार । किसी कार्य्य का किसी पर अवलंबित रहना । जैसे, इस काम का दारमदार तुम्हारे ऊपर है ।

दारव–वि० [सं०] (१) दारु अर्थात् लकड़ी का । लकड़ी का बना हुआ । (२) काष्ठ-संबंधी ।

दारसंग्रह–संज्ञा पुं० [सं०] भार्य्या-ग्रहण । विवाह ।

दारा–संज्ञा स्त्री० [सं० दार] स्त्री । पत्नी । भार्य्या ।

विशेष—सं० 'दार' शब्द नित्य बहुवचनांत है अतः इसका प्रथमा का रूप "दाराः" होता है पर हिंदी में 'दारा रूप' ही स्त्रीलिंग में व्यवहृत होता है ।

संज्ञा पुं० [?] किनारा । (लश०)

संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की भारी मछली जो हिंदुस्तान में समुद्र के किनारे पाई जाती है । यह लंबाई में तीन हाथ और तौल में दस ग्यारह सेर होती है ।

दाराई–संज्ञा स्त्री० [फा०] एक प्रकार का रेशमी कपड़ा जो ग्वारमट की तरह का होता है । दरियाई ।

दारि*†–सज्ञा स्त्री० दे० "दाख" । उ०—दारि गली है भली विधि सों अरु चाखर हैगो सुगंध भरो जू । —सेवक ।

दारिउँ*–संज्ञा पुं० दे० "दाड़िम" । उ०—विहँसत हँसत दसन तस चमकै पाहन छकिं । दारिउँ सरि जो न कह सका फाट्यो हीया दकिं ।—जायसी ।

दारिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बालिका । (२) बेटी । पुत्री । कन्या । उ०—पु दारिका परिचारिका करि पालिबी करुना-मई ।—तुलसी ।

दारित–वि० [सं०] चीरा या फाड़ा हुआ । विदीर्ण किया हुआ ।

दारिद*–सज्ञा पु० [सं० दारिद्र्य] दरिद्रता । निर्धनता । उ०—देखत दुख दोख दुरित दाह दारिद दरनि ।—तुलसी ।

दारिद्र*–सज्ञा पु० दे० "दारिद्र्य" ।

दारिद्र्य–संज्ञा पुं० [सं०] दरिद्रता । निर्धनता । गरीबी ।

दारी–सज्ञा स्त्री० [सं०] एक क्षुद्र रोग जिसमें पैर के तलवे का चमड़ा कड़ा हो जाता है और चिड़चिड़ा कर जगह जगह फट जाता है । बेवाई । खरुवा ।

विशेष—भावप्रकाश में लिखा है कि जो लोग पैदल अधिक चलते हैं उनकी वायु कुपित होकर सूखी हो जाती है, जिससे चमड़ा कड़ा हो कर फट जाता है ।

सज्ञा स्त्री० [स० दासिका] दासी । लौंडी । वह लौंडी जिसे लड़ाई में जीत कर लाए हों ।

यौ०–दारीजार ।

दारीजार–संज्ञा पुं० [हिं० दारी + सं० जार] (१) लौंडी का पति । (गाली)

विशेष—राजा लोग कभी कभी कोई लौंडी रख लिया करते थे । जब उससे अप्रसन्न होते तब उसे किसी मनुष्य को दे देते थे और उसके गुज़ारे के लिये कुछ जागीर दे देते थे । वह मनुष्य उस लौंडी का पति बनता था इसीसे वह 'दारीजार' कहलाता था । उनसे जो संतान होती थी वह 'दारीजात' कहलाती थी । कुछ लोगों का अनुमान है कि 'दारीजार' ही से बिगड़कर 'डाढ़ीजार' शब्द बना है । पर यह अनुमान ठीक नहीं जँचता ।

(२) दासीपुत्र । लौंडीजादा । गुलाम ।

दारु–संज्ञा पुं० [सं०] (१) काष्ठ । काठ । लकड़ी ।

यौ०–दारुगंधा । दारुचीनी । दारुपात्र । दारुपुत्रिका । दारुयोषित । दारुवधू ।

(२) देवदार । (३) बढ़ई । कारीगर । शिल्पी । (४) पीतल ।

वि० (१) दानशील । देनेवाला । (२) खंडनशील । टूटने फटनेवाला ।

दारुक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवदारु । (२) श्रीकृष्ण के सारथी का नाम ।

विशेष—ये बड़े कृष्णभक्त थे । सुभद्राहरण के समय इन्होंने अर्जुन से कहा था कि मुझे बाँध कर तब आप सुभद्रा को रथ पर ले जाइए; मैं यादवों के विरुद्ध रथ नहीं हाँक सकता । कृष्ण के स्वर्गवास का समाचार अर्जुन को इन्हींने दिया था ।

(३) काठ का पुतला । (४) एक योगाचार्य्य जो शिव के अवतार कहे जाते हैं ।

दारुकदली–संज्ञा स्त्री० [सं०] जंगली केला । कठकेला ।

दारुका–सज्ञा स्त्री० [सं०] कठपुतली ।

दारुकावन–सज्ञा पुं० [सं०] एक वन का नाम जो पवित्र तीर्थ माना जाता है ।

दारुगंधा–संज्ञा स्त्री० [सं०] चिरोंजा जो चीड़ से निकलता है ।

दारुचीनी–सज्ञा स्त्री० दे० "दारचीनी" ।

दारुज–वि० [सं०] (१) काष्ठ से उत्पन्न । लकड़ी में पैदा होनेवाला । जैसे, दारुज कीट । (२) काष्ठनिर्म्मित । लकड़ी का बना हुआ ।

सज्ञा पुं० एक प्रकार का बाजा । मर्दल ।

दारुजोषित*–संज्ञा स्त्री० दे० "दारुयोषित" ।

दारुण–वि० [सं०] (१) भयंकर । भीषण । घोर । (२) कठिन । प्रचंड । विकट । दुःसह । उ०—जा कहँ बिधि दारुण दुख दीन्हा । ताकर मति आगे हरि लीन्हा ।—तुलसी । (३) विदारक । फाड़नेवाला ।

सज्ञा पुं० (१) चित्रक वृक्ष । चीते का पेड़ । (२) भयानक रस । (३) रौद्र नामक नक्षत्र । (४) विष्णु । (५) शिव । (६) एक नरक का नाम । उ०—अठवाँ दारुण नरक है जेहि देखत भय होय ।—विश्राम । (७) राक्षस ।

दारुणक–संज्ञा पुं० [सं०] सिर में होनेवाला एक क्षुद्र रोग जिसमें चमड़ा रूखा होकर सफ़ेद भूसी की तरह छूटता है । रूसी ।

दारुणा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) नर्मदाखंड की अधिष्ठात्री देवी । (२) अक्षय तृतीया ।

दारुणारि–संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु ।

दारुन*–वि० दे० "दारुण" ।

दारुनटी–संज्ञा स्त्री० [सं०] कठपुतली ।

दारुनारी–संज्ञा स्त्री० [सं०] कठपुतली ।

दारुनिशा–संज्ञा स्त्री० [सं०] दारुहलदी ।

दारुपत्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] हिंगुपत्री ।

दारुपात्र–संज्ञा पुं० [सं०] काष्ठ पात्र । काठ का बरतन ।

विशेष—मनु ने यतियों को अलाबुपात्र (तुमड़ी) और दारुपात्र रखने का विधान किया है ।

दारुपीता–संज्ञा स्त्री० [सं०] दारु हलदी ।

दारुपुत्रिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] कठपुतली ।

दारुफल–संज्ञा पुं० [सं०] पिस्ता ।

दारुमय–वि० [सं०] [स्त्री दारुमयी] काठ का । काठ का बना हुआ ।

दारुमुच–संज्ञा पुं० [सं०] एक स्थावर विष का नाम ।

दारुमूषा–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक ओषधि का नाम ।

दारुयोषित–संज्ञा स्त्री० [सं०] कठपुतली ।

दारुसिता–संज्ञा स्त्री० [सं०] दारचीनी ।

दारुहरिद्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] दारुहलदी ।

दारुहलदी–संज्ञा स्त्री० [सं० दारुहरिद्रा] आम की जाति का एक सदाबहार झाड़ जो हिमालय के पूरबी भाग से लेकर आसाम, पूरबी बंगाल और टनासरिम तक होता है । इसमें सफेद फूल गुच्छों में लगते हैं । इसकी जड़ की छाल से बहुत अच्छा पीला रंग निकलता है जिसका व्यवहार दार्जिलिंग, आसाम आदि के लोग बहुत अधिक करते हैं । जड़ और डंठल का रंग पीला होता है इसीसे इस पौधे को दारुहलदी कहते हैं । वास्तव में यह हलदी की जाति का नहीं है । दारुहलदी के नाम से इसकी जड़ और डंठल के टुकड़े बाजार में बिकते हैं । जड़ गाँठ के रूप में नहीं होती । दारुहलदी दवा के काम में भी आती है । वैद्यक में यह कड़ुई, चरपरी, गरम तथा व्रण, प्रमेह, खुजली, चर्मरोग इत्यादि को दूर करनेवाली मानी जाती है ।

पर्य्या०—दार्वी । दारुहरिद्रा । द्वितीयाभा । कपीतक । पीतद्रु । कलियक । पचंपचा । पर्जनी । काष्ठा । मर्मरी । पीतिका । पीतदारु । कामिनी । कंटकटेरी । पर्जन्या । पीता । दारुनिशा । कामवती । हेमकांती । निर्दिष्टा ।

दारू–संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) दवा । औषध ।

यौ०—दवा दारू ।

(२) मद्य । शराब । (३) बारूद ।

दारूकार–संज्ञा पुं० [फा० दारू + हिं० कार] शराब बनानेवाला । कलवार ।

दारूड़ा–संज्ञा पुं० [फा० दारू] [स्त्री० दारूड़ी] शराब । मद्य ।

दारो*–संज्ञा पुं० दे० "दारथों" ।

दारोग़ा–संज्ञा पुं० [फा०] (१) निगरानी रखनेवाला अफसर । देख भाल रखनेवाला या प्रबंध करनेवाला व्यक्ति । जैसे, दारोगा जेल, दारोगा चुंगी, दारोगा अस्तबल । (२) पुलिस का वह अफसर जो किसी थाने पर अधिकारी हो । थानेदार ।

दारोगाई–संज्ञा स्त्री० [फा० दारोगा] दारोगा का काम या पद ।

दार्ढ्य–संज्ञा पुं० [सं०] दृढ़ता ।

दार्दुर–वि० [सं०] दर्दुर संबंधी ।

संज्ञा पुं० दक्षिणावर्त्त शंख का एक भेद ।

दार्दुरिक–संज्ञा पुं० [सं०] कुम्हार ।

दार्भ–वि० [सं०] कुश या दर्भ संबंधी ।

दार्शों*–संज्ञा पुं० [सं० दाडिम] अनार । उ०—नासिका सरोज गंधवाह से सुगंधवाह दार्शों से दसन कैसो बीजुरी सो हास है ।—केशव ।

दार्षंड–संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० दार्षंडी] मयूर । मोर । (जिसका अंडा काठ की तरह कड़ा होता है) ।

दार्व–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रदेश का नाम जो कूर्म विभाग के ईशानकोण में आधुनिक काश्मीर के अंतर्गत पड़ता था ।

दार्वाघाट–संज्ञा पुं० [सं०] (काठ पर आघात करनेवाला) कठफोड़वा नाम का पक्षी ।

दार्वाट–संज्ञा पु० [सं० । फा० 'दरबार' से] मंत्रणा-गृह । वह कोठरी जहाँ एकांत में बैठकर किसी बात का विचार किया जाय ।

दार्विका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दारुहलदी से निकाला हुआ तूतिया । (२) बनगोभी । गोजिया ।

दार्वी–संज्ञा स्त्री० [सं०] दारुहलदी ।

दार्शनिक–वि० [सं०] (१) दर्शन जाननेवाला । (२) दर्शन शास्त्र संबंधी ।

संज्ञा पुं० दर्शन शास्त्र जाननेवाला मनुष्य । तत्त्वज्ञानी । तत्त्ववेत्ता ।

दार्षद्वत– संज्ञा पुं० [सं०] कात्यायन श्रौतसूत्र के अनुसार एक यज्ञ जो दृषद्वती नदी के किनारे किया जाता था ।

दार्ष्टांतिक–वि० [सं०] दृष्टांत संबंधी ।

दाल–संज्ञा स्त्री० [सं० दालि] (१) दलों में किया हुआ अरहर, मूँग, उरद, चना, मसूर आदि अन्न जो उबाल कर खाया जाता है । दली हुई अरहर मूँग आदि जो साल्न की तरह खाई जाती है । जैसे, मूँग की दाल क्या भाव है ?

क्रि० प्र०—दलना ।

यौ०—दालमोठ ।

विशेष—दाल उन्हीं अनाजों की होती है जिनमें फलियाँ लगती हैं और जिनके बीज दबाने से टूटकर दो दलों या खंडों में हो जाते हैं । जैसे, अरहर, मूँग, उरद, चना, मसूर, मटर ।

(२) हलदी, मसाले के साथ पानी में उबालकर हुआ दला अन्न जो रोटी भात आदि के साथ खाया जाता है।

मुहा०—दाल गलना = दाल का अच्छी तरह पक कर नरम हो जाना। दाल का सीझना। (किसी की) दाल गलना = (किसी का) प्रयोजन सिद्ध होना। मतलब निकलना। कार्य्य सिद्धि के लिये किसी युक्ति का चलना। (इस मुहा० का प्रयोग निषेधात्मक वाक्य में ही अधिकतर होता है जैसे, यहाँ तुम्हारी दाल नहीं गलेगी, बड़े बड़े उस्ताद हैं)। दाल चपाती = (१) दाल रोटी। (२) बच्चों को डराने का एक नाम। दालचप्पू होना = एक दूसरे से लिपट कर एक हो जाना। गुत्थमगुत्था होना। जैसे, दो पतंगों का दालचप्पू होना। दाल दलिया = सूखा रूखा भोजन। गरीबों का सा खाना। दाल में कुछ काला होना = कुछ खटके या संदेह की बात होना। कुछ बुरा रहस्य होना। किसी बुरी बात का लक्षण दिखाई पड़ना। दाल रोटी = सादा खाना। सामान्य भोजन। आहार। दाल रोटी चलना = खाना मिलना। जीविका निर्वाह होना। दाल रोटी से खुश = खाने पीने से सुखी। खाता पीता। जिसे न अधिक धन हो न खाने पीने का कष्ट हो। जूतियों दाल बँटना = खूब लड़ाई झगड़ा होना। गहरी अनबन होना। आपस में न पटना।

(३) दाल के आकार की कोई वस्तु। (४) चेचक, फोड़े फुंसी आदि के ऊपर का चमड़ा जो सूखकर छूट जाता है। खुरंड। पपड़ी।

मुहा०—दाल छूटना = खुरंड अलग होना। दाल बँधना = खुरंड पड़ना।

(५) सूर्य्यमुखी शीशे से होकर आया हुआ किरनों का समूह जो इकट्ठा होकर गोल दाल के आकार का हो जाता है और जिससे आग लग जाती है।

मुहा०—दाल बँधना = अक्स का इकट्ठा होकर पड़ना।

(६) अंडे की जरदी।

संज्ञा पुं० [सं० देवदारु] तुन की जाति का एक पेड़ जो हिमालय पर सिमला तथा आगे पंजाब की ओर होता है। इसकी लकड़ी बहुत मज़बूत होती है। इसकी धरनें और कड़ियाँ मकानों में लगतीं, पुल और रेल की सड़कों पर बिछाई जाती हैं तथा और भी बहुत से कामों में आती हैं।

संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक प्रकार का मधु। पेड़ के खोंडरे में मिलनेवाला शहद। (२) कोदो नाम का अन्न।

दालचीनी—संज्ञा स्त्री० दे० "दारचीनी"।

दालन—संज्ञा पुं० [सं०] दाँत का एक रोग।

दालभ्य—संज्ञा पुं० [सं०] एक मुनि का नाम।

दालमोठ—संज्ञा स्त्री० [हिं० दाल + मोठ = एक कदन्न] घी तेल आदि में नमक, मिर्च के साथ तली हुई दाल जो नमकीन की तरह खाई जाती है।

दालव—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का स्थावर विष।

दाला—संज्ञा स्त्री० [सं०] महाकाल नाम की लता।

दालान संज्ञा पुं० [फा०] वह लंबा घर जिसके चारों ओर दीवार न हो, एक दो या तीन ओर खंभे आदि हों। मकान में वह छाई हुई जगह जो चारों ओर से घिरी न हो, एक दो या तीन ओर खुली हो। बरामदा। ओसारा।

विशेष—दालान प्रायः मकान के सामने होता है।

दालि—संज्ञा स्त्री० [सं० (१) दाल। (२) देवदाली लता। (३) दाड़िम। अनार।

दालिम—संज्ञा पुं० दे० "दाड़िम"।

दाल्भ्य—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दल्भ ऋषि के गोत्र का मनुष्य। (२) वृक नामक मुनि।

विशेष—इंद्र इनके बंधु थे। इन्होंने चंद्रसेन राजा की गर्भिणी स्त्री की परशुराम के कोप से रक्षा की थी।

दाल्मि—संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र।

दाँव—संज्ञा पुं० [सं० प्रत्य० दा (दाच्) जैसे एकदा] (१) बार दफा। मरतबा। (२) किसी के लिये किसी बात का समय जो कई आदमियों में एक दूसरे के पीछे क्रम से आवे। बारी। पारी। जैसे, जब तुम्हारा दाँव आवेगा तब जैसा चाहना वैसा करना। उ०—तब नहिं दीनो मो कहँ ठावँ। अब कस रोवत अपने दावँ।

क्रि० प्र०—आना।

(३) किसी कार्य्य के लिये उपयुक्त समय। अवसर। मौका। अनुकूल संयोग। उ०—(क) द्विजदेव की सों अब चूक मत दावँ, अरे पातकी पपीहा! तू पिया की धुनि गावै ना। —द्विजदेव। (ख) कहै पद्माकर त्यों साँकरी गली है अति इत उत भाजिबे को दावँ ना लगत है।—पद्माकर।

क्रि० प्र०—पाना।—मिलना।

मुहा०—दावँ करना = घात लगाना। घात में बैठना। दावँ चूकना = अवसर को हाथ से जाने देना। किसी कार्य्यसाधन के लिये अनुकूल समय पाकर भी कुछ न करना। मौका खोना। दावँ ताकना = अवसर की ताक में रहना। मौका देखते रहना। दावँ लगना = अवसर हाथ में आना। अनुकूल संयोग मिलना। मौका मिलना। दावँ लगाना = दे० "दावँ ताकना"। दावँ लेना = जिसने बुरा व्यवहार किया हो मौका मिलने पर उसके साथ वैसा ही व्यवहार करना। बदला लेना। प्रतिकार करना। उ०—असुर कुपित ह्वै कह्यो बहुत तुम असुर सँहारे। अब लैहौं वह दावँ बाढ़िहौं नहिं बिनु मारे। —सूर।

(४) कार्य्य-साधन की युक्ति । उपाय । चाल । मतलब गाँठने का ढंग ।

मुहा०—दाँव पर चढ़ना = ऐसी स्थिति में होना जिससे किसी का काम निकल सके । किसी के अभिप्राय साधन के अनुकूल प्रवृत्त होना । इस प्रकार वश में होना कि दूसरा अपना मतलब निकाल ले । दाँव पर चढ़ाना = मतलब के मुवाफिक करना । कार्य्य-साधन के लिये अनुकूल करना । दाँव पर लाना = दे० "दाँव पर चढ़ाना" । दाँव में आना = दे० "दाँव पर चढ़ना" ।

(५) कुश्ती या लड़ाई जीतने के लिये काम में लाई जानेवाली युक्ति । चाल । पेच । बंद । उ०—(क) तब हरि भिरे मल्लक्रीड़ा करि बहु विधि दाँव दिखाए ।—सूर । (ख) झटकि दूर फेंकन चहत चलत न कोऊ दाँव ।

क्रि० प्र०—करना ।

यौ०—दाँव पेच ।

मुहा०—दाँव पर लाना = कुश्ती में जोड़ को ऐसी स्थिति में करना कि उसपर पेंच हो सके ।

(६) कार्य्य साधन की कुटिल युक्ति । छल । कपट ।

क्रि० प्र०—चलना ।

मुहा०—दाँव खेलना = चाल चलना । धोखा देना । दाँव देना = दे० "दाँव खेलना" ।

(७) खेल में प्रत्येक खेलाड़ी के खेलने का समय जो एक दूसरे के पीछे क्रम से आता है । खेलने की बारी । चाल । जैसे, अब हमारा दाँव है कौड़ी हम फेंकेंगे ।

मुहा०—दाँव चलना = अपनी बारी आने पर शतरंज की गोटी, ताश के पत्ते आदि को रखना । दाँव फेंकना = अपनी बारी आने पर पासा या जुए की कौड़ी आदि डालना । दाँव पर रखना = रुपया पैसा या कोई वस्तु दाँव फेंकनेवाले के सामने रखना जिसमें यदि वह जीते तो उसे ले जाय और हारे तो उतना दे । बाजी पर लगाना । दाँव लगाना = "दे० दाँव पर रखना" ।

(८) पाँसे, जुए की कौड़ी आदि का इस प्रकार पड़ना जिस से जीत हो । जीत का पाँसा या कौड़ी । उ०—(क) दाँव बलराम को देखि उन छल कियो रुक्म जीत्यो कहन लगे सारे । देववाणी भई, जीत भई राम की, ताहु पै मूढ़ नाहीं सँभारे ।—सूर । (ख) सूझ जुआरिहि आपन दाऊँ । —तुलसी ।

क्रि० प्र०—आना ।—पड़ना ।

मुहा०—दाँव देना = खेल में हारने पर नियत दंड भोगना या परिश्रम करना (लड़के) । उ०—(क) खेलत संग अनुज बालक नित जोगवत अनट अपाउ । जीति हारि चुचकारि दुलारत देत दिवावत दाउँ ।—तुलसी । (ख) तुमरे संग कहो को खेलै दाँव देत नहिं करत रुनैया ?—सूर । दाँव लेना = खेल में हारनेवाले से नियत दंड भोगाना या परिश्रम कराना ।

† (१) स्थान । ठौर । जगह । उ०—वह झाड़ी एक पहाड़ के उतार पर थी इससे सिंह को निकलने का दाँव न था । —गोपाल उपासनी ।

दाँवना—क्रि० स० [सं० दमन] दाना और भूसा अलग करने के लिये कटी हुई फसल के सूखे डंठलों को बैलों से रौंदवाना । दाना झाड़ने के लिये माँड़ना ।

दाँवनी—संज्ञा स्त्री० [सं० दामिनी] माथे पर पहनने का स्त्रियों का एक गहना । बंदी ।

दाँवरी—संज्ञा स्त्री० [सं० दाम] रस्सी । रज्जु । उ०—दाँवरि लै बाँधन लगी जसुदा ह्वै बेपीर । पै गोबंधन बाँधि है गोपति कों को बीर ।—व्यास ।

दाव—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वन । जंगल । (२) वन की आग । (३) आग । अग्नि । (४) जलन । ताप ।

संज्ञा पुं० [देश०] (१) एक प्रकार का हथियार । (२) एक पेड़ का नाम । दे० "धावरा" ।

दावत—संज्ञा स्त्री० [अ० दअवत] (१) ज्योनार । भोज । (२) खाने का बुलावा । निमंत्रण । न्योता ।

क्रि० प्र०—खाना ।—देना ।—लेना ।

दावदी—संज्ञा स्त्री० दे० "गुलदावदी" ।

दावन—संज्ञा पुं० [सं० दमन] (१) दमन । नाश । उ०—जातुधान दावन परावन को दुर्ग भयो महामीन बास तिमि तोमन को फल भो ।—तुलसी । (२) हँसिया । (३) एक प्रकार का टेढ़ा छुरा । खुखड़ी ।

संज्ञा पुं० दे० "दामन" ।

दावना—क्रि० स० दे० "दाँवना" ।

क्रि० स० [हिं० दावन] दमन करना । नष्ट करना । उ०—सुनु खगपति यह कथा पावनी । त्रिविध ताप भव दाप दावनी ।—तुलसी ।

दावनी—संज्ञा स्त्री० दे० "दाँवनी" ।

दावरा—संज्ञा पुं० [देश०] धावरा नाम का पेड़ ।

दावा—संज्ञा स्त्री० [सं० दाव] वन में लगनेवाली आग जो बाँस या और पेड़ों की डालियों के एक दूसरे से रगड़ खाने से उत्पन्न होती है और दूर तक फैलती चली जाती है । उ०—चिंता ज्वाल सरीर बन दावा लगि लगि जाय । प्रगट धुवाँ नहिं देखिए उर अंतर धुधुवाय ।—गिरिधर ।

संज्ञा पुं० [अ०] (१) किसी वस्तु पर अधिकार प्रगट करने का कार्य्य । किसी वस्तु को जोर के साथ अपना कहना । किसी चीज पर हक जाहिर करना । जैसे, कल तुम इस मकान ही पर दावा करने लगोगे तो हम क्या करेंगे ? उ०—दावा पातसाहन सों कीन्हों सिवराज बीर जेर

कीनो देस, हद्द बाँध्यो दरबारे में।—भूषण। (२) स्वत्व। हक। उ०—इस चीज पर तुम्हारा क्या दावा है। (३) किसी के विरुद्ध किसी वस्तु पर अपना अधिकार स्थिर करने के लिये न्यायालय आदि में दिया हुआ प्रार्थनापत्र। किसी जायदाद या रुपए पैसे के लिये चलाया हुआ मुकदमा। जैसे, किसी आदमी पर अपने रुपए का दावा करना।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—दावा जमाना = मुकदमा ठीक करना। हक साबित करना।

(४) नालिश। अभियोग।

मुहा०—दावा खारिज होना = मुकदमा हारना। हक का साबित न होना।

(५) अधिकार। जोर। प्रताप। उ०—गरुड़ को दावा सदा नाग के समूह पर दावा नाग जूह पर सिंह सिरताज को।—भूषण। (६) किसी बात को कहने में वह साहस जो उस की यथार्थता के निश्चय से उत्पन्न होता है। दृढ़ता। जैसे, मैं दावे के साथ कहता हूँ कि मैं इस काम को दो दिनों में कर सकता हूँ। (७) दृढ़तापूर्वक कथन। जोर के साथ कहना। जैसे, उनका तो यह दावा है कि वे एक मिनट में एक श्लोक बना सकते हैं।

दावागीर—संज्ञा पुं० [अ० दावा + फा० गीर] दावा करनेवाला। अपना हक जतानेवाला। उ०—साईं बेटा बाप के बिगरे भयो अकाज। हिरनाकुस अरु कंस को गयो दुहुन को राज॥ गयो दुहुन को राज बाप बेटा के बिगरे। दुसमन दावागीर भए महिमंडल सिगरे।—गिरिधर।

दावाग्नि—संज्ञा स्त्री० [सं०] वन में लगनेवाली आग।

दावात—संज्ञा स्त्री० [अ० दवात] स्याही रखने का बरतन। मसिपात्र।

दावादार—संज्ञा पु० [अ० दावा + फा० दार] दावा करनेवाला। अपना हक जतानेवाला।

दावानल—संज्ञा पु० [सं०] वन की आग जो बाँसों या और पेड़ों की टहनियों के एक दूसरे से रगड़ खाने से उत्पन्न होती है और दूर तक फैलती चली जाती है। वनाग्नि।

दाविनी—संज्ञा स्त्री० [सं० दामिनी] (१) बिजली। (२) स्त्रियों के माथे पर का एक गहना। बेंदी।

दाधा—संज्ञा पु० [सं० धव] धव का पेड़।

दाश—संज्ञा पुं० [सं०] (१) मल्लुवाहा। धीवर। केवट।

विशेष—निषाद पुरुष और आयोगव स्त्री से उत्पन्न व्यक्ति को दाश कहते हैं। ये नौका बनाते हैं और कैवर्त या केवट भी कहलाते हैं।

(२) भृत्य। नौकर।

दाशपुर—संज्ञा पुं० [सं०] (१) धीवरों की बस्ती। (२) एक प्रकार का मोथा। कैवर्त मुस्तक।

दाशरथ—वि० [सं०] दशरथ संबंधी।

संज्ञा पुं० दशरथ के पुत्र श्रीरामचंद्र।

दाशरथि—संज्ञा पुं० [सं०] दशरथ के पुत्र श्रीरामचंद्र आदि।

दाशरात्रिक—वि० [सं०] दशरात्र संबंधी।

दाशार्ण—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दशार्ण देश। (२) दशार्ण देश का निवासी।

दाशार्ह—संज्ञा पुं० [सं०] दशार्ह के वंश का मनुष्य। यदुवंशी।

दाशेय—वि० [सं०] दाश से उत्पन्न।

संज्ञा पुं० दाश का पुत्र।

दाशेर—संज्ञा पुं० [सं०] धीवरी की संतति।

दाशेरक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) मरु भूदेश। मारवाड़। (२) मारवाड़ का निवासी।

दाशौदनिक—वि० [सं०] दशोदन यज्ञ संबंधी।

संज्ञा पु० दशोदन यज्ञ की दक्षिणा।

दाश्त—संज्ञा स्त्री० [फा०] परवरिश। पालन पोषण।

दाश्व—वि० [स०] देनेवाला।

दास—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० दासी] (१) वह जो अपने को दूसरे की सेवा के लिये समर्पित कर दे। सेवक। चाकर। नौकर।

विशेष—मनु ने सात प्रकार के दास लिखे हैं—ध्वजाहृत अर्थात् युद्ध में जीता हुआ, भक्तदास अर्थात् जो भात या भोजन पर रहे, गृहज अर्थात् जो घर की दासी से उत्पन्न हो, क्रीत अर्थात् मोल लिया हुआ, दत्रिम अर्थात् जिसे किसीने दिया हो, दंडदास अर्थात् जिसे राजा ने दास होने का दंड दिया हो, पैतृक अर्थात् जो बाप दादों से दाय में मिला हो। याज्ञवल्क्य, नारद आदि स्मृतियों में दास पंद्रह प्रकार के गिनाए गए हैं—गृहजात, क्रीत, दाय में मिला हुआ, अन्नाकालभृत् अर्थात् अकाल या दुर्भिक्ष में पाला हुआ, आहित अर्थात् जो स्वामी से इकट्ठा धन लेकर उसे सेवा द्वारा पटाता हो, ऋणदास जो ऋण लेकर दासत्व के बंधन में पड़ा हो, युद्ध-प्राप्त, बाज़ी या जुए में जीता हुआ, स्वयं उपगत अर्थात् जो आपसे आप दास होने के लिये आया हो, प्रव्रज्यावसित अर्थात् जो संन्यास से पतित हुआ हो, कृत अर्थात् जिसने कुछ काल तक के लिये आपसे आप सेवा करना स्वीकार किया हो, भक्तदास, वड़वाहृत अर्थात् जो किसी बड़वा या दासी से विवाह करने से दास हुआ हो, लब्ध जो किसी से मिला हो, और आत्मविक्रेता जिसने अपने को बेच दिया हो।

ब्राह्मण के लिये दास होने का निषेध है, ब्राह्मण को छोड़ और तीनों वर्णों के लोग दास हो सकते हैं। यदि कोई

ब्राह्मण लोभवश दासत्व स्वीकार करे तो राजा उसको दंड दे (मनु) । क्षत्रिय और वैश्य दासत्व से विमुक्त हो सकते हैं पर शूद्र दासत्व से नहीं छूट सकता । यदि वह एक स्वामी का दासत्व छोड़ेगा तो दूसरे स्वामी का दास होगा । दास उसे सब दिन रहना पड़ेगा क्योंकि दासत्व के लिये उसका जन्म ही कहा गया है । दासों के दो प्रकार के कर्म कहे गए हैं शुभ (अच्छे) और अशुभ (बुरे) । दरवाजे पर झाड़ू देना, मल-मूत्र उठाना, जूँठा धोना आदि बुरे कर्म माने गए हैं ।

(२) शूद्र । (३) धीवर । (४) एक उपाधि जो शूद्रों के नामों के आगे लगाई जाती है । (५) दस्यु । (६) वृत्रासुर । (७) ज्ञातात्मा । आत्मज्ञानी ।

†*संज्ञा पुं० दे० "दासन" "डासन" । उ०—भा निर्मल सब धरति अकासू । सेज सँवारि कीन्ह भल दासू ।—जायसी ।

दासक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दास । सेवक । (२) गोत्र-प्रवर्त्तक एक ऋषि का नाम ।

दासता–संज्ञा स्त्री० [सं०] दास का कर्म । दासत्व । सेवावृत्ति ।

दासत्व–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दास होने का भाव । (२) दास का काम । सेवावृत्ति ।

दासनंदिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] धीवर की कन्या सत्यवती जो व्यास की माता थी ।

दासन–संज्ञा पु० दे० "डासन" ।

दासपन–संज्ञा पुं० [सं० दास + पन (प्रत्य०)] । दासत्व । सेवाकर्म ।

दासपुर–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का मोथ । कैवर्त्त मुस्तक ।

दासमीय–वि० [सं०] दसम देश में उत्पन्न ।

संज्ञा पुं० दसम देश का निवासी ।

दासमेय–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्राचीन जनपद ।

दासा–संज्ञा पुं० [सं० दासी = वेदी] (१) दीवार से सटाकर उठाया हुआ बाँध या पुश्ता जो कुछ ऊँचाई तक हो और जिस पर चीज वस्तु भी रख सकें । (२) आँगन के चारों ओर दीवार से सटा कर उठाया हुआ चबूतरा जो आँगन के पानी को घर या दालान में जाने से रोकने के लिये बनाया जाता है । (३) वह लकड़ी या पत्थर जो दरवाजे के ऊपर दीवार के आर पार रहता है । (४) दीवार की कुरसी के ऊपर बैठाया हुआ पत्थर ।

संज्ञा पुं० [सं० दशन] हँसिया ।

दासानुदास–संज्ञा पुं० [सं०] सेवक का सेवक । अत्यंत तुच्छ सेवक । (नम्रता और शिष्टता दिखाने के लिये इस शब्द का व्यवहार अधिक होता है) ।

दासिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] दासी ।

दासी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) सेवा करनेवाली स्त्री । टहलनी । लौंडी । (२) धीवर या शूद्र की स्त्री ।

यौ०—दासीपुत्र ।

(३) काकजंघा । (४) नीलाम्लान । काकाकारोठा नाम का पौधा । (५) कटसरैया । (६) वेदी ।

दासेय–वि० [सं०] [स्त्री० दासेयी] दास से उत्पन्न ।

संज्ञा पुं० (१) दास । गुलामजादा । (२) धीवर ।

दासेयी–संज्ञा स्त्री० [सं०] व्यास की माता सत्यवती ।

दासेर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दास । (२) कैवर्त्त । धीवर । (३) ऊँट ।

दासेरक–संज्ञा पु० [सं०] (१) दासीपुत्र । (२) ऊँट ।

दास्तान्–संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) वृत्तांत । (२) हाल । कथा । किस्सा । (३) वर्णन । बयान ।

दास्य–संज्ञा पु० [सं०] दासत्व । दासपन । सेवा ।

विशेष—दास्य, भक्ति के नव भेदों में से एक है ।

दास्यमान्–वि० [सं०] जो दिया जानेवाला हो । जिसे दूसरे को देना हो ।

दास्र–संज्ञा पु० [सं०] अश्विनी नक्षत्र ।

दाह–संज्ञा पु० [सं०] (१) जलाने की क्रिया या भाव । भस्मीकरण । (२) शव जलाने की क्रिया । मुर्दा फूँकने का कर्म ।

विशेष—शुद्धितत्त्व में दाह कर्म के विषय में इस प्रकार लिखा है । शव को पुत्रादि श्मशान में ले जाकर रखें और स्नान कर के पिंडदान के लिये अन्न पकावें । फिर मृतक के शरीर में घी मलकर उसे मंत्रपाठ पूर्वक स्नान करावें, दूसरे नए वस्त्र में लपेटें, और आँख, कान, नाक, मुँह इन सात छेदों में थोड़ा थोड़ा सोना डालें । इतना हो चुकने पर चिता में अग्नि देनेवाला प्राचीनावीत होकर (जनेऊ को दाहिने कंधे पर डालकर) बायाँ घुटना टेककर बैठे और मंत्र पढ़कर कुश से एक रेखा खींचे । फिर उस रेखा पर कुश बिछाये और दाहिने हाथ में तिल सहित जल पात्र लेकर मृतक का नाम, गोत्र आदि उच्चारण करता हुआ जल को कुश पर गिरा दे । इसके अनंतर तिल सहित पिंड लेकर कुश पर विसर्जित करे । जब इतना कृत्य हो जाय तब पुत्रादि चिता तैयार करें और मुर्दे को उस पर दक्खिन ओर सिर करके लेटा दें । जो सामवेदी हों वे शव का मस्तक उत्तर की ओर रखें । फिर अग्नि हाथ में लेकर आग देनेवाला तीन प्रदक्षिणा करे और दक्खिन ओर अपना मुँह करके शव के मस्तक की ओर आग लगा दे । फिर सात लकड़ियाँ हाथ में लेकर सात प्रदक्षिणा करे और प्रत्येक प्रदक्षिणा में एक एक लकड़ी चिता में डालता जाय । जब शव जल जाय तब एक बाँस लेकर चिता पर सात बार प्रहार करे जिससे कपाल फूट

जाय इतना करके फिर वह चिता की ओर न ताके और जाकर स्नान करे।

(३) जलन। ताप। (४) एक रोग जिसमें शरीर में जलन मालूम होती है। प्यास लगती है और कंठ सूखता है। वैद्यक के मत से दाह पित्त के प्रकोप से होता है।

विशेष—भावप्रकाश में दाह सात प्रकार का लिखा है। १—रक्तजन्यदाह जिसमें रक्त कुपित होकर सारे शरीर में दाह उत्पन्न करता है, ऐसा जान पड़ता है मानो सारा शरीर आग से तप रहा है और क्षण क्षण पर प्यास लगती है। २—रक्तपूर्ण कोष्ठज दाह जो किसी अंग में हथियार आदि का घाव लगने पर उस घाव से कोष्ठ में रक्त जाने से उत्पन्न होता है। ३—मद्यज दाह। ४—तृष्णा विरोधज दाह। ५—धातुक्षयजदाह। ६—मर्माभिघातज दाह। ७—असाध्य दाह जिसमें रोगी का शरीर ऊपर से तो ठंडा रहता है पर भीतर भीतर जला करता है।

(५) शोक। संताप। अत्यंत दुःख। डाह। ईर्ष्या।

दाहक—वि० [सं०] जलानेवाला।

संज्ञा पुं० (१) चित्रक वृक्ष। चीता। लाल चीता। (२) अग्नि। आग।

दाहकता—संज्ञा स्त्री० [सं०] जलाने का भाव या गुण।

दाहकत्व—संज्ञा पुं० [सं०] जलाने का भाव या गुण।

दाहकर्म—संज्ञा पुं० [सं०] शव दाहकर्म। मुर्दा फूँकने का काम।

दाहकाष्ठ—संज्ञा पुं० [सं०] अगर जिसे सुगंध के लिये जलाते हैं।

दाहक्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] शवदाह-कर्म। मृतक को जलाने का संस्कार।

दाहज्वर—संज्ञा पुं० [सं०] वह ज्वर जिसमें शरीर में बहुत अधिक जलन मालूम हो।

दाहन—संज्ञा पुं० [सं०] (१) जलाने का काम। (२) जलवाने का काम। भस्म कराने की क्रिया।

दाहना—क्रि० स० [सं० दाह] (१) जलाना। भस्म करना। (२) संतप्त करना। सताना। दुःख पहुँचाना।

वि० दे० "दाहिना"।

दाहसर—संज्ञा पुं० [सं०] मुर्दा जलाने का स्थान। श्मशान।

दाहहरण—संज्ञा पुं० [सं०] खस।

दाहा—संज्ञा पुं० [फा० दह=दस] (१) मुहर्रम के दस दिन जिसके भीतर ताजिया बनता है और दफन किया जाता है। (२) ताजिया।

दाहागुरु—संज्ञा पुं० [सं०] जलाने का अगर।

दाहिना—वि० दे० "दाहिना"।

दाहिना—वि० [सं० दक्षिण] [स्त्री० दाहिनी] (१) उस पार्श्व का जिसके अंगों की पेशियों में अधिक बल होता है। उस ओर का जिस ओर के अंग काम करने में अधिक तत्पर होते हैं। 'बायाँ' का उलटा। दक्षिण। अपसव्य। जैसे, दाहिना हाथ, दाहिना पैर, दाहिनी आँख।

मुहा०—दाहिनी देना=दक्षिणावर्त्त परिक्रमा करना। प्रदक्षिणा करना। उ०—जटा भस्म तनु दहे वृथा करि कर्म बँधावै। पुहुमि दाहिनी देहि गुफा बसि मोहि न पावै।—सूर। दाहिनी खाना=प्रदक्षिणा करना। उ०—पंचवटी गोदहि प्रनाम करि कुटी दाहिनी खाई।—तुलसी। (किसी का) दाहिना हाथ होना=बड़ा भारी सहायक होना।

(२) उधर पड़नेवाला जिधर दाहिना हाथ हो। जैसे, दाहिनी ओर, दाहिनी दिशा। (३) अनुकूल। प्रसन्न। उ०—बार बार बिनवौं नँदलाला। मोपै दाहिन होहु कृपाला।—सूर।

दाहिनावर्त्त*—वि० [सं० दक्षिणावर्त्त] (१) प्रदक्षिणा। (२) एक प्रकार का शंख। दे० "दक्षिणावर्त्त"।

दाहिने—क्रि० वि० [हिं० दाहिना] दाहिने हाथ की ओर। उस तरफ जिस तरफ दहिना हाथ हो। दाहिने हाथ की दिशा में। जैसे, तुम्हारे दाहिने जो मकान पड़े उसी में पुकारना।

मुहा०—दाहिने होना=अनुकूल होना। हित की ओर प्रवृत्त होना। प्रसन्न होना। उ०—पुनि बंदौं खल गन सति भाए। जे बिनु काज दाहिने बाएँ।—तुलसी।

दाही—वि० [सं० दाहिन] [स्त्री० दाहिनी] जलानेवाला। भस्म करनेवाला।

दाह्य—वि० [सं०] जलाने योग्य।

दिंक—संज्ञा पु० [सं०] जूँ नाम का छोटा कीड़ा जो सिर के बालों में पड़ता है।

दिंड—संज्ञा पुं० [सं०] एक तरह का नाच। उ०—उलथा टेंकी आलम सदिंड। पद पलटि हरुमथी निशंक चिंड।—केशव।

दिंडि—संज्ञा पुं० दे० "दिंडिर"।

दिंडिर—संज्ञा पुं० [स०] प्राचीन काल का एक प्रकार का बाजा।

दिंडी—संज्ञा पुं० [सं०] उन्नीस मात्राओं का एक छंद जिसके अंत में दो गुरु होते हैं और जिसमें ९ और १० पर विश्राम होता है। इसमें कभी केवल दो चरणों का और कभी चार चरणों का अनुप्रास होता है। मराठी भाषा में इस छंद का विशेष व्यवहार होता है।

दिंडीर—संज्ञा पुं० [सं०] दिंडर। समुद्र फेन।

दिअली—संज्ञा स्त्री० [हिं० दीया (छोटा कसोरा) का स्त्री० अल्प०] (१) मिट्टी का बना हुआ बहुत छोटा दीया या कसोरे के आकार का पात्र। (२) फूल के नीचे की हरे रंग की कटोरी जो कई फाँकों में बँटी होती है। (३) दे० "दिअली"।

दिआ—संज्ञा पुं० दे० "दीया"।

दिआवत्ती—संज्ञा स्त्री० दे० "दियावत्ती"।

दिआर†—संज्ञा पुं० दे० "दयार"।

दिआरा†—संज्ञा पु० (१) दे० "दयार"। (२) दे० "दियारा"।

दिआसलाई—संज्ञा स्त्री० दे० "दियासलाई"।

दिउला—संज्ञा पुं० दे० "दिउली"।

दिउली†—संज्ञा स्त्री० [हिं० दिअली] (१) सूखे घाव के ऊपर की पपड़ी। खुरंट। खुट्टी। दाल। (२) दे० "दिअली"। (३) मछली के ऊपर से छूटनेवाला छिलका। सेहरा।

दिक्—संज्ञा स्त्री० [सं०] दिशा। ओर। तरफ़।

दिक़—वि० [अ०] (१) जिसे बहुत कष्ट पहुँचाया गया हो। हैरान। तंग। जैसे, यह लड़का बहुत दिक़ करता है।

क्रि० प्र०—करना।—रहना।—होना।

(२) अस्वस्थ। बीमार। (इस अर्थ में इसका प्रयोग तबीयत शब्द के साथ होता है) जैसे, कई दिनों से उनकी तबीयत दिक़ है।

क्रि० प्र०—रहना।—होना।

संज्ञा पु० क्षयी रोग। तपेदिक़।

दिकचन—संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का ऊख जिसका गुड़ बहुत अच्छा बनता है।

दिकदाह—संज्ञा पु० दे० "दिग्दाह"। उ०—ऊकपात दिकदाह दिन फेकरहि स्वान सियार। उदित केतु गत हेतु महि कंपति बारहि बार।—तुलसी।

दिकाक‡—संज्ञा पु० [अ० दक़ीक़ = बारीक] किसी चीज का छोटा टुकड़ा। कतरन। धज्जी।

वि० [अ० दक़ियानूस] बहुत बड़ा चालाक। खुर्राट।

दिकोड़ी—संज्ञा स्त्री० [देश०] बर्रे। हड्डा।

दिक्क—संज्ञा पु० [सं०] हाथी का बच्चा।

दिक़त—संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) दिक का भाव। परेशानी। तकलीफ। तंगी। कष्ट।

क्रि० प्र०—उठाना।

(२) कठिनता। मुश्किल।

क्रि० प्र०—डालना।—पड़ना।

दिक्कन्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] दिशारूपी कन्या।

विशेष—पुराणानुसार दिशाएँ ब्रह्मा की कन्याएँ मानी गई हैं। वाराहपुराण में लिखा है कि जिस समय ब्रह्मा सृष्टि करने की चिंता में थे उस समय उनके कान से दस कन्याएं निकलीं। ब्रह्मा ने उनसे कहा कि तुम लोगों की जिधर इच्छा हो उधर चली जाओ। तदनुसार सब एक एक दिशा में चली गईं। इसके उपरांत ब्रह्मा ने आठ लोकपालों की सृष्टि की और अपनी आठ कन्याओं को बुलाकर प्रत्येक लोकपाल को एक एक कन्या प्रदान की। तदुपरांत वे स्वयं आकाश की ओर चले गए और नीचे की ओर उन्होंने शेष को रखा।

दिक्कर—संज्ञा पुं० [सं०] महादेव। शिव।

वि० [स्त्री० दिक्करिका] युवक। जवान।

दिक्करवासिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार दिक्कर अर्थात् महादेव में निवास करनेवाली एक देवी।

दिक्करि—संज्ञा पु० दे० "दिक्करी"।

दिक्करिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार एक नदी जो मानससरोवर के पश्चिम में बहती है। यह नदी दिग्गजों के देश से निकलती है इसीलिये दिक्करिका कहलाती है। यह नदी संभवतः दिकराई नदी है जो कामरूप देश में बहती है।

दिक्करी—संज्ञा पु० [सं० दिक्करिन्] आठो दिशाओं के ऐरावत आदि आठ हाथी। दिग्गज।

दिक्कांता—संज्ञा स्त्री० [सं०] दिक्कन्या।

दिक्कुमार—संज्ञा पु० [सं०] जैनियों के अनुसार भवनपति नामक देवताओं में से एक।

दिक्चक्र—संज्ञा पु० [सं०] आठों दिशाओं का समूह।

दिक्पति—संज्ञा पु० [सं०] (१) ज्योतिष के अनुसार दिशाओं के स्वामी ग्रह।

विशेष—ज्योतिष में आठ दिशाओं के स्वामी आठ ग्रह माने जाते हैं। यथा—दक्षिण के स्वामी मंगल, पश्चिम के शनि, उत्तर के बुध, पूर्व के सूर्य्य, अग्निकोण के शुक्र, नैर्ऋतकोण के राहु, वायुकोण के चंद्रमा और ईशान कोण के बृहस्पति।

(२) दे० "दिक्पाल"।

दिक्पाल—संज्ञा पु० [सं०] (१) पुराणानुसार दसों दिशाओं के पालन करनेवाले देवता। यथा—पूर्व के इंद्र, अग्निकोण के वह्नि, दक्षिण के यम, नैर्ऋतकोण के नैर्ऋत, पश्चिम के वारुण, वायुकोण के मरुत, उत्तर के कुबेर, ईशान कोण के ईश, ऊर्द्ध दिशा के ब्रह्मा और अधोदिशा के अनंत।

विशेष—दे० "दिक्कन्या"।

(२) चौबीस मात्राओं का एक छंद जिसमे १२ मात्राओं पर विराम होता है। इसकी पाँचवीं और सत्तरहवीं मात्राएँ लघु होती हैं। उर्दू का रेख़्ता यही है। उ०—हरिनाम एक साँचा सब झूठ है पसारा।

दिक्शूल—संज्ञा पु० [सं०] फलित ज्योतिष के अनुसार कुछ विशिष्ट दिनों में कुछ विशिष्ट दिशाओं में काल का वास जो कुछ विशेष योगिनियों के योग के कारण माना जाता है। जिस दिन जिस दिशा में कुछ विशिष्ट योगिनियों के योग के कारण इस प्रकार काल का वास और दिक्शूल माना जाता है उस दिन उस दिशा की ओर यात्रा करना बहुत ही अशुभ और हानिकारक माना जाता है। कहते हैं कि दिक्शूल में यात्रा करने से मनोरथ कभी सिद्ध नहीं होता, आर्थिक हानि होती है, कोई न कोई रोग हो जाता है और यहाँ तक कि कभी कभी यात्री की मृत्यु भी हो जाती है।

निम्न-लिखित दिशाओं में निम्न-लिखित वारों को दिक्शूल माना जाता है—

पश्चिम की ओर शुक्र और रविवार को
उत्तर ,, ,, मंगल ,, बुधवार ,,
पूर्व ,, ,, शनि ,, सोमवार ,,
दक्षिण ,, ,, बृहस्पतिवार को।

किसी किसी के मत से बुध और बृहस्पतिवार को दक्षिण की ओर, बृहस्पतिवार को चारों कोणों की ओर, रवि तथा शुक्रवार को पश्चिम दिशा की ओर शूल होता है। पहले और प्रधान मत के संबंध में लोगों ने एक चौपाई भी बना ली है जो इस प्रकार है। सोम सनीचर पुरुब न चालू। मंगल बुध उत्तर दिस कालू॥ आदित शुक्र पच्छिम दिस राहू। बीफै दछिन लंक दिसदाहू॥

दिक्साधन—संज्ञा पुं० [सं०] वह उपाय जिससे दिशाओं का ज्ञान हो। जैसे, जिस ओर सूर्य्य उदय होता हो उस ओर मुँह कर के खड़े होना और तब यह समझना कि सामने पूरब, पीछे पश्चिम, दाहिनी ओर दक्षिण और बाईं ओर उत्तर हैं अथवा कुछ विशेष नियमों के अनुसार धूप में समवृत्त बनाकर और उसमें लकड़ी आदि गाड़कर उस की छाया से दिशा का पता लगाना। सूर्य्यसिद्धांत आदि प्राचीन ग्रंथों में इस प्रकार दिक्साधन की कई विधियाँ लिखी हैं।

दिकसुंदरी—संज्ञा स्त्री० दे० "दिक्कन्या"।

दिक्स्वामी—संज्ञा पुं० दे० "दिक्पति"।

दिक्षा †—संज्ञा स्त्री० दे० "दीक्षा"।

दिक्षागुरु †—संज्ञा पुं० दे० "दीक्षागुरु"।

दिक्षित †—वि० दे० "दीक्षित"।

दिखना †—क्रि० अ० [हिं० देखना] दिखाई देना। देखने में आना।

दिखरादेना* †—क्रि० स० दे० "दिखलाना"।

दिखराना*—क्रि० स० दे० "दिखलाना"।

दिखराघना*—क्रि० स० दे० "दिखलाना"।

दिखराघनी* †—संज्ञा स्त्री० [हिं० दिखलाना] दिखाने का भाव या क्रिया।

दिखलवाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० दिखलाना] (१) वह धन जो दिखलवाने के बदले में दिया जाय। (२) दे० "दिखलाई"।

दिखलवाना—क्रि० स० [हिं० दिखलाना का प्रे० रूप] दिखलाने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को दिखलाने में प्रवृत्त करना।

दिखलाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० दिखलाना] (१) दिखलाने की क्रिया। (२) दिखलाने का भाव। (३) वह धन जो दिखलाने के बदले में दिया जाय।

दिखलाना—क्रि० स० [हिं० देखना का प्रे० रूप] (१) दूसरे को देखने में प्रवृत्त करना। दृष्टिगोचर कराना। दिखाना। जैसे, उन्होंने हमें तुम्हारा मकान दिखला दिया। (२) अनुभव कराना। मालूम कराना। जताना। जैसे, हम तुम्हें इसका मजा दिखला देंगे।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।

दिखलावा †—संज्ञा पुं० दे० "दिखावा"।

दिखवैया †—संज्ञा पुं० [हिं० दिखाना + वैया (प्रत्य०)] दिखलानेवाला।

संज्ञा पुं० [हिं० देखना + वैया (प्रत्य०)] देखनेवाला।

दिखहार* †—संज्ञा पुं० [हिं० देखना + हार (प्रत्य०)] देखनेवाला।

दिखाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० दिखाना + आई (प्रत्य०)] (१) दिखाने का काम। (२) दिखाने का भाव। (३) वह धन जो दिखाने के बदले में दिया जाय।

संज्ञा स्त्री० [हिं० देखना + आई (प्रत्य०)] (१) देखने का काम। (२) देखने का भाव। (३) वह धन जो देखने के बदले में दिया जाय।

दिखाऊ †—वि० [हिं० दिखाना या देखना + आऊ (प्रत्य०)] (१) देखने योग्य। दर्शनीय। (२) दिखाने योग्य। (३) जो केवल देखने योग्य हो पर काम में न आ सके। (४) दिखौआ। बनावटी।

दिखाना—क्रि० स० दे० "दिखलाना"।

दिखाव—संज्ञा पुं० [हिं० देखना + आव (प्रत्य०)] (१) देखने का भाव या क्रिया। (२) दृश्य। जैसे, इस जगह का दिखाव बहुत अच्छा है।

दिखावट—संज्ञा स्त्री० [हिं० देखना + आवट (प्रत्य०)] (१) दिखलाने का भाव या ढंग। (२) ऊपरी तड़क भड़क। बनावट।

दिखावटी—वि० [हिं० दिखावट + ई (प्रत्य०)] जो केवल देखने योग्य हो पर काम में न आ सके। दिखौआ।

दिखावा—संज्ञा पुं० [हिं० देखना + आवा (प्रत्य०)] आडंबर। झूठा ठाठ। ऊपरी तड़क भड़क।

दिखैया* †—संज्ञा पुं० [हिं० देखना + ऐया (प्रत्य०)] देखनेवाला।

संज्ञा पुं० [हिं० दिखाना + ऐया (प्रत्य०)] दिखलानेवाला।

दिखौआ—वि० [हिं० देखना + औआ (प्रत्य०)] वह जो केवल देखने योग्य हो पर काम में न आ सके। बनावटी।

दिखौवा—वि० दे० "दिखौआ"।

दिगंत—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दिशा का छोर। दिशा का अंत। (२) आकाश का छोर। क्षितिज। (३) चारों दिशाएँ। (४) दसों दिशाएँ।

संज्ञा पु० [स० दृग् + अंत] आँख का कोना। उ०—राचे पितंबर ज्यों चहुँघाँ, कछु तैसिये लाली दिगंतन छाई।—द्विजदेव।

दिगंतर—संज्ञा पुं० [सं०] दो दिशाओं के बीच का स्थान।

दिगंबर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) शिव । महादेव । (२) नंगा रहनेवाला जैन यती । दिगंबर यती । क्षपणक । (३) दिशाओं का वस्त्र, अंधकार । तम । अँधेरा ।

वि० दिशाएँ ही जिसका वस्त्र हों, अर्थात् नंगा । नग्न ।

दिगंबरता–संज्ञा स्त्री० [सं०] नंगापन । नग्नता ।

दिगंबरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गा ।

दिगंश–संज्ञा पु० [सं०] क्षितिज वृत्त का ३६० वाँ अंश ।

विशेष—आकाश में ग्रहों और नक्षत्रों आदि की स्थिति जानने के लिये क्षितिज वृत्त को ३६० अंशों में विभक्त कर लेते हैं और जिस ग्रह या नक्षत्र का दिगंश जानना होता है, उस पर से अधस्स्वस्तिक और खस्वस्तिक को छूता हुआ एक वृत्त ले जाते हैं । यही वृत्त पूर्व बिंदु से क्षितिज वृत्त को दक्षिण अथवा उत्तर जितने अंश पर काटता है उतने को उस ग्रह या नक्षत्र का दिगंश कहते हैं ।



दिगंश यंत्र–संज्ञा पु० [सं०] वह यंत्र जिससे किसी ग्रह या नक्षत्र का दिगंश जाना जाय ।

दिग्–संज्ञा स्त्री० दे० "दिक्" ।

दिगदंति*†–संज्ञा पु० दे० "दिग्गज" ।

दिगिभ–संज्ञा पुं० [सं०] दिग्गज ।

दिगीश–संज्ञा पुं० [सं०] दिक्पाल ।

दिगीश्वर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) आठों दिक्पाल । (२) सूर्य्य चंद्रमा आदि ग्रह ।

दिगेश–संज्ञा पुं० दे० "दिगीश" ।

दिग्गज–संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार वे आठों हाथी जो आठों दिशाओं में पृथ्वी को दबाए रखने और उन दिशाओं की रक्षा करने के लिये स्थापित हैं । उनके नाम ये हैं—

पूर्व में ऐरावत, पूर्व-दक्षिण के कोने में पुंडरीक, दक्षिण में वामन, दक्षिण-पश्चिम में कुमुद, पश्चिम में अंजन, पश्चिम-उत्तर के कोने में पुष्पदंत, उत्तर में सार्वभौम और उत्तर-पूर्व के कोने में सप्रतीक ।

वि० बहुत बड़ा । बहुत भारी । जैसे, दिग्गज विद्वान्, दिग्गज पंडित ।

दिग्गयंद–संज्ञा पुं० [सं०] दिग्गज ।

दिग्गी–संज्ञा स्त्री० दे० "डिग्गी" ।

दिग्घ*†–वि० [सं० दीर्घ] (१) लंबा । (२) बड़ा ।

दिग्जय–संज्ञा स्त्री० [सं०] दिग्विजय ।

दिग्ज्या–संज्ञा स्त्री० दे० "दिगंश" ।

दिग्दर्शक यंत्र–संज्ञा पु० [सं०] डिबिया के आकार का एक प्रकार का यंत्र जिससे दिशा का ज्ञान होता है । इसके बीच में लोहे की एक सुई लगी होती है जिसके मुँह पर चुंबकत्व की शक्ति रहती है जिसके कारण सुई का मुँह सदा उत्तर दिशा की ओर रहता है । इसका विशेष व्यवहार जहाजों आदि में दिशा का ज्ञान प्राप्त करने के लिये होता है । कुतुबनुमा । कंपास

दिग्दर्शन–संज्ञा पु० [सं०] (१) वह जो कुछ उदाहरण स्वरूप दिखलाया जाय । नमूना । (२) नमूना दिखाने का काम । (३) अभिज्ञाता । जानकारी । (४) दे० "दिग्दर्शक यंत्र" ।

दिग्दर्शनी–संज्ञा स्त्री० दे० "दिग्दर्शक यंत्र" ।

दिग्दाह–संज्ञा पुं० [सं०] एक दैवी घटना जिसमें सूर्य्यास्त होने पर भी दिशाएँ लाल और जलती हुई सी दिखलाई पड़ती हैं । इसे लोग अशुभ मानते हैं और समझते हैं कि इसके उपरांत युद्ध, दुर्भिक्ष या रोग आदि होता है । बृहत्संहिता में इसके फल आदि का विस्तृत उल्लेख है ।

दिग्देवता–संज्ञा पुं० दे० "दिक्पाल" ।

दिग्ध–संज्ञा पुं० [सं०] (१) विषाक्त बाण । जहर में बुझाया हुआ बान । (२) तेल । (३) अग्नि । (४) प्रबंध । निबंध ।

वि० [सं०] (१) विषाक्त । जहर में बुझा हुआ । (२) लिप्त ।

वि० दीर्घ । लंबा । बड़ा । उ०—कहै मतिराम सब थावर जंगम जरा जग जाकी दिग्ध उदर दरी में दरसत है ।—मतिराम ।

दिग्पट–संज्ञा पुं० [सं० दिक्पट] (१) दिशा रूपी वस्त्र । उ०—भुजंग विभूषण दिग्पट धारी । अर्द्ध अंग गिरिराजकुमारी । —सबलसिंह । (२) दिशा रूपी वस्त्र धारण करनेवाला । नंगा । दिगंबर ।

दिग्पति–संज्ञा पुं० दे० "दिक्पाल" ।

दिग्पाल–संज्ञा पुं० दे० "दिक्पाल" ।

दिग्बल–संज्ञा पुं० [सं०] फलित ज्योतिष के अनुसार लग्न आदि पर स्थित ग्रहों का बल ।

विशेष—यदि लग्न से दसवें स्थान पर मंगल और रवि हो तो दक्षिण, यदि लग्न से सातवें स्थान पर शनि हों तो पश्चिम

और यदि चौथे स्थान पर शुक्र और चंद्र हों तो उत्तर दिशा बली मानी जाती है। इसकी सहायता से दिक्-निर्णय और दूसरी कई प्रकार की गणनाएँ की जाती हैं।

दिग्बली–संज्ञा पुं० [सं० दिग्बलिन्] (१) फलित ज्योतिष में वह ग्रह जो किसी दिशा के लिये बली हो। (२) वह राशि जिस पर किसी ग्रह का बल हो। विशेष—दे० "दिग्बल"।

दिग्भ्रम–संज्ञा पुं० [सं०] दिशाओं का भ्रम होना। दिशा भूल जाना।

दिग्मंडल–संज्ञा पुं० [सं०] दिशाओं का समूह। संपूर्ण दिशाएँ।

दिग्राज–संज्ञा पुं० दे० "दिक्पाल"।

दिग्वसन–संज्ञा पु० दे० "दिग्वस्त्र"।

दिग्वस्त्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) महादेव। शिव। (२) नंगा रहने वाला जैन यती। क्षपणक। (३) नग्न।

दिग्वान्–संज्ञा पुं० [सं०] पहरेदार। चौकीदार।

दिग्वारण–संज्ञा पु० [सं०] दिग्गज।

दिग्वास–संज्ञा पुं० दे० "दिग्वस्त्र"।

दिग्विजय–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) राजाओं का अपनी वीरता दिखलाने और महत्त्व स्थापित करने के लिये देश-देशांतरों में अपनी सेना के साथ जा कर युद्ध करना और विजय प्राप्त करना। (प्राचीन काल में यह प्रथा थी)। उ०—अश्वमेध करवाय युधिष्ठिर कुल को दोष मिटायो। करि दिग्विजय विजय को जग में भक्त पक्ष करवायो।—सूर। (२) अपने गुण, विद्या या बुद्धि आदि के द्वारा देश देशांतरों में अपनी प्रधानता अथवा महत्त्व स्थापित करना। जैसे, शंकर-दिग्विजय।

दिग्विजयी वि० पु० [सं०] [स्त्री० दिग्विजयिनी] जिसने दिग्विजय किया हो। दिग्विजय करनेवाला। उ०—गज अहंकार बढ़्यो दिग्विजयी लोभ छत्र करि सी। फौज असत संगति की मेरी ऐसे हाँ मैं ईस।—सूर।

दिग्विभाग–संज्ञा पु० [सं०] दिशा। ओर। तरफ।

दिग्व्यापी–वि० [सं०] [स्त्री० दिग्व्यापिनी] जो सब दिशाओं में व्याप्त हो।

दिग्व्रत–संज्ञा पु० [सं०] जैनियों का एक व्रत जिसमें वे कुछ निश्चित समय के लिये यह प्रण कर लेते हैं कि अमुक दिशा (अथवा दिशाओं) में इतनी दूर से अधिक न जायँगे।

दिग्शिखा–संज्ञा स्त्री० [सं०] पूर्व दिशा।

दिगसिंधुर–संज्ञा पुं० [सं०] दिग्गज।

दिग्शूल–संज्ञा पु० [सं०] दे० "दिक्शूल"।

दिघी–संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० "दिग्गी"।

दिघोंच–संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का पक्षी जिसकी छाती सफेद, डैने काले और कुछ पर सुनहले होते हैं।

दिङ्नक्षत्र–संज्ञा पुं० [सं०] विशेष नक्षत्र जो फलित ज्योतिष में विशिष्ट दिशाओं से संबद्ध माने जाते हैं।

विशेष—फलित ज्योतिष में सात सात नक्षत्र प्रत्येक दिशा से संबद्ध माने जाते हैं और इन्हीं के अनुसार किसी प्रश्न अंतर्गत दिशा आदि का ज्ञान प्राप्त किया जाता है। जैसे, यदि किसी की कोई चीज चोरी हो जाय अथवा कोई बालक खो जाय तो चीज के चोरी होने अथवा बालक के खोए जाने के समय का नक्षत्र देखकर यह कहा जा सकता है कि चोर अथवा बालक किस दिशा में है।

दिङ्नाग–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दिग्गज। (२) एक बौद्ध नैयायिक और आचार्य, जो मल्लिनाथ के अनुसार कालिदास के समय में हुए थे और इनके बड़े भारी प्रतिद्वंद्वी थे।

दिङ्नारि–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) वेश्या। रंडी। (२) बहुत से पुरुषों से प्रेम करनेवाली स्त्री। कुलटा।

दिङ्मंडल–संज्ञा पुं० [सं०] दिशाओं का समूह।

दिङ्मातंग–संज्ञा पुं० [सं०] दिग्गज।

दिङ्मात्र–संज्ञा पुं० [सं०] उदाहरण मात्र। केवल नमूना।

दिङ्मूढ–वि० [सं०] (१) जिसे दिग्भ्रम हुआ हो। जो दिशाएँ भूल गया हो। (२) मूर्ख। बेवकूफ।

दिङ्मोह–संज्ञा पु० दे० "दिग्भ्रम"।

दिच्छित*†–संज्ञा पु०, वि० दे० "दीक्षित"

दिजराज*†–संज्ञा पु० दे० द्विजराज।

दिजोत्तम*†–संज्ञा पु० दे० "द्विजोत्तम"।

दिठवन–संज्ञा स्त्री० दे० "देवोत्थान" (एकादशी)।

दिठियार‡–वि० [हिं० दीठ = दृष्टि + इयार (प्रत्य०)] देखनेवाला। आँखवाला। जिसे दिखाई देता हो।

दिठौना†–संज्ञा पु० [हि० दीठ = दृष्टि + औना (प्रत्य०)] बच्चों के माथे में भौं के कोने के समीप लगा हुआ काजल का बिंदु जो दृष्टि का दोष शांत करने को लगाया जाता है। वह बिंदी जो बालकों को नजर से बचाने के लिये लगाई जाती है।

क्रि० प्र०—लगाना।

दिढ़*†–वि० दे० "दृढ़"।

दिढ़ता*†–संज्ञा स्त्री० दे० "दृढ़ता"।

दिढ़ाई*†–संज्ञा स्त्री० दे० "दृढ़ता"।

दिढ़ाना*†–क्रि० स० [सं० दृढ़ + आना (प्रत्य०)] (१) पक्का करना। दृढ़ करना। मजबूत करना। (२) निश्चित करना।

दितवार†–संज्ञा पु० दे० "आदित्यवार"।

दिति–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) कश्यप ऋषि की एक स्त्री जो दक्ष प्रजापति की एक कन्या और दैत्यों की माता थीं। जब इन के सब पुत्र (दैत्य) इंद्र और देवताओं द्वारा मारे गए तब इन्होंने अपने पति कश्यप ऋषि से कहा कि अब मैं ऐसा पराक्रमी पुत्र चाहती हूँ जो इंद्र का भी दमन कर सके।

कश्यप ने कहा—इसके लिये तुम्हें सौ वर्ष तक गर्भ धारण करना पड़ेगा और गर्भकाल में बहुत ही पवित्रतापूर्वक रहना पड़ेगा। दिति को गर्भ हुआ और वह ९९ वर्ष तक बहुत पवित्रतापूर्वक रहीं। अंतिम वर्ष में वह एक दिन रात के समय बिना हाथ पैर धोए आकर सो रहीं। इंद्र ताक में लगे ही थे; इन्हें अपवित्र अवस्था में पाकर इन्होंने इनके गर्भ में प्रवेश किया और अपने वज्र से जरायु के सात टुकड़े कर डाले। इस समय शिशु इतने जोर से रोया और चिल्लाया कि इंद्र घबरा गए। तब इन्होंने सातों टुकड़ों में से हर एक के फिर सात टुकड़े किए। ये ही उनचास खंड मरुत् कहलाते हैं। विशेष—दे० "मरुत्"।

विशेष—इस शब्द में "पुत्र" वाची शब्द लगाने से "दैत्य" अर्थ होता है। जैसे, दितिसुत, दितितनय, दितिनंदन।

(२) तोड़ने या काटने की क्रिया। खंडन। (३) दाता। वह जो देता हो।

दितिकुल—संज्ञा स्त्री० [सं०] दैत्यवंश।

दितिज—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० दितिजा] दिति से उत्पन्न। दैत्य।

दितिसुत—संज्ञा पुं० [सं०] दैत्य। राक्षस। असुर।

दित्य—संज्ञा पुं० [सं०] दैत्य।

वि० जो छेदने या काटने योग्य हो।

दित्सा—संज्ञा स्त्री० [सं०] दान करने की इच्छा।

दित्सु—वि० [सं०] जो दान करना चाहता हो।

दित्स्य—वि० [सं०] दान करने योग्य। जो दान किया जा सके।

दिदार—संज्ञा पुं० दे० "दीदार"।

दिदृक्षा—संज्ञा स्त्री० [सं०] देखने की अभिलाषा।

दिदृक्षु—वि० [सं०] जो देखना चाहता हो।

दिदृक्षेय—वि० [सं०] दर्शनीय। जो देखने योग्य हो।

दिधु—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वज्र। (२) बाण।

दिधि—संज्ञा पुं० [सं०] (१) धैर्य्य। (२) धारण करने की क्रिया।

दिधिषु—संज्ञा पुं० [सं०] (१) पहले एक बार ब्याही हुई स्त्री का दूसरा पति। दो बार ब्याही हुई स्त्री का दूसरा पति। (२) गर्भाधान करनेवाला मनुष्य।

दिधिषू—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) वह स्त्री जिसके दो ब्याह हुए हों। द्विरूढा। (२) वह स्त्री या कन्या जिसका विवाह उसकी बड़ी बहन के विवाह के पहले हुआ हो।

दिधिषूपति—संज्ञा पुं० दे० "दिधिषु"।

दिन—संज्ञा पुं० [सं०] (१) उतना समय जिसमें सूर्य्य क्षितिज के ऊपर रहता है। सूर्योदय से लेकर सूर्य्यास्त तक का समय। सूर्य्य की किरणों के दिखाई पड़ने का सारा समय।

विशेष—पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमती हुई सूर्य्य की परिक्रमा करती है। इस परिक्रमा में उसका जो आधा भाग सूर्य्य की ओर रहने के कारण प्रकाशित रहता है, उसमें दिन रहता है, बाकी दूसरे भाग में रात रहती है।

मुहा०—दिन को तारे दिखाई देना = इतना अधिक मानसिक कष्ट पहुँचना कि बुद्धि ठिकाने न रहे। दिन को दिन रात को रात न जानना या समझना = अपने सुख या विश्राम आदि का कुछ भी ध्यान न रखना। जैसे, इस काम के लिये उन्होंने दिन को दिन और रात को रात न समझा। दिन चढ़ना = सूर्योदय होना। सूर्य्य निकलने के उपरांत कुछ और समय बीतना। दिन छिपना = सूर्यास्त होना। संध्या होना। दिन डूबना = सूर्य्य डूबना। संध्या होना। दिन ढलना = संध्या का समय निकट आना। सूर्यास्त होने को होना। दिन दहाड़े या दिन दिहाड़े = बिलकुल दिन के समय। ऐसे समय जब कि सब लोग जागते और देखते हों। जैसे, दिन दहाड़े उनके यहाँ दस हजार की चोरी हो गई। दिन दोपहर या दिन धौले = दे० "दिन दहाड़े"। दिन दूना रात चौगुना होना या बढ़ना = बहुत जल्दी जल्दी और बहुत अधिक बढ़ना। खूब उन्नति पर होना। जैसे, आज कल उनकी जमींदारी दिन दूनी रात चौगुनी हो रही है। दिन निकलना = दिन चढ़ना। सूर्योदय होना। दिन बूड़ना = दे० "दिन डूबना"। दिन मुँदना = दे० "दिन डूबना"। दिन होना = दिन निकलना। सूर्य्य उदय होना। दिन चढ़ना।

यौ०—दिन रात = सर्वदा। सदा। हर वक्त।

(२) उतना समय जितने में पृथ्वी एक बार अपने अक्ष पर घूमती है अथवा पृथ्वी के किसी विशिष्ट भाग के दो बार सूर्य्य के सामने आने के बीच का समय। आठ पहर या चौबीस घंटे का समय।

विशेष—साधारणतः दिन दो प्रकार का माना जाता है—एक नाक्षत्र, दूसरा सौर या सावन। नाक्षत्र उतने समय का होता है जितना किसी नक्षत्र को एक बार याम्योत्तर रेखा पर से होकर जाने और फिर दुबारा याम्योत्तर रेखा पर आने में लगता है। यह समय ठीक उतना ही है जितने में पृथ्वी एक बार अपने अक्ष पर घूम चुकती है। इसमें घटती बढ़ती नहीं होती इसीसे ज्योतिषी नाक्षत्र दिनमान का व्यवहार बहुत करते हैं। सूर्य्य को याम्योत्तर रेखा पर से होकर जाने और फिर दोबारा याम्योत्तर रेखा पर आने में जितना समय लगता है उतने समय का सौर या सावन दिन होता है। नाक्षत्र तथा सौर दिन में प्रायः कुछ न कुछ अंतर हुआ करता है। यदि किसी दिन याम्योत्तर रेखा पर एक ही स्थान पर और एक ही समय सूर्य्य के साथ कोई नक्षत्र भी हो तो दूसरे दिन उसी स्थान पर नक्षत्र तो कुछ पहले आ जायगा पर सूर्य्य कुछ मिनटों के उपरांत आवेगा। यद्यपि नाक्षत्र और सावन दोनों प्रकार के दिन पृथ्वी के अक्ष

पर घूमने से संबंध रखते हैं पर नक्षत्र के याम्योत्तर पर आने में बराबर उतना ही समय लगता है पर सूर्य्य याम्योत्तर पर ठीक उतने ही समय में सदा नहीं आता, कुछ कम या अधिक समय लेता है, जिसके कारण सौर दिन का मान भी घटता बढ़ता रहता है। अतः हिसाब ठीक रखने और सुभीते के लिये एक सौर वर्ष को तीन सौ साठ भागों में विभक्त कर लेते हैं और इनके एक भाग को एक सौर दिन मानते हैं। हिंदुओं में दिन का मान सूर्य्योदय से सूर्योदय तक होता है और प्रायः सभी प्राचीन जातियों में सूर्योदय से सूर्य्योदय तक दिन का मान होता था। आजकल हिंदुओं और एशिया की दूसरी अनेक जातियों में तथा युरोप के आस्ट्रिया, टर्की और इटली देश में भी सूर्योदय से सूर्योदय तक दिन माना जाता है। युरोप के अधिकांश देशों तथा मिस्र और चीन में आधी रात से आधी रात तक दिन माना जाता है। प्राचीन रोमन लोग भी आधी रात से ही दिन का आरंभ मानते थे। आजकल भारतवर्ष में सरकारी कामों में भी दिन का आरंभ आधी रात से ही माना जाता है। पर अपनी गणना के लिये योरप के ज्योतिषी मध्याह्न से मध्याह्न तक दिन मानते हैं।

मुहा०—**दिन दिन या दिन पर दिन** = नित्य प्रति। सदा। हर रोज़।

(३) समय। काल। वक्त। जैसे, (क) इतने दिन की रखी हुई चीज इसने खो दी। (ख) भले दिन, बुरे दिन।

मुहा०—**दिन काटना** = समय बिताना। **दिन गँवाना** = वृथा समय खोना। **दिन पूरे करना** = निर्वाह करना। समय बिताना। **दिन बिगड़ना** = बुरे दिन होना। विपत्ति का अवसर आना। **दिन भुगताना** = दिन काटना। समय बिताना।

यौ०—**पतले दिन** = नाजुक वक्त। बुरे दिन। खोटे दिन।

क्रि० प्र०—बिताना।—बीतना।

(४) नियत या उपयुक्त काल। निश्चित या उचित समय। जैसे, (क) कोई दिन दिखा कर चलेंगे। (ख) अब इसके दिन पूरे हो गए यह मरेगा।

मुहा०—**दिन आना** = समय पूरा हो जाना। अंतिम समय आना। **दिन धरना** = दिन ठहराना। दिन निश्चत करना। **दिन धराना** = दिन स्थिर कराना। दिन निश्चित कराना। मुहूर्त्त निकलवाना। उ०—अति परम सुंदर पालना गढ़ि ल्याय रे बढ़ैया। × × × × × पालनो आन्यो सबहि अति मन मान्यो नीको सो दिन धराइ सखिन मंगल गवाय रंग महल में पौढ्यो है कन्हैया।—सूर।

(५) विशेष रूप से बिताया जानेवाला काल। वह समय जिसके बीच कोई विशेष बात हो। जैसे, अच्छे या बुरे दिन, गर्भ के दिन, जवानी के दिन।

मुहा०—**दिन चढ़ना** = किसी स्त्री का गर्भवती होना। **दिन पड़ना** = कुसमय का आना। बुरा समय आना। **दिन फिरना** = दुर्भाग्य काल के उपरांत सौभाग्य काल आना। बुरे दिनों के बाद अच्छे दिन आना। **दिन बहुरना** = फिर से अच्छे दिन आना। दिन फिरना। **दिन भरना** = दुर्भाग्य काल बिताना। बुरे दिन काटना। **दिनों से उतरना** = जवानी ढलना। युवावस्था का बीत जाना। क्रि० वि० सदा हमेशा। उ०—(क) बावरो रावरो नाह भवानी। दानी बड़ो दिन देत दिए बिनु वेद बड़ाई भानी।—तुलसी। (ख) गुरु पितु मातु महेस भवानी। प्रनवहुँ दीनबंधु दिन दानी।—तुलसी। (ग) हिंडोरे झूलत लाल दिन दूलह दुलहिन बिहारी देखि री ललना।—हरिदास।

दिनकंत*—संज्ञा पुं० [सं० दिन + हिं० कंत (कांत)] सूर्य्य।

दिनकर—संज्ञा पुं० [स०] (१) सूर्य्य। (२) आक। मंदार।

दिनकरकन्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] यमुना।

दिनकरसुत—संज्ञा पु० [स०] (१) यम। (२) शनि। (३) सुग्रीव। (४) अश्विनीकुमार। (५) कर्ण।

दिनकर्त्ता—संज्ञा पुं० दे० "दिनकर"।

दिनकृत्—संज्ञा पुं० दे० "दिनकर"।

दिनकेशर—संज्ञा पु० [सं०] अंधकार। अँधेरी।

दिनक्षय—संज्ञा पुं० दे० "तिथिक्षय"।

दिनचर्य्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] दिन भर का काम धंधा। दिन भर का कर्तव्य कर्म्म।

दिनचारी—संज्ञा पुं० [सं० दिनचारिन्] दिन को चलनेवाला सूर्य्य।

दिनज्योति—संज्ञा स्त्री० [सं० दिनज्योतिस्] (१) दिन का उजेला। (२) धूप।

दिनदानी*†—संज्ञा पुं० [स० दिन + दानी] प्रति दिन दान करनेवाला। रोज देनेवाला। गरीब-परवर।

दिनदीप—संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य।

दिनदुःखित—संज्ञा पुं० [सं०] चकवा पक्षी।

दिननाथ—संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य।

दिननायक—संज्ञा पुं० [सं०] दिन के स्वामी, सूर्य।

दिननाह—संज्ञा पुं० दे० "दिननाथ"।

दिनप—संज्ञा पुं० दे० "दिनपति"।

दिनपति—संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य। (२) आक। मंदार। (३) दिन या वार के पति। दे० "दिन"।

दिनपाकी अजीर्ण—संज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक के अनुसार एक प्रकार का अजीर्ण जिसमें एक बार का किया हुआ भोजन आठ पहर में पचता है और बीच में भूख नहीं लगती।

दिनपात—संज्ञा पुं० दे० "तिथिक्षय"।

दिनपाल—संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य।

दिनबंधु—संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य। (२) आक। मंदार।

दिनबल–संज्ञा पुं० [सं०] फलित ज्योतिष में वह राशि जो दिन के समय बली हो।

विशेष—फलित ज्योतिष में बारह राशियों में से पाँचवीं, छठी, सातवीं, आठवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं ये छः राशियाँ दिनबल या दिनबली मानी जाती हैं और बाकी रात्रिबल।

दिनमणि–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य। भास्कर। रवि। (२) आक। मंदार।

दिनमनि*†–संज्ञा पुं० दे० "दिनमणि"।

दिनमयूख–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य्य। (२) आक। मंदार।

दिनमल–संज्ञा पुं० [सं०] मास। महीना।

दिनमान–संज्ञा पुं० [सं०] दिन का प्रमाण। दिन की अवधि। सूर्योदय से लेकर सूर्य्यास्त तक के समय का मान।

विशेष—दिन सदा घटता बढ़ता रहता है, अतः सुभीते के लिये हिसाब लगाकर यह जान लिया जाता है कि कौन दिन कितना बड़ा (कितनी घड़ियों और कितने पलों का) होगा। सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक के समय का यही मान दिनमान कहलाता है।

दिनमाली–संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य।

दिनमुख–संज्ञा पुं० [सं०] प्रभात। सवेरा।

दिनरत्न–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य्य। (२) आक। मदार।

दिनराइ*–संज्ञा पुं० दे० "दिनराज"।

दिनराउ*–संज्ञा पुं० दे० "दिनराज"।

दिनराज–संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य्य।

दिनशेष–संज्ञा पुं० [सं०] दिनांत। सायंकाल। संध्या।

दिनांड–संज्ञा पुं० [सं०] अंधकार। अँधेरा।

दिनांत–संज्ञा पुं० [सं०] सायंकाल। संध्या। शाम।

दिनांतक–संज्ञा पुं० [सं०] अंधकार। अँधियारा।

दिनांध–संज्ञा पुं० [सं०] वह जिसे दिन को न सूझे। जैसे उल्लू, चमगादड़ आदि।

दिनांश–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दिन के प्रातःकाल, मध्याह्न और सायंकाल में तीन अंश या विभाग। (२) दिन के पाँच अंश या विभाग जो इस प्रकार हैं—प्रातःकाल, संगव, मध्याह्न, अपराह्न और सायंकाल। इनमें से प्रत्येक अंश क्रमशः सूर्य्योदय के उपरांत तीन मुहूर्त तक माना जाता है।

दिनाइ†–संज्ञा पुं० [देश०] दाद। विशेष–दे० "दाद"।

दिनाई*†–संज्ञा स्त्री० [सं० दिन, हिं० आना] कोई ऐसी विषाक्त वस्तु जिसके खाने से थोड़े ही समय में मृत्यु हो जाय। अंतिम दिन (मृत्यु-काल) खानेवाली चीज। उ०—(क) काके सिर पढ़ि मंत्र दियो हम कहाँ हमारे पास दिनाई। —सूर। (ख) लगी मिस्म को अतुल दिनाई। तुरतहि मीच समय बिन आई।—लाल। (ग) कहै पदमाकर जो कोऊ नर जैसे तैसे तन देत गंगातीर तजिकै महान शोक। सो तौ देत व्याधै बिच दुखन दिनाई देत पापन के पुंज को पहारन को ठोक ठोक। —पद्माकर।

दिनागम–संज्ञा पुं० [सं०] प्रभात। तड़का।

दिनाती–संज्ञा स्त्री० [हिं० दिन + आती (प्रत्य०)] (१) मजदूरों, विशेषतः खेत में काम करनेवालों का एक दिन का काम। (२) मजदूरों की एक दिन की मजदूरी।

दिनादि–संज्ञा पुं० दे० "दिनागम"।

दिनाधीश–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य्य। (२) आक। मदार।

दिनार–संज्ञा पुं० दे० "दीनार"।

दिनारु†–वि० [सं० दिनालु] बहुत दिनों का पुराना।

दिनार्द्ध–संज्ञा पुं० [सं०] मध्याह्न। दोपहर।

दिनावा–संज्ञा स्त्री० [देश०] प्रायः हाथ भर लंबी एक प्रकार की मछली जो हिमालय तथा आसाम की नदियों में पाई जाती है। हरद्वार में यह बहुत अधिकता से होती है।

दिनास्त–संज्ञा पु० [सं०] सूर्य्यास्त। दिनांत। संध्या।

दिनिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक दिन का वेतन या मजदूरी।

दिनियर†*–संज्ञा पुं० [सं० दिनकर] सूर्य।

दिनी–वि० [हिं० दिन + ई (प्रत्य०)] बहुत दिनों का पुराना। प्राचीन। उ०—भली बुद्धि तेरे जिय उपजी। ज्यों ज्यों दिनी भई त्यों निपजी। —सूर।

दिनेर–संज्ञा पुं० [सं० दिनकर, हिं० दिनियर] सूर्य। दिनकर। उ०—अनधन तीन सेर निशि माँहा। हौं दिनेर जेहि के तू छाँहा। —जायसी।

दिनेश–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य। (२) आक। मदार। (३) दिन के अधिपति ग्रह।

दिनेशात्मज–संज्ञा पुं० [सं०] (१) शनि। (२) यम। (३) सुग्रीव। (४) कर्ण।

दिनेश्वर–संज्ञा पु० दे० "दिनेश"।

दिनेस–संज्ञा पुं० दे० "दिनेश"।

दिनौंधी–संज्ञा स्त्री० [हिं० दिन + अंध + ई (प्रत्य०)] आँख का एक प्रकार का रोग जिसमें दिन के समय सूर्य की तेज किरणों के कारण बहुत कम दिखाई देता है।

दिपति*†–संज्ञा स्त्री० दे० "दीप्ति"।

दिपना*–क्रि० अ० [सं० दीप्ति] चमकना। प्रकाशमान होना। उ०—कोटि भानु द्युति दिपत है मोहन छिगुरी छोर। याते बरनी ओट हूँ दृग हेरत वह ओर।—रसनिधि।

दिब–संज्ञा पुं० [सं० दिव्य] वह परीक्षा जो निर्दोषता या अपने कथन की सत्यता प्रमाणित करने के लिये कोई दे। जैसे, अग्निपरीक्षा आदि। उ०—(क) काहे को अपराध लगावति कब कीनी हम चोरी।... जैसे जब चाहो तब तैसे बावन दिब मैं दैहौं। (ख) साँप सभा सावर खबार भए

देवँ दिय दुसह साँसति कीजै आगे ही या तन की।—तुलसी।

दिमंकर सो–वि० [सं० द्वि + उत्तर + शत] सौ और दो। एक सौ दो।

विशेष—इस का व्यवहार पहाड़े में होता है। जैसे, सत्तरह छके दिमंकर सो—१७ × ६ = १०२

दिमाक–संज्ञा पुं० दे० "दिमाग़"।

दिमाकदार–वि० दे० "दिमाग़दार"। उ०—सोहते सवार सरदार जे दिमाकदार जुद्ध माँहि क्रुद्ध जे अदम्य ठहरात हैं।—गोपाल।

दिमाग़–संज्ञा पुं० [अ०] (१) सिर का गूदा। मस्तिष्क। भेजा।

मुहा०—दिमाग़ खाना या चाटना = व्यर्थ की बातें कहना जिससे किसी के सिर में दरद होने लगे। बहुत बकवाद करना। जैसे, आजकल वे रोज सवेरे आकर दिमाग़ चाटते (या खाते) हैं। दिमाग़ खाली करना = दिमाग़ चाटना। ऐसा काम करना जिस में मानसिक शक्ति का बहुत अधिक व्यय हो। मगजपच्ची करना। जैसे, उन्हें सब बातें समझाने के लिये हमें घंटों दिमाग़ खाली करना पड़ा। दिमाग़ चढ़ना या आसमान पर होना = बहुत अधिक घमंड होना। अभिमान होना। दिमाग़ न पाया जाना या न मिलना = दिमाग़ चढ़ना। दिमाग़ परेशान करना = "दे० दिमाग़ खाली करना"। दिमाग़ में खलल होना = मस्तिष्क में ऐसा विकार उत्पन्न होना जिससे विवेक शक्ति न रह जाय। सिड़ी होना। पागल होना।

यौ०—दिमाग़चट। दिमाग़-रौशन।

(२) मानसिक शक्ति। बुद्धि। समझ। जैसे, (क) उनका दिमाग़ अच्छा है, सब मामला बहुत जल्दी समझ लेते हैं। (ख) जरा दिमाग़ लगाओ कोई न कोई उपाय निकल ही आवेगा।

मुहा०—दिमाग़ लड़ाना = बहुत अच्छी तरह विचार करना। खूब सोचना। जैसे, इस काम में बहुत दिमाग़ लड़ाने की ज़रूरत है।

यौ०—दिमाग़दार।

(३) अभिमान। घमंड। शेखी।

क्रि० प्र०—करना।—रखना।—होना।

मुहा०—दिमाग़ झड़ना = अहंकार नष्ट होना। अभिमान टूटना।

यौ०—दिमाग़दार।

दिमाग़चट–वि० [अ० दिमाग़ + हिं० चट (चाटना)] बहुत अधिक बकवाद करके दूसरों को व्याकुल करनेवाला। बकी।

दिमाग़दार–वि० [अ० दिमाग़ + फा० दार (प्रत्य०)] (१) जिसकी मानसिक शक्ति बहुत अच्छी हो। बहुत बड़ा समझदार। (२) अभिमानी। घमंडी।

दिमाग़-रौशन–संज्ञा० पुं० [अ० दिमाग़ + फा० रौशन] मगज-रौशन घास। सुँघनी।

दिमाग़ी–वि० दे० "दिमाग़दार"।

दिमात*†–संज्ञा पुं०, वि० [सं० द्विमातृ] दो माताओंवाला। वह जिसकी दो माताएँ हों।

वि०, संज्ञा पुं० [सं० द्विमात्रा] वह जिसमें दो मात्राएँ हों। दो मात्राओंवाला।

दिमाना*†–वि० दे० "दीवाना"।

दिरमस†–संज्ञा स्त्री० [हिं० दुरमट] घासदार देलों को जमा करके दुरमट से पीटने की क्रिया।

दियट–संज्ञा स्त्री० दे० "दीअट"।

दियत†–संज्ञा स्त्री० [हिं० देना] वह धन जो किसी को मार डालने वा अंग भंग करने के बदले में दिया जाय।

दियना‡–संज्ञा पुं० दे० "दीआ"।

दियरा–संज्ञा पुं० [सं० दीप, हिं० दीआ (छोटा कसोरा) + रा (प्रत्य०)] (१) एक प्रकार का पकवान जिसे मीठा मिले हुए आटे की लोई बनाकर और उसके बीच में अँगूठे से गड्ढा करके घी या तेल में तलकर बनाते हैं। लोई में अँगूठे से गड्ढा करने पर उसका आकार दीए का सा हो जाता है। (२) दे० "दीया"।

दियला‡–संज्ञा पुं० दे० "दीया"।

दियवा‡–संज्ञा पुं० दे० "दीया"।

दियाँर–संज्ञा स्त्री० दे० "दीमक"।

दिया–संज्ञा पुं० दे० "दीया"।

दियानत–संज्ञा स्त्री० दे० "दयानत"।

दियानतदार–वि० दे० "दयानतदार"।

दियानतदारी–संज्ञा स्त्री० दे० "दयानतदारी"।

दियाबत्ती–संज्ञा स्त्री० [हिं० दीया + बत्ती] (संध्या के समय) दीया जलाने का काम।

दियारा–संज्ञा पु० [फा० दयार = प्रदेश] (१) नदी के किनारे की वह जमीन जो नदी के हट जाने पर निकल आती है। कछार। खादर। दरिया-बरार। (२) दयार। प्रदेश। प्रांत। उ०—का बरनउँ धनि देस दियारा। जहँ अस नग उपजा उँजियारा।—जायसी।

दियासलाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० दीया + सलाई] लकड़ी की वह तीली या सलाई जो रगड़ने से जल उठती है।

विशेष—यह प्रायः एक अंगुल या इससे कुछ कम लंबी और पतली लकड़ी की सलाई होती है जिसके एक सिरे पर गंधक आदि कई भभकनेवाले मसाले लगे होते हैं। इस सिरे को रगड़ने से आग निकलती है जिससे सलाई जलने लगती है। जिस सलाई के सिरे पर गंधक लगी होती है वह हर एक कड़ी चीज पर रगड़ने से जल उठती है, पर जिसके सिरे

पर और मसाले लगे होते हैं वह विशिष्ट मसालों से बने हुए तख पर ही रगड़ने से जलती है। इसके अतिरिक्त चिनगारी या आग से इस सिरे का स्पर्श कराने से भी सलाई जल उठती है। छोटी चौकोर डिबिया में दियासलाइयाँ बंद रहती हैं; और उसी डिबिया के एक पार्श्व पर वह मसाला लगा होता है जिस पर रगड़ने से सलाई जलती है। लकड़ी के अतिरिक्त एक प्रकार की मोम की बनी हुई दियासलाई होती है जो अपेक्षाकृत अधिक समय तक जलती रहती है। आज कल वैज्ञानिकों ने कागज आदि की भी सलाई बनाई है। सलाई का व्यवहार दीया जलाने और आग सुलगाने आदि के लिये होता है।

क्रि० प्र०—घिसना।—जलाना।—रगड़ना।

मुहा०—दियासलाई लगाना = आग लगाना। जलाना। जैसे, यह किताब तो दियासलाई लगाने लायक है।

दिर—संज्ञा पुं० [अनु०] सितार का एक बोल। जैसे, दिर दा दिर दारा दारा दा दार दार दा दार। दिर दा दिर दारा दा दिर दारा दा दिर दारा दार दार दा दार।

दिरद*—संज्ञा पुं० दे० "द्विरद"।

दिरम—संज्ञा पुं० [अ० दरहम] (१) मिश्र देश का चाँदी का एक सिक्का। दिरहम। (२) साढ़े तीन माशे की एक तौल।

दिरमान†—संज्ञा पुं० [फा० दरमानः] चिकित्सा। इलाज।

दिरमानी—संज्ञा पुं० [फा० दरमानः = चिकित्सा + ई (प्रत्य०)] वैद्य। चिकित्सक। इलाज करनेवाला। उ०—मैं हरि साधन करै न जानी। जस आमय भेषज न कीन्ह तस दोष कहा दिरमानी।—तुलसी।

दिरहम—संज्ञा पुं० [फा० दरहम] दिरम नाम का सिक्का। दे० "दिरम"।

दिरानी†—संज्ञा० स्त्री० दे० "देवरानी"।

दिरिस*†—संज्ञा पुं० दे० "दृश्य"।

दिरेस—संज्ञा पुं० [अ० ड्रेस] (१) महीन कपड़े पर छपी हुई एक प्रकार की छींट। दरेस। (२) सँवारने या ठीक करने की क्रिया।

वि० सँवारा या ठीक किया हुआ। ड्रैस। दुरुस्त।

दिर्हम—संज्ञा पु० दे० "दिरम"।

दिल—संज्ञा पुं० [फा०] (१) कलेजा।

मुहा०—दिल उलटना = दे० "कलेजा उलटना"। दिल मलना = दे० "कलेजा मलना"। दिल मसोस कर रह जाना—दे० "कलेजा मसोस कर रह जाना"। दिल धुकड़ पुकड़ करना या होना = दे० "कलेजा धुकड़ पुकड़ होना"। दिल धक धक करना या होना = दे० "कलेजा धक धक करना।"

(२) मन। चित्त। हृदय। जी।

यौ०—दिलगीर। दिलगुरदा। दिलचला। दिलचस्प। दिलचोर। दिलजमई। दिलजला। दिलदरिया। दिलदार। दिलबर। दिलरुबा।

मुहा०—(किसी से) दिल अटकना—दे० "जी लगना"। (किसी से) दिल अटकाना = दे० "जी लगाना"। (किसी पर) दिल आना = दे० (किसी पर) "जी आना"। दिल उकताना = दे० "जी उकताना"। दिल उचटना = दे० "जी उचटना"। दिल उचाट होना = दे० "जी उचाट होना"। दिल उठाना = दे० "जी हटाना"। दिल उमड़ना = दे० "जी भर आना"। दिल उलटना = (१) दे० "जी घबराना"। (२) दे० "जी मिचलाना"। दिल उठाना = चित्त हटाना। मन फेर लेना। दिल कड़ा करना = हिम्मत बाँधना। साहस करना। चित्त में दृढ़ता लाना। दिल कड़ुवा करना = दे० "दिल कड़ा करना"। दिल कबाब होना = दे० "जी जलना"। दिल करना = दे० "जी करना"। दिल का कँवल खिलना = चित्त प्रसन्न होना। मन में आनंद होना। दिल का गवाही देना = मन को किसी बात की संभावना या औचित्य का निश्चय होना। इस बात का विचार में आना कि कोई बात होगी या नहीं; अथवा यह बात उचित है या नहीं। जैसे, (क) हमारा दिल गवाही देता है कि वह अरूर आवेगा। (ख) इनके साथ जाने के लिये हमारा जी गवाही नहीं देता। दिल का गुबार निकलना = दे० "जी का बुखार निकलना"। दिल का बादशाह = (१) बहुत बड़ा उदार। (२) मनमौजी। लहरी। दिल का बुखार निकालना = दे० "जी का बुखार निकालना"। दिल का भर जाना = दे० "जी भर जाना"। दिल की दिल में रहना। = दे० "जी की जी में रहना"। दिल की फाँस = मन की पीड़ा या दुःख। दिल कुढ़ना = चित्त का दुखी होना। रंज होना। दिल कुढ़ाना = चित्त को दुखी करना। रंज करना। दिल कुम्हलाना = चित्त का दुखी वा शोकाकुल होना। मन का सुस्त होजाना। (किसी के) दिल के दरवाजे खुलना = (किसी के) जी का हाल मालूम होना। मन की बात प्रकट होना। दिल के फफोले फूटना = चित्त का उद्गार निकलना। दिल के फफोले फोड़ना = हृदय का उद्गार निकालना। किसी को भली बुरी सुनाकर अपना जी ठंढा करना। जली कटी कह कर अपना चित्त शांत करना। दिल को करार होना = चित्त में धैर्य्य या शांति होना। हृदय का शांत या संतुष्ट होना। दिल को मसोसना = शोक या क्रोध आदि तीव्र मनोवेगों को मन में ही दबा रखना। चित्त के उद्गार को किसी कारणवश निकलने न देना। दिल को लगना = हृदय पर पूरा या गहरा प्रभाव पड़ना। किसी बात का जी में बैठना। चित्त में चुभना। जैसे, इनकी सब बातें हमारे दिल को लग गईं। दिल खट्टा होना = दे० "जी खट्टा होना।" दिल खटकना = दे० "जी खटकना"। दिल खुलना = दे० "जी

खुलना"। **दिल खिलना** = चित्त प्रसन्न होना। मन का प्रफुल्लित होना। **दिल खोलकर** = दे० "जी खोलकर"। **दिल चलाना** = दे० "मन चलाना"। **दिल चलना** = दे० "जी चलना"। **दिल चुराना** = दे० "जी चुराना"। **दिल जमना** = (१) किसी काम में चित्त लगना। ध्यान या जी लगना। **जैसे, तुम्हारा दिल तो जमता ही नहीं, तुम काम कैसे करोगे ?** (२) किसी विषय या पदार्थ की ओर से चित्त का संतुष्ट होना। रुचि के अनुकूल होना। जी भरना। **जैसे, (क) जिस चीज पर दिल ही नहीं जमता उसे लेकर क्या करेंगे ? (ख) अगर तुम्हारा दिल जमे तो तुम भी हमारे साथ चलो**। **दिल जमाना** = काम में ध्यान देना। चित्त लगाना। जी लगाना। **जैसे, अगर तुम्हें काम करना हो तो दिल जमा कर किया करो**। **दिल जलना** = दे० "जी जलना"। **दिल जलाना** = दे० "जी जलाना"। (**किसी काम में**) **दिल जान से लगना** = दे० "जी जान से लगना"। **दिल टूटना या टूट जाना** = दे० "जी टूट जाना"। **दिल ठिकाने होना** = मन में शांति संतोष या धैर्य्य होना। चित्त स्थिर होना। जी ठहराना। **दिल ठिकाने लगाना** = मन को शांत या संतुष्ट करना। जी को सहारा देना। व्याकुलता दूर करना। **दिल ठुकना** = दे० "जी ठुकना"। **दिल ठोकना** = मन को दृढ़ करना। जी पक्का करना (क्व०)। **दिल डूबना** = दे० "जी डूबना"। **दिल तड़पना** = चित्त का वेग हो, विशेषतः किसी के प्रेम में, बहुत व्याकुल होना। बहुत अधिक घबराहट या बेचैनी होना। **उ०—दिल तड़प कर रह गया जब याद आई आप की**। **दिल तोड़ना** = हिम्मत तोड़ना। हतोत्साह करना। साहस भंग करना। **दिल दहलना** = दे० "जी दहलना"। **दिल दुखना** = दे० "जी दुखना"। **दिल दुखाना** = दे० "जी दुखाना"। **दिल देखना** = किसी के मन की परीक्षा करना। रुचि या प्रवृत्ति का पता लगाना। जी की थाह लेना। मन टटोलना। **जैसे, हमें रुपयों की कोई जरूरत नहीं है; हम तो खाली तुम्हारा दिल देखते थे**। **दिल देना** = आशिक होना। प्रेम करना। आसक्त होना। मुहब्बत में पड़ना। **दिल दौड़ना** = दे० "जी दौड़ना"। **दिल दौड़ाना** = (१) जी चलाना। इच्छा या लालसा करना। (२) ध्यान दौड़ना। चिंतन करना। सोचना। **दिल धड़कना** = दे० "कलेजा धड़कना"। **दिल पक जाना** = दे० "कलेजा पक जाना"। **दिल पकड़ लेना या दिल पकड़ कर बैठ जाना** = दे० "कलेजा पकड़ लेना"। **दिल पकड़ा जाना** = दे० "जी पकड़ा जाना"। **दिल पकड़े फिरना** = ममता से व्याकुल होकर इधर उधर फिरना। विकल होकर घूमना। **दिल पर नक्श होना** = किसी बात का जी में जम जाना। जी में बैठ जाना। हृदयंगम होना। **दिल पर मैल आना** = मन मोटाव होना। पहले का सा प्रेम या सद्भाव न रह जाना। प्रीति-भंग होना। जी फट जाना। **दिल पर साँप लोटना** = दे० "कलेजे पर साँप लोटना"। **दिल पर हाथ रखके फिरना** = दे० "दिल पकड़े फिरना"। **दिल पसीजना** = दे० "दिल पिघलना"। **दिल पाना** = आशय जानना। अंतःकरण की बात जानना। मन की थाह पाना। **दिल पीछे पड़ना** = दे० "जी पीछे पड़ना"। **दिल फटना या फट जाना** = दे० "जी फट जाना"। **दिल फिरना या फिर जाना** = दे० "जी फिर जाना"। **दिल फीका होना** = दे० "जी खट्टा होना"। **दिल बढ़ना** = दे० "जी बढ़ना"। **दिल बढ़ाना** = दे० "जी बढ़ाना"। **दिल बहलना** = दे० "जी बहलना"। **दिल बहलाना** = दे० "जी बहलाना"। **दिल बुझना** = चित्त में किसी प्रकार का उत्साह या उमंग न रह जाना। मन मरना। **दिल बुरा होना** = दे० "जी बुरा होना"। **दिल बेकल होना** = बेचैनी होना। घबराहट होना। **दिल बैठा जाना** = दे० "जी बैठा जाना"। **दिल भटकना** = चित्त का व्यग्र या चंचल होना। मन में इधर उधर के विचार उठना। **दिल भर आना** = दे० "जी भर आना"। **दिल भरना** = दे० "जी भरना"। **दिल भारी करना** = दे० "जी भारी करना"। **दिल मसोसना** = शोक, क्रोध या किसी दूसरे तीव्र मनोवेग का मन में ही दब रहना। **दिल मारना** = दे० "मन मारना"। **दिल मिलना** = दे० "जी मिलना" या "मन मिलना"। **दिल में आना** = दे० "जी में आना"। **दिल में गड़ना या खुभना** = दे० "जी में गड़ना या खुभना"। **दिल में गाँठ या गिरह पड़ना** = दे० "गाँठ" के अंतर्गत "मन में गाँठ पड़ना"। **दिल में घर करना** = दे० "जी में घर करना"। **दिल में चुटकियाँ या चुटकी लेना** = दे० "चुटकी लेना"। **दिल में खुभना** = दे० "जी में गड़ना या खुभना"। **दिल में चोर बैठना** = दे० "मन में चोर बैठना"। **दिल में जगह करना** = दे० "जी में घर करना"। **दिल में फफोले पड़ना** = चित्त को बहुत अधिक कष्ट पहुँचना। मन में बहुत दुःख होना। **दिल में फरक आना** = सद्भाव में अंतर पड़ना। मन-मोटाव होना। **दिल में बल पड़ना** = दे० "दिल में फरक आना"। **दिल में रखना** = दे० "जी में रखना"। **दिल मैला करना** = चित्त में दुर्भाव उत्पन्न करना। मन मैला करना। **दिल रुकना** = दे० "जी रुकना"। (**किसी का**) **दिल रखना** = दे० "जी रखना"। **दिल लगना** = दे० "जी लगना"। **दिल लगाना** = दे० "जी लगाना"। **दिल ललचना** = दे० "जी ललचना"। **दिल लेना** = (१) किसी को अपने पर आसक्त करना। अपने प्रेम में फँसाना। (२) अंतःकरण की बात जानना। मन की थाह लेना। **दिल लोटना** = दे० "जी लोटना"। **दिल से उतरना या गिरना** = दृष्टि से गिर जाना। प्रिय या आदरणीय न

रह जाना। विरक्ति-भाजन होना। दिल से = (१) जी लगाकर। अच्छी तरह। ध्यान देकर। (२) अपने मन से। अपनी इच्छा से। दिल से उठना = आपसे आप कोई काम करने की प्रवृत्ति होना। जैसे, जब तुम्हारे दिल से ही नहीं उठता, तब बार बार कहकर तुम से कोई क्या काम करावेगा? दिल से दूर करना = भुला देना। विस्मरण करना। ध्यान छोड़ देना। दिल हट जाना = दे० "जी फिर जाना"। (किसी का) दिल हाथ में रखना = किसी को प्रसन्न रखना। किसी के मन को अपने वश में रखना। दिल हाथ में लेना = किसी को प्रसन्न करके अपने अधिकार में रखना। वशीभूत रखना। दिल हिलना = दे० "जी दहलना"। दिल ही दिल में = चुपके चुपके। गुप्त भाव से। मन ही मन। दिलो जान से = दे० "जी जान से"।

(३) साहस। दम। जिगट।

मुहा०—दिल-दिमाग़ का (आदमी) = बहुत साहसी और समझदार (आदमी)।

यौ०—दिलदार।

(४) प्रवृत्ति। इच्छा।

दिलगीर—वि० [फा०] (१) उदास। (२) दुखी। शोकाकुल।

दिलगीरी—संज्ञा पु० [फा० दिलगीर + ई० (प्रत्य०)] (१) उदासी। (२) रंज। दुःख।

दिलगुरदा—संज्ञा पुं० [फा० दिल + गुरदा] हिम्मत। साहस। बहादुरी।

दिलचला—वि० [फा० दिल + हिं० चलना] (१) साहसी। हिम्मतवाला। दिलेर। (२) शूर। वीर। बहादुर। (३) दाता। दानी। उदार। (४) पागल। (क०)

दिलचस्प—वि० [फा०] जिसमें जी लगे। मनोहर। चित्ताकर्षक।

दिलचस्पी—संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) दिल का लगना। (२) मनोरंजन।

दिलचोर—वि० [फा० दिल + हिं० चोर] जो काम करने से जी चुराता हो। कामचोर।

दिलजमई—संज्ञा स्त्री० [फा० दिल + अ० जमअ: + ई० (प्रत्य०)] इतमीनान। तसल्ली। संतोष।

क्रि० प्र०—करना।—कराना।—रखना।

दिलजला—वि० [फा० दिल + हिं० जलना] जिसका जी जला हो। जिसके चित्त को बहुत कष्ट पहुँचा हो। अत्यंत दुखी।

दिलदरिया—संज्ञा पुं० दे० "दरियादिल"।

दिलदरियाव—संज्ञा पुं० दे० "दरियादिल"।

दिलदार—वि० [फा०] (१) उदार। दाता। (२) रसिक। (३) प्रेमी। प्रिय। वह जिससे प्रेम किया जाय।

दिलदारी—संज्ञा स्त्री० [फा० दिलदार + ई० (प्रत्य०)] (१) उदारता। (२) रसिकता। (३) प्रेमिकता।

दिलपसंद—वि० [फा०] मनोहर। जो भला मालूम हो।

संज्ञा पुं० (१) फुलवर या चुनरी की तरह का एक प्रकार का कपड़ा जिसपर बेल-बूटे आदि छपे हुए होते हैं और जो साड़ी आदि बनाने के काम में आता है। (२) एक प्रकार का आम।

दिलबर—वि० [फा०] जिससे प्रेम किया जाय। प्यारा। प्रिय।

दिलबहार—संज्ञा पुं० [फा० दिल + बहार] खाखाशी रंग का एक भेद।

दिलरुबा—संज्ञा पुं० [फा०] वह जिससे प्रेम किया जाय। प्यारा।

दिलवल—संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का पेड़।

दिलवाना—क्रि० स० दे० "दिलाना"।

दिलवाला—वि० [फा० दिल + वाला (प्रत्य०)] (१) उदार। दाता। जो खूब देता हो। (२) बहादुर। दिलेर। साहसी।

दिलवैया—वि० [हिं० दिलवाना + ऐया (प्रत्य०)] दिलवानेवाला। जो दूसरे को दिलाता हो।

दिलहा—संज्ञा पुं० दे० "दिल्ला"।

दिलहेदार—वि० दे० "दिलेदार"।

दिलाना—क्रि० स० [हिं० देना का प्रे०] (१) दूसरे को देने में प्रवृत्त करना। देने का काम दूसरे से कराना। दिलवाना। जैसे, रुपया दिलाना, काम दिलाना। (२) प्राप्त कराना।

विशेष—इस अर्थ में इस शब्द का व्यवहार प्रायः ऐसी ही बातों के संबंध में होता है जिनकी प्राप्ति किसी तीसरे व्यक्ति पर निर्भर न हो बल्कि जो स्वयं उसी मनुष्य में उत्पन्न की जा सकें। जैसे, सुध दिलाना, कसम दिलाना, ध्यान दिलाना।

संयो० क्रि०—देना।

दिलावर—वि० [फा०] (१) शूर। बहादुर। जवाँमर्द। (२) उत्साही। साहसी।

दिलावरी—संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) बहादुरी। शूरता। (२) साहस।

दिलासा—संज्ञा पुं० [फा० दिल + हिं० आसा] तसल्ली। ढाढस। आश्वासन। धैर्य्य। प्रबोध।

क्रि० प्र०—देना।

यौ०—दम दिलासा = (१) तसल्ली। धैर्य्य। (२) दम भुत्ता। धोखा। फरेब।

दिली—वि० [फ़ा० दिल + ई (प्रत्य०)] (१) हार्दिक। हृदय या दिल संबंधी। जैसे, दिली मुराद। (२) अत्यंत घनिष्ट। अभिन्न हृदय। जिगरी। जैसे, दिली दोस्त।

दिलीप—संज्ञा पु० [स०] (१) इक्ष्वाकु वंशी राजा जो वाल्मीकि के अनुसार राजा सगर के परपोते, भगीरथ के पिता और रघु के परदादा थे। लेकिन रघुवंश के अनुसार इन्हीं राजा दिलीप की स्त्री सुदक्षिणा के गर्भ से राजा रघु उत्पन्न हुए थे। रघुवंश में लिखा है कि राजा दिलीप एक बार स्वर्ग से

मर्त्य लोक में अपनी स्त्री से मिलने के लिये आते समय स्वर्गीय गौ सुरभि की पूजा करना भूल गए थे। इसलिये इसने उन्हें शाप दिया कि जब तक तुम मेरी नंदिनी की सेवा न करोगे तब तक तुम्हें पुत्र न होगा। इस पर वे नंदिनी की सेवा करने लगे। एक बार एक शेर ने नंदिनी को खाना चाहा। दिलीप ने उसकी रक्षा के लिये अपने आपको उस शेर के आगे डाल दिया। इससे सुरभि प्रसन्न हो गई और सुदक्षिणा के गर्भ से रघु की उत्पत्ति हुई। लिंग पुराण में लिखा है कि ये बड़े बुद्धिमान थे और इन्होंने तीनों लोकों और तीनों अग्नियों को जीत लिया था। एक बार एक मुहूर्त्त के लिये ये स्वर्ग से मर्त्य लोक में भी आए थे। आगे चलकर इन्होंने फिर इसी वंश में ऐलविलि राजा के घर में जन्म लिया था। हरिवंश के अनुसार भी दिलीप राजा सगर के परपोते और भगीरथ के पुत्र थे। आगे चलकर इन्होंने एक बार फिर इसी वंश में जन्म लिया था। (२) चंद्रवंशी राजा कुरु के वंशज एक राजा का नाम।

दिलीर—संज्ञा पुं० [सं०] भुइँफोड़। ढिंगरी।

दिलेर—वि० [फा०] (१) बहादुर। शूर। वीर। (२) साहसी। दिलवाला।

दिलेरी—संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) बहादुरी। वीरता। (२) साहस। हिम्मत।

क्रि० प्र०—करना।—दिखाना।

दिल्लगी—संज्ञा स्त्री० [फा० दिल + हिं० लगना] (१) दिल लगाने की क्रिया या भाव। (२) वह व्यापार, घटना या बात आदि जिसकी विलक्षणता आदि के कारण चित्त का विनोद और मनोरंजन हो। केवल चित्त विनोद या हँसने हँसाने की बात। ठट्ठा। ठठोली। मज़ाक। मखौल। मसखरी। जैसे, (क) आप आजकल बहुत दिल्लगी करने लगे हैं। (ख) कल रातवाले झगड़े में अच्छी दिल्लगी देखने में आई। (ग) दोनों का सामना होगा तो बड़ी दिल्लगी होगी।

मुहा०—किसी बात की दिल्लगी उड़ाना = (किसी बात को) अमान्य और मिथ्या ठहराने के लिये (उसे) हँसी में उड़ा देना। हँसी की बात कह कर टाल देना। उपहास करना। जैसे, (क) आप तो सब की योंही दिल्लगी उड़ाया करते हैं। (ख) उन्होंने तुम्हारी किताब की खूब दिल्लगी उड़ाई। दिल्लगी में = केवल दिल्लगी के विचार से। योंही। हँसी में। जैसे, मैंने उन्हें दिल्लगी में ही यहाँ से जाने के लिये कहा था, पर वे नाराज होकर चले गए।

दिल्लगीबाज़—संज्ञा पु० [हिं० दिल्लगी + फा० बाज़] वह जो सदा दूसरों को हँसानेवाली बात कहता हो। हँसी या दिल्लगी करनेवाला। मसखरा। ठठोल। हँसोड़। मखौलिया।

दिल्लगीबाज़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० दिल्लगी + फा० बाज़ी] (१) दिल्लगी करने का काम। (२) दे० "दिल्लगी"।

दिल्ला—संज्ञा पुं० [देश०] किवाड़ के पल्ले में लकड़ी का वह चौखटा जो शोभा के लिये बना या जड़ दिया जाता है। आइना।

विशेष—किवाड़ों में शोभा के लिये या तो चौकोर छेद करके उसमें शीशे की तरह लकड़ी का चौकोर टुकड़ा फिर से बैठा देते हैं अथवा पल्ले का ही कुछ अंश काटकर और कुछ उभाड़दार छोड़कर इस प्रकार बना देते हैं कि वह देखने में एक अलग चौकोर टुकड़ा सा जान पड़ता है। इसी को दिल्ला या दिलहा कहते हैं।



दिल्ली—संज्ञा स्त्री० जमुना नदी के किनारे बसा हुआ उत्तरपश्चिम भारत का एक बहुत प्रसिद्ध और प्राचीन नगर जो बहुत दिनों तक हिंदू राजाओं और मुसलमान बादशाहों की राजधानी था और जो सन् १९१२ में फिर ब्रिटिश भारत की भी राजधानी हो गया है। जिस स्थान पर वर्त्तमान दिल्ली नगर है उस के चारों ओर १०—१२ मील के घेरे में भिन्न भिन्न स्थानों में यह नगर कई बार बसा और कई बार उजड़ा। कुछ लोगों का मत है कि इंद्रप्रस्थ के मयूरवंशी अंतिम राजा दिलू ने इसे पहले पहल बसाया था, इसीसे इसका नाम दिल्ली पड़ा। यह भी प्रवाद है कि पृथ्वीराज के नाना अनंगपाल ने एक बार एक गढ़ बनवाना चाहा था। उसकी नींव रखने के समय उनके पुरोहित ने अच्छे मुहूर्त्त में लोहे की एक कील पृथ्वी में गाड़ दी और कहा कि यह कील शेषनाग के मस्तक पर जा लगी है जिसके कारण आपके तोंअर वंश का राज्य अचल हो गया। राजा को इस बात पर विश्वास न हुआ और उन्होंने वह कील उखड़वा दी। कील उखाड़ते ही वहाँ से लहू की धारा निकलने लगी। इस पर राजा को बहुत परचात्ताप हुआ। उन्होंने फिर वही कील उस स्थान पर गड़वाई पर इस बार वह ठीक नहीं बैठी, कुछ ढीली रह गई। इसी से इस स्थान का नाम "ढीली" पड़ गया जो बिगड़कर दिल्ली हो गया। पर कील

वा स्तंभ पर जो शिलालेख है उससे इस प्रवाद का पूरा खंडन हो जाता है क्योंकि उसमें अनंगपाल से बहुत पहले के किसी चंद्र नामक राजा (शायद चंद्रगुप्त, विक्रमादित्य) की प्रशंसा है। नाम के विषय में चाहे जो हो, पर इसमें संदेह नहीं कि ईसवी पहली शताब्दी के बाद से यह नगर कई बार बसा और उजड़ा। सन् ११९३ में मुहम्मद गोरी ने इस नगर पर अधिकार कर लिया। तभी से यह मुसलमान बादशाहों की राजधानी हो गया। सन् १३९८ में इसे तैमूर ने ध्वंस किया और १५२६ में बाबर ने इस पर अधिकार किया। तब से यहाँ मोगल साम्राज्य की राजधानी हो गई। सन् १८०३ में इस पर अंगरेजों का अधिकार हो गया। पहले अँगरेजी भारत की राजधानी कलकत्ते में थी; पर सन् १९१२ से उठकर दिल्ली चली गई। आज कल वर्त्तमान दिल्ली के पास एक नई दिल्ली बसाई जा रही है।

दिल्लीवाल–वि० [हिं० दिल्ली + वाल (प्रत्य०)] (१) दिल्ली संबंधी। दिल्ली का। (२) दिल्ली का रहनेवाला।
संज्ञा पु० दिल्ली का बना हुआ एक प्रकार का देसी जूता।

दिल्लेदार–वि० [देश० दिलहा + फा० दार] दिलहेवाला (किवाड़)। जिसमें दिलहा बना या लगा हो।

दिव्–संज्ञा पु० दे० "दिव"।

दिव–संज्ञा पु० [सं०] (१) स्वर्ग। (२) आकाश। (डिं०)। (३) वन। (४) दिन।

दिवगृह–संज्ञा पु० दे० "देवगृह"।

दिवराज–संज्ञा पु० [सं०] स्वर्ग के राजा, इंद्र। उ०—सूरदास प्रभु कृपा करहिंगे शरण चलौ दिवराज।—सूर।

दिवरानी–संज्ञा स्त्री० दे० "देवरानी"

दिवली–संज्ञा स्त्री० दे० "दिवली"।

दिवस–संज्ञा पु० [सं०] दिन। वासर। रोज।

दिवस-अंध*संज्ञा पु० दे० "दिवांध"।

दिवसकर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य्य। दिनकर। (२) मदार का पेड़।

दिवसनाथ–संज्ञा पु० दे० "दिवसमणि"।

दिवसमणि–संज्ञा पु० [सं०] सूर्य

दिवसमुख–संज्ञा पुं० [सं०] सवेरा। प्रातःकाल।

दिवसमुद्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक दिन का वेतन। एक दिन की तनखाह।

दिवसेश–संज्ञा पुं० दे० "दिवसेश्वर"।

दिवस्पति–संज्ञा पु० [सं०] (१) सूर्य्य। (२) तेरहवें मन्वंतर के इंद्र का नाम।

दिवस्पृश्–संज्ञा पुं० [सं०] (वामनावतार में) पैर से स्वर्ग को छूनेवाले, विष्णु।

दिवांध–वि० [सं०] जिसे दिन में न सूझे। जिसे दिनौंधी हो।
संज्ञा पु० (१) दिनौंधी का रोग। (२) उल्लू।

दिवांधकी–संज्ञा स्त्री० [सं०] छुछूँदर।

दिवा–संज्ञा पु० [सं०] (१) दिन। दिवस। (२) २२ अक्षरों का एक वर्णवृत्त। एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में ७ भगण और १ गुरु होता है। इसके दूसरे नाम "मालिनी" और "मदिरा" भी है। उ०—भातस गौरि गुसाँइन को वर राम धनू दुइ खंड कियो। दे० "दीया"।

दिवाकर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य। भास्कर। रवि। (२) काक। कौवा। (३) मदार। आक। (४) एक फूल।

दिवाकीर्ति–संज्ञा पुं० [सं०] (१) नापित। नाऊ। नाई। हज्जाम। (प्राचीन काल में नाइयों को केवल दिन के समय ही नगर आदि में घूमने का अधिकार था, इसीसे यह नाम पड़ा) (२) चांडाल। (३) उल्लू।

दिवाकीर्त्य–संज्ञा पु० [सं०] वह सामगान जो साल भर में होनेवाले गवानयन यज्ञ में विषुव संक्रांति के दिन गाया जाता है।

दिवाचर–संज्ञा पु० [सं०] (१) पक्षी। चिड़िया। (२) चांडाल।

दिवाटन–संज्ञा पु० [सं०] काक। कौवा।

दिवातन†–संज्ञा पुं० [सं० दिवा + तन ?] एक दिन की मज़दूरी। एक दिन की तनखाह।
वि० दिन भर का। रोजाना। प्रति दिन का।

दिवान–संज्ञा पुं० दे० "दीवान"।

दिवाना†–संज्ञा पु० दे० "दीवाना"। उ०—सूरदास प्रभु मिलिकै बिछुरे ताते भई दिवानी।—सूर।
*†क्रि० स० दे० "दिलाना"।

दिवानाथ–संज्ञा पु० [सं०] दिन के स्वामी, सूर्य।

दिवानी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का पेड़ जो बरमा में अधिकता से होता है। इसकी लकड़ी ईंट के रंग की लाल होती है जिस पर भूरी और नारंगी रंग की धारियाँ पड़ी रहती हैं। इसके मेज़ कुरसी आदि सजावट के सामान बनाए जाते हैं।
संज्ञा स्त्री० दे० "दीवानी"।

दिवापृष्ठ–संज्ञा पु० [सं०] सूर्य्य।

दिवाभिसारिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह नायिका जो दिन के समय अपने प्रेमी से मिलने के लिये, शृंगार करके, संकेत स्थान में जाय।

दिवाभीत–संज्ञा पुं० [सं०] (१) चोर। तस्कर। (२) उल्लू।

दिवामणि–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य। (२) अर्क। मदार।

दिवामध्य–संज्ञा पुं० [सं०] मध्याह्न । दोपहर ।

दिवार†–संज्ञा स्त्री० दे० "दीवार" ।

दिवारी†–संज्ञा स्त्री० दे० "दीवाली" ।

दिवाल–वि० [हिं० देना + वाला (प्रत्य०)] देनेवाला । जो देता हो । जैसे, वह एक पैसे के दिवाल नहीं है (बाजारू) ।

† संज्ञा स्त्री० दे० "दीवार" ।

दिवालय†–संज्ञा पुं० दे० "देवालय" ।

दिवाला–संज्ञा पुं० [हिं० दिया + बालना = जलाना] (१) वह अवस्था जिसमें मनुष्य के पास अपना ऋण चुकाने के लिये कुछ न रह जाय । पूँजी या आय न रह जाने के कारण ऋण चुकाने में असमर्थता । कर्ज न चुका सकना । टाट उलटना ।

विशेष–जब किसी मनुष्य को व्यापार आदि में बहुत घाटा आता है अथवा उसका ऋण बहुत बढ़ जाता है और वह उस ऋण के चुकाने में अपनी असमर्थता प्रकट करता है तब उसका दिवाला होना मान लिया जाता है । इस देश में प्राचीन काल में अपनी यह असमर्थता प्रकट करने के लिये ऋणी व्यापारी अपनी दूकान का टाट उलट देते थे और उस पर एक चौमुखा दीया जला देते थे जिससे लोग समझ लेते थे कि अब इनके पास कुछ भी धन नहीं बचा और इनका दिवाला हो गया । इसी दीया बालने (जलाने) से "दिवाला" शब्द बना है । आज कल प्रायः सभी सभ्य देशों में दिवाले के संबंध में कुछ कानून बन गए हैं जिनके अनुसार वह मनुष्य जो अपना बढ़ा हुआ ऋण चुकाने में असमर्थ होता है, किसी निश्चित न्यायालय में आकर अपने दिवाले की दरख्वास्त देता है और यह बतला देता है कि मुझे बाजार का कितना देना है और इस समय मेरे पास कितना धन या सम्पत्ति है । इस पर न्यायालय की ओर से एक मनुष्य, विशेषतः वकील या और कोई कानून जाननेवाला नियुक्त कर दिया जाता है जो उसकी बची हुई सारी सम्पत्ति नीलाम करके और उसका सारा लहना वसूल करके हिस्से के मुताबिक उसका सारा कर्ज चुका देता है । ऐसी दशा में मनुष्य को अपने ऋण के लिये जेल जाने की आवश्यकता नहीं रह जाती ।

मुहा०—दिवाला निकलना = दिवाला होना । दिवाला निकालना या मारना = दिवालिया बन जाना । ऋण चुकाने में असमर्थ हो जाना ।

(२) किसी पदार्थ का बिलकुल न रह जाना । जैसे, ज्यौनार-वाले दिन उनके यहाँ पूरियों का दिवाला हो गया ।

क्रि० प्र०—निकलना ।—निकालना ।

दिवालिया–वि० [हिं० दिवाला + इया (प्रत्य०)] जिसने दिवाला निकाला हो । जिसके पास ऋण चुकाने के लिये कुछ न बच गया हो ।

दिवाली–संज्ञा स्त्री० दे० "दीवाली" ।

संज्ञा स्त्री० [देश०] खराद या सान में अपेटने का वह तस्मा जिसे खींच कर उसे चलाते हैं । दवाली ।

दिवि–संज्ञा पुं० दे० "दिव" ।

संज्ञा पुं० [सं०] नीलकंठ पक्षी ।

दिविता–संज्ञा स्त्री० [सं०] दीप्ति ।

दिविदिवि–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का छोटा पेड़ जो दक्षिण अमेरिका से भारतवर्ष में आया है । यह प्रायः धारवार, कनारा, बीजापुर, खानदेश इत्यादि नगरों में अधिकता से उत्पन्न होता है । चमड़ा सिझाने और रंगने के काम में इस की पत्तियों आदि का व्यवहार होता है ।

दिविरथ†–संज्ञा० पुं० [सं०] (१) महाभारत के अनुसार, पुरुवंशी राजा भूमन्यु के पुत्र का नाम । (२) हरिवंश के अनुसार अंगदेश के राजा दधिवाहन के पुत्र का नाम ।

दिविषत्–संज्ञा पुं० [सं०] (१) देव । देवता । (२) स्वर्गवासी ।

दिविष्टि–संज्ञा पुं० [स०] यज्ञ ।

दिविष्ठ–संज्ञा पुं० [सं०] (१) स्वर्ग में रहनेवाले, देवता । (२) ईशान कोण के एक देश का नाम जिसका उल्लेख बृहत् संहिता में है ।

दिवेश–संज्ञा पुं० [सं०] दिग्पाल ।

दिवैया–वि० [हिं० देना + वैया (प्रत्य०)] देनेवाला । जो देता हो ।

दिवोका–संज्ञा पुं० दे० "दिवौका" ।

दिवोदास–संज्ञा पुं० (१) चंद्रवंशी राजा भीमरथ के एक पुत्र का नाम जिनका उल्लेख काशीखंड और महाभारत में है । ये इंद्र के उपासक और काशी के राजा थे और धन्वंतरि के अवतार माने जाते हैं । महाभारत में लिखा है कि ये राजा सुदेव के पुत्र थे और इंद्र ने शंबर राक्षस की १०० पुरियों में से ९९ पुरियाँ नष्ट करके बाकी एक पुरी इन्हीं को दी थी । इनके पिता के शत्रु वीतहव्य के पुत्रों ने युद्ध में इन्हें परास्त किया था । इस पर ये भारद्वाज मुनि के आश्रम में चले गए । वहाँ मुनि ने इनके लिये एक यज्ञ किया जिसके प्रभाव से इनके प्रतर्दन नामक एक वीर पुत्र हुआ जिसने वीतहव्य के पुत्रों को युद्ध में मार डाला । सुदास नामक इनका एक पुत्र और था । महादेव ने इन्हींसे काशी ली थी । काशी-खंड के अनुसार पहले इनका नाम रिपुंजय था । इन्होंने काशी में बहुत तपस्या की जिससे प्रसन्न होकर ब्रह्मा ने इन्हें पृथ्वी पालन करने का वर दिया । नागराज ने अपनी अनंग-मोहिनी नाम की कन्या इन्हें दी थी । देवताओं ने इन्हें आकाश से पुष्प और रत्न आदि दिए थे, इसीसे इनका नाम दिवोदास हो गया । (२) हरिवंश के अनुसार ब्रह्मर्षि इंद्र-सेन के पौत्र और यध्रश्व के पुत्र का नाम जो मेनका के गर्भ

से अपनी बहन अहल्या के साथ ही उत्पन्न हुए थे। इनके पुत्र मित्रेयु भी महर्षि थे।

दिवोदासी—संज्ञा स्त्री० [सं०] इलायची।

दिवोल्का—संज्ञा स्त्री० [सं०] दिन के समय आकाश से गिरनेवाला चमकीला पिंड या उल्का।

दिवौका—संज्ञा पुं० [सं० दिवौकस्] (१) वह जो स्वर्ग में रहता हो। (२) देवता। (३) चातक पक्षी।

दिव्य—वि० [सं०] (१) स्वर्ग से संबंध रखनेवाला। स्वर्गीय। (२) आकाश से संबंध रखनेवाला। अलौकिक। (३) प्रकाशमान। चमकीला। (४) बहुत बढ़िया या अच्छा। जो देखने में बहुत ही सुंदर या भला मालूम हो। खूब साफ या सुंदर। जैसे, (क) उन्होंने एक बहुत दिव्य भवन बनवाया था। (ख) आज हमने बहुत दिव्य भोजन किया है।

संज्ञा पुं० [सं०] (१) यव। जौ। (२) गुग्गुल। (३) आँवला। (४) शतावर। (५) ब्राह्मी। (६) सफेद दूब। (७) हड़। (८) लौंग। (९) सूअर। (१०) तत्त्ववेत्ता। (११) हरिचंदन। (१२) अष्टवर्ग के अंतर्गत महामेदा नाम की ओषधि। (१३) कपूरकचरी। (१४) चमेली। (१५) जीरा। (१६) धूप में बरसते हुए पानी से स्नान। (१७) तीन प्रकार के केतुओं में से एक। वे केतु जिनकी स्थिति भूवायु से ऊपर है। (१८) तांत्रिकों के आचार के तीन भावों में से एक जिससे पंच मकार श्मशान और चिता का साधन विधेय है। (१९) आकाश में होनेवाला एक प्रकार का उत्पात। (२०) तीन प्रकार के नायकों में से एक। वह नायक जो स्वर्गीय या अलौकिक हो। जैसे, इंद्र राम, कृष्ण आदि।

विशेष—साहित्य ग्रंथों में तीन प्रकार के नायक माने गए हैं दिव्य, अदिव्य और दिव्यादिव्य। दिव्य नायक स्वर्गीय या अलौकिक होते हैं जैसे, देवता आदि और अदिव्य नायक सांसारिक या लौकिक, जैसे, मनुष्य। दिव्यादिव्य नायक वे होते हैं जो होते तो मनुष्य हैं पर जिनमें गुण देवताओं के होते हैं। जैसे, नल, पुरुरवा, अर्जुन आदि। इसी प्रकार तीन प्रकार की नायिकाएँ भी होती हैं।

(२१) व्यवहार वा न्यायालय में प्राचीन काल की एक प्रकार की परीक्षा जिससे किसी मनुष्य का अपराधी या निरपराध होना सिद्ध होता था।

क्रि० प्र०—देना। उ०—साँप सभा सावर लबार भए देउँ दिव्य दुसह साँसति कीजै आगे ही या तन की।—तुलसी

विशेष—ये परीक्षाएँ नौ प्रकार की हैं—घट, अग्नि, उदक, विष, कोष, तंदुल, तप्त माषक, फूल और धर्मज। इनमें तुला या घट, अग्नि, जल, विष और कोष ये पाँच परीक्षाएँ भारी अपराधों के लिये, तंदुल चोरी के लिये, तप्तमाषक बड़ी भारी चोरी के लिये और फूल तथा धर्मज साधारण अपराधों के लिये हैं। स्मृतियों आदि में यह भी लिखा है कि ब्राह्मण की तुला से, क्षत्रिय की अग्नि से, वैश्य की जल से और शूद्र की विष से परीक्षा लेनी चाहिए। बालक, वृद्ध, स्त्री और आतुर की परीक्षा भी घट या तुला विधि से ही होनी चाहिए। स्त्रियों की विष परीक्षा और शिशिर तथा हेमंत में रोगियों की जल-परीक्षा, कोढ़ियों की अग्नि-परीक्षा और शराबियों, लंपटों, जुआरियों, धूर्तों और नास्तिकों की कोष-परीक्षा कदापि न होनी चाहिए। शीतकाल में जल-परीक्षा, ग्रीष्म में अग्नि-परीक्षा, वर्षा में विष-परीक्षा और प्रातःकाल के समय तुला-परीक्षा नहीं होनी चाहिए। धर्मज और घट परीक्षा सब ऋतुओं में और अग्नि-परीक्षा वर्षा, हेमंत और शिशिर में तथा जल-परीक्षा ग्रीष्म में होनी चाहिए। अग्नि, घट और कोष-परीक्षा सवेरे, जल-परीक्षा दोपहर को और विष-परीक्षा रात को होनी चाहिए। बृहस्पति जिस समय सिंहस्थ या मकरस्थ हों अथवा भृगु अस्त हों उस समय कोई दिव्य या परीक्षा न होनी चाहिए। मलमास में और अष्टमी तथा चतुर्दशी को भी परीक्षा नहीं होनी चाहिए। परीक्षा के दिन से एक दिन पहले परीक्षा देने और लेनेवाले दोनों को उपवास करना चाहिए और कुछ विशिष्ट नियमों के अनुसार राजसभा में सब लोगों के सामने दिव्य या परीक्षा होनी चाहिए। किसी किसी के मत से 'तुलसी' नामक एक और प्रकार का दिव्य भी है; पर इसके विषय में कोई विशेष बात नहीं मिलती।

तुला परीक्षा में शोध्य वा अभियुक्त को बड़े तराजू पर बैठाकर दो बार अदल बदल कर तौलते थे, दूसरी बार की तोल में यदि वह बढ़ जाता तो शुद्ध और बराबर उतर गया या घट जाता तो दोषी समझा जाता था। अग्नि-परीक्षा में तपाए हुए लोहे को अंजली में ले कर सात मंडलों के भीतर धीरे धीरे चलना पड़ता था। यदि हाथ न जलता तो अभियुक्त निर्दोष समझा जाता था। जलपरीक्षा में अभियुक्त को जल में गोता लगाना पड़ता था। गोता लगाने के समय तीन बाण छोड़े जाते थे। तिसरा बाण ठीक उसी समय छूटता था जब अभियुक्त जल में डूबता था। बाण छूटते ही एक आदमी वेग से उस स्थान पर दौड़ जाता था जहाँ बाण गिरता और एक दूसरा आदमी उस बाण को लेकर तुरंत उस स्थान पर दौड़ कर आता था जहाँ से बाण छूटा था। यदि इसके वहाँ पहुँचने तक अभियुक्त जल ही में रहता तो वह निर्दोष समझा जाता था। विष परीक्षा में विशेष मात्रा में विष खिलाया जाता था। यदि विष पच जाता तो अभियुक्त निर्दोष माना जाता था। कोष-परीक्षा में। किसी देवता के स्नान का तीन अंजलि जल पिलाया जाता था। यदि १४

दिन के भीतर उक्त देवता के कोप से अभियुक्त को कोई घोर दुःख न होता तो वह निर्दोष या सच्चा माना जाता था। इसी प्रकार की और भी परीक्षाएँ थीं।

(२२) शपथ विशेषतः देवताओं आदि की शपथ। सौगंद। कसम।

क्रि० प्र०—देना।

दिव्यक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक प्रकार का साँप। (२) एक प्रकार का जंतु।

दिव्यकट—संज्ञा पु० [सं०] महाभारत के अनुसार प्राचीन काल का एक देश जो पश्चिम दिशा में था।

दिव्यकवच—संज्ञा पु० [सं०] (१) अलौकिक तनत्राण। देवताओं का दिया हुआ कवच। (२) वह स्तोत्र जिसका पाठ करने से अंगरक्षा हो। जैसे रामरक्षा, नारायणकवच, देवीकवच।

दिव्यक्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] दिव्य के द्वारा परीक्षा लेने की क्रिया। विशेष—दे० "दिव्य" (२१)।

दिव्यगंध—संज्ञा पुं० [सं०] (१) लौंग। (२) गंधक।

दिव्यगंधा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बड़ी इलायची। (२) बड़ी चेंच का साग।

दिव्यगायन—सज्ञा पु० [सं०] स्वर्ग में गानेवाले, गंधर्व।

दिव्यचक्षु—सज्ञा०पुं० [सं० दिव्यचक्षुस्] (१) ज्ञान-चक्षु। (२) अंधा। वह जिसे कुछ भी दिखाई न दे। (३) चश्मा। ऐनक। (४) बंदर। (५) एक प्रकार का गंधद्रव्य।

दिव्यता—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दिव्य का भाव। (२) देवभाव। (३) सुंदरता। उत्तमता।

दिव्यतेज—संज्ञा स्त्री [सं० दिव्यतेजस्] ब्राह्मी बूटी।

दिव्यदेवी—सज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार एक देवी का नाम।

दिव्यदोहद—संज्ञा पुं० [सं०] वह पदार्थ जो किसी अभीष्ट की सिद्धि के अभिप्राय से किसी देवता को अर्पित किया जाय।

दिव्यदृष्टि—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) अलौकिक दृष्टि जिससे गुप्त, परोक्ष अथवा अतिरिक्त के पदार्थ दिखाई दें। जैसे, आपने यहीं बैठे बैठे दिव्यदृष्टि से देख लिया कि बरात वहाँ पहुँच गई। (व्यंग्य)। (२) ज्ञान-दृष्टि।

दिव्यधर्मी—संज्ञा पुं० [सं०] सुशील। नेक। वह जिसका स्वभाव बहुत अच्छा हो।

दिव्यनगर—संज्ञा पुं० [सं०] ऐरावती नगरी।

दिव्यनदी—संज्ञा स्त्री० [सं] (१) आकाश गंगा। (२) शिवपुराण के अनुसार एक नदी का नाम।

दिव्यनारी—संज्ञा स्त्री० [स०] अप्सरा।

दिव्यपंचामृत—संज्ञा पुं० [सं०] घी, दूध, दही, मक्खन और चीनी इन पाँच चीजों को मिलाकर बनाया हुआ पंचामृत।

दिव्यपुष्प—संज्ञा पुं० [सं०] करवीर। कनेर।

दिव्यपुष्पा—संज्ञा स्त्री० [सं०] बड़ा गूमा जिसका पेड़ मनुष्य के बराबर ऊँचा और फूल लाल होता है। बड़ी द्रोण पुष्पी।

दिव्यपुष्पिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] लाल रंग का मदार।

दिव्ययमुना—संज्ञा स्त्री० [सं०] कामरूप देश की एक नदी जो बहुत पवित्र मानी जाती है और जिसका माहात्म्य पुराणों में है।

दिव्यरत्न—संज्ञा पुं० [सं०] चिंतामणि नामक कल्पित रत्न जिसके विषय में यह प्रसिद्ध है कि वह सब कामनाएँ पूरी करता है।

दिव्यरथ—संज्ञा पुं० [सं०] देवताओं का विमान।

दिव्यरस—संज्ञा पुं० [सं०] पारद। पारा।

दिव्यलता—संज्ञा स्त्री० [सं०] मूर्वालता। मूरहरी। चुरनहार।

दिव्यवस्त्र—संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य्य का प्रकाश।

दिव्यवाक्य संज्ञा पुं० [सं०] देववाणी। आकाशवाणी।

दिव्यवाह—संज्ञा स्त्री [सं०] वृषभानु गोप की छः कन्याओं में से एक।

दिव्यश्रोत्र—संज्ञा पुं० [सं०] वह कान जिससे सब कुछ सुना जाय।

दिव्यसरिता—संज्ञा स्त्री० [सं० दिव्यसरित्] आकाश गंगा।

दिव्यसानु—संज्ञा पुं० [सं०] एक विश्वदेव।

दिव्यसार—संज्ञा पुं० [स०] साल वृक्ष। साखू का पेड़।

दिव्यसूरि—संज्ञा पुं० [स०] रामानुज संप्रदाय के बारह आचार्य जिनके नाम ये हैं, (१) कासार। (२) भूत। (३) महत्। (४) भक्तसार (५) शठारि। (६) कुलशेखर। (७) विष्णुचित्त। (८) भक्तांघ्रिरेणु। (९) मुनिवाह। (१०) चतुष्कविंद्र। (११) रामानुज। (१२) गोदा देवी या मधुकरकवि।—रघुराज।

दिव्यस्त्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] दिव्यांगना। अप्सरा।

दिव्यांगना—संज्ञा स्त्री० [सं०] देववधू। अप्सरा।

दिव्यांशु—संज्ञा पुं० [सं] सूर्य्य।

दिव्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) आँवला। (२) बाँझ ककोड़ा। (३) महामेदा। (४) ब्राह्मी जड़ी। (५) बड़ा जीरा। (६) सफेद दूब। (७) हड़। (८) कपूर कचरी। (९) शतावर। (१०) तीन प्रकार की नायिकाओं में से एक। स्वर्गीय या अलौकिक नायिका। जैसे, पार्वती, सीता, राधिका आदि। दे० "दिव्य" (नायक)

दिव्यादिव्य—संज्ञा पुं० [सं०] तीन प्रकार के नायकों में से एक। वह मनुष्य या इहलौकिक नायक जिसमें देवताओं के भी गुण हों। जैसे, नल, पुरुरवा, अभिमन्यु आदि।

विशेष—दे० "दिव्य" (नायक)।

दिव्यादिव्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] तीन प्रकार की नायिकाओं में से

एक। वह इहलौकिक नायिका जिसमें स्वर्गीय स्त्रियों के भी गुण हों। जैसे, दमयंती, उर्वशी, उत्तरा आदि।

दिव्याश्रय—संज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक प्राचीन पुण्यक्षेत्र जहाँ पूर्व काल में भगवान् विष्णु ने तपस्या की थी। कुरुक्षेत्र का दर्शन करके बलदेवजी यहीं से होते हुए हिमालय गए थे।

दिव्यासन—संज्ञा पुं० [सं०] तंत्र के अनुसार एक प्रकार का आसन।

दिव्यास्त्र—संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवताओं का दिया हुआ हथियार। (२) मंत्रों द्वारा चलनेवाला हथियार।

दिव्येलक—संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का साँप।

दिव्योदक—संज्ञा पुं० [सं०] वर्षा का पानी। बरसा हुआ पानी।

दिव्योपपादक—संज्ञा पु० [सं०] बिना माता-पिता के उत्पन्न देवता।

दिव्यौषधि—संज्ञा स्त्री० [सं०] मैनसिल।

दिश्—संज्ञा स्त्री० [सं०] दिशा। दिक्।

संज्ञा पु० एक देवता जो कान के अधिष्ठाता देवता माने जाते हैं।

दिशा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) नियत स्थान के अतिरिक्त शेष विस्तार। ओर। तरफ। जैसे, जिस दिशा में घोड़ा भागा था उसी दिशा में वह भी चला। (२) क्षितिज वृत्त के किए हुए चार कल्पित विभागों में से किसी एक विभाग की ओर का विस्तार।

विशेष—दिशा का ठीक ठीक ज्ञान प्राप्त करने के लिये क्षितिज वृत्त चार भागों में बाँटा गया है, जिनको पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण कहते हैं। प्रत्येक दो दिशाओं के बीच में एक कोण भी होता है। पूर्व और दक्षिण के बीच के कोण को अग्निकोण, दक्षिण और पश्चिम के बीच के कोण को नैर्ऋत्य, पश्चिम और उत्तर के बीच के कोण को वायव्य कोण और उत्तर तथा पूर्व के बीच के कोण को ईशान कहते हैं। जिस ओर सूर्य्य उदय होता है उस ओर मुँह करके यदि खड़े हों तो सामने की ओर पूर्व, पीछे पश्चिम, दाहिनी ओर दक्षिण और बाईं ओर उत्तर होता है।



इसके अतिरिक्त दो दिशाएँ और भी मानी जाती हैं—एक सिर के ठीक ऊपर की ओर, दूसरी पैर के ठीक नीचे की ओर जिन्हें क्रमशः ऊर्ध्व और अधः कहते हैं। वैशेषिक का मत है कि वास्तव में दिशा एक ही है, काम चलाने के लिये उसके भेद कर लिए गए हैं। संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग और विभाग इसके गुण हैं।

पर्य्या०—ककुभ। काष्ठा। आशा। हरित्। निवेशिनी। गो। दिश्। दिक्।

(३) दस की संख्या। (४) रुद्र की एक स्त्री का नाम। (५) दे० "दिसा"।

दिशागज—संज्ञा पुं० [सं०] दिग्गज।

दिशाचक्षु—संज्ञा पु० [सं०] पुराणानुसार गरुड़ के एक पुत्र का नाम।

दिशाजय—संज्ञा पुं० [सं०] दिग्विजय।

दिशापाल—संज्ञा पुं० [सं०] दिक्पाल।

दिशाभ्रम—संज्ञा पु० [सं०] दिशाओं के संबंध में भ्रम होना। दिक्भ्रम।

दिशावकाशक व्रत—संज्ञा पुं० [सं०] जैनियों का एक प्रकार का व्रत जिसमें वे प्रातःकाल यह निश्चय कर लेते हैं कि आज हम अमुक दिशा में इतनी दूर तक जाँयगे।

दिशाशूल—संज्ञा पु० दे० "दिक्शूल"।

दिशासूल—संज्ञा पु० दे० "दिक्शूल"।

दिशि—संज्ञा स्त्री० दे० "दिशा"।

दिशिनियम—संज्ञा पु० दे० "दिशावकाशक व्रत"।

दिशेभ—संज्ञा पु० [सं० दिश्+इभ] दिग्गज।

दिश्य—वि० [सं०] दिशा संबंधी।

दिष्ट—संज्ञा पुं० [सं०] (१) भाग्य। (२) उपदेश। (३) दारुहरिद्रा। दारुहलदी। (४) काल। (५) वैवस्वत मनु के एक पुत्र का नाम।

दिष्टबंधक—संज्ञा पुं० [सं० दृष्टि+बंधक] किसी पदार्थ को बंधक या रेहन रखने का एक प्रकार जिसमें रुपए का केवल सूद दिया जाता है; रेहन रखे हुए पदार्थ की आय या भोग आदि से रुपए देनेवाले का कोई संबंध नहीं रहता। वह रेहन जिसमें चीज पर रुपए देनेवाले का कोई कब्जा न हो, उसे सिर्फ सूद मिलता रहे।

दिष्टांत—संज्ञा पु० [सं०] मृत्यु। मौत।

दिष्टि—संज्ञा स्त्री० (१) भाग्य। (२) उपदेश। (३) उत्सव। (४) प्रसन्नता।

संज्ञा स्त्री० दे० "दृष्टि"।

दिसंतर*†—संज्ञा पु० [सं० देशांतर] देशांतर। विदेश। परदेस।

क्रि० वि० दिशाओं के अंत तक। बहुत दूर तक।

दिसंबर—संज्ञा पुं० [अं० डिसबर] अंगरेजी साल का बारहवाँ या अंतिम महीना जो इकतीस दिनों का होता है।

दिस*†—संज्ञा स्त्री० दे० "दिशा"।

दिखना*†–क्रि० अ० दे० "दिखना"।

दिसा–संज्ञा स्त्री० दे० "दिशा"।

†संज्ञा स्त्री० [सं० दिशा = ओर] मल त्याग करने की क्रिया। पैखाने जाना। झाड़ा फिरना।

क्रि० प्र०—जाना।—फिरना।—लगना।—होना।

†–संज्ञा स्त्री० दे० "दशा"।

दिसादाह*†–संज्ञा पुं० दे० "दिक्दाह"।

दिसावल–संज्ञा पुं० [देश०] वैश्यों की एक जाति।

दिसावर–संज्ञा पुं० [सं० देशांतर] दूसरा देश। देशांतर। परदेश। विदेश।

मुहा०—दिसावर उतरना = जिस स्थान से माल आता हो अथवा जहाँ जाता हो वहाँ का भाव गिरना। विदेश में भाव गिरना। दिसावर चढ़ना = विदेश में बाजार का भाव चढ़ जाना। परदेस में दाम बढ़ जाना।

दिसावरी–वि० [हिं० दिसावर + ई (प्रत्य०)] विदेश से आया हुआ। बाहर का। बाहरी (माल आदि)।

दिसाशूल–संज्ञा पुं० दे० "दिक्शूल"।

दिसासूल–संज्ञा पुं० दे० "दिक्शूल"।

दिसि*†–संज्ञा स्त्री० दे० "दिशा"।

दिसिटि*†–दे० "दृष्टि"।

दिसिदुरद*†–संज्ञा पुं० [स० दिशिद्विरद] दिग्गज।

दिसिनायक*†–संज्ञा पुं० दे० "दिक्पाल"।

दिसिप*–संज्ञा पुं० दे० "दिक्पाल"।

दिसिराज*–संज्ञा पुं० दे० "दिक्पाल"।

दिसैया*†–वि० [हिं० दिसना = दिखना + ऐया (प्रत्य०)] (१) देखनेवाला। (२) दिखानेवाला।

दिस्ता–संज्ञा पुं० दे० "दस्ता"।

दिस्सा–संज्ञा स्त्री० [सं० दिशा] ओर। तरफ। (लश०)

दिहंदा–वि० [फ़ा०] दाता। देनेवाला।

विशेष—इसका प्रयोग प्रायः यौगिक शब्दों के अंत में होता है। जैसे, रायदिहिंदा।

दिहरा†–संज्ञा पुं० [स० देव + हिं० घर = देवहर] देवालय। देव मंदिर।

दिहली–संज्ञा स्त्री० दे० "दहलीज"।

दिहाड़ा–संज्ञा पुं० [हिं० दिन + हार (प्रत्य०)] (१) दुर्गत। बुरी हालत। (२) दिन।

दिहाड़ी–संज्ञा स्त्री० [हिं० दिहाड़ा + ई (प्रत्य०)] (१) दिन। (२) दिन भर की मजदूरी।

दिहात–संज्ञा स्त्री० दे० "देहात"।

दिहाती–वि० दे० "देहाती"।

दिहातीपन–संज्ञा पुं० दे० "देहातीपन"।

दिहुड़ी–संज्ञा स्त्री० दे० "ड्योढ़ी"।

दिहुला–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का धान जो पूरब के जिलों में बोया जाता है।

दिहेज–संज्ञा पुं० दे० "दहेज"।

दीं–संज्ञा स्त्री० दे० "दीमक"।

दीअट–संज्ञा स्त्री० दे० "दीयट"।

दीआ–संज्ञा पुं० दे० "दीया"।

दीक–संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का तेल जो काटू या हिजली के पेड़ की छाल से निकलता है और जाल में मांजा देने के काम में आता है। काटू के पेड़ दक्षिण में समुद्र के किनारे मिलते हैं।

दीक्षक–संज्ञा पुं० [सं०] दीक्षा देनेवाला। मंत्र का उपदेश करनेवाला। शिक्षक। गुरु।

दीक्षण–संज्ञा पुं० [सं०] [वि० दीक्षित] दीक्षा देने की क्रिया।

दीक्षांत–संज्ञा पुं० [सं०] वह अवभृत यज्ञ जो किसी यज्ञ के समापनांत में उसकी त्रुटि आदि के दोष की शांति के लिये किया जाता है।

दीक्षा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) यजन। यज्ञकर्म। सोमयागादि का संकल्पपूर्वक अनुष्ठान। (२) गुरु या आचार्य्य का नियमपूर्वक मंत्रोपदेश। मंत्र की शिक्षा जिसे गुरु दे और शिष्य ग्रहण करे।

क्रि० प्र०—देना।—लेना।

विशेष—वैदिक गायत्री मंत्र के अतिरिक्त आज कल भिन्न भिन्न देवताओं के बहुत से सांप्रदायिक इष्ट मंत्र तंत्रोक्त रीति के अनुसार प्रचलित हैं। गोतमीय तंत्र, योगिनी तंत्र, रुद्रयामल इत्यादि तंत्रों में दीक्षाग्रहण का माहात्म्य तथा उसके अनेक प्रकार के नियम दिए हुए हैं। विष्णु, शिव, शक्ति, गणेश, सूर्य्य इत्यादि की उपासना के भेद से वैष्णव, रामतारक, शैव, शाक्त इत्यादि मंत्र प्रचलित हैं जो शिष्य के कान में कहे जाते हैं। लोगों का साधारण विश्वास है कि बिना गुरुमंत्र लिए गति नहीं होती। तंत्रों के अनुसार जिन मंत्रों के अंत में 'हुं फट' हों वे पुं० मंत्र, जिनके अंत में "स्वाहा" हो वे स्त्री० मंत्र और जिनके अंत में नमः हो वे नपुंसक मंत्र कहलाते हैं। योगिनी तंत्र में लिखा है कि पिता, मामा, छोटे भाई और शत्रुपक्षवाले से मंत्र न लेना चाहिए। रुद्रयामल तंत्र पति से मंत्र लेने का भी निषेध करता है, पर उससे सिद्ध मंत्र लेने की आज्ञा देता है। शूद्र को प्रणव या प्रणवघटित मंत्र देने का निषेध है। शूद्र को गोपाल, महेश्वर, दुर्गा, सूर्य्य और गणेश का मंत्र देना चाहिए।

(३) उपनयन-संस्कार जिसमें आचार्य्य गायत्री मंत्र का उपदेश देता है। (४) वह मंत्र जिसका उपदेश गुरु करे। गुरुमंत्र। (५) पूजन।

दीक्षागुरु–संज्ञा पुं० [सं०] मंत्रोपदेष्टा गुरु ।

दीक्षापति–संज्ञा पुं० [सं०] दीक्षा या यज्ञ का रक्षक, सोम ।

दीक्षित–वि० [सं०] (१) जिसने सोम यागादि का संकल्पपूर्वक अनुष्ठान किया हो। जो किसी यज्ञ में प्रवृत्त हो। (२) जिसने आचार्य से दीक्षा ली हो। जिसने गुरु से मंत्र लिया हो। जिसने शिक्षा ग्रहण की हो।

संज्ञा पुं० ब्राह्मणों का एक भेद ।

दीखना–क्रि० अ० [हिं० देखना] दिखाई देना। देखने में आना। दृष्टिगोचर होना। जैसे, उसे दूर की चीज नहीं दीखती।

संयो० क्रि०—पड़ना ।

दीघी–संज्ञा स्त्री० [सं० दीर्घिका] बावली। पोखरा। तालाब। जैसे, लालदीघी।

दीच्छा*–संज्ञा स्त्री० दे० "दीक्षा" ।

दीठ–संज्ञा स्त्री० [सं० दृष्टि, प्रा० दिट्ठि] (१) देखने की वृत्ति या शक्ति। आँख की ज्योति। दृष्टि।

मुहा०—दीठ मारी जाना = देखने की शक्ति न रह जाना। (२) देखने के लिये नेत्रों की प्रवृत्ति। आँख की पुतली की किसी वस्तु की सीध में होने की स्थिति। टक। दृक्पात। अवलोकन। चितवन। नजर। निगाह।

क्रि० प्र०—पड़ना।—डालना।

यौ०—दीठबंद। दीठबंदी।

मुहा०—दीठ करना = दृष्टि डालना। ताकना। दीठ चूकना = नजर न पड़ना। दृष्टि का इधर उधर हो जाना। दीठ फिरना = (१) नेत्रों का दूसरी ओर प्रवृत्त होना। (२) कृपादृष्टि न रहना। हित का ध्यान या प्रीति न रहना। चित्त अप्रसन्न या खिन्न होना। दीठ फेंकना = नजर डालना। ताकना। दीठ फेरना = (१) नजर हटा लेना। दूसरी ओर ताकना। (२) कृपादृष्टि न रखना। अप्रसन्न या खिन्न होना। किसी की दीठ बचाना। = (१) (किसी के) सामने होने से बचना। आँख के सामने न आना। जान बूझ कर न दिखाई पड़ना (भय, लज्जा आदि के कारण)। (२) (किसी से) छिपाना। न दिखाना। उ०—मोहन आपनो राधिका को विपरीत को चित्र विचित्र बनाय कै। दीठि बचाय सखीनी की आरसी में चिपकाइ गयो बहराइ कै।—रसकुसुमाकर। दीठ बाँधना = इस प्रकार जादू करना कि आँखों को और का और दिखाई दे। इंद्रजाल फैलाना। दीठ लगाना = ताकना। दृष्टि करना। उ०—नहिं खावहिं पर तिय मन दीठी।—तुलसी।

(३) आँख की ज्योति का प्रसार जिससे वस्तुओं के रूप रंग का बोध होता है। दृक्पथ।

मुहा०—दीठ पर चढ़ना = (१) देखने में श्रेष्ठ या उत्तम जान पड़ना। निगाह में जँचना। अच्छा लगने के कारण ध्यान में सदा बना रहना। पसंद आना। भाना। (२) आँखों में खटकना। किसी वस्तु का इतना बुरा लगना कि उसका ध्यान सदा बना रहे। दीठ बिछाना = (१) प्रेम या श्रद्धावश किसी के आसरे में लगातार ताकते रहना। उत्कठापूर्वक किसी के आगमन की प्रतीक्षा करना। (२) किसी के आने पर अत्यंत श्रद्धा या प्रेम से स्वागत करना। दीठ में आना = दिखाई पड़ना। दीठ में पड़ना = दिखाई पड़ना। दीठ में समाना = अच्छा या प्रिय लगने के कारण ध्यान में सदा बना रहना। दीठ से उतरना या गिरना = श्रद्धा, विश्वास या प्रेम का पात्र न रहना। (किसी के) विचार में अच्छा न रह जाना।

(४) अच्छी वस्तु पर ऐसी दृष्टि जिसका प्रभाव बुरा पड़े। नजर। उ०—दूनी ह्वै लागी लगन दिए दिठौना दीठ।—बिहारी।

क्रि० प्र०—लगना।—लगाना।

मुहा०—दीठ उतारना या झाड़ना = मंत्र के द्वारा बुरी दृष्टि का प्रभाव दूर करना। दीठ खा जाना = किसी की बुरी दृष्टि के सामने पड़ जाना। टोक में आना। हूंस में आना। (बच्चों के संबंध में अधिक बोलते हैं)। दीठ जलाना = नजर उतारने के लिये राई लोन या कपड़ा जलाना। (जब बच्चों को नजर लगने का संदेह स्त्रियों को होता है तब वे टोटके के लिये उसके ऊपर से राई लोन घुमा कर आग में डालती हैं, अथवा जिस किसी को वे नज़र लगानेवाला समझती हैं उसकी आँख की बरौनी किसी युक्ति से प्राप्त करके आग में जलाती हैं) (किसी की) दीठ पर चढ़ना, दीठ चढ़ना = दे० "दीठ खा जाना"।

(५) देखने में प्रवृत्त नेत्र। देखने के लिये खुली हुई आँख।

मुहा०—दीठ उठाना = ताकने के लिये आँख ऊपर करना। दीठ गड़ाना, जमाना = दृष्टि स्थिर करना। एकटक ताकना। दीठ चुराना = (लज्जा या भय से) सामने न आना। जान बूझ कर दिखाई न पड़ना। दीठ जुड़ना = आँख मिलना। साक्षात्कार होना। देखा देखी होना। दीठ जोड़ना = आँख मिलाना। साक्षात्कार करना। देखा देखी करना। दीठ फिसलना = चमक दमक के कारण नजर न ठहरना। आँख में चकाचौंध होना। दीठ भर देखना = जितनी देर तक इच्छा हो उतनी देर तक देखना। जी भर कर ताकना। दीठ मारना = (१) आँख से इशारा करना। पलक गिरा कर संकेत करना। (२) आँख के इशारे से रोकना। दीठ मिलना = दे० "दीठ जुड़ना"। दीठ मिलाना = दे० "दीठ जोड़ना"। दीठ लगना = देखा देखी होने से प्रेम होना। प्रीति होना। दीठ लड़ना = आँख के सामने आँख होना। घूराघूरी होना। दीठ लड़ाना = आँख के सामने आँख किए रहना। घूरना।

(६) देख भाल। देख रेख। निगरानी।

क्रि० प्र०—रखना।

(७) परख। पहचान। तमीज़। अटकल। अंदाज।

क्रि० प्र०—रखना।

(८) कृपादृष्टि। हित का ध्यान। मिहरबानी की नजर। उ०—विरवा लाइ न सूखइ दीजै। पावै पानि दीठि सो कीजै।—जायसी। (९) आशा की दृष्टि। आसरे में लगी हुई टकटकी। आस। उम्मीद।

क्रि० प्र०—लगना।—लगाना।

(१०) ध्यान। विचार। संकल्प। उद्देश्य।

क्रि० प्र०—रखना।

दीठबंद—संज्ञा पु० [हिं० दीठ + सं० बंध] इंद्रजाल की ऐसी माया जिसमें लोगों को और का और दिखाई दे। नजरबंद। जादू।

दीठबंदी—संज्ञा स्त्री० [हिं० दीठबंद] इंद्रजाल की ऐसी माया जिसमें लोगों को और का और दिखाई दे। नजरबंदी। जादू।

दीन*—संज्ञा पु० [सं० आदित्य] सूर्य। (डिं०)

दीदा—संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) दृष्टि। नजर। (२) दर्शन। देखा देखी।

संज्ञा पु० [फा० दीदः] (१) आख। नेत्र।

मुहा०—दीदा लगना = जी लगना। ध्यान जमना। चित्त रमना। जैसे, (क) यहां इसका दीदा क्यों लगेगा? (ख) काम में उसका दीदा नहीं लगता। दीदे का पानी ढल जाना = बुरे काम के करने में लज्जा न रह जाना। निर्लज्ज हो जाना। दीदे निकालना = क्रोध की दृष्टि से देखना। आंखें निकालना। दीदापोई = स्त्री० जिसकी आंखों में शर्म न हो। बेशर्म। निर्लज्ज। (स्त्रि०)। दीदे पटम होना = आंखों का फूट जाना। (स्त्रि०)। दीदाफटी = स्त्री० जिसकी आंखों में शर्म न हो। निर्लज्ज। (स्त्रि०)। दीदा फूटना = आंखें फूटना। आंखें खुली होना। दीदे फाड़कर देखना = अच्छी तरह आंख खोलकर देखना। ध्यानपूर्वक देखना। टकटकी बांधकर देखना। दीदे मटकाना = हाव भाव सहित आंखों की पुतली चमकाना। आंखें चमकाना।

(२) ढिठाई। संकोच का अभाव। अनुचित साहस। जैसे, उसका इतना बड़ा दीदा कि वह मर्दों के सामने बात करे। (स्त्रि०)

दीदार—संज्ञा पु० [फा०] दर्शन। देखा देखी। साक्षात्कार।

दीदारू—वि० [फा० दीदार] दर्शनीय। देखने योग्य।

दीदी—संज्ञा स्त्री० [हिं० दादा = बड़ा भाई] बड़ी बहिन को पुकारने का शब्द। ज्येष्ठ भगिनी के लिये संबोधन शब्द।

दीधिति—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) सूर्य्य चंद्रमा आदि की किरन। (२) उँगली।

दीन—वि० [सं०] (१) दरिद्र। गरीब। जिसकी दशा हीन हो। उ०—दानी हौं सब जगत के तुम एकै मंदार। दारुन दुख दुखियान के अभिमत फल दातार॥ अभिमत फल दातार देवगन सबै हित सों। सकल संपदा सोह छोह किन राखत चित सों। बरनै दीनदयाल छाँह तव सुखद बखानी। तोहि सेइ जो दीन रहै तौ तुकस दानी?॥—दीनदयाल। (२) दुःखित। संतप्त। कातर। उ०—आश्रम देखि जानकी हीना। भए बिकल जस प्राकृत दीना।—तुलसी।

यौ०—दीनदयाल। दीनबंधु। दीनानाथ।

(३) उदास। खिन्न। जिसमें किसी प्रकार का उत्साह या प्रसन्नता न हो। जिसका मन मरा हुआ हो। उ०—(क) नवम सरल सब सन छल हीना। मम भरोस हिय हरष न दीना।—तुलसी। (ख) ऐसेहि दीन मलीन हुती मन मेरो भयो अब तो अति आरत।—रसकुसुमाकर। (४) दुःख या भय से अधीनता प्रकट करनेवाला। नम्र। विनीत। उ०—दीन बचन सुनि प्रभु मन भावा। भुज बिसाल गहि हृदय लगावा।—तुलसी।

संज्ञा पु० [स०] तगर का फूल।

संज्ञा पु० [अ०] मत। मज़हब। धर्म्मविश्वास।

यौ०—दीन दुनिया = लोक परलोक।

दीनता—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दरिद्रता। गरीबी। (२) कातरता। आर्त्तभाव। (३) उदासी। खिन्नता। (४) दुःख से उत्पन्न अधीनता का भाव। नम्रता। विनीत भाव।

विशेष—काव्य वा रस निरुपण में दीनता एक संचारी भाव है।

दीनताई*—संज्ञा स्त्री० दे० "दीनता"।

दीनत्व*—संज्ञा पु० [सं०] दीनता।

दीनदयाल—वि० दे० "दीनदयालु"। उ०—कोमल चित अति दीनदयाला।—तुलसी।

दीनदयालु—वि० [सं०] दीनों पर दया करनेवाला।

संज्ञा पु० ईश्वर का एक नाम।

दीनदार—वि० [अ० दीन + फा० दार] अपने धर्म पर विश्वास रखनेवाला। धार्मिक। जैसे, दीनदार मुसलमान।

दीनदारी—संज्ञा स्त्री० [फा०] धर्म्माचरण।

दीनदुनी—संज्ञा स्त्री० [अ० दीन + दुनिया] लोक परलोक

दीनबंधु—संज्ञा पु० [सं०] (१) दुखियों का सहायक। (२) ईश्वर का एक नाम।

दीना—संज्ञा स्त्री० [सं०] मूषिका। चुहिया।

दीनानाथ—संज्ञा पु० [सं० दीन + नाथ] (१) दीनों का स्वामी या रक्षक। दुखियों का पालक और सहायक। (२) ईश्वर का एक नाम।

दीनार–संज्ञा पुं० [सं०] (१) स्वर्ण भूषण। सोने का गहना। (२) निष्क की तौल। (३) स्वर्णमुद्रा। मोहर।

विशेष—दीनार नामक सिक्के का प्रचार किसी समय एशिया और यूरप के बहुत से भागों में था। यह कहीं सोने का और कहीं चाँदी का होता था। देशभेद से इसके मूल्य में भ मेद था।

मुसलमानों के आने के बहुत पहले से भारतवर्ष में दीनार चलता था। हरिवंश और महावीरचरित में दीनार का स्पष्ट उल्लेख है। सांची में बौद्ध स्तूप का जो बड़ा खँडहर है उसके पूर्वद्वार पर सम्राट् चंद्रगुप्त का एक लेख है। उस लेख में 'दीनार' शब्द आया है। अमरकोश में भी दीनार शब्द मौजूद है और निष्क के बराबर अर्थात् दो तोले का माना गया है। रघुनंदन के मत से दीनार ३२ रत्ती सोने का होता था। अकबर के समय में जो दीनार नाम का सोने का सिक्का जारी था उसका मान एक मिसकाल अर्थात् आधे तोले के अंदाज था।

हिंदुस्तान की तरह अरब और फारस में भी प्राचीन काल में दीनार नाम का सिक्का प्रचलित था। अरबी फारसी के कोशकारों ने दीनार शब्द को अरबी लिखा है पर फारस में दीनार का प्रचार बहुत प्राचीन काल में था। इसके अतिरिक्त रोमन (रोमक) लोगों में भी यह सिक्का दिनारियस के नाम से प्रचलित था। धात्वर्थ पर ध्यान देने से भी दीनार शब्द आर्य्यभाषा ही का प्रतीत होता है। अब प्रश्न यह होता है कि यह सिक्का भारत से फारस अरब होते हुए रोम में गया अथवा रोम से इधर आया। यदि हरिवंश आदि संस्कृत ग्रंथों की अधिक प्राचीनता स्वीकार की जाय तो दीनार को इसी देश का मानना पड़ेगा।

दीनारी–संज्ञा पुं० [सं० दीनार] लोहारों का ठप्पा।

दीपंकर–संज्ञा पुं० [सं०] बुद्ध के अवतारों में से एक।

दीप–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दीया। चिराग। जलती हुई बत्ती।

यौ०—दीपकलिका। दीपकिट्ट। दीपकूर्पी। दीपदान। दीपध्वज। दीपपुष्प। दीपमाला। दीपवृक्ष। दीपशिखा।

विशेष—किसी कुल या समुदाय का दीप कहने से उस कुल या समुदाय में श्रेष्ठ का अर्थ सूचित होता है, जैसे, निरखि बदन कहि भूप रजाई। रघुकुलदीपहिं चलेउ लिवाई।—तुलसी।

(२) दस मात्राओं का एक छंद जिसके अंत में तीन लघु फिर एक गुरु और फिर एक लघु होता है। उ०—जय जयति जगबंद, मुनि मन कुमुद चंद। त्रैलोक्य अवनीप। दशरत्थ कुलदीप॥

संज्ञा पुं० दे० "द्वीप"।

दीपक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दीया। चिराग।

यौ०—कुलदीपक = वंश को उजाला करनेवाला पुत्र।

(२) एक अर्थालंकार जिसमें प्रस्तुत (जो वर्णन का विषय हो) और अप्रस्तुत (जो वर्णन का उपस्थित विषय न हो और उपमान आदि हो) का एक ही धर्म कहा जाता है अथवा बहुत सी क्रियाओं का एक ही कारक होता है। जैसे, (क) सोहत भूपति दान सों फल फूलन आराम। इस उदाहरण में प्रस्तुत 'भूपति' और अप्रस्तुत 'आराम' दोनों का एक धर्म 'सोहात' कहा गया है। (ख) ऋषिहिँ देखि हरषै हियो राम देखि कुम्हिलाय। धनुष देखि डरपै महा चिंता चित्त डुलाय॥ इस उदाहरण में 'हरषै' 'कुम्हिलाय' 'डरपै' आदि क्रियाओं का एक ही कर्त्ता 'हियो' कहा गया है।

विशेष—दीपक चार आदि और प्रधान अलंकारों में से है। तुल्य योगिता में भी एक धर्म का कथन होता है पर वह या तो कई प्रस्तुतों या कई अप्रस्तुतों का होता है। दीपक में प्रस्तुत और अप्रस्तुत के एक धर्म का कथन होता है। दीपक चार प्रकार का होता है—आवृत्ति दीपक, कारक दीपक, माला दीपक और देहली दीपक। (१) आवृत्ति दीपक में या तो एक ही क्रियापद भिन्न भिन्न अर्थों में बार बार आता है अथवा एक ही अर्थ के भिन्न भिन्न पद आते हैं। जैसे, (क) बहैं रुधिर सरिता, बहैं किरवानैं कढ़ि कोस। बीरन बरहि बरागना, बरहि सुभट रन रोस॥ (ख) दौरहिं संगर मत्त गज धावहिं हय समुदाय। (२) कारक दीपक। उ०—ऊपर देखिए। (३) माला दीपक जिसमें एकावली और दीपक का मेल होता है। जैसे, जग की रुचि ब्रजवास, ब्रज की रुचि ब्रजचंद हरि। हरि रुचि बंसी 'दास' बंसी रुचि मन बाँधिबो। (४) देहली दीपक में एक ही पद दो ओर लगता है, जैसे, ह्वै नरसिंह महा मनुजाद हन्यो प्रह्लाद को संकट भारी। इस उदाहरण में 'हन्यो' शब्द दो ओर लगता है—'मनुजाद हन्यो' और 'भारी संकट हन्यो'।

(३) संगीत में छः रागों में से एक।

विशेष—हनुमत के मत से यह छः रागों में दूसरा राग है यह संपूर्ण जाति का राग है और षड्ज स्वर से आरंभ होता है। इसके गाने का समय ग्रीष्म ऋतु का मध्याह्न है। इसका सरगम यह है—स रे ग म प ध नि स।

इसकी पाँच रागिनियाँ मानी जाती हैं—देशी कामोदी, नाटिका, केदारी और कान्हड़ा। पुत्र आठ हैं—कुंतल, कमल, कलिंग, चपक, कुसुंभ, राम, लहिल्ल और हिमाल। भरत के मत से दीपक की पत्नियाँ हैं केदारा, गौरी, गौढ़ी, गुर्जरी, रुद्राणी; और पुत्र हैं कुसुम, टंक, नटनारायण, विहागरा, किरोदत्त रभसमगला, मंगलाष्टक और अड़ाना।

(४) एक ताल का नाम जिसमें प्लुत, लघु और प्लुत

होते हैं। (५) अजवायन (जो अग्निदीपक होती है)। (६) केसर। कुंकुम। (७) बाज नाम का पक्षी। (८) मयूर शिखा। (९) एक प्रकार की आतिशबाजी।

वि० [सं०][स्त्री० दीपिका] (१) प्रकाश करनेवाला। उजाला फैलानेवाला। दीप्तिकारक। (२) जठराग्नि को दीप्त करनेवाला। पाचन की अग्नि को तेज करनेवाला। (३) उत्तेजक। शरीर में वेग या उमंग लानेवाला।

दीपकमाला–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) एक वर्णवृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में भगण, भगण, जगण और गुरु होता है। उ०—भामन गो कन्या सखी वरी। देखत ही मोरे धनू दरी॥ मंडप के नीचे अरी अखी। दीपकमाला सी लसै लखी॥ (२) दीपक अलंकार का एक भेद।

दीपकलिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] दीए की टेम। चिराग की लौ।

दीपकली–संज्ञा स्त्री० [सं० दीपकलिका] चिराग की टेम। दीपशिखा। दीए की लौ।

दीपकवृक्ष–संज्ञा पुं० [सं] (१) वह बड़ा दीवट जिसमें दीए रखने के लिये कई शाखाएँ इधर उधर निकली हों। (२) झाड़।

दीपकसुत–संज्ञा पुं० [सं०] कज्जल। काजल।

दीपकाल–संज्ञा पुं० [सं०] दीया बालने का समय। संध्या।

दीपकावृत्ति–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दीपक अलंकार का एक भेद। (२) पनसाखा।

दीपकिट्ट–संज्ञा पुं० [सं०] कज्जल। काजल।

दीपकूपी–संज्ञा स्त्री० [सं०] दीए की बत्ती।

दीपत*–संज्ञा स्त्री० [सं० दीप्ति] (१) कांति। चमक। प्रभा। ज्योति। (२) छटा। शोभा। (३) कीर्त्ति। यश।

दीपदान–संज्ञा पुं० [सं०] (१) किसी देवता के सामने दीपक जलाने का काम जो पूजन का एक अंग समझा जाता है। (२) कार्त्तिक में बहुत से दीपक जलाने का कृत्य जो राधा दामोदर के निमित्त होता है। (३) एक कृत्य जिसमें मरणासन्न व्यक्ति के हाथ से आटे के जलते हुए दीये का संकल्प कराया जाता है।

दीपदानी–संज्ञा स्त्री० [सं० दीप + आधान] घी बत्ती आदि दीया जलाने की सामग्री रखने की डिबिया जो पूजा के समानों में से है।

दीपध्वज–संज्ञा पुं० [सं०] काजल।

दीपन–संज्ञा पुं० [सं०][वि० दीपनीय दीपित, दीप्त, दीप्य] (१) प्रकाशन। प्रज्वलित या प्रकाशित करने का काम। प्रकाश के लिये जलाने का काम। (२) जठराग्नि को तीव्र करने की क्रिया। भूख को उभारने की क्रिया। (३) आवेग उत्पन्न करना। उत्तेजन। जैसे, काम का दीपन।

वि० दीपन करनेवाला। जठराग्नि वर्द्धक। अग्निमांद्य दूर करनेवाला।

संज्ञा पुं० (१) तगरमूल। तगर की जड़ या जड़ी। (२) मयूरशिखा नाम की बूटी। (३) कुंकुम। केसर। (४) पलांडु। प्याज़। (५) कासमर्द। कसौंदा। (६) मंत्र के दस संस्कारों में से एक जिसके बिना मंत्र सिद्ध नहीं होता। (७) रसेश्वर दर्शन के अनुसार पारे का सातवाँ संस्कार। (इस दर्शन को माननेवाले रस या पारे ही को संसार परपार-प्राप्ति का कारण और रसशास्त्र को देहवेध पूर्वक मुक्ति का साधन मानते हैं।)

दीपनगण–संज्ञा पुं० [सं०] जठराग्नि को तीव्र करनेवाले पदार्थों का वर्ग। भूख लगानेवाली ओषधियों का वर्ग।

विशेष—इस वर्ग के अंतर्गत चीता, धनिया, अजमोदा, जीरा, हाऊबेर इत्यादि हैं।

दीपना*–क्रि० अ० [सं० दीपन] प्रकाशित होना। चमकना। जगमगाना।

क्रि० स० प्रकाशित करना। चमकाना। उ०—द्वार में दिसान में दुनी में देस देसन में देख्यो दीप दीपन में दीपत दिगंत है।—पद्माकर।

दीपनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) मेथी। (२) अजवायन। (३) पाठा।

दीपनीय–वि० [सं०] (१) प्रकाशन के योग्य। (२) उत्तेजन के योग्य।

दीपनीयवर्ग–संज्ञा पुं० [सं०] चक्रदत्त के अनुसार एक ओषधि वर्ग जिस के अंतर्गत पिप्पली, पिप्पलामूल, चव्य, चीता और नागर हैं। ये सब ओषधियाँ कफ और वात नाशक हैं।

दीपपादप–संज्ञा पुं० [सं०] दीवट।

दीपपुष्प–संज्ञा पुं० [सं०] चंपकवृक्ष। चंपा।

दीपमाला–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) जलते हुए दीपों की पंक्ति। जगमगाते हुए दीयों की श्रेणी। (दीवाली में इस प्रकार दीपक जलाकर पंक्ति में रखे जाते हैं)। (२) दीपदान या आरती के लिये जलाई हुई बत्तियों का समूह।

दीपमालिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दीयों की पंक्ति। जलते हुए प्रदीपों की श्रेणी (जैसी कि दीवाली में दिखाई देती है)। (२) दीवाली। (३) दीपदान या आरती के लिये जलाई हुई बत्तियों की पंक्ति। उ०—दीपमालिका रचि रचि साजत। पुहुपमाल मंडली विराजत।—सूर।

दीपमाली–संज्ञा स्त्री० [सं० दीपमालिका] दीवाली। उ०—आखिनि के संग दीपमाली के बिलोकिबे को औरुकि झरुकि झाँ न झाँकती झरोखे तें।—द्विजदेव।

दीपवती–संज्ञा स्त्री० [सं०] कालिका पुराण के अनुसार एक नदी जो कामाख्या में है और जिसके पूर्व शृंगार नाम का प्रसिद्ध पर्वत है।

दीपवृक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] दीपट । दीपट ।

दीपशत्रु–संज्ञा पुं० [सं०] पतंग । फतिंगा (जो दीपक को बुझा देता है) ।

दीपशिखा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दीए की टेम । चिराग की लौ । प्रदीपज्वाला । उ०—दीपशिखा सम युवतिजन मन जनि होसि पतंग ।—तुलसी । (२) दीए का धुआँ या काजल ।

दीपसुत–संज्ञा पुं० [सं०] कज्जल । काजल ।

दीपाग्नि–संज्ञा पुं० [सं०] दीए की टेम की आँच । आँच का एक परिमाण जो धूमाग्नि से चौगुना माना जाता है ।

दीपान्विता–संज्ञा स्त्री० [सं०] कार्त्तिक मास की अमावास्या जिसके प्रदोष काल में लक्ष्मी का पूजन और दीपदान आदि होता है । दीवाली ।

दीपावती–संज्ञा स्त्री० [सं०] दीपक और सरस्वती के योग से उत्पन्न एक रागिनी ।

दीपावलि–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दीपश्रेणी । दीयों की पंक्ति । (२) दीवाली ।

दीपिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) छोटा दीया । (२) एक रागिनी जो हिंडोल राग की पत्नी मानी जाती है और प्रदोषकाल में गाई जाती है ।

वि० स्त्री० प्रकाश करनेवाली । उजाला फैलानेवाली ।

दीपिकातैल–संज्ञा पुं० [सं०] एक आयुर्वेदोक्त तेल जो कान का दर्द दूर करने के लिये कान में टपकाया जाता है ।

विशेष—इसे प्रस्तुत करने की रीति यह है कि देवदार, सलई या चीड़ की सात आठ अंगुल लंबी लकड़ी ले और उसे सूए आदि से छलनी की तरह चारों ओर छेद डाले । फिर उसमें रेशम लपेट कर तेल में खूब डुबावे और बत्ती की तरह जला दे । इस प्रकार जलती हुई बत्ती में से जो गरम गरम तेल बूँद बूँद गिरे उसे कान में टपकावे ।

दीपित–वि० [सं०] (१) प्रकाशित । प्रज्वलित । (२) चमकता हुआ । जगमगाता हुआ । (३) उत्तेजित ।

दीपोत्सव–संज्ञा पुं० [सं०] दीवाली ।

दीप्त–वि० [सं०] (१) प्रज्वलित । जलता हुआ । (२) प्रकाशित । जगमगाता हुआ । चमकता हुआ ।

संज्ञा पुं० (१) स्वर्ण । सोना । (२) हींग । (३) नीबू (४) सिंह । (५) सुश्रुत के अनुसार नाक का एक रोग जिसमें नाक से भाप की तरह गरम गरम हवा निकलती है और नथुनों में जलन होती है ।

दीप्तक–संज्ञा पुं० [सं०] सोना । सुवर्ण ।

दीप्तकिरण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य्य । (२) मदार का पौधा ।

दीप्तकेतु–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दक्षसावर्णि मनु के एक पुत्र का नाम । (भागवत) । (२) एक राजा का नाम । (महाभारत) ।

दीप्तजिह्वा–संज्ञा स्त्री० [सं०] अग्निशिखा । अगाखी । मादा गीदड़ । सियारिन ।

विशेष—गीदड़ के मुँह का अगला भाग कुछ काला पन लिए होता है इसीसे उसका नाम अग्निजिह्वा (अगाखी) पड़ा । उल्का जलते हुए पिंड या प्रकाश को भी कहते हैं इसी भ्रम से दीप्तजिह्वा नाम रखा हुआ जान पड़ता है ।

दीप्तपिंगल–संज्ञा पुं० [सं०] सिंह ।

दीप्तरस–संज्ञा पुं० [सं०] केंचुआ ।

विशेष—रात को अँधेरे में केंचुए के शरीर के रस से एक प्रकार की चमक निकलती है ।

दीप्तरोमा–संज्ञा पुं० [सं दीप्तरोमन्] एक विश्वदेव का नाम । (महाभारत)

दीप्तलोचन–संज्ञा पुं० [सं०] बिल्ली । बिडाल ।

दीप्तलौह–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तपाया हुआ लाल लोहा । (२) काँसा ।

दीप्तवर्ण–वि० [सं०] जिसका शरीर कुंदन की तरह दमकता हुआ हो ।

संज्ञा पुं० कार्त्तिकेय ।

दीप्तांग–वि० [सं०] जिस का शरीर चमकता हो ।

संज्ञा पुं० मोर । मयूर

दीप्तांशु–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य्य । (२) मदार । आक ।

दीप्ता–वि० स्त्री० [सं०] (१) प्रकाशित । प्रकाशयुक्त । चमकती हुई । (२) (दिशा) जिसमें सूर्य्य किसी समय स्थित हों । सूर्य्य से प्रकाशित । जैसे, दीप्ता दिशा ।

संज्ञा पुं० (१) लांगली वृक्ष । कलियारी । (२) ज्योतिष्मती । मालकँगनी । (३) सातला नामक थूहर ।

दीप्ताक्ष–वि० [सं०] जिसकी आँखें चमकती हों ।

संज्ञा पुं० बिडाल । बिल्ली ।

दीप्ताग्नि–वि० [सं०] (१) जिसकी जठराग्नि बहुत तीव्र हो । जिसकी पाचन शक्ति अत्यंत प्रबल हो । (२) जिसकी भूख जगी हो । भूखा ।

संज्ञा पुं० अगस्त्य मुनि (जिन्होंने समुद्र को पी लिया था और वातापि नामक राक्षस को पचा डाला था)

दीप्ति–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) प्रकाश । उजाला । रोशनी । (२) प्रभा । आभा । चमक । द्युति । (३) कांति । शोभा । छवि । जैसे, अंग की दीप्ति । (४) ज्ञान का प्रकाश जिससे विवेक उत्पन्न होता है और अज्ञानांधकार दूर हो जाता है । (योग) । (५) एक विश्वदेव का नाम (महाभारत) । (६) लाल । लाख । (७) काँसा । थूहर ।

दीप्तिक–संज्ञा पुं० [सं०] शिरशोला । हुरहुरिया वृक्ष ।

दीप्तिमान्–वि० [सं० दीप्तिमत्] [स्त्री० दीप्तिमती] (१) दीप्तियुक्त । प्रकाशित । चमकता हुआ । (२) कांतियुक्त । शोभायुक्त ।

संज्ञा पुं० सत्यभामा के गर्भ से उत्पन्न श्रीकृष्ण के एक पुत्र का नाम।

दीपस्तोद–संज्ञा पुं० [सं०] महाभारत के अनुसार एक तीर्थ जिसमें अपूसर नाम की एक नदी है। यहाँ परशुराम ने स्नान करके अपना खोया हुआ तेज फिर से प्राप्त किया था। पूर्व काल में भृगु ने यहाँ पर कठोर तपस्या की थी।

दीपोपल–संज्ञा पुं० [सं०] सूर्यकांत मणि।

दीप्य–वि० [सं०] (१) जो जलाया जाने को हो। प्रज्वलित किया जानेवाला। (२) जो जलाने योग्य हो।

संज्ञा पुं० (१) अजवायन। (२) जीरा। (३) मयूरशिखा। (४) रुद्रजटा।

दीप्यक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अजवायन। (२) अजमोदा। (३) मयूरशिखा। (४) रुद्रजटा।

दीप्यमान–वि० [सं०] चमकता हुआ।

दीप्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] पिंड खजूर।

दीप्र–वि० [सं०] दीप्तिमान्। प्रकाशयुक्त।

दीबो†–संज्ञा पुं० दे० "देना"।

दीमक–संज्ञा स्त्री० [फा०] चींटी की तरह का एक छोटा कीड़ा जिसे जायदार पर निकलते हैं। यह लकड़ी आदि में लगकर उसे खोखली और नष्ट कर देता है। बल्मीक।

विशेष—इसका धड़ सफेद होता है और सिर लाल या नारंगी रंग का होता है। यह दल बाँधकर रहता है। दीमकें गरम देशों में बहुत होती हैं और मिट्टी का घर बनाती हैं जिसकी दीवारें दानेदार पपड़ी की तरह होती हैं। कहीं कहीं ये घर टूह के आकार के हाथ डेढ़ हाथ ऊँचे होते हैं, और ८ ~ ीक या बेमौट कहलाते हैं। चींटियों की तरह ये कीड़े भी बड़े नियम और व्यवस्था के साथ रहते हैं। एक दल में अधिक संख्या तो क्लीव कीटों की होती है जो केवल काम करने के लिये होते हैं। कुछ क्लीव कीट लंबे लंबे सिरवाले होते हैं जो सिपाही कहलाते हैं। एक या अधिक स्त्रीकीट या रानियाँ होती हैं जिनका शरीर अंडों से भरे रहने के कारण कभी कभी बहुत फूला दिखाई पड़ता है। इनके अतिरिक्त नर भी होते हैं जो किसी किसी ऋतु में बहुत दिखाई पड़ते हैं और फतिंगों की तरह उड़ते फिरते हैं। ये कीड़े काष्ठ और जंतु शरीर पर निर्वाह करते हैं। जिस वस्तु पर ये लगते हैं उसे प्रायः मिट्टी की पपड़ी से आच्छादित कर देते हैं और भीतर ही भीतर उसे खाते जाते हैं। बरसात में दीमकें लगती हैं और कागज, लकड़ी आदि को इनसे बचाना कठिन हो जाता है।

मुहा०—दीमक खाया = (१) जिसे दीमकों ने खाकर नष्ट कर दिया हो। (२) दीमकों की खाई हुई वस्तु की तरह स्थान स्थान पर खुदा हुआ या गड्ढेदार, जैसे, शीतला के दागवाला चेहरा। दीमक का चाटना = दीमक का (किसी वस्तु को) खाकर नष्ट करना। जैसे, इस किताब के पन्ने दीमकें चाट गईं।

दीयट–संज्ञा पुं० दे० "दीवट"।

दीयमान–वि० [सं०] जो दिया जा रहा हो। जिसे किसी को देना हो। जो देने के लिये हो।

दीया–संज्ञा पुं० [सं० दीपक, प्रा० दीअ] (१) उजाले के लिये जलाई हुई बत्ती। जलती हुई बत्ती। चिराग़।

क्रि० प्र०—जलना।—जलाना।—बलना।—बालना।—बुझना।—बुझाना।

मुहा०—दीए का हँसना = दीए की बत्ती से फूल या गुल झड़ना। दीए की बत्ती में चमकते हुए गोल गोल रवे दिखाई पड़ना। (इससे विवाह होने, लड़का होने आदि का शुभ शकुन समझा जाता है) दीया जलना = दीया जलने का समय होना। संध्या होना। दीया जलाना = दीवाला निकालना। (पहले जो लोग दीवाला निकालते थे वे ठाट उलट कर उस पर एक चौमुखा दीया जलाकर रख देते थे और काम धाम बंद कर देते थे)। दीया जलने के समय = संध्या को। शाम को। दीया ठंढा करना = दीया बुझाना। दीया ठंढा होना = दीया बुझना। (किसी के घर का) दीया ठंढा होना = किसी के मरने से कुल में अँधकार छा जाना। घर में रौनक न रह जाना। दीया दिखाना = रोशनी दिखाना। सामने उजाला करना। दीया बढ़ाना = दीया बुझाना। दीया बत्ती करना = जलाने के लिये दीया, बत्ती आदि ठीक करना। रोशनी का सामान करना। चिराग जलाना। दीये बत्ती का समय = संध्या का समय। दीया लेकर ढूँढ़ना = चारों ओर हैरान होकर ढूँढ़ना। बड़ी छानबीन से खोजना। दीये से फूल झड़ना = दीये की जलती हुई बत्ती से चमकते हुए गोल फुचड़े या रवे निकलना। गुल झड़ना।

(२) [स्त्री० अल्प० दिवली, दिबली,] बत्ती जलाने का बरतन। वह बरतन जिसमें तेल भर कर जलाने के लिये बत्ती डाली जाती है।

विशेष—दीए प्रायः मिट्टी के बनते हैं।

मुहा०—दीए में बत्ती पड़ना = दीया जलने का समय होना। संध्या का समय होना।

दीयासलाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० दीया + सलाई] लकड़ी की छोटी सलाई या सींक जिसका एक सिरा रगड़ने से जल उठता है। आग जलाने की सींक या सलाई।

विशेष—इन सलाइयों का एक सिरा फासफरस, पोटाशियम क्लोरेट आदि रगड़ खाकर जल उठनेवाले पदार्थों में डुबाया रहता है।

दीरघ*–वि० दे० "दीर्घ"।

दीर्घ–वि० [सं०] (१) आयत। लंबा। (२) बड़ा। (देश और काल दोनों के लिये, जैसे, दीर्घक्षेत्र, दीर्घपथ, दीर्घकाल)।

विशेष—कणाद में दीर्घत्व को परिमाणभेद कहा है। सांख्य के मत से दीर्घत्व महत्व का अवस्थांतर है।

संज्ञा पुं० (१) सता शाखवृक्ष। (२) माड वृक्ष। (३) रामशर। नरकट। (४) ऊँट। (५) ताड़ का पेड़। (६) गुरु या द्विमात्र वर्ण। वह वर्ण जिसका उच्चारण खींचकर हो। हस्व का उलटा।

विशेष—आ, ई, ऊ, ॠ, ए, ऐ, ओ, औ ये दीर्घस्वर कहलाते हैं। जिन व्यंजनों में ये लगते हैं वे भी दीर्घ कहलाते हैं, जैसे, का की कू इत्यादि। संगीत में भी दो मात्राओं का नाम दीर्घ है। अ—अ को एक साथ उच्चारण करने में जो काल लगता है वह दीर्घ काल कहलाता है।

(७) ज्योतिष में पांचवीं छठी, सातवीं और आठवीं अर्थात् सिंह, कन्या, तुला और वृश्चिक राशि को दीर्घराशि कहते हैं।

दीर्घकंटक—संज्ञा पुं० [सं०] बबूल का पेड़।

दीर्घकंठ—वि० [सं०] [स्त्री० दीर्घकंठी] जिसकी गरदन लंबी हो।

संज्ञा पुं० (१) बगला। बक। (२) एक दानव का नाम।

दीर्घकंद—संज्ञा पुं० [सं०] मूली।

दीर्घकंदिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] मूसली। तालमूली।

दीर्घकंधर—वि० [सं०] [स्त्री० दीर्घकंधरी] जिसकी गरदन लंबी हो।

संज्ञा पुं० बगला पक्षी। बक।

दीर्घकणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] सफेद जीरा।

दीर्घकर्ण—वि० [सं०] जिसके कान बड़े बड़े हों।

संज्ञा पुं० एक जाति का नाम जिसका उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में है।

दीर्घकांड—संज्ञा पुं० [सं०] गुंडतृण। गोंदला।

दीर्घकांडा—संज्ञा स्त्री० [सं०] पाताल गारुड़ीलता। छिरहिटा। छिरेटा।

दीर्घकाय—वि० [सं०] बड़े डीलडौल का। लंबे चौड़े शरीरवाला।

दीर्घकील—संज्ञा पुं० दे० "दीर्घकीलक"।

दीर्घकीलक—संज्ञा पुं० [सं०] अंकोल का पेड़।

दीर्घकुल्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] गजपिप्पली।

दीर्घकूरक—संज्ञा पुं० [सं०] अंध्रप्रदेश में होनेवाला एक प्रकार का धान।

दीर्घकेश—वि० [सं०] [स्त्री० दीर्घकेशी] जिसके लंबे लंबे बाल हों।

संज्ञा पुं० (१) भालू। (२) कूर्म विभाग के पश्चिमोत्तर में स्थित एक देश। (बृहत्संहिता)

दीर्घकोशिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] शुक्ति नामक जलजंतु। सुतुही।

दीर्घगति—संज्ञा पुं० [सं०] ऊँट (जो लंबे लंबे डग रखता है)।

दीर्घग्रंथिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] गजपिप्पली।

दीर्घग्रीव—वि० [सं०] [स्त्री० दीर्घग्रीवी] जिसकी गरदन लंबी हो।

संज्ञा पुं० (१) नीलकौंचपक्षी। सारस। (२) कूर्म विभाग के दक्षिण पश्चिम ओर स्थित एक देश। (बृहत्संहिता)

दीर्घघाटिक—वि० [सं०] लंबी गरदनवाला।

संज्ञा पुं० ऊँट।

दीर्घच्छद—वि० [सं०] जिसके लंबे लंबे पत्ते हों।

संज्ञा पुं० ईख। ऊख।

दीर्घजंगल—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की मछली। बड़ा झिंगा।

दीर्घजंघ—वि० [सं०] जिसकी लंबी लंबी टाँगें हों।

संज्ञा पुं० (१) बक। बगला। (२) ऊँट।

दीर्घजिह्व—वि० [सं०] जिसकी लंबी जीभ हो।

संज्ञा पुं० (१) सर्प। (२) दानव विशेष।

दीर्घजिह्वा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) विरोचन की पुत्री एक राक्षसी जिसे इंद्र ने मारा था। उ०—वैरोचनजा दीरघजिह्वा। सुरपति तेहि लखि लीन्हेसि छिह्वा।—विश्राम। (२) मातृगणों में से एक जो कार्त्तिकेय की अनुचरी है।

दीर्घजीवी—वि० [सं० दीर्घजीविन्] जो बहुत दिनों तक जीए। बहुत काल तक जीवित रहनेवाला।

दीर्घतपा—वि० [सं० दीर्घतपस्] जिसने बहुत दिनों तक तपस्या की हो।

संज्ञा पुं० हरिवंश के अनुसार आयुवंशीय एक राजा जिन्होंने बहुत काल तक तप किया था।

दीर्घतमा—संज्ञा पुं० [सं० दीर्घतमस्] एक ऋषि जो उतथ्य के पुत्र थे।

विशेष—महाभारत में इनकी कथा इस प्रकार लिखी है। उतथ्य नामक एक तेजस्वी मुनि थे जिनकी पत्नी का नाम ममता था। ममता जिस समय गर्भवती थी उस समय उतथ्य के छोटे भाई देवगुरु बृहस्पति उसके पास आए और सहवास की इच्छा प्रकट करने लगे। ममता ने कहा "मुझे तुम्हारे बड़े भाई से गर्भ है अतः इस समय तुम जाओ"। बृहस्पति ने न माना और वे सहवास में प्रवृत्त हुए। गर्भस्थ बालक ने भीतर से कहा—"बस करो! एक गर्भ में दो बालकों की स्थिति नहीं हो सकती"। जब बृहस्पति ने इतने पर भी न सुना तब उस तेजस्वी गर्भस्थ शिशु ने अपने पैरों से वीर्य्य को रोक दिया। इस पर बृहस्पति ने कुपित होकर गर्भस्थ बालक को शाप दिया कि "तू दीर्घतामस में पड़ (अर्थात् अंधा हो जा)"। बृहस्पति के शाप से वह बालक अंधा होकर जन्मा और दीर्घतमा के नाम से प्रसिद्ध हुआ। प्रद्वेषी नाम की एक ब्राह्मण कन्या से दीर्घतमा का विवाह हुआ जिससे उन्हें गौतम आदि कई पुत्र हुए। ये सब पुत्र लोभ मोह के वशीभूत हुए। इस पर

दीर्घतमा कामधेनु से गोधर्म शिक्षा ग्रहण करके उससे श्रद्धापूर्वक मैथुन आदि में प्रवृत्त हुए। दीर्घतमा को इस प्रकार मर्यादा भंग करते देख आश्रम के मुनि लोग बहुत बिगड़े। उनकी स्त्री प्रद्वेषी भी इस बात पर बहुत अप्रसन्न हुई। एक दिन दीर्घतमा ने अपनी स्त्री प्रद्वेषी से पूछा कि "तू मुझसे क्यों दुर्भाव रखती है?" प्रद्वेषी ने कहा "स्वामी स्त्री का भरण पोषण करता है इसीसे भर्त्ता कहलाता है पर तुम अंधे हो, कुछ कर नहीं सकते। इतने दिनों तक मैं तुम्हारा और तुम्हारे पुत्रों का भरण पोषण करती रही, पर अब न करूँगी"। दीर्घतमा ने क्रुद्ध होकर कहा—"ले! आज से मैं यह मर्यादा बाँध देता हूँ कि स्त्री एक मात्र पति से ही अनुरक्त रहे। पति चाहे जीता हो या मरा वह कदापि दूसरा पति नहीं कर सकती। जो स्त्री दूसरा पति ग्रहण करेगी वह पतित हो जायगी।" प्रद्वेषी ने इस पर बिगड़ कर अपने पुत्रों को आज्ञा दी कि "तुम अपने अंधे बाप को बाँध कर गंगा में डाल आओ"। पुत्र आज्ञानुसार दीर्घतमा को गंगा में डाल आए। उस समय बलि नाम के कोई राजा गंगा स्नान कर रहे थे। वे ऋषि को इस अवस्था में देख अपने घर ले गए और उनसे प्रार्थना की कि "महाराज! मेरी भार्य्या से आप योग्य संतान उत्पन्न कीजिए।" जब ऋषि सम्मत हुए तब राजा ने अपनी सुदेष्णा नाम की रानी को उनके पास भेजा। रानी उन्हें अंधा और बुड्ढा देख उनके पास न गई और उसने अपनी दासी को भेजा। दीर्घतमा ने उस शूद्रा दासी से कक्षीवान् आदि ग्यारह पुत्र उत्पन्न किए। राजा ने यह जान कर फिर सुदेष्णा को ऋषि के पास भेजा। ऋषि ने रानी का सारा अंग टटोल कर कहा "जाव तुम्हें अंग, बंग, कलिंग, पुंड्र और सुंभ नामक अत्यंत तेजस्वी पुत्र उत्पन्न होंगे जिनके नाम से देश विख्यात होंगे।

ऋग्वेद के पहले मंडल में सूक्त १४० से १६० तक में दीर्घतमा के रचे मंत्र हैं। इनमें कई मंत्र ऐसे हैं जिनसे उनके जीवन की घटनाओं का पता चलता है। महाभारत में उनकी स्त्री के संबंध में जिस घटना का वर्णन है उसका उल्लेख भी कई मंत्रों में है। सूक्त १२७ मंत्र ५ में एक मंत्र है जिसे दीर्घतमा ने उस समय कहा था जब लोगों ने उन्हें एक संदूक में बंद कर दिया था। इस मंत्र में उन्होंने अश्विनी देवता से उद्धार पाने के लिये प्रार्थना की है।

दीर्घतह—संज्ञा पुं० [सं०] ताड़ का पेड़।
दीर्घता—संज्ञा स्त्री० [सं०] लंबाई। बड़ाई।
दीर्घतिमिषा—संज्ञा स्त्री० [सं०] ककड़ी। कर्कटी।
दीर्घतुंडा—वि० स्त्री० [सं०] जिस का मुँह लंबा हो।
संज्ञा स्त्री० छछूँदर।
दीर्घतृण—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की घास जिसके खाने से पशु निर्बल हो जाते हैं। पलिवाह तृण। तालपर्णी।
दीर्घदंड—संज्ञा पुं० दे० "दीर्घदंडक"।
दीर्घदंडक—संज्ञा पुं० [सं०] एरंडवृक्ष। अंडी का पेड़। रेंड़।
दीर्घदंडी—संज्ञा स्त्री० [सं०] गोरखी। गोरखइमली।
दीर्घदर्शिता—संज्ञा स्त्री० [सं०] बहुत दूर तक की बात का विचार। परिणाम आदि का विचार करनेवाली बुद्धि। दूरदर्शिता।
दीर्घदर्शी—वि० [सं दीर्घदर्शिन्] (१) दूर तक की बात सोचनेवाला। बहुत सी बातों का विचार करनेवाला। दूर तक सब बातों का परिणाम सोचनेवाला। दूरदर्शी। (२) विचारवान्।
संज्ञा पुं० (१) भालू। (२) गीध।
दीर्घद्रु—संज्ञा पुं० [सं०] ताड़ का पेड़।
दीर्घद्रुम—संज्ञा पुं० [सं०] शाल्मली वृक्ष। सेमर का पेड़।
दीर्घदृष्टि—वि० [सं०] (१) जिसकी दृष्टि दूर तक जाय। बहुत दूर तक देखनेवाला। (२) दूर तक की बात सोचनेवाला।
संज्ञा पुं० गीध।
दीर्घद्वार—संज्ञा पुं० [सं०] विशाल देश के अंतर्गत एक जनपद जो गंडकी नदी के किनारे माना जाता था।
दीर्घनाद—वि० [सं०] जिससे भारी शब्द निकले।
संज्ञा० पुं० शंख।
दीर्घनाल—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दीर्घरोहिष। रोहिस घास। (२) गोंदला घास। गुंड तृण। (३) ज्वार। यवनाल।
दीर्घनिद्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] मृत्यु। मौत। मरण।
दीर्घनिश्वास—संज्ञा पुं० [सं०] लंबी साँस जो दुःख या शोक के आवेग के कारण ली जाती है।
दीर्घपक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] कलिंग पक्षी।
दीर्घपत्र—संज्ञा पुं० [सं०] (१) राजपलांडु। लाल प्याज। (२) विष्णुकंद। (३) हरिदर्भ। एक प्रकार का कुश। (४) कुचला। कुपीलु। (५) एक प्रकार की ईख (सुश्रुत)।
दीर्घपत्रक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) लाल लहसुन। (२) एरंड। रेंड़। अंडी। (३) बेतस। बेत। (४) हिज्जल। समुद्र फल। (५) करील। टेंटी का पेड़। (६) जलभूक। जल महुआ।
दीर्घपत्रा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) केतकी। (२) जंगली आमुन का पेड़ जो छोटा छोटा और नदियों के किनारे होता है। (३) चित्रपर्णी। (४) शालपर्णी।
दीर्घपत्रिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) सफेद बच। (२) घृतकुमारी। घीकुआर। (३) शालपर्णी। सरिवन। (४) श्वेत पुनर्नवा। सफेद गदहपुरना।
दीर्घपत्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) पलाशी लता। बौरिया पलाश। वह पलाश जो लता के रूप में फैलता है। (२) महाचंचु शाक। बड़ा चेना।

दीर्घपर्ण–वि० [सं०] जिसके लंबे लंबे पत्ते हों।
दीर्घपर्णी–संज्ञा स्त्री० [सं०] पिठवन। पृश्निपर्णी।
दीर्घपल्लव–संज्ञा पुं० [सं०] सन का पेड़।
दीर्घपाद–वि० [सं०] लंबी टाँगवाला।
संज्ञा पुं० (१) कंकपक्षी। (२) सारस।
दीर्घपादप–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ताड़ का पेड़। (२) सुपारी का पेड़।
दीर्घपृष्ठ–संज्ञा पुं० [सं०] सर्प। साँप।
दीर्घप्रज्ञ–वि० [सं०] दूरदर्शी।
संज्ञा पुं० द्वापर के एक राजा वृषपर्व्वा का नाम जो असुर के अवतार थे।
दीर्घफल–संज्ञा पुं० [सं०] अमलतास।
दीर्घफलक–संज्ञा पुं० [सं०] अगस्त का पेड़।
दीर्घफला–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) जतुका लता। पहाड़ी नाम की लता। (२) लंबा अंगूर।
दीर्घफलिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) कपिलद्राक्षा। लंबा अंगूर। (२) जतुका लता।
दीर्घबाला–संज्ञा स्त्री० [सं०] चमरी। सुरागाय।
दीर्घबाहु–वि० [सं०] जिसकी भुजा लंबी हो।
संज्ञा पुं० (१) शिव के एक अनुचर का नाम। (हरिवंश)। (२) धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम।
दीर्घमारुत–संज्ञा पुं० [सं०] हाथी।
दीर्घमुख–संज्ञा पुं० [सं०] एक यक्ष का नाम।
दीर्घमूल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक प्रकार की घास। मोरटलता। (२) घेना की तरह की एक पीली घास। लामज्जक तृण। (३) विल्वांतर वृक्ष।
दीर्घमूलक–संज्ञा पुं० [सं०] मूलक। मूली।
दीर्घमूला–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) शालिपर्णी। सरिवन। (२) श्यामालता। काकोली।
दीर्घमूली–संज्ञा स्त्री० [सं०] धमासा।
दीर्घयज्ञ–वि० [सं०] जिसने बहुत काल तक यज्ञ किया हो।
संज्ञा पुं० अयोध्या के एक राजा का नाम जो द्वापर में हुए थे। (महाभारत)
दीर्घरत–वि० [सं०] जो बहुत देर तक मैथुन में रत रहे।
संज्ञा पुं० कुत्ता।
दीर्घरद–वि० [सं] जिसके निकले हुए लंबे दाँत हों।
संज्ञा पुं० सूअर। शूकर।
दीर्घरसन–संज्ञा पुं० [सं०] सर्प। साँप।
दीर्घरागा–संज्ञा स्त्री० [सं०] हरिद्रा। हलदी।
दीर्घरोमा–संज्ञा पुं० [सं० दीर्घरोमन्] (१) भालू। (२) शिव के एक अनुचर का नाम।
दीर्घरोहिष–संज्ञा पुं० [सं०] बड़ी जाति की रोहिस घास जो मालवा, राजपुताना और मध्यप्रदेश में बहुत होती है। इसमें से बहुत अच्छी सुगंध निकलती है जो नीबू की सुगंध से मिलती जुलती होती है। इसकी जड़ से एक प्रकार का तेल निकाला जाता है।
दीर्घलोचन–वि० [सं०] बड़ी आँखवाला।
संज्ञा पुं० (१) शिव के एक अनुचर का नाम। (२) धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम।
दीर्घवंश–संज्ञा पुं० [सं०] नरसल। नरकट।
दीर्घवक्त्र–वि० [सं०] [स्त्री० दीर्घवक्त्रा] लंबे मुहँवाला।
संज्ञा पुं० हाथी।
दीर्घवल्लिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] कुंभीर। घड़ियाल।
दीर्घवल्ली–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बड़ा इंद्रायन। महेंद्र-वारुणी। (२) पातालगरुड़ी लता। छिटा। (३) पलाशीलतर। बैरिया पलाश।
दीर्घवृंत–संज्ञा पुं० [सं०] (१) श्योनाकवृक्ष। सोनापाठा। (२) लताशाल।
दीर्घवृंता–संज्ञा स्त्री० [सं०] इंद्रचिभिंटी लता।
दीर्घवृंतिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] पलाशपर्णी।
दीर्घशर–संज्ञा पुं० [सं०] ज्वार। जुन्हरी।
दीर्घशाख–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सन का पेड़। (२) शाल। साखू का पेड़।
दीर्घशिंबिक–संज्ञा पुं० [सं०] लव। एक प्रकार की शाई।
दीर्घशूक–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का धान।
दीर्घश्रवा–संज्ञा पु० [सं० दीर्घश्रवस्] दीर्घतमा ऋषि के एक पुत्र जिन्होंने अनावृष्टि होने पर जीविका के लिये वाणिज्य कर लिया था। इस बात का उल्लेख ऋग्वेद में है।
दीर्घश्रुत–वि० [सं०] (१) जो दूर तक सुनाई पड़े। (२) जिसका नाम दूर तक विख्यात हो।
दीर्घसत्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) यावज्जीवन कर्त्तव्य अग्निहोत्र। (२) एक यज्ञ जो बहुत दिनों में समाप्त होता था। (३) एक तीर्थ का नाम (महाभारत)।
वि० जिसने दीर्घ सत्र यज्ञ किया हो।
दीर्घसुरत–वि० [सं०] देर तक रति करनेवाला।
संज्ञा पुं० कुत्ता।
दीर्घसूक्ष्म–संज्ञा पुं० [सं०] प्राणायाम का एक भेद।
दीर्घसूत्र–वि० दे० "दीर्घसूत्री"।
दीर्घसूत्रता–संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रत्येक कार्य में विलंब करने का स्वभाव। हर एक काम में देर लगाने की आदत।
दीर्घसूत्री–वि० [सं० दीर्घसूत्रिन्] प्रत्येक कार्य में विलंब करनेवाला। हर एक काम में अकारण से ज्यादा देर लगानेवाला। प्रत्येक कार्य में अधिक समय बितानेवाला। देर से काम करनेवाला।
दीर्घस्कंध–संज्ञा पुं० [सं०] ताड़ का पेड़।

दीर्घस्वर–संज्ञा पुं० [सं०] द्विमात्रिक स्वर। दे० "दीर्घ"

दीर्घा–संज्ञा स्त्री० [सं०] पिठवन। पृश्निपर्णी।

दीर्घायु–वि० [सं०] जिसकी आयु बड़ी हो। बहुत दिनों तक जीनेवाला। दीर्घजीवी। चिरजीवी।

संज्ञा पुं० (१) सेमर का पेड़। (२) कौवा। काक। (३) मार्कंडेय। (४) जीवक वृक्ष।

दीर्घायुध–संज्ञा पुं० [सं०] (१) कुम्हाड़। (२) सूअर। शूकर।

दीर्घालर्क–संज्ञा पुं० [सं०] सफेद मदार।

दीर्घास्य–वि० [सं०] बड़े मुँहवाला।

संज्ञा पुं० (१) हाथी। (२) शिव के एक अनुचर का नाम। (३) पश्चिमोत्तर दिशा में स्थित एक देश। (बृहत्संहिता)

दीर्घाह्न–संज्ञा पुं० [सं०] ग्रीष्मकाल (जिसमें दिन बड़ा होता है)।

दीर्घिका–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बावली। छोटा जलाशय। छोटा तालाब।

विशेष—किसी किसी के मत से ३०० धनुष लंबे जलाशय को दीर्घिका कहते हैं।

(२) हिंगुपत्री।

दीर्घीवर–संज्ञा पुं० [सं०] लंबी ककड़ी। डँगरी।

दीर्ण–वि० [सं०] फटा हुआ। विदारित। दरका हुआ।

दीर्घेक†–संज्ञा स्त्री० दे० "दीमक"।

दीवट–संज्ञा स्त्री० [सं० दीपस्थ, प्रा० दीवट्ठ] पीतल, लकड़ी आदि का डंडे के आकार का आधार जिसपर दीया रखा जाता है। दीवाधार। चिरागदान।

दीवला†–संज्ञा पुं० [हिं० दीवा + ला (प्रत्य०)] [स्त्री० दिवली, दियली] दीया।

दीवा†–संज्ञा पुं० [सं० दीपक] दीपक। दीया।

संज्ञा पुं० दे० "धव"।

दीवान–संज्ञा पुं० [अ०] (१) राजा या बादशाह के बैठने की जगह। राजसभा। दरबार। कचहरी।

यौ०—दीवान आम। दीवान खास।

(२) मंत्री। वज़ीर। राज्य का प्रबंध करनेवाला। प्रधान। उ०—भक्त ध्रुव की अटल पदवी राम के दीवान।

यौ०—दीवानखालसा।

(३) गजलों के संग्रह की पुस्तक।

दीवानआम–संज्ञा पुं० [अ०] (१) आम दरबार। ऐसा दरबार जिसमें राजा या बादशाह से सब लोग मिल सकते हैं। (२) वह स्थान या भवन जहाँ आम दरबार लगता हो।

दीवानखाना–संज्ञा पुं० [फा०] घर का वह बाहरी हिस्सा या कमरा जहाँ बड़े आदमी बैठते और सब लोगों से मिलते हैं। बैठक।

दीवानखालसा–संज्ञा पुं० [अ०] वह अधिकारी जिसके पास राजा या बादशाह की मुहर रहती है।

दीवानखास–संज्ञा पुं० [फा० + अ०] (१) खास दरबार। ऐसी सभा जिसमें राजा या बादशाह मंत्रियों तथा चुने हुए प्रधान लोगों के साथ बैठता है। (२) वह जगह या मकान जहाँ खास दरबार होता हो।

दीवाना–वि० [फा०] [स्त्री० दीवानी] पागल। सिड़ी। विक्षिप्त।

मुहा०—किसी के पीछे दीवाना होना = किसी के लिये हैरान होना। किसी (वस्तु या व्यक्ति) के लिये व्यग्र होना।

दीवानापन–संज्ञा पुं० [फा० दीवाना + पन (प्रत्य०)] पागलपन। सिड़ीपन। विक्षिप्तता।

दीवानी–संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) दीवान का पद। दीवान का ओहदा। (२) वह अदालत जिसमें दो फरीकों के बीच किसी तरह की हकीयत का फैसला हो। वह न्यायालय जो सम्पत्ति आदि संबंधी स्वत्व का निर्णय करे। व्यवहार संबंधी न्यायालय।

वि० स्त्री० [फा० दीवाना] पगली। बावली।

दीवार–संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) पत्थर, ईंट, मिट्टी आदि को नीचे ऊपर रखकर उठाया हुआ परदा जिससे किसी स्थान को घेर कर मकान आदि बनाते हैं। भीत।

मुहा०—दीवार उठाना = दीवार बनाना। दीवार खड़ी करना = दीवार बनाना।

(२) किसी [illegible] जो ऊपर उठा हो। जैसे, टोपी की दीवार, [illegible] (पहाड़ की दीवार।

दीवारगीर–संज्ञा [illegible] फा०] दीया आदि रखनेका आधार जो दीवार में लगाया जाता है।

दीवारगीरी–संज्ञा स्त्री० [फा० दीवारगीर] एक प्रकार का छपा हुआ कपड़ा जो दीवार में लगाया जाता है। पिछवाई।

दीवाल–संज्ञा स्त्री० "दे० दीवार"।

दीवालदंड–संज्ञा पुं० [फा० दीवार + हिं० दंड] एक प्रकार की कसरत या दंड जो दीवार पर हाथ टिका कर करते हैं।

दीवाला–संज्ञा पुं० दे० "दिवाला"।

दीवाली–संज्ञा स्त्री० [सं० दीपावली] कार्तिक की अमावास्या को होनेवाला एक उत्सव जिसमें संध्या के समय घर में भीतर बाहर बहुत से दीपक जलाकर पंक्तियों में रखे जाते हैं और लक्ष्मी का पूजन होता है।

विशेष—जिस दिन प्रदोष काल में अमावास्या रहेगी उसी दिन दीवाली होगी और लक्ष्मी का पूजन किया जायगा। यदि अमावास्या लगातार दो दिन प्रदोषकाल में पड़े तो दूसरे दिन की रात को दीवाली मानी जायगी और वह रात सुखरात्रिका कहलावेगी। यदि अमावास्या प्रदोषकाल में पड़े ही न तो पहले दिन लक्ष्मीपूजा और दूसरे दिन दीपदान होगा क्योंकि पार्वण श्राद्ध उसी दिन होगा। दीवाली के दिन लोग जूआ खेलना भी कर्त्तव्य समझते हैं।

दीवि–संज्ञा पुं० [सं०] नीलकंठ नाम का पक्षी।

दीवी†–संज्ञा स्त्री० [हिं० दीवी] दीवट । चिरागदान ।

दीसना–क्रि० अ० [स० दृश = देखना] दिखाई देना । दिखाई पड़ना । दृष्टिगोचर होना । उ०—विदुसन प्रभु विराट्मय दीसा ।—तुलसी ।

दीह*–वि० [स० दीर्घ] लंबा । बड़ा । उ०—बहु ता महँ दीप पताक लसैं । जनु धूम में अग्नि की ज्वाल बसैं ।—केशव ।

दुंका–संज्ञा पुं० [सं० स्तोक] (अनाज का) छोटा कण । कन । दाना । किनकी ।

दुँगरी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का मोटा कपड़ा ।

दुंद–संज्ञा पुं० [सं० द्वंद्व] (१) दो मनुष्यों के बीच होनेवाला युद्ध वा झगड़ा । (२) ऊधम । उत्पात । उपद्रव । हलचल । उ०—तब ही सूरज के सुभट निकट मचायो दुंद । निकसि सकैं नहिं एकहू करयो कटक मसमुंद ।—सूदन ।

क्रि० प्र०—मचना ।—मचाना ।

(३) जोड़ा । युग्म । उ०—बरनै दीनदयाल दरसि पददुंद अनंदौं—दीनदयाल ।

संज्ञा पुं० [स० दुंदुभि] नगाड़ा । उ०—(क) चढ़ा असाढ़ गगन घन गाजा । साजा विरह दुंद दल बाजा ।—जायसी । (ख) बाजत ढोल दुंद औ भेरी । मांदर तूर झांझ चहुं फेरी ।—जायसी ।

दुँदका†–संज्ञा पु० [देश०] गला पेरने का कोल्हू ।

दुंदुभ–संज्ञा पुं० [सं०] नगारा । धौंसा ।

दुंदुभि–संज्ञा पु० [सं०] (१) वरुण । (२) विष । (३) क्रौंच द्वीप का एक विभाग । (४) एक पर्वत का नाम । (५) पासे का एक दाँव । (६) एक राक्षस का नाम जिसे बालि ने मार कर ऋष्यमूक पर्वत पर फेंका था । इस पर मतंग ऋषि ने शाप दिया था जिसके कारण बालि उस पर्वत के पास नहीं जा सकता था ।

संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) नगाड़ा । धौंसा । उ०—(क) तब देवन दुदभी बजाई ।—तुलसी । (ख) मानहु मदन दुंदुभी दीन्ही ।—तुलसी ।

दुंदुभिक–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का कीड़ा ।

दुंदुभिस्वन–संज्ञा पु० [सं०] सुश्रुत में लिखी हुई एक प्रकार की विष-चिकित्सा ।

विशेष—बच, आम, गूलर, आँवला, अंकोल इत्यादि बहुत सी लकड़ियों का गोमूत्र में क्षार बनाकर और उसमें और बहुत सी ओषधियाँ मिलाकर लेप बनावे । इस लेप को दुंदुभि, तोरण, पताका इत्यादि में पोते । ऐसे तोरण, दुंदुभि आदि के दर्शन श्रवण से विष का प्रभाव दूर हो जाता है ।

दुंदुभी–संज्ञा स्त्री० दे० "दुंदुभ" ।

दुंदुमार–संज्ञा पुं० दे० "धुंधुमार" ।

दुंदुह*–संज्ञा पुं० [सं० डुंडुभ] पानी का साँप । डेंड़हा ।

दुंबा–संज्ञा पुं० [फा० दुंबालः] एक प्रकार का मेढ़ा जिसकी दुम चकी के पाट की तरह गोल और भारी होती है । इसका ऊन बहुत अच्छा होता है । इस प्रकार के मेढ़े पंजाब और काश्मीर से लेकर अफगानिस्तान और फारस तक होते हैं । भारतवर्ष में कई स्थानों पर ऐसे मेढ़ों की दोगली जाति उत्पन्न की गई है पर इसमें विशेष सफलता नहीं हुई है । बात यह है कि सीड़वाले प्रदेशों में प्रायः दुम में कई प्रकार की बीमारियाँ पैदा हो जाती हैं ।

दुंबाल–संज्ञा पुं० [फा० दुंबालः] (१) चौड़ी पूँछ । (२) नाव की पतवार । (३) जहाज का पिछला हिस्सा ।

दुंबुर–संज्ञा पुं० [सं० उदुंबर] गूलर की जाति का एक पेड़ जो हिमालय के किनारे चेनाब से लेकर पूरब की ओर बराबर मिलता है । बंगाल, उड़ीसा और बरमा में भी नदियों या नालों के किनारे होता है । इस पर लाख पाई जाती है । इसकी छाल के रेशों से छप्पर की काँड़ी धान आदि बाँधी जाती हैं । बरसात में इसके फल पकते हैं और खाए जाते हैं । पर इन फलों का स्वाद फीका होता है । इसकी पत्तियाँ कुछ खरदरी होती हैं और लकड़ी माजने के काम में आती हैं ।

दुःकृत*–संज्ञा पुं० दे० "दुष्कृत" ।

दुःख–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ऐसी अवस्था जिससे छुटकारा पाने की इच्छा प्राणियों में स्वाभाविक हो । कष्ट । क्लेश । सुख का विपरीत भाव । तकलीफ ।

विशेष—सांख्यशास्त्र के अनुसार दुःख तीन प्रकार के माने गए हैं—आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक । आध्यात्मिक दुःख के अंतर्गत रोग व्याधि आदि शारीरिक दुःख और क्रोध, लोभ आदि मानसिक दुःख हैं । आधिभौतिक दुःख वह है जो स्थावर, जंगम (पशु, पक्षी, साँप, मच्छड़ आदि) भूतों के द्वारा पहुँचता है । आधिदैविक जो देवताओं अर्थात् प्राकृतिक शक्तियों के द्वारा पहुँचता है, जैसे, आँधी, वर्षा, वज्रपात, शीत, ताप इत्यादि । सांख्य दुःख को रजोगुण का कार्य्य और चित्त का एक धर्म मानता है, आत्मा को उससे अलग रखता है । पर न्याय और वैशेषिक दुःख को आत्मा का धर्म्म मानते हैं । त्रिविध दुःखों की निवृत्ति को सांख्य ने अत्यंत पुरुषार्थ कहा है और शास्त्रजिज्ञासा का उद्देश्य बतलाया है । प्रधान दुःख जरा और मरण हैं जिनसे लिंगशरीर की निवृत्ति के बिना चेतन या पुरुष छुटकारा नहीं पा सकता । इस प्रकार की मुक्ति या अत्यंत दुःखनिवृत्ति तत्त्वज्ञान द्वारा—प्रकृति और पुरुष के भेद ज्ञान द्वारा—ही संभव है । वेदांत ने सुख-दुःख-ज्ञान को अविद्या कहा है जिसकी निवृत्ति ब्रह्मज्ञान द्वारा हो जाती है ।

योग की परिभाषा में दुःख एक प्रकार का चित्तविक्षेप या अंतराय है जिससे समाधि में विघ्न पड़ता है । व्याधि

इत्यादि चित्तविक्षेपों के अतिरिक्त योग ने चित्त के राजस कार्य्य को दुःख कहा है। किसी विषय से चित्त में जो खेद या कष्ट होता है वही दुःख है। इसी दुःख से द्वेष उत्पन्न होता है। जब किसी विषय से चित्त को दुःख होगा तब उससे द्वेष उत्पन्न होगा। योग परिणाम, ताप और संस्कार तीन प्रकार के दुःख मानकर सब वस्तुओं को दुःखमय कहता है। परिणाम दुःख वह है जिसका अन्यथाभाव हो अर्थात् जो भविष्य में अवश्य पहुँचे, ताप दुःख वह है जो वर्त्तमान काल में कोई भोग रहा हो और जिसका प्रभाव या स्मरण बना हो।

क्रि० प्र०—होना।

मुहा०—दुःख उठाना = कष्ट सहना। तकलीफ सहना। ऐसी स्थिति में पड़ना जिसमे सुख वा शांति न हो। दुःख देना = कष्ट पहुँचाना। दुःख पहुँचना = दुःख होना। दुःख पहुँचाना = दे० "दुःख देना"। दुःख पाना = दे० "दुःख उठाना"। दुःख बटाना = सहानुभूति करना। कष्ट या संकट के समय साथ देना। दुःख भरना = कष्ट या संकट के दिन काटना। दुःख भुगतना या भोगना = दे० "दुःख उठाना"।

(२) संकट। आपत्ति। विपत्ति।

मुहा०—(किसी पर) दुःख पड़ना = आपत्ति आना। संकट उपस्थित होना।

(३) मानसिक कष्ट। खेद। रंज। जैसे, उसकी बात से मुझे बहुत दुःख हुआ।

मुहा०—दुःख मानना = खिन्न होना। संतप्त होना। रंजीदा होना। दुःख बिसराना = (१) चित्त से खेद निकालना। शोक या रंज की बात भूलना। (२) जी बहलाना। दुःख लगना = मन में खेद होना। रंज होना।

(४) पीड़ा। व्यथा। दर्द। (५) व्याधि। रोग। बीमारी। जैसे, इन्हें बुरा दुःख लगा है।

मुहा०—दुःख लगना = रोग घेरना। व्याधि होना।

दुःखकर—वि० [सं०] जो दुःख उत्पन्न करे। क्लेश पहुँचानेवाला।

दुःखग्राम—संज्ञा पुं० [सं०] संसार।

दुःखजीवी—वि० [सं०] कष्ट से जीवन बितानेवाला।

दुःखत्रय—संज्ञा पुं० [सं०] तीन प्रकार के दुःखों का समूह।

दुःखद—वि० [सं०] [स्त्री० दुःखदा] दुःखदायी। कष्ट पहुँचानेवाला।

दुःखदग्ध—वि० [सं] कष्ट में पड़ा हुआ। संतप्त। क्लेशित।

दुःखदाता—संज्ञा पुं० [सं० दुखदातृ] दुःख पहुँचानेवाला मनुष्य।

दुःखदायक—वि० [सं०] [स्त्री० दुखदायिका] दुःख या कष्ट पहुँचानेवाला। जिससे दुःख हो।

दुःखदायी—वि० [सं० दुःखदायिन्] [स्त्री० दुःखदायिनी] दुःख देनेवाला। जिससे कष्ट पहुँचे।

दुःखदोहा—वि० स्त्री० [सं०] (गाय) जो कठिनता से दुही जा सके। जो जल्दी दुहने न दे।

दुःखनिवह—वि० [सं०] दुःसह।

दुःखप्रद—संज्ञा पुं० [सं०] कष्ट देनेवाला। दुःखद।

दुःखबहुल—संज्ञा पुं० [सं०] दुःखपूर्ण। क्लेश से भरा हुआ।

दुःखमय—वि० [सं०] दुःखपूर्ण। क्लेश से भरा हुआ।

दुःखलभ्य—वि० [सं०] जो दुःख या कष्ट से प्राप्त हो सके। जो कठिनता से मिल सके।

दुःखलोक—संज्ञा पुं० [सं०] संसार।

दुःखसाध्य—वि० [सं०] दुःख से होने योग्य। मुश्किल से होने वाला (काम)। जिसका करना कठिन हो।

दुःखांत—वि० [सं०] (१) जिसके अंत में दुःख हो। जिसके परिणाम में कष्ट हो। (२) जिसके अंत में दुःख का वर्णन हो। जैसे, दुखांत नाटक।

विशेष—प्राचीन यूनान के साहित्य-ग्रंथों में नाटक दो प्रकार के कहे गए हैं—सुखांत और दुःखांत। अतः योरप के साहित्य में नाटक वा उपन्यास के दो भेद माने जाते हैं। पर भारतीय आचार्यों ने इस प्रकार का भेद नहीं किया है।

संज्ञा पुं० (१) दुःख का अंत। क्लेश की समाप्ति। (२) दुःख की पराकाष्ठा। अत्यंत अधिक कष्ट। तकलीफ की हद।

दुःखायतन—संज्ञा पु० [सं०] संसार। जगत्।

दुःखार्त्त—वि० [सं०] कष्ट से व्याकुल।

दुःखित—वि० [सं०] पीड़ित। क्लेशित। जिसे कष्ट या तकलीफ हो।

दुःखिनी—वि० स्त्री० [सं०] [स्त्री०] जिस पर दुःख पड़ा हो। दुखिया।

दुःखी—वि० [सं० दुःखिन्] [स्त्री० दुःखिनी] जिसे दुःख हो। जो कष्ट या तकलीफ में हो।

दुःशकुन—संज्ञा पु० [सं०] बुरा शकुन। यात्रा आदि में दिखाई पड़नेवाला कोई ऐसा लक्षण जिसका बुरा फल समझा जाता है। जैसे, यात्रा में तेली का मिलना।

दुःशला—संज्ञा स्त्री० [सं०] गांधारी के गर्भ से उत्पन्न धृतराष्ट्र की कन्या जो सिंधुदेश के राजा जयद्रथ को ब्याही थी। जब महाभारत के युद्ध में जयद्रथ मारा गया तब इसने अपने छोटे से बालक सुरथ को राजसिंहासन पर बैठा कर बहुत दिनों तक राजकाज चलाया था। पांडवों के अश्वमेध के समय जब अर्जुन घोड़े को लेकर सिंधुदेश में पहुँचे तब सुरथ ने अपने पिता को मारनेवाले का युद्धार्थ आगमन सुनकर भय से प्राण त्याग कर दिया। अर्जुन ने इस बात को सुन कर सुरथ के बालक पुत्र को सिंहासन पर बैठाया।

दुःशासन—वि० [सं०] जिस पर शासन करना कठिन हो। जो किसी का दबाव न माने।

संज्ञा पुं० धृतराष्ट्र के १०० लड़कों में से एक जो दुर्योधन का अत्यंत प्रेमपात्र और मंत्री था। यह अत्यंत क्रूरस्वभाव था। पांडव लोग जब जूए में हार गए थे तब यही द्रौपदी को पकड़ कर सभास्थल में लाया था और उसका वस्त्र खींचना चाहता था। इस पर भीमसेन ने प्रतिज्ञा की थी कि मैं इसका रक्तपान करूँगा और जब तक इसके रक्त से द्रौपदी के बाल न रँगूँगा तब तक वह बाल न बाँधेगी। महाभारत के युद्ध में भीमसेन ने अपनी यह भयंकर प्रतिज्ञा पूरी की थी।

दुःशील–वि० [सं०] बुरे स्वभाव का।

दुःशीलता–संज्ञा स्त्री० [स०] दुष्टता। दुःस्वभाव।

दुःशोध–वि० [सं०] (१) जिसका सुधार कठिन हो। (२) (धातु आदि) जिसका शोधना कठिन हो।

दुःश्रव–संज्ञा पुं० [सं०] काव्य में वह दोष जो कानों को कर्कश लगनेवाले वर्णों के आने से होता है। श्रुतिकटु दोष।

दुःषम–वि० [सं०] निंदनीय।

दुःषेध–वि० [सं०] जिसका निवारण कठिन हो।

दुःसंकल्प–संज्ञा पुं० [सं०] बुरा इरादा। खोटा विचार।

वि० बुरा संकल्प करनेवाला। बुरा इरादा रखनेवाला। खोटी नीयत का।

दुःसंग–संज्ञा पुं० [सं०] बुरा साथ। कुसंग। बुरी सोहबत।

दुःसंधान–संज्ञा पु० [सं०] केशवदास के अनुसार काव्य में एक रस जो इस स्थल पर होता है जहाँ एक तो अनुकूल होता है और दूसरा प्रतिकूल, एक तो मेल की बात करता है दूसरा बिगाड़ की। एक होय अनुकूल जहँ दूजो है प्रतिकूल। केशव दुःसंधान रस शोभित तहाँ समूल॥ यह पाँच प्रकार के अनरसों में से माना गया है।

दुःसह–वि० [सं०] जिसका सहन करना कठिन हो। जो कष्ट से सहा जाय। अत्यंत कष्टदायक। जैसे, दुःसह पीड़ा।

दुःसहा–संज्ञा स्त्री० [सं०] नागदमनी।

दुःसाध्य–वि० [स०] (१) जिसका साधन कठिन हो। जिसका करना मुशकिल हो। जैसे, दुःसाध्य कार्य। (२) जिसका उपाय कठिन हो। जैसे, दुःसाध्य रोग।

दुःसाधी–संज्ञा पुं० [सं०दुःसाधिन्] द्वारपाल।

दुःसाहस–संज्ञा पुं० [सं०] (१) व्यर्थ का साहस। ऐसा साहस जिसका परिणाम कुछ न हो, या बुरा हो। ऐसी बात करने की हिम्मत जिसका होना असंभव हो या जिसका फल बुरा हो। जैसे, (क) इसे इस काम से रोकने जाना तुम्हारा दुःसाहस मात्र है। (ख) चलती गाड़ी से कूदने का दुःसाहस मत करना। (२) अनुचित साहस। ऐसी बात करने की हिम्मत जो अच्छी न समझी जाती हो। ढिठाई। धृष्टता। जैसे, बड़ों की बात का उत्तर देना तुम्हारा दुःसाहस है।

दुःसाहसिक–वि० [स०] जिसे करने का साहस करना अनुचित या निष्फल हो। जिसके लिये हिम्मत करना बुरा हो। जैसे, दुःसाहसिक कार्य्य।

दुःसाहसी–वि० [सं०] बुरा साहस करनेवाला।

दुःस्थ–वि० [सं०] (१) जिसकी स्थिति बुरी हो। दुर्दशाग्रस्त। (२) दरिद्र। (३) मूर्ख।

दुःस्थिति–संज्ञा स्त्री० [स०] बुरी अवस्था। दुरवस्था। दुर्दशा।

दुःस्पर्श–वि० [सं०] (१) न छूने योग्य। जिसका छूना कठिन हो। (२) जिसे पाना कठिन हो।

संज्ञा पुं० (१) कपिकच्छु। केंवाच। (२) लता करंज। (३) कंटकारी। (४) आकाशगंगा।

दुःस्पर्शा–संज्ञा स्त्री० [सं०] काँटेदार मकोय।

दुःस्वप्न–संज्ञा पुं० [सं०] बुरा स्वप्न। ऐसा सपना जिसका फल बुरा माना जाता हो।

विशेष–क्या क्या स्वप्न देखने से क्या क्या फल होता है इसका वर्णन विस्तार के साथ ब्रह्मवैवर्त्तपुराण में है। स्वप्न में यदि कोई हँसे, नाचना गाना देखे तो समझे कि विपत्ति आनेवाली है। यदि अपने को तेल मलते, गदहे, भैंसे, या ऊँट पर सवार होकर दक्षिण दिशा को जाते देखे तो समझना चाहिए कि मृत्यु निकट है। इसी प्रकार और बहुत से फल कहे गए हैं।

दुःस्वभाव–संज्ञा पुं० [सं०] बुरा स्वभाव। दुःशीलता। बदमिज़ाजी।

वि० दुःशील। दुष्ट स्वभाव का।

दुःस्वरनाम–संज्ञा पुं० [सं०] वह पापकर्म्म जिसके उदय से प्राणियों के कठोर और हीनस्वर होते हैं। (जैन)

दु–वि० [हिं० दो] 'दो' शब्द का संक्षिप्त रूप जो समास बनाने के काम में आता है। जैसे, दुविधा, दुचित्ता।

दुअन–संज्ञा पुं० दे० "दुवन"।

दुअरवा‡–संज्ञा पुं० दे० "दुआर" "दुवार"। उ०—पियवा आय दुअरवा, उठि किन देख। दुरलभ पाय बिदेसिया, मुद अवरेख।—रहीम।

दुअरिया‡–संज्ञा स्त्री० दे० "दुआरी" "दुवारी"। छोटा दरवाजा। उ०—छाकहु बइठ दुअरिया, मीजहु पाय। पिय तन पेखि गरमिया, विजन डोलाय।—रहीम।

दुआ–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) प्रार्थना। दरख्वास्त। बिनती। याचना।

क्रि० प्र०—करना।

मुहा०—दुआ माँगना = प्रार्थना करना।

(२) आशीर्वाद। असीस।

क्रि० प्र०—देना।

मुहा०—दुआ लगना = आशीर्वाद का फलीभूत होना।

संज्ञा पुं० [हिं० दो] गले में पहने का एक गहना।

दुआदस*‡—संज्ञा पुं० दे० "द्वादश"।

दुआब—संज्ञा पुं० दे० "दुआबा"।

दुआबा—संज्ञा पुं० [फा०] दो नदियों के बीच का प्रदेश।

दुआर†—संज्ञा पुं० [सं० द्वार] [स्त्री० दुआरी] द्वार।

दुआरा†—संज्ञा पुं० दे० "दुआरा"। उ०—लंका बाँके चारि दुआरा।—तुलसी।

दुआरी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० दुआर] छोटा दरवाजा।

दुआल—संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) चमड़ा। चमड़े का तसमा। (२) रिकाब का तसमा।

दुआला—संज्ञा पुं० [देश०] लकड़ी का एक बेलन जिसे सुनहरी छपी हुई छींटों के छापों को बैठाने के लिये फेरते हैं।

दुआली—संज्ञा स्त्री० [फा० दुआल = तसमा] खराद का तसमा। खराद की बद्धी। सान की बद्धी। चमड़े का वह तसमा जिससे कसेरे कून, सिकलीगर सान और बढ़ई खराद घुमाते हैं।

दुइ†—वि० दे० "दो"।

दुइज†*—संज्ञा स्त्री० [सं० द्वितीय, प्रा० दुईज] पाख की दूसरी तिथि। द्वितीया। दूज।

संज्ञा पु० [स० द्विज] दूज का चाँद। द्वितीया का चंद्रमा। उ०—कहाँ ललाट दुइज कह जोती। दुइजहि जोति कहाँ जग ओती?—जायसी।

दुउ—वि० दे० "दोनों"।

दुकड़हा—वि० [हिं० दुकड़ + हा (प्रत्य०)] [स्त्री० दुकड़ही] (१) जिसका मूल्य एक दुकड़ा हो। (२) तुच्छ। नाचीज। (३) नीच। कमीना। अनादृत।

दुकड़ा—संज्ञा पुं० [सं० द्विक + ड़ा (प्रत्य०)] [स्त्री० दुकड़ी] (१) वह वस्तु जो एक साथ या एक में लगी हुई दो दो हो। जोड़ा। जैसे, धोतियों का दुकड़ा, अँगीछों का दुकड़ा। (२) वह जिसमें कोई वस्तु दो दो हो। वह जिसमें किसी वस्तु का जोड़ा हो। जैसे, चारपाई की दुकड़ी बुनावट, दुकड़ी गाड़ी। (३) दो दमड़ी। छदाम। एक पैसे का चौथाई भाग।

विशेष—इसका हिसाब कौड़ियों से होता है। कहीं कहीं पाई को दुकड़ा मान लेते हैं यद्यपि इसका मूल्य एक पैसे का तिहाई होता है।

दुकड़ी—वि० स्त्री० [हिं० दुकड़ा] जिसमें कोई वस्तु दो दो हो।

संज्ञा स्त्री० (१) चारपाई की वह बुनावट जिसमें दो दो बाध एक साथ बुने जाते हैं। (२) दो बूटियोंवाला ताश का पत्ता। (३) दो घोड़ों की बग्घी। (४) घोड़ों का सामान जो दोहरा हो।

संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + कड़ी] वह लगाम जिसमें दो कड़ियाँ होती हैं।

दुकना—†—क्रि० अ० [देश०] लुकना। छिपना।

दुकान—संज्ञा स्त्री० [फा०] वह स्थान जहाँ बेचने के लिये चीजें रखी हों और जहाँ ग्राहक आकर उन्हें खरीदते हों। सौदा बिकने का स्थान। माल बिकने की जगह। हट्ट। हट्टी। जैसे, कपड़े की दुकान, हलवाई की दुकान, बिसाती की दुकान।

क्रि० प्र०—खोलना।—बंद करना।

मुहा०—दुकान उठाना = (१) कारबार बंद करके दुकान छोड़ देना। (२) दुकान बंद करना। दुकान करना = दुकान लेकर किसी चीज की बिक्री आरंभ करना। दुकान जारी करना। दुकान खोलना। जैसे, एक महीने से उन्होंने चौक में गोटे की दुकान की है। दुकान खोलना = दे० "दुकान करना"। दुकान चलना = दुकान में होनेवाले व्यवसाय की वृद्धि होना। जैसे, आजकल शहर में उनकी दुकान खूब चलती है। दुकान बढ़ाना = दुकान बंद करना। दुकान में बाहर रखा हुआ माल उठाकर किवाड़े बंद करना। जैसे, (क) इनकी दुकान रात को नौ बजे बढ़ती है। (ख) आज न्योते में जाना था इसी लिये दुकान जल्दी बढ़ा दी। दुकान लगाना = (१) दुकान का असबाब फैलाकर यथास्थान बिक्री के लिये रखना। वस्तुओं को बेचने के लिये फैलाकर रखना। जैसे, जरा ठहरो, दुकान लगा लें तो दें। (२) बहुत सी चीजों को इधर उधर फैलाकर रख देना। जैसे, वह लड़का जहाँ बैठता है वहाँ दुकान लगा देता है।

दुकानदार—संज्ञा पुं० [फा०] (१) दुकान का मालिक। दुकान पर बैठकर सौदा बेचनेवाला। वह जिसकी दुकान हो। दूकानवाला। (२) वह जिसने अपनी आय के लिये कोई ढोंग रच रखा हो। जैसे, उन्हें साधु या त्यागी कौन कहता है, वे तो पूरे दुकानदार हैं।

दुकानदारी—संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) दूकान या बिक्री बट्टे का काम। दुकान पर माल बेचने का काम। (२) ढोंग रचकर रुपया पैदा करने का काम। जैसे, यह सब बाबाजी की दुकानदारी है।

दुकाल—संज्ञा पु० [सं० दुष्काल] अन्नकष्ट का समय। अकाल। दुर्भिक्ष। उ०—(क) कलि नाम कामतरु राम को। दलन-हार दारिद दुकाल दुख दोष घोर घन घाम को।—तुलसी। (ख) कलि बारहि बार दुकाल परै। बिन अन्न दुखी सब लोग मरै।—तुलसी।

दुकुल्ली—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार का पुराना बाजा जिस पर चमड़ा मढ़ा होता है।

दुकूल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) क्षौम वस्त्र । सन या तीसी के रेशे का बना कपड़ा । (२) महीन कपड़ा । बारीक कपड़ा । (३) वस्त्र । कपड़ा । उ०—सब मूषन परिजन, बगर बन, बसकस बिमल दुकूल । साथ साथ सुरसद्मन सम, परमसाध सुखमूल । —तुलसी । (४) बौद्धों के शाम जातक के अनुसार शाम के पिता का नाम जो एक मुनि थे ।

विशेष—शाम जातक में लिखा है कि एक दिन दुकूल अपनी पत्नी परिखा के सहित कल मूल की खोज में वन में गए । वहाँ किसी दुर्घटना से वे दोनों अंधे हो गए । शाम दोनों को ढूँढ़ कर वन से लाए और अनन्य भाव से उनकी सेवा करने लगे । एक दिन संध्या को वे अंधे माता पिता को छोड़ नदी से जल लाने गए वहाँ किसी राजा ने उन्हें मृग समझकर उनपर तीर चलाया । तीर लगने से शाम की मृत्यु हो गई । राजा शाम के अंधे माता पिता के पास आए और उन्होंने उनसे सब समाचार कह सुनाया । सबके सब मृत शाम के पास शोक करते हुए पहुँचे । परिखा ने कहा "यदि मेरा पुत्र सच्चा ब्रह्मचारी रहा हो, यदि बुद्धदेव में उसकी सच्ची भक्ति रही हो तो मेरा पुत्र जी जाय" । इस प्रकार की सत्य क्रिया करने पर शाम जी उठे और एक देवी ने प्रकट होकर उनके माता पिता का अंधापन भी दूर कर दिया ।

बौद्धों का यह आख्यान रामायण में दिए हुए अंधक मुनि के आख्यान का अनुकरण है जिसमें उनके पुत्र सिंधु को महाराज दशरथ ने भ्रम से मारा था । अंतर इतना है कि रामायण में दोनों अंधों का पुत्रशोक में प्राण त्याग करना लिखा है और शामजातक में शाम का जी उठना और अंधों का दृष्टि पाना लिखा गया है ।

दुकेला–[हिं० दुका + एला (प्रत्य०)] [स्त्री० दुकेली] जिसके साथ कोई दूसरा भी हो । जो अकेला न हो ।

यौ०—अकेला दुकेला = जिसके साथ कोई न हो या एकही दो आदमी हों । जैसे, (क) जहाँ कोई अकेला दुकेला उस रास्ते से निकला कि डाकुओं ने आ घेरा । (ख) कोई अकेली दुकेली सवारी मिले तो बैठा लेना ।

दुकेले–क्रि० वि० [हिं० दुकेला] किसी के साथ । दूसरे आदमी को साथ लिए हुए ।

यौ०—अकेले दुकेले = बिना किसी को साथ लिए या एक ही दो आदमियों के साथ । जैसे, (क) वह तुम्हें अकेले दुकेले पावेगा तो जरूर मारेगा । (ख) अकेले दुकेले मत निकलना ।

दुकड़–संज्ञा पुं० [हिं० दो + कूँड़] (१) तबले की तरह का एक बाजा । यह बाजा शहनाई के साथ बजाया जाता है । इसमें एक कूँड़ बहुत बड़ी और दूसरी छोटी होती है । (२) एक में जुड़ी हुई या साथ पटी हुई दो नावों का जोड़ा ।

दुक्का–वि० [सं० द्विक] [स्त्री० दुक्की] (१) जो एक साथ दो हों । जिसके साथ कोई दूसरा भी हो । जो अकेला न हो । (व्यक्ति)

यौ०—इक्का दुक्का = अकेला दुकेला ।

(२) जो जोड़े में हो । जो एक साथ दो हो (वस्तु) । (३) जिसमें कोई वस्तु एक साथ दो हों ।

संज्ञा पुं० ताश का वह पत्ता जिसमें दो बूटियाँ हों ।

दुक्की–संज्ञा स्त्री० [हिं० दुक्का] ताश का वह पत्ता जिस पर दो बूटियाँ बनी हों ।

दुखंडा–वि० [हिं० दो + खंड] दो तल्ला । जिसमें दो खंड हों । दो मंजिला । जैसे, दुखंडा मकान ।

दुखंत*–संज्ञा पुं० दे० "दुष्यंत" ।

दुख–संज्ञा पुं० दे० "दुःख" ।

दुखड़ा–संज्ञा पुं० [हिं० दुख + ड़ा (प्रत्य०)] (१) दुःख का वृत्तांत । दुःख की कथा जिसमें किसी के कष्ट या शोक का वर्णन हो । तकलीफ का हाल ।

क्रि० प्र०—कहना ।—सुनाना ।

मुहा०—दुखड़ा रोना = अपने दुःख का वृत्तांत कहना । अपने कष्ट का हाल सुनाना ।

(२) कष्ट । तकलीफ । मुसीबत । विपत्ति ।

क्रि० प्र०—पड़ना ।

मुहा०—(किसी स्त्री पर) दुखड़ा पड़ना = (किसी स्त्री का) राँड़ हो जाना । विधवा हो जाना । (स्त्रि०) । दुखड़ा पीटना = कष्ट भोगना । बहुत परिश्रम और कष्ट से जीवन बिताना । (स्त्रि०) । दुखड़ा भरना = दे० "दुखड़ा पीटना" ।

दुखद*–वि० दे० दुःखद ।

दुखदाई*–वि० दे० "दुःखदायी" । उ०—खल कर संग सदा दुखदाई ।—तुलसी ।

दुखदुंद*–संज्ञा पुं० [सं० दुःखद्वंद्व] दुःख का उपद्रव । दुःख और आपत्ति । उ०—कुल सहित सकल निशाचर मारे । हरे सकल दुखदुंद हमारे ।—सूर ।

दुखना–क्रि० अ० [सं० दुःख] (किसी अंग का) पीड़ित होना । दर्द करना । पीड़ायुक्त होना । जैसे, आँख दुखना, पैर दुखना ।

दुखरा*–संज्ञा पुं० दे० "दुखड़ा" ।

दुखवना†–क्रि० स० दे० "दुखाना" । उ०—नाहिनै केशव साख जिन्हें बकि कै तिनसों दुखवै मुख को, री ? ।—केशव ।

दुखाना–क्रि० स० [सं० दुःख] (१) पीड़ा देना । कष्ट पहुँचाना । व्यथित करना ।

मुहा०—जी दुखाना = मानसिक कष्ट पहुँचाना । मन में दुःख उत्पन्न करना । जैसे, कड़ी बात कह कर क्यों किसी का जी दुखाते हो ?

(२) किसी के मर्मस्थान वा पके घाव इत्यादि को छू देना जिससे उसमें पीड़ा हो। जैसे, फोड़ा दुखाना।

दुखारा–वि० [हिं० दुख + आर (प्रत्य०)] दुखी। पीड़ित। उ०—एक कल्प सुर देखि दुखारे।—तुलसी।

दुखारी–वि० [हिं० दुख + आर (प्रत्य०)] दुखी। व्यथित। खिन्न। उ०—जे न मित्र दुख होहिं दुखारी। तिनहिं बिलोकत पातक भारी।—तुलसी।

दुखारो–वि० दे० "दुखारा"।

दुखित*–वि० दे० "दुःखित"।

दुखिया–वि० [हिं० दुख + इया (प्रत्य०)] दुखी। जो दुःख में पड़ा हो। जिसे किसी प्रकार का कष्ट हो।

यौ०—दीन दुखिया।

दुखियारा–वि० [हिं० दुखिया] [स्त्री० दुखियारी] (१) दुखिया। जिसे किसी बात का दुःख हो। (२) जिसे कोई शारीरिक पीड़ा हो। रोगी।

दुखी–वि० [सं० दुःखित, दुःखी (१) जिसे दुःख हो। जो कष्ट या दुःख में हो। उ०—धन हीन दुखी ममता बहुधा।—तुलसी। (२) जिसे मानसिक कष्ट पहुँचा हो। जिसके चित्त में खेद उत्पन्न हुआ हो। जिसके दिल में रंज हो। जैसे, उसकी बात सुनकर मैं बड़ा दुखी हुआ। (३) रोगी। बीमार।

दुखीला†–वि० [हिं० दुख + ईला (प्रत्य०)] दुःखपूर्ण। दुःख अनुभव करनेवाला। उ०—गर्भवती की चाह से दुखीले स्वभाव को पहुँच कर उसने जो कहा सोई खाया हुआ देखा।—लक्ष्मणसिंह।

दुखोहाँ*–वि० [हिं० दुख + ओहीं] [स्त्री० दुखोहीं] दुःखदायी। दुःखदेनेवाला। उ०—तेहि पैंडे कहां चलिये कबहूं जेहि काँटो लगै पग पीर दुखोहीं।—केशव।

दुग–संज्ञा स्त्री० दे० "धुक"।

दुगई–संज्ञा स्त्री० [देश०] ओसारा। बरामदा। उ०—अति अद्भुत मंजन की दुगई। गज दंत सुचंदन चित्रमई।—केशव।

दुगदुगी–संज्ञा स्त्री० [अनु० धुक धुक] (१) वह गड्ढा जो गरदन के नीचे और छाती के ऊपर बीचो बीच होता है। धुकधुकी।

मुहा०—दुगदुगी में दम होना = प्राण का कंठगत होना। (२) गले में पहनने का एक गहना जो छाती के ऊपर तक लटका रहता है।

दुगधा†–संज्ञा स्त्री० दे० "दुबधा"।

दुगन–वि० दे० "दुगना"।

संज्ञा स्त्री० बाजे की दूनी तेज आवाज। दून।

दुगना–वि० [सं० द्विगुण] [स्त्री० दुगनी] किसी वस्तु से उतना और अधिक जितनी कि वह हो। द्विगुण। दूना। जैसे, (क) चार का दुगना आठ। (ख) यह चादर उसकी दुगनी है।

दुगर्दनिया बैठक–संज्ञा स्त्री० कुश्ती का एक पेच जो उस समय किया जाता है जब पहलवान का एक हाथ जोड़ की गरदन पर होता है और जोड़ का वही हाथ पहलवान की गरदन पर होता है। इसमें पहलवान दूसरा खाली हाथ बढ़ाकर जोड़ के जंघों में देता है और बैठक करके गर्दन दबाते हुए उसे फेंक देता है।

दुगाड़ा–संज्ञा पुं० [दो + गाड़ = गड्ढा] (१) दुनाली बंदूक। दोनली बंदूक। (२) दोहरी गोली।

दुगासरा–संज्ञा पुं० [स० दुर्ग + आश्रय] वह गाँव जो किसी दुर्ग के किनारे हो। किसी दुर्ग के नीचे वा चारों ओर बसा हुआ गाँव। उ०—गह्यो धँधेरन दुरग आसरो। गाँव गढ़ी को दृढ़ दुगासरो।—लाल।

दुगुण*–वि० दे० "द्विगुण"।

दुगुन*†–वि० दे० "दुगना"। उ०—अस अस सुरसा बदन बढ़ावा। तासु दुगुन कपिरूप दिखावा।—तुलसी।

दुरग*–संज्ञा पुं० दे० 'दुर्ग"।

दुग्ध–वि० [सं०] (१) दुहा हुआ। (२ भरा हुआ।

संज्ञा पुं० दूध।

दुग्धकूपिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] भावप्रकाश में लिखा हुआ एक पकवान जो पिसे हुए चावल और दूध के फेने से बनता है।

विशेष—फेने के साथ पिसे हुए चावल की गोल लोई बनावे और उसमें गड्ढा करे। फिर इस लोई को थोड़ा घी में तलकर उसके गड्ढे में खूब गाढ़ा दूध भर दे और गड्ढे का मुँह मैदे से बंद कर दे। फिर इस दूध भरे हुए बड़े को घी में तल कर चाशनी में डाल दे। यह पकवान वायु-पित्त-नाशक, बलकारक, शुक्रवर्द्धक और दृष्टिवर्द्धक होता है।

दुग्धजालीय–संज्ञा पुं० [स०] (१) दूध का फेन। (२) मलाई।

दुग्धपाषाण–संज्ञा पु० [सं०] एक पेड़ जिसे बंगाल की ओर शिरगोजा कहते हैं।

दुग्धपुच्छी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक पेड़ का नाम।

पर्य्या०—सेवकालु। नसकरी। निशभंगा। दुग्धपेया।

दुग्धफेन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दूध का फेन। (२) एक पौधा। क्षीर हिंडीर।

दुग्धफेनी–संज्ञा पुं० [सं०] एक छोटा पौधा। पयस्विनी। लूतारि। गोजापर्णी।

दुग्धबीजा–संज्ञा स्त्री० [सं०] ज्वार। जुन्हरी (जिसके दो दानों में से सफेद रस या दूध निकलता है)।

दुग्धसमुद्र–संज्ञा पुं० [सं०] क्षीर समुद्र। पुराणानुसार सात समुद्रों में से एक।

दुग्धाक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का नग या पत्थर जिसपर सफेद सफेद धारियाँ होती हैं।

दुग्धाब्धि–संज्ञा पुं० [सं०] क्षीर समुद्र।

दुग्धाब्धितनया–संज्ञा स्त्री० [सं०] लक्ष्मी ।

दुग्धाश्मा– संज्ञा पुं० [स० दुग्धाश्मन्] दुग्धपाषाण ।

दुग्धिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दुद्धी नाम की घास या बूटी । (२) गंधिका नाम की घास ।

दुग्धिनिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] लाल चिचड़ा । रक्तपामार्ग ।

दुग्धी–संज्ञा स्त्री० [सं०] दुधिया नाम की घास । दुद्धी ।
वि० [सं० दुग्धिन्] दूधवाला । जिसमें दूध हो ।
संज्ञा पुं० क्षीरवृक्ष ।

दुघड़िया–वि० [हिं० दो घड़ी] दो घड़ी का । जैसे, दुघड़िया साइत, दुघड़िया मुहूर्त ।

दुघड़िया मुहूर्त्त–संज्ञा पुं० [हिं० दोघड़ी + सं० मुहूर्त] दो दो घड़ियों के अनुसार निकाला हुआ मुहूर्त्त । द्विघटिका मुहूर्त्त ।
विशेष—यह मुहूर्त्त होरा के अनुसार निकाला जाता है । रात दिन की साठ घड़ियों को दो दो घड़ियों में विभक्त करते हैं और फिर राशि के अनुसार शुभाशुभ समय का विचार करते हैं । इसमें दिन का विचार नहीं किया जाता, सब दिन सब ओर की यात्रा का विधान होता है । इस प्रकार का मुहूर्त्त उस समय देखा जाता है जब यात्रा किसी प्रकार दूसरे दिन पर टाली नहीं जा सकती ।

दुघरी†–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + घड़ी] दुघड़िया मुहूर्त्त । उ०—दुघरी साधि चले ततकाला । किय विश्राम न मगु महिप पाला ।—तुलसी ।

दुचंद–वि० [फ़ा० दोचंद] दूना । द्विगुण । दुगना । उ०—(क) पारन की पाँति महा मंद मुख मैली भई, दीपति दुचंद फैली धरम समाज की ।—पद्माकर । (ख) आज नंदनंद जू आनंद भरे खेलैं फाग, कोटि चंद ते दुचंद भाखदुति लाख की ।—दीनदयाल ।

दुचल्ला–संज्ञा पुं० [हिं० दो + चाल] वह छत जिसके दोनों ओर ढाल हो ।

दुचित*–वि० [हिं० दो + चित्त] (१) जिसका चित्त एक बात पर स्थिर न हो । जो दुविधे में हो । जो कभी एक बात की ओर प्रवृत्त हो, कभी दूसरी । अस्थिर चित्त । उ०—दुचित कतहुँ परितोष न लहहीं ।—तुलसी । (२) चिंतित । फिक्रमंद । उ०—बीत गयो बहु काल कछु भयो न ताके बाल । जऊ सुचित सब दुखनि सो दुचित भयो भूपाल ।—गुमान ।

दुचितई†*–संज्ञा स्त्री० [हिं० दुचित] (१) एक बात पर चित्त के न जमने की क्रिया या भाव । चित्त की अस्थिरता । दुविधा । उ०—सोचत जनक पोच पेंच परि गई है । जोरि करकमल निहोरि कहै कौसिक सों आयसु भो राम को सो मेरे दुचितई है । (२) खटका । आशंका । चिंता । उ०—शाह-सुवन सर हरि रति बाढी । तासु विछोह दुचितई गाढ़ी ।—रघुराज ।

दुचिताई†*–संज्ञा स्त्री० [हिं० दुचित] (१) चित्त की अस्थिरता । दुविधा । संदेह । उ०—(क) साँची कहहु देखि सुनि कै सुख छाँड़हु जिया कुटिल दुचिताई ।— सूर । (ख) निकरी मन तें सिगरी दुचिताई ।—केशव । (२) खटका । चिंता । आशंका । उ०—जब आनि भई सबको दुचिताई । कहि केशव काहु पै मेटि न जाई ।—केशव ।

दुचित्ता–वि० [हिं० दो + चित्त] [स्त्री० दुचित्ती] (१) जिसका चित्त एक बात पर स्थिर न हो । जो कभी एक बात की ओर प्रवृत्त हो कभी दूसरी । जो दुविधे में हो । अस्थिरचित्त । अव्यवस्थित चित्त । (२) संदेह में पड़ा हुआ । (३) जिसके चित्त में खटका हो । चिंतित ।

दुछक–संज्ञा पुं० [सं०] कपूर कचरी ।

दुछग*–संज्ञा पुं० [सं० द्वेषण = शत्रु] सिंह । (डिं०)

दुज*–संज्ञा पुं० दे० "द्विज" ।

दुजड*–संज्ञा स्त्री० [देश०] तलवार । (डिं०)

दुजड़ी–संज्ञा स्त्री० [देश०] कटारी । (डिं०)

दुजन्मा*–संज्ञा पुं० दे० "द्विजन्मा" ।

दुजपति*–संज्ञा पुं० दे० "द्विजपति" ।

दुजराज*–संज्ञा पुं० दे० "द्विजराज" ।

दुजाति*–संज्ञा पुं० दे० "द्विजाति" ।

दुजानू–क्रि० वि० [फ़ा० दो ज़ानू] दोनों घुटनों के बल । जैसे, दुजानू बैठना ।

दुजीह*–संज्ञा पुं० दे० "द्विजिह्व" ।

दुजेश*–संज्ञा पुं० दे० "द्विजेश" ।

दुटूक–वि० [हिं० दो + टूक] दो टुकड़ों में किया हुआ । खंडित । उ०—किया दुटूक चाप देखत ही रहे चकित सब ठाढ़े । —सूर ।

मुहा०–दुटूक बात = थोड़े में कही हुई साफ़ बात । बिना घुमाव फिराव की स्पष्ट बात । ऐसी बात जो लगी लिपटी न हो । खरी बात । जैसे, हम तो दुटूक बात कहते हैं चाहे बुरी लगे या भली ।

दुड़ि–संज्ञा स्त्री० [सं०] दुद्धि । कपर्दिका ।

दुड़ियंद–संज्ञा पुं० [?] सूर्य्य । (डिं०)

दुत–अव्य० [अनु०] (१) एक शब्द जो तिरस्कारपूर्वक हटाने के समय बोला जाता है । दूर हो । (२) एक शब्द जो उस मनुष्य के प्रति कहा जाता है जो कोई मूर्खता की या अनुचित बात कहता अथवा करता है । घृणा या तिरस्कार सूचक शब्द ।
विशेष—कभी कभी लोग बच्चों आदि की बात पर प्यार से भी 'दुत' कह देते हैं ।

दुतकार–संज्ञा स्त्री० [अनु० दुत + कार] वचन द्वारा किया हुआ अपमान । तिरस्कार । धिक्कार । फटकार ।

क्रि० प्र०—बतलाना ।

दुतकारना–क्रि० स० [हिं० दुतकार] (१) दुत् दुत् शब्द करके किसी को अपने पास से हटाना । (२) तिरस्कृत करना । धिक्कारना ।

दुतर्फ़ा–वि० [फ़ा० दो + अ० तरफ] [स्त्री० दुतर्फ़ी] दोनों ओर का । जो दोनों ओर हो । जैसे, दुतर्फ़ी चाल, दुतर्फ़ी रंग ।

दुतारा–संज्ञा पुं० [हिं० दो + तार] एक बाजा जिसमें दो तार लगे होते हैं और जो उँगली से सितार की तरह बजाया जाता है ।

दुति–संज्ञा स्त्री० दे० "द्युति" ।

दुतिमान*–वि० दे० "द्युतिमान्"

दुतिय*–वि० दे० "द्वितीय" ।

दुतिया–संज्ञा स्त्री० [सं० द्वितीया] दूज । पक्ष की दूसरी तिथि ।

दुतिवंत*–वि० दे० [हिं० दुति + वंत (प्रत्य०)] (१) आभायुक्त । चमकीला । (२) सुंदर ।

दुतीय*–वि० "द्वितीय" ।

दुतीया*†–संज्ञा स्त्री० दे० "द्वितीया" ।

दुत्थोत्थदवीय–संज्ञा पुं० [सं०] नीलकंठ ताजिक के अनुसार वर्ष प्रवेश में एक योग ।

दुथन†–संज्ञा पुं० [देश०] पत्नी । जोरू । (कुमाऊँ)

दुथरी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली ।

दुदल–वि० [सं० द्विदल] फूटने या टूटने पर जिसके दो बराबर दल या खंड हो जायँ । द्विदल ।

संज्ञा पुं० (१) दाल । उ०—दुदल प्रकार अनेकन आने । बरन बरन के स्वाद महाने ।—रघुराज । (२) एक पौधा जो हिमालय के कम ठंढे स्थानों में तथा नीलगिरि पर्वत पर बहुत होता है । इसकी जड़ औषध के काम में आती है और यकृत को पुष्ट करनेवाली, पसीना और पेशाब लानेवाली होती है । जिगर की बीमारी, आँव, चर्म्मरोग आदि में यह उपकारी होती है । इसे कामफूल और बरन भी कहते हैं ।

दुदलाना†–क्रि० स० [अनु०] दुतकारना । उ०—आवै कोइ आसरा लगाई । लागै दोष देह दुदलाई ।—विश्राम ।

दुदहँड़ी–संज्ञा स्त्री० दे० "दुधहँड़ी" ।

दुदामी–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + दाम] एक प्रकार का सूती कपड़ा जो मालवे में बहुत बनता था । उ०—दुदामी के थान मालवा में पहले भी बनते थे, मगर शाहजहाँ बादशाह की कदरदानी से बहुत बढ़िया बनने लगे थे ।—शाहजहाँनामा ।

दुदिला–वि० [हिं० दो + फ़ा० दिल] (१) दुचित्ता । दुबधे में पड़ा हुआ । (२) खटके में पड़ा हुआ । चिंतित । व्यग्र । घबराया हुआ । उ०—त्यों रँग मच्यो दिली में औरे । दुदिलो भयो साह कित दौरे ।—लाल ।

दुदुकारना†–क्रि० स० दे० "दुतकारना" ।

दुदुह–संज्ञा पुं० [सं०] अनुवंशीय एक राजा का नाम । (हरिवंश

दुद्धी–संज्ञा स्त्री० [सं० दुग्धी] (१) जमीन पर फैलनेवाली घास जिसके डंठलों में थोड़ी दूर पर गाँठें होती हैं जिनमें दोनों ओर एक एक पत्ती होती है । इन्हीं गाँठों पर से पतले डंठल निकलते हैं जिनमें फूलों के गोल गोल गुच्छे लगते हैं । दुद्धी दो प्रकार की होती है एक बड़ी, दूसरी छोटी । बड़ी दुद्धी की पत्ती दो ढाई अंगुल लंबी, एक अंगुल चौड़ी तथा किनारे पर कुछ कुछ कटावदार होती है । अगले सिरे की ओर यह नुकीली और पीछे डंठल की ओर गोल और चौड़ी होती है । छोटी दुद्धी के डंठल बहुत पतले और लाल हो [illegible] यों भी बहुत महीन और दोनों सिरों पर गोल होती हैं । वैद्यक में दुद्धी गरम, भारी, रूखी, वादी, कड़ुई, मलमूत्र को निकालनेवाली तथा कोढ़ और कृमि को दूर करनेवाली मानी जाती है । बड़ी दुद्धी से लड़के गोदना गोदने का खेल भी खेलते हैं । [illegible] के दूध से कुछ लिखकर इस पर कोयला घिसते हैं जिससे काले चिह्न बन जाते हैं ।

पर्य्या०—क्षीरी । मरुद्भवा । ग्राहिणी । कच्छुरा । ताम्रमूला ।

(२) थूहर की जाति का एक छोटा पौधा जो भारतवर्ष के सब गरम प्रदेशों में विशेष कर पंजाब और राजपूताने में होता है । इसका दूध दमे में दिया जाता है ।

संज्ञा० स्त्री० [हिं० दूध] (१) एक प्रकार की सफेद मिट्टी । खड़िया मिट्टी । (२) सारिवा लता । (३) जंगली नील । (४) एक पेड़ जो मदरास, मध्य प्रदेश और राजपूताने में होता है । इसकी लकड़ी सफेद और बहुत अच्छी होती है और बहुत से कामों में आती है ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० दूध] एक प्रकार का सफेद धान जिसका नाम सुश्रुत ने कुक्कुटांडक लिखा है ।

विशेष—दे० "दुधिया" ।

दुद्रुम–संज्ञा पुं० [स०] प्याज़ का हरा पौधा ।

दुधपिठवा–संज्ञा पुं० [सं० दुग्ध, हिं० दूध + सं० पिष्टक, हिं० पीठा] एक प्रकार का पकवान जो गुँधे हुए मैदे की लंबी लंबी बत्तियों को दूध में पकाने से बनता है ।

दुधमुख*†–वि० [हिं० दूध + मुख] दूधपीता । दूधमुहाँ ।

दुधमुँहाँ–वि० दे० "दूधमुहाँ" ।

दुधहँड़ी–संज्ञा स्त्री० [हिं० दूध + हाँड़ी] मिट्टी का वह छोटा बरतन जिसमें दूध रखा या गरम किया जाता है । दूध की मटकी ।

दुधाँड़ी–संज्ञा स्त्री० दे० "दुधहँड़ी" ।

दुधार–वि० [हिं० दूध + आर (प्रत्य०)] (१) दूध देनेवाली जो दूध देती हो । जैसे, दुधार गैया । (२) जिसमें दूध हो । वि०, संज्ञा पुं० दे० "दुधारा" ।

दुधारा–वि० [हिं० दो + धार] दो धारों का। जिसमें दोनों ओर धार हो (तलवार छुरी आदि)। जैसे, दुधारा खाँड़ा।

संज्ञा पुं० एक प्रकार का चौड़ा खाँड़ा या तलवार जिसके दोनों ओर तेज धार होती है।

दुधारी–वि० स्त्री० [हिं० दूध + आर (प्रत्य०)] दूध देनेवाली। जो दूध देती हो। जैसे, दुधारी गाय।

वि० स्त्री० [हिं० दो + धार] जिसमें दोनों ओर धार हो। उ०—दुधारी तलवार।

संज्ञा स्त्री० वह कटारी जिसके दोनों ओर तेज धार हो।

दुधारू†–वि० दे० "दुधार", "दुधारी"।

दुधिया–वि० [हिं० दूध] (१) दूध मिला हुआ। जिसमें दूध पड़ा हो। जैसे, दुधिया भाँग। (२) जिसमें दूध होता हो। (३) दूध की तरह सफेद। सफेद जाति का। जैसे, दुधिया गेहूँ, दुधिया धान, दुधिया पत्थर, दुधिया कंकड़।

संज्ञा स्त्री० [सं० दुग्धिका] (१) दुद्धी नाम की घास। (२) एक प्रकार की ज्वार या चरी जो बड़ौदे की ओर बहुत होती है और चौपायों को खिलाई जाती है। (३) खड़िया मिट्टी। (४) कलियारी की जाति का एक विष। (५) एक चिड़िया जिसे खटोरा भी कहते हैं।

दुधियाकंजई–वि० [हिं० दुधिया + कंजा] सफेदी लिए हुए कंजे के रंग का। नीलापन लिए भूरा।

संज्ञा पुं० एक रंग जो नीलापन लिए हुए भूरा अर्थात् कंजे के रंग से कुछ खुलता होता है।

विशेष—इस रंग में रँगने के लिये कपड़े को पहले हर्रे के काढ़े में डुबाकर धूप में सुखाते हैं फिर कसीस में रँगते हैं।

दुधियापत्थर–संज्ञा पुं० [हिं० दुधिया + पत्थर] (१) एक प्रकार का मुलायम सफेद पत्थर जिसके प्याले आदि बनते हैं। (२) एक नग या रत्न। विशेष—दे० "दुधिया"।

दुधियाविष–संज्ञा पुं० [हिं० दुधिया + विष] कलियारी की जाति का एक विष जिसके सुंदर पौधे काश्मीर चित्राल हजारा के पहाड़ों तथा हिमालय के पश्चिमी भाग में मिलते हैं। पौधा इस का कलियारी ही कि तरह का सुंदर फूलों से सुशोभित होता है। इसकी जड़ में विष होता है। कलियारी की जड़ से इसकी जड़ छोटी और मोटी होती है। रंग भी कालापन लिए होता है। हजारा में इसे मोहरी और काश्मीर में बनबल-नाग कहते हैं। इस विष को तेलिया विष और मीठा जहर भी कहते हैं।

दुधेली– संज्ञा स्त्री० दे० "दुद्धी (२)"।

दुधैल–वि० [हिं० दूध + एल (प्रत्य०)] बहुत दूध देनेवाली। दुधार। जैसे, दुधैल गाय।

दुनया–संज्ञा पुं० [सं० द्वि०, हिं० दो + सं० नदी, प्रा० णई] वह स्थान जहाँ दो नदियाँ एक दूसरे से मिलती हों। दो नदियों का संगम स्थान।

दुनरना †–क्रि० अ०। क्रि० स० दे० "दुनवना"।

दुनवना † *–क्रि० अ० [हिं० दो + नवना = झुकना] किसी नरम या लचीली वस्तु का इस प्रकार झुकना कि उसके दोनों छोर एक दूसरे से मिल जाँय या पास पास हो जाँय। लच कर दोहरा हो जाना। इस प्रकार नमित होना कि बीच से दोनों अर्द्धभाग प्रायः एक दूसरे के समानांतर हो जाँय। उ०—कटि न सोचिबे लायक, रमत न भीति। दुनए केस न टूटत, यह परतीति।—रहीम।

क्रि० स० लचाकर दोहरा कर देना। इस प्रकार झुकाना कि दोनों छोर एक दूसरे से मिल जाँय या पास पास हो जाँय।

दुनाली–वि० स्त्री० [हिं० दो + नाल] दो नलवाली। जैसे, दुनाली बंदूक।

संज्ञा स्त्री० दुनाली बंदूक। वह बंदूक जिसमें दो दो गोलियाँ एक साथ भरी जायँ।

दुनियाँ–संज्ञा स्त्री० [अ०] (१) संसार। जगत्।

यौ०–दीन दुनियाँ = लोक परलोक।

मुहा०–दुनियाँ के परदे पर = सारे संसार में। दुनियाँ की हवा लगना = सांसारिक अनुभव होना। संसारी विषयों का अनुभव होना। दुनियाँ भर का = बहुत या बहुत अधिक। जैसे, (क) दुनियाँ भर का सामान साथ ले जाकर क्या करोगे? (ख) दुनियाँ भर का बखेड़ा। दुनियाँ से उठ जाना = मर जाना। दुनियाँ से चल बसना = मर जाना।

(२) संसार के लोग। लोक। जनता। जैसे, सारी दुनियाँ इस बात को जानती है। उ०—ये तपसी द्वै गरूर भरे दुनियाँ तें दयानिधि बोलत ना।—दयानिधि। (३) संसार का जंजाल। जगत् का प्रपंच।

दुनियाई–वि० [अ० दुनिया + हिं० ई (प्रत्य०)] सांसारिक। उ०—जावत खेह रेह दुनियाई। मेघ बूँद औ गगन तराई।—जायसी।

संज्ञा० स्त्री० [फा० दुनिया + हिं० ई (प्रत्य०)] संसार। उ०—ते विष बान लिखौं कहँ ताईं। रकत जो चुवा भीज दुनियाई।—जायसी।

दुनियादार–संज्ञा पुं० [फा०] सांसारिक प्रपंच में फँसा हुआ मनुष्य। संसारी। गृहस्थ।

वि० ढंग रच कर अपना काम निकालनेवाला। व्यवहार-कुशल।

दुनियादारी–संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) दुनियाँ का कारबार। गृहस्थी का जंजाल। (२) दुनियाँ में अपना काम निकालने का ढंग। वह व्यवहार जिससे अपना प्रयोजन सिद्ध

हो। स्वार्थसाधन। (३) दिखाऊ या बनावटी व्यवहार। दुराव। छिपाव।

मुहा०—दुनियादारी की बात = बनावटी बात। इधर उधर की बात जो केवल प्रसन्न करने के लिये कही जाय। झल्लो चप्पो। जैसे, दुनियादारी की बात रहने दो, अपना ठीक ठीक मतलब बतलाओ।

दुनियासाज—वि० [फा०] (१) ढंग रच कर अपना काम निकालनेवाला स्वार्थसाधक। (२) अवसर देखकर सुहानेवाली बात करनेवाला। झल्लो चप्पो करनेवाला। चापलूस।

दुनियासाजी—संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) अपना मतलब निकालने का ढंग। स्वार्थसाधन की वृत्ति। (२) चापलूसी। बात बनाने का ढंग।

दुनी*—संज्ञा स्त्री० [अ० दनियाँ] संसार। जगत्। उ०—(क) सातो द्वीप दुनी सब नपे।—जायसी। (ख) कविवृंद उदार दुनी न सुनी। गुन दूषण ब्रात न कोपि गुनी।—तुलसी। (ग) तुमही जग हौ जग है तुमही में। तुम ही बिरची मर्य्याद दुनी में।—केशव।

दुपटा†*—संज्ञा पुं० दे० "दुपट्टा"। उ०—पौढ़े हुते पलिँगा पर प्यौ मुख ऊपर ओट किए दुपटा की।—सुंदर।

दुपटी*†—संज्ञा स्त्री० [हिं० दुपटा] चादर। दुपट्टा। उ०—सब जाति फटी दुख की दुपटी कपटी न रहै जहँ एक घटी।—केशव।

दुपट्टा—संज्ञा पुं० [हिं० दो + पाट] [स्त्री० अल्प० दुपट्टी] (१) ओढ़ने का वह कपड़ा जो दो पाटों को जोड़ कर बना हो। दो पाट की चद्दर। चादर।

मुहा०—दुपट्टा तान कर सोना = निश्चिंत होकर सोना। बेखटके सोना। दुपट्टा बदलना = सहेली बनाना। सखी बनाना। (स्त्रि०)

(२) कंधे या गले पर डालने का लंबा कपड़ा।

दुपट्टी†*—संज्ञा स्त्री० दे० "दुपटी"।

दुपद—संज्ञा पुं० दे० "द्विपद"। उ०—चारो वेद पढ़े मुख-आगर है वामन वपुधारी। अपद दुपद पशु भाषा बूझै अविगत अल्प अहारी।—सूर।

दुपर्दी—संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + फा० पर्दा] वह मिरजई, फतुही वा नीमस्तीन जिसमें दोनों ओर पर्दे हों। बग़लबंदी।

दुपहर—संज्ञा स्त्री० दे० "दोपहर"। उ०—जेहिं निदाघ दुपहर रहै भई माह की राति। तेहिं उसीर की रावटी खरी आवटी जाति।—बिहारी।

दुपहरिया—संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + पहर] †(१) मध्याह्न का समय। दोपहर। (२) एक छोटा पौधा जो फूलों के लिये बगीचों में लगाया जाता है। यह डेढ़ दो हाथ ऊँचा और एक सीधे खड़े डंठल के रूप में होता है। इसमें शाखाएँ या टहनियाँ नहीं फूटतीं। पत्तियाँ इसकी आठ दस अंगुल लंबी, अंगुल डेढ़ अंगुल चौड़ी और किनारे पर कटावदार और गहरे हरे रंग की होती हैं। फूल इसके गोल कटोरे के आकार के और गहरे लाल रंग के होते हैं। इन फूलों में पाँच दल होते हैं। फूलों के झड़ जाने पर जो बीजकोश रह जाता है उसमें राई के दाने से काले काले बीज पड़ते हैं। वैद्यक में दुपहरिया मलरोधक, कुछ गरम, भारी, कफकारक, ज्वरनाशक तथा वात पित्त को दूर करनेवाली मानी जाती है। उ०—पग पग मग अगमन परति चरन अरुन दुति झूलि। ठौर ठौर लखियत उठे दुपहरिया से फूलि।—बिहारी।

पर्य्या०—बंधूक। बंधुजीव। रक्त। माध्याह्निक। बंधुर। सूर्य्य-भक्त। ओष्ठपुष्प। अर्कवल्लभ। हरिप्रिय। शरत्पुष्प। ज्वरघ्न। सुपुष्प।

(३) वह जिसका गर्भाधान दोपहर को हुआ हो। हरामजादा। दुष्ट। पाजी। (बाज़ारू)

दुपहरी—संज्ञा स्त्री० दे० "दुपहरिया"।

दुपी*—संज्ञा पुं० [सं० द्विप] हाथी। (डिं०)

दुफसली—वि० [हिं० दो + अ० फस्ल] दोनों फसलों में उत्पन्न होनेवाला। वह जिंस जो रबी और खरीफ़ दोनों में हो।

वि० स्त्री० दुबधे का। अनिश्चित। संदिग्ध। उ०—दुफसली बात कहना ठीक नहीं।

दुबकना†—क्रि० अ० दे० "दबकना"।

दुबगली—संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + बगल] मालखंभ की एक कसरत जिसमें बेंत को दोनों बगलों में से निकाल कर हाथ ऊँचे करके उसे ऐसा लपेटते हैं कि एक कुंडल सा बन जाता है। फिर दोनों पैरों को सिर की ओर बढ़ाते हुए उसी कुंडल में से निकल कर कलाबाज़ी के साथ नीचे गिरते हैं।

दुबजोरा†—संज्ञा पुं० [हिं० दूब + जेवरी] गले में पहनने का एक गहना जिसकी बनावट गोप की तरह की होती है।

दुबड़ा—संज्ञा पु० [हिं० दूब] एक प्रकार की घास जो चारे के काम में आती है।

दुबधा—संज्ञा स्त्री० [सं० द्विविधा] (१) दो में से किसी एक बात पर चित्त के न जमने की क्रिया या भाव। अनिश्चय। चित्त की अस्थिरता। उ०—दुबधा में दोऊ गए माया मिली न राम।

मुहा०—दुबधे में डालना = अनिश्चित दशा में करना। दुबधे में पड़ना = अनिश्चित अवस्था में पड़ना।

(२) संशय। संदेह। जैसे, दुबधे की बात मत कहो, ठीक ठीक बताओ कि आवोगे या नहीं। (३) असमंजस। आगा-

पीछा। पसोपेश। उ०—को जाने दुबधा सकोच में तुम डर निकट न आवैं।—सूर। (४) खटका। चिंता।

दुबरा†—वि० [सं० दुर्बल] [स्त्री० दुबरी] दुबला। शरीर से क्षीण। उ०—करी खरी दुबरी सु लगि तेरी चाह चुरैल।—बिहारी।

दुबराई†—संज्ञा स्त्री० [हिं० दुबरा + ई (प्रत्य०)] (१) दुर्बलता। कृशता। (२) कमजोरी। अशक्तता।

दुबराना†*—क्रि० अ० [हिं० दुबरा + ना (प्रत्य०)] दुबला होना। शरीर से क्षीण होना। उ०—लखे न कंत सहेटवा फिरि दुबराय। धनियाँ कमल-बदनियाँ, गइ कुम्हिलाय।—रहीम।

दुबराल गोला—संज्ञा पुं० [हिं० दो + अ० बैरल + हिं० गोला] तोप का लंबोतरा गोला।

दुबराल पलंग—संज्ञा पुं० [हिं० दुबराल + अ० पुलिंग] पाल की वह डोरी जिसे खींच कर पाल के पेटे की हवा निकालते हैं।

दुबला—वि० [सं० दुर्बल] [स्त्री० दुबली] (१) क्षीण शरीर का। जिसका बदन हलका और पतला हो। कृश।

यौ०—दुबला पतला।

(२) अशक्त। कमजोर।

दुबलापन—संज्ञा पुं० [हिं० दुबला + पन] कृशता। क्षीणता।

दुबाइन—संज्ञा स्त्री० [हिं० 'दूबे' का स्त्री०] दूबे की स्त्री।

दुबागा—संज्ञा पुं० [हिं० दो + स० प्रग्रह, हिं० पगहा, बगई] सन की मोटी रस्सी।

दुबारा—क्रि० वि० दे० "दोबारा"।

दुबाला—वि० दे० "दोबाला"। उ०—करैं हैं उस परी के बाले जोबन को दुबाला सा।—नजीर।

दुबाहिया—संज्ञा पुं० [सं० द्विबाह] दोनों हाथों से तलवार चलानेवाला योद्धा।

दुबिद*—संज्ञा पुं० दे० "द्विविद"।

दुबिध—संज्ञा स्त्री० दे० "दुबिधा"।

दुबिधा*—संज्ञा स्त्री० दे० "दुबिधा"। उ०—को जानै दुबिधा सँकोच में तुम डर निकट न आवैं।—सूर।

दुबिसी—संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + बीस] एक प्रकार का कमीशन जो गवनमेंट किसानों को देती है, अर्थात् बीस रु० के लगान पर दो रुपए।

दुबीचा†—संज्ञा पुं० [हिं० दो + बीच] (१) दो बातों के बीच किसी एक बात का निश्चय न होना। दुबधा। (२) संशय। संदेह। (३) असमंजस। आगा पीछा। (४) खटका। चिंता।

दुबे—संज्ञा पुं० [सं० द्विवेदी] [स्त्री० दुबाइन] ब्राह्मणों का एक भेद।

दुभाखी—संज्ञा पुं० दे० "दुभाषी"। उ०—अगुन सगुन बिच नाम सुसाखी। उभय प्रबोधक चतुर दुभाखी।—तुलसी।

दुभाषिया—संज्ञा पुं० [सं० द्विभाषी] दो भाषाओं का जाननेवाला ऐसा मनुष्य जो उन भाषाओं के बोलनेवाले दो मनुष्यों को एक दूसरे का अभिप्राय समझावे। दो भिन्न भिन्न भाषाएँ बोलनेवालों के बीच का मध्यस्थ।

दुभाषी—संज्ञा पुं० [सं० द्विभाषिन्] दुभाषिया। उ०—अगुन सगुन बिच नाम सुसाखी। उभय प्रबोधक चतुर दुभाखी।—तुलसी।

दुमंजिला—वि० [फा०] [स्त्री० दुमंजिली] दोखंडा। दो मरातिब का। जैसे, दुमंजिला मकान।

दुम—संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) पूँछ। पुच्छ।

मुहा०—दुम के पीछे फिरना = साथ साथ लगा फिरना। पीछे पीछे घूमना। साथ न छोड़ना। दुम दबाकर भागना = डरपोक कुत्ते की तरह डर कर भागना। डर के मारे न ठहरना। दबकर भागना (कुत्ते जब अपने से बलिष्ट कुत्ते को देखते हैं तब डर के मारे पूँछ दोनों टाँगों के बीच दबा लेते हैं)। दुम दबा जाना = (१) डर के मारे हट जाना। डर से भाग जाना। (२) डर के मारे किसी बात से हट जाना। भयवश किसी काम से पीछे हट जाना। डर के मारे किसी काम से अलग हो जाना। दुम में घुसना = गायब हो जाना। दूर हो जाना। जैसे, एक चाँटा दूँगा सारी बदमाशी दुम में घुस जायगी। दुम में घुसा रहना = खुशामद के मारे साथ लगा रहना। शुश्रूषा के लिये सदा साथ में रहना। दुम में रस्सा बाँधू = नटखट चौपाए की तरह बाँध कर रक्खूँ। (एक विनोद-सूचक वाक्य जो प्रायः किसी पर बिगड़ कर बोलते हैं)। दुम हिलाना = कुत्ते का दुम हिला कर प्रसन्नता प्रकट करना। (२) पूँछ की तरह पीछे लगी या बँधी हुई वस्तु। जैसे, सितारे की दुम, टोपी की दुम।

यौ०—दुमदार।

(३) पीछे पीछे लगा रहनेवाला आदमी। पिछलग्गू। (४) किसी काम का सब से अंतिम थोड़ा सा अंश।

दुमची—संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) घोड़े के साज में वह तसमा जो पूँछ के नीचे दबा रहता है। (२) दोनों नितंबों के बीच की हड्डी। पुट्ठों के बीच की हड्डी। उ०—बरजे दूनी हठ चढ़ै ना सकुचै न सकाय। टूटति कटि दुमची मचक लचकि लचकि बचि जाय।—बिहारी।

दुमदार—वि० [फा०] (१) पूँछवाला। (२) जिसके पीछे पूँछ की सी कोई वस्तु लगी या बँधी हो। जैसे, दुमदार सितारा, दुमदार टोपी।

दुमन—वि० [सं० दुर्मनस्, दुर्मना] अनमना। अप्रसन्न। खिन्न।

दुमाता—वि० [सं० दुर्मातृ] (१) बुरी माता। (२) सौतेली माँ।

उ०—मात को मोह, न द्रोह दुमात को, सोच न तात के गात दहे को। .....ता रन भूमि में राम कह्यो मोहिं सोच विभीषन भूप कहे को।—श्रीपति।

दुमाला–संज्ञा पुं० [हिं० दो + माला] पाश। फंदा।

दुमुहाँ–वि० दे० "दोमुहाँ"।

दुरंग‡–वि० दे० "दुरंगा"।

दुरंगा–वि० [हिं० दो + रंग] [स्त्री० दुरंगी] (१) दो रंगों का। जिसमें दो रंग हों। जैसे, दुरंगा कपड़ा। (२) दो तरह का। दो प्रकार का। (३) दो तरह की चाल चलनेवाला। दो पक्ष अवलंबन करनेवाला।

दुरंगी–वि० स्त्री० दे० "दुरंगा"।

संज्ञा स्त्री० द्विविधा। कुछ इस पक्ष का कुछ उस पक्ष का अवलंबन। जैसे, दुरंगी छोड़ दे एक रंग हो जा।

दुरंत–वि० [सं०] (१) जिसका अंत वा पार पाना कठिन हो। अपार। बड़ा भारी। उ०—काल-कोट-सत सरिस अति दुस्तर, दुर्ग, दुरंत।—तुलसी। (२) दुर्गम। दुस्तर। कठिन। जिसे करना या पाना सहज न हो। उ०—वह जु हुती प्रतिमा समीप की सुख संपत्ति दुरंत जई री।—सूर। (३) घोर। प्रचंड। भीषण। (४) जिसका अंत या परिणाम बुरा हो। अशुभ। बुरा। कुत्सित। उ०—पुत्र हौं विधवा करी तुम कर्म कीन दुरंत।—केशव। (५) दुष्ट। खल।

दुरंतक–संज्ञा पुं० [सं०] शिव।

दुरंधा*–वि० [सं० द्विरभ्र] दो छिद्रवाला। आर पार छेदा हुआ। उ०—अंधे कबंधे दुरंधे करे अंग। सींधे सुगधेनु कौं पाइ के जंग।—सूदन।

दुर्–अव्य० वा उप० [सं०] इसका प्रयोग इन अर्थों में होता है। (१) दूषण, (बुरा अर्थ) जैसे, दुरात्मा, दुर्दिन, (२) निषेध, जैसे, दुर्बल। (३) दुःख या कष्ट, जैसे दुर्गम।

दुर–अव्य० [हिं० दूर] एक शब्द जिसका प्रयोग तिरस्कारपूर्वक हटाने के लिये होता है और जिसका अर्थ है "दूर हो"।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग कुत्तों के लिये विशेष कर होता है। कभी कभी किसी बात पर योंही प्यार से भी लोग बच्चों आदि को 'दुर' कह देते हैं, जैसे, "दुर! पगली, क्या बकती है?"।

मुहा०—दुर दुर करना = तिरस्कारपूर्वक हटाना। कुत्ते की तरह भगाना। दुर दुर फिट फिट = तिरस्कार।

संज्ञा पुं० [फा०] (१) मोती। मुक्ता। (२) मोती का वह लटकन जो नाक में पहना जाता है। बेसर। (३) छोटी बाली। उ०—काह्ह कुँवर को कनछेदनो है हाथ सुहारी भेली गुर की।.....कंचन के द्वै दुर मँगाय लिए कहै कहा छेदन आतुर की।—सूर।

दुरजा–संज्ञा पुं० [देश०] [स्त्री० दुरजी] एक प्रकार का फसि जो नीज, तमाखू, सरसों, गेहूँ इत्यादि की फसल को नु सान पहुँचाता है।

दुरचुम–संज्ञा पुं० [देश०] दरी के ताने के दो दो सूतों को इ लिये एक में बाँधना जिसमें वे उलझ न जायँ।

दुरजन*–संज्ञा पुं० दे० "दुर्जन"। उ०—दृग उरझत टूटत कुटु जुरति चतुर सँग प्रीति। परति गाँठि दुरजन हिये दई न यह रीति।—बिहारी।

दुरजोधन*–संज्ञा पुं० दे० "दुर्योधन"।

दुरतिक्रम–वि० [सं०] (१) जिसका अतिक्रमण न हो सके जिसका उल्लंघन न हो सके। जिसके बाहर या विरुद्ध को न हो सके। प्रबल। उ०—अंडकटाह अमित लयकारी काल सदा दुरतिक्रम भारी।—तुलसी। (२) अपार जिसका पार पाना कठिन हो।

दुरत्यय–वि० [सं०] (१) जिसका पार पाना कठिन हो अपार। (२) जिसका अतिक्रमण न हो सके। दुस्तर।

दुरद *–संज्ञा पुं० दे० "द्विरद"।

दुरदाम *–वि० [स० दुर्दम] कठिन। कष्ट-साध्य। उ०—ह राधा राधा रटत जपत मंत्र दुरदाम। विरह विराग महायोग ज्यों बीतत हैं सब याम।—सूर।

दुरदाल *–संज्ञा पुं० [सं० द्विरद] हाथी।

दुरदुराना–क्रि० स० [हिं० दुरदुर] तिरस्कारपूर्वक दूर करना अपमान के साथ भगाना या हटाना।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग विशेषतः कुत्तों के लिये होता है

संयो० क्रि०—देना।

दुरधिगम—वि० [सं०] (१) जो पहुँच के बाहर हो। दुष्प्राप्य (२) जो समझ के बाहर हो। दुर्बोध।

दुरध्व–संज्ञा पुं० [सं०] कुपथ। कुमार्ग। बुरा रास्ता।

दुरना † *–क्रि० अ० [हिं० दूर] (१) आँखों के आगे दूर होना। ओट में होना। आड़ में जाना। (२) दिखलाई पड़ना। न प्रकट होना। छिपना। उ०—वै प्रीति नहिं दुरत दुराए।—तुलसी।

संयो० क्रि०—जाना।

दुरपदी ‡ *–संज्ञा स्त्री० दे० "द्रौपदी"।

दुरबचा–संज्ञा पुं० [फा० दुर + हिं० बचा] एक मोती। छोट बाली जिसमें एक मोती हो।

दुरबल–वि० दे० "दुर्बल"।

दुरबास–संज्ञा पुं० [सं० दुर्वास] दुर्गंध बुरी गंध।

दुरबासा*–संज्ञा पुं० दे० "दुर्वासा"।

दुरबीन–संज्ञा स्त्री० दे० "दूरबीन"।

दुरभिग्रह–वि० [सं०] कठिनता से पकड़ में आनेवाला।

संज्ञा पुं० अपामार्ग। चिचड़ी।

दुरभिग्रहा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) केवाँच। कपिकच्छु। (२) धमासा।

दुरभिसंधि—संज्ञा स्त्री० [सं०] बुरा षट्चक्र। बुरे अभिप्राय से गुट बाँध कर की हुई सलाह। मिल जुलकर की हुई कुमंत्रणा।

दुरभेद†—संज्ञा पुं० [सं० दुर्भाव वा दुर्भेद] बुराभाव। मनमोटाव। मनोमालिन्य। उ०—योग दिवस करि ध्यान तहँ नृप चरणा-मृत लेव। दुर्वासा छिय जानि सब माग्यो मन दुरभेव। —रघुराज।

क्रि० प्र०—मानना।

दुरमुट—संज्ञा पुं० दे० "दुरमुस"।

दुरमुस—संज्ञा पुं० [सं० दुर् (प्रत्य०) + मुस = कूटना] गदा के आकार का डंडा जिसके नीचे पत्थर या लोहे का भारी टुकड़ा लगा रहता है और जिससे कंकड़ या मिट्टी पीट कर बैठाई जाती है, अथवा मिट्टी तोड़ कर महीन की जाती है।

दुरलभ—वि० दे० "दुर्लभ"।

दुरवस्थ—वि० [सं०] जो अच्छी दशा में न हो।

दुरवस्था—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बुरी दशा। खराब हालत। (२) हीन दशा। दुःख, कष्ट, या दरिद्रता की दशा।

दुरवाप—वि० [सं०] जो कठिनता से प्राप्त हो सके। दुष्प्राप्य।

दुरस—संज्ञा पुं० [हिं० दो + औरस] सहोदर भाई।

दुराउ† *—संज्ञा पुं० दे० "दुराव"।

दुराक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक म्लेच्छ जाति का नाम। (२) एक देश का नाम।

दुरागमन—संज्ञा पुं० दे० "द्विरागमन"।

दुरागौन—संज्ञा पुं० [सं० द्विरागमन] वधू का दूसरी बार अपनी सुसराल जाना।

क्रि० प्र०—कराना।

मुहा०—दुरागौन देना = लड़की को दूसरी बार सुसराल भेजना। दुरागौन लाना = बहू को दूसरी बार उसके पिता के घर से लाना।

दुराग्रह—संज्ञा पुं० [सं०] (१) किसी बात पर बुरे ढंग से अड़ना। हठ। ज़िद। (२) अपने मत के ठीक न सिद्ध होने पर भी उस पर स्थिर रहने का काम।

क्रि० प्र०—करना।

दुराग्रही—वि० [सं०] (१) बिना उचित अनुचित के विचार के अपनी बात पर अड़नेवाला। हठी। जिद्दी। (२) अपने मत के ठीक न सिद्ध होने पर भी उस पर स्थिर रहनेवाला।

दुराचरण—संज्ञा पुं० [सं०] बुरी चाल चलन। खोटा व्यवहार।

दुराचार—संज्ञा पुं० [सं०] दुष्ट आचरण। बुरा चाल चलन। खोटी चाल। निंदित कर्म।

दुराचारी—वि० [सं० दुराचारिन्] [स्त्री० दुराचारिणी] दुष्ट आचरण करनेवाला। बुरी चाल चलन का। बुरे काम करनेवाला।

दुराज—संज्ञा पुं० [सं० दुर् + राज्य] बुरा राज्य। बुरा शासन। उ०—दिन दिन दूनो देखि दारिद, दुकाल, दुःख, दुरित, दुराज, सुख सुकृत सकोच है।—तुलसी।

संज्ञा पुं० [हिं० दो + राज्य] (१) एक ही स्थान पर दो राजाओं का राज्य या शासन। उ०—(क) जोग बिरह के बीच परम दुख मरियत है यहि दुसह दुराजै।—सूर। (ख) दुसह दुराज प्रजानि कौं क्यौं न बढ़ै अति दंद। अधिक अँधेरी जग करत मिलि मावस रवि चंद।—बिहारी। (२) वह स्थान जिस पर दो राजाओं का राज्य हो। दो राजाओं की अमल-दारी। उ०—लाज विलोकन देति नहीं रतिराज विलोकन ही की दई मति।.....लाख तिहारिये सौंह कहौं वह बाल भई है दुराज की रैयति।—तोष।

दुराजी—वि० [सं० दुराज्य] दो राजाओं का। जिसमें दो राजा हों। उ०—नगर चैन तब जानिये जब एकै राजा होय। याहि दुराजी राज में सुखी न देखा कोय।—कबीर।

दुरात्मा—वि० [सं० दुरात्मन्] दुष्टात्मा। नीचाशय। खोटा।

दुरादुरी—संज्ञा स्त्री० [हिं० दुरना = छिपना] छिपाव। गोपन।

मुहा०—दुरादुरी करके = छिपे छिपे। गुप्त रूप से। उ०—सिय भ्राता के समय भौम तहँ आयउ। दुरादुरी करि नेग, सु नात जनायउ।—तुलसी।

दुराधन—संज्ञा पुं० [सं०] धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम।

दुराधर—संज्ञा पुं० [सं०] धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम।

दुराधर्ष—वि० [सं०] जिसका दमन करना कठिन हो। जो बड़ी कठिनाई से जीता जा सके। जो वश में न आ सके। प्रचंड। प्रबल। उ०—(क) धूमकेतु शतकोटि सम दुराधर्ष भग-वंत।—तुलसी। (ख) दुवन दुवन दल दर्प दलि दुराधर्ष दिगदंति। दशरथ के सामंत अस दशदिग कीर्ति करंति। —रघुराज।

संज्ञा पुं० (१) पीली सरसों। (२) विष्णु।

दुराधर्षता—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रचंडता। प्रबलता।

दुराधर्षा—संज्ञा स्त्री० [सं०] कुटुंबिनी का पौधा।

दुराधार—संज्ञा पुं० [सं०] महादेव।

दुराना—क्रि० अ० [हिं० दूर] (१) दूर होना। हटना। टलना। भागना। उ०—यद्यपि सूर प्रताप श्याम को दूरि दुरात।—सूर। (२) छिपना। आड़ में होना। अलक्षित होना। उ०—श्रीवृषभानुनंदिनी लखित दोऊ वा मग जात। तुमहूँ जाय माधुरी कुंजन पहिलेहिं क्यों न दुरात ?।—हरिश्चंद्र।

क्रि० स० (१) दूर करना। हटाना। उ०—रे भैया, केवट !

ले उतराई। रघुपति महाराज इत ठाढ़े तैं कहँ नाव दुराई।—सूर। (२) छोड़ना। त्यागना। न रखना। उ०—भजहु कृपानिधि कपट दुराई।—सूर। (३) छिपाना। गुप्त रखना। प्रकट न करना। उ०—तुम तो तीन लोक के ठाकुर तुम तें कहा दुराइए ?—सूर।

दुराय—वि० [सं०] कठिनता से मिलनेवाला। दुष्प्राप्य। दुर्लभ।

दुराराध—संज्ञा पुं० [सं०] शिव।

दुराराध्य—वि० [सं०] कठिनाई से आराधन करने योग्य। जिसको पूजना या संतुष्ट करना कठिन हो।

संज्ञा पुं० विष्णु।

दुरारुह—संज्ञा पुं० [सं०] (१) बेल। (२) नारियल।

दुरारुहा—संज्ञा स्त्री० [सं०] खजूर का पेड़।

दुरारोह—वि० [सं०] जिस पर चढ़ना कठिन हो।

संज्ञा पु० ताड़ का पेड़।

दुरारोहा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) सेमर का पेड़। (२) खजूर का पेड़।

दुरालंभ—वि० दे० "दुरालभ"

दुरालभ—वि० [सं०] जिसका मिलना कठिन हो। दुष्प्राप्य।

दुरालभा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) जवासा। धमासा। हिँगुवा। (२) कपास।

दुरालाप—संज्ञा पुं० [सं०] (१) बुरा वचन। बुरी बातचीत। (२) गाली।

वि० दुर्वचन कहनेवाला। कटुभाषी।

दुराव—संज्ञा पुं० [हिं० दुराना] (१) किसी बात को दूसरे से छिपाने का भाव। अविश्वास या भय के कारण किसी से बात गुप्त रखने का भाव। छिपाव। भेदभाव। उ०—सती कीन्ह चह तहँउ दुराऊ। देखहु नारि-सुभाउ-प्रभाऊ।—तुलसी। (२) कपट। छल। उ०—भरत सपथ तोहिं सत्य कहु परिहरि कपट दुराउ। हरष समय बिसमय करसि कारन मोहिँ सुनाउ।—तुलसी।

दुराशा—वि० [सं०] जिसे दुराशा हो। जिसे अच्छी उम्मीद न हो।

दुराशय—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दुष्ट आशय। बुरी नीयत।

वि० जिसका आशय बुरा हो। बुरी नीयतवाला। खोटा।

दुराशा—संज्ञा स्त्री० [सं०] ऐसी आशा जो पूरी होनेवाली न हो। व्यर्थ की आशा। झूठी उम्मीद। उ०—(क) सहित दोष दुख दास दुरासा। दलइ नाम जिमि रवि निसि नासा।—तुलसी। (ख) दिन दिन अधिक दुराशा लागी सकल लोक भरमायो।—सूर।

दुरासद—वि० [सं०] (१) दुष्प्राप्य। (२) दुःसाध्य। कठिन।

दुरासा*—संज्ञा स्त्री० दे० "दुराशा"।

दुरित—संज्ञा पुं० [सं०] (१) पाप। पातक। (२) उपपातक। छोटा पाप।

विशेष—उशना की स्मृति में पातकों को दुरित और उपपातकों को दुरित कहा गया है।

वि० पापी। पातकी। अधी। उ०—प्रबल दनुज दल दलि पल आध में जीवत दुरित दसानन गहिबो।—तुलसी।

दुरितदमनी—वि० स्त्री० [सं०] पाप का नाश करनेवाली।

संज्ञा स्त्री० शमी वृक्ष।

दुरियाना†—क्रि० स० [सं० दूर] (१) दूर करना। हटाना। (२) दुरदुराना। तिरस्कार के साथ भगाना।

दुरिष्ट—संज्ञा पुं० [सं०] (१) पाप। पातक।

विशेष—उशना की स्मृति में पातकों को दुरिष्ट और उपपातकों या छोटे पापों को दुरित कहा है।

(२) वह यज्ञ जो मारण, मोहन, उच्चाटन आदि अभिचारों के लिये किया जाय।

विशेष—स्मृति, पुराण आदि में ऐसा यज्ञ करना महापाप लिखा है। विष्णुपुराण में लिखा है कि "देवता, ब्राह्मण और पितरों से द्वेष करनेवाला, रत्न का अपहरण करनेवाला, दुरिष्ट यज्ञ करनेवाला, कृमिभक्ष और कृमीश नरक में जाते हैं।

दुरिष्टि—संज्ञा स्त्री० [सं०] दुरिष्ट यज्ञ। अभिचारार्थ यज्ञ।

दुरीषणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) अहित कामना। (२) शाप। बददुआ।

दुरुखा—वि० [फा०] (१) जिसके दोनों ओर मुँह हो। (२) जिसके दोनों ओर कोई चिह्न या विशेष वस्तु हो, जैसे, दोरुखा काग़ज़। (३) जिसके दोनों ओर दो रंग हों। जैसे, दोरुखा किनारा।

दुरुत्तर—वि० [सं०] जिसका पार पाना कठिन हो। दुस्तर।

संज्ञा पु० दुष्ट उत्तर। बुरा जवाब।

दुरुधुरा—संज्ञा स्त्री० [यू० दुरोथोरिया] बृहज्जातक के अनुसार जन्म-कुंडली का एक योग जिसमें अनफा और सुनफा दोनों योगों का मेल होता है।

विशेष—जन्मकुंडली में यदि सूर्य्य को छोड़ कोई दूसरा ग्रह चंद्रमा से बारहवें घर में हो तो अनफा योग होता है और चंद्रमा से दूसरे घर में हो तो सुनफा योग होता है। जहाँ ये दोनों योग हों वहाँ दुरुधुरा योग होता है। इस योग में जिसका जन्म होता है वह बड़ा भारी वक्ता, धनी, वीर और विख्यात पुरुष होता है।

दुरुपयोग—संज्ञा पुं० [सं०] बुरा उपयोग। अनुपयुक्त व्यवहार। किसी वस्तु को बुरी तरह से काम में लाना। बुरा इस्तेमाल।

दुरुफ—संज्ञा पुं० [?] नीलकंठ ताजिक के मतानुसार फलित ज्योतिष का एक योग।

दुरुम–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का गेहूँ जिसका दाना पतला और लंबा होता है।

दुरुस्त–वि० [फा०] (१) जो अच्छी दशा में हो। जो टूटा फूटा या बिगड़ा न हो। ठीक। जैसे, घड़ी दुरुस्त करना। (२) जिसमें दोष या त्रुटि न हो। जिसमें ऐब न हो। ठीक।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—किसी को दुरुस्त करना = (१) किसी की चाल सुधारना। (२) किसी को दंड देना।

(३) उचित मुनासिब। (४) यथार्थ। वास्तविक। जैसे, आपका कहना दुरुस्त है।

दुरुस्ती–संज्ञा स्त्री० [फा०] सुधार। संशोधन।

दुरूह–वि० [सं०] जो विचार या ऊहा में जल्दी न आ सके। जिसका जानना कठिन हो। समझ में न आने योग्य। गूढ़। कठिन।

दुरेफ–संज्ञा पुं० दे० "द्विरेफ"। उ०—मुरख मुख छवि पत्र शाखा दृग दुरेफ चढ़यो।—सूर।

दुरोदर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) जुआरी। (२) जूआ। (३) पाश-क्रीड़ा। पासा।

दुरौंधा–संज्ञा पुं० [सं० द्वारोर्द्ध] दरवाजे के ऊपर की लकड़ी। भरेठा।

दुर्कुल *–संज्ञा पुं० दे० "दुष्कुल"। उ०—अमी विषहु से मलहु से लेहु सोन करि यत्न। नीचहुँ से उत्तम गुनन दुर्कुल से तिय-रत्न।—चाणक्यनीति।

दुर्गंध–संज्ञा स्त्री० [सं०] बुरी गंध। बुरी महक। बदबू। कुवास। सुगंध का उलटा।

संज्ञा पुं० [सं०] (१) काला नमक। (२) प्याज़। (३) आम का पेड़।

दुर्गंधता–संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गंध का भाव।

दुर्ग–वि० [सं०] जिसमें पहुँचना कठिन हो। जहाँ जाना सहज न हो। दुर्गम।

संज्ञा पुं० (१) पत्थर आदि की चौड़ी और पुष्ट दीवारों से घिरा हुआ वह स्थान जिसके भीतर राजा, सरदार और सेना के सिपाही आदि रहते हैं। गढ़। कोट। किला।

विशेष—ऋग्वेद तक में दुर्ग का उल्लेख है। दस्युओं के ९९ दुर्गों को इंद्र ने ध्वस्त किया था। मनु ने ६ प्रकार के दुर्ग लिखे हैं—१ धनुदुर्ग, जिसके चारों ओर निर्जल प्रदेश हो, २ महीदुर्ग जिसके चारों ओर टेढ़ी मेढ़ी जमीन हो, ३ जलदुर्ग (अम्बुर्ग) जिसके चारों ओर जल हो, (४) वृक्षदुर्ग जिसके चारों ओर घने वृक्ष हों, ५ नरदुर्ग, जिसके चारों ओर सेना हो और ६ गिरिदुर्ग जो पहाड़ पर हो या जिसके चारों ओर पहाड़ हों। महाभारत में जब युधिष्ठिर ने भीष्म से पूछा है कि राजा को कैसे पुर में रहना चाहिए तब भीष्म जी ने ये ही ६ प्रकार के दुर्ग गिनाए हैं और कहा है कि पुर ऐसे ही दुर्गों के बीच होना चाहिए। मनुस्मृति और महाभारत दोनों में कोष, सेना, अस्त्र, शिल्पी, ब्राह्मण, वाहन, तृण, जलाशय, अन्न इत्यादि का दुर्ग के भीतर रहना आवश्यक कहा गया है। अग्निपुराण, कालिकापुराण आदि में भी दुर्गों के उपर्युक्त ६ भेद बतलाए गए हैं।

(२) एक असुर का नाम जिसे मारने के कारण देवी का नाम दुर्गा पड़ा।

दुर्गकारक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दुर्ग बनानेवाला मनुष्य। (२) एक वृक्ष का नाम।

दुर्गच्छा–संज्ञा स्त्री० [स०] जैन दर्शन में एक प्रकार का मोहनीय कर्म जिसके उदय से मक्षिन पदार्थों से ग्लानि उत्पन्न होती है।

दुर्गत–वि० [सं०] (१) दुर्दशा-ग्रस्त। जिसकी बुरी गति हुई हो। (२) दरिद्र।

दुर्गतरणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक देवी का नाम। (महाभारत)

दुर्गति–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बुरी गति। दुर्दशा। बुरा हाल। ज़िल्लत। जैसे, (क) मरहटों ने गुलाम कादिर की बड़ी दुर्गति की, उसके नाक-कान काट कर उसे पिंजरे में बंद कर दिया। (ख) पानी बरस जाने से रास्ते में बड़ी दुर्गति हुई। (२) वह दुर्दशा जो परलोक में हो। नरक।

दुर्गपाल–संज्ञा पुं० [सं०] गढ़ का रक्षक। किलेदार।

दुर्गपुष्पी–संज्ञा पु० [सं०] एक वृक्ष का नाम। केशपुष्टा।

दुर्गम–वि० [सं०] (१) जहाँ जाना कठिन हो। जहाँ जल्दी पहुँच न हो सके। औघट। उ०—दुर्गम दुर्ग पहार तें भारे प्रचंड महा भुजदंड बने हैं।—तुलसी। (२) जिसे जानना कठिन हो। जो जल्दी समझ में न आवे। दुर्ज्ञेय। (३) दुस्तर। कठिन। विकट।

संज्ञा पुं० (१) गढ़। दुर्ग। किला। (२) विष्णु। (३) वन। (४) संकट का स्थान। कठिन स्थिति। (५) एक असुर का नाम।

दुर्गमता–संज्ञा स्त्री० [सं०] दुर्गम होने का भाव।

दुर्गमनीय–वि० [सं०] जहाँ जाना कठिन हो। जिसके यहाँ तक जल्दी पहुँच न हो।

दुर्गरक्षक–संज्ञा पुं० [सं०] किलेदार। गढ़पति।

दुर्गलंघन–संज्ञा पुं० [सं०] (रेतीले दुर्गम स्थानों को पार करनेवाला) ऊँट।

दुर्गल–संज्ञा पुं० [सं०] एक देश का नाम।

दुर्गसंचर–संज्ञा पुं० [सं०] दुर्गम स्थानों तक पहुँचने का साधन, जैसे, सीढ़ी, पुल, बेड़ा इत्यादि।

दुर्गा–संज्ञा पुं० [सं०] आदि शक्ति। देवी।

विशेष—शुक्ल यजुर्वेद वाजसनेय संहिता में रुद्र की भगिनी अंबिका का उल्लेख इस प्रकार है—"हे रुद्र ! अपनी भगिनी अंबिका के सहित हमारा दिया हुआ भाग (पुरोडाश) ग्रहण करो"। इससे जाना जाता है कि शत्रुओं के विनाश आदि के लिये जिस प्रकार प्राचीन आर्य्यगण रुद्र नामक क्रूर देवता का स्मरण करते थे उसी प्रकार उनकी भगिनी अंबिका का भी करते थे। वैदिक काल में अंबिका देवी रुद्र की भगिनी ही मानी जाती थी। तलवकार (केन) उपनिषद् में यह आख्यायिका है—एक बार देवताओं ने समझा कि विजय हमारी ही शक्ति से हुई है। इस भ्रम को मिटाने के लिये ब्रह्म यक्ष के रूप में दिखाई पड़ा, पर देवताओं ने उसे पहचाना नहीं। हाल चाल लेने के लिये पहले अग्नि उसके पास गए। यक्ष ने पूछा "तुम कौन हो ?" अग्नि ने कहा "मैं अग्नि हूँ और सब कुछ भस्म कर सकता हूँ"। इस पर उस यक्ष ने एक तिनका रख दिया और कहा" इसे भस्म करो"। अग्नि ने बहुत जोर मारा, पर तिनका ज्यों का त्यों रहा। इसी प्रकार वायु देवता भी गए। वे भी उस तिनके को न उड़ा सके। तब सब देवताओं ने इंद्र से कहा कि इस यक्ष का पता लेना चाहिए कि यह कौन है। जब इंद्र गए तब यक्ष अंतर्द्धान हो गया। थोड़ी देर पीछे एक स्त्री प्रकट हुई जो 'उमा हैमवती' देवी थी। इंद्र के पूछने पर उमा हैमवती ने बतलाया कि यह ब्रह्म था उसकी विजय से तुम्हें महत्व मिला है। तब इंद्र आदिक देवताओं ने ब्रह्म को जाना। अध्यात्म पक्षवाले 'उमा हैमवती' से ब्रह्मविद्या का ग्रहण करते हैं। तैत्तिरीय आरण्यक के एक मंत्र में "दुर्गां देवीं शरणमहं प्रपद्ये" वाक्य आया है और एक स्थान पर गायत्री छंद का एक मंत्र है जिसे सायण ने दुर्गा-गायत्री कहा है। देवी भागवत में देवी की उत्पत्ति के संबंध में कथा इस प्रकार है—महिषासुर से परास्त होकर सब देवता ब्रह्मा के पास गए। ब्रह्मा शिव तथा देवताओं के साथ विष्णु के पास गए। विष्णु ने कहा कि महिषासुर के मारने का उपाय यही है कि सब देवता अपनी स्त्रियों से मिल कर अपना थोड़ा थोड़ा तेज निकालें। सब के तेज-समूह से एक स्त्री उत्पन्न होगी जो उस असुर का वध करेगी। महिषासुर को वर था कि वह किसी पुरुष के हाथ से न मरेगा। विष्णु के आज्ञानुसार ब्रह्मा ने अपने मुँह से रक्त वर्ण का, शिव ने रौप्य वर्ण का, विष्णु ने नील वर्ण का, इंद्र ने विचित्र वर्ण का, इसी प्रकार सब देवताओं ने अपना अपना तेज निकाला और एक तेजःस्वरूपा देवी प्रकट हुई जिसने उस असुर का संहार किया। कालिकापुराण में लिखा है परब्रह्म के अंश स्वरूप ब्रह्मा, विष्णु और शिव हुए। ब्रह्मा और विष्णु ने तो सृष्टिस्थिति के लिये अपनी अपनी शक्ति को ग्रहण किया पर शिव ने शक्ति से संयोग न किया और वे योग में मग्न हो गए। ब्रह्मा आदि देवता इस बात के पीछे पड़े कि शिव भी किसी स्त्री का पाणि ग्रहण करें। पर शिव के योग्य कोई स्त्री मिलती नहीं थी। बहुत सोच विचार के पीछे ब्रह्मा ने दक्ष से कहा—"विष्णु-माया के अतिरिक्त और कोई स्त्री ऐसी नहीं जो शिव को लुभा सके। अतः मैं उसकी स्तुति करता हूँ तुम भी उसकी स्तुति करो कि वह तुम्हारी कन्या के रूप में तुम्हारे यहाँ जन्म ले और शिव की पत्नी हो।" वही विष्णु की माया दक्ष प्रजापति की कन्या सती हुई जिसने अपने रूप और तप के द्वारा शिव को मोहित और प्रसन्न किया। दक्ष-यज्ञ-विनाश के समय जब सती ने देहत्याग किया तब शिव ने विलाप करते करते उनके शव को अपने कंधे पर लाद लिया। फिर ब्रह्मा विष्णु और शनि ने सती के मृत शरीर में प्रवेश किया और वे उसे खंड खंड करके गिराने लगे। जहाँ जहाँ सती का अंग गिरा वहाँ वहाँ देवी का स्थान या पीठ हुआ। जब देवताओं ने महामाया की बहुत स्तुति की तब वे शिव के शरीर से निकलीं जिससे शिव का मोह दूर हुआ और वे फिर योग-समाधि में मग्न हुए। इधर हिमालय की भार्य्या मेनका संतति की कामना से बहुत दिनों से महामाया का पूजन करती थी। महामाया ने प्रसन्न हो कर मेनका की कन्या होकर जन्म लिया और शिव से विवाह किया। मार्कंडेय पुराण में चंडी देवी द्वारा शुंभ निशुंभ के वध की कथा लिखी है जिसका पाठ चंडी-पाठ या दुर्गा-पाठ के नाम से प्रसिद्ध है और सब जगह होता है। काशीखंड में लिखा है कि रुरु के पुत्र दुर्ग नामक महा दैत्य ने जब देवताओं को बहुत तंग किया तब वे शिव के पास गए। शिव ने असुर को मारने के लिये देवी को भेजा।

पर्य्या०—आद्याशक्ति। उमा। कात्यायनी। गौरी। काली। हैमवती। ईश्वरी। शिवा। भवानी। रुद्राणी। शर्वाणी। कल्याणी। अपर्णा। पार्वती। मृड़ाणी। चंडिका। अंबिका। शारदा चंडी। गिरिजा। मंगला। नारायणी। महामाया। वैष्णवी। हिंडी। कोट्टवी। षष्ठी। माधवी। जयंती। भार्गवी। भा। सती। भ्रामरी। दक्षकन्या। महिषमर्दिनी। हेरंब-जननी। सावित्री। कृष्णपिंगला। शूलधरा। भगवती। ईशानी। सनातनी। महाकाली। शिवानी। चामुंडा। विधात्री। आनंदा। महामात्रा। भौमी। कृष्णा। चार्वंगी। वाणी। फाल्गुनी। मातृका। तारा। कालिका। कामेश्वरी। भैरवी। भुवनेश्वरी। त्वरिता। महालक्ष्मी। वागीश्वरी। त्रिपुरा। ज्वालामुखी। बगलामुखी। अन्नपूर्णा। अभया। विशालाक्षी। सुभगा। सगुणा। धवला। घोरा। प्रेमा। वटेश्वरी। कीर्त्तिदा। तुमुला। कामरूपा। जृंभणी। मोहनी।

शांता। वेदमाता। त्रिपुरसुंदरी। तापिनी। चित्रा। अनंता, इत्यादि, इत्यादि।
(२) नीली। नील का पौधा। (३) अपराजिता। कौवा-ठोंठी। (४) श्यामा पक्षी। (५) नौ वर्ष की कन्या। (६) एक रागिनी जो गौरी, मालश्री, सारंग और लीलावती के योग से बनी है।

दुर्गाधिकारी–संज्ञा पुं० [सं०] गढ़ का अधिपति। किलेदार।

दुर्गाध्यक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] गढ़ का प्रधान। किलेदार।

दुर्गानवमी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) कार्त्तिकशुक्ल नवमी। इस दिन जगद्धात्री का पूजन होता है। (२) चैत्रशुक्ल नवमी। (३) आश्विनशुक्ल नवमी।

दुर्गाष्टमी–संज्ञा स्त्री० [सं०] आश्विन और चैत्र के शुक्ल पक्ष की अष्टमी।

दुर्गाह्य–वि० [सं०] जिसका अवगाहन करना कठिन हो।

दुर्गाह्व–संज्ञा पुं० [सं०] भूमिगूगल।

दुर्गुण–संज्ञा पुं० [सं०] बुरा गुण। दोष। ऐब। बुराई।

दुर्गेश–संज्ञा पुं० [सं०] दुर्गाध्यक्ष। दुर्गपाल। किलेदार।

दुर्गोत्सव–संज्ञा पुं० [सं०] दुर्गा-पूजा का उत्सव जो नवरात्र में होता है।

दुर्ग्रह–वि० [सं०] (१) जिसे कठिनता से पकड़ सकें। जो जल्दी पकड़ में न आवे। (२) जो कठिनता से समझ में आवे। दुर्ज्ञेय।
संज्ञा पुं० अपामार्ग। चिचड़ी।

दुर्घट–वि० [सं०] जिसका होना कठिन हो। कष्ट-साध्य। मुश्किल से होने लायक।

दुर्घटना–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) अशुभ घटना। ऐसा व्यापार जिससे हानि या दुःख पहुँचे। ऐसी बात जिसके होने से बहुत कष्ट, पीड़ा या शोक हो। बुरा संयोग। वारदात। जैसे, नदी का पुल टूट गया, इस दुर्घटना से बहुत हानि पहुँची। (२) विपद्। आफत।

दुर्घोष–वि० [सं०] जो बुरा स्वर निकाले। जो कटु या कर्कश ध्वनि करे।
संज्ञा पुं० भालू।

दुर्जन–संज्ञा पुं० [सं०] दुष्ट जन। खल। खोटा आदमी। उ०—दुर्जन वचन सुनत दुख जैसो। बाण लगे दुख होइ न तैसो।—सूर।

दुर्जनता–संज्ञा स्त्री० [सं०] दुष्टता। खोटापन।

दुर्जय–वि० [सं०] जिसे जीतना बहुत कठिन हो। जो जल्दी जीता न जा सके।
संज्ञा पुं० (१) विष्णु। (२) कार्त्तवीर्य वंश में उत्पन्न अनंत राजा का एक पुत्र। (कूर्म पुराण)। (३) एक राक्षस का नाम।

दुर्जर–वि० [सं०] जो कठिनता से पचे। जो पकाने से जल्दी न पके। जिसका परिपाक करना कठिन हो।

दुर्जरा–संज्ञा स्त्री० [सं०] ज्योतिष्मती लता। मालकँगनी।

दुर्जात–वि० [सं०] (१) जिसका जन्म बुरी रीति से हुआ हो। (२) जिसका जन्म व्यर्थ हुआ हो। (३) नीच। कमीना। (४) अभागा।
संज्ञा पुं० (१) व्यसन। (२) असमंजस। कठिनता। संकट।

दुर्जाति–संज्ञा स्त्री० [सं०] बुरी जाति। नीच जाति।
वि० (१) बुरे कुल का। (२) जिसकी जाति बिगड़ गई हो।

दुर्जीव–वि० [सं०] दूसरे के दिए अन्न पर रहनेवाला। बुरी जीविका करनेवाला।
संज्ञा पुं० बुरा जीवन। निंदित जीवन।

दुर्जेय–वि० [सं०] जिसे जीतना अत्यंत कठिन हो। दुर्जय।

दुर्ज्ञेय–वि० [सं०] कठिनाई से जानने योग्य। जिसे जानना अत्यंत कठिन हो। जो जल्दी समझ में न आ सके। दुर्बोध।

दुर्दम–वि० [सं०] (१) जिसका दमन बड़ी कठिनाई से हो सके। जो जल्दी दबाया या जीता न जा सके। (२) प्रचंड। प्रबल।
संज्ञा पुं० रोहिणी के गर्भ से उत्पन्न वसुदेव के एक पुत्र का नाम।

दुर्दमन–वि० [सं०] जिसका दमन करना कठिन हो।
संज्ञा पुं० जनमेजय के वंश में उत्पन्न शतानीक राजा का पुत्र।

दुर्दमनीय–वि० [सं०] (१) जिसका दमन करना बहुत कठिन हो। जो जल्दी दबाया या जीता न जा सके। (२) प्रचंड। प्रबल।

दुर्दम्य–वि० दे० "दुर्दम।"
संज्ञा पुं० गाय का बछड़ा।

दुर्दर्श–वि० [सं०] (१) जिसे देखना अत्यंत कठिन हो। जो जल्दी दिखाई न पड़े। (२) जो देखने में भयंकर हो।

दुर्दर्शन–वि० दे० "दुर्दर्श"।
संज्ञा पुं० कौरवों का एक सेनापति।

दुर्दशा–संज्ञा स्त्री० [सं०] बुरी दशा। मंद अवस्था। दुर्गति। खराब हालत।
क्रि० प्र०—करना।—होना।

दुर्दांत–वि० (१) दुर्दमनीय। (२) प्रचंड। प्रबल।
संज्ञा पुं० (१) गाय का बछड़ा। (२) कलह। (३) शिव।

दुर्दान–संज्ञा पुं० [?] रूपा। चाँदी। (अनेकार्थ०)

दुर्दिन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बुरा दिन। (२) ऐसा दिन जिसमें बादल छाए हों, पानी बरसता हो और घर से निकलना कठिन हो। मेघाच्छन्न दिन। (३) दुर्दशा का समय। दुःख और कष्ट का समय। बुरा वक्त।

दुर्बुरूढ़–संज्ञा पुं० [सं०] नास्तिक ।

दुर्दृष्ट–वि० [सं०] (व्यवहार) जिसका राग, क्षोभ आदि के कारण सम्यक् निर्णय न हुआ हो। (मुकदमा) जिसका घूस, अदावत आदि के कारण ठीक फैसला न हुआ हो।

विशेष—याज्ञवल्क्य स्मृति में लिखा है कि ऐसे मुकदमे को राजा फिर से देखे और यदि अन्याय हुआ हो तो निर्णय करनेवाले सभ्यों (न्यायाधीश आदि) और मुकदमा जीतनेवालों को उसका दूना दंड दे जितना हारनेवाले को अन्याय से हुआ हो।

दुर्दैव–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दुर्भाग्य। अभाग्य। बुरी किसमत। (२) बुरा संयोग। दिनों का बुरा फेर।

दुर्द्धर–वि० [सं०] (१) जिसे कठिनता से पकड़ सकें। जो जल्दी पकड़ने में न आ सके। (२) प्रबल। प्रचंड। (३) जो कठिनता से समझ में आवे।

संज्ञा पुं० (१) एक नरक का नाम। (२) पारा। (३) भिलावाँ। भल्लातक। (४) महिषासुर का एक सेनापति। (५) शंबरासुर के एक मंत्री का नाम। (६) धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम। (७) रावण का एक सैनिक जिसे उसने अशोकवाटिका उजाड़ने पर हनुमान को पकड़ने को भेजा था। यह राक्षस हनुमान के हाथ से मारा गया था। (८) विष्णु।

दुर्द्धर्ष–वि० [सं०] (१) जिसका दमन करना कठिन हो। जिसे जल्दी वश में न ला सकें। जिसे अधीन न कर सकें। (२) जिसे परास्त करना कठिन हो। (३) प्रबल। प्रचंड। उग्र।

संज्ञा पु० (१) धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम। (२) रावण के दल का एक राक्षस।

दुर्द्धर्षा–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) नागदौना। (२) कंथारी का पेड़।

दुर्द्धी–वि० [सं०] बुरी बुद्धि का। मंदबुद्धि।

दुर्द्धुरूढ़–संज्ञा पुं० [सं०] वह शिष्य जो गुरु की बात जल्दी न माने।

दुर्द्रिता–संज्ञा स्त्री० [स०] एक लता का नाम।

दुर्द्रुम–संज्ञा पु० [सं०] हरित्पलांडु। हरा प्याज़।

दुर्नय–संज्ञा पुं० [सं०] (१) कुनीति। बुरी चाल। नीतिविरुद्ध आचरण। (२) अन्याय।

दुर्नाद–संज्ञा पुं० [सं०] बुरा शब्द। अप्रिय ध्वनि।

वि० कर्कश ध्वनि करनेवाला।

संज्ञा पुं० राक्षस। (अनेकार्थ०)

दुर्नाम–संज्ञा पुं० [सं० दुर्नामन्] (१) बुरा नाम। कुख्याति। बदनामी। (२) गाली। बुरा वचन। (३) बवासीर। (४) शुक्ति। सीप। सुतुही।

दुर्नामक–संज्ञा पुं० [सं०] अर्श रोग। बवासीर।

दुर्नामारि–संज्ञा पुं० [सं०] (अर्श रोग को दूर करनेवाला) सूरन। जिमीकंद।

दुर्नाम्नी–संज्ञा स्त्री० [सं०] शुक्ति। सीप। सुतुही।

दुर्निमित्त–संज्ञा पुं० [सं०] होनेवाले अरिष्ट को सूचित करनेवाला अशकुन। बुरा सगुन।

दुर्निरीक्ष–वि० [सं०] (१) जिसे देखते न बने। (२) भयंकर। (३) कुरूप।

दुर्निरीक्ष्य–वि० [सं०] (१) जिसे देखते न बने। (२) भयंकर। (३) कुरूप।

दुर्निवार्य–वि० [सं०] (१) जिसका निवारण करना कठिन हो। जो जल्दी रोका न जा सके। (२) जो जल्दी हटाया न जा सके। जिसे जल्दी दूर न कर सकें। (३) जिसका होना प्रायः निश्चित हो। जो जल्दी टल न सके।

दुर्नीति–संज्ञा स्त्री० [सं०] कुनीति। कुचाल। अन्याय। अयुक्त आचरण।

दुर्बल–वि० [स०] (१) जिसे अच्छा बल न हो। कमजोर। अशक्त। (२) कृश, दुबला पतला।

दुर्बलता–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बल की कमी। कमजोरी। (२) कृशता। दुबलापन।

दुर्बला–संज्ञा स्त्री० [सं०] जलसिरीस का पेड़।

दुर्बाल–संज्ञा पु० [सं०] जिसके चमड़े पर रोग हो और बाल झड़ गए हों। गंजा।

दुर्बोध–वि० [सं०] जिसका बोध कठिनता से हो। जो जल्दी समझ में न आवे। गूढ़। क्लिष्ट। कठिन।

दुर्भक्ष–वि० [सं०] (१) जिसे खाना कठिन हो। जो जल्दी न खाया जा सके। (२) खाने में बुरा।

संज्ञा पु० वह समय जिसमें भोजन कठिनता से मिले। दुर्भिक्ष। अकाल।

दुर्भग–वि० [सं०] [स्त्री० दुर्भगा] जिसका भाग्य बुरा हो। खोटे प्रारब्ध का। अभागा।

दुर्भगा–वि० स्त्री० [सं०] मंदभाग्यवाली। अभागिन।

संज्ञा स्त्री० वह स्त्री जो अपने पति के स्नेह से वंचित हो। वह स्त्री जिसे स्वामी न चाहे। विरक्ता।

दुर्भर–वि० [सं०] (१) जिसे उठाना कठिन हो। जो लादा न जा सके। (२) भारी। गुरु। वजनी।

दुर्भाग–संज्ञा पुं० दे० "दुर्भाग्य"।

दुर्भागी–वि० [सं० दुर्भाग्य] अभागा। मंद भाग्य का।

दुर्भाग्य–संज्ञा पु० [सं०] मंद भाग्य। बुरा अदृष्ट। खोटी किसमत।

दुर्भाव–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बुरा भाव। (२) द्वेष। मनोमालिन्य।

दुर्भावना–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बुरी भावना। (२) खटका। चिंता। अंदेशा।

दुर्भाव्य–वि० [सं०] जिसकी भावना सहज में न हो सके। जो जल्दी ध्यान में न आसके।

दुर्भिक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] ऐसा समय जिसमें भिक्षा या भोजन कठिनता से मिले। अकाल। कहत।

दुर्भिच्छ*–संज्ञा पुं० दे० "दुर्भिक्ष"।

दुर्भेद–वि० [सं०] (१) जो जल्दी भेदा न जा सके। जो कठिनता से छिदे। (२) जिसके पार कठिनता से जा सकें। जिसे जल्दी पार न कर सकें।

दुर्भेद्य–वि० दे० "दुर्भेद"।

दुर्मति–संज्ञा स्त्री० [सं०] बुरी बुद्धि। नासमझी।

वि० (१) दुर्बुद्धि। जिसकी समझ ठीक न हो। कम अक्ल। (२) खल। दुष्ट।

संज्ञा पुं० साठ संवत्सरों में से एक जिसमें दुर्भिक्ष होता है। (ज्योतिस्तत्त्व)

दुर्मद–वि० [सं०] (१) उन्मत्त। नशे आदि में चूर। उ०—कुंभकरन दुर्मद रनरंगा।—तुलसी। (२) अभिमान में चूर। गर्व से भरा हुआ।

दुर्मना–वि० [सं० दुर्मनस्] (१) बुरे चित्त का। दुष्ट। (२) उदास। खिन्न। अनमना।

दुर्मर–वि० [स०] जिसकी मृत्यु बड़े कष्ट से हो।

दुर्मरण–संज्ञा पुं० [सं०] बुरे प्रकार से होनेवाली मृत्यु।

दुर्मरा–संज्ञा स्त्री० [सं०] दूर्वा। दूब।

दुर्मर्ष–वि०[स०] जिसे सहन करना कठिन हो। दुःसह।

दुर्मल्लिका–संज्ञा स्त्री० [स०] दृश्य काव्य के अंतर्गत उपरूपकों में से एक जिसमें हास्य रस प्रधान होता है और जो चार अंकों में समाप्त होता है। इसमें गर्भांक नहीं होते। इसके तीन अंकों में क्रमशः विट्, विदूषक, पीठमर्द आदि की विविध क्रीड़ाएँ रहती हैं।

दुर्मल्ली–संज्ञा स्त्री० दे० "दुर्मल्लिका"।

दुर्मिल–संज्ञा पुं० [स०] (१) भरत के सातवें लड़के का नाम। (२) एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में १०, ८, और १४ के विराम से ३२ मात्राएँ होती हैं। अंत में एक सगण और दो गुरु होते हैं। इसमें जगण का निषेध है। उ०—जय जय रघुनंदन, असुर-विखंडन, कुजमंडन यश के धारी। जनमन-सुखकारी, विपिनविहारी, नारि अहिल्यहि सी तारी। (३) एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में आठ सगण होते हैं। यह एक प्रकार का सवैया है। उ०—सबसों करि नेह भजौ रघुनंदन राजत हीरन माल हिये।

दुर्मुख–संज्ञा पुं० [सं०] (१) घोड़ा। (२) राम की सेना का एक बंदर। (३) महिषासुर के एक सेनापति का नाम। (४) रामचंद्र जी का एक गुप्तचर जिसके द्वारा वे अपनी प्रजा का वृत्तांत जाना करते थे। इसी के मुँह से उन्होंने सीता के विषय में वह लोकापवाद सुना था जिसके कारण सीता का द्वितीय वनवास हुआ था। (उत्तररामचरित)। (५) एक नाग का नाम। (६) शिव। (७) धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम। (८) वह घर जिसका द्वार उत्तर की ओर हो। (९) साठ संवत्सरों में से एक। (१०) एक यक्ष का नाम। (११) गणेशजी का एक गण।

वि० [स्त्री० दुर्मुखी] (१) जिसका मुख बुरा हो। (२) बुरे वचन बोलनेवाला। कटुभाषी। अप्रियवादी।

दुर्मुखी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक राक्षसी जिसे रावण ने जानकी को समझाने के लिये नियत किया था।

वि० बुरे मुहँवाली।

दुर्मुट–संज्ञा पुं० दे० "दुर्मुस"।

दुर्मुस–संज्ञा पुं० [सं० (प्रत्य०) दुर् + मुस = कूटना] गदा के आकार का एक लंबा डंडा जिसके नीचे लोहे या पत्थर का भारी गोल टुकड़ा रहता है और जिससे सड़कों आदि पर कंकड़ या गिट्टी पीट कर बैठाई जाती है। कंकड़ या मिट्टी पीटने का मुगदर।

दुर्मूल्य–वि० [सं०] जिसका दाम अधिक हो। महँगा।

दुर्मेध–वि० [स० दुर्मेधस्] मंदबुद्धि। नासमझ।

दुर्मेध–संज्ञा पुं० [सं०] कौवाठोठी। काकतुंडी।

दुर्मेधा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) कौवाठोठी। (२) सफेद घुंघची।

दुर्यश–संज्ञा पुं० [सं० दुर्यशस्] अपयश। अपकीर्त्ति।

दुर्योध–वि० [सं०] जो बड़ी बड़ी कठिनाइयों को सह कर भी युद्ध में स्थिर रहे। विकट लड़ाका।

दुर्योधन–संज्ञा पुं० [सं०] कुरुवंशीय राजा धृतराष्ट्र का ज्येष्ठ पुत्र जो अपने चचेरे भाई पांडवों से बहुत बुरा मानता था। सब से अधिक द्वेष यह भीम से रखता था। बात यह थी कि भीम के समान दुर्योधन भी गदा चलाने में अत्यंत निपुण था, पर भीम की बराबरी नहीं कर सकता था। पहले धृतराष्ट्र युधिष्ठिर को ही सब में बड़ा समझ युवराज बनाना चाहते थे, पर दुर्योधन ने बहुत आपत्ति की और छल से पांडवों को वन में भेज दिया। वनवास से लौट कर पांडवों ने इंद्रप्रस्थ में अपनी राजधानी बसाई और युधिष्ठिर ने धूमधाम से राजसूय यज्ञ किया। उस यज्ञ में पांडवों का भारी वैभव देख दुर्योधन जल उठा और उनके नाश का उपाय सोचने लगा। अंत में इसने युधिष्ठिर को अपने साथ पासा खेलने के लिये बुलाया। उस खेल में दुर्योधन के मामा गांधार के राजकुमार शकुनि के छल और कौशल से युधिष्ठिर अपना सारा राज्य और धन यहाँ तक कि द्रौपदी

को भी हार गए। दुःशासन द्रौपदी को बलात् सभा में लाया और दुर्योधन उसे अपने जंघे पर बैठने के लिये कहने लगा। इस पर भीम ने क्रुद्ध होकर गदा से दुर्योधन के जंघे को तोड़ने की प्रतिज्ञा की। अंत में द्यूत के नियमानुसार धृतराष्ट्र ने यह निर्णय किया कि पांडव बारह वर्ष वनवास और एक वर्ष अज्ञात वास करें। जब अज्ञातवास पूरा हो गया तब कृष्ण दूत होकर कौरवों के पास पांडवों की ओर से गए। पर दुर्योधन ने पांडवों को राज्य का अंश क्या पाँच गाँव तक देना अस्वीकार किया। अंत में कुरुक्षेत्र का प्रसिद्ध युद्ध हुआ जिसमें कौरव मारे गए और भीम ने अपनी प्रतिज्ञा पूरी की। दुर्योधन को युधिष्ठिर 'सुयोधन' कहा करते थे।

दुर्योनि–वि० [सं०] जिसका जन्म नीच कुल में हो। नीच कुल का।

दुर्रा–संज्ञा पुं० [फा०] कोड़ा। चाबुक। धुर्रा।

दुर्रानी–संज्ञा पुं० [फा०] अफगानों की एक जाति।

दुर्लंघ्य–वि० [सं०] दुःख से उल्लङ्घन करने योग्य। जिसे जल्दी लाँघ न सकें।

दुर्लक्ष्य–वि० [सं०] जो कठिनता से दिखाई पड़े। जो प्रायः अदृश्य हो।

संज्ञा पुं० बुरा उद्देश्य। बुरी नीयत।

दुर्लभ–वि० [सं०] (१) जो कठिनता से मिल सके। जिसे पाना सहज न हो। दुष्प्राप्य। (२) अनोखा। बहुत बढ़िया। (३) प्रिय।

संज्ञा पुं० (१) कचूर। (२) विष्णु।

दुर्लेख्य–वि० [सं०] जो बुरा लिखा हुआ हो। जिसकी लिखावट बुरी हो। जो ऐसा लिखा हो कि जल्दी पढ़ा न जा सके। (स्मृति)

दुर्वच–वि० [सं०] (१) जो दुःख से कहा जा सके। जिसके कहने में कष्ट हो। (२) जो कठिनता से कहा जा सके।

संज्ञा पुं० दुर्वचन। गाली।

दुर्वचन–संज्ञा पुं० [सं०] दुर्वाक्य। कटुवचन। गाली।

दुर्वर्णा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) चाँदी। (२) पुलुवा।

दुर्वह–वि० [सं०] जिसका वहन करना कठिन हो। जिसे उठा कर ले चलना कठिन हो।

दुर्वाच्–संज्ञा स्त्री० [सं०] बुरा वचन। निंदित वाक्य।

दुर्वाद–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अपवाद। निंदा। बदनामी। (२) स्तुतिपूर्वक कहा हुआ अप्रिय वाक्य। (३) अनुचित अयुक्त वा निंदित विवाद।

दुर्वादी–वि० [सं० दुर्वादिन्] कुतर्की। हुज्जती।

दुर्वार–वि० [सं०] जिसका निवारण कठिन हो। जो जल्दी रोका न जा सके।

दुर्वारि–संज्ञा पुं० [सं०] कंबोज देश का एक वीर जो महाभारत की लड़ाई में लड़ा था।

दुर्वार्य्य–वि० [सं०] जिसका निवारण कठिन हो। जो जल्दी रोका न जा सके।

दुर्वासना–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बुरी इच्छा। खोटी आकांक्षा। दुष्ट कामना। (२) ऐसी कामना जो कभी पूरी न हो सके।

दुर्वासा–संज्ञा पुं० [सं० दुर्वासस्] एक मुनि जो अत्रि के पुत्र थे। इनके नाम के विषय में महाभारत में लिखा है कि जिसका धर्म्म में दृढ़ निश्चय हो उसे दुर्वासा कहते हैं। ये अत्यंत क्रोधी थे। इन्होंने और्व मुनि की कन्या कंदली से विवाह किया था। विवाह के समय इन्होंने प्रतिज्ञा की थी कि स्त्री के सौ अपराध तक क्षमा करेंगे। प्रतिज्ञानुसार सौ अपराध तक इन्होंने क्षमा किए, अनंतर शाप देकर पत्नी को भस्म कर दिया। और्व मुनि ने कन्या की मृत्यु से शोकातुर होकर दुर्वासा को शाप दिया कि "तुम्हारा दर्प चूर्ण होगा" इसी शाप के कारण राजा अंबरीष के मामले में इन्हें नीचा देखना पड़ा। इनका स्वभाव कुछ सनकी था। इनके शाप और वरदान की अनेक कथाएँ महाभारत तथा पुराण आदि में भरी पड़ी हैं। ये न तो किसी वेदमंत्र के ऋषि हैं और न वैदिक ग्रंथों में कहीं इनका नाम मिलता है।

दुर्विगाह–वि० [सं०] जिसका अवगाहन करना कठिन हो। जिसकी थाह जल्दी न लग सके।

दुर्विज्ञेय–वि० [सं०] जिसका कष्ट या कठिनता से ज्ञान हो सके। जो जल्दी जाना न जा सके।

दुर्विद–वि० [सं०] जिसे जानना कठिन हो। जो जल्दी जाना न जा सके।

दुर्विदग्ध–वि० [सं०] (१) जो अच्छी तरह जला न हो। अधजला। (२) जो पूर्ण परिपक्व न हो। (३) अहंकारी। घमंडी।

दुर्विदग्धता–संज्ञा स्त्री० [सं०] अधकचरापन। पूरी निपुणता का अभाव।

दुर्विध–वि० [सं०] (१) दरिद्र। (२) खल। (३) मूर्ख।

दुर्विधि–संज्ञा स्त्री० [सं०] बुरी विधि। कुनियम।

संज्ञा पुं० दुर्भाग्य।

दुर्विनीत–वि० [सं०] अविनीत। अशिष्ट। उद्धत। अक्खड़।

दुर्विपाक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बुरा परिणाम। बुरा फल। (२) बुरा संयोग। दुर्घटना।

दुर्विभाव्य–वि० [सं०] जिसकी भावना न हो सके। जो मन में न आवे। जिसका अनुमान न हो सके।

दुर्विलसित–संज्ञा पुं० [सं०] दुष्कार्य्य।

दुर्विवाह–संज्ञा पुं० [सं०] बुरा ब्याह। निंदित विवाह।

विशेष—स्मृतियों में जो आठ प्रकार के विवाह कहे गए हैं उनमें ब्राह्म आदि चार प्रकार के विवाह सुविवाह और आसुर आदि चार प्रकार के विवाह दुर्विवाह कहलाते हैं।

दुर्विष–संज्ञा पुं० [सं०] महादेव (जिन पर विष का कुछ प्रभाव न हुआ)।

दुर्विषह–वि० [सं०] जिसे सहना कठिन हो। दुःसह।

संज्ञा पु० (१) महादेव। शिव। (२) धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम।

दुर्वृत्त–वि० [सं०] जिसका आचरण बुरा हो। दुश्चरित्र। दुराचारी।

संज्ञा पुं० बुरा आचरण। बुरा व्यवहार।

दुर्वृत्ति–संज्ञा स्त्री० [स०] बुरी वृत्ति। बुरा पेशा। बुरा काम। उ०—सेवा समान अति दुस्तर दुःखदाई। दुर्वृत्ति और अवलोकन में न आई।—द्विवेदी।

दुर्व्यवस्था–संज्ञा स्त्री० [सं०] कुप्रबंध। बद-इंतजामी।

दुर्व्यवहार–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बुरा व्यवहार। बुरा बर्त्ताव। (२) दुष्ट आचरण। (३) वह मुकदमा जिसका फैसला घूस अदावत आदि के कारण ठीक न हुआ हो। दे० "दुर्दृष्ट"।

दुर्व्यसन–संज्ञा पुं० [सं०] बुरी लत। खराब आदत। किसी ऐसी बात का अभ्यास जिससे कोई लाभ न हो।

दुर्व्यसनी–वि० [स०] बुरी लतवाला।

दुर्व्रत–संज्ञा पुं० [सं०] बुरा मनोरथ। नीच आशय।

वि० जिसने बुरा व्रत लिया हो। बुरे मनोरथोंवाला। नीचाशय।

दुर्हृद–संज्ञा पुं० [सं०] जो सुहृद न हो। अमित्र। शत्रु।

दुलकी–संज्ञा स्त्री० [हिं० दुलकना] घोड़े की एक चाल जिसमें वह चारों पैर अलग अलग उठा कर कुछ उछलता हुआ चलता है।

क्रि० प्र०—चलना।—जाना।

दुलखना†–क्रि० स० [हिं० दो + लक्षण] बार बार बतलाना। बार बार कहना। बार बार दोहराना।

दुलखी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक फतिंगा जो ज्वार, नील, तमाखू, सरसों और गेहूँ को नुकसान पहुँचाता है।

दुलड़ा–वि० [हिं० दो + लड़] [स्त्री० दुलड़ी] दो लड़ों का।

संज्ञा पुं० दो लड़ों की माला।

दुलड़ी–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + लड़] दो लड़ों की माला।

दुलत्ती–संज्ञा स्त्री० [सं० दो + लात] (१) घोड़े आदि चौपायों का पिछले दोनों पैरों को उठा कर मारना।

क्रि० प्र०—चलाना।—मारना।

मुहा०—दुलत्ती झाड़ना या झाड़ना = दोनों लातों को चलाना। दोनों लातों से मारना। दुलत्ती फेंकना = दोनों लात चलाना।

(२) मालखंभ की एक कसरत जिसमें दोनों पैरों से मालखंभ को लपेट कर बाकी बदन मालखंभ से अलग दिखा कर ताल आदि ठोंकते हैं।

दुलदुल–संज्ञा पुं० [अ०] वह खच्चरी जिसे इसकंदरिया (मिस्र) के हाकिम ने मुहम्मद साहब को नज़र में दिया था। साधारण लोग इसे घोड़ा समझते हैं और मुहर्रम के दिनों में इसकी नकल निकालते हैं। मुहर्रम की आठवीं को अब्बास के नाम का और नवीं को हुसैन के नाम का बिना सवार का घोड़ा भीड़ भाड़ के साथ निकाला जाता है।

दुलन †–संज्ञा पुं० दे० "दोलन"। उ०—सूर स्याम सरोज लोचन दुलन जल जल चार।—सूर।

दुलना—क्रि० अ० दे० "दुलना"।

दुलभ *–वि० दे० "दुर्लभ"।

दुलराना * †–क्रि० स० [हिं० दुलारना] लाड़ करना। बच्चों को बहला कर प्यार करना। उ०—अब लागी मोको दुलरावन प्रेम करति टरि ऐसी हौ। सुनहु सूर तुमरे छिन छिन मति बढ़ी प्रेम की गैसी हो।—सूर।

क्रि० अ० दुलारे बच्चों की सी चेष्टा करना। लाड़ प्यार का सा व्यवहार करना।

दुलरी–संज्ञा स्त्री० दे० "दुलड़ी"।

दुलरुवा †–वि० दे० "दुलारा"।

दुलहन–संज्ञा स्त्री० [हिं० दुलहा] नवविवाहिता वधू। नई बहू। नई ब्याही हुई स्त्री।

दुलहा–संज्ञा पुं० दे० "दूल्हा"।

दुलहिन–संज्ञा स्त्री० दे० "दुलहन"।

दुलहिया ‡–संज्ञा स्त्री० दे० "दुलही"। उ०—देह दुलहिया की बढ़ै ज्यों ज्यों जोबन जोति।—बिहारी।

दुलही†–संज्ञा स्त्री० दे० "दुलहन"।

दुलहेटा–संज्ञा पुं० [सं० दुर्लभ, प्रा० दुल्लह + हिं० बेटा] लाड़ला बेटा। दुलारा लड़का। उ०—युग युग जियहि राजदुलहेटा दै असीस द्विजनारी। पाइ भीख लै सीख जाइ घर कोउ आवती सुखारी।—रघुराज।

दुलाई–संज्ञा स्त्री० [सं० तूल = रुई, हिं० तुलाई, तुराई] ओढ़ने का दोहरा कपड़ा जिसके भीतर रुई भरी हो। रुई भरा हुआ ओढ़ना।

दुलाना *–क्रि० स० दे० "दुलाना"।

दुलार–संज्ञा पुं० [हिं० दुलारना] प्रसन्न करने की वह चेष्टा जो प्रेम के कारण लोग बच्चों या प्रेमपात्रों के साथ करते हैं, जैसे, कुछ विलक्षण संबोधनों से पुकारना, शरीर पर हाथ फेरना, चूमना इत्यादि। लाड़ प्यार।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

दुलारना–क्रि० स० [सं० दुर्लालन, प्रा० दुलालन] प्रेम के कारण

बच्चों या प्रेमपात्रों को प्रसन्न करने के लिये उनके साथ अनेक प्रकार की चेष्टा करना (जैसे, विलक्षण संबोधनों से पुकारना, शरीर पर हाथ फेरना, चूमना इत्यादि)। लाड़ करना। लाड़ना।

दुलारा–वि० [हिं० दुलार] [स्त्री० दुलारी] जिसका बहुत दुलार या लाड़ प्यार हो। लाड़ला। जैसे, दुलारा लड़का।

संज्ञा पुं० लाड़ला बेटा। प्रिय पुत्र। उ०—रोकत मग आज सखी नंद को दुलारो।—सूर।

दुलारी–वि० स्त्री० [हिं० दुलारा] जिसका अधिक लाड़ प्यार हो। लाड़ली।

संज्ञा स्त्री० लाड़ली बेटी। प्रिय कन्या। उ०—सखियन सँग फूलति वृषभानु की दुलारी।—सूर।

संज्ञा स्त्री० † दे० "दुलाई"। उ०—इती बात को समुझि ले तू अपने मन माह। प्रीति दुलारी खुलत है जहि कै मगजी लाल।—रसिनिधि।

दुलीचा–संज्ञा पुं० [देश०] गलीचा। कालीन।

दुलेहटा †–संज्ञा पुं० दे० "दुलहेटा"।

दुलैचा–संज्ञा पुं० [देश०] गलीचा। कालीन।

दुलोही–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + लोहा] एक प्रकार की तलवार जो लोहे के दो टुकड़ों को जोड़ कर बनाई जाती है।

दुल्लभ*–वि० दे० "दुर्लभ"।

दुल्ली–संज्ञा स्त्री० दे० "दुल्लो"।

दुल्लो–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + ला (प्रत्य०)] गोली के खेल में वह गोली जो मीर या अगली गोली के पीछे हो। दूसरे नंबर की गोली।

दुल्हैया ‡–संज्ञा स्त्री० दे० "दुलहन"।

दुव*–वि० [सं० द्वि] दो।

दुवन–संज्ञा पुं० [सं० दुर्मनस्] (१) दुष्ट चित्त का मनुष्य। खल। दुर्जन। बुरा आदमी। उ०—कै अपनी दुर्नीति कै दुवन क्रूरता मानि। आवै उर में सोच अति सो संका पहिचानि।—पद्माकर। (२) शत्रु। वैरी। दुश्मन। उ०—मतिराम सुजस दिन दिन बढ़त सुनत दुवन उर कट्टियत।—मतिराम। (३) राक्षस। दैत्य। उ०—(क) आरज सुवन को तो दया दुवनहु पर मोहिं सोच मोते सब विधि नसानि।—तुलसी। (ख) पयज बँधाय सेत उतरे कटक कपि आए देखि देखि दूत दारुन दुवन के।—तुलसी।

दुवाज–संज्ञा पुं० [?] एक प्रकार का घोड़ा। उ०—नुकरा और दुवाज बोरता है छबि दूनी।—सूदन।

दुवादस‡*–वि० दे० "द्वादश"।

दुवादस बानी*–वि० [स० द्वादश = सूर्य + वर्ण] बारह बानी का। सूर्य के समान दमकता हुआ। आभायुक्त। खरा। (विशेषतः सोने के लिये)। उ०—कनक दुवादस बानि है वह सुहाग वह मांग। सेवा करैं नखत ससि तरइ ववै जस गांग।—जायसी।

दुवादसी*‡–संज्ञा स्त्री० दे० "द्वादशी"।

दुवार†–संज्ञा पु० दे० "द्वार"।

दुवारिका‡–संज्ञा स्त्री० दे० "द्वारका"।

दुवाल–संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) चमड़े का तसमा। (२) रिकाब का तसमा। रिकाब में लगा हुआ चमड़े का चौड़ा फीता।

दुवालबद–संज्ञा पु० [फा०] चमड़े का चौड़ा तसमा जो कमर आदि में लपेटा जाय। चपरास या पेटी का तसमा।

दुवाली–संज्ञा स्त्री० [देश०] रंगे वा छपे हुए कपड़ों पर चमक लाने के लिये घोंटने का औजार। घोंटा।

संज्ञा स्त्री० [फा० दुवाल] चमड़े के चौड़े तसमे का परतला या पेटी जिसमें बंदूक, तलवार आदि लटकाते हैं।

दुवालीबंद–संज्ञा पुं० [फा०] परतला आदि लगाए हुए तैयार सिपाही।

दुविद*–संज्ञा पुं० दे० "द्विविद"।

दुविधा†–संज्ञा पु० दे० "दुबधा"।

दुवो*†–वि० [हिं० दुव = दो + उ = ही] दोनों।

दुशवार–वि० [फा०] [संज्ञा दुशवारी] (१) कठिन। दुरूह। मुश्किल। (२) दुःसह।

दुशवारी–संज्ञा स्त्री० [फा०] कठिनता।

दुशाला–संज्ञा पु० [सं० द्विशाट, फा० दोशाला] पशमीने की चद्दरों का जोड़ा जिनके किनारे पर पशमीने की रंग बिरंगी बेलें बनी रहती हैं। ये बहुधा कश्मीर और पेशावर से आती हैं। कश्मीरी दुशाले अच्छे और कीमती होते हैं। उ०—तान तुकताला हैं विनोद के रसाला हैं, सुवाला हैं दुशाला हैं विशाला चित्रशाला हैं।—पद्माकर।

यौ०—दुशाला-पोश। दुशाला-फरोश।

मुहा०—दुशाले में लपेट कर मारना या लगाना = आड़े हाथ लेना। छिपे छिपे आक्षेप करना। मीठी चुटकी लेना।

दुशाला-पोश–वि० [फा०] (१) जो दुशाला ओढ़े हो। (२) जो अच्छा कपड़ा पहने हुए हो। (३) अमीर।

दुशाला-फरोश–संज्ञा पु० [फा०] दुशाला बेचनेवाला।

दुशासन*–संज्ञा पुं० दे० "दुःशासन"।

दुश्चर–वि० [सं०] [संज्ञा दुश्चरण] जिसका करना कठिन हो। कठिन। दुष्कर।

दुश्चरित–वि० [सं०] (१) बुरे आचरण का। बदचलन। (२) कठिन।

संज्ञा पु० (१) बुरा आचरण। कुचाल। बदचलनी। (२) पाप।

दुश्चरित्र–वि० [सं०] [स्त्री० दुश्चरित्रा] बुरे चरित्रवाला। बदचलन।

संज्ञा पुं० बुरी चाल । कुचाल । दुराचार ।

दुश्चर्म्मा–संज्ञा पुं० [सं० दुश्चर्म्मन्] वह पुरुष जिसकी लिंगेंद्रिय के मुख पर ढाकनेवाला चमड़ा न हो । इस प्रकार के लोग जन्म से ही बिना इस चमड़े के होते हैं । धर्मशास्त्रों का मत है कि गुरुतल्पग जन्मांतर में दुश्चर्म्मा उत्पन्न होते हैं । ऐसे पुरुषों को बिना प्रायश्चित्त किए किसी कर्म्म के करने का अधिकार नहीं है, यहाँ तक कि बिना प्रायश्चित्त किए उनका दाहकर्म और मृतक-कर्म भी नहीं किया जा सकता ।

दुश्चलन–संज्ञा स्त्री० [सं० दुः + हि० चलन] दुराचरण । खोटी चाल । उ०—जिस मनुष्य के स्वरूप से दुश्चलन अथवा दुराचरण की आशंका पाई जाय उसका निरीक्षण पूर्णतया हो ।—वेनिस का बाँका ।

दुश्चिंत्य–वि० [सं०] जो कठिनता से समझ में आवे । जिसकी भावना मन में जल्दी न हो सके ।

दुश्चिकित्स–वि० [सं०] दुश्चिकित्स्य । जिसकी चिकित्सा कठिन हो ।

दुश्चिकित्सा–संज्ञा स्त्री० [सं०] आयुर्वेद संबंधी चिकित्सा के नियमों के विरुद्ध चिकित्सा करना । निंदित चिकित्सा ।

विशेष—स्मृतियों में इस प्रकार के अनाड़ी या दुष्ट चिकित्सकों के दंड का विधान है ।

दुश्चिकित्सित–वि० [सं०] जिसकी चिकित्सा बड़ी कठिनाई से हो सके । अचिकित्सनीय । दुःसाध्य (रोग) ।

दुश्चिकित्स्य–वि० [सं०] जिसकी चिकित्सा कठिनता से हो सके । जिसकी दवा जल्दी न हो सके । दुःसाध्य ।

दुश्चिक्य–संज्ञा पुं० [सं०] फलित ज्योतिष् के अनुसार जन्म से तीसरा स्थान ।

दुश्चित्–संज्ञा पुं० [सं०] (१) खटका । चिंता । आशंका । (२) घबराहट ।

दुश्चेष्टा–संज्ञा स्त्री० [सं०] [सं० दुश्चेष्टित] बुरा काम । कुचेष्टा ।

दुश्चेष्टित–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दुष्कर्म । पाप । (२) नीच काम । खोटा काम ।

दुश्च्यवन–वि० [सं०] जो जल्दी च्युत न हो सके । जो जल्दी विचलित न हो ।

संज्ञा पुं० इंद्र ।

दुश्च्याव–वि० [सं०] जो जल्दी च्युत न किया जा सके ।

संज्ञा पुं० शिव । महादेव ।

दुश्मन–संज्ञा पुं० [फा०] [भाव० दुश्मनी] शत्रु । वैरी । द्वेषी । उ०—श्याम छबि निरखति नागरि नारि । प्यारी छबि निरखत मनमोहन सकत न नैन पसारि । पिय सकुचत नहिं दिष्टि मिलावत सन्मुख होत लजात । श्रीराधिका निडर अवलोकत अतिहि हृदय हरखात । अरस परस सोहनि मोहन मिलि सँग गोपी गोपाल । सूरदास प्रभु सब गुण-लायक दुश्मन के उर साल—सूर ।

दुश्मनी–संज्ञा स्त्री० [फा०] वैर । शत्रुता । विरोध ।

दुष्कर–वि० [सं०] जिसे करना कठिन हो । दुःसाध्य । जो मुश्किल से हो सके ।

संज्ञा पुं० आकाश ।

दुष्कर्ण–संज्ञा पुं० [सं०] धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम ।

दुष्कर्म–संज्ञा पुं० [सं० दुष्कर्म्मन्] [वि० दुष्कर्म्मा] बुरा काम । कुकर्म । पाप ।

दुष्कर्मा–वि० [सं० दुष्कर्मन्] बुरा काम करनेवाला । पापी । कुकर्मी ।

दुष्कर्मी–वि० [सं० दुष्कर्म + ई (प्रत्य०)] बुरा काम करनेवाला । पापी । दुराचारी ।

संज्ञा पुं० पापी । उ०— तुमने अपने को बहुत से दुष्कर्मियों का अग्रगण्य बना रक्खा है ।—वेनिस का बाँका ।

दुष्काल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बुरा वक्त । कुसमय । (२) दुर्भिक्ष । अकाल । (३) महादेव ।

दुष्कीर्त्ति–संज्ञा स्त्री० [सं०] कुकीर्त्ति । अपयश । बदनामी ।

दुष्कुल–संज्ञा पुं० [सं०] नीच कुल । बुरा खानदान । अप्रतिष्ठित घराना ।

वि० नीच कुल का । तुच्छ घराने का ।

दुष्कुलीन–वि० [सं०] नीच कुल का । तुच्छ घराने का ।

दुष्कृति–संज्ञा स्त्री० [सं०] बुरा काम । कुकर्म ।

वि० [सं०] कुकर्मी । पापी ।

दुष्कृती–वि० [सं० दुष्कृतिन्] बुरा काम करनेवाला । कुकर्मी । पापी ।

दुष्क्रीत–वि० [सं०] मोल लेने में जिसका दाम उचित से अधिक दिया गया हो । महँगा ।

दुष्खदिर–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का खैर जिसका पेड़ छोटा होता है । इसका कत्था पीला और खाने में कड़ुआ और कसैला होता है । इसे क्षुद्र खदिर भी कहते हैं ।

पर्य्या०—कांबोजी । कालस्कंद । गोरट । अमरज । पत्रतरु । बहुसार । महासार । क्षुद्र खदिर ।

दुष्ट–वि० [सं०] [स्त्री० दुष्टा] (१) दूषित । दोष-ग्रस्त । जिसमें दोष हो । जिसमें नुक्स या ऐब हो । (२) पित्त आदि दोष युक्त । (३) दुर्जन । खल । दुराचारी । पाजी । खोटा ।

संज्ञा पुं० (१) कुष्ठ । कोढ़ ।

दुष्टचारी–वि० [सं० दुष्टचारिन्] [स्त्री० दुष्टचारिणी] (१) दुराचारी । बुरा आचरण करनेवाला । (२) दुर्जन । खल ।

दुष्टचेता–वि० [सं० दुष्टचेतस्] (१) बुरी चिंतना करनेवाला । बुरे विचार का । (२) बुरा चाहनेवाला । अहिताकांक्षी । (३) कपटी ।

दुष्टता–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दोष। बुरापन। ऐब। (२) बुराई। खराबी। (३) बदमाशी। दुर्जनता।

दुष्टत्व–संज्ञा पुं० [सं०] दुर्जनता। खोटाई।

दुष्टपना–संज्ञा पुं० [हिं० दुष्ट + पन (प्रत्य०)] दुष्टता। खोटाई। उ०—रे सठ रहु न राज मेरे में। है अति दुष्टपना तेरे में।—गोपाल।

दुष्ट व्रण–संज्ञा पुं० [सं०] वह व्रण का घाव जिसमें से दुर्गंध आवे और जो अच्छा न हो। यह रोग वैद्यक में असाध्य माना गया है और धर्मशास्त्र ने इस रोग को पूर्व-जन्मकृत महा पातक का फल माना है। बिना प्रायश्चित्त किए इस रोग का रोगी अस्पृश्य माना गया है और उसके दाहकर्म और मृतक-संस्कार का निषेध है।

दुष्टर–वि० दे० "दुस्तर"।

दुष्टसाक्षी–संज्ञा पुं० [स० दुष्टसाक्षिन्] बुरा साक्षी। ऐसा गवाह जो ठीक ठीक गवाही न दे। अयोग्य साक्षी।

विशेष—स्मृतियों में लिखा है कि साक्षी सत्यवादी, कर्त्तव्य-परायण और निर्लोभ हो। यदि साक्षी ऐसा हो जिसने कभी झूठी गवाही दी हो, जो व्याधिग्रस्त हो, जिसने महा-पातक किए हों अथवा जिसका दो पक्षों में से किसी पक्ष के साथ आर्थिक संबंध, शत्रुता या मित्रता हो वह दुष्ट साक्षी है। उसका साक्ष्य ग्रहण न करना चाहिए।

दुष्टा–वि० स्त्री० [सं०] खोटी। बुरे स्वभाव की।

दुष्टाचार–संज्ञा पुं० [स०] कुचाल। कुकर्म। खोटा काम।
वि० दुराचारी। बुरा काम करनेवाला।

दुष्टाचारी–वि० [स० दुष्टाचारिन्] [स्त्री० दुष्टाचारिणी] कुकर्मी। जिसके आचरण अच्छे न हों। खोटा काम करनेवाला।

दुष्टात्मा–वि० [सं०] जिसका अंतःकरण बुरा हो। दुराशय। खोटी प्रकृति का।

दुष्टान्न–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बिगड़ा हुआ अन्न। बासी या सड़ा अन्न। (२) कुत्सित अन्न। (३) वह अन्न जो पाप की कमाई हो। (४) नीच का अन्न।

दुष्टि–संज्ञा स्त्री० [सं०] दोष। विकार। ऐब।

दुष्पच–वि० [सं०] (१) जो कठिनता से पके। (२) जो जल्दी न पचे।

दुष्पत्र–संज्ञा पुं० [सं०] चोर नामक गंधद्रव्य।

दुष्पद–वि० [सं०] दुष्प्राप्य।

दुष्पराजय–वि० [सं०] जिसका जीतना कठिन हो।
संज्ञा पुं० धृतराष्ट्र का एक पुत्र।

दुष्परिग्रह–संज्ञा पु० [स०] जो जल्दी पकड़ में न आ सके। जिसे जल्दी धर पकड़ न सकें। जिसे वश में लाना कठिन हो।

दुष्पर्श–वि० [सं०] (१) जिसे स्पर्श करना कठिन हो। जिसे छूते न बने। (२) जो जल्दी हाथ न लगे। दुष्प्राप्य।

दुष्पर्शा–संज्ञा स्त्री० [सं०] जवासा।

दुष्पार–वि० [स०] (१) जिसे जल्दी पार न कर सकें। (२) दुःसाध्य। कठिन।

दुष्पूर–वि० [स०] (१) जिसका भरना कठिन हो। जो जल्दी पूरा न हो सके। कठिनता से पूर्ण होनेवाला। (२) अनिवार्य्य।

दुष्प्रकृति–संज्ञा स्त्री० [स०] बुरी प्रकृति। खोटा स्वभाव।
वि० बुरे स्वभाव का। दुःशील।

दुष्प्रधर्ष–वि० [सं०] जो जल्दी धर पकड़ में न आसके।
संज्ञा पुं० धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम।

दुष्प्रधर्षा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) जवासा। हिंगुवा। (२) खजूर।

दुष्प्रधर्षिणी–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) कंटकारी। भटकटैया। (२) बैंगन। भंटा।

दुष्प्रवृत्ति–संज्ञा स्त्री० [स०] बुरी प्रवृत्ति।

दुष्प्रवेशा–संज्ञा० स्त्री० [सं०] कंयारी वृक्ष।

दुष्प्राप–वि० दे० "दुष्प्राप्य"।

दुष्प्राप्य–वि० [स०] जो सहज में न मिल सके। जिसका मिलना कठिन हो।

दुष्प्रेक्ष–वि० दे० "दुष्प्रेक्ष्य"।

दुष्प्रेक्ष्य–वि० [सं०] (१) जिसे देखना कठिन हो। (२) दुर्दर्शन। भीषण।

दुष्मंत–संज्ञा पुं० दे० "दुष्यंत"।

दुष्यंत–संज्ञा पु० [सं०] पुरुवंशी एक राजा जो ऐति नामक राजा के पुत्र थे। महाभारत में इनकी कथा इस प्रकार लिखी है—

एक दिन राजा दुष्यंत शिकार खेलते खेलते थक कर कण्व मुनि के आश्रम के पास जा निकले। उस समय कण्व मुनि की पाली हुई जड़की शकुंतला ही वहाँ थी। उसने राजा का उचित सत्कार किया। राजा उसके रूप पर मोह गए। पूछने पर राजा को मालूम हुआ कि शकुंतला एक अप्सरा के गर्भ से उत्पन्न विश्वामित्र ऋषि की कन्या है। जब राजा ने विवाह का प्रस्ताव किया तब शकुंतला ने कहा "यदि गांधर्व-विवाह में कुछ दोष न हो और यदि आप मेरे ही पुत्र को युवराज बनावें तो मैं सम्मत हूँ।" राजा विवाह करके और शकुंतला को कण्व ऋषि के आश्रम पर छोड़ अपनी राजधानी में चले गए। कुछ दिन बीतने पर शकुंतला को एक पुत्र हुआ जिसका नाम आश्रम के ऋषियों ने सर्वदमन रखा। कण्व ऋषि ने शकुंतला को पुत्र के साथ राजा के पास भेजा। शकुंतला ने राजा के पास जाकर कहा "हे राजन्! यह आपका पुत्र मेरे गर्भ से उत्पन्न हुआ है और आपका औरस पुत्र है, इसे युवराज

बनाइए"। राजा को सब बातें याद तो थीं पर लोकनिंदा के भय से उन्होंने उन्हें छिपाने की चेष्टा की और शकुंतला का तिरस्कार करते हुए कहा—"रे दुष्ट! तपस्विनी! तू किसकी पत्नी है? मैंने तुझसे कोई संबंध कभी नहीं किया, चल दूर हो"। शकुंतला ने भी लज्जा छोड़कर जो जो जी में आया खूब कहा। इस पर देववाणी हुई "हे राजन्! यह पुत्र आप ही का है, इसे ग्रहण कीजिए। हम लोगों के कहने से आप इसका भरण करें और इस कारण इसका भरत नाम रखें"। देववाणी सुनकर राजा ने शकुंतला का ग्रहण किया। आगे चलकर भरत बड़ा प्रतापी राजा हुआ।

इसी कथा को लेकर कालिदास ने 'अभिज्ञान-शाकुंतल' लिखा है। पर कवि ने कौशल से राजा दुष्यंत को दुष्ट नायक होने से बचाने के लिये दुर्वासा के शाप की कल्पना की है और यह दिखाया है कि उसी शाप के प्रभाव से राजा सब बातें भूल गए थे। दूसरी बात कवि ने यह की है कि राजा के अस्वीकार करने पर जिस निर्लज्जता और धृष्टता के साथ शकुंतला का बिगड़ना महाभारत में लिखा है उसको वे बचा गए हैं।

दुष्योदर—संज्ञा पुं० [सं०] एक उदर-रोग जो सिंह आदि पशुओं के नख और रोएँ अथवा मल, मूत्र, आर्त्तवमिश्रित अन्न वा एक साथ मिला हुआ घी और मधु खाने तथा गंदा पानी पीने से हो जाता है। इसमें त्रिदोष के कारण रोगी दिन दिन दुबला और पीला होता जाता है। उसके शरीर में जलन होती है और कभी कभी उसे मूर्च्छा भी आती है। जब बदली होती है और दिन खराब रहता है तब यह रोग प्रायः उभरता है।

दुसराना*—क्रि० स० [हिं० दो वा दूसरा] दुहराना। उ०—वह कारज अविचारित कीजे। ताहि न फिर दुसराइ सुनीजे।—पद्माकर।

दुसरिहा*†—वि० [हिं० दूसर + हा (प्रत्य०)] (१) साथ रहनेवाला दूसरा आदमी। साथी। संगी। उ०—कह्यो कि मृत्यु लोक के माहीं। तुम्हरा कोई दुसरिहा नाहीं।—विश्राम। (२) प्रतिद्वंद्वी।

दुसह*—वि० [सं० दुःसह] जो सहा न जाय। असह्य। कठिन। उ०—जनि रिसि रोकि दुसह दुख सहहू।—तुलसी।

दुसही†—वि० [हिं० दुःसह + ई (प्रत्य०)] (१) जो कठिनता से सह सके। (२) डाही। ईर्षालु। जैसे, असही दुसही। उ०—असही दुसही मरहु मनहि मन बैरिन बढ़हु विषाद। नृपसुत चारि चारु चिरजीवहु शंकर गौरि प्रसाद।—तुलसी।

दुसाखा—संज्ञा पुं० [हिं० दो + शाखा] (१) एक प्रकार का शमादान जिसमें दो कनखे निकले होते हैं। उ०—झाड़, दुसाखे, झाम, बसूला, बरम हथौरा।—सूदन। (२) डंडे के आकार की एक छोटी लकड़ी जिसके छोर पर दो कनखे फूटे होते हैं। इसमें साफी (छानने का कपड़ा) बाँधकर लोग भाँग छानते हैं।

दुसाध—संज्ञा पुं० [सं० दोषाद वा दुःसाध्य] हिंदुओं में एक नीच जाति जो सूअर पालती है।

वि० नीच। अधम। दुष्ट। पाजी। (गाली)

दुसार—संज्ञा पुं० [हिं० दो + सालना] आर पार छेद। वह छेद जो एक ओर से दूसरी ओर तक हो। उ०—(क) लागत कुटिल कटाछ सर क्यों न होय बेहाल। कढ़त जु हिये दुसार करि तऊ रहत नटसाल।—बिहारी। (ख) रहि न सक्यो कस करि रह्यो बस करि लीनो मार। भेद दुसार कियौ दियौ तन हुति भेदी सार।—बिहारी। (ग) लागी लागी क्या करै लागत रही लगार। लागी तब ही जानिए निकसी जाय दुसार।—कबीर।

क्रि० प्र०—करना।

क्रि० वि० आर पार। वार पार। एक पार से दूसरे पार तक।

दुसाल—संज्ञा पुं० [हिं० दो + शल्य] आर पार छेद। उ०—हाल से हवाल एक्क धावते धरनि पिट्ठि। लाल नैन ज्वाल झाल सी झरी दुसाल दिट्ठि।—सूदन।

दुसाला‡*—संज्ञा पुं० दे० "दुशाला"।

दुसासन*—संज्ञा पुं० दे० "दुःशासन"।

दुसाहा—संज्ञा पुं० [देश०] दोफसली खेत। वह खेत जिसमें दो फसलें हों।

दुसूती—संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + सूत] एक प्रकार की मोटी चादर जिसमें दो तागों का ताना और बाना होता है। यह पंजाब से आती है और दो वा चार तहों की होती है।

दुसेजा—संज्ञा पुं० [हिं० दो + सेज] बड़ी खाट। पलँग। उ०—वह पलँग मचान दुसेजा तख्त सरौटी। खासखा स्यंदन बहल बहुत गाड़ी सुनबौटी।—सूदन।

दुस्तर—वि० [सं०] (१) जिसे पार करना कठिन हो। (२) दुर्घट। विकट। कठिन।

दुस्त्यज—वि० [सं० दुस्त्याज्य] जो कठिनाई से छोड़ा जा सके। जिसका त्यागना कठिन हो। उ०—देव गुरु गिरा गौरव सुदुस्त्यज राज्य त्यक्त श्री सकल सौमित्रि भ्राता।—तुलसी।

दुस्सह—वि० दे० "दुःसह"।

दुहता—संज्ञा पुं० [सं० दौहित्र] [स्त्री० दुहती] बेटी का बेटा। नाती। उ०—नूर जहाँ के साथ हौदे पर उसकी दुहती भी थी।—शिवप्रसाद।

दुहत्था वि० [हिं० दो + हाथ] [स्त्री० दुहत्थी] (१) दोनों हाथों से किया हुआ। जैसे, दुहत्थी मार। (२) जिसमें दो मूठें या दस्ते हों।

दुहत्थी—संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + हाथ] मालखंभ की एक कसरत जिसमें खिलाड़ी मालखंभ को दोनों हाथों से कुहनी तक

लपेटता है और फिर जिधर का हाथ ऊपर होता है उधर की टाँग को उठाकर मालखंभ पर सवारी बाँधता है और अपना हाथ पेट के नीचे से निकाल लेता है।

दुहना–क्रि० स० [सं० दोहन] (१) स्तन से दूध निचोड़ कर निकालना। दूध निकालना। उ०—(क) तिल सी तो गाय है सौना नौ नौ हाथ। मटकी भरि भरि दुहिये, पूँछ अठारह हाथ।—कबीर। (ख) राजनीति मुनि बहुत पढ़ाई गुरु सेवा करवाये। सुरभी दुहत दोहनी माँगी बाँह पसारि देवाये।—सूर।

विशेष—'दूध' और 'दूधवाला पशु' दोनों इसके कर्म हो सकते हैं। जैसे, दूध दुहना, गाय दुहना।

(२) निचोड़ना। तत्त्व निकालना। सार खींचना। उ०—(क) पाछे पृथु को रूप हरि लीन्हें नाना रस दुहि काढ़े। तापर रचना रची विधाता बहु विधि पचन बाढ़े।—सूर। (ख) दीप दीप के दीप की दिपति दुहिन दुहि लीन। सब ससि दामिनि भा मिलै वा भामिनि को कीन।—श्रृं० सत०।

मुहा०—दुह लेना = (१) निःसार कर देना। सार खींच लेना। (२) धन हर लेना। जहाँ तक हो किसी से लाभ उठाना। लूटना। उ०—बेचहि वेद धरम दुहि लेहीं। पिसुन पराय पाप कहि देहीं।—तुलसी।

दुहनी–संज्ञा स्त्री० [स० दोहनी] बरतन जिसमें दूध दुहा जाता है। दोहनी।

दुहरना–क्रि० स० दे० "दोहरना"।

दुहरा–वि० दे० "दोहरा"।

दुहराना–क्रि० स० दे० "दोहराना"।

दुहाई–संज्ञा स्त्री० [सं० द्वि = दो + आह्वाय = पुकार] (१) घोषणा। पुकार। उच्च स्वर से किसी बात की सूचना जो चारों ओर दी जाय। मुनादी।

मुहा०—(किसी की) दुहाई फिरना = (१) राजा के सिंहासन पर बैठने पर उसके नाम की घोषणा होना। राजा के नाम की सूचना डंके आदि के द्वारा फिरना। उ०—बैठे राम राज-सिंहासन जग में फिरी दुहाई। निर्भय राज राम को कहियत सुर नर मुनि सुखदाई।—सूर। (२) प्रताप का डंका पिटना। प्रभुत्व की डौंडी फिरना। विजय-घोषणा होना। जय जयकार। उ०—(क) बिंध, उदयगिरि, त्रौलागिरी। काँपी सृष्टि दुहाई फिरी।—जायसी। (ख) नगर फिरी रघुबीर दुहाई। तब प्रभु सीयहि बोलि पठाई।—तुलसी। (२) सहायता के लिये पुकार। बचाव या रक्षा के लिये किसी का नाम लेकर चिल्लाने की क्रिया। सताए जाने पर किसी ऐसे प्रतापी या बड़े का नाम लेकर पुकारना जो बचा सके।

मुहा०—दुहाई देना = (संकट या आपत्ति आने पर) रक्षा के लिये पुकारना। अपने बचाव के लिये किसी का नाम लेकर चिल्लाना। उ०—(क) हम बचानेवाले कौन हैं, राजा दुष्यंत की दुहाई दे वही बचायेगा क्योंकि तपोवनों की रक्षा राजा के सिर है।—लक्ष्मण सिंह। (ख) किसी ने आकर दुहाई दी कि मेरी गाय चोर लिए जाता है।—शिवप्रसाद। (३) शपथ। कसम। सौगंद। जैसे, रामदुहाई। उ०—(क) मन माला तन सुमिरनी हरि जी लिखक दिखाय। दुहाई राजा राम की दूजा दूर कियाय।—कबीर। (ख) अब मन मगन हो राम दुहाई। मन वच क्रम हरि नाम हृदय धरि जो गुरुवेद बताई।—सूर। (ग) नाथ सपथ पितुचरन दुहाई। भयउ न भुवन भरत सम भाई।—तुलसी। (घ) आजु ते न जैहौं दधि बेचन दुहाई लाऊँ भैया की, कन्हैया उत ठाढ़ोई रहत है।—पद्माकर।

क्रि० प्र०—खाना।

संज्ञा स्त्री० [हिं० दुहना] (१) गाय भैंस आदि को दुहने का काम। (२) दुहने की मजदूरी।

दुहाग–संज्ञा पुं० [सं० दुर्भाग्य, प्रा० दुब्भाग] (१) दुर्भाग्य। (२) सोहाग का उलटा। वैधव्य। रँडापा।

दुहागिन†–संज्ञा स्त्री० [हिं० दुहागी] विधवा। सुहागिन का उलटा। उ०—(क) हँसि हँसि के तन पाइया जिन पाया तिन रोय। हाँसी खेलत हरि मिलै तो नहीं दुहागिन होय।—कबीर। (ख) सेज बिछावै सुंदरी अंतर परदा होय। तन सौंपै मन दे नहीं सदा दुहागिन सोय।—कबीर।

दुहागिल†–वि० [हिं० दुहाग + इल (प्रत्य०)] (१) अभागा। अनाथ। बिना मालिक का। (२) सूना। खाली। उ०—तजि के दिगीसन दुहागिल कै दीनों दिसि मेले हैं बदन सहैं सोक की रगर को।—गुमान।

दुहागी†–वि० [स० दुर्भागिन्][स्त्री० दुहागिन] दुर्भागी। अभागा। बदकिस्मत। उ०—सब जग दीखै एकला सेवक स्वामी दोइ। जगत दुहागी राम बिनु साधु सुहागी सोइ।—दादू।

दुहाजू–वि० पु० [सं० द्विभार्य्य] जो पहली स्त्री के मर जाने पर दूसरा विवाह करे।

वि० स्त्री० जो (स्त्री) पहले पति के मर जाने पर दूसरा विवाह करे।

दुहाना–क्रि० स० [हिं० दुहना का प्रे०] दुहने का काम दूसरे से कराना। दूध निकलवाना। जैसे, दूध दुहाना, गाय दुहाना। उ०—दूध वही जु दुहायो री बाही दही सु सही जो वही ठरकायो।—रसखानि।

दुहाव–संज्ञा स्त्री० [हिं० दुहाना] (१) एक प्रथा जिसके अनुसार प्रति वर्ष अष्टमी आदि त्योहारों को किसानों की गाय भैंस

का दूध दुहाकर जमींदार ले लेता है। (२) वह दूध जो इस प्रथा के अनुसार किसान जमींदार को देता है।

दुहावनी–संज्ञा स्त्री० [हिं० दुहाना] वह धन जो ग्वाले को गाय दुहने के लिये दिया जाता है। दूध दुहने की मजदूरी। उ०—(क) अरु औरन के घर तें हम सों तुम दूनी दुहावनी लैबो करो।—पद्माकर। (ख) मनभावनी दैहौं दुहावनी पै यह गाय तुहीं पै दुहावनी है—ग्वाल।

दुहिता–संज्ञा स्त्री० [सं० दुहितृ] कन्या। लड़की।

दुहितृपति–संज्ञा पुं० [सं०] जामाता। दामाद।

दुहिन*–संज्ञा पुं० [सं० दुहण] ब्रह्मा। उ०—करहिं सुमंगल गान सुघर सहनाइन्ह। जेहँ चले हरि दुहिन सहित सुर-भाइन्ह।—तुलसी।

दुहेनू†–संज्ञा स्त्री० [हि० दुहना] दूध देनेवाली गाय।

दुहेला–वि० [सं० दुर्हेला = कठिन खेल] [स्त्री० दुहेली] (१) दुःखदायी। दुःसाध्य। कठिन। उ०—(क) भक्ति दुहेली राम की नहिं कायर को काम। निस्प्रेही निरधार को आठ पहर संग्राम।—कबीर। (ख) दाह मारग साधु का खरा दुहेला ज्ञान। जीवित मिरतक होइ चलहि रामनाम नीसान।—कबीर। (२) दुःखी। दुखिया। उ०—(क) पद्मावति निज कंत दुहेली। बिनु जल कमल सूख जनु बेली।—जायसी। (ख) भई दुहेली टेक बिहूनी। थाँभ नाइ उठ सकै न थूनी।—जायसी।

संज्ञा पुं० विकट खेल। दुःखदायक कार्य। उ०—(क) अबहिं बारि तें प्रेम न खेला। का जानसि कस होय दुहेला।—जायसी। (ख) पहिल प्रेम है कठिन दुहेला। दोउ जग तरा प्रेम जेइ खेला।—जायसी।

दुहेतरा–संज्ञा पुं० [सं० दौहित्र] [स्त्री० दुहेतरी] लड़की का लड़का। कन्या का पुत्र। नाती।

* वि० [सं० द्वि, हिं० दो, दु + उत्तर] दो अधिक। दो ऊपर। उ०—ठारै सौ रु दुहेतरा अगहन मास सुजान। बैठि सजल गढ़ नौहि कै किय आखेट विधान।—सूदन।

दुह्य–वि० [सं०] [स्त्री० दुह्या] दुहने योग्य।

दुह्यु–संज्ञा पुं० [सं०] शर्मिष्ठा के गर्भ से उत्पन्न ययाति राजा के एक पुत्र का नाम। राजा ययाति जब दिग्विजय कर चुके तब इन्होंने भूमि को अपने पुत्रों में बाँटा था। उस बाँट के अनुसार दुह्यु को पश्चिम दिशा के देश मिले थे। राजा ययाति ने जब अपना बुढ़ापा देकर इनसे जवानी माँगी थी तब इन्होंने अस्वीकार कर दिया था। इस पर ययाति ने शाप दिया था कि तुम्हारी कोई प्रिय अभिलाषा पूर्ण न होगी। दे० "द्रुह्यु"

दूँगड़ा†–संज्ञा पुं० दे० "दौंगरा"।

दूँगरा†–संज्ञा पुं० दे० "दौंगरा"।

दूँद†–संज्ञा पुं० [सं० द्वंद] (१) ऊधम। उपद्रव।

क्रि० प्र०—मचाना।

(२) दे० "द्वंद्व"।

दूँदना†–क्रि० अ० [हिं० दूँद] (१) उपद्रव करना। ऊधम मचाना। (२) घोर शब्द करना।

दू†–वि० दे० "दो"।

दूआ–संज्ञा पुं० [देश०] एक गहना जो कलाई पर और सब गहनों के पीछे की ओर पहना जाता है। पछेली।

संज्ञा पुं० [हिं० दो + आ (प्रत्य०)] (१) ताश या गंजीफे में वह पत्ता जिस पर दो बूटियाँ या टिप्पियाँ हों। दुक्की। (२) सोरही के खेल में, दो कौड़ियों का चित्त (और बाकी चौदह कौड़ियों का पट) पड़ना। (जुआरी)। जैसे, जिसका दूआ, उसका जुआ। (कहावत)। (३) किसी खेल विशेषतः जुए-वाले खेल में वह दाँव जिसका दो चिह्नों, बूटियों या कौड़ियों आदि से संबंध हो।

संज्ञा स्त्री० दे० "दुआ"।

दूइ†–वि० दे० "दो"।

दूइज†–संज्ञा स्त्री० [सं० द्वितीया] किसी पक्ष की दूसरी तिथि। दूज। द्वितीया।

दूई†–वि० दे० "दो"।

दूक*–वि० [सं० द्वैक] दो एक। कुछ। चंद। उ०—लाभ समै को पाखिबो हानि समय की चूक। सदा बिचारहिं चारुमति सुदिन कुदिन दिन दूक।—तुलसी।

दूकान–संज्ञा पुं० दे० "दुकान"।

दूकानदार–संज्ञा पुं० दे० "दुकानदार"।

दूकानदारी–संज्ञा स्त्री० दे० "दुकानदारी"।

दूख†–संज्ञा पुं० दे० "दुःख"।

दूखन–संज्ञा पुं० दे० "दूषण"।

दूखना*†–क्रि० स० [स० दूषण + ना (प्रत्य०)] दोष लगाना। ऐब लगाना।

†क्रि० अ० दे० "दुखना"।

दूखित–वि० दे० "दूषित"।

वि० दे० "दुःखित"।

दूगला†–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बड़ा टोकरा या दौरा।

संज्ञा पुं० दे० "दोगला"।

दूगुन†–वि० [सं० द्विगुण] दूना। दुगुना।

दूगू–संज्ञा पुं० [देश०] एक तरह का बकरा जो हिमालय की तराई में होता है।

दूज–संज्ञा स्त्री० [स० द्वितीया, प्रा० दुइय, दुइज] किसी पक्ष की दूसरी तिथि। दुइज। द्वितीया।

मुहा०—दूज का चाँद होना = बहुत दिनों पर दिखाई पड़ना। कम दिखाई पड़ना। कम दर्शन देना।

दूजा*†—वि० [सं० द्वितीया, प्रा० दुइय, दुइज] दूसरा । द्वितीय ।

दूत—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० दूती] (१) वह मनुष्य जो किसी विशेष कार्य के लिये अथवा कोई समाचार पहुँचाने वा लाने के लिये कहीं भेजा जाय । सँदेसा ले जाने या ले आनेवाला मनुष्य । चर । बसीठ ।

विशेष—प्राचीन काल में राजाओं के यहाँ दूसरे राज्यों में संधि और विग्रह आदि का समाचार पहुँचाने या वहाँ का हाल चाल जानने के लिये दूत रखे जाते थे । अनेक ग्रंथों में योग्य दूतों के लक्षण दिए हुए हैं । उनके अनुसार दूत को यथोक्तवादी, देशभाषा का अच्छा जानकार, कार्य्यकुशल, सहनशील, परिश्रमी, नीतिज्ञ, बुद्धिमान, मंत्रणाकुशल और सर्वगुण-सम्पन्न होना चाहिए ।

आजकल एक राष्ट्र के जो प्रतिनिधि दूसरे राष्ट्र में स्थायी रूप से रहते हैं वे भी दूत या राजदूत ही कहलाते हैं । (२) प्रेमी का सँदेसा प्रेमिका तक या प्रेमिका का सँदेसा प्रेमी तक पहुँचानेवाला मनुष्य ।

दूतक—संज्ञा पु० [सं०] (१) दूत । (२) वह कर्मचारी जो राजा की दी हुई आज्ञा का सर्व साधारण में प्रचार करता है ।

दूतकत्व—संज्ञा पुं० [स०] (१) दूत का काम । (२) दूतक का काम ।

दूतकर्म—संज्ञा पुं० [सं०] सँदेसा वा खबर पहुँचाने का काम । दूत का काम । दूतत्व ।

दूतग्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] गोरखमुंडी । कदंबपुष्पी ।

दूतता—संज्ञा स्त्री० [सं०] दूतत्व । दूत का काम ।

दूतत्व—संज्ञा पुं० [सं०] दूत का काम । दूतता ।

दूतपन—संज्ञा पुं० [सं० दूत + हिं० पन (प्रत्य०)] दूत का काम । दूतत्व ।

दूतर*†—वि० दे० "दुस्तर" ।

दूति—संज्ञा स्त्री० दे० "दूतिका" ।

दूतिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] दूती ।

दूती—संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रेमी का संदेसा प्रेमिका तक या प्रेमिका का सँदेसा प्रेमी तक पहुँचानेवाली स्त्री । स्त्री और पुरुष को मिलानेवाली या एक का सँदेसा दूसरे तक पहुँचानेवाली स्त्री । कुटनी ।

विशेष—साहित्य में दूतियाँ तीन प्रकार की मानी गई हैं—उत्तमा, मध्यमा और अधमा । उत्तमा दूती वह कहलाती है जो मीठी मीठी बातें कहकर अच्छी तरह समझाती हो । मध्यमा दूती उसे कहते हैं जो कुछ मधुर और कुछ कटु बातें सुनाकर अपना काम निकालना चाहती हो । केवल कटु बातें कहकर अपना काम निकालनेवाली दूती को अधमा दूती कहते हैं । सखी, नर्त्तकी, दासी, संन्यासिनी, धोबिन, चितेरिन, तँबोलिन, गंधिन आदि स्त्रियाँ दूती के काम के लिये उपयुक्त समझी जाती हैं ।

पर्य्या०—संचारिका । सारिका । दूतिका । कुट्टनी ।

दूत्य—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दूत का भाव । (२) दूत का काम ।

दूदकश—संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) धुआँ निकलने का मार्ग । वह छिद्र वा नल जिससे धुआँ बाहर निकल जाय । धुआँकश । चिमनी । (२) एक प्रकार का दमकला जिससे धुआँ देकर पौधों में लगे हुए कीड़े छुड़ाए जाते हैं ।

दूदला—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पेड़ जिसे डुडला कहते हैं ।

दूदुह*—संज्ञा पुं० [सं० दुंदुभ] पानी का साँप । डेंड़हा । (डिं०)

दूध—संज्ञा पुं० [सं० दुग्ध] (१) सफेद रंग का वह प्रसिद्ध तरल पदार्थ जो स्तनपायी जीवों की मादा के स्तनों में रहता है और जिससे उनके बच्चों का बहुत दिनों तक पोषण होता है । पय । दुग्ध ।

विशेष—दूध स्वाद में कुछ मीठा होता है और इसमें एक प्रकार की विलक्षण हलकी गंध होती है । भिन्न भिन्न जातियों के प्राणियों के दूध के संयोजक अंश तो समान ही होते हैं पर उसके भाग में बहुत कुछ अंतर होता है । एक ही जाति के भिन्न भिन्न प्राणियों और कभी कभी एक ही प्राणी में भिन्न भिन्न समयों में भी दूध के भाग में बहुत कुछ अंतर होता है । दूध का ½ से ⅞ तक अंश जल होता है और शेष भाग चरबी, शर्करा और नमक आदि का होता है । दूध जब थोड़ी देर तक यों ही छोड़ दिया जाता है तब उस की चरबी ऊपर आ जाती है और वही परिवर्त्तित हो कर मलाई और मक्खन बन जाती है । दूध में जब खटाई का कुछ अंश मिल जाता है तब थोड़ी देर में वह जमकर दही बन जाता है । कभी कभी ऐसा भी होता है कि दूध में से जल और उसके संयोजक अंश अलग हो जाते हैं । इसे दूध का फटना कहते हैं । (मनुष्य जाति की) स्त्रियों के दूध से बहुत अधिक मिलता जुलता दूध गाय या भैंस का होता है, इसी लिये मनुष्य बहुधा गाय या भैंस का दूध पीते, उसका दही जमाते, मिठाइयों के लिये खोआ और छेना बनाते तथा उसमें से मथ कर मक्खन आदि निकालते हैं । कहीं कहीं बकरी और ऊँटनी आदि का भी दूध पीया जाता है । वैद्यक में भिन्न भिन्न प्राणियों के दूध के भिन्न भिन्न गुण बतलाए गए हैं । आज कल पाश्चात्य विद्वानों ने दूध का विश्लेषण करके उस के संयोजक पदार्थों के संबंध में जो कुछ निश्चय किया है उसके अनुसार १०० अंश दूध में ८६.८ अंश पानी, ४.८ अंश चीनी, ३.६ अंश मेदा (मक्खन), ४.० अंश केसिन

और (अंडे की) सफेदी, और ०.७ अंश खनिज पदार्थ (जैसे चूना, फास्फरस आदि) होता है।

मुहा०—दूध उगलना = बच्चे का दूध पी कर कै कर देना। दूध उड़ालना = खौलते हुए दूध को ठंढा करने के लिये कड़ाही आदि में से उसे बार बार किसी छोटे बरतन में निकालना और बहुत ऊँचा हाथ करके उसमें से धार बाधकर कढाई में दूध गिराना। दूध को ठंढा करने के लिये बार बार उसे धार बाँधकर नीचे गिराना। दूध उतरना = छातियों में दूध भर जाना। दूध का दूध और पानी का पानी करना = बिलकुल ठीक ठीक न्याय करना। पूरा पूरा न्याय करना। ऐसा न्याय करना जिसमें किसी पक्ष के साथ तनिक भी अन्याय न हो। जैसे, आपने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया, नहीं तो ये लोग लड़ते लड़ते मर जाते। उ०—हम जातहिं वह उघरि परैगी दूध दूध पानी सो पानी।—सूर। दूध का बच्चा = वह बच्चा जो केवल दूध के ही आधार पर रहता हो। बहुत ही छोटा और केवल दूध पीनेवाला बच्चा। दूध का सा उबाल = शीघ्र शांत हो जानेवाला क्रोध या मनोवेग आदि। दूध की मक्खी = तुच्छ और तिरस्कृत पदार्थ। दूध की मक्खी की तरह निकालना या निकाल कर फेंक देना = किसी मनुष्य को बिलकुल तुच्छ और अनावश्यक समझकर अपने साथ या किसी कार्य्य आदि से एकदम अलग कर देना। उस तरह अलग कर देना जिस तरह दूध में पड़ी हुई मक्खी अलग की जाती है। जैसे, सब लोगों ने उनको सभा से दूध की मक्खी की तरह निकाल दिया। उ०—मनसा वचन कर्मना अब हम कहत नहीं कछु राखी। सूर काढ़ि डारयो ब्रज तें ज्यों दूध माँझ ते माखी।—सूर। मुहँ से दूध की बू आना = अभी तक बच्चा और अनुभवहीन होना। विशेष अनुभव और ज्ञान न होना। दूध के दाँत = वे दाँत जो बच्चों को पहले पहल दूध पीने की अवस्था में निकलते हैं और छः सात वर्ष की अवस्था में जिनके गिर जाने पर दूसरे दात निकलते हैं। दूध के दाँत न टूटना = अभी तक बच्चा होना। ज्ञान और अनुभव न होना। जैसे, अभी तक तो उसके दूध के दाँत भी नहीं टूटे हैं, वह क्या मेरे सामने बात करेगा। दूध दुहना = स्तनों को दबाकर दूध की धार निकालना। दूध देना = अपने स्तनों में से दूध छोड़ना। अपनी छातियों में से दूध निकालना। जैसे, इनकी भैंस आठ सेर दूध देती है। दूध चढ़ना = (१) स्तन से निकलनेवाले दूध की मात्रा का कम हो जाना। जैसे, इधर कई दिनों से इसकी गा का दूध चढ़ गया है। (२) स्तन से निकलनेवाले दूध की मात्रा बढ़ना। दूध चढ़ाना = दुहते समय गाय का अपने दूध को स्तनों में ऊपर की ओर खींच लेना जिससे दुहने वाला उसे खींच कर बाहर न निकाल सके। (प्रायः गायें भैंसें आदि अपने बछड़ों के लिये स्तनों में दूध चुरा रखती हैं, इसी को दूध चढ़ाना कहते हैं)। छठी का दूध याद आना = दे० "छठी" के मुहा०। दूध छुड़ाना = बच्चे की दूध पीने की आदत छुड़ाना। किसी को दूध छोड़ने में प्रवृत्त करना। दूध डालना = बच्चों का पीए हुए दूध की कै कर देना। दूध तोड़ना = (१) गाय आदि का दूध देना बंद या कम कर देना। (२) गरम दूध को ठंढा करने के लिये हिलाना या घँघोलना। दूधों नहाओ पूतों फलो = धन और संतान की वृद्धि हो। सम्पत्ति और संतान खूब बढ़े (आशीर्वाद)। दूध पिलाना = बालक का मुहँ स्तन के साथ लगाकर उसे दूध की धार खींचने देना। दूध पीता बच्चा = गोद का बच्चा। बहुत छोटा बच्चा। दूध पीना = स्तन को मुहँ में लगाकर उसमें से दूध की धार खींचना। स्तनपान करना। किसी चीज का दूध पीना = (किसी चीज का) ऐसी दशा में रहना जिसमें उसके नष्ट होने आदि का खटका न रहे। जैसे, आप घबराइए नहीं, आपके रुपए दूध पीते हैं। दूध फटना = खटाई आदि पड़ने के कारण दूध का जल अलग और सार भाग या छेना अलग हो जाना। दूध बिगड़ना। दूध फाड़ना = किसी क्रिया से दूध का पानी और छेना या सार भाग अलग अलग करना। दूध बढ़ाना = दूध छुड़ाना। बच्चे की दूध पीने की आदत छुड़ाना। उ०—दूध बढ़ाने के पीछे गंगाजी ने दोनों लड़के वाल्मीक जी को सौंप दिए।—सीताराम। (स्तनों में) दूध भर आना = बच्चे की ममता या स्नेह के कारण माता के स्तनों में दूध उतर आना। माता का प्रेम बढ़ना।

(२) अनाज के हरे बीजों का रस जो पीछे से जमकर सत्त हो जाता है।

मुहा०—दूध पड़ना = अनाज में रस पड़ना। अनाज का तैयारी पर आना।

(३) दूध की तरह का वह सफेद तरल पदार्थ जो अनेक प्रकार के पौधों की पत्तियों और डंठलों में रहता और उनके तोड़ने पर निकलता है। जैसे, मदार का दूध, बरगद का दूध।

दूधचढ़ी—वि० स्त्री० [हिं० दूध + चढ़ना] दूध देने में बढ़ी हुई। जिसके स्तनों में दूध पूर्व की अपेक्षा बढ़ गया हो। उ०—गैयाँ गनी न जाहिं तरुणि सब बच्छ बढ़ीं। ते चरहिं जमुन के कच्छ दूने दूधचढ़ीं।—सूर।

दूधपिलाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० दूध + पिलाना] (१) दूध पिलानेवाली दाई। (२) ब्याह की एक रसम जिसमें बारात के समय वर के घोड़ी या पालकी आदि पर चढ़ने के पूर्व माता वर को दूध पिलाने की सी मुद्रा करती है। (३) वह धन या नेग जो माता को इस क्रिया के बदले में मिलता है।

दूधपूत–संज्ञा पुं० [हिं० दूध + पूत = पुत्र] धन और संतति। उ०—दूध पूत की डाँड़ी आस। गोधन भरता करे निरास। साँचे हित हरि सों कियेा।—सूर।

दूधबहन–संज्ञा स्त्री० [हिं० दूध + बहन] ऐसी बालिका जो किसी ऐसी स्त्री का दूध पीकर पली हो जिसका दूध पीकर कोई और बालिका या बालक भी पला हो। (जब कोई स्त्री किसी दूसरी स्त्री की बालिका को अपना दूध पिलाकर पालती है तब वह बालिका उस पहली स्त्री के लड़कों या लड़कियों की दूध-बहन कहलाती है)

दूधभाई–संज्ञा पुं० [हिं० दूध + भाई] [स्त्री० दूधबहिन] ऐसे दो बालकों में से कोई एक जो एक ही स्त्री के स्तन का दूध पीकर पले हों पर जिनमें कोई एक बालक दूसरे माता-पिता से उत्पन्न हो। (जब कोई स्त्री किसी दूसरी स्त्री के बालक को अपना दूध पिला कर पालती है, तब उन दोनों स्त्रियों के बालक परस्पर दूधभाई कहलाते हैं।

दूधमसहरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० दूध + मसहरी] एक प्रकार का रेशमी कपड़ा।

दूधमुँहा–वि० [हिं० दूध + मुँह] जो अभी तक माता का दूध पीता हो, अथवा जिसके दूध के दाँत अभी न टूटे हों। छोटा बच्चा। बालक।

दूधमुख–वि० [हिं० दूध + सं० मुख] छोटा बच्चा। बालक। दूधमुँहा। उ०—नाथ करहु बालक पर छोहू। सूध दूधमुख करिय न कोहू।—तुलसी।

दूधराज–संज्ञा पुं० [देश०] (१) एक प्रकार की बुलबुल जो भारत अफ़ग़ानिस्तान और तुर्किस्तान में पाई जाती है। भारत में यह स्थिर रूप से रहती है। इसे शाह बुलबुल भी कहते हैं। (२) एक प्रकार का साँप जिसका फन बहुत बड़ा होता है।

दूधवाला–संज्ञा पुं० [हिं० दूध + वाला (प्रत्य०)] [स्त्री० दूधवाली] दूध बेचनेवाला। ग्वाला।

दूधहंडी–संज्ञा स्त्री० [हिं० दूध + हंडी] मिट्टी की वह हाँड़ी जिसमें दूध रखकर आग पर पकाते हैं। मेटिया।

दूधा–संज्ञा पुं० [हिं० दूध] (१) एक प्रकार का धान जो अगहन के महीने में तैयार हो जाता है और जिसका चावल वर्षों तक रह सकता है। (२) अन्न के कच्चे दाने में का रस जो दूध के रंग का होता है।

दूधाभाती–संज्ञा स्त्री० [हिं० दूध + भात] विवाह की एक रसम जिसमें वर और कन्या दोनों अपने अपने हाथ से एक दूसरे को दूध और भात खिलाते हैं। यह रसम विवाह से चौथे दिन होती है।

दूधिया–वि० [हिं० दूध + इया (प्रत्य०)] (१) दूध-संबंधी। जिस में दूध मिला हो अथवा जो दूध से बना हो। जैसे, दूधिया भाँग। (२) दूध के रंग का, सफेद। श्वेत। (३) कच्चा होने के कारण जिसके अंदर का दूध (सार पदार्थ) अभी तक सूखा न हो। जैसे, दूधिया सिंघाड़ा।

संज्ञा पुं० (१) एक प्रकार का सफेद बढ़िया चिकना और चमकीला पत्थर जिसकी गिनती रत्नों में होती है। कभी कभी इसके रंग में कुछ लाली, भूरापन या हरापन भी रहता है। इसमें रेत का भाग अधिक होता है और कुछ लोहा भी होता है। यह कई प्रकार का होता है और इसमें धूप-छाँह की सी चमक होती है। अँगूठियों में इसका नग जड़ा जाता है। (२) एक प्रकार का सफेद घटिया मुलायम पत्थर जिसकी प्यालियाँ आदि बनती हैं जिन्हें पथरी कहते हैं। (३) एक प्रकार का हलुआ-सोहन जो दूध मिलाने के कारण कुछ नरम हो जाता है।

दूधिया खाकी–संज्ञा पुं० [हिं० दूधिया + खाकी] सफेद राख का सा रंग।

दूधी†–संज्ञा स्त्री० दे० "दुद्धी"।

दून–संज्ञा स्त्री० [हिं० दूना] (१) दूने का भाव।

मुहा०—दून की लेना या हाँकना = बहुत बढ़ चढ़कर बातें करना। अपनी शक्ति के बाहर की या असंभव बातें कहना। डींग मारना। शेखी हाँकना। दून की सूझना = अपनी शक्ति के बाहर की बातें सूझना। बहुत बड़ी या असंभव बात का ध्यान में आना।

(२) जितना समय लगाकर गाना या बजाना आरंभ किया जाय आगे चलकर उसके आधे समय में गाना या बजाना। साधारण से कुछ जल्दी जल्दी गाना।

† वि० दे० "दूना"।

संज्ञा पुं० [देश०] दो पहाड़ों के बीच का मैदान। तराई। घाटी।

दूनर†*–वि० [सं० द्विनम्र] जो लचककर दोहरा हो गया हो। उ०—दंपति अधर दाबि दूनरि भई सी चापि चौवर पचौवर कै चूनरि निचोरै है।

दूनसरिस–संज्ञा पुं० [देश०] सफेद सिरिस का पेड़ जो बहुत ऊँचा होता है और जल्दी बढ़ जाता है। इसकी छाल हरापन लिए सफेद और हीर की लकड़ी भूरी चमकदार और मजबूत होती है। तौल इसकी प्रति घन फुट १५ से ३० सेर तक होता है। इसकी लकड़ी से रस पेरने का कोल्हू, मूसल, पहिए, चाय के संदूक और खेती के औजार बनाए जाते हैं। इमारत और पुलों के काम में भी यह आती है और इसका कोयला भी बनाया जाता है। इसमें से तेल बहुत निकलता है और इसके फूल बड़े सुगंधित होते हैं। हिमालय पर्वत पर यह थोड़ी ऊँचाई तक होता है।

दूना–वि० [सं० द्विगुण] दुगुना। दोचंद। दो बार उतना ही। जैसे, यह दूनी झंझट का काम है।

मुहा०—दिन दूना होना = मन में खूब उत्साह और उमंग होना। दिन दूना रात चौगुना होना = दे० "दिन" के मुहा०।

दूनी*†–वि० दे० "दोनों"।

दूब–संज्ञा स्त्री० [सं० दूर्वा] एक प्रकार की बहुत प्रसिद्ध घास जो पश्चिमी पंजाब के थोड़े से बलुए भाग को छोड़ कर शेष समस्त भारत में और पहाड़ों पर आठ हजार फुट की ऊँचाई तक बहुत अधिकता से होती है। यह सब तरह की जमीनों पर और प्रायः सब ऋतुओं में होती है और बहुत जल्दी तथा सहज में फैल जाती है। इसकी बाहरी गाँठे जहां जमीन से छू जाती हैं वहीं जम जाती हैं और उनमें लंबी और बहुत पतली पत्तियाँ निकलने लगती हैं। गायें और घोड़े इसे बड़े प्रेम से खाते हैं और इससे उनका बल खूब बढ़ता है। गायें और भैंसें आदि इसे खाकर खूब मोटी हो जाती हैं और अधिक दूध देने लगती है। यह सुखा कर भी बरसों तक रखी जा सकती हैं। जिस स्थान पर एक बार यह हो जाती है वहाँ से इसे बिलकुल निकाल देना बहुत ही कठिन होता है। यह साधारणतः तीन प्रकार की होती है; हरी, सफेद और गाँडर [दे० "गाँडर" (२)] वैद्यक में दूब को साधारणतः कसैली, मधुर, शीतल और पित्त, तृषा, अरुचि, दाह, मूर्च्छा, कफ, भूतबाधा और श्रम को दूर करनेवाली कहा है। हिंदू लोग इसका व्यवहार लक्ष्मी और गणेश आदि के पूजन में करते और इसे मंगल द्रव्य मानते हैं। धोबी घास। हरियाली।

दूबदू–क्रि० वि० [हिं० दो या फा० रूबरू] सामने सामने। मुकाबले में। जैसे, जब तक इनसे दूबदू बातें न हों, तब तक इस विषय में कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

दूबर†–वि० दे० "दूबरा"।

दूबरा*†–वि० [सं० दुर्बल] (१) दुबला। पतला। क्षीण। कृश। (२) कमजोर। निर्बल। नाजुक। (३) दुबैल। दीन। उ०—श्री हरिदास के स्वामी श्याम कुंजविहारी कर जोरि मौन ह्वै दूबरे की राँधी खीर कहौ कौने खाई है? —हरिदास।

दूबला†–वि० दे० "दुबला"।

दूबा†–संज्ञा स्त्री० दे० "दूब"।

दूबिया–वि० [हिं० दूब + इया (प्रत्य०)] एक प्रकार का हरा रंग। हरी घास का सा रंग।

दूबे–संज्ञा पुं० [सं० द्विवेदी] द्विवेदी ब्राह्मण।

दूभर–वि० [सं० दुर्भर = जिसका निर्वाह कठिन हो] जिसके करने में बहुत कठिनता हो। कठिन। मुश्किल। दुःसाध्य। जैसे, इस दोपहर को तो उनके यहाँ जाना बहुत दूभर मालूम होता है।

दूमना†*–क्रि० अ० [सं० द्रुम] हिलना। डोलना।

दूमा–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का चमड़े का छोटा थैला जिसमें तिब्बत से चाय भर कर आती है। इसमें प्रायः तीन सेर तक चाय आती है।

दूमुहाँ†–वि० दे० "दुमुँहा"।

दूरंदेश–वि० [फा०] आगा पीछा सोचनेवाला। दूर तक की बात विचारनेवाला। होशियार। अग्रशोची। दूरदर्शी।

दूरंदेशी–संज्ञा स्त्री० [फा०] दूर की बात को पहले ही से समझ लेना। दूरदर्शिता।

दूर–क्रि० वि० [सं०, मि० फा० दूर] देश काल या संबंध आदि के विचार से बहुत अंतर पर। बहुत फासले पर। पास या निकट का उलटा। जैसे, (क) वे टहलते टहलते बहुत दूर चले गए। (ख) आप दूर ही से रास्ता बतलाना खूब जानते हैं। (ग) अभी लड़के की शादी बहुत दूर है। (घ) हमारा इनका बहुत दूर का रिश्ता है। (ङ) दिल्लगी करते करते वे बहुत दूर तक पहुँच गए, बाप-दादे तक की गालियाँ देने लगे।

मुहा०—दूर करना = (१) अलग करना। जुदा करना। अपने पास से हटाना। (२) न रहने देना। मिटाना। जैसे, (क) कपड़े पर का धब्बा दूर कर दो। (ख) दो चार दफे आने जाने से तुम्हारा डर दूर हो जायगा। दूर क्यों जायँ या जाइए = अपरिचित या दूर का दृष्टांत न लेकर परिचित और निकटवाले का ही विचार करें। जैसे, दूर क्यों जायँ, अपने पड़ोसी की ही बात लीजिए। दूर दूर करना = पास न आने देना। अत्यंत घृणा और तिरस्कार करना। दूर भागना या रहना = बहुत घृणा या तिरस्कार के कारण बिलकुल अलग रहना। बहुत बचना। पास न जाना। जैसे, हम तो ऐसे लोगों से सदा दूर भागते (या रहते) हैं। दूर रहना = कोई संबंध न रखना। बहुत बचना। जैसे, ऐसी बातों से जरा दूर रहा करो। दूर होना = (१) हट जाना। अलग हो जाना। छूट जाना। (२) मिट जाना। नष्ट होना। न रहना। दूर पहुँचना = (१) साधन या सामर्थ्य के बाहर। शक्ति आदि के बाहर (२) दूर की बात सोचना। बहुत बारीक बात सोचना। दूर की बात = (१) बारीक बात। (२) कठिन या दुःसाध्य बात। (३) बहुत आगे चल कर आनेवाली बात। अनुपस्थित बात। दूर की कहना = बहुत समझदारी की बात कहना। दूरदर्शिता की बात कहना।

वि० जो दूर हो। जो फासले पर हो। जैसे, दूर देश।

दूरगामी–वि० [सं०] दूर तक चलनेवाला।

दूरता–संज्ञा स्त्री० दे० "दूरत्व"।

दूरत्व–संज्ञा पुं० [सं०] दूर होने का भाव। अंतर। दूरी। फासला।

दूरदर्शक–वि० [सं०] दूर तक देखनेवाला।

संज्ञा पुं० पंडित। बुद्धिमान्।

दूरदर्शक यंत्र—संज्ञा पुं० [सं०] दूरबीन नाम का यंत्र जिससे बहुत दूर की चीज़ें दिखाई देती हैं।

दूरदर्शन—संज्ञा पुं० [सं०] (१) सिद्ध। (२) विद्वान्। पंडित। (३) समझदार। (४) दूरबीन।

दूरदर्शिता—संज्ञा स्त्री० [सं०] दूर की बात सोचने का गुण। दूरंदेशी।

दूरदर्शी—संज्ञा पुं० [सं०] (१) पंडित। (२) गृध्र। गीध।
वि० बहुत दूर तक की बात सोचने या समझनेवाला। जो पहले से ही भला बुरा परिणाम समझ ले। अग्रशोची। दूरंदेश।

दूरदृष्टि—संज्ञा स्त्री० [सं०] भविष्य का विचार। दूरदर्शिता। दूरंदेशी।

दूरनिरीक्षण—संज्ञा पुं० [सं०] दूरबीन नाम का यंत्र।

दूरबा—संज्ञा पुं० दे० "दूर्वा"।

दूरबीन—संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) एक प्रकार का यंत्र जिससे दूर की चीज़ें बहुत पास और स्पष्ट या बड़ी दिखाई देती है। यह यंत्र एक गोल नल के आकार का होता है जिसमें आगे और पीछे दो गोल शीशे लगे होते हैं। आगेवाले शीशे को प्रधान लेंस और पीछेवाले शीशे को उपनेत्र या चक्षुलेंस कहते हैं। प्रधान लेंस अपने सामनेवाले पदार्थ का प्रतिबिंब ग्रहण करके पीछेवाले लेंस पर फेंकता है और पीछेवाला लेंस या उपनेत्र उस प्रतिबिंब को विस्तृत करके आँखों के सामने उपस्थित करता है। आवश्यकतानुसार प्रधान लेंस आगे पीछे हटाया बढ़ाया भी जा सकता है। दर्शनीय पदार्थ की आकृति की छोटाई या बड़ाई इन्हीं दोनों लेंसों की दूरी पर निर्भर रहती है। कभी कभी दोनों आँखों से देखने के लिये एक ही तरह के दो नलों को एक साथ जोड़ कर भी दूरबीन बनाई जाती है।

विशेष—दूरबीन का आविष्कार पहले पहल हालैंड देश में सत्रहवीं शताब्दी के आरंभ में हुआ था। एक बार एक चश्मेवाला अपनी दूकान पर बैठा हुआ काम कर रहा था। इतने में उसकी लड़की सहसा चिल्ला उठी कि देखो वह सामने का बुर्ज कितना पास आगया। चश्मेवाले ने देखा कि उसकी लड़की दो शीशों को आगे पीछे रख कर देख रही है। जब उसने भी उसी प्रकार उन शीशों को रख कर देखा तब उसे उनका उपयोग जान पड़ा। इसके उपरांत उसने अनेक प्रकार की परीक्षाएँ कर के कुछ सिद्धांत स्थिर किए और उन्हीं के अनुसार दूरबीन का आविष्कार किया। उस के कुछ ही दिनों के उपरांत प्रसिद्ध ज्योतिषी गेलीलियो ने भी स्वतंत्र रूप से एक प्रकार की दूरबीन का आविष्कार किया था। तब से दूरबीन बनाने के काम में बराबर उन्नति होती आई है। आजकल दूरबीन का उपयोग सैर के लिये, दूर के अच्छे अच्छे दृश्य देखने, युद्ध-क्षेत्र में शत्रुओं की सेना आदि का पता लगाने और आकाशीय तारों आदि को देखने में होता है। आकाश के तारे आदि देखने के लिये आजकल की वेधशालाओं में जो दूरबीनें होती हैं वे बहुत ही भारी होती हैं। उनके नलों की लंबाई सात फुट तक और व्यास तीन फुट तक होता है।
(२) छोटी दूरबीन के आकार का लड़कों का एक खेलौना जिसमें एक ओर शीशा लगा रहता और जिसमें आँख लगाकर देखने से रंग-बिरंगे फूल आदि दिखाई देते हैं।

दूरमूल—संज्ञा पुं० [सं०] मूँज।

दूरवर्ती—वि० [सं०] दूर का। दूरस्थ। जो दूर हो।

दूरवीक्षण—संज्ञा पु० [सं०] दूरबीन।

दूरस्थ—वि० [सं०] जो दूर हो। दूर का। समीपस्थ का उलटा।

दूरापात—संज्ञा पुं० [सं०] वह अस्त्र जिससे दूर से फेंक कर मारा जाय।

दूरि*—वि० दे० "दूर"।

दूरी—संज्ञा स्त्री० [सं० दूर + ई० (प्रत्य०)] दो वस्तुओं के मध्य का स्थान। दूरत्व। अंतर। फासला। बीच। अवकाश। जैसे, जरा इन दोनों खंभों के बीच की दूरी तो नापो।
संज्ञा स्त्री० [देश०] खाकी रंग की एक प्रकार की लवा (चिड़िया)।

दूरुढ़ा—संज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक के अनुसार एक प्रकार का क्षुद्र रोग।

दूरे-अमित्र—संज्ञा पुं० [सं०] उनचास मरुतों में से एक मरुत् का नाम।

दूरोह—संज्ञा पुं० [सं०] आदित्यलोक जहाँ चढ़ कर जाना असंभव है।

दूरोहण—संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य्य।

दूर्य्य—संज्ञा पुं० [सं०] (१) छोटा कचूर। (२) विष्ठा। पुरीष। मल।

दूर्वा—संज्ञा स्त्री० [सं०] दूब नाम की घास।
विशेष—दे० "दूब"।

दूर्वाक्षी—संज्ञा स्त्री० [सं०] भागवत के अनुसार वसुदेव के भाई वृक की स्त्री का नाम।

दूर्वाद्यघृत—संज्ञा पु० [सं०] वैद्यक में एक विशिष्ट प्रकार से बनाया हुआ बकरी का घी जिसमें दूब, मजीठ, एलुआ, सफेद चंदन आदि मिलाया जाता है और जिसका व्यवहार आँख, मुँह, नाक, कान आदि से रक्त जाने में होता है।

दूर्वाष्टमी—संज्ञा स्त्री० [सं०] भादों सुदी अष्टमी जिस दिन व्रत आदि करते हैं।

दूर्वासोम—संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार की सोम लता।

दूर्वेष्टिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] यज्ञ की वेदी में काम आनेवाली एक प्रकार की ईंट।

दूलन*–संज्ञा पुं० दे० "दोलन"।

दूलभ†–वि० [सं० दुर्लभ] कठिनता से प्राप्त होने योग्य। दुर्लभ।

दूलह–संज्ञा पुं० [सं० दुर्लभ, प्रा० दुल्लह] (१) वह मनुष्य जिसका विवाह अभी हाल में हुआ हो अथवा शीघ्र ही होने को हो। दुलहा। वर। नौशा। (२) पति। स्वामी। खाविंद।

दूलिका–संज्ञा स्त्री० दे० "दूली"।

दूली–संज्ञा स्त्री० [सं०] नील का पेड़।

दूल्हा–संज्ञा पुं० दे० "दूलह"।

दूवा–संज्ञा पुं० दे० "दूआ"।

दूश्य–संज्ञा पुं० [सं०] तंबू। खेमा।

दूषक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दोष लगानेवाला मनुष्य। वह जो किसी पर दोषारोपण करे। (२) वह जो दोष उत्पन्न करे। दोष उत्पन्न करनेवाला पदार्थ।

दूषण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दोष। ऐब। बुराई। अवगुण। उ०—तब हरि कह्यो हत्यो बिन दूषण हलधर भेद बताओ। वह जादू खोज तुम कीजो द्वारावति धरि आयो।—सूर। (२) दोष लगाने की क्रिया या भाव। ऐब लगाना। उ०—संदेह के अनंतर स्वपक्ष के स्थापन और प्रतिपक्ष के दूषण करने पर जो अर्थ का अवधारण होता है सो निर्णय कहलाता है।—सिद्धांतसंग्रह। (३) रावण के भाई एक राक्षस का नाम जो खर के साथ पंचवटी में सूर्पनखा की रक्षा के लिये नियुक्त किया गया था और जो सूर्पनखा की नाक और कान कट जाने पर पीछे रामचंद्र के हाथ से मारा गया। (४) जैनियों के सामयिक व्रत में ३२ त्याज्य बातें या अवगुण जिनमें से १२ कायिक, १० वाचिक और १० मानसिक हैं।

दूषणारि–संज्ञा पुं० [सं०] दूषण को मारनेवाले, रामचंद्र।

दूषणीय–वि० [सं०] दोष लगाने योग्य। जिसमें ऐब लगाया जा सके।

दूषन*†–संज्ञा पुं० दे० "दूषण"।

दूषना*†–क्रि० स० [सं० दूषण] दोष लगाना। कलंकित करना।

दूषि–सज्ञा स्त्री० दे० "दूषिका"।

दूषिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] आंख की मैल।

दूषित–वि० [सं०] जिसमें दोष हो। खराब। बुरा। दोषयुक्त।

दूषी विष–संज्ञा स्त्री० [सं०] सुश्रुत के अनुसार शरीर में रहनेवाला एक प्रकार का विष जो धातु को दूषित करता है और जिसे हीन विष भी कहते हैं।

विशेष—यदि किसी प्रकार का स्थावर, जंगम या कृत्रिम विष शरीर में प्रविष्ट हो जाने के उपरांत पूरा पूरा बाहर नहीं निकलता, उसका कुछ अंश शरीर में रह कर जीर्ण हो जाता है अथवा विष-नाशक औषधों से दबाने या नष्ट करने पर भी पूर्ण रूप से नष्ट नहीं होता, तब वह कफ से आच्छादित होकर दूषी-विष कहलाता और बरसों तक शरीर में व्याप्त रहता है। जिसके शरीर में यह विष रहता है उसका रंग पीला पड़ जाता है, मल का रंग बदल जाता है, मुँह में दुर्गंध और विरसता होती है, प्यास लगती है, मूर्छा और कै होती है और दूष्योदर के से लक्षण दिखाई देने लगते हैं। जब यह विष पक्वाशय में रहता है तब मनुष्य के सिर और शरीर के बाल झड़ जाते हैं। जब इसका कोप होने लगता है तब जँभाई आती है, अंग टूटते हैं, रोएं खड़े हो जाते हैं, शरीर पर चकत्ते पड़ जाते हैं, हाथ पैर सूज जाते हैं तथा इसी प्रकार के और उपद्रव होते हैं।

विशेष—दे० "दोषी"।

दूष्य–वि० [सं०] (१) दोष लगाने योग्य। जिसमें दोष लगाया जा सके। (२) निंदनीय। निंदा करने योग्य। (३) तुच्छ। (४) राज्य को हानि पहुँचानेवाला (मनुष्य)।

संज्ञा पुं० (१) कपड़ा। वस्त्र। (२) तंबू। खेमा।

दूसना–क्रि० स० दे० "दूषना"।

दूसर†–वि० दे० "दूसरा"।

दूसरा–वि० [हिं० दो] (१) जो क्रम में दो के स्थान पर हो। पहले के बाद का। द्वितीय। जैसे, गली में बाएँ हाथ का दूसरा मकान उन्हीं का है। (२) जिसका प्रस्तुत विषय या व्यक्ति से संबंध न हो। अन्य। अपर। और। गैर। जैसे, हम लोग आपस में चाहे लड़ें और चाहे झगड़ें, दूसरे से मतलब ?

यौ०—दूसरी माँ = जो अपनी मां न हो। सौतेली मां।

दूहना–क्रि० स० दे० "दुहना"।

दूहनी–संज्ञा स्त्री० दे० "दोहनी"।

दूहा*†–संज्ञा पुं० दे० "दोहा"।

दूहिया†–संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का चूल्हा।

दृंभू–संज्ञा पुं० दे० "दम्भू"।

दृक–संज्ञा पुं० [सं०] छिद्र। छेद।

संज्ञा पुं० [?] हीरा। उ०—निःकंपा दृक वज्र पुनि हीरा पदक जु ऐन। निष्कंप सकुच तिय निरखित न भूप भवन छवि मैन। —नंददास।

दृकाण–संज्ञा पुं० दे० "द्रेकाण"।

दृक्कर्ण–संज्ञा पुं० [सं०] सांप।

विशेष—ऐसा प्रवाद है कि सांप सुनने का काम भी आंख ही से लेता है।

दृक्कर्म–संज्ञा पुं० [सं०] ज्योतिष में वह क्रिया वा संस्कार जो ग्रहों को अपने क्षितिज पर लाने के लिये किया जाता है और जिससे ग्रहों के योग, चंद्रमा की शृंगोन्नति तथा ग्रहों और

नक्षत्रों के उदयास्त का पता चलता है। यह संस्कार दो प्रकार का होता है, आवृदक् और आयनदक्।

दृक्काण–संज्ञा पुं० [यू० डेकानस] फलित ज्योतिष में एक राशि का तीसरा भाग जो दस अंशों का होता है।

विशेष—प्रत्येक राशि तीस अंशों की होती है। राशि को तीन भागों में विभक्त करके एक एक भाग को दक्काण कहते हैं। इस प्रकार किसी एक राशि में प्रथम, द्वितीय और तृतीय तीन दक्काण होते हैं। उस राशि का ही अधिपति प्रथम दक्काण का स्वामी होता है, उससे पाँचवीं राशि का द्वितीय दक्काण का, और उससे नवीं राशि का तृतीय दक्काण का। जैसे, मेष राशि का स्वामी मंगल है। अतः मेष राशि के प्रथम दक्काण का स्वामी मंगल, द्वितीय दक्काण का रवि (जो मेष से पाँचवीं राशि, सिंह, का स्वामी है) और तृतीय दक्काण का बृहस्पति (जो मेष से नवीं राशि, धनु, का स्वामी है) होगा। यह दक्काण फलित ज्योतिष में काम आता है। शुभग्रहों के दक्काण का नाम जल और अशुभ ग्रहों के दक्काण का नाम दहन है। जल दक्काण में जिसका जन्म होता है उस की मृत्यु जल में होती है और दहन दक्काण में जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु अग्नि से होती है। राशियों के अनुसार दक्काणों के अनेक नाम और अनेक फल कल्पित किए गए हैं।

दृक्क्षेप–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दृष्टिपात। अवलोकन। (२) दशम लग्न के नतांश की भुज ज्या। इसका काम सूर्य्यग्रहण के स्पष्टीकरण में पड़ता है। मध्यज्या को उदयज्या से गुणित कर गुणन फल को त्रिज्या से भाग देते हैं फिर भागफल को वर्ग करके और उसमें मध्यज्या के वर्ग को घटाने से जो शेष अंक रहता है उसका वर्गमूल निकालते हैं। यही वर्गमूल का अंक दृक्क्षेप कहलाता है।

दृक्पथ–संज्ञा पुं० [सं०] दृष्टि का मार्ग। दृष्टि की पहुँच।

मुहा०—दृक्पथ में आना = दिखाई पड़ना।

दृक्पात–संज्ञा पु० [सं०] दृष्टिपात। अवलोकन।

दृक्प्रसादा–संज्ञा स्त्री० [सं०] कुलत्था। कुलथांजन।

दृक्शक्ति–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) प्रकाशरूप चैतन्य। (२) आत्मा।

दृक्श्रुति–संज्ञा पुं० [सं०] साँप।

दृगंचल–संज्ञा पु० [सं०] पलक। उ०—भए विलोचन चारु अचंचल। मनहु सकुचि निमि तजे दृगचल।—तुलसी।

दृग*–संज्ञा पुं० [सं० दृश्, समास–दृक्] (१) आँख। उ०—जथा सुअंजन आँजि दृग साधक सिद्ध सुजान। कौतुक देखहिं सैल वन भूतल भूरि निधान।—तुलसी।

मुहा०—दृग डालना वा देना = नजर डालना। देखना। उ०—पाई परे हुते प्रीतम त्यौं कहि केशव क्योहुँ न मैं दृग दीनी। —केशव। दृग फेरना = आँख फेरना। अप्रसन्न रहना। उ०—दुख और मैं कासों कहौं को सुनै ब्रज की बनिता दृग फेरे रहैं।—पद्माकर।

(२) देखने की शक्ति। दृष्टि। उ०—अवण घटहु पुनि दृग घटहु घटो सकल बलदेह। इते घटे घटिहै कहा जो न घटै हरि नेह। (३) दो की संख्या।

दृगमिचाव–संज्ञा पुं० [हिं० दृग + मीचना] आँखमिचौली का खेल। उ०—मूँदे तहाँ एक अवलोके अनोखे दृग सुदृग मिचाउ नेक ख्यालनहि तै हितै।—पद्माकर।

दृग्गणित–संज्ञा पुं० [सं०] ग्रहों का वेध कर के गणित करना।

दृग्गणितैक्य–संज्ञा पुं० [सं०] ग्रहों को किसी समय पर गणित से स्पष्ट करके फिर उसे वेध कर मिलाना और न्यूनता वा अधिकता प्रतीत होने पर उसमें संस्कार करना जिससे ग्रहों के वेध और स्पष्ट में आगे भेद न पड़े।

दृग्गति–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दृष्टि की गति या पहुँच। (२) दशमलग्न की नतांश की कोटिज्या।

विशेष—इसका काम सूर्य्यग्रहण निकालने में पड़ता है। इसकी रीति यह है कि मध्यज्या को उदयज्या से गुणित करे और गुणनफल को त्रिज्या से भाग दे। फिर भागफल का वर्ग करे और वर्गफल से त्रिज्या का वर्ग घटावे। इस प्रकार जो शेष अंक बचेगा उसका वर्गमूल दृग्गति कहलावेगा।

दृग्गोचर–वि० [सं०] जो आँख से दिखाई दे।

दृग्गोल–संज्ञा पुं० [सं०] वह वृत्त जिसे ऊर्ध्व स्वस्तिक और अधः स्वस्तिक में होता हुआ कल्पित करके जिधर ग्रहों का उदय होता है उधर घुमाकर उनकी स्थिति का पता चलाया जाता है। इसे दृङ्मंडल और दृग्वलय भी कहते हैं।

दृग्ज्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] दृक्-मंडल वा दृग्गोल के खस्वस्तिक से जो ग्रह जितना खटका रहता है उसे नतांश कहते हैं और इसी नतांश की ज्या दृग्ज्या कहलाती है।

दृग्भू–संज्ञा पुं० [सं०] (२) वज्र। (२) सूर्य्य। (३) सर्प।

दृग्लंबन–संज्ञा पुं० [सं०] ग्रहण स्पष्ट करने में जब सूर्य्य चंद्र गर्भाभिप्राय से एक सूत्र में आजाते हैं पर पृष्ठाभिप्राय से एक सूत्र में नहीं आते तब उन्हें पृष्ठाभिप्राय से एक सूत्र में लाने के लिये जो पूर्वापर संस्कार किया जाता है उसे दृग्लंबन कहते हैं।

दृग्विष–संज्ञा पुं० [सं०] वह साँप जिसकी आँखों में विष होता है।

दृग्वृत्त–संज्ञा पुं० [सं०] क्षितिज।

दृङ्नति–संज्ञा स्त्री० [सं०] ग्रहण स्पष्ट करने में सूर्य्य चंद्र का जब अमांतकालीन स्पष्ट करते हैं और वे गर्भाभिप्राय से एक सूत्र में आजाते हैं पर पृष्ठाभिप्राय से नहीं आते, तब पृष्ठाभिप्राय

से उन्हें एक सूत्र में खाने के लिये जो यज्ञोपवीत संस्कार किया जाता है उसे दृङ्नति कहते हैं।

दृङ्मंडल–संज्ञा पुं० [सं०] दृग्गोल।

दृढ़–वि० [सं०] (१) जो शिथिल या ढीला न हो। जो खूब कस कर बँधा या मिला हो। प्रगाढ़। जैसे, दृढ़ बंधन या गाँठ, दृढ़ आलिंगन। (२) जो जल्दी न टूटे फूटे। पुष्ट। मजबूत। कड़ा। ठोस। जैसे, इस फल का छिलका बहुत दृढ़ होता है। (३) बलवान्। बलिष्ठ। हृष्ट पुष्ट। जैसे, दृढ़ अंग। (४) जो जल्दी दूर, नष्ट या विचलित न हो सके। स्थायी। जैसे, दृढ़ आसन, दृढ़ संकल्प, दृढ़ सिद्धांत। (५) जो अन्यथा न हो सके। निश्चित। ध्रुव। पक्का। जैसे, किसी बात का दृढ़ होना। (६) निडर। ढीठ। कड़े दिल का। जैसे, दृढ़ मनुष्य।

संज्ञा पुं० (१) लोहा। (२) विष्णु। (३) धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम। (४) संगीत में सात रूपकों में से एक। (५) तेरहवें मनु रुचि के एक पुत्र का नाम। (६) गणित में वह अंक जो दूसरे अंक से पूरा पूरा विभाजित न हो सके जैसे, १, ३, ५, ७, ११, १७ इत्यादि।

दृढ़कंटक–संज्ञा पुं० [सं०] क्षुद्रफलक वृक्ष।

दृढ़कर्मा–वि० [सं० दृढ़कर्म्मन्] जो अपने कर्म में दृढ़ रहे। धैर्य्य और स्थिरता के साथ काम करनेवाला।

दृढ़कांड–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बाँस (२) रोहिस घास।

दृढ़कांडा–संज्ञा स्त्री० [सं०] छिरेंटा। पातालगरुड़ी लता।

दृढ़कारी–वि० [सं० दृढ़कारिन्] (१) दृढ़ता से काम करनेवाला। (२) मजबूत करनेवाला।

दृढ़क्षत्र–संज्ञा पुं० [सं०] धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम।

दृढ़क्षुरा–संज्ञा स्त्री० [सं०] वल्वजा तृण। सागे बागे।

दृढ़गात्रिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] राव। खाँड़।

दृढ़ग्रंथि–वि० [सं०] जिसकी गाँठें मजबूत हों।

संज्ञा पुं० बाँस।

दृढ़च्छद–संज्ञा पुं० [सं०] दीर्घरोहिष तृण। बड़ी रोहिस।

दृढ़च्युत–संज्ञा पुं० [सं०] अगस्त्य मुनि के एक पुत्र का नाम जो परपुरंजय नामक राजा की कन्या के गर्भ से उत्पन्न था। (भागवत)

दृढ़तरु–संज्ञा पुं० [सं०] धव का पेड़।

दृढ़ता–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दृढ़ होने का भाव। दृढ़त्व। (२) मजबूती। (३) स्थिरता। (४) पक्कापन।

दृढ़तृण–संज्ञा पुं० [सं०] मूँज नाम की घास।

दृढ़तृणा–संज्ञा स्त्री० [सं०] वल्वजा तृण।

दृढ़त्व–संज्ञा पुं० [सं०] दृढ़ता।

दृढ़त्वच्–वि० [सं०] जिसकी त्वचा या छाल कड़ी हो।

संज्ञा पुं० ज्वार का पेड़।

दृढ़दंशक–संज्ञा पुं० [सं०] एक जलजंतु।

दृढ़दस्यु–संज्ञा पुं० [सं०] एक ऋषि जो दृढ़च्युत के पुत्र थे।

दृढ़धन–संज्ञा पुं० [सं०] शाक्यमुनि। बुद्ध।

दृढ़धन्वा–संज्ञा पुं० [सं० दृढ़धन्वन्] (१) जो धनुष चलाने में दृढ़ हो या जिसका धनुष दृढ़ हो। (२) एक पुरुवंशीय राजा का नाम।

दृढ़धन्वी–वि० [सं० दृढ़धन्विन्] जिसका धनुष दृढ़ हो।

दृढ़नाम–संज्ञा पुं० [सं०] वाल्मीकि के अनुसार अस्त्रों की एक रोक जिसे विश्वामित्र जी ने रामचंद्र को बतलाया था।

दृढ़निश्चय–वि [सं०] जो अपनी बात पर जमा रहे। जो अपने संकल्प पर दृढ़ रहे। स्थिरप्रतिज्ञ।

दृढ़नीर–संज्ञा पुं० [सं०] नारियल, जिसके भीतर का जल धीरे धीरे जम कर कड़ा हो जाता है।

दृढ़नेत्र–संज्ञा पुं० [सं०] विश्वामित्र जी के चार पुत्रों में से एक। (वाल्मीकि)

दृढ़नेमि–वि० [सं०] जिसकी नेमि दृढ़ हो। जिसकी धुरी मज़बूत हो।

संज्ञा पुं० अजमीढ़वंशीय एक राजा का नाम जो सत्यधृति के पुत्र थे।

दृढ़पत्र–वि० [सं०] जिसके पत्ते दृढ़ हों।

संज्ञा पुं० बाँस।

दृढ़पत्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] वल्वजा तृण। सागे बागे।

दृढ़पद–संज्ञा पुं० [सं०] तेईस मात्राओं का एक मात्रिक छंद जिसमें १३ और १० मात्राओं पर विश्राम होता है और अंत में दो गुरु होते हैं। इसे उपमान भी कहते हैं। उ०—बाहु बंध करमूल में आछावलि राजै। लपटे फणि श्रीखंड की लतिका जनु राजै। कुंड जु रच्यौ सुहोम को, जनु नाभि सुहाई। रोमावलि मिस धूम की रेखा चलि आई।

दृढ़पाद–वि० [सं०] दृढ़निश्चय। विचार का पक्का।

दृढ़पादा–संज्ञा स्त्री० [सं०] युवतिक्ता।

दृढ़पादी–संज्ञा स्त्री० [सं०] भूम्यामलकी। भूआँवला।

दृढ़प्रतिज्ञ–वि० [सं०] जो अपनी प्रतिज्ञा से न टले।

दृढ़प्ररोह–संज्ञा पुं० [सं०] वट। बरगद।

दृढ़फल–संज्ञा पुं० [सं०] नारियल।

दृढ़बंधिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] अनंतमूल नाम की लता। श्यामा और सारिवा भी इसी को कहते हैं।

दृढ़भूमि–संज्ञा स्त्री० [सं०] योगशास्त्र में मन को एकाग्र और स्थिर करने का एक अभ्यास जिसमें मन अविचल हो जाता है, इधर उधर नहीं जाता। इस अवस्था को प्राप्त कर लेने पर वैराग्य की प्राप्ति निकट हो जाती है।

दृढ़मुष्टि–वि० [सं०] (१) जो मुट्ठी में जोर से पकड़े। कस कर पकड़नेवाला (२) कृपण। कंजूस।

संज्ञा पुं० (मुट्ठी में पकड़ कर चलाए जानेवाले) खड्गादि अस्त्र ।

दृढ़मूल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) मूँज । (२) मथाना नाम की घास जो तालों में होती है । मंथानक तृण । (३) नारियल ।

दृढ़रंगा–संज्ञा स्त्री० [सं०] फिटकरी (जिससे रंग पक्का होता है)

दृढ़रोह–संज्ञा पुं० [सं०] पाकर का पेड़ । पकड़ ।

दृढ़लता–संज्ञा स्त्री० [सं०] पातालगरुड़ी लता । छिरेंटा ।

दृढ़लोम–वि० [सं० दृढ़लोमन्] [स्त्री० दृढलोमी, दृढलोमा] जिसके रोएँ कड़े हों ।

संज्ञा पुं० सूअर ।

दृढ़वर्म्मा–संज्ञा पु० [स० दृढ़वर्म्मन्] धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम ।

दृढ़वल्कल–वि० [सं०] जिसकी छाल कड़ी हो ।

संज्ञा पुं० (१) सुपारी का पेड़ । (२) लकुच का पेड़ ।

दृढ़वल्का–संज्ञा स्त्री० [सं०] अंबष्ठा ।

दृढ़बीज–वि० [सं०] जिसके बीज कड़े हों ।

संज्ञा पुं० (१) चकवड़ । (२) बेर । (३) बबूल ।

दृढ़वृक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] नारियल ।

दृढ़व्य–संज्ञा पुं० [सं०] एक ऋषि का नाम ।

दृढ़व्रत–वि० [सं०] स्थिरसंकल्प । अपने संकल्प पर जमा रहनेवाला ।

दृढ़संध–वि० [सं०] संकल्प का पक्का । प्रतिज्ञा पर दृढ़ रहनेवाला ।

संज्ञा पुं० धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम ।

दृढ़सूत्रिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] मूर्वा नाम की लता । मुर्रा ।

दृढ़स्कंध–संज्ञा पुं० [स०] (१) पिंडखजूर । (२) खिरनी का पेड़ ।

दृढ़स्यु–संज्ञा पुं० [सं०] लोपामुद्रा के गर्भ से उत्पन्न अगस्त्य ऋषि के एक पुत्र का नाम ।

दृढ़हस्त–वि० [स०] जो हथियार आदि पकड़ने में पक्का हो ।

संज्ञा पुं० धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम ।

दृढ़ांग–वि० [सं०] जिसके अंग दृढ़ हों । कड़े बदन का । हृष्ट पुष्ट ।

संज्ञा पुं० जीरक । जीरा ।

दृढ़ाई†*–संज्ञा स्त्री० [हिं० दृढ़] दृढ़ता । मजबूती ।

दृढ़ाना–क्रि० स० [सं० दृढ़ + ना (प्रत्य०)] दृढ़ करना । पक्का करना । मजबूत करना । उ०—(क) वही बात जो जनक दृढ़ाई । देही धरै विदेह कहाई ।—कबीर । (ख) चलत गगन भइ गिरा सुहाई । जय महेस भलि भक्ति दृढ़ाई ।—तुलसी । (ग) बात दृढ़ाइ कुमति हँसि बोली । कुमत विहंग-कुखह जनु खोली ।—तुलसी । (घ) पाछे विविध ज्ञान जननी को दीन्हों कपिल दृढ़ाय । सांख्य योग अरु ज्ञान भक्ति दृढ़ बरनी विविध बनाइ ।—सूर ।

क्रि० अ० (१) कड़ा होना । पुष्ट या मजबूत होना । (२) स्थिर या पक्का होना ।

दृढ़ायु–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तृतीय मनु सावर्णि के एक पुत्र का नाम । (२) उर्वशी के गर्भ से उत्पन्न ऐल राजा का एक पुत्र । (महाभारत)

दृढ़ायुध–वि० [सं०] अस्त्र ग्रहण करने में पक्का । युद्ध में तत्पर ।

संज्ञा पुं० धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम ।

दृढ़ाश्व–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धुंधुमार के एक पुत्र का नाम । (हरिवंश)

दृत–वि० [स०] [स्त्री० दृता] सम्मानित । आदृत ।

दृता–संज्ञा स्त्री० [सं०] जीरा ।

दृति–संज्ञा पुं० [सं०] (१) चमड़ा । खाल । (२) खाल का बना हुआ पात्र । (३) मशक । (४) मेघ । (५) एक प्रकार की मछली । (६) गलकंबल । गाय, बैल आदि के गले के नीचे झूलता हुआ चमड़ा ।

दृतिधारक–संज्ञा पुं० [सं०] एक पौधा जिसे वंग देश में आकनपाता कहते हैं ।

पर्य्या०—आनंदी । वामन ।

दृतिवातवतोरयन–संज्ञा पुं० [सं०] एक अयनसत्र का नाम । एक प्रकार का यज्ञ ।

दृतिहरि–संज्ञा पुं० [सं०] (खाल या चमड़ा चुरानेवाला) कुत्ता ।

दृतिहार–संज्ञा पुं० [सं०] मशक ढोनेवाला । भिश्ती ।

दृन्भू–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वज्र । (२) सूर्य्य । (३) राजा । (४) साँप । (५) पहिया ।

दृप्त–वि० [सं०] (१) गर्वित । इतराया हुआ । (२) हर्ष से फूला हुआ ।

दृप्र–वि [सं०] (१) प्रचंड । प्रबल । (२) इतराया हुआ । घमंडी ।

दृब्ध–वि [सं०] (१) ग्रंथित । गुथा हुआ । (२) भीत । डरा हुआ ।

दृश्–संज्ञा पु० [सं०] [वि० दृश्य] (१) देखना । दर्शन । (२) प्रदर्शक । दिखानेवाला । (३) देखनेवाला ।

संज्ञा स्त्री० (१) दृष्टि । (२) आँख । (३) दो की संख्या (४) ज्ञान ।

दृशद्–संज्ञा स्त्री० दे० "दृषद्" ।

दृशद्वती–संज्ञा स्त्री० दे० "दृषद्वती" ।

दृशा–संज्ञा स्त्री० [सं०] आँख ।

दृशाकांक्ष्य–संज्ञा पुं० [सं०] कमल ।

दृशान–संज्ञा पुं० [सं०] (१) प्रकाश । आभा । (२) विरोचन

नामक दैत्य का नाम। (३) आचार्य्य। गुरु। (४) प्रजा का पालन करनेवाला राजा। (५) ब्राह्मण।

दृशि—संज्ञा स्त्री० दे० "दशी"।

दृशी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दृष्टि। (२) प्रकाश। (३) चेतन पुरुष। (४) शास्त्र।

दृशीपम—संज्ञा पुं० [सं०] श्वेत कमल। पुंडरीक।

दृश्य—वि० [सं०] (१) जो देखने में आ सके। जिसे देख सकें। दृग्गोचर। जैसे, दृश्य पदार्थ। (२) जो देखने योग्य हो। दर्शनीय। (३) मनोरम। सुंदर (४) जानने योग्य। ज्ञेय।

संज्ञा पुं० (१) देखने की वस्तु। वह पदार्थ जो आँखों के सामने हो। नेत्रों का विषय। जैसे, वन और पर्वत का दृश्य। (२) तमाशा। वह मनोरंजक व्यापार जो आँखों के सामने हो। (३) वह काव्य जो अभिनय द्वारा दर्शकों को दिखाया जाय। नाटक। (४) गणित में ज्ञात वा दी हुई संख्या।

दृश्यमान—वि० [सं०] (१) जो दिखाई पड़ रहा हो। (२) चमकीला। सुंदर।

दृषत्—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) शिला। पर्वत की चट्टान। (२) सिल। पट्टी। (३) पत्थर।

दृषद्—संज्ञा स्त्री० [सं०] दे० "दृषत्"।

दृषद्वती—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) एक नदी जिसका नाम ऋग्वेद में आया है। इसे आजकल घग्घर और रक्षी कहते हैं। यह थानेश्वर से १३ मील दक्षिण है। महाभारत में यह कुरुक्षेत्र के अंतर्गत मानी गई है। मनुस्मृति में इसे ब्रह्मावर्त्त की सीमा पर लिखा है। (२) विश्वामित्र की एक पत्नी का नाम।

वि० [सं०] पथरीली।

दृषद्वान्—वि० [सं० दृषद्वत्] [स्त्री० दृषद्वती] पाषाणयुक्त। शिलामय। पथरीला।

दृष्ट—वि० [सं०] (१) देखा हुआ। (२) जाना हुआ। ज्ञात। प्रकट। (३) लौकिक और गोचर। प्रत्यक्ष।

विशेष—पातंजल दर्शन में दो प्रकार के विषय 'दृष्ट' बतलाए गए हैं अर्थात् स्त्री, अन्न, पान आदि लौकिक विषय जिन्हें इंद्रियाँ भोगती हैं और आनुश्रविक विषय जो वेदप्रतिपादित स्वर्ग आदि से संबंध रखते हैं। इन दोनों प्रकार के विषयों से एक साथ निस्पृह हो जाने से वशीकार नामक वैराग्य उत्पन्न होता है।

संज्ञा पुं० (१) दर्शन। (२) साक्षात्कार। (३) सांख्य में तीन प्रकार के प्रमाणों में से एक। प्रत्यक्ष प्रमाण।

दृष्टकूट—संज्ञा पुं० [सं०] (१) पहेली। (२) कोई ऐसी कविता जिसका अर्थ केवल शब्दों के वाचकार्थ से न समझा जा सके बल्कि प्रसंग वा रूढ़ अर्थों से जाना जाय। उ०—हरिसुत पावक प्रगट भयो री। मारुतसुत भ्राता पितु प्रोहित ता प्रतिपालन काँहि गयो री। हस्तुत वाहन ता रिपु भोजन सों लागत अँग अनल भयो री। सुगमद स्वाद मोद नहिं भावत दधिसुत भानु समान भयो री। वारिधिसुतपति क्रोध कियो सखि मेटि दकार सकार लयो री। सूरदास प्रभु सिंधुसुता बिनु कोपि समर कर चाप लयो री।—सूर।

दृष्टमान*—वि० [सं० दृश्यमान] प्रकट। व्यक्त। उ०—(क) दृष्टमान सब दासी होई। साखी व्यापक नसै न सोई।—सूर। (ख) दृष्टमान सब बिनसै अदृष्ट लखै न कोइ। दीन कोइ गाहक मिलै बहुतै सुख सो होइ।—कबीर।

दृष्टवत्—वि० [सं०] (१) प्रत्यक्ष के समान। (२) लौकिक। सांसारिक।

दृष्टवाद—संज्ञा पुं० [सं०] वह दार्शनिक सिद्धांत जो केवल प्रत्यक्ष ही को मानता है।

दृष्टांत—संज्ञा पुं० [सं०] (१) अज्ञात वस्तुओं या व्यापारों का धर्म्म आदि बतलाते हुए समझाने के लिये समान धर्मवाली किसी ऐसी वस्तु या व्यापार का कथन जो सबको विदित हो। उदाहरण। मिसाल। उ०—(क) बहुत से पत्ते गोल होते हैं, जैसे, कमल के। (ख) जब मनुष्य एक बार पतित हो जाता है तब वह बराबर पतित ही होता जाता है। जैसे पत्थर का गोला जब पहाड़ पर से लुढ़कता है तब बराबर गिरता ही जाता है।

इस दूसरे वाक्य में पत्थर के गोले के दृष्टांत द्वारा मनुष्य के पतित होने की दशा समझाई गई है।

विशेष—न्याय के सोलह पदार्थों में से दृष्टांत भी एक है। न्याय के अनुसार जिस पदार्थ के संबंध में लौकिक (साधारण) जनों और परीक्षकों (तार्किकों) का एकमत हो उसे दृष्टांत कहते हैं। ऐसी प्रत्यक्ष बात जिसे सब जानते या मानते हों दृष्टांत है। "जहाँ धूआँ होता है वहाँ आग होती है" इस बात को कहकर किसी ने कहा "जैसे रसोई घर में" तो यह दृष्टांत हुआ। न्याय के अवयवों में उदाहरण के लिये इसकी कल्पना होती है अर्थात् जिस दृष्टांत का व्यवहार तर्क में होता है उसे उदाहरण कहते हैं।

(२) एक अर्थालंकार जिसमें एक ओर तो उपमेय और उसके साधारण धर्म्म का वर्णन और दूसरी ओर बिंबप्रतिबिंब भाव से उपमान और उसके साधारण धर्म का वर्णन होता है। उ०—दुसह दुराज प्रजानि को क्यों न बढ़ै अति दंद। अधिक अँधेरो जग करत मिलि मावस रविचंद।—बिहारी। यहाँ उपमेय 'दुराज' में अधिक द्वंद्व या अंधेर का होना और उसी के अनुसार उपमान रविचंद मिलन में अधिक अँधेरे का होना वर्णित है। प्रतिवस्तूपमा से इस अलंकार में यह भेद है कि प्रतिवस्तूपमा में शब्दभेद से एक ही धर्म का कथन होता है पर इसमें धर्म्म भिन्न भिन्न (जैसे, द्वंद्व होना,

और अँधेरा होना) होते हैं। पंडितराज जगन्नाथ ने इन दोनों में बहुत कम अंतर माना है और कहा है कि इन्हें एक ही अलंकार के दो भेद समझना चाहिए। (३) शास्त्र। (४) मरण।

दृष्टार्थ—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह शब्द जिसका अर्थ स्पष्ट हो। (२) वह शब्द जिसके श्रवण से श्रोता को किसी ऐसे अर्थ का बोध हो जिसका प्रत्यक्ष इस संसार में होता हो। जैसे, 'गंगा' इस शब्द के श्रवण मात्र से मनुष्य को एक ऐसी नदी का बोध होता है जो भारतवर्ष के उत्तरीय भाग में प्रत्यक्ष देखी जा सकती है। यह अदृष्टार्थ शब्द का विरोधी है। जैसे स्वर्ग, नरक, क्षीरसमुद्र, अप्सरा, देवता आदि जो संसार के किसी स्थल में प्रत्यक्ष नहीं हो सकते।

दृष्टि—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) देखने की वृत्ति या शक्ति। आँख की ज्योति।

मुहा०—दृष्टि मारी जाना = देखने की शक्ति न रह जाना।

(२) देखने के लिये नेत्रों की प्रवृत्ति। देखने के लिये आँख की पुतली के किसी वस्तु की सीध में होने की स्थिति। टक। दृक्पात। अवलोकन। नजर। निगाह।

क्रि० प्र०—पड़ना।—डालना।

मुहा०—दृष्टि करना = दृष्टि डालना। ताकना। दृष्टि चलाना = नजर डालना। दृष्टि चूकना = नजर का इधर उधर हो जाना। आँख का दूसरी ओर फिर जाना। जैसे, जहाँ दृष्टि चूकी कि गिरे। दृष्टि देना = नजर डालना। ताकना। दृष्टि फिरना = (१) नेत्रों का दूसरी ओर प्रवृत्त होना। आँख का दूसरी ओर हो जाना। (२) कृपादृष्टि न रहना। हित का ध्यान या प्रीति न रहना। चित्त अप्रसन्न या खिन्न होना। दृष्टि फेंकना = नजर डालना। ताकना। दृष्टि फेरना = नजर हटा लेना। दूसरी ओर देखना। (किसी ओर) ताकते न रहना। (किसी से) दृष्टि फेरना = (किसी पर) कृपादृष्टि न रखना। अप्रसन्न या विरक्त होना। खिन्न होना। (किसी की) दृष्टि बचाना = (१) (किसी के) सामने होने से बचना। आँख के सामने न आना। जान बूझ कर न दिखाई पड़ना (भय, लज्जा आदि के कारण)। (२) (किसी से) छिपाना। न दिखाना। दृष्टि बाँधना = इस प्रकार जादू करना कि आखों को और का और दिखाई दे। इंद्रजाल फैलाना। दृष्टि लगाना = (१) स्थिर होकर ताकना। टकटकी बाँधना। (२) (किसी ओर देखने के लिये) आख ले जाना। ताकना। उ०—दसौ दुवार ताल का लेखा। इकटि दृष्टि जो लाव सो देखा।—जायसी।

(३) आँख की ज्योति का प्रसार जिससे वस्तुओं के अस्तित्व, रूप, रंग आदि का बोध होता है। दृक्पथ।

मुहा०—दृष्टि आना = दे० "दृष्टि में आना"। दृष्टि पड़ना = दिखाई पड़ना। उ०—(क) दृष्टि परी इंद्रासन पुरी।—जायसी। (ख) मेरी दृष्टि परे अस दिन तें ज्ञान मान हरि लीनो री।—सूर। दृष्टि पर चढ़ना = (१) देखने में बहुत अच्छा लगना। निगाह में जँचना। अच्छा लगने के कारण ध्यान में सदा बना रहना। पसंद आना। भाना। जैसे, वह बड़ी तुम्हारी दृष्टि पर चढ़ी हुई है। (२) आँखों में खटकना। किसी वस्तु का इतना बुरा लगना कि उसका ध्यान सदा बना रहे। जैसे, तुम उसकी दृष्टि पर चढ़े हुए हो, वह तुम्हें बिना मारे न छोड़ेगा। दृष्टि बिछाना = (१) प्रेम या श्रद्धावश किसी के आसरे में लगातार ताकते रहना। उत्कंठापूर्वक किसी के आगमन की प्रतीक्षा करना। उ०—पवन स्वास तासों मन लाई। जोवै मारग दृष्टि बिछाई।—जायसी। (२) किसी के आने पर अत्यंत श्रद्धा या प्रेम प्रकट करना। दृष्टि में आना = देख में आना। दिखाई पड़ना। उ०—जग कोइ दृष्टि न आवै पूरन होय सकाम।—जायसी। दृष्टि में पड़ना = दिखाई पड़ना। (क०)। दृष्टि से उतरना या गिरना = श्रद्धा विश्वास या प्रेम का पात्र न रहना। (किसी के) विचार में अच्छा न रह जाना। तुच्छ या बुरा ठहरना।

(४) देखने में प्रवृत्त नेत्र। देखनेके लिये खुली हुई आँख।

मुहा०—दृष्टि उठाना = ताकने के लिये आँख ऊपर करना। दृष्टि गड़ाना या जमाना = दृष्टि स्थिर करना। एकटक ताकना। (किसी से) दृष्टि चुराना = (लज्जा या भय से) सामने न आना। जान बूझ कर दिखाई न पड़ना। नजर बचाना। (किसी से) दृष्टि जुड़ना = आँख मिलना। देखा देखी होना। साक्षात्कार होना। (किसी से) दृष्टि जोड़ना = आख मिलाना। देखा देखी करना। साक्षात्कार करना। दृष्टि फिसलना = चमक दमक के कारण नजर न ठहरना। आँख में चकाचौंध होना। दृष्टि भर देखना = जितनी देर तक इच्छा हो उतनी देर तक देखना। जी भर कर ताकना। उ०—करु मन नंदनंदन ध्यान। सेइ चरन सरोज सीतल तजु विषय रसपान। सूर श्री गोपाल की छवि दृष्टि भरि लखि लेहि। प्रानपति की निरखि शोभा पलक परन न देहि।—सूर। दृष्टि मारना = (१) आँख से इशारा करना। पलक गिराकर संकेत करना। (२) आख के इशारे से रोकना। दृष्टि मिलना = दे० "दृष्टि जुड़ना"। दृष्टि में समाना = नजर में जँचना। अच्छा लगने के कारण ध्यान में बना रहना। भाना। उ०—वह सभों की दृष्टि में समा गया।—वेनिस का बाँका। दृष्टि मिलाना = दे० "दृष्टि जोड़ना"। उ०—बिहरत हिया करहु पिय टेका। दृष्टि दया करि मिलवहु एका।—जायसी। (किसी वस्तु पर) दृष्टि रखना = किसी वस्तु को देखते रहना जिसमें वह इधर उधर न हो जाय। निगरानी रखना। (किसी पर) दृष्टि रखना = देख रेख में रखना।

चौकसी में रखना। दशा का निरीक्षण करते रहना। जैसे, इस लड़के पर भी दृष्टि रखना, इधर उधर खेलने न पावे। दृष्टि लगना = नजर का पड़ना। दृष्टिपात होना। (२) देखा देखी होने से प्रेम होना। प्रीति होना। दृष्टि लगाना = (१) स्थिर होकर ताकना। टकटकी बाँधना। उ०—भूखि चकोर दृष्टि जो लावा। मेघ घटा महँ चंद दिखावा।—जायसी। (२) (किसी ओर देखने के लिये) आँख ले जाना। ताकना। (३) प्रेम करना। प्रीति करना। (४) नजर लगाना। बुरी दृष्टि का प्रभाव डालना। (किसी से) दृष्टि लड़ना = (१) (किसी की) आँख के सामने आँख होना। घूरी घूरी होना। देखा देखी होना (२) प्रेम होना (किसी से) दृष्टि लड़ाना = आंख के सामने आंख किए रहना। घूरना। खूब ताकना। देर तक आंख से आंख मिलाना। (५) परख। पहचान। तमीज़। अटकल। अंदाज़। (६) कृपा दृष्टि। हित का ध्यान। मिहरबानी की नजर। जैसे, आज कल आपकी वह दृष्टि मेरे ऊपर नहीं है। उ०—(क) तपै बीज जस धरती सूख विरह के घाम। कब सो दृष्टि करि बरसै तन तरुवर होइ आम।—जायसी। (ख) बिरवा लाइ न सूखन दीन्ह। पावै पानि दृष्टि सो कीजै।—जायसी। (७) आशा की दृष्टि। आसरे में लगी हुई टकटकी। आस। उम्मीद। (८) ध्यान। विचार। अनुमान। जैसे, मेरी दृष्टि में तो ऐसा करना अनुचित है। (९) उद्देश्य। अभिप्राय। नीयत। जैसे, कुछ बुरी दृष्टि से मैंने ऐसा नहीं किया।

दृष्टिकूट—संज्ञा पुं० दे० "दृष्टकूट"।

दृष्टिकृत्—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दर्शक। (२) स्थल पद्म।

दृष्टिक्षेप—संज्ञा पुं० [सं०] दृष्टिपात।

दृष्टिगत—वि० [सं०] जो दिखाई पड़ा हो। जो देखने में आया हो।

क्रि० प्र०—होना।

संज्ञा पुं० (१) नेत्र का विषय। (२) आँख का एक रोग।

दृष्टिगोचर—वि० [सं०] नेत्रेंद्रिय द्वारा जिसका बोध हो। जो देखने में आ सके।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

दृष्टिधृक—संज्ञा पुं० [सं०] राजा इक्ष्वाकु के एक पुत्र का नाम।

दृष्टिनिपात—संज्ञा पुं० दे० "दृष्टिपात"।

दृष्टिपथ—संज्ञा पुं० [सं०] दृष्टि का फैलाव। नजर की पहुँच।

मुहा०—दृष्टिपथ में आना = दिखाई पड़ना।

दृष्टिपात—संज्ञा पुं० [सं०] दृष्टि डालने की क्रिया या भाव। ताकने या देखने की क्रिया। अवलोकन।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

दृष्टिपूत—वि० [सं०] (१) जो देखने में शुद्ध हो। जो देखने में शुद्ध जान पड़े। (२) जिसके देखने से आँखें पवित्र हों।

दृष्टिफल—संज्ञा पुं० [सं०] फलित ज्योतिष में एक राशि में स्थित ग्रह के दूसरी राशि में स्थित ग्रह पर दृष्टि करने से जो फल होता है उसे दृष्टिफल कहते हैं। विशेष—दे० "दृष्टिस्थान"।

दृष्टिबंध—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह क्रिया जिससे देखनेवालों की दृष्टि में भ्रम हो जाय। दीठबंदी। इंद्रजाल। माया। जादू। (२) चालाकी। हाथ की सफाई। हस्तलाघव। उ०—राधो दृष्टिबंध कलिह खेला। सभा माँझ चेटक अस मेला।—जायसी।

दृष्टिबंधु—संज्ञा पुं० [सं०] खद्योत। जुगनू।

दृष्टिमान्—वि० [सं० दृष्टिमत्] [स्त्री० दृष्टिमती] जिसे दृष्टि हो। दीठवाला। आँखवाला।

दृष्टिरोध—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दृष्टि की रोक। नजर पहुँचने में रुकावट। (२) आड़। ओट। व्यवधान।

दृष्टिवंत—वि० [सं० दृष्टि + वंत (प्रत्य०)] (१) दृष्टिवाला। (२) ज्ञानी। ज्ञानवान्। जानकार। उ०—ना वह मिला न बिछुरा ऐस रहा भरपूर। दृष्टवंत कहँ नियरे अंध मूरुखहिँ दूर।—जायसी।

दृष्टिवाद—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह सिद्धांत जिसमें दृष्टि वा प्रत्यक्ष प्रमाण ही की प्रधानता हो। (२) जैनियों के बारह अंगों में से एक जिनकी रचना गणधर लोग तीर्थंकरों के उपदेशों को लेकर करते हैं। ये द्वादशांग जैन धर्म्म के मूल ग्रंथ हैं। ग्यारह अंग तो मिलते हैं पर यह दृष्टिवाद नहीं मिलता। जैनाचार्य्य सकलकीर्ति रचित तत्त्वार्थसार-दीपक में इसका जो उल्लेख मिलता है उससे पाया जाता है कि इसमें चंद्र सूर्य्य आदि की गति, आयु आदि, प्राणापान चिकित्सा, मंत्र तंत्र तथा अनेक प्रकार के विषय सम्मिलित हैं।

दृष्टिविष—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का साँप।

दृष्टिस्थान—संज्ञा पुं० [सं०] कुंडली में वह स्थान जिसपर किसी दूसरे स्थान में स्थित ग्रह की दृष्टि पड़ती हो।

विशेष—ग्रहों की दृष्टि का साधारण नियम यह है कि जिस स्थान में ग्रह हो उससे तीसरे और दसवें स्थानों को वह एक चरण से, नवें और पाँचवें को दो चरणों से, चौथे और आठवें को तीन चरणों से और सातवें को पूर्ण दृष्टि से देखेगा।

दँधका†—संज्ञा पुं० दे० "दीमक"।

दे—संज्ञा स्त्री० [स० देवी] देवी। स्त्रियों के लिये एक आदर-सूचक शब्द। उ०—यह छवि सूरदास सदा रहै बानी। नँदनंदन राजा राधिका दे रानी।—सूर।

संज्ञा पुं० [सं० देव] बंगाली कायस्थों का एक भेद।

देई—संज्ञा स्त्री० [सं० देवी] (१) देवी। उ०—देव देई सुंदर

सघन बन देखिअत कुंजन में सुनियत गुंजन अलीन की :—देव। (२) स्त्रियों के लिये एक आदरसूचक शब्द।

देउ‡—संज्ञा पुं० दे० "देव"।

देउर‡—संज्ञा पुं० दे० "देवर"।

देउरानी‡—संज्ञा स्त्री० दे० "देवरानी"।

देख—संज्ञा स्त्री० [हिं० देखना] देखने की क्रिया या भाव। अवलोकन। जैसे, देख रेख, देख भाल।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग अकेले कम होता है, समस्त पदों में होता है।

मुहा०—देख में = आँख के सामने। समक्ष।

देखन*†—संज्ञा स्त्री० [हिं० देखना] (१) देखने की क्रिया या भाव। (२) देखने का ढंग।

देखनहारा†*—संज्ञा पुं० [हिं० देखना + हारा (प्रत्य०)] [स्त्री० देखनहारी] देखनेवाला। उ०—सखि, सब कौतुक देखनहारे।—तुलसी।

देखना—क्रि० स० [सं० दृश्, प्रत्यय, प्रा० देक्खइ] (१) किसी वस्तु के अस्तित्व वा उसके रूप, रंग आदि का ज्ञान नेत्रों द्वारा प्राप्त करना। अवलोकन करना।

संयो० क्रि०—लेना।

यौ०—देखना भालना = निरीक्षण करना। जाँच करना।

मुहा०—देखना सुनना = जानकारी प्राप्त करना। जानना बूझना। पता लगाना। जैसे, बिना देखे सुने उसके विषय में कोई क्या कह सकता है? देखने में = (१) बाह्य लक्षणों के अनुसार। बाहरी चेष्टाओं से। साधारण व्यवहार में। जैसे, देखने में तो वह बहुत सीधा है पर बड़ी बड़ी चालें चलता है। (२) रूप रंग में। वर्ण, आकृति आदि में। जैसे, यह पेड़ देखने में बड़ा सुंदर है। किसी के देखते = रहते हुए। समक्ष। सामने। उपस्थिति में। मौजूद रहते। जैसे, (१) उसके देखते तो ऐसा कभी नहीं हो सकता। (२) मेरे देखते क्या कोई चीज़ ले जा सकता है? देखते देखते = (१) आँखों के सामने। (२) तुरंत। फौरन। चटपट। जैसे, देखते देखते वह घड़ी उड़ा ले गया। देखते रह जाना = हक्का बक्का रह जाना। चकपका जाना। चकित हो जाना। ऐसी स्थिति में हो जाना जिसमें कुछ करते धरते न बने। किंकर्त्तव्यविमूढ़ हो जाना। जैसे, वह एकबारगी आकर उसे मारने लगा, मैं देखता रह गया। देखना चाहिए, देखा चाहिए, देखो या देखिए = (क्या होगा) मालूम नहीं। (आगे की बात) कौन जाने? कह नहीं सकते (कि ऐसा होगा या नहीं)। जैसे, आने के लिये तो उन्होंने कहा है, देखिए, आते हैं या नहीं। (हम) देख लेंगे = उपाय करेंगे। प्रतिकार करेंगे। जो कुछ करना होगा करेंगे। जैसे, उन्हें जो जी में आवे करने दो, हम देख लेंगे। देखा जायगा = (१) फिर विचार किया जायगा। (२) पीछे जो कुछ करना होगा किया जायगा। जैसे, इस समय तो इन्हें डाको, फिर देखा जायगा। देखो = (१) ध्यान दो। विचारो। सोचो। जैसे, देखो, इसी रुपए के लिये लोग कितना कष्ट उठाते हैं। (२) सावधान रहो। ख्याल रखो। खबरदार। जैसे, देखो फिर कभी ऐसा न करना। (३) (पुकारने का शब्द) सुनो। इधर आओ।

(२) जाँच करना। दशा या स्थिति जानने के लिये निरीक्षण करना। मुआयना करना। जैसे, कल इंस्पेक्टर साहब स्कूल देखने आवेंगे। (३) ढूँढ़ना। खोजना। तलाश करना। पता लगाना। जैसे, तुम अपने संदूक में तो देखो, शायद उसी में हो। (४) परीक्षा करना। आज़माना। अनुभव करना। परखना। जैसे, (क) इस औषध का गुण देख लें, तो कहें। (ख) सबको देख लिया है, उस समय किसी ने मेरा साथ न दिया। (५) किसी वस्तु पर ध्यान रखना जिसमें वह बिगड़ने या इधर उधर न होने पावे। निगरानी रखना। ताकते रहना। जैसे, मेरा सामान भी देखते रहना, मैं थोड़ा पानी पीआऊँ। (६) समझना। सोचना। विचारना। जैसे, भलाई बुराई देख कर काम करना चाहिए। (७) अनुभव करना। भोगना। जैसे, (क) उसने अपने जीवन में बहुत दुःख देखा। (ख) इन्होंने अच्छे दिन देखे हैं। उ०—एक यहाँ दुख देखत केशव होत वहाँ सुरलोक विहारी।—केशव। (८) पढ़ना। बाँचना। जैसे, इन्होंने बहुत ग्रंथ देखे हैं। (९) त्रुटि आदि जानने या दूर करने के लिये अवलोकन करना। परीक्षा करना। जाँचना। गुण दोष का पता लगाना। जैसे, (क) देखो तो इस अँगूठी का सोना कैसा है। (ख) मेरे इस लेख को देख जाओ। (१०) ठीक करना। संशोधित करना। शोधना। जैसे, प्रूफ़ देखना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

देखनि—संज्ञा स्त्री० दे० "देखन"।

देखभाल—संज्ञा स्त्री० [हिं० देखना + भालना] (१) जाँच पड़ताल। निरीक्षण। निगरानी। (२) दर्शन। देखा देखी। साक्षात्कार।

देखराना *†—क्रि० स० दे० "दिखलाना"।

देखरावना *†—क्रि० स० दे० "दिखलाना"।

देख रेख—संज्ञा स्त्री० [हिं० देखना + सं० प्रेक्षण] देख भाल। निरीक्षण। निगरानी। जैसे, उनकी देख रेख में यह काम हो रहा है।

क्रि० प्र०—रखना।

देखाऊ—वि० [हिं० देखना] (१) जो केवल देखने के लिये हो। जो केवल ऊपर से देखने में भड़कीला या सुंदर हो, काम का न हो। झूठी तड़क भड़कवाला। जैसे, देखाऊ चीज़ें।

देखाऊ सामान। (२) जो ऊपर से दिखाने के लिये हो वास्तविक न हो। बनावटी। जैसे, देखाऊ प्रेम।

देखा देखी–संज्ञा स्त्री० [हिं० देखना] आँखों से देखने की दशा या भाव। दर्शन। साक्षात्कार।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

क्रि० वि० दूसरों को करते देखकर। जो दूसरे करें उसके अनुसार। दूसरों के अनुकरण पर। जैसे, (क) देखा देखी पाप, देखा देखी पुण्य। (ख) उसकी देखा देखी तुम भी ऐसा करने लगे।

विशेष—यह वास्तव में संज्ञा शब्द है जिसके आगे 'से' विभक्ति लुप्त है अतः लिंग ज्यों का त्यों रहता है।

देखाना *†–क्रि० स० दे० "दिखाना"।

देखाभाली–संज्ञा स्त्री० दे० "देखभाल"।

देखाव–संज्ञा पुं० [हिं० देखना] (१) दृष्टि की सीमा। नजर की पहुँच।

मुहा०—देखाव में = नजर के सामने। समक्ष।

(२) रूप रंग दिखाने की क्रिया या भाव। बनाव। (३) ठाट बाट। तड़क भड़क।

देखावट–संज्ञा स्त्री० [हिं० दिखाना] (१) रूप रंग दिखाने की क्रिया या भाव। बनाव। (२) ठाट बाट। तड़क भड़क।

देखावना–क्रि० स० दे० "दिखाना"।

देखौआ–वि० दे० "देखाऊ"।

देग–संज्ञा पुं० [फा०] चौड़े मुँह और चौड़े पेटे का बड़ा बरतन जिसमें खाना पकाया जाता है। तौंबिया।

संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बाज पक्षी।

देगचा–संज्ञा पुं० [फा०] [स्त्री० अल्प० देगची] छोटा देग।

देगची–संज्ञा स्त्री० [फा० देगचा] छोटा देगचा।

देदीप्यमान–वि० [सं०] अत्यंत प्रकाशयुक्त। चमकता हुआ। दमकता हुआ।

देन–संज्ञा स्त्री० [हिं० देना] (१) देने की क्रिया या भाव। दान। (२) दी हुई चीज़। प्रदत्त वस्तु। जैसे, यह तो ईश्वर की देन है।

देनदार–संज्ञा पुं० [हिं० देना + फा० दार] ऋणी। कर्जदार।

देनदारी–संज्ञा स्त्री० [हिं० देन + फा० दारी] ऋणी होने की अवस्था।

देन लेन–संज्ञा पुं० [हिं० देना + लेना] ब्याज पर रुपया उधार देने का व्यापार। महाजनी का व्यवसाय।

देनहार*†–वि० दे० "देनहारा"।

देनहारा*†–वि० [हिं० देना + हारा (प्रत्य०)] देनेवाला।

देना–क्रि० स० [सं० दान] (१) किसी वस्तु पर से अपना स्वत्व हटाकर उसपर दूसरे का स्वत्व स्थापित करना। दूसरे के अधिकार में करना। प्रदान करना। जैसे, (क) इसने अपना मकान एक ब्राह्मण को दे दिया। (ख) जो दे उसका भला, जो न दे उसका भला।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।

(२) अपने पास से अलग करके दूसरे के पास करना। सौंपना। हवाले करना। जैसे, इसे हमें दे दो हम रखे रहें. जब काम पड़े ले लेना। (३) हाथ पर या पास रखना। थमाना। जैसे, (क) छड़ी इसे दे दो और छाता तुम ले लो, तब चलो। (ख) जरा यह चिट्ठी इन्हें तो दे दो, वे पढ़कर देख लें। (४) रखना, लगाना या डालना। स्थापित, प्रयुक्त वा मिश्रित करना। जैसे, (क) सिर पर टोपी देना। (ख) छाता देना। (ग) जोड़ में पकड़ देना। (घ) तरकारी में चीनी देना। (ङ) यहाँ से वहाँ तक लकीर देना। उ०—बंक बिकारी देत ज्यों दाम रुपैया होत।—बिहारी। (५) मारना। प्रहार करना। जैसे, थप्पड़ देना, चाँटा देना, पेट में कटारी देना।

मुहा०—दे मारना = पटक देना। पकड़ कर जमीन पर गिरा देना (किसी व्यक्ति को)।

(६) अनुभव कराना। भोगाना। जैसे, कष्ट देना, दुःख देना, सुख देना, आराम देना। (७) उत्पन्न करना। निकालना। जैसे, (क) यह गाय कितना दूध देती है? (ख) इस बकरी ने दो बच्चे दिए हैं। (८) बंद करना। भिड़ाना। जैसे, किवाड़ देना, बोतल में डाट देना।

विशेष—इस क्रिया का प्रयोग प्रायः सब सकर्मक क्रियाओं के साथ संयो० क्रि० के रूप में होता है जैसे, कर देना, मार देना, गिरा देना, दे देना, बना देना, बिगाड़ देना, निकाल देना इत्यादि। बहुत सी क्रियाओं में तो इसे लगाने से यह भाव निकलता है कि वे क्रियाएँ दूसरे के लिये, हैं जैसे, (१) मेरा या उनका यह काम कर दो। (२) मेरी घड़ी बना दो। (क) जो क्रियाएँ केवल कर्त्ता ही के लिये होती हैं दूसरे के लिये नहीं उनके साथ 'लेना' का प्रयोग होता है, जैसे, खा लेना, पी लेना। एक ही क्रिया केवल कर्त्ता के लिये भी हो सकती है और दूसरे के लिये भी। जैसे, (१) अपना काम कर लो, मेरा काम कर दो। (२) अपनी घड़ी बना लो, मेरी घड़ी बना दो। स० क्रि० के अतिरिक्त कुछ अ० क्रि० के साथ भी संयो० क्रि० के रूप में "देना" का प्रयोग होता है, जैसे, चल देना, रो देना, हँस देना, इत्यादि।

संज्ञा पुं० ऋण जिसे चुकाना हो। कर्ज। उधार लिया हुआ रुपया। जैसे, तुम अपना सब देना चुकता कर दो।

देमान‡*–संज्ञा पुं० [फा० दीवान] मंत्री। अमात्य।

देय–वि० [सं०] देने योग्य। दान योग्य। दातव्य।

देर–संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) अतिकाल। विलंब। नियमित, उचित

या आवश्यक से अधिक समय। जैसे, (क) देर हो रही है, चलो। (ख) इस काम में देर मत करो।

क्रि० प्र०—करना।—लगाना।—होना।

(२) समय। वक्त। जैसे, तुम कितनी देर में आओगे।

विशेष—इस अर्थ में इस शब्द का प्रयोग तभी होता है जब उसके पहले कोई परिमाणवाचक विशेषण होता है, जैसे, कितनी देर, बहुत देर।

देरा‡*—संज्ञा पुं० दे० "डेरा"।

देरी‡—संज्ञा स्त्री० दे० "देर"।

देवँक—संज्ञा स्त्री० दे० "दीमक"।

देव—संज्ञा पु० [सं०] [स्त्री० देवी] (१) स्वर्ग में रहने या क्रीड़ा करनेवाला अमर प्राणी। दिव्य-शरीर-धारी। देवता। सुर। (२) पूज्य व्यक्ति। (३) तेजोमय व्यक्ति। (४) ब्राह्मणों की एक उपाधि। (५) बड़ों के लिये एक आदर-सूचक शब्द या संबोधन। (६) राजा के लिये आदरसूचक शब्द या संबोधन। (७) मेघ। बादल। (८) पारा। (९) देवदार। (१०) देवर। (११) ज्ञानेंद्रिय। (१२) ऋत्विक्।

संज्ञा पुं० [फा०] दैत्य। राक्षस। दानव।

देवअंशी—वि० [सं० देव + अंशिन्] जो देवता के अंश से उत्पन्न हो। जो किसी देवता का अवतार हो।

देवऋण—संज्ञा पुं० [सं०] देवताओं के लिये कर्त्तव्य। यज्ञादि।

देवऋषि—संज्ञा पुं० [सं०] देवताओं के लोक में रहनेवाले नारद आदि ऋषि।

विशेष—नारद, अत्रि, मरीचि, भरद्वाज, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, भृगु इत्यादि ऋषि देवर्षि माने जाते हैं।

देवक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवता। (२) एक यदुवंशी राजा जो देवकी के पिता अर्थात् श्रीकृष्णचंद्र के नाना थे। इन्हें चार पुत्र और सात कन्याएँ थीं। सातो कन्याओं का विवाह इन्होंने वसुदेव के साथ कर दिया था। उग्रसेन इनके बड़े भाई थे। (३) युधिष्ठिर के एक पुत्र का नाम।

देवकन्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] देवता की पुत्री। देवी।

देवकपास—संज्ञा स्त्री० [देश०] नरमा। मनवा। रामकपास।

देवकर्दम—संज्ञा पुं० [सं०] एक सुगंध द्रव्य जो चंदन, अगर, कपूर और केसर को एक में मिलाने से बनता है।

देवकर्म—संज्ञा पु० [सं०] देवताओं को प्रसन्न करने के लिये किया हुआ कर्म, जैसे, यज्ञ, बलिवैश्वदेव इत्यादि।

देवकाँड़र—संज्ञा स्त्री० [सं० देव + कांड] एक बहुत छोटा पौधा जिसकी पत्तियों और डंठलों में राई की सी झाल होती है। यह ऊँचे करारोंवाली बड़ी नदियों के किनारे होता है। गंगा के तट पर बहुत मिलता है। इसकी पत्तियाँ कटावदार और फाँकों में विभक्त होती हैं। यह पौधा उभरी हुई गिलटी बैठाने की अच्छी दवा है। अचार भी इसका पड़ता है। इसे लटपुरिया भी कहते हैं।

देवकार्य्य—संज्ञा पुं० [सं०] देवताओं को प्रसन्न करने के लिये किया हुआ कर्म। होम, पूजा आदि।

देवकाष्ठ—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का देवदार।

देवकिरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक रागिनी जो मेघराग की भार्य्या मानी जाती है। ललिता माधवी गौरी नाट देवकिरी तथा। मेघरागस्य रागिण्यो भवन्तीमाः सुमध्यमाः। (संगीत दामोदर)

देवकी—संज्ञा स्त्री० [सं०] वसुदेव की स्त्री और श्रीकृष्ण की माता।

विशेष—जब वसुदेव के साथ इनका विवाह हुआ तब नारद ने आकर मथुरा के राजा कंस से कहा कि मथुरा में तुम्हारी जो चचेरी बहिन देवकी है उसके आठवें गर्भ से एक ऐसा बालक उत्पन्न होगा जो तुम्हारा वध करेगा। कंस ने एक एक करके देवकी के छ बच्चों को मरवा डाला। जब सातवाँ शिशु गर्भ में आया तब योगमाया ने अपनी शक्ति से उस शिशु को देवकी के गर्भ से आकर्षित करके रोहिणी के गर्भ में कर दिया। आठवें गर्भ के समय देवकी पर कड़ा पहरा बैठाया गया। आठवें महीने में भादों बदी अष्टमी की रात को देवकी के गर्भ से श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। उसी रात को यशोदा को एक कन्या उत्पन्न हुई। वसुदेव रातोरात देवकी के शिशु श्रीकृष्ण को यशोदा को दे आए और यशोदा की कन्या को लाकर उन्होंने देवकी के पास सुला दिया। कंस ने उस कन्या को पत्थर पर पटका। कहते हैं कन्या जो योगमाया थी उसके हाथ से छूट कर आकाशमार्ग से उड़ कर विंध्य पर्वत पर आई। इधर कृष्ण यशोदा के यहाँ बड़े हुए। दे० "कृष्ण"।

देवकीनंदन—संज्ञा पुं० [सं०] श्रीकृष्ण।

देवकीपुत्र—संज्ञा पुं० [सं०] श्रीकृष्ण।

विशेष—छांदोग्य उपनिषद में भी घोर आंगिरस ऋषि के शिष्य देवकी-पुत्र श्रीकृष्ण का उल्लेख है।

देवकीमातृ—संज्ञा पुं० [सं०] श्रीकृष्ण (जिनकी माता देवकी हैं)।

देवकीय—वि० [सं०] देवता संबंधी। देवता का।

देवकुंड—संज्ञा पुं० [सं०] (१) प्राकृतिक जलाशय। आपसे आप बना हुआ पानी का गड्ढा या ताल। (२) वह जलाशय जो किसी देवता के निकट या नाम पर होने के कारण पवित्र माना जाता है।

देवकुरुंबा—संज्ञा पुं० [सं०] बड़ा गूमा। गोमा।

देवकुरु—संज्ञा पुं० [सं०] जंबूद्वीप के ६ खंडों में से एक खंड जो सुमेरु और निषध के बीच माना गया है। (जैन-हरिवंश)।

देवकुल—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का देवमंदिर जिसका द्वार अत्यंत छोटा हो।

देवकुल्या–संज्ञा पुं० [सं०] (१) गंगा नदी। (२) मरीचि और पूर्णिमा की कन्या।

देवकुसुम–संज्ञा पुं० [सं०] लवंग। लौंग।

देवकूट–संज्ञा पुं० [सं०] (१) कुबेर के आठ पुत्रों में से एक जो शिवपूजन के लिये सूँघकर कमल ले गया था जिसके कारण वह कंस का भाई हुआ और श्रीकृष्णचंद्र के द्वारा मारा गया। (२) एक पवित्र आश्रम जो वसिष्ठ के आश्रम के निकट था। (महाभारत)

देवकेसर–संज्ञा पुं० [सं०] सुरपुन्नाग। एक प्रकार का पुन्नाग।

देवखात–संज्ञा पुं० [सं०] अकृत्रिम जलाशय। ऐसा ताल या गड्ढा जो आपसे आप बन गया हो।

विशेष—मनु ने लिखा है कि नदी, देवखात, तड़ाग, सरोवर, गर्भ और प्रस्रवण में नित्य स्नान करना चाहिए।

देवगंग–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक छोटी नदी का नाम जो आसाम में है। इसे वहाँ दिवंग कहते हैं।

देवगंधा–संज्ञा स्त्री० [सं०] महामेदा।

देवगढ़ी–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की ईख।

देवगण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवताओं का वर्ग। देवताओं का अलग अलग समूह।

विशेष—वैदिक देवताओं के गण हैं—८ वसु, ११ रुद्र, १२ आदित्य। इनमें इंद्र और प्रजापति मिला देने से ३३ देवता होते हैं (शतपथ ब्राह्मण)। पीछे से इन गणों के अतिरिक्त ये गण और माने गए—३० तुषित, १० विश्वेदेवा, १२ साध्य, ६४ आभास्वर, ४९ मरुत्, २२० महाराजिक।

(२) फलित ज्योतिष में नक्षत्रों का एक समूह जिसके अंतर्गत अश्विनी, रेवती, पुष्य, स्वाती, हस्त, पुनर्वसु, अनुराधा, मृगशिरा और श्रवण हैं। (३) किसी देवता का अनुचर।

देवगति–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) मरने के उपरांत उत्तम गति। स्वर्गलाभ। उ०—श्री रघुनाथ धनुष कर लीना लागत बाण देवगति पाई।—सूर। (२) मरने पर देवयोनि की प्राप्ति।

देवगन†–संज्ञा पुं० दे० "देवगण"।

देवगर्भ–संज्ञा पुं० [सं०] वह मनुष्य जो देवता के वीर्य्य से उत्पन्न हो, जैसे, कर्ण, जो सूर्य्य से उत्पन्न हुए थे।

देवगांधार–संज्ञा पुं० [सं०] एक राग का नाम जो भैरव राग का पुत्र माना जाता है। यह संपूर्ण जाति का राग है और इसमें ऋषभ और धैवत कोमल लगते हैं। इसका स्वरग्राम इस प्रकार है—ग म प ध नि स रे।

देवगांधारी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक रागिनी जो श्रीराग की भार्य्या मानी जाती है। यह शिशिर ऋतु में तीसरे पहर से लेकर आधी रात तक गाई जाती है।

देवगायक–संज्ञा पुं० [सं०] गंधर्व।

देवगायन–संज्ञा पुं० [सं०] गंधर्व।

देवगिरा–संज्ञा स्त्री० [सं०] देववाणी, संस्कृत।

देवगिरि–संज्ञा पुं० [सं०] (१) रैवतक पर्वत जो गुजरात में है। गिरनार। (२) दक्षिण का एक प्राचीन नगर जो आज कल दौलताबाद कहलाता है और निजाम राज्य के अंतर्गत है। यह यादव राजाओं की बहुत दिनों तक राजधानी रहा। प्रसिद्ध कलचुरि वंश का जब अधःपतन हुआ तब इसके आस पास का सारा प्रदेश द्वारसमुद्र के यादव राजाओं के हाथ आया। कई शिलालेखों में जो इन यादव राजाओं की वंशावली मिली है वह इस प्रकार है—



द्वितीय सिंघन के समय में ही देवगिरि यादवों की राजधानी प्रसिद्ध हुआ। महादेव की सभा में वोपदेव और हेमाद्रि ऐसे प्रसिद्ध पंडित थे। कृष्ण के पुत्र रामचंद्र रामदेव बड़े प्रतापी हुए। उन्होंने अपने राज्य का विस्तार खूब बढ़ाया। शक १२१६ में अलाउद्दीन ने देवगिरि पर अकस्मात् चढ़ाई कर दी। राजा जहाँ तक लड़ते बना वहाँ तक लड़े पर अंत में दुर्ग के भीतर सामग्री घट जाने से उन्होंने आत्मसमर्पण किया। शक १२२८ में रामचंद्र ने कर देना अस्वीकार किया। इस समय दिल्ली के सिंहासन पर अलाउद्दीन बैठ चुका था। उसने एक लाख सवारों के साथ मलिक काफूर को दक्षिण भेजा। राजा हार गए और दिल्ली भेजे गए। अलाउद्दीन ने सम्मानपूर्वक उन्हें फिर देवगिरि भेज दिया। इधर मलिक काफूर दक्षिण के और राज्यों में लूट-पाट करने लगा। कुछ दिन बीतने पर राजा रामचंद्र का जामाता हरिपाल मुसलमानों को दक्षिण से भगा कर देवगिरि के सिंहासन पर बैठा। छ वर्ष तक उसने पूर्ण प्रताप के साथ राज्य किया अंत में शक १३४० में दिल्ली के बादशाह ने उसपर चढ़ाई की और कपटयुक्ति से उसको परास्त करके

मार डाला। इस प्रकार यादवराज्य की समाप्ति हुई। मुहम्मद तोगलक पर जब अपनी राजधानी दिल्ली से देवगिरि ले जाने की सनक चढ़ी थी तब उसने देवगिरि का नाम दौलताबाद रखा था।

देवगिरी–संज्ञा स्त्री० [स०] एक रागिनी जो सोमेश्वर के मत से वसंत राग की, भरत के मत से हिंदोल राग के पुत्र नागध्वनि की, संगीतदर्पण के मत से नटकल्याण की और हनुमत के मत से मालकोश राग की भार्य्या मानी जाती है। यह हेमंत ऋतु में दिन के चौथे पहर से लेकर आधी रात तक गाई जाती है। किसी के मत से यह रागिनी संकर है और शुद्ध पूर्वी और सारंग के मेल से, और किसी के मत से सरस्वती, मालश्री और गांधारी के मेल से बनी है। यह संपूर्ण जाति की रागिनी है और इसमें सब शुद्ध स्वर लगते हैं।

देवगुरु–संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवताओं के गुरु। बृहस्पति। (२) देवताओं के गुरु अर्थात् पिता। कश्यप।

देवगुही–संज्ञा स्त्री० [सं०] सरस्वती।

देवगृह–संज्ञा पुं० [सं०] देवताओं का घर। देवालय।

देवघन–संज्ञा पुं० [देश०] एक पेड़ जो बगीचों में लगाया जाता है।

देवचक्र–संज्ञा पु० [सं०] गवामयन यज्ञ के एक अभिप्लव का नाम।

देवचाली–संज्ञा पुं० [सं०] इंद्रताल के छः भेदों में से एक। (संगीतदामोदर)

देवचिकित्सक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अश्विनीकुमार। (२) दो की संख्या।

देवच्छंद–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का हार जो किसी के मत से १०० या १०८ लड़ियों का और किसी के मत से ८१ लड़ियों का होता है।

देवज–वि० [सं०] देवता से उत्पन्न। देवसंभूत।
संज्ञा पुं० (१) सामभेद। (२) सूर्य्यवंशीय संयम राजा के एक पुत्र का नाम।

देवजग्ध–संज्ञा पु० [सं०] रोहिष तृण। रोहिस घास।

देवजन–संज्ञा पु० [सं०] उपदेव। गधर्व।

देवजनविद्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] गंधर्वविद्या।

देवजुष्ट–वि० [स०] देवता को चढ़ा हुआ।

देवट–संज्ञा पुं० [सं०] शिल्पी। कारीगर।

देवठान–संज्ञा पुं० [सं० देवोत्थान] (१) विष्णु भगवान का सो कर उठना। (२) कार्त्तिकशुक्ला एकादशी। इस दिन विष्णु भगवान सो कर उठते हैं, इससे इसका माहात्म्य बहुत माना जाता है।

देवडोंगरी†–संज्ञा पुं० [सं० देव + देश० डोंगरी] देवदाली लता। बंदाल।

देवढ़ी†–संज्ञा स्त्री० दे० "ड्योढ़ी"।

देवतरु–संज्ञा पुं० [सं०] देवताओं के वृक्ष।
विशेष—स्वर्ग के वृक्ष पाँच माने जाते हैं—मंदार, पारिजात, संतान, कल्पवृक्ष और हरिचंदन।

देवतर्पण–संज्ञा पुं० [सं०] ब्रह्मा विष्णु आदि देवताओं के नाम ले ले कर पानी देने की क्रिया।

देवता–संज्ञा पुं० [सं०] स्वर्ग में रहनेवाला अमर प्राणी।
विशेष—वेदों में देवता शब्द से कई प्रकार के भाव लिए गए हैं। साधारणतः वेदमंत्रों के जितने विषय हैं वे देवता कहलाते हैं। सिल, लोढ़े, मूसल, ओखली, नदी, पहाड़ इत्यादि से लेकर घोड़े, मेढक मनुष्य (नाराशंस), इंद्र, वरुण, आदित्य इत्यादि तक वेदमंत्रों के देवता हैं। कात्यायन ने अनुक्रमणिका में मंत्र के वाच्य विषय को ही उसका देवता कहा है। निरुक्तकार यास्क ने 'देवता' शब्द को दान, दीपन, और द्युस्थानगत होने से निकाला है। देवता के संबंध में प्राचीनों के चार मत पाए जाते हैं—ऐतिहासिक, याज्ञिक, नैरुक्तिक और आध्यात्मिक। ऐतिहासिकों के मत से प्रत्येक मंत्र भिन्न भिन्न घटनाओं या पदार्थों को लेकर बना है। याज्ञिक लोग मंत्र ही को देवता मानते हैं जैसा कि जैमिनि ने मीमांसा में स्पष्ट किया है। मीमांसा दर्शन के अनुसार देवताओं का कोई रूप, विग्रह आदि नहीं, वे मंत्रात्मक हैं। याज्ञिकों ने देवताओं को दो श्रेणियों में विभक्त किया है—सोमप और असोमप। अष्टावसु, एकादश रुद्र, द्वादश आदित्य, प्रजापति और वषट्कार ये ३३ सोमप देवता कहलाते हैं। एकादश प्रयाजा, एकादश अनुयाजा और एकादश उपयाजा ये असोमप देवता कहलाते हैं। सोमपायी देवता सोम से संतुष्ट हो जाते हैं और असोमपायी 'यज्ञ-पशु से तुष्ट होते हैं। नैरुक्तक लोग स्थान के अनुसार देवता लेते हैं और तीन ही देवता मानते हैं, अर्थात् पृथिवी का अग्नि, अंतरिक्ष का इंद्र वा वायु और द्युस्थान (आकाश) का सूर्य्य। बाकी देवता या तो इन्हीं तीनों के अंतर्भूत हैं अथवा होता, अध्वर्य्यु, ब्रह्मा, उद्गाता आदि के कर्मभेद के लिये इन्हीं तीनों के अलग अलग नाम हैं। ऋग्वेद में कुछ ऐसे मंत्र भी हैं जिनमें भिन्न भिन्न देवताओं को एक ही के अनेक नाम कहा है, जैसे, "बुद्धिमान् लोग इंद्र, मित्र, वरुण और अग्नि कहते हैं…। इनके एक होने पर भी इन्हें बहुत बतलाते हैं" (ऋग्वेद १। १६४। ४६)। ये ही मंत्र आध्यात्मिक पक्ष वा वेदांत के मूल बीज हैं। उपनिषदों में इन्हीं के अनुसार एक ब्रह्म की भावना की गई है।

प्रकृति के बीच जो वस्तुएँ प्रकाशमान, ध्यान देने योग्य और उपकारी देख पड़ीं उनकी स्तुति या वर्णन ऋषियों ने मंत्रों

द्वारा किया। जिन देवताओं को प्रसन्न करने के लिये यज्ञ आदि होते थे उनकी कुछ विशेष स्थिति हुई। उनसे लोग धनधान्य, युद्ध में जय, शत्रुओं का नाश आदि चाहते थे। क्रमशः 'देवता' शब्द से ऐसी ही अगोचर सत्ताओं का भाव समझा जाने लगा और धीरे धीरे पौराणिक काल में रुचि के अनुसार और भी अनेक देवताओं की कल्पना की गई। ऋग्वेद में जिन देवताओं के नाम आए हैं उनमें से कुछ ये हैं—

अग्नि, वायु, इंद्र, मित्र, वरुण, अश्विद्वय, विश्वेदेवा, मरुद्गण, ऋतुगण, ब्रह्मणस्पति, सोम, त्वष्टा, सूर्य्य, विष्णु, पृश्नि, वाम, पर्जन्य, अर्य्यमा, पूषा, रुद्रगण, वसुगण, आदित्यगण, उशना, त्रित, त्रैतन, अहिर्बुध्न, अज, एकपात, ऋभुक्षा, गरुत्मान् इत्यादि। कुछ देवियों के नाम भी आए हैं—जैसे सरस्वती, सुनृता, इला, इंद्राणी, होत्रा, पृथिवी, उषा, आप्री, रोदसी, राका, सिनीवाली इत्यादि।

ऋग्वेद में मुख्य देवता ३३ माने गए हैं जो शतपथ ब्राह्मण में इस प्रकार गिनाए गए हैं—८ वसु, ११ रुद्र, १२ आदित्य, तथा इंद्र और प्रजापति। ऋग्वेद में एक स्थान पर देवताओं की संख्या ३३३९ कही गई है (३। ९। ९)। शतपथ ब्राह्मण और सांख्यायन श्रौतसूत्र में भी यह संख्या दी हुई है। इस पर सायण कहते हैं कि देवता ३३ ही हैं, ३३३९ नाम महिमा-प्रकाशक हैं। देवता मनुष्यों से भिन्न अमर प्राणी माने जाते थे इसका उल्लेख ऋग्वेद में स्पष्ट है—"हे असुर वरुण! देवता हों या मर्त्य (मनुष्य) हों तुम सब के राजा हो।" (ऋक् २। २७। १०)

पीछे पौराणिक काल में जिसका थोड़ा बहुत सूत्रपात शुक्ल और सूत के समय में हो चुका था, वेद के ३३ देवताओं से ३३ कोटि देवताओं की कल्पना की गई। इंद्र, विष्णु, रुद्र, प्रजापति इत्यादि वैदिक देवताओं के रूप रंग, कुटुंब आदि की भी कल्पना की गई। यास्क के वैदिक देवता विष्णु (जो १२ आदित्यों में थे) आगे चल कर चतुर्भुज, शंखचक्रगदापद्मधारी, लक्ष्मी के पति हो गए। वैदिक रुद्र जटी, त्रिशूलधारी, पार्वती के पति, गणेश और स्कंद के पिता हो गए, वैदिक प्रजापति वेद के वक्ता, चार मुँहवाले ब्रह्मा हो गए। देवताओं की भावना और उपासना में यह भेद महाभारत के समय से ही कुछ कुछ पड़ने लगा। कृष्ण के समय तक वैदिक इंद्र की पूजा होती थी जो पीछे बंद हो गई, यद्यपि इंद्र देवताओं के राजा और स्वर्ग के स्वामी बने रहे। आज कल हिंदुओं में उपासना के लिये पाँच देवता मुख्य माने गए हैं—विष्णु, शिव, सूर्य्य, गणेश और दुर्गा। ये पंचदेव कहे जाते हैं।

यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद और पुराणों के अनुसार इंद्र, चंद्र आदि देवता कश्यप से उत्पन्न हुए। पुराणों में लिखा है कि कश्यप की दिति नाम की स्त्री से दैत्य और अदिति नाम की स्त्री से देवता उत्पन्न हुए।

बौद्ध और जैन लोग भी देवताओं को मानते हैं और इसी पौराणिक रूप में, भेद केवल इतना है कि वे देवताओं को बुद्ध, बोधिसत्व या तीर्थंकरों से निम्न श्रेणी का मानते हैं। बौद्ध लोग भी देवताओं के कई गण या वर्ग मानते हैं, जैसे, चातुर-महाराजिक, तुषिक आदि। जैन लोग चार प्रकार के देवता मानते हैं—वैमानिक या कल्पभव, कल्पातीत, ग्रैवेयक और अनुत्तर। वैमानिक १२ हैं—सौधर्म, ईशान, सनत्कुमार, महेंद्र, ब्रह्म, लांतक, शुक्र, सहस्रार, नत, प्राणत, आरण और अच्युत।

देवताड़—संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक प्रकार का तृण या पौधा जिसमें इधर उधर टहनियाँ नहीं निकलतीं, तलवार की तरह दो ढाई हाथ तक लंबे सीधे पत्ते पेड़ी से चारों ओर निकलते हैं जिससे यह देखने में घीकुवार के पौधे सा मालूम होता है। पत्ते कड़े होते हैं और कुछ नीलापन लिए होते हैं। इसके बीच का कांड डंडे की तरह छः सात हाथ ऊपर निकल जाता है जिसके सिरे पर फूलों के गुच्छे लगते हैं। पत्तों के रेशों से बहुत मज़बूत रस्से बनते हैं। इसे रामबाँस भी कहते हैं। (२) दे० "देवताड़ी"।

देवताड़ी—संज्ञा स्त्री० [सं० देवताड़ी] (१) देवदाली लता। बेंदाल। (२) तुरई। तरोई।

देवताधिप—संज्ञा पुं० [सं०] इंद्र।

देवताध्याय—संज्ञा पुं० [सं०] सामवेद का एक ब्राह्मण।

देवतीर्थ—संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवपूजा के लिये उपयुक्त समय। (२) अँगूठे को छोड़ उँगलियों का अग्रभाग जिससे होकर संकल्प या तर्पण का जल गिरता है।

देवत्त—वि० [सं०] देवता का दिया हुआ। देवदत्त।

देवत्रयी—संज्ञा पुं० [सं०] ब्रह्मा, विष्णु और शिव, इन तीन देवताओं का समूह।

देवत्व—संज्ञा पुं० [सं०] देवता होने का भाव या धर्म।

देवदंडा—संज्ञा स्त्री० [सं०] नागबला। गँगेरन।

देवदत्त—वि० [सं०] (१) देवता का दिया हुआ। देवता से प्राप्त। (२) जो देवता के निमित्त दिया गया हो।

संज्ञा पुं० (१) देवता के निमित्त दान की हुई संपत्ति। (२) शरीर की पाँच वायुओं में से एक जिससे जँभाई आती है। (३) अर्जुन के शंख का नाम। (४) अष्टकुल नागों में से एक। (५) शाक्यवंशीय एक राजकुमार जो गौतम बुद्ध का चचेरा भाई था और उनसे बहुत बुरा मानता था। बुद्ध और देवदत्त दोनों साथ ही पले थे, इससे सब बातों में बुद्ध को विशेष कुशल और तेजस्वी देखकर वह मन ही

मन बहुत चिढ़ता था। यशोधरा से पहले यही विवाह करना चाहता था। जब यशोधरा ने बुद्ध को स्वीकार किया तब यह और भी जला और बदला लेने की ताक में रहने लगा। गौतम के बुद्धत्व प्राप्त करने पर भी इसने द्वेष न छोड़ा। अवदानशतक में लिखा है कि जिस समय बुद्ध जेतवन आराम में ठहरे थे देवदत्त ने उन्हें मारने के लिये बहुत से घातक भेजे थे। पीछे से यह बुद्ध के संघ में मिल गया था और अनेक प्रकार के उपाय बुद्ध और संघ को हानि पहुँचाने के किया करता था। कौशांबी में आनंद और सारिपुत्र मौद्गलायन की प्रधानता से कुढ़ कर यह संघ छोड़ राजगृह चला गया और वहाँ अजातशत्रु को मिला कर इसने बुद्ध को अनेक प्रकार के कष्ट पहुँचाए, उन पर मत्त हाथी छुड़वाया, पत्थर लुढ़कवाया। अंत में जब वह कुष्ट रोग आदि से पीड़ित और जीवन से निराश हुआ तब बुद्ध से क्षमा माँगने के लिये चला। बुद्ध ने उसे आता सुन कर कहा "वह मेरे पास नहीं आ सकता"। संयोगवश वह आने के पहले तालाब में नहाने घुसा और वहीं कीचड़ में फँस कर मर गया।

देवदर्शन—संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवता का दर्शन। (२) एक ऋषि का नाम।

देवदानी—संज्ञा स्त्री० [सं०] बड़ी तोरई।

देवदार—संज्ञा पुं० [सं० देवदारु] एक बहुत ऊँचा पेड़ जो हिमालय पर ६००० फुट से ८००० फुट तक की उँचाई पर होता है। देवदार के पेड़ अस्सी गज तक सीधे ऊँचे चले जाते हैं और पश्चिमी हिमालय पर कुमाऊँ से लेकर काश्मीर तक पाए जाते हैं। देवदार की अनेक जातियाँ संसार के अनेक स्थानों में पाई जाती हैं। हिमालयवाले देवदार के अतिरिक्त एशियाई कोचक (तुर्की का एक भाग) तथा लुबना और साइप्रस टाप् के देवदार प्रसिद्ध हैं। हिमालय पर के देवदार की डालियाँ सीधी और कुछ नीचे की ओर झुकी होती हैं, पत्तियाँ महीन महीन होती हैं। डालियों के सहित सारे पेड़ का घेरा ऊपर की ओर बराबर कम अर्थात् गावदुम होता जाता है जिससे देखने में यह सरो के आकार का जान पड़ता है। देवदार के पेड़ डेढ़ डेढ़ दो दो सौ वर्ष तक के पुराने पाए जाते हैं। ये जितने ही पुराने होते हैं उतने ही विशाल होते हैं। बहुत पुराने पेड़ों के धड़ या तने का घेरा १५—१५ हाथ तक का पाया गया है। इसके तने पर प्रति वर्ष एक मंडल या छल्ला पड़ता है, इसलिये इन छल्लों को गिन कर पेड़ की अवस्था बताई जा सकती है। इसकी लकड़ी कड़ी, सुंदर, हलकी, सुगंधित और सफेदी लिए बादामी रंग की होती है और मज़बूती के लिये प्रसिद्ध है। इसमें घुन कीड़े कुछ नहीं लगते। यह इमारतों में लगती है और अनेक प्रकार के सामान बनाने के काम में आती है। काश्मीर में बहुत से ऐसे मकान हैं जिनमें चार चार सौ बरस की देवदार की छतें आदि लगी हैं और अभी ज्यों की त्यों हैं। काश्मीर में देवदार की लकड़ी पर नक्काशी बहुत अच्छी होती है। काँगड़े में इसे घिस कर चंदन के स्थान पर लगाते हैं। इससे एक प्रकार का अलकतरा और तारपीन की तरह का तेल भी निकलता है, जो चौपायों के घाव पर लगाया जाता है। देवदार को दियार, केलू और कहीं कहीं केलोन भी कहते हैं।

पर्य्या०—शक्रपादप। पारिभद्रक। भद्रदारु। तुकिखिम। पीड़दारु। दारु। पूतिकाष्ठ। सुरदारु। स्निग्धदारु। दारुक। अमरदारु। शांभव। भूतहारि। भवदारु। भद्रवत्। इंद्रदारु। देवकाष्ठ।

देवदारु—संज्ञा पुं० [सं०] देवदार।

देवदार्वादि—संज्ञा पुं० [सं०] भावप्रकाश के अनुसार एक क्वाथ जिसे प्रसूता स्त्री को पिलाने से ज्वर, दाह, सिर की पीड़ा, अतीसार, मूर्च्छा आदि उपद्रव शांत हो जाते हैं।

विशेष—इस काढ़े में ये वस्तुएँ बराबर बराबर पड़ती हैं—देवदार, वच, कुड़, पिप्पली, सोंठ, चिरायता, कायफल, मोथा, कुटकी, धनिया, हड़, गजपिप्पली, जवासा, गोखरू, भटकटैया (कंटकारि), गुलंचकंद, काकड़ासींगी और स्याह जीरा। काढ़ा तैयार हो जाने पर उसमें हींग और नमक डाल देना चाहिए।

देवदालिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] महाकाल वृक्ष।

देवदाली—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक लता जो देखने में तुरई की बेल से मिलती जुलती होती है। पत्तियाँ भी तुरई की पत्तियों के समान पर उनसे छोटी होती हैं और कोनों पर चुकीली नहीं होतीं। फूल पीले, लाल और सफेद तीन रंग के होते हैं। फल ककोड़े (खेखसे) की तरह के काँटेदार होते हैं। इस लता को घघरबेल और बंदाल भी कहते हैं। वैद्यक में यह कड़ुई, तीक्ष्ण, वमनकारक, विरेचक, विषनाशक, कुयरोग-नाशक, तथा ज्वर, खाँसी, अरुचि, हिचकी, कृमि, चूहे के विष इत्यादि को दूर करनेवाली मानी जाती है।

पर्य्या०—जीमूतक। कंटफला। गरागरी। वेणी। सहा। कोशफला। कटुफला। घोरा। कदंबा। विषहा। कर्कटी। सारमूषिका। आखुविषहा। वृत्तकोषा। घोषा। विषघ्नी। दाली। लोमशपत्रिका। तुरंगिका।

देवदासी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) वेश्या। (२) मंदिरों की दासी या नर्तकी।

विशेष—ये जगन्नाथ से लेकर दक्षिण के प्रायः सब मंदिरों में नाचती गाती हैं और वेश्यावृत्ति करती हैं। इनके माता पिता बचपन ही में इन्हें मंदिर को दान कर देते हैं जहाँ उस्ताद लोग इन्हें नाचना गाना सिखाते हैं। मदरास के चिंगलपट ज़िले के कोरियों (कपड़ा बुननेवालों) में यह रीति

है कि वे अपनी सब से बड़ी लड़की को किसी मंदिर को दान कर देते हैं। इस प्रकार दान की हुई कुमारियों को महाराष्ट्र देश में 'मुरली' और तैलंग देश में 'वसवा' कहते हैं। इन्हें मंदिरों से गुजारा मिलता है। मरने पर इनका उत्तराधिकारी पुत्र नहीं होता, कन्या होती है। मंदिरों में देवदासियाँ रखने की प्रथा प्राचीन है। कालिदास के मेघदूत में महाकाल के मंदिर में वेश्याओं के नृत्य की बात लिखी है। मिस्र, यूनान, बाबिलन आदि के प्राचीन देवमंदिरों में भी देवनर्त्तकियाँ होती थीं।

(२) बिजौरा नीबू।

देवदीप—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह दीपक जो किसी देवता के निमित्त जलाया गया हो। (२) आँख। नेत्र।

देवदुंदुभि—संज्ञा पुं० [सं०] लाल तुलसी।

देवदूत—संज्ञा पुं० [सं०] अग्नि। आग।

देवदूती—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) स्वर्ग की अप्सरा। (२) बिजौरा नीबू।

देवदेव—संज्ञा पुं० [सं०] (१) शिव। (२) ब्रह्मा। (३) विष्णु। (४) गणेश।

देवद्युर—संज्ञा पुं० [सं०] भारतवंशीय एक राजा जो देवाजित् पुत्र थे। (भागवत)

देवद्रुम—संज्ञा पुं० [सं०] (१) कल्पवृक्ष, पारिजात आदि स्वर्ग के वृक्ष।। (२) देवदार।

देवद्रोणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] अरघा जिसमें स्वयंभू लिंग स्थापित किया जाता है।

देवधन—संज्ञा पुं० [सं०] देवता के निमित्त उत्सर्ग किया हुआ धन।

देवधान्य—संज्ञा पुं० [सं०] उवार।

देवधाम—संज्ञा पुं० [सं०] तीर्थस्थान। देवस्थान।

मुहा०—देवधाम करना = तीर्थयात्रा करना।

देवधुनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] गंगा नदी। उ०—हमहि अगम अति दरस तुम्हारा। जस मरुधरनि देवधुनि-धारा।—तुलसी।

देवधूप—संज्ञा पुं० [सं०] गुग्गुल। गूगुल।

देवधेनु—संज्ञा स्त्री० [सं०] कामधेनु।

देवनंदी—संज्ञा पुं० [सं० देवनन्दिन्] इंद्र का द्वारपाल।

देवन—संज्ञा पुं० [सं०] (१) व्यवहार। (२) किसी से बढ़ चढ़ कर होने की वासना। जिगीषा। (३) क्रीड़ा। खेल। (४) जीओधान। बगीचा। (५) पद्म। कमल। (६) परिवेदना। खेद। रंज। शोक। (७) द्युति। कांति। (८) स्तुति। (९) गति। (१०) द्यूत। जुआ। (११) पासे का खेल। चौसर।

देवनदी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) गंगा। (२) सरस्वती और दृषद्वती नदी।

देवनल—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का नरकट या नरसल।

देवना—संज्ञा पुं० [सं०] (१) क्रीड़ा। खेल। (२) सेवा।

देवनागरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] भारतवर्ष की प्रधान लिपि जिसमें संस्कृत तथा हिंदी, मराठी आदि देशभाषाएँ लिखी जाती हैं। उन अक्षरों का नाम जिनमें संस्कृत हिंदी आदि लिखी जाती है।

विशेष—'नागरी' शब्द की उत्पत्ति के विषय में मतभेद है। कुछ लोग इसका केवल 'नगर की' या 'नगरों में व्यवहृत' ऐसा अर्थ करके अपना पीछा छुड़ाते हैं। बहुत लोगों का यह मत है कि गुजरात के नागर ब्राह्मणों के कारण यह नाम पड़ा। गुजरात के नागर ब्राह्मण अपनी उत्पत्ति आदि के संबंध में स्कंदपुराण के नागरखंड का प्रमाण देते हैं। नागरखंड में चमत्कारपुर के राजा का वेदवेत्ता ब्राह्मणों को बुला कर अपने नगर में बसाना लिखा है। उसमें यह भी वर्णित है कि एक विशेष घटना के कारण चमत्कारपुर का नाम 'नगर' पड़ा और वहाँ जाकर बसे हुए ब्राह्मणों का नाम 'नागर'। गुजरात के नागर ब्राह्मण आधुनिक वड़नगर (प्राचीन आनंदपुर) ही को 'नगर' और अपना स्थान बतलाते हैं। अतः नागरी अक्षरों का नागर ब्राह्मणों से संबंध मान लेने पर भी यही मानना पड़ता है कि ये अक्षर गुजरात में वहीं से गए जहाँ से नागर ब्राह्मण गए। गुजरात में दूसरी और सातवीं शताब्दी के बीच के बहुत से शिला-लेख ताम्रपत्र आदि मिले हैं जो ब्राह्मी और दक्षिणी शैली की पश्चिमी लिपि में हैं, नागरी में नहीं। गुजरात में सब से पुराना प्रमाणिक लेख जिसमें नागरी अक्षर भी हैं गूर्जरवंशी राजा जयभट (तीसरे) का कलचुरि (चेदि) संवत् ४५६ (ई० स० ७०६) का ताम्रपत्र है। यह ताम्रशासन अधिकांश गुजरात की तत्कालीन लिपि में है, केवल राजा के हस्ताक्षर (स्वहस्तो मम श्रीजयभटस्य) उत्तरीय भारत की लिपि में हैं जो नागरी से मिलती जुलती है। एक बात और भी है। गुजरात में जितने दानपत्र उत्तरीय भारत की अर्थात् नागरी लिपि में मिले हैं वे बहुधा कान्यकुब्ज, पाटलि पुंड्रवर्द्धन आदि से गए हुए ब्राह्मणों को ही प्रदत्त हैं। राष्ट्रकूट (राठौड़) राजाओं के प्रभाव से गुजरात में उत्तरीय भारत की लिपि विशेष रूप से प्रचलित हुई और नागर ब्राह्मणों के द्वारा व्यवहृत होने के कारण वहाँ नागरी कहलाई। यह लिपि मध्य आर्यावर्त्त की थी जो सब से सुगम, सुंदर और नियमबद्ध होने के कारण भारत की प्रधान लिपि बन गई।

'नागरी लिपि' का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में नहीं मिलता है। इसका कारण यह है कि प्राचीन काल में वह ब्राह्मी ही कहलाती थी, उसका कोई अलग नाम नहीं था। यदि नगर

या नागर ब्राह्मणों से 'नागरी' शब्द का संबंध माना जाय तो अधिक से अधिक यही कहना पड़ेगा कि यह नाम गुजरात में जाकर पड़ गया और कुछ दिनों तक उधर ही प्रसिद्ध रहा। बौद्धों के प्राचीन ग्रंथ 'ललितविस्तर' में जो उन ६४ लिपियों के नाम गिनाए गए हैं जो बुद्ध को सिखाई गईं उनमें 'नागरी लिपि' नाम नहीं है, 'ब्राह्मीलिपि' नाम है। ललितविस्तर का चीना भाषा में अनुवाद ई० स० ३०८ में हुआ था। जैनों के पन्नवणा सूत्र और समवायांग सूत्र में १८ लिपियों के नाम दिए हैं जिनमें पहला नाम बंभी (ब्राह्मी) है। इन्हीं के भगवती सूत्र का आरंभ 'नमो बंभीए लिविए' (ब्राह्मी लिपि को नमस्कार) से होता है। नागरी का सब से पहला उल्लेख जैनधर्मग्रंथ नंदीसूत्र में मिलता है जो जैन विद्वानों के अनुसार ४५३ ई० के पहले का बना है। 'नित्याषोडशिकार्णव' के भाष्य में भास्करानंद 'नागरलिपि' का उल्लेख करते हैं और लिखते हैं कि नागरलिपि में 'ए' का रूप त्रिकोण है (कोणत्रयवदुद्भवो लेखो यस्य तत्। नागरलिप्या साम्प्रदायिकैरेकारस्य त्रिकोणाकारतयैव लेखनात्)। यह बात प्रकट ही है कि अशोकलिपि में 'ए' का आकार एक त्रिकोण है जिसमें फेर-फार होते होते आज कल की नागरी का 'ए' बना है। शेषकृष्ण नामक पंडित ने जिन्हें साढ़े सात सौ वर्ष के लगभग हुए, अपभ्रंश भाषाओं को गिनाते हुए 'नागर' भाषा का भी उल्लेख किया है।

सब से प्राचीन लिपि भारतवर्ष में अशोक की पाई जाती है जो सिंध नदी के पार के प्रदेशों (गांधार आदि) को छोड़ भारतवर्ष में सर्वत्र बहुधा एक ही रूप की मिलती है। अशोक के समय से पूर्व के अब तक दो छोटे से लेख मिले हैं। इनमें से एक तो नैपाल की तराई में पिप्रावा नामक स्थान में शाक्य जातिवालों के बनवाए हुए एक बौद्धस्तूप के भीतर रखे हुए पत्थर के एक छोटे से पात्र पर एक ही पंक्ति में खुदा हुआ है और बुद्ध के थोड़े ही पीछे का है। इस लेख के अक्षरों और अशोक के अक्षरों में अंतर नहीं है। अंतर इतना ही है कि इनमें दीर्घस्वर चिह्नों का अभाव है। दूसरा अजमेर से कुछ दूर पर बड़ली नामक गाँव में मिला है जो [महा] वीर संवत् ८४ (=ई० स० पूर्व ४४३) का है। यह स्तंभ पर खुदे हुए किसी बड़े लेख का खंड है। इसमें 'वीराय' में जो 'वी' में दीर्घ 'ई' की मात्रा है वह अशोक के लेखों की दीर्घ 'ई' की मात्रा से बिलकुल निराली और पुरानी है। जिस लिपि में अशोक के लेख हैं वह प्राचीन आर्यों या ब्राह्मणों की निकाली हुई ब्राह्मी लिपि है। जैनों के प्रज्ञापनासूत्र में लिखा है कि 'अर्द्धमागधी भाषा जिस लिपि में प्रकाशित की जाती है वह ब्राह्मी लिपि है'। अर्द्धमागधी भाषा मथुरा और पाटलिपुत्र के बीच के प्रदेश की भाषा है जिससे हिंदी निकली है। अतः ब्राह्मी लिपि मध्य आर्यावर्त की लिपि है जिससे क्रमशः उस लिपि का विकास हुआ जो पीछे नागरी कहलाई। मगध के राजा आदित्यसेन के समय (सातवीं शताब्दी ईसा की) के कुटिल मागधी अक्षरों में नागरी का वर्तमान रूप स्पष्ट दिखाई पड़ता है। ईसा की नवीं और दसवीं शताब्दी से तो नागरी अपने पूर्ण रूप में मिलने लगती है। किस प्रकार अशोक के समय के अक्षरों से नागरी अक्षर क्रमशः रूपांतरित होते होते बने हैं यह पंडित गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने 'प्राचीन लिपिमाला' पुस्तक में और एक नक़शे के द्वारा स्पष्ट दिखा दिया है। यह नक़शा यहाँ अलग छाप कर लगा दिया गया है जिससे नागरी लिपि का क्रमशः विकाश स्पष्ट हो जायगा। इन अक्षरों का पहला रूप अशोक लिपि का है, उसके उपरांत दूसरे, तीसरे, चौथे रूप क्रमशः पीछे के हैं जो भिन्न भिन्न प्राचीन लेखों से चुने गए हैं।

मि० शामशास्त्री ने भारतीय लिपि की उत्पत्ति के संबंध में एक नया सिद्धांत प्रकट किया है। उनका कहना कि प्राचीन समय में प्रतिमा बनने के पूर्व देवताओं की पूजा कुछ सांकेतिक चिह्नों द्वारा होती थी जो कई प्रकार के त्रिकोण आदि यंत्रों के मध्य में लिखे जाते थे। ये त्रिकोण आदि यंत्र 'देवनगर' कहलाते थे। उन 'देवनगरों' के मध्य में लिखे जानेवाले अनेक प्रकार के सांकेतिक चिह्न कालांतर में अक्षर माने जाने लगे। इसीसे इन अक्षरों का नाम 'देवनागरी' पड़ा।

देवनाथ—संज्ञा पुं० [सं०] शिव। महादेव।

देवनामा—संज्ञा पुं० [सं० देवनामन्] (१) कुश द्वीप के एक वर्ष का नाम। (२) कुश द्वीप के राजा हिरण्यरेता के एक पुत्र।

देवनायक—संज्ञा पुं० [सं०] सुरपति। इंद्र।

देवनाल—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का नरसल्ल। बड़ा नरकट।

देवनिकाय—संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवताओं का समूह। (२) देवताओं का स्थान। स्वर्ग।

देवनिर्मिता—संज्ञा स्त्री० [सं०] गुडूची। गुरुच।

देवपति—संज्ञा पुं० [सं०] सुरपति। इंद्र।

देवपत्तन—संज्ञा पुं० [सं०] सोमनाथ नामक देवस्थान जो काठियावाड़ में है।

विशेष—पुराणों में इस स्थान या क्षेत्र का नाम प्रभास और शिलालेखों में देवपत्तन मिलता है। इसे देवनगर भी कहते थे।

देवपत्नी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) देवता की स्त्री। (२) मज्जालु। एक प्रकार का कंद।

देवपथ—संज्ञा पुं० [सं०] द्यावापथ। आकाश।

देवपद्मिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] आकाश में बहनेवाली गंगा का एक नाम।



नागरी अक्षरों की उत्पत्ति का चित्र ।

देवपर–संज्ञा पुं० [सं०] वह मनुष्य जो संकट पड़ने पर कोई उद्योग न करे, किसी देवता का भरोसा किए बैठा रहे।

देवपर्ण–संज्ञा पुं० [सं०] भोजपत्र।

देवपशु–संज्ञा पुं० [सं०] देवता के नाम पर उत्सर्ग किया हुआ पशु। (२) देवता का उपासक।

देवपात्र–संज्ञा पुं० [सं०] अग्नि।

देवपान–संज्ञा पुं० [सं०] सोमपान करने का एक पात्र।

देवपाल–संज्ञा पुं० [सं०] शाकद्वीप के एक पर्वत का नाम।

देवपालित–वि० [सं०] (देश) जिसमें वृष्टि ही के जल से खेती आदि का काम चल जाता हो।

देवपुत्र–संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० देवपुत्री] देवता का पुत्र।

देवपुत्रिका–संज्ञा स्त्री० दे० "देवपुत्री"।

देवपुत्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) देवता की पुत्री। (२) इलायची। (३) कपूरी साग।

देवपुर–संज्ञा पुं० [सं०] अमरावती।

देवपुरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] इंद्र की राजधानी अमरावती जो स्वर्ग में है।

देवपूजा–संज्ञा स्त्री० [सं०] देवताओं का पूजन।

देवप्रयाग–संज्ञा पुं० [सं०] हिमालय में टिहरी जिले के अंतर्गत एक तीर्थ जो गंगा और अलकनंदा के संगम पर है। स्कंद पुराण के हिमवद् खंड में इस तीर्थ का माहात्म्य वर्णित है।

देवप्रश्न–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह प्रश्न जो ग्रह, नक्षत्र, ग्रहण आदि के संबंध में हो। (२) शुभाशुभ संबंधी वह प्रश्न जो किसी देवता के प्रति समझा जाय और जिसका उत्तर किसी युक्ति से निकाला जाय।

देवप्रस्थ–संज्ञा पुं० [सं०] एक पुरी का नाम जो कुरुक्षेत्र से पूर्व पड़ती थी और जिसका राजा सेनाविंदु था।

देवप्रिय–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अगस्त का पेड़ या फूल। (२) पीत भृंगराज। पीली भँगरैया।

देवबंद–संज्ञा पुं० [सं० देववंद] घोड़ों की एक भँवरी जो उनकी छाती पर होती है और शुभ लक्षण गिनी जाती है। जिस घोड़े में यह भँवरी हो उसमें यदि और दोष भी हों तो वे सब निष्फल समझे जाते हैं।

देवबला–संज्ञा पुं० [सं०] सहदेई। सहदेइया नाम की बूटी।

देवबाँस–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का बाँस जो पूरबी बंगाल और आसाम में बहुत होता है और उड़ीसा तक पाया जाता है। यह १२—२० हाथ से ४०—४५ हाथ तक ऊँचा होता है। यह मजबूत होता है और मकानों की छाजन में लगाने तथा चटाई टोकरा आदि बनाने के काम में आता है। इसके नरम कल्लों का अचार भी पड़ता है।

देवब्रह्मन्–संज्ञा पुं० [सं०] नारद।

देवब्राह्मण–संज्ञा पुं० [सं०] वह ब्राह्मण जो किसी देवता की पूजा करके जीविका निर्वाह करे। पुजारी। पंडा।

देवभवन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवताओं का घर या स्थान। (२) स्वर्ग। (३) अश्वत्थ। पीपल।

देवभाग–संज्ञा पुं० [सं०] देवताओं को दिया जानेवाला भाग। किसी वस्तु या संपत्ति का वह अंश जो देवता के लिये निकाला गया हो।

देवभाषा–संज्ञा स्त्री० [सं०] संस्कृत भाषा।

देवभिषक्–संज्ञा० पुं० [सं० देवाभिषज्] अश्विनीकुमार।

देवभू–संज्ञा स्त्री० दे० "देवभूमि"।

देवभूति–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) देवताओं का ऐश्वर्य। (२) मंदाकिनी।

देवभूमि–संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्ग।

देवभृत्–संज्ञा पुं० [सं०] (देवताओं का भरण करनेवाले) (१) इंद्र। (२) विष्णु।

देवभोज्य–संज्ञा पुं० [सं०] अमृत।

देवमंजर–संज्ञा पुं० [सं०] कौस्तुभ मणि।

देवमंदिर–संज्ञा पुं० [सं०] वह घर जिसमें किसी देवता की मूर्त्ति आदि स्थापित हो। देवालय।

देवमणि–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य्य। (२) कौस्तुभ मणि। (३) घोड़े की भँवरी। (४) महामेदा नाम की ओषधि।

देवमाता–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) देवता की माता। (२) अदिति। (३) दाक्षायणी।

देवमातृक–वि० [सं०] (देश) जिसमें खेती आदि के लिये वर्षा ही का जल यथेष्ट हो। जहाँ इतनी वर्षा होती हो कि खेती आदि का सब काम उसी से चल जाता हो।

देवमादन–संज्ञ पुं० [सं०] देवताओं को मोहित या मत्त करनेवाला, सोम।

देवमान–संज्ञा पुं० [स०] काल की गणना में देवताओं का मान, जैसे, मनुष्यों के एक सौर वर्ष का देवताओं का एक दिन।

देवमानक–संज्ञा पुं० [सं०] देवमणि। कौस्तुभ मणि।

देवमाया–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) देवताओं की माया। (२) परमेश्वर की माया जो अविद्या रूप होकर जीवों को बंधन में डालती है।

देवमार्ग–संज्ञा पुं० [सं०] देवयान।

देवमास–संज्ञा पु० [सं०] (१) गर्भ का आठवाँ महीना।

विशेष—आठवें महीने में गर्भ में स्मृति और ओज की उत्पत्ति हो जाती है, इससे उसे देवमास कहते हैं। (२) देवताओं का महीना जो मनुष्यों के तीस वर्ष के बराबर होता है।

देवमित्र–संज्ञा पुं० [सं०] शाकल्य ऋषि का एक नाम।

देवमित्रा–संज्ञा स्त्री० [स०] कुमार की अनुचरी एक मातृका।

देवमीढ़–संज्ञा पुं० [सं०] (१) मिथिला के एक प्राचीन राजा

जो कीर्तिरथ के पुत्र और जनक (सीरध्वज) के पूर्वज थे। (वाल्मीकि रा०)। (२) यदुवंशीय एक राजा।

देवमीढुष–संज्ञा पुं० [सं०] वसुदेव के पितामह का नाम।

देवमुख्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] कस्तूरी। कामांधा।

देवमुनि–संज्ञा पुं० [सं०] (१) नारद ऋषि। (२) सूर नामक ऋषि।

देवमूक–संज्ञा पुं० [सं०] एक पर्वत का नाम। (गर्गसंहिता)

देवमूर्त्ति–संज्ञा पुं० [सं०] देवता की प्रतिमा।

देवयजन–संज्ञा पुं० [सं०] यज्ञ की वेदी।

देवयजनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] पृथिवी।

देवयज्ञ–संज्ञा पुं० [सं०] होमादि कर्म जो पंचयज्ञों में से एक है और गृहस्थों का प्रति दिन का कर्त्तव्य है।

विशेष—दे० "पंचयज्ञ"।

देवयात–वि० [सं०] देवत्वप्राप्त। जो देवता हो गया हो।

देवयाज्ञी–संज्ञा पुं० [सं० देवयाज्ञिन्] एक दानव का नाम। (हरिवंश)

देवयान–संज्ञा पुं० [सं०] शरीर से अलग होने के उपरांत जीवात्मा के जाने के लिये दो मार्गों में से वह मार्ग जिससे होता हुआ वह ब्रह्मलोक को जाता है।

विशेष—उपनिषदों में जीवात्मा के उत्क्रमण अर्थात् एक शरीर से दूसरे शरीर वा एक लोक से दूसरे लोक की प्राप्ति की कथा बहुत आई है। प्रश्नोपनिषद् में लिखा है कि संवत्सर ही प्रजापति है। दक्षिण और उत्तर उसके दो अयन हैं। जो कोई इष्टापूर्त्त और कृत (यज्ञ आदि कर्मकांड) की उपासना करते हैं वे चांद्रमस लोक को प्राप्त होते हैं और फिर वहाँ से लौट कर दक्षिणायन को पाते हैं जो रयी (खाद्य, धान्य) वा पितृयाण कहलाता है। इसी प्रकार जो तप, ब्रह्मचर्य श्रद्धा और विद्या से आत्मा का अन्वेषण करते हैं वे उत्तरायण मार्ग से आदित्य लोक को प्राप्त होते हैं। इस मार्ग से गमन करनेवाले नहीं लौटते। छांदोग्य उपनिषद् में लिखा है कि 'जो श्रद्धा और तप की उपासना करते हैं वे अर्चि (आग की लौ) को पाते हैं, अर्चि से अह्न (दिन), अह्न से आपूर्यमाण वा शुक्लपक्ष, आपूर्यमाण पक्ष से उत्तरायण के छ महीनों को, उत्तरायण से संवत्सर, संवत्सर से आदित्य को, आदित्य से चंद्रमा को, चंद्रमा से विद्युत् को प्राप्त होते हैं और वहाँ अमानव (अर्थात् देव) हो जाते हैं। इसी मार्ग को देवयान कहते हैं जिससे मरनेवाला ब्रह्म को पाता है। बृहदारण्यक उपनिषद् में सूर्य्य से एकबारगी विद्युत् को प्राप्त होना लिखा है, चंद्रमा को छोड़ दिया है और 'अमानव' के स्थान पर अमानस शब्द आया है जिस का अभिप्राय वही है। देवयान और पितृयाण का अभिप्राय केवल यही है कि ब्रह्मज्ञानी मरने पर उत्तरोत्तर प्रकाशमान लोकों वा स्थितियों में होते हुए ब्रह्मलोक वा ब्रह्म को प्राप्त करते हैं और कर्मकांड में रत मनुष्य, धूमरात्रि कृष्णपक्ष, दक्षिणायन आदि उत्तरोत्तर अंधकार की स्थिति को प्राप्त होते हैं और लौट कर फिर जन्म लेते हैं। सारांश यह कि एक ओर प्रकाश की उत्तरोत्तर वृद्धिपरंपरा का क्रम रखा गया है और दूसरी ओर अंधकार की। वेदांतसूत्र के तीसरे और चौथे अध्याय में जीव के इन दोनों मार्गों पर बहुत ऊहापोह किया गया है। गीता के आठवें अध्याय में श्रीकृष्ण ने भी इन मार्गों का उल्लेख किया है। उपनिषद् में जो उत्तरायण को देवयान और दक्षिणायन को पितृयाण कहा गया, इस कारण सूर्य्य जब उत्तरायण रहता है तब मरना मोक्षदायक माना जाता है। इसी लिये महाभारत में भीष्म का उत्तरायण सूर्य्य होने तक शरशय्या पर पड़ा रहना लिखा गया है।

देवयानी–संज्ञा स्त्री० [सं०] शुक्राचार्य की कन्या जो राजा ययाति को ब्याही थी।

विशेष—बृहस्पति का पुत्र कच मृतसंजीवनी विद्या सीखने के लिये दैत्यगुरु शुक्राचार्य्य का शिष्य हुआ। शुक्राचार्य्य की कन्या देवयानी उसपर अनुरक्त हुई। असुरों को जब विदित हुआ कि कच मृतसंजीविनी विद्या लेने के लिये आया है तब उन्होंने उसको मार डाला। इस पर जब देवयानी बहुत विलाप करने लगी तब शुक्राचार्य्य ने अपनी मृतसंजीवनी विद्या के बल से उसे जिला दिया। इसी प्रकार कई बार असुरों ने कच का विनाश करना चाहा पर शुक्राचार्य्य उसे बचाते गए। एक दिन असुरों ने कच को पीस कर शुक्राचार्य्य के पीने की सुरा में मिला दिया। शुक्राचार्य्य कच को सुरा के साथ पी गए। जब कच कहीं न मिला तब देवयानी बहुत विलाप करने लगी और शुक्राचार्य्य भी बहुत घबराए। कच ने शुक्राचार्य्य के पेट में से सब व्यवस्था कह सुनाई। शुक्राचार्य्य ने देवयानी से कहा कि "कच तो मेरे पेट में है, अब बिना मेरे मरे कच की रक्षा नहीं हो सकती"। पर देवयानी को इन दोनों में से एक बात भी मंजूर नहीं थी। अंत में शुक्राचार्य्य ने कच से कहा कि यदि तुम कच रूपी इंद्र नहीं हो तो मृतसंजीवनी विद्या ग्रहण करो और उसके प्रभाव से बाहर निकल आओ। कच ने मृतसंजीवनी विद्या पाई और वह पेट से बाहर निकल आया। तब देवयानी ने उस से प्रेम प्रस्ताव किया और विवाह करने के लिये वह उससे कहने लगी। कच गुरु की कन्या से विवाह करने पर किसी तरह राजी न हुए। इसपर देवयानी ने शाप दिया कि तुम्हारी सीखी हुई विद्या फलवती न होगी। कच ने कहा कि यह विद्या अमोघ है यदि मेरे हाथ से फलवती न होगी तो जिसे मैं सिखाऊँगा उसके हाथ से होगी। पर तुमने मुझे व्यर्थ शाप दिया।

इससे मैं भी शाप देता हूँ कि तुम्हारा विवाह ब्राह्मण से न होगा।

दैत्यों के राजा वृषपर्व्वा की कन्या शर्मिष्ठा और देवयानी में परस्पर सखी भाव था। एक बार दोनों किनारे पर कपड़े रख जल-विहार के लिये एक जलाशय में घुसीं। इंद्र ने वायु का रूप धरकर दोनों के वस्त्र एक स्थान पर कर दिए। शर्मिष्ठा ने जल्दी में देखा नहीं और निकल कर देवयानी के कपड़े पहन लिए। इसपर दोनों में झगड़ा हुआ और शर्मिष्ठा ने देवयानी को कूँए में ढकेल दिया। शर्मिष्ठा यह समझ कर कि देवयानी मर गई अपने घर चली आई। इसी बीच नहुष राजा का पुत्र ययाति शिकार खेलने आया था। उसने देवयानी को कूएँ से निकाला और उससे दो चार बातें करके वह अपने नगर की ओर चला गया। इधर देवयानी ने एक दासी से अपना सब वृत्तांत शुक्राचार्य्य के पास कहला भेजा। शुक्राचार्य्य ने आकर अपनी कन्या को घर चलने के लिये बहुत कहा, पर उसने एक न सुनी। वह शुक्राचार्य्य से कहने लगी कि "शर्मिष्ठा तुम्हारा बहुत बहुत तिरस्कार करती थी, अतः मैं अब दैत्यों की राजधानी में कदापि न जाऊँगी।"

यह सब सुनकर शुक्राचार्य्य भी दैत्यों की राजधानी छोड़ अन्यत्र जाने को तैयार हुए। यह खबर राजा वृषपर्व्वा को लगी और वह आकर शुक्राचार्य्य से बड़ी विनती करने लगा। शुक्राचार्य्य ने कहा "देवयानी को प्रसन्न करो"। वृषपर्व्वा देवयानी को प्रसन्न करने की चेष्टा करने लगा। देवयानी ने कहा कि "मेरी इच्छा है कि शर्मिष्ठा सहस्र और कन्याओं के सहित मेरी दासी हो। जहाँ मेरा पिता मुझे दान करे वहाँ वह मेरी दासी होकर जाय।"

वृषपर्व्वा इसपर सम्मत हुआ और उसने अपनी कन्या शर्मिष्ठा को देवयानी की दासी बनाकर शुक्राचार्य्य के घर भेज दिया। एक दिन देवयानी अपनी नई दासियों के सहित कहीं क्रीड़ा कर रही थी, इसी बीच राजा ययाति वहाँ आ पहुँचे। देवयानी ने ययाति से विवाह करने की इच्छा प्रकट की। राजा ययाति ने स्वीकार कर लिया और शुक्राचार्य्य ने कन्यादान कर दिया। कुछ दिन पीछे ययाति से शर्मिष्ठा को एक पुत्र हुआ। देवयानी ने जब पूछा तब शर्मिष्ठा ने कह दिया कि यह लड़का मुझे एक तेजस्वी ब्राह्मण से हुआ है। इसके उपरांत देवयनी के गर्भ से यदु और तुर्वसु नाम के दो पुत्र और शर्मिष्ठा के गर्भ से द्रुह्यु, अणु और पुरु ये तीन पुत्र हुए। ययाति से शर्मिष्ठा को तीन पुत्र हुए यह जानकर देवयानी अत्यंत कुपित हुई और उसने अपने पिता के पास इसका समाचार भेजा। शुक्राचार्य्य ने क्रोध में आकर ययाति को शाप दिया कि "तुमने अधर्म किया है, इसलिये तुम्हें बहुत शीघ्र बुढ़ापा घेरेगा।" ययाति ने शुक्राचार्य्य से विनयपूर्वक कहा—"महाराज मैंने कामवश होकर ऐसा नहीं किया, शर्मिष्ठा ने ऋतुमती होने पर ऋतु रक्षा के लिये प्रार्थना की। उसकी प्रार्थना को अस्वीकार करना मैं ने पाप समझा। मेरा कुछ दोष नहीं।" शुक्राचार्य्य ने कहा "अब तो मेरा कहा हुआ निष्फल हो नहीं सकता। पर यदि कोई तुम्हारा बुढ़ापा ले लेगा तो तुम फिर उसी के ऐसे जवान हो जाओगे।"

देवयुग—संज्ञा पुं० [सं०] सत्ययुग।

देवयोनि—संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्ग अंतरिक्ष आदि में रहनेवाले उन जीवों की सृष्टि जो देवताओं के अंतर्गत माने जाते हैं।

विशेष—विद्याधर, अप्सरा, यक्ष, राक्षस, गंधर्व, किन्नर, पिशाच, गुह्यक और सिद्ध ये देवयोनि के अंतर्गत हैं। (अमर)

देवर—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० देवरानी] (१) पति का छोटा भाई। (२) पति का भाई (छोटा या बड़ा)।

विशेष—मनुस्मृति में लिखा है कि यदि किसी विधवा को अपने पति से कोई संतान न हो तो वह अपने देवर या पति के किसी अन्य सपिंड से एक संतान उत्पन्न करा ले, एक से अधिक नहीं। पर पराशर ने कलिकाल में इसका निषेध किया है।

देवरक्षित—वि० [सं०] जो देवताओं द्वारा रक्षित हो।

संज्ञा पुं० देवक राजा के एक पुत्र का नाम।

देवरक्षिता—संज्ञा स्त्री० [सं०] देवक राजा की एक कन्या।

देवरथ—संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवताओं का रथ। विमान। (२) सूर्य्य का रथ।

देवरा—संज्ञा पुं० [सं० देव] [स्त्री० देवरी] छोटा मोटा देवता।

उ०—पुरुष पूजै देवरा, तिय पूजै रघुनाथ।—रहीम।

संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पटसन जो सुतली बनाने के काम में आता है।

देवराज—संज्ञा पुं० [सं०] (देवताओं के राजा) इंद्र।

देवराज्य—संज्ञा पुं० [सं०] स्वर्ग।

देवरात—संज्ञा पुं० [सं०] (१) (देवताओं से रक्षित) राजा परीक्षित। (२) निमि के वंश का एक राजा जो सुकेतु का पुत्र था। (३) शुनःशेफ का एक नाम जो विश्वामित्र के यहाँ जाने पर पड़ा था। (४) याज्ञवल्क्य ऋषि के पिता का नाम। (५) एक प्रकार का सारस।

देवरानी—संज्ञा स्त्री० [हिं० देवर] देवर की स्त्री। पति के छोटे भाई की स्त्री।

संज्ञा स्त्री० [हिं० देव + रानी] देवराज इंद्र की रानी, शची। इंद्राणी। उ०—देवराजा लिए देवरानी मनो पुत्र संयुक्त भूलोक में सोहिए।—केशव।

देवराय–संज्ञा पुं० दे० "देवराज"।

देवरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० देवरा] छोटी मोटी देवी।

देवर्द्धि–संज्ञा पुं० [सं०] जैनों के एक प्रसिद्ध स्थविर का नाम जिन्होंने जैनसिद्धांत लिपिबद्ध किया था।

देवर्षि–संज्ञा पुं० [सं०] देवताओं में ऋषि।

विशेष—नारद, अत्रि, मरीचि, भरद्वाज, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, भृगु, इत्यादि ऋषि देवर्षि माने जाते हैं।

देवल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह जो देवताओं की पूजा करके जीविका निर्वाह करे। पुजारी। पंडा।

विशेष—देवल ब्राह्मण पतित माना जाता है। हव्य कव्य, श्राद्ध आदि में ऐसे ब्राह्मण का निषेध है।

(२) धार्मिक पुरुष। (३) देवर। (४) नारद मुनि। (५) धर्मशास्त्र के वक्ता एक मुनि जो असित मुनि के पुत्र और वेदव्यास के शिष्य माने जाते हैं। (६) एक स्मृतिकार।

संज्ञा पुं० [देवालय] देवालय। देवमंदिर।

देवलक–संज्ञा पुं० [सं०] देवल। पुजारी ब्राह्मण। पंडा।

देवलता–संज्ञा स्त्री० [सं०] नवमल्लिका। नेवारी।

देवलांगुलिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] वृश्चिकाली।

देवला–संज्ञा पुं० [हिं० दीवा] [स्त्री० अल्प० देवली] छोटा दीया।

देवलोक–संज्ञा पुं० [सं०] स्वर्ग।

विशेष—मत्स्यपुराण में भू, भुव, इत्यादि सातो लोक देवलोक कहे गए हैं।

देवली–संज्ञा स्त्री० दे० "दिवली"।

देववक्त्र–संज्ञा पुं० [सं०] (देवताओं का मुँह) अग्नि।

विशेष—देवताओं के निमित्त हव्य कव्य आदि का अग्नि में हवन होता है, इस कारण यह नाम पड़ा।

देववती–संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रामणी नामक गंधर्व की कन्या जो सुकेश राक्षस की पत्नी और माल्यवान्, सुमाली और माली की माता थी।

देववधू–संज्ञा स्त्री० [सं०] १) देवता की स्त्री। (२) देवी। (३) अप्सरा।

देववर्णिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] भरद्वाज मुनि की कन्या जो विश्रवा मुनि की पत्नी और कुबेर की माता थी। (वाल्मीकि रा०)

देववर्म–संज्ञा पुं० [सं० देववर्मन्] आकाश।

देववर्द्धकि–संज्ञा पुं० [सं०] विश्वकर्मा।

देववर्द्धन–संज्ञा पुं० [सं०] राजा देवक के एक पुत्र का नाम। देवकी का एक भाई और श्रीकृष्ण का मामा। (भागवत)

देववर्ष–संज्ञा पु० [सं०] एक द्वीप का नाम। (भागवत)

देववला–संज्ञा स्त्री० [सं०] सहदेवी। सहदेई नाम की बूटी।

देववल्लभ–संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवताओं को प्रिय। (२) सुरपुन्नाग वृक्ष। (३) केसर। (अनेकार्थ)

देववाक्–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) संस्कृत भाषा। (२) आकाशवाणी। किसी अदृश्य देवता का वचन जो अंतरिक्ष में सुनाई पड़े। उ०—दाँव बलराम को देखि इन छल कियो रुक्म जीत्यो कहन लगे सारे। देववाक्‌ भई जीत भई राम की तातु पै मूढ़ नाहीं सँभारे।—सूर।

देववात–संज्ञा पुं० [सं०] एक वैदिक ऋषि का नाम।

देववायु–संज्ञा पुं० [सं] बारहवें मनु के एक पुत्र का नाम।

देववाहन–संज्ञा पुं० [सं०] अग्नि (जो देवताओं का हव्य ले जाकर पहुँचाते हैं)।

देवविहाग–संज्ञा पुं० [सं० देवविभाग] एक राग जो कल्याण और विहाग अथवा सारंग और पूरबी के योग से बना है। यह संपूर्ण जाति का है।

देववृक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) मंदार वृक्ष। (२) गूगल। (३) सतिवन।

देवव्रत–संज्ञा पुं० [सं०] (१) भीष्मपितामह का नाम। (२) एक प्रकार का साम गान।

देवशत्रु–संज्ञा पुं० [सं०] असुर। राक्षस।

देवशाक–संज्ञा पुं० [सं०] एक संकर राग जो शंकराभरण, कान्हड़ा और मल्लार से मिलकर बना है। इसमें गांधार कोमल लगता है। इसका गान समय १७ दंड से २० दंड तक है।

देवशिल्पी–संज्ञा पुं० [सं० देवशिल्पिन्] विश्वकर्मा।

देवशुनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] देवलोक की कुतिया, सरमा।

विशेष—इस देवशुनी की एक कथा महाभारत में इस प्रकार लिखी है। राजा जनमेजय कोई बड़ा यज्ञ कर रहे थे। इसी बीच एक कुत्ता वहाँ आया। जनमेजय के भाइयों ने उसे मारकर भगा दिया। उस कुत्ते ने अपनी माता सरमा से जाकर कहा "मैंने कोई अपराध नहीं किया था, यज्ञ की कोई सामग्री नहीं छुई थी, इसपर भी बिना अपराध मुझे लोगों ने मारा"। देवशुनी सरमा यह सुनकर जनमेजय के पास जाकर बोली—"मेरे इस पुत्र ने कोई अपराध नहीं किया था। तुम्हारा घी आदि कुछ भी नहीं चाटा था। तुमने मेरे इस पुत्र को बिना किसी अपराध के मारा इससे तुम्हारे ऊपर अकस्मात् कोई दुःख पड़ेगा"। यह शाप देकर देवशुनी चली गई। विशेष—दे० "सरमा"।

देवशेखर–संज्ञा पुं० [सं०] दमनक। दौने का पौधा।

देवश्रवा–संज्ञा पुं० [सं० देवश्रवस्] (१) विश्वामित्र के एक पुत्र का नाम। (२) वसुदेव के भाई।

देवश्रुत–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ईश्वर। (२) नारद। (३) शाक्य। (४) शुक्राचार्य्य के एक पुत्र का नाम। (५) अवसर्पिणी के एक जिन का नाम।

देवश्रेणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) देवताओं की पंक्ति। (२) मूर्खा। मरोरफली। मुर्रा।

देवश्रेष्ठ–वि० [सं०] (१) देवताओं में श्रेष्ठ। (२) बारहवें मनु के एक पुत्र का नाम।

देवसखा–संज्ञा पुं० [सं०] उत्तर दिशा का एक पर्वत। (वाल्मीकि रा०)।

देवसत्र–संज्ञा पुं० [सं०] एक यज्ञ का नाम।

देवसद–संज्ञा पुं० [सं०] देवस्थान।

देवसदन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवताओं का आधार। (२) देवालय। मंदिर। (३) स्वर्ग।

देवसभा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) देवताओं का समाज। (२) राजसभा। (३) सुधर्म्मा नामक सभा जिसे मय ने अर्जुन या युधिष्ठिर के लिये बनाया था।

देवसमाज–संज्ञ पुं० [सं०] सुधर्मा नाम की सभा।

देवसरि–संज्ञा स्त्री० [सं०] गंगा नदी।

देवसर्षप–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार की सरसों।

देवसहा–संज्ञा स्त्री० [सं०] सफेद फूल का दंडोत्पल।

देवसाक–संज्ञा पुं० दे० "देवशाक"।

देवसार–संज्ञा पुं० [सं०] इंद्रताल के छः भेदों में से एक।

देवसावर्णि–संज्ञा पुं० [सं०] तेरहवें मनु का नाम। (भागवत)

देवसृष्टा–संज्ञा स्त्री० [सं०] मदिरा। मद्य।

देवसेना–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) देवताओं की सेना। (२) प्रजापति की कन्या जो सावित्री के गर्भ से उत्पन्न हुई थी। इनका दूसरा नाम षष्ठी वा महाषष्ठी भी है। ये मातृकाओं में श्रेष्ठ हैं और शिशुओं का पालन करनेवाली हैं। इनको एक बार केशी दानव हर ले गया। इंद्र ने इनकी रक्षा की और स्कंद के साथ इनका विवाह करा दिया। विवाह में बृहस्पति ने होम, जप आदि किया था। ब्राह्मणों ने देवसेना को षष्ठी, लक्ष्मी, आशा, सुखप्रदा, सिनीवाली, कुहू, सद्वृत्ति और अपराजिता नामों से पुकारा। जिस पंचमी तिथि को स्कंद श्रीयुक्त हुए थे, वह श्रीपंचमी कहलाई। जिस षष्ठी को स्कंद कृतकार्य्य हुए थे वह षष्ठी महातिथि कहलाई। (महाभारत)

देवसेनापति–संज्ञा पुं० [स०] स्कंद।

देवस्थान–संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवताओं के रहने की जगह। (२) देवालय। (३) एक ऋषि का नाम जिन्होंने पांडवों को उस समय सदुपदेश दिया था जब वे वनवास करते थे। पीछे जब युधिष्ठिर ने राज्य प्राप्त किया तब इन्होंने अनेक प्रकार के उपदेश करके उन्हें राज्य छोड़ने से रोका था। (महाभारत)

देवस्व–संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवता की सेवा के लिये अर्पित किया हुआ धन। वह जायदाद जो किसी देवता की पूजा आदि के लिये अलग निकाल दी जाय। (२) यज्ञशील मनुष्य का धन। (मनु०)

विशेष—जो इस धन को लोभ से हरता है वह परलोक में गीध का जूठा खाकर जीता है।

देवहंस–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की बत्तख।

देवहरा†–संज्ञा पुं० [हिं० देव + घर] देवालय। मंदिर।

देवहरिया–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की नाव।

देवहा†–संज्ञा स्त्री० [सं० देववहा वा देविका] सरयू नदी।

देवहू–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) देवताओं का आह्वान। (२) अनाज से भरी गाड़ी। (३) बायाँ कान। (भागवत)। (४) एक ऋषि का नाम।

देवहूति–संज्ञा स्त्री० [स०] स्वायंभुव मनु की तीन कन्याओं में से एक जो कर्दम मुनि को ब्याही थी। महर्षि ने इनकी सेवा से प्रसन्न होकर इन्हें दिव्य ज्ञान दिया। इनके गर्भ से नौ कन्याएँ और एक पुत्र हुआ। सांख्य शास्त्र के कर्त्ता कपिल इन्हींके पुत्र हैं। (भागवत)

देवहेति–संज्ञा स्त्री० [सं०] देवास्त्र।

देवह्रद–संज्ञा पु० [सं०] श्रीपर्वत पर एक सरोवर जिसमें स्नान करने से यज्ञ का फल होता है। (महाभारत)

देवांगना–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) देवताओं की स्त्री। स्वर्ग की स्त्री। अमरी। (२) अप्सरा।

देवांतक–संज्ञा पुं० [सं०] एक राक्षस जो रावण का पुत्र था और जिसे हनुमान ने राम-रावण युद्ध में मारा था।

देवांधस्–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अमृत। (२) देवता के नैवेद्य का अन्न।

देवा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) पद्मचारिणी लता। (२) पटसन।

†वि० [हिं० देना] (१) देनेवाला। जैसे, पानीदेवा। † (२) देनदार। ऋणी।

देवाक्रीड़–संज्ञा पुं० [स०] देवताओं का उद्यान। इंद्र का बगीचा।

देवाजीव–संज्ञा पुं० [सं०] देवताओं की पूजा करके जीविका करनेवाला। पुजारी। पंडा।

देवाट–संज्ञा पु० [सं०] हरिहरक्षेत्र नामक तीर्थ। (वाराहपुराण)

देवातिथि–संज्ञा पु० [सं०] पुरुवंशी एक राजा का नाम। (भागवत)

देवातिदेव–संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु।

देवात्मा–संज्ञा पु० [स० देवात्मन्] (१) देवस्वरूप। (२) अश्वत्थ। पीपल।

देवाधिप–संज्ञा पु० [सं०] (१) देवताओं के अधिपति। (२) परमेश्वर। (३) इंद्र।

देवान–संज्ञा पुं० [फा० दीवान] (१) दरबार। कचहरी। राजसभा। उ०—मारे बागवान ते पुकारत देवान गे उजारे बाग अंगद देखाए घाय तन मैं।—तुलसी। (२) अमात्य। मंत्री। वजीर। (३) प्रबंधकर्त्ता।

देवानां-प्रिय–संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवताओं को प्रिय। (२) बकरा। (३) मूर्ख।

देवाना–वि० दे० "दीवाना"।

संज्ञा पुं० एक चिड़िया।

देवानीक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवताओं की सेना। (२) तीसरे मनु सावर्ण के एक पुत्र का नाम। (३) सगर के वंश का राजा।

देवानुचर–संज्ञा पुं० [सं०] देवताओं के साथ चलनेवाले विद्याधर आदि उपदेव।

देवान्न–संज्ञा पुं० [सं०] हवि। चरु।

देवापि–संज्ञा पुं० [सं०] एक राजा का नाम।

विशेष—इस राजा के संबंध में वैदिक कथा इस प्रकार है। ऋष्टिषेण राजा के दो पुत्र थे, देवापि और शांतनु। दोनों में देवापि बड़े थे पर राज्य शांतनु को मिला और देवापि तपस्या में लगे। शांतनु के राज्य में बारह वर्ष की अनावृष्टि हुई। ब्राह्मणों ने शांतनु से कहा कि "तुम जेठे भाई के रहते राजसिंहासन पर बैठे हो इससे देवता लोग रुष्ट हो कर पानी नहीं बरसाते हैं। इस पर शांतनु ने देवापि को सिंहासन पर बैठाया। देवापि ने शांतनु से कहा कि "तुम यज्ञ करो, हम तुम्हारे पुरोहित होंगे"। देवापि ने यज्ञ कराया जिससे खूब पानी बरसा। (निरुक्त २। १०)

महाभारत के अनुसार देवापि पुरुवंशी राजा प्रतीप के पुत्र थे। महाराज प्रतीप को तीन पुत्र थे—देवापि, शांतनु और बाह्लीक। इनमें देवापि अत्यंत धर्म्मात्मा थे। इन्होंने तपोबल से ब्राह्मणत्व लाभ किया। ये बाल्यावस्था ही से संसारत्यागी हो गए थे। ये अब तक सुमेरु पर्वत पर कलापग्राम में योगी के रूप में हैं। कलियुग समाप्त होने पर सत्ययुग में ये चंद्रवंश स्थापित करेंगे।

देवाब–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की लेई जो धौंमर, गोंद, चूना, बीरून और पानी मिलाकर बनाई जाती है।

देवाभियोग–संज्ञा पुं० [सं०] किसी ऐसे देवता का शरीर में प्रवेश जो अनुचित कर्म करावे। (जैन)

देवाभीष्टा–संज्ञा स्त्री० [सं०] पान।

देवायु–संज्ञा स्त्री० [सं० देवायुस्] देवताओं की आयु। देवताओं का जीवनकाल जो बहुत अधिक होता है।

देवायुध–संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवताओं का अस्त्र। (२) इंद्रधनुष।

देवारण्य–संज्ञा पुं० [स०] (१) देवताओं का वन या उपवन। (२) एक तीर्थ का नाम। (महाभारत)

देवाराधन–संज्ञा पुं० [स०] देवताओं की पूजा।

देवारि–संज्ञा पुं० [सं०] असुर।

देवार्पण–संज्ञा पुं० [सं०] देवता के निमित्त किसी वस्तु का दान।

देवार्य्य–संज्ञा पुं० [सं०] एक अर्हत के एक गण का नाम। (जैन)

देवार्ह–संज्ञा पुं० [सं०] सुरपर्ण। माचीपत्र।

देवाल†–वि० [हिं० देना] देनेवाला। दाता।

देवालय–संज्ञा पुं० [सं०] (१) स्वर्ग। (२) वह घर जिसमें किसी देवता की मूर्त्ति रखी जाय। मंदिर।

देवाला–संज्ञा पुं० दे० "दिवाला"।

संज्ञा पुं० दे० "देवालय"।

देवाली–संज्ञा स्त्री० दे० "दिवाली"।

देवालेई†–संज्ञा स्त्री० [हिं० देना + लेना] देने और लेने का काम। लेनदेन।

देवावास–संज्ञा पुं० [सं०] (१) पीपल का पेड़। (२) स्वर्ग। (३) देवता का मंदिर।

देवावृध्–संज्ञा पुं० [सं०] एक पर्वत। (हरिवंश)

देवावृध–संज्ञा पुं० [सं०] एक राजा का नाम। (हरिवंश)

देवाश्व–संज्ञा पुं० [सं०] उच्चैःश्रवा। इंद्र का घोड़ा।

देवाहार–संज्ञा पुं० [सं०] अमृत।

देवाह्वय–संज्ञा पुं० [सं०] एक राजा का नाम।

देविका–संज्ञा स्त्री० [सं०] घाघरा नदी जिसमें मिलने के कारण सरजू को भी लोग देवहा कहते हैं। एक नदी का नाम जिसमें कालिकापुराण के मत से सरयू मिली है। पद्मपुराण के अनुसार यह आधा योजन चौड़ी और पाँच योजन लंबी है। मत्स्यपुराण के मत से यह नदी हिमालय के पादप्रदेश से निकली है।

देवी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) देवता की स्त्री। देवपत्नी। (२) दुर्गा। (३) वह रानी जिसका राजा के साथ अभिषेक हुआ हो। पटरानी। (४) ब्राह्मण स्त्रियों की एक उपाधि। (५) दिव्य गुणवाली स्त्री। सुशीला और सदाचारिणी स्त्री। (आदरसूचक)। (६) मूर्वा। मरोरफली। मुर्रा। (७) पृक्का नाम की सुगंधित घास। असबरग। (८) आदित्यभक्ता। हुलहुल। हुरहुर। (९) लिंगिनी लता। पँचगुरिया। (१०) बन-ककोड़ा। बाँझ खखसा। (११) शालपर्णी। सरिवन। (१२) महाद्रोणी। बड़ा गूमा। (१३) पाठा। (१४) नागरमोथा। (१५) सफेद इंद्रायन। (१६) हरीतकी। हड़। हर्रे। (१७) अलसी। तीसी। (१८) श्यामा पक्षी। (१९) रविसंक्रांति जो बड़ी पुण्यजनक समझी जाती है।

संज्ञा स्त्री० [अं० डेविट्स्] (१) लकड़ी का एक मज़बूत चौखटा जिसमें दो खड़े खंभों के ऊपर आड़ा बल्ला लगा रहता है। यह मस्तूल आदि के सहारे के लिये होता है। (२) जहाज़ के किनारे पर लकड़ी या लोहे की दो चोंच की तरह बाहर की ओर झुके हुए खंभे जिनमें घिरनियाँ लगी होती हैं। इन घिरनियों पर पड़े हुए रस्सों के द्वारा किश्तियाँ जहाज़ पर चढ़ाई या जहाज़ से नीचे उतारी जाती हैं। (लश०)

देवीकोट–संज्ञा पुं० [सं०] बाण की राजधानी शोणितपुर का दूसरा नाम ।

देवीपुराण–संज्ञा पुं० [सं०] एक उपपुराण जिसमें देवी का माहात्म्य आदि वर्णित है ।

देवीबीज–संज्ञा पुं० दे० "देवीवीर्य्य" ।

देवीभागवत–संज्ञा पुं० [सं०] एक पुराण जिसकी गणना बहुत से लोग उपपुराणों में और कुछ लोग पुराणों में करते हैं ।

विशेष—श्रीमद्भागवत के समान इस पुराण में भी बारह स्कंध और १८००० श्लोक हैं । अतः इसका निर्णय कठिन है कि दो में कौन पुराण है और कौन उपपुराण । पुराणों में एक दूसरे का विषय, श्लोकसंख्या आदि दी हुई है जिसके अनुसार पुराणों की प्रामाणिकता का प्रायः निर्णय किया जाता है । मत्स्यपुराण में लिखा है कि "जिस ग्रंथ में गायत्री का अवलंबन करके धर्म्मतत्व का सविस्तर वर्णन हो और वृत्रासुर के वध का पूरा वृत्तांत हो, जिसमें सारस्वत कल्प के बीच नरों और देवताओं की कथा हो···और १८००० श्लोक हों वही भागवत पुराण है । शैव पुराण के उत्तर खंड में लिखा है कि जिसमें भगवती दुर्गा का चरित्र हो वह भागवत है, देवी पुराण नहीं" । इसी प्रकार की व्यवस्था कालिका नामक उपपुराण में भी दी है । यह तो शैव और शाक्त पुराणों का साक्ष्य हुआ । अब वैष्णव पुराणों की व्यवस्था सुनिए । पद्म पुराण में लिखा है कि " सब पुराणों में श्रीमद्भागवत श्रेष्ठ है जिसमें प्रति पद में ऋषियों द्वारा कहा हुआ कृष्ण का माहात्म्य है । इस कथा को परीक्षित की सभा में बैठकर शुकदेव जी ने कहा था" । नारद पुराण में भागवत उसको कहा गया है "जिसके दशम स्कंध में कृष्ण का बाल और कौमारचरित, व्रज में स्थिति, किशोरावस्था में मथुरावास, यौवन में द्वारका-वास और और भूभार-हरण आदि विषय हों" ।

देवीभागवत में प्रथम ही त्रिपदा गायत्री है किंतु विष्णु भागवत में नहीं, उसमें केवल 'धीमहि' इतना ही पद आया है । वृत्रासुर के वध की कथा दोनों में है । पर मत्स्यपुराण में बतलाया हुआ सारस्वतकल्प प्रसंग विष्णु भागवत में नहीं है, उसमें पाद्मकल्पप्रसंग है । मत्स्यपुराण में जो लक्षण दिया हुआ है उसमें साम्प्रदायिक भाव की गंध नहीं जान पड़ती । शैव और वैष्णव विद्वानों में इन दोनों पुराणों के विषय में बहुत दिनों तक झगड़ा चलता रहा । दुर्जनमुखचपेटिका, दुर्जनमुखमहाचपेटिका, दुर्जनमुखपद्मपादुका आदि कई ग्रंथ इस विवाद में लिखे गए । बात यह है कि ये दोनों पुराण साम्प्रदायिक विशेषताओं से परिपूर्ण हैं । ऐसा जान पतड़ा है कि भागवत नाम का कोई प्राचीन पुराण था जो लुप्त हो गया था । बौद्ध धर्म्म के उपरांत हिंदूधर्म्म की जब फिर नए रूप में स्थापना हुई और शैव वैष्णवों की प्रबलता हुई तब पुराणों में दिए हुए लक्षण के अनुसार वैष्णव पंडितों ने श्रीमद्भागवत की और शैव पंडितों ने देवीभागवत की रचना की । रचना के विचार से यदि देखा जाय तो देवीभागवत की शैली पुराणों के अधिक अनुकूल और भागवत की शैली पांडित्यपूर्ण काव्य की शैली को लिए हुए है । जिस प्रकार श्रीमद्भागवत में दार्शनिक भावों की प्रधानता है उसी प्रकार देवी भागवत में तांत्रिक भावों की है । इसमें देवी के गिरिजा, काली, भद्रकाली, महामाया आदिक रूपों की उपासना की है । पार्वती के पीठस्थानों का वर्णन है । भैरव और वैताल विधि की उत्पत्ति और उनकी पूजा की विधि बतलाई गई है । यहाँ तक कि इस में आसाम देश के कामरूप देश और कामाक्षी देवी का बड़े विस्तार के साथ वर्णन है । अस्तु अपने वर्तमान रूप में देवीभागवत ईसा की ९ वीं और ११ वीं शताब्दी के बीच बना होगा ।

देवीभोग्या–संज्ञा पुं० [हिं० देवी + भोगना = भुगताना] देवी को माननेवाला । ओझा । सोखा ।

देवीवीर्य्य–संज्ञा पुं० [सं०] गंधक ।

देवीसूक्त–संज्ञा पुं० [सं०] ऋग्वेद शाकलसंहिता का एक सूक्त जिसका देवता देवी है ।

देवेंद्र–वि० [सं०] देवताओं का राजा इंद्र ।

देवेश–संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवताओं का राजा इंद्र । (२) परमेश्वर । (३) महादेव । (४) विष्णु ।

देवेशय–संज्ञा पुं० [सं०] (१) परमेश्वर । (२) विष्णु ।

देवेशी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) पार्वती । (२) देवी ।

देवेष्ट–संज्ञा पुं० [सं०] (१) देवताओं को प्रिय । (२) गुग्गुल । महामेद ।

देवेष्टा–संज्ञा स्त्री० [सं०] बड़ा बिजौरा ।

देवैया†–संज्ञा पुं० [हिं० देना] देनेवाला ।

देवोत्तर–संज्ञा पुं० [सं०] वह संपत्ति जो किसी देवता के नाम अलग निकाल दी गई हो । देवता को अर्पित किया हुआ धन ।

देवोत्थान–संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु का शेष की शय्या पर से उठना जो कार्त्तिक शुक्ला एकादशी को होता है ।

देवोद्यान–संज्ञा पुं० [सं०] देवताओं के बगीचे जो चार हैं—नंदन, चैत्ररथ, वैभ्राज और सर्वतोभद्र । त्रिकांडशेष के अनुसार चार बगीचों के नाम ये हैं—वैभ्राज, चैत्ररथ, मिश्रक, सिद्धकावण ।

देवोन्माद–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का उन्माद जिसमें रोगी पवित्र रहता है, सुगंधित फूलों की माला पहनता है, आँखें बंद नहीं करता और संस्कृत बोलता है । यह देवता के कोप

से होता है। सुश्रुत में भूतविद्या में अमानुष प्रतिषेध के अंतर्गत इसका उल्लेख है।

देवौकस्—संज्ञा पुं० [सं०] देवताओं का स्थान सुमेरु पर्वत।

देव्युन्माद—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का उन्माद या रोग जिसमें पक्षाघात होता है, शरीर सूख जाता है, मुँह और हाथ पाँव टेढ़े हो जाते हैं तथा स्मरण शक्ति जाती रहती है। कहीं कहीं इसे विज्ञासनी देवी या मावल्या भी कहते हैं।

देश—संज्ञा पुं० [सं०] (१) विस्तार जिसके भीतर सब कुछ है। दिक्। स्थान।

विशेष—न्याय वा वैशेषिक के अनुसार जिससे आगे पीछे, ऊपर नीचे, उत्तर दक्षिण आदि का प्रत्यय होता है वह देश वा दिग्द्रव्य है। काल के समान संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग और विभाग देश के भी गुण हैं। देश के विभु और एक होने पर भी उपाधिभेद से उत्तर दक्षिण, आगे पीछे आदि भेद मान लिए गए हैं। देश-संबंधी 'पूर्व' और 'पर' का विपर्य्यय हो सकता है पर काल-संबंधी पूर्वापर का नहीं। पश्चिमी दार्शनिकों में कांट आदि ने देश (और काल) को मन से बाहर की कोई वस्तु नहीं माना है अंतःकरण का आरोप मात्र कहा है जो वस्तु-संबंध-ग्रहण के लिये वह अपनी ओर से करता है। दे० "काल"।

यौ०—देशकाल।

(२) पृथ्वी का वह विभाग जिसका कोई अलग नाम हो, जिसके अंतर्गत कई प्रांत, नगर, ग्राम आदि हों तथा जिसमें अधिकांश एक जाति के और एक भाषा बोलनेवाले लोग रहते हों। जनपद।

विशेष—देश तीन प्रकार के होते हैं—जांगल्य, अनूप और साधारण। तीन प्रकार के और देश माने गए हैं—देवमातृक (जिसमें वर्षा ही के जल से खेती आदि के सारे काम हों), नदी मातृक और उभय मातृक।

(३) वह भूभाग जो एक ही राजा या शासक के अधीन अथवा एक शासनपद्धति के अंतर्गत हो। राष्ट्र। (४) स्थान। जगह। (५) शरीर का कोई भाग। अंग। जैसे, स्कंध देश, कटिदेश। उ०—भूषन सकल सुदेस सुहाए। अंग अंग रचि सखिन बनाए।—तुलसी। (६) एक राग जो किसी के मत से संपूर्ण जाति का और किसी के मत से षाड़व (ऋवर्जित) है। (७) जैन शास्त्रानुसार चौथा पंचक जिसके द्वारा अर्थानुसंधानपूर्वक तपस्या अर्थात् गुरु, जन, गुहा, श्मशान और रुद्र की वृद्धि होती है।

देशक—संज्ञा पुं० [सं०] उपदेश करनेवाला। उपदेशक।

देशकली—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक रागिनी जिसमें गांधार कोमल और बाकी सब स्वर शुद्ध लगते हैं।

देशकार—संज्ञा पुं० [सं०] संपूर्ण जाति का एक राग जो सबेरे एक दंड से पाँच दंड दिन चढ़े तक गाया जाता है। यह राग परज, सोरठ और सरस्वती के मिलाने से बनता है। यह दीपक राग का पुत्र माना जाता है। इसका स्वरग्राम इस प्रकार है—

स ऋ ग म प ध नि +

अथवा

ध नि स ऋ ग म प +

देशकारी—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक रागिनी जो हनुमत के मत से मेघ राग की पत्नी और किसी किसी के मत से हिंदोल राग की पत्नी मानी जाती है। यह संपूर्ण जाति की है। इसका सरगम इस प्रकार है—

स ऋ ग म प ध नि स +

इसके गाने का काल वर्षा ऋतु का निशांत वा प्रातःकाल है।

देशगांधार—संज्ञा पुं० [सं०] एक राग जो सबेरे एक दंड से पाँच दंड तक गाया जाता है।

देशचारित्र—संज्ञा पुं० [सं०] जैन शास्त्रानुसार गार्हस्थ्य धर्म्म जिसके बारह भेद हैं—(१) प्राणातियात विरमण व्रत। (२) स्थूल मृषावाद विरमण व्रत। (३) थूल अदत्तदान विरमण व्रत। (४) मैथुन विरमण व्रत। (५) स्थूल परिग्रह विरमण व्रत। (६) दिश परिमाण व्रत। (७) भोगोपभोग विरमण व्रत। (८) अनर्थ दंड विरमण व्रत। (९) सामयिक व्रत। (१०) दिशावकाशिकव्रत। (११) पौषधोपवास व्रत। (१२) अतिथि संविभाग व्रत।

देशज—वि० [सं०] देश में उत्पन्न।

संज्ञा पुं० शब्द के तीन विभागों में से एक। वह शब्द जो न संस्कृत हो, न संस्कृत का अपभ्रंश हो बल्कि किसी प्रदेश में लोगों की बोलचाल से योंही उत्पन्न हो गया हो।

देशज्ञ—संज्ञा पुं० [सं०] देश का हाल जाननेवाला। देश की दशा, रीति नीति आदि जाननेवाला।

देशधर्म—संज्ञा पुं० [सं०] देश की रीति नीति आचार व्यवहार।

देशना—संज्ञा स्त्री० [सं०] उपदेश। (जैन)

देशनिकाला—संज्ञा पुं० [हिं० देश + निकालना] देश से निकाल दिए जाने का दंड।

क्रि० प्र०—देना।—पाना।—होना।

देशपाली—संज्ञा स्त्री० [सं०] देशकारी रागिनी का दूसरा नाम।

देशभाषा—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह भाषा जो किसी देश या प्रांत विशेष में ही बोली जाती हो। जैसे, बँगला, मराठी, गुजराती इत्यादि।

देशमल्लार—संज्ञा पुं० [सं०] संपूर्ण जाति का एक राग जिसमें सब स्वर लगते हैं।

देशराज–संज्ञा पु० [सं०] आल्हा ऊदल के पिता का नाम जो राजा परमाल (प्रमर्दिदेव) के सामंतों में थे।

देशस्थ–वि० [सं०] देश में स्थित। देश में रहनेवाला।

संज्ञा पुं० महाराष्ट्र ब्राह्मणों का एक भेद।

विशेष—महाराष्ट्र ब्राह्मणों में दो भेद होते हैं—कोंकणस्थ और देशस्थ।

देशांकी–संज्ञा स्त्री० [?] एक रागिनी हनुमत के मत से जिसका स्वर ग्राम यों है—ग म प ध नी सा ग, अथवा ग म प ध नी सा रे ग।

देशांतर–संज्ञा पु० [सं०] (१) अन्य देश। विदेश। परदेस। (२) भूगोल में ध्रुवों से होकर उत्तर दक्षिण गई हुई किसी सर्व-मान्य मध्य रेखा से पूर्व वा पश्चिम की दूरी। लंबांश।

विशेष—भारतवर्ष में पहले यह मध्य रेखा लंका या उज्जयिनी से सुमेरु तक मानी जाती थी। अब यह यूरप और अमेरिका के भिन्न भिन्न स्थानों से गई हुई मानी जाती है। इस मध्य रेखा से किसी स्थान की दूरी उस कोण के अंशों के हिसाब से बतलाई जाती है जो उस स्थान पर से हो कर गई हुई रेखा ध्रुव पर मध्य रेखा से मिल कर बनाती है।

देशांश–संज्ञा पुं० दे० "देशांतर"।

देशाका–संज्ञा पु० [स०] एक रागिनी। इसका सरगम यह है—ग म प ध नि स।

देशाखी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक रागिनी जो हनुमत् के मत से हिंदोल की दूसरी रागिनी है। यह षाडव जाति की है। स्वर गांधार होता है। गाने का समय वसंत ऋतु का मध्याह्न है।

देशाचार–संज्ञा पु० [सं०] देश की चाल या व्यवहार।

देशाटन–संज्ञा पुं० [सं०] देशभ्रमण। भिन्न भिन्न देशों की यात्रा।

देशावकाशिक (व्रत)–संज्ञा पु० [स०] जैन शास्त्रानुसार एक शिक्षाव्रत जिसमें स्वार्थ के लिये सब दिशाओं में आने जाने के जो प्रतिबंध हैं उनको और भी संक्षिप्त और कठिन करके पालन किया जाता है।

देशिक–संज्ञा पु० [स०] पथिक। बटोही।

देशिनी–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) सूची। (२) तर्जनी अँगुली।

देशी–वि० [सं० देशीय] (१) देश का। देश संबंधी। (२) स्वदेश का। अपने देश का। (३) अपने देश में उत्पन्न या बना हुआ। जैसे, देशी चीनी, देशी माल।

संज्ञा स्त्री० [स०] (१) एक रागिनी जो हनुमत के मत से दीपक राग की भार्य्या है। इसमें पंचम वर्जित है। इसके गाने का समय ग्रीष्म काल का मध्याह्न है। यह मधुमाधव, सारंग पहाड़ी और टोड़ी के योग से बनी है। (२) संगीत के दो भेदों में से एक।

विशेष—संगीतदर्पण में नाचने गाने और बजाने तीनों को संगीत कहा है। संगीत दो प्रकार का है–मार्ग और देशी।

(३) तांडव नृत्य का एक भेद जिसमें अंगनिक्षेप अधिक और अभिनय कम होता है।

देशीय–वि० दे० "देशी"।

देस–संज्ञा पु० दे० "देश"।

देसकार–संज्ञा पु० दे० "देशकार"।

देसवाल–वि० [हिं० देस + वाला] स्वदेश का, दूसरे देश का नहीं (मनुष्य के लिये)। जैसे, देसवाल बनिया।

संज्ञा पु० एक प्रकार का पटसन।

देसावर–संज्ञा पुं० [सं० देश + अपर] अन्य देश। विदेश। परदेस। देशांतर। जैसे, देसावर का माल।

देसावरी–वि० [हिं० देसावर] देसावर का। दूसरे देश से आया हुआ। (वस्तु या माल के लिये)। जैसे, देसावरी माल।

देसी–वि० [सं० देशीय] (१) स्वदेश का, दूसरे देश का नहीं। जैसे, देसी आदमी, देसी माल।

देहंभर–वि० [सं०] अपने ही शरीर का पोषण करनेवाला।

देह–संज्ञा स्त्री० [सं०] [वि० दैहिक] (१) शरीर। तन। बदन।

उ०—(क) नाम एक तनु हेतु तेहि देह न धरी बहोरि।—तुलसी। (ख) अपराध बिना ऋषि देह धरी।—केशव। (ग) है हिय रहति हुई छई नई युक्ति यह जोय। आँखिन आँखि लगी रहै देह दूबरी होय।—बिहारी।

विशेष—शरीर आरंभ काल में कुछ दिनों तक बराबर बढ़ता है इससे उसका नाम देह (दिह = वृद्धि) है। न्याय के मत से पार्थिव देह दो प्रकार की होती है—योनिज और अयोनिज। जरायुज और अंडज योनिज तथा स्वेदज और उद्भिज्ज अयोनिज कहलाते हैं। शुक्र शोणित आदि की योजना से स्वतंत्र अलौकिक देह को (जैसे, नारद आदि की) भी अयोनिज कहते हैं। इसी प्रकार सांख्य आदि के मत से स्थूल और सूक्ष्म आदि भी शरीर के भेद माने गए हैं। विशेष—दे० "शरीर"।

मुहा०—देह छूटना = जीवन समाप्त होना। मृत्यु होना। देह छोड़ना = मरना। उ० मम कर तीरथ छांड़िहि देहा।—तुलसी। देह धरे कर यह फल भाई। भजहु राम सब काम बिहाई।—तुलसी। देह लेना = दे० "देह धरना।" देह बिसारना = तन की सुध न रखना। होस हवास न रखना।

(२) शरीर का कोई अंग। (३) जीवन। जिंदगी। उ०—(क) सहय सहित सनेह देह भरि कामधेनु कलि कासी।—तुलसी। (ख) जन्म जहाँ तहाँ रावरे सों निबहै भरि देह सनेह सगाई।—तुलसी। (४) विग्रह। मूर्त्ति। चित्र।

संज्ञा पु० [फा०] गाँव। खेड़ा। मौजा। जैसे, गंगाअहीर, साकिन देह.....।

यो०—देहकान। देहात।

देहकान–संज्ञा पुं० [फा०] (१) किसान । कृषक । (२) गँवार ।
देहकानी–वि० [फा०] गँवारू । ग्रामीण ।

देहत्याग–संज्ञा पुं० [सं०] मृत्यु ।
क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

देहद–संज्ञा पुं० [सं०] पारा ।

देहधारक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) शरीर को धारण करनेवाला । (२) अस्थि । हाड़ ।

देहधारण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) शरीररक्षा । जीवनरक्षा । (२) जन्म ।
क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

देहधारी–संज्ञा पुं० [सं० देहधारिन्] [स्त्री० देहधारिणी] शरीर को धारण करनेवाला । जिसे शरीर हो । शरीरी ।

देहधि–संज्ञा पु० [स०] पक्ष । चिड़ियों का पंख । डैना ।

देहधृज्–संज्ञा पु० [सं०] (शरीर को धारण करनेवाला) वायु ।

देहपात–संज्ञा पु० [सं०] मृत्यु । मौत ।
क्रि० प्र०—होना ।

देहभुज्–संज्ञा पुं० [सं०] (१) देहाभिमानी जीव । (२) सूर्य्य ।

देहभृत्–संज्ञा पु० [सं०] जीव ।

देहयात्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) मरण । मृत्यु । (२) भरण पोषण । पालन । (३) भोजन ।

देहर–संज्ञा स्त्री० [सं० देवहद] वह नीची भूमि जो किसी नदी के किनारे हो और जहाँ नदी के बढ़ने पर पानी आ जाता हो ।

देहरा–संज्ञा पु० [हिं० देव + घर] (१) देवावास । देवालय । उ०—नेव विहूना देहरा, देव विहूना देव । कबिरा तहाँ बिलंबिया करै अलख की सेव ।—कबीर ।
संज्ञा पु० [हिं० देह] नरशरीर । नर देह । उ०—कोठे ऊपर दौरना सुख नींदरी न सोय । पुण्ये पाया देहरा ओछी ठौर न खोय ।—कबीर ।

देहरी †*–संज्ञा स्त्री० [सं० देहली] (१) द्वार की चौखट की वह लकड़ी जो नीचे होती है और जिसे लाँघते हुए लोग भीतर घुसते हैं । दहलीज । उ०—(क) राम नाम मनि दीप धरु जीह देहरी द्वार । तुलसी भीतर बाहिरो जो चाहसि उजियार ।—तुलसी । (ख) एक पग भीतर सु एक देहरी पै धरै, एक कर कंज एक कर है किंवार पर ।—पद्माकर । (२) दे० "देहर" ।

देहला–संज्ञा स्त्री० [सं०] (शरीर को पुष्टि देनेवाली) मदिरा । शराब ।

देहली–संज्ञा स्त्री० [सं०] द्वार की चौखट की वह लकड़ी जो नीचे होती है और जिसे लाँघ कर लोग भीतर घुसते हैं । दहलीज ।

देहलीदीपक–संज्ञा पुं० [स०] (१) देहली पर रखा हुआ दीपक जो भीतर बाहर दोनों ओर प्रकाश फैलाता है ।
यौ०—देहली दीपक न्याय = देहली पर रखे हुए दोनों ओर प्रकाश फैलानेवाले दीपक के समान दोनों ओर लगनेवाली बात ।
(२) एक अर्थालंकार जिसमें किसी एक मध्यस्थ शब्द का अर्थ दोनों ओर लगाया जाता है । उ०—है नरसिंह महा मनुजाद हन्यो प्रहलाद को संकट भारी । दास विभीषणो लंक दई निज रंक सुदामा को संपति भारी । द्रौपदी चीर बढ़ायो जहान में पांडव के यश की उजियारी । गर्बिन के खनि गर्ब बहावत दीनन के दुख श्रीगिरधारी । (विशेष) ऊपर लिखे हुए सवैये के प्रत्येक चरण में यह अलंकार है । हन्यो, दई, बढ़ायो और बहावत शब्दों का अर्थ दोनों ओर लगता है । इस अलंकार का लक्षण यह है—परै एक पद बीच में दुहु दिस लागै सोय । सो है दीपक देहरी जानत है सब कोय ।

देहवंत–वि० [सं० देहवान् का बहु] जिसके देह हो । जो तनुधारी हो । उ०—(क) देहवंत प्राणी जो कसकवंत होतो कहूँ सोने में सुगंध के सराहिबे को को हतो ।—ठाकुर । (ख) नाक नथुनी के गज मोतिन की आभा, कैधौं देहवत प्रगटित हिये को हुलास है ।
संज्ञा पु० वह जो शरीरवान् हो । शरीरधारी व्यक्ति । प्राणी । शरीरी । उ०—संतोष सम शीतल सदा दम देहवंत न लेखिए ।—तुलसी ।

देहवान्–वि० [स०] शरीरधारी ।
संज्ञा पु० (१) शरीरधारी व्यक्ति । देही । (२) सजीव प्राणी ।

देहशंकु–संज्ञा पु० [स०] पत्थर का खंभा ।

देहसंचारिणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] कन्या । लड़की ।

देहसार–संज्ञा पु० [स०] मज्जा धातु ।

देहांत–संज्ञा पु० [स०] मृत्यु । मौत ।
क्रि० प्र०—होना ।

देहांतर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दूसरा शरीर । (२) दूसरे शरीर की प्राप्ति । जन्मांतर । (३) मृत्यु । मरण ।

देहात–संज्ञा स्त्री० [फा०] [वि० देहाती] गाँव । गंवई । ग्राम ।

देहाती–वि० [फा० देहात] (१) गाँव का । गाँव में होनेवाला । जैसे, देहाती चीज । (२) गाँव में रहनेवाला । ग्रामीण । (३) गँवार ।

देहातीत–वि० [सं०] (१) जो शरीर से परे हो । जो देह से स्वतंत्र हो । (२) जिसे देहाभिमान न हो । जिसे शरीर की ममता न हो ।

देहात्मवादी–संज्ञा पुं० [स० देहात्मवादिन्] वह जो शरीर के

अतिरिक्त आत्मा को न माने, शरीर ही को आत्मा माने, जैसा कि चार्वाक मानता है।

देहाध्यास–संज्ञा पुं० [सं०] देह धर्म को ही आत्मा समझने का भ्रम।

देहिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक कीड़े का नाम।

देही–संज्ञा पुं० [सं० देहिन्] (देह को धारण करनेवाला) जीवात्मा। आत्मा।

विशेष—देह चैतन्य नहीं है, पर देही है। आत्मा देह के आश्रय से सुख दुःख आदि का भोगनेवाला होता है। पर शुद्ध देही नित्य, अवध्य आदि है। दे० "आत्मा", "जीवात्मा"।

देहेश्वर–संज्ञा पु० [सं०] देहाधिष्ठाता आत्मा।

दैंती†–संज्ञा स्त्री० दे० "दरेंती"।

दैजा†–संज्ञा पु० दे० "दहेज", "दायजा"।

दैतेय–वि० [सं०] दिति से उत्पन्न।

संज्ञा पु० (१) दिति की संतति। दैत्य। (२) राहु का एक नाम।

दैत्य–संज्ञा पु० [सं०] (१) दिति की संतति। कश्यप के वे पुत्र जो दिति नाम्नी स्त्री से पैदा हुए। असुर।

(२) लंबे डील वा असाधारण बल का मनुष्य। जैसे, वह पूरा दैत्य है। (३) अति करनेवाला आदमी। जैसे, वह खाने में दैत्य है। (४) दुराचारी। नीच। दुष्ट व्यक्ति। (५) लोहा।

दैत्यगुरु–संज्ञा पु० [सं०] शुक्राचार्य्य।

दैत्यदेव–संज्ञा पु० [सं०] दैत्यों के देवता (१) वरुण, (२) वायु।

दैत्यद्वीप–संज्ञा पु० [सं०] गरुड़ के पुत्रों में से एक। (महाभारत)

दैत्यधूमिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] तारा देवी की तांत्रिक उपासना में एक मुद्रा जिसमें उलटी हथेलियों को मिलाकर विशेष विशेष उँगलियों को एक दूसरे से फँसाते हैं।

दैत्यपुरोधा–संज्ञा पु० [सं० दैत्यपुरोधस्] दैत्यों के पुरोहित शुक्राचार्य्य।

दैत्यमाता–संज्ञा स्त्री० [सं० दैत्यमातृ] दैत्यों की माता दिति।

दैत्यमेदज–संज्ञा पु० [सं०] (१) गुग्गुल। गूगल। (२) पृथ्वी।

दैत्ययुग–संज्ञा पुं० [सं०] दैत्यों का युग जो देवताओं के बारह हजार बरसों वा मनुष्यों के चार युगों के बराबर होता है।

दैत्यसेना–संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रजापति की कन्या जो देवसेना की बहिन थी। यह केशी दानव को बहुत चाहती थी। केशी इसे हर ले गया था और उसने इसके साथ विवाह किया था।

दैत्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दैत्य जाति की स्त्री। (२) सुरा। कपूरकचरी। (३) चंडौषधि। (४) मद्य। मदिरा।

दैत्यारि–संज्ञा पु० [सं०] दैत्यों के शत्रु (१) विष्णु, (२) इंद्र, (३) देवता मात्र।

दैत्याहोरात्र–संज्ञा पु० [सं०] दैत्यों का एक रात दिन जो मनुष्य के वर्ष के बराबर होता है।

दैत्येंद्र–संज्ञा पु० [सं०] (१) दैत्यों का राजा। (२) गंभक।

दैत्येज्य–संज्ञा पु० [सं०] दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य्य।

दैधिषव्य–संज्ञा पु० [सं०] स्त्री के दूसरे पति का पुत्र।

दैनंदिन–वि० [सं०] प्रति दिन का। दिन दिन होनेवाला। नित्य का।

क्रि० वि० (१) प्रति दिन। रोज रोज। (२) दिनो दिन।

दैन–संज्ञा पु० [सं०] दीन होने का भाव। दीनता।

वि० [सं०] दिन संबंधी।

*संज्ञा स्त्री० [हिं० देना] दे० "देन"।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग समास में विशेषणवत् भी होता है जैसे, सुखदैन=सुखदेनेवाला। उ०—नैन सुखदैन मन मैन मलय लेखिए।—केशव।

दैनिक–वि० [सं०] (१) प्रति दिन का। रोज रोज का। (२) जो रोज रोज हो। नित्य होनेवाला। (३) जो एक दिन में हो। (४) दिन संबंधी।

संज्ञा पु० एक दिन का वेतन। रोजाना मजदूरी।

दैन्य–संज्ञा पु० [सं०] (१) दीनता। दरिद्रता। (२) गर्व वा अहंकार के प्रतिकूल भाव। विनीत भाव। अपने को तुच्छ समझने का भाव। (३) काव्य के संचारी भावों में से एक जिसमें दुःखादि से चित्त अति नम्र हो जाता है। कातरता।

दैयत†–संज्ञा पु० [सं० दैत्य] दैत्य। दानव। राक्षस। असुर। उ०—(क) वह हरी हठि हरिनाछ दैयत देखि सुंदर देह सो।—केशव। (ख) आपन ही रँग रच्यो सांवरो शुक ज्यों बैठि पढ़ावै। दासी हुती असुर-दैयत की अब कुल-वधू कहावै।—सूर।

दैया‡–संज्ञा पु० [हिं० दई] दई। दैव।

मुहा०—दैयन के=दई दई करके। किसी प्रकार। कठिनता से।

अव्य० आश्चर्य्य, भय या दुःख सूचक शब्द जिसे स्त्रियाँ बोलती हैं। हे दई! हे परमेश्वर! उ०—बूझिहैं चवैया तब कैहौं कहा, दैया! इत पारिगो को, मैया, मेरी सेज पै कन्हैया को।—पद्माकर।

संज्ञा स्त्री० † दे० "दाई"।

दैयागति ‡–संज्ञा स्त्री० दे० "दैवगति"।

दैर्घ्य–संज्ञा पु० [सं०] दीर्घता। लंबाई। बड़ाई।

दैव–वि० [सं०] [स्त्री० दैवी] (१) देवता-संबंधी। जैसे, दैव कार्य्य,

दैवश्राद्ध। (२) देवता के द्वारा होनेवाला। जैसे, दैवगति, दैवघटना। (३) देवता को अर्पित।

संज्ञा पु० (१) वह अर्जित शुभाशुभ कर्म जो फल देनेवाला हो। प्रारब्ध। अदृष्ट। भाग्य। होनेवाली बात या फल। होनी।

विशेष—मत्स्यपुराण में जब मनु ने मत्स्य से पूछा कि दैव और पुरुषकार दोनों में कौन श्रेष्ठ है, तब मत्स्य ने कहा "पूर्व जन्म के जो भले बुरे कर्म अर्जित रहते हैं वे ही वर्त्तमान जन्म में दैव या भाग्य होते हैं। दैव यदि प्रतिकूल हो तो पौरुष से उसका नाश हो सकता है। यदि पूर्व के कर्म अच्छे हों तो भी बिना पौरुष के वे कुछ भी फल नहीं दे सकते। अतः पौरुष श्रेष्ठ है।

यो०—दैवगति। दैवज्ञ।

(२) विधाता। ईश्वर। जैसे, दुर्बल को दैव भी सताता है।

मुहा०—(किसी को) दैव लगना = (किसी पर) ईश्वर का कोप होना। बुरे दिन आना। शामत आना।

(३) आकाश। आसमान।

मुहा०—दैव बरसना = मेंह बरसना। पानी बरसाना।

दैवकोविद—संज्ञा पु० [सं०] (१) देवताओं का विषय जाननेवाला। (२) दैवज्ञ। ज्योतिषी।

दैव गति—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) ईश्वरीय बात। दैवी घटना। (२) भाग्य। कर्म। अदृष्ट। प्रारब्ध।

दैवचिंतक—संज्ञा पु० [सं०] ज्योतिषी।

दैवज्ञ—संज्ञा पु० [सं०] [स्त्री० दैवज्ञा] (१) ज्योतिषी। गणक। (२) बंगदेश में ब्राह्मणों की एक जाति।

दैवतंत्र—वि० [सं०] भाग्याधीन।

दैवत—वि० [सं०] देवता संबंधी।

संज्ञा पुं० (१) देवता संबंधी प्रतिमा आदि। (२) देवता। (३) निरुक्त का वह भाग जिससे वेदमंत्रों के देवताओं का परिचय होता है।

दैवतपति—संज्ञा पु० [सं०] इंद्र।

दैवतीर्थ—संज्ञा पु० [सं०] आचमन करने में उँगलियों के अग्रभाग का नाम। उँगलियों की नोक।

दैवदुर्विपाक—संज्ञा पु० [सं०] दैव की प्रतिकूलता। भाग्य की खोटाई।

दैवयुग—संज्ञा पु० [सं०] देवताओं का युग जो मनुष्यों के चारों युगों के बराबर होता है।

विशेष—मनुष्यों के एक वर्ष का देवताओं का एक रात दिन होता है।

दैवयोग—संज्ञा पु० [सं०] भाग्य का आकस्मिक फल। संयोग। इत्तिफाक। जैसे, दैवयोग से वह हमें मार्ग ही में मिल गया।

दैवल—संज्ञा पु० [सं०] देवल ऋषि की संतति।

दैवलेखक—संज्ञा पुं० [सं०] ज्योतिषी। गणक।

दैववर्ष—संज्ञा पुं० [सं०] देवताओं का वर्ष जो १३१४२१ सौर दिनों का होता है।

दैववश—क्रि० वि० [सं०] संयोग से। दैवयोग से। अकस्मात्। कदाचित्।

दैववशात्—क्रि० वि० दे० "दैववश"।

दैववाणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) आकाशवाणी। (२) संस्कृत।

दैववादी—संज्ञा पु० [सं०] (१) भाग्य के भरोसे रहनेवाला। पुरुषार्थ न करनेवाला। (२) आलसी। निरुद्योगी।

दैवविद्—संज्ञा पुं० [सं०] ज्योतिषी। गणक।

दैवविवाह—संज्ञा पु० [सं०] स्मृतियों में लिखे आठ प्रकार के विवाहों में से एक।

विशेष—ज्योतिष्टोम आदि बड़ा यज्ञ करनेवाला यदि उसी यज्ञ के समय ऋत्विज या पुरोहित को अलंकृता कन्या दान कर दे तो यह दैवविवाह हुआ।

दैवश्राद्ध—संज्ञा पुं० [सं०] वह श्राद्ध जो देवताओं के उद्देश्य से हो।

दैवसर्ग—संज्ञा पु० [सं०] देवताओं की सृष्टि।

विशेष—इसके अंतर्गत आठ भेद हैं—ब्राह्म, प्राजापत्य, ऐंद्र, पैत्र, गांधर्व, यक्ष, राक्षस और पैशाच। (सांख्यकारिका)

दैवाकरि—संज्ञा पु० [सं०] दिवाकर अर्थात् सूर्य्य के पुत्र, (१) शनि, (२) यम।

दैवाकरी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (सूर्य्य की पुत्री) जमुना नदी।

दैवागत—वि० [सं०] दैवी। आकस्मिक। सहसा होनेवाला।

दैवात्—क्रि० वि० [सं०] अकस्मात्। दैवयोग से। इत्तिफाक से। अचानक।

दैवात्यय—संज्ञा पु० [सं०] दैवकृत उत्पात। अचानक आपसे आप होनेवाला अनर्थ।

दैवारिप—संज्ञा पु० [सं०] शंख।

दैविक—वि० [सं०] (१) देवता संबंधी। देवताओं का। जैसे, दैविक श्राद्ध। (२) देवताओं का किया हुआ। उ०—दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम-राज्य काहुहु नहि व्यापा।—तुलसी।

दैवी—वि० स्त्री० [सं०] (१) देवता संबंधिनी। (२) देवताओं की की हुई। देवकृत। जैसे, दैवी लीला। (३) आकस्मिक। प्रारब्ध या संयोग से होनेवाली। जैसे, दैवी घटना। (४) सात्विक। जैसे, दैवी संपत्ति।

संज्ञा स्त्री० (१) दैव-विवाह द्वारा ब्याही हुई पत्नी। (२) एक वैदिक छंद।

दैवी गति—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) ईश्वर की की हुई बात (२) प्रारब्ध। भावी। होनहार। अदृष्ट।

दैव्य—वि० [सं०] देवता संबंधी।

संज्ञा पुं० (१) दैव । (२) भाग्य ।

दैहिक–वि० [सं०] (१) देह संबंधी । शारीरिक । उ०—दैहिक दैविक भौतिक तापा ।—तुलसी । (२) देह से उत्पन्न ।

दौंकना†–क्रि० अ० [देश०] गुर्राना ।

दौंकी–संज्ञा स्त्री० [देश०] झौंकनी ।

दौंच†–संज्ञा स्त्री० दे० "दोच" ।

दौंचन†–संज्ञा स्त्री० दे० "दोचना" ।

दौंचना†–क्रि० स० [हिं० दोचन] दबाव में डालना । उ०—तंदुल माँगि देांचि के लाई सेा दीन्हों उपहार ।—सूर ।

दौंर–संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का साँप ।

दो–वि० [सं० द्वि] एक और एक । तीन से एक कम ।

मुहा०—दो एक = कुछ । थोड़े । जैसे, उनसे दो एक बातें करके चले आवेंगे । **दो चार** = कुछ । थोड़े । जैसे, वहाँ ज्यादः नहीं सिर्फ दो चार आदमी रहेंगे । **दो चार होना** = भेंट होना । मुलाकात होना । **आँखें दो चार होना** = सामना होना । **दो दिन का** = बहुत ही थोड़े समय का । **दो दो दाने को फिरना** = बहुत ही दरिद्र दशा में, दूसरे से माँगते हुए फिरना । **दो दो बातें करना** = सक्षिप्त प्रश्नोत्तर करना । कुछ बातें पूछना और कहना । **दो नावों पर पैर रखना** = दो पक्षों का अवलंबन करना । दो पदार्थों का आश्रय लेना । उ०—दुइ तरंग दुइ नाव पावँ धरि ते कहि कवन न मूठे ।—सूर । **किस के दो सिर हैं ?** = किसे फालतू सिर है ? किस में असंभव सामर्थ्य है । कौन इतना समर्थ है कि मरने से नहीं डरता । उ०—अनहित तोर प्रिया केइ कीन्हा । केहि दुइ सिर, केहि जम चह लीना ?—तुलसी ।

दो-आतशा–वि० [फा०] जो दो बार भभके में खींचा या चुआया गया हो । दो बार का खींचा या उतारा हुआ । जैसे, दो-आतशा शराब, दो-आतशा गुलाब ।

विशेष—एक बार अर्क या शराब आदि खींच चुकने पर कभी कभी उसको बहुत तेज करने के लिये फिर से खींचते या चुआते हैं । ऐसे ही अर्क या शराब आदि को दो-आतशा कहते हैं ।

दोआब–संज्ञा पु० [फा०] दो नदियों के बीच का प्रदेश । किसी देश का वह भाग जो दो नदियों के बीच में पड़ता हो ।

दोआबा–संज्ञा पुं० दे० "दोआब" ।

दोइ†–वि० दे० "दो" ।

संज्ञा पुं० दे० "दो" ।

दोउ *†–वि० [हिं० दो] दोनों ।

दोऊ *†–वि० [हिं० दो] दोनों ।

दोक–संज्ञा पुं० [हिं० दो + क (प्रत्य०)] दो वर्ष की उम्र का बछेड़ा ।

दोकड़ा†–संज्ञा पुं० दे० "दुकड़ा" ।

दोकरा†–संज्ञा पु० दे० "दुकड़ा" ।

दोकला–संज्ञा पु० [हिं० दो + कल] (१) दो कल या पेंचवाला ताला । वह ताला जिसके अंदर दो कलें या पेंच होते हैं । (२) एक प्रकार की मजबूत बेड़ी ।

दोकोहा–संज्ञा पुं० [हिं० दो + कोह = कूबर] दो कूबरवाला ऊँट । वह ऊँट जिसकी पीठ पर दो कूबर हों ।

दोखंभा–संज्ञा पु० [हिं० दो + खंभा] एक प्रकार का नैचा जिसमें कुल्फी नहीं होती । यह नैचा काट कर लोहे की कमानी पर बनाया जाता है ।

दोख *†–संज्ञा पु० दे० "दोष" ।

दोखना *†–क्रि० स० [हिं० दोष + ना (प्रत्य०)] दोष लगाना । ऐब लगाना ।

दोखी *†–संज्ञा पुं० [हिं० दोष] (१) दे० "दोषी" । (२) ऐबी । जिसमें कोई ऐब हो । (३) शत्रु । बैरी । (डिं०)

दोगंग–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + गंगा] दो नदियों के बीच का प्रदेश ।

दोगंडी–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + गंडा = गोल घेरा या चिह्न] (१) वह चित्ती या इमली का चीआँ जिसे लड़के जूआ खेलने में बेईमानी करने के लिये दोनों ओर से घिस लेते हैं और जिसके दोनों ओर का काला अंश निकल जाता और सफेद अंश निकल आता है । (२) झगड़ा बखेड़ा करनेवाला मनुष्य । फसादी । उत्पाती । उपद्रवी ।

दोगर†–संज्ञा पु० [हिं० डूंगर = पहाड़ी] डुग्गर देश का निवासी जिसे डोगरा कहते हैं ।

दोगला–संज्ञा पु० [फा० दोगलः] [स्त्री० दोगली] (१) वह मनुष्य जो अपनी माता के असली पति से नहीं बल्कि उसके यार से उत्पन्न हुआ हो । जारज । (२) वह जीव जिसके माता-पिता भिन्न भिन्न जातियों के हों । जैसे, देशी और विलायती से उत्पन्न दोगला कुत्ता ।

संज्ञा पु० [हिं० दो + कल] बाँस की कमचियों का बना हुआ एक गोल और कुछ गहरा (टोकरी का सा) पात्र जिससे किसान लोग पानी उलीचते हैं ।

दोगा–संज्ञा पुं० [सं० द्विक, हिं० दुका] (१) एक प्रकार का लिहाफ जो मोटे देशी कपड़े पर बेल बूटे छाप कर बनाया जाता है । (२) पानी में घोला हुआ चूना जिससे सफेदी की जाती है ।

दोगाड़ा–संज्ञा पुं० [हिं० दो० + ?] दोनली बंदूक ।

दोगुना–वि० दे० "दुगना" ।

दोचंद–वि० [फा०] दुगना ।

दोच–संज्ञा स्त्री० [हिं० दबोच] (१) दुबधा । असमंजस । (२) कष्ट । दुःख । उ०—मनहि यह परतीत आई दूरि हरिहौ दोच । सूर प्रभु हिलि मिलि रहौंगी लाज डारों मोच । —सूर । (३) दबाव । दबाए जाने का भाव ।

दोचन–संज्ञा स्त्री० [हिं० दोचन] (१) दुबधा । असमंजस । (२) दबाव । दबाव में पड़ने का भाव । (३) कष्ट । दुःख । उ०—भवन मोहिं भाटी सो लागत मरति सोचही सोचन । ऐसी गति मेरी तुम आगे करत कहा जियदोचन ।—सूर ।

दोचना–क्रि० स० [हिं० दोच] दबाव डालना । कोई काम करने के लिये बहुत जोर देना ।

दोचल्ला–संज्ञा पुं० [हिं० दो + चल्ला (परत) ?] वह छाजन जो बीच में से उभरी हुई और दोनों ओर ढालुई हो । दोपलिया छाजन ।

दोचित्ता–वि० [हिं० दो + चित्ता] [स्त्री० दोचित्ती] जिसका चित्त एकाग्र न हो, दो कामों या बातों में बँटा हो । उद्विग्न-चित्त ।

दोचित्ती–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + चित्त] "दोचित्त" होने का भाव । चित्त की उद्विग्नता । ध्यान का दो कामों या बातों में बँटा रहना ।

दोचोबा–संज्ञा पुं० [हिं० दो + फा० चोब] वह बड़ा खेमा जिसमें दो दो चोबें लगती हों ।

दोज†–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो] पक्ष की द्वितीया तिथि । दूज । उ०—दोज ससी ज्यों प्रेम, राजत स्याम अकास में । आड़ी भीत जु नेम, ता ऊपर हो देख ले ।—रसनिधि ।

संज्ञा पुं० [सं०] संगीत में अष्टताल का एक भेद ।

दोजई–संज्ञा स्त्री० [देश०] नक्काशों का एक औजार जो गोलाकार वृत्त बनाने के काम में आता है । यह छेनी के आकार का होता है ।

दोजख–संज्ञा पुं० [फा०] मुसलमानों के धार्मिक विश्वास के अनुसार नरक जिसके सात विभाग हैं और जिसमें दुष्ट तथा पापी मनुष्य मरने के उपरांत रखे जाते हैं ।

संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का पौधा जिसके फूल सुंदर होते हैं ।

दोजखी–वि० [फा०] (१) दोजख संबंधी, दोजख का । (२) पापी । बहुत बड़ा अपराधी जो दोजख में भेजे जाने के योग्य हो ।

दोजबी–संज्ञा स्त्री० [फा०] दोनली बंदूक ।

दोजा–संज्ञा पुं० [हिं० दो] वह पुरुष जिसका दूसरा विवाह हो । दोबारा ब्याहा हुआ आदमी । कल्याण-भार्य्य ।

†वि० दे० "दूजा" ।

दोजानू–क्रि० वि० [फा०] घुटनों के बल या दोनों घुटने टेककर (बैठना) ।

दोजिया†–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + जी या जीव] गर्भवती स्त्री । वह स्त्री जिसके पेट में बच्चा हो ।

दोजीरा–संज्ञा पुं० [हिं० दो + जीरा] एक प्रकार का चावल ।

दोजीवा–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + जीव] गर्भवती स्त्री । वह स्त्री जिसके पेट में बच्चा हो ।

दोत†–संज्ञा स्त्री० दे० "दावात" ।

दोतरफा–वि० [फा०] दोनों तरफ का । दोनो ओर संबंधी ।

क्रि० वि० दोनों तरफ । दोनों ओर ।

दोतर्फा–वि० पुं० दे० "दोतरफा" ।

दोतला–वि० दे० "दोतल्ला" ।

दोतल्ला–वि० [हिं० दो + तल] दो खंड का । दो मंजिला । जैसे, दोतल्ला मकान ।

दोतही–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + तह] एक प्रकार की देसी मोटी चादर जो दोहरी करके बिछाने के काम में आती है । दोसूती ।

दोता–संज्ञा पुं० दे० "दोतही" ।

दोतारा–संज्ञा पु० [हिं० दो + तार (सूत)] एक प्रकार का दुशाला ।

संज्ञा पुं० [हिं० दो + तार (धातु)] एकतारे की तरह का एक प्रकार का बाजा । एकतारे की अपेक्षा इसमें यह विशेषता होती है कि इसमें बजाने के लिये एक के बदले दो तार होते हैं ।

विशेष—दे० "एकतारा" ।

दोदना†–क्रि० स० [हिं० दो (दोहराना)] किसी की कही प्रत्यक्ष बात से इनकार करना । प्रत्यक्ष बात से मुकरना ।

दोदरी–संज्ञा स्त्री० [नेपाली] एक प्रकार का सदाबहार पेड़ जो दारजिलिंग, सिकिम, भूटान और पूर्वी बंगाल में पाया जाता है । इसकी लकड़ी काली, चिकनी और कड़ी होती है और इमारत के काम में आती है ।

दोदल–संज्ञा पु० [सं० द्विदल] (१) चने की दाल या तरकारी । (२) कचनार की कलियाँ जिनकी तरकारी भी बनती है और अचार भी पड़ता है ।

दोदस्ता खिलाल–संज्ञा पु० [फा०] ताश के तुरुप के खेल में किसी एक खिलाड़ी का एक साथ बाकी दोनों खिलाड़ियों को मात करना ।

दोदा–संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का बड़ा कौवा (पक्षी) जिसकी लंबाई डेढ़ दो हाथ होती है । इसका रंग काला, तथा चोंच और पैर चमकीले होते हैं । यह गाँव, देहात या जंगलों में बहुत होता है । इसकी आदतें मामूली कौवे की सी होती हैं । यह ऊँचे वृक्षों पर घोंसला बनाता है और पूस से फागुन तक अंडे देता है । एक बार में इसके पाँच अंडे होते हैं ।

दोदाना–क्रि० स० [हिं० दोदना] किसी को दोदने में प्रवृत्त करना । दोदने का काम दूसरे से कराना ।

दोदामी–संज्ञा स्त्री० दे० "दुदामी" ।

दोदिन–संज्ञा पुं० [देश०] रीठे की जाति का एक पेड़ जिसके फलों का व्यवहार साबुन की तरह कपड़े साफ करने में होता है । इसके पत्ते चौपायों को खिलाए जाते हैं और बीज दवा के काम में आते हैं ।

दोदिला–वि० [हिं० दो + दिल] जिसका मन दो कामों या बातों में बँटा हो, एकाग्र न हो। जिसका चित्त एक बात पर जमा न हो बल्कि दो तरफ बँटा हो। दोचित्ता।

दोदिली–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + दिल] दोदिला होने का भाव। चित्त की अस्थिरता। दोचित्ती।

दोध–संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० दोधी] (१) ग्वाला। अहीर। (२) बछड़ा। गाय का बच्चा। (३) वह कवि जो पुरस्कार के लिये कविता करता हो।

दोधक–संज्ञा पु० [सं०] एक वर्णवृत्त जिसमें तीन भगण और अंत में दो गुरुवर्ण होते हैं। इसका दूसरा नाम 'बंधु' भी है। उ०—भागु न गो दुहि दे नँदलाला। पाणि गहे कहतीं ब्रजबाला। दोध करैं सब आरत बानी। या मिस लै घर जायँ सयानी।

दोधार–संज्ञा पुं० [हिं० दो + धार] भाला। बरछा। (डिं०)

दोधारा–वि० [हिं० दो + धार] [स्त्री० दोधारी] दोहरी बाढ़ का। जिसके दोनों ओर धार या बाढ़ हो।

संज्ञा पुं० एक प्रकार का थूहर।

दोन–संज्ञा पुं० [हिं० दो] दो पहाड़ों के बीच की नीची जमीन।

संज्ञा पुं० [हिं० दो + नद] (१) दो नदियों के बीच की जमीन। दोआबा। (२) दो नदियों का संगम स्थान। (३) दो नदियों का मेल। (४) दो वस्तुओं की संधि वा मेल। उ०—तिय तिथि तरणि किशोर वय पुन्यकाल सम दोन। काहू पुन्यनि पाइयत बैस संधि सक्रोन।—बिहारी।

संज्ञा पुं० [सं० द्रोण] काठ का वह लंबा और बीच से खोखला टुकड़ा जिससे धान के खेतों में सिंचाई की जाती है। यह धान कूटने की लेंकली के आकार का होता है और उसी की तरह जमीन पर लगा रहता है। पानी लेने के लिये इसका एक सिरा बहुत चौड़ा होता है जो ताल में रहता है। इस सिरे को पहले पानी में डुबाते हैं और जब उसमें पानी भर जाता है तब उसे ऊपर की ओर उठाते हैं जिससे उसका दूसरा सिरा नीचे हो जाता है और उसके खोखले मार्ग से पानी नाली में चला जाता है।

दोनली–वि० [हिं०] दो + नल] दो नालवाली। जिसमें दो नालें हों। जैसे, दोनली बंदूक।

दोना–संज्ञा पुं० [सं० द्रोण] [स्त्री० दोनी] पत्तों का बना हुआ कटोरे के आकार का छोटा गहरा पात्र जिसमें खाने की चीज़ें आदि रखते हैं। उ०—कंद मूल फल भरि भरि दोना। चले रंक जनु लूटन सोना।—तुलसी।

मुहा०—दोना चढ़ाना = किसी की समाधि आदि पर फूल मिठाई चढ़ाना। दोना देना = (१) दोना चढ़ाना। (२) अपने भोजन के थाल में से कुछ भोजन किसी को देना जिससे देनेवाले की प्रसन्नता और पानेवाले का सम्मान प्रगट होता है। दोना खाना या चाटना = बाजार की मिठाई आदि खाना। दोनों की चाट पड़ना = बाजारी भोजन का चस्का पड़ना।

संज्ञा पुं० दे० "दौना" (मरुवा)

दोनिया †–संज्ञा स्त्री० [हिं० दोना का स्त्री० अल्प०] छोटा दोना। उ०—यक दोनिया महँ दियो बतासा। कह्यो देहु यक यक सब पासा।—रघुराज।

दोनी †–संज्ञा स्त्री० [हिं० दोना का स्त्री० अल्प०] छोटा दोना। उ०—(क) तुलसी स्वामी स्वामिनी जोहे मोही हैं भामिनी, सोभा सुधा पियैं करि अँखियाँ दोनी।—तुलसी। (ख) दूध भात की दोनी दैहौं सोने चोंच मढ़ैहौं। जब सिय सहित बिलोकि नयन भरि राम लखन उर लैहौं।—तुलसी।

दोनों–वि० [हिं० दो + नों (प्रत्य०)] एक और दूसरा। ऐसे विशिष्ट दो (मनुष्य या पदार्थ) जिनका पहले कुछ वर्णन हो चुका हो और जिनमें से कोई छोड़ा न जा सकता हो। उभय। जैसे, (क) राम और कृष्ण दोनों गए। (ख) वह कल और आज दोनों दिन आया। (ग) वह धन और मान दोनों चाहता है। (घ) उसके मां बाप दोनों अंधे हैं।

दोपंथी–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + पंथ] एक प्रकार की दोहरे खाने की जाली, स्त्रियाँ प्रायः जिसकी कुरतियाँ बनाती हैं।

दोपट्टा †–संज्ञा पुं० दे० "दुपट्टा"।

दोपलका–वि० [हिं० दो० + फलक या पलक] (१) दो पल्ले का नगीना। वह नगीना जिसके भीतर नकली या हलका नग हो और ऊपर असली या बढ़िया हो। दोहरा नगीना। (२) एक प्रकार का कबूतर।

दोपलिया †–वि०, संज्ञा स्त्री० दे० "दोपल्ली"।

दोपल्ली–वि० [हिं० दो + पल्ला + ई (प्रत्य०)] दो पल्लेवाला। जिसमें दो पल्ले हों।

संज्ञा स्त्री० मलमल, अद्धी आदि की एक प्रकार की टोपी जिसमें कपड़े के दो टुकड़े एक साथ सिले होते हैं। इसका व्यवहार लखनऊ, प्रयाग और काशी आदि में अधिकता से होता है।



दोपहर–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + पहर] मध्याह्नकाल। सबेरे और संध्या के बीच का समय। वह समय जब कि सूर्य्य मध्य आकाश में रहता है।

मुहा०—दोपहर ढलना = दोपहर के उपरांत और समय बीतना।

दोपहरिया †—संज्ञा स्त्री० दे० "दोपहर"।

दोपहरी †—संज्ञा स्त्री० दे० "दोपहर"।

दोपीठा—वि० [हिं० दो + पीठ] दोरुखा। दोनों ओर समान रंग रूप का।

संज्ञा पु० कागज आदि का एक ओर छपने के उपरांत दूसरी ओर छपना (प्रेस)।

दोपोवा—संज्ञा पु० [हिं० दो + पाव] (१) पान की आधी ढोली। (तंबोली)। (२) किसी वस्तु का आधा।

दोप्याजा—संज्ञा पु० [फा०] एक प्रकार का पका हुआ मांस जिसमें तरकारी नहीं पड़ती और प्याज दो बार पड़ता है।

दोफसली—वि० [हिं० दो + अ० फसल + ई० (प्रत्य०)] (१) दोनों फसलों के संबंध का। जैसे, दोफसली जमीन। (२) जो दोनों ओर लग सके। दोनों ओर काम देने योग्य। जैसे, दोफसली बात।

दोबल—संज्ञा पु० [?] दोष। अपराध। उ०—(क) दोबल कहा देति मोहिं सजनी तू तो बड़ी सुजान। अपनी सी मैं बहुतै कीन्हीं रहति न तेरी आन।—सूर। (ख) दोबल देति सबै मोही को उन पठयो मैं आयो।—सूर।

क्रि० प्र०—देना।

दोबारा—क्रि० वि० [फा०] दूसरी बार। दूसरी दफा। एक बार हो चुकने के उपरांत फिर एक बार।

संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) दो-आतशा शराब। (२) दो-आतशा अरक आदि। (३) दो बार साफ की हुई चीनी। (४) एक बार तैयार करने के उपरांत उसी तैयार चीज से फिर दूसरी बार तैयार की हुई चीज।

दोबाला—वि [फा०] दूना। दुगना।

दोभाषिया—संज्ञा पुं० दे० "दुभाषिया"।

दोमंजिला—वि० [फा०] दो खंड का। दोखंडा। जिसमें दो मंजिलें हों। जैसे, दोमंजिला मकान।

दोमट—संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + मिट्टी] वह भूमि जिसकी मिट्टी में कुछ बालू भी मिला हो। दूमट भूमि।

दोमहला—वि० [हिं० दो + महल] दो खंड का। दो मंजिला। जैसे, दोमहला मकान।

दोमरगा—संज्ञा पु० [हिं० दो + मार्ग] एक प्रकार का देशी मोटा कपड़ा जिसकी जनानी धोतियाँ बनाई जाती हैं। यह मिर्जापुर में बहुत बनता है।

दोमुहाँ—वि० [हिं० दो + मुँह] (१) दो मुँहवाला। जिसे दो मुँह हों। जैसे, दोमुँहा साँप। (२) दोहरी चाल चलने या बात करनेवाला। कपटी।

दोमुहाँ साँप—संज्ञा पुं० [हिं० दो + मुहाँ + साँप] (१) एक प्रकार का साँप जो प्रायः हाथ भर लंबा होता है और जिसकी दुम मोटी होने के कारण मुँह के समान ही जान पड़ती है। न तो इसमें विष होता है और न यह किसी को काटता है। इसके विषय में लोगों में प्रसिद्ध है कि छ महीने तक इसका मुँह एक ओर रहता है और छ महीने इसकी दुम का सिरा मुँह बन जाता है और पहलेवाला मुँह दुम बन जाता है। (२) दो तरह की बातें कहनेवाला। कुटिल। कपटी।

दोमुही—संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + मुँह] सोनारों का एक औजार जो नक्काशी के काम में आता है।

दोय *†—वि० (१) दे० "दो"। (२) दे० "दोनों"।

संज्ञा पुं० दे० "दो"।

दोयम—वि० [फा०] दूसरा। दूसरे नंबर का। जो क्रम में दो के स्थान पर हो।

दोयरी—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक जंगली पेड़ जो दारजिलिंग के जंगलों में बहुत होता है। इसकी लकड़ी सफेद और मजबूत होती है और संदूक आदि बनाने तथा इमारत के काम में आती है। इसकी लकड़ी का कोयला भी बनाया जाता है जो बहुत देर तक ठहरता है।

दोयल—संज्ञा पु० [देश०] बया पक्षी।

दोरंगा—वि० [हिं० दो + रंग] (१) दो रंग का। जिसमें दो रंग हों। जैसे, दोरंगा किनारा, दोरंगा कागज। (२) जो दोमुहाँ या दो-तरफा हो। जो दोनों ओर लग या चल सके। दोनों पक्षों में आ सकनेवाला। (३) जो व्यभिचार से उत्पन्न हुआ हो। वर्णसंकर। दोगला। (क्व०)

दोरंगी—संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + रंग + ई (प्रत्य०)] (१) दोरंगे या दोमुँहे होने का भाव। दोनों ओर चलने या लगने का भाव। (२) छल। कपट।

दोर†—संज्ञा स्त्री० [हिं० दो] दो बारा जोती हुई जमीन। वह जमीन जो दो दफे जोती गई हो।

दोरदंड *†—वि० दे० "दुर्दंड"।

दोरस†—संज्ञा पुं० दे० "दोमट"।

दोरसा—वि० [हिं० दो + रस] दो प्रकार के स्वाद या रसवाला। जिसमें दो तरह के रस या स्वाद हों।

संज्ञा पु० एक प्रकार का पीने का तमाकू जिसका धूआं कड़ुआ और मीठा मिला हुआ होता है।

दोरा †—संज्ञा पुं० [देश०] हल की मुठिया के पास लगी हुई बाँस की वह नली जिसमें बोने के लिये बीज डाला जाता है। भाला।

दोराहा—संज्ञा पु० [हिं० दो + राह] वह स्थान जहाँ से आगे की ओर दो मार्ग जाते हों।

दोरी †—संज्ञा स्त्री० दे० "डोरी"।

दोरुखा–वि० [फा०] (१) जिसके दोनों ओर समान रंग या बेल बूटे हों जैसे, दोरुखा कपड़ा, दोरुखी साड़ी, दोरुखा साफ़ा। (२) जिसके एक ओर एक रंग और दूसरी ओर दूसरा रंग हो। कपड़ों की इस प्रकार की रँगाई प्रायः लखनऊ और बीकानेर में होती है। (३) सोनारों का एक औजार जो हँसुली बनाने के काम में आता है।

दोरेजी–संज्ञा स्त्री० [फा०] नील की वह दूसरी फसल जो पहले साल की फसल कट जाने के उपरांत उसकी जड़ों से फिर होती है।

दोर्ज्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] सूर्य्यसिद्धांत के अनुसार वह ज्या जो भुज के आकार की हो।

दोर्दंड–संज्ञा पु० [स०] भुजदंड।

दोल–संज्ञा पुं० [स०] (१) झूला। हिंडोला। (२) डोली। चंडोल।

दोलड़ा–वि० [हिं० दो + लड़] [स्त्री० दोलड़ी] दो लड़ों का। जिसमें दो लड़ें हों।

दोलत्ती–संज्ञा पुं० दे० "दुलत्ती"।

दोला–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) नील का पेड़। (२) हिंडोला। झूला। (३) डोली या चंडोल।

दोलायंत्र–संज्ञा पुं० [सं०] वैद्यों का एक यंत्र जिसकी सहायता से वे ओषधियों के अर्क उतारते हैं।

विशेष—एक घड़े में कुछ द्रव पदार्थ (तेल घी पानी आदि) भरकर उसे आग पर चढ़ाते हैं। कुछ ओषधियों की पोटली बाँधकर उस पोटली को एक डोरे से घड़े के मुहँ पर रक्खी हुई लकड़ी से इस तरह लटकाते हैं कि वह पोटली उस द्रव पदार्थ के बीच में रहे पर घड़े की पेंदी से न छू जाय। इस प्रकार उन ओषधियों का अर्क उस तरल पदार्थ में उतर आता है।

दोलायमान–वि० [स०] झूलता हुआ। हिलता हुआ।

दोलायुद्ध–संज्ञा पुं० [सं०] वह युद्ध जिसमें बार बार दोनों पक्षों की हार जीत होती रहे और जल्दी किसी एक पक्ष की अंतिम विजय न हो।

दोलावा †–संज्ञा पुं० [?] वह कुआँ जिसमें दो ओर दो गराड़ियाँ लगी हों।

दोलिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) हिंडोला। झूला। (२) डोली।

दोलोही †–संज्ञा स्त्री० दे० "दुलोही"।

दोल्लू–संज्ञा पुं० [?] दाँत। (डिं०)

दोलोत्सव–संज्ञा पुं० [स०] वैष्णवों का एक त्यौहार जिसमें वे अपने ठाकुर जी को फूलों के हिंडोले पर झुलाते हैं। यह उत्सव फागुन की पूर्णिमा को होता है।

दोवा †–संज्ञा पुं० [हिं० देववाँस] देववाँस नाम का बाँस जो बंगाल में बहुत होता है।

दोशा–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का लाख जिसका व्यवहार रंग बनाने में होता है।

दोशामाल–संज्ञा पुं० [फा०] वह अँगोछा या तौलिया जो कसाई अपने पास रखते हैं।

दोशाखा–संज्ञा पु० [फा०] (१) वह शमादान जिसमें दो बत्तियाँ हों। दो डालों की दीवारगीर। (२) भाँग छानने की लकड़ी जिसमें दो शाखें होती हैं और जिसमें साफी बाँध कर भाँग छानते हैं। इसका आकार ऐसा होता है —

दोशाला–संज्ञा पु० दे० "दुशाला"।

दोष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बुरापन। खराबी। अवगुण। ऐब। नुक्स। जैसे, आँख या कान का दोष, लिखने या पढ़ने का दोष, शासन के दोष आदि।

मुहा०—दोष लगाना = किसी के संबंध में यह कहना कि उस मे अमुक दोष है। दोष का आरोप करना। दोष निकालना = दोष का पता लगाना। अवगुण को प्रसिद्ध या प्रकट करना।

यौ०—दोषदर्शी = दोष दिखलानेवाला। ऐब दिखलानेवाला। (२) लगाया हुआ अपराध। अभियोग। लांछन। कलंक।

मुहा०—दोष देना या लगाना = लांछन या कलंक का आरोप करना।

यौ०—दोषारोपण = दोष देना या लगाना।

(३) अपराध। कसूर। जुर्म। (४) पाप। पातक। (५) वैद्यक के अनुसार शरीर में रहनेवाले वात, पित्त और कफ जिनके कुपित होने से शरीर में विकार अथवा व्याधि उत्पन्न होती है। (६) न्याय के अनुसार वह मानसिक भाव जो मिथ्या ज्ञान से उत्पन्न होता है और जिसकी प्रेरणा से मनुष्य भले या बुरे कामों में प्रवृत्त होता है। (७) नव्य न्याय में वह त्रुटि जो तर्क के अवयवों का प्रयोग करने में होती है। यह तीन प्रकार की होती है—अतिव्याप्ति, अव्याप्ति और असद्भाव। (८) मीमांसा में वह अदृष्टफल जो विधि के न करने या उसके विपरीत आचरण से होता है। (९) साहित्य में वे बातें जिनसे काव्य के गुण में कमी हो जाती है। यह पाँच प्रकार का होता है—पद-दोष, पदांश-दोष, वाक्य-दोष, अर्थ-दोष और रस-दोष। इनमें से हर एक के अलग अलग कई गौण भेद हैं। (१०) भागवत के अनुसार आठ वसुओं में से एक का नाम। (११) प्रदोष।

संज्ञा पु० [सं० द्वेष] द्वेष। विरोध। शत्रुता। उ०—सो जन जगत जहाज है जाके राग न दोष। तुलसी तृष्णा त्यागि कै गहथ ब्रह्म शील संतोष। —तुलसी।

दोषक–संज्ञा पुं० [सं०] बछड़ा। गौ का बच्चा।

दोषग्राही–संज्ञा पुं० [सं०] दुष्ट। दुर्जन।

दोषघ्न–संज्ञा पुं० [स०] वह औषध जिससे कुपित कफ, वात और पित्त का दोष शांत हो।

दोषज्ञ–संज्ञा पुं० [स०] पंडित।

दोषता–संज्ञा स्त्री० [सं०] दोष का भाव।

दोषत्व–संज्ञा पुं० [सं०] दोष का भाव।

दोषन*†–संज्ञा पुं० [सं० दूषण] दोष। दूषण। अपराध। उ०—महरि तुमहि कछु दोषन नाहीं। हम को देखि देखि मुसकाहीं।—सूर।

दोषना*†–क्रि० स० [सं० दूषण + न (प्रत्य०)] दोष लगाना। अपराध लगाना। उ०—(क) चोरौ होय सूलि पर मोखी। देय जो सूरी तेहिं नहिं दोखी।—जायसी (ख) कह कह फेरा नित यह दोषे। बारहिं बार फिरै संतोषे।—जायसी।

दोषपत्र–संज्ञा पुं० [सं०] वह कागज जिसपर किसी अपराधी के अपराधों का विवरण लिखा हो। फर्द करारदाद जुर्म।

दोषल–संज्ञा पुं० [सं०] जिसमें दोष हो। दोषयुक्त। दूषित।

दोषा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) रात्रि। रात।

यौ०—दोषाकर।

(२) संध्या। (३) भुजा। बाँह।

दोषाकर–संज्ञा पु० [स०] चंद्रमा।

दोषाकलेशी–संज्ञा स्त्री० [सं०] बनतुलसी।

दोषाक्षर–संज्ञा पुं० [सं०] लगाया हुआ अपराध। अभियोग।

दोषातिलक–संज्ञा पु० [सं०] प्रदीप। दीपक। दीआ।

दोषावह–वि० [सं०] दोषयुक्त। दोषपूर्ण। जिसमें दोष हो।

दोषिक–संज्ञा पुं० [सं०] रोग। बीमारी।

वि० दे० "दूषित"।

दोषिन*†–संज्ञा स्त्री० [हिं० दोषी] (१) अपराधिनी। (२) पाप करनेवाली स्त्री। (३) वह कन्या जिसने कुँवारेपन ही में पुरुषप्रसंग किया हो।

दोषी–संज्ञा पुं० [सं० दोषिन्] (१) अपराधी। कसूरवार। (२) पापी। (३) मुजरिम। अभियुक्त। (३) जिसमें दोष हो। जिसमें ऐब या बुराई हो।

दोस*†–संज्ञा पुं० दे० "दोष"।

दोसदारी*†–संज्ञा स्त्री० [फा० दोस्तदारी] मित्रता।

दोसरता‡–संज्ञा पुं० [हिं० दूसरा + ता (प्रत्य०)] द्विरागमन। गौना। मकलावा।

दोसरी†–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो] दो बार जोती हुई जमीन।

दोसा–सज्ञा स्त्री० दे० "दोषा"।

सज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की घास जो पानी में होती है। इसका बहुत अधिक अंश पानी में डूबा रहता है और इसमें एक प्रकार के दाने अधिकता से होते हैं।

दोसाध–संज्ञा पु० दे० "दुसाध"।

दोसाल–संज्ञा पुं० [?] बरमा के हाथियों की एक जाति। इस जाति का हाथी कुमरिया से कुछ छोटा होता है और साधारणतः लकड़ियाँ आदि ढोने या सवारी आदि के काम में आता है।

दोसाला†–वि० [हिं० दो + साल = वर्ष] दो वर्ष का। दो वर्ष का पुराना।

दोसाही†–वि० [हिं० दो + ?] दोफसला। (जमीन) जिसमें साल में दो फसलें पैदा हों।

दोसी†–संज्ञा पुं० [देश०] दही।

संज्ञा पुं० दे० "धोसी"।

दोसूती–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + सूत] दोतही या दुसूती नाम की मोटी चादर जो बिछाने के काम में आती है।

दोस्त–संज्ञा पुं० [फा०] (१) मित्र। स्नेही। (२) वह जिस से अनुचित संबंध हो। यार। (बाजारू)

दोस्तदार–संज्ञा पुं० दे० "दोस्त"।

दोस्तदारी–संज्ञा स्त्री० दे० "दोस्ती"।

दोस्ताना–संज्ञा पुं० [फा०] (१) दोस्ती। मित्रता। (२) मित्रता का व्यवहार।

वि० दोस्ती का। मित्रता का।

दोस्ती–संज्ञा स्त्री० [फा०] (१) मित्रता। स्नेह। (२) अनुचित संबंध। याराना। (बाजारू)

दोस्ती रोटी [फा० दोस्ती + हिं० रोटी] एक प्रकार की रोटी जो आटे की दो लोइयों के बीच में घी लगाकर और एक को दूसरी पर रखकर बेलते और तब तवे पर घी लगाकर पकाते हैं। दो परत की रोटी। तुपड़ी

विशेष—पकने पर इसमें की दोनों लोइयाँ अलग अलग हो जाती हैं।

दोह*†–संज्ञा पु० दे० "द्रोह"।

दोहगा†–संज्ञा स्त्री० [सं० दुर्भगा] वह स्त्री जिसका पति मर गया हो और जिसको किसी दूसरे पुरुष ने रख लिया हो। रखनी। सुरैतिन। उपपत्नी। उ०—दोहगा सुतिय सोहागिन मेरी। गून जाति अच्युत कुल केरी।—विश्राम।

दोहज–संज्ञा पुं० [सं०] दूध।

दोहता†–संज्ञा पुं० [सं० दौहित्र] [स्त्री० दोहती] लड़की का लड़का। नाती। नवासा।

दोहती‡–संज्ञा स्त्री० दे० "दोस्ती रोटी"।

दोहत्थड़–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो० + हाथ] दोनों हाथों से मारा हुआ थप्पड़।

क्रि० प्र०–पीटना।—मारना।

दोहत्था–क्रि वि० [हिं० दो + हाथ] दोनों हाथों से। दोनों हाथों के द्वारा।

वि० दोनो हाथों का। जो दोनों हाथों से हो।

दोहद–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) गर्भवाली स्त्री की इच्छा । दकौला । उ०—प्रथम दोहदै क्यौं करौं निष्फल सुनि यह बात । —केशव । (२) गर्भवती स्त्री की मतली इत्यादि (३) गर्भावस्था । (४) गर्भ का चिह्न । (५) गर्भ । (६) एक प्राचीन विश्वास जिसके अनुसार सुंदर स्त्री के स्पर्श से प्रियंगु, पान की पीक थूकने से मौलसिरी, चरणाघात से अशोक, दृष्टिपात से तिलक, आलिंगन से कुरबक, मृदुवार्त्ता से मंदार, हँसी से पटु, फूँक मारने से चंपा, मधुरगान से आम, और नाचने से कचनार इत्यादि वृक्ष फूलते हैं । (७) फलित ज्योतिष के अनुसार यात्रा के समय दिशा, वार या तिथि के भेद से उनके दोष की शांति के लिये खाए या पीए जानेवाले कुछ निश्चित पदार्थ । इनको अलग अलग दिगदोहद, वारदोहद और तिथिदोहद कहते हैं । जैसे, यदि पूर्व की ओर जाने में कोई दोष हो तो उसकी शांति घी खाने से, होती है । पश्चिम जाने में कोई दोष हो तो वह मछली खाने से, दक्षिण की ओर का दोष तिल की खीर खाने से और उत्तर की ओर का दोष दूध पीने से शांत होता है । इसी प्रकार रविवार को घी, सोमवार को दूध, मंगल को गुड़, बुध को तिल, बृहस्पति को दही, शुक्र को जौ और शनिवार को उड़द खाने से यात्रा-संबंधी वार-दोष की शांति होती है । प्रतिपदा को मदार का पत्ता, द्वितीया को चावल का धोया हुआ पानी, तृतीया को घी आदि खाने से यात्रा-संबंधी तिथि-दोष की शांति होती है । इस प्रकार दोहद से किसी दिशा, वार या तिथि की यात्रा से होनेवाले समस्त अनिष्टों या दुष्ट फलों का निवारण हो जाता है ।

दोहदवती–संज्ञा स्त्री० [सं०] गर्भिणी । गर्भवती स्त्री जिसने गर्भधारण किया हो ।

दोहदान्विता–संज्ञा स्त्री० दे० "दोहदवती" ।

दोहदोहीय–संज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का वैदिक गीत या साम ।

दोहन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दुहना । गाय भैंस इत्यादि के स्तनों से दूध निकालना । (२) दोहनी ।

दोहनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दूध दुहने की हाँड़ी । मिट्टी का वह बरतन जिसमें दूध दुहते हैं । उ०—दोहनी हाथ की हाथै रही न रहयो मनमोहनी को मन हाथ में ।—शंभु । (२) दूध दुहने का काम ।

दोहर–संज्ञा स्त्री० [हिं० दो + घड़ी = तह] एक प्रकार की चादर जो कपड़े की दो परतों को एक में सीकर बनाई जाती है । इसके चारों ओर गोट लगी रहती है । इसमें कभी कभी कपड़े की दोनों तहें एक ही कपड़े की होती हैं और कभी एक तह किसी मोटे कपड़े या छींट आदि की होती है और दूसरी तह मलमल आदि महीन कपड़े की ।

दोहरना–क्रि० अ० [हिं० दोहरा] (१) दो बार होना । दूसरी आवृत्ति होना । (२) दोहरा होना । दो परतों का किया जाना ।

संयो० क्रि०—उठना ।—जाना ।

क्रि० स० दोहरा करना ।

संयो० क्रि०—देना ।

दो-हरफ–संज्ञा पु० [फा०] धिक्कार । लानत ।

क्रि० प्र०—भेजना ।

दोहरा–वि० पुं० [हिं० दो + हरा (प्रत्य०)] [स्त्री० दोहरी] (१) दो परत वा तह का । (२) दुगना ।

संज्ञा पुं० (१) एक ही पत्ते में लपेटे हुए पान के दो बीड़े । (तंबोली) । (२) कतरी हुई सुपारी । सुपारी के छोटे छोटे टुकड़े । (३) दोहा नाम का छंद । विशेष—दे० "दोहा" ।

दोहराना–क्रि० स० [हिं० दोहरा] (१) किसी बात को पुनः कहना या किसी काम को पुनः करना । किसी बात को दूसरी बार कहना या करना । किसी काम या बात की पुनरावृत्ति करना । (२) किसी कपड़े या कागज आदि की दो तहें करना । दोहरा करना ।

क्रि० प्र०—डालना ।—देना ।

दोहरी पट–संज्ञा स्त्री० [हिं० दोहरी + पट] कुश्ती का एक पेंच ।

दोहरी सखी–संज्ञा स्त्री० [हिं० दोहरी + सखी] कुश्ती का एक पेंच ।

दोहल–संज्ञा पु० [सं०] इच्छा ।

दोहलवती–संज्ञा स्त्री० [सं०] गर्भवती स्त्री ।

दोहला–वि० [हिं० दो + हला] दो बार की ब्याई हुई (गौ आदि) । (वह गौ आदि) जिसने दो बार बच्चा दिया हो ।

दोहली–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अशोक वृक्ष । (२) आक का पेड़ । मदार

संज्ञा स्त्री० वह भूमि जो ब्राह्मण को दी गई हो ।

दोहा–संज्ञा पु० [हिं० दो + हा (प्रत्य०)] (१) एक हिंदी छंद जिसमें होते तो चार चरण हैं, पर जो लिखा दो पंक्तियों में जाता है, अर्थात् पहला और दूसरा चरण एक पंक्ति में और तीसरा और चौथा चरण एक पंक्ति में लिखा जाता है । इस के पहले तथा तीसरे चरण में १३-१३ मात्राएँ और दूसरे तथा चौथे चरण में ११-११ मात्राएँ होती हैं । दूसरे और चौथे चरण का तुकांत मिलना चाहिए । उ०—राम नाम मणि दीप धरु, जीह देहरी द्वार । तुलसी भीतर बाहिरो, जो चाहसि उजियार ।

विशेष—इसी को उलट देने से सोरठा हो जाता है ।

(२) संकीर्ण राग का एक भेद ।

दोहाई–संज्ञा स्त्री० दे० "दुहाई" ।

दोहाक†–संज्ञा पुं० दे० "दोहाग"।

दोहाग*†–संज्ञा पुं० [सं० दौर्भाग्य] दुर्भाग्य। बदनसीबी। बद-किस्मती। अभाग्य। उ०—परम सोहाग निबाहि न पारी। भा दोहाग सेवा जब हारी।—जायसी।

दोहागा†–संज्ञा पुं० [हिं० दोहाग] [स्त्री० दोहागिन] अभागा। बदकिस्मत।

दोहान†–संज्ञा पुं० [देश०] नौ जवान बैल। बछवा।

दोहापनय–संज्ञा पुं० [सं०] दूध।

दोहाव–संज्ञा पुं० [हिं० दूहना] काश्तकारों की गौओं का वह दूध जो जमींदार के घर जाता है।

दोहित†–संज्ञा पुं० [स० दौहित्र] बेटी का बेटा। नाती।

दोही–संज्ञा पुं० [हिं० दो] एक छंद जो दोहे की भाँति चार चरणों का होने पर भी दो ही पंक्तियों में लिखा जाता है। इसके पहले और तीसरे चरण में पंद्रह पंद्रह मात्राएँ और दूसरे तथा चौथे चरण में ग्यारह ग्यारह मात्राएँ होती हैं। इसके अंत में एक लघु होना चाहिए। उ०—विरद सुमिरि सुधि करत नित ही, हरि तुव चरन निहार। यह भव जलनिधि तें मुहिं तुरत, कब प्रभु करिहहु पार।

संज्ञा पु० [स० दोहिन] (१) दूध दुहनेवाला। (२) ग्वाला।

दोहिया–संज्ञा पुं० [?] एक प्रकार का पौधा।

दोहुर†–संज्ञा स्त्री० [देश०] वह भूमि जिसमें बालू अधिक हो। बलुई जमीन।

दोह्य–वि० [सं०] दूहने योग्य। जो दूहा जा सके।

संज्ञा पुं० (१) दूध। (२) गाय, भैंस आदि जानवर जो दूहे जाते हैं।

दौं*अव्य० [सं० अथवा] वा। अथवा।

विशेष—दे० "धौं"।

दौंकना*–क्रि० अ० दे० "दमकना"।

दौंगरा†–संज्ञा पुं० [हिं० दौं = आग वा गरमी] वह हलकी वर्षा जो गरमी के दिनों में तपी हुई धरती पर होती है।

क्रि० प्र०—पड़ना।

दौंच–संज्ञा स्त्री० दे० "दोच"।

दौंचना*†–क्रि० स० [हिं० दबोचना] (१) दबाव डाल कर लेना। किसी न किसी प्रकार लेना। (२) लेने के लिये अड़ना।

विशेष—इसका प्रयोग 'माँगना' क्रिया के साथ होता है। उ०—तंदुल माँगि दौंचि कै लाई सो दीनो उपहार। फाटे बसन बाँधि कै द्विजवर अति दुर्बल तन हार।—सूर।

दौंजा†–संज्ञा पु० [देश०] मचान। पाढ़।

दौंरी†–संज्ञा स्त्री० [हिं० दौंना वा दौंवना] (१) एक साथ रस्सी में बँधे हुए बैलों का झुंड जो कटी फसल के डंठलों पर दाना झाड़ने के लिये फिराया जाता है।

क्रि० प्र०—चलना।—चलाना।—नाधना।—हाँकना।

(२) वह रस्सी जिसे उन बैलों के गले में डालते हैं जो दाँने के लिये फिराए जाते हैं। (३) झुंड।

दौ*–संज्ञा स्त्री० [सं० दव] (१) आग। जंगल की आग। उ०—(क) मन पाँचों के बस परा, मन के बस नहीं पाँच। जित देखौं तित दौ लगी, जित भागौं तित आँच।—कबीर। (ख) तो लौं मातु आपु नीके रहिबो। जौ लौं हौं ल्यावौं रघुबीरहिं दिन दस और दुसह दुख सहिबो। .....लंक-दाहु उर आनि मानिबो साँचु रामसेवक को कहिबो। तुलसी प्रभु को सुर सुब्रस गैहैं मिटि जैहैं सब को सोच दौ दहिबो।—तुलसी। (२) संताप। ताप। जलन। उ०—ससि ते शीतल मोको लागै माई री तरनि। याके उए बरति अधिक अंग अंग दौ, वाके उए मिटति रजनि जनित जरनि। सब विपरीत भये माधो बिनु, हित जो करत अनहित सत की करनि। तुलसीदास स्यामसुंदर बिरह की, दुसह दसा सो मोपै परति नहीं बरनि।—तुलसी।

दौकूल–वि० [सं०] कपड़े का।

दौड़–संज्ञा स्त्री० [हिं० दौड़ना] (१) दौड़ने की क्रिया या भाव। साधारण से अधिक वेग के साथ गति। द्रुतगमन। धावा। तेज़ी से चलने या जाने की क्रिया।

यौ०—दौड़धूप। दौड़धपाड़। दौड़ादौड़।

मुहा०—दौड़ मारना = (१) वेग के साथ जाना। (२) दूर तक पहुँचना। लंबा यात्रा करना। जैसे, कलकत्ते से यहाँ आ पहुँचे, बड़ी लंबी दौड़ मारी या लगाई। दौड़ लगाना = दे० "दौड़ मारना"।

(२) धावा। वेगपूर्वक आक्रमण। चढ़ाई। उ०—एक दौर करो रौर मेरो भर कौर कपि एक बार सिंधु धार सब को बहायहौं।—हनुमान। (३) उद्योग में इधर उधर फिरने की क्रिया। प्रयत्न।

मुहा०—दौड़ मारना–उद्योग में इधर उधर फिरना। कोशिश में हैरान होना।

(४) द्रुतगति। वेग। उ०—जेती लहर समुद्र की तेती मन की दौर।—कबीर।

मुहा०—मन की दौड़ = चित्त की सूझ। कल्पना। उ०—भक्ति रूप भगवंत की भेव जो मन की दौर।—कबीर।

(५) गति की सीमा। पहुँच। जैसे, मुल्ला की दौड़ मसजिद तक।

(६) उद्योग की सीमा। प्रयत्नों की पहुँच। अधिक से अधिक उपाय या यत्न जो हो सके। उ०—सीतापति रघुनाथ जी तुम लगि मेरी दौर। (७) बुद्धि की गति। अक्ल की पहुँच। जैसे, जहाँ तक जिसकी दौड़ होगी वहीं तक न अनुमान करेगा। (८) विस्तार। लंबाई। आयत। जैसे, दुशाले की

बेल या हाशिये की दौड़। (६) सिपाहियों का दल जो अपराधियों को एक बारगी कहीं पकड़ने के लिये जाय। जैसे, पुलिस की दौड़।

क्रि० प्र०—आना।—जाना।—पहुँचना।

(१०) जहाज़ पर की वह चरखी जिसमें लकड़ी डाल कर घुमाने से वह जंजीर खिसकती है जिसमें पतवार बँधा रहता है।

दौड़धपाड़—संज्ञा स्त्री० दे० "दौड़धूप"।

दौड़धूप—संज्ञा स्त्री० [हिं० दौड़ + धूप] किसी कार्य्य के लिये इधर उधर फिरने की क्रिया या भाव। किसी काम के लिये बार बार चारों ओर आना जाना। परिश्रम। प्रयत्न। उद्योग। जैसे, (क) इसने बहुत दौड़ धूप की है तब नौकरी मिली है। (ख) अभी रोग का आरंभ है दौड़धूप करोगे तो अच्छा हो जायगा।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

दौड़ना—क्रि० अ० [सं० धोरण, हिं० धौरना] (१) साधारण से अधिक वेग के साथ गमन करना। द्रुतगति से चलना। मामूली चलने से ज्यादा तेज चलना। जैसे, (क) दौड कर न चलो गिर पड़ोगे। (ख) वह लड़का इधर दौड़ा जा रहा है।

संयो० क्रि०—आना।—जाना।

मुहा०—दौड़ पड़ना = एक बारगी वेग के साथ गमन करना। जैसे, जहाँ वह दिखाई दिया कि आप उसकी ओर दौड़ पड़े। चढ़ दौड़ना = चढाई करना। धावा करना। आक्रमण करना। दौड़ दौड़ कर आना = जल्दी जल्दी आना। बार बार आना। जैसे, मेरे पास क्या दोड़ दौड़ आते हो, मैं कुछ नहीं कर सकता। दौड़ दौड़ कर जाना = जल्दी जल्दी जाना। बार बार जाना। जैसे, उसके घर क्या रखा है जो दौड़ दौड़ कर जाते हो?

(२) सहसा प्रवृत्त होना। झुक पड़ना। ढलना। जैसे, तुम भला बुरा नहीं देखते, जो बात हुई उसीके पीछे दौड़ पड़ते हो।

क्रि० प्र०—पड़ना।

(३) किसी प्रयत्न में इधर उधर फिरना। किसी काम के लिये चारों ओर बार बार आना जाना। उद्योग करना। कोशिश में हैरान होना। उपाय या चेष्टा करना। जैसे, (क) नौकरी के लिये वह बहुत दौड़ा, पर न मिली। (ख) उसकी बीमारी में वह बहुत दौड़ा।

यौ०—दौड़ना धूपना।

(४) फैलना। व्याप्त होना। छा जाना। जैसे, स्याही दौड़ना, लाली दौड़ना, चेहरे पर खून दौड़ना। उ०—दूरिलौं दौरत दंतन की दुति ज्यों अधरा उधरैं अति नीठे।—तोष।

क्रि० प्र०—जाना।

दौड़ादौड़—क्रि० वि० [हिं० दौड़ + दौड] [संज्ञा दौड़ादौड़ी] अविश्रांत। बेतहाशा। बिना कहीं रुके हुए। जैसे, अभी वहाँ से दौड़ादौड़ चला आ रहा हूँ।

संज्ञा स्त्री० दे० "दौड़ादौड़ी"।

दौड़ादौड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० दौड़ना] (१) दौड़धूप। (२) बहुत से लोगों के एक साथ इधर उधर दौड़ने की क्रिया। उ०—आनंद प्रकासी सब पुरवासी करत ते दौरादौरी। आरती उतारैं सरबस वारैं अपनी अपनी पौरी।—केशव। (३) रवारवी। आतुरता। हड़बड़ी। जैसे, दौड़ादौड़ा में कोई काम ठीक नहीं होता।

दौड़ान—संज्ञा स्त्री० [हिं० दौड़ना] (१) दौड़ने की क्रिया या भाव। द्रुतगमन। (२) वेग। झोंक। (३) सिलसिला। (४) फेरा। बारी। पारी।

दौड़ाना—क्रि० स० [हिं० दौड़ना का सकर्मक रूप] (१) दौड़ने की क्रिया कराना। साधारण से अधिक वेग से चलाना। जल्द जल्द चलाना। द्रुत गमन कराना। जैसे, घोड़ा दौड़ाना, सिपाही दौड़ाना। उ०—(क) भयो रजायसु जन दौराये।—जायसी। (ख) दौरावत चहुँ ओर हय देखत बात लजात।—गुमान।

संयो० क्रि०—देना।

(२) बार बार आने जाने के लिये कहना या विवश करना। हैरान करना। जैसे, चार रुपए के लिये क्यों बार बार दौड़ाते हो? (३) किसी वस्तु को यहाँ से वहाँ तक ले जाना। एक जगह से खींचकर दूसरी जगह करना। जैसे, इस चारपाई को जरा उधर दौड़ा दो।

संयो० क्रि०—देना।

(४) फैलाना। पोतना। जैसे, स्याही दौड़ाना।

संयो० क्रि०—देना।

(५) फेरना। जैसे, दीवार पर कूँची दौड़ाना।

दौत्य—संज्ञा पु० [सं०] दूत का काम।

दौन*—संज्ञा पु० [सं०] दे० "दमन"।

दौना—संज्ञा पु० [सं० दमनक] एक पौधा जिसकी पत्तियाँ गुलदाऊदी की तरह कटावदार होती हैं और जिनमें से तेज पर कुछ कड़ई सुगंध आती है। पौधे की डालियों के सिरे पर एक पतली सींक में मंजरी लगती है जिसमें महीन महीन फूल होते हैं। फूलों के झड़ जाने पर इस मंजरी के बीजकोशों में छोटे छोटे दाने पड़ते हैं जो पकने पर झड़ जाते हैं। पौधे बीजों से उत्पन्न होते हैं और बरसात में उगते हैं पर पुराने पेड़ भी सालों रह जाते हैं। वैद्यक में दौना शीतल, कड़ुवा, कसेला, हृदय को हितकारी तथा खुजली, विस्फोटक आदि को दूर करनेवाला माना जाता है।

†संज्ञा पुं० दे० "दोना"। उ०—अरी माई मेरो मन हरि लीन्हों नंद को ढोटौना। चितवन मे वाके कछु टोना। .....बोलत नहीं रहत वह मौना। दधि लै छीनि खात रह्यो दौना।—सूर।

*क्रि० स० [स० दमन, हिं० दौन] दमन करना। उ०—केकई करी धौं चतुराई कौन ? राम लखन सिय बनहिं पठाए पति पठए सुरभौन। कहा भलो धौं भयो भरत को लगे तरुन तन दौन।—तुलसी।

दौनागिरि—संज्ञा पुं० [सं० द्रोणगिरि] द्रोणगिरि नामक पर्वत जो क्षीरोद समुद्रस्थ लिखा गया है। यहाँ विशल्यकरणी नाम की संजीवनी औषध होती थी। लक्ष्मण को शक्ति लगने पर हनुमानजी यहीं औषध लेने के लिये भेजे गए थे। उ०—दौनागिरि हनुमान सिधायो। सँजिवनी को भेद न पायो तब सब शैल उचायो।—सूर।

दौर—संज्ञा पुं० [अ० दौर] (१) चक्कर। भ्रमण। फेरा। (२) दिनों का फेर। कालचक्र। (३) अभ्युदयकाल। बढ़ती का समय।

यौ०—दौर दौरा = (१) प्रधानता। प्रबलता। चलती। उ०—क्रामवेल के समय में प्रजासत्तात्मक राज्य स्थापित होने पर प्युरिटन लोगों का जैसा दौरा दौरा ग्रेट ब्रिटन में था, वैसा ही, इस समय अमेरिका के न्यू इंगलैंड नामक सूबे में है। —स्वाधीनता।

(४) प्रताप। प्रभाव। हुकूमत। (५) दे० "दौरा।" उ०—वीर जीत पूरब दिसि लीन्हौं। वीर दौर पश्चिम को कीन्हौ। —लाल। (६) बारी। पारी।

मुहा०—दौर चलना = शराब के प्याले का बारी बारी से सब के सामने लाया जाना।

(७) बार। दफा। जैसे, दूसरे दौर में यह इतना काम हो पूरा हो जायगा।

*संज्ञा स्त्री० दे० "दौड़"।

दौरना*†—क्रि० अ० दे० "दौड़ना"।

दौरा—संज्ञा पुं० [अ० दौर] (१) चारों ओर घूमने की क्रिया। चक्कर। भ्रमण।

क्रि० प्र०—करना।

(२) फेरा। भ्रमण। गश्त। इधर उधर जाने या घूमने की क्रिया। (३) अफसर का अपने इलाके में जाँच परताल या देख भाल के लिये घूमना। निरीक्षण के लिये भ्रमण।

क्रि० प्र०—करना।

मुहा०—दौरे पर रहना या होना = जाँच परताल या देख भाल के लिये सदर से बाहर रहना या होना। (असामी या मुक़दमा) दौरा सुपुर्द करना = (असामी या मुक़दमे को) विचार या फैसले के लिये सेशन-जज के पास भेजना। (फौज़दारी के भारी मुक़दमों को मजिस्ट्रेट सेशन-जज के पास भेज देते हैं)। दौरा सुपुर्द होना = सेशन-जज के पास विचार के लिये भेजा जाना।

(४) ऐसा आना जाना जो समय समय पर होता रहता है। सामयिक आगमन। फेरा। जैसे, डाकुओं के दौरे अब इधर फिर होने लगे हैं (५) बार बार होनेवाली बात का किसी बार होना। ऐसी बात का प्रकट होना जो समय समय पर होती रहती हो। (६) किसी ऐसे रोग का लक्षण प्रकट होना जो समय समय पर होता हो। आवर्त्तन। जैसे, मिरगी का दौरा, पागलपन का दौरा।

†संज्ञा पुं० [स० द्रोण] [स्त्री० अल्प० दौरी] बाँस की फूहियों, काँस, मूँज, बेत आदि का बना हुआ टोकरा।

दौरात्म्य—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दुरात्मा का भाव। दुर्जनता। (२) दुरात्मा का काम। दुष्टता।

दौरा दौर†—क्रि० वि० [हिं० दौड़ना] (१) लगातार। अविश्रांत। (२) धुन से। तेजी से।

दौरादौरी*†—संज्ञा स्त्री० दे० "दौड़ादौड़ी"।

दौरान—संज्ञा पु० [फा०] (१) दौरा। चक्र। (२) कालचक्र। दिनों का फेर। (३) फेरा। बारी। पारी। (४) सिलसिला। झोंक।

दौराना*†—क्रि० स० दे० "दौड़ाना"।

दौरित—संज्ञा पु० [स०] क्षति। हानि।

दौरी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० दौरा] बाँस वा मूँज की छोटी टोकरी। चँगेरी। डलिया।

दौर्ग—वि० [स०] (१) दुर्ग संबंधी। दुर्ग का। (२) दुर्गा संबंधी। दुर्गा का।

दौर्जन्य—संज्ञा पु० [सं०] दुर्जनता। दुष्टता।

दौर्बल्य—संज्ञा पु० [सं०] दुर्बलता। कमज़ोरी।

दौर्भाग्य—संज्ञा पुं० [सं०] दुर्भाग्य।

दौर्मनस्य—संज्ञा पु० [सं०] 'दुर्मनस' होने का भाव। दुर्जनता। चित्त की खोटाई।

दौर्य्य—संज्ञा पु० [सं०] दूरी। उ०—ज्योतिष वसिष्ठादि ऋषियों की कृत है। उसमें वेद अनध्याय तथा रेखा बीज गणित तथा सूर्य्यादि ग्रहों का दौर्य्य सामीप्य और आपस का संयोग वियोग आदिक व्यवहार लिखे हैं।—श्रद्धाराम।

दौर्य्योधनि—संज्ञा पुं० [सं०] दुर्योधन के गोत्र में उत्पन्न व्यक्ति।

दौर्वल्य—संज्ञा पुं० [सं०] दुर्बलता।

दौर्हार्द—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दुर्हृद होने का भाव। दुष्ट स्वभाव। (२) दुर्भाव। बैर।

दौर्हृद—संज्ञा पुं० [सं०] (१) हृदय की खोटाई। दुष्टता। (२) दोहद।

दौलत—संज्ञा पुं० [अ०] धन। संपत्ति। उ०—साहिन के उमराव जितेक सिवा सरजा सब लूटि लिए हैं। भूषन ते बिनु

दौलति ह्वै फ़कीर हूँ देश विदेश गए हैं। लोग कहैं दमि दच्छिन जेय सिसौदिया राबरे हाल ठए हैं? देत रिसाय कै उत्तर यों हमही दुनियाँ ते उदास भए हैं। —भूषण।

क्रि० प्र०—उठाना।—खर्चना।—लगाना।

दौलतखाना—संज्ञा पुं० [फा०] निवासस्थान। घर।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग दूसरे के लिये आदरार्थक होता है। अपने लिये 'गरीबखाना' लाया जाता है। जैसे, आप का दौलतखाना कहां है? मेरा गरीबखाना देहली है।

दौलतमंद—वि० [फा०] धनी। संपन्न।

दौलतमंदी—संज्ञा स्त्री [फा०] संपन्नता। मालदारी। धनाढ्यता।

दौलति*—संज्ञा स्त्री० दे० "दौलत"।

दौलेय—संज्ञा पुं० [सं०] कच्छप। कछुवा।

दौलिम—संज्ञा पु० [सं०] इंद्र।

दौवारिक—संज्ञा पु० [सं०] (१) द्वारपाल। (२) एक प्रकार का वास्तु देव।

दौवालिक—संज्ञा पु० [सं०] (१) देश का नाम। (२) उस देश का निवासी। (महाभारत)

दौश्चर्म्य—संज्ञा पु० [सं०] दुश्चर्म्मा होने का भाव। दे० "दुश्चर्म्मा"।

दौष्मंत, दौष्मंति—संज्ञा पु० [सं०] दुष्मंत का पुत्र। दुष्मंत के कुल में उत्पन्न व्यक्ति।

दौहित्र—संज्ञा पु० [सं०] [स्त्री० दौहित्री] (१) लड़की का लड़का। नाती।

विशेष—धर्म्मशास्त्र में पौत्र और दौहित्र में कुछ विशेष भेद नहीं माना गया है। पौत्र के समान दौहित्र पिंडदान आदि द्वारा उद्धार करता है। जब तक दौहित्र न हो जाय तब तक पिता कन्या के घर भोजन आदि नहीं कर सकता। यदि करे तो नरकगामी होता है।

(२) खड्ग। तलवार। (३) तिल। (४) गाय का घी।

दौहित्रक—वि० [सं०] दौहित्र संबंधी।

दौहृद—संज्ञा पु० [सं०] वह इच्छा जो स्त्रियों को गर्भिणी होने की दशा में होती है। दोहद।

दौहृदिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] गर्भवती स्त्री।

द्यु—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दिन। (२) आकाश। (३) स्वर्ग। (४) अग्नि। (५) सूर्य्यलोक।

द्युग—संज्ञा पुं० [सं०] (१) आकाश में गमन करनेवाला। (२) पक्षी।

द्युगण—संज्ञा पु० [सं०] ग्रहों की मध्यगति के साधक अंग दिन।

द्युचर—संज्ञा पुं० [सं०] (१) ग्रह। (२) पक्षी।

द्युज्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] अहोरात्र वृत्त की व्यासरूप ज्या।

द्युत्—संज्ञा पुं० [सं०] किरण।

द्युत—वि० [सं०] प्रकाशवान।

द्युति—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) दीप्ति। कांति। चमक। (२) शोभा। छवि। (३) लावण्य। (४) रश्मि। किरण।

संज्ञा पु० एक ऋषि का नाम जो चतुर्थ मनु के समय में थे। (हरिवंश)

द्युतिकर—वि० [सं०] प्रकाश उत्पन्न करनेवाला। चमकनेवाला।

संज्ञा पुं० ध्रुव।

द्युतिधर—वि० [सं०] प्रकाश या कांति को धारण करनेवाला।

संज्ञा पुं० विष्णु।

द्युतिमंत—वि० दे० "द्युतिमान्"।

द्युतिमा—संज्ञा० स्त्री० [सं० द्युति + मा (प्रत्य०)] प्रभा। प्रकाश। तेज। उ०—अग जग मग बासी लखि कहई। द्युतिमा भवन कवन में अहँई।—विश्राम।

द्युतिमान्—वि० [सं० द्युतिमत्] [स्त्री० द्युतिमती] प्रकाशवाला। जिस में चमक या आभा हो।

संज्ञा पु० (१) स्वायंभुव मनु के एक पुत्र का नाम। (२) शाल्व देश के एक राजा का नाम। (महाभारत)। (३) प्रियव्रत राजा के पुत्र जिन्हें क्रौंच द्वीप का राज्य मिला था। (विष्णुपुराण)

द्युन—संज्ञा पुं० [सं०] लग्न से सातवाँ स्थान।

द्युनिश—संज्ञा पुं० [सं०] अहर्निश। दिन रात।

द्युपति—संज्ञा पु० [सं०] (१) सूर्य्य। (२) इंद्र।

द्युपथ—संज्ञा पु० [सं०] आकाशमार्ग।

द्युमणि—संज्ञा पु० [सं०] (१) सूर्य्य। (२) मंदार। (३) परिशोधित ताँबा। शोधा हुआ ताँबा।

द्युमत्सेन—संज्ञा पु० [सं०] शाल्व देश के एक राजा जो सत्यवान् के पिता थे। ये दुर्भाग्यवश अंधे हो गए। जब सब लोगों ने षड्यंत्र करके इन्हें गद्दी से उतार दिया तब ये अपनी पत्नी और शिशु सत्यवान् को लेकर वन में चले गए। दे० "सत्यवान्", "सावित्री"।

द्युमद्गान—संज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का साम गान।

द्युमती—संज्ञा स्त्री० [सं०] विश्वकर्मा की कन्या। सूर्य्य की पत्नी।

द्युमान्—वि० [सं० द्युमत्] [स्त्री० द्युमती] प्रकाशवाला। कांतियुक्त। चमकीला।

द्युम्न—संज्ञा पुं० [सं०] (१) धन। (२) सूर्य्य। (३) अन्न। (४) बल।

द्युलोक—संज्ञा पु० [सं०] स्वर्ग लोक।

विशेष—वैदिक ग्रंथों में द्युलोक की तीन कक्षाएँ कही गई हैं, पहली उदन्वती, दूसरी पीलुमती, और तीसरी प्रद्यौ है। इन तीन कक्षाओं को ही क्रमशः नाक, स्वर्ग और पितृलोक कहते हैं। उदन्वती कक्षा में चंद्रमा हैं, पीलुमती

कक्षा में सूर्य्य हैं और तीसरी कक्षा में अनेक लोक लोकांतर हैं। इन लोकों में जाना ही अश्वमेधादि बड़े बड़े यज्ञों का फल कहा गया है।

द्युवन्–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सूर्य्य। (२) स्वर्ग।

द्युषद–संज्ञा पु० [सं०] (१) देवता। (२) नक्षत्र। (३) ग्रह।

द्युसद्म–संज्ञा पुं० [सं० द्युसद्मन्] स्वर्ग।

द्युसरित्–संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्ग की नदी मंदाकिनी।

द्युसिंधु–संज्ञा स्त्री० [सं०] स्वर्ग की नदी मंदाकिनी।

द्यू–वि० [सं०] जुआ खेलनेवाला। जुआरी।

द्यूत–संज्ञा पु० [सं०] जुआ। वह खेल जिसमें दाँव बदा जाय और हारनेवाला जीतनेवाले को कुछ दे।

विशेष—मनु ने लिखा है कि राजा को चाहिए कि जुआ और पशु पक्षियों का दंगल अपने राज्य में न होने दे। जो जुआ खेले या खेलावे उसे राजा वध तक का दंड दे सकता है। याज्ञवल्क्य ने कूटद्यूत का इसी प्रकार निषेध किया है।

द्यूतकर, द्यूतकार वि० [सं०] जुआ खेलनेवाला। जुआरी।

द्यूतदास–संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० द्यूतदासी] वह दास जो जुए की जीत में मिला हो।

द्यूतपूर्णिमा–संज्ञा पु० [सं०] कोजागरी। आश्विन की पूर्णिमा। इस दिन प्रचीन काल में जुआ खेला जाता था और लोग रात को जागते थे।

द्यूतप्रतिपदा–संज्ञा स्त्री० [सं० द्यूतप्रतिपत्] कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा। इस दिन लोग जुआ खेलते हैं।

द्यूतफलक–संज्ञा पुं० [सं०] वह चौकी, तख्ता आदि जिसके ऊपर पासा बिछाया या खेला जाय। वह चौकी जिस पर जुए की कौड़ी फेंकी जाय।

द्यूतबीज–संज्ञा पुं० [सं०] कौड़ी।

द्यूतभूमि–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्थान जहाँ जुआ खेला जाय। जुआखाना।

द्यूतमंडल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) जुआरियों की मंडली। (२) वह घर जहाँ जुआ खेला जाय। जुआखाना।

द्यूतसमाज–संज्ञा पुं० [सं०] वह मंडली या स्थान जिसमें जुआ खेला जाय।

द्यून–संज्ञा पुं० [सं०] लग्न स्थान से सातवीं राशि।

द्यो–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) स्वर्ग। (२) आकाश। (३) शतपथ ब्राह्मण और देवीभागवत के अनुसार आठ वसुओं में से एक।

विशेष—महाभारत, अग्निपुराण और भागवत में आठ वसुओं के जो नाम दिए गए हैं उनमें यह नाम नहीं है। देवी भागवत में इस वसु के संबंध में यह कथा लिखी है। एक बार सब वसु अपनी अपनी स्त्रियों को लेकर क्रीड़ा कर रहे थे। वे घूमते फिरते वसिष्ठ के आश्रम पर जा निकले। द्यो की स्त्री ने वसिष्ठ की गाय नंदिनी को देखा और अपने स्वामी से उसे लेने के लिये कहा। द्यो गाय को ले गया। इस पर वसिष्ठ ने क्रुद्ध होकर शाप दिया। इस शाप के कारण द्यो का पृथ्वीतल पर भीष्म के रूप में जन्म हुआ।

द्योकार–संज्ञा पुं० [सं] वह कारीगर जो प्रासादादि बनाने का काम करता हो। थवई। राजगीर।

द्योत–संज्ञा पु० [सं०] (१) प्रकाश। (२) आतप। धूप।

द्योतक–वि० [सं०] (१) प्रकाशक। प्रकाश करनेवाला। (२) दर्शक। बतलानेवाला।

द्योतन–संज्ञा पुं० [सं०] [वि० द्योतित] (१) दर्शन। (२) प्रकाशन। प्रकाशित करने या जलाने का काम। (३) दिग्दर्शन। दिखाने का काम। (४) दीपक।

वि० प्रकाशमान्। चमकीला।

द्योतित–वि० [सं०] प्रकाशित।

द्योतिरिंगण–संज्ञा पुं० [सं०] खद्योत। जुगनू।

द्योभूमि–संज्ञा पुं० [सं०] पक्षी।

द्योषद्–संज्ञा पुं० [सं०] देवता।

द्योहरा*–संज्ञा पुं० दे० "देवधरा"।

द्योस*–संज्ञा पुं० [सं० दिवस्] दिन। उ०—(क) राति गँवाई सोइ के, द्योस गवाँया खाय। हीरा जनम अमोल है कौड़ी बदले जाय —। कबीर। (ख) दुःख देखि कै देखि है। तब मुख आनँदकंद। तपन ताप तपि द्योस निसि, जैसे शीतल चंद।—केशव। (ग) औरै गति औरै बचन भयो बदन-रँग और। द्योसक तें पिय चित चढ़ी, कहै चढ़ौहैं त्यौर।—बिहारी।

द्रंक्षण–संज्ञा पु० [सं०] तौलने का एक मान जो दो कर्ष अर्थात् एक तोले के बराबर होता था।

पर्य्या०—कोल। वटक। कर्षार्द्ध।

द्रंग–संज्ञा पु० [सं०] वह नगर जो पत्तन से बड़ा और कर्वट से छोटा हो।

द्रगण–संज्ञा पुं० [सं०] एक बाजा। दगड़ा।

द्रढिमा–संज्ञा पुं० [सं० द्रढिमन्] दृढ़ता।

द्रढिष्ठ–वि० [सं०] अधिक दृढ़। बहुत दृढ़।

द्रप्स–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह पदार्थ जो गाढ़ा न हो। (२) मट्ठा। (३) रस। (४) शुक्र।

वि० द्रुतगतियुक्त। तेज चलनेवाला।

द्रप्स्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह पदार्थ जो गाढ़ा न हो। (२) मट्ठा। (३) शुक्र। (४) रस।

द्रमिल–संज्ञा पुं० [सं०] एक देश का नाम। दे० "तामिल"।

द्रम्म–संज्ञा पुं० [अ० फा० दिरम] सोलह पण मूल्य की एक मुद्रा। (लीलावती)

द्रवंती–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) नदी। (२) मूषकपर्णी। मूसाकानी। छौंटा।

द्रव–संज्ञा पुं० [सं०] (१) द्रवण। (२) बहाव। (३) पलायन। दौड़। (४) वेग। (५) आसव। (६) रस। (७) परिहास। (८) द्रवत्व।

वि० (१) तरल। पानी की तरह पतला। (२) आर्द्र। गीला।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

(३) पिघला हुआ। आँच खाकर पानी की तरह फैला हुआ।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

द्रवक–वि० [सं०] (१) भागनेवाला। भगेड़ू। (२) बहनेवाला। रसनेवाला।

द्रवज–संज्ञा पुं० [स०] (१) वह वस्तु जो रस से बनाई जाय। (२) गुड़।

द्रवण–संज्ञा पुं० [सं०] [वि० द्रवित] (१) गमन। गति। दौड़। (२) क्षरण। बहाव। (३) पिघलने या पसीजने की क्रिया या भाव। (४) हृदय पर करुणापूर्ण प्रभाव पड़ने का भाव। चित्त के कोमल होने की वृत्ति।

द्रवता–संज्ञा स्त्री० [सं०] द्रवत्व।

द्रवत्पत्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक पौधा जिसे कहीं कहीं चँगोनी कहते हैं। बंगाल में इसे शिमुड़ी कहते हैं। यह औषध के काम में आता है।

द्रवत्व–संज्ञा पु० [सं०] (१) बहने का भाव। पानी की तरह पतला होने का भाव।

विशेष—वैशेषिक के अनुसार यह एक गुण है जो द्रव्यों में रहता है। यद्यपि वैशेषिक दर्शन में गुणों की परिगणना में द्रवत्व गुण नहीं आया है पर प्रशस्तपाद भाष्य में इसे गुण लिखा है। इस गुण के होने से वस्तुओं का बहना होता है। प्राचीन काल के विद्वानों ने द्रवत्व को भूत और सामान्य गुण माना है और द्रवत्व के दो भेद किए हैं—सांसिद्धिक अर्थात् स्वाभाविक और नैमित्तिक अर्थात् जो कारणों से उत्पन्न हो। ऐसे लोगों का मत है कि स्वाभाविक वा सांसिद्धिक द्रवत्व केवल जल में है और पृथ्वी में नैमित्तिक द्रवत्व है जो अग्नि के संयोग से आ जाता है। आधुनिक विद्वान द्रवत्व को द्रव्य का एक रूप या उसकी अवस्था मात्र मानते हैं। उस पदार्थ का जिसमें यह गुण होता है कोई निज का आकार नहीं होता, किंतु जिस वस्तु के आधार में वह रहता है उसी के आकार का वह हो जाता है। वही पानी जब बोतल में भर दिया जाता है तब बोतल के आकार का और जब कटोरे, लोटे गिलास आदि में रहता है तब उन उन पात्रों के आकार का हो जाता है। द्रवत्व और विभुत्व में केवल भेद इतना ही है कि द्रव पदार्थ परिमित अवकाश को घेरता है और विभु पदार्थ पूरे अवकाश में व्याप्त रहता है।

(२) बहना। ढलना।

द्रवना*–क्रि० अ० [सं० द्रवण] (१) प्रवाहित होना। बहना। (२) पिघलना। उ०—निज परिताप द्रवइ नवनीता। परदुख द्रवहिं सुसंत पुनीता।—तुलसी। (३) पसीजना। दयार्द्र होना। दया करना। उ०—(क) मूक होइ वाचाल पंगु चढ़इ गिरवर गहन। जासु कृपा, सो दयाल द्रवउ सकल कलि-मल-दहन।—तुलसी, (ख) कहियत परम उदार कृपानिधि अंतर्यामी त्रिभुवन तात। द्रवत हैं आपु देत दासन को रीझत हैं तुलसी के पात।—सूर।

द्रवरसा–संज्ञा स्त्री० [सं०] लाख। लाह।

द्रविड़–संज्ञा पु० [ता० तिरमिक] (१) दक्षिण भारत का एक देश जो उड़ीसा के दक्षिण पूर्वीय सागर के किनारे रामेश्वर तक है। (२) द्रविड़ देश का रहनेवाला।

विशेष—मनु ने द्रविड़ों को सवर्णा स्त्री से उत्पन्न व्रात्य क्षत्रियों की संतति कहा है। महाभारत में भी लिखा है कि परशुराम के भय से बहुत से क्षत्रिय दूर दूर के पहाड़ों और जंगलों में भाग गए। वहाँ वे अपने कर्म ब्राह्मणों के अदर्शन आदि के कारण भूल गए और वृषलत्व को प्राप्त हो गए। वे ही द्रविड़, आभीर, शवर पुलिंद आदि हुए। दे० "तामिल"।

(३) ब्राह्मणों का एक वर्ग जिसके अंतर्गत पाँच ब्राह्मण हैं—आंध्र, कर्णाटक, गुर्जर, द्रविड़ और महाराष्ट्र।

द्रविड़ी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक रागिनी का नाम।

द्रविण–संज्ञा पु० [सं०] (१) धन। (२) कांचन। सोना। (३) पराक्रम। बल। (४) पृथु राजा का एक पुत्र। (५) भागवत के अनुसार कुश द्वीप का एक सीमापर्वत। (६) क्रौंच द्वीप के अंतर्गत एक वर्ष। (७) ध्रुव नामक वसु के एक पुत्र का नाम। (महाभारत)

द्रविणनाशन–संज्ञा पु० [सं०] शोभांजन। सहजन का पेड़।

विशेष—स्मृतियों में शोभांजन-भक्षण का निषेध है।

द्रविणोदा–संज्ञा पु० [स० द्रविणोदस्] वेद का एक देवता जो धन देनेवाला कहा गया है। अग्नि।

द्रवीभूत–वि० [सं०] (१) जो द्रव हो गया हो। जो पानी की तरह पतला हो गया हो। (२) पिघला हुआ। गला हुआ। (३) पसीजा हुआ। दयार्द्र। दयालु।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

द्रव्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वस्तु। पदार्थ। चीज़। (२) वह पदार्थ जो क्रिया और गुण अथवा केवल गुण का आश्रय हो। वह पदार्थ जिसमें केवल गुण और क्रिया अथवा केवल गुण हो और जो समवायि कारण हो।

विशेष—वैशेषिक में द्रव्य नौ कहे गए हैं—पृथ्वी, जल,

तेज, वायु, आकाश, काल, दिक्, आत्मा और मन। इनमें से पृथ्वी, जल, तेज, वायु, मन और आत्मा ये छः द्रव्य ऐसे हैं जिनमें क्रिया और गुण दोनों हैं। आकाश, दिक् और काल ये तीन ऐसे हैं जिनमें क्रिया नहीं केवल गुण हैं। पाँच द्रव्यों में केवल चार सावयव हैं—पृथ्वी, जल, तेज और वायु। ये चार द्रव्य उत्पत्ति धर्मवाले माने गए हैं। ये परमाणु रूप से नित्य और कार्य्य (स्थूल) रूप से अनित्य हैं। इन्हीं परमाणुओं के योग से सृष्टि होती है। प्रशस्तपाद भाष्य में लिखा है कि जीवों के कर्मफल-भोग का जब समय आता है तब जीवों के अदृष्ट के बल से वायु के परमाणुओं में चलन उत्पन्न होता है। इस चलन से परमाणुओं में परस्पर संयोग होता है। दो दो परमाणुओं के मिलने से द्वयणुक और तीन द्वयणुकों के मिलने से त्रसरेणु उत्पन्न होता है। इस प्रकार एक महान् वायु की उत्पत्ति होती है। महान् वायु में परमाणुओं के परस्पर संयोग से क्रमशः जल द्वयणुक, जल त्रसरेणु और फिर महान् जलनिधि उत्पन्न होता है। इस जल में पृथ्वी परमाणुओं के परस्पर संयोग द्वारा द्वयणुकादि क्रम से महा-पृथ्वी की उत्पत्ति होती है। फिर उसी जल-निधि में तैजस परमाणुओं के परस्पर संयोग से तैजस द्वयणुकादि क्रम से महान् तेजोराशि की उत्पत्ति होती है। इस प्रकार वैशेषिक ने चार भूतों के अनुसार चार तरह के परमाणु माने हैं, पृथ्वी परमाणु, जल परमाणु, तेज परमाणु और वायु परमाणु। इन्हीं परमाणुओं से ये चार भूत उत्पन्न होते हैं। पाँचवाँ द्रव्य आकाश निरवयव, विभु और नित्य है, न उसके टुकड़े होते हैं और न उसका नाश होता है। आकाश की तरह काल और दिक् भी विभु और नित्य हैं। आत्मा एक अमूर्त्त द्रव्य है जो ज्ञान का अधिकरण और किसी किसी के मत से ज्ञान का समवायि कारण है। मन नित्य और मूर्त्त माना गया है, क्योंकि यदि मूर्त्त न होता तो उसमें क्रिया न होती। वैशेषिक मन को अणुरूप मानता है क्योंकि एक क्षण में एक ही इंद्रिय का संयोग उसके साथ हो सकता है। जैनों के अनुसार द्रव्य गुणों और पर्य्यायों का स्थान है और सदा एकरस रहता है, उसके भीतर भेद नहीं पड़ता। जैन ६ द्रव्य मानते हैं—जीव, धर्म, अधर्म, पुद्गल, आकाश और काल।

पदार्थ ज्ञान में आज कल पश्चिम के देशों में बहुत उन्नति हुई है। सावयव सृष्टि के वैशेषिक में चार मूल भूत कहे गए हैं और उसी के अनुसार चार प्रकार के परमाणु भी माने गए हैं पर आज कल की परीक्षाओं से ये चारों मूलभूत कहे जानेवाले पदार्थ कई मूल द्रव्यों के योग से बने पाए गए हैं। जल और वायु कई मूल द्रव्यों के योग से बने परीक्षा द्वारा सिद्ध हो चुके हैं। पाश्चात्य रसायन में ७५ के लगभग मूल द्रव्य माने गए हैं जिनके परमाणुओं के रासायनिक संयोग से भिन्न भिन्न पदार्थ बने हैं। अतः इस हिसाब से परमाणु भी ७५ प्रकार के हुए। ७५ मूल-द्रव्यों के परमाणुओं के गुरुत्व का यदि परस्पर मिलान किया जाय तो उनमें एक हिसाब से चलता हुआ क्रम पाया जाता है जिससे सिद्ध होता है कि ये सब मूल द्रव्य भी एक ही परम द्रव्य से निकले हैं।

(३) सामग्री। सामान। उपादान। वह जिससे कोई वस्तु बनी हो। (४) धन। दौलत। रुपया पैसा। (५) पीतल। (६) औषध। भेषज। (७) मद्य। (८) लेप। (९) गोंद।

वि० (१) द्रुम संबंधी। पेड़ का। पेड़ से निकला हुआ। (२) पेड़ के ऐसा।

द्रव्यत्व—संज्ञा पु० [सं०] द्रव्य का भाव। द्रव्यपन।

द्रव्यपति—संज्ञा पु० [सं०] फलित ज्योतिष के अनुसार भिन्न भिन्न द्रव्यों या पदार्थों की अधिपति भिन्न भिन्न राशियां। जैसे, कंवल, मसूर, गेहूँ, शाल वृक्ष, जौ इत्यादि की अधिपति मेष राशि है। इसी प्रकार धान, कपास, लता, इत्यादि मिथुन राशि के अधीन हैं।

द्रव्यवान्—वि० [स० द्रव्यवत्] [स्त्री० द्रव्यवती] धनवान्। धनी।

द्रव्यांतर—संज्ञा पु० [स०] दूसरा द्रव्य।

द्रव्याधीश—संज्ञा पु० [स०] कुबेर।

द्रष्टव्य—वि० [सं०] (१) देखने योग्य। दर्शनीय। (२) जिसे दिखाना हो। जो दिखाया जानेवाला हो। (३) जिसे बतलाना या जताना हो। (४) साक्षात् कर्त्तव्य।

द्रष्टा—वि० [सं०] (१) देखनेवाला। (२) साक्षात करनेवाला। (३) दर्शक। प्रकाशक।

संज्ञा पु० सांख्य के अनुसार पुरुष और योग के अनुसार आत्मा।

विशेष—आत्मा द्रष्टा और अंतःकरण दृश्य माना जाता है। इन दोनों का संयोग ही दुःख का कारण है। सुख, दुःख आदि ये बुद्धि-द्रव्य के विकार हैं। इंद्रियों का संबंध होने से अंतःकरण वा बुद्धि-द्रव्य ही विषय या सुख दुःख रूप में परिणत होता है, आत्मा नहीं। आत्मा द्रष्टा के रूप में रहता है।

द्रह—संज्ञा पुं० [सं०] (१) ह्रद। ताल। झील। (२) वह स्थान जहाँ गहरा जल हो। दह।

द्राक्षा—संज्ञा स्त्री० [स०] दाख। अंगूर।

द्राघिमा—संज्ञा पुं० [सं० द्राघिमन्] (१) दीर्घता। लंबाई। (२) वे कल्पित रेखाएँ जो भूमध्य रेखा के समानांतर पूर्व पश्चिम को मानी गई हैं। इन रेखाओं से अक्षांश सूचित होता है।

द्राण—वि० [स०] (१) सुप्त। सोया हुआ। (२) पलायित। भगेड़ू।

संज्ञा पुं० (१) स्वप्न । (२) पलायन । भागना ।

द्राप–संज्ञा पु० [सं०] (१) आकाश । (२) कौड़ी ।
वि० (१) मूर्ख । (२) सुप्त ।

द्रामिल–वि० [सं० द्राविड] द्रमिल वा द्रविड़ देशवासी ।
संज्ञा पुं० चाणक्य ।

द्राव–संज्ञा पुं० [सं०] (१) गमन । (२) सरण । (३) बहने या पसीजने की क्रिया । गलने या पिघलने की क्रिया । (४) अनुताप ।

द्रावक–वि० [सं०] (१) द्रवरूप में करनेवाला । ठोस चीज़ को पानी की तरह पतला करनेवाला । (२) बहानेवाला । (३) गलानेवाला । (४) पिघलानेवाला । (५) हृदय पर प्रभाव डालनेवाला । जिससे चित्त आर्द्र हो जाय । (६) चतुर । चालाक । (७) पीछा करनेवाला । भगानेवाला । (८) चुरानेवाला । चोर । (९) हृदयग्राही ।
संज्ञा पुं० (१) चंद्रकांत मणि (२) जार । व्यभिचारी । (३) मोम । (४) सुहागा ।

द्रावकर–संज्ञा पुं० [सं०] सुहागा ।

द्रावककंद–संज्ञा पु० [सं०] तैलकंद । तिलकंदरा ।

द्रावण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) द्रवीभूत करने का कार्य्य या भाव । गलाने या पिघलाने की क्रिया या भाव । (२) भगाने का काम । (३) रीठा ।

द्राविका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) लार । (२) मोम ।

द्राविड़–वि० [सं०] [स्त्री० द्राविड़ी] द्रविड़ देशवासी ।
संज्ञा पुं० [सं० द्रविड] (१) द्रविड़ देश । (२) कचूर । (३) आमिया हल्दी ।

द्राविड़क–संज्ञा पुं० [सं०] (१) विट्लवण । सोंचर नमक । (२) कचिया हल्दी ।

द्राविड़गोड़–संज्ञा पु० [सं०] एक राग जो रात के समय गाया जाता है । इसमें शृंगार और वीर रस अधिक गाया जाता है ।

द्राविड़ी–संज्ञा स्त्री० [सं०] छोटी इलायची ।
संज्ञा स्त्री० [सं० द्रविड] द्रविड़ जाति की स्त्री ।
वि० द्रविड़ संबंधी । द्रविड़ देश का ।
मुहा०—द्राविड़ी प्राणायाम=किसी सीधी तरह होनेवाली बात को बहुत घुमाव फिराव के साथ करना । (इस मुहा० की उत्पत्ति ठीक ठीक नहीं मालूम होती । द्रविड़ लोग प्राणायाम करने में पहले दहिने हाथ की चुटकी बजाते हुए सिर के आस पास हाथ घुमाते हैं, पीछे नाक दबाकर प्राणायाम करते हैं । शायद इसीमें विशेषता देखकर उत्तरीय भारत के लोग ऐसा कहने लगे हों ।)

द्रावित–वि० [सं०] (१) द्रव किया हुआ । (२) गलाया या पिघलाया हुआ । (३) भगाया हुआ ।

द्राह्यायण–संज्ञा पु० [सं०] एक ऋषि का नाम । ये द्रह ऋषि के गोत्र में उत्पन्न हुए थे । सामवेद के कल्प, श्रौत और गृह्यसूत्र इनके बनाए हुए हैं ।

द्रु–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वृक्ष । (२) शाखा ।

द्रुकिलिम–संज्ञा पु० [सं०] देवदारु ।

द्रुघण–संज्ञा पु० [सं०] (१) लोहे का मुगदर । (२) परशु या फरसे के आकार का एक अस्त्र जिसका सिरा मुड़ा हुआ होता था । इससे झुकाने, गिराने, फोड़ने और चीरने का काम लेते थे । (३) कुठार । कुल्हाड़ी (४) ब्रह्मा । (५) भूचंपा ।

द्रुण–संज्ञा पु० [सं०] (१) धनुष । (२) खड्ग । (३) बिच्छू । (४) भृंगी कीड़ा ।

द्रुणा–संज्ञा स्त्री० [सं०] धनुष की ज्या । धनुष की डोरी ।

द्रुणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) कलुही । (२) कनखजूरा । (३) कठवत ।

द्रुत–वि० [सं०] (१) द्रवीभूत । गला हुआ । (२) शीघ्रगामी । तेज़ । (३) भागा हुआ ।
संज्ञा पु० (१) बिच्छू । (२) वृक्ष । (३) बिल्ली । (४) ताल की एक मात्रा का आधा जिसका चिह्न ० है । इसके देवता शिव और इसकी उत्पत्ति जल से मानी जाती है । उच्चारण चिड़िया की बोली के समान होता है ।
पर्य्या०—बिंदु । व्यंजन । सन्य । अर्द्धमात्रक । आकाश । व्यंजन । कूप । वलय ।
(५) वह लय जो मध्यम से कुछ तेज़ हो । दून ।

द्रुतगति–वि० [सं०] शीघ्रगामी ।

द्रुतगामी–वि० [सं० द्रुतगामिन्] [स्त्री० द्रुतगामिनी] शीघ्रगामी । तेज चलनेवाला ।

द्रुतत्रिताली–संज्ञा स्त्री० दे० "जल्द तिताला" ।

द्रुतपद–संज्ञा पु० [सं०] एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में बारह अक्षर होते हैं, जिसमें चौथा, ग्यारहवाँ और बारहवाँ अक्षर गुरु और शेष लघु होते हैं ।

द्रुतमध्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक अर्द्ध-सम-वृत्ति का नाम । इसके प्रथम और तृतीय पाद में ३ भगण और २ गुरु होते हैं (ऽ।।ऽ।।ऽ ऽ) तथा द्वितीय और चतुर्थ चरण में १ नगण २ जगण और १ यगण (।।।ऽ।।ऽ।। ऽ ऽ) होता है । उ०—रामहिँ सेवहु रामहिँ गाओ । तन मन दै नित सीस नवाओ । जन्म अनेकन के अघ जारो । हरि हरि गा निज जन्म सुधारो ।

द्रुतविलंबित–संज्ञा पु० [सं०] एक वर्णवृत्ति जिसके प्रत्येक चरण में १ नगण २ भगण और एक रगण होता है (न भ भ र) (।।ऽ।।ऽ।।ऽ।ऽ) इसे सुंदरी भी कहते हैं । उ०—भजन जो सखि बालमुकुंदरी । जग न सोहत यद्यपि सुंदरी ।

द्रुति–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) द्रव । (२) गति ।

द्रुनख–संज्ञा पुं० [सं०] काँटा ।

द्रुपद–संज्ञा पु० [स०] (१) महाभारत के अनुसार उत्तर पांचाल का एक राजा । यह चंद्रवंशी पृषत का पुत्र था । द्रोणाचार्य्य और द्रुपद बचपन में साथ खेला करते थे और दोनों में बड़ी मित्रता थी । पृषत के मरजाने पर द्रुपद पांचाल का राजा हुआ । उस समय द्रोणाचार्य्यजी उसके पास गए और उन्होंने अपनी बचपन की मित्रता का परिचय देना चाहा पर द्रुपद ने उनका तिरस्कार कर दिया । जब द्रोणाचार्य्यजी को भीष्मजी ने कौरवों और पांडवों को शिक्षा देने के लिये बुलाया और द्रोणजी ने उनको बाणविद्या की उत्तम शिक्षा दी तब गुरु-दक्षिणा में उन्होंने कौरवों और पांडवों से यही माँगा कि तुम द्रुपद को बाँध कर मेरे सामने ला दो । कौरव तो उनकी आज्ञापालन नहीं कर सके पर पांडवों ने द्रुपद को जीता और उसे बाँध कर अपने गुरु को अर्पित किया । द्रोणाचार्य्य जी ने द्रुपद से कहा कि तुम गंगा के दक्षिण किनारे राज्य करो, उत्तर के किनारे का राज्य हम करेंगे । द्रुपद उस समय तो मान गया पर उसके मन में द्रोणाचार्य्य की ओर से द्वेष बना रहा । उसने याज और उपयाज नामक दो ऋषियों की सहायता से ऐसे पुत्र की प्राप्ति के लिये जो द्रोणाचार्य्य का नाश कर सके यज्ञ करना प्रारंभ किया । यज्ञ के प्रसाद से धृष्टद्युम्न नाम का पुत्र और कृष्णा नाम की एक कन्या हुई । द्रुपद के एक और पुत्र था जिसका नाम शिखंडी था । कृष्णा अर्जुन आदि पांडवों से ब्याही गई थी । द्रुपद महाभारत के युद्ध में मारा गया था । (२) खंभे का पाया । (३) खड़ाऊँ ।

द्रुपदा–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक वैदिक ऋचा जिसके आदि में द्रुपद शब्द आता है ।

द्रुपदात्मज–संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० द्रुपदात्मजा] (१) शिखंडी । (२) धृष्टद्युम्न ।

द्रुपदादित्य–संज्ञा पुं० [सं०] काशीखंड के अनुसार सूर्य्य की एक मूर्त्ति जिसे द्रौपदी ने स्थापित किया था ।

द्रुम–संज्ञा पु० [सं०] (१) वृक्ष । (२) पारिजात । (३) कुबेर । (४) एक राजा का नाम जो पूर्वजन्म में शिवि नामक दैत्य था । (५) हरिवंश के अनुसार कृष्णचंद्र के एक पुत्र का नाम जो रुक्मिणी से उत्पन्न हुआ था ।

द्रुमकंटिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] सेमर का पेड़ ।

द्रुमनख–संज्ञा पुं० [सं०] काँटा ।

द्रुमव्याधि–संज्ञा पु० [सं०] (१) पेड़ का रोग । (२) लाह । लाख । लाखा ।

द्रुमभर–संज्ञा पुं० [सं०] काँटा । कंटक ।

द्रुमश्रेष्ठ–संज्ञा पुं० [सं०] ताड़ का पेड़ ।

द्रुमशीर्ष–संज्ञा पुं० [स०] (१) पेड़ का सिरा । (२) एक प्रकार की छत वा गोल मंडप जो पेड़ की तरह फैला हुआ होता है

द्रुमसार–संज्ञा पुं० [सं०] दाड़िम । अनार । उ०—अखबीज हानीक कर सूक पीक द्रुमसार । ये दाड़िम इमि देख बति कछु तुव दसनाकार ।—नंददास ।

द्रुमसेन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) कौरवों के पक्ष का एक योद्धा जो धृष्टद्युम्न के हाथ से मारा गया था । (२) एक राजा जो पूर्वजन्म में गविष्ट नाम का असुर था । (महाभारत)

द्रुमामय–संज्ञा पुं० [सं०] (१) पेड़ का रोग । (२) लाह । लाख ।

द्रुमारि–संज्ञा पुं० [सं०] हाथी ।

द्रुमालय–संज्ञा पुं० [सं०] जंगल ।

द्रुमाश्रय–संज्ञा पु० [सं०] (जो पेड़ पर चले) गिरगिट ।

द्रुमिणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] बन । जंगल ।

द्रुमिल–संज्ञा पुं० [स०] (१) एक दानव का नाम । यह सौभ देश का राजा था । (२) नव योगेश्वरों में से एक ।

द्रुमिला–संज्ञा स्त्री० [स०] एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में ३२ मात्राएँ होती हैं । इसके प्रत्येक चरण के अंत में गुरु होता है तथा १० और १८ मात्रा पर यति होती है । उ०—उत्तरु यह दैकै दूत पठै कै असदखान यह रोस भरयौ । बोल्यो सब वीरन कुल के धीरन, जिन न चरन रन उलटि धरयौ । तुम करो तयारी सब इस बारी, मैं दिल यह इतकाद करयौ । मुझ को तो लरना देर न करना, आहह साह को काज करयो । – सूदन ।

द्रुमेश्वर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) चंद्रमा । (२) ताल । ताड़ का पेड़ । (३) पारिजात ।

द्रुमोत्पल–संज्ञा पु० [स०] कर्णिकार वृक्ष । कनकचंपा । कनियारी ।

द्रुमय–संज्ञा पुं० [सं०] (१) लकड़ी की माप । पैमाना । (२) परिमाण ।

द्रुमलुक–संज्ञा पु० [सं०] पियाल वृक्ष । चिरौंजी का पेड़ ।

द्रुह–संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० द्रुही] (१) पुत्र । (२) वृक्ष ।

द्रुहण–संज्ञा पुं० [सं०] ब्रह्मा ।

द्रुहिण–संज्ञा पुं० [स०] ब्रह्मा ।

द्रुही–संज्ञा स्त्री० [सं०] कन्या ।

द्रुह्यु–संज्ञा पुं० [सं०] (१) प्राचीन आर्य्यों का एक वंश या जनसमूह । (२) शर्म्मिष्ठा के गर्भ से उत्पन्न ययाति राजा का जेष्ठ पुत्र जिसने ययाति का बुढ़ापा लेना अस्वीकार किया था । इसने कहा था—"जराग्रस्त मनुष्य, स्त्री, रथ, हाथी इत्यादि को नहीं भोग सकता" । ययाति ने इस पर इसे शाप दिया कि "तेरी कोई अभिलाषा पूरी न होगी । जहां रथ, पालकी, हाथी, घोड़े आदि की सवारी ही नहीं होती,

जहाँ कूद फाँद कर चलना पड़ता है, जहाँ "राजा" शब्द का व्यवहार ही नहीं है वहाँ तुझे रहना पड़ेगा"। द्रुह्यु के वंश में कोई राजा नहीं हुआ (महाभारत)। आसाम के पास त्रिपुरा राजवंश की जो वंशावली 'राजमाला' नाम की है उसमें त्रिपुरा राजवंश का चंद्रवंशी एक राजा द्रुह्यु से चलना लिखा गया है। पर विष्णु पुराण और हरिवंश के अनुसार द्रुह्यु को बभु और सेतु नामक दो पुत्र हुए। सेतु के पौत्र का नाम गांधार था जिसके नाम से देश का नाम पड़ा। अस्तु पुराणों के अनुसार द्रुह्यु भारत के पच्छिमी कोने पर गया था न कि पूरबी। राजमाला की कथा कल्पित है।

द्रू—संज्ञा पुं० [सं०] सोना।

द्रूण—संज्ञा पुं० [सं०] वृश्चिक। बिच्छू।

द्रेका—संज्ञा स्त्री० [सं०] महानिंब। बकायन।

द्रेक्क—संज्ञा पुं० [यू० डेकनस] राशि का तृतीयांश। दे० "द्रेक्काण"।

द्रेक्काण—संज्ञा पुं० [यू० डेकनस] राशि का तृतीयांश। दे० "द्रेक्काण"।

द्रेष्काण—संज्ञा पु० [यू० डेकनस] राशि का तृतीयांश। दे० "द्रेक्काण"।

द्रोण—संज्ञा पुं० [सं०] (१) लकड़ी का एक कलसा या बरतन जिसमें वैदिक काल में सोम रखा जाता था। (२) जल आदि रखने का लकड़ी आदि का बरतन। कठवत। (३) एक प्राचीन माप जो चार आढक या १६ सेर, किसी किसी के मत से ३२ सेर की मानी जाती थी।

पर्य्या०—घट। कलस। उन्मान। उल्वण। अर्मण। (४) पत्तों का दोना। (५) नाव। डोंगा। (६) अरणी की लकड़ी। (७) लकड़ी का रथ। (८) डोम कौआ। काला कौआ। (९) बिच्छू। (१०) वह जलाशय या तालाब जो चार सौ धनुष लंबा चौड़ा हो। यह पुष्करिणी और दीर्घिका से बड़ा होता है। (११) मेघ एक नायक का नाम। जिस वर्ष यह मेघ नायक होता है उस वर्ष बहुत अच्छी वर्षा होती है। (१२) वृक्ष। पेड़। (१३) द्रोणाचल नाम का पहाड़ जो रामायण के अनुसार क्षीरोद समुद्र के किनारे है और जिसपर विशल्यकारिणी नाम की संजीवनी जड़ी होती है। पुराणों के अनुसार यह एक वर्ष पर्वत है। (१४) एक फूल का नाम (१५) नील का पौधा। (१६) केला। (१७) महाभारत के प्रसिद्ध ब्राह्मण योद्धा जिनसे कौरवों और पांडवों ने अस्त्र-शिक्षा पाई थी। दे० 'द्रोणाचार्य्य'।

द्रोणकल—संज्ञा पु० [सं०] लकड़ी का एक पात्र जिसमें यज्ञों में सोम छाना जाता था। यह वैकंक की लकड़ी का बनाया जाता था।

द्रोणकाक—संज्ञा पुं० [सं०] काला कौआ। डोम कौआ।

द्रोणगंधिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] रास्ना।

द्रोणगिरि—संज्ञा पुं० [सं०] एक पर्वत का नाम। पुराणानुसार यह एक वर्ष पर्वत है। वाल्मीकीय रामायण में इसे क्षीरोद समुद्र में लिखा है। हनुमान् विशल्यकारिणी संजीवनी जड़ी लेने इसी पर्वत पर गए थे।

द्रोणपर्णी—संज्ञा स्त्री० [स०] भूकदली।

द्रोणपुष्पी—संज्ञा स्त्री० [सं०] गूमा।

द्रोणमुख—संज्ञा पुं० [सं०] वह गाँव जो ४०० गावों के बीच प्रधान हो।

द्रोणशर्मपद—संज्ञा पु० [सं०] एक तीर्थ का नाम। (महाभारत)

द्रोणास—संज्ञा पुं० [सं०] एक दानव का नाम।

द्रोणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] गूमा।

द्रोणाचल—संज्ञा पुं० [सं०] एक पर्वत। द्रोणगिरि।

द्रोणाचार्य्य—संज्ञा पु० [सं०] महाभारत में प्रसिद्ध ब्राह्मण वीर जिनसे कौरवों और पांडवों ने अस्त्र-शिक्षा पाई थी।

विशेष—इनकी कथा इस प्रकार है। गंगा-द्वार (हर-द्वार) के पास भरद्वाज नाम के एक ऋषि रहते थे। वे एक दिन गंगा-स्नान करने जाते थे, इसी बीच घृताची नाम की अप्सरा नहा कर निकल रही थी। उसका वस्त्र छूट कर गिर पड़ा। ऋषि उसे देख कामार्त्त हुए और उनका वीर्य्यपात हो गया। ऋषि ने वीर्य्य को द्रोण नामक यज्ञपात्र में रख छोड़ा। उसी द्रोण से जो तेजस्वी पुत्र उत्पन्न हुआ उसका नाम द्रोण पड़ा। भरद्वाज ने अपने शिष्य अग्निवेश को जो अस्त्र दिए थे अग्निवेश ने वे सब द्रोण को दिए। भरद्वाज के शरीर-पात के उपरांत द्रोण ने शरद्वान् की कन्या कृपी के साथ विवाह किया जिससे उन्हें अश्वत्थामा नामक वीर पुत्र उत्पन्न हुआ जिसने जन्म लेते ही उच्चैःश्रवा घोड़े के समान घोर शब्द किया। द्रोण ने महेंद्र पर्वत पर जाकर परशुराम से अस्त्र और शस्त्र की शिक्षा पाई। वहाँ से लौटने पर इनके दिन दरिद्रता में बीतने लगे। पृषत नामक एक राजा भरद्वाज के सखा थे। उनका पुत्र द्रुपद आश्रम पर आकर द्रोण के साथ खेलता था। द्रुपद जब उत्तर-पांचाल का राजा हुआ तब द्रोण उसके पास गए और उन्होंने उसे अपनी बाल मैत्री का परिचय दिया। पर द्रुपद ने राजमद के कारण उनका तिरस्कार कर दिया। इस पर दुःखित और क्रुद्ध होकर द्रोणाचार्य्य हस्तिनापुर चले गए और वहाँ अपने साले कृपाचार्य्य के यहाँ ठहरे। एक दिन युधिष्ठिर आदि राजकुमार गेंद खेल रहे थे। उनका गेंद कूप में गिर पड़ा। बहुत यत्न करने पर भी वह गेंद नहीं निकलता था, इसी बीच में द्रोण उधर से निकले और उन्होंने अपने बाणों से मार मार कर गेंद को कूएँ से बाहर कर दिया। जब यह ख़बर भीष्म को लगी तब उन्होंने द्रोण को राजकुमारों की अस्त्रशिक्षा के लिये नियुक्त किया। तब

से वे द्रोणाचार्य्य के नाम से प्रसिद्ध हुए। इन्हींकी शिक्षा के प्रताप से कौरव और पांडव ऐसे बड़े धनुर्धर और अस्त्र-कुशल हुए। द्रोणाचार्य्य के सब शिष्यों में अर्जुन श्रेष्ठ थे। अस्त्र-शिक्षा दे चुकने पर द्रोणाचार्य्य ने कौरवों और पांडवों से कहा "हमारी गुरुदक्षिणा यही है कि द्रुपद राजा को बाँध कर हमारे पास लाओ।" कौरवों और पांडवों ने पंचाल देश पर चढ़ाई की। अर्जुन द्रुपद को युद्ध में हरा कर, उसे द्रोणाचार्य्य के पास पकड़ कर लाए। द्रोणाचार्य्य ने द्रुपद को यही कह कर छोड़ दिया कि "तुमने कहा था कि राजा का मित्र राजा ही हो सकता है, अतः भागीरथी के दक्षिण तुम राज्य करो, उत्तर मैं राज्य करूँगा"। द्रुपद के मन में इस बात की बड़ी कसक रही। उसने ऋषियों की सहायता से पुत्रेष्टि यज्ञ द्रोण को मारनेवाले पुत्र की कामना से किया। यज्ञ के प्रभाव से उसे धृष्टद्युम्न नामक पुत्र और कृष्णा (द्रौपदी) नाम की कन्या हुई। कुरुक्षेत्र के युद्ध में द्रोणाचार्य्य ने नौ दिन कौरवों की ओर से घोर युद्ध किया। अंत में जब युधिष्ठिर के मुँह से 'अश्वत्थामा मारा गया हाथी...' यह सुना तब पुत्रशोक में नीचा सिर करके वे ध्यान में डूबे। इसी अवसर पर धृष्टद्युम्न ने उनका सिर काट लिया।

द्रोणि—संज्ञा पुं० [सं०] (१) द्रोण का पुत्र अश्वत्थामा। (२) अष्टम मन्वंतर के एक ऋषि।

संज्ञा स्त्री० दे० "द्रोणी"।

द्रोणिका—संज्ञा स्त्री० [स०] नील का पौधा।

द्रोणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) डोंगी। (२) दोनियाँ। छोटा दोना। (३) लकड़ी का बना हुआ पात्र। कठवत। (४) काठ का प्याला। डोकिया। (५) दो पर्वतों के बीच की भूमि। दून। (६) केला। (७) दर्रा। (८) इंद्रायन। (९) एक नदी। (१०) द्रोण की स्त्री, कृपी। (११) नील का पौधा। (१२) एक परिमाण जो दो सूर्प या १२८ सेर का होता था। (१३) एक प्रकार का नमक। (१४) शीघ्रता।

द्रोणीदल—संज्ञा पु० [सं०] केतकी का फूल।

द्रोणीलवण—संज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का लवण जो कर्णाटक देश के आस पास होता है। इसे बिरिया लोन भी कहते हैं। यह अति उष्ण, भेदक, स्निग्ध, शूलनाशक और अल्प पित्त-वर्द्धक माना गया है।

पर्य्या०—द्रोणेय। वर्द्धेय। द्रोणीज। वारिज। वार्द्धिभव। द्रोणी। चित्रकूट-लवण।

द्रोणोदन—संज्ञा पु० [सं०] सिंहहनु के पुत्र का नाम जो शाक्य मुनि बुद्ध के चाचा थे।

द्रोण्यामय—संज्ञा पु० [स०] शरीर के भीतर का एक रोग।

द्रोन*†—संज्ञा पु० दे० "द्रोण"।

द्रोह—संज्ञा पु० [स०] [स्त्री० द्रोही] दूसरे का अहितचिंतन। प्रतिहिंसा का भाव। बैर। द्वेष।

द्रोहाट—संज्ञा पु० [सं०] (१) बैंडाल व्रतिक। ऊपर से देखने में साधु पर भीतर भीतर बुराई रखनेवाला। (२) मृगलुब्धक। (३) वेद की एक शाखा।

द्रोही—वि० [सं० द्रोहिन्] [स्त्री० द्रोहिणी] द्रोह करनेवाला। बुराई चाहनेवाला।

संज्ञा पु० वैरी। शत्रु।

द्रौणायन, द्रौणायनि—संज्ञा पु० [सं०] अश्वत्थामा।

द्रौणि—संज्ञा पु० [सं०] (१) अश्वत्थामा। (२) एक ऋषि जो पुराणानुसार उनतीसवें द्वापर में होंगे।

द्रौणिक—संज्ञा पुं० [स०] वह खेत जिसमें एक द्रोण (३८ सेर) बीज बोया जाय।

वि० "द्रोणसंबंधी"

द्रौपद—संज्ञा पु० [स०] [स्त्री० द्रौपदी] द्रुपद का पुत्र।

द्रौपदी—संज्ञा स्त्री० [सं०] राजा द्रुपद की कन्या कृष्णा जो पाँचों पांडवों को ब्याही गई थी।

विशेष—राजा द्रुपद ने जब द्रोण को मारनेवाले पुत्र की कामना से पुत्रेष्टि यज्ञ किया था तब उसे धृष्टद्युम्न नाम का पुत्र और कृष्णा नाम की कन्या उत्पन्न हुई थी। जब कन्या बड़ी हुई तब द्रुपद ने उसका विवाह अर्जुन से करना विचारा। पर लाक्षागृह में आग लगने के पीछे जब पांडवों का पता बहुत दिनों तक न लगा तब द्रुपद ने उपयुक्त वर प्राप्त करने के लिये धूम धाम से एक स्वयंवर रचा। उसमें ऊपर एक मछली टाँग दी गई जिससे कुछ नीचे हट कर एक चक्र घूम रहा था। द्रुपद ने प्रतिज्ञा की कि जो कोई उस मछली की आँख को बाण से बेधेगा उसी को द्रौपदी दी जायगी। स्वयंवर में बहुत दूर दूर से राजा लोग आए थे, पाँचों पांडव भी घूमते घूमते ब्राह्मण के वेश में वहाँ पहुँचे। जब कोई क्षत्रिय लक्ष्य भेद न कर सका तब कर्ण उठा। पर द्रौपदी ने कहा कि मैं सूतपुत्र के साथ विवाह नहीं कर सकती। अंत में ब्राह्मण वेषधारी अर्जुन ने उठकर लक्ष्य भेद किया। पाँचों पांडव उन दिनों गुप्त रूप से एक ब्राह्मण के यहाँ माता सहित रहते थे। अतः द्रौपदी को लेकर पाँचों भाई ब्राह्मण के आश्रम पर गए और द्वार पर माता को पुकार कर बोले "माँ, आज हमलोग एक रमणीय भिक्षा माँग कर लाए हैं।" कुंती ने भीतर से कहा "अच्छी बात है, पाँचों भाई मिलकर भोग करो"। माता के वचन की रक्षा के लिये पाँचों भाइयों ने द्रौपदी को ग्रहण किया। नारद के सामने यह प्रतिज्ञा की गई कि जिस समय एक भाई द्रौपदी के पास हो दूसरा उस समय वहाँ न जाय, यदि जाय तो बारह वर्ष उसे वनवास करना पड़े।

दुर्योधन के साथ जुवा खेलते खेलते युधिष्ठिर जब सब कुछ हार गए तब द्रौपदी को भी हार गए। इस पर दुर्योधन ने भरी सभा में दुःशासन के द्वारा द्रौपदी को पकड़ बुलाया, दुःशासन सभा के बीच उसका वस्त्र खींचना चाहता था, पर वस्त्र न खिँच सका। इस अपमान पर कुपित होकर भीम ने प्रतिज्ञा की कि "दुर्योधन, जिस जघे को तूने द्रौपदी को दिखाया है उसे मैं अवश्य तोड़ूँगा, और तेरे कलेजे का रक्तपान करूंगा"। कुरुक्षेत्र के युद्ध में भीम ने अपनी यह प्रतिज्ञा पूरी की। पुराणों में द्रौपदी की गणना पंच कन्याओं में है।

पर्य्या०—कृष्णा। पांचाली। सैरिंध्री। नित्ययौवना। याज्ञसेनी। वेदिजा।

द्रौपदेय—संज्ञा पु० [सं०] द्रौपदी के पुत्र।

द्रौह्य—संज्ञा पु० [सं०] द्रुह्य के गोत्र में उत्पन्न पुरुष।

द्वंद—संज्ञा पु० [सं०] (१) युग्म। मिथुन। जोड़ा। उ०—ध्वज कुलिश अंकुश कंज—युत बन फिरत कंटक जिन लहे। पद कंज द्वंद मुकुंदराम रमेस नित्य भजामहे।—तुलसी। (२) जोड़ा। प्रतिद्वंद्वी। (३) द्वंद्वयुद्ध। दो आदमियों की परस्पर लड़ाई। (४) झगड़ा। कलह। बखेड़ा। उ०—धनि यह द्वैज जहाँ लख्यो तख्यो दगनि दुख द्वंद। तुव मागनि पूरब उयो अहो अपूरब चंद।—बिहारी।

क्रि० प्र०—मचना।—मचाना।

(५) दो परस्पर विरुद्ध वस्तुओं का जोड़ा। जैसे गर्मी-सर्दी, राग-द्वेष सुख-दुःख दिन-रात इत्यादि। उ०—रघुनंद निर्कदय द्वद घन। महिपाल विलोकिय दीनजनं।—तुलसी। (६) उलझन। बखेड़ा। झंझट। जंजाल। उ०—जो मन लागै रामचरन अस। देह गेह सुत वित कलत्र महँ मगन होत बिनु जतन किए जस। द्वंद-रहित गतमान ज्ञानरत विषय-विरत खटाइ नाना कस।—तुलसी। (७) कष्ट। दुःख। उ०—सोरह सहस घोष-कुमारि। देखि सब को श्याम रीझे रहीं भुजा पसारि। बोलि लीन्हों कदम के तर हहाँ आवहु नारि। प्रगट भए तहाँ सबनि को हरि काम द्वंद निवारि।—सूर। (८) उपद्रव। झगड़ा। ऊधम। उ०—कहा करों हरि बहुत सिखाई। सहि न सकी रिस ही रिस भरि गई बहुतै ढीठ कन्हाई। मेरो कह्यो नेकु नहिँ मानत करत आपनी टेक। भोर होत उरहन लै आवत ब्रज की वधू अनेक। फिरत जहाँ तहँ द्वंद मचावत घर न रहत छन एक। सूरश्याम त्रिभुवन को करता यशुमति कहति जनेक।—सूर।

क्रि० प्र०—मचाना।

(९) रहस्य। गुप्त बात। (१०) आशंका। भय। डर। (११) दुबधा। दो-चित्तापन। संशय।

विशेष—दे० "द्वंद्व"।

संज्ञा स्त्री० [सं० दुंदुभी] दुंदुभी। उ०—बाजे ढोल द्वंद औ भेरी। मंदिर तूर झाँझ चहुँ फेरी।—जायसी।

द्वंदज—वि० दे० "द्वंद्वज"।

द्वंदयुद्ध—संज्ञा पु० दे० "द्वंद्वयुद्ध"।

द्वंदर*—वि० [सं० द्वंद्वारु] झगड़ालू। उ०—दीन गरीबी दीन को द्वंदर को अभिमान। द्वंदर तो विष से भरा दीन गरीबी जान।—कबीर।

द्वंद्व—संज्ञा पुं० [सं०] (१) युग्म। दो वस्तुएँ जो एक साथ हों। जोड़ा। (२) स्त्री पुरुष या नर मादा का जोड़ा। (३) दो परस्पर विरुद्ध वस्तुओं का जोड़ा। जैसे, शीत उष्ण, सुख दुःख, भला बुरा, पाप पुण्य, स्वर्ग नरक इत्यादि। (४) रहस्य। भेद की बात। गुप्त बात। (५) दो आदमियों की लड़ाई। (६) झगड़ा। बखेड़ा। कलह।

क्रि० प्र०—मचना।—मचाना।

(७) एक प्रकार का समास जिसमें मिलनेवाले सब पद प्रधान रहते हैं और उनका अन्वय एक ही क्रिया के साथ होता है, जैसे, हाथ पाँव बाँधो, रोटी दाल खाओ।

विशेष—यह समास "और" आदि संयोजक पदों का लोप करके बनाया जाता है, जैसे, 'हाथ और पांव' से 'हाथ पाँव,' 'रात और दिन' से 'रात दिन'।

(८) दुर्ग। किला।

द्वंद्वचर—वि० [सं०] जोड़े के साथ चलने या रहनेवाला।

संज्ञा पु० चकवाक। चकवा।

द्वंद्वचारी—संज्ञा पुं० [सं० द्वंद्वचारिन् [स्त्री० द्वंद्वचारिणी] चकवा।

द्वंद्वज—वि० [स०] (१) सुख दुःख रागद्वेष आदि द्वंद्वों से उत्पन्न (मनोवृत्ति)। (२) वात, पित्त और कफ नाम के त्रिदोषों में से दो दोषों से उत्पन्न (रोग)।

द्वंद्वयुद्ध—संज्ञा पु० [सं०] वह लड़ाई जो दो पुरुषों के बीच में हो। कुश्ती। हाथा पाई।

द्वय—वि० [सं०] दो।

द्वयाग्नि—संज्ञा पु० [सं०] लाल चीता।

द्वयातिग—वि० [सं०] जिसके सत्वगुण ने शेष दो गुणों अर्थात् रजः और तमोगुण को दबा लिया हो। जिसमें सत्वगुण प्रधान हो, और शेष दो गुण दबकर अधीन हो गए हों।

द्वाःस्थ—संज्ञा पु० [स०] (१) द्वारपाल। (२) नंदिकेश्वर।

द्वाचत्वारिंश—वि० [स०] बयालीसवाँ।

द्वाचत्वारिंशत्—वि० [सं०] जो संख्या में चालीस से दो अधिक हो। बयालीस।

संज्ञा पुं० बयालीस की संख्या।

द्वाज—संज्ञ पु० [सं० किसी] स्त्री का वह पुत्र जो उसके पति से उत्पन्न न हो, दूसरे पुरुष से उत्पन्न हो। जारज। दोगला।

द्वात्रिंश–वि० [सं०] बत्तीसवाँ ।

द्वात्रिंशत्–वि० [सं०] जो संख्या में तीस और दो हो । बत्तीस ।

संज्ञा पु० बत्तीस की संख्या या अंक ।

द्वादश–वि० [सं०] (१) जो संख्या में दस और दो हो । बारह । (२) बारहवाँ ।

संज्ञा पु० बारह की संख्या या अंक ।

द्वादशक–वि० [सं०] बारह का ।

द्वादशकर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) कार्तिकेय । (२) बृहस्पति । (३) कार्तिकेय का एक अनुचर । (४) हर्षण योग ।

द्वादशभाव–संज्ञा पुं० [सं०] फलित ज्योतिष में जन्मकुंडली के बारह घर जिनके क्रम से तनु, आदि नाम फलानुसार रखे गए हैं ।

विशेष—जन्मकालीन लग्न से पहले घर से तनु (अर्थात् शरीर कीा होगा कि स्थूल, सबल कि निर्बल, लंबा कि नाटा इत्यादि); दूसरे घर से धन और कुटुंब; तीसरे से युद्ध और विक्रम आदि; चौथे से बंधु, वाहन, सुख और आलय; पांचवे से बुद्धि, मंत्रणा और पुत्र; छठें से चोट और शत्रु; सातवें से काम, स्त्री और पथ; आठवें से आयु मृत्यु, अपवाद आदि; नवें से गुरु, माता, पिता, पुण्य आदि, दसवें से मान, आज्ञा और कर्म; ग्यारहवें से प्राप्ति और आय; बारहवें घर से मंत्री और व्यय का विचार किया जाता है ।

द्वादशरात्र–संज्ञा पु० [सं०] बारह दिनों में होनेवाला एक यज्ञ ।

द्वादशलोचन–संज्ञा पु० [सं०] कार्त्तिकेय ।

द्वादशवर्गी–संज्ञा स्त्री० [सं०] फलित ज्योतिष में नीलकंठ ताजिक के अनुसार वर्षकाल में ग्रहों के फलाफल निकालने के लिये बारह वर्गों की समष्टि ।

विशेष—बारह वर्ग ये हैं—क्षेत्र, होरा, द्रेक्काण, चतुर्थांश, पंचमांश, षष्ठांश, सप्तमांश, अष्टमांश, नवमांश, दशमांश एकादशांश और द्वादशांश ।

द्वादशवार्षिक–संज्ञा पु० [सं०] बारह वर्ष का एक व्रत जो ब्रह्महत्या लगने पर किया जाता है ।

विशेष—इस में हत्यारे को वन में कुटी बनाकर, सब वासनाओं को त्याग कर के रहना पड़ता है । यदि वनफलों से निर्वाह न हो तो एक चिह्न धारण करके बस्ती में भिक्षा माँगनी पड़ती है ।

द्वादशशुद्धि–संज्ञा स्त्री० [सं०] वैष्णव संप्रदाय में तंत्रोक्त बारह प्रकार की शुद्धि ।

विशेष—देवगृह परिष्कार, देवगृह गमन, प्रदक्षिणा, ये तीन प्रकार की पद शुद्धि हैं । पूजा के लिये फूल पत्ते तोड़ना, प्रतिमा तोलन (स्पर्श आदि) यह हस्तशुद्धि हुई, भगवान का नाम कीर्त्तन वाक्यशुद्धि है । हरिकथा श्रवण, प्रतिमा उत्सव आदि का दर्शन यह श्रवण और नेत्रशुद्धि हुई । विष्णुपादोदक और निर्माल्य धारण तथा प्रणाम शिर की शुद्धि तथा निर्माल्य और गंधपुष्पादि का सूँघना घ्राणशुद्धि है ।

द्वादशांग–वि० [सं०] जिसके बारह अंग या अवयव हों ।

संज्ञा पु० (१) बारह गंधद्रव्यों के योग से बनी हुई पूजा में जलाने की धूप ।

विशेष—बारह द्रव्य ये हैं—गुग्गुल, चंदन, तेजपात, कुट, अगर, केसर, जायफल, कपूर, जटामासी, नागरमोथा, तज और खस ।

(२) जैनों का वह ग्रंथ-समूह जिसे वे गणधरों का बनाया मानते हैं । इसके बारह भेद हैं—आचारांग, सूत्रकृतांग, स्थानांग, समावायांग, भगवतीसूत्र, ज्ञानधर्म-कथा, उपासक दशांग, अंतकृद्दशांग, अनुत्तरोपपत्तिकांग, प्रश्न-व्याकरण, विपाकसूत्र, और दृष्टिवाद ।

द्वादशांगी–संज्ञा स्त्री० [सं०] जैनों के द्वादश अंग ग्रंथों का समूह ।

द्वादशांशु–संज्ञा पुं० [सं०] बृहस्पति ।

द्वादशाक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) कार्त्तिकेय । (२) बुद्धदेव ।

द्वादशाक्षर–संज्ञा पु० [सं०] विष्णु का एक मंत्र जिसमें बारह अक्षर हैं । वह मंत्र यह है, 'ओं नमो भगवते वासुदेवाय' ।

द्वादशाख्य–संज्ञा पु० [सं०] बुद्धदेव ।

द्वादशात्मा–संज्ञा पु० [सं० द्वादशात्मक] (१) सूर्य्य । (२) आक का पेड़ ।

द्वादशायतन–संज्ञा पु० [सं०] जैनियों के दर्शन के अनुसार पाँच ज्ञानेंद्रियों, पाँच कर्मेंद्रियों तथा मन और बुद्धि का समुदाय ।

द्वादशाह–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बारह दिनों का समुदाय । (२) एक यज्ञ जो बारह दिनों में किया जाता था । (३) वह श्राद्ध जो किसी के निमित्त उसके मरने से बारहवें दिन किया जाय ।

द्वादशी–संज्ञा स्त्री० [सं०] प्रत्येक पक्ष की बारहवीं तिथि ।

द्वापर–संज्ञा पु० [सं०] बारह युगों में तीसरा युग । पुराणों में यह युग ८६४००० वर्ष का माना गया है ।

विशेष—भादों की कृष्ण त्रयोदशी बृहस्पतिवार को इस युग की उत्पत्ति मानी गई है । मत्स्यपुराण के अनुसार द्वापर लगते ही धर्म आदि में घटती आरंभ हुई । जिनके करने से त्रेता में पाप नहीं लगता था वे सब कर्म पाप समझे जाने लगे, प्रजा लोभी हो चली, अज्ञान के कारण श्रुति स्मृति आदि का यथार्थ बोध लुप्त होने लगा, नाना प्रकार के भाष्य आदि बनने और अनेक प्रकार के मतभेद चलने लगे । उक्त पुराण के अनुसार द्वापर में मनुष्यों की परमायु दो हजार वर्ष की थी ।

द्वामुष्यायण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह पुरुष जो दो मनुष्यों का पुत्र हो (एक का औरस और दूसरे का दत्तक)। (२) वह पुरुष जो दो ऋषियों के गोत्र में उत्पन्न हुआ हो। (३) श्वेतकेतु मुनि का नाम। (४) गौतम मुनि का नाम।

द्वार–संज्ञा पुं० [सं०] (१) किसी ओट करनेवाली या रोकनेवाली वस्तु (जैसे, दीवार, परदा आदि) में वह छिद्र या खुला स्थान जिससे होकर कोई वस्तु आर पार या भीतर बाहर जा सके। मुख। मुहाना। मुहड़ा। जैसे, गंगाद्वार। (२) घर में आने जाने के लिये दीवार में खुला हुआ स्थान। दरवाजा।

मुहा०—(किसी बात के लिये) द्वार खुलना = किसी बात के बराबर होने के लिये मार्ग या उपाय निकलना। द्वार द्वार फिरना = (१) कार्य्यसिद्धि के लिये चारों ओर बहुत से लोगों के यहाँ जाना। (२) घर घर भीख माँगना। द्वार लगना = (१) किवाड़ बंद होना। (२) किसी आसरे में दरवाजे पर खड़ा रहना। उ०—यह जान्यो जिय राधिका द्वारे हरि लागे। गर्व कियो जिय प्रेम को ऐसे अनुरागे। —सूर। (३) चुपचाप किसी बात की आहट लेने के लिये किवाड़ के पीछे छिपकर खड़ा होना। द्वार लगाना = किवाड बंद करना। (३) इंद्रियों के मार्ग वा छेद, जैसे आँख, कान, नाक, मुँह, आदि। उ०—भौ द्वारे का पींजरा तामें पंछी पौन। रहने को आश्चर्य्य है गए अचंभा कौन ?—कबीर। (४) उपाय। साधन। ज़रिया। जैसे, रुपया कमाने का द्वार।

विशेष—सांख्यकारिका में अंतःकरण ज्ञान का प्रधान स्थान कहा गया है और ज्ञानेंद्रियां उसके द्वार बतलाई गई हैं।

द्वारकंटक–संज्ञा पु० [सं०] किवाड़। कपाट।

द्वारका–संज्ञा स्त्री० [सं०] काठियावाड़ गुजरात की एक प्राचीन नगरी। पुराणानुसार यह सात पुरियों में मानी गई है। यहाँ द्वारकानाथजी का मंदिर है। हिंदू लोग इसे चार धामों में मानते हैं और यहाँ आकर बड़ी श्रद्धा से छाप लेते हैं। द्वारावती भी इसे कहते हैं। यहाँ श्रीकृष्णचंद्र जरासंध के उत्पातों के कारण मथुरा छोड़कर जा बसे थे। यहीं उस समय यादवों की राजधानी थी। पुराणों में लिखा है कि श्रीकृष्ण के देहत्याग के पीछे द्वारका समुद्र में मग्न हो गई। पोरबंदर से १५ कोस दक्षिण समुद्र में इस पुरी का स्थान लोग अब तक बतलाते हैं। द्वारका का एक नाम कुशस्थली भी है।

द्वारकाधीश–संज्ञा पुं० [सं०] (१) श्रीकृष्णचंद्र। (२) कृष्ण की वह मूर्ति जो द्वारका में है।

द्वारकानाथ–संज्ञा पुं० [सं०] (१) कृष्णचंद्र। (२) कृष्णचंद्र की वह मूर्त्ति जो द्वारका में है।

द्वारकेश–संज्ञा पुं० [सं०] द्वारकानाथ।

द्वारचार–संज्ञा पुं० [सं० द्वार + चार = व्यवहार] वह रीति जो लड़कीवाले के दरवाजे पर बारात पहुँचने पर होती है।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

द्वारछेंकाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० द्वार + छेकना] (१) विवाह में एक रीति। जब वर विवाह कर वधू समेत अपने घर आता है तब कोहबर के द्वार पर उसकी बहन उसकी राह को रोकती है। ऐसे समय वर कुछ नेग देता है तब वह राह छोड़ देती है। (२) वह नेग जो द्वारछेंकाई में दिया जाता है।

द्वारपंडित–संज्ञा पुं० [सं०] किसी राजा के यहाँ का प्रधान पंडित।

द्वारप–संज्ञा पुं० [सं०] (१) द्वारपाल। उ०—द्रुपदभूप तब कोपित वेशा। दियो द्वारपन तुरत सँदेशा।—सबल। (२) विष्णु।

द्वारपाल–संज्ञा पु० [सं०] [स्त्री० द्वारपाली, द्वारपालिनी, द्वारपालिन] (१) वह पुरुष जो दरवाजे पर रक्षा के लिये नियुक्त हो। ड्योढीदार। दरबान।

पर्य्या०—प्रतीहार। द्वाःस्थ। द्वारप। दर्शक। दौःसाधिक। वर्त्तरूक। गर्वाट। द्वारस्थ। जता। दौवारिक। दंडी।

(२) तंत्र के अनुसार वह देवता जो किसी मुख्य देवता के द्वार का रक्षक हो। इन देवताओं की पूजा पहले की जाती है। (३) एक तीर्थ। महाभारत में इसे सरस्वती के किनारे लिखा है।

द्वारपालक–संज्ञा पुं० [सं०] द्वारपाल।

द्वारपिंडी–संज्ञा स्त्री० [सं०] देहली। ड्योढ़ी। दहलीज।

द्वारपूजा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) विवाह में एक कृत्य जो कन्यावाले के द्वार पर उस समय होता है जब बरात के साथ वर पहले पहल आता है। कन्या का पिता द्वार पर स्थापित कलश आदि का पूजन करके अपने इष्ट मित्रों सहित वर को उतारता और मधुपर्क देता है। (२) जैनों की एक पूजा।

द्वारबलिभुक्, द्वारबलिभुज–संज्ञा पुं० [सं०] बक। बगला।

द्वारयंत्र–संज्ञा पु० [सं०] ताला।

द्वारवती–संज्ञा स्त्री० [सं०] द्वारावती। द्वारका।

द्वारसमुद्र–संज्ञा पुं० [सं०] दक्षिण का एक पुराना नगर। यहाँ कर्नाटक के राजाओं की राजधानी थी। इसके खंडहर अब तक श्रीरंगपट्टन से वायुकोण पर सौ मील पर हैं।

द्वारस्थ–वि० [सं०] जो द्वार पर बैठा हो।

संज्ञा पुं० द्वारपाल।

द्वारा–संज्ञा पुं० [सं० द्वार] (१) द्वार। दरवाजा। फाटक उ०—सुनि के शब्द मँडफ झनकारा। बैठेउ आय पुरुष के द्वारा। —जायसी। (२) मार्ग। राह। उ०—साधन धाम मोक्ष कर द्वारा। पाइ न जेहि परलोक सँवारा।—तुलसी।

अव्य० [सं० द्वारात] जरिये से। वसीले से। साधन से। हेतु से। कारण से। कर्तृत्व से।

मुहा०—किसी के द्वारा = (१) किसी के करने से। किसी की क्रिया से। जैसे, यह कार्य्य उसीके द्वारा हुआ है। (२) किसी के योग वा सहायता से। किसी की मध्यस्थता द्वारा। किसी के मारफ़त। जैसे, चिट्ठी आदमी के द्वारा भेज दो। (३) किसी वस्तु के उपयोग से। जैसे, मशीन के द्वारा काम जल्दी होगा।

द्वारावती—संज्ञा स्त्री० [सं०] द्वारका।

द्वारिक—संज्ञा पुं० [सं०] द्वारपाल। दरबान।

द्वारिका—संज्ञा स्त्री० दे० "द्वारका"।

द्वारी*—संज्ञा स्त्री० [सं० द्वार + ई (प्रत्य०)] छोटा द्वार। दरवाजा। उ०—द्वारी निहारि पछीति की भीति में टेरि सखी मुख बात सुनाई।—प्रताप।

संज्ञा पुं० [सं० द्वारिन्] द्वारपाल।

द्वाल—संज्ञा पुं० दे० "दुवाल"।

द्वालबंद—संज्ञा पुं० दे० "दुवालबंद"।

द्वाली—संज्ञा स्त्री० दे० "दुवाली"।

द्वाविंश—वि० [सं०] बाईसवाँ।

द्वाविंशति—वि० [सं०] जो संख्या में बीस और दो हो। बाईस।

द्वाषष्ठ—वि० [सं०] बासठवाँ।

द्वाषष्टि—वि० [सं०] जो गिनती में साठ और दो हो। बासठ।

द्वासप्तत—वि० [सं०] बहत्तरवाँ।

द्वासप्तति—वि० [सं०] जो गिनती में सत्तर और दो हो। बहत्तर।

द्वास्थ—संज्ञा पुं० [सं०] द्वारपाल।

द्वि—वि० [सं०] दो।

द्विक—वि० [सं०] (१) जिसमें दो अवयव हों। (२) दोहरा।

संज्ञा पु० [सं०] (१) काक। (२) कोक। चकवा।

द्विककुद—संज्ञा पुं० [सं०] ऊँट।

द्विकर्मक—वि० [सं०] (क्रिया) जिसके दो कर्म हों।

द्विकल—संज्ञा पुं० [हिं० द्वि + कला] छंदःशास्त्र या पिंगल में दो मात्राओं का समूह। (यह दो प्रकार का होता है। एक में तो दोनों मात्राएँ पृथक् पृथक् रहती हैं, जैसे, जल, चल, वन, धन इत्यादि और दूसरे में एक ही अक्षर दो मात्राओं का होता है, जैसे, खा, जा, ला, आ, का, इत्यादि)

द्विक्षार—संज्ञा पुं० [सं०] शोरा और सज्जी।

द्विगु—वि० [सं०] जिसे दो गायें हों।

संज्ञा पुं० वह कर्मधारय समास जिसका पूर्वपद संख्यावाचक हो। यह समास तीन प्रकार का होता है—तद्धितार्थ जैसे पंचगु अर्थात् जिसे पाँच गो देकर मोल लिया हो, उत्तरपद जैसे पंचकोश अर्थात् जिसमें पाँच कोश हों; और समाहार, जैसे त्रिलोकी, अर्थात् तीनों लोक, त्रिभुवन। पाणिनिजी ने इस समास को कर्मधारय के अंतर्गत रखा है पर और वैयाकरण इसे एक स्वतंत्र समास मानते हैं।

द्विगुण—वि० [सं०] दुगना। दूना।

द्विगुणित—वि० [सं०] (१) दो से गुणा किया हुआ। जिसे दुगना किया हो। (२) दूना। दुगना।

द्विघटिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] दो घड़ियों के हिसाब से निकाला हुआ मुहूर्त।

विशेष—यह मुहूर्त होरा के अनुसार निकाला जाता है। रात दिन की साठ घड़ियों को दो दो घड़ियों में विभक्त कर देते हैं और फिर शुभाशुभ का विचार करते हैं। इस मुहूर्त्त में दिन का विचार नहीं होता सब दिन सब ओर की यात्रा हो सकती है। इसका व्यवहार उस स्थल पर होता है जहाँ कई दिन ठहरने या रुकने का समय नहीं रहता।

द्विचत्वारिंश—वि० [सं०] बयालीसवाँ।

द्विचत्वारिंशत्—वि० [सं०] जो चालीस से दो अधिक हो। बयालीस।

द्विज—संज्ञा पुं० [सं०] जो दो बार उत्पन्न हुआ हो। जिसका जन्म दो बार हुआ हो।

संज्ञा पु० [सं०] (१) अंडज प्राणी। (२) पक्षी। (३) हिंदुओं में ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य वर्ण के पुरुष जिनको शास्त्रानुसार यज्ञोपवीत धारण करने का अधिकार है। मनु के धर्मशास्त्र के अनुसार यज्ञोपवीत मनुष्य का दूसरा जन्म माना गया है। (४) ब्राह्मण। (५) चंद्रमा। पुराण में कथा है कि चंद्रमा का दो बार जन्म हुआ था। एक बार ये अत्रिऋषि के पुत्र हुए थे और दूसरी बार समुद्र के मथन के समय समुद्र से निकले थे। (६) दाँत। (७) तुंबुरु। नैपाली धनियाँ।

द्विजदंपति—संज्ञा पु० [सं० द्विज + दंपती] चाँदी का एक पत्तर जिस पर स्त्रीपुरुष वा लक्ष्मीनारायण का युगल चित्र खुदा रहता है। यह स्त्रियों के सूतक कर्म में दशाह के बाद ब्राह्मण को दान दिया जाता है।

द्विजन्मा—वि० [सं० द्विजन्मन्] जिसका दो बार जन्म हुआ हो।

संज्ञा पु० द्विज।

द्विजपति—संज्ञा पु० [सं०] (१) ब्राह्मण। (२) चंद्र। (३) कपूर। (४) गरुड़।

द्विजप्रिया—संज्ञा स्त्री० [सं०] सोम।

द्विजबंधु—संज्ञा पु० [सं०] संस्कार वा कर्महीन द्विज। नाम मात्र का द्विज।

द्विजब्रुव—संज्ञा पु० [सं०] (१) नाम मात्र का द्विज जिसका जन्म तो द्विज मातापिता से हुआ हो पर वह स्वयं द्विजों

के संस्कार और कर्म से हीन हो। (२) ब्राह्मणब्रुव। नाम मात्र का ब्राह्मण।

द्विजराज–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ब्राह्मण। (२) चंद्रमा। (३) कपूर। (४) गरुड़। (५) श्रेष्ठ ब्राह्मण।

द्विजलिंगी–संज्ञा पुं० [सं० द्विजलिंगिन्] (१) शूद्र या दूसरे वर्ण का होकर ब्राह्मण का वेश धारण करनेवाला मनुष्य।

विशेष—मनु ने ऐसे मनुष्य का दंड वध लिखा है। (२) क्षत्रिय।

द्विजवाहन–संज्ञा पु० [सं०] विष्णु।

द्विजव्रण–संज्ञा पुं० [सं०] दांत का एक रोग। दंतार्बुद।

द्विजशास्त्र–संज्ञा पुं० [सं०] बर्बट। भटवांस। (ब्राह्मण इसे नहीं खाते)।

द्विजांगिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] कुटकी।

द्विजांगी–संज्ञा स्त्री० [सं०] कुटकी।

द्विजा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) ब्राह्मण या द्विज की स्त्री। (२) रेणुका। संभालू का बीज। यह गधद्रव्यों में है। (३) पालक का शाक। (यह एक बार काटे जाने पर फिर होता है) (४) भारंगी।

द्विजाग्रज–संज्ञा पु० [सं०] ब्राह्मण।

द्विजाग्र्य–संज्ञा पुं० [सं०] ब्राह्मण।

द्विजाति–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य, जिनको शास्त्रानुसार यज्ञोपवीत धारण करने का अधिकार है। द्विज। (२) ब्राह्मण। (३) अंडज। (४) पक्षी। (५) दांत।

द्विजानि–संज्ञा पुं० [सं०] वह पुरुष जिसके दो स्त्रियाँ हों।

द्विजापनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] यज्ञोपवीत।

द्विजिह्व–वि० [सं०] (१) जिसे दो जीभें हों। (२) इधर उधर लगानेवाला। सूचक। चुगलखोर। (३) खल। दुष्ट। (४) चोर। (५) दुःसाध्य।

संज्ञा पुं० (१) साँप। (२) एक रोग।

द्विजेंद्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) चंद्रमा। (२) ब्राह्मण। (३) गरुड़। (४) कपूर।

द्विजेश–संज्ञा पुं० [सं०] (१) चंद्रमा। (२) ब्राह्मण। (३) कपूर। (४) गरुड़।

द्विजोत्तम–संज्ञा पुं० [सं०] द्विजों में श्रेष्ठ। ब्राह्मण।

द्विट्सेवी–संज्ञा पुं० [सं० द्विट्सेविन्] राज-शत्रु-सेवी। वह जो राजा के शत्रु से मिला हो या मित्रता रखता हो।

विशेष—मनु ने ऐसे मनुष्य का दंड वध लिखा है।

द्विठ–संज्ञा पुं० [सं०] (१) विसर्ग। (२) स्वाहा।

द्वित–संज्ञा पु० [सं०] (१) एक देवता का नाम। (२) एक ऋषि का नाम जो तीन भाई थे—एकत, द्वित और त्रित।

द्वितय–वि० [सं०] (१) जिसके दो अंश हों। जो दो से मिल कर बना हो। (२) दोहरा।

द्वितीय–वि० [सं०] [स्त्री० द्वितीया] दूसरा।

संज्ञा पुं० पुत्र। (आत्मा ही पुत्र रूप से जन्म ग्रहण करता है इससे यह नाम पड़ा)।

द्वितीयक–वि० [सं०] दूसरा।

द्वितीयत्रिफला–संज्ञा स्त्री० [सं०] गंभारी।

द्वितीया–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) प्रत्येक पक्ष की दूसरी तिथि। दूज। (२) वाम मार्ग के अनुसार मांस।

द्वितीयाकृत– वि० [सं०] खेत जो दो बार जोता गया हो।

द्वितीयाभा–संज्ञा स्त्री० [सं०] दारुहल्दी।

द्वितीयाश्रम–संज्ञा पु० [सं०] गार्हस्थ्य आश्रम।

द्वित्व–संज्ञा पु० [सं०] (१) दो का भाव। (२) दोहरे होने का भाव।

द्विदल–वि० [सं०] (१) जिसमें दो दल या पिंड हों। जो दो ऐसे खंडों से मिलकर बना हो जो खूब जुड़े हों, पर कूटने दबाने आदि से अलग हो सकें। जैसे, अरहर, चना आदि अन्न। (२) जिसमें दो पत्ते हों। (३) जिसमें दो पटल या पखड़ियाँ हों।

संज्ञा पुं० वह अन्न जिसमें दो दल हों। दाल।

द्विदाम्नी–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह गाय जो दो रस्सियों से बँधी हो। नटखट गाय।

द्विदेवता–वि० [सं०] (१) दो देवताओं से संबंध रखनेवाला (चरु आदि)। जो दो देवताओं के लिये हो। (२) जिसके दो देवता हों।

संज्ञा पुं० विशाखा नक्षत्र।

द्विदेह–संज्ञा पुं० [सं०] गणेश (जिनका सिर एक बार कट गया था, फिर हाथी का सिर जोड़ा गया था)।

द्विद्वादश–संज्ञा पु० [सं०] फलित ज्योतिष का एक योग। जब वर के जन्मलग्न से कन्या का जन्मलग्न दूसरे पड़े और कन्या के जन्मलग्न से वर का जन्मलग्न बारहवें पड़े तो उसे 'द्विद्वादश' कहते हैं। यह विवाह की गणना में अतिशय अशुभ माना गया है।

द्विधा–क्रि० वि० [सं०] (१) दो प्रकार से। दो तरह से। (२) दो खंडों में। दो टुकड़ों में।

द्विधातु–वि० [सं०] जो धातुओं के संयोग से बना हो।

संज्ञा पु० (१) दो धातुओं के मेल से बनी हुई मिश्रित धातु। (२) गणेश।

द्विधात्मक–संज्ञा पु० [सं०] जायफल।

द्विधालेख्य–संज्ञा पु० [सं०] हिंताल का पेड़।

द्विनग्नक–संज्ञा पु० [सं०] दुश्चर्म्मा।

द्विनवति–वि० [सं०] बानवे।

द्विपंचाशत्–वि० [सं०] बावन।

द्विपंचाशत्तम–वि० [सं०] बावनवाँ।

द्विप–संज्ञा पु० [सं०] (१) हाथी । (२) नागकेसर ।

द्विपक्ष–वि० [सं०] (१) जिसके दो पर हों । (२) जिसमें दो पक्ष हों ।

संज्ञा पु० (१) पक्षी । चिड़िया । (२) महीना । मास ।

द्विपक्षमूली–संज्ञा स्त्री० [सं०] दशमूल ।

द्विपथ–संज्ञा पु० [सं०] वह स्थान जहां दो पथ आकर मिलते हों । दोराहा ।

द्विपद–वि० [सं०] (१) जिसके दो पैर हों । जैसे, मनुष्य, पक्षी । (२) जिसमें दो पद या शब्द हों ।

संज्ञा पु० (१) वह जंतु जिसके दो पैर हों । (२) मनुष्य । (३) ज्योतिष के अनुसार मिथुन, तुला, कुंभ, कन्या और धनु लग्न का पूर्व भाग । (४) वास्तुमंडल का एक कोठा ।

द्विपदा–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह ऋचा जिसमें केवल दो पाद हों ।

द्विपदिक–संज्ञा पुं० [सं०] शुद्धराग का एक भेद ।

द्विपदी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) वह छंद या वृत्ति जिसमें दो पद हों । (२) दो पदों का गीत । (३) एक प्रकार का चित्र-काव्य जिसमें किसी दोहे आदि को कोष्ठों की तीन पंक्तियों में इस प्रकार लिखते हैं—दोहे के पहले चरण का आदि अक्षर पहले कोठे में, फिर एक एक अक्षर छोड़कर पहली पंक्ति के कोठों में भरते हैं, इसके उपरांत छूटे हुए अक्षरों को दूसरी पंक्ति के कोठों में एक एक करके रख देते हैं । इसी प्रकार तीसरी पंक्ति के कोठों में दोहे के दूसरे चरण के अक्षर एक एक अक्षर छोड़ते हुए रखते हैं । इन्हीं तीन कोष्ठ पंक्तियों से पूरा दोहा पढ़ लिया जाता है । पढ़ने का क्रम यह होना चाहिए कि पहले कोठे के अक्षर को पढ़कर उसके नीचेवाले कोठे के अक्षर को पढ़े, फिर पहली पंक्ति के दूसरे अक्षर को पढ़कर उसके नीचे के (दूसरी पंक्ति के दूसरे) कोठे के अक्षर को पढ़े । तीसरी पंक्ति के कोठों के अक्षरों को नीचे से ऊपर इस क्रम से पढ़े, जैसे,

रा	दे	न	दे	ग	प	शु	र	म	धा
म	व	र	व	ति	र	ध	न	द	रि
वा	दे	गु	दे	ग	प	कु	र	ह	धा

रामदेव नरदेव गति परशु धरन मद धारि ।
वामदेव गुरुदेव गति पर कुधरन हद धारि ॥

द्विपणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार के जंगली बेर का पेड़ । बनकोली ।

द्विपाद–वि० [सं०] (१) जिसे दो पैर हों । दो पैरोंवाला (पशु) । (२) जिसमें दो पद या चरण हों (छंद, आदि) ।

संज्ञा पु० मनुष्य, पक्षी आदि दो पैरवाले जंतु ।

द्विपायी–संज्ञा पु० [सं० द्विपायिन्] [स्त्री० द्विपायिनी] हाथी ।

द्विपास्य–संज्ञा पु० [सं०] गणेश (जिनका मुख हाथी के मुख के समान है) ।

द्विपृष्ठ–संज्ञा पुं० [सं०] जैनों के नव वासुदेवों में से एक ।

द्विबाहु–वि० [सं०] जिसके दो बाहु हों । द्विभुज ।

संज्ञा पुं० मनुष्य आदि दो पैरवाले जीव ।

द्विभाव–संज्ञा पु० [सं०] दो भाव । दुराव ।

वि० जिसमें दो भाव हों । कपटी । बुरे स्वभाव का ।

द्विभाषी–संज्ञा पुं० [सं० द्विभाषिन्] [स्त्री० द्विभाषिणी] वह पुरुष जो दो भाषाएँ जानता हो । दुभाषिया ।

द्विभुज–वि० [सं०] जिसके दो हाथ हों । दो हाथवाला ।

द्विभूम–वि० [सं०] दो तल्ला (घर) ।

द्विमातृ–संज्ञा पु० [सं०] (दो माताओं के गर्भ से उत्पन्न) जरासंध ।

द्विमातृज–संज्ञा पुं० [सं०] (दो माताओं के गर्भ से उत्पन्न) (१) जरासंध । (२) गणेश ।

द्विमात्र–संज्ञा पुं० [सं०] वह वर्ण जो दो मात्राओं का हो । दीर्घ । जैसे, आ, ऊ, की इत्यादि ।

द्विमीढ–संज्ञा पु० [सं०] हरिवंश के अनुसार हस्तिनापुर बसानेवाले महाराज हस्ति का एक पुत्र । यह अजमीढ़ का भाई था ।

द्विमुख–वि० [सं०] [स्त्री० द्विमुखी] जिसके दो मुँह हों ।

संज्ञा पु० एक प्रकार के कृमि जो पेट के मल में उत्पन्न हो जाते हैं । (२) दो मुँहवाला साँप । गूँगी ।

द्विमुखा–संज्ञा स्त्री० [सं०] जोंक ।

द्विमुखी–वि० स्त्री० [सं०] दो मुँहवाली ।

संज्ञा स्त्री० (१) वह गाय जो बच्चा दे रही हो । (बच्चा देते समय गाय के पीछे की ओर बच्चे का मुहँ निकलता है इससे देखने में गाय के दोनों ओर मुहँ दिखाई पड़ता है । ऐसी गाय के दान का बड़ा माहात्म्य समझा जाता है) ।

द्वियजुष–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की ईंट जो यज्ञों में यज्ञकुंड मंडप आदि के बनाने में काम आती थी ।

संज्ञा पु० यजमान ।

द्विरद–संज्ञा पुं० [सं०] (१) हाथी । (२) दुर्योधन का एक भाई । उ०—द्विरदहि बहुरि बोलाइ नरेशा । सौंपि गयंद-यूथ उपदेशा ।—सबल ।

वि० दो दाँतोंवाला ।

द्विरदाशन–संज्ञा पु० [सं०] सिंह ।

द्विरसन–संज्ञा पु० [सं०] साँप ।

द्विरागमन–संज्ञा पु० [सं०] (१) पुनरागमन । फिर दूसरी बार आना । (२) वधू का अपने पति के घर दूसरी बार आना । गौना ।

द्विरात्र–संज्ञा पुं० [सं०] दो रातों में होनेवाला एक यज्ञ ।

द्विराप–संज्ञा पुं० [सं०] हाथी ।

द्विरुक्ति–संज्ञा स्त्री० [सं०] दो बार कथन ।

द्विरूढ़ा–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जिसका एक बार एक पति से और दूसरी बार दूसरे पति से विवाह हुआ हो। पुनर्भू।

द्विरेतस्–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दो भिन्न भिन्न पशुओं से उत्पन्न पशु, जैसे घोड़े और गदहे से उत्पन्न खच्चर। (२) दोगला।

द्विरेफ–संज्ञा पुं० [सं०] (१) भ्रमर। भौंरा। (२) बर्बर।

द्विवज्रक–संज्ञा पुं० [स०] घर जिसमें सोलह कोण हों। सोलहकोना घर।

द्विविंदु–संज्ञा पु० [सं०] विसर्ग।

द्विविद–संज्ञा पुं० [सं०] (१) रामायण के अनुसार एक बंदर जो रामचंद्र की सेना का एक सेनापति था। (२) विष्णु पुराणादि के अनुसार एक बंदर। यह नरकासुर का मित्र था। इसे बलदेवजी ने मारा था।

द्विविध–वि० [स०] दो प्रकार का।
क्रि० वि० दो प्रकार से।

द्विविधा*–संज्ञा पु० [सं० द्विविध] दुबधा।

द्विवेद–वि० [सं०] दो वेद पढ़नेवाला।

द्विवेदी–संज्ञा पु० [सं० द्विवेदिन्] ब्राह्मणों की एक उपजाति। दूबे।

द्विवेशरा–संज्ञा स्त्री० [सं०] दो पहियों की छोटी गाड़ी।

द्विव्रण–संज्ञा पु० [सं०] दो प्रकार के व्रण वा घाव।
विशेष—सुश्रुत ने व्रण दो प्रकार के माने हैं। एक शारीर दूसरा आगंतुक। जो घाव वायु, रक्त, पित्त और कफ से फोड़े आदि के रूप में होता है उसे शारीर व्रण और जो किसी जंतु के काटने, चोट लगने आदि से हो उसे आगंतुक व्रण कहते हैं।

द्विशफ–संज्ञा पु० [स०] वह पशु जिनके खुर फटे हों। दो खुरवाला पशु। जैसे, गाय, भेंड़, हिरन इत्यादि।

द्विशरीर–संज्ञा पु० [स०] ज्योतिष के अनुसार कन्या, मिथुन धनु और मीन राशियाँ जिनका प्रथमार्द्ध स्थिर और द्वितीयार्द्ध चर माना जाता है।

द्विशिर–वि० [हिं० द्वि + शिर] दो सिरवाला। जिसके दो सिर हों।
मुहा०—कौन द्विशिर है ?=किसे फालतू सिर है ? किसे अपने मरने का भय नहीं है ? उ०—तुम्हारे दुःख का कारण न जानने से हमको बड़ा क्लेश होता है। क्या हमसे कोई अपराध हुआ, अथवा और किसी ने द्विशिर होना चाहा है ?—कादंबरी।

द्विशीर्ष–वि० [स०] जिसके दो सिर हों।
संज्ञा पुं० अग्नि।

द्विष्, द्विष, द्विषत्–वि० [सं०] द्वेष रखनेवाला।
संज्ञा पुं० शत्रु। वैरी।

द्विष्ट–वि० [सं०] जिससे द्वेष हो।
संज्ञा पुं० ताम्र। ताँबा।

द्विसप्तति–वि० [सं०] (१) बहत्तर। (२) बहत्तरवाँ।
संज्ञा स्त्री० बहत्तर की संख्या।

द्विस्विन्नान्न–संज्ञा पु० [सं०] उबाले हुए धान का चावल। भुजिया चावल।
विशेष—ब्रह्मवैवर्त्त पुराण में यति, विधवा और ब्रह्मचारी के लिये इसका खाना निषिद्ध कहा गया है। देवपूजन आदि में भी इसका व्यवहार अच्छा नहीं कहा गया है।

द्विहन्–संज्ञा पुं० [स०] हाथी (जो सूँड़ से मारता है)।

द्विहरिद्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] दारुहल्दी।

द्विहृदया–वि० स्त्री० [स०] गर्भिणी। गर्भवती।

द्वींद्रिय–संज्ञा पुं० [सं०] वह जंतु जिसके दोही इंद्रियाँ हों।

द्वीप–संज्ञा पु० [सं०] (१) स्थल का वह भाग जो चारों ओर जल से घिरा हो।
विशेष—बड़े द्वीपों को महाद्वीप कहते हैं। बहुत से छोटे छोटे द्वीपों के समूह को द्वीपपुंज वा द्वीपमाला कहते हैं। द्वीप दो प्रकार के होते हैं—साधारण और प्रवालज। साधारण द्वीप दो प्रकार से बनते हैं— एक तो भूगर्भस्थ अग्नि के प्रकोप से समुद्र के नीचे से उभड़ आते हैं। दूसरे आस पास की भूमि के धँस जाने से और वहाँ पानी आ जाने से बन जाते हैं। प्रवालज द्वीपों की सृष्टि मूँगों से होती है। ये बहुत सूक्ष्म कृमि हैं जो थूहर के पेड़ के आकार के पिंड बनाकर समुद्रतल में जमे रहते हैं। इन्हीं छोटे छोटे कीड़ों के शरीर से सहस्रों वर्ष में इकट्ठा होते होते बड़ा सा पर्वत बन जाता है और समुद्र के ऊपर निकल आता है जिसे प्रवालज द्वीप कहते हैं। इन दोनों के अतिरिक्त एक तीसरे प्रकार का द्वीप भी होता है जिसे सरिद्भव कह सकते हैं। इस प्रकार के द्वीप प्रायः बड़ी बड़ी नदियों के मुहानों पर जहाँ वे समुद्र में गिरती हैं बन जाते हैं। उन द्वीपों में कितने तो इतने छोटे होते हैं कि समुद्र में एक छोटे से टीले से अधिक नहीं दिखाई पड़ते पर बड़े द्वीप भी होते हैं जिनमें पेड़ पौधे होते हैं और पशु-पक्षी मनुष्य आदि रहते हैं।
(२) पुराणानुसार पृथ्वी के सात बड़े विभाग।
विशेष—पुराणों में पृथ्वी सात द्वीपों में विभक्त की गई है। समुद्र और द्वीपों की उत्पत्ति के संबंध में यह कथा है। महाराज प्रियव्रत ने यह सोचा कि एक बार में सूर्य्य पृथिवी के एक ही ओर उजाला करता है जिससे दूसरी ओर अंधकार रहता है। उन्होंने एक पहिये की एक चमचमाती गाड़ी पर सवार होकर सात बार पृथिवी की परिक्रमा की। गाड़ी के पहिये के धँसने से पृथिवी पर सात वर्त्तुलाकार गड्ढे पड़ गए

जो सात समुद्र हुए। इन्हीं सातों समुद्रों से वेष्टित होने से सात द्वीपों की सृष्टि हुई। इनमें सबके बीच में जंबूद्वीप है जो चारों ओर से क्षार समुद्र से वेष्टित है और जिसके बीच में मेरु पर्वत है। क्षार समुद्र के उस पार दूसरा द्वीप प्लक्षद्वीप है जो जंबूद्वीप से दूना बड़ा है। तीसरा द्वीप शाल्मलीद्वीप है। यह प्लक्षद्वीप से भी द्विगुण है। चौथे द्वीप का नाम कुशद्वीप है जो शाल्मली का भी दूना है। पाँचवाँ द्वीप क्रौंचद्वीप है जो कुशद्वीप का दूना है। छठवाँ द्वीप शाकद्वीप क्रौंच से दूना बड़ा है और सातवें द्वीप का नाम पुष्कर द्वीप है। यह क्रौंचद्वीप का दूना है। पर भास्कराचार्य्य जी का मत है कि पृथ्वी के आधे भाग में क्षारसमुद्र से वेष्टित जंबूद्वीप है और आधे में शेष प्लक्ष द्वीपादि छः द्वीप हैं। ये सातों द्वीप यथाक्रम क्षार, लवण, क्षीर, दधि, रस आदि के समुद्रों से आवेष्टित हैं।

(३) अवलंबन का स्थान। आधार। (४) व्याघ्रचर्म।

द्वीपकर्पूर—संज्ञा पु० [सं०] चीनी कपूर।

द्वीपकुमार—संज्ञा पुं० [सं०] जैनमतानुसार एक प्रकार का देवता। यह भुवन-पति नामक देवगण के अंतर्गत है।

द्वीपकूर्जुर—संज्ञा पुं० [सं०] महापारेवत।

द्वीपवत्—संज्ञा पुं० [सं०] (१) समुद्र। (२) मद।

द्वीपवती—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) एक नदी का नाम। (२) भूमि।

द्वीपशत्रु—संज्ञा पु० [सं०] शतावरी। सतावर।

द्वीपिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] शतावरी। सतावर।

द्वीपी—संज्ञा पु० [सं० द्वीपिन्] (१) व्याघ्र। बाघ। (२) चीता। (३) चित्रक वृक्ष। चीता।

द्वीश—वि० [सं०] (१) जो दो का स्वामी हो। (२) जिसके दो स्वामी हों। (३) (चरु आदि) जो दो देवताओं के लिये हो।

संज्ञा पु० विशाखा नक्षत्र।

द्वृच—संज्ञा पु० [सं०] दो ऋचाओं का समूह। वह सूक्त जिसमें दोही ऋचाएँ हों।

द्वेष—संज्ञा पु० [सं०] चित्त को अप्रिय लगने की वृत्ति। चिढ़। शत्रुता। वैर।

विशेष—योगशास्त्र में द्वेष उस भाव को कहा गया है जो दुःख का साक्षात्कार होने पर उससे या उसके कारण से हटने या बचने की प्रेरणा करता है।

द्वेषी—वि० [सं० द्वेषिन्] [स्त्री० द्वेषिणी] विरोधी। वैरी। चिढ़ रखनेवाला।

संज्ञा पु० शत्रु। वैरी।

द्वेष्टा—वि० [सं० द्वेष्टृ] [स्त्री० द्वेष्ट्री] द्वेष करनेवाला। विरोधी। वैरी। शत्रु।

द्वेष्य—वि० [सं०] (१) जिससे द्वेष किया जाय।

संज्ञा पु० शत्रु। वैरी।

द्वै*†—वि० [सं० द्वय] दो। दोनों। उ०—(क) पुर ते निकसी रघुवीर बधू धरि धीर दिये मग ज्यों डग द्वै।—तुलसी। (ख) गुन गेह सनेह को भाजन सो सबही सों उठाइ कहों भुज द्वै।—तुलसी।

द्वैगुणिक—वि० [सं०] द्विगुणग्राही। दूना ब्याज लेनेवाला। दूना सूद खानेवाला।

द्वैज*—संज्ञा स्त्री० [सं० द्वितीय, प्रा० दुइय] द्वितीया। दूज। उ०—द्वैज सुधा दीधित कला, यह लखि दीठ लगाय। मनौ अकास अगस्तिया, एकै कली लखाय।—बिहारी।

द्वैत—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दो का भाव। युग्म। युगल। (२) अपने और पराये का भाव। भेद। अंतर। भेद-भाव। उ०—सेवत साधु द्वैत भय भागै। श्रीरघुबीर चरन चित लागै।—तुलसी। (३) दुबधा। भ्रम। उ०—सुख संगति सुख द्वैत सों समुझै नाहि गवाँर। बात करै अद्वैत की पढ़ि गुनि भया लबार।—कबीर। (४) अज्ञान। उ०—माधव अब न द्रवहु केहि लेखे। प्रणतपाल प्रण तोर, मोर प्रण जियों कमलपद देखे।.....जनक जननि गुरु बंधु सुहृद पति सब प्रकार हितकारी। द्वैत रूप तम कूप परों नहिं सो कछु जतन बिचारी।—तुलसी। (५) द्वैतवाद।

द्वैतवन—संज्ञा पुं० [सं०] एक तपोवन जिसमें युधिष्ठिर ने वनवास के समय कुछ काल तक निवास किया था।

द्वैतवाद—संज्ञा पु० [सं०] (१) वह दार्शनिक सिद्धांत जिसमें आत्मा और परमात्मा अर्थात् जीव और ईश्वर दो भिन्न पदार्थ मान कर विचार किया जाता है।

विशेष—उत्तर मीमांसा या वेदांत को छोड़ शेष पाँचों दर्शन द्वैतवादी माने जाते हैं। द्वैतवादियों का कथन है कि ब्रह्म और जीव का भेद नित्य है पर अद्वैतवादी कहते हैं कि यह भेदज्ञान भ्रम है। जिस समय जीव अपने को ब्रह्मस्वरूप समझ लेता है उस समय वह मुक्त हो जाता है। केवल उपाधि के कारण जीव अपने को ब्रह्म से भिन्न समझता है, उपाधि हट जाने पर वह ब्रह्म में मिल जाता है। द्वैतवादी जीव की उपाधि को नित्य मानते हैं, पर अद्वैतवादी उसे हटाने की चेष्टा करने का उपदेश देते हैं। जिस प्रकार अद्वैतवादी 'तत्त्वमसि' उपनिषद के इस महावाक्य को मूल मान कर चलते हैं उसी प्रकार द्वैतवादी भी। पर दोनों उससे भिन्न भिन्न अर्थ लेते हैं। अद्वैतवादी "तत्त्वमसि" का सीधा अर्थ लेते हैं कि "तुम वही (ब्रह्म) हो" पर द्वैतवादी मध्वाचार्य्य ने खींच तान कर उसका अर्थ लगाया है "तस्य त्वं असि" अर्थात् 'तुम उसके हो'। न्याय और वैशेषिक में तीन नित्य पदार्थ माने गए हैं, जीवात्मा, परमेश्वर और

परमाणु। इस प्रकार के द्वैतवाद का खंडन ही शंकर ने अपने अद्वैतवाद द्वारा किया है। जिस प्रकार शंकराचार्य्य ने वेदांतसूत्र का भाष्य करके अपना अद्वैतवाद स्थापित किया है उसी प्रकार मध्वाचार्य्य ने उक्त सूत्र का एक भाष्य रच कर द्वैतवाद का मंडन किया है। उनके मत से परमेश्वर स्वतंत्र है और जीव परमेश्वर के अधीन है। वेदांती लोग जो जगत को ईश्वर से अभिन्न अथवा रज्जु-सर्पवत् भ्रम मानते हैं और जीव में ईश्वर का आरोप करते हैं वह ठीक नहीं। जगत् और जीव सत्य हैं और ईश्वर से भिन्न हैं। 'एकमेवा द्वितीयं' वाक्य का अर्थ यह नहीं है कि ईश्वर के अतिरिक्त और कुछ है ही नहीं, जैसा कि अद्वैतवादी करते हैं। उसका अर्थ है कि ईश्वर बहुत नहीं एक ही है। 'एव' शब्द से मध्वाचार्य्य यह ध्वनि निकालते हैं कि ईश्वर सदा एक ही रहता है, एकत्व उसका स्वभाव है वह अनेक हो नहीं सकता। अद्वितीय का अर्थ है कि द्वितीय जो जीव और जगत् है सो वह नहीं है। जीव और जगत् उसकी सृष्टि है। इस प्रकार मध्वाचार्य्य ने द्वैतभाव का मंडन किया है। रामानुज का विशिष्टाद्वैतवाद द्वैत और अद्वैत के बीच का मार्ग है, द्वैतवाद से उसमें बहुत अधिक भेद नहीं है। दे० "वेदांत"।

(२) वह दार्शनिक सिद्धांत जिसमें भूत और चित् शक्ति अथवा शरीर और आत्मा दो भिन्न पदार्थ माने जाते हैं।

द्वैतवादी–वि० [सं० द्वैतवादिन्] [स्त्री० द्वैतवादिनी] द्वैतवाद को माननेवाला। ईश्वर और जीव में भेद माननेवाला।

द्वैती–वि० [स० द्वैतिन्] द्वैतवादी।

द्वैध–संज्ञा पु० [सं०] (१) विरोध। परस्पर विरोध। (२) राजनीति के षड्गुणों में से एक जिसमें परस्पर के व्यवहार में गुप्त और प्रकट स्वभाव रखना पड़ता है अर्थात् मुख्य उद्देश्य गुप्त रख कर दूसरा उद्देश्य प्रकट किया जाता है।

द्वैधीकरण–संज्ञा पु० [स०] किसी चीज के दो टुकड़े करना।

द्वैधीभाव–संज्ञा पु० [सं०] (१) द्विधा भाव। अनिश्चय। (२) भीतर कुछ और भाव, बाहर कुछ और भाव।

द्वैप–संज्ञा पु० [सं०] (१) बाघ से संबंध रखनेवाली या बाघ से निकली या बनी हुई वस्तु। (२) व्याघ्रचर्म। बाघ का चमड़ा।

द्वैपायन–संज्ञा पु० [सं०] (१) व्यास जी का एक नाम।

विशेष—वेदव्यास का जन्म जमुना नदी के एक द्वीप में हुआ था इसीसे यह नाम पड़ा।

(२) एक ह्रद या ताल जिसमें कुरुक्षेत्र के युद्ध में दुर्योधन भाग कर छिपा था।

द्वैमातुर–वि० [स०] जिसकी दो माताएँ हों।

संज्ञा पु० (१) गणेश।

विशेष—स्कंदपुराण के गणेशखंड में लिखा है कि गणेश वरेण्य नामक राजा के घर उनकी रानी पुष्पका देवी के गर्भ से ब्रह्मोक्त्य की विघ्नशांति के लिये उत्पन्न हुए। पर उनकी आकृति और तेज आदि को देख कर राजा डर गए और उन्होंने उन्हें पार्श्व मुनि के आश्रम के पास एक जलाशय में फेंकवा दिया। वहाँ मुनि की पत्नी दीपवत्सला ने उन्हें पाला। इस प्रकार दो माताओं के द्वारा पलने के कारण गणेश का द्वैमातुर नाम पड़ा।

(२) जरासंध।

द्वैमातृक–संज्ञा पु० [स०] वह भूमि या देश जहां खेती नदी के जल (सिंचाई) द्वारा भी की जाती है और वर्षा से भी होती है।

द्वैयह्निक–वि० [स०] जो दो दिन में किया जाय वा दो दिन का हो।

द्वैविध्य–संज्ञा पु० [स०] (१) दो प्रकार होने का भाव। (२) दुबधा।

द्वैषणीया–संज्ञा स्त्री० [स०] नागबला का एक भेद।

दो* वि० [हिं० दो + ऊ, दोउ] दोनों।

वि० दे० "दव"।

द्व्यणुक–संज्ञा पु० [सं०] वह द्रव्य जो दो अणुओं के संयोग से उत्पन्न हो। दो अणुओं का एक संघात। वह मात्रा जो दो अणुओं की हो।

द्व्यशीति–वि० [सं०] जो गिनती में अस्सी से दो अधिक हो। बयासी।

द्व्यष्ट–संज्ञा पुं० [स०] ताम्र। तांबा।

द्व्यक्षायण–संज्ञा पु० [सं०] एक ऋषि का नाम।

द्व्यात्मक–संज्ञा पु० [स०] दो स्वभाव की राशियां जो ये हैं—मिथुन, कन्या, धनु और मीन।

द्व्यामुष्यायण–संज्ञा पुं० [सं०] वह पुत्र जो एक से तो उत्पन्न हुआ हो और दूसरे के द्वारा दत्तक के रूप में ग्रहण किया गया हो और दोनों पिता उसको अपना अपना पुत्र मानते हों। ऐसा पुत्र दोनों को पिंड दान देता है और दोनों की संपत्ति का अधिकारी होता है। दे० "दत्तक"।

ध

ध–हिंदी या संस्कृत वर्णमाला का उन्नीसवाँ व्यंजन और तवर्ग का चौथा वर्ण जिसका उच्चारण स्थान दंतमूल है। इसके उच्चारण में आभ्यंतर प्रयत्न आवश्यक होता है और जीभ की नोक ऊपरी दांतों की जड़ में लगानी पड़ती है। बाह्य प्रयत्न संवार, नाद, घोष, महाप्राण हैं।

धंगर–संज्ञा पुं० [देश०] चरवाहा। ग्वाल। अहीर।

धंगा†—संज्ञा पुं० [देश०] खाँसी । ढाँसी ।

धंदर—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का धारीदार कपड़ा ।

धंधक—संज्ञा पु० [हिं० धंधा] काम धंधे का आडंबर । जंजाल । बखेड़ा । उ०—तिन महँ प्रथम रेख जग मोरी । धिक धरम ध्वज धंधकधोरी ।—तुलसी ।

संज्ञा पुं० [अनु०] एक प्रकार का ढोल ।

धंधकधोरी—संज्ञा पुं० [हिं० धंधक + धोरी] काम धंधे का बोझ लादे रहनेवाला । हर घड़ी काम में जुता रहनेवाला । उ०—तिन महँ प्रथम रेख जग मोरी । धिक धरमध्वज धंधकधोरी ।—तुलसी ।

धंधका†—संज्ञा पु० [देश०] [स्त्री० अल्प० धंधकी] एक प्रकार का ढोल ।

धंधरक—संज्ञा पु० [हिं० धंधा] काम धंधे का आडंबर । जंजाल । बखेड़ा । उ०—तिन महँ प्रथम रेख जग मोरी । धिग धरम ध्वज धँधरकधोरी ।—तुलसी ।

धंधरकधोरी—संज्ञा पु० [हिं० धंधरक + धोरी] काम धंधे का बोझ लादे रहनेवाला । हर घड़ी काम में जुता रहनेवाला । उ०—तिन महँ प्रथम रेख जग मोरी । धिग धरमध्वज धंधरकधोरी ।—तुलसी ।

धँधला—संज्ञा पु० [हिं० धंधा] (१) छल छंद । कपट का आडंबर । झूठा ढोंग । ढंग । (२) हीला । बहाना । (स्त्रि०)

क्रि० प्र०—करना ।

मुहा०—(किसी को) धंधले आते हैं = छल छंद का अभ्यास है ।

धँधलाना—क्रि० अ० [हिं० धंधला] छल छंद करना । ढंग रचना ।

धंधा—संज्ञा पुं० [सं० धनधान्य] (१) धन या जीविका के लिये उद्योग । काम काज । जैसे, वह घर का कुछ काम धंधा नहीं करती ।

यो०—काम धंधा । गोरखधंधा ।

(२) उद्यम । व्यावसाय । कारबार । पेशा । रोज़गार । जैसे, (क) उसे किसी काम धंधे में लगा दो । (ख) आज कल कोई काम धंधा नहीं है खाली बैठे हैं ।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग लिखने पढ़ने की भाषा में "काम" शब्द के साथ अधिक होता है ।

धंधार—संज्ञा पु० [देश०] लकड़ी का लंबा औज़ार जो भारी पत्थरों वा लकड़ियों के उठाने के काम में आता है ।

†वि० [देश०] एकाकी । अकेला ।

धंधारी—संज्ञा स्त्री० [हिं० धंधा] गोरखधंधा जिसे गोरखपंथी साधु लिये रहते हैं । उ०—मेखल, सिंधी, चक्र, धँधारी । तीन हाथ तिरसूल सँभारी ।—जायसी ।

†संज्ञा स्त्री० (१) एकांत । निर्जनता । अकेलापन । (२) सुनसान । सन्नाटा ।

धंधाला—संज्ञा स्त्री० [हिं० धंधा] कुटनी । दूती । दल्लाल ।

धंधेरा—संज्ञा पुं० [देश] राजपूतों की एक जाति ।

धँधोर—संज्ञा पुं० [अनु० धायँ धायँ = आग दहकने की ध्वनि] (१) होलिका । होली । (२) आग की लपट । उजाला । उ०—(क) रहैं प्रेम मन डरझा लटा । बिरह धँधोर परहिं सिर जटा ।—जायसी । (ख) कंथा जरै अगिनि जनु लाए । बिरह धँधोर जरत न जराए ।—जायसी ।

धँस—संज्ञा पु० [हिं० धँसना] जल आदि में प्रवेश । डुबकी । गोता । उ०—दे० "धस" ।

क्रि० प्र०—लेना ।

धँसन—संज्ञा स्त्री० [हिं० धसना] (१) धँसने की क्रिया या ढंग । (२) घुसने या पैठने का ढंग । गति । चाल । उ०—तुलसी भेडी की धँसनि जड़ जनता सनमान ।—तुलसी ।

धँसना—क्रि० अ० [सं० दंशन = दाँत चुभना] (१) किसी कड़ी वस्तु का किसी नरम वस्तु के भीतर दाब पाकर घुसना । गड़ना । जैसे, पैर में काँटा धँसना, दीवार में कील धँसना, कीचड़ या दलदल में पैर धँसना ।

संयो० क्रि०—जाना ।

विशेष—"चुभना" और "धँसना" में अंतर यह है कि 'चुभना' का प्रयोग विशेषतः जीवधारियों के शरीर में घुसने के अर्थ में होता है । जैसे, पैर में काँटा चुभना । दूसरी बात यह है कि "चुभना" नुकीली वस्तुओं के लिये आता है, जैसे, काँटा, सूई आदि ।

मुहा०—जी या मन में धँसना = (१) चित्त में प्रभाव उत्पन्न करना । मन में निश्चय या विश्वास उत्पन्न करना । दिल में असर करना । जैसे, उसे लाख समझाओ, उसके मन में कोई बात धँसती ही नहीं । (२) हृदय में अंकित होना । अच्छा लगने के कारण ध्यान में बराबर रहना । चित्त से न हटना । ध्यान पर बराबर चढ़ा रहना । उ०—मन महँ धँसी मनोहर मूरति टरति नहीं वह टारे ।—सूर ।

(२) किसी ऐसी वस्तु के भीतर जाना जिसमें पहले से अवकाश न रहा हो । अपने लिये जगह करते हुए घुसना । इधर उधर दबा कर जगह खाली करते हुए बढ़ना या पैठना । जैसे, पानी में धँसना, भीड़ में धँसना, दलदल में धँसना । उ०—(क) जोर जगी जमुना जल धार में धाय धँसी जलकेलि की माती । (ख) आयो जौन तेरी धौरी धारा में धँसत जात तिनको न होत सुरपुर तें निपात है । —पद्माकर ।

संयो० क्रि०—जाना ।—पड़ना ।

*†(३) नीचे की ओर धीरे धीरे जाना । नीचे खसकना । उतरना । उ०—(क) खरी खसति गोरे गरे धँसति पान की पीक ।—बिहारी । (ख) जनु कलिंदनंदिनि मनि इंदनील सिखर परसि धँसति लसति हंस श्रेणि संकुल अधिकी हैं ।

—तुलसी। (ग) पति पहिचानि धँसी मंदिर तें, सूर, तिया अभिराम। आवहु कंत लखहु हरि को हित पाँव धारिए धाम। —सूर। (४) तल के किसी अंश का दबाव आदि पाकर नीचे होजाना जिससे गड्ढा सा पड़ जाय। नीचे की ओर बैठ जाना। जैसे, (क) जहाँ गोला गिरा वहाँ ज़मीन नीचे धँस गई। (ख) बीमारी से इसकी आँखें धँस गई हैं।

विशेष—पोली वस्तु के लिये इस अर्थ में 'पचकना' का प्रयोग होता है।

(५) किसी गड़ी या नीवँ पर खड़ी वस्तु का ज़मीन में और नीचे तक चला जाना जिससे वह ठीक खड़ी न रह सके। बैठ जाना। जैसे, इस मकान की नीवँ कमजोर है, बरसात में यह धँस जायगा।

*क्रि० अ० [सं० ध्वंसन] ध्वस्त होना। नष्ट होना। मिटना। उ०—निज आतम अज्ञान ते है प्रतीति जग खेद। धँसै सु ताके बोध ते यह भाखत मुनि वेद।—विचार-सागर।

धँसनि—संज्ञा स्त्री० दे० "धँसन"।

धँसान—संज्ञा स्त्री० [हिं० धसना] (१) धँसने की क्रिया या ढंग। (२) ऐसी ज़मीन जिसपर कीचड़ के कारण पैर धँसता हो। दलदल। (३) ऐसी ज़मीन जिसपर नीचे की ओर पैर फिसले। ढाल। उतार।

धँसाना—क्रि० स० [हिं० धँसना] (१) गड़ाना। चुभाना। नरम चीज़ में घुसाना। (२) पैठाना। प्रवेश कराना। जैसे, जल में धँसाना। (३) तल या सतह को दबाकर नीचे की ओर करना। नीचे की ओर बैठाना।

धँसाव—संज्ञा पु० [हिं० धँसना] (१) धँसने की क्रिया। (२) ऐसी ज़मीन जिसपर पैर धँसे। दलदल।

धई—संज्ञा स्त्री० [देश०] एक पौधा जिसकी जड़ या कंद को छोटा नागपुर की पहाड़ी जातियों के लोग खाते हैं।

धउरहर‡—संज्ञा पु० दे० "धौरहर"।

धक—संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) दिल के धड़कने का शब्द या भाव। हृत्कंप का शब्द या भाव। हृदय के जल्दी जल्दी कूदने का भाव या शब्द। (भय या उद्वेग होने अर्थात् किसी बात से चौंक पड़ने पर जी में धड़कन होती है)। उ०—गुंधर हौं निरखीं अब लौं मुख पीरी परी छतियाँ धक छाई। —गुंधर।

मुहा०—जी धक धक करना = भय या उद्वेग से जी धड़कना। जी धक हो जाना = (१) भय या उद्वेग से जी धड़क उठना। डर से जी दहल जाना। (२) चौंक उठना। जी धक होना, या धक से होना = (१) उद्वेग या घबराहट होना। (२) आशंका होना। भय होना। जी दहलना।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग खट, पट आदि और अनु० शब्दों के समान प्रायः 'से' विभक्ति सहित क्रि० वि० वत् ही होता है।

(२) उमंग। उद्वेग। चोप। उ०—रहत अछक पै मिटै न धक जोवन की निपट जो नाँगी डर काहू के डरै नहीं।—भूषण।

क्रि० वि० अचानक। एकबारगी। उ०—आनन सीकर सी कहिए धक सोवत तें अकुलाय उठी क्यों ?।—केशव।

संज्ञा स्त्री० [देश०] छोटी जूँ। लीख से बड़ी जूँ।

धकधकाना—क्रि० अ० [अनु० धक] (१) (हृदय का) धड़कना। भय, उद्वेग, आदि के कारण हृदय का जोर जोर से जल्दी जल्दी कूदना। उ०—धकधकात जिय बहुत सँभारै। क्यों मारौं सो बुद्धि विचारै।—सूर। † (२) (आग का) दहकना। भभकना। लपट के साथ जलना।

धकधकाहट—संज्ञा स्त्री० [अनु० धक] (१) जी धक धक करने की क्रिया या भाव। धड़कन। (२) खटका। आशंका। (३) आगा पीछा।

धकधकी—संज्ञा स्त्री० [अनु० धक] (१) जी धकधक करने की क्रिया या भाव। जी की धड़कन। उ०—(क) आवत देखेो विप्र जोरि कर रुक्मिनि धाई। कहा कहैगो आनि हिये धक-धकी लगाई।—सूर। (ख) दसकंधर उर धकधकी अब जनि धावै धनुधारि।—तुलसी। (२) गले और छाती के बीच का गड्ढा जिसमें स्पंदन मालूम होता है। धुकधुकी। दुगदुगी।

मुहा०—धुकीधुकी धरकना = छाती धड़कना। जी धकधक करना। अकस्मात आशंका या खटका होना। उ०—मिलनि विलोकि भरत रघुबर की। सुरगन सभय धकधकी धरकी। —तुलसी।

धकपक—संज्ञा स्त्री० [अनु०] जी की धड़कन। धकधकी। उ०—(क) जूझत हकीमखाँ अमीरनु कै धक सी औ बकसी के जिय में परी है धकपक सी।—सूदन। (ख) इंद्रजू को अक-बक, धाताजू की धकपक, संभूजी की सकपक केसोदास को कहैं ?।—केशव।

क्रि० वि० धड़कते हुए जी के साथ। दहलते हुए। डरते हुए। उ०—अक सक, धक पक थरथरात अदित जात। —सूदन।

धकपकाना—क्रि० अ० [अनु० धक] जी में दहलना। दहशत खाना। डरना। उ०—भूषन भनत दिल्लीपति सों धकपकात धाक सुनि राज छत्रसाल मरदाने की।—भूषन।

धकपेल—संज्ञा स्त्री० [अनु० धक + पेलना] धक्कमधक्का। रेलापेल। उ०—कमकंत सांग करें धकपेल।—सूदन।

धका†*—संज्ञा पुं० दे० "धक्का"।

धकाधकी†–संज्ञा स्त्री० [हिं० धक्का] धक्कमधक्का ।

धकाना†–क्रि० स० [हिं० दहकाना] दहकाना । सुलगाना । जलाना । उ०—धूनी ध्यान धकाओ रैन दिन फिकिर फाहुरी खोई ।—कबीर ।

धकार–संज्ञा पु० "ध" अक्षर ।

धकारा†–संज्ञा पु० [अनु० धक] धकधकी । आशंका । खटका । उ०—तुम तो लीला करत सुरन मन परो धकारो ।—सूर ।

क्रि० प्र०—पड़ना । होना ।

धकियाना†–क्रि० स० [हिं० धक्का] धक्का देना । ढकेलना ।

धकेलना–क्रि० स० [हिं० धक्का] ढकेलना । ठेलना । धक्का देना ।

संयो० क्रि०—देना ।

विशेष—दे० 'ढकेलना' ।

धकेलू–संज्ञा पु० [हिं० धकेलना] ढकेलनेवाला । धक्का देनेवाला ।

धकैत–वि० [हिं० धक्का + ऐत (प्रत्य०)] धक्का देनेवाला । धक्कम धक्का करनेवाला । उ०—द्रुत धीर धकैत गयो धँसि कै ।—गोपाल ।

धकोना–क्रि० स० दे० "धकियाना" ।

धक्क ‡–संज्ञा स्त्री० दे० "धक" ।

धक्कपक्क–संज्ञा स्त्री० क्रि० वि०, दे० "धकपक" ।

धक्कमधक्का–संज्ञा पु० [हिं० धक्का] (१) बार बार, बहुत अधिक या बहुत से आदमियों का परस्पर धक्का देने का काम । धकापेल । (२) ऐसी भीड़ जिसमें लोगों के शरीर एक दूसरे से रगड़ खाते हों । रेलापेल । जैसे, मंदिर के भीतर बहुत धक्कमधक्का है ।

धक्का–संज्ञा पु० [सं० धम, हिं० धमक, धौंक वा सं० धक्क = नष्ट करना] (१) एक वस्तु का दूसरी वस्तु के साथ ऐसा वेगयुक्त स्पर्श जिससे एक या दोनों पर एकबारगी भारी दबाव पड़ जाय अथवा गति के वेग का वह गहरा दबाव जो एक वस्तु के साथ दूसरी वस्तु के एकबारगी जा लगने से एक या दोनों पर पड़ता है । आघात या प्रतिघात । टक्कर । रेला । झोंका । जैसे, (क) सिर में दीवार का धक्का लगना । (ख) चलती गाड़ी के धक्के से गिर पड़ना ।

क्रि० प्र०—देना ।—पहुँचना ।—पहुँचाना ।—मारना ।—लगना ।—लगाना ।—सहना ।

यौ०—धक्कापेल । धक्कमधक्का ।

विशेष—केवल गुरुत्व के कारण जो दबाव पड़ता है उसे "धक्का" नहीं कह सकते, गति के वेग के अवरोध से जो दबाव एकबारगी पड़ जाता है उसी को "धक्का" कहते हैं । (२) किसी व्यक्ति वा वस्तु को उसकी जगह से हटाने, खिसकाने, गिराने आदि के लिये वेग से पहुँचाया हुआ दबाव अथवा इस प्रकार का दबाव पहुँचाने का काम । ढकेलने की क्रिया । झोंका । चपेट । जैसे, इसे धक्का देकर निकाल दो ।

क्रि० प्र०—करना ।—देना ।—मारना ।—लगाना ।—सहना ।—होना ।

मुहा०—धक्का खाना = धक्का सहना । धक्के देकर निकालना = तिरस्कार और अपमान के साथ सामने से हटाना ।

(३) ऐसी भारी भीड़ जिसमें लोगों के शरीर एक दूसरे से रगड़ खाते हों । कसामस । जैसे, मंदिर के भीतर बड़ा धक्का है, मत जाओ । (४) शोक या दुःख का आघात । दुःख की चोट । संताप । जैसे, भाई के मरजाने से उसे बड़ा धक्का पहुँचा ।

क्रि० प्र०—पहुंचना ।—पहुँचाना ।

(५) आपदा । विपत्ति । आफ़त । दुर्घटना । (६) हानि । टोटा । घाटा । नुकसान । जैसे, इस व्यापार में उसे लाखों का धक्का बैठा ।

क्रि० प्र०—खाना ।—बैठना ।

(७) कुश्ती का एक पेंच जिसमें बायाँ पैर आगे रखकर विपक्षी की छाती पर दोनों हाथों से गहरा धक्का या चपेट देकर उसे गिराते हैं । छाप । ठोंक ।

धक्कामुक्की–संज्ञा स्त्री० [हिं० धक्का + मुक्का] ऐसी लड़ाई जिसमें एक दूसरे को ढकेले और घूसों से मारे । मुठभेड़ । मारपीट ।

धगड़–संज्ञा० पु० [सं० धव = पति ?] जार । उपपति ।

धगड़बाज–वि० स्त्री० [हिं० धगड + फा० बाज] जार के पास आने जानेवाली व्यभिचारिणी । कुलटा ।

धगड़ा–संज्ञा पु० [सं० धव = पति ?] किसी स्त्री का जार । उपपति ।

धगड़ी–संज्ञा स्त्री० [हिं० धगड़ा] व्यभिचारिणी स्त्री । कुलटा स्त्री ।

धगधागना*†–क्रि० अ० [हिं०] धकधकाना । धकधक करना । धड़कना (छाती या जी का) । उ०—जब राजा तेहि मारन लाग्यो । देवी काली मन धगधाग्यो ।—सूर ।

धगरा–संज्ञा पु० दे० "धगड़ा" ।

धगरिन–संज्ञा स्त्री० [हिं० धांगर] धांगर जाति की स्त्री जो जन्मे हुए बच्चों का नाल काटती है ।

धगवरी–वि० [हिं० धगड़ा = पति या यार] (१) पति की दुलारी । खसम की मुँहलगी । (२) कुलटा । छिनाल । व्यभिचारिणी । उ०—जननी के खीझत हरि रोये झूठहिं मोहिं लगावति धगरी ।—सूर ।

धगा*†–संज्ञा पु० दे० "धागा", "तागा" । उ०—सूरज दास कांच अरु कंचन एकहि धगा पिरोयो ।—सूर ।

धगुला†–संज्ञा पु० [देश०] हाथ में पहनने का कड़ा ।

धगड़–संज्ञा पुं० दे० "धगड़" ।

धचकचाना†–क्रि० स० [देश०] डराना । दहलाना ।

धचकना†–क्रि० अ० [देश०] दलदल में धँसना ।

धचका–संज्ञा पुं० [देश०] धक्का । झटका । झोंका । आघात ।

मुहा०—धचका उठाना=नुकसान उठाना। घाटा सहना।

धज–संज्ञा स्त्री० [सं० ध्वज=चिह्न पताका] **(१) सजावट। बनाव। सुंदर रचना।**

यौ०—सजधज=तैयारी। साज सामान। **जैसे, बरात बड़ी सज-धज से निकली।**

(२) सुंदर ढंग। मोहित करनेवाली चाल। तरह। (३) बैठने उठने का ढब। ठवन। (४) ठसक। नखरा। (५) रूप रंग। शोभा। आकृति या डील डौल।

धजबड़–संज्ञा स्त्री० [?] तलवार। (डिं०)

धजा–संज्ञा स्त्री० [सं० ध्वज] **(१) ध्वजा। पताका। (२) कपड़े की धज्जी। कतरन। चीर। (३) धज। रूपरंग। डील डौल।**

धजीला–वि० [हिं० धज+ईला (प्रत्य०)] [स्त्री० धजीली] **सजीला। तरहदार। सुंदर ढंग का।**

धज्जी–संज्ञा स्त्री० [स० धर्टा] **(१) कपड़े, कागज, चमड़े इत्यादि (चद्दर के रूप की वस्तुओं) की कटी हुई लंबी पतली पट्टी। कटा हुआ लंबा पतला टुकड़ा। (२) लोहे की चद्दर या लकड़ी के पतले तख़्ते की अलग की हुई लंबी पट्टी।**

मुहा०—धज्जियाँ उड़ना=(१) फट या कट कर टुकड़े टुकड़े हो जाना। पुरजे पुरजे होना। विदीर्ण होना। (२) (किसी की) खूब दुर्गति होना। निंदा वा तिरस्कार होना। दोषों का खूब उधेड़ा जाना। **धज्जियां उड़ाना**=(१) टुकड़े टुकड़े करना। विदीर्ण करना। खंड खंड करना। (२) (किसी के दोषों को खूब उधेड़ना। दुर्गति करना। निंदा या उपहास करना। (३) मारकर टुकड़े टुकड़े करना। बोटी बोटी काट डालना। **धज्जियाँ लगना**=गरीबी से कपड़े फटे रहना। चीथड़े पहनने की नौबत आना। बहुत ग़रीबी आना। **धज्जियाँ लेना**=निंदा वा उपहास करना। दोषों को उधेड़ना। बखान। दुर्गति करना। **धज्जी हो जाना**=सूख कर ठठरी हो जाना। बहुत दुबला पतला हो जाना। अत्यंत दुर्बल और अशक्त हो जाना (रोग आदि के कारण)।

धट–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तुला। तराज़ू। (२) तुला राशि। (३) तुलापरीक्षा। (४) धर्म्म।

धटक–संज्ञा पु० [सं०] एक प्राचीन तोल जो ४२ रत्तियों की होती थी।

धटिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) पांच सेर की एक तोल। पंसेरी। (२) चीर। वस्त्र। (३) कौपीन। लिँगोटी।

धटी–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) चीर। कपड़े की धज्जी। (२) कौपीन। लिँगोटी। (३) वह वस्त्र जो स्त्रियों को गर्भाधान के पीछे पहनने को दिया जाता था।

विशेष—फलित ज्योतिष के अनुसार गर्भाधान के पीछे मूल, श्रवण, हस्त, पुष्य, उत्तराषाढ़, उत्तराभाद्र या मृगशिरा नक्षत्रों में स्त्री को अच्छे दिन धटी वस्त्र पहनाना चाहिए।

वि० [सं० धटिन्] [स्त्री धटिनी] **तुलाधारक। डाँडी पकड़नेवाला।**

संज्ञा पु० (१) तुला राशि। (२) शिव।

धड़ंग–वि० [हिं० धड़+अंग] **नंगा।**

यौ०—नंग धड़ंग।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग प्रायः अकेले नहीं होता 'नंग' शब्द के साथ समस्त रूप में होता है।

धड़–संज्ञा पु० [स० धर=धारण करनेवाला] **(१) शरीर का स्थूल मध्य-भाग जिसके अंतर्गत छाती, पीठ और पेट होते हैं। सिर और हाथ पैर (तथा पशु पक्षियों में पूंछ और पंख) को छोड़ शरीर का बाकी भाग। सिर और हाथों को छोड़ कटि के ऊपर का भाग।**

यौ०—धड़धूटा।

मुहा०—धड़ में डालना या उतारना=पेट में डालना। खा जाना। **(किसी का) धड़ रह जाना**=शरीर स्तब्ध हो जाना। देह सुन हो जाना। लकवा मार जाना। **धड़ से सिर अलग करना**=सिर काट लेना। मार डालना।

(२) पेड़ का वह सब से मोटा कड़ा भाग जो जड़ से कुछ दूर ऊपर तक रहता है और जिससे निकल कर डालियाँ इधर उधर फैली रहती हैं। पेड़ी। तना।

संज्ञा स्त्री० [अनु०] **वह शब्द जो किसी वस्तु के एकबारगी गिरने, वेग से गमन करने आदि से होता है। जैसे, (क) वह धड़ से नीचे गिरा। (ख) गाड़ी धड़ से निकल गई।**

यौ०—धड़ धड़।

विशेष—'खट' 'पट' आदि अनु० शब्दों के समान प्रायः इस शब्द का प्रयोग भी 'से' विभक्ति के साथ क्रि० वि० वत् ही होता है।

धड़क–संज्ञा स्त्री० [अनु० धड़] **(१) हृदय का स्पंदन। हृदय के आकुंचन प्रसारण की क्रिया जो हाथ रखने से मालूम होती है। दिल के कूदने या उछलने की क्रिया। (२) हृदय के स्पंदन का शब्द। दिल के कूदने की आवाज़। तड़प। तपाक। (३) भय, आशंका आदि के कारण हृदय का अधिक स्पंदन। अंदेशे या दहशत से दिल का जल्दी जल्दी और ज़ोर ज़ोर से कूदना। जी धक धक करने की क्रिया। (४) आशंका। खटका। अंदेशा। भय।**

यौ०—बे-धड़क=बिना किसी खटके के। बिना किसी असमंजस या आगा पीछा के। निर्द्वंद्व। बिना किसी रुकावट या संकोच के। **जैसे, तुम बे-धड़क भीतर चले आओ।**

धड़कन–संज्ञा स्त्री० [हिं० धड़क] **हृदय का स्पंदन। दिल का कूदना।**

धड़कना–क्रि०अ० [हिं० धड़क] **(१) हृदय का स्पंदन करना। दिल का उछलना या कूदना। छाती का धक धक करना।**

संयो० क्रिया—उठना।

मुहा०—छाती, जी या दिल धड़कना = भय या आशंका से हृदय का जोर जोर से और जल्दी जल्दी उछलना। जी दहलना। हृदय काँपना।

(२) धड़ धड़ शब्द करना। किसी भारी वस्तु के गिरने का सा शब्द करना। जैसे, गोला धड़कना।

धड़का—संज्ञा पु० [अनु० धड़] (१) दिल की धड़कन। (२) दिल धड़कने का शब्द। (३) खटका। अंदेशा। भय। (४) गिरने पड़ने का शब्द। (५) पयाल का पुतला या डंडे पर रखी हुई काली हाँड़ी आदि जिसे चिड़ियों को डराकर भगाने के लिये खेतों में रखते हैं। धोखा।

धड़काना—क्रि० स० [हिं० धड़क] (१) दिल में धड़क पैदा करना। जी धक धक कराना। (२) जी दहलाना। डराना। खटका या आशंका उत्पन्न करना।

संयो० क्रि०—देना।

(३) धड़ धड़ शब्द उत्पन्न कराना। कोई ऐसी वस्तु फेंकना, गिराना, या छोड़ना जिससे भारी शब्द हो। जैसे, गोला धड़काना।

धड़क्का—संज्ञा पुं० दे० "धड़का"।

यौ०—धूम धड़क्का = खूब भीड़ भाड़ और धूम धाम। गहरा समारोह और ठाटबाट।

धड़टूटा—वि० [हिं० धड़ + टूटना] (१) जिसकी कमर झुकी हुई हो। (२) कुबड़ा

धड़ धड़—संज्ञा स्त्री० [अनु०] किसी भारी वस्तु के एक बारगी गिरने, फेंके जाने, गमन करने या छूटने से उत्पन्न लगातार होनेवाला भीषण शब्द।

क्रि० वि० (१) धड़ धड़ शब्द के साथ। जैसे, धड़ धड़ गोले छूट रहे हैं। (२) बे-धड़क। बिना रुकावट के।

धड़धड़ाना—क्रि० अ० [अनु० धड़धड़] धड़ धड़ शब्द करना। भारी चीज़ के गिरने, पड़ने की सी आवाज करना। जैसे, गोले धड़धड़ा रहे हैं।

मुहा०—धड़धड़ाता हुआ = (१) धड़ धड़ शब्द और वेग के साथ। गड़गड़ाहट और झोंक के साथ। जैसे, गाड़ी धड़धड़ाती हुई निकल गई। (२) बिना रुकावट के और झोंक के साथ। बिना किसी प्रकार के खटके या संकोच के। बे-धड़क। जैसे, तुम धड़धड़ाते हुए भीतर चले जाना।

धड़ल्ला—संज्ञा पु० [अनु० धड़] (१) धड़धड़ शब्द। धड़ाका। वेग के साथ गिरने, पड़ने, गमन करने आदि का शब्द।

मुहा०—धड़ल्ले से या धड़ल्ले के साथ = (१) बिना किसी रुकावट के। झोंक से। (२) बेधड़क। बिना किसी प्रकार के भय या संकोच के। जैसे, जो कुछ कहना हो धड़ल्ले के साथ कहो।

(२) धूम धड़क्का। भीड़ भाड़ और धूम धाम। (३) कसामस। गहरी भीड़।

धड़वा—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की मैना।

धड़वाई—संज्ञा पुं० [हिं० धड़ा] तौलनेवाला। डाँड़ी उठानेवाला।

धड़ा—संज्ञा पु० [सं० घट] (१) पत्थर लोहे आदि का बोझ जो बँधी हुई तौल का होता है और जिसे तराजू के एक पलड़े पर रखकर दूसरे पलड़े पर उसी के बराबर चीज़ रखकर तौलते हैं। बाट। बटखरा।

मुहा०—धड़ा करना = कोई वस्तु रखकर तौलने के पहले तराजू के दोनो पलड़ों को बराबर कर लेना। (जब किसी वस्तु को बरतन के सहित तौलना रहता है तब पहले बरतन को पलड़े पर रख कर दोनो पलड़ों को बराबर कर लेते हैं। इसी को धड़ा करना कहते हैं)। धड़ा बाँधना = (१) दे० 'धड़ा करना'। (२) दोषारोपण करना। कलंक लगाना।

(२) चार सेर की एक तौल। (कहीं कहीं पाँच सेर का धड़ा माना जाता है)। (३) तराजू। तुला।

मुहा०—धड़ा उठाना = तौलना। वज़न करना।

संज्ञा पु० [हिं० धड़का] दल। जत्था। झुंड। समूह।

मुहा०—धड़ा बाँधना = दल बाँधना।

धड़ाका†—संज्ञा पु० दे० "धड़ाका"।

धड़ाका†—संज्ञा पु० [अनु० धड़] 'धड़' 'धड़' शब्द। किसी भारी चीज़ के ज़ोर से गिरने, छूटने, चलने आदि से उत्पन्न घोर शब्द। धमाके या गड़गड़ाहट का शब्द। जैसे, बंदूक का धड़ाका, दीवार गिरने का धड़ाका।

क्रि० प्र०—होना।

मुहा०—धड़ाके से = झट से। जल्दी से। चटपट। बिना रुकावट के। जैसे, धड़ाके से यह काम कर डालो।

धड़ाधड़—क्रि० वि० [अनु० धड़] (१) लगातार 'धड़' 'धड़' शब्द के साथ। बार बार धड़ाके के साथ। जैसे, ऊपर से धड़ाधड़ ईंटें गिर रही हैं। (२) एक दूसरे के पीछे लगातार। बराबर जल्दी जल्दी। बिना रुके हुए। जैसे, वह सब बातों का धड़ाधड़ जवाब देता गया।

धड़ाबंदी—संज्ञा स्त्री० [हिं० धड़ा + फा० बंदी] (१) धड़ा बाँधने का काम। (२) लड़ाई के पहले दो पक्षों का अपनी अपनी सेना का बल एक दूसरे के बराबर करना।

धड़ाम—संज्ञा पु० [अनु० धड़] ऊपर से एकबारगी कूद या गिर कर ज़ोर से ज़मीन, पानी आदि पर पड़ने का शब्द। जैसे, छत पर से वह धड़ाम से कूद पड़ा।

विशेष—खट, पट आदि अनु० शब्दों के समान इस शब्द का प्रयोग केवल 'से' विभक्ति के साथ क्रि० वि० वत् ही होता है।

धड़ी–संज्ञा स्त्री० [सं० घटिका, घटी] (१) चार या पाँच सेर की एक तोल।

मुहा०—धड़ी भरना = वज़न करना। धड़ी धड़ी करके लुटना = तिनका तिनका लुटना। इस प्रकार लुटना कि पास में कुछ भी न रह जाय। धड़ी धड़ी करके लूटना = तिनका तिनका लूटना। खूब लूटना। कुछ भी न छोड़ना। धड़ियों = ढेर का ढेर। बहुत सा। बहुत अधिक।

(२) पाँच सौ रुपए की रक़म। (३) रेखा। लकीर। (४) वह लकीर जो मिस्सी लगाने या पान खाने से ओठों पर पड़ जाती है।

क्रि० प्र०—जमाना।

धत्–अव्य० [अनु०] (१) दुतकारने का शब्द। तिरस्कार के साथ हटाने का शब्द। दूर हो। हट जा। (२) हाथी को पीछे हटाने का शब्द।

धत–संज्ञा स्त्री० [सं० रत, हिं० लत] लत। बुरी बान। खराब आदत। टेव।

क्रि० प्र०—पड़ना।

धतकारना–क्रि० सं० [अनु० धत्] (१) दुतकारना। दुरदुराना। तिरस्कार के साथ हटाना। (२) धिक्कारना। लानत मलामत करना।

संयो० क्रि०—देना।

धता–वि० [अनु० धत्] चलता। हटा हुआ। जो दूर हो गया हो या किया गया हो। जो भागा या भगाया गया हो। (बाज़ारू)

मुहा०—धता करना = चलता करना। हटाना। भगाना। टालना। धता बताना = (१) चलता करना। हटाना। (२) जो किसी बात के लिये अड़ा हो उससे इधर उधर का बहाना कर के अपना पीछा छुड़ाना। धोखा देकर टालना। टालटूल करना। धत होना = चलता होना। चल देना।

धतिया–वि० [हिं० धत] जिसे किसी बात की धत पड़ गई हो। बुरी लतवाला। लत्ती।

धतींगड़–संज्ञा पुं० [देश०] (१) बड़े डील का। बेडौल आदमी। मोटा ताजा आदमी। मुस्टंड। (२) जारज। दोगला।

धतींगड़ा–संज्ञा पुं० दे० "धतींगड़"।

धतूर†–संज्ञा पुं० दे० "धतूरा"।

संज्ञा पुं० [अनु० धू + सं० तूर] नरसिंहा नाम का बाजा। धतू। सिंहा। तुरही। उ०—दसएँ मास मोहन भए मेरे आँगन बाजै धतूर।—सूर।

धतूरा–संज्ञा पुं० [सं० धुस्तूर] दो तीन हाथ ऊँचा एक पौधा जिसके पत्ते साठ आठ अंगुल तक लंबे और पाँच छः अंगुल चौड़े तथा कोनदार होते हैं। इसमें घंटी के आकार के बड़े बड़े और सुहावने सफेद फूल लगते हैं। फल इसके अंडी के फलों के समान गोल और काँटेदार पर उनसे बड़े बड़े होते हैं। अंडी के फल के ऊपर जो काँटे निकले होते हैं वे घने लंबे और मुलायम होते हैं, पर धतूरे के फल के ऊपर काँटे कम, छोटे और कुछ अधिक कड़े होते हैं। कंटकहीन फलवाला धतूरा भी होता है। फलों के भीतर बीज भरे होते हैं जो बहुत विषैले होते हैं। जब ये बीज पुष्ट हो जाते हैं तब फल फट जाते हैं। धतूरे कई प्रकार के होते हैं पर मुख्य भेद दो माने जाते हैं।—सफेद धतूरा और काला धतूरा। काले धतूरे के डंडल, टहनियाँ और पत्तों की नसें गहरे बैंगनी रंग की होती हैं तथा फूलों के निचले भाग भी कुछ दूर तक रक्तकृष्णाभ होते हैं। साधारणतः लोगों का विश्वास है कि काला धतूरा अधिक विषैला होता है, पर यह भ्रम है। औषध में लोग काले धतूरे का व्यवहार अधिक करते हैं। वैद्य लोग धतूरे के बीज तथा पत्ते के रस का दमें में सेवन कराते और बात की पीड़ा में उसका बाहरी प्रयोग करते हैं। डाक्टरों ने भी परीक्षा करके इन दोनों रोगों में धतूरे को बहुत उपकारी पाया है। सूखे पत्तों या बीजों के धुएँ से भी दमे का कष्ट दूर होता है। पहले डाक्टर लोग धतूरे के गुणों से अनभिज्ञ थे पर अब बहुत दिनों से उन्होंने इसे ले लिया है। पागल कुत्ते के काटने में भी धतूरा बहुत ही लाभदायक सिद्ध हुआ है। धतूरे के फल शिव को चढ़ाए जाते हैं।

वैद्यक में धतूरा कसैला, उष्ण, गुरु तथा मंदाग्नि और वातकारक माना जाता है। औषध के अतिरिक्त विषप्रयोग और मादकता के लिये भी धतूरे का प्रयोग बहुत होता है। इसके बीज भाँग और शराब को तेज करने के लिये कभी कभी मिलाए जाते हैं। धतूरा प्रायः गरम देशों में पाया जाता है। भारतवर्ष में यह सर्वत्र मिलता है। प्रदेश-भेद से पौधों में थोड़ा बहुत भेद पाया जाता है। दक्षिण देश का धतूरा उत्तराखंड के धतूरे से देखने में कुछ भिन्न मालूम होता है। काश्मीर, काबुल और फ़ारस तक से इसके बीज हिंदुस्तान में आते हैं। फ़ारस से ये बीज तागे में गूँथ कर माला के रूप में आते हैं और बंबई में "यरभूली" के नाम से बिकते हैं।

पर्य्या०—उन्मत्त। कितव। धूर्त्त। कनक। कनकाह्वय। मातुल। मदन। धत्तूर। शाठ। श्याम। शिवशेखर। खर्जुन। काहलापुष्प। खल। कंटफल। मोहन। कृलभ। मत्त। शैव। देविका। तूरी। महामोह। शिवप्रिय।

मुहा०—धतूरा खाए फिरना = पागल बना फिरना। उन्मत्त के समान घूमना। उ०—सूरदास प्रभु दरसन कारन मानहुँ फिरत धतूरा खाए।—सूर।

धतूरिया—संज्ञा पुं० [हिं० धतूर + इया (प्रत्य०)] ठगों का वह दल या संप्रदाय जो पथिकों को धतूरा खिलाकर बेहोश करता और लूटता था।

धत्ता—संज्ञा पु० [देश०] एक छंद जिसके विषम (पहले और तीसरे) चरणों में १८ और सम (दूसरे, चौथे) चरणों में १६ मात्राएँ होती हैं। अंत में तीन लघु होते हैं। यह छंद द्विपदी धत्ता कहलाता है और दोही पंक्तियों में लिखा जाता है। उ०—श्रीकृष्णमुरारी कुंजविहारी भजु जन-मनरंजन पदन। ध्यावेा बनवारी जन-दुख-हारी, जिहि नित जप गंजनमदन।

संज्ञा पुं० [देश०] थाली की बारी का ढालुवां भाग।

धत्तानंद—संज्ञा पु० एक छंद जिसकी प्रत्येक पंक्ति में ११ + ७ + १३ के विश्राम से ३१ मात्राएँ होती हैं। अंत में एक नगण होता है। उ०—जय दिय ल कैस, बलिविध्वंस, केशिय बक दानव दरन। सेा हरि दीनदयाल, भक्तकृपाल, कवि सुखदेव कृपा करन—सुखदेव।

धत्तूर—संज्ञा पुं० [सं०] धतूरा।

धधक—संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) आग की लपट के ऊपर उठने की क्रिया या भाव। आग की भड़क। (२) आंच। लपट। लौ।

संयो क्रि०—उठना।—जाना।

धधकना—क्रि० अ० [हिं० धधक] आग का इस प्रकार जलना कि लपट ऊपर उठे। लपट के साथ जलना। धायँ धायँ जलना। दहकना। भड़कना।

संयो० क्रि०—उठना।

धधकाना—क्रि० स० [हिं० धधकना] (१) आग को इस प्रकार जलाना कि उसमें से लपट उठे। (२) दहकाना। प्रज्वलित करना।

संयो० क्रि०—देना।

धधाना†—क्रि० अ० दे० "धधकाना"।

धनंजय—वि० [सं०] धन को जीतने अर्थात् प्राप्त करनेवाला।

संज्ञा पु० (१) अग्नि। (इनकी पूजा से धन की प्राप्ति होती है)। (२) चित्रक वृक्ष। चीता। (३) अर्जुन का एक नाम। (४) अर्जुन वृक्ष। (५) विष्णु। (६) एक नाग का नाम जो जलाशयों का अधिपति कहा गया है। (७) शरीरस्थ पाँच वायुओं में से एक।

विशेष—यह वायु पोषण करनेवाली मानी गई है। (वेदांत सार) सुबोधिनी टीका में लिखा है कि यह मरने पर भी बनी रहती है। इससे शरीर फूलता है। ललाट, स्कंध, हृदय, नाभि, अस्थि और त्वचा इसके रहने के स्थान कहे गए हैं। (८) एक गोत्र का नाम। (९) सोलहवें द्वापर के व्यास।

धनंतर†—संज्ञा पु० दे० "धन्वंतरि"।

संज्ञा पुं० [सं० धन्वंतर = सोम का एक भेद] एक पौधा जिसकी पत्तियाँ मोटी और फूल नीले होते हैं।

धन—संज्ञा पु० [सं०] (१) वह वस्तु या वस्तुओं की समष्टि जिससे किसी उपयोगी या इष्ट अर्थ की सिद्धि होती है और जो श्रम, पूँजी या समय लगाने से प्राप्त होती है, विशेषतः अधिक परिमाण में संचित उपयोग की सामग्री। संपत्ति। द्रव्य। दौलत। रुपया पैसा, जमीन, जायदाद इत्यादि। जीवनोपाय।

क्रि० प्र०—कमाना।—भोगना।—लगाना।

यौ०—धनधान्य।

मुहा०—धन उड़ाना = धन को चट पट व्यर्थ खर्च कर डालना। (२) गोधन। चौपायों का झुंड जो किसी के पास हो। गाय, भैंस आदि। (३) स्नेहपात्र। अत्यंत प्रिय व्यक्ति। जीवनसर्वस्व। जैसे, प्राणधन। जीवनधन। (४) गणित में जोड़ी जानेवाली संख्या या जोड़ का चिह्न। योग संख्या या योग चिह्न (+)। ऋण या क्षय का उलटा। (५) वह द्रव्य जिसमें वृद्धि या ब्याज न सम्मिलित हो। मूल। पूँजी। (६) जन्मकुंडली में जन्म लग्न से दूसरा स्थान जिसे देख कर यह विचार किया जाता है कि बच्चा धनी होगा या निर्धन। जैसे, यदि सूर्य्य धन स्थान में हो तो मनुष्य धन-हीन होगा, चंद्रमा हो तो धनधान्य से पूर्ण होगा, इत्यादि। अश्विनी, पुनर्वसु, पुष्य, उत्तराफाल्गुनी, हस्त, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद और रोहिणी ये धनप्रयोग नक्षत्र कहलाते हैं। (७) कच्ची धातु। खान से निकली हुई बिना साफ़ या शुद्ध की हुई धातु। (खानवाले) *संज्ञा स्त्री० [सं० धनी] युवती स्त्री। वधू। उ०—(क) पुनि धन भरि अंजुलि जल लीन्हा। नखत मोछ न्योछावरि कीन्हा।—जायसी। (ख) सूरदास सोभा क्यों पावै पिय बिहीन धन मटके।—सूर। (ग) नूपुर पायँ उठे झननाय सु जाय लगी धन धाय झरोखे।—देव।

†वि० दे० "धन्य"।

धनक—संज्ञा पु० [सं०] (१) धन की इच्छा। (२) राजा कृतवीर्य्य के पिता। (भागवत)

संज्ञा पु० [सं० धनु]†(१) धनुस्। कमान। (२) एक प्रकार का पतला गोटा जिसे टोपी आदि में लगाते हैं। (३) एक प्रकार की ओढ़नी।

धनकटी—संज्ञा स्त्री० [हिं० धान + कटना] (१) धान की कटाई या कटाई का समय। (२) एक प्रकार का कपड़ा।

धनकर—संज्ञा पुं० [हिं० धान + करना] (१) वह कड़ी मिट्टी जिसमें धान बोया जाता है और जिसमें बिना अच्छी वर्षा हुए हल नहीं चल सकता। (२) वह खेत जिसमें धान बोया जाता हो।

धनकुट्टी–संज्ञा स्त्री० [हिं० धान + कूटना] (१) धान कूटने का काम। (२) धान कूटने के औज़ार, ओखली, मूसल।

मुहा०—**धनकुट्टी करना** = मारते मारते कचूमर निकालना। बहुत पीटना।

(३) उड़नेवाला लाल रंग का एक छोटा (जौ के बराबर) कीड़ा जिसका मुहँ काला होता है। यह अपना अगला धड़ इस प्रकार नीचे ऊपर हिलाता है जैसे धान कूटने की ढेकली।

धनकुबेर–संज्ञा पु० [सं०] वह जो धन में कुबेर के समान हो। अत्यंत धनी मनुष्य।

धनकेलि–संज्ञा पुं० [सं०] कुबेर।

धनकोटा–संज्ञा पुं० [देश०] एक झाड़ या पौधा जो हिमालय के कम ठंढे स्थानों में होता है और जिससे नैपाली कागज बनता है। चमेाई। सतबरवा। सतपुरा।

धनखर–संज्ञा पु० [हिं० धान] वह खेत जिसमें (कुआरी) धान बोया जाता हो। धनाऊँ।

धनचिड़ी–संज्ञा स्त्री० [हिं० धान + चिड़ी] एक प्रकार की चिड़िया।

धनतेरस–संज्ञा स्त्री० [हिं० धन + तेरस] कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी जो दिवाली के दो दिन पहले होती है। इस दिन रात को लक्ष्मी की पूजा होती है।

धनदंड–संज्ञा पुं० [सं०] वह दंड जिसमें अपराधी को कुछ धन देना पड़ता है। जुरमाना।

धनद–वि० [सं०] धन देनेवाला। दाता।

संज्ञा पु० (१) कुबेर। (२) हिज्जल वृक्ष। समुद्रफल। (३) धनपति वायु। (४) अग्नि। (५) चित्रक वृक्ष। चीता। (६) हिमालय या उत्तराखंड के एक देश का नाम। (भारत)

धनदतीर्थ–[सं०] कुबेरतीर्थ जो ब्रज के अंतर्गत है।

धनदा–वि० स्त्री० [सं०] धन देनेवाली।

संज्ञा स्त्री० आश्विन कृष्ण एकादशी का नाम।

धनदाक्षी–संज्ञा स्त्री० [सं०] लता करंज।

धनदायन–संज्ञा पुं० [देश०] एक पौधा जिसके काढ़े से ऊनी कपड़ों पर माड़ी देते हैं।

धनदेव–संज्ञा [सं०] कुबेर।

धनधान्य–संज्ञा पुं० [सं०] धन और अन्न आदि। सामग्री और संपत्ति। जैसे, धन-धान्य-पूर्ण देश।

धनधाम–संज्ञा पुं० [सं०] घरबार और रुपया पैसा।

धननंद–संज्ञा० पुं [सं०] सिंहल के महावंश नामक ग्रंथ के अनुसार मगध के नंदवंश का अंतिम राजा जिसका चाणक्य द्वारा नाश हुआ। (दे० नंदवंश)।

धननाथ–संज्ञा पुं० [सं०] कुबेर।

धनपति–संज्ञा० पु० [सं०] (१) कुबेर। (२) पुराण के अनुसार वायु का नाम।

विशेष—वराहपुराण में लिखा है कि ब्रह्मा ने जब सृष्टि की तब उनके मुख से वायु देवता निकले। ब्रह्मा ने उनसे मूर्त्तिमान् होकर शांत भाव धारण करने के लिये कहा और वर दिया कि "देवताओं का जितना धन है सब के रक्षक तुम हो। जो एकादशी के दिन आग में पका अन्न न खायगा उसके प्रति प्रसन्न होकर तुम धनधान्य दोगे"।

धनपत्र–संज्ञा पु० [सं०] बही खाता।

धनपात्र–संज्ञा पुं० [सं०] धनवान्। धनी।

धनपाल–वि० [सं०] धन का रक्षक।

संज्ञा पु० कुबेर।

धनप्रयोग–संज्ञा पु० [सं०] धन को किसी व्यापार में लगाने या ब्याज पर उधार देने का कार्य्य। रुपया लगाने का काम।

विशेष—मुहूर्त्तचिंतामणि, ज्योतिप्रकाश आदि फलित ज्योतिष के ग्रंथों में इस बात का विचार किया गया है कि किन किन नक्षत्रों या दिनों में धनप्रयोग करना चाहिए, किन किन में नहीं।

धनप्रिया–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार का छोटा जामुन।

धनमद–संज्ञा पुं० [सं०] धन का घमंड।

धनमाली–संज्ञा पुं० [सं०] एक अस्त्र का संहार।

धनवंत–वि० दे० "धनवान्"।

धनवती–वि० स्त्री० [सं०] धन रखनेवाली।

संज्ञा स्त्री० धनिष्ठा नक्षत्र।

धनवा–संज्ञा पु० [हिं० धान] एक प्रकार की घास।

संज्ञा पु० दे० "धन्वा"।

धनवान्–वि० [सं०] [स्त्री० धनवती] जिसके पास धन हो। धनी। दौलतमंद।

धनशाली–वि० [सं० धनशालिन्] [स्त्री० धनशालिनी] धनवान्। धनिक।

धनसार–संज्ञा पु० [हिं० धान + सार (शाला)] अनाज भरने की कोठरी या घेरा जिसमें केवल दो खिड़कियाँ अनाज रखने और निकालने के लिये होती हैं।

धनसिरी–संज्ञा स्त्री० [सं० धन + श्री] एक चिड़िया।

धनस–संज्ञा पुं० [सं०] धनेस नाम की चिड़िया।

धनस्यक–वि० [सं०] धन की लालसा रखनेवाला।

संज्ञा पु० गोखुरक। गोखरू।

धनस्वामी–संज्ञा पु० [सं०] कुबेर।

धनहर–वि० [सं०] धन हरनेवाला।

संज्ञा पु० (१) चोर। लुटेरा। (२) चोर नामक गंधद्रव्य।

धनहीन–वि० [सं०] निर्धन। दरिद्र। कंगाल।

धना–संज्ञा स्त्री० [?] एक रागिनी।

*संज्ञा स्त्री० [सं० धनिका, हिं० धनिया = युवती] युवती। वधू। (गीत वा कविता)

धनाढ्य–वि० [स] धनवान्। मालदार।

धनाधिप–संज्ञा पुं० [स०] कुबेर।

धनाध्यक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) खज़ानची। (२) कुबेर।

धनाना–क्रि० अ० [स० धेनु = नवसूतिका गाय] (१) गाय का गर्भवती होना। बच्चे से होना। (२) गाय का बरदाना। गाय का साँड़ से संयोग करना

धनार्थी–वि० [स० धनार्थिन्] धन चाहनेवाला। रुपया पैसा माँगनेवाला।

धनाश्री–संज्ञा स्त्री० [स०] एक रागिनी जो हनुमान् के मत से श्री राग की तीसरी पत्नी मानी जाती है। इसकी जाति षाड़व, ऋषभ वर्जित गृहांशन्यास षड़ज। गाने का समय किसी किसी के मत से दिन का दूसरा पहर और किसी के मत से तीसरा पहर। इसका प्रयोग वीर रस में विशेष होता है। इसका सरगम इस प्रकार है—

स० ग म प ध नि स: :

भरत के मत से यह गांधार राग की भार्य्या और कल्लिनाथ के मत से मेघराग की चतुर्थ भार्य्या है।

धनि*–संज्ञा स्त्री० [स० धनी] युवती। वधू। उ० धनि वे धनि सावन की रतियां पिय की छतियां लगि सोवति हैं।

वि० दे० 'धन्य'। उ०—धनि धनि ! भारत की छत्रानी। —हरिश्चंद्र।

धनिक–वि० [सं०] धनी। जिसके पास धन हो।

संज्ञा पु० (१) धनी मनुष्य। (२) पति स्वामी। (३) रुपया उधार देनेवाला मनुष्य। महाजन। उत्तमर्ण। (४) धनिया।

धनिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) धनी स्त्री। (२) अच्छी स्त्री। वधू। युवती। (३) प्रियंगु वृक्ष।

धनिता–संज्ञा स्त्री० [सं०] धनीपना। धनाढ्यता।

धनिया–संज्ञा पु० [सं० धन्याक, धनिका] एक छोटा पौधा जिसके सुगंधित फल मसाले के काम में आते हैं। यह पौधा हिंदुस्तान में सर्वत्र बोया जाता है। प्राचीन काल में धनिया प्रायः भारतवर्ष ही से मिश्र आदि पश्चिम के देशों में जाता था पर अब उत्तरी अफ्रिका तथा रूस हंगरी आदि योरप के कई देशों में इसकी खेती अधिक होने लगी है। धनिये का पौधा हाथ भर से बड़ा नहीं होता। इसकी टहनियां बहुत नरम और लता की तरह लचीली होती हैं। पत्तियां बहुत छोटी कुछ गोलाई लिए होती हैं पर उनमें टेढ़े मेढ़े तथा इधर उधर निकले हुए बहुत से कटाव होते हैं। इन पत्तियों की सुगंध बड़ी मनोहर होती है जिससे वे चटनी में हरी पीस कर डाली जाती हैं। टहनियों के छोर पर इधर उधर कई सींकें निकलती हैं जिनके सिरों पर छत्ते की तरह फैले हुए सफेद फूलों के गुच्छे लगते हैं। फूलों के झड़ जाने पर गेहूं से भी छोटे छोटे लंबोतरे फल लगते हैं जो सुखा कर काम में लाए जाते हैं।

भारतवर्ष में इसकी खेती भिन्न भिन्न प्रदेशों में भिन्न भिन्न ऋतुओं में होती है। जैसे, बंगाल और युक्त प्रदेश में जाड़े में, बंबई प्रदेश में बरसात में और मद्रास में शिशिर ऋतु में। मसाले के अतिरिक्त योरप में धनिये का तेल भी भबके से अर्क निकाल कर निकाला जाता है, जो खाने और दवा के काम में आता है। वैद्यक में धनिया शीतल, स्निग्ध, दीपन, पाचन, वीर्य्यकारक कृमिनाशक तथा पित्तज्वर, खाँसी, प्यास और दाह को दूर करनेवाला माना जाता है। डाक्टर लोग भी पेट की वायु दूर करने और शरीर में फुरती लाने के लिये इसका प्रयोग करते हैं।

पर्य्या०—धन्याक। धनिक। धानक। धनिका। छत्राधान्य। कुस्तुंबुरु। वितुन्नक। सुगंधि। सूक्ष्मपत्र। जनप्रिय। वेधक। वर्जिधान्य।

मुहा०—धनिये की खोपड़ी में पानी पिलाना = प्यासों मारना। बहुत कठिन दंड देना। बहुत तंग करना। (स्त्रि०)

*संज्ञा स्त्री० [सं० धनिका = युवती] युवती। वधू। स्त्री। उ०—सहसानन गुन गनैं गनत न बनियां। सूरस्याम सब भूलीं गोय धनियाँ।—सूर।

धनियामाल–संज्ञा स्त्री० [हिं० धनी + माला] गले में पहनने का एक गहना।

धनिष्ठ–वि० [सं०] धनी। धनाढ्य।

धनिष्ठा–संज्ञा स्त्री० [सं०] सत्ताईस नक्षत्रों में से तेईसवाँ नक्षत्र जो ६ ऊर्ध्वमुख नक्षत्रों में से है और जिसमें पाँच तारे संयुक्त हैं। इसके अधिपति देवता वसु हैं और इसकी आकृति मृदंग की सी है। फलित ज्योतिष के अनुसार धनिष्ठा नक्षत्र में जिसका जन्म हो वह दीर्घकाय, कामातुर, कफयुक्त, उत्तम शास्त्रवेत्ता और कीर्तिमान् होता है।

पर्य्या०—श्रविष्ठा। वसुदेवता। भूति। निधान। धनवती।

विशेष—दे० "नक्षत्र"

धनी–वि० [सं० धनिन्] (१) धनवान्। जिसके पास धन हो। मालदार। रुपया पैसेवाला। दौलतमंद।

यौ०—धनी धोरी = धन और मर्य्यादावाला। थापवाला। धनी मानी = धनी और प्रतिष्ठित।

मुहा०—बात का धनी = बात का सच्चा। दृढ़प्रतिज्ञ।

(२) जिसके पास कोई गुण आदि हो। दक्षता-संपन्न। जैसे, तलवार का धनी।

संज्ञा पुं० (१) धनवान् पुरुष। मालदार आदमी। (२) रखनेवाला आदमी। वह जिसके अधिकार में कोई हो। अधि-

पति । मालिक । स्वामी । जैसे, कोशलधनी । उ०—सो राम रमानिवास संतत दास बस त्रिभुवन-धनी ।—तुलसी । (३) पति । शौहर ।

संज्ञा स्त्री० [सं०] युवती स्त्री । बधू । उ०—श्री हरिदास के स्वामी स्याम तमालै उठँगि बैठी धनी ।—हरिदास ।

धनीयक–संज्ञा पुं० [सं०] धनिया ।

धनुःपट–संज्ञा पुं० [सं०] पियाल वृक्ष ।

धनुःशाखा–संज्ञा पुं० [सं०] पियाल वृक्ष ।

धनुःश्रेणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) मुर्वा । मुर्रा । (२) महेंद्रवारुणी ।

धनु–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धनुस् । चाप । कमान ।

विशेष—दे० "धनुस्" ।

(२) ज्योतिष की बारह राशियों में से नवीं राशि जिसके अंतर्गत मूल और पूर्वाषाढ़ नक्षत्र तथा उत्तराषाढ़ा का एक चरण आता है । इसे तौलिक भी कहते हैं ।

विशेष—दे० "राशि" ।

(३) फलित ज्योतिष में एक लग्न विशेष जिसका परिमाण ५ । १७ । २० है ।

विशेष—प्रत्येक दिन रात में बारह लग्न माने जाते हैं । पूस के महीने में सूर्योदय धनु लग्न में होता है ।

(४) हठयोग के एक आसन का नाम । (५) पियाल वृक्ष । (६) चार हाथ की एक माप । (७) गोल क्षेत्र के आधे से कम अंश का क्षेत्र ।

धनुआ–संज्ञा पु० [सं० धन्वन्, धन्वा] (१) धनुस् । कमान । (२) तांत की डोरी की लंबी कमान जिससे धुनिए रुई धुनते हैं ।

धनुई†–संज्ञा स्त्री० [सं० धनु + ई (प्रत्य०)] छोटा धनुस् ।

धनुक–संज्ञा पुं० दे० "धनुस्" ।

धनुकना†–क्रि० स० दे० "धुनकना" ।

धनुकबाई–संज्ञा पुं० [हिं० धनुक + बाई] लकवे की तरह का एक वायुरोग जिसमें जबड़े बैठ जाते हैं, और मुँह नहीं खुलता ।

धनुर्गुण–संज्ञा पुं० [सं०] धनुस् की डोरी । पतंचिका । चिल्ला ।

धनुर्गुणा–संज्ञा स्त्री० [सं०] मूर्वा । मरोरफली । चुरनहार ।

धनुर्ग्रह–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धनुर्धर । (२) धनुर्विद्या । (३) धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम ।

धनुर्द्धर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धनुष धारण करनेवाला पुरुष । कमनैत । तीरंदाज । (२) धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम ।

धनुर्द्धारी–वि० [स० धनुर्द्धारिन्] [स्त्री० धनुर्द्धारिणी] धनुष धारण करनेवाला ।

संज्ञा पुं० धनुर्द्धर । कमनैत । वीर । योद्धा ।

धनुर्द्रुम–संज्ञा पुं० [सं०] बांस ।

धनुर्भृत्–संज्ञा पुं० [सं०] धनुस् धारण करनेवाला योद्धा । वीर ।

धनुर्मख–संज्ञा पुं० [सं०] धनुर्यज्ञ ।

धनुर्माला–संज्ञा स्त्री० [सं०] मूर्वा । चुरनहार । मरोरफली । मुर्रा ।

धनुर्यज्ञ–संज्ञा पुं० [सं०] धनुस् संबंधी उत्सव । एक यज्ञ जिसमें धनुस् का पूजन तथा उसके चलाने आदि की परीक्षा भी होती थी ।

विशेष—मिथिला के राजा जनक ने अपनी कन्या सीता के विवाहार्थ वर चुनने के लिये इस प्रकार का यज्ञ किया था । कंस ने भी छलपूर्वक कृष्ण को बुलाने के लिये इस प्रकार के यज्ञ का अनुष्ठान किया था ।

धनुर्यास–संज्ञा पुं० [सं०] जवासा ।

धनुर्लता–संज्ञा स्त्री० [सं०] सोमलता ।

धनुर्वक्त्र–संज्ञा पु० [सं०] कार्त्तिकेय के एक अनुचर का नाम ।

धनुर्वात–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धनुकबाई । (२) एक वायु रोग जिसमें शरीर धनुस् की तरह झुक कर टेढ़ा हो जाता है ।

धनुर्विद्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] धनुस् चलाने की विद्या । तीरंदाजी का हुनर ।

विशेष—दे० "धनुर्वेद" ।

धनुर्वृक्ष–संज्ञा पु० [सं०] (१) धामिन का पेड़ । (२) बांस । (३) भिलावाँ । (४) पीपल का पेड़ ।

धनुर्वेद–संज्ञा पु० [सं०] वह शास्त्र जिसमें धनुस् चलाने की विद्या का निरूपण हो ।

विशेष—प्राचीन काल में प्रायः सब सभ्य देशों में इस विद्या का प्रचार था । भारत के अतिरिक्त फ़ारस, मिश्र, यूनान, रोम आदि के प्राचीन इतिहासों और चित्रों आदि के देखने से उन सब देशों में इस विद्या के प्रचार का पता लगता है । भारतवर्ष में तो इस विद्या के बड़े बड़े ग्रंथ थे जिन्हें क्षत्रियकुमार अभ्यासपूर्वक पढ़ते थे । मधुसूदन सरस्वती ने अपने प्रस्थानभेद नामक ग्रंथ में धनुर्वेद को यजुर्वेद का उपवेद लिखा है । आज कल इस विद्या का वर्णन कुछ ग्रंथों में थोड़ा बहुत मिलता है । जैसे, शुक्रनीति, कामंदकी नीति, अग्निपुराण, वीरचिंतामणि, वृद्धशार्ङ्गधर, युद्धजयार्णव, युक्तिकल्पतरु, नीतिमयूख, इत्यादि । 'धनुर्वेद संहिता' नामक एक अलग पुस्तक भी मिलती है पर उसकी प्राचीनता और प्रामाणिकता में संदेह है । अग्निपुराण में ब्रह्मा और महेश्वर इस वेद के आदि प्रकटकर्त्ता कहे गए हैं । पर मधुसूदन सरस्वती लिखते हैं कि विश्वामित्र ने जिस धनुर्वेद का प्रकाश किया था यजुर्वेद का उपवेद वही है । उन्होंने अपने प्रस्थानभेद में विश्वामित्रकृत इस उपवेद का कुछ संक्षिप्त ब्योरा भी दिया है । उसमें चार पाद हैं—दीक्षापाद, संग्रहपाद, सिद्धि-

पाद और प्रयोगपाद। प्रथम दीक्षापाद में धनुर्लक्षण (धनुस् के अंतर्गत सब हथियार लिए गए हैं) और अधिकारियों का निरूपण है। आयुध चार प्रकार के कहे गए हैं—मुक्त, अमुक्त, मुक्तामुक्त, और यंत्रमुक्त। मुक्त-आयुध, जैसे, चक्र। अमुक्त आयुध, जैसे, खड्ग। मुक्तामुक्त, जैसे, भाला, बरछा। मुक्त को अस्त्र और अमुक्त को शस्त्र कहते हैं। अधिकारी का लक्षण कह कर फिर दीक्षा, अभिषेक, शकुन आदि का वर्णन है। संग्रहपाद में आचार्य्य का लक्षण तथा अस्त्र शस्त्रादि के संग्रह का वर्णन है। तृतीय पाद में संप्रदाय सिद्ध विशेष विशेष शस्त्रों के अभ्यास, मंत्र, देवता और सिद्धि आदि विषय हैं। प्रयोग नामक चतुर्थपाद में देवार्चन, सिद्धि, अस्त्र शस्त्रादि के प्रयोगों का निरूपण है।

वैशंपायन के अनुसार शार्ङ्ग धनुस् में तीन जगह झुकाव होता है पर वैणव अर्थात् बाँस के धनुस् का झुकाव बराबर क्रम से होता है। शार्ङ्ग धनुस् ६॥ हाथ का होता है और अश्वारोहियों तथा गजारोहियों के काम का होता है। रथी और पैदल के लिये बाँस का ही धनुस् ठीक है। अग्नि पुराण के अनुसार चार हाथ का धनुस् उत्तम, साढ़े तीन हाथ का मध्यम और तीन हाथ का अधम माना गया है। जिस धनुस् के बाँस में नौ गाँठें हों उसे 'कोदंड' कहना चाहिए। प्राचीन काल में दो डोरियों की गुलेल भी होती थी जिसे उपलक्षेपक कहते थे। डोरी पाट की और कनिष्ठा उँगली के बराबर मोटी होनी चाहिए। बाँस छील कर भी डोरी बनाई जाती है। हिरन या भैंसे की ताँत की डोरी भी बहुत मजबूत बन सकती है। (वृद्ध शार्ङ्गधर)

बाण दो हाथ से अधिक लंबा और छोटी उँगली से अधिक मोटा न होना चाहिए। शर तीन प्रकार के कहे गए हैं—जिसका अगला भाग मोटा हो वह स्त्री जातीय है, जिसका पिछला भाग मोटा हो वह पुरुष जातीय और जो सर्वत्र बराबर हो वह नपुंसक जातीय कहलाता है। स्त्री जातीय शर बहुत दूर तक जाता है। पुरुष जातीय भिदता खूब है और नपुंसक जातीय निशाना साधने के लिये अच्छा होता है। बाण के फल अनेक प्रकार के होते हैं। जैसे, आरामुख, क्षुरप्र, गोपुच्छ, अर्द्धचंद्र, सूचीमुख, भल्ल, वत्सदंत, द्विभल्ल, कार्णिक, काकतुंड, इत्यादि। तीर में गति सीधी रखने के लिये पीछे पंखों का लगाना भी आवश्यक बताया गया है। जो बाण सारा लोहे का होता है उसे नाराच कहते हैं।

उक्त ग्रंथ में लक्ष्यभेद, शराकर्षण आदि के संबंध में बहुत से नियम बताए गए हैं। रामायण, महाभारत, आदि में शब्दभेदी बाण मारने तक का उल्लेख है। अंतिम हिंदू-सम्राट् महाराज पृथ्वीराज के संबंध में भी प्रसिद्ध है कि वे शब्द-भेदी बाण मारते थे।

धनुष—संज्ञा पुं० दे० "धनुस्"।

धनुष्कोटि तीर्थ—संज्ञा पुं० [सं०] रामेश्वर से दक्षिण पूर्व एक स्थान जहाँ समुद्र में स्नान करने का माहात्म्य है।

धनुष्मान्—संज्ञा पुं० [सं०] उत्तर दिशा का एक पर्वत। (बृहत्संहिता)

धनुस्—संज्ञा पु० [सं०] (१) फलदार तीर फेंकने का वह अस्त्र जो बाँस या लोहे के लचीले डंडे को झुका कर और उनके दोनों छोरों के बीच डोरी या ताँत बाँध कर बनाया जाता है। कमान।

यौ०—धनुर्धर। धनुर्विद्या। धनुर्वेद।

विशेष—दे० "धनुर्वेद"।

(२) ज्योतिष में एक राशि। धनुराशि। (३) एक लग्न। (४) हठयोग का एक आसन। (५) पियाल वृक्ष। (६) चार हाथ की एक माप। (७) गोल क्षेत्र के आधे से कम अंश का क्षेत्र।

धनुहाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० धनु + हाई] धनुस् की लड़ाई। उ०—परम कृपाल जे नृपाल लोक पालनि पै धनुहाई ह्वै है मन अनुमान कै।—तुलसी।

धनुहिया—संज्ञा स्त्री० दे० "धनुही"।

धनुही—संज्ञा स्त्री० [हिं० धनु + ही (प्रत्य०)] लड़कों के खेलने की कमान। उ०—बहु धनुही तोरेउँ लरिकाँई।—तुलसी।

धनेयक—संज्ञा पुं० [स०] धनिया।

धनेश—संज्ञा पुं० [सं०] (१) धन का स्वामी। (२) कुबेर। (३) लग्न से दूसरा स्थान। (४) विष्णु।

धनेश्वर—संज्ञा पु० [सं०] (१) धन का स्वामी। (२) कुबेर। (३) विष्णु।

धनेस—संज्ञा पु० [सं० धनस् ?] बगले के आकार की एक चिड़िया जिसकी गरदन और चोंच लंबी होती है। यह बेर, बरगद आदि के पेड़ों पर रहती है। लोग खाने के लिये इसका शिकार करते हैं। इसे पकाकर एक प्रकार का तेल भी निकालते हैं जो वात के दर्द में लगाया जाता है।

धनैषी—वि० [स० धनैषिन्] धन का इच्छुक। धन चाहनेवाला।

धन्ना—संज्ञा पुं० दे० "धरना"।

धन्नासिका—संज्ञा स्त्री० [स०] एक रागिनी जिसका ग्रह षड्ज है और जो ऋ वर्जित है। यह वीर और शृंगार रस के लिये गाई जाती है।

धन्नासेठ—संज्ञा पुं० [हिं० धन + सेठ] बहुत धनी आदमी। प्रसिद्ध धनाढ्य। भारी मालदार।

मुहा०—धन्नासेठ का नाती = बहुत धनाढ्य कुल का। (व्यंग्य)

धन्नी–संज्ञा स्त्री० [सं० (गो) धन] (१) गायों बैलों की एक जाति जो पंजाब में नमकवाले पहाड़ों के आस पास पाई जाती है। (२) घोड़े की एक जाति। उ०—धन्नी, भीमाथली, काठिया, मारवाड़, मधिदेशी।—रघुराज। (३) बेगार का आदमी।

धन्य–वि० [सं०] (१) पुण्यवान्। सुकृती। श्लाघ्य। प्रशंसा के योग्य। बड़ाई के योग्य। कृतार्थ।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग साधुवाद देने के लिये प्रायः होता है। जैसे, किसी को कोई अच्छा काम करते देख या सुनकर लोग बोल उठते हैं—धन्य! धन्य!!

(२) धन देनेवाला। जिससे धन प्राप्त हो।

संज्ञा पु० (१) अश्वकर्ण वृक्ष। (२) धनिया। (३) विष्णु। (४) नास्तिक।

धन्यवाद–संज्ञा पुं० [सं०] (१) साधुवाद। शाबाशी। प्रशंसा। वाह वाह। (२) किसी उपकार या अनुग्रह के बदले में प्रशंसा। कृतज्ञतासूचक शब्द। शुक्रिया।

क्रि० प्र०— करना।—देना।—लेना।

धन्या–वि० स्त्री० [सं०] प्रशंसायोग्य। पुण्यशीला।

संज्ञा स्त्री० (१) उपमाता। (२) वनदेवी। (३) मनु की एक कन्या जिसका विवाह ध्रुव के साथ हुआ था। (४) आमलकी। छोटा आंवला। (५) धनिया।

धन्याक–संज्ञा पु० [सं०] धनिया।

धन्वंग–संज्ञा पु० [सं०] धामिन का पेड़।

धन्वंतर–संज्ञा पु० [सं०] चार हाथ की एक माप।

धन्वंतरि–संज्ञा पु० [सं०] देवताओं के वैद्य जो पुराणानुसार समुद्रमंथन के समय और सब वस्तुओं के साथ समुद्र से निकले थे।

विशेष—हरिवंश में लिखा है कि जब ये समुद्र से निकले तब तेज से दिशाएँ जगमगा उठीं। ये सामने विष्णु को देखकर ठिठक रहे, इसपर विष्णु भगवान ने इन्हें 'अब्ज' कह कर पुकारा। भगवान् के पुकारने पर इन्होंने उनसे प्रार्थना की कि यज्ञ में मेरा भाग और स्थान नियत कर दिया जाय। विष्णु ने कहा भाग और स्थान तो बँट गए हैं पर तुम दूसरे जन्म में विशेष सिद्धि लाभ करोगे, अणिमादि सिद्धियाँ तुम्हें गर्भ से ही प्राप्त रहेंगी और तुम सशरीर देवत्वलाभ करोगे। तुम आयुर्वेद को आठ भागों में विभक्त करोगे।

द्वापर युग में काशिराज "धन्व" ने पुत्र के लिये तपस्या और अब्ज देव की आराधना की। अब्ज देव ने धन्व के घर स्वयं अवतार लिया और भरद्वाज ऋषि से आयुर्वेद शास्त्र का अध्ययन करके प्रजा को रोगमुक्त किया।

भावप्रकाश में लिखा है कि इंद्र ने आयुर्वेद शास्त्र सिखा कर धन्वंतरि को लोक के कल्याण के लिये पृथ्वी पर भेजा। धन्वंतरि काशी में उत्पन्न हुए और ब्रह्मा के वर से काशी के राजा हुए। महाराज विक्रमादित्य की सभा के जो नवरत्न गिनाए गए हैं उनमें भी एक धन्वंतरि का नाम है। पर जब नवरत्नवाली बात ही कल्पित है तब इस धन्वंतरि का पता लगना कठिन ही है।

धन्वंतरिग्रस्ता–संज्ञा स्त्री० [सं०] कुटकी।

धन्व–संज्ञा पु० [सं०] धनुस्।

धन्वज–वि० [सं०] मरुदेश में उत्पन्न।

धन्वदुर्ग–संज्ञा पु० [सं०] ऐसे दुर्ग या गढ़ जिनके चारों ओर पाँच पाँच योजन तक निर्जल और मरुभूमि हो।

धन्वन–संज्ञा पु० [सं०] धामिन का पेड़।

धन्वयवास–संज्ञा पु० [सं०] दुरालभा। जवासा।

धन्वा–संज्ञा पु० [सं० धन्वन्] (१) धनुस्। कमान। (२) जलहीन देश। मरुभूमि। रेगिस्तान। (३) स्थल। सूखी जमीन। (४) आकाश। अंतरिक्ष।

धन्वाकार–वि० [सं०] धनुस् के आकार का। कमान की सूरत का। गोलाई के साथ झुका हुआ। टेढ़ा।

धन्वायी–वि० [सं० धन्वायिन्] धनुर्द्धर।

संज्ञा पु० रुद्र।

धन्विन–संज्ञा पु० [सं०] शूकर। सूअर।

धन्वी–वि० [सं० धन्विन्] (१) धनुर्धर। कमनैत। (२) निपुण। चतुर।

संज्ञा पु० (१) दुरालभा। जवासा। (२) अर्जुन वृक्ष। (३) बकुल। मौलसिरी। (४) अर्जुन पांडव। (५) विष्णु। (६) शिव। (७) तामस मनु के एक पुत्र।

धप–संज्ञा स्त्री० [अनु०] किसी भारी और मुलायम चीज के गिरने का शब्द।

संज्ञा पु० धौल। थप्पड़। तमाचा।

क्रि० प्र०—देना।—मारना।

धपना–क्रि० अ० [स० धावन। वा० हिं० धप] (१) जोर से चलना। दौड़ना। (२) झपटना। लपकना। उ०—शीला नाम ग्वालिनी तेहि गहे कृष्ण धपि धाइ हो।—सूर।

धपाना†–क्रि० स० [हिं० धपना] (१) दौड़ाना। इधर उधर फिराना। घुमाना। सैर कराना। टहलाना।

धप्पा–संज्ञा पु० [अनु० धप] (१) थप्पड़। धौल। तमाचा। (२) हानि का आघात। घाटा। टोटा। नुकसान।

क्रि० प्र०—बैठना।—लगना।

मुहा०—धप्पा मारना = नुकसान करा देना। धोखा देकर कुछ माल ले लेना। उड़ा लेना।

धप्पाड़–संज्ञा स्त्री० [हिं० धप] दौड़।

धब धब–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) किसी भारी और मुलायम

चीज़ के गिरने का शब्द। (२) भद्दे, मोटे आदमी के पैर रखने का शब्द।

धबला–संज्ञा पुं० [देश०] (१) कटि के नीचे का अंग ढाँकने के लिये कोई ढीला ढाला पहनावा। ढीला पायजामा। (२) स्त्रियों का लहँगा। घाघरा।

धब्बा–संज्ञा पुं० [देश०] (१) किसी सतह के ऊपर थोड़ी दूर तक फैला हुआ ऐसा स्थान जो सतह के रंग के मेल में न हो और भद्दा लगता हो। दाग़। पड़ा हुआ चिह्न जो देखने में बुरा लगे। निशान। जैसे, कपड़े पर स्याही का धब्बा।

क्रि० प्र०—पड़ना।—लगना।

(२) कलंक। दोष। ऐब।

क्रि०प्र०—लगना।—लगाना।

मुहा०—नाम में धब्बा लगाना = कीर्त्ति को मिटानेवाला काम करना। (किसी पर) धब्बा रखना = कलंक लगाना। दोषारोपण करना।

धम–संज्ञा स्त्री० [अनु०] भारी चीज़ के गिरने का शब्द। धमाका। जैसे, धम से गिरना, धम से कुएँ में कूदना।

विशेष—खट, पट, आदि और अनु० शब्दों के समान इसका प्रयोग भी अधिकतर 'से' विभक्ति के साथ ही क्रि० वि० वत् होता है।

धमक–संज्ञा स्त्री० [अनु० धम] (१) भारी वस्तु के गिरने का शब्द। भार डालते हुए जमीन पर पड़ने की ध्वनि। आघात का शब्द। (२) पैर रखने की आवाज़। पैर की आहट। (३) वह कंप जो किसी भारी वस्तु की गति के कारण इधर उधर मालूम हो। आघात आदि से उत्पन्न कंप या विचलता। जैसे, (क) पत्थर इतने जोर से गिरा कि धमक से मेज़ हिल गई। (ख) रेल के पास आने पर ज़मीन में धमक सी मालूम होती है। (४) आघात। चोट। (५) वह आघात जो किसी भारी शब्द से हृदय पर मालूम हो। दहल। (६) गड्ढा (पालकीवाले)।

संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० धमिका] (१) धौंकनेवाला। (२) लोहार। कर्मकार।

धमकना–क्रि० अ० [हिं० धमक] (१) 'धम' शब्द के साथ गिरना। धमाका करना।

मुहा०—आ धमकना = आ पहुँचना। तुरंत आजाना। देखते देखते उपस्थित होना। जा धमकना = जा पहुँचना।

(२) आघात सा होता हुआ जान पड़ना। रह रह कर दर्द करना। व्यथित होना (सिर के लिये)। जैसे, सिर धमकना।

धमकाना–क्रि० स० [हिं० धमक] (१) डराना। भय दिखाना। दंड देने या अनिष्ट करने का विचार प्रकट करना। (२) डाँटना। घुड़कना।

संयो० क्रि० —देना।

धमकी–संज्ञा स्त्री० [हिं०] (१) दंड देने या अनिष्ट करने का विचार जो भय दिखाने के लिये प्रकट किया जाय। डर दिखाने की क्रिया। त्रास दिखाने की क्रिया। (२) घुड़की। डाँट डपट।

क्रि० प्र०—देना।

मुहा०—धमकी में आना = डराने से डरकर कोई काम कर बैठना।

धमका†–संज्ञा पु० दे० "धमाका"।

धमगजर–संज्ञा पु० [अनु० धम + स० गर्जन] (१) उत्पात। ऊधम। उपद्रव। (२) लड़ाई। युद्ध।

धम धम–संज्ञा पु० [सं०] कार्त्तिकेय के गण जो पार्वती के क्रोध से उत्पन्न हुए थे। (हरिवंश)

संज्ञा स्त्री० दे० "धम"।

धमधमाना–क्रि० अ० [अनु० धम] 'धम धम' शब्द करना। कूद फाँद या चल फिर कर कंप और शब्द उत्पन्न करना। जैसे, घोड़े धमधमाते हुए आ पहुँचे।

धमधूसर–वि० [अनु० धम + सं० धूसर = मटमैला, या गदहा] भद्दा मोटा आदमी। स्थूल और बे-डौल मनुष्य।

धमन–संज्ञा पु० [स०] (१) हवा से फूँकने का काम। (२) पोली नली जिसमें हवा भरकर फूँकें। फुँकनी। धौंकनी। (३) नरकट। नरसल। नल नामक तृण।

धमना–क्रि० स० [सं० धमन] धौंकना। फूँकना। नल आदि में हवा भरकर वेग से छोड़ना।

धमनि–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) धमनी। नाड़ी। (२) प्रह्लाद के भाई हाद की स्त्री। वातापि और इल्वल की मां। (३) वाक्। शब्द।

धमनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) शरीर के भीतर की वह छोटी या बड़ी नली जिसमें रक्त आदि का संचार होता रहता है।

विशेष—सुश्रुत के अनुसार धमनियाँ २४ हैं और नाभि से निकल कर १० ऊपर की ओर गई हैं १० नीचे की ओर तथा चार बगल की ओर। ऊपर जानेवाली धमनियों द्वारा शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध, प्रश्वास, उच्छ्वास, जँभाई, छींक, हँसना, रोना, बोलना इत्यादि व्यापार होते हैं। ये ऊर्द्धगामिनी धमनियाँ हृदय में पहुँचकर तीन तीन शाखाओं में विभक्त हो कर ३० हो जाती हैं। इनमें से २ वातवहा, २ पित्तवहा, २ कफवहा, २ रक्तवहा और २ रसवहा, दस तो ये हैं। इनके अतिरिक्त ८ शब्द, रूप, रस और गंध को वहन करनेवाली हैं। फिर २ से मनुष्य बोलता है, २ से घोष करता है, २ से सोता है, २ से जागता है, २ धमनियाँ अश्रुवाहिनी हैं और २ स्त्रियों के स्तनों में दूध या पुरुषों के शरीर में शुक्र प्रवर्त्तित करनेवाली हैं। यह तो हुई ऊर्ध्वगामिनी धमनियों की बात। अब इसी प्रकार अधोगामिनी

धमनियाँ वात, मूत्र, पुरीष, वीर्य्य, आर्त्तव इनको नीचे की ओर ले जाती हैं। ये धमनियाँ पहले पित्ताशय में जाकर खाए पीए हुए रस को उष्णता से शुद्ध करके उसे ऊर्ध्वगामिनी और तिर्य्यग्गामिनी धमनियों तथा सारे शरीर में पहुँचाती हैं। ये १० अधोगामिनी धमनियाँ भी आमाशय और पक्वाशय के बीच में पहुँच कर तीन तीन भागों में विभक्त होकर ३० हो जाती हैं। इनमें से दो दो धमनियाँ वायु, पित्त, कफ, रक्त और रस को वहन करने के लिये हैं। आँतों से लगी हुई २ अन्नवाहिनी हैं, २ जलवाहिनी हैं और २ मूत्रवाहिनी। मूत्रवस्ति से लगी हुई २ धमनियाँ शुक्र उत्पन्न करनेवाली और २ प्रवर्त्तित करने या निकालनेवाली हैं। मोटी आँत से लगी हुई २ मल को निकालती हैं। बाक़ी ८ धमनियाँ तिरछी जानेवाली धमनियों को पसीना देती हैं। ४ तिर्यग्गामिनी धमनियाँ हैं। इनकी सहस्रों लाखों शाखाएँ होकर शरीर के भीतर जाल की तरह फैली हुई हैं।

(२) वह नली जिसमें हृदय से शुद्ध लाल रक्त हृदय के स्पंदन द्वारा चरण चरण पर जा कर शरीर में फैलता रहता है। नाड़ी। (आधुनिक)

विशेष—'धमनी' शब्द 'धम' धातु से बना है जिसका अर्थ है धौंकना। हृदय का जो स्पंदन होता है वह भाथी के फूलने पचकने के समान होता है अतः शुद्ध रक्तवाहिनी नाड़ियों को धमनी कहना बहुत उपयुक्त है। दे० "नाड़ी"।

(३) हलदी।

धमसा—संज्ञा पुं० [देश०] धौंसा। नगाड़ा।

धमाका—संज्ञा पुं० [अनु०] (१) भारी वस्तु के गिरने का शब्द। ऊपर से वेग के साथ नीचे पड़ने या कूदने का शब्द। (२) बंदूक का शब्द। (३) आघात। धक्का। (४) पथरकला बंदूक। (५) हाथी पर लादने की तोप।

धमाचौकड़ी—संज्ञा स्त्री० [अनु० धम + हिं० चौकड़ी] (१) उछल-कूद। कूद-फाँद। कई आदमियों का एक साथ दौड़ना, कूदना, हाथ पैर चलाना या हल्ला करना। उपद्रव। ऊधम। जैसे, लड़को, यहाँ धमाचौकड़ी मत मचाओ और जगह खेलो। (२) धींगाधींगी। मार पीट।

क्रि० प्र०—मचाना।—मचना।—होना।

धमाधम—क्रि० वि० [अनु० धम] (१) लगातार कई बार 'धम' 'धम' शब्द के साथ। लगातार कई धमाकों के साथ। लगातार गिरने का शब्द करते हुए। जैसे, लड़के धमाधम नीचे गिरे। (२) लगातार कई प्रहार शब्दों के साथ। कई आघातों के शब्द के साथ। लगातार मारने या पीटने की आवाज़ के साथ। जैसे (क) वह उसे धमाधम मार रहा है। (ख) इसपर धमाधम घन मारो तब यह टूटेगा।

संज्ञा स्त्री० (१) कई बार गिरने से लगातार धम धम शब्द। लगातार गिरने पड़ने की आवाज़। (२) आघात प्रतिघात। प्रहार। मार पीट। उपद्रव। उत्पात।

क्रि० प्र०—मचना।—मचाना।—होना।

धमार—संज्ञा स्त्री० [अनु०] उछल कूद। उपद्रव। उत्पात। धमाचौकड़ी।

क्रि० प्र०—मचना।—मचाना।—होना।

(२) नटों की उछल कूद। कलाबाजी।

क्रि० प्र०—करना—खेलना।

(३) विशेष प्रकार के साधुओं की दहकती आग पर कूदने की क्रिया।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

संज्ञा पुं० (१) होली में गाने का एक ताल। (२) होली में गाने का एक प्रकार का गीत।

धमारिया—संज्ञा पुं० [हिं० धमार] (१) उछल कूद करनेवाला नट। कलाबाज। (२) होली के धमार गानेवाला। (३) आग में कूदनेवाला साधु।

वि० उपद्रव करनेवाला। शांत न रहनेवाला। उत्पाती।

धमारी—वि० [हिं० धमार] उपद्रवी। उत्पाती।

धमाल—संज्ञा पुं० स्त्री० दे० "धमार"।

धमासा†—संज्ञा पुं० [सं० यवासा] जवासा। हिंगुवा। दुखाह।

धमिका—संज्ञा स्त्री० [स०] (१) लोहारिन। (२) लोहार की स्त्री।

धमूका—संज्ञा पु० [अनु० धम] (१) धमाका। प्रहार। आघात। (२) घूँसा। मुक्का।

धमेख—संज्ञा स्त्री० [स० धर्मचक्र] काशी से दो कोस पर वह स्तूप जो उस स्थान पर बनाया गया था जहाँ बुद्धदेव ने अपना धर्मचक्र अर्थात् धर्मोपदेश आरंभ किया था। दे० "सारनाथ"।

धम्मन—संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार की घास। दे० "धरवा"।

धम्माल—संज्ञा स्त्री० पुं० दे० "धमार"।

धम्मिल्ल—संज्ञा पुं० [सं०] लपेट कर बाँधे हुए बाल। बँधी चोटी। जूड़ा।

धम्हा†—संज्ञा पुं० [देश०] धातु गलाने की भट्टी।

धरंता—*† वि० [हिं० धरना] धरनेवाला। पकड़नेवाला।

धर—वि० [सं०] (१) धारण करनेवाला। ऊपर लेनेवाला। सँभालनेवाला। जैसे, गिरिधर, भूधर। (२) ग्रहण करनेवाला। थामनेवाला। जैसे, चक्रधर, धनुर्धर, मुरलीधर।

विशेष—इन अर्थों में इस शब्द का प्रयोग समस्त पदों में ही होता है।

संज्ञा पु० (१) पर्वत। पहाड़। (२) कपास का डोडा। (३) कूर्मराज। कच्छप जो पृथ्वी को ऊपर लिए है। (४) एक वसु का नाम। (५) विष्णु। (६) श्रीकृष्ण। (७) विट। व्यभिचारी पुरुष।

संज्ञा पुं० दे० "धड़"।

संज्ञा स्त्री० [हिं० धरना] धरने वा पकड़ने की क्रिया।

यौ०—धर पकड़ = भागते हुए आदमियों को पकड़ने का व्यापार। गिरफ़्तारी। उ०—जैसे, जब धर पकड़ होने लगी तब लुटेरे इधर उधर भाग गए।

धरक†*–संज्ञा स्त्री० दे० "धड़क"।

धरकना–क्रि० अ० दे० "धड़कना"।

धरण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धारण। रखने, थामने, ग्रहण करने वा संभालने की क्रिया। (२) एक तौल जो कहीं २४ रत्ती, कहीं १० पल, कहीं १६ माशे, कहीं $\frac{1}{100}$ शतमान, कहीं १६ निष्पाव, कहीं $\frac{5}{2}$ कर्ष, कहीं $\frac{1}{10}$ पल की मानी गई है। (३) बाँध। पुल। (४) संसार। जगत्। (५) सूर्य्य। (६) स्तन। (७) धान। (८) एक नाग का नाम।

धरणि–संज्ञा स्त्री० [सं०] पृथ्वी। (२) शाल्मलि वृक्ष।

धरणिधर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) पृथ्वी को धारण करनेवाला। (२) कच्छप। (३) पर्वत। (४) विष्णु। (५) शिव। (६) शेषनाग।

धरणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) पृथ्वी। (२) शाल्मलि वृक्ष। (३) गाड़ी।

धरणीकंद–संज्ञा पुं० [सं०] एक कंद का नाम। बनकंद।

धरणीकीलक–संज्ञा पुं० [सं०] (पृथ्वी को कील की तरह दबाए रहनेवाला) पर्वत। पहाड़।

विशेष—पुराणों के अनुसार पृथ्वी को पहाड़ दबाकर सँभाले हुए हैं।

धरणीधर–संज्ञा पु० दे० "धरणिधर"।

धरणीपूर–संज्ञा पुं० [सं०] समुद्र।

धरणीसुत–संज्ञा पु० [सं०] (१) मंगल। (२) नरकासुर।

धरणीसुता–संज्ञा स्त्री० [सं०] सीता।

धरता–संज्ञा पुं० [हिं० धरना वा वैदिक धर्तृ] (१) किसी का रुपया धरनेवाला। देनदार। ऋणी। कर्ज़दार। (२) किसी रक़म को देते हुए उसमें से कुछ बँधा हक़ वा धर्मार्थ द्रव्य निकाल लेना। कटौती। (३) धारण करनेवाला। कोई कार्य्य आदि अपने ऊपर लेनेवाला।

यौ०—कर्त्ता धरता = सब कुछ करने धरनेवाला।

धरती–संज्ञा स्त्री० [सं० धरित्री] (१) पृथ्वी। ज़मीन।

मुहा०—धरती का फूल = (१) खुमी। छत्रक। कुकुरमुत्ता। (२) नया उभरा हुआ धनी। नया निकला हुआ अमीर। (३) मेंढक। धरती बाहना = (१) जमीन जोतना। (२) परिश्रम करना। मशक्कत करना। (२) संसार। दुनिया। जगत।

धरधर*–संज्ञा पुं० दे० "धराधर"।

संज्ञा स्त्री० दे० "धड़ धड़"।

धरधरा*†–संज्ञा पुं० [अनु०] धड़कन। धकधकाहट। उ०—कर धर देखो धरधरा अजौं न उरते जात।—बिहारी।

धरधराना*†–क्रि० अ०। क्रि० स० दे० "धड़धड़ाना"।

धरन–संज्ञा स्त्री० [हिं० धरना] (१) धरने की क्रिया, भाव, ढंग। (२) लकड़ी लोहे आदि का वह लंबा लट्ठा जो इसी प्रकार के और लट्ठों के साथ दो खड़ी समानांतर दीवारों या ऊँचे पर ठहराए हुए दो समानांतर लट्ठों पर इसलिये आड़ा रखा जाय जिसमें उसके ऊपर पाटन (छत आदि) या कोई बोझ ठहर सके। कड़ी। धरनी। (३) वह नस जो गर्भाशय को दृढ़ता से जकड़े रहती है जिससे वह इधर उधर नहीं टलता। गर्भाशय का आधार।

मुहा०—धरन टलना, डिगना, खसकना या सरकना = गर्भाशय की नस का अपनी जगह से छूट जाना जिससे गर्भाशय इधर उधर हो जाता है।

(४) गर्भाशय। (५) टेक। हठ। अड़।

संज्ञा पुं० दे० "धरना"। उ०—सिंधुतीर रघुबीर गए पुनि कियो धरन उतरन को।—रघुराज।

†संज्ञा स्त्री० [सं० रणि] धरती। जमीन।

धरना–क्रि० स० [सं० धरण] (१) किसी वस्तु को इस प्रकार दृढ़ता से स्पर्श करना या हाथ में लेना कि वह जल्दी छूट न सके अथवा इधर उधर जा वा हिल न सके। पकड़ना। थामना। ग्रहण करना। जैसे, चोर धरना। (क) इसका हाथ जोर से धरे रहो, नहीं तो भाग जायगा। (ख) यह चिमटी अच्छी तरह धरती नहीं।

यौ०—करना धरना। धरना पकड़ना।

संयो० क्रि०—लेना।

मुहा०—धर दबाना या दबोचना = (१) पकड़ कर वश में कर लेना। बलपूर्वक अधिकार में कर लेना। किसी पर इस प्रकार आ पड़ना कि वह विरोध या बचाव न कर सके। आक्रांत करना। जैसे, कुत्ते ने बिल्ली को धर दबोचा। (२) तर्क वा विवाद में परास्त करना। धर पकड़ कर = ज़बरदस्ती। बलात्। जैसे, धर पकड़ कर कहीं काम होता है?

(२) स्थापित करना। स्थित करना। रखना। ठहराना। जैसे, (क) पुस्तक आले पर धर दो। (ख) बोझ सिर पर रख लो।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

(३) पास रखना। रक्षा में रखना। जैसे, (क) वह हमारी पुस्तक धरे हुए है, देता नहीं। (ख) यह चीज़ उनके यहाँ धर दो, कहीं जायगी नहीं।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

यौ०—धर रखना।

मुहा०—धरा उठा = समय पर काम आने के लिये बचा कर

रखी हुई वस्तु। संचित वस्तु। जैसे, कुछ धरा उठा होगा, लाओ। धरा रह जाना = काम न आना। व्यर्थ हो जाना।

(४) धारण करना। देह पर रखना। पहनना। जैसे, सिर पर टोपी धरना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

(५) आरोपित करना। अवलंबन करना। अंगीकार करना। जैसे, रूप धरना, वेश धरना, धैर्य्य धरना। (६) व्यवहार के लिये हाथ में लेना। ग्रहण करना। जैसे, हथियार धरना। (७) सहायता या सहारे के लिये किसी को घेरना। पल्ला पकड़ना। आश्रय ग्रहण करना। जैसे, इन्हीं को धरो, वेही कुछ कर सकते हैं। (८) किसी फैलनेवाली वस्तु का किसी दूसरी वस्तु में लगना या छू जाना। जैसे, फूस गीला है इसीसे आग धरती नहीं है। (९) किसी स्त्री को रखना। बैठा लेना। रखेली की तरह रखना। उ०—ब्याहौ लाख, धरौ दस कुबरी अंतहि कान्ह हमारो।—सूर। (१०) गिरवी रखना। गहन रखना। रेहन रखना। बंधक रखना। जैसे, (क) अपनी चीज धर कर तब रुपया लाए हैं। (ख) कोई चीज धर कर भी तो रुपया नहीं देता।

संज्ञा पुं० कोई बात या प्रार्थना पूरी कराने के लिये किसी के पास या द्वार पर अड़कर बैठना और जब तक वह बात या प्रार्थना पूरी न कर दी जाय तब तक अन्न न ग्रहण करना। जैसे, हमारा रुपया न दोगे तो हम तुम्हारे दरवाजे पर धरना देंगे। दे० "धरन"।

क्रि० प्र०—देना।—बैठना।

धरनि–संज्ञा स्त्री० दे० "धरणी"।

धरनी–संज्ञा स्त्री० दे० "धरणी"।

धरनेत–संज्ञा पुं० [हिं० धरना + एत (प्रत्य०)] धरना देनेवाला। किसी बात के लिये अड़कर बैठनेवाला।

धरम*†–संज्ञा पुं० दे० "धर्म"।

धरवाना–क्रि० स० [हिं० धरना का प्रे०] (१) धरने का काम कराना। पकड़ाना। थमाना। (२) रखवाना।

धरषना*–क्रि० स० [सं० धर्षण] दबाना। मर्दन करना। उ०—(क) रिपुबल धरषि हरषि कपि बालितनय बलपुंज। पुलक शरीर नयन जल गहे राम पदकंज।—तुलसी। (ख) डगे दिगकुंजर कमठ कोल कलमले डोले धराधर धारि धराधर धरषा।—तुलसी।

धरसना–क्रि० अ० [सं० धर्षण] दब जाना। डर जाना। सहम जाना। उ०—विलसत उर बरहार लसत मणि उड़गन धरसत।—गोपाल।

क्रि० स० दबाना। अपमानित करना।

धरसनी*–संज्ञा स्त्री० दे० "धर्षणी"।

धरहर†–संज्ञा स्त्री० [हिं० धरना + हर (प्रत्य०)] (१) धर-पकड़। लोगों को इस प्रकार पकड़ने का कार्य्य कि वे इधर उधर भाग न सकें। गिरफ्तारी।

क्रि० प्र०—होना।

(२) दो या अधिक लड़नेवालों को धर पकड़ कर लड़ाई बंद करने का कार्य्य। बीच बिचाव। उ०—लखित अहि-सिसु-निकर मनहु ससि सन समर लरत धरहरि करत रुचिर जनु जुग फनी।—तुलसी। (३) मारे या पकड़े जाने से बचाने का काम। बचाव। रक्षा। उ०—जब जमजाल पसार परैगो हरि बिनु कौन करैगो धरहरि।—सूर। (४) धैर्य्य। धीरज। उ०—सन सूक्यो, बीत्यो बनो, ऊखौ लई उखारि। हरी हरी अरहर अजौं धर धरहर हिय नारि।—बिहारी।

धरहरा–संज्ञा पुं० [हिं० धुर = ऊपर + धर] खंभे की तरह ऊपर बहुत दूर तक गया हुआ मकान का भाग जिसपर चढ़ने के लिये भीतर ही भीतर सीढ़ियाँ बनी हों। धौरहर। मीनार। जैसे, माधवराय का धरहरा।

धरहरिया†–संज्ञा पुं० [हिं० धरहरि] बीच बिचाव करा देने-वाला। धर पकड़ करके बचानेवाला। बचाव करनेवाला। रक्षक। उ०—जनहु दीन्ह ठग लाहू देख आय तस मीच। रहा न कोइ धरहरिया करै जो दोइ महँ बीच।—जायसी।

धरहरना*–क्रि० अ० [अनु०] धड़धड़ाना। धड़ धड़ शब्द करना। उ०—रथ राजत चाका धरहरै पर परजा का घर हरै।—गोपाल।

धरा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) पृथ्वी। जमीन। धरती। (२) संसार। दुनिया। उ०—धरा को प्रमाण यही तुलसी जो फरा सो झरा जो बरा सो बुताना।—तुलसी। (३) गर्भा-शय। (४) तौल की बराबरी। किसी वस्तु की तौल के बराबर का बाट या बोझ। बटखरा।

क्रि० प्र०—बाँधना।—साधना।

(५) चार सेर की एक तौल। (६) एक वर्ण वृत्त, जिसके प्रत्येक चरण में एक तगण और गुरु होता है। उ०—राधा कहौ। बाधा टरै। श्यामा कहौ। कामा सरै। (७) मेद। (८) नाड़ी।

धराउर†–संज्ञा पुं० दे० "धरोहर"।

धराऊ—वि० [हिं० धरना + आऊ (प्रत्य०)] जो साधारण से अधिक अच्छा होने के कारण नित्य व्यवहार में न लाया जाय, यत्न के साथ रखा रहे और कभी कभी विशेष अवसरों पर निकाला जाय। मामूली से अच्छा। बहुमूल्य। जैसे, धराऊ कपड़ा, धराऊ जोड़ा।

धराक*†–संज्ञा पुं० दे० "धड़ाक"।

धराकदंब–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का कदंब। धाराकदंब।

धराका†–संज्ञा पुं० दे० "धड़ाका"।

धरातल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) पृथ्वी। धरती। (२) सतह। केवल लंबाई चौड़ाई का गुणनफल जिसमें मोटाई गहराई वा उँचाई का कुछ भी विचार न किया जाय। (३) रक़बा। लंबाई और चौड़ाई का गुणनफल।

धरात्मज–संज्ञा पुं० [सं०] (१) मंगल ग्रह। (२) नरकासुर।

धरात्मजा–संज्ञा स्त्री० [सं०] सीता।

धराधर–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह जो पृथ्वी को धारण करे। (२) शेष नाग। (३) पर्वत। (४) विष्णु।

धराधरन*–संज्ञा पुं० दे० "धराधर"।

धराधरा–संज्ञा पुं० [सं०] संगीत में एक ताल का नाम।

धराधार–संज्ञा पु० [सं०] शेषनाग।

यौ०—धराधारधारी = महादेव।

धराधिपति–संज्ञा पुं० [सं०] राजा।

धराधीश–संज्ञा पुं० [सं०] राजा।

धराना–क्रि० स० [हिं० 'धरना' का प्रे०] (१) पकड़ाना। थमाना। (२) स्थित कराना। रखाना।

संयो० क्रि०—देना।—लेना।

(३) स्थिर करना। ठहराना। निश्चित कराना। मुकर्रर कराना। जैसे, दिन धराना, नाम धराना। उ०—(क) राम तिलक हित लगन धराई।—तुलसी। (ख) सुदिन, सुनखत, सुघरी सोचाई। वेगि वेद विधि लगन धराई।—तुलसी।

धरापुत्र–संज्ञा पुं० [सं०] मंगल ग्रह। उ०—धरापुत्र ज्यों स्वर्ण माला प्रकाशै।—केशव।

धरावट†–संज्ञा स्त्री० [हिं० धरना] ज़मीन की वह माप या क्षेत्रफल जो कूत कर मान लिया गया हो।

धरावना†–क्रि० स० दे० "धराना"।

धरासुर†–संज्ञा पुं० [सं०] ब्राह्मण। उ०—भुजदंड पीन मनोहरायत उर धरासुर-पद लस्यो।—तुलसी।

धरास्त्र–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का अस्त्र। विश्वामित्र और वशिष्ठ की लड़ाई में विश्वामित्र ने वशिष्ठ पर यह अस्त्र चलाया था।)

धराहर–संज्ञा पु० [हिं० धुर = ऊपर + घर] खंभे की तरह ऊपर बहुत दूर तक गया हुआ मकान का भाग जिसपर चढ़ने के लिये भीतर ही भीतर सीढ़ियाँ लगी हों। मीनार। उ०—देखि धराहर कर उजियारा। छिपि गए चाँद सुरुज औतारा।—जायसी।

धरिंगा–संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार का चावल।

धरित्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] धरती। पृथ्वी।

धरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० धरा] चार सेर की एक तौल।

संज्ञा स्त्री० [हिं० धरना] रखनी। रखेली स्त्री।

संज्ञा स्त्री० [हिं० दार] दार। बिरिया। काम में पहनने का स्त्रियों का एक गहना।

धरेचा–संज्ञा पुं० दे० "धरेला"।

धरेल–संज्ञा स्त्री० [हिं० धरना] रखेली स्त्री। ऐसी स्त्री जिसे कोई बिना ब्याह के घर में रख ले।

धरेला–संज्ञा पुं० [हिं० धरना] वह पति जिसे कोई स्त्री बिना ब्याह के ही ग्रहण कर ले।

धरैया†–संज्ञा पुं० [हिं० धरना] धरनेवाला। पकड़नेवाला।

धरोड़†–संज्ञा स्त्री० दे० "धरोहर"।

धरोहर–संज्ञा स्त्री० [हिं० धरना] वह वस्तु या द्रव्य जो किसी के पास इस विश्वास पर रखा हो कि उसका स्वामी जब माँगेगा तब वह दे दिया जायगा। थाती। अमानत। उ०—(क) प्रान धरोहर हैं घन आनंद लेहु न तो अब लेहिंगे गाहक।—घनानंद। (ख) जो कोई धरी धरोहर नाटै। अरु पच्छिन के पर जो काटै। साधुहिं दोष लगावे जोई। सोइ विष्ठा कर कीरा होई।—विश्राम।

क्रि० प्र०—धरना।—रखना।

धरौली–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक छोटा पेड़ जो भारतवर्ष में प्रायः सब जगह विशेषतः हिमालय की तराई में व्यास नदी के किनारे से लेकर सिकिम तक पाया जाता है। यह अफ्रिका और आस्ट्रेलिया के गरम भागों में भी होता है। इसकी टहनियाँ लंबी और पत्तियाँ सींक के दोनों ओर आमने सामने लगती हैं। इसमें सफ़ेद लाल या पीले फूल लगते हैं। इस पेड़ के किसी भाग में यदि घाव किया जाय तो उसमें से पीला दूध निकलता है जिसे पानी में घोलने से खासा पीला रंग तैयार हो सकता है। इसके बीजों के ऊपर कुछ रोंई सी होती है। बीजों का तेल दवा के काम में आता है। छाल और जड़ साँप काटने और बिच्छू के डंक मारने की दवा समझी जाती है। लकड़ी इसकी भीतर से सफेद चिकनी और मजबूत निकलती है और इसपर खराद और नक्काशी का काम बहुत अच्छा होता है।

धरौवा–संज्ञा पु० [हिं० धरना] बिना विधिपूर्वक विवाह किए स्त्री को रखने की चाल।

धर्त्ता–संज्ञा पुं० [सं० वैदिक, धर्तृ] (१) धारण करनेवाला। (२) कोई काम ऊपर लेनेवाला।

यौ०—कर्त्ता धर्त्ता = जिसे सब कुछ करने धरने का अधिकार हो।

धर्त्ती†–संज्ञा स्त्री० दे० "धरती"।

धर्म–संज्ञा पुं० [सं०] (१) किसी वस्तु या व्यक्ति की वह वृत्ति जो उसमें सदा रहे, उससे कभी अलग न हो। प्रकृति। स्वभाव, नित्य नियम। जैसे, आँख का धर्म्म देखना, शरीर का धर्म क्षीण होना, सर्प का धर्म काटना, दुष्ट का धर्म दुख देना।

विशेष—ऋग्वेद (१।२२।१८) में धर्म शब्द इस अर्थ में आया है। यह अर्थ सब से प्राचीन है।

(२) अलंकार शास्त्र में वह गुण वा वृत्ति जो उपमेय और उपमान में समान रूप से हो। वह एक सी बात जिसके कारण एक वस्तु की उपमा दूसरी से दी जाती है। जैसे 'कमल के ऐसे कोमल और लाल चरण' इस उदाहरण में कोमलता और ललाई साधारण धर्म हैं। (३) किसी मान्य ग्रंथ, आचार्य्य वा ऋषि द्वारा निर्दिष्ट वह कर्म वा कृत्य जो पारलौकिक सुख की प्राप्ति के अर्थ किया जाय। वह कृत्य वा विधान जिसका फल शुभ (स्वर्ग वा उत्तम लोक की प्राप्ति आदि) बताया गया हो, जैसे अग्निहोत्र, यज्ञ, व्रत, होम, इत्यादि। शुभादृष्ट।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

यौ०—धर्म कर्म।

विशेष—मीमांसा के अनुसार वेदविहित जो यज्ञादि कर्म्म हैं उन्हींका विधिपूर्वक अनुष्ठान धर्म है। जैमिनि ने धर्म का जो लक्षण दिया है उसका अभिप्राय यही है कि जिसके करने की प्रेरणा (वेद आदि में) हो वही धर्म है। संहिता से लेकर सूत्र-ग्रंथों तक धर्म की यही मुख्य भावना रही है। कर्मकांड का विधिपूर्वक अनुष्ठान करनेवाले ही धार्मिक कहे जाते थे। यद्यपि श्रुतियों में "न हिंस्यात्सर्वभूतानि" आदि वाक्यों द्वारा साधारण धर्म का भी उपदेश है पर वैदिक काल में विशेष लक्ष्य कर्मकांड ही की ओर था।

(४) वह कर्म जिसका करना किसी संबंध, स्थिति या गुण-विशेष के विचार से उचित और आवश्यक हो। वह कर्म वा व्यापार जो समाज के कार्य्य-विभाग के निर्वाह के लिये आवश्यक और उचित हो। वह काम जिसे मनुष्य को किसी विशेष कोटि वा अवस्था में होने के कारण अपने निर्वाह तथा दूसरों की सुगमता के लिये करना चाहिए। किसी जाति, कुल, वर्ग, पद इत्यादि के लिये उचित ठहराया हुआ व्यवसाय या व्यवहार। कर्त्तव्य। फर्ज़। जैसे, ब्राह्मण का धर्म्म, क्षत्रिय का धर्म्म, माता-पिता का धर्म्म, पुत्र का धर्म्म, इत्यादि।

विशेष—स्मृतियों में आचार ही को परम धर्म कहा है और वर्ण और आश्रम के अनुसार उसकी व्यवस्था की है, जैसे ब्राह्मण के लिये पढ़ना पढ़ाना, दान लेना, दान देना, यज्ञ करना, यज्ञ कराना; क्षत्रिय के लिये प्रजा की रक्षा करना, दान देना; वैश्य के लिये व्यापार करना और शूद्र के लिये तीनों वर्णों की सेवा करना। जहाँ देश-काल की विपरीतता से अपने अपने वर्ण के धर्म द्वारा निर्वाह न हो सके वहाँ शास्त्रकारों ने आपद्धर्म की व्यवस्था की है जिसके अनुसार किसी वर्ण का मनुष्य अपने से निम्न वर्ण की वृत्ति स्वीकार कर सकता है, जैसे ब्राह्मण—क्षत्रिय या वैश्य की, क्षत्रिय—वैश्य की, वैश्य—शूद्र की, पर अपने से उच्च वर्ण की वृत्ति ग्रहण करने का आपत्काल में भी निषेध है। इसी प्रकार ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ, और संन्यासी इनके धर्म्मों का भी अलग अलग निरूपण किया गया है। जैसे ब्रह्मचारी के लिये स्वाध्याय, भिक्षा माँग कर भोजन, जंगल से लकड़ी चुन कर लाना, गुरु की सेवा करना इत्यादि। गृहस्थ के लिये पंच महायज्ञ, बलि, अतिथियों को भोजन और भिक्षु संन्यासियों आदि को भिक्षा देना इत्यादि। वानप्रस्थ के लिये सामग्री सहित गृह की अग्नि को लेकर वन में वास करना, जटा, नख, श्मश्रु आदि रखना। भूमि पर सोना, शीत, ताप सहना, अग्निहोत्र, दर्शपौर्णमास बलिकर्म्म आदि करना इत्यादि। संन्यासी के लिये सब वस्तुओं को त्याग अग्नि और गृह से रहित होकर भिक्षा द्वारा निर्वाह करना, श्मश्रु, नख आदि को कटाए और दंड कमंडलु लिए रहना। यह तो वर्ण और आश्रम के अलग अलग धर्म्म हुए। इन दोनों के संयुक्त धर्म्मों को वर्णाश्रम धर्म्म कहते हैं। जैसे ब्राह्मण ब्रह्मचारी का पलाश-दंड धारण करना। जो धर्म्म किसी गुण या विशेषता के कारण हो उसे गुण-धर्म्म कहते हैं—जैसे, जिसका शास्त्रोक्त रीति से अभिषेक हुआ हो उस राजा का प्रजापालन करना। निमित्त-धर्म्म वह है जो किसी निमित्त से किया जाय। जैसे शास्त्रोक्त कर्म न करने वा शास्त्रविरुद्ध करने पर प्रायश्चित्त करना। इसी प्रकार के विशेष धर्म्म कुल-धर्म्म, जाति-धर्म्म आदि हैं।

(५) वह वृत्ति वा आचरण जो लोक वा समाज की स्थिति के लिये आवश्यक हो। वह आचार जिससे समाज की रक्षा और सुख-शांति की वृद्धि हो तथा परलोक में भी उत्तम गति मिले। कल्याणकारी कर्म। सुकृत। सदाचार। श्रेय। पुण्य। सत्कर्म।

विशेष—स्मृतिकारों ने वर्ण, आश्रम, गुण और निमित्त धर्म्म के अतिरिक्त साधारण धर्म्म भी कहा है जिसका मानना ब्राह्मण से लेकर चांडाल तक के लिये समान रूप से आवश्यक है। मनु ने वेद, स्मृति, साधुओं के आचार और अपनी आत्मा की तुष्टि को धर्म्म का साक्षात् लक्षण बताकर साधारण धर्म्म में दस बातें कही हैं—धृति (धैर्य), क्षमा, दम, अस्तेय (चोरी न करना), शौच, इंद्रियनिग्रह, धी, विद्या, सत्य और अक्रोध। मनुष्य मात्र के लिये जो सामान्य धर्म निरूपित किया गया है वही समाज को धारण करनेवाला है; उसके बिना समाज की रक्षा नहीं हो सकती। मनु ने कहा है कि रक्षा किया हुआ धर्म रक्षा करता है। अतः प्रत्येक सभ्य देश के जन-समुदाय के बीच श्रद्धा, भक्ति, दया, प्रेम, आदि चित्त की उदात्त मनोवृत्तियों से संबंध रखनेवाले परोपकार धर्म की स्थापना हुई है, यहाँ तक कि

परलोक आदि पर विश्वास न रखनेवाले योरप के आधिभौतिक तत्त्ववेत्ताओं को भी समाज की रक्षा के निमित्त इस सामान्य धर्म को स्वीकार करना पड़ा है। उन्होंने इस धर्म का लक्षण यह बतलाया है कि जिस कर्म से अधिक मनुष्यों को अधिक सुख मिले वह धर्म है। बौद्ध शास्त्रों में इसी धर्म को शील कहा गया है। जैन शास्त्रों ने अहिंसा को परम धर्म माना है।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—धर्म कमाना = धर्म करके उसका फल संचित करना। धर्म खाना = धर्म की शपथ खाना। धर्म की दुहाई देना। धर्म बिगाड़ना = (१) धर्म के विरुद्ध आचरण करना। धर्म भ्रष्ट करना। (२) स्त्री का सतीत्व नष्ट करना। धर्म रखना = धर्म के विरुद्ध आचरण करने से बचना या बचाना। धर्म-जगती कहना = धर्म का ध्यान रखकर कहना। ठीक ठीक कहना। सत्य कहना। उचित बात कहना। जैसे, हम तो धर्म-जगती कहेंगे, चाहे किसी को भला लगे या बुरा। धर्म से कहना = सत्य सत्य कहना। ठीक ठीक कहना। उचित बात कहना।

(६) किसी आचार्य वा महात्मा द्वारा प्रवर्त्तित ईश्वर, परलोक आदि के संबंध में विशेष रूप का विश्वास और आराधना की विशेष प्रणाली। उपासनाभेद। मत। संप्रदाय। पंथ। मजहब। जैसे, हिंदू धर्म, ईसाई धर्म, इसलाम धर्म।

क्रि० प्र०—छोड़ना।—बदलना।

विशेष—इस अर्थ में इस शब्द का प्रयोग प्राचीन नहीं है।

(७) परस्पर व्यवहार संबंधी नियम जिसका पालन राजा, आचार्य वा मध्यस्थ द्वारा कराया जाय। नीति। न्याय व्यवस्था। कायदा। कानून। जैसे, हिंदू-धर्मशास्त्र।

यौ०—धर्मराज। धर्माधिकारी। धर्माध्यक्ष।

विशेष—आचार और व्यवहार दोनों का प्रतिपादन स्मृतियों में हुआ है। याज्ञवल्क्य स्मृति में आचाराध्याय और व्यवहाराध्याय अलग अलग हैं। दायविभाग, सीमाविवाद, ऋणादान, दंडयोग्य अपराध आदि सब विषय अर्थात् दीवानी और फौजदारी के सब मामले व्यवहार के अंतर्गत हैं। राजसभा में या धर्माध्यक्ष के सामने इन सब व्यवहारों (मुकदमों) का निर्णय होता था।

(८) न्यायबुद्धि। विवेक। उचित अनुचित का विचार करनेवाली चित्तवृत्ति। ईमान। उ०—जैसा तुम्हारे धर्म में आवे करो, चाहे मारो चाहे छोड़ो।—लक्ष्मणसिंह।

मुहा०—धर्म में आना = अंतःकरण में उचित जान पड़ना।

(९) धर्मराज। यमराज। (१०) धनुष। कमान। (११) सोमपायी। (१२) वर्त्तमान अवसर्पिणी के १५ वें अर्हत् का नाम। (जैन)। (१३) जन्म लग्न से नवें स्थान का नाम जिसके द्वारा यह विचार किया जाता है कि बालक कहाँ तक भाग्यवान् और धार्मिक होगा।

धर्मकर्म—संज्ञा पुं० [सं०] वह कर्म वा विधान जिसका करना किसी धर्म ग्रंथ में आवश्यक ठहराया गया हो। जैसे, संध्योपासन आदि।

धर्मकील—संज्ञा पु० [सं०] राज्यशासन। शासन।

धर्मकेतु—संज्ञा पुं० [सं०] (१) कश्यप-वंशीय सुकेतु राजा के पुत्र का नाम। (२) बुद्धदेव।

धर्मक्षेत्र—संज्ञा पुं० [सं०] (१) कुरुक्षेत्र। (२) भारतवर्ष जो धर्म के संचय के लिये कर्मभूमि माना गया है।

धर्मग्रंथ—संज्ञा पु० [सं०] वह ग्रंथ या पुस्तक जिसमें किसी जन-समाज के आचार व्यवहार और उपासना आदि के संबंध में शिक्षा हो।

धर्मघट—संज्ञा पुं० [सं०] सुगंधित जल से भरा हुआ घड़ा जिसके वैशाख में दान देने का माहात्म्य काशीखंड, हेमाद्रिदान खंड आदि में है।

धर्मघड़ी—संज्ञा स्त्री० [सं० धर्म + हिं० घड़ी] बड़ी घड़ी जो ऐसे स्थान पर लगी हो जिसे सब कोई देख सकें।

धर्मचक्र—संज्ञा पुं० [सं०] (१) धर्म का समूह। (२) प्राचीन काल का एक प्रकार का अस्त्र। (वाल्मीकि०)। (३) बुद्ध की धर्मशिक्षा जिसका आरंभ काशी से हुआ था। (४) बुद्धदेव।

धर्मचर्य्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] धर्म का आचरण।

धर्मचारी—वि० [सं० धर्मचारिन्] [स्त्री० धर्मचारिणी] धर्म का आचरण करनेवाला।

धर्मचिंतन—संज्ञा पु० [सं०] धर्म की भावना। धर्मसंबंधी बातों का विचार।

धर्मज—वि० [सं०] धर्म से उत्पन्न।

संज्ञा पुं० (१) धर्मपत्नी से उत्पन्न प्रथम औरस पुत्र (क्योंकि इसके द्वारा पिता पितृऋण से मुक्त होता है)। (२) धर्मपुत्र युधिष्ठिर। (३) एक बुद्ध का नाम। (४) नरनारायण।

धर्मजीवन—संज्ञा पुं० [सं०] धर्मकृत्य करा कर जीविका करनेवाला ब्राह्मण।

धर्मज्ञ—वि० [सं०] धर्म को जाननेवाला।

धर्मण—संज्ञा पुं० [सं०] (१) धामिन वृक्ष। (२) धामिन साँप। (३) धामिन पक्षी।

धर्मतः—अव्य० [सं०] धर्म से। धर्म का ध्यान रखते हुए। धर्म को साक्षी करके। सत्य सत्य। जैसे, जो कुछ हुआ हो मुझसे धर्मतः कहो।

धर्मदान—संज्ञा पुं० [सं०] वह दान जो किसी निमित्त से वा विशेष फल की प्राप्ति (जैसे ग्रहों की शांति आदि) के अर्थ

न किया जाय, केवल धर्म वा सात्विक बुद्धि की प्रेरणा से किया जाय।

धर्मदार–संज्ञा स्त्री० [स०] धर्मपत्नी।

धर्मद्रवी–संज्ञा स्त्री० [सं०] गंगा नदी।

धर्मधक्का–संज्ञा पुं० [सं० धर्म + हिं० धक्का] (१) वह कष्ट जो धर्म के लिये उठाना पड़े। वह हानि या कठिनाई जो परोपकार आदि के लिये सहनी पड़े। (२) वह कष्ट या प्रयत्न जिससे निज का कोई लाभ न हो। व्यर्थ का कष्ट।

धर्मधातु–संज्ञा पुं० [सं०] बुद्ध देव।

धर्मध्वज–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धर्म का आडंबर खड़ा करके स्वार्थ साधनेवाला मनुष्य। धार्मिकों का सा वेश और ढंग बनाकर लोगों से पुजानेवाला मनुष्य। पाखंडी। उ०—धिक धर्मध्वज धंधकधोरी।—तुलसी। (२) मिथिला के एक जनकवंशीय राजा जिनकी कथा महाभारत के शांतिपर्व में है। ये संन्यास-धर्म और मोक्ष-धर्म के जाननेवाले परम ब्रह्मज्ञानी राजा थे। एक बार सुलभा नाम की एक संन्यासिनी सारी पृथ्वी पर घूमती हुई धर्मध्वज की परीक्षा के लिये उनकी सभा में योगबल से अत्यंत मनोहर रूप धारण करके आई। राजा चकित होकर उसका परिचय आदि पूछ ही रहे थे कि उसने अपनी बुद्धि द्वारा राजा की बुद्धि में और नेत्र द्वारा राजा के नेत्र में यह देखने के लिये प्रवेश किया कि वे मोक्षधर्म के वेत्ता हैं या नहीं। राजा उसका अभिप्राय समझ गए और लिंग शरीर धारण करके उससे उसका परिचय पूछने लगे और उसे उसके आचरण के लिये भला बुरा कहने लगे। राजा ने कहा—"तुमने अपनी बुद्धि द्वारा जो हमारे शरीर में प्रवेश किया उससे अनुचित सहयोग हुआ; इससे तुम्हें तो व्यभिचार दोष लगा ही, मैं भी उसका भागी हुआ।" सुलभा ने आत्मज्ञान की अनेक बातें कहकर राजा को इस प्रकार समझाया—"मेरा संपर्क तो अपने शरीर के साथ नहीं है आपके शरीर के साथ क्योंकर हो सकता है? मैंने अपने सत्वगुण के बल से आपके शरीर में प्रवेश किया। यदि आप जीवन्मुक्त हैं तो मेरे प्रवेश से आपका कोई अपकार नहीं हो सकता। वन के बीच शून्य कुटी में प्रवेश करना संन्यासी का धर्म है अतः मैंने भी आपके बोधशून्य शरीर में प्रवेश किया है और आज भर रहकर कल चली जाऊँगी।" राजा यह सुन कर चुप हो रहे।

धर्मध्वजी–संज्ञा पुं० [सं० धर्मध्वजिन्] पाखंडी। दे० "धर्मध्वज"।

धर्मनंदी–संज्ञा पुं० [सं०] एक बौद्ध पंडित जिन्होंने कई बौद्धशास्त्रों का चीनी भाषा में अनुवाद किया था।

धर्मनाथ–संज्ञा पुं० [सं०] जैनों के पंद्रहवें तीर्थंकर।

विशेष—जैन ग्रंथों के अनुसार ये रत्नपुरी नाम की नगरी में इक्ष्वाकु कुल में उत्पन्न हुए थे। इनके पिता का नाम भानुराज और माता का नाम सुव्रतादेवी था। इनका डील ४५ धनुष का और आयु दस लाख वर्ष की थी। दीक्षा के लिये इन्होंने दो दिन का उपवास किया था। दधिवर्ण वृक्ष इनका दीक्षावृक्ष था। शुक्ला महात्रयोदशी को इनकी दीक्षा हुई थी। दीक्षा के पीछे दो वर्षों तक ये छद्मस्थ रहे, फिर पूस की पूर्णिमा को इन्होंने ज्ञानलाभ किया।

धर्मनाभ–संज्ञा पुं० [स०] (१) विष्णु। (२) एक नदी का नाम।

धर्मनिष्ठ–वि० [स०] धर्मपरायण। धर्म में जिसकी आस्था हो। धार्मिक।

धर्मनिष्ठा–संज्ञा स्त्री० [सं०] धर्म में आस्था। धर्म में श्रद्धा, भक्ति और प्रवृत्ति।

धर्मपट्ट–संज्ञा पुं० [सं०] वह व्यवस्थापत्र जो किसी राजा या धर्माधिकारी की ओर से दिया जाय।

धर्मपति–संज्ञा पुं० [स०] (१) धर्म पर अधिकार रखनेवाला पुरुष। धर्मात्मा। (२) वरुण देवता।

धर्मपत्तन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बृहत्संहिता के अनुसार कूर्मविभाग में दक्षिण देश के पास का एक जनस्थान जो कदाचित् आधुनिक धर्मपटम (जिला मलाबार) के आस पास रहा हो। (२) श्रावस्ती नगरी। (३) गोलमिर्च।

धर्मपत्नी–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह स्त्री जिसके साथ धर्मशास्त्र की रीति से विवाह हुआ हो। विवाहिता स्त्री।

विशेष—वृहस्पति में लिखा है कि प्रथमा स्त्री ही धर्मपत्नी है। ब्याह कर लाई हुई दूसरी स्त्री को कामपत्नी कहा गया है।

धर्मपत्र–संज्ञा पुं० [सं०] गूलर (जिसके पत्ते यज्ञादि धर्मकार्यों में काम आते हैं)।

धर्मपरिणाम–संज्ञा पु० [सं०] योग दर्शन के अनुसार सब भूतों और इंद्रियों के एक रूप वा स्थिति से दूसरे रूप वा स्थिति में प्राप्त होने की वृत्ति। एक धर्म के निवृत्त होने पर दूसरे धर्म की प्राप्ति। जैसे, मिट्टी के पिंडतारूप धर्म के निवृत्त होने पर घटत्वरूप धर्म की प्राप्ति।

विशेष—पतंजलि ने अपने योगदर्शन में चित्त के जिस प्रकार निरोध, समाधि और एकाग्रता ये तीन परिणाम कहे हैं उसी प्रकार सूक्ष्म, स्थूल भूतों तथा इंद्रियों के भी तीन परिणाम बतलाए हैं—धर्मपरिणाम, लक्षणपरिणाम और अवस्थापरिणाम। पुरुष के अतिरिक्त और सब वस्तुएँ इन परिणामों के अधीन अर्थात् परिणामी हैं। प्रत्येक धर्मी अर्थात् प्राकृतिक द्रव्य तीन प्रकार के धर्मों से युक्त हैं—शांत,

उदित और अव्यपदेश्य। वस्तु का जो धर्म अपना व्यापार कर चुका हो वह शांतधर्म कहलाता है। जैसे, घट के फूट जाने पर घटत्व, बीज के अंकुरित हो जाने पर बीजत्व। जो धर्म विद्यमान रहता है उसे उदित कहते हैं, जैसे, घट के बने रहने पर घटत्व। जो धर्म प्राप्त होनेवाला है और व्यक्त वा निर्दिष्ट न हो सकने पर भी शक्ति रूप से स्थित वा निहित रहता है उसे अव्यपदेश्य कहते हैं, जैसे बीज में वृक्ष होने का धर्म।

धर्मपाल–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धर्म का पालन वा रक्षा करनेवाला। (२) धर्म का पालन करनेवाला। (३) दंड (जिस के भय से लोग धर्म का पालन करते हैं)। (४) राजा दशरथ के एक मंत्री का नाम।

धर्मपीठ–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धर्म का प्रधान स्थान। (२) काशी। (३) वह स्थान जहाँ धर्म की व्यवस्था मिले।

धर्मपीड़ा–संज्ञा स्त्री० [सं०] धर्म वा न्याय के विरुद्ध आचरण।

धर्मपुत्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धर्म के पुत्र युधिष्ठिर। (२) नरनारायण। (३) धर्मानुसार पुत्र कह कर जिसका ग्रहण किया गया हो।

धर्मपुरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) यमपुरी जहाँ शरीर छूटने पर प्राणियों के किए हुए धर्म अधर्म का विचार होता है। (२) कचहरी। न्यायालय।

धर्मप्रतिरूपक–संज्ञा पुं० [सं०] परायों को दिया हुआ ऐसे सशक्त और संपन्न मनुष्य का दान जिसके अपने लोग (कुटुंबी आदि) कष्ट में हों।

विशेष—मनु ने कीर्ति, यश आदि के लिये दिए हुए ऐसे दान को धर्म नहीं कहा है, धर्म का प्रतिरूपक (नकल) कहा है।

धर्मप्रभास–संज्ञा पु० [सं०] बुद्ध का एक नाम।

धर्मप्रवचन–संज्ञा पुं० [सं०] बुद्ध का एक नाम।

धर्मबुद्धि–संज्ञा स्त्री० [सं०] धर्म अधर्म का विवेक। भले बुरे का विचार।

धर्मभाणक–संज्ञा पुं० [सं०] कथा पुराण बाँचनेवाला। कथक्कड़।

धर्मभिक्षुक–संज्ञा पुं० [सं०] वह जिसने धर्मार्थ भिक्षावृत्ति ग्रहण की हो।

विशेष—मनु ने नौ प्रकार के धर्मभिक्षुक गिनाए हैं—पुत्र की कामना से विवाह चाहनेवाला, यज्ञ की इच्छा रखनेवाला, पथिक, जो यज्ञ में अपना सर्वस्व लगा कर निर्धन हो गया हो, गुरु, माता और पिता के भरण पोषण के लिये धन चाहनेवाला, अध्ययन की इच्छा रखनेवाला विद्यार्थी और रोगी। ये नव धर्मभिक्षुक ब्राह्मण श्रेष्ठ स्नातक हैं। इन्हें यज्ञ की वेदी के भीतर बैठा कर दक्षिणा के सहित अन्नदान देना चाहिए। इनके अतिरिक्त जो और ब्राह्मण हों उन्हें वेदी के बाहर बैठाना चाहिए।

धर्मभीरु–वि० [सं०] जिसे धर्म का भय हो। जो अधर्म करते हुए बहुत डरता हो।

धर्ममेघ–संज्ञा पुं० [सं०] योग में असंप्रज्ञात समाधि के अंतर्गत एक समाधि जिसमें वैराग्य के अभ्यास से चित्त सब वृत्तियों से रहित हो जाता है अर्थात् इतना असमर्थ हो जाता है कि उसका रहना न रहना बराबर हो जाता है, केवल कुछ संस्कार मात्र रह जाता है।

धर्मयुग–संज्ञा पुं० [सं०] सत्ययुग।

धर्मयुद्ध–संज्ञा पुं० [सं०] वह युद्ध जिसमें किसी प्रकार का अन्याय वा नियम का भंग न हो।

धर्मरक्षित–संज्ञा पुं० [सं०] योग (यवन) देशीय एक बौद्ध धर्मोपदेशक वा स्थविर जिसे महाराज अशोक ने अपरांतक (बिलूचिस्तान) देश में उपदेश के लिये भेजा था।

धर्मराइ–*संज्ञा पुं० दे० "धर्मराज"।

धर्मराज–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धर्म का पालन करनेवाला, राजा। (२) युधिष्ठिर। (३) यमराज। (४) जिन।

धर्मराज परीक्षा–संज्ञा स्त्री० [सं०] स्मृतियों के अनुसार धर्म में अभियुक्त दोषी है या निर्दोष, इसकी एक दिव्य परीक्षा।

विशेष—बृहस्पति, पितामह आदि स्मृतिकारों ने जो विधान लिखे हैं वे थोड़े बहुत भिन्न होने पर भी वस्तुतः एक ही से हैं। धर्म और अधर्म की दो श्वेत और कृष्ण मूर्त्तियाँ भोजपत्र पर बना कर और उनकी प्राण-प्रतिष्ठापूर्वक पूजा कर के मिट्टी के दो बराबर पिंडों में उन्हें रखे। फिर दोनों पिंडों को दो नए घड़ों में रख कर अभियुक्त को बुलावे और किसी घड़े पर हाथ रखने के लिये कहे। यदि उसका हाथ धर्म-पिंडवाले घड़े पर पड़े तो उसे निर्दोष समझे।

धर्मराय–*संज्ञा पु० दे० "धर्मराज"।

धर्मलुप्ता उपमा–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह उपमा जिसमें धर्म अर्थात् उपमान और उपमेय में समान रूप से पाई जानेवाली बात का कथन न हो। दे० "उपमा"।

धर्मवाहन–संज्ञा पु० [सं०] (१) वह जिसका वाहन धर्म हो। शिव। (२) धर्मराज का वाहन महिष। भैंसा।

धर्मविवेचन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धर्म के संबंध में चिंतन। (२) धर्म अधर्म का विचार। (३) दूसरे के किए हुए कर्म का विचार कि वह सदोष है या निर्दोष। किसी के दोषी वा निर्दोष होने का निर्णय।

धर्मवीर–संज्ञा पुं० [सं०] वह जो धर्म करने में साहसी हो।

विशेष—रसनिर्णय के ग्रंथों में वीररस के अंतर्गत चार प्रकार के वीर कहे गए हैं युद्ध—वीर, धर्मवीर, दानवीर और दयावीर।

धर्मबुद्ध–वि० [सं०] जो धर्माचरण द्वारा श्रेष्ठ हो।

धर्मवैतंसिक—संज्ञा पुं० [सं०] वह जो पाप के द्वारा धन कमा कर लोगों को दिखाने और धार्मिक प्रसिद्ध होने के लिये बहुत दान पुण्य करता हो।

धर्मव्याध—संज्ञा पुं० [सं०] मिथिलापुर-निवासी एक व्याध जिसने कौशिक नामक एक तपस्वी वेदाध्यायी ब्राह्मण को धर्म का तत्व समझाया था।

विशेष—महाभारत (वन पर्व) में इसकी कथा इस प्रकार है। कौशिक नामक एक तपस्वी ब्राह्मण एक पेड़ के नीचे बैठ कर वेद पाठ कर रहे थे इतने में एक बगली ने पेड़ पर से इनके ऊपर बीट कर दी। कौशिक ने कुछ क्रुद्ध होकर उसकी ओर देखा और वह मर कर गिर पड़ी। इस पर कौशिक को बड़ा दुःख हुआ और वे भिक्षा माँगने के लिये एक परिचित गृहस्थ के घर पहुँचे। उसकी गृहणी उन्हें बैठा कर भीतर अन्न आदि लाने गई। पर इसी बीच में उसका पति भूखा प्यासा कहीं से आ गया और वह उसकी सेवा में लग गई। पीछे जब इसे द्वार पर बैठे हुए ब्राह्मण की सुध हुई तब वह भिक्षा लेकर तुरंत बाहर आई और विलंब का कारण बता कर क्षमा प्रार्थना करने लगी। कौशिक इस पर बहुत बिगड़े और ब्राह्मण के कोप का भयंकर फल बता कर उसे डराने लगे। इस पर उस स्त्री ने कहा—"मैं बगली नहीं हूँ। आपके क्रोध से मेरा क्या हो सकता है? मैं पति को अपना परम देवता समझती हूँ। उनकी सेवा से छुट्टी पाकर तब मैं भिक्षा लेकर आई हूँ। क्रोध बहुत बुरी वस्तु है। जो क्रोध के वश में नहीं होता देवता इसी को ब्राह्मण समझते हैं। यदि आपको धर्म का यथार्थ तत्व जानना हो तो मिथिला में धर्म-व्याध के पास जाइए।" कौशिक अवाक् हो गए और अपने को धिक्कारते हुए मिथिला की ओर चल पड़े। वहाँ जाकर उन्होंने देखा कि धर्म-व्याध नाना प्रकार के पशुओं का मांस रख कर बेच रहा है। धर्म-व्याध ने ब्राह्मण देवता को देखते ही आदर से उठ कर बैठाया और कहा—"आप को एक ब्राह्मणी ने मेरे पास भेजा है"। कौशिक को बड़ा आश्चर्य हुआ और उन्होंने धर्म-व्याध से कहा—"तुम इतने ज्ञानसम्पन्न होकर ऐसा निकृष्ट कर्म क्यों करते हो?" धर्म-व्याध ने कहा "महाराज! यह पितृपरंपरा से चला आता हुआ मेरा कुल-धर्म है अतः मैं इसी में स्थित हूँ। मैं अपने माता पिता और अतिथियों की सेवा करता हूँ, देवपूजन और शक्ति के अनुसार दान करता हूँ, झूठ नहीं बोलता, बेईमानी नहीं करता। जो मांस बेचता हूँ वह दूसरों के मारे हुए पशुओं का होता है। मेरी वृत्ति भयंकर अवश्य है, पर किया क्या जाय? मेरे लिये वही निर्दिष्ट की गई है। वही मेरा कुलोचित कर्म है, इसे त्याग करना उचित नहीं। पर साथ ही सदाचार के आचरण में मुझे कोई बाधा नहीं"।

इसके उपरांत धर्म-व्याध ने अपने पूर्व जन्म का वृत्तांत इस प्रकार सुनाया—"मैं पूर्व जन्म में वेदाध्यायी ब्राह्मण था। मैं एक दिन अपने मित्र एक राजा के साथ शिकार में गया और वहाँ जाकर मैंने एक मृगी के ऊपर तीर चलाया। पीछे जान पड़ा कि मृगी के रूप में एक ऋषि थे। ऋषि ने मुझे शाप दिया कि—"तूने मुझे बिना अपराध मारा इससे तू शूद्रयोनि में जाकर एक व्याध के घर उत्पन्न होगा।"

धर्मव्रता—संज्ञा स्त्री० [सं०] विश्वरूपा के गर्भ से उत्पन्न धर्म नामक एक राजा की कन्या जिस ने पातिव्रत्य की प्राप्ति के लिये घोर तप किया था। मरीचि ऋषि ने उसे पृथ्वी पर सब से बड़ी पतिव्रता देख उसके साथ विवाह किया था। (वायु-पुराण)

धर्मशाला—संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह मकान जो पथिकों या यात्रियों के टिकने के लिये धर्मार्थ बना हो और जिसका कुछ भाड़ा आदि न लगता हो। (२) वह स्थान जहाँ पुण्य के लिये नियमपूर्वक दान आदि दिया जाता हो। सत्र। (३) वह स्थान जहाँ धर्म अधर्म का निर्णय हो। न्यायालय। विचारालय।

धर्मशास्त्र—संज्ञा पुं० [सं०] किसी जन-समूह के लिये उचित आचार व्यवहार की व्यवस्था जो किसी महात्मा वा आचार्य की ओर से होने के कारण मान्य समझी जाती हो। वह ग्रंथ जिसमें समाज के शासन के निमित्त नीति और सदाचार संबंधी नियम हों। जैसे, मानव धर्मशास्त्र।

विशेष—हिंदुओं के धर्मशास्त्र 'स्मृति' के नाम से प्रसिद्ध हैं। इनमें मनुस्मृति सब से प्रधान समझी जाती है। मनु के अतिरिक्त यम, वशिष्ठ, अत्रि, दक्ष, विष्णु, अंगिरा, उशना, बृहस्पति, व्यास, आपस्तंब, गौतम, कात्यायन, नारद, याज्ञवल्क्य, पराशर, संवर्त्त, शंख, और हारीत भी स्मृतिकार हुए हैं। दे० "स्मृति"।

धर्मशास्त्री—संज्ञा पुं० [सं०] धर्मशास्त्र के अनुसार व्यवस्था देने-वाला। धर्मशास्त्र जाननेवाला पंडित।

धर्मशील—वि० [सं०] धर्म के अनुसार आचरण करनेवाला। धार्मिक।

धर्मशीलता—संज्ञा स्त्री० [सं०] धर्मशील होने का भाव। धर्मा-चरण की वृत्ति। उ०—कह कपि धर्मशीलता तोरी। हमहुँ सुनी कृत परतिय चोरी।—तुलसी।

धर्मसभा—संज्ञा स्त्री० [सं०] न्यायालय। कचहरी। वह स्थान जहाँ बैठ कर न्यायाधीश न्याय करे। अदालत। उ०—धर्म-सभा महँ रामहिं जानेा। श्वान चलो निज पीर बखानेा। —केशव।

धर्मसारी*†—संज्ञा स्त्री० [सं० धर्मशाला] धर्मशाला। उ०—राजा इक पंडित पौरि तुम्हारी।.....हूँठ पैंड दे वसुधा हमको तहाँ रचौं धर्मसारी।—सूर।

धर्मसावर्णि–संज्ञा पुं० [सं०] पुराणों के अनुसार ग्यारहवें मनु ।

धर्मसू–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धर्मप्रेरक । (२) धन्याट पक्षी ।

धर्मसूत्र–संज्ञा पुं० [सं०] जैमिनि प्रणीत धर्मनिर्णय पर एक ग्रंथ ।

धर्मसेतु–संज्ञा पुं० [सं०] सेतु की तरह धर्म को धारण करनेवाला । धर्म का पालन करनेवाला ।

धर्मसेन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक प्राचीन महास्थविर या बौद्ध महात्मा जो ऋषिपत्तन (सारनाथ, काशी) संघ के प्रधान थे । अनुराधापुर (सिंहलद्वीप) के राजा दुखगामिनी ने जब महास्तूप की स्थापना की थी (ई० पू० १५७) तब ये बारह हजार अनुचरों के साथ उपस्थित हुए थे । (२) जैनों के द्वादश अंगविदों में से एक ।

धर्मस्कंध–संज्ञा पुं० [सं०] धर्मास्तिकाय पदार्थ । (जैन)

धर्मस्थ–संज्ञा पुं० [सं०] विचारक । न्यायकर्त्ता ।

धर्मांग–संज्ञा पुं० [सं०] बक । बगला (जिसका अंग धर्म के समान शुभ्र होता है) ।

धर्माचार्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धर्म की शिक्षा देनेवाला गुरु । (२) ऋग्वेदियों में इन ऋषियों में एक जिनके निमित्त तर्पण किया जाता है ।

धर्मात्मा–वि० [धर्मात्मन्] धर्मशील । धर्म करनेवाला । धार्मिक ।

धर्माधिकरण–संज्ञा पुं० [सं०] वह स्थान जहाँ राजा व्यवहारों (मुकदमों) पर विचार करता है । विचारालय ।

धर्माधिकारी–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धर्म अधर्म की व्यवस्था देनेवाला । विचारक । न्यायाधीश । (२) वह जो किसी राजा या बड़े आदमी की ओर से धर्मार्थ निकाले हुए द्रव्य को पात्रापात्र का विचार करके बाँटने आदि का प्रबंध करता है । पुण्यखाते का प्रबंधकर्त्ता । दानाध्यक्ष ।

धर्माध्यक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धर्माधिकारी । (२) विष्णु । (३) शिव ।

धर्मारण्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) तपोवन । (२) एक तीर्थ जिसके विषय में वराहपुराण में यह कथा लिखी है कि जब चंद्रमा ने गुरुपत्नी तारा का हरण किया तब धर्म व्याकुल होकर एक सघन वन में घुस गया । उस वन का नाम ब्रह्मा ने धर्मारण्य रक्खा । (३) गया के अंतर्गत एक तीर्थस्थान । (४) कूर्मविभाग के मध्य भाग में एक देश । (बृहत्संहिता)

धर्मार्थ–क्रि० वि० [सं०] धर्म के निमित्त । केवल धर्म वा पुण्य के उद्देश्य से । परोपकार के लिये । जैसे, उसने १००) धर्मार्थ दिए हैं ।

धर्मावतार–संज्ञा पुं० [सं०] (१) साक्षात् धर्मस्वरूप । अत्यंत धर्मात्मा ।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग संबोधन के रूप में छोटों की ओर से बड़ों के प्रति आदरार्थ होता है ।

(२) धर्माधर्म का निर्णय करनेवाला पुरुष । न्यायाधीश । (३) युधिष्ठिर ।

धर्मासन–संज्ञा पुं० [सं०] वह आसन या चौकी जिस पर बैठ कर न्यायाधीश न्याय करता है । उ०—हे प्रतिहारी तू हमारा नाम लेकर पिशुन मंत्री से कह दे कि बहुत जागने से हम में धर्मासन पर बैठने की सामर्थ नहीं रही, इस लिये जो कुछ काम काज प्रजासंबंधी हो लिखकर हमारे पास यहीं भेज दे ।—लक्ष्मणसिंह ।

धर्मास्तिकाय–संज्ञा पुं० [सं०] जैन शास्त्रानुसार छः द्रव्यों में से एक जो एक अरूपी पदार्थ है और जीव और पुद्गल की गति का आधार या सहायक होता है ।

धर्मिणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) पत्नी । (२) रेणुका ।

वि० धर्म करनेवाली ।

विशेष—हिंदी में इसका प्रयोग समस्त पदों में ही होता है, जैसे, सहधर्मिणी ।

धर्मिष्ठ–वि० [सं०] धार्मिक । पुण्यात्मा । सदाचारी ।

धर्मी–वि० [सं० धर्मिन्] [स्त्री० धर्मिणी] (१) जिसमें धर्म हो । धर्म वा गुणविशिष्ट । जैसे, प्रसवधर्मी । (२) धार्मिक । पुण्यात्मा । (३) मत या धर्म को माननेवाला । जैसे, भिन्नधर्मी ।

संज्ञा पुं० (१) धर्म का आधार । गुण या धर्म का आश्रय । जैसे, द्रवत्व धर्म का आधार जल है । (२) धर्मात्मा मनुष्य । (३) विष्णु ।

धर्मीपुत्र–संज्ञा पुं० [सं०] नट । नाटक का कोई पात्र या अभिनयकर्त्ता ।

धर्म्यु–संज्ञा पुं० [सं०] पुरुवंशी राजा रौद्राश्व का एक पुत्र । (महाभारत)

धर्मोपदेश–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धर्म की शिक्षा । वह कथन वा व्याख्यान जो धर्म का तत्त्व समझाने या धर्म की ओर प्रवृत्त करने के लिये हो । (२) धर्म की व्यवस्था । धर्मशास्त्र ।

धर्मोपदेशक–संज्ञा पुं० [सं०] धर्म का उपदेश देनेवाला ।

धर्मोपाध्याय–संज्ञा पुं० [सं०] पुरोहित ।

धर्म्य–वि० [सं०] जो धर्म के अनुकूल हो । धर्म वा न्याययुक्त ।

धर्म्यविवाह–संज्ञा पुं० [सं०] स्मृतियों में जो विवाह गिनाए गए हैं उनमें से ब्राह्म, दैव, आर्ष, गांधर्व और प्राजापत्य ये पाँच धर्म्यविवाह कहलाते हैं ।

धर्ष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अविनीत व्यवहार । अविनय । धृष्टता । गुस्ताखी । संकोच या शिष्टता का अभाव । (२) असहनशीलता । तुनकमिजाजी । (३) धैर्य का अभाव । अधीरता । बेसब्री । (४) शक्तिबंधन । अशक्त होने या करने का भाव । बेकाम करने या होने का भाव । (५)

रोक। दबाव (६) नामर्द करने या होने का भाव। (७) नामर्द। नपुंसक। हिजड़ा। (८) हिंसा। जी दुखाने का कार्य्य। (९) अनादर। अपमान। हतक। (१०) (स्त्री का) सतीत्वहरण।

धर्षक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) दबानेवाला। दमन करनेवाला। (२) अपमान करनेवाला। तिरस्कार करनेवाला। (३) असहनशील। (४) सतीत्व हरण करनेवाला। व्यभिचारी। (५) अभिनय करनेवाला। नकल करनेवाला। नट।

धर्षकारी—वि० [सं० धर्षकारिन्] [स्त्री० धर्षकारिणी] (१) दबाने वा दमन करनेवाला। हरानेवाला। नीचा दिखानेवाला। (२) अपमान करनेवाला। अवज्ञा करनेवाला।

धर्षकारिणी—वि० [सं०] जिसका सतीत्व नष्ट हुआ हो। असती। व्यभिचारिणी।

धर्षण—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० धर्षणीय, धर्षित] (१) अनादर। अपमान। अवज्ञा। (२) दबोचना। आक्रमण। दबाने वा दमन करने का कार्य्य। हराने का कार्य्य। नीचा दिखाने का कार्य्य। (३) असहनशीलता। (४) एक अस्त्र का नाम। (५) स्त्रीप्रसंग। रति। (६) शिव।

धर्षणा—संज्ञा स्त्री० [स०] (१) अवमानता। अवज्ञा। अपमान। हतक। (२) दबाने वा हराने का कार्य्य। नीचा दिखाने का कार्य्य। (३) सतीत्वहरण। (४) संभोग। रति।

धर्षणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] असती स्त्री। कुलटा।

धर्षणीय—वि० [सं०] धर्षण के योग्य।

धर्षित—वि० [सं०] (१) जिसका धर्षण किया गया हो। दबाया या दमन किया हुआ। परिभूत। हराया हुआ। (२) जिसे नीचा दिखाया गया हो। अपमानित।

संज्ञा पुं० रति। मैथुन।

धर्षी—वि० [सं० धर्षिन्] [स्त्री० धर्षिणी] (१) धर्षण करनेवाला। (२) धर दबानेवाला। आक्रमण करनेवाला। दबोचनेवाला। (३) हरानेवाला। (४) नीचा दिखानेवाला। (५) अपमान करनेवाला।

धलंड—संज्ञा पुं० [सं०] अंकोल का पेड़। ढेरा।

धव—संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक जंगली पेड़ जिसकी पत्तियाँ अमरूद या शरीफे की पत्तियों के ऐसी होती हैं। इसकी छाल सफेद और चिकनी तथा हीर की लकड़ी बहुत कड़ी और चमकीली होती है। फल छोटे छोटे होते हैं। इसकी कई जातियाँ होती हैं जो हिमालय की तराई से लेकर दक्षिण भारत तक पाई जाती हैं। बड़ी जाति का जो पेड़ होता है उसे धौरा या बाकली कहते हैं। इसकी लकड़ी बहुत मजबूत होती है और नाव, खेती के सामान आदि बनाने के काम में आती है। कोयला भी इसका बहुत अच्छा होता है। पत्तियों से चमड़ा सिझाया और कमाया जाता है। इसके पेड़ से एक प्रकार का गोंद निकलता है जिसे छींट छापनेवाले काम में लाते हैं। छोटी जाति का पेड़ विंध्य पर्वत पर तथा दक्षिण भारत की ओर होता है। धव के नाम से प्रायः यही अधिक प्रसिद्ध है और दवा के काम में आता है। वैद्यक में धव चरपरा कसैला, कफवात-नाशक, पित्तकारक, दीपन, रुचिवर्द्धक और पांडु रोग को दूर करनेवाला माना जाता है। पत्ती, फल और जड़ तीनों दवा के काम में आते हैं।

पर्य्या०—पिशाचवृक्ष। शकटाख्य। धुरंधर। दृढ़तरु। गौर। कषाय। मधुरस्वक्। शुष्कांग। पांडुतरु। धवल। पांडुर। घट। नंदितरु। स्थिर। पीतफल।

(२) पति। स्वामी। जैसे, माधव। (३) पुरुष। मर्द। (४) धूर्त्त आदमी। (५) एक वसु का नाम।

धवई—संज्ञा स्त्री० [सं० धातकी, धावनी] एक पेड़ जो हिमालय से लेकर सारे उत्तरीय भारत में अधिकता से होता है। दक्षिण में यह कम मिलता है। इसे धाय भी कहते हैं। इसकी पत्तियाँ अनार की पत्तियों से मिलती जुलती पर कुछ पीलापन लिए और खुरदुरी होती हैं। फूल लाल रंग के होते हैं और दवा तथा रँगाई के काम में आते हैं। ये फूल शिशिर से वसंत तक लगते हैं और इकट्ठे करके सुखाए जाते हैं। प्रदर रोग में वैद्य लोग इन फूलों का काढ़ा देते हैं। छाल भी दवा के काम में आती है। वैद्यक में धवई या धाय चरपरी, शीतल, कसैली, मदकारक, कड़ुई, रक्तप्रवाहिका, तथा पित्त, तृषा, विसर्प, व्रण, कृमि और अतिसार को दूर करनेवाली मानी जाती है। पर और अंगों की अपेक्षा फूलों में अधिक गुण कहा जाता है। धवई के पेड़ से एक प्रकार का गोंद भी निकलता है।

पर्य्या०—धाय। धातकी। ताम्रपुष्पी। धात्री। धावनी। धातुपुष्पिका। वह्निपुष्पी। अग्निज्वाला। सुभिक्षा। पार्वती। कुमुदा। सीधुपुष्पी। कुंजरा। मधवासिनी। गुच्छपुष्पी। वह्निशिखा इत्यादि।

धवनी—संज्ञा स्त्री० [सं० धमनी] लोहारों की धौंकनी। भाथी। उ०—भट्ठी मोह कृशानु रवि धवनि स्वास मद दारु। निसिदिन धन दरवी बरष क्रम कुट काल लोहारु।

संज्ञा स्त्री० [सं०] शालिपर्णी। सरिवन।

धवर—संज्ञा पु० [सं० धवल] एक पक्षी जिसका कंठ लाल और सारा शरीर सफेद होता है।

विशेष—भावप्रकाश में धवल पक्षी का मांस वातघ्न बताया गया है।

†*वि० [स० धवल] सफेद। उजला।

धवरहर—संज्ञा पुं० [हिं० धुर = ऊपर + घर] खंभे की तरह ऊपर दूर तक गया हुआ मकान का एक भाग जिस पर चढ़ने

के लिये भीतर सीढ़ियाँ बनी हों। धरहरा। मीनार। उ०—चढ़ि धवरहर विलोकि दखिन दिसि बूझ धौं पथिक कहाँ ते आए वे हैं।—तुलसी।

धवरा†—वि० [स० धवल] [स्त्री० धवरी] उजला। सफेद।

धवराहर—संज्ञा पुं० दे० "धवरहर"। उ०—सात खंड धवराहर साजा।—जायसी।

धवरी—वि० स्त्री० [हिं० धवरा] सफेद। उजली।

संज्ञा स्त्री० (१) धवर पक्षी की मादा। (२) सफेद रंग की गाय।

धवल—वि० [सं०] (१) श्वेत। उजला। सफेद। (२) निर्मल। झकाझक। (३) सुंदर। मनोहर।

संज्ञा पुं० (१) धव का पेड़। (२) चीनिया कपूर। (३) सिंदूर। (४) सफेद मिर्च। (५) धवर पक्षी। सफेद परेवा। (६) भारी बैल। महोक्ष। (७) छप्पय छंद का ४५ वाँ भेद। (८) अर्जुन वृक्ष। (९) श्वेत कुष्ठ। सफेद कोढ़। (१०) एक राग जो भरत के मत से हिंडोल राग का आठवाँ पुत्र माना जाता है।

धवलकौछी—संज्ञा स्त्री० [?] वैश्यों की एक जाति।

धवलगिरि—संज्ञा पुं० [सं०] एक पर्वत का नाम। धवलागिरि।

धवलता—संज्ञा स्त्री० [सं०] सफेदी। उजलापन।

धवलत्व—संज्ञा पुं० [सं] सफेदी। उजलापन।

धवलना—क्रि० स० [सं० धवल] उज्ज्वल करना। निखारना। चमकाना। प्रकाशित करना। उ०—स्वामि काज करिहौं रन रारी। जस धनवलिहौं भुवन दस चारी।—तुलसी।

धवलपक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] (१) शुक्ल पक्ष। उजला पाख। (२) हंस (जिसके पर सफेद होते हैं)।

धवलमृत्तिका—संज्ञा स्त्री० [सं०] खरिया मिट्टी। दुद्धी।

धवलश्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक रागिनी जिसमें पंचम और गांधार वर्जित हैं।

धवलांग—संज्ञा पुं० [सं०] हंस।

धवला—वि० स्त्री० [सं०] सफेद। उजली।

संज्ञा स्त्री० सफेद गाय।

संज्ञा पुं० [सं० धवल] सफेद बैल।

धवलाई*†—संज्ञा स्त्री० [स० धवल + आई (प्रत्य०)] सफेदी। उजलापन।

धवलागिरि—संज्ञा पुं० [सं० धवल + गिरि] हिमालय पहाड़ की एक प्रख्यात चोटी।

धवलित—वि० [सं०] (१) जो सफेद किया गया हो। जैसे, तुषारधवलित शृंग। (२) जो साफ झक किया गया हो।

धवली—संज्ञा स्त्री० [स०] (१) सफेद गाय। (२) एक रोग जिसमें बाल सफेद हो जाते हैं। (३) सफेद मिर्च।

धवलीकृत—वि० [सं०] जो सफेद किया गया हो।

धवलीभूत—वि० [सं०] जो सफेद हुआ हो।

धवलोत्पल—संज्ञा पुं० [सं०] कुमुद।

धवा—संज्ञा पुं० दे० "धव"।

धवाणक—संज्ञा पुं० [सं०] वायु।

धवाना—क्रि० स० [हिं० धावना का प्रे०] दौड़ाना। उ०— (क) तहाँ सुधन्वा रथहिं धवाई। अर्जुन दल बानन झरिलाई।—रघुराज। (ख) तिन के काज अहीर पठाए। विलम करहु जिनि तुरत धवाए।—सूर।

धस—संज्ञा पुं० [हिं० धँसना = पैठना] (१) जल आदि में प्रवेश। डुबकी। गोता। उ०—(क) जो पथ मिला महेसहिं सेई। गयो समुद ओही धस लेई।—जायसी। (ख) जस धस लीन्ह समुद मरजीया।—जायसी। (ग) तेहि का कहिय रहन कहँ जो है प्रीतम लाग। जो वहि सुनै लेइ धस का पानी, का आग।—जायसी।

क्रि० प्र०—लेना।

(२) एक प्रकार की जमीन या मिट्टी जो भुरभुरी होती है।

धसक—संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) ठन ठन शब्द जो सूखी खाँसी में गले से निकलता है। (२) सूखी खाँसी। ठसक।

संज्ञा स्त्री० [हिं० धसकना] किसी के लाभ या बढ़ती को देख दुःख से दब जाने की वृत्ति। डाह। ईर्ष्या।

धसकना—क्रि० अ० [हिं० धँसना] (१) नीचे को धँस जाना। नीचे को खसक जाना। दब जाना। बैठ जाना। उ०—(क) दीखत पंडु रेत में नए खोज या द्वार। आगे उठि पाछें धसकि रहे नितंबन भार।—लक्ष्मणसिंह। (ख) तजो धीर धरनि धरनिधर धसकत धराधर धीर भार सहि न सकतु है।—तुलसी। (२) किसी का लाभ या बढ़ती देख दुःख से दबना। डाह करना। ईर्ष्या करना।

धसका—संज्ञा पुं० [हिं० धसक] चौपायों का एक रोग जो फेफड़ों में होता है। यह रोग छूत से फैलता है।

धसना*—क्रि० अ० [सं० ध्वंसन] ध्वस्त होना। नष्ट होना। मिटना। उ०—निज*आतम अज्ञान ते है प्रतीत जग खेद। धसै सुताके बोध तें यह भाखत मुनि वेद।—निश्चल।

‡ क्रि० अ० दे० "धँसना"।

धसनि—संज्ञा स्त्री० दे० "धँसनि", "धसन"।

धसमसाना*†—क्रि० अ० [धँसना] धँस जाना। धरती में समाना। उ०—मेरु धसमसै समुद सुखाई।—जायसी।

धसान—संज्ञा स्त्री० दे० "धँसान"।

संज्ञा स्त्री० [सं० दशार्ण] एक छोटी नदी जो पूरबी मालवा और बुँदेलखंड से होकर बहती है। पूरबी मालवा प्राचीन काल में दशार्ण देश कहलाता था और यह नदी भी इसी नाम से प्रसिद्ध थी।

धसाना–क्रि० स० दे० "धँसाना"।

धसाव–संज्ञा पुं० दे० "धँसाव"।

धाँक–संज्ञा पुं० [देश०] एक जँगली जाति जिसकी रहन सहन भीलों से बहुत कुछ मिलती जुलती है।

धाँगड़–संज्ञा पुं० [देश०] (१) एक अनार्य जंगली जाति जो विंध्य और कैमोर पहाड़ियों पर रहती है। (२) एक जाति जो कूएँ और तालाब खोदने का काम करती है।

धाँगर–संज्ञा पुं० दे० "धाँगड़"।

धाँधना–क्रि० स० [देश०] (१) बंद करना। भेड़ना। उ०—बारण पाशहि अंगन बाँधी। राख्यो ताहि कोठरी धाँधी। —रघुराज। (ख) पुनि लकरी पट अंगनि बांधी। आगि लगायो कोठरि धाँधी।—कबीर। (२) बहुत अधिक खा लेना। ठूसना।

धाँधल–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) ऊधम। उपद्रव। नटखटी।

क्रि० प्र०—मचाना।

(२) फरेब। धोखा। दग़ा। (३) बहुत अधिक जल्दी। जैसे, तुम तो आते ही खाने के लिये धांधल मचाने लगते हो।

क्रि० प्र०—मचाना।

धाँधलपन–संज्ञा पुं० [हिं० धाँधल + पन (प्रत्य०)] (१) पाजीपन। शरारत। (२) धोखेबाज़ी। दग़ाबाज़ी।

धाँधा–संज्ञा स्त्री० [से०] इलायची।

धाँधली–संज्ञा स्त्री० [हिं० धाँधल + ई (प्रत्य०)] (१) उपद्रवी। शरीर। पाजी। नटखट। (२) धोखेबाज़। दग़ाबाज़।

धाँय–संज्ञा स्त्री० दे० "धायँ"।

धाँस–संज्ञा स्त्री० [अनु०] सूखे तंबाकू या मिर्च आदि की तेज़ गंध जिससे खाँसी आने लगती है।

धाँसना–क्रि० अ० [अनु०] पशुओं का खाँसना।

धाँसी–संज्ञा स्त्री० [अनु०] घोड़े की खाँसी।

धा–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ब्रह्मा। (२) बृहस्पति।

वि० धारक। धारण करनेवाला।

प्रत्य० तरह। भाँति। प्रकार। जैसे, नवधा भक्ति। उ०—देखि देही सबै कोटि धा के मनो। जीव जीवेश के बीच माया मनो।—केशव।

संज्ञा पुं० [स० धैवत] संगीत में "धैवत" शब्द या स्वर का संकेत।

संज्ञा पुं० [अनु०] तबले का एक बोल। जैसे, धा धा धिनता।

†संज्ञा स्त्री० दे० "धाय"।

संज्ञा पुं० दे० "धव"।

धाइ†–संज्ञा स्त्री० दे० "धाय"।

संज्ञा पु० धव का पेड़। उ०—राजति है यह ज्यों कुसकन्या। धाइ विराजति है सँग धन्या।—केशव।

धाई–संज्ञा स्त्री० दे० "धाय"।

धाउ–संज्ञा पु० [स० धाव] नाच का एक भेद। उ०—बहु उदुपति तिर्यगपति अड़ाल। अरु साग धाउ राय हिंगाल।—केशव।

धाऊ†–संज्ञा पु० [स० धावन] वह आदमी जो आवश्यक कामों के लिये दौड़ाया जाय। हरकारा। उ०—नाऊ बारी महर सब धाऊ धाय समेत। नेगचार पाये अमित रहयो जासु जस हेत।—रघुराज

संज्ञा पु० [सं० धतकी] धव का पेड़।

धाक–संज्ञा पु० [सं०] (१) वृप। (२) उपाहार। भोजन। (३) अन्न। आनाज। (४) स्तभ। खंभा। (५) आधार।

संज्ञा स्त्री० (१) रोब। दबदबा। आतंक। उ०—(क) धरम धुरंधर धरा में धाक धाए ध्रुव ध्रुव सों समुद्धत प्रताप सर्व काल है।—रघुराज। (ख) महाधीर शत्रुसाल नंदराय भाव सिंह तेरी धाक अरिपुर जात भय भोय से।—मतिराम।

मुहा०—धाक बँधना = रोब या दबदबा होना। आतंक छाना। जैसे, शहर में उसके बोलने की धाक बँध गई। धाक बाँधना = रोब जमाना। जैसे, ये जहां जाते हैं वहां धाक बांध देते हैं।

(२) प्रसिद्धि। शोहरत। शोर। उ०—सूरदास प्रभु खात रशाल सँग ब्रह्मलोक यह धाक।—सूर।

संज्ञा पु० [हिं० ढाक] ढाक। पलास।

धकार–संज्ञा पु० [देश०] (१) कान्यकुब्ज और सरजूपारी ब्राह्मणों में वह ब्राह्मण जो प्रसिद्ध कुलों के अंतर्गत न हो और इससे नीचा समझा जाता हो। (२) राजपूतों की एक जाति जो आगरे के आस पास पाई जाती है। (३) पंजाब का एक धान जो बिना पानी के पैदा होता है।

†वि० दोगला।

धका–† संज्ञा स्त्री० दे० "धाक"।

धाखा†–संज्ञा पुं० [देश०] पलाश का पेड़।

धागा†–संज्ञा पु० [हिं० तागा] डोरा। तागा। बटा हुआ सूत।

मुहा०—धागा भरना = कपड़े के छेद आदि में तागे भरकर उसे रफ़ू करना। धागे धागे करना = किसी कपड़े के बहुत ही छोटे छोटे टुकड़े करना। चिथड़े चिथड़े करना।

धाड़†–संज्ञा स्त्री० (१) दे० "डाढ़"। (२) दे० "दहाड़"। (३) दे० "ढाढ़"।

संज्ञा स्त्री० [हिं० धार] (१) डाकुओं का आक्रमण।

क्रि० प्र०—पड़ना।

मुहा०—धाड़ पड़ना = बहुत जल्दी होना। बहुत शीघ्रता होना। जैसे, ऐसी कौन सी धाड़ पड़ी है जो अभी उठ कर चले चलें।

(२) जत्था। झुंड। गरोह। जैसे, धाड़ की धाड़ बंदर आ गए।

धाड़ना–क्रि० अ० दे० "दहाड़ना"।

धाड़स–संज्ञा स्त्री० दे० "ढारस"।

धाणक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) प्राचीन काल का एक प्रकार का परिमाण। (२) एक अनार्य छोटी जाति।

धाड़ी–संज्ञा स्त्री० [हिं० धाड़] भारी लुटेरा या डाकू।

धात–संज्ञा स्त्री० दे० "धातु"।

धातकी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) धव का फूल। (२) एक प्रकार का झाड़ जो सारे भारत में होता है और जिसके फूलों का व्यवहार रँगाई के काम में होता है। साल में एक बार इसके पत्ते झड़ जाते हैं।

धाता–संज्ञा पुं० [सं० धातृ] (१) ब्रह्मा। (२) विष्णु। (३) शिव। महादेव। (४) भृगुमुनि के पुत्र का नाम। (५) ४९ वायुओं में से एक। (६) शेषनाग। (७) १२ सूर्य्यों में से एक। (८) ब्रह्मा के एक पुत्र का नाम। (९) विधाता। विधि। (१०) साठ संवत्सरों में से एक (११) टगण के आठवें भेद की संज्ञा (।।ऽ।)।

वि० (१) पालक। पालनेवाला। (२) रक्षक। रक्षा करनेवाला। (३) धारण करनेवाला।

धातु–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) वह मूल द्रव्य जो अपारदर्शक हो, जिसमें एक विशेष प्रकार की चमक हो, जिसमें से होकर ताप और विद्युत् का संचार हो सके तथा जो पीटने अथवा तार के रूप में खींचने से खंडित न हो। एक खनिज पदार्थ।

विशेष—प्रसिद्ध धातुएँ हैं—सोना, चाँदी, तांबा, लोहा, सीसा और रांगा। इन धातुओं में गुरुत्व होता है यहाँ तक कि रांगा जो बहुत हलका है वह भी पानी से सात गुना अधिक घना वा भारी होता है। ऊपर लिखी धातुओं में केवल सोना चाँदी और तांबा ही विशुद्ध रूप में मिलते हैं इससे इन पर बहुत प्राचीन काल में ही लोगों का ध्यान गया। कहीं कहीं विशेषतः उल्कापिंडों में लोहा भी विशुद्ध रूप में मिलता है। युरोपियनों के जाने के पहले अमेरिकावाले उल्कापिंडों के लोहे के अतिरिक्त और किसी लोहे का व्यवहार नहीं जानते थे। सीसा और रांगा विशुद्ध धातु के रूप में प्रायः नहीं मिलते, बल्कि खनिज पिंडों को गला कर साफ़ करने से निकलते हैं। रांगा, सीसा, जस्ता आदि शुद्ध रूप में न मिलनेवाली धातुओं का ज्ञान लोगों को कुछ काल पीछे जब वे मिश्र धातु आदि बनाने लगे तब हुआ। बहुत दिनों तक लोग पीतल तो बना लेते थे पर जस्ते को अच्छी तरह नहीं जानते थे। यही हाल रांगे का भी समझिए। पारे को भी लोग बहुत दिनों से जानते हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि पारा शुद्ध धातु के रूप में भी बहुत मिलता है। पारा अर्द्धद्रव अवस्था में मिलता है इसी से युरोप में बहुत दिनों तक लोग उसे धातुओं में नहीं गिनते थे। पीछे मालूम हुआ कि वह सरदी से जम सकता है और उसका पत्तर बन सकता है। मूल धातुओं के योग से मिश्र धातुएँ बनती हैं—जैसे तांबे और जस्ते के योग से पीतल, तांबे और रांगे के योग से काँसा आदि। इनके अतिरिक्त अब अलुमिनियम, प्लेटिनम, निकल, कोबाल्ट आदि बहुत सी नई धातुओं का पता लगा है। इस प्रकार धातुओं की संख्या अब बहुत हो गई है। रेडियम नामक धातु का पता लगे अभी थोड़े ही दिन हुए हैं।

यद्यपि साधारणतः धातु उन्हीं द्रव्यों को कहते हैं जो पीटने से बिना खंडित वा चूर हुए बढ़ सकें पर अब धातु शब्द के अंतर्गत चूर होनेवाले द्रव्य भी लिए जाते हैं और अर्द्धधातु कहलाते हैं, जैसे संखिया, हरताल, सुरमा, सज्जीखार इत्यादि। इस प्रकार क्षार उत्पन्न करनेवाले मूल पदार्थ भी धातु के अंतर्गत आ गए हैं। ऊपर कहा जा चुका है कि धातुओं की गणना मूल द्रव्यों में है। आधुनिक रसायन शास्त्र में मूल द्रव्य उसको कहते हैं जिसका विश्लेषण करने पर किसी दूसरे द्रव्य का योग न मिले। इन्हीं मूल द्रव्यों के अणुयोग से जगत् के भिन्न भिन्न पदार्थ बने हैं। आज तक ७५ के लगभग मूल द्रव्यों का पता लग चुका है जिनमें से गंधक, फासफर, अम्लजन, उज्जन, इत्यादि १३ की गणना धातुओं में नहीं हो सकती बाकी सब धातु ही माने जाते हैं।

तपे हुए लोहे, सीसे, तांबे आदि के साथ जब अम्लजन नामक वायव्य द्रव्य का योग होता है तब वे विकृत हो जाते हैं (मुरचा इसी प्रकार का विकार है)। विकृत होकर जो पदार्थ उत्पन्न होता है उसे भस्म वा क्षार कह सकते हैं, यद्यपि वैद्यक में प्रचलित भस्म और दूसरे प्रकार से प्राप्त द्रव्यों को भी कहते हैं। देशी वैद्य भस्म, क्षार और लवण में प्रायः भेद नहीं करते; कहीं कहीं तीनों शब्दों का प्रयोग वे एक ही पदार्थ के लिये करते हैं। पर आधुनिक रसायन में क्षार और अम्ल के योग से जो पदार्थ उत्पन्न होते हैं उनको लवण कहते हैं। इस प्रकार आजकल वैज्ञानिक व्यवहार में लवण शब्द के अंतर्गत तूतिया हीराकसीस आदि भी आ जाते हैं। तांबे के चूरे को यदि हवा में (जिसमें अम्लजन रहता है) तपा या गला कर उसमें थोड़ा सा गंधक का तेजाब डाल दें तो तेजाब का अम्लगुण नष्ट हो जायगा और इस योग से तूतिया उत्पन्न होगा। अतः तूतिया भी लवण के अंतर्गत हुआ।

इधर के वैद्यक के ग्रंथों में सोना, चाँदी, तांबा, रांगा, लोहा, सीसा और जस्ता ये सप्त धातु माने गए हैं। सोनामाखी, रूपामाखी, तूतिया, काँसा, पीतल, सिंदूर और शिलाजतु ये सात उपधातु कहलाते हैं। पारे को रस कहा है।

गंधक, हिंगुर, अभ्रक, हरताल, मैनसिल, सुरमा, सुहागा, राल, चुंबक, फिटकरी, गेरू, खरिया, कसीस, खपरिया, बालू, मुरदासंख, ये सब उपरस कहलाते हैं। धातुओं के भस्म का सेवन वैद्य लोग अनेक रोगों में कराते हैं।

(२) शरीर को धारण करनेवाला द्रव्य। शरीर को बनाए रखनेवाले पदार्थ।

विशेष—वैद्यक में शरीरस्थ सात धातुएँ मानी गई हैं—रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र। सुश्रुत में इनका विवरण इस प्रकार मिलता है। जो कुछ खाया जाता है उससे जो द्रवरूप सूक्ष्म सार बनता है वह रस कहलाता है और उसका स्थान हृदय है जहाँ से वह धमनियों के द्वारा सारे शरीर में फैलता है। यही रस अविकृत अवस्था में तेज (पित्त के कार्य) के साथ मिश्रित होकर लाल रंग का हो जाता है और रक्त कहलाता है। रक्त से मांस, मांस से मेदा, मेदा से हड्डी, हड्डी से मज्जा और मज्जा से शुक्र बनता है। वात, पित्त और कफ की भी धातु संज्ञा है।

(३) बुद्ध या किसी महात्मा की अस्थि आदि जिसे बौद्ध लोग डिब्बे में बंद करके स्थापित करते थे।

यौ०—धातुगर्भ।

(४) शुक्र। वीर्य।

मुहा०—धातु गिरना = पेशाब के साथ या यों ही वीर्य गिरने का रोग होना। प्रमेह होना।

संज्ञा पु० (१) भूत। तत्त्व। उ०—जाके उदित नचत नाना विधि गति अपनी अपनी। सूरदास सब प्रकृति धातुमय अति विचित्र सजनी।—सूर।

विशेष—पंचभूतों और पंचतन्मात्र को भी धातु कहते हैं। बौद्धों में अठारह धातुएँ मानी गई हैं—चक्षुधातु, घ्राणधातु, श्रोत्रधातु, जिह्वाधातु, कायधातु रूपधातु, शब्दधातु, गंधधातु, रसधातु, स्प्रातव्यधातु, चक्षुविज्ञानधातु, श्रोत्रविज्ञानधातु, घ्राणविज्ञान धातु, जिह्वाविज्ञानधातु, कायविज्ञान धातु, मनोधातु, धर्मधातु, मनोविज्ञान धातु।

(२) शब्द का मूल। क्रियावाचक प्रकृति। वह मूल जिससे क्रियाएँ बनी हैं या बनती हैं। जैसे, संस्कृत में भू, कृ, धृ इत्यादि। (व्याकरण)

विशेष—यद्यपि हिंदीव्याकरण में धातुओं की कल्पना नहीं की गई है पर की जा सकती है। जैसे, करना का 'कर' हँसना का "हँस" इत्यादि

(३) परमात्मा।

धातु का सीस—संज्ञा पु० [सं०] कसीस।

धातुक्षय—संज्ञा पुं० [सं०] (१) खाँसी का रोग जिससे शरीर क्षीण हो जाता है। (२) प्रमेह आदि रोग जिनमें शरीर से बहुत वीर्य्य निकल जाता है।

धातुगर्भ—संज्ञा पु० [स०] वह कँगूरेदार डिब्बा या पात्र जिसमें बौद्ध लोग बुद्ध या अपने दूसरे भारी साधु-महात्माओं के दाँत या हड्डियाँ आदि रखते हैं। देहगोप।

धातुगोप—संज्ञा पु० दे० "धातुगर्भ"।

धातुघ्न—संज्ञा पु० [सं०] वह पदार्थ जिससे शरीर का धातु नष्ट हो। जैसे, काँजी, पारा आदि।

धातुचैतन्य—वि० [सं०] धातु (वीर्य्य) को उत्पन्न वा चैतन्य करनेवाला। जिससे वीर्य्य बढ़े।

धातुद्रावक—संज्ञा पुं० [सं०] सोहागा, जिसके डालने से सोना आदि गल जाता है।

धातुनाशक—संज्ञा पु० दे० "धातुघ्न"।

धातुप—संज्ञा पुं० [सं०] वैद्यक के अनुसार शरीर में का वह रस या पतला धातु जो भोजन के उपरांत तुरंत ही तैयार होता है और जिससे शेष धातुओं का पोषण होता है।

विशेष—दे० 'धातु'।

धातुपुष्ट—वि० [स०] वीर्य्य को गाढ़ा करनेवाला। जिससे वीर्य्य गाढ़ा होकर बढ़े।

धातुपुष्पिका ; धातुपुष्पी—संज्ञा स्त्री० [स०] धव का फूल।

धातुप्रधान—संज्ञा पु० [हिं०] वीर्य्य।

धातुभृत्—संज्ञा पु० [स०] पर्व्वत। पहाड़।

वि० जिससे धातु का पोषण हो।

धातुबैरी—संज्ञा पु० [स० धातुवैरिन्] गंधक।

धातुमर्म—संज्ञा पु० [स०] कच्ची धातु को साफ करना, जो ६४ कलाओं के अंतर्गत है। धातुवाद। उ०—सूचिकर्म धातु मर्म सूत्र क्रीड़नोलिजू।—विश्राम।

धातुमल—संज्ञा पु० [स०] वैद्यक के अनुसार कफ, पित्त, पसीने, नाखून, बाल, आँख या कान की मैल आदि जिसकी सृष्टि किसी धातु के परिपक्व हो जाने पर उसके बचे हुए निरर्थक अंश या मल से होती है।

धातुमाक्षिक—संज्ञा पु० [सं०] सोनामक्खी नाम की उपधातु।

धातुमारिणी—संज्ञा स्त्री० [स०] सुहागा।

धातुराग—संज्ञा पु० [सं०] धातुओं से निकला हुआ रंग। जैसे, हिंगुर, गेरू आदि। उ०—सिय अंग लिखै धातुराग सुमननि भूषन विभाग तिलक करनि क्यों कहौं कलानिधान की।—तुलसी।

धातुराजक—संज्ञा पु० [स०] शुक्र या वीर्य्य जो शरीर के सब धातुओं में श्रेष्ठ माना जाता है।

धातुरेचक—वि० [स०] वीर्य्य को बहानेवाला। जो वीर्य्य को बहाकर निकाल दे।

धातुवर्द्धक—वि० [स०] वीर्य्य को बढ़ानेवाला। जिससे वीर्य्य बढ़े।

धातुवल्लभ—संज्ञा पुं० [सं०] सोहागा।

धातुवाद–संज्ञा पु० [सं०] (१) चौंसठ कलाओं में से एक, जिसमें कच्ची धातु को साफ़ करने, तथा एक में मिली हुई अनेक धातुओं को अलग अलग करते हैं। (२) रसायन बनाने का काम। (३) तांबे से सोना बनाना। (४) कीमियागिरी। उ०—धातुवाद निरुपाधि सब सद्गुरु लाभ सुमीत। देव दरस कलिकाल में पोथिन दुरे सभीत।—तुलसी।

धातुवादी–संज्ञा पु० [सं०] रसायन की सहायता से सोना या चाँदी बनानेवाला। कारंधमी। रसायनी। कीमियागर।

धातुवैरी–संज्ञा पु० [सं० धातुवैरिन्] गंधक।

धातुशेखर–संज्ञा पु० [सं०] (१) कसीस। (२) सीसा।

धातुसंज्ञ–संज्ञा पु० [सं०] सीसा।

धातुस्तंभक–वि० [सं०] वीर्य्य को रोकनेवाला। जिससे वीर्य्य का स्तंभन हो और वह देर में स्खलित हो।

धातुहन–संज्ञा पु० [सं०] गंधक।

धातू–संज्ञा स्त्री० दे० "धातु"।

धातूपल संज्ञा पु० [सं०] खरियामिट्टी। खरी। दुधिया या दुद्धी।

धातृपुत्र–संज्ञा पु० [सं०] ब्रह्मा के पुत्र सनत्कुमार।

धातृपुष्पिका; धातृपुष्पी–संज्ञा स्त्री० [सं०] धव के फूल।

धात्र–संज्ञा पु० [सं०] पात्र। बरतन।

धात्रिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] आँवला।

धात्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) माता। माँ। (२) वह स्त्री जो किसी शिशु को दूध पिलाने और उसका लालन पालन करने के लिये नियुक्त की जाय। धाय। दाई। (३) गायत्री-स्वरूपिणी भगवती। (४) गंगा। (५) आँवला। (६) भूमि। पृथ्वी। (७) सेना। फौज़। (८) गाय। (९) आर्य्या छंद का एक भेद जिसमें १९ गुरु और १९ लघु मात्राएँ होती हैं।

धात्रीपत्र–संज्ञा पु० [सं०] (१) तालीस पत्र। (२) आँवले की पत्ती।

धात्रीपुत्र–संज्ञा पु० [सं०] नट। धाय का लड़का।

धात्रीफल–संज्ञा पु० [सं०] आँवला। आमला।

धात्रीविद्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह विद्या जिसकी सहायता से दाइयाँ गर्भवती स्त्रियों को प्रसव कराती और प्रसूता तथा शिशु की रक्षा आदि करती हैं। लड़का जनाने और उसे पालने आदि की विद्या।

धात्रेयी–संज्ञा स्त्री० [सं०] धात्री। धाय। दाई।

धात्वर्थ–संज्ञा पु० [सं०] धातु से निकलनेवाले (किसी शब्द का) अर्थ। मूल और पहला अर्थ।

धाधना†–क्रि० स० [?] देखना।

धान–संज्ञा पुं० [सं० धान्य] तृण जाति का एक पौधा जिसके बीज की गिनती अच्छे अन्नों में है। शालि। व्रीहि।

विशेष—भारतवर्ष तथा आस्ट्रेलिया के कुछ भागों में यह जंगली होता है। इसकी बहुत अधिक खेती भारत, चीन, बरमा, मलाया, अमेरिका (संयुक्त राज्य और ब्रेजिल) तथा थोड़ी बहुत इटली और स्पेन आदि युरोप के दक्षिणी भागों में होती है। इसके लिये तर जमीन और गरमी चाहिए। यह संसार के उन्हीं गरम भागों में होता है जहाँ वर्षा अच्छी होती या सिंचाई के लिये खूब पानी मिलता है। धान की खेती बहुत प्राचीन काल से होती आ रही है इसी से उसके अनंत भेद हो गए हैं।

ऋग्वेद में धाना और धान्य शब्द आए हैं। धाना शब्द का अर्थ सायण ने कूटा हुआ जौ किया है, पर 'धान्य' का अर्थ दूसरा नहीं किया है। इसके अतिरिक्त अथर्ववेद, शांखायन ब्राह्मण, शतपथ ब्राह्मण, कात्यायन श्रौतसूत्र इत्यादि में धान्य शब्द का प्रयोग मिलता है। पर कहीं कहीं धान्य शब्द अन्न मात्र के अर्थ में भी है। तैत्तिरीय संहिता, वाजसनेय संहिता आदि में व्रीहि शब्द बार बार आया है। कृष्ण यजुर्वेद में शुक्ल और कृष्ण व्रीहि का उल्लेख है। फारसी में भी 'विरंज' शब्द चावल के लिये वर्त्तमान है जो निश्चय व्रीहि से संबंध रखता है। इससे स्पष्ट है कि प्राचीन आर्यों को धान का पता उस समय भी था जब उनका विस्तार मध्य एशिया तक था। ईसा से २८०० वर्ष पूर्व शिवनंग राजा के समय में चीन में एक त्योहार मनाया जाता था जिसमें ५ प्रकार के अन्नों की बोआई आरंभ होती थी। इन पाँच अन्नों में धान का नाम भी है। चीन में धान जंगली भी पाए जाते हैं और धान की खेती भी बहुत दिनों से होती आ रही है।

जापान, चीन, हिंदुस्तान, बरमा मलाया इत्यादि में चावल बहुत खाया जाता है। यद्यपि इसमें मांस बनानेवाला अंश बहुत कम होता है पर गरम देशों के लिये यह अन्न बहुत उपयुक्त होता है।

भारतवर्ष में सब से अधिक धान बंगाल में होता है। वहाँ इसके तीन मुख्य भेद माने जाते हैं— (१) आमन (अगहनी), जो जेठ आषाढ़ में बोया जाता है और अगहन पूस में कटता है। (२) आउस (भदई) जो वैशाख जेठ में बोया जाता है और भादों कुआर में कटता है, और (३) बोरो, जो पूस माघ में बोया जाता और वैशाख जेठ में कटता है। जो धान एक स्थान से उखाड़ कर दूसरे स्थान पर जमा कर पैदा किया जाता है उसे जड़हन कहते हैं, क्योंकि वह जाड़े में तैयार होता है। यों तो भिन्न भिन्न स्थानों में धान की बोआई पूस से लेकर आषाढ़ तक, होती है और कटाई जेठ से अगहन तक, पर उत्तरीय भारत में अधिकतर धान आषाढ सावन में बोया जाता है। साधारण धान तो भादों कुआर तक तैयार हो जाता है पर जड़हन अगनह में कटता है। महीन चावल के धान अच्छे समझे जाते हैं। अच्छी

जाति के बढ़िया चावल प्रायः जड़हन के ही होते हैं। धान या चावल के बहुत अधिक भेद हैं। सन् १८७२ में अजायब घर में रखने के लिये जो चाँवलों का संग्रह हुआ था उसमें पाँच हजार प्रकार के चावल रखलाए गए थे। इस संख्या को ठीक न मानकर आधी तिहाई भी लें तो भी बहुत भेद होते हैं। महीन सुगंधित चावलों में बासमती सब से प्रसिद्ध है। जड़हनिया चावलों में बासमती के अतिरिक्त लटेरा, राम भोग, रानीकाजर, तुलसीबास, मोतीचूर, समुद्रफेन, कनक-जीरा इत्यादि भी अच्छे चावल समझे जाते हैं। साधारण धान भी बहुत प्रकार के होते हैं जैसे, बगरी, दुद्धी, साठी, सरया, रामजवाइन इत्यादि। पहाड़ों के बीच की तर जमीन में भी धान अच्छे होते हैं—जैसे कांगड़े में, हरिद्वार के पास तपोवन में। काश्मीर में भी अनेक प्रकार के अच्छे अच्छे चावल होते हैं।

धानक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धनिया। (२) एक रत्ती का चौथाई भाग।

संज्ञा पुं० [सं० धानुष्क] (१) धनुष चलानेवाला। धनुर्द्धारी। तीरंदाज़। कमनैत। उ०—मोंह धनुप धन धानक दूसर सरि न कराय। गगन धनुक जो उगवै लाजहिं सो छिपि जाय।—जायसी। (२) धुनिया। रुई धुननेवाला। (३) एक पहाड़ी जाति का नाम जो पूरब में पाई जाती है।

धानकी–संज्ञा पुं० [हिं० धानुक] (१) धनुर्द्धर। धनुर्धारी। (२) कामदेव। (डिं०)

धानजई–संज्ञा पुं० [हिं० धान + जई] एक प्रकार का धान।

धानपान–संज्ञा पुं० [हिं० धान + पान] विवाह से कुछ ही पहले होनेवाली एक रसम जिसमें वर-पक्ष की ओर से कन्या के घर धान और हल्दी भेजी जाती है। इस रसम के उपरांत विवाह-संबंध प्रायः पूर्ण रूप से निश्चित हो जाता है।

वि० दुबला पतला। नाजुक। (बाजारू)

धानमाली–संज्ञा पु० [सं०] किसी दूसरे के चलाए हुए अस्त्र को रोकने की एक क्रिया। उ०—अरु विनीत तिमि मत्तहि प्रसमन तैसहि सारचिमाली। रुचिर वृत्ति मत पितृ सौमनस धन धानहुँ धृत माली।—रघुराज।

धानानवर्त–संज्ञा पुं० [सं०] एक गंधर्व का नाम।

धाना–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) भूना हुआ जौ या चावल। बहुरी। (२) धनिया। (३) अन्न का कण। खुद्दी। (४) सत्तू। (५) धान। (६) अन्न मात्र।

*† क्रि० अ० [स० धावन] (१) दौड़ना। तेजी से चलना। भागना। उ०—धूम श्याम धोरी घन धाये। सेत धुजा बग पाँति दिखाये।—जायसी।

मुहा०—धाय पूजना = दूर रहना। अलग रहना। हाथ जोड़ना। संबंध न रखना। उ०—धाय पूजे इस नौकरी से।

(२) कोशिश करना। प्रयत्न करना।

धानाचूर्ण–संज्ञा पुं० [स०] सत्तू।

धानी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) वह जो धारण करे। वह जिसमें कोई वस्तु रखी जाय। (२) स्थान। जगह। जैसे, राजधानी। उ०—समथल ऊँच नीच नहिं कतहूँ पूर्ण धर्म धन धानी। सरस सुरस रंजित नीरसमहत कोसलपति रजधानी।—रघुराज। (२) पीलू का पेड़। (३) धनिया।

संज्ञा स्त्री० [हिं० धान + ई (प्रत्य०)] एक प्रकार का हलका हरा रंग जो धान की पत्ती के रंग का सा होता है। यह प्रायः पीले और नीले रंग को मिलाकर बनाया जाता है। तोतई।

वि० धान की पत्ती के रंग का। हलके हरे रंग का।

संज्ञा स्त्री० [सं० धाना] (२) भूना हुआ जौ या गेहूँ।

यौ०—गुड़धानी।

संज्ञा स्त्री०*† दे० "धान्य"।

संज्ञा स्त्री० संपूर्ण जाति की एक संकर रागिनी।

धानुक–संज्ञा पुं० [सं० धानुष्क] (१) धनुर्द्धर। धनुर्धारी। धनुस् चलानेवाला। कमनैत। (२) एक नीच जाति। इस जाति के लोग प्रायः ब्याह शादी में तुरही आदि बजाते हैं।

धानुष्क–संज्ञा पुं० [सं०] धनुस् चलाकर अपनी जीविका का निर्वाह करनेवाला। कमनैत। धनुर्धर।

धानुष्का–संज्ञा स्त्री० [सं०] अपामार्ग। चिचड़ा।

धानुष्य–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का बाँस।

धानेय, धान्यक–संज्ञा पुं० [सं०] धनिया।

धान्य–संज्ञा पु० [स०] (१) चार तिल का एक परिमाण या तौल। (२) धनिया। (३) कैवर्त्ता मुस्तक। एक प्रकार का नागरमोथा। (४) धान। छिलके समेत चावल। (५) अन्न मात्र।

विशेष—अन्न मात्र को धान्य कहते हैं। किसी किसी स्मृति में लिखा है कि खेत में के अन्न को शस्य और छिलके सहित अन्न के दाने को धान्य कहते हैं।

यौ०—धनधान्य।

(६) प्राचीन काल का एक प्रकार का अस्त्र जिसका प्रयोग शत्रु के अस्त्र निष्फल करने में होता था और जो वाल्मीकि के अनुसार विश्वामित्र से रामचंद्र को मिला था।

धान्यक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धनिया। (२) धान्य। धान।

धान्यकोष्ठक–संज्ञा पुं० [स०] अनाज भरने के लिये बना हुआ घर या बरतन। कोठिला। गोला।

धान्यतुषोद–संज्ञा पुं० [स०] काँजी।

धान्यधेनु–संज्ञा स्त्री० [सं०] पुराणानुसार दान के लिये एक

कल्पित गाय जिसकी कल्पना धान की ढेरी में की जाती है। इसका दान विषुव संक्रांति या कार्त्तिक मास में सब प्रकार का सुख, सौभाग्य, और पुण्य संचय करने के लिये होता है।

धान्यपंचक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) भावप्रकाश के अनुसार शालि, व्रीहि, शूक, शिंबी और क्षुद्र ये पाँचों प्रकार के धान। (२) वैद्यक में एक प्रकार का पाचक का पानी जो पाँचों प्रकार के धान, बेल और आम, आदि को मिलाकर बनाया जाता है और जिसका व्यवहार आम, शूल तथा अतिसार आदि रोगों में होता है। (३) वैद्यक में एक पाचक औषध, जिसे धनिया, सोंठ, बेलगिरी, नागरमोथे और आयमाण को मिलाकर बनाते हैं। इसका व्यवहार आमातिसार तथा उदरशूल आदि रोगों में होता है।

धान्यपति–संज्ञा पुं० [सं०] (१) चावल। (२) जौ।

धान्यपानक–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का पन्ना जो धनिए से बनाया जाता है। इसके बनाने के लिये पहले धनिए को सिल पर पीस कर पानी के साथ छान लेते हैं और तब उसमें नमक, मिर्च, चीनी और सुगंधित पदार्थ आदि छोड़ देते हैं।

धान्यबीज–संज्ञा पुं० [सं०] धनिया।

धान्यमालिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] रावण के यहाँ रहनेवाली एक राक्षसी जिसे उसने जानकी को समझाने के लिये नियुक्त किया था।

विशेष—किसी किसी का मत है कि रावण की स्त्री मंदोदरी का ही दूसरा नाम धान्यमालिनी था।

धान्यमाष–संज्ञा पुं० [सं०] प्राचीन काल का एक परिमाण जो दो धान के बराबर होता था।

धान्यमुख–संज्ञा पुं० [सं०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का अस्त्र जिसका व्यवहार प्राचीन काल में चीर-फाड़ में होता था।

धान्यमूल–संज्ञा पुं० [सं०] काँजी।

धान्ययूष–संज्ञा पुं० [सं०] काँजी।

धान्ययोनि–संज्ञा स्त्री० [सं०] काँजी।

धान्यराज–संज्ञा पुं० [सं०] जौ।

धान्यवर्ग–संज्ञा पुं० [सं०] पाँचों प्रकार के धान। धान्य-पंचक।

धान्यवर्धन–संज्ञा पुं० [सं०] अन्न उधार देने का व्यवहार जिसमें ऋणी से डेवढ़ा या सवाया लिया जाता है।

धान्यबीज–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धान का बीज। (२) धनिया।

धान्यवीर–संज्ञा पुं० [सं०] अरहर। मांस।

धान्यशर्करा–संज्ञा स्त्री० [सं०] चीनी मिला हुआ धनिए का पानी जो अंतर्दाह शांत करने के लिये पिया जाता है।

धान्यशीर्षक–संज्ञा पुं० [सं०] धान की मंजरी।

धान्यशुंठी–संज्ञा स्त्री० [सं०] वैद्यक में एक औषध जो उदरातिसार और कफ के प्रकोप को शांत करता है। इसके बनाने के लिये १ तोला धनिया और २ तोला सोंठ कूट कर आध सेर पानी में मिलाते और उसे आग पर चढ़ा देते हैं, और जब, आध पाव पानी बच जाता है तब उसे उतार लेते हैं।

धान्यशैल–संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार दान करने के लिये वह कल्पित पर्वत जिसकी कल्पना धान की ढेरी में की जाती है। कहते हैं कि इसके दान करनेवाले को स्वर्ग में सेवा के लिये अप्सराएँ और गंधर्व मिलते हैं और यदि वह किसी प्रकार इस लोक में आ जाय तो राजा होता है।

धान्यसार–संज्ञा पुं० [सं०] तंडुल। चावल।

धान्या–संज्ञा स्त्री० [सं०] धनिया।

धान्याक–संज्ञा पुं० [सं०] धनिया।

धान्याकृत–संज्ञा पुं० [सं०] खेतिहर। कृषक।

धान्याभ्रक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वैद्यक में भस्म बनाने के लिये धान की सहायता से शोधा और साफ़ किया हुआ अभ्रक।

विशेष—पहले अभ्रक को सुखा कर खरल में खूब महीन पीस लेते हैं और तब उस चूर्ण को चौथाई धान के साथ मिला कर एक कंबल में बांध कर तीन दिन तक पानी में रखते हैं। तीन दिन बाद उस पोटली को हाथ से इतना मलते हैं कि वह छन कर नीचे पानी में गिर जाता है। उसी अभ्रक को निथार कर सुखा लेते हैं। भस्म बनाने के लिये ऐसा अभ्रक बहुत अच्छा समझा जाता है।

(२) अभ्रक को इस प्रकार शोधने की क्रिया।

धान्याम्लक–संज्ञा पुं० [सं०] धान से बनाई हुई खटाई या कांजी।

विशेष—दूने जल के साथ धान को एक बंद बरतन में रख कर गाड़ दे। सात दिन पीछे उसे निकाल कर उसका पानी छान ले। यही खट्टा पानी कांजी है।

धान्यारि–संज्ञा पुं० [सं०] चूहा।

धान्याशय–संज्ञा पुं० [सं०] अन्नशाला। भंडारघर।

धान्योत्तम–संज्ञा पुं० [सं०] शालि। धान।

धान्व–वि० [सं०] धन्व देश संबंधी। धन्व देश का।

धान्वंतर्य–संज्ञा पुं० [सं०] धन्वंतरि देवता के होम आदि। वह होम आदि जिनमें धन्वंतरि आदि देवता प्रधान हों।

धाप–संज्ञा पुं० [हिं० टप्पा] (१) दूरी की एक नाप जो प्रायः एक मील की और कहीं दो मील की मानी जाती है। (२) लंबा चौड़ा मैदान। (३) खेत की नाप या लंबाई चौड़ाई।

संज्ञा पुं० [हिं० धार] पानी की धार। (लश०)

संज्ञा स्त्री० [हिं० धापना] जी भरना। तृप्ति। संतोष।

धापना*–क्रि० अ० [सं० तर्पण] संतुष्ट होना। तृप्त होना। अघाना। जी भरना। उ०—(क) लंपट धूत पूत दमरी को

विषय जाप को जापी। भक्ष अभक्ष अपेय पान करि कबहुँ न मनसा धापी।—सूर। (ख) दूतन कह्यो बड़ो यह पापी। इनतो पाप किए हैं धापी।—सूर। (ग) कबिरा आँधी खोपड़ी कबहूँ धापै नाहिं। तीन लोक की संपदा कब आवै घर माँहि।—कबीर।

क्रि० स० संतुष्ट करना। तृप्त करना।

क्रि० अ० [सं० धावन] दौड़ना। भागना। जल्दी जल्दी चलना। उ०—दुमन चढ़े सब सखा पुकारत मधुर सुनावहु बैन। जनि धापहुँ बलि चरन मनोहर कठिन काँट मग ऐन।—सूर।

धाबरी†—संज्ञा स्त्री० [देश०] कबूतरों का दरबा।

धाबा—संज्ञा पु० [देश०] (१) छत के ऊपर का कमरा। अटारी। (२) वह स्थान जहाँ पर कच्ची या पक्की रसोई (मोल) मिलती हो।

धाभाई—संज्ञा पुं० [हिं० धा = धाय + भाई] दूधभाई।

धाम—संज्ञा पुं० [सं०] (१) महाभारत के अनुसार एक प्रकार के देवता। (२) विष्णु।

संज्ञा पु० [सं० धामन्] (१) गृह। घर। मकान। (२) देह। शरीर। तन। (३) बागडोर। लगाम। (४) शोभा। (५) प्रभाव। (६) देवस्थान या पुण्यस्थान। जैसे, परम धाम, गोलोक धाम, चारो धाम आदि। (७) जन्म। (८) विष्णु। (९) ज्योति। (१०) ब्रह्म। (११) चारदीवारी। शहरपनाह। (१२) किरण। (१३) तेज। (१४) परलोक। (१५) स्वर्ग। (१६) अवस्था। गति।

धामक—संज्ञा पुं० [सं०] माशा (तौल)।

धामन—संज्ञा पु० [देश०] (१) फालसे की जाति का एक प्रकार का पेड़ जो देहरादून से आसाम तक साल आदि के जंगलों में होता है। इसकी लकड़ी प्रायः बहँगी के डंडे या कुल्हाड़ी आदि के दस्ते बनाने के काम में आती है। (२) एक प्रकार का बाँस।

संज्ञा स्त्री० दे० "धामिन"

धामनिका—संज्ञा स्त्री० दे० "धमनी"।

धामनिधि—संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य्य।

धामनी—संज्ञा स्त्री० दे० "धमनी"।

धामभाज्—संज्ञा पु० [सं०] यज्ञस्थान में भाग लेनेवाला देवता।

धामश्री—संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की रागिनी जिसके गाने का समय दिन में २५ दंड से २८ दंड तक है।

धामा†—संज्ञा पुं० [हिं० धाम] भोजन का निमंत्रण। खाने का नेवता।

धामार्गव—संज्ञा पुं० [सं०] (१) लाल चिचड़ा। (२) घीया-तोरी।

धामासा—संज्ञा पुं० दे० "धमासा"।

धामिन—संज्ञा स्त्री० [हिं० धाना = दौड़ना] (१) एक प्रकार का साँप जो कुछ हरापन या पीलापन लिए सफेद रंग का होता है। यह बहुत लंबा होता है और इसकी पूँछ में बहुत विष होता है। यह काटता नहीं बल्कि पूँछ से ही कोड़े की तरह मारता है। शरीर के जिस स्थान पर इसकी पूँछ लग जाती है उस स्थान का मांस गल गल कर गिरने लगता है। यह बहुत तेज दौड़ता है। (२) एक प्रकार का वृक्ष जो दक्षिण भारत, राजपूताने तथा आसाम की पहाड़ियों में अधिकता से होता है। इसकी लकड़ी मजबूत और भूरे रंग की होती है और मेज़, कुरसी और अलमारी आदि बनाने के काम में आती है।

धामिया—संज्ञा पुं० [हिं० धाम] (१) एक पंथ का नाम। (२) इस पंथ का आदमी।

धायँ—संज्ञा स्त्री० [अनु०] किसी पदार्थ के जोर से गिरने या तोप बंदूक आदि छूटने का शब्द।

विशेष—खट, पट आदि शब्दों के समान इसका प्रयोग भी 'से' विभक्ति के साथ क्रि० वि० वत् ही प्रायः होता है।

धाय—संज्ञा स्त्री० [सं० धात्री] वह स्त्री जो किसी दूसरे के बालक को दूध पिलाने और उसका पालन पोषण करने के लिये नियुक्त हो। धाती। दाई।

संज्ञा पुं० [सं० धातकी] धवई का पेड़।

विशेष—दे० "धवई"।

धायी—संज्ञा स्त्री० दे० "धाय"।

धाय्य—संज्ञा पु० [सं०] पुरोहित।

धाय्या—संज्ञा स्त्री० [सं०] वह वेद मंत्र जो अग्नि प्रज्वलित करते समय पढ़ा जाता है।

धार—संज्ञा पु० [सं०] (१) जोर से पानी बरसना। जोर की वर्षा। (२) इकट्ठा किया हुआ वर्षा का जल जो वैद्यक के अनुसार त्रिदोषनाशक, लघु, सौम्य, रसायन, बलकारक, तृप्तिकर और पाचक तथा मूर्च्छा तंद्रा, दाह, थकावट और प्यास आदि को दूर करनेवाला है। कहते हैं कि सावन और भादों में यह जल बहुत ही हितकारक होता है।

विशेष—वैद्यक के अनुसार यह जल दो प्रकार का होता है—गांग और सामुद्र। आकाश गंगा से जल लेकर मेघ जो जल बरसाते हैं वह गांग कहलाता है और अधिक उत्तम माना जाता है, और समुद्र से जो जल लेकर मेघ वर्षा करते हैं वह जल सामुद्र कहलाता है। आश्विन मास में यदि सूर्य्य स्वाती और विशाखा नक्षत्र में हो तो उस महीने का वर्षा हुआ जल गांग होता है। इसके अतिरिक्त शेष जल सामुद्र होता है। साधारणतः सामुद्र जल खारा, नमकीन, शुक्रनाशक, दृष्टि के लिये हानिकारक,

बलनाशक और दोषप्रदायक माना जाता है । पर अगस्त तारे के उदय होने के उपरांत सामुद्र जल भी गांग जल की तरह ही गुणकारी माना जाता है।

(३) ऋण । उधार । कर्ज । (४) प्रांत । प्रदेश ।

वि० [सं०] गंभीर । गहरा ।

संज्ञा स्त्री० [सं० धारा] (१) किसी आधार से लगे हुए अथवा निराधार द्रव पदार्थ की गति-परंपरा । अखंड प्रवाह । पानी आदि के गिरने या बहने का तार । जैसे, नदी की धार, पेशाब की धार, खून की धार ।

यो०—धारधूरा ।

मुहा०—धार चढ़ाना = किसी देवी देवता या पवित्र नदी आदि पर, दूध, जल आदि चढ़ाना । धार टूटना = गिरने का प्रवाह खंडित होना । लगातार गिरना या निकलना बंद हो जाना । धार देना = (१) दूध देना । (२) कोई उपयोगी काम करना । (व्यंग्य) । जैसे, यहाँ बैठे हुए क्या धार देते हो ? धार निकालना = दूध दूहना । स्तनों से दूध निकालना । धार मारना = जोर से पेशाब करना । (किसी चीज पर) धार मारना या (किसी चीज़ को) धार पर मारना = किसी चीज़ को बहुत ही तुच्छ और अग्राह्य समझना । जैसे हम, ऐसे रुपए पर धार मारते हैं, या ऐसा रुपया धार पर मारते हैं । धार बँधना = किसी तरल पदार्थ का धार बन कर गिरना । धार बाँधना = किसी तरल पदार्थ को इस प्रकार गिराना जिसमें उसकी धार बन जाय ।

(३) पानी का सोता । चश्मा । (४) जल डमरू-मध्य । (लश०) । (५) किसी काटनेवाले हथियार का वह तेज़ सिरा या किनारा जिससे कोई चीज़ काटते हैं । बाढ़ । जैसे, तलवार की धार, चाकू की धार, कैंची की धार ।

मुहा०—धार बँधना = मंत्र आदि के बल से काटनेवाले अस्त्र की धार का निकम्मा हो जाना । धार बाँधना = मंत्र आदि के बल से किसी हथियार की धार को निकम्मा कर देना । (प्राचीनों का विश्वास था कि मंत्र के बल से हथियार की धार निकम्मी की जा सकती है और तब वह हथियार काट नहीं करता ।)

(६) किनारा । सिरा । छोर । (७) सेना । फौज । (८) किसी प्रकार का डाका, आक्रमण या हल्ला । उ०—जात सबन कहँ देखिए कहै कबीर पुकार । चेतका हो तो चेत ले दिवस परत है धार ।—कबीर । (९) ओर । तरफ़ । दिशा । उ०—महरि पैठत सदन भीतर छोंक बांई धार ।—सूर । (१०) जहाजों के तख्तों की संधि या जोड़ । कस्तूरा । (लश०) संज्ञा पुं० [सं० धारण] (१) चोबदार या द्वारपाल । (डिं०) संज्ञा पुं० [सं० धारण] (२) वह पेड़ का तना या काठ का टुकड़ा जो कच्चे कूएँ के मुँह पर इस लिये लगा दिया जाता है जिसमें उसका ऊपरी भाग अंदर न गिरे ।

धारक—वि० [सं०] (१) धारण करनेवाला । धारनेवाला । (२) रोकनेवाला । (३) ऋण लेनेवाला । कर्जदार ।

संज्ञा पुं० [सं०] कलश । घड़ा ।

धारका—संज्ञा स्त्री० [सं०] योनि । स्त्री की मूत्रेंद्रिय ।

धारण—संज्ञा पुं० [सं०] (१) किसी पदार्थ को अपने ऊपर रखना अथवा अपने किसी अंग में लेना । थामना, लेना या अपने ऊपर ठहराना । जैसे, शेष जी का पृथ्वी को धारण करना, शिव जी का गंगा को धारण करना, हाथ में छड़ी या अस्त्र धारण करना । (२) परिधान । पहनना । जैसे, वस्त्र या आभूषण धारण करना । (३) सेवन करना । खाना या पीना । जैसे, शिवजी का विष धारण करना, औषध धारण करना । (४) अवलंबन करना । अंगीकार करना । ग्रहण करना । जैसे, पदवी धारण करना । मौन धारण करना । (५) ऋण लेना । कर्ज लेना । उधार लेना । (६) कश्यप के एक पुत्र का नाम । (७) शिवजी का एक नाम ।

धारणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) धारण करने की क्रिया या भाव । (२) वह शक्ति जिससे कोई बात मन में धारण की जाती है । समझने या मन में धारण करने की वृत्ति । बुद्धि । अक्ल । समझ । (३) दृढ़ निश्चय । पक्का विचार । (४) मर्य्यादा । जैसे, नीति की यह धारणा है कि पानी में मुँह न देखा जाय । (५) मन या ध्यान में रखने की वृत्ति । याद । स्मृति । (६) योग के आठ अंगों में से एक । मन की वह स्थिति जिसमें कोई और भाव या विचार नहीं रह जाता, केवल ब्रह्म का ही ध्यान रहता है । उस समय मनुष्य केवल ईश्वर का चिंतन करता है; उसमें किसी प्रकार की वासना नहीं उत्पन्न होती और न इंद्रियाँ विचलित होती हैं । यही धारणा पीछे स्थायी होकर "ध्यान" में परिणत हो जाती है । (७) बृहत्संहिता के अनुसार एक योग जो ज्येष्ठ शुक्ला अष्टमी से एकादशी तक एक विशिष्ट प्रकार की वायु चलने पर होता है और जिससे इस बात का पता लगता है कि आगामी वर्षा ऋतु में यथेष्ट पानी बरसेगा या नहीं । यह वर्षा के गर्भधारण का योग माना जाता है, इसी लिये इसे धारणा कहते हैं ।

धारणावान्—संज्ञा पुं० [सं०] [स्त्री० धारणावती] वह जिसकी धारणाशक्ति बहुत प्रबल हो । मेधाशाली ।

धारणी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) नाड़िका । नाड़ी (२) श्रेणी । पंक्ति । (३) धारण करनेवाली । पृथ्वी । (४) सीधी लकीर । (५) बौद्ध तंत्र का एक अंग जो प्रायः हिंदू तंत्र के कवच के समान है और जिसका प्रचार नेपाल, तिब्बत तथा बरमा के बौद्धों में अधिकता से है । बौद्ध तांत्रिक इसे अभीष्ट सिद्धि और दीर्घ जीवन का साधन मानते हैं । इसके अधिकांश के उपदेष्टा बुद्ध और श्रोता आनंद या वज्रपाणि माने जाते हैं ।

धारणीमति–संज्ञा स्त्री० [सं०] योग में एक प्रकार की समाधि ।

धारणीया–वि० [सं०] धारण करने योग्य । रखने योग्य । जो धारण किया जा सके ।

संज्ञा पुं० [सं०] (१) धरणीकंद (२) तांत्रिकों का एक प्रकार का मंत्र जो सोने की कलम से केसर, रोचन, लाख, कस्तूरी, चंदन और हाथी के मद से लिखा जाता है । यह यंत्र पूजा के यंत्र से भिन्न होता है और शरीर पर धारण किया जाता है । ज़मीन या शव से छू जाने, जलने अथवा लाँघे जाने से यह यंत्र अशुद्ध हो जाता है और धारण करने के योग्य नहीं रहता ।

धारधूरा–संज्ञा पुं० [हिं० धार + धूरा (धूल)] नदी की रेत से बनी हुई या नदी के हट जाने से निकली हुई ज़मीन । गंगवार ।

धारन–संज्ञा पुं० [सं० धारण] (१) हाथी के खिलाने के लिये तैयार की हुई दवा । (२) दे० "धारण" ।

धारना*–क्रि० स० [सं० धारण] (१) धारण करना । अपने ऊपर लेना । (२) ऋण करना । उधार लेना ।

क्रि० स० दे० "ढारना" ।

धारयिता–संज्ञा पुं० [सं० धारयितृ] [स्त्री० धारयित्री] धारण करनेवाला ।

धारयित्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) धारण करनेवाली । (२) पृथ्वी ।

धारस–संज्ञा स्त्री० दे० "ढारस" ।

धारांकुर–संज्ञा पुं० [स०] (१) सरल का गोंद । (२) घनेापल । ओला । बिनौरी ।

धारांग–संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक प्राचीन तीर्थ का नाम । (२) खड्ग ।

धारा–संज्ञा स्त्री० [स०] घोड़े की चाल । घोड़े का चलना ।

विशेष—प्राचीन भारतवासियों ने घोड़ों की पाँच प्रकार की चालें मानी थीं—आस्कंपित, धौरितक, रेचित, वल्गित और प्लुत ।

(२) किसी द्रव पदार्थ की गति-परंपरा । पानी आदि का बहाव या गिराव । अखंड प्रवाह । धार । (३) लगातार गिरता या बहता हुआ कोई द्रव पदार्थ । (४) पानी का झरना । सोता । चश्मा । (५) काटनेवाले हथियार का तेज़ सिरा । बाढ़ । धार । (६) बहुत अधिक वर्षा । (७) समूह । झुंड । (८) सेना अथवा उस का अगला भाग । (९) घड़े आदि में बनाया हुआ छेद या सूराख । (१०) संतान । औलाद । (११) उत्कर्ष । उन्नति । तरक्की । (१२) रथ का पहिया । (१३) यश । कीर्ति । (१४) प्राचीन काल की एक नगरी का नाम जो दक्षिण देश में थी । (१५) महाभारत के अनुसार एक प्राचीन तीर्थ । (१६) वाक्यावलि । पंक्ति । (१७) लकीर । रेखा । (१८) पहाड़ की चोटी । (१९) मालवा की एक राजधानी जो राजा भोज के समय में प्रसिद्ध थी । कहते हैं कि भोज ही उज्जयिनी से राजधानी धारा लाए थे ।

धाराकदंब–संज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार का कदम का पेड़ ।

धारागृह–संज्ञा पु० [सं०] वह स्थान या घर जिसमें फुहारा लगा हो ।

धाराट–संज्ञा पु० [सं०] (१) चातक । (२) मेघ । बादल । (३) घोड़ा । (४) मस्त हाथी ।

धाराधर–संज्ञा पु० [सं०] (१) मेघ । बादल । (२) खड्ग । तलवार ।

धारापूप–संज्ञा पुं० [सं] एक प्रकार का पूवा (पकवान) जो मैदे को घी मिले हुए दूध में सान कर और तब घी में छान कर बनाया जाता है और जिसमें पीछे से खाँड़ या चीनी मिला दी जाती है । भावप्रकाश के अनुसार यह बलकारक, रुचिकारक और पित्त तथा वातनाशक है ।

धाराफल–संज्ञा पुं० [सं०] मदन वृक्ष । मैनफल वृक्ष ।

धारायंत्र–संज्ञा पु० [सं०] वह यंत्र जिससे पानी की धार छूटे । फुहारा ।

धाराल–वि० [सं०] जिसकी धार तेज हो । धारदार (हथियार) ।

धारालो–संज्ञा स्त्री० [स० धाराल] (१) तलवार । खड्ग । (२) कटारी । (डिं०)

धारावनि–संज्ञा पु० [स०] वायु । हवा ।

धारावर–संज्ञा पु० [सं०] मेघ । बादल ।

धरावाही–वि० [सं०] जो धारा के रूप में आगे बढ़ता हो । बिना रोक टोक बढ़ने या चलनेवाला ।

धाराविष–संज्ञा पु० [सं०] खड्ग । तलवार ।

धारासंपात–संज्ञा पु० [स०] बहुत तेज और अधिक वृष्टि । जोरों की बारिश ।

धारासार–वि० [सं०] लगातार वृष्टि । बराबर पानी बरसना ।

धारास्रुही–संज्ञा स्त्री० [सं०] तिधारा थूहर ।

धारि*–संज्ञा स्त्री० [स० धारा] (१) दे० "धार" । (२) समूह । झुंड । उ०—(क) धावो धावो धरो सुनि धाए जातुधान वारिधार इते दे जलद ज्यों नसावनो ।—तुलसी । (ख) रामकृपा अवरेब सुधारी । विबुध धारि गुनद गोहारी ।—तुलसी । (३) एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक रगण और एक लघु होता है । जैसे, री लखौ न । जात कौन । वस्त्र हारि । मौन धारि ।

धारिणी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) धरणी । पृथ्वी भूमि । जमीन । (२) शाल्मली । सेमर का पेड़ । (३) चौदह देवताओं की स्त्रियाँ जिनके नाम ये हैं—शची । वनस्पति । गार्गी ।

धृतोर्णा । रुचिराकृति । सिनीवाला । कुहू । राका । अनुमति । आयाति । प्रज्ञा । सेला । वेला ।

वि० स्त्री० धारण करनेवाली ।

धारी–वि० [सं० धारिन्] [स्त्री० धारिणी] (१) धारण करनेवाला । जिसने धारण किया हो ।

विशेष—इस अर्थ में इसका प्रयोग यौगिक शब्दों के अंत में होता है । जैसे, छत्रधारी ।

(२) किसी ग्रंथ के तात्पर्य्य को भली भाँति जाननेवाला । (३) ऋण लेनेवाला । कर्जदार । (४) पीलु का पेड़ ।

संज्ञा पुं० (१) एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में पहले तीन जगण और तब एक यगण होता है । जैसे, जु काल मँह छवि देखत बीते । तुम्हार प्रभू गुण गावत ही ते । कृपा करि देहु वहै गिरिधारी । याचौं कर जोरि सुभक्ति तिहारी ।

(२) दे० "धारि" (३) ।

संज्ञा स्त्री० [सं० धारा] (१) सेना । फौज । (२) समूह । झुंड । (३) रेखा । लकीर । जैसे, यदि इस कपड़े पर कुछ धारियाँ होतीं तो और भी अच्छा होता ।

यौ०—धारीदार ।

(४) पुश्ता ।

धारीदार–वि० [हिं० धारी + फा० दार] जिसमें लंबी लंबी धारियाँ या लकीरें पड़ी अथवा बनी हों । जैसे, धारीदार मलमल ।

धारूजल–संज्ञा पु० [डिं०] खड्ग । तलवार ।

धारोष्ण–संज्ञा पु० [सं०] थन से निकला हुआ ताजा दूध जो प्रायः कुछ गरम होता है और स्तन से निकलने के कुछ समय बाद तक गरम रहता है । वैद्यक के अनुसार ऐसा दूध अमृत के समान और श्रम हरनेवाला, निद्रा लानेवाला, वीर्य्य और पुरुषार्थ बढ़ानेवाला, पुष्टिकारक, अग्नि को बढ़ानेवाला, अति स्वादिष्ट और त्रिदोष को हरनेवाला होता है ।

धार्त्तराष्ट्र–संज्ञा पुं० [सं०] (१) काले रंग की चोंच और पैरोंवाला हंस । (२) एक नाग का नाम । (३) [स्त्री० धार्त्तराष्ट्री] धृतराष्ट्र के वंश का आदमी ।

धार्त्तराष्ट्रपदी–संज्ञा स्त्री० [सं०] हंसपदी लता । लाल रंग का लजालु ।

धार्म–वि० [सं०] धर्म्म संबंधी ।

धार्मिक–वि० [सं०] (१) धर्मशील । धर्मात्मा । धर्म्माचरण करनेवाला । पुण्यात्मा । जैसे, आप बड़े ही धार्मिक हैं ।

(२) धर्म्म-संबंधी । जैसे, धार्मिक क्रियाएँ ।

धार्मिकता–संज्ञा स्त्री० [सं०] धर्म्मशीलता । धार्मिक होने का भाव ।

धार्मिक्य–संज्ञा पुं० दे० "धार्मिकता" ।

धार्य–वि० [सं०] धारण करने के योग्य । धारणीय ।

संज्ञा पुं० [सं०] वस्त्र । कपड़ा ।

धार्ष्ट्य, धार्ष्ट्र्य–संज्ञा पुं० [सं०] धृष्टता ।

धाव–संज्ञा पुं० [सं० धव] एक प्रकार का लंबा और बहुत सुंदर पेड़ जिसे गोलरा, धावरा, धकली और खरधाया भी कहते हैं ।

विशेष—दे० "धव" ।

धावक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) दौड़कर चलनेवाला । हरकारा । (२) धोबी । रजक । (३) संस्कृत साहित्य के एक आचार्य्य और कवि जिनका नाम कालिदास के मालविकाग्निमित्र नाटक तथा काव्यप्रकाश और साहित्यसार में आया है ।

धावड़ा–संज्ञा पु० [हिं० धव] धव का पेड़ ।

धावण–संज्ञा पुं० [स० धावन] दूत । हरकारा । (डिं०)

धावन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) बहुत जल्दी या दौड़ कर जाना । (२) दूत । हरकारा । चिट्ठी वा सँदेसा पहुँचानेवाला । उ०—(क) द्विविद करि कोप हरि पुरी आयो । नृप सुदक्षिणा जरयो जरी वाराणसी धाय धावन जबहि यह सुनायो ।—सूर । (ख) एहि विधि सोचत भरत मन धावन पहुँचे आइ । गुरु अनुसासन श्रवन सुनि चले गनेस मनाइ ।—तुलसी । (३) धोने या साफ करने का काम । (४) वह चीज जिससे कोई चीज धोई या साफ की जाय । उ०—निद्रा हास्यमद्यीत बोलै । तजि रदधावन झूठ न बोलै ।—विश्राम ।

धावना*†–क्रि० अ० [सं० धावन = गमन] वेग से चलना । दौड़ना । भागना । जल्दी जल्दी जाना ।

धावनि*†–संज्ञा स्त्री० [स० धावन = गमन] (१) जल्दी जल्दी चलने की क्रिया या भाव । दौड़ । उ०—वा पट पीत की फहरान । कर धरि चक्र चरन की धावनि नहिं बिसरति वह बान ।—सूर । (२) धावा । चढ़ाई । उ०—सिंधु पार परे सब आनँद सो भरे कपि गाजे शंख बाजे अब लंका पर धावनी ।—हनुमान ।

संज्ञा स्त्री० [सं०] पिठवन । पृश्निपर्णी लता ।

धावनिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) कंटकारिका । कटेरी । (२) पिठवन । पृश्निपर्णी । (३) कँटीली मकोय ।

धावनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) पृश्निपर्णी लता । पिठवन । (२) कंटकारी । (३) धव का फूल ।

धावरा–संज्ञा पु० दे० "धव", "धवरा" ।

धावरी*†–संज्ञा स्त्री० [सं० धवल] सफेद गाय । धौरी ।

वि० सफेद । उज्ज्वल । उ०—गगन लतातें बलित हैं जहँ तमाल तरुजाल । धेनु धावरी रावरी लखि आई गोपाल ।—रामसहाय ।

धावा–संज्ञा पुं० [स० धावन] (१) शत्रु से लड़ने के लिये दल बल सहित तैयार होकर जाना । आक्रमण । हमला । चढ़ाई ।

मुहा०—धावा बोलना = अधिकारी का अपने सैनिकों को आक्रमण करने की आज्ञा देना ।

(२) किसी काम के लिये जल्दी जल्दी जाना । दौड़ ।

मुहा०—धावा मारना = जल्दी जल्दी चलना। जैसे, इस धूप में हम तीन कोस का धावा मार कर आ रहे हैं।

धाह—संज्ञा स्त्री० [अनु०] जोर से चिल्ला कर रोना। धाड़। उ०—(क) देखे नंद चले घर आवत। पैठत पौरि छींक भइ बाईं रोइ दाहिने धाह सुनावत।—सूर। (ख) ऊनै आई बाहरी बरसन लगा अँगार। ऊठि कबीरा धाह दै दाझत है संसार। —कबीर। (ग) जिन्ह रिपु मारि सुसारि नारि तेइ सीस उघारि दिवाई धाहैं।—तुलसी।

धाही*†—संज्ञा स्त्री० [सं० धात्री] दूध पिलानेवाली स्त्री। दाई। धाय। उ०—तस्य देवान धृष्टबुधि नामा। रही आइ धाही तेहि धामा।—विश्राम।

धिंग संज्ञा स्त्री० [सं० दृढांग या धींगा धींगी अनु०] धींगा धींगी। ऊधम। उपद्रव। शरारत। उ०—अरु त्यों भवानी सिंह। गढ़ लैन रुप्पिय धिंग।—सूदन।

धिंगरा—संज्ञा पुं० दे० "धींगरा"।

धिंगा†—संज्ञा पुं० [स० दृढांग] (१) बदमाश। शरीर। उपद्रवी। (२) बेशर्म। निर्लज्ज।

धिंगाई—संज्ञा स्त्री० [सं० दृढांगी] (१) शरारत। उपद्रव। ऊधम। बदमाशी। उ०—जानि बूझि इन करी धिंगाई। मेरी बलि पर्वतहि चढ़ाई।—सूर। (२) बेशर्मी। निर्लज्जता।

धिंगाधिंगी—संज्ञा स्त्री० दे० "धींगा धींगी"।

धिंगाना†—संज्ञा पुं० [हिं० धिंग] धींगा धींगी करना। उपद्रव करना। ऊधम मचाना।

धिंगी†—संज्ञा स्त्री० [सं० दृढांगी] बदमाश स्त्री। निर्लज्ज स्त्री। हुड़दंगी।

धिआ†—संज्ञा स्त्री० [सं० दुहिता, प्रा० धीआ] (१) बेटी। कन्या। (२) कोई छोटी लड़की।

धिआन*†—संज्ञा पु० दे० "ध्यान"।

धिआना†*—क्रि० स० दे० "ध्याना" या "ध्यावना"।

धिक्—अव्य० [सं०] (१) तिरस्कार, अनादर या घृणासूचक एक शब्द। लानत। (२) निंदा। शिकायत।

धिक—अव्य [सं० धिक्] धिक्। लानत। उ०—धिक धर्मध्वज धंधकधोरी।—तुलसी।

धिकना†—क्रि० अ० [सं० दग्ध या हिं० दहकना] गरम होना। तप्त होना। आग की गरमी से लाल हो जाना। उ०—जहिं जो पर्वत लाग अकासा। बनखँड धिकहिं पलास कोपासा।—जायसी।

धिकाना†—क्रि० स० [सं दग्ध या हिं० दहकाना] तपाना। खूब गरम करना। तपा कर लाल करना।

धिक्कार—संज्ञा स्त्री० [सं०] तिरस्कार, अनादर वा घृणाव्यंजक शब्द। लानत। फटकार।

क्रि० प्र०—करना।—देना।

धिक्कारना—क्रि० स० [स० धिक्] "धिक्" कह कर बहुत तिरस्कार करना। बहुत बुरा भला कहना। लानत मलामत करना। फटकारना।

धिक्कृत—वि० [सं०] जो धिक्कारा जाय। जिसे "धिक्" कहा जाय। जिसका तिरस्कार हो।

धिक्क्रिया—संज्ञा स्त्री० दे० "धिक्कार"।

धिग*—अव्य० दे० "धिक्" या "धिक्कार"।

धिग्वण—संज्ञा पु० [सं०] मनु के अनुसार एक संकर जाति जो ब्राह्मण पिता और अयोगवी माता से उत्पन्न मानी जाती है।

धिमचा—संज्ञा पु० [देश०] एक प्रकार की डमरू।

धिय*—संज्ञा स्त्री० [सं० दुहिता] (१) कन्या। बेटी। उ०—शमी गरभ में अनल ज्यौं त्यौं तेरी धिय संत। धारति तेज दियो जो नृप प्रजा हेत दुष्यंत।—लक्ष्मणसिंह। (२) लड़की। बालिका।

धिया—संज्ञा स्त्री० दे० "धिय"।

धिरकार†—संज्ञा स्त्री० दे० "धिक्कार"।

धिरवना†—क्रि० स० [सं० धर्षण] धमकाना। उ०—(क) समय परे की बात बाज कहँ धिरवै फुदकी।—गिरधर। (ख) मुख झगरति आनंद उर धिरवति है घर जाहु।—सूर। (ग) कोउ उठि भागत पुनि नहिं आवत धिरवत अँगुलि दिखाई।—रघुराज।

धिराना*†—क्रि० स० [हिं० धिरवना] डराना। धमकाना। भय दिखाना। उ०—(क) जाति पांति सों कहा अचगरी यह कहि सुतहिं धिरावति।—सूर। (ख) भ्राता मारन मोहिं धिरावै देखे मोहि न भावत।—सूर।

क्रि० अ० [सं० धीर] (१) धीमा होना। गति में मंद पड़ना। उ०—उपचार विचार किये न धिरानी।—केशव। (२) स्थिर होना। धैर्य्य धारण करना।

धियाधसु—संज्ञा पु० [सं०] सरस्वती के वर्ग के एक वैदिक देवता जो "धी" अर्थात् बुद्धि के देवता माने जाते हैं।

धिषण—संज्ञा पु० [स०] (१) बृहस्पति। (२) ब्रह्मा। (३) नारायण। विष्णु। (४) गुरु। शिक्षक।

वि० [सं०] बुद्धिमान्। अक्लमंद। समझदार।

धिषणा—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बुद्धि। अक्ल। (२) स्तुति। (३) वाक्शक्ति। (४) पृथ्वी। (५) स्थान।

धिषणाधिप—संज्ञा पु० [सं०] बृहस्पति।

धिष्ट्य—संज्ञा पुं० [सं०] (१) स्थान। जगह। (२) घर। (३) नक्षत्र। (४) आग। (५) शक्ति। (६) शुक्राचार्य्य।

धींग—संज्ञा पु० [सं० धिंगर = शठ या दृढांग] हट्टा कट्टा मनुष्य। उ०—धींगरी धींग चाचरि करैं मोहि बुलावत साखि।—सूर।

वि० (१) मजबूत। जोरावर। (२) शरीर। बदमाश। उपद्रवी। (३) कुमार्गी। पापी। बुरा। उ०—अपनायो तुलसी सो धींग धमधूसरो।—तुलसी।

धींगधुकड़ी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० धींग] (१) धींगामुश्ती। (२) पाजीपन।

धींगरा—संज्ञा पु० [सं० डिंगर] (१) हट्टा कट्टा। मुसंड। मोटा ताज़ा। (२) शठ। बदमाश। कुकर्मी। गुंडा।

धींगरी†—संज्ञा स्त्री० [हिं० धींग + ई (प्रत्य०)] पाजी। उपद्रव करनेवाली स्त्री। उ०—धींग तुम्हारो पूत धींगरी हमको कीन्ही।—सूर।

धींगा—संज्ञा पु० [सं० डिंगर = शठ] शरीर। बदमाश। उपद्रवी। पाजी।

यौ०—धींगामुश्ती।

धींगाधींगी—संज्ञा स्त्री० [हिं० धींग] (१) शरारत। बदमाशी। उपद्रव। पाजीपन (२) जबरदस्ती। बल-प्रयोग।

धींगामुश्ती—संज्ञा स्त्री० [हिं० धींगा + मरना] (१) शरारत। बदमाशी। उपद्रव। पाजीपन। (२) जबरदस्ती लड़ना। हाथा-बाँही।

धींगड़—†वि० [सं० डिंगर] [स्त्री० धींगड़ी] (१) पाजी। बदमाश। दुष्ट। (२) हट्टा कट्टा। हृष्ट पुष्ट। (३) वर्णसंकर। दोगला। हरामी।

धींगड़ा—संज्ञा पुं० दे० "धींगड़"।

धींद्रिय—संज्ञा स्त्री [सं०] वह इंद्रिय जिससे किसी बात का ज्ञान प्राप्त किया जाय। जैसे, मन, आँख, कान, त्वक्, जीभ, नाक। ज्ञानेंद्रिय।

धींवर—संज्ञा पु० दे० "धीवर।

धी—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) बुद्धि। अक्ल। समझ।

विशेष—दे० "बुद्धि"।

(२) मन। (३) कर्म्म।

संज्ञा स्त्री० [सं० दुहिता, प्रा० धीआ] लड़की। बेटी।

धीआ—संज्ञा स्त्री० दे० "धीया"।

धीजना—क्रि० स० [सं० धृ, धार्य्य, धैर्य्य।] (१) ग्रहण करना। स्वीकार करना। अंगीकार करना। उ०—(क) पाती लैकै चल्यो विप्र छिप्रवहि पुरी गयो, नयो चाव जान्यो पपै कैसे तिया धीजिए। कहो तुम जाइ रानी बैठी सत आई मोको बोल्यो न सोहाय प्रभु सेवा मांझ भीजिए।—प्रियादास। (ख) धरियाकूँ धीजूँ नहीं गहूँ अधर की बाहिं। धरिया अधर पहिचानियाँ तौ कछू धरावहि नाहिं।—कबीर। (२) धीरज धरना। धैर्य्य-युक्त होना। उ०—आय मिली अलिन में, लालन को ध्यान हिये, पिये मद मानो गृह आई तब धीजी है।—प्रिया दास। (३) अति प्रसन्न होना। संतुष्ट होना। उ०—(क) धरे सब जाय प्रभु सुकर बनाय दियो कियो सरबोपरि लै चल्यो मति धीजिए।—प्रियादास। (ख) उज्ज्वल देखि न धीजिए वग ज्यो मांड़े ध्यान। धीरे बैठि चपेटिसी यों लै बूड़ै ज्ञान।—कबीर।

धीत—वि० [सं०] (१) जो पिया गया हो। (२) जिसका अनादर हुआ हो। (३) जिसकी आराधना की जाय।

धीति—संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) पान करने की क्रिया। पीना। (२) प्यास।

धीदा—संज्ञा स्त्री० [सं० दुहिता का प्रा० रूप] (१) कन्या। कुँआरी लड़की। (२) पुत्री। बेटी।

धीन—संज्ञा पुं० [हिं०] लोहा। (डिं०)

धीपति—संज्ञा पुं० [सं०] बृहस्पति।

धीम*†—वि० दे० "धीमा"।

धीमर—संज्ञा पु० दे० "धीवर"। उ०—धरे मच्छ पहिना औ रोहू। धीमर धरत करै नहिं छोहू।—जायसी।

धीमा—वि० [सं० मध्यम] [स्त्री० धीमी] (१) जिसका वेग या गति मंद हो। जिसकी चाल में बहुत तेजी न हो। जो आहिस्तः चले। जैसे, धीमी चाल, धीमी हवा। (२) जो अधिक प्रचंड, तीव्र या उग्र न हो। हलका। जैसे, धीमी आँच, धीमी रोशनी। (३) कुछ नीचा और साधारण से कम (स्वर)। जैसे, धीमा स्वर, धीमी आवाज। (४) जिसका जोर घट गया हो। जिसकी तेजी कम हो गई हो। जैसे, (क) पहले तो वह बहुत बिगड़ा पर पीछे धीमा हो गया। (ख) जब उनका गुस्सा कुछ धीमा हुआ तब उसने सारा हाल उनसे कह सुनाया।

क्रि० प्र०—करना।—पड़ना।—होना।

धीमा तिताला—संज्ञा पु० [हिं० धीमा + तिताला] संगीत में सोलह मात्राओं का एक ताल जिसमें तीन आघात और एक खाली होता है। इसके मृदंग के बोल ये हैं,—

× ३ ०

धेत धेत धेने नाग, देगे तेटे केटे ताग, गेदेंताक धागे; तेटे क तागदि धेने। और इसके तबले के बोल ये हैं,—

× ३

धा दिन दिन धा, दिन् धागे तेरेकेटे दिन नादिन तिन ता,

१ ×

दिन धागे तेरेकेटे दिन। धा॥

धीमान्—संज्ञा पु० [सं० धीमत्] [स्त्री० धीमती] (१) बृहस्पति। (२) बुद्धिमान्। समझदार। अक्लमंद।

धीय—†संज्ञा स्त्री० [सं० दुहिता] (१) दे० "धी"। (२) जमाई। जामाता। दामाद। (डिं०)

धीया—संज्ञा स्त्री० [सं० दुहिता, प्रा० धीदा, धीया] लड़की। बेटी।

धीर—वि० [सं०] जिसमें धैर्य्य हो। जो जल्दी घबरा न जाय। दृढ़ और शांत चित्तवाला। (२) बलवान्। ताकतवर।

(३) विनीत। नम्र। (४) गंभीर। ५) मनोहर। सुंदर। (६) मंद। धीमा।

संज्ञा पुं० [सं०] (१) केसर। (२) ऋषभ औषध। (३) मंत्र। (४) राजा बलि।

*†संज्ञा पुं० [सं० धैर्य्य] (१) धैर्य्य। धीरज। ढाढ़स। मन की स्थिरता। (२) संतोष। सब्र।

क्रि० प्र०—करना।—धरना।—रखना।

धीरज–†*संज्ञा पुं० दे० "धैर्य्य"।

धीरजमान–संज्ञा पुं० दे० "धैर्य्यवान्" या "धीर"।

धीरट–संज्ञा पुं० [?] हंस पक्षी। (डिं०)

धीरता–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) चित्त की स्थिरता। मन की दृढ़ता। धैर्य्य। (२) स्थिरता। (३) संतोष। सब्र।

धीरत्व–संज्ञा पुं० [सं०] धीर होने का भाव। धीरता।

धीरपत्री–संज्ञा स्त्री० [सं०] जमीकंद।

धीरललित–संज्ञा पुं० [सं०] साहित्य में वह नायक जो सदा खूब बना ठना और प्रसन्नचित्त रहता हो।

धीरशांत–संज्ञा पुं० [सं०] साहित्य में वह नायक जो सुशील, दयावान्, गुणवान् और पुण्यवान् हो।

धीरा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) साहित्य में वह नायिका जो अपने नायक के शरीर पर पर-स्त्री-रमण के चिह्न देख कर व्यंग्य से कोप प्रकाशित करे। ताने से अपना क्रोध प्रकट करनेवाली नायिका। (२) गुरिच। गिलोय (३) काकोली। (४) मालकँगनी।

वि० [सं० धीर] मंद। धीमा।

संज्ञा [सं० धैर्य] धीरज। धैर्य्य।

धीराधीरा–संज्ञा स्त्री० [सं०] साहित्य में वह नायिका जो अपने नायक के शरीर पर पर-स्त्री-रमण के चिह्न देख कर कुछ गुस और कुछ प्रकट रूप से अपना क्रोध जतला दे।

धीरावी–संज्ञा स्त्री० [सं०] शीशम का पेड़।

धीरी–संज्ञा स्त्री० [?] आँख की पुतली।

धीरे–क्रि० वि० [हिं० धीर] (१) आहिस्ते से। मंद मंद। धीमी गति से। 'जोर से' का उलटा। (२) चुपके से। इस प्रकार जिसमें कोई सुन या देख न सके। इस प्रकार जिसमें किसी को आहट न मिले। जैसे, धीरे से चल दो।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग कहीं कहीं एक साथ दो बार भी होता है। जैसे, धीरे धीरे चलो, धीरे धीरे बोलो।

धीरोदात्त–संज्ञा पुं० [सं०] (१) साहित्य के अनुसार वह नायक जो निरभिमानी, दयालु, क्षमाशील, बलवान्, धीर, दृढ़ और योद्धा हो। जैसे, रामचंद्र, युधिष्ठिर आदि। (२) वीर-रस-प्रधान नाटक का मुख्य नायक।

धीरोद्धत–संज्ञा पुं० [सं०] साहित्य में वह नायक जो बहुत प्रचंड और चंचल हो और दूसरे का गर्व न सह सके और सदा अपने ही गुणों का बखान किया करे। जैसे, भीमसेन।

धीर्य†*–संज्ञा पुं० [सं०] कातर।

*संज्ञा पु० दे० "धैर्य्य"।

धीवर–संज्ञा पु० [सं०] [स्त्री० धीवरी] (१) एक जाति विशेष जो प्रायः मछली पकड़ने और बेंचने का काम करती है। इस जाति का छुआ जल द्विज लोग ग्रहण करते हैं। मछुवा। मल्लाह। केवट। (२) खिदमतगार। सेवक। (३) काछा मनुष्य। (४) मत्स्यपुराण के अनुसार एक देश। (५) उक्त देश का निवासी।

धीवरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) मल्लाहिन। (२) मछली मारने की कटिया।

धुँआँ–संज्ञा पुं० दे० "धुआँ"।

धुँई–† संज्ञा स्त्री० दे० "धूनी"।

धुंकार–संज्ञा स्त्री० [सं० ध्वनि + कार] जोर का शब्द। गरज। गड़गड़ाहट। उ०—(क) धुंकार धौंसन की बड़ी हुंकार भूमिपतीन की।—गोपाल। (ख) कहै पद्माकर त्यों दुंदुभी धुंकार सुनि अकबक बोलै यौं गनीम औ गुनाही हैं।—पद्माकर।

धुँगार–संज्ञा स्त्री० [सं० धूम्र + आधार] बघार। तड़का। छौंक। उ०—तुरई चचेंड़े ढेंढस तरे। जीर धुंगार मेल सब धरे।—जायसी।

धुँगारना–क्रि० स० [हिं० धुँगार] बघारना। छौंकना। तड़का देना। उ०—छांछ छबीली धरी धुँगारी। झहरैं उठत झार की न्यारी।—सूर।

क्रि० स० [अनु०] मारना। पीटना।

धुंज†–वि० [हिं० धुंध] धुंधली। मंद दृष्टि। उ०—बिनु गोपाल बैरिनि भइ कुंजैं।.....सूरदास प्रभु तुम्हरे दरस को मग जोवत अँखियाँ भइ धुंजैं।—सूर।

धुंद–संज्ञा स्त्री० दे० "धुंध"।

संज्ञा पु० दे० "दुंद"।

धुंदा–वि० [हिं० धुंध] अंधा।

धुंदुल–संज्ञा पु० [देश०] मझोले कद का एक पेड़ जो बंगाल और मलाबार में अधिकता से होता है। इसकी लकड़ी सफेद रंग की होती है और गाड़ियों के पहिए तथा मेज कुरसी आदि बनाने के काम में आती है। इसके फलों से एक प्रकार का तेल निकलता है जो जलाया और सिर में लगाया जाता है। इसमें से एक प्रकार का गोंद भी निकलता है।

धुंध–संज्ञा स्त्री० [सं० धूम्र + अंध] (१) वह अँधेरा जो हवा में मिली धूल के कारण हो।

यौ०—अँधाधुंध।

(२) हवा में उड़ती हुई धूल। (३) आँख का एक रोग

जिसके कारण ज्योति मंद हो जाती है और कोई वस्तु स्पष्ट नहीं दिखाई देती।

धुंधक–संज्ञा पुं० दे० "धुंध"।

धुँधका–संज्ञा पुं० [हिं० धूआँ] दीवार या छत आदि में बना हुआ वह बड़ा छेद जो धुआँ निकलने के लिये बनाया जाता है। धोंधका। धुँवारा।

धुंधकार–संज्ञा पुं० [हिं० धुंकार] (१) धुंकार। गरज। गड़गड़ाहट। (२) अंधकार। अंधेरा।

धुंधमार–संज्ञा पुं० दे० "धुंधुमार"।

धुंधमाल–संज्ञा पु० दे० "धुंधुमार"।

धुंधर–† संज्ञा स्त्री० [हिं० धुंध] (१) गर्द-गुबार। हवा में उड़ती हुई धूल। (२) गर्द वा धूल उड़ने के कारण होनेवाला अंधेरा। तारीकी।

धुँधराना–क्रि० अ० दे० "धुँधलाना"। उ०—नवपल्लव दीखत धुंधराये। होम धुआं जिन ऊपर छाये।—लक्ष्मणसिंह।

धुँधलका–† वि० दे० "धुंधला"।

धुँधला–वि० [हिं० धुंध + ला] (१) कुछ कुछ काला। धूएँ के रंग का। (२) अस्पष्ट। जो साफ दिखाई न दे। (३) कुछ कुछ अँधेरा।

मुहा०—धुंधले का वक्त = वह समय जब कि कुछ अँधेरा हो जाय और स्पष्ट दिखाई न दे। बहुत सवेरे या संध्या का समय।

धुंधलाई–संज्ञा स्त्री० दे० "धुंधलापन"।

धुँधलाना–क्रि० अ० [हिं० धुँधला] धुँधला पड़ना।

धुँधलापन–संज्ञा पुं० [हिं० धुंधला + पन] धुँधले या अस्पष्ट होने का भाव। कम दिखाई देने का भाव।

धुँधली–संज्ञा स्त्री० दे० "धुंध"।

धुंधु–संज्ञा पुं० [सं०] एक राक्षस का नाम जो मधु राक्षस का पुत्र था। हरिवंश में लिखा है कि धुंधु एक बार एक मरुभूमि में बालू के नीचे छिप कर संसार को नष्ट करने की कामना से कठिन तपस्या कर रहा था। वह जब साँस लेता था तब उसके साथ धुआँ और अंगारे निकलते थे, भूकंप होता था और बड़े बड़े पहाड़ तक हिलने लगते थे। जब महाराज बृहदश्व वानप्रस्थ ग्रहण करके और अपना राज्य अपने लड़के कुवलयाश्व को देकर वन की ओर जाने लगे तब महर्षि उतंक ने जाकर उनसे धुंधु की शिकायत की और कहा कि यदि आप इस दुष्ट राक्षस को न मारेंगे तो बड़ा अनर्थ हो जायगा। बृहदश्व ने कहा कि मैं तो वानप्रस्थ ग्रहण कर चुका हूँ और अब अस्त्र नहीं उठा सकता; हाँ, मेरा लड़का कुवलयाश्व उसे अवश्य मार डालेगा। तदनुसार कुवलयाश्व अपने सौ लड़कों को लेकर उतंक के साथ धुंधु को मारने चला। उस समय विष्णु ने भी लोकहित के विचार से उसके शरीर में प्रवेश किया था। कुवलयाश्व और उसके लड़कों को देख कर धुंधु क्रोध से फुफकार छोड़ने लगा जिससे कुवलयाश्व के २७ लड़के मर गए। अंत में कुवलयाश्व ने उसे मार डाला। तभी से कुवलयाश्व का नाम धुंधुमार पड़ गया।

धुंधुकार–संज्ञा पुं० [हिं० धुंधु + कार] (१) अंधकार। अँधेरा। (२) धुँधलापन (३) नगाड़े का शब्द। धुंकार। उ०—धराधर हालै धरधर धुंधुकारन सों धीर नर तजैंगे धरैया बल बाँह के।—गुमान।

धुंधुमार–संज्ञा पुं० [सं०] (१) राजा त्रिशंकु का पुत्र। (२) कुवलयाश्व का एक नाम।

विशेष—दे० "धुंधु"

धुंधुरि–* † संज्ञा स्त्री० [हिं० धुंध] गर्द गुबार या धूएँ के कारण होनेवाला अँधेरा। उ०—(क) ढोल बजावती गावती गीत मचावती धुंधुरि धूरि के धारनि।—द्विजदेव। (ख) बीर अबीर की धुंधुरि में कछु फेर सों कै मुख फेरि कै झाँकी।—पद्माकर। (ग) विकट कटक सजि नल के चलत दल धुंधुरि प्रताप शिखी धूम मलिनाई है।—गुमान।

धुंधुरित–वि० [हिं० धुंधुर] (१) धुँधला किया हुआ। धूमिल। उ०—भुवन धुंधुरित धूलि धूलि धुंधुरित सुधूमहू।—पद्माकर। (२) दृष्टिहीन। धुँधली दृष्टिवाला। उ०—कलि गुलाल सों धुंधुरित सकल ग्वालिनी ग्वाल। रोरी मीड़न के सुमिस गोरी गहे गोपाल।—पद्माकर।

धुंधरी–संज्ञा स्त्री० [धुंधुरि] (१) गर्द गुबार से उत्पन्न अँधेरा। (२) धुंधलापन। (३) आँख का धुंध नामक रोग।

धुँधुवाना*†–क्रि० अ० [सं० धूम्र, हिं० धुआँ] धुआँ देना। धुआं दे देकर जलना। उ०—चिंता ज्वाल शरीर वन दावा लगि लगि जाय। प्रगट धुआँ नहिं देखिए उर अंतर धुँधु वाय।—गिरिधर।

धुँधेरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० धुंध वा धुधुरि] धुंध। गर्द गुबार के कारण होनेवाला अँधेरा। उ०—दिग्गज दबत दबकत दिगपाल भूरि, धूरि की धुँधेरी सों अँधेरी आभा भानु की।—गुमान

धुँधेला†–संज्ञा पुं० [हिं० धुंध + ऐला (प्रत्य०)] (१) बदमाश। पाजी। (२) दगाबाज़। धोखेबाज़।

धुँवाँ–संज्ञा पुं० दे० "धुआँ"।

धुंवाँकश–संज्ञा पुं० दे० "धुआँकश"।

धुँवाँदान–संज्ञा पुं० दे० "धुआँदान"।

धुंवाधार–वि० और क्रि० वि० दे० "धुआँधार"।

धुअ*–संज्ञा पुं० दे० "ध्रुव"।

धुआँ–संज्ञा पुं० [सं० धूम्र] (१) सुलगती या जलती हुई चीज़ों से निकल कर हवा में मिलनेवाली भाप जो कोयले के सूक्ष्म अणुओं से लदी रहने के कारण कुछ नीलापन या

कालापन लिए होती है। धूम। उ०—चिंता ज्वाल शरीर वन दावा लगि लगि जाय। प्रगट धुआँ नहिं देखिए उर अंतर धुँधुवाय।—गिरिधर।

क्रि० प्र०—उठना।—छूटना।—छोड़ना।—निकलना।—होना।

मुहा०—धुएँ का धौरहर = थोड़े ही काल में मिटने या नष्ट होनेवाली वस्तु या आयोजन। क्षणभंगुर वस्तु। उ०—(क) कबिरा हरि की भक्ति बिन धिक जीवन संसार। धूआँ का सा धौरहर जात न लागै बार।—कबीर। (ख) धुआँ को सो धौरहर देखि तू न भूल रे।—तुलसी। धुएँ के बादल उड़ाना = भारी गप हाँकना। झूठ मूठ बड़ी बड़ी बातें कहना। धुआँ देना = (१) सुलगती हुई वस्तु का धुआँ छोड़ना। धुआँ निकालना। जैसे, यह तेल जलने में बहुत धुआँ देता है। (२) धुआँ लगाना। धुआँ पहुँचाना। जैसे, उसकी नाक में मिर्चों का धुआँ दो। धुआँ निकालना या काढ़ना = बढ़ बढ़ कर बातें कहना। शेखी हाँकना। उ०—जस अपने मुँह काढ़े धुआँ। चाहेसि परा नरक के कुआँ।—जायसी। धुआँ रमना = धुएँ का छाया रहना। धुआँ सा मुँह होना = चेहरे की रंगत उड़ जाना। चेहरा फीका पड़ जाना। लज्जा से मुख मलिन हो जाना। (किसी वस्तु का) धुआँ होना = काला पड़ना। झाँवरा होना। धूमला होना। मुँह धुआँ होना = देखो "धुआँ सा मुँह होना"।

(२) घटाटोप। उमड़ती हुई वस्तु। भारी समूह। (३) धुआँ। धज्जी। उ०—धुआँ देखि खरदूषण केरा। जाय सुपनखा रावण प्रेरा।—तुलसी।

मुहा०—धुएँ उड़ाना = धज्जियाँ उड़ाना। छिन्न भिन्न करना। टुकड़े टुकड़े करना। नाश करना। धुएँ बखेरना = दे० धुएँ उड़ाना।

धुआँकश—संज्ञा पुं० [हिं० धुआँ + फा० कश = खींचना] भाप के ज़ोर से चलनेवाली नाव वा जहाज़। अगिनबोट। स्टीमर।

धुआँदान—संज्ञा पुं० [हिं० धुआँ + सं आधान से हिं० प्रत्य० दान] छत में धुआँ निकलने के लिये बना हुआ छेद। चिमनी।

धुआँधार—वि० [हिं० धुआँ + धार] (१) धुएँ से भरा। धूममय। (२) गहरे रंग का। भड़कीला। तड़क भड़क का। भव्य। (३) धुएँ का सा। काला। स्याह। (४) बड़े ज़ोर का। बड़े वेग का और बहुत अधिक। प्रचंड। घोर। जैसे, धुआँधार वर्षा, धुआँधार घटा, धुआँधार नशा।

क्रि० वि० बड़े वेग से और बहुत अधिक। बहुत ज़ोर से। जैसे, धुआँधार बरसना।

धुआँना—क्रि० अ० [हिं० धुआँ + ना (प्रत्य०)] धुएँ से बस जाना। अधिक धुएँ में रहने के कारण स्वाद और गंध में बिगड़ जाना। (पकवान आदि के लिये)

धुआँयंध—वि० [हिं धुआँ + गंध] जिसमें धुएँ की महँक बस गई हो। धुएँ की तरह महँकनेवाला।

संज्ञा स्त्री० अन्न न पचने के कारण आनेवाली डकार। धूम।

धुआँरा—संज्ञा पुं० [हिं० धुआँ] छत में धुआँ निकलने के लिये बना हुआ छेद या खिड़की। चिमनी।

धुआँस—संज्ञा स्त्री० दे० "धुआँस"

धुआँसा—संज्ञा पुं० [हिं धुआँ] घर की छत में जमी हुई धुएँ की कजली। आग जलने के स्थान के ऊपर की छत में जमा कालिख या धूआँ।

वि० धुएँ से बसा हुआ। आँच ठीक न लगने के कारण स्वाद और गंध में बिगड़ा हुआ। (पकवान आदि के लिये)

धुक—संज्ञा स्त्री० [देश०] कलाबत्तू बटने की सजाई।

धुकड़ पुकड़—संज्ञा पुं० [अनु०] (१) भय आदि की आशंका से होनेवाली चित्त की अस्थिरता। घबराहट। (२) आगा-पीछा। पसोपेश।

धुकड़ी—संज्ञा स्त्री० [देश०] छोटी थैली। बटुआ।

धुकधुकी—संज्ञा स्त्री० [धुकधुक से अनु०] (१) वक्षस्थल का वह भाग जो नीचे होता है। पेट और छाती के बीच का भाग जो कुछ गहरा सा होता है। (२) कलेजा। हृदय। (३) कलेजे की धड़कन। कंप। (४) डर। भय। खौफ।

क्रि० प्र०—लगना।

(५) एक गहना जो गले में पहना जाता है और छाती पर लटकता रहता है। पदिक। जुगनू।

धुकना*†—क्रि० अ० [हिं० झुकना] (१) झुकना। नीचे की ओर ढलना। निहुरना। नवना। उ०—डगमगात गिरि परत पहन पर भुज आज नँदलाल। जनु श्रीधर श्रीधरत अधोमुख धुकत धरनि मानो नमि नाल।—सूर। (२) गिर पड़ना। उ०—(क) लेत उसास नयन जल भरि भरि धुकि जु परी धरि धरणी।—सूर। (ख) रुंड पर रुंड धुकि परे धरि धरणि पर गिरत ज्यौं संग करि वज्र वारे।—सूर। (३) वेग से टूटना। झपटना। टूट पड़ना। उ०—(क) तुलसिदास रघुनाथ नाम धुनि अकनि गीध धुकि धायो। —तुलसी। (ख) मानो प्रतच्छ परबुत की नभ लीक लसी कपि ज्यौं धुकि धायो।—तुलसी।

धुकनी†—संज्ञा पुं० दे० "धूनी"।

धुकान†—संज्ञा स्त्री० [हिं० धमकना] धुँधकार। धुंकार। घोर शब्द। गड़गड़ाहट का शब्द। उ०—सैयद समर्थ भूप अली अकबर दल, चलत बजाय मारू दुंदुभी धुकान की।—गुमान।

धुकाना†*—क्रि० स० [हिं० धुकना] (१) झुकाना। नवाना। (२) गिराना। ढकेलना। (३) पछाड़ना। पटकना। उ०—करत सरस जल-केलि कबहुँ मीनहिं गहि लावत। कबहूँ ह्वै असवार धाय डड्ढार धुकावत।—सूदन।

क्रि० स० [सं० धूम + करण] धूनी देना ।

धुकार–संज्ञा स्त्री० [धु से अनु०] नगाड़े का शब्द । उ०—दै दुंदुभी धुकार गगन महँ बरसै फूल अमाने ।—रघुराज ।

धुकारी*†–संज्ञा स्त्री० दे० "धुकार" ।

धुक्कना*†–क्रि० अ० दे० "धुकना" ।

धुक्कारना*†–क्रि० अ० दे० "धुकाना"

धुगधुगी–संज्ञा स्त्री० दे० "धुकधुकी" ।

धुज*–संज्ञा पुं० दे० "ध्वजा" ।

धुजा*†–संज्ञा स्त्री० दे० "ध्वजा" ।

धुजिनी*†–संज्ञा स्त्री० [सं० ध्वजा] सेना । फौज । उ०—कपि धुजिनी महँ धँसे धाय खल खलभल भयो न थोरा ।—रघुराज ।

धुड़ंगी–*†वि० [हिं० धूर + अंगी] जिसके शरीर पर कोई वस्त्र न हो, केवल धूल ही धूल हो ।

धुत–अव्य० दे० "दुत" ।

धुतकार–संज्ञा स्त्री० दे० "दुतकार" ।

धुतकारना–क्रि० स० दे० "दुतकारना" ।

धुताई*†–संज्ञा स्त्री० दे० "धूर्त्तता" ।

धुतू–संज्ञा पु० दे० "धतूरा" ।

धुतूरा–संज्ञा पु० दे० "धतूरा" ।

धुत्ता†–संज्ञा पुं० [सं० धूर्त्तता] धूर्त्तता । दगाबाजी । कपट । छल ।

क्रि० प्र०—देना ।—बताना ।

संज्ञा स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली ।

धुधुकार–संज्ञा स्त्री० [धुधु से अनु०] (१) धू धू शब्द का शोर । (२) घोर शब्द । कड़ा शब्द । गरज के समान शब्द । उ०—बाजन अवाजन को कहाँ लौं गनावै कोउ धमकनि धौंसा की धुकारन की धुधुकार ।—गोपाल ।

धुधुकारी–संज्ञा स्त्री० दे० "धुधुकार" । उ०—माची धौंसन की धुधुकारी ।—रघुराज ।

धुधुकी–संज्ञा स्त्री० दे० "धुधुकार" ।

धुन–संज्ञा पुं० [स०] काँपने की क्रिया या भाव । कंपन ।

संज्ञा स्त्री० [हिं० धुनना] (१) किसी काम को निरंतर करते रहने की अनिवार्य प्रवृत्ति । बिना आगा पीछा सोचे और रुके कोई काम करते रहने की इच्छा । लगन । जैसे, आज कल उन्हें रुपया पैदा करने की धुन है ।

क्रि० प्र०—लगना ।—समाना ।

यौ०—धुन का पक्का = वह जो आरंभ किए हुए काम को बिना पूरा किए न छोड़े ।

(२) मन की तरंग । मौज । जैसे, धुन ही तो है, उठे और चल पड़े । (३) सोच । विचार । फिक्र । चिंता । खयाल । जैसे, इस समय वे किसी धुन में बैठे हैं, इनसे बोलना ठीक नहीं है ।

संज्ञा स्त्री० [सं० ध्वनि] (१) स्वरों के उतार चढ़ाव आदि के विचार से किसी गीत को गाने का ढंग । गाने का तर्ज । जैसे, यह भजन कई धुनों में गाया जा सकता है । (२) संपूर्ण जाति का एक राग जिसमें सब शुद्ध स्वर लगते हैं । (३) दे० "ध्वनि"

धुनकना–क्रि० स० दे० "धुनना" ।

धुनकी–संज्ञा स्त्री० [सं० धनुस्] (१) धुनियों का वह धनुष के आकार का औज़ार जिससे वे रुई धुनते हैं । पिंजा । फटका ।



विशेष—इसमें (दे० चित्र) क क हलकी पर मज़बूत लकड़ी का एक डंडा होता है और इसके सिरे पर काठ का एक और टुकड़ा ख होता है । इस सिरे से क क लकड़ी के दूसरे सिरे तक एक तांत ग ग खूब कस कर बँधी होती है । धुननेवाला क क डंडे को बाएँ हाथ में पकड़ कर उकड़ू बैठ जाता है और तांत को रुई के ढेर पर रख कर उस पर बार बार प्रायः हाथ भर लंबी लकड़ी के एक दस्ते से, जिसके दोनों सिरे अधिक मोटे और लट्टूदार होते हैं और जिसे मुठिया, बेलन या हत्था कहते हैं, आघात करता है जिससे रुई के रेशे अलग अलग हो जाते और बिनौले निकल जाते हैं । कभी कभी अधिक सुभीते के लिये क क डंडे को ऊपर छत में लटकते हुए किसी छोटे धनुष से भी बाँध देते हैं ।

(२) छोटा धनुस् जो प्रायः लड़कों के खेलने अथवा कभी कभी थोड़ी बहुत रुई धुनने के भी काम में आता है ।

धुनना–क्रि० स० [हिं धुनकी] (१) धुनकी से रुई साफ करना जिसमें उसके बिनौले अलग हो जाँय, गर्द निकल जाय और रेशे अलग अलग हो जाँय । (२) खूब मारना पीटना ।

मुहा०—सिर धुनना = दे० "सिर" के मुहा० ।

संयो० क्रि०—डालना ।—देना ।

(१) बार बार कहना । कहते ही जाना । जैसे, तुमतो अपनी ही धुनते हो, दूसरे की सुनते ही नहीं । (४) किसी काम को बिना रुके बराबर करते जाना । जैसे, धुने चलो अब थोड़ी ही दूर है ।

धुनवाना–क्रि० स० [हिं० धुनना] "धुनना" का प्रेरणार्थक रूप। धुनने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को धुनने में प्रवृत्त करना।

धुनवी–†संज्ञा स्त्री० दे० "धुनकी"।

धुना–†संज्ञा पुं० दे० "धुनिया"।

धुनि–संज्ञा स्त्री० [सं०] नदी।

संज्ञा स्त्री० दे० "ध्वनि"।

धुनिहाव–†संज्ञा पुं० [?] हड्डी में का दर्द।

धुनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] नदी।

*†संज्ञा स्त्री० दे "ध्वनि"। दे० "धूनी"।

यौ०—सुरधुनी।

धुनीनाथ–संज्ञा पु० [सं०] सागर। समुद्र।

धुनेचा–संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार के सन का पौधा जिसे बंगाल में काली मिर्च की बेलों पर छाया रखने के लिये लगाते हैं।

धुनेहा†–संज्ञा पुं० दे० "धुनिया"।

धुपना†–क्रि० अ० [हिं० धुलना] धुलना। धोना। उ०—(क) सेहुँड़ को सों आंक तपायें प्रगट लखायो। नैन नीर सों धुप्यो और हू जन चमकायो।—व्यास। (ख) मूरत नैन समाय धुपै केहूँ नहिं धोये।—व्यास।

धुपाना†–क्रि० स० [हिं० धूप = सुगंधि द्रव्य] धूप देना। धूप के धूएँ से सुवासित करना।

क्रि० स० [हिं० धूप = सूर्य्यातप] किसी चीज को सुखाने आदि के लिये धूप में रखना। धूप दिखाना।

धुपेना†–संज्ञा पुं० [हिं० धूप + एना (प्रत्य०)] वह पात्र जिसमें आग रखकर ऊपर से धूप डाल देते हैं। धूप सुलगाने का पात्र। धूपदानी।

धुपेली–संज्ञा स्त्री० [हिं० धूप + एला (प्रत्य०)] गरमी में पसीने के कारण निकलनेवाली फुंसी। अँभौरी। पित्ती।

धुबला–† संज्ञा पुं० [स०] लहँगा। घघरा।

धुमई–† वि० [सं० धूम्र + ई (प्रत्य०)] धूएँ के रंग का। जिसका रंग धूएँ की तरह काला हो।

संज्ञा पुं० [सं० धूम्र] वह बैल जिसका रंग धूएँ का सा हो। ऐसा बैल साधारणतः मजबूत और तेज समझा जाता है।

धुमरा–† वि० दे० "धूमिल"।

धुमला–† संज्ञा पुं० [सं० धूम्र + ला (प्रत्य०)] जिसे दिखाई न दे। अंधा।

धुमलाई–† संज्ञा स्त्री० [हिं० धूमिल + आई (प्रत्य०)] (१) धूमिल होने का भाव। (२) अंधकार। अँधेरा।

धुमारा–वि० [सं० धूम्र + आरा (प्रत्य०)] धूएँ के रंग का। धूमिल।

धुमिला–वि० दे० "धूमिल"।

धुर–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) जूआ जो बैलों आदि के कंधे पर रखा जाता है। (२) बोझ। भार। (३) गाड़ी आदि का धुरा। अक्ष। (४) खूँटी। (५) शीर्षस्थान। अच्छी और ऊँची जगह। (६) उँगली। (७) चिनगारी। (८) भाग। अंश। (९) धन। सम्पत्ति। (१०) गंगा का एक नाम।

धुरंधर–वि० [सं०] (१) भार उठानेवाला। (२) जो सब में बहुत बड़ा, भारी या बली हो। जैसे, धुरंधर पंडित। (३) श्रेष्ठ। प्रधान।

संज्ञा पुं० [सं०] (१) बोझ ढोनेवाला जानवर। जैसे, बैल, खच्चर, गधा आदि। (२) वह जो बोझ ढोता हो। बोझ ढोनेवाला कोई जीव। (३) रामायण के अनुसार एक राक्षस जो प्रहस्त का मंत्री था। (४) धौ का पेड़।

धुर–संज्ञा पुं० [सं० धुर्] (१) गाड़ी या रथ आदि का धुरा। अक्ष। (२) शीर्ष या प्रधान स्थान। (३) भार। बोझ। उ०—जो न होत जग जन्म भरत को। सकल धर्म्म-धुर धरणि धरत को।—तुलसी। (४) आरंभ। शुरू। उ०—धुर ही ते खोटो खायो है लिए फिरत सिर भारी।—सूर।

मुहा०—धुर सिर से = बिलकुल आरंभ से। बिलकुल शुरू से। जैसे, तुमने बना बनाया काम बिगाड़ दिया, अब हमें फिर धुर सिर से करना पड़ेगा।

(५) जूआ जो बैलों आदि के कंधे पर रखा जाता है। (६) ज़मीन की माप जो बिस्वे का बीसवाँ भाग होता है। बिस्वांसी।

अव्य० [सं० धुर्] न इधर न उधर। बिलकुल ठीक। सटीक। सीधे। जैसे, धुर ऊपर, धर नीचे। उ०—अंतःपुर धुर जाय उतारें आरती। निरखि पुत्र को रूप सरूप विसारती।—रघुनाथ। (२) एक दम दूर। बिलकुल दूर। उ०—मोती लादन पियगए धुर पटना गुजरात।—गिरिधर।

वि० [सं० ध्रुव] पक्का। दृढ़। उ०—तब लगि साधु न धूर जब लगि परस न प्रेम को।—हनुमान।

धुरई–† संज्ञा स्त्री० [हिं० धुर] कूएँ के खंभों आदि के बीच में आड़े टिकाए हुए वे दोनों बाँस या लंबी लकड़ियाँ जिनके जमीन पर वाले सिरे आपस में सटाकर मजबूती से बाँधे रहते हैं और दूसरे सिरों के बीच में वह छोटी लकड़ी या खूँटी जड़ी रहती है जिसमें गराड़ी पहनाई होती है।

धुरकट–संज्ञा पुं० [हिं० धुर = सिर (आरंभ) + कट = कटौती] वह लगान जो असामी जिमींदार को जेठ में पेशगी देते हैं।

धुरकिल्ली–संज्ञा स्त्री० [हिं० धुरा + कील] गाड़ी में वह कील जो धुरी को आँक से अटकाने के लिये भीतर की ओर धुरी के सिरे पर लगा दी जाती हैं।

धुरचट–† संज्ञा पुं० [?] अधिकता। प्रचुरता।

धुरजटी*–संज्ञा पुं० दे० "धूर्जटी"।

धुरना–*† क्रि० स० [स० धूर्वण] (१) पीटना। मारना। (२) बजाना। उ०–पहुँचे जाय राजगिरि द्वारे धुरे निशान सुदेश।—सूर। (३) दाएँ हुए धान के पयाल को भूसा बनाने के लिये फिर से दाँना। पुआरी करना।

धुरपद–संज्ञा पुं० दे० "ध्रुपद"।

धुरमुट–† संज्ञा पुं० दे० "दुरमुस"।

धुरवा–‡ संज्ञा पुं० [सं० धुर् + वाह] बादल। मेघ।

धुरा–संज्ञा पुं० [सं० धुर्] लकड़ी वा लोहे का वह डंडा जो पहिए की गराड़ी के बीचों बीच रहता है और जिसके चारों ओर पहिया घूमा करता है। वह डंडा जिसमें पहिया पहनाया रहता है और जिस पर वह घूमता है। अक्ष।

संज्ञा पुं० [सं०] भार। बोझ।

धुरियाधुरंग–वि० [देश०] (१) वह गाना जो बाजे या साज के साथ न गाया जाय। जिस (गाने) को बाजे या साज की अपेक्षा न हो। (२) अकेला। जिसके साथ और कोई न हो।

धुरियाना†–क्रि० स० [हिं० धूर] (१) किसी वस्तु को धूल से ढँकना। किसी वस्तु पर धूल डालना। (२) ऊख के खेत को पहले पहल गोड़ना। (३) किसी ऐब या बदनामी को किसी युक्ति से दबा देना।

क्रि० अ० (१) किसी चीज़ का धूल से ढँका जाना। (२) ऊख के खेत का पहले पहल गोड़ा जाना। (३) किसी ऐब या बदनामी का किसी प्रकार दबना या दबाया जाना।

धुरियामल्लार–संज्ञा पुं० [देश० धुरिया + मल्लार] एक प्रकार का मल्लार जो संपूर्ण जाति का है और जिसमें सब शुद्ध स्वर लगते हैं।

धुरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० धुरा] छोटा धुरा। विशेष–दे० "धुरा"।

धुरीण–वि० [सं०] (१) बोझ सँभालनेवाला। (२) मुख्य। प्रधान। (३) धुरंधर।

धुरीन–वि० दे० "धुरीण"।

धुरेंडी–संज्ञा स्त्री० दे० "धुलेंडी"।

धुरेटना*†–क्रि० स० [हिं० धूर + पटना (प्रत्य०)] धूल से लपेटना। धूल लगाना। उ०–(क) संग कुँवरेटे चारु पट को लपेटे अंग गोरज धुरेटे ये हैं बेटे नंदराय के।—दीनदयाल। (ख) त्यों द्विजदेव जू नाहक ही मुख भोरे घने अरबिंद धुरेटत।—द्विजदेव।

धुर्य्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) ऋषभ नामक ओषधि जो लहसुन की तरह होती और हिमालय पर मिलती है। (२) विष्णु। (३) बैल।

वि० [सं०] (१) धुरंधर। (२) श्रेष्ठ। (३) बोझ ढोनेवाला।

धुर्रा–संज्ञा पुं० [हिं० धूर] किसी चीज़ का अत्यंत छोटा भाग। कण। रजकण। ज़र्रा। भुआ।

मुहा०–धुर्रे उड़ाना वा उड़ा देना=(१) किसी वस्तु के अत्यंत छोटे छोटे टुकड़े कर डालना। (२) छिन्न भिन्न कर डालना। अस्त व्यस्त या नष्ट भ्रष्ट कर डालना। बहुत दुर्गति करना। (३) बहुत अधिक मारना या पीटना।

धुलना–क्रि० अ० [हिं० धोना का अ० रूप] पानी की सहायता से साफ़ या स्वच्छ किया जाना। धोया जाना। जैसे, कपड़े धुल गए हों तो ले आओ।

धुलवाना–क्रि० स० [हिं० धुलना का प्रे० रूप] धोने का काम दूसरे से कराना। किसी को धोने में प्रवृत्त करना।

धुलाई–संज्ञा स्त्री० [हिं० धोना] (१) धोने का काम। (२) धोने का भाव। (३) धोने की मज़दूरी।

धुलाना–क्रि० स० [सं० धवल] धोने का काम दूसरे से कराना। धुलवाना।

धुलियापीर–संज्ञा पु० [हिं० धूल + फ़ा० पीर] एक कल्पित पीर जिसका नाम बच्चे खेल आदि में लिया करते हैं।

धुलियामिटिया–वि० [हिं० धूल + मिट्टी] (१) जिस पर धूल या मिट्टी पड़ी हो अथवा डाली गई हो। (२) दबाया या शांत किया हुआ (झगड़ा बखेड़ा आदि)।

धुलेंडी–संज्ञा स्त्री० [हिं० धूल + उड़ाना] (१) हिंदुओं का एक त्योहार जो होली जलने के दूसरे दिन चैत बदी १ को होता है। इस दिन प्रातःकाल लोग होली की राख मस्तक पर लगाते और दूसरों पर अबीर गुलाल आदि सूखे चूर्ण डालते हैं। (२) उक्त त्योहार का दिन।

धुव*†–संज्ञा पुं० दे० "ध्रुव"।

संज्ञा पु० [डिं०] कोप। क्रोध। गुस्सा

धुवका–† संज्ञा स्त्री० [सं० ध्रुवक] गीत का पहला पद। टेक।

धुवन–संज्ञा पुं० [सं०] आग।

वि० चलानेवाला। कँपानेवाला। हिलानेवाला।

धुवाँ–संज्ञा पुं० दे० "धुआँ"। उ०—नवपल्लव दीखत धुँधराए, होम धुवाँ जिन ऊपर छाए।—लक्ष्मणसिंह।

धुवाँकश–संज्ञा पुं० दे० "धुआँकश"।

धुवाँधार–वि०, क्रि० वि० दे० "धुआँधार"।

धुवाँधज*–संज्ञा पु० [स० धूमध्वज] अग्नि। (डिं०)

धुवाराँ–संज्ञा पुं० [हिं० धुवाँ + द्वार] छत में धुआँ निकलने के लिये बना हुआ छेद या खिड़की। चिमनी।

धुवाँस–संज्ञा स्त्री० [हिं० धूर + माष। वा० धूमसी] उरद का आटा जिससे पापड़ या कचौड़ी बनती है।

धुवाना–क्रि० स० दे० "धुलाना"।

धुविम्र–संज्ञा पु० [स०] प्राचीन काल का एक प्रकार का पंखा जो हिरन के चमड़े आदि से बनाया जाता था और जिसका

व्यवहार याज्ञिक लोग यज्ञ की आग दहकने के लिये करते थे।

धुस्तूर–संज्ञा पुं० [सं०] धतूरा।

धुस्स–संज्ञा० पुं० [सं० ध्वंश] (१) गिरे हुए घरों की मिट्टी या ईंट पत्थर का ढेर। मिट्टी आदि का ऊँचा ढेरा। टीला। (२) नदी आदि के किनारे पर बांधा हुआ बांध। बंद।

धुस्सा–संज्ञा पुं० [सं० द्विशाट] मोटे ऊन की लोई जो ओढ़ने के काम में आती है।

धूँध–संज्ञा स्त्री० दे० "धुंध"। उ०—धूम धूँध छाई धर अंबर चमकत बिच बिच जाल।—सूर।

धूँधर–वि० [सं० धुंध] धुँधला।

संज्ञा स्त्री० (१) हवा में छाई हुई धूल। (२) अँधेरा जो हवा में छाई हुई धूल के कारण हो।

धूँधला–† वि० दे० "धुँधला"।

धूँसा–† संज्ञा पुं० दे० "धौंसा"।

धू*–वि० [सं० ध्रुव] स्थिर। अचल।

संज्ञा पुं० (१) ध्रुव तारा। (२) राजा उत्तानपाद का पुत्र जो भगवान का भक्त था। उ०—रामकथा बरनी न बनाय, सुनी कथा प्रहलाद न धू की।—तुलसी। (३) धुरी। उ०—श्री हरिदास के स्वामी स्यामा को समयो अब नीको। हिलि मिलि केलि अटल भई धू पर।—स्वामी हरिदास।

धूआँ–† संज्ञा पुं० दे० "धुआँ"।

धूआँधार–संज्ञा पु० दे० "धुआँधार"।

धूईं–संज्ञा स्त्री० [हिं० धूआँ] धूनी।

धूक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वायु। (२) धूर्त्त मनुष्य। (३) काल।

संज्ञा पुं० [फा० दूक=तकला] कलाबत्तू बटने की सलाई।

धूकना–क्रि० अ० दे० "दुकना"।

धूजट*–संज्ञा पुं० [सं० धूर्जटि] शिव। महादेव।

धूत–वि० [सं०] (१) कंपित। काँपता हुआ। थरथराता हुआ। डगमगाता हुआ। हिलता हुआ। (२) जो धमकाया गया हो। जो डांटा गया हो। (३) त्यक्त। छोड़ा हुआ। (४) तर्कित।

†* वि० [सं० धूर्त्त] धूर्त्त। दगाबाज। उ०—(क) ऐसेई जन धूत कहावत।—सूर। (ख) समय सगुन मारग मिलहिं छल-मलीन खल धूत।—तुलसी।

धूतना*–क्रि० स० [हिं० धूत] धूर्त्तता करना। धोखा देना। ठगना। उ०—(क) हौं तेरे ही संग जौंगी यह कहि त्रिया धूति धन खायो।—सूर। (ख) सत्य वचन मानस विमल कपट-रहित करतूति। तुलसी रघुवर सेवकहिं सकै न कलियुग धूति।—तुलसी। (ग) तुम गलानि जिय जनि करहु समुझि मातु-करतूति। तात कैकइहि दोष नहिं गई गिरा मति धूति।—तुलसी।

धूतपाप–वि० [सं०] जिसके पाप दूर हो गए हों। जो पाप या दोष से रहित हो गया हो।

धूतपापा–संज्ञा स्त्री० [सं०] काशी की एक पुरानी छोटी नदी या नाला जिसके विषय में कहा जाता है कि वह पंचगंगा के पास गंगा में मिलती थी। यह नदी अब पट गई है।

विशेष—काशीखंड में इसके माहात्म्य के संबंध में एक कथा है। पूर्व काल में वेदशिरा नामक एक ऋषि वन में तपस्या कर रहे थे। उस वन में शुचि नाम की एक अप्सरा को देख मुनि ने कामातुर हो कर उसके साथ संयोग किया। संयोग से धूतपापा नाम की कन्या उत्पन्न हुई। पिता की आज्ञा से वह कन्या भी घोर तप करने लगी। अंत में ब्रह्मा ने प्रसन्न होकर उसे वर दिया "तू संसार में सबसे पवित्र होगी, तेरे रोम रोम में सब तीर्थ निवास करेंगे"। एक दिन धूतपापा को अकेले देख धर्म नामक एक मुनि उससे विवाह करने के लिये कहने लगे। धूतपापा ने पिता की आज्ञा लेने के लिये कहा। पर धर्म्म बार बार उसी समय गांधर्व-विवाह करने का हठ करने लगे। इस पर धूतपापा ने क्रुद्ध होकर शाप दिया कि "तुम जड़ नद होकर बहो"। धर्म ने धूतपापा को शाप दिया कि "तुम पत्थर हो जाओ"। पिता ने जब यह वृत्तांत सुना तब कन्या से कहा "अच्छा तू काशी में चंद्रकांत नाम की शिला होगी। चंद्रोदय होने पर तुम्हारा शरीर द्रवीभूत हो कर नदी के रूप में बहेगा और तुम अत्यंत पवित्र होगी। उसी स्थान पर धर्म्म भी धर्मनद होकर बहेगा और तुम्हारा पति होगा।"

महाभारत (भीष्म पर्व ६ अ०) में भी धूतपापा नाम की एक नदी का उल्लेख है पर कुछ विवरण नहीं है। इससे कहा नहीं जा सकता कि इसी नदी से अभिप्राय है या किसी दूसरी से।

धूता–संज्ञा स्त्री० [सं०] स्त्री। भार्या।

धूती–संज्ञा स्त्री० [देश०] एक चिड़िया। उ०—बाँसा बटेर लव और सिचान। धूती रु चिप्पका चटक भान।—सूदन।

धूधू–संज्ञा पुं० [अनु०] आग के दहकने का शब्द। आग की लपट उठने का शब्द।

धून–वि० [सं०] कंपित।

संज्ञा पु० दे० "दून"।

धूनक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) हिलाने डुलानेवाला। चालाक। (२) साल का गोंद। राल। धूप।

धूनना*–क्रि० स० [हिं० धूनी] धूनी देना। किसी वस्तु को जलाकर उसका धुआँ उठाना। सुलगाना। जलाना। उ०—

पँवरनि पाँवड़े परे हैं पुर पौरि लगि धाम धाम धूपनि के धूम धूनियेत हैं।—देव।

क्रि० स० दे० "धुनना"।

धूना—संज्ञा पुं० [हिं० धूनी] गुग्गुल की जाति का एक बड़ा पेड़ जो आसाम तथा खसिया की पहाड़ियों पर बहुत होता है। इसका गोंद भी धूप की तरह जलाया जाता है और यह वारनिश बनाने के काम में आता है।

धूनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० धूँ] (१) गुग्गुल, लोबान आदि गंध द्रव्यों या और किसी वस्तु को जलाकर उठाया हुआ धुआँ। धूप।

मुहा०—धूनी देना = गंध मिश्रित या विशेष प्रकार का धुआँ उठाना या पहुँचाना। जैसे, इसे मिर्चों की धूनी दो तो भूत छोड़ेगा।

(२) वह आग जिसे साधु या तो ठंढ से बचने के लिये अथवा शरीर को तपाने या कष्ट पहुँचाने के लिये अपने सामने जलाए रहते हैं। साधुओं के तापने की आग।

मुहा०—धूनी जगना या लगना = (साधुओं के पास की) आग जलना। धूनी जगाना या लगाना = (१) साधुओं का अपने सामने आग जलाना। (२) शरीर तपाना। तप करना। (३) साधु होना। विरक्त होना। योगी होना। धूनी रमाना = (१) सामने आग जलाकर शरीर तपाने बैठना। तप करना। (२) साधु हो जाना। विरक्त हो जाना। घर बार छोड़ देना।

धूप—संज्ञा पुं० [स०] (१) देवपूजन में या सुगंध के लिये कपूर, अगर, गुग्गुल, आदि गंधद्रव्यों को जला कर उठाया हुआ धुआँ। सुगंधित धूम।

क्रि० प्र०—देना।

(२) गंधद्रव्य जिसे जलाने से सुगंधित धुआँ उठता और फैलता है। जलाने पर महकनेवाली चीज़।

विशेष—धूप के लिये पाँच प्रकार के द्रव्यों में से किसी न किसी का व्यवहार होता है—(१) निर्यास अर्थात् गोंद। जैसे, गुग्गुल, राल। (२) चूर्ण। जैसे, जायफल का चूर्ण। (३) गंध। जैसे, कस्तूरी। (४) काष्ठ। जैसे, अगर की लकड़ी। (५) कृत्रिम अर्थात् कई द्रव्यों के योग से बनाई हुई धूप। कृत्रिम धूप कई प्रकार की होती है; जैसे पंचांग धूप, अष्टांग धूप, दशांग धूप, द्वादशांग धूप, षोडशांग धूप। इनमें से दशांग धूप अधिक प्रसिद्ध है जिसमें दस चीज़ों का मेल होता है। ये दस चीजें क्या क्या होनी चाहिएँ इसमें मतभेद है। पद्मपुराण के अनुसार कपूर, कुष्ठ, अगर, गुग्गुल, चंदन, केसर, सुगंधवाला, तेजपत्ता, खस और जायफल ये दस चीजें होनी चाहिएँ। सारांश यह कि साल और सलई का गोंद, मैनसिल, अगर, देवदार, पद्माख, मोचरस, मोथा, जटामासी इत्यादि सुगंधित द्रव्य धूप देने के काम में आते हैं।

(३) सूर्य्य का प्रकाश और ताप। घाम। आतप। जैसे, धूप में मत निकलो।

मुहा०—धूप खाना = इस स्थिति में होना कि धूप ऊपर पड़े। धूप में गरम होना या तपना। जैसे, (क) चार दिन धूप खायगी तो लकड़ी सूख जायगी। (ख) जाड़े में लोग बाहर धूप खाते हैं। धूप खिलाना = धूप में रखना। धूप लगने देना। धूप चढ़ना = सूर्योदय के पीछे प्रकाश का बढ़ना या फैलना। घाम निकलना। दिन चढ़ना। धूप दिखाना = धूप में रखना। धूप लगने देना। धूप देना = दे० "धूप दिखाना"। धूप निकलना = सूर्योदय के पीछे प्रकाश और ताप फैलना। घाम आना। धूप पड़ना = सूर्य्य का ताप अधिक होना। धूप में बाल या चूँड़ा सफेद करना = बूढ़ा हो जाना और कुछ जानकारी न प्राप्त करना। बिना कुछ अनुभव प्राप्त किए जीवन का बहुत सा भाग बिता देना। धूप लेना = गरमी के लिये शरीर को धूप में रखना। धूप ऊपर पड़ने देना। जैसे, जाड़े में धूप लेने के लिये बाहर बैठना।

धूपघड़ी—संज्ञा स्त्री० [हिं० धूप + घड़ी] एक यंत्र जिससे धूप में समय का ज्ञान होता है।

विशेष—काठ या धातु का एक गोल चक्कर बना कर उसके चार भाग कर ले और एक एक भाग में छ छ समान भाग करे और उस चक्कर की कोर थोड़ा छोड़ दे। उस कोर में साठ भाग करे और बीच में एक एक अंगुल चौड़ी दो पट्टियाँ ऐसी लगावे जिनसे उस चक्कर के चार विभाग पूरे हो जाँय। दोनों पट्टियाँ जहाँ मिलें वहीं बीचोबीच एक छेद करके एक कील लगा दे और चुंबक की सुई से या और किसी प्रकार उत्तर दक्षिण दिशा ठीक ठीक जान ले। उस स्थान के जितने अक्षांश हों उतनी वह कील उत्तर की ओर उठी रहे। उस कील की छाया मध्याह्न से पहले पश्चिम की ओर और मध्याह्न के पीछे पूर्व की ओर पड़ेगी। मध्याह्न के चिह्न से पश्चिम की ओर जिस चिह्न पर छाया हो उतनी ही घड़ी मध्याह्न में घटती जाने, इसी प्रकार पूर्व का भी जान ले।

धूपछाँह—संज्ञा स्त्री० [हिं० धूप + छाँह] एक रंगीन कपड़ा जिसमें एक ही स्थान पर कभी एक रंग दिखाई पड़ता है कभी दूसरा।

विशेष—यह कपड़ा इस प्रकार बुना जाता है कि ताने का सूत एक रंग का होता है और बाने का दूसरे रंग का। इसी से देखनेवाले की स्थिति और कपड़े की स्थिति के अनुसार कभी एक रंग दिखाई पड़ता है, कभी दूसरा।

दो रंगों में से एक रंग जाल होता है, दूसरा हरा, नीला या बैंगनी।

यौ०—धूपछाँह का रंग = दो इस प्रकार मिले हुए रंग कि एक ही स्थान पर कभी एक रंग दिखाई पड़े, कभी दूसरा।

धूपदान—संज्ञा पुं० [सं० धूप + आधान] (१) धूप रखने का डिब्बा या बरतन। (२) वह बरतन जिसमें गंध द्रव्य या धूपबत्ती रख कर सुगंध के लिये जलाई जाती है। अगियारी।

धूपदानी—संज्ञा स्त्री० [हिं० धूपदान] धूप रखने का छोटा बरतन।

धूपन—संज्ञा पुं० [सं०] [वि० धूपित] धूप देने की क्रिया। गंधद्रव्य जला कर सुगंधित धुआँ उठाने का कार्य्य।

धूपना†—क्रि० अ० [सं० धूपन] धूप देना। गंध-द्रव्य जलाना।

क्रि० स० धूप देना। गंधद्रव्य जला कर सुगंधित धुआँ पहुँचाना। सुगंधित धुएँ से बासना। उ०—बारन धूपि अगारन धूपि कै धूम अँध्यारी पसारी महा है।—मतिराम

क्रि० स० [सं० धूपन = संतप्त वा श्रांत होना] दौड़ना। हैरान होना।

विशेष—केवल समस्त पद में इसका प्रयोग होता है।

यौ०—दौड़ना धूपना।

धूपपात्र—संज्ञा पुं० [सं०] धूप रखने का बरतन। वह बरतन जिसमें गंधद्रव्य जला कर धूप देते हैं।

धूपबत्ती—संज्ञा स्त्री० [हिं० धूप + बत्ती] मसाला लगी हुई सींक या बत्ती जिसे जलाने से सुगंधित धुआँ उठ कर फैलता है।

धूपवास—संज्ञा पुं० [सं०] स्नान के पीछे सुगंधित धुएँ से शरीर, बाल आदि बासने का कार्य्य।

विशेष—प्राचीन काल में भारतवासी स्नान के उपरांत कुछ काल सुगंधित धुएँ में रह कर गीले शरीर या बाल को सुखाते थे जिसमें वह सुगंध से बस जाय। रघुवंश, मेघदूत आदि काव्यों में इस प्रथा का उल्लेख है।

धूपवृक्ष—संज्ञा पुं० [सं०] सलई या गुग्गुल का पेड़ जिसका गोंद धूप की सामग्री है।

धूपायित—वि० [सं०] (१) सुगंधित धुएँ से बसा हुआ। धूप दिया हुआ। (२) चलने आदि से थका हुआ। हैरान। श्रांत और संतप्त।

धूपित—वि० [सं०] (१) धूप दिया हुआ। सुगंधित धुएँ से बसा हुआ। (२) चलने आदि से थका हुआ। हैरान। श्रांत और संतप्त।

धूम—संज्ञा पुं० [सं०] (१) धुआँ। धूआँ।

पर्य्या०—मरुद्वाह। खतमाल। शिखिध्वज। अग्निवाह। तरी।

(२) अजीर्ण वा अपच में उठनेवाली डकार। (३) विशेष प्रकार का धुआँ जिसका कई रोगों में सेवन कराया जाता है।

विशेष—सुश्रुत ने पाँच प्रकार के धूम कहे हैं—प्रायोगिक (जो मसाले से लपेटी हुई सींक जलाने से हो); स्नेहन (जो बत्ती में मसाला लपेट कर घी या तेल में जलाने से हो), वैरेचन (जो पिप्पली, विडंग, अपामार्ग इत्यादि नस्य द्रव्यों की बत्ती से हो), कासघ्न (जो ककड़ासिंगी, कंटकारी, बृहती आदि कासघ्न औषधों की बत्ती से हो), और वामनीय (जो स्नायु, चमड़े, सींग, सूखी मछली या कृमि आदि को जलाने से हो)।

(४) धूमकेतु। (५) उल्कापात। (६) एक ऋषि का नाम।

संज्ञा स्त्री० [सं० धूम = धुआँ] (१) बहुत से लोगों के इकट्ठे होने, आने जाने, शोर गुल करने, हिलने डोलने आदि का व्यापार। रेलपेल। हलचल। आंदोलन। जैसे, मेले तमाशे की धूम, उत्सव की धूम, लूटमार की धूम।

क्रि० प्र०—मचना।—मचाना।

(२) हल्ला और उछल कूद। उपद्रव। उत्पात। ऊधम। जैसे, यहाँ धूम मत मचाओ, और जगह खेलो। उ० बंदर की तरह धूम मचाना नहीं अच्छा।—हरिश्चंद्र।

मुहा०—धूम डालना = ऊधम करना। हल्ला गुल्ला करना।

(३) भीड़ भाड़ और तैयारी। ठाट बाट। समारोह। भारी आयोजन। जैसे, बारात बड़ी धूम से निकली।

यौ०—धूमधड़क्का। धूमधाम।

(४) कोलाहल। हल्ला। शोर। (५) चारों ओर सुनाई देनेवाली चर्चा। जनरव। शुहरत। प्रसिद्धि। जैसे, शहर में इस बात की बड़ी धूम है।

संज्ञा स्त्री० [देश०] एक घास जो तालों में होती है।

धूमक—संज्ञा पुं० [सं०] (१) धुआँ। (२) एक शाक का नाम।

धूमकचैया—संज्ञा स्त्री० [हिं० धूम] उछल कूद और हल्ला गुल्ला। उपद्रव। उत्पात। शोरगुल।

क्रि० प्र०—मचना।—मचाना।

धूमकेतन—संज्ञा पुं० [सं०] (१) अग्नि (जिसकी पताका धुआँ है)। (२) केतु ग्रह।

धूमकेतु—संज्ञा पुं० [सं०] (१) अग्नि (जिसकी पताका धुआँ है)। (२) केतुग्रह (जिसका चिह्न है धुएँ या भाप के आकार की पूँछ)। पुच्छल तारा।

विशेष—दे० "केतु"।

(३) शिव। महादेव। (४) वह घोड़ा जिसकी पूँछ में भवरी हो। (ऐसा घोड़ा बहुत अमंगलकर समझा जाता है)। (५) रावण की सेना का एक राक्षस। उ०—कुमुख, अकंपन, कुलिसरद, धूमकेतु अतिकाय।—तुलसी।

धूमगंधि—संज्ञा पु० [सं०] रोहिष तृण। रूसा घास।

धूमग्रह—संज्ञा पुं० [सं०] राहु ग्रह।

धूमज—संज्ञा पुं० [सं०] (१) (धुएँ से उत्पन्न) बादल। (२) मुस्तक। मोथा।

धूमजांगज—संज्ञा पुं० [सं०] वज्रशार। मौसादर।

धूमदर्शी–संज्ञा पुं० [सं० धूमदर्शिन्] वह मनुष्य जिसकी आँख के सामने धुआँ सा दिखाई पड़ता हो। धुँधला देखनेवाला आदमी।

विशेष—सुश्रुत के अनुसार धुँधला दिखाई पड़ने का रोग शोक, श्रम और सिर की पीड़ा के कारण होता है।

धूम धड़क्का–संज्ञा पुं० [हिं० धूम + धड़ाका] भीड़ भाड़ और तैयारी। समारोह। भारी आयोजन। ठाठ बाट। जैसे, ब्याह में धूम धड़क्का मत करना।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

धूमध्वर–संज्ञा पुं० [सं०] अग्नि। आग।

धूमधाम–संज्ञा स्त्री० [हिं० धूम + धाम (अनु०)] भीड़ भाड़ और तैयारी। ठाठ बाट। समारोह। भारी आयोजन। जैसे, बड़ी धूम धाम से सवारी निकली।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

धूमध्वज–संज्ञा पुं० [सं०] अग्नि। आग।

धूमपथ–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धुआँ निकलने का रास्ता। (२) पितृयान।

धूमपान–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सुश्रुत के अनुसार विशेष प्रकार का धुआँ जो नल के द्वारा रोगी को सेवन कराया जाता है।

विशेष—नेत्र रोग तथा फोड़े फुंसी आदि में सुश्रुत ने कुछ मसालों तथा ओषधियों के धुएँ को नल के द्वारा मुँह में खींचने का विधान बताया है।

(२) तमाकू, चुरुट आदि पीने का कार्य्य।

धूमपोत–संज्ञा पुं० [सं०] धुआँकश। अगिनबोट।

धूमप्रभा–संज्ञा स्त्री० [सं०] नरक जो सदा धुएँ से भरा रहता है।

धूमयोनि–संज्ञा पु० [सं०] (धुएँ से उत्पन्न) बादल।

धूमर†* वि० दे० "धूमल"।

धूमरज–संज्ञा पुं० [सं०] (१) घर का धुआँ। (२) घर के धुएँ का कालिख जो छत और दीवार में लग जाता है।

धूमरा–† वि० [सं० धूम्र] [स्त्री० धूमरी] कृष्ण लोहित वर्ण का। धुएँ के रंग का। कालापन लिए हुए लाल। सुँघनी रंग का।

धूमल–वि० [सं०] धुएँ के रंग का। लालिमा युक्त काले रंग का। सुँघनी रंग का।

धूमला–वि० [सं० धूलक्ष] [स्त्री० धूमली] (१) धुएँ के रंग का। लुनाई लिए काले रंग का। सुँघनी रंग का। (२) धुँधला। जो चटकीला न हो। जो शोख न हो। (३) जिसकी कांति मंद हो। मलिन। उ०—जैसे यह बात सुनते ही इसका चेहरा धूमला पड़ गया।

क्रि० प्र०—करना।—पड़ना।—होना।

धूमवान्–वि० [सं० धूमवत्] [स्त्री० धूमवती] जिसमें या जहाँ धुआँ हो। धुएँवाला।

विशेष—बाहुल्य या अधिकता के अर्थ में धूमी विशेषण होता है।

धूमसार–संज्ञा पुं० [सं०] घर का धुआँ।

धूमसी–संज्ञा स्त्री० [सं०] धुआँस उरद का आँटा।

विशेष—यह शब्द भावप्रकाश में मिलता है, किसी प्राचीन ग्रंथ में नहीं; इससे गढ़ा हुआ जान पड़ता है।

धूमांग–वि० [सं०] जिसका अंग धुएँ के समान हो।

संज्ञा पुं० शीशम का पेड़।

धूमाग्नि–संज्ञा पुं० [सं०] बिना ज्वाला या लपट की आग (जैसी लपट निकल जाने पर गोहरे या उपले की होती है)

धूमाभ–वि० [सं०] धुएँ के रंग का।

धूमावती–संज्ञा स्त्री० [सं०] दश महा विद्याओं में से एक देवी।

विशेष—तंत्रों में इनकी उत्पत्ति की कथा इस प्रकार है। एक बार पार्वती को बहुत भूख लगी और उन्होंने महादेव से कुछ खाने को माँगा। महादेव ने थोड़ा ठहरने के लिये कहा। पर पार्वती क्षुधा से अत्यंत आतुर हो कर महादेव को निगल गईं। महादेव को निगलने पर पार्वती के शरीर से धुआँ निकलने लगा। अंत में महादेव ने प्रकट हो कर कहा—"तुमने जब हमें खाया तब विधवा हो चुकी। हमारे वर से तुम इस वेश में पूजी जाओगी।" धूमवती देवी का ध्यान बड़ा मलिन और भयंकर बताया गया है।

धूमित–वि० [सं०] जिसमें धुआँ लगा हो।

संज्ञा पुं० तंत्रों के अनुसार वह दूषित मंत्र जो सादे अक्षरों का हो।

धूमिता–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह दिशा जिसमें सूर्य्य जानेवाला हो।

धूमिल–†*–वि० [सं० धूमल] (१) धुएँ के रंग का। लुनाई लिए काले रंग का। (२) धुँधला। उ०—मुख अरविंद धार मिलि सोभित धूमिल नील अगाध। मनहु बाल रवि रस समीर संकित तिमिर कूट ह्वै आध।—सूर।

धूमी–वि० [सं० धूमिन्] जिसमें या जहाँ बहुत धुआँ हो। धुएँ से भरा हुआ।

विशेष—जहाँ बाहुल्य या अधिकता का भाव नहीं होता वहाँ धूमवान् रूप होता है।

संज्ञा स्त्री० (१) अजमीढ की एक पत्नी का नाम। (२) अग्नि की एक जिह्वा का नाम।

धूमोत्थ–वि० [सं०] धुएँ से निकला हुआ।

संज्ञा पुं० बज़्ज़ार। नौसादर।

धूमोद्गार–संज्ञा पुं० [सं०] अजीर्ण वा अपच के कारण आनेवाली धुएँ की सी कड़वी डकार।

धूमोर्णा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) यमपत्नी। (२) मार्कंडेयपत्नी।

धूम्याट–संज्ञा पुं० [सं०] एक पक्षी। भिंगराज नाम की एक चिड़िया। भृंग।

धूम्र–वि० [सं०] धुएँ के रंग का। कृष्णलोहित। ललाई लिए काले रंग का। सुँघनी या भूरे रंग का।
संज्ञा पुं० (१) कृष्णलोहित वर्ण। ललाई लिए काला रंग। सुँघनी या भूरा रंग। (२) शिलारस नाम का गंध द्रव्य। (३) एक असुर का नाम। (४) शिव। महादेव। (५) मेढ़ा (६) कुमार के एक अनुचर का नाम। (७) फलित ज्योतिष में एक योग का नाम। (८) मानिक या लाल का धुँधलापन जो एक दोष समझा जाता है। (९) राम की सेना का एक भालू।

धूम्रक–संज्ञा पुं० [सं०] ऊँट।

धूम्रकांत–संज्ञा पुं० [सं०] एक रत्न या नग का नाम।

धूम्रकेतु–संज्ञा पुं० [सं०] भरतराजा के एक पुत्र का नाम। (भागवत)।

धूम्रकेश–संज्ञा पुं० [सं०] (१) राजा पृथु के एक पुत्र का नाम। (२) कृष्णाश्व का एक पुत्र जो अर्चिर्ष नाम की स्त्री से उत्पन्न हुआ था। (भागवत)।

धूम्रपत्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक पौधे का नाम जो आयुर्वेद में तीता, रुचिकारक, गरम, अग्निदीपक तथा शोथ, कृमि और खाँसी को दूर करनेवाला माना गया है।
पर्य्या०—सुलभा। स्वयंभुवा। गृध्रपत्रा। गृध्राणी। कृमिघ्नी।

धूम्रमूलिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] शूली नामक तृण।

धूम्रलोचन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) कबूतर। (२) शुंभ नामक दानव का एक सेनापति।
विशेष—शुंभ निशुंभ के वध के लिये जब देवी ने एक परम सुंदरी का रूप धारण करके कहा था कि जो मुझे युद्ध में जीतेगा उसे मैं वरमाला पहनाऊँगी तब शुंभ ने उन्हें पकड़ लाने के लिये इसी धूम्रलोचन को भेजा था।

धूम्रवर्ण–वि० [सं०] धुएँ के रंग का। ललाईपन लिए काला। धूमला।
संज्ञा पुं० धुएँ का रंग। ललाई लिए काला रंग।

धूम्रवर्णा–संज्ञा स्त्री० [सं०] अग्नि की सात जिह्वाओं में से एक।

धूम्रशूक–संज्ञा पुं० [सं०] ऊँट।

धूम्रा–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक प्रकार की ककड़ी।

धूम्राक्ष–वि० [सं०] जिसकी आँखें धूमले रंग की हों।
संज्ञा पुं० (१) रावण का एक सेनापति जो राम-रावण युद्ध में हनुमान के हाथ से मारा गया था। (२) विंदुवंशीय राजा हेमचंद्र के पुत्र। (भागवत)

धूम्राट–संज्ञा पुं० [सं०] धूम्याट पक्षी। भिंगराज।

धूम्रार्चि–संज्ञा स्त्री० [सं०] अग्नि की दस कलाओं में से एक। (शारदातिलक)

धूम्राश्व–संज्ञा पुं० [सं०] इक्ष्वाकुवंशीय एक राजा।

धूम्रिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] शीशम का पेड़।

धूर–*† संज्ञा स्त्री० दे० "धूल"।
संज्ञा स्त्री० एक घास।
अव्य० दे० "धुर"।

धूरकट–संज्ञा पुं० [हिं० धूर + काटना] लगान का कुछ पेशगी जिसे असामी जेठ असाढ़ में जमींदार को देते हैं।

धूरजटी–* संज्ञा पुं० दे० " धूर्जटि "।

धूरडाँगर–संज्ञा पुं० [देश०] सींगवाला चौपाया। ढोर।

धूरत–*† वि० दे० "धूर्त्त"।

धूरधान–संज्ञा पुं० [हिं० धूर + धान] धूल की राशि। गर्द का ढेर। उ०—बानन के वाहिबे को कर में कमान कसि धाई धूरधान आसमान में मढै लगी। पद्माकर।

धूरधानी–संज्ञा स्त्री० [हिं० धूरधान] (१) गर्द की ढेरी। धूल की राशि। (२) ध्वंस। विनाश। उ०—लंकपुर जारि, मकरी विदारि बार बार जातुधान धारि धूरधानी करि डारी है।—तुलसी। (३) पथरकला बंदूक।

धूरसंझा–† संज्ञा स्त्री० [सं० धूलि + संध्या] गोधूली का समय। संध्या।

धूरा–संज्ञा पुं० [हिं० धूर] (१) धूल। गर्द। (२) चूर्ण। बुकनी। चूरा।
मुहा०—धूरा करना या देना = शीत से अंग सुन्न होने पर गरम राख, सोंठ की बुकनी आदि मलना। धूरा देना = इधर उधर की बात कहकर या चापलूसी करके गौं पर लाना। अपने अनुकूल करना। बहकाना। धोखा देना।

धूरि–*† संज्ञा स्त्री० "धूल"।

धूरिया बेला–संज्ञा पुं० [हिं० धूर + बेला] एक प्रकार का बेला।

धूरिया मल्लार–संज्ञा पु० [हिं० धूर + मलार] मल्लार राग का एक भेद।

धूर्जटि–संज्ञा पुं० [सं०] शिव। महादेव।

धूर्त्त–वि० [सं०] (१) मायावी। छली। चालबाज। (२) वंचक। प्रतारक। धोखा देनेवाला। दगाबाज।
संज्ञा पु० (१) साहित्य में शठ नायक का एक भेद। (२) विट् लवण। (३) लोहकिट्ट। लौहकिट्टी। लोहे की मैल। (४) धतूरा। (५) चोर नामक गंधद्रव्य। (६) जुआरी। दाँव पेंच करनेवाला आदमी।

धूर्त्तक–संज्ञा पुं० (१) जुआरी। (२) शृगाल। गीदड़। (३) कौरव्य कुल का नाग। (महाभारत)

धूर्त्तचरित–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धूर्तों का चरित्र। (२) संकीर्ण नाटक का एक भेद।

धूर्त्तता–संज्ञा स्त्री० [सं०] माया। चालबाजी। वंचकता। ठगपना। चालाकी।

धूर्त्तमानुषा–संज्ञा स्त्री० [सं०] रास्ना।

धूर्धर–संज्ञा पुं० [सं०] बोझा ढोनेवाला। भारवाही।

धूर्य्य–संज्ञा पुं० [सं०] विष्णु ।

धूर्वी–संज्ञा स्त्री० [सं०] रथ का अगला भाग ।

धूल–संज्ञा स्त्री० [सं० धूलि] (१) मिट्टी, रेत आदि का महीन चूर । रेणु । रज । गर्द ।

मुहा०—(कहीं) **धूल उड़ना** = (१) ध्वंस होना । सत्यानाश होना । बरबादी होना । तबाही आना । (२) उदासी छाना । चहल पहल न रहना । सन्नाटा होना । रौनक न रहना । (किसी की) **धूल उड़ना** = (१) दोषों और त्रुटियों का उघेड़ा जाना । बुराइयों का प्रकट किया जाना । बदनामी होना । (२) उपहास होना । दिल्लगी उड़ाना । **किसी की धूल उड़ाना** = (१) दोषों और त्रुटियों को उघेड़ना । बुराइयों को प्रकट करना । बदनामी करना । (२) उपहास करना । हँसी करना । **धूल उड़ाते फिरना** = मारा मारा फिरना । जीविका या अर्थसिद्धि के लिये इधर उधर घूमना । दीन दशा में फिरना । व्याकुल घूमना । **धूल की रस्सी बटना** = ऐसी बात के लिये श्रम करना जो कभी हो न सके । अनहोनी बात के पीछे पड़ना । व्यर्थ परिश्रम करना । **धूल चाटना** = (१) बहुत गिड़गिड़ाना । बहुत विनती करना । (२) अत्यंत नम्रता दिखाना । **धूल छानना** = मारा मारा फिरना । हैरान घूमना । **जैसे, तुम्हारी खोज में कहाँ कहाँ की धूल छानते रहे !** (किसी की) **धूल झड़ना** = (किसी पर) मार पड़ना । पिटना । (विनोद) । (किसी की) **धूल झाड़ना** = (१) (किसी को) मारना । पीटना । (विनोद) । (२) शुश्रूषा करना । खुशामद करना । **जैसे, उसका तो दिन भर अमीरों की धूल झाड़ते जाता है ।** (किसी बात पर) **धूल डालना** = (१) (किसी बात को) इधर उधर प्रकट न होने देना । फैलने न देना । दबाना । (२) ध्यान न देना । **जैसे, अपराधों पर धूल डालना ।** **धूल फाँकना** = (१) मारा मारा फिरना । दुर्दशा में होना । (२) सरासर झूठ बोलना । **जैसे, क्यों धूल फाँकते हो, मैंने तुम्हें खुद देखा था ।** (कहीं पर) **धूल बरसना** = उदासी बरसना । चहल पहल न रहना । रौनक न रहना । **धूल में मिलना** = नष्ट होना । चौपट होना । खराब होना । ध्वस्त होना । जाता रहना । न रह जाना । **धूल में मिलाना** = नष्ट करना । चौपट करना । खराब करना । ध्वस्त करना । बरबाद करना । (कहीं की) **धूल ले डालना** = (कहीं पर) बहुत अधिक और बार बार जाना । बराबर पहुँचा रहना । बहुत फेरे लगाना । **पैर की धूल** = अत्यंत तुच्छ वस्तु या व्यक्ति । नाचीज । **सिर पर धूल डालना** = पछताना । सिर धुनना । उ०—पदमिनि गवन हंस गए दूरी । हस्ति लाज मेलहिं सिर धूरी ।—जायसी ।

(२) धूल के समान तुच्छ वस्तु । **जैसे, इनके सामने वह धूल है ।**

मुहा०—**धूल समझना** = अत्यंत तुच्छ समझना । किसी गिनती में न लाना । बिलकुल नाचीज खयाल करना ।

धूलक–संज्ञा पुं० [सं०] विष । जहर ।

धूलधानी–संज्ञा स्त्री० [हिं० धूल + धान] चूर चूर होने का भाव । ध्वंस । विनाश ।

क्रि० प्र०—करना ।—होना ।

धूला–संज्ञा पुं० [देश०] टुकड़ा । खंड । कतरा ।

धूलि–संज्ञा स्त्री० [सं०] धूल । गर्द । रेणु । रज ।

धूलिकदंब–संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का कदंब ।

धूलिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) महीन जलकणों की झड़ी । (२) कुहरा ।

धूलिगुच्छक–संज्ञा पुं० [सं०] अबीर जो होली में डाला जाता है ।

धूलिध्वज–संज्ञा पुं० [सं०] वायु ।

धूलिपुष्पिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] केतकी ।

धूर्वा–संज्ञा पु० दे० "धुर्मा" ।

धूसना–†क्रि० स० [ध्वंसन] (१) मर्दित करना । मलना दलना । गींजना । (२) ठूसना ।

धूसर–वि० [सं०] (१) धूल के रंग का । खाकी । ईषत पांडु वर्ण । मटमैला । मटीला । (२) धूल लगा हुआ । जिसमें धूल लिपटी हो । धूल से भरा । उ०—(क) धूसर धूरि बुदुरुवन रेंगनि बोलनि बचन रसाल की । —सूर । (ख) धूसर धूरि भरे तनु आए । भूपति विहँसि गोद बैठाए ।—तुलसी ।

यौ०—धूल धूसर = धूल से भरा । जिसे गर्द लिपटी हो ।

संज्ञा पुं० (१) मटमैला रंग । पीलापन लिए सफेद रंग । भूरा रंग । (२) गदहा । (३) ऊँट । (४) कबूतर । (५) बनियों की एक जाति ।

धूसरच्छदा–संज्ञा स्त्री० [सं०] सफेद बेना ।

धूसरपत्रिका–संज्ञा स्त्री० [सं०] हाथीसूँड़ का पौधा ।

धूसरा–वि० [सं० धूसर] [स्त्री० धूसरी] (१) धूल के रंग का । मटमैला । खाकी । (२) धूल लगा हुआ । जिसमें धूल लिपटी हो । उ०—नियम करत बीते दिवस दूबर अंग लखात । सीस एक बेनी धरे बसन धूसरे गात ।—लक्ष्मणसिंह ।

संज्ञा स्त्री० [सं०] पांडुफली ।

धूसरित–वि० [सं०] (१) धूसर किया हुआ । जो धूल से मटमैला हुआ हो । (२) धूल से भरा हुआ । जिसमें धूल लिपटी हो । उ०—बाल विभूषन बसन धर धूरि धूसरित अंग । बालकेलि रघुपति करत बालबंधु सब संग । —तुलसी ।

धूसरी–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक छिपकली ।

धूसला–वि० दे० "धूसरा"। उ०—धुंधी धरा धूसली धूम गुबार। मानौ प्रलैकाल की घोर अँध्यार।—सूदन।

धूस्तूर–संज्ञा पु० [सं०] धतूरा।

धूहा–संज्ञा पुं० [हिं० दूह] (१) दूह। (२) चिड़ियों को डराने का पुतला, काली हाँड़ी आदि।

धृक–* अव्य० दे० "धिक्"। उ०—तुमहि बिना मन धृक अरु धृक घर। तुमहि बिना धृक धृक माता पितु धृक धृक कुल की कान लाज डर।—सूर।

धृग–* अव्य० दे० "धृक्"।

धृत–वि० [सं०] (१) धरा हुआ। पकड़ा हुआ। (२) धारण किया हुआ। ग्रहण किया हुआ। (३) स्थिर किया हुआ। निश्चित। (४) पतित।

संज्ञा पुं० (१) तेरहवें मनु रौच्य के पुत्र का नाम। (२) द्रुह्यु वंशीय धर्म का पुत्र। (भागवत)

धृतकेतु–संज्ञा पुं० [सं०] वसुदेव के बहनोई। (गर्गसंहिता)

धृतदेवा–संज्ञा स्त्री० [स०] देवक की एक कन्या का नाम।

धृतमाली–संज्ञा पुं० [सं०] अस्त्रों को निष्फल करने का एक अस्त्र। अस्त्रों का एक संहार। (रामायण)

धृतराष्ट्र–संज्ञा पुं० [स०] (१) वह देश जो अच्छे राजा के शासन में हो। (२) वह जिसका राज्य दृढ़ हो। (३) एक कौरव राजा जो दुर्योधन के पिता और विचित्रवीर्य्य के पुत्र थे।

विशेष—इनकी कथा महाभारत में इस प्रकार आई है। पुरुवंश में शांतनु नाम के एक राजा हुए जिन्होंने गंगा से विवाह किया। गंगा से उन्हें देवव्रत नामक पुत्र हुए जो भीष्म के नाम से प्रसिद्ध हुए। भीष्म ने विवाह न करने की प्रतिज्ञा करके अपने पिता का विवाह सत्यवती या मत्स्यगंधा से होने दिया। यह सत्यवती जब क्वारी थी तभी उसे पराशर से एक पुत्र उत्पन्न हुआ था जिसका नाम द्वैपायन पड़ा था। यही द्वैपायन महाभारत के कर्त्ता प्रसिद्ध महर्षि वेदव्यास हुए। सत्यवती के गर्भ से शांतनु को दो पुत्र हुए। विचित्रवीर्य्य और चित्रांगद। चित्रांगद युवावस्था के पूर्व ही एक गंधर्व द्वारा मारे गए। विचित्रवीर्य्य राजा हुए और उन्होंने काशिराज की अंबिका और अंबालिका नाम की दो कन्याओं से विवाह किया। कुछ दिन पीछे विचित्रवीर्य्य बिना कोई संतान छोड़े मर गए। वंश स्थिर रखने के लिये सत्यवती ने अपने पुत्र वेदव्यास को बुला कर दोनों पुत्रवधुओं के साथ नियोग करने के लिये कहा। अंबिका ने समागम के समय वेदव्यास का कृष्णवर्ण और जटाजूट देख आँखें मूँद लीं। इस पर वेदव्यास ने कहा कि इसके गर्भ से परम प्रतापी पुत्र उत्पन्न होगा, पर वह अपनी माता के दोष से अंधा होगा। अंबालिका के साथ नियोग होने पर पांडु की उत्पत्ति हुई और सुदेष्णा दासी के साथ नियोग होने पर विदुर का जन्म हुआ। धृतराष्ट्र अंधे थे, इसलिये पांडु राजा हुए। पीछे पांडु के मर जाने पर धृतराष्ट्र राजा हुए। धृतराष्ट्र का विवाह गांधार देश के राजा की कन्या गांधारी से हुआ था। इन्हीं गांधारी के गर्भ से दुर्योधन दुःशासन, विकर्ण, चित्रसेन इत्यादि सौ पुत्र हुए जो कौरव कहलाए और महाभारत के युद्ध में पांडवों के हाथ से मारे गए।

(४) एक नाग का नाम। (५) गंधर्वों के एक राजा का नाम। (बौद्ध)। (६) जनमेजय के एक पुत्र का नाम। (७) एक प्रकार का हंस।

धृतराष्ट्री–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) कश्यप ऋषि की पत्नी ताम्रा से उत्पन्न ५ कन्याओं में से एक जो हंसों की आदि माता थी। (२) धृतराष्ट्र की स्त्री।

धृतवर्म्मा–संज्ञा पुं० [सं० धृतवर्म्मन्] (१) वह जो कवच धारण किए हो। (२) त्रिगर्त्त का राजकुमार जिसके साथ अर्जुन को उस समय युद्ध करना पड़ा था जब वे अश्वमेध के घोड़े के साथ गए थे।

धृतव्रत–संज्ञा पुं० [सं०] (१) वह जिसने व्रत धारण किया हो। (२) पुरुवंशीय जयद्रथ के पुत्र विजय का पौत्र।

धृतात्मा–वि० [स० धृतात्मन्] आत्मा को स्थिर रखनेवाला। धीर।

संज्ञा पुं० (१) धीर पुरुष। (२) विष्णु।

धृति–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) धारण। धरने या पकड़ने की क्रिया। (२) स्थिर रहने की क्रिया या भाव। ठहराव। (३) मन की दृढ़ता। चित्त की अविचलता। धैर्य्य। धीरता।

विशेष—साहित्यदर्पण के अनुसार यह व्यभिचारी भावों में से एक है। मनु ने इसे धर्म के दस लक्षणों में कहा है।

(४) सोलह मातृकाओं में से एक। (५) अठारह अक्षरों के वृत्तों की संज्ञा। (६) दक्ष की एक कन्या और धर्म की पत्नी। (७) अश्वमेध की एक आहुति का नाम। (८) फलित ज्योतिष में एक योग। (९) चंद्रमा की सोलह कलाओं में से एक।

संज्ञा पुं० (१) जयद्रथ राजा का पौत्र। (२) एक विश्वदेव का नाम। (३) यदुवंशीय वभ्रु का पुत्र।

धृष्ट–वि० [सं०] [स्त्री० धृष्टा] (१) संकोच या लज्जा न करनेवाला। जो कोई अनुचित या बेढंगा काम करते हुए कुछ भी न सहमे। निर्लज्ज। बेहया। प्रगल्भ।

विशेष—साहित्य में 'धृष्ट नायक' उसको कहते हैं जो अपराध करता जाता है, अनेक प्रकार का तिरस्कार सहता जाता है, पर अनेक बहाने करके बातें बना कर नायिका के पीछे लगा रहता है।

(२) अनुचित साहस करनेवाला। ढीठ। गुस्ताख। उद्धत।

संज्ञा पुं० (१) चेदिवंशीय कुंति का पुत्र। (हरिवंश)। (२) सप्तम मनु के एक पुत्र का नाम। (भागवत)। (३) अस्त्रों का संहार। (वाल्मीकि०)।

धृष्टकेतु–संज्ञा पु० [सं०] (१) चेदि देश के राजा शिशुपाल का पुत्र जो कुरुक्षेत्र के युद्ध में पांडवों की ओर से लड़ा था और द्रोणाचार्य के हाथ से मारा गया था। (२) जनकवंशीय सुधृति के पुत्र। (रामायण)। (३) नवें मनु रोहित के पुत्र। (४) सन्नति-राजवंशीय सुकुमार का एक पुत्र। (हरिवंश)

धृष्टता–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) ढिठाई। अनुचित साहस। गुस्ताख़ी। (२) निर्लज्जता। संकोच का भाव। बेहयाई।

धृष्टद्युम्न–संज्ञा पुं० [सं०] राजा द्रुपद का पुत्र और द्रौपदी का भाई जो पांडवों की सेना का एक नायक था।

विशेष—पृषत राजा का द्रुपद नामक एक पुत्र था। पृषत राजा से भरद्वाज ऋषि की बहुत मित्रता थी, इससे वे नित्य द्रुपद को लेकर ऋषि के आश्रम पर जाया करते थे। क्रमशः द्रुपद और ऋषिपुत्र द्रोण में बड़ा स्नेह हो गया। द्रुपद जब राजा हुआ तब द्रोण उसके पास गए पर उसने उनकी अवज्ञा की। इस पर द्रोण दीन भाव से इधर उधर घूमने लगे और अंत में उन्होंने कौरवों और पांडवों की अस्त्रशिक्षा का भार लिया। अर्जुन गुरु के अपमान का बदला चुकाने के लिये द्रुपद को बंदी करके लाए। द्रुपद ने द्रोण को आधा राज्य देकर छुटकारा पाया। इस अपमान का बदला लेने के लिये द्रुपद ने याज और अनुयाज नामक दो ऋषिकुमारों की सहायता से एक बड़े यज्ञ का अनुष्ठान किया। इस यज्ञ से एक अत्यंत तेजस्वी पुरुष खड्ग, चर्म, धनुर्बाण से सुसज्जित उत्पन्न हुआ। देववाणी हुई कि यह राजपुत्र द्रुपद के शोक का नाश करेगा और द्रोणाचार्य्य का वध इसी के हाथ से होगा। कुरुक्षेत्र के युद्ध में जिस समय द्रोणाचार्य्य अपने पुत्र अश्वत्थामा की मृत्यु की बात सुन कर योग में मग्न हुए थे उस समय उसी धृष्टद्युम्न ने उनका सिर काटा था। महाभारत के युद्ध के पीछे अश्वत्थामा ने अपने पिता का बदला लिया और सोते में धृष्टद्युम्न का सिर काट लिया।

धृष्टि–संज्ञा पुं० [स०] (१) हिरण्याक्ष का एक पुत्र। (२) दशरथ के एक मंत्री का नाम। (३) एक यज्ञपात्र।

धृष्णता—संज्ञा स्त्री० [सं०] धृष्टता।

धृष्णत्व–संज्ञा० पुं० [सं०] धृष्टता।

धृष्णि–संज्ञा पुं० [सं०] किरण।

धृष्णु–वि० [स०] (१) धृष्ट। प्रगल्भ। (२) ढीठ। उद्धत।

संज्ञा पुं० (१) वैवस्वत मनु के एक पुत्र। (२) सावर्ण मनु के एक पुत्र। (३) एक रुद्र का नाम।

धृष्णुध्वजा–संज्ञा पुं० [स० धृष्णुध्वजस्] कार्त्तवीर्य के एक पुत्र।

धृष्य–वि० [स०] धर्षण योग्य। धर्षणीय।

धेड़ी कौवा–संज्ञा पुं० [देश० धेड़ी + हिं० कौवा] बड़ा काला कौवा। डोम कौवा।

धेन–संज्ञा पुं० [सं०] (१) समुद्र। (२) नद।

‡ संज्ञा स्त्री० दे० "धेनु"।

धेनु–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) वह गाय जिसे बच्चा जने बहुत दिन न हुए हों। सवत्सा गो।

पर्य्या०—नवप्रसूतिका। नवसूतिका।

(२) गाय। उ०—कौसल्यादि मातु सब आई। निरखि बच्छ जनु धेनु लवाई।—तुलसी।

धेनुक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक राक्षस का नाम जिसे बलदेवजी ने मारा था। (हरिवंश)। (२) महाभारत के अनुसार एक तीर्थ। यहाँ स्नान करके तिल की धेनु दान करने का विधान है। (३) रतिमंजरी के अनुसार सोलह प्रकार के रतिबंधों में से एक।

धेनुका–संज्ञा स्त्री० [स०] (१) धेनु। (२) हस्तिनी स्त्री।

धेनुदुग्ध—संज्ञा पुं० [स०] (१) गाय का दूध। (२) चिभिंटा।

धेनुदुग्धकर–संज्ञा पुं० [सं०] गाजर।

धेनुमक्षिका–संज्ञा स्त्री [स०] बड़े मच्छड़ जो चौपायों को लगते हैं। डाँसा। डंस।

धेनुमती–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) गोमती नदी। (२) भरतवंशीय देवद्युम्न की पत्नी।

धेनुमुख–संज्ञा पुं० [सं०] गोमुख नाम का बाजा। उ०—बाजे विपुल शंख घरियारा। भेरि धेनु मुखपँवरि दुबारा।—सबलसिंह।

धेनुष्या–संज्ञा स्त्री० [स०] वह गाय जो बंधक रखी हो।

धेय–वि० [स०] (१) धारण करने योग्य। धार्य्य। (२) पोषण करने योग। पोष्य। (३) पीने योग्य। पीने का। पेय।

धेर–संज्ञा पुं० [देश०] एक अनार्य्य जाति। इस जाति के लोग राजपुताने, पंजाब और कहीं कहीं संयुक्त प्रांत के पश्चिमी जिलों में पाए जाते हैं। ये लोग गाँव के बाहर रहते हैं और मरे चौपायों आदि का मांस खाते हैं। राजपुताने में मरे हुए गाय बैल आदि का चमड़ा निकालकर ये चमारों के हाथ बेंचते हैं। राजपुताने के धेर सूअर का मांस नहीं खाते।

धेरा–†वि० [देश०] भेंगा।

धेलचा–†संज्ञा पुं० [हिं० धेला] आधे पैसे के बराबर का सिक्का। अधेले के मूल्य का सिक्का।

धेला–†संज्ञा पुं० दे० "अधेला"।

धेली–†संज्ञा स्त्री० [हिं० अधेला] आधा रुपया। आठ आने का सिक्का। अठन्नी।

धैंताल–†वि० [अनु० धैं + हिं० ताल] (१) चपल । चंचल । (२) हलकट । उ०—छोड़ बिचारे को धैंताल ।—प्रताप ।

धैनव–वि० [सं०] गाय से उत्पन्न ।

संज्ञा पुं० गाय का बछड़ा ।

धैना–संज्ञा स्त्री [हिं० धरना वा धंधा] (१) पकड़ी हुई टेव । आदत । स्वभाव । उ०—कह गिरधर कविराय फुहर के याही धैना । कजरौटा नहिं होइ लुकाठैं माँजै नैना ।—गिरिधर । (२) काम-धंधा ।

धैर्य्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) धीरता । चित्त की स्थिरता । संकट, बाधा, कठिनाई या विपत्ति आदि उपस्थित होने पर घबराहट का न होना । अव्यग्रता । अव्याकुलता । धीरज । जैसे, बुद्धिमान् विपत्ति में धैर्य्य रखते हैं । (२) उतावलापन न होने का भाव । आतुर न होने का भाव । हड़बड़ी न मचाने का भाव । सब्र । जैसे, थोड़ा धैर्य्य धरो, अभी वे आते होंगे । (३) चित्त में उद्वेग न उत्पन्न होने का भाव । निर्विकार चित्तता ।

विशेष—साहित्यदर्पण के अनुसार धैर्य्य नायक या पुरुष के आठ सत्वज गुणों में से एक है ।

क्रि० प्र०—छोड़ना ।—धरना ।—रखना ।

धैवत–संज्ञा पुं० [सं०] संगीत के सात स्वरों में से छठाँ स्वर जो मध्यम के आगे खींचा जाता है ।

विशेष—नारदीय शिक्षा के अनुसार घोड़े के हिनहिनाने के समान जो स्वर निकले वह धैवत है । तानसेन ने इस स्वर को मेढक के स्वर के समान कहा है । संगीतदामोदर के मत से जो स्वर नाभि के नीचे जाकर बस्ति स्थान से फिर ऊपर दौड़ता हुआ कंठ तक पहुँचे वह धैवत है । संगीतदर्पण के मत से यह स्वर ऋषिकुल में उत्पन्न और क्षत्रिय वर्ण का है । इसका वर्ण पीत, जन्मस्थान श्वेतद्वीप, ऋषि तुंबरु, देवता गणेश और छंद उष्णिक् (मतांतर से जगती) माना गया है और यह बीभत्स और भयानक रस के उपयोगी कहा गया है । यह षाड़व जाति का स्वर माना गया है । इसकी ७२० तानें मानी गई हैं जिनमें प्रत्येक के ४८ भेद होने से सब ३४५६० तानें हुईं । श्रुतियाँ इसकी तीन हैं—रम्या, रोहिणी और मदंती ।

धोंडाल–वि० [हिं० धोंधा ?] (जमीन या मिट्टी) जिसमें ढेले कंकड़ पत्थर के ढोंके हों ।

धोंधका†–संज्ञा पुं० [सं० धूम्र, हिं० धुआं] [स्त्री० धोंधकी] घर का धुआँ निकलने के लिये चोंगे की तरह निकला हुआ छेद ।

धोंधा–संज्ञा पुं० [सं० तुंदि = गणेश ?] (१) लोंदा । बेडौल पिंडा । उ०— मैं भी मिट्टी का धोंधा ही हूँ ।—सरस्वती । (२) भद्दा और बेडौल शरीर । मोटी और बेडौल मूर्त्ति ।

मुहा०—मिट्टी का धोंधा = (१) मूर्ख । नासमझ । जड़ । (२) निकम्मा । आलसी ।

धोई–संज्ञा स्त्री० [हिं० धोना] (१) छिलका निकाली हुई उरद या मूँग की दाल ।

विशेष—पानी में भिगोई हुई दाल को हाथ से मल कर छिलका अलग करते हैं इसी लिये दाल को धोई कहते हैं ।

(२) अफीम के बरतन का धोवन ।

* संज्ञा पुं० [हिं० थवई] राजगीर । थवई । उ०—राजा केर लाग गढ धोई । फूटै जहाँ सँवारै सोई ।—जायसी ।

धोकड़–वि० [देश०] हट्टा कट्टा । मोटा ताजा । हृष्ट पुष्ट । मुस्टंडा ।

धोका‡–संज्ञा पुं० [सं० स्तोक, प्रा० थोक] पाँच मुट्ठी भर डंठलों का पूला ।

संज्ञा पुं० दे० "धोखा" ।

धोखा–संज्ञा पुं० [सं० धूर्कता = धूर्त्तता] (१) मिथ्या व्यवहार जिससे दूसरे के मन में मिथ्या प्रतीति उत्पन्न हो । धूर्त्तता या छल जिससे दूसरा भ्रम में पड़े । ऐसी युक्ति या चालाकी जिसके कारण दूसरा कोई अपना कर्त्तव्य भूल जाय । भुलावा । छल । दगा । जैसे, हमारे साथ ऐसा धोखा !

यौ०—धोखा धड़ी । धोखेबाज ।

(२) किसी की धूर्त्तता, चालाकी, झूठ बात आदि से उत्पन्न मिथ्या प्रतीति । ऐसी बात का विश्वास जो ठीक न हो और जो किसी के रंग ढंग या बात चीत आदि से हुआ हो । दूसरे के छल द्वारा उपस्थित भ्रांति । डाला हुआ भ्रम । भुलावा ।

मुहा०—धोखा खाना = किसी की धूर्त्तता या चालाकी न समझ कर कोई ऐसा काम कर बैठना जो विचार करने पर ठीक न ठहरे । किसी के छल या कपट के कारण भ्रम में पड़ना । ठगा जाना । प्रतारित होना । उ०—और न धोखा देत जो आपुहि धोखा खात ।—व्यास । धोखा देना = (१) ऐसी मिथ्या प्रतीति उत्पन्न करना जिससे दूसरा कोई अयुक्त कार्य्य कर बैठे । भ्रम में डालना । भुलावा देना । बुत्ता देना । छलना । जैसे, लोगों को धोखा देने के लिये इसने यह सब ढंग रचा है । (२) भ्रम में डाल या रख कर अनिष्ट करना । झूठा विश्वास दिला कर हानि करना । विश्वासघात करना । किसी को ऐसी हानि पहुँचाना जिसके संबंध में वह सावधान न हो । जैसे, यह नौकर किसी न किसी दिन धोखा देगा । उ०—रहिए लटपट काटि दिन बरु घामहिं में सोय । छाँह न बाकी बैठिए जो तरु पतरो होय । जो तरु पतरो होय एक दिन धोखा दैहै । जा छिन बहै बयार टूटि वह जर से जैहै । —गिरिधर । (३) अकस्मात् मर कर या नष्ट होकर दुःख पहुँचाना । जैसे, (क) इस बुढ़ापे में वह पुत्र को लेकर दिन

काटता था, उसने भी धोखा दिया (अर्थात् वह चल बसा)। (ख) यह चिमनी बहुत कमजोर है किसी दिन धोखा देगी।

(३) ठीक ध्यान न देने या किसी वस्तु के बाहरी रूप रंग आदि से उत्पन्न मिथ्या प्रतीति। असत् धारणा। भ्रम। भ्रांति। भूल। जैसे, (क) इस रंगे पत्थर को देखने से असल नग का धोखा होता है। (ख) तुम्हारे सुनने में धोखा हुआ, मैंने ऐसा कभी नहीं कहा था। उ०—पंडित हिये परै नहिं धोखा।—जायसी।

क्रि० प्र०—होना।

मुहा०—धोखा खाना = भ्रम में पड़ना। भ्रांत होना। और का और समझना। उ०—जिमि कपूर के हंस सों हंसी धोखा खाय।—हरिश्चंद्र। धोखा पड़ना = भूल चूक होना। भ्रम होना।

(४) ऐसी वस्तु या विषय जिससे मिथ्या प्रतीति उत्पन्न हो। भ्रांति उत्पन्न करनेवाली वस्तु या आयोजन। भ्रम में डालने वाली वस्तु। असत् वस्तु। माया। जैसे, (क) यह संसार धोखा है। (ख) राम भरोसा भारी है और सब धोखा धारी है।

मुहा०—धोखे की टट्टी = (१) वह परदा या टट्टी जिसकी ओट में छिप कर शिकारी शिकार खेलते हैं। (२) यथार्थ वस्तु वा बात को छिपानेवाली वस्तु। भ्रम में डालनेवाली चीज। उ०—मैं उनके आगे से धोखे की टट्टी हटाता हूं।—शिवप्रसाद। (३) ऐसी वस्तु जिसमें कुछ तत्त्व न हो। दिखाऊ चीज। धोखा खड़ा करना या रचना = भ्रम में डालने के लिये आडंबर खड़ा करना। माया रचना। उ०—चित चोखा, मन निर्मला, बुधि उत्तम, मति धीर। सो धोखा नहि विरचहीं सतगुरु मिले कबीर।—कबीर।

(५) अज्ञान। जानकारी का अभाव। ध्यान का न होना।

मुहा०—धोखे में या धोखे से = जान में नहीं। जान बूझ कर नहीं। भूल से। जैसे, धोखे से लग गया क्षमा करना। उ०—(क) जिमि धोखे मदपान करि सचिव सोच तेहि भाँति।—तुलसी। (ख) काज कहा नरतन धरि स्वारथो। पर-उपकार सार श्रुति को सो धोखेहु में न विचारथो।—तुलसी।

(६) अनिष्ट की संभावना। जोखों। जैसे, (क) यह बड़े धोखे का काम है। (ख) इसमें जान जाने का धोखा रहता है।

मुहा०—धोखा उठाना = झूठी बात का विश्वास करके हानि सहना। भ्रम में पड़कर हानि या कष्ट उठाना। सावधान न रहने के कारण नुकसान सहना। उ०—अच्छी तरह जान लिया करो, नहीं तो धोखा उठाओगे।—शिवप्रसाद।

(७) अन्यथा होने की संभावना। जैसा समझा या कहा जाय उसके विरुद्ध होने की आशंका। संशय। शक। उ०—(क) या में कछु धोखो नहीं नेही सूर समान। दोऊ सम्मुख सहत हैं दृग अनियारे बान।—रत्नहजारा।

मुहा०—धोखा पड़ना = अन्यथा होना। और का और होना। जैसा समझा या कहा जाय उसके विरुद्ध होना। उ०—पंडितन कहा परा नहिँ धोखा। कौन अगस्त समुद्रहिँ सोखा।—जायसी।

(८) भूल। चूक। प्रमाद। त्रुटि। कसर। जैसे, जितना काम मुझ से हो सकेगा उसमें धोखा नहीं लगाऊँगा।

मुहा०—धोखा लगना = चूक या कसर होना। त्रुटि होना। कमी होना। उ०—हीरामन तैं प्रान परेवा। धोख न लाग करत तुव सेवा।—जायसी। धोखा लगाना = चूक या कसर करना। त्रुटि करना। कमी करना। जैसे, कहने में अपनी ओर से मैं धोखा नहीं लगाऊँगा। उ०—भाइहु लावहु धोख जनि आजु काज बड़ मोहिं। सुनि सरोष बोले सुभट वीर अधीन न होहिं।—तुलसी।

(इन दोनों मुहावरों का प्रयोग प्रायः निषेध वाक्य (या काकु से प्रश्न) में ही होता है।)

(९) लकड़ी में पयाल कपड़ा आदि लपेट कर बनाया हुआ पुतला जिसे किसान चिड़ियों को डराने के लिये खेत में खड़ा करते हैं। बिजूखा। भुचकाक। उ०—तुला पिनाक साहु नृप त्रिभुवन भट बटोरि सब के बल जोखे। परसुराम से सूर सिरोमनि पल महँ भए खेत के धोखे।—तुलसी।

(१०) रस्सी लगी हुई लकड़ी जो फलदार पेड़ों पर इसलिये बाँधी जाती है कि नीचे से रस्सी खींचने से खटखट शब्द हो और चिड़ियाँ दूर रहें। खटखटा। (११) बेसन का एक पकवान जिसके भीतर नरम कटहल, मसाला आदि इस प्रकार भरा रहता है कि देखने से कबाब का भ्रम होता है।

धोखेबाज—वि० [हिं० धोखा + फा० बाज] [संज्ञा धोखेबाजी] धोखा देनेवाला। छली। कपटी। धूर्त।

धोखेबाजी—संज्ञा स्त्री० [हिं० धोखेबाज] छल। कपट। धूर्तता।

धोटा—संज्ञा पुं० दे० 'ढोटा'।

धोड़—संज्ञा पुं० [सं०] एक प्रकार का साँप।

धोतर—संज्ञा पुं० [सं० अधोवस्त्र] एक मोटा कपड़ा जो गाढ़े की तरह का होता है। अधोतर।

† संज्ञा स्त्री० "धोती"।

धोती—संज्ञा स्त्री० [सं० अधोवस्त्र, हिं० अधोतर] नौ दस हाथ लंबा और दो ढाई हाथ चौड़ा कपड़ा जो पुरुष का कटि से लेकर घुटनों के नीचे तक का शरीर और स्त्रियों का प्रायः सर्वांग ढाकने के लिये कमर में लपेट कर खोंसा या ओढ़ा जाता है। उ०—(क) सूरज जेहि की तपै रसोई। नितहि बसंदर

धोती धोई।—जायसी। (ख) पीत पुनीत मनोहर धोती। हरत बाल-रवि दामिनि जोती।—तुलसी।

क्रि० प्र०—पहनना।

मुहा०—धोती बाँधना = (१) धोती पहनना। उ०—मुद्रा श्रवन जनेऊ काँधे। कनक पत्र धोती कटि बाँधे।—जायसी। (२) तैयार होना। सन्नद्ध होना। धोती ढीली करना = डर जाना। भयभीत होना। डर कर भागना। धोती ढीली होना = भय होना। डर होना। उ०—यह सामान देखकर चंद्रापीड़ की धोती ढीली हुई।—गदाधरसिंह।

संज्ञा स्त्री [सं० धौति] (१) योग की एक क्रिया। दे० "धौति"। (२) एक अंगुल चौड़ी और चौवन (५४) अंगुल लंबी कपड़े की पट्टी जिसे हठयोग की "धौति" क्रिया में मुँह से निगलते हैं।

संज्ञा पुं० [देश०] एक प्रकार का बाज जिसकी मादा को बेसरा कहते हैं।

धोना—क्रि० स० [सं० धावन] पानी डाल कर किसी वस्तु पर से मैल गर्द आदि हटाना। पानी से साफ करना। जल से स्वच्छ करना। प्रक्षालित करना। पखारना।

विशेष—जिस वस्तु पर से गर्द मैल आदि हटाई जाती है तथा जो लगी हुई वस्तु (गर्द मैल आदि) हटाई या छुड़ाई जाती है दोनों का प्रयोग कर्म में होता है जैसे, हाथ धोना, कपड़ा धोना, घर धोना, बरतन धोना, इसी प्रकार मैल धोना, कालिख धोना, रंग धोना इत्यादि। उ०—(क) जिन रहि बारि न मानस धोए। ते कायर कलिकाल बिगोए। —तुलसी। (ख) सूर दरस हरि कृपा बारि सों कलिमल धोय बहावै।—सूर।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

मुहा०—(किसी वस्तु से) हाथ धोना = खो देना। गँवा देना। वंचित रहना। जैसे, जो कुछ उनके पास था वे उससे भी हाथ धो बैठे। हाथ धोकर पीछे पड़ना = सब काम धाम छोड़ कर प्रवृत्त होना। सब छोड़ कर लग जाना। धोया धाया = (१) निष्कलंक। निर्दोष। साफ। (२) ऐसा मनुष्य जो बुराई करके भी औरों के सामने उसी प्रकार लज्जित न हो जिस प्रकार निर्दोष आदमी। निर्लज्ज। बेहया। धृष्ट।

(२) दूर करना। हटाना। मिटाना। उ०—(क) करी गोपाल की सब होय। जो अपने पुरुषारथ मानत अति झूठो है सोय। साधन मंत्र, यंत्र, उद्यम, बल यह सब डारौ धोय। जो कछु लिखि राखी नँदनंदन मेटि सकै नहिं कोय।—सूर। (ख) तू ने शकुंतला के अपमान का दुःख सब धो दिया है।—लक्ष्मणसिंह।

संयो० क्रि०—डालना।

मुहा०—धो बहाना = न रहने देना। छोड़ देना या खो देना।

धोप—† * संज्ञा स्त्री० [सं० धूर्वा ; धर्वन् = काटनेवाला ?] तलवार। खड्ग। उ०—(क) छत्रसाल जेहि दिसि पिलै काढ़ि धोप कर माहिं। तेहि दिसि सीस गिरीस पै बनत बटोरत नाहिं। —लाल। (ख) भूषण हालि उठे गढ़ भूमि पठान कबंधन के धमके ते। मीरन के अवसान गये मिटि धोपनि सों चपला चमके ते।—भूषण। (ग) एक हाथ धोप द्वै सों कोप यह जनावत है एक तीय हाथ पर ठोंक्यो एक भाल सों।—हनुमान। (घ) अंगद सुग्रीव एऊ दोनों गए राम ढिग सुनो महाराज सिंधु करी बात धोप की।—हनुमान।

धोब—संज्ञा पुं० [हिं० धोवना] धुलावट। धोए जाने की क्रिया।

मुहा०—धोब पड़ना = धोया जाना। धुलने की क्रिया होना। जैसे, इस कपड़े पर कई धोब पड़े पर रंग नहीं उड़ा।

धोबइन—†संज्ञा स्त्री० दे० "धोबिन"।

धोबन†—संज्ञा स्त्री० दे० "धोबिन"।

धोबिघटा—संज्ञा पुं० [हिं० धोबी + घाट] वह घाट जहाँ धोबी कपड़ा धोते हैं।

धोबिन—संज्ञा स्त्री० [हिं० धोबी] (१) कपड़ा धोनेवाली स्त्री। धोबी जाति की स्त्री। (२) धोबी की स्त्री। (३) एक बारह अंगुल लंबी एक चिड़िया जो जल के किनारे रहती है और पत्थर आदि के नीचे अंडे देती है। यह ऋतु के अनुसार रंग बदलती है।

धोबी—संज्ञा पु० [हिं० धोवन] [स्त्री० धोबिन] कपड़ा धोनेवाला। वह जो मैले कपड़ों को धो और साफ करके अपनी जीविका करता हो। रजक। उ०—गुरु धोबी, सिख कापड़ा साबुन सिरजनहार। सुरति सिला पर धोइए निकसै रंग अपार। —कबीर।

विशेष—हिंदुओं में जो जाति यह व्यवसाय करती है वह नीच और अस्पृश्य समझी जाती है।

मुहा०—धोबी का कुत्ता = वह जो एक ठिकाने जम कर कोई काम न करे। व्यर्थ इधर उधर फिरनेवाला। निकम्मा आदमी। धोबी का छैला = (१) दूसरे के माल पर इतरानेवाला। मँगनी या पराई चीज का घमंड करनेवाला। (२) भंगनी कपड़े पहन कर निकलनेवाला।

धोबीघास—संज्ञा स्त्री० [हिं० धोबी + घास] बड़ी दूब। दूबा।

धोबीपछाड़—संज्ञा पुं० [हिं० धोबी + पछाड़ना] कुश्ती का एक पेच जिसमें जोड़ का हाथ पकड़ कर अपने कंधे की ओर खींचते हैं और उसे कमर पर लादकर चित गिरा देते हैं।

धोबीपाट—संज्ञा पुं० दे० "धोबीपछाड़"।

धोयी—संज्ञा पुं० [सं०] संस्कृत का एक कवि। इसका उल्लेख जयदेव ने गीतगोविंद में किया है जिससे यह पता चलता है कि यह कहीं का राजा था। इसका रचा हुआ

वायुदूत ग्रंथ अब तक मिलता है और मेघदूत के ढंग का है।

धोर–संज्ञा स्त्री० [सं० धार = किनारा।] (१) पास। सामीप्य। निकटता। (२) किनारा। धार। बाढ़। उ०—खोदि लई मणिकर्णिका, भूमि चक्र की धोर। सो थल भरयो प्रस्वेद-जल भयो हरन अघ घोर।—केशव।

धोरण–संज्ञा पुं० [सं०] (१) सवारी। (२) घोड़े की सरपट चाल। (३) दौड़।

धोरणि–संज्ञा स्त्री० [सं०] श्रेणी। परंपरा।

धोरी–संज्ञा पुं० [सं० धौरेय] (१) धुरे को उठानेवाला। भार उठानेवाला। उ०—(क) फेरत मनहिं मातुकृत खोरी। चलत भगति बल धीरज धोरी।—तुलसी। (ख) तिन महँ प्रथम रेख जगमोरी। धिग धरमध्वज धंधक धोरी।—तुलसी। (२) बैल। वृषभ। उ०—समरथ धोरी कंध धरि रथ ले और निबाहिं। मारग माहिं न मेलिए पीछहिं विरुद लजाहिं।—दादू। (३) प्रधान। मुखिया। सरदार। उ०—(क) मन मैं मंजु मनोरथ जोरी। सोहर गौरि प्रसाद एक तें कौसिक कृपा चौगुनी भोरी। कुअँर कुअँरि सब मंगल मूरति नृप दोउ धरम धुरंधर धोरी। राज समाज भूरि भागी जिन्ह चौगुन लाहु लही एहि ठौरी।—तुलसी। (ख) अब यह फौज लूट ही लीजै। धोरिन घाइ न कोऊ कीजै।—लाल। (४) श्रेष्ठ पुरुष। बड़ा आदमी। उ०—म्लेच्छ चमार चूहरे कोरी। तिनतें ऋरवावत द्विज धोरी।—निश्चल।

धोरे–†*क्रि० वि० [सं० धार = किनारा] पास। निकट। समीप। उ०—(क) उज्वल देखि न धीजिए बग ज्यों मांडे ध्यान। धोरे बैठि चपेटसी यों लै बूड़ै ज्ञान।—कबीर। (ख) बिनवै चतुरानन कहि भोरैं। तुव प्रताप जान्यों नहि प्रभु जू कर स्तुति कर जोरैं। अपराधी मतिहीन नाथ हौं चूक परी निज धोरैं। हम कृत दोष छमौ करुणामय ज्यों भू परसत भोरै।—सूर। (ग) झाँझरियाँ झनकैंगी खरी खनकैंगी चुरी तनिकौ तन तोरे। दास जू जागतीं पास अलीं परिहास करैंगीं सबै उठि भोरे। सौंह तिहारी हौं भागि न जाहुँगी आह हौं लाल तिहारे ही धोरे। केलि को रैनि परी है घरीक गई करि जाहु दई के निहोरे।—दास।

यौ०—धोरे धारे = आस पास।

धोलधक–संज्ञा पुं० [?] एक पेड़ का नाम।

धोला–संज्ञा पुं० [सं० दुरालभा] जवासा। धमासा। हिँगुवा।

धोलाना–†क्रि० स० दे० "धुलाना"।

धोवती–*†संज्ञा स्त्री० [सं० अधोवस्त्र] धोती। (क०)। उ०—टटकी धोई धोवती, चटकीली मुख जोति। फिरति रसोई के बगर जगर मगर दुति होति।—बिहारी।

धोवन–संज्ञा पुं० [हिं० धोना] (१) धोने का भाव। पखारने की क्रिया। (२) वह पानी जिससे कोई वस्तु धोई गई हो। जैसे, पैर का धोवन, चावल का धोवन।

मुहा०—किसी के पैर का धोवन होना = किसी की अपेक्षा अत्यंत तुच्छ होना। किसी के मुकाबले बिलकुल नाचीज होना।

धोवा*–संज्ञा पुं० [हिं० धोना] (१) धोवन। (२) जल। अर्क। उ०—संग नौल बधू लिये दोई अटा पर बैठे विलोकत जोन्ह अरी। रघुनाथ गुलाब को धोवो बनाइ मगाइ कै वारुणी पास धरी।—रघुनाथ।

धोवाना–*†क्रि० स० [हिं० धोना] धुलाना। उ०—कोउ परात कोउ लोटा लाई। शाह सभा सब हाथ धोवाई।—जायसी।

क्रि० अ० [हिं० धोना का अकर्म०] धुलना। धो जाना। साफ होना। उ०—गोये गोय न जाहिं से धोये ते न धोवाहिं। भली लाल लाली जुहैं लोयन कोयन माहिं।—श्रृं० सत०।

धोसा–संज्ञा पुं० [हिं० ठोस] गुड़ आदि का सूखा हुआ लोंदा। भिस्सा। भेली।

धौं*†–अव्य० [सं० अथवा हिं० दँव, दहुँ] (१) एक अव्यय जो ऐसे प्रश्नों के पहले लगाया जाता है जिनमें जिज्ञासा का भाव कम और संशय का भाव अधिक होता है। विचिकित्सा सूचक एक शब्द। न जाने। कौन जाने। मालूम नहीं। कहा नहीं जा सकता। उ०—(क) कौन मोहनी धौं हुत तोही। जो तोहि बिधा सो उपनी मोहीं।—जायसी। (ख) कला-निधान सकल गुन आगर गुरु धौं कहा पढ़ाए।—सूर। (ग) सीय स्वयंवर देखिय जाई। ईस काहि धौं देहि बड़ाई।—तुलसी। (घ) चितवत मोहि लगी चौंधी सी जानौं न कौन कहाँ तें धौं आए।—तुलसी। (२) प्रश्न के रूप में आनेवाले दो विकल्प या संदेहसूचक वाक्यों में से दूसरे या दोनों के पहले लगनेवाला शब्द। कि। या। अथवा। (इस अर्थ में प्रायः 'कि' या 'कै' के साथ आता है)। उ०—(क) गुनत सुदामा जात मनहि मन चीन्हैंगे धौं नाहीं।—सूर। (ख) की धौं वह पर्णकुटी कहुँ और, किधौं वह लक्ष्मण होय नहीं।—केशव। (३) एक शब्द जिसका प्रयोग जोर देने के लिये ऐसे प्रश्नों के पहले 'तो' या 'भला' के अर्थ में होता है जिनका उत्तर काकु से 'नहीं' होता है। यह प्रायः 'कहु' या 'कहो' के साथ आता है और 'कहो तो' का अर्थ देता है। उ०—(क) तुलसी जेहि के रघुबीर से नाथ समर्थ सो सेवत रीझत थोरे। कहा भवभीर परी तेहि धौं बिचरैं धरनी तिनसों तिन तोरे—तुलसी। (ख) कंध न देइ मसखरी करई। कहु धौं कौन भाँति निस्तरई।—जायसी। (ग)

मोहिं परतीति यहि भाँति नहिं आवई । प्रीति कहु धौं सु नर वानरहि क्यों भई ।—केशव । (घ) बानी जगरानी की उदारता बखानी जाय ऐसी मति कहाँ धौं उदार कौन की भई ।—केशव । (४) किसी वाक्य के पूरे होने पर उससे मिले हुए प्रश्न वाक्य का आरंभ सूचक शब्द जो 'कि' का अर्थ देता है । उ०—(क) हमहु न जानैं धौं सो कहाँ ।—जायसी । (ख) कहो सो विपिन है धौं केति दूर ?—तुलसी । (५) विधि, आदेश आदि वाक्यों के पहले आनेवाला एक शब्द जो केवल जोर देने के लिये उसी प्रकार आता है जिस प्रकार 'सोचिए तो' 'कर तो' 'समझ तो' आदि वाक्यों में 'तो' । उ०—जिमि भानु बिनु दिन, प्रान बिनु तनु, चंद बिनु जिमि जामिनी । तिमि अवध तुलसी दास प्रभु बिनु समुझ धौं जिय भामिनी । —तुलसी ।

धौंक—संज्ञा स्त्री० [हिं० धौंकना] (१) आग दहकाने के लिये भाथी को दबाकर निकाला हुआ हवा का झोंका । अग्नि पर पहुँचाया हुआ वायु का आघात ।

क्रि० प्र०—मारना ।—लगाना ।

(२) गरमी की लपट । ताप । लू ।

मुहा०—धौंक लगना = शरीर पर ताप का प्रभाव पड़ना । लू लगना ।

धौंकना—क्रि० स० [सं० धम = धोकना, फूँकना । धमक = धौंकनेवाला] (१) आग पर, उसे दहकाने के लिये, भाथी दबाकर हवा का झोंका पहुँचाना । अग्नि को प्रज्वलित करने के लिये उस पर वायु का आघात पहुँचाना ।

संयो० क्रि०—देना ।—लेना ।

(२) ऊपर डालना । भार डालना या सहन कराना । (३) दंड आदि लगाना । जैसे, किसी पर जुरमाना धौंकना ।

धौंकनी—संज्ञा स्त्री० [हिं० धौंकना] (१) बाँस या धातु की एक नली जिससे लोहार सोनार आदि आग फूँकते हैं । (२) भाथी ।

मुहा०—धौंकनी लगना = साँस चढ़ना । दम फूलना ।

धौंका†—संज्ञा स्त्री० [हिं० धौंकना] गरमी में चलनेवाली गरम हवा । तप्त वायु । लू ।

क्रि० प्र०—चलना ।

मुहा०—धौंका लगना = गरमी के दिनों में तपी हुई हवा का शरीर में असर करना । लू लगना ।

धौंकिया—संज्ञा पुं० [हिं० धौंकना] (१) भाथी चलानेवाला । आग फूँकनेवाला । (२) एक प्रकार के व्यापारी जो भाथी आदि लिए नगरों की गलियों में फिर कर टूटे फूटे बरतनों की मरम्मत किया करते हैं ।

धौंकी—संज्ञा स्त्री० [सं० धौंकना] धौंकनी ।

धौंज—संज्ञा स्त्री [हिं० धौंजना] (१) दौड़-धूप । धाव-धूप । उ०—एक करै धौंज एक सौज लै निकारै एक औजि पानी पीकै सीकै बनत न आवनो ।—तुलसी । (२) घबराहट । उद्विग्नता । हैरानी । व्याकुलता । उ०—आयो आयो आयो सोइ बानर बहुरि भयो सोर चहुँ ओर लंका आये युवराज के । एक काढैं सौज एक धौंज करै कह ह्वै है पोच भई महा सोच सुभट समाज के ।—तुलसी ।

धौंजन—संज्ञा स्त्री० दे० "धौंज" ।

धौंजना—क्रि० स० [सं० धंजन = चलना फिरना] दौड़ना धूपना । दौड़ धूप करना ।

क्रि० स० (१) किसी वस्तु को पैरों से रौंदना । (२) रौंदकर या मलदल कर तह बिगाड़ना (कपड़े आदि की) जैसे, बिस्तर धौंजना ।

धौंटा—संज्ञा पुं० [हिं० अंध + ओट] अँधियारी । ढोका । कोल्हू में चलनेवाले बैल की आँखों का ढकन ।

धौंताल—वि० [हिं० धुन + ताल] (१) जिसे किसी बात की धुन लग जाय । फुरतीला । चुस्त चालाक । काम को कुछ न समझनेवाला । (२) साहसी । दृढ़ । (३) हट्टा कट्टा । मजबूत । हेकड़ । (४) निपुण । पटु । तेज़ । जैसे, वह खाने में बड़ा धौंताल है ।

धौंधौंमार—संज्ञा स्त्री० [अनु० धम धम + हिं० मार] हड़बड़ी । उतावली । शीघ्रता ।

क्रि० प्र०—करना ।—मचाना ।—होना ।

धौंर—संज्ञा स्त्री० [सं० धवल] एक प्रकार की ईख जो सफेद होती है ।

धौंस—संज्ञा स्त्री० [सं० दंश] (१) धमकी । घुड़की । डाँट । डपट । उ०—कोई रोता है कोई हँसता है कोई नाचै है कोई गाता है । कोई छीने झपटे ले भागे कोई धौंस का डर दिखलाता है ।—नज़ीर ।

क्रि० प्र०—दिखाना ।—देना ।

(२) धाक । अधिकार । रोब दाब ।

क्रि० प्र०—जमना ।—जमाना ।—बँधना ।—बाँधना ।

(३) झाँसा पट्टी । भुलावा । धोखा । छल ।

क्रि० प्र०—देना ।

यो०—धौंस पट्टी ।

मुहा०—धौंस की चलना = चाल चलना ।

(४) वह रुपया जो मालगुजारी या लगान ठीक समय पर न देने के कारण दंड स्वरूप जमींदार या असामी से वसूल किया जाय । बाकी वसूल होने का खर्च जो जमींदार या असामी को देना पड़े ।

मुहा०—धौंस बाँधना = खर्च जिम्मे करना । खर्चा मढ़ना ।

धौंसना–क्रि० स० [सं० दर्वसन, दंगन] (१) दबाना। दंड देना। दमन करना। (२) धमकी देना। घुड़की देना। डराना। उ०—अपने नृप को यहै सुनायो। व्रजनारी वटपारिन हैं सब चुगली आपुहि जाय लगायो। राजा बड़े बात यह समझी तुम को हम पै धौंसि पठायो। फँसिहारिनि कैसे तुम जानी तुम कहुँ नाहिन प्रगट देखायो। व्रजवनिता फँसिहारी जो सब महतारी काहे न बनायो। फंदा फांसि धनुष विष लाडू सूर श्याम नहि हमैं बतायो।—सूर। (३) मारना। पीटना।

धौंस पट्टी–संज्ञा स्त्री० [हिं० धौंस + पट्टी] भुलावा। झाँसा पट्टी। दम दिलासा।

क्रि० प्र०—देना।

मुहा०—धौंस पट्टी में आना = भुलावे में आना। बहकाने से कोई काम कर बैठना।

धौंसा–संज्ञा पुं० [हिं० धौंसना] (१) बड़ा नागारा। डंका। उ०—(क) दादुर दमामें झांझ झिली गरजनि धौंसा दामिनि मसालै देखि दुरै जगजीव से।—देव। (ख) जरासंध सब असुर सेना ले धौंस दे चला।—लल्लू। (ग) धुंकार धौंसन की बड़ी हुंकार भूमिपतीन की।—गोपाल। (घ) धौंसा लगे घहरान संख लगे हहरान छत्र लागे थहरान केतु लगे फहरान।—गोपाल।

क्रि० प्र०— बजवाना।—बजाना।

मुहा०—धौंसा देना वा बजाना = चढ़ाई का डंका बजाना। चढ़ाई की घोषणा करना। उ०—जरासंध सब असुर सेना ले धौंसा दे चला।—लल्लू।

(२) सामर्थ्य। शक्ति। इख्तियार। बूता। उ०—उसका क्या धौंसा है जो इतना खर्च उठावे।

धौंसिया–संज्ञा पुं० [हिं० धौंसना] (१) धौंस जमानेवाला। धौंस से काम चलानेवाला। (२) झाँसा पट्टी देनेवाला। धोखेबाज। (३) धौंसेवाला। नगारा बजानेवाला। (४) वह जो मालगुजारी के बाकीदारों से मालगुजारी वसूल करने का खर्च लेता है।

धौ–संज्ञा पुं० [सं० धव] एक ऊँचा झाड़ या सदाबहार पेड़ जो हिमालय पर ५००० फुट की ऊँचाई तक होती है और भारतवर्ष में प्रायः सर्वत्र जंगलों में मिलता है। इसकी पत्तियाँ अमरूद की पत्तियों से मिलती जुलती होती हैं और छाल सफेद होती है जो चमड़ा सिझाने के काम में आती है। इसके फूल को रंगसाज आक के रंग में मिला कर लाल रंग बनाते हैं। इससे एक प्रकार का गोंद निकलता है जिसे छीपी रंगों में मिला कर कपड़ा छापते हैं। लकड़ी इसकी सफेद होती है और हल मूसल कुल्हाड़ी का बेंट आदि बनाने के काम में आती है। इसका प्रयोग औषध में भी होता है और वैद्यक में यह चरपरा, कसैला, कफ-वात-नाशक, रुचिकारक और दीपन बतलाया गया है। वैद्य लोग इसका प्रयोग पांडुरोग, प्रमेह, अर्श और वात रोग में करते हैं।

पर्य्या०—पिशाचवृक्ष। धुरंधर। गौर। पांडुर। नंदितरु। स्थिर। शुष्क तरु। धवल। शाकटाख्य।

धौत–वि० [सं०] (१) धोया हुआ। साफ। जैसे, धौतवसन। धौतपाप इत्यादि। (२) उजला। सफेद। जैसे, धौतशिला। (३) नहाया हुआ। स्नात। उ०—हरि को विमल यस गावत गोपांगना। मणिमय आँगन नंदराय को बाल गोपाल तहाँ करै रँगना। गिरि गिरि परत घुटुरुवनि टेकत खेलत हैं दोउ छगन मंगना। धूसरि धूरि धौत तनु मंडित मानि यशोदा लेत उछंगना।—सूर।

संज्ञा पुं० रूपा। चाँदी।

धौतशिला–संज्ञा स्त्री० [सं०] स्फटिक। बिल्लौर।

धौतात्मा–वि० [सं० धौतात्मन्] जिसकी आत्मा शुद्ध हो गई। पवित्रात्मा।

धौति–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) शुद्ध। (२) हठयोग की एक क्रिया जो शरीर को भीतर और बाहर से शुद्ध करने के लिये की जाती है।

विशेष—घेरंडसंहिता में इसका पूरा वर्णन है। उसमें धौति चार प्रकार की कही गई है—अंतर्धौति; दंतधौति; हृद्धौति और मूलशोधन। अंतर्धौति के भी चार भेद हैं—वातसार, वारिसार, वह्निसार और वहिष्कृत। वातसार में मुँह को कौवे की चोंच की तरह निकाल कर हवा खींचकर पेट में भरते हैं और उसे फिर मुँह से निकालते हैं। वारिसार में गले तक पानी पीकर अधोमार्ग से निकालते हैं। अग्निसार में साँस को रोककर और पेट को पचका कर नाभि को सौ बार मेरुदंड (रीढ़) से लगाना पड़ता है। वहिष्कृत में कौवे की चोंच की तरह मुँह करके पेट में हवा भरते हैं और उसे चार दंड वहाँ रख कर अधोमार्ग से निकालते हैं। इसके पीछे नाभि तक जल में खड़े होकर आँतों को बाहर निकाल कर मल धोते हैं और फिर उन्हें उदर में स्थापित करते हैं। दंतधौति भी पांच प्रकार की होती है—दंतमूल, जिह्वामूल, रंध्र, कर्णद्वार और कपालरंध्र। इनमें से जिह्वामूल की शुद्धि जीभ को चिमटी से खींच कर करते हैं। रंध्र धौति में नाक से पानी पीकर मुँह से और मुँह सुड़क कर नाक से निकालना पड़ता है। इसी प्रकार और भी शुद्धियों को समझिए।

(३) योग की एक क्रिया जिसमें दो अंगुल चौड़ी और आठ दस हाथ लंबी कपड़े की धज्जी मुँह से पेट के नीचे उतारते हैं, फिर पानी पीकर उसे धीरे धीरे बाहर निकालते

हैं। इस क्रिया से आंतें शुद्ध हो जाती हैं। (४) योग की क्रिया में काम आनेवाली कपड़े की लंबी धज्जी।

धौम्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) एक ऋषि जो देवल के भाई और पांडवों के पुरोहित थे। ये उत्कोच नामक तीर्थ में रहते थे। चित्ररथ के आदेशानुसार युधिष्ठिर ने इन्हें अपना पुरोहित बनाया था। (२) एक ऋषि जो महाभारत के अनुसार व्याघ्रपद नामक ऋषि के पुत्र और बड़े शिवभक्त थे। ये सतयुग में थे और बचपन में ही माँ से रुष्ट होकर शिव का तप करके अजर अमर और दिव्यज्ञान-संपन्न हो गए थे। (३) एक ऋषि का नाम जिन्हें आयोद भी कहते थे। इनके आरुणि, उपमन्यु और वेद नामक तीन पुत्र थे। (४) एक ऋषि जो तारा रूप में पश्चिम दिशा में स्थित हैं। इनका नाम महाभारत में उषंगु, कवि और परिव्याध के साथ आया है।

धौर–संज्ञा पुं० [हिं० धौरा = सफेद] एक चिड़िया। सफेद परेवा।

धौरहर*–संज्ञा पुं० दे० "धौराहर"।

धौरा–वि० [सं० धवल][स्त्री० धौरी](१) श्वेत। सफेद। उजला। उ०—(क) धूम, श्याम, धवरे घन धाए। सेत धुजा बग पाँति दिखाए।—जायसी। (ख) धौरी धेनु बजावन कारन मधुरे बेनु बनावै।—सूर। (ग) आयो जौन तेरी धौरी धारा में धँसत जात तिनको न होत सुरपुर तें निपात है।—पद्माकर। (२) सफेद रंग का बैल। (३) धौ का पेड़। (४) एक पक्षी। एक प्रकार का पंडुक जो कुछ बड़ा और खुलते रंग का होता है। उ०—धौरी पंडुक कहि पिय ठाऊँ। जो चितरोख न दूसर नाऊँ।—जायसी।

धौरादित्य–संज्ञा पुं० [स०] शिवपुराण के अनुसार एक तीर्थ का नाम।

धौराहर–संज्ञा पुं० [हिं० धुर = ऊपर + घर] ऊँची अटारी। भवन का वह भाग जो खंभे की तरह बहुत ऊँचा गया हो और जिसपर चढ़ने के लिये भीतर भीतर सीढ़ियाँ बनी हों। धरहरा। बुर्ज। उ०—(क) पदुमावति धौराहर चढ़ी।—जायसी। (ख) राम जपु राम जपु राम जपु बावरे। घोर भव नीर निधि नाम निज नाव रे।.....जग नभवाटिका रही है फलि फूलि रे। धुवा कै सो धौरहार देखि तू न भूलि रे।—तुलसी। (ग) बौरे मन रहन अटल करि जाना। धन दारा सुत बंधु कुटुंब कुल निरखि निरखि बौराना। जीवन जन्म सपनें सो समुझि देखि अल्पमन माहीं। बादर छाहँ धूम धौराहर जैसे थिर न रहाहीं।—सूर।

धौरितक–संज्ञा पुं० [सं०] घोड़े की पाँच चालों में से एक।

धौरिय–* संज्ञा पुं० [सं० धौरेय] बैल। उ०—नैनन कंधे धौरियन अरे नहीं धुर खाइ। कैसे मन को बोझ धरि घर लों सकै चलाय।—रसनिधि।

धौरी–संज्ञा स्त्री० [हिं० धौरा] सफेद रंग की गाय। कपिला। उ०—साँझ की कारी घटा घिरि आई महा झर सों बरसे भरि सावन। धौरिहु कारिहु आइ गई सु रम्हाइ कें धाइ कें लागीं चुखावन।—देव।

धौरे–क्रि० वि० दे० "धोरे"।

धौरेय–वि० [सं०] धुर खींचनेवाला। रथ आदि खींचनेवाला।

संज्ञा पुं० वह बैल जो गाड़ी खींचता है।

धौर्त्य–संज्ञा पुं० [सं०] धूर्तता।

धौर्य्य–संज्ञा पुं० [सं०] घोड़े की एक चाल।

धौल–संज्ञा स्त्री० [अनु०] (१) हाथ के पंजे का भारी आघात जो सिर या पीठ पर पड़े। धप्पा। चाँटा। थप्पड़। उ०—पुनि भाषइ तो इक धौल लगै सब पद्धति दूर दुरै घट तें।—गोपाल।

क्रि० प्र०—देना।—पड़ना।—मारना।—लगना।—लगाना।

यौ०—धौल धप्पड़। धौल धप्पा। धौल धक्का।

मुहा०—धौल कसना, या जमाना = चाँटा लगाना। थप्पड़ मारना। धौल खाना = चाँटा सहना। थप्पड़ की मार सहना। (२) हानि का आघात। नुकसान का धक्का। हानि। टोटा। जैसे, बैठे बैठाए ५००) की धौल पड़ गई।

क्रि० प्र०—पड़ना।—लगना।

संज्ञा स्त्री० [सं० धवल](१) धौर नाम की ईख जिसकी खेती कानपुर, बरेली आदि में होती है। (२) ज्वार का हरा डंठल।

संज्ञा पुं० [स० धवल] धौ का पेड़। धौरा। बकली।

वि० [सं० धवल] उजला। सफेद। उ०—देव कहैं अपनी अपनी अवलोकन तीरथराज चलो रे। देखि मिटैं अपराध अगाध निमज्जत साधु समाज भलो रे। सोहै सितासित को मिलिबो तुलसी हुलसै हिय हेरि हिलोरे! मानो हरो तृन चारु चरैं बगरे सुरधेनु के धौल कलोरे।—तुलसी।

मुहा०—धौल धूर्त = गहरा धूर्त। पक्का चालबाज। उ०—ऊधो! हम यह कैसे मानें! धूत धौल लंपट जैसे पट हरि तैसे औरन जाने।—सूर।

संज्ञा पुं० [हिं० धौराहर] धरहरा। धौराहर। उ०—कंटक बनाए वेश राम ही को जायो पापी मेरो मन धुआँ को सो धौल नभ छायो है।—हनुमान।

धौलधक्कड़–संज्ञा पुं० [हिं० धौल + धक्का] मारपीट। दंगा। ऊधम। उपद्रव।

धौल धक्का–संज्ञा पुं० [हिं० धौल + धक्का] आघात। चपेट। उ०—तुलसी जिन्हैं धाए धुकै धरनीधर, धौरधकान तें मेरु हली है।—तुलसी।

धौल धप्पड़–संज्ञा पुं० [हिं० धौल + धप्पा] (१) मार पीट। धक्का मुक्का। (२) दंगा। उपद्रव। ऊधम।

क्रि० प्र०—करना ।—मचना ।—मचाना ।

धौल धप्पा—संज्ञा पुं० दे० "धौलधप्पड़" ।

धौलहर—संज्ञा पु० [हिं० धौराहर] धौराहर । उ०—कबिरा हरि की भक्ति बिनु धिक जीवन संसार । धूँआ का सा धौलहर जात न लागै बार ।—कबीर ।

धौलहरा—संज्ञा पुं० दे० "धौरहर" ।

धौलांजर—संज्ञा पुं० [सं० धवलाचल] एक पर्वत जो पंजाब के कांगड़ा जिले में है ।

धौला—वि० [सं० धवल] [स्त्री० धौली] सफेद । उजला । श्वेत ।
संज्ञा पुं० (१) धौ का पेड़ । धौरा । (२) सफेद बैल ।

धौलाई—संज्ञा स्त्री० [हिं० धौला + आई (प्रत्य०)] सफेदी । उजलापन ।

धौला खैर—संज्ञा पुं० [हिं० धौला + खैर] बबूल की जाति का एक पेड़ जिसकी छाल सफेद होती है । यह बंगाल, बिहार, आसाम और दक्षिण भारत में होता है ।

धौलागिरि—संज्ञा पुं० दे० "धवलगिरि" ।

धौली—संज्ञा स्त्री० [स० धवल] एक बड़ा पेड़ जो जाड़े में पत्तियाँ झाड़ता है । इसकी लकड़ी नरम और भूरी होती है तथा पालकी, खिलौने, खेती के सामान बनाने के काम में आती है । इसकी भीतर की छाल दवाओं में पड़ती है और चमड़ा सिझाने के काम में भी आती है । यह पेड़ पंजाब, अवध, मध्य प्रदेश तथा मद्रास में भी थोड़ा बहुत होता है ।
संज्ञा पु० [सं० धवलगिरि] एक पर्वत जो उड़ीसा में भुवनेश्वर के दक्षिण है । यहां अनेक प्राचीन मंदिर हैं । इसके शिखर पर महाराज अशोक के अनुशासन खुदे हैं ।

ध्मांक्ष—संज्ञा पुं० दे० 'ध्वांक्ष' ।

ध्मांक्षनाशिनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] हाऊबेर ।

ध्मांक्षबल्ली—संज्ञा स्त्री० [सं०] कौआठोठी ।

ध्मांक्षादनी—संज्ञा स्त्री० [सं०] काकतुंडी ।

ध्मांक्षी—संज्ञा स्त्री० [सं०] कक्कोलिका । शीतलचीनी ।

ध्मांक्षोली—संज्ञा स्त्री० [सं०] काकोली ।

ध्माकार—संज्ञा पुं० [सं०] लोहार ।

ध्यात—वि० [सं०] चिंतित । विचारा हुआ । ध्यान किया हुआ ।

ध्याता—वि० [सं० ध्यातृ] [स्त्री० ध्यात्री] (१) ध्यान करनेवाला । (२) विचार करनेवाला । उ०—ज्ञाता ज्ञेयऽरु ज्ञान जो ध्यात ध्येयऽरु ध्यान । द्रष्टा दृश्यऽरु दरश जो त्रिपुरी शब्दाभान ।—कबीर ।

ध्यान—संज्ञा पुं० [सं०] (१) बाह्य इंद्रियों के प्रयोग के बिना केवल मन में लाने की क्रिया या भाव । अंतःकरण में उपस्थित करने की क्रिया या भाव । मानसिक प्रत्यक्ष । जैसे, किसी देवता का ध्यान करना, किसी प्रिय व्यक्ति का ध्यान करना । उ०— बहुरि गौरि कर ध्यान करेहू । भूपकिशोर देखि किन लेहू ?—तुलसी ।

क्रि० प्र०—करना ।—लगना ।—लगाना ।

मुहा०—ध्यान में डूबना या मग्न होना = कोई बात इतना मन में लाना कि और सब बातें भूल जायँ । ध्यान धरना = मन में स्थापित करना । स्वरूप आदि को मन में लाना । (किसी के) ध्यान में लगना = मन में लाकर मग्न होना । उ०—परस पोंछत लखि रहत लगि कपोल के ध्यान । करखै पिय पाटल विमल प्यारी पठए पान । —बिहारी ।

(२) सोच विचार । चिंतन । मनन । जैसे, आज कल तुम किस ध्यान में रहते हो । (३) भावना । प्रत्यय । विचार । ख्याल । जैसे, (क) चलते समय तुम्हें यह ध्यान न हुआ कि धोती खेते चलें ? (ख) मन में इस बात का ध्यान बना रहता है ।

क्रि० प्र०—होना ।

मुहा०—ध्यान आना = भावना होना । विचार उत्पन्न होना । ध्यान जमना = विचार स्थिर होना । ख्याल बैठना । ध्यान बँधना = विचार का बराबर या बहुत देर तक बना रहना । लगातार ख्याल बना रहना । जैसे, उसे जिस बात का ध्यान बँध जाता है, वह उसके पीछे पड़ जाता है । ध्यान रखना = विचार बनाए रखना । न भूलना । ध्यान लगना = मन में विचार बराबर बना रहना । बराबर ख्याल बना रहना । जैसे मुझे तुम्हारा ध्यान बराबर लगा रहता है । उ०—ध्यान लगो मोहिं तोरा रे ।—गीत ।

(४) रूपों या भावों को भीतर लेने या उपस्थित करनेवाला अंतःकरण-विधान । चित्त की ग्रहण-वृत्ति । चित्त । मन । जैसे, तुम्हारे ध्यान में यह बात कैसे आई कि मैंने तुम्हारे साथ ऐसा किया होगा !

क्रि० प्र०—में आना ।—में लाना ।

मुहा०—ध्यान में न लाना = (१) चिंता न करना । परवाह न करना । (२) न सोचना समझना, न विचारना ।

(५) चित्त का अकेले या इंद्रियों के सहित किसी विषय की ओर लक्ष्य जिससे उस विषय का स्थान अंतःकरण में सब के ऊपर हो जाय । किसी संबंध में अंतःकरण की जाग्रत स्थिति । चेतना की प्रवृत्ति । चेत । ख्याल । जैसे, (क) इसकी कारीगरी को ध्यान से देखो तब खूबी मालूम होगी । (ख) मेरा ध्यान दूसरी ओर था, फिर से कहिए । (ग) इधर ध्यान दो और सुनो ।

मुहा०—ध्यान जमना = मन का एक ही विषय के ग्रहण में बराबर तत्पर रहना । ख्याल इधर उधर न जाना । चित्त एकाग्र होना । ध्यान जाना = चित्त का किसी ओर प्रवृत्त होना । दृष्टि पड़ना और बोध होना । जैसे, जब मेरा ध्यान उधर गया तब मैंने उसे टहलते देखा । ध्यान दिलाना = दूसरे का चित्त प्रवृत्त करना । ख्याल कराना, दिखाना या जताना । चेत

करना। चेताना। सुझाना। **ध्यान देना** = (अपना) चित्त प्रवृत्त करना। चित्त एकाग्र करना। ख्याल करना। गौर करना। **ध्यान पर चढना** = मन में स्थान कर लेना। चित्त से न हटना। अच्छे लगने या और किसी विशेषता के कारण न भूलना। जैसे, तुम्हारे ध्यान पर तो वही चीज चढी हुई है, और कोई चीज पसंद ही नहीं आती। **ध्यान बँटना** = चित्त का इधर भी रहना उधर भी। चित्त एकाग्र न रहना। ख्याल इधर उधर होना। जैसे, काम करते समय कोई बात चीत करता है तो ध्यान बँट जाता है। **ध्यान बँटाना** = चित्त को एकाग्र न रहने देना। ख्याल इधर उधर ले जाना। **ध्यान बँधना** = किसी ओर चित्त स्थिर होना। चित्त एकाग्र होना। **ध्यान लगना** = चित्त प्रवृत्त होना। मन का विषय के ग्रहण में तत्पर होना। चित्त एकाग्र होना। जैसे, उसका ध्यान लगे तब तो वह पढे। **ध्यान लगाना** = दे० "ध्यान देना"।

(६) बोध करनेवाली वृत्ति। समझ। बुद्धि।

मुहा०—ध्यान पर चढना = दे० "ध्यान में आना"। **ध्यान में आना** = बोध या अनुमान होना। समझ में आना। **ध्यान में जमना** = मन में बैठना। चित्त में निश्चित होना। विश्वास के रूप में स्थिर होना।

(७) धारणा। स्मृति। याद।

क्रि० प्र०—होना।

मुहा०—ध्यान आना = स्मरण होना। याद होना। **ध्यान दिलाना** = स्मरण कराना। याद दिलाना। जैसे, जब भूलोगे तब तुम्हें ध्यान दिला देंगे। **ध्यान पर चढ़ना** = स्मृति में आना। स्मरण होना। याद होना। **ध्यान रखना** = स्मृति बनाए रखना। याद रखना। न भूलना। **ध्यान रहना** = स्मरण रहना। याद रहना। **ध्यान से उतरना** = स्मृति में न रहना। याद न रहना। विस्मृत होना। भूलना।

(८) चित्त को चारों ओर से हटा कर किसी एक विषय (जैसे, परमात्मचिंतन) पर स्थिर करने की क्रिया। चित्त को एकाग्र करके किसी ओर लगाने की क्रिया। जैसे, योगियों का ध्यान लगाना।

विशेष—योग के आठ अंगों में 'ध्यान' सातवां अंग है। यह धारणा और समाधि के बीच की अवस्था है। जब योगी प्रत्याहार द्वारा अपने चित्त की वृत्तियों पर अधिकार प्राप्त कर लेता है तब उन्हें चारों ओर से हटा कर नाभि आदि स्थानों में से किसी एक में लगाता है। इसे धारणा कहते हैं। धारणा जब इस अवस्था को पहुँचती है कि धारणीय वस्तु के साथ चित्त के प्रत्यय की एकतानता हो जाती है तब उसे ध्यान कहते हैं। यही ध्यान जब चरमावस्था को पहुँच जाता है तब समाधि कहलाता है जिसमें ध्येय के अतिरिक्त और कुछ नहीं रह जाता अर्थात् ध्याता ध्येय में इतना तन्मय हो जाता है कि उसे अपनी सत्ता भूल जाती है।

बौद्ध और जैन धर्मों में भी ध्यान एक आवश्यक अंग है। जैन शास्त्र के अनुसार उत्तम संहनन युक्त चित्त के अवरोध का नाम ध्यान है

क्रि० प्र०—करना।—लगना।—लगाना।

मुहा०—ध्यान छूटना = चित्त की एकाग्रता का नष्ट होना। चित्त इधर उधर हो जाना। उ०—रोवन लग्यो सुत मृतक जान। रुदन करत छूट्यो ऋषि ध्यान।—सूर। **ध्यान धरना** = ध्यान लगाना। परमात्मचिंतन आदि के लिये चित्त को एकाग्र करके बैठना।

ध्याननां*—क्रि० स० [सं० ध्यान] ध्यान करना। (क्व०)। उ०—बिनु हरि भक्त सब जगत की यही रीति भयो हरि भक्ति की अनंत पद ध्यानिये।—प्रियादास।

ध्यानयोग—संज्ञा पुं० [स०] (१) वह योग जिसमें ध्यान ही प्रधान अंग हो। (२) तंत्र या इंद्रजाल की एक क्रिया जिसके द्वारा मन में किसी आकृति की कल्पना कर के शत्रु का नाश किया जाता है।

ध्यानां*—क्रि० स० [सं० ध्यान] (१) ध्यान करना। उ०— (क) हिंदू ध्यावहिं देहरा, मुसलमान मसीत। दास कबीर तहँ ध्यावहिं जहां दोनों परतीत।—कबीर। (ख) भजु मन नंद नंदन चरन। परम पंकज अति मनोहर सकल सुख के करन। सनक शंकर जाहि ध्यावत निगम अबरन बरन। शेष शारद ऋषि सुनारद संत चिंतत चरन।—सूर। (२) स्मरण करना। सुमरना। उ०—हरि हरि हरि सुमरो सब कोई। हरि हरि सुमिरत सब सुख होई।.....हरिहि मित्र बिंदा चित ध्यायो। हरि तहां जाह विलंब न लायो।—सूर।

ध्यानावचार—संज्ञा पु० [सं०] बौद्ध शास्त्रानुसार एक प्रकार के देवता।

ध्यानिक—वि० [सं०] ध्यानसाध्य। जिसकी प्राप्ति ध्यान द्वारा हो।

ध्यानिबुद्ध—संज्ञा पु० [सं०] एक प्रकार के बुद्ध। इनकी संख्या कोई ५ या ६ और कोई १० से भी अधिक बताते हैं। ये अशरीरी हैं।

ध्यानी—वि० [स० ध्यानिन्] (१) ध्यानयुक्त। समाधिस्थ। (२) ध्यान करनेवाला। जो ध्यान में रहता हो।

ध्याम—संज्ञा पु० [सं०] (१) दमनक। दौना। (२) गंधतृण।

वि० श्यामल। सांवला।

ध्यामक—संज्ञा स्त्री० [सं०] रोहिस घास। रोहिष सोंधिया।

ध्येय—वि० [सं०] (१) ध्यान करने योग्य। (२) जिसका ध्यान किया जाय। जो ध्यान का विषय हो।

ध्राक्षा—संज्ञा स्त्री [सं०] द्राक्षा । दाख ।

ध्रुपद—संज्ञा पुं० [सं० ध्रुवपद] एक गीत जिसके चार भेद या तुक होते हैं—अस्थायी, अंतरा, संचारी और आभोग । कोई मिलातुक नामक इसका एक पाँचवाँ भेद भी मानते हैं । इसके द्वारा देवताओं की लीला, राजाओं के यज्ञ तथा युद्धादि का वर्णन गूढ़ राग रागिनियों से युक्त गाया जाता है । इसके गाने के लिये स्त्रियों के कोमल स्वर की आवश्यकता नहीं । इसमें यद्यपि द्रुतलय ही उपकारी है किंतु यह विस्तृति स्वर से तथा विलंबित लय से गाने पर भी भला मालूम होता है । किसी किसी ध्रुपद में अस्थायी और अंतरा दो ही पद होते हैं । ध्रुपद कान्हड़ा, ध्रुपद केदारा, ध्रुपद एमन आदि इसके भेद हैं । ये सब के सब चौताल पर गाए जाते हैं । इस राग को संस्कृत में ध्रुवक कहते हैं । संगीतदामोदर के मत से ध्रुपद सोलह प्रकार का होता है—जयंत, शेखर, उत्साह, मधुर, निर्मल, कुंतल, कमल, सानंद, चंद्रशेखर, सुखद, कुमुद, जायी, कंदर्प, जयमंगल, तिलक और ललित । इनमें से जयंत के प्रति पाद में ग्यारह अक्षर होते हैं फिर आगे प्रत्येक में पहले से एक एक अक्षर अधिक होता जाता है; इस प्रकार ललित में सब २६ अक्षर होते हैं । छ पदों का ध्रुपद उत्तम, पाँच का मध्यम और चार का अधम होता है ।

ध्रुव—वि० [सं०] (१) स्थिर । अचल । सदा एक ही स्थान पर रहनेवाला । इधर उधर न हटनेवाला । (२) सदा एक ही अवस्था में रहनेवाला । नित्य । (३) निश्चित । दृढ़ । ठीक । पक्का । जैसे, उनका आना ध्रुव है ।

संज्ञा पुं० (१) आकाश । (२) शंकु । कील । (३) पर्वत । (४) स्थाणु । खंभा । थून । (५) वट । बरगद । (६) आठ वसुओं में से एक । (७) ध्रुवक ध्रुपद । (८) एक यज्ञपात्र । (९) शरारि नामक पक्षी । (१०) विष्णु । (११) हर । (१२) फलित ज्योतिष में एक शुभ योग जिसमें उत्पन्न बालक बड़ा विद्वान्, बुद्धिमान् और प्रसिद्ध होता है । (१३) ध्रुवतारा । (१४) नाक का अगला भाग । (१५) गाँठ । (१६) पुराण के अनुसार राजा उत्तानपाद के एक पुत्र जिनकी माता का नाम सुनीति था । राजा उत्तानपाद की दो स्त्रियाँ थीं; सुरुचि और सुनीति । सुरुचि से उत्तम और सुनीति से ध्रुव उत्पन्न हुए । राजा सुरुचि को बहुत चाहते थे । एक दिन राजा उत्तम को गोद में लिए बैठे थे इसी बीच में ध्रुव खेलते हुए वहाँ आपहुँचे और राजा की गोद में बैठ गए । इस पर उनकी विमाता सुरुचि ने उन्हें अवज्ञा के साथ वहाँ से उठा दिया । ध्रुव इस अपमान को सह न सके; और घर से निकल कर तप करने चले गए । विष्णु भगवान उनकी भक्ति से बहुत प्रसन्न हुए और उन्हें वर दिया कि "तुम सब लोकों और ग्रहों नक्षत्रों के ऊपर उनके आधार स्वरूप होकर अचल भाव से स्थित रहोगे और जिस स्थान पर तुम रहोगे वह ध्रुव लोक कहलावेगा" । इसके उपरांत ध्रुव ने घर आकर पिता से राज्य प्राप्त किया और शिशुमार की कन्या भ्रमि से विवाह किया । इला नाम की इनकी एक और पत्नी थी । भ्रमि के गर्भ से कल्प और वत्सर तथा इला के गर्भ से उत्कल नामक पुत्र उत्पन्न हुए । एक बार इनके सौतेले भाई उत्तम को यक्षों ने मार डाला इसलिये इन्हें उनसे युद्ध करना पड़ा जिसे पितामह मनु ने शांत किया । अंत में छत्तीस हजार वर्ष राज्य करके ध्रुव विष्णु के दिए हुए ध्रुवलोक में चले गए । (१७) शरीर की भौंरी ।

विशेष—वक्षस्थल, मस्तक, रंध्र, उपरंध्र, भाल और अपान इन स्थानों की भौंरियाँ ध्रुव कहलाती हैं । (शब्दार्थचिंतामणि) ।

(१८) भूगोल विद्या में पृथ्वी का अक्ष देश । पृथ्वी के वे दोनों सिरे जिनसे होकर अक्षरेखा गई हुई मानी जाती है ।

विशेष—सूर्य की परिक्रमा पृथ्वी लट्टू की तरह घूमती हुई करती है । एक दिन रात में इसका इस प्रकार का घूमना एक बार हो जाता है । जिस प्रकार लट्टू के बीचो बीच एक कील गई होती है जिस पर वह घूमता है उसी प्रकार पृथ्वी के गर्भकेंद्र से गई हुई एक अक्ष रेखा मानी गई है । यह अक्ष रेखा जिन दो सिरों पर निकली हुई मानी गई है उन्हें ध्रुव कहते हैं । ध्रुव दो हैं—उत्तर ध्रुव या सुमेरु और दक्षिण ध्रुव या कुमेरु । इन स्थानों से २३½ अंश पर पृथ्वी के तल पर एक एक वृत्त माने गए हैं जिन्हें उत्तर और दक्षिण शीतकटिबंध कहते हैं । ध्रुवों और इन वृत्तों के बीच के प्रदेश अत्यंत ठंढे हैं, उनमें समुद्र आदि का जल सदा जमा रहता है । ध्रुव प्रदेश में दिन रात २४ घंटों का नहीं होता, वर्ष भर का होता है । जब तक सूर्य उत्तरायण रहते हैं तब तक उत्तर ध्रुव पर दिन और दक्षिण ध्रुव पर रात और जब तक दक्षिणायन रहते हैं तब तक दक्षिण ध्रुव पर दिन और उत्तर ध्रुव पर रात रहती है । अर्थात् मोटे हिसाब से कहा जा सकता है कि वहाँ छः महीने की रात और छः महीने का दिन होता है । इसी प्रकार वहाँ संध्या और उषा काल भी लंबा होता है । वहाँ सूर्य्य और चंद्रमा पूर्व से पश्चिम जाते हुए नहीं मालूम होते बल्कि चारों ओर कोल्हू के बैल की तरह घूमते दिखाई पड़ते हैं । ध्रुव प्रदेश में उषा काल और संध्या काल की लंबाई क्षितिज के ऊपर बीसों दिन तक घूमती दिखाई पड़ती है । यहीं तक नहीं ग्रह नक्षत्र युक्त राशिचक्र भी ध्रुव के चारों ओर घूमता दिखाई पड़ता है । शब्द की गति ध्रुव प्रदेश में बहुत तेज

हे ती है, सीढ़ों पर होनेवाला शब्द ऐसा जान पड़ता है कि पास ही हुआ है। इस भूभाग में सब से मनोहर मेरु ज्योति है जो चित्र विचित्र और नाना वर्णों के आलोक के रूप में कुछ काल तक दिखाई देती है।

(११) फलित ज्योतिष में एक नक्षत्रगण जिसमें उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तर भाद्रपद और रोहिणी हैं। (२०) रगण का अठारहवाँ भेद जिसमें पहले एक लघु, फिर एक गुरु और फिर तीन लघु होते हैं। (२१) तालू का एक रोग जिससे लंबाई और सूजन आ जाती है। (२२) सोमरस का वह भाग जो प्रातःकाल से सायंकाल तक बिना किसी देवता को अर्पित हुए रक्खा रहे।

ध्रुवक–संज्ञा पुं० [सं०] (१) स्थाणु। थून। खंभा। (२) ध्रुपद नामक गीत। (३) नक्षत्र की दूरी।

विशेष—मीन राशि के शेष से जिस नक्षत्र का योग-तारा जितनी दूर पर रहता है उतने को उस नक्षत्र का ध्रुवक कहते हैं।

ध्रुवका–संज्ञा स्त्री० [सं०] ध्रुपद।

ध्रुवकेतु–संज्ञा पुं० [सं०] बृहत्संहिता के अनुसार एक प्रकार का केतु तारा।

विशेष—इस प्रकार के केतुओं का न तो आकार नियत है, न वर्ण वा प्रमाण, यहाँ तक कि इनकी गति भी नियत वा नियमित नहीं होती। देखने में वे स्निग्ध होते हैं और फलित ज्योतिष में इनके तीन भेद माने गए हैं, दिव्य, आंतरिक्ष और भौम। इनका फल भी अनियत है कभी अच्छा, कभी बुरा, कभी सम।

ध्रुवचरण–संज्ञा पु० [सं०] रुद्रताल के बारह भेदों में से एक भेद।

ध्रुवता–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) स्थिरता। अचलता। (२) दृढ़ता। पक्कापन। (३) निश्चय।

ध्रुवतारा–संज्ञा पुं० [सं० ध्रुव + तारक, हिं० तारा] वह तारा जो सदा ध्रुव अर्थात् मेरु के ऊपर रहता है, कभी इधर उधर नहीं होता।

विशेष—यह तारा बहुत चमकीला नहीं है और सप्तर्षि के सिरे पर के दो तारों की सीध में उत्तर की ओर कुछ दूर पर दिखाई पड़ता है। इसकी पहचान यही है कि अपना स्थान नहीं बदलता। सारा राशिचक्र इसके किनारे फिरता हुआ जान पड़ता है और यह अपने स्थान पर अचल रहता है। रात के प्रत्येक पहर में उठ उठ कर इसके साथ सप्तर्षि को ही देखने से इसका अनुभव हो सकता है। जिस प्रकार सप्तर्षि में सात तारे हैं उसी प्रकार जिस शिशुमार नामक तारकपुंज के अंतर्गत ध्रुव है उसमें भी सात तारे हैं। इन सातों में ध्रुव पहला और सबसे उज्ज्वल है। ध्रुव तारा सदा एक ही नहीं रहता। पृथ्वी के अक्ष वा मेरु से जिस तारे का व्यवधान सबसे कम होता है अर्थात् पृथ्वी के अक्षबिंदु की सीध से जो तारा सब से कम हटकर होता है वही ध्रुव तारा होता है। आज कल जो ध्रुव तारा है वह मेरु वा अक्षबिंदु से १½ अंश पर है। अयनवृत्त के चारों ओर नाड़ीमंडल के मेरु की गति के अनुसार बारह हजार वर्ष बीतने पर यह तारा मेरु को पीछे छोड़ता हुआ उसकी सीध से बहुत हट जायगा और तब अभिजित नामक नक्षत्र ध्रुव तारा होगा। आज से पांच हजार वर्ष पहले धूवन नामक तारा ध्रुव तारा था। वर्त्तमान ध्रुव का व्यवधानांतर आजकल मेरु से १½ अंश है, पर सन् १७८५ ई० में २ अंश २ कला था और दो हजार वर्ष पहले १२ अंश था।

भारतवासियों को ध्रुव का परिचय अत्यंत प्राचीन काल से है। विवाह के वैदिक मंत्र में ध्रुव तारा का नाम आता है। भारतीय ज्योतिर्विदों के मतानुसार दो ध्रुव तारे हैं—एक उत्तर ध्रुव की सीध में, दूसरा दक्षिण ध्रुव की सीध में।

ध्रुवदर्शक–संज्ञा पु० [सं०] (१) सप्तर्षिमंडल। (२) कुतुबनुमा।

ध्रुवदर्शन–संज्ञा पु० [सं०] विवाह के संस्कार के अंतर्गत एक कृत्य जिसमें वर वधू को मंत्र पढ़ कर ध्रुवतारा दिखाया जाता है।

ध्रुवधेनु–संज्ञा स्त्री० [सं०] वह गाय जो दुहते समय चुप चाप खड़ी रहे।

ध्रुवनंद–संज्ञा पुं० [सं०] नंद के एक भाई का नाम।

ध्रुवपद–संज्ञा पु० [सं०] ध्रुवक। ध्रुपद।

ध्रुवमत्स्य–संज्ञा पुं० [सं०] एक यंत्र जिसके द्वारा दिशाओं का ज्ञान होता है। कुतुबनुमा। (नवीन)

ध्रुवरक्षा–संज्ञा स्त्री० [सं०] एक मातृका जो कुमार वा कार्त्तिकेय की अनुचरी है।

ध्रुवलोक–संज्ञा पुं० [सं०] पुराणानुसार एक लोक जो सत्यलोक के अंतर्गत है और जिसमें ध्रुव स्थित हैं।

ध्रुवसंधि–संज्ञा पुं० [सं०] सूर्य्यवंशीय राजा सुसंधि के पुत्र। (रामायण)

ध्रुवा–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) यज्ञपात्र जो वैकंड की लकड़ी का बनता है। (२) मूर्वा। मरोड़फली। (३) शालपर्णी। सरिवन। (४) ध्रुपद गीत। (५) साध्वी स्त्री। सती स्त्री।

ध्रुवावर्त–संज्ञा पु० [सं०] (१) घोड़ों की भौंरी जो ललाट, केश, रंध्र, उपरंध्र, वक्ष इत्यादि में होती है। (२) वह घोड़ा जिसके ऐसी भौंरियाँ होती हैं।

ध्वंस–संज्ञा पु० [सं०] विनाश। नाश। क्षय। हानि।

विशेष—न्याय और वैशेषिक में 'ध्वंस' एक अभाव माना गया है। पर सत्कार्यवादी सांख्य और वेदांत ध्वंस को

अभाव नहीं मानते केवल तिरोभाव मानते हैं। वे वस्तु का नाश नहीं मानते; उसका अवस्थांतर मानते हैं।

ध्वंसक–वि० [स०] नाश करनेवाला।

ध्वंसन–संज्ञा पुं० [सं०] [वि० ध्वंसनीय, ध्वंसित, ध्वस्त] (१) नाश करने की क्रिया। (२) नाश होने का भाव। क्षय। विनाश। तबाही।

ध्वंसित–वि० [स०] विनाशित। नष्ट किया हुआ।

ध्वंसी–वि० [सं० ध्वंसिन्] [स्त्री० ध्वंसिनी] नाश करनेवाला। विनाशक।

संज्ञा पुं० पहाड़ी पीलू का पेड़।

ध्वज–संज्ञा पुं० [स०] (१) चिह्न। निशान। (२) वह लंबा या ऊँचा डंडा जिसे किसी बात का चिह्न प्रकट करने के लिये खड़ा करते हैं या जिसे समारोह के साथ लेकर चलते हैं। बाँस, लोहे, लकड़ी आदि की लंबी छड़ जिसे सेना की चढ़ाई या और किसी तैयारी के समय साथ लेकर चलते हैं और जिसके सिरे पर कोई चिह्न बना रहता है, या पताका बँधी रहती है। निशान। झंडा।

विशेष—राजाओं की सेना का चिह्न-स्वरूप जो लंबा दंड होता है वह ध्वज (निशान) कहलाता है। यह दो प्रकार का होता है—सपताक और निष्पताक। ध्वजदंड बकुल, पलाश, कदंब आदि कई लकड़ियों का होता है, पर बाँस का सबसे अच्छा होता है। ध्वजा परिमाण भेद से आठ प्रकार की होती है—जया, विजया, भीमा, चपला, वैजयंतिका, दीर्घा, विशाला और लोला। जया पाँच हाथ की होती है, विजया छः हाथ की, इसी प्रकार एक एक हाथ बढ़ता जाता है। ध्वज में जो चौखूँटा या तिकोना कपड़ा बँधा होता है उसे पताका कहते हैं। पताका कई वर्ण की होती है और उनमें चित्र आदि भी बने रहते हैं। जिस पताका में हाथी, सिंह आदि बने हों वह जयंती, जिसमें हंस मोर आदि बने हों वह अष्टमंगला कहलाती है; इसी प्रकार और भी समझिए। (युक्ति-कल्पतरु)

(३) ध्वजा लेकर चलनेवाला आदमी। शौंडिक।

विशेष—मनु ने शौंडिक को अतिशय नीच लिखा है।

(४) खाट की पट्टी। (५) लिंग। पुरुषेंद्रिय।

यौ०—ध्वजभंग।

(६) दर्प। गर्व। घमंड। (७) वह घर जिसकी स्थिति पूर्व की ओर हो।

ध्वजग्रीव–संज्ञा पुं० [स०] एक राक्षस। (रामायण)

ध्वजद्रुम–संज्ञा पु० [सं०] ताल। ताड़ का पेड़।

ध्वजभंग–संज्ञा पुं० [सं०] एक रोग जिसमें पुरुष को स्त्री-संभोग की शक्ति नहीं रह जाती। क्लीबता। नपुंकता।

विशेष—इस रोग में पुरुषेंद्रिय की पेशियाँ और नाड़ियाँ शिथिल पड़ जाती हैं। चरक आदि आयुर्वेद के आचार्यों के मतानुसार यह रोग अम्ल, क्षार आदि के अधिक भोजन से, दुष्ट योनि-गमन से, क्षत आदि लगने से, वीर्य के प्रतिरोध से तथा ऐसेही और कारणों से होता है। भावप्रकाश में लिखा है कि संयोग के समय भय, शोक, क्रोध आदि का संचार होने से अनभिप्रेता वा द्वेष रखनेवाली स्त्री के साथ गमन करने से मानस क्लैब्य उत्पन्न होता है। यह रोग अधिकतर अधिक शुक्रक्षय और इंद्रिय चालन से उत्पन्न होता है।

ध्वजवान्–वि० [स०] [स्त्री० ध्वजवती] (१) ध्वजवाला। जो ध्वजा या पताका लिए हो। (२) चिह्नवाला। चिह्नयुक्त। (३) जो (ब्राह्मण) अन्य ब्राह्मण की हत्या करके प्रायश्चित्त के लिये उसकी खोपड़ी लेकर भिक्षा माँगता हुआ तीर्थों में घूमे। (स्मृति)। (४) शौंडिक। कलवार।

ध्वजा–संज्ञा स्त्री० [सं० ध्वज] (१) पताका। झंडा। निशान। उ०—(क) ध्वजा फरकै शून्य में बाजै अनहद तूर। तकिया है मैदान में पहुँचेंगे कोहनूर।—कबीर। (ख) करि कपि कटक चले लंका को छिन में बाँध्यो सेत। उतरि गए पहुँचे लंका पै विजय ध्वजा संकेत।—सूर।

विशेष—दे० "ध्वज"।

(२) एक प्रकार की कसरत। यह दो प्रकार की होती है एक मलखंभ पर की दूसरी चौरंगी। मलखंभ पर यह कसरत तौल के ही समान की जाती है। केवल विशेष इतना ही करना पड़ता है कि इसमें मलखंभ को हाथ से लपेट कर उसकी एक बगल में सारा शरीर सीधा दंडाकर तौलना पड़ता है। इसे संस्कृत में "ध्वज" कहते हैं। चौरंगी में हाथ पाँव फैला कर चार कोने ठीक दिखाए जाते हैं और दोनों पाँव अंटी से बाँध कर खड़े रखे जाते हैं। (३) छंदः-शास्त्रानुसार ठगण का पहला भेद जिसमें पहले लघु फिर गुरु आता है।

ध्वजादि गणना–संज्ञा स्त्री० [सं०] फलित ज्योतिष के अनुसार एक प्रकार की गणना जिससे प्रश्न के फल कहे जाते हैं। इसमें नौ कोष्ठों का एक ध्वजाकार चक्र बनाया जाता है। इनमें से पहले घर में प्रश्न रहता है, फिर आगे यथाक्रम ध्वज, धूम्र, सिंह, श्वान, वृष, खर, गज और ध्वांक्ष रहते हैं। प्रश्नकर्त्ता को किसी फल का नाम लेना पड़ता है, फिर फल के आदि वर्ण के अनुसार उसका वर्ग निश्चय करके ज्योतिषी राशि ग्रहादि द्वारा फल बतलाता है। 'ध्वज' के कोठे में स्वर, धूम्र में कवर्ग, सिंह में तवर्ग, श्वान में टवर्ग, वृष में तवर्ग, खर में पवर्ग, गज में अंतस्थ, ध्वांक्ष में श ष स ह समझना चाहिए।

ध्वजाहृत–संज्ञा पुं० [सं०] (१) स्मृतियों के अनुसार पंद्रह प्रकार

के दासों में से एक। वह दास जिसे लड़ाई में जीत कर पकड़ा हो। (२) वह धन जो लड़ाई में शत्रु को जीतने पर मिले। यह धन अविभाज्य कहा गया है।

ध्वजिक–वि० [सं०] धर्मध्वजी। पाखंडी।

ध्वजिनी–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) पाँच प्रकार की सीमाओं में से एक। वह सीमा या हद जिस पर निशान के लिये पेड़ आदि लगे हों। (२) सेना का एक भेद जिसका परिमाण कुछ लोग वाहिनी का दूना मानते हैं।

ध्वजी–वि० [सं० ध्वजिन्] [स्त्री० ध्वजिनी] (१) ध्वजवाला। जो ध्वजा पताका लिए हो। (२) चिह्नवाला। चिह्नयुक्त।

संज्ञा पुं० (१) ब्राह्मण। (२) पर्वत। (३) रथ। संग्राम। (४) साँप। (५) घोड़ा। (६) मयूर। मोर। (७) सीपी। (८) ध्वजा लेकर चलनेवाला। शौंडिक। कलवार।

ध्वनि–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) श्रवणेंद्रिय में उत्पन्न संवेदन अथवा वह विषय जिसका ग्रहण श्रवणेंद्रिय में हो। शब्द। नाद। आवाज। जैसे, मृदंग की ध्वनि, कंठ की ध्वनि।

विशेष—भाषापरिच्छेद के अनुसार श्रवण के विषय मात्र को ध्वनि कहते हैं, चाहे वह वर्णात्मक हो, चाहे अवर्णात्मक। दे० "शब्द"।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

मुहा०—ध्वनि उठना = शब्द उत्पन्न होना या फैलना।

(२) शब्द का स्फोट। शब्द का फूटना। आवाज की गूँज। नाद का तार। लय। जैसे, मृदंग की ध्वनि, गीत की ध्वनि।

विशेष—शारीरक भाष्य में ध्वनि उसी को कहा है जो दूर से ऐसा सुना जाय कि वर्ण वर्ण अलग और साफ न मालूम हो। महाभाष्यकार ने भी शब्द के स्फोट को ही ध्वनि कहा है। पाणिनि-दर्शन में वर्णों का वाचकत्व न मान कर स्फोट ही के बल से अर्थ की प्रतिपत्ति मानी गई है। वर्णों द्वारा जो स्फुटित या प्रकट हो उसको स्फोट कहते हैं, वह वर्णातिरिक्त है। जैसे, 'कमल' कहने से अर्थ की जो प्रतीति होती है वह 'क' 'म' और 'ल' इन वर्णों के द्वारा नहीं, इनके उच्चारण से उत्पन्न स्फोट द्वारा होती है। यह स्फोट नित्य है।

(३) वह काव्य या रचना जिसमें शब्द और उसके साक्षात् अर्थ से व्यंग्य में विशेषता या चमत्कार हो। वह काव्य जिसमें वाच्यार्थ की अपेक्षा व्यंग्यार्थ अधिक विशेषतावाला हो।

विशेष—जिस काव्य में शब्दों के नियत अर्थों के योग से सूचित होनेवाले अर्थ की अपेक्षा प्रसंग से निकलनेवाले अर्थ में विशेषता होती है वह 'ध्वनि' कहलाता है। यह उत्तम माना गया है। वाच्यार्थ वा अभिधेयार्थ से अतिरिक्त जो अर्थ सूचित होता है वह व्यंजना द्वारा। जैसे, छूट्यो सबै कुच के तट चंदन, नैन निरंजन दूर लखाई। रोम उठे तव गात लखात ऽरु साफ भई अधरान लखाई। पीर हितून की जानति तू न, अरी! वच बोलत झूठ सदाई। न्हायबे पापी गई इतसों, तिहि पापी के पास गई न तहाँई॥ अपनी दूती से नायिका कहती है कि तेरी पान की लखाई, चंदन, अंजन आदि छूटे हुए हैं, तू बावली में नहाने गई, उधर ही से जरा उस पापी के यहाँ नहीं गई। यहाँ चंदन, अंजन आदि का छूटना नायक के साथ समागम प्रकट करता है। 'पापी' शब्द भी 'तू समागम करने गई थी' यह बात व्यंग्य से प्रकट करता है। इस पद्य में व्यंग्य ही प्रधान है—इसी में चमत्कार है।

(४) आशय। गूढ़ अर्थ। मतलब। जैसे, इनकी बातों से यह ध्वनि निकलती थी कि बिना गए रुपया नहीं मिल सकता।

ध्वनिग्रह–संज्ञा पुं० [सं०] कान।

ध्वनित–वि० [सं०] (१) शब्दित। (२) व्यंजित। प्रकट किया हुआ। (३) बजाया हुआ। वादित।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

संज्ञा पुं० बाजा, जैसे मृदंग आदि।

ध्वनिनाला–संज्ञा स्त्री० [सं०] (१) वीणा। (२) वेणु।

ध्वन्य–संज्ञा पुं० [सं०] (१) व्यंग्यार्थ। (२) एक प्राचीन राजा जो लक्ष्मण का पुत्र था। इसका नाम ऋग्वेद में आया है।

ध्वन्यात्मक–वि० [सं०] (१) ध्वनि स्वरूप या ध्वनिमय। (२) (काव्य) जिसमें व्यंग्य प्रधान हो।

ध्वन्यार्थ–संज्ञा पुं० [सं० ध्वन्यर्थ] वह अर्थ जिसका बोध वाच्यार्थ से न होकर केवल ध्वनि वा व्यंजना से हो।

ध्वस्त–वि० [सं०] (१) च्युत। गलित। गिरा पड़ा। (२) खंडित। टूटा फूटा। भग्न। (३) नष्ट। भ्रष्ट। (४) पराक्त। पराजित।

क्रि० प्र०—करना।—होना।

ध्वस्ति–संज्ञा स्त्री० [सं०] नाश। विनाश।

ध्वांक्ष–संज्ञा पुं० [सं०] (१) काक। कौआ। (२) मछली खानेवाली एक चिड़िया। (३) तक्षक। (४) भिक्षुक।

ध्वांत–संज्ञा पुं० [सं०] (१) अंधकार। अँधेरा। (२) एक नरक का नाम। तामिस्र। (३) एक मरुत् का नाम।

ध्वांतचर–संज्ञा पुं० [सं०] निशाचर। राक्षस। उ०—जैति मंगलागार संसार-भारापहर वानराकार विग्रह पुरारी। राम-रोषानल ज्वालमालाभिध्वांतचर-सलभ-संहारकारी।—तुलसी।

ध्वांतविच्छ–संज्ञा पु० [सं०] खद्योत। जुगनू।

ध्वांतशत्रु–संज्ञा पु० [सं०] (१) सूर्य्य। (२) अग्नि। (३) चंद्रमा। (४) श्वेत वर्ण। (५) प्याज। गाँठा।

ध्वान–संज्ञा पुं० [सं०] शब्द।

न

न—एक व्यंजन जो हिंदी या संस्कृत वर्णमाला का बीसवाँ और तवर्ग का पाँचवाँ वर्ण है। इसका उच्चारण-स्थान दंत है। इसके उच्चारण में आभ्यंतर प्रयत्न और जीभ के अगले भाग का दाँतों की जड़ से स्पर्श होता है; और बाह्य प्रयत्न संवार, नाद घोष और अल्प प्राण है। काव्य आदि में इस वर्ण का विन्यास सुखद होता है।

नंग—संज्ञा पुं० [हिं० नंगा] (१) नग्नता। नंगापन। नंगे होने का भाव। जैसे, उसने अपना नंग दिखा दिया। मैंने उसका नंग देखा। (२) गुप्त अंग।

वि० लुच्चा। नंगा। बदमाश और बेहया। जैसे, उससे कौन बोले वह तो बड़ा नंग है।

नंगटा†—वि० दे० "नंगा"।

नंग धड़ंग—वि० [हिं० नंगा + धड़ंग अनु०] बिलकुल नंगा। जिसके शरीर पर एक भी वस्त्र न हो। दिगंबर। विवस्त्र। जैसे, आवाज सुनकर वह नंग धड़ंग बाहर निकल आया।

नंगपैरा†—वि० [हिं० नंगा + पैर + आ (प्रत्य०)] जिसके पाँव नंगे हों। जिसके पैरों में जूता न हो।

नंगमुनंगा—वि दे० "नंग धड़ंग"।

नंगर—संज्ञा पुं० दे० "लंगर"।

नंगरबारी—संज्ञा पुं० [हिं० लंगर + वाला] समुद्र में चलनेवाली वह साधारण नाव जो तूफान के समय किसी रक्षित स्थान पर लंगर डालकर ठहर जाती हो। (लश०)

नंगा—वि० [सं० नग्न] (१) जिसके शरीर पर कोई वस्त्र न हो। जो कोई कपड़ा न पहने हो। दिगंबर। विवस्त्र। वस्त्रहीन।

यौ०—नंगा धड़ाड़ा = जिसके शरीर पर वस्त्र न हो। विवस्त्र। अलिफ नंगा या नंगा मादरजाद = बिलकुल नंगा।

(२) निर्लज्ज। बेहया। बेशर्म। (३) लुच्चा। पाजी।

यौ०—नंगा लुच्चा = बदमाश और पाजी।

(४) जिसके ऊपर किसी प्रकार का आवरण न हो। जो किसी तरह ढँका न हो। खुला हुआ। जैसे नंगा सिर (जिस सिर पर पगड़ी या टोपी आदि न हो), नंगे पैर (जिन पैरों में जूता आदि न हो), नंगी तलवार (म्यान से बाहर निकली हुई तलवार), नंगी पीठ (जिस घोड़े आदि की पीठ पर जीन आदि न हो)।

संज्ञा पुं० (१) शिव। महादेव। (२) काश्मीर की सीमा पर का एक बहुत बड़ा पर्वत।।

नंगाझोरी†—संज्ञा स्त्री० दे० "नंगाझोली"।

नंगाझोली—संज्ञा स्त्री० [हिं० नंगा + झोरना = किसी चीज को गिराने के लिये हिलाना] किसी के पहने हुए कपड़ों आदि को उतरवाकर अथवा यों ही अच्छी तरह देखना जिसमें उसकी छिपाई हुई चीज का पता लग जाय। कपड़ों की तलाशी जामा-तलाशी। जैसे, इस लड़के ने जरूर पेंसिल चुराई है इसकी नंगाझोली लो। (जब यह संदेह होता है कि किसी मनुष्य ने अपने कपड़ों में कोई चीज़ छिपाई है तब उस की नंगाझोली ली जाती है।)

क्रि० प्र०—लेना।—देना।

नंगाबुंगा—वि० [हिं० नंगा + बुंगा (अनु०)] जिस के शरीर पर कोई वस्त्र न हो। (२) जिसके ऊपर कोई आवरण न हो।

नंगाबुच्चा, नंगाबूचा वि० [हिं० नंगा + बूचा ?] जिसके पास कुछ भी न हो। बहुत दरिद्र।

नंगा मादरजाद—वि० [हिं० नंगा + फा० मादरजाद] ऐसा नंगा जैसा माँ के पेट से निकलने के समय (बालक) होता है। जिसके शरीर पर एक सूत भी न हो। बिलकुल नंगा। अलिफ नंगा।

नंगामुनंगा—संज्ञा पुं० [हिं० नंगा + अनु० मुनंगा] बिलकुल नंगा।

नंगालुच्चा—वि० [हिं० नंगा + लुच्चा] नीच और दुष्ट। बदमाश।

नँगियाना—क्रि० स० [हिं० नंगा + इयाना (प्रत्य०)] (१) नंगा करना। शरीर पर वस्त्र न रहने देना। (२) सब कुछ छीन लेना। कुछ भी पास न रहने देना।

नँगियाधन†—क्रि० स० [हिं० नंगा + इयाना (प्रत्य०)] नंगा करने की क्रिया।

नंदंत—संज्ञा पुं० [सं०] (१) बेटा। (२) राजा। (३) मित्र।

नंद—संज्ञा पुं० [सं०] (१) आनंद। हर्ष। (२) सच्चिदानंद परमेश्वर। (३) पुराणानुसार नौ निधियों में से एक। (४) स्वामिकार्त्तिक के एक अनुचर का नाम। (५) एक नाग का नाम। (६) धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम। (७) वसुदेव के एक पुत्र का नाम जो मदिरा के गर्भ से उत्पन्न हुआ था। (८) क्रौंच द्वीप के एक वर्ष पर्वत का नाम। (९) विष्णु। (१०) मेदक। (११) भागवत के अनुसार यज्ञेश्वर (परमात्मा) के एक अनुचर का नाम। (१२) एक प्रकार का मृदंग। (१३) चार प्रकार की वेणुओं या बाँसुरियों में से एक जो ग्यारह अंगुल की होती और उत्तम समझी जाती है। इस के देवता रुद्र माने जाते हैं। (१४) एक राग का नाम, जिसे कोई कोई मालकोस राग का पुत्र मानते हैं। (१५) पिंगल में दगण के दूसरे भेद का नाम जिसमें एक गुरु और एक लघु होता है—(ऽ।) और जिसे ताल और ग्वाल भी कहते हैं। जैसे, राम। लाल। तान। (१६) लड़का। बेटा। पुत्र। (१७) गोकुल के गोपों के मुखिया जिनके यहाँ श्रीकृष्ण को उनके जन्म के समय, वसुदेव जाकर रख आए थे। श्रीकृष्ण की बाल्यावस्था इन्हीं के यहाँ